महर्षिकल्प धर्ममूर्त्ति

महामना पंडित मदनमोहन मालवीयजीकी

पुण्य स्मृतिमें

अपरिमित श्रद्धा तथा निःसीम आदर के साथ

समर्पित

जिन्होने इस ग्रन्थकी रचनाके लिए प्रेरणा, प्रोत्साहन, सहायता और आशीर्वाद दिया और जिनकी महती स्नेहमयी अनुकम्पासे मैं विश्वके कविकुल-गुरु कालिदासको सम्पूर्ण रचनाओंको उनकी अभीष्ट सरल नागरी भाषामे अनुवाद करके प्रस्तुत करनेमे सफलता प्राप्त कर सका।



महामना पंडित मदनमोहन मालवीय

कालिदास-ग्रन्थावलीका सम्पादक-मंडल

मूल प्रेरक

महामना पंडित मदनमोहन मालवीयजी

प्रधान सम्पादक

साहित्याचार्य पंडित सीताराम चतुर्वेदी, एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी, पालि प्रत्न भारतीय इतिहास तथा संस्कृति), बी० टी०, एल्-एल्०, बी०

सम्पादक-मण्डल

सहायक-मण्डल

विषय-सूची

कालिदास-ग्रन्थावली

PRESENTED BY

....

सीताराम चतुर्वेदी

अखिल भारतीय विक्रम-परिषद्

काशी के लिए

भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़ द्वारा प्रकाशित

सं० २०१९ वि०

तृतीय संस्करण

कि

ान होकर गोवर्धनके !

ान मदिरके अधिष्ठाता

प्रकाशक—
बद्रीप्रसाद शर्मा
भारत प्रकाशन मन्दिर, अलीगढ़



मूल्य—बीस रुपया

मुद्रक—
चन्द्रप्रकाश शर्मा
आदर्श प्रेस, अलीगढ़।

तृतीय संस्करण का संपादकीय निवेदन

संवत् २००० विक्रमाब्दमें जब भारत भरमें विक्रमद्विसहस्राब्दी मनाई जा रही थी समय महामना मालवीयजी महाराजके आदेशसे काशीमें अखिल भारतीय-विक्रम-परिषद्की हुई, जिसकी योजनामें सार्वजनिक समारोहके अतिरिक्त शकारि-विक्रमादित्यके नवरत्नोंमें रत्न कविकुल-गुरु कालिदासके सब ग्रन्थोंका अनुवाद, अभिनव नाट्यशास्त्र, समीक्षाशास्त्र कौटल्यका अर्थ-शास्त्र आदि ग्रन्थोंका प्रकाशन करके अत्यन्त कम मूल्यमें सर्व-साधारणके लि सुलभ करना भी था। यद्यपि संपादक मंडलमें अनेक महानुभाव थे, किन्तु मालवीयजी मेरा किया हुआ अनुवाद ही अच्छा लगा और मुझे उन्होंने आदेश दिया कि "पूरा अनुवाद प्रकारकी सरल, सुबोध और सर्वगम्य भाषामें कर डालो।" उनका आदेश मेरे लिए वेद-व था। तदनुसार मैंने सभी ग्रन्थोंका अनुवाद कर डाला और उन्हें सुना भी डाला। जहाँ-जहाँ उन्होंने परिवर्तन या व्याख्या या विस्तार करनेका सुझाव दिया वह भी कर दिया। उन्होंने यह भी दिया था कि मूल अलग तथा अनुवाद अलग रक्खा जाय। उनकी आज्ञाके अनुसार प्रथम इसी प्रकार प्रकाशित हुआ और केवल पाँच रुपयेमें पूर्व निर्दिष्ट ग्राहकोंको दे दिया गया।

थोड़े ही दिनोंमें द्वितीय संस्करणकी आवश्यकता पड़ गयी। परिषद् न तो व्यापार थी और न पैसा ही संचित करती थी। कागज और छपाईकी महर्घता थी। पाठकोंका आग्रह कि मूल और अनुवाद साथ-साथ हो, आकार बड़ा कर दिया जाय, कागज भी अच्छा लगाया जाय। इधर साधनोंका पूर्ण अभाव था। मेरे परम पूज्य पितृचरण स्व० पंडित भीमसेनजी जब मेरी इस विवशताका ज्ञान हुआ तो उन्होंने अत्यन्त स्वाभाविक वात्सल्यभावसे मुद्रणका व्यय देनेकी कृपा की। किन्तु वे उसके प्रकाशनसे पूर्व दिवंगत हो गए। द्वितीय भी बात की बातमें समाप्त हो गया और तृतीय संस्करणकी माँग होने लगी। यह संस्करण बड़ी दैवी तथा नाटकीय परिस्थिति में प्रकाशित हुआ है।

चार वर्ष पूर्व सन् १९५८ के जनवरी मासमें अत्यन्त अस्वस्थ दशामें काशीमें पड़ा हुआ कल्याणके सन्त अंकका पारायण कर रहा था। उसी समय मुझे अन्तःप्रेरणा हुई कि अपने शिष्य गोवर्धननाथ शुक्लके साथ श्री गिरिराजजीके दर्शन किए जायें। मैंने शुक्लजीको लिख *दिया और उन्होंने अत्यन्त श्रद्धापूर्वक स्वीकृति भी दे दी।* लगभग एक वर्ष तक यह संकल्प ही पड़ा रहा। अकस्मात् सन् १९५९ के जुलाई मासमें शुक्लजीने लिखा कि "आषाढस्य दिवसे" के उपलक्ष्यमें अलीगढ़ विश्वविद्यालयमें महाकवि कालिदास पर आकर भाषण दीजिए। श्रीगिरिराजजीके दर्शनका लोभ भी उन्होंने साथ ही दिया था। इसलिए निमन्त्रण स्वीकार करनेमें आपत्तिका प्रश्न ही नहीं था। यों भी शुक्लजीका मुझपर इतना अधिक आदरपूर्ण प्रेम है कि उनके आग्रह की अवज्ञा मैं किसी भी प्रकार नहीं कर सकता था।

अलीगढ़ विश्वविद्यालयमें भाषण दे चुकने पर अगले दिन हम लोग सयान होकर गोवर्धनके दर्शनके लिए चल पड़े। संयोगवश साथमें अलीगढ़स्थ भारत प्रकाशन मंदिरके अधिष्ठाता

पं० बद्रीप्रसाद शर्मा भी थे। गोवर्धन पर्वतके दर्शन कर चुकने पर प्रसंगवश कालिदास ग्रन्थावलीका प्रसंग छिड़ गया। मैंने अपनी विवशता प्रकट की किन्तु तत्काल पंडित बदरीप्रसाद शर्माने उसके प्रकाशनका भार स्वीकार कर लिया। श्रीगिरिराजके दर्शनका यह प्रत्यक्ष और सद्यःफल था। काशी या बलियामें बैठकर इसका संशोधन संभव नहीं था किन्तु पंडित गोवर्धननाथ शुक्लने अत्यन्त तत्परताके साथ यह भार-वहन करनेकी स्वीकृति देकर मुझे निश्चिन्त कर दिया। उन्होंने और उनके अग्रज पंडित चिरंजीवलाल रावलने जिस परिश्रम, जिस मनोयोग, धैर्य और उत्साहके साथ इस ग्रन्थको सर्वांग शुद्ध मुद्रित करानेका प्रयत्न किया है उसका महत्व मैं धन्यवादके औपचारिक शब्दोंमें परिमित नहीं करना चाहता। हाँ, मैं हृदयसे उनको इसके लिए आशीर्वाद देता हूँ।

मुझे संतोष और हर्ष है कि श्री बद्रीप्रसाद शर्माने महामना पंडित मदनमोहन मालवीयजीके जन्म-शताब्दि-संवत्सरमें इसे कम मूल्यमें प्रकाशित करके अपना गौरव संवर्धित किया है।

इस संस्करणमें कुछ लेख और भी बढ़ा दिए गये हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस संस्करणसे कालिदास प्रेमियोंको अधिक संतोष होगा। अत्यन्त सजग और सावधान रहने पर भी मुद्राराक्षसोंकी दयासे कुछ अशुद्धियाँ रह गई हैं और कुछ यन्त्रके प्रहारसे मात्राएँ टूट जानेसे कुछ अशुद्धियाँ रह गई हैं। कृपया पाठकगण सुधारकर पारायण प्रारम्भ करें।

भारत तथा भारतसे बाहरके जिन अनेक विद्वानों, मनीषियों, पंडितों, विद्यार्थियों और संस्कृत विद्यानुरागियोंने इस ग्रन्थके प्रति इतनी आत्मीयता और ममता प्रदर्शित की है उसके लिए मैं उनका हृदयसे कृतज्ञ हूँ और उनकी इस सहृदयताको ही अपने परिश्रमका सबसे बड़ा पुरस्कार मानता हूँ। यदि इस संस्करण के सम्बन्धमें वे कुछ सुझाव भेजेंगे तो मैं आदरपूर्वक उनका अगले संस्करणमें उपयोग करनेका प्रयत्न करूँगा।

छोटी पियरी, काशी
गोवर्धन-पूजा सं० २०१६

—सीताराम चतुर्वेदी

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

—रघुवंशम्—

॥ प्रथमः सर्गः ॥

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये ।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ ॥१॥
क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः ।
तितीर्षुर्दुस्तरं मोहादुडुपेनास्मि सागरम् ॥२॥
मन्दः कवियशः प्रार्थी गमिष्याम्युपहास्यताम् ।
प्रांशुलभ्ये फले लोभादुद्बाहुरिव वामनः ॥३॥
अथवा कृतवाग्द्वारे वंशेऽस्मिन्पूर्वसूरिभिः ।
मणौ वज्रसमुत्कीर्णे सूत्रस्येवास्ति मे गतिः ॥४॥

पहला सर्ग

[वाणी और अर्थ जैसे अलग कहलाते हुए भी एक ही है, वैसे ही पार्वतीजी और शिवजी भी कहनेको दो रूप है, पर है वे सचमुच एक ही। इसलिये] वाणी और अर्थको अपने वशमें करने के लिये, [उनको ठीक समझने और उनका ठीक व्यवहार करनेके लिये] मैं संसारकी माता पार्वतीजी और पिता शिवजीको प्रणाम करता हूँ जो शब्द और अर्थके समान परस्पर मिले हुए एक रूप हैं ॥१॥ [मैं रघुवंशका वर्णन तो करने बैठा हूँ पर मैं देख रहा हूँ कि] कहाँ तो सूर्यसे उत्पन्न हुआ यह [तेजस्वी] वंश, [जिसमें रघु और राम-जैसे पराक्रमी उत्पन्न हुए हो और] कहाँ मोटी बुद्धिवाला मैं। [मैं यह भली भाँति जानता हूँ कि मैं रघुवंशका पार नहीं पा सकता फिर भी मेरी मूर्खता तो देखिए कि] तिनकोंसे बनी छोटी-सी नाव लेकर अपार समुद्रको पार करनेकी बात सोच रहा हूँ ॥२॥ देखिए, मैं हूँ तो मूर्ख, पर मेरी साध यह है कि, बड़े-बड़े कवियोंमें मेरी गिनती हो। यह सुनकर लोग मुझपर अवश्य हँसेंगे, क्योंकि मेरी यह करनी वैसी ही है जैसे कोई बौना अपने नन्हे नन्हे हाथ ऊपर उठाकर उन फलोंको तोड़ना चाहता हो जो केवल लम्बे हाथवाले ही पा सकते हों ॥३॥ पर [मुझे एक बड़ा भारी भरोसा यही है कि वाल्मीकि आदि मुझसे] पूर्वके कवियोंने इस सूर्यवंशपर [सुन्दर काव्य] लिखकर वाणीका द्वार, पहले ही खोल दिया है। इसलिये उसमें पैठ जाना [और इस वंशका फिरसे वर्णन करना] मेरे लिये वैसा ही [सरल] हो गया है जैसे हीरेकी कनीसे छिदे

सोऽहमाजन्मशुद्धानामाफलोदयकर्मणाम् ।
आसमुद्रक्षितीशानामानाकरथवर्त्मनाम् ॥५॥
यथाविधिहुताग्नीनां यथाकामार्चितार्थिनाम् ।
यथापराधदण्डानां यथाकालप्रबोधिनाम् ॥६॥
त्यागाय संभृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम् ।
यशसे विजिगीषूणां प्रजायै गृहमेधिनाम् ॥७॥
शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।
वार्द्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ॥८॥
रघूणामन्वयं वक्ष्ये तनुवाग्विभवोऽपि सन् ।
तद्गुणैः कर्णमागत्य चापलाय प्रचोदितः ॥९॥
तं सन्तः श्रोतुमर्हन्ति सदसद्व्यक्तिहेतवः ।
हेम्नः संलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धिः श्यामिकापि वा ॥१०॥
वैवस्वतो मनुर्नाम माननीयो मनीषिणाम् ।
आसीन्महीक्षितामाद्यः प्रणवश्छन्दसामिव ॥११॥

हुए मणिमे डोरा पिरोना ॥४॥ मैं जानता हूँ कि मुझे कुछ आता-जाता नहीं है, फिर भी मैं उन [प्रतापी] रघुवंशियोंका वर्णन करने बैठा हूँ, जिनके चरित्र जन्मसे लेकर अन्ततक शुद्ध और पवित्र रहे, जो किसी कामको उठाकर उसे पूरा करके ही छोड़ते थे, जो समुद्रके ओर-छोर तक फैली हुई धरतीके स्वामी थे, जिनके रथ पृथ्वीसे स्वर्गतक सीधे जाया-आया करते थे, जो [शास्त्रोंके] नियमके अनुसार ही यज्ञ करते थे, जो माँगने वालोंको मन-चाहा दान देते थे, जो [अपराधियोंको] अपराधके अनुसार ही दण्ड देते थे, जो अवसर देखकर ही काम करते थे, जो दान करनेके लिये ही धन इकट्ठा करते थे, जो सत्यकी रक्षाके लिये बहुत कम बोलते थे [कि जितना कहें उतना कर भी दिखावें], जो [दूसरोंका राज हड़पने या लूटमारके लिये नहीं वरन्] अपना यश बढ़ानेके लिये ही दूसरे देश जीतते थे, जो [भोग-विलासके लिये नहीं वरन्] सन्तान उत्पन्न करनेके लिये ही विवाह करते थे, जो बालकपनमे पढ़ते थे, तरुणाईमे संसारके भोगोंका आनन्द लेते थे, बुढ़ापेमे मुनियोंके समान [जंगलोंमे रहकर] तपस्या करते थे और अन्तमे योगके द्वारा [ब्रह्म या परमात्माका ध्यान करते हुए] अपना शरीर छोड़ते थे। [सच पूछिए तो] रघुवंशियोंके इन गुणोंने ही मुझे यह काव्य लिखनेकी ढिठाई करनेको उकसाया है ॥५-९॥ इस काव्यको सुननेके अधिकारी भी वे ही सज्जन हैं जिन्हे भले-बुरेकी अच्छी परख है क्योंकि सोनेका खरापन या खोटापन आगमे डालनेपर ही जाना जाता है ॥१०॥ जैसे वेदके छन्दोंमे सबसे पहले ॐकार है वैसे ही राजाओंमें सबसे पहले सूर्यके पुत्र वैवस्वत मनु हुए जिनका आदर बड़े-बड़े विद्वान् लोग भी किया करते थे ॥११॥ उन्हीं वैवस्वत

तदन्वये शुद्धिमति प्रसूतः शुद्धिमत्तरः ।
दिलीप इति राजेन्दुरिन्दुः क्षीरनिधाविव ॥१२॥
व्यूढोरस्को वृषस्कन्धः शालप्रांशुर्महाभुजः ।
आत्मकर्मक्षमं देहं क्षात्रो धर्म इवाश्रितः ॥१३॥
सर्वातिरिक्तसारेण सर्वतेजोभिभाविना ।
स्थितः सर्वोन्नतेनोर्वीं क्रान्त्वा मेरुरिवात्मना ॥१४॥
आकारसदृशप्रज्ञः प्रज्ञया सदृशागमः ।
आगमैः सदृशारम्भ आरम्भसदृशोदयः ॥१५॥
भीमकान्तैर्नृपगुणैः स बभूवोपजीविनाम् ।
अधृष्यश्चाभिगम्यश्च यादोरत्नैरिवार्णवः ॥१६॥
रेखामात्रमपि क्षुण्णादामनोर्वर्त्मनः परम् ।
न व्यतीयुः प्रजास्तस्य नियन्तुर्नेमिवृत्तयः ॥१७॥

मनुके उज्ज्वल वंशमें राजाओंमें चन्द्रमाके समान सबको सुख देनेवाले तथा अत्यन्त शुद्ध चरित्रवाले राजा दिलीपने वैसे ही जन्म लिया जैसे क्षीरसागरमें, चन्द्रमाने जन्म लिया था ॥१२॥ [राजा दिलीपका रूप देखने ही योग्य था ।] उनकी चौड़ी छाती, साँड़केसे ऊँचे और भारी कंधे, शालके वृक्ष-जैसी लंबी भुजाएँ और उनका अपार तेज देखकर ऐसा जान पड़ता था मानो क्षत्रियोंका धर्म [वीरत्व] उनके शरीरमें यह समझकर आ डटा हो कि [सज्जनोंकी रक्षा और दुर्जनोंके नाश करनेका जो] मेरा काम [है वह] इस शरीरसे अवश्य पूरा हो सकेगा ॥१३॥ जैसे सुमेरु पर्वतने अपनी दृढ़तासे संसारके सब दृढ़ पदार्थोंको दबा दिया है, अपनी चमकसे सब चमकीली वस्तुओंकी चमक घटा दी है, अपनी ऊँचाईसे सब ऊँची वस्तुओंको नीचा दिखा दिया है और अपने फैलावसे सारी पृथ्वीको ढक लिया है वैसे ही राजा दिलीपने भी अपने बल, तेज और डील-डौलवाले शरीरसे सबको नीचा दिखाकर सारी पृथ्वीको अपनी मुट्ठीमें कर लिया ॥१४॥ जैसा सुन्दर उनका रूप था, वैसी ही तीखी उनकी बुद्धि थी, जैसी तीखी बुद्धि थी वैसी ही शीघ्रतासे उन्होंने सब शास्त्र पढ़ डाले थे। इसीलिये वे शास्त्रके अनुसार ही किसी काममें हाथ डालते थे और [फल यह होता था कि उन्हें] वैसी ही [बड़ी] सफलता भी [अवश्य] हाथ लगती थी ॥१५॥ [जैसे घड़ियालों और मगरमच्छोंके डरसे लोग समुद्रमें पैठनेमें डरते हैं, वैसे ही] राजा दिलीपसे भी उनके सेवक डरते थे क्योंकि वे न्यायमें बड़े कठोर भी थे [और किसीका पक्षपात नहीं करते थे ।] किन्तु समुद्रके सुन्दर और मनोहर रत्नोंको पानेके लिये जैसे लोग समुद्रमें पैठ ही जाते हैं वैसे ही राजा दिलीप इतने दयालु, उदार और गुणशाली भी थे कि उनके सेवक उनकी कृपा पानेके लिये सदा उनका मुँह जोहते रहते थे ॥१६॥ जैसे चतुर सारथी जब रथ चलाता है तब रथके पहिये बालभर भी लीकसे बाहर नहीं हो पाते वैसे ही राजा दिलीपने ऐसा

प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत् ।
सहस्रगुणमुत्स्रष्टुमादत्ते हि रसं रविः ॥१८॥
सेना परिच्छदस्तस्य द्वयमेवार्थसाधनम् ।
शास्त्रेष्वकुण्ठिता बुद्धिर्मौर्वी धनुषि चातता ॥१९॥
तस्य संवृतमन्त्रस्य गूढाकारेङ्गितस्य च ।
फलानुमेयाः प्रारम्भाः संस्काराः प्राक्तना इव ॥२०॥
जुगोपात्मानमत्रस्तो भेजे धर्ममनातुरः ।
अगृध्नुराददे सोऽर्थमसक्तः सुखमन्वभूत् ॥२१॥
ज्ञाने मौनं क्षमा शक्तौ त्यागे श्लाघाविपर्ययः ।
गुणा गुणानुबन्धित्वात्तस्य सप्रसवा इव ॥२२॥

अच्छे ढंगसे प्रजाकी देखभाल की कि प्रजाका कोई भी व्यक्ति मनुके बताए हुए नियमोंसे बढ़कर चल नहीं सकता था। [सब लोग वर्ण और आश्रमोंके नियमोंके अनुसार ही अपने धर्मका पालन करते थे] ॥१७॥ जैसे सूर्य अपनी किरणोंसे पृथ्वीका जो जल सोखता है उसका सहस्रगुना बरसा देता है, वैसे ही राजा दिलीप भी अपनी प्रजाको भलाईमें लगानेके लिये ही प्रजासे कर लेते थे ॥१८॥ [जैसे और राजाओंके पास बड़ी भारी सेना होती थी वैसे ही] राजा दिलीपके पास भी बड़ी भारी सेना थी पर वह सेना केवल शोभाके लिये ही थी [उससे कोई काम राजा दिलीप नहीं लेते थे।] क्योंकि शास्त्रोंका उन्हें बहुत अच्छा ज्ञान था और धनुष चलानेमें भी वे एक ही थे। इसलिये वे अपना सब काम अपनी तीखी बुद्धि और धनुषपर चढ़ी हुई डोरी—इन दो से ही निकाल लेते थे। [उन्हें किसी कामके किसी औरकी सहायता नहीं लेनी पड़ती थी] ॥१९॥ राजा दिलीप न तो अपने मनका भेद किसीको बताते थे और न अपनी भावभंगीसे ही अपने मनकी बात किसीको जानने देते थे। जैसे इस जन्ममें किसीके [सुखी या दुखी] जीवनको देखकर लोग समझते हैं कि उसने पिछले जन्ममें क्या [अच्छे या बुरे] काम किए थे वैसे ही राजा दिलीपके मनकी बात भी लोग तभी जान पाते थे जब वह काम हो चुकता था, [उससे पहले नहीं] ॥२०॥ वे निडर होकर अपनी रक्षा करते थे, बड़े धीरजके साथ अपने धर्मका पालन करते थे, लोभ छोड़कर धन इकट्ठा करते थे और मोह छोड़कर संसारके सुख भोगते थे ॥२१॥ [जो लोग बहुत लिख-पढ़ जाते हैं वे अपनी विद्याका ढिंढोरा पीटते हैं, जो बलवान होते हैं वे दूसरोंको सतानेमें अपनी बड़ाई समझते हैं, जो लोग दान देते हैं या किसीके लिये कुछ त्याग करते हैं वे चाहते हैं कि चारों ओर हमारा नाम हो। पर राजा दिलीपमें यह बात नहीं थी] वे सब कुछ जानकर भी चुप रहते थे, शत्रुओंसे बदला लेनेकी शक्ति रहते हुए भी उन्हें क्षमा कर देते थे और दान देकर या त्याग करके भी अपनी प्रशंसा करानेकी इच्छा नहीं करते थे। [उनके इन अनूठे न्यारे व्यवहारको देखकर यही जान पड़ता था कि] चुप रहने, क्षमा करने और प्रशंसासे दूर भागनेके गुण भी उनमें ज्ञान, शक्ति और त्यागके साथ

अनाकृष्टस्य विषयैर्विद्यानां पारदृश्वनः ।
तस्य धर्मरतेरासीद्वृद्धत्वं जरसा विना ॥२३॥
प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणादपि ।
स पिता पितरस्तासां केवलं जन्महेतवः ॥२४॥
स्थित्यै दण्डयतो दण्ड्यान्परिणेतुः प्रसूतये ।
अप्यर्थकामौ तस्यास्तां धर्म एव मनीषिणः ॥२५॥
दुदोह गां स यज्ञाय सस्याय मघवा दिवम् ।
संपद्विनिमयेनोभौ दधतुर्भुवनद्वयम् ॥२६॥
न किलानुययुस्तस्य राजानो रक्षितुर्यशः ।
व्यावृत्ता यत्परस्वेभ्यः श्रुतौ तस्करता स्थिता ॥२७॥

ही साथ उत्पन्न हुए थे ॥२२॥ संसारके भोगोंको वे अपने पास नहीं फटकने देते थे, सारी विद्याओं-को उन्होंने मुट्ठीमें कर लिया था और अपना जीवन वे दिनरात धर्मके कामोंमें ही लगाते थे। छोटी ही अवस्थामें वे इतने चतुर हो गए थे कि बिना बुढ़ापा आए ही उनकी गिनती बड़े-बूढ़ोंमें होने लगी ॥२३॥ जैसे पिता अपने पुत्रोंको बुरे काम करनेसे रोकता है, अच्छे काम करनेकी सीख देता है, सब प्रकारसे उसकी रक्षा करता है और उनको पाल-पोसकर बड़ा करता है वैसे ही राजा दिलीप भी अपनी प्रजाको बुरे मार्गपर जानेसे रोकते थे, अच्छा काम करनेको उत्साहित करते थे, विपत्तियोंसे उनकी रक्षा करते थे और [उनके लिये अन्न, वस्त्र, धन तथा शिक्षाका प्रबन्ध करके] उनका पालन-पोषण करते थे। इस प्रकार वे ही अपनी प्रजाके सच्चे पिता थे, पिता कहलानेवाले अन्य लोग तो केवल जन्म देनेके पिता थे ॥२४॥ [अपराधीको दण्ड देना राजाका धर्म है। क्योंकि] अपराधीको दंड दिए बिना राज्य ठहर नहीं सकता, इसलिये वे अपराधियोंको उचित दंड देते थे। [वंश चलाना भी मनुष्यका धर्म है। इसलिये] सन्तान उत्पन्न करके वंश चलानेकी इच्छासे ही उन्होंने विवाह किया था, कोई भोग विलासके लिये नहीं। [इस प्रकार यद्यपि] दंड और विवाह वास्तवमें अर्थशास्त्र और कामशास्त्रके विषय हैं फिर भी उनके हाथोंमें पहुँचकर वे धर्म ही बन गए थे ॥२५॥ राजा दिलीप प्रजासे जो कर लेते थे वह इन्द्रको प्रसन्न करनेके लिये यज्ञमें लगा देते थे [क्योंकि यज्ञ करनेसे देवता प्रसन्न और पुष्ट होते हैं]। उधर इन्द्र भी इससे प्रसन्न होकर आकाशको दुहकर जल बरसाता था जिससे खेत अन्नसे लद जाते थे। इस प्रकार राजा दिलीप और इन्द्र एक दूसरेकी सहायता करके दोनों लोकोंका पालन करते थे ॥२६॥ दिलीपको छोड़कर और कोई भी राजा अपनी प्रजाकी रक्षा करनेमें नाम न कमा सका क्योंकि [सभीके यहाँ कभी-कभी चोरी-डकैती हो ही जाती थी। पर राजा दिलीपका अपने राज्यमें ऐसा दबदबा था कि] चोरीका शब्द केवल कहने-सुननेको ही रह गया था, [उस राज्यमें कोई भी किसीका धन नहीं चुरा पाता था] ॥२७॥ जैसे रोगी भी उपकारक औषधको

द्वेष्योऽपि संमतः शिष्टस्तस्यार्तस्य यथौषधम् ।
त्याज्यो दुष्टःप्रियोऽप्यासीदङ्गुलीवोरगक्षता ॥२८॥

तं वेधा विदधे नूनं महाभूतसमाधिना ।
तथाहि सर्वे तस्यासन्परार्थैकफला गुणाः ॥२९॥

स वेलावप्रवलयां परिखीकृतसागराम् ।
अनन्यशासनामुर्वीं शशासैकपुरीमिव ॥३०॥

तस्य दाक्षिण्यरूढेन नाम्ना मगधवंशजा ।
पत्नी सुदक्षिणेत्यासीदध्वरस्येव दक्षिणा ॥३१॥

कलत्रवन्तमात्मानमवरोधे महत्यपि ।
तया मेने मनस्विन्या लक्ष्म्या च वसुधाधिपः ॥३२॥

तस्यामात्मानुरूपायामात्मजन्मसमुत्सुकः ।
विलम्बितफलैः कालं स निनाय मनोरथैः ॥३३॥

संतानार्थाय विधये स्वभुजादवतारिता ।
तेन धूर्जगतो गुर्वी सचिवेषु निचिक्षिपे ॥३४॥

थी लेता है कि इससे मैं अच्छा हो जाऊँगा वैसे ही राजा दिलीप भी उन वैरियोंको अपना लेते थे जो भले होते थे और जैसे साँपके काटनेपर लोग अपनी उँगली भी काटकर फेंक देते हैं वैसे ही राजा दिलीप अपने उन सगे प्यारे लोगोंको भी निकाल बाहर करते थे जो दुष्ट होते थे ॥२८॥ ब्रह्माने निश्चय ही महाराज दिलीपको [पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन] पाँच तत्त्वोंसे ही बनाया था क्योंकि [जैसे ये तत्त्व निरन्तर गन्ध रस, रूप, स्पर्श और शब्द इन गुणोंसे सारी सृष्टिकी सेवा करते हैं। वैसेही] राजा दिलीपके सब गुणोंसे भी केवल दूसरोंका उपकार ही होता था ॥२९॥ [जैसे कोई राजा किसी ऐसी नगरीपर शासन करे जिसके चारों ओर परकोटा और खाई हो वैसे ही] दिलीप इस पूरी पृथ्वीपर अकेले राज्य करते थे जिसका परकोटा समुद्रका तट था और जिसकी खाईका काम स्वयं समुद्र करता था ॥३०॥ जैसे यज्ञकी पत्नी दक्षिणा प्रसिद्ध है वैसे ही मगधवंशमें उत्पन्न सुदक्षिणा नामकी उनकी पत्नी भी संसारमें अपनी चतुरताके लिये प्रसिद्ध थी ॥३१॥ वैसे तो राजा दिलीपकी बहुत सी रानियाँ थीं, पर वे यदि अपनेको स्त्रीवाला समझते थे तो लक्ष्मीके समान मनस्विनी केवल अपनी पत्नी सुदक्षिणाके कारण ही ॥३२॥ उनकी बड़ी इच्छा थी कि मेरी प्यारी पत्नीसे मेरे-जैसा पुत्र हो, पर दिन बीतते चले जा रहे थे और मनकी साध पूरी नहीं हो पा रही थी ॥३३॥ तब उन्होंने निश्चय किया कि सन्तान उत्पन्न करनेका कुछ न कुछ उपाय करना ही चाहिए। उन्होंने पहला काम तो यह किया कि पृथ्वी पालनका कुल भार अपने कन्धेसे उतारकर मन्त्रियोंको सौंप दिया ॥३४॥ राज्यकी चिन्तासे छुट्टी पाकर पवित्र

अथाभ्यर्च्य विधातारं प्रयतौ पुत्रकाम्यया
तौ दम्पती वशिष्ठस्य गुरोर्जग्मतुराश्रमम् ॥३५॥
स्निग्धगम्भीर निर्घोषमेकं स्यन्दनमास्थितौ ।
प्रावृषेण्यं पयोवाहं विद्युदैरावताविव ॥३६॥
मा भूदाश्रमपीडेति परिमेयपुरःसरौ ।
अनुभावविशेषात्तु सेनापरिवृताविव ॥३७॥
सेव्यमानौ सुखस्पर्शैः शालनिर्यासगन्धिभिः ।
पुष्परेणूत्किरैर्वातैराधूतवनराजिभिः ॥३८॥
मनोभिरामाः शृण्वन्तौ रथनेमिस्वनोन्मुखैः ।
षड्जसंवादिनीःकेका द्विधा भिन्नाः शिखंडिभिः॥३९॥
परस्पराक्षिसादृश्यमदूरोज्झितवर्त्मसु ।
मृगद्वन्द्वेषु पश्यन्तौ स्यन्दनाबद्धदृष्टिषु ॥४०॥
श्रेणीबन्धाद्वितन्वद्भिरस्तम्भां तोरणस्रजम् ।
सारसैः कलनिर्ह्रादैः क्वचिदुन्नमिताननौ ॥४१॥

मनसे राजा दिलीप और देवी सुदक्षिणाने पुत्रकी इच्छासे पहले ब्रह्माजीकी पूजा की और फिर वे दोनो पति पत्नी वहाँसे अपने कुलगुरु वशिष्ठजीके आश्रमकी ओर चले ॥३५॥ जिस रथपर वे दोनो बैठे हुए थे वह मीठी मीठी घरघराहट करता हुआ चला जा रहा था। उस पर बैठे हुए वे दोनो ऐसे जान पड़ते थे मानो वर्षाके बादलपर ऐरावत और बिजली दोनो चढ़े चले जा रहे हों ॥३६॥ उन्होंने अपने साथ सेवक नहीं लिए क्योंकि उन्हें ध्यान था कि बहुत भीड़भाड़ ले जानेसे आश्रमके काममें बाधा होगी, पर उनका प्रताप और तेज ही इतना अधिक था कि उससे जान पड़ता था मानो साथमें बड़ी भारी सेना चली जा रही हो ॥३७॥ खुले मार्गमें सालके गोंदकी गन्धमें बसा हुआ, फूलोंके पराग उड़ाता हुआ और वनके वृक्षोंकी पाँतोंको धीरे-धीरे कँपाता हुआ पवन, उनके शरीरको सुख देता हुआ उनकी सेवा करता चल रहा था ॥३८॥ राजा दिलीप और देवी सुदक्षिणाने इधर उधर दृष्टि घुमाई और देखा कि कहीं तो रथकी घनघनाहट सुनकर बहुतसे मोर इस भ्रमसे अपना मुँह ऊपर उठा उठाकर दुहरे मनोहर षड्ज शब्दसे कूक रहे हैं कि कहीं ऊपर बादल तो नहीं गरज रहे हैं ॥३९॥ कहीं वे देखते हैं कि हरिणोंके जोड़े मार्गसे कुछ हटकर रथकी ओर एकटक देख रहे हैं। उनकी सरल चितवनको राजा दिलीपने सुदक्षिणाके नेत्रोंके समान समझा और सुदक्षिणाने राजा दिलीपके नेत्रोंके समान ॥४०॥ जब कभी वे आँख उठाकर ऊपर देखते तो आकाशमें उड़ते हुए और मीठे बोलने-वाले बगले भी उन्हें दिखाई पड़ जाते जो पाँतमें उड़ते हुए ऐसे जान पड़ते थे मानो खम्भेके बिना ही बन्दनवार टँगी हुई हो ॥४१॥ पवन भी उनके अनुकूल चल रहा था और यह सवेरा दे

पवनस्यानुकूलत्वात्प्रार्थनासिद्धिशंसिनः ।
रजोभिस्तुरगोत्कीर्णैरस्पृष्टालकवेष्टनौ ॥४२॥
सरसीष्वरविन्दानां वीचिविक्षोभशीतलम् ।
आमोदमुपजिघ्रन्तौ स्वनिःश्वासानुकारिणम् ॥४३॥
ग्रामेष्वात्मविसृष्टेषु यूपचिह्नेषु यज्वनाम् ।
अमोघाः प्रतिगृह्णन्तावर्घ्यानुपदमाशिषः ॥४४॥
हैयंगवीनमादाय घोषवृद्धानुपस्थितान् ।
नामधेयानि पृच्छन्तौ वन्यानां मार्गशाखिनाम् ॥४५॥
काप्यभिख्या तयोरासीद्व्रजतोः शुद्धवेषयोः ।
हिमनिर्मुक्तयोर्योगे चित्राचन्द्रमसोरिव ॥४६॥
तत्तद्भूमिपतिः पत्न्यै दर्शयन्प्रियदर्शनः ।
अपि लङ्घितमध्वानं बुबुधे न बुधोपमः ॥४७॥
स दुष्प्रापयशाः प्रापदाश्रमं श्रान्तवाहनः ।
सायं संयमिनस्तस्य महर्षेर्महिषीसखः ॥४८॥
वनान्तरादुपावृत्तैः समित्कुशफलाहरैः ।
पूर्यमाणमदृश्याग्निप्रत्युद्यातैस्तपस्विभिः ॥४९॥

आकीर्णमृषिपत्नीनामुटजद्वाररोधिभिः ।
अपत्यैरिव नीवारभागधेयोचितैर्मृगैः ॥५०॥
सेकान्ते मुनिकन्याभिस्तत्क्षणोज्झितवृक्षकम् ।
विश्वासाय विहंगानामालवालाम्बुपायिनाम् ॥५१॥
आतपात्ययसंक्षिप्तनीवारासु निषादिभिः ।
मृगैर्वर्तितरोमन्थमुटजाङ्गनभूमिषु ॥५२॥
अभ्युत्थिताग्निपिशुनैरतिथीनाश्रमोन्मुखान् ।
पुनानं पवनोद्धूतैर्धूमैराहुतिगन्धिभिः ॥५३॥
अथ यन्तारमादिश्य धुर्यान्विश्रामयेति सः ।
तामवारोहयत्पत्नीं रथादवततार च ॥५४॥
तस्मै सभ्याः सभार्याय गोप्त्रे गुप्ततमेन्द्रियाः ।
अर्हणामर्हते चक्रुर्मुनयो नयचक्षुषे ॥५५॥
विधेः सायंतनस्यान्ते स ददर्श तपोनिधिम् ।
अन्वासितमरुन्धत्या स्वाहयेव हविर्भुजम् ॥५६॥
तयोर्जगृहतुः पादान्राजा राज्ञी च मागधी ।
तौ गुरुर्गुरुपत्नी च प्रीत्या प्रतिननन्दतुः ॥५७॥

वे देखते क्या हैं कि सध्याके अग्निहोत्रके लिये बहुतसे तपस्वी हाथमे समिधा, कुश और फल लिए हुए जगलोंसे लौट रहे हैं ॥४९॥ बहुतसे मृग वहाँ आश्रममे इधर-उधर पर्णकुटियोके द्वार रोके खड़े हुए थे क्योंकि उन्हे भी ऋषि-पत्नियोके बच्चोंके समान तिन्नीके दाने खानेका अभ्यास पड गया था ॥५०॥ ऋषिकन्याएँ वृक्षोकी जड़ोमे पानी दे-देकर वहाँसे हट गई थीं जिससे आश्रमके पक्षी उन वृक्षोके थाँवलोका जल निडर होकर पी सकें ॥५१॥ धूपमे सुखानेके लिये जो तिन्नीका अन्न फैलाया हुआ था, वह दिन छिपते ही समेटकर कुटियाके आँगनमे ढेर बनाकर रख दिया गया था और वही आँगनमे बहुतसे हरिण सुखसे बैठे जुगाली कर रहे थे ॥५२॥ हवन-सामग्रीकी गधसे भरा हुआ अग्निहोत्रका जो धुँआ पवनके कारण चारों ओर फैल चला था उस धुँएँने आश्रमकी ओर आते हुए इन अतिथियोको भी पवित्र कर दिया ॥५३॥ तब राजा दिलीपने अपने सारथीको आज्ञा दी कि घोडोको ठडा करो। तब सहारा देकर पहले तो उन्होंने अपनी पत्नीको रथसे उतारा फिर स्वय भी रथसे उतर पडे ॥५४॥ जब यह समाचार आश्रमवालोको मिला तब वहाँके सभ्य सयमी मुनियोंने अपने रक्षक, आदरणीय तथा नीतिके अनुसार चलनेवाले सपत्नीक राजा दिलीपका सम्मानके साथ स्वागत किया ॥५५॥ जब सध्याकी सब क्रियाएँ हो चुकी तब उन्होंने उन तपस्वी महामुनि वशिष्ठको देखा जिनके पीछे देवी अरुन्धतीजी भी उसी प्रकार बैठी थीं जैसे अग्निके पीछे स्वाहा ॥५६॥

तमातिथ्यक्रियाशान्तरथक्षोभपरिश्रमम् ।
पप्रच्छ कुशलं राज्ये राज्याश्रममुनिं मुनिः ॥५८॥
अथाथर्वनिधेस्तस्य विजितारिपुरः पुरः ।
अर्थ्यामर्थपतिर्वाचमाददे वदतां वरः ॥५९॥
उपपन्नं ननु. शिवं सप्तस्वङ्गेषु यस्य मे ।
दैवीनां मानुषीणां च प्रतिहर्ता त्वमापदाम् ॥६०॥
तव मन्त्रकृतो मन्त्रैर्दूरात्प्रशमितारिभिः ।
प्रत्यादिश्यन्त इव मे दृष्टलक्ष्यभिदः शराः ॥६१॥
हविरावर्जितं होतस्त्वया विधिवदग्निषु ।
वृष्टिर्भवति सस्यानामवग्रहविशोषिणाम् ॥६२॥
पुरुषायुषजीविन्यो निरातङ्का निरीतयः ।
यन्मदीयाः प्रजास्तस्य हेतुस्त्वद्ब्रह्मवर्चसम् ॥६३॥
त्वयैवं चिन्त्यमानस्य गुरुणा ब्रह्मयोनिना ।
सानुबन्धाः कथं न स्युः संपदो मे निरापदः ॥६४॥

राजा दिलीप और मगधकी राजकुमारी सुदक्षिणाने चरण छूकर उन्हें प्रणाम किया और गुरु वशिष्ठ तथा उनकी पत्नीने बड़े दुलारसे उनका स्वागत किया ॥५७॥ पहले तो वशिष्ठजीने उनका इतना आतिथ्य सत्कार किया कि रथकी हचकसे जो उन्हें थकावट हुई थी वह सब दूर हो गई और तब मुनि वशिष्ठने राजर्षि दिलीपसे पूछा—कहिए। आपके राज्यमें सब कुशल तो है न ॥५८॥

राजा दिलीपने जहाँ अपनी वीरतासे शत्रुओंके नगर जीते थे और धनपति बने थे वहाँ वे बातचीत करनेकी कलामें भी बड़े चतुर थे, इसलिये उन्होंने अथर्ववेदके रक्षक वशिष्ठजीके उत्तरमें बड़ी अर्थ-भरी वाणीमें कहा ॥५९॥ 'आपकी कृपासे इस राज्यमें [राजा, मन्त्री, मित्र, राजकोष, राज्य, दुर्ग और सेना ये] सातों अंग भरपूर हैं। [अग्नि, जल, महामारी और अकाल मृत्यु इन] दैवी विपत्तियों और [चोर, डाकू, शत्रु आदि] मानुषी आपत्तियोंको दूर करनेवाले तो आप बैठे ही हैं ॥६०॥ आप मन्त्रोंके रचयिता हैं! आपके मन्त्र ही इतने शक्तिशाली हैं कि मुझे अपने बाण चलानेकी आवश्यकता नहीं पड़ती, क्योंकि अपने बाणोंसे तो मैं केवल उन्हें ही बेध सकता हूँ जो मेरे आगे आते हैं, पर आपके मन्त्र तो यहीं बैठे-बैठे दूरसे ही शत्रुओंको नष्ट कर देते हैं ॥६१॥ हे यज्ञ करनेवाले! आप जब शास्त्रीय विधिसे अग्निमें हवि छोड़ते हैं तो आपकी आहुतियाँ अनावृष्टिसे सूखे हुए धानके खेतोंपर जलवृष्टि होकर बरसने लगती हैं ॥६२॥ यह आपके ब्रह्मतेजका ही तो बल है कि मेरी प्रजामें कोई भी न सौ सौ बरससे कम आयु पाता है और न किसीको ईति [बाढ़, सूखा, चूहा, तोता, राज-कलह, बैरीकी चढ़ाई आदि] तथा विपत्तिका डर रहता है ॥६३॥ जब आप स्वयं ब्रह्माके पुत्र ही

किन्तु वध्वां तवैतस्यामदृष्टसदृशप्रजम् ।
न मामवति सद्वीपा रत्नसूरपि मेदिनी ॥६५॥
नूनं मत्तः परं वंश्याः पिण्डविच्छेददर्शिनः ।
न प्रकामभुजः श्राद्धे स्वधासंग्रहतत्पराः ॥६६॥
मत्परं दुर्लभं मत्वा नूनमावर्जितं मया ।
पयः पूर्वैः स्वनिःश्वासैः कवोष्णमुपभुज्यते ॥६७॥
सोऽहमिज्याविशुद्धात्मा प्रजालोपनिमीलितः ।
प्रकाशश्चाप्रकाशश्च लोकालोक इवाचलः ॥६८॥
लोकान्तरसुखं पुण्यं तपोदानसमुद्भवम् ।
संततिः शुद्धवंश्या हि परत्रेह च शर्मणे ॥६९॥
तया हीनं विधातर्मां कथं पश्यन्न दूयसे ।
सिक्तं स्वयमिव स्नेहाद्वन्ध्यमाश्रमवृक्षकम् ॥७०॥
असह्यपीडं भगवन्नृणमन्त्यमवेहि मे ।
अरुंतुदमिवालानमनिर्वाणस्य दन्तिनः ॥७१॥

हमारे कुलगुरु होकर सदा हमारा कल्याण करने के लिए बैठे हैं तब हमारी सम्पत्ति भला निर्विघ्न क्यों न रहे ॥६४॥ पर देव ! आपकी इतनी कृपा होते हुए भी जब आपकी इस वधू [मेरी पत्नी] के गर्भसे मेरे समान तेजस्वी पुत्र नहीं हुआ तब रत्नोंको पैदा करने वाली, कई द्वीपोंमे फैली हुई अपने राज्यकी यह पृथ्वी भी मुझे कैसे अच्छी लग सकती है ॥६५॥ अब तो मुझे ऐसा जान पड़ने लगा है कि मेरे पीछे कोई मुझे पिण्ड देनेवाला भी नहीं रह जायगा । इसी दुःखसे हमारे पितर मेरे दिए हुए श्राद्धके अन्नको भरपेट न खाकर उसका भाग आगेके लिये इकट्ठा करने लग गए हैं ॥६६॥ *जब मैं तर्पणके समय जलदान देने लगता हूँ, तब मेरे पितर यह सोचकर दुःखकी साँसें लेने लगते हैं* कि इसके पीछे हमें जल कौन देगा और यह सोचकर वे अपनी साँसोंसे गरम हुए जलको ही पी डालते हैं ॥६७॥ जिस प्रकार लोकालोक नामका पर्वत एक ओरसे सूर्यका प्रकाश पड़नेसे चमकता है और दूसरी ओर प्रकाश न पड़नेसे अँधियारा रहता है, उसी प्रकार सदा यज्ञ करनेसे मेरा चित्त प्रसन्न रहता है किन्तु पुत्र न होनेसे सदा शोकसे भरा रहता है ॥६८॥ देव ! तपस्या करनेसे और ब्राह्मणों तथा दीनोंको दान देनेसे जो पुण्य मिलता है वह केवल परलोकमें सुख देता है पर अच्छी सन्तान [सेवा सुश्रुषा करके] इस लोकमें तो सुख देती ही है साथ ही [तर्पण और पिण्डदान आदि करके] परलोकमें भी सुख देती है ॥६९॥ हे गुरुदेव ! जैसे अपने हाथोंसे प्रेमसे सींचे हुए आश्रमके वृक्षमें फल लगता न देखकर बड़ा दुःख होता है वैसे ही जब आप मुझ कृपापात्रको सन्तानहीन देखते हैं तो क्या आपको दुःख नहीं होता ॥७०॥ हे भगवन् ! जिस प्रकार हाथीको उसका खूँटा अत्यन्त कष्ट देता है वैसे ही पुत्र न होनेके कारण जो पितरोंका भार मेरे सिरपर

तस्मान्मुच्ये यथा तात संविधातुं तथार्हसि ।
इक्ष्वाकूणां दुरापेऽर्थे त्वदधीना हि सिद्धयः ॥७२॥
इति विज्ञापितो राज्ञा ध्यानस्तिमितलोचनः ।
क्षणमात्रमृषिस्तस्थौ सुप्तमीन इव ह्रदः ॥७३॥
सोऽपश्यत्प्रणिधानेन संततेः स्तम्भकारणम् ।
भावितात्मा भुवो भर्तुरथैनं प्रत्यबोधयत् ॥७४॥
पुराशक्रमुपस्थाय तवोर्वीं प्रति यास्यतः ।
आसीत्कल्पतरुच्छायामाश्रिता सुरभिः पथि ॥७५॥
धर्मलोपभयाद्राज्ञीमृतुस्नातामिमां स्मरन् ।
प्रदक्षिणक्रियार्हायां तस्यां त्वं साधु नाचरः ॥७६॥
अवजानासि मां यस्मादतस्ते न भविष्यति ।
मत्प्रसूतिमनाराध्य प्रजेति त्वां शशाप सा ॥७७॥
स शापो न त्वया राजन्न च सारथिना श्रुतः ।
नदत्याकाशगङ्गायाः स्रोतस्युद्दामदिग्गजे ॥७८॥

चढा रहा है वह भी मुझे बहुत पीडा दे रहा है ॥७१॥ इसीलिये हे प्रभो ! अब कोई ऐसा उपाय बताइए जिससे मेरे पुत्र रत्न हो और मैं अपने पितृ-ऋणमे मुक्त हो जाऊँ क्योकि इक्ष्वाकुवंशी राजाओंकी सभी कठिनाइयाँ आपकी कृपासे सदा दूर होती रही हैं ॥७२॥ राजाकी बात सुनकर वशिष्ठजीने अपनी आँखें बन्द करके क्षण भरके लिये ध्यान लगाया । उस समय वे उस तालके समान स्थिर और निश्चल हो गए जिसकी सब मछलियाँ सो गई हो ॥७३॥ वशिष्ठजीने अपने योगके बलसे ध्यान किया कि पवित्र आत्मावाले राजाके पुत्र क्यो नही हुआ और ध्यान कर चुकनेपर वे राजाको समझाने लगे ॥७४॥ हे राजन् ! बहुत दिन हुए एक वार जब तुम स्वर्गसे इन्द्रकी सेवा करके पृथ्वीको लौट रहे थे, तब मार्गमे कल्पवृक्षकी छायामे कामधेनु बैठी हुई थी ॥ ७५ ॥ उस समय तुम्हारी पत्नीने रजस्वला होनेपर स्नान किया था और तुम सोचते जा रहे थे कि [यदि इस समय उसके साथ सभोग नही करूँगा तो] गृहस्थका धर्म बिगड जायगा । इसी विचारमें पडे रहनेके कारण तुमने कामधेनुकी ओर तनिक भी ध्यान नही दिया । यह काम तुमने ठीक नही किया, क्योकि तुम्हे चाहिए था कि उसकी पूजा और प्रदक्षिणा करते हुए लौटते ॥७६॥ इसीसे रुष्ट होकर कामधेनुने तुम्हे शाप दिया कि तुमने जो मेरा तिरस्कार किया है इसका दड यही है कि जबतक तुम मेरी सन्तानकी सेवा नही करोगे तबतक तुम्हे पुत्र नही होगा ॥७७॥ उस समय बडे-बडे मतवाले दिग्गज आकाशगगामे खेलते हुए बहुत चिग्घाड रहे थे, इसलिये उस शापको न तो तुम ही सुन पाए, न तुम्हारा सारथी ही ॥७८॥

ईप्सितं तदवज्ञानाद्विद्धि सार्गलमात्मनः ।
प्रतिबध्नाति हि श्रेयः पूज्यपूजाव्यतिक्रमः ॥७९॥
हविषे दीर्घसत्रस्य सा चेदानीं प्रचेतसः ।
भुजंगपिहितद्वारं पातालमधितिष्ठति ॥८०॥
सुतां तदीयां सुरभेः कृत्वा प्रतिनिधिं शुचिः ।
आराधय सपत्नीकः प्रीता कामदुधा हि सा ॥८१॥
इति वादिन एवास्य होतुराहुतिसाधनम् ।
अनिन्द्या नन्दिनी नाम धेनुराववृते वनात् ॥८२॥
ललाटोदयमाभुग्नं पल्लवस्निग्धपाटला ।
बिभ्रती श्वेतरोमाङ्कं संध्येव शशिनं नवम् ॥८३॥
भुवं कोष्णेन कुण्डोध्नी मेध्येनावभृथादपि ।
प्रस्रवेणाभिवर्षन्ती वत्सालोकप्रवर्तिना ॥८४॥
रजःकणैः खुरोद्धूतैः स्पृशद्भिर्गात्रमन्तिकात् ।
तीर्थाभिषेकजां शुद्धिमादधाना महीक्षितः ॥८५॥

इसलिये तुम्हारे पुत्र न होनेका कारण यही है कि तुमने कामधेनुका तिरस्कार किया है देखो, जो पुरुष अपने पूज्योंकी पूजा नहीं करता है उसके शुभ कार्योंमें विघ्न पड़ता ही है ॥७९॥ अब इस समय कामधेनु तो मिल नहीं सकती क्योंकि वरुणदेव पातालमें बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं। उस यज्ञमें आहुतिकी सामग्री देनेके लिये कामधेनु भी पाताल लोक चली गई हैं और उस लोकके द्वारोंपर बड़े-बड़े विषधर सर्प रखवाल भी बैठे हैं ॥८०॥ [चाहिए तो यही था कि पहले तुम कामधेनुको ही प्रसन्न करते पर इस समय तो उनका दर्शन दुर्लभ है।] इसलिये तुम उनकी पुत्री नन्दिनीको ही उनका प्रतिनिधि समझ लो और अपनी रानीके साथ शुद्ध मनसे उसकी सेवा करो, क्योंकि यदि वह प्रसन्न हो जायगी तो वह तुरन्त इच्छित फल अवश्य दे देगी ॥८१॥ इधर वशिष्ठजी यह कह ही रहे थे कि उनकी आहुतिके लिये घृत आदि जुटानेवाली सुलक्षणा नन्दिनी गौ वनसे लौटकर आ पहुँची ॥ ८२ ॥ नन्दिनीकी देह नये पत्तेके समान कोमल और लाल थी। उसके माथेपर बनी हुई भूरे बालोंकी टेढ़ी रेखा ऐसी जान पड़ती थी जैसे लाल सन्ध्याके माथेपर द्वितीयाका चन्द्रमा चढ़ आया हो ॥८३॥ अपना बछड़ा देखते ही उसके कुण्डके समान बड़े-बड़े थनोंसे वह गरम-गरम दूध गिरकर पृथ्वीपर टपकने लगा जो यज्ञके पश्चात् किए हुए अवभृथ स्नानके जलसे भी अधिक पवित्र था ॥८४॥ नन्दिनीके आते समय उसके खुरोंसे उड़ी हुई धूलके लगनेसे राजा दिलीप वैसे ही पवित्र हो गए जैसे किसी तीर्थमें स्नान करके लौटे हों। शकुन जाननेवाले तपस्वी वशिष्ठजीने जब उस

तां पुण्यदर्शनां दृष्ट्वा निमित्तज्ञस्तपोनिधिः ।
याज्यमाशंसितावन्ध्यप्रार्थनं पुनरब्रवीत् ॥८६॥
अदूरवर्तिनीं सिद्धिं राजन्विगणयात्मनः ।
उपस्थितेयं कल्याणी नाम्नि कीर्तित एव यत् ॥८७॥
वन्यवृत्तिरिमां शश्वदात्मानुगमनेन गाम् ।
विद्यामभ्यसनेनेव प्रसादयितुमर्हसि ॥८८॥
प्रस्थितायां प्रतिष्ठेथाः स्थितायां स्थितिमाचरेः ।
निषण्णायां निषीदास्यां पीताम्भसि पिबेरपः ॥८९॥
वधूर्भक्तिमती चैनामर्चितामातपोवनात् ।
प्रयता प्रातरन्वेतु सायं प्रत्युद्व्रजेदपि ॥९०॥
इत्याप्रसादादस्यास्त्वं परिचर्यापरो भव ।
अविघ्नमस्तु ते स्थेयाः पितेव धुरि पुत्रिणाम् ॥९१॥
तथेति प्रतिजग्राह प्रीतिमान्सपरिग्रहः ।
आदेशं देशकालज्ञः शिष्यः शासितुरानतः ॥९२॥

गौको देखा, जिसके दर्शनसे ही पुण्य मिलता है, तब वे अपने यजमान उन राजा दिलीपसे बोले जो अपनी प्रार्थना सफल करानेके लिये वहाँ आए हुए थे ॥८६॥ 'हे राजन्! तुम्हारा मनोरथ बहुत शीघ्र ही पूरा होगा क्योंकि यह कल्याण करनेवाली नन्दिनी नाम लेते ही आ पहुँची है ॥८७॥ जैसे विद्यार्थी [सब सुखोंको छोड़कर] लगनसे पढ़कर विद्या प्राप्त कर लेता है वैसे ही यदि तुम भी [सब भोगोंको छोड़कर] कन्द-मूल-फल खाते हुए सदा इस गौकी सेवा करोगे तो यह भी तुमपर प्रसन्न हो कर तुम्हारी इच्छा अवश्य पूरी करेगी ॥८८॥ जब यह चले तब तुम भी इसके पीछे-पीछे चलने लगना, जब खड़ी हो जाय तभी तुम भी खड़े हो जाना, जब बैठे तभी तुम भी बैठना और जब यह पानी पीने लगे तभी तुम भी पानी पीना। ॥८९॥ तुम्हारी रानी सुदक्षिणाको चाहिए कि वे नित्य प्रातःकाल बड़ी भक्तिसे इसकी पूजा किया करें और जब यह वनको जाने लगे तब वे तपोवनके बाहरतक उसके पीछे-पीछे जायँ और सायंकाल लौटते समय वहींसे अगवानी करके उसे आश्रममें ले आवें ॥९०॥ जबतक यह गौ प्रसन्न न हो जाय तबतक तुम इसी प्रकार इसकी सेवा करते रहो। ईश्वर करे तुम्हें कोई बाधा न हो और जिस प्रकार तुम अपने पिताके योग्य पुत्र हो वैसा ही सुयोग्य पुत्र तुम्हें भी प्राप्त हो ॥९१॥ राजा दिलीप यह सोचकर मनमें बहुत प्रसन्न हुए कि सन्ध्याके समय हवनकी अग्निके सामने बैठकर वशिष्ठजीने जो कुछ कहा है वह अवश्य सत्य होगा। तब बड़ी नम्रतासे उन्होंने वशिष्ठजीसे कहा कि 'हम ऐसा ही करेंगे' और यह कहकर उन्होंने और उनकी पत्नीने गुरुजीसे इस व्रतके लिये आज्ञा ली ॥९२॥ रात हो गयी थी। विद्वान्, सत्यवक्ता, ब्रह्माके पुत्र वशिष्ठजीने राजा दिलीपको

अथ प्रदोषे दोषज्ञः संवेशाय विशांपतिम् ।
सूनुः सूनृतवाक्स्रष्टुर्विससर्जोर्जितश्रियम् ॥९३॥
सत्यामपि तपःसिद्धौ नियमापेक्षया मुनिः ।
कल्पवित्कल्पयामास वन्यामेवास्य संविधाम् ॥९४॥
निर्दिष्टां कुलपतिना स पर्णशालामध्यास्य प्रयतपरिग्रहद्वितीयः ।
तच्छिष्याध्ययननिवेदितावसानां संविष्टः कुशशयने निशां निनाय॥

इति महाकवि श्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
वशिष्ठाश्रमाभिगमनो नाम प्रथम सर्गः ॥

जाकर सोनेकी आज्ञा दे दी ॥९३॥ यद्यपि वशिष्ठजी चाहते तो अपनी तपस्याके प्रभावसे ही राजा दिलीपके योग्य भोजन और सोनेका उचित प्रबन्ध कर सकते थे पर वे व्रतके नियमोंको जानते थे इसलिये उन्होंने राजाके व्रतके योग्य [कन्दमूलके भोजन और कुशकी चटाईका] ही प्रबन्ध किया था ॥९४॥ कुलपति वशिष्ठजीने जो पर्णकुटी बताई उसीमें राजा दिलीप ब्रह्मचर्यका पालन करते हुए रानी सुदक्षिणाके साथ कुशाकी चटाईपर ही सो गए और प्रातःकाल ही जब वशिष्ठजीने अपने शिष्योंको वेद पढ़ाना प्रारंभ किया तब उसकी ध्वनि कानमें पड़ते ही राजा दिलीप उठ बैठे ॥९५।

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यका वशिष्ठके आश्रममें आगमन नामका पहला सर्ग समाप्त हुआ ॥

पृक्तस्तुषारैर्गिरिनिर्झराणामनोकहाकम्पितपुष्पगन्धी ।
तमातपक्लान्तमनातपत्रमाचारपूतं पवनः सिषेवे ॥१३॥
शशाम वृष्ट्यापि विना दवाग्निरासीद्विशेषा फलपुष्पवृद्धिः ।
ऊनं न सत्त्वेष्वधिको बबाधे तस्मिन्वनं गोप्तरि गाहमाने ॥१४॥
संचारपूतानि दिगन्तराणि कृत्वा दिनान्ते निलयाय गन्तुम् ।
प्रचक्रमे पल्लवरागताम्रा प्रभा पतङ्गस्य मुनेश्च धेनुः ॥१५॥
तां देवतापित्रतिथिक्रियार्थामन्वग्ययौ मध्यमलोकपालः ।
बभौ च सा तेन सतां मतेन श्रद्धेव साक्षाद्विधिनोपपन्ना ॥१६॥
स पल्वलोत्तीर्णवराहयूथान्यावासवृक्षोन्मुखबर्हिणानि ।
ययौ मृगाध्यासितशाद्वलानि श्यामायमानानि वनानिपश्यन्॥१७॥
आपीनभारोद्वहनप्रयत्नाद्गृष्टिर्गुरुत्वाद्वपुषो नरेन्द्रः ।
उभावलंचक्रतुरञ्चिताभ्यां तपोवनावृत्तपथं गताभ्याम् ॥१८॥
वशिष्ठधेनोरनुयायिनं तमावर्तमानं वनिता वनान्तात् ।
पपौ निमेषालसपक्ष्मपङ्क्तिरुपोषिताभ्यामिव लोचनाभ्याम्॥१९॥

कारण मधुर स्वर निकल रहे थे ॥१२॥ पहाड़ी झरनोंकी ठंडी फुहारोंसे लदा हुआ और मन्द-मन्द कँपाए हुए वृक्षोंके फूलोंकी गन्धसे बसा हुआ वायु उन सदाचारी राजा दिलीपको ठंडक देता चला रहा था जिन्हें छत्र न होनेके कारण धूपसे कष्ट हो रहा था ॥१३॥ राजा दिलीप प्रजापालक थे इसीलिये उनके जंगलमें पहुँचते ही वर्षाके बिना ही वनकी आग ठंडी हो गई, वहाँके पेड़ भी फल और फूलोंसे लद गए और वहाँके बड़े जीवोंने छोटे जीवोंको सताना भी छोड़ दिया ॥१४॥ दिन ढलनेपर नये पत्तोंकी ललाईके सामने सूर्यकी ललाई चारों ओर फैलकर सब दिशाओंको पवित्र करके अब विश्राम करने लौट चली। उधर लाल रंगकी नन्दिनी भी अपने खुरोंके स्पर्शसे मार्गको पवित्र करती हुई तपोवनकी ओर लौट पड़ी ॥१५॥ पृथ्वीका पालन करनेवाले राजा दिलीप भी वशिष्ठ ऋषिके यज्ञ, श्राद्ध, अतिथि पूजा आदि धर्मके कामोंके लिये दूध देनेवाली उस नन्दिनीके पीछे-पीछे लौटते हुए ऐसे भले लग रहे थे जैसे ब्रह्माकी पुत्री श्रद्धाके साथ सदाचार शोभा देता हो ॥१६॥ राजा दिलीप देखते हुए चले जा रहे थे कि कहीं तो छोटे-छोटे तालोंमेंसे सूअरोंके झुंड निकल-निकल कर चले जा रहे हैं, कहीं मोर अपने बसेरोंकी ओर उड़े जा रहे हैं, कहीं हरिण हरी-हरी घासों पर थककर बैठ गए हैं और धीरे-धीरे साँझ होनेसे वनकी सारी धरती धुंधली पड़ती जा रही है ॥१७॥ नन्दिनी और दिलीप दोनों धीरे-धीरे चले जा रहे थे। नन्दिनी अपने थनके भारी होनेसे धीरे-धीरे चल रही थी और राजा दिलीप भारी शरीर होनेके कारण धीरे-धीरे चल रहे थे। उन दोनोंको धीरे-धीरे चलते देखकर तपोवनका मार्ग बस देखते ही बनता था ॥१८॥ जब साँझको राजा दिलीप नन्दिनीके पीछे-पीछे लौटे तब सुदक्षिणा अपलक नेत्रोंसे उन्हें देखती

पुरस्कृता वर्त्मनि पार्थिवेन प्रत्युद्गता पार्थिवधर्मपत्न्या ।
तदन्तरे सा विरराज धेनुर्दिनक्षपामध्यगतेव संध्या ॥२०॥
प्रदक्षिणीकृत्य पयस्विनीं तां सुदक्षिणा साक्षतपात्रहस्ता ।
प्रणम्य चानर्च विशालमस्याः शृङ्गान्तरं द्वारमिवार्थसिद्धेः ॥२१॥
वत्सोत्सुकापि स्तिमिता सपर्यां प्रत्यग्रहीत्सेति ननन्दतुस्तौ ।
भक्त्योपपन्नेषु हि तद्विधानां प्रसादचिह्नानि पुरःफलानि ॥२२॥
गुरोः सदारस्य निपीड्य पादौ समाप्य सांध्यं च विधिं दिलीपः ।
दोहावसाने पुनरेव दोग्ध्रीं भेजे भुजोच्छिन्नरिपुर्निषण्णाम् ॥२३॥
तामन्तिकन्यस्तबलिप्रदीपामन्वास्य गोप्ता गृहिणीसहायः ।
क्रमेण सुप्तामनु संविवेश सुप्तोत्थितां प्रातरनूदतिष्ठत् ॥२४॥
इत्थं व्रतं धारयतः प्रजार्थं समं महिष्या महनीयकीर्तेः ।
सप्त व्यतीयुस्त्रिगुणानि तस्य दिनानि दीनोद्धरणोचितस्य ॥२५॥

रह गई मानो उसकी आँखें राजा दिलीपका रूप पीनेको प्यासी हों ॥१९॥ आश्रमके मार्गमें पीछे पीछे राजा दिलीप थे और आगे अगवानीके लिये रानी सुदक्षिणा खडी थी। इन दोनोंके बीचसे वह लाल रंगवाली नन्दिनी ऐसी शोभा दे रही थी जैसे दिन और रातके बीचमें साँझकी ललाई ॥२०॥ पहले तो सुदक्षिणाने हाथमें अक्षत आदि सामग्री लेकर नन्दिनीकी पूजा करके प्रदक्षिणा की, फिर प्रणाम करके उसकी सींगों के बीचमें माथेपर चन्दन-अक्षत लगाया क्योंकि उन्होंने समझ लिया था कि वह सींगों का मध्य नहीं वरन् मेरी पुत्र-कामना पूरी करने का द्वार है ॥२१॥ यद्यपि नन्दिनी उस समय अपना बछड़ा देखनेके लिये बहुत उतावली थी फिर भी वह रानीसे पूजा करानेके लिये खडी हो गई। नन्दिनीका यह प्रेम देखकर वे दोनों बहुत प्रसन्न हुए, *क्योंकि नन्दिनीके समान मनोरथ पूरा करनेवाले यदि भक्तपर प्रसन्न हों जाय तो समझ लो कि* काम पूरा हो गया ॥२२॥ गौकी पूजा हो चुकने पर शत्रुओंके संहारक राजा दिलीपने पहले वशिष्ठजी और अरुन्धतीजीके चरणोंकी वन्दना की और फिर अपने सन्ध्याके नित्य धर्म पूरे किए। जब नन्दिनीका दूध दुह लिया गया और वह बैठ गई तब राजा दिलीप फिर उसकी सेवामें लग गए ॥२३॥ प्रजापालक राजा दिलीप अपनी पत्नीके साथ बहुत देरतक नन्दिनीकी सेवा और पूजा करते रहे। जब वह सो गई तब ये दोनों भी सोने चले गए और ज्योंही वह सोकर उठी त्योंही इन दोनों की नींद भी टूट गई ॥२४॥ इस प्रकार सन्तान प्राप्तिके लिये अपनी पत्नीके साथ यह कठोर व्रत करते हुए दीनोंके रक्षक परम कीर्तिशाली राजा दिलीपके इक्कीस दिन बीत गए ॥२५॥ तब नन्दिनीने सोचा कि मैं अपने सेवक राजा दिलीपकी परीक्षा क्यों न लूँ कि वे सच्चे भावसे सेवा कर रहे हैं या केवल स्वार्थ भावसे। इसीलिये राजा दिलीप जब बाईसवें दिन उसे वनमें ले गए तो वह झट हिमालयकी उस गुफामें पैठ गई जिसपरसे

अन्येद्युरात्मानुचरस्य भावं जिज्ञासमाना मुनिहोमधेनुः ।
गङ्गाप्रपातान्तविरूढशष्पं गौरीगुरोर्गह्वरमाविवेश ॥२६॥
सा दुष्प्रधर्षा मनसापि हिंस्रैरित्यद्रिशोभाप्रहितेक्षणेन ।
अलक्षिताभ्युत्पतनो नृपेण प्रसह्य सिंहः किल तां चकर्ष ॥२७॥
तदीयमाक्रन्दितमार्तसाधोर्गुहानिबद्धप्रतिशब्ददीर्घम् ।
रश्मिष्विवादाय नगेन्द्रसक्तां निवर्तयामास नृपस्य दृष्टिम् ॥२८॥
स पाटलायां गवि तस्थिवांसं धनुर्धरः केसरिणं ददर्श ।
अधित्यकायामिव धातुमय्यां लोध्रद्रुमं सानुमतः प्रफुल्लम् ॥२९॥
ततो मृगेन्द्रस्य मृगेन्द्रगामी वधाय वध्यस्य शरं शरण्यः ।
जाताभिषङ्गो नृपतिर्निषङ्गादुद्धर्तुमैच्छत्प्रसभोद्धृतारिः ॥३०॥
वामेतरस्तस्य करः प्रहर्तुर्नखप्रभाभूषितकङ्कपत्रे ।
सक्ताङ्गुलिः सायकपुङ्ख एव चित्रार्पितारम्भ इवावतस्थे ॥३१॥
बाहुप्रतिष्टम्भविवृद्धमन्युरभ्यर्णमागस्कृतमस्पृशद्भिः ।
राजा स्वतेजोभिरदह्यतान्तर्भोगीव मन्त्रौषधिरुद्धवीर्यः ॥३२॥

तमार्यगृह्यं निगृहीतधेनुर्मनुष्यवाचा मनुवंशकेतुम् ।
विस्माययन्विस्मितमात्मवृत्तौ सिंहोरुसत्त्वं निजगाद सिंहः ॥३३॥
अलं महीपाल तव श्रमेण प्रयुक्तमप्यस्त्रमितो वृथा स्यात् ।
न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य ॥३४॥
कैलासगौरं वृषमारुरुक्षोः पादार्पणानुग्रहपूतपृष्ठम् ।
अवेहि मां किंकरमष्टमूर्त्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भमित्रम् ॥३५॥
अमुं पुरः पश्यसि देवदारुं पुत्रीकृतोऽसौ वृषभध्वजेन ।
यो हेमकुम्भस्तननिःसृतानां स्कन्दस्य मातुः पयसां रसज्ञः ॥३६॥
कण्डूयमानेन कटं कदाचिद्वन्यद्विपेनोन्मथिता त्वगस्य ।
अथैनमद्रेस्तनया शुशोच सेनान्यमालीढमिवासुरास्त्रैः ॥३७॥
तदाप्रभृत्येव वनद्विपानां त्रासार्थमस्मिन्नहमद्रिकुक्षौ ।
व्यापारितः शूलभृता विधाय सिंहत्वमङ्कागतसत्त्ववृत्ति ॥३८॥
तस्यालमेषा क्षुधितस्य तृप्त्यै प्रदिष्टकाला परमेश्वरेण ।
उपस्थिता शोणितपारणा मे सुरद्विषश्चान्द्रमसी सुधेव ॥३९॥

से बँधा हुआ साँप ॥३२॥ सज्जनोंके मित्र, मनुवंशके शिरोमणि और सिंहके समान पराक्रमी राजा दिलीप बड़े अचम्भेमें पड़े हुए थे और जब वह सिंह मनुष्यकी बोलीमें बोलने लगा तब तो उनके अचरजका ठिकाना ही नहीं रहा ॥३३॥ सिंह बोला—हे राजन् ! तुम मुझे मारनेका जतन मत करो क्योंकि मुझपर जो भी अस्त्र चलाओगे वह व्यर्थ जायगा। देखो ! वायुका जो वेग वृक्षोंको जड़से उखाड़ फेंक सकता है वह पर्वतका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता ॥३४॥ [मुझे तुम साधारण सिंह न समझना] मैं सर्वशक्तिशाली शंकरजी का कृपापात्र सेवक और कुम्भोदर नामका गण हूँ और शिवजीके शक्तिशाली गण निकुम्भका मित्र हूँ। जब शंकरजी कैलाश पर्वतके समान उजले नन्दीपर चढ़ते हैं तब पहले अपने चरणोंसे मेरी पीठ पवित्र करते हैं ॥३५॥ और यह जो तुम्हारे सामने बड़ा सा देवदारु का पेड़ दिखाई दे रहा है इसे शंकरजी अपने पुत्रके समान मानते हैं क्योंकि स्वयं पार्वतीजीने अपने सोनेके घटरूपी स्तनोंके रससे सींच-सींचकर इसे इतना बड़ा किया है ॥३६॥ [तुम जानते नहीं हो कि पार्वतीजी इसे कितना प्यार करती हैं।] एक बार एक जंगली हाथी आकर इससे रगड़-रगड़कर अपनी कनपटी खुजलाने लगा। उससे इसकी थोड़ी छाल छिल गई। बस, इतनेपर ही पार्वतीजीको ऐसा शोक हुआ जैसा दैत्योंके बाणों से घायल स्वामिकार्तिकेयको देखकर हुआ था ॥३७॥ तबसे शंकरजीने जंगली हाथियोंको डरानेके लिये मुझे यहाँ पहाड़के ढालपर रखवाला बनाकर रख छोड़ा है और मेरा पेट भरनेके लिये मुझे आज्ञा दे दी है कि यहाँ जो जीव आवे उसे मारकर खा जाया करो ॥३८॥ जैसे चन्द्रमाका अमृत राहुको

स त्वं निवर्तस्व विहाय लज्जां गुरोर्भवान्दर्शितशिष्य भक्तिः ।
शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्षं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति ॥४०॥
इति प्रगल्भं पुरुषाधिराजो मृगाधिराजस्य वचो निशम्य ।
प्रत्याहतास्त्रो गिरिशप्रभावादात्मन्यवज्ञां शिथिलीचकार ॥४१॥
प्रत्यब्रवीच्चैनमिषुप्रयोगे तत्पूर्वभङ्गे वितथप्रयत्नः ।
जडीकृतस्त्र्यम्बकवीक्षणेन वज्रं मुमुक्षन्निव वज्रपाणिः ॥४२॥
संरुद्धचेष्टस्य मृगेन्द्र कामं हास्यं वचस्तद्यदहं विवक्षुः ।
अन्तर्गतं प्राणभृतां हि वेद सर्वं भवान्भावमतोऽभिधास्ये॥४३॥
मान्यः स मे स्थावरजङ्गमानां सर्गस्थितिप्रत्यवहारहेतुः ।
गुरोरपीदं धनमाहिताग्नेर्नश्यत्पुरस्तादनुपेक्षणीयम् ॥४४॥
स त्वं मदीयेन शरीरवृत्तिं देहेन निर्वर्तयितुं प्रसीद ।
दिनावसानोत्सुकबालवत्सा विसृज्यतां धेनुरियं महर्षेः ॥४५॥
अथान्धकारं गिरिगह्वराणां दंष्ट्रामयूखैः शकलानि कुर्वन् ।
भूयः स भूतेश्वरपार्श्ववर्ती किंचिद्विहस्यार्थपतिं बभाषे ॥४६॥

एकातपत्रं जगतः प्रभुत्वं नवं वयः कान्तमिदं वपुश्च ।
अल्पस्य हेतोर्बहु हातुमिच्छन्विचारमूढः प्रतिभासि मे त्वम् ॥४७॥
भूतानुकम्पा तव चेदियं गौरेका भवेत्स्वस्तिमति त्वदन्ते ।
जीवन्पुनः शश्वदुपप्लवेभ्यः प्रजाः प्रजानाथ पितेव पासि ॥४८॥
अथैकधेनोरपराधचण्डाद्गुरोः कृशानुप्रतिमाद्बिभेषि ।
शक्योऽस्य मन्युर्भवता विनेतुं गाः कोटिशः स्पर्शयता घटोध्नीः ॥४९॥
तद्रक्ष कल्याणपरम्पराणां भोक्तारमूर्जस्वलमात्मदेहम् ।
महीतलस्पर्शनमात्रभिन्नमृद्धं हि राज्यं पदमैन्द्रमाहुः ॥५०॥
एतावदुक्त्वा विरते मृगेन्द्रे प्रतिस्वनेनास्य गुहागतेन ।
शिलोच्चयोऽपि क्षितिपालमुच्चैः प्रीत्या तमेवार्थमभाषतेव ॥५१॥
निशम्य देवानुचरस्य वाचं मनुष्यदेवः पुनरप्युवाच ।
धेन्वा तदध्यासितकातराक्ष्या निरीक्ष्यमाणः सुतरां दयालुः ॥५२॥
क्षतात्किल त्रायत इत्युदग्रः क्षत्रस्य शब्दो भुवनेषु रूढः ।
राज्येन किं तद्विपरीतवृत्तेः प्राणैरुपक्रोशमलीमसैर्वा ॥५३॥

बोला ॥४५॥ 'हे राजन् ! जान पड़ता है कि तुममें यह सोचनेकी शक्ति नहीं रह गई कि तुम्हें क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए, क्योंकि तुम एक साधारण-सी गौके पीछे इतना बड़ा राज्य, यौवन और ऐसा सुन्दर शरीर छोड़नेपर उतारू हो गए हो ॥४७॥ यदि तुम केवल प्राणियोंपर दया करनेके विचारसे ही ऐसा कर रहे हो तो भी यह त्याग ठीक नहीं है, क्योंकि इस समय यदि तुम मेरे भोजन बनते हो तो केवल एक गौकी रक्षा होगी, पर यदि जीते रहोगे तो पिताके समान तुम अपनी पूरी प्रजाकी रक्षा कर सकोगे ॥४८॥ और यदि तुम गौके स्वामी और अग्निके समान अपने तेजस्वी गुरुजीसे डरते हो तो उन्हें बड़े-बड़े थनोंवाली करोड़ों गौएँ देकर तुम उन्हें मना सकते हो ॥४९॥ देखो ! अभी तुम्हारे खेलने-खानेके दिन हैं। इसलिए तुम अपने बलवान् शरीरकी रक्षा करो, क्योंकि विद्वानोंने कहा है कि सुख और समृद्धिसे भरा हुआ राज्य पृथ्वीपर ही स्वर्ग बन जाता है। उस स्वर्गसे इस स्वर्गमें इतना ही अन्तर होता है कि यह भूमिका स्वर्ग होता है और वह देवलोकका ॥५०॥ जब इतना कहकर सिंह चुप हो गया तब पर्वतकी कन्दरा से भी सुनाई पड़नेवाली उसकी गूँज ऐसी जान पड़ी मानो पर्वतने भी प्रसन्न होकर सिंहकी ही बातोंका समर्थन किया हो ॥५१॥ राजाने एक ओर सिंहकी बातें सुनीं और दूसरी ओर देखा कि सिंहके नीचे दबी हुई गौ कातर नेत्रोंसे रक्षाकी भीख माँग रही है। दयालु राजा दिलीपका जी भर आया और वे बोले—॥५२॥ 'हे सिंह ! क्षत्रिय शब्दका अर्थ ही है कि दूसरोंको नष्ट होनेसे बचावे। यदि मैंने यह काम नहीं किया तो मेरा राज्य करना ही किस कामका और अपयश लेकर जीते रहना

कथं न शक्योऽनुनयो महर्षेर्विश्राणनाच्चान्यपयस्विनीनाम् ।
इमामनूनां सुरभेरवेहि रुद्रौजसा तु प्रहृतं त्वयास्याम् ॥५४॥
सेयं स्वदेहार्पणनिष्क्रयेण न्याय्या मया मोचयितुं भवत्तः ।
न पारणा स्याद्विहता तवैवं भवेदलुप्तश्च मुनेः क्रियार्थः ॥५५॥
भवानपीदं परवानवैति महान्हि यत्नस्तव देवदारौ ।
स्थातुं नियोक्तुर्नहि शक्यमग्रे विनाश्य रक्ष्यं स्वयमक्षतेन ॥५६॥
किमप्यहिंस्यस्तव चेन्मतोऽहं यशःशरीरे भव मे दयालुः ।
एकान्तविध्वंसिषु मद्विधानां पिण्डेष्वनास्था खलु भौतिकेषु ॥५७॥
संबन्धमाभाषणपूर्वमाहुर्वृत्तः स नौ संगतयोर्वनान्ते ।
तद्भूतनाथानुग नार्हसि त्वं सम्बन्धिनो मे प्रणयं विहन्तुम् ॥५८॥
तथेति गामुक्तवते दिलीपः सद्यः प्रतिष्टम्भविमुक्तबाहुः ।
स न्यस्तशस्त्रो हरये स्वदेहमुपानयत्पिण्डमिवामिषस्य ॥५९॥
तस्मिन्क्षणे पालयितुः प्रजानामुत्पश्यतः सिंहनिपातमुग्रम् ।
अवाङ्मुखस्योपरि पुष्पवृष्टिः पपात विद्याधरहस्तमुक्ता ॥६०॥

ही किस कामका ॥५३॥ तुम समझते हो कि इसके बदलेमें दूसरी गौएँ देकर मैं महर्षि वशिष्ठको मना सकूँगा। यह हो नहीं सकता। तुम इस गौको नहीं पहचान रहे हो। यह किसी भी प्रकार कामधेनुसे कम नहीं है। आज शंकरजीका बल लेकर ही तुमने इसपर आक्रमण किया है, नहीं तो तुममें इतनी शक्ति कहाँ [कि इसका बाल भी बाँका कर सको] ॥५४॥ इसलिये मैं अपना शरीर देकर भी इसे छुड़ाऊँगा क्योंकि ऐसा करनेसे तुम्हारी भूख भी मिट जायगी और गौके न रहनेसे वशिष्ठजीकी जो यज्ञ-क्रियाएँ रुक जातीं, वे भी न रुकेंगी ॥५५॥ देखो भाई ! तुम भी दूसरेके सेवक हो और यहाँ लगनसे देवदारके वृक्षकी रक्षा कर रहे हो। तुम यह जानते होगे कि जिसकी रक्षाका भार सेवकको मिलता है यदि वह नष्ट हो जाय और सेवक जीता रह जाय तो बताओ वह अपने स्वामीके आगे कौन मुँह लेकर जायगा ॥५६॥ यदि तुम किसी कारणसे मेरे ऊपर दया करना चाहते हो तो मेरे यशकी रक्षा करो, क्योंकि मुझ जैसे लोगोंको पञ्च-तत्वसे बने इस नश्वर शरीरका तनिक भी मोह नहीं होता ॥५७॥ देखो भाई ! बातचीत चलानेके नाते हम दोनों मित्र हो गए हैं, इसलिये हे शिवके सेवक ! अपने मित्रकी प्रार्थना न ठुकराओ ॥५८॥ यह सुनकर सिंह बोला—अच्छी बात है, यही सही। तत्काल दिलीपका हाथ खुल गया और राजा दिलीप अपने अस्त्र फेंककर मांसके पिंडके समान सिंहके आगे आ पड़े ॥५९॥ नीचा मुँह करके राजा दिलीप यह सोच ही रहे थे कि अब सिंह उनपर टूटा चाहता है कि इतनेमें ही प्रजा पालक

तस्याः प्रसन्नेन्दुमुखः प्रसादं गुरुर्नृपाणां गुरवे निवेद्य ।
प्रहर्षचिह्नानुमितं प्रियायै शशंस वाचा पुनरुक्तयेव ॥६८॥
स नन्दिनीस्तन्यमनिन्दितात्मा सद्वत्सलो वत्सहुतावशेषम् ।
पपौ वशिष्ठेन कृताभ्यनुज्ञः शुभ्रं यशो मूर्त्तमिवातितृष्णः ॥६९॥
प्रातर्यथोक्तव्रतपारणान्ते प्रास्थानिकं स्वस्त्ययनं प्रयुज्य ।
तौ दंपती स्वां प्रति राजधानीं प्रस्थापयामास वशीवशिष्ठः ॥७०॥
प्रदक्षिणीकृत्य हुतं हुताशमनन्तरं भर्तुररुन्धतीं च ।
धेनुं सवत्सां च नृपः प्रतस्थे सन्मङ्गलोदग्रतरप्रभावः ॥७१॥
श्रोत्राभिरामध्वनिना रथेन स धर्मपत्नीसहितः सहिष्णुः ।
ययावनुद्घातसुखेन मार्गं स्वेनेव पूर्णेन मनोरथेन ॥७२॥
तमाहितौत्सुक्यमदर्शनेन प्रजाः प्रजार्थव्रतकर्शिताङ्गम् ।
नेत्रैः पपुस्तृप्तिमनाप्नुवद्भिर्नवोदयं नाथमिवौषधीनाम् ॥७३॥

पड़ी ॥६७॥ निर्मल चन्द्रमाके समान सुन्दर मुखवाले राजाधिराज दिलीप जब वशिष्ठजीके पास पहुँचे तब उनका प्रसन्न मुख देखते ही वशिष्ठजी सब बातें पहलेसे समझ गए। इसलिए राजाने जो समाचार सुनाया वह उन्हें ऐसा लगा मानो दुहराया जा रहा हो। गुरुजीसे यह चुकनेपर राजा दिलीपने यह समाचार सुदक्षिणासे भी कह सुनाया ॥६८॥ जब बछड़ा दूध पी चुका और हवन भी हो चुका तब सज्जनोंके प्यारे प्रशंसनीय राजा दिलीपने वशिष्ठजीकी आज्ञासे नन्दिनीका दूध ऐसे पी लिया मानो उन्हें बड़ी प्यास लगी हुई हो। उस दूधके उजलेपनका तो कहना ही क्या! उनको जान पड़ा मानो स्वयं उजला यश ही दूध बन आया हो ॥६९॥ दूसरे दिन प्रातःकाल जितेन्द्रिय वशिष्ठजीने समझ लिया कि गौकी सेवाका व्रत तो पूरा हो ही गया इसलिये उन्होंने राजा और रानी दोनोंको आशीर्वाद दिया कि तुम्हारा मार्ग आनन्दसे कटे और उन्हें अयोध्याके लिये विदा कर दिया ॥७०॥ विदा लेते समय राजाने पहले हवन-कुण्डकी, फिर गुरु वशिष्ठकी, तब माता अरुन्धतीकी और सबसे पीछे बछड़ेके साथ बैठी हुई नन्दिनीकी परिक्रमा की। महर्षिके आशीर्वाद पानेसे उनका तेज और भी अधिक बढ़ गया ॥७१॥ सहनशील राजा दिलीप अपनी धर्मपत्नीके साथ जिस रथपर चढ़कर अयोध्याको चले उसकी ध्वनि कानोंको बड़ी मीठी लग रही थी और वह ऐसा अच्छा था कि उसमें नामको भी हचक नहीं लगती थी। इसलिये उसपर सुखसे बढ़कर जाते हुए वे ऐसे लगते थे मानो वे अपने मनचाहे मनोरथपर बैठे हुए जा रहे हों, रथपर नहीं ॥७२॥ राजाको अयोध्यासे गए बहुत दिन हो गए थे इसलिये प्रजा उनके दर्शनके लिये तरस रही थी। पुत्रकी उत्पत्तिके लिये जो उन्होंने व्रत लिया था उससे वे कुछ दुबले हो गए थे। अब इतने दिनों बाद लौटनेसे उनकी प्रजा उन्हें ऐसी एकटक होकर देखने लगी जैसे लोग द्वितीयाके चन्द्रमाके उदय होनेपर

पुरंदरश्रीः पुरमुत्पताकं प्रविश्य पौरैरभिनन्द्यमानः ।
भुजे भुजंगेन्द्रसमानसारे भूयः स भूमेर्धुरमाससञ्ज ॥ ७४ ॥

अथ नयनसमुत्थं ज्योतिरत्रेरिव द्यौः
सुरसरिदिव तेजो वह्निनिष्ठ्यूतमैशम् ।
नरपतिकुलभूत्यै गर्भमाधत्त राज्ञी
गुरुभिरभिनिविष्टं लोकपालानुभावैः ॥ ७५ ॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
नन्दिनीवरप्रदानो नाम द्वितीयः सर्गः ॥

उसे ध्यानसे देखते है ॥ ७३ ॥ इन्द्रके समान सम्पत्तिशाली राजा दिलीपने प्रजाका आदर पाकर अपनी उस अयोध्या नगरीमे प्रवेश किया जिसमें उनके स्वागत के लिये झडे ऊँचे कर दिए गए थे। वहाँ पहुँचकर उन्होने शेषनागके समान अपनी बलवती भुजाओंसे फिर राज काज सँभाल लिया ॥ ७४ ॥ जैसे अत्रि ऋषिके नेत्रसे निकली हुई चन्द्रमारूपी ज्योतिको आकाशने धारण किया और जैसे स्कन्दको उत्पन्न करनेवाले शकरजीके उस तेजको गगाजीने धारण कर लिया जिसे अग्नि भी नही सँभाल सकी थी, वैसे ही रानी सुदक्षिणाने राजा दिलीपका वंश चलानेके लिये [आठो दिशाओंके] लोकपालोके समान तेजस्वी पुरुषोके तेजसे भरा हुआ गर्भ धारण किया ॥ ७५ ॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यका नन्दिनी वर-प्रदान नामक
दूसरा सर्ग समाप्त हुआ।

दिशः प्रसेदुर्मरुतो ववुः सुखाः प्रदक्षिणार्चिर्हविरग्निराददे ।
बभूव सर्वं शुभशंसि तत्क्षणं भवो हि लोकाभ्युदयाय तादृशाम् ॥१४॥
अरिष्टशय्यां परितो विसारिणा सुजन्मनस्तस्य निजेन तेजसा ।
निशीथदीपाः सहसा हतत्विषो बभूवुरालेख्यसमर्पिता इव ॥१५॥
जनाय शुद्धान्तचराय शंसते कुमारजन्मामृतसंमिताक्षरम् ।
अदेयमासीत्त्रयमेव भूपतेः शशिप्रभं छत्रमुभे च चामरे ॥१६॥
निवातपद्मस्तिमितेन चक्षुषा नृपस्य कान्तं पिबतः सुताननम् ।
महोदधेः पूर इवेन्दुदर्शनाद्गुरुः प्रहर्षः प्रबभूव नात्मनि ॥१७॥
स जातकर्मण्यखिले तपस्विना तपोवनादेत्य पुरोधसा कृते ।
दिलीपसूनुर्मणिराकरोद्भवः प्रयुक्तसंस्कार इवाधिकं बभौ ॥१८॥
सुखश्रवा मङ्गलतूर्यनिस्वनाः प्रमोदनृत्यैः सह वारयोषिताम् ।
न केवलं सद्मनि मागधीपतेः पथि व्यजृम्भन्त दिवौकसामपि ॥१९॥

मन्त्रणा] से अचल सम्पत्ति पा लेता है वैसे ही इन्द्राणीके समान तेजवाली सुदक्षिणाने भी वह पुत्र उत्पन्न किया जिसके सौभाग्यशाली होनेकी सूचना वे पाँच शुभ ग्रह दे रहे थे जो उस समय उच्च स्थानपर थे और साथमें सूर्यके न होने से फल देने में समर्थ थे ॥१३॥ बालकके उत्पन्न होनेके समय आकाश खुल गया, शीतल मन्द-सुगन्ध वायु चलने लगा और हवनकी अग्निकी लपटें दक्षिण की ओर घूमकर हवनकी सामग्रियाँ लेने लगी। सभी शकुन अच्छे हो रहे थे [और यह उचित भी था] क्योंकि ऐसे बालक संसार के कल्याणके लिये ही उत्पन्न होते हैं ॥१४॥ उस भाग्यवान् बालक-का तेज सौरी-घरमें चारों ओर इतना छाया हुआ था कि आधी रातके समय घरमें रक्खे हुए दीपोंका प्रकाश भी एकदम फीका पड़ गया और वे ऐसे जान पड़ने लगे मानो चित्रमें बने हुए हों ॥१५॥ झट अन्तःपुरके सेवकने राजा दिलीप के पास आकर पुत्र होनेका समाचार सुनाया। यह सुनकर वे इतने प्रसन्न हुए कि छत्र और दोनों चँवर तो न दे सके [क्योंकि वे राजचिह्न थे] शेष सब आभूषण उन्होंने उतारकर उसे दे डाले ॥१६॥ वे तत्काल भीतर गये और जैसे वायुके रुक जानेपर कमल निश्चल हो जाता है वैसे ही वे एकटक होकर अपने पुत्रका मुँह देखने लगे। जैसे चन्द्रमाको देखकर महासमुद्रमें ज्वार आ जाता है वैसे ही पुत्रको देखकर राजाको इतना अधिक आनन्द हुआ कि वह उनके हृदयमें समा न सका ॥१७॥ पुरोहित वशिष्ठजीने भी जब यह शुभ समाचार पाया तब वे भी तपोवनसे वहाँ आ गए और स्वभावसे ही सुन्दर उस बालकके जातकर्म आदि संस्कार किये। संस्कार हो जानेपर वह बालक वैसे ही सुन्दर लगने लगा जैसे खानसे निकालकर खरादा हुआ हीरा ॥१८॥ वह बालक तो संसारका कल्याण करनेवाला था इसलिये उसके जन्म लेनेपर केवल सुदक्षिणाके पति दिलीपके ही राजमन्दिरमें मनोहर बाजे और वेश्याओंके नाच आदि उत्सव नहीं हो रहे थे वरन् आकाशमें देवताओंके यहाँ भी नाच-गान हो रहा था ॥१९॥ [जब राजकुमार का जन्म होता है तब बन्दी-गृहों

न संयतस्तस्य बभूव रक्षितुर्विसर्जयेद्यं सुतजन्महर्षितः ।
ऋणाभिधानात्स्वयमेव केवलं तदा पितॄणां मुमुचे स बन्धनात् ॥२०॥
श्रुतस्य यायादयमन्तमर्भकस्तथा परेषां युधि चेति पार्थिवः ।
अवेक्ष्य धातोर्गमनार्थमर्थविच्चकार नाम्ना रघुमात्मसंभवम् ॥२१॥
पितुः प्रयत्नात्स समग्रसंपदः शुभैः शरीरावयवैर्दिने दिने ।
पुपोष वृद्धिं हरिदश्वदीधितेरनुप्रवेशादिव बालचन्द्रमाः ॥२२॥
उमावृषाङ्कौ शरजन्मना यथा यथा जयन्तेन शचीपुरंदरौ ।
तथा नृपः सा च सुतेन मागधी ननन्दतुस्तत्सदृशेन तत्समौ ॥२३॥
रथाङ्गनाम्नोरिव भावबन्धनं बभूव यत्प्रेम परस्पराश्रयम् ।
विभक्तमप्येकसुतेन तत्तयोः परस्परस्योपरि पर्यचीयत ॥२४॥
उवाच धात्र्या प्रथमोदितं वचो ययौ तदीयामवलम्ब्य चाङ्गुलिम् ।
अभूच्च नम्रः प्रणिपातशिक्षया पितुर्मुदं तेन ततान सोऽर्भकः ॥२५॥
तमङ्कमारोप्य शरीरयोगजैः सुखैर्निषिञ्चन्तमिवामृतं त्वचि ।
उपान्तसंमीलितलोचनो नृपश्चिरात्सुतस्पर्शरसज्ञतां ययौ ॥२६॥

से बन्दी छोड़ दिए जाते हैं पर राजा दिलीपके राज्यका ऐसा अच्छा प्रबन्ध था कि कोई अपराध ही नहीं करता था । इसलिये] राज्यमें कोई बन्दी ही नहीं था जिसे वे पुत्र-जन्मकी प्रसन्नतामें छोड़ते । इसलिये उन्होंने यही समझा कि पुत्र न होनेसे जो मैं पितरोंके ऋणके बन्धनमें था उस बन्धनसे आज मैं ही छूट गया हूँ ॥२०॥ [शब्दोंके ठीक] अर्थ पहचाननेवाले राजाने (रघि) धातु-का 'जाना' अर्थ समझकर अपने पुत्रका नाम इसलिये रघु रक्खा कि वह सम्पूर्ण शास्त्रोंके पार पहुँच जायगा और युद्धक्षेत्रमें शत्रुओंके व्यूहोंको तोड़कर उनके भी पार चला जायगा ॥२१॥ जैसे शुक्ल पक्षकी प्रतिपदाका चन्द्रमा सूर्यकी किरणें पाकर दिन दिन बढ़ने लगता है वैसे ही बालक रघुके अंग भी सम्पत्तिशाली पिताकी देखरेखमें दिन दिन बढ़ने लगे ॥२२॥ जैसे कार्तिकेयके समान पुत्रको पाकर शंकर और पार्वतीको अत्यन्त प्रसन्नता हुई थी और जयन्त जैसे प्रतापी पुत्रको पाकर इन्द्र और शची प्रसन्न हुए थे वैसे ही राजा दिलीप और रानी सुदक्षिणा भी उन दोनोंके ही समान तेजस्वी पुत्र पाकर बड़े प्रसन्न हुए ॥२३॥ राजा और रानीमें चकवा और चकईके समान गाढ़ा प्रेम था । वह प्रेम यद्यपि एकमात्र पुत्र रघुपर बँट गया था फिर भी उनके परस्पर प्रेममें कमी नहीं हुई, उलटे वह बढ़ता ही गया ॥ २४ ॥ जब बालक रघु कुछ बड़े हुए तब धायने उन्हें जो कुछ सिखाया उसे वे अपनी तोतली बोलीमें बोलने लगे, उसकी उँगली पकड़कर चलने लगे और सिर झुकाकर बड़ोंको प्रणाम करना भी सीख गए । राजा दिलीप अपने पुत्रकी ये बाललीलाएँ देखकर फूले नहीं समाते थे ॥२५॥ जब राजा उसे गोदमें चढ़ाते तब उसका शरीर छूनेसे ही उन्हें ऐसा जान पड़ता था मानो उनके शरीरपर अमृतकी फुहारें बरस रही हों । उस

अमंस्त चानेन परार्ध्यजन्मना स्थितेरभेत्ता स्थितिमन्तमन्वयम् ।
स्वमूर्तिभेदेन गुणाग्र्यवर्तिना पतिः प्रजानामिव सर्गमात्मनः ॥२७॥
स वृत्तचूलश्चलकाकपक्षकैरमात्यपुत्रैः सवयोभिरन्वितः ।
लिपेर्यथावद्ग्रहणेन वाङ्मयं नदीमुखेनेव समुद्रमाविशत् ॥२८॥
अथोपनीतं विधिवद्विपश्चितो विनिन्युरेनं गुरवो गुरुप्रियम् ।
अवन्ध्ययत्नाश्च बभूवुरत्र ते क्रिया हि वस्तूपहिता प्रसीदति ॥२९॥
धियः समग्रैः स गुणैरुदारधीः क्रमाच्चतस्रश्चतुरर्णवोपमाः ।
ततार विद्याः पवनातिपातिभिर्दिशो हरिद्भिर्हरितामिवेश्वरः ॥३०॥
त्वचं स मेध्यां परिधाय रौरवीमशिक्षतास्त्रं पितुरेव मन्त्रवत् ।
न केवलं तद्गुरुरेकपार्थिवः क्षितावभूदेकधनुर्धरोऽपि सः ॥३१॥
महोक्षतां वत्सतरः स्पृशन्निव द्विपेन्द्रभावं कलभः श्रयन्निव ।
रघुः क्रमाद्यौवनभिन्नशैशवः पुपोष गाम्भीर्यमनोहरं वपुः ॥३२॥
अथास्य गोदानविधेरनन्तरं विवाहदीक्षां निरवर्तयद्गुरुः ।
नरेन्द्रकन्यास्तमवाप्य सत्पतिं तमोनुदं दक्षसुता इवाबभुः ॥३३॥

मय आँखें बन्द करके वे बहुत देर तक यह आनन्द लेते ही रह जाते थे ॥२६॥ जैसे प्रजापति ब्रह्माने अपने सतोगुणवाले अंशसे विष्णुके प्रकट होनेपर यह समझ लिया कि अब हमारी सृष्टि अमर हो गई, वैसे ही मर्यादापालक दिलीपने भी यह समझ लिया कि रघुसे भी सूर्यवंश सदा चलता रहेगा ॥२७॥ मुण्डन संस्कार हो जानेपर चञ्चल लटोंवाले तथा समान आयुवाले मन्त्रियोंके पुत्रोंके साथ पहले वर्णमाला लिखना-पढ़ना सीखा और फिर शास्त्र तथा काव्य का अध्ययन प्रारम्भ कर दिया मानो नदीके मुहानेसे होकर समुद्रमें पैठ गए हों ॥२८॥ यज्ञोपवीत हो चुकनेपर रघुको चतुर पण्डित लोग सब विद्याएँ भी पढ़ाने लगे। इसमें गुरुओंका सारा परिश्रम सफल हो गया क्योंकि चतुर शिष्यको जो शिक्षा दी जाती है वह अवश्य फलती ही है ॥२९॥ जैसे सूर्य अपने सरपट दौड़नेवाले घोड़ोंकी सहायतासे थोड़े ही समयमें चारों दिशाओंको पार कर लेता है वैसे ही बुद्धिमान् रघुने अपनी तीव्र बुद्धिकी सहायतासे शीघ्र ही चार समुद्रोंके समान विस्तृत [आन्वीक्षिकी, त्रयी, वार्ता तथा दण्डनीति ये] चारों विद्याएँ सीख लीं ॥३०॥ पवित्र रुरु मृगका चर्म पहनकर रघुने मन्त्रयुक्त अस्त्रोंकी शिक्षा अपने पितासे ही प्राप्त की क्योंकि उनके पिता केवल चक्रवर्ती राजा ही नहीं थे वरन् अद्वितीय धनुष चलानेवाले भी थे ॥३१॥ जैसे गायका बछड़ा बड़ा होकर साँड़ हो जाता है और हाथीका बच्चा बढ़कर गजराज हो जाता है वैसे ही जब रघुने भी बचपन बिताकर युवावस्थामें पैर रक्खा तब उनका शरीर और भी खिल उठा ॥३२॥ राजाने गोदान संस्कार करके उनका विवाह कर दिया। जैसे दक्षकी [अश्विनी आदि] कन्याएँ चन्द्रमा-जैसे पतिको पाकर प्रसन्न हुई थीं वैसे ही राजकुमारियाँ भी रघु जैसा प्रतापी पति पाकर प्रसन्न हुईं ॥३३॥ युवावस्थामें आकर रघुकी भुजाएँ

युवा युगव्यायतबाहुरंसलः कपाटवक्षाः परिणद्धकंधरः ।
वपुः प्रकर्षादजयद्गुरुं रघुस्तथापि नीचैर्विनयाददृश्यत ॥३४॥
ततः प्रजानां चिरमात्मना धृतां नितान्तगुर्वीं लघयिष्यता धुरम् ।
निसर्गसंस्कारविनीत इत्यसौ नृपेण चक्रे युवराजशब्दभाक् ॥३५॥
नरेन्द्रमूलायतनादनन्तरं तदास्पदं श्रीर्युवराजसंज्ञितम् ।
अगच्छदंशेन गुणाभिलाषिणी नवावतारं कमलादिवोत्पलम् ॥३६॥
विभावसुः सारथिनेव वायुना घनव्यपायेन गभस्तिमानिव ।
बभूव तेनातितरां सुदुःसहः कटप्रभेदेन करीव पार्थिवः ॥३७॥
नियुज्य तं होमतुरंगरक्षणे धनुर्धरं राजसुतैरनुद्रुतम् ।
अपूर्णमेकेन शतक्रतूपमः शतं क्रतूनामपविघ्नमाप सः ॥३८॥
ततः परं तेन मखाय यज्वना तुरंगमुत्सृष्टमनर्गलं पुनः ।
धनुर्भृतामग्रत एव रक्षिणां जहार शक्रः किल गूढविग्रहः ॥३९॥
विषादलुप्तप्रतिपत्ति विस्मितं कुमारसैन्यं सपदि स्थितं च तत् ।
वशिष्ठधेनुश्च यदृच्छयागता श्रुतप्रभावा ददृशेऽथ नन्दिनी ॥४०॥

हलके जुएके समान दृढ और लम्बी हो गई, छाती चौड़ी होगई और कन्धे भारी हो गए। इस प्रकार डील डौल बढ़ जानेके कारण रघु अपने बूढ़े पितासे भी ऊँचे और तगड़े लगते थे, फिर भी वे इतने नम्र थे कि उन्होंने कभी अपना बड़ापन प्रकट नहीं होने दिया ॥३४॥ जब राजा दिलीप ने देखा कि शिक्षा आदि संस्कारों से रघु नम्र हो गए है और भली भाँति राज्य सँभाल सकते हैं तब उन्होंने सोचा कि बहुत दिनों से जो राज्य मैं चला रहा हूँ उसे रघुको क्यों न सौंप दूँ। यह विचारकर उन्होंने रघुको युवराज बना दिया ॥३५॥ जैसे सुन्दरताकी देवी मुरझाए हुए कमलको छोड़कर नये कमलपर चढ़ जाती है वैसे ही राज्य लक्ष्मी भी बूढ़े दिलीपको छोड़कर धीरे धीरे रघुपर पहुँच गई ॥३६॥ जैसे वायुकी सहायतासे अग्नि, शरद ऋतुके खुले हुए आकाशको पाकर सूर्य और मद बहनेके कारण हाथी प्रचंड हो जाता है वैसे ही प्रतापी रघुकी सहायतासे दिलीप भी इतने शक्तिशाली हो गए कि उनके शत्रु उनसे काँपने लगे ॥३७॥ इन्द्रके समान प्रभावशाली दिलीपने यज्ञके घोड़ेकी रक्षाका भार रघु और अन्य धनुर्धर राजकुमारो को सौंपकर निन्यानवे अश्वमेध यज्ञ बिना बाधाके पूरे कर लिए ॥३८॥ तब दिलीपने सौवाँ यज्ञ करनेके लिये घोड़ा छोड़ा। इन्द्रको यह बात खटकी और उन्होंने अपनेको छिपाकर धनुषधारी रक्षकोंके देखते देखते उस घोड़ेको चुरा लिया ॥३९॥ जब घोड़ेकी रक्षा करनेवाली रघुकी सेनाने देखा कि घोड़ा देखते देखते अदृश्य होगया तब वे बड़े घबराए और उन्हें आश्चर्य भी हुआ। ठीक उसी समय वहाँ वशिष्ठ ऋषिकी प्रभावशालिनी गौ नन्दिनी घूमती घामती चली आई ॥४०॥ सज्जनों

तदङ्गनिस्यन्दजलेन लोचने प्रमृज्य पुण्येन पुरस्कृतः सताम् ।
अतीन्द्रियेष्वप्युपपन्नदर्शनो बभूव भावेषु दिलीपनन्दनः ॥४१॥
स पूर्वतः पर्वतपक्षशातनं ददर्श देवं नरदेवसंभवः ।
पुनः पुनः सूतनिषिद्धचापलं हरन्तमश्वं रथरश्मिसंयतम् ॥४२॥
शतैस्तमक्ष्णामनिमेषवृत्तिभिर्हरिं विदित्वा हरिभिश्च वाजिभिः ।
अवोचदेनं गगनस्पृशा रघुः स्वरेण धीरेण निवर्तयन्निव ॥४३॥
मखांशभाजां प्रथमो मनीषिभिस्त्वमेव देवेन्द्र सदा निगद्यसे ।
अजस्रदीक्षाप्रयतस्य मद्गुरोः क्रियाविघाताय कथं प्रवर्तसे ॥४४॥
त्रिलोकनाथेन सदा मखद्विषस्त्वया नियम्या ननु दिव्यचक्षुषा ।
स चेत्स्वयं कर्मसु धर्मचारिणां त्वमन्तरायो भवसि च्युतो विधिः ॥४५॥
तदङ्गमग्र्यं मघवन्महाक्रतोरमुं तुरंगं प्रतिमोक्तुमर्हसि ।
पथः श्रुतेर्दर्शयितार ईश्वरा मलीमसामाददते न पद्धतिम् ॥४६॥
इति प्रगल्भं रघुणा समीरितं वचो निशम्याधिपतिर्दिवौकसाम् ।
निवर्तयामास रथं सविस्मयः प्रचक्रमे च प्रतिवक्तुमुत्तरम् ॥४७॥

द्वारा सम्मानित रघुने तत्काल नन्दिनीका मूत्र अपनी आँखोंसे लगाया जिससे उन्हें उन सब वस्तुओंको देख सकनेकी शक्ति आ गई जो किसी भी इन्द्रियसे किसीको नहीं ज्ञात होतीं ॥४१॥ इस प्रकार दिव्य दृष्टि प्राप्त करके रघु देखते क्या हैं कि पर्वतोंके पंख काटनेवाले इन्द्र स्वयं उस घोड़ेको लिए चले जा रहे हैं और वह घोड़ा भी उनके रथके पीछे बँधा हुआ, छुड़ाकर भागनेका यत्न कर रहा है जिसे इन्द्रका सारथी बार बार सँभालनेका यत्न कर रहा है ॥४२॥ रघुने आँख गड़ाकर देखा कि घोड़ा चुराकर लेजानेवालेके शरीरपर आँखें ही आँखें हैं, उन आँखोंकी पलकें भी नहीं गिरती हैं और उनके रथके घोड़े भी हरे-हरे हैं। बस रघुने समझ लिया कि हो न हो ये इन्द्र ही हैं और वे ऊँचे गभीर स्वरसे इस प्रकार इन्द्रसे बोले मानो उन्हें लौटनेको ललकार रहे हों ॥४३॥ हे देवेन्द्र ! विद्वानोंका कहना है कि यज्ञका भाग सबसे पहले आपको ही मिलता है। मेरे पिताजी भी आप लोगोंके लिये ही यज्ञ कर रहे हैं फिर न जाने क्यों आप उसमें विघ्न डाल रहे हैं ॥४४॥ उलटे आपको तो यह चाहिए कि संसारमें जो कोई भी यज्ञमें विघ्न डाले उसे आप स्वयं दंड दें, क्योंकि आप तो तीनों लोकोंके स्वामी हैं, और जब स्वयं आप ही यज्ञमें विघ्न डालने लगेंगे तब तो संसारसे धर्म ही लुप्त हो जायगा ॥४५॥ इसलिये हे इन्द्रदेव ! आप मेरे पिताके अश्वमेध यज्ञके लिये इस घोड़ेको छोड़ दीजिए। वेदका मार्ग दिखानेवाले महात्माओंको ऐसा खोटा काम करना शोभा नहीं देता ॥४६॥ रघुके अभिमान-भरे इन वचनोंको सुनकर इन्द्रको बड़ा आश्चर्य हुआ और अपना रथ लौटाकर वे बोले—॥४७॥ 'हे

यदात्थ राजन्यकुमार तत्तथा यशस्तु रक्ष्यं परतो यशोधनैः ।
जगत्प्रकाशं तदशेषमिज्यया भवद्गुरुर्लङ्घयितुं ममोद्यतः ॥४८॥
हरिर्यथैकः पुरुषोत्तमः स्मृतो महेश्वरस्त्र्यम्बक एव नापरः ।
तथा विदुर्मां मुनयः शतक्रतुं द्वितीयगामी न हि शब्द एष नः ॥४९॥
अतोऽयमश्वः कपिलानुकारिणा पितुस्त्वदीयस्य मयापहारितः ।
अलं प्रयत्नेन तवात्र मा निधाः पदं पदव्यां सगरस्य संततेः ॥५०॥
ततः प्रहस्यापभयः पुरंदरं पुनर्बभाषे तुरगस्य रक्षिता ।
गृहाण शस्त्रं यदि सर्ग एष ते न खल्वनिर्जित्य रघुं कृती भवान् ॥५१॥
स एवमुक्त्वा मघवन्तमुन्मुखः करिष्यमाणः सशरं शरासनम् ।
अतिष्ठदालीढविशेषशोभिना वपुःप्रकर्षेण विडम्बितेश्वरः ॥५२॥
रघोरवष्टम्भमयेन पत्त्रिणा हृदि क्षतो गोत्रभिदप्यमर्षणः ।
नवाम्बुदानीकमुहूर्तलाञ्छने धनुष्यमोघं समधत्त सायकम् ॥५३॥
दिलीपसूनोः स बृहद्भुजान्तरं प्रविश्य भीमासुरशोणितोचितः ।
पपावनास्वादितपूर्वमाशुगः कुतूहलेनेव मनुष्यशोणितम् ॥५४॥

राजकुमार ! तुम जो कहते हो वह सब ठीक है। पर हम यशस्वियोंका यह भी कर्त्तव्य है कि जो अपनेसे होड़ करें उनसे अपने यशकी रक्षा भी करें। मैंने सौ यज्ञ करनेका जो यश पाया है उसे तुम्हारे पिता मुझसे छीनना चाहते हैं ॥४८॥ देखो ! जिस प्रकार पुरुषोत्तम केवल विष्णु ही हैं, त्र्यम्बक केवल शंकर ही हैं वैसे ही मुनि लोग शतक्रतु (सौ यज्ञ करनेवाला) केवल मुझे ही कहते हैं। जिन नामोंसे हम लोग प्रसिद्ध हैं वे नाम दूसरे नहीं रख सकते ॥४९॥ इसलिए जैसे कपिल मुनिने तुम्हारे पुरखे सगरके घोड़ेको हर लिया था वैसे ही मैंने तुम्हारे पिताके इस घोड़ेको हर लिया है। तुम इसे छुड़ानेका प्रयत्न मत करो, नहीं तो जैसे कपिल मुनिके क्रोधसे सगरके साठ सहस्र पुत्र भस्म हो गए थे वैसे ही हमारे क्रोधसे तुम भी भस्म हो जाओगे ॥५०॥ यह सुनकर अश्वके रक्षक रघुने निडर होकर हँसते हुए इन्द्रसे कहा—'यदि आपने यही निश्चय किया हो तो शस्त्र उठाइए और युद्ध कीजिए। रघुको जीते बिना आप घोड़ा लेकर नहीं जा सकते ॥५१॥ यह कहकर रघुने धनुषपर बाण चढ़ाया और पैंतरा साधकर इन्द्रकी ओर ऊपर मुँह करके खड़े हो गए। उस समय वे ऐसे लग रहे थे मानो इन्द्रसे युद्ध करने के लिए स्वयं शंकर भगवान् आ डटे हों ॥५२॥ रघुने खम्भेके समान दृढ़ एक बाण इन्द्रकी छातीमें मारा। इससे इन्द्र बड़े क्रोधित हुए और अपने धनुषपर ऐसा बाण चढ़ाया जिसका वार कभी चूकता नहीं। इन्द्रका वह धनुष इतना सुन्दर था कि थोड़ी देरके लिये उसने नए बादलोंमें इन्द्र-धनुष जैसे रंग भर दिए ॥५३॥ बड़े-बड़े राक्षसोंका रक्त पीनेवाले उस बाणने रघुकी छातीमें घुसकर वहाँका रक्त बड़े चावसे पिया क्योंकि उसे अभी तक मनुष्यके रक्तका स्वाद तो कभी मिला ही नहीं था ॥५४॥ कार्तिकेयके समान पराक्रमी रघुने भी अपना

हरेः कुमारोऽपि कुमारविक्रमः सुरद्विपास्फालनकर्कशाङ्गुलौ ।
भुजे शचीपत्रविशेषकाङ्किते स्वनामचिह्नं निचखान सायकम् ॥५५॥
जहार चान्येन मयूरपत्रिणा शरेण शक्रस्य महाशनिध्वजम् ।
चुकोप तस्मै स भृशं सुरश्रियः प्रसह्य केशव्यपरोपणादिव ॥५६॥
तयोरुपान्तस्थितसिद्धसैनिकं गरुत्मदाशीविषभीमदर्शनैः ।
बभूव युद्धं तुमुलं जयैषिणोरधोमुखैरूर्ध्वमुखैश्च पत्रिभिः ॥५७॥
अतिप्रबन्धप्रहितास्त्रवृष्टिभिस्तमाश्रयं दुष्प्रसहस्य तेजसः ।
शशाक निर्वापयितुं न वासवः स्वतश्च्युतं वह्निमिवाद्भिरम्बुदः ॥५८॥
ततः प्रकोष्ठे हरिचन्दनाङ्किते प्रमथ्यमानार्णवधीरनादिनीम् ।
रघुः शशांकार्धमुखेन पत्रिणा शरासनज्यामलुनाद्बिडौजसः ॥५९॥
स चापमुत्सृज्य विवृद्धमत्सरः प्रणाशनाय प्रबलस्य विद्विषः ।
महीध्रपक्षव्यपरोपणोचितं स्फुरत्प्रभामण्डलमस्त्रमाददे ॥६०॥
रघुर्भृशं वक्षसि तेन ताडितः पपात भूमौ सह सैनिकाश्रुभिः ।
निमेषमात्रादवधूय तद्व्यथां सहोत्थितः सैनिकहर्षनिःस्वनैः ॥६१॥

नाम खुदा हुआ एक बाण इन्द्रकी उस बाईं भुजामें मारा जिसकी उँगलियाँ ऐरावतको बार-बार थपथपाने से कड़ी होगई थी और जिसपर शचीने कुङ्कुम आदिसे कुछ चित्रकारी कर दी थी ॥५५॥ फिर रघुने मोरके पङ्खवाले दूसरे बाणसे इन्द्रकी वज्र-जैसी ध्वजाको काट डाला। उससे इन्द्रको ऐसा क्रोध हुआ मानो किसीने बलपूर्वक देवताओंकी राज्य-लक्ष्मीके सिरके बाल काट लिए हों ॥५६॥ रघु और इन्द्र दोनों ही अपनी अपनी जीत चाहते थे और दोनों सूर्यके समान तीखे बाणोंसे भयङ्कर युद्ध कर रहे थे। रघुको लक्ष्य बनाकर इन्द्र नीचेकी ओर अपने बाण चलाते थे और इन्द्रको ताक ताककर रघु ऊपर बाण चला रहे थे। ऊपर देवता और नीचे रघुके सैनिक इस अचरज भरे युद्धको देख रहे थे ॥५७॥ जैसे बादल घोर वर्षा करके भी अपने हृदयमें उत्पन्न बिजलीको नहीं बुझा सकता वैसे ही इन्द्र भी अपने अंशसे पैदा हुए रघुको बाणोंकी वर्षासे नहीं हरा पा रहे थे ॥५८॥ तब रघुने अर्द्धचन्द्रके आकारके बाणसे इन्द्रकी ठीक कलाईके पास धनुषकी वह डोरी काट डाली जिसमेंसे बाण चलाते समय ऐसा प्रचण्ड शब्द होता था जैसे मथे जानेके समय क्षीर समुद्रमें होता था ॥५९॥ धनुषकी डोरी कट जानेसे इन्द्रको बड़ा क्रोध हुआ। उन्होंने धनुषको तो दूर फेंका और अपने प्रबल शत्रु रघुको मारनेके लिये पर्वतोंके पङ्ख काटनेवाला अग्निके समान चमचमाता वज्र उठा लिया ॥६०॥ उस वज्रकी मारसे रघु पृथ्वीपर गिर पड़े। उनके गिरते ही उनके सैनिकोंने रोना-पीटना आरम्भ कर दिया। किन्तु क्षण भरमें ही वे सम्भलकर उठ खड़े हुए और उनके साथ ही उनके सैनिकोंकी जयजय-कार भी आकाशमें गूँज उठी ॥६१॥ वज्रकी चोटसे क्षण भरमें सम्भलकर रघु फिर लड़नेके लिये आ

तथापि शस्त्रव्यवहारनिष्ठुरे विपक्षभावे चिरमस्य तस्थुषः ।
तुतोष वीर्यातिशयेन वृत्रहा पदं हि सर्वत्र गुणैर्निधीयते ॥६२॥
असङ्गमद्रिष्वपि सारवत्तया न मे त्वदन्येन विसोढमायुधम् ।
अवेहि मां प्रीतमृते तुरंगमात्किमिच्छसीति स्फुटमाह वासवः ॥६३॥
ततो निषङ्गादसमग्रमुद्धृतं सुवर्णपुङ्खद्युतिरञ्जिताङ्गुलिम् ।
नरेन्द्रसूनुः प्रतिसंहरन्निषुं प्रियंवदः प्रत्यवदत्सुरेश्वरम् ॥६४॥
अमोच्यमश्वं यदि मन्यसे प्रभो ततः समाप्ते विधिनैव कर्मणि ।
अजस्रदीक्षाप्रयतः स मद्गुरुः क्रतोरशेषेण फलेन युज्यताम् ॥६५॥
यथा च वृत्तान्तमिमं सदोगतस्त्रिलोचनैकांशतया दुरासदः ।
तवैव संदेशहराद्विशांपतिः शृणोति लोकेश तथा विधीयताम् ॥६६॥
तथेति कामं प्रतिशुश्रुवान्रघोर्यथागतं मातलिसारथिर्ययौ ।
नृपस्य नातिप्रमनाः सदोगृहं सुदक्षिणासूनुरपि न्यवर्तत ॥६७॥
तमभ्यनन्दत्प्रथमं प्रबोधितः प्रजेश्वरः शासनहारिणा हरेः ।
परामृशन्हर्षजडेन पाणिना तदीयमङ्गं कुलिशव्रणाङ्कितम् ॥६८॥

डटे । उनकी इस अद्वितीय वीरताको देखकर इन्द्र बडे सतुष्ट हुए । ठीक भी था, क्योकि गुणोंका आदर सर्वत्र होता ही है ॥६२॥ इन्द्रने कहा—'हे राजकुमार ! पर्वतोके पख काटनेवाले मेरे कठोर वज्रकी चोटको तुम्हे छोडकर आज-तक किसीने नही सहा । मैं तुम्हारी वीरतापर प्रसन्न हूँ । तुम इस घोडेको छोडकर और जो कुछ मुझसे मांगना चाहो, मांग लो ॥६३॥ इन्द्रके ये वचन सुनकर रघुने तूणीरसे आधे निकाले हुए उस बाणको फिरसे उसमे डाल दिया जिसके सुनहरे पखकी चमकसे रघुकी उँगलियोके नख भी चमक उठे थे और फिर वे इन्द्रसे बोले ॥६४॥—'हे इन्द्र ! यदि आप घोडेको नही देना चाहते हैं तो यही वरदान दीजिए कि मेरे पिता विधिपूर्वक यज्ञको समाप्त करके इस घोडेके बिना ही सौ अश्वमेध यज्ञ करनेका फल पा जायँ ॥६५॥ हे लोकेश ! मेरे पिता यज्ञ मडपमे अष्टमूर्ति शिवजीके एक अशके रूपमे बैठे हुए हैं अत, वहाँ इस समय हम लोगोमेसे कोई पहुँच नही सकता । इसलिये ऐसा उपाय कीजिए जिससे आपका ही कोई दूत जाकर उनको यह समाचार सुना आवे ॥६६॥ इन्द्रने कहा—'ऐसा ही होगा ।' यह कहकर जिस मार्गसे वे आए थे उसी मार्गसे चले गए । सुदक्षिणाके पुत्र रघु भी अपने पिता राजा दिलीपकी सभामे लौट आए । वे बडे खिन्न थे क्योकि इन्द्रसे युद्धमे जीतनेपर भी अश्वमेध का घोडा लौटा न पानेका उन्हे बडा दुःख था ॥६७॥ रघुके पहुँचनेके पहले ही इन्द्रके दूतने राजा दिलीपको सब वृत्तान्त सुना दिया था । इसलिये जब रघु वहाँ आए तब राजा दिलीपने उनकी बडी प्रशसा की और जहाँ उन्हे वज्र लगा था वहाँ धीरे-धीरे सहलाने लगे ॥६८॥ इस प्रकार जिस दिलीपकी आज्ञा कोई टाल नहीं सकता था

इति क्षितीशो नवतिं नवाधिकां महाक्रतूनां महनीयशासनः ।
समारुरुक्षुर्दिवमायुषः क्षये ततान सोपानपरम्परामिव ॥६९॥

अथ स विषयव्यावृत्तात्मा यथाविधि सूनवे
नृपतिककुदं दत्त्वा यूने सितातपवारणम् ।
मुनिवनतरुच्छायां देव्या तया सह शिश्रिये
गलितवयसामिक्ष्वाकूणामिदं हि कुलव्रतम् ॥७०॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
रघुराज्याभिषेको नाम तृतीयः सर्गः ॥

उन्होंने मानो स्वर्ग जानेके लिये निन्यानवे यज्ञोंकी सीढ़ी सी बनाली थी ॥६९॥ तब संसारके सब विषय छोड़कर राजा दिलीपने अपने नवयुवक पुत्र रघुको शास्त्रोंके अनुसार छत्र, चंवर आदि राजचिह्न भी सौंप दिए और देवी सुदक्षिणाके साथ तप करनेके लिये जंगलकी राह ली क्योंकि इक्ष्वाकु-वंशके राजाओंमें यही परम्परा चली आई है कि वे बूढ़े होनेपर जंगलमें जाकर तपस्या किया करते थे ॥७०॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें रघुका राज्याभिषेक
नामक तीसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ चतुर्थः सर्गः ॥

स राज्यं गुरुणा दत्तं प्रतिपद्याधिकं बभौ ।
दिनान्ते निहितं तेजः सवित्रेव हुताशनः ॥ १ ॥
दिलीपानन्तरं राज्ये तं निशम्य प्रतिष्ठितम् ।
पूर्वं प्रधूमितो राज्ञां हृदयेऽग्निरिवोत्थितः ॥ २ ॥
पुरुहूतध्वजस्येव तस्योन्नयनपङ्क्तयः ।
नवाभ्युत्थानदर्शिन्यो ननन्दुः सप्रजाः प्रजाः ॥ ३ ॥
सममेव समाक्रान्तं द्वयं द्विरदगामिना ।
तेन सिंहासनं पित्र्यमखिलं चारिमण्डलम् ॥ ४ ॥
छायामण्डललक्ष्येण तमदृश्या किल स्वयम् ।
पद्मा पद्मातपत्रेण भेजे साम्राज्यदीक्षितम् ॥ ५ ॥
परिकल्पितसांनिध्या काले काले च बन्दिषु ।
स्तुत्यं स्तुतिभिरर्थ्याभिरुपतस्थे सरस्वती ॥ ६ ॥
मनुप्रभृतिभिर्मान्यैर्भुक्ता यद्यपि राजभिः ।
तथाप्यनन्यपूर्वेव तस्मिन्नासीद्वसुंधरा ॥ ७ ॥

चौथा सर्ग

जैसे साँझके सूर्यसे तेज लेकर आग चमक उठती है वैसे ही अपने पितासे राज्य पाकर रघु और भी अधिक तेजस्वी हो गए ॥१॥ जब दूसरे राजाओंने सुना कि दिलीपके पीछे रघु राजा हो गए तब उनके हृदयमें वैरकी जो आग धीरे-धीरे सुलग रही थी वह मानो भड़क उठी ॥२॥ राजा रघु जब अपने ऊँचे सिंहासनपर बैठते थे तब उनकी प्रजाके सब बूढ़े बच्चे उनकी ओर आँख उठाकर देखते हुए वैसे ही प्रसन्न होते थे जैसे आकाशमें उठे हुए नये इन्द्रधनुषको देखकर लोग प्रसन्न होते हैं ॥३॥ हाथीके समान मस्त चालसे चलनेवाले राजा रघुने पिताके सिंहासनपर और अपने शत्रुओंपर एक साथ अधिकार कर लिया ॥४॥ जब वे सिंहासनपर बैठते थे उस समय उनके चारों ओर प्रकाशका एक घेरासा बन जाता था, उसे देखकर ऐसा जान पड़ता था मानो लक्ष्मी स्वयं छिपकर उजले कमलका छत्र लेकर उनके पीछे खड़ी हों ॥५॥ समय-समयपर सरस्वती भी उनके चारणोंके कंठोंमें बैठकर अर्थभरा बिरद सुनाकर उन प्रशंसनीय राजा रघुका गुण गाती थी ॥६॥ यों तो रघुसे पहले मनु आदि बहुतसे प्रतापी राजा पृथ्वीका भोग कर चुके थे पर रघुके हाथमें पहुँचकर वही पृथ्वी ऐसी नई जान पड़ने लगी मानो पहले-पहल रघुके ही हाथोंमें आई हो ॥७॥ जैसे वसंतका वायु बहुत शीत या

स हि सर्वस्य लोकस्ययुक्तदण्डतया मनः ।
आददे नातिशीतोष्णो नभस्वानिव दक्षिणः ॥ ८ ॥

मन्दोत्कण्ठाः कृतास्तेन गुणाधिकतया गुरौ ।
फलेन सहकारस्य पुष्पोद्गम इव प्रजाः ॥ ९ ॥

नयविद्भिर्नवे राज्ञि सदसच्चोपदर्शितम् ।
पूर्व एवाभवत्पक्षस्तस्मिन्नाभवदुत्तरः ॥१०॥

पञ्चानामपि भूतानामुत्कर्षं पुपुषुर्गुणाः ।
नवे तस्मिन्महीपाले सर्वं नवमिवाभवत् ॥११॥

यथा प्रह्लादनाच्चन्द्रः प्रतापात्तपनो यथा ।
तथैव सोऽभूदन्वर्थो राजा प्रकृतिरञ्जनात् ॥१२॥

कामं कर्णान्तविश्रान्ते विशाले तस्य लोचने ।
चक्षुष्मत्ता तु शास्त्रेण सूक्ष्मकार्यार्थदर्शिना ॥१३॥

लब्धप्रशमनस्वस्थमथैनं समुपस्थिता ।
पार्थिवश्रीर्द्वितीयेव शरत्पङ्कजलक्षणा ॥१४॥

बहुत गरम न होनेके कारण सबको भाता है [वैसे ही रघु भी न तो अधिक कठोर दंड देते थे न अधिक कोमल] जो जैसा अपराध करता था उसको वैसा ही दंड देते थे। इस प्रकारके न्यायसे उनकी प्रजा भी उनसे बड़ी प्रसन्न थी ॥८॥ और जैसे आमके सुन्दर फल देखकर लोग उसके बौरको भूल जाते हैं वैसेही रघुमें राजा दिलीपसे अधिक गुण देखकर लोग दिलीपको भूलसे गए ॥९॥ नीति जाननेवाले मन्त्रियों ने यद्यपि रघुको सरल और कुटिल दोनों प्रकारकी नीतियों से राज्य चलानेकी विधियाँ सिखाई थीं, किन्तु उस धर्मात्मा राजाने सीधी नीतिको ही अपनाया, टेढी नीतिको छोड दिया ॥१०॥ रघुके सिंहासनपर बैठते ही जलकी मिठास अधिक हो गई, फूलोंकी सुगन्ध बढ गई और [पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन] पाँचो तत्वोंके गुण भी बढने लगे। ऐसा जान पडने लगा मानो नये राजाको पाकर सभी वस्तुएँ नई हो गई हों ॥११॥ जैसे सबको आनन्द देकर चन्द्रमाने अपना चन्द्र नाम सार्थक करदिया और सबको तपाकर सूर्यने अपना 'तपन' नाम सार्थक किया, वैसे ही रघुने भी प्रजाका रंजन करके, उन्हे सुख देकर अपना 'राजा' नाम सार्थक कर दिया ॥१२॥ यद्यपि रघुके नेत्र कानों-तक फैले हुए और बहुत बडे-बडे थे पर इन्हें अधिक भरोसा अपने उस शास्त्र-चक्षुपर था जिससे वे सूक्ष्मसे सूक्ष्म बातको भी समझ जाते थे ॥१३॥ जब रघुने अपने राज्यमें शान्ति स्थापित करली और उनका चित्त ठिकाने हुआ तभी दूसरी राज्य-लक्ष्मी के समान वह शरद् ऋतु आ गई जिसमें चारों ओर सुन्दर कमल खिल गए थे ॥१४॥ वर्षा बीत चुकी थी, बादल हट गए थे और जैसे खुले

निर्वृष्टलघुभिर्मेघैर्मुक्तवर्त्मा सुदुःसहः ।
प्रतापस्तस्य भानोश्च युगपद्व्यानशे दिशः ॥१५॥
वार्षिकं संजहारेन्द्रो धनुर्जैत्रं रघुर्दधौ ।
प्रजार्थसाधने तौ हि पर्यायोद्यतकार्मुकौ ॥१६॥
पुण्डरीकातपत्रस्तं विकसत्काशचामरः ।
ऋतुर्विडम्बयामास न पुनः प्राप तच्छ्रियम् ॥१७॥
प्रसादसुमुखे तस्मिंश्चन्द्रे च विशदप्रभे ।
तदा चक्षुष्मतां प्रीतिरासीत्समरसा द्वयोः ॥१८॥
हंसश्रेणीषु तारासु कुमुद्वत्सु च वारिषु ।
विभूतयस्तदीयानां पर्यस्ता यशसामिव ॥१९॥
इक्षुच्छायनिषादिन्यस्तस्य गोप्तुर्गुणोदयम् ।
आकुमारकथोद्घातं शालिगोप्यो जगुर्यशः ॥२०॥
प्रससादोदयादम्भः कुम्भयोनेर्महौजसः ।
रघोरभिभवाशङ्कि चुक्षुभे द्विषतां मनः ॥२१॥
मदोदग्राः ककुद्मन्तः सरितां कूलमुद्रुजाः ।
लीलाखेलमनुप्रापुर्महोक्षास्तस्य विक्रमम् ॥२२॥

आकाशमें चमकते हुए प्रचण्ड सूर्यका प्रकाश चारों ओर फैल गया था वैसे ही शत्रुओंके नष्ट हो जाने-पर रघुका प्रचण्ड प्रताप भी चारों ओर फैल गया ॥१५॥ इन्द्रने जब अपना वर्षा-ऋतु वाला इन्द्र-धनुष हटाया तब रघुने अपना विजयी धनुष हाथमें उठा लिया क्योंकि ये दोनों ही बारी-बारीसे प्रजा-की भलाई किया करते थे ॥१६॥ शरद् ऋतु भी रघुके छत्र और चँवरको देखकर कमलके छत्र और फूले हुए काँसके चँवर लेकर रघुसे होड़ करने चली, पर सब कुछ करके भी उनकी शोभा नहीं पा सकी ॥१७॥ शरद् ऋतुमें रघुके खिले हुए मुख और उजले चन्द्रमा दोनोंको देखकर दर्शकोंको एक सा आनन्द मिलता था ॥१८॥ उजले हंसोंकी उड़ती हुई पाँतों, रातमें खिले हुए टिमटिमाते तारों और तालोंमें खिली हुई कोईंको देखकर यह जान पड़ता था कि रघुकी कीर्त्ति ही इतने रूप बनाकर फैली हुई है ॥१९॥ [प्रजाको वे इतने प्यारे थे कि] धानके खेतोंकी रखवाली करनेवाली किसानों-की स्त्रियाँ, ईखकी छायामें बैठकर प्रजापालक राजा रघुकी बचपनसे तबतककी गुणकथाओं के गीत बना-बनाकर गाती थीं ॥२०॥ इधर तो चमकीले अगस्त्य तारेके निकलनेसे जल निर्मल हो गया, उधर शत्रुओंके मनमें यह जानकर खलबली मच गई कि अब न जाने कब रघु चढ़ाई कर बैठे ॥२१॥ उस ऋतुमें ऊँचे-ऊँचे कंधोंवाले मतवाले साँड नदियोंके कगार ढाते हुए ऐसे लगते थे मानों वे रघुके लड़कपनके खेलवाड़ोंका अनुकरण कर रहे हों ॥२२॥ (शरद् ऋतुमें चारों ओर) छतिवनके

प्रसवैः सप्तपर्णानां मदगन्धिभिराहताः ।
असूययेव तन्नागाः सप्तधैव प्रसुस्रुवुः ॥२३॥
सरितः कुर्वती गाधाः पथश्चाश्यानकर्दमान् ।
यात्रायै चोदयामास तं शक्तेः प्रथमं शरत् ॥२४॥
तस्मै सम्यग्घुतो वह्निर्वाजिनीराजनाविधौ ।
प्रदक्षिणार्चिर्व्याजेन हस्तेनेव जयं ददौ ॥२५॥
स गुप्तमूलप्रत्यन्तः शुद्धपार्ष्णिरयान्वितः ।
षड्विधं बलमादाय प्रतस्थे दिग्जिगीषया ॥२६॥
अवाकिरन्वयोवृद्धास्तं लाजैः पौरयोषितः ।
पृषतैर्मन्दरोद्धूतैः क्षीरोर्मय इवाच्युतम् ॥२७॥
स ययौ प्रथमं प्राचीं तुल्यः प्राचीनबर्हिषा ।
अहिताननिलोद्धूतैस्तर्जयन्निव केतुभिः ॥२८॥
रजोभिः स्यन्दनोद्धूतैर्गजैश्च घनसंनिभैः ।
भुवस्तलमिव व्योम कुर्वन्व्योमेव भूतलम् ॥२९॥

जो फूल फूले हुए थे उनकी मद-जैसी गन्ध पाकर [रघुके हाथियोंने सोचा कि ये भी हाथी हैं और हमसे होड़ करके मद बहा रहे हैं। इसलिए वे भी] रीसके मारे अपनी सूँडके नथनोंसे दोनों कपोलोंसे, कमरसे और दोनों आँखोंसे मद बहाने लगे ॥२३॥ शरद्के आते ही नदियोंका पानी उतर गया और मार्गका कीचड़ भी सूख गया, मानो शरद् ऋतुने रघुके सोचनेसे पहले ही उन्हें दिग्विजय करनेको उकसा दिया हो ॥२४॥ यात्राके लिये चलनेसे पहले घोड़ोंकी पूजाके लिए हवन होने लगा और हवनकी अग्नि भी दाहिनी ओर घूमती हुई उठ रही थी मानो अपने हाथ उठा-उठाकर रघुको पहलेसे ही विजय दे रही हो ॥२५॥ सौभाग्यशाली रघुने पहले राजधानी और सीमाके गढ़ोंकी रक्षाका प्रबन्ध किया फिर शुभ मुहूर्तमें [घुड़सवार, हाथी,रथ, पैदल, गुप्तचर और शत्रुके राज्यके मार्गको जाननेवाले इन] छह प्रकारकी सेनाओंको लेकर वे विजयके लिये चल पड़े ॥२६॥ जैसे मन्दरा चलसे मथते समय क्षीरसागरकी लहरोंकी उछलती हुई उजली फुहारें विष्णु भगवान्के ऊपर बरस रही थीं वैसे ही नगरकी बड़ी-बूढ़ी स्त्रियोंने विजय-यात्राके लिये जाते हुए रघुके ऊपर धानकी खीलें बरसाईं ॥ २७ ॥ इन्द्रके समान प्रतापी राजा रघु पहले दिग्विजयके लिये पूर्वकी ओर चले। वायु लगनेसे सेनाकी जो झंडियाँ फरफरा रही थीं वे मानो शत्रुओंको उँगली उठा-उठाकर डाँट रही थीं॥ २८ ॥ रघुके रथोंके चलनेसे जो धूल ऊपर उड़ी उसने आकाशको पृथ्वी बना दिया। इधर पृथ्वीपर चलती हुई सेनाके काले-काले हाथी बादल-जैसे लग रहे थे जिससे पृथ्वी भी आकाश जैसी लगने लगी थी ॥२९॥ [रघुका प्रताप इतना अधिक था कि सेनाके पहुँचनेसे पहले ही शत्रु काँप

प्रतापोऽग्रे ततः शब्दः परागस्तदनन्तरम् ।
ययौ पाश्चाद्रथादीति चतुःस्कन्धेव सा चमूः ॥३०॥
मरुपृष्ठान्युदम्भांसि नाव्याः सुप्रतरा नदीः ।
विपिनानि प्रकाशानि शक्तिमत्त्वाच्चकार सः ॥३१॥
स सेनां महतीं कर्षन्पूर्वसागरगामिनीम् ।
बभौ हरजटाभ्रष्टां गङ्गामिव भगीरथः ॥३२॥
त्याजितैः फलमुत्खातैर्भग्नैश्च बहुधा नृपैः ।
तस्यासीदुल्बणो मार्गः पादपैरिव दन्तिनः ॥३३॥
पौरस्त्यानेवमाक्रामंस्तांस्ताञ्जनपदाञ्जयी ।
प्राप तालीवनश्याममुपकण्ठं महोदधेः ॥३४॥
अनम्राणां समुद्धर्तुस्तस्मात्सिन्धुरयादिव ।
आत्मा संरक्षितः सुह्मैर्वृत्तिमाश्रित्य वैतसीम् ॥३५॥
वङ्गानुत्खाय तरसा नेता नौसाधनोद्यतान् ।
निचखान जयस्तम्भान्गङ्गास्रोतोन्तरेषु सः ॥३६॥

जाते थे ।] इस प्रकार आगे-आगे उनका प्रताप चलता था, पीछे उनकी सेनाका कोलाहल सुनाई पड़ता था, तब धूल उड़ती दिखाई देती थी और सबसे पीछे रथ आदिकी सेना चली आ रही थी मानो रघुकी सेना इस प्रकारके चार भागोंमें बँटी हुई चल रही थी ॥३०॥ रघुके पास ऐसे साधन थे कि मरुभूमिमें भी जलकी धाराएँ बहने लगी, गहरी नदियोंपर पुल बँध गए और घने जंगलों में खुले मार्ग बन गए ॥३१॥ अपनी विशाल सेनाके साथ जब वे पूर्वी समुद्रकी ओर जा रहे थे उस समय वे ऐसे लग रहे थे मानो शंकरजीकी जटासे निकली हुई गंगाजीको साथ लिए हुए भगीरथजी [पूर्वी समुद्रकी ओर] चले जा रहे हों ॥३२॥ जैसे कोई बलवान् जंगली हाथी किसी वृक्षको धक्का मारकर छोड़ देता है, किसीको उखाड़ फेंकता है और किसीको तोड़ देता है वैसे ही रघुने भी किसी राजासे कर लेकर उसे छोड़ दिया, किसीका राज्य उखाड़ फेंका और किसीको लड़ाईमें ध्वस्त कर डाला । इस प्रकार शत्रुओंको नाश करके उन्होंने अपने मार्गके सब रोड़े दूर कर डाले ॥३३॥ विजयी राजा रघु पूर्वी राज्योंको जीतते हुए उस समुद्रके किनारे पहुँचे जो तटपर खड़े हुए ताड़के वृक्षोंकी छाया पड़नेसे काला दिखाई पड़ रहा था ॥३४॥ जैसे बैंतकी शाखाएँ नदीकी धारामें झुककर खड़ी रह जाती हैं वैसेही सुह्म देशके राजाओंने अभिमानियोंको उखाड़ फेंकनेवाले रघुकी अधीनता चुपचाप मान दबाकर मान ली और अपने प्राण बचा लिए ॥३५॥ फिर सेनानायक रघुने उन बंगाली राजाओंको जाकर हराया जो जलसेनालेकर लड़ने आए थे, उन्हें जीतकर रघुने गङ्गासागर के द्वीपोंमें अपने विजयका झंडा गाड़ दिया ॥३६॥ [जैसे एक खेतसे उखाड़ उखाड़कर दूसरे

आपादपद्मप्रणताः कलमा इव ते रघुम् ।
फलैः संवर्धयामासुरुत्खातप्रतिरोपिताः ॥३७॥
स तीर्त्वा कपिशां सैन्यैर्बद्धद्विरदसेतुभिः ।
उत्कलादर्शितपथः कलिङ्गाभिमुखो ययौ ॥३८॥
स प्रतापं महेन्द्रस्य मूर्ध्नि तीक्ष्णं न्यवेशयत् ।
अङ्कुशं द्विरदस्येव यन्ता गम्भीरवेदिनः ॥३९॥
प्रतिजग्राह कालिङ्गस्तमस्त्रैर्गजसाधनः ।
पक्षच्छेदोद्यतं शक्रं शिलावर्षीव पर्वतः ॥४०॥
द्विषां विषह्य काकुत्स्थस्तत्र नाराचदुर्दिनम् ।
सन्मङ्गलस्नात इव प्रतिपेदे जयश्रियम् ॥४१॥
ताम्बूलीनां दलैस्तत्र रचिताऽऽपानभूमयः ।
नारिकेलासवं योधाः शात्रवं च पपुर्यशः ॥४२॥
गृहीतप्रतिमुक्तस्य स धर्मविजयी नृपः ।
श्रियं महेन्द्रनाथस्य जहार न तु मेदिनीम् ॥४३॥

खेतमें ले जाकर रोपते हुए] धानके पौधे किसानका घर अन्नसे भर देते हैं वैसे ही रघुने उन राजाओंको फिर राजपर बैठा दिया जो उनके पैरोंपर आकर गिर पड़े थे और जिन्होंने बहुतसा धनधान्य भेंटमें देकर रघुका राज्यकोष बढ़ाया था ॥३७॥ वहाँसे चलकर रघुने हाथियोंका पुल बनाकर अपनी पूरी सेनाको कपिशा नदीके पार कर दिया। वहाँ उड़ीसाके राजाओंने अधीनता तो स्वीकार की ही साथही आगे का मार्ग भी बताया और कलिङ्ग देश जीतनेके लिये रघु आगे बढ़े गए॥३८॥ जैसे मतवाले हाथीके माथेमें हाथीवान् अंकुश गड़ाता है वैसे ही रघुने भी महेन्द्र पर्वत पर पहुँचकर उसकी चोटीपर अपना पड़ाव जमा दिया ॥३९॥ जैसे पत्थर बरसानेवाले पहाड़ने पत्थर बरसाकर पर्वतोंके पंख काटनेवाले इन्द्रका सामना किया था वैसे ही कलिङ्ग-नरेशने हाथियोंकी सेना लेकर और अस्त्र बरसाकर रघुका सामना किया ॥४०॥ जैसे तीर्थोंके जलसे स्नान करावाकर राजाओंका राज्याभिषेक होता है और उन्हें राज्य-लक्ष्मी मिलती है वैसे ही रघुने भी शत्रुओंके बाणोंकी वर्षासे स्नान करके विजय पाई ॥४१॥ लड़ाई हो चुकनेपर रघुके वीर सैनिकोंने महेन्द्र पर्वत-पर पानके पत्ते बिछाकर मदिरालय बनाया और वहाँ नारियलकी मदिराके साथ-साथ मानो शत्रुओंका यश भी पी गए ॥४२॥ राजा रघु तो धर्म-युद्ध करते थे इसलिये उन्होंने महेन्द्र पर्वतके राजाको बन्दी तो बना लिया पर जब उसने इनकी अधीनता स्वीकार करली तब उसे छोड़ भी दिया। इस प्रकार उन्होंने महेन्द्रके राजाकी राज्यश्री तो लेली पर राज्य उन्हींको लौटा दिया ॥४३॥ पूर्व दिशाको जीतकर विजयी रघु समुद्रके उस तट पर होते हुए दक्षिण दिशाको गए जिसपर पकी हुई

ततो वेलातटेनैव फलवत्पूगमालिना ।
अगस्त्याचरितामाशामनाशास्यजयो ययौ ॥४४॥
स सैन्यपरिभोगेण गजदानसुगन्धिना ।
कावेरीं सरितां पत्युः शङ्कनीयामिवाकरोत् ॥४५॥
बलैरध्युषितास्तस्य विजिगीषोर्गताध्वनः ।
मारीचोद्भ्रान्तहारीता मलयाद्रेरुपत्यकाः ॥४६॥
ससञ्जुरश्वक्षुण्णानामेलानामुत्पतिष्णवः ।
तुल्यगन्धिषु मत्तेभकटेषु फलरेणवः ॥४७॥
भोगिवेष्टनमार्गेषु चन्दनानां समर्पितम् ।
नास्रसत्करिणां ग्रैवं त्रिपदीच्छेदिनामपि ॥४८॥
दिशि मन्दायते तेजो दक्षिणस्यां रवेरपि ।
तस्यामेव रघोः पाण्ड्याः प्रतापं न विषेहिरे ॥४९॥
ताम्रपर्णीसमेतस्य मुक्तासारं महोदधेः ।
ते निपत्य ददुस्तस्मै यशः स्वमिव संचितम् ॥५०॥
स निर्विश्य यथाकामं तटेष्वालीनचन्दनौ ।
स्तनाविव दिशस्तस्याः शैलौ मलयदर्दुरौ ॥५१॥

सुपारियोंके पेड लगे हुए थे ॥४४॥ जब वे कावेरीके तटपर पहुँचे तब राजा रघुके सैनिकोंने जी भर नहा नहाकर जलको मथ डाला। फिर हाथियोंके नहानेसे मदकी कसैली गन्ध भी जलमें आने लगी। इस प्रकार कावेरी नदीकी उन्होंने ऐसी दुर्गति करदी कि जब वह अपने पति समुद्रके पास जाय तो उसे उसके चरित्रमें सन्देह होने लगे ॥४५॥ वहाँसे चलते चलते वे बहुत दूर निकल गए और विजय चाहने वाले रघुके सैनिक मलयाचलकी उस तराईमें जा उतरे जहाँ काली मिर्चकी झाड़ियोंमें हरे हरे सुग्गे इधर उधर उड रहे थे ॥४६॥ वहाँ पृथ्वीपर गिरे हुए लौंगके बीज घोड़ोंकी टापोंसे पिसकर वायुके सहारे हाथियोंके उन गालों पर चिपक गए जहाँ उन्हींके गन्ध जैसी मदकी गन्ध निकल रही थी ॥४७॥ साँपोंके सदा लिपटे रहनेसे वहाँके चन्दनके पेड़ोंके चारों ओर गहरी रेखाएँ बन गई थीं जिनमें बँधे हुए रस्सोंको वे हाथी भी न तोड सके जो पैरके रस्सोंको झटकेसे तोड डालते थे ॥४८॥ दक्षिण दिशामें जानेपर महाप्रतापी सूर्यका तेज भी मन्द पड जाता है पर रघुका तेज इतना प्रबल था कि वहाँके पाण्ड्य राजा भी इनके आगे न ठहर सके ॥४९॥ दक्षिणके पाण्ड्य राजाओंने ताम्रपर्णी और समुद्रके संगमसे जितने मोती बटोरे थे वे सब उन्होंने रघुको ऐसे सौंप दिए मानो अपना बटोरा हुआ यश ही उन्हें दे डाला हो ॥५०॥ उन्हें जीतकर महाप्रतापी रघुने उन मलय और दर्दुर नामकी पहाड़ियोंपर बहुत दिनों तक पडाव डाला जिनपर चन्दनके पेड लगे थे और जो ऐसे दिखाई पडते थे मानो चन्दन लगे हुए दक्षिण दिशाके दो स्तन हों ॥५१॥ फिर वे सह्यकी

असह्यविक्रमः सह्यं दूरान्मुक्तमुदन्वता ।
नितम्बमिव मेदिन्याः स्रस्तांशुकमलङ्घयत् ॥५२॥
तस्यानीकैर्विसर्पद्भिरपरान्तजयोद्यतैः ।
रामास्त्रोत्सारितोऽप्यासीत्सह्यलग्न इवार्णवः ॥५३॥
भयोत्सृष्टविभूषाणां तेन केरलयोषिताम् ।
अलकेषु चमूरेणुश्चूर्णप्रतिनिधीकृतः ॥५४॥
मुरलामारुतोद्धूतमगमत्कैतकं रजः ।
तद्योधवारबाणानामयत्नपटवासताम् ॥५५॥
अभ्यभूयत वाहानां चरतां गात्रशिञ्जितैः ।
वर्मभिः पवनोद्धूतराजतालीवनध्वनिः ॥५६॥
खर्जूरीस्कन्धनद्धानां मदोद्गारसुगन्धिषु ।
कटेषु करिणां पेतुः पुंनागेभ्यः शिलीमुखाः ॥५७॥
अवकाशं किलोदन्वान्रामायाभ्यर्थितो ददौ ।
अपरान्तमहीपालव्याजेन रघवे करम् ॥५८॥
मत्तेभरदनोत्कीर्णव्यक्तविक्रमलक्षणम् ।
त्रिकूटमेव तत्रोच्चैर्जयस्तम्भं चकार सः ॥५९॥

इस पहाड़ीको पार करके आगे बढ़े जो समुद्रके दूर हट जानेसे ऐसी दिखाई पड़ती थी मानो वह पृथ्वीका नितंब हो जिस परसे कपड़ा हट गया हो ॥५२॥ यद्यपि परशुरामने अपने फरसेसे ही समुद्रको सह्य पर्वतसे हटा दिया था फिर भी उसके पाससे जाती हुई रघुकी सेना ऐसी लगती थी मानो समुद्र फिर सह्याद्रिके पास ही लहरें ले रहा हो ॥५३॥ रघुके भयसे जो केवल देशकी स्त्रियाँ साज-सिंगार छोड़कर घरों भाग खड़ी हुई थीं उनके बालोंपर रघुकी सेनाके चलनेसे उठी हुई जो धूल बैठ गई थी वह ऐसी लगती थी मानो कस्तूरीका पूरा लगा हुआ हो ॥५४॥ मुरला नदीकी ओरसे आनेवाले वायुके कारण जो केवड़ेके फूलोंकी धूल उड़ रही थी वह सैनिकोंके कवचों पर बैठकर बिना यत्नके ही सुगन्धित चूर्णका काम देने लगी ॥५५॥ चलते समय घोड़ोंके शरीरपरके कवच ऐसे ऊँचे स्वरसे खनखना रहे थे कि वायुके चलनेसे जो बड़े-बड़े ताड़के पेड़ोंमेंसे ध्वनि निकल रही थी वह भी उसके आगे फीकी पड़ गई ॥५६॥ नागकेसरके फूलोंपर बैठे हुए भौंरोंको जैसेही खजूरकी डालोंसे बँधे हुए हाथियोंके कपोलोंसे टपकते हुए मदकी गन्ध मिली कि वे उन्हें छोड़कर इनपर ही आ टूटे ॥५७॥ पश्चिमके राजाओंने जो रघुके अधीन होकर उन्हें कर दिया था वह मानो उन्होंने नहीं वरन् उस प्रतापी समुद्रने ही कर दिया जिसने बहुत प्रार्थना करनेपर परशुरामजीको थोड़ी सी भूमि दी थी ॥५८॥ वहाँ रघुके मतवाले हाथियोंने अपने दाँतोंकी चोटोंसे त्रिकूट पर्वतपर जो रेखाएँ

पारसीकाँस्ततो जेतुं प्रतस्थे स्थलवर्त्मना ।
इन्द्रियाख्यानिव रिपूंस्तत्वज्ञानेन संयमी ॥६०॥
यवनीमुखपद्मानां सेहे मधुमदं न सः ।
बालातपमिवाब्जानामकालजलदोदयः ॥६१॥
संग्रामस्तुमुलस्तस्य पाश्चात्यैरश्वसाधनैः ।
शार्ङ्गकूजितविज्ञेयप्रतियोधे रजस्यभूत् ॥६२॥
भल्लापवर्जितैस्तेषां शिरोभिः श्मश्रुलैर्महीम् ।
तस्तार सरघाव्याप्तैः सक्षौद्रपटलैरिव ॥६३॥
अपनीतशिरस्त्राणाः शेषास्तं शरणं ययुः ।
प्रणिपातप्रतीकारः संरम्भो हि महात्मनाम् ॥६४॥
विनयन्ते स्म तद्योधा मधुभिर्विजयश्रमम् ।
आस्तीर्णाजिनरत्नासु द्राक्षावलयभूमिषु ॥६५॥
ततः प्रतस्थे कौबेरीं भास्वानिव रघुर्दिशम् ।
शरैरुस्रैरिवोदीच्यानुद्धरिष्यन्रसानिव ॥६६॥

चनादी थी उनसे वह पर्वत ऐसा लगने लगा मानो वह रघुकी विजयका स्मरण दिलानेवाला जय-स्तम्भ खडा हो जिसपर रघुकी विजय-कथा लिखी, हुई हो ॥५९॥ जैसे कोई योगी इन्द्रिय-रूपी शत्रुओंको जीतनेके लिये तत्वज्ञानका सहारा लेता है वैसे ही रघुने भी पारसी राजाओंको जीतनेके लिये स्थल-मार्ग पकडा ॥६०॥ जैसे असमयमे उठे हुए बादलोंसे प्रभातकी धूपमे खिले हुए कमलोंकी चमक जाती रहती है वैसे ही रघुके अचानक आक्रमणसे मदिरासे लाल गालों वाली यवनियोंके मुख कमल मुरझा गए ॥६१॥ वहाँ पश्चिम देशके घुडसवार राजाओं से रघुकी घनघोर लडाई हुई। सेनाके चलनेसे इतनी धूल उडी कि आस पास कुछ भी नहीं दिखाई पडता था, केवल धनुषकी टङ्कारसे ही सैनिक लोग शत्रुको पहचान पाते थे ॥६२॥ मधुमक्खियोंसे भरे हुए छत्तेके समान दाढियोंवाले यवनोंके सिरोंको भल्ल नामके बाणोंसे काट काट कर रघुने पृथ्वी पाट दी ॥६३॥ उनमेंसे जो जीते बच गए उन्होंने अपने लोहेके टोप उतार उतारकर रघुके चरणोंमे रख दिए क्योंकि महापुरुषोंकी कृपा प्राप्त करनेका यही उपाय है कि उनकी शरणमें पहुँच जाया जाय ॥६४॥ रघुके सैनिक दाखकी लताओंसे घिरी हुई पृथ्वीपर सुहावनी मृगछालाएँ बिछाकर चैनसे बैठ गए और मदिरा पी पीकर लडाईकी थकावट मिटाने लगे ॥६५॥ जैसे सूर्य अपनी तीखी किरणोंसे पृथ्वीका जल खींचनेके लिये उत्तरकी ओर घूम जाता है वैसे ही रघु भी उत्तरके राजाओंको जीतनेके लिये उधर घूम पडे ॥६६॥ सिन्धु नदीके तटपर पहुँचकर रघुके घोडे, वहाँकी रेतीमे

विनीताध्वश्रमास्तस्य सिन्धुतीरविचेष्टनैः ।
दुधुवुर्वाजिनः स्कन्धाँल्लग्नकुङ्कुमकेसरान् ॥६७॥
तत्र हूणावरोधानां भर्तृषु व्यक्तविक्रमम् ।
कपोलपाटलादेशि बभूव रघुचेष्टितम् ॥६८॥
काम्बोजाः समरे सोढुंतस्य वीर्यमनीश्वराः ।
गजालानपरिक्लिष्टैरक्षोटैः सार्धमानताः ॥६९॥
तेषां सदश्वभूयिष्ठास्तुङ्गा द्रविणराशयः ।
उपदा विविशुः शश्वन्नोत्सेकाः कोशलेश्वरम् ॥७०॥
ततो गौरीगुरुं शैलमारुरोहाश्वसाधनः ।
वर्धयन्निव तत्कूटानुद्धूतैर्धातुरेणुभिः ॥७१॥
शशंस तुल्यसत्त्वानां सैन्यघोषेऽप्यसंभ्रमम् ।
गुहाशयानां सिंहानां परिवृत्त्यावलोकितम् ॥७२॥
भूर्जेषु मर्मरीभूताः कीचकध्वनिहेतवः ।
गङ्गाशीकरिणो मार्गे मरुतस्तं सिषेविरे ॥७३॥
विशश्रमुर्नमेरूणां छायास्वध्यास्य सैनिकाः ।
दृषदो वासितोत्सङ्गा निषण्णमृगनाभिभिः ॥७४॥

सरलासक्त मातङ्गग्रैवेयस्फुरितत्विषः ।
आसन्नोषधयो नेतुर्नक्तमस्नेहदीपिकाः ॥७५॥
तस्योत्सृष्टनिवासेषु कण्ठरज्जुक्षतत्वचः ।
गजवर्ष्म किरातेभ्यः शशंसुर्देवदारवः ॥७६॥
तत्र जन्यं रघोर्घोरं पर्वतीयैर्गणैरभूत् ।
नाराचक्षेपणीयाश्मनिष्पेषोत्पतितानलम् ॥७७॥
शरैरुत्सवसंकेतान्स कृत्वा विरतोत्सवान् ।
जयोदाहरणं बाह्वोर्गापयामास किन्नरान् ॥७८॥
परस्परेण विज्ञातस्तेषूपायनपाणिषु ।
राज्ञा हिमवतः सारो राज्ञः सारो हिमाद्रिणा ॥७९॥
तत्राक्षोभ्यं यशोराशिं निवेश्यावरुरोह सः ।
पौलस्त्यतुलितस्याद्रेरादधान इव ह्रियम् ॥८०॥
चकम्पे तीर्णलौहित्ये तस्मिन्प्राग्ज्योतिषेश्वरः ।
तद्गजालानतां प्राप्तैः सह कालागुरुद्रुमैः ॥८१॥
न प्रसेहे स रुद्धार्कमधारावर्षदुर्दिनम् ।
रथवर्त्मरजोऽप्यस्य कुत एव पताकिनीम् ॥८२॥

जो साँकल पड़ी थी वे रातको चमकनेवाली बूटियोंके प्रकाशसे चमचमा उठती थीं और इस प्रकार उन बूटियोंने रघुके लिये बिना तेलके ही दीपक जला दिए ॥७५॥ जब रघुने वहाँसे अपनी सेनाका पड़ाव हटा लिया तब वहाँ देवदारकी ऊँची-ऊँची शाखाओंपर हाथियोंके गलेकी साँकलोंसे बने रेखाओंको देखकर ही जंगली किरातोंने रघुके हाथियोंकी ऊँचाईका अनुमान कर लिया ॥७६॥ पहाड़ी सेनाओंसे रघुकी सेनाकी घनघोर लड़ाई हुई। रघुकी सेना बाण चलाती थी और पहाड़ी लोग पत्थर चलाते थे। इस प्रकार जब लोहे और पत्थरकी भिड़न्त होती थी तो कभी-कभी आग उत्पन्न हो जाया करती थी ॥७७॥ रघुने धुआँधार बाण बरसाकर उत्सव संकेत नामक पहाड़ियोंके छक्के छुड़ा दिए। इसपर किन्नरोंने मिलकर रघुकी वीरताके बहुतसे गीत गाए ॥७८॥ पहाड़ी राजाओंने रत्नों के ढेर रघुको भेंटमें दिए जिसे देखकर रघुने हिमालयके अतुल धनका अनुमान किया और हिमालयने भी युद्धमें रघुके पराक्रमका अनुमान कर लिया ॥७९॥ हिमालयपर अपना झंडा गाड़कर आगे कैलासकी ओर न बढ़कर रघु लौट पड़े। इससे कैलास पर्वतको इस बातकी लज्जा हुई कि एक बार रावणने मुझे क्या उठा लिया कि सभी मुझे हारा हुआ समझने लगे ॥८०॥ लौहित्य नदीको पार करके रघु प्राग्ज्योतिष या असममें जा पहुँचे। वहाँ हाथियोंके बँधनेसे जैसे कालागुरुके पेड़ काँपते थे वैसे ही, प्राग्ज्योतिषके राजा भी रघुके भयसे काँपने लगे ॥८१॥ वहाँके राजाने देखा कि बादलोंके बिना ही केवल रघुकी सेनाकी धूलसे सूर्य छिप गया। जब इस धूलसे ही यह

तमीशः कामरूपाणामत्याखण्डलविक्रमम् ।
भेजे भिन्नकटैर्नागैरन्यानुपरुरोध यैः ॥८३॥
कामरूपेश्वरस्तस्य हेमपीठाधिदेवताम् ।
रत्नपुष्पोपहारेण च्छायामानर्च पादयोः ॥८४॥
इति जित्वा दिशो जिष्णुर्न्यवर्तत रथोद्धतम् ।
रजो विश्रामयन्राज्ञां छत्रशून्येषु मौलिषु ॥८५॥
स विश्वजितमाजह्रे यज्ञं सर्वस्वदक्षिणम् ।
आदानं हि विसर्गाय सतां वारिमुचामिव ॥८६॥
सत्रान्ते सचिवसखः पुरस्क्रियाभिर्गुर्वीभिः शमितपराजयव्यलीकान् ।
काकुत्स्थश्चिरविरहोत्सुकावरोधान्राजन्यान्स्वपुरनिवृत्तयेऽनुमेने ॥८७॥
ते रेखाध्वजकुलिशातपत्रचिह्नं सम्राजश्चरणयुगं प्रसादलभ्यम् ।
प्रस्थानप्रणतिभिरङ्गुलीषु चक्रुर्मौलिस्रक्च्युतमकरन्दरेणुगौरम् ॥८८॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
रघुदिग्विजयो नाम चतुर्थः सर्गः ॥

रहुत घबरा गया तो फिर सेनासे लड़ता ही क्या ॥८२॥ तब असमके राजाने जिन हाथियोंको लेकर बड़े-बड़े शत्रुओंको हरा दिया था वे ही हाथी उसने इन्द्रसे भी अधिक पराक्रमी रघुको भेटमें दे डाले ॥८३॥ और जैसे कोई भक्त फूल-माला आदिसे भक्तिपूर्वक देवताकी पूजा करता है वैसे ही कामरूपके नरेशने पाँव-पीढ़ेपर पड़ी हुई रघुके चरणोंकी छायाकी रत्नोंसे पूजा ॥८४॥ इस प्रकार विजयी रघु जब सारी पृथ्वीको जीतकर अपनी राजधानी अयोध्याको लौटने लगे तो उनके रथके पहियोंसे उठी हुई धूल पीछे पीछे चलनेवाले हारे हुए राजाओंके छत्र रहित मुकुटोंपर बैठती चलती थी ॥८५॥ दिग्विजयसे लौटकर रघुने विश्वजित् नामका यज्ञ किया जिसमें उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति दक्षिणामें दे दी। जैसे बादल पृथ्वीसे जल लेकर फिर पृथ्वीपर बरसा देते हैं वैसे ही महात्मा लोग भी धनको दान करनेके लिये ही इकट्ठा करते हैं ॥८६॥ यज्ञ समाप्त हो चुकनेपर रघुने और उनके मन्त्रियोंने हारे हुए राजाओंका बड़ा सत्कार किया और उनके मनमें हारनेकी जो लाज थी उसे दूर कर दिया। फिर अपनी रानियोंसे बहुत दिनसे बिछुड़े हुए उन राजाओंको उन्होंने अपने अपने देशोंमें जानेकी आज्ञा दे दी ॥ ८७ ॥ जाते समय उन राजाओंने रघुके उन चरणोंमें झुककर प्रणाम किया जिनपर ध्वजा, वज्र और छत्र आदिकी रेखाएँ बनी हुई थीं। उस समय उन राजाओंके सिरकी मालाओंसे जो पराग गिर रहा था उससे रघुके चरणोंकी उँगलियाँ गोरी हो गईं ॥८८॥

महाकवि कालीदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें रघु दिग्विजय
नामक चौथा सर्ग समाप्त हुआ।

॥ पञ्चमः सर्गः ॥

तमध्वरे विश्वजिति क्षितीशं निःशेषविश्राणितकोषजातम् ।
उपात्तविद्यो गुरुदक्षिणार्थी कौत्सः प्रपेदे वरतन्तुशिष्यः ॥१॥
स मृण्मये वीतहिरण्मयत्वात्पात्रे निधायार्घ्यमनर्घशीलः ।
श्रुतप्रकाशं यशसा प्रकाशः प्रत्युज्जगामातिथिमातिथेयः ॥२॥
तमर्चयित्वा विधिवद्विधिज्ञस्तपोधनं मानधनाग्रयायी ।
विशांपतिर्विष्टरभाजमारात्कृताञ्जलिः कृत्यविदित्युवाच ॥३॥
अप्यग्रणीर्मन्त्रकृतामृषीणां कुशाग्रबुद्धे कुशली गुरुस्ते ।
यतस्त्वया ज्ञानमशेषमाप्तं लोकेन चैतन्यमिवोष्णरश्मेः ॥४॥
कायेन वाचा मनसापि शश्वद्यत्संभृतं वासवधैर्यलोपि ।
आपाद्यते न व्ययमन्तरायैः कच्चिन्महर्षेस्त्रिविधं तपस्तत् ॥५॥
आधारबन्धप्रमुखैः प्रयत्नैः संवर्धितानां सुतनिर्विशेषम् ।
कच्चिन्न वाय्वादिरुपप्लवो वः श्रमच्छिदामाश्रमपादपानाम् ॥६॥
क्रियानिमित्तेष्वपि वत्सलत्वादभग्नकामा मुनिभिः कुशेषु ।
तदङ्कशय्याच्युतनाभिनाला कच्चिन्मृगीणामनघा प्रसूतिः ॥७॥

पाचवाँ सर्ग

जिस समय रघु विश्वजित् यज्ञमें अपना सब कुछ दान किए बैठे थे उसी समय वरतन्तुके शिष्य कौत्स ऋषि गुरुदक्षिणाके लिये धन माँगनेको उनके पास आ पहुँचे ॥१॥ अतिथिका सत्कार करनेवाले, अत्यन्त शीलवान् और यशस्वी रघु मिट्टीका पात्र लेकर विद्वान् अतिथि [कौत्स ऋषि] की पूजा करने चले क्योंकि सोने चाँदीके पात्र तो उन्होंने सब दान ही कर डाले थे ॥ २ ॥ तपस्वी कौत्स कुशाके आसनपर बैठ हुए थे । शास्त्रके जाननेवाले सम्माननीय रघुने बड़ी विधिसे उनकी पूजा की और हाथ जोड़कर उनसे कहा—॥३॥ 'हे बुद्धिमान् ! जैसे सूर्य अपने प्रकाशसे सोए हुए संसारको जगा देता है वैसेही जिस गुरुने आपको ज्ञानकी ज्योति देकर जगाया है और जो मन्त्र द्रष्टा ऋषियोंमें सर्वश्रेष्ठ हैं वे आपके गुरु कुशलतासे तो हैं न ॥४॥ उन्होंने शरीर, मन और वचन तीनों प्रकारका जो कठिन तप करना प्रारम्भ किया था और जिसे देखकर इन्द्र भी घबरा उठे थे,वह तप तो ठीक चल रहा है न ॥५॥ आप लोगों ने आश्रमके जिन वृक्षोंके थाँवले बाँधकर उन्हें पुत्रके समान जतनसे पाला है और जिनसे पथिकोंको छाया मिलती है उन वृक्षोंको आँधीपानीसे कोई हानि तो नहीं पहुँची है ॥६॥ हरिणियोंके वे छोटे-छोटे छौने तो कुशलसे हैं न, जिन्हें ऋषि लोग बड़े प्यारसे गोदीमें बैठाकर खिलाते हैं, जिनकी नाभिका नाल ऋषियोंकी गोदमें ही सूखकर गिरता है और जिन्हें ऋषि लोग यज्ञके लिये बटोरी हुई कुशा चबानेसे भी नहीं टोकते ॥७॥

निर्वर्त्यते यैर्नियमाभिषेको येभ्यो निवापाञ्जलयः पितॄणाम् ।
तान्युञ्छषष्ठाङ्कितसैकतानि शिवानि वस्तीर्थजलानि कच्चित् ॥८॥
नीवारपाकादि कडंगरीयैरामृश्यते जानपदैर्न कच्चित् ।
कालोपपन्नातिथिकल्प्यभागं वन्यं शरीरस्थितिसाधनं वः ॥९॥
अपि प्रसन्नेन महर्षिणा त्वं सम्यग्विनीयानुमतो गृहाय ।
कालो ह्ययं संक्रमितुं द्वितीयं सर्वोपकारक्षममाश्रमं ते ॥१०॥
तवार्हतो नाभिगमेन तृप्तं मनो नियोगक्रिययोत्सुकं मे ।
अप्याज्ञया शासितुरात्मना वा प्राप्तोऽसि संभावयितुं वनान्माम् ॥११॥
इत्यर्घ्यपात्रानुमितव्ययस्य रघोरुदारामपि गां निशम्य ।
स्वार्थोपपत्तिं प्रति दुर्बलाशस्तमित्यवोचद्वरतन्तुशिष्यः ॥१२॥
सर्वत्र नो वार्तमवेहि राजन्नाथे कुतस्त्वय्यशुभं प्रजानाम् ।
सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा ॥१३॥
भक्तिः प्रतीक्ष्येषु कुलोचिता ते पूर्वान्महाभाग तयातिशेषे ।
व्यतीतकालस्त्वहमभ्युपेतस्त्वामर्थिभावादिति मे विषादः ॥१४॥

हाँ, उन नदियोंका जल तो ठीक है न, जिसमें आप लोग प्रतिदिन स्नान, सन्ध्या, तर्पण आदि करते हैं और जिनकी रेतीपर आप लोग अपने चुने हुए अन्नका छठा भाग राजाका अंश समझकर रख छोड़ते हैं ॥८॥ तिन्नीके जिस अन्न और जिन फलोंसे आप लोग अतिथियोंका सत्कार करते हैं और जिन्हें खाकर ही आप लोग रह जाते हैं उन्हें आस-पासके गाँवोंके पशु तो नहीं आकर चर जाते ॥९॥ क्या ऋषिने आपकी विद्यासे प्रसन्न होकर आपको गृहस्थ बन जानेकी आज्ञा दे दी है, *क्योंकि आपकी इतनी अवस्था भी हो गई है कि आप विवाह करें और सबका भला करने-*वाले गृहस्थाश्रममें प्रवेश करें ॥१०॥ आप जैसे पूजनीय महात्माके आने भरसे मेरा जी नहीं भरा, मुझे कुछ सेवा करनेकी आज्ञा भी दीजिए और यह बताइए कि आपने केवल अपने गुरुजीकी आज्ञासे ही यहाँ आकर मुझे कृतार्थ किया है या अपनी इच्छासे ही आपने कृपा की है ॥११॥ कौत्सने ध्यान से रघुकी उदार बातें सुनी पर देखा कि उनके हाथमें केवल मिट्टीका पात्र बचा है। उन्होंने समझ लिया कि रघुके पास एक कौड़ी भी नहीं है। उनका मुँह उतर गया और उन्होंने समझ लिया कि यहाँ हमारा काम नहीं बनेगा। यह सोचकर वरतन्तुके शिष्य कौत्स बोले—॥१२॥ 'हे राजन्!' आपके राज्यमें हमें सब प्रकारका सुख है। जैसे सूर्यके रहते हुए अँधेरा नहीं ठहर पाता वैसे ही आपके राजा रहनेपर प्रजाके दुःखका नाम भी नहीं है ॥१३॥ हे भाग्यशाली! बड़ोंकी पूजा करना आपके वंशका ही धर्म है और आप तो इस बातमें अपने पूर्वजोंसे भी आगे बढ़े हुए हैं। मैं आपके पास कुछ माँगने आया था पर मैं समझता हूँ कि मुझे आनेमें कुछ विलम्ब हो गया है, इसीका मुझे खेद है ॥१४॥ हे राजन्! आपने अपना सब धन अच्छे लोगोंको दे डाला है और केवल यह शरीर

शरीरमात्रेण नरेन्द्र तिष्ठन्नाभासि तीर्थप्रतिपादितर्द्धिः ।
आरण्यकोपात्तफलप्रसूतिः स्तम्बेन नीवार इवावशिष्टः॥ १५॥
स्थाने भवानेकनराधिपः सन्नकिंचनत्वं मखजं व्यनक्ति ।
पर्यायपीतस्य सुरैर्हिमांशोः कलाक्षयः श्लाघ्यतरो हि वृद्धेः ॥१६॥
तदन्यतस्तावदनन्यकार्यो गुर्वर्थमाहर्तुमहं यतिष्ये ।
स्वस्त्यस्तु ते निर्गलिताम्बुगर्भं शरद्घनं नार्दति चातकोऽपि ॥१७॥
एतावदुक्त्वा प्रतियातु कामं शिष्यं महर्षेर्नृपतिर्निषिध्य ।
किं वस्तु विद्वन्गुरवे प्रदेयं त्वया कियद्वेति तमन्वयुङ्क्त ॥१८॥
ततो यथावद्विहिताध्वराय तस्मै स्मयावेशविवर्जिताय ।
वर्णाश्रमाणां गुरवे स वर्णी विचक्षणः प्रस्तुतमाचचक्षे ॥१९॥
समाप्तविद्येन मया महर्षिर्विज्ञापितोऽभूद्गुरुदक्षिणायै ।
स मे चिरायास्खलितोपचारां तां भक्तिमेवागणयत्पुरस्तात् ॥२०॥
निर्बन्धसंजातरुषार्थकार्श्यमचिन्तयित्वा गुरुणाहमुक्तः ।
वित्तस्य विद्यापरिसंख्यया मे कोटीश्चतस्रो दश चाहरेति ॥२१॥
सोऽहं सपर्याविधिभाजनेन मत्वा भवन्तं प्रभुशब्दशेषम् ।
अभ्युत्सहे संप्रति नोपरोद्धुमल्पेतरत्वाच्छ्रुतनिष्क्रयस्य ॥२२॥

भर आपके पास बचा है । इससे आप उस तिन्नीके पौधेकी ठूँठ-जैसे रह गए है जिसके दाने तपस्वियो ने झाड लिए हों ॥१५॥ चक्रवर्ती होते हुए भी यज्ञमे सब कुछ देकर और दरिद्र होकर भी आप उस चन्द्रमाके समान बडे सुन्दर लग रहे हैं जिसकी सारी कलाएँ धीरे-धीरे देवताओने पी डाली हो ॥१६॥ आपके पास तो कुछ है नही, इसलिये मैं अब किसी दूसरे धनीका द्वार खटखटाता हूँ क्योंकि पपीहा भी बिना जलवाले बादलोंसे पानी नही माँगता । आपका कल्याण हो ॥१७॥ ऐसा कहकर कौत्स उठकर चलने लगे । रघुने उन्हे रोका और पूछा— 'आप गुरुजीको क्या और कितना देना चाहते हैं, कुछ कहिए भी तो' ॥१८॥ ब्रह्मचारी कौत्सने देखा कि विश्वजित् यज्ञ करनेपर भी रघुको अभिमान छू नही गया इसलिये वर्ण और आश्रमकी रक्षा करनेवाले रघुसे उन्होंने अपने मनकी बात कहनी प्रारम्भ की—॥१९॥ "राजन् ! विद्या पढ चुकनेपर मैंने गुरुजीसे कहा कि आप मुझसे गुरु-दक्षिणा माँगिए । गुरुजीने कहा—मैं तुम्हारी गुरुभक्तिसे ही बहुत प्रसन्न हूँ फिर गुरु-दक्षिणा लेकर क्या होगा । मैंने बडी भक्तिसे जो उनकी सेवा की थी उसे ही उन्होंने गुरु-दक्षिणा समझ लिया था ॥२०॥ पर जब मैंने बार-बार दक्षिणा माँगनेके लिये उनसे हठ किया तो वे बिगड खडे हुये और मेरी दरिद्रताका विचार किए बिना ही बोल उठे—मैंने तुम्हे चौदह विद्याएँ पढाई है इसलिय मुझे चौदह करोड स्वर्ण-मुद्राएँ लाकर दो ॥२१॥ आपके हाथमे मिट्टी का पात्र देखकर ही मैं समझ गया

इत्थं द्विजेन द्विजराजकान्तिरावेदितो वेदविदां वरेण ।
एनोनिवृत्तेन्द्रियवृत्तिरेनं जगाद भूयो जगदेकनाथः ॥२३॥
गुर्वर्थमर्थी श्रुतपारदृश्वा रघोः सकाशादनवाप्य कामम् ।
गतो वदान्यान्तरमित्ययं मे मा भूत्परीवादनवावतारः ॥२४॥
स त्वं प्रशस्ते महिते मदीये वसंश्चतुर्थोऽग्निरिवाग्न्यगारे ।
द्वित्राण्यहान्यर्हसि सोढुमर्हन्यावद्यते साधयितुं त्वदर्थम् ॥२५॥
तथेति तस्यावितथं प्रतीतः प्रत्यग्रहीत्संगरमग्रजन्मा ।
गामात्तसारां रघुरप्यवेक्ष्य निष्क्रष्टुमर्थं चकमे कुबेरात् ॥२६॥
वशिष्ठमन्त्रोक्षणजात्प्रभावादुदन्वदाकाशमहीधरेषु ।
मरुत्सखस्येव बलाहकस्य गतिर्विजघ्ने न हि तद्रथस्य ॥२७॥
अथाधिशिश्ये प्रयतः प्रदोषे रथं रघुः कल्पितशस्त्रगर्भम् ।
सामन्तसंभावनयैव धीरः कैलासनाथं तरसा जिगीषुः ॥२८॥
प्रातः प्रयाणाभिमुखाय तस्मै सविस्मयाः कोषगृहे नियुक्ताः ।
हिरण्मयीं कोषगृहस्य मध्ये वृष्टिं शशंसुः पतितां नभस्तः ॥२९॥
तं भूपतिर्भासुरहेमराशिं लब्धं कुबेरादभियास्यमानात् ।
दिदेश कौत्साय समस्तमेव पादं सुमेरोरिव वज्रभिन्नम् ॥३०॥

कि आपके पास 'राजा' शब्दको छोड़कर और कुछ भी नहीं बचा है। इधर मेरी गुरु-दक्षिणा भी इतनी बड़ी है कि अब मेरा मन ही नहीं करता कि आपसे कुछ माँगूँ ॥२२॥ जब वैदिक ब्राह्मणोंमें सर्वश्रेष्ठ कौत्सने यह कह चुके तब चन्द्रमाके समान सुन्दर परम धार्मिक रघु बोले—॥२३॥ आप जैसे वेदपाठी ब्राह्मण गुरु-दक्षिणाके लिये हमारे पास आवें और यहाँसे निराश लौटकर किसी दूसरेका द्वार झाँकें, यह नहीं हो सकता ॥२४॥ इसलिये आप हमारी यज्ञशालामें चलिए। वहाँ [गार्हपत्य, दाक्षिणाग्नि और आहवनीय—] ये तीन पूजनीय अग्नि स्थापित हैं। आप भी चौथी अग्निके समान पूजनीय होकर दो चार दिन ठहरिए, तबतक मैं आपकी गुरु-दक्षिणाके लिये कुछ न कुछ जतन करता हूँ ॥२५॥ यह सुनकर कौत्स बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने सत्यवादी रघुकी बात मान ली। रघुने भी देखा कि पृथ्वीपर तो धन है नहीं, इसलिये उन्होंने निश्चय किया कि कुबेरसे ही धन लिया जाय ॥२६॥ जैसे वायुके झोंकेमें मेघ कहीं भी जा सकता है वैसे ही वसिष्ठजीके मन्त्रोंसे पवित्र किया हुआ रघुका रथ भी समुद्र, आकाश और पर्वत कहीं भी आ-जा सकता था ॥२७॥ रघुने सोचा कि उसी रथपर चढ़कर मैं वहाँ ही महाबलशाली कैलासके स्वामी कुबेरको छोटेसे राजाके समान जीत लूँगा। यह निश्चय करके वे रातको ही अस्त्र-शस्त्र ठीक करके रथमें ही जाकर सो रहे ॥२८॥ दूसरे दिन सबेरे जैसे ही रघु चलनेको हुए वैसे ही राजकोषके रक्षकोंने आकर यह अचरज-भरा समाचार दिया कि कोषमें बहुत देर तक सोनेकी वर्षा होती रही है ॥२९॥ [बात यह हुई थी कि]

जनस्य साकेतनिवासिनस्तौ द्वावप्यभूतामभिनन्द्यसत्त्वौ ।
गुरुप्रदेयाधिकनिःस्पृहोऽर्थी नृपोऽर्थिकामादधिकप्रदश्च ॥३१॥

अथोष्ट्रवामीशतवाहितार्थं प्रजेश्वरं प्रीतमना महर्षिः ।
स्पृशन्करेणानतपूर्वकायं संप्रस्थितो वाचमुवाच कौत्सः ॥३२॥

किमत्र चित्रं यदि कामसूर्भूर्वृत्ते स्थितस्याधिपतेः प्रजानाम् ।
अचिन्तनीयस्तु तव प्रभावो मनीषितं द्यौरपि येन दुग्धा ॥३३॥

आशास्यमन्यत्पुनरुक्तभूतं श्रेयांसि सर्वाण्यधिजग्मुषस्ते ।
पुत्रं लभस्वात्मगुणानुरूपं भवन्तमीड्यं भवतः पितेव ॥३४॥

इत्थं प्रयुज्याशिषमग्रजन्मा राज्ञे प्रतीयाय गुरोः सकाशम् ।
राजापि लेभे सुतमाशु तस्मादालोकमर्कादिव जीवलोकः ॥३५॥

ब्राह्मे मुहूर्ते किल तस्य देवी कुमारकल्पं सुषुवे कुमारम् ।
अतः पिता ब्रह्मण एव नाम्ना तमात्मजन्मानमजं चकार ॥३६॥

रघुकी चढाई की बात कानमे पडतेही कुबेरने रातको ही सोनेकी वर्षा कर दी थी। वह सोनेका ढेर ऐसा चमक रहा था जैसे किसीने वज्रसे सुमेरु पर्वतका एक टुकडा काटकर गिरा दिया हो। रघुने वह सारा सोना कौत्सको भेंट कर दिया ॥३०॥ [उसे देखकर कौत्सने कहा—मैं इतना सोना लेकर क्या करूँगा। मुझे तो गुरु-दक्षिणा चुकाने भरको धन चाहिए। इसपर रघु बोले—यह नही हो सकता। यह सारा धन आप ही ले जाइये।] अयोध्या-निवासियोने इन दोनोकी बडी प्रशंसा की क्योंकि उन दोनो मे एक तो इतना सन्तोषी था कि आवश्यकतासे अधिक एक कौडी लेनेको उद्यत नही था और दूसरा इतना बडा दाता था कि मांगसे अधिक धन देनेपर तुला हुआ था ॥३१॥ रघुने उस सारे धनको सैंकडो ऊँटो और खच्चरोपर लदवा दिया और जब कौत्स चलने लगे तब राजाने बडी नम्रतासे उन्हे प्रणाम किया। कौत्स बडे प्रसन्न थे और उन्होने राजाके सिर-पर हाथ धरते हुए कहा ॥३२॥ धर्मात्मा राजाओके लिए यदि पृथ्वी उनकी इच्छाके अनुसार धन दे तो कोई अचरज नही है, पर तुम्हारे प्रभावको देखकर तो सचमुच बडा आश्चर्य होता है क्योकि तुमने तो स्वर्गसे भी जितना चाहा उतना धन ले लिया ॥३३॥ संसारकी सभी वस्तुएँ तुम्हे प्राप्त हो सकती है इसलिये तुम्हे उनके लिये आशीर्वाद देना तो व्यर्थ है तो भी मैं तुम्हे यह आशीर्वाद देता हूँ कि जैसे तुम्हारे पिता दिलीपको तुम्हारे जैसा श्रेष्ठ पुत्र मिला वैसे ही तुम्हे भी तुम्हारे ही समान प्रतापी पुत्र प्राप्त हो ॥३४॥ राजाको यह आशीर्वाद देकर ब्राह्मण कौत्स तो अपने गुरुजीके पास चले गए और जैसे सूर्यसे संसारको प्रकाश मिलता है वैसे ही ब्राह्मणके आशीर्वादसे थोडे ही दिनमे रघुको भी पुत्र-रत्न प्राप्त हुआ ॥३५॥ रघुकी रानीकी कोखसे तडके ब्राह्म मुहूर्तमे कार्तिकेयके समान तेजस्वी पुत्र जनमा तो ब्राह्म मुहूर्तमे जन्म होनेसे पिताने ब्रह्माके नामपर पुत्रका नाम अज रख दिया ॥३६॥

रूपं तदोजस्वि तदेव वीर्यं तदेव नैसर्गिकमुन्नतत्वम् ।
न कारणात्स्वाद्बिभिदे कुमारः प्रवर्तितो दीप इव प्रदीपात् ॥३७॥
उपात्तविद्यं विधिवद्गुरुभ्यस्तं यौवनोद्भेदविशेषकान्तम् ।
श्रीः साभिलाषापि गुरोरनुज्ञां धीरेव कन्या पितुराचकाङ्क्ष ॥३८॥
अथेश्वरेण क्रथकैशिकानां स्वयंवरार्थं स्वसुरिन्दुमत्याः ।
आप्तः कुमारानयनोत्सुकेन भोजेन दूतो रघवे विसृष्टः ॥३९॥
तं श्लाघ्यसंबन्धमसौ विचिन्त्य दारक्रियायोग्यदशं च पुत्रम् ।
प्रस्थापयामास ससैन्यमेनमृद्धां विदर्भाधिपराजधानीम् ॥४०॥
तस्योपकार्यारचितोपचारा वन्येतरा जानपदोपदाभिः ।
मार्गे निवासा मनुजेन्द्रसूनोर्बभूवुरुद्यानविहारकल्पाः ॥४१॥
स नर्मदारोधसि सीकरार्द्रैर्मरुद्भिरानर्तितनक्तमाले ।
निवेशयामास विलङ्घिताध्वा क्लान्तं रजोधूसरकेतु सैन्यम् ॥४२॥
अथोपरिष्टाद्भ्रमरैर्भ्रमद्भिः प्राक्सूचितान्तःसलिलप्रवेशः ।
निर्धौतदानामलगण्डभित्तिर्वन्यः सरित्तो गज उन्ममज्ज ॥४३॥

निःशेषविक्षालितधातुनापि वप्रक्रियामृक्षवतस्तटेषु ।
नीलोर्ध्वरेखाशबलेन शंसन्दन्तद्वयेनाश्मविकुण्ठितेन ॥४४॥

संहारविक्षेपलघुक्रियेण हस्तेन तीराभिमुखः सशब्दम् ।
बभौ स भिन्दन्बृहतस्तरंगान्वार्यर्गलाभङ्ग इव प्रवृत्तः ॥४५॥

शैलोपमः शैवलमञ्जरीणां जालानि कर्षन्नुरसा स पश्चात् ।
पूर्वं तदुत्पीडितवारिराशिः सरित्प्रवाहस्तटमुत्ससर्प ॥४६॥

तस्यैकनागस्य कपोलभित्त्योर्जलावगाहक्षणमात्रशान्ता ।
वन्येतरानेकपदर्शनेन पुनर्दिदीपे मददुर्दिनश्रीः ॥४७॥

सप्तच्छदक्षीरकटुप्रवाहमसह्यमाघ्राय मदं तदीयम् ।
विलङ्घिताधोरणतीव्रयत्नाः सेनागजेन्द्रा विमुखा बभूवुः ॥४८॥

स च्छिन्नबन्धद्रुतयुग्यशून्यं भग्नाक्षपर्यस्तरथं क्षणेन ।
रामापरित्राणविहस्तयोध सेनानिवेशं तुमुलं चकार ॥४९॥

तमापतन्तं नृपतेरवध्यो वन्यः करीति श्रुतवान्कुमारः ।
निवर्तयिष्यन्विशिखेन कुम्भे जघान नात्यायतकृष्टशार्ङ्गः ॥५०॥

घुस गया था ॥४३॥ यद्यपि नहानेसे उसके दाँतोंमें लगी गेरूकी लाली तो छूट गई थी फिर भी टीलोंपर टक्कर मारनेसे उसके दाँतोंपर जो नीली-नीली रेखाएँ बन गई थीं उनसे जान पड़ता था कि उसने ऋक्षवान पर्वतकी शिलाओंमें टक्करें मारी हैं ॥४४॥ वह हाथी ज्यों-ज्यों तटकी ओर बढ़ने लगा त्यों त्यों अपनी सूँड फैला और सिकोड़कर चिग्घाड़ता हुआ जलकी लहरोंको चीरने लगा। उस समय वह ऐसा जान पड़ता था मानो वह अगलानकी साँकलें तोड़ रहा हो ॥४५॥ वह पहाड़के समान लम्बा-चौड़ा हाथी अपनी छातीसे सेवारको अपने साथ खींचता हुआ तटपर आ पहुँचा। इससे जलमें जो लहरें उठी थीं वे उससे भी पहले तटपर पहुँच चुकीं ॥४६॥ यद्यपि नदीमें नहानेसे उस हाथीके माथेका सब मद धुल चुका था। फिर भी अजकी सेनाके हाथियोंको देखकर वह बलवान् हाथी क्रोधसे तमतमा उठा और उसके माथेसे फिर धुआँधार मद बरसने लगा ॥४७॥ जब अजके हाथियों ने ~~के छितवनके दूधके समान कसैले मदकी गन्ध पाई तब वे हाथीवानोंके बार-बार रोकनेपर भी इधर-उधर भाग चले ॥४८॥ उस विशाल जंगली हाथीको देखते ही सब घोड़े भी रस्सा तुड़ा-तुड़ाकर भाग चले। इस भगदड़में जिन रथोंके धुरे टूट गए वे जहाँ-तहाँ गिर पड़े थे। उस अकेले हाथीने सेनामें इतनी भगदड़ मचादी कि लोग अपनी अपनी स्त्रियोंको छिपानेके लिये सुरक्षित स्थान ढूँढ़ने लगे ॥४९॥ वह हाथी अजकी ओर चला आ रहा था किन्तु अजने सोचा कि यह जंगली हाथी है। इसको मारना ठीक नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने धनुषको थोड़ा

स विद्धमात्रः किल नागरूपमुत्सृज्य तद्विस्मितसैन्यदृष्टः ।
स्फुरत्प्रभामण्डलमध्यवर्त्ति कान्तं वपुर्व्योमचरं प्रपेदे ॥५१॥
अथ प्रभावोपनतैः कुमारं कल्पद्रुमोत्थैरवकीर्य पुष्पैः ।
उवाच वाग्मी दशनप्रभाभिः संवर्धितोरःस्थलतारहारः ॥५२॥
मतङ्गशापादवलेपमूलादवाप्तवानस्मि मतङ्गजत्वम् ।
अवेहि गन्धर्वपतेस्तनूजं प्रियंवदं मां प्रियदर्शनस्य ॥५३॥
स चानुनीतः प्रणतेन पश्चान्मया महर्षिर्मृदुतामगच्छत् ।
उष्णत्वमग्न्यातपसंप्रयोगाच्छैत्यं हि यत्सा प्रकृतिर्जलस्य ॥५४॥
इक्ष्वाकुवंशप्रभवो यदा ते भेत्स्यत्यजः कुम्भमयोमुखेन ।
संयोक्ष्यसे स्वेन वपुर्महिम्ना तदेत्यवोचत्स तपोनिधिर्माम् ॥५५॥
संमोचितः सत्त्ववता त्वयाहं शापाच्चिरप्रार्थितदर्शनेन ।
प्रतिप्रियं चेद्भवतो न कुर्यां वृथा हि मे स्यात्स्वपदोपलब्धिः ॥५६॥
संमोहनं नाम सखे ममास्त्रं प्रयोगसंहारविभक्तमन्त्रम् ।
गान्धर्वमादत्स्व यतः प्रयोक्तुर्न चारिहिंसा विजयश्च हस्ते ॥५७॥

सा खींचकर एक बाण उसके मस्तकमें इसलिए मारा कि वह लौट जाय ॥५०॥ बाण लगते ही वह अपना हाथीका शरीर छोड़कर देवताओंके समान सुन्दर और तेजपूर्ण शरीर वाला बनकर खड़ा हो गया। यह देखकर अजके सैनिक तो आँख फाड़कर अचरजसे देखते हुए जहांके तहां खड़े रह गए ॥५१॥ उस देवताका वेष धारण करनेवाले पुरुषने अपने प्रभावसे कल्पवृक्षके फूल मँगाकर अजके ऊपर बरसाए और जब उसने बोलनेके लिए मुँह खोला तब उसके दाँतोंकी चमकसे उसके गलेमें पड़ा हुआ हार दमक उठा ॥५२॥ [वह बोला] मैं गन्धर्वोंके राजा प्रियदर्शनका पुत्र प्रियम्वद हूँ। एक बार मैंने अभिमानमें आकर मतंग ऋषिका अपमान कर दिया था उन्हीं के शापसे मैं हाथी हो गया ॥५३॥ जब मैंने ऋषिके बहुत हाथ-पाँव जोड़े तब उन्हें दया आ गई क्योंकि जल तो आगकी गर्मी पाकर ही गर्म होता है, उसका अपना स्वभाव तो ठंडा ही होता है ॥५४॥ तब प्रसन्न होकर उस तपस्वीने कहा—इक्ष्वाकु वंशमें अज नामके कुमार उत्पन्न होंगे जब वे तुम्हारे माथेपर लोहेके फलवाला बाण मारेंगे तब तुम्हें फिरसे अपना वास्तविक शरीर प्राप्त हो जायेगा ॥५५॥ उसी दिनसे मैं हाथी होगया और तबसे सदा आपके आनेकी बाट देखा करता था। आज बड़े भाग्यसे आपने आकर मुझे शापसे छुड़ा दिया। इस उपकारके बदलेमें यदि मैंने आपकी कोई भलाई न की तो मेरा यह शरीर पाना व्यर्थ ही है ॥५६॥ देखिये ! मेरे पास यह सम्मोहन नामका गन्धर्वास्त्र है, जिसके चलाने और रोकनेके अलग-अलग मन्त्र हैं। इस दुर्लभ अस्त्रको आप ले लीजिए। इसमें यह विशेषता है कि जब आप इसे चलावेंगे तब आप शत्रुके प्राण लिए बिना ही उसे जीत लेंगे ॥५७॥ जान पड़ता है कि

अलं ह्रिया मां प्रति यन्मुहूर्तं दयापरोऽभूः प्रहरन्नपि त्वम् ।
तस्मादुपच्छन्दयति प्रयोज्यं मयि त्वया न प्रतिषेधरौक्ष्यम् ॥५८॥
तथेत्युपस्पृश्य पयः पवित्रं सोमोद्भवायाः सरितो नृसोमः ।
उदङ्मुखः सोऽस्त्रविदस्त्रमन्त्रं जग्राह तस्मान्निगृहीतशापात् ॥५९॥
एवं तयोरध्वनि दैवयोगादासेदुषोः सख्यमचिन्त्यहेतु ।
एको ययौ चैत्ररथप्रदेशान्सौराज्यरम्यानपरो विदर्भान् ॥६०॥
तं तस्थिवांसं नगरोपकण्ठे तदागमारूढगुरुप्रहर्षः ।
प्रत्युज्जगाम क्रथकैशिकेन्द्रश्चन्द्रं प्रवृद्धोर्मिरिवोर्मिमाली ॥६१॥
प्रवेश्य चैनं पुरमग्रयायी नीचैस्तथोपाचरदर्पितश्रीः ।
मेने यथा तत्र जनः समेतो वैदर्भमागन्तुमजं गृहेशम् ॥६२॥
तस्याधिकारपुरुषैः प्रणतैः प्रदिष्टां प्राग्द्वारवेदिविनिवेशितपूर्णकुम्भाम् ।
रम्यां रघुप्रतिनिधिः स नवोपकार्यां बाल्यात्परामिव दशां मदनोऽध्युवास ॥६३॥
तत्र स्वयंवरसमाहृतराजलोकं कन्याललाम कमनीयमजस्य लिप्सोः ।
भावावबोधकलुषा दयितेव रात्रौ निद्रा चिरेण नयनाभिमुखी बभूव ॥६४॥

आपने जो मेरे ऊपर बाण चलाया है उससे आपके मनमें कुछ सकोच हो रहा है । पर इसमें लजानेकी क्या बात है, क्योंकि बाण चलाते समय भी आपके मनमें मुझे मारनेकी इच्छा तो थी नहीं । आपने तो दया करके ही बाण चलाया था । अब मैं आपसे यह प्रार्थना करता हूँ कि आप यह अस्त्र ले लीजिए, आना-कानी न कीजिए ॥५८॥ चन्द्रमाके समान सुन्दर अजने गन्धर्वका कहना मान लिया । उन्होंने पहले चन्द्रमासे निकली हुई नर्मदाके जलका आचमन किया और फिर उत्तर की ओर मुँह करके शापसे छूटे हुये उस गन्धर्वसे वह अस्त्र ले लिया और उसके चलाने और रोकनेका मन्त्र भी सीख लिया ॥५९॥ इस प्रकार दैवयोगसे अज और प्रियम्वदकी मार्गमे ही मित्रता हो गई । वहाँसे प्रियम्वद तो कुबेरके चित्ररथ नामक उपवनकी ओर चल गया और अज उस विदर्भ देशकी ओर चल पड़े जो अच्छे शासनके कारण बड़ा सुन्दर हो गया था ॥६०॥ जब विदर्भके राजाको समाचार मिला कि अज आगए हैं तब वे बड़े प्रसन्न हुए और जैसे समुद्र अपनी लहरें ऊँचे उठाकर चन्द्रमाका स्वागत करता है वैसे ही उन्होंने भी नगरके बाहर अजके पड़ावमें जाकर उनका स्वागत किया ॥६१॥ राजा भोज अपने साथ अजको नगरमें ले गए और वहाँ उन्हें अपना सब कुछ भेंट करके ऐसी नम्रताके साथ उनका सत्कार किया कि लोग यही समझने लगे कि अज ही इस घरके स्वामी हैं और भोज अतिथि हैं ॥६२॥ वहाँसे भोज-राजके सेवक, अजको बड़ी नम्रतासे उस मनोहर राज-मन्दिरमें ले गए जिसके द्वारकी चौकियोंपर जलसे भरे मगल-कलश रक्खे हुए थे । उस भवनमें रघुके प्रतिनिधि अज ऐसे रहने लगे मानो कामदेवने अपना बचपन बिताकर जवानीमें पैर धरा हो ॥६३॥ अब अजको यह चाह हुई कि किसी प्रकार उस कन्याको प्राप्त करें जिसे पानेके लिये सैकड़ो राजा स्वयम्वरमें आए

तं कर्णभूषणनिपीडितपीवरांसं शय्योत्तरच्छदविमर्दकृशाङ्गरागम् ।
सूतात्मजाः सवयसः प्रथितप्रबोधं प्राबोधयन्नुषसि वाग्भिरुदारवाचः ॥६५॥
रात्रिर्गता मतिमतांवर मुञ्च शय्यां धात्रा द्विधैव ननु धूर्जगतो विभक्ता ।
तामेकतस्तव बिभर्ति गुरुर्विनिद्रस्तस्या भवानपरधुर्यपदावलम्बी ॥६६॥
निद्रावशेन भवताप्यनवेक्ष्यमाणा पर्युत्सुकत्वमबला निशि खण्डितेव ।
लक्ष्मीर्विनोदयति येन दिगन्तलम्बी सोऽपि त्वदाननरुचिं विजहाति चन्द्रः ॥६७॥
तद्वल्गुना युगपदुन्मिषितेन तावत्सद्यः परस्परतुलामधिरोहतां द्वे ।
प्रस्पन्दमानपरुषेतरतारमन्तश्चक्षुस्तव प्रचलितभ्रमरं च पद्मम् ॥६८॥
वृन्ताच्छ्लथं हरति पुष्पमनोकहानां संसृज्यते सरसिजैररुणांशुभिन्नैः ।
स्वाभाविकं परगुणेन विभातवायुः सौरभ्यमीप्सुरिव ते मुखमारुतस्य ॥६९॥
ताम्रोदरेषु पतितं तरुपल्लवेषु निर्धौतहारगुलिकाविशदं हिमाम्भः ।
आभाति लब्धपरभागतयाधरोष्ठे लीलास्मितं सदशनार्चिरिव त्वदीयम् ॥७०॥

है। इसी उपवनमें पड़े रहनेके कारण रघुकी आँखोंमें रातको उसी प्रकार बहुत विलंबसे नींद आई जैसे अपने पतिके मनको न जाननेवाली नई बहू अपने पतिके पास विलंबसे जाती है ॥६४॥ एक करवट सोनेके कारण भुजके नीचे दबे हुए कन्धोंपर कुण्डलके दबनेसे उसका चिह्न पड़ गया और बिछौनेकी रगड़से उनके शरीरपर लगा हुआ अंगराग भी पुँछ गया। दिन निकलते ही उनकी समान अवस्थावाले और मधुर बोलनेवाले सूतोंके पुत्र यह स्तुति गा-गाकर बुद्धिमान अजको जगाने लगे ॥६५॥

हे परम बुद्धिमान ! रात ढल गई है, अब शय्या छोड़िए। ब्रह्माने पृथ्वीका भार केवल दो भागोंमें बाँटा है, जिसे एक ओर तो तुम्हारे पिता सदा सजग होकर सँभालते हैं और दूसरी ओर तुम्हें जागकर सँभालना है ॥६६॥ देखो, तुम्हारी सौन्दर्य-लक्ष्मीने जब यह देखा कि तुम निद्रा रूपी दूसरी स्त्रीके वशमें हो तब वह तुम्हें चाहते रहनेपर भी रुष्ट होकर तुम्हारे ही मुखके समान सुन्दर चन्द्रमाके पास चली गई थी पर इस समय चन्द्रमा भी मलिन हो गया है और इसलिये वह सौन्दर्य-लक्ष्मी बेचारी निराधार हो गई है, [क्योंकि तुम्हारे मुखकी बराबरी करनेवाला और कोई सुन्दर पदार्थ तो है नहीं, जिसके पास वह जा सके।] इसलिये जागकर तुम उसे फिर अपनाओ ॥६७॥ इस समय तुम्हारी बन्द आँखोंमें पुतलियाँ घूम रही हैं और तालोंमें कमलोंके भीतर भौंरे गूँज रहे हैं। इस समय उठो तो आँखें खिलनेपर तुम्हारे नेत्र और कमल एक साथ मिलकर एक जैसे सुन्दर लगने लगें ॥६८॥ प्रातःकालका पवन वृक्षोंकी डालोंपरसे फूलोंको झाड़ रहा है और सूर्यकी किरणोंसे खिले हुए कमलोंको छूता हुआ चल रहा है मानो तुम्हें जगा हुआ न देखकर वह तुम्हारे मुखकी स्वाभाविक सुगंधि दूसरोंसे लेनेका प्रयास कर रहा हो ॥६९॥ वृक्षोंके लाल कोंपलोंपर पड़ी हुई निर्मल ओसकी बूँदें मोतियोंके समान ऐसी सुन्दर लग रही हैं जैसे तुम्हारे हँसनेके समय तुम्हारे लाल-लाल ओठोंपर पड़ी हुई तुम्हारे दाँतोंकी

यावत्प्रतापनिधिराक्रमते न भानुरह्णाय तावदरुणेन तमो निरस्तम् ।
आयोधनाग्रसरतां त्वयि वीर याते किं वा रिपूंस्तव गुरुः स्वयमुच्छिनत्ति ॥७१॥
शय्यां जहत्युभयपक्षविनीतनिद्राः स्तम्बेरमा मुखरशृङ्खलकर्षिणस्ते ।
येषां विभान्ति तरुणारुणरागयोगाद्भिन्नाद्रिगैरिकतटा इव दन्तकोशाः ॥७२॥
दीर्घेष्वमी नियमिताः पटमण्डपेषु निद्रां विहाय वनजाक्ष वनायुदेश्याः ।
वक्त्रोष्मणा मलिनयन्ति पुरोगतानि लेह्यानि सैन्धवशिलाशकलानि वाहाः ॥७३॥
भवति विरलभक्तिर्म्लानपुष्पोपहारः स्वकिरणपरिवेषोद्भेदशून्याः प्रदीपाः ।
अयमपि च गिरं नस्त्वत्प्रबोधप्रयुक्तामनुवदति शुकस्ते मञ्जुवाक्पञ्जरस्थः ॥७४॥
इति विरचितवाग्भिर्बन्दिपुत्रैः कुमारः सपदि विगतनिद्रस्तल्पमुज्झांचकार ।
मदपटुनिनदद्भिर्बोधितो राजहंसैः सुरगज इव गाङ्गं सैकतं सुप्रतीकः ॥७५॥
अथ विधिमवसाय्य शास्त्रदृष्टं दिवसमुखोचितमञ्चिताक्षिपक्ष्मा ।
कुशलविरचितानुकूलवेषः क्षितिपसमाजमगात्स्वयंवरस्थम् ॥७६॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये अजस्वयंवराभिगमनो नाम पञ्चमः सर्गः ॥

चमक सुन्दर लगती है ॥७०॥ सूर्यके उदय होनेके पहले ही उनका चतुर सारथी अरुण संसारसे अँधेरे को भगा देता है। यह ठीक भी है, क्योंकि जब सेवक चतुर रहता है तब स्वामीको स्वयं कार्य करनेका कष्ट नहीं उठाना पड़ता। देखो, जब तुम्हारे जैसे योग्य पुत्र युद्धमें जाकर लड़ते हैं तब तुम्हारे पिताजीको क्या कभी शत्रुओंको स्वयं मारनेका कष्ट उठाना पड़ता है, कभी नहीं ॥७१॥ तुम्हारी सेनाके हाथी, दोनों ओर करवटें बदलकर खनखनाती हुई साँकल खींचते हुए उठ खड़े हुए हैं। लाल सूर्यकी किरणें पड़नेसे उनके दाँत ऐसे लगते हैं मानो वे अभी गेरू का पहाड़ खोदे चले आ रहे हों ॥७२॥ हे कमलके समान नेत्रवाले ! बड़े बड़े पट मंडपोंमें बँधे हुए तुम्हारे वनायु (काबुल) देशके घोड़े नींद छोड़कर सेंधे नमकके उन टुकड़ोंको अपने मुँहकी भापसे मैला कर रहे हैं जो चाटनेके लिये उनके आगे रक्खे हुए हैं ॥७३॥ रातकी सजावटके फूल मुरझाकर झड़ गए हैं। उजाला हो जानेके कारण दीपकका प्रकाश भी अब अपनी लौसे बाहर नहीं जाता और पिंजरेमें बैठा हुआ मीठी बोली बोलनेवाला तुम्हारा यह सुग्गा भी हमारी ही बातें दुहरा रहा है ॥७४॥ जैसे आकाशगंगाकी रेतीमें लेटा हुआ सुप्रतीक नामका देवताओंका हाथी, राजहंसोंका शब्द सुनकर जाग उठता है वैसे ही चारणोंकी सुरचित वाणी सुनकर राजकुमार अजकी नींद खुल गई और वे उठ बैठे ॥७५॥ सुन्दर पलकोंवाले राजकुमार अजने उठकर शास्त्रसे बताई हुई प्रातःकालकी सब उचित क्रियायें कीं और फिर उनके चतुर सेवकोंने उन्हें बहुत सुन्दर वस्त्र पहनाए। इस प्रकार सज धजकर वे स्वयम्वरके राज-समाजकी ओर चल दिए ॥७६॥

महाकवि कालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें अजका स्वयम्वर गमन नामका पाँचवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ षष्ठः सर्गः ॥

स तत्र मञ्चेषु मनोज्ञवेषान्सिंहासनस्थानुपचारवत्सु ।
वैमानिकानां मरुतामपश्यदाकृष्टलीलान्नरलोकपालान् ॥ १ ॥
रतेर्गृहीतानुनयेन कामं प्रत्यर्पितस्वाङ्गमिवेश्वरेण ।
काकुत्स्थमालोकयतां नृपाणां मनो बभूवेन्दुमतीनिराशम् ॥ २ ॥
वैदर्भनिर्दिष्टमसौ कुमारः क्लृप्तेन सोपानपथेन मञ्चम् ।
शिलाविभङ्गैर्मृगराजशावस्तुङ्गं नगोत्संगमिवारुरोह ॥ ३ ॥
परार्ध्यवर्णास्तरणोपपन्नमासेदिवान्रत्नवदासनं सः ।
भूयिष्ठमासीदुपमेयकान्तिर्मयूरपृष्ठाश्रयिणा गुहेन ॥४॥
तासु श्रिया राजपरम्परासु प्रभाविशेषोदयदुर्निरीक्ष्यः ।
सहस्रधात्मा व्यरुचद्विभक्तः पयोमुचां पंक्तिषु विद्युतेव ॥५॥
तेषां महार्हासनसंस्थितानामुदारनेपथ्यभृतां स मध्ये ।
रराज धाम्ना रघुसूनुरेव कल्पद्रुमाणामिव पारिजातः ॥६॥
नेत्रव्रजाः पौरजनस्य तस्मिन्विहाय सर्वान्नृपतीन्निपेतुः ।
मदोत्कटे रेचितपुष्पवृक्षा गन्धद्विपे वन्य इव द्विरेफाः ॥ ७ ॥

छठा सर्ग

[स्वयम्वरकी सभामें जाकर अजने देखा कि] सजे हुए मंचोंपर बैठे हुए राजा लोग ऐसे सुन्दर लग रहे हैं जैसे विमानोंपर देवता बैठे हुए हों ॥१॥ जब दूसरे राजाओंने अजको देखा तब उन्होंने इन्दुमतीको पानेकी सब आशाएँ छोड़दीं क्योंकि अज ऐसे लग रहे थे मानो साक्षात् कामदेव हों, जिसे शिवजीने रतिकी प्रार्थनापर फिरसे जीवित कर दिया हो ॥२॥ जैसे सिंहका बच्चा एक-एक शिलापर पैर रखता हुआ पहाड़पर चढ़ जाता है वैसे ही राजकुमार अज भी सुन्दर सीढ़ीपर चढ़कर भोजके बताए हुए मंचपर जाकर बैठ गए ॥३॥ जिस सिंहासनपर वे जाकर बैठे, वह सोनेका बना हुआ था, उसमें रत्न जड़े थे और उसपर रंग-बिरंगे वस्त्र बिछे हुये थे। उसपर बैठे हुए वे ऐसे सुन्दर लग रहे थे मानो स्वयं कार्त्तिकेय ही अपने मोरपर चढ़े बैठे हों ॥४॥ वहाँ बैठे हुए राजाओंके ठाट-बाट और उनकी तड़क-भड़क देखकर आँखें चौंधिया जाती थीं और ऐसा जान पड़ता था मानो लक्ष्मीने अपनी शोभा उन लोगोंमें उसी प्रकार बाँट दी हो जैसे बिजली अपनी चमक बादलोंमें बाँट देती है ॥५॥ जैसे नन्दन वनके वृक्षोंमें पारिजात ही सबसे अधिक सुन्दर है वैसे ही बहुमूल्य सिंहासनोंपर बैठे हुए और बड़े ठाट-बाटसे सजे हुए राजाओंके बीचमें अकेले अज ही खिल रहे थे ॥६॥ जैसे फूलवाले वृक्षोंको छोड़कर मद बहानेवाले जंगली हाथियोंपर भौंरे झुक-झुक पड़ते हैं, वैसे ही नगरवासियोंकी

अथ स्तुते बन्दिभिरन्वयज्ञैः सोमार्कवंश्ये नरदेवलोके ।
संचारिते चागुरुसारयोनौ धूपे समुत्सर्पति वैजयन्तीः ॥ ८ ॥
पुरोपकण्ठोपवनाश्रयाणां कलापिनामुद्धतनृत्यहेतौ ।
प्रध्मातशङ्खे परितो दिगन्तांस्तूर्यस्वने मूर्च्छति मङ्गलार्थे ॥ ९ ॥
मनुष्यवाह्यं चतुरस्रयानमध्यास्य कन्या परिवारशोभि ।
विवेश मञ्चान्तरराजमार्गं पतिंवरा क्लृप्तविवाहवेषा ॥१०॥
तस्मिन्विधानातिशये विधातुः कन्यामये नेत्रशतैकलक्ष्ये ।
निपेतुरन्तःकरणैर्नरेन्द्रा देहैः स्थिताः केवलमासनेषु ॥११॥
तां प्रत्यभिव्यक्तमनोरथानां महीपतीनां प्रणयाग्रदूत्यः ।
प्रवालशोभा इव पादपानां शृङ्गारचेष्टा विविधा बभूवुः ॥१२॥
कश्चित्कराभ्यामुपगूढनालमालोलपत्राभिहतद्विरेफम् ।
रजोभिरन्तःपरिवेषबन्धि लीलारविन्दं भ्रमयांचकार ॥१३॥
विस्रस्तमंसादपरो विलासी रत्नानुविद्धाङ्गदकोटिलग्नम् ।
प्रालम्बमुत्कृष्य यथावकाशं निनाय साचीकृतचारुवक्त्रः ॥१४॥

आँखें सब राजाओंसे हटकर अजपर ही जा टिकी थीं ॥७॥ इतनेमें सब राजाओंका वंश जाननेवाले भाटोंने सूर्य और चन्द्रके वंशमें उत्पन्न होनेवाले उन सब राजाओंकी प्रशंसा प्रारम्भ करदी। उधर अगरके सारसे बनाई हुई धूप बत्तियोंका धुँआ चारों ओर उड़ता हुआ फहराती हुई झंडियोंतक चढ़ गया ॥८॥ जिन शंखों और मंगल बाजोंके बजनेपर नगरके आस पासकी अमराइयोंमें रहनेवाले मोर उसे बादल का गरजना समझकर नाच उठते हैं उन बाजोंकी ध्वनिसे दसों दिशाएँ गूंज उठीं ॥९॥ इसी बीच वर चुननेके लिये विवाहके समयका वेश धारण किए हुए इन्दुमती, पालकीपर चढ़कर मंचोंके बीचवाले राजमार्गसे आई । वह पालकी मनुष्य ढो रहे थे और उसके चारों ओर दासियाँ पैदल चलती आ रही थीं ॥१०॥ वह कन्या क्या थी ब्रह्माकी रचनाका बड़ा ही सुन्दर कौशल था जिसे सैकड़ों आँखें एकटक होकर देख रही थीं । उसकी सुन्दरता देखते ही सब राजाओंके मन तो उसके पास चले गए, केवल उनके शरीर भर मंचोंपर रह गए ॥११॥ राजाओं ने अपना प्रेम जतानेके लिये जो वृक्षोंके पत्तोंके समान अनेक प्रकारसे भौंह आदि चलाकर शृङ्गार-चेष्टाएँ कीं वे मानो उनके प्रेमको इन्दुमतीतक पहुँचानेवाली दूतियाँ थीं ॥१२॥ कोई राजा हाथमें सुन्दर कमल लेकर उसकी डंठल पकड़कर घुमाने लगा । उसके घूमनेसे भौंरे तो इधर-उधर भाग गए पर उसमें जो पराग भरा हुआ था, उसके फैलनेसे कमलके भीतर चारों ओर एक कुण्डली सी बन गई । [उसे घुमाकर वह यह प्रकट करता था कि विवाह कर लेनेपर हम भी तुम्हारे हाथमें इसी प्रकार नाच सकते हैं] ॥१३॥ दूसरा एक विलासी राजा, थोड़ा मुँह घुमाकर कन्धेसे सरकी हुई और भुजबन्धमें उलझी हुई रत्नोंकी माला उठाकर फिर उसे गलेमें ठीकसे पहनने लगा । [इससे उसने संकेत किया कि मैं सदा तुम्हें गलेका

आकुञ्चिताग्राङ्गुलिना ततोऽन्यः किंचित्समावर्जितनेत्रशोभः ।
तिर्यग्विसंसर्पिनखप्रभेण पादेन हैमं विलिलेख पीठम् ॥१५॥
निवेश्य वामं भुजमासनार्धे तत्संनिवेशादधिकोन्नतांसः ।
कश्चिद्विवृत्तत्रिकभिन्नहारः सुहृत्समाभाषणतत्परोऽभूत् ॥१६॥
विलासिनीविभ्रमदन्तपत्रमापाण्डुरं केतकबर्हमन्यः ।
प्रियानितम्बोचितसंनिवेशैर्विपाटयामास युवा नखाग्रैः ॥१७॥
कुशेशयाताम्रतलेन कश्चित्करेण रेखाध्वजलाञ्छनेन ।
रत्नाङ्गुलीयप्रभयानुविद्धानुदीरयामास सलीलमक्षान् ॥१८॥
कश्चिद्यथाभागमवस्थितेऽपि स्वसंनिवेशाद्व्यतिलङ्घिनीव ।
वज्रांशुगर्भाङ्गुलिरन्ध्रमेकं व्यापारयामास करं किरीटे ॥१९॥
ततो नृपाणां श्रुतवृत्तवंशा पुंवत्प्रगल्भा प्रतिहाररक्षी ।
प्राक्संनिकर्षं मगधेश्वरस्य नीत्वा कुमारीमवदत्सुनन्दा ॥२०॥
असौ शरण्यः शरणोन्मुखानामगाधसत्त्वो मगधप्रतिष्ठः ।
राजा प्रजारञ्जनलब्धवर्णः परंतपो नाम यथार्थनामा ॥२१॥

हार बनाए रक्खूगा ॥१४॥ तीसरा राजा भौंहें मटकाकर, पैरकी उँगलियाँ मोड़कर, पैरके नखों की चमक तिरछी डालते हुए पैरकी उँगलियोंसे सोनेके पाँव पीढ़ेपर कुछ लिख रहा था। [इस संकेतसे वह इन्दुमतीको अपने पास बुला रहा था] ॥१५॥ कोई राजा सिंहासनके एक ओर बाईं भुजा टेककर बैठा था और अपने पास बैठे हुए मित्रसे इस प्रकार बात करने लगा कि उसका बायाँ कन्धा उठ गया और गलेकी माला भी पीठपर लटक गई। [इससे उसने यह संकेत किया कि मैं सदा तुम्हे अपनी बाईं ओर बिठाऊँगा] ॥१६॥ एक दूसरा युवा राजा था, जिसके नख मानो प्रियाके नितम्बोंपर चिह्न बनानेके लिये ही बने थे। वह उन नखोंसे केतकीके उन धौले पत्तोंको नोच रहा था जो किसी विलासी स्त्रीके शृङ्गारके लिये कानके आभूषणके रूपमे कटे हुए थे। [इस संकेतसे उसने प्रकट किया कि हम इसी प्रकार तुम्हारे नितम्बोंपर नख-चिह्न लगावेंगे] ॥१७॥ एक दूसरे राजा थे, जिनकी हथेली कमलके समान लाल थी और जिसपर ध्वजाकी रेखाएँ बनी हुई थी। वे अपने हाथमें पासे उछाल रहे थे और उनकी अँगूठीकी झलक पासोंपर पड रही थी। [वे संकेत कर रहे थे कि तुम्हारे साथ विवाह होनेपर हम दिन-रात तुम्हारे साथ पासा खेला करेंगे] ॥१८॥ एक दूसरा राजा बार-बार अपने हाथसे उस मुकुटको सीधा कर रहा था जो पहलेसे ही सीधा था। ऐसा करनेमें उसके हाथोंकी उँगलियोंके बीचका भाग रत्नोंकी किरणोंसे चमक उठता था। [इससे वह संकेत करता था कि मैं तुम्हें सदा सिर-आँखोंपर बिठाए रक्खूँगा ॥१९॥ इसी बीच पुरुषोंके समान ढीठ और राजाओंके वंशोंकी कथा जाननेवाली रनिवासकी प्रतिहारी सुनन्दा, सबसे पहले इन्दुमतीको मगध-नरेशके आगे ले गई और बोली ॥२०॥ ये राजा बड़े पराक्रमी हैं और अपनी शरणमें आनेवालोंकी रक्षा करते हैं। अपनी प्रजाको सुख देकर इन्होंने बड़ा नाम कमाया है। इनका नाम

कामं नृपाः सन्तु सहस्रशोऽन्ये राजन्वतीमाहुरनेन भूमिम् ।
नक्षत्रताराग्रहसंकुलापि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रिः ॥२२॥
क्रियाप्रबन्धादयमध्वराणामजस्रमाहूतसहस्रनेत्रः ।
शच्याश्चिरं पाण्डुकपोललम्बान्मन्दारशून्यानलकांश्चकार ॥२३॥
अनेन चेदिच्छसि गृह्यमाणं पाणिं वरेण्येन कुरु प्रवेशे ।
प्रासादवातायनसंश्रितानां नेत्रोत्सवं पुष्पपुराङ्गनानाम् ॥२४॥
एवं तयोक्ते तमवेक्ष्य किंचिद्विस्रंसिदूर्वाङ्कमधूकमाला ।
ऋजुप्रणामक्रिययैव तन्वी प्रत्यादिदेशैनमभाषमाणा ॥२५॥
तां सैव वेत्रग्रहणे नियुक्ता राजान्तरं राजसुतां निनाय ।
समीरणोत्थेव तरङ्गलेखा पद्मान्तरं मानसराजहंसीम् ॥२६॥
जगाद चैनामयमङ्गनाथो सुराङ्गनाप्रार्थितयौवनश्रीः ।
विनीतनागः किल सूत्रकारैरैन्द्रं पदं भूमिगतोऽपि भुङ्क्ते ॥२७॥
अनेन पर्यासयताश्रुबिन्दून्मुक्ताफलस्थूलतमान्स्तनेषु ।
प्रत्यर्पिताः शत्रुविलासिनीनामुन्मुच्य सूत्रेण विनैव हाराः ॥२८॥

परंतप है और ये सचमुच परन्तप [शत्रुओंको ताप देनेवाले] हैं ॥२१॥ जैसे तारों, ग्रहों और नक्षत्रोंसे भरी रहनेपर भी रात तभी चाँदनी रात कहलाती है जब चन्द्रमा खिला हुआ हो, वैसे ही यद्यपि संसारमें सहस्रों राजा हैं किन्तु पृथ्वी इन्हींके रहनेसे राजावाली कहलाती है ॥२२॥ इन्होंने एकपर एक यज्ञ करके बार-बार इन्द्रको अपने यहाँ बुलाया जिसका फल यह हुआ कि इन्द्राणीके सिरकी चोटी कल्पवृक्षके फूलोंका शृङ्गार न होनेसे पीले गालोंपर झूलने लगी, [क्योंकि पतिके पास न रहनेसे उन्होंने शृङ्गार करना ही छोड़ दिया था] ॥२३॥ यदि इनके साथ तुम विवाह करना चाहती हो तो अवश्य करो । क्योंकि जब तुम विवाह करके इनके साथ इनकी राजधानी [पाटलिपुत्रमें] पहुँचोगी तब वहाँकी स्त्रियाँ झरोखोंमें बैठकर तुम्हें देखेंगी और तुम्हारी सुन्दरता देखकर उनकी आँखोंको सुख मिलेगा ॥२४॥ सुनन्दाकी बात सुनकर इन्दुमतीने तनिक सी आँख उठाकर राजाको देखा । उसके हाथकी दूबमें गुँथी हुई महुएकी माला कुछ सरक गई और बिना कुछ कहे-सुने सीधा-सा प्रणाम करके उसे अस्वीकार करती हुई वह आगे बढ़ गई ॥२५॥ जैसे वायुसे उठी हुई लहरके सहारे मानसरोवरकी राजहंसिनी एक कमलसे दूसरे कमलतक पहुँच जाती है, उसी प्रकार सुनन्दा भी राजकुमारी इन्दुमतीको दूसरे राजाके आगे पहुँचाकर खड़ी हो गई ॥२६॥ और बोली—ये अङ्ग देशके राजा हैं। इनके यौवनको देवताओंकी स्त्रियाँ भी चाहा करती हैं। हाथियोंकी विद्याके बड़े-बड़े गुणी लोग इनके हाथियोंको सिखाते हैं। ये पृथ्वीपर रहते हुए भी इन्द्र ही समझे जाते हैं ॥२७॥ [इन्होंने जिन राजाओंको युद्धमें मार डाला था] उनकी स्त्रियोंने अपने पतियोंके शोकमें मोतियोंके हार तो उतार फेंके थे पर उनके रोनेसे उनके स्तनोंपर गिरती हुई आँसुओंकी बूँदें बड़े-बड़े मोतियोंके समान लगती थीं उन्हें देखकर ऐसा लगता था मानो

निसर्गभिन्नास्पदमेकसंस्थमस्मिन्द्वयं श्रीश्च सरस्वती च ।
कान्त्या गिरा सूनृतया च योग्या त्वमेव कल्याणि तयोस्तृतीया ॥२९॥
अथाङ्गराजादवतार्य चक्षुर्याहीति जन्यामवदत्कुमारी ।
नासौ न काम्यो न च वेद सम्यग्द्रष्टुं न सा भिन्नरुचिर्हि लोकः ॥३०॥
ततः परं दुष्प्रसहं द्विषद्भिर्नृपं नियुक्ता प्रतिहारभूमौ ।
निदर्शयामास विशेषदृश्यमिन्दुं नवोत्थानमिवेन्दुमत्यै ॥३१॥
अवन्तिनाथोऽयमुदग्रबाहुर्विशालवक्षास्तनुवृत्तमध्यः ।
आरोप्य चक्रभ्रममुष्णतेजास्त्वष्ट्रेव यत्नोल्लिखितो विभाति ॥३२॥
अस्य प्रयाणेषु समग्रशक्तेरग्रेसरैर्वाजिभिरुत्थितानि ।
कुर्वन्ति सामन्तशिखामणीनां प्रभाप्ररोहास्तमयं रजांसि ॥३३॥
असौ महाकालनिकेतनस्य वसन्नदूरे किल चन्द्रमौलेः ।
तमिस्रपक्षेऽपि सह प्रियाभिर्ज्योत्स्नावतो निर्विशति प्रदोषान् ॥३४॥
अनेन यूना सह पार्थिवेन रम्भोरु कच्चिन्मनसो रुचिस्ते ।
सिप्रातरङ्गानिलकम्पितासु विहर्तुमुद्यानपरम्परासु ॥३५॥

इन्होंने शत्रुओंकी स्त्रियोंके गलेसे मोतियोंके हार उतार कर उन्हें बिना डोरेवाले [आँसुओंके] हार पहना दिये हों ॥२८॥ यों तो तुम जानती ही हो कि लक्ष्मी और सरस्वती दोनोंमें कभी नहीं बनती, पर इनके पास दोनों ही मिलकर रहती हैं। इसलिये हे कल्याणी ! तुम सुन्दर भी हो और तुम्हारी मधुर वाणी भी है, तुम उन दोनोंके साथ तीसरी बनकर पहुँच सकती हो ॥२९॥ इन्दुमतीने उस अंग देशके राजापरसे आँखें हटाईं और सुनन्दासे कहा आगे चलो—यह बात नहीं थी कि वह राजा सुन्दर न हो और न यही बात थी कि इन्दुमतीने उसे ठीकसे देखा न हो। पर सबकी अपनी अपनी रुचि ही तो है [किसीको कोई अच्छा लगता है किसीको कोई] ॥३०॥ वहाँसे आगे बढ़कर प्रतिहारी सुनन्दाने एक दूसरे राजाको दिखाया जिससे सब शत्रु काँपते थे और जिसका रूप और यौवन पूनोके उठते हुए चन्द्रमाके समान सुन्दर था। उसे दिखाकर सुनन्दा बोली ॥३१॥ 'देखो, ये जो लम्बी भुजा, चौड़ी छाती और पतली गोल कमरवाले राजा सूर्यके समान चमक रहे हैं, ये अवन्तीदेशके राजा हैं और ऐसा जान पड़ता है कि विश्वकर्माने अपने शान चढ़ानेके चक्करपर इन्हें बड़े यत्नसे खराद दिया है ॥३२॥ जब ये शक्तिशाली राजा शत्रुओंपर चढ़ाई करते हैं तब सेनाके आगे चलनेवाले घोड़ोंकी टापोंसे उठी हुई धूलसे शत्रुओंके मुकुटोंकी चमक धुंधली पड़ जाती है ॥३३॥ इनका राज-भवन महाकाल मन्दिरमें बैठे हुए और सिरपर चन्द्रमा धारण करनेवाले शिवजीके पास ही है। इसलिये अँधेरे पाखमें भी शिवजीके सिरपर बने हुए चन्द्रमाकी चाँदनीसे ये अपनी स्त्रियोंके साथ सदा उजले पाखका ही आनन्द लेते हैं। केलेके खम्भेके समान [चिकनी और ढलवाँ] जाँघवाली इन्दुमती ! क्या तुम अवन्तीके उन उद्यानोंमें विहार करना चाहती हो जिनमें दिन-

तस्मिन्नभियोगित्वबन्धुपद्मे प्रतापसशोषितशत्रुपङ्के ।
बबन्ध सा नोत्तमसौकुमार्या कुमुद्वती भानुमतीव भावम् ॥३६॥
तामग्रतस्तामरसान्तराभामनूपराजस्य गुणैरनूनाम् ।
विधाय सृष्टिं ललितां विधातुर्जगाद भूयः सुदतीं सुनन्दा ॥३७॥
सङ्ग्रामनिर्विष्टसहस्रबाहुरष्टादशद्वीपनिखातयूपः ।
अनन्यसाधारणराजशब्दो बभूव योगी किल कार्त्तवीर्यः ॥३८॥
अकार्यचिन्तासमकालमेव प्रादुर्भवँश्चापधरः पुरस्तात् ।
अन्तःशरीरेष्वपि यः प्रजानां प्रत्यादिदेशाविनयं विनेता ॥३९॥
ज्याबन्धनिष्पन्दभुजेन यस्य विनिःश्वसद्वक्त्रपरम्परेण ।
कारागृहे निर्जितवासवेन लङ्केश्वरेणोषितमाप्रसादात् ॥४०॥
तस्यान्वये भूपतिरेष जातः प्रतीप इत्यागमवृद्धसेवी ।
येन श्रियः संश्रयदोषरूढं स्वभावलोलेत्ययशः प्रमृष्टम् ॥४१॥
आयोधने कृष्णगतिं सहायमवाप्य यः क्षत्रियकालरात्रिम् ।
धारां शितां रामपरश्वधस्य संभावयत्युत्पलपत्रसाराम् ॥४२॥

रात सिप्रा नदीका ठंडा वायु हरहराता रहता है ३५॥ सुनन्दाकी बात सुनकर भी सुकुमारी इन्दुमती-को वह मित्रोंको प्रसन्न करनेवाला और शत्रुओंको मारनेवाला प्रतापी राजा उसी प्रकार अच्छा नहीं लगा जैसे कुमुदिनीको वह सूर्य नहीं भाता जो कमलको खिलाता और कीचडको सुखा देता है ॥३६॥ कमलके समान सुन्दरी, बडी गुणवती, विधाताकी सुन्दर रचना और सुन्दर दाँतोंवाली इन्दुमतीको वहाँसे अनूप राजाके आगे ले जाकर सुनन्दा बोली—॥३७॥ 'बहुत दिनोंकी बात है, एक कार्त्तवीर्य नामके बडे योगी हो गये हैं। उनमें बडी भारी बात यह थी कि जब वे लडने जाते थे तब उनके सहस्रों हाथ निकल आते थे। उन्होंने अठारह द्वीपोंमें जाकर यज्ञके खम्भे गाड दिए थे। वे ऐसे प्रतापी थे कि उनके सामने कोई अपनेको राजा ही नहीं कह सकता था ॥३८॥ उनके समयमें यदि कोई पाप करनेका विचार भी करता था तो वे धनुष बाण लेकर उसके सिरपर जा चढते थे। इस ढंगसे उस दण्डधारीने सब लोगोंके मनसे पाप निकाल डाला था ॥३९॥ जिस रावणने इन्द्रको भी जीत लिया था उसको भी उन्होंने अपने कारागारमें बन्दी रख छोडा था। उन्होंने रावणकी भुजाएँ इस प्रकार धनुषकी डोरीसे कसकर बाँध दी थीं कि वह बेचारा दिनरात उसाँसें भरता रहता था और जबतक कार्त्तवीर्य उसपर प्रसन्न नहीं हुए तबतक उन्होंने उसे छोडा नहीं ॥४०॥ उन्हीं प्रसिद्ध राजाके वंशमें ये उत्पन्न हुए हैं, ये वेदों और बडे-बूढों [अथवा वेदके पण्डितों] की बडी सेवा करते हैं। लक्ष्मीको जो चंचलताका दोष लगाया जाता था उनका वह दोष भी तबसे धुल गया जबसे वह इनके साथ रहने लगी [क्योंकि लक्ष्मी तो उसी पुरुषको छोडकर चंचला होकर जाती है जो व्यसनी होते हैं। इनमें कोई व्यसन नहीं, इसलिये इन्हें क्यों छोडकर जायें] ॥४१॥ ये राजा इतने बलवान् हैं कि अग्निकी सहायता पा लेनेसे, ये परशुरामजीके उस फरसेकी तेज धाराको भी

अस्याङ्कलक्ष्मीर्भव दीर्घबाहोर्माहिष्मतीवप्रनितम्बकाञ्चीम् ।
प्रासादजालैर्जलवेणिरम्यां रेवां यदि प्रेक्षितुमस्ति कामः ॥४३॥
तस्याः प्रकामं प्रियदर्शनोऽपि न स क्षितीशो रुचये बभूव ।
शरत्प्रमृष्टाम्बुधरोपरोधः शशीव पर्याप्तकलो नलिन्याः ॥४४॥
सा शूरसेनाधिपतिं सुषेणमुद्दिश्य लोकान्तरगीतकीर्तिम् ।
आचारशुद्धोभयवंशदीपं शुद्धान्तरक्ष्या जगदे कुमारी ॥४५॥
नीपान्वयः पार्थिव एष यज्वा गुणैर्यमाश्रित्य परस्परेण ।
सिद्धाश्रमं शान्तमिवैत्य सत्त्वैर्नैसर्गिकोऽप्युत्ससृजे विरोधः ॥४६॥
यस्यात्मगेहे नयनाभिरामा कान्तिर्हिमांशोरिव सन्निविष्टा ।
हर्म्याग्रसंरूढतृणाङ्कुरेषु तेजोऽविषह्यं रिपुमन्दिरेषु ॥४७॥
यस्यावरोधस्तनचन्दनानां प्रक्षालनाद्वारिविहारकाले ।
कलिन्दकन्या मथुरां गतापि गङ्गोर्मिसंसक्तजलेव भाति ॥४८॥
त्रस्तेन तार्क्ष्यात्किल कालियेन मणिं विसृष्टं यमुनौकसा यः ।
वक्षःस्थलव्यापिरुचं दधानः सकौस्तुभं ह्रेपयतीव कृष्णम् ॥४९॥

कमलकी पखडीके समान कोमल लगाते हैं जिसने युद्धमें क्षत्रियोंका महासंहार कर डाला था ॥४२॥ तुम यदि राजभवनके झरोखोंसे उस सुन्दर लहरोंवाली नर्मदा का मनोहर दृश्य देखना चाहो जो माहिष्मती नगरीके चारों ओर तगड़ी-जैसी घूम गई है तो इस महाबाहु राजासे विवाह करलो ॥४३॥ जैसे खुले आकाशवाली शरदऋतुका मनोहर चन्द्रमा भी कमलिनीको नहीं भाता वैसे ही वह सुन्दर राजा भी इन्दुमतीके मनमें नहीं जँचा ॥४४॥ तब रनिवासकी सेविका सुनन्दा, राजकुमारीको मथुराके उस राजा सुषेणके आगे ले गई जिसकी कीर्ति स्वर्गके देवता भी गाते थे और जिसने अपने शुद्ध चरित्रसे माता और पिताके दोनों कुलोंको उजागर कर दिया था। उन्हें दिखाकर सुनन्दा बोली—॥४५॥ ये राजा बड़ी विधिसे यज्ञ करते हैं और प्रशंसनीय वंशमें उत्पन्न हुए हैं। जैसे ऋषियोंके शान्त आश्रमोंमें सब जीव बैर छोड़कर एक साथ रहते हैं वैसे ही विद्वत्ता और मौन रहना ये परस्पर विरोधी गुण भी इनमें एक साथ रहते हैं ॥४६॥ चन्द्रमाकी चाँदनीके समान आँखोंको सुख देनेवाला इनका प्रकाश तो घरमें रहता है और सूर्य के समान प्रचण्ड तेज शत्रुओंके उन राजभवनोंपर दिखाई देता है जिनके उजड़ जानेपर उनमें घास जम आई है ॥४७॥ जब ये जल-विहार करते हैं और इनकी रानियोंके स्तनोंपर लगा हुआ चन्दन जलमें मिलकर यमुनामें बहने लगता है उस समय मथुरामें भी यमुनाजीका रंग ऐसा प्रतीत होता है मानो वहींपर उनका गंगाजीकी लहरोंसे संगम हो गया हो ॥४८॥ जब ये अपने गलेमें वह मणि पहन लेते हैं, जो उन्हें उस कालिय नागने दी थी जो गरुड़के डरसे यमुनाके जलमें रहने लगा था, तब इनकी शोभाके आगे कौस्तुभ मणि पहने हुए श्रीकृष्णजीकी शोभा भी फीकी पड़ जाती है ॥४९॥

संभाव्य भर्तारममुं युवानं मृदुप्रवालोत्तरपुष्पशय्ये ।
वृन्दावने चैत्ररथादनूने निर्विश्यतां सुन्दरि यौवनश्रीः ॥५०॥
अध्यास्य चाम्भःपृषतोक्षितानि शैलेयगन्धीनि शिलातलानि ।
कलापिनां प्रावृषि पश्य नृत्यं कान्तासु गोवर्धनकन्दरासु ॥५१॥
नृपं तमावर्तमनोज्ञनाभिः सा व्यत्यगादन्यवधूर्भवित्री ।
महीधरं मार्गवशादुपेतं स्रोतोवहा सागरगामिनीव ॥५२॥
अथाङ्गदाश्लिष्टभुजं भुजिष्या हेमाङ्गदं नाम कलिङ्गनाथम् ।
आसेदुषीं सादितशत्रुपक्षं बालामबालेन्दुमुखीं बभाषे ॥५३॥
असौ महेन्द्राद्रिसमानसारः पतिर्महेन्द्रस्य महोदधेश्च ।
यस्य क्षरत्सैन्यगजच्छलेन यात्रासु यातीव पुरो महेन्द्रः ॥५४॥
ज्याघातरेखे सुभुजो भुजाभ्यां बिभर्ति यश्चापभृतां पुरोगः ।
रिपुश्रियां साञ्जनबाष्पसेके बन्दीकृतानामिव पद्धती द्वे ॥५५॥
यमात्मनः सद्मनि संनिकृष्टो मन्द्रध्वनित्याजितयामतूर्यः ।
प्रासादवातायनदृश्यवीचिः प्रबोधयत्यर्णव एव सुप्तम् ॥५६॥

हे सुन्दरी! इनके साथ विवाह करके आप कुबेरके चैत्ररथ नामके उद्यानसे भी बढ़कर सुन्दर वृन्दावनमें कोमल पत्तों और फूलोंकी शय्याओंपर विहार करना ॥५०॥ और वर्षाके दिनोंमें गोवर्धन पर्वतकी सुहावनी गुफाओंमें पानीकी फुहारोंसे भीगी हुई शिलाजीतकी गन्धवाली पत्थरकी पाटियोंपर बैठकर मोरोंका नाच देखना ॥५१॥ पानीके भँवरके समान गहरी नाभिवाली और किसी दूसरेसे विवाह करनेकी इच्छावाली इन्दुमती, राजा सुषेणको छोड़कर उसी प्रकार आगे बढ़ गई जैसे समुद्रकी ओर बढ़ती हुई नदी बीचमें पड़ते हुए पहाड़को छोड़ जाती है ॥५२॥ वहाँसे सुनन्दा दासी पूनोके चन्द्रमाके समान मुखवाली इन्दुमतीको उस कलिङ्ग देशके राजा हेमाङ्गदके आगे ले गई जो अपनी बाँहोंमें भुजबन्ध पहने हुए थे और जिन्होंने अपने शत्रुओंको नष्ट कर डाला था। उन्हें दिखाती हुई सुनन्दा बोली ॥५३॥ इनको देखती हो! ये महेन्द्र पर्वतके समान शक्तिवाले हैं और महेन्द्र पर्वत और समुद्र दोनोंपर इनका अधिकार है। जब ये युद्धके लिये जाते हैं उस समय इनके आगे-आगे चलनेवाले मतवाले हाथी ऐसे लगते हैं मानो हाथियोंका वेष बनाकर स्वयं महेन्द्र पर्वत चला जा रहा हो ॥५४॥ इनको देखती हो न, कैसी सुन्दर इनकी भुजाएँ हैं और धनुषधारियोंमें तो इनसे बढ़कर कोई है ही नहीं। इनकी भुजाओंपर जो दो काली काली रेखाएँ धनुषकी डोरी खींचनेसे बन गई हैं, वे ऐसी जान पड़ती हैं मानो ये शत्रुओंकी उस राज्य लक्ष्मीके आनेकी दो पगडंडियाँ हैं जो इन्होंने शत्रुओंसे छीन ली हो और जिसके कजरारे नैनोंसे बहे आँसुओंके कारण ये काली पड़ गई हों ॥५५॥ ठीक इनके राजभवनके नीचे ही समुद्र हिलोरें लेता है। उसकी लहरें राजभवनके झरोखोंसे स्पष्ट दिखाई देती हैं। जब ये अपने राजभवनमें सोते हैं तब यह समुद्र ही नगाड़ेकी ध्वनिसे भी

अस्याङ्कलक्ष्मीर्भव दीर्घबाहोर्माहिष्मतीवप्रनितम्बकाञ्चीम् ।
प्रासादजालैर्जलवेणिरम्यां रेवां यदि प्रेक्षितुमस्ति कामः ॥४३॥
तस्याः प्रकामं प्रियदर्शनोऽपि न स क्षितीशो रुचये बभूव ।
शरत्प्रमृष्टाम्बुधरोपरोधः शशीव पर्याप्तकलो नलिन्याः ॥४४॥
सा शूरसेनाधिपतिं सुषेणमुद्दिश्य लोकान्तरगीतकीर्तिम् ।
आचारशुद्धोभयवंशदीपं शुद्धान्तरक्ष्या जगदे कुमारी ॥४५॥
नीपान्वयः पार्थिव एष यज्वा गुणैर्यमाश्रित्य परस्परेण ।
सिद्धाश्रमं शान्तमिवैत्य सत्त्वैर्नैसर्गिकोऽप्युत्ससृजे विरोधः ॥४६॥
यस्यात्मगेहे नयनाभिरामा कान्तिर्हिमांशोरिव संनिविष्टा ।
हर्म्याग्रसंरूढतृणाङ्कुरेषु तेजोऽविषह्यं रिपुमन्दिरेषु ॥४७॥
यस्यावरोधस्तनचन्दनानां प्रक्षालनाद्वारिविहारकाले ।
कलिन्दकन्या मथुरां गतापि गङ्गोर्मिसंसक्तजलेव भाति ॥४८॥
त्रस्तेन तार्क्ष्यात्किल कालियेन मणिं विसृष्टं यमुनौकसा यः ।
वक्षःस्थलव्यापिरुचं दधानः सकौस्तुभं ह्रेपयतीव कृष्णम् ॥४९॥

कमलकी पखडीके समान कोमल समझते हैं जिसने युद्धमें क्षत्रियोंका महासंहार कर डाला था ॥४२॥ तुम यदि राजभवनके झरोखोंसे उस सुन्दर लहरोंवाली नर्मदा का मनोहर दृश्य देखना चाहो जो माहिष्मती नगरीके चारों ओर तगडी जैसी घूम गई है तो इन महाबाहु राजासे विवाह करलो ॥४३॥ जैसे खुले आकाशवाली शरदऋतुका मनोहर चन्द्रमा भी कमलिनीको नहीं भाता वैसे ही वह सुन्दर राजा भी इन्दुमतीके मनमें नहीं जँचा ॥४४॥ तब रनिवासकी सेविका सुनन्दा, राजकुमारीको मथुराके उस राजा सुषेणके आगे ले गई जिसकी कीर्ति स्वर्गके देवता भी गाते थे और जिसने अपने शुद्ध चरित्रसे माता और पिताके दोनों कुलोंको उजागर कर दिया था। उन्हे दिखाकर सुनन्दा बोली—॥४५॥ 'ये राजा बडी विधिसे यज्ञ करते हैं और प्रशंसनीय वंशमें उत्पन्न हुए हैं। जैसे ऋषियोंके शान्त आश्रममें सब जीव वैर छोडकर एक साथ रहते हैं वैसे ही विद्वत्ता और मौन रहना ये परस्पर विरोधी गुण भी इनमें एक साथ रहते हैं ॥४६॥ चन्द्रमाकी चाँदनीके समान आँखोंको सुख देनेवाला इनका प्रकाश तो घरमें रहता है और सूर्यके समान प्रचण्ड तेज शत्रुओंके उन राजभवनोंपर दिखाई देता है जिनके उजड जानेपर उनमें घास जम आई है ॥४७॥ जब ये जल-विहार करते हैं और इनकी रानियोंके स्तनोंपर लगा हुआ चन्दन जलमें मिलकर यमुनामें बहने लगता है उस समय मथुरामें भी यमुनाजीका रंग ऐसा प्रतीत होता है मानो वहींपर उनका गंगाजीकी लहरोंसे संगम हो गया हो ॥४८॥ जब ये अपने गलेमें वह मणि पहन लेते हैं, जो उन्हे उस कालिय नागने दी थी जो गरुडके डरसे यमुनाके जलमें रहने लगा था, तब इनकी शोभाके आगे कौस्तुभ मणि पहने हुए श्रीकृष्णजीकी शोभा भी फीकी पड जाती है ॥४९॥

ताम्बूलवल्लीपरिणद्धपूगास्वेलालतालिङ्गितचन्दनासु ।
तमालपत्रास्तरणासु रन्तुं प्रसीद शश्वन्मलयस्थलीषु ॥६४॥
इन्दीवरश्यामतनुर्नृपोऽसौ त्वं रोचनागौरशरीरयष्टिः ।
अन्योन्यशोभापरिवृद्धये वां योगस्तडित्तोयदयोरिवास्तु ॥६५॥
स्वसुर्विदर्भाधिपतेस्तदीयो लेभेऽन्तरं चेतसि नोपदेशः ।
दिवाकरादर्शनबद्धकोशे नक्षत्रनाथांशुरिवारविन्दे ॥६६॥
संचारिणी दीपशिखेव रात्रौ यं यं व्यतीयाय पतिंवरा सा ।
नरेन्द्रमार्गाट्ट इव प्रपेदे विवर्णभावं स स भूमिपालः ॥६७॥
तस्यां रघोः सूनुरुपस्थितायां वृणीत मां नेति समाकुलोऽभूत्।
वामेतरः संशयमस्य बाहुः केयूरबन्धोच्छ्वसितैर्नुनोद ॥६८॥
तं प्राप्य सर्वावयवानवद्यं व्यवर्तताऽन्योपगमात्कुमारी ।
न हि प्रफुल्लं सहकारमेत्य वृक्षान्तरं काङ्क्षति षट्पदाली ॥६९॥
तस्मिन्समावेशितचित्तवृत्तिमिन्दुप्रभामिन्दुमतीमवेक्ष्य ।
प्रचक्रमे वक्तुमनुक्रमज्ञा सविस्तरं वाक्यमिदं सुनन्दा ॥७०॥

पृथ्वीकी सौत बन जाओ जिसकी तगड़ी स्वयं रत्नोंसे भरा समुद्र है ॥६३॥ यदि तुम सदा मलय पर्वतकी उन घाटियों में विहार करना चाहो, जिनमें पानकी बेलोंसे ढके हुए सुपारीके पेड़ खड़े हैं, इलायचीकी बेलोंसे लिपटे हुए चन्दनके पेड़ लगे हैं और स्थान-स्थानपर ताड़के पत्ते फैले हुए हैं, तो तुम इनसे विवाह कर लो ॥६४॥ फिर ये नील कमलके समान साँवले हैं और तुम गोरोचन जैसी गोरी हो, इसलिये यदि तुम दोनोंका विवाह हो जायगा तो तुम ऐसी सुन्दर लगोगी जैसे बादलके साथ बिजली ॥६५॥ सुनन्दाकी बातें इन्दुमतीके मनमें वैसे ही नहीं घर कर सकी जैसे सूर्यके न दिखाई देनेपर बन्द कमलके भीतर चन्द्रमाकी किरणें नहीं पहुँच पातीं ॥६६॥ रातको जब हम दीपक लेकर चलते हैं तब जो-जो राजमार्गके भवन पीछे छूटते चलते हैं वे अँधेरेमें पड़कर धुँधले पड़ते जाते हैं, वैसे ही जिन-जिन राजाओंको छोड़कर इन्दुमती आगे बढ़ गई उनका मुँह उदास पड़ गया ॥६७॥ जब वह रघुके पुत्र अजके आगे आकर खड़ी हुई तब अजके मनमें भी यह धुकधुकी होने लगी कि यह मुझे वरेगी या नहीं। पर उसी समय भुजबन्धके पास उनकी दाईं भुजा फड़क उठी जिससे उनकी शंका दूर हो गई ॥६८॥ इन्दुमतीने जब उन सर्वाङ्ग-सुन्दर राजा अजको देखा तब वह वहीं रुक गई और फिर किसी राजाके आगे नहीं जा सकी क्योंकि जब भौरोंका झुण्ड आमके वृक्षपर पहुँच जाता है तब उन्हें दूसरे वृक्षोंके पास जानेकी चाह नहीं रहती ॥ ६९ ॥ सुनन्दा तो बात चलानेका बड़ा ढंग जानती थी इसलिये जब उसने देखा कि चन्द्रमाके समान मुखवाली इन्दुमती अजके रूपपर

इक्ष्वाकुवंश्यः ककुदं नृपाणां ककुत्स्थ इत्याहितलक्षणोऽभूत् ।
काकुत्स्थशब्दं यत उन्नतेच्छाः श्लाघ्यं दधत्युत्तरकोशलेन्द्राः ॥७१॥
महेन्द्रमास्थाय महोक्षरूपं यः संयति प्राप्तपिनाकिलीलः ।
चकार बाणैरसुराङ्गनानां गण्डस्थलीः प्रोषितपत्रलेखाः ॥७२॥
ऐरावतास्फालनविश्लथं यः संघट्टयन्नङ्गदमङ्गदेन ।
उपेयुषः स्वामपि मूर्तिमग्र्यामर्धासनं गोत्रभिदोऽधितष्ठौ ॥७३॥
जातः कुले तस्य किलोरुकीर्तिः कुलप्रदीपो नृपतिर्दिलीपः ।
अतिष्ठदेकोनशतक्रतुत्वे शक्राभ्यसूयाविनिवृत्तये यः ॥७४॥
यस्मिन्महीं शासति वाणिनीनां निद्रां विहारार्धपथे गतानाम् ।
वातोऽपि नास्रंसयदंशुकानि को लम्बयेदाहरणाय हस्तम् ॥७५॥
पुत्रो रघुस्तस्य पदं प्रशास्ति महाक्रतोर्विश्वजितः प्रयोक्ता ।
चतुर्दिगावर्जितसंभृतां यो मृत्पात्रशेषामकरोद्विभूतिम् ॥७६॥
आरूढमद्रीनुदधीन्वितीर्णं भुजंगमानां वसतिं प्रविष्टम् ।
ऊर्ध्वं गतं यस्य न चानुबन्धि यशः परिच्छेत्तुमियत्तयालम् ॥७७॥

असौ कुमारस्तमजोऽनुजातस्त्रिविष्टपस्येव पतिं जयन्त ।
गुर्वीं धुरं यो भुवनस्य पित्रा धुर्येण दम्यः सदृशं बिभर्ति ॥७८॥
कुलेन कान्त्या वयसा नवेन गुणैश्च तैस्तैर्विनयप्रधानैः ।
त्वमात्मनस्तुल्यममुं वृणीष्व रत्नं समागच्छतु काञ्चनेन ॥७९॥
ततः सुनन्दावचनावसाने लज्जां तनूकृत्य नरेन्द्रकन्या ।
दृष्ट्या प्रसादामलया कुमारं प्रत्यग्रहीत्संवरणस्रजेव ॥८०॥
सा यूनि तस्मिन्नभिलाषबन्धं शशाक शालीनतया न वक्तुम् ।
रोमाञ्चलक्ष्येण स गात्रयष्टिं भित्वा निराक्रामदरालकेश्याः ॥८१॥
तथागतायां परिहासपूर्वं सख्यां सखी वेत्रभृदाबभाषे ।
आर्ये व्रजामोऽन्यत इत्यथैनां वधूरसूयाकुटिलं ददर्श ॥८२॥
सा चूर्णगौरं रघुनन्दनस्य धात्रीकराभ्यां करभोपमोरूः ।
आसञ्जयामास यथाप्रदेशं कण्ठे गुणं मूर्त्तमिवानुरागम् ॥८३॥
तथा स्रजा मङ्गलपुष्पमय्या विशालवक्षःस्थललम्बया सः ।
अमंस्त कण्ठार्पितबाहुपाशां विदर्भराजावरजां वरेण्यः ॥८४॥
शशिनमुपगतेयं कौमुदी मेघमुक्तं जलनिधिमनुरूपं जह्नुकन्यावतीर्णा ।
इति समगुणयोगप्रीतयस्तत्र पौराः श्रवणकटु नृपाणामेकवाक्यं विवव्रुः ॥८५॥

मे और भूत, भविष्य, वर्त्तमान तीनों कालोंमें सब कहीं तो उनका यश फैला हुआ है ॥७७॥ जैसे इन्द्रके पुत्र जयन्त बड़े प्रतापी हुए थे वैसे ही कुमार अज भी उन्हीं प्रतापी रघुके पुत्र हैं और ये भी अपने प्रतापी पिताके समान ही राज्यका सब काम सँभालते है ॥७८॥ इनका कुल, रूप, यौवन, और नम्रता आदि गुण सब तुम्हारे ही जैसे हैं। तुम इनसे अवश्य विवाह करो जिस रत्न और सोने-का ठीक-ठीक मेल हो जाय ॥७९॥ जब सुनन्दा कह चुकी तब इन्दुमतीने संकोच छोड़कर अपनी हँसती हुई आँखें अजपर डाली और आँखों आँखोंमें इस प्रकार उन्हें वर लिया मानो वह दृष्टि ही स्वयंवरकी माला हो ॥८०॥ लाजके मारे इन्दुमती अपने प्रेमकी बात अजसे कह तो न सकी पर उस प्रेमके कारण उसे रोमाच हो आया और घुंघराले बालोंवाली इन्दुमतीके हृदयपर वह प्रेम छिपाने पर भी न छिप सका मानो खड़े हुये रोंगटोंके रूपमें वह प्रेम शरीर फोड़कर निकल आया हो ॥८१॥ सुनन्दाने इन्दुमतीकी यह दशा देखकर ठिठोली करते हुए कहा—आर्ये, चलिए आगे बढ़िए। इसपर इन्दुमतीने आँखें तरेरकर सुनन्दाकी ओर देखा ॥८२॥ हाथी की सूँडके समान जघाओंवाली इन्दुमतीने सुनन्दाके हाथों रघुके पुत्र अजके गलेमें वह स्वयंवरकी माला पहनवा दी जिसके डोरेमें लगी हुई रोली साक्षात् अनुरागके समान ही शोभा दे रही थी ॥८३॥ जब अजके गलेमें वह फूलों की मंगल माला पड़ी और उनकी चौड़ी छातीपर झूल गई तब उसे देखकर अजने यही समझा

प्रमुदितवरपक्षमेकतस्तत्क्षितिपतिमण्डलमन्यतो वितानम् ।
उषसि सर इव प्रफुल्लपद्मं कुमुदवनप्रतिपन्ननिद्रमासीत् ॥८६॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
स्वयंवरवर्णनो नाम षष्ठ सर्गः ॥

मानो इन्दुमतीने मेरे गलेमें अपनी भुजाएँ ही डाल दी हों ॥८४॥ जब वहाँके नगर वासियोंने देखा कि समान गुणवाले अज और इन्दुमतीका सम्बन्ध हो गया तब वे एक साथ बोल उठे—'यह तो चाँदनी और चन्द्रमा का मेल हुआ है और गंगाजी समुद्रमें मिल गई हैं।' दूसरे राजा लोग ज्यों-ज्यों ये सब बातें सुनते जा रहे थे, त्यों-त्यों मनमें कुढ़ते जा रहे थे ॥८५॥ स्वयंवरके मंडपमें एक ओर अजके साथी हँसते हुए खड़े थे और दूसरी ओर उदास मुँहवाले राजा लोग। उस समय वह मण्डप प्रातःकालके उस सरोवर जैसा लगने लगा जिसमें एक ओर खिले हुए कमल दिखाई दे रहे हों और दूसरी ओर मुँदे कुमुदोंका झुण्ड खड़ा हो गया हो ॥८६॥

महाकवि कालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें इन्दुमती-स्वयंवर नामका
छठा सर्ग समाप्त हुआ।

॥ सप्तमः सर्गः ॥

अथोपयन्त्रा सदृशेन युक्तां स्कन्देन साक्षादिव देवसेनाम् ।
स्वसारमादाय विदर्भनाथः पुरप्रवेशाभिमुखो बभूव ॥ १ ॥
सेनानिवेशान्पृथिवीक्षितोऽपि जग्मुर्विभातग्रहमन्दभासः ।
भोज्यां प्रति व्यर्थमनोरथत्वाद्रूपेषु वेषेषु च साभ्यसूयाः ॥ २ ॥
सांनिध्ययोगात्किल तत्र शच्याः स्वयंवरक्षोभकृतामभावः ।
काकुत्स्थमुद्दिश्य समत्सरोपि शशाम तेन क्षितिपाललोकः ॥ ३ ॥
तावत्प्रकीर्णाभिनवोपचारमिन्द्रायुधद्योतिततोरणाङ्कम् ।
वरः स वध्वा सह राजमार्गं प्राप ध्वजच्छायनिवारितोष्णम् ॥ ४ ॥
ततस्तदालोकनतत्पराणां सौधेषु चामीकरजालवत्सु ।
बभूवुरित्थं पुरसुन्दरीणां त्यक्तान्यकार्याणि विचेष्टितानि ॥ ५ ॥
आलोकमार्गं सहसा व्रजन्त्या कयाचिदुद्वेष्टनवान्तमाल्यः ।
बद्धुं न संभावित एव तावत्करेण रुद्धोऽपि च केशपाशः ॥ ६ ॥

सातवाँ सर्ग

स्वयवर हो चुकने पर योग्य पतिसे ब्याही हुई अपनी बहन इन्दुमतीको साथ लेकर विदर्भ-
ेश नगरकी ओर चले । अपनी पत्नी इन्दुमती के साथ जाते हुए अज ऐसे लग रहे थे मानो साक्षात्
ेवसेना के साथ स्कन्द जा रहे हो ॥१॥ दूसरे राजा लोग भी प्रात कालके तारोंके समान अपना
दास मुँह लेकर अपने अपने डेरो मे यह कहते हुए लौट गए कि जब इन्दुमती ही नही मिली
ब हम लोगोंका यह रूप और यह वेश रहा किस कामका ॥२॥ उस स्वयवर मे स्वय इन्द्राणी
पस्थित थी इसलिये वहाँ किसीका साहस नहीं हुआ कि कुछ गडबडी कर सके । यो तो जितने
ारे हुए राजा थे वे सभी अजसे मन ही मन कुढते थे किन्तु इन्द्राणीके रहनेसे उनका भी क्रोध
ण्डा पड गया ॥३॥ उस समय अज अपनी पत्नीके साथ नगरके बीचसे राजपथपर चले जा रहे
े । स्थान-स्थानपर सुन्दर नये फूल उनपर बरसाए जा रहे थे और इन्द्रधनुषके समान रग बिरगे
ोरण उनके स्वागतमे सजाए गए थे । नगरमें इतनी झण्डियाँ लगाई गई थी कि धूप भी रुक गई
ी ॥४॥ उनको देखनेके लिये नगर की सुन्दरियाँ अपना अपना काम छोडकर अपने अपने भवनो के
झरोखो की ओर दौड पडी ॥५॥ एक सुन्दरी उन्हे देखने के लिये जब झरोखेकी ओर लपकी तब
हसा उसका जूडा खुल गया । उस हडबडीमे अपना जूडा बाँधनेकी भी उसे सुध न रही और वह
पने केश हाथमे थामे ही खिडकीपर पहुँच गई । बालो के ढीले पड जानेसे उनमे गुथे हुए फूल

प्रसाधिकालम्बितमग्रपादमाक्षिप्य　काचिद्द्रवरागमेव ।
उत्सृष्टलीलागतिरागवाक्षादलक्तकाङ्कां　पदवीं　ततान ॥७॥
विलोचनं दक्षिणमञ्जनेन　संभाव्य तद्वञ्चितवामनेत्रा ।
तथैव वातायनसंनिकर्षं ययौ शलाकामपरा वहन्ती ॥८॥
जालान्तरप्रेषितदृष्टिरन्या प्रस्थानभिन्नां न बबन्ध नीवीम् ।
नाभिप्रविष्टाभरणप्रभेण हस्तेन तस्थाववलम्ब्य वासः ॥९॥
अर्धाञ्चिता सत्वरमुत्थितायाः पदे पदे दुर्निमिते गलन्ती ।
कस्याश्चिदासीद्रशना तदानीमङ्गुष्ठमूलार्पितसूत्रशेषा ॥१०॥
तासां मुखैरासवगन्धगर्भैर्व्याप्तान्तराः सान्द्रकुतूहलानाम् ।
विलोलनेत्रभ्रमरैर्गवाक्षाः　सहस्रपत्राभरणा　इवासन् ॥११॥
ता राघवं दृष्टिभिरापिबन्त्यो नार्यो न जग्मुर्विषयान्तराणि ।
तथाहि शेषेन्द्रियवृत्तिरासां सर्वात्मना चक्षुरिव प्रविष्टा ॥१२॥
स्थाने वृता भूपतिभिः परोक्षैः स्वयंवरं साधुममंस्त भोज्या ।
पद्मेव नारायणमन्यथासौ लभेत कान्तं कथमात्मतुल्यम् ॥१३॥

बराबर नीचे गिरते जाते थे ॥६॥ एक दूसरी स्त्री अपनी शृङ्गार करनेवाली दासीसे पैरोंमें महावर लगवा रही थी। वह भी अपने पैर खींचकर गीले पैरों से ही झरोखेकी ओर दौड़ पड़ी जिससे झरोखेतक लाल पैरों के छापकी पाँत-सी बनती चली गई ॥७॥ एक तीसरी स्त्री अपनी आँखों में आँजन लगा रही थी। दाईं आँखमें तो लगा चुकी थी पर बाईं आँख में आँजन लगाए बिना ही वह सलाई हाथ में लिए झरोखेकी ओर दौड़ पड़ी ॥८॥ एक और स्त्री झरोखेमें आँख लगाए खड़ी थी। उसका नाड़ा खुल गया था पर उसे बाँधने की सुध ही उसे नहीं थी। वह अपने कपड़े हाथसे थामे इस प्रकार खड़ी थी कि उसके हाथके आभूषणोंकी चमक उसकी नाभितक पहुँच रही थी ॥९॥ एक स्त्री बैठी हुई मणियों की तगड़ी गूँथ रही थी जिसका एक छोर उसने एक पैर के अँगूठेमें बाँध रक्खा था। वह अभी आधी ही पिरो पाई थी कि सहसा उठकर अजको देखनेके लिये झरोखे की ओर लपकी चली गई। फल यह हुआ कि वहाँ पहुँचते पहुँचते मणि तो सब निकल-निकलकर इधर उधर बिखर गए, केवल डोरा-भर पाँवमें बँधा रह गया ॥१०॥ मदिराकी गन्धसे सुवासित मुखोंवाली, झरोखोंमें उत्सुकताके साथ झाँकती हुई वे स्त्रियाँ ऐसी जान पड़ती थीं मानो झरोखोंमें बहुतसे कमल सजे हुए हों और उनपर बहुत से भौंरे आ बैठे हों क्योंकि उनके सुन्दर मुखोंपर आँखें ऐसी जान पड़ती थीं जैसे कमलपर भौंरे बैठे हों ॥११॥ वे स्त्रियाँ ऐसी एकटक होकर अपने नेत्रोंसे अजका रूप पी रही थीं कि उनका ध्यान किसी और कामकी ओर गया ही नहीं मानो उनकी सब इन्द्रियोंकी शक्ति एक आँखोंमें ही आ बसी हो ॥१२॥ [स्त्रियाँ आपसमें कह रही थीं] यों तो बहुतसे राजाओंने अपने

परस्परेण स्पृहणीयशोभं न चेदिदं द्वन्द्वमयोजयिष्यत् ।
अस्मिन्द्वये रूपविधानयत्नः पत्युः प्रजानां वितथोऽभविष्यत्॥१४॥
रतिस्मरौ नूनमिमावभूतां राज्ञां सहस्रेषु तथाहि बाला ।
गतेयमात्मप्रतिरूपमेव मनो हि जन्मान्तरसङ्गतिज्ञम् ॥१५॥
इत्युद्गताः पौरवधूमुखेभ्यः शृण्वन्कथाः श्रोत्रसुखाः कुमारः।
उद्भासितं मङ्गलसंविधाभिः संबन्धिनः सद्म समाससाद ॥१६॥
ततोऽवतीर्याशु करेणुकायाः स कामरूपेश्वरदत्तहस्तः ।
वैदर्भनिर्दिष्टमथो विवेश नारीमनांसीव चतुष्कमन्तः ॥१७॥
महार्हसिंहासनसंस्थितोऽसौ सरत्नमर्घ्यं मधुपर्कमिश्रम् ।
भोजोपनीतं च दुकूलयुग्मं जग्राह सार्धं वनिताकटाक्षैः ॥१८॥
दुकूलवासाः स वधूसमीपं निन्ये विनीतैरवरोधरक्षैः ।
वेलासकाशं स्फुटफेनराजिर्नवैरुदन्वानिव चन्द्रपादैः ॥१९॥
तत्रार्चितो भोजपतेः पुरोधा हुत्वाग्निमाज्यादिभिरग्निकल्पः ।
तमेव चाधाय विवाहसाक्ष्ये वधूवरौ संगमयांचकार ॥२०॥

आप आकर इन्दुमतीसे विवाहकी प्रार्थना की थी, पर राजकुमारीने स्वयंवर करके ही अपना विवाह करना उचित समझा और यह ठीक भी किया। जैसे स्वयंवरमें लक्ष्मीने नारायणको वर लिया वैसे ही इन्दुमतीने भी अजको वर लिया है। बताओ तो बिना स्वयंवरके उसे ऐसा योग्य वर कैसे मिल पाता ॥१३॥ यदि ब्रह्मा यह सुन्दर जोड़ी न मिलाते तो इन दोनोंको सुन्दर बनानेका उनका सब परिश्रम ही व्यर्थ जाता ॥१४॥ ये दोनों पिछले जन्ममें रति और कामदेव ही रहे होंगे। इसीलिये तो सहस्रों राजाओंके बीचमें इन्दुमतीने उन्हें प्राप्त कर लिया क्योंकि पिछले जन्मके सम्बन्धको मन तो भली भाँति पहचान ही लेता है ॥१५॥ नगरकी महिलाओंके मुँहसे इस प्रकारकी बातें सुनते हुए कुमार अज अपने सम्बन्धी भोजके उस राज भवनमें जा पहुँचे जो मंगल सामग्रियोंकी सजावटसे जगमगा रहा था ॥१६॥ वहाँ पहुँचकर वे झटसे हथिनीसे नीचे उतरे और कामरूपके राजाके हाथमें हाथ देकर विदर्भराजके बताये हुए भीतरी चौकमें ऐसे पैठ गये मानो वे वहाँकी स्त्रियोंके मन में भी पैठ गए हों ॥१७॥ वहाँ वे सुन्दर बहुमूल्य सिंहासनपर जाकर बैठ गए। भोजने उन्हें रेशमी वस्त्रोंके एक जोड़ेके साथ जो [दही, मधु और घी मिला हुआ] मधुपर्क भेंट किया उसे उन्होंने वहाँकी नवेलियों की बाँकी चितवनके साथ साथ स्वीकार कर लिया १८॥ चन्द्रमाकी नई किरणें समुद्रकी उजली झागवाली लहरोंको खींचकर दूर किनारेतक ले आती हैं वैसे ही रनिवासके नम्र सेवक अजको इन्दुमतीके पास ले गये ॥१९॥ वहाँ विदर्भराजाके अग्निके समान तेजस्वी पुरोहितने घी आदि सामग्रियों से हवन करके और उसी अग्निको साक्षी बनाकर वर वधूका

हस्तेन हस्तं परिगृह्य वध्वाः स राजसूनुः सुतरां चकासे ।
अनन्तराशोकलताप्रवालं प्राप्येव चूतः प्रतिपल्लवेन ॥२१॥
आसीद्वरः कण्टकितप्रकोष्ठः स्विन्नांगुलिः संववृते कुमारी ।
तस्मिन्द्वये तत्क्षणमात्मवृत्तिः समं विभक्तेव मनोभवेन ॥२२॥
तयोरपाङ्गप्रतिसारितानि क्रियासमापत्तिनिवर्तितानि ।
ह्रीयन्त्रणामानशिरे मनोज्ञामन्योन्यलोलानि विलोचनानि ॥२३॥
प्रदक्षिणप्रक्रमणात्कृशानोरुदर्चिषस्तन्मिथुनं चकासे ।
मेरोरुपान्तेष्विव वर्तमानमन्योन्यसंसक्तमहस्त्रियामम् ॥२४॥
नितम्बगुर्वी गुरुणा प्रयुक्ता वधूर्विधातृप्रतिमेन तेन ।
चकार सा मत्तचकोरनेत्रा लज्जावती लाजविसर्गमग्नौ ॥२५॥
हविःशमीपल्लवलाजगन्धी पुण्यः कृशानोरुदियाय धूमः ।
कपोलसंसर्पिशिखः स तस्या मुहूर्तकर्णोत्पलतां प्रपेदे ॥२६॥
तदञ्जनक्लेदसमाकुलाक्षं प्रम्लानबीजाङ्कुरकर्णपूरम् ।
वधूमुखं पाटलगण्डलेखमाचारधूमग्रहणाद्बभूव ॥२७॥
तौ स्नातकैर्बन्धुमता च राज्ञा पुरंध्रिभिश्च क्रमशः प्रयुक्तम् ।
कन्याकुमारौ कनकासनस्थावार्द्राक्षतारोपणमन्वभूताम् ॥२८॥

गँठजोड़ा कर दिया ।।२०।। जैसे आमका पेड़ अपनी पत्तियोंके साथ-साथ अशोक लताकी लाल पत्तियों के मिल जानेसे मनोहर लगता है वैसे ही जब अजने अपनी बहूका हाथ थामा तब वे भी बहुत सुन्दर लगने लगे ।।२१।। बहूके हाथ थामनेसे अजके गट्टे के पास रोमाञ्च हो आया और इन्दुमती की उँगलियोंमें पसीना आने लगा। उस समय ऐसा प्रतीत हुआ मानो कामदेवने अपने प्रेमका भाव उन दोनोंमें बराबर बाँट दिया हो ।।२२।। वे कनखियोंसे एक दूसरेकी ओर देखते थे और आँखें चार होते ही एक दूसरेको देखकर लज्जासे आँखें नीची कर लेते थे। उनका यह लाजभरा सकोच देखनेवालोंका मन मोहे ले रहा था ।।२३।। अज और इन्दुमती दोनों जब हवनकी अग्निके फेरे देने लगे उस समय ऐसा जान पड़ता था मानो दिन और रातका जोड़ा मिलकर सुमेरु पर्वतकी फेरी दे रहा हो ।।२४।। तब बड़े-बड़े नितम्बोंवाली मत्त चकोरके समान आँखोंवाली, लजीली इन्दुमतीने ब्रह्माके समान पूज्य पुरोहितके कहनेसे अग्निमें धानकी खीलें छोड़ीं ।।२५।। घी शमीके पत्तों और धानकी खीलोंकी गन्धसे भरा हुआ पवित्र धुआँ अग्निसे निकलकर जब इन्दुमतीके कपोलतक पहुँचा तब ऐसा जान पड़ा मानो इन्दुमतीने नीले कमलका कर्णफूल पहन लिया हो ।।२६।। उस विवाहकी अग्निका धुआँ लगनेसे इन्दुमतीकी आँखोंसे अञ्जन मिला हुआ आँसू बहने लगा, कानोंके कर्णफूल कुम्हला गए और गाल लाल हो गए ।।२७।। फेरे हो चुकनेपर सोनेके सिंहासनपर बैठे हुए वर-वधूके ऊपर स्नातकोंने, कुटुम्बियोंने, भोजराजने और पुरोहितजीने बारी-बारीसे अक्षत गीले छोड़कर आशीर्वाद

इति स्वसुर्भोजकुलप्रदीपः संपाद्य पाणिग्रहणं स राजा ।
महीपतीनां पृथगर्हणार्थं समादिदेशाधिकृतानधिश्रीः ॥२९॥
लिङ्गैर्मुदः संवृतविक्रियास्ते ह्रदाः प्रसन्ना इव गूढनक्राः ।
वैदर्भमामन्त्र्य ययुस्तदीयां प्रत्यर्प्य पूजामुपदाच्छलेन ॥३०॥
स राजलोकः कृतपूर्वसंविदारम्भसिद्धौ समयोपलभ्यम् ।
आदास्यमानः प्रमदामिषं तदावृत्य पन्थानमजस्य तस्थौ ॥३१॥
भर्तापि तावत्क्रथकैशिकानामनुष्ठितानन्तरजाविवाहः ।
सत्त्वानुरूपाहरणीकृतश्रीः प्रास्थापयद्राघवमन्वगाच्च ॥३२॥
तिस्रस्त्रिलोकप्रथितेन सार्धमजेन मार्गे वसतीरुषित्वा ।
तस्मादपावर्तत कुण्डिनेशः पर्वात्यये सोम इवोष्णरश्मेः ॥३३॥
प्रमन्यवः प्रागपि कोशलेन्द्रे प्रत्येकमात्तस्वतया बभूवुः ।
अतो नृपाश्चक्षमिरे समेताः स्त्रीरत्नलाभं न तदात्मजस्य ॥३४॥
तमुद्वहन्तं पथि भोजकन्यां रुरोध राजन्यगणः स दृप्तः ।
बलिप्रदिष्टां श्रियमाददानं त्रैविक्रमं पादमिवेन्द्रशत्रुः ॥३५॥

दिए ॥२८॥ उस भोज-कुलके दीपक, लक्ष्मीवान् राजाने अपनी बहन का विवाह-संस्कार पूरा करके सेवकोंको आज्ञा दी कि वे अलग-अलग सब राजाओंका आदर-सत्कार करें ॥२९॥ जैसे तालके निर्मल जलके भीतर ही घड़ियाल भी रहते हैं वैसे ही दूसरे राजा भी ऊपरसे तो बड़े प्रसन्न दिखाई देते थे पर मनमें बड़े कुढ़े हुए थे। वे सब विदर्भराजसे आज्ञा लेकर उनकी दी हुई सामग्रीको भेंटके बहानेसे लौटा-लौटाकर अपने-अपने देशोंको लौट चले ॥३०॥ इन राजाओंने मिलकर पहले ही निश्चय कर लिया था कि जब अज इन्दुमतीको लेकर चलें तो उन्हें घेर लिया जाय और उनसे सुन्दरी इन्दुमतीको छीन लिया जाय इसलिये वे सब मिलकर आगे अजका मार्ग रोककर बीचमें ठहर गए ॥३१॥ इधर छोटी बहिनका विवाह करके विदर्भ-राजने भी अपने सामर्थ्यके अनुसार धन देकर रघुके पुत्र अजको बिदा दी और उनके साथ-साथ जाकर कुछ दूरतक उन्हें पहुँचा आए ॥३२॥ कुण्डिनपुरके राजा भोजने तीनों लोकोंमें विख्यात अजके साथ मार्गमें तीन रातें बिताईं और फिर वैसे ही लौट आए जैसे अमावस्या होनेपर सूर्यके पाससे चन्द्रमा लौट आता है ॥३३॥ जो राजा मार्ग रोके खड़े हुए थे, उनका कोशलपति रघुने दिग्विजयके समय धन छीन लिया था इसलिये वे तो पहलेसे ही उनसे जले बैठे थे। इसीलिये वे यह भी नहीं सह सके कि रघुका पुत्र हम लोगोंके रहते हुए स्त्रियोंमें रत्न इन्दुमतीको लेकर चला जाय ॥३४॥ जब अज इन्दुमतीको साथ लिए चले जा रहे थे उस समय उन अभिमानी राजाओंने अजको उसी प्रकार रोक लिया जैसे इन्द्रके शत्रु वृत्रासुरने वामनके चरणको उस समय रोक लिया था जब वे बलिकी राज्य-लक्ष्मी लेकर चले थे ॥३५॥

तस्याः स रक्षार्थमनल्पयोधमादिश्य पित्र्यं सचिवं कुमारः ।
प्रत्यग्रहीत्पार्थिववाहिनीं तां भागीरथीं शोण इवोत्तरङ्गः ॥३६॥
पत्तिः पदातिं रथिनं रथेशस्तुरङ्गसादी तुरगाधिरूढम् ।
यन्ता गजस्याभ्यपतद्गजस्थं तुल्यप्रतिद्वन्द्वि बभूव युद्धम् ॥३७॥
नदत्सु तूर्येष्वविभाव्यवाचो नोदीरयन्ति स्म कुलोपदेशान् ।
बाणाक्षरैरेव परस्परस्य नामोर्जितं चापभृतः शशंसुः ॥३८॥
उत्थापितः संयति रेणुरश्वैः सान्द्रीकृतः स्यन्दनवंशचक्रैः ।
विस्तारितः कुञ्जरकर्णतालैर्नेत्रक्रमेणोपरुरोध सूर्यम् ॥३९॥
मत्स्यध्वजा वायुवशाद्विदीर्णैर्मुखैः प्रवृद्धध्वजिनीरजांसि ।
बभुः पिबन्तः परमार्थमत्स्याः पर्याविलानीव नवोदकानि ॥४०॥
रथो रथाङ्गध्वनिना विजज्ञे विलोलघण्टाक्वणितेन नागः ।
स्वभर्तृनामग्रहणाद्बभूव सान्द्रे रजस्यात्मपरावबोधः ॥४१॥
आवृण्वतो लोचनमार्गमाजौ रजोऽन्धकारस्य विजृम्भितस्य ।
शस्त्रक्षताश्वद्विपवीरजन्मा बालारुणोऽभूद्रुधिरप्रवाहः ॥४२॥

अजने अपने पिताके मन्त्रीको आज्ञा दी कि थोडेसे योद्धा साथ लेकर इन्दुमतीकी रक्षा करो और वे स्वय उस सेनाको रोककर उसी प्रकार खडे हो गए जैसे बादके दिनोंमें ऊँची तरंगोवाला शोणनद गङ्गाजीकी धाराको रोक लेता है ॥३६॥ लडाई छिड गई। पैदल पैदलो से भिड गये, रथवाले रथवालो से जूझ गए, घुडसवार घुडसवारो से उलझ पडे, हाथी सवार हाथी सवारो पर टूट पडे । इस प्रकार बराबर जोरकी लडाई होने लगी ॥३७॥ वहाँ इतनी तुरहियाँ बज रही थी कि किसीको कुछ सुनाई नही देता था। इसलिये धनुषधारी अपना कुल और नाम भी नहीं पुकार रहे थे। पर वे जो बाण चला रहे थे उनपर खुदे हुए अक्षरोंसे ही उनके नामोंका ज्ञान हो जाता था ॥३८॥ युद्ध-क्षेत्रमें घोडोंकी टापो से जो धूल उठी, उसमें रथके पहियोंसे उठी हुई धूल मिलकर और भी घनी हो गई। हाथियोंके कानोंके डुलानेसे ऐसी धूल चारो ओर फैल गई मानो सूर्यको कपडेसे ढक दिया गया हो ॥३९॥ वायुके कारण सेनाकी मछलीके आकारवाली झडियोंके मुँह खुल गये थे। उनमें जब धूल घुस रही थी तब वे ऐसी जान पडती थी मानो वर्षाका गदला पानी पीती हुई सच्ची मछलियाँ हों ॥४०॥ धूल इतनी गहरी छा गई थी कि उस युद्ध क्षेत्र मे पहियोंका शब्द सुनकर ही वे समझ पाते थे कि रथ आ रहा है और अपना-पराया तब समझते थे जब दोनों ओरके सैनिक अपने-अपने राजाओंका नाम ले-लेकर युद्ध करते थे ॥४१॥ आँखोंके आगे अँधेरा छा देनेवाली और युद्धभूमिमें ऐसी हुई धूलके अँधियारेमें, शस्त्रोंसे घायल घोडों, हाथियों और योद्धाओंके शरीरसे निकला हुआ

स च्छिन्नमूलः क्षतजेन रेणुस्तस्योपरिष्टात्पवनावधूतः ।
अङ्गारशेषस्य हुताशनस्य पूर्वोत्थितो धूम इवावभासे ॥४३॥
प्रहारमूर्च्छापगमे रथस्था यन्तॄनुपालभ्य निवर्तिताश्वान् ।
यैः सादिता लक्षितपूर्वकेतूंस्तानेव सामर्षतया निजघ्नुः ॥४४॥
अप्यर्धमार्गे परबाणलूना धनुर्भृतां हस्तवतां पृषत्काः ।
संप्रापुरेवात्मजवानुवृत्त्या पूर्वार्धभागैः फलिभिः शरव्यम् ॥४५॥
आधोरणानां गजसंनिपाते शिरांसि चक्रैर्निशितैः क्षुराग्रैः ।
हृतान्यपि श्येननखाग्रकोटिव्यासक्तकेशानि चिरेण पेतुः ॥४६॥
पूर्वं प्रहर्ता न जघान भूयः प्रतिप्रहाराक्षममश्वसादी ।
तुरङ्गमस्कन्धनिषण्णदेहं प्रत्याश्वसन्तं रिपुमाचकाङ्क्ष ॥४७॥
तनुत्यजां वर्मभृतां विकोशैर्बृहत्सु दन्तेष्वसिभिः पतद्भिः ।
उद्यन्तमग्निं शमयांबभूवुर्गजा विविग्नाः करशीकरेण ॥४८॥
शिलीमुखोत्कृत्तशिरः फलाढ्या च्युतैः शिरस्त्रैश्चषकोत्तरेव ।
रणक्षितिः शोणितमद्यकुल्या रराज मृत्योरिव पानभूमिः ॥४९॥

लहू, प्रात कालके सूर्यकी लाली जैसा लगने लगा ॥४२॥ पृथ्वीपर इतना रक्त बहा कि नीचेकी धूल दब गई और जो धूल उठ चुकी थी वह वायुके सहारे इधर-उधर फैलकर उस धुँए जैसी लगने लगी जो अग्निसे उठकर ऊपर फैल चुका हो और नीचे केवल अंगारे बचे रह गये हों ॥४३॥ जो योद्धा चोट लगनेसे मूर्च्छित हो गये थे उनको उनके सारथी रथपर डालकर लौटा लाए। पर जब उनकी मूर्च्छा दूर हुई तो वे अपने सारथियोंको बहुत बुरा भला कहने लगे और जिनकी मारसे वे घायल हुए थे उन्हें रथके झण्डोंसे पहचान पहचानकर मारने लगे ॥४४॥ जिन धनुषधारियोंके हाथ बाण चलानेमें सधे हुए थे उनके बाण यद्यपि शत्रुओंके बाणोंसे बीचम-ही दो टूक हो जाते थे फिर भी उनमें इतना वेग होता था कि उनका फल लगा हुआ अगला भाग लक्ष्यपर पहुँच ही जाता था ॥४५॥ जहाँ हाथियोंका युद्ध हो रहा था वहाँ पैने छुरेवाले चक्रोंसे जिन हाथीवानोंके सिर कट गए थे वे सिर बहुत देरसे पृथ्वीपर गिरते थे, क्योंकि उनके लम्बे लम्बे बाल बाजों के नखों में उलझनेसे बहुत देरतक ऊपर ही टँगे रह जाते थे ॥४६॥ एक घुड़सवारने अपने शत्रु घुड़सवारपर पहले चोट की। चोट खातेही वह घोड़ेके कन्धेपर झुक गया और उसमें इतनी भी शक्ति न रही कि सिरतक उठा सके। जिस घुड़सवारने प्रहार किया था उसने यह देखकर फिर उसपर हाथ नहीं उठाया, उलटे यह मनाने लगा कि यह फिरसे जी उठे [और फिर उससे लड़ा जाय क्योंकि मरेको मारना कायरता है] ॥४७॥ जो कवचधारी योद्धा अपने प्राण हथेली पर लिए लड़ रहे थे, उन्होंने नंगी तलवारसे जब हाथियोंके दाँतोंपर चोटें कीं तब चिनगारी निकलने लगी। उस चिनगारी से हाथी इतने डर गए कि वे अपनी सूँडके जलसे उस आगको बुझाने लगे ॥४८॥ वह युद्धक्षेत्र मृत्यु

उपान्तयोर्निष्कुषितं विहंगैराक्षिप्य तेभ्यः पिशितप्रियापि ।
केयूरकोटिक्षततालुदेशा शिवा भुजच्छेदमपाचकार ॥५०॥
कश्चिद्द्विषत्खड्गहृतोत्तमाङ्गः सद्यो विमानप्रभुतामुपेत्य ।
वामाङ्गसंसक्तसुराङ्गनः स्वं नृत्यत्कबन्धं समरे ददर्श ॥५१॥
अन्योन्यसूतोन्मथनादभूतां तावेव सूतौ रथिनौ च कौचित् ।
व्यश्वौ गदाव्यायतसंप्रहारौ भग्नायुधौ बाहुविमर्दनिष्ठौ ॥५२॥
परस्परेण क्षतयोः प्रहर्त्रोरुत्क्रान्तवाय्वोः समकालमेव ।
अमर्त्यभावेऽपि कयोश्चिदासीदेकाप्सरःप्रार्थितयोर्विवादः ॥५३॥
व्यूहावुभौ तावितरेतरस्माद्भङ्गं जयं चापतुरव्यवस्थम् ।
पश्चात्पुरोमारुतयोः प्रवृद्धौ पर्यायवृत्त्येव महार्णवोर्मी ॥५४॥
परेण भग्नेऽपि बले महौजा ययावजः प्रत्यरिसैन्यमेव ।
धूमो निवर्त्येत समीरणेन यतस्तु कक्षस्तत एव वह्निः ॥५५॥
रथी निषङ्गी कवची धनुष्मान्दृप्तः स राजन्यकमेकवीरः ।
निवारयामास महावराहः कल्पक्षयोद्वृत्तमिवार्णवाम्भः ॥५६॥

देवके उस मदिरालय-सा जान पड़ने लगा जिसमें बाणोंसे कटे हुए सिर ही मानो फल हों, उलटकर गिरे हुए कूँडे ही मानो प्याले हों और बहता हुआ रक्त ही मानो मदिरा हो ॥४९॥ एक स्थानपर किसीके बाँहका टुकड़ा कटा पड़ा था, जिसे गिद्ध आदि पक्षियोंने नोच रक्खा था। उसे मांसके लोभसे सियारिन खींच ले गई, पर ज्योंही उसने उसपर मुँह मारा त्योंही बाँहमें बँधे हुए भुजबन्धकी नोकसे उसका तालु छिद गया और उसने उसे वहींपर छोड़ दिया ॥५०॥ एक योद्धाका सिर शत्रुकी तलवारसे कट गया। युद्धमें मृत्यु होनेसे वह देवता हो गया और अपने बाएँ एक अप्सरा लिए हुए विमानपर चढ़कर आकाशसे यह देखने लगा कि मेरा धड़ रणभूमिमें किस प्रकार नाच रहा है ॥५१॥ दो योद्धाओंके सारथी मारे जा चुके थे इसलिये वे अपने आप रथ भी चला रहे थे और लड़ भी रहे थे। पर जब उनके घोड़े भी मारे जा चुके तब वे रथसे उतरकर पैदल ही गदा लेकर लड़ने लगे और जब गदाएँ भी टूट गईं तब वे मल्ल-युद्ध करने लगे ॥५२॥ दो वीर एक दूसरेके प्रहारसे एक साथ मारे गए। दोनों देवता होकर जब स्वर्गमें पहुँचे तब वहाँ एक ही अप्सरापर दोनों रीझ गए और वहाँ भी वे आपसमें झगड़ने लगे ॥५३॥ जैसे समुद्रकी दो लहरें आगे-पीछे झोंका लेनेवाले वायुसे हटती-बढ़ती रहती हैं वैसे ही वे दोनों सेनाएँ भी कभी जीतती थीं और कभी हारती थीं ॥५४॥ यद्यपि शत्रुओंने अजकी सेनाको मारकर भगा दिया था पर महापराक्रमी अज, शत्रुकी सेनामें बढ़ते ही चले गए क्योंकि वायु धुएँको भले ही उड़ा दे पर आग तो उसके सहारे घासफूसको पकड़ती ही चली जाती है ॥५५॥ जैसे प्रलयके समय वराह भगवान् समुद्रके बढ़े हुए जलको चीरते हुए चलते थे वैसे ही घोड़ेपर चढ़े

स दक्षिणं तूणमुखेन वामं व्यापारयन्हस्तमलक्ष्यताजौ ।
आकर्णकृष्टा सकृदस्य योद्धुर्मौर्वीव बाणान्सुषुवे रिपुघ्नान् ॥५७॥
स रोषदष्टाधिकलोहितौष्ठैर्व्यक्तोर्ध्वरेखा भ्रुकुटीर्वहद्भिः ।
तस्तार गां भल्लनिकृत्तकण्ठैर्हुंकारगर्भैर्द्विषतां शिरोभिः ॥५८॥
सर्वैर्बलाङ्गैर्द्विरदप्रधानैः सर्वायुधैः कङ्कटभेदिभिश्च ।
सर्वप्रयत्नेन च भूमिपालास्तस्मिन्प्रजह्रुर्युधि सर्व एव ॥५९॥
सोऽस्त्रव्रजैश्छन्नरथः परेषां ध्वजाग्रमात्रेण बभूव लक्ष्यः ।
नीहारमग्नो दिनपूर्वभागः किंचित्प्रकाशेन विवस्वतेव ॥६०॥
प्रियंवदात्प्राप्तमसौ कुमारः प्रायुङ्क्त राजस्वधिराजसूनुः ।
गान्धर्वमस्त्रं कुसुमास्त्रकान्तः प्रस्वापनं स्वप्ननिवृत्तलौल्यः ॥६१॥
ततो धनुष्कर्षणमूढहस्तमेकांसपर्यस्तशिरस्त्रजालम् ।
तस्थौ ध्वजस्तम्भनिषण्णदेहं निद्राविधेयं नरदेवसैन्यम् ॥६२॥
ततः प्रियोपात्तरसेऽधरोष्ठे निवेश्य दध्मौ जलजं कुमारः ।
तेन स्वहस्तार्जितमेकवीरः पिबन्यशो मूर्तमिवाबभासे ॥६३॥
शङ्खस्वनाभिज्ञतया निवृत्तास्तं सन्नशत्रुं ददृशुः स्वयोधाः ।
निमीलितानामिव पङ्कजानां मध्ये स्फुरन्तं प्रतिमाशशाङ्कम् ॥६४॥

तूणीर बाँधे स्वाभिमानी वीर अज अकेले ही शत्रुओंकी सेनाको चीरते चले जा रहे थे ॥५६॥ वे इतनी फुर्तीसे बाण चला रहे थे कि यह पता ही नहीं चलता था कि उन्होंने कब अपना हाथ तूणीरमें डाला और कब बाण निकाला। वरन् ऐसा जान पड़ता था कि वे जब कानतक धनुषकी डोरी खींचते थे तब उसीमेंसे शत्रुओंका नाश करनेवाले बाण निकलते चले जा रहे थे ॥५७॥ जिन राजाओंने क्रोधसे चबा-चबाकर ओठोंको लाल कर लिया था और जो भौंहें तान-तानकर हुँकार करते हुए आगे बढ़ रहे थे उनके सिर काट-काट कर अजने पृथ्वी पाट दी ॥५८॥ जब उन राजाओंने यह देखा तब वे रथ, घोड़े और पैदल लेकर कवचतक काट देनेवाले पैने अस्त्रोंसे पूरा बल लगाकर एक साथ अजपर प्रहार करने लगे ॥५९॥ इन राजाओंने अजपर इतने अस्त्र बरसाए कि उनका रथ ढक गया। जैसे कोहरेके दिन प्रभात होनेका ज्ञान धुँधले सूर्यको देखकर होता है वैसे ही अजका पता उनके रथकी पताकाके सिरेको देखकर ही मिलता था ॥६०॥ तब महाराज रघुके पुत्र, कामदेवके समान सुन्दर, सावधान अजने प्रियंवदका दिया हुआ वह गन्धर्व अस्त्र राजाओंपर छोड़ा जिससे निद्रा आ जाती है ॥६१॥ अस्त्र छोड़ते ही उन राजाओंकी सेनाके हाथ ऐसे रुक गए कि वे अपने धनुषतक न खींच पाए। उनकी पगड़ियाँ गिरकर कन्धोंपर झूल गईं और सारी सेना झंडियोंके डंडोंके सहारे सो गई ॥६२॥ उस समय इन्दुमतीके चुम्बनका रस लेनेवाले अपने ओठोंसे शंख फूँकते हुए अज ऐसे जान पड़ते थे मानो अपने बाहुबलसे उत्पन्न किए हुए मूर्तिमान यशको ही पी रहे हों ॥६३॥ शंखकी ध्वनिको पहचानकर

सशोणितैस्तेन शिलीमुखाग्रैर्निक्षेपिताः केतुषु पार्थिवानाम्।
यशोहृतं संप्रति राघवेण न जीवितं वः कृपयेति वर्णाः ॥६५॥

स चापकोटीनिहितैकबाहुः शिरस्त्रनिष्कर्षणभिन्नमौलिः।
ललाटबद्धश्रमवारिबिन्दुर्भीतां प्रियामेत्य वचो बभाषे ॥६६॥

इतः परानर्भकहार्यशस्त्रान्वैदर्भि पश्यानुमता मयासि।
एवंविधेनाहवचेष्टितेन त्वं प्रार्थ्यसे हस्तगता ममैभिः ॥६७॥

तस्याः प्रतिद्वन्द्विभवाद्विषादात्सद्यो विमुक्तं मुखमावभासे।
निःश्वासबाष्पापगमात्प्रपन्नः प्रसादमात्मीयमिवात्मदर्शः ॥६८॥

हृष्टापि सा ह्रीविजिता न साक्षाद्वाग्भिः सखीनां प्रियमभ्यनन्दत्।
स्थली नवाम्भःपृषताभिवृष्टा मयूरकेकाभिरिवाभ्रवृन्दम् ॥६९॥

इति शिरसि स वामं पादमाधायराज्ञा-
मुदवहदनवद्यां तामवद्यादपेतः।
रथतुरगरजोभिस्तस्य रूक्षालकाग्रा
समरविजयलक्ष्मीः सैव मूर्ता बभूव ॥७०॥

अजके योद्धा लौट आए। सोते हुए शत्रुओंके बीच अज उन्हें ऐसे लगे मानो मुंदे हुए कमलोंके बीचमें चन्द्रमा चमक रहा हो ॥६४॥ तब उन मूर्छित पड़े हुए राजाओं की ध्वजाओंपर रुधिरसे सने बाणोंकी नोकोंसे यह लिख दिया गया—'हे राजाओ ! इस समय राजकुमार अजने तुम लोगों का यश तो ले लिया पर दया करके प्राण नहीं लिए ॥६५॥ अजने अपने सिरका कूड उतारा तो उनके बाल छितरा गए, उनके माथेपर पसीना छा गया और धनुषके एक छोरपर बांह टेककर वे इन्दुमतीके पास आकर बोले ॥६६॥ 'इन्दुमती ! चलो देखो, युद्धभूमि मे राजा लोग इस प्रकार सोए पड़े हैं कि बालक भी उनके शस्त्र छीन लावें। देखो, इसी बलपर ये तुम्हें मेरे हाथोंसे छीनने चले थे ॥६७॥ जब इन्दुमतीको विश्वास हो गया कि शत्रु मारे गए तब उसका मुंह उस दर्पणके समान सुन्दर लगने लगा जिसपर पड़ी हुई सांसकी भाप पोंछ दी गई हो ॥६८॥ अपने पतिका पराक्रम देखकर इन्दुमती प्रसन्न तो हुई पर वह इतनी लजा गई कि उसके मुंहसे उनके अभिनन्दन के लिए शब्द तक निकले। पर जैसे नये बादलोंकी बूंदोंसे भीगी हुई पृथ्वी मोर के शब्दोंसे मेघोंका स्वागत करती है वैसे ही उसकी सखियोंने जो अजकी प्रशंसा की वह मानो इन्दुमतीने ही उनका अभिनन्दन किया हो ॥६९॥ इस प्रकार पवित्र अज उन राजाओंके सिरोंपर बायां पैर रखकर सुन्दरी इन्दुमतीको लेकर चले। उनके रथके घोड़ोंकी टापोंसे उठी हुई धूलसे इन्दुमतीके केश भर गए थे

प्रथमपरिगतार्थस्तं रघुः संनिवृत्तं
विजयिनमभिनन्द्य श्लाघ्यजायासमेतम् ।
तदुपहितकुटुम्बः शान्तिमार्गोत्सुकोऽभूत्
न हि सति कुलधुर्ये सूर्यवंश्या गृहाय ॥७१॥

इति महाकवि श्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये अजेन्दुमतीपाणिग्रहणो नाम सप्तमः सर्गः ॥

और वह साक्षात् विजयलक्ष्मी जैसी जान पड़ रही थी ॥७०॥ रघुको यह समाचार पहले ही मिल चुका था इसलिये उन्होंने सुन्दरी पत्नी के साथ आए हुए विजयी अजका स्वागत किया और फिर उन्हें कुटुम्बका भार सौंपकर मोक्षकी साधनामें लग गए, क्योंकि सूर्यवंशी राजाओं का यह नियम है कि जब पुत्र कुलका भार सँभालने के योग्य हो जाता है तब वे घरमें नहीं रहते ॥७१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें अजका विवाह नामक सातवाँ सर्ग समाप्त हुआ

॥ अष्टमः सर्गः ॥

अथ तस्य विवाहकौतुकं ललितं बिभ्रत एव पार्थिवः ।
वसुधामपि हस्तगामिनीमकरोदिन्दुमतीमिवापराम् ॥१॥
दुरितैरपि कर्तुमात्मसात्प्रयतन्ते नृपसूनवो हि यत् ।
तदुपस्थितमग्रहीदजः पितुराज्ञेति न भोगतृष्णया ॥२॥
अनुभूय वशिष्ठसंभृतैः सलिलैस्तेन सहाभिषेचनम् ।
विशदोच्छ्वसितेन मेदिनी कथयामास कृतार्थतामिव ॥३॥
स बभूव दुरासदः परैर्गुरुणाथर्वविदा कृतक्रियः ।
पवनाग्निसमागमो ह्ययं सहितं ब्रह्म यदस्त्रतेजसा ॥४॥
रघुमेव निवृत्तयौवनं तममन्यन्त नवेश्वरं प्रजाः ।
स हि तस्य न केवलां श्रियं प्रतिपेदे सकलान्गुणानपि ॥५॥
अधिकं शुशुभे शुभं युना द्वितयेन द्वयमेव सङ्गतम् ।
पदमृद्धमजेन पैतृकं विनयेनास्य नवं च यौवनम् ॥६॥
सदयं बुभुजे महाभुजः सहसोद्वेगमियं व्रजेदिति ।
अचिरोपनतां स मेदिनीं नवपाणिग्रहणां वधूमिव ॥७॥

आठवाँ सर्ग

अभी अजने विवाह का सुन्दर मङ्गल-सूत्र उतारा भी नहीं था कि रघुने अजके हाथोंमें सारी पृथ्वी इस प्रकार सौंप दी मानो वह भी दूसरी इन्दुमती हो ॥१॥ जिस राज्यको पानेके लिये दूसरे राजकुमार खोटे उपायोंका प्रयोग करनेमें भी नहीं सकोच करते, उसी राज्यको अजने केवल अपने पिताकी आज्ञा मानकर ही स्वीकार कर लिया, भोगकी इच्छासे नहीं ॥२॥ जिस समय अजका राज्याभिषेक हुआ उस समय वशिष्ठजीने उनके ऊपर जो पवित्र जल छिड़का वह पृथ्वीपर भी पड़ा। उसके कारण पृथ्वीसे जो भाप निकली वह मानो यह सूचित करती थी कि उसे भी अजके राजा होनेसे सन्तोष है ॥३॥ अथर्ववेदके जाननेवाले वशिष्ठजीने जब उनका राज्याभिषेक कर दिया तब वे इतने तेजस्वी हो उठे कि उनसे सब शत्रु काँप गए क्योंकि जब क्षात्र तेजके साथ ब्रह्मतेज मिल जाता है तब वह वैसा ही बलशाली हो जाता है जैसे वायुका सहारा पाकर अग्नि ॥४॥ वहाँकी प्रजाने भी अजके राजा होनेपर यही समझा मानो रघु ही फिरसे युवा हो गये हों क्योंकि अजने केवल रघुकी राज्य-लक्ष्मीको ही नहीं पाया था वरन् रघुके सब गुण भी उनमें आ गए थे ॥५॥ उस समय संसारमें केवल दो ही वस्तुएँ एक दूसरेसे मिलकर सुन्दर जँचीं, एक तो पिताका भरापूरा राज्य पाकर अज और दूसरे अजको नम्रता पाकर उनका नया यौवन ॥६॥ महाबाहु अजने नई पाई हुई पृथ्वीका पालन यह समझकर दयालुताके साथ करना प्रारम्भ किया कि कहीं अधिक कठोरताका व्यवहार

अहमेव मतो महीपतेरिति सर्वः प्रकृतिष्वचिन्तयत् ।
उदधेरिव निम्नगाशतेष्वभवन्नास्य विमानना क्वचित् ॥ ८ ॥
न खरो न च भूयसा मृदुः पवमानः पृथिवीरुहामिव ।
स पुरस्कृतमध्यमक्रमो नमयामास नृपाननुद्धरन् ॥ ९ ॥
अथ वीक्ष्य रघुः प्रतिष्ठितं प्रकृतिष्वात्मजमात्मवत्तया ।
विषयेषु विनाशधर्मसु त्रिदिवस्थेष्वपि निःस्पृहोऽभवत् ॥१०॥
गुणवत्सुतरोपितश्रियः परिणामे हि दिलीपवंशजाः ।
पदवीं तरुवल्कवाससां प्रयताः संयमिनां प्रपेदिरे ॥११॥
तमरण्यसमाश्रयोन्मुखं शिरसा वेष्टनशोभिना सुतः ।
पितरं प्रणिपत्य पादयोरपरित्यागमयाचतात्मनः ॥१२॥
रघुरश्रुमुखस्य तस्य तत्कृतवानीप्सितमात्मजप्रियः ।
न तु सर्प इव त्वचं पुनः प्रतिपेदे व्यपवर्जितां श्रियम् ॥१३॥
स किलाश्रममन्त्यमाश्रितो निवसन्नावसथे पुराद्बहिः ।
समुपास्यत पुत्रभोग्या स्नुषयेवाविकृतेन्द्रियः श्रिया ॥१४॥

करनेसे वह भी उसी प्रकार न घबरा जाय जैसे नई ब्याही हुई बहू कठोर व्यवहार से घबरा जाती है ॥७॥ वे अपनी प्रजाको बहुत प्यार करते थे। इससे सब लोग अपने-अपने मनमें यही सोचते थे कि वे हमें ही सबसे अधिक मानते हैं। बात यह थी कि जैसे समुद्र सैकड़ों नदियोंसे एकसा ही व्यवहार करता है वैसे ही वे भी न किसीका बुरा चाहते थे न किसीसे बैर करते थे ॥८॥ वे न तो बहुत कठोर थे और न बड़े कोमल। उन्होंने बीचका मार्ग पकड़ा था और अपने शत्रु राजाओंको राजगद्दीसे उतारे बिना ही उनको उसी प्रकार नम्र कर दिया जैसे मध्यम गतिसे बहनेवाला वायु वृक्षोंको उखाड़ता तो नहीं पर झुका अवश्य देता है ॥९॥ जब रघुने देखा कि हमारे पुत्र अजका प्रजामें बड़ा आदर है और वह भली-भाँति राज कर रहा है-तब उन्हें इतना आत्मज्ञान हो गया कि स्वर्गके उन सुखों की चाह भी उन्होंने छोड़ दी जो कभी न कभी नष्ट हो ही जाते हैं ॥१०॥ दिलीप के वंशमें जितने राजा हुए वे बुढ़ौतीमें सब राज-काज अपने गुणवान् पुत्रको सौंपकर नियमसे पेड़की छाल का वस्त्र पहननेवाले संन्यासियोंके समान जंगलमें चले जाते थे ॥११॥ इसलिए जब राजा रघु जंगलमें जाने को उद्यत हुए तब अजने मनोहर पगड़ी-वाला अपना सिर उनके चरणों में नवाकर प्रार्थना की कि आप मुझे छोड़कर न जाइये ॥१२॥ अपने पुत्र अजको रघु बहुत प्यार करते थे, इसलिये अजकी आँखोंमें आँसू देखकर वे रुक तो गए पर जैसे साँप अपनी केंचुली छोड़कर फिर उसे नहीं ग्रहण करता वैसे ही उन्होंने जिस राज्य-लक्ष्मीको एक बार छोड़ दिया फिर स्वीकार नहीं किया ॥१३॥ वे संन्यास लेकर नगरके बाहर एक कुटियामें रहने लगे। जिस भूमिपर उनके पुत्र राज्यकर रहे थे वह जितेन्द्रिय रघुको फल-फूल देकर उसी

प्रशमस्थितपूर्वपार्थिवं कुलमभ्युद्यतनूतनेश्वरम् ।
नभसा निभृतेन्दुना तुलामुदितार्केण समारुरोह तत् ॥१५॥
यतिपार्थिवलिङ्गधारिणौ ददृशाते रघुराघवौ जनैः ।
अपवर्गमहोदयार्थयोर्भुवमंशाविव धर्मयोर्गतौ ॥१६॥
अजिताधिगमाय मन्त्रिभिर्युयुजे नीतिविशारदैरजः ।
अनपायिपदोपलब्धये रघुराप्तैः समियाय योगिभिः ॥१७॥
नृपतिः प्रकृतीरवेक्षितुं व्यवहारासनमाददे युवा ।
परिचेतुमुपांशु धारणां कुशपूतं प्रवयास्तु विष्टरम् ॥१८॥
अनयत्प्रभुशक्तिसंपदा वशमेको नृपतीननन्तरान् ।
अपरः प्रणिधानयोग्यया मरुतः पञ्च शरीरगोचरान् ॥१९॥
अकरोदचिरेश्वरः क्षितौ द्विषदारम्भफलानि भस्मसात् ।
इतरो दहने स्वकर्मणां ववृते ज्ञानमयेन वह्निना ॥२०॥
पणबन्धमुखान्गुणानजः षडुपायुङ्क्त समीक्ष्य तत्फलम् ।
रघुरप्यजयद्गुणत्रयं प्रकृतिस्थं समलोष्टकाञ्चनः ॥२१॥

प्रकार सेवा कर रही थी मानो उनकी पतोहू ही हो ॥१४॥ उस समय सूर्य वंश उस आकाशके समान लग रहा था जिसमें एक ओर चन्द्रमा छिप रहे हों और दूसरी ओर सूर्य निकल रहे हों, [क्योंकि एक ओर राजा रघु सन्यास लेकर शान्तिका जीवन बिता रहे थे और दूसरी ओर ऐश्वर्यशाली अज राजा बनकर गद्दीपर बैठे थे] ॥१५॥ सन्यासी बने हुए रघु और राजा बने हुए अजको देखकर लोगोंने यह समझ लिया कि मोक्ष और ऐश्वर्य देनेवाले धर्मोंके दो अंश पृथ्वीपर साथ-साथ चले आए हैं ॥१६॥ एक ओर अज नीति जाननेवाले मन्त्रियोंके साथ दिग्विजयका विचार करने लगे, दूसरी ओर रघु भी मोक्ष पद पाने के लिये तत्वदर्शी योगियोंके साथ शास्त्र चर्चा करने लगे ॥१७॥ इधर युवा राजा अज जनताके कामोंकी देखभाल करनेके लिये न्यायके आसनपर बैठते थे, उधर बूढ़े रघु अपने मनको साधनेका अभ्यास करनेके लिये अकेलेमें कुशाके पवित्र आसनपर बैठते थे ॥१८॥ अजने तो अपने प्रभुत्व और अपनी शक्तिसे आस पास के शत्रु राजाओंको वशमें कर लिया और रघुने अपने योगबलसे शरीरके भीतर रहनेवाले [प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान इन] पाँचों पवनोंको अपने वशमें कर लिया था ॥१९॥ अजने पृथ्वीपर शत्रुओंकी सब चालें नष्ट कर डालीं और रघुने ज्ञानकी अग्निसे अपने सारे कर्मों को राख कर डाला ॥२०॥ एक ओर अज [संधि, विग्रह, यान, आसन, आश्रय और द्वैधीभाव इन] छह नीतियोंका परिणाम समझकर प्रयोग करते थे, दूसरी ओर मिट्टी और सोना दोनोंको बराबर समझनेवाले रघुने भी प्रकृतिके सत्व, रज और

न नवः प्रभुराफलोदयात्स्थिरकर्मा विरराम कर्मणः ।
न च योगविधेर्नवेतरः स्थिरधीरा परमात्मदर्शनात् ॥२२॥
इति शत्रुषु चेन्द्रियेषु च प्रतिषिद्धप्रसरेषु जाग्रतौ ।
प्रसितावुदयापवर्गयोरुभयीं सिद्धिमुभाववापतुः ॥२३॥
अथ काश्चिदजव्यपेक्षया गमयित्वा समदर्शनः समाः ।
तमसः परमापदव्ययं पुरुषं योगसमाधिना रघुः ॥२४॥
श्रुतदेहविसर्जनः पितुश्चिरमश्रूणि विमुच्य राघवः ।
विदधे विधिमस्य नैष्ठिकं यतिभिः सार्धमनग्निमग्निचित् ॥२५॥
अकरोत्स तदौर्ध्वदैहिकं पितृभक्त्या पितृकार्यकल्पवित् ।
न हि तेन पथा तनुत्यजस्तनयावर्जितपिण्डकाङ्क्षिणः ॥२६॥
स परार्ध्यगतेरशोच्यतां पितुरुद्दिश्य सदर्थवेदिभिः ।
शमिताधिरधिज्यकार्मुकः कृतवानप्रतिशासनं जगत् ॥२७॥
क्षितिरिन्दुमती च भामिनी पतिमासाद्य तमग्र्यपौरुषम् ।
प्रथमा बहुरत्नसूरभूदपरा वीरमजीजनत्सुतम् ॥२८॥

तक इन तीन गुणोंको जीत लिया ॥२१॥ दृढ़ प्रतिज्ञावाले अज जब किसी कामको उठाते थे तो उसे तबतक नहीं छोड़ते थे जबतक वह पूरा नहीं हो जाता था, वैसे ही स्थिर चित्तवाले रघुने भी तबतक योगक्रिया नहीं छोड़ी जबतक उन्हें परमात्माका दर्शन नहीं हो गया ॥२२॥ इस प्रकार एक ओर अज सारे संसारके ऐश्वर्यको प्राप्त करनेमें लगे हुए थे और दूसरी ओर रघु मोक्ष प्राप्त करनेमें मन लगाए हुए थे। अजने अपने शत्रुओंका बढ़ना रोककर और रघुने इन्द्रियोंको वशमें करके अपनी-अपनी सिद्धियाँ प्राप्त कर लीं ॥२३॥ सबको समान समझनेवाले रघुने अजके कहनेसे कुछ वर्ष संसारमें और बिताए। फिर योगबलसे सदा प्रकाशमान, अविनाशी परमात्मामें लीन हो गए ॥२४॥ अपने पिताके देहत्यागका समाचार पाकर अग्निहोत्र करनेवाले अज बहुत रोए। उन्होंने अपने पिताके शरीरका दाहसंस्कार नहीं किया वरन् योगियोंके साथ उनके शरीरको ले जाकर पृथ्वीमें समाधि दे दी [क्योंकि संन्यासियोंका दाहसंस्कार नहीं किया जाता] ॥२५॥ यद्यपि रघु जैसे—जो महात्मा योग बलसे शरीर त्याग करके मुक्त हो जाते हैं उन्हें अपने पुत्रों से पिण्डदान की आवश्यकता नहीं रहती, फिर भी अज तो यह जानते ही थे कि पिताका संस्कार किस प्रकार करना चाहिये। इसलिये उन्होंने बड़ी भक्तिसे अपने पिताके श्राद्ध आदि संस्कार किए ॥२६॥ तत्त्वज्ञानी पण्डितोंने जब अजको समझाया कि तुम्हारे पिताने मोक्ष पा लिया है तब उन्हें धीरज हुआ और उनका शोक कम हुआ। तब वे धनुष-बाण लेकर सारे संसारपर एकछत्र राज्य करने लगे ॥२७॥ पृथ्वी और इन्दुमती दोनों अज जैसे महापराक्रमीको पतिके रूपमें पाकर बड़ी प्रसन्न हुईं और दोनोंमें पृथ्वीने बहुतसे रत्न उत्पन्न किए,

कुसुमान्यपि गात्रसंगमात्प्रभवन्त्यायुरपोहितुं यदि ।
न भविष्यति हन्त साधनं किमिवान्यत्प्रहरिष्यतो विधेः ॥४४॥
अथवा मृदु वस्तु हिंसितुं मृदुनैवारभते प्रजान्तकः ।
हिमसेकविपत्तिरत्र मे नलिनी पूर्वनिदर्शनं मता ॥४५॥
स्रगियं यदि जीवितापहा हृदये किं निहिता न हन्ति माम् ।
विषमप्यमृतं क्वचिद्भवेदमृतं वा विषमीश्वरेच्छया ॥४६॥
अथवा मम भाग्यविप्लवादशनिः कल्पित एष वेधसा ।
यदनेन तरुर्न पातितः क्षपिता तद्विटपाश्रिता लता ॥४७॥
कृतवत्यसि नावधीरणामपराद्धेऽपि यदा चिरं मयि ।
कथमेकपदे निरागसं जनमाभाष्यमिमं न मन्यसे ॥४८॥
ध्रुवमस्मि शठः शुचिस्मिते विदितः कैतववत्सलस्तव ।
परलोकमसंनिवृत्तये यदनापृच्छ्य गतासि मामितः ॥४९॥
दयितां यदि तावदन्वगाद्विनिवृत्तं किमिदं तया विना ।
सहतां हतजीवितं मम प्रबलामात्मकृतेन वेदनाम् ॥५०॥
सुरतश्रमसंभृतो मुखे ध्रियते स्वेदलवोद्गमोऽपि ते ।
अथ चास्तमिता त्वमात्मना धिगिमां देहभृतामसारताम् ॥५१॥

हाय ! जब फूल भी शरीरको छूकर प्राण ले सकते हैं तब तो दैव चाहे जिस वस्तु से किसी को भी मार सकता है ॥४४॥ या संभवत कोमल वस्तुको मारनेके लिये दैव कोमल वस्तुका ही प्रयोग करता हो, क्योंकि मैंने पहले ही देख लिया है कि नलिनीको नष्ट करनेके लिये पाला ही बहुत होता है ॥४५॥ और यदि इस मालामें ही प्राण हरनेकी शक्ति है तो लो मैं भी इसे छाती पर रखे लेता हूँ पर यह मुझे क्यों नहीं मार डालती है। यह ईश्वरकी इच्छा ही तो है, कहीं विष भी अमृत हो जाता है और कहीं अमृत भी विष हो जाता है ॥४६॥ या यह मेरा दुर्भाग्य ही समझना चाहिए कि विधाताने इस मालाको ऐसी बिजली बनाकर गिराया है जिसने पेड़को तो छोड़ दिया पर उसके साथ लिपटी हुई लताको जला दिया ॥४७॥ हे इन्दुमती ! मैंने बहुत अपराध किए पर तुमने कभी मेरा तिरस्कार नहीं किया फिर आज एकाएक बिना अपराधके ही तुम मुझे बात करने के योग्य भी क्यों नहीं समझ रही हो ॥४८॥ हे मधुर हँसी हँसनेवाली ! तुमने सचमुच यह समझा है कि मैं तुमसे झूठा प्रेम करता हूँ इसीलिये तो मुझसे बिना पूछे तुम सदाके लिये परलोकको चलदी ॥४९॥ मेरे ये नीच प्राण जब प्रियाके साथ-साथ एक बार चले गए थे तब ये लौट क्यों आए। जब इनकी करनी ही ऐसी है तब ये भोगें दुःख। मैं क्या कर सकता हूँ ॥५०॥ अभी तुम्हारे मुँहपरसे सम्भोगकी थकावटके पसीनेकी बूँदें भी नहीं सूखीं और तुम चल बसीं। धिक्कार है मनुष्यकी इस नश्वरताको ॥५१॥ मैंने कभी मनसे भी तुम्हारी बुराई नहीं की, फिर

मनसापि न विप्रियं मया कृतपूर्वं तव किं जहासि माम् ।
ननु शब्दपतिः क्षितेरहं त्वयि मे भावनिबन्धना रतिः ॥५२॥
कुसुमोत्खचितान्वलीभृतश्चलयन्भृङ्गरुचस्तवालकान् ।
करभोरु करोति मारुतस्त्वदुपावर्तनशङ्कि मे मनः ॥५३॥
तदपोहितुमर्हसि प्रिये प्रतिबोधेन विषादमाशु मे ।
ज्वलितेन गुहागतं तमस्तुहिनाद्रेरिव नक्तमोषधिः ॥५४॥
इदमुच्छ्वसितालकं मुखं तव विश्रान्तकथं दुनोति माम् ।
निशि सुप्तमिवैकपङ्कजं विरताभ्यन्तरषट्पदस्वनम् ॥५५॥
शशिनं पुनरेति शर्वरी दयिता द्वन्द्वचरं पतत्त्रिणम् ।
इति तौ विरहान्तरक्षमौ कथमत्यन्तगता न मां दहेः ॥५६॥
नवपल्लवसंस्तरेऽपि ते मृदु दूयेत यदङ्गमर्पितम् ।
तदिदं विषहिष्यते कथं वद वामोरु चिताधिरोहणम् ॥५७॥
इयमप्रतिबोधशायिनीं रशना त्वां प्रथमा रहःसखी ।
गतिविभ्रमसादनीरवा न शुचा नानुमृतेव लक्ष्यते ॥५८॥
कलमन्यभृतासु भाषितं कलहंसीषु मदालसं गतम् ।
पृषतीषु विलोलमीक्षितं पवनाधूतलतासु विभ्रमाः ॥५९॥

तुम मुझे क्यों छोड़े जा रही हो । [सत्य पूछो तो] मैं पृथ्वीका पति तो नाम भरको हूँ, मेरा सच्चा प्रेम तो केवल तुमसे ही है ॥५२॥ हे सुन्दर जांघोंवाली ! फूलोंसे गुंथी और भौंरों के समान काली तुम्हारी लटें जब वायुसे हिलती हैं तब मेरे मनमें यही आशा होने लगती है कि तुम अवश्य जी उठोगी ॥५३॥ इसलिये हे प्रिये ! जैसे रातमें चमकनेवाली बूटियाँ अपने प्रकाशसे हिमालयकी अँधेरी गुफामें भी चाँदनी कर देती हैं वैसे ही तुम भी फिरसे जागकर मेरा दुःख मिटाओ ॥५४॥ मौन भौंरोंसे भरे हुए और रातमें मुँदे अकेले कमलके जैसा लगनेवाला तुम्हारा बिखरी अलकोंसे ढका मौन मुख देखकर मेरा हृदय फटा जा रहा है ॥५५॥ देखो चन्द्रमाको रात्रि फिर मिल जाती है, चकवेको चकवी भी प्रातः मिल ही जाती है इसलिये उन्हें बिछोहका दुःख थोड़ी ही देरतक रहता है पर तुम तो सदाके लिये चली जा रही हो, फिर बताओ मैं विरहकी आगमें जलकर क्यों न भस्म हो जाऊँ ॥५६॥ कोमल पल्लवोंका बिछौना भी जिसके शरीरमें चुभता था, हे सुन्दर जंघावाली ! बताओ वही शरीर चितापर कैसे चढ़ सकेगा ॥५७॥ क्या तुम नहीं देख रही हो कि तुम्हारी हाथभरी चालके बन्द हो जानेसे तुम्हारी एकान्त सखी यह तगड़ी भी तुम्हें सदाके लिये सोती देखकर तुम्हारे शोकमें मरी सी दिखाई दे रही है ॥५८॥ तुम्हारी मीठी बोली कोयलोंने ले ली, तुम्हारा धीरे-धीरे चलना कलहंसिनियोंने ले लिया, तुम्हारी चंचल चितवन हरिणियोंको मिल गई और तुम्हारा चुल-

त्रिदिवोत्सुकयाप्यवेक्ष्य मां निहिताः सत्यममी गुणास्त्वया ।
विरहे तव मे गुरुव्यथं हृदयं न त्ववलम्बितुं क्षमाः ॥६०॥
मिथुनं परिकल्पितं त्वया सहकारः फलिनी च नन्विमौ ।
अविधाय विवाहसत्क्रियामनयोर्गम्यत इत्यसांप्रतम् ॥६१॥
कुसुमं कृतदोहदस्त्वया यदशोकोऽयमुदीरयिष्यति ।
अलमाभरणं कथं नु तत्तव नेष्यामि निवापमाल्यताम् ॥६२॥
स्मरतेव सशब्दनूपुरं चरणानुग्रहमन्यदुर्लभम् ।
अमुना कुसुमाश्रुवर्षिणा त्वमशोकेन सुगात्रि शोच्यसे ॥६३॥
तव निःश्वसितानुकारिभिर्बकुलैरर्धचितां समं मया ।
असमाप्य विलासमेखलां किमिदं किन्नरकण्ठि सुप्यते ॥६४॥
समदुःखसुखः सखीजनः प्रतिपच्चन्द्रनिभोऽयमात्मजः ।
अहमेकरसस्तथापि ते व्यवसायः प्रतिपत्तिनिष्ठुरः ॥६५॥
धृतिरस्तमिता रतिश्च्युता विरतं गेयमृतुर्निरुत्सवः ।
गतमाभरणप्रयोजनं परिशून्यं शयनीयमद्य मे ॥६६॥

कुसायन वायुसे हिलती हुई लताओं से पहुँच गया ॥५९॥ अपने स्वर्ग जानेकी उतावलीमें यद्यपि तुमने मुझे बहलानेके लिए अपने गुण यहीं छोड़ दिए हैं पर तुम्हारे बिछोहमें तो मैं इतना अधीर हो गया हूँ कि इन सबसे मेरे हृदयको किसी प्रकार भी सन्तोष नहीं मिल रहा है ॥६०॥ प्रिये ! तुमने उस आम और प्रियंगुलताका विवाह करना पक्का किया था । इन दोनोंका विवाह किए बिना तुम्हारा जाना ठीक नहीं ॥६१॥ देखो ! जिस अशोकको तुमने अपने चरणोंकी ठोकर लगाई थी वह अब आगे चलकर फूलेगा तब तुम्हारे केशोंको सजानेवाले उनके फूलोंको मैं जलदानकी अञ्जलिमें कैसे ले सकूँगा ॥६२॥ हे सुन्दरी ! तुम्हारे झुनझुनाते बिछुओंवाले चरणकी ठोकर किसीको नहीं मिलती पर तुमने बड़ी कृपा करके उस अशोकको ठोकर लगाई थी । अब उन तुम्हारे चरणोंकी कृपाको स्मरण करके ही यह अशोक वृक्ष फूलोंके आँसू बरसाकर तुम्हारे लिए रो रहा है ॥६३॥ हे मधुर-भाषिणी ! अपने श्वासके समान सुगन्ध वाले मौलसिरीके फूलोंकी जो सुन्दर माला तुम मेरे साथ गूँथ रही थी उसे अधगुँथी ही छोड़कर क्या सो रही हो ॥६४॥ तुम्हारे सुख-दुःखकी साथिन ये सखियाँ खड़ी हैं, शुक्ल पक्षके चन्द्रमाके समान प्रसन्न मुखवाला तुम्हारा पुत्र भी यहीं है और तुम्हारा यह अनन्य प्रेमी मैं भी तुम्हारे पास हूँ, फिर हम लोगोंको छोड़कर चले जानेकी जो तुमने ठान ली है तुम्हारी बड़ी कठोरता है ॥६५॥ आज मेरा धीरज छूट गया, आनन्द जाता रहा, गाना-बजाना छूट चला गया, ऋतुएँ फीकी पड़ गई, पहनना ओढ़ना बेकाम हो गया और शय्या भी सूनी हो गई ॥६६॥

गृहिणी सचिवः सखी मिथः प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ ।
करुणाविमुखेन मृत्युना हरता त्वां वद किं न मे हृतम् ॥६७॥
मदिराक्षि मदाननार्पितं मधु पीत्वा रसवत्कथं नु मे ।
अनुपास्यसि बाष्पदूषितं परलोकोपनतं जलाञ्जलिम् ॥६८॥
विभवेऽपि सति त्वया विना सुखमेतावदजस्य गण्यताम् ।
अहृतस्य विलोभनान्तरैर्मम सर्वे विषयास्त्वदाश्रयाः ॥६९॥
विलपन्निति कोशलाधिप करुणार्थग्रथितं प्रियां प्रति ।
अकरोत्पृथिवीरुहानपि स्रुतशाखारसबाष्पदूषितान् ॥७०॥
अथ तस्य कथंचिदङ्कतः स्वजनस्तामपनीय सुन्दरीम् ।
विससर्ज तदन्त्यमण्डनामनलायागुरुचन्दनैधसे ॥७१॥
प्रमदामनु संस्थितः शुचा नृपतिः सन्निति वाच्यदर्शनात् ।
न चकार शरीरमग्निसात्सह देव्या न तु जीविताशया ॥७२॥
अथ तेन दशाहतः परे गुणशेषामुपदिश्य भामिनीम् ।
विदुषा विधयो महर्द्धयः पुर एवोपवने समापिताः ॥७३॥
स विवेश पुरीं तया विना क्षणदापायशशाङ्कदर्शनः ।
परिवाहमिवावलोकयन्स्वशुचः पौरवधूमुखाश्रुषु ॥७४॥

तुम्हीं मेरी स्त्री थी, सम्मति देनेवाली मित्र थी, एकान्तकी सखी थी और गान विद्या आदि कलाओंके ललित कलाओंमे शिष्या थी। तुम्हीं बताओ तुम्हें मुझसे छीनकर निर्दयी विधाताने मेरा क्या नहीं छीन लिया ॥६७॥ हे मदभरे नयनोंवाली ! तुमने मेरे मुँहसे छूटे हुए स्वादिष्ट आसवको पीया है, अब तुम आँसुओंके जलसे मिली हुई गँदली जलाञ्जलिको परलोकमे कैसे पी सकोगी ॥६८॥ इतना ऐश्वर्य होनेपर भी तुम्हारे बिना अजका सारा सुख मिट्टी हो गया है क्योंकि मुझे और किसी वस्तुसे तो प्रेम है नहीं, मेरे तो सब सुखोंका केन्द्र तुम्हीं थी ॥६९॥ जब कौशलनरेश अज अपनी प्रियाके लिये इस प्रकार शोक करके रो रहे थे उस समय उन्हें देखकर वृक्ष भी मानो अपनी शाखाओंसे रस बहाकर रोने लगे ॥७०॥ कुटुम्बियोंने अजकी गोदीसे ज्यों त्यों करके इन्दुमतीका शरीर हटाया और उसी पुष्पमालासे उसका शृङ्गार करके अगर और चन्दनकी लकड़ियोंसे उसका दाह-संस्कार किया ॥७१॥ अपनी पत्नीके वियोगमे राजा अज इतने व्याकुल हो गए कि उन्हें जीनेकी साध जाती रही किन्तु वे इन्दुमतीके साथ इसलिये चितापर नहीं चढ़े कि कहीं लोग यह न कहने लगें कि राजा अजने विद्वान् होकर भी अपनी स्त्रीके पीछे प्राण दे दिए ॥७२॥ जिस इन्दुमतीके केवल गुण भर बचे रह गए थे उस प्रियाके सब क्रिया-कर्म शास्त्र जाननेवाले अजने दस दिन बीत जानेपर उसी उपवनमे बड़े धूम-धामसे पूरे किए ॥७३॥ इन्दुमतीके वियोगमे अज ऐसे उदास लगने लगे जैसे रात बीत जानेपर चन्द्रमा मन्द पड़ जाता है। जब वे नगरमे घुसे तब उन्हें देखकर नगर भरकी

अथ तं सवनाय दीक्षितः प्रणिधानाद्गुरुराश्रमस्थितः ।
अभिषङ्गजडं विजज्ञिवानिति शिष्येण किलान्वबोधयत् ॥७५॥
असमाप्तविधिर्यतो मुनिस्तव विद्वानपि तापकारणम् ।
न भवन्तमुपस्थितः स्वयं प्रकृतौ स्थापयितुं पथश्च्युतम् ॥७६॥
मयि तस्य सुवृत्त वर्तते लघुसंदेशपदा सरस्वती ।
शृणु विश्रुतसत्त्वसार तां हृदि चैनामुपधातुमर्हसि ॥७७॥
पुरुषस्य पदेष्वजन्मनः समतीतं च भवच्च भावि च ।
स हि निष्प्रतिघेन चक्षुषा त्रितयं ज्ञानमयेन पश्यति ॥७८॥
चरतः किल दुश्चरं तपस्तृणबिन्दोः परिशङ्कितः पुरा ।
प्रजिघाय समाधिभेदिनीं हरिरस्मै हरिणीं सुराङ्गनाम् ॥७९॥
स तपःप्रतिबन्धमन्युना प्रमुखाविष्कृतचारुविभ्रमाम् ।
अशपद्भव मानुषीति तां शमवेलाप्रलयोर्मिणा भुवि ॥८०॥
भगवन्परवानयं जनः प्रतिकूलाचरितं क्षमस्व मे ।
इति चोपनतां क्षितिस्पृशं कृतवाना सुरपुष्पदर्शनात् ॥८१॥
क्रथकैशिकवंशसंभवा तव भूत्वा महिषी चिराय सा ।
उपलब्धवती दिवश्च्युतं विवशा शापनिवृत्तिकारणम् ॥८२॥

स्त्रियाँ फूट फूटकर रोने लगी मानो अजका शोक इतनी आँखोसे वह निकला हो ॥७४॥ उन दिनों वशिष्ठजी यज्ञ कर रहे थे। उन्होंने आश्रममें ही योगबलसे राजाके शोकका कारण जान लिया और एक शिष्यसे अजके पास सन्देश भेजा। शिष्यने अजसे आकर कहा—॥७५॥ 'वशिष्ठ मुनिका यज्ञ समाप्त नहीं हुआ है इसलिये आपके दुःखको जानते हुए भी न तो वे आ ही सके और न आपको इस शोकमें धीरज ही बँधा सके ॥७६॥ हे सच्चरित्र राजा! मैं उनका एक छोटासा सन्देश लाया हूँ, उसे आप धीरज रखकर सुनिए और समझिए ॥७७॥ वे अपने ज्ञानके नेत्रोंसे तीनों लोकोंकी बीती हुई, होती हुई और होनेवाली सभी बातें जानते हैं ॥७८॥ एक बार तृणबिन्दु नामक ऋषि तप कर रहे थे। उनकी तपस्यासे डरकर इन्द्रने उनका तप भंग करनेके लिये हरिणी नामकी अप्सरा भेजी ॥७९॥ जैसे प्रलय कालकी लहर समुद्र तटको ढाह देती है वैसे ही ऋषिका तप डिगानेके लिये वह अप्सरा भी वहाँ पहुँची। अप्सराको देखते ही मुनिने क्रोधित होकर शाप दिया कि जा तू संसारमें मनुष्यकी स्त्री हो ॥८०॥ शाप सुनते ही अप्सरा घबरा उठी। वह हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाकर बोली—हे भगवन्! मैंने दूसरोंके कहनेसे यह काम किया है, मेरा इसमें कुछ भी दोष नहीं है, मुझे क्षमा कीजिये। इसपर ऋषिने कहा—जब तक तुम्हें स्वर्गीय पुष्प नहीं दिखाई पड़ेंगे तबतक तुम्हें पृथ्वीपर रहना ही पड़ेगा ॥८१॥ यही अप्सरा क्रथकैशिक (विदर्भ) वंशमें जन्म लेकर तुम्हारी रानी हुई और कुछ दिनों बाद जैसे ही उसे स्वर्गीय पुष्प दिखाई पड़े, वैसे ही वह शापसे छूटकर शरीर छोड़कर चली गई

तदलं तदपायचिन्तया विपदुत्पत्तिमतामुपस्थिता ।
वसुधेयमवेक्ष्यतां त्वया वसुमत्या हि नृपाः कलत्रिणः ॥८३॥
उदये मदवाच्यमुज्झता श्रुतमाविष्कृतमात्मवत्त्वया ।
मनसस्तदुपस्थिते ज्वरे पुनरक्लीबतया प्रकाश्यताम् ॥८४॥
रुदता कुत एव सा पुनर्भवता नानुमृतापि लभ्यते ।
परलोकजुषां स्वकर्मभिर्गतयो भिन्नपथा हि देहिनाम् ॥८५॥
अपशोकमनाः कुटुम्बिनीमनुगृह्णीष्व निवापदत्तिभिः ।
स्वजनाश्रु किलातिसंततं दहति प्रेतमिति प्रचक्षते ॥८६॥
मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः ।
क्षणमप्यवतिष्ठते श्वसन्यदि जन्तुर्ननु लाभवानसौ ॥८७॥
अवगच्छति मूढचेतनः प्रियनाशं हृदि शल्यमर्पितम् ।
स्थिरधीस्तु तदेव मन्यते कुशलद्वारतया समुद्धृतम् ॥८८॥
स्वशरीरशरीरिणावपि श्रुतसंयोगविपर्ययौ यदा ।
विरहः किमिवानुतापयेद्वद बाह्यैर्विषयैर्विपश्चितम् ॥८९॥

॥८२॥ इसीलिए अब आप उसकी मृत्युका शोक न कीजिए, क्योंकि जो जन्म लेता है वह मरता ही है। इसलिये अब शोक छोड़कर सावधान होकर आप पृथ्वीका पालन कीजिए, क्योंकि राजाओंकी सच्ची सहधर्मचारिणी तो पृथ्वी है ॥८३॥ ऐश्वर्य पाकर राजा लोग मतवाले हो जाते हैं, किन्तु आप सुखके दिनोंमें भी इस अपयशसे बचे रहे और अभिमान छोड़कर आपने अपने आत्मज्ञानका परिचय दिया। वैसे ही इस दुःखके समयमें भी धीरज धरकर आप फिर उसी अध्यात्मज्ञानका प्रकाश कीजिए ॥८४॥ रोनेकी तो बात ही क्या, यदि आप मर भी जायें तब भी इन्दुमती आपको नहीं मिल सकती, क्योंकि मरनेपर सब प्राणी अपने अपने कर्मके अनुसार अलग-अलग मार्गोंसे जाते हैं ॥८५॥ अब आप सब शोक छोड़कर पिण्डदान आदि करके अपनी पत्नीका परलोक सुधारिए, क्योंकि शास्त्र कहते हैं कि जब कुटुम्बी बहुत रोते हैं तब उससे प्रेतात्माको बड़ा कष्ट होता है ॥८६॥ देखिए, जिसने देह धारण की है उसका मरना तो स्वाभाविक है। विद्वानोंका तो यह कहना है कि वास्तवमें जीना ही बड़ा भारी विकार है। इसलिये प्राणी जितने क्षण जी जाय उतनेमें ही उसे सन्तोष करना चाहिए ॥८७॥ प्रियजनोंकी मृत्युको मूर्ख लोग वैसा ही कष्टकारक मानते हैं जैसे छातीमें कील गड़ गई हो, पर विद्वान् लोग यह समझते हैं कि जो मर गया वह सब झंझटोंसे छूट गया। उनकी समझमें मृत्युसे वैसा ही सुख मिलता है जैसे हृदयमें गड़ी हुई कील निकालनेसे ॥८८॥ आप ही बताइए कि जब शरीर और आत्मा भी आपसमें बिछुड़ने वाले माने गए हैं, तब पुत्र, स्त्री आदि बाहरी सम्बन्धियोंके बिछुड़नेसे विद्वानोंको क्यों दुःख हो ॥८९॥ और फिर आप तो जितेन्द्रियोंमें

न पृथग्जनवच्छुचो वशं वशिनामुत्तम गन्तुमर्हसि।
द्रुमसानुमतां किमन्तरं यदि वायौ द्वितयेऽपि ते चलाः ॥९०॥
स तथेति विनेतुरुदारमतेः प्रतिगृह्य वचो विससर्ज मुनिम्।
तदलब्धपदं हृदि शोकघने प्रतियातमिवान्तिकमस्य गुरोः ॥९१॥
तेनाष्टौ परिगमिता समाः कथंचिद्बालत्वादवितथसूनृतेन सूनोः।
सादृश्यप्रतिकृतिदर्शनैः प्रियायाः स्वप्नेषु क्षणिकसमागमोत्सवैश्च ॥९२॥
तस्य प्रसह्य हृदयं किल शोकशंकुः प्लक्षप्ररोह इव सौधतलं बिभेद।
प्राणान्तहेतुमपि तं भिषजामसाध्यं लाभं प्रियानुगमने त्वरया स मेने ॥९३॥
सम्यग्विनीतमथ वर्महरं कुमारमादिश्य रक्षणविधौ विधिवत्प्रजानाम्।
रोगोपसृष्टतनुदुर्वसतिं मुमुक्षुः प्रायोपवेशनमतिर्नृपतिर्बभूव ॥९४॥
तीर्थे तोयव्यतिकरभवे जह्नुकन्यासरय्वोर्देहत्यागादमरगणनालेख्यमासाद्य सद्यः।
पूर्वाकाराधिकतररुचा संगतः कान्तयासौ लीलागारेष्वरमत पुनर्नन्दनाभ्यन्तरेषु ॥९५॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
अजविलापो नाम अष्टमः सर्गः ॥

सर्वश्रेष्ठ हैं। आप साधारण लोगोंके समान शोक मत कीजिए। यदि पर्वत भी वृक्षकी भाँति आँधीसे हिल उठेगा तो उन दोनोंमें अन्तर ही क्या रहा ॥९०॥ विद्वान् शिक्षक गुरु वशिष्ठजीका उपदेश राजाने स्वीकार किया और उनके शिष्यको इस प्रकार विदा किया मानो अपने शोकभरे हृदयमें स्थान न दे सकनेसे उनका उपदेश ही लौटा दिया हो ॥९१॥ प्रिय, सत्यभाषी अजने अपने पुत्रके बचपनका ध्यान करके और प्रियाके चित्रको देख-देखकर तथा स्वप्नमें प्रियासे क्षणभरके समागमका आनन्द लेकर किसी-प्रकार आठ वर्ष काट दिए ॥९२॥ कहा जाता है कि जैसे पाकरकी जटाएँ भवनकी छतोंको छेदकर नीचे घुस जाती हैं वैसे ही शोककी बर्छीने राजाके हृदयको बलपूर्वक आरपार बेध दिया था। पर अपनी प्रियाके पीछे प्राण देनेको वे इतने उतावले थे कि उन्होंने प्राण हर लेनेवाली और वैद्योंसे अच्छी न होनेवाली उस रोगकी बर्छीको भी सहायक ही समझा ॥९३॥ तब सुशिक्षित कवचधारी कुमार दशरथको शास्त्रके अनुसार प्रजाका, पालन करनेका उपदेश देकर वे रोगी शरीरसे छुटकारा पानेके लिये अनशन करने लगे ॥९४॥ थोड़े दिनोंमें ही गङ्गा और सरयूके संगमपर उन्होंने अपना शरीर छोड़ दिया और तत्काल देवता बनकर पहले शरीरसे भी अधिक सुन्दर शरीरवाली भार्याके साथ नन्दन वनके विलास-भवनोंमें विहार करने लगे ॥९५॥

महाकवि कालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें
अज-विलाप नाम का आठवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ नवमः सर्गः ॥

पितुरनन्तरमुत्तरकोशलान्समधिगम्य समाधिजितेन्द्रियः ।
दशरथः प्रशशास महारथो यमवतामवतां च धुरि स्थितः ॥ १ ॥
अधिगतं विधिवद्यदपालयत्प्रकृतिमण्डलमात्मकुलोचितम् ।
अभवदस्य ततो गुणवत्तरं सनगरं नगरन्ध्रकरौजसः ॥ २ ॥
उभयमेव वदन्ति मनीषिणः समयवर्षितया कृतकर्मणाम् ।
बलनिषूदनमर्थपतिं च तं श्रमनुदं मनुदण्डधरान्वयम् ॥ ३ ॥
जनपदे न गदः पदमादधावभिभवः कुत एव सपत्नजः ।
क्षितिरभूत्फलवत्यजनन्दने शमरतेऽमरतेजसि पार्थिवे ॥ ४ ॥
दशदिगन्तजिता रघुणा यथा श्रियमपुष्यदजेन ततः परम् ।
तमधिगम्य तथैव पुनर्बभौ न न महीनमहीनपराक्रमम् ॥ ५ ॥
समतया वसुवृष्टिविसर्जनैर्नियमनादसतां च नराधिपः ।
अनुययौ यमपुण्यजनेश्वरौ सवरुणावरुणाग्रसरं रुचा ॥ ६ ॥

नवाँ सर्ग

सबमसे अपनी इन्द्रियोंको जीत लेनेवाले योगियोंमें और प्रजाका पालन करनेवाले राजाओंमें सर्वश्रेष्ठ दशरथजीने अपने पिताके पीछे उत्तर कोशलका राज्य बड़ी योग्यतासे सँभाला ॥१॥ क्रौञ्च पहाड़को फाड़ देनेवाले कार्तिकेयके समान वे बलवान् थे । उन्होंने अपने पुरखोंसे पाई हुई राजधानी और मण्डलोंका ऐसे अच्छे ढंगसे पालन किया कि सारी प्रजा उन्हें पहलेके सभी राजाओंसे बढ़कर मानने लगी ॥२॥ विद्वानोंका कहना है कि संसारमें दो ही तो ऐसे हुए हैं जिन्होंने कर्तव्य-पालन करनेवाले लोगोंको उनके परिश्रमका ठीक-ठीक पुरस्कार दिया है । उनमें से एक तो हैं इन्द्र जिन्होंने समयपर वर्षा करके किसानोंका परिश्रम सफल किया और दूसरे हैं मनुवंशी दशरथ, जिन्होंने सुकर्मियोंको धन देकर उनका पालन-पोषण किया ॥३॥ दशरथजी देवताओंके समान तेजस्वी थे और उनका मन भी सब प्रकारसे शान्त था । राज्यको हाथमें लेते ही उनका देश धन-धान्यसे भर गया, रोग भी उनके राज्यकी सीमामें पैर न रख सके, फिर शत्रुओंके आक्रमणकी तो सम्भावना ही कहाँ थी ॥४॥ जैसे दसों दिशाओंके जीतनेवाले रघुने और उनके पीछे उनके पुत्र अजने पृथ्वीकी शोभा बढ़ाई थी उसी प्रकार उन्हीं दोनोंके समान शक्तिशाली महापराक्रमी दशरथको पाकर पृथ्वीकी शोभा न बढ़ी हो यह बात नहीं है ॥५॥ जैसे यम सबको एक समान समझते हैं वैसे ही ये भी सबसे एक-सा व्यवहार करते थे, जैसे कुबेर धन बरसाते हैं वैसे ही वे भी धन बाँटते थे, जैसे वरुण दुष्टोंको दण्ड देते हैं वैसे ही ये भी दुष्टोंको दण्ड देते थे और जैसे सूर्यका बड़ा तेज है वैसे ही उनका भी तेज था ॥६॥

न मृगयाभिरतिर्न दुरोदरं न च शशिप्रतिमाभरणं मधु ।
तमुदयाय न वा नवयौवना प्रियतमा यतमानमपाहरत् ॥७॥
न कृपणा प्रभवत्यपि वासवे न वितथा परिहासकथास्वपि ।
न च सपत्नजनेष्वपि तेन वागपरुषा परुषाक्षरमीरिता ॥८॥
उदयमस्तमयं च रघूद्वहादुभयमानशिरे वसुधाधिपाः ।
स हि निदेशमलङ्घयतामभूत्सुहृदयोहृदयः प्रतिगर्जताम् ॥९॥
अजयदेकरथेन स मेदिनीमुदधिनेमिमधिज्यशरासनः ।
जयमघोषयदस्य तु केवलं गजवती जवतीव्रहया चमूः ॥१०॥
अवनिमेकरथेन वरूथिना जितवतः किल तस्य धनुर्भृतः ।
विजयदुन्दुभितां ययुरर्णवा घनरवा नरवाहनसंपदः ॥११॥
शमितपक्षबलः शतकोटिना शिखरिणां कुलिशेन पुरंदरः ।
सशरवृष्टिमुचा धनुषा द्विषां स्वनवता नवतामरसाननः ॥१२॥
चरणयोर्नखरागसमृद्धिभिर्मुकुटरत्नमरीचिभिरस्पृशन् ।
नृपतयः शतशो मरुतो यथा शतमखं तमखण्डितपौरुषम् ॥१३॥
निववृते स महार्णवरोधसः सचिवकारितबालसुताञ्जलीन् ।
समनुकम्प्य सपत्नपरिग्रहाननलकानलकानवमां पुरीम् ॥१४॥

सांसारिक ऐश्वर्यको बटोरनेमें वे ऐसे लगे हुये थे कि आखेटका व्यसन, जूएका खेल, चन्द्रमाकी परछाहीं पड़ी हुई मदिरा और नवयौवना पत्नी, कोई भी उन्हें न लुभा सका ॥७॥ वे इतने मनस्वी थे कि इन्द्रतकके आगे वे कभी नहीं गिड़गिड़ाए, हँसीमें भी उन्होंने झूठ नहीं बोला और क्रोधित होनेकी तो बात ही दूर है, उन्होंने अपने शत्रुको भी कोई भी कठोर शब्द नहीं कहा ॥८॥ उन रघुकुलमें श्रेष्ठ दशरथके हाथों बहुतसे राजा बने और बहुतसे बिगड़े क्योंकि जो उनका कहा मान लेते थे उन्हें तो वे दया करके छोड़ देते थे पर जो ऐंठकर उनसे टक्कर लेने आगे आते थे उन्हें वे मिटाकर ही छोड़ते थे ॥९॥ एक धनुष लेकर और केवल एक रथपर चढ़कर ही उन्होंने समुद्रतक फैली हुई सारी पृथ्वी जीत ली। वेगसे चलनेवाले हाथी घोड़ोंकी उनकी सेना तो केवल जय-जयकार भर करती थी ॥१०॥ जिस समय अकेले सुरक्षित रथपर चढ़े कुबेरके समान सम्पत्तिशाली धनुषधारी दशरथजी पृथ्वी जीतते हुए चलते थे उस समय बादलके समान गरजता हुआ समुद्र उनकी विजय-दुंदुभी बजाता था ॥११॥ जैसे इन्द्रने अपने सौ कोरोंवाले वज्रसे पर्वतोंके पंख काट दिये थे वैसे ही नये कमलके समान सुन्दर मुखवाले दशरथजीने अपने बाण बरसानेवाले धनुषसे शत्रुओंको मारकर बिखरा दिया ॥१२॥ और जैसे देवता लोग इन्द्रके चरण छूते हैं वैसे ही सैकड़ों पराक्रमी दशरथके चरणोंपर राजा अपने मुकुट वाले सिर रख दिए जिनके मणि दशरथजीके पैरके नखोंकी ललाईसे चमक उठते थे ॥१३॥ उन्होंने जिन जिन देशोंके राजाओंको मार डाला था उनकी रानियाँ अपने पुत्रोंको लेकर राजा दश-

उपगतोऽपि च मण्डलनाभितामनुदितान्यसितातपवारणः ।
श्रियमवेक्ष्य स रन्ध्रचलामभूदनलसोऽनलसोमसमद्युतिः ॥१५॥
तमपहाय ककुत्स्थकुलोद्भवं पुरुषमात्मभवं च पतिव्रता ।
नृपतिमन्यमसेवत देवता सकमला कमलाघवमर्थिषु ॥१६॥
तमलभन्त पतिं पतिदेवताः शिखरिणामिव सागरमापगाः ।
मगधकोशलकेकयशासिनां दुहितरोऽपितरोपितमार्गणम् ॥१७॥
प्रियतमाभिरसौ तिसृभिर्बभौ तिसृभिरेव भुवं सह शक्तिभिः ।
उपगतो विनिनीषुरिव प्रजा हरिहयोऽरिहयोगविचक्षणः ॥१८॥
स किल संयुगमूर्ध्नि सहायतां मघवतः प्रतिपद्य महारथः ।
स्वभुजवीर्यमगापयदुच्छ्रितं सुरवधूरवधूतभयाः शरैः ॥१९॥
क्रतुषु तेन विसर्जितमौलिना भुजसमाहृतदिग्वसुना कृताः ।
कनकयूपसमुच्छ्रयशोभिनो वितमसा तमसासरयूतटाः ॥२०॥

रथके आगे आईं और उन देशोंके मन्त्रियोंने उन राजाओंको दशरथके आगे हाथ जोड़कर खड़ा कर दिया। उन खुले केशवाली शत्रुओंकी रानियोंके साथ दशरथजीने बड़ी दयाका व्यवहार किया और उस महासमुद्रके तटसे वे अपनी उस अयोध्या राजधानीको लौट आए जो कुबेरकी राजधानी अलकासे किसी प्रकार कम नहीं थी ॥१४॥ चारों ओरके राजाओंका मण्डल उनके हाथमें आ गया जिससे वे अग्नि और चन्द्रमाके समान तेजस्वी लगने लगे। उनका प्रताप इतना बढ़ गया कि उनके आगे कोई भी दूसरा राजा श्वेत छत्र नहीं लगा सकता था। पर चक्रवर्ती हो जानेपर भी आलस्यको वे अपने पास नहीं फटकने देते थे क्योंकि वे जानते थे कि जहाँ एक भी दोष आया कि लक्ष्मी हमें छोड़कर भागी ॥१५॥ और फिर भगवान् विष्णु और दशरथको छोड़कर और दूसरा राजा ही कौन-सा था, जिसके यहाँ हाथमें कमल धारण करनेवाली पतिव्रता लक्ष्मी स्वयं आकर रहती ॥१६॥ जैसे पर्वतोंसे निकलनेवाली नदियाँ समुद्रको पा लेती हैं वैसे ही कोशल, मगध और केकय देशके राजाओंकी *कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी नामकी कन्याओं* ने शत्रुओंपर बाण बरसानेवाले दशरथजीको पतिके रूपमें पा लिया ॥१७॥ शत्रुओंका नाश करनेवाले दशरथजी अपनी तीनों रानियोंके साथ ऐसे जान पड़ते थे मानो पृथ्वीपर राज्य करनेके लिये स्वयं इन्द्र ही [प्रभाव, उत्साह और मन्त्र नामकी] अपनी तीनों शक्तियोंके साथ अवतार लेकर चले आये हों ॥१८॥ कहा जाता है कि महारथी दशरथने युद्धमें इन्द्रकी सहायता करके और अपने बाणों से उनके शत्रुओंका नाश करके देवताओंकी स्त्रियोंका सब डर दूर कर दिया और वे सब दशरथजीके बाहुबलके गीत गाने लगीं ॥१९॥ उन्होंने अपने बाहुबलसे चारों ओरका धन लाकर इकट्ठा किया था और उनमें नामको भी तामसी भाव नहीं था। उन्हीं राजा दशरथने अपना मुकुट उतारकर अश्वमेध यज्ञ करते समय तमसा और सरयूके किनारे

अजिनदण्डभृतं कुशमेखलां यतगिरं मृगशृङ्गपरिग्रहाम् ।
अधिवसंस्तनुमध्वरदीक्षितामसमभासमभासयदीश्वरः ॥२१॥
अवभृथप्रयतो नियतेन्द्रियः सुरसमाजसमाक्रमणोचितः ।
नमयति स्म स केवलमुन्नतं वनमुचे नमुचेररये शिरः ॥२२॥
असकृदेकरथेन तरस्विना हरिहयाग्रसरेण धनुर्भृता ।
दिनकराभिमुखा रणरेणवो रुरुधिरे रुधिरेण सुरद्विषाम् ॥२३॥
अथ समाववृते कुसुमैर्नवैस्तमिव सेवितुमेकनराधिपम् ।
यमकुबेरजलेश्वरवज्रिणां समधुरं मधुरञ्चितविक्रमम् ॥२४॥
जिगमिषुर्धनदाध्युषितां दिशं रथयुजा परिवर्तितवाहनः ।
दिनमुखानि रविर्हिमनिग्रहैर्विमलयन्मलयं नगमत्यजत् ॥२५॥
कुसुमजन्म ततो नवपल्लवास्तदनु षट्पदकोकिलकूजितम् ।
इति यथाक्रममाविरभून्मधुर्द्रुमवतीमवतीर्य वनस्थलीम् ॥२६॥
नयगुणोपचितामिव भूपतेः सदुपकारफलां श्रियमर्थिनः ।
अभिययुः सरसो मधुसंभृतां कमलिनीमलिनीरपतत्रिणः ॥२७॥

कुसुममेव केवलमार्तवं नवमशोकतरोः स्मरदीपनम् ।
किसलयप्रसवोऽपि विलासिनां मदयिता दयिताश्रवणार्पितः ॥२८॥
विरचिता मधुनोपवनश्रियामभिनवा इव पत्त्रविशेषकाः ।
मधुलिहां मधुदानविशारदाः कुरवका रवकारणतां ययुः ॥२९॥
सुवदनावदनासवसंभृतस्तदनुवादिगुणः कुसुमोद्गमः ।
मधुकरैरकरोन्मधुलोलुपैर्बकुलमाकुलमायतपङ्क्तिभिः ॥३०॥
उपहितं शिशिरापगमश्रिया मुकुलजालमशोभत किंशुके ।
प्रणयिनीव नखक्षतमण्डनं प्रमदया मदयापितलज्जया ॥३१॥
व्रणगुरुप्रमदाधरदुःसहं जघननिर्विषयीकृतमेखलम् ।
न खलु तावदशेषमपोहितुं रविरलं विरलं कृतवान्हिमम् ॥३२॥
अभिनयान्परिचेतुमिवोद्यता मलयमारुतकम्पितपल्लवा ।
अमदयत्सहकारलता मनः सकलिका कलिकामजितामपि ॥३३॥
प्रथममन्यभृताभिरुदीरिताः प्रविरला इव मुग्धवधूकथाः ।
सुरभिगन्धिषु शुश्रुविरे गिरः कुसुमितासु मिता वनराजिषु ॥३४॥

फूलोंको देखकर ही कामोद्दीपन नहीं होता था वरन् कामियोंको मतवाला बनानेवाले जो कोमल कोप-लोंके गुच्छे स्त्रियोंने अपने कानोंपर रख लिए थे उन्हें देखकर भी मन हाथसे निकल जाता था ॥२८॥ वनमें खड़े हुए कुरवकके पेड़ ऐसे जान पड़ते थे मानो वसन्तने वनश्रीके शरीरपर बेलबूटे चीतकर उसका शृङ्गार किया गया हो। उन पेड़ोंसे इतना मधु बह रहा था कि भौंरे मस्त होकर उन्हींपर गुनगुना रहे थे ॥२९॥ बकुलके जो वृक्ष सुन्दरी स्त्रियोंके मुखकी मदिराके छींटेसे फूल उठे थे और जिनमें उन्हीं स्त्रियोंके समान गुण भी भरे थे, उनको झुण्डमें उड़ते हुए मधुके लोभी भौंरोंने बड़ा झकझोरा ॥३०॥ वसन्तके आनेसे पलासमें फूट निकली हुई कलियाँ ऐसी जान पड़ती थीं मानो कामके आवेशमें लाज छोड़कर किसी कामिनीने अपने प्रियतमके शरीरपर अनेक नख-क्षत कर डाले हों ॥३१॥ अभी वह ठंड भली प्रकार दूर नहीं हुई थी जिसमें पतियोंके दाँतोंसे घायल हुए स्त्रियोंके ओठ दुखा करते हैं और स्त्रियाँ अपनी कमरकी तगड़ी भी ठण्डी होनेके कारण उतार डालती हैं। पर हाँ, सूर्यने कुछ जाड़ा कम अवश्य कर दिया था ॥३२॥ नये बौरे हुए आमके वृक्षोंकी डालियाँ मलयके वायुसे झूम उठीं मानो उन्होंने अभिनय सीखना प्रारम्भ कर दिया हो। उन्हें देखकर राग-द्वेषको जीतने वाले योगियोंका मन भी मचल उठा ॥३३॥ जिस समय मनहर सुगन्धवाली वनकी लताओंपर बैठकर कोयलने कूक सुनाई तो ऐसा जान पड़ा मानो कहीं कोई मुग्धा नायिका ही बोल

श्रुतिसुखभ्रमरस्वनगीतयः कुसुमकोमलदन्तरुचो बभुः ।
उपवनान्तलताः पवनाहतैः किसलयैः सलयैरिव पाणिभिः ॥३५॥
ललितविभ्रमबन्धविचक्षणं सुरभिगन्धपराजितकेसरम् ।
पतिषु निर्विविशुर्मधुमङ्गनाः स्मरसखं रसखण्डनवर्जितम् ॥३६॥
शुशुभिरे स्मितचारुतराननाः स्त्रिय इव श्लथशिञ्जितमेखलाः ।
विकचतामरसा गृहदीर्घिका मदकलोदकलोलविहंगमाः ॥३७॥
उपययौ तनुतां मधुखण्डिता हिमकरोदयपाण्डुमुखच्छविः ।
सदृशमिष्टसमागमनिर्वृतिं वनितयानितया रजनीवधूः ॥३८॥
अपतुषारतया विशदप्रभैः सुरतसङ्गपरिश्रमनोदिभिः ।
कुसुमचापमतेजयदंशुभिर्हिमकरो मकरोर्जितकेतनम् ॥३९॥
हुतहुताशनदीप्तिवनश्रियः प्रतिनिधिः कनकाभरणस्य यत् ।
युवतयः कुसुमं दधुराहितं तदलके दलकेसरपेशलम् ॥४०॥
अलिभिरञ्जनबिन्दुमनोहरैः कुसुमपङ्क्तिनिपातिभिरङ्कितः ।
नखलु शोभयति स्म वनस्थलीन तिलकस्तिलकः प्रमदामिव ॥४१॥

उठी हो ॥३४॥ बनके किनारे बढी हुई लताएं ऐसी सजीव-सी जान पडती थी मानों कानोंको सुख देनेवाली भौंरोकी गुञ्जार ही उनके गीत हो, खिले हुए कोमल फूल ही उनकी हँसीके दाँत हो और वायुसे हिली हुई शाखाओंवाले हाथोंसे वे अनेक प्रकारके हाव भाव दिखा रही हो ॥३५॥ चितवन आदि मधुर हाव भाव करानेको उकसानेवाले और बकुलको भी अपनी गन्धसे हरानेवाले कामदेवके साथी मधको स्त्रियोने अपने पतिके प्रेममे बिना बाधा दिए ही पी लिया ॥३६॥ लोगोंके घरोके भीतर बनी हुई बावलियोमें जो कमल खिले हुए थे और वहाँ मधुर शब्द करते हुए जो जल पक्षी तैर रहे थे उनसे वे बावलियाँ ऐसी सुन्दर जान पडती थी मानो उनमे मुसकराती हुई सुन्दर मुखवाली और ढीली होनेके कारण बजती हुई तगडी (करधनी) वाली स्त्रियाँ विहार कर रही हो ॥३७॥ जैसे अपने प्रियतमसे समागम न होनेके कारण खडिता नायिका सूखती जाती है वैसे ही रात्रि रूपी नायिका भी वसन्तके आनेसे छोटी होती चली गई और उसका चन्द्रमावाला मुख भी पीला पडता गया ॥३८॥ पाला दूर हो जानेसे चन्द्रमा निर्मल हो गया। सभोगकी थकावटको दूर करनेवाली उसकी ठढी किरणो से कामदेवके फूलोके धनुषको मानो और भी अधिक बल मिल गया हो ॥३९॥ हवनकी अग्निके समान चमकते हुए कनेरके फूल वनलक्ष्मीके कानोंके कर्णफूल जैसे जान पडते थे। अपने प्रियतमोंके हाथोंसे जूडोंमें खोंसे हुए वे सुन्दर पखडी और परागवाले फूल स्त्रियोंके केशोमे बडे सुन्दर लग रहे थे ॥४०॥ तिलकके वृक्षने भी वनस्थलीकी कम शोभा नहीं बढाई। जैसे किसी युवतीके श्रृंगारके लिये उसका मुँह चीता जाता है वैसे ही उस तिलक वृक्षके फूलोपर मँडराते हुए काजलकी बुंदियोंके समान सुन्दर भौंरे ऐसे जान पडते थे मानो वनस्थलियोंका मुख भी चीत दिया गया हो

अमदयन्मधुगन्धसनाथया किसलयाधरसंगतया मनः ।
कुसुमसंभृतया नवमल्लिका स्मितरुचा तरुचारुविलासिनी ॥४२॥
अरुणरागनिषेधिभिरंशुकैः श्रवणलब्धपदैश्च यवांकुरैः ।
परभृताविरुतैश्च विलासिनः स्मरबलैरबलैकरसाः कृताः ॥४३॥
उपचितावयवा शुचिभिः कणैरलिकदम्बकयोगमुपेयुषी ।
सदृशकान्तिरलक्ष्यत मञ्जरी तिलकजालकजालकमौक्तिकैः ॥४४॥
ध्वजपटं मदनस्य धनुर्भृतश्छविकरं मुखचूर्णमृतुश्रियः ।
कुसुमकेसररेणुमलिव्रजाः सपवनोपवनोत्थितमन्वयुः ॥४५॥
अनुभवन्नवदोलमृतूत्सवं पटुरपि प्रियकण्ठजिघृक्षया ।
अनयदासनरज्जुपरिग्रहे भुजलतां जलतामबलाजनः ॥४६॥
त्यजत मानमलं बत विग्रहैर्न पुनरेति गतं चतुरं वयः ।
परभृताभिरितीव निवेदिते स्मरमते रमते स्म वधूजनः ॥४७॥
अथ यथासुखमार्तवमुत्सवं समनुभूय विलासवतीसखः ।
नरपतिश्चकमे मृगयारतिं स मधुमन्मधुमन्मथसंनिभः ॥४८॥

॥४१॥ वहाँ वृक्षोंकी सुन्दरी नायिका नवमल्लिका लता भी थी । वह अपने मकरन्द-रूपी मद्यकी गन्धसे भरी लाल-लाल-पत्तोंके ओठोंपर फूलोंकी मुसकान लेकर देखने वालोंको भी पागल बनाए डाल रही थी ॥४२॥ प्रात कालकी ललाईसे भी अधिक लाल वस्त्रोंने, कानपर रक्खे हुए जौके अंकुरोंने और कोयलकी कूकोंकी सेना लेकर चलनेवाले कामदेवने ऐसा जाल बिछाया कि सभी विलासी पुरुष युवती स्त्रियोंके प्रेममें सुध-बुध खो बैठे ॥४३॥ तिलकके फूलोंके गुच्छे उजले परागसे भरे बढ़ चुके थे । उनपर मँडराते हुए भौंरोंके झुण्डके कारण वे ऐसे सुन्दर लगने लगे जैसे किसी स्त्रीने अपने सिरपर मोतियोंकी जाली पहन ली हो ॥४४॥ उपवनके फूलोंका पराग जो वायुने उड़ाया तो भौंरोंके झुण्ड भी उनके पीछे-पीछे उड़ चले । वह उड़ता हुआ पराग ऐसा जान पड़ता था मानो धनुषधारी काम-देवका झण्डा हो या वनश्रीके मुखपर लगानेका शृङ्गार-चूर्ण हो ॥४५॥ जो स्त्रियाँ वसन्तोत्सवमें नये झूलोंपर सावधान होकर झूल रही थीं वे भी अपने हाथमें पकड़ी हुई रस्सीको इसलिये ढीला छोड़ देती थीं कि हाथ छूटनेपर हमारे प्रियतम हमें थाम ही लेंगे और इस प्रकार हम उनके गलेसे भी लग जायँगी ॥४६॥ उन दिनों कोयलकी कूक मानो कामदेवका यह आदेश सुना रही थी कि हे स्त्रियो ! रूठना छोड़ दो, लड़ाई-झगड़ा छोड़ो, बीता हुआ यौवन फिर हाथ नहीं आता । यह सुन-सुनकर सभी स्त्रियाँ अपने पतियोंके साथ फिर रमण करने लगीं ॥४७॥ विष्णुके समान पराक्रमी, वसंत ऋतुके समान प्रसन्न और कामदेवके समान सुन्दर दशरथजीने भी सुन्दरी स्त्रियोंके साथ वसंत ऋतुका

परिचयं चललक्ष्यनिपातने भयरुषोश्च तदिङ्गितबोधनम् ।
श्रमजयात्प्रगुणां च करोत्यसौ तनुमतोऽनुमतः सचिवैर्ययौ ॥४९॥
मृगवनोपगमक्षमवेषभृद्विपुलकण्ठनिषक्तशरासनः ।
गगनमश्वखुरोद्धतरेणुभिर्नृसविता स वितानमिवाकरोत् ॥५०॥
ग्रथितमौलिरसौ वनमालया तरुपलाशसवर्णतनुच्छदः ।
तुरगवल्गनचञ्चलकुण्डलो विरुरुचे रुरुचेष्टितभूमिषु ॥५१॥
तनुलताविनिवेशितविग्रहा भ्रमरसंक्रमितेक्षणवृत्तयः ।
ददृशुरध्वनि तं वनदेवताः सुनयनं नयनन्दितकोशलम् ॥५२॥
श्वगणिवागुरिकैः प्रथमास्थितं व्यपगतानलदस्यु विवेश सः ।
स्थिरतुरंगमभूमि निपानवन्मृगवयोगवयोपचितं वनम् ॥५३॥
अथ नभस्य इव त्रिदशायुधं कनकपिङ्गतडिद्गुणसंयुतम् ।
धनुरधिज्यमनाधिरुपाददे नरवरो रवरोषितकेसरी ॥५४॥
तस्य स्तनप्रणयिभिर्मुहुरेणशावै-र्व्याहन्यमानहरिणीगमनं पुरस्तात् ।
आविर्बभूव कुशगर्भमुखं मृगाणां यूथं तदग्रसरगर्वितकृष्णसारम् ॥५५॥

आनन्द लिया और फिर उनके मनमें आखेट करनेकी इच्छा होने लगी ॥४८॥ आखेटसे बड़े लाभ भी होते हैं। पहली बात तो यह है कि उससे चलते हुए लक्ष्यको बेधनेका अभ्यास हो जाता है। फिर उससे जीवों के भय और क्रोध आदि भावोंकी पहचान हो जाती है और परिश्रम करनेसे शरीर भी भली प्रकार गठ जाता है। इसलिये मन्त्रियोंसे सम्मति लेकर वे आखेटके लिये निकल पड़े ॥४९॥ जब अहेरीका वेष बनाकर, अपने ऊँचे कन्धेपर धनुष टाँगे, तेजस्वी राजा दशरथ घोड़ेपर चढ़कर चले तब उनके घोड़ोंकी टापोंसे इतनी धूल उठी कि आकाशमें चँदोवा सा तन गया ॥५०॥ उनके केशोंमें वनमाला गुँथी हुई थी। वे वृक्षके पत्तोंके समान गहरे रंगका कवच पहने हुए थे और घोड़ेके वेगसे चलनेके कारण उनके कानोंके कुण्डल भी हिल रहे थे। इस वेषमें चलते-चलते वे उस जंगलमें जा पहुँचे जहाँ रुरु जातिके हरिण बहुत घूमा करते हैं ॥५१॥ कोमल लताओंका रूप धारण करके भौंरोंकी आँखोंसे वनदेवता भी उन सुन्दर नेत्रवाले और कोशलकी प्रजाको सदा सुख पहुँचानेवाले राजा दशरथको देखने के लिये वहाँ पहुँच गए ॥५२॥ तब वे उस जंगल में पहुँचे जहाँ पहलेसे ही जाल और शिकारी कुत्ते लेकर उनके सेवक पहुँच चुके थे। वहाँ न तो अग्निका भय था न चोरोंका। वहाँ की पृथ्वी घोड़ोंके लिये पक्की थी। वहाँ बहुतसे ताल थे जिनके चारों ओर बहुतसे हरिण, पक्षी और बनैली गाएँ घूमा करती थीं ॥५३॥ तब उस सुन्दर स्वस्थ राजाने अपना वह चढ़ा हुआ धनुष उठाया जिसकी टंकार सुनकर सिंह भी गरज उठे। उस समय वे उस भादोंके महीनेके समान लग रहे थे जिसमें इन्द्रधनुष निकला हुआ हो और जिसमें सोनेके रंगकी पीली बिजली की डोरी बँधी हो ॥५४॥ उन्होंने देखा कि आगे हरिणोंका झुण्ड चला जा रहा है जिसमें बहुत सी हरिणियाँ भी हैं जो अपने

त्प्रार्थितं जवनवाजिगतेन राज्ञा तूणीमुखोद्धृतशरेण विशीर्णपङ्क्ति ।
श्यामीचकार वनमाकुलदृष्टिपातैर्वातेरितोत्पलदलप्रकरैरिवार्द्रैः ॥५६॥
लक्ष्यीकृतस्य हरिणस्य हरिप्रभावः प्रेक्ष्य स्थितां सहचरीं व्यवधाय देहम् ।
आकर्णकृष्टमपि कामितया स धन्वी बाणं कृपामृदुमनाः प्रतिसंजहार ॥५७॥
तस्यापरेष्वपि मृगेषु शरान्मुमुक्षोः कर्णान्तमेत्य बिभिदे निबिडोऽपि मुष्टिः ।
त्रासातिमात्रचटुलैः स्मरयत्सु नेत्रैः प्रौढप्रियानयनविभ्रमचेष्टितानि ॥५८॥
उत्तस्थुषः सपदि पल्वलपङ्कमध्यान्मुस्ताप्ररोहकवलावयवानुकीर्णम् ।
जग्राह स द्रुतवराहकुलस्य मार्गं सुव्यक्तमार्द्रपदपङ्क्तिभिरायताभिः ॥५९॥
तं वाहनादवनतोत्तरकायमीषद्विध्यन्तमुद्धतसटाः प्रतिहन्तुमीषुः ।
आत्मानमस्य विविदुः सहसा वराहा वृक्षेषु विद्धमिषुभिर्जघनाश्रयेषु ॥६०॥
तेनाभिघातरभसस्य विकृष्य पत्री वन्यस्य नेत्रविवरे महिषस्य मुक्तः ।
निर्भिद्य विग्रहमशोणितलिप्तपुङ्खस्तं पातयां प्रथममास पपात पश्चात् ॥६१॥

न छौनो के कारण रुकती चलती हैं जो दुशा चवाते चवाते अपनी मांके स्तनोसे दूध पीनेके लिये बीच-बीचमे खडे हो जाते है। इस झुण्डके आगे आगे एक गर्वीला काला हरिण भी चला जा रहा था ॥५५॥ राजाने ज्योंही अपने वेगगामी घोडेपर चढकर और अपने तूणीरमे से बाण निकालकर उनका पीछा किया कि वह झुण्ड तितर-बितर हो गया और उनकी घबराई हुई आंखोसे भरा हुआ वह सारा जगल ऐसा लगने लगा मानो वायुने नीले कमलोकी पखडियाँ लाकर वहां बिखेर दी हो ॥५६॥ इन्द्र के समान शक्तिशाली चतुर धनुषधारी राजा दशरथने देखा कि वे जिस हरिणको मारना चाहते थे उसकी हरिणी बीचमे आकर खडी हो गई। वे स्वय भी प्रेमी थे। अपने हरिणके लिए हरिणीका यह प्रेम देखकर उनका हृदय भी दयासे भर आया और उन्होने कानतक खीचा हुआ भी अपना बाण उतार लिया ॥५७॥ वे दूसरे हरिणोपर बाण चलाना चाहते थे और उन्होने बाणकी मूठकी कानतक खीच भी ली थी पर जब उन्होने उन हरिणोकी डरी हुई आंखोको देखा तो उन्हे अपनी युवती प्रियतमाके चचल नेत्रोका स्मरण हो आया और उनके हाथ ढीले पड गए ॥५८॥ उन्हे छोडकर दशरथजी उधर घूम पडे जिधर आधे चबे हुए मोथकी घासके मुट्ठे स्थान-स्थान पर बिखरे पडे थे और गीली छापोकी पांतिको देखकर जान पडता था कि तालाके कीचडसे निकल निकलकर जगली सूअरोका झुण्ड उधरको भागा है ॥५९॥ ज्यो ही उन्होने घोडेपर चढे हुए अपने शरीरको आगे झुकाकर उन सूअरोपर बाण चलाए त्योही वे भी अपने कडे बाल खडे करके राजा दशरथपर झपट पडे किन्तु उन्होने तत्काल ऐसे कसकर बाण मारे कि सूअरोको जान ही नही पडा कि वे उन पेडोमे बाणके साथ कब चिपक गए जिनके सहारे वे खडे थे ॥६०॥ इतनेमे ही उन्होने देखा कि एक जगली भैसा उनकी ओर झपटा चला आरहा है। उन्होने उसकी आंखमे ऐसा बाण मारा कि वह भैसेके शरीरमे से इतनी फुर्तीसे पार होगया कि बाणके पखम तनिक सा भी रक्त नही लगा और विशेषता यह थी कि बाण

प्रायो विषाणपरिमोक्षलघूत्तमाङ्गान्खड्गांश्चकार नृपतिर्निशितैः क्षुरप्रैः ।
शृङ्गं सदृप्तविनयाधिकृतः परेषामत्युच्छ्रितं न ममृषे न तु दीर्घमायुः ॥६२॥

व्याघ्रानभीरभिमुखोत्पतितान्गुहाभ्यः फुल्लासनाग्रविटपानिव वायुरुग्णान् ।
शिक्षाविशेषलघुहस्ततया निमेषात्तूणीचकार शरपूरितवक्त्ररन्ध्रान् ॥६३॥

निर्घातोग्रैः कुञ्जलीनाञ्जिघांसुर्ज्यानिर्घोषैः क्षोभयामास सिंहान् ।
नूनं तेषामभ्यसूयापरोऽभूद्वीर्योदग्रे राजशब्दे मृगेषु ॥६४॥

तान्हत्वा गजकुलबद्धतीव्रवैरान्काकुत्स्थः कुटिलनखाग्रलग्नमुक्तान् ।
आत्मानं रणकृतकर्मणां गजानामानृण्यं गतमिव मार्गणैरमंस्त ॥६५॥

चमरान्परितः प्रवर्तिताश्वः क्वचिदाकर्णविकृष्टभल्लवर्षी ।
नृपतीनिव तान्वियोज्य सद्यः सितबालव्यजनैर्जगाम शान्तिम् ॥६६॥

अपि तुरगसमीपादुत्पतन्तं मयूरं न स रुचिरकलापं बाणलक्ष्यीचकार ।
सपदि गतमनस्कश्चित्रमाल्यानुकीर्णे रतिविगलितबन्धे केशपाशे प्रियायाः ॥६७॥

तस्य कर्कशविहारसंभवं स्वेदमाननविलग्नजालकम् ।
आचचाम सतुषारशीकरो भिन्नपल्लवपुटो वनानिलः ॥६८॥
इति विस्मृतान्यकरणीयमात्मनः सचिवावलम्बितधुरं धराधिपम् ।
परिवृद्धरागमनुबन्धसेवया मृगया जहार चतुरेव कामिनी ॥६९॥
स ललितकुसुमप्रवालशय्यां ज्वलितमहौषधिदीपिकासनाथाम् ।
नरपतिरतिवाहयांबभूव क्वचिदसमेतपरिच्छदस्त्रियामाम् ॥७०॥
उषसि स गजयूथकर्णतालैः पटुपटहध्वनिभिर्विनीतनिद्रः ।
अरमत मधुराणि तत्र शृण्वन्विहगविकूजितबन्दिमङ्गलानि ॥७१॥
अथ जातु रुरोर्गृहीतवर्त्मा विपिने पार्श्वचरैरलक्ष्यमाणः ।
श्रमफेनमुचा तपस्विगाढां तमसां प्राप नदीं तुरंगमेण ॥७२॥
कुम्भपूरणभवः पटुरुच्चैरुच्चचार निनदोऽम्भसि तस्याः ।
तत्र स द्विरदबृंहितशङ्की शब्दपातिनमिषुं विससर्ज ॥७३॥
नृपतेः प्रतिषिद्धमेव तत्कृतवान्पङ्क्तिरथो विलङ्घ्य यत् ।
अपथे पदमर्पयन्ति हि श्रुतवन्तोऽपि रजोनिमीलिताः ॥७४॥
हा तातेति क्रन्दितमाकर्ण्य विषण्णस्तस्यान्विष्यन्वेतसगूढं प्रभवं सः।
शल्यप्रोतं प्रेक्ष्य सकुम्भं मुनिपुत्रं तापादन्तःशल्य इवासीत्क्षितिपोऽपि ॥७५॥

स्मरण हो आता था ॥६७॥ कठिन परिश्रमसे उनके मुँहपर जो पसीना छा गया था उसे वनके उस वायुने सुखा दिया जो जलके कणोंसे शीतल होकर पत्तों और कलियोंको गिराता चल रहा था ॥६८॥ इस प्रकार अपना सब काम भूले हुए और राज्यका भार मन्त्रियोंपर छोड़कर वनमें आए हुए राजा दशरथका मन आखेटके व्यसनने उसी प्रकार लुभा लिया जैसे कोई स्त्री अपने पतिकी सेवा करके उसे अपने वशमें कर लेती है ॥६९॥ यह आखेटका व्यसन उन्हें ऐसा लगा कि कभी कभी उन्हें सारी रात फूल पत्तोंकी साथरपर, रातको चमकनेवाली बूटियोंके प्रकाशके सहारे, बिना किसी सेवकके अकेले ही काटनी पड़ती थी ॥७०॥ और प्रात काल जब नगाड़ों के समान शब्द करनेवाले हाथियोंके कानोंकी फटफट होती थी तब उनकी आँखें खुलती थी और उस समय वनके पक्षी चारणोंके समान जो मङ्गल-गीत गाते थे उन्हें सुनकर ही वे मगन हो जाते थे ॥७१॥ एक दिन जंगलमें रुरु मृगका पीछा करते हुए वे अपने साथियोंसे बहुत दूर भटक गए। थकावटके कारण उनका घोड़ा मुँहसे झाग फेंकने लगा, पर उसी पर चढ़े हुए वे तमसा नदीके उस तटपर निकल गए जहाँ बहुतसे तपस्वियोंके आश्रम बने हुए थे ॥७२॥ वहाँ जलमें कोई घड़ा भर रहा था, इन्होंने समझा कि यह कोई हाथी है। बाण निकाला और शब्दपर लक्ष्य करके उन्होंने झट शब्दवेधी बाण चला ही तो दिया ॥७३॥ हाथीको मारना शास्त्रसे विरुद्ध है। इसलिये दशरथने जो किया वह राजाके लिये ठीक नहीं था पर कभी-कभी विद्वान् लोग भी जब आवेशसे अंधे हो जाते हैं तब वे भी उलटा काम कर ही बैठते हैं ॥७४॥ सहसा कोई

तेनावतीर्य तुरगात्प्रथितान्वयेन पृष्टान्वयः स जलकुम्भनिषण्णदेहः ।
तस्मै द्विजेतरतपस्विसुतं स्खलद्भिरात्मानमक्षरपदैः कथयांबभूव ॥७६॥
तच्चोदितश्च तमनुद्धृतशल्यमेव पित्रोः सकाशमवसन्नदृशोर्निनाय ।
ताभ्यां तथागतमुपेत्य तमेकपुत्रमज्ञानतः स्वचरितं नृपतिः शशंस ॥७७॥
तौ दंपती बहु विलप्य शिशोः प्रहर्त्रा शल्यं निखातमुदहारयतामुरस्तः ।
सोऽभूत्परासुरथ भूमिपतिं शशाप हस्तार्पितैर्नयनवारिभिरेव वृद्धः ॥७८॥
दिष्टान्तमाप्स्यति भवानपि पुत्रशोकादन्त्ये वयस्यहमिवेति तमुक्तवन्तम् ।
आक्रान्तपूर्वमिव मुक्तविषं भुजंगं प्रोवाच कोशलपतिः प्रथमापाद्धः ॥७९॥
शापोऽप्यदृष्टतनयाननपद्मशोभे सानुग्रहो भगवता मयि पातितोऽयम् ।
कृष्यां दहन्नपि खलु क्षितिमिन्धनेद्धो बीजप्ररोहजननीं ज्वलनः करोति ॥८०॥
इत्थंगते गतघृणः किमयं विधत्तां वध्यस्तवेत्यभिहितो वसुधाधिपेन ।
एधान्हुताशनवतः स मुनिर्ययाचे पुत्रं परासुमनुगन्तुमनाः सदारः ॥८१॥

चिल्लाया—हाय पिता! यह सुनकर इनका माथा ठनका और ये झट उसे ढूँढने बढ़ चले। आगे बढ़ते ही देखते क्या हैं कि नरकटकी झाड़ियों में बाणसे बिंधा हुआ, घड़ेपर झुका हुआ किसी मुनि का पुत्र पड़ा है। उसे देखकर उनको ऐसा कष्ट हुआ मानो इन्हें भी बाण लग गया हो ॥७५॥ जब श्रेष्ठ वंश वाले राजा दशरथने घड़ेपर झुके हुए मुनि-पुत्रसे उसका वंश-परिचय पूछा तब उसने लड़खड़ाती वाणीसे बताया कि मैं ब्राह्मण नहीं हूँ, मेरे पिता वैश्य हैं और मेरी माता शूद्रा हैं ॥७६॥ उसने राजा दशरथसे कहा कि मुझे मेरे अंधे माता-पिताके पास ले चलो। राजा दशरथने उस बाणसे बिंधे मुनि पुत्रको उठाया और उनके माता-पिताके पास ले गए। वहाँ पहुँचकर उन्होंने उनसे सब कथा बता दी कि भूलसे मैंने आपके एकलौते पुत्रपर किस प्रकार बाण चला दिया है ॥७७॥ यह सुनते ही वे दोनों तो ढाड़ मारकर रोने लगे और उन्होंने अपने पुत्रके हत्यारेको आज्ञा दी कि मेरे पुत्रकी छातीमेंसे बाण निकाल लो। बाण निकालते ही मुनि-कुमारके प्राण भी निकल गए। इस पर बूढ़े तपस्वीने अपने आँसुओंसे अपनी अंजली भरकर राजाको शाप दिया—॥७८॥ 'हे राजा! जाओ तुम भी हमारे ही समान बुढ़ापेमें पुत्र-शोकसे प्राण छोड़ोगे।' पैरसे दबनेपर सर्प जैसे विष उगलकर शान्त हो जाता है वैसे ही शाप देकर जब वे बूढ़े मुनि शान्त हो गए तब पहले पहल अपराध करनेवाले राजा दशरथ उनसे बोले—॥७९॥ 'हे मुनि! मुझे आजतक पुत्रके मुख कमलका दर्शन-तक नहीं हुआ है, इसलिये मैं आपके शापको वरदान ही समझता हूँ क्योंकि इसी बहाने मुझे पुत्र तो प्राप्त होगा। जंगलकी लकड़ीकी आग चाहे एक बार पृथ्वीको भले ही जला दे किन्तु वह पृथ्वीको इतनी उपजाऊ बना देती है कि आगे उसमें बड़ी अच्छी उपज होती है ॥८०॥ यह कहकर राजाने फिर उनसे कहा—'मैं तो इसी योग्य हूँ कि आप मेरा वध करें। अब मुझ नीचके लिये आपकी क्या आज्ञा होती है।' यह सुनकर उस मुनिने कहा कि 'हम और हमारी स्त्री अब अपने पुत्रके साथ ही शरीर छोड़ देंगे। इसलिये अब हमारे लिए ईंधन और अग्नि

प्राप्तानुगः सपदि शासनमस्य राजा
संपाद्य पातकविलुप्तधृतिर्निवृत्तः ।
अन्तर्निविष्टपदमात्मविनाशहेतुं
शापं दधज्ज्वलनमौर्वमिवाम्बुराशिः ॥८२॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
मृगयावर्णनो नाम नवमः सर्गः ॥

जुटाओ ॥८१॥ राजा दशरथके अनुचर भी तबतक पहुँच गए थे। तत्काल ईंधन और अग्नि जुटा दी गई। जैसे समुद्रके हृदयमें बड़वानल जला करता है वैसे ही, अपने पापसे अधीर हृदयमें मुनिके शापकी ज्वाला आग लिए हुए वे [किसी-किसी प्रकार] घर लौटे ॥८२॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे रघुवंश महाकाव्यमें आखेट-वर्णन
नामक नवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ दशमः सर्गः ॥

पृथिवीं शासतस्तस्य पाकशासनतेजसः ।
किंचिदूनमनूनर्द्धेः शरदामयुतं ययौ ॥ १ ॥
न चोपलेभे पूर्वेषामृणनिर्मोक्षसाधनम् ।
सुताभिधानं स ज्योतिः सद्यः शोकतमोपहम् ॥ २ ॥
अतिष्ठत्प्रत्ययापेक्षसंततिः स चिरं नृपः ।
प्राङ्मन्थादनभिव्यक्तरत्नोत्पत्तिरिवार्णवः ॥ ३ ॥
ऋष्यशृङ्गादयस्तस्य सन्तः संतानकाङ्क्षिणः ।
आरेभिरे जितात्मानः पुत्रीयामिष्टिमृत्विजः ॥ ४ ॥
तस्मिन्नवसरे देवाः पौलस्त्योपप्लुता हरिम् ।
अभिजग्मुर्निदाघार्तश्छायावृक्षमिवाध्वगाः ॥ ५ ॥
ते च प्रापुरुदन्वन्तं बुबुधे चादिपूरुषः ।
अव्याक्षेपो भविष्यन्त्याः कार्यसिद्धेर्हि लक्षणम् ॥ ६ ॥
भोगिभोगासनासीनं ददृशुस्तं दिवौकसः ।
तत्फणामण्डलोदर्चिर्मणिद्योतितविग्रहम् ॥ ७ ॥
श्रियः पद्मनिषण्णायाः क्षौमान्तरितमेखले ।
अङ्के निक्षिप्तचरणमास्तीर्णकरपल्लवे ॥ ८ ॥

दसवाँ सर्ग

अपार धनवाले और इन्द्रके समान तेजस्वी राजा दशरथको पृथ्वीपर राज करते-करते लगभग दस सहस्र शरद् बीत गए ॥१॥ पर तब भी पितरोंके ऋणसे छुटकारा दिलानेवाली और शोकके अँधेरेको दूर करनेवाली वह ज्योति उन्हें नहीं मिल सकी जिसे पुत्र कहते हैं ॥२॥ जैसे समुद्रको रत्न उत्पन्न करनेके लिये मथे जानेतक ठहरना पड़ा था वैसे ही संतानके लिये उपाय होनेतक राजा दशरथको भी ठहरना पड़ा ॥३॥ तब ऋष्यशृङ्ग आदि जितेन्द्रिय और सन्त यज्ञ करनेवाले ऋषियोंने संतान चाहनेवाले राजा दशरथके लिये पुत्रेष्टि यज्ञ करना प्रारंभ किया ॥४॥ ठीक उसी समय रावणके अत्याचारसे घबराकर देवता लोग उसी प्रकार विष्णुकी शरणमें गए जैसे धूपसे व्याकुल पथिक बढ़कर छायावाले वृक्षके नीचे पहुँच जाते हैं ॥५॥ ज्यों ही देवता लोग क्षीर सागरमें पहुँचे त्यों ही विष्णु भगवान् भी योग-निद्रासे जाग उठे। कामम़े देर न होना ही उसके पूरे होनेका सबसे बड़ा लक्षण है ॥६॥ देवताओंने देखा कि विष्णु भगवान् शेष-शय्यापर लेटे हुए हैं और शेषके फणोंकी मणियोंसे उनका शरीर और भी अधिक चमक उठा है ॥७॥ उन्होंने पास कमलपर लक्ष्मी बैठी हुई थीं जिनकी कमरमें रेशमी वस्त्र पड़ा हुआ था

प्रबुद्धपुण्डरीकाक्षं बालातपनिभांशुकम् ।
दिवसं शारदमिव प्रारम्भसुखदर्शनम् ॥ ९ ॥
प्रभानुलिप्तश्रीवत्सं लक्ष्मीविभ्रमदर्पणम् ।
कौस्तुभाख्यमपां सारं बिभ्राणं बृहतोरसा ॥१०॥
बाहुभिर्विटपाकारैर्दिव्याभरणभूषितैः ।
आविर्भूतमपां मध्ये पारिजातमिवापरम् ॥११॥
दैत्यस्त्रीगण्डलेखानां मदरागविलोपिभिः ।
हेतिभिश्चेतनावद्भिरुदीरितजयस्वनम् ॥१२॥
मुक्तशेषविरोधेन कुलिशव्रणलक्ष्मणा ।
उपस्थितं प्राञ्जलिना विनीतेन गरुत्मता ॥१३॥
योगनिद्रान्तविशदैः पावनैरवलोकनैः ।
भृग्वादीननुगृह्णन्तं सौखशायनिकानृषीन् ॥१४॥
प्रणिपत्य सुरास्तस्मै शमयित्रे सुरद्विषाम् ।
अथैनं तुष्टुवुः स्तुत्यमवाङ्मनसगोचरम् ॥१५॥

और जो विष्णु भगवान्‌के चरण अपनी गोदमें लेकर पलोट रही थी ।।८।। जैसे खिले हुए कमलोंसे और बालसूर्यकी किरणोंसे शरद् ऋतु के प्रारम्भिक दिन बड़े सुहावने लगते हैं वैसे ही खिले हुए कमल जैसी आँखों वाले, प्रातःकालकी धूपके समान सुनहले वस्त्र पहने और ध्यानमग्न योगियोंको सरलतासे दर्शन देनेवाले, विष्णु भी बड़े सुन्दर लग रहे थे ।।९।। उनके चौड़े वक्षस्थलपर वह कौस्तुभ मणि चमक रहा था जिसमें लक्ष्मीजी शृङ्गारके समय अथवा हाव भाव करते हुए अपना मुँह देखा करती हैं और जिसकी चमकसे भृगुके चरणके प्रहारसे बना हुआ श्रीवत्स चिह्न भी चमक उठता था ।।१०।। आभूषणोंसे सजी हुई उनकी बड़ी-बड़ी भुजाएँ वृक्षकी शाखाओंके समान थी और उनसे वे ऐसे लगते थे मानो समुद्रमें दूसरा कल्पवृक्ष निकल आया हो ।।११।। असुरोंको मारकर उनकी स्त्रियोंके गालोंसे मदकी लाली मिटानेवाले उनके चक्र, गदा आदि अस्त्र सजीव होकर उनकी जयजयकार कर रहे थे ।।१२।। शेषनागसे स्वाभाविक विरोध छोड़कर इन्द्रके वज्रकी चोटका चिह्न धारण किए हुए गरुड़जी बड़ी नम्रतासे हाथ जोड़कर उनकी सेवामें खड़े थे ।।१३।। वे योग-निद्रासे उठकर अपनी स्वच्छ और पवित्र चितवनसे उन भृगु आदि ऋषियोंको अनुगृहीत कर रहे थे जो उनसे पूछ रहे थे—'भगवन् आप सुखसे तो सोए हैं ।।१४।। तब देवता लोग दैत्योंके नाश करनेवाले विष्णु भगवान्‌को प्रणाम करके उन प्रशंसनीय विष्णुकी स्तुति करने लगे जिनतक न तो वाणी ही पहुँचती है और न तो मन ही पहुँच सकता है। वे बोले—।।१५।। विश्वको बनाने, पालन करने और

॥ दशमः सर्गः ॥

पृथिवीं शासतस्तस्य पाकशासनतेजसः ।
किंचिदूनमनूनर्द्धेः शरदामयुतं ययौ ॥ १ ॥
न चोपलेभे पूर्वेषामृणनिर्मोक्षसाधनम् ।
सुताभिधानं स ज्योतिः सद्यः शोकतमोपहम् ॥ २ ॥
अतिष्ठत्प्रत्ययापेक्षसंततिः स चिरं नृपः ।
प्राङ्मन्थादनभिव्यक्तरत्नोत्पत्तिरिवार्णवः ॥ ३ ॥
ऋष्यशृङ्गादयस्तस्य सन्तः संतानकाङ्क्षिणः ।
आरेभिरे जितात्मानः पुत्रीयामिष्टिमृत्विजः ॥ ४ ॥
तस्मिन्नवसरे देवाः पौलस्त्योपप्लुता हरिम् ।
अभिजग्मुर्निदाघार्ताश्छायावृक्षमिवाध्वगाः ॥ ५ ॥
ते च प्रापुरुदन्वन्तं बुबुधे चादिपूरुषः ।
अव्याक्षेपो भविष्यन्त्याः कार्यसिद्धेर्हि लक्षणम् ॥ ६ ॥
भोगिभोगासनासीनं ददृशुस्तं दिवौकसः ।
तत्फणामण्डलोदर्चिर्मणिद्योतितविग्रहम् ॥ ७ ॥
श्रियः पद्मनिषण्णायाः क्षौमान्तरितमेखले ।
अङ्के निक्षिप्तचरणमास्तीर्णकरपल्लवे ॥ ८ ॥

दसवाँ सर्ग

अपार धनवाले और इन्द्रके समान तेजस्वी राजा दशरथको पृथ्वीपर राज करते-करते लगभग दस सहस्र शरद् बीत गए ॥१॥ पर तब भी पितरोंके ऋणसे छुटकारा दिलानेवाली और शोकके अँधेरेको दूर करनेवाली वह ज्योति उन्हें नहीं मिल सकी जिसे पुत्र कहते हैं ॥२॥ जैसे समुद्रको रत्न उत्पन्न करनेके लिये मथे जानेतक ठहरना पड़ा था वैसे ही संतानके लिये उपाय होनेतक राजा दशरथको भी ठहरना पड़ा ॥३॥ तब ऋष्यशृङ्ग आदि जितेन्द्रिय और सन्त यज्ञ करनेवाले ऋषियोंने संतान चाहनेवाले राजा दशरथके लिये पुत्रेष्टि यज्ञ करना प्रारम्भ किया ॥४॥ ठीक उसी समय रावणके अत्याचारसे घबराकर देवता लोग उसी प्रकार विष्णुकी शरणमें गए जैसे धूपसे व्याकुल पथिक बढ़कर छायावाले वृक्षके नीचे पहुँच जाते हैं ॥५॥ ज्यों ही देवता लोग क्षीर सागरमें पहुँचे त्यों ही विष्णु भगवान् भी योग-निद्रासे जाग उठे। काममें देर न होना ही उसके पूरे होनेका सबसे बड़ा लक्षण है ॥६॥ देवताओंने देखा कि विष्णु भगवान् शेष-शय्यापर लेटे हुए हैं और शेषके फणोंकी मणियोंसे उनका शरीर और भी अधिक चमक उठा है ॥७॥ उन्हींके पास बगलपर लक्ष्मी बैठी हुई थीं जिनकी कमरमें रेशमी वस्त्र पड़ा हुआ था

प्रबुद्धपुण्डरीकाक्षं बालातपनिभांशुकम् ।
दिवसं शारदमिव प्रारम्भसुखदर्शनम् ॥ ९ ॥
प्रभानुलिप्तश्रीवत्सं लक्ष्मीविभ्रमदर्पणम् ।
कौस्तुभाख्यमपां सारं बिभ्राणं बृहतोरसा ॥१०॥
बाहुभिर्विटपाकारैर्दिव्याभरणभूषितैः ।
आविर्भूतमपां मध्ये पारिजातमिवापरम् ॥११॥
दैत्यस्त्रीगण्डलेखानां मदरागविलोपिभिः ।
हेतिभिश्चेतनावद्भिरुदीरितजयस्वनम् ॥१२॥
मुक्तशेषविरोधेन कुलिशव्रणलक्ष्मणा ।
उपस्थितं प्राञ्जलिना विनीतेन गरुत्मता ॥१३॥
योगनिद्रान्तविशदैः पावनैरवलोकनैः ।
भृग्वादीननुगृह्णन्तं सौखशायनिकानृषीन् ॥१४॥
प्रणिपत्य सुरास्तस्मै शमयित्रे सुरद्विषाम् ।
अथैनं तुष्टुवुः स्तुत्यमवाङ्मनसगोचरम् ॥१५॥

और जो विष्णु भगवान्‌के चरण अपनी गोदमें लेकर पलोट रही थी ॥८॥ जैसे खिले हुए कमलों-से और कन्याराशिके सूर्य से शरद् ऋतु के प्रारम्भिक दिन बड़े सुहावने लगते हैं वैसे ही खिले हुए कमल जैसी आँखों वाले, प्रातःकालकी धूपके समान सुनहले वस्त्र पहने और ध्यानमग्न योगियोंको सरलतासे दर्शन देनेवाले, विष्णु भी बड़े सुन्दर लग रहे थे ॥९॥ उनके चौड़े वक्षस्थलपर वह कौस्तुभ मणि चमक रहा था जिसमें लक्ष्मीजी श्रृङ्गारके समय अथवा हाव भाव करते हुए अपना मुँह देखा करती हैं और जिसकी चमकसे भृगुके चरणके प्रहारसे बना हुआ श्रीवत्स चिन्ह भी चमक उठता था ॥१०॥ आभूषणोंसे सजी हुई उनकी बड़ी बड़ी भुजाएँ वृक्षकी शाखाओंके समान थीं और उनसे वे ऐसे लगते थे मानो समुद्रमें दूसरा कल्पवृक्ष निकल आया हो ॥११॥ असुरोंको मारकर उनकी स्त्रियोंके गालोंसे मदकी लाली मिटानेवाले उनके चक्र, गदा आदि अस्त्र सजीव होकर उनकी जयजयकार कर रहे थे ॥१२॥ शेषनागसे स्वाभाविक विरोध छोड़कर इन्द्रके वज्रकी चोटका चिह्न धारण किए हुए गरुड़-जी बड़ी नम्रतासे हाथ जोड़कर उनकी सेवामें खड़े थे ॥१३॥ वे लोग निद्रासे उठकर अपनी स्वच्छ और पवित्र चितवनसे उन भृगु आदि ऋषियोंको अनुगृहीत कर रहे थे जो उनसे पूछ रहे थे—'भगवन् आप सुखसे तो सोए हैं ॥१४॥ तब देवता लोग दैत्योंके नाश करनेवाले विष्णु भगवान्‌को प्रणाम करके उन प्रशंसनीय विष्णुकी स्तुति करने लगे जिनतक न तो वाणी ही पहुँचती है और न तो मन ही पहुँच सकता है। वे बोले—॥१५॥ विश्वको बनाने, पालन करने और

नमो विश्वसृजे पूर्वं विश्वं तदनु बिभ्रते ।
अथ विश्वस्य संहर्त्रे तुभ्यं त्रेधास्थितात्मने ॥१६॥
रसान्तराण्येकरसं यथा दिव्यं पयोऽश्नुते ।
देशे देशे गुणेष्वेवमवस्थास्त्वमविक्रियः ॥१७॥
अमेयो मितलोकस्त्वमनर्थी प्रार्थनावहः ।
अजितो जिष्णुरत्यन्तमव्यक्तो व्यक्तकारणम् ॥१८॥
हृदयस्थमनासन्नमकामं त्वां तपस्विनम् ।
दयालुमनघस्पृष्टं पुराणमजरं विदुः ॥१९॥
सर्वज्ञस्त्वमविज्ञातः सर्वयोनिस्त्वमात्मभूः ।
सर्वप्रभुरनीशस्त्वमेकस्त्वं सर्वरूपभाक् ॥२०॥
सप्तसामोपगीतं त्वां सप्तार्णवजलेशयम् ।
सप्तार्चिर्मुखमाचख्युः सप्तलोकैकसंश्रयम् ॥२१॥
चतुर्वर्गफलं ज्ञानं कालावस्थाश्चतुर्युगाः ।
चतुर्वर्णमयो लोकस्त्वत्तः सर्वं चतुर्मुखात् ॥२२॥

उदधेरिव रत्नानि तेजांसीव विवस्वतः ।
स्तुतिभ्यो व्यतिरिच्यन्ते दूराणि चरितानि ते ॥३०॥
अनवाप्तमवाप्तव्यं न ते किंचन विद्यते ।
लोकानुग्रह एवैको हेतुस्ते जन्मकर्मणोः ॥३१॥
महिमानं यदुत्कीर्त्य तव संह्रियते वचः ।
श्रमेण तदशक्त्या वा न गुणानामियत्तया ॥३२॥
इति प्रसादयामासुस्ते सुरास्तमधोक्षजम् ।
भूतार्थव्याहृतिः सा हि न स्तुतिः परमेष्ठिनः ॥३३॥
तस्मै कुशलसंप्रश्नव्यञ्जितप्रीतये सुराः ।
भयमप्रलयोद्वेलादाचख्युर्नैर्ऋतोदधेः ॥३४॥
अथ वेलासमासन्नशैलरन्ध्रानुनादिना ।
स्वरेणोवाच भगवान्परिभूतार्णवध्वनिः ॥३५॥
पुराणस्य कवेस्तस्य वर्णस्थानसमीरिता ।
बभूव कृतसंस्कारा चरितार्थेव भारती ॥३६॥
बभौ सदशनज्योत्स्ना सा विभोर्वदनोद्गता ।
निर्यातशेषा चरणाद्गङ्गेवोर्ध्वप्रवर्तिनी ॥३७॥

किरणें गिनी नहीं जा सकतीं वैसे ही स्तुति करके आपके पूरे चरितका वर्णन नहीं हो सकता ॥३०॥ संसारमें प्राप्त करने योग्य कोई भी ऐसी वस्तु नहीं है जो आपके हाथमें न हो। फिर भी आप जो जन्म लेते हैं और कर्म करते हैं उसका एक मात्र उद्देश्य यही है कि आप संसारपर अनुग्रह करना चाहते हैं ॥३१॥ आपकी महत्ताकी प्रशंसा करके जो हम चुप हो रहे हैं, इसका यह कारण नहीं है कि हमने आपके सब गुण बखान डाले, वरन् इसका कारण यही है कि हम थक गए हैं और आगे बोलनेकी शक्ति हममें नहीं रह गई है' ॥३२॥ जो भगवान् किसी भी इन्द्रियसे प्राप्त नहीं होते हैं उनकी स्तुति करके देवताओंने उन्हें प्रसन्न कर लिया। यह स्तुति भी उनकी झूठी प्रशंसा नहीं थी वरन् सब बातें सच्ची ही थीं ॥३३॥ विष्णु भगवान्‌ने प्रसन्न होकर उनसे कुशल-मंगल पूछा, जिसके उत्तरमें देवताओंने कहा कि प्रलय-काल ऐसे राक्षस उत्पन्न हो गए हैं जिन्होंने बिना प्रलय काल आए ही सारे संसारकी मर्यादा भंग करके चारों ओर हाहाकार मचा दिया है ॥३४॥ यह सुनकर समुद्रकी भी डकार गंभीर ध्वनिमें जब भगवान् उत्तर देने लगे तब क्षीर-सागरके तटपर खड़े हुए पहाड़ोंकी गुफाओंमें उनके शब्द गूंज उठे ॥३५॥ विष्णु भगवान् तो सबसे पुराने कवि हैं इसलिए जब उनके मुखके भीतर कण्ठ, तालु, दाँत, ओठ आदि उच्चारणके स्थानोंसे भली भाँति वाणी निकली तब मानो सरस्वतीने अपने जन्म लेनेका फल पा लिया ॥३६॥ उनके दाँतोंकी चमक से जगमगाती हुई उनकी वाणी मुखसे निकलती हुई ऐसी शोभा देने लगी मानो उनके चरणोंसे

जाने वो रक्षसाक्रान्तावनुभावपराक्रमौ ।
अङ्गिनां तमसेवोभौ गुणौ प्रथममध्यमौ ॥३८॥
विदितं तप्यमानं च तेन मे भुवनत्रयम् ।
अकामोपनतेनेव साधोर्हृदयमेनसा ॥३९॥
कार्येषु चैककार्यत्वादभ्यर्थ्योऽस्मि न वज्रिणा ।
स्वयमेव हि वातोऽग्नेः सारथ्यं प्रतिपद्यते ॥४०॥
स्वासिधारापरिहृतः कामं चक्रस्य तेन मे ।
स्थापितो दशमो मूर्धा लभ्यांश इव रक्षसा ॥४१॥
स्रष्टुर्वरातिसर्गात्तु मया तस्य दुरात्मनः ।
अत्यारूढं रिपोः सोढं चन्दनेनेव भोगिनः ॥४२॥
धातारं तपसा प्रीतं ययाचे स हि राक्षसः ।
दैवात्सर्गादवध्यत्वं मर्त्येष्वास्थापराङ्मुखः ॥४३॥
सोऽहं दाशरथिर्भूत्वा रणभूमेर्बलिक्षमम् ।
करिष्यामि शरैस्तीक्ष्णैस्तच्छिरः कमलोच्चयम् ॥४४॥
अचिराद्यज्वभिर्भागं कल्पितं विधिवत्पुनः ।
मायाविभिरनालीढमादास्यध्वे निशाचरैः ॥४५॥

निकलकर गंगाजी ऊपरको जा रही हों ॥३७॥ विष्णु भगवान् बोले— हे देवताओ ! जैसे संसारके जीवोंके सत्त्वगुण और रजोगुणको उनका तमोगुण दबा लेता है वैसे ही आपके तेज और बलको रावण दबा बैठा है ॥३८॥ मैं यह भी जानता हूँ कि जैसे अनजानमें किए हुए पापसे सज्जनका मन घबरा जाता है वैसे ही सारा संसार रावणके अत्याचारसे घबरा उठा है ॥३९॥ इसलिए रावणको मिटा डालनेका काम जैसा इन्द्रका है वैसा ही मेरा भी है। इसके लिए इन्द्रने जो मेरी प्रार्थना की है उसकी मैं कोई आवश्यकता नहीं समझता हूँ क्योंकि आगकी सहायताके लिए वायुसे कहना नहीं पड़ता, वह तो स्वयं आगको उभाड़ देता है ॥४०॥ शिवजीको प्रसन्न करनेके लिये रावणने अपने नौ सिर काटकर चढ़ा दिए थे। अब जान पड़ता है कि उस राक्षसने अपना दसवाँ सिर मेरे चक्रसे कटे जानेके लिये रख छोड़ा है ॥४१॥ ब्रह्माजीने जो उसे वरदान दे दिया है उसीसे मैंने उस दुष्टका दिन दिन ऊपर चढ़ना उसी प्रकार सहा है जैसे अपने ऊपर चढ़ते हुए साँपको चन्दनका पेड़ सह लेता है ॥४२॥ जब ब्रह्माजी उसकी तपस्यासे प्रसन्न हुए तब उसने यही वरदान माँगा कि मैं देवताओंके हाथसे न मारा जा सकूँ क्योंकि मनुष्योंको तो वह कुछ समझता ही नहीं है ॥४३॥ इसलिये मैं राजा दशरथके यहाँ जन्म लेकर अपने तीखे बाणोंसे उसके सिरोंको कमलके समान उतारकर रणभूमिको भेंट चढ़ाऊँगा ॥४४॥ हे देवताओ ! यजमान लोग जो विधिसे दिया हुआ यज्ञका भाग तुम्हें दे देंगे उसे अब राक्षस लोग छीनकर नहीं खा

वैमानिकाः पुण्यकृतस्त्यजन्तु मरुतां पथि ।
पुष्पकालोकसंक्षोभं मेघावरणतत्पराः ॥४६॥
मोक्ष्यध्वे स्वर्गबन्दीनां वेणीबन्धानदूषितान् ।
शापयन्त्रितपौलस्त्यबलात्कारकचग्रहैः ॥४७॥
रावणावग्रहक्लान्तमिति वागमृतेन सः ।
अभिवृष्य मरुत्सस्यं कृष्णमेघस्तिरोदधे ॥४८॥
पुरुहूतप्रभृतयः सुरकार्योद्यतं सुराः ।
अंशैरनुययुर्विष्णुं पुष्पैर्वायुमिव द्रुमाः ॥४९॥
अथ तस्य विशांपत्युरन्ते काम्यस्य कर्मणः ।
पुरुषः प्रबभूवाग्नेर्विस्मयेन सहर्त्विजाम् ॥५०॥
हेमपात्रगतं दोर्भ्यामादधानः पयश्चरुम् ।
अनुप्रवेशादाद्यस्य पुंसस्तेनापि दुर्वहम् ॥५१॥
प्राजापत्योपनीतं तदन्नं प्रत्यग्रहीन्नृपः ।
वृषेव पयसां सारमाविष्कृतमुदन्वता ॥५२॥
अनेन कथिता राज्ञो गुणास्तस्यान्यदुर्लभाः ।
प्रसूतिं चकमे तस्मिंस्त्रैलोक्यप्रभवोऽपि यत् ॥५३॥

राकेंगे । सब आप लोगोंको ही मिलेगा ॥४५॥ अब आप लोग निडर होकर अपने-अपने विमानोंपर चढ़कर आकाशमें घूमिए और रावणके पुष्पक विमानको देखकर और उससे डरकर बादलोंमें छिपना छोड़ दीजिए ॥४६॥ रावणने स्वर्गकी जिन स्त्रियोंको अपने यहाँ बन्दी किया है उनके जूड़ोंको नलकूबरके शापके डरसे उसने हाथ नहीं लगाया है । अब आप लोग ही उन बन्दी स्त्रियोंके जूड़े अपने हाथोंसे खोलेंगे ॥४७॥ जैसे सूखेके दिनोंमें धानके खेतपर कोई बादल जल बरसाकर निकल जाय वैसे ही रावणके डरसे सूखे हुए देवताओंपर अपने मधुर वचन बरसाकर विष्णु भगवान् भी अन्तर्धान हो गए ॥४८॥ जैसे वायुके चलनेपर वनके वृक्ष स्वयं उसके पीछे न जाकर अपने फूल उसके साथ भेज देते हैं वैसे ही जब भगवान् विष्णु देवताओंका कार्य करनेके लिये चले तब इन्द्र आदि देवताओंने भी अपने-अपने अंश उनके साथ भेज दिए ॥४९॥ इधर ज्यों ही राजा दशरथका पुत्रेष्टि यज्ञ समाप्त हुआ त्यों ही यज्ञकी अग्निमेंसे एक पुरुष प्रकट हुआ जिसे देखकर यज्ञ करनेवाले सभी ऋषि बड़े अचरजमें पड़ गए ॥५०॥ उस पुरुषके हाथमें खीरसे भरा हुआ सोनेका कटोरा था । उस खीरमें सारे ब्रह्माण्डको सँभालनेवाले विष्णु भगवान् पैठे हुए थे इसलिये वह दिव्य पुरुष भी उस कटोरेको बड़ी कठिनाईसे सँभाल पा रहा था ॥५१॥ जैसे इन्द्रने समुद्रमेंसे निकले हुए अमृतके कलशको थाम लिया था वैसे ही राजा दशरथने भी उस दिव्य पुरुषके हाथसे वह खीर ले ली ॥५२॥ उस दिव्य पुरुषने

स तेजो वैष्णवं पत्न्योर्विभेजे चरुसंज्ञितम् ।
द्यावापृथिव्योः प्रत्यग्रमहर्पतिरिवातपम् ॥५४॥
अर्चिता तस्य कौशल्या प्रिया केकयवंशजा ।
अतः संभाविता ताभ्यां सुमित्रामैच्छदीश्वरः ॥५५॥
ते बहुज्ञस्य चित्तज्ञे पत्न्यौ पत्युर्महीक्षितः ।
चरोरर्धार्धभागाभ्यां तामयोजयतामुभे ॥५६॥
सा हि प्रणयवत्यासीत्सपत्न्योरुभयोरपि ।
भ्रमरी वारणस्येव मदनिस्यन्दरेखयोः ॥५७॥
ताभिर्गर्भः प्रजाभूत्यै दध्रे देवांशसंभवः ।
सौरीभिरिव नाडीभिरमृताख्याभिरम्मयः ॥५८॥
सममापन्नसत्त्वास्ता रेजुरापाण्डुरत्विषः ।
अन्तर्गतफलारम्भाः सस्यानामिव संपदः ॥५९॥
गुप्तं ददृशुरात्मानं सर्वाः स्वप्नेषु वामनैः ।
जलजासिगदाशार्ङ्गचक्रलाञ्छितमूर्तिभिः ॥६०॥
हेमपक्षप्रभाजालं गगने च वितन्वता ।
उह्यन्ते स्म सुपर्णेन वेगाकृष्टपयोमुचा ॥६१॥

राजा दशरथके असाधारण गुणोंकी इतनी प्रशंसा की कि विष्णु भगवान्‌को भी उनके यहाँ जन्म लेनेकी इच्छा होने लगी ॥५३॥ जैसे सूर्य अपनी नई धूप पृथ्वी और आकाश दोनोंमें बाँट देता है वैसे ही खीरके रूपमें पाये हुए विष्णुके तेजको राजाने कौशल्या और कैकेयीमें बराबर बाँट दिया ॥५४॥ कौशल्या उनकी बडी रानी थी और कैकेयी उनकी प्यारी रानी थी इसलिये वे चाहते थे कि वे दोनों रानियाँ ही अपने-अपने भागमेंसे स्वयं कुछ भाग देकर सुमित्राका सम्मान करें ॥५५॥ सब कुछ जाननेवाले राजा दशरथकी उन दोनों रानियोंने अपनी-अपनी खीरका आधा-आधा भाग सुमित्राको दे दिया ॥५६॥ जैसे हाथीके दोनों कपोलोंसे निकलनेवाली मदकी दोनों धाराओंसे भौंरी बराबर प्रेम करती है वैसे ही सुमित्रा भी अपनी दोनों सौतों से बराबर प्रेम करती थी ॥५७॥ जैसे अमृत नामकी जल बरसानेवाली सूर्यकी किरणें संसारके कल्याणके लिये जल लिए रहती हैं वैसे ही उन तीनों रानियोंने लोकके कल्याणके लिये विष्णुके अंशसे भरा गर्भ धारण किया ॥५८॥ एक साथ गर्भ धारण करनेवाली रानियाँ गर्भसे पीली पडनेके कारण धनाजकी उन बालोंके समान पीली लगती थीं जिनमें दाने पड गए हों ॥५९॥ उन्हें यह स्वप्न दिखाई देता था कि कमल, तलवार, गदा, शार्ङ्ग धनुष और चक्र लिए हुए कोई बौना-सा पुरुष बराबर हमारी रक्षा कर रहा है ॥६०॥ और अपने सोनेके पंखोंसे प्रकाश फैलाता हुआ अपने वेगके कारण अपने साथ बादलोंको भी खींचकर ले जाता

विभ्रत्या कौस्तुभन्यासं स्तनान्तरविलम्बिनम् ।
पर्युपास्यन्त लक्ष्म्या च पद्मव्यजनहस्तया ॥६२॥
कृताभिषेकैर्दिव्यायां त्रिस्रोतसि च सप्तभिः ।
ब्रह्मर्षिभिः परं ब्रह्म गृणद्भिरुपतस्थिरे ॥६३॥
ताभ्यस्तथाविधान्स्वप्नाञ्छ्रुत्वा प्रीतो हि पार्थिवः ।
मेने परार्ध्यमात्मानं गुरुत्वेन जगद्गुरोः ॥६४॥
विभक्तात्मा विभुस्तासामेकः कुक्षिष्वनेकधा ।
उवास प्रतिमाचन्द्रः प्रसन्नानामपामिव ॥६५॥
अथाग्र्यमहिषी राज्ञः प्रसूतिसमये सती ।
पुत्रं तमोपहं लेभे नक्तं ज्योतिरिवौषधिः ॥६६॥
राम इत्यभिरामेण वपुषा तस्य चोदितः ।
नामधेयं गुरुश्चक्रे जगत्प्रथममङ्गलम् ॥६७॥
रघुवंशप्रदीपेन तेनाप्रतिमतेजसा ।
रक्षागृहगता दीपाः प्रत्यादिष्टा इवाभवन् ॥६८॥
शय्यागतेन रामेण माता शातोदरी बभौ ।
सैकताम्भोजबलिना जाह्नवीव शरत्कृशा ॥६९॥

हुआ गरुड़ हमें आकाशमें उड़ाकर ले जा रहा है ॥६१॥ और वक्षस्थलपर कौस्तुभमणि पहने हुए लक्ष्मी भी हाथोंमें कमलका पंखा लेकर हमारी सेवा कर रही हैं ॥६२॥ इतना ही नहीं, आकाश-गङ्गा में स्नान करके सप्तर्षि भी वेद पाठ करते हुए हमारी ही उपासना कर रहे हैं ॥६३॥ जब रानियोंने राजाको अपने ये स्वप्न सुनाए तब वे बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने समझ लिया कि अब संसारमें मुझसे बढ़कर कोई नहीं है क्योंकि मैं संसारके गुरु विष्णुजी का भी पिता बन रहा हूँ ॥६४॥ यद्यपि विष्णुका एक ही रूप है पर जैसे निर्मल जलमें चन्द्रमाके बहुतसे प्रतिबिम्ब पड़ जाते हैं वैसे ही वे भी तीनों रानियोंके गर्भों में अलग अलग निवास कर रहे थे ॥६५॥ जैसे पर्वतकी बहुतसी बूटियोंमें रातको अँधेरा दूर करनेवाला प्रकाश आ जाता है वैसे ही राजाकी पटरानी कौशल्याने तमोगुणको दूर करनेवाला पुत्र उत्पन्न किया ॥६६॥ उस बालकका मनोहर शरीर देखकर वसिष्ठजीने उनका संसारमें सबसे अधिक मङ्गलकारी नाम 'राम' रख दिया ॥६७॥ रघुवंशको उजागर करनेवाले उस बालकका इतना तेज था कि सौरी घरके सब दीपकों की ज्योति उनके आगे मन्द पड़ गई ॥६८॥ प्रसव से दुबली माता कौशल्या, नन्हेंसे रामको लिए हुए पलंग पर लेटी हुई ऐसी सुन्दर जान पड़ती थीं जैसे शरद् ऋतुमें पतली धारवाली गङ्गाजीके तट पर खिलौना चढ़ाया हुआ नीला कमल रक्खा

कैकेय्यास्तनयो जज्ञे भरतो नाम शीलवान् ।
जनयित्रीमलंचक्रे यः प्रश्रय इव श्रियम् ॥७०॥

सुतौ लक्ष्मणशत्रुघ्नौ सुमित्रा सुषुवे यमौ ।
सम्यगाराधिता विद्या प्रबोधविनयाविव ॥७१॥

निर्दोषमभवत्सर्वमाविष्कृतगुणं जगत् ।
अन्वगादिव हि स्वर्गो गां गतं पुरुषोत्तमम् ॥७२॥

तस्योदये चतुर्मूर्तेः पौलस्त्यचकितेश्वराः ।
विरजस्कैर्नभस्वद्भिर्दिश उच्छ्वसिता इव ॥७३॥

कृशानुरपधूमत्वात्प्रसन्नत्वात्प्रभाकरः ।
रक्षोविप्रकृतावास्तामपविद्धशुचाविव ॥७४॥

दशाननकिरीटेभ्यस्तत्क्षणंराक्षसश्रियः ।
मणिव्याजेन पर्यस्ताः पृथिव्यामश्रुबिन्दवः ॥७५॥

पुत्रजन्मप्रवेश्यानां तूर्याणां तस्य पुत्रिणः ।
आरम्भं प्रथमं चक्रुर्देवदुन्दुभयो दिवि ॥७६॥

संतानकमयी वृष्टिर्भवने चास्य पेतुषी ।
सन्मङ्गलोपचाराणां सैवादिरचनाभवत् ॥७७॥

हुआ हो ॥६९॥ कैकेयीने भरतको जन्म दिया । उन्हें पाकर वे ऐसी शोभा दे रही थीं जैसे संपत्तिके साथ आदर शोभा देता है ॥७०॥ जैसे अभ्यास से पाई हुई विद्या से ज्ञान और विनय दोनों मिल जाते हैं वैसे ही सुमित्राने लक्ष्मण और शत्रुघ्न नामके दो जुड़वाँ पुत्र उत्पन्न हुए ॥७१॥ उस समय संसारसे सारे दोष भाग गए और चारों ओर गुण ही गुण फैल गए मानो विष्णु भगवान् के साथ-साथ स्वर्ग भी पृथ्वी पर उतर आया हो ॥७२॥ दसों दिशाओंमें बिना धूमकी जो स्वच्छ बयार चलने लगी वह ऐसी लगती थी मानो रावणसे डरे हुए कुबेर आदि दिक्पालोंने पृथ्वीपर चार रूपों में आये हुए भगवान्को पाकर सन्तोष की साँस ली हो ॥७३॥ रावणसे पीड़ा पाये हुए अग्निदेवका धुंआ निकल गया और सूर्य भी निर्मल हो गए मानो दोनों का शोक दूर हो गया हो ॥७४॥ उसी समय रावणके मुकुटसे कुछ मणि पृथ्वीपर गिर पड़े मानो राक्षसों की लक्ष्मीके आँसू ही टपक पड़े हों ॥७५॥ पुत्रवान् राजा दशरथके यहाँ पुत्र-जन्मके समय, नगाड़े आदि बाजे पीछे बजे, पहले देवताओंने ही स्वर्गमें बधाईकी दुन्दुभी बजाई ॥७६॥ और उनके राजभवनपर आकाशसे कल्पवृक्षोंके फूलोंकी जो वर्षा हुई उसीसे उनके माङ्गलिक समारोहों का आरम्भ हुआ ॥७७॥ जातकर्म आदि संस्कार हो

विभ्रत्या कौस्तुभन्यासं स्तनान्तरविलम्बिनम् ।
पर्युपास्यन्त लक्ष्म्या च पद्मव्यजनहस्तया ॥६२॥
कृताभिषेकैर्दिव्यायां त्रिस्रोतसि च सप्तभिः ।
ब्रह्मर्षिभिः परं ब्रह्म गृणद्भिरुपतस्थिरे ॥६३॥
ताभ्यस्तथाविधान्स्वप्नाञ्छ्रुत्वा प्रीतो हि पार्थिवः ।
मेने परार्ध्यमात्मानं गुरुत्वेन जगद्गुरोः ॥६४॥
विभक्तात्मा विभुस्तासामेकः कुक्षिष्वनेकधा ।
उवास प्रतिमाचन्द्रः प्रसन्नानामपामिव ॥६५॥
अथाग्र्यमहिषी राज्ञः प्रसूतिसमये सती ।
पुत्रं तमोपहं लेभे नक्तं ज्योतिरिवौषधिः ॥६६॥
राम इत्यभिरामेण वपुषा तस्य चोदितः ।
नामधेयं गुरुश्चक्रे जगत्प्रथममङ्गलम् ॥६७॥
रघुवंशप्रदीपेन तेनाप्रतिमतेजसा ।
रक्षागृहगता दीपाः प्रत्यादिष्टा इवाभवन् ॥६८॥
शय्यागतेन रामेण माता शातोदरी बभौ ।
सैकताम्भोजबलिना जाह्नवीव शरत्कृशा ॥६९॥

हुआ गरुड़ हमें आकाशमें उड़ाकर ले जा रहा है ॥६१॥ और वक्षस्थलपर कौस्तुभमणि पहने हुए लक्ष्मी भी हाथमें कमलका पंखा लेकर हमारी सेवा कर रही हैं ॥६२॥ इतना ही नहीं, आकाश-गङ्गा मे स्नान करके सप्तर्षि भी वेद-पाठ करते हुए हमारी ही उपासना कर रहे हैं ॥६३॥ जब रानियोंने राजाको अपने ये स्वप्न सुनाए तब वे बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने समझ लिया कि अब संसारमें मुझसे बढ़कर कोई नहीं है क्योंकि मैं संसारके गुरु विष्णुजी का भी पिता बन रहा हूँ ॥६४॥ यद्यपि विष्णुका एक ही रूप है पर जैसे निर्मल जलमे चन्द्रमाके बहुतसे प्रतिबिम्ब पड़ जाते हैं वैसे ही वे भी तीनों रानियोंके गर्भों मे अलग-अलग निवास कर रहे थे ॥६५॥ जैसे पर्वतकी बहुतसी बूटियोंमे रातको अँधेरा दूर करनेवाला प्रकाश आ जाता है वैसे ही राजाकी पटरानी कौशल्याने तमोगुणको दूर करनेवाला पुत्र उत्पन्न किया ॥६६॥ उस बालकका मनोहर शरीर,देखकर वशिष्ठजीने उनका संसारमें सबसे अधिक मङ्गलकारी नाम 'राम' रख दिया ॥६७॥ रघुवंशको उजागर करनेवाले उस बालकका इतना तेज था कि सौरी घरके सब दीपकों की ज्योति उसके आगे मन्द पड़ गई ॥६८॥ प्रसव से दुबली माता कौशल्या, नन्हेंसे रामको लिए हुए पलंग पर लेटी हुई ऐसी सुन्दर जान पड़ती थी जैसे शरद् ऋतुमें पतली धारवाली गङ्गाजीके तट पर किसीका चढ़ाया हुआ नीला कमल रक्खा

कैकेय्यास्तनयो जज्ञे भरतो नाम शीलवान् ।
जनयित्रीमलंचक्रे यः प्रश्रय इव श्रियम् ॥७०॥

सुतौ लक्ष्मणशत्रुघ्नौ सुमित्रा सुषुवे यमौ ।
सम्यगाराधिता विद्या प्रबोधविनयाविव ॥७१॥

निर्दोषमभवत्सर्वमाविष्कृतगुणं जगत् ।
अन्वगादिव हि स्वर्गो गां गतं पुरुषोत्तमम् ॥७२॥

तस्योदये चतुर्मूर्तेः पौलस्त्यचकितेश्वराः ।
विरजस्कैर्नभस्वद्भिर्दिश उच्छ्वसिता इव ॥७३॥

कृशानुरपधूमत्वात्प्रसन्नत्वात्प्रभाकरः ।
रक्षोविप्रकृतावास्तामपविद्धशुचाविव ॥७४॥

दशाननकिरीटेभ्यस्तत्क्षणंराक्षसश्रियः ।
मणिव्याजेन पर्यस्ताः पृथिव्यामश्रुबिन्दवः ॥७५॥

पुत्रजन्मप्रवेश्यानां तूर्याणां तस्य पुत्रिणः ।
आरम्भं प्रथमं चक्रुर्देवदुन्दुभयो दिवि ॥७६॥

संतानकमयी वृष्टिर्भवने चास्य पेतुषी ।
सन्मङ्गलोपचाराणां सैवादिरचनाभवत् ॥७७॥

कुमाराः कृतसंस्कारास्ते धात्रीस्तन्यपायिनः ।
आनन्देनाग्रजेनेव समं ववृधिरे पितुः ॥७८॥
स्वाभाविकं विनीतत्वं तेषां विनयकर्मणा ।
मुमूर्च्छ सहजं तेजो हविषेव हविर्भुजाम् ॥७९॥
परस्पराविरुद्धास्ते तद्रघोरनघं कुलम् ।
अलमुद्द्योतयामासुर्देवारण्यमिवर्तवः ॥८०॥
समानेऽपि हि सौभ्रात्रे यथोभौ रामलक्ष्मणौ ।
तथा भरतशत्रुघ्नौ प्रीत्या द्वन्द्वं बभूवतुः ॥८१॥
तेषां द्वयोर्द्वयोरैक्यं बिभिदे न कदाचन ।
यथा वायुविभावस्वोर्यथा चन्द्रसमुद्रयोः ॥८२॥
ते प्रजानां प्रजानाथास्तेजसा प्रश्रयेण च ।
मनो जह्रुर्निदाघान्ते श्यामाभ्रा दिवसा इव ॥८३॥
स चतुर्धा बभौ व्यस्तः प्रसवः पृथिवीपतेः ।
धर्मार्थकाममोक्षाणामवतार इवाङ्गभाक् ॥८४॥
गुणैराराधयामासुस्ते गुरुं गुरुवत्सलाः ।
तमेव चतुरन्तेशं रत्नैरिव महार्णवाः ॥८५॥

चुकने पर धायका दूध पी-पीकर जैसे-जैसे राजकुमार बढने लगे वैसे ही वैसे राजा दशरथका आनन्द भी बढने लगा मानो वह आनन्द उन चारों राजकुमारों का जेठा भाई हो ॥७८॥ जैसे घी आदि पड़नेसे हवनकी अग्निका स्वाभाविक तेज बढ जाता है वैसे ही शिक्षा पानेसे उन चारों राजकुमारों की स्वाभाविक नम्रता और भी अधिक बढ गई ॥७९॥ जैसे ऋतुएं नन्दनवनको चमका देती हैं वैसे ही परस्पर प्रेमसे उन चारों कुमारोंने पवित्र रघुकुलको उजागर कर दिया ॥८०॥ यद्यपि चारोंमे परस्पर बहुत प्रेम था, फिर भी विशेष प्रेमके कारण जैसे राम और लक्ष्मणकी एक जोट हो गई वैसे ही भरत और शत्रुघ्नकी भी जोट हो गई ॥८१॥ जैसे वायु और अग्निका तथा चन्द्रमा और समुद्रका जोडा कभी अलग नही होता वैसे ही राम और लक्ष्मणका तथा भरत और शत्रुघ्नका साथ कभी नही छूटा ॥८२॥ सब प्रजाके स्वामी राजकुमारोंने अपने तेज और नम्र व्यवहारसे अपनी प्रजाका मन उसी प्रकार हर लिया जैसे गर्मीके अंतमे काले बादल लोगोंके मन आकृष्ट कर लेते हैं ॥८३॥ राजाकी चारों संतानें ऐसी शोभा दे रही थी मानो, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारोंने अवतार ले लिया हो ॥८४॥ चारों पितृभक्त राजकुमारोंने राजा दशरथको अपने गुणोंसे उसी प्रकार प्रसन्न कर लिया जैसे चारों समुद्रोंने रत्न देकर चारों दिशाओंके स्वामी राजा दशरथ को

सुरगज इव दन्तैर्भग्नदैत्यासिधारै-
र्नय इव पणबन्धव्यक्तयोगैरुपायैः ।
हरिरिव युगदीर्घैर्दोर्भिरंशैस्तदीयैः
पतिरवनिपतीनां तैश्चकाशे चतुर्भिः ॥८६॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
रामावतारो नाम दशमः सर्गः ॥

प्रसन्न कर लिया था ॥८५॥ जैसे असुरोंकी तलवारोंकी धार कुंठित करनेवाले अपने चार दाँतोंसे ऐरावत शोभा देता है, जैसे साम, दाम, दण्ड और भेद इन चार उपायोंसे राजनीति शोभा देती है और जैसे रथके जुएके समान अपनी लम्बी-लम्बी चार भुजाओंसे विष्णु भगवान् शोभा देते हैं वैसे ही राजा दशरथ भी अपने चार सुयोग्य पुत्रोंसे सुशोभित हुए ॥८६॥

महाकवि कालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें
रामावतार नाम का दसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।



॥ एकादशः सर्गः ॥

कौशिकेन स किल क्षितीश्वरो राममध्वरविघातशान्तये ।
काकपक्षधरमेत्य याचितस्तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते ॥ १ ॥
कृच्छ्रलब्धमपि लब्धवर्णभाक् तं दिदेश मुनये सलक्ष्मणम् ।
अप्यसुप्रणयिनां रघोः कुले न व्यहन्यत कदाचिदर्थिता ॥ २ ॥
यावदादिशति पार्थिवस्तयोर्निर्गमाय पुरमार्गसंस्क्रियाम् ।
तावदाशु विदधे मरुत्सखैः सा सपुष्पजलवर्षिभिर्घनैः ॥ ३ ॥
तौ निदेशकरणोद्यतौ पितुर्धन्विनौ चरणयोर्निपेततुः ।
भूपतेरपि तयोः प्रवत्स्यतोर्नम्रयोरुपरि बाष्पबिन्दवः ॥ ४ ॥
तौ पितुर्नयनजेन वारिणा किंचिदुक्षितशिखण्डकावुभौ ।
धन्विनौ तमृषिमन्वगच्छतां पौरदृष्टिकृतमार्गतोरणौ ॥ ५ ॥
लक्ष्मणानुचरमेव राघवं नेतुमैच्छदृषिरित्यसौ नृपः ।
आशिषं प्रयुयुजे न वाहिनीं सा हि रक्षणविधौ तयोः क्षमा ॥ ६ ॥
मातृवर्गचरणस्पृशौ मुनेस्तौ प्रपद्य पदवीं महौजसः ।
रेजतुर्गतिवशात्प्रवर्तिनौ भास्करस्य मधुमाधवाविव ॥ ७ ॥

ग्यारहवाँ सर्ग

एक दिन विश्वामित्रजी राजा दशरथके पास आए और उन्होंने कहा कि मेरे यज्ञकी रक्षाके लिये काकपक्ष-धारी रामको हमारे साथ भेज दीजिए। ठीक ही है, जो तेजस्वी होते हैं, उनके लिये यह नहीं विचार किया जाता कि वे छोटे हैं या बड़े ॥१॥ यद्यपि दशरथजीने राम और लक्ष्मणको बड़ी तपस्यासे पाया था पर वे विद्वानोंके इतने भक्त थे कि उन्होंने तत्काल राम-लक्ष्मणको मुनिके साथ भेज दिया क्योंकि रघुकुलकी सदासे यह रीति रही है कि यदि कोई प्राण भी माँग ले तो उसे विमुख नहीं लौटाते ॥२॥ अभी राजा दशरथ उनकी विदाईके लिये सड़क सजानेकी आज्ञा अपने सेवकोंको दे ही रहे थे कि इतनेमें वायुके पूत और बादलोंने फूल बरसाकर सड़कोंपर बरसा ही तो दिये ॥३॥ पिताकी आज्ञा पालन करनेको उद्यत होकर दोनों राजकुमार जाते समय पिताके चरणोंमें प्रणाम करनेको झुके ही थे कि दशरथजीकी आँखोंसे उन दोनों पर आँसू टपक पड़े ॥४॥ और उन आँसुओंसे दोनों राजकुमारोंकी चोटियाँ भीग गईं। जिस समय धनुष लेकर दोनों राजकुमार विश्वामित्रजीके पीछे-पीछे चले जा रहे थे उस समय उन्हें देखते हुए पुरवासियोंकी आँखें ऐसी जान पड़ती थीं मानो मेहराबें बन्दनवारें बाँध दी गई हों ॥५॥ विश्वामित्रजी केवल राम और लक्ष्मणको ही ले जाना चाहते थे। अतः राजाने उनको [illegible] आशीर्वाद ही दिया, सेना नहीं। क्योंकि उनका आशीर्वाद ही उनकी रक्षाके लिए पर्याप्त था ॥६॥ माताओंके चरण छूकर दोनों राजकुमार उन

वीचिलोलभुजयोस्तयोर्गतं शैशवाच्चपलमप्यशोभत ।
तोयदागम इवोद्ध्यभिद्ययोर्नामधेयसदृशं विचेष्टितम् ॥ ८ ॥
तौ बलातिबलयोः प्रभावतो विद्ययोः पथि मुनिप्रदिष्टयोः ।
मम्लतुर्न मणिकुट्टिमोचितौ मातृपार्श्वपरिवर्तिनाविव ॥ ९ ॥
पूर्ववृत्तकथितैः पुराविदः सानुजः पितृसखस्य राघवः ।
उह्यमान इव वाहनोचितः पादचारमपि न व्यभावयत् ॥१०॥
तौ सरांसि रसवद्भिरम्बुभिः कूजितैः श्रुतिसुखैः पतत्रिणः ।
वायवः सुरभिपुष्परेणुभिश्छायया च जलदाः सिषेविरे ॥११॥
नाम्भसां कमलशोभिनां तथा शाखिनां च न परिश्रमच्छिदाम् ।
दर्शनेन लघुना यथा तयोः प्रीतिमापुरुभयोस्तपस्विनः ॥१२॥
स्थाणुदग्धवपुषस्तपोवनं प्राप्य दाशरथिरात्तकार्मुकः ।
विग्रहेण मदनस्य चारुणा सोऽभवत्प्रतिनिधिर्न कर्मणा ॥१३॥
तौ सुकेतुसुतया खिलीकृते कौशिकाद्विदितशापया पथि ।
निन्यतुः स्थलनिवेशिताटनी लीलयैव धनुषी अधिज्यताम् ॥१४॥

तेजस्वी मुनिके पीछे चलते हुए ऐसे शोभित होते थे मानो सूर्यके पीछे-पीछे चैत्र और वैशाख मास चले जा रहे हों ॥७॥ बचपनके कारण लहरोंके समान चंचल बाहोंवाले राजकुमारोंका चुलबुलापन ऐसा सुन्दर लग रहा था मानो वर्षा ऋतुमें दोनों उद्ध्य और भिद्य नदियाँ लहराती इठलाती तटोंको ढाती हुई चली जा रही हों ॥८॥ [आजतक उन बालकोंने घरसे बाहर तो पैर रक्खा ही न था, इसलिये] मार्ग में ही विश्वामित्रजीने उन्हें बला और अतिबला नामकी दोनों विद्याएँ सिखा दी जिससे ऊबड़-खाबड़ वनके मार्गमें चलते हुए उन्हें थकान नहीं हो रही थी और वैसा ही सुख हो रहा था जैसे वे मणियों से जड़े हुए अपने भवनों में अपनी माताके आसपास घूम रहे हों ॥९॥ जो राम और लक्ष्मण सदा दिव्य रथोंपर चढ़कर चलते थे उन्हें तनिक भी थकावट नहीं हुई क्योंकि उनके पिताके मित्र विश्वामित्रजी उन्हें मार्गमें पुरानी कथाएँ सुनाते चले जा रहे थे ॥१०॥ सरोवरोंने अपना मीठा जल पिलाकर, पक्षियोंने मधुर गीत सुनाकर, वायुने सुगन्धित पराग फैलाकर और बादलोंने शीतल छाया देकर मार्गमें उन दोनों की बड़ी सेवा की ॥११॥ कमलोंसे भरे हुए सरोवरों-तथा थकावट हरनेवाले वृक्षोंकी छायाको देखकर भी आश्रमके तपस्वी उतने प्रसन्न कभी नहीं हुए थे जितने इन दोनों राजकुमारोंको देखकर प्रसन्न हुए ॥१२॥ जिस तपोवनमें शिवजीने कामदेवको भस्म किया था वहाँ जब सुन्दर शरीरवाले राम धनुष उठाए हुए पहुँचे तब जान पड़ा मानो वे वहाँ कामदेवकी सुन्दरता के प्रतिनिधि बनकर आए हों, उसके कार्यों के नहीं ॥१३॥ वहीं मार्गमें उन्हें वह सुकेतु की कन्या ताड़का राक्षसी मिली जिसने सारे मार्गको उजाड़ बना दिया था और जिसके शापकी कथा महर्षि विश्वामित्रने पहले ही रामको सुना दी थी । उसे देखते ही उन दोनों भाइयोंने अपने धनुषोंको पृथ्वीपर

ज्यानिनादमथ गृह्णती तयोः प्रादुरास बहुलक्षपाछविः ।
ताडका चलकपालकुण्डला कालिकेव निविडा बलाकिनी ॥१५॥
तीव्रवेगधुतमार्गवृक्षया प्रेतचीवरवसा स्वनोग्रया ।
अभ्यभावि भरताग्रजस्तया वात्ययेव पितृकाननोत्थया ॥१६॥
उद्यतैकभुजयष्टिमायतीं श्रोणिलम्बिपुरुषान्त्रमेखलाम् ।
तां विलोक्य वनितावधे घृणां पत्रिणा सह मुमोच राघवः ॥१७॥
यच्चकार विवरं शिलाघने ताडकोरसि स रामसायकः ।
अप्रविष्टविषयस्य रक्षसां द्वारतामगमदन्तकस्य तत् ॥१८॥
बाणभिन्नहृदया निपेतुषी सा स्वकाननभुवं न केवलाम् ।
विष्टपत्रयपराजयस्थिरां रावणश्रियमपि व्यकम्पयत् ॥१९॥
राममन्मथशरेण ताडिता दुःसहेन हृदये निशाचरी ।
गन्धवद्रुधिरचन्दनोक्षिता जीवितेशवसतिं जगाम सा ॥२०॥
नैर्ऋतघ्नमथ मन्त्रवन्मुनेः प्रापदस्त्रमवदानतोषितात् ।
ज्योतिरिन्धननिपाति भास्करात्सूर्यकान्त इव ताडकान्तकः ॥२१॥
वामनाश्रमपदं ततः परं पावनं श्रुतमृषेरुपेयिवान् ।
उन्मनाः प्रथमजन्मचेष्टितान्यस्मरन्नपि बभूव राघवः ॥२२॥

टंकार होगयी थी वहाँसे ॥१४॥ उनके धनुषकी डोरीकी टंकार सुनते ही, कानोंमें लटकी हुई मनुष्यकी खोपड़ियोंका कुण्डल हिलाती हुई अमावस्याकी रात्रिके समान काली कलूटी ताड़का उनके आगे आकर इस प्रकार खड़ी हो गई मानो बगुलोंकी पाँतोंसे भरी काली बदली हो ॥१५॥ बड़े वेगसे मार्गके वृक्षोंको ढाती हुई प्रेतोंके वस्त्र पहने हुई, घोर भयंकर गरजनेवाली तथा श्मशानमें उठे हुए बवंडरके समान आकृति वाली ताड़का, रामके ऊपर टूट पड़ी ॥१६॥ शूलकी लाठीके समान अपनी बाँह उठाती हुई और कमरमें आँतोंकी तगड़ी (करधन) पहने हुई उस ताड़काको देखकर रामने स्त्रीको मारनेकी घृणा और बाण दोनों एक साथ छोड़े ॥१७॥ रामके उस बाणने पत्थरकी चट्टानके समान कठोर ताड़काकी छातीमें जो छेद किया वह मानो राक्षसोंके उस देशमें यमराजके प्रवेश करनेके लिये द्वार खोल दिया हो जहाँ अभीतक वह जा नहीं पाता था ॥१८॥ रामके बाणसे ताड़काकी छाती फट गई और वह नीचे गिरी तब उसके गिरनेसे वह जङ्गल ही नहीं वरन् तीनों लोकोंको जीतनेसे पाई हुई रावणकी राजलक्ष्मी भी काँप उठी ॥१९॥ रामके बाणसे विंधकर दुर्गन्धभरे रुधिरसे लिपटी हुई ताड़का इस प्रकार सीधे यमलोक चली गई मानो कामके बाणसे घायल हुई कोई अभिसारिका चन्दनका लेप करके अपने प्रियके घर जा पहुँची हो ॥२०॥ जैसे सूर्य, लकड़ी जलानेवाला तेज सूर्यकान्त मणिको दे देता है वैसे ही ताड़काके मरनेसे महर्षि विश्वामित्र इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने रामको राक्षसोंका संहार करनेवाला दिव्य अस्त्र मन्त्र-सहित दे दिया ॥२१॥ वहाँसे रामचन्द्रजी वामनके उस पवित्र

आससाद मुनिरात्मनस्ततः शिष्यवर्गपरिकल्पिताहंणम् ।
बद्धपल्लवपुटाञ्जलिद्रुमं दर्शनोन्मुखमृगं तपोवनम् ॥२३॥
तत्र दीक्षितमृषिं ररक्षतुर्विघ्नतो दशरथात्मजौ शरैः ।
लोकमन्धतमसात्क्रमोदितौ रश्मिभिः शशिदिवाकराविव ॥२४॥
वीक्ष्य वेदिमथ रक्तबिन्दुभिर्बन्धुजीवपृथुभिः प्रदूषिताम् ।
सम्भ्रमोऽभवदपोढकर्मणामृत्विजां च्युतविकङ्कतस्रुचाम् ॥२५॥
उन्मुखः सपदि लक्ष्मणाग्रजो बाणमाश्रयमुखात्समुद्धरन् ।
रक्षसां बलमपश्यदम्बरे गृध्रपक्षपवनेरितध्वजम् ॥२६॥
तत्र यावधिपती मखद्विषां तौ शरव्यमकरोत्स नेतरान् ।
किं महोरगविसर्पिविक्रमो राजिलेषु गरुडः प्रवर्तते ॥२७॥
सोऽस्त्रमुग्रजवमस्त्रकोविदः संदधे धनुषि वायुदैवतम् ।
तेन शैलगुरुमप्यपातयत्पाण्डुपत्रमिव ताडकासुतम् ॥२८॥
यः सुबाहुरिति राक्षसोऽपरस्तत्र तत्र विससर्प मायया ।
तं क्षुरप्रशकलीकृतं कृती पत्त्रिणां व्यभजदाश्रमाद्बहिः ॥२९॥

आश्रममें गए जिसके विषयमें विश्वामित्रजीने उन्हें सब बता दिया था। वहाँ अपने पूर्व जन्मके वामनावतारकी लीलाओंका ठीक-ठीक स्मरण न होनेपर भी वे कुछ उत्कंठितसे हो गए ॥२२॥ वहाँसे मुनि अपने उस आश्रमपर पहुँचे जहाँ शिष्योंने पूजाकी सब सामग्री इकट्ठी कर रक्खी थी, जहाँ वृक्ष भी अपने पत्तोंकी अञ्जलि बाँधे खड़े थे और जहाँ मृग भी बड़ी उत्सुकतासे इन लोगोंको देख रहे थे ॥२३॥ जैसे सूर्य और चन्द्रमा बारी-बारीसे अपनी किरणोंसे पृथ्वीका अँधेरा दूर करते हैं वैसे ही आश्रममें बारी-बारीसे राम और लक्ष्मण यज्ञ करनेवाले ऋषिके विघ्न दूर कर रहे थे ॥२४॥ इतनेमें ही यज्ञकी वेदीपर बन्धुजीव (दुपहरिया) के फूलके समान बड़ी-बड़ी रक्तकी बूँदें देखकर ऋषियोंको बड़ा आश्चर्य हुआ और उन्होंने यज्ञ करना बन्द करके अपने-अपने खैरके स्रुवे रख दिए ॥२५॥ उसी समय रामने अपने तूणीरसे बाण निकाले और ऊपर मुँह करके आकाशकी ओर देखा कि गिद्धके पंखोंके समान हिलती हुई ध्वजाओंवाली राक्षसोंकी सेना डटी खड़ी है ॥२६॥ रामने और सबको छोड़कर उन्हीं दो राक्षसोंको बाण मारे जो उस सेनाके सेनानायक थे और जो यज्ञसे घृणा करते थे क्योंकि भला बड़े-बड़े सर्पोंपर आक्रमण करनेवाला गरुड क्या कभी जलके छोटे-छोटे साँपोंपर आक्रमण किया करता है ॥२७॥ दिव्य अस्त्र चलानेमें रामका हाथ ऐसा सधा हुआ था कि उन्होंने झट अपने धनुषपर वायव्य अस्त्र चढ़ाया और पर्वतसे भी बड़े ताड़काके पुत्र मारीचको उस बाणसे उठाकर वैसे ही दूर फेंक दिया जैसे कोई सूखा पत्ता उड़ा दिया हो ॥२८॥ सुबाहु नामका जो दूसरा राक्षस अपनी मायासे इधर-उधर घूम रहा था उसे भी रामने अपने बाणोंसे टुकड़े-टुकड़े करके आश्रमके बाहर मार गिराया जिसे पक्षियोंने क्षण भरमें बाँट खाया ॥२९॥

इत्यपास्तमखविघ्नयोस्तयोः सांयुगीनमभिनन्द्य विक्रमम् ।
ऋत्विजः कुलपतेर्यथाक्रमं वाग्यतस्य निरवर्तयन्क्रियाः ॥३०॥
तौ प्रणामचलकाकपक्षकौ भ्रातरावभृथाप्लुतो मुनिः ।
आशिषामनुपदं समस्पृशद्दर्भपाटिततलेन पाणिना ॥३१॥
तं न्यमन्त्रयत संभृतक्रतुर्मैथिलः स मिथिलां व्रजन्वशी ।
राघवावपि निनाय बिभ्रतौ तद्धनुःश्रवणजं कुतूहलम् ॥३२॥
तैः शिवेषु वसतिर्गताध्वभिः सायमाश्रमतरुष्वगृह्यत ।
येषु दीर्घतपसः परिग्रहो वासवक्षणकलत्रतां ययौ ॥३३॥
प्रत्यपद्यत चिराय यत्पुनश्चारु गौतमवधूः शिलामयी ।
स्वं वपुः स किल किल्बिषच्छिदां रामपादरजसामनुग्रहः ॥३४॥
राघवान्वितमुपस्थितं मुनिं तं निशम्य जनको जनेश्वरः ।
अर्थकामसहितं सपर्यया देहबद्धमिव धर्ममभ्यगात् ॥३५॥
तौ विदेहनगरीनिवासिनां गां गताविव दिवः पुनर्वसू ।
मन्यते स्म पिबतां विलोचनैः पक्ष्मपातमपि वञ्चनां मनः ॥३६॥

जब यज्ञ करनेवाले ऋषियोंने देखा कि थोड़े ही समयमें रामने सब विघ्न दूर कर दिए तो उन्होंने राम और लक्ष्मणके पराक्रमकी बड़ी प्रशंसा की और मौन धारण किए विश्वामित्रजीने विधिके साथ अपना यज्ञ पूरा कर लिया ॥३०॥ यज्ञ पूर्ण होने पर, स्नान करके महर्षि विश्वामित्रने उन राम और लक्ष्मणको बड़ा आशीर्वाद दिया जिनकी लटें प्रणाम करते समय झूल रही थीं। ऋषिने कुशासे छिली हुई अपनी हथेली उनके सिरपर रखकर उनपर अपना बड़ा स्नेह दिखाया ॥३१॥ उन्हीं दिनों राजा जनकने धनुष यज्ञ ठान रक्खा था जिसमें उन्होंने मुनियोंको भी निमन्त्रण दिया था। धनुषयज्ञकी बात सुनकर दोनों राजकुमारोंको बड़ा कुतूहल हुआ, इसलिये विश्वामित्रजी उन दोनोंको साथ लेकर मिथिलापुरीकी ओर चल दिये ॥३२॥ वे कुछ दूर चले होंगे कि साँझ हो गई और वे उस आश्रमके सुन्दर वृक्षोंके तले टिक गए जहाँ महातपस्वी गौतमकी स्त्री अहिल्या थोड़ी देरके लिये इन्द्रकी पत्नी बन गई थी ॥३३॥ रामके चरणोंकी धूल सब पापोंको हरनेवाली थी इसलिये उसके छूते ही पतिके शापसे पत्थर बनी हुई अहल्याको फिर इतने दिनों पीछे वही पहलेवाला सुन्दर शरीर मिल गया ॥३४॥ जब राजा जनकजीको यह समाचार मिला कि विश्वामित्रजीके साथ राम और लक्ष्मण भी आये हुए हैं तब वे पूजाकी सामग्री लेकर उनकी अगवानीके लिये मिलने चले। जनकजीको वे ऐसे लगे मानो धर्मके साथ अर्थ और काम ही चले आए हों ॥३५॥ वे दोनों राजकुमार ऐसे सुन्दर लग रहे थे मानो दो पुनर्वसु नक्षत्र ही पृथ्वीपर उतर आये हों। जनकपुरके निवासी ऐसे मगन होकर अपनी आँखोंसे उनका रूप पी रहे थे कि पलकोंका गिरना भी उन्हें बड़ा अखर रहा था ॥३६॥

यूपवत्यवसिते क्रियाविधौ कालवित्कुशिकवंशवर्द्धनः ।
राममिष्वसनदर्शनोत्सुकं मैथिलाय कथयांबभूव सः ॥३७॥
तस्य वीक्ष्य ललितं वपुः शिशोः पार्थिवः प्रथितवंशजन्मनः
स्वं विचिन्त्य च धनुर्दुरानम पीडितो दुहितृशुल्कसंस्थया ॥३८॥
अब्रवीच्च भगवन्मतङ्गजैर्यद्बृहद्भिरपि कर्म दुष्करम् ।
तत्र नाहमनुमन्तुमुत्सहे मोघवृत्ति कलभस्य चेष्टितम् ॥३९॥
ह्रेपिता हि बहवो नरेश्वरास्तेन तात धनुषा धनुर्भृतः ।
ज्यानिघातकठिनत्वचो भुजान्स्वान्विधूय धिगिति प्रतस्थिरे ॥४०॥
प्रत्युवाच तमृषिर्निशम्यतां सारतोऽयमथवा गिरा कृतम् ।
चाप एव भवतो भविष्यति व्यक्तशक्तिरशनिर्गिराविव ॥४१॥
एवमाप्तवचनात्स पौरुषं काकपक्षकधरेऽपि राघवे ।
श्रद्दधे त्रिदशगोपमात्रके दाहशक्तिमिव कृष्णवर्त्मनि ॥४२॥
व्यादिदेश गणशोऽथ पार्श्वगान्कार्मुकाभिहरणाय मैथिलः।
तैजसस्य धनुषः प्रवृत्तये तोयदानिव सहस्रलोचनः ॥४३॥
तत्प्रसुप्तभुजगेन्द्रभीषणं वीक्ष्य दाशरथिराददे धनुः ।
विद्रुतक्रतुमृगानुसारिणं येन बाणमसृजद्वृषध्वजः ॥४४॥

जब धनुपयज्ञकी सब क्रियाएँ समाप्त हो गई तब ठीक अवसर समझकर विश्वामित्रजीने जनकजीसे कहा कि राम भी वह धनुष देखना चाहते हैं ॥३७॥ जब जनकजीने एक ओर प्रसिद्ध वंशमे उत्पन्न हुए बालक रामके कोमल शरीरको देखा और दूसरी ओर अपने उस कठोर धनुषपर दृष्टि डाली जिसे बड़े-बड़े वीर भी नही झुका सके थे, तब उन्हे इस बातका बड़ा पछतावा हुआ कि मैंने अपनी कन्याके विवाहके लिये यह धनुष तोड़नेका अड़गा क्यो लगा दिया ॥३८॥ वे विश्वामित्रजीसे बोले —'हे भगवन् ! जो काम बड़े बड़े मतवाले हाथी नहीं कर सकते उसे हाथीके बच्चेसे कराना व्यर्थका खिलवाड है। इसलिए मेरा मन तो नहीं चाहता कि इनसे धनुष उठवाया जाय ॥३९॥ इस धनुषके उठाने मे बड़े-बड़े धनुषधारी राजा अपना-सा मुँह लेकर रह गए और अपनी उन भुजाओंको धिक्कारते हुए चले गये जिनपर धनुषकी डोरीकी फटकारसे बड़े-बड़े घट्टे पड़े हुए थे ॥४०॥ यह सुनकर मुनि बोले—'राजन् ! इनकी शक्ति मैं आपको बतलाता हूँ। पर कहनेसे होता क्या है। जैसे वज्रकी शक्तिकी परीक्षा पहाड़पर होती है वैसे ही इनकी शक्तिकी परीक्षा धनुषपर ही हो जायगी. ॥४१॥ मुनिके कहनेसे जनकजीको कुछ कुछ विश्वास होने लगा कि जैसे बीरबहूटीके बराबर नन्हीं सी चिनगारीमे भी जलानेकी शक्ति छिपी रहती है वैसे ही काकपक्षधारी राममे भी धनुष उठाने की शक्ति अवश्य होगी ॥४२॥ इसलिए जनकजीने अपने सेवकोंको उसीप्रकार धनुष लानेकी आज्ञा दी जैसे इन्द्र भगवान् बादलोंको अपना धनुष प्रकट करने की आज्ञा देते हैं ॥४३॥ धनुष लाया गया। यह ऐसा जान

आततज्यमकरोत्स संसदा विस्मयस्तिमितनेत्रमीक्षितः ।
शैलसारमपि नातियत्नतः पुष्पचापमिव पेशलं स्मरः ॥४५॥
भज्यमानमतिमात्रकर्षणात्तेन वज्रपरुषस्वनं धनुः ।
भार्गवाय दृढमन्यवे पुनः क्षत्रमुद्यतमिव न्यवेदयत् ॥४६॥
दृष्टसारमथ रुद्रकार्मुके वीर्यशुल्कमभिनन्द्य मैथिलः ।
राघवाय तनयामयोनिजां रूपिणीं श्रियमिव न्यवेदयत् ॥४७॥
मैथिलः सपदि सत्यसङ्गरो राघवाय तनयामयोनिजाम् ।
संनिधौ द्युतिमतस्तपोनिधेरग्निसाक्षिक इवातिसृष्टवान् ॥४८॥
प्राहिणोच्च महितं महाद्युतिः कोशलाधिपतये पुरोधसम् ।
भृत्यभावि दुहितुः परिग्रहाद्दिश्यतां कुलमिदं निमेरिति ॥४९॥
अन्वियेष सदृशीं स च स्नुषां प्राप चैनमनुकूलवाग्द्विजः ।
सद्य एव सुकृतां हि पच्यते कल्पवृक्षफलधर्मि काङ्क्षितम् ॥५०॥
तस्य कल्पितपुरस्क्रियाविधेः शुश्रुवान्वचनमग्रजन्मनः ।
उच्चचाल वलभित्सखो वशी सैन्यरेणुमुषितार्कदीधितिः ॥५१॥

पडता था मानो कोई बडा भारी अजगर सोया हुआ हो । रामने देखते देखते शङ्करजीके उस धनुषको उठा लिया जिसे हाथमें लेकर शङ्करजीने मृगके रूपमें दौडनेवाले यज्ञदेवताके ऊपर बाण छोडे थे ॥४४॥ यह देखकर सब सभासदोंको बडा आश्चर्य हुआ जब रामने उस पर्वतके समान भारी धनुषपर वैसी ही सरलतासे डोरी चढा दी जैसे कामदेव अपने फूलोंके धनुषपर डोरी चढाता है ॥४५॥ रामने धनुषको इतना तान लिया कि वह वज्रके समान भयङ्कर शब्द करके इस प्रकार कडकडाता हुआ टूट गया, मानो उसने महाक्रोधी परशुरामको सूचना दे दी हो कि क्षत्रियोंने अब फिर सिर उठाना प्रारम्भ कर दिया है ॥४६॥ राजा जनकने जब देखा कि धनुष तोडकर रामने अपना पराक्रम दिखला दिया है तब उन्होंने रामका बडा आदर किया और पृथ्वीसे उत्पन्न हुई अपनी कन्या जानकी उन्हें प्रकार रामके हाथ सौंप दी मानो साक्षात् अपनी लक्ष्मी ही उन्हें दे डाली हो ॥४७॥ सत्य प्रतिज्ञा करनेवाले जनकने विश्वामित्रजीको ही विवाह का साक्षी अग्नि मान लिया और तत्काल उन्हींके आगे रामको सीता समर्पित कर दी ॥४८॥ तब महातेजस्वी राजा जनकने अपने पूज्य पुरोहितसे दशरथजीके पास कहला भेजा कि मेरी पुत्री सीताको स्वीकार करके इस निमि कुलपर वैसी ही कृपा कीजिए जैसी आप अपने सेवकोंपर करते हैं ॥४९॥ उधर दशरथ यह विचार कर ही रहे थे कि योग्य पतोहू हमारे घरमें आवे कि इतनेमें जनकजीके पुरोहित भी राजा दशरथकी की इच्छा पूरी होनेका समाचार लेकर जा ही तो पहुँचे । ठीक भी है, पुण्यवानोंकी अभिलाषा कल्पवृक्षके समान तत्काल फल देनेवाली होती भी है ॥५०॥ इन्द्रके मित्र, जितेन्द्रिय दशरथने पुरोहितजीका बडा सत्कार किया । उनकी बातें सुनकर वे इतनी सेना लेकर चले कि उससे उठी हुई धूलमें सूर्य भी ढक गया ॥५१॥

आससाद मिथिलां स वेष्टयन्पीडितोपवनपादपां बलैः ।
प्रीतिरोधमसहिष्ट सा पुरी स्त्रीव कान्तपरिभोगमायतम् ॥५२॥
तौ समेत्य समये स्थितावुभौ भूपती वरुणवासवोपमौ ।
कन्यकातनयकौतुकक्रियां स्वप्रभावसदृशीं वितेनतुः ॥५३॥
पार्थिवीमुदवहद्रघूद्वहो लक्ष्मणस्तदनुजामथोर्मिलाम् ।
यौ तयोरवरजौ वरौजसौ तौ कुशध्वजसुते सुमध्यमे ॥५४॥
ते चतुर्थसहितास्त्रयो बभुः सूनवो नववधूपरिग्रहाः ।
सामदानविधिभेदनिग्रहाः सिद्धिमन्त इव तस्य भूपतेः ॥५५॥
ता नराधिपसुता नृपात्मजैस्ते च ताभिरगमन्कृतार्थताम् ।
सोऽभवद्वरवधूसमागमः प्रत्ययप्रकृतियोगसन्निभः ॥५६॥
एवमात्तरतिरात्मसंभवांस्तान्निवेश्य चतुरोऽपि तत्र सः ।
अध्वसु त्रिषु विसृष्टमैथिलः स्वां पुरीं दशरथो न्यवर्तत ॥५७॥
तस्य जातु मरुतः प्रतीपगा वर्त्मसु ध्वजतरुप्रमाथिनः ।
चिक्लिशुर्भृशतया वरूथिनीमुत्तटा इव नदीरयाः स्थलीम् ॥५८॥
लक्ष्यते स्म तदनन्तरं रविर्बद्धभीमपरिवेषमण्डलः ।
वैनतेयशमितस्य भोगिनो भोगवेष्टित इव च्युतो मणिः ॥५९॥

वे इस ठाठ-बाटसे मिथिला पहुँचे मानो उसे घेरते हुए आये हों। बाहर मिथिलाके उपवनको तो उनकी सेनाने रौंद ही डाला। पर इस प्रेमके घेरेको उस नगरीने उसी प्रकार सहन किया जैसे कोई स्त्री अपने प्रियतमके कठोर संभोगको सहन करती है ॥५२॥ वरुण और इन्द्रके समान उन दोनों प्रतापी राजाओंने मिलकर शास्त्रकी विधिसे अपने ऐश्वर्यके अनुकूल अपने पुत्रों और कन्याओंका विवाह कर दिया ॥५३॥ रामका सीतासे और लक्ष्मणका सीताजीकी छोटी बहन उर्मिलासे विवाह हुआ। भरत और शत्रुघ्नका विवाह जनकजीके छोटे भाई कुशध्वजकी माण्डवी और श्रुतिकीर्ति नामकी कन्याओंसे हुआ ॥५४॥ वे चारों भाई नई बहुओंके साथ ऐसे सुशोभित हुए मानो राजा दशरथके साम, दाम, दण्ड और भेद, इन चारों उपायोंको सिद्धियाँ मिल गई हों ॥५५॥ उन चारों राजकुमारोंको पाकर राजकन्याएँ और राजकन्याओंको पाकर राजकुमार निहाल हो गए। यह वर और वधुओंका मिलन ऐसा हुआ जैसे शब्दके मूल रूपोंमें प्रत्यय जुड़ गए हों ॥५६॥ इस प्रकार दशरथने चारों पुत्रोंका विवाह करके तीन पड़ाव पहुँचकर वहाँसे जनकजीको लौटा दिया और स्वयं बड़े प्रसन्न मनसे अयोध्याकी ओर बढ़े ॥५७॥ जैसे बढ़ी हुई नदीकी धारा आस-पासकी भूमिको उजाड़ देती है वैसे ही एक दिन मार्गमें सेनाके ध्वजारूपी वृक्षोंको झकझोरनेवाले वायुने सारी सेनाको व्याकुल कर दिया ॥५८॥ उससे सूर्यके चारों ओर एक बड़ा भारी मण्डल बन गया और वह ऐसा लगने लगा जैसे गरुड़से मारा हुआ कोई साँप अपने सिरसे गिरी हुई मणिके चारों ओर कुण्डली

श्येनपक्षपरिधूसरालकाः सांध्यमेघरुधिरार्द्रवाससः ।
अङ्गना इव रजस्वला दिशो नो बभूवुरवलोकनक्षमाः ॥६०॥
भास्करश्च दिशमध्युवास यां तां श्रिताः प्रतिभयं ववासिरे ।
क्षत्रशोणितपितृक्रियोचितं चोदयन्त्य इव भार्गवं शिवाः ॥६१॥
तत्प्रतीपपवनादि वैकृतं प्रेक्ष्य शान्तिमधिकृत्य कृत्यवित् ।
अन्वयुङ्क्त गुरुमीश्वरः क्षितेः स्वन्तमित्यलघयत्स तद्व्यथाम् ॥६२॥
तेजसः सपदि राशिरुत्थितः प्रादुरास किल वाहिनीमुखे ।
यः प्रमृज्य नयनानि सैनिकैर्लक्षणीयपुरुषाकृतिश्चिरात् ॥६३॥
पित्र्यमंशमुपवीतलक्षणं मातृकं च धनुरूर्जितं दधत् ।
यः ससोम इव धर्मदीधितिः स द्विजिह्व इव चन्दनद्रुमः ॥६४॥
येन रोषपरुषात्मनः पितुः शासने स्थितिभिदोऽपि तस्थुषा ।
वेपमानजननीशिरश्छिदा प्रागजीयत घृणा ततो मही ॥६५॥
अक्षबीजवलयेन निर्बभौ दक्षिणश्रवणसंस्थितेन यः ।
क्षत्रियान्तकरणैकविंशतेर्व्याजपूर्वगणनामिवोद्वहन् ॥६६॥

मारे पड़ा हुआ हो ॥५६॥ जैसे रूखे, मैले बालोंवाली तथा रक्तसे लाल कपड़ोंवाली रजस्वला स्त्री देखनेमें अच्छी नहीं लगती उसी प्रकार उस समय चारों ओरकी वे दिशाएँ भी आँखोंको नहीं सुहा रही थीं जिनमें मटमैले बाजोंके पंख इधर उधर उड़ रहे थे और सन्ध्याके लाल बादल छाए हुए थे ॥६०॥ जिधर सूर्य था उधर ही सियारिनियाँ भयानक रूपसे रोने लगीं मानो क्षत्रियों के रक्तसे अपने पिताका तर्पण करनेवाले परशुरामको वे पुकार-पुकारकर बुला रही हों ॥६१॥ विरोधी पवनके चलने आदि अशकुन होते देखकर उसकी शांतिके लिये दशरथजीने अपने गुरुसे पूछा कि अब क्या करना चाहिए। इस पर गुरुजीने कहा-चिन्ताकी कोई बात नहीं है। इसका फल अच्छा ही होगा। यह सुनकर दशरथजीके मनमें कुछ ढाढस बँधा ॥६२॥ इसी बीच अचानक एक ऐसा प्रकाशका पुञ्ज सेनाके आगे उठता दिखाई दिया जिसे देखकर सब सैनिकोंकी आँखें चौंधिया गईं। आँखें मलकर देखने पर वह प्रकाशका पुञ्ज साक्षात् पुरुषके रूपमें दिखाई देने लगा ॥६३॥ उस तेजस्वी पुरुषके शरीरपर ब्राह्मण पिताके अंशका सूचक यज्ञोपवीत शोभा दे रहा था और कन्धेपर क्षत्रिय माताका अंश सूचित करनेवाला धनुष लटक रहा था। इस वेशमें वे ऐसे जान पड़ते थे जैसे सूर्यके साथ चन्द्रमा हो या चन्दनके पेड़से साँप लिपटे हों ॥६४॥ उन्होंने जिस समय क्रोधसे कठोर हृदयवाले और उचित-अनुचितका विचार छोड़ देनेवाले अपने पिताकी आज्ञा मानकर अपनी काँपती हुई माताका सिर काट लिया था उस समय उन्होंने पहले तो घृणाको जीत लिया और फिर पृथ्वीको जीत लिया था ॥६५॥ उनके दाएँ कानपर इक्कीस दानेकी रुद्राक्षकी माला लटक रही थी मानो वह इक्कीस बार क्षत्रियोंके नाश करनेकी गिनती करनेके लिये ही उन्होंने पहन रक्खी हो ॥६६॥

तं पितुर्वधभवेन मन्युना राजवंशनिधनाय दीक्षितम् ।
बालसूनुरवलोक्य भार्गवं स्वां दशां च विषसाद पार्थिवः ॥६७॥
नाम राम इति तुल्यमात्मजे वर्तमानमहिते च दारुणे ।
हृद्यमस्य भयदायि चाभवद्रत्नजातमिव हारसर्पयोः ॥६८॥
अर्घ्यमर्घ्यमिति वादिनं नृपं सोऽनवेक्ष्य भरताग्रजो यतः ।
क्षत्रकोपदहनार्चिषं ततः संदधे दृशमुदग्रतारकाम् ॥६९॥
तेन कार्मुकनिषक्तमुष्टिना राघवो विगतभीः पुरोगतः ।
अङ्गुलीविवरचारिणं शरं कुर्वता निजगदे युयुत्सुना ॥७०॥
क्षत्रजातमपकारवैरि मे तन्निहत्य बहुशः शमं गतः ।
सुप्तसर्प इव दण्डघट्टनाद्रोषितोऽस्मि तव विक्रमश्रवात् ॥७१॥
मैथिलस्य धनुरन्यपार्थिवैस्त्वं किलानमितपूर्वमक्षणोः ।
तन्निशम्य भवता समर्थये वीर्यशृङ्गमिव भग्नमात्मनः ॥७२॥
अन्यदा जगति राम इत्ययं शब्द उच्चरित एव मामगात् ।
व्रीडमावहति मे स संप्रति व्यस्तवृत्तिरुदयोन्मुखे त्वयि ॥७३॥
बिभ्रतोऽस्त्रमचलेऽप्यकुण्ठितं द्वौ रिपू मम मतौ समागसौ ।
धेनुवत्सहरणाच्च हैहयस्त्वं च कीर्त्तिमपहर्त्तुमुद्यतः ॥७४॥

जब दशरथजीने उन परशुरामको देखा जिन्होंने अपने पिताके मारे जानेपर क्रोधसे क्षत्रियोंका नाश करने की प्रतिज्ञा कर ली थी तब दशरथजीको अपनी दशा देखकर बड़ी चिन्ता हुई क्योंकि उनके पुत्र अभी बच्चे ही थे ॥६७॥ उनके पुत्र और परशुराम दोनोंमें राम नाम था। इसलिये जैसे गलेके हार और सर्प दोनोंमें रहनेवाली मणि आनन्द भी देती है और भय भी, वैसे ही अपने पुत्र और परशुराम दोनोंमें आए हुए रामनामसे उन्हें भय भी हुआ और आनन्द भी ॥६८॥ दशरथजी अभी कहते ही रह गए कि आपके सत्कारके लिये यह अर्घ्य है, यह अर्घ्य है किन्तु परशुरामजीने उधर ध्यान भी न देकर क्षत्रियोंको जलानेवाली अपनी टेढ़ी चितवनसे रामको देखा ॥६९॥ युद्धके लिए उद्यत और मुट्ठीमें धनुष पकड़कर उँगलियोंमें बाण चढ़ाते हुए परशुरामजीने अपने आगे निडर खड़े हुए रामसे कहा ॥७०॥ मेरे पिताका वध करके क्षत्रियोंने मुझसे शत्रुता मोल ले ली है। उन्हें बहुत बार मारकर मुझे कुछ शान्ति मिली थी। पर जैसे डंडेसे छेद देनेपर साँप फुफकार उठता है वैसे ही तुम्हारा पराक्रम सुनकर मेरे शरीरमें भी आग लग गई है ॥७१॥ जनकजीके जिस धनुषको कोई राजा झुका भी न सका उसीको तुमने तोड़ दिया है। यह सुनकर मैंने यही समझा है कि आजतक जो मैं सबसे बढ़कर बलवान् समझा जाता था वह यश मानो आज नष्ट हो गया हो ॥७२॥ पहले संसारमें राम कहनेसे लोग मुझे ही समझते थे पर ज्यों-ज्यों तुम ऊँचे चढ़ते चले जा रहे हो त्यों-त्यों वह अर्थ तुम्हारे नामके साथ लगता जा रहा है। यह सब देखकर मुझे लज्जा लगने लगी है ॥७३॥ जिस परशुरामके अस्त्र

क्षत्रियान्तकरणोऽपि विक्रमस्तेन मामवति नाजिते त्वयि ।
पावकस्य महिमा स गण्यते कक्षवज्ज्वलति सागरेऽपि यः ॥७५॥
विद्धि चात्तबलमोजसा हरेरैश्वरं धनुरभाजि यत्त्वया ।
खातमूलमनिलो नदीरयैः पातयत्यपि मृदुस्तटद्रुमम् ॥७६॥
तन्मदीयमिदमायुधं ज्यया सङ्गमय्य सशरं विकृष्यताम् ।
तिष्ठतु प्रधनमेवमप्यहं तुल्यबाहुतरसा जितस्त्वया ॥७७॥
कातरोऽसि यदि वोद्गतार्चिषा तर्जितः परशुधारया मम ।
ज्यानिघातकठिनाङ्गुलिर्वृथा बध्यतामभययाचनाञ्जलिः ॥७८॥
एवमुक्तवति भीमदर्शने भार्गवे स्मितविकम्पिताधरः ।
तद्धनुर्ग्रहणमेव राघवः प्रत्यपद्यत समर्थमुत्तरम् ॥७९॥
पूर्वजन्मधनुषा समागतः सोऽतिमात्रलघुदर्शनोऽभवत् ।
केवलोऽपि सुभगो नवाम्बुदः किं पुनस्त्रिदशचापलाञ्छितः ॥८०॥
तेन भूमिनिहितैककोटि तत्कार्मुकं च बलिनाधिरोपितम् ।
निष्प्रभश्च रिपुरास भूभृतां धूमशेष इव धूमकेतनः ॥८१॥

पहाड़ोंसे टकराकर भी कुण्ठित नहीं होते उसके दो ही शत्रु आजतक समान अपराध करनेवाले हुए हैं, उनमें पहला तो था सहस्रबाहु जो मेरे पितासे कामधेनुका बछड़ा छीनकर ले गया था और दूसरे हो तुम, जो मेरी कीर्ति छीननेपर तुले बैठे हो ॥७४॥ इसलिये क्षत्रियोंका नाश करनेवाला मेरा पराक्रम तबतक मुझे अच्छा नहीं लगता जबतक मैं तुम्हें जीत न लूँ क्योंकि अग्निका प्रताप तभी सराहनीय होता है जब वह समुद्रमें भी वैसे ही भड़ककर जले जैसे सूखी घासके ढेरमें ॥७५॥ तुम्हें यह समझ रखना चाहिए कि शिवजीके जिस धनुषको तोड़कर तुम ऐंठ रहे हो उसकी कठोरता तो विष्णुजीने पहले ही हर ली थी। इसलिए उसे तोड़कर तुमने कोई वीरताका काम नहीं किया है, क्योंकि जिस वृक्षकी जड़ें नदीकी प्रचण्ड धाराने पहले ही खोखली कर दी हों उसे वायुके तनिकसे झोंकेमें ही ढह जानेमें क्या देर लगती है ॥७६॥ देखो राम ! युद्ध तो पीछे होगा, पहले तुम मेरे इस धनुषपर डोरी चढ़ाकर इसे बाणके साथ खींचो तो। यदि तुम इतना भी कर लोगे तो मैं समझूँगा कि तुम मेरे ही समान बलवान् हो और मैं इतनेमें ही हार मानकर लौट जाऊँगा ॥७७॥ और यदि तुम मेरे फरसेकी चमकती हुई धारको देखकर डर गए हो तो अपने उन हाथोंको जोड़कर अभयकी भिक्षा माँगो जिनकी उँगलियोंमें धनुषकी डोरीकी फटकारसे व्यर्थ ही घट्टे पड़ गए हैं ॥७८॥ भयङ्कर वेशधारी परशुरामजीने जब यह कहा तो रामने हँसते-हँसते इस प्रकार वह धनुष हाथमें ले लिया मानो परशुरामजीके वचनोंका वही ठीक उत्तर हो ॥७९॥ जैसे ही उन्होंने अपने पिछले जन्मवाला वह धनुष हाथमें लिया त्योंही उनकी शोभा और भी बढ़ गई, क्योंकि एक तो नया बादल यों ही सुन्दर लगता है, फिर यदि उसमें इन्द्र धनुष भी बन जाय तब तो उसकी शोभाका कहना ही क्या ॥८०॥ पराक्रमी रामने उस धनुषको एक छोर पृथ्वीपर टेककर जैसे ही उसपर डोरी चढ़ाई वैसे ही क्षत्रियोंके शत्रु

तावुभावपि परस्परस्थितौ वर्धमानपरिहीनतेजसौ ।
पश्यति स्म जनता दिनात्यये पार्वणौ शशिदिवाकराविव ॥८२॥
तं कृपामृदुरवेक्ष्य भार्गवं राघवः स्खलितवीर्यमात्मनि ।
स्वं च संहितममोघमाशुगं व्याजहार हरसूनुसंनिभः ॥८३॥
न प्रहर्तुमलमस्मि निर्दयं विप्र इत्यभिभवत्यपि त्वयि ।
शंस किं गतिमनेन पत्त्रिणा हन्मि लोकमुत ते मखार्जितम् ॥८४॥
प्रत्युवाच तमृषिर्न तत्त्वतस्त्वां न वेद्मि पुरुषं पुरातनम् ।
गां गतस्य तव धाम वैष्णवं कोपितो ह्यसि मया दिदृक्षुणा ॥८५॥
भस्मसात्कृतवतः पितृद्विषः पात्रसाच्च वसुधां ससागराम् ।
आहितो जयविपर्ययोऽपि मे श्लाघ्य एव परमेष्ठिना त्वया ॥८६॥
तद्गतिं मतिमतां वरेप्सितां पुण्यतीर्थगमनाय रक्ष मे ।
पीडयिष्यति न मां खिलीकृता स्वर्गपद्धतिरभोगलोलुपम् ॥८७॥
प्रत्यपद्यत तथेति राघवः प्राङ्मुखश्च विससर्ज सायकम् ।
भार्गवस्य सुकृतोऽपि सोऽभवत्स्वर्गमार्गपरिघो दुरत्ययः ॥८८॥

परशुरामजी उसी अग्निके समान निस्तेज हो गए जिसमें केवल धुआँ भर रह गया हो ॥८१॥ आमने-सामने खड़े हुए राम और परशुराममेंसे एकका तेज बढ गया और दूसरेका घट गया और इस प्रकार वे दोनों ऐसे जान पड़ने लगे जैसे वे सन्ध्या समयके चन्द्रमा और सूर्य हों ॥८२॥ कार्तिकेयके समान तेजस्वी दयालु रामचन्द्रजीने एक बार निस्तेज परशुरामजीको और फिर धनुषपर चढे हुए अपने अचूक बाणको देखा और बोले ॥८३॥—'यद्यपि आपने हमारा अपमान किया है पर आप ब्राह्मण हैं, इसलिये मैं निर्दय होकर आपको मारूँगा नहीं। पर यह बताइए कि अब इस बाणसे मैं आपकी गति रोकूँ या आपका उन दिव्य लोकोंमें पहुँचना रोक दूँ जो आपने यज्ञ करके जीत लिए हैं ॥८४॥ यह सुनकर परशुरामजी बोले—'यह बात नहीं है कि आपको देखते ही मैं पहचान न गया हूँ कि आप ही साक्षात् पुरातन पुरुष हैं, किन्तु मैंने यह जाननेके लिए आपको कष्ट दिया था कि देखूँ आप विष्णुका कितना तेज लेकर पृथ्वीपर उतरे हैं ॥८५॥ पिताके शत्रुओंका नाश करनेवाले और सागरतक फैली हुई पृथ्वी ब्राह्मणोंको दान देनेवाले मुझ परशुरामके लिए आप परम पुरुषके हाथों हारना भी गौरवकी ही बात है ॥८६॥ इसलिये आप मेरी गति न रोकिए जिससे मैं पवित्र तीर्थोंमें आ जा सकूँ। मुझे भोगकी तो इच्छा है नहीं इसलिये यदि मुझे स्वर्ग न भी मिले तो कुछ दुःख नहीं होगा' ॥८७॥ रामने परशुरामजीका कहना मान लिया और पूरबकी ओर मुँह करके बाण छोड़ दिया। यद्यपि परशुरामजीने बहुत पुण्य किए थे किन्तु वह बाण सदाके लिये परशुरामजीके स्वर्गका मार्ग रोककर खड़ा हो गया ॥८८॥ तब रामने

राघवोऽपि चरणौ तपोनिधेः क्षम्यतामिति वदन्समस्पृशत् ।
निर्जितेषु तरसा तरस्विनां शत्रुषु प्रणतिरेव कीर्तये ॥८९॥
राजसत्त्वमवधूय मातृकं पित्र्यमस्मि गमितः शमं यदा ।
नन्वनिन्दितफलो मम त्वया निग्रहोऽप्ययमनुग्रहीकृतः ॥९०॥
साधयाम्यहमविघ्नमस्तु ते देवकार्यमुपपादयिष्यतः ।
ऊचिवानिति वचः सलक्ष्मणं लक्ष्मणाग्रजमृषिस्तिरोदधे ॥९१॥
तस्मिन्गते विजयिनं परिरभ्य रामं स्नेहादमन्यत पिता पुनरेव जातम् ।
तस्याभवत्क्षणशुचः परितोषलाभः कक्षाग्निलङ्घिततरोरिव वृष्टिपातः ॥९२॥
अथ पथि गमयित्वा क्लृप्तरम्योपकार्ये कतिचिदवनिपालः शर्वरीः शर्वकल्पः ।
पुरमविशदयोध्यां मैथिलीदर्शिनीनां कुवलयितगवाक्षां लोचनैरङ्गनानाम् ॥९३॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
सीता विवाहवर्णनो नामैकादशः सर्गः ॥

परशुरामजीसे क्षमा माँगते हुए उनके चरणोंमें प्रणाम किया; क्योंकि जब कोई पराक्रमी अपने बलसे अपने शत्रुको जीत लेता है तब यदि वह नम्रता भी दिखावे तो उसकी कीर्ति ही बढ़ती है ॥८९॥ परशुरामजी बोले—'आपने मुझे यह दण्ड देकर मेरा बड़ा भारी उपकार किया है। इससे मेरा बड़ा भारी लाभ जो यह हुआ कि आपने क्षत्रिय मातासे पाए हुए मेरे रजोगुणको दूर करके मुझे पिताका सत्वगुण प्रदान कर दिया ॥९०॥ मैं अब जाता हूँ। आप देवताओंका जो कार्य करनेके लिए आए हैं वह बिना विघ्नके पूरा हो। राम और लक्ष्मणसे यह कहकर परशुरामजी अन्तर्धान हो गए ॥९१॥ उनके चले जानेपर विजयी रामको दशरथजीने गलेसे लगा लिया और वे स्नेहमें भरकर यह समझने लगे कि रामका दूसरा जन्म हुआ है। इस थोड़ी देरके दुःखके पश्चात् उन्हें ऐसा संतोष मिला जैसे जंगल की आगसे झुलसे पेड़को वर्षाका जल मिल जाय ॥९२॥ तब शिवके समान राजा दशरथने कुछ रातें तो उस मार्गमें बिताईं जहाँ उनके लिए सुन्दर डेरे तने हुए थे। फिर वे उस अयोध्या नगरीमें पहुँचे जहाँ सीताजीको देखनेके लिए उत्सुक, नगरकी सुन्दर स्त्रियोंकी आँखें झरोखोंमें कमलके समान उलझी दिखाई पड़ रही थीं ॥९३॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें सीताजीके विवाहका
वर्णन नामका ग्यारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ द्वादशः सर्गः ॥

निर्विष्टविषयस्नेहः स दशान्तमुपेयिवान् ।
आसीदासन्ननिर्वाणः प्रदीपार्चिरिवोषसि ॥ १ ॥
तं कर्णमूलमागत्य रामे श्रीर्न्यस्यतामिति ।
कैकेयीशङ्कयेवाह पलितच्छद्मना जरा ॥ २ ॥
सा पौरान्पौरकान्तस्य रामस्याभ्युदयश्रुतिः ।
प्रत्येकं ह्लादयांचक्रे कुल्येवोद्यानपादपान् ॥ ३ ॥
तस्याभिषेकसंभारं कल्पितं क्रूरनिश्चया ।
दूषयामास कैकेयी शोकोष्णैः पार्थिवाश्रुभिः ॥ ४ ॥
सा किलाश्वासिता चण्डी भर्त्रा तत्संश्रुतौ वरौ ।
उद्ववामेन्द्रसिक्ता भूर्बिलमग्नाविवोरगौ ॥ ५ ॥
तयोश्चतुर्दशैकेन रामं प्राव्राजयत्समाः ।
द्वितीयेन सुतस्यैच्छद्वैधव्यैकफलां श्रियम् ॥ ६ ॥
पित्रा दत्तां रुदन्रामः प्राङ्महीं प्रत्यपद्यत ।
पश्चाद्वनाय गच्छेति तदाज्ञां मुदितोऽग्रहीत् ॥ ७ ॥

बारहवाँ सर्ग

राजा दशरथने ससारके सब सुख भोग लिए और बूढे हो चले । अब उनकी दशा प्रात कालके उस दीपक जैसी हो गई थी जिसका तेल चुक गया हो और बस वह बुझने ही वाला हो ॥१॥ उनकी कनपटीके पास बाल पक गए थे मानो बुढापा भी कैकेयीसे शकित होकर राजाके कानमें आकर यह कह रहा हो कि अब रामको राज्य सौंप ही देना चाहिए ॥२॥ जैसे पानीकी कूलसे सिंचकर पूरे उद्यानके वृक्ष हरे-भरे हो जाते हैं वैसे ही नगरवासियोंके प्यारे रामके राज्याभिषेकका समाचार सुनकर अयोध्याके लोग फूले नही समाए ॥३॥ पर निठुर कैकेयीने ऐसा चक्र चलाया कि राज्याभिषेकका सारा उत्सव शोकसे तपे हुए राजा दशरथके आँसुओंसे लिप गया ॥४॥ जब राजा दशरथने उस कठोर स्वभाववाली कैकेयीको बहुत मनाया तब उसने वे दो वर माँगे जिनके लिये राजा दशरथ पहलेसे ही वचन दे चुके थे । ये दो वर ऐसे ही थे जैसे वर्षासे भीगी हुई पृथ्वीके छेदोंमेंसे दो साँप निकल पडे हो ॥५॥ कैकेयीने एक वर तो यह माँगा कि चौदह वर्षके लिये राम वनमें चले जायँ और दूसरा यह कि मेरे बेटे भरतको राज्य मिले । पर इस वर माँगनेका एकमात्र फल यही निकला कि कैकेयी विधवा हो गई ॥६॥ जब दशरथजी रामको राजगद्दी दे रहे थे उस समय रामने आँखोंमें आँसू भरकर उसे स्वीकार किया था और जब उनसे कहा गया कि वन चले जाओ तब रामने इस

दधतो मङ्गलक्षौमे वसानस्य च वल्कले ।
ददृशुर्विस्मितास्तस्य मुखरागं समं जनाः ॥८॥
स सीतालक्ष्मणसखः सत्याद्गुरुमलोपयन् ।
विवेश दण्डकारण्यं प्रत्येकं च सतां मनः ॥९॥
राजाऽपि तद्वियोगार्तः स्मृत्वा शापं स्वकर्मजम् ।
शरीरत्यागमात्रेण शुद्धिलाभममन्यत ॥१०॥
विप्रोषितकुमारं तद्राज्यमस्तमितेश्वरम् ।
रन्ध्रान्वेषणदक्षाणां द्विषामामिषतां ययौ ॥११॥
अथानाथाः प्रकृतयो मातृबन्धुनिवासिनम् ।
मौलैरानाययामासुर्भरतं स्तम्भिताश्रुभिः ॥१२॥
श्रुत्वा तथाविधं मृत्युं कैकेयीतनयः पितुः ।
मातुर्न केवलं स्वस्याः श्रियोऽप्यासीत्पराङ्मुखः ॥१३॥
ससैन्यश्चान्वगाद्रामं दर्शितानाश्रमालयैः ।
तस्य पश्यन्ससौमित्रेरुदश्रुर्वसतिद्रुमान् ॥१४॥
चित्रकूटवनस्थं च कथितस्वर्गतिर्गुरोः ।
लक्ष्म्या निमन्त्रयांचक्रे तमनुच्छिष्टसंपदा ॥१५॥

आज्ञाको हँसते-हँसते सिर माथे चढ़ा लिया ॥७॥ यह देखकर लोगोंके आश्चर्यका ठिकाना न रहा कि रामके मुँहपर भाव जैसा राज्याभिषेकके रेशमी वस्त्र पहनते समय था ठीक वैसा ही वन जानेके लिये पेड़की छालके वस्त्र पहनते समय भी था ॥८॥ अपने पिताके वचन सत्य करनेके लिए वे सीता और लक्ष्मणके साथ केवल दण्डक वनमें ही नहीं पैठे वरन् अपने इस सत्य व्यवहारसे उन्होंने सज्जनोंके मनमें भी घर कर लिया ॥९॥ उनके वियोगमें राजा दशरथको बड़ा दुःख हुआ। उन्हें मुनिका शाप स्मरण हो आया और उन्होंने समझ लिया कि अब प्राण देकर ही मेरी शुद्धि होगी ॥१०॥ दशरथजीके शत्रु तो ऐसे अवसरकी ताकमें ही थे। जब उन्होंने देखा कि अयोध्याके राजा स्वर्ग चले गए और राजकुमार भी राज्य छोड़कर चल दिए तो उन्होंने झट अयोध्यापर धावा बोल दिया ॥११॥ यह देखकर अयोध्याकी अनाथ प्रजाने उन कुल-मन्त्रियोंको भेजकर भरतको उनकी ननिहालसे बुलाया जिन्होंने अपने आँसू निकलने नहीं दिए थे ॥१२॥ जब भरतजीको अपने पिताकी मृत्युका सब समाचार मिला तब वे केवल अपनी माँसे ही नहीं वरन् अयोध्याकी राजलक्ष्मीसे भी बड़े चिढ़ गए ॥१३॥ उन्होंने अपने साथ सेना ली और रामको ढूँढ़ने निकल पड़े। जब मार्गके आश्रमवासियोंने उन्हें वे वृक्ष दिखाए जिनके तले राम और लक्ष्मण जाते हुए टिके थे तो उनकी आँखोंसे आँसू छलक आए ॥१४॥ उन दिनों राम चित्रकूट-वनमें रहते थे। वहाँ जाकर

स हि प्रम ^ तरिमन्नकृतश्रीपरिग्रहे ।
परिवेत्तारमात्मानं मेने स्वीकरणाद्भुवः ॥१६॥
तमशक्यमपाक्रष्टुं निदेशात्स्वर्गिणः पितुः ।
ययाचे पादुके पश्चात् कर्तुं राज्याधिदेवते ॥१७॥
स विसृष्टस्तथेत्युक्त्वा भ्रात्रा नैवाविशत्पुरीम् ।
नन्दिग्राममगतस्तस्य राज्यं न्यासमिवाभुनक् ॥१८॥
दृढभक्तिरिति ज्येष्ठे राज्यतृष्णापराङ्मुखः ।
मातुः पापस्य भरतः प्रायश्चित्तमिवाकरोत् ॥१९॥
रामोऽपि सह वैदेह्या वने वन्येन वर्तयन् ।
चचार सानुजः शान्तो वृद्धेक्ष्वाकुव्रतं युवा ॥२०॥
प्रभावस्तम्भितच्छायमाश्रितः स वनस्पतिम् ।
कदाचिदङ्के सीतायाः शिश्ये किंचिदिव श्रमात् ॥२१॥
ऐन्द्रिः किल नखैस्तस्या विददार स्तनौ द्विजः ।
प्रियोपभोगचिह्नेषु पौरोभाग्यमिवाचरन् ॥२२॥

भरतजीने उन्हें दशरथजीकी मृत्युका समाचार सुनाया और कहा कि अयोध्याकी राजलक्ष्मीको मैंने छुआ भी नहीं है, आप ही उसे चलकर सँभालिए ॥१५॥ क्योंकि जिस राज्यको बड़े भाईने स्वीकार नहीं किया उसे लेना मैं उतना ही बड़ा पाप समझता हूँ जितना बड़े भाईके अविवाहित रहनेपर छोटे भाईका विवाह कर लेना ॥१६॥ किन्तु राम अपने स्वर्गीय पिताकी आज्ञासे तनिक भी टससे मस नहीं हुए। तब भरतजीने उनसे प्रार्थना की कि आप मुझे अपनी खड़ाऊँ दे दीजिए जिन्हें मैं आपके स्थानपर रखकर राज्यका काम चलाऊँ ॥१७॥ रामने अपनी खड़ाऊँ दे दी। उसे लेकर भरतजी लौटे तो सही पर अयोध्यामें नहीं आए। उन्होंने नन्दिग्राममें डेरा डाला और वहींसे अयोध्याके राज्यकी उसी प्रकार रक्षा की मानो अपने भाईकी धरोहर सँभाल रहे हों ॥१८॥ इस प्रकार अपने बड़े भाईमें भक्ति निभाकर और राजपदको ठुकराकर मानो भरतजीने अपनी माताके पापका प्रायश्चित्त कर डाला ॥१९॥ उधर राम भी सीता और लक्ष्मणके साथ कन्द मूल फल खाते हुए युवावस्थामें ही वह व्रत करने लगे जो इक्ष्वाकुवंशवाले बुढ़ापेमें किया करते हैं ॥२०॥ एक बार वे थके हुए सीताजीकी गोदीमें सिर रक्खे एक ऐसे वृक्षके नीचे लेटे हुए थे जिसकी छाया उन्होंने अपने अलौकिक प्रभावसे बाँध दी थी ॥२१॥ इसी बीच इन्द्रका पुत्र जयन्त कौवा बनकर आया और उसने अपने नखोंसे सीताजीके स्तनोंपर ठूँग मारी मानो वह सीताजीके स्तनोंपर रामके हाथसे बने हुए नखक्षतोंको प्रकट कर अपनी यह बात बता रहा हो कि मेरा काम ही दूसरोंका दोष

तस्मिन्नास्थदिषीकास्त्रं रामो रामावबोधितः ।
आत्मानं मुमुचे तस्मादेकनेत्रव्ययेन सः ॥२३॥
रामस्त्वासन्नदेशत्वाद्भरतागमनं पुनः ।
आशङ्क्योत्सुकसारङ्गां चित्रकूटस्थलीं जहौ ॥२४॥
प्रययावातिथेयेषु वसन्नृषिकुलेषु सः ।
दक्षिणां दिशमृक्षेषु वार्षिकेष्विव भास्करः ॥२५॥
बभौ तमनुगच्छन्ती विदेहाधिपतेः सुता ।
प्रतिषिद्धापि कैकेय्या लक्ष्मीरिव गुणोन्मुखी ॥२६॥
अनसूयातिसृष्टेन पुण्यगन्धेन काननम् ।
सा चकाराङ्गरागेण पुष्पोच्चलितषट्पदम् ॥२७॥
संध्याभ्रकपिशस्तस्य विराधो नाम राक्षसः ।
अतिष्ठन्मार्गमावृत्य रामस्येन्दोरिव ग्रहः ॥२८॥
स जहार तयोर्मध्ये मैथिलीं लोकशोषणः ।
नभोनभस्ययोर्वृष्टिमवग्रह इवान्तरे ॥२९॥
तं विनिष्पिष्य काकुत्स्थौ पुरा दूषयति स्थलीम् ।
गन्धेनाशुचिना चेति वसुधायां निचख्नतुः ॥३०॥

ढूँढ़ना है ॥२२॥ झट सीताजीने रामको जगाया। तत्काल रामने उसपर सींकका बाण छोड़ा। उससे बचनेके लिये वह कौआ बहुत इधर-उधर चक्कर काटता रहा पर जबतक उसने अपनी एक आँख नहीं दे दी तबतक उसे छुटकारा नहीं मिला ॥२३॥ थोड़े दिनों पीछे ही रामने चित्रकूटका वह आश्रम छोड़ दिया जहाँके हरिण उनसे इतने हिलमिल गए थे कि दिन-रात उन्हें ही देखते रहते थे। रामने इस डरसे चित्रकूट छोड़ा कि अयोध्या पासमें ही है, ऐसा न हो कि भरत फिर यहाँ पहुँच जायँ ॥२४॥ जैसे वर्षाके दस नक्षत्रोंमें ठहरता हुआ सूर्य दक्षिणको घूम जाता है, वैसे ही अतिथि-सत्कार करनेवाले ऋषियोंके आश्रमोंमें टिकते हुए राम भी दक्षिणकी ओर बढ़ चले ॥२५॥ यद्यपि कैकेयीने रामको राजलक्ष्मीसे हटा दिया था फिर भी उनके पीछे पीछे चलनेवाली सीता ऐसी जान पड़ती थीं मानो गुणोंके पीछे चलनेवाली साक्षात् लक्ष्मी ही हो। २६॥ अत्रि ऋषिके आश्रममें जब वे पहुँचे तब उनकी पत्नी अनसूयाजीने सीताजीके शरीरमें ऐसा सुगन्धित अङ्गराग लगाया कि उसकी पवित्र गन्ध पाकर भौंरे भी जंगली फूलोंसे उड़उड़कर उधर ही टूट पड़े ॥२७॥ जैसे चन्द्रमाका मार्ग राहु रोक लेता है वैसे ही सन्ध्याके बादलके समान लाल रंगवाला विराध राक्षस भी रामका मार्ग रोककर खड़ा हो गया ॥२८॥ जैसे कोई खोटा ग्रह सावन और भादोंके महीनोंके बीचसे वर्षाको ले बीतता है, वैसे ही उस राक्षसने राम और लक्ष्मणके बीचसे सीताजीको हर लिया ॥२९॥ पर राम-लक्ष्मणने उसे तत्काल मार डाला और यह सोचकर उसे पृथ्वीमें गाड़ दिया कि

पञ्चवट्यां ततो रामः शासनात्कुम्भजन्मनः ।
अनपोढस्थितिस्तस्थौ विन्ध्याद्रिः प्रकृताविव ॥३१॥
रावणावरजा तत्र राघवं मदनातुरा ।
अभिपेदे निदाघार्ता व्यालीव मलयद्रुमम् ॥३२॥
सा सीतासंनिधावेव तं वव्रे कथितान्वया ।
अत्यारूढो हि नारीणामकालज्ञो मनोभवः ॥३३॥
कलत्रवानहं बाले कनीयांसं भजस्व मे ।
इति रामो वृषस्यन्तीं वृषस्कन्धः शशास ताम् ॥३४॥
ज्येष्ठाभिगमनात्पूर्वं तेनाप्यनभिनन्दिता ।
साभूद्रामाश्रयाभूयो नदीवोभयकूलभाक् ॥३५॥
संरम्भं मैथिलीहासः क्षणसौम्यां निनाय ताम् ।
निवातस्तिमितां वेलां चन्द्रोदय इवोदधेः ॥३६॥
फलमस्योपहासस्य सद्यः प्राप्स्यसि पश्य माम् ।
मृग्याः परिभवो व्याघ्रयामित्यवेहि त्वया कृतम् ॥३७॥

कहीं इसके शरीरकी दुर्गन्धि इस देशमें न फैल जाय ॥३०॥ जैसे अगस्त्यजीकी आज्ञासे विन्ध्याचल अपनी मर्यादामें ही रह गया था वैसे ही राम भी मर्यादापूर्वक पञ्चवटीमें रहने लगे ॥३१॥ जैसे धूपसे घबराकर कोई नागिन चन्दनके पेड़के पास पहुँच गई हो वैसे ही कामसे पीड़ित रावणकी छोटी बहन शूर्पणखा रामके पास जा पहुँची ॥३२॥ पहले तो उसने अपने कुलका परिचय दिया और फिर सीताजीके सामने ही रामसे कहने लगी कि मैं तुम्हें अपना पति मानती हूँ क्योंकि स्त्रियाँ जब बहुत अधिक कामासक्त हो जाती हैं तब उन्हें इस बातका ध्यान ही नहीं रहता कि हमें किस समय क्या करना चाहिए क्या न करना चाहिए ॥३३॥ कामासक्त शूर्पणखाकी यह बात सुनकर साँड़केसे ऊँचे कन्धोंवाले राम बोले—बाले ! मेरा तो विवाह हो चुका है। तुम मेरे छोटे भाईके पास जाओ ॥३४॥ वह झट लक्ष्मणके पास पहुँची। लक्ष्मणने उससे कहा—तू पहले मेरे बड़े भाईके पास विवाहकी इच्छासे जा चुकी है इसलिये तू मेरी माताके समान है। मैं तुमसे विवाह नहीं कर सकता। यह सुनकर वह फिर रामके पास पहुँची। राम और लक्ष्मणके पास आते-जाते उसकी दशा उस नदीके समान हो गई जो बारी-बारीसे अपने दोनों तटोंको छूती हुई बह रही हो ॥३५॥ जैसे वायुके रुके रहनेसे शान्त समुद्रका तट चन्द्रमाके निकलनेपर हिलोरें लेने लगता है वैसे ही सीताजीको हँसते देखकर क्षण-भरके लिये सुन्दर रूप धारण करनेवाली वह कुरूपा शूर्पणखा भी एकदम बिगड़ खड़ी हुई ॥३६॥ और बोली—'अच्छा ! तुम्हें इस हँसीका फल अभी चखाती हूँ। तुमने वैसे ही मेरा अपमान किया है जैसे कोई हरिणी किसी बाघिनका अपमान करे। रामजी ! ॥३७॥ सीताजी तो यह सुनते ही डरके मारे रामकी

इत्युक्त्वा मैथिलीं भर्तुरङ्केनिविशतीं भयात् ।
रूपं शूर्पणखा नाम्नः सदृशं प्रत्यपद्यत ॥३८॥
लक्ष्मणः प्रथमं श्रुत्वा कोकिलामञ्जुवादिनीम् ।
शिवाघोरस्वनां पश्चाद्बुबुधे विकृतेति ताम् ॥३९॥
पर्णशालामथ क्षिप्रं विकृष्टासिः प्रविश्य सः ।
वैरूप्यपौनरुक्त्येन भीषणां तामयोजयत् ॥४०॥
सा वक्रनखधारिण्या वेणुकर्कशपर्वया ।
अङ्कुशाकारयाङ्गुल्या तावतर्जयदम्बरे ॥४१॥
प्राप्य चाशु जनस्थानं खरादिभ्यस्तथाविधम् ।
रामोपक्रममाचख्यौ रक्षः परिभवं नवम् ॥४२॥
मुखावयवलूनां तां नैर्ऋता यत्पुरो दधुः ।
रामाभियायिनां तेषां तदेवाभूदमङ्गलम् ॥४३॥
उदायुधानापततस्तान्दृप्तान्प्रेक्ष्य राघवः ।
निदधे विजयाशंसां चापे सीतां च लक्ष्मणे ॥४४॥
एको दाशरथिः कामं यातुधानाः सहस्रशः ।
ते तु यावन्त एवाजौ तावांश्च ददृशे स तैः ॥४५॥

इसे जा छिपी और शूर्पणखाने अपने नामके अनुसार [सूपके समान बड़े बड़े नखवाला] अपना भयङ्कर रूप प्रकट कर दिखाया ॥३८॥ जब लक्ष्मणने देखा कि अभी तो यह कोयलके समान मधुर बोल रही थी और अब सियारिनके समान हुआ-हुआँ कर रही है तब उन्होंने समझ लिया कि यह स्त्री बड़ी खोटी है ॥३९॥ और यह समझते ही वे झट अपनी कुटियामें गए और वहाँसे तलवार लाकर उन्होंने शूर्पणखाके नाक-कान काट लिए। नाक-कान कट जानेपर वह और भी अधिक कुरूप दिखाई देने लगी ॥४०॥ नकटी-बूची होकर वह आकाशमें उड़ी और अङ्कुश-जैसी टेढ़े-मेढ़े नखोंवाली और बाँसकेसे भद्दे पोरोंवाली अपनी उँगलियाँ चमका-चमकाकर राम-लक्ष्मणको धमकाने लगी ॥४१॥ वहाँसे चलकर वह तत्काल जनस्थानमें पहुँची और खर आदि राक्षसोंको उभाड़ा कि आज पहली बार रामने इस प्रकार राक्षसोंका अपमान किया है ॥४२॥ आगे-आगे नकटी-बूची शूर्पणखा और उसके पीछे पीछे वे सब राक्षस रामसे लड़ने निकल पड़े पर इस नकटीको आगे करके उन लोगोंने पहले ही अपना सगुन बिगाड़ लिया ॥४३॥ रामने दूरसे देखा कि हाथमें शस्त्र उठाये घमण्डी राक्षस आगे बढ़े चले आ रहे हैं तो उन्हें विश्वास हो गया कि इन्हें तो हम अकेले अपने धनुषसे ही जीत लेंगे। इसलिये उन्होंने सीताकी रक्षाका भार लक्ष्मणको सौंप दिया ॥४४॥ राम अकेले थे और राक्षस सहस्रों थे पर राम इस प्रकार लड़ रहे थे कि वहाँ जितने राक्षस थे उन्हें उतने ही राम दिखाई पड़ रहे थे ॥४५॥ जिस प्रकार

असज्जनेन काकुत्स्थः प्रयुक्तमथ दूषणम् ।
न चक्षमे शुभाचारः स दूषणमिवात्मनः ॥४६॥
तं शरैः प्रतिजग्राह खरत्रिशिरसौ च सः ।
क्रमशस्ते पुनस्तस्य चापात्सममिवोद्ययुः ॥४७॥
तैस्त्रयाणां शितैर्बाणैर्यथापूर्वविशुद्धिभिः ।
आयुर्देहातिगैः पीतं रुधिरं तु पतत्त्रिभिः ॥४८॥
तस्मिन्रामशरोत्कृत्ते बले महति रक्षसाम् ।
उत्थितं ददृशेऽन्यच्च कबन्धेभ्यो न किंचन ॥४९॥
सा बाणवर्षिणं रामं योधयित्वा सुरद्विषाम् ।
अप्रबोधाय सुष्वाप गृध्रच्छाये वरूथिनी ॥५०॥
राघवास्त्रविदीर्णानां रावणं प्रति रक्षसाम् ।
तेषां शूर्पणखैवैका दुष्प्रवृत्तिहराऽभवत् ॥५१॥
निग्रहात्स्वसुराप्तानां वधाच्च धनदानुजः ।
रामेण निहितं मेने पदं दशसु मूर्धसु ॥५२॥
रक्षसा मृगरूपेण वञ्चयित्वा स राघवौ ।
जहार सीतां पक्षीन्द्रप्रयासक्षणविघ्नितः ॥५३॥

सदाचारी पुरुष अपने ऊपर, नीच पुरुषों-द्वारा लगाया हुआ दूषण या कलङ्क नहीं सह सकते वैसे ही राम भी युद्धमें दूषण राक्षसका आना नहीं सह सके ॥४६॥ उन्होंने दूषण, खर और त्रिशिरापर यद्यपि एक एक करके बाण चलाए तथापि अत्यन्त शीघ्रतासे चलाए जानेके कारण वे बाण ऐसे जान पड़ते थे मानो वे एक साथ धनुषसे छूटे हों ॥४७॥ वे बाण उनके शरीरको छेद कर इतने वेगसे बाहर निकल गए कि उनमें रक्त भी नहीं लग सका, क्योंकि बाण तो उनकी आयु पीनेके लिये गये थे, उनका रक्त तो पिया पक्षियोंने ॥४८॥ रामने अपने बाणोंसे राक्षसोंकी पूरी सेनाको इस प्रकार काट डाला कि युद्ध-भूमिमें राक्षसोंके धड़ोंको छोड़कर और कुछ भी नहीं दिखाई दे रहा था ॥४९॥ बाण बरसानेवाले रामसे लड़कर वह राक्षसोंकी सेना तो गिद्धों-के पंखोंकी छायामें सदाके लिए सो गई ॥५०॥ और रामके अस्त्रसे मारे हुए उन राक्षसोंकी मृत्युका समाचार रावणके पास पहुँचानेके लिये अकेली शूर्पणखा ही बच रही ॥५१॥ बहनका अपमान और खर दूषण आदि अपने सम्बन्धियोंका वध, रावणको इतना अपमानजनक जान पड़ा मानो रामने उसके दसों सिरोंपर पैर रख दिया हो ॥५२॥ तब उसने मारीचको माया-मृग बनाया और राम-लक्ष्मणको धोखा देकर सीताजीको चुराकर लङ्कामें ले गया। मार्गमें गृद्धराज जटायु उससे लड़ा भी

तौ सीतान्वेषिणौ गृध्रं लूनपक्षमपश्यताम् ।
प्राणैर्दशरथप्रीतेरनृणं कण्ठवर्तिभिः ॥५४॥
स रावणहृतां ताभ्यां वचसाचष्ट मैथिलीम् ।
आत्मनः सुमहत्कर्म व्रणैरावेद्य संस्थितः ॥५५॥
तयोस्तस्मिन्नवीभूतपितृव्यापत्तिशोकयोः
पितरीवाग्निसंस्कारात्परा ववृतिरे क्रियाः ॥५६॥
वधनिर्धूतशापस्य कबन्धस्योपदेशतः ।
मुमूर्च्छ सख्यं रामस्य समानव्यसने हरौ ॥५७॥
स हत्वा वालिनं वीरस्तत्पदे चिरकाङ्क्षिते ।
धातोः स्थान इवादेशं सुग्रीवं संन्यवेशयत् ॥५८॥
इतस्ततश्च वैदेहीमन्वेष्टुं भर्तृचोदिताः ।
कपयश्चेरुरार्तस्य रामस्येव मनोरथाः ॥५९॥
प्रवृत्तावुपलब्धायां तस्याः संपातिदर्शनात् ।
मारुतिः सागरं तीर्णः संसारमिव निर्ममः ॥६०॥

पर वह कुछ कर न सका ॥५३॥ राम और लक्ष्मण अब सीताको ढूँढने निकले । उन्होंने मार्गमें जटायुको पड़े देखा जिसके पंख कट गए थे और जिसके प्राण कण्ठतक आगए थे पर उसने सीताके चुरा ले जाने वाले रावणसे लड़कर अपने मित्र दशरथका ऋण चुका दिया था ॥५४॥ वह राम-लक्ष्मणसे बोला कि सीताजीको रावण ले गया है । जटायुके घावोंको ही देखकर यह स्पष्ट था कि वह कितने जी-जानसे रावणसे लड़ा था ॥५५॥ केवल इतना ही कह कर जटायु बेचारा चल बसा । उसके मरनेसे राम-लक्ष्मणको उतना ही शोक हुआ जितना उन्हें अपने पिताके मरनेपर हुआ था । उसका विधिवत् दाह-संस्कार करके उन्होंने उसका श्राद्ध आदि किया ॥५६॥ वहाँसे वे आगे बढ़े तो उन्हें कबन्ध मिला जो किसी ऋषिके शापसे राक्षस हो गया था । रामने उसकी बाहें काट डाली जिससे उसका शाप छूट गया और वह फिर देवता हो गया । उसने प्रसन्न होकर सुग्रीवका ठिकाना बताया । इस सुग्रीवके राज्य और उसकी स्त्रीको उसका बड़ा भाई बालि छीन ले गया था, इसलिये उसने स्त्रीसे बिछुड़े हुए रामसे शीघ्र ही मित्रता कर ली ॥५७॥ पराक्रमी रामने बालिको मारकर उसके सिंहासनपर सुग्रीवको वैसे ही बैठा दिया जैसे कोई वैयाकरण, लिट्, लुट् आदि लकारोंमें अस् धातुके बदले भू धातुको बैठा देता है ॥५८॥ सुग्रीवने वानरोंको आज्ञा दी कि जाओ और जाकर सीताजीकी खोज लगाओ । जैसे विरही रामका मन सीताजीकी खोजमें इधर-उधर भटकता था वैसे ही वानर भी इधर-उधर घूमकर सीताजीकी खोज करने लगे ॥५९॥ मार्गमें जटायुके भाई सम्पातीसे उनकी भेंट हुई । उसने बतलाया कि समुद्र पार लङ्काद्वीपका राजा रावण सीताजीको हर ले गया है । यह सुनकर हनुमानजी उसी प्रकार समुद्रको लाँघ गए जैसे

दृष्टा विचिन्वता तेन लङ्कायां राक्षसीवृता ।
जानकी विषवल्लीभिः परीतेव महौषधिः ॥६१॥
तस्यै भर्तुरभिज्ञानमङ्गुलीयं ददौ कपिः ।
प्रत्युद्गतमिवानुष्णैस्तदानन्दाश्रुबिन्दुभिः ॥६२॥
निर्वाप्य प्रियसंदेशैः सीतामक्षवधोद्धतः ।
स ददाह पुरीं लङ्कां क्षणसोढारिनिग्रहः ॥६३॥
प्रत्यभिज्ञानरत्नं च रामायादर्शयत्कृती ।
हृदयं स्वयमायातं वैदेह्या इव मूर्तिमत् ॥६४॥
स प्राप हृदयन्यस्तमणिस्पर्शनिमीलितः ।
अपयोधरसंसर्गां प्रियालिङ्गननिर्वृतिम् ॥६५॥
श्रुत्वा रामः प्रियोदन्तं मेने तत्सङ्गमोत्सुकः ।
महार्णवपरिक्षेपं लङ्कायाः परिखां लघुम् ॥६६॥
स प्रतस्थेऽरिनाशाय हरिसैन्यैरनुद्रुतः ।
न केवलं भुवः पृष्ठे व्योम्नि सबाधवर्त्मभिः ॥६७॥
निविष्टमुदधेः कूले तं प्रपेदे विभीषणः ।
स्नेहाद्राक्षसलक्ष्म्येव बुद्धिमाविश्य चोदितः ॥६८॥

निर्मोही पुरुष संसार-सागरको पार कर जाता है ॥६०॥ लङ्कामें पहुँचकर ढूँढते ढूँढते उन्होंने एक स्थानपर सीताजीको देखा । चारों ओर राक्षसियोंसे घिरी हुई वे ऐसी लग रही थीं जैसे विषकी लताओंके बीचमें संजीवनी बूटी हो ॥६१॥ उनके पास जाकर हनुमानजीने रामकी अँगूठी उन्हें दी, जिसका स्वागत सीताजीने आनन्दके ठण्डे आँसुओंसे किया ॥६२॥ पहले तो उन्होंने रामचन्द्रजीका प्यार-भरा सन्देश सुनाकर सीताजीको ढाढ़स बँधाया फिर रावणके पुत्र अक्षयको मार डाला और थोड़ी देर तक शत्रुओंके हाथ बन्दी रहकर उन्होंने लङ्कामें आग लगा दी ॥६३॥ फिर सीताजीसे मिलनेकी पहचानके लिये उनसे चूड़ामणि लेकर वे रामके पास लौट आए, वह मणि पाकर रामको वैसा ही आनन्द हुआ मानो साक्षात् सीताजीका हृदय ही स्वयं चला आया हो ॥६४॥ उस मणिको हृदयसे लगाकर वे सुध-बुध भूलकर मग्न हो गए । उन्हें उस समय वैसी ही प्रसन्नता हो रही थी मानो स्तनके स्पर्शको छोड़कर सीताजी ही हृदयसे आ लगी हों ॥६५॥ प्रियाका सन्देश सुनकर राम उनसे मिलनेके लिये उतावले हो गए । इस उत्साहसे उन्हें लङ्काके चारों ओर का चौड़ा और गहरा समुद्र खाईसे भी कम चौड़ा जान पड़ने लगा ॥६६॥ वे वानरोंकी अपार सेना लेकर शत्रुका संहार करने लगे । वह सेना इतनी अधिक थी कि पृथ्वीकी कौन कहे, आकाशमें भी बड़ी कठिनाईसे चल पाती थी ॥६७॥ जब राम समुद्रके तटपर पहुँचे तो रावणका भाई विभीषण उनसे मिलने आया मानो राक्षसोंकी राजलक्ष्मीने उसकी बुद्धिमें पैठकर यह समझा

तस्मै निशाचरैश्वर्यं प्रतिशुश्राव राघवः ।
काले खलु समारब्धाः फलं बध्नन्ति नीतयः ॥६९॥
स सेतुं बन्धयामास प्लवगैर्लवणाम्भसि ।
रसातलादिवोन्मग्नं शेषं स्वप्नाय शार्ङ्गिणः ॥७०॥
तेनोत्तीर्य पथा लङ्कां रोधयामास पिङ्गलैः ।
द्वितीयं हेमप्राकारं कुर्वद्भिरिव वानरैः ॥७१॥
रणः प्रववृते तत्र भीमः प्लवगरक्षसाम् ।
दिग्विजृम्भितकाकुत्स्थपौलस्त्यजयघोषणः ॥७२॥
पादपाविद्धपरिघः शिलानिष्पिष्टमुद्गरः ।
अतिशस्त्रनखन्यासः शैलरुग्णमतंगजः ॥७३॥
अथ रामशिरश्छेददर्शनोद्भ्रान्तचेतनाम् ।
सीतां मायेति शंसन्ती त्रिजटा समजीवयत् ॥७४॥
कामं जीवति मे नाथ इति सा विजहौ शुचम् ।
प्राङ्मत्वा सत्यमस्यान्तं जीवितास्मीति लज्जिता ॥७५॥

दिया हो कि अब रामकी शरणमें जाने पर ही तुम्हारा कल्याण होगा ॥६८॥ रामने भी उससे यह प्रतिज्ञा करली कि हम तुम्हें राक्षसोंका राजा बना देंगे । ठीक भी है । समयपर काममें लाई हुई कूटनीति आगे चलकर अवश्य ही फल देती है ॥६९॥ रामने वानरों को लगाकर समुद्रपर जो पत्थरोंका पुल बँधवाया वह ऐसा जान पड़ता था मानो विष्णुको अपने ऊपर सुलानेके लिए स्वयं शेषनाग ही उतर आए हों ॥७०॥ उस पुलसे समुद्र पार करके पीले-पीले वानरोंने लङ्काको चारों ओरसे घेर लिया । उनसे घिरी हुई लङ्का ऐसी जान पड़ती थी मानो लङ्काके चारों ओर सोनेका एक दूसरा परकोटा बन गया हो ॥७१॥ वहाँ वानरों और राक्षसोंका ऐसा भयङ्कर युद्ध होने लगा कि राम और रावणकी जय-जयकारोंसे दिशाएँ फटी पड़ रही थीं ॥७२॥ उस युद्धमें वानर पेड़ोंसे मार-मारकर राक्षसोंकी लोहेकी गदाएँ तोड़े डाल रहे थे, पत्थर बरसाकर उनके मुग्दर पीसे डाल रहे थे, अपने नखोंसे ऐसे भयङ्कर घाव कर रहे थे कि शस्त्रोंसे भी वैसे घाव नहीं हो सकते थे और लड़ाकू हाथियोंके सिरोंपर बड़ी चट्टानें पटक-पटककर उनका कचूमर निकाल देते थे ॥७३॥ उसी समय एक राक्षसने मायासे रामका सिर बनाकर सीताजीके आगे ला पटका । उसे देखते ही सीताजी मूर्छित होकर गिर पड़ीं । पर जब त्रिजटाने उन्हें समझाया कि यह सब राक्षसी माया है तब सीताजीकी जानमें जान आई ॥७४॥ यह जानकर उनका शोक तो छूट गया कि मेरे पतिदेव जीवित हैं पर उन्हें इस बातकी बड़ी लज्जा हुई कि पतिके मारे जानेका समाचार सुनकर भी

गरुडापातविश्लिष्टमेघनादास्त्रबन्धनः ।
दाशरथ्योः क्षणक्लेशः स्वप्नवृत्त इवाभवत् ॥७६॥
ततो बिभेद पौलस्त्यः शक्त्या वक्षसि लक्ष्मणम् ।
रामस्त्वनाहतोऽप्यासीद्विदीर्णहृदयः शुचा ॥७७॥
स मारुतिसमानीतमहौषधिहृतव्यथः ।
लङ्कास्त्रीणां पुनश्चक्रे विलापाचार्यकं शरैः ॥७८॥
स नादं मेघनादस्य धनुश्चेन्द्रायुधप्रभम् ।
मेघस्येव शरत्कालो न किंचित्पर्यशेषयत् ॥७९॥
कुम्भकर्णः कपीन्द्रेण तुल्यावस्थः स्वसुः कृतः ।
रुरोध रामं शृङ्गीव टङ्कच्छिन्नमनःशिलः ॥८०॥
अकाले बोधितो भ्रात्रा प्रियस्वप्नो वृथा भवान् ।
रामेषुभिरितीवासौ दीर्घनिद्रां प्रवेशितः ॥८१॥
इतराण्यपि रक्षांसि पेतुर्वानरकोटिषु ।
रजांसि समरोत्थानि तच्छोणितनदीष्विव ॥८२॥
निर्ययावथ पौलस्त्यः पुनर्युद्धाय मन्दिरात् ।
अरावणमरामं वा जगदद्येति निश्चितः ॥८३॥

मैं जीवित रह गई, मरी नहीं ॥७५॥ उसी समय मेघनादने राम और लक्ष्मणको नागपाशमें बाँध लिया पर तभी गरुडने आकर वह फंदा तुरत काट दिया, पाशमें बँधनेका वह क्षण भरका क्लेश भी उन दोनों भाइयोंको ऐसा जान पड़ा मानो स्वप्नमें हुआ हो ॥७६॥ तब मेघनादने खींचकर लक्ष्मणकी छातीमें शक्ति-बाण मारा। लक्ष्मण गिर गए और उन्हें देखकर रामका हृदय शोकसे फटने लगा ॥७७॥ हनुमानजी तत्काल हिमालयसे जाकर सजीवनी बूटी ले आए, जिसके पिलाते ही लक्ष्मणकी सारी पीड़ा जाती रही और फिर उठकर उन्होंने अपने बाणोंसे अनगिनत राक्षसोंको मारकर लङ्कामें कुहराम मचा दिया ॥७८॥ जैसे शरद ऋतुके आनेपर न तो बादलका गर्जन रह पाता है न इन्द्रधनुष ही दिखाई देता है वैसे ही लक्ष्मण भी मेघनादके गर्जनको और इन्द्रधनुषके समान धनुषको क्षणभरमें ले बीते ॥७९॥ उधर सुग्रीवने कुम्भकर्णकी नाक-कानकर उसे शूर्पणखाके समान बना दिया था और वह रामका मार्ग रोककर उसी प्रकार खड़ा हो गया जैसे टाँकीसे कटी हुई कोई मैनसिलकी चट्टान आ गिरी हो ॥८०॥ रामके बाणोंसे घायल होकर वह गिरकर मर गया, मानो रामके बाणोंने उसे यह कहकर गहरी नींदमें सुला दिया हो कि तुमको नींद बड़ी प्यारी है, तुम्हारे भाईने व्यर्थ ही तुम्हें असमयमें जगा दिया ॥८१॥ और भी बहुतसे राक्षस करोड़ों वानरोंकी सेनाके बीचमें इस प्रकार गिर रहे थे मानो राक्षसोंके रक्तकी नदीमें रणक्षेत्रसे उठी हुई धूल पड़ रही हो ॥८२॥ जब रावणने सब काण्ड सुना तब वह अपने राजभवनसे निकलकर रण-भूमिमें चला आया। उसने मनमें ठान लिया था कि आज

तेन मन्त्रप्रयुक्तेन निमेषार्धादपातयत् ।
स रावणशिरः पङ्क्तिमज्ञातव्रणवेदनाम् ॥९९॥
बालार्कप्रतिमेवाप्सु वीचिभिन्ना पतिष्यतः ।
रराज रक्षःकायस्य कण्ठच्छेदपरम्परा ॥१००॥
मरुतां पश्यतां तस्य शिरांसि पतितान्यपि ।
मनो नातिविशश्वास पुनः संधानशङ्किनाम् ॥१०१॥
अथ मदगुरुपक्षैर्लोकपालद्विपानामनुगतमलिवृन्दैर्गण्डभित्तीर्विहाय ।
उपनतमणिबन्धे मूर्ध्नि पौलस्त्यशत्रोः सुरभि सुरविमुक्तं पुष्पवर्षं पपात ॥१०२॥
यन्ता हरेः सपदि संहृतकार्मुकज्यमापृच्छ्य राघवमनुष्ठितदेवकार्यम् ।
नामाङ्करावणशराङ्कितकेतुयष्टिमूर्ध्वं रथं हरिसहस्रयुजं निनाय ॥१०३॥
रघुपतिरपि जातवेदोविशुद्धां प्रगृह्य प्रियां
प्रियसुहृदि विभीषणे संगमय्य श्रियं वैरिणः ।
रविसुतसहितेन तेनानुयातः ससौमित्रिणा
भुजविजितविमानरत्नाधिरूढः प्रतस्थे पुरीम् ॥१०४॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
रावणवधो नाम द्वादशः सर्गः ॥

चमकीला गण्डल लिए हुए शेषनाग ही उतर आए हों ॥९८॥ मन्त्रसे चलाए हुए उस ब्रह्मास्त्रसे रामने रावणके दसों सिरोंको आधे पलमें काटकर पृथ्वीपर गिरा दिया जिससे रावणको तनिक भी कष्ट न हुआ ॥९९॥ रावणके सिर कटकर गिरते हुए ऐसे अच्छे लगते थे जैसे चपल लहरोंमें प्रातःकालके सूर्यका प्रतिबिम्ब शोभा देता है ॥१००॥ रावणके कटे हुए सिरोंको देखकर भी देवताओंको विश्वास नहीं हुआ क्योंकि उन्हें यह डर था कि कहीं ये फिर न जुड़ जायें ॥१०१॥ जिस रामपर राज्याभिषेक का जल छिड़का जानेवाला था उन्हींके सिरपर देवताओंने वे फूल बरसाए जिनकी सुगन्ध पाकर मदसे भीगी हुई पाँखोंवाले भौंरे दिग्गजोंके हाथियोंके मद बहानेवाले कपोलोंको छोड़कर रस लेने उनके पीछे पीछे दौड़ पड़े ॥१०२॥ रामने धनुषकी डोरी उतार दी क्योंकि उन्होंने देवताओंका काम पूरा कर दिया था। इन्द्रके सारथी मातलि उनसे आज्ञा लेकर अपना सहस्रों घोड़ोंवाला रथ लेकर स्वर्गमें चला गया। उस रथकी ध्वजापर अनीतक रावणके नाम खुदे हुए बाणोंके चिह्न पड़े हुए थे ॥१०३॥ रामने रावणकी राज्यश्री विभीषणको सौंप दी और फिर सीताजीको अग्निमें शुद्ध करके सुग्रीव, विभीषण और लक्ष्मणके साथ अपने बाहुबलसे जीते हुए पुष्पक विमानपर चढ़कर अयोध्याकी ओर लौट चले ॥१०४॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें रावण-वध नामका
बारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ त्रयोदशः सर्गः ॥

अथात्मनः शब्दगुणं गुणज्ञः पदं विमानेन विगाहमानः ।
रत्नाकरं वीक्ष्य मिथः स जायां रामाभिधानो हरिरित्युवाच ॥१॥
वैदेहि पश्यामलयाद्विभक्तं मत्सेतुना फेनिलमम्बुराशिम् ।
छायापथेनेव शरत्प्रसन्नमाकाशमाविष्कृतचारुतारम् ॥२॥
गुरोर्यियक्षोः कपिलेन मेध्ये रसातलं संक्रमिते तुरंगे ।
तदर्थमुर्वीमवदारयद्भिः पूर्वैः किलायं परिवर्धितो नः ॥३॥
गर्भं दधत्यर्कमरीचयोऽस्माद्विवृद्धिमत्राश्नुवते वसूनि ।
अबिन्धनं वह्निमसौ बिभर्ति प्रह्लादनं ज्योतिरजन्यनेन ॥४॥
तां तामवस्थां प्रतिपद्यमानं स्थितं दश व्याप्य दिशो महिम्ना ।
विष्णोरिवास्यानवधारणीयमीदृक्तया रूपमियत्तया वा ॥५॥
नाभिप्ररूढाम्बुरुहासनेन संस्तूयमानः प्रथमेन धात्रा ।
अमुं युगान्तोचितयोगनिद्रः संहृत्य लोकान्पुरुषोऽधिशेते ॥६॥

तेरहवाँ सर्ग

जिसका गुण शब्द है उस आकाशमें विमानपर चढ़े जाते हुए गुणी तथा राम कहलानेवाले विष्णु भगवान्, समुद्रको देखकर सीताजीसे एकान्तमें बोले ॥१॥ हे सीते ! इस फेनसे भरे हुए समुद्रको तो देखो जिसे मेरे बनाए हुए पुलने मलय पर्वततक दो भागोंमें वैसे ही बाँट दिया है जैसे सुन्दर तारोंसे भरे हुए शरद् ऋतुके खुले आकाशको आकाशगङ्गा दो भागोंमें बाँट देती है ॥२॥ [जानती हो समुद्र कैसे बना है !] जब हमारे पुरखे महाराजा सगर अश्वमेध यज्ञ कर रहे थे तब कपिलजी उनका घोड़ा पाताल लोकमें चुरा ले गए। उस समय सगरजीके पुत्रोंने घोड़ेकी खोज करनेके लिये जो सारी पृथ्वी खोद डाली थी उसीसे यह इतना लम्बा-चौड़ा समुद्र बन गया है ॥३॥ [यह समुद्र है बड़े कामका ।] देखो इसीमेंसे सूर्यकी किरणें जल खींचती है और [पृथ्वीपर बरसाती है ।] इसीमें रत्न बढ़ते हैं, अपने शत्रु बड़वानलको भी यह अपनी गोदमें पालता है और सुखकारी प्रकाशवाला चन्द्रमा भी इसीमेंसे उत्पन्न हुआ है ॥४॥ यह अपना रूप भी सदा बदलता रहता है और यह इतना बड़ा है कि दसों दिशाओंमें दूरतक फैला हुआ है । इसलिये जैसे विष्णु भगवान्‌के विषयमें नहीं कहा जा सकता कि वे ऐसे और इतने बड़े हैं वैसे ही इसके विषयमें भी यह नहीं कहा जा सकता कि यह ऐसा है या इतना बड़ा है ॥५॥ जब आदिपुरुष विष्णु भगवान् तीनों लोकोंका संहार कर चुकते हैं तब यहीं पहुँचकर योगनिद्रामें सोते हैं और इनकी नाभिसे निकले हुए कमलसे उत्पन्न होनेवाले ब्रह्माजी सदा

पक्षच्छिदा गोत्रभिदात्तगन्धाः शरण्यमेनं शतशो महीध्राः ।
नृपा इवोपप्लविनः परेभ्यो धर्मोत्तरं मध्यममाश्रयन्ते ॥७॥
रसातलादादिभवेन पुंसा भुवः प्रयुक्तोद्वहनक्रियायाः ।
अस्याच्छमम्भः प्रलयप्रवृद्धं मुहूर्तवक्त्राभरणं बभूव ॥८॥
मुखार्पणेषु प्रकृतिप्रगल्भाः स्वयं तरङ्गाधरदानदक्षः ।
अनन्यसामान्यकलत्रवृत्तिः पिबत्यसौ पाययते च सिन्धूः ॥९॥
ससत्त्वमादाय नदीमुखाम्भः संमीलयन्तो विवृताननत्वात् ।
अमी शिरोभिस्तिमयः सरन्ध्रैरूर्ध्वं वितन्वन्ति जलप्रवाहान् ॥१०॥
मातङ्गनक्रैः सहसोत्पतद्भिर्भिन्नान्द्विधा पश्य समुद्रफेनान् ।
कपोलसंसर्पितया य एषां व्रजन्ति कर्णक्षणचामरत्वम् ॥११॥
वेलानिलाय प्रसृता भुजङ्गा महोर्मिविस्फूर्जथुनिर्विशेषाः ।
सूर्यांशुसंपर्कसमृद्धरागैर्व्यज्यन्त एते मणिभिः फणस्थैः ॥१२॥
तवाधरस्पर्धिषु विद्रुमेषु पर्यस्तमेतत्सहसोर्मिवेगात् ।
ऊर्ध्वाङ्कुरप्रोतमुखं कथंचित्क्लेशादपक्रामति शङ्खयूथम् ॥१३॥
प्रवृत्तमात्रेण पयांसि पातुमावर्तवेगाद्भ्रमता घनेन ।
आभाति भूयिष्ठमयं समुद्रः प्रमथ्यमानो गिरिणेव भूयः ॥१४॥

इनके गुण गाया करते हैं ॥६॥ जसे शत्रुओंके डरसे राजा लोग किसी धर्मात्मा और तटस्थ राजाकी शरण लेते है वैसे ही उन सैकडो पहाडोने भी इसकी शरण ली थी जिनके पख इन्द्रने काट दिए थे और जिनका अभिमान इन्द्रने चूर कर दिया था ॥७॥ सृष्टिके प्रारम्भमे जब वराह भगवान् पृथ्वीको पातालसे ले जा रहे थे उस समय प्रलयसे बढा हुआ इसका स्वच्छ जल क्षण भरके लिये उनका घूँघट बन गया था ॥८॥ देखो ! दूसरे लोग केवल स्त्रियो का अधरपान करते हैं, अपना अधर उन्हे नही पिलाते । पर समुद्र इस बातमे भी औरोसे बढकर है क्योकि जब नदियाँ ढीठ होकर चुम्बनके लिये अपना मुख इसके सामने बढाती हैं तब यह बडी चतुराईसे अपना तरङ्ग-रूपी अधर उन्हे पिलाता और उनका अधर स्वय पीता है ॥९॥ यह देखो ये बडे-बडे मगरमच्छ अपना मुँह खोलकर मछलियो को लिए-दिए समुद्रका जल पी जाते है और फिर मुँह बन्द करके अपने सिरके छेदोसे पानीकी जल-धाराएँ छोडने लगते हैं ॥१०॥ इन मगरमच्छो के अचानक उठनेसे समुद्रकी फटी हुई फेनको तो देखो । इनके गलोपर क्षण भरके लिए लगी हुई यह फेन ऐसी दिखाई देती है मानो इनके कानोपर चँवर टँगे हुए हो ॥११॥ तटपर बडी बडी लहरोके जैसे दिखाई देने वाले ये साँप हैं जो तटका वायु पीनेके लिए बाहर निकल आए हैं । पर जब सूर्यकी किरणोसे इनके मणि चमक जाते हैं तब ये पहचानमे आ जाते है ॥१२॥ देखो, लहरोकी झोंकमे तुम्हारे अधरोंके समान लाल-लाल मूँगेकी चट्टानसे टकरा जानेसे इन जीवित शखो के मुँह छिद गए है और उस पीडासे ये बेचारे बडी कठिनाईसे इधर-उधर चल पा रहे हैं ॥१३॥ यह देखो ! काले काले बादल समुद्रका पानी

दूरादयश्चक्रनिभस्य तन्वी तमालतालीवनराजिनीला ।
आभाति वेला लवणाम्बुराशेर्धारानिबद्धेव कलङ्करेखा ॥१५॥
वेलानिलः केतकरेणुभिस्ते संभावयत्याननमायताक्षि ।
मामक्षमं मण्डनकालहानेर्वेत्तीव बिम्बाधरबद्धतृष्णम् ॥१६॥
एते वयं सैकतभिन्नशुक्तिपर्यस्तमुक्तापटलं पयोधेः ।
प्राप्ता मुहूर्तेन विमानवेगात्कूलं फलावर्जितपूगमालम् ॥१७॥
कुरुष्व तावत्करभोरु पश्चान्मार्गे मृगप्रेक्षिणि दृष्टिपातम् ।
एषा विदूरीभवतः समुद्रात्सकानना निष्पततीव भूमिः ॥१८॥
क्वचित्पथा संचरते सुराणां क्वचिद्घनानां पततां क्वचिच्च ।
यथाविधो मे मनसोऽभिलाषः प्रवर्तते पश्य तथा विमानम् ॥१९॥
असौ महेन्द्रद्विपदानगन्धिस्त्रिमार्गगावीचिविमर्दशीतः ।
आकाशवायुर्दिनयौवनोत्थानाचामति स्वेदलवान्मुखे ते ॥२०॥
करेण वातायनलम्बितेन स्पृष्टस्त्वया चण्डि कुतूहलिन्या ।
आमुञ्चतीवाभरणं द्वितीयमुद्भिन्नविद्युद्वलयो घनस्ते ॥२१॥

लेने आए हैं और समुद्रकी भँवरके साथ साथ बड़ी तीव्र गतिसे चक्कर काट रहे हैं। इस समय यह समुद्र ऐसा जान पड़ रहा है मानो मन्दराचल फिर इसे मथे डाल रहा हो ॥१४॥ देखो! दूर होनेसे पहिएकी हालके समान बहुत पतला और ताड़ तथा तमाल आदि वृक्षोंके कारण नीला दिखाई देनेवाला समुद्र तट ऐसा जान पड़ रहा है जैसे चक्रकी धारपर मुर्चा जम गया हो ॥१५॥ हे सुलोचने! समुद्रतटवा वायु तुम्हारे मुखपर केतकीका पराग छिड़क रहा है मानो वह यह जान गया है कि मैं तुम्हारे अधरोंको चूमने ही वाला हूँ और अब अधिक शृङ्गारकी बाट नहीं देखूँगा ॥१६॥ यह देखो हम लोग विमानके तीव्र चलनेके कारण क्षण भरमें ही समुद्रके उस तटपर पहुँच गए जहाँ बालूपर सीपोंके फैल जानेसे मोती बिखरे पड़े हैं और फलोंके भारसे सुपारीके पेड़ झुके खड़े हैं ॥१७॥ हे कदलीके समान जाँघोंवाली मृगनयनी! पीछेकी ओर तो देखो! दूर निकल आनेसे यह जंगलोंसे भरी हुई भूमि ऐसी दिखाई पड़ रही है मानो समुद्रमेंसे अभी अचानक निकल पड़ी हो ॥१८॥ देखो! मैं जिधर चाहता हूँ उधर ही यह विमान घूम जाता है। यह कभी तो देवताओंके मार्गमें उड़ता चलता है, कभी बादलोंके मार्गमें पहुँच जाता है और कभी पक्षियोंके मार्गमें उड़ने लगता है॥१९॥ ऐरावतके मदकी गन्धमें बसा हुआ और आकाशगङ्गाकी लहरोंसे ठण्ढाया हुआ आकाशका वायु तुम्हारे मुखपर दोपहरकी गर्मीसे छाई हुई पसीनेकी बूँदोंको पीता चल रहा है ॥२०॥ हे चण्डी! जब तुम खेल खेलमें अपना हाथ विमानसे बाहर निकालकर बादलको छू लेती हो तब तुम्हारे मणिबन्धके चारों ओर बिजली कौंध जाती है। उस समय ऐसा जान पड़ता है मानो बादल तुम्हारे हाथमें दूसरा कंगन पहना रहे हों ॥२१॥ नीचे देखो! रावण आदि राक्षसोंके मारे जानेकी बात

पक्षच्छिदा गोत्रभिदात्तगन्धाः शरण्यमेनं शतशो महीध्राः ।
नृपा इवोपप्लविनः परेभ्यो धर्मोत्तरं मध्यममाश्रयन्ते ॥७॥
रसातलादादिभवेन पुंसा भुवः प्रयुक्तोद्वहनक्रियायाः ।
अस्याच्छमम्भः प्रलयप्रवृद्धं मुहूर्तवक्त्राभरणं बभूव ॥८॥
मुखार्पणेषु प्रकृतिप्रगल्भाः स्वयं तरङ्गाधरदानदक्षः ।
अनन्यसामान्यकलत्रवृत्तिः पिबत्यसौ पाययते च सिन्धूः ॥९॥
ससत्त्वमादाय नदीमुखाम्भः संमीलयन्तो विवृताननत्वात् ।
अमी शिरोभिस्तिमयः सरन्ध्रैरूर्ध्वं वितन्वन्ति जलप्रवाहान् ॥१०॥
मातङ्गनक्रैः सहसोत्पतद्भिर्भिन्नान्द्विधा पश्य समुद्रफेनान् ।
कपोलसंसर्पितया य एषां व्रजन्ति कर्णक्षणचामरत्वम् ॥११॥
वेलानिलाय प्रसृता भुजङ्गा महोर्मिविस्फूर्जथुनिर्विशेषाः ।
सूर्यांशुसंपर्कसमृद्धरागैर्व्यज्यन्त एते मणिभिः फणस्थैः ॥१२॥
तवाधरस्पर्धिषु विद्रुमेषु पर्यस्तमेतत्सहसोर्मिवेगात् ।
ऊर्ध्वाङ्कुरप्रोतमुखं कथंचित्क्लेशादपक्रामति शङ्खयूथम् ॥१३॥
प्रवृत्तमात्रेण पयांसि पातुमावर्तवेगाद्भ्रमता घनेन ।
आभाति भूयिष्ठमयं समुद्रः प्रमथ्यमानो गिरिणेव भूयः ॥१४॥

इनके गुण गाया करते हैं ॥६॥ जैसे शत्रुओंके डरसे राजा लोग किसी धर्मात्मा और तटस्थ राजाकी शरण लेते हैं वैसे ही उन सैकड़ों पहाड़ोंने भी इसकी शरण ली थी जिनके पंख इन्द्रने काट दिए थे और जिनका अभिमान इन्द्रने चूर कर दिया था ॥७॥ सृष्टिके आरम्भमें जब वराह भगवान् पृथ्वीको पातालसे ले जा रहे थे उस समय प्रलयसे बढ़ा हुआ इसका स्वच्छ जल क्षण भरके लिये उनका घूंघट बन गया था ॥८॥ देखो ! दूसरे लोग केवल स्त्रियों का अधरपान करते हैं, अपना अधर उन्हें नहीं पिलाते । पर समुद्र इस बातमें भी औरोंसे बढ़कर है क्योंकि जब नदियां ढीठ होकर चुम्बनके लिये अपना मुख इसके सामने बढ़ाती हैं तब यह बड़ी चतुराईसे अपना तरङ्ग-रूपी अधर उन्हें पिलाता और उनका अधर स्वयं पीता है ॥९॥ यह देखो ये बड़े-बड़े मगरमच्छ अपना मुँह खोलकर मछलियों को लिए-दिए समुद्रका जल पी जाते हैं और फिर मुँह बन्द करके अपने सिरके छेदोंसे पानीकी जल-धाराएं छोड़ने लगते हैं ॥१०॥ इन मगरमच्छों के अचानक उठनेसे समुद्रकी फटी हुई फेनको तो देखो । इनके गालोंपर क्षण भरके लिए लगी हुई यह फेन ऐसी दिखाई देती है मानो इनके कानोंपर चँवर टँगे हुए हों ॥११॥ तटपर बड़ी-बड़ी लहरोंके जैसे दिखाई देने वाले ये सांप हैं जो तटका वायु पीनेके लिए बाहर निकल आए हैं । पर जब सूर्यकी किरणोंसे इनके मणि चमक जाते हैं तब ये पहचानमें आ जाते हैं ॥१२॥ देखो, लहरोंकी झोंकमें तुम्हारे अधरोंके समान लाल-लाल मूँगेकी चट्टानसे टकरा जानेसे इन जीवित शंखों के मुंह छिद गए हैं और उस पीड़ासे ये बेचारे बड़ी कठिनाईसे इधर-उधर चल पा रहे हैं ॥१३॥ वह देखो ! काले काले बादल समुद्रका पानी

दूरादयश्चक्रनिभस्य तन्वी तमालतालीवनराजिनीला ।
आभाति वेला लवणाम्बुराशेर्धारानिबद्धेव कलङ्करेखा ॥१५॥
वेलानिलः केतकरेणुभिस्ते संभावयत्याननमायताक्षि ।
मामक्षमं मण्डनकालहानेर्वेत्तीव बिम्बाधरबद्धतृष्णम् ॥१६॥
एते वयं सैकतभिन्नशुक्तिपर्यस्तमुक्तापटलं पयोधेः ।
प्राप्ता मुहूर्तेन विमानवेगात्कूलं फलावर्जितपूगमालम् ॥१७॥
कुरुष्व तावत्करभोरु पश्चान्मार्गे मृगप्रेक्षिणि दृष्टिपातम् ।
एषा विदूरीभवतः समुद्रात्सकानना निष्पततीव भूमिः ॥१८॥
क्वचित्पथा संचरते सुराणां क्वचिद्घनानां पततां क्वचिच्च ।
यथाविधो मे मनसोऽभिलाषः प्रवर्तते पश्य तथा विमानम् ॥१९॥
असौ महेन्द्रद्विपदानगन्धिस्त्रिमार्गगावीचिविमर्दशीतः ।
आकाशवायुर्दिनयौवनोत्थानाचामति स्वेदलवान्मुखे ते ॥२०॥
करेण वातायनलम्बितेन स्पृष्टस्त्वया चण्डि कुतूहलिन्या ।
आमुञ्चतीवाभरणं द्वितीयमुद्भिन्नविद्युद्वलयो घनस्ते ॥२१॥

लेने आए है और समुद्रकी भँवरके साथ साथ बड़ी तीव्र गतिसे चक्कर काट रहे हैं। इस समय यह समुद्र ऐसा जान पड रहा है मानो मन्दराचल फिर इसे मथे डाल रहा हो ॥१४॥ देखो ! दूर होनेसे पहियेकी हालके समान बहुत पतला और ताड़ तथा तमाल आदि वृक्षोंके कारण नीला दिखाई देनेवाला समुद्र तट ऐसा जान पड रहा है जैसे चक्रकी धारपर मुर्चा जम गया हो ॥१५॥ हे सुलोचने ! समुद्रतटका वायु तुम्हारे मुखपर केतकीके पराग छिड़क रहा है मानो वह यह जान गया है कि मैं तुम्हारे अधरोंको चूमने हो वाला हूँ और अब अधिक शृङ्गारकी बाट नहीं देखूँगा ॥१६॥ यह देखो हम लोग विमानके तीव्र चलनेके कारण क्षण भरमें ही समुद्रके उस तटपर पहुँच गए जहाँ बालूपर सीपोंके फैल जानेसे मोती बिखरे पड़े है और फलोंके भारसे सुपारीके पेड़ भुके खड़े है ॥१७॥ हे कदलीके समान जाँघोंवाली मृगनयनी ! पीछेकी ओर तो देखो ! दूर निकल आनेसे यह जगलोंसे भरी हुई भूमि ऐसी दिखाई पड रही है मानो समुद्रमेंसे अभी अचानक निकल पड़ी हो ॥१८॥ देखो ! मैं जिधर चाहता हूँ उधर ही यह विमान घूम जाता है। यह कभी तो देवताओंके मार्गमें उड़ता चलता है, कभी बादलोंके मार्गमें पहुँच जाता है और कभी पक्षियोंके मार्गमें उड़ने लगता है॥१९॥ ऐरावतके मदकी गन्धसे बसा हुआ और आकाशगङ्गाकी लहरोंसे ठण्ढाया हुआ आकाशका वायु तुम्हारे मुखपर दोपहरकी गर्मीसे छाई हुई पसीनेकी बूँदोंको पीता चल रहा है ॥२०॥ हे चण्डी ! जब तुम खेल-खेलमें अपना हाथ विमानसे बाहर निकालकर बादलको छू लेती हो तब तुम्हारे मणिबन्धके चारों ओर बिजली बँध जाती है। उस समय ऐसा जान पड़ता है मानो बादल तुम्हारे हाथमें दूसरा कगन पहना रहे हो ॥२१॥ नीचे देखो ! रावण आदि राक्षसोंके मारे जानेकी बात

अमी जनस्थानमपोढविघ्नं मत्वा समारब्धनवोटजानि ।
अध्यासते चीरभृतो यथास्वं चिरोज्झितान्याश्रममण्डलानि ॥२२॥
सैषा स्थली यत्र विचिन्वता त्वां भ्रष्टं मया नूपुरमेकमुर्व्याम् ।
अदृश्यत त्वच्चरणारविन्दविश्लेषदुःखादिव बद्धमौनम् ॥२३॥
त्वं रक्षसा भीरु यतोऽपनीता तं मार्गमेताः कृपया लता मे ।
अदर्शयन्वक्तुमशक्नुवत्यः शाखाभिरावर्जितपल्लवाभिः ॥२४॥
मृग्यश्च दर्भाङ्कुरनिर्व्यपेक्षास्तवागतिज्ञं समबोधयन्माम् ।
व्यापारयन्त्यो दिशि दक्षिणस्यामुत्पक्ष्मराजीनि विलोचनानि ॥२५॥
एतद्गिरेर्माल्यवतः पुरस्तादाविर्भवत्यम्बरलेखि शृङ्गम् ।
नवं पयो यत्र घनैर्मया च त्वद्विप्रयोगाश्रु समं विसृष्टम् ॥२६॥
गन्धश्च धाराहतपल्वलानां कादम्बमर्धोद्गतकेसरं च ।
स्निग्धाश्च केकाः शिखिनां बभूवुर्यस्मिन्नसह्यानि विना त्वया मे ॥२७॥
पूर्वानुभूतं स्मरता च यत्र कम्पोत्तरं भीरु तवोपगूढम् ।
गुहाविसारीण्यतिवाहितानि मया कथंचिद्घनगर्जितानि ॥२८॥
आसारसिक्तक्षितिबाष्पयोगान्मामक्षिणोद्यत्र विभिन्नकोशैः ।
विडम्ब्यमाना नवकन्दलैस्ते विवाहधूमारुणलोचनश्रीः ॥२९॥

सुनकर इन चीरधारी तपस्वियोंने समझ लिया है कि अब कोई खटका नहीं रहा और इसलिये वे नई कुटिया बना बनाकर, तपोवनमें सुखसे बसने लगे हैं ॥२२॥ देखो! यह वही स्थान है जहाँ तुम्हें ढूंढते हुए मैंने पृथ्वीपर पड़ा हुआ तुम्हारा बिछुआ देखा था। चुपचाप पड़ा हुआ वह ऐसा लग रहा था मानो तुम्हारे चरणोंसे अलग हो जानेके दुःखसे चुप हो गया हो ॥२३॥ हे भीरु! रावण तुम्हें जिस मार्गसे ले गया था उस मार्गकी लताएं मुझे कृपा करके तुम्हारे जानेका मार्ग बताना चाहती थीं पर बोल न सकनेके कारण उन्होंने अपनी पत्तोंवाली डालियां ही उधर झुकाकर मुझे तुम्हारा ठिकाना दिया था ॥२४॥ हरिणियोंने भी जब देखा कि मुझे तुम्हारे जानेके मार्गका ज्ञान नहीं है तब वे अपनी उठी हुई पलकोंवाली आँखें दक्षिण दिशाकी ओर करके मुझे मार्ग समझाने लगी थीं ॥२५॥ देखो! यह जो आगे माल्यवान् पर्वतकी ऊँची चोटी दिखाई देती है, यहाँ जब बादलोंने नया जल बरसाना प्रारम्भ किया, उस समय तुम्हारे न रहनेसे मेरी आँखें भी जल बरसाने लगी थीं ॥२६॥ उस समय वर्षाके कारण पोखरोंमेंसे उठी हुई सोंधी गन्ध, अधखिली मञ्जरियोंवाले कदम्बके फूल और मोरोंके मनोहर स्वर तुम्हारे बिना मुझे बड़े अखरे ॥२७॥ जब बादल गरजते थे और गुफाओंमें उसकी प्रतिध्वनि होने लगती थी तब मुझे वे दिन स्मरण हो आए जब बादलोंके गर्जनसे डरकर तुम मुझसे लिपट जाती थीं। तुम समझ नहीं सकती कि माल्यवान् पर्वतपर वे पावसके दिन मैंने कितने कष्टसे बिताए ॥२८॥ वर्षाके कारण यहाँकी धरतीसे जो भाप निकली, उससे कदलियोंकी कलियां खिल उठीं और वैसी

उपान्तवानीरवनोपगूढान्यालक्ष्यपारिप्लवसारसानि ।
दूरावतीर्णा पिबतीव खेदादमूनि पम्पासलिलानि दृष्टिः ॥३०॥
अत्रावियुक्तानि रथाङ्गनाम्नामन्योन्यदत्तोत्पलकेसराणि ।
द्वन्द्वानि दूरान्तरवर्तिना ते मया प्रिये सस्पृहमीक्षितानि ॥३१॥
इमां तटाशोकलतां च तन्वीं स्तनाभिरामस्तबकाभिनम्राम् ।
त्वत्प्राप्तिबुद्ध्या परिरब्धुकामः सौमित्रिणा साश्रुरहं निषिद्धः ॥३२॥
अमूर्विमानान्तरलम्बिनीनां श्रुत्वा स्वनं काञ्चनकिङ्किणीनाम् ।
प्रत्युद्व्रजन्तीव खमुत्पतन्त्यो गोदावरीसारसपङ्क्तयस्त्वाम् ॥३३॥
एषा त्वया पेशलमध्ययापि घटाम्बुसंवर्धितबालचूता ।
आनन्दयत्युन्मुखकृष्णसारा दृष्टा चिरात्पञ्चवटी मनो मे ॥३४॥
अत्रानुगोदं मृगयानिवृत्तस्तरंगवातेन विनीतखेदः ।
रहस्त्वदुत्सङ्गनिषण्णमूर्धा स्मरामि वानीरगृहेषु सुप्तः ॥३५॥
भ्रूभेदमात्रेण पदान्मघोनः प्रभ्रंशयां यो नहुषं चकार ।
तस्याविलाम्भः परिशुद्धिहेतोर्भौमो मुनेः स्थानपरिग्रहोऽयम् ॥३६॥

ही लाल लाल हो गईं जैसे विवाहके समय हवनका धुआँ लगनेसे तुम्हारी आँखें लाल हो गई थीं। अत उन्हें देखकर तुम्हारा स्मरण हो आनेसे मैं बेचैन होजाता था ॥२९॥ देखो! बहुत ऊँचेसे देखनेके कारण और बेंतके जंगलोंसे ढके होनेके कारण पम्पा सरोवरका जल ठीक ठीक दिखाई नहीं दे रहा है। फिर भी जलपर तैरते हुए सारस कुछ-कुछ दिखाई पड़जाते हैं ॥३०॥ हे प्रिये! यहाँ चकवा-चकवीके जोड़े एक दूसरेको प्रेमपूर्वक कमलका केसर दिया करते थे, तुमसे इतनी दूर होनेके कारण उन्हें देख-देखकर मैं यही सोचा करता था कि मुझे भी वे दिन कब देखनेको मिलेंगे ॥३१॥ तुम्हारे वियोगमें मैं ऐसा पागल हो गया था कि एक दिन स्तनके समान गुच्छोंवाली इस पतली अशोक लताको मैंने यह समझकर गले लगाना चाहा था कि तुम ही हो। जैसे ही मैं उसे गले लगाने चला तो मेरा यह पागलपन देखकर रोते हुए लक्ष्मणने मुझे वहाँसे हटा लिया ॥३२॥ यह देखो! विमानके नीचे लटकती हुई सोनेकी किङ्किणियोंका शब्द सुनकर गोदावरी नदीके सारसोंकी पाँतें ऊपर उड़ी चली आ रही हैं मानो वे तुम्हारी अगवानी करने आ रही हों ॥३३॥ आज बहुत दिनोंपर इस पञ्चवटीको देखकर मेरा जी खिल उठा है। वह देखो! वहाँके मृग ऊपर सिर उठाकर विमानको देख रहे हैं। यहींपर तो तुमने अपनी पतली कमरपर घड़े ले लेकर आमके वृक्षोंको सींचकर पाला-पोसा था ॥३४॥ मुझे वे दिन स्मरण हो रहे हैं जब मैं यहाँ एकान्तमें बेंतकी झोपड़ीमें तुम्हारी गोदमें सिर रखकर सोया करता था और गोदावरीका ठण्डा वायु मेरे आखेटकी थकावट मिटाया करता था ॥३५॥ यह देखो! आगे ही उन तपस्वी अगस्त्य ऋषिका आश्रम है, जिन्होंने केवल भौंहें तानकर ही राजा नहुषको इन्द्रके पदसे नीचे ढकेल दिया था। ये ही जब उदय होते हैं तब वर्षाका सब गँदला जल स्वच्छ कर देते हैं ॥३६॥

त्रेताग्निधूमाग्रमनिन्द्यकीर्तेस्तस्येदमाक्रान्तविमानमार्गम् ।
घ्रात्वा हविर्गन्धि रजोविमुक्तः समश्नुते मे लघिमानमात्मा ॥३७॥
एतन्मुनेर्मानिनि शातकर्णेः पञ्चाप्सरो नाम विहारवारि ।
आभाति पर्यन्तवनं विदूरान्मेघान्तरालक्ष्यमिवेन्दुबिम्बम् ॥३८॥
पुरा स दर्भाङ्कुरमात्रवृत्तिश्चरन्मृगैः सार्धमृषिर्मघोना ।
समाधिभीतेन किलोपनीतः पञ्चाप्सरोयौवनकूटबन्धम् ॥३९॥
तस्यायमन्तर्हितसौधभाजः प्रसक्तसंगीतमृदङ्गघोषः ।
वियद्गतः पुष्पकचन्द्रशालाः क्षणं प्रतिश्रुन्मुखराः करोति ॥४०॥
हविर्भुजामेधवतां चतुर्णां मध्ये ललाटंतपसप्तसप्तिः ।
असौ तपस्यत्यपरस्तपस्वी नाम्ना सुतीक्ष्णश्चरितेन दान्तः ॥४१॥
अमुं सहासप्रहितेक्षणानि व्याजार्धसंदर्शितमेखलानि ।
नालं विकर्तुं जनितेन्द्रशङ्कं सुराङ्गनाविभ्रमचेष्टितानि ॥४२॥
एषोऽक्षमालावलयं मृगाणां कण्डूयितारं कुशसूचिलावम् ।
सभाजने मे भुजमूर्ध्वबाहुः सव्येतरं प्राध्वमितः प्रयुङ्क्ते ॥४३॥
वाचंयमत्वात्प्रणतिं ममैष कम्पेन किंचित्प्रतिगृह्य मूर्ध्नः ।
दृष्टिं विमानव्यवधानमुक्तां पुनः सहस्रार्चिषि संनिधत्ते ॥४४॥

उसी यशस्वी ऋषिकी, गार्हपत्य और आहवनीय अग्नियोंमें हवन सामग्रीकी गन्धसे मिला हुआ वह धुआँ विमानके पासतक उठा चला आ रहा है जिसे सूँघते ही मेरा आत्मा पवित्र हो गया है ॥३७॥ हे भामिनी ! यह आगे शातकर्णी ऋषिका पञ्चाप्सर नामका क्रीडा-सरोवर है जो चारों ओर काले-काले जङ्गलोंसे घिरा हुआ दूरसे ऐसा दिखाई पड रहा है मानो बादलोंके बीचमें कुछ-कुछ दिखाई देनेवाले चन्द्रमा हों ॥३८॥ पहले ये महर्षि तपस्या करते समय मृगोंके साथ घास चरा करते थे। इनकी ऐसी तपस्या देखकर इन्द्रको यह भय हुआ कि कहीं ये हमारा इन्द्रासन न छीन लें, इसलिये इनका तप डिगानेके लिये इन्द्रने, एक साथ पाँच अप्सराओंका जाल इनपर फेंका और ये बेचारे फँस गए ॥३९॥ यह जो नाच-गाना सुनाई दे रहा है यह जलके भीतर बने हुए उन्हींके भवनका है। वहींके मृदङ्गकी ध्वनि आकाशमें पुष्पक-विमानकी छतरीसे टकराकर गूँज रही है ॥४०॥ यह जो चार अग्नियोंके बीचमें और ऊपर सूर्यकी किरणोंसे तपते हुए तपस्वी बैठे हैं इनका नाम तो सुतीक्ष्ण [अर्थात् बडा तीखा] है पर ये हैं बडे सीधे ॥४१॥ इनके तपसे डरकर इन्द्रने इनके पास भी अप्सराओंको भेजा। वे मुसकरा-मुसकराकर इनपर तिरछी चितवन चलाती थीं और किसी न किसी बहाने अपनी तगडी भी उघाडकर इन्हें दिखा देती थीं पर उनकी यह सब मटक-मटक इन्हें न लुभा सकी ॥४२॥ देखो ! ये मुझे देखकर रुद्राक्षकी माला बँधी हुई, मृगोंको सहलानेवाली और कुश उखाडनेवाली अपनी दाहिनी भुजा उठाकर मेरा स्वागत कर रहे हैं ॥४३॥ ये मौन रहते हैं इसलिये

अदः शरण्यं शरभङ्गनाम्नस्तपोवनं पावनमाहिताग्नेः ।
चिराय संतर्प्य समिद्भिरग्निं यो मन्त्रपूतां तनुमप्यहौषीत् ॥४५॥
छायाविनीताध्वपरिश्रमेषु भूयिष्ठसंभाव्यफलेष्वमीषु ।
तस्यातिथीनामधुना सपर्या स्थिता सुपुत्रेष्विव पादपेषु ॥४६॥
धारास्वनोद्गारिदरीमुखोऽसौ शृङ्गाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्कः ।
बध्नाति मे बन्धुरगात्रि चक्षुर्दृप्तः ककुद्मानिव चित्रकूटः ॥४७॥
एषा प्रसन्नस्तिमितप्रवाहा सरिद्विदूरान्तरभावतन्वी ।
मन्दाकिनी भाति नगोपकण्ठे मुक्तावली कण्ठगतेव भूमेः ॥४८॥
अयं सुजातोऽनुगिरं तमालः प्रवालमादाय सुगन्धि यस्य ।
यवाङ्कुरापाण्डुकपोलशोभी मयावतंसः परिकल्पितस्ते ॥४९॥
अनिग्रहत्रासविनीतसत्त्वमपुष्पलिङ्गात्फलबन्धिवृक्षम् ।
वनं तपःसाधनमेतदत्रेराविष्कृतोदग्रतरप्रभावम् ॥५०॥
अत्राभिषेकाय तपोधनानां सप्तर्षिहस्तोद्धृतहेमपद्माम् ।
प्रवर्तयामास किलानसूया त्रिस्रोतसं त्र्यम्बकमौलिमालाम् ॥५१॥

केवल सिर हिलाकर ही इन्होंने मेरे प्रणामको स्वीकार किया है। विमानके बीचमें आजानेसे जो इनकी दृष्टि सूर्यसे अलग हो गई थी वह फिर इन्होंने सूर्यमें लगा ली है ॥४४॥ यह आगे शरणागतकी रक्षा करनेवाले अग्निहोत्री शरभङ्ग ऋषिका तपोवन है जिन्होंने बहुत दिनोंतक अग्निको समिधासे तृप्त करके अन्तमें अपना पवित्र शरीरभी उसमें हवन कर दिया था ॥४५॥ जैसे सुपुत्र अपने पिताके धर्मका पालन करते हैं वैसे ही अतिथि-सेवाका काम उनके बदले ये आश्रमके वृक्ष करते हैं जिनकी छायामें बैठकर पथिक अपनी थकावट दूर करते हैं और जिनमें बड़े मीठे मीठे फल भी लगते हैं ॥४६॥ हे सुन्दरी। मस्त साँडके समान यह चित्रकूट पर्वत मुझे बड़ा सुहावना लग रहा है। इसकी गुफा ही इसका मुख है, इससे निकलनेवाली जलकी धाराका शब्द ही साँडकी डकार है, इसकी चोटी ही उसकी सींगें हैं और उसपर छाए हुए बादल ही मानो सींगोंपर लगी हुई कीचड़ है ॥४७॥ यह जो मन्दाकिनी आ गई। इसका जल कैसा स्वच्छ और धीरे धीरे बह रहा है। दूर होनेके कारण ये कितनी पतली दिखाई दे रही हैं। चित्रकूट पर्वतके नीचे बहती हुई ये ऐसी जान पड़ती हैं मानो पृथ्वी-रूप नायिकाके गलेमें मोतियोंकी माला पड़ी हुई हो ॥४८॥ पहाड़के ढालपर जो तमालका वृक्ष दिखाई दे रहा है यह वही है जिसकी कोंपलका कर्णफूल बनाकर मैंने तुम्हारे कानमें पहनाया था और जो तुम्हारे जौके अंकुरके समान पीले गालोंपर लटकता हुआ बड़ा सुन्दर लगता था ॥४९॥ यह आगे अत्रि मुनिका तपोवन है जहाँके सिंह आदि पशु बिना मारे-पीटे ही ऐसे सीधे हो गए हैं कि किसीसे कुछ बोलते नहीं। यह तपोवन इतना प्रभावशाली है कि यहाँ बिना फूल आए ही वृक्षोंमें फल लग जाते हैं ॥५०॥ अत्रिकी पत्नी अनसूयाजी ऋषियोंके स्नानके लिये उन त्रिपथगा गङ्गाजीको यहाँ

वीरासनैर्ध्याननिजुपामृपीणाममी समध्यासितवेदिमध्याः ।
निवातनिष्कम्पतया विभान्ति योगाधिरूढा इव शाखिनोऽपि ॥५२॥
त्वया पुरस्तादुपयाचितो यः सोऽयं वटः श्याम इति प्रतीतः ।
राशिर्मणीनामिव गारुडानां सपद्मरागः फलितो विभाति ॥५३॥
क्वचित्प्रभालेपिभिरिन्द्रनीलैर्मुक्तामयी यष्टिरिवानुविद्धा ।
अन्यत्र माला सितपङ्कजानामिन्दीवरैरुत्खचितान्तरेव ॥५४॥
क्वचित्खगानां प्रियमानसानां कादम्बसंसर्गवतीव पङ्क्तिः
अन्यत्र कालागुरुदत्तपत्रा भक्तिर्भुवश्चन्दनकल्पितेव ॥५५॥
क्वचित्प्रभा चान्द्रमसी तमोभिश्छायाविलीनैः शबलीकृतेव।
अन्यत्र शुभ्रा शरदभ्रलेखा रन्ध्रेष्विवालक्ष्यनभः प्रदेशा ॥५६॥
क्वचिच्च कृष्णोरगभूषणेव भस्माङ्गरागा तनुरीश्वरस्य ।
पश्यानवद्याङ्गि विभाति गङ्गा भिन्नप्रवाहा यमुनातरङ्गैः ॥५७॥
समुद्रपत्न्योर्जलसंनिपाते पूतात्मनामत्र किलाभिषेकात् ।
तत्त्वावबोधेन विनापि भूयस्तनुत्यजां नास्ति शरीरबन्धः ॥५८॥

से आई हैं जिसमेंसे सप्तर्पिगण स्वर्ण कमल चुना करते हैं और जो शिवजीके सिरपर मालाके समान सुन्दर लगती हैं ॥५१॥ इस आश्रमके वृक्षोंके तले वेदियोंपर तपस्वी लोग वीरासन लगा-लगाकर ध्यान करते हैं और यहाँके वृक्ष भी वायु न चलनेके कारण ऐसे स्थिर खड़े हैं मानो वे भी योग साध रहे हों ॥५२॥ यह साँवला-काला वही बड़का पेड़ है जिसकी तुमने मनौती मानी थी। इसमें जो लाल-लाल बड़-पीपलियाँ फली हैं उनसे यह पेड़ ऐसा लग रहा है जैसे नीलमके ढेरमें बहुतसे लाल भरे हों ॥५३॥ हे सुन्दरी ! देखो यमुनाकी साँवली लहरोंसे मिली हुई उजली लहरोंवाली गङ्गाजी कैसी सुन्दर लग रही है। कहीं तो ये चमकनेवाली इन्द्रनील मणियोंसे गुँथी हुई माला-जैसी लगती हैं, कहीं, नीले और श्वेत कमलोंकी मिली हुई माला-जैसी दिखाई पड़ रही हैं ॥५४॥ कहीं साँवले रंगके हंसोंमें मिले हुए उजले रंगके राजहंसोंकी पाँतके समान शोभा दे रही है, कहीं श्वेत चन्दनसे पोती हुई पृथ्वीपर बीच-बीचमें काले अगरसे पोती हुई-सी लग रही हैं ॥५५॥ कहीं कहीं ये वृक्षके नीचेकी उस चाँदनीके समान लगती हैं जिसके बीच-बीचमें पत्तोंकी छाया पड़ी हो और कहीं कहीं पर शरद् ऋतुके उन उजले बादलोंके समान जान पड़ती हैं जिनके बीच-बीचमें नीला आकाश झाँक रहा हो ॥५६॥ और कहींपर भस्म पुते हुए शिवजीके शरीरके समान दिखाई पड़ रही हैं जिसपर काले-काले सर्प लिपटे हुए हों ॥५७॥ समुद्रकी इन दो पत्नियों अर्थात् गङ्गा-यमुनाके सङ्गममें जो स्नान करके पवित्र होते हैं वे तत्वज्ञानी न होनेपर भी संसारके बन्धनोंसे छूट जाते हैं ॥५८॥

पुरं निषादाधिपतेरिदं तदस्मिन्मया मौलिमणिं विहाय ।
जटासु बद्धास्वरुदत्सुमन्त्रः कैकेयि कामाः फलितास्तवेति ॥५९॥
पयोधरैः पुण्यजनाङ्गनानां निर्विष्टहेमाम्बुजरेणु यस्याः ।
ब्राह्मं सरः कारणमाप्तवाचो बुद्धेरिवाव्यक्तमुदाहरन्ति ॥६०॥
जलानि या तीरनिखातयूपा वहत्ययोध्यामनु राजधानीम् ।
तुरंगमेधावभृथावतीर्णैरिक्ष्वाकुभिः पुण्यतरीकृतानि ॥६१॥
यां सैकतोत्सङ्गसुखोचितानां प्राज्यैः पयोभिः परिवर्धितानाम् ।
सामान्यधात्रीमिव मानसं मे संभावयत्युत्तरकोशलानाम् ॥६२॥
सेयं मदीया जननीव तेन मान्येन राज्ञा सरयूर्वियुक्ता ।
दूरे वसन्तं शिशिरानिलैर्मां तरंगहस्तैरुपगूहतीव ॥६३॥
विरक्तसंध्याकपिशं पुरस्ताद्यतो रजः पार्थिवमुज्जिहीते ।
शङ्के हनूमत्कथितप्रवृत्तिः प्रत्युद्गतो मां भरतः ससैन्यः ॥६४॥
अद्धा श्रियं पालितसंगराय प्रत्यर्पयिष्यत्यनघां स साधुः ।
हत्वा निवृत्ताय मृधे खरादीन्संरक्षितां त्वामिव लक्ष्मणो मे ॥६५॥

यह आगे वही निषादराज गुहका नगर है जहाँ मैंने मुकुटमणि उतारकर जटा बाँधी थी और जिसे देखकर सुमन्त्र यह कहकर रोने लगे थे कि हे कैकेयी ! तेरी इच्छा सफल हो गई ॥५९॥ जैसे ऋषि लोग कहते हैं कि अव्यक्तसे [अर्थात् प्रकृतिसे] बुद्धि उत्पन्न हुई वैसे ही यह सरयू नदी भी उस मानसरोवरसे निकली है, जिसके कमलोंका पराग यक्षोंकी स्त्रियाँ अपने स्तनोंमें लगाती हैं ॥६०॥ यह नदी इक्ष्वाकुवंशी राजाओंकी राजधानी अयोध्यासे लगी बहती है। इसके तटपर जहाँ तहाँ यज्ञोंके खम्भे गड़े हुए हैं जिनमें बाँधकर पशुओंकी बलि दी जाती थी। अश्वमेध करनेके अन्तमें सूर्यवंशी राजाओंने जो इसमें स्नान किया किया है उससे इसका जल पवित्र हो गया है ॥६१॥ मैं इस नदीका बड़ा आदर करता हूँ क्योंकि यह उत्तरकोशलके राजाओंकी धाय है। इसीके बालूमें खेल-खेलकर वे सब पलते हैं और इसीका मीठा जल पीकर पुष्ट होते हैं ॥६२॥ माननीय महाराज दशरथसे बिछुड़ी हुई मेरी माताके ही समान यह सरयू अपने ठंडे वायुवाले तरंग रूपी हाथ उठा रही है मानो इतने ऊँचे परसे ही मुझे गले लगाना चाहती हो ॥६३॥ देखो ! लाल सन्ध्याके समान जो धूल पृथ्वीसे उठ रही है उससे जान पड़ता है कि हनुमानजीसे मेरे आनेका समाचार सुनकर भरतजी सेना लेकर मेरा स्वागत करने आ रहे हैं ॥६४॥ खर दूषण आदि राक्षसोंको मारकर मैं जब लौटा था उस समय जैसे लक्ष्मणने तुम्हें मेरे हाथ सुरक्षित रूपसे सौंप दिया था वैसे ही अब मैं अवधि पूरी करके जो लौटा हूँ तो जान पड़ता है कि सज्जन भरत मुझे सुरक्षित राज्यलक्ष्मी सौंप देंगे ॥६५॥ चीर पहने, पैदल चलते हुए हाथमें पूजाकी सामग्री लिए मन्त्रियोंके

सौमित्रिणा तदनु संससृजे स चैनमुत्थाप्य नम्रशिरसं भृशमालिलिङ्ग ।
रूढेन्द्रजित्प्रहरणव्रणकर्कशेन क्लिश्यन्निवास्य भुजमध्यमुरःस्थलेन ॥७३॥

रामाज्ञया हरिचमूपतयस्तदानीं कृत्वा मनुष्यवपुरारुरुहुर्गजेन्द्रान् ।
तेषु क्षरत्सु बहुधा मदवारिधाराः शैलाधिरोहणसुखान्युपलेभिरे ते ॥७४॥

सानुप्लवः प्रभुरपि क्षणदाचराणां भेजे रथान्दशरथप्रभवानुशिष्टः ।
मायाविकल्परचितैरपि ये तदीयैर्न स्यन्दनैस्तुलितकृत्रिमभक्तिशोभाः ॥७५॥

भूयस्ततो रघुपतिर्विलसत्पताकमध्यास्त कामगति सावरजो विमानम् ।
दोषातनं बुधबृहस्पतियोगदृश्यस्तारापतिस्तरलविद्युदिवाभ्रवृन्दम् ॥७६॥

तत्रेश्वरेण जगतां प्रलयादिवोर्वीं वर्षात्ययेन रुचमभ्रघनादिवेन्दोः ।
रामेण मैथिलसुतां दशकण्ठकृच्छ्रात्प्रत्युद्धृतां धृतिमतीं भरतो ववन्दे ॥७७॥

लङ्केश्वरप्रणतिभङ्गदृढव्रतं तद्वन्द्यं युगं चरणयोर्जनकात्मजायाः ।
ज्येष्ठानुवृत्तिजटिलं च शिरोऽस्य साधोरन्योन्यपावनमभूदुभयं समेत्य ॥७८॥

किया ॥७२॥ तब भरतजी लक्ष्मणसे मिले और प्रणामके लिये झुका हुआ लक्ष्मणका सिर उठाकर मेघनादके प्रहारोंसे कठोर हुई उनकी छातीको अपनी भुजाओंसे दबाते हुए उन्हें अपनी छातीसे लगा लिया ॥७३॥ रामके कहनेसे वानरों और भालुओंके सेनापति मनुष्योंका वेश बना-बनाकर हाथियोंपर चढ गए। उन हाथियोंके मस्तकसे मदकी धारा बह रही थी, इसलिये उनपर चढते समय उनको वही आनन्द मिला मानो झरनोंवाले पहाडोंपर ही चढे हुए हों ॥७४॥ रामकी आज्ञासे विभीषण और उनके साथी भी रथोंपर चढ गए। वे रथ यद्यपि मनुष्योंने बनाए थे फिर भी वे इतने सुन्दर थे कि राक्षसोंकी मायासे बनाए हुए रथ भी उनकी सुन्दरताके आगे पानी भरते थे ॥७५॥ जैसे बुध और बृहस्पतिका साथ होनेसे विशेष दर्शनीय चन्द्रमा सन्ध्याको बिजलीवाले बादलोंपर बैठता है वैसे ही रामको भरत और लक्ष्मणके साथ पताकाओंसे सजे हुए और इच्छानुसार चलनेवाले पुष्पक विमानपर चढ गए ॥७६॥ जैसे आदि वराहने प्रलयसे पृथ्वीको उबार लिया था, जैसे वर्षा बीतनेपर शरद ऋतु बादलोंसे चाँदनी छीन लेती है वैसे ही रामने रावण-रूपी सङ्कटसे जिसे उबार लिया था उस विमानमें बैठी हुई सीताजीको भरतजीने जाकर प्रणाम किया ॥७७॥ सीताजीके जिन पवित्र चरणोंने रावणकी प्रणय-प्रार्थनाको दृढतापूर्वक ठुकरा दिया था उनपर जब भरतजीने बडे भाईकी भक्तिके कारण बढी हुई जटावाला अपना सिर रक्खा तो इन दोनोंने आपसमें मिलकर एक दूसरेको पवित्र कर दिया ॥७८॥ आगे-आगे अयोध्याकी जनता चल

क्रोशार्धं प्रकृतिपुरःसरेण गत्वा काकुत्स्थः स्तिमितजवेन पुष्पकेण ।
शत्रुघ्नप्रतिविहितोपकार्यमार्यः साकेतोपवनमुदारमध्युवास ॥७९॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
दण्डकाप्रत्यागमनो नाम त्रयोदशः सर्गः ॥

रही थी और पीछे-पीछे वह पुष्पक विमान धीरे-धीरे चला जा रहा था जिसपर राम बैठे हुए थे। इस प्रकार आध कोसतक चलकर उन्होंने अयोध्याके उस सुन्दर उपवनमें डेरा जमाया जिसे पहलेसे ही शत्रुघ्नने भली-भाँति सजा दिया था ॥७९॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें दण्डकवनसे लौटना
नामका तेरहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ चतुर्दशः सर्गः ॥

भर्तुः प्रणाशादथ शोचनीयं दशान्तरं तत्र समं प्रपन्ने ।
अपश्यतां दाशरथी जनन्यौ छेदादिवोपघ्नतरोर्व्रतत्यौ ॥१॥
उभावुभाभ्यां प्रणतौ हतारी यथाक्रमं विक्रमशोभिनौ तौ ।
विस्पष्टमस्त्रान्धतया न दृष्टौ ज्ञातौ सुतस्पर्शसुखोपलम्भात् ॥२॥
आनन्दजः शोकजमश्रु-बाष्पस्तयोरशीतं शिशिरो बिभेद ।
गङ्गासरय्वोर्जलमुष्णतप्तं हिमाद्रिनिस्यन्द इवावतीर्णः ॥३॥
ते पुत्रयोर्नैर्ऋतशस्त्रमार्गानार्द्रानिवाङ्गे सदयं स्पृशन्त्यौ ।
अपीप्सितं क्षत्रकुलाङ्गनानां न वीरसूशब्दमकामयेताम् ॥४॥
क्लेशावहा भर्तुरलक्षणाहं सीतेति नाम स्वमुदीरयन्ती ।
स्वर्गप्रतिष्ठस्य गुरोर्महिष्यावभक्तिभेदेन वधूर्ववन्दे ॥५॥
उत्तिष्ठ वत्से ननु सानुजोऽसौ वृत्तेन भर्ता शुचिना तवैव ।
कृच्छ्रं महत्तीर्ण इति प्रियार्हां तामूचतुस्ते प्रियमप्यमिथ्या ॥६॥
अथाभिषेकं रघुवंशकेतोः प्रारब्धमानन्दजलैर्जनन्योः ।
निर्वर्तयामासुरमात्यवृद्धास्तीर्थाहृतैः काञ्चनकुम्भतोयैः ॥७॥

चौदहवाँ सर्ग

उस उपवनमें पहुँचकर राम अपनी माताओंसे मिले जो उसी प्रकार उदास लग रही थीं जैसे वृक्षके कट जानेपर उसके सहारे चढ़ी हुई लताएँ मुरझा जाती हैं ॥१॥ पराक्रमी राम और लक्ष्मणने बारी बारीसे कौशल्या और सुमित्राको प्रणाम किया। अपने पुत्रोंको देखते ही दोनों माताओंकी आँखोंमें आँसू छलछला आए इसलिये वे आँख भर उन्हें देख तो नहीं सकीं पर पुत्रोंको प्यारसे पुचकारते समय उन्हें पहचान गईं ॥२॥ जैसे गर्मीके दिनोंमें हिमालयका शीतल जल गङ्गा और सरयूके गर्म जलको ठंडा कर देता है वैसे ही उन दोनों नारियोंकी आँखोंमें बहे हुए आनन्दके ठंडे आँसुओंने शोकके गरम आँसुओंको ठंडा कर दिया ॥३॥ पुत्रोंके शरीरके जिन अङ्गोंपर राक्षसोंके शस्त्रोंके घाव बने थे वहाँ दोनों माताएँ इस प्रकार सहलाने लगीं मानो घाव अभी हरे ही हों। उस समय अपने पुत्रोंकी चोटें देखकर वे इतनी व्याकुल हो गईं कि उन्हें वीर पुत्रकी माँ कहलाना भी अच्छा नहीं लगा ॥४॥ मैं ही पतिको कष्ट देनेवाली कुलक्षणा सीता हूँ-यह कहते हुए सीताजीने एक-सी भक्तिसे स्वर्गवासी ससुरकी दोनों रानियोंके चरण छुए ॥५॥ माताओंने सीताजीको उठाते हुए बड़ी प्यारी और सच्ची बात कही—'उठो बेटी ! तेरे ही पातिव्रतके प्रभावसे राम और लक्ष्मण इस बड़े भारी सङ्कटसे पार हुए हैं ॥६॥ जिस राज्याभिषेकका प्रारम्भ माताओंके हर्ष-भरे आँसुओंसे हुआ था, उस अभिषेकको सोनेके घड़ोंमें भरे तीर्थोंसे लाए हुए जलसे रामको

सरित्समुद्रान्सरसीश्च गत्वा रक्षःकपीन्द्रैरुपपादितानि ।
तस्यापतन्मूर्ध्नि जलानि जिष्णोर्विन्ध्यस्य मेघप्रभवा इवापः ॥८॥
तपस्विवेषक्रिययापि तावद्यः प्रेक्षणीयः सुतरां बभूव ।
राजेन्द्रनेपथ्यविधानशोभा तस्योदिताऽऽसीत्पुनरुक्तदोषा ॥९॥
समौलरक्षोहरिभिः ससैन्यस्तूर्यस्वनानन्दितपौरवर्गः ।
विवेश सौधोद्गतलाजवर्षामुत्तोरणामन्वयराजधानीम् ॥१०॥
सौमित्रिणा सावरजेन मन्दमाधूतबालव्यजनो रथस्थः ।
धृतातपत्रो भरतेन साक्षादुपायसंघात इव प्रवृद्धः ॥११॥
प्रासादकालागुरुधूमराजिस्तस्याः पुरो वायुवशेन भिन्ना ।
वनान्निवृत्तेन रघूत्तमेन मुक्ता स्वयं वेणिरिवाबभासे ॥१२॥
श्वश्रूजनानुष्ठितचारुवेषां कर्णीरथस्थां रघुवीरपत्नीम् ।
प्रासादवातायनदृश्यबन्धैः साकेतनार्योऽञ्जलिभिः प्रणेमुः ॥१३॥
स्फुरत्प्रभामण्डलमानुसूयं सा बिभ्रती शाश्वतमङ्गरागम् ।
रराज शुद्धेति पुनः स्वपुर्यै संदर्शिता वह्निगतेव भर्त्रा ॥१४॥

महलोंपर बूढ़े मन्त्रियोंने पूरा कर दिया ॥७॥ राक्षसों और वानरोंके नायकोंने नदियों, समुद्रों और तालोंसे जो जल लाकर दिया वह अभिषेकके समय रामके सिरपर वैसे ही बरस रहा था जैसे विन्ध्याचलकी चोटीपर बादलोंका लाया हुआ जल बरसा करता है ॥८॥ जो राम तपस्वीके वेशमें भी बहुत सुन्दर लगते थे वे इस समय राजसी वस्त्र पहनकर और भी सुन्दर लगने लगे ॥९॥ वृद्ध मन्त्रियों, राक्षसों और वानरोंको साथ लेकर रामने अपनी सेनाके साथ उस राजधानी अयोध्यामें पैर रक्खे जो चारों ओर वन्दनवारोंसे सजाई गई थी, जहाँके श्वेत भवनोंपरसे धानकी खीलें बरस रही थीं और जहाँके निवासी तुरही आदि बाजोंको सुन सुनकर बड़े प्रसन्न हो रहे थे ॥१०॥ लक्ष्मण और शत्रुघ्न रामपर चवर डुला रहे थे और भरत हाथमें छत्र लिए हुए थे। उस प्रकार जब राम अपने भाइयोंके साथ अयोध्यामें प्रविष्ट हुए तब चारों भाई ऐसे जान पड़ रहे थे मानो साम, दाम, दण्ड और भेद ये चारों उपाय इकट्ठे हो गए हों ॥११॥ भवनोंके ऊपर वायुसे छितराया हुआ काले अगरका धुआँ ऐसा लग रहा था मानो वनसे लौटकर रामने अयोध्यापुरीका जूड़ा ही अपने हाथसे खोलकर छितरा दिया हो ॥१२॥ भवनोंके झरोखोंमें हाथ बाँधे दिखाई पड़नेवाली अयोध्याकी महिलाओंने हाथ जोड़कर उन सीताजीको प्रणाम किया जो उस समय पालकीपर बैठी चल रही थीं और जिन्हें कौशल्या आदि सासोंने बड़े मनोहर ढंगसे वस्त्र और आभूषणोंसे सजा रक्खा था ॥१३॥ सीताजीके शरीरपर अब भी अमिट कान्तिवाला अङ्गराग लगा हुआ था जो अनसूयाजीने उनके शरीरमें लगा दिया था। उससे अग्निके समान प्रकाशमान उनका शरीर ऐसा दिखाई पड़ रहा था मानो पुरवासियोंको सीताजीकी शुद्धता दिखलानेके लिये रामने उन्हें

वेश्मानि रामः परिवर्हवन्ति विश्राण्य सौहार्दनिधिः सुहृद्भ्यः ।
बाष्पायमाणो बलिमन्निकेतमालेख्यशेषस्य पितुर्विवेश ॥१५॥
कृताञ्जलिस्तत्र यदम्ब सत्यान्नाभ्रंशयत स्वर्गफलाद्गुरुर्नः ।
तच्चिन्त्यमानं सुकृतं तवेति जहार लज्जां भरतस्य मातुः ॥१६॥
तथैव सुग्रीवविभीषणादीनुपाचरत्कृत्रिमसंविधाभिः ।
संकल्पमात्रोदितसिद्धयस्ते क्रान्ता यथा चेतसि विस्मयेन ॥१७॥
सभाजनायोपगतान्स दिव्यान्मुनीन्पुरस्कृत्य हतस्य शत्रोः ।
शुश्राव तेभ्यः प्रभवादि वृत्तं स्वविक्रमे गौरवमादधानम् ॥१८॥
प्रतिप्रयातेषु तपोधनेषु सुखादविज्ञातगतार्धमासान् ।
सीतास्वहस्तोपहृताग्र्यपूजान् रक्षःकपीन्द्रान्विससर्ज रामः ॥१९॥
तच्चात्मचिन्तासुलभं विमानं हृतं सुरारेः सह जीवितेन ।
कैलासनाथोद्वहनाय भूयः पुष्पं दिवः पुष्पकमन्वमंस्त ॥२०॥
पितुर्नियोगाद्वनवासमेवं निस्तीर्य रामः प्रतिपन्नराज्यः ।
धर्मार्थकामेषु समां प्रपेदे यथा तथैवावरजेषु वृत्तिम् ॥२१॥

फिर अग्निमें बैठा दिया हो ॥१४॥ मित्र-प्रेमी रामने पहले तो सुग्रीव आदि मित्रोंको सब प्रकारकी सामग्रीसे सजे भवनोंमें ठहराया और तब वे अपने पिताजीके पूजाघरमें गए। वहाँ दशरथजीका अकेला चित्र देखकर रामकी आँखोंमें आँसू आ गए ॥१५॥ कैकेयी वहाँ उदास बैठी हुई थी। रामने हाथ जोड़कर कैकेयीसे कहा—'माँ! तुम्हारे ही पुण्यके प्रतापसे हमारे पिताजी उस सत्यसे नहीं डिगे जिससे स्वर्ग मिलती है। यदि तुम उनसे वरदान न माँगती तो उन्होंने जो तुम्हें वरदान देनेकी प्रतिज्ञा की थी वह झूठी हो जाती। यह सुनकर कैकेयीके मनमें जो आत्मग्लानि भरी हुई थी कि राम मेरे लिये न जाने क्या सोचते होंगे और मैं उन्हें कैसे मुँह दिखाऊँगी, वह सब जाती रही ॥१६॥ वहाँ आकर उन्होंने सुग्रीव और विभीषण आदि मित्रोंका भली-भाँति स्वागत सत्कार किया। उन लोगोंको यह देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि हम जो कुछ चाहते हैं वह झट बिना कहे ही मिल जाता है ॥१७॥ तब रामने उन अगस्त्य आदि ऋषियोंका सत्कार किया जो उन्हें बधाई देने आये थे। फिर उन ऋषियोंसे उन्होंने अपने शत्रु रावणके जन्मसे मृत्यु तकका वह वृतान्त सुना जो उन्हींका गौरव बढ़ाने वाला था ॥१८॥ ऋषियोंके चले जाने पर उन राक्षसों और वानर-सेनापतियोंको विदा किया जो अयोध्यामें इतने आनन्दसे रहे कि उन्हें यही न ज्ञात हो पाया कि आधा महीना कब बीत गया। चलते समय सीताजीने स्वयं अपने हाथोंसे उनकी पूजा की ॥१९॥ तब रामने उस स्वर्गके फूलके समान पुष्पकविमानको भी कुबेरके पास जानेकी आज्ञा दे दी जो सदा इच्छा करते ही उनकी सेवाके लिये आ जाता था और जिसे उन्होंने रावणके प्राणके साथ-साथ उससे छीन लिया था ॥२०॥ इस प्रकार पिताकी आज्ञासे वनवासकी अवधि बिताकर रामने अपने पिताका राज्य फिरसे पाया। जैसा वे धर्म, अर्थ और कामके साथ समान व्यवहार करते थे उसी प्रकार वे अपने भाइयोंके साथ भी समान प्रेमका व्यवहार करते ॥२१॥ जैसे स्वामिकार्तिकेय

सर्वासु मातृष्वपि वत्सलत्वात्स निर्विशेषप्रतिपत्तिरासीत् ।
षडाननापीतपयोधरासु नेता चमूनामिव कृत्तिकासु ॥२२॥
तेनार्थवाँल्लोभपराङ्मुखेन तेन घ्नता विघ्नभयं क्रियावान् ।
तेनास लोकः पितृमान्विनेत्रा तेनैव शोकापनुदेन पुत्री ॥२३॥
स पौरकार्याणि समीक्ष्य काले रेमे विदेहाधिपतेर्दुहित्रा ।
उपस्थितश्चारु वपुस्तदीयं कृत्वोपभोगोत्सुकयेव लक्ष्म्या ॥२४॥
तयोर्यथाप्रार्थितमिन्द्रियार्थानासेदुषोः सद्मसु चित्रवत्सु ।
प्राप्तानि दुःखान्यपि दण्डकेषु संचिन्त्यमानानि सुखान्यभूवन् ॥२५॥
अथाधिकस्निग्धविलोचनेन मुखेन सीता शरपाण्डुरेण ।
आनन्दयित्री परिणेतुरासीदनक्षरव्यञ्जितदोहदेन ॥२६॥
तामङ्कमारोप्य कृशाङ्गयष्टिं वर्णान्तराक्रान्तपयोधराग्राम् ।
विलज्जमानां रहसि प्रतीतः पप्रच्छ रामां रमणोऽभिलाषम् ॥२७॥
सा दष्टनीवारबलीनि हिंस्रैः संबद्धवैखानसकन्यकानि ।
इयेष भूयः कुशवन्ति गन्तुं भागीरथीतीरतपोवनानि ॥२८॥
तस्यै प्रतिश्रुत्य रघुप्रवीरस्तदीप्सितं पार्श्वचरानुयातः ।
आलोकयिष्यन्मुदितामयोध्यां प्रासादमभ्रंलिहमारुरोह ॥२९॥

अपने छः मुखोंसे छओं कृत्तिकाओंका स्तन पीकर समान रूपसे प्रेम दिखलाते थे, वैसे ही रामचन्द्रजी भी सभी माताओंको बराबर प्यार करते थे ॥२२॥ वे निर्लोभ थे इसीलिए उन्होंने प्रजापर कोई कर नहीं लगाया। फल यह हुआ कि थोड़े ही दिनोंमें प्रजा धनी हो गई। वे कहीं भी विघ्न आने ही नहीं देते थे, इसलिये सब लोग प्रसन्नतासे यज्ञ आदि क्रियायें करने लगे। वे सबको ठीक मार्गपर चलाते थे इसलिये सब उन्हें पिताके समान मानते थे और विपत्ति पड़नेपर वे सबकी सहायता करते थे इसलिये वे प्रजाके पुत्र भी थे ॥२३॥ वे ठीक समयपर प्रजाका काम देख-भालकर सीताजीके साथ रमण भी करते थे। ऐसा जान पड़ता था मानो राज्यलक्ष्मीने ही रामके साथ रमण करनेकी इच्छासे सीताका सुन्दर रूप धर लिया हो ॥२४॥ वे दोनों उस भवनमें इच्छानुसार विलास करते थे, जिसमें वनवासके समयके चित्र टँगे हुए थे। उन चित्रोंको देखकर वनवासके दुःखोंका स्मरण करके भी उन्हें सुख ही मिलता था ॥२५॥ धीरे धीरे सीताजीके नेत्रोंकी शोभा बढ़ने लगी और उनका मुख पके सरपतके समान पीला पड़ने लगा। इन गर्भके लक्षणोंको देखकर राम बड़े प्रसन्न हुए ॥२६॥ जब उन्हें पक्का विश्वास हो गया कि सीताजी गर्भिणी हैं तब वे दुबली तथा काली घुण्डीके स्तनोंवाली लजीली सीताजीको एकान्तमें गोदमें बैठाकर पूछने लगे—'बताओ, तुम्हें क्या-क्या चाहिए' ॥२७॥ सीताजी बोलीं—मैं गङ्गाजीके तटके उन तपवनोंको देखना चाहती हूँ जहाँके हिंसक जन्तु माँस न खाकर नीवार ही खाते हैं, जहाँ मेरी सखियाँ तपस्वियोंकी कन्याएँ रहती हैं और जहाँ कुशकी झोपड़ियाँ चारों ओर गड़ी हैं ॥२८॥ रामचन्द्रजीने कहा—

ऋद्धापणं राजपथं स पश्यन्विगाह्यमानां सरयूं च नौभिः ।
विलासिभिश्चाध्युषितानि पौरैः पुरोपकण्ठोपवनानि रेमे ॥३०॥
स किंवदन्तीं वदतां पुरोगः स्ववृत्तमुद्दिश्य विशुद्धवृत्तः ।
सर्पाधिराजोरुभुजोऽपसर्पं पप्रच्छ भद्रं विजितारिभद्रः ॥३१॥
निर्बन्धपृष्टः स जगाद सर्वं स्तुवन्ति पौराश्चरितं त्वदीयम् ।
अन्यत्र रक्षोभवनोषितायाः परिग्रहान्मानवदेव देव्याः ॥३२॥
कलत्रनिन्दागुरुणा किलैवमभ्याहतं कीर्तिविपर्ययेण
अयोघनेनाय इवाभितप्तं वैदेहिबन्धोर्हृदयं विदद्रे ॥३३॥
किमात्मनिर्वादकथामुपेक्षे जायामदोषामुत संत्यजामि ।
इत्येकपक्षाश्रयविक्लवत्वादासीत्स दोलाचलचित्तवृत्तिः ॥३४॥
निश्चित्य चानन्यनिवृत्ति-वाच्यं त्यागेन पत्न्याः परिमार्ष्टुमैच्छत् ।
अपिस्वदेहात्किमुतेन्द्रियार्थाद्यशोधनानां हि यशो गरीयः ॥३५॥
स संनिपात्यावरजान्हतौजास्तद्विक्रियादर्शनलुप्तहर्षान् ।
कौलीनमात्माश्रयमाचचक्षे तेभ्यः पुनश्चेदमुवाच वाक्यम् ॥३६॥

'अच्छी बात है। हम तुम्हें उस तपोवनमें अवश्य भेजेंगे।' वहाँसे उठकर वे अपने सेवकके साथ सुन्दर अयोध्याकी छटा निहारनेके लिये आकाशसे बातें करनेवाले अपने ऊँचे राजभवनकी छतपर आ चढ़े ॥२९॥ वहाँसे उन्होंने देखा कि राजमार्गकी दुकानें धनधान्यसे भरी हुई हैं, सरयूमें नावें चल रही हैं और अयोध्याके उद्यानोंमें विलासी पुरवासी प्रसन्न होकर विलास कर रहे हैं ॥३०॥ नगरीकी यह शोभा देखकर सुन्दर बोलनेवाले, सदाचारी और शेषनागके समान बड़ी-बड़ी बाँहों और जाँघोंवाले शत्रुविजयी रामने अपने भद्र नामके दूतसे पूछा—'कहो भद्र! हमारे विषयमें प्रजा क्या कहती है' ॥३१॥ पहले तो भद्र चुप रहा पर जब राम बार-बार उससे पूछने लगे तब वह बोला—'हे नरश्रेष्ठ! जनता आपकी सब बातोंकी प्रशंसा करती है, किन्तु आपने राक्षसके घरमें रहनेवाली देवी सीताको फिरसे ग्रहण कर लिया है, उसे लोग अच्छा नहीं समझते ॥३२॥ अपनी पत्नीपर लगाए हुए इस भीषण कलङ्कको सुनकर सीतापति रामका हृदय वैसे ही फट गया जैसे घनकी चोटसे तपाया हुआ लोहा फट जाता है ॥३३॥ वे मनमें सोचने लगे कि अब दो ही उपाय हैं। या तो मैं इस बातको अनसुनी ही कर दूँ और टाल जाऊँ या फिर निर्दोष पत्नीको सदाके लिये छोड़ दूँ। उस समय उनका चित्त हिंडोला बना हुआ था वे निश्चय ही नहीं कर पा रहे थे कि इन दोनोंमें क्या करना चाहिए क्या नहीं ॥३४॥ पर उस कलङ्कको मिटानेका कोई दूसरा मार्ग नहीं था। इसलिये उन्होंने निश्चय कर लिया कि सीताको त्याग कर ही यह कलंक मिटाना चाहिए क्योंकि यशस्वियोंको अपना यश अपने शरीरसे भी अधिक प्यारा होता है फिर स्त्री आदि भोगकी वस्तुओं की तो बात ही क्या ॥३५॥ उदास मुँहसे रामने भाइयोंको बुलाया तो वे भी उनकी

राजर्षिवंशस्य रविप्रसूतेरुपस्थितः पश्यत कीदृशोऽयम् ।
मत्तः सदाचारशुचेः कलङ्कः पयोदवातादिव दर्पणस्य ॥३७॥
पौरेषु सोऽहं बहुलीभवन्तमपां तरङ्गेष्विव तैलबिन्दुम् ।
सोढुं न तत्पूर्वमवर्णमीशे आलानिकस्थाणुमिव द्विपेन्द्रः ॥३८॥
तस्यापनोदाय फलप्रवृत्तावुपस्थितायामपि निर्व्यपेक्षः ।
त्यक्ष्यामि वैदेहसुतां पुरस्तात्समुद्रनेमिं पितुराज्ञयेव ॥३९॥
अवैमि चैनामनघेति किंतु लोकापवादो बलवान्मतो मे ।
छाया हि भूमेः शशिनो मलत्वेनारोपिता शुद्धिमतः प्रजाभिः ॥४०॥
रक्षोवधान्तो न च मे प्रयासो व्यर्थः स वैरप्रतिमोचनाय ।
अमर्षणःशोणितकाङ्क्षया किं पदा स्पृशन्तं दशति द्विजिह्वः ॥४१॥
तदेष सर्गः करुणार्द्रचित्तैर्न मे भवद्भिः प्रतिषेधनीयः ।
यद्यर्थिता निर्हृतवाच्यशल्यान्प्राणान्मया धारयितुं चिरं वः ॥४२॥
इत्युक्तवन्तं जनकात्मजायां नितान्तरूक्षाभिनिवेशमीशम् ।
न कश्चन भ्रातृषु तेषु शक्तो निषेद्धुमासीदनुमोदितुं वा ॥४३॥

दशा देखकर सन्न रह गए। अपने भाइयोंसे राम बोले—॥३६॥ 'यद्यपि मैं सदाचारी होनेके कारण पवित्र हूँ फिर भी जैसे भाप पड़नेसे स्वच्छ दर्पण भी धुँधला हो जाता है, वैसे ही देखो, सूर्यवंशी राजर्षियोंके कुलमें मेरे कारण कैसा कलङ्क लग रहा है ॥३७॥ जैसे पानीकी लहरोंके ऊपर तेलकी बूँद फैल जाती है वैसे ही इस समय घर-घर मेरी निन्दा फैल रही है। इस-लिये जैसे हाथी अपने थानसे खीझ कर उसे उखाड़नेकी चेष्टा करता है वैसे ही मैं भी अपने इस कलङ्कको अब नहीं सह सकता ॥३८॥ इस समय यद्यपि सीताको पुत्र होनेवाला है तो भी अपने कलङ्कको मिटानेके लिये मैं सब मोह तोड़कर उसे वैसे ही छोड़ दूँगा जैसे पिताकी आज्ञासे मैंने राज्य छोड़ दिया था ॥३९॥ मैं जानता हूँ कि वह निर्दोष है पर बदनामी सत्यसे भी अधिक बल-वती होती है। देखो! निर्मल चन्द्र बिम्बके ऊपर पड़ी हुई पृथ्वीकी छायाको लोग चन्द्रमाका कलङ्क कहते हैं और झूठ होनेपर भी सारा संसार इसे ही ठीक मानता है ॥४०॥ तुम यह कहोगे कि यदि ऐसा ही था तो राक्षसोंको क्यों मारा। उसका उत्तर यह है कि सीताको छुड़ानेके लिये मैंने जो राक्षसोंको मारा वह मेरा प्रयत्न सीताको निकाल देनेसे बेकार नहीं कहा जायगा क्योंकि वह तो मैंने अपनी स्त्रीके हरणका उन राक्षसोंसे बदला लिया है। क्योंकि जब कोई साँप पैरके नीचे दब जाता है तब वह रक्तके लोभसे थोड़े ही डँसता है, वह तो बदला लेनेके लिये ही डँसता है ॥४१॥ इसलिये यदि तुम लोग इस कलङ्कके बाणको मेरे हृदयसे निकालकर मुझे जीवित रखना चाहते हो तो केवल सीताकी दशापर दया करके उसका पक्ष लेकर तुम मेरे इस निश्चयका विरोध मत करो ॥४२॥ जब भाइयोंने देखा कि राजा इतनी निठुराई करना चाहते हैं तब भाइयोंमें न तो कोई उनका

स लक्ष्मणं लक्ष्मणपूर्वजन्मा विलोक्य लोकत्रयगीतकीर्तिः ।
सौम्येति चाभाष्य यथार्थभाषी स्थितं निदेशे पृथगादिदेश ॥४४॥
प्रजावती दोहदशंसिनी ते तपोवनेषु स्पृहयालुरेव ।
स त्वं रथी तद्व्यपदेशनेयां प्रापय्य वाल्मीकिपदं त्यजैनाम् ॥४५॥
स शुश्रुवान्मातरि भार्गवेण पितुर्नियोगात्प्रहृतं द्विषद्वत् ।
प्रत्यग्रहीदग्रजशासनं तदाज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया ॥४६॥
अथानुकूलश्रवणप्रतीतामत्रस्नुभिर्युक्तधुरं तुरंगैः ।
रथं सुमन्त्रप्रतिपन्नरश्मिमारोप्य वैदेहसुतां प्रतस्थे ॥४७॥
सा नीयमाना रुचिरान्प्रदेशान्प्रियंकरो मे प्रिय इत्यनन्दत् ।
नाबुद्ध कल्पद्रुमतां विहाय जातं तमात्मन्यसिपत्रवृक्षम् ॥४८॥
जुगूह तस्याः पथि लक्ष्मणो यत्सव्येतरेण स्फुरता तदक्ष्णा ।
आख्यातमस्यै गुरु भावि दुःखमत्यन्तलुप्तप्रियदर्शनेन ॥४९॥
सा दुर्निमित्तोपगताद्विषादात्सद्यः परिम्लानमुखारविन्दा ।
राज्ञः शिवं सावरजस्य भूयादित्याशशंसे करणैरवाह्यैः ॥५०॥

समर्पण ही कर सका, न विरोध ही ॥४३॥ तीनों लोकोंमें प्रसिद्ध यशस्वी, अपनी बातपर डटे रहनेवाले रामने जब देखा कि लक्ष्मण उनकी आज्ञा माननेको तत्पर हैं तब वे लक्ष्मणसे कहने लगे—'लक्ष्मण ! तुम बड़े अच्छे हो।' और यह कहकर उन्हें एकान्तमें ले गए और बोले—॥४४॥ 'तुम्हारी गर्भिणी भाभी तपोवन देखना चाहती ही हैं इसलिए तुम उन्हें इसी बहानेसे रथपर ले जाकर वाल्मीकिजीके आश्रम-तक पहुँचाकर छोड़ आओ' ॥४५॥ लक्ष्मणजी सुन ही चुके थे कि पिताकी आज्ञा पाकर परशुरामजीने अपनी माताको वैसे ही निर्दयताके साथ मार डाला जैसे कोई अपने शत्रुको मारे। इसलिये उन्होंने पिताके समान रामकी आज्ञा सिर चढ़ा ली, क्योंकि बड़ोंकी आज्ञामें मीन-मेख निकालना ठीक नहीं है ॥४६॥ सीताजी यह सुनकर बड़ी प्रसन्न हुईं कि लक्ष्मण हमें तपोवन दिखाने ले जा रहे हैं। लक्ष्मणजी उन्हें उस रथपर चढ़ाकर ले चले जिसे स्वयं सुमन्त्र हाँक रहे थे और जिसके घोड़े ऐसे सधे हुए थे कि रथके चलते समय गर्भिणी सीताको तनिक भी धक्का नहीं लगने पाता था ॥४७॥ मनोहर प्रदेशोंमेंसे रथपर जाती हुई सीताजी यह सोचकर बड़ी प्रसन्न हुईं कि मेरे प्राणप्रिय सदा मेरे मनकी ही बात करते हैं। वे क्या जानती थीं कि इस समय वे मेरे लिए मनोरथ पूरा करनेवाले कल्पवृक्षके बदले उस असिपत्रके वृक्षके समान कष्टदायक हो गए हैं जिसके पत्ते तलवारके समान पैने होते हैं ॥४८॥ लक्ष्मणजीने सीताजीसे मार्गमें कुछ भी नहीं बताया कि तुमपर क्या विपत्ति आनेवाली है पर सीताजीके दाहिने नेत्रने फड़ककर आगे आनेवाले दुःखकी सूचना दे ही तो दी ॥४९॥ यह अपशकुन होते ही उनका मुँह उदास हो गया और वे मन ही मन मनाने लगीं कि भाइयोंके साथ राजा सुखसे रहें, उनपर कोई आँच न आवे ॥५०॥ मार्गमें गङ्गाजी पड़ीं। उनमें जो लहरें उठ रही थीं वे बड़े भाईकी

गुरोर्नियोगाद्वनितां वनान्ते साध्वीं सुमित्रातनयो विहास्यन्।
अवार्य तेवोत्थितवीचिहस्तैर्जह्नोर्दुहिता स्थितया पुरस्तात् ॥५१॥

रथात्स यन्त्रा निगृहीतवाहात्तां भ्रातृजायां पुलिनेऽवतार्य।
गङ्गा निषादाहृतनौविशेषस्ततार संधामिव सत्यसंधः ॥५२॥

अथ व्यवस्थापितवाक्कथंचित्सौमित्रिरन्तर्गतबाष्पकण्ठः।
औत्पातिको मेघ इवाश्मवर्षं महीपतेः शासनमुज्जगार ॥५३॥

ततोऽभिषङ्गानिलविप्रविद्धा प्रभ्रश्यमानाभरणप्रसूना।
स्वमूर्तिलाभप्रकृतिं धरित्रीं लतेव सीता सहसा जगाम ॥५४॥

इक्ष्वाकुवंशप्रभवः कथं त्वां त्यजेदकस्मात्पतिरार्यवृत्तः।
इति क्षितिः संशयितेव तस्यै ददौ प्रवेशं जननी न तावत् ॥५५॥

सा लुप्तसंज्ञा न विवेद दुःखं प्रत्यागतासुः समतप्यतान्तः।
तस्याः सुमित्रात्मजयत्नलब्धो मोहादभूत्कष्टतरः प्रबोधः ॥५६॥

न चावदद्भर्तुरवर्णमार्या निराकरिष्णोर्वृजिनादृतेऽपि।
आत्मानमेव स्थिरदुःखभाजं पुनःपुनर्दुष्कृतिनं निनिन्द ॥५७॥

आश्वास्य रामावरजः सतीं तामाख्यातवाल्मीकिनिकेतमार्गः।
निघ्नस्य मे भर्तृनिदेशरौक्ष्यं देवि क्षमस्वेति बभूव नम्रः ॥५८॥

आज्ञासे पतिव्रता सीताको वनमें छोडनेके लिये ले जाते हुए लक्ष्मणसे मानो हाथ हिलाकर कह रही थी कि ऐसा न करो, ऐसा न करो ॥५१॥ गङ्गाजीके तटपर पहुँचकर सारथीने रास खींच ली। सच्ची प्रतिज्ञा करनेवाले लक्ष्मणने सीताजीको रेतीपर उतार लिया और केवटने जो नाव लाकर दी उसपर चढकर सीताजीके साथ गङ्गाजीसे भी पार हो गए और अपनी उस प्रतिज्ञासे भी पार हो गए जो उन्होंने सीताको गङ्गापार छोडनेके लिये रामसे की थी ॥५२॥ पार पहुँचकर लक्ष्मणने आँसू रोककर, रुँधे हुए गलेसे सीताजीको राजाकी आज्ञा इस प्रकार सुनाई जैसे कोई भयङ्कर बादल ओले बरसा रहा हो ॥५३॥ जैसे लू लगनेसे लताके फूल झड जाते हैं और वह सूखकर पृथ्वीपर गिर पडती है वैसे ही इस अपमानजनक बातको सुनकर सीताके आभूषण भी गिर पडे और वे भी अपनी माँ पृथ्वीकी गोदमें गिर पडी ॥५४॥ उस समय पृथ्वीने सीताजीको मानो दुविधाके कारण अपनी गोदमें नहीं समा लिया कि इक्ष्वाकु-वंशी सदाचारी पति इस प्रकार सीताजीको अचानक क्यों छोड देंगे ॥५५॥ मूर्छा आ जानेसे उन्हें उस समय तो दुःख नहीं हुआ पर जब वे मूर्छासे जगी तब उनके हृदयमें बडी व्यथा हुई। लक्ष्मणने प्रयत्न करके जो उनकी मूर्छा दूर की यह बात उन्हें मूर्छासे भी अधिक कष्ट देनेवाली जान पडी ॥५६॥ वे इतनी साध्वी थी कि निरपराध पत्नीको निकालनेवाले अपने पतिको उन्होंने कुछ भी बुरा-भला नहीं कहा वरन् बार-बार वे अपने भाग्यको ही कोसने लगी ॥५७॥ लक्ष्मणने उन्हें बहुत समझाया-बुझाया और वाल्मीकिका आश्रम दिखाकर कहा—देवि! मैं पराधीन हूँ। इसलिये स्वामीकी आज्ञासे मैंने आपके साथ जो कठोर व्यवहार

सीता तमुत्थाप्य जगाद वाक्यं प्रीतास्मि ते सौम्य चिराय जीव ।
विडौजसा विष्णुरिवाग्रजेन भ्रात्रा यदित्थं परवानसि त्वम् ॥५९॥
श्वश्रूजनं सर्वमनुक्रमेण विज्ञापय प्रापितमत्प्रणामः ।
प्रजानिषेकं मयि वर्तमानं सूनोरनुध्यायत चेतसेति ॥६०॥
वाच्यस्त्वया मद्वचनात्स राजा वह्नौ विशुद्धामपि यत्समक्षम् ।
मां लोकवादश्रवणादहासीः श्रुतस्य किं तत्सदृशं कुलस्य ॥६१॥
कल्याणबुद्धेरथवा तवायं न कामचारो मयि शङ्कनीयः ।
ममैव जन्मान्तरपातकानां विपाकविस्फूर्जथुरप्रसह्यः ॥६२॥
उपस्थितां पूर्वमपास्य लक्ष्मीं वनं मया सार्धमसि प्रपन्नः ।
तदास्पदं प्राप्य तयातिरोषात्सोढास्मि न त्वद्भवने वसन्ती ॥६३॥
निशाचरोपप्लुतभर्तृकाणां तपस्विनीनां भवतः प्रसादात् ।
भूत्वा शरण्या शरणार्थमन्यं कथं प्रपत्स्ये त्वयि दीप्यमाने ॥६४॥
किंवा तवात्यन्तवियोगमोघे कुर्यामुपेक्षां हतजीवितेऽस्मिन् ।
स्याद्रक्षणीयं यदि मे न तेजस्त्वदीयमन्तर्गतमन्तरायः ॥६५॥
साहं तपः सूर्यनिविष्टदृष्टिरूर्ध्वं प्रसूतेश्चरितुं यतिष्ये ।
भूयो यथा मे जननान्तरेऽपि त्वमेव भर्ता न च विप्रयोगः ॥६६॥

किया है उसे आप क्षमा कीजिए ॥५८॥ सीताजी उठीं और लक्ष्मणसे बोलीं ' मैं तुमपर प्रसन्न हूँ । तुम बहुत दिन तक जियो क्योंकि जैसे इन्द्रके छोटे भाई विष्णु सदा अपने बड़े भाईकी आज्ञा मानते हैं वैसे ही तुम भी अपने बड़े भाईकी आज्ञा माननेवाले हो ॥५९॥ तुम जाकर सभी सासोंसे मेरा प्रणाम कहकर निवेदन करना कि मेरे गर्भमें आपके पुत्रका तेज है । इसलिये आप लोग हृदयसे उसकी कुशल मनाते रहिएगा ॥६०॥ और राजासे जाकर तुम मेरी ओरसे कहना कि आपने अपने सामने ही मुझे अग्निमें शुद्ध पाया था इस समय अपजसके डरसे जो आपने मुझे छोड़ दिया है वह क्या उस प्रसिद्ध कुलको शोभा देता है जिसमें आपने जन्म लिया है ॥६१॥ पर नहीं, आप तो सबकी भलाई करनेवाले हैं आप अपने मनसे हमारे साथ ऐसा व्यवहार नहीं कर सकते । यह सब मेरे पूर्व जन्मके पापोंका ही फल है ॥६२॥ जान पड़ता है कि कुछ समय पहले आप जिस राजलक्ष्मी का तिरस्कार करके मेरे साथ वनमें चले गए थे वह राज्यलक्ष्मी मुझसे रुष्ट हो गई और वह आपके घरमें मेरा प्रतिष्ठा-पूर्वक रहना देख नहीं सकी ॥६३॥ पिछली बार आपकी कृपासे मैंने वनवासके समय बहुतसी ऐसी तपस्विनियोंको अपने यहाँ आश्रय दिया था जिनके पतियोंको राक्षसोंने सता रक्खा था । अब आप ही बताइये कि आपके रहते हुए मैं किस मुँहसे उन्हीं तपस्विनियोंकी आश्रिता होकर रहूँगी ॥६४॥ यदि मेरे गर्भमें आया हुआ आपका वह तेज बाधा न देता जिसकी रक्षा करना आवश्यक है, तो मैं आपसे सदाके लिये बिछुड़े हुए अपने प्राण भी छोड़ देती ॥६५॥ पर पुत्र हो जानेपर मैं सूर्यमें दृष्टि बाँधकर

नृपस्य वर्णाश्रमपालनं यत्स एव धर्मो मनुना प्रणीतः ।
निर्वासिताप्येवमतस्त्वयाहं तपस्विसामान्यमवेक्षणीया ॥६७॥

तथेति तस्याः प्रतिगृह्य वाचं रामानुजे दृष्टिपथं व्यतीते ।
सा मुक्तकण्ठं व्यसनातिभाराच्चक्रन्द विग्ना कुररीव भूयः ॥६८॥

नृत्यं मयूराः कुसुमानि वृक्षा दर्भानुपात्तान्विजहुर्हरिण्यः ।
तस्याः प्रपन्ने समदुःखभावमत्यन्तमासीद्रुदितं वनेऽपि ॥६९॥

तामभ्यगच्छद्रुदितानुसारी कविः कुशेध्माहरणाय यातः ।
निषादविद्धाण्डजदर्शनोत्थः श्लोकत्वमापद्यत यस्य शोकः ॥७०॥

तमश्रु नेत्रावरणं प्रमृज्य सीता विलापाद्विरता ववन्दे ।
तस्यै मुनिर्दोहदलिङ्गदर्शी दाश्वान्सुपुत्राशिषमित्युवाच ॥७१॥

जाने विसृष्टां प्रणिधानतस्त्वां मिथ्यापवादक्षुभितेन भर्त्रा ।
तन्मा व्यथिष्ठा विषयान्तरस्थं प्राप्तासि वैदेहि पितुर्निकेतम् ॥७२॥

उत्खातलोकत्रयकण्टकेऽपि सत्यप्रतिज्ञेऽप्यविकत्थनेऽपि ।
त्वां प्रत्यकस्मात्कलुषप्रवृत्तावस्त्येव मन्युर्भरताग्रजे मे ॥७३॥

तवोरुकीर्तिः श्वशुरः सखा मे सतां भवोच्छेदकरः पिता ते ।
धुरि स्थिता त्वं पतिदेवतानां किं तन्न येनासि समानुकम्प्या ॥७४॥

ऐसी तपस्या करूँगी कि अगले जन्ममें भी आप ही मेरे पति हों, आपसे मुझे अलग न होना पड़े ॥६६॥ मनुने कहा है—राजाओंका धर्म वर्णों और आश्रमोंकी रक्षा करना है इसलिये घरसे निकाल देने-पर भी आप यह समझकर मेरी देख-भाल करते रहिएगा कि सीता भी आपकी प्रजा और तपस्विनी है ॥६७॥ यह सुनकर लक्ष्मण बोले—'मैं सब कह दूँगा'। यह कहकर ज्योंही वे वहाँसे चलकर आँखोंसे ओझल हुए कि विपत्तिके भारसे व्याकुल होकर सीताजी, डरी हुई कुररीके समान ढाढ़ मार-मारकर रोने लगीं ॥६८॥ उनका रोना सुनकर मोरोंने नाचना बन्द कर दिया, वृक्ष फूलके आँसू गिराने लगे और हरिणियोंने मुँहमें भरी हुई घासका कौर गिरा दिया। सीताजीके दुःखसे दुखी होकर सारा जंगल रोने लगा ॥६९॥ जिन महाकृपालु वाल्मीकि ऋषिका शोक व्याधके हाथसे मारे हुए क्रौञ्चको देखकर श्लोक बनकर निकल पड़ा था वे उस समय कुश उपाड़ने निकले थे। रोनेका शब्द सुनकर वे सीताजीकी ओर आए। उन्हें देखकर सीताजीने आँसू पोंछकर चुप-चाप उन्हें प्रणाम किया। ऋषिने गर्भके चिह्न देखकर उन्हें आशीर्वाद दिया कि तुम पुत्रवती हो। आशीर्वाद देकर वे बोले—॥७१॥ 'बेटी ! मैंने योगबलसे जान लिया है कि तुम्हारे पतिने झूठे अपजससे डरकर तुम्हें घरसे निकाल दिया है। बेटी ! यहाँ भी तुम अपने पिताका ही घर समझो और शोक छोड़ दो ॥७२॥ यद्यपि राम तीनों लोकोंका दुःख दूर करनेवाले हैं, अपनी प्रतिज्ञाके पक्के हैं और अपने मुँहसे अपनी बड़ाई भी नहीं करते फिर भी तुम्हारे साथ जो उन्होंने यह भद्दा व्यवहार किया है इसे देखकर मुझे उनपर बड़ा क्रोध आ रहा है तुम्हारे यशस्वी श्वशुरजी मेरे मित्र थे और तुम्हारे पिता

तपस्विसंसर्गविनीतसत्त्वे तपोवने वीतभया वसास्मिन् ।
इतो भविष्यत्यनघप्रसूतेरपत्यसंस्कारमयो विधिस्ते ॥७५॥
अशून्यतीरां मुनिसंनिवेशैस्तमोपहन्त्रीं तमसां वगाह्य ।
तत्सैकतोत्सङ्गबलिक्रियाभिः संपत्स्यते ते मनसः प्रसादः ॥७६॥
पुष्पं फलं चार्तवमाहरन्त्यो बीजं च बालेयमकृष्टरोहि ।
विनोदयिष्यन्ति नवाभिषङ्गामुदारवाचो मुनिकन्यकास्त्वाम् ॥७७॥
पयोघटैराश्रमबालवृक्षान्संवर्धयन्ती स्वबलानुरूपैः ।
असंशयं प्राक्तनयोपपत्तेः स्तनंधयप्रीतिमवाप्स्यसि त्वम् ॥७८॥
अनुग्रहप्रत्यभिनन्दिनीं तां वाल्मीकिरादाय दयार्द्रचेताः ।
सायं मृगाध्यासितवेदिपार्श्वं स्वमाश्रमं शान्तमृगं निनाय ॥७९॥
तामर्पयामास च शोकदीनां तदागमप्रीतिषु तापसीषु ।
निर्विष्टसारां पितृभिर्हिमांशोरन्त्यां कलां दर्श इवौषधीषु ॥८०॥
ता इङ्गुदीस्नेहकृतप्रदीपमास्तीर्णमेध्याजिनतल्पमन्तः ।
तस्यै सपर्यानुपदं दिनान्ते निवासहेतोरुटजं वितेरुः ॥८१॥

जनकजी भी ज्ञानोपदेश देकर बहुतसे विद्वानोंको संसारके बंधनसे छुड़ाते रहते हैं, तुम स्वयं पतिव्रताओंमें सर्वश्रेष्ठ हो और फिर तुममें ऐसा दोष ही कौन-सा है जो मैं तुम्हारे ऊपर कृपा न करूँ ॥७४॥ देखो, तपस्वियोंके साथ रहते-रहते यहाँके सब जीव बड़े सीधे हो गए हैं। ये किसीसे कुछ कहते सुनते नहीं। इसी आश्रममें तुम निर्भय होकर रहो। तुम्हारी पवित्र संतानके जातकर्म आदि संस्कार मैं यहीं करूँगा ॥७५॥ पाप मिटानेवाली जिस तमसाके किनारे तपस्वी लोग सदा सन्ध्या पूजा करते हैं उसमें स्नान करके तुम उसकी रेतीपर देवताओंको बलि दिया करो, इससे तुम्हारा मन प्रसन्न रहेगा ॥७६॥ यहाँ की मुनि कन्याएँ तुम्हें सब ऋतुओंमें उत्पन्न होनेवाले फूल-फल और पूजाके योग्य अन्न लाकर रख दिया करेंगी और मीठी मीठी बात करके तुम्हारा मन भी बहलाया करेंगी ॥७७॥ जो जलके घड़े तुमसे उठ सकें उन्हें लेकर तुम आश्रमके पौधोंको प्रेमसे सींचा करो। इससे बड़ा लाभ यह होगा कि बच्चा होनेके पहले ही तुम यह सीख जाओगी कि बच्चोंसे कैसे प्रेम करना चाहिए ॥७८॥ सीताजीने उनकी कृपाको बहुत सहारा और दयालु वाल्मीकिके साथ उनके आश्रममें चली गईं। साँझ हो जानेके कारण बहुतसे मृग वहाँ वेदीको घेरकर बैठे हुए थे और सिंह आदि जन्तु भी चुपचाप आँख मूँदे पड़े थे ॥७९॥ जैसे अमावास्या जड़ी बूटियों और लता-वृक्षोंको चन्द्रमाकी वह सारहीन अन्तिम कला सौंप देती है जिसका अमृत पितर खींच लेते हैं, वैसे ही ऋषिने भी शोकसे व्याकुल सीताको आश्रमकी उन तपस्विनियोंके हाथ सौंप दिया जो सीताजीके वहाँ आ जानेसे बड़ी प्रसन्न हो गई थीं ॥८०॥ पूजा हो चुकनेपर उन तपस्विनियोंने सीताके रहनेके लिये एक पत्तोंकी कुटिया दे दी जिसमें हिंगोटके तेलका दीया जल रहा था और जिसमें नीचे

तत्राभिषेकप्रयता वसन्ती प्रयुक्तपूजा विधिनातिथिभ्यः ।
वन्येन सा वल्कलिनी शरीरं पत्युः प्रजासंततये बभार ॥८२॥
अपि प्रभुः सानुशयोऽधुना स्यात्किमुत्सुकः शक्रजितोऽपि हन्ता ।
शशंस सीतापरिदेवनान्तमनुष्ठितं शासनमग्रजाय ॥८३॥
बभूव रामः सहसा सबाष्पस्तुषारवर्षीव सहस्यचन्द्रः ।
कौलीनभीतेन गृहान्निरस्ता न तेन वैदेहसुता मनस्तः ॥८४॥
निगृह्य शोकं स्वयमेव धीमान्वर्णाश्रमावेक्षणजागरूकः ।
स भ्रातृसाधारणभोगमृद्धं राज्यं रजोरिक्तमनाः शशास ॥८५॥
तामेकभार्यां परिवादभीरोः साध्वीमपि त्यक्तवतो नृपस्य ।
वक्षस्यसंघट्टसुखं वसन्ती रेजे सपत्नीरहितेव लक्ष्मीः ॥८६॥
सीतां हित्वा दशमुखरिपुर्नोपयेमे यदन्यां
तस्या एव प्रतिकृतिसखो यत्क्रतूनाजहार ।
वृत्तान्तेन श्रवणविषयप्रापिणा तेन भर्तुः
सा दुर्वारं कथमपि परित्यागदुःखं विषेहे ॥८७॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
सीतापरित्यागो नाम चतुर्दशः सर्गः ॥

पञ्चदशः सर्गः

कृतसीतापरित्यागः स रत्नाकरमेखलाम् ।
बुभुजे पृथिवीपालः पृथिवीमेव केवलाम् ॥१॥
लवणेन विलुप्तेज्यास्तामिस्रेण तमभ्ययुः ।
मुनयो यमुनाभाजः शरण्यं शरणार्थिनः ॥२॥
अवेक्ष्य रामं ते तस्मिन्न प्रजह्रुः स्वतेजसा ।
त्राणाभावे हि शापास्त्राः कुर्वन्ति तपसो व्ययम् ॥३॥
प्रतिशुश्राव काकुत्स्थस्तेभ्यो विघ्नप्रतिक्रियाम् ।
धर्मसंरक्षणार्थैव प्रवृत्तिर्भुवि शार्ङ्गिणः ॥४॥
ते रामाय वधोपायमाचख्युर्विबुधद्विषः ।
दुर्जयो लवणः शूली विशूलः प्रार्थ्यतामिति ॥५॥
आदिदेशाथ शत्रुघ्नं तेषां क्षेमाय राघवः ।
करिष्यन्निव नामास्य यथार्थमरिनिग्रहात् ॥६॥
यः कश्चन रघूणां हि परमेकः परंतपः ।
अपवाद इवोत्सर्गं व्यावर्तयितुमीश्वरः ॥७॥

पन्द्रहवाँ सर्ग

सीताजीको छोड़ देनेपर राजा रामचन्द्रजीने केवल समुद्रोंसे घिरी हुई पृथ्वीका ही भोग किया किसी दूसरी स्त्रीसे विवाह नहीं किया ॥१॥ इसी बीच एक दिन यमुना-तटपर रहनेवाले कुछ तपस्वी, *शरणागतवत्सल रामके पास शरण माँगने आए, क्योंकि लवणासुर राक्षसके उपद्रवोंके कारण* उनकी यज्ञ आदि क्रियाएँ बन्द हो गई थी ॥२॥ वे तपस्वी यदि चाहते तो अपने तेजसेही लवणासुरको भस्म कर डालते किन्तु उन्होंने ऐसा करना ठीक नहीं समझा क्योंकि जिन लोगोंमें शाप देकर भस्म करनेकी शक्ति होती है वे तपस्यासे बटोरे हुए तेजको ऐसे काममें तभी लगाते हैं, जब कोई दूसरा उनका रक्षक न हो ॥३॥ रामने उनके विघ्न दूर करनेकी प्रतिज्ञा की क्योंकि धर्मकी रक्षाके लिये ही तो वे संसारमें अवतार लेते हैं ॥४॥ तब मुनियोंने रामको बताया कि जबतक लवणासुरके हाथमें भाला रहेगा तबतक उसका हारना कठिन है इसलिये उसपर ऐसे समय आक्रमण करना चाहिए जब उसके हाथमें भाला न हो ॥५॥ रामने उन मुनियोंकी रक्षाका भार शत्रुघ्नको सौंपा मानो शत्रुघ्नके हाथों शत्रुका संहार कराकर उनका शत्रुघ्न नाम सच्चा करा देना चाहते हों ॥६॥ जैसे व्याकरणमें कोई अपवादवाला सूत्र व्यापक नियमवाले सूत्रको भी उलट देता है वैसे ही रघुके वंशका बच्चा-बच्चा इतना बलवान् होता था कि वह शत्रुको पछाड़ सकता था ॥७॥ जब शत्रुघ्न

अग्रजेन प्रयुक्ताशीस्ततो दाशरथी रथी ।
ययौ वनस्थलीः पश्यन्पुष्पिताः सुरभीरभीः ॥८॥
रामादेशादनुगता सेना तस्यार्थसिद्धये ।
पश्चादध्ययनार्थस्य धातोरधिरिवाभवत् ॥९॥
आदिष्टवर्त्मा मुनिभिः स गच्छंस्तपतां वरः ।
विरराज रथप्रष्ठैर्वालखिल्यैरिवांशुमान् ॥१०॥
तस्य मार्गवशादेका बभूव वसतिर्यतः ।
रथस्वनोत्कण्ठमृगे वाल्मीकीये तपोवने ॥११॥
तमृषिः पूजयामास कुमारं क्लान्तवाहनम् ।
तपःप्रभावसिद्धाभिर्विशेषप्रतिपत्तिभिः ॥१२॥
तस्यामेवास्य यामिन्यामन्तर्वत्नी प्रजावती ।
सुतावसूत संपन्नौ कोशदण्डाविव क्षितिः ॥१३॥
संतानश्रवणाद्भ्रातुः सौमित्रिः सौमनस्यवान् ।
प्राञ्जलिर्मुनिमामन्त्र्य प्रातर्युक्तरथो ययौ ॥१४॥
स च प्राप मधूपघ्नं कुम्भीनस्याश्च कुक्षिजः ।
वनात्करमिवादाय सत्त्वराशिमुपस्थितः ॥१५॥

निडर होकर रथपर चढे तब रामने उन्हें आशीर्वाद दिया और वे सुगन्धित वनोंकी छटा निहारते हुए चल पडे ॥८॥ रामकी आज्ञासे शत्रुघ्नके साथ जो सेना गई वह वैसे ही व्यर्थ थी जैसे अध्ययन शब्दमें 'इङ्' धातुके साथ लगा हुआ 'अधि' उपसर्ग । [क्योंकि 'इङ्' का ही अर्थ अध्ययन होता है, उसमें अधिसे कोई विशेषता नहीं बढती ।] इसी प्रकार लवणासुरको शत्रुघ्न अकेले जीत सकते थे, चाहे सेना जाती या न जाती ॥९॥ जैसे रथपर चढे हुए सूर्यको वालखिल्य नामके ऋषि लोग मार्ग दिखाते चलते हैं वैसे ही रथपर चढे हुए शत्रुघ्नको भी मुनि लोग आगे-आगे मार्ग दिखाते चले ॥१०॥ मार्गमें जाते हुए उन्होंने पहली रात तो वाल्मीकिजीके उस आश्रममें बिताई जहाँके मृग उनके रथके शब्दको सुनकर बडे चावसे उधर देखने लगे थे ॥११॥ शत्रुघ्नजीके घोडे भी थक गए थे इसलिये रुकना आवश्यक हो गया । तब वाल्मीकिजीने अपनी तपस्याके प्रभावसे आतिथ्यकी सब सामग्री जुटाकर शत्रुघ्नका बडा सत्कार किया ॥१२॥ उसी रातको इनकी गर्भिणी भाभी सीताने दो तेजस्वी पुत्रोंको उसी प्रकार जन्म दिया जैसे पृथ्वी अपने राजाके लिये धन और सैन्य उत्पन्न करती है ॥१३॥ भाईके पुत्र होनेकी बात सुनकर शत्रुघ्नका जी खिल गया और अगले दिन तडके ही वे हाथ जोडकर मुनिसे आज्ञा लेकर रथपर चढकर आगे बढे ॥१४॥ जिस समय वे मधूपघ्न नगरमें पहुँचे, उसी समय रावणकी बहन कुम्भीनसीका बेटा लवणासुर बहुतसे

धूमधूम्रो वसागन्धी ज्वालाबभ्रुशिरोरुहः ।
क्रव्यादगणपरीवारश्चिताग्निरिव जंगमः ॥१६॥
अपशूलं तमासाद्य लवणं लक्ष्मणानुजः ।
रुरोध सम्मुखीनो हि जयो रन्ध्रप्रहारिणाम् ॥१७॥
नातिपर्याप्तमालक्ष्य मत्कुक्षेरद्य भोजनम् ।
दिष्ट्या त्वमसि मे धात्रा भीतेनेवोपपादितः ॥१८॥
इति संतर्ज्य शत्रुघ्नं राक्षसस्तज्जिघांसया ।
प्रांशुमुत्पाटयामास मुस्तास्तम्बमिव द्रुमम् ॥१९॥
सौमित्रेर्निशितैर्बाणैरन्तरा शकलीकृतः ।
गात्रं पुष्परजः प्राप न शाखी नैर्ऋतेरितः ॥२०॥
विनाशात्तस्य वृक्षस्य रक्षस्तस्मै महोपलम् ।
प्रजिघाय कृतान्तस्य मुष्टिं पृथगिव स्थितम् ॥२१॥
ऐन्द्रमस्त्रमुपादाय शत्रुघ्नेन स ताडितः ।
सिकतात्वादपि परां प्रपेदे परमाणुताम् ॥२२॥

पशुओंको मारकर वनसे इस प्रकार लौटा चला आ रहा था मानो वनने उसे यह सब भेंटमें दिया हो ॥१५॥ उसका रंग धुएँ जैसा काला था, उसकी देहसे चर्बीकी गन्ध निकल रही थी, आगकी लपटोंके समान उसके बिखरे हुए बाल थे और मांस खानेवाले राक्षस उसके चारों ओर चल रहे थे। इस प्रकार वह उस चिताकी अग्निके समान लग रहा था जो धुएँसे धुँधली हो, जिसमेंसे चर्बीकी गन्ध निकलती हो, जिसमें लपटें निकल रही हों और जिसके आसपास कुत्ते और गिद्ध आदि मांस भक्षी पशु-पक्षी घूम रहे हों ॥१६॥ शत्रुघ्नने देखा कि यह अवसर ठीक है क्योंकि इसके हाथमें भाला नहीं है। बस झट उन्होंने लवणासुरको घेर लिया क्योंकि जो शत्रुके शक्तिहीन होनेपर प्रहार करता है वह अवश्य विजयी होता है ॥१७॥ शत्रुघ्नको देखकर लवणासुर गरज उठा—आज मेरे भोजनकी सामग्री कम थी, यह देखकर ब्रह्माने डरकर मेरा भोजन पूरा करनेके लिये तुम्हें यहाँ भेज दिया है ॥१८॥ यह कहकर उसने शत्रुघ्नको मारनेके लिये एक बड़ा भारी पेड़ ऐसे धीरेसे उखाड़ लिया जैसे मोथा उखाड़ लिया जाता है ॥१९॥ लवणासुरने ज्योंही वह वृक्ष शत्रुघ्नपर फेंका त्योंही उन्होंने उसे बीचमें ही टुकड़े-टुकड़े कर डाला। इस प्रकार वह वृक्ष तो उनके शरीरतक नहीं पहुँच सका केवल उसके फूलोंका परागभर उनतक पहुँच पाया ॥२०॥ उस वृक्षसे टूक टूक हो जानेपर उस राक्षसने एक ऐसी भयङ्कर शिला उठाकर शत्रुघ्नपर फेंकी मानो वह यमराजका घूँसा ही हो ॥२१॥ पर शत्रुघ्नने ऐन्द्र अस्त्र चलाकर उसे चूर-चूर कर दिया ॥२२॥ तब यह राक्षस

तमुपाद्रवदुद्यम्य दक्षिणं दोर्निशाचरः ।
एकताल इवोत्पातपवनप्रेरितो गिरिः ॥२३॥
कार्ष्णेन पत्रिणा शत्रुः स भिन्नहृदयः पतन् ।
आनिनाय भुवः कम्पं जहाराश्रमवासिनाम् ॥२४॥
वयसां पङ्क्तयः पेतुर्हतस्योपरि विद्विषः ।
तत्प्रतिद्वन्द्विनो मूर्ध्नि दिव्याः कुसुमवृष्टयः ॥२५॥
स हत्वा लवणं वीरस्तदा मेने महौजसः ।
भ्रातुः सोदर्यमात्मानमिन्द्रजिद्वधशोभिनः ॥२६॥
तस्य संस्तूयमानस्य चरितार्थैस्तपस्विभिः ।
शुशुभे विक्रमोदग्रं व्रीडयावनतं शिरः ॥२७॥
उपकूलं स कालिन्द्याः पुरीं पौरुषभूषणः ।
निर्ममे निर्ममोऽर्थेषु मधुरां मधुराकृतिः ॥२८॥
या सौराज्यप्रकाशाभिर्बभौ पौरविभूतिभिः ।
स्वर्गाभिष्यन्दवमनं कृत्वेवोपनिवेशिता ॥२९॥
तत्र सौधगतः पश्यन्यमुनां चक्रवाकिनीम् ।
हेमभक्तिमतीं भूमेः प्रवेणीमिव पिप्रिये ॥३०॥
सखा दशरथस्यापि जनकस्य च मन्त्रकृत् ।
संचस्कारोभयप्रीत्या मैथिलेयौ यथाविधि ॥३१॥

अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाये हुए शत्रुघ्नकी ओर झपटा । उस समय वह ऐसा लगा मानो बवंडर से उठाया हुआ कोई ऐसा पहाड़ चला आ रहा हो जिसकी चोटीपर ताड़का पेड़ खड़ा हो ॥२३॥ वैष्णव बाण लगते ही वह राक्षस पृथ्वीपर जा गिरा । उसके गिरनेसे ऐसी धमक हुई कि धरती काँप उठी, पर हाँ, आश्रमवासियोंका काँपना दूर हो गया ॥२४॥ मरे हुए शत्रुके ऊपर गिद्ध आदि पक्षी टूट पड़े और शत्रुघ्नके ऊपर स्वर्गसे फूलोंकी वर्षा होने लगी ॥२५॥ शत्रुघ्नजी जब लवणासुरको मार चुके तब उन्हें यह सन्तोष हुआ कि अब मैं मेघनादको मारनेवाले तेजस्वी लक्ष्मणका सचमुच सगा भाई हूँ ॥२६॥ जब तपस्वियोंका काम पूरा हो गया तब वे शत्रुघ्नकी बड़ाई करने लगे । अपनी प्रशंसा सुनकर शत्रुघ्नजी शीलके मारे लजा गए ॥२७॥ तब पराक्रमी, संयमी और सुन्दर शत्रुघ्नने यमुनाके किनारे मथुरा नामकी नगरी बसाई ॥२८॥ अच्छा राजा पा जानेसे उस नगरीके लोग ऐसे धनी और सुखी हो गए मानो स्वर्गमें जनसंख्या बढ़ जानेके कारण वहाँके कुछ लोग यहाँ लाकर बसा दिए गए हों ॥२९॥ शत्रुघ्नने मथुराके एक ऊँचे भवनपर चढ़कर उस नीले जलवाली यमुनाको देखा जिसमें बहुतसे चकवे चहचहा रहे थे । उस समय यमुना उन्हें ऐसी सुन्दर दिखाई पड़ी मानो वह सुनहरी फुन्दोंवाली पृथ्वीकी चोटी हो ॥३०॥ इधर मन्त्रद्रष्टा वाल्मीकिजीने दशरथ और जनक दोनोंके

स तौ कुशलवोन्मृष्टगर्भक्लेदौ तदाख्यया ।
कविः कुशलवावेव चकार किल नामतः ॥३२॥
साङ्गं च वेदमध्याप्य किंचिदुत्क्रान्तशैशवौ ।
स्वकृतिं गापयामास कविप्रथमपद्धतिम् ॥३३॥
रामस्य मधुरं वृत्तं गायन्तौ मातुरग्रतः ।
तद्वियोगव्यथां किंचिच्छिथिलीचक्रतुः सुतौ ॥३४॥
इतरेऽपि रघोर्वंश्यास्त्रयस्त्रेताग्नितेजसः ।
तद्योगात्पतिवत्नीषु पत्नीष्वासन्द्विसूनवः ॥३५॥
शत्रुघातिनि शत्रुघ्नः सुबाहौ च बहुश्रुते ।
मधुराविदिशे सून्वोर्निदधे पूर्वजोत्सुकः ॥३६॥
भूयस्तपोव्ययो मा भूद्वाल्मीकेरिति सोऽत्यगात् ।
मैथिलीतनयोद्गीतनिःस्पन्दमृगमाश्रमम् ॥३७॥
वशी विवेश चायोध्यां रथ्यासंस्कारशोभिनीम् ।
लवणस्य वधात्पौरैरीक्षितोऽत्यन्तगौरवम् ॥३८॥
स ददर्श सभामध्ये सभासद्भिरुपस्थितम् ।
रामं सीतापरित्यागादसामान्यपतिं भुवः ॥३९॥

तमभ्यनन्दत्प्रणतं लवणान्तकमग्रजः ।
कालनेमिवधात्प्रीतस्तुराषाडिव शार्ङ्गिणम् ॥४०॥
स पृष्टः सर्वतो वार्तमाख्यद्राज्ञे न संततिम् ।
प्रत्यर्पयिष्यतः काले कवेराद्यस्य शासनात् ॥४१॥
अथ जानपदो विप्रः शिशुमप्राप्तयौवनम् ।
अवतार्याङ्कशय्यास्थं द्वारि चक्रन्द भूपतेः ॥४२॥
शोचनीयासि वसुधे या त्वं दशरथाच्च्युता ।
रामहस्तमनुप्राप्य कष्टात्कष्टतरं गता ॥४३॥
श्रुत्वा तस्य शुचो हेतुं गोप्ता जिह्राय राघवः ।
न ह्यकालभवो मृत्युरिक्ष्वाकुपदमस्पृशत् ॥४४॥
स मुहूर्तं क्षमस्वेति द्विजमाश्वास्य दुःखितम् ।
यानं सस्मार कौबेरं वैवस्वतजिगीषया ॥४५॥
आत्तशस्त्रस्तदध्यास्य प्रस्थितः स रघूद्वहः ।
उच्चचार पुरस्तस्य गूढरूपा सरस्वती ॥४६॥
राजन्प्रजासु ते कश्चिदपचारः प्रवर्तते ।
तमन्विष्य प्रशमयेर्भवितासि ततः कृती ॥४७॥

इत्याप्तवचनाद्रामो विनेष्यन्वर्णविक्रियाम् ।
दिशः पपात पत्त्रेण वेगनिष्कम्पकेतुना ॥४८॥
अथ धूमाभिताम्राक्षं वृक्षशाखावलम्बिनम् ।
ददर्श कञ्चिदैक्ष्वाकस्तपस्यन्तमधोमुखम् ॥४९॥
पृष्टनामान्वयो राज्ञा स किलाचष्ट धूमपः ।
आत्मानं शम्बुकं नाम शूद्रं सुरपदार्थिनम् ॥५०॥
तपस्यनधिकारित्वात्प्रजानां तमघावहम् ।
शीर्षच्छेद्यं परिच्छिद्य नियन्ता शस्त्रमाददे ॥५१॥
स तद्वक्त्रं हिमक्लिष्टकिञ्जल्कमिव पङ्कजम् ।
ज्योतिष्कणाहतश्मश्रु कण्ठनालादपातयत् ॥५२॥
कृतदण्डः स्वयं राज्ञा लेभे शूद्रः सतां गतिम् ।
तपसा दुश्चरेणापि न स्वमार्गविलङ्घिना ॥५३॥
रघुनाथोऽप्यगस्त्येन मार्गसंदर्शितात्मना ।
महौजसा संयुयुजे शरत्काल इवेन्दुना ॥५४॥
कुम्भयोनिरलंकारं तस्मै दिव्यपरिग्रहम् ।
ददौ दत्तं समुद्रेण पीतेनेवात्मनिष्क्रयम् ॥५५॥

गया है उसे खोजकर दूर करो, तभी तुम्हारा उद्देश्य पूरा होगा' ॥४७॥ इस विश्वास-भरे वचनको सुनकर वेगसे चलनेके कारण काँपती हुई ध्वजावाले पुष्पक विमानपर चढ़कर राम यह देखनेके लिये सब दिशाओंमें चक्कर काटने लगे कि वर्ण धर्ममें कहाँ दोष आया है ॥४८॥ घूमते-घामते एक स्थानपर राम क्या देखते हैं कि एक पेड़की शाखापर उलटा लटका हुआ एक मनुष्य नीचे जलती हुई आगका धुआँ पी पीकर तप कर रहा है और धुआँ लगनेसे उसकी आँखें लाल हो गई हैं ॥४९॥ रामने उससे पूछा—'आपका नाम क्या है और आप किस वंशके हैं' । वह तपस्वी बोला—'मैं देवपद पानेके लिये तप कर रहा हूँ । मेरा नाम शम्बूक है और मैं शूद्र हूँ' ॥५०॥ शूद्रोंको तप करनेका अधिकार नहीं है । इसी अनधिकार कामके करनेसे प्रजामें पाप फैल रहा था । इसलिये रामने निश्चय कर लिया कि इसका वध करना ही होगा । उन्होंने हाथमें शस्त्र उठा लिया ॥५१॥ और उसका सिर उसी प्रकार गलेपरसे काट दिया जैसे कमलकी डंडी परसे कमल उतार दिया गया हो । आगकी चिनगारियोंसे झुलसी दाढ़ीवाला उसका सिर ऐसा लग रहा था जैसे पालेसे जली हुई केसरवाला कमलगट्टा हो ॥५२॥ राजासे दण्ड पानेके कारण शूद्रको वह सद्गति मिल गई जो वह अपने उस कठोर तपसे कभी न पाता जो वह अपने वर्ण-धर्मका उल्लङ्घन करके चाह रहा था ॥५३॥ जैसे चन्द्रमा शरद् ऋतुसे मिलता है वैसे ही रामको मार्गमें अगस्त्य ऋषि भी मिले ॥५४॥ ऋषिने उन्हें वे सुन्दर आभूषण दिए जो उन्हें समुद्रने उस समय दण्डके रूपमें दिए थे, जब उन्होंने समुद्रको पी डाला था ॥५५॥ रामने

तं दधन्मैथिलीकण्ठनिर्व्यापारेण बाहुना ।
पश्चान्निवृत्ते रामः प्राक्परासुर्द्विजात्मजः ॥५६॥
तस्य पूर्वोदितां निन्दां द्विजः पुत्रसमागतः ।
स्तुत्या निवर्तयामास त्रातुर्वैवस्वतादपि ॥५७॥
तमध्वराय मुक्ताश्वं रक्षःकपिनरेश्वराः ।
मेघाः शस्यमिवाम्भोभिरभ्यवर्षन्नुपायनैः ॥५८॥
दिग्भ्यो निमन्त्रिताश्चैनमभिजग्मुर्महर्षयः ।
न भौमान्येव धिष्ण्यानि हित्वा ज्योतिर्मयान्यपि ॥५९॥
उपशल्यनिविष्टैस्तैश्चतुर्द्वारमुखी बभौ ।
अयोध्या सृष्टलोकेव सद्यः पैतामही तनुः ॥६०॥
श्लाघ्यस्त्यागोऽपि वैदेह्याः पत्युः प्राग्वंशवासिनः ।
अनन्यजानेः सैवासीद्यस्माज्जाया हिरण्मयी ॥६१॥
विधेरधिकसंभारस्ततः प्रववृते मखः ।
आसन्यत्र क्रियाविघ्ना राक्षसा एव रक्षिणः ॥६२॥
अथ प्राचेतसोपज्ञं रामायणमितस्ततः ।
मैथिलेयौ कुशलवौ जगतुर्गुरुचोदितौ ॥६३॥

वे आभूषण लेकर अपनी उन भुजाओंमें बांध लिये जो सीताजीके वन चले जानेसे सीताजीके कण्ठमें पड़नेसे वंचित हो रहे थे। जब राम अयोध्या लौटे तब उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके आनेके पहले ही ब्राह्मणका पुत्र जी उठा था ॥५६॥ पुत्रके जी उठनेपर उस ब्राह्मणने रामकी बड़ी स्तुति की और पहले जो निन्दा की थी उसे अपनी स्तुतिसे धो डाला क्योंकि रामने उसके पुत्रको यमराजके हाथोंसे छुड़ाया था ॥५७॥ कुछ दिन पीछे रामने अश्वमेध यज्ञके लिए घोड़ा छोड़ा। जैसे बादल धानके खेतपर जल बरसाते हैं वैसे ही सुग्रीव-विभीषण आदिने आकर रामके आगे भेंटके धनकी वर्षा कर दी ॥५८॥ यज्ञके लिये रामने तीनों लोकों के ऋषियोंको आमन्त्रित किया था। वे ऋषि पृथ्वीसे ही नहीं, वरन् सप्तर्षि-मण्डल आदि दिव्य स्थानोंसे भी रामके पास आए ॥५९॥ वे लोग आकर नगरके आस पासके देहातोंमें टिके हुए थे। जब वे अयोध्याके चारों द्वारोंसे नगरमें पैठे तब चार द्वारोंवाली वह अयोध्या ऐसी जान पड़ने लगी मानो तत्काल सृष्टि करनेवाले ब्रह्माकी चतुर्मुखी मूर्ति हो ॥६०॥ सीताके त्यागसे रामकी एक यह भी प्रशंसा हुई कि रामने किसी दूसरी स्त्रीसे अपना विवाह नहीं किया। इसलिये यज्ञमें सोनेकी सीता बनाकर रामने अपनी पत्नीके स्थानपर उसे बैठा दिया ॥६१॥ इस प्रकार वह प्रसिद्ध यज्ञ प्रारम्भ हुआ जिसमें आवश्यकतासे अधिक तो सामग्री इकट्ठी हुई थी और विशेषता यह थी कि यज्ञ क्रियामें विघ्न करनेवाले राक्षस ही उसकी रखवाली कर रहे थे ॥६२॥ तब वाल्मीकिजीकी आज्ञासे सीताजीके पुत्र लव और कुश उनका बनाया हुआ

वृत्तं रामस्य वाल्मीकेः कृतिस्तौ किन्नरस्वनौ।
किं तद्येन मनो हर्तुमलंस्यातां न शृण्वताम् ॥६४॥
रूपे गीते च माधुर्यं तयोस्तज्ज्ञैर्निवेदितम् ।
ददर्श सानुजो रामः शुश्राव च कुतूहली ॥६५॥
तद्गीतश्रवणैकाग्रा संसदश्रुमुखी बभौ ।
हिमनिष्यन्दिनी प्रातर्निर्वातेव वनस्थली ॥६६॥
वयोवेषविसंवादी रामस्य च तयोस्तदा ।
जनता प्रेक्ष्य सादृश्यं नाक्षिकम्पं व्यतिष्ठत् ॥६७॥
उभयोर्न तथा लोकः प्रावीण्येन विसिस्मिये ।
नृपतेः प्रीतिदानेषु वीतस्पृहतया यथा ॥६८॥
गेये को नु विनेता वां कस्य चेयं कृतिः कवेः।
इति राज्ञा स्वयं पृष्टौ तौ वाल्मीकिमशंसताम् ॥६९॥
अथ सावरजो रामः प्राचेतसमुपेयिवान् ।
उरीकृत्यात्मनो देहं राज्यमस्मैन्यवेदयत् ॥७०॥
स तावाख्याय रामाय मैथिलेयौ तदात्मजौ ।
कविः कारुणिको वव्रे सीतायाः संपरिग्रहम् ॥७१॥

तात शुद्धा समक्षं नः स्नुषा ते जातवेदसि ।
दौरात्म्याद्रक्षसस्तां तु नात्रत्याः श्रद्दधुःप्रजाः ॥७२॥
ताः स्वचारित्रमुद्दिश्य प्रत्याययतु मैथिली ।
ततः पुत्रवतीमेनां प्रतिपत्स्ये त्वदाज्ञया ॥७३॥
इति प्रतिश्रुते राज्ञा जानकीमाश्रमान्मुनिः ।
शिष्यैरानाययामास स्वसिद्धिं नियमैरिव ॥७४॥
अन्येद्युरथ काकुत्स्थः संनिपात्य पुरौकसः ।
कविमाह्वाययामास प्रस्तुतप्रतिपत्तये ॥७५॥
स्वरसंस्काररवत्यासौ पुत्राभ्यामथ सीतया ।
ऋचेवोदर्चिषं सूर्यं रामं मुनिरुपस्थितः ॥७६॥
काषायपरिवीतेन स्वपदार्पितचक्षुषा ।
अन्वमीयत शुद्धेति शान्तेन वपुषैव सा ॥७७॥
जनास्तदालोकपथात्प्रतिसंहृतचक्षुषः ।
तस्थुस्तेऽवाङ्मुखाः सर्वे फलिता इव शालयः ॥७८॥
तां दृष्टिविषये भर्तुर्मुनिरास्थितविष्टरः ।
कुरु निःसंशयं वत्से स्ववृत्ते लोकमित्यशात् ॥७९॥

अब तुम्हें चाहिए कि सीताजीको स्वीकार कर लो ॥७१॥ रामने कहा कि आपकी पतोहू सीता हमारे सामने ही अग्निमें शुद्ध हो चुकी हैं, पर रावणकी दुष्टताका विचार करके यहाँकी प्रजाको विश्वास नहीं होता ॥७२॥ इसलिये यदि सीता अपनी शुद्धताका प्रमाण देकर प्रजाको विश्वास दिलावें, तब मैं आपकी आज्ञासे पुत्रोंके साथ उन्हें ग्रहण कर लूंगा ॥७३॥ रामकी ऐसी प्रतिज्ञा सुनकर वाल्मीकिजीने शिष्योंको भेजकर सीताजीको इस प्रकार बुलाया मानो वे नियमोंके द्वारा अपनी सिद्धि बुला रहे हों ॥७४॥ दूसरे दिन रामने इस कामके लिये प्रजाको इकट्ठा करके वाल्मीकिजीको बुलाया ॥७५॥ वाल्मीकिजी लव, कुश और सीताजीको साथ लेकर रामके आगे उपस्थित हुए। पुत्रोंके साथ रामके पास जाती हुई सीताजी ऐसी लगती थीं मानो स्वर और संस्कारोंके साथ गायत्री, सूर्यके पास जा रही हों ॥७६॥ गेरुए वस्त्र पहने और अपनी आँखें नीची किए हुए सीताजी अपने शान्त शरीरसे ही पवित्र दिखाई देती थीं ॥७७॥ उन्हें देखते ही सब लोगोंने उसी प्रकार अपनी आँखें नीची कर लीं जैसे पके हुए धानके कलम झुक जाते हैं क्योंकि उन्हें लज्जा लगी कि हम लोगोंने व्यर्थ ही इस साध्वीपर कलंक लगाया ॥७८॥ आसनपर बैठे हुए वाल्मीकिजीने सीताजीसे कहा—बेटी ! जनताके मनमें तुम्हारे चरित्रके विषयमें जो सन्देह है वह तुम अपने पतिके आगे ही मिटा दो ॥७९॥ वाल्मीकिजीके शिष्यने पवित्र जल लाकर सीताजीको दिया और उससे आचमन करके सीताजीने यह

अथ वाल्मीकिशिष्येण पुण्यमावर्जितं पयः ।
आचम्योदीरयामास सीता सत्यां सरस्वतीम् ॥८०॥
वाङ्मनःकर्मभिः पत्यौ व्यभिचारो यथा न मे ।
तथा विश्वंभरे देवि मामन्तर्धातुमर्हसि ॥८१॥
एवमुक्ते तया साध्व्या रन्ध्रात्सद्योभवाद्भुवः ।
शातह्रदमिव ज्योतिः प्रभामण्डलमुद्ययौ ॥८२॥
तत्र नागफणोत्क्षिप्तसिंहासननिषेदुषी ।
समुद्ररशना साक्षात्प्रादुरासीद्वसुंधरा ॥८३॥
सा सीतामङ्कमारोप्य भर्तृप्रणिहितेक्षणाम् ।
मा मेति व्याहरत्येव तस्मिन्पातालमभ्यगात् ॥८४॥
धरायां तस्य संरम्भं सीताप्रत्यर्पणैषिणः ।
गुरुर्विधिबलापेक्षी शमयामास धन्विनः ॥८५॥
ऋषीन्विसृज्य यज्ञान्ते सुहृदश्च पुरस्कृतान् ।
रामः सीतागतं स्नेहं निदधे तदपत्ययोः ॥८६॥
युधाजितश्च संदेशात्स देशं सिन्धुनामकम् ।
ददौ दत्तप्रभावाय भरताय भृतप्रजः ॥८७॥
भरतस्तत्र गन्धर्वान्युधि निर्जित्य केवलम् ।
आतोद्यं ग्राहयामास समत्याजयदायुधम् ॥८८॥

सत्य वचन कहा ॥८०॥–यदि मैंने मन, वचन, कर्म किसी प्रकारसे भी अपना पतिव्रत भङ्ग न किया हो तो हे धरती माता ! तुम मुझे अपनी गोदमें ले लो ॥८१॥ पतिव्रता सीताके ऐसा कहते ही पृथ्वी धड़धड़ाकर फट गई और उसमेंसे बिजलीके समान चमकीला एक तेजोमण्डल निकला ॥८२॥ उसमेंसे नागके फणपर रक्खे हुए सिंहासनपर बैठी हुई, समुद्रकी तगड़ी पहने साक्षात् धरती माता प्रकट हुईं ॥८३॥ उन्होंने उन सीताजीको अपनी गोदमें ले लिया जो रामकी ओर टकटकी बाँधे थीं। राम कहते ही रह गए—हैं है ! यह क्या करती हो, यह क्या करती हो, पर वे सबके देखते-देखते पातालमें समा गईं ॥८४॥ रामको पृथ्वीपर बड़ा क्रोध आया और पृथ्वीसे सीताको लौटा लेनेके लिये उन्होंने अपना धनुष उठाया। पर ब्रह्माजी तो सब कुछ जानते ही थे, उन्होंने आकर रामको समझाया और उनका क्रोध शान्त किया ॥८५॥ किसी प्रकार यज्ञ समाप्त हुआ और यज्ञ हो जानेपर रामने ऋषियोंको छुट्टी दी। अब वे अपने पुत्रोंसे उतना ही प्रेम करने लगे जितना सीताजीसे करते थे ॥८६॥ प्रजापालक रामने भरतके मामा युधाजित्के कहनेपर सिन्धु देशका राज्य प्रभावशाली भरतको दे दिया ॥८७॥ भरतने गन्धर्वों को जीतकर उनके हाथमें केवल वीणा तो रहने दी किन्तु

स तक्षपुष्कलौ पुत्रौ राजधान्यास्तदाख्ययोः ।
अभिषिच्याभिषेकार्हौ रामान्तिकमगात्पुनः ॥८९॥

अङ्गदं चन्द्रकेतुं च लक्ष्मणोऽप्यात्मसंभवौ ।
शासनाद्रघुनाथस्य चक्रे कारापथेश्वरौ ॥९०॥

इत्यारोपितपुत्रास्ते जननीनां जनेश्वराः ।
भर्तृलोकप्रपन्नानां निवापान्विदधुः क्रमात् ॥९१॥

उपेत्य मुनिवेषोऽथ कालः प्रोवाच राघवम् ।
रहः संवादिनौ पश्येदावां यस्तं त्यजेरिति ॥९२॥

तथेति प्रतिपन्नाय विवृतात्मा नृपाय सः ।
आचख्यौ दिवमध्यास्व शासनात्परमेष्ठिनः ॥९३॥

विद्वानपि तयोर्द्वाःस्थः समयं लक्ष्मणोऽभिनत् ।
भीतो दुर्वाससः शापाद्रामसंदर्शनार्थिनः ॥९४॥

स गत्वा सरयूतीरं देहत्यागेन योगवित् ।
चकारावितथां भ्रातुः प्रतिज्ञां पूर्वजन्मनः ॥९५॥

धनुष तुड़वा दिया ॥८८॥ उन्होंने तक्ष और पुष्कल नामक योग्य पुत्रोंको, तक्ष और पुष्कल राजधानियोंका राजा बना दिया और स्वयं रामके पास लौट आए ॥८९॥ रामकी आज्ञासे लक्ष्मणने अङ्गद और चन्द्रकेतु नामके अपने दोनों पुत्रोंको कारापथका राजा बना दिया ॥९०॥ इस प्रकार पुत्रोंको राज्य देकर उन चारोंने अपनी स्वर्गीया माताओंके श्राद्ध आदि संस्कार किए ॥९१॥ यह सब हो जानेपर एक दिन रामके पास मुनिका वेश बनाकर काल आया और बोला—'मैं आपसे एकान्तमें कुछ बातें करना चाहता हूँ। जो भी कोई हम लोगोंकी बातके बीचमें आवे उसे आप देश-निकाला दे दीजिए ॥९२॥ रामने कहा—अच्छी बात है।' तब उसने अपना सच्चा रूप दिखाया और कहा कि ब्रह्माकी आज्ञा है कि अब आप चलकर वैकुण्ठमें रहें ॥९३॥ यह बात हो ही रही थी कि इसी बीच दुर्वासाजी ऋषि आ धमके। उन्होंने द्वारपर बैठे हुए लक्ष्मणसे कहा कि अभी जाकर रामसे कहो कि मैं आया हूँ, नहीं तो तुम्हारे कुलको अभी शापसे भस्म कर दूँगा। लक्ष्मणजी जानते ही थे कि जो इस समय रामके पास जायगा उसे देश-निकाला होगा फिर भी बातचीतके बीचमें ही पहुँचकर उन्होंने सूचना दे दी ॥९४॥ यहाँसे लौटकर योगमार्गके जाननेवाले लक्ष्मणने सरयूके किनारे जाकर योग बलसे शरीर छोड़कर बड़े भाईकी प्रतिज्ञाकी रक्षा कर ली ॥९५॥ अपने-

तस्मिन्नात्मचतुर्भागे प्राङ्नाकमधितस्थुषि ।
राघवः शिथिलं तस्थौ भुवि धर्मस्त्रिपादिव ॥९६॥
स निवेश्य कुशावत्यां रिपुनागाङ्कुशं कुशम् ।
शरावत्यां सतां सूक्तैर्जनिताश्रुलवं लवम् ॥९७॥
उदक्प्रतस्थे स्थिरधीः सानुजोऽग्निपुरःसरः ।
अन्वितः पतिवात्सल्याद्गृहवर्जमयोध्यया ॥९८॥
जगृहुस्तस्य चित्तज्ञाः पदवीं हरिराक्षसाः ।
कदम्बमुकुलस्थूलैरभिवृष्टां प्रजाश्रुभिः ॥९९॥
उपस्थितविमानेन तेन भक्तानुकम्पिना ।
चक्रे त्रिदिवनिश्रेणिः सरयूरनुयायिनाम् ॥१००॥
यद्गोप्रतरकल्पोऽभूत्संमर्दस्तत्र मज्जताम् ।
अतस्तदाख्यया तीर्थं पावनं भुवि पप्रथे ॥१०१॥
स विभुर्विबुधांशेषु प्रतिपन्नात्ममूर्तिषु ।
त्रिदशीभूतपौराणां स्वर्गान्तरमकल्पयत् ॥१०२॥

चौथाई अंश लक्ष्मणके स्वर्ग चले जानेपर राम उसी प्रकार ढीले पड गए जैसे पृथ्वीपर त्रेता युगमें तीन पैरवाला धर्म ढीला पड जाता है ॥९६॥ स्थिर बुद्धिवाले रामने शत्रु-रूपी हाथियोंके लिये अंकुशके समान भयदायक कुशको कुशावतीका राज्य दे दिया और अपने मधुर वचनोंसे सज्जनोंकी आँखोंसे आँसूकी धार बहानेवाले लवको उन्होंने शरावतीका राजा बनाया ॥९७॥ फिर अग्नि-होत्रकी अग्नि आगे करके भाइयोंके साथ वे उत्तरकी ओर चले। जब अयोध्यावासियोंने यह सुना तो रामके प्रेमसे वे सब भी केवल अपने-अपने घर पीछे छोडकर उनके साथ हो लिए ॥९८॥ रामके मनकी बात जाननेवाले वानर और राक्षस भी उनके पीछे-पीछे चले। जिस मार्गसे राम चले जा रहे थे वह मार्ग रामके पीछे-पीछे जाने वाली जनताके आँसुओंसे गीला हो चला ॥९९॥ भक्तोंपर कृपा करनेवाले राम विमानपर चढकर स्वर्ग चले गए और सरयूको उन्होंने अपने पीछे आनेवालोंके लिये स्वर्गकी सीढी बना दिया [अर्थात् जो सरयूमें स्नान करता था वह तुरन्त स्वर्ग चला जाता था] ॥१००॥ वहाँ स्नान करनेवालोंकी वैसी ही भीड हुई जैसी गौओंको पार कराते समय होती है, इसलिये उस पवित्र तीर्थका नामही संसारमें गोप्रतर प्रसिद्ध हो गया ॥१०१॥ देवताओंके अंशधारी रीछ, वानरोंने भी अपना देवरूप धारण कर लिया इसलिये इतने लोग स्वर्गमें पहुँच गए कि सामर्थ्यशाली रामको देवपद प्राप्त करनेवाले अयोध्यावासियोंके रहनेके लिये एक

निर्वर्त्यैवं दशमुखशिरश्छेदकार्यं सुराणाम्
विष्वक्सेनः स्वतनुमविशत्सर्वलोकप्रतिष्ठाम् ।
लङ्कानाथं पवनतनयं चोभयं स्थापयित्वा
कीर्तिस्तम्भद्वयमिव गिरौ दक्षिणे चोत्तरे च ॥१०३॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
रामस्वर्गारोहणो नाम पञ्चदशः सर्गः ॥

दूसरा स्वर्ग बनाना पड़ा ॥१०२॥ विष्णु भगवान्‌ने इस प्रकार रावणका वध करके देवताओंका कार्य पूरा किया और उत्तरगिरि हिमालयपर हनुमानजीको तथा दक्षिणगिरि त्रिकूटपर विभीषणजीको अपने दो कीर्तिस्तम्भोंके रूपमें स्थापित करके तीनों लोकोंको धारण करनेवाले भगवान् अपने विराट् शरीरमें लीन हो गए ॥१०३॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें रामका स्वर्गारोहण
नामका पन्द्रहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ षोडशः सर्गः ॥

अथेतरे सप्त रघुप्रवीरा ज्येष्ठं पुरोजन्मतया गुणैश्च ।
चक्रुः कुशं रत्नविशेषभाजं सौभ्रात्रमेषां हि कुलानुसारि ॥१॥
ते सेतुवार्तागजबन्धमुख्यैरभ्युच्छ्रिताः कर्मभिरप्यवन्ध्यैः ।
अन्योन्यदेशप्रविभागसीमां वेलां समुद्रा इव न व्यतीयुः ॥२॥
चतुर्भुजांशप्रभवः स तेषां दानप्रवृत्तेरनुपारतानाम् ।
सुरद्विपानामिव सामयोनिर्भिन्नोऽष्टधा विप्रससार वंशः ॥३॥
अथार्धरात्रे स्तिमितप्रदीपे शय्यागृहे सुप्तजने प्रबुद्धः ।
कुशः प्रवासस्थकलत्रवेषामदृष्टपूर्वां वनितामपश्यत् ॥४॥
सा साधुसाधारणपार्थिवर्द्धेः स्थित्वा पुरस्तात्पुरुहूतभासः ।
जेतुः परेषां जयशब्दपूर्वं तस्याञ्जलिं बन्धुमतो बबन्ध ॥५॥
अथानपोढार्गलमप्यगारं छायामिवादर्शतलं प्रविष्टाम् ।
सविस्मयो दाशरथेस्तनूजः प्रोवाच पूर्वार्धविसृष्टतल्पः ॥६॥
लब्धान्तरा सावरणेऽपि गेहे योगप्रभावो न च लक्ष्यते ते ।
बिभर्षि चाकारमनिर्वृतानां मृणालिनी हैममिवोपरागम् ॥७॥

सोलहवाँ सर्ग

लव आदि सात रघुवंशी वीरोंने अपने सबसे बड़े भाई कुशको अपना मुखिया बनाया क्योंकि भ्रातृप्रेम तो उनके कुलका धर्म ही था ॥१॥ वे सभी पुल बाँधने, कृषिकी रक्षा करने और हाथियोंको इकट्ठा करनेमें कुशल थे। फिर भी जैसे समुद्र अपने तटका उल्लङ्घन नहीं करता है, वैसे ही उनमेंसे किसीने भी अपने राज्यकी सीमा लाँघकर दूसरे भाईके राज्यकी सीमामें प्रवेश करनेका यत्न नहीं किया ॥२॥ जैसे सामवेदके कुलमें उत्पन्न मतवाले दिग्गजोंका कुल आठ भागोंमें बँट गया था वैसे ही विष्णुके अंशसे उत्पन्न हुए रामका दानी कुल भी आठ भागोंमें फैला ॥३॥ एक दिन आधी रातको, जब शयन गृहका दीप टिमटिमा रहा था और सब लोग सोए हुए थे, कुशको एक स्त्री दिखाई दी। उसे उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था पर उसका वेश देखनेसे जान पड़ता था कि उसका पति परदेश चला गया है ॥४॥ अपनी सम्पत्तिसे सज्जनोंका उपकार करनेवाले, इन्द्रके समान तेजस्वी और शत्रुओंको जीतनेवाले कुशके आगे वह स्त्री हाथ जोड़कर खड़ी हो गई ॥५॥ जैसे दर्पणमें मुँहका प्रतिबिम्ब पैठ जाता है, वैसे ही द्वार बन्द रहनेपर भी यह स्त्री घरके भीतर आ गई थी। उसे देखकर कुशको बड़ा आश्चर्य हुआ। वे शय्यापर आधे उठकर उससे बोले ॥६॥ तुम हमारे इस बन्द भवनमें घुस तो आई हो, पर तुम्हारे मुखसे यह नहीं प्रकट होता कि तुम योगिनी हो, क्योंकि तुम पालेसे मारी हुई कमलिनीके समान उदास दिखाई दे रही हो ॥७॥ हे शुभे ! तुम कौन हो। तुम्हारे

का त्वं शुभे कस्य परिग्रहो वा किंवा मदभ्यागमकारणं ते ।
आचक्ष्व मत्वा वशिनां रघूणां मनः परस्त्रीविमुखप्रवृत्ति ॥ ८ ॥
तमब्रवीत्सा गुरुणानवद्या या नीतपौरा स्वपदोन्मुखेन ।
तस्याः पुरः संप्रति वीतनाथां जानीहि राजन्नधिदेवतां माम् ॥ ९ ॥
वस्वौकसारामभिभूय साहं सौराज्यबद्धोत्सवया विभूत्या ।
समग्रशक्तौ त्वयि सूर्यवंश्ये सति प्रपन्ना करुणामवस्थाम् ॥१०॥
विशीर्णतल्पाट्टशतो निवेशः पर्यस्तशालः प्रभुणा विना मे ।
विडम्बयत्यस्तनिमग्नसूर्यं दिनान्तमुग्रानिलभिन्नमेघम् ॥११॥
निशासु भास्वत्कलनूपुराणां यः संचरोऽभूदभिसारिकाणाम् ।
नदन्मुखोल्काविचितामिषाभिः स वाह्यते राजपथः शिवाभिः ॥१२॥
आस्फालितं यत्प्रमदाकराग्रैर्मृदङ्गधीरध्वनिमन्वगच्छत् ।
वन्यैरिदानीं महिषैस्तदम्भः शृङ्गाहतं क्रोशति दीर्घिकाणाम् ॥१३॥
वृक्षेशया यष्टिनिवासभङ्गान्मृदङ्गशब्दापगमादलास्याः ।
प्राप्ता दवोल्काहतशेषबर्हाः क्रीडामयूरा वनबर्हिणत्वम् ॥१४॥
सोपानमार्गेषु च येषु रामा निक्षिप्तवत्यश्चरणान् सरागान् ।
सद्यो हतन्यङ्कुभिरस्रदिग्धं व्याघ्रैः पदं तेषु निधीयते मे ॥१५॥

पतिका क्या नाम है और मेरे पास किस लिए आई हो। तुम यह समझकर मुँह खोलना कि रघुवंशियोंका चित्त पराई स्त्रीकी ओर कभी नहीं जाता ॥८॥ उस स्त्रीने उत्तर दिया-हे राजन्! जब भगवान् राम वैकुण्ठ जाने लगे, तब जिस निर्दोष अयोध्यापुरीके निवासियोंको वे अपने साथ लेते गए उसी अनाथ अयोध्यापुरीकी मैं नगरदेवी हूँ ॥९॥ पहले अच्छा राज होनेके कारण मैं इतनी ऐश्वर्यशालिनी होगई थी कि मेरे आगे कुबेरकी अलकापुरी भी फीकी लगती थी आजकल तुम्हारे ऐसे प्रतापी राजाके रहते हुए भी मेरी बहुत बुरी दशा हो गई है ॥१०॥ स्वामीके न रहनेसे कोठे अटारियोंके टूट जानेसे मेरी निवासभूमि अयोध्या ऐसी उदास लगती है जैसे सूर्यास्तके समयकी वह सन्ध्या, जिसमें वायुके वेगसे इधर-उधर छितराए हुए बादल दिखाई देते हों ॥११॥ रातके समय पहले जिन सड़कोंपर चमकते हुए बिछुओंवाली अभिसारिकाएँ चलती थीं, उन्हींपर आजकल ऐसी सियारिनें घूमती हैं जिनके मुखसे चिल्लाते समय चिनगारियाँ निकलती हैं ॥१२॥ नगरकी जिन बावलियोंका जल पहले जलक्रीडा करनेवाली सुन्दरियोंके हाथके थपेड़ोंसे मृदङ्गके समान गम्भीर शब्द करता था, वह आजकल जङ्गली भैंसोंके सींगोंकी चोटोंसे मानो पीड़ासे चिल्लाता है ॥१३॥ अड्डोंके टूट जानेसे मेरे मोर अब वृक्षोंपर जाकर बैठते हैं और मृदङ्ग न बजनेके कारण उन्होंने नाचना भी बन्द कर दिया है अब वे उन जङ्गली मोरोंके समान लगते हैं, जिनकी पूँछें वनकी आगमें जल गई हों ॥१४॥ और क्या कहें, पहले जिन सीढ़ियोंपर सुन्दरियाँ अपने महावर लगे लाल-लाल पैरें रखती चलती थीं, उन्हींपर मृग मारनेवाले बाघ अपने रक्तसे सने लाल पैर रखते चलते हैं ॥१५॥

चित्रद्विपाः पद्मवनावतीर्णाः करेणुभिर्दत्तमृणालभङ्गाः ।
नखाङ्कुशाघातविभिन्नकुम्भाः संरब्धसिंहप्रहृतं वहन्ति ॥१६॥
स्तम्भेषु योषित्प्रतियातनानामुत्क्रान्तवर्णक्रमधूसराणाम् ।
स्तनोत्तरीयाणि भवन्ति सङ्गान्निर्मोकपट्टाः फणिभिर्विमुक्ताः ॥१७॥
कालान्तरश्यामसुधेषु नक्तमितस्ततो रूढतृणाङ्कुरेषु ।
त एव मुक्तागुणशुद्धयोऽपि हर्म्येषु मूर्च्छन्ति न चन्द्रपादाः ॥१८॥
आवर्ज्य शाखाः सदयं च यासां पुष्पाण्युपात्तानि विलासिनीभिः ।
वन्यैः पुलिन्दैरिव वानरैस्ताः क्लिश्यन्त उद्यानलता मदीयाः ॥१९॥
रात्रावनाविष्कृतदीपभासः कान्तामुखश्रीवियुता दिवापि ।
तिरस्क्रियन्ते कृमितन्तुजालैर्विच्छिन्नधूमप्रसरा गवाक्षाः ॥२०॥
बलिक्रियावर्जितसैकतानि स्नानीयसंसर्गमनाप्नुवन्ति ।
उपान्तवानीरगृहाणि दृष्ट्वा शून्यानि दूये सरयूजलानि ॥२१॥
तदर्हसीमां वसतिं विसृज्य मामभ्युपैतुं कुलराजधानीम् ।
हित्वा तनुं कारणमानुषीं तां यथा गुरुस्ते परमात्ममूर्तिम् ॥२२॥

जिन चित्रोंमें ऐसा दिखाया गया था कि हाथी कमलके तालमें उतर रहे हैं और हथिनियाँ उन्हें सूँडसे कमलके डण्ठल तोड़कर दे रही हैं, उन चित्रित हाथियोंके मस्तकोंको सिंहोंने सच्चे हाथीका मस्तक समझकर नखोंसे फाड़ दिया है ॥१६॥ जिन बहुतसे खम्भोंमें स्त्रियोंकी मूर्तियाँ बनी हुई थी आजकल उन मूर्तियोंका रंग उड़ गया है। उन खम्भोंको चन्दनका वृक्ष समझकर जो साँप उनसे लिपटे हैं उनकी केंचुलें छूटकर उन मूर्तियोंसे सट गई हैं और वे ऐसी लगती है मानो उन पत्थरकी स्त्रियोंने स्तन ढकनेके लिये कोई कपड़ा डाल लिया हो ॥१७॥ जिन भवनोंपर कभी मोतीकी मालाके समान शुभ्र चाँदनी चमका करती थी उनपर अब चाँदनी भी नहीं चमकती क्योंकि, बहुत दिनोंसे मरम्मत न होनेके कारण कोठोंके चूनेका रंग काला पड़ गया है और उनपर जहाँ तहाँ, घास जम आई है ॥१८॥ पहले उद्यानकी जिन लताओंको धीरेसे झुकाकर सुन्दरी स्त्रियाँ फूल उतारा करती थी उन मेरी प्यारी लताओंको जंगली म्लेच्छोंके समान उत्पाती बन्दर झकझोरे डाल रहे हैं ॥१९॥ आजकल अटारियोंके झरोखोंसे न तो रातको दीपकोंकी किरणें निकलती हैं न दिनमें सुन्दरियोंका मुख दिखाई देता है और न कहींसे अगरका धुंआ ही निकलता है। अब वे झरोखे मकड़ियोंके जालोंसे ढक गए हैं ॥२०॥ मुझे यह देखकर बड़ा दुःख होता है कि अब न तो सरयूके घाटोंपर देवताओंके लिये बलि दी जाती है और न स्त्रियोंके स्नान करनेसे उसमेंसे अंगराग आदिकी गन्ध ही निकल रही है। सरयूके तटपर बनी हुई बेतकी झोपड़ियाँ भी सूनी पड़ी रहती हैं ॥२१॥ इसलिये जैसे तुम्हारे पिता रामने राक्षसोंको मारनेके लिये जो मनुष्य शरीर धारण किया था उसे छोड़कर परमात्मामें पहुँच गए वैसे ही तुम भी इस नई राजधानी कुशावतीको छोड़कर अपनी कुल-

तथेति तस्याः प्रणयं प्रतीतः प्रत्यग्रहीत्प्राग्रहरो रघूणाम् ।
पूरप्यभिव्यक्तमुखप्रसादा शरीरबन्धेन तिरोबभूव ॥२३॥
तदद्भुतं संसदि रात्रिवृत्तं प्रातर्द्विजेभ्यो नृपतिः शशंस ।
श्रुत्वा त एनं कुलराजधान्याः साक्षात्पतित्वे वृतमभ्यनन्दन् ॥२४॥
कुशावतीं श्रोत्रियसात्स कृत्वा यात्रानुकूलेऽहनि सावरोधः ।
अनुद्रुतो वायुरिवाभ्रवृन्दैः सैन्यैरयोध्याभिमुखः प्रतस्थे ॥२५॥
सा केतुमालोपवना बृहद्भिर्विहारशैलानुगतेव नागैः ।
सेना रथोदारगृहा प्रयाणे तस्याभवज्जंगमराजधानी ॥२६॥
तेनातपत्रामलमण्डलेन प्रस्थापितः पूर्वनिवासभूमिम् ।
बभौ बलौघः शशिनोदितेन वेलामुदन्वानिव नीयमानः ॥२७॥
तस्य प्रयातस्य वरूथिनीनां पीडामपर्याप्तवतीव सोढुम् ।
वसुंधरा विष्णुपदं द्वितीयमध्यारुरोहेव रजश्छलेन ॥२८॥
उद्यच्छमाना गमनाय पश्चात्पुरो निवेशे पथि च व्रजन्ती ।
सा यत्र सेना ददृशे नृपस्य तत्रैव सामग्र्यमतिं चकार ॥२९॥
तस्य द्विपानां मदवारिसेकात्खुराभिघाताच्च तुरंगमाणाम् ।
रेणुः प्रपेदे पथि पङ्कभावं पङ्कोऽपि रेणुत्वमियाय नेतुः ॥३०॥

परंपराकी राजधानी अयोध्यामें चलकर रहो ॥२२॥ कुशने उसकी प्रार्थना स्वीकार करली और कहा—ऐसा ही करेंगे। यह सुनकर अयोध्याकी नगरदेवी भी अन्तर्धान हो गई ॥२३॥ राजाने रातकी यह अचरजभरी घटना प्रातःकाल सभामें ब्राह्मणोंसे कही। यह सुनकर ब्राह्मणोंने उनकी बड़ी प्रशंसा की कि आप धन्य हैं, जिन्हें कुल-राजधानीने अपनी इच्छासे अपना पति चुना है ॥२४॥ उन्होंने कुशावती तो वेदपाठी ब्राह्मणोंको सौंप दी और जैसे वायुके पीछे-पीछे बादल चलते हैं वैसे ही पीछे चलनेवाली सेनाके साथ शुभ मुहूर्तमें अयोध्याके लिये प्रस्थान किया ॥२५॥ यात्राके समय चलती हुई कुशकी सेना चलती फिरती राजधानीके समान लगती थी क्योंकि उसका ध्वजाओंवाला भाग सजावाले उपवनों जैसा लग रहा था, बड़े-बड़े हाथी बनावटी पर्वतों-जैसे जान पड़ते थे और रथ ऊँची-ऊँची अटारियों-जैसे लग रहे थे ॥२६॥ जैसे चन्द्रमा उदित होकर समुद्रको तटतक खींच लाता है, वैसे ही श्वेत छत्रधारी कुश अपनी सेनाको रघुकुलकी पुरानी राजधानी अयोध्याकी ओर ले चले ॥२७॥ चलते समय कुशकी सेनाका भार पृथ्वी नहीं सँभाल सकी, इसीलिये उड़ती हुई धूल ऐसी जान पड़ रही थी मानो पृथ्वी विष्णुके दूसरे पद [आकाश] में पहुँच गई हो ॥२८॥ कुशावतीसे चलती हुई या मार्गमें पड़ावपर पहुँची हुई या मार्गमें चलनेवाली जितनी भी कुशकी सेनाकी टुकड़ियाँ थीं, वे सब पूरी सेना ही प्रतीत होती थीं ॥२९॥ कुशके हाथियोंके मदजलसे

मार्गैषिणी सा कटकान्तरेषु वैन्ध्येषु सेना बहुधा विभिन्ना ।
चकार रेवेव महाविरावा बद्धप्रतिश्रुन्ति गुहामुखानि ॥३१॥
स धातुभेदारुणयाननेमिः प्रभुः प्रयाणध्वनिमिश्रतूर्यः ।
व्यलङ्घयद्विन्ध्यमुपायनानि पश्यन्पुलिन्दैरुपपादितानि ॥३२॥
तीर्थे तदीये गजसेतुबन्धात्प्रतीपगामुत्तरतोऽस्य गङ्गाम् ।
अयत्नबालव्यजनीबभूवुर्हंसा नभोलङ्घनलोलपक्षाः ॥३३॥
स पूर्वजानां कपिलेन रोषाद्भस्मावशेषीकृतविग्रहाणाम् ।
सुरालयप्राप्तिनिमित्तमम्भस्त्रैस्रोतसं नौ लुलितं ववन्दे ॥३४॥
इत्यध्वनः कैश्चिदहोभिरन्ते कूलं समासाद्य कुशः सरय्वाः ।
वेदिप्रतिष्ठान्विताध्वराणां यूपानपश्यच्छतशो रघूणाम् ॥३५॥
आधूय शाखाः कुसुमद्रुमाणां स्पृष्ट्वा च शीतान्सरयूतरङ्गान् ।
तं क्लान्तसैन्यं कुलराजधान्याः प्रत्युज्जगामोपवनान्तवायुः ॥३६॥
अथोपशल्ये रिपुभग्नशल्यस्तस्याः पुरः पौरसखः स राजा ।
कुलध्वजस्तानि चलध्वजानि निवेशयामास बली बलानि ॥३७॥
तां शिल्पिसंघाः प्रभुणा नियुक्तास्तथागतां संभृतसाधनत्वात् ।
पुरं नवीचक्रुरपां विसर्गान्मेघा निदाघग्लपितामिवोर्वीम् ॥३८॥

मार्गकी धूल कीचड बन गई और कीचड भी घोड़ोंकी टापोंसे धूल बन गई ॥३०॥ मार्ग भूल जानेके कारण वह सेना विन्ध्याचलके आस-पास मार्ग ढूंढने लगी और कई भागोंमें बँट गई। उस सेनाने नर्मदाके समान जो गम्भीर गर्जन किया उससे पर्वतकी गुफाएँ भी गूंज उठीं ॥३१॥ गेरू आदि धातुओंसे जिसके रथके पहिए लाल हो गए थे और जिसकी चलती हुई सेनाके शब्दसे तुरहीके शब्द भी दब गए थे वह कुश विन्ध्याचलवासी किरातोंके हाथसे पाई हुई भेंट की सामग्रियाँ देखते हुए आगे बढ चले ॥३२॥ वहाँ पास ही उलटी पश्चिमकी ओर बहनेवाली गङ्गाजीपर हाथियोंका पुल बनाकर वे पार उतरने लगे। उस समय आकाशमें जो चञ्चल पङ्खोंवाले हंस उडते थे वे कुशपर डुलते हुए चँवरके समान लग रहे थे ॥३३॥ कुशने नावोंके चलनेसे चञ्चल जलवाली गङ्गाजीको प्रणाम किया क्योंकि कपिलके कोपसे जले हुए उनके पूर्वज सगरके पुत्र उसी जलकी कृपासे स्वर्ग पहुँचे थे ॥३४॥ इस प्रकार मार्गमें कुछ दिन बिताकर कुश भी सरयूके किनारे पहुँचे। वहाँ उन्हें बडे-बडे यज्ञ करनेवाले रघुवंशी राजाओंके गाडे हुए सैकडों यज्ञके खम्भे दिखाई दिए ।३५॥ अयोध्याके उपवनोंमें फूले हुए वृक्षोंकी डालियोंको हिलाता हुआ तथा सरयूके शीतल जलके स्पर्शसे ठण्डे वायुने आगे बढकर सेनाके साथ थके हुए कुशका स्वागत किया ॥३६॥ शत्रुविनाशक प्रजा-हितैषी राजाने फहराती हुई ध्वजावाली अपनी सेनाको नगरके आस पासके स्थानोंमें ठहरा दिया ॥३७॥ जैसे इन्द्रकी आज्ञासे बादल, जल बरसाकर गरमीसे तपी हुई पृथ्वीको हरा-भरा कर देते हैं, वैसे ही कुशकी

ततः सपर्यां सपशूपहारां पुरः परार्ध्यप्रतिमागृहायाः ।
उपोषितैर्वास्तुविधानविद्भिर्निर्वर्तयामास रघुप्रवीरः ॥३९॥
तस्याः स राजोपपदं निशान्तं कामीव कान्ताहृदयं प्रविश्य ।
यथार्हमन्यैरनुजीविलोकं संभावयामास यथाप्रधानम् ॥४०॥
सा मन्दुरासंश्रयिभिस्तुरंगैः शालाविधिस्तम्भगतैश्च नागैः ।
पूरावभासे विपणिस्थपण्या सर्वाङ्गनद्धाभरणेव नारी ॥४१॥
वसन्स तस्यां वसतौ रघूणां पुराणशोभामधिरोपितायाम् ।
न मैथिलेयः स्पृहयांबभूव भर्त्रे दिवो नाप्यलकेश्वराय ॥४२॥
अथास्य रत्नग्रथितोत्तरीयमेकान्तपाण्डुस्तनलम्बिहारम् ।
निःश्वासहार्यांशुकमाजगाम घर्मः प्रियावेषमिवोपदेष्टुम् ॥४३॥
अगस्त्यचिह्नादयनात्समीपं दिगुत्तरा भास्वति संनिवृत्ते ।
आनन्दशीतामिव बाष्पवृष्टिं हिमस्रुतिं हैमवतीं ससर्ज ॥४४॥
प्रवृद्धतापो दिवसोऽतिमात्रमत्यर्थमेव क्षणदा च तन्वी ।
उभौ विरोधक्रियया विभिन्नौ जायापती सानुशयाविवास्ताम् ॥४५॥
दिने दिने शैवलवन्त्यधस्तात्सोपानपर्वाणि विमुञ्चदम्भः ।
उद्दण्डपद्मं गृहदीर्घिकाणां नारीनितम्बद्वयसं बभूव ॥४६॥

आज्ञासे कारीगरोंने अपने यन्त्रोंकी सहायतासे अयोध्याका कायापलट कर दिया ॥३८॥ फिर व्रत और उपवास करनेवाले वास्तु-विद्याके पण्डितोंसे रघुवीर कुशने अनमोल मूर्तियोंसे भरे घरोंवाली अयोध्याका विधिपूर्वक पूजन कराया और पशुओंका बलिदान भी कराया ॥३९॥ जैसे कामी पुरुष स्त्रीके हृदयमें पैठ जाता है वैसे ही कुश भी अयोध्याके राजभवनमें प्रविष्ट हो गए और उन्होंने अपने मन्त्रियों आदिके रहनेके लिये दूसरे बहुतसे भवन दे दिए ॥४०॥ अयोध्याकी हाटोंमें सुन्दर-सुन्दर वस्तुएँ बिकनेको सजी हुई थीं, घुड़सालमें घोड़े बँधे हुए थे, हथसारोंके खम्भोंसे हाथी बँधे हुए थे। इस प्रकार वह नगरी ऐसी सुन्दर लगने लगी जैसे सारे शरीरपर गहना पहने हुए कोई स्त्री हो ॥४१॥ अयोध्या फिर पहले जैसी सुन्दर लगने लगी। उसमें निवास करके जानकीजीके पुत्र कुशको ऐसा सुख मिला कि न तो उन्हें सुन्दर-सुन्दर अप्सराओंसे भरे स्वर्गके स्वामी बननेकी इच्छा रह गई और न प्रचुर रत्नोंवाली अलकापुरीको ही लेनेकी ॥४२॥ इतनेमें ग्रीष्म ऋतु आई जिसने मानो इन्हें अपनी उस प्रियाका स्मरण करा दिया जिसकी चोटियोंमें रत्न लगे हों, जिसके गोरे-गोरे स्तनोंपर मोतियोंका हार लटका हो और जो साँससे उड़नेवाले महीन कपड़े पहने हुए हो ॥४३॥ गर्मीमें जो हिम अपने गला वह ऐसा लगता था मानो दक्षिण दिशासे सूर्यके लौट आनेसे प्रसन्नतामें उत्तर दिशाने आनन्दके ठंडे आँसुओंके समान पानीकी ठंडी धारा हिमालयसे बहाई हो ॥४४॥ अत्यन्त तपानेवाले बड़े दिन और अत्यन्त छोटी रातें, ये दोनों उस पछताए हुए पति-पत्नीके समान दिखाई देने लगे जो आपसमें झगड़ा करके एक दूसरेसे रूठ बैठे हों ॥४५॥ गर्मीके कारण घरकी बावड़ियाँ

वनेषु सायंतनमल्लिकानां विजृम्भणोद्गन्धिषु कुड्मलेषु।
प्रत्येकनिक्षिप्तपदः सशब्दं संख्यामिवैषां भ्रमरश्चकार ॥४७॥
स्वेदानुविद्धार्द्रनखक्षताङ्के भूयिष्ठसंदष्टशिखं कपोले।
च्युतं न कर्णादपि कामिनीनां शिरीषपुष्पं सहसा पपात ॥४८॥
यन्त्रप्रवाहैः शिशिरैः परीतान् रसेन धौतान्मलयोद्भवस्य।
शिलाविशेषानधिशय्य निन्युर्धारागृहेष्वातपमृद्धिमन्तः ॥४९॥
स्नानार्द्रमुक्तेष्वनुधूपवासं विन्यस्तसायंतनमल्लिकेषु।
कामो वसन्तात्ययमन्दवीर्यः केशेषु लेभे बलमङ्गनानाम् ॥५०॥
आपिञ्जरा बद्धरजःकणत्वान्मञ्जर्युदारा शुशुभेऽर्जुनस्य।
दग्ध्वापि देहं गिरिशेन रोषात्खण्डीकृता ज्येव मनोभवस्य ॥५१॥
मनोज्ञगन्धं सहकारभङ्गं पुराणशीधुं नवपाटलं च।
संबध्नता कामिजनेषु दोषाः सर्वे निदाघावधिना प्रमृष्टाः ॥५२॥
जनस्य तस्मिन्समये विगाढे बभूवतुर्द्वौ सविशेषकान्तौ।
तापापनोदक्षमपादसेवौ स चोदयस्थौ नृपतिः शशी च ॥५३॥
अथोर्मिलोलोन्मदराजहंसे रोधोलतापुष्पवहे सरय्वाः।
विहर्तुमिच्छा वनितासखस्य तस्याम्भसि ग्रीष्मसुखे बभूव ॥५४॥

भी सेवार जमी हुई सीढ़ियोंको छोड़कर पीछे हटने लगी [अर्थात् उनका पानी सूखने लगा] उनमें कमलकी डंडियाँ दिखाई देने लगीं और पानी घटकर स्त्रियोंकी कमर तक रह गया ॥४६॥ वनोंमें चमेली खिल गई और उसकी सुगन्ध चारों ओर फैलने लगी। सन्ध्याको गुनगुनाते हुए भौंरे उसके एक-एक फूल पर बैठकर मानो फूलोंकी गिनती करने लगे ॥४७॥ स्त्रियोंके गालोंपर प्रियतमके हाथोंसे बने नखक्षतोंपर पसीनेकी बूँदें फैल जाती थीं और कानपर रखे हुए सिरसके फूलोंका केसर उनसे सट जाता था। इसलिये जब वे फूल कान परसे गिरते भी थे तो सहसा पृथ्वीपर नहीं गिर पाते थे ॥४८॥ धनी लोग गर्मीमें ठंडी रहनेवाली उन विशेष प्रकारकी शिलाओंपर सोकर दुपहरी बिताते थे जो चन्दनसे धुली होती थीं और जिनके चारों ओर जल धाराएँ छूटती रहती थीं ॥४९॥ वसन्त बीत जानेके कारण जो कामदेव मन्द पड़ गया था वह स्त्रियोंके उन केशोंमें जाकर बस गया जो स्नान करनेपर खोल दिए जाते थे और जिसमें धूपसे सुगन्धित करके सामको फूलनेवाली चमेलीके सुगन्धित फूल खोंस लिए जाते थे ॥५०॥ परागसे भरी कुछ पीली-पीली अर्जुनकी मञ्जरी ऐसी लगती थी मानो कामदेवका शरीर भस्म करनेके पश्चात् शिवजीके हाथसे तोड़ी हुई कामदेवके धनुषकी डोरी हो ॥५१॥ मनोहर गन्धवाली आमकी बौर, पुरानी मदिरा और नये पाटलके फूल लाकर ग्रीष्म ऋतुने कामी पुरुषोंकी सब कमी पूरी कर दी ॥५२॥ उस कठिन ग्रीष्म समयमें उदित होकर दो ही तो प्रजाके बहुत प्यारे हुए। एक तो सेवासे प्रसन्न होकर निर्धनता आदि सन्तापोंको दूर करनेवाले राजा कुश और दूसरे शीतल किरणों से गर्मीका ताप दूर करनेवाले चन्द्रमा ॥५३॥ एक दिन कुशकी

स तीरभूमौ विहितोपकार्यामानायिभिस्तामपकृष्टनक्राम् ।
विगाहितुं श्रीमहिमानुरूपं प्रचक्रमे चक्रधरप्रभावः ॥५५॥
सा तीरसोपानपथावतारादन्योन्यकेयूरविघट्टिनीभिः ।
सनूपुरक्षोभपदाभिरासीदुद्विग्नहंसा सरिदङ्गनाभिः ॥५६॥
परस्पराभ्युक्षणतत्पराणां तासां नृपो मज्जनरागदर्शी ।
नौसंश्रयः पार्श्वगतां किरातीमुपात्तबालव्यजनां बभाषे ॥५७॥
पश्यावरोधैः शतशो मदीयैर्विगाह्यमानो गलिताङ्गरागैः ।
संध्योदयः साभ्र इवैष वर्णं पुष्यत्यनेकं सरयूप्रवाहः ॥५८॥
विलुप्तमन्तःपुरसुन्दरीणां यदञ्जनं नौलुलिताभिरद्भिः ।
तद्बध्नतीभिर्मदरागशोभां विलोचनेषु प्रतिमुक्तमासाम् ॥५९॥
एता गुरुश्रोणिपयोधरत्वादात्मानमुद्वोढुमशक्नुवत्यः ।
गाढाङ्गदैर्बाहुभिरप्सु बालाः क्लेशोत्तरं रागवशात्प्लवन्ते ॥६०॥
अमी शिरीषप्रसवावतंसाः प्रभ्रंशिनो वारिविहारिणीनाम् ।
पारिप्लवाः स्रोतसि निम्नगायाः शैवाललोलांश्छलयन्ति मीनान् ॥६१॥
आसां जलास्फालनतत्पराणां मुक्ताफलस्पर्धिषु शीकरेषु ।
पयोधरोत्सर्पिषु शीर्यमाणः संलक्ष्यते न च्छिदुरोऽपि हारः ॥६२॥

इच्छा हुई कि लहरोंके लहरानेसे मतवाले बने हुए हंसोंवाले, तटकी लताओंके फूलोंको बहानेवाले और गर्मीमें सुख देनेवाले सरयूके जलमें अपनी रानियोंके साथ विहार करें ॥५४॥ यह निश्चय करके विष्णुके समान प्रभावशाली कुश, सरयूके जलमें विहार करने चले। सरयूके तटपर डेरे डाल दिये गए और मल्लाहोंने जाल डालकर ग्राह आदि सब जीव-जन्तु उसमेंसे निकाल डाले ॥५५॥ जब कुशकी रानियाँ सीढ़ियोंसे पानीमें उतरने लगीं, उस समय उनके भुजबन्द एक दूसरेसे रगड़ खाने लगे, पैरके बिछुए बजने लगे और इन शब्दोंको सुन-सुनकर सरयूके हंस मचल उठे ॥५६॥ रानियाँ एक दूसरेपर जलके छींटे उड़ाने लगीं। उन रानियोंके स्नानकी शोभा देखकर नावपर बैठे हुए राजा पासमें चँवर लेकर खड़ी हुई किरातिनसे कहने लगे ॥५७॥ 'देख तो! मेरे रनवास की सैकड़ों रानियोंके स्नान करनेसे और उनके शरीरसे धुले हुए शृंगारके मिल जानेसे सरयूकी धारा ऐसी रंग-बिरंगी लगने लगी है जैसे बादलोंसे भरी सन्ध्या ॥५८॥ नावोंके चलनेसे जलमें जो लहरें उठती हैं उन्होंने इन सुन्दरियोंकी आँखोंका अञ्जन धो दिया है और उसके बदलेमें मदपानने समककी लाली इनकी आँखोंमें भरदी है ॥५९॥ भारी नितम्बों और स्तनोंके कारण ये रानियाँ भली भाँति तैर नहीं पातीं फिर भी खेलमें सम्मिलित होनेके कारण ये अपने मोटे-मोटे भुज बन्दोंवाली बाँहोंसे जलमें बड़ी कठिनाईसे तैर रही हैं ॥६०॥ इन जल-क्रीडा करनेवाली रानियोंके कानोंसे सिरसके कर्णफूल खिसककर नदीमें गिरकर तैर रहे हैं। इनको देखकर मछलियोंको सेवारका भ्रम हो रहा है और वे इनपर मुँह मारनेको झपट रही हैं ॥६१॥ देख, जलक्रीडामें

आवर्तशोभा नतनाभिकान्तेर्भङ्गो भ्रुवां द्वन्द्वचराः स्तनानाम् ।
जातानि रूपावयवोपमानान्यदूरवर्तीनि विलासिनीनाम् ॥६३॥
तीरस्थलीबर्हिभिरुत्कलापैः प्रस्निग्धकेकैरभिनन्द्यमानम् ।
श्रोत्रेषु सम्मूर्च्छति रक्तमासां गीतानुगं वारिमृदङ्गवाद्यम् ॥६४॥
संदष्टवस्त्रेष्वबलानितम्बेष्विन्दुप्रकाशान्तरितोडुतुल्याः ।
अमी जलापूरितसूत्रमार्गा मौनं भजन्ते रशनाकलापाः ॥६५॥
एताः करोत्पीडितवारिधारा दर्पात्सखीभिर्वदनेषु सिक्ताः ।
वक्रेतराग्रैरलकैस्तरुण्यश्चूर्णारुणान्वारिलवान्वमन्ति ॥६६॥
उद्बन्धकेशश्च्युतपत्त्रलेखो विश्लेषिमुक्ताफलपत्त्रवेष्टः ।
मनोज्ञ एव प्रमदामुखानामम्भोविहाराकुलितोऽपि वेषः ॥६७॥
स नौविमानादवतीर्य रेमे विलोलहारः सह ताभिरप्सु ।
स्कन्धावलग्नोद्धृतपद्मिनीकः करेणुभिर्वन्य इव द्विपेन्द्रः ॥६८॥
ततो नृपेणानुगताः स्त्रियस्ता भ्राजिष्णुना सातिशयं विरेजुः
प्रागेव मुक्ता नयनाभिरामाः प्राप्येन्द्रनीलं किमुतोन्मयूखम् ॥६९॥

लगी हुई इन रानियोको यह भी नहीं सुध है कि हमारे हार टूट गए हैं और मोती बिखर गए हैं। मोतियोके समान बूंदोको ही मोती मानकर ये समझे बैठी हैं कि हार टूटा नहीं है ॥६२॥ देख, सुन्दरी स्त्रियोंके शरीरके अंगोके समान जो वस्तुएँ संसारमें प्रसिद्ध हैं वे सब इन सुन्दरियोके आस पास जुट आई हैं। ये पानीकी भँवरें इनकी गहरी नाभिके समान हैं, लहरें इनकी भौंहोंके समान हैं और चकवा-चकवी इनके स्तनोके समान हैं ॥६३॥ ये गा-गाकर जो मृदंग बजानेके समान थपकी दे-देकर जल ठोक रही हैं उसे सुनकर बैठे हुए मोर अपनी पूंछ उठाकर और बोलकर उनका अभिनन्दन कर रहे हैं ॥६४॥ इन रानियोने अपने नितम्बोंपर श्वेत वस्त्र लपेट लिया है जिसके नीचे तगड़ीके घुंघरू ऐसे दिखाई देते हैं जैसे चाँदनीसे ढके हुए तारे हो। तगड़ीके डोरोंमें जल भर जानेसे इन स्त्रियोके इधरसे उधर दौड़नेपर भी ये बज नहीं रहे हैं ॥६५॥ जब इनकी सखियाँ इनके मुँहपर पानी डालती हैं और ये अहंकारसे अपनी सखियोंपर पानी उछालती हैं तब इनके सीधे लटके हुए बालोंसे कुंकुम मिली हुई लाल रंगकी बूँदें चूने लगती हैं ॥६६॥ यद्यपि स्नानके कारण बाल खुल जानेसे, मुँह पर और स्तनोंपर बनी हुई चित्रकारीके घुल जानेसे, तथा मोतियोंके कर्णफूल कानसे निकल जानेसे इन स्त्रियोंका वेश बेढंगा हो गया है फिर भी देख, ये कितनी मनोहर लग रही हैं ॥६७॥ यह कहकर कुश भी पानीमें उतर पड़े और जैसे कमलिनियोंको उखाड़कर कन्धेपर लटका कर हाथी अपनी हथिनियोंके साथ जलक्रीड़ा करता है वैसे ही वे भी उन स्त्रियोंके साथ जल विहार करने लगे ॥६८॥ उस कान्तिमान् राजाके साथ क्रीड़ा करती हुई वे रानियाँ पहलेसे भी अधिक सुन्दर लगने लगीं क्योंकि मोती तो यों ही सुन्दर होता है और फिर

वर्णोदकैः काञ्चनशृङ्गमुक्तैस्तमायताक्ष्यः प्रणयादसिञ्चन् ।
तथागतः सोऽतितरां बभासे सधातुनिष्यन्द इवाद्रिराजः ॥७०॥
तेनावरोधप्रमदासखेन विगाहमानेन सरिद्वरां ताम् ।
आकाशगङ्गारतिरप्सरोभिर्वृतो मरुत्वाननुयातलीलः ॥७१॥
यत्कुम्भयोनेरधिगम्य रामः कुशाय राज्येन समं दिदेश ।
तदस्य जैत्राभरणं विहर्तुरज्ञातपातं सलिले ममज्ज ॥७२॥
स्नात्वा यथाकाममसौ सदारस्तीरोपकार्यां गतमात्र एव ।
दिव्येन शून्यं वलयेन बाहुमपोढनेपथ्यविधिर्ददर्श ॥७३॥
जयश्रियः संवननं यतस्तदामुक्तपूर्वं गुरुणा च यस्मात् ।
सेहेऽस्य न भ्रंशमतो न लोभात्स तुल्यपुष्पाभरणो हि धीरः ॥७४॥
ततः समाज्ञापयदाशु सर्वानानायिनस्तद्विचये नदीष्णान् ।
वन्ध्यश्रमास्ते सरयूं विगाह्य तमूचुरम्लानमुखप्रसादाः ॥७५॥
कृतः प्रयत्नो न च देव लब्धं मग्नं पयस्याभरणोत्तमं ते ।
नागेन लौल्यात्कुमुदेन नूनमुपात्तमन्तर्ह्रदवासिना तत् ॥७६॥
ततः स कृत्वा धनुराततज्यं धनुर्धरः कोपविलोहिताक्षः ।
गारुत्मतं तीरगतस्तरस्वी भुजंगनाशाय समाददेऽस्त्रम् ॥७७॥

यदि वह इन्द्र नीलमणिके साथ गूँथ दिया जाय तब तो कहना ही क्या ॥६९॥ वे स्त्रियाँ सोनेकी पिचकारियोंसे रंग छोड़-छोड़कर उन्हें भिगोने लगीं। उस समय वे ऐसे चमकने लगे जैसे पर्वतराज हिमालय परसे गेरूका झरना गिर रहा हो ॥७०॥ स्त्रियोंके साथ सरयूमें जल, क्रीड़ा करते समय कुश ऐसे लगते थे मानो देवराज इन्द्र अप्सराओंके साथ आकाशगङ्गामें जलक्रीड़ा कर रहे हों ॥७१॥ रामको अगस्त्य ऋषिने जैत्र [अर्थात् सदा जितानेवाला] जो आभूषण दिया था उसे रामने राज्यके साथ ही कुशको दे दिया था जल-क्रीड़ा करते समय वह आभूषण पानीमें गिर पड़ा और किसीको इसका ध्यान भी नहीं हुआ ॥७२॥ रानियोंके साथ इच्छानुसार जल-क्रीड़ा करके जब कुश बाहर निकले और डेरेमें गए तब कपड़े बदलनेके पहले ही उन्होंने देखा कि भुजापर वह दिव्य आभूषण नहीं है ॥७३॥ बुद्धिमान् राजा कुश, फूल और आभूषण दोनोंको बराबर समझते थे। अतः उन्हें उस आभूषणके खोनेका इसलिये दुःख नहीं था कि वह बहुमूल्य था, वरन् इसलिये दुःख हुआ कि वह आभूषण विजय-लक्ष्मी प्राप्त करनेवाला था और पिताका चिह्न था ॥७४॥ तब उन्होंने सब धीवरोंको आभूषण ढूँढनेकी आज्ञा दी। बहुत देरतक उन लोगोंने पानी झकोरा पर उनका सब परिश्रम व्यर्थ गया। वे कुशके पास आकर बोले—॥७५॥ 'हे देव ! बहुत परिश्रम करनेपर भी हम लोग जलमें पड़ा हुआ आपका आभूषण नहीं पा सके। जान पड़ता है कि इस जलमें रहनेवाले कुमुद नामके नागने लोभसे उसे चुरा लिया है ॥७६॥ यह सुनते ही कुशकी आँखें कोपसे लाल हो गईं

तस्मिन्ह्रदः संहितमात्र एव क्षोभात्समाविद्धतरङ्गहस्तः ।
रोधांसि निघ्नन्नवपातमग्नः करीव वन्यः परुषं ररास ॥७८॥
तस्मात्समुद्रादिव मथ्यमानादुद्वृत्तनक्रात्सहसोन्ममज्ज ।
लक्ष्म्येव सार्धं सुरराजवृक्षः कन्यां पुरस्कृत्य भुजंगराजः ॥७९॥
विभूषणप्रत्युपहारहस्तमुपस्थितं वीक्ष्य विशांपतिस्तम् ।
सौपर्णमस्त्रं प्रतिसंजहार प्रह्वेष्वनिर्बन्धरुषो हि सन्तः ॥८०॥
त्रैलोक्यनाथप्रभवं प्रभावात्कुशं द्विषामङ्कुशमस्त्रविद्वान् ।
मानोन्नतेनाप्यभिवन्द्य मूर्ध्ना मूर्धाभिषिक्तं कुमुदो बभाषे ॥८१॥
अवैमि कार्यान्तरमानुषस्य विष्णोः सुताख्यामपरां तनुं त्वाम् ।
सोऽहं कथं नाम तवाचरेयमाराधनीयस्य धृतेर्विघातम् ॥८२॥
कराभिघातोत्थितकन्दुकेयमालोक्य बालातिकुतूहलेन ।
ह्रदात्पतज्ज्योतिरिवान्तरिक्षादादत्त जैत्राभरणं त्वदीयम् ॥८३॥
तदेतदाजानुविलम्बिना ते ज्याघातरेखाकिणलाञ्छनेन ।
भुजेन रक्षापरिघेण भूमेरुपैतु योगं पुनरंसलेन ॥८४॥
इमां स्वसारं च यवीयसीं मे कुमुद्वतीं नार्हसि नानुमन्तुम् ।
आत्मापराधं नुदतीं चिराय शुश्रूषया पार्थिव पादयोस्ते ॥८५॥

और वहीं तटपर खड़े होकर उन्होंने धनुषको ठीक किया और उसपर नागोंका नाश करनेवाला गारुडास्त्र चढ़ाया ॥७७॥ उनके धनुष चढ़ाते ही वहाँका जल, खलबलाता हुआ, अपने तरंग-रूपी हाथ जोड़े हुए, तटको तोड़ता हुआ ऐसे गरजने लगा जैसे गड्ढेमें पड़ा हुआ कोई हाथी चिग्घाड़ रहा हो ॥७८॥ उस जलको समुद्रके समान मथा जाता देखकर घड़ियाल आदि जीव घबरा उठे। इतनेमें ही उस जलमेंसे अचानक एक कन्याको आगे किए हुए नागराज कुमुद इस प्रकार निकले मानो लक्ष्मीको साथ लेकर कल्पवृक्ष निकल आया हो ॥७९॥ कुशने देखा कि कुमुदके हाथमें वही आभूषण है, इसलिये उन्होंने धनुषपरसे गारुडास्त्र उतार लिया क्योंकि सज्जन लोग उनपर क्रोध नहीं करते जो नम्र होकर उनके आगे आते हैं ॥८०॥ त्रिलोकीनाथ रामके पुत्र तथा शत्रुओंको अंकुशके समान दुःख देनेवाले राजा कुशके आगे मानसे उठा हुआ अपना सिर नवाकर कुमुदने प्रणाम किया क्योंकि वह कुशके बाणकी शक्ति भली भाँति जानता था। प्रणाम करके वह बोला —॥८१॥ 'मैं यह जानता हूँ कि आप राक्षसोंका नाश करनेके लिये मनुष्यका शरीर धारण करनेवाले विष्णुके ही दूसरे रूप अर्थात् पुत्र हैं, इसलिये आप पूजनीय हैं। फिर मैं भला आपसे कैसे बैर कर सकता हूँ ॥८२॥ यह मेरी कन्या गेंद खेल रही थी। हाथकी थपकीसे गेंद ऊपर उछल गई। उसे देखनेके लिये उसने जो ऊपर आँखें उठाईं तो देखा कि आकाशसे गिरते हुए तारेके समान आपका आभूषण नीचे चला आ रहा है। इसने झट उसे पकड़ लिया ॥८३॥ आप इसे लीजिए और अपनी उस मोटी और घुटनों तक लम्बी भुजामें फिर बाँध लीजिए जिसमें धनुषकी डोरीकी फटकारसे घट्ठे पड़ गए हैं और जो पृथ्वीकी रक्षा करती है ॥८४॥ हे राजन्! यह मेरी छोटी बहन कुमुद्वती

इत्यूचिवानुपहृताभरणः क्षितीशं
श्लाघ्यो, भवान्स्वजन इत्यनुभाषितारम् ।
संयोजयां विधिवदास समेतबन्धु,
कन्यामयेन कुमुदः कुलभूषणेन ॥८६॥

तस्याः स्पृष्टे मनुजपतिना साहचर्याय हस्ते,
माङ्गल्योर्णावलयिनि पुरः पावकस्योच्छिखस्य ।
दिव्यस्तूर्यध्वनिरुदचरद्व्यश्नुवानो दिगन्तान्,
गन्धोदग्रं तदनु ववृषुः पुष्पमाश्चर्यमेघाः ॥८७॥

इत्थं नागस्त्रिभुवनगुरोरौरसं मैथिलेयं,
लब्ध्वा बन्धुं तमपि च कुशः पंचमं तक्षकस्य ।
एकः शङ्कां पितृवधरिपोरत्यजद्वैनतेया,
च्छान्तव्यालामवनिमपरः पौरकान्तः शशास ॥८८॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
कुमुद्वतीपरिणयो नाम षोडशः सर्गः ॥

जीवन भर आपकी सेवा करके अपना अपराध मिटाना चाहती है, इसलिये आप इसे अपनी पत्नीके रूपमें ग्रहण कर लीजिए ॥८५॥ यह कहकर कुमुदने वह आभूषण कुशको दे दिया। कुश बोले-'आजसे आप मेरे आदरणीय सम्बन्धी हुए' । यह सुनकर कुमुदने अपने कुटुम्बियोंको बुलाया और बड़ी धूमधामसे अपनी कन्या कुशको ब्याह दी ॥८६॥ जब राजा कुशने अग्निके आगे उस कन्याका ऊनी कंगन बँधा हुआ हाथ पकड़ा, उस समय तुरही आदि बाजोंकी ध्वनिसे दिशाएँ गूँज उठीं और विचित्र प्रकारके मेघोंने आकर आकाशसे सुगन्धित फूल बरसा दिए ॥८७॥ इस प्रकार नागराज कुमुदने त्रिलोकीनाथ विष्णु अर्थात् रामके सच्चे पुत्र कुशको अपना सम्बन्धी बनाकर गरुड़से डरना छोड़ दिया क्योंकि अब वह उसके सम्बन्धीके पिताका वाहन मात्र था। कुशने भी नागराज तक्षकके पाँचवें पुत्र कुमुदको सम्बन्धी बना लिया जिससे सर्प शान्त हो गए और कुश पृथ्वीपर भली भाँति राज करने लगे ॥८८॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें कुमुद्वतीका विवाह
नामका सोलहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

सप्तदशः सर्गः

अतिथिं नाम काकुत्स्थात्पुत्रं प्राप कुमुद्वती ।
पश्चिमाद्यामिनीयामात्प्रसादमिव चेतना ॥१॥
स पितुः पितृमान्वंशं मातुश्चानुपमद्युतिः ।
अपुनात्सवितेवोभौ मार्गावुत्तरदक्षिणौ ॥२॥
तमादौ कुलविद्यानामर्थमर्थविदां वरः ।
पश्चात्पार्थिवकन्यानां पाणिमग्राहयत्पिता ॥३॥
जात्यस्तेनाभिजातेन शूरः शौर्यवता कुशः ।
अमन्यतैकमात्मानमनेकं वशिना वशी ॥४॥
स कुलोचितमिन्द्रस्य साहायकमुपेयिवान् ।
जघान समरे दैत्यं दुर्जयं तेन चावधि ॥५॥
तं स्वसा नागराजस्य कुमुदस्य कुमुद्वती ।
अन्वगात्कुमुदानन्दं शशांकमिव कौमुदी ॥६॥
तयोर्दिवस्पतेरासीदेकः सिंहासनार्धभाक् ।
द्वितीयापि सखी शच्याः पारिजातांशभागिनी ॥७॥
तदात्मसंभवं राज्ये मन्त्रिवृद्धाः समादधुः ।
स्मरन्तः पश्चिमामाज्ञां भर्तुः संग्रामयायिनः ॥८॥

ते तस्य कल्पयामासुरभिषेकाय शिल्पिभिः ।
विमानं नवमुद्वेदि चतुःस्तम्भप्रतिष्ठितम् ॥९॥
तत्रैनं हेमकुम्भेषु संभृतैस्तीर्थवारिभिः ।
उपतस्थुः प्रकृतयो भद्रपीठोपवेशितम् ॥१०॥
नदद्भिः स्निग्धगम्भीरं तूर्यैराहतपुष्करैः ।
अन्वमीयत कल्याणं तस्याविच्छिन्नसंततिः ॥११॥
दूर्वायवाङ्कुरप्लक्षत्वगभिन्नपुटोत्तरान् ।
ज्ञातिवृद्धैः प्रयुक्तान्स भेजे नीराजनाविधीन् ॥१२॥
पुरोहितपुरोगास्तं जिष्णुं जैत्रैरथर्वभिः ।
उपचक्रमिरे पूर्वमभिषेक्तुं द्विजातयः ॥१३॥
तस्यौघमहती मूर्ध्नि निपतन्ती व्यरोचत ।
सशब्दमभिषेकश्रीर्गङ्गेव त्रिपुरद्विषः ॥१४॥
स्तूयमानः क्षणे तस्मिन्नलक्ष्यत स वन्दिभिः ।
प्रवृद्ध इव पर्जन्यः सारङ्गैरभिनन्दितः ॥१५॥
तस्य सन्मन्त्रपूताभिः स्नानमद्भिः प्रतीच्छतः ।
ववृधे वैद्युतस्याग्नेर्वृष्टिसेकादिव द्युतिः ॥१६॥
स तावदभिषेकान्ते स्नातकेभ्यो ददौ वसु ।
यावतैषां समाप्येरन्यज्ञः पर्याप्तदक्षिणाः ॥१७॥

मन्त्रियोंने उसके अभिषेकके लिये कारीगरोंसे चार खंभोंका नया मंडप बनवाया ॥९॥ प्रजाने भद्रपीठपर बैठे हुए राजा अतिथिको सोनेके घड़ोंमें भरे हुए तीर्थोंके जलसे नहलाया ॥१०॥ थाप पड़ने पर मृदंग आदि बाजोंसे जो मीठा और गम्भीर शब्द निकल रहा था वह यह सूचना दे रहा था कि राजा अतिथिका सदा कल्याण होगा ॥११॥ दूब, जौके अंकुर, बड़की छाल और महुए के फूल दोनोंमें रखकर कुलके बूढ़ोंने जो आरती की, उसे राजा अतिथिने बड़े आदरसे स्वीकार किया ॥१२॥ तब पुरोहितजीको आगे करके ब्राह्मण आए और उन्होंने विजयी राजाको अथर्ववेदके उन मन्त्रोंको पढ़कर नहलाना प्रारम्भ किया जिनसे विजय प्राप्त होती है ॥१३॥ उनके सिरपर गिरती हुई अभिषेकके जलकी धारा ऐसी सुन्दर लगती थी मानो शिवजीके सिरपर गङ्गाजीकी धारा गिर रही हो ॥१४॥ उस समय भाट और चारण जब उनका विरद बखानने लगे तो ऐसा लगता था मानो चातक मिलकर बादलके गुण गा रहे हों ॥१५॥ मन्त्रोंसे पवित्र हुए जलसे स्नान करते समय उनके शरीरका तेज वैसे ही बढ़ गया जैसे वर्षाके जलसे बिजलीकी चमक बढ़ जाती है ॥१६॥ अभिषेकके पश्चात् उन्होंने यज्ञ करानेवाले ब्राह्मणोंको इतना धन दिया कि उस

ते प्रीतमनसस्तस्मै यामाशिषमुदैरयन् ।
सा तस्य कर्मनिर्वृत्तैर्दूरं पश्चात्कृता फलैः ॥१८॥
बन्धच्छेदं स बद्धानां वधार्हाणामवध्यताम् ।
धुर्याणां च धुरो मोक्षमदोहं चादिशद्गवाम् ॥१९॥
क्रीडापतत्रिणोऽप्यस्य पञ्जरस्थाः शुकादयः ।
लब्धमोक्षास्तदादेशाद्यथेष्टगतयोऽभवन् ॥२०॥
ततः कक्ष्यान्तरन्यस्तं गजदन्तासनं शुचिः ।
सोत्तरच्छदमध्यास्त नेपथ्यग्रहणाय सः ॥२१॥
तं धूपाश्यानकेशान्तं तोयनिर्णिक्तपाणयः ।
आकल्पसाधनैस्तैस्तैरुपसेदुः प्रसाधकाः ॥२२॥
तेऽस्य मुक्तागुणोन्नद्धं मौलिमन्तर्गतस्रजम् ।
प्रत्यूपुः पद्मरागेण प्रभामण्डलशोभिना ॥२३॥
चन्दनेनाङ्गरागं च मृगनाभिसुगन्धिना ।
समापय्य ततश्चक्रुः पत्रं विन्यस्तरोचनम् ॥२४॥
आमुक्ताभरणः स्रग्वी हंसचिह्नदुकूलवान् ।
आसीदतिशयप्रेक्ष्यः स राज्यश्रीवधूवरः ॥२५॥

धनसे वे स्वयं गहरी दक्षिणा दे-देकर अपना एक-एक यज्ञ कर सकते थे ॥१७॥ ब्राह्मणोंने प्रसन्न होकर उन्हें जो आशीर्वाद दिया उस आशीर्वादको फलीभूत होनेके लिये बहुत दिन देखने पड़े क्योंकि आशीर्वादके समय तो राजा अतिथि अपने पूर्व जन्मके सत्कर्मों का ही फल भोग रहे थे, [आशीर्वादका फल तो उस फलके समाप्त होनेपर प्रारम्भ होता] ॥१८॥ राज्याभिषेककी प्रसन्नतामें अतिथिने आज्ञा दी कि बन्दियोंको छोड़ दिया जाय, मृत्यु-दण्ड पाए हुए मारे न जायँ, बोझ ढोनेवाले पशुओंके कन्धेपरसे जुए उतार लिए जायँ और गौओंका दूध बछड़ोंको पीनेके लिये छोड़ दिया जाय ॥१९॥ उनकी आज्ञासे पिंजड़ेके सुग्गे आदि पक्षी भी छोड़ दिए गए जो अपने मनसे इधर-उधर उड़ कर घूमने लगे ॥२०॥ तब वह अपना राजसी सिंगार करानेके लिये हाथी-दाँतके बने उस सिंहासनपर बैठा जो राजभवनमें एक ओर रक्खा हुआ था और जिसपर बिछावन बिछा हुआ था ॥२१॥ सिंगारियोंने स्वच्छ हाथोंसे, धूपसे सुगंधित केशवाले राजा अतिथिको सब प्रकारसे सजा दिया ॥२२॥ फूल और मोतियोंकी मालाओंसे गूँथे हुए राजाके सिरपर उन्होंने वह पद्मराग मणि बाँधा जिसकी सुन्दर चमक चारों ओर फैल गई ॥२३॥ तब उन्होंने कस्तूरीसे बने हुए चन्दनका अंगराग लगाकर गोरोचनसे राजाका मुँह पोता ॥२४॥ आभूषण और माला पहने हुए, हंस छपा हुआ दुपट्टा ओढ़े हुए राजा अतिथि उस

नेपथ्यदर्शिनश्छाया तस्यादर्शे हिरण्मये ।
विरराजोदिते सूर्ये मेरौ कल्पतरोरिव ॥२६॥
स राजककुदव्यग्रपाणिभिः पार्श्ववर्तिभिः ।
ययावुदीरितालोकः सुधर्मानवमां सभाम् ॥२७॥
वितानसहितं तत्र भेजे पैतृकमासनम् ।
चूडामणिभिरुद्घृष्टपादपीठं महीक्षिताम् ॥२८॥
शुशुभे तेन चाक्रान्तं मङ्गलायतनं महत् ।
श्रीवत्सलक्षणं वक्षः कौस्तुभेनेव कैशवम् ॥२९॥
बभौ भूयः कुमारत्वादाधिराज्यमवाप्य सः ।
रेखाभावादुपारूढः सामग्र्यमिव चन्द्रमाः ॥३०॥
प्रसन्नमुखरागं तं स्मितपूर्वाभिभाषिणम् ।
मूर्तिमन्तममन्यन्त विश्वासमनुजीविनः ॥३१॥
स पुरं पुरुहूतश्रीः कल्पद्रुमनिभध्वजाम् ।
क्रममाणश्चकार द्यां नागेनैरावतौजसा ॥३२॥
तस्यैकस्योच्छ्रितं छत्रं मूर्ध्नि तेनामलत्विषा ।
पूर्वराजवियोगौष्म्यं कृत्स्नस्य जगतो हृतम् ॥३३॥

समय ऐसे सुन्दर दिखाई देते थे मानो राजलक्ष्मीरूपी वधूके दूल्हे हों ॥२५॥ सोनेके-चौखटेवाले दर्पणमें जब वे अपनी सजावट देखने लगे उस समय उनका प्रतिबिम्ब ऐसा लग रहा था मानो सूर्योदयके समय सुमेरु पर्वतपर कल्पवृक्षका प्रतिबिम्ब पड रहा हो ॥२६॥ तब वे अपनी उस सभा-की ओर चले जो किसी भी प्रकार देवताओंकी सभासे कम नहीं थी। उनके पीछे-पीछे बहुतसे सेवक हाथसे चँवर डुलाते और जय-जयकार करते चल रहे थे ॥२७॥ वहाँ चँदोवा लगे हुए अपने पूर्व पुरखोंके सिंहासनपर वे तत्काल जा बैठे। उनके पैरके नीचे रक्खा हुआ पीढा प्रणाम करनेवाले राजाओंके सिरकी मणियोंकी रगडसे घिस गया ॥२८॥ जैसे भृगुके चरणकी चोटसे बने हुए श्रीवत्सके चिह्नवाला विष्णुका वक्षःस्थल कौस्तुभ मणिसे चमक उठता है वैसे ही राजा अतिथिके बैठनेसे वह सभा-भवन भी जगमगा उठा ॥२९॥ राजा अतिथिको युवराज बननेका अवसर ही नहीं आया क्योंकि वे कुमार अवस्थाके पश्चात् तुरन्त ही इस प्रकार महाराज हो गए मानो एक कलावाले चन्द्रमामें तुरन्त सोलहों कलाएँ आ गई हों ॥३०॥ उनका मुख सदा प्रसन्न रहता था और वे सबसे हँसकर बोलते थे इसलिये उनके सेवक उन्हें साक्षात् विश्वासके समान मानते थे ॥३१॥ इन्द्रके समान ऐश्वर्यशाली राजा अतिथि जब ऐरावतके समान बलवान् हाथीपर चढकर अयोध्यामें घूमने निकले तब कल्पवृक्षके समान ध्वजाओंवाली अयोध्या नगरी स्वर्गके समान लगने लगी ॥३२॥ यद्यपि राज-छत्र केवल अतिथिके सिरपर ही लगा हुआ था पर

धूमादग्नेः शिखाः पश्चादुदयादंशवो रवेः ।
सोऽतीत्य तेजसां वृत्तिं सममेवोत्थितो गुणैः ॥३४॥
तं प्रीतिविशदैर्नेत्रैरन्वयुः पौरयोषितः ।
शरत्प्रसन्नैर्ज्योतिर्भिर्विभावर्य इव ध्रुवम् ॥३५॥
अयोध्यादेवताश्चैनं प्रशस्तायतनार्चिताः ।
अनुदध्युरनुध्येयं सांनिध्यैः प्रतिमागतैः ॥३६॥
यावन्नाश्यायते वेदिरभिषेकजलाप्लुता ।
तावदेवास्य वेलान्तं प्रतापः प्राप दुःसहः ॥३७॥
वशिष्ठस्य गुरोर्मन्त्राः सायकास्तस्य धन्विनः ।
किं तत्साध्यं यदुभये साधयेयुर्न संगताः ॥३८॥
स धर्मस्थसखः शश्वदर्थिप्रत्यर्थिनां स्वयम् ।
ददर्श संशयच्छेद्यान्व्यवहारानतन्द्रितः ॥३९॥
ततः परमभिव्यक्तसौमनस्यनिवेदितैः ।
युयोज पाकाभिमुखैर्भृत्यान्विज्ञापनाफलैः ॥४०॥
प्रजास्तद्गुरुणा नद्यो नभसेव विवर्धिताः ।
तस्मिंस्तु भूयसीं वृद्धिं नभस्ये ता इवाययुः ॥४१॥

उस श्वेत रथके छत्रने सारे संसारके उस तापको दूर कर दिया जो कुशके वियोगसे उत्पन्न हो गया था ॥३३॥ आगकी लपटें धुआँ निकलनेके पीछे उठती हैं और किरणें सूर्यके उदय होनेके पीछे दिखाई देती हैं पर अतिथिने इन तेजस्वियोंके नियमोंको भी उलट दिया क्योंकि उनके गुण उनके राजा बननेके साथ साथ प्रकट हो गए ॥३४॥ जैसे शरद् ऋतुकी निर्मल रातोंके तारे ध्रुवके चारों ओर घूमते हैं, वैसे ही नगरकी स्त्रियोंकी प्रेम-भरी आँखें भी अतिथिपर लट्टू हो गईं ॥३५॥ अयोध्याके बड़े-बड़े मन्दिरोंमें जिन देवताओंकी पूजा की गई उन्होंने अपनी मूर्तियोंमें पैठ-पैठकर कृपाके योग्य राजा अतिथिपर बड़ी कृपा की ॥३६॥ अभी अभिषेकके जलसे भीगी हुई वेदी सूखने भी न पाई थी कि उनका दुस्सह प्रताप समुद्रके तटतक पहुँच गया ॥३७॥ गुरु वशिष्ठके मन्त्र और धनुषधारी राजाके बाण दोनोंने, कोई ऐसा कार्य नहीं था जिसे मिलकर पूरा न कर डाला हो ॥३८॥ धर्मात्माओंके मित्र राजा अतिथि, आलस्य छोड़कर वादी-प्रतिवादियोंके पेचीदे झगड़े स्वयं निपटाते थे ॥३९॥ जैसे वृक्षको फूला हुआ देखकर यह जान लिया जाता है कि इससे इतने फल मिलेंगे वैसे ही राजा अतिथिके प्रसन्न मुखको देखकर ही उनके सेवक जान जाते थे कि हमें इतना धन मिलेगा ॥४०॥ कुशके समयमें जो प्रजा सावनकी नदीके समान भरी-पूरी रहती थी वह फिर अतिथिके राज्यमें भादोंकी नदीके समान और भी

यदुवाच न तन्मिथ्या यद्ददौ न जहार तत् ।
सोऽभूद्भग्नव्रतः शत्रूनुद्धृत्य प्रतिरोपयन् ॥४२॥
वयोरूपविभूतीनामेकैकं मदकारणम् ।
तानि तस्मिन्समस्तानि न तस्योत्सिषिचे मनः ॥४३॥
इत्थं जनितरागासु प्रकृतिष्वनुवासरम् ।
अक्षोभ्यः स नवोऽप्यासीद्दृढमूल इव द्रुमः ॥४४॥
अनित्याः शत्रवो बाह्या विप्रकृष्टाश्च ते यतः ।
अतः सोऽभ्यन्तरान्नित्यान्षट्पूर्वमजयद्रिपून् ॥४५॥
प्रसादाभिमुखे तस्मिंश्चपलापि स्वभावतः ।
निकषे हेमरेखेव श्रीरासीदनपायिनी ॥४६॥
कातर्यं केवला नीतिः शौर्यं श्वापदचेष्टितम् ।
अतः सिद्धिं समेताभ्यामुभाभ्यामन्वियेष सः ॥४७॥
न तस्य मण्डले राज्ञो न्यस्तप्रणिधिदीधितेः ।
अदृष्टमभवत्किंचिद्व्यभ्रस्येव विवस्वतः ॥४८॥
रात्रिंदिवविभागेषु यदादिष्टं महीक्षिताम् ।
तत्सिषेवे नियोगेन स विकल्पपराङ्मुखः ॥४९॥

अधिक उतराने लगी ॥४१॥ राजा अतिथिने मुँहसे जो कह दिया उसे पूरा कर दिखाया, जिसे जो दे दिया उससे फिर लिया नहीं। पर हाँ, शत्रुओंको उखाड़कर उन्हें फिर जमाते समय उन्होंने यह नियम तोड़ दिया था ॥४२॥ यौवन, सौन्दर्य और ऐश्वर्य, इनमेंसे एक भी वस्तु जिसके पास होती है वह मतवाला हो जाता है, पर राजा अतिथिके पास ये सभी थे फिर भी उन्हें अभिमान छू तक न गया था ॥४३॥ इस प्रकार प्रजा उनसे दिनपर दिन अधिक प्रेम करने लगी और नये राजा होनेपर भी वे गहरी जड़वाले वृक्षके समान अचल हो गए ॥४४॥ यह सोचकर कि बाहरी शत्रु तो सदा होते नहीं और होते भी हैं तो दूर रहते हैं, इसलिये उन्होंने शरीरके भीतर सदा रहनेवाले छहों [काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर] शत्रुओंको पहले ही जीत लिया ॥४५॥ स्वभावसे चञ्चल लक्ष्मी भी प्रसन्न मुखवाले अतिथिके पास आकर उसी प्रकार अचल होकर बैठ गई जैसे कसौटीपर बनी हुई सोनेकी लकीर पक्की होकर बैठ जाती है ॥४६॥ केवल कूटनीतिसे काम लेना कायरता है और मारकाटसे जीतना हिंसक पशुओंका स्वभाव है, इसलिये उन्होंने कूटनीति और मारकाट दोनोंको मिलाकर शत्रुओंको जीता ॥४७॥ जैसे खुले आकाशमें सूर्यकी किरणोंके फैल जानेसे कुछ भी छिपा नहीं रह जाता, वैसे ही अतिथिने चारों ओर दूतोंका ऐसा जाल बिछा दिया कि प्रजाकी कोई बात उनसे छिपी नहीं रह पाती थी ॥४८॥ शास्त्रोंने राजाओंके लिए दिन और रातमें जो कर्तव्य निर्धारित किए हैं

मन्त्रः प्रतिदिनं तस्य बभूव सह मन्त्रिभिः ।
स जातु सेव्यमानोपि गुप्तद्वारो न सूच्यते ॥५०॥
परेषु स्वेषु च क्षिप्तैरविज्ञातपरस्परैः ।
सोऽपसर्पैर्जजागार यथाकालं स्वपन्नपि ॥५१॥
दुर्गाणि दुर्ग्रहाण्यासँस्तस्य रोद्धुरपि द्विषाम् ।
न हि सिंहो गजास्कन्दी भयाद्गिरिगुहाशयः ॥५२॥
भव्यमुख्याः समारम्भाः प्रत्यवेक्ष्या निरत्ययाः ।
गर्भशालिसधर्माणस्तस्य गूढं विपेचिरे ॥५३॥
अपथेन प्रववृते न जातूपचितोऽपि सः ।
वृद्धौ नदीमुखेनैव प्रस्थानं लवणाम्भसः ॥५४॥
कामं प्रकृतिवैराग्यं सद्यः शमयितुं क्षमः ।
कस्य कार्यः प्रतीकारः स तन्नैवोदपादयत् ॥५५॥
शक्येष्वेवाभवद्यात्रा तस्य शक्तिमतः सतः ।
समीरणसहायोऽपि नाम्भःप्रार्थी दवानलः ॥५६॥

उन सबको राजा अतिथि विश्वासके साथ नियमपूर्वक पालते थे ॥४६॥ वे प्रतिदिन मन्त्रियोंके साथ राज्यकी बातें करते थे, पर ये बातें इतनी गुप्त रक्खी जाती थीं कि प्रतिदिन व्यवहारमें आनेपर भी किसीको उनका ज्ञान नहीं हो पाता था ॥५०॥ उन्होंने अपने कर्मचारियों तथा शत्रुओंका भेद जानेके लिये ऐसी चतुराईसे उनके पीछे दूत लगा रक्खे थे कि वे दूत भी आपसमें एक दूसरेको नहीं पहचान पाते थे। उन दूतोंसे सब समाचार मिलते रहनेके कारण वे सोते हुए भी मानो जागते रहते थे ॥५१॥ यद्यपि वे युद्धमें ही शत्रुओंको घेरते थे फिर भी उन्होंने राजधानीके चारों ओर बहुत बड़े-बड़े दुर्ग बनवा दिये थे क्योंकि हाथियोंको मारनेवाला सिंह गुफामें हाथियोंके भयसे नहीं सोता है वरन् उसका स्वभाव ही वैसा होता है ॥५२॥ वे जो काम करते थे सब कल्याणकारी होते थे। वे कोई कामकरनेके पहले उसपर भलीभाँति विचार भी करते थे। इसलिए उसमें किसी प्रकारकी बाधा नहीं पड़ती थी। जैसे धानका दाना भीतर ही भीतर पक जाता है वैसे ही उनका काम भी गुप्त रूपसे ही प्रारम्भ होकर पूरा हो जाता था ॥५३॥ ऐश्वर्यशाली होकर भी उन्होंने खोटे मार्गमें पैर नहीं धरा क्योंकि ज्वारके समय भी जब समुद्र बढ़ता है तब नदियोंके मार्गसे ही बढ़ता है दूसरे मार्गोंसे नहीं ॥५४॥ उनमें इतनी शक्ति थी कि प्रजामें यदि किसी कारण असन्तोष हो तो उसे क्षण भरमें दूर कर दें पर उन्होंने प्रजामें कोई ऐसा असन्तोष उत्पन्न ही नहीं होने दिया जिसे दूर करने की आवश्यकता पड़े ॥५५॥ वे शक्तिमान् थे इसलिये शक्तिशाली राजाओंपर ही चढ़ाई करते थे, दुर्बलोंपर नहीं क्योंकि वायुकी सहायता मिलने पर भी वनमें लगी

न धर्ममर्थकामाभ्यां बबाधे न च तेन तौ ।
नार्थं कामेन कामं वा सोऽर्थेन सदृशस्त्रिषु ॥५७॥
हीनान्यनुपकर्तॄणि प्रवृद्धानि विकुर्वते ।
तेन मध्यमशक्तीनि मित्राणि स्थापितान्यतः ॥५८॥
परात्मनोः परिच्छिद्य शक्त्यादीनां बलाबलम् ।
ययावेभिर्बलिष्ठश्चेत्परस्मादास्त सोऽन्यथा ॥५९॥
कोशेनाश्रयणीयत्वमिति तस्यार्थसंग्रहः ।
अम्बुगर्भो हि जीमूतश्चातकैरभिनन्द्यते ॥६०॥
परकर्मापहः सोऽभूदुद्यतः स्वेषु कर्मसु ।
आवृणोदात्मनोरन्ध्रं रन्ध्रेषु प्रहरन्रिपून् ॥६१॥
पित्रा संवर्धितो नित्यं कृतास्त्रः सांपरायिकः ।
तस्य दण्डवतो दण्डः स्वदेहान्न व्यशिष्यत ॥६२॥
सर्पस्येव शिरोरत्नं नास्य शक्तित्रयं परः ।
स चकर्ष परस्मात्तदयस्कान्त इवायसम् ॥६३॥
वापीष्विव स्रवन्तीषु वनेषूपवनेष्विव ।
सार्थाः स्वैरं स्वकीयेषु चेरुर्वेश्मस्विवाद्रिषु ॥६४॥

हुई आग, कभी पानीको नहीं जलाती ॥५६॥ उन्होंने अर्थ और कामके लिये कभी धर्मको नहीं छोड़ा और धर्मसे बँधकर अर्थ और कामको नहीं छोड़ा और न अर्थके कारण कामको या कामके कारण अर्थको छोड़ा वरन् धर्म, अर्थ और काम तीनोंके साथ वे एक-सा व्यवहार करते थे ॥५७॥ यदि नीच मित्र मिल जाते हैं तो कुछ न कुछ खोट अवश्य करते हैं यदि धनी मिल जाते हैं तो कुछ न कुछ बाधा डालते हैं, इसलिए उन्होंने ऐसे लोगोंको मित्र बनाया जो न नीच ही थे, न धनी ही थे ॥५८॥ चढ़ाई करनेके पहले वे अपने और अपने शत्रुके बल और त्रुटिको भलीभाँति तौल लेते थे। जब शत्रुसे अपना बल अधिक देखते थे तभी उसपर आक्रमण करते थे नहीं तो चुप बैठ रहे थे ॥५९॥ उन्होंने इसलिये धन इकट्ठा किया कि एक तो इससे आदर होता है और दूसरे, दीन लोग आकर आश्रय लेते हैं क्योंकि चातक उन्हीं बादलोंका स्वागत करते हैं जिनमें पानी भरा होता है ॥६०॥ शत्रुओंका उद्योग नष्ट करके वे अपने उद्योगमें लग गए। उन्होंने शत्रुओंके दोषों का लाभ उठाकर उन्हें नष्टकर दिया और अपने दोष दूर कर लिए ॥६१॥ कुशके प्रयत्नसे ही बढ़ी हुई शस्त्रास्त्र चलाना जाननेवाली और युद्ध करनेमें समर्थ जो उनकी सेना थी उसे दण्डधर अतिथि अपने शरीरके समान सँभाल कर रखते थे ॥६२॥ जैसे सर्पके सिरसे मणि नहीं निकाली जा सकती वैसे ही शत्रु इनके प्रभाव, उत्साह और मन्त्र इन तीन शक्तियोंको अपनी ओर नहीं खींच सके। पर जैसे चुम्बक लोहेको अपनी ओर खींच लेता है वैसे ही उन्होंने शत्रुओंकी उन तीनों शक्तियोंको अपनी ओर खींच लिया ॥६३॥ अतिथिका इतना प्रताप था कि व्यापारी लोग ऐसे बे-रोक-टोक व्यापार करते थे कि नदियाँ

तपो रक्षन्स विघ्नेभ्यस्तस्करेभ्यश्च संपदः ।
यथास्वमाश्रमैश्चक्रे वर्णैरपि षडंशभाक् ॥६५॥
खनिभिः सुषुवे रत्नं क्षेत्रैः सस्यं वनैर्गजान् ।
दिदेश वेतनं तस्मै रक्षासदृशमेव भूः ॥६६॥
स गुणानां बलानां च षण्णां षण्मुखविक्रमः ।
बभूव विनियोगज्ञः साधनीयेषु वस्तुषु ॥६७॥
इति क्रमात्प्रयुञ्जानो राजनीतिं चतुर्विधाम् ।
आतीर्थादप्रतीघातं स तस्याः फलमानशे ॥६८॥
कूटयुद्धविधिज्ञेऽपि तस्मिन्सन्मार्गयोधिनि ।
भेजेऽभिसारिकावृत्तिं जयश्रीर्वीरगामिनी ॥६९॥
प्रायः प्रतापभग्नत्वादरीणां तस्य दुर्लभः ।
रणो गन्धद्विपस्येव गन्धभिन्नान्यदन्तिनः ॥७०॥
प्रवृद्धौ हीयते चन्द्रः समुद्रोऽपि तथाविधः ।
स तु तत्समवृद्धिश्च न चाभूत्ताविव क्षयी ॥७१॥

उनके लिए बावडियें जैसी घरेलू वन भी उद्यान जैसे सुलभ, और पहाड़ अपने भवन जैसे सुगम हो गये ॥६४॥ उन्होंने विघ्नोंसे तपस्वियोंके तपकी रक्षा की, चोरोंसे प्रजाकी सम्पत्तिको बचाया और चारों आश्रमों तथा चारों वर्णोंसे उनके धनके अनुसार छठा भाग पाया ॥६५॥ जिस प्रकार वे रक्षा कर रहे थे उसी प्रकार पृथ्वी भी उन्हें ऐश्वर्य देती जा रही थी । खानोंने रत्न दिए, क्षेत्रोंने अन्न दिया और वनोंने उन्हें हाथी दिए ॥६६॥ कार्तिकेयके समान पराक्रमी राजा अतिथि यह भलीभाँति जानते थे कि [सन्धि, विग्रह, यान, आसन संश्रय और द्वैधीभाव इन] छह राजगुणोंको कैसे व्यवहारमें लाना चाहिए तथा छह प्रकारकी सेनाओंके साथ कैसा बर्ताव करना चाहिए ॥६७॥ इस प्रकार साम, दाम, दण्ड, भेद इन चार उपायोंके साथ राजनीति चलाते हुए उन्होंने मन्त्रियों आदिकी सहायतासे उन उपायोंका निर्विघ्न फल पा लिया ॥६८॥ वे कपट युद्ध भी जानते थे पर युद्धक्षेत्रमें वे धर्मकी लड़ाई ही लड़ते थे, इसलिये वीरोंकी सखी विजयश्री उनके पास अभिसारिकाके समान चुपकेसे पहुँच जाती थी ॥६९॥ युद्ध क्षेत्रमें अतिथिको देखते ही शत्रुओंके छक्के छूट जाते थे और वे प्राण लेकर भाग खड़े होते थे, इसलिए जैसे बिना मदवाले हाथी, मतवाले हाथीसे नहीं लड़ पाते वैसे ही प्रतापी राजा अतिथिसे लड़नेका कोई साहस ही नहीं करता था ॥७०॥ पूरा बढ़ चुकनेपर चन्द्रमा घटने लगता है और समुद्रकी भी यही दशा होती है, पर अतिथिके साथ बात उलटी थी । वे चन्द्रमा और समुद्रके समान बढ़े तो सही पर उनके समान घटे नहीं ॥७१॥

सन्तस्तस्याभिगमनादत्यर्थं महतः कृशाः ।
उदधेरिव जीमूताः प्रापुर्दातृत्वमर्थिनः ॥७२॥

स्तूयमानः स जिहाय स्तुत्यमेव समाचरन् ।
तथापि ववृधे तस्य तत्कारिद्वेषिणो यशः ॥७३॥

दुरितं दर्शनेन घ्नंस्तत्त्वार्थेन नुदंस्तमः ।
प्रजाः स्वतन्त्रयांचक्रे शश्वत्सूर्य इवोदितः ॥७४॥

इन्दोरगतयः पद्मे सूर्यस्य कुमुदेऽंशवः ।
गुणास्तस्य विपक्षेऽपि गुणिनो लेभिरेऽन्तरम् ॥७५॥

पराभिसंधानपरं यद्यप्यस्य विचेष्टितम् ।
जिगीषोरश्वमेधाय धर्म्यमेव बभूव तत् ॥७६॥

एवमुद्यन्प्रभावेण शास्त्रनिर्दिष्टवर्त्मना ।
वृषेव देवो देवानां राज्ञां राजा बभूव सः ॥७७॥

पञ्चमं लोकपालानामूचुः साधर्म्ययोगतः ।
भूतानां महतां षष्ठमष्टमं कुलभूभृताम् ॥७८॥

दूरापवर्जितच्छत्रैस्तस्याज्ञां शासनार्पिताम् ।
दधुः शिरोभिर्भूपाला देवाः पौरंदरीमिव ॥७९॥

जैसे बिना पानीके मेघ समुद्रके पास जाते हैं और वह उन्हें इतना जल दे देता है कि वे संसार भरको जल बाँटने लगते हैं, वैसे ही जो बहुतसे निर्धन विद्वान् अतिथिके पास आते थे उन्हें वे इतना धन दे देते थे कि वे विद्वान् स्वयं भी दूसरोंको दान देने लगते थे ॥७२॥ उनके सभी काम प्रशंसाके योग्य होते थे पर जब कोई उनकी प्रशंसा करता था तब वे सकुचा जाते थे पर प्रशंसाकी इच्छा न करनेपर भी उनका यश बढ़ता ही गया ॥७३॥ जैसे निकलते हुए सूर्यके दर्शनसे पाप दूर हो जाते हैं वैसे ही उनके दर्शनसे पाप भाग जाते थे। वे ज्ञानी भी थे इसलिए वे दूसरोंको तत्त्व-ज्ञान सिखाकर अज्ञानका अँधेरा भी मिटाते थे। इसलिये उन्होंने प्रजाको सब प्रकारसे अपनी मुट्ठीमें कर लिया ॥७४॥ चन्द्रमाकी किरणें कमलोंमें तथा सूर्यकी किरणें कुमुदोंमें नहीं पैठ पातीं, पर अतिथिके गुणोंने शत्रुओंके हृदयमें भी घर कर लिया और शत्रु भी उनके गुणोंका लोहा मानते थे ॥७५॥ अश्वमेधके लिए जब वे दिग्विजय करने निकले तब इनका काम यद्यपि शत्रुओंको जिस-तिस प्रकार हराना ही था पर उस समय भी उन्होंने धर्मसे ही काम लिया, कूटनीति अथवा छलसे नहीं ॥७६॥ इस प्रकार शास्त्रोंके अनुसार चलनेसे अतिथिका प्रभाव बढ़ गया और जैसे इन्द्र देवताओंके देवता हैं वैसे ही वे भी राजाओंके राजा हो गए ॥७७॥ इन्द्र आदि चारों लोकपालोंके समान पराक्रम होनेके कारण लोग उन्हें पाँचवाँ लोकपाल कहने लगे थे [पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन] पाँचों तत्वोंके समान महान् होनेके कारण लोग उन्हें छठा तत्त्व कहते थे और हिमालय आदि सात कुल पर्वतोंके समान विशाल होनेके कारण वे आठवें-कुल पर्वत कहलाते थे ॥७८॥ जैसे देवता लोग

ऋत्विजः स तथाऽऽनर्च दक्षिणाभिर्महाक्रतौ ।
यथा साधारणीभूतं नामास्य धनदस्य च ॥८०॥

इन्द्राद्वृष्टिर्नियमितगदोद्रेकवृत्तिर्यमोऽभू
द्यादोनाथः शिवजलपथः कर्मणे नौचराणाम् ।
पूर्वापेक्षी तदनु विदधे कोषवृद्धिं कुबेर
स्तस्मिन्दण्डोपनतचरितं भेजिरे लोकपालाः ॥८१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
अतिथिवर्णनो नाम सप्तदशः सर्गः ॥

इन्द्रकी आज्ञा मानते हैं वैसे ही राजालोग भी अपने छत्र उतारकर उनकी आज्ञा अपने सिर-माथे चढ़ाते थे ॥७९॥ अश्वमेधके समय जिन ब्राह्मणोंने यज्ञ कराया था उनका अतिथिने इतना सत्कार किया कि लोग इन्हें भी दूसरा कुबेर कहने लगे ॥८०॥ इन्द्रने उनके साम्राज्यपर वर्षाकी, यमराजने रोगोंका बढ़ना रोका, वरुणने नाव चलानेवालोंके लिये जलके मार्ग खोल दिए और कुबेरने इनका राज-कोश भर दिया। इस प्रकार इन्द्र आदि लोकपाल मानो इनके प्रतापसे ही डरकर इनकी सेवा कर रहे थे ॥८१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें अतिथि-वर्णन
नामका सत्रहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ अष्टादशः सर्गः ॥

स नैषधस्यार्थपतेः सुतायामुत्पादयामास निषिद्धशत्रुः ।
अनूनसारं निषधान्नगेन्द्रात्पुत्रं यमाहुर्निषधाख्यमेव ॥१॥
तेनोरुवीर्येण पिता प्रजायै कल्पिष्यमाणेन ननन्द यूना ।
सुवृष्टियोगादिव जीवलोकः सस्येन संपत्तिफलोन्मुखेन ॥२॥
शब्दादि निर्विश्य सुखं चिराय तस्मिन्प्रतिष्ठापितराजशब्दः ।
कौमुद्वतेयः कुमुदावदातैर्द्यामर्जितां कर्मभिराररोह ॥३॥
पौत्रः कुशस्यापि कुशेशयाक्षः ससागरां सागरधीरचेताः ।
एकातपत्रां भुवमेकवीरः पुरार्गलादीर्घभुजो बुभोज ॥४॥
तस्यानलौजास्तनयस्तदन्ते वंशश्रियं प्राप नलाभिधानः ।
यो नड्वलानीव गजः परेषां बलान्यमृद्नान्नलिनाभवक्त्रः ॥५॥
नभश्चरैर्गीतयशाः स लेभे नभस्तलश्यामतनुं तनूजम् ।
ख्यातं नभःशब्दमयेन नाम्ना कान्तं नभोमासमिव प्रजानाम् ॥६॥
तस्मै विसृज्योत्तरकोशलानां धर्मोत्तरस्तत्प्रभवे प्रभुत्वम् ।
मृगैरजर्यं जरसोपदिष्टमदेहबन्धाय पुनर्बबन्ध ॥७॥

अठारहवाँ सर्ग

शत्रुओंका नाश करनेवाले राजा अतिथिकी रानी निषध-राजकी पुत्री थी। उस रानीसे अतिथिने निषध पर्वतके समान बलवान् पुत्र उत्पन्न किया और उसका नाम भी निषध रक्खा ॥१॥ जैसे समयकी वर्षासे फले हुए अनाजके खेतोंको देखकर संसारके प्राणी प्रसन्न हो जाते है, वैसे ही अत्यन्त प्रतापी युवराज निषधको देखकर राजा अतिथि भी प्रसन्न हुए ॥२॥ कुमुद्वतीके पुत्र अतिथिने बहुत दिनोंतक सुख भोगा और फिर निषधको राजपाट सौंपकर अपने पुण्योंके बलसे पाए हुए स्वर्गलोकमें सुख भोगने चले गए ॥३॥ कमलके समान नेत्रवाले, समुद्रके समान गम्भीर चित्तवाले और नगरके प्रधान फाटककी अर्गलाके समान बड़ी-बड़ी बाहोंवाले अद्वितीय वीर निषधने भी सागरतक फैली हुई पृथ्वीका भोग किया ॥४॥ उनके पीछे उनके अग्निके समान तेजस्वी पुत्र नल राजा हुए। उस कमलके समान सुन्दर मुखवाले राजाने शत्रुओंके बलको वैसे ही तोड़ डाला जैसे हाथी नरकटके गट्ठेको तोड़ डालता है ॥५॥ वे इतने यशस्वी थे कि आकाशमें गन्धर्व लोग उनका यश गाते थे। उन्हें आकाशके समान साँवला नभ नामका पुत्र उत्पन्न हुआ जो लोगोंको वैसा ही प्यारा लगा जैसे सावनका महीना ॥६॥ धर्मात्मा नलने उस पुत्रको उत्तर कोशलका राज्य सौंप दिया और स्वयं बुढ़ापेके कारण जंगलोंमें जाकर मृगोंके साथ इसलिये रहने लगे कि फिर संसारमें जन्म

तेन द्विपानामिव पुण्डरीको राज्ञामजय्योऽजनि पुण्डरीकः।
शान्ते पितर्याहृतपुण्डरीका यं पुण्डरीकाक्षमिव श्रिता श्रीः ॥८॥
स क्षेमधन्वानममोघधन्वा पुत्रं प्रजाक्षेमविधानदक्षम्।
क्ष्मां लम्भयित्वा क्षमयोपपन्नं वने तपः क्षान्ततरश्चचार ॥९॥
अनीकिनीनां समरेऽग्रयायी तस्यापि देवप्रतिमः सुतोऽभूत्।
व्यश्रूयतानीकपदावसानं देवादि नाम त्रिदिवेऽपि यस्य ॥१०॥
पिता समाराधनतत्परेण पुत्रेण पुत्री स यथैव तेन।
पुत्रस्तथैवात्मजवत्सलेन स तेन पित्रा पितृमान्बभूव ॥११॥
पूर्वस्तयोरात्मसमे चिरोढामात्मोद्भवे वर्णचतुष्टयस्य।
धुरं निधायैकनिधिर्गुणानां जगाम यज्वा यजमानलोकम् ॥१२॥
वशी सुतस्तस्य वशंवदत्वात्स्वेषामिवासीद्द्विषतामपीष्टः।
सकृद्विविग्नानपि हि प्रयुक्तं माधुर्यमीष्टे हरिणान् ग्रहीतुम् ॥१३॥
अहीनगुर्नाम स गां समग्रामहीनबाहुद्रविणः शशास।
यो हीनसंसर्गपराङ्मुखत्वाद्युवाप्यनर्थैर्व्यसनैर्विहीनः ॥१४॥
गुरोः स चानन्तरमन्तरज्ञः पुंसां पुमानाद्य इवावतीर्णः।
उपक्रमैरस्खलितैश्चतुर्भिश्चतुर्दिगीशश्चतुरो बभूव ॥१५॥

न लेना पड़े ॥७॥ नभको पुण्डरीक नामका पुत्र हुआ और जैसे हाथियोंमें पुण्डरीक नामका हाथी सर्वश्रेष्ठ है वैसे ही उस समयके राजाओंमें वे ही सर्वश्रेष्ठ थे। पिताके स्वर्ग चले जानेपर कमल धारण करनेवाली लक्ष्मीने उन्हें ही विष्णु मानकर वर लिया ॥८॥ उन सफल धनुषधारी पुण्डरीकने प्रजाका कल्याण करनेमें समर्थ और शान्त स्वभाववाले अपने पुत्र क्षेमधन्वाको राज सौंप दिया और स्वयं शान्त होकर जङ्गलमें तपस्या करने चले गए ॥९॥ उस क्षेमधन्वाको भी इन्द्रके समान पुत्र हुआ जो युद्धमें सेनाके आगे-आगे चलता था और जिसका देव शब्दसे आरम्भ होनेवाला और अनीक शब्दसे अन्त होनेवाला देवानीक नाम स्वर्गमें भी प्रसिद्ध हो गया ॥१०॥ जैसे इस पितृभक्त पुत्रको पाकर क्षेमधन्वा सुपुत्रवान् हुए, वैसे ही पुत्रको प्यार करनेवाले पिताको पाकर देवानीक भी पितावाले हुए ॥११॥ बड़े-बड़े यज्ञ करनेवाले गुणी क्षेमधन्वा अपने ही समान तेजस्वी पुत्रको चारों वर्णोंकी रक्षाका भार सौंपकर स्वर्ग चले गए ॥१२॥ उनके जितेन्द्रिय पुत्र देवानीक इतना मधुर बोलते थे कि शत्रु भी उनका वैसा ही आदर करते थे जैसे मित्र। क्योंकि मधुर वचनमें ऐसा प्रभाव होता है कि एक बार डराए हुए हरिण भी वशमें हो जाते हैं ॥१३॥ देवानीकके पुत्रका नाम अहीनगु था। उनकी बाँहें बड़ी शक्ति-शालिनी थीं। उन्होंने कभी नीच लोगोंका साथ नहीं किया, इसलिये व्यसनोंसे दूर रहकर युवावस्थामें ही वे सारी पृथ्वीपर शासन करने लगे ॥१४॥ वे बड़े चतुर थे और सबके मनकी बातें जान लेते थे। पिताके पीछे राजा होकर वे सफलताके साथ साम-दाम-दंड भेदका प्रयोग करके शीघ्र ही विष्णुके समान चारों दिशाओंके

तस्मिन्प्रयाते परलोकयात्रां जेतर्यरीणां तनयं तदीयम् ।
उच्चैःशिरस्त्वाज्जितपारियात्रं लक्ष्मीःसिषेवे किल पारियात्रम् ॥१६॥

तस्याभवत्सूनुरुदारशीलः शिलः शिलापट्टविशालवक्षाः ।
जितारिपक्षोऽपि शिलीमुखैर्यः शालीनतामव्रजदीड्यमानः ॥१७॥

तमात्मसंपन्नमनिन्दितात्मा कृत्वा युवानं युवराजमेव ।
सुखानि सोऽभुङ्क्त सुखोपरोधि वृत्तं हि राज्ञामुपरुद्धवृत्तम् ॥१८॥

तं रागबन्धिष्ववितृप्तमेव भोगेषु सौभाग्यविशेषभोग्यम् ।
विलासिनीनामरतिक्षमापि जरा वृथा मत्सरिणी जहार ॥१९॥

उन्नाभ इत्युद्गतनामधेयस्तस्यायथार्थोन्नतनाभिरन्ध्रः ।
सुतोऽभवत्पङ्कजनाभकल्पः कृत्स्नस्य नाभिर्नृपमण्डलस्य ॥२०॥

ततः परं वज्रधरप्रभावस्तदात्मजः संयति वज्रघोषः ।
बभूव वज्राकरभूषणायाः पतिः पृथिव्याः किल वज्रणाभः ॥२१॥

तस्मिन्गते द्यां सुकृतोपलब्धां तत्संभवं शङ्खणमर्णवान्ता ।
उत्खातशत्रुं वसुधोपतस्थे रत्नोपहारैरुदितैः खनिभ्यः ॥२२॥

तस्यावसाने हरिदश्वधामा पित्र्यं प्रपेदे पदमश्विरूपः ।
वेलातटेषूषितसैनिकाश्वं पुराविदो यं व्युषिताश्वमाहुः ॥२३॥

स्वामी हो गए ॥१५॥ उस शत्रुविजयी राजाके स्वर्ग चले जानेपर अयोध्याकी राज लक्ष्मी उन प्रतापी पुत्र पारियात्रकी सेवा करने लगी जिन्होंने अपने सिरकी ऊँचाईसे पारियात्र पर्वतको नीचा दिखा दिया था ॥१६॥ उन्हे शिल नामका बडा शीलवान् पुत्र हुआ जिसकी छाती पत्थरकी पाटी जैसी चौडी थी। यद्यपि उन्होने बाणोंसे शत्रुओंको जीत लिया फिर भी स्वयं वे नम्र रहे ॥१७॥ शुद्ध चरित्रवाले पारियात्रने बुद्धिमान् शिलको युवराज बनानेपर ही सुख भोगना प्रारम्भ किया, क्योंकि राजा रहते हुए उन्हे इतने अधिक काम थे कि उन्हे सुख भोगनेके लिये अवसर ही नहीं मिलता था ॥१८॥ वे अभी भोगोंसे अघाए नहीं थे और सुन्दरी स्त्रियोंसे भोग कर ही रहे थे। उन्हें उस वृद्धावस्थाने आ घेरा जो स्वयं भोगने योग्य न होनेपर भी सुन्दरियोंसे व्यर्थ ही ईर्ष्या करती है ॥१९॥ शिलको उन्नाभ नामका प्रसिद्ध पुत्र हुआ जिनकी नाभि गहरी थी और वे विष्णुके समान पराक्रमी होनेके कारण संसारके सभी राजाओंके मुखिया बन गए ॥२०॥ उनके पीछे उनके पुत्र वज्रनाभ, हीरेकी खानोंका भूषण पहननेवाली पृथ्वीके स्वामी हुए। वे इन्द्रके समान प्रभावशाली थे और युद्धक्षेत्रमें वज्रके समान गरजते थे ॥२१॥ उन्होंने अपने पुण्यके बलसे स्वर्ग प्राप्त किया और उनके पीछे शङ्खण नामका उनका शत्रुविनाशक पुत्र सारी पृथ्वीका शासक हुआ ॥२२॥ उनके पीछे उनके अश्विनीकुमारके समान सुन्दर और सूर्यके समान तेजस्वी पुत्र राजा हुए जिन्होंने सब देशोंको जीतकर अपनी सेना और घोडोंको समुद्रके तटपर ठहराया इसलिये वृद्धोंने उनका नाम व्युषिताश्व [अर्थात् बहुत दूरतक घोडोंको ले जानेवाला] रक्खा ॥२३

आराध्य विश्वेश्वरमीश्वरेण तेन क्षितेर्विश्वसहो विजज्ञे ।
पातुं सहो विश्वसखः समग्रां विश्वंभरामात्मजमूर्तिरात्मा ॥२४॥
अंशे हिरण्याक्षरिपोः स जाते हिरण्यनाभे तनये नयज्ञः ।
द्विषामसह्यः सुतरां तरूणां हिरण्यरेता इव सानिलोऽभूत् ॥२५॥
पिता पितॄणामनृणस्तमन्ते वयस्यनन्तानि सुखानि लिप्सुः ।
राजानमाजानुविलम्बिबाहुं कृत्वा कृती वल्कलवान्बभूव ॥२६॥
कौशल्य इत्युत्तरकोशलानां पत्युः पतङ्गान्वयभूषणस्य ।
तस्यौरसः सोमसुतः सुतोऽभून्नेत्रोत्सवः सोम इव द्वितीयः ॥२७॥
यशोभिराब्रह्मसभं प्रकाशः स ब्रह्मभूयं गतिमाजगाम ।
ब्रह्मिष्ठमाधाय निजेऽधिकारे ब्रह्मिष्ठमेव स्वतनुप्रसूतम् ॥२८॥
तस्मिन्कुलापीडनिभे विपीडं सम्यङ्महीं शासति शासनाङ्काम् ।
प्रजाश्चिरं सुप्रजसि प्रजेशे ननन्दुरानन्दजलाविलाक्ष्यः ॥२९॥
पात्रीकृतात्मा गुरुसेवनेन स्पष्टाकृतिः पत्त्ररथेन्द्रकेतोः ।
तं पुत्रिणां पुष्करपत्त्रनेत्रः पुत्रः समारोपयदग्रसंख्याम् ॥३०॥
वंशस्थितिं वंशकरेण तेन संभाव्य भावी स सखा मघोनः ।
उपस्पृशन्स्पर्शनिवृत्तलौल्यस्त्रिपुष्करेषु त्रिदशत्वमाप ॥३१॥

उन्होंने काशीमें विश्वेश्वरकी आराधना करके विश्वसह नामक पुत्र पाया जो संसारमें बड़े प्रिय हुए और जिन्होंने सारी पृथ्वीपर शासन किया ॥२४॥ उस नीतिज्ञ विश्वसहको हिरण्यनाभ नामक पुत्र उत्पन्न हुआ जो साक्षात् विष्णुका अंश था। ऐसे पुत्रको पाकर विश्वसह शत्रुओंके लिये वैसेही भयंकर हो गए जैसे वायुकी सहायता पाकर वृक्षोंके लिये अग्नि भयंकर हो उठती है ॥२५॥ अब वे पिताके ऋणसे उऋण हो गए और बहुत सुख भोगकर वृद्धावस्थामें पुत्रको राज्य देकर स्वयं वल्कल पहनकर वनमें चले गए ॥२६॥ उत्तर कोशलके स्वामी और सूर्यकुलके भूषण उन हिरण्यनाभको कौशल्य नामका पुत्र हुआ, जो सबकी आँखोंको उसी प्रकार आनन्द देनेवाला था मानो दूसरा चन्द्रमा ही हो ॥२७॥ कौशल्यका यश ब्रह्माकी सभा तक प्रसिद्ध हो गया। वृद्धावस्थामें उन्होंने ब्रह्मिष्ठ नामके अपने ब्रह्मज्ञानी पुत्रको राज्य दे दिया और स्वयं ब्रह्म प्राप्तिके लिये वनमें तप करने चले गए ॥२८॥ भली सन्तानवाले ब्रह्मिष्ठ भी अपने कुलके शिरोमणि थे। उन्होंने बड़ी योग्यतासे शासन किया। उनके सुन्दर शासनको देखकर प्रजाको आनन्दके आँसू आ जाते थे। उनके शासनमें प्रजा बहुत दिनोंतक सुख भोगती रही ॥२९॥ उनके पुत्रने उन्हें पुत्रवालोंका शिरोमणि बना दिया। पिताकी सेवाशुश्रूषा करनेसे वे बड़े योग्य हो गए थे। वे गरुड़ध्वज विष्णुके समान सुन्दर थे और उन कमललोचनका नाम भी पुत्र ही था ॥३०॥ विषय वासनाओंसे दूर रहकर इन्द्रके भावी मित्र ब्रह्मिष्ठने अपनी कुल प्रतिष्ठा अपने पुत्र नामवाले पुत्रको सौंप दी और स्वयं त्रिपुष्कर क्षेत्रमें स्नान करके स्वर्ग चले गए ॥३१॥

तस्य प्रभानिर्जितपुष्परागं पौष्यां तिथौ पुष्यमसूत पत्नी।
तस्मिन्नपुष्यन्नुदिते. समग्रां पुष्टिं जनाः पुष्य इव द्वितीये ॥३२॥
महीं महेच्छः परिकीर्य सूनौ मनीषिणे जैमिनयेऽर्पितात्मा।
तस्मात्सयोगादधिगम्य योगमजन्मनेऽकल्पत जन्मभीरुः ॥३३॥
ततः परं तत्प्रभवः प्रपेदे ध्रुवोपमेयो ध्रुवसंधिरुर्वीम्।
यस्मिन्नभूज्ज्यायसि सत्यसंधे संधिर्ध्रुवः संनमतामरीणाम् ॥३४॥
सुते शिशावेव सुदर्शनाख्ये दर्शात्ययेन्दुप्रियदर्शने सः।
मृगायताक्षो मृगयाविहारी सिंहादवापद्विपदं नृसिंहः ॥३५॥
स्वर्गामिनस्तस्य तमैकमत्यादमात्यवर्गः कुलतन्तुमेकम्।
अनाथदीनाः प्रकृतीरवेक्ष्य साकेतनाथं विधिवच्चकार ॥३६॥
नवेन्दुना तन्नभसोपमेयं शावैकसिंहेन च काननेन।
रघोः कुलं कुड्मलपुष्करेण तोयेन चाप्रौढनरेन्द्रमासीत् ॥३७॥
लोकेन भावी पितुरेव तुल्यः संभावितो मौलिपरिग्रहात्सः।
दृष्टो हि वृण्वन्कलभप्रमाणोऽप्याशाः पुरोवातमवाप्य मेघः ॥३८॥
तं राजवीथ्यामधिहस्ति यान्तमाधोरणालम्बितमग्र्यवेशम्।
षड्वर्षदेशीयमपि प्रभुत्वात्प्रैक्षन्त पौराः पितृगौरवेण ॥३९॥

राजा पुत्रकी पत्नीसे पूसकी पूर्णिमाके दिन पद्मराग मणिसे भी अधिक कान्तिमान् पुष्य नामक पुत्र हुआ। उसके जन्म होनेसे प्रजा उसी प्रकार धन-धान्यसे भरपूर हो गई मानो दूसरा पुष्य नक्षत्र ही निकल आया हो ॥३२॥ राजा पुत्र बड़े उदार हृदयवाले थे। वे संसारमें फिर जन्म लेना नहीं चाहते थे इसीलिये उन्होंने पृथ्वीका भार अपने पुत्र पुष्यको सौंप दिया और स्वयं जैमिनि ऋषिके शिष्य होकर उनसे योग सीखकर आवागमनसे मुक्त हो गए ॥३३॥ पुष्यके पीछे उनके ध्रुवके समान निश्चल पुत्र ध्रुवसन्धि राजा हुए जिनसे डरकर शत्रुओंने सन्धि कर ली। उनका लिखा हुआ सन्धिपत्र पक्का होता था क्योंकि वे अपनी बातके धनी थे ॥३४॥ उनके नेत्र मृगोंके नेत्रोंके समान बड़े-बड़े थे और वे पुरुषोंमें सिंहके समान थे। एक दिन वे जंगलमें आखेट करते हुए मारे गए। उस समय-तक द्वितीयाके चन्द्रमाके समान सुन्दर लगनेवाला सुदर्शन नामका उनका पुत्र बालक ही था ॥३५॥ उन स्वर्गगामी राजाके मन्त्रियोंने राजाके न होनेसे प्रजाकी दीनदशा देखकर सर्वसम्मतिसे उनके इकलौते पुत्र सुदर्शनको विधिपूर्वक साकेतका स्वामी बना दिया ॥३६॥ इस बालकसे राजा रघुका कुल वैसे ही शोभा देने लगा जैसे द्वितीयाके चन्द्रमासे आकाश, सिंहके बच्चेसे वन और कमलकी कलीसे ताल शोभा देता है ॥३७॥ उस बालक सुदर्शनने जब सिरपर मुकुट धारण किया तभी प्रजाने भाँप लिया कि यह पिताके समान ही तेजस्वी होगा, क्योंकि हाथीके बच्चेके समान छोटा दिखाई देनेवाला बादल भी पुरवा पवनका सहारा पाकर चारों दिशाओंमें फैल जाता है ॥३८॥ जब वे छह वर्षके छोटेसे राजा हाथीपर चढ़कर राज-मार्गसे निकलते थे तब हाथीवान उनके राजसी

कामं न सोऽकल्पत पैतृकस्य सिंहासनस्य प्रतिपूरणाय ।
तेजोमहिम्ना पुनरावृतात्मा तद्व्याप चामीकरपिञ्जरेण ॥४०॥
तस्मादधः किंचिदिवावतीर्णावसंस्पृशन्तौ तपनीयपीठम् ।
सालक्तकौ भूपतयः प्रसिद्धैर्ववन्दिरे मौलिभिरस्य पादौ ॥४१॥
मणौ महानील इति प्रभावादल्पप्रमाणेऽपि यथा न मिथ्या ।
शब्दो महाराज इति प्रतीतस्तथैव तस्मिन्युयुजेऽर्भकेऽपि ॥४२॥
पर्यन्तसंचारितचामरस्य कपोललोलोभयकाकपक्षात् ।
तस्याननादुच्चरितो विवादश्चस्खाल वेलास्वपि नार्णवानाम् ॥४३॥
निर्वृत्तजाम्बूनदपट्टशोभे न्यस्तं ललाटे तिलकं दधानः ।
तेनैव शून्यान्यरिसुन्दरीणां मुखानि स स्मेरमुखश्चकार ॥४४॥
शिरीषपुष्पाधिकसौकुमार्यः खेदं स यायादपि भूषणेन ।
नितान्तगुर्वीमपि सोऽनुभावाद्धुरं धरित्र्या बिभरांबभूव ॥४५॥
न्यस्ताक्षरामक्षरभूमिकायां कार्त्स्न्येन गृह्णाति लिपिं न यावत् ।
सर्वाणि तावच्छ्रुतवृद्धयोगात्फलान्युपायुङ्क्त स दण्डनीतेः ॥४६॥
उरस्यपर्याप्तनिवेशभागा प्रौढीभविष्यन्तमुदीक्षमाणा ।
संजातलज्जेव तमातपत्रच्छायाच्छलेनोपजुगूह लक्ष्मीः ॥४७॥

वक्षोंके कोनेको थामे रखता था कि कहीं वे गिर न पड़ें । उस समय भी उन्हें देखकर जनता अपने पिताके समान ही उनका आदर करती थी ॥३९॥ वे छोटे थे इसलिये जब वे अपने पिताके सिंहासनपर बैठते थे तो वह पूरा भरता नहीं था । पर उनके शरीरसे जो सुवर्णके समान तेज निकलता था उससे वह सिंहासन भरा सा हो जान पड़ता था ॥४०॥ उस सिंहासनसे उनके पैर लटकते रहते थे क्योंकि छोटे होनेके कारण पाद पीठतक पहुँच नहीं पाते थे पर राजा लोग अपने प्रसिद्ध मुकुटोंसे उन महावर लगे पैरोंका वन्दन करते रहते थे ॥४१॥ जैसे छोटा होनेपर भी मणिका महानील नाम निरर्थक नहीं होता, वैसे ही बालक राजा सुदर्शनका महाराज नाम भी उन्हें बड़ा फबता था ॥४२॥ उनके आस पास चँवर डुलाए जाते थे और उनके गालोंपर लटें लटकती रहती थीं । इस बालक अवस्थामें भी उन्होंने जो आज्ञाएँ दीं उन्हें समुद्रके तटवाले लोगोंने भी नहीं टाला, फिर पास रहनेवालोंकी तो बात ही क्या ॥४३॥ सोनेका पट्टा बँधे हुए अपने ललाटपर वे स्वयं तिलक लगाते थे और सदा हँसमुख रहते थे, पर संग्राममें शत्रुओंको नष्ट करके उन्होंने शत्रुओंकी स्त्रियोंके मुख-परका तिलक और उनकी मुस्कराहट दोनों छीन लीं ॥४४॥ वे सिरसके फूलसे भी अधिक सुकुमार थे इसलिये यद्यपि उन्हें गहने पहननेमें भी कष्ट होता था फिर भी उनमें आत्मशक्ति इतनी थी कि उन्होंने पृथ्वीके अत्यन्त भारी भारको सँभाल लिया ॥४५॥ अभी वे पटियापर भली भाँति अक्षर भी लिखना नहीं सीख पाए थे कि विद्वानोंके सत्संगसे वे दण्डनीति और राजनीतिकी सारी बातें जान गए ॥४६॥ बालक राजाके हृदयको अभी छोटा समझकर लक्ष्मी

अनन्तुवानेन युगोपमानमबद्धमौर्वीकिणलाञ्छनेन ।
अस्पृष्टखड्गत्सरुणापि चासीद्रक्षावती तस्य भुजेन भूमिः ॥४८॥
न केवलं गच्छति तस्य काले ययुः शरीरावयवा विवृद्धिम् ।
वंश्या गुणाः खल्वपि लोककान्ताः प्रारम्भसूक्ष्माः प्रथिमानमापुः ॥४९॥
स पूर्वजन्मान्तरदृष्टपाराः स्मरन्निवाक्लेशकरो गुरूणाम् ।
तिस्त्रस्त्रिवर्गाधिगमस्य मूलं जग्राह विद्याः प्रकृतीश्च पित्र्याः ॥५०॥
व्यूह्य स्थितः किंचिदिवोत्तरार्धमुन्नद्धचूडोऽञ्चितसव्यजानुः ।
आकर्णमाकृष्टसबाणधन्वा व्यरोचतास्त्रेषु विनीयमानः ॥५१॥
अथ मधु वनितानां नेत्रनिर्वेशनीयं मनसिजतरुपुष्पं रागबन्धप्रवालम् ।
अकृतकविधि सर्वाङ्गीणमाकल्पजातं विलसितपदमाद्यं यौवनं स प्रपेदे ॥५२॥
प्रतिकृतिरचनाभ्यो दूतिसंदर्शिताभ्यः समधिकतररूपाः शुद्धसंतानकामैः ।
अधिविविदुरमात्यैराहृतास्तस्य यूनः प्रथमपरिगृहीते श्रीभुवौ राजकन्याः ॥५३॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
वंशानुक्रमो नामाष्टादशः सर्गः ॥

उनके युवा होनेकी आशा लगाए बैठी थी पर बीच-बीचमें छत्रकी छाया बनकर उनका आलिङ्गन कर ही लेती थीं मानो छोटा पति होनेके कारण उनसे खुलकर गले लगनेमें लजा रही हो ॥४७॥ यद्यपि उनकी भुजा जुएके समान मोटी और लम्बी नहीं हुई थी, धनुषकी डोरी खींचनेसे कड़ी भी नहीं हो पाई थी और तलवारकी मूठ भी नहीं छू सकी थी फिरभी उसने पृथ्वीकी रक्षा भली भाँति करली ॥४८॥ कुछ ही दिनोंमें केवल उनके शरीरके अङ्ग ही नहीं बढ़े वरन् उनके वे वंश परम्परावाले गुण भी बढ़े जो पहले छोटे ही थे और जो प्रजाको बहुत प्यारे लगते थे ॥४९॥ उन्होंने धर्म, अर्थ और काम फल देनेवाले त्रयी (तीनों वेद), वार्ता (कृषि) और दण्डनीति तीनों विद्याओंको इतनी शीघ्रतासे सीख लिया मानो पूर्व जन्ममें ही वे उन्हें पढ़ चुके हों। साथ ही अपने पिताकी प्रजाको भी उन्होंने अपने वशमें कर लिया ॥५०॥ जब वे धनुर्विद्या सीखते समय अपने शरीरका ऊपरी भाग कुछ आगे बढ़ा देते थे, बाल ऊपर बाँध लेते थे, बाईं जाँघ कुछ झुका लेते थे और बाण चढ़ाकर धनुषकी डोरी कानतक खींचते थे उस समय वे बड़े सुन्दर लगते थे ॥५१॥ तब सुदर्शनके शरीर में वह जवानी आ गई जो स्त्रियोंकी आँखोंकी मदिरा होती है, शरीरकी स्वाभाविक शोभा होती है और विलासका पहला अड्डा होता है ॥५२॥ दूतियाँ भिन्न-भिन्न राजधानियोंसे जाकर सुन्दर-सुन्दर राजकुमारियोंका चित्र ले आईं और राजाकी संतान होनेकी इच्छासे मन्त्रियोंने चित्रसे बढ़कर सुन्दरी उन राजकुमारियोंका विवाह महाराज सुदर्शनसे करा दिया। विवाह हो जानेपर ये सब राजकुमारियाँ, राजाकी पहली रानियोंकी, पृथ्वीकी और राजलक्ष्मीकी सौतें समान हो गईं ॥५३॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें वंशानुक्रम
नामका अठारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

एकोनविंशः सर्गः

अग्निवर्णमभिषिच्य राघवः स्वे पदे तनयमग्नितेजसम् ।
शिश्रिये श्रुतवतामपश्चिमः पश्चिमे वयसि नैमिषं वशी ॥ १ ॥
तत्र तीर्थसलिलेन दीर्घिकास्तल्पमन्तरितभूमिभिः कुशैः ।
सौधवासमुटजेन विस्मृतः संचिकाय फलनिःस्पृहस्तपः ॥ २ ॥
लब्धपालनविधौ न तत्सुतः खेदमाप गुरुणा हि मेदिनी ।
भोक्तुमेव भुजनिर्जितद्विषा न प्रसाधयितुमस्य कल्पिता ॥ ३ ॥
सोऽधिकारमभिकः कुलोचितं काश्चन स्वयमवर्तयत्समाः ।
संनिवेश्य सचिवेष्वतः परं स्त्रीविधेयनवयौवनोऽभवत् ॥ ४ ॥
कामिनीसहचरस्य कामिनस्तस्य वेश्मसु मृदङ्गनादिषु ।
ऋद्धिमन्तमधिकर्द्धिरुत्तरः पूर्वमुत्सवमपोहदुत्सवः ॥ ५ ॥
इन्द्रियार्थपरिशून्यमक्षमः सोढुमेकमपि स क्षणान्तरम् ।
अन्तरेव विहरन्दिवानिशं न व्यपैक्षत समुत्सुकाः प्रजाः ॥ ६ ॥
गौरवाद्यदपि जातु मन्त्रिणां दर्शनं प्रकृतिकाङ्क्षितं ददौ ।
तद्गवाक्षविवरावलम्बिना केवलेन चरणेन कल्पितम् ॥ ७ ॥

उन्नीसवाँ सर्ग

विद्वान् राजा सुदर्शनने बुढ़ापेमें अपने अग्निके समान तेजस्वी पुत्र अग्निवर्णको राजा बना दिया और स्वयं नैमिषारण्यमें रहने लगे ॥१॥ वहाँ वे तीर्थ-जलके आगे घरकी बावलियोंको, भूमिपर बिछे हुए कुशके आगे राजसी पलँगको तथा कुटियाके आगे बड़े-बड़े महलोंको भूल गये और फलकी इच्छा छोड़कर तप करने लगे ॥२॥ पितासे पाई हुई पृथ्वीका पालन करनेमें अग्निवर्णको कोई कठिनाई नहीं हुई क्योंकि उनके पिताने शत्रुओंको पहले ही हरा दिया था। इसलिये इन्हें तो केवल भोग करनेके लिये ही राज्य मिला था, राज्यके शत्रुओंको मिटानेके लिये नहीं ॥३॥ इसका फल यह हुआ कि अग्निवर्ण कामुक हो गए। कुछ दिनोंतक तो उन्होंने स्वयं राजकाज देखा पर फिर मन्त्रियोंपर राज्यका भार डालकर जवानीका रस लेने लगे ॥४॥ वह कामी राजा कामिनियोंके साथ उन भवनोंमें दिन रात पड़ा रहने लगा जिसमें बराबर मृदंग बजते रहते थे और प्रतिदिन एकसे एक बढ़कर ऐसे उत्सव होते रहते थे कि अगले दिनके उत्सवके धूम धड़ाके के आगे पहले दिनका उत्सव फीका पड़ जाता था ॥५॥ उसे ऐसा चसका लग गया कि वह क्षण भर भी भोगविलासके बिना नहीं रह सकता था। इसलिये वह सदा रनिवासके भीतर रहकर ही विहार करने लगा। उसके दर्शनके लिये जनता अधीर रहती थी पर वह कभी उनकी सुध नहीं लेता था ॥६॥ यदि कभी मन्त्रियोंके कहने-सुननेसे वह प्रजाको दर्शन भी देता तो बस इतना ही कि झरोखेसे एक पैर बाहर लटका देता था ॥७॥

तं कृतप्रणतयोऽनुजीविनः कोमलात्मनखरागरूषितम् ।
भेजिरे नवदिवाकरातपस्पृष्टपङ्कजतुलाधिरोहणम् ॥८॥
यौवनोन्नतविलासिनीस्तनक्षोभलोलकमलाश्च दीर्घिकाः ।
गूढमोहनगृहास्तदम्बुभिः स व्यगाहत विगाढमन्मथः ॥९॥
तत्र सेकहृतलोचनाञ्जनैर्धौतरागपरिपाटलाधरैः ।
अङ्गनास्तमधिकं व्यलोभयन्नर्पितप्रकृतकान्तिभिर्मुखैः ॥१०॥
घ्राणकान्तमधुगन्धकर्षिणीः पानभूमिरचनाः प्रियासखः ।
अभ्यपद्यत स वासितासखः पुष्पिताः कमलिनीरिव द्विपः ॥११॥
सातिरेकमदकारणं रहस्तेन दत्तमभिलेषुरङ्गनाः ।
ताभिरप्युपहृतं मुखासवं सोऽपिबद्बकुलतुल्यदोहदः ॥१२॥
अङ्कमङ्कपरिवर्तनोचिते तस्य निन्यतुरशून्यतामुभे ।
वल्लकी च हृदयङ्गमस्वना वल्गुवागपि च वामलोचना ॥१३॥
स स्वयं प्रहतपुष्करः कृती लोलमाल्यवलयो हरन्मनः ।
नर्तकीरभिनयातिलङ्घिनीः पार्श्ववर्तिषु गुरुष्वलज्जयत् ॥१४॥
चारु नृत्यविगमे च तन्मुखं स्वेदभिन्नतिलकं परिश्रमात् ।
प्रेमदत्तवदनानिलः पिबन्नत्यजीवदमरालकेश्वरौ ॥१५॥

राजकर्मचारी उनके नखोंकी लालीवाले उस चरणका नमस्कार करके आराधना करते थे जो प्रभातकी लाल किरणोंसे भरे हुए कमलके समान था ॥८॥ यह महाकामी राजा उन बावलियोंमें सुन्दर स्त्रियोंके साथ विहार करता था जिनमें विलास-घर भी बने हुए थे। स्त्रियोंके ऊँचे-ऊँचे स्तन जब बावलीके कमलोंसे टकराते थे तब वे कमल हिलने लगते थे ॥९॥ जलमें स्नान करनेसे जब उन स्त्रियोंकी आँखोंका आँजन छूट जाता था और ओठोंपर लगी हुई लाली धुल जाती थी तब उनकी स्वाभाविक सुन्दरताको देखकर वह और भी अधिक मोहित हो उठता था ॥१०॥ हाथी जैसे खिली हुई कमलिनियोंकी गन्धसे भरे सरोवरमें हथिनियोंके साथ पैठता है, वैसे ही अग्निवर्ण भी सुन्दरी स्त्रियोंके साथ मद्यके गंधसे बसी हुई पानशाला या मदिराघरमें पहुँचता था ॥११॥ वहाँ वे स्त्रियाँ अग्निवर्णका जूठा मदकारी आसव बड़े प्रेमसे पीती थीं। जैसे मौलसिरीका पेड़ स्त्रियोंके मुखका आसव पानेको तरसा करता है उसी प्रकार उन स्त्रियोंके मुखसे आसव पीनेकी इच्छा करनेवाला अग्निवर्ण भी उनके मुँहका आसव पिया करता था ॥१२॥ गोदमें बैठाने योग्य दो ही तो वस्तुएँ हैं—एक तो मनोहर शब्दावली वीणा और दूसरी मधुर-भाषिणी कामिनी। इन दोनोंने उसकी गोदको सदा भरपूर रक्खा ॥१३॥ जब नर्तकियोंके नाचते समय वह स्वयं मृदंग बजाने लगता था तब उसके गलेकी माला हिल उठती थी। उस समय वह ऐसा सुन्दर लगता था कि नर्तकियाँ सुध-बुध खोकर नाचना भी भूल जाती थीं। इसका फल यह होता था कि उन्हें नाचना सिखानेवाले उनके जो गुरु वहाँ बैठे रहते थे उनके आगे वे अपनी इस बातपर लजा जाती थीं ॥१४॥ जब नृत्य समाप्त हो जाता था और

तस्य सावरणदृष्टसंधयः काम्यवस्तुषु नवेषु सङ्गिनः ।
वल्लभाभिरुपसृत्य चक्रिरे सामिभुक्तविषयाः समागमाः ॥१६॥
अङ्गुलीकिसलयाग्रतर्जनं भ्रूविभङ्गकुटिलं च वीक्षितम् ।
मेखलाभिरसकृच्च बन्धनं वञ्चयन्प्रणयिनीरवाप सः ॥१७॥
तेन दूतिविदितं निषेदुषा पृष्ठतः सुरतवाररात्रिषु ।
शुश्रुवे प्रियजनस्य कातरं विप्रलम्भपरिशङ्किनो वचः ॥१८॥
लौल्यमेत्य गृहिणीपरिग्रहान्नर्तकीष्वसुलभासु तद्वपुः ।
वर्तते स्म स कथंचिदालिखन्नङ्गुलीक्षरणसन्नवर्तिकः ॥१९॥
प्रेमगर्वितविपक्षमत्सरादायताच्च मदनान्महीक्षितम् ।
निन्युरुत्सवविधिच्छलेन तं देव्य उज्झितरुषः कृतार्थताम् ॥२०॥
प्रातरेत्य परिभोगशोभिना दर्शनेन कृतखण्डनव्यथाः ।
प्राञ्जलिः प्रणयिनी प्रसादयन्सोऽधुनोत्प्रणयमन्थर पुन ॥२१॥

नाचनेके परिश्रमसे उनके मुखपर पसीनेकी बूंद छा जाती थी तब राजा अग्निवर्ण प्रेमपूर्वक फूक मार-मारकर उनके मुखको चूमने लगता था । उस समय वह समझता था कि मैं इन्द्र और कुबेरसे भी बढ़कर सुखी और भाग्यवान् हूँ ॥१५॥ वह सदा नई नई भोगकी सामग्रियाँ चाहता था । जिस वस्तुसे उसका मन [illegible]ता था उसे वह छोड़ देता था इसलिये स्त्रियाँ संभोगके समय राजासे [illegible] जब वह प्र[illegible] छुड़ी होती, पूरी नहीं । क्योंकि उन्हें डर था कि यदि राजा पूर्णरूपसे तृप्त हो [illegible] राजा एक बार [illegible] ॥१६॥ कभी कभी जब वह राजा इन कामिनियोंको धोखा या चकमा दे जाता था [illegible] अपनी लाल-लाल उँगलियाँ चमका-चमकाकर धमकाती थी, भौंह तरेरती थी और राजाको [illegible] करधनीसे बाँध देती थी ॥१७॥ जिस दिन रातको उसे किसी स्त्रीसे संभोग करने जाना होता तो [illegible] सब बातें बताकर वह पास ही छिपकर बैठ जाता । वह स्त्री जब आती और विप्रलब्ध नायिकाके समान दूतीसे विरहकी (इस प्रकार) बात करने लगती [कि पता नहीं वे कब आवेंगे, अभीतक आए क्यों नहीं इत्यादि,] तब वह उन बातोंको छिप छिपे बड़े प्रेमसे सुनता था ॥१८॥ जब कभी उसे रानियाँ रोक लेती, तब नर्तकियोंसे न मिलनेसे विरह-कातर हो जाता और हाथमें तूलिका लेकर किसी नर्तकीका चित्र बनाने लगता था । उस समय उसे वह नर्तकी स्मरण हो आती और सात्विक भावके कारण उसकी उँगलियोंमें पसीना आ जाता और कूँची फिसल पड़ती थी । इस प्रकार वह बड़ी कठिनाईसे चित्र बना पाता था ॥१९॥ यदि राजा किसी रानीसे प्रेम करता तो वह गर्वसे फूली न समाती । यह देखकर उसकी सौतें जल उठती थी और कामातुर हो जाती थी और किसी उत्सवका बहाना करके राजाको अपने यहाँ बुलाकर उसके साथ अपनी तपन बुझाती थी ॥२०॥ रातमें बाहर किसी स्त्रीसे संभोग करके जब राजा प्रातःकाल घर लौटता था तब रातके भोगवाले सुन्दर वेशमें उसे देखकर उसकी प्रेमिकाएँ खण्डिता नायिकाके समान आँसू बहाने लगती थी और राजा हाथ जोड़कर उन्हें मना लेता था ।

स्वप्नकीर्तितविपक्षमङ्गनाः प्रत्यभैत्सुरवदन्त्य एव तम् ।
प्रच्छदान्तगलिताश्रुबिन्दुभिः क्रोधभिन्नवलयैर्विवर्तनैः ॥२२॥

क्लृप्तपुष्पशयनाँल्लतागृहानेत्य दूतिकृतमार्गदर्शनः ।
अन्वभूत्परिजनाङ्गनारतं सोऽवरोधभयवेपथूत्तरम् ॥२३॥

नाम वल्लभजनस्य ते मया प्राप्य भाग्यमपि तस्य काङ्क्ष्यते ।
लोलुपं ननु मनो ममेति तं गोत्रविस्खलितमूचुरङ्गनाः ॥२४॥

चूर्णबभ्रु लुलितस्रगाकुलं छिन्नमेखलमलक्तकाङ्कितम् ।
उत्थितस्य शयनं विलासिनस्तस्य विभ्रमरतान्यपावृणोत् ॥२५॥

स स्वयं चरणरागमादधे योषितां न च तथा समाहितः ।
लोभ्यमाननयनः श्लथांशुकैर्मेखलागुणपदैर्नितम्बिभिः ॥२६॥

चुम्बने निपरिवर्तिताधरं हस्तरोधि रशनाविघट्टने ।
विघ्नितेच्छमपि तस्य सर्वतो मन्मथेन्धनमभूद्वधूरतम् ॥२७॥

दर्पणेषु परिभोगदर्शिनीर्नर्मपूर्वमनुपृष्ठसंस्थितः ।
छायया स्मितमनोज्ञया वधूर्ह्रीनिमीलितमुखीश्चकार सः ॥२८॥

पर जब रातको थकावटके कारण वह उनसे भरपूर प्रेम नहीं करता था तो वे फिर व्याकुल हो उठती थी ॥२१॥ जब स्त्रियाँ देखती कि राजा स्वप्नमें बडबडाते हुए किसी दूसरी स्त्रीकी बढाई कर रहा है तब वे कामिनियाँ बिना बोले ही बिस्तरके कोनपर आंसू गिराती थीं, क्रोधसे कँगन तोड कर उनसे पीठ फेरकर सो जाती थीं और इस प्रकार उनसे रूठ जाती थी ॥२२॥ करते थे जो दूतियाँ राजाको मार्ग दिखाती हुईं उस स्थान पर ले जाती जहाँ लताओंके बीचमें सम्बलियोंमें सुन्दरियोंका सेज बिछी रहती थी। उस समय उसे यह डर होता कि कहीं ये दासियाँ जाकर रानियोंसे न कह दें। इसलिये दासियोंको फुसलानेके लिये वह उन दासियोंसे सम्भोग करके उन्हे प्रसन्न कर देता था ॥२३॥ कभी-कभी वह भूलसे स्त्रियोंके आगे किसी बाहरी प्रेमिकाका नाम ले लेता। उसे सुनकर वे स्त्रियाँ कहने लगती कि बडा अच्छा हुआ जो आपने अपनी प्रेमिकाका नाम बता दिया। धन्य है उसका भाग्य! पर क्या करें, हमारा भी तो लोभी मन नहीं मानता। आपको कैसे छोड दें? ॥२४॥ जब वह सोकर उठता तब उसका पलंग, फैले हुए केसरके चूर्णसे सुनहरा दिखाई देता था। उसपर फूलोंकी मसली हुई मालाएँ और टूटी हुई तगडियाँ पडी रहती थी और जहाँ तहाँ महावरकी छाप पडी रहती थी, जिसे देखकर प्रकट होता था कि वह कितना विलासी है ॥२५॥ कभी कभी वह स्त्रियोंके पैरोंमें स्वयं महावर लगाने बैठ जाता। पर उसी समय उसकी दृष्टि स्त्रियोंके उन नितम्बोंपर पड जाती थी जिनपरसे कपडा सरका हुआ रहता था। उन्हे देखकर वह ऐसा मुग्ध हो जाता कि भलीभाँति महावर भी नहीं लगा पाता था ॥२६॥ सम्भोगके समय जब वह स्त्रियोंके ओठ चूमने लगता तब वे मुँह फेर लेती थी और जब कमरका नाडा खोलने लगता तब हाथ थाम लेती। इस प्रकार वह जो कुछ करना चाहता, स्त्रियाँ कुछ भी नहीं करने देती थी, फिर भी उसका काम बढता ही गया ॥२७॥ जब कभी स्त्रियाँ दर्पणके आगे खडी होकर दाँत काटने या चूंटने आदि

कण्ठसक्तमृदुबाहुबन्धनं न्यस्तपादतलमग्रपादयोः ।
प्रार्थयन्त शयनोत्थितं प्रियास्तं निशात्ययविसर्गचुम्बनम् ॥२६॥
प्रेक्ष्य दर्पणतलस्थमात्मनो राजवेशमतिशक्रशोभिनम् ।
पिप्रिये न स तथा यथा युवा व्यक्तलक्ष्म परिभोगमण्डनम् ॥३०॥
मित्रकृत्यमपदिश्य पार्श्वतः प्रस्थितं तमनवस्थितं प्रियाः ।
विद्म हे शठ पलायनच्छलान्यञ्जसेति रुरुधुः कचग्रहैः ॥३१॥
तस्य निर्दयरतिश्रमालसाः कण्ठसूत्रमपदिश्य योषितः ।
अध्यशेरत बृहद्भुजान्तरं पीवरस्तनविलुप्तचन्दनम् ॥३२॥
संगमाय निशि गूढचारिणं चारदूतिकथितं पुरोगताः ।
वञ्चयिष्यसि कुतस्तमोवृतः कामुकेति चकृषुस्तमङ्गनाः ॥३३॥
योषितामुडुपतेरिवार्चिषां स्पर्शनिर्वृतिमसाववाप्नुवन् ।
आरुरोह कुमुदाकरोपमां रात्रिजागरपरो दिवाशयः ॥३४॥
वेणुना दशनपीडिताधरा वीणया नखपदाङ्कितोरवः ।
शिल्पकार्य उभयेन वेजितास्तं विजिह्मनयना व्यलोभयन् ॥३५॥

सभोगके चिह्नोको देखने लगती थी, तब राजा उनके पीछे चुपकेसे आकार खड़ा हो जाता और मुसकरा देता। जब दर्पणमे उसका प्रतिबिम्ब स्त्रियाँ देख लेती तब वे झेंपकर मुँह नीचा कर लेती थी ॥२८॥ जब वह प्रात काल पलँगसे उठकर जाने लगता तब स्त्रियोको इच्छा होती कि बिछुडनेके पहले राजा एक बार गलेमे बाँहे डालकर चूम तो ले ॥२६॥ वह राजा इन्द्रके वस्त्रोसे भी सुन्दर अपने राजसी वस्त्रको दर्पणमे देखकर उतना प्रसन्न नही होता था जितना सभोगके चिह्नोको देखकर ॥३०॥ कभी कभी अपनी रानियोके पास बैठे-बैठे उसके मनमे किसी प्रियतमाके पास जानेकी इच्छा होती तो वह यह कहकर उठने लगता—अरे मुझे एक मित्रसे मिलने जाना है। यह सुनकर रानियाँ ताड जाती और कहने लगती कि हम भी भलीभाँति जानती है कि तुम किस मित्रके यहाँ जा रहे हो और फिर बाल पकडकर उसे रोक लेती॥३१॥ जब कभी उसके साथ बहुत देरतक सभोग करनेके कारण स्त्रियाँ अलसा जाती थी तब वे अपने मोटे मोटे स्तनोसे राजाकी छातीके चन्दनको पोछती हुई उसके वक्ष स्थलपर इस प्रकार सो जाती थी मानो वे सभोगका वह कठसूत्र नामका आसन साज रही हो जिसमे स्त्रियाँ पतिके ऊपर सोकर अपने स्तनोंसे धीरे धीरे अपने प्रियतमकी छातीको थपकते हुए कसकर छातीसे लिपट जाती हैं ॥३२॥ रातको वह सभोगकी इच्छासे छिपकर जब बाहर जानेको होता था तो दूतियोसे समाचार पाकर उसकी स्त्रियाँ उसके आगे पहुँच जाती थी और यह कहते हुए खीच लाती थी कि कहिए चकमा देकर रातको किधर चले ॥३३॥ स्त्रियोके स्पर्शसे उसे वैसा ही आनन्द मिलता था जैसा चन्द्रमाको किरणोसे। अत वह कुमुदोके समान रातभर जागता रहता और दिनभर सोता रहता ॥३४॥ उसने गानेवाली स्त्रियोके ओठोपर अपने दाँतके और उनकी जाँघोपर चूंट-चूंटकर नखोके ऐसे घाव कर दिए थे कि जब वे अपने अधरोपर बाँसुरी और

अङ्गसत्त्ववचनाश्रयं मिथः स्त्रीषु नृत्यमुपधाय दर्शयन्।
स प्रयोगनिपुणैः प्रयोक्तृभिः संजघर्ष सह मित्रसन्निधौ ॥३६॥
अंसलम्बिकुटजार्जुनस्रजस्तस्य नीपरजसाङ्गरागिणः।
प्रावृषि प्रमदबर्हिणेष्वभूत्कृत्रिमाद्रिषु विहारविभ्रमः ॥३७॥
विग्रहाच्च शयने पराङ्मुखीर्नानुनेतुमबलाः स तत्वरे।
आचकाङ्क्ष घनशब्दविक्लवास्ता विवृत्य विशतीर्भुजान्तरम् ॥३८॥
कार्तिकीषु सवितानहर्म्यभाग्यामिनीषु ललिताङ्गनासखः।
अन्वभुङ्क्त सुरतश्रमापहां मेघमुक्तविशदां स चन्द्रिकाम् ॥३९॥
सैकतं च सरयूं विवृण्वतीं श्रोणिबिम्बमिव हंसमेखलम्।
स्वप्रियाविलसितानुकारिणीं सौधजालविवरैर्व्यलोकयत् ॥४०॥
मर्मरैरगुरुधूपगन्धिभिर्व्यक्तहेमरशनैस्तमेकतः।
जह्रुराग्रथनमोक्षलोलुपं हैमनैर्निवसनैः सुमध्यमाः ॥४१॥
अर्पितस्तिमितदीपदृष्टयो गर्भवेश्मसु निवातकुक्षिषु।
तस्य सर्वसुरतान्तरक्षमाः साक्षितां शिशिररात्रयो ययुः ॥४२॥

जाँघपर वीणा रखती तब उन्हें बड़ा कष्ट होता और वे टेढ़ी भौंहोंसे राजाकी ओर देखने लगती थीं [कि यह सब आपकीही करतूत है।] उनकी यह भावभंगी देखकर राजा और भी रीझ उठता था ॥३५॥ इतना ही नहीं, जब वह एकान्तमें स्त्रियोंको आंगिक, सात्त्विक और वाचिक तीनों प्रकारका अभिनय सिखाकर अपने मित्रोंके आगे उनका प्रदर्शन करता था उस समय वह बड़े-बड़े नाट्यशास्त्रियोंके भी कान काटता था ॥३६॥ वर्षा ऋतुमें वह कुटज और अर्जुनकी माला गलेमें पहनकर तथा शरीरमें कदम्बके परागका अंगराग लगाकर, मतवाले मोरसे भरे हुए क्रीडा पर्वतोंपर विहार किया करता था ॥३७॥ जब पलंगपर सोई हुई स्त्रियाँ रूठकर पीठ फेरकर सो जाती थीं तब राजा उन्हें मनाना नहीं चाहता था, वरन् वह चाहता था कि किसी प्रकार बादल गरज उठें जिससे डरकर ये मेरी छातीसे आ चिपटें ॥३८॥ कार्तिककी रातोंमें वह राजभवनके ऊपर चँदोवा तनवा देता था और सुन्दरियोंके साथ उस चाँदनीका आनन्द लेता था जो संभोगका श्रम दूर करती है और जो बादलोंके न रहनेसे बराबर फैली रहती है ॥३९॥ वह अपने राजभवनके झरोखे से सरयूको देखता था जिसके तटपर उजले हंसोंकी पाँतें बैठी रहती थीं। वह दृश्य ऐसा दिखाई देता मानो सरयू, उन सुन्दरियोंका अनुकरण कर रही हो जिनके नितम्बोंपर तगड़ी पड़ी हो ॥४०॥ पतली कमरवाली स्त्रियाँ जाड़ेके ऐसे कपड़े पहनती थीं जो आड़ीवे कारण सरसराते थे और जिनके नीचे झलकती हुई सोनेकी तगड़ीको बाँधने और खोलनेके लिये लालायित रहनेवाला वह राजा मोहित हो जाता था ॥४१॥ सब प्रकारकी गंभीर क्रीडा करने योग्य हेमन्त ऋतुकी बड़ी बड़ी रातोंमें वह राजा भवनोंकी भीतरी कोठियोंमें विहार किया करता था जहाँ उसके गाढ़ी नेत्र

दक्षिणेन पवनेन संभृतं प्रेक्ष्य चूतकुसुमं सपल्लवम् ।
अन्वनैषुरवधूतविग्रहास्तं दुरुत्सहवियोगमङ्गनाः ॥४३॥
ताः स्वमङ्कमधिरोप्य दोलया प्रेङ्खयन्परिजनापविद्धया ।
मुक्तरज्जु निबिडं भयच्छलात्कण्ठबन्धनमवाप बाहुभिः ॥४४॥
तं पयोधरनिषिक्तचन्दनैर्मौक्तिकग्रथितचारुभूषणैः ।
ग्रीष्मवेषविधिभिः सिषेविरे श्रोणिलम्बिमणिमेखलैः प्रियाः ॥४५॥
यत्स लग्नसहकारमासवं रक्तपाटलसमागमं पपौ ।
तेन तस्य मधुनिर्गमात्कृशश्चित्तयोनिरभवत्पुनर्नवः ॥४६॥
एवमिन्द्रियसुखानि निर्विशन्नन्यकार्यविमुखः स पार्थिवः ।
आत्मलक्षणनिवेदितानृतूनत्यवाहयदनङ्गवाहितः ॥४७॥
तं प्रमत्तमपि न प्रभावतः शेकुराक्रमितुमन्यपार्थिवाः ।
आमयस्तु रतिरागसंभवो दक्षशाप इव चन्द्रमक्षिणोत् ॥४८॥
दृष्टदोषमपि तन्न सोऽत्यजत्सङ्गवस्तु भिषजामनाश्रवः ।
स्वादुभिस्तु विषयैर्हृतस्ततो दुःखमिन्द्रियगणो निवार्यते ॥४९॥
तस्य पाण्डुवदनाल्पभूषणा सावलम्बगमना मृदुस्वना ।
राजयक्ष्मपरिहाणिराययौ कामयानसमवस्थया तुलाम् ॥५०॥

दीप थे जो वायुके न आनेसे एकटक होकर सबको देख रहे थे ॥४२॥ मलय पर्वतसे आए हुए ग्ण पवनसे आमोंमें बौर छागए जिन्हें देखकर प्रेमिकाओंने कामोन्मत्त होकर राजासे रूठना ड दिया और उनके विरहमें व्याकुल होकर स्वयं उन्हें ढूंढने लगीं ॥४३॥ उन स्त्रियोंको गोदमें कर वह उन झूलोंमें झूलने लगा जिन्हें नौकर झुला रहे थे । राजाने एक बार झूलेको जो झटका ा तो उन स्त्रियोंने भयका बहाना करके रस्सी छोड़ दी और राजाके गलेमें बांह डालकर उनसे ट गईं ॥४४॥ ग्रीष्म ऋतुमें स्तनोंपर चन्दन लगाकर, मोतियोंका आभूषण पहनकर और म्बपर मणिकी तगड़ी लटकाकर वे स्त्रियां उस राजाके साथ संभोग करके उसे प्रसन्न करती ॥४५॥ उस समय वह आमकी बौर और पाटलका लाल फूल पानमें लगाकर आसव पीता जिससे वसंत बीतनेसे मंद पड़ा हुआ उसका काम फिर जाग उठता था ॥४६॥ इस प्रकार वह नो राजा राज-काज छोड़कर इन्द्रिय-सुखोंका रस लेता हुआ ऋतुएं बिताने लगा । वह काम-ाके लिये भिन्न भिन्न ऋतुओंमें भिन्न-भिन्न प्रकारका वेश बनाया करता था, इसलिये उसके को देखकर ज्ञात हो जाता था कि किस समय कौनसी ऋतु है ॥४७॥ इतना व्यसनमें लीन पर भी दूसरे राजा उसके राज्यपर आक्रमण नहीं करते थे । फिर भी जैसे दक्षके शापसे चन्द्रमाको रोग हो गया था वैसे ही अधिक भोग-विलास करनेसे उसे भी क्षय रोग हो गया और धीरे-धीरे ने लगा ॥४८॥ वैद्योंके बार-बार रोकनेपर भी उसने कामको जगानेवाली ये वस्तुएं नहीं छोड़ीं ंकि जब इन्द्रियां एक बार विषयोंमें फंस जाती हैं तब उन्हें रोकना कठिन हो जाता है ॥४९॥ -धीरे उसका शरीर पीला पड़ गया, दुर्बलताके कारण उसने आभूषण पहनना भी छोड़ दिया,

व्योम पश्चिमकलास्थितेन्दु वा पङ्कशेषमिव घर्मपल्वलम् ।
राज्ञि तत्कुलमभूत्क्षयातुरे वामनार्चिरिव दीपभाजनम् ॥५१॥
बाढमेष दिवसेषु पार्थिवः कर्म साधयति पुत्रजन्मने ।
इत्यदर्शितरुजोऽस्य मन्त्रिणः शश्वदूचुरघशङ्किनीः प्रजाः ॥५२॥
स त्वनेकवनितासखोऽपि सन्पावनीमनवलोक्य संततिम् ।
वैद्ययत्नपरिभाविनं गदं न प्रदीप इव वायुमत्यगात् ॥५३॥
तं गृहोपवन एव संगताः पश्चिमक्रतुविदा पुरोधसा ।
रोगशान्तिमपदिश्य मन्त्रिणः संभृते शिखिनि गूढमादधुः ॥५४॥
तैः कृतप्रकृतिमुख्यसंग्रहैराशु तस्य सहधर्मचारिणी ।
साधु दृष्टशुभगर्भलक्षणा प्रत्यपद्यत नराधिपश्रियम् ॥५५॥

तस्यास्तथाविधनरेन्द्रविपत्तिशोका-
दुष्णैर्विलोचनजलैः प्रथमाभितप्तः ।
निर्वापितः कनककुम्भमुखोज्झितेन
वंशाभिषेकविधिना शिशिरेण गर्भः ॥५६॥

वह नौकरोंके कन्धेपर सहारा देकर चलने लगा, उसकी बोली धीमी पड गई और यक्ष्मा रोगसे सूखकर वह ठीक विरहियोंके समान दिखाई देने लगा ॥५०॥ राजाके क्षय रोगसे रोगी होनेपर सूर्यकुल ऐसा रह गया जैसे एक कला भर बचा हुआ कृष्ण पक्षकी चतुर्दशीका चन्द्रमा हो या कीचड-भर बचा हुआ गर्मीके दिनोंका ताल हो या तनिक-सी बची हुई दीपककी लौ हो ॥५१॥ जब प्रजा पूछती थी कि राजाको कोई भयानक रोग तो नहीं है, उस समय मन्त्री लोग प्रजाको यह कहकर समझाते थे कि राजा इस समय पुत्रोत्पत्तिके लिये व्रत आदि कर रहे हैं, इसलिये दुर्बल होते जा रहे हैं। इस प्रकार वे लोग राजाके रोगकी बात जनतासे छिपा रहे थे ॥५२॥ अनेक रानियोंके होते हुए भी वह राजा पुत्रका मुँह नहीं देख सका और वैद्य लोग राजाको अच्छा नहीं कर सके। जैसे वायुके आगे दीपकका कुछ भी वश नहीं चलता वैसे ही राजा भी रोगसे नहीं बचाया जा सका ॥५३॥ अन्त्येष्टिकी विधि जाननेवाले पुरोहितसे मिलकर मन्त्रियोंने रोग शान्तिके बहानेसे राजाके शवको राजभवनके उपवनमें ही चुपचाप जलती अग्निमें रख दिया कि यहीं बाहर ले जानेसे यह रोग प्रजामें न फैल जाय ॥५४॥ मन्त्रियोंने शीघ्र ही प्रजाके नेताओंको इकट्ठा किया और उनकी सम्मतिसे राजाकी उस पटरानीको सिंहासनपर बैठा दिया जिसमें गर्भके शुभ चिन्ह दिखाई दे रहे थे ॥५५॥ राजाकी ऐसी दुःखद मृत्युमें महारानीकी आँखोंके गरम-गरम आँसुओंसे तपे हुए गर्भपर जब कुल-परम्पराके अनुसार होनेवाले अभिषेकके समय सोनेके घड़ेसे शीतल जल पड़ा तब वह गर्भ शीतल हो गया ॥५६॥ जैसे सावनमें बोए हुए मुट्ठी भर बीजोंको पृथ्वी छिपाए

तं भावार्थं प्रसवसमयाकाङ्क्षिणीनां प्रजाना-
मन्तर्गूढं क्षितिरिव नभोबीजमुष्टिं दधाना ।
मौलैः सार्धं स्थविरसचिवैर्हेमसिंहासनस्था
राज्ञी राज्यं विधिवदशिषद्भर्तुरव्याहताज्ञा ॥५७॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ रघुवंशे महाकाव्ये
अग्निवर्णशृङ्गारो नामैकोनविंशः सर्गः ॥

॥ इति रघुवंशम् ॥

रहती है वैसे ही महारानी भी अपनी उस प्रजाकी भलाईके लिये गर्भ धारण किये हुए थी जो पुत्र उत्पन्न होनेकी बाट जोह रही थी। इस प्रकार जिसका कहना कोई टाल नहीं सकता था वह गर्भवती महारानी बूढ़े मन्त्रियोंकी सम्मतिके अनुसार राजकाज चलाने लगी।

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए रघुवंश महाकाव्यमें अग्निवर्णका शृङ्गार नामका उन्नीसवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ रघुवंश महाकाव्य समाप्त हुआ ॥

॥ कुमारसम्भवम् ॥

॥ श्री ॥

॥ कुमारसम्भवम् ॥

॥ प्रथमः सर्गः ॥

अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवतात्मा हिमालयो नाम नगाधिराजः ।
पूर्वापरौ तोयनिधीवगाह्य स्थितः पृथिव्या इव मानदण्डः ॥१॥
यं सर्वशैलाः परिकल्प्य वत्सं मेरौ स्थिते दोग्धरि दोहदक्षे ।
भास्वन्ति रत्नानि महौषधीश्च पृथूपदिष्टां दुदुहुर्धरित्रीम् ॥२॥
अनन्तरत्नप्रभवस्य यस्य हिमं न सौभाग्यविलोपि जातम् ।
एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः ॥३॥
यश्चाप्सरोविभ्रममण्डनानां संपादयित्रीं शिखरैर्बिभर्ति ।
बलाहकच्छेदविभक्तरागामकालसंध्यामिव धातुमत्ताम् ॥४॥
आमेखलं संचरतां घनानां छायामधःसानुगतां निषेव्य ।
उद्वेजिता वृष्टिभिराश्रयन्ते शृङ्गाणि यस्यातपवन्ति सिद्धाः ॥५॥

॥ पहला सर्ग ॥

भारतके उत्तरमें देवताके समान पूजनीय हिमालय नामका बड़ा भारी पहाड़ है। यह पूर्व और पश्चिमके समुद्रों तक फैला हुआ ऐसा लगता है मानो वह पृथ्वीको नापने तौलनेका मापदंड हो ॥१॥ राजा पृथुके कहनेसे सब पर्वतोंने मिलकर इसे बछड़ा बनाया और दुहनेमें चतुर मेरु पर्वतको ग्वाला बनाकर पृथ्वी रूपी गौसे चमकीले रत्न और जड़ी-बूटियाँ दुहकर निकाल लीं ॥२॥ अनगिनत रत्न उत्पन्न करनेवाले इस हिमालयकी शोभा हिमके कारण कुछ कम नहीं हुई क्योंकि जहाँ बहुतसे गुण हों वहाँ यदि एक आध अवगुण भी आ जाय तो उसका वैसे ही पता नहीं पड़ता जैसे चन्द्रमाकी किरणोंमें उसका कलंक छिप जाता है ॥३॥ हिमालयकी कुछ चोटियोंपर गेरु आदि धातुओंकी अनेक रंग-बिरंगी चट्टानें हैं। इसलिये कभी कभी उन चट्टानोंके पास पहुँचे हुए बादलोंके टुकड़े उनके रंगकी छाया पड़नेसे सन्ध्याके बादलों-जैसे रंग बिरंगे दिखाई पड़ने लगते हैं। उन्हें देखकर सन्ध्या होनेके पहले ही वहाँकी अप्सराओंको यह भ्रम हो जाता है कि सन्ध्या हो गई और इस हड़बड़ीमें वे सायंकालके नाच-गानेके लिये अपना शृङ्गार करना प्रारम्भ कर देती हैं ॥४॥ इसकी कुछ चोटियाँ इतनी ऊँची उठी हैं कि मेघ भी उनके बीचतक ही पहुँचकर रह जाते हैं, उनके ऊपरका आधा भाग मेघोंसे ऊपर निकला रहता है। इसलिये निचले भागमें छायाका आनन्द लेनेवाले सिद्ध लोग जब अधिक वर्षा होनेसे घबड़ा उठते हैं, तब वे बादलोंके ऊपर उठी हुई उन चोटियोंपर जाकर रहने लगते हैं जहाँ उस समय

पदं तुषारस्रुतिधौतरक्तं यस्मिन्नदृष्ट्वापि हतद्विपानाम् ।
विदन्ति मार्गं नखरन्ध्रमुक्तैर्मुक्ताफलैः केसरिणां किराताः ॥६॥
न्यस्ताक्षरा धातुरसेन यत्र भूर्जत्वचः कुञ्जरबिन्दुशोणाः ।
व्रजन्ति विद्याधरसुन्दरीणामनङ्गलेखक्रिययोपयोगम् ॥७॥
यः पूरयन्कीचकरन्ध्रभागान्दरीमुखोत्थेन समीरणेन ।
उद्गास्यतामिच्छति किन्नराणां तानप्रदायित्वमिवोपगन्तुम् ॥८॥
कपोलकण्डूः करिभिर्विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणाम् ।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः सानूनि गन्धः सुरभीकरोति ॥९॥
वनेचराणां वनितासखानां दरीगृहोत्सङ्गनिषक्तभासः ।
भवन्ति यत्रौषधयो रजन्यामतैलपूराः सुरतप्रदीपाः ॥१०॥
उद्वेजयत्यङ्गुलिपार्ष्णिभागान्मार्गे शिलीभूतहिमेऽपि यत्र ।
न दुर्वहश्रोणिपयोधरार्ता भिन्दन्ति मन्दां गतिमश्वमुख्यः ॥११॥
दिवाकराद्रक्षति यो गुहासु लीनं दिवाभीतमिवान्धकारम् ।
क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैःशिरसां सतीव ॥१२॥

धूप बनी रहती है ॥५॥ यहाँके सिंह जब हाथियोंको मारकर चले जाते हैं तब रक्तसे लाल उनके पञ्जोंकी पड़ी हुई छाप हिमकी धारासे धुल जाती है। फिर भी उन सिंहोंके नखोंसे गिरी हुई गज-मुक्ताओंको देखकर ही यहाँके किरात जान लेते हैं कि सिंह किधर गए हैं ॥६॥ इस पर्वतपर उत्पन्न होनेवाले जिन भोज-पत्रोंपर लिखे हुए अक्षर हाथीकी सूँडपर बनी हुई लाल बुँदकियों-जैसे दिखाई पड़ते हैं उन्हें विद्याधरियाँ अपने प्रेम पत्र लिखनेके काममें लाया करती हैं ॥७॥ इस पहाड़पर ऐसे छेदवाले बाँस बहुतायतसे होते हैं जो वायु भर जानेपर बजने लगते हैं। तब ऐसा जान पड़ता है मानो ऊँचे स्वरसे गानेवाले किन्नरोंके गीतोंके साथ ये संगत कर रहे हों ॥८॥ जब यहाँके हाथी अपनी कनपटी खुजलानेके लिये देवदारुके पेड़ोंसे माथा रगड़ते हैं तब उनसे ऐसा सुगन्धित दूध बहने लगता है कि उसकी महकसे इस पर्वतकी सभी चोटियाँ एक साथ गमक उठती हैं ॥९॥ यहाँकी गुफाओंमें रातको चमकनेवाली जड़ी-बूटियाँ भी बहुत होती हैं। इसलिये यहाँके किरात लोग जब अपनी-अपनी प्रियतमाओंके साथ उन गुफाओंमें विहार करने आते हैं तब ये चमकीली जड़ी बूटियाँ ही उनकी काम-क्रीडाके समय बिना तेलके दीपक बन जाती हैं ॥१०॥ यहाँकी किन्नरियाँ जब जमे हुए हिमके मार्गोंपर चलती हैं तब उनकी उँगलियाँ और एड़ियाँ ऐंठ जाती हैं, पर वे करें क्या! अपने भारी नितम्बों और स्तनोंके बोझके मारे वे बेचारी शीघ्रतासे चल नहीं पातीं और चाहते हुए भी वे अपनी स्वाभाविक मन्द गतिको छोड़ नहीं पातीं ॥११॥ हिमालयकी लम्बी गुफाओंमें दिनमें भी अँधेरा छाया रहता है। ऐसा लगता है मानो अँधेरा भी दिनमें डरनेवाले उल्लूके समान इसकी गहरी गुफाओंमें आकर दिनमें छिप जाता है और हिमालय उसे अपनी गोदमें शरण दे देता है क्योंकि जो महान् होते हैं वे अपनी शरणमें आए हुए नीच लोगोंसे भी वैसा ही अपनापन बनाए रहते हैं जैसा सज्जनोंके साथ ॥१२॥

लाङ्गूलविक्षेपविसर्पिशोभैरितस्ततश्चन्द्रमरीचिगौरैः ।
यस्यार्थयुक्तं गिरिराजशब्दं कुर्वन्ति बालव्यजनैश्चमर्यः ॥१३॥
यत्रांशुकाक्षेपविलज्जितानां यदृच्छया किंपुरुषाङ्गनानाम् ।
दरीगृहद्वारविलम्बिबिम्बास्तिरस्करिण्यो जलदा भवन्ति ॥१४॥
भागीरथीनिर्झरसीकराणां वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः ।
यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातैरासेव्यते भिन्नशिखण्डिबर्हः ॥१५॥
सप्तर्षिहस्तावचितावशेषाण्यधो विवस्वान्परिवर्तमानः ।
पद्मानि यस्याग्रसरोरुहाणि प्रबोधयत्यूर्ध्वमुखैर्मयूखैः ॥१६॥
यज्ञाङ्गयोनित्वमवेक्ष्य यस्य सारं धरित्रीधरणक्षमं च ।
प्रजापतिः कल्पितयज्ञभागं शैलाधिपत्यं स्वयमन्वतिष्ठत् ॥१७॥
स मानसीं मेरुसखः पितॄणां कन्यां कुलस्य स्थितये स्थितिज्ञः ।
मेनां मुनीनामपि माननीयामात्मानुरूपां विधिनोपयेमे ॥१८॥
कालक्रमेणाथ तयोः प्रवृत्ते स्वरूपयोग्ये सुरतप्रसङ्गे ।
मनोरमं यौवनमुद्वहन्त्या गर्भोऽभवद्भूधरराजपत्न्याः ॥१९॥

जिन हिरणियोंकी पूंछोंके चँवर बनते हैं वे चमरी हरिणियाँ जब यहाँ चन्द्रमाकी किरणोंके समान अपनी धौली पूंछोंको इधर-उधर घुमाती हुई चलती हैं तब ऐसा प्रतीत होता है मानो वे इस पर्वत-राजपर पूंछके चँवर डुलाकर इसका गिरिराज नाम सच्चा कर रही हों ॥१३॥ जब यहाँकी गुफाओंमें किन्नरियाँ अपने प्रियतमोंके साथ काम क्रीडा करती रहती हैं उस समय जब वे शरीरपरसे वस्त्र हट जानेके कारण लजाने लगती हैं तब बादल उन गुफाओंके द्वारोंपर आकर ओट करके अँधेरा कर देते हैं ॥१४॥ गंगाजीके झरनोंकी फुहारोंसे लदा हुआ, बार-बार देवदारुके वृक्षको कँपानेवाला और किरातोंकी पेटीमें बँधे हुए मोरपंखोंको फरफराने वाला यहाँका शीतल-मंद-सुगन्ध पवन उन किरातोंकी थकान मिटाता चलता है जो मृगोंकी खोजमें हिमालयपर इधर-उधर घूमते रहते हैं ॥१५॥ इसकी ऊँची चोटियोंपरके तालोंमें खिलनेवाले कमलोंको स्वयं सप्तर्षिगण पूजाके लिये अपने सप्तर्षि मण्डलसे आकर तोड़ ले जाया करते हैं। उनके चुननेसे जो कमल बच रहते हैं उन्हें नीचे उदय होनेवाला सूर्य अपनी किरणें ऊँची करके खिलाया करता है ॥१६॥ यज्ञप काम आनेवाली सामग्रियोंको उत्पन्न करनेके कारण ^{पृथ्वी} पृथ्वीको सँभाले रखनेकी शक्ति होनेके कारण इस हिमालयको स्वयं ब्रह्माजीने उन पर्वतोंका स्वामी बना दिया जिन्हें यज्ञमें भाग पानेका अधिकार मिला हुआ है ॥१७॥ सुमेरुके मित्र और मर्यादा जाननेवाले हिमालयने अपना वंश चलानेके लिये मेना नामकी उस कन्यासे शास्त्रके अनुसार विवाह किया जो पितरोंके मनसे उत्पन्न हुई थी, जिसका मुनि लोग भी आदर करते हैं और जो हिमालयके समान ही ऊँचे कुल और शीलवाली थी ॥१८॥ विवाह हो जानेपर हिमालय और मेना दोनोंने मनचाहा भोग-विलास किया और कुछ दिनोंमें हिमालयकी वह सुन्दर और युवती पत्नी

असूत सा नागवधूपभोग्यं मैनाकमम्भोनिधिबद्धसख्यम् ।
क्रुद्धेऽपि पक्षच्छिदि वृत्रशत्राववेदनाज्ञं कुलिशक्षतानाम् ॥२०॥
अथावमानेन पितुः प्रयुक्ता दक्षस्य कन्या भवपूर्वपत्नी ।
सती सती योगविसृष्टदेहा तां जन्मने शैलवधूं प्रपेदे ॥२१॥
सा भूधराणामधिपेन तस्यां समाधिमत्यामुदपादि भव्या ।
सम्यक्प्रयोगादपरिक्षतायां नीताविवोत्साहगुणेन संपत् ॥२२॥
प्रसन्नदिक्पांसुविविक्तवातं शङ्खस्वनानन्तरपुष्पवृष्टि ।
शरीरिणां स्थावरजंगमानां सुखाय तज्जन्मदिनं बभूव ॥२३॥
तया दुहित्रा सुतरां सवित्री स्फुरत्प्रभामण्डलया चकासे ।
विदूरभूमिर्नवमेघशब्दादुद्भिन्नया रत्नशलाकयेव ॥२४॥
दिने दिने सा परिवर्धमाना लब्धोदया चान्द्रमसीव लेखा ।
पुपोष लावण्यमयान्विशेषाञ्ज्योत्स्नान्तराणीव कलान्तराणि ॥२५॥
तां पार्वतीत्याभिजनेन नाम्ना बन्धुप्रियां बन्धुजनो जुहाव ।
उमेति मात्रा तपसो निषिद्धा पश्चादुमाख्यां सुमुखी जगाम ॥२६॥

मेना गर्भवती हो गई।।१९।।मेनाके उस गर्भसे मैनाक नामका वह प्रतापी पुत्र उत्पन्न हुआ जिसने नाग-कन्याके साथ विवाह किया, समुद्रके साथ मित्रता की और पर्वतोंके पर काटनेवाले इन्द्रके रुष्ट होनेपर भी उनके वज्रकी चोट अपने शरीर पर नहीं लगने दी ।।२०।। मैनाकके जन्मके कुछ ही दिनों पीछे ऐसा हुआ कि महादेवजीकी पहली पत्नी और दक्षकी कन्या परम साध्वी सतीने अपने पितासे अपमानित होनेके कारण योग-बलसे अपना शरीर छोड़ दिया और दूसरा जन्म लेनेके लिये वे मेनाकी कोखमें आ बसीं ।।२१।। और जैसे ठीक-ठीक काममें लाई जानेसे न बिगड़नेवाली नीति जिस प्रकार उत्साहका मेल पाकर बड़ी सम्पत्ति उत्पन्न करती है, उसी प्रकार हिमालयने पतिव्रता मेना के द्वारा उस कल्याणीको जन्म दिया ।।२२।। उनके जन्मके दिन आकाश खुला हुआ था। पवनमें धूलका नाम भी नहीं था, आकाशमें शंख बजनेके साथ-साथ फूल बरस रहे थे और चर-अचर सभी उनके जन्मसे प्रसन्न हो उठे थे ।।२३।। जैसे नये मेघके गरजनेपर विदूर पर्वतके रत्नोंके अंकुर फूट आते हैं और उनके प्रकाशसे विदूर पर्वतकी भूमि चमक उठती है वैसे ही तेजोमण्डलसे भरे मुखवाली उस कन्याको गोदमें पाकर माता भी खिल उठी ।।२४।। धीरे-धीरे पार्वतीजी चन्द्रमाके समान दिन दिन बढ़ने लगीं, और जैसे चाँदनीके बढ़नेके साथ-साथ चन्द्रमाकी और सभी कलाएँ भी बढ़ने लगती हैं वैसे ही ज्यों-ज्यों पार्वतीजी बढ़ने लगीं त्यों-त्यों उनके सुन्दर अंग भी सुडौल होकर बढ़ने लगे ।।२५।। पर्वतसे उत्पन्न होनेके कारण पिताने और कुटुम्बियोंने बड़े दुलारसे उस कन्याको पार्वती कहकर पुकारना आरम्भ कर दिया। पीछे जब पार्वतीको उनकी माताने उमा [उ=हे (वत्स) मा=(तप मत करो।)] कहकर तपस्या करनेसे रोका था

महीभृतः पुत्रवतोऽपि दृष्टिस्तस्मिन्नपत्ये न जगाम तृप्तिम् ।
अनन्तपुष्पस्य मधोर्हि चूते द्विरेफमाला सविशेषसङ्गा ॥२७॥
प्रभामहत्या शिखयेव दीपस्त्रिमार्गयेव त्रिदिवस्य मार्गः ।
संस्कारवत्येव गिरा मनीषी तया स पूतश्च विभूषितश्च ॥२८॥
मन्दाकिनीसैकतवेदिकाभिः सा कन्दुकैः कृत्रिमपुत्रकैश्च ।
रेमे मुहुर्मध्यगता सखीनां क्रीडारसं निर्विशतीव बाल्ये ॥२९॥
तां हंसमालाः शरदीव गङ्गां महौषधिं नक्तमिवात्मभासः ।
स्थिरोपदेशामुपदेशकाले प्रपेदिरे प्राक्तनजन्मविद्याः ॥३०॥
असंभृतं मण्डनमङ्गयष्टेरनासवाख्यं करणं मदस्य ।
कामस्य पुष्पव्यतिरिक्तमस्त्रं बाल्यात्परं साथ वयः प्रपेदे ॥३१॥
उन्मीलितं तूलिकयेव चित्रं सूर्यांशुभिर्भिन्नमिवारविन्दम् ।
बभूव तस्याश्चतुरस्रशोभि वपुर्विभक्तं नवयौवनेन ॥३२॥
अभ्युन्नताङ्गुष्ठनखप्रभाभिर्निक्षेपणाद्रागमिवोद्गिरन्तौ ।
आजह्रतुस्तच्चरणौ पृथिव्यां स्थलारविन्दश्रियमव्यवस्थाम् ॥३३॥

तबसे उनका नाम उमा पड़ गया था ॥२६॥ जैसे भौंरोंकी पाँतें वसन्तके ढेरों फूलोंको छोड़कर *आमकी मंजरियोंपर ही मँडराती रहती है वैसे ही अनेक सन्तानोंके होते हुए भी हिमवानकी आँखें* पार्वतीपर ही अटकी रहती थी ॥२७॥ जैसे अत्यंत प्रकाशमान लौको पाकर दीपक, मन्दाकिनीको पाकर स्वर्गका मार्ग और व्याकरणसे शुद्ध वाणी पाकर विद्वान् लोग पवित्र और सुन्दर लगने लगते हैं। वैसे ही पार्वतीजीको पाकर हिमवान् भी पवित्र और सुन्दर हो गए ॥२८॥ पार्वतीजी अपनी सखियों के साथ कभी तो गंगाजीके बलुए तटपर वेदियाँ बनाती थी, कभी गेंद खेलती थी और कभी गुड़ियाँ बना-बनाकर सजाती थी। इस प्रकार खेल-कूदमें उनका पूरा बचपन बीत गया ॥२९॥ जब अत्यन्त तीव्र बुद्धिवाली पार्वतीजीने पढ़ना प्रारम्भ किया उस समय पूर्व जन्मकी सभी विद्याएँ उन्हें उसी प्रकार अपने आप स्मरण हो आई जैसे शरद् ऋतुके आजानेपर गंगाजीमें हंस आ जाते हैं या जैसे अपने आप चमकनेवाली जड़ी बूटियोंमें रातको चमक आ जाती है ॥३०॥ इस प्रकार धीरे धीरे उनका बचपन बीत गया और उनके शरीरमें वह यौवन फूट पड़ा जो शरीरकी लताका स्वाभाविक सिंगार है, जो मदिराके बिना ही मनको मतवाला बना देता है और जो कामदेवका बिना फूलोंवाला बाण है ॥३१॥ जैसे कूँचीसे ठीक-ठीक रंग भरनेपर चित्र खिल उठता है और सूर्यकी किरणोंका परस पाकर कमलका फूल हँस उठता है वैसे ही पार्वतीजीका शरीर भी नया यौवन पाकर बहुत खिल उठा ॥३२॥ जब वे चलती थी तब उनके स्वाभाविक लाल और कोमल पैरोंके उठे हुए अँगूठोंके नखोंसे निकलनेवाली चमकको देखकर ऐसा जान पड़ता था मानो वे पैर ललाई उगल रहे हों और जब वे अपने इन चरणोंको उठा उठाकर रखती चलती थी तब तो ऐसा

सा राजहंसैरिव संनताङ्गी गतेषु लीलाञ्चितविक्रमेषु ।
व्यनीयत प्रत्युपदेशलुब्धैरादित्सुभिर्नूपुरसिञ्जितानि ॥३४॥
वृत्तानुपूर्वे च न चातिदीर्घे जङ्घे शुभे सृष्टवतस्तदीये ।
शेषाङ्गनिर्माणविधौ विधातुर्लावण्य उत्पाद्य इवास यत्नः ॥३५॥
नागेन्द्रहस्तास्त्वचि कर्कशत्वादेकान्तशैत्यात्कदलीविशेषाः ।
लब्ध्वापि लोके परिणाहि रूपं जातास्तदूर्वोरुपमानबाह्याः ॥३६॥
एतावता नन्वनुमेयशोभि काञ्चीगुणस्थानमनिन्दितायाः ।
आरोपितं यद्गिरिशेन पश्चादनन्यनारीकमनीयमङ्कम् ॥३७॥
तस्याः प्रविष्टा नतनाभिरन्ध्रं रराज तन्वी नवलोमराजिः ।
नीवीमतिक्रम्य सितेतरस्य तन्मेखलामध्यमणेरिवार्चिः ॥३८॥
मध्येन सा वेदिविलग्नमध्या वलित्रयं चारु बभार बाला ।
आरोहणार्थं नवयौवनेन कामस्य सोपानमिव प्रयुक्तम् ॥३९॥
अन्योन्यमुत्पीडयदुत्पलाक्ष्याः स्तनद्वयं पाण्डु तथा प्रवृद्धम् ।
मध्ये यथा श्याममुखस्य तस्य मृणालसूत्रान्तरमप्यलभ्यम् ॥४०॥

जान पड़ता था मानो वे पग पगपर स्थल कमल उगाती चल रही हों ॥३३॥ यौवनके भारसे झुकी हुई जब वे हाव-भावसे चलती थीं उस समय ऐसा जान पड़ता था मानो उनके बिछुओंसे निकलनेवाली मधुर ध्वनिको सीखनेके लिए ललचाये हुए राजहंसोंने अपनी हाव-भरी चाल उन्हें पहले ही बदलेमें सिखादी हो ॥३४॥ उनके समूचे शरीरको सुन्दर बनानेके लिये ब्रह्माने सुन्दरताकी जितनी सामग्रियाँ इकट्ठी की थीं वे सब तो उनकी चढ़ाव उतारवाली, गोल और ठीक मोटाईवाली जाँघोंके बनानेमें ही समाप्त हो गईं । इसलिये शेष अंगोंको बनानेके लिये सुन्दरताकी और सामग्रियाँ फिर जुटानेमें ब्रह्माजीको बड़ा कष्ट उठाना पड़ा ॥३५॥ पार्वतीकी उन दोनों मोटी जाँघोंकी उपमा दो ही वस्तुओंसे दी जा सकती थी—एक तो हाथीके सूँड़से और दूसरे केलेके खम्भेसे । पर हाथीकी सूँड कड़ी होती है और केलेका खंभा बड़ा ठण्डा होता है इसलिये पार्वतीजीकी बड़ी बड़ी जाँघोंके जोड़की कोई भी ठीक वस्तु न मिल सकी ॥३६॥ उन अत्यन्त सुन्दर अंगोंवालीके नितम्ब कितने सुन्दर रहे होंगे यह तो इसी बातसे आँका जा सकता है कि विवाह करनेपर स्वयं शिवजीने उन नितम्बोंको अपनी उस गोदमें रक्खा जहाँ तक पहुँचनेकी कोई और स्त्री साध भी नहीं कर सकती ॥३७॥ नाड़ेके ऊपर गहरी नाभितक पहुँची हुई और नये यौवनके आनेके कारण बालोंकी जो नई उगी पतली रेखा बन गई थी उसे देखकर ऐसा जान पड़ता था मानो नाड़ेके ऊपर बँधी हुई उनकी तगड़ीके बीचोंबीच जड़ा हुआ नीलम चमक उठा हो ॥३८॥ उन पतली कमर-वाली और नये यौवनवालीके पेटपर जो तीन सिकुड़न की रेखाएँ पड़ी हुई थीं उन्हें देखकर ऐसा जान पड़ता था मानो कामदेवको ऊपर स्तन आदि अंगोंतक चढ़ा ले जानेके लिये नये यौवनने सीढ़ी बनादी हो ॥३९॥ उन कमलके समान आँखोंवाली पार्वतीके, साँवली घुंडियोंवाले गोरे गोरे दोनों स्तन बढ़कर आपसमें इतने सट गये थे कि उनके बीचमें इतना भी स्थान नहीं रह गया कि कमलकी नालका एक

शिरीषपुष्पाधिकसौकुमार्यौ बाहू तदीयाविति मे वितर्कः ।
पराजितेनापि कृतौ हरस्य यौ कण्ठपाशौ मकरध्वजेन ॥४१॥
कण्ठस्य तस्याः स्तनबन्धुरस्य मुक्ताकलापस्य च निस्तलस्य ।
अन्योन्यशोभाजननाद्बभूव साधारणो भूषणभूष्यभावः ॥४२॥
चन्द्रं गता पद्मगुणान्न भुङ्क्ते पद्माश्रिता चान्द्रमसीमभिख्याम् ।
उमामुखं तु प्रतिपद्य लोला द्विसंश्रयां प्रीतिमवाप लक्ष्मीः ॥४३॥
पुष्पं प्रवालोपहितं यदि स्यान्मुक्ताफलं वा स्फुटविद्रुमस्थम् ।
ततोऽनुकुर्याद्विशदस्य तस्यास्ताम्रौष्ठपर्यस्तरुचः स्मितस्य ॥४४॥
स्वरेण तस्याममृतस्रुतेव प्रजल्पितायामभिजातवाचि ।
अप्यन्यपुष्टा प्रतिकूलशब्दा श्रोतुर्वितन्त्रीरिव ताड्यमाना ॥४५॥
प्रवातनीलोत्पलनिर्विशेषमधीरविप्रेक्षितमायताक्ष्या ।
तया गृहीतं नु मृगाङ्गनाभ्यस्ततो गृहीतं नु मृगाङ्गनाभिः ॥४६॥
तस्याः शलाकाञ्जननिर्मितेव कान्तिर्भ्रुवोरायतलेखयोर्या ।
तां वीक्ष्य लीलाचतुरामनङ्गः स्वचापसौन्दर्यमदं मुमोच ॥४७॥

सूत भी उसमें समा सके ॥४०॥ मेरी समझमें पार्वतीजीकी भुजाएँ सिरसके फूलसे भी अधिक कोमल थीं, इसीलिये तो फूलोंके अस्त्रवाले कामदेवने शिवजीसे हार जानेपर उनके गलेमें इन्हीं भुजाओंका फन्दा बनाकर डाल दिया था ॥४१॥ पार्वतीजीका गोल-गोल गला और उसमेंसे उनके ऊँचे स्तनोंपर लटका हुआ गोल मोतियोंका हार, दोनों एक दूसरेकी शोभा बढ़ा रहे थे। पार्वतीजीके कण्ठकी शोभा हार बढ़ा रहा था और उस हारकी शोभा उनका कण्ठ बढ़ा रहा था ॥४२॥ [जबतक वे उत्पन्न नहीं हुई थीं तबतक] चंचल शोभावाली लक्ष्मी बड़ी दुविधामें पड़ी रहती थीं क्योंकि रातको जब वे चन्द्रमामें पहुँचती थीं तब उन्हें कमलका आनन्द नहीं मिल पाता था और जब दिनमें वे कमलमें आ बसती थीं तब रातके चन्द्रमाका आनन्द उन्हें नहीं मिल पाता था। पर जबसे वे [चन्द्रमा और कमल दोनोंके गुणवाले] पार्वतीजीके मुखमें आ बसीं तबसे उन्हें [चन्द्रमा और कमल] दोनोंका आनन्द एक साथ मिलने लगा ॥४३॥ उनके लाल-लाल ओठोंपर फैली हुई उनकी मुस्कराहटका उजलापन ऐसा सुन्दर लगता था जैसे लाल कोंपलमें कोई उजला फूल रक्खा हुआ हो या स्वच्छ मूँगेके बीचमें मोती जड़ा हुआ हो ॥४४॥ वे मधुर बोलीवाली जब बोलने लगती थीं तब मानो अमृतकी धारा फूट निकलती थी। उनकी मीठी बोलीके आगे कोयलकी कूक कानोंको ऐसी कड़वी लगती थी जैसे किसी अनाड़ीके अनमिली वीणाके बेसुरे तार छेड़ दिए हों ॥४५॥ उन बड़ी बड़ी आँखोंवालीकी चितवन, आँधीसे हिलते हुए नीले कमलोंके समान चंचल थी। उसे देखकर यह पता ही नहीं चल पाता था कि यह कला उन्होंने हरिणियोंसे सीखी थी या हरिणियोंने ही उनसे सीखी थी ॥४६॥ उनकी लम्बी और मनोहर भौंहें ऐसी लगती थीं जैसे किसी ने तूलिका लेकर बनाई हों। वे भौंहें इतनी सुन्दर थीं कि कामदेव भी अपने धनुषकी सुन्दरताका

लज्जा तिरश्चां यदि चेतसि स्यादसंशयं पर्वतराजपुत्र्याः ।
तं केशपाशं प्रसमीक्ष्य कुर्युर्वालप्रियत्वं शिथिलं चमर्यः ॥४८॥

सर्वोपमाद्रव्यसमुच्चयेन यथाप्रदेशं विनिवेशितेन ।
सा निर्मिता विश्वसृजा प्रयत्नादेकस्थसौन्दर्यदिदृक्षयेव ॥४९॥

तां नारदः कामचरः कदाचित्कन्यां किल प्रेक्ष्य पितुः समीपे ।
समादिदेशैकवधूं भवित्रीं प्रेम्णा शरीरार्धहरां हरस्य ॥५०॥

गुरुः प्रगल्भेऽपि वयस्यतोऽस्यास्तस्थौ निवृत्तान्यवराभिलाषः ।
ऋते कृशानोर्न हि मन्त्रपूतमर्हन्ति तेजांस्यपराणि हव्यम् ॥५१॥

अयाचितारं नहि देवदेवमद्रिः सुतां ग्राहयितुं शशाक ।
अभ्यर्थनाभङ्गभयेन साधुर्माध्यस्थ्यमिष्टेऽप्यवलम्बतेऽर्थे ॥५२॥

यदैव पूर्वे जनने शरीरं सा दक्षरोषात्सुदती ससर्ज ।
तदाप्रभृत्येव विमुक्तसङ्गः पतिः पशूनामपरिग्रहोऽभूत् ॥५३॥

जो घमण्ड लिए फिरते थे वह इन भौंहोंके आगे चूर चूर हो गया ॥४७॥ उनके बाल इतने सुन्दर] थे कि यदि पशु-पक्षियोंमें भी मनुष्यके समान लज्जा हुआ करती तो अपने बालोंपर इतरानेवाली चौरी हरिणियाँ भी उनके बाल देखकर अपने चँवरोंपर इठलाना भूल जातीं ॥४८॥ पार्वतीजीको देखकर ऐसा जान पड़ता था कि संसारको बनानेवाले ब्रह्माजी पृथ्वीपरकी सारी सुन्दरता एक साथ देखना चाहते थे। इसीलिये तो उन्होंने सुन्दर अङ्गोंकी उपमामें आनेवाली सब वस्तुओंको जतनसे बटोरकर उन्हें सब अङ्गोंपर यथास्थान सजाकर सुन्दरताकी मूर्ति पार्वतीजीको बनाया था ॥४९॥ अपने मनसे इधर उधर घूमनेवाले नारदजी एक दिन घूमते घामते हिमालयके यहाँ पहुँचे तो क्या देखते हैं कि हिमालयके पास उनकी कन्या भी बैठी हुई है। उन्हें देखते ही नारदजीने यह भविष्य-वाणी कर दी कि यह कन्या अपने प्रेमसे शिवजीके आधे शरीरकी स्वामिनी और उनकी अकेली पत्नी बनकर रहेगी ॥५०॥ यद्यपि पार्वतीजी सयानी होती चली जा रही थीं पर नारदजीकी बातसे हिमालय इतने निश्चिन्त हो गए कि उन्होंने दूसरा वर खोजनेकी चिन्ता ही छोड़ दी क्योंकि जैसे मन्त्रसे दी हुई हवनकी सामग्री, अग्निको छोड़कर और कोई नहीं ले सकता वैसे ही महादेवजीको छोड़कर पार्वतीजीको और ग्रहण ही कौन कर सकता था ॥५१॥ पर हिमालयने सोचा कि जबतक स्वयं महादेवजी ही कन्या माँगने नहीं आते तबतक अपने आप उन्हें कन्या देने जाना ठीक नहीं जँचता। इसीलिये जहाँ सज्जन लोगोंको निरादरका डर होता है वहाँ वे अपने कामोंमें किसी बिचवईको साथ ले लेते हैं ॥५२॥ इधर जबसे सतीने अपने पिता दक्षके हाथों महा-देवजीका अपमान होनेपर क्रोध करके यज्ञकी अग्निसे अपना शरीर छोड़ा था तभीसे महादेवजीने

स कृत्तिवासास्तपसे यतात्मा गङ्गाप्रवाहोक्षितदेवदारु ।
प्रस्थं हिमाद्रेर्मृगनाभिगन्धि किंचित्क्वणत्किंनरमध्युवास ॥५४॥
गणा नमेरुप्रसवावतंसा भूर्जत्वचः स्पर्शवतीर्दधानाः ।
मनःशिलाविच्छुरिता निषेदुः शैलेयनद्धेषु शिलातलेषु ॥५५॥
तुषारसंघातशिलाः खुराग्रैः समुल्लिखन्दर्पकलः ककुद्मान् ।
दृष्टः कथंचिद्गवयैर्विविग्नैरसोढसिंहध्वनिरुन्ननाद ॥५६॥
तत्राग्निमाधाय समित्समिद्धं स्वमेव मूर्त्यन्तरमष्टमूर्तिः ।
स्वयं विधाता तपसः फलानां केनापि कामेन तपश्चचार ॥५७॥
अनर्घ्यमर्घ्येण तमद्रिनाथः स्वर्गौकसामर्चितमर्चयित्वा ।
आराधनायास्य सखीसमेतां समादिदेश प्रयतां तनूजाम् ॥५८॥
प्रत्यर्थिभूतामपि तां समाधेः शुश्रूषमाणां गिरिशोऽनुमेने ।
विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः ॥५९॥

भी सब भोग-विलास छोड़ दिए थे और दूसरा विवाह नहीं किया था ॥५३॥ इतना ही नहीं अपनी इन्द्रियोंको जीतनेवाले और खाल ओढ़नेवाले भगवान् शङ्करजी कस्तूरीकी गन्धमें बसी हुई हिमालयकी एक ऐसी सुन्दर चोटीपर जाकर तप करने लगे जहाँके देवदारुके वृक्षोंको गङ्गाजीकी धारा बराबर सींचती थी और गन्धर्व दिन-रात गाते रहते थे ॥५४॥ उनके पास ही सिरपर नमेरुके कोमल फूलोंकी माला बाँधे, शरीरपर भोजपत्र लपेटे और मैनसिलके रङ्गसे अपने शरीर रँगे हुए उनके प्रमथ आदि गण लोग शिलाजीतसे पुती हुई चट्टानोंपर बैठे पहरा देते रहते थे ॥५५॥ उनके पास ही उनका गर्वीला नन्दी साँड भी रहता था जो गरजते हुए सिंहकी दहाड़को न सह सकनेके कारण जब अपने खुरोंसे हिमकी चट्टानोंको खूँदता हुआ डकार उठता था तब नीलगाएँ घबराकर उसे देखती रह जाती थीं कि यह सिंह-जैसा गरजनेवाला दूसरा कौन आ पहुँचा ॥५६॥ उसी चोटीपर सब तपस्याओंका स्वयं फल देनेवाले शिवजीने अपनी ही दूसरी मूर्ति अग्निको समिधाओंसे जगाकर न जाने किस फलकी इच्छासे तप करना प्रारम्भ कर दिया था ॥५७॥ जिन महादेवजीको स्वर्गके देवता पूजते हैं, उनकी पूजाके लिये हिमालय अपनी पुत्रीके साथ महादेवजीकी सेवामें बहुमूल्य पूजाकी सामग्री लेकर पहुँचे। पहले उन्होंने स्वयं उनकी पूजा की और फिर अपनी कन्याको आज्ञा दी कि अपनी सखियोंके साथ जाकर शिवजीकी पूजा करो ॥५८॥ यद्यपि पार्वतीजीके वहाँ रहनेसे शिवजीके तपमें बाधा पड़ सकती थी, फिर भी उन्होंने पार्वतीजीकी सेवा ली, क्योंकि सच्चा धीर महात्मा उन्हें ही समझना चाहिये जिनका मन विकार उत्पन्न करनेवाली

अवचितबलिपुष्पा वेदिसंमार्गदक्षा
नियमविधिजलानां बर्हिषां चोपनेत्री ।
गिरिशमुपचचार प्रत्यहं सा सुकेशी
नियमितपरिखेदा तच्छिरश्चन्द्रपादैः ॥६०॥

इति महाकवि श्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
उमोत्पत्तिर्नाम प्रथमः सर्गः ॥

वस्तुओंके बीच रहकर भी तिलभर न डिगे ॥५९॥ सुन्दर बालोंवाली पार्वतीजी वहाँ रहकर नियमसे प्रति-दिन पूजाके लिये फूल चुनकर बड़े अच्छे ढंगसे वेदीको धो-पोंछकर और नित्य कर्मके लिये जल और कुश लाकर बिना थकावट माने उनकी सेवा किया करती क्योंकि महादेवजीके माथेपर बैठे हुए चन्द्रमाकी ठण्डी किरणें पार्वतीकी थकान सदा मिटाती रहती थीं ॥६०॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव नामके महाकाव्यमें उमाका जन्म
नामका पहला सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ द्वितीयः सर्गः ॥

तस्मिन्विप्रकृताः काले तारकेण दिवौकसः ।
तुरासाहं पुरोधाय धाम स्वायंभुवं ययुः ॥१॥
तेषामाविरभूद्ब्रह्मा परिम्लानमुखश्रियाम् ।
सरसां सुप्तपद्मानां प्रातर्दीधितिमानिव ॥२॥
अथ सर्वस्य धातारं ते सर्वे सर्वतोमुखम् ।
वागीशं वाग्भिरर्थ्याभिः प्रणिपत्योपतस्थिरे ॥३॥
नमस्त्रिमूर्तये तुभ्यं प्राक्सृष्टेः केवलात्मने ।
गुणत्रयविभागाय पश्चाद्भेदमुपेयुषे ॥४॥
यदमोघमपामन्तरुप्तं बीजमज त्वया ।
अतश्चराचरं विश्वं प्रभवस्तस्य गीयसे ॥५॥
तिसृभिस्त्वमवस्थाभिर्महिमानमुदीरयन् ।
प्रलयस्थितिसर्गाणामेकः कारणतां गतः ॥६॥
स्त्रीपुंसावात्मभागौ ते भिन्नमूर्तेः सिसृक्षया ।
प्रसूतिभाजः सर्गस्य तावेव पितरौ स्मृतौ ॥७॥

दूसरा सर्ग

उन्हीं दिनों तारक नामके राक्षसने देवताओंको इतना सता रक्खा था कि वे सब इन्द्रको आगे करके ब्रह्माजीके पास पहुँचे ॥१॥ उदास मुँहवाले देवताओंके सामने ब्रह्माजी उसी प्रकार आकर प्रकट हो गए जैसे तालमें सोए कमलोंके आगे प्रातःकालका सूर्य निकलता है ॥२॥ ब्रह्माजीको सामने देखते ही वे सब देवता चार मुँहवाले और सारे जगत्को बनानेवाले ब्रह्माजीको प्रणाम करके बड़े भेदभरे शब्दोंमें यह स्तुति करने लगे ॥३॥ 'हे भगवन् ! संसारको रचनेके पहले एक ही रूपमें रहनेवाले और संसार रचते समय, सत्त्व, रज और तम तीन गुण उत्पन्न करके ब्रह्मा, विष्णु और महेश नामसे तीन रूपके बन जानेवाले आपको प्रणाम है ॥४॥ हे ब्रह्मन् ! आपने सबसे पहले जल उत्पन्न करके उनमें ऐसा बीज बो दिया जो कभी अकारथ नहीं जाता और जिससे एक ओर ये पशु, पक्षी, मनुष्य आदि चलनेवाले जीव और दूसरी ओर वृक्ष, पहाड़ आदि न चलनेवाला जगत् उत्पन्न हुआ है । इसीलिये आपको ही सब लोग संसारका उत्पन्न करनेवाला बताते हैं ॥५॥ आप ही शिव, विष्णु और हिरण्यगर्भ इन तीन रूपोंसे अपनी शक्ति प्रकट करके संसारका नाश, पालन और उत्पादन करते हैं ॥६॥ आप ही जब स्त्री और पुरुषकी सृष्टि करने चलते हैं, उस समय आपके ही स्त्री और पुरुष दो रूप बन जाते हैं । वे ही दोनों रूप

स्वकालपरिमाणेन व्यस्तरात्रिन्दिवस्य ते ।
यौ तु स्वप्नावबोधौ तौ भूतानां प्रलयोदयौ ॥८॥
जगद्योनिरयोनिस्त्वं जगदन्तो निरन्तकः ।
जगदादिरनादिस्त्वं जगदीशो निरीश्वरः ॥९॥
आत्मानमात्मना वेत्सि सृजस्यात्मानमात्मना ।
आत्मना कृतिना च त्वमात्मन्येव प्रलीयसे ॥१०॥
द्रवः संघातकठिनः स्थूलः सूक्ष्मो लघुर्गुरुः ।
व्यक्तोव्यक्तेतरश्चासि प्राकाम्यं ते विभूतिषु ॥११॥
उद्घातः प्रणवो यासां न्यायैस्त्रिभिरुदीरणम् ।
कर्म यज्ञः फलं स्वर्गस्तासां त्वं प्रभवो गिराम् ॥१२॥
त्वामामनन्ति प्रकृतिं पुरुषार्थप्रवर्तिनीम् ।
तद्दर्शिनमुदासीनं त्वामेव पुरुषं विदुः ॥१३॥
त्वं पितृणामपि पिता देवानामपि देवता ।
परतोऽपि परश्चासि विधाता वेधसामपि ॥१४॥
त्वमेव हव्यं होता च भोज्यं भोक्ता च शाश्वतः ।
वेद्यं च वेदिता चासि ध्याता ध्येयं च यत्परम् ॥१५॥

सारे संसारके माता-पिता कहे जाते हैं ॥७॥ आपने समयकी जो माप बना रक्खी है उसके अनुसार जो दिन और रात होते हैं, उसमें जब आप सोते हैं तब संसारका महाप्रलय हो जाता है और जब आप जागते हैं तब संसारकी सृष्टि होती है ॥८॥ संसारको आपने उत्पन्न किया है पर आपको किसीने उत्पन्न नहीं किया । आप संसारका अन्त करते हैं पर आपका कोई अन्त नहीं कर सकता । आपने संसारका प्रारम्भ किया है पर आपका कभी प्रारम्भ नहीं हुआ । आप संसारके स्वामी हैं पर आपका कोई स्वामी नहीं है ॥९॥ आप, अपनेको अपनेमें ही जानते हैं और अपने आप अपनेको उत्पन्न करते हैं और जब अपना काम पूरा कर चुकते हैं तब अपनेको अपनेमें ही लीन कर लेते हैं ॥१०॥ आप तरल भी हैं, कठोर भी, मोटे भी हैं, पतले भी, छोटे भी हैं, बड़े भी, आप दिखाई भी देते हैं और नहीं भी दिखाई देते । इस प्रकार जितनी भी सिद्धियाँ हैं वे सब आपके हाथ में हैं । आप जैसा चाहें वैसा बन सकते हैं ॥११॥ आपने ही वेदकी यह वाणी उत्पन्न की है जिसका प्रारम्भ ॐकारसे होता है, जिसका उच्चारण उदात्त, अनुदात्त और स्वरित इन तीनों स्वरोंसे होता है और जिसके मन्त्रोंसे यज्ञ करके लोग स्वर्ग प्राप्त कर लेते हैं ॥१२॥ आपको ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्षके लिये मनुष्यको उकसानेवाली मूल प्रकृति कहते हैं और आप ही उस प्रकृति का दर्शन करनेवाले उदासीन पुरुष भी माने जाते हैं ॥१३॥ आप पितरोंके भी पिता, देवताओंके भी देवता, अच्छोंसे भी अच्छे और सृष्टि करनेवाले प्रजापतियोंकी भी सृष्टि करनेवाले हैं ॥१४॥ आप ही सदा हवनकी सामग्री भी हैं और आप ही हवन करनेवाले भी हैं । आप ही

इति तेभ्यः स्तुतीः श्रुत्वा यथार्था हृदयंगमाः ।
प्रसादाभिमुखो वेधाः प्रत्युवाच दिवौकसः ॥१६॥
पुराणस्य कवेस्तस्य चतुर्मुखसमीरिता ।
प्रवृत्तिरासीच्छब्दानां चरितार्था चतुष्टयी ॥१७॥
स्वागतं स्वानधीकारान्प्रभावैरवलम्ब्य वः ।
युगपद्युगबाहुभ्यः प्राप्तेभ्यः प्राज्यविक्रमाः ॥१८॥
किमिदं द्युतिमात्मीयां न बिभ्रति यथा पुरा ।
हिमक्लिष्टप्रकाशानि ज्योतींषीव मुखानि वः ॥१९॥
प्रशमादर्चिषामेतदनुद्गीर्णसुरायुधम् ।
वृत्रस्य हन्तुः कुलिशं कुण्ठिताश्रीव लक्ष्यते ॥२०॥
किंचायमरिदुर्वारः पाणौ पाशः प्रचेतसः ।
मन्त्रेण हतवीर्यस्य फणिनो दैन्यमाश्रितः ॥२१॥
कुबेरस्य मनःशल्यं शंसतीव पराभवम् ।
अपविद्धगदो बाहुर्भग्नशाख इव द्रुमः ॥२२॥
यमोऽपि विलिखन्भूमिं दंडेनास्तमितत्विषा ।
कुरुतेऽस्मिन्नमोघेऽपि निर्वाणालातलाघवम् ॥२३॥

भोगकी वस्तुएँ भी हैं और आप ही भोग करने वाले भी हैं। आप ही जाननेके योग्य हैं और आप ही जाननेवाले हैं। आप ही ध्यान करनेवाले हैं और आप ही वह सर्वश्रेष्ठ हैं जिनका ध्यान भी किया जाना चाहिए ॥१५॥ देवताओंसे सच्ची और मनभावनी स्तुति सुनकर दयालु ब्रह्माजी जिस समय देवताओं से बोलने लगे ॥१६॥ उस समय सबसे पुराने कवि ब्रह्माजीके चारों मुँहोंसे निकली हुई वाणीने अपना चार [परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी] रूपोंवाला होना सच्चा कर दिया ॥१७॥ ब्रह्माजी बोले - एक साथ मिलकर आए हुए अपनी शक्तिसे अपने-अपने अधिकारोंकी रक्षा करनेवाले और बड़ी-बड़ी बाहोंवाले हे शक्तिशाली देवताओ ! मैं आप लोगोंका स्वागत करता हूँ ॥१८॥ पर यह तो बताइए कि आप लोगोंके मुँहकी पहले वाली कान्ति कहाँ चली गई। आप लोग कुहरेसे ढके हुए धुँधले तारेके समान उदास क्यों दिखाई दे रहे हैं ॥१९॥ वृत्रको मारने वाला और इन्द्रधनुषके समान चमकीला वज्र भी आज चमक खोकर कुण्ठितसा क्यों दिखाई दे रहा है ॥२०॥ शत्रुओंको नाश करनेवाला यह वरुणदेवके हाथका फन्दा बँधे हुए साँपके समान इतना दीन क्यों दिखाई दे रहा है ॥२१॥ कुबेरका यह बाहु भी गदाके बिना ऐसा क्यों लग रहा है जैसे कटी हुई शाखावाला वृक्षका ठूठ हो। यह पता रहा है कि किसी बड़े तगड़े शत्रुसे हार जानेका काँटा इनके हृदयमें कसक रहा है ॥२२॥ अपने निस्तेज दण्ड से पृथ्वीको कुरेदते हुए यमराज ऐसे क्यों लग रहे हैं मानो उनका करारा दण्ड भी बुझी हुई लूक जैसा बेकाम हो गया है ॥२३॥

अमी च कथमादित्याः प्रतापक्षतिशीतलाः ।
चित्रन्यस्ता इव गताः प्रकामालोकनीयताम् ॥२४॥
पर्याकुलत्वान्मरुतां वेगभङ्गोऽनुमीयते ।
अम्भसामोघसंरोधः प्रतीपगमनादिव ॥२५॥
आवर्जितजटामौलिविलम्बिशशिकोटयः ।
रुद्राणामपि मूर्धानः क्षतहुंकारशंसिनः ॥२६॥
लब्धप्रतिष्ठाः प्रथमं यूयं किं बलवत्तरैः ।
अपवादैरिवोत्सर्गाः कृतव्यावृत्तयः परैः ॥२७॥
तद्ब्रूत वत्साः किमितः प्रार्थयध्वं समागताः ।
मयि सृष्टिर्हि लोकानां रक्षा युष्मास्ववस्थिता ॥२८॥
ततो मन्दानिलोद्धूतकमलाकरशोभिना ।
गुरुं नेत्रसहस्रेण नोदयामास वासवः ॥२९॥
स द्विनेत्रं हरेश्चक्षुः सहस्रनयनाधिकम् ।
वाचस्पतिरुवाचेदं प्राञ्जलिर्जलजासनम् ॥३०॥
एवं यदात्थ भगवन्नामृष्टं नः परैः पदम् ।
प्रत्येकं विनियुक्तात्मा कथं न ज्ञास्यसि प्रभो ॥३१॥

यह बारह आदित्य भी अपना तेज गँवाकर ठण्डे पड़े हुए, ऐसे चित्र लिखे से और मन्दे क्यों दिखाई दे रहे हैं कि कोई भी जबतक चाहे उन्हें आँख गड़ाकर देखता रह जाय ॥२४॥ जैसे ऊँचेकी ओर बहनेवाले जलका बहाव धीमा पड़ जाता है वैसे ही उनचासों पवन ऐसे क्यों दिखाई पड़ रहे हैं जैसे वे भी घबराहटसे मन्दे पड़ गये हों ॥२५॥ खुली जटाओंमें लटकती और हारके दुःखसे झुकी हुई चन्द्रकलाओंवाले ग्यारह रुद्रोंके माथे भी बता रहे हैं कि उनकी हुंकार करनेकी शक्ति भी जाती रही है ॥२६॥ जैसे व्याकरण आदि शास्त्रोंमें किसी व्यापक नियमको अपवादवाला नियम व्यर्थ कर देता है वैसे ही क्या आप लोग भी किसी पराक्रमी शत्रुसे अपना अपना अधिकार लुटवा बैठे हैं ॥२७॥ हे देवताओ ! मुझे बताइए कि आप लोग मेरे पास इकट्ठे होकर क्या कहनेके लिये आए हैं, क्योंकि हमारा काम तो केवल संसारको सृष्टि करना भर है, उसकी रक्षा करना तो आप ही लोगोंके हाथमें है ॥२८॥ ब्रह्माजीकी यह बात सुनकर इन्द्रने अपने सहस्र नेत्रोंको इस प्रकार चलाकर बृहस्पतिजीको बोलनेके लिये संकेत किया जैसे मन्द पवनके चलनेपर कमलका वन हिल उठता है ॥२९॥ जिनके दो नेत्रोंमें ही इन्द्रके सहस्र नेत्रोंसे भी बढ़कर देखनेकी शक्ति थी वे बृहस्पतिजी, हाथ जोड़कर ब्रह्माजीसे कहने लगे ॥३०॥ हे ब्रह्मन् ! आप जो कुछ कहते हैं वह सब सत्य है। हम लोगोंके सब स्थान शत्रुओंने अपने हाथमें कर लिए हैं। आप, तो

भवल्लब्धवरोदीर्णस्तारकाख्यो महासुरः ।
उपप्लवाय लोकानां धूमकेतुरिवोत्थितः ॥३२॥
पुरे तावन्तमेवास्य तनोति रविरातपम् ।
दीर्घिकाकमलोन्मेषो यावन्मात्रेण साध्यते ॥३३॥
सर्वाभिः सर्वदा चन्द्रस्तं कलाभिर्निषेवते ।
नादत्ते केवलां लेखां हरचूडामणीकृताम् ॥३४॥
व्यावृत्तगतिरुद्याने कुसुमस्तेयसाध्वसात् ।
न वाति वायुस्तत्पार्श्वे तालवृन्तानिलाधिकम् ॥३५॥
पर्यायसेवामुत्सृज्य पुष्पसंभारतत्पराः ।
उद्यानपालसामान्यमृतवस्तमुपासते ॥३६॥
तस्योपायनयोग्यानि रत्नानि सरितांपतिः ।
कथमप्यम्भसामन्तरानिष्पत्तेः प्रतीक्षते ॥३७॥
ज्वलन्मणिशिखाश्चैनं वासुकिप्रमुखा निशि ।
स्थिरप्रदीपतामेत्य भुजंगाः पर्युपासते ॥३८॥
तत्कृतानुग्रहापेक्षी तं मुहुर्दूतहारितैः ।
अनुकूलयतीन्द्रोऽपि कल्पद्रुमविभूषणैः ॥३९॥

सबके घट-घटमें रमे हुए हैं, भला आपसे कोई बात छिपी थोडे रहती है ॥३१॥ हे भगवन् ! आपका वरदान पाकर तारक नामका राक्षस ठीक उसी प्रकार सिर उठाता चला जा रहा है जैसे संसारका नाश करनेके लिये पुच्छल (धूमकेतु) तारा निकल आया हो ॥३२॥ प्रचण्ड किरणोंवाला *सूर्य भी उससे इतना डरता है कि उसके नगरपर वह केवल उतनी ही किरणें फैलाता है जिनसे* तालके कमल भर खिल उठें ॥३३॥ चन्द्रमा वहाँ पूरे महीने भर अपनी पूरी कला लेकर चमका करता है, केवल उस एक कलाको छोड देता है जिसे शिवजीने अपने मस्तकका मणि बना लिया है ॥३४॥ पवन भी उसके पास पंखेके वायुसे अधिक वेगसे नहीं बहता क्योंकि उसे डर है कि कहीं तारकासुरकी फुलवारीके फूल झड जायँ और उसे चोरका दण्ड भोगना पडे ॥३५॥ छओं ऋतुएँ अपने समयका विचार छोडकर एक साथ फुलवारीकी मालिनोंके समान एक दूसरी ऋतुके फूलोंको बिना छेडे हुए अपने-अपने ऋतुके फूल उपजाकर तारकासुरकी सेवा करती हैं ॥३६॥ समुद्र भी उसके पास भेंटके योग्य रत्न भेजनेके लिये तबतक जलके भीतर बाट जोहता रहता है जबतक कि वे रत्न ठीक बढ न जायँ ॥३७॥ चमकते हुए मणिके मत्थेवाले वासुकि आदि बडे-बडे साँप रातको अपने मणियोंके न बुझनेवाले दीप ले-लेकर उसकी सेवा किया करते हैं ॥३८॥ इन्द्र भी उसकी कृपा पानेके लिये बार-बार अपने दूतोंके हाथ कल्पवृक्षके सुन्दर रत्न उसके

इत्थमाराध्यमानोऽपि क्लिश्नाति भुवनत्रयम् ।
शाम्येत्प्रत्यपकारेण नोपकारेण दुर्जनः ॥४०॥
तेनामरवधूहस्तैः सदयालूनपल्लवाः ।
अभिज्ञाश्छेदपातानां क्रियन्ते नन्दनद्रुमाः ॥४१॥
वीज्यते स हि संसुप्तः श्वाससाधारणानिलैः ।
चामरैः सुरबन्दीनां बाष्पसीकरवर्षिभिः ॥४२॥
उत्पाट्य मेरुशृङ्गाणि क्षुण्णानि हरितां खुरैः ।
आक्रीडपर्वतास्तेन कल्पिताः स्वेषु वेश्मसु ॥४३॥
मन्दाकिन्याः पयः शेषं दिग्वारणमदाविलम् ।
हेमाम्भोरुहसस्यानां तद्वाप्यो धाम सांप्रतम् ॥४४॥
भुवनालोकनप्रीतिः स्वर्गिभिर्नानुभूयते ।
खिलीभूते विमानानां तदापातभयात्पथि ॥४५॥
यज्वभिः संभृतं हव्यं विततेष्वध्वरेषु सः ।
जातवेदोमुखान्मायी मिषतामाच्छिनत्ति नः ॥४६॥
उच्चैरुच्चैःश्रवास्तेन हयरत्नमहारि च ।
देहबद्धमिवेन्द्रस्य चिरकालार्जितं यशः ॥४७॥

पास भेजकर उसे प्रसन्न रखा करते हैं ॥३९॥ इतनी सेवा करनेपर भी वह असुर तीनों भुवनोंको पीड़ा देता जा रहा है क्योंकि लातके देवता बातसे नहीं मानते ॥४०॥ नन्दन वनके जिन वृक्षोंके कोमल पत्तोंको देवताओंकी स्त्रियाँ बड़ी कोमलता के साथ अपने कनफूल बनानेके लिये तोड़ा करती थीं उन्हींको वह राक्षस बड़ी निर्दयतासे काट-छाँटकर गिरा रहा है ॥४१॥ जब वह सोया करता है उस समय देवताओंकी बन्दी स्त्रियाँ गरम-गरम उसाँसें लेती और आँसू बहाती हुई उसपर चँवर डुलाया करती हैं ॥४२॥ सूर्यके घोड़ोंसे ढीली पड़ी हुई मेरुकी चोटियोंको उखाड़-उखाड़कर उसने अपने घरमें लेजा-लेजाकर खेलके पहाड़ बना डाले हैं ॥४३॥ मन्दाकिनीके सोनकमल उखाड़-उखाड़कर उसने अपने घरकी बावलियोंमें लगा लिए हैं और इसीलिये मन्दाकिनीमें आज-कल केवल दिग्गजोंके मद से गँदला जल भर दिखाई दिया करता है ॥४४॥ पहले देवता लोग विमानोंपर चढ़कर इस लोकसे उस लोकमें घूमते फिरते थे, पर अब उसके आक्रमणके डरसे आकाशमें निकलना भी दूभर हो गया है ॥४५॥ वह ऐसा भारी छलिया है कि जब यज्ञमें यजमान हम लोगोंको आहुति देता है तब वह हम लोगोंके देखते देखते अग्निके मुँहसे हमारा भाग छीन लेता है ॥४६॥ उसने उच्चैःश्रवा नामका वह सुन्दर घोड़ा छीन लिया है जो बहुत दिनोंसे

तस्मिन्नुपायाः सर्वे नः क्रूरे प्रतिहतक्रियाः ।
वीर्यवन्त्यौषधानीव विकारे सान्निपातिके ॥४८॥
जयाशा यत्र चास्माकं प्रतिघातोत्थिताचिषा ।
हरिचक्रेण तेनास्य कण्ठे निष्कमिवार्पितम् ॥४९॥
तदीयास्तोयदेष्वद्य पुष्करावर्तकादिषु ।
अभ्यस्यन्ति तटाघातं निर्जितैरावता गजाः ॥५०॥
तदिच्छामो विभो स्रष्टुं सेनान्यं तस्य शान्तये ।
कर्मबन्धच्छिदं धर्मं भवस्येव मुमुक्षवः ॥५१॥
गोप्तारं सुरसैन्यानां यं पुरस्कृत्य गोत्रभित् ।
प्रत्यानेष्यति शत्रुभ्यो बन्दीमिव जयश्रियम् ॥५२॥
वचस्यवसिते तस्मिन्ससर्ज गिरमात्मभूः ।
गर्जितानन्तरां वृष्टिं सौभाग्येन जिगाय सा ॥५३॥
संपत्स्यते वः कामोऽयं कालः कश्चित्प्रतीक्ष्यताम् ।
न त्वस्य सिद्धौ यास्यामि सर्गव्यापारमात्मना ॥५४॥
इतः स दैत्यः प्राप्तश्रीर्नेत एवार्हति क्षयम् ।
विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसांप्रतम् ॥५५॥

इकट्ठे किए हुए इन्द्रके यशके समान ही महान् था ॥४७॥ जैसे सन्निपातमें बड़ी-बड़ी ओषधियाँ भी काम नहीं कर पाती उसी प्रकार हम भी उस दुष्टको मारनेके लिये जितने उपाय करते हैं वे सब व्यर्थ होते जा रहे हैं ॥४८॥ विष्णुके जिस चक्रपर हम लोग जीतकी आस लगाए बैठे थे, वह भी जब उसके गलेपर जाकर टकराता है तब उसमेंसे निकली हुई चिनगारियाँ ऐसी जान पड़ती हैं मानो उस राक्षसके गलेमें माला पहना दी गई हो ॥४९॥ आज ऐरावतको भी हरा देनेवाले उसके हाथी पुष्करावर्तक आदि बादलोंसे टक्कर ले-लेकर अपना टीले ढाहनेका खेलवाड़ किया करते हैं॥५०॥ इसलिये हे प्रभो ! जिस प्रकार मोक्ष पानेकी इच्छा करनेवाले लोग जन्म मरणसे छूटनेके लिये कर्मोंके बन्धनों को काटनेवाला उपाय खोजा करते हैं वैसे ही हम लोग भी उस राक्षसको नष्ट करनेके लिये एक ऐसा सेनापति उत्पन्न करना चाहते हैं ॥५१॥ जिसे देवताओंकी सेनाका रक्षक बनाकर और उसे सेनाके आगे करके भगवान् इन्द्र, शत्रुओंके हाथमें बन्दीके समान पड़ी हुई विजय श्रीको लौटा लावें ॥५२॥ उनके यह चुकनेपर ब्रह्माजी ऐसी मधुर वाणी बोले जो मेघके गर्जनके पीछे होनेवाली वर्षाके समान भली लगती थी ॥५३॥ वे बोले आप लोगोंकी इच्छा तो पूरी हो हो जायगी पर आप लोगोंको थोड़े दिन और बाट जोहनी पड़ेगी क्योंकि तारकासुरको मारनेके लिये मैं स्वयं अवतार ले नहीं सकता ॥५४॥ क्योंकि उस राक्षसको मैंने ही वरदान दिया है इसलिये अपने हाथसे उसे मारना मुझे ठीक नहीं लगता। अपने हाथसे लगाए हुए विषके

वृक्षं तेनेदमेव प्राङ्मया चास्मै प्रतिश्रुतम् ।
वरेण शमितं लोकानलं दग्धुं हि तत्तपः ॥५६॥
संयुगे सांयुगीनं तमुद्यतं प्रसहेत कः ।
अंशादृते निषिक्तस्य नीललोहितरेतसः ॥५७॥
स हि देवः परंज्योतिस्तमः पारे व्यवस्थितम् ।
परिच्छिन्नप्रभावर्द्धिर्न मया न च विष्णुना ॥५८॥
उमारूपेण ते यूयं संयमस्तिमितं मनः ।
शंभोर्यतध्वमाक्रष्टुमयस्कान्तेन लौहवत् ॥५९॥
उभे एव क्षमे वोढुमुभयोर्बीजमाहितम् ।
सा वा शंभोस्तदीया वा मूर्तिर्जलमयी मम ॥६०॥
तस्यात्मा शितिकण्ठस्य सैनापत्यमुपेत्य वः ।
मोक्ष्यते सुरबन्दीनां वेणीर्वीर्यविभूतिभिः ॥६१॥
इति व्याहृत्य विबुधान्विश्वयोनिस्तिरोदधे ।
मनस्याहितकर्तव्यास्तेऽपि देवा दिवं ययुः ॥६२॥
तत्र निश्चित्य कन्दर्पमगमत्पाकशासनः ।
मनसा कार्यसंसिद्धौ त्वराद्विगुणरंहसा ॥६३॥

पेड़को भी अपने ही हाथसे काटना ठीक नहीं होता ॥५५॥ उसने मुझसे उस समय जो वरदान माँगा था यदि मैं उसे न देता तो उसकी तपस्यासे सारा संसार जल उठता ॥५६॥ महादेवजीके वीर्यसे उत्पन्न होनेवाले पुत्रके अतिरिक्त उस युद्ध-भूमिमें लड़नेवाले प्रसिद्ध लड़ाके तारकासुरका नाश और कोई दूसरा नहीं कर सकता ॥५७॥ क्योंकि शंकर भगवान् अन्धकारके पार रहनेवाले वे परम तेज हैं जिन्हें अविद्या छू नहीं पाती। इसलिये हम और विष्णु भी उनकी महिमाका ठिकाना अबतक नहीं लगा पाए हैं ॥५८॥ अब आप लोग कोई ऐसा जतन कीजिए कि जैसे चुम्बकसे लोहा खिंच आता है वैसे ही समाधि लगाए हुए शंकरजीका मन भी पार्वतीजीके रूपको ओर खिंच आवे ॥५९॥ क्योंकि हमारे और शिवजीके वीर्यको धारण करना कोई हँसी-ठट्ठा नहीं है। शिवजीके वीर्यको केवल पार्वतीजी धारण कर सकती हैं और हमारे वीर्यको जलका रूप धारण करनेवाली शिवजीकी मूर्ति धारण कर सकती है ॥६०॥ उन्हीं पार्वतीजीसे शंकरजीका जो पुत्र होगा वही आप लोगोंका सेनापति होकर अपने पराक्रमसे देवताओंकी बन्दी स्त्रियोंको छुड़ाकर उनके उलझे हुए बाल सुलझा सकेगा ॥६१॥ संसारको उत्पन्न करनेवाले ब्रह्माजी इतना कहकर आँखसे ओझल हो गए और देवता लोग भी आगेका काम सोच-विचारकर स्वर्गलोकको चले गए ॥६२॥ इन्द्रने स्वर्गलोकमें पहुँचकर भली भाँति सोच विचारकर अपने कामके

अथ स ललितयोषिद्भ्रूलताचारुशृङ्गं
रतिवलयपदाङ्के चापमासज्य कण्ठे।
सहचरमधुहस्तन्यस्तचूताङ्कुरास्त्रः
शतमखमुपतस्थे प्राञ्जलिः पुष्पधन्वा ॥६४॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
ब्रह्मसाक्षात्कारो नाम द्वितीयः सर्गः ॥

लिये वेगसे दौड़नेवाले मनमें कामदेवको स्मरण किया ॥६३॥ स्मरण करते ही रतिके कंगनकी छाप पड़े हुए गलेमें सुन्दर स्त्रीकी भौंहोंके समान सुन्दर धनुष कंधेपर लटकाकर और अपने साथी वसन्तके हाथमें आमके बौरका बाण देकर, कामदेव हाथ जोड़कर इन्द्रके आगे आ खड़ा हुआ ॥६४॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें ब्रह्मासे भेंट
नामका दूसरा सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ तृतीयः सर्गः ॥

तस्मिन्मघोनस्त्रिदशान्विहाय सहस्रमक्ष्णां युगपत्पपात ।
प्रयोजनापेक्षितया प्रभूणां प्रायश्चलं गौरवमाश्रितेषु ॥ १ ॥
स वासवेनासनसंनिकृष्टमितो निषीदेति विसृष्टभूमिः ।
भर्तुः प्रसादं प्रतिनन्द्य मूर्ध्ना वक्तुं मिथः प्राक्रमतैवमेनम् ॥ २ ॥
आज्ञापय ज्ञातविशेष पुंसां लोकेषु यत्ते करणीयमस्ति ।
अनुग्रहं संस्मरणप्रवृत्तमिच्छामि संवर्द्धितमाज्ञया ते ॥ ३ ॥
केनाभ्यसूया पदकाङ्क्षिणा ते नितान्तदीर्घैर्जनिता तपोभिः ।
यावद्भवत्याहितसायकस्य मत्कार्मुकस्यास्य निदेशवर्ती ॥ ४ ॥
असम्मतः कस्तव मुक्तिमार्गं पुनर्भवक्लेशभयात्प्रपन्नः ।
बद्धश्चिरं तिष्ठतु सुन्दरीणामारेचितभ्रूचतुरैः कटाक्षैः ॥ ५ ॥
अध्यापितस्योशनसापि नीतिं प्रयुक्तरागप्रणिधिर्द्विषस्ते ।
कस्यार्थधर्मौ वद पीडयामि सिन्धोस्तटावोघ इव प्रवृद्धः ॥ ६ ॥
कामेकपत्नीव्रतदुःखशीलां लोलं मनश्चारुतया प्रविष्टाम् ।
नितम्बिनीमिच्छसि मुक्तलज्जां कण्ठे स्वयंग्राहनिषक्तबाहुम् ॥ ७ ॥

तीसरा सर्ग

कामदेवके आते ही इन्द्रकी सहस्रों आँखें देवताओंपरसे हटकर एक साथ आदरके साथ कामदेवकी ओर घूम गईं क्योंकि प्रायः ऐसा होता है कि स्वामीको अपने सेवकोंसे जब जैसा काम निकालना होता है उसीके अनुसार वे उनका आदर भी किया करते हैं ॥१॥ इन्द्रने कामदेवसे कहा—'आओ यहाँ बैठो'। यह कहकर उसे अपने पास ही बैठा लिया। उसने भी सिर झुकाकर इन्द्रकी कृपा स्वीकार करली और उनसे गुप-चुप बातचीत करने लगा ॥२॥ वह बोला—सबके गुणोंको पहचाननेवाले हे स्वामी! आप आज्ञा दीजिए, तीनों लोकोंमें ऐसा कौन-सा काम है जो आप मुझसे कराना चाहते हैं क्योंकि मुझे स्मरण करके आपने जो कृपा की है उसे मैं आपकी आज्ञाका पालन करके और भी बढ़ाना चाहता हूँ ॥३॥ कहिए तो ऐसा कौन पुरुष उत्पन्न हो गया है जिसने बहुत बड़ी-बड़ी तपस्यायें करके आपके मनमें ईर्ष्या जगा दी है। आप मुझे उसका नाम भर बतला दीजिए फिर तो मैं अभी जाकर उसे अपने इस बाण चढ़े हुए धनुषसे बातकी बातमें जीते लाता हूँ ॥४॥ बताइए तो ऐसा, कौन पुरुष है जो आपका शत्रु बनकर संसारके कष्टोंसे घबराकर मोक्षकी ओर चल पड़ा है। मैं उसे अभी उन सुन्दरियोंके नेत्रोंमें बहुत दिनोंके लिये फँसाए देता हूँ जो बाँकी चितवन चलाने में बड़ी चतुर हैं ॥५॥ आपका वह शत्रु यदि शुक्राचार्यसे भी नीतिशास्त्र पढ़कर आया होगा तो भी अत्यन्त भोगकी इच्छाको ऐसा दूत बनाकर मैं उसके पास भेजता हूँ जो उसका धर्म और अर्थ दोनों उसी प्रकार नाश कर देगा जैसे बरसातमें बढ़ा हुआ नदीका बहाव दोनों तटोंको बहा ले जाता है ॥६॥ या कौन सी ऐसी

कयासि कामिन्सुरतापराधात्पादानतः कोपनयावधूतः ।
तस्याः करिष्यामि दृढानुतापं प्रवालशय्याशरणं शरीरम् ॥८॥
प्रसीद विश्राम्यतु वीर वज्रं शरैर्मदीयैः कतमः सुरारिः ।
बिभेतु मोघीकृतबाहुवीर्यःस्त्रीभ्योऽपि कोपस्फुरिताऽधराभ्यः ॥९॥
तव प्रसादात्कुसुमायुधोऽपि सहायमेकं मधुमेव लब्ध्वा ।
कुर्यां हरस्यापि पिनाकपाणेर्धैर्यच्युतिं के मम धन्विनोऽन्ये ॥१०॥
अथोरुदेशादवतार्य पादमाक्रान्तिसंभावितपादपीठम् ।
संकल्पितार्थे विवृतात्मशक्तिमाखण्डलः काममिदं बभाषे ॥११॥
सर्वं सखे त्वय्युपपन्नमेतदुभे ममास्त्रे कुलिशं भवांश्च ।
वज्रं तपोवीर्यमहत्सु कुण्ठं त्वं सर्वतोगामि च साधकं च ॥१२॥
अवैमि ते सारमतः खलु त्वां कार्ये गुरुण्यात्मसमं नियोक्ष्ये ।
व्यादिश्यते भूधरतामवेक्ष्य कृष्णेन देहोद्वहनाय शेषः ॥१३॥
आशंसता बाणगतिं वृषाङ्के कार्यं त्वया नः प्रतिपन्नकल्पम् ।
निबोध यज्ञांशभुजामिदानीमुच्चैर्द्विषामीप्सितमेतदेव ॥१४॥

सुन्दरी और हठीली पतिव्रता आपके चञ्चल मनमें बैठ गई है। मैं अभी उस सुन्दरी-पर ऐसा बाण चलाता हूँ कि वह सब लाज-शील छोड़कर आपके गलेसे आ लगे ॥७॥ हे स्वामी! ऐसी कौन सी स्त्री है जो आपका समोग न पानेपर क्रोध करके आपसे इतनी रूठी बैठी है कि पैरोंपर गिरकर मनानेपर भी अभी तक नहीं मानी है। मैं उसके मनमें ऐसा पछतावा उत्पन्न करता हूँ कि वह अपने आप आकर लाल कोंपलोंके ठण्डे बिछौनेपर लेट जायगी ॥८॥ हे वीर! आप चिन्ता छोड़कर अपने वज्रको भी विश्राम कर लेने दें। मुझे बताइए वह कौन-सा दैत्य है जो मेरे बाणोंकी मारसे ऐसा शक्तिहीन हो जाना चाहता है कि क्रोधसे काँपते हुए ओठोंवाली नारी तक उसे डरा दें ॥९॥ आपकी कृपा हो तो मैं केवल वसन्तको अपने साथ लेकर अपने फूलके बाणोंसे ही पिनाक धारण करनेवाले स्वयं महादेवजीके छक्के छुड़ा दूँ, फिर और दूसरे धनुषधारियोंकी तो गिनती ही क्या ॥१०॥ यह बात सुनकर इन्द्रको कुछ ढाढस हुआ और उन्होंने अपने पैर खोलकर पाँव पीढ़ेपर रक्खे और जिस कामदेवने उनके सोचे हुए काममें अपने आप इतना उत्साह दिखाया था उससे बोले—॥११॥ हे मित्र! तुम सब कुछ कर सकते हो क्योंकि तुम और वज्र, ये ही तो मेरे दो अस्त्र हैं। पर इनमेंसे वज्र की धार तो तपस्वियोंकी तपस्याने उतार दी है। अब तुम्हीं ऐसे बच रहे हो जो बेरोक-टोक सब ओर जा भी सकते हो और हमारा काम भी कर ला सकते हो ॥१२॥ मैं तुम्हारी शक्ति भली-भाँति जानता हूँ, इसलिये मैं तुम्हें अपने जैसा मानकर इस बड़े काममें लगाना चाहता हूँ। जानते हो, प्रलय होनेपर अपने सोनेके लिये भगवानने शेषको ही अपनी शय्या क्यों बनाया था? क्योंकि वे देख चुके थे कि शेषनाग जब पृथ्वीको धारण कर सकते हैं तो मेरा बोझ भी सह लेंगे ॥१३॥ अभी-अभी तुमने कहा है कि हम अपने बाणोंसे शंकरजीको भी वशमें कर *

॥ तृतीयः सर्गः ॥

तस्मिन्मघोनस्त्रिदशान्विहाय सहस्रमक्ष्णां युगपत्पपात ।
प्रयोजनापेक्षितया प्रभूणां प्रायश्चलं गौरवमाश्रितेषु ॥ १ ॥
स वासवेनासनसंनिकृष्टमितो निषीदेति विसृष्टभूमिः ।
भर्तुः प्रसादं प्रतिनन्द्य मूर्ध्ना वक्तुं मिथः प्राक्रमतैवमेनम् ॥ २ ॥
आज्ञापय ज्ञातविशेष पुंसां लोकेषु यत्ते करणीयमस्ति ।
अनुग्रहं संस्मरणप्रवृत्तमिच्छामि संवर्द्धितमाज्ञया ते ॥ ३ ॥
केनाभ्यसूया पदकाङ्क्षिणा ते नितान्तदीर्घैर्जनिता तपोभिः ।
यावद्भवत्याहितसायकस्य मत्कार्मुकस्यास्य निदेशवर्ती ॥ ४ ॥
असम्मतः कस्तव मुक्तिमार्गं पुनर्भवक्लेशभयात्प्रपन्नः ।
बद्धश्चिरं तिष्ठतु सुन्दरीणामारेचितभ्रूचतुरैः कटाक्षैः ॥ ५ ॥
अध्यापितस्योशनसापि नीतिं प्रयुक्तरागप्रणिधिर्द्विषस्ते ।
कस्यार्थधर्मौ वद पीडयामि सिन्धोस्तटावोघ इव प्रवृद्धः ॥ ६ ॥
कामेकपत्नीव्रतदुःखशीलां लोलं मनश्चारुतया प्रविष्टाम् ।
नितम्बिनीमिच्छसि मुक्तलज्जां कण्ठे स्वयंग्राहनिषक्तबाहुम् ॥ ७ ॥

तीसरा सर्ग

कामदेवके आते ही इन्द्रकी सहस्रों आँखें देवताओंपरसे हटकर एक साथ आदरके साथ कामदेवकी ओर घूम गईं क्योंकि प्रायः ऐसा होता है कि स्वामीको अपने सेवकोंसे जब जैसा काम निकालना होता है उसीके अनुसार वे उनका आदर भी किया करते हैं ॥१॥ इन्द्रने कामदेवसे कहा—'आओ यहाँ बैठो'। यह कहकर उसे अपने पास ही बैठा लिया। उसने भी सिर झुकाकर इन्द्रकी कृपा स्वीकार करली और उनसे चुप-चुप बातचीत करने लगा ॥२॥ वह बोला—सबके गुणोंको पहचाननेवाले हे स्वामी! आप आज्ञा दीजिए, तीनों लोकोंमें ऐसा कौन-सा काम है जो आप मुझसे कराना चाहते हैं क्योंकि मुझे स्मरण करके आपने जो कृपा की है उसे मैं आपकी आज्ञाका पालन करके और भी बढ़ाना चाहता हूँ ॥३॥ कहिए तो ऐसा कौन पुरुष उत्पन्न हो गया है जिसने बहुत बड़ी-बड़ी तपस्यायें करके आपके मनमें ईर्ष्या जगा दी है। आप मुझे उसका नाम भर बतला दीजिए फिर तो मैं अभी जाकर उसे अपने इस बाण चढ़े हुए धनुषसे बातकी बातमें जीते लाता हूँ ॥४॥ बताइए तो ऐसा, कौन पुरुष है जो आपका शत्रु बनकर संसारके कष्टों से घबराकर मोक्षकी ओर चल पड़ा है। मैं उसे अभी उन सुन्दरियोंके नेत्रोंसे बहुत दिनोंके लिये फँसाए देता हूँ जो बाँकी चितवन चलाने में बड़ी चतुर हैं ॥५॥ आपका वह शत्रु यदि शुक्राचार्य से भी नीतिशास्त्र पढ़कर आया होगा तो भी अत्यन्त भोगकी इच्छाको ऐसा दूत बनाकर मैं उसके पास भेजता हूँ जो उसका धर्म और अर्थ दोनों उसी प्रकार नाश कर देगा जैसे बरसातमें बढ़ी हुई नदीका बहाव दोनों तटोंको बहा ले जाता है ॥६॥ या कौन सी ऐसी

कयासि कामिन्सुरतापराधात्पादानतः कोपनयावधूतः ।
तस्याः करिष्यामि दृढानुतापं प्रवालशय्याशरणं शरीरम् ॥८॥
प्रसीद विश्राम्यतु वीर वज्रं शरैर्मदीयैः कतमः सुरारिः ।
बिभेतु मोघीकृतबाहुवीर्यः स्त्रीभ्योऽपि कोपस्फुरिताऽधराभ्यः ॥९॥
तव प्रसादात्कुसुमायुधोऽपि सहायमेकं मधुमेव लब्ध्वा ।
कुर्यां हरस्यापि पिनाकपाणेर्धैर्यच्युतिं के मम धन्विनोऽन्ये ॥१०॥
अथोरुदेशादवतार्य पादमाक्रान्तिसंभावितपादपीठम् ।
संकल्पितार्थे विवृतात्मशक्तिमाखण्डलः काममिदं बभाषे ॥११॥
सर्वं सखे त्वय्युपपन्नमेतदुभे ममास्त्रे कुलिशं भवांश्च ।
वज्रं तपोवीर्यमहत्सु कुण्ठं त्वं सर्वतोगामि च साधकं च ॥१२॥
अवैमि ते सारमतः खलु त्वां कार्ये गुरुण्यात्मसमं नियोक्ष्ये ।
व्यादिश्यते भूधरतामवेक्ष्य कृष्णेन देहोद्वहनाय शेषः ॥१३॥
आशंसता बाणगतिं वृषाङ्के कार्यं त्वया नः प्रतिपन्नकल्पम् ।
निबोध यज्ञांशभुजामिदानीमुच्चैर्द्विषामीप्सितमेतदेव ॥१४॥

सुन्दरी और हठीली प्रतिव्रता आपके चञ्चल मनमें बैठ गई है। मैं अभी उस सुन्दरीपर ऐसा बाण चलाता हूँ कि वह सब लाज-शील छोड़कर आपके गलेसे आ लगे ॥७॥ हे कामी ! ऐसी कौन सी स्त्री है जो आपका सभोग न पानेपर क्रोध करके आपसे इतनी रूठी बैठी है कि पैरोंपर गिरकर मनानेपर भी अभी तक नहीं मानी है। मैं उसके मनमें ऐसा पछतावा उत्पन्न करता हूँ कि वह अपने आप आकर लाल कोपलोंके ठण्डे बिछौनेपर लेट जायगी ॥८॥ हे वीर ! आप चिन्ता छोड़कर अपने वज्रको भी विश्राम कर लेने दें। मुझे बताइए वह कौन-सा दैत्य है जो मेरे बाणोंकी मारसे ऐसा शक्तिहीन हो जाना चाहता है कि क्रोधसे काँपते हुए ओठोंवाली नारी तक उसे डरा दें ॥९॥ आपकी कृपा हो तो मैं केवल वसन्तको अपने साथ लेकर अपने फूलके बाणोंसे ही पिनाक धारण करनेवाले स्वयं महादेवजीके छक्के छुड़ा दूँ, फिर और दूसरे धनुर्धारियोंकी तो गिनती ही क्या ॥१०॥ यह बात सुनकर इन्द्रको कुछ ढाढ़स हुआ और उन्होंने अपने पैर खोलकर पाँव पीढ़ेपर रक्खे और जिस कामदेवने उनके सोचे हुए काममें अपने आप इतना उत्साह दिखाया था उससे बोले—॥११॥ हे मित्र ! तुम सब कुछ कर सकते हो क्योंकि तुम और वज्र, ये ही तो मेरे दो अस्त्र हैं। पर इनमेंसे वज्र की धार तो तपस्वियोंकी तपस्याने उतार दी है। अब तुम्हीं ऐसे बच रहे हो जो बेरोक-टोक सब ओर जा भी सकते हो और हमारा काम भी कर ला सकते हो ॥१२॥ मैं तुम्हारी शक्ति भली-भाँति जानता हूँ, इसलिये मैं तुम्हें अपने-जैसा मानकर इस बड़े काममें लगाना चाहता हूँ। जानते हो, प्रलय होनेपर अपने सोनेके लिये भगवानने शेषको ही अपनी शय्या क्यों बनाया था ? क्योंकि वे देख चुके थे कि शेषनाग जब पृथ्वीको धारण कर सकते हैं तो मेरा बोझ भी सह लेंगे ॥१३॥ अभी-अभी तुमने कहा है कि हम अपने बाणोंसे शंकरजीको भी वशमें कर *

अमी हि वीर्यप्रभवं भवस्य जयाय सेनान्यमुशन्ति देवाः ।
स च त्वदेकेषुनिपातसाध्यो ब्रह्माङ्गभूर्ब्रह्मणि योजितात्मा ॥१५॥
तस्मै हिमाद्रेः प्रयतां तनूजां यतात्मने रोचयितुं यतस्व ।
योषित्सु तद्वीर्यनिषेकभूमिः सैव क्षमेत्यात्मभुवोपदिष्टम् ॥१६॥
गुरोर्नियोगाच्च नगेन्द्रकन्या स्थाणुं तपस्यन्तमधित्यकायाम् ।
अन्वास्त इत्यप्सरसां मुखेभ्यः श्रुतं मया मत्प्रणिधिः स वर्गः ॥१७॥
तद्गच्छ सिद्धयै कुरु देवकार्यमर्थोऽयमर्थान्तरभाव्य एव ।
अपेक्षते प्रत्ययमुत्तमं त्वां बीजाङ्कुरः प्रागुदयादिवाम्भः ॥१८॥
अस्मिन्सुराणां विजयाभ्युपाये तवैव नामास्त्रगतिः कृती त्वम् ।
अप्यप्रसिद्धं यशसे हि पुंसामनन्यसाधारणमेव कर्म ॥१९॥
सुराः समभ्यर्थयितार एते कार्यं त्रयाणामपि विष्टपानाम् ।
चापेन ते कर्म न चातिहिंस्रमहो बतासि स्पृहणीयवीर्यः ॥२०॥
मधुश्च ते मन्मथ साहचर्यादसावनुक्तोऽपि सहाय एव ।
समीरणो नोदयिता भवेति व्यादिश्यते केन हुताशनस्य ॥२१॥

सकते हैं। इसलिये एक प्रकारसे तुमने हमारा काम करनेका बीड़ा ही उठा लिया है। इसलिये समझ लो कि बलवान् शत्रुसे सताए हुए और डरे हुए देवता तुमसे यही काम कराना चाहते हैं ॥१४॥ ये देवता लोग चाहते हैं कि शत्रुको जीतनेके लिये शिवजीके वीर्यसे हमारा सेनापति उत्पन्न हो। इसलिये मन्त्रके बलसे ब्रह्ममें ध्यान लगाए हुए महादेवजीकी समाधि तुम्हीं अपने एक बाणसे तोड़ सकते हो ॥१५॥ अब तुम ऐसा जतन करो कि समाधिमें बैठे हुए महादेवजीके मनमें हिमालयकी कन्या पार्वतीके लिये प्रेम उत्पन्न हो जाय, क्योंकि ब्रह्माजीने स्वयं यह बात बताई है कि स्त्रियोंमें वे ही एक ऐसी हैं जो शिवजीका वीर्य धारण कर सकती हैं ॥१६॥ गुप्तचरका काम करनेवाली अपनी अप्सराओंके मुँहसे हमने सुना है कि पार्वतीजी अपने पिताकी आज्ञासे हिमालय पहाड़पर तप करते हुए महादेवजीकी सेवा कर रही हैं ॥१७॥ इसलिये तुम जाओ और देवताओंका यह काम कर डालो क्योंकि इस काममें बस एक कारण भर चाहिए था। जैसे बीजको अंकुर बननेके लिये जलकी आवश्यकता पड़ती है वैसे ही यह काम भी तुम्हारी सहायताके भरोसे ही अटका हुआ था ॥१८॥ देवताओंकी जीत तुम्हारे ही बाणोंसे हो सकती है। तुम सचमुच बड़े भाग्यशाली हो क्योंकि संसारमें ऐसा असाधारण काम करनेसे ही यश मिलता है जिसे कोई दूसरा कर न सके ॥१९॥ और फिर एक तो सब देवता लोग तुमसे इस कामके लिये भीख माँग रहे हैं दूसरे यह कार्य तीनों ही लोकवालोंका है और तीसरी बात यह है कि यद्यपि इस काममें तुम्हारा धनुष काम आवेगा सही, पर इससे किसीकी हिंसा नहीं होगी। आज तुम्हें देखकर सबके मनमें यह इच्छा जग उठी है कि हमें भी तुम्हारी जैसी ही शक्ति मिल जाय ॥२०॥ हे कामदेव! हमने तुम्हारी सहायताके लिये वसन्तका नाम इसलिये नहीं लिया कि वह तो तुम्हारा साथी है ही।

तथेति शेषामिव भर्तुराज्ञामादाय मूर्ध्ना मदनः प्रतस्थे।
ऐरावतास्फालनकर्कशेन हस्तेन पस्पर्श तदङ्गमिन्द्रः ॥२२॥
स माधवेनाभिमतेन सख्या रत्या च साशङ्कमनुप्रयातः।
अङ्गव्ययप्रार्थितकार्यसिद्धिः स्थाण्वाश्रमं हैमवतं जगाम ॥२३॥
तस्मिन्वने संयमिनां मुनीनां तपः समाधेः प्रतिकूलवर्ती।
संकल्पयोनेरभिमानभूतमात्मानमाधाय मधुर्जजृम्भे ॥२४॥
कुबेरगुप्तां दिशमुष्णरश्मौ गन्तुं प्रवृत्ते समयं विलङ्घ्य।
दिग्दक्षिणा गन्धवहं मुखेन व्यलीकनिःश्वासमिवोत्ससर्ज ॥२५॥
असूत सद्यः कुसुमान्यशोकः स्कन्धात्प्रभृत्येव सपल्लवानि।
पादेन नापैक्षत सुन्दरीणां संपर्कमासिञ्जितनूपुरेण ॥२६॥
सद्यः प्रवालोद्गमचारुपत्रे नीते समाप्तिं नवचूतबाणे।
निवेशयामास मधुर्द्विरेफान्नामाक्षराणीव मनोभवस्य ॥२७॥
वर्णप्रकर्षे सति कर्णिकारं दुनोति निर्गन्धतया स्म चेतः।
प्रायेण सामग्र्यविधौ गुणानां पराङ्मुखी विश्वसृजः प्रवृत्तिः ॥२८॥
बालेन्दुवक्त्राण्यविकासभावाद्बभुः पलाशान्यतिलोहितानि।
सद्यो वसन्तेन समागतानां नखक्षतानीव वनस्थलीनाम् ॥२९॥

क्योंकि भला पवनको कहीं यह थोड़े ही कहा जाता है कि तुम जाकर आगकी सहायता करो। यह तो आगको भड़काता ही है चाहे कोई कहे या न कहे ॥२१॥ कामदेव बोला—'जैसी आज्ञा'। और जैसे कोई उपहारमें दी हुई माला लेकर सिरपर चढ़ा लेता है वैसे ही कामदेवने इन्द्रकी आज्ञा सिर चढ़ा ली। जब वह चलने लगा तब इन्द्रने उसकी पीठपर अपना वह हाथ फेरकर उसे उत्साहित किया जो ऐरावतको अङ्कुश लगाते-लगाते कड़ा पड़ गया था ॥२२॥ उसने निश्चय कर लिया कि प्राण देकर भी मैं देवताओंका काम करूँगा। फिर वह वसन्तको साथ लेकर उधर चल दिया जिधर शिवजी बैठे तपस्या कर रहे थे। इनके पीछे पीछे बेचारी रति भी मनमें डरती चली जा रही थी कि आज न जाने क्या होनेवाला है ॥२३॥ उस वनमें पहुँचकर मुनियोंके तपकी समाधिको डिगानेवाला और कामदेवका सहायक बननेका घमण्ड करनेवाला वसन्त अपना पूरा रूप खोलकर चारों ओर छा गया ॥२४॥ वसन्तके छाते ही असमयमें ही सूर्य भी दक्षिणायनसे उत्तरायण चले आए। उस समय दक्षिणसे बहता हुआ मलय पवन ऐसा प्रतीत होता था मानो अपने पति सूर्यके चले जानेपर दक्षिण दिशा दुखी होकर अपने मुँहसे लम्बी-लम्बी उसाँसें छोड़ रही हो ॥२५॥ अशोकवृक्ष भी तत्काल नीचे से ऊपरतक फूल-पत्तोंसे लद गया और झन-झनाते बिछुओंवाली सुन्दरियोंके चरणोंके प्रहारकी बाट भी उसने नहीं देखी ॥२६॥ सुन्दर वसन्तने नई कोंपलोंके पङ्ख लगाकर आमकी मञ्जरियोंके बाण तैयार कर दिए। उनपर उसने जो भौंरे बैठाए वे ऐसे लगते थे मानो उन बाणोंपर कामदेवके नामके अक्षर लिखे हुए हों ॥२७॥ वहाँ फूले हुए कर्णिकार देखनेमें तो सुन्दर थे पर गन्ध न होनेके कारण मनको भाते न थे। ब्रह्माकी कुछ ऐसी बान ही पड़ गई है कि वे किसी भी वस्तुमें पूरे गुण भरते ही नहीं ॥२८॥ वसन्तके आते ही दूजके चन्द्रमाके समान टेढ़े, अत्यन्त-

लग्नद्विरेफाञ्जनभक्तिचित्रं मुखे मधुश्रीस्तिलकं प्रकाश्य ।
रागेण बालारुणकोमलेन चूतप्रवालोष्ठमलंचकार ॥३०॥
मृगाः प्रियालद्रुममञ्जरीणां रजःकणैर्विघ्नितदृष्टिपाताः ।
मदोद्धताः प्रत्यनिलाः विचेरुर्वनस्थलीर्मर्मरपत्रमोक्षाः ॥३१॥
चूताङ्कुरास्वादकषायकण्ठः पुंस्कोकिलो यन्मधुरं चुकूज ।
मनस्विनीमानविघातदक्षं तदेव जातं वचनं स्मरस्य ॥३२॥
हिमव्यपायाद्विशदाधराणामापाण्डुरीभूतमुखच्छवीनाम् ।
स्वेदोद्गमः किम्पुरुषाङ्गनानां चक्रे पदं पत्रविशेषकेषु ॥३३॥
तपस्विनः स्थाणुवनौकसस्तामाकालिकीं वीक्ष्य मधुप्रवृत्तिम् ।
प्रयत्नसंस्तम्भितविक्रियाणां कथंचिदीशा मनसां बभूवुः ॥३४॥
तं देशमारोपितपुष्पचापे रतिद्वितीये मदने प्रपन्ने ।
काष्ठागतस्नेहरसानुविद्धं द्वन्द्वानि भावं क्रियया विवव्रुः ॥३५॥
मधु द्विरेफः कुसुमैकपात्रे पपौ प्रियां स्वामनुवर्तमानः ।
शृङ्गेण च स्पर्शनिमीलिताक्षीं मृगीमकण्डूयत कृष्णसारः ॥३६॥
ददौ रसात्पङ्कजरेणुगन्धि गजाय गण्डूषजलं करेणुः ।
अर्धोपभुक्तेन बिसेन जायां संभावयामास रथाङ्गनामा ॥३७॥

लाल-लाल अधखिले टेसूके फूल वनभूमिमें फैले हुए ऐसे लग रहे थे मानो वसन्तने वनस्थलियोंके साथ विहार करके उनपर अपने नखोंके नये चिह्न बना दिये हों ॥२९॥ वहाँ उड़ते हुए भौंरे खिले हुए तिलकके फूल और प्रातःकालके सूर्यकी लालीसे चमकनेवाली कोपलें ऐसी लगती थीं मानो वसन्तकी शोभा रूपी स्त्रीने भौंरे-रूपी अंजनसे अपना मुँह चीतकर, अपने माथेपर तिलकके फूलका तिलक लगाकर और प्रातःकालके सूर्यकी कोमल लालीसे चमकनेवाले आमकी कोपलोंसे अपने ओठ रंग लिए हों ॥३०॥ आँखोंमें प्रियालके फूलोंके परागके उड़-उड़कर पड़नेसे जो मतवाले हरिण भली-भाँति देख नहीं पा रहे थे वे पवनसे झड़े हुए सूखे पत्तोंसे मर्मर करती हुई वनकी भूमिपर इधर-उधर दौड़ते फिर रहे थे ॥३१॥ आमकी मञ्जरियाँ खा लेनेसे जिस कोकिलका कंठ मीठा हो गया था वह जब मीठे स्वरसे कूँक उठता था तब उसे सुन-सुनकर रूठी हुई स्त्रियाँ अपना रूठना भी भूल जाती थीं ॥३२॥ जाड़ेके बीतने और गर्मीके आ जानेसे कोमल ओठों और सुन्दर गोरे मुखोंवाली किन्नरियोंके मुखपर चीती हुई चित्रकारीपर पसीना आने लगा ॥३३॥ महादेवजीके साथ उस वनमें रहनेवाले तपस्वी लोगोंने असमयमें वसन्तको आया हुआ देखकर अपना मन विकारोंसे हटाकर बड़ी कठिनाईसे रोक रक्खा था ॥३४॥ फिर जब अपने फूलके धनुषपर बाण चढ़ाकर रतिको साथ लेकर कामदेव आया तब नर और मादाओंकी अत्यन्त बढ़ी हुई सम्भोगकी इच्छा उनमें दिखाई देने लगी ॥३५॥ *भौंरा अपनी प्यारी भौंरीके साथ एक ही फूलकी कटोरीसे मकरन्द पीने लगा।* काला हरिण अपनी उस हरिणीको सींगसे खुजलाने लगा जो उसके स्पर्शका सुख लेती हुई आँख मूँदे बैठी थी ॥३६॥ हथिनी बड़े प्रेमसे कमलके परागमें बसा हुआ सुगन्धित जल अपनी सूँड़से निकालकर अपने हाथीको

गीतान्तरेषु श्रमवारिलेशैः किञ्चित्समुच्छ्वासितपत्रलेखम् ।
पुष्पासवाघूर्णितनेत्रशोभि प्रियामुखं किम्पुरुषश्चुचुम्ब ॥३८॥
पर्याप्तपुष्पस्तबकस्तनाभ्यः स्फुरत्प्रवालौष्ठमनोहराभ्यः ।
लतावधूभ्यस्तरवोऽप्यवापुर्विनम्रशाखाभुजबन्धनानि ॥३९॥
श्रुताप्सरोगीतिरपि क्षणेऽस्मिन्हरः प्रसंख्यानपरो बभूव ।
आत्मेश्वराणां नहि जातु विघ्नाः समाधिभेदप्रभवो भवन्ति ॥४०॥
लतागृहद्वारगतोऽथ नन्दी वामप्रकोष्ठार्पितहेमवेत्रः ॥
मुखार्पितैकाङ्गुलिसंज्ञयैव मा चापलायेति गणान्व्यनैषीत् ॥४१॥
निष्कम्पवृक्षं निभृतद्विरेफं मूकाण्डजं शान्तमृगप्रचारम् ।
तच्छासनात्काननमेव सर्वं चित्रार्पितारम्भमिवावतस्थे ॥४२॥
दृष्टिप्रपातं परिहृत्य तस्य कामः पुरः शुक्रमिव प्रयाणे ।
प्रान्तेषु संसक्तनमेरुशाखं ध्यानास्पदं भूतपतेर्विवेश ॥४३॥
स देवदारुद्रुमवेदिकायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम् ।
आसीनमासन्नशरीरपातस्त्रियम्बकं संयमिनं ददर्श ॥४४॥
पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं सन्नमितोभयांसम् ।
उत्तानपाणिद्वयसन्निवेशात्प्रफुल्लराजीवमिवाङ्कमध्ये ॥४५॥

पिलाने लगी और चकवा भी आधी कुतरी हुई कमलकी नाल लेकर चकवीको भेंट करने लगा ॥३७॥ किन्नर लोग गीतोंके बीचमें ही अपनी प्रियाओंके वे मुख चूमने लगे जिनपर थकावटके कारण पसीना छा गया था, जिनपर खींची हुई चित्रकारी लिप गई थी और जिनके नेत्र फूलोंकी मदिरासे मतवाले होनेके कारण बड़े लुभावने लग रहे थे ॥३८॥ वृक्ष भी अपनी झुकी हुई डालियोंको फैला फैलाकर उन लताओंसे लिपटने लगे जिनके बड़े-बड़े फूलोंके गुच्छोंके रूपमें स्तन लटक रहे थे और पत्तोंके रूपमें जिनके सुन्दर ओठ हिल रहे थे ॥३९॥ इसी बीच अप्सराओंने भी अपना नाच गाना आरम्भ कर दिया पर महादेवजी उससे मस न हुए और अपने ध्यानमें ही मग्न रहे क्योंकि जो लोग अपना मन वशमें कर लेते हैं उनकी समाधि क्या भला कोई छुड़ा सकता है ॥४०॥ उस समय नन्दी अपने बाएँ हाथमें सोनेका डंडा लिए हुए लता-मंडपके द्वारपर बैठा मुँहपर उँगली रखकर सब गणोंको संकेतसे मना कर रहा था कि तुम लोग खटपट छोड़कर चुपचाप बैठो ॥४१॥ उसकी आज्ञा पाते ही वृक्षोंने हिलना बन्द कर दिया, भौंरोंने गूँजना बन्द कर दिया सब जीव-जन्तु चुप हो गए और पशु भी जहाँके तहाँ खड़े रह गए, यहाँ तक कि सारा वन उस एक ही संकेतमें ऐसा लगने लगा मानो चित्रमें खिंचा हुआ हो ॥४२॥ जैसे यात्रा करनेके समय लोग सामनेके शुक्रकी दृष्टि बचाते हैं वैसे ही कामदेव भी नन्दीकी आँखें बचाकर नमेरुकी शाखाओंसे घिरे हुए उस स्थानमें जा घुसा जहाँ महादेवजी समाधि लगाए बैठे थे ॥४३॥ थोड़ी ही देरमें मृत्युके मुँहमें पहुँचनेवाला यह कामदेव देखता क्या है कि देवदारुके पेड़की जड़में पत्थरकी पाटियोंसे बनी हुई वेदीपर बाघम्बर बिछा हुआ है और उसपर महादेवजी समाधि लगाए बैठे हुए हैं ॥४४॥ उन्होंने वीरासन लगा रक्खा है, अपना धड़ सीधा और अचल

भुजंगमोन्नद्धजटाकलापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् ।
कण्ठप्रभासङ्गविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम् ॥४६॥
किंचित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायां विरतप्रसङ्गैः ।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः ॥४७॥
अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरंगम् ।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ॥४८॥
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिःप्ररोहैरुदितैः शिरस्तः ।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः ॥४९॥
मनो नवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम् ।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् ॥५०॥
स्मरस्तथाभूतमयुग्मनेत्रं पश्यन्नदूरान्मनसाप्यधृष्यम् ।
नालक्षयत्साध्वससन्नहस्तः स्रस्तं शरं चापमपि स्वहस्तात् ॥५१॥
निर्वाणभूयिष्ठमथास्य वीर्यं संधुक्षयन्तीव वपुर्गुणेन ।
अनुप्रयाता वनदेवताभ्यामदृश्यत स्थावरराजकन्या ॥५२॥
अशोकनिर्भर्त्सितपद्मरागमाकृष्टहेमद्युतिकर्णिकारम् ।
मुक्ताकलापीकृतसिन्दुवारं वसन्तपुष्पाभरणं वहन्ती ॥५३॥

कर लिया है और अपने दोनों कन्धे झुकाकर अपनी गोदमें कमलके समान दोनों हथेलियोंको ऊपर किए वे बिना हिले-डुले बैठे हैं ॥४५॥ साँपोंसे उनकी जटा बँधी हुई है। दाहिने कानपर दुहरी रुद्राक्षकी माला टँगी है और गलेकी नीली चमक से और भी अधिक साँवली दिखाई पड़नेवाली मृगछाला उनके शरीरपर गाँठ मारकर कसी हुई है ॥४६॥ भौंह तानकर कुछ कुछ प्रकाश देनेवाली, निश्चल, उग्र तारोंवाली और अपनी किरणें नीचे डालनेवाली आँखोंसे नाकके अगले भागपर दृष्टि जमाए वे बैठे हुए हैं ॥४७॥ और शरीरके भीतर चलनेवाले सब पवनोंको रोककर वे ऐसे अचल हुए बैठे हैं जैसे न बरसनेवाला बादल हो, बिना लहरोंवाला निश्चल ताल हो या पवन रहित स्थानमें खड़ी लौ वाला दीपक हो ॥४८॥ उस समय उनके सिर और नेत्रोंसे जो तेज निकल रहा था उसके आगे कमलके तन्तुसे भी अधिक कोमल बाल चन्द्रमाकी शोभा भी कुछ नहीं थी ॥४९॥ वहाँ समाधिमें बैठे हुए शंकरजी अपने उस अविनाशी आत्माकी ज्योतिको अपने भीतर देख रहे थे जिसे ज्ञानी लोग अपनी नवों इन्द्रियोंके द्वार रोककर मनको समाधिसे वशमें करके हृदय में रखकर जान पाते हैं ॥५०॥ तीन नेत्रवाले शंकरजी का जो रूप बुद्धि और मनसे भी परे था उसी रूपको इतने पाससे देखकर कामदेवके हाथ डरके मारे ऐसे ढीले पड़ गए कि वह यह भी न जान सका कि मेरे हाथसे धनुष बाण छूटकर गिर पड़ गए ॥५१॥ डरके मारे कामदेवकी शक्ति तो नष्ट हो गई थी पर जब उसने मालिनी और विजया नामकी वन-देवियोंके साथ अत्यन्त सुन्दरी पार्वतीका मनोहर रूप देखा तब मानो उसकी खोई हुई शक्ति फिर जाग उठी ॥५२॥ उस समय

आवर्जिता किंचिदिव स्तनाभ्यां वासो वसाना तरुणार्करागम्।
पर्याप्तपुष्पस्तबकावनम्रा संचारिणी पल्लविनी लतेव ॥५४॥
स्रस्तां नितम्बादवलम्बमाना पुनः पुनः केसरदामकाञ्चीम्।
न्यासीकृतां स्थानविदा स्मरेण मौर्वी द्वितीयामिव कार्मुकस्य ॥५५॥
सुगन्धिनिश्वासविवृद्धतृष्णं बिम्बाधरासन्नचरं द्विरेफम्।
प्रतिक्षणं संभ्रमलोलदृष्टिर्लीलारविन्देन निवारयन्ती ॥५६॥
तां वीक्ष्य सर्वावयवानवद्यां रतेरपि ह्रीपदमादधानाम्।
जितेन्द्रिये शूलिनि पुष्पचापः स्वकार्यसिद्धिं पुनराशशंस ॥५७॥
भविष्यतः पत्युरुमा च शंभोः समाससाद प्रतिहारभूमिम्।
योगात्स चान्तः परमात्मसंज्ञं दृष्ट्वा परं ज्योतिरुपारराम ॥५८॥
ततो भुजंगाधिपतेः फणाग्रैरधः कथंचिद्धृतभूमिभागः।
शनैः कृतप्राणविमुक्तिरीशः पर्यङ्कबन्धं निबिडं बिभेद ॥५९॥
तस्मै शशंस प्रणिपत्य नन्दी शुश्रूषया शैलसुतामुपेताम्।
प्रवेशयामास च भर्तुरेनां भ्रूक्षेपमात्रानुमतप्रवेशाम् ॥६०॥

पार्वतीजीके शरीरपर लाल मणियोंको लज्जित करनेवाले अशोकके पत्तोंके, सोनेकी चमकको घटानेवाली कर्णिकारके फूलोंके और मोतियोंकी मालाके समान उजले सिन्धुवारके वासन्ती फूलोंके आभूषण सजे हुए थे ॥५३॥ स्तनोंके बोझसे झुके हुए शरीरपर प्रातःकालके सूर्यके समान लाल कपड़े पहने हुए वे ऐसी लग रही थी जैसे फूलोंके गुच्छेके भारसे झुकी हुई नई लाल लाल कोंपलोंवाली चलती-फिरती लता हो ॥५४॥ उनकी कमरमें पड़ी हुई केसरके फूलोंकी तगड़ी (करधनी) जब-जब नितम्बसे नीचे खिसक आती थी तब तब वे उसे अपने हाथसे पकड़कर ऊपर सरका लेती थी। वह तगड़ी ऐसी लगती थी मानो यहां क्या पहनना चाहिए इस बातको जाननेवाले कामदेवने अपने हाथसे उनकी कमरमें अपने धनुषकी दूसरी डोरी पहना दी हो ॥५५॥ कामदेवने देखा कि उनकी सुगन्धित साँसपर ललचे हुए भौंरे जब-जब उनके लाल लाल ओठोंके पास आते हैं तब तब वे घबराहटसे आँखें नचाती हुई छोटे-छोटे कमलोंसे मारकर उन्हें भगा देती है ॥५६॥ कामदेवने जब रतिको भी लजानेवाली, अधिक सुघर अंगोंवाली पार्वतीजीको देखा तब उसके मनमें जितेन्द्रिय महादेवजीको वशमें करनेकी आशा फिर हरी हो उठी ॥५७॥ इसी बीच पार्वतीजी भी अपने भावी पति शंकरजीके आश्रमके द्वारपर आ पहुँची। ठीक उसी समय महादेवजीने भी परमात्माकी परम ज्योतिका दर्शन करके अपनी समाधि तोड़ी ॥५८॥ आँखें खोलकर उन्होंने धीरे-धीरे साँस लेना प्रारम्भ कर दिया और अपनी कठोर पलथी भी खोल दी। इसीलिये उनका वह शरीर जो समाधिके समय बहुत हल्का हो गया था अब इतना भारी हो गया कि उनके बैठनेकी भूमिको शेष भगवान बड़ी कठिनाईसे अपने फणोंपर सँभाल पाए ॥५९॥ उनकी समाधि खुली देखकर नन्दीने जाकर उन्हें प्रणाम करके कहा कि आपकी सेवा करनेके लिये पार्वतीजी आई हुई हैं। महादेवजीने अपनी भौंहोंसे उन्हें

तस्याः सखीभ्यां प्रणिपातपूर्वं स्वहस्तलूनः शिशिरात्ययस्य ।
व्यकीर्यत त्र्यम्बकपादमूले पुष्पोच्चयः पल्लवभङ्गभिन्नः ॥६१॥
उमापि नीलालकमध्यशोभि विस्रंसयन्ती नवकर्णिकारम् ।
चकार कर्णच्युतपल्लवेन मूर्ध्ना प्रणामं वृषभध्वजाय ॥६२॥
अनन्यभाजं पतिमाप्नुहीति सा तथ्यमेवाभिहिता भवेन ।
न हीश्वरव्याहृतयः कदाचित्पुष्णन्ति लोके विपरीतमर्थम् ॥६३॥
कामस्तु बाणावसरं प्रतीक्ष्य पतङ्गवद्वह्निमुखं विविक्षुः ।
उमासमक्षं हरबद्धलक्ष्यः शरासनज्यां मुहुराममर्श ॥६४॥
अथोपनिन्ये गिरिशाय गौरी तपस्विने ताम्ररुचा करेण ।
विशोषितां भानुमतो मयूखैर्मन्दाकिनीपुष्करबीजमालाम् ॥६५॥
प्रतिग्रहीतुं प्रणयिप्रियत्वात्त्रिलोचनस्तामुपचक्रमे च ।
संमोहनं नाम च पुष्पधन्वा धनुष्यमोघं समधत्त बाणम् ॥६६॥
हरस्तु किंचित्परिलुप्तधैर्यश्चन्द्रोदयारम्भ इवाम्बुराशिः ।
उमामुखे बिम्बफलाधरोष्ठे व्यापारयामास विलोचनानि ॥६७॥

बुलानेका सङ्केत किया और पार्वतीजीको नन्दी भीतर ले आए ॥६०॥ पहले पार्वतीजीकी दोनों सखियोंने शङ्करजीको प्रणाम किया और फिर अपने हाथसे चुने हुए, पत्तोंके टुकड़े मिले हुए वासन्ती फूलोंका ढेर उनके पैरोंपर चढ़ा दिया ॥६१॥ पार्वतीजीने भी शिवजीको प्रणाम करनेके लिये ज्योंही अपना सिर झुकाया त्योंही उनके काले-काले बालोंमें गुँथे हुए कर्णिकारके फूल और कानपर धरे हुए पत्ते पृथ्वीपर गिर पड़े ॥६२॥ प्रणाम करती हुई पार्वतीजीको भगवान् शङ्करने यह सत्य आशीर्वाद दिया कि तुम्हें ऐसा पति मिले जो किसी भी स्त्रीको न मिला सका हो। ठीक ही है, ऐसे ऐश्वर्यशालियोंकी वाणी कभी झूठी थोड़े ही होती है ॥६३॥ जैसे कोई पतंगा आगमें कूदनेको उतावला हो वैसे ही कामदेवने भी सोचा कि बस बाण छोड़नेका यही ठीक अवसर है। बस वह पार्वतीजीके आगे बैठे हुए शिवजीपर ताक ताककर धनुषकी डोरी खींचने ही तो लगा ॥६४॥ उधर पार्वतीजीने प्रणाम करके समाधिसे जगे हुए शङ्करजीके गलेमें धूपमें सुखाये हुए मन्दाकिनीके कमलके बीजोंकी माला अपने लाल लाल हाथोंसे पहना दी ॥६५॥ शिवजीने भक्तपर प्रेम करनेके नाते पार्वतीजीकी वह माला पहनी ही थी कि कामदेवने भी सम्मोहन नामका अचूक बाण अपने धनुष पर चढ़ा लिया ॥६६॥ जैसे चन्द्रमाके निकलनेपर समुद्रमें ज्वार आ जाता है वैसे ही पार्वतीजीको देखकर महादेवजीके हृदयमें भी कुछ हलचल-सी होने लगी और वे पार्वतीजीके बिम्बाके समान लाल लाल ओठोंपर अपनी ललचाई आँखें

विवृण्वती शैलसुतापि भावमङ्गैः स्फुरद्बालकदम्बकल्पैः ।
साचीकृता चारुतरेण तस्थौ मुखेन पर्यस्तविलोचनेन ॥६८॥
अथेन्द्रियक्षोभमयुग्मनेत्रः पुनर्वशित्वाद्बलवन्निगृह्य ।
हेतुं स्वचेतोविकृतेर्दिदृक्षुर्दिशामुपान्तेषु ससर्ज दृष्टिम् ॥६९॥
स दक्षिणापाङ्गनिविष्टमुष्टिं नतांसमाकुञ्चितसव्यपादम् ।
ददर्श चक्रीकृतचारुचापं प्रहर्तुमभ्युद्यतमात्मयोनिम् ॥७०॥
तपःपरामर्शविवृद्धमन्योर्भ्रूभङ्गदुष्प्रेक्ष्यमुखस्य तस्य ।
स्फुरन्नुदर्चिः सहसा तृतीयादक्ष्णः कृशानुः किल निष्पपात ॥७१॥
क्रोधं प्रभो संहर संहरेति यावद्गिरः खे मरुतां चरन्ति ।
तावत्स वह्निर्भवनेत्रजन्मा भस्मावशेषं मदनं चकार ॥७२॥
तीव्राभिषङ्गप्रभवेण वृत्तिं मोहेन संस्तम्भयतेन्द्रियाणाम् ।
अज्ञातभर्तृव्यसना मुहूर्तं कृतोपकारेव रतिर्बभूव ॥७३॥
तमाशु विघ्नं तपसस्तपस्वी वनस्पतिं वज्र इवावभज्य ।
स्त्रीसंनिकर्षं परिहर्तुमिच्छन्नन्तर्दधे भूतपतिः सभूतः ॥७४॥

डालने लगे ॥६७॥ और पार्वतीजी भी फूले हुए नये कदम्बके समान पुलकित अंगोंसे प्रेम जताती हुई, लजीली आँखोंसे अपना अत्यन्त सुन्दर मुख कुछ तिरछा करके खड़ी रह गईं ॥६८॥ पर महादेवजी तत्काल सँभल गए। संयमी होनेके कारण उन्होंने तत्काल इन्द्रियोंकी चञ्चलताको बलपूर्वक रोक लिया और यह देखनेके लिये चारों ओर दृष्टि दौड़ाई कि मेरे मनमें यह विकार लाया कौन ॥६९॥ शंकरजी देखते क्या हैं कि अपना धनुष खींचकर गोल किये हुए, दाहिनी आँखकी कोरतक चुटकीसे डोरी खींचे हुए, दाहिना कन्धा झुकाकर बाएँ पैरका घुटना मोड़े हुए कामदेव मुझपर बाण चलाने ही वाला है ॥७०॥ अपने तपमें बाधा डालनेवाले कामदेवपर महादेवजीको इतना क्रोध आया कि उनकी चढ़ी भौंहोंके बीच वाला नेत्र देखा नहीं जाता था। झट उनका वह तीसरा नेत्र खुला और उसमेंसे सहसा जलती हुई आगकी लपटें निकल पड़ीं ॥७१॥ यह देखते ही एक साथ सब देवता आकाशमें चिल्ला उठे—हैं, हैं, रोकिए रोकिए अपने क्रोधको प्रभो ! पर इतनी देरमें तो महादेवजीकी आँखोंसे निकलनेवाली उस आगने कामदेवको जलाकर राख ही कर डाला ॥७२॥ अपने सिरपर आई हुई इस भारी विपत्तिको देखकर कामदेवकी स्त्री तो मूर्छित होकर गिर पड़ी, उसकी इन्द्रियाँ स्तब्ध हो गईं और ऐसा जान पड़ा मानो भगवान्‌ने कृपा करके इतनी देरके लिये पतिकी मृत्युका ज्ञान हर कर उसे दुःखसे बचाए रक्खा ॥७३॥ जैसे बिजली किसी पेड़पर गिरकर उसे तोड़ डालती है उसी प्रकार अपनी तपस्यामें बाधा डालनेवाले कामदेव को जलाकर शिवजी ने निश्चय किया कि स्त्रियोंका साथ छोड़ देना चाहिए। इसलिए तपस्वी महादेवजी तत्काल अपने भूतों प्रेतोंको साथ लेकर अन्तर्धान हो गए ॥७४॥

स्मरसि स्मर मेखलागुणैरुत गोत्रस्खलितेषु बन्धनम् ।
च्युतकेशरदूषितेक्षणान्यवतंसोत्पलताडनानि वा ॥ ८ ॥
हृदये वससीति मत्प्रियं यदवोचस्तदवैमि कैतवम् ।
उपचारपदं न चेदिदं त्वमनङ्गः कथमक्षता रतिः ॥ ६ ॥
परलोकनवप्रवासिनः प्रतिपत्स्ये पदवीमहं तव ।
विधिना जन एष वञ्चितस्त्वदधीनं खलु देहिनां सुखम् ॥१०॥
रजनीतिमिरावगुण्ठिते पुरमार्गे घनशब्दविक्लवाः ।
वसतिं प्रिय कामिनां प्रियास्त्वदृते प्रापयितुं क ईश्वरः ॥११॥
नयनान्यरुणानि घूर्णयन्वचनानि स्खलयन्पदे पदे ।
असति त्वयि वारुणीमदः प्रमदानामधुना विडम्बना ॥१२॥
अवगम्य कथीकृतं वपुः प्रियबन्धोस्तव निष्फलोदयः ।
बहुलेऽपि गते निशाकरस्तनुतां दुःखमनङ्ग मोक्ष्यति ॥१३॥
हरितारुणचारुबन्धनः कलपुंस्कोकिलशब्दसूचितः ।
वद संप्रति कस्य बाणतां नवचूतप्रसवो गमिष्यति ॥१४॥

टाली। फिर बिना बातके ही मुझ बिलखती हुईको तुम दर्शन क्यों नहीं दे रहे हो ॥७॥ हे कामदेव ! पहले एकबार जब भूलसे तुमने अपनी किसी दूसरी प्यारीका नाम ले डाला था उसपर मैंने जो तुम्हें अपनी तगड़ीसे बाँध दिया था, क्या वही स्मरण करके तो तुम मुझसे नहीं रूठ बैठे हो ! या जब मैंने अपने कानमें पहने हुए कमलसे तुम्हें पीटा था उस समय उसका पराग पड जाने से जो तुम्हारी आँखें दुखने लगी थीं, क्या उसको स्मरण करके तो मुझसे नहीं रूठ गए हो ॥८॥ तुम मुझसे जो यह मीठी-मीठी बात कहा करते थे कि तुम मेरे हृदयमें सदा रहती हो वह सब मेरी समझमें झूठ थी, क्योंकि यदि वह बात केवल मेरा मन रखने भरको न होती तो तुम्हारे राख हो जानेपर तुम्हारी यह रति भला कैसे जीती बची रह जाती ॥९॥ तुम अभी-अभी स्वर्गको गए हो, मैं भी तुम्हारे पीछे-पीछे वहीं चली आ रही हूँ। ब्रह्माने मुझे मूर्छित करके बड़ा धोखा दे दिया, नहीं तो मैं उसी समय तुम्हारे साथ चल देती क्योंकि मेरा ही नहीं वरन् सारे संसारका सुख तुम अपने साथ लिए चले गए हो ॥१०॥ बताओ प्यारे ! अब वर्षाके दिनोंमें रातकी घनी अँधियारीसे भरे डरावने नगरके मार्गमें बिजलीकी कड़कड़ाहटसे डर उठनेवाली कामिनियोंको उनके प्यारोंके घर तुम्हारे बिना कौन पहुँचावेगा ॥११॥ अपने लाल-लाल नेत्र घुमाती हुई और एक एक शब्दपर रुक-रुककर बोलती हुई प्रमदाओंका मदिरा पीना अब तुम्हारे न रहनेपर भला किस कामका होगा ॥१२॥ हे अनंग ! तुम चन्द्रमाके बड़े प्यारे मित्र थे। जब उसे ज्ञात होगा कि तुम्हारा शरीर केवल कहानी भर रह गया है तब वह अकारथ उगा हुआ चन्द्रमा शुक्ल पक्षमें भी बड़ी कठिनाईसे अपना दुबलापन छोड़ पावेगा ॥१३॥ सुन्दर, हरे और लाल रंगमें बँधा हुआ और कोयलकी मीठी कूकसे गूँजता हुआ आमका नया बौर, बताओ अब किसका बाण बना करेगा ॥१४॥

अलियंक्तिरनेकशस्त्वया गुणकृत्ये धनुषो नियोजिता ।
विरुतैः करुणस्वनैरियं गुरुशोकामनुरोदितीव माम् ॥२५॥
प्रतिपद्य मनोहरं वपुः पुनरप्यादिश तावदुत्थितः ।
रतिदूतिपदेषु कोकिलां मधुरालापनिसर्गपण्डिताम् ॥२६॥
शिरसा प्रणिपत्य याचितान्युपगूढानि सवेपथूनि च ।
सुरतानि च तानि ते रहः स्मर संस्मृत्य न शान्तिरस्ति मे ॥१७॥
रचितं रतिपण्डित त्वया स्वयमङ्गेषु ममेदमार्तवम् ।
ध्रियते कुसुमप्रसाधनं तव तच्चारु वपुर्न दृश्यते ॥१८॥
विबुधैरसि यस्य दारुणैरसमाप्ते परिकर्मणि स्मृतः ।
तमिमं कुरु दक्षिणेतरं चरणं निर्मितरागमेहि मे ॥१९॥
अहमेत्य पतङ्गवर्त्मना पुनरङ्काश्रयणी भवामि ते ।
चतुरैः सुरकामिनीजनैः प्रिय यावन्न विलोभ्यसे दिवि ॥२०॥
मदनेन विनाकृता रतिः क्षणमात्रं किल जीवितेति मे ।
वचनीयमिदं व्यवस्थितं रमण त्वामनुयामि यद्यपि ॥२१॥
क्रियतां कथमन्त्यमण्डनं परलोकान्तरितस्य ते मया ।
सममेव गतोऽस्यतर्कितां गतिमङ्गेन च जीवितेन च ॥२२॥

जिन भौरोंकी पाँतोंकी तुम अनेक बार अपने धनुषकी डोरी बना चुके हो उनकी दुखभरी गुंजार अब ऐसी जान पड़ती है मानो ये भी मुझ दुखमें बिलखती हुईके साथ साथ रो रही हों ॥१५॥ हे काम ! तुम अपने इस राखबने शरीरको छोड़कर पहले जैसा सुन्दर शरीर धारण करके स्वभावसे ही मधुर बोलनेमें चतुर इस कोयलको आज्ञा दो कि यह अपनी मधुर कूकमें प्रेमियोंको मिलनेका स्थान बताना आरम्भ कर दे ॥१६॥ हे कामदेव ! मुझ रूठी हुईको मनानेके लिये जब तुम मेरे पैरों पड़कर काँपते हुए मुझे मनाकर गलेसे लगाया करते थे और फिर मेरे साथ अनेक प्रकारसे संयोग किया करते थे, अब उन बातोंका स्मरण कर-करके मेरा जी फटा जाता है ॥१७॥ हे काम क्रीडामें चतुर ! तुमने अपने हाथोंसे मेरा जो वासन्ती सिंगार किया था वह तो अभी ज्योंका त्यों बना हुआ है पर तुम्हारा सुन्दर शरीर अब कहीं देखनेको नहीं मिल रहा ॥१८॥ अभी थोड़ी देर पहले जब तुम मेरे पैरोंमें महावर लगाने बैठे थे और केवल दाहिने पाँवमें ही लगा पाए थे कि इसी बीच कठोर हृदयवाले देवताओंने तुम्हें अपने कामके लिये बुला भेजा था। अब आकर मेरे इस बाएँ पैरमें भी महावर क्यों नहीं लगा जाते ॥१९॥ हे प्यारे ! जबतक स्वर्गकी चतुर अप्सराएँ तुम्हें अपने रूपसे लुभावें उससे पहले ही मैं आगमें जलकर तुम्हारी गोदमें जा पहुँचती हूँ ॥२० हे रमण ! यह तो निश्चय है कि मैं तुम्हारे पीछे पीछे आ रही हूँ, फिर भी मुझपर यह कलंकका टीका तो सदाके लिये लग ही गया कि कामदेवके न रहनेपर रति थोड़ी देर तक जीती रह गई ॥२१॥ मुझे इसी बातका शोक है कि तुम अपना शरीर और प्राण दोनों एक साथ लेकर स्वर्ग चले गए अब मेरी समझमें ही

ऋजुतां नयतः स्मरामि ते शरमुत्सङ्गनिषण्णधन्वनः ।
मधुना सह सस्मितां कथां नयनोपान्तविलोकितं च तत् ॥२३॥
क्व नु ते हृदयङ्गमः सखा कुसुमायोजितकार्मुको मधुः ।
न खलूग्ररुषा पिनाकिना गमितः सोऽपि सुहृद्गतां गतिम् ॥२४॥
अथ तैः परिदेविताक्षरैर्हृदये दिग्धशरैरिवाहतः ।
रतिमभ्युपपत्तुमातुरां मधुरात्मानमदर्शयत्पुरः ॥२५॥
तमवेक्ष्य रुरोद सा भृशं स्तनसंबाधमुरो जघान च ।
स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृतद्वारमिवोपजायते ॥२६॥
इति चैनमुवाच दुःखिता सुहृदः पश्य वसन्त किं स्थितम् ।
तदिदं कणशो विकीर्यते पवनैर्भस्म कपोतकर्बुरम् ॥२७॥
अयि संप्रति देहि दर्शनं स्मर पर्युत्सुक एष माधवः ।
दयितास्वनवस्थितं नृणां न खलु प्रेम चलं सुहृज्जने ॥२८॥
अमुना ननु पार्श्ववर्तिना जगदाज्ञां ससुरासुरं तव ।
बिसतन्तुगुणस्य कारितं धनुषः पेलवपुष्पपत्रिणः ॥२९॥
गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः ।
अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेन धूमिताम् ॥३०॥

नहीं आ रहा है कि तुम्हारे परलोक चले जानेपर मैं तुम्हारे शरीरका अंतिम सिंगार कैसे करूँ ॥२२॥ तुम्हारा वह गोदमें धनुष रखकर बाण सीधा करना, वसन्तके साथ हँस हँसकर बातें करना और बीच बीचमें मेरी ओर तिरछी चितवनसे देखना मुझे भूलता नहीं है ॥२३॥ अब कहाँ गया वह तुम्हारे लिये फूलोंका धनुष बनानेवाला प्यारा मित्र वसन्त ! कहीं वह भी महादेवजीके तीखे क्रोधकी आगमें अपने मित्रके साथ साथ भस्म तो नहीं हो गया ॥२४॥ यह सुनते ही बिलखती हुई वियोगिनी रतिको ढाढस बँधानेके लिये वसन्त वहाँ आ खड़ा हुआ। वह ऐसा दुःखी जान पड़ रहा था मानो उसके हृदयको रतिके विलापके वचनोंके बाणोंने बींध डाला हो ॥२५॥ वसन्तको देखकर वह और भी फूट-फूटकर और छाती पीट-पीटकर रोने लगी क्योंकि दुःखमें अपने स्वजनोंको देखते ही दुःख उसी प्रकार बढ़ जाता है जैसे घरकी वस्तुएँ बाहर निकालनेके लिये बड़ा भारी द्वार मिल जाय ॥२६॥ वह रोती हुई वसन्तसे बोली—हे वसन्त ! बताओ तो, तुम्हारे मित्रकी यह दशा कैसे हो गई। यह देखो ! तुम्हारा मित्र राख बना हुआ पड़ा है। और देखो ! कबूतरके पंखके समान उसकी भूरी राखको यह पवन इधर-उधर बिखेर रहा है ॥२७॥ हे कामदेव ! तुम्हारा मित्र वसन्त तुम्हें देखनेके लिये बड़ा उतावला है, आकर इसे दर्शन तो दो। क्योंकि पुरुष अपनी स्त्रीसे प्रेम करनेमें भले ही ढिलाई कर दे पर अपने प्रेमी मित्रोंमें तो उसका प्रेम अटल ही होता है ॥२८॥ तुम्हारे इस साथी वसन्तके ही कारण तो ये सब देवता और राक्षस तुम्हारे कमलकी तन्तुसे बनी हुई डोरीवाले फूलोंके बाणवाले धनुषका लोहा मानते थे ॥२९॥ हे वसन्त ! देखो तुम्हारा मित्र पवनके

विधिना कृतमर्द्धवैशसं ननु मां कामवधे विमुञ्चता ।
अनपायिनि संश्रयद्रुमे गजभग्ने पतनाय वल्लरी ॥३१॥
तदिदं क्रियतामनन्तरं भवता बन्धुजनप्रयोजनम् ।
विधुरां ज्वलनातिसर्जनान्ननु मां प्रापय पत्युरन्तिकम् ॥३२॥
शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित्प्रलीयते ।
प्रमदाः पतिवर्त्मगा इति प्रतिपन्नं हि विचेतनैरपि ॥३३॥
अमुनैव कषायितस्तनी सुभगेन प्रियगात्रभस्मना ।
नवपल्लवसंस्तरे यथा रचयिष्यामि तनुं विभावसौ ॥३४॥
कुसुमास्तरणे सहायतां बहुशः सौम्य गतस्त्वमावयोः ।
कुरु संप्रति तावदाशु मे प्रणिपाताञ्जलियाचितश्चिताम् ॥३५॥
तदनु ज्वलनं मदर्पितं त्वरयेर्दक्षिणवातवीजनैः ।
विदितं खलु ते यथा स्मरः क्षणमप्युत्सहते न मां विना ॥३६॥
इति चापि विधाय दीयतां सलिलस्याञ्जलिरेक एव नौ ।
अविभज्य परत्र तं मया सहितः पास्यति ते स बान्धवः ॥३७॥

झोंके से बुझे हुए दीपकके समान जाकर अब लौटता नहीं है। अब अनन्त दुःखमें भरी हुई मैं उस बुझे हुए दीपककी धुँधआती हुई बत्ती भर बची रह गई हूँ ॥३०॥ हे वसन्त ! क्या तुम समझते हो कि ब्रह्माने मुझे जीता छोड़कर मेरे आधे अंग कामदेवका वध करके केवल आधा ही वध किया है। उसने मुझे भी मार डाला है क्योंकि तुम्हीं बताओ भला हाथीकी टक्करसे वृक्षके टूट जानेपर उसके सहारे चढ़ी हुई लता क्या कभी बची रह पाती है ॥३१॥ अब तुम बन्धु होनेके नाते मेरे लिये इतना तो कर दो कि मेरा दाह करके मुझे मेरे पतिके पास पहुँचा दो ॥३२॥ देखो ! चाँदनी चन्द्रमाके साथ चली जाती है, बिजली बादलके साथ ही छिप जाती है इसलिये पतिके साथ जाना तो जड़ोंमें भी पाया जाता है फिर मैं चेतन होकर अपने पतिके पास क्यों न जाऊँ ॥३३॥ अब मैं अपने सामने पड़े हुए प्यारेके शरीरकी सुन्दर भस्मसे अपने स्तनोंका शृङ्गार करके चिताकी आगमें चढ़कर उसी प्रकार लोट रहूँगी जैसे कोई नई नई लाल कोंपलोंसे सजी हुई सेज पर जा सोये ॥३४॥ हे वसन्त ! तुमने बहुत बार हम लोगोंको फूलके बिछौने बनानेमें सहायता दी है अब मैं तुमसे हाथ जोड़कर पैरों पड़कर यह भीख माँगती हूँ कि तुम मेरे लिये शीघ्र ही चिता रच डालो ॥३५॥ और फिर शीघ्रतासे दक्षिण पवनका पंखा झलकर उसमें बड़ी लपटें भी उठा दो जिससे मैं अत्यन्त शीघ्र जलकर राख हो जाऊँ, क्योंकि तुम जानते ही हो कि मेरा प्यारा कामदेव मेरे बिना एक क्षण नहीं [illegible] है ॥३६॥ और जब मैं जल जाऊँ तब तुम हम दोनोंके लिये एक साथ जलसे तर्पण [illegible]। जिससे परलोकमें गया हुआ तुम्हारा मित्र मेरे ही साथ जल पी सके ॥३७॥

ऋजुतां नयतः स्मरामि ते शरमुत्सङ्गनिषण्णधन्वनः ।
मधुना सह सस्मितां कथां नयनोपान्तविलोकितं च तत् ॥२३॥
क्व नु ते हृदयङ्गमः सखा कुसुमायोजितकार्मुको मधुः ।
न खलूग्ररुषा पिनाकिना गमितः सोऽपि सुहृद्गतां गतिम् ॥२४॥
अथ तैः परिदेविताक्षरैर्हृदये दिग्धशरैरिवाहतः ।
रतिमभ्युपपत्तुमातुरां मधुरात्मानमदर्शयत्पुरः ॥२५॥
तमवेक्ष्य रुरोद सा भृशं स्तनसंबाधमुरो जघान च ।
स्वजनस्य हि दुःखमग्रतो विवृतद्वारमिवोपजायते ॥२६॥
इति चैनमुवाच दुःखिता सुहृदः पश्य वसन्त किं स्थितम् ।
तदिदं कणशो विकीर्यते पवनैर्भस्म कपोतकर्बुरम् ॥२७॥
अयि संप्रति देहि दर्शनं स्मर पर्युत्सुक एष माधवः ।
दयितास्वनवस्थितं नृणां न खलु प्रेम चलं सुहृज्जने ॥२८॥
अमुना ननु पार्श्ववर्तिना जगदाज्ञां ससुरासुरं तव ।
बिसतन्तुगुणस्य कारितं धनुषः पेलवपुष्पपत्त्रिणः ॥२९॥
गत एव न ते निवर्तते स सखा दीप इवानिलाहतः ।
अहमस्य दशेव पश्य मामविषह्यव्यसनेन धूमिताम् ॥३०॥

नहीं आ रहा है कि तुम्हारे परलोक चले जानेपर मैं तुम्हारे शरीरका अंतिम सिंगार कैसे करूँ ॥२२॥ तुम्हारा वह गोदमें धनुष रखकर बाण सीधा करना, वसन्तके साथ हँस हँसकर बातें करना और बीच बीचमें मेरी ओर तिरछी चितवनसे देखना मुझे भूलता नहीं है ॥२३॥ अब कहाँ गया वह तुम्हारे लिये फूलोंका धनुष बनानेवाला प्यारा मित्र वसन्त ! कहीं वह भी महादेवजीके तीखे क्रोधकी आगमें अपने मित्रके साथ साथ भस्म तो नहीं हो गया ॥२४॥ यह सुनते ही बिलखती हुई वियोगिनी रतिको ढाढस बँधानेके लिये वसन्त वहाँ आ खड़ा हुआ। वह ऐसा दुःखी जान पड़ रहा था मानो उसके हृदयको रतिके विलापके वचनोंके बाणोंने बींध डाला हो ॥२५॥ वसन्तको देखकर वह और भी फूट-फूटकर और छाती पीट-पीटकर रोने लगी क्योंकि दुःखमें अपने स्वजनोंको देखते ही दुःख उसी प्रकार बढ़ जाता है जैसे रुकी वस्तुको बाहर निकालनेके लिये बड़ा भारी द्वार मिल जाय ॥२६॥ वह रोती हुई वसन्तसे बोली—हे वसन्त ! बताओ तो, तुम्हारे मित्रकी यह दशा कैसे हो गई। यह देखो ! तुम्हारा मित्र राख बना हुआ पड़ा है। और देखो ! कबूतरके पंखके समान उसकी भूरी राखको यह पवन इधर उधर बिखेर रहा है ॥२७॥ हे कामदेव ! तुम्हारा मित्र वसन्त तुम्हें देखनेके लिये बड़ा उतावला है, आकर इसे दर्शन तो दो। क्योंकि पुरुष अपनी स्त्रीसे प्रेम करनेमें भले ही ढिलाई कर दे पर अपने प्रेमी मित्रोंमें तो उनका प्रेम अटल ही होता है ॥२८॥ तुम्हारे इस साथी वसन्तके ही कारण तो ये सब देवता और राक्षस तुम्हारे कमलकी तंतुसे बनी हुई डोरीवाले फूलोंके बाणवाले धनुषका लोहा मानते थे ॥२९॥ हे वसन्त ! देखो तुम्हारा मित्र पवनके

विधिना कृतमर्द्धवैशसं ननु मां कामवधे विमुञ्चता ।
अनपायिनि संश्रयद्रुमे गजभग्ने पतनाय वल्लरी ॥३१॥
तदिदं क्रियतामनन्तरं भवता बन्धुजनप्रयोजनम् ।
विधुरां ज्वलनातिसर्जनान्ननु मां प्रापय पत्युरन्तिकम् ॥३२॥
शशिना सह याति कौमुदी सह मेघेन तडित्प्रलीयते ।
प्रमदाः पतिवर्त्मगा इति प्रतिपन्नं हि विचेतनैरपि ॥३३॥
अमुनैव कषायितस्तनी सुभगेन प्रियगात्रभस्मना ।
नवपल्लवसंस्तरे यथा रचयिष्यामि तनुं विभावसौ ॥३४॥
कुसुमास्तरणे सहायतां बहुशः सौम्य गतस्त्वमावयोः ।
कुरु संप्रति तावदाशु मे प्रणिपाताञ्जलियाचितश्चिताम् ॥३५॥
तदनु ज्वलनं मदर्पितं त्वरयेर्दक्षिणवातवीजनैः ।
विदितं खलु ते यथा स्मरः क्षणमप्युत्सहते न मां विना ॥३६॥
इति चापि विधाय दीयतां सलिलस्याञ्जलिरेक एव नौ ।
अविभज्य परत्र तं मया सहितः पास्यति ते स बान्धवः ॥३७॥

झोंके से बुझे हुए दीपकके समान जाकर अब लौटता नहीं है। अब अत्यन्त दुःखमें भरी हुई मैं उस बुझे हुए दीपककी धुँधुआती हुई बत्ती भर बची रह गई हूँ ॥३०॥ हे वसन्त ! क्या तुम समझते हो कि ब्रह्माने मुझे जीता छोड़कर मेरे आधे अंग कामदेवका वध करके केवल आधा ही वध किया है। उसने मुझे भी मार डाला है क्योंकि तुम्हीं बताओ भला हाथीकी टक्करसे वृक्षके टूट जानेपर उसके सहारे चढ़ी हुई लता क्या कभी बची रह पाती है ॥३१॥ अब तुम बन्धु होनेके नाते मेरे लिये इतना तो कर दो कि मेरा दाह करके मुझे मेरे पतिके पास पहुँचा दो ॥३२॥ देखो ! चाँदनी चन्द्रमाके साथ चली जाती है, बिजली बादलके साथ ही छिप जाती है, इसलिये पतिके साथ जाना तो जड़ोंमें भी पाया जाता है फिर मैं चेतन होकर अपने पतिके पास क्यों न जाऊँ ॥३३॥ अब मैं अपने सामने पड़े हुए प्यारेके शरीरकी सुन्दर भस्मसे अपने स्तनोंका शृङ्गार करके चिताकी आगमें चढ़कर उसी प्रकार लोट रहूँगी जैसे कोई नई-नई लाल कोंपलोंसे सजी हुई सेज पर जा सोवे ॥३४॥ हे वसन्त ! तुमने बहुत बार हम लोगोंको फूलके बिछौने बनानेमें सहायता दी है अब मैं तुमसे हाथ जोड़कर पैरों पड़कर यह भीख माँगती हूँ कि तुम मेरे लिये शीघ्र ही चिता रच डालो ॥३५॥ और फिर शीघ्रतासे दक्षिण पवनका पंखा झलकर उसमें बड़ी लपटें भी उठा दो जिससे मैं अत्यन्त शीघ्र जलकर राख हो जाऊँ, क्योंकि तुम जानते ही हो कि मेरा प्यारा कामदेव मेरे बिना एक क्षण नहीं रह सकता है ॥३६॥ और जब मैं जल जाऊँ तब तुम हम दोनोंके लिये एक साथ जलसे तर्पण करना जिससे परलोकमें गया हुआ तुम्हारा मित्र मेरे ही साथ जल पी सके ॥३७॥

परलोकविधौ च माधव स्मरमुद्दिश्य विलोलपल्लवाः ।
निचपेः सहकारमञ्जरीः प्रियचूतप्रसवो हि ते सखा ॥३८॥
इति देहविमुक्तये स्थितां रतिमाकाशभवा सरस्वती ।
शफरीं ह्रदशोषविक्लवां प्रथमा वृष्टिरिवान्वकम्पयत् ॥३९॥
कुसुमायुधपत्नि दुर्लभस्तव भर्ता न चिराद्भविष्यति ।
शृणु येन स कर्मणा गतः शलभत्वं हरलोचनार्चिषि ॥४०॥
अभिलाषमुदीरितेन्द्रियः स्वसुतायामकरोत्प्रजापतिः ।
अथ तेन निगृह्य विक्रियामभिशप्तः फलमेतदन्वभूत् ॥४१॥
परिणेष्यति पार्वतीं यदा तपसा तत्प्रवणीकृतो हरः ।
उपलब्धसुखस्तदा स्मरं वपुषा स्वेन नियोजयिष्यति ॥४
इति चाह स धर्मयाचितः स्मरशापावधिदां सरस्वतीम् ।
अशनेरमृतस्य चोभयोर्वशिनश्चाम्बुधराश्च योनयः ॥
तदिदं परिरक्ष शोभने भवितव्यप्रियसंगमं वपुः ।
रविपीतजला तपात्यये पुनरोघेन हि युज्यते नदी ।

हे वसन्त ! जब तुम कामदेवका श्राद्ध करना तब उनके लिये पत्तोवाली आमकी मज ॥२२॥
हे वसन्त ! जब तुम कामदेवका श्राद्ध करना तब उनके लिये पत्तोवाली आमकी मञ्जरी बहुत प्यारी थी ॥३८॥ जैसे अचानक बरसे बीच
क्योंकि तुम्हारे मित्रको आमकी मञ्जरी बहुत प्यारी थी ॥३८॥ जैसे अचानक बरसे बीच
पहली बूँदें सूखते हुए तालावकी व्याकुल मछलियोंको जिला देती हैं वैसे ही तुम्हारे
पहलेवाली आकाशवाणीने भी प्राण छोड़नेको उतारू रतिपर यह कृपाकी वाणी आगमे
हे कामदेवकी पत्नी ! तुम्हारा पति तुम्हे थोड़े ही दिनोंमे मिल जायगा । यह महायोगिनी
ज्वालामे पतंग बनकर कैसे जला वह सुनो ॥४०॥ ब्रह्माजीने सृष्टि करते समय मानो
उत्पन्न किया था उस समय कामदेवने उनके मनमे ऐसा पाप भर और
सरस्वतीके रूपपर मोहित हो गए और उससे संभोग करनेकी इच्छा करने लगे ही
ही वे कामदेवकी काली करतूत जान गए और उन्होंने अपने मनमें
कामदेवको शाप दिया कि जाओ, तुम शिवजीके तीसरे नेत्रकी अग्निसे जलकर
जाओगे । उसीका यह सब फल है ॥४१॥ पर जब धर्मने ब्रह्माजीसे सृष्टिकी
कामदेवको जिलानेकी प्रार्थना की तब ब्रह्माजीने कहा कि जब पार्वतीजीकी तपस्यासे
महादेवजी उनके साथ विवाह कर लेंगे तब कामदेवको अपना सहायक समझकर
जैसा शरीर दे देंगे और तभी हमारा शाप भी छूट जायेगा । सत्य है जैसे बादलो
और जल दोनो साथ-साथ रहते हैं वैसे ही संयमी लोगोंके मनमे क्रोध और क्षमा दो
ही रहते हैं ॥४२-४३॥ इसलिये हे सुन्दरी ! अपने प्यारेसे मिलनेके लिये तुम
की रक्षा करो । देखो । जो नदियाँ गर्मीमें सूर्यकी किरणोंको अपना जल पिलाकर

इत्थं रतेः किमपि भूतमदृश्यरूपं
मन्दीचकार मरणव्यवसायबुद्धिम् ।
तत्प्रत्ययाच्च कुसुमायुधबन्धुरेना
माश्वासयत्सुचरितार्थपदैर्वचोभिः ॥४५॥
अथ मदनवधूरुपप्लवान्तं
व्यसनकृशा परिपालयांबभूव ।
शशिन इव दिवातनस्य लेखा
किरणपरिक्षतधूसरा प्रदोषम् ॥४६॥

इति महाकवि श्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
रतिविलापो नाम चतुर्थः सर्गः ॥

॥ पञ्चमः सर्गः ॥

तथा समक्षं दहता मनोभवं पिनाकिना भग्नमनोरथा सती ।
निनिन्द रूपं हृदयेन पार्वती प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता ॥ १ ॥
इयेष सा कर्तुमवन्ध्यरूपतां समाधिमास्थाय तपोभिरात्मनः ।
अवाप्यते वा कथमन्यथा द्वयं तथाविधं प्रेम पतिश्च तादृशः ॥ २ ॥
निशम्य चैनां तपसे कृतोद्यमां सुतां गिरीशप्रतिसक्तमानसाम् ।
उवाच मेना परिरभ्य वक्षसा निवारयन्ती महतो मुनिव्रतात् ॥ ३ ॥
मनीषिताः सन्ति गृहेषु देवतास्तपः क्व वत्से क्व च तावकं वपुः ।
पदं सहेत भ्रमरस्य पेलवं शिरीषपुष्पं न पुनः पतत्रिणः ॥ ४ ॥
इति ध्रुवेच्छामनुशासती सुतां शशाक मेना न नियन्तुमुद्यमात् ।
क ईप्सितार्थस्थिरनिश्चयं मनः पयश्च निम्नाभिमुखं प्रतीपयेत् ॥ ५ ॥
कदाचिदासन्नसखीमुखेन सा मनोरथज्ञं पितरं मनस्विनी ।
अयाचतारण्यनिवासमात्मनः फलोदयान्ताय तपःसमाधये ॥ ६ ॥

पाँचवाँ सर्ग

महादेवजीने देखते-देखते कामदेवको भस्म कर डाला। यह देखकर पार्वतीजीकी सब आशाएँ धूलमें मिल गईं और वे जी भरकर अपनी सुन्दरताको कोसने लगीं, क्योंकि जो सुन्दरता अपने प्यारेको न रिझा सके उसका होना न होना दोनों बराबर हैं ॥१॥ तब उन्होंने ठान लिया कि जिसे मैं रूपसे नहीं रिझा सकी उसे अब सच्चे मनसे तपस्या करके पाऊँगी। बात भी ठीक है क्योंकि ऐसा निराला प्रेम और ऐसा निराला पति बिना तपस्याके भी कहीं मिला करता है ॥२॥ जब उनकी माँ मेनाने सुना कि हमारी पुत्री शिवजीपर रीझकर उनके लिये तप करनेपर तुली हुई है तब पार्वतीजीको गलेसे लगाकर उन्हें इतनी बड़ी तपस्या करनेसे बरजती हुई वे बोलीं ॥३॥ वत्से ! तुम्हारे घरमें ही इतने बड़े-बड़े देवता हैं कि तुम जो चाहो उनसे माँग लो। फिर तपस्या करना कोई हँसी खेल थोड़े ही है। बताओ, कहाँ तो तपस्या और कहाँ तुम्हारा कोमल शरीर। देखो ! सिरीसके फूलपर भौंरे भले ही आकर बैठ जायँ पर यदि कोई पक्षी उसपर आकर बैठने लगे तब तो वह नन्हा सा फूल झड़ ही जायगा ॥४॥ पर सब कुछ समझानेपर भी वे अपनी पुत्रीकी टेक नहीं टाल पाईं क्योंकि अपनी बातके धनी लोगोंका मन और नीचे गिरते हुए पानीका वेग भला कौन टाल सकता है ॥५॥ हिमालय तो पार्वतीजीके मनकी बात जानते ही थे। इसी बीच एक दिन पार्वतीजीने अपनी प्यारी सखीसे कहलाकर अपने पिताजीसे पुछवाया कि क्या मैं तपस्याके लिये वनमें जाकर तपस्या कर सकती हूँ जबतक शिवजी मुझपर प्रसन्न न हो जायँ ॥६॥ जब हिमालयने समझ

अथानुरूपाभिनिवेशतोषिणा कृताभ्यनुज्ञा गुरुणा गरीयसा ।
प्रजासु पश्चात्प्रथितं तदाख्यया जगाम गौरीशिखरं शिखण्डिमत् ॥ ७ ॥
विमुच्य सा हारमहार्यनिश्चया विलोलयष्टिप्रविलुप्तचन्दनम् ।
बबन्ध बालारुणबभ्रु वल्कलं पयोधरोत्सेधविशीर्णसंहति ॥ ८ ॥
यथा प्रसिद्धैर्मधुरं शिरोरुहैर्जटाभिरप्येवमभूत्तदाननम् ।
न षट्पदश्रेणिभिरेव पङ्कजं सशैवलासङ्गमपि प्रकाशते ॥ ९ ॥
प्रतिक्षणं सा कृतरोमविक्रियां व्रताय मौञ्जीं त्रिगुणां बभार याम् ।
अकारि तत्पूर्वनिबद्धया तया सरागमस्या रशनागुणास्पदम् ॥१०॥
विसृष्टरागादधरान्निवर्तितस्तनाङ्गरागारुणिताच्च कन्दुकात् ।
कुशाङ्कुरादानपरिक्षताङ्गुलिः कृतोऽक्षसूत्रप्रणयी तया करः ॥११॥
महार्हशय्यापरिवर्तनच्युतैः स्वकेशपुष्पैरपि या स्म दूयते ।
अशेत सा बाहुलतोपधायिनी निषेदुषी स्थण्डिल एव केवले ॥१२॥
पुनर्ग्रहीतुं नियमस्थया तया द्वयेऽपि निक्षेप इवार्पितं द्वयम् ।
लतासु तन्वीषु विलासचेष्टितं विलोलदृष्टं हरिणाङ्गनासु च ॥१३॥

लिया कि पार्वतीजी अपनी सच्ची टेकसे डिगेंगी नहीं तब उन्होंने पार्वतीजीको तप करने की आज्ञा दे दी। अपने पूज्य पितासे आज्ञा पाकर वे हिमालयकी उस चोटीपर तप करने पहुँची जहाँपर बहुतसे मोर रहा करते थे और पीछे जिसका नाम उन्हींके नामपर गौरीशिखर पड़ गया ॥७॥ अपनी टेककी पक्की पार्वतीजीने अपना वह हार उतार फेंका जिससे सदा हिलते रहनेसे उनकी छाती परका हरिचन्दन उसमें पुछ कर लगा हुआ था। उसके स्थानपर उन्होंने प्रातःकालके सूर्यके समान लाल लाल वल्कल लपेट लिया ॥८॥ जटा रख लेनेपर भी उनका मुख वैसा ही प्यारा लगता था जैसा पहले सजी हुई वेणियोंसे लगता था। क्योंकि केवल भौंरोंसे ही कमल अच्छा नहीं लगता वरन् सेवारसे लिपटा होनेपर भी वह वैसा ही सजीला लगता है ॥९॥ उन्होंने तपस्याके लिये अपनी कमरमें जो मूंजकी तिहरी तगड़ी बाँध रक्खी थी वह उनके कोमल शरीरपर इतनी चुभती थी कि उससे घड़ी घड़ी वे काँप उठती थीं और पहले पहल उसे पहननेसे उनकी सारी कमर लाल पड़ गई थी ॥१०॥ कहाँ तो वे अपने हाथोंसे ओठ रँगा करती थीं और स्तनके अंगरागसे लाल रँगी हुई गेंद खेला करती थीं, कहाँ उन कोमल हाथोंमें उन्होंने रुद्राक्षकी माला ले ली और कुशाके अंकुर उखाड़कर अपने उन्हीं हाथोंकी उँगलियोंमें घाव कर लिए ॥११॥ अपने पिताके घर पर ठाट बाटसे सजे हुए पलंगपर करवटें लेते समय अपने बालोंसे झड़े हुए फूलोंके दबनेसे जो पार्वतीजी सी सी कर उठती थीं वे ही अपने हाथोंका तकिया लगाकर बिना बिछी हुई भूमिपर बैठी-बैठी सो जाती थीं ॥१२॥ तपके समय वे ऐसी शान्त हो गई थीं मानो तप करनेके समय तकके लिये उन्होंने अपना हाव भाव कोमल लताओंको और अपनी चंचल चितवन हरिणियोंको धरोहर बनाकर दे दी हो ॥१३॥ आलस छोड़कर उन्होंने वहाँके जिन छोटे-छोटे पौधोंको अपने

अतन्द्रिता सा स्वयमेव वृक्षकान्घटस्तनप्रस्रवणैर्व्यवर्धयत् ।
गुहोऽपि येषां प्रथमाप्तजन्मनां न पुत्रवात्सल्यमपाकरिष्यति ॥१४॥
अरण्यबीजाञ्जलिदानलालितास्तथा च तस्यां हरिणा विशश्वसुः ।
यथा तदीयैर्नयनैः कुतूहलात्पुरः सखीनाममिमीत लोचने ॥१५॥
कृताभिषेकां हुतजातवेदसं त्वगुत्तरासङ्गवतीमधीतिनीम् ।
दिदृक्षवस्तामृषयोऽभ्युपागमन्न धर्मवृद्धेषु वयः समीक्ष्यते ॥१६॥
विरोधिसत्त्वोज्झितपूर्वमत्सरं द्रुमैरभीष्टप्रसवार्चितातिथि ।
नवोटजाभ्यन्तरसंभृतानलं तपोवनं तच्च बभूव पावनम् ॥१७॥
यदा फलं पूर्वतपःसमाधिना न तावता लभ्यममँस्त काङ्क्षितम् ।
तदानपेक्ष्य स्वशरीरमार्दवं तपो महत्सा चरितुं प्रचक्रमे ॥१८॥
क्लमं ययौ कन्दुकलीलयापि या तया मुनीनां चरितं व्यगाह्यत ।
ध्रुवं वपुः काञ्चनपद्मनिर्मितं मृदु प्रकृत्या च ससारमेव च ॥१९॥
शुचौ चतुर्णां ज्वलतां हविर्भुजां शुचिस्मिता मध्यगता सुमध्यमा ।
विजित्य नेत्रप्रतिघातिनीं प्रभामनन्यदृष्टिः सवितारमैक्षत ॥२०॥

स्तनों के जैसे घड़ोंसे जलसे सींच-सींचकर पाला था उन्हें वे पुत्रोंके समान इतना प्यार करती थीं कि पीछे जब स्वामी कार्तिकेयका जन्म हो गया तब भी उनका वात्सल्य प्रेम इन पौधों पर कम नहीं हुआ ॥१४॥ वहाँ जिन हरिणोंको उन्होंने अपने हाथसे तिन्नीके दाने मिला मिलाकर पाला पोसा था वे इतने परच गये थे कि कभी-कभी मन बहलावके लिए अपनी सखियोंके आगे उन्हें लाकर वे उन हरिणोंके नेत्रोंसे अपने नेत्र नापा करती थीं ॥१५॥ यद्यपि पार्वतीजी छोटी-सी ही थीं फिर भी वे स्नान करके, हवन करके, वल्कलकी ओढ़नी ओढ़कर बैठी पाठ पूजा किया करती थीं, उस समय उन्हें देखनेके लिये दूर-दूरसे बड़े-बड़े ऋषि-मुनि उनके पास आया करते थे। क्योंकि जो धर्मका जीवन बितानेमें बढ़े चढ़े होते हैं उनके लिए फिर यह नहीं देखा जाता कि वे छोटे हैं या बड़े ॥१६॥ उस तपोवनमें रहनेवाले सब पशु-पक्षियोंने अपना पिछला आपसका बैर छोड़ दिया था, वहाँके वृक्ष इतने फल फूलसे लद गए थे कि आए हुए अतिथि जो चाहते थे वही उन्हें मिल जाता था और वहाँ नई पर्णकुटीमें सदा हवनकी अग्नि जलती रहा करती थी। इन सब बातोंसे वह तपोवन बड़ा पवित्र हो गया था ॥१७॥ पार्वतीजीने जब देखा कि इन प्रारम्भिक नियमोंसे काम नहीं चलता तब उन्होंने अपने शरीरकी कोमलता का ध्यान छोड़कर बड़ी कठोर तपस्या आरम्भ कर दी ॥१८॥ जो पार्वतीजी पहले गेंद खेलनेमें भी थक जाया करती थीं उन्होंने ही जब मुनियोंका कठोर बाना ले लिया तब ऐसा जान पड़ने लगा मानो उनका शरीर सोनेके कमलोंसे बना था, जो कमलसे बने होनेके कारण स्वभावसे कोमल भी था पर साथ ही साथ सोनेका बना होनेसे ऐसा पक्का भी था कि तपस्यासे कुँभला न सके ॥१९॥ पतली कमरवाली हँसमुख पार्वतीजी गरमीके दिनोंमें अपने चारों ओर आग जलाकर उसीमें बीच रहीं रहने लगीं और चकाचौंध करनेवाले सूर्यके प्रकाशको भी जीतकर वे सूर्यकी

तथातितप्तं सवितुर्गभस्तिभिर्मुखं तदीयं कमलश्रियं दधौ ।
अपाङ्गयोः केवलमस्य दीर्घयोः शनैः शनैः श्यामिकया कृतं पदम् ॥२१॥
अयाचितोपस्थितमम्बु केवलं रसात्मकस्योडुपतेश्च रश्मयः ।
बभूव तस्याः किल पारणाविधिर्न वृक्षवृत्तिव्यतिरिक्तसाधनः ॥२२॥
निकाममतप्ता विविधेन वह्निना नभश्चरेणेन्धनसंभृतेन सा ।
तपात्यये वारिभिरुक्षिता नवैर्भुवा सहोष्माणममुञ्चदूर्ध्वगम् ॥२३॥
स्थिताः क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधराः पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिताः ।
वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे चिरेण नाभिं प्रथमोदबिन्दवः ॥२४॥
शिलाशयां तामनिकेतवासिनीं निरन्तरास्वन्तरवातवृष्टिषु ।
व्यलोकयन्नुन्मिषितैस्तडिन्मयैर्महातपः साक्ष्य इव स्थिताः क्षपाः ॥२५॥
निनाय सात्यन्तहिमोत्किरानिलाः सहस्यरात्रीरुदवासतत्परा ।
परस्पराक्रन्दिनि चक्रवाकयोः पुरो वियुक्ते मिथुने कृपावती ॥२६॥
मुखेन सा पद्मसुगन्धिना निशि प्रवेपमानाधरपत्रशोभिना ।
तुषारवृष्टिक्षतपद्मसंपदां सरोजसन्धानमिवाकरोदपाम् ॥२७॥

और एकटक होकर देखती रहने लगी ॥२०॥ इस प्रकार तप करते रहनेपर भी उनका मुख सूर्यकी किरणोंसे तपकर कुम्हलाया नहीं वरन् कमलके समान खिल उठा। हाँ, इतना अवश्य हुआ कि उनकी बड़ी-बड़ी आँखोंकी कोरोंमें धीरे-धीरे कुछ साँवलापन आने लगा ॥२१॥ फिर वर्षाके दिनोंमें वे एक तो बिना माँगे अपने आप बरसे हुए जलको पीकर और दूसरे अमृतसे भरी चन्द्रमाकी किरणोंको पीकर ही रह जातीं। बस यह समझ लीजिये कि उन दिनों पार्वतीजीका खाना पीना वही था जो वृक्षोंका होता है ॥२२॥ वर्षा होनेपर उधर तो गर्मीसे तपी हुई पृथ्वीसे भाप निकल उठी और इधर ईंधनकी आग तथा सूर्यकी गर्मीसे तपे हुए पार्वतीजीके शरीरसे भाप निकल उठी ॥२३॥ उनके सिर पर जो वर्षाका जल पड़ता था वह पलभर तो उनकी पलकोंमें टिकता था फिर वहाँसे ढुलककर उनके ओठोंपर जा पड़ता था, वहाँसे उनके कठोर स्तनोंपर गिरकर बूँद बूँद बनकर छितरा जाता था और फिर उनके पेटपर बनी हुई सिकुड़नोंमें रुकता हुआ वह बड़ी देरमें नाभितक पहुँच पाता था ॥२४॥ जिन दिनों घनघोर वर्षाके साथ-साथ रात-रातभर आँधियाँ चला करती थीं उन दिनों भी ये खुले मैदानमें पत्थरकी पटियापर ही पड़ी रहा करती थीं और अँधेरी रातें अपनी बिजलीकी आँखें खोल-खोलकर इस प्रकार उन्हें देखा करती थीं मानो वे उनके कठोर तपकी साक्षी हों ॥२५॥ पूसकी जिन रातोंमें चारों ओर हिम ही हिम बिखेरता चलता था, उन दिनों वे रात रातभर जलमें बैठी बिता देती थीं और उनके सामने ही चकवे और चकवीका जो जोड़ा एक दूसरेसे बिछुड़ा हुआ चिल्लाया करता था उन्हें वे ढाढस बँधाया करती थीं ॥२६॥ उन जाड़ेकी रातोंमें जलके ऊपर पार्वतीजीका मुँह भर दिखाई पड़ता था जाड़ेमें उनके ओठ काँपते थे और उनकी साँससे कमलकी गन्धके समान जो सुगन्ध निकल रही थी उसकी गमक चारों ओर फैल जाती थी। उस समय जलमें खड़ी हुई वे

स्वयं विशीर्णद्रुमपर्णवृत्तिता परा हि काष्ठा तपसस्तया पुनः ।
तदप्यपाकीर्णमतः प्रियंवदां वदन्त्यपर्णेति च तां पुराविदः ॥२८॥
मृणालिकापेलवमेवमादिभिर्व्रतैः स्वमङ्गं ग्लपयन्त्यहर्निशम् ।
तपः शरीरैः कठिनैरुपार्जितं तपस्विनां दूरमधश्चकार सा ॥२९॥
अथाजिनाषाढधरः प्रगल्भवाग्ज्वलन्निव ब्रह्ममयेन तेजसा ।
विवेश कश्चिज्जटिलस्तपोवनं शरीरबद्धः प्रथमाश्रमो यथा ॥३०॥
तमातिथेयी बहुमानपूर्वया सपर्यया प्रत्युदियाय पार्वती ।
भवन्ति साम्येऽपि निविष्टचेतसां वपुर्विशेषेष्वतिगौरवाः क्रियाः ॥३१॥
विधिप्रयुक्तां परिगृह्य सत्क्रियां परिश्रमं नाम विनीय च क्षणम् ।
उमां स पश्यन्नृजुनैव चक्षुषा प्रचक्रमे वक्तुमनुज्झितक्रमः ॥३२॥
अपि क्रियार्थं सुलभं समित्कुशं जलान्यपि स्नानविधिक्षमाणि ते ।
अपि स्वशक्त्या तपसि प्रवर्तसे शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् ॥३३॥
अपि त्वदावर्जितवारिसंभृतं प्रवालमासामनुबन्धि वीरुधाम् ।
चिरोज्झितालक्तकपाटलेन ते तुलां यदारोहति दन्तवाससा ॥३४॥

ऐसी लगती थी मानो पालेसे मारे हुए कमलोंके जल जानेपर उनके मुखके कमलने ही उस तालको कमलवाला बनाए रक्खा हो ॥२७॥ अपने आप झड़कर गिरे हुए पत्तोंको खाकर रहना ही तपकी पराकाष्ठा समझी जाती है पर पार्वतीजीने पत्ते खाने भी छोड़ दिए, इसीलिए, मधुर भाषिणी पार्वतीजीको पण्डित लोग पीछे पत्ते न खानेवाली अपर्णा भी कहने लगे ॥२८॥ कमलिनीके समान अपने कोमल अङ्गको इस प्रकारकी तपस्यासे रात दिन सुखाकर पार्वतीने कठोर शरीरवाले तपस्वियोंको भी लजा दिया ॥२९॥ इसी बीच एक दिन ब्रह्मचर्यके तेजसे चमकता हुआ-सा हिरणकी छाल ओढ़े और पलासका दंड हाथमें लिए हुए, गठीले शरीरवाला और चतुराईके साथ बोलनेवाला एक जटाधारी ब्रह्मचारी उस तपोवनमें आया । वह ऐसा जान पड़ता था मानो साक्षात् ब्रह्मचर्याश्रम ही उठा चला आ रहा हो ॥३०॥ अतिथिका सत्कार करनेवाली पार्वतीजीने बड़े आदरसे आगे बढ़कर उसकी पूजा की, क्योंकि जिन्होंने अपने मनको भली प्रकार साध लिया है वे यदि अपनी बराबरकी अवस्थावाले तेजस्वी पुरुषसे भी मिलते हैं तो बड़े आदरसे मिलते हैं ॥३१॥ उस ब्रह्मचारीने भेंट-पूजा लेकर और पलभर अपनी थकावट मिटाकर पार्वतीजीकी ओर एकटक देखते हुए बिना रुके बोलना प्रारम्भ कर दिया ॥३२॥—कहिए, आपको इस तपोवनमें हवनके लिये समिधा, कुश और स्नान करने योग्य जल तो मिल जाता है न ! और अपने शरीरकी शक्तिके अनुसार ही तप कर रही हैं न ! क्यो कि देखिए ! धर्मके जितने काम हैं उनमें शरीरकी रक्षा करना सबसे पहला काम है ॥३३॥ हाँ, आपके हाथसे सींची हुई इन लताओंमें कोमल लाल-लाल पत्तियोंवाली वे कोंपलें तो फूट आई होंगी आपके उन ओठोंसे होड़ करती होंगी जो बहुत दिनोंसे महावरसे न रँगे जानेपर भी लाल हैं ॥३४॥ और हे कमलनयनी ! आपके हाथसे प्रेमसे कुशा छीनकर खानेवाले

अपि प्रसन्नं हरिणेषु ते मनः करस्थदर्भप्रणयापहारिषु ।
य उत्पलाक्षि प्रचलैर्विलोचनैस्तवाक्षिसादृश्यमिव प्रयुञ्जते ॥३५॥
यदुच्यते पार्वति पापवृत्तये न रूपमित्यव्यभिचारि तद्वचः ।
तथाहि ते शीलमुदारदर्शने तपस्विनामप्युपदेशतां गतम् ॥३६॥
विकीर्णसप्तर्षिबलिप्रहासिभिस्तथा न गाङ्गैः सलिलैर्दिवश्च्युतैः ।
यथा त्वदीयैश्चरितैरनाविलैर्महीधरः पावित एष सान्वयः ॥३७॥
अनेन धर्मः सविशेषमद्य मे त्रिवर्गसारः प्रतिभाति भाविनि ।
त्वया मनोनिर्विषयार्थकामया यदेक एव प्रतिगृह्य सेव्यते ॥३८॥
प्रयुक्तसत्कारविशेषमात्मना न मां परं संप्रतिपत्तुमर्हसि ।
यतः सतां संनतगात्रि संगतं मनीषिभिः साप्तपदीनमुच्यते ॥३९॥
अतोऽत्र किंचिद्भवतीं बहुक्षमां द्विजातिभावादुपपन्नचापलः ।
अयं जनः प्रष्टुमनास्तपोधने न चेद्रहस्यं प्रतिवक्तुमर्हसि ॥४०॥
कुले प्रसूतिः प्रथमस्य वेधसस्त्रिलोकसौन्दर्यमिवोदितं वपुः ।
अमृग्यमैश्वर्यसुखं नवं वयस्तपःफलं स्यात्किमतः परं वद ॥४१॥
भवत्यनिष्टादपि नाम दुःसहान्मनस्विनीनां प्रतिपत्तिरीदृशी ।
विचारमार्गप्रहितेन चेतसा न दृश्यते तच्च कृशोदरि त्वयि ॥४२॥

इन हरिणोंमें तो आपका मन बहला रहता है न, जिनकी आँखें आपकी आँखोंके समान ही चञ्चल हैं ॥३५॥ हे पार्वतीजी ! यह ठीक ही कहा जाता है कि सुन्दरता पापकी ओर कभी नहीं झुकती, क्योंकि हे सुन्दरी ! आपका ही रहन-सहन देखें तो वह इतना सच्चा है कि बड़े-बड़े तपस्वी भी उससे सीख ले सकते हैं ॥३६॥ यों तो सप्तऋषियोंके हाथसे चढ़ाए हुए पूजाके फूल और आकाशसे उतरी हुई गंगाकी धाराएँ हिमालयपर गिरती हैं, पर इन सबसे भी हिमालय उतना पवित्र नहीं हुआ जितना आपके पवित्र रहन-सहनसे हुआ है ॥३७॥ हे देवि ! आपके इस आचरणसे ही मैं समझ रहा हूँ कि धर्म, अर्थ और काम 'इन तीनोंमें धर्म ही सबसे बढ़कर है क्योंकि आप अर्थ और कामसे अपने मनको हटाकर अकेले धर्मका पल्ला थामकर उसकी सेवा कर रही हैं ॥३८॥ हे सुन्दरी ! यह कहा जाता है कि सज्जन लोगोंकी पहली ही भेंटमें उनकी मित्रता पक्की हो जाती है, इसलिये आपने जो मेरा सत्कार किया है उसीसे यह सिद्ध है कि आप मुझे कोई पराया नहीं समझतीं ॥३९॥ हे तपस्विनी ! यदि उसी अपनेपनके नाते मैं ब्राह्मण होनेकी ढिठाई करके आपसे कुछ ऐसी वैसी बातें पूछ बैठूँ तो आप बुरा न मानिएगा और यदि कोई छिपानेकी बात न हो तो आप कृपा करके उत्तर भी दे दीजिएगा ॥४०॥ मैं यही पूछना चाहता हूँ कि ब्रह्माके वंशमें तो आपका जन्म, शरीर भी आपका ऐसा सुन्दर मानो तीनों लोकोंकी सुन्दरता आपमें ही लाकर भरी हो, धनका सुख इतना कि कुछ पूछना ही नहीं और जवानी भी अभी फूट ही रही है, फिर बताइए कि आपको तप करनेकी आवश्यकता क्या आ पड़ी ॥४१॥ हाँ, कभी-कभी ऐसा भी होता है कि अपने वैरीसे बदला लेनेके लिये भी मानिनी स्त्रियाँ कठोर

अलभ्यशोकाभिभवेयमाकृतिर्विमानना सुभ्रु कुतः पितुर्गृहे ।
पराभिमर्शो न तवास्ति कः करं प्रसारयेत्पन्नगरत्नसूचये ॥४३॥
किमित्यपास्याभरणानि यौवने धृतं त्वया वार्द्धकशोभि वल्कलम् ।
वद प्रदोषे स्फुटचन्द्रतारका विभावरी यद्यरुणाय कल्पते ॥४४॥
दिवं यदि प्रार्थयसे वृथा श्रमः पितुः प्रदेशास्तव देवभूमयः ।
अथोपयन्तारमलं समाधिना न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत् ॥४५॥
निवेदितं निश्वसितेन सोष्मणा मनस्तु मे संशयमेव गाहते ।
न दृश्यते प्रार्थयितव्य एव ते भविष्यति प्रार्थितदुर्लभः कथम् ॥४६॥
अहो स्थिरः कोऽपि तवेप्सितो युवा चिराय कर्णोत्पलशून्यतां गते ।
उपेक्षते यः श्लथलम्बिनीर्जटाः कपोलदेशे कलमाग्रपिङ्गलाः ॥४७॥
मुनिव्रतैस्त्वामतिमात्रकर्शितां दिवाकराप्लुष्टविभूषणास्पदाम् ।
शशाङ्कलेखामिव पश्यतो दिवा सचेतसः कस्य मनो न दूयते ॥४८॥

तपस्या कर बैठती हैं पर जहाँतक मैं समझता हूँ, ऐसी भी कोई बात आपके साथ नहीं है ॥४२॥ क्योंकि हे सुन्दर भौंहोंवाली ! आपका रूप ही ऐसा है कि न तो आपपर कोई क्रोध ही कर सकता है न आपका निरादर। क्योंकि पिताके घरमें तो आपका निरादर करनेवाला कोई है नहीं, और यह भी नहीं हो सकता कि कोई शत्रु आकर आपका अपमान करे, क्योंकि ऐसा कौन माईका लाल जन्मा है जो साँपकी मणि लेनेके लिये उसपर हाथ डालेगा ॥४३॥ इसलिये हे गौरी ! आप यह तो बताइए कि इस भरी जवानीमें आपने सुन्दर गहने छोड़कर ये बुढ़ियोंवाले वल्कल क्यों पहन लिए हैं। बताइए भला ढलती हुई रातकी सजावट खिले हुए चन्द्रमा और तारोंसे होती है या सवेरेके सूर्यकी लालीसे ? ॥४४॥ और यदि आप स्वर्ग पानेकी इच्छासे तप कर रही हो तब तो आपका सारा परिश्रम अकारथ है क्योंकि आपके पिता हिमालय का जितना राज्य है उतनेमें ही तो सब देवता रहते हैं, और यदि आप अपने योग्य पति पानेके लिये तपस्या करती हो तब भी तपस्या व्यर्थ है क्योंकि मणि किसीको खोजने नहीं जाता, उल्टे मणिको ही लोग खोजते फिरते हैं ॥४५॥ आपने जो लम्बी साँस ली है इससे मैं समझ रहा हूँ कि आप योग्य पति पानेके लिये ही तपस्या कर रही हैं, पर मेरे जीमें यह बड़ा भारी सन्देह उठ खड़ा हुआ है कि भला आप जिसे चाहती हो वह आपको न मिले, यह बात हो कैसे सकती है, क्योंकि मुझे तो संसारमें कोई ऐसा पुरुष नहीं जँचता जिसके पीछे आपको दौड़ना पड़े ॥४६॥ यह सचमुच बड़े अचरजकी बात है कि जिस युवकको आप चाहती हों वह ऐसा हठी हो कि बहुत दिनोंसे कर्णफूलसे सूने आपके गालोंपर लटकी हुई इन धानके बालोंके समान पीली जटाओंको देखकर भी न पिघलता हो ॥४७॥ ऐसा कौन जीता-जागता पुरुष होगा जिसका जी तपस्यासे अत्यन्त सूखे हुए आपके इस शरीरको देखकर रो न पड़े जिसपर आभूषण पहनने के अंग सूर्यकी किरणोंसे झुलस गए हैं और जो दिनके चन्द्रमाकी लेखाके समान उदास दिखाई पड़ रहा है ॥४८॥ मैं समझता हूँ कि आप जिसे प्यार करती हैं वह अपनी सुन्दरताका झूठा घमण्ड लिए फिरता है नहीं तो उसे अबतक यहाँ आकर अपने मुँहको आपकी

अवैमि सौभाग्यमदेन वञ्चितं तव प्रियं यश्चतुरावलोकिनः ।
करोति लक्ष्यं चिरमस्य चक्षुषो न वक्त्रमात्मीयमरालपक्ष्मणः ॥४९॥
कियच्चिरं श्राम्यसि गौरि विद्यते ममापि पूर्वाश्रमसंचितं तपः ।
तदर्द्धभागेन लभस्व काङ्क्षितं वरं तमिच्छामि च साधु वेदितुम् ॥५०॥
इति प्रविश्याभिहिता द्विजन्मना मनोगतं सा न शशाक शंसितुम् ।
अथो वयस्यां परिपार्श्ववर्तिनीं विवर्तितानञ्जननेत्रमैक्षत ॥५१॥
सखी तदीया तमुवाच वर्णिनं निबोध साधो तव चेत्कुतूहलम् ।
यदर्थमम्भोजमिवोष्णवारणं कृतं तपः साधनमेतया वपुः ॥५२॥
इयं महेन्द्रप्रभृतीनधिश्रियश्चतुर्दिगीशानवमत्य मानिनी ।
अरूपहार्यं मदनस्य निग्रहात्पिनाकपाणिं पतिमाप्तुमिच्छति ॥५३॥
असह्यहुंकारनिवर्तितः पुरा पुरारिमप्राप्तमुखः शिलीमुखः ।
इमां हृदि व्यायतपातमक्षिणोद्विशीर्णमूर्तेरपि पुष्पधन्वनः ॥५४॥
तदाप्रभृत्युन्मदना पितुर्गृहे ललाटिकाचन्दनधूसरालका ।
न जातु बाला लभते स्म निर्वृतिं तुषारसंघातशिलातलेष्वपि ॥५५॥

कटोंकी भौंहोंवाले सुन्दर नैनोंका लक्ष्य बनाना चाहिए था ॥४९॥ अच्छा, यह तो बताइए गौरीजी ! कि आप कब तक यह तपस्या करती रहेंगी ? देखिए, ब्रह्मचर्यकी अवस्थामें मैंने बहुत सी तपस्या इकट्ठी कर रक्खी है। उसका आधा भाग आप ले लीजिए और आपकी जो भी साधें हों, सब उनसे पूरी कर लीजिए। पर हाँ, इतना तो कमसे कम बता दीजिए कि वह है कौन ॥५०॥ उस ब्राह्मणने इस ढंगसे बातें कहीं मानो पार्वतीजीके हृदयमें पैठकर सब बातें जान ली हों। उन्हें सुनकर पार्वतीजी ऐसी लजा गईं कि वे अपने मनकी बात भी अपने मुँहसे कह न पाईं। इसलिये अपने बिना काजल लगे नेत्र पास बैठी हुई सखीकी ओर घुमाकर उन्होंने उसे बोलनेके लिये संकेत किया ॥५१॥ तब पार्वतीजीकी सखी उस ब्रह्मचारीसे बोली—हे साधो ! यदि आप सुनना ही चाहते हो तो मैं बताती हूँ कि जैसे कोई धूप बचानेके लिये कमलका छाता लगा ले वैसे ही इन्होंने भी अपना कोमल शरीर कठोर तपस्यामें क्यों लगा दिया ॥५२॥ महेन्द्र आदि बड़े-बड़े चारों दिग्पालोंको छोड़कर ये मानिनी उन महादेवजीसे विवाह करनेपर तुली हुई हैं जो अब कामदेवके नष्ट हो जानेपर केवल रूप दिखाकर नहीं रिझाए जा सकते ॥५३॥ उस समय कामदेवने शिवजीके ऊपर जो बाण चलाया था वह उस समय तो उनकी हुंकार सुनकर ही लौट गया पर उस जलकर राख बने हुए कामदेवका वह बाण मेरी सखीके हृदयमें लगकर बड़ा भारी घाव कर गया है ॥५४॥ तभीसे ये बेचारी अपने पिताके घर इतनी प्रेमकी पीड़ासे व्याकुल हुई पड़ी रहती थीं कि माथेपर पुते हुए चन्दनसे बाल भर जानेपर भी और जमे हुए हिमकी पटियोंपर लेटे रहनेपर भी इन्हें चैन नहीं मिलती थी ॥५५॥ जब ये महादेवजीके गीत गाने

उपात्तवर्णे चरिते पिनाकिनः सबाष्पकण्ठस्खलितैः पदैरियम् ।
अनेकशः किंन्नरराजकन्यका वनान्तसंगीतसखीररोदयत् ॥५६॥
त्रिभागशेषासु निशासु च क्षणं निमील्य नेत्रे सहसा व्यबुध्यत ।
क्व नीलकण्ठ व्रजसीत्यलक्ष्यवागसत्यकण्ठार्पितबाहुबन्धना ॥५७॥
यदा बुधैःसर्वगतस्त्वमुच्यसे न वेत्सि भावस्थमिमं कथं जनम् ।
इति स्वहस्तोल्लिखितश्च मुग्धया रहस्युपालभ्यत चन्द्रशेखरः ॥५८॥
यदा च तस्याभिगमे जगत्पतेरपश्यदन्यं न विधिं विचिन्वती ।
तदा सहास्माभिरनुज्ञया गुरोरियं प्रपन्ना तपसे तपोवनम् ॥५९॥
द्रुमेषु सख्या कृतजन्मसु स्वयं फलं तपःसाक्षिषु दृष्टमेष्वपि ।
न च प्ररोहाभिमुखोऽपि दृश्यते मनोरथोऽस्याः शशिमौलिसंश्रयः॥६०॥
न वेद्मि स प्रार्थितदुर्लभः कदा सखीभिरस्रोत्तरमीक्षितामिमाम् ।
तपःकृशामभ्युपपत्स्यते सखीं वृषेव सीतां तदवग्रहक्षताम् ॥६१॥
अगूढसद्भावमितीङ्गितज्ञया निवेदितो नैष्ठिकसुन्दरस्तया ।
अयीदमेवं परिहास इत्युमामपृच्छदव्यञ्जितहर्षलक्षणः ॥६२॥

लगती थी तब वे वनवासिनी किन्नरी राज-कुमारियाँ भी इनके रुँधे हुए गलेसे निकले हुए शब्दोंको सुन-सुनकर बहुत बार रो देती थी जो इनको संगीतकी सखियाँ थी ॥५६॥ रातके पहले ही पहरमें क्षण भरके लिये आँख लगी नहीं कि बिना बातके ये चौंककर बरबराती हुई जाग उठती थी कि हे नीलकंठ ! तुम कहाँ जा रहे हो और उसी सपनेके धोखेमें ये अपने हाथ ऐसे फैलाती थी मानो शिवजीके गलेमें हाथ डालकर उन्हें रोक रही हों ॥५७॥ इस प्रकार नींदसे उठकर ये अपने हाथसे बनाए हुए शंकरजीके चित्रको ही सच्चे शंकरजी समझकर उन्हें यह कह कहकर उलाहना देने लगती थी कि आपके लिये पंडित लोग तो कहते हैं कि आप घट-घटकी बातें जानते हैं फिर आप मेरे जीकी जलन क्यों नहीं जान पाते जो आपको सच्चे मनसे प्यार करती है ॥५८॥ जब उन संसारके स्वामी शिवजीको पानेका उन्हें कोई दूसरा उपाय न सूझा तो ये अपने पिताकी आज्ञा लेकर हम लोगोंके साथ तप करनेके लिये यहाँ तपोवनमें चली आई ॥५९॥ हमारी सखीको यहाँ तपस्या करते हुए इतने दिन हो गए कि इनके हाथके रोपे हुए जिन वृक्षोंने इनके तपको खड़े-खड़े देखा है वे भी फल गए पर महादेवजीको पानेकी जो इनकी साध थी उसमें अभी अंकुर भी नहीं फूट पाये ॥६०॥ तपने इन्हें ऐसा सुखा दिया है कि इन्हें देखकर हमारी सखियोंकी आँखें भी डबडबा आती हैं। इतने पर भी जिस दुर्लभ वरको पानेके लिये ये इतनी साँसत भोग रही हैं वह देखें कब हमारी सखीपर उसी प्रकार कृपा बरसाता है जैसे जुती हुई होनेपर भी पानी न बरसनेसे सूखी हुई धरतीपर इन्द्र पानी बरसा देते हैं ॥६१॥ इस प्रकार पार्वतीके मनकी बात जाननेवाली सखीने तपस्या करनेका ठीक-ठीक कारण बता दिया। यह सुनकर उस ब्रह्मचारी और सुन्दर पुरुषने अपने मुखपर प्रसन्नताकी एक रेखा भी नहीं पड़ने दी और उलटे पार्वतीजीसे

अथाग्रहस्ते मुकुलीकृताङ्गुलौ समर्पयन्ती स्फटिकाक्षमालिकाम् ।
कथञ्चिदद्रेस्तनया मिताक्षरं चिरव्यवस्थापितवागभाषत ॥६३॥
यथा श्रुतं वेदविदां वर त्वया जनोऽयमुच्चैः पदलङ्घनोत्सुकः ।
तपः किलेदं तदवाप्तिसाधनं मनोरथानामगतिर्न विद्यते ॥६४॥
अथाह वर्णी विदितो महेश्वरस्तदर्थिनी त्वं पुनरेव वर्तसे ।
अमङ्गलाभ्यासरतिं विचिन्त्य तं तवानुवृत्तिं न च कर्तुमुत्सहे ॥६५॥
अवस्तुनिर्बन्धपरे कथं नु ते करोऽयमामुक्तविवाहकौतुकः ।
करेण शम्भोर्वलयीकृताहिना सहिष्यते तत्प्रथमावलम्बनम् ॥६६॥
त्वमेव तावत्परिचिन्तय स्वयं कदाचिदेते यदि योगमर्हतः ।
वधूदुकूलं कलहंसलक्षणं गजाजिनं शोणितबिन्दुवर्षि च ॥६७॥
चतुष्कपुष्पप्रकरावकीर्णयोः परोऽपि को नाम तवानुमन्यते ।
अलक्तकाङ्कानि पदानि पादयोर्विकीर्णकेशासु परेतभूमिषु ॥६८॥
अयुक्तरूपं किमतः परं वद त्रिनेत्रवक्षःसुलभं तवापि यत् ।
स्तनद्वयेऽस्मिन्हरिचन्दनास्पदे पदं चिताभस्मरजः करिष्यति ॥६९॥

पूछने लगा कि ये जो कुछ कह रही हैं वह क्या सत्य है, या ये हँसी कर रही हैं ॥६२॥ बहुत देरतक तो पार्वतीजी लाजके कारण कुछ भी नहीं बोलीं पर उन्होंने अपनी अंगुलियोंको समेटकर स्फटिककी माला हाथमें पहन ली और बड़े नपे तुले अक्षरोंमें वे किसी किसी प्रकार बोलीं ॥६३॥ हे वेदके परम पंडित ! आपने जैसा सुना है मेरे मनमें वैसा ही ऊँचा पद पानेकी साध जाग उठी है और यह तप भी मैं उन्हींको पानेके लिये कर रही हूँ, क्योंकि मनुष्य-साध कहाँ तक पहुँचती है इसका कोई ठिकाना तो है ही नहीं ॥६४॥ पार्वतीजीकी बात सुनकर ब्रह्मचारी बोला कि जिसने पहले ही आपके प्यारको ठुकरा दिया, उसके पानेके लिए क्या आपके मनमें अभी तक साध बनी हुई है ? जब मैं उन भोंडे वेशवाले शिवजीका विचार करता हूँ तब मेरा मन तो नहीं करता कि आपको इसके लिये सम्मति दूँ ॥६५॥ पार्वतीजी ! आप भी किस बेतुकेसे प्रेम करने चली हैं। बताइए तो, पाणिग्रहणके समय विवाहके मंगल सूत्रसे सजा हुआ आपका यह हाथ शंकरजीके साँप लिपटे हुए हाथको कैसे छू पावेगा ? ॥६६॥ आप स्वयं सोचिए कि कहाँ तो हंस छपी हुई चूँदरी ओढ़े हुए आप और कहाँ रक्तकी बूँद टपकाती हुई महादेवजीके कन्धेपर पड़ी हुई हाथीकी खाल ! भला ये दोनों कहाँ मेल खा सकती हैं ॥६७॥ आप अभी तक फूल बिछे हुए चौकमें चलती आई हैं। अब बताइए आप अपने महावरसे रँगे पैरोंको उस श्मशानकी भूमिमें कैसे रक्खेंगी जहाँ इधर उधर भूत प्रेतोंके बाल बिखरे पड़े होंगे। यह बात तो आपका शत्रु भी आपके लिये नहीं चाहेगा ॥६८॥ और बताइए, यदि शिवजी, आपको मिल भी जायँ तो भी इससे बढ़कर भद्दी और क्या बात होगी कि आपके जिन स्तनोंपर हरिचन्दन पुता हुआ है उनपर चिताकी भस्म लाकर पोती जाय ॥६९॥ और सबसे बड़ी हँसीकी बात तो तब होगी जब आप हाथी छोड़कर उनके बूढ़े बैलपर चढ़कर अपनी

इयं च तेऽन्या पुरतो विडम्बना यदूढया वारणराजहार्यया ।
विलोक्य वृद्धोक्षमधिष्ठितं त्वया महाजनः स्मेरमुखो भविष्यति ॥७०॥
द्वयं गतं संप्रति शोचनीयतां समागमप्रार्थनया पिनाकिनः ।
कला च सा कान्तिमती कलावतस्त्वमस्य लोकस्य च नेत्रकौमुदी ॥७१॥
वपुर्विरूपाक्षमलक्ष्यजन्मता दिगम्बरत्वेन निवेदितं वसु ।
वरेषु यद्बालमृगाक्षि मृग्यते तदस्ति किं व्यस्तमपि त्रिलोचने ॥७२॥
निवर्तयास्मादसदीप्सितान्मनः क्व तद्विधस्त्वं क्व च पुण्यलक्षणा ।
अपेक्ष्यते साधुजनेन वैदिकी श्मशानशूलस्य न यूपसत्क्रिया ॥७३॥
इति द्विजातौ प्रतिकूलवादिनि प्रवेपमानाधरलक्ष्यकोपया ।
विकुञ्चितभ्रूलतमाहिते तया विलोचने तिर्यगुपान्तलोहिते ॥७४॥
उवाच चैनं परमार्थतो हरं न वेत्सि नूनं यत एवमात्थ माम् ।
अलोकसामान्यमचिन्त्यहेतुकं द्विषन्ति मन्दाश्चरितं महात्मनाम् ॥७५॥
विपत्प्रतीकारपरेण मङ्गलं निषेव्यते भूतिसमुत्सुकेन वा ।
जगच्छरण्यस्य निराशिषः सतः किमेभिराशोपहतात्मवृत्तिभिः ॥७६॥

समुरालको चलेंगी और नगरके भलेमानुस सब आपको देखकर तालियाँ बजावेंगे ॥७०॥ मैं तो समझता हूँ कि शिवजीको पानेके फेरमें दोके भाग फूट गए, एक तो चन्द्रमाकी कलाके, जो उनके माथेपर है और दूसरे आपके जो संसारके नेत्रोंको खिलानेवाली हैं ॥७१॥ और देखिए, तीन तो उनके आँख, जन्मका उनके कोई ठिकाना नहीं, और उनके सदा नंगे रहनेसे ही आप समझ सकती होंगी कि उनके घरमें क्या होगा। इसलिये हे मृगके छौनेकी आँख जैसी आँखवाली पार्वतीजी ! वरमें जो गुण खोजे जाते हैं उनमेंसे एक भी तो महादेवजीमें नहीं है। [न रूप है, न कुल है और न धन है] ॥७२॥ इसलिये आप अपने मनसे यह ओछी इच्छा हटा ही दीजिए। *कहाँ तो महादेव और कहाँ सुन्दर लक्षणोंवाली आप।* देखिए, सूली देनेके लिये श्मशानमें जो खंभा गड़ा रहता है उससे जिस प्रकार सज्जन लोग यज्ञके खंभेका काम नहीं लेते हैं वैसे ही इन महादेवजीको पति बनाना भी आपको शोभा नहीं देता ॥७३॥ उस ब्राह्मणकी ऐसी उल्टी-सीधी बातें सुनकर पार्वतीजीके ओठ क्रोधसे काँपने लगे, उनकी आँखें लाल हो गईं और उन्होंने भौंहें तानकर उस ब्रह्मचारीकी ओर आँखें तरेरकर देखा ॥७४॥ और बोलीं— तब आप महादेवजीको भली प्रकार जानते ही नहीं जो मुझसे इस प्रकार कह रहे हैं। जो खोटे लोग होते हैं वे उन महात्माओंके कामोंको बुरा बताते ही हैं जिन्हें पहचाननेकी उनमें योग्यता नहीं होती ॥ ७५ ॥ लोग जो गन्ध आदि मंगल वस्तु काममें लाते हैं उसका कारण यह है कि या तो वे अमंगल दूर करनेके लिये ऐसा करते हैं या फिर अपनी तड़क-भड़क दिखलानेके लिए पर जो तीनों लोकोंकी रक्षा करनेवाले हैं और जिनके मनमें कोई इच्छा ही नहीं रहती वे शंकरजी इन वस्तुओंको लेकर करेंगे ही क्या ? ॥ ७६ ॥ पासमें कुछ न होते हुए भी सारी

अकिंचनः सन्प्रभवः स सम्पदां त्रिलोकनाथः पितृसद्मगोचरः ।
स भीमरूपः शिव इत्युदीर्यते न सन्ति याथार्थ्यविदः पिनाकिनः ॥७७॥
विभूषणोद्भासि पिनद्धभोगि वा गजाजिनालम्बि दुकूलधारि वा ।
कपालि वा स्यादथवेन्दुशेखरं न विश्वमूर्तेरवधार्यते वपुः ॥७८॥
तदङ्गसंसर्गमवाप्य कल्पते ध्रुवं चिताभस्म रजोविशुद्धये ।
तथाहि नृत्याभिनयक्रियाच्युतं विलिप्यते मौलिभिरम्बरौकसाम् ॥७९॥
असम्पदस्तस्य वृषेण गच्छतः प्रभिन्नदिग्वारणवाहनो वृषा ।
करोति पादावुपगम्य मौलिना विनिद्रमन्दाररजोरुणाङ्गुली ॥८०॥
विवक्षता दोषमपि च्युतात्मना त्वयैकमीशं प्रति साधु भाषितम् ।
यमामनन्त्यात्मभुवोऽपि कारणं कथं स लक्ष्यप्रभवो भविष्यति ॥८१॥
अलं विवादेन यथा श्रुतस्त्वया तथाविधस्तावदशेषमस्तु सः ।
ममात्र भावैकरसं मनः स्थितं न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते ॥८२॥
निवार्यतामालि किमप्ययं बटुः पुनर्विवक्षुः स्फुरितोत्तराधरः ।
न केवलं यो महतोऽपभाषते शृणोति तस्मादपि यः स पापभाक् ॥८३॥

सम्पत्तियाँ उन्हींसे उत्पन्न होती हैं, श्मशानमें रहते हुए भी वे तीनों लोकोंके स्वामी हैं और *डरावने दिखाई देनेपर भी वे सबका कल्याण करनेवाले कहे जाते हैं, इसलिये उनका सच्चा रूप* संसारमें कोई ठीक ठीक समझ नहीं पाता है ॥७७॥ संसारमें जितने रूप दिखाई देते हैं वे सब उन्हींके होते हैं इसलिये उनका शरीर गहनोंसे चमकता हो या साँपोंसे लिपटा हुआ हो, हाथीकी खाल लटकाए हुए हो या वस्त्र ओढ़े हुए हो, गलेमें खोपड़ियोंकी माला पहने हुए हो या माथेपर चन्द्रमा सजाये हुए हो पर उसपर यह विचार नहीं किया जाता कि वह कैसा है कैसा नहीं ॥७८॥ उनके शरीरसे लगकर चिताकी राख भी पवित्र हो जाती है इसलिये तो जब वे ताण्डव नृत्य करने लगते हैं उस समय उनके शरीरसे झड़ी हुई भस्मको देवता लोग बड़ी श्रद्धासे अपने माथे चढ़ाते हैं ॥७९॥ जिन्हें आप दरिद्र बताते हैं वे जब अपने बैलपर चढ़कर चलने लगते हैं तब मतवाले ऐरावतपर चढ़नेवाला इन्द्र भी आकर उनके पैरोंपर मस्तक नवाया करता है और फूले हुए कल्पवृक्षके परागसे उनके पैरोंकी उँगलियाँ रँगा करता है ॥८०॥ आपने अपने दुष्ट स्वभावसे कहते कहते कमसे कम एक बात तो उनके लिये ठीक कह दी कि जो ब्रह्मा सबको उत्पन्न करनेवाला बताया जाता है उस ईश्वरके जन्म और कुलको कोई जान ही कैसे सकता है ॥८१॥ इसलिए, अब यह झगड़ा जाने दीजिए। आपने उन्हें जैसा सुना, वे वैसे ही सही पर मेरा मन तो उन्हींमें रम गया है। जब किसीका मन किसीपर लग जाता है तब वह किसीके कहने सुननेपर ध्यान थोड़े ही देता है ॥८२॥ इतनेमें उन्होंने देखा कि ब्रह्मचारी कुछ और बोलना चाहता है। यह देखकर वे अपनी सखीसे बोलीं—देखो सखी! इन ब्रह्मचारीके ओठ फड़क रहे हैं। ये फिर कुछ कहना चाहते हैं। इनसे कह दो कि अब एक बात भी न बोलें क्योंकि जो बड़ोंकी निन्दा

इतो गमिष्याम्यथवेति वादिनी चचाल बाला स्तनभिन्नवल्कला।
स्वरूपमास्थाय च तां कृतस्मितः समाललम्बे वृषराजकेतनः ॥८४॥

तं वीक्ष्य वेपथुमती सरसाङ्गयष्टि
निक्षेपणाय पदमुद्धृतमुद्वहन्ती।
मार्गाचलव्यतिकराकुलितेव सिन्धुः
शैलाधिराजतनया न ययौ न तस्थौ ॥८५॥

अद्यप्रभृत्यवनताङ्गि तवास्मि दासः
क्रीतस्तपोभिरिति वादिनि चन्द्रमौलौ।
अह्नाय सा नियमजं क्लममुत्ससर्ज
क्लेशः फलेन हि पुनर्नवतां विधत्ते ॥८६॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
तपःफलोदयो नाम पञ्चमः सर्गः॥

करता है केवल वही पापी नहीं होता वरन् जो सुनता है उसे भी पाप लगता है ॥८३॥ या तो मैं ही यहाँसे उठकर चली जाती हूँ। यह कहकर वे उठीं। इस हड़बड़ीमें उनके स्तनपर पड़ा हुआ वल्कल फट गया और ज्योंही उन्होंने चलनेको पैर बढ़ाया त्योंही महादेवजीने अपना सच्चा रूप धारण करके मुस्कराते हुए उनका हाथ थाम लिया ॥८४॥ महादेवजीको देखते ही पार्वतीजीके शरीरमें कँपकँपी छूट गई। वे पसीने-पसीने हो गईं और आगे चलनेको उठाए हुए अपने पैरको उन्होंने जहाँका तहाँ रोक लिया। जैसे धाराके बीचमें पहाड़ पड़ जानेसे न तो नदी आगे बढ़ पाती है न पीछे हट पाती है वैसे ही हिमालयकी कन्या भी न तो आगे ही बढ़ पाईं न खड़ी ही रह पाईं ॥८५॥ शिवजी बोले—हे कोमल शरीरवाली! आजसे तुम मुझे तपसे मोल लिया हुआ अपना दास समझो। इतना सुनना भर था कि तपस्यामें पार्वतीजीको जितना कष्ट हुआ था वह सब जाता रहा क्योंकि जब काम पूरा हो जाता है तब उसके लिये किया हुआ कष्ट फिर खटकता नहीं ॥८६॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें तपका
फल नामक पाँचवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ षष्ठः सर्गः ॥

अथ विश्वात्मने गौरी संदिदेश मिथः सखीम् ।
दाता मे भूभृतां नाथः प्रमाणीक्रियतामिति ॥१॥
तया व्याहृतसंदेशा सा बभौ निभृता प्रिये ।
चूतयष्टिरिवाभ्याशे मधौ परभृतोन्मुखी ॥२॥
स तथेति प्रतिज्ञाय विसृज्य कथमप्युमाम् ।
ऋषीञ्ज्योतिर्मयान्सप्त सस्मार स्मरशासनः ॥३॥
ते प्रभामण्डलैर्व्योम द्योतयन्तस्तपोधनाः ।
सारुन्धतीकाः सपदि प्रादुरासन्पुरः प्रभोः ॥४॥
आप्लुतास्तीरमन्दारकुसुमोत्किरवीचिषु ।
व्योमगङ्गाप्रवाहेषु दिङ्नागमदगन्धिषु ॥५॥
मुक्तायज्ञोपवीतानि बिभ्रतो हैमवल्कलाः ।
रत्नाक्षसूत्राः प्रव्रज्यां कल्पवृक्षा इवाश्रिताः ॥६॥
अधः प्रस्थापिताश्वेन समावर्जितकेतुना ।
सहस्ररश्मिना साक्षात्सप्रणाममुदीक्षिताः ॥७॥

छठा सर्ग

तब पार्वतीजीने, घट घटमे रमनेवाले शंकरजीको अपनी सखीके मुँहसे धीरेसे कहलाया कि मेरा विवाह करने या न करनेवाले मेरे पिता हिमालय हैं, इसलिये यदि आप मुझसे विवाह करना चाहते हों तो पहले उन्हें जाकर मना लीजिए ॥१॥ प्रेममें पगी हुई पार्वतीजी अपनी सखीके मुँहसे महादेवजीको यह संदेश कहलाती हुई वैसी ही सुशोभित हुईं जैसे कोयलकी बोलीमें वसन्तके पास अपना सन्देश भेजती हुई आमकी डाल शोभा देती है ॥२॥ महादेवजीने कहा — अच्छी बात है और उन्होंने भारी मनसे पार्वतीजीको किसी न किसी प्रकार घर जानेकी आज्ञा दी। पार्वतीजी के चले जानेपर उन्होंने तेजसे जगमगानेवाले सप्त ऋषियोंको झटसे स्मरण किया ॥३॥ स्मरण करते ही अपने तेजोमण्डलोंसे उजाला करते हुए अरुन्धतीको साथ लेकर तत्काल शंकरजीके आगे वे सातों तपस्वी आकर खड़े हो गए ॥४॥ उन्होंने उस आकाश गंगामें स्नान कर रक्खा था जो अपने तीरपर गिरे हुए कल्पवृक्षके फूलोंको अपनी लहरोंपर उछालती चलती है और जिसके जलमें दिग्गजोंके मदकी सुगन्ध आया करती है, ॥५॥ उनके कन्धोंपर मोतीके यज्ञोपवीत लटक रहे थे, पीठपर सोनेके वल्कल पड़े हुए थे, हाथमें रत्नोंकी मालाएँ थीं और जो इस वेश में ऐसे जान पड़ते थे मानो कल्पवृक्षोंने सन्यास ले लिया हो ॥६॥ उनके डरसे जाता हुआ सूर्य अपने घोड़े नीचे रोककर और झंडी उतारकर बड़ी नम्रतासे उन्हें ऊपर आँख उठाकर प्रणाम किया करता है ॥७॥

आसक्तबाहुलतया सार्धमुद्धृतया भुवा।
महावराहदंष्ट्रायां विश्रान्ताः प्रलयापदि ॥८॥
सर्गशेषप्रणयनाद्विश्वयोनेरनन्तरम् ।
पुरातनाः पुराविद्भिर्धातार इति कीर्तिताः ॥९॥
प्राक्तनानां विशुद्धानां परिपाकमुपेयुषाम्।
तपसामुपभुञ्जानाः फलान्यपि तपस्विनः ॥१०॥
तेषां मध्यगता साध्वी पत्युः पादार्पितेक्षणा।
साक्षादिव तपः सिद्धिर्बभासे बह्वरुन्धती ॥११॥
तामगौरवभेदेनमुनींश्चापश्यदीश्वरः ।
स्त्रीपुमानित्यनास्थैषा वृत्तं हि महितं सताम् ॥१२॥
तद्दर्शनादभूच्छंभोर्भूयान्दारार्थमादरः ।
क्रियाणां खलु धर्म्याणां सत्पत्न्यो मूलकारणम् ॥१३॥
धर्मेणापि पदं शर्वे कारिते पार्वती प्रति।
पूर्वापराधभीतस्य कामस्योच्छ्वसितं मनः ॥१४॥
अथ ते मुनयः सर्वे मानयित्वा जगद्गुरुम्।
इदमूचुरनूचानाः प्रीतिकण्टकितत्वचः ॥१५॥

जो प्रलयके समय वराह भगवानके जबडोंसे उबारी हुई पृथ्वीके साथ अपना हाथ रूपी लता लगाए रखनेके कारण पृथ्वीके साथ ही उनके जबडोंमें विश्राम किया करते हैं उनके लिये लोग कहते है कि ब्रह्माके सृष्टि कर चुकनेपर इन्हीं ऋषियोंने ही सृष्टि की थी और इसीलिए उन्हें इतिहास जाननेवाले पुराने लोग विधाता कहा करते हैं ॥९॥ वे अपने पूर्व जन्मकी तपस्या और पुण्य कर्मों का फल भोगते रहनेपर भी अबतक तपस्या करते चले आते हैं ॥१०॥ उनके बीचमें, अपने पति वशिष्ठजीके चरणोंकी ओर निहारती हुई सती अरुन्धती ऐसी लगती थी मानो साक्षात् तपकी सिद्धि ही आकर खडी हो गई हो ॥११॥ शंकरजीने अरुन्धतीजीको और ऋषियोंको बिना स्त्री-पुरुषके भेद भाव किए समान आदरसे देखा क्योंकि सज्जन लोगोंसे व्यवहार करते समय यह नहीं देखा जाता कि यह पुरुष है या स्त्री, वरन् यही विचार किया जाता है कि इनका चरित्र कैसा है ॥१२॥ शिवजीने जब अरुन्धतीजीको देखा तब उनके मनमें यह बात और भी पक्की जम गई कि बिना पतिव्रता पत्नीसे, विवाह किए धार्मिक क्रियाएँ पूरी नहीं हो सकती ॥१३॥ शंकरजीके मनमें पार्वतीजीसे विवाह करनेकी इच्छा देखकर उस कामदेवके मनमें भी कुछ-कुछ ढाढस होने लगा जो अभी तक अपने एक बारके किए हुए अपराधसे डरा बैठा था ॥१४॥ तब वेद-वेदाङ्गको जाननेवाले और प्रेमसे पुलकित

यद्ब्रह्म सम्यगाम्नातं यदग्नौ विधिना हुतम् ।
यच्च तप्तं तपस्तस्य विपक्वं फलमद्य नः ॥१६॥
यदध्यक्षेण जगतां वयमारोपितास्त्वया ।
मनोरथस्याविषयं मनोविषयमात्मनः ॥१७॥
यस्य चेतसि वर्तेथाः स तावत्कृतिनां वरः ।
किं पुनर्ब्रह्मयोनेर्यस्तव चेतसि वर्तते ॥१८॥
सत्यमर्काच्च सोमाच्च परमध्यास्महे पदम् ।
अद्य तूच्चैस्तरं ताभ्यां स्मरणानुग्रहात्तव ॥१९॥
त्वत्संभावितमात्मानं बहुमन्यामहे वयम् ।
प्रायः प्रत्ययमाधत्ते स्वगुणेषूत्तमादरः ॥२०॥
या नः प्रीतिर्विरूपाक्ष त्वदनुध्यानसंभवा ।
सा किमावेद्यते तुभ्यमन्तरात्मासि देहिनाम् ॥२१॥
साक्षाद्दृष्टोऽसि न पुनर्विद्मस्त्वां वयमञ्जसा ।
प्रसीद कथयात्मानं न धियां पथि वर्तसे ॥२२॥
किं येन सृजसि व्यक्तमुत येन बिभर्षि तत् ।
अथ विश्वस्य संहर्ता भागः कतम एष ते ॥२३॥

शरीरवाले सप्तऋषियोंने शंकरजीका पूजन करके उनसे कहा कि भली प्रकार वेद पढ़नेका, विधिपूर्वक हवन करनेका और तप करनेका जो कुछ भी फल हो सकता है वह सब आज हमें मिल गया ॥१६॥ क्योंकि आपके जिस मनतक किसीकी इच्छाएँ भी नहीं पहुँच सकती उसी मनसे आप संसारके स्वामीने हम लोगोंको स्मरण किया ॥१७॥ यों तो आप जिसके मनमें बसते हैं वही सबसे बड़ा पुण्यात्मा है, पर जो आपके चित्तमें आकर बसता हो उसका तो फिर कहना ही क्या ॥१८॥ यद्यपि हम लोग सूर्य और चन्द्रमा दोनोंसे यों ही ऊपर रहते हैं पर आज आपने स्मरण करके हमें उनसे और भी ऊँचा चढ़ा दिया है ॥१९॥ आपसे यह आदर पाकर हम अपने मनमें फूले नहीं समाते क्योंकि अपने गुणोंपर लोगोंको तभी सच्चा विश्वास होता है जब सज्जन लोग उसके गुणोंका आदर करें ॥२०॥ हे शिवजी ! आपने हमको जो स्मरण किया है उससे हमारे मनमें आपके लिये जो प्रेम उत्पन्न हुआ है उसे हम अपने मुँहसे आपके आगे क्या कहें, क्योंकि आप तो घट-घटकी जाननेवाले हैं ॥२१॥ हे देव ! यद्यपि हम आपको अपनी आँखोंके आगे खड़ा देख रहे हैं फिर भी हम आपका भेद ठीक-ठीक जान नहीं पा रहे हैं इसलिये आप कृपा करके अपना स्वरूप तो बताइए क्योंकि हमारी बुद्धि तो आप तक पहुँच नहीं पाती ॥२२॥ यह तो बताइए कि आपकी जो मूर्ति हम देख रहे हैं, यह क्या वही है जिससे आप सृष्टि उत्पन्न करते हैं, या वह है जिससे पालन करते

अथवा सुमहत्येषा प्रार्थना देव तिष्ठतु ।
चिन्तितोपस्थितांस्तावच्छाधि नः करवाम किम् ॥२४॥
अथ मौलिगतस्येन्दोर्विशदैर्दशनांशुभिः ।
उपचिन्वन्प्रभां तन्वीं प्रत्याह परमेश्वरः ॥२५॥
विदितं वो यथा स्वार्था न मे काश्चित्प्रवृत्तयः ।
ननु मूर्तिभिरष्टाभिरित्थंभूतोऽस्मि सूचितः ॥२६॥
सोऽहं तृष्णातुरैर्वृष्टिं विद्युत्वानिव चातकैः ।
अरिविप्रकृतैर्देवैः प्रसूतिं प्रति याचितः ॥२७॥
अत आहर्तुमिच्छामि पार्वतीमात्मजन्मने ।
उत्पत्तये हविर्भोक्तुर्यजमान इवारणिम् ॥२८॥
तामस्मदर्थे युष्माभिर्याचितव्यो हिमालयः ।
विक्रियायै न कल्पन्ते संबन्धाः सदनुष्ठिताः ॥२९॥
उन्नतेन स्थितिमता धुरमुद्वहता भुवः ।
तेन योजितसंबन्धं वित्त मामप्यवञ्चितम् ॥३०॥
एवं वाच्यः स कन्यार्थमिति वो नोपदिश्यते ।
भवत्प्रणीतमाचारमामनन्ति हि साधवः ॥३१॥

हैं या वह है जिससे संसारका संहार करते हैं ॥२३॥ पर देव ! यह तो बड़ी लम्बी कथा है। इसे अभी रहने दीजिए और पहले यह बताइए कि आपने हमें इस समय किस कामके लिये स्मरण किया है। कहिए, हमें क्या करना होगा ॥२४॥ अपनी मन्द हँसीके कारण चमकते हुए दाँतोंकी दमकसे सिरपर बैठे हुए बाल चन्द्रमाकी मन्दी चमकको बढाते हुए महादेवजी उन सप्तऋषियोंसे बोले ॥२५॥ हे मुनियो ! आप लोग तो जानते ही हैं कि हम अपने लिये कुछ नहीं करते और हमारी आठो मूर्त्तियाँ—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्र और होता—(हवन करनेवाले) इस बातके साक्षी भी हैं ॥२६॥ जैसे प्यासे चातक, बादलोंसे जलकी बूँदें माँगते हैं वैसे ही दानुओंसे सताए हुए देवता लोग भी मुझसे पुत्र उत्पन्न कराना चाहते हैं ॥२७॥ इसलिये पुत्र उत्पन्न करनेकी इच्छासे मैं पार्वतीजीको उसी प्रकार,लाना चाहता हूँ जैसे अग्नि उत्पन्न करनेके लिये यजमान अरणि (रगड़कर आग उपजानेवाली लकड़ी) लाता है ॥२८॥ तो आप लोग मेरी ओरसे जाकर हिमालयसे पार्वतीजीको माँग लीजिए क्योंकि सज्जन लोग बीचमें पड़कर जो सम्बन्ध करा देते हैं उसमें फिर किसी प्रकारकी झंझट नहीं होती ॥२९॥ फिर ऐसी ऊँची प्रतिष्ठावाले और पृथ्वीको धारण करनेवाले हिमालयसे सम्बन्ध करके मैं भी अपनेको धन्य समझूँगा ॥३०॥ आप लोगोंको यह तो समझाना नहीं है कि कन्याको माँगनेके लिये ऐसे कहिएगा। क्योंकि इस प्रकारके शिष्टाचारकी जो बातें दूसरे पण्डित लोग काममें ला रहे हैं वे सब आप ही लोगोंने तो बनाई हैं ॥३१॥

आर्याप्यरुन्धती तत्र व्यापारं कर्तुमर्हति ।
प्रायेणैवंविधे कार्ये पुरंध्रीणां प्रगल्भता ॥३२॥
तत्प्रयातौषधीप्रस्थं सिद्धये हिमवत्पुरम् ।
महाकोशीप्रपातेऽस्मिन्संगमः पुनरेव नः ॥३३॥
तस्मिन्संयमिनामाद्ये जाते परिणयोन्मुखे ।
जहुः परिग्रहव्रीडां प्राजापत्यास्तपस्विनः ॥३४॥
ततः परममित्युक्त्वा प्रतस्थे मुनिमण्डलम् ।
भगवानपि संप्राप्तः प्रथमोद्दिष्टमास्पदम् ॥३५॥
ते चाकाशमसिश्याममुत्पत्य परमर्षयः ।
आसेदुरोषधिप्रस्थं मनसा समरंहसः ॥३६॥
अलकामतिवाह्यैव वसतिं वसुसंपदाम् ।
स्वर्गाभिष्यन्दवमनं कृत्वेवोपनिवेशितम् ॥३७॥
गङ्गास्रोतः परिक्षिप्तं वप्रान्तर्ज्वलितौषधि ।
बृहन्मणिशिलासालं गुप्तावपि मनोहरम् ॥३८॥
जितसिंहभया नागा यत्राश्वा बिलयोनयः ।
यक्षाः किम्पुरुषाः पौरा योषितो वनदेवताः ॥३९॥

हाँ, आर्या अरुन्धती भी इस काममें सहायता कर सकती हैं क्योंकि इन बातोंमें प्राय स्त्रियाँ अधिक चतुर होती हैं ॥३२॥ इसलिये अब आप लोग हिमालयके ओषधिप्रस्थ नगरमें जाकर काम बनाइए और वहाँसे लौटकर महाकोशी नदीके झरनेपर आकर आप लोग मुझसे मिल लीजिएगा ॥३३॥ जब सप्त ऋषियोंने देखा कि संयमियोंमें श्रेष्ठ महादेवजी ही विवाहके लिए मन बनाचुके हैं तब उन लोगोंके मनसे विवाहकी बातोंसे झिझक हुआ करती थी वह सब जाती रही ॥३४॥ तब ऋषि लोग ॐ कहकर चल दिए और भगवान् शंकर भी वहाँ पहुँच गए जहाँ उन्होंने ऋषियोंसे मिलनेको कहा था ॥३५॥ मनके समान वेगसे चलनेवाले वे परम ऋषि लोग कृपाणके समान नीले आकाशमें उड़ते हुए ओषधिप्रस्थ नगरसे पहुँच गए ॥३६॥ वह नगर ऐसा भरापूरा था मानो उसने धन-सम्पत्तिसे भरी हुई अलकाको भी नीचा दिखा दिया हो और ऐसा जान पड़ता था मानो स्वर्गका बढ़ा हुआ धन निकालकर इसमें ही ला भरा गया हो ॥३७॥ उस नगरके चारों ओर गंगाजीकी धाराएँ बहती थीं, चमकनेवाली जड़ी-बूटियाँ वहाँ प्रकाश करती थीं और मणियोंके ऊँचे-ऊँचे परकोटोंमें छिपे रहने पर भी वह नगर बड़ा सुन्दर लग रहा था ॥३८॥ वहाँके हाथी ऐसे लगते थे कि सिंहको भी पछाड़ दें, और घोड़े तो सभी बिल जातिके थे। वहाँके नागरिक भी या तो यक्ष थे या किन्नर, और स्त्रियाँ तो सब वनदेवियाँ ही थीं ॥३९॥ इस नगरके घरोंपर दिन-रात

शिखरासक्तमेघानां व्यज्यन्ते यत्र वेश्मनाम् ।
अनुगर्जितसंदिग्धाः करणैर्मुरजस्वनाः ॥४०॥
यत्रकल्पद्रुमैरेव विलोलविटपांशुकैः ।
गृहयन्त्रपताकाश्रीरपौरादरनिर्मिता ॥४१॥
यत्र स्फटिकहर्म्येषु नक्तमापानभूमिषु ।
ज्योतिषां प्रतिबिम्बानि प्राप्नुवन्त्युपहारताम् ॥४२॥
यत्रौषधीप्रकाशेन नक्तं दर्शितसंचराः ।
अनभिज्ञास्तमिस्राणां दुर्दिनेष्वभिसारिकाः ॥४३॥
यौवनान्तं वयो यस्मिन्नान्तकः कुसुमायुधात् ।
रतिखेदसमुत्पन्ना निद्रा संज्ञाविपर्ययः ॥४४॥
भ्रूभेदिभिः सकम्पोष्ठैर्ललिताङ्गुलितर्जनैः ।
यत्र कोपैः कृताः स्त्रीणामाप्रसादार्थिनः प्रियाः ॥४५॥
संतानकतरुच्छायासुप्तविद्याधराध्वगम् ।
यस्य चोपवनं बाह्यं गन्धवद्गन्धमादनम् ॥४६॥
अथ ते मुनयो दिव्याः प्रेक्ष्य हैमवतं पुरम् ।
स्वर्गाभिसंधिसुकृतं वञ्चनामिव मेनिरे ॥४७॥

बादल छाए रहते थे और जब कभी उन घरोंमें मृदंग बजने लगता था तब लोगोंको पहले यही भ्रम होने लगता था कि यह बादलोंकी गरजकी गूँज है पर फिर उनकी तालसे समझ जाते थे कि ये बादल नहीं गरजते वरन् मृदंग बज रहे हैं ॥४०॥ कल्पवृक्षकी चचल शाखाएँ ही उस नगरीकी झंडियाँ थीं और यद्यपि उन्हें किसी नागरिक ने बनाया नहीं था फिर भी वे ऐसी लग रही थीं मानो घरोंपर डंडे खड़े करके उनमें झंडियाँ बाँध दी गई हों ॥४१॥ स्फटिकके भवनोंमें सजे हुए मदिरालयपर रातको जब तारोंकी परछाईं पड़ती थी तब ऐसा जान पड़ता था मानो किसीने फूल बिखेर दिए हों ॥४२॥ बरसातके दिनोंमें रातको चमकने वाली जड़ी-बूटियाँ ऐसा प्रकाश देती थीं कि वहाँकी अभिसारिकाओंको बरसातकी घनी अँधियारीमें भी अँधेरेका पता नहीं चलता था ॥४३॥ वहाँके लोग सदा जवान थे, कामदेवको छोड़कर और कोई किसीको मारता नहीं था और सभोगकी थकावटसे जो नींद आती थी वही वहाँकी मूर्छा थी ॥४४॥ यों तो वहाँ कोई किसीको डाँटता-डपटता नहीं था पर हाँ, वहाँकी स्त्रियाँ भौंहें चढ़ा-चढ़ाकर, ओठ कँपा-कँपाकर और सुन्दर उँगलियाँ चमका-चमकाकर अपने प्रेमियोंको तबतक अवश्य डाँटती थीं जब तक वे प्रेमी आगेके लिये कान न पकड़ लें ॥४५॥ गन्धमादन नामका सुगन्धित पर्वत ही उस नगरके बाहरका उपवन था जिसके कल्प-वृक्षोंकी छायामें विद्याधर लोग चलते चलते थकनेपर नींद लेते थे ॥४६॥ हिमालयकी उस राजधानीको देखकर उन दिव्य मुनियोंने सोचा कि स्वर्गके लिए इतनी तपस्या करके हम लोग ठगे ही गए ॥४७॥ चित्रमें

ते सद्मनि गिरेर्वेगादुन्मुखद्वाःस्थवीक्षिताः ।
अवतेरुर्जटाभारैर्लिखितानलनिश्चलैः ॥४८॥
गगनादवतीर्णा सा यथावृद्धपुरस्सरा ।
तोयान्तर्भास्करालीव रेजे मुनिपरम्परा ॥४९॥
तानर्घ्यानर्घ्यमादाय दूरात्प्रत्युद्ययौ गिरिः ।
नमयन्सारगुरुभिः पादन्यासैर्वसुंधराम् ॥५०॥
धातुताम्राधरः प्रांशुर्देवदारुबृहद्भुजः ।
प्रकृत्यैव शिलोरस्कः सुव्यक्तो हिमवानिति ॥५१॥
विधिप्रयुक्तसत्कारैः स्वयं मार्गस्य दर्शकः ।
स तैराक्रमयामास शुद्धान्तं शुद्धकर्मभिः ॥५२॥
तत्र वेत्रासनासीनान्कृतासनपरिग्रहः ।
इत्युवाचेश्वरान्वाचं प्राञ्जलिर्भूधरेश्वरः ॥५३॥
अपमेघोदयं वर्षमदृष्टकुसुमं फलम् ।
अतर्कितोपपन्नं वो दर्शनं प्रतिभाति मे ॥५४॥
मूढं बुद्धमिवात्मानं हैमीभूतमिवायसम् ।
भूमेर्दिवमिवारूढं मन्ये भवदनुग्रहात् ॥५५॥

बनी हुई आगकी निश्चल लपटोंके समान अपनी जटाएँ लिए-दिए जब वे बड़े वेगसे हिमालयके भवन पर उतरे तब हिमालयके द्वार-रक्षक ऊपर मुँह उठा-उठाकर उन्हें अचरजके साथ देखने लगे ॥४८॥ आकाशसे एक-एक करके उतरते हुए वे मुनि ऐसे शोभा देते थे जैसे चलते हुए जलमें पड़ी हुई सूर्यकी बहुत सी परछाइयाँ हों ॥४९॥ उन्हें देखकर हाथमें अर्घ्य पात्र लेकर दूरसे ही उनकी पूजा करनेके लिये जब हिमालय अपने ठोस बोझीले पैर बढ़ाता हुआ चला तो उसके पैरोंकी धमकसे पृथ्वी भी पग-पगपर झुकती चली ॥५०॥ मुनियोंने देखते ही पहचान लिया कि यह गेरू आदि धातुओंको लाल चट्टानोंके से ओठोंवाला, देवदारुके बड़े-बड़े वृक्षोंकी भुजाओंवाला और स्वभावसे ही पत्थरकी शिलाओंवाली चौड़ी और पक्की छातीवाला हिमालय ही है ॥५१॥ हिमालयने बड़ी विधिके साथ उन ऋषियोंकी पूजा की और उन सत्कर्म करनेवाले ऋषियोंको मार्ग दिखाता हुआ उन्हें अपने साथ रनिवास में लेगया ॥५२॥ हिमालयने इन ऋषियोंको बेंतके आसनोंपर बैठा दिया और फिर हाथ जोड़कर उनसे कहा ॥५३॥ आपका इस प्रकार अचानक आना मुझे ऐसा लग रहा है जैसे बिना बादलोंके वर्षा हो गई हो या बिना फूलके आए ही फल निकल आया हो ॥५४॥ मैं अपनेको आज ऐसा समझ रहा हूँ मानो मुझ मूर्खको ज्ञान मिल गया हो, लोहेसे सोना बन गया हूँ और पृथ्वीपर रहते हुए भी स्वर्गमें चढ़ गया

अद्यप्रभृति भूतानामधिगम्योऽस्मि शुद्धये ।
यदध्यासितमर्हद्भिस्तद्धि तीर्थं प्रचक्षते ॥५६॥
अवैमि पूतमात्मानं द्वयेनैव द्विजोत्तमाः।
मूर्ध्नि गङ्गाप्रपातेन धौतपादाम्भसा च वः ॥५७॥
जङ्गमं प्रैष्यभावे वः स्थावरं चरणाङ्कितम् ।
विभक्तानुग्रहं मन्ये द्विरूपमपि मे वपुः ॥५८॥
भवत्संभावनोत्थाय परितोषाय मूर्च्छते ।
अपि व्याप्तदिगन्तानि नाङ्गानि प्रभवन्ति मे ॥५९॥
न केवलं दरीसंस्थं भास्वतां दर्शनेन वः ।
अन्तर्गतमपास्तं मे रजसोऽपि परं तमः ॥६०॥
कर्तव्यं वो न पश्यामि स्याच्चेत्किं नोपपद्यते ।
मन्ये मत्पावनायैव प्रस्थानं भवतामिह ॥६१॥
तथापि तावत्कस्मिंश्चिदाज्ञां मे दातुमर्हथ ।
विनियोगप्रसादा हि किङ्कराः प्रभविष्णुषु ॥६२॥
एते वयममी दाराः कन्येयं कुलजीवितम् ।
ब्रूत येनात्र वः कार्यमनास्था बाह्यवस्तुषु ॥६३॥

हूँ ॥५५॥ मैं आजसे अपनेको ऐसा बड़ा भारी तीर्थ समझने लगा हूँ जहाँ आते ही लोग शुद्ध हो जायँ, क्योंकि सज्जन लोग जहाँ आकर बस जायँ वही तो तीर्थ हो जाता है ॥५६॥ हे ब्रह्मर्षियो ! मैं अपने को दो प्रकार से पवित्र मानता हूँ, एक तो सिरपर गंगाजीकी धारा गिरनेसे, दूसरे आप लोगोंके चरणकी धोवन पा लेनेसे ॥५७॥ हे मुनियो ! मुझे ऐसा जान पड़ता है कि आप लोगोंने मेरे चल और अचल दोनों शरीरों पर अलग-अलग कृपा की है क्योंकि मेरे चल शरीरको तो आपने अपना दास बना लिया है और मेरे अचल शरीरपर आपने अपने पवित्र चरण धरे हैं ॥५८॥ आप लोगोंने यहाँ आकर जो कृपा की है उससे मुझे इतनी प्रसन्नता हो रही है कि दूर दूरतक फैले हुए अपने इन बड़े अङ्गोंमें भी मैं फूला नहीं समा रहा हूँ ॥५९॥ आप-जैसे तेजस्वियोंके दर्शनसे केवल मेरी गुफाओंका ही अँधेरा नहीं मिटा वरन् मेरे हृदयके अज्ञानका अँधेरा भी जाता रहा ॥६०॥ मेरी समझमें आप किसी कामसे तो यहाँ आए नहीं होंगे। क्योंकि आपमें तो स्वयं इतनी शक्ति है कि किसी भी कामको पलकी बातमें पूरा करलें। इसलिये मैं तो यही समझता हूँ कि केवल मुझको पवित्र करनेके लिये ही आप लोगोंने यहाँ आनेका कष्ट किया है ॥६१॥ पर जब आप आ ही गये हैं तो मेरे लिए कोई सेवा बताइए। स्वामीको तभी प्रसन्न समझना चाहिए जब वे सेवकसे कुछ काम करनेको कहें ॥६२॥ यहाँ आपकी आज्ञाका पालन करनेके लिये

इत्युचिवॉस्तमेवार्थंगुहामुखविसर्पिणा ।
द्विरिव प्रतिशब्देन व्याजहार हिमालयः ॥६४॥
अथाङ्गिरसमग्रण्यमुदाहरणवस्तुषु ।
ऋषयो नोदयामासुः प्रत्युवाच स भूधरम् ॥६५॥
उपपन्नमिदं सर्वमतः परमपि त्वयि ।
मनसः शिखराणां च सदृशी ते समुन्नतिः ॥६६॥
स्थाने त्वां स्थावरात्मानं विष्णुमाहुस्तथा हि ते ।
चराचराणां भूतानां कुक्षिराधारतां गतः ॥६७॥
गामधास्यत्कथं नागो मृणालमृदुभिः फणैः ।
आरसातलमूलात्त्वमवालम्बिष्यथा न चेत् ॥६८॥
अच्छिन्नामलसंतानाः समुद्रोर्म्यनिवारिताः ।
पुनन्ति लोकान्पुण्यत्वात्कीर्तयः सरितश्च ते ॥६९॥
यथैव श्लाघ्यते गङ्गा पादेन परमेष्ठिनः ।
प्रभवेण द्वितीयेन तथैवोच्छ्रिरसा त्वया ॥७०॥

मैं आपके आगे खड़ा ही हूँ, ये मेरी स्त्रियाँ हैं और यह मेरे घर भरकी प्यारी कन्या है। इनमेंसे जिससे भी आपका काम बने उसे आज्ञा दीजिए, क्योंकि धन-सम्पत्ति आदि जितनी बाहरी वस्तुएँ हैं वे तो आपकी सेवाके लिये तुच्छ हैं इसलिये उनका नाम लेते हुए भी मुझे हिचक हो रही है ॥६३॥ हिमालयके यह कहनेपर गुफाओंमें से जो गूज निकली वह ऐसी जान पड़ती थी मानो हिमालयने अपनी बात फिरसे दुहरा दी हो ॥६४॥ तब ऋषियोंने महादेवजीका संदेश हिमालयसे कहनेके लिये अपनेमेंसे उन अंगिरा ऋषिको उकसाया जो बातचीत करनेमें बड़े चतुर थे। तब अंगिरा ऋषिने हिमालयसे कहा ॥६५॥ हे हिमालय! जो कुछ आपने कहा है वह और उससे भी अधिक जो कुछ कहा जाय, सब आपको शोभा देता है। क्योंकि आपका मन वैसा ही ऊँचा है जैसी आपकी चोटियाँ ॥६६॥ आपको जो सब अचल पदार्थोंका विष्णु कहा जाता है, वह ठीक ही है, क्योंकि चर और अचर सब आपकी गोदसे ही सहारा पाते हैं, जितने रत्न हैं वे सब आपकी गोदमें होते हैं और आपकी ही गोदसे निकली हुई नदियोंसे आर्यावर्त्त जी रहा है ॥६७॥ यदि आप पातालके नीचेतक पृथ्वीको अपने बोझसे न दबाए रहे तो बताइए शेषनाग अपने कमलकी नालके समान कोमल फणोंपर पृथ्वीको कैसे सँभालते ॥६८॥ जैसे आपसे यहाँसे निकलती हुई, निरन्तर बहती हुई और समुद्रकी लहरोंसे भी टक्कर लेनेवाली निर्मल नदियाँ अपनी पवित्रतासे सारे संसारको पवित्र करती हैं वैसे ही आपकी कीर्ति भी सब लोकोंको पवित्र करती है ॥६९॥ जैसे गंगाजी विष्णुके, चरणोंसे निकलकर अपनेको बहुत बड़ा मानती हैं उसी प्रकार आपके शिखरसे निकलकर

तिर्यगूर्ध्वमधस्ताच्च व्यापको महिमा हरेः ।
त्रिविक्रमोद्यतस्यासीत्स तु स्वाभाविकस्तव ॥७१॥
यज्ञभागभुजां मध्ये पदमातस्थुषा त्वया ।
उच्चैर्हिरण्मयं शृङ्गं सुमेरोर्वितथीकृतम् ॥७२॥
काठिन्यं स्थावरे काये भवता सर्वमर्पितम् ।
इदं तु ते भक्तिनम्रं सतामाराधनं वपुः ॥७३॥
तदागमनकार्यं नः शृणु कार्यं तवैव तत् ।
श्रेयसामुपदेशात्तु वयमत्रांशभागिनः ॥७४॥
अणिमादि गुणोपेतमस्पृष्टपुरुषान्तरम् ।
शब्दमीश्वर इत्युच्चैः सार्द्धचन्द्रं बिभर्ति यः ॥७५॥
कल्पितान्योन्यसामर्थ्यैः पृथिव्यादिभिरात्मभिः ।
येनेदं ध्रियते विश्वं धुर्यैर्यानमिवाध्वनि ॥७६॥
योगिनो यं विचिन्वन्ति क्षेत्राभ्यन्तरवर्तिनम् ।
अनावृत्तिभयं यस्य पदमाहुर्मनीषिणः ॥७७॥
स ते दुहितरं साक्षात्साक्षी विश्वस्य कर्मणाम् ।
वृणुते वरदः शंभुरस्मत्संक्रामितैः पदैः ॥७८॥

बहनेमें भी वे अपनी बड़ाई ही समझती हैं ॥७०॥ भगवान् विष्णुकी महिमा संसारमें तब फैली जब उन्होंने ऊपर, नीचे और तिरछे पैर रखकर वामन अवतार धारण करके तीन लोकोंको नाप डाला, पर आपकी महिमा तो पहलेसे ही तीनों लोकोंमें फैली हुई है ॥७१॥ यज्ञका भाग पानेवाले देवताओंमें स्थान पाकर आपने सुमेरु पर्वतकी सुनहरी और ऊँची चोटियोंको भी नीचा दिखा दिया ॥७२॥ आपने अपनी सारी कठोरता अपने अचल शरीरमें भर ली है। आपका यह चल शरीर भक्तिसे ऐसा झुका हुआ है कि सज्जन लोग आ-आकर इसकी पूजा किया करते हैं ॥७३॥ इसलिये हम आपको आनेका कारण बताते हैं और यह काम ऐसा है जिसमें आपकी ही भलाई है और यह भली बात आपको समझानेके कारण हम लोगोंको भी थोड़ी सी बड़ाई मिल जायगी ॥७४॥ आप तो जानते ही होंगे कि अणिमा आदि आठों सिद्धियोंके जो स्वामी हैं, जिन्हें छोड़कर दूसरा कोई ईश्वर कहला नहीं सकता, जिनके माथेपर आधा चन्द्रमा बना हुआ है, जो अपने पृथ्वी-जल आदि उन आठों शरीरोंसे पृथ्वीको टिकाए रहते हैं जो एक दूसरेकी शक्ति बढ़ानेवाले और संसारको इस प्रकार ठीकसे चलानेवाले हैं जैसे घोड़े मार्गमें रथको ठीकसे खींचे रहते हैं, जिन्हें योगी लोग अपने शरीरके भीतर बैठा हुआ पाते हैं और जिनके लिये विद्वानोंका कहना है कि वे जन्म-मरणके बन्धनोंसे बाहर हो हैं, उन्हीं संसार भरके कामोंको देखनेवाले और वर देनेवाले शंकरजीने हम लोगोंके मुँहसे संदेसा भेजकर स्वयं अपने लिये आपकी

तमर्थमिव भारत्या सुतया योक्तुमर्हसि ।
अशोच्या हि पितुः कन्या सद्भर्तृप्रतिपादिता ॥७९॥
यावन्त्येतानि भूतानि स्थावराणि चराणि च ।
मातरं कल्पयन्त्वेनामीशो हि जगतः पिता ॥८०॥
प्रणम्य शितिकण्ठाय विबुधास्तदनन्तरम् ।
चरणौ रञ्जयन्त्वस्याश्चूडामणिमरीचिभिः ॥८१॥
उमा वधूर्भवान्दाता याचितार इमे वयम् ।
वरः शंभुरलं ह्येष त्वत्कुलोद्भूतये विधिः ॥८२॥
अस्तोतुः स्तूयमानस्य वन्द्यस्यानन्यवन्दिनः ।
सुतासंबन्धविधिना भव विश्वगुरोर्गुरुः ॥८३॥
एवं वादिनि देवर्षौ पार्श्वे पितुरधोमुखी ।
लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती ॥८४॥
शैलः संपूर्णकामोऽपि मेनामुखमुदैक्षत ।
प्रायेण गृहिणीनेत्राः कन्यार्थेषु कुटुम्बिनः ॥८५॥
मेने मेनापि तत्सर्वं पत्युः कार्यमभीप्सितम् ।
भवन्त्यव्यभिचारिण्यो भर्तुरिष्टे पतिव्रताः ॥८६॥

पुत्री पार्वती माँगी है ॥७५–७८॥ इसलिये आप शिवजीसे अपनी पुत्रीका वैसे ही अटूट सम्बन्ध कर दीजिए जैसे वाणीका अर्थसे हो गया है, क्योंकि अच्छे पतिसे कन्याका विवाह हो जाय तो पिताकी चिन्ता मिट जाती है ॥७९॥ आप यह समझ लीजिए कि महादेवजी संसारके पिता हैं इसलिये पार्वतीजी भी संसारके चर और अचर सब प्राणियोंकी माता बन जायँगी और फिर इतनी पूजनीय हो जायँगी कि देवता लोग महादेवजीको प्रणाम करके अपने सिरपर धरे हुए मणियोंकी किरणोंसे पार्वतीजीके ही चरण रँगा करेंगे ॥८०–८१॥ और संयोग तो देखो कि उमा हों बहू, आप हों कन्या दान करनेवाले, हम हों विवाहके लिये कहनेवाले और महादेवजी हों वर। बताओ, तुम्हारे कुलके लिये इससे बढ़कर और कौन-सी प्रतिष्ठाकी बात होगी ॥८२॥ और फिर, उनसे अपनी पुत्रीका विवाह करके आप उन महादेवजीके भी बड़े बन जाइए जो स्वयं किसी की स्तुति नहीं करते पर संसार जिनकी स्तुति करता है और जो स्वयं किसीकी वन्दना नहीं करते पर संसार जिनकी वन्दना करता है ॥८३॥ देवर्षि लोग जिस समय यह कह रहे थे उस समय पार्वतीजी अपने पिताके पास नीचा मुँह किए खिलौनेके कमलके पत्ते बैठी गिन रही थीं ॥८४॥ यद्यपि हिमालय स्वयं तो इससे सहमत थे फिर भी उन्होंने इसका उत्तर पाने के लिये मेनाकी ओर देखा क्योंकि जब कभी कन्याके सम्बन्धकी कोई बात होती है तो गृहस्थ लोग अपनी स्त्रियोंसे ही सम्मति लिया करते हैं ॥८५॥ मेनाने भी अपने

इदमत्रोत्तरं न्याय्यमिति बुद्ध्या विमृश्य सः ।
आददे वचसामन्ते मङ्गलालङ्कृतां सुताम् ॥८७॥
एहि विश्वात्मने वत्से भिक्षासि परिकल्पिता ।
अर्थिनो मुनयः प्राप्तं गृहमेधिफलं मया ॥८८॥
एतावदुक्त्वा तनयामृषीनाह महीधरः ।
इयं नमति वः सर्वास्त्रिलोचनवधूरिति ॥८९॥
ईप्सितार्थक्रियोदारं तेऽभिनन्द्य गिरेर्वचः ।
आशीर्भिरेधयामासुः पुरःपाकाभिरम्बिकाम् ॥९०॥
तां प्रणामादरस्रस्तजाम्बूनदवतंसकाम् ।
अङ्कमारोपयामास लज्जमानामरुन्धती ॥९१॥
तन्मातरं चाश्रुमुखीं दुहितृस्नेहविक्लवाम् ।
वरस्यानन्यपूर्वस्य विशोकामकरोद्गुणैः ॥९२॥
वैवाहिकीं तिथिं पृष्टास्तत्क्षणं हरबन्धुना ।
ते त्र्यहादूर्ध्वमाख्याय चेरुश्चीरपरिग्रहाः ॥९३॥
ते हिमालयमामन्त्र्य पुनः प्राप्य च शूलिनम् ।
सिद्धं चास्मै निवेद्यार्थं तद्विसृष्टाः खमुद्ययुः ॥९४॥

पतिकी हाँ में हाँ मिलाकर सब बातें मानती क्योंकि जो सती स्त्रियाँ हुआ करती हैं वे किसी भी बातमें पतिसे बाहर नहीं होतीं ॥८६॥ ऋषियोंसे यह सुननेपर हिमालयने सुन्दर मांगलिक वस्त्रोंसे सजी हुई अपनी कन्याको बुलाया और कहा—यहाँ आओ बच्चे ! देखो, घट-घटमें रमनेवाले शिवजीने मुझसे तुम्हें माँगा है और यह भिक्षा लेनेके लिये ये सप्तऋषि माँग आए हुए हैं सचमुच आज मुझे गृहस्थ होनेका सच्चा फल मिला है कि ऐसे माँगनेवाले मेरे द्वारपर पधारे ॥८७–८८॥ अपनी पुत्रीसे इतना कहकर वे ऋषियोंसे बोले—यह महादेवजीकी पत्नी आपको प्रणाम करती है ॥८९॥ अपना काम पूरा हुआ देखकर सप्तऋषियोंने हिमालयकी प्रशंसा की। उन्होंने अम्बिकाको ऐसे आशीर्वाद दिए जो तत्काल फल देनेवाले हों ॥९०॥ ऋषियोंको प्रणाम करनेके लिए पार्वतीजी ज्योंही लजाती हुई झुकीं कि उनके कानोंसे सोनेका कुण्डल खिसक गया और अरुन्धतीजीने उन्हें झट उठाकर अपनी गोदमें बैठा लिया ॥९१॥ मैना अपनी पुत्रीके स्नेहमें इतनी अधीर हो गईं कि उनकी आँखें डबडबा आईं पर अरुन्धतीजीने उन्हें धीरज बँधाया ॥९२॥ विवाहकी तिथि पूछे जानेपर सप्तऋषियोंने बताया कि तीन दिन पीछे विवाह करना ठीक होगा यह कहकर वे सब ऋषि वहाँसे विदा हो गए। ॥९३॥ हिमालयसे विदा होकर उन्होंने महादेवजीसे जाकर बताया कि

पशुपतिरपि तान्यहानि कृच्छ्राद्-
गमयदद्रिसुतासमागमोत्कः ।
कमपरमवशं न विप्रकुर्यु
र्विभुमपि तं यदमी स्पृशन्ति भावाः ॥९५॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
उमाप्रदानो नाम षष्ठः सर्गः ॥

सब ठीक हो गया है और फिर उनसे आज्ञा लेकर वे आकाशमें उड़ गए ॥९४॥ पार्वतीजीसे मिलनेके लिये महादेवजी इतने उतावले हो गए कि तीन दिन भी उन्होंने बड़ी बड़ी कठिनाईसे काटे। बताइए जब महादेवजी जैसोंकी प्रेममें यह दशा हो जाती हो तब भला दूसरे लोग अपने मनको कैसे सँभाल सकते हैं ॥९५॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव नामके महाकाव्यमें पार्वतीजीकी मँगनी नामका छठा सर्ग समाप्त हुआ।

॥ सप्तमः सर्गः ॥

अथौषधीनामधिपस्य वृद्धौ तिथौ च जामित्रगुणान्वितायाम् ।
समेतबन्धुर्हिमवान्सुताया विवाहदीक्षाविधिमन्वतिष्ठत् ॥ १ ॥
वैवाहिकैः कौतुकसंविधानैर्गृहे गृहे व्यग्रपुरन्ध्रिवर्गम् ।
आसीत्पुरं सानुमतोऽनुरागादन्तःपुरं चैककुलोपमेयम् ॥ २ ॥
संतानकाकीर्णमहापथं तच्चीनांशुकैः कल्पितकेतुमालम् ।
भासोज्ज्वलत्काञ्चनतोरणानां स्थानान्तरं स्वर्ग इवाबभासे ॥ ३ ॥
एकैव सत्यामपि पुत्रपङ्क्तौ चिरस्य दृष्टेव मृतोत्थितेव ।
आसन्नपाणिग्रहणेति पित्रोरुमा विशेषोच्छ्वसितं बभूव ॥ ४ ॥
अङ्काद्ययावङ्कमुदीरिताशीः सा मण्डनान्मण्डनमन्वभुङ्क्त ।
संबन्धिभिन्नोऽपि गिरेः कुलस्य स्नेहस्तदेकायतनं जगाम ॥ ५ ॥
मैत्रे मुहूर्ते शशलाञ्छनेन योगं गतासूत्तरफल्गुनीषु ।
तस्याः शरीरे प्रतिकर्म चक्रुर्बन्धुस्त्रियो याः पतिपुत्रवत्यः ॥ ६ ॥
सा गौरसिद्धार्थनिवेशवद्भिर्दूर्वाप्रवालैः प्रतिभिन्नशोभम् ।
निर्नाभि कौशेयमुपात्तबाणमभ्यङ्गनेपथ्यमलञ्चकार ॥ ७ ॥

सातवाँ सर्ग

तीन दिन पीछे हिमालयने सन्तरी सातवें घरमें पड़ी हुई शुक्ल पक्षकी शुभ तिथिको अपने भाई-बन्धुओं को बुलाकर शकरजीके साथ अपनी पुत्रीका विवाह कर दिया ॥१॥ वहाँके सब लोग हिमालयसे ऐसा प्रेम करते थे कि उस नगरके घर-घरमें सब स्त्रियाँ बड़ी धूमधामके साथ विवाहका उत्सव मना रही थीं। घर और बाहरके लोग ऐसे हिलमिलकर काम कर रहे थे मानो सब एक ही कुलके हों ॥२॥ बड़ी-बड़ी सड़कोंपर कल्प वृक्षके फूल बिछे हुए थे, दोनों ओर रेशमी झंडियाँ पातोंसे टँगी हुई थीं और द्वार-द्वार पर सोनेके बन्दनवार बँधे हुए थे। इन सबकी चमकसे जगमगाता हुआ वह नगर ऐसा जान पड़ता था मानो स्वर्ग ही उतर कर वहाँ चला आया हो ॥३॥ यद्यपि हिमालयके बहुतसे पुत्र थे फिर भी उस समय हिमालय और मेना दोनों को पार्वतीजी ऐसी प्राणसे बढ़कर प्यारी लग रही थीं मानो बहुत दिनोंपर मिली हों या अभी जी कर उठी हों क्योंकि विवाह हो जाने पर वे अभी वहाँसे चली जाने वाली थीं ॥४॥ सब कुटुम्बियोंने पार्वतीजीको बारी-बारीसे अपनी-अपनी गोदी में बैठाकर आशीर्वाद दिया और एक-से-एक बढ़कर गहने दिए। ऐसा जान पड़ता था मानो हिमालयके सब कुटुम्बियोंका स्नेह पार्वतीजीमें ही आकर भर गया हो ॥५॥ सूर्य निकलनेके तीन मुहूर्त पीछे उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रमें कुटुम्बकी सुहागिन और पुत्रवती स्त्रियाँ पार्वतीजी का सिंगार करने लगीं ॥६॥ पहले दूबके अकुरों और सरसोंके दानोंसे उनका सिंगार किया गया फिर उन्हें नाभितक ऊँची रेशमी साड़ी पहना कर उसमें एक बाण खोंस दिया गया।

बभौ च संपर्कमुपेत्य बाला नवेन दीक्षाविधिसायकेन ।
करेण भानोर्बहुलावसाने संधुक्ष्यमाणेव शशाङ्करेखा ॥८॥
तां लोध्रकल्केन हृताङ्गतैलामाश्यानकालेयकृताङ्गरागाम् ।
वासो वसानामभिषेकयोग्यं नार्यश्चतुष्काभिमुखं व्यनैषुः ॥९॥
विन्यस्तवैदूर्यशिलातलेऽस्मिन्नाबद्धमुक्ताफलभक्तिचित्रे ।
आवर्जिताष्टापदकुम्भतोयैः सतूर्यमेनां स्नपयांबभूवुः ॥१०॥
सा मङ्गलस्नानविशुद्धगात्री गृहीतपत्युद्गमनीयवस्त्रा ।
निर्वृत्तपर्जन्यजलाभिषेका प्रफुल्लकाशा वसुधेव रेजे ॥११॥
तस्मात्प्रदेशाच्च वितानवन्तं युक्तं मणिस्तम्भचतुष्टयेन ।
पतिव्रताभिः परिगृह्य निन्ये क्लृप्तासनं कौतुकवेदिमध्यम् ॥१२॥
तां प्राङ्मुखीं तत्र निवेश्य तन्वीं क्षणं व्यलम्बन्त पुरोनिषण्णाः ।
भूतार्थशोभाह्रियमाणनेत्राः प्रसाधने सन्निहितेऽपि नार्यः ॥१३॥
धूपोष्मणा त्याजितमार्द्रभावं केशान्तमन्तःकुसुमं तदीयम् ।
पर्याक्षिपत्काचिदुदारबन्धं दूर्वावता पाण्डुमधूकदाम्ना ॥१४॥
विन्यस्तशुक्लागुरु चक्रुरङ्गं गोरोचनापत्रविभक्तमस्याः ।
सा चक्रवाकाङ्कितसैकतायास्त्रिस्रोतसः कान्तिमतीत्य तस्थौ ॥१५॥

इस प्रकार तेल लगाकर सिंगार करनेकी सजावट पूरी हो गई ॥७॥ इस नये विवाह का बाण कामरसे खोसकर पार्वतीजी ऐसे चमकने लगी जैसे शुक्ल पक्षमें सूर्यकी किरण पाकर चन्द्रमा चमकने लगता है ॥८॥ तब सुहागिन स्त्रियोंने उनके शरीरपर मले हुए तेलको लोधकी बुकनीसे सुखाया और कुछ-कुछ गीला सुगन्धित लेप लेकर उनका शरीर रँगा। तब स्नान करनेका कपड़ा पहनाकर वे उन्हें चौकोर स्नानघरमें लिवा ले गईं ॥९॥ उस स्नानघरमें नीलमणिकी एक सुन्दर चौकी बिछी हुई थी और चारों ओर रंग बिरंगी मोतियोंकी माला सजी हुई थी उस चौकीपर उन स्त्रियोंने उमाको बैठाया और गाते-बजाते हुए सोनेके घड़ोंके जलसे पार्वतीजीको नहला दिया ॥१०॥ मंगल स्नान करनेसे पार्वतीजीका शरीर अत्यन्त निर्मल हो गया और उन्होंने विवाहके वस्त्र पहन लिए। उस समय वे ऐसे लगने लगीं मानो गरजते हुए बादलोंके जलसे धुली हुई और काँसके फूलोंसे भरी हुई धरती शोभा दे रही हो ॥११॥ यों नहला-धुलाकर वे सुहागिनी पतिव्रताएँ पार्वतीजीको सहारा देकर उस एकान्त भवनमें ले गईं जहाँ मणियोंके खंभोंपर चँदवा तना हुआ था, बीचमें मंगल-वेदी बनी हुई थी और उसपर सजा हुआ आसन बिछा हुआ था ॥१२॥ वहाँ उन्होंने पार्वतीजीको पूरबकी ओर मुँह करके बैठा दिया। सिंगारकी सब वस्तुएँ पासमें होनेपर भी वे सब पार्वतीजीकी स्वाभाविक शोभापर ही इतनी लट्टू हो गईं कि कुछ देरतक तो वे सुधबुध भूलकर उनकी ओर एकटक निहारती हुई बैठी रहीं ॥१३॥ फिर, किसीने तो अगर-चन्दनके धुएँसे उनके बाल सुखाकर बालोंमें फूल गूँथे और फिर दूबमें पिरोई हुई पीले महुएके फूलोंकी माला उनके जूड़ेमें लपेटी ॥१४॥ किसीने

॥ सप्तमः सर्गः ॥

अथौषधीनामधिपस्य वृद्धौ तिथौ च जामित्रगुणान्वितायाम् ।
समेतबन्धुर्हिमवान्सुताया विवाहदीक्षाविधिमन्वतिष्ठत् ॥ १ ॥
वैवाहिकैः कौतुकसंविधानैर्गृहे गृहे व्यग्रपुरन्ध्रिवर्गम् ।
आसीत्पुरं सानुमतोऽनुरागादन्तःपुरं चैककुलोपमेयम् ॥ २ ॥
संतानकाकीर्णमहापथं तच्चीनांशुकैः कल्पितकेतुमालम् ।
भासोज्ज्वलत्काञ्चनतोरणानां स्थानान्तरं स्वर्ग इवावभासे ॥ ३ ॥
एकैव सत्यामपि पुत्रपङ्क्तौ चिरस्य दृष्टेव मृतोत्थितेव ।
आसन्नपाणिग्रहणेति पित्रोरुमा विशेषोच्छ्वसितं बभूव ॥ ४ ॥
अङ्कादययावङ्कमुदीरिताशीः सा मण्डनान्मण्डनमन्वभुङ्क्त ।
संबन्धिभिन्नोऽपि गिरेः कुलस्य स्नेहस्तदेकायतनं जगाम ॥ ५ ॥
मैत्रे मुहूर्ते शशलाञ्छनेन योगं गतासूत्तरफल्गुनीषु ।
तस्याः शरीरे प्रतिकर्म चक्रुर्बन्धुस्त्रियो याः पतिपुत्रवत्यः ॥ ६ ॥
सा गौरसिद्धार्थनिवेशवद्भिर्दूर्वाप्रवालैः प्रतिभिन्नशोभम् ।
निर्नाभि कौशेयमुपात्तबाणमभ्यङ्गनेपथ्यमलञ्चकार ॥ ७ ॥

सातवाँ सर्ग

तीन दिन पीछे हिमालयने लग्नसे सातवें घरमें पड़ी हुई शुक्ल पक्षकी शुभ तिथिको अपने भाई-बन्धुओंको बुलाकर शंकरजीके साथ अपनी पुत्रीका विवाह कर दिया ॥१॥ वहाँके सब लोग हिमालयसे ऐसा प्रेम करते थे कि उस नगरके घर-घरमें सब स्त्रियाँ बड़ी धूमधामके साथ विवाहका उत्सव मना रही थीं। घर और बाहरके लोग ऐसे हिलमिलकर काम कर रहे थे मानो सब एक ही कुलके हों ॥२॥ बड़ी-बड़ी सड़कोंपर कल्प-वृक्षके फूल बिछे हुए थे, दोनों ओर रेशमी झंडियाँ बाँसोंमें टँगी हुई थीं और द्वार-द्वार पर सोनेके बन्दनवार बँधे हुए थे। इन सबकी चमकसे जगमगाता हुआ वह नगर ऐसा जान पड़ता था मानो स्वर्ग ही उतर कर वहाँ चला आया हो ॥३॥ यद्यपि हिमालयके बहुतसे पुत्र थे फिर भी उस समय हिमालय और मेना दोनोंको पार्वतीजी ऐसी प्राणसे बढ़कर प्यारी लग रही थीं मानो बहुत दिनोंपर मिली हों या अभी जी कर उठी हों क्योंकि विवाह हो जाने पर वे अभी वहाँसे चली जाने वाली थीं ॥४॥ सब कुटुम्बियोंने पार्वतीजीको बारी-बारीसे अपनी-अपनी गोदी में बैठाकर आशीर्वाद दिया और एक-से-एक बढ़कर गहने दिए। ऐसा जान पड़ता था मानो हिमालयके सब कुटुम्बियोंका स्नेह पार्वतीजीमें ही आकर भर गया हो ॥५॥ सूर्य निकलनेके तीन मुहूर्त पीछे उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्रमें कुटुम्बकी सुहागिन और पुत्रवती स्त्रियाँ पार्वतीजीका सिंगार करने लगीं ॥६॥ पहले दूबके अंकुरों और सरसोंके दानोंसे उनका सिंगार किया गया फिर उन्हें नाभितक ऊँची रेशमी साड़ी पहना कर उसमें एक बाण खोंस दिया गया।

बभौ च संपर्कमुपेत्य बाला नवेन दीक्षाविधिसायकेन ।
करेण भानोर्बहुलावसाने संधुक्ष्यमाणेव शशाङ्करेखा ॥८॥
तां लोध्रकल्केन हृताङ्गतैलामाश्यानकालेयकृताङ्गरागाम् ।
वासो वसानामभिषेकयोग्यं नार्यश्चतुष्काभिमुखं व्यनैषुः ॥९॥
विन्यस्तवैदूर्यशिलातलेऽस्मिन्नाबद्धमुक्ताफलभक्तिचित्रे ।
आवर्जिताष्टापदकुम्भतोयैः सतूर्यमेनां स्नपयांबभूवुः ॥१०॥
सा मङ्गलस्नानविशुद्धगात्री गृहीतपत्युद्गमनीयवस्त्रा ।
निर्वृत्तपर्जन्यजलाभिषेका प्रफुल्लकाशा वसुधेव रेजे ॥११॥
तस्मात्प्रदेशाच्च वितानवन्तं युक्तं मणिस्तम्भचतुष्टयेन ।
पतिव्रताभिः परिगृह्य निन्ये क्लृप्तासनं कौतुकवेदिमध्यम् ॥१२॥
तां प्राङ्मुखीं तत्र निवेश्य तन्वीं क्षणं व्यलम्बन्त पुरोनिषण्णाः ।
भूतार्थशोभाह्रियमाणनेत्राः प्रसाधने सन्निहितेऽपि नार्यः ॥१३॥
धूपोष्मणा त्याजितमार्द्रभावं केशान्तमन्तःकुसुमं तदीयम् ।
पर्याक्षिपत्काचिदुदारबन्धं दूर्वावता पाण्डुमधूकदाम्ना ॥१४॥
विन्यस्तशुक्लागुरु चक्रुरङ्गं गोरोचनापत्रविभक्तमस्याः ।
सा चक्रवाकाङ्कितसैकतायास्त्रिस्रोतसः कान्तिमतीत्य तस्थौ ॥१५॥

इस प्रकार तेल लगाकर सिंगार करनेकी सजावट पूरी हो गई ॥७॥ इस नये विवाह का बाण कमरमें खोसकर पार्वतीजी ऐसे चमकने लगीं जैसे शुक्ल पक्षमें सूर्यकी किरण पाकर चन्द्रमा चमकने लगता है ॥८॥ तब सुहागिन स्त्रियोंने उनके शरीरपर मले हुए तेलको लोधकी बुकनीसे सुखाया और कुछ-कुछ गीला सुगन्धित लेप लेकर उनका शरीर रँगा। तब स्नान करनेका कपड़ा पहनाकर वे उन्हें चौकोर स्नानघरमें लिवा ले गईं ॥९॥ उस स्नानघरमें नीलमणिकी एक सुन्दर चौकी बिछी हुई थी और चारों ओर रंग बिरंगे मोतियोंकी माला सजी हुई थी उस चौकीपर उन स्त्रियोंने उमाको बैठाया और गाते-बजाते हुए सोनेके घड़ोंके जलसे पार्वतीजीको नहला दिया ॥१०॥ मंगल स्नान करनेसे पार्वतीजीका शरीर अत्यन्त निर्मल हो गया और उन्होंने विवाहके वस्त्र पहन लिए। उस समय वे ऐसी लगने लगीं मानो गरजते हुए बादलोंके जलसे धुली हुई और काँसके फूलोंसे भरी हुई धरती शोभा दे रही हो ॥११॥ यों नहला-धुलाकर वे सुहागिनी पतिव्रताएँ पार्वतीजीको सहारा देकर उस एकान्त भवनमें ले गईं जहाँ मणियोंके खंभोंपर चँदवा तना हुआ था, बीचमें मंगल-वेदी बनी हुई थी और उसपर सजा हुआ आसन बिछा हुआ था ॥१२॥ वहाँ उन्होंने पार्वतीजीको पूरबकी ओर मुँह करके बैठा दिया। सिंगारकी सब वस्तुएँ पासमें होनेपर भी वे सब पार्वतीजीकी स्वाभाविक शोभापर ही इतनी लट्टू हो गईं कि कुछ देरतक तो वे सुधबुध भूलकर उनकी ओर एकटक निहारती हुई बैठी रहीं ॥१३॥ फिर, किसीने तो अगर-चन्दनके धुएँसे उनके बाल सुखाकर बालोंमें फूल गूँथे और फिर दूबमें पिरोई हुई पीले महुएके फूलोंकी माला उनके जूड़ेमें लपेटी ॥१४॥ किसीने

लग्नद्विरेफं परिभूय पद्मं समेघलेखं शशिनश्च बिम्बम् ।
तदाननश्रीरलकैः प्रसिद्धैश्चिच्छेद सादृश्यकथाप्रसङ्गम् ॥१६॥
कर्णार्पितो लोध्रकषायरूक्षे गोरोचनाक्षेपनितान्तगौरे ।
तस्याः कपोले परभागलाभाद्बबन्ध चक्षूंषि यवप्ररोहः ॥१७॥
रेखाविभक्तः सुविभक्तगात्र्याः किंचिन्मधूच्छिष्टविमृष्टरागः ।
कामप्यभिख्यां स्फुरितैरपुष्यदासन्नलावण्यफलोऽधरोष्ठः ॥१८॥
पत्युः शिरश्चन्द्रकलामनेन स्पृशेति सख्या परिहासपूर्वम् ।
सा रञ्जयित्वा चरणौ कृताशीर्माल्येन तां निर्वचनं जघान ॥१९॥
तस्याः सुजातोत्पलपत्रकान्ते प्रसाधिकाभिर्नयने निरीक्ष्य ।
न चक्षुषोः कान्तिविशेषबुद्ध्या कालाञ्जनं मङ्गलमित्युपात्तम् ॥२०॥
सा संभवद्भिः कुसुमैर्लतेव ज्योतिर्भिरुद्यद्भिरिव त्रियामा ।
सरिद्विहङ्गैरिव लीयमानैरामुच्यमानाभरणा चकासे ॥२१॥
आत्मानमालोक्य च शोभमानमादर्शबिम्बे स्तिमितायताक्षी ।
हरोपयाने त्वरिता बभूव स्त्रीणां प्रियालोकफलो हि वेषः ॥२२॥

उबले समरसे बनाया हुआ अंगराग उनके शरीरपर मला और फिर सफेद लाल गोरोचनसे उनका शरीर पोता । उस समय पार्वतीजी इतनी सुन्दर लग रही थीं कि उनके आगे उजली धारा-वाली उस गङ्गाजीकी शोभा भी फीकी पड़ गई जिसके दोनों ओर चकवे बालूपर बैठे हों ॥१५॥ भौंरोंसे घिरा हुआ कमल और बादलके टुकड़ोंमें लिपटा हुआ चन्द्रमा, कोई भी ऐसा न दिखाई दिया जो उनके गुँथी हुई चोटीवाले मुखकी सुन्दरताके आगे ठहर सके ॥१६॥ उनके कानोंपर लटकते हुए जौके अंकुर और लोधसे पुते तथा गोरोचन लगे हुए गोरे-गोरे गाल इतने सुन्दर लगने लगे कि सबकी आँखें बरबस उनकी ओर खिंची जाती थीं ॥१७॥ सुडौल अंगोंवाली पार्वती-जीका जो निचला ओठ बीचसे दो रेखाओंमें बँटा हुआ था, जिसपर लगी हुई चिकनाईने उसपर और भी लाली चढ़ाकर उसे सुन्दर बना दिया था और जिसकी सुन्दरता बस फलने ही वाली थी, वह ओठ जब फड़कता था उस समयकी उसकी शोभा कही नहीं जा सकती ॥१८॥ पार्वतीजीके पैरोंमें जब सखी महावर लगा चुकी तब उसने ठिठोली करते हुए आशीर्वाद दिया कि भगवान् करें तुम इन पैरोंसे अपने पतिके सिरकी चन्द्रकलाको छुओ । इसपर पार्वतीजीने मुँहसे तो कुछ न बोलीं पर एक माला उठाकर उसकी पीठपर जड़ दी ॥१९॥ सिंगार करनेवाली सखियोंने पार्वतीजीकी नीले कमल जैसी बड़ी बड़ी और सुन्दर आँखोंमें जो काजल लगाया था वह इसलिये नहीं कि काजलसे उनकी सुन्दरता कुछ और बढ़ेगी वरन् इसलिये कि वह भी मंगल सिंगारकी एक वस्तु थी ॥२०॥ जैसे फूल आ जानेसे लताएँ सुन्दर लगती हैं या जैसे तारे निकलनेसे रात सुहावनी लगती है या जैसे इधर-उधर चहचहाते पक्षियोंसे नदी सुन्दर लगने लगती है, वैसे ही गहने, कौड़ियाँ और मोतीके गहने पहना दिए जानेपर पार्वतीजीकी स्वाभाविक सुन्दरता और भी निखर उठी ॥२१॥ जब शीशेमें अपनी सुन्दर छबि देखकर पार्वतीजी भी झट

अथाङ्गुलिभ्यां हरितालमार्द्रं माङ्गल्यमादाय मनःशिलां च ।
कर्णावसक्तामलदन्तपत्रं माता तदीयं मुखमुन्नमय्य ॥२३॥
उमास्तनोद्भेदमनु प्रवृद्धो मनोरथो यः प्रथमं बभूव ।
तमेव मेना दुहितुः कथंचिद्विवाहदीक्षातिलकं चकार ॥२४॥
बबन्ध चास्राकुलदृष्टिरस्याः स्थानान्तरे कल्पितसन्निवेशम् ।
धात्र्यङ्गुलीभिः प्रतिसार्यमाणमूर्णामयं कौतुकहस्तसूत्रम् ॥२५॥
क्षीरोदवेलेव सफेनपुञ्जा पर्याप्तचन्द्रेव शरत्त्रियामा ।
नवं नवक्षौमनिवासिनी सा भूयो बभौ दर्पणमादधाना ॥२६॥
तामर्चिताभ्यः कुलदेवताभ्यः कुलप्रतिष्ठां प्रणमय्य माता ।
अकारयत्कारयितव्यदक्षा क्रमेण पादग्रहणं सतीनाम् ॥२७॥
अखण्डितं प्रेम लभस्व पत्युरित्युच्यते ताभिरुमा स्म नम्रा ।
तया तु तस्यार्द्धशरीरभाजा पश्चात्कृताः स्निग्धजनाशिषोऽपि ॥२८॥
इच्छाविभूत्योरनुरूपमद्रिस्तस्याः कृती कृत्यमशेषयित्वा ।
सभ्यः सभायां सुहृदास्थितायां तस्थौ वृषाङ्कागमनप्रतीक्षः ॥२९॥

तावद्भवस्यापि कुबेरशैले तत्पूर्वपाणिग्रहणानुरूपम् ।
प्रसाधनं मातृभिरादृताभिर्न्यस्तं पुरस्तात्पुरशासनस्य ॥३०॥
तद्गौरवान्मङ्गलमण्डनश्रीः सा पस्पृशे केवलमीश्वरेण ।
स एव वेषः परिणेतुरिष्टं भावान्तरं तस्य विभोः प्रपेदे ॥३१॥
बभूव भस्मैव सिताङ्गरागः कपालमेवामलशेखरश्रीः ।
उपान्तभागेषु च रोचनाङ्को गजाजिनस्यैव दुकूलभावः ॥३२॥
शङ्खान्तरद्योति विलोचनं यदन्तर्निविष्टामलपिङ्गतारम् ।
सान्निध्यपक्षे हरितालमय्यास्तदेव जातं तिलकक्रियायाः ॥३३॥
यथाप्रदेशं भुजगेश्वराणां करिष्यतामाभरणान्तरत्वम् ।
शरीरमात्रं विकृतिं प्रपेदे तथैव तस्थुः फणरत्नशोभाः ॥३४॥
दिवापि निष्ठ्यूतमरीचिभासा बाल्यादनाविष्कृतलाञ्छनेन ।
चन्द्रेण नित्यं प्रतिभिन्नमौलेश्चूडामणेः किं ग्रहणं हरस्य ॥३५॥
इत्यद्भुतैकप्रभवः प्रभावात्प्रसिद्धनेपथ्यविधेर्विधाता ।
आत्मानमासन्नगणोपनीते खड्गे निषक्तप्रतिमं ददर्श ॥३६॥
स गोपतिं नन्दिभुजावलम्बी शार्दूलचर्मान्तरितोरुपृष्ठम् ।
तद्भक्तिसंक्षिप्तबृहत्प्रमाणमारुह्य कैलासमिव प्रतस्थे ॥३७॥

विवाहमें काम आई थीं ॥३०॥ शंकरजीने माताओंका आदर करनेके लिये वे मङ्गल शृङ्गारकी सामग्रियाँ छू भर दीं, पहनीं नहीं। उन्होंने अपनी शक्तिसे अपने ही वेषको *विवाहके योग्य बना* लिया ॥३१॥ उनके शरीरपर पुती हुई चिताकी भस्म उजला अंगराग बन गई, कपाल ही गलेके सुन्दर आभूषण बन गए और हाथीका चर्म ही ऐसा रेशमी वस्त्र बन गया जिसके आँचलोंपर गोरोचनसे हंसके जोड़े छपे हुए थे ॥३२॥ और उनके माथेमें पीली पुतलीवाला जो चमकता हुआ नेत्र था वही हरतालका सुन्दर तिलक बन गया ॥३३॥ उनके शरीरके बहुतसे अंगोंमें जो साँप लिपटे हुए थे वे भी उन-उन अंगोंके आभूषण बन गए पर उनके फणोंपर जो मणि थे वे ज्यों के त्यों चमकते रह गए ॥३४॥ उनके मुकुटपर सदा रहनेवाला जो चन्द्रमा दिनमें भी अपनी किरणें चमकाता था और जिसके छोटे होनेके कारण उसमेंका कलंक दिखाई नहीं देता था वह चन्द्रमा ही उनका चूडामणि बन गया था इसलिये वे दूसरा चूडामणि लेकर करते ही क्या ॥३५॥ अपनी शक्तिसे संसारके सभी शिंगारको बनाने वाले और सदा अनोखा ही काम करनेवाले महादेवजी अपने पास बैठे हुए गणसे खड्ग मँगाकर उसमें अपना मुँह देखा ॥३६॥ फिर नन्दीके हाथका सहारा लेकर वे अपने उस लम्बे चौड़े डील-डौलवाले बैलकी पीठपर चढ़े जिसपर सिंहकी खाल बिछी हुई थी और जो ऐसा दिखाई पड़ता था मानो शंकरजीमें भक्ति रखनेके कारण कैलासने ही अपने बड़े रूपको छोटा बना लिया हो ॥३७॥ अपने तेजोमण्डलकी चमकसे गोरे-गोरे मुखवाली सुन्दर माताएँ जब

तं मातरो देवमनुव्रजन्त्यः स्ववाहनक्षोभचलावतंसाः ।
मुखैः प्रभामण्डलरेणुगौरैः पद्माकरं चक्रुरिवान्तरीक्षम् ॥३८॥
तासां च पश्चात्कनकप्रभाणां काली कपालाभरणा चकासे ।
बलाकिनी नीलपयोदराजी दूरं पुरःक्षिप्तशतह्रदेव ॥३९॥
ततो गणैः शूलभृतः पुरोगैरुदीरितो मङ्गलतूर्यघोषः ।
विमानशृङ्गाण्यवगाहमानः शशंस सेवावसरं सुरेभ्यः ॥४०॥
उपाददे तस्य सहस्ररश्मिस्त्वष्ट्रा नवं निर्मितमातपत्रम् ।
स तद्दुकूलादविदूरमौलिर्बभौ पतद्गङ्ग इवोत्तमाङ्गे ॥४१॥
मूर्ते च गङ्गायमुने तदानीं सचामरे देवमसेविषाताम् ।
समुद्रगारूपविपर्ययेऽपि सहंसपाते इव लक्ष्यमाणे ॥४२॥
तमभ्यगच्छत्प्रथमो विधाता श्रीवत्सलक्ष्मा पुरुषश्च साक्षात् ।
जयेति वाचा महिमानमस्य संवर्द्धयन्तौ हविषेव वह्निम् ॥४३॥
एकैव मूर्तिर्बिभिदे त्रिधा सा सामान्यमेषां प्रथमावरत्वम् ।
विष्णोर्हरस्तस्य हरिः कदाचिद्वेधास्तयोस्तावपि धातुराद्यौ ॥४४॥

अपने-अपने रथोंपर बैठकर पीछे पीछे चली तो रथोंके झटकेसे उनके कर्णफूल हिलने लगे। उस समय उनके मुँह आकाशमें ऐसे लग रहे थे मानो किसी तालमें बहुतसे कमल खिल गए हों। ॥३८॥ सोनेके समान चमकनेवाली उन माताओंके पीछे पीछे उजले खप्परोंसे देह सजाए हुए भद्रकालीजी आ रही थीं जो ऐसी लग रही थीं मानो बगुलोंसे भरी हुई और दूर तक चमकती हुई बिजलीवाली नीले बादलों की घटा चली आ रही हो ॥३९॥ महादेवजीके आगे-आगे चलनेवाले गणोंने जो मङ्गल तुरही बजाई उसकी ध्वनिने देवताओंके विमानोंकी छतरियोंमें गूँजकर यह सूचना दी कि अब सबको अपने अपने काम में जुट जाना चाहिए ॥४०॥ झट सूर्यने विश्वकर्माके हाथका बनाया हुआ नया छत्र लेकर शिवजी पर लगा दिया। उस समय शिवजीके सिरके पास छत्रसे लटकता हुआ कपड़ा ऐसा जान पड़ता था मानो गंगाजीकी धारा ही गिर रही हो ॥४१॥ गंगा और यमुना भी अपना नदीका रूप छोड़कर महादेवजीपर चँवर डुलाने लगीं। वे चँवर ऐसे लगते थे मानो हंस उड़ रहे हों ॥४२॥ जैसे आगमें घी डालनेसे उसकी लपट बढ़ जाती है वैसे ही ब्रह्मा और विष्णु ने आकर उनकी जयजयकार करके उनकी महिमा और भी बढ़ा दी ॥४३॥ सच्ची बात तो यह है कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश एक ही मूर्तिके तीन रूप हो गए हैं और ये सब बराबर आपसमें एक दूसरेसे छोटे-बड़े हुआ ही करते हैं। कभी शिवजी विष्णुसे बढ़ जाते हैं, कभी ब्रह्मा इन दोनोंसे बढ़ जाते हैं और कभी ये दोनों ब्रह्मासे बढ़ जाते हैं ॥४४॥ वहाँ अपना राजसी ठाट छोड़कर और विनीत वेश बनाकर इन्द्र आदि लोकपाल जब उनके दर्शन करनेको आए तो

तं लोकपालाः पुरुहूतमुख्याः श्रीलक्षणोत्सर्गविनीतवेषाः ।
दृष्टिप्रदाने कृतनन्दिसंज्ञास्तद्दर्शिताः प्राञ्जलयः प्रणेमुः ॥४५॥

कम्पेन मूर्ध्नः शतपत्रयोनिं वाचा हरिं वृत्रहणं स्मितेन ।
आलोकमात्रेण सुरानशेषान्सम्भावयामास यथा प्रधानम् ॥४६॥

तस्मै जयाशीः ससृजे पुरस्तात्सप्तर्षिभिस्तान्स्मितपूर्वमाह ।
विवाहयज्ञे वितते ऽत्र यूयमध्वर्यवः पूर्ववृता मयेति ॥४७॥

विश्वावसुप्राग्रहरैः प्रवीणैः संगीयमानत्रिपुरावदानः ।
अध्वानमध्वान्तविकारलङ्घ्यस्ततार ताराधिपखण्डधारी ॥४८॥

खे खेलगामी तमुवाह वाहः सशब्दचामीकरकिंकिणीकः ।
तटाभिघातादिव लग्नपङ्के धुन्वन्मुहुः प्रोतघने विषाणे ॥४९॥

स प्रापदप्राप्तपराभियोगं नगेन्द्रगुप्तं नगरं मुहूर्तात् ॥
पुरोविलग्नैर्हरदृष्टिपातैः सुवर्णसूत्रैरिव कृष्यमाणः ॥५०॥

तस्योपकण्ठे घननीलकण्ठः कुतूहलादुन्मुखपौरदृष्टः ।
स्वबाणचिह्नादवतीर्य मार्गादासन्नभूपृष्ठमियाय देवः ॥५१॥

नन्दीने संकेतसे इन लोगोंको महादेवजीके दर्शन करा दिए और तब इन लोगोंने हाथ जोड़कर शिवजीको प्रणाम किया ॥४५॥ शिवजीने ब्रह्माजीकी ओर सिर हिलाकर, विष्णुजीसे कुशल मंगल पूछकर, इन्द्रकी ओर मुस्कराकर और जितने देवता थे उन सबको केवल देखकर जो जैसा बड़ा छोटा था वैसे ही सबका आदर किया ॥४६॥ फिर जब सप्तऋषियोंने जय कहकर उन्हें आशीर्वाद दिया, तब शिवजी उनसे बोले कि इस बड़े भारी विवाहके काममें पुरोहितका काम मैंने पहलेसे ही आपके लिये रख छोड़ा है ॥४७॥ सब विकारोंसे परे रहनेवाले महादेवजी जब चलने लगे उस समय उनके आगे-आगे विश्वावसु आदि प्रसिद्ध गन्धर्व गवैये त्रिपुरासुरपर विजय पानेके गीत गाते चल रहे थे ॥४८॥ बड़ी मीठी चालसे चलनेवाला और अपने गलेमें लटकी हुई सोनेकी छोटी-छोटी घंटियोंको टनटनाता हुआ वह बैल उन बादलोंको अपने सींगोंसे बार-बार झुंकारता हुआ चला जा रहा था जो उसके सींगोंमें इस प्रकार लगे हुए थे मानो नदीके तीर परके टीले ढाते समय उनमें कीचड़ लग गई हो ॥४९॥ किसीसे भी कभी न हारनेवाला वह बैल हिमालयके ओषधिप्रस्थ नामवाले नगरमें इस प्रकार क्षण भरमें पहुँच गया मानो आगे पड़ती हुई शिवजीकी चितवनकी सोनेकी डोरियाँ उसे खींचती ले गई हों ॥५०॥ उसी नगरके पास बादलोंके समान नीले कण्ठवाले महादेवजी उस आकाशसे पृथ्वीपर उतरे जिसमें उन्होंने त्रिपुरासुरको मारते समय बहुतसे बाण चलाकर चिह्न बना दिए थे। वे जब उतर रहे थे तो वहाँके निवासी बड़े चावसे ऊपर मुँह उठाए हुए उन्हें देख रहे थे ॥५१॥ महादेवजीके आनेसे पर्वतराज हिमालय बड़े प्रसन्न हुए और अपने उन धनी कुटुम्बियोंको हाथीपर चढ़ा चढ़ाकर शिवजीकी अगवानीके लिये ले चले जो

तमृद्धिमद्बन्धुजनाधिरूढैर्वृन्दैर्गजानां गिरिचक्रवर्ती ।
प्रत्युज्जगामागमनप्रतीतः प्रफुल्लवृक्षैः कटकैरिव स्वैः ॥५२॥
वर्गावुभौ देवमहीधराणां द्वारे पुरस्योद्घटितापिधाने ।
समीयतुर्दूरविसर्पिघोषौ भिन्नैकसेतू पयसामिवौघौ ॥५३॥
ह्रीमानभूद्भूमिधरो हरेण त्रैलोक्यवन्द्येन कृतप्रणामः ।
पूर्वं महिम्ना स हि तस्य दूरमावर्जितं नात्मशिरो विवेद ॥५४॥
स प्रीतियोगाद्विकसन्मुखश्रीर्जामातुरग्रेसरतामुपेत्य ।
प्रावेशयन्मन्दिरमृद्धमेनमागुल्फकीर्णापणमार्गपुष्पम् ॥५५॥
तस्मिन्मुहूर्ते पुरसुन्दरीणामीशानसंदर्शनलालसानाम् ।
प्रासादमालासु बभूवुरित्थं त्यक्तान्यकार्याणि विचेष्टितानि ॥५६॥
आलोकमार्गं सहसा व्रजन्त्या कयाचिदुद्वेष्टनवान्तमाल्यः ।
बद्धुं न संभावित एव तावत्करेण रुद्धोऽपि च केशपाशः ॥५७॥
प्रसाधिकाऽऽलम्बितमग्रपादमाक्षिप्य काचिद्द्रवरागमेव ।
उत्सृष्टलीलागतिरागवाक्षादलक्तकाङ्कां पदवीं ततान ॥५८॥
विलोचनं दक्षिणमञ्जनेन संभाव्य तद्वञ्चितवामनेत्रा ।
तथैव वातायनसन्निकर्षं ययौ शलाकामपरा वहन्ती ॥५९॥

उसी प्रकार सुसज्जित थे जैसे हिमालयकी ढालपर फूलों से लदे हुए वृक्ष ॥५२॥ इन दोनों ही दलोंका हल्ला दूरतक सुनाई पड रहा था और वे जब हिमालयकी राजधानीके खुले फाटकों वाले द्वारपर आकर मिले तो ऐसे लगने लगे मानो बाँध टूट जाने पर जलकी दो धाराएँ आकर आपसमें मिल गई हों ॥५३॥ शंकरजीने जब पहले हिमालयको प्रणाम किया तो वह लाजसे गड गया, पर उसे यह नहीं पता चला कि प्रणाम करनेसे पहले ही उनकी महिमासे ही उसका सिर झुक चुका था ॥५४॥ इस सुन्दर सम्बन्धसे हिमालय बड़े प्रसन्न थे। आगे-आगे चलकर वे मणियों और बेलबूटोंसे सजे हुए अपने जामाताको उस मार्गसे ले गए जहाँ इतने फूल बिछे थे कि उन फूलोंमें पैर धँसे जा रहे थे ॥५५॥ उसी समय महादेवजीके दर्शनके लिये चावसे भरी हुई नगरकी सब सुन्दरियाँ अपना अपना सब काम काज छोड़कर अपने भवनोंकी छतोंपर आ खड़ी हुईं ॥५६॥ एक स्त्री ज्यों ही खिड़कीकी ओर हड़बड़ी में भागी कि उसके जूड़ेमें बँधी हुई फूलकी माला खुल गई और वह उसे अपने हाथसे पकड़े हुए ही चल दी उसे बाँधनेकी सुध न रही ॥५७॥ एक स्त्री अपने पैरमें महावर लगवा रही थी कि उसे अधूरा छोड़कर ही वह झटपट खिड़कीके पासतक अपने महावर लगे पैरोंकी छाप बनाती हुई दौड़ गई ॥५८॥ एक स्त्री अपनी दाईं आँखमें तो काजल लगा चुकी थी पर बाईं आँखमें बिना लगाए हाथमें सलाई लिए हुए ही खिड़कीकी ओर लपकी ॥५९॥ एक स्त्री ज्योंही

जालान्तरप्रेषितदृष्टिरन्या प्रस्थानभिन्नां न बबन्ध नीवीम् ।
नाभिप्रविष्टाभरणप्रभेण हस्तेन तस्थाववलम्ब्य वासः ॥६०॥
अर्द्धाचिता सत्वरमुत्थितायाः पदे पदे दुर्निमिते गलन्ती ।
कस्याश्चिदासीद्रशना तदानीमङ्गुष्ठमूलार्पितसूत्रशेषा ॥६१॥
तासां मुखैरासवगन्धगर्भैर्व्याप्तान्तराः सान्द्रकुतूहलानाम् ।
विलोलनेत्रभ्रमरैर्गवाक्षाः सहस्रपत्राभरणा इवासन् ॥६२॥
तावत्पताकाकुलमिन्दुमौलिरुत्तोरणं राजपथं प्रपेदे ।
प्रासादशृङ्गाणि दिवापि कुर्वञ्ज्योत्स्नाभिषेकद्विगुणद्युतीनि ॥६३॥
तमेकदृश्यं नयनैः पिबन्त्यो नार्यो न जग्मुर्विषयान्तराणि ।
तथाहि शेषेन्द्रियवृत्तिरासां सर्वात्मना चक्षुरिव प्रविष्टा ॥६४॥
स्थाने तपो दुश्चरमेतदर्थमपर्णया पेलवयापि तप्तम् ।
या दास्यमप्यस्य लभेत नारी सा स्यात्कृतार्था किमुताङ्कशय्याम् ॥६५॥
परस्परेण स्पृहणीयशोभं न चेदिदं द्वन्द्वमयोजयिष्यत् ।
अस्मिन्द्वये रूपविधानयत्नः पत्युः प्रजानां विफलोऽभविष्यत् ॥६६॥

खिड़कीकी जालियोंमें जाकर झाँकने लगी कि उसकी कमरका नाड़ा खुल गया और बिना बाँधे ही उसे हाथसे पकड़े जो खड़ी हुई तो उसके हाथके कंगनके रत्नकी चमकसे उसकी नाभि चमकती दिखाई देने लगी ॥६०॥ एक स्त्री डोरेमें मणि पिरो रही थी। इतनेमें ही शंकरजीकी बरातका हल्ला सुनकर वह हड़बड़ाकर उठी और खिड़कीकी ओर दौड़ी। हुआ यह कि खिड़की तक पहुँचते-पहुँचते मणियोंके दाने तो सब बिखर गए पर पैरके अँगूठेमें बँधा हुआ डोरा ज्योंका त्यों फँसा रह गया ॥६१॥ उन चावभरे-नैन-वालियोंके आसवसे महकते हुए और चपल नेत्रवाले मुख खिड़कियोंसे झाँकते हुए ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो खिड़कियोंकी जालियोंमें भौंरोंसे भरे कमल टाँग दिए गये हों ॥६२॥ इतनेमें ही उन चूनेसे पुते हुए उजले भवनोंके कंगूरोंको अपने सिरके चन्द्रमाकी चाँदनीसे और भी अधिक चमकाते हुए महादेवजीने ध्वजाओं और पताकाओंसे सजे हुए राजमार्गमें प्रवेश किया ॥६३॥ नगरकी स्त्रियाँ सब सुधबुध भूलकर इस प्रकार एकटक देखती हुई उन्हें अपने नेत्रोंसे पी रही थीं मानो उनकी सब इन्द्रियाँ आकर आँखोंमें ही समा गई हों ॥६४॥ वे सोचने लगीं कि ऐसे वरके लिये सुकुमार पार्वतीका तप करना ठीक ही था क्योंकि ये तो ऐसे सुन्दर हैं कि जो स्त्री इनकी दासी भी हो जाय वह भी धन्य हो जाय फिर जो इनकी गोदमें जाकर लेटे उसका तो कहना ही क्या है ॥६५॥ सुन्दरतामें एक दूसरेसे बढ़े चढ़े हुए इस जोड़ेका यदि विवाह न होता तो हम यही समझते कि ब्रह्माजीने इन दोनोंका रूप गढ़नेमें जो परिश्रम किया वह सब अकारथ ही था ॥६६॥ अब हमारी समझमें आ रहा है कि इन्होंने कामदेवको क्रोधकरके भस्म

न नूनमारूढरुषा शरीरमनेन दग्धं कुसुमायुधस्य ।
व्रीडादमुं देवमुदीक्ष्य मन्ये संन्यस्तदेहः स्वयमेव कामः ॥६७॥
अनेन संबन्धमुपेत्य दिष्ट्या मनोरथप्रार्थितमीश्वरेण ।
मूर्द्धानमालि क्षितिधारणोच्चमुच्चैस्तरं वक्ष्यति शैलराजः ॥६८॥
इत्योषधिप्रस्थविलासिनीनां शृण्वन्कथाः श्रोत्रसुखास्त्रिनेत्रः ।
केयूरचूर्णीकृतलाजमुष्टिं हिमालयस्यालयमाससाद ॥६९॥
तत्रावतीर्याच्युतदत्तहस्तः शरद्घनाद्दीधितिमानिवोक्ष्णः ।
क्रान्तानि पूर्वं कमलासनेन कक्ष्यान्तराण्यद्रिपतेर्विवेश ॥७०॥
तमन्वगिन्द्रप्रमुखाश्च देवाः सप्तर्षिपूर्वाः परमर्षयश्च ।
गणाश्च गिर्यालयमभ्यगच्छन्प्रशस्तमारम्भमिवोत्तमार्थाः ॥७१॥
तत्रेश्वरो विष्टरभाग्यथावत्सरत्नमर्घ्यं मधुमच्च गव्यम् ।
नवे दुकूले च नगोपनीतं प्रत्यग्रहीत्सर्वममन्त्रवर्जम् ॥७२॥
दुकूलवासाः स वधूसमीपं निन्ये विनीतैरवरोधदक्षैः ।
वेलासमीपं स्फुटफेनराजिर्नवैरुदन्वानिव चन्द्रपादैः ॥७३॥
तया प्रवृद्धाननचन्द्रकान्त्या प्रफुल्लचक्षुः कुमुदः कुमार्याः ।
प्रसन्नचेतःसलिलः शिवोऽभूत्संसृज्यमानः शरदेव लोकः ॥७४॥

नहीं किया है वरन् कामदेव ही इनकी सुन्दरता को देखकर लाजके मारे स्वयं जल मरा ॥६७॥ हे सखी ! पर्वतेश्वर हिमालय बड़े भाग्यवान् हैं । एक तो पृथ्वी धारण करने से उनका सिर वैसे ही ऊँचा था उसपर अपने मनचाहे वर भगवान शंकरजीसे सम्बन्ध करके उनका सिर और भी ऊँचा हो जायगा ॥६८॥ ओषधिप्रस्थकी स्त्रियोंकी ऐसी मीठी मीठी बातें सुनते हुए महादेवजी हिमालयके उस घरमें पहुँचे जहाँ इतनी भीड़ थी कि कुमारियोंने आचार दिखानेके लिये जो खीलें बिखेरी थीं वे वहाँके लोगोंके भुजबन्धोंकी रगड़से ही पिसकर चूर्ण बन गई थीं ॥६९॥ वहाँ पहुँचनेपर विष्णुजी ने हाथका सहारा देकर महादेवजीको इस प्रकार बैलसे उतार लिया मानो शरद्के उजले बादलोंसे सूर्यको उतार लिया हो। वहाँ से वे हिमालयके भवनकी उस भीतरकी कोठरीमें पहुँचे जहाँ ब्रह्माजी पहलेसे बैठे हुए थे ॥७०॥ उनके पीछे-पीछे इन्द्र आदि देवता सप्तर्षियोंके साथ सब महर्षि और महादेवजीके गणों गए हिमालयके घरमें उसी प्रकार पैठे जैसे किसी काम के ठीक-ठीक आरम्भ हो जानेपर उसके पीछे और भी बहुतसे बड़े-बड़े काम सध जाते हैं ॥ ७१ ॥ वहाँ आसनपर महादेवजीको बैठाकर हिमालयने रत्न, अर्घ्य, मधु, दही और नये वस्त्र, जो कुछ लाकर दिए वे सब उन्होंने मन्त्रोंके साथ ले लिए ॥ ७२ ॥ रेशमी वस्त्र पहने हुए महादेवजीको रनिवासके सेवक उसी प्रकार पार्वतीजीके पास ले गए जैसे चन्द्रमाकी किरणें फेनवाले समुद्रको तटतक पहुँचा देती हैं ॥७३॥ जैसे शरद्के आनेपर लोग प्रसन्न हो जाते हैं वैसे ही अत्यन्त चमकते हुए चन्द्रमाके समान मुखवाली पार्वतीको देखकर

तयोः समापत्तिषु कातराणि किंचिद्व्यवस्थापितसंहृतानि ।
ह्रीयन्त्रणां तत्क्षणमन्वभूवन्नन्योन्यलोलानि विलोचनानि ॥७५॥
तस्याः करं शैलगुरूपनीतं जग्राह ताम्राङ्गुलिमष्टमूर्तिः ।
उमातनौ गूढतनोः स्मरस्य तच्छङ्किनः पूर्वमिव प्ररोहम् ॥७६॥
रोमोद्गमः प्रादुरभूदुमायाः स्विन्नाङ्गुलिः पुङ्गवकेतुरासीत् ।
वृत्तिस्तयोः पाणिसमागमेन समं विभक्तेव मनोभवस्य ॥७७॥
प्रयुक्तपाणिग्रहणं यदन्यद्वधूवरं पुष्यति कान्तिमग्र्याम् ।
सान्निध्ययोगादनयोस्तदानीं किं कथ्यते श्रीरुभयस्य तस्य ॥७८॥
प्रदक्षिणप्रक्रमणात्कृशानोरदर्चिषस्तन्मिथुनं चकासे ।
मेरोरुपान्तेष्विव वर्तमानमन्योन्यसंसक्तमहस्त्रियामम् ॥७९॥
तौ दंपती त्रिः परिणीय वह्निमन्योन्यसंस्पर्शनिमीलिताक्षौ ।
स कारयामास वधू पुरोधास्तस्मिन्समिद्धार्चिषि लाजमोक्षम् ॥८०॥
सा लाजधूमाञ्जलिमिष्टगन्धं गुरूपदेशाद्वदनं निनाय ।
कपोलसंसर्पिशिखः स तस्या मुहूर्तकर्णोत्पलतां प्रपेदे ॥८१॥

शंकरजीके नेत्ररूपी कुमुद खिल गए और उनका मन जलके समान निर्मल हो गया ॥७४॥ पार्वतीजीके और शंकरजीके नेत्र थोडी देरके लिये मिलकर फिर हट जाते थे और इस प्रकार एक दूसरे की चाह भरी चितवन से देखकर उनके हृदयमें फिर बडी लज्जा भी आ जाती थी कि हमें देखकर दूसरे क्या कहते होंगे ॥ ७५ ॥ तब हिमालयके पुरोहितने पार्वतीजीका हाथ आगे बढाकर शंकरजीके हाथ पर रख दिया। पार्वतीजीका वह लाल लाल उँगलियोंवाला हाथ ऐसा लगता था मानो महादेवजीके डरमे छिपे हुए कामदेवके अंकुर पहले-पहल निकल रहे हों ॥ ७६ ॥ हाथ पकडते ही पार्वतीजीको भी रोमांच हो आया और महादेव जी की उँगलियोंसे भी पसीना छूटने लगा। ऐसा जान पडा मानो उन दोनों का हाथ मिलाकर कामदेवने दोनों को एक साथ अपने वशमें कर लिया हो ॥ ७७ ॥ जो पार्वती और शंकर संसार भर में विवाहके समय स्मरण किए जानेपर वहू और वरोंकी शोभा बढाते हैं उन्हीं पार्वती और शंकरका जब स्वयं ही विवाह हो रहा हो तब उनकी शोभाका तो कहना ही क्या है ॥ ७८ ॥ ईंधनसे जली हुई अग्निका फेरा देते समय पार्वती और शंकरजी इस प्रकार शोभित हुए मानो रात और दिन दोनों मिलकर सुमेरु पर्वतका फेरा लगा रहे हों ॥ ७९ ॥ एक दूसरेको छूनेके कारण पार्वती और शंकरजी आंख मूंदकर आनन्द लेते हुए अग्निका फेरा लगा रहे थे। जब तीन बार जलती हुई अग्निके फेरे हो गए तब पुरोहितजीने अग्नि में धानकी खीलोंका हवन कराया ॥८०॥ पार्वतीजीने पुरोहितजीके कहनेसे उस खीलके होमसे उठे हुए सुगन्धित धुएँको अपने हाथकी अंजलीसे सूंघा। वह धुआं उनके गालों के पास पहुँचकर क्षण भरके लिये उनके कानोंका कर्णफूल बन जाता था ॥८१॥ उस हवनके गरम धुएँ से पार्वती-

तदीयमार्द्रारुणगण्डलेखमुच्छ्वासिकालाञ्जनरागमक्ष्णोः ।
वधूमुखं क्लान्तयवावतंसमाचारधूमग्रहणाद्बभूव ॥८२॥
वधूं द्विजः प्राह तवैष वत्से वह्निर्विवाहं प्रति कर्मसाक्षी ।
शिवेन भर्त्रा सह धर्मचर्या कार्या त्वया मुक्तविचारयेति ॥८३॥
आलोचनान्तं श्रवणे वितत्य पीतं गुरोस्तद्वचनं भवान्या ।
निदाघकालोल्बणतापयेव माहेन्द्रमम्भः प्रथमं पृथिव्या ॥८४॥
ध्रुवेण भर्त्रा ध्रुवदर्शनाय प्रयुज्यमाना प्रियदर्शनेन ।
सा दृष्ट इत्याननमुन्नमय्य ह्रीसन्नकण्ठी कथमप्युवाच ॥८५॥
इत्थं विधिज्ञेन पुरोहितेन प्रयुक्तपाणिग्रहणोपचारौ ।
प्रणेमतुस्तौ पितरौ प्रजानां पद्मासनस्थाय पितामहाय ॥८६॥
वधूर्विधात्रा प्रतिनन्द्यते स्म कल्याणि वीरप्रसवा भवेति ।
वाचस्पतिः सन्नपि सोऽष्टमूर्तौ त्वाशास्यचिन्तास्तिमितो बभूव ॥८७॥
क्लृप्तोपचारां चतुरस्रवेदीं तावेत्य पश्चात्कनकासनस्थौ ।
जायापती लौकिकमेषणीयमार्द्राक्षतारोपणमन्वभूताम् ॥८८॥
पत्रान्तलग्नैर्जलबिन्दुजालैराकृष्टमुक्ताफलजालशोभम् ।
तयोरुपर्यायतनालदण्डमाधत्त लक्ष्मीः कमलातपत्रम् ॥८९॥
द्विधा प्रयुक्तेन च वाङ्मयेन सरस्वती तन्मिथुनं नुनाव ।
संस्कारपूतेन वरं वरेण्यं वधूं सुखग्राह्यनिबन्धनेन ॥९०॥

जीके गाल कुछ लाल हो गए, मुँहपर पसीनेकी बूँदें छा गईं, आँखोंका काला आँजन फैल गया और कानोंपर धरे हुए जवे भी धुंधले पड़ गए ॥८२॥ तब पुरोहितजीने पार्वतीजीसे कहा कि हे वत्से ! यह अग्नि तुम्हारे विवाहका साक्षी है। आजसे तुम सब प्रकारकी शंका छोड़कर सदा शिवजीके साथ धर्मके काम करना ॥८३॥ आँखोतक अपने कान फैलाकर पार्वतीजीने पुरोहितजीकी बात वैसे ही आदरसे सुनी जैसे गर्मीसे तपी हुई पृथ्वी वर्षाकी पहली बूँदें ग्रहण करती है ॥८४॥ जब शंकरजीने कहा कि ध्रुवकी ओर देखो तब पार्वतीजीने ऊपर मुँह उठाकर बहुत लजाते हुए किसी-किसी प्रकार इतना कहा—हाँ देख लिया ॥८५॥ इस प्रकार कर्मकाण्ड जाननेवाले पुरोहितजीने संसारके माता-पिता पार्वती और शंकरजीका विवाह पूरा करा दिया। तब कमलके आसनपर बैठे हुए ब्रह्माजीको दोनोंने प्रणाम किया ॥८६॥ ब्रह्माजीने बहूको तो यह आशीर्वाद दे दिया कि हे कल्याणी ! तुम वीरपुत्रकी माता बनो, किन्तु वाणीके स्वामी होते हुए भी उनकी यह समझमें नहीं आया कि सब इच्छाओंसे परे रहनेवाले शंकरजीको हम क्या आशीर्वाद दें ॥८७॥ वहाँसे महादेवजी और पार्वतीजी, फूलोंसे सजे हुए चौकमें लाए गए और सोनेके आसनपर बैठा दिए गए। तब उनके ऊपर लौकिक विधिसे लोगोंने गीले और पीले अक्षत छिड़के ॥८८॥ उस समय स्वयं लक्ष्मीजी, पत्तोंके कोरोंपर लटकती हुई और मोतीके समान चमकती हुई जलकी बूँदोंसे भरे हुए लम्बी डंठलवाले कमलका छत्र उनके ऊपर लगाकर खड़ी हो गईं ॥८९॥ और सरस्वतीजी भी संस्कृत और

तौ सन्धिषु व्यञ्जितवृत्तिभेदं रसान्तरेषु प्रतिबद्धरागम् ।
अपश्यतामप्सरसां मुहूर्तं प्रयोगमाद्यं ललिताङ्गहारम् ॥९१॥

देवास्तदन्ते हरमूढभार्यं किरीटबद्धाञ्जलयो निपत्य ।
शापावसाने प्रतिपन्नमूर्तेर्ययाचिरे पञ्चशरस्य सेवाम् ॥९२॥

तस्यानुमेने भगवान्विमन्युर्व्यापारमात्मन्यपि सायकानाम् ।
कालप्रयुक्ता खलु कार्यविद्भिर्विज्ञापना भर्तृषु सिद्धिमेति ॥९३॥

अथ विबुधगणांस्तानिन्दुमौलिर्विसृज्य,
क्षितिधरपतिकन्यामाददानः करेण ।
कनककलशयुक्तं भक्तिशोभासनाथं,
क्षितिविरचितशय्यं कौतुकागारमागात् ॥९४॥

नवपरिणयलज्जाभूषणां तत्र गौरीं,
वदनमपहरन्तीं तत्कृताक्षेपमीशः ।
अपि शयनसखीभ्यो दत्तवाचं कथंचित्,
प्रमथमुखविकारैर्हासयामास गूढम् ॥९५॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
उमापरिणयो नाम सप्तमः सर्गः ॥

प्राकृत दोनों भाषाओंमें शिव और पार्वतीजीकी प्रशंसा करने लगीं । संस्कृतमें तो उन्होंने प्रशंसनीय वरकी और सरलतासे समझमें आनेवाली प्राकृत भाषामें उन्होंने वधूकी प्रशंसा की ॥९०॥ तब पार्वती और शंकरने शृङ्गार आदि रसोंवाला और सुन्दर हाव-भावसे भरा और पाँचों सन्धियोंमें अलग अलग भाषा-शैलियोंसे सजा हुआ नाटक थोड़ी देर तक देखा जो अप्सराओंने खेला था ॥९१॥ नाटक समाप्त हो चुकनेपर इन्द्र आदि देवता विवाहित शंकरजीके पास आए और अपने किरीट बाँधे हुए सिरपर हाथ जोड़कर यह प्रार्थना की कि आपका विवाह हो जानेसे आपका दिया हुआ शाप भी समाप्त हो गया, इसलिये आप आज्ञा दें तो कामदेव फिरसे जी उठे और आपकी सेवा करे ॥९२॥ प्रसन्न मनवाले शंकरजीने कहा—अच्छी बात है, अब कामदेवसे कह दो कि वह जी भरकर हमपर अपने बाण चलावे । ठीक ही है, जो चतुर सेवक यह जानते हैं कि स्वामीसे कौनसी बात कब कहनी चाहिए तो वे स्वामीसे जो प्रार्थना करते हैं वह अवश्य ही पूरी होती है ॥९३॥ तब शंकरजीने इन्द्र आदि सब देवताओंको विदा किया और पार्वतीजीका हाथ अपने हाथमें लेकर उस शयन घरमें पहुँचे जहाँ सेज बिछी हुई थी, फूलोंकी मालाएँ सजी हुई थीं और सोनेका कलश भरा धरा था ॥९४॥ नया विवाह होनेसे लजीली, महादेवजीके हाथोंसे आँचल खींचे जानेपर अपना मुँह छिपानेवाली और सखियोंकी चुटकियोंका ज्यों त्यों उत्तर देनेवाली पार्वतीजीके आगे आकर जब प्रमथ आदि गण अनेक प्रकारके मुँह बनाने लगे तो पार्वतीजी भी मन ही मन हँस दीं ॥९५॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव महाकाव्यमें पार्वतीजीके
विवाह वर्णन नामका सातवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ अष्टमः सर्गः ॥

पाणिपीडनविधेरनन्तरं शैलराजदुहितुर्हरं प्रति ।
भावसाध्वसपरिग्रहादभूत्कामदोहदमनोहरं वपुः ॥१॥
व्याहृता प्रतिवचो न सन्दधे गन्तुमैच्छदवलम्बितांशुका ।
सेवते स्म शयनं पराङ्मुखी सा तथापि रतये पिनाकिनः ॥२॥
कैतवेन शयिते कुतूहलात्पार्वती प्रतिमुखं निपातितम् ।
चक्षुरुन्मिषति सस्मितं प्रिये विद्युताहतमिव न्यमीलयत् ॥३॥
नाभिदेशनिहितः सकम्पया शंकरस्य रुरुधे तया करः ।
तद्दुकूलमथ चाभवत्स्वयं दूरमुच्छ्वसितनीविबन्धनम् ॥४॥
एवमालि निगृहीतसाध्वसं शंकरो रहसि सेव्यतामिति ।
सा सखीभिरुपदिष्टमाकुला नास्मरत्प्रमुखवर्तिनि प्रिये ॥५॥
अप्यवस्तुनि कथाप्रवृत्तये प्रश्नतत्परमनङ्गशासनम् ।
वीक्षितेन परिवीक्ष्य पार्वती मूर्धकम्पमयमुत्तरं ददौ ॥६॥
शूलिनः करतलद्वयेन सा संनिरुध्य नयने हृतांशुका ।
तस्य पश्यति ललाटलोचने मोघयत्नविधुरा रहस्यभूत् ॥७॥

आठवाँ सर्ग

विवाह हो जानेपर पार्वतीजी यह तो चाहती ही थी कि शिवजीसे दूर न रहूँ पर साथ ही कुछ झिझकती भी थी। उनके इस प्रेम और झिझकसे भरे सुन्दर शरीरको ही देख देखकर महादेवजी उन पर लट्टू हुए जा रहे थे ॥१॥ वे इतनी लजाती थीं कि शिवजी कुछ पूछते भी थे तो वे बोलती न थीं, यदि वे इनका आँचल थाम लेते तो ये उठकर भागने लगती थीं और साथ सोते समय भी वे दूसरी ओर मुँह फेरकर ही सोती थीं। पर शिवजीको इन बातोंमें भी कम आनन्द नहीं मिलता था ॥२॥ जब कभी शिवजी सोनेका बहाना करके आँख मूँदकर लेट जाते तब पार्वतीजी उनकी ओर घूमकर उन्हें टकटकी बाँधकर देखा करतीं। इतनेमें ही शिवजी मुस्कराकर आँखें खोल देते और ये झट इस फुर्तीसे अपनी आँखें मींच लेतीं मानो बिजलीकी चकाचौंधसे आँखें मिच गई हों ॥३॥ जब शंकरजी अपने हाथ उनकी नाभिकी ओर बढ़ाते तब पार्वतीजी काँपते हुए उनका हाथ थाम लेतीं, पर न जाने कैसे इनकी साड़ीकी गाँठ ढीली पड़कर अपने आप खुल जाती ॥४॥ पार्वतीजीकी सखियाँ इन्हें सिखाया करतीं कि देखो सखी, तुम डरना मत और जैसे-जैसे हम सिखाती हैं वैसे ही वैसे अकेलेमें शंकरजीके पास रहना पर शिवजीके सामने पहुँचते ही वे इतनी घबरा जातीं कि सखियोंकी सब सीख इनके ध्यानसे उतर जाती ॥५॥ जब कभी बात-बातमें शिवजी ऊट पटाँग बातें छेड़ कर इनसे उत्तर माँगते तो ये अपने मुँहसे तो कुछ न कहतीं, बस अपनी आँखें ऊपर उठाकर और सिर घुमाकर यह जता देतीं कि मैं आपकी सब बातें मानती हूँ ॥६॥ जब कभी अकेलेमें शिवजी इनके कपड़े खींचकर इन्हें उघाड़ देते तो ये अपनी दोनों हथेलियोंसे शिवजीके दोनों नेत्र बन्द कर लेतीं जिससे वे

चुम्बनेष्वधरदानवर्जितं छिन्नहस्तसदयोपगूहनम् ।
क्लिष्टमन्मथमपि प्रियं प्रभोर्दुर्लभप्रतिकृतं वधूरतम् ॥८॥

यन्मुखग्रहणमक्षताधरं दानमव्रणपदं नखस्य यत् ।
यद्रतं च सदयं प्रियस्य तत्पार्वती विषहते स्म नेतरत् ॥९॥

रात्रिवृत्तमनुयोक्तुमुद्यतं सा प्रभातसमये सखीजनम् ।
नाकरोदपकुतूहलं ह्रिया शंसितुं तु हृदयेन तत्वरे ॥१०॥

दर्पणे च परिभोगदर्शिनी पृष्ठतः प्रणयिनो निषेदुषः ।
प्रेक्ष्य बिम्बमनुबिम्बमात्मनः कानि कानि न चकार लज्जया ॥११॥

नीलकण्ठपरिभुक्तयौवनां तां विलोक्य जननी समाश्वसत् ।
भर्तृवल्लभतया हि मानसीं मातुरस्यति शुचं वधूजनः ॥१२॥

वासराणि कतिचित्कथञ्चन स्थाणुना रतमकारि चानया ।
ज्ञातमन्मथरसा शनैः शनैः सा मुमोच रतिदुःखशीलताम् ॥१३॥

सस्वजे प्रियमुरोनिपीडनं प्रार्थितं मुखमनेन नाहरत् ।
मेखलाप्रणयलोलतां गतं हस्तमस्य शिथिलं रुरोध सा ॥१४॥

देख न पावें । पर शिवजी भी ऐसे गुरु थे कि झट अपना तीसरा नेत्र खोल लेते और ये हार मानकर बैठ जाती ॥७॥ महादेवजी जब इन्हें चूमना चाहते तो ये अपना ओठ ही न बढ़ाती और जब ये इन्हें कसकर छाती लगाना चाहते तो ये अपने हाथ तक न उठाती । इस प्रकार बाधाओंके साथ अधूरे रसके साथ भी शिवजीने वधूके साथ जो सम्भोग किया उसमें उन्हें आनन्द ही मिला ॥८॥ धीरे-धीरे पार्वतीजीकी झिझक मिटने लगी और इसलिये जब कभी महादेवजी इन्हें चूमते समय काटते नहीं थे, चूमते हुए घाव नहीं करते थे और बहुत धीरे-धीरे सम्भोग करते थे तो ये आनाकानी नहीं करती थीं । पर जहाँ वे इससे आगे बढ़े कि ये घबरा उठतीं ॥९॥ पार्वतीजी इतनी लजीली थीं कि जब इनकी सखियाँ इनसे रातकी बातें पूछने लगतीं तो ये चाहते हुए भी लज्जाके मारे उनसे बता नहीं पाती थीं ॥१०॥ जब ये हाथमें दर्पण लेकर उसमें अपने शरीरपर बने हुए सम्भोगके चिह्न बैठी देखतीं और उस समय कहीं पीछेसे चुपचाप शिवजी पहुँच जाते तो उनकी परछाहीं दर्पणमें पड़ते ही ये ऐसी लजा जातीं कि झेंपके मारे क्या-क्या नहीं करने लगती थीं ॥११॥ मेनाको यह देखकर बड़ा सन्तोष हुआ कि महादेवजी हमारी कन्याके यौवनका उपभोग कर रहे हैं, क्योंकि जब माता यह देख लेती है कि मेरी कन्याका पति कन्याको प्यार करता है तो उसका जी हल्का हो जाता है ॥१२॥ कुछ दिनों तक तो महादेवजी ज्यों-त्यों करके पार्वतीजीसे सम्भोग करते रहे पर धीरे-धीरे जब पार्वतीजीको भी सम्भोगका रस मिलने लगा तब इनकी भी झिझक धीरे-धीरे जाती रही ॥१३॥ और इसलिये जब महादेवजी इन्हें कसकर छातीसे लगाते तो ये भी उन्हें दोनों हाथोंसे कस लेतीं, जब ये चूमनेको मुँह बढ़ाते तो ये अपना मुँह हटाती नहीं थीं और जब शंकरजी इनकी

भावसूचितमदृष्टविप्रियं दार्ढ्यभाक्क्षणवियोगकातरम् ।
कैश्चिदेव दिवसैस्तथा तयोः प्रेमगूढमितरेतराश्रयम् ॥१५॥
तं यथात्मसदृशं वरं वधूरन्वरज्यत वरस्तथैव ताम् ।
सागरादनपगा हि जाह्नवी सोऽपि तन्मुखरसैकवृत्तिभाक् ॥१६॥
शिष्यतां निधुवनोपदेशिनः शंकरस्य रहसि प्रपन्नया ।
शिक्षितं युवतिनैपुणं तया यत्तदेव गुरुदक्षिणीकृतम् ॥१७॥
दष्टमुक्तमधरोष्ठमम्बिका वेदनाविधुतहस्तपल्लवा ।
शीतलेन निरवापयत्क्षणं मौलिचन्द्रशकलेन शूलिनः ॥१८॥
चुम्बनादलकचूर्णदूषितं शंकरोऽपि नयनं ललाटजम् ।
उच्छ्वसत्कमलगन्धये ददौ पार्वतीवदनगन्धवाहिने ॥१९॥
एवमिन्द्रियसुखस्य वर्त्मनः सेवनादनुगृहीतमन्मथः ।
शैलराजभवने सहोमया मासमात्रमवसद्वृषध्वजः ॥२०॥
सोऽनुमान्य हिमवन्तमात्मभूरात्मजाविरहदुःखखेदितम् ।
तत्र तत्र विजहार संपतन्नप्रमेयगतिना ककुद्मता ॥२१॥

तगड़ी पकड़कर खींचते तो ये आधे मनसे ही उनका हाथ रोकती ॥१४॥ थोड़े ही दिनोंमें दोनोंको चाल-ढालसे यह जान पड़ने लगा कि अब ये बहुत घुल-मिल गये है क्योंकि दोनों एक दूसरेकी बड़ाई करते अघाते न थे। और जो कहीं क्षण भरके लिये भी एक दूसरेसे अलग हुए कि बस तड़पने लगते ॥१५॥ जैसे—समुद्रके पास जाकर और मिलकर गंगाजी वहाँसे लौटनेका नाम तक नहीं लेतीं और समुद्र भी उन्हींके मुखका जल ले-लेकर बराबर उनसे प्रेम किया करता है वैसे ही पार्वतीजी भी जैसे-जैसे अपने प्रियतमका मन बहलातीं वैसे-वैसे महादेवजी भी उनके मनकी ही बातें किया करते थे ॥१६॥ पार्वतीजीने शंकरजीसे अकेलेमें जो काम-कलाकी शिक्षा ली थी उस कलाके अनुसार इन्होंने महादेवजीके साथ *नई नवेलियोंकी चटक-मटकसे भरा जो संभोग किया वही मानो कला सीखनेकी गुरुदक्षिणा* थी ॥१७॥ जब कभी पार्वतीजीका ओठ महादेवजी काट लेते तो वे पीड़ासे अपने हाथ झटकने लगतीं और फिर तत्काल महादेवजीके सिरपर बसे हुए चन्द्रमापर ज्यों ही ओठ रखतीं त्यों ही उन्हें ऐसी ठढक मिलती कि उसकी सब पीड़ा जाती रहती ॥१८॥ इसी प्रकार चुम्बन लेते समय जब पार्वतीजीके केशोंका चूर्ण झड़कर शिवजीके तीसरे नेत्रमें पड़ता तो वह नेत्र दुखने लगता। तब खिले हुए कमलकी गंधवाले पार्वतीजीके मुँहकी फूँक पानेके लिये वे अपना नेत्र उठाकर उनके मुँहतक पहुँचा देते ॥१९॥ इस प्रकार जवानीका रस लेकर महादेवजीने कामदेवपर बड़ी कृपा की और हिमालयके घरपर उमाके साथ रहते हुए उन्होंने एक महीना बिता दिया ॥२०॥ तब उन्होंने हिमालयसे जानेकी आज्ञा माँगी। कन्याको अपनेसे अलग करनेमें हिमालयको दुःख तो बहुत हुआ पर उसने बिदा दे दी। वहाँसे अपने बैलपर

एप वृक्षशिखरे कृतास्पदो जातरूपरसगौरमण्डलम् ।
हीयमानमहरत्ययातपं पीवरोरु पिबतीव बर्हिणः ॥३६॥
पूर्वभागतिमिरप्रवृत्तिभिर्व्यक्तपङ्कमिव जातमेकतः ।
खं हृतातपजलं विवस्वता भाति किञ्चिदिव शेषवत्सरः ॥३७॥
आविशद्भिरुटजाङ्गणं मृगैर्मूलसेकसरसैश्च वृक्षकैः ।
आश्रमाः प्रविशदग्निधेनवो बिभ्रति श्रियमुदीरिताग्नयः ॥३८॥
बद्धकोशमपि तिष्ठति क्षणं सावशेषविवरं कुशेशयम् ।
षट्पदाय वसतिं ग्रहीष्यते प्रीतिपूर्वमिव दातुमन्तरम् ॥३९॥
दूरमग्रपरिमेयरश्मिना वारुणी दिगरुणेन भानुना ।
भाति केसरवतेव मण्डिता बन्धुजीवतिलकेन कन्यका ॥४०॥
सामभिः सहचराः सहस्रशः स्यन्दनाश्वहृदयङ्गमस्वनैः ।
भानुमग्निपरिकीर्णतेजसं संस्तुवन्ति किरणोष्मपायिनः ॥४१॥
सोऽयमानतशिरोधरैर्हयैः कर्णचामरविघट्टितेक्षणैः ।
अस्तमेति युगभुग्नकेसरैः सन्निधाय दिवसं महोदधौ ॥४२॥

हुए मोरकी पूँछमें बसी हुई गोल-गोल और सोनेके पानीके समान सुनहरी चन्द्रिकाओंको देखनेसे ऐसा लगता है मानो यह बैठा हुआ साँझकी सब धूप पीए डाल रहा हो और उसीसे दिन ढलता जा रहा हो ॥३६॥ देखो ! सूर्यने आकाशसे धूपका पानी खींच लिया है इसलिये आकाश उस तालाबके समान दिखाई दे रहा है जिसमें पूर्वको ओर अँधेरा बढ़ आनेसे यह जान पड़ता है कि उधर कीचड़ बचा रह गया है और पश्चिममें कुछ-कुछ उजाला रहनेसे ऐसा लग रहा है कि उधर अभी थोड़ा-थोड़ा पानी बचा रह गया है ॥३७॥ पर्ण-कुटियोंके आँगनमें आते हुए हिरणोंसे, सींचे हुए जड़वाले हरे-भरे पौधोंसे, लौटकर आती हुई सुन्दर दुधारू गौओंसे और हवनको जलती हुई अग्निसे ये आश्रम कैसे सुहावने लग रहे हैं ॥३८॥ देखो ! ये कमल इस समय मुँद चले, फिर भी पल भरके लिये अपना मुँह थोड़ा-सा इसलिये खुला रक्खे हुए हैं कि जो भौंरे बाहर रह गए हों उन्हें हम प्रेमसे भीतर बसा लें ॥३९॥ हे सुन्दरी ! बहुत दूरपर सूर्यकी हल्की-सी झलक दिखाई पड़नेसे पश्चिम दिशा उस कन्याके समान लग रही है जिसने अपने माथेपर केसरसे भरे बन्धुजीवके फूलका तिलक लगा रक्खा हो ॥४०॥ किरणोंकी गर्मी पी जानेवाले और सहस्रोंके झुण्डमें रहनेवाले बालखिल्य आदि ऋषि इस समय सूर्यके रथके घोड़ोंको भला लगनेवाला सामवेद गा-गाकर उस सूर्यकी स्तुति कर रहे हैं जिन्होंने इस समय अपना तेज अग्निको सौंप दिया है ॥४१॥ दिनको समुद्रमें डुबोकर और अपने उन घोड़ोंको लिए हुए सूर्य अस्ताचलकी ओर जा रहे हैं जिनके सिर नीचेकी ओर उतरनेके कारण झुके हुए हैं, जिनके कानोंकी चौरियाँ रह-रहकर आँखोंपर झूल जाती हैं और जिनके केसर कंधेपर रक्खे हुए जूएसे लग-लगकर छितरा गए हैं ॥४२॥ सूर्यके छिपते ही सारा आकाश सोया

खं प्रसुप्तमिव संस्थिते रवौ तेजसो महत ईदृशी गतिः ।
तत्प्रकाशयति यावदुद्गतं मीलनाय खलु तावतश्च्युतम् ॥४३॥
संध्ययाप्यनुगतं रवेर्वपुर्वन्द्यमस्तशिखरे समर्पितम् ।
येन पूर्वमुदये पुरस्कृता नानुयास्यति कथं तमापदि ॥४४॥
रक्तपीतकपिशाः पयोमुचां कोटयः कुटिलकेशि भान्त्यमूः ।
द्रक्ष्यसि त्वमिति संध्ययानया वर्तिकाभिरिव साधुमण्डिताः ॥४५॥
सिंहकेसरसटासु भूभृतां पल्लवप्रसविषु द्रुमेषु च ।
पश्य धातुशिखरेषु भानुना संविभक्तमिव सांध्यमातपम् ॥४६॥
अद्रिराजतनये तपस्विनः पावनाम्बुविहिताञ्जलिक्रियाः ।
ब्रह्म गूढमभिसंध्यमादृताः शुद्धये विधिविदो गृणन्त्यमी ॥४७॥
तन्मुहूर्तमनुमन्तुमर्हसि प्रस्तुताय नियमाय मामपि ।
त्वां विनोदनिपुणः सखीजनो वल्गुवादिनि विनोदयिष्यति ॥४८॥
निर्विभुज्य दशनच्छदं ततो वाचि भर्तुरवधीरणापरा ।
शैलराजतनया समीपगामाललाप विजयामहेतुकम् ॥४९॥
ईश्वरोऽपि दिवसात्ययोचितं मन्त्रपूर्वमनुतस्थिवान्विधिम् ।
पार्वतीमवचनामसूयया प्रत्युपेत्य पुनराह सस्मितम् ॥५०॥

हुग्रा-सा जान पड रहा है। देखो ! तेजस्वियोंकी ऐसी ही बात होती है कि वे जहाँ निकलते हैं वहाँ उजाला हो जाता है और जहाँ वे छिपते हैं वहाँ अँधेरा छा जाता है ॥४३॥ देखो ! पूजनीय सूर्य अस्ताचलको चले तो सन्ध्या भी उनके पीछे पीछे चल दी, क्योंकि तडके उदयके समय जो सूर्यके आगे-आगे रही वह सूर्यकी विपत्तिके समय उनका साथ भला कैसे छोड दे ॥४४॥ हे घुंघराले बालोंवाली ! ये सामने लाल-पीले और भूरे बादलके टुकडे फैले हुए ऐसे लग रहे हैं मानो सन्ध्याने उन्हें यह समझकर तूलिकासे रंग दिया हो कि तुम उन्हें देखोगी ॥४५॥ हिमालयके सिंहोंके लाल-लाल केसरोंको, नये-नये पत्तोंसे लदे हुए वृक्षोंको और रंगीन धातुवाली हिमालयकी चोटियोंको देखनेसे ऐसा जान पड रहा है मानो अस्त होते हुए सूर्यने अपनी लाल धूप इन सबको बाँट दी है ॥४६॥ हे पार्वती ! सब क्रिया जाननेवाले ये तपस्वी, पवित्र जलसे सूर्यको सन्ध्या समय अर्घ्य देकर बडी श्रद्धाके साथ अपनी आत्म-शुद्धिके लिये रहस्य भरे गायत्री मन्त्रका जप कर रहे हैं ॥४७॥ हे मिठबोली ! अब साँझ हो चली है, इसलिये तुम भी मुझे थोडी देरकी छुट्टी दो तो मैं सन्ध्या कर डालूँ। इतनी देर तक मनबहलावके काममें चतुर तुम्हारी सखियाँ तुम्हारा मन बहलाती रहेंगी ॥४८॥ यह सुनकर पार्वतीजीने महादेवजीकी बात अनसुनी-सी करके अपना ओठ बिचका दिया और पास बैठी हुई विजयासे उन्होंने इधर-उधरकी बेसिर-पैरकी बातें छेड दीं ॥४९॥ मन्त्रोंके साथ अपनी सन्ध्या पूरी करके महादेवजी उन पार्वतीजीके पास पहुँचे जो चुप्पी साधकर रूठी हुई बैठी थीं। महादेवजी उनसे मुस्कराते हुए कहने लगे ॥५०॥ बिना बातके क्रोध करने

मुञ्च कोपमनिमित्तकोपने संध्यया प्रणमितोऽस्मि नान्यया ।
किं न वेत्सि सहधर्मचारिणं चक्रवाकसमवृत्तिमात्मनः ॥५१॥
निर्मितेषु पितृषु स्वयंभुवा या तनुः सुतनु पूर्वमुज्झिता ।
सेयमस्तमुदयं च सेवते तेन मानिनि ममात्र गौरवम् ॥५२॥
तामिमां तिमिरवृद्धिपीडितां शैलराजतनयेऽधुना स्थिताम् ।
एकतस्तटतमालमालिनीं पश्य धातुरसनिम्नगामिव ॥५३॥
सान्ध्यमस्तमितशेषमातपं रक्तलेखमपरा बिभर्ति दिक् ।
सांपरायवसुधासशोणितं मण्डलाग्रमिव तिर्यगुज्झितम् ॥५४॥
यामिनीदिवससन्धिसम्भवे तेजसि व्यवहिते सुमेरुणा ।
एतदन्धतमसं निरङ्कुशं दिक्षु दीर्घनयने विजृम्भते ॥५५॥
नोर्ध्वमीक्षणगतिर्न चाप्यधो नाभितो न पुरतो न पृष्ठतः ।
लोक एष तिमिरौघवेष्टितो गर्भवास इव वर्तते निशि ॥५६॥
शुद्धमाविलमवस्थितं चलं वक्रमार्जवगुणान्वितं च यत् ।
सर्वमेव तमसा समीकृतं धिङ्महत्त्वमसतां हृतान्तरम् ॥५७॥
नूनमुन्नमति यज्वनां पतिः शार्वरस्य तमसो निषिद्धये ।
पुण्डरीकमुखि पूर्वदिङ्मुखं कैतकैरिव रजभिराहतम् ॥५८॥

वाली भामिनी ! देखो, क्रोध न करो ! मैं सन्ध्या करने ही तो गया था । सदा तुम्हारे ही साथ धर्मका काम करनेवाले मुझको क्या तुम चकवेके जैसा सच्चा प्रेमी नहीं समझती हो ॥५१॥ देखो सुन्दरी ! ब्रह्माने जब पितरोंको रचा था उस समय उन्होंने अपनी एक छोटीसी मूर्ति बना छोड़ी थी। वही मूर्ति सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सन्ध्याके रूपमें पूजी जाती है । इसीलिये हे रूठनेवाली ! मैं भी सन्ध्याका इतना आदर करता हूँ ॥५२॥ हे पार्वती ! एक ओरसे बढ़ते हुए अन्धकारसे घिरी हुई सन्ध्या इस समय ऐसी जान पड़ रही है मानो बहते हुए गेरूकी धाराके एक किनारे तमालके पेड़ छाए हुए हों ॥५३॥ और दूसरी ओर अस्त होनेसे बचे हुए सन्ध्याके प्रकाशकी लाल रेखा पश्चिममें ऐसी दिखाई पड़ रही है मानो युद्ध-भूमिमें टेढ़ी चलाई हुई लहूभरी तरवार हो ॥५४॥ हे बड़ी-बड़ी आँखोंवाली ! सूर्यास्त हो जानेसे रात और दिनका मेल करनेवाली साँझका सब प्रकाश सुमेरु पर्वतके बीचमें आ जानेसे जाता रहा और अब यह घोर अँधेरा मनमाने ढंगसे चारों ओर फैलता जा रहा है ॥५५॥ अँधेरा फैल जानेसे न तो इस समय ऊपर कुछ दिखाई दे रहा है न नीचे, न आस-पास, न आगे पीछे। इस रातके समय सारा संसार इस प्रकार अँधेरेमें घिर गया है जैसे गर्भकी झिल्लीमें लिपटा हुआ बालक पड़ा हो ॥५६॥ इस समय अँधेरेमें, उजले और मैले, रुके और चलते, सीधे और टेढ़े सब एकसे हो गए हैं। भाड़में जाय ऐसे दुष्टोंका राज, जहाँ भले-बुरे एक घाट उतारे जाते हों ॥५७॥ हे कमलके समान मुखवाली ! पूर्व दिशाका अगला भाग कुछ-कुछ ऐसा उजला दिखाई पड़ रहा है मानो केतकीके फूलका पराग उधर फैला हुआ हो। इससे यह निश्चय

मन्दरान्तरितमूर्तिना निशा लक्ष्यते शशभृता सतारका ।
त्वं मया प्रियसखीसमागता श्रोष्यतेव वचनानि पृष्ठतः ॥५९॥
रुद्धनिर्गमनमादिनक्षयात्पूर्वदृष्टतनु चन्द्रिकास्मितम् ।
एतदुद्गिरति चन्द्रमण्डलं दिग्रहस्यमिव रात्रिनोदितम् ॥६०॥
पश्य पक्वफलिनीफलत्विषा बिम्बलाञ्छितवियत्सरोम्भसा ।
विप्रकृष्टविवरं हिमांशुना चक्रवाकमिथुनं विडम्ब्यते ॥६१॥
शक्यमोषधिपतेर्नवोदयाः कर्णपूररचनाकृते तव ।
अप्रगल्भयवसूचिकोमलाश्छेत्तुमग्रनखसंपुटैः कराः ॥६२॥
अङ्गुलीभिरिव केशसंचयं संनिगृह्य तिमिरं मरीचिभिः ।
कुड्मलीकृतसरोजलोचनं चुम्बतीव रजनीमुखं शशी ॥६३॥
पश्य पार्वति नवेन्दुरश्मिभिर्भिन्नसान्द्रतिमिरं नभस्तलम् ।
लक्ष्यते द्विरदभोगदूषितं सम्प्रसादमिव मानसं सरः ॥६४॥
रक्तभावमपहाय चन्द्रमा जात एष परिशुद्धमण्डलः ।
विक्रिया न खलु कालदोषजा निर्मलप्रकृतिषु स्थिरोदया ॥६५॥

जान पड़ रहा है कि रातका अँधेरा दूर करनेके लिये चन्द्रमा निकले चले आ रहे हों ॥५८॥ यद्यपि अभी चन्द्रोदय हुआ नहीं है पर आकाशमें तारे निकल आए हैं। इसलिये इस समय मन्दराचलके पीछे छिपे हुए चन्द्रमा इस तारोंवाली रातमें ठीक ऐसे लगते हैं जैसे मैं तुम्हारे पीछे आकर तुम लोगोंकी बात उस समय सुनता हूँ जब तुम अपनी सखियोंके साथ बैठकर बातें करती होती हो ॥५९॥ जो चन्द्रमा दिनभर दिखाई नहीं देता था, वह इस समय निकला हुआ ऐसा लगता है मानो रातके कहनेसे यह चाँदनीके रूपमें मुस्कुराता हुआ पूर्व दिशाके सब भेद खोले दे रहा हो ॥६०॥ हे पार्वती! यह उदय होता हुआ चन्द्रमा इस समय पके हुए प्रियंगुके फलके समान लाल दिखाई पड़ रहा है। इस समय आकाशका चन्द्रमा और तालके पानीमें पड़ी हुई चन्द्रमाकी परछाईं दोनों ऐसे लगते हैं मानो रात होनेसे चकवी-चकवेका जोड़ा दूर-दूर जा पड़ा हो ॥६१॥ चन्द्रमाकी निकलती हुई नई किरणें नये और कोमल जौके अँखुओंके समान कोमल हैं। तुम चाहो तो अपने कनफूल बनानेके लिये अपने नखोंकी नोकसे उन्हें तोड़ लो ॥६२॥ इस समय कमल मुँद गए हैं और चाँदनी फैल जानेसे अँधेरा मिट गया है। इसलिये इस समय चन्द्रमा ऐसा लग रहा है मानो वह अपनी किरण-रूपी उँगलियोंसे रात-रूपी नायिकाके मुँहपर फैले हुए अँधेरे-रूपी बालोंको हटाकर उसका मुँह चूम रहा हो और रात भी उस चुम्बनका रस लेनेके लिये अपने कमल-रूपी नेत्र मूँदे बैठी हो ॥६३॥ हे पार्वती! उठे हुए चन्द्रमाकी किरणोंसे घना अँधेरा मिट जानेपर आकाश ऐसा जान पड़ रहा है मानो हाथियोंकी जल-क्रीड़ासे गँदला मानसरोवर निर्मल हो चला हो ॥६४॥ अब चन्द्रमाका मण्डल ललाई छोड़कर धीरे-धीरे उजला होने लगा है। ठीक भी है, क्योंकि जो निर्मल स्वभाववाले होते हैं उनमें यदि

उन्नतेषु शशिनः प्रभा स्थिता निम्नसंश्रयपरं निशातमः ।
नूनमात्मसदृशी प्रकल्पिता वेधसा हि गुणदोषयोर्गतिः ॥६६॥
चन्द्रपादजनितप्रवृत्तिभिश्चन्द्रकान्तजलबिन्दुभिर्गिरिः ।
मेखलातरुषु निद्रितानमून्बोधयत्यसमये शिखण्डिनः ॥६७॥
कल्पवृक्षशिखरेषु संप्रति प्रस्फुरद्भिरिव पश्य सुन्दरि ।
हारयष्टिरचनामिवांशुभिः कर्तुमागतकुतूहलः शशी ॥६८॥
उन्नतावनतभाववत्तया चन्द्रिका सतिमिरा गिरेरियम् ।
भक्तिभिर्बहुविधाभिरर्पिता भाति भूतिरिव मत्तहस्तिनः ॥६९॥
एतदुच्छ्वसितपीतमैन्दवं वोढुमक्षममिव प्रभारसम् ।
मुक्तषट्पदविरावमञ्जसा भिद्यते कुमुदमानिबन्धनात् ॥७०॥
पश्य कल्पतरुलम्बि शुद्धया ज्योत्स्नया जनितरूपसंशयम् ।
मारुते चलति चण्डिके बलाद्व्यज्यते विपरिवृत्तमंशुकम् ॥७१॥
शक्यमङ्गुलिभिरुत्थितैरधः शाखिना पतितपुष्पपेशलैः ।
पत्रजर्जरशशिप्रभालवैरेभिरुत्कचयितुं तवालकान् ॥७२॥

समयके फेरसे कभी कोई दोष आ भी जाता है तो वह बहुत दिनोंतक नहीं टिक पाता ॥६५॥ पर्वतोंकी चोटियोंपर तो चाँदनी फैल गई है पर घाटियों और खड्डोंमें अभी अँधेरा बना हुआ है। सचमुच ब्रह्माने गुण और दोषकी कुछ चाल ही ऐसी बनाई है कि गुण तो ऊँचे पर रहता है और दोष नीचेकी ओर चला जाता है ॥६६॥ चन्द्रमाकी किरण पड़नेके कारण इस पर्वतके चन्द्रकान्त मणिकी चट्टानोंसे जलकी बूँदें टपक रही हैं। इसलिये पर्वतकी ढालपर वृक्षोंकी छायामें सोए हुए मोर, इन बूँदोंको वर्षाकी बूँदें समझकर बिना वर्षा आए ही जाग पड़े हुए हैं ॥६७॥ हे सुन्दरी! इस समय कल्पवृक्षकी फुनगियोंपर चमकती हुई किरणोंको देखकर ऐसा जान पड़ रहा है मानो चन्द्रमा अपनी किरणोंसे कल्पवृक्षोंमें चन्द्रहार बनाने आ पहुँचा हो ॥६८॥ पहाड़के ऊँचे-नीचे होनेसे कहीं तो चाँदनी पड़ रही है और कहीं अँधेरा है। इसलिये यह ऐसा दिखाई पड़ रहा है मानो किसी मतवाले हाथीपर अनेक प्रकारकी चित्रकारी कर दी गई हो ॥६९॥ यह जो भौंरोंकी गूँजसे भरा हुआ कुमुद खिल रहा है, वह ऐसा लगता है मानो साँस ले-लेकर इसने जो भरपेट चाँदनी पी ली थी उसे पचा न सकनेके कारण इसका पेट फट गया हो और यह कराह रहा हो ॥७०॥ हे चण्डिके! कल्पवृक्षसे लटके हुए कपड़ों और चन्द्रमाकी निर्मल किरणोंके एक-से होनेके कारण उनमें धोखा हो जाता है, पर वायुके चलनेपर जब कपड़े हिलने लगते हैं तब अपने आप पता चल जाता है कि यह कपड़ा ही है ॥७१॥ पत्तोंके बीचसे छनकर धरतीपर पड़नेवाली चाँदनी ऐसी सुन्दर और सुहावनी दिखाई दे रही है जैसे पेड़ोंसे झड़े हुए फूल हों, इसलिये तुम चाहो तो फूलोंके समान दिखाई पड़नेवाले इन चाँदनीके फूलोंसे ही तुम्हारे केश गूँथ दिए जायँ ॥७२॥ जैसे नई-नई बहू पहली बार संभोगके डरसे काँपती हुई अपने पतिके

एष चारुमुखि योग्यतारया युज्यते तरलबिम्बया शशी ।
साध्वसादुपगतप्रकम्पया कन्ययेव नवदीक्षया वरः ॥७३॥
पाकभिन्नशरकाण्डगौरयोरुल्लसत्प्रकृतिजप्रसादयोः ।
रोहतीव तव गण्डलेखयोश्चन्द्रबिम्बनिहिताक्षि चन्द्रिका ॥७४॥
लोहितार्कमणिभाजनार्पितं कल्पवृक्षमधु बिभ्रति स्वयम् ।
त्वामियं स्थितिमतीमुपागता गन्धमादनवनाधिदेवता ॥७५॥
आर्द्रकेसरसुगन्धि ते मुखं मत्तरक्तनयनं स्वभावतः ।
अत्र लब्धवसतिर्गुणान्तरं किं विलासिनि मदः करिष्यति ॥७६॥
मान्यभक्तिरथवा सखीजनः सेव्यतामिदमनङ्गदीपनम् ।
इत्युदारमभिधाय शंकरस्तामपाययत पानमम्बिकाम् ॥७७॥
पार्वती तदुपयोगसम्भवां विक्रियामपि सतां मनोहराम् ।
अप्रतर्क्यविधियोगनिर्मितामाम्रतेव सहकारतां ययौ ॥७८॥
तत्क्षणं विपरिवर्तितह्रियोर्नेष्यतोः शयनमिद्धरागयोः ।
सा बभूव वशवर्तिनी द्वयोः शूलिनः सुवदना मदस्य च ॥७९॥
घूर्णमाननयनं स्खलत्कथं स्वेदबिन्दुमदकारणस्मितम् ।
आननेन न तु तावदीश्वरश्चक्षुषा चिरमुमामुखं पपौ ॥८०॥

पास जाती है वैसे ही हे सुन्दरी ! ये टिमटिमाती हुई तरंगें भी काँपती हुई चन्द्रमाके पास जा रही हैं ॥७३॥ हे सुन्दरी ! तुम जो चन्द्रमाकी ओर टकटकी लगाकर देख रही हो तो पके हुए सरकण्डेके समान गोरे-गोरे और अपनी स्वाभाविक प्रसन्नतासे खिले हुए तुम्हारे गाल ऐसे लग रहे हैं मानो उनपर चाँदनी चढ़ती आ रही हो ॥७४॥ लो, तुम्हें यहाँ बैठी हुई देखकर लाल सूर्यकान्तमणिके प्यालेमें कल्पवृक्षकी मदिरा लिए हुए गन्धमादनकी वनदेवी अपने आप तुम्हारी आवभगत करने आ पहुँची हैं ॥७५॥ तुम्हारी मतवाली आँखें भी स्वभावसे ही लाल हैं इसलिये मदिरा पीनेसे भी तुमपर कोई विशेष प्रभाव तो पड़ेगा नहीं ॥७६॥ और फिर सखियोंका आग्रह टालना भी नहीं चाहिए, इसलिये लो, यह कामको उकसानेवाली मदिरा पी ही डालो। यह लुभावनी बात कहकर शंकरजीने बड़ी उदारतासे वह मदिरा पार्वतीजीको पिला दी ॥७७॥ जैसे वसन्तमें ब्रह्माकी कृपासे आमका पेड़ अधिक सुगन्धित होकर सहकार बन जाता है वैसे ही मदिरा पीनेसे पार्वतीजीका रूप कुछ ऐसा हो गया कि उनकी स्वाभाविक सुन्दरता और भी बढ़ गई ॥७८॥ मदिरा पीनेसे सुन्दर मुखवाली पार्वतीजी ऐसी मदमें चूर होकर शंकरजीकी गोदमें गिरीं कि उनकी लाज जाती रही, उनका काम बढ़ गया और इसी दशामें वे शयनागारमें पहुँचाई गईं ॥७९॥ पार्वतीजीकी आँखें चंचलतासे नाच रही थीं मदके कारण मुँहसे सीधी बोली नहीं निकल रही थी, मुँहपर पसीनेकी बूँदें झलक रही थीं और बिना बातके ही वे हँस-हँस पड़ रही थीं। पार्वतीजीके

तां विलम्बितपनीयमेखलामुद्वहञ्जघनभारदुर्वहाम् ।
ध्यानसंभृतविभूतिरीश्वरः प्राविशन्मणिशिलागृहं रहः ॥८१॥
तत्र हंसधवलोत्तरच्छदं जाह्नवीपुलिनचारुदर्शनम् ।
अध्यशेत शयनं प्रियासखः शारदाभ्रमिव रोहिणीपतिः ॥८२॥
क्लिष्टकेशमवलुप्तचन्दनं व्यत्ययार्पितनखं समत्सरम् ।
तस्य तच्छिदुरमेखलागुणं पार्वतीरतमभून्न तृप्तये ॥८३॥
केवलं प्रियतमादयालुना ज्योतिषामवनतासु पङ्क्तिषु ।
तेन तत्परिगृहीतवक्षसा नेत्रमीलनकुतूहलं कृतम् ॥८४॥
स व्यबुध्यत बुधस्तवोचितः शातकुम्भकमलाकरैः समम् ।
मूर्च्छनापरिगृहीतकैशिकैः किन्नरैरुषसि गीतमङ्गलः ॥८५॥
तौ क्षणं शिथिलितोपगूहनौ दम्पती चलितमानसोर्मयः ।
पद्मभेदपिशुनाः सिषेविरे गन्धमादनवनान्तमारुताः ॥८६॥
ऊरुमूलनखमार्गराजिभिस्तत्क्षणं हृतविलोचनो हरः ।
वाससः प्रशिथिलस्य संयमं कुर्वतीं प्रियतमामवारयत् ॥८७॥

उस मुखको भगवान् शंकरने अपने मुँहसे चूमा नहीं वरन् बहुत देर तक अपनी आँखोंसे ही उनकी सुन्दरताको पीते रहे ॥८०॥ सोनेकी करधनी लटकाकर अपने भारी नितम्बोंके बोझसे धीरे-धीरे चलनेवाली पार्वतीको लिए हुए भगवान् शिव, मणिशिलाके बने हुए उस सुनसान घरमें पहुँचे जहाँ सुखकी सभी सामग्रियाँ उनके सोचने भरसे उत्पन्न हो गई थी ॥८१॥ जैसे रोहिणीके पति चन्द्रमा उजले बादलोंमें विश्राम करते-से जान पड़ते हैं वैसे ही उस शयनागारमें हंसके समान उजली चादरवाले और गंगाजीके समान मनोहर दिखाई देनेवाले पलंगपर भगवान् शंकर अपनी प्रियतमाके साथ लेट गए ॥८२॥ दोनों एक दूसरेको हरानेके लिए तुले हुए थे, इसलिये उमा और शंकरजीने ऐसा संभोग किया कि दोनोंके केश छितरा गए, चन्दन पुछ गया, नख-चिह्न भी इधरके उधर हो गए और पार्वतीजीकी करधनी भी टूट गई फिर भी पार्वतीजीके साथ संभोग करके शंकरजीका जी नहीं भरा ॥८३॥ पर रातके पिछले पहरमें जब तारे छिपने जा रहे थे तब केवल अपनी प्रियतमापर दया करके शंकरजीने उमाके हाथोंमें बँधे-बँधे ही सोनेके लिये अपनी आँखें मूँद लीं ॥८४॥ और जब सुनहले कमल खिलने लगे और वीणा-धारी गन्धर्व अलाप भरते हुए शंकरजीका मंगल-गान करने लगे, उस उषा-कालमें देवताओंके पूज्य शिवजी जाग उठे ॥८५॥ उस समय गन्धमादन वनका जो पवन मानसरोवरमें लहरियाँ उठाता हुआ मन्द-मन्द बह रहा था और जिसे छू जानेसे ही मानो कमल खिलते जा रहे थे, उस वायुका उन दोनोंने थोड़ी देर तक अलग होकर आनन्द लिया ॥८६॥ वायुके झोंकेसे कपड़ा हट जानेसे पार्वतीकी नंगी जाँघोंपर जो नखोंके चिन्होंकी पाँत दिखाई दे रही थी उसे शिवजी एकटक होकर देख रहे थे और जब अपने उघड़े हुए कपड़ेको पार्वतीजी ठीक करने लगीं तो शिवजीने उनका

स प्रजागरकषायलोचनं गाढदन्तपरिताडिताधरम् ।
आकुलालकमरंस्त रागवान्प्रेक्ष्य भिन्नतिलकं प्रियामुखम् ॥८८॥
तेन भिन्नविषमोत्तरच्छदं मध्यपिण्डितविसूत्रमेखलम् ।
निर्मलेऽपि शयनं निशात्यये नोज्झितं चरणरागलाञ्छितम् ॥८९॥
स प्रियामुखरसं दिवानिशं हर्षवृद्धिजननं सिषेविषुः ।
दर्शनप्रणयिनामदृश्यतामाजगाम विजयानिवेदनात् ॥९०॥
समदिवसनिशीथं सङ्गिनस्तत्र शंभोः
शतमगमदृतूनां साग्रमेका निशेव ।
न तु सुरतसुखेभ्यश्छिन्नतृष्णो बभूव
ज्वलन इव समुद्रान्तर्गतस्तज्जलौघैः ॥९१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
उमासुरतवर्णनं नामाष्टमः सर्गः ॥

हाथ थाम लिया ॥८७॥ रातभर जागनेसे पार्वतीजीकी आँखें लाल हो रही थीं, ओठोंपर शिवजीके दाँतोंके घाव भरे पड़े थे, सँवारे हुए केश इधर-उधर छितरा गये थे और उनका तिलक भी पुँछ गया था। अपनी प्रियतमाके ऐसे मुखको देखकर प्रेमी भगवान् शंकर मगन हो उठे ॥८८॥ जिस पलंगपर वे सोए थे उसकी चादरमें सलवटें पड़ गई थीं, बिना डोरीवाली टूटी करधनी उसपर इकट्ठी हुई पड़ी थी और उसपर कहीं-कहीं पाँवके महावरकी छाप भी जहाँ-तहाँ लगी हुई थी। वह पलंग महादेवजीको ऐसा प्यारा हो गया था कि दिन निकल आनेपर भी उन्होंने पलंग छोड़नेका नाम न लिया ॥८९॥ प्रियतमाके मुख बढ़ानेवाले ओठोंका रस दिन-रात पीनेकी इच्छा करनेवाले शिवजीकी यह दशा हो गई कि यदि कोई उनके दर्शनको आता तो विजयासे सूचना पानेपर भी वे दर्शन देनेतकको बाहर न निकलते ॥९०॥ भगवान् शंकरने बराबर दिनरात पार्वतीजीके साथ संभोग करते हुए सैंकड़ों वर्ष ऐसे बिता दिए मानो एक रात हो। पर भगवान् शंकरजीका जी इतने संभोगसे भी उसी प्रकार नहीं भरा जैसे समुद्रके जलमें रहनेपर भी बड़वानलकी प्यास नहीं बुझ पाती ॥९१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें शंकर-पार्वतीजीकी काम-क्रीडा वर्णन नामका आठवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

॥ नवमः सर्गः ॥

तथाविधेऽनङ्गरसप्रसङ्गं मुखारविन्दे मधुपः प्रियायाः ।
संभोगवेश्म प्रविशन्तमन्तर्ददर्श पारावतमेकमीशः ॥१॥
सुकान्तकान्तामणितानुकारं कूजन्तमाघूर्णितरक्तनेत्रम् ।
प्रस्फारितोन्नम्रविनम्रकण्ठं मुहुर्मुहुर्न्यञ्चितचारुपुच्छम् ॥२॥
विशृङ्खलं पक्षतियुग्ममीषद्दधानमानन्दगतिं मदेन ।
शुभ्रांशुवर्णं जटिलाग्रपादमितस्ततो मण्डलकैश्चरन्तम् ॥३॥
रतिद्वितीयेन मनोभवेन हृदात्सुधायाः प्रविगाह्यमानात् ।
तं वीक्ष्य फेनस्य चयं नवोत्थमिवाभ्यनन्दत्क्षणमिन्दुमौलिः ॥४॥
तस्याकृतिं कामपि वीक्ष्य दिव्यामन्तर्भवञ्छद्मविहंगमग्निम् ।
विचिन्तयन्संविविदे स देवो भ्रूभङ्गभीमश्च रुषा बभूव ॥५॥
स्वरूपमास्थाय ततो हुताशस्त्रसन्वलत्कम्पकृताञ्जलिः सन् ।
प्रवेपमानो नितरां स्मरारिमिदं वचो व्यक्तमथाभ्युवाच ॥६॥
असि त्वमेको जगतामधीशः स्वर्गौकसां त्वं विपदो निहंसि ।
ततः सुरेन्द्रप्रमुखाः प्रभो त्वामुपासते दैत्यवरैर्विधूताः ॥७॥

नवाँ सर्ग ।

जिन दिनों पार्वतीजीके मुख-कमलपर भौंरेके समान लट्टू होकर शिवजी संभोग कर रहे थे उन्हीं दिनों एक बार शिवजी देखते क्या हैं कि जिस घरमें वे संभोग कर रहे थे उसीमें एक कबूतर घुस आया है ॥१॥ यह कबूतर वैसा ही मीठा बोल रहा था जैसे संभोगके समय सुन्दरियाँ बोलती हैं। उसकी लाल-लाल आँखें इधर-उधर नाच रही थीं, वह कभी अपना कंठ ऊँचा कर लेता था, कभी झुका लेता था और बार-बार अपनी पूँछ सिकोड़ता जाता था ॥२॥ चन्द्रमाके समान उजले रंगवाला कबूतर अपने पंजे समेटे हुए दोनों पंख खोले मस्तीका आनन्द लेता हुआ इधर-उधर उड़ता हुआ चक्कर लगा रहा था ॥३॥ उस कबूतरको देखकर शिवजी बड़े प्रसन्न हुए क्योंकि वह उन्हें ऐसा दिखाई दे रहा था मानो वह उस अमृत कुण्डकी नई फेनका पिंड हो जिसमें कामदेवने रतिके साथ डुबकी लगा-लगाकर नहाया हो ॥४॥ पर जब भगवान् शंकरने उसका रंग-ढंग कुछ देवताओं का-सा देखा तो उनका माथा ठनका और ध्यान लगाते ही वे समझ गए कि अग्नि ही यह कपट वेश बनाकर आया है। यह देखते ही क्रोधसे उनकी टेढ़ी भौंहें डरावनी बनकर तन गईं ॥५॥ शिवजीका यह रूप देखकर अग्निने अपना सच्चा रूप बनाकर, दोनों काँपते हुए हाथ जोड़कर, डरसे अत्यन्त थरथराते हुए, सब बातें सच्ची-सच्ची कह सुनाईं—॥६॥ भगवन् ! संसारके आप ही तो एक स्वामी हैं। आप ही स्वर्गमें रहनेवाले देवताओंकी विपत्तियोंको मिटानेवाले हैं। हे प्रभो ! इसीलिए

त्वया प्रियाप्रेमवशंवदेन शतं व्यतीये सुरतादृतूनाम् ।
रहःस्थितेन त्वदवीक्षणार्तो दैन्यं परं प्राप सुरैः सुरेन्द्रः ।। ८ ।।
त्वदीयसेवावसरप्रतीक्षैरभ्यर्थितः शक्रमुखैः सुरैस्त्वाम् ।
उपागतोऽन्वेष्टुमहं विहंगरूपेण विद्वन्समयोचितेन ।। ९ ।।
इति प्रभो चेतसि संप्रधार्य तन्नोऽपराधं भगवन्क्षमस्व ।
पराभिभूता वद किं क्षमन्ते कालातिपातं शरणार्थिनोऽमी ।।१०।।
प्रभो प्रसीदाशु सृजात्मपुत्रं यं प्राप्य सेनान्यमसौ सुरेन्द्रः ।
स्वर्लोकलक्ष्मीप्रभुतामवाप्य जगत्त्रयं पाति. तव प्रसादात् ।।११।।
स शंकरस्तामिति जातवेदोविज्ञापनामर्थवतीं निशम्य ।
अभूत्प्रसन्नः परितोषयन्ति गीर्भिर्गिरीशा रुचिराभिरीशम् ।।१२।।
प्रसन्नचेता मदनान्तकारः स तारकारेर्जयिनो भवाय ।
शक्रस्य सेनाधिपतेर्जयाय व्यचिन्तयच्चेतसि भावि किंचित् ।।१३।।
युगान्तकालाग्निमिवाविषह्यं परिच्युतं मन्मथरङ्गभङ्गात् ।
रतान्तरेतः स हिरण्यरेतस्यथोर्ध्वरेतास्तदमोघमाधात् ।।१४।।
अथोष्णवाष्पानिलदूषितान्तर्विशुद्धमादर्शमिवात्मदेहम् ।
बभार भूम्ना सहसा पुरारिरेतः परिक्षेपकृवर्णभग्निः ।।१५।।

...ादि देवता जब-जब दैत्योंसे हारते हैं तब-तब वे आपकी ही शरणमें आते हैं ।।७।। आपने ...ी प्रियाके प्रेममें सौ वर्ष तो संभोग में ही बिता दिए और आप यहाँ ऐसे अकेलेमें रहने लगे आपका दर्शन न पानेसे इन्द्र और दूसरे देवता लोग सब बड़े घबराने लगे थे ।।८।। हे भगवन् ! ...य इन्द्र आदि देवता अब आपके दर्शनके लिये बैठे बाट जोह रहे हैं । उन्हींके कहनेसे मैं आप-ढूँढने निकला था । मैंने यही जानकर पक्षीका रूप बना लिया कि आप इस समय संभोग कर होंगे ।।९।। इसलिये हे प्रभो ! आप मेरा अपराध क्षमा कीजिए । आप ही सोच देखिए कि ...ोंसे हारकर और अपमानित होकर आपकी शरणमें आए हुए देवता लोग भला कितने दिनोंतक ...मारे बैठे रह सकते थे ।।१०।। इसलिए हे प्रभो ! आप प्रसन्न होकर शीघ्र ही अपने वीर्यसे एक ...पुत्र उत्पन्न कीजिए जिसे सेनापति बनाकर इन्द्र भगवान् फिरसे स्वर्ग-लोकके स्वामी बनकर ...की कृपासे तीनों लोकोंका पालन करें ।।११।। अग्निकी ठीक-ठीक बात सुनकर शंकरजीका क्रोध ...।। रहा । क्योंकि जिन्हें बात करनेका ढङ्ग आता है वे अपनी बातोंसे अपने स्वामियोंको प्रसन्न ...ही लेते हैं ।।१२।। तब कामदेवको जलानेवाले हँसमुख शंकरजीने ऐसा पुत्र उत्पन्न करनेका ...र किया जो तारक राक्षसको जीत सके और सेनापति बनकर इन्द्रको जिता सके ।।१३।। अपने ...को ऊपर खींच सकनेवाले शंकरजीका अचूक वीर्य जो प्रलयकी आगके समान किसीसे सहा न जा ...नेवाला था, संभोगके अन्तमें निकल पड़ा उसे शंकरजीने अग्निको दे दिया ।।१४।। उसे लेते ही

त्वं सर्वभक्षो भव भीमकर्मा कुष्ठाभिभूतोऽनलधूमगर्भः ।
इत्थं शशापाद्रिसुता हुताशं रुष्टा रतानन्दसुखस्य भङ्गात् ॥१६॥
दक्षस्य शापेन शशी क्षयीव प्लुष्टो हिमेनेव सरोजकोशः ।
वहन्विरूपं वपुरुग्ररेतश्चयेन वह्निः किल निर्जगाम ॥१७॥
स पावकालोकरुषा विलक्षां स्मरत्रपास्मेरविनम्रवक्त्राम् ।
विनोदयामास गिरीन्द्रपुत्रीं शृङ्गारगर्भैर्मधुरैर्वचोभिः ॥१८॥
हरो विकीर्णं घनघर्मतोयैर्नेत्राञ्जनाङ्कं हृदयप्रियायाः ।
द्वितीयकौपीनचलाञ्चलेनाहरन्मुखेन्दोरकलङ्किनोऽस्याः ॥१९॥
मन्देन स्विन्नाङ्गुलिना करेण कम्पेन तस्या वदनारविन्दात् ।
परामृशन्घर्मजलं जहार हरः सहेलं व्यजनानिलेन ॥२०॥
रतिश्लथं तत्कबरीकलापमंसावसक्तं विगलत्प्रसूनम् ।
स पारिजातोद्भवपुष्पमय्या स्रजा बबन्धामृतमूर्तिमौलिः ॥२१॥
कपोलपाल्यां मृगनाभिचित्रपत्रावलीमिन्दुमुखः सुमुख्याः ।
स्मरस्य सिद्धस्य जगद्विमोहमन्त्राक्षरश्रेणिमिवोल्लिलेख ॥२२॥

अग्निका उजला शरीर एकदम ऐसा धुंधला पड गया जैसे मुंहकी भापसे दर्पण धुंधला पड जाता है ॥१५॥ उधर संभोगके सुखमें इस प्रकार बाधा पड जानेसे पार्वतीजी भी आगबबूला हो उठी और उन्होंने अग्निको शाप दिया-जाओ, तुम आजसे पवित्र अपवित्र सब वस्तुएं खाओ और संसारकी वस्तुओंको जलानेका भयानक काम करो, कोढी हो जाओ और सदा धुएँसे भरे रहो ॥१६॥ महादेवजीका वीर्य लेनेसे अग्निका रूप ऐसा बिगड गया जैसे दक्षके शापसे क्षय रोगवाले चन्द्रमाका रूप, या पालेके मारे हुए कमलके कोशका रूप । यही रूप लेकर अग्नि वहांसे बाहर निकले ॥१७॥ अग्निने अचानक संभोगके समय ही उन्हें देख लिया था इसीलिये पार्वतीजी क्रोधके मारे आपेसे बाहर हो गई । काम और लाजके मारे अपनी झेंप मुस्कराहटमें छिपाती हुई और नीचा मुंह किए सिमटी बैठी हुई पार्वतीजीको प्रेम भरे मीठे वचनोंसे शंकर भगवान् बहलाने लगे ॥१८॥ घने पसीनेकी बूंदोंके कारण पार्वतीजीकी आंखोंका आंजन उनके मुंहपर इधर उधर फैल गया था । शंकरजीकी प्राणप्रियाके मुखचन्द्रपर वे आंजनके चिन्ह ऐसे लग रहे थे मानो वे चन्द्रमाके कलंक हों । महादेवजीने फैला हुआ आंजन अपने कन्धेके कोपीनसे पोंछ डाला ॥१९॥ पसीजी उंगली अंगुलियों वाले हाथोंसे पंखेके समान झलकर शिवजीने धीरे-धीरे पार्वतीके मुख कमलका सब पसीना सुखा दिया ॥२०॥ संभोगके समय जूडा खुल जानेसे पार्वतीजीके बाल कन्धोंपर फैल गए थे और जूडेमें लगे हुए सब फूल भी बिखर गए थे । उस जूडेको महादेवजीने फिरसे पारिजातके फूलोंकी मालासे बांध दिया ॥२१॥ चन्द्रके समान मुखवाले शंकरजीने सुन्दर मुखवाली पार्वतीजीके गाल कस्तूरीके लेपसे चीत दिए । उन्हें देखकर यह जान पडा मानो वह त्रिपुरारी भी सिद्ध कामदेवके हाथोंसे लिखे हुए थे

रथस्य कर्णाविभ तन्मुखस्य ताटङ्कचक्रद्वितयं न्यधात्सः ।
जगज्जिगीषुर्विषमेषुरेष ध्रुवं यमारोहति पुष्पचापः ॥२३॥
तस्याः स कण्ठे विहितस्तनाग्रां न्यधत्त मुक्ताफलहारवल्लीम् ।
या प्राप मेरुद्वितयस्य मूर्ध्नि स्थितस्य गाङ्गौघयुगस्य लक्ष्मीम् ॥२४॥
नखव्रणश्रेणिवरे बबन्ध नितम्बबिम्बे रशनाकलापम् ।
चलस्यचेतोमृगबन्धनाय मनोभुवः पाशमिव स्मरारिः ॥२५॥
भालेक्षणाग्नौ स्वयमञ्जनं स भङ्क्त्वा दृशोः साधु निवेश्य तस्याः ।
नवोत्पलाक्ष्याः पुलकोपगूढे कण्ठे विनीलेऽङ्गुलिमुज्जघर्ष ॥२६॥
अलक्तकं पादसरोरुहाग्रे सरोरुहाक्ष्याः किल संनिवेश्य ।
स्वमौलिगङ्गासलिलेन हस्तारुणत्वमक्षालयदिन्दुचूडः ॥२७॥
भस्मानुलिप्ते वपुषि स्वकीये सहेलमादर्शतलं विमृज्य ।
नेपथ्यलक्ष्म्याः परिभावनार्थमदर्शयज्जीवितवल्लभां सः ॥२८॥
प्रियेण दत्ते मणिदर्पणे सा संभोगचिह्नं स्ववपुर्विभाव्य ।
त्रपावती तत्र घनानुरागं रोमाञ्चदम्भेन बहिर्बभार ॥२९॥

मन्त्र हों जिनसे वह संसारको वशमें कर लिया करता है ॥२२॥ शंकरजीने पार्वतीजीके दोनों कानों में दो गोल कनफूल पहना दिए। उनसे इनका मुख ऐसा सुन्दर दिखाई पड़ने लगा मानो यह कामदेवका ऐसा रथ हो जिसपर बैठकर वह तीनों लोकोंको जीतने निकला हो और ये दोनों कनफूल उस रथके दोनों पहिए हों ॥२३॥ शंकरजीने पार्वतीके गलेमें जो मोतियोंका हार पहनाया वह उनके स्तनोंकी घुंडियोंको छूकर छातीपर लटका हुआ ऐसा जान पड़ता था मानो दो सुमेरु पर्वतोंकी चोटियोंसे गंगाजीकी दो धाराएँ गिर रही हों ॥२४॥ शंकरजीने पार्वतीजीके उन नितम्बोंपर करधनी पहना दी जिनपर उनके हाथोंसे बने हुए नखोंके चिह्न चमक रहे थे। वह करधनी ऐसी लगती थी मानो कामदेवने अपने चञ्चल चित्त रूपी मृगको बाँधनेके लिये फाँस लगा दी हो ॥२५॥ उन्होंने अपने ललाटमें जलनेवाले नेत्रसे स्वयं आँजन पारकर नये कमल जैसी आँखोंवाली पार्वतीजीके नयनोंमें काजल लगा दिया और फिर उँगली में लगा हुआ आँजन पोंछनेके लिए वह उँगली अपने नीले कंठमें रगड़ ली ॥२६॥ तब उन कमलनयनी पार्वतीजीके चरणकमलके पंजोंमें शंकरजीने महावर लगाकर अपने सिरपर बहती हुई गंगाकी धारामें अपने हाथका रंग धो डाला ॥२७॥ यह सब करके बड़े मगन होकर उन्होंने अपने भस्म लगे हुए शरीरपर दर्पण रगड़कर पोंछा और फिर अपनी प्राण-प्यारीको सिंगारकी सजावट दिखानेके लिये वह दर्पण उनके आगे कर दिया ॥२८॥ शंकरजीके हाथसे दिखाए हुए उस दर्पणमें अपने शरीरपर बने हुए संभोगके चिह्न देखनेसे उन्हें लाजके मारे जो रोमाञ्च हो आया उसीसे उन्होंने जतला दिया कि हम शंकरजीसे कितना प्रेम करती हैं ॥२९॥ अपने प्यारे

नेपथ्यलक्ष्मीं दयितोपक्लृप्तां सस्मेरमादर्शतले विलोक्य ।
अमंस्त सौभाग्यवतीषु धुर्यमात्मानमुद्भूतविलक्षभावा ॥३०॥
अन्तः प्रविश्यावसरेऽथ तत्र स्निग्धे वयस्ये विजया जया च ।
सुसंपदोपाचरतां कलानामङ्के स्थितां तां शशिखण्डमौलेः ॥३१॥
व्यधुर्विहिर्मङ्गलगानमुच्चैर्वैतालिकाश्चित्रचरित्रचारु ।
जगुश्च गन्धर्वगणाः सशङ्खस्वनं प्रमोदाय पिनाकपाणेः ॥३२॥
ततः स्वसेवावसरे सुराणां गणाँस्तदालोकनतत्पराणाम् ।
द्वारि प्रविश्य प्रणतोऽथ नन्दी निवेदयामास कृताञ्जलिः सन् ॥३३॥
महेश्वरो मानसराजहंसीं करे दधानस्तनयां हिमाद्रेः ।
संभोगलीलालयतः सहेलं हरो बहिस्तानभि निर्जगाम ॥३४॥
क्रमान्महेन्द्रप्रमुखाः प्रणेमुः शिरोनिबद्धाञ्जलयो महेशम् ।
प्रालेयशैलाधिपतेस्तनूजां देवीं च लोकत्रयमातरं ते ॥३५॥
यथागतं तान्विबुधान्विसृज्य प्रसाद्य मानक्रियया प्रतस्थे ।
स नन्दिना दत्तभुजोऽधिरुह्य वृषं वृषाङ्कः सह शैलपुत्र्या ॥३६॥
मनोतिवेगेन ककुद्मता स प्रतिष्ठमानो गगनाध्वनोऽन्तः ।
वैमानिकैः साञ्जलिभिर्ववन्दे विहारहेलागतिभिर्गिरीशः ॥३७॥

पतिके हाथसे किए हुए सिंगारकी शोभा जब उन्होंने दर्पणमें देखी तो वे मुस्कुरा दीं और सब क्रोध छोड़कर ऐसी प्रसन्न हो गईं कि वे अपनेको संसारकी सब सौभाग्यवती स्त्रियोंमें सबसे बढ़कर समझने लगीं ॥३०॥ तब जया और विजया नामकी सखियोंने देखा कि अब ठीक अवसर है। वे झट भीतर गईं और शंकरजीकी गोदमें बैठी हुई पार्वतीजीका शृङ्गार करने लगीं ॥३१॥ उसी समय शंकरजीको प्रसन्न करने के लिये चारणोंने उनके सुन्दर चरित्रके मनोहर मंगल गीत गाने प्रारम्भ कर दिए और गन्धर्व लोग भी शंख बजा-बजाकर गाने लगे ॥३२॥ महादेवजीकी सेवा करनेका ठीक अवसर जानकर नन्दी भी भीतर जा पहुँचे और उन्होंने शंकरजीसे प्रार्थना की देवता लोग आपके दर्शनके लिये बाहर आए खड़े हैं ॥३३॥ यह सुनकर अपनी प्राण-प्यारीके हाथमें हाथ डाले भगवान् शंकर देवताओंसे मिलनेके लिये उस संभोग-घरसे बाहर निकल आए ॥३४॥ आते ही इन्द्र आदि देवताओंने धीरे-धीरे बारी-बारीसे शिवजीको तथा तीनों लोकोंकी माता पार्वतीजीको हाथ जोड़कर और सिर नवाकर प्रणाम किया ॥३५॥ शंकरजीने सब देवताओंका सम्मान करके उन्हें प्रसन्न किया और विदा किया। तब नन्दीके हाथके सहारेसे पार्वतीजीके साथ बैलपर चढ़कर वे स्वयं वहाँसे चल पड़े ॥३६॥ मनसे भी अधिक वेगसे चलनेवाले उस बैलपर चढ़कर जब वे आकाश-मार्गमें जा रहे थे उस समय जो देवता लोग अपने-अपने विमानोंपर चढ़कर आकाशमें घूम रहे थे,

स्वर्वाहिनीवारिविहारचारी रतान्तनारीश्रमशान्तिकारी ।
तौ पारिजातप्रसवप्रसङ्गो मरुत्सिषेवे गिरिजागिरीशौ ॥३८॥
पिनाकिनापि स्फटिकाचलेन्द्रः कैलासनामा कलिताम्बरांशः ।
धृतर्द्धसोमोऽद्भुतभोगिभोगो विभूतिधारी स्व इव प्रपेदे ॥३९॥
विलोक्य यत्र स्फटिकस्य भित्तौ सिद्धाङ्गनाः स्वं प्रतिबिम्बमारात् ।
भ्रान्त्या परस्या विमुखीभवन्ति प्रियेषु मानग्रहिला नमस्सु ॥४०॥
सुबिम्बितस्य स्फटिकांशुगुप्तेश्चन्द्रस्य चिह्नप्रकरः करोति ।
गौर्यार्पितस्येव रसेन यत्र कस्तूरिकायाः शकलस्य लीलाम् ॥४१॥
यदीयभित्तौ प्रतिबिम्बिताङ्गमात्मानमालोक्य रुषा करीन्द्राः ।
मत्तान्यकुम्भिभ्रमतोऽतिभीमदन्ताभिघातव्यसनं वहन्ति ॥४२॥
निशासु यत्र प्रतिबिम्बितानि ताराकुलानि स्फटिकालयेषु ।
दृष्ट्वा रतान्तच्युततारहारमुक्ताभ्रमं बिभ्रति सिद्धवध्वः ॥४३॥

उन सबने शिवजीको हाथ जोडकर प्रणाम किया ॥३७॥ उस समय आकाश गगाके जलकी फुहारोंसे शीतल, पारिजातके फूलोंमे बसे हुए और सभोग करके थकी हुई नारीकी थकावट मिटानेवाले पवनने आकर शकरजी और पार्वतीजीकी बडी सेवा की ॥३८॥ यो चलते चलते भगवान् शकर स्फटिकके बने हुए पर्वतोंमे श्रेष्ठ कैलासपर जा पहुँचे। यह पहाड शकरजीके समान ही लगता था क्योंकि अपने बडप्पनसे शकरजी सारे आकाशमें व्याप्त हैं और कैलासके भी चारों ओर आकाश है। इसलिये दोनों ही आकाशसे सजे हैं। सोम कहलानेवाले भगवान् शकरजी इस पर्वतपर रहते हैं और सोम कहलानेवाला चन्द्रमा महादेवजीके माथेपर रहता है। इसीलिये दोनों ही सोमको धारण करनेवाले हैं। इस पर्वतपर भोगी या कामी अनूठा सभोग करते है और महादेवजीपर भोगी (अर्थात् साँप) अनूठे ढगसे लिपटे रहते है। इसलिये दोनो ही अनूठे भोगोंवाले हैं। इस पर्वतपर बहुत विभूति (अर्थात् रत्नमणि) आदि पाए जाते है और महादेवजीके शरीरपर विभूति (अर्थात् भस्म) है। इसलिये दोनों ही विभूति वाले भी हैं ॥३९॥ जब सिद्धोंकी स्त्रियाँ अपने पतियोंके साथ कैलास पर्वतकी स्फटिककी दीवारोंके पास पहुँचकर अपनी परछाईं देखती हैं तो उन्हें यह धोखा हो जाता है कि हमारे पति किसी दूसरी स्त्रीको तो साथ नहीं लिए हुए हैं। फल यह होता है कि अपने पतियोंके मनाते रहनेपर भी वे रूठी ही रहती हैं ॥४०॥ जब उस स्फटिकके बने हुए कैलासपर चन्द्रमाकी सुन्दर परछाईं पडती है तब चन्द्रमाके कलककी छाया तो दिखाई पडती है पर चन्द्रकी छाया उसीमे मिल जाती है। वह कलककी छाया ऐसी लगती है मानो पार्वतीजीने कस्तूरी पीसकर और उसकी पिंडी बनाकर वहाँ छाप दी हो ॥४१॥ इसी पर्वतकी भीतोंपर अपने अङ्गोंकी छाया देखकर मतवाले हाथी उसे दूसरा मतवाला हाथी समझ बैठते हैं। इसलिये क्रोधमे भरकर अपने दाँतोंसे उसपर करारी टक्करें लेने लगते हैं ॥४२॥ वहाँके स्फटिकके बने हुए भवनोंपर जब तारोंकी परछाईं पडती है तो सिद्धोंकी स्त्रियोंको यह धोखा हो जाता है कि ये वही सभोगके समय छूटकर गिरे हुए मोतियोंके दाने तो

नमश्चरीमण्डनदर्पणश्रीः सुधानिधिर्मूर्द्धनि यस्य तिष्ठन् ।
अनर्घ्यचूडामणितामुपैति शैलाधिनाथस्य शिवालयस्य ॥४४॥
समीयिवांसो रहसि स्मरार्ता रिरंसवो यत्र सुराः प्रियाभिः ।
एकाकिनोऽपि प्रतिबिम्बभाजो विभान्ति भूयोभिरिवान्विताः स्वैः॥४५॥
देवोऽपि गौर्या सह चन्द्रमौलिर्यदृच्छया स्फाटिकशैलशृङ्गे ।
शृङ्गारचेष्टाभिरनारताभिर्मनोहराभिर्व्यहरच्चिराय ॥४६॥
देवस्य तस्य स्मरसूदनस्य हस्तं समालिङ्ग्य सुविभ्रमश्रीः ।
सा नन्दिना वेत्रभृतोपदिष्टमार्गा पुरोगेण कलं चचाल ॥४७॥
चलच्छिखाग्रो विकटाङ्गभङ्गः सुदन्तुरः शुक्लसुतीक्ष्णतुण्डः ।
अवोपदिष्टः स तु शंकरेण तस्या विनोदाय ननर्त भृङ्गी ॥४८॥
कण्ठस्थलीलोलकपालमाला दंष्ट्राकरालाननमभ्यनृत्यत् ।
प्रीतेन तेन प्रभुणा नियुक्ता काली कलत्रस्य मुदे प्रियस्य ॥४९॥
भयङ्करौ तौ विकटं नदन्तौ विलोक्य बाला भयविह्वलाङ्गी ।
सरागमुरसङ्गमनङ्गशत्रोर्गाढं प्रसह्य स्वयमालिलिङ्ग ॥५०॥
उत्तुङ्गपीनस्तनपिण्डपीडं ससंभ्रमं तत्परिरम्भमीशः ।
प्रपद्य सद्यः पुलकोपगूढः स्मरेण रूढप्रमदो ममाद ॥५१॥

नहीं हैं ॥४३॥ अप्सराओंके दर्पणके समान सुन्दर लगनेवाला चन्द्रमा जब इस कैलासकी चोटीपर आ पहुँचता है तब यह उस हिमालयका अनमोल चूडामणि-सा लगने लगता है जिसपर शिवजी निवास करते हैं ॥४४॥ कामसे पीड़ित देवता लोग अपनी-अपनी स्त्रियोंको साथ लेकर जब यहाँ एकान्तमें विहार करने आते हैं तब स्वयं अकेले होनेपर भी अनेक परछाइयाँ पड़नेके कारण उन्हें ऐसा जान पड़ता है मानो हमारे बहुतसे रूप हो गए हों ॥४५॥ उसी सुन्दर कैलासकी स्फटिककी चोटीपर शङ्करजीने भी पार्वतीजीके साथ बहुत दिनोंतक लगातार जी भरकर अनेक प्रकारकी काम-क्रीड़ाएँ कीं ॥४६॥ अपनी रसीली चटक-मटकसे जी लुभानेवाली पार्वतीजी भी शङ्करजीके हाथमें हाथ दिए हुए उन पथोंपर घूमा करती थीं जहाँ हाथमें बेंतका डण्डा लिए हुए नन्दी आगे-आगे मार्ग बताता चलता था ॥४७॥ शङ्करजीकी भौंहोंका सनेत पाकर बड़े-बड़े दाँतोंवाले, लहराती हुई चोटीवाले, टेढ़े-मेढ़े अङ्गोंवाले और उजले बेढंगे मुँहवाले भृंगीने पार्वतीजीका मन बहलानेके लिये बड़ा नाच दिखलाया ॥४८॥ हँसमुख दिखाई पड़ने वाले शङ्करजीकी आज्ञा पाकर हिलती हुई खोपड़ियोंकी माला कण्ठमें पहननेवाली कालिकाने भी अपने डरावने दाँतोंवाला मुँह बना-बनाकर अपने स्वामीकी प्यारीका मन बहलानेके लिये नाच दिखलाया ॥४९॥ इस प्रकार विकट रूपसे भयंकर शब्द करते हुए भृंगी और कालीको देखते ही पार्वतीजीकी इस घबराहटमें उनके

इति गिरितनुजाविलासलीला
विविधविभङ्गिभिरेष तोषितः सन् ।
अमृतकरशिरोमणिर्गिरीन्द्रे
कृतवसतिर्वशिभिर्गणैर्ननन्द ॥५२॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये कैलासगमनो नाम नवमः सर्गः ॥

उठे हुए और मोटे-मोटे स्तनोंके अपनी छातीपर लगते ही शंकरजी मगन हो उठे और उनके मनमें इतना काम उत्पन्न हो गया कि वे प्रेममें मतवाले हो उठे ॥५१॥ इस प्रकार श्री पार्वतीजीकी अनेक हाव-भाव भरी लीलाओं और अनेक प्रकारके संभोगसे सन्तुष्ट होकर भगवान् शंकरजी अपने साथ कैलासपर रहनेवाले गणोंके साथ बड़े प्रसन्न हुए ॥५२॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव महाकाव्यमें कैलास गमन नामका नवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ दशमः सर्गः ॥

आससाद सुनासीरं सदसि त्रिदशैः सह ।
एष त्रैयम्बकं तीव्रं वहन्वह्निर्महन्महः ॥१॥
सहस्रेण दृशामीशः कुत्सिताङ्गं च सादरम् ।
दुर्दर्शनं ददर्शाग्निं धूम्रधूमितमण्डलम् ॥२॥
दृष्ट्वा तथाविधं वह्निमिन्द्रः क्षुब्धेन चेतसा ।
व्यचिन्तयच्चिरं किंचित्कन्दर्पद्वेषिरोषजम् ॥३॥
स विलक्ष्यमुखैर्देवैर्वीक्ष्यमाणः क्षणं क्षणम् ।
उपाविशत्सुरेन्द्रेणादिष्टं सादरमासनम् ॥४॥
हव्यवाह त्वयासादि दुर्दशेयं दशा कुतः ।
इति पृष्टः सुरेन्द्रेण स निःश्वस्य वचोऽवदत् ॥५॥
अनतिक्रमणीयाच्चे शासनात्सुरनायक ।
पारावतं वपुः प्राप्य वेपमानोऽतिसाध्वसात् ॥६॥
अभिगौरि रतासक्तं जगामाहं महेश्वरम् ।
कालस्येव स्मरारातेः स्वं रूपमहमासदम् ॥७॥
दृष्ट्वा छद्मविहङ्गं मां क्रुद्धो विज्ञाय जम्भभित् ।
ज्वलज्ज्वालानले होतुं कोपतो माममन्यत ॥८॥

दसवाँ सर्ग

शङ्करजीके उस जलते हुए वीर्यको लेकर अग्नि उस सभामें पहुँचे, जहाँ इन्द्र भगवान् देवताओं के साथ बैठे हुए थे ॥१॥ इन्द्रने बड़े आदरके साथ अपनी सहस्रों आँखोंसे उन अग्निकी ओर देखा जिनके अंग बेढंगे भद्दे और धुएँसे काले पड़ गए थे ॥२॥ अग्निका यह रूप देखकर इन्द्र बड़े दुखी हुए और थोड़ा देर सोचते ही वे समझ गए कि शंकरजीके क्रोधसे ही अग्निकी यह दशा हुई है ॥३॥ जिन अग्निकी ओर सब देवता बड़े दुखी होकर बराबर देख रहे थे उन्हें इन्द्रने संकेतसे एक आसनपर बैठा दिया ॥४॥ और उन्होंने अग्निदेवसे पूछा—'कहिए! आपकी यह दुर्दशा कैसे हो गई!' तब लम्बी साँस लेकर अग्निदेव कहने लगे—॥५॥ 'हे देवेन्द्र! आपकी अटल आज्ञासे मैं कबूतर बनकर बड़ा डरता डरता महादेवजीके पास पहुँचा। उस समय वे पार्वतीजीके साथ संभोग कर रहे थे। मुझे पहचानते ही जब वे क्रोधके मारे महाकालके समान भयंकर हो गए, तब मैंने कबूतरका रूप छोड़कर डरके मारे अपना सच्चा रूप बना लिया ॥ ६-७ ॥ हे इन्द्र! मुझे पक्षीके कपट वेषमें देखकर सब कुछ जाननेवाले शंकरजीको ऐसा क्रोध आया कि वे मुझे अपने ललाटकी

वचोभिर्मधुरैः सार्थैर्विनम्रेण मया स्तुतः ।
प्रीतिमानभवद्देवः स्तोत्रैः कस्य न तुष्टये ॥९॥
शरण्यः सकलत्राता मामत्रायत शंकरः ।
क्रोधाग्नेर्ज्वलतो ग्रासात्त्रासतो दुर्निवारतः ॥१०॥
परिहृत्य परीरम्भरभसं दुहितुर्गिरेः ।
कामकेलिरसोत्सेकाद्व्रीडया विरराम सः ॥११॥
रङ्गभङ्गच्युतं रेतस्तदामोघं सुदुर्वहम् ।
त्रिजगद्दाहकं सद्यो मद्विग्रहमधि न्यधात् ॥१२॥
दुर्विषहेण तेनाहं तेजसा दहनात्मना ।
निर्दग्धमात्मनो देहं दुर्वहं वोढुमक्षमः ॥१३॥
रौद्रेण दह्यमानस्य महसातिमहीयसा ।
मम प्राणपरित्राणप्रगुणो भव वासव ॥१४॥
इति श्रुत्वा वचो वह्नेः परितापोपशान्तये ।
हेतुं विचिन्तयामास मनसा विबुधेश्वरः ॥१५॥
तेजोदग्धानि गात्राणि पाणिनास्य परामृशन् ।
किंचित्कृपीटयोनिं तं दिवस्पतिरभाषत ॥१६॥

जलती हुई आगमें झोंक ही देते ॥ ८ ॥ पर मैंने बहुत गिड़गिड़ाकर बड़े भय-भरे मीठे शब्दोंमें उनकी बड़ी स्तुति की तो वे पिघल गए, क्योंकि अपनी प्रशंसा भला किसको नहीं अच्छी लगती ॥ ९ ॥ यह तो आप जानते ही हैं कि शंकरजीकी शरणमें जो पहुँच जाता है उसकी और सारे जगतकी वे रक्षा करते ही हैं। इसलिए उनके क्रोधकी जलती हुई जिस आगसे कोई बच नहीं सकता उसकी आहुति बनते-बनते मैं बच गया ॥ १० ॥ उन्होंने झट पार्वतीजीके कसकर बँधे हुए हाथोंसे अपनेको छुड़ा लिया और लज्जाके कारण, सम्भोगके सुखकी इच्छा छोड़कर वे हट गए ॥ ११ ॥ सभोगके बीचमें ही रंगमें भंग होनेसे उनका जो तीनों लोकोंको जलानेवाला और किसीसे भी सहा न जा सकनेवाला अचूक वीर्य निकला, वह उन्होंने मेरे शरीरमें डाल दिया ॥ १२ ॥ अब मैं उस असह्य जलते हुए तेजसे इतना जला जा रहा हूँ कि मुझे अपना शरीर भी भारी हो रहा है ॥ १३ ॥ हे इन्द्र ! महादेवजीके इस अत्यन्त भयानक तेजसे मेरा सारा शरीर जला जा रहा है इसलिए अब आप किसी भी प्रकार मेरे प्राण बचानेका यत्न कीजिए ॥ १४ ॥ अग्निकी ये बातें सुनकर देवराज इन्द्र अपने मनमें कोई ऐसा उपाय सोचने लगे जिससे अग्निकी जलन मिट जाय ॥ १५ ॥ महादेवजीके तेजसे जलते हुए अग्निके अंगोंपर

प्रीतः स्वाहास्वधाहन्तकारैः प्रीणयसे स्वयम् ।
देवान्पितॄन्मनुष्यांस्त्वमेकस्तेषां मुखं यतः ॥१७॥
त्वयि जुह्वति होतारो हवींषि ध्वस्तकल्मषाः ।
भुञ्जन्ति स्वर्गमेकस्त्वं स्वर्गप्राप्तौ हि कारणम् ॥१८॥
हवींषि मन्त्रपूतानि हुताश त्वयि जुह्वतः ।
तपस्विनस्तपःसिद्धिं यान्ति त्वं तपसां प्रभुः ॥१९॥
निधत्से हुतमर्काय स पर्जन्योऽभिवर्षति ।
ततोऽन्नानि प्रजास्तेभ्यस्तेनासि जगतः पिता ॥२०॥
अन्तश्चरोऽसि भूतानां तानि त्वत्तो भवन्ति च ।
ततो जीवितभूतस्त्वं जगतः प्राणदोऽसि च ॥२१॥
जगतः सकलस्यास्य त्वमेकोऽस्युपकारकृत् ।
कार्योपपादने तत्र त्वत्तोऽन्यः कः प्रगल्भते ॥२२॥
अमीषां सुरसंघानां त्वमेकोऽर्थसमर्थने ।
विपत्तिरपि संश्लाघ्योपकारव्रतिनोऽनल ॥२३॥
देवी भागीरथी पूर्वं भक्त्यास्माभिः प्रतोषिता ।
निमज्जतस्तवोदीर्णं तापं निर्वापयिष्यति ॥२४॥

हाथ फेरते हुए इन्द्र बोले—॥ १६ ॥ हे अग्नि ! देखो, जब हवन करनेवाले होता लोग स्वाहा, स्वधा और वषट् कहकर हवन करते हैं उस समय तुम प्रसन्न होकर देवों, पितरों और मनुष्योंको प्रसन्न करते हो, क्योंकि तुम्हारे ही मुखसे तो सबको अपना अपना भाग मिलता है ॥ १७॥ होता लोग तुममें हवन करके पापसे छूटकर स्वर्गलोकमें जाकर सुख भोगते हैं। वे एक तुम्हारे ही सहारे तो स्वर्गतक पहुँच पाते हैं ॥१८॥ हे अग्नि ! यज्ञ करनेवाले तपस्वी लोग मन्त्र पढ़कर जो तुम्हें आहुति देते हैं उससे वे अपनी तपस्याका पूरा फल पा जाते हैं क्योंकि तपके देवता भी तो तुम्हीं हो ॥१९॥ सूर्यके लिये जो आहुति दी जाती है उसे तुम धरोहरकी भाँति लेकर उन्हें दे देते हो। सूर्य उसे बादल बनाकर बरसा देते हैं, जिससे अन्न पैदा होता है और फिर उसी अन्नसे संसारके प्राणियोंका पेट पलता है। इस प्रकार सारे संसारके पिता भी तुम्हीं हो ॥२०॥ हे अग्नि ! सब प्राणियोंके भीतर तुम्हीं तो रहते हो और वे सब तुम्हींसे उत्पन्न होते हैं। इसलिये तुम्हीं संसारके जीवन और प्राण देनेवाले हो ॥ २१ ॥ इस समूचे संसारका भला करनेवाले एक तुम्हीं तो हो, इसलिए ऐसी साँसतका काम तुम्हें छोड़कर और सहन ही कौन कर सकता है ॥२२॥ हे अग्नि ! तुम्हीं तो एक ऐसे हो जो देवताओंका काम साध सकते हो। देखो ! जो दूसरोंकी भलाई करनेका बीड़ा उठाते हैं वे जो कष्ट सहते हैं वह भी बड़े गौरव और बड़ाईकी बात होती है ॥२३॥ देखो !

गङ्गां तद्गच्छ मा कार्षीर्विलम्बं हव्यवाहन ।
कार्येष्ववश्यकार्येषु सिद्धये क्षिप्रकारिता ॥२५॥

शंभोरम्भोमयी मूर्तिः सैव देवी सुरापगा ।
त्वत्तः स्मरद्विषो बीजं दुर्धरं धारयिष्यति ॥२६॥

इत्युदीर्य शुनासीरो विरराम स चानलः ।
तद्विसृष्टस्तमापृच्छ्य प्रतस्थे स्वर्धुनीमभि ॥२७॥

हिरण्यरेतसा तेन देवी स्वर्गतरङ्गिणी ।
तीर्णाध्वना प्रपेदे सा निःशेषक्लेशनाशिनी ॥२८॥

स्वर्गारोहणनिःश्रेणिर्मोक्षमार्गाधिदेवता ।
उदारदुरितोद्गारहारिणी दुर्गतारिणी ॥२९॥

महेश्वरजटाजूटवासिनी पापनाशिनी ।
सगरान्वयनिर्वाणकारिणी धर्मधारिणी ॥३०॥

विष्णुपादोदकोद्भूता ब्रह्मलोकादुपागता ।
त्रिभिः स्रोतोभिरश्रान्तं पुनाना भुवनत्रयम् ॥३१॥

जातवेदसमायान्तमूर्मिहस्तैः समुत्थितैः ।
आजुहावार्थसिद्ध्यै तं सुप्रसादयतेव सा ॥३२॥

बहिरार्ता युगान्ताग्नेस्तप्तानीव शिखाशतैः ।
हित्वोष्णानि जलान्यस्या निर्जग्मुर्जलजन्तवः ॥४१॥
तेजसा तेन रौद्रेण तप्तानि सलिलान्यपि ।
समुदश्चन्ति चण्डानि दुर्धराणि बभार सा ॥४२॥
जगच्चक्षुपि चण्डांशौ किंचिदभ्युदयोन्मुखे ।
जग्मुः षट् कृत्तिका माघे मासि स्नातुं सुरापगाम् ॥४३॥
शुभ्रै रभ्रंकषैरूर्मिशतैः स्वर्गनिवासिनाम् ।
कथयन्तीमिवालोकावगाहाचमनादिकम् ॥४४॥
सुस्नातानां मुनीन्द्राणां बलिकर्मोचितैरलम् ।
बहिः पुष्पोत्करैः कीर्णतीरां दूर्वाक्षतान्वितैः ॥४५॥
ब्रह्मध्यानपरैर्योगपरैर्ब्रह्मासनस्थितैः ।
योगनिद्रागतैर्योगपट्टबन्धैरुपाश्रिताम् ॥४६॥
पादाङ्गुष्ठाग्रभूमिस्थैः सूर्यसंबद्धदृष्टिभिः ।
ब्रह्मर्षिभिः परं ब्रह्म गृणद्भिरुपसेविताम् ॥४७॥
अथ दिव्यां नदीं देवीमभ्यनन्दन्विलोक्य ताः ।
कं नाभिनन्दयत्येषा दृष्टा पीयूषवाहिनी ॥४८॥

जैसे प्रलयकी आगकी सैकड़ों लपटोंसे तपे हुए गरम जलको छोड़कर जलके जीव पानीसे बाहर निकल आते हैं वैसे ही गंगाजीके तपते हुए जलको छोड़कर सब जीव भी घबराकर बाहर निकल आए ॥४१॥ रुद्रके उस भयानक तेजसे जब वह जल अत्यन्त तप चला तब वह भयंकर जल उबलकर ऐसा गरम हो गया कि छुआ तक नहीं जा सकता था, फिर भी गंगाजी उसे लिए ही रहीं ॥४२॥ एक दिन माघके महीनेमें जब संसारके नेत्र रूप प्रचंड किरणोंवाले भगवान् सूर्य थोड़े-थोड़े निकल रहे थे उस समय छओ कृत्तिकाएँ नहानेके लिये गंगाजीके तीरपर आईं ॥४३॥ उस समय गंगाजीकी उजली और आकाश चूमनेवाली सैकड़ों तरंगें उछल-उछलकर मानो यह बता रहीं थी कि स्वर्गमें रहनेवाले देवता लोग यहीं आकर दर्शन, स्नान और आचमन किया करते हैं ॥४४॥ वहाँ तीरपर फूल, दूब, अक्षत आदि वे सब पूजाकी सामग्री बिखरी पड़ी थी जो मुनियोंने भली प्रकार स्नान पूजा करके वहाँ चढ़ा रक्खी थी ॥४५॥ उसी तीरपर कुशके आसनोंपर पद्मासन बाँधकर ब्रह्मका ध्यान करते हुए और समाधि लगाए हुए ऋषि लोग कमरसे घुटने तक कपड़े ओढ़े सदा बैठे रहते हैं ॥४६॥ और वहीं पर पाँवके अँगूठोंपर खड़े होकर सूर्यमें आँख लगाए हुए ब्रह्मर्षि परम ब्रह्मका ध्यान किया करते हैं ॥४७॥ ऐसी दिव्य नदीको उन छओ कृत्तिकाओंने प्रणाम किया । भला ऐसी अमृतकी धारावाली गंगाजीको देखकर कौन नहीं

चन्द्रचूडामणिर्देवो यामुद्वहति मूर्द्धनि ।
यस्या विलोकनं पुण्यं श्रद्धयुस्ता मुदा हृदि ॥४६॥
दिव्यां विष्णुपदीं देवीं निर्वाणपददेशिनीम् ।
निर्धूतकल्मषां मूर्ध्ना सुप्रह्वास्ता ववन्दिरे ॥५०॥
सौभाग्यैः खलु सुप्रापां मोक्षप्रतिभुवं सतीम् ।
भक्त्यात्र तुष्टुवुस्तां ताः श्रद्धाना दिवोधुनीम् ॥५१॥
मुक्तिश्रीसङ्गदूत्यङ्गैस्तत्र ता विमलैर्जलैः ।
प्रक्षालितमलाः सस्नुः सुस्नातास्तपसान्विताः ॥५२॥
स्नात्वा तत्र सुलभ्यायां भाग्यैः परिपचेलिमैः ।
चरितार्थं स्वमात्मानं बहु ता मेनिरे मुदा ॥५३॥
कृशानुरेतसा रेतस्तासामभिकलेवरम् ।
श्रमोघं संचचाराथ सद्यो गङ्गावगाहनात् ॥५४॥
रौद्रं सुदुर्द्धरं धाम दधाना दहनात्मकम् ।
परितापमवापुस्ता मग्ना इव विषाम्बुधौ ॥५५॥
अक्षमा दुर्वहं वोढुमम्बुनो बहिरातुराः ।
अग्निं ज्वलन्तमन्तस्ता दधाना इव निर्ययुः ॥५६॥

मुग्ध हो जायगा ॥४८। स्वयं भगवान् शंकर, जिन गंगाजीको मस्तकपर रखते हैं, जिनके दर्शन करनेसे ही पुण्य होता है उन गंगाजीको देखकर छओं कृत्तिकाएँ मनमें बड़ी प्रसन्न हुई और उनके मनमें गंगाजीके लिये बड़ी श्रद्धा जाग उठी ॥४६॥ उन कृत्तिकाओंने मुक्ति देनेवाली, विष्णुके चरणोंसे निकलनेवाली और पापोंका नाश करनेवाली गंगाजीकी बड़ी भक्तिसे वन्दना की ॥५०॥ जिनका बड़े सौभाग्यसे दर्शन होता है और जो साक्षात् मोक्ष ही हैं उन गंगाजीकी स्तुति कृत्तिकाओंने बड़ी भक्तिके साथ की ॥५१॥ और तब उन तपस्विनी कृत्तिकाओंने जी भर मलमलकर गंगाजीके उस निर्मल जलमें स्नान किया जो ऐसा लगता था मानो मुक्तिके पास ही पहुँचा रहा हो ॥५२॥ जिन गंगाजीमें पिछले जन्मके पुण्यवान् लोग ही स्नान करपाते हैं उन गंगाजीमें बड़े आनन्द के साथ स्नान करके उन कृत्तिकाओंने अपने भाग्यको बड़ा सराहा ॥५३॥ जब वे गंगाजीमें स्नान कर रही थीं उस समय शंकरजीका अचूक वीर्य गंगाजीसे निकलकर उन कृत्तिकाओंके शरीरमें पैठ गया ॥५४॥ तब शिवजीके उस भयंकर असह्य अग्निके समान वीर्यके आजानेसे वे बहुत तप्त हो उठीं और उन्हें ऐसा जान पड़ा मानो हम विषके समुद्रमें ही डूब गई हैं ॥५५॥ निदान उस असह्य तेजको बहुत देर तक न सह सकनेके कारण वे भीतर ही भीतर जलती हुई उस तेजको लिए

अमोघं शांभवं बीजं सद्यो नद्योज्झितं महत् ।
तासामभ्युदरं दीप्तं स्थितं गर्भत्वमागमत् ॥५७॥
बुद्ध्वा विज्ञाय ता गर्भीभूतं तद्वोढुमक्षमाः ।
विषादमदधुः सद्यो गाढं भर्तृभिया ह्रिया ॥५८॥
अकामकरणं जानमकाण्डे भाविनोऽर्थतः ।
संभूयान्योन्यमात्मानं शुश्रुवुस्तास्तदाविलम् ॥५९॥
ततः शरवणे सार्धं भयेन व्रीडया च ताः ।
तद्गर्भजातमुत्सृज्य स्वान्गृहानभिनिर्ययुः ॥६०॥

ताभिस्तत्रामृतकरकलाकोमलं भासमानं
तद्विक्षिप्तं क्षणमभिनभोगर्भमभ्युज्झिहानैः ।
स्वैस्तेजोभिर्दिनपतिशतस्पर्धमानैरमानै
र्वक्त्रैः षड्भिः स्मरहरगुरुस्पर्धयेवाजनीव ॥६१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
कुमारोत्पत्तिर्नाम दशमः सर्गः ॥

जलसे बाहर निकली ॥५६॥ शंकरजीका वह चमकता हुआ अचूक वीर्य गंगाजीसे छूट जानेपर उन कृत्तिकाओंके पेटमें पहुँचकर गर्भ बन गया ॥५७॥ जब उन कृत्तिकाओंने देखा कि वह तेज तो गर्भ बन गया है और हमसे सँभाले नहीं सँभलेगा तब वे बुद्धिमती कृत्तिकाएँ अपने-अपने पतियोंके डरसे और लाजके मारे बड़ी दुखी हो गईं ॥५८॥ होनहार वाले उस अनिच्छित अनवसरके गर्भकी उन छहों कृत्तिकाओंने परस्पर मिलकर सेवा की ॥५९॥ और तब उस लज्जा और भयके कारण वे एक सरपतके जंगलमें अपने-अपने गर्भ छोड़कर अपने-अपने घर लौट गईं ॥६०॥ कृत्तिकाओंने उस सरपतके जंगलमें जो चन्द्रमाकी किरणोंके समान कोमल और तेजस्वी गर्भ छोड़े थे वे ऐसे तेजस्वी बन गए कि उनका तेज उदय होते हुए सैंकड़ों सूर्यों से भी होड़ करता था और अपने छः मुखोंसे वे चार मुखवाले ब्रह्माको भी मानो चुनौती दे रहे थे ॥६१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें
कुमार का जन्म वर्णन नामका दसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

चन्द्रचूडामणिर्देवो यामुद्वहति मूर्द्धनि ।
यस्या विलोकनं पुण्यं श्रद्धयुक्ता मुदा हृदि ॥४९॥
दिव्यां विष्णुपदीं देवीं निर्वाणपददर्शिनीम् ।
निर्धूतकल्मषां मूर्ध्ना सुप्रहास्ता ववन्दिरे ॥५०॥
सौभाग्यैः खलु सुप्रापां मोक्षप्रतिभुवं सतीम् ।
भक्त्यात्र तुष्टुवुस्तां ताः श्रद्दधाना दिवोधुनीम् ॥५१॥
मुक्तिस्त्रीगढ्ढदूत्यर्तैस्तत्र ता विमलैर्जलैः ।
प्रक्षालितमलाः सस्नुः सुस्नातास्तपसान्विताः ॥५२॥
स्नात्वा तत्र सुलभ्यायां भाग्यैः परिपचेलिमैः ।
चरितार्थं स्वमात्मानं बहु ता मेनिरे मुदा ॥५३॥
कृशानुरेतसा रेतस्तासामभिक्लेदरम् ।
अमोघं संचचाराथ सद्यो गङ्गावगाहनात् ॥५४॥
रौद्रं सुदुर्द्धरं धाम दधाना दहनात्मकम् ।
परितापमवापुस्ता मग्ना इव विषाम्बुधौ ॥५५॥
अक्षमा दुर्वहं वोढुमम्बुनो बहिरातुराः ।
अग्निं ज्वलन्तमन्तस्ता दधाना इव निर्ययुः ॥५६॥

मुक्त हो जाता ॥४८॥ स्वयं भगवान् शंकर, जिन गंगाजीको मस्तकपर रखते हैं, जिनके दर्शन करनेसे ही पुण्य होता है उन गंगाजीको देखकर सभी कृत्तिकाएँ मनमें बड़ी प्रसन्न हुईं और उनके मनमें गंगाजीके लिये बड़ी श्रद्धा जाग उठी ॥४९॥ उन कृत्तिकाओंने, मुक्ति देनेवाली, विष्णुके चरणोंसे निकलनेवाली और पापोंका नाश करनेवाली गंगाजी की बड़ी भक्तिसे वन्दना की ॥५०॥ जिनका बड़े सौभाग्यसे दर्शन होता है और जो साक्षात् मोक्ष ही हैं उन गंगाजीकी स्तुति कृत्तिकाओंने बड़ी भक्तिसे आदर की ॥५१॥ और तब उन तपस्विनी कृत्तिकाओंने जी भर मलमलकर गंगाजीके उस निर्मल जलमें स्नान किया जो ऐसा लगता था मानो मुक्तिके पास ही पहुँचा रहा हो ॥५२॥ जिन गंगाजी में जिनके भाग्यसे पुण्यवान् लोग ही स्नान करपाते हैं उन गंगाजीमें बड़े आनन्द के साथ स्नान करके उन कृत्तिकाओंने अपने आपको धन्य माना ॥५३॥ जब वे गंगाजीमें स्नान कर रही थीं उस समय शंकरजीका प्रचुर वीर्य गंगाजीसे निकलकर उन कृत्तिकाओंके शरीरमें पैठ गया ॥५४॥ तब स्त्रियोंके उस भयंकर प्रचण्ड अग्निके समान वीर्यके धारणसे वे बहुत व्याकुल हो गयीं और उन्हें ऐसा जान पड़ा मानो वह विषके समुद्रमें ही डूब गई हैं ॥५५॥ किन्तु उस समय उनको बहुत देर तक न सह सकनेके कारण वे भीतर ही भीतर जलती हुई उस तेजको लिए

अमोघं शांभवं बीजं सद्यो नद्योज्झितं महत् ।
तासामभ्युदरं दीप्तं स्थितं गर्भत्वमागमत् ॥५७॥
बुद्धा विज्ञाय ता गर्भीभूतं तद्दोढुमक्षमाः ।
विषादमदधुः सद्यो गाढं भर्तृभिया ह्रिया ॥५८॥
अकामकरणं ज्ञानमकाण्डे भाविनोऽर्थतः ।
संभूयान्योन्यमात्मानं शुश्रुवुस्तास्तदाविलम् ॥५९॥
ततः शरवणे सार्धं भयेन व्रीडया च ताः ।
तद्गर्भजातमुत्सृज्य स्वान्गृहानभिनिर्ययुः ॥६०॥

ताभिस्तत्रामृतकरकलाकोमलं भासमानं
तद्विक्षिप्तं शरवणमभिनभोगर्भमभ्युज्जिहानैः ।
स्वैस्तेजोभिर्दिनपतिशतस्पर्धमानैरमानै
र्वक्त्रैः षड्भिः स्मरहरगुरुस्पर्धयेवाजनीव ॥६१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
कुमारोत्पत्तिर्नाम दशमः सर्गः ॥

जलसे बाहर निकली ॥५६॥ शंकरजीका वह चमकता हुआ अचूक वीर्य गंगाजीसे छूट जानेपर उन कृत्तिकाओंके पेटमें पहुँचकर गर्भ बन गया ॥५७॥ जब उन कृत्तिकाओंने देखा कि वह तेज तो गर्भ बन गया है और हमसे सँभाले नहीं सँभलेगा तब वे बुद्धिमती कृत्तिकाएँ अपने अपने पतियोंके डरसे और लाजके मारे बड़ी दुखी हो गईं ॥५८॥ होनहार वाले उस अनिच्छित अनवसरके गर्भकी उन छहों कृत्तिकाओंने परस्पर मिलकर सेवा की ॥५९॥ और तब उस लज्जा और भयके कारण वे एक सरपतके जंगलमें अपने-अपने गर्भ छोड़कर अपने-अपने घर चली गईं ॥६०॥ कृत्तिकाओंने उस सरपतके जंगलमें जो चन्द्रमाकी किरणोंके समान कोमल और तेजस्वी गर्भ छोड़े थे वे ऐसे तेजस्वी बन गए कि उनका तेज उदय होते हुए सैकड़ों सूर्यों से भी होड़ करता था और अपने छः मुखोंसे वे चार मुखवाले ब्रह्माको भी मानो चुनौती दे रहे थे ॥६१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें
कुमार का जन्म वर्णन नामका दसवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ एकादशः सर्गः ॥

अभ्यर्थ्यमाना विबुधैः समग्रैः प्रह्वैः सुरेन्द्रप्रमुखैरुपेत्य ।
तं पाययामास सुधातिपूर्णं सुरापगा स्वं स्तनमाशु मूर्ता ॥ १ ॥
पिबन्स तस्याः स्तनयोः सुधौघं क्षणं क्षणं साधु समेधमानः ।
प्रापाकृतिं कामपि षड्भिरेत्य निषेव्यमाणः खलु कृत्तिकाभिः ॥ २ ॥
भागीरथीपावककृत्तिकानामानन्दबाष्पाकुललोचनानाम् ।
तं नन्दनं दिव्यमुपात्तुमासीत्परस्परं प्रौढतरो विवादः ॥ ३ ॥
अत्रान्तरे पर्वतराजपुत्र्या समं शिवः स्वैरविहारहेतोः ।
नभो विमानेन विगाहमानो मनोतिवेगेन जगाम तत्र ॥ ४ ॥
निसर्गवात्सल्यवशाद्विवृद्धचेतःप्रमोदौ गलदश्रुनेत्रौ ।
अपश्यतां तं गिरिजागिरीशौ षडाननं षड्दिनजातमात्रम् ॥ ५ ॥
अथाह देवी शशिखण्डमौलिं कोऽयं शिशुर्दिव्यवपुः पुरस्तात् ।
कस्याथवा धन्यतमस्य पुंसो मातास्य का भाग्यवतीषु धुर्या ॥ ६ ॥
स्वर्गापगासावनलोऽयमेताः षट्कृत्तिकाः किं कलहायमानाः ।
पुत्रो ममायं न तवायमित्थं मिथ्येति वैलक्ष्यमुदाहरन्ते ॥ ७ ॥

ग्यारहवाँ सर्ग

इन्द्र आदि सब देवताओंने जब गङ्गाजीके पास आकर बड़ी नम्रतासे प्रार्थना की तब वे स्त्रीका रूप धारण करके अपना अमृतसे भरा हुआ स्तन उस बालकको पिलाने लगी ॥१॥ वह छः मुखों वाला बालक अमृतकी धारा पी-पीकर पल-पलमें वेगसे बढने लगा और जब छहों कृत्तिकाएँ भी आकर उसकी देखभाल करने लगी तब तो उसका रूप-रंग कुछ अनोखे ही ढगसे सुन्दर हो उठा ॥२॥ उस दिव्य रूपवाले बालकको देखकर, गगाजी, अग्नि और छहों कृत्तिकाएँ सब आँखोंमें प्रेमके आँसू भरकर उस बालकको अपना-अपना पुत्र बनानेके लिये आपसमें बड़ा झगड़ा करने लगी ॥३॥ इसी बीच शिवजी भी पार्वतीजीके साथ यों ही घूमते-घामते मनके समान वेगसे चलनेवाले विमानपर चढ़े हुए आकाशमें उड़ते हुए वहाँ आ पहुँचे ॥४॥ छह दिनोंके उस छह मुँहवाले बालकको देखते ही शिवजी और पार्वतीजीकी आँखें स्वाभाविक पुत्र-प्रेमकी प्रसन्नताके मारे छलछला उठी ॥५॥ और शंकरजीसे पार्वतीजी पूछने लगी कि यह सामने दिव्य शरीरवाला बालक कौन है ? किस बड़भागीका पुत्र है और कौन सबसे बड़भागी स्त्री इसकी माता है ? ॥६॥ ये अग्नि, गङ्गा और छहों कृत्तिकाएँ सब आपसमें यह कह-कहकर क्यों झगड़ा कर रही हैं कि यह मेरा पुत्र है, तुम्हारा नहीं । ये इस प्रकारकी बेतुकी और झूठी-मूठी बातें क्यों बक रही हैं ॥७॥ हे देव ! यह तीनों लोकोंमें तिलकके समान सबका सिरमौर सुन्दर बालक इन तीनोंमेसे

एतेषु कस्येदमपत्यमीशाखिलत्रिलोकीतिलकायमानम् ।
अन्यस्य कस्याप्यथ देवदैत्यगन्धर्वसिद्धोरगराक्षसेषु ॥८॥
श्रुत्वेति वाक्यं हृदयप्रियायाः कौतूहलिन्या विमलस्मितश्रीः ।
सान्द्रप्रमोदोदयसौख्यहेतुभूतं वचोऽवोचत चन्द्रचूडः ॥९॥
जगत्त्रयीनन्दन एष वीरः प्रवीरमातुस्तव नन्दनोऽस्ति ।
कल्याणि कल्याणकरः सुराणां त्वत्तोऽपरस्याः कथमेष सर्गः ॥१०॥
देवि त्वमेवास्य निदानमासीः सर्गे जगन्मङ्गलगानहेतोः ।
सत्यं त्वमेवेति विचारयस्व रत्नाकरे युज्यत एव रत्नम् ॥११॥
अतः शृणुष्वावहितेन वृत्तं वीजं यदग्नौ निहितं मया तत् ।
संक्रान्तमन्तस्त्रिदशापगायां ततोऽवगाहे सति कृत्तिकासु ॥१२॥
गर्भत्वमाप्तं तदमोघमेताभिः शरस्तम्बमधि न्यधायि ।
बभूव तत्रायमभूतपूर्वो महोत्सवोऽशेषचराचरस्य ॥१३॥
अशेषविश्वप्रियदर्शनेन धुर्या त्वमेतेन सुपुत्रिणीनाम् ।
अलं विलम्ब्याचलराजपुत्रि स्वपुत्रमुत्सङ्गतले निधेहि ॥१४॥
अथेति वादिन्यमृतांशुमौलौ शैलेन्द्रपुत्री रभसेन सद्यः ।
सान्द्रप्रमोदेन सुपीनगात्री धात्री समस्तस्य चराचरस्य ॥१५॥

सचमुच किसका पुत्र है ? या यह इनको छोडकर किसी और ही देव, दैत्य, गन्धर्व, सिद्ध, नाग या राक्षसका पुत्र है ॥८॥ अपनी प्राणप्यारी पार्वतीकी यह चावभरी बात सुनकर निर्मल कान्ति फैलानेवाली मुस्कराहटके साथ शंकरजीने बडी प्यारी बात कही—॥९॥ तीनों लोकोंको आनन्द देनेवाला यह बालक तुम वीर माताका ही वीर पुत्र है। हे कल्याणी ! तुम्हें छोडकर देवताओंका कल्याण करनेवाला ऐसा पुत्र कौन उत्पन्न कर सकता है ॥१०॥ हे देवी ! संसार भरके मंगलके कामोंमें जिस बालककी कीर्ति गाई जायगी वह तुम्हारा यही पुत्र है। तुम्हीं ठीक-ठीक विचारकर देख लो कि रत्न तो रत्नाकरसे ही निकल सकता है ॥११॥ हे पार्वती ! सावधान होकर इस बालकके उत्पन्न होनेकी कथा सुनो। देखो ! मैंने अपना जो अचूक वीर्य अग्निमें रख दिया था, उसे अग्निने गंगाजीमें छोड दिया और वह फिर स्नान करती हुई छओं कृत्तिकाओंके पेटमें पहुँचकर गर्भ बन गया और तब उस अचूक वीर्यको कृत्तिकाओंने सरपतके जंगलमें डाल दिया। उसी गर्भसे चर और अचर प्राणियोंको हर्ष देनेवाला यह अनोखा बालक जन्मा है ॥१२–१३॥ हे पार्वती ! सारे संसारके प्यारे इस बालककी माता होनेसे तुम अपनेको सब पुत्रवती स्त्रियोंमें श्रेष्ठ समझो। अब देर न करो और अपने पुत्रको उठाकर गोदमें ले लो ॥१४॥ शंकरजीकी यह बात सुनकर सारे संसारकी माता पार्वतीजी हर्षसे फूली न समाईं और झट विमानसे उतरकर उस पुत्र रत्नको गोदमें लेनेके लिये अधीर हो उठीं। उस समय आकाशमें इन्द्र आदि देवता लोग अपने मुकुटोंपर हाथ जोडकर और सिर

किरीटबद्धाञ्जलिभिर्नमःस्थैर्नमस्कृता सत्वरनाकिलोकैः ।
विमानतोऽथातरदात्मजं तं ग्रहीतुमुत्कण्ठितमानसा भूत् ॥१६॥
स्वर्गापगापावककृत्तिकादीन्कृताञ्जलीनानमतोऽपि भूयः ।
हित्वोत्सुका तं सुतमाससाद पुत्रोत्सवे माद्यति का न हर्षात् ॥१७॥
प्रमोदबाष्पाकुललोचना सा न तं ददर्श क्षणमग्रतोऽपि ।
परिस्पृशन्ती करकुड्मलेन सुखान्तरं प्राप किमप्यपूर्वम् ॥१८॥
सुविस्मयानन्दविकस्वरायाः शिशुर्गलद्बाष्पतरंगितायाः ।
विवृद्धवात्सल्यरसोत्तराया देव्या दृशोर्गोचरतां जगाम ॥१९॥
तमीक्षमाणा क्षणमीक्षणानां सहस्रमाप्तुं विनिमेषमैच्छत् ।
सा नन्दनालोकनमङ्गलेषु क्षणं क्षणं तृप्यति कस्य चेतः ॥२०॥
विनम्रदेवासुरपृष्ठगाभ्यामादाय तं पाणिसरोरुहाभ्याम् ।
नवोदयं पार्वणचन्द्रचारुं गौरी स्वमुत्सङ्गतलं निनाय ॥२१॥
स्वमङ्कमारोप्य सुधानिधानमिवात्मनो नन्दनमिन्दुवक्त्रा ।
तमेकमेषा जगदेकवीरं बभूव पूज्या धुरि पुत्रिणीनाम् ॥२२॥
निसर्गवात्सल्यरसौघसिक्ता सान्द्रप्रमोदामृतपूरपूर्णा ।
तमेकपुत्रं जगदेकमातास्युत्सङ्गिनं प्रस्नविनी बभूव ॥२३॥

झुककर उन्हें प्रणाम करने लगे ॥१५-१६॥ गंगा, अग्नि और कृत्तिकाएँ सभी बार-बार झुक-झुककर उन्हें प्रणाम कर रही थीं पर पार्वतीजीका ध्यान उधर गया ही नहीं और उन्होंने बड़े चावसे उस पुत्रको अपनी गोदमें उठा लिया। भला कौन ऐसी माता होगी जो अपने पुत्रके प्रेममें सुध-बुध न खो बैठती हो ॥१७॥ आँखोंमें आनन्दके आँसू उमड़ आनेसे वे थोड़ी देरतक तो अपने पुत्रको देख ही न पाईं और कलीके समान अपने कोमल हाथसे ही पुत्रको सहलाने भरसे वे अनोखा सुख लेती रहीं ॥१८॥ उन्हें वह मनोहर बालक तब दिखाई दिया। जब उनकी आँखें अचरज और आनन्दसे खिली जा रही थीं, जी उमड़ा पड़ रहा था, आँसू बहे जा रहे थे और वात्सल्यभाव रोम-रोममें उमड़ा पड़ रहा था ॥१९॥ उस बच्चेकी ओर एकटक देखती हुई पार्वतीजी सोचने लगीं कि यदि इस समय मुझे एक सहस्र आँखें मिल जातीं तो कितना अच्छा होता। भला पुत्र दर्शनके समय किसका जी भरता है ॥२०॥ प्रणाम करनेके समय झुके हुए देवताओं और दैत्योंकी पीठपर अपने जो हाथ रखकर वे आशीष दिया करती थीं उन्हीं हाथोंसे पार्वतीजीने दूजके चन्द्रमाके समान अपने सुन्दर पुत्रको अपनी गोदमें बिठा लिया॥२१॥ चन्द्रमाके समान मुखवाली पार्वतीजीने संसारमें सबसे श्रेष्ठ अपने उस अनोखे वीरपुत्रको गोदमें इस प्रकार ले लिया मानो अमृतका कलश गोदमें रख लिया हो। उस समय वे पुत्रवतियोंमें सबसे श्रेष्ठ पूजनीय हो गईं ॥२२॥ संसारकी माता पार्वतीजीने जब उस अनोखे पुत्रको गोदमें उठा लिया तो वात्सल्य रसकी स्वाभाविक धारा उनके रोम-रोममें उमड़ पड़ी, इससे अमृतकी बाढ़ आ गई

अशेषलोकत्रयमातुरस्याः षाण्मातुरः स्तन्यसुधामधासीत् ।
सुरसरन्त्याः किल कृत्तिकाभिर्मुहुर्मुहुः सस्पृहमीक्ष्यमाणः ॥२४॥
सुखाश्रुपूर्णेन मृगाङ्कमौलेः कलत्रमेकेन मुखाम्बुजेन ।
तस्यैकनालोद्गतपञ्चपद्मलक्ष्मीं क्रमात्षड्वदनीं चुचुम्बे ॥२५॥
हैमी फलं हेमगिरेर्लतेव विकस्वरं नाकनदीव पद्मम् ।
पूर्वेव दिङ्नूतनमिन्दुमाभात्तं पार्वती नन्दनमादधाना ॥२६॥
प्रीतात्मना सा प्रयतेन दत्तहस्तावलम्बा शशिशेखरेण ।
कुमारमुत्सङ्गतले दधाना विमानमभ्रंलिहमारुरोह ॥२७॥
महेश्वरोऽपि प्रमदप्ररूढरोमोद्गमो भूधरनन्दनायाः ।
अङ्कादुपादत्त तदङ्कतः सा तस्यास्तु सोऽप्यात्मजवत्सलत्वात् ॥२८॥
दधानया नेत्रसुधैकसत्रं पुत्रं पवित्रं सुतया तथाद्रेः ।
संश्लिष्यमाणः शशिखण्डधारी विमानवेगेन गृहाञ्जगाम ॥२९॥
अधिष्ठितः स्फाटिकशैलशृङ्गे तुङ्गे निजं धाम निकामरम्यम् ।
महोत्सवाय प्रमथप्रमुख्यान्पृथून्गणाञ्शंभुरथादिदेश ॥३०॥
पृथुप्रमोदः प्रगुणो गणानां गणः समग्रो वृषवाहनस्य ।
गिरीन्द्रपुत्र्यास्तनयस्य जन्मन्यथोत्सवं संववृते विधातुम् ॥३१॥

और उनके स्तनोंसे दूधकी धारा बह चली ॥२३॥ जब कार्तिकेयजी सब लोकोंकी माता पार्वती-जीके स्तनोंका अमृत पीने लगे तब गंगाजी और कृत्तिकाएँ बड़े डाहसे उनकी ओर बार-बार देखने लगीं ॥२४॥ शंकरजीकी प्यारी पार्वतीजीने हर्षके आँसू बहाते हुए अपने कमलके समान एक मुखसे उस पुत्रके उन छओं मुखोंको चूमा जो ऐसे लगते थे मानो कमलकी एक डंठलमें पाँच सुन्दर कमल निकल आये हों और उन पाँचोंके बीचमें उन कमलोंकी ही शोभा छठा कमल बनकर निकल आई हो ॥२५॥ गोदमें सुन्दर पुत्र लिए हुए पार्वतीजी ऐसी सुन्दर लग रही थीं मानो सोनेके सुमेरु पर्वतपर उत्पन्न होनेवाली सुनहली लतामें फल निकल आया हो या आकाशगंगामें कमल खिल उठा हो या पूर्व दिशामें चन्द्रमा निकल आया हो ॥२६॥ पुत्रको गोदमें लिए हुए सुखी मनसे पार्वतीजी शंकरजीके हाथका सहारा लेकर आकाश चूमनेवाले ऊँचे विमानपर चढ़ गईं ॥२७॥ वे दोनों पुत्र-प्रेममें इतने मगन हो गए थे कि कभी तो पार्वतीजीकी गोदसे शंकरजी उस पुत्रको ले लेते थे और कभी उनकी गोदसे उसे पार्वतीजी ले लेती थीं। इस प्रकार पुत्र-प्रेममें भरे हुए दोनों उसे खिला रहे थे ॥२८॥ आँखोंको अमृतके समान सुख देनेवाले इस परम पवित्र पुत्रको गोदमें लिए और अपनी छातीसे लिपटी हुई पार्वतीजीको साथ लेकर भगवान् शंकर वेगसे चलनेवाले विमानपर चढ़कर कैलास लौट आए ॥२९॥ स्फटिकके बने हुए उस कैलासके ऊँचे शिखरपर अपने सुन्दर भवनमें बैठकर शंकरजीने अपने मुख्य-मुख्य प्रमथ आदि गणोंको आज्ञा दी कि पुत्र उत्पन्न होनेका उत्सव मनाओ ॥३०॥ बड़े आनन्द और चावसे सभी गुणवान् गण

स्फुरन्मरीचिच्छुरिताम्बराणि सतानशाखिप्रसवाञ्चितानि ।
उच्चिक्षिपुः काञ्चनतोरणानि गणा वराणि स्फटिकालयेषु ॥३२॥
दिक्षु प्रसर्पैस्तदधीश्वराणामथामराणामिव मध्यलोके ।
महोत्सवं शंसितुमाहतोऽन्यैर्दध्वान धीरः पटहः पटीयान् ॥३३॥
महोत्सवे तत्र समागतानां गन्धर्वविद्याधरसुन्दरीणाम् ।
संभावितानां गिरिराजपुत्र्या गृहेऽभवन्मङ्गलगीतकानि ॥३४॥
सुमङ्गलोपायनपात्रहस्तास्तं मातरो मातृवदभ्युपेताः ।
विधाय दूर्वाक्षतकानि मूर्ध्नि निन्युः स्वमङ्कं गिरिजातनूजम् ॥३५॥
ध्वनत्सु तूर्येषु सुमन्द्रमङ्क्यालिङ्ग्योर्ध्वकेष्वप्सरसो रसेन ।
सुसन्धिबन्धं ननृतुः सुवृत्तगीतानुगं भावरसानुविद्धम् ॥३६॥
वाता ववुः सौख्यकराः प्रसेदुराशा विधूमो हुतभुग्दिदीपे ।
जलान्यभूवन्विमलानि तत्रोत्सवेऽन्तरिक्षं प्रससाद सद्यः ॥३७॥
गम्भीरशङ्खध्वनिमिश्रमुच्चैर्गृहोद्भवा दुन्दुभयः प्रणेदुः ।
दिवौकसां व्योम्नि विमानसंघा विमुच्य पुष्पप्रचयान्प्रसस्रुः ॥३८॥
इत्थं महेशाद्रिसुतासुतस्य जन्मोत्सवे संमदयांचकार ।
चराचरं विश्वमशेषमेतत्परं चकम्पे किल तारकश्रीः ॥३९॥

लोग पार्वतीजी और शङ्करजीके पुत्रजन्मके उपलक्ष्यमें महोत्सव मनानेमें जुट गए ॥३१॥ कुछ गण तो स्फटिकमें चमकती हुई किरणोंके ढङ्गसे रंग बिरंगे दिखाई देनेवाले कपड़ोंसे और कल्पवृक्षके फूलों और पत्तोंसे बनाए हुए सुनहरे सुन्दर बन्दनवारोंसे अपने स्फटिकके भवन सजाने लगे ॥३२॥ और कुछ गणोंने जो नगाड़े बजाए उनकी गंभीर ध्वनि जब दसों दिशाओंमें फैली तो धरती से उठी हुई उसकी धमक मानो यह बताने लगी कि दिग्पालों और देवताओंके लोकके समान ही यहाँ भी पुत्रोत्सव मनाया जा रहा है ॥३३॥ इस महोत्सवके उपलक्ष्यमें गन्धर्वों और विद्याधरोंकी सुन्दरियोंने घर आकर बधैया गाई और पार्वतीजीने उन सबकी बड़ी आवभगत की ॥३४॥ ब्राह्मी आदि माताएँ भी बधावेकी सामग्री लेकर बालकके पास चली आईं और उसके सिरपर दूब, अक्षत छिड़ककर बार बार उसे अपनी-अपनी गोदोंमें लेने लगीं ॥३५॥ वहाँ अङ्क्य, आलिङ्ग्य और ऊर्ध्वक नामकी अनेक प्रकारकी मुरलियाँ मीठी-मीठी बज उठीं और भाव तथा रस भरे अच्छे अच्छे छन्दोंमें बँधे हुए गाने गाती हुई अप्सराएँ, बड़े हाव-भावसे नाचने लगीं ॥३६॥ सुख देनेवाला पवन बहने लगा, दिशाएँ खिल उठीं, धुआँ मिट जानेसे आग चमक उठी और जल निर्मल हो गया, यहाँ तक कि उस उत्सवमें आकाश भी तत्काल खुल गया ॥३७॥ शङ्खोंकी गम्भीर ध्वनिके साथ साथ घर-घरके छोटे छोटे नगाड़े भी बजने लगे। देवता लोग भी आकाशमें आकर विमानोंसे फूल बरसाते और चल जाते ॥३८॥ इस प्रकार शङ्करजी और पार्वतीजीके पुत्रके जन्मोत्सवसे संसारके सभी चर और अचर प्राणी तो हर्षसे फूल उठे पर तारक राक्षसकी राजलक्ष्मी

ततः कुमारः स मुदां निदानैः स बाललीलाचरितैर्विचित्रैः ।
गिरीशगौर्योर्हृदयं जहार मुदे न हृद्या किमु बालकेलिः ॥४०॥
महेश्वरः शैलसुता च हर्षात्सतर्षमेकेन मुखेन गाढम् ।
अजातदन्तानि मुखानि सूनोर्मनोहराणि क्रमतश्चुचुम्ब ॥४१॥
क्वचित्स्खलद्भिः क्वचिदस्खलद्भिः क्वचित्प्रकम्पैः क्वचिदप्रकम्पैः ।
बालः स लीलाचलनप्रयोगैस्तयोर्मुदं वर्धयति स्म पित्रोः ॥४२॥
अहेतुहासच्छुरिताननेन्दुर्गृहाङ्गणक्रीडनधूलिधूम्रः ।
मुहुर्वदन्किञ्चिदलक्षितार्थं मुदं तयोरङ्कगतस्ततान ॥४३॥
गृह्णन्विषाणे हरवाहनस्य स्पृशन्नुमाकेसरिणं सलीलम् ।
स भृङ्गिणः सूक्ष्मतरं शिखाग्रं कर्षन्बभूव प्रमदाय पित्रोः ॥४४॥
एको नव द्वौ दश पञ्च सप्तेत्यजीगणज्ज्ञातममुखं प्रसार्य ।
महेशकण्ठोरगदन्तपङ्क्तिं तदङ्कगः शैशवमौग्ध्यमैशिः ॥४५॥
कपर्दिकण्ठान्तकपालदाम्नोऽङ्गुलिं प्रवेश्याननकोटरेषु ।
दन्तानुपाचुं रभसी बभूव मुक्ताफलभ्रान्तिकरः कुमारः ॥४६॥
शंभोः शिरोऽन्तः सरितस्तरंगान्निगाह्य गाढं शिशिरात्रसेन ।
स जातजाड्यं निजपाणिपद्ममतापयद्भालविलोचनाग्नौ ॥४७॥

लग उठी ॥३९॥ धीरे-धीरे वह बालक अपनी मनोहर और अनोखी बाल-लीलाओंसे शंकरजी और पार्वतीजीको आनन्द देने लगा ॥४०॥ वे हर्षसे मतवाले होकर अपने पुत्रके कोमल और मनोहर मुखोंको बार बार बड़े भावसे चूमा करते थे ॥४१॥ कहीं लड़खड़ाता हुआ और कहीं सीधे चलता हुआ कहीं काँपता सा और कहीं तना हुआ-सा वह बालक अपनी खिलवाड़ भरी चालोंसे उनका जी लुभाने लगा ॥४२॥ अपने माता-पिताकी गोदमें बैठा हुआ वह बालक, अनेक प्रकारसे उनका जी लुभाया करता था। कभी तो उसका मुखचन्द्र बिना किसी बातके ही हँसीसे चमक उठता था, कभी घरके आँगनमें खेलनेसे उसका शरीर धूलसे भर जाता था कभी वह बार बार तोतली बोली बोल-बोलकर अपने माता-पिताको रिझाया करता। कभी तो वह शंकरजीके बैलके सींग पकड़ता, कभी पार्वतीजीके सिंहके केसर सहलाता और कभी भृङ्गीकी चोटीके महीन बाल खींचने लगता। यह सब देखकर उसके माता-पिता हर्षसे फूले न समाते ॥४३-४४॥ कभी-कभी वह शंकरजीके कण्ठोंमें पड़ी हुई मुंडमालाके मुखोंमें उँगली डालकर उनके दाँतोंको मोती समझकर उन्हें निकालने लग जाता था ॥४५॥ कभी वह शंकरजीके सिरपर रहनेवाली गंगाजीकी लहरोंमें अपना हाथ डाल देता पर जब बहुत ठंड लगनेसे उसके हाथ सुन्न हो जाते तब वह अपना कमल सा कोमल हाथ शिवजीके माथेपर जलते हुए तीसरे नेत्रके आगे ले जाकर सेंक लेता ॥४६-४७॥ जब वह देखता कि शिवजीका कन्धा तनिक नीचा हो रहा है और उनके जटा-जूट झुक रहे हैं तब वह जटाके साथ नीचे लटकनेवाले उनके

किंचित्कलं भङ्गुरकंधरस्य नमज्जटाजूटधरस्य शंभोः ।
प्रलम्बमानं किल कौतुकेन चिरं चुचुम्बे मुकुटेन्दुखण्डम् ॥४८॥
इत्थं शिशोः शैशवकेलिवृन्दैर्मनोभिरामैर्गिरिजागिरीशौ ।
मनोविनोदैकरसप्रसक्तौ दिवानिशं नाविदतां कदाचित् ॥४९॥
इति बहुविधं बालक्रीडाविचित्रविचेष्टितं
ललितललितं सान्द्रानन्दं मनोहरमाचरन् ।
अलभत परां वृद्धिं षष्ठे दिने नवयौवनं
स किल सकलं शास्त्रं शस्त्रं विवेद विभुर्यया ॥५०॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
कुमारबाललीलावर्णनं नामैकादशः सर्गः ॥

सिरपरके चन्द्रमाको हो बड़ी देर तक चूमता रहता ॥४८॥ इस प्रकार पुत्रकी मनोहर और खिलवाड़से भरी बाल-लीलाओंमें आनन्द लेते हुए शंकरजी और पार्वतीजी इतने मगन हो गए कि उन्हें यहाँ सुध नहीं रह गई कि कब दिन चढ़ा और कब रात आई ॥४९॥ यों अनेक प्रकारकी मन-लुभावनी और बड़ी सुहावनी बाल-लीलाएँ करते हुए वह बालक छठे दिन बड़ा बुद्धिमान् और जवान हो गया और छह ही दिनोंमें उसे सब शास्त्र और शस्त्र-विद्याएँ भली प्रकार आ गईं ॥५०॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव महाकाव्यमें
कुमारकी बाललीलावर्णन नामका ग्यारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ द्वादशः सर्गः ॥

अथ प्रपेदे त्रिदशैरशेषैः क्रूरासुरोपप्लवदुःखितात्मा ।
पुलोमपुत्रीदयितोऽन्धकारिं पत्रीव तृष्णातुरितः पयोदम् ॥१॥
दम्भारिसंत्राससिलीकृतास्त कथंचिदम्भोदविहारमार्गात् ।
अवाततारामि गिरिं गिरीशगौरीपदन्यासविशुद्धमिन्द्रः ॥२॥
संक्रन्दनः स्यन्दनतोऽवतीर्य मेघात्मनो मातलिदत्तहस्तः ।
पिनाकिनोऽथालयमुच्चचाल शुचौ पिपासाकुलितो यथाम्भः ॥३॥
इतस्ततोऽथ प्रतिबिम्बभाजं विलोकमानः स्फटिकाद्रिभूमौ ।
आत्मानमप्येकमनेकधा स व्रजन्विभोरास्पदमाससाद ॥४॥
विचित्रचञ्चन्मणिभङ्गिसङ्गं सौवर्णदण्डं दधतातिचण्डम् ।
स नन्दिनाधिष्ठितमध्यतिष्ठत्सौधाङ्गणद्वारमनङ्गशत्रोः ॥५॥
ततः स कक्षाहितहेमदण्डो नन्दी सुरेन्द्रं प्रतिपद्य सद्यः ।
प्रतोषयामास सुगौरवेण गत्वा शशंस स्वयमीश्वरस्य ॥६॥
भ्रूसंज्ञयानेन कृताभ्यनुज्ञः सुरेश्वरं तं जगदीश्वरेण ।
प्रवेशयामास सुरैः पुरोगः समं स नन्दी सदनं सदस्य ॥७॥
स चण्डिभृङ्गिप्रमुखैर्गरिष्ठैर्गणैरनेकैर्विविधस्वरूपैः ।
अधिष्ठितं संसदि रत्नमय्यां सहस्रनेत्रः शिवमालुलोके ॥८॥

बारहवाँ सर्ग

जैसे प्यास लगनेपर पपीहा बादलकी शरणमें जाता है, वैसे ही अत्याचारी तारकके उपद्रवोंसे दुखी इन्द्र भी, सब देवताओंको साथ लेकर शंकरजीके पास जा पहुँचे ॥१॥ उस घमण्डी शत्रु तारकके भयसे, देवता लोग किसी भी मार्गसे आ जा नहीं सकते थे। इसलिए इन्द्र भी बादलोंके बीचसे छिपते-छिपाते किसी प्रकार उस कैलासपर जा उतरे जो शंकर और पार्वतीजीके चरण पड़नेसे पवित्र हो गया था ॥२॥ वहाँ मातलिके हाथका सहारा लेकर इन्द्र भी बादलके रथसे उतरे और शंकरजीके भवनकी ओर उसी प्रकार झपटकर बढ़े जैसे गर्मीसे कोई प्यासा मनुष्य पानीकी ओर दौड़े ॥३॥ स्फटिकसे बने हुए कैलासमें चारों ओर अपनी बहुतसी परछाइयाँ देखते हुए वे शंकरजीके भवनपर जा पहुँचे ॥४॥ शंकरजीके भवनकी देहलीपर पहुँचकर इन्द्र रुक गए। वहाँ रंग-बिरंगे मणियोंसे पच्चीकारी की हुई थी और एक बड़ा-सा सोनेका डंडा हाथमें लिए हुए नन्दी वहाँ बैठे थे ॥५॥ अपने सोनेके डंडेको एक कोनेमें रखकर नन्दीने चटसे आगे बढ़कर आवभगत करके इन्द्रका स्वागत किया और स्वयं भीतर जाकर महादेवजीको उनके आनेकी सूचना दी ॥६॥ शंकरजीने भौंहोंसे ही उन्हें भीतर लानेका संकेत किया और उनकी आज्ञा पाकर नन्दीने आगे-आगे मार्ग दिखाते हुए इन्द्र और देवताओंको शंकरजीके पास पहुँचाया ॥७॥ इन्द्रने देखा कि वहाँ रतन-जड़े सभा मण्डपमें चण्डी, भृङ्गी आदि अनेक रूप-रंगवाले बहुतसे बड़े बड़े गणोंसे घिरे हुए शिवजी बैठे हुए हैं ॥८॥

कपर्दमुद्बद्धमहीनमूर्धरत्नांशुभिर्भासुरमुल्लसद्भिः ।
दधानमुच्चैस्तरमिद्धधातोः सुमेरुशृङ्गस्य समत्वमाप्तम् ॥९॥
बिभ्राणमुत्तुङ्गतरङ्गमालां गङ्गां जटाजूटतटं भजन्तीम् ।
गौरीं तदुत्सङ्गजुषं हसन्तीमिव स्वफेनैः शरदभ्रशुभ्रैः ॥१०॥
गङ्गातरङ्गप्रतिबिम्बितैः स्वैर्बहूभवन्तं शिरसा सुधांशुम् ।
चलन्मरीचिप्रचयैस्तुषारगौरैर्हिमद्योतितमुद्वहन्तम् ॥११॥
भालस्थले लोचनमेधमानधामाधरीभूतरवीन्दुनेत्रम् ।
युगान्तकालोचितहव्यवाहं मीनध्वजप्लोषणमादधानम् ॥१२॥
महार्हरत्नाञ्चितयोरुदारं स्फुरत्प्रभामण्डलयोः समन्तात् ।
कर्णस्थिताभ्यां शशिभास्कराभ्यामुपासितं कुण्डलयोश्छलेन ॥१३॥
स्वबद्धया कण्ठिकयेव नीलमाणिक्यमय्या कुतुकेन गौर्याः ।
नीलस्य कण्ठस्य परिस्फुरन्त्या कान्त्या महत्या सुविराजमानम् ॥१४॥
कालार्दितानां त्रिदशासुराणां चितारजोभिः परिपाण्डुराङ्गम् ।
महन्महेभाजिनमुद्धताभ्रप्रालेयशैलश्रियमुद्वहन्तम् ॥१५॥
पाणिस्थितब्रह्मकपालपात्रं वैकुण्ठभाजापि निषेव्यमाणम् ।
नरास्थिखण्डाभरणं रणान्तमूलं त्रिशूलं कलयन्तमुच्चैः ॥१६॥

साँपोंसे लिपटा हुआ शिवजीके सिरका जटा-जूट वासुकि आदि बड़े साँपोंके फनोंके मणियोंकी किरनोंसे चमकता हुआ सुमेरु पर्वतकी चोटीके समान दिखाई पड़ रहा था ॥९॥ शिवजीके जटा-जूटके अगले भागमें बसी हुई ऊँची-ऊँची तरङ्गोंवाली गंगाजी, शरदके बादलोंके समान उजली फेन उछाल-उछालकर, मानो शंकरजीकी गोदमें बैठी पार्वतीकी हँसी उड़ा रही थी कि देखो हम तो शिवजीके सिरपर चढ़ी हुई हैं ॥१०॥ शिवजीके सिरके चन्द्रमाकी हिम-जैसी उजली किरणोंकी जो परछाईं गंगाजीकी तरंगोंमें बहुत रूपोंमें नाच रही थी वह ऐसी जान पड़ती थी मानो उस एक चन्द्रमाके बहुतसे चन्द्रमा बन गए हों ॥११॥ उनके माथेपर कामदेवको जलानेवाला, प्रलयकी अग्निके समान वह तीसरा नेत्र चमक रहा था जिसके बढ़ते हुए तेजके आगे प्रलयके सूर्य और चन्द्ररूपी नेत्र भी झेंप जाते हैं ॥१२॥ उनके कानोंमें किरणोंके घेरेसे घिरे हुए अनमोल रत्नोंसे जड़े दो कुण्डल ऐसे लटक रहे थे मानो इनके बहाने सूर्य और चन्द्र ही शंकरजीके दोनों कानोंपर उनकी सेवा कर रहे हों ॥१३॥ उनका नीला कंठ ठीक वैसा ही चमकता था जैसा कभी कभी खिलवाड़में नीलमका हार पहन लेनेपर पार्वतीजीका गला चमक उठता है ॥१४॥ मरे हुए देव दानवोंकी चिताओंकी भस्म पुते हुए अपने उजले अंगपर हाथीकी खाल ओढ़े हुए वे ऐसे दिखाई देते थे मानो बादलोंसे घिरा हुआ विशाल हिमालय हो ॥१५॥ उनके एक हाथमें ब्रह्म कपालका पात्र था, गलेमें मरे हुओंकी हड्डियोंके टुकड़ोंके गहने थे और दूसरे हाथमें युद्ध समाप्त करनेवाला

पुरातनीं ब्रह्मकपालमालां कण्ठे वहन्तं पुनराश्वसन्तीम् ।
उद्गीतवेदां मुकुटेन्दुवर्षत्सुधाभरौघाप्लवलब्धसंज्ञाम् ॥१७॥
सलीलमङ्कस्थितया गिरीन्द्रपुत्र्या नवाष्टापदवल्लिभासा ।
विराजमानं शरदभ्रखण्डं परिस्फुरन्त्याचिररोचिषेव ॥१८॥
हृतान्धकप्राणहरं पिनाकं महासुरस्त्रीविधवात्वहेतुम् ।
करेण गृह्णन्तमगृह्यमन्यैः पुरा स्मरप्लोषणकेलिकारम् ॥१६॥
भद्रासनं काञ्चनपादपीठं महार्हमाणिक्यविभङ्गिचित्रम् ।
अधिष्ठितं चन्द्रमरीचिगौरैरुद्वीज्यमानं चमरैर्गणाभ्याम् ॥२०॥
शस्त्रास्त्रविद्याभ्यसनैकसक्ते सविस्मयैरेत्य गणैः सुदृष्टे ।
नीराज्यमाने स्फटिकाचलेन सानन्दनिर्दिष्टदृशं कुमारे ॥२१॥
तथाविधं शैलसुताधिनाथं पुलोमपुत्रीदयितो निरीक्ष्य ।
आसीत्क्षणं क्षोभपरो नु कस्य मनो न हि क्षुभ्यति धामधाम्नि ॥२२॥
विकस्वराम्भोजवनश्रिया तं दृशां सहस्रेण निरीक्षमाणः ।
रोमालिभिः स्वर्गपतिर्बभासे पुष्पोत्कराकीर्ण इवाम्रशाखी ॥२३॥
दृष्ट्वा सहस्रेण दृशां महेशमभूत्कृतार्थोऽतितरां महेन्द्रः ।
सर्वाङ्गजातं तदथो विरूपमिव प्रियाकोपकरं विवेद ॥२४॥

ऊपर उठा हुआ त्रिशूल था । इस ऊटपटाँग वेषमें होनेपर भी वैकुण्ठवासी विष्णु उनकी सेवा कर रहे थे ॥१६॥ उनके गलेमें ब्रह्म-कपालोंकी एक पुरानी माला पड़ी थी जो सिरपर बसे हुए चन्द्रमासे बरसी हुई अमृतकी बूँदें पी-पीकर जीवित-सी हो होकर वेद गा रही थी ॥१७॥ सोनेकी नई लताके समान सुन्दर पार्वतीजीको अपनी गोदमें बैठाए हुए वे ऐसे दिखाई पड़ते थे मानो चमकती हुई बिजलीवाला कोई शरद्‌का बादल हो ॥१८॥ उनके हाथमें वह पिनाक धनुष था जिसने अन्धक नामके मतवाले दैत्यके प्राण ले लिए थे, बड़े बड़े दानवोंको मारकर उनकी स्त्रियोंको विधवा बना दिया था, कामदेवको जलाकर राख कर दिया था और जिसे दूसरा कोई उठा भी नहीं सकता था ॥१६॥ अनमोल मोती और मणियोंकी सजावटसे रंग-बिरंगे दिखाई देनेवाले उस सिंहासनपर वे बैठे हुए थे जिसके नीचे सोनेका पैर-पीढ़ा रक्खा हुआ था और दोनों ओरसे दो गण उनपर चन्द्रकी किरणोंके समान उजले चँवर डुला रहे थे ॥२०॥ वे बैठे हुए बड़े चावसे उन कुमार कार्त्तिकेयकी शस्त्र-विद्या और अस्त्र-विद्याका अभ्यास देख रहे थे, जिन्हें शंकरजीके गण भी बड़े आश्चर्यसे देख रहे थे और वह स्फटिकका पर्वत भी जिनकी आरती उतार रहा था ॥२१॥ ऐसे शंकरजीको देखकर थोड़ी देरके लिये इन्द्रका मन भी ललच उठा क्योंकि अचानक इतनी सुख-सम्पत्ति इकट्ठी देखकर भला किसका मन नहीं ललच उठेगा ॥२२॥ खिले हुए कमलोंके समान अपने सुन्दर सहस्रों नेत्रोंसे शंकरजीको देखते हुए इन्द्र, उस आमके पेड़के समान सुन्दर लगने लगे जो नीचेसे ऊपरतक मञ्जरियोंसे लदा हुआ हो ॥२३॥ अपनी सहस्रों आँखोंसे शंकरजीको

ततः कुमारं कनकाद्रिसारं पुरंदरः प्रेक्ष्य धृतास्त्रशस्त्रम् ।
महेश्वरोपान्तिकवर्तमानं शत्रोर्जयाशां मनसा बबन्ध ॥२५॥
श्रीनीलकण्ठ द्युपतिः पुरोऽस्ति त्वयि प्रणामावसरं प्रतीच्छन् ।
सहस्रनेत्रेऽत्र भव त्रिनेत्र दृष्ट्या प्रसादप्रगुणो महेश ॥२६॥
इति प्रबद्धाञ्जलिरेत्य नन्दी निधाय कक्षामभि हेमवेत्रम् ।
प्रमादपात्रं पुरतो भविष्णुरथ स्मरारातिमुवाच वाचम् ॥२७॥
पुरा सुरेन्द्रं सुरसङ्घसेव्यं त्रिलोकसेव्यस्त्रिपुरासुरारिः ।
प्रीत्या सुधासारनिधारिणेव ततोऽनुजग्राह विलोकनेन ॥२८॥
किरीटकोटिच्युतपारिजातपुष्पोत्करेणानमितेन मूर्ध्ना ।
स्वर्गैकवन्द्यो जगदेकवन्द्यं तं देवदेवं प्रणनाम देवः ॥२९॥
अनेकलोकैकनमस्क्रियार्हं महेश्वरं तं त्रिदशेश्वरः सः ।
भक्त्या नमस्कृत्य कृतार्थतायाः पात्रं पवित्रं परमं बभूव ॥३०॥
सुभक्तिभाजामधिपादपीठं प्रान्तक्षितिं नम्रतरैः शिरोभिः ।
ततः प्रणेमुः पुरतो गणानां गणाः सुराणां क्रमतः पुरारिम् ॥३१॥
गणोपनीते प्रभुणोपदिष्टः शुभासने हेममये पुरस्तात् ।
प्राप्योपविश्य प्रमुदं सुरेन्द्रः प्रभुप्रसादो हि मुदे न कस्य ॥३२॥

देखकर इन्द्रने अपना बड़ा भाग्य सराहा पर इससे उनके शरीर भरमें जो रोमाञ्च हो आया उसे देखकर उन्हें यह डर हुआ कि कहीं इन्द्राणी यह न समझ बैठें कि किसी दूसरी सुन्दरीको देखनेसे रोमाञ्च हो आया इसपर यह सौतिया डाह करके रूठ न बैठें ॥२४॥ इसके पश्चात् जब उन्होंने शङ्करजीके पास बैठे हुए, सुमेरुके समान बलवाले और अस्त्र-शस्त्र-धारी कुमारको देखा तो उनके मनमें यह आशा होने लगी कि अब हम शत्रुको अवश्य जीत लेंगे ॥२५॥ इतनेमें अपने सोनेका डण्डा एक कोनेमें रखकर, आगे बढ़कर और हाथ जोड़कर, शङ्करजीकी कृपा पानेकी इच्छासे नन्दीने शङ्करजीसे जाकर कहा कि हे नीलकण्ठ! देवताओंके स्वामी इन्द्रदेव आपको प्रणाम करनेकी बाट जोहते हुए यहाँ खड़े हुए हैं, इसलिये कृपा करके इनकी ओर भी अपनी कृपा दृष्टि घुमा दीजिएगा ॥२६-२७॥ यह सुनकर त्रिपुर राक्षसका नाश करनेवाले, महात्माओंके पूजनीय शङ्कर भगवान्ने देवताओंके पूजनीय इन्द्रको अपनी अमृतकी धारा बरसाती हुई-सी दृष्टिसे देखकर अनुगृहीत किया ॥२८॥ स्वर्गमें जिनकी सब पूजा करते हैं, वे देवराज इन्द्र, जब सारे संसारके एक मात्र पूजनीय और देवताओंके देवता महादेवजीको प्रणाम करनेके लिये झुके तो उनके मस्तकके किरीटकी नोकसे पारिजातके बहुतसे फूल गिरकर बिखर गए ॥२९॥ सब लोकोंके एक मात्र पूजनीय भगवान् शङ्करको भक्तिके साथ प्रणाम करके स्वर्गके स्वामी इन्द्रने अपनेको परम पवित्र और धन्य समझा ॥३०॥ और दूसरे देवताओंने भी अपने अपने पदोंके क्रम-क्रमसे बड़ी भक्तिसे शङ्करजीके पैर रखनेके पीढ़ेके पास धरतीपर माथा टेककर बारी-बारीसे उन्हें प्रणाम किया ॥३१॥ यह सब हो चुकनेपर शङ्करजीकी आज्ञा पाकर एक पग आगे [illegible] उस आसन बिछाकर

क्रमेण चान्येऽपि विलोकनेन संभाविताः सस्मितमीश्वरेण ।
उपाविशंस्तोपविशेषमाप्ता दृग्गोचरे तस्य सुराः समग्राः ॥३३॥
अथाह देवो बलवैरिमुख्यान्गीर्वाणवर्गान्करुणार्द्रचेताः ।
कृताञ्जलीकानसुराभिभूतान्ध्वस्तश्रियः श्रान्तमुखानवेक्ष्य ॥३४॥
अहो बतानन्तपराक्रमाणां दिवौकसो वीरवरायुधानाम् ।
हिमोदबिन्दुग्लपितस्य किं वः पद्मस्य दैन्यं दधते मुखानि ॥३५॥
स्वर्गौकसः स्वर्गपरिच्युताः किं स्वपुण्यराशौ सुमहत्तमेऽपि ।
चिह्नं चिरोढं न तु यूयमेते निजाधिपत्यस्य परित्यजध्वम् ॥३६॥
दिवौकसो देवगृहं विहाय मनुष्यसाधारणतामवाप्ताः ।
यूयं कुतः कारणतश्चरध्वं महीतले मानभृतो महान्तः ॥३७॥
अनन्यसाधारणसिद्धमुच्चैस्तद्दैवतं धाम निकामरम्यम् ।
कस्मादकस्माद्गलिताद्धस्तादवश्यं सुकृतं पुण्यमिवापचारात् ॥३८॥
दिवौकसो वो हृदयस्य कस्मात्तथाविधं धैर्यमहार्यमार्याः ।
अगादगाधस्य जलाशयस्य ग्रीष्मातितापादिवशादिवाम्भः ॥३९॥
सुराः सुराधीशपुरःसराणां समीयुषां वः सममातुराणाम् ।
तद्ब्रूत लोकत्रयजित्वरात्किं महासुरात्तारकतो विरुद्धम् ॥४०॥

बैठकर इन्द्रको बड़ा आनन्द हुआ। भला शंकरजीका प्रसाद पाकर कौन अपनेको धन्य नहीं मानेगा ॥३२॥ सब देवताओंकी ओर बारी-बारीसे मुस्कराते हुए देखकर शंकरजीने उन सबका भी सम्मान किया। इससे वे सब भी बड़े प्रसन्न होकर उनकी आँखोंके सामने ही बैठ गए ॥३३॥ इन्द्र आदि जो देवता हाथ जोड़े आगे बैठे हुए थे और दैत्योंसे हार जानेके कारण जिनके मुँह उदास और मुरझाए-से दिखाई पड़ रहे थे उनकी ओर देखकर करुणासे पिघले हुए हृदयवाले शिवजी बोले—॥३४॥ हे देवताओ! इतने बड़े-बड़े वीर होकर, एकसे एक बढ़कर अस्त्र शस्त्रोंसे सजधजकर और स्वर्गमें रहकर भी आप लोगोंके मुख पाला मारे हुए कमलोंके समान उदास क्यों दिखाई दे रहे हैं ॥३५॥ हे देवताओ! इतने बड़े पुण्य करनेपर भी आप लोग स्वर्गसे निकल कैसे आए। आप लोग इतने दिनोंसे जो छत्र चँवर आदि राज-चिह्न साथ रखते आ रहे थे उन्हें आप लोग कभी छोड़िए मत ॥३६॥ आप लोग इतने मनस्वी, महिमाशाली और स्वर्ग निवासी होकर भी स्वर्ग छोड़कर साधारण मनुष्योंके समान पृथ्वी तलपर इधर-उधर क्यों मारे-मारे फिर रहे हैं ॥३७॥ जैसे पाप करनेसे बहुत दिनोंसे इकट्ठा किया हुआ पुण्य हाथसे निकल जाता है, वैसे ही बड़ी बड़ी सिद्धियोंसे भरा हुआ बड़ा सुन्दर स्वर्ग भी आप लोगोंके हाथसे अचानक कैसे निकल गया ॥३८॥ हे देवताओ! जैसे बहुत गर्मी पड़नेसे गहरा तालाब भी सूख जाता है, वैसे ही आप लोगोंके हृदयमें रहनेवाला वह बड़ा भारी अटल धीरज कहाँ चला गया ॥३९॥ आज व्याकुल होकर एक साथ आए हुये इन्द्र आदि देवताओ! आप यह तो बताइए कि आप लोगोंने तीनों लोकों-

पराभवं तस्य महासुरस्य निषेद्धुमेकोऽहमलं भविष्णुः ।
दावानलप्लोषविपत्तिमन्यो महाम्बुदात्कि हरते वनानाम् ॥४१॥
इतीरिते मन्मथमर्दनेन सुराः सुरेन्द्रप्रमुखा मुखेषु ।
सान्द्रप्रमोदाश्रुतरङ्गितेषु दधुः श्रियं सत्वरमाश्वसन्तः ॥४२॥
ततो गिरीशस्य गिरां विरामे जगाद लब्ध्वावसरः सुरेन्द्रः ।
भवन्ति वाचोऽवसरे प्रयुक्ता ध्रुवं फलाविष्टमहोदयाय ॥४३॥
ज्ञानप्रदीपेन तमोपहेनाविनश्वरेणास्खलितप्रभेण ।
भूतं भवद्भावि च यच्च किंचित्सर्वज्ञ सर्वं तव गोचरं तत् ॥४४॥
दुर्वारदोरुद्यमदुःसहेन यत्तारकेणामरघस्मरेण ।
तदीशतामाप्तवता निरस्ता वयं दिवोऽमी वद किं न वेत्सि ॥४५॥
विधेरमोघं स वरप्रमादमासाद्य सद्यस्त्रिजगज्जिगीषुः ।
सुरानशेषानहकप्रमुख्यान्दोर्दण्डचण्डो मनुते तृणाय ॥४६॥
स्तुत्या पुरास्माभिरुपासितेन पितामहेनेति निरूपितं नः ।
सेनापतिः संयति दैत्यमेतं पुरः स्मराराातिसुतो निहन्ति ॥४७॥
अहो ततोऽनन्तरमद्ययावदमुदुःसहां तस्य पराभवार्तिम् ।
विषेहिरे हन्त हृदन्तशल्यमाज्ञानिवेशं त्रिदिवौकसोऽमी ॥४८॥

को जीतनेवाले दैत्यराज तारकसे भला तो मोल नहीं ले लिया है ॥४०॥ देखिए, उस महादैत्यने आप लोगोंका जो अपमान किया है उसका बदला केवल मैं ही ले सकता हूँ क्योंकि जंगलोंमें लगी हुई आग बादलोंकी बड़ी घटाको छोड़कर और कौन बुझा सकता है ॥४१॥ शंकरजीके ऐसा कहनेपर इन्द्र आदि सभी देवताओंकी आँखोंमें अत्यन्त आनन्दके आँसू छलछला आए और जब उन्हें यह ढाढ़स दे दिया गया कि अब आप लोगोंकी प्राण-रक्षा हो जायगी तो वे सब खिल उठे ॥४२॥ भगवान् शंकरके यह चुकनेपर ठीक अवसर जानकर इन्द्रने कहना प्रारम्भ किया, क्योंकि अवसरपर कही हुई बातका अवश्य ही ठीक फल मिलता है—॥४३॥ हे प्रभु ! आप घट-घटकी जाननेवाले हैं, आप अज्ञानको मिटानेवाले हैं, आपका कभी नाश नहीं होता, और अपने कभी न बुझनेवाले ज्ञानके प्रकाशसे आप संसारके भूत, भविष्य और वर्तमान इन तीनों कालोंकी सब बातें जान जाते हैं ॥४४॥ इसलिए हे नाथ ! यह तो आप जानते ही होंगे कि अपने कठोर बाहुबलके पराक्रमसे मतवाला होकर, देवताओंको पीड़ा देनेवाला तारक असुर स्वर्गका मालिक बन बैठा है और उसने हम सबको स्वर्गसे निकाल भगाया है ॥४५॥ यह तारक असुर ब्रह्माजीसे अपूर्व वरदान पाकर अपनी भुजाओंके बलसे तुरन्त तीनों लोकोंको जीत लेना चाहता है और मुझे तथा दूसरे बड़े बड़े देवताओंको भी तिनकेके बराबर तुच्छ समझता है ॥४६॥ हे भगवन् ! हम लोगोंने पहले जब ब्रह्माजीकी स्तुति की थी तब उन्होंने प्रसन्न होकर हमें बताया था कि जब शंकरजीका पुत्र देवताओंका सेनापति बनकर उससे लड़ेगा तभी यह दैत्य मारा जायगा ॥४७॥ इसके अनन्तर सब देवता और तारक असुरके शापसे हारनेकी बात और

निदाघधामक्लमविक्लवानां नवीनमम्भोदमिवौषधीनाम् ।
सुनन्दनं नन्दनमात्मनो नः सेनान्यमेतं स्वयमादिश त्वम् ॥४९॥
त्रैलोक्यलक्ष्मीहृदयैकशल्यं समूलमुत्खाय महासुरं तम् ।
अस्माकमेषां पुरतो भवन्सन्दुःखापहारं युधि यो विधत्ते ॥५०॥
महाहवे नाथ तवास्य सूनोः शस्त्रैः शितैः कृत्तशिरोधराणाम् ।
महासुराणां रमणीविलापैर्दिशो दशैता मुखरीभवन्तु ॥५१॥
महारणक्षोणिपशूपहारीकृतेऽसुरे तत्र तवात्मजेन ।
बन्दिस्थितानां सुदृशां करोतु वेणीप्रमोक्षं सुरलोक एषः ॥५२॥
इत्थं सुरेन्द्रे वदति स्मरारिः सुरारिदुश्चेष्टितजातरोषः ।
कृतानुकम्पस्त्रिदशेषु तेषु भूयोऽपि भूताधिपतिर्बभाषे ॥५३॥
अहो अहो देवगणाः सुरेन्द्रमुख्याः शृणुध्वं वचनं ममैतत् ।
विचेष्टते शंकर एष देवकार्याय सज्जो भवतां सुताद्यैः ॥५४॥
पुरा मयाकारि गिरीन्द्रपुत्र्याः प्रतिग्रहोऽयं नियतात्मनापि ।
तत्रैष हेतुः खलु तद्भवेन वीरेण यद्वध्यत एव शत्रुः ॥५५॥
अत्रोपपन्नं तदमी नियुज्य कुमारमेनं पृतनापतित्वे ।
निघ्नन्तु शत्रुं सुरलोकमेष भुनक्तु भूयोऽपि सुरैः सहेन्द्रः ॥५६॥

हृदयमे चुभे हुए गांसके समान कसनेवाली उसकी आज्ञाका अपमान सहते चले आ रहे है ॥४८॥ इसलिये हे भगवन् ! जैसे गर्मीके सूर्यकी तपनसे जले हुए लता-वृक्षोको नये बादल हरा कर देते हैं वैसे ही अपने इस आनन्द-दायक पुत्रको हमारे सेनापति बननेकी आज्ञा देकर आप भी हमे जिला लीजिए ॥४९॥ तीनो लोकोके हृदयमे काँटेके समान चुभनेवाले इस महा-दैत्यको जब आपके ये पुत्र युद्धमे आगे बढकर मार डालेंगे तभी हमारा दुःख मिट पावेगा ॥५०॥ हे नाथ ! ऐसा कीजिए कि जब इस महासंग्राममे आपके पुत्रके नुकीले बाणोसे महादैत्योके सिर कट-कटकर गिरें तब उन दैत्योकी स्त्रियोके विलापसे दसो दिशाएं गूंज उठे ॥५१॥ और जब आपके पुत्र उस महासमर-भूमिमे उन दैत्योको सियार आदि जन्तुओकी भेंट चढावें तब स्वर्गमे बन्दी बनी हुई अपनी सुन्दर नेत्रोवाली स्त्रियोकी उलझी हुई एकलडी वाली चोटियोको ये देवता लोग जाकर खोले॥ ५२॥ इस प्रकार इन्द्रके मुंहसे तारकका अत्याचार सुनकर भूतपति शंकरजी क्रोधसे लाल हो उठे और उन देवताओपर कृपा करते हुए ये फिर बोले ॥५३॥ हे इन्द्र आदि देवताओ ! आप लोग मेरी बातें सुनिए। अब मैं शंकर अपने पुत्रको लेकर तुम्हारा काम करनेके लिये तैयार हो गया हूँ ॥५४॥ हे देवो ! समाधिमे लगे होनेपर भी मैंने पार्वतीके साथ इसीलिये विवाह किया था कि इनका पुत्र तारकको मार डाले ॥५५॥ इसलिये आपका काम करनेवाले इस कुमारको सेनापति बनाकर आप शत्रुका नाश कीजिए और इन्द्रके साथ फिर स्वर्गका आनन्द लीजिए ॥५६॥ इतना कहकर शंकरजीने उस घोर संग्रामको एक महोत्सव मानकर उसके लिये

इत्युदीर्य भगवाँस्तमात्मजं घोरसंगरमहोत्सवोत्सुकम् ।
नन्दनं हि जहि देवविद्विषं संयतीति निजगाद शंकरः ॥५७॥
शासनं पशुपतेः स कुमारः स्वीचकार शिरसावनतेन ।
सर्वथैव पितृभक्तिरतानामेष एव परमः खलु धर्मः ॥५८॥
असुरयुद्धविधौ विबुधेश्वरे पशुपतौ वदतीति तमात्मजम् ।
गिरिजया मुमुदे सुतविक्रमे सति न नन्दति का खलु वीरसूः ॥५९॥
सुरपरिवृढः प्रौढं वीरं कुमारमुमापते,
र्बलवदमरारातिस्त्रीणां दृगञ्जनभञ्जनम् ।
जगदभयदं सद्यः प्राप्य प्रमोदपरोऽभवद्-
ध्रुवमभिमते पूर्णे को वा मुदा न हि माद्यति ॥६०॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
कुमारसेनापत्यवर्णनं नाम द्वादशः सर्गः ॥

अपने पुत्रसे कहा—हे पुत्र ! तुम जाकर देवताओंके शत्रु तारक असुरको युद्धभूमिमें मार आओ ॥५७॥ कुमार कार्तिकेयने सिर झुकाकर शंकरजीकी आज्ञा स्वीकार कर ली । क्योंकि पिताके भक्त पुत्रोंका यही सच्चा धर्म है कि पिताकी आज्ञा मान लें ॥५८॥ जब देवताओंके स्वामी शिवजी जब अपने पुत्रको दैत्योंसे युद्ध करनेकी बात समझाने लगे तो पार्वतीजीकी छाती दूनी हो गई क्योंकि ऐसी भला कौन वीर माता होगी जो अपने पुत्रकी वीरताकी बातसे प्रसन्न न हो ॥५९॥ बलवान् दैत्योंकी स्त्रियोंको रुलाकर उनके आँसूसे उनकी आँखोंका आँजन मिटानेवाले तथा संसारको अभय दान देनेवाले परम पराक्रमी कुमार कार्तिकेयको पाकर इन्द्र भगवान् आनन्दसे खिल उठे, क्योंकि संसारमें ऐसा कौन है जो अपनी इच्छा पूरी हो जानेपर आनन्दसे पागल न हो उठता हो ॥६०॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें कुमारके सेनापति
होनेका वर्णन नामका बारहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ त्रयोदशः सर्गः ॥

प्रस्थानकालोचितचारुवेषः स स्वर्गिवर्गैरनुगम्यमानः ।
ततः कुमारः शिरसा नतेन त्रैलोक्यभर्तुः प्रणनाम पादौ ॥१॥
जहीन्द्रशत्रुं समरेऽमरेशपदं स्थिरत्वं नय वीर वत्स ।
इत्याशिषा तं प्रणमन्तमीशो मूर्द्धन्युपाघ्राय मुदाभ्यनन्दत् ॥२॥
प्रह्वीभवन्प्रतरेण मूर्ध्ना नमश्चकाराङ्घ्रियुगं स्वमातुः ।
तस्याः प्रमोदाश्रुपयःप्रवृत्तिस्तस्याभवद्वीरवराभिषेकः ॥३॥
समङ्कमारोप्य सुता हिमाद्रेराश्लिष्य गाढं सुतवत्सला सा ।
शिरस्युपाघ्राय जगाद शत्रुं जित्वा कृतार्थीकुरु वीरसूं माम् ॥४॥
उद्दामदैत्येशविपत्तिहेतुः श्रद्धालुचेताः समरोत्सवस्य ।
आपृच्छ्य भक्त्या गिरिजागिरीशौ ततः प्रतस्थेऽभिदिवं कुमारः॥५॥
देवं महेशं गिरिजां च देवीं ततः प्रणम्य त्रिदिवौकसोऽपि ।
प्रदक्षिणीकृत्य च नाकनाथपूर्वाः समस्तास्तमथानुजग्मुः ॥६॥
अथ व्रजद्भिस्त्रिदशैरशेषैः स्फुरत्प्रभाभासुरमण्डलैस्तैः ।
नभो बभासे परितो विकीर्णै दिवापि नक्षत्रगणैरिवोग्रैः ॥७॥

तेरहवाँ सर्ग

लड़ाईका बाना पहनकर और सब देवताओंके आगे होकर कुमारने चलते समय तीनों लोकोंके स्वामी शिवजीके चरणोंमें प्रणाम किया ॥१॥ प्रणाम करते हुए पुत्रको उठाकर और उसका सिर सूँघकर शिवजीने यह आशीर्वाद देते हुए कुमारको उत्साहित किया कि हे वीर पुत्र ! जाओ युद्धमें इन्द्रके शत्रुको मारो और इन्द्रको उनके पदपर फिरसे भली भाँति बैठा दो ॥२॥ जिस समय कुमार अपने पिताजीके दोनों चरणोंमें झुककर माथा टेके हुए प्रणाम कर रहे थे उस समय शिवजीकी आँखोंसे बरसे हुए प्रेमके आँसुओंके जलसे ही मानो सेनापति पदके लिए कुमारका अभिषेक हो गया ॥३॥ अपने पुत्रका लाड़-प्यार करनेवाली पार्वतीजीने कुमारको गोदमें लेकर कसकर अपने हृदयसे लगा लिया और उसका माथा सूँघकर आशीर्वाद दिया—'हे पुत्र ! लड़ाईमें शत्रुको जीतकर यह बात सच्ची कर दो कि मैं वीरकी माता हूँ ॥४॥ तब उस बलवान दैत्यराज को मारने और संग्रामरूपी उत्सव मनानेके लिये उतावले बने हुए कुमार बड़ी भक्तिसे अपने माता पिताने आज्ञा लेकर स्वर्गकी ओर चल पड़े॥५॥ इन्द्र आदि सब देवता भी भगवान् शंकर और भगवती पार्वतीजी को प्रणाम करके और उनकी प्रदक्षिणा करके कुमारके पीछे-पीछे चल पड़े ॥६॥ तब चारों ओर फैली हुई कान्तिवाले उन सब देवताओंके एक साथ चलनेसे आकाश ऐसा जान पड़ने लगा मानो दिनमें चमकनेवाले बड़े बड़े तारे चारों ओर निकल आए हों ॥७॥ आकाशमें चलते हुए देवताओंके

रराज तेषां व्रजतां सुराणां मध्ये कुमारोऽधिककान्तिकान्तः
नक्षत्रताराग्रहमण्डलानामिव त्रियामारमणो नभोन्ते ॥८॥
गिरीशगौरीतनयेन सार्धं पुलोमपुत्रीदयितादयस्ते ।
उत्तीर्य नक्षत्रपथं मुहूर्तात्प्रपेदिरे लोकमथात्मनीनम् ॥९॥
ते स्वर्गलोकं चिरकालदृष्टं महासुरत्रासवशंवदत्वात् ।
सद्यः प्रवेष्टुं न विषेहिरे तत्क्षणं व्यलम्बन्त सुराः समग्राः ॥१०॥
पुरो भव त्वं न पुरो भवामि नाहं पुरोगोऽस्मि पुरःसरस्त्वम् ।
इत्थं सुरास्तत्क्षणमेव भीताः स्वर्गं प्रवेष्टुं कलहं वितेनुः ॥११॥
सुरालयालोकनकौतुकेन मुदा शुचिस्मेरविलोचनास्ते ।
दधुः कुमारस्य मुखारविन्दे दृष्टिं द्विषत्साध्वसकातरान्ताम् ॥१२॥
सहेलहासच्छुरिताननेन्दुस्ततः कुमारः पुरतो भविष्णुः ।
स तारकापातमपेक्षमाणो रणप्रवीरो हि सुरानवोचत् ॥१३॥
भीत्यालमद्य त्रिदिवौकसोऽमी स्वर्गं भवन्तः प्रविशन्तु सद्यः ।
अत्रैव मे दृक्पथमेतु शत्रुर्महासुरो वः खलु दृष्टपूर्वः ॥१४॥
स्वर्लोकलक्ष्मीकचकर्षणाय दोर्मण्डलं वल्गति यस्य चण्डम् ।
इहैव तच्छोणितपानकेलिमद्याय कुर्वन्तु शरा ममैते ॥१५॥

बीचमें अपनी अत्यन्त चमकसे सुन्दर दिखाई पड़नेवाले कुमार कार्तिकेय ऐसे सुन्दर लगते थे मानो नक्षत्र और तारोंके बीचमें चन्द्रमा चले जा रहे हों ॥८॥ कुमारके पीछे पीछे इन्द्र आदि देवता थोड़ी ही देर में आकाश पार करके स्वर्गलोक जा पहुँचे ॥९॥ दैत्यराज तारकके डरसे देवता स्वर्गमें जा नहीं पा रहे थे इसलिये वे झिझकके कारण एकदम भीतर न जा सके, थोड़ी देर ठिठके रहे ॥१०॥ उस समय वे सब डरे हुए देवता आपसमें एक दूसरेको ढकेलते हुए यह झगड़ा करने लगे—तुम चलो आगे। मैं आगे नहीं चलूँगा। मैं क्यों आगे चलूँ ? तुम्हींको आगे-आगे चलना चाहिए ॥११॥ उस समय स्वर्गको सामने देखकर मगन हो उठनेवाले उन देवताओंकी आँखें आनन्दसे खिल गई पर शत्रुके डरसे उनकी आँखें कातर होकर कुमारके मुख कमल पर जा पड़ी ॥१२॥ उस समय कुमारका मुख चन्द्र खिलवाड़-भरी हँसीसे खिल उठा और तारकके धावेकी बाट जोहते हुए रणवीर कुमार कार्तिकेयने आगे होकर देवताओंसे कहा—॥१३॥ हे देवो ! अब डरनेकी कोई बात नहीं है। आप लोग निडर होकर स्वर्गमें घुस चलिए। मैं चाहता हूँ कि अपने जिस घोर शत्रु तारकको आप लोग देख चुके हैं वह यहीं मेरे आगे आ जाय ॥१४॥ मैं तो चाहता हूँ कि जिस तारक असुरकी भुजाएँ, बलपूर्वक लक्ष्मीके बाल पकड़कर उन्हें दुर्दशा करते हुए खींचनेके लिये मचली रहती हैं, उसका लहू पीनेका आनन्द मेरे बाणोंको झटसे यहींपर मिल जाय ॥१५॥ और यह चमकनेवाली, अत्यन्त तेजस्विनी, प्रतापशालिनी और स्वर्गलोककी राजलक्ष्मीका कष्ट दूर करनेवाली

शक्तिर्ममासावहतप्रचारा प्रभावसारा सुमहःप्रसारा ।
स्वर्लोकलक्ष्म्या विपदावहारेः शिरो हरन्ती दिशतान्मुदं वः ॥१६॥
इत्यन्धकारातिसुतस्य दैत्यवधाय युद्धोत्सुकमानसस्य ।
सर्वं शुचिस्मेरमुखारविन्दं गीर्वाणवृन्दं वचसा ननन्द ॥१७॥
सान्द्रप्रमोदात्पुलकोपगूढः सर्वाङ्गसंफुल्लसहस्रनेत्रः ।
तस्योत्तरीयेण निजाम्बरेण निरुच्छनं चारु चकार शक्रः ॥१८॥
घनप्रमोदाश्रुतरंगिताक्षैर्मुखैश्चतुर्भिः प्रचुरप्रसादैः ।
अथो अचुम्बद्विधिरादिवृद्धः षडाननं षट्सु शिरःसु चित्रम् ॥१९॥
तं साधु साध्वित्यभितः प्रशस्य मुदा कुमारं त्रिपुरासुरारेः ।
आनन्दयन्वीर जयेति वाचा गन्धर्वविद्याधरसिद्धसंघाः ॥२०॥
दिव्यर्षयः शत्रुविजेष्यमाणं तमभ्यनन्दन्किल नारदाद्याः ।
निरुच्छनं चक्रुरथोत्तरीयैश्चामीकरीयैर्निजवल्कलैश्च ॥२१॥
ततः सुराः शक्तिधरस्य तस्यावष्टम्भतः साध्वसमुत्सृजन्तः ।
उत्सेहिरे स्वर्गमनन्तशक्तेर्गन्तुं वनं यूथपतेरिवेभाः ॥२२॥
अथाभिपृष्ठं गिरिजासुतस्य पुरंदरारातिवधं चिकीर्षोः ।
सुरा निरीयुस्त्रिपुरं दिधक्षोरिव स्मरारेः प्रमथाः समन्तात् ॥२३॥

मेरी शक्ति यहीपर शत्रुका सिर काटकर आप लोगोंको आनन्द दे ॥१६॥ दैत्योंका नाश करनेकी इच्छासे लड़ाई करनेपर उतारू होने वाले उन कुमारकी ये बातें सुनकर देवताओंके सुन्दर मुख कमल खिल उठे, और वे सभी प्रसन्न हो उठे ॥१७॥ अत्यन्त आनन्दके कारण इन्द्र भी इतने पुलकित हो उठे कि उनके शरीरकी सब आँखें खिल उठीं। तब इन्द्र और कुमारने आपसमें एक दूसरेसे उत्तरीय वस्त्र बदलकर अपनी मित्रता पक्की करली ॥१८॥ देवताओंमें सबसे बूढ़े ब्रह्माकी आँखें भी अत्यधिक आनन्दसे बहते हुए आँसुओंकी लहरोंसे छलछला आईं। उनके चारों मुख प्रसन्नतासे खिल उठे और उन्होंने अपने चारों मुखोंसे कुमारके छहों मुखोंका बड़े विचित्र ढंगसे चुम्बन किया ॥१९॥ उस समय गन्धर्व, विद्याधर और सिद्धोंने कुमारको 'साधु साधु' कह कर बड़े आनन्दके साथ उनकी बड़ाई करते हुए यह कहकर उन्हें आनन्दित किया कि हे वीर! तुम्हारी जय हो ॥२०॥ देवर्षि नारद आदिने भी शत्रुको जीतनेवाले कुमारकी प्रशंसा की और उनके सुनहले उत्तरीय आदि वस्त्रोंसे अपने वल्कल बदलकर उनसे भाईपनका नाता जोड़ लिया ॥२१॥ हाथमें शक्ति लिए हुए कुमारका इस प्रकार सहारा पाकर, देवता लोग निडर हो गए और वे उसी उत्साहसे स्वर्गमें पैठ गए जैसे किसी शक्तिशाली बड़े हाथीका सहारा पाकर छोटे हाथी भी जंगलमें घुस पड़ते हैं ॥२२॥ जैसे त्रिपुरासुरको जलानेके लिये जाते समय शंकरजीके पीछे उनके प्रमथ आदि गण चले थे वैसे ही तारकको मारनेकी इच्छा करनेवाले कुमारके पीछे पीछे देवता लोग भी स्वर्गमें घुस पड़े ॥२३॥

सुराङ्गणानां जलकेलिभाजां प्रक्षालितैः संततमङ्गरागैः ।
प्रपेदिरे पिञ्जरवारिपूरां स्वर्गौकसः स्वर्गधुनीं पुरस्तात् ॥२४॥
दिग्दन्तिनां वारिविहारभाजां कराहतैर्भीमतरैस्तरंगैः ।
आप्लावयन्तीं मुहुरालवालश्रेणिं तरूणां निजतीरजानाम् ॥२५॥
लीलारसाभिः सुरकन्यकाभिर्हिरण्मयीभिः सिकताभिरुच्चैः ।
माणिक्यगर्भाभिरुपाहिताभिः प्रकीर्णतीरां वरवेदिकाभिः ॥२६॥
सौरभ्यलुब्धभ्रमरोपगीतैर्हिरण्यहंसावलिकेलिलोलैः ।
चामीकरीयैः कमलैर्विनिद्रैश्च्युतैः परागैः परिपिङ्गतोयाम् ॥२७॥
कुतूहलाद्द्रष्टुमुपागताभिस्तीरस्थिताभिः सुरसुन्दरीभिः ।
अभ्यूर्मिराजिप्रतिबिम्बिताभिर्मुदं दिशन्तीं व्रजतां जनानाम् ॥२८॥
ननन्द सद्यश्चिरकालदृष्टां विलोक्य शक्रः सुरदीर्घिकां ताम् ।
अदर्शयत्सादरमद्रिपुत्रीमहेशपुत्राय ततः पुरोगः ॥२९॥
स कार्तिकेयः पुरतः परीतः सुरैः समस्तैः सुरनिम्नगां ताम् ।
अपूर्वदृष्टामवलोकमानः सविस्मयः स्मेरविलोचनोऽभूत् ॥३०॥
उपेत्य तां तत्र किरीटकोटिन्यस्ताञ्जलिर्भक्तिपरः कुमारः ।
गीर्वाणवृन्दैः प्रणुतां प्रणुत्य नम्रेण मूर्ध्ना मुदितो ववन्दे ॥३१॥

पहले पहल उन्हें वह आकाशगंगा दिखाई दी जिसका जल, जल-विहार करनेवाली अप्सराओंके धुले हुए अङ्गोंसे छुटे हुए अङ्गरागसे रंग जाया करता है, जिसके जलमें विहार करते समय दिग्पालोंके हाथी, लहरोंपर अपनी सूंड पटका करते हैं और जिसकी लहरोंके जलसे तीरपर खड़े हुए पेड़ोंके थांवले सदा सिंचे रहते हैं, जहाँ खेल खेलनेके लिये आई हुई देवकन्याओंके हाथोंकी बनी हुई सुनहले बालूकी वे ऊँची-ऊँची वेदिकाएँ दूर-दूरतक बनी हुई थीं जो उन्होंने बीच-बीचमें मणि डाल-डालकर अपने खेलके लिये बना रक्खी थीं, जहाँ सुगन्धके लोभी भौंरे सदा गुनगुनाते रहते और सुनहले हंस किलोल करते रहते हैं, जहाँ ऐसे सोनेके कमल खिले रहते हैं जिनके गिरे हुए परागसे वहाँका जल भी पीला हो उठता है, जहाँ देवताओंकी सुन्दरियाँ मन बहलावके लिये आ-आकर तटपर बैठी रहती हैं और तरङ्गोंमें पड़ती हुई जिनकी परछाइँ उधरसे आने-जानेवाले पथिकोंका जी भी लुभाती रहती है ॥२४-२८॥ इतने दिनोंपर उस देव-नदीको देखकर इन्द्र तुरन्त प्रसन्न हो उठे और आगे बढ़कर आदरके साथ उन्होंने कुमारको भी वह नदी दिखलाई ॥२९॥ सब देवताओंसे घिरे हुए कार्तिकेयजीको इस नई नदीको सामने देखकर बड़ा अचरज हुआ और प्रसन्नता से उनकी आँखें खिल गईं ॥३०॥ जिस नदीकी सब देवता स्तुति करते हैं, उस मंदाकिनीके तटपर जाकर कुमार कार्तिकेयने सिर झुकाकर अपने किरीटके सिरेपर हाथ जोड़कर बड़ी भक्तिसे प्रसन्न होकर उन्हें प्रणाम किया और उनकी वन्दना की ॥३१॥ उस समय, खिले हुए कमलोंकी

प्रणर्तितस्मेरसरोजराजिः पुरः परीरम्भमिलन्महोर्मिः ।
कपोलपालिश्रमवारिहारि भेजे गुहं स्वं सरितः समीरः ॥३२॥
ततो व्रजन्नन्दननामधेयं लीलावनं जम्भजितः पुरस्तात् ।
विभिन्नभग्नोद्धृतशालसंघं प्रेक्षांचकार स्मरशत्रुसूनुः ॥३३॥
सुरद्विपोपप्लुतमेवमेतद्वनं बलस्य द्विषतो गतश्रि ।
इत्थं विचिन्त्यारुणलोचनोऽभूद्भ्रूभङ्गदुष्प्रेक्ष्यमुखः स कोपात् ॥३४॥
निर्लूनलीलोपवनामपश्यद्‌ःसंचरीभूतविमानमार्गाम् ।
विध्वस्तसौधप्रचयां कुमारो विश्वैकसारामरावतीं सः ॥३५॥
गतश्रियं वैरिवराभिभूतां दशां सुदीनामभितो दधानाम् ।
नारीमवीरामिव तामवेक्ष्य स बाढमन्तः करुणापरोऽभूत् ॥३६॥
दुश्चेष्टिते देवरिपौ सरोषस्तस्याविषण्णः समराय चोत्कः ।
तथाविधां तां स विवेश पश्यन्सुरैः सुराधीश्वरराजधानीम् ॥३७॥
दैतेयदन्त्यावलिदन्तघातैः घुणान्तराः स्फाटिकहर्म्यपङ्क्तीः ।
महाहिनिर्मोकपिनद्धजालाः स वीक्ष्य तस्यां विषसाद सद्यः ॥३८॥
उत्कीर्णचामीकरपङ्कजानां दिग्दन्तिदानद्रवदूषितानाम् ।
हिरण्यहंसव्रजवर्जितानां विदीर्णवैदूर्यमहाशिलानाम् ॥३९॥

नचानेवाले तरंगोंसे गले मिलकर चलनेवाले और गालोंके पसीनेको सुखानेवाले मदाकिनीके मन्द पवनने वहाँ आए हुए कुमारकी सेवा की ॥३२॥ वहाँसे चलकर कार्तिकेयने इन्द्रके विलासके नन्दन उपवनको देखा। वहाँके सब सालके पेड़ या तो तोड़ डाले गए थे या जड़से ही उखाड़ डाले गए थे ॥३३॥ कार्तिकेयने समझ लिया कि तारकासुरके अत्याचारसे ही इन्द्रके इस सुन्दर वनकी यह शोभा बिगड़ी है। यह सोचते ही मारे क्रोधके उनका मुँह तमतमा उठा, भौंहे तन गईं और आँखें लाल हो उठीं ॥३४॥ वहाँसे और आगे बढ़कर कुमारने विश्वकी सर्वश्रेष्ठ नगरी अमरावतीको देखा जिसके बगीचे सौंसा-उपवन तहस नहस कर डाले गए थे, ऊँचे-ऊँचे भवन गिरा दिए गए थे और सब ऐसा उजाड़ हो गया था कि उपर विमानपर चढ़कर जानेको भी किसीका जी नहीं करता था॥३५॥ तारकके हाथों उजाड़ी हुई उस नष्ट-भ्रष्ट और सुनसान नगरीको देखकर कार्तिकेयको उसी प्रकार बड़ी दया आई जैसे किसी नपुंसककी स्त्रीको देखकर दया आती है ॥३६॥ अमरावतीकी वह दुर्दशा देखते ही कुमार उस दुराचारी दैत्यपर बड़े क्रुद्ध हो उठे और युद्धके लिये बड़े उतावलेसे होकर वे देवताओंकी राजधानीमें घुसे ॥३७॥ वहाँके स्फटिकके बने हुए बड़े-बड़े भवन दैत्योंके हाथियोंके दाँतोंकी टक्करोंसे तड़क गए थे और जहाँ तहाँ बड़े बड़े साँपोंकी केंचुलियाँ छूटी पड़ी थीं। यह सब देखकर कुमारको बड़ा दुःख हुआ ॥३८॥ उन्होंने देखा कि देवताओंके विलास-घरोंमें बनी हुई बावलियोंमेंसे सोनेके कमल उखाड़ डाले गए थे, दिग्गजोंके मदसे उनका जल गदला हो गया था, सुनहरे हंस वहाँसे उड़ गए थे, पन्नोंकी बनी-बड़ी पटियाँ भी टूट-फूट गई थीं और चारों ओर

आविर्भवद्बालतृणाञ्चितानां तदीयलीलागृहदीर्घिकाणाम् ।
स दुर्दशां वीक्ष्य विरोधिजानां विषादवैलक्ष्यभरं बभार ॥४०॥
तद्दन्तिदन्तक्षततहेमभित्ति सुतन्तुजालाकुलरत्नजालाम् ।
निन्ये सुरेन्द्रेण पुरोगतेन स वैजयन्ताभिधमात्मसौधम् ॥४१॥
निर्दिष्टवर्त्मा विबुधेश्वरेण सुरैः समग्रैरनुगम्यमानः ।
स प्राविशत्तं विविधाश्मरश्मिच्छिन्नेन सोपानपथेन सौधम् ॥४२॥
निसर्गकल्पद्रुमतोरणं तं स पारिजातप्रसवस्रगाढ्यम् ।
दिव्यैः कृतस्वस्त्ययनं मुनीन्द्रैरन्तःप्रविष्टप्रमदं प्रपेदे ॥४३॥
पादौ महर्षेः किल कश्यपस्य कुलादिवृद्धस्य सुरासुराणाम् ।
प्रदक्षिणीकृत्य कृताञ्जलिः सन्षड्भिः शिरोभिः स नतैर्ववन्दे ॥४४॥
स देवमातुर्जगदेकवन्द्यौ पादौ तथैव प्रणनाम कामम् ।
मुनेः कलत्रस्य च तस्य भक्त्या प्रह्वीभवन्दौलसुतातनूजः ॥४५॥
स कश्यपः सा जननी सुराणां तमेधयामासतुराशिषा द्वौ ।
तया यया नैकजगज्जिगीषुं जेता मृधे तारकमुग्रवीर्यम् ॥४६॥
स्वदर्शनार्थं समुपेयुषीणां सुदेवतानामदितिश्रितानाम् ।
पादौ ववन्दे पतिदेवतास्तमाशीर्वचोभिः पुनरभ्यनन्दन् ॥४७॥

छोटी-छोटी घास उग आई थी, शत्रुओंके हाथों वहाँकी यह दुर्दशा देखकर उनका मन दुःखसे भारी हो उठा ॥३९-४०॥ तब इन्द्र भगवान् कुमारको अपने उस वैजयन्त नामके भवनमें ले गए जहाँकी सुनहली दीवालें दैत्योंके हाथियोंके दाँतोंको टक्करोंसे फट गई थीं और जहाँ मकड़ियोंने जाले तान दिए थे ॥४१॥ आगे-आगे इन्द्र चल रहे थे और पीछे पीछे सब देवता चले जा रहे थे । इस प्रकार रत्नोंकी चमकसे सुहावनी लगनेवाली सीढ़ियोंपर चढ़कर कुमार उस भवनमें गए ॥४२॥ और सब लोग भी उस सुन्दर भवनमें पहुँचे जहाँ कल्पवृक्ष ही स्वयं बन्दनवार बना हुआ था, जहाँ ढेरके ढेर पारिजातके फूल बिखरे पड़े थे, जहाँ देवर्षियोंने स्वस्ति-पाठ किया था और जहाँ एकसे एक बढ़कर अप्सराएँ रहती थीं ॥४३॥ वहाँपर देव-दानव वंशके सबसे बड़े बूढ़े महर्षि कश्यपके चरणोंकी प्रदक्षिणा करके कुमारने अपने छहों सिरोंसे उन्हें प्रणाम किया ॥४४॥ कुमारने बड़ी भक्ति से कश्यपकी पत्नी और देवोंकी आदि माता अदितिके उन चरणोंको भी भली भाँति प्रणाम किया जिन्हें सारा संसार पूजता है ॥४५॥ तब कश्यप और देव-माता अदितिने कुमारको यह आशीर्वाद देकर उनका साहस बढ़ाया कि तीनों लोकोंके जीतनेवाले इस शक्तिशाली तारक असुरको तुम युद्धमें अवश्य हराओगे ॥४६॥ वहाँ अदितिके यहाँ और जो देवाङ्गनाएँ रहती थीं वे भी कुमारको देखनेके लिए आ पहुँचीं । कुमारने उन सबको प्रणाम किया और उन सब पतिव्रता स्त्रियोंने कुमारको आशीर्वाद देकर उनका बड़ा मान बढ़ाया ॥४७॥ तब कुमारने इन्द्रकी पत्नी शचीको प्रणाम किया और उन्होंने भी आशीष देकर इनका मान बढ़ाया

पुलोमपुत्रीं विबुधाधिभर्तुस्ततः शचीं नाम कलत्रमेषः ।
नमश्चकार स्मरशत्रुसूनुस्तमाशिषा सा समुपाचरच्च ॥४८॥
अथादितीन्द्रप्रमदाः समेतास्ता मातरः सप्त घनप्रमोदाः ।
उपेत्य भक्त्या नमते महेशपुत्राय तस्मै ददुराशिषः प्राक् ॥४९॥
समेत्य सर्वेऽपि मुदं दधाना महेन्द्रमुख्यास्त्रिदिवौकसोऽथ ।
आनन्दकल्लोलितमानसं तं समभ्यषिञ्चन्पृतनाधिपत्ये ॥५०॥
सकलविबुधलोकः स्वस्तनिःशेषशोकः,
कृतरिपुविजयाशः प्राप्तयुद्धावकाशः ।
अजनि हरसुतेनानन्तवीर्येण तेना,
खिलविबुधचमूनां प्राप्य लक्ष्मीमनूनाम् ॥५१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसम्भवे महाकाव्ये
कुमारसेनापत्याभिषेको नाम त्रयोदशः सर्गः ॥

॥४८॥ तब कुमारने कश्यपजीकी उन सातों पत्नियोंके पास जाकर बडी भक्तिसे प्रणाम किया जो बड़े आनन्दसे भरी वहीं इकट्ठी बैठी हुई थीं । उन्होंने प्रणाम करनेसे पहले ही कुमारको विजय पानेका आशीर्वाद दे दिया था ॥४९॥ उस समय इन्द्र आदि सभी देवताओंने आनन्दके साथ इकट्ठे होकर हँसमुख कुमार कार्तिकेयको अपना सेनापति बना दिया ॥५०॥ इस प्रकार जब अनन्त शक्ति-वाले कुमार कार्तिकेय, देवताओंकी समूची सेनाके सेनापति हो गए तो देवताओंको विश्वास हो गया कि अब हम लोग युद्धमें शत्रुओंको अवश्य जीत लेंगे और यह समझकर उनका सब शोक भी जाता रहा ॥५१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव महाकाव्यमें सेनापतिका
अभिषेक नामका तेरहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ चतुर्दशः सर्गः ॥

रणोत्सुकेनान्धकशत्रुसूनुना समं प्रयुक्तैस्त्रिदशैर्जिगीषुणा ।
महासुरं तारकसंज्ञकं द्विपं प्रसह्य हन्तुं समनह्यत द्रुतम् ॥ १ ॥
स दुर्निवारं मनसोऽतिवेगिनं जयश्रियः सद्मनं सुदुःसहम् ।
विजित्वरं नाम तदा महारथं धनुर्धरः शक्तिधरोऽध्यरोहयत् ॥ २ ॥
सुरालयश्रीविपदां निवारणं सुरारिसंपत्परितापकारणम् ।
केनापि दध्रेऽस्य विरोधिदारणं सुचारुचामीकरधर्मवारणम् ॥ ३ ॥
शरच्चन्द्रमरीचिपाण्डुरैः स वीज्यमानो वरचारुचामरैः ।
पुरःसरैः किन्नरसिद्धचारणैं रणेच्छुरस्तूयत वाग्मिरुल्वणैः ॥ ४ ॥
प्रयाणकालोचितचारुवेषभृद्वज्रं वहन्पर्वतपक्षदारणम् ।
ऐरावतं स्फाटिकशैलसोदरं ततोऽधिरुह्य द्युपतिस्तमन्वगात् ॥ ५ ॥
तमन्वगच्छद्गिरिशृङ्गसोदरं मदोद्धतं मेषमधिष्ठितः शिखी ।
विरोधिविद्वेषरुषाधिकं ज्वलन्महोमहीयस्तरमायुधं दधत् ॥ ६ ॥
अथेन्द्रनीलाचलचण्डविग्रहं विषाणविध्वस्तमहापयोधरम् ।
अधिष्ठितः कासरमुद्धरं मुदा वैवस्वतो दण्डधरस्तमन्वगात् ॥ ७ ॥

चौदहवाँ सर्ग

विजयकी इच्छासे लड़नेके लिये उतारू कुमार कार्त्तिकेयके कहनेसे सब देवता मिलकर बल-पूर्वक तारकको मार डालनेके लिये अस्त्र शस्त्र बाँधने लगे ॥१॥ तब धनुषधारी शक्तिशाली कुमार अपने 'विजित्वर' नामके उस बड़े भारी रथपर चढ़ गए जो मनसे भी अधिक वेगसे चलता था, जो किसीके रोके रुकता नहीं था और जिसपर चढ़कर लड़नेसे सदा विजय मिलती ही है ॥२॥ उसी समय किसीने उनपर सोनेका वह शत्रु-नाशक छत्र लाकर लगा दिया जो स्वर्गकी लक्ष्मीको सुखदेने-वाला और दैत्योंकी सपत्ति उजाड़ देनेवाला था ॥३॥ कुमारके दोनों ओर शरद्‌के चन्द्रमाकी किरणोंके समान उजले सुन्दर चँवर डुल रहे थे और उनके आगे बड़े-बड़े अखाड़िए किन्नर, सिद्ध और चारण उन युद्ध प्रेमी कुमारकी बड़ाईके गीत गाते चल रहे थे ॥४॥ युद्धका ठाट सजाकर और पर्वतों के पंख काटनेवाला वज्र लेकर इन्द्र भी स्फटिकके पर्वतके समान उजले और ऊँचे ऐरावत हाथीपर चढ़कर उनके पीछे पीछे हो लिए ॥५॥ शत्रुपर क्रोधके मारे और भी अधिक जलते हुए अग्निदेव भी, पर्वतकी चोटीके समान ऊँचे और बिगड़ैल मेंढेपर चढ़कर और बड़ा भयंकर दहलाता हुआ अस्त्र हाथमें लेकर कुमारके पीछे-पीछे चल दिए ॥६॥ हाथमें दंड लेकर यमराज भी अपने नीलमके पहाड़ जैसे ऊँचे और बलूटे उस भैंसेपर चढ़कर कुमारके पीछे चलदिए जो अपने सींगोंसे बादलोंकी छाती चीरता चलता था ॥७॥ नैर्ऋत्य दिशाका स्वामी नैर्ऋत राक्षस भी तारकसे चिढ़कर बड़ा भयानक हो गया और शत्रुसे

मदोद्धतं प्रेतमथाधिरूढवाँस्तमन्धकद्वेषितनूजमन्वगात् ।
महासुरद्वेषविशेषभीषणः सुरापणश्चण्डरणाय नैऋतः ॥८॥

नवोद्यदम्भोधरघोरदर्शने युद्धाय रूढो मकरे महत्तरे ।
दुर्वारपाशो वरुणो रणोल्बणस्तमन्वियाय त्रिपुरान्तकात्मजम् ॥९॥

दिगम्बराधिक्रमणोल्बणं क्षणान्मृगं महीयांसमरुद्धविक्रमम् ।
अधिष्ठितः संगरकेलिलालसो मरुन्महेशात्मजमन्वगाद्द्रुतम् ॥१०॥

विरोधिनां शोणितपारणैषिणीं गदामनूनां नरवाहनो वहन् ।
महाहवाम्भोधिविगाहनोद्धतं यियासुमन्वागमदीशनन्दनम् ॥११॥

महाहिनिर्बद्धजटाकलापिनो ज्वलत्त्रिशूलप्रबलायुधा युधे ।
रुद्रास्तुषाराद्रिसखं महावृषं ततोऽधिरूढास्तमयुः पिनाकिनः ॥१२॥

अन्येऽपि संनह्य महारणोत्सवश्रद्धालवः स्वर्गिगणास्तमन्वयुः ।
स्ववाहनानि प्रबलान्यधिष्ठिताःप्रमोदविस्मेरमुखाम्बुजश्रियः ॥१३॥

उद्दण्डहेमध्वजदण्डसंकुलाश्चञ्चद्विचित्रातपवारणोज्ज्वलाः ।
चलद्घनस्यन्दनघोषभीषणाः करीन्द्रघण्टारवचण्डचीत्कृताः ॥१४॥

स्फुरद्विचित्रायुधकान्तिमण्डलैरुद्योतिताशावलयाम्बरान्तराः ।
दिवौकसां सोऽनुवहन्महाचमूः पिनाकपाणेस्तनयस्ततो ययौ ॥१५॥

लड़नेके लिये मतवाले प्रेतपर चढ़कर कुमारके पीछे चल दिया ॥८॥ अपनी अचूक फाँस लिए हुए बड़े बलवान् वरुणदेव अपने उस बड़े भारी घड़ियालपर बैठकर युद्धके लिये कुमारके पीछे चले जो उठी हुई घटाके समान एकदम काला था ॥९॥ पवनदेव लड़ाईकी इच्छासे क्षण भरमें अपने उस पराक्रमी हरिणपर बैठकर कुमारके पीछे चल दिए जो पृथ्वी और आकाशमें सब कहीं बिना रुके चौकड़ी भरता उड़ता चलता था ॥१०॥ जो गदा शत्रुओंका लहू पीकर ही युद्धका व्रत तोड़ती थी, वह भारी गदा लेकर कुबेर उस पालकीपर चढ़कर कुमारके पीछे चले जिसे मनुष्य ढो रहे थे ॥११॥ अपने अपने हाथोंमें पिनाक धनुष और जलते हुए त्रिशूल लेकर और अपने जटा जूटोंको बड़े-बड़े साँपोंसे कसकर हिमालयके समान उजले बैलोंपर चढ़कर ग्यारहों रुद्र कुमारके पीछे पीछे हो लिए ॥१२॥ महायुद्धके इस उत्सवमें रुचि रखनेवाले दूसरे सब देवता भी अपने-अपने तगड़े वाहनोंपर चढ़कर आनन्दसे हँस-हँसकर अपना मुख-कमल खिलाते हुए कार्तिकेयके साथ चल पड़े ॥१३॥ इस प्रकार सब ठाठोंसे सजी हुई, अनगिनत सोनेके डंडे ऊपर उठाकर चलती हुई, चमचमाते हुए रंग-बिरंग छत्र चमकाती हुई, झुण्डके झुण्ड चलनेवाले रथोंकी घनघनाहटसे भयंकर लगती हुई मतवाले हाथियोंके घंटोंकी टन टन और उनकी चिंघाड़ोंसे कान फाड़ती हुई, अनेक प्रकारके झिलमिलाते हुए अस्त्र शस्त्रोंकी चमकसे चारों दिशाओं और आकाशको चमकाती हुई उस देवताओंकी महासेनाको लिए हुए वीर कुमार चले ॥१४-१५॥ उछलते-कूदते चलनेवाले देवताओंके हल्लेसे और उस बड़ी भारी सेनाकी ऊँची-ऊँची और बड़ी-बड़ी ध्वजाओंसे, दसों दिशाएँ आकाश और

कोलाहलेनोच्चलतां दिवौकसां महाचमूनां गुरुभिर्ध्वजव्रजैः ।
घनं निरुच्छ्वासमभूदनन्तरं दिङ्मण्डलं व्योमतलं महीतलम् ॥१६॥
सुरारिलक्ष्मीपरिकम्पहेतवो दिक्चक्रवालप्रतिनादमेदुराः ।
नभोन्तकुक्षिंभरयो घनाः स्वना निहन्यमानैः पटहैर्वितेनिरे ॥१७॥
प्रमथ्यमानाम्बुधिगर्जितर्जनैः सुरारिनारीगणगर्भपातनैः ।
नभश्चभूधूलिकुलैरिवाकुलं ररास गाढं पटहप्रतिस्वनैः ॥१८॥
क्षुण्णं रथैर्वाजिभिराहतं खुरैः करीन्द्रकर्णैः परितः प्रसारितम् ।
धूतं ध्वजैः काञ्चनशैलजं रजो वातैर्हृतं व्योम समारुहत्क्रमात् ॥१९॥
क्षातं खुरैः रथ्यतुरङ्गपुङ्गवैरुपेत्यकाहाटकमेदिनीरजः ।
गतं दिगन्तान्मुखरैः समीरणैः सुविभ्रमं भूरि बभार भूयसा ॥२०॥
अधस्तथोर्ध्वं पुरतोऽथ पृष्ठतोऽभितोऽपि चामीकररेणुरुच्चकैः ।
चमूषु सर्पन्मरुदाहतोऽहरन्नवीनसूर्यस्य च कान्तिवैभवम् ॥२१॥
बलोद्धूतं काञ्चनभूमिजं रजो बभौ दिगन्तेषु नभःस्थले स्थितम् ।
अकालसन्ध्याघनरागपिङ्गलं घनं घनानामिव वृन्दमुद्यतम् ॥२२॥
हेमावनीषु प्रतिबिम्बमात्मनो मुहुर्विलोक्याभिमुखं महागजाः ।
रसातलोत्तीर्णगजभ्रमात्क्रुधा दन्तप्रकाण्डप्रहृतानि तेनिरे ॥२३॥

पृथ्वी सब एक से दिखाई पड़ने लगे ॥१६॥ उनके नगाड़ोंकी घोर ध्वनिकी गूँज चारों ओर सुनकर दैत्योंकी राज लक्ष्मी भी काँप उठी ॥१७॥ सेनाके चलनेसे उड़ी हुई धूलसे भरा हुआ आकाश ऐसा लगता था मानो मथनेके समय समुद्रके गर्जनसे भी अधिक डरावनी ध्वनिवाले और दैत्योंकी स्त्रियोंके गर्भ गिरानेवाले नगाड़ोंकी धमक सुनकर आकाश रो उठा हो ॥१८॥ वहाँ सुमेरु पर्वतकी धूल इस ढगसे आकाशमें पहुँची कि पहलेतो रथोंने वहाँकी मिट्टी उखाड़ी, फिर घोड़ोंने अपने सुमोंसे खूँद-खूँद-कर उसे महीन कर दिया, तब हाथियोंने अपने कान हिल हिलाकर उसे चारों ओर फैला दिया, तब लहराती हुई झंडियोंने उस धूलको और भी इधर उधर बिखेर दिया और फिर वायु उसे आकाशमें उड़ा ले गया ॥१९॥ इतना ही नहीं, सुमेरुकी तलहटीसे उठी हुई वह सुनहरी धूल रथ खींचनेवाले बढ़िया घोड़ोंके खुरोंसे पिसकर, हरहराते हुए पवनके सहारे सभी दिशाओंमें फैलकर चमक उठी ॥२०॥ पवनके सहारेसे सेनाके ऊपर-नीचे, आगे-पीछे और चारों ओर फैली हुई वह सुनहली धूल ऐसी सुन्दर लगती थी कि निकलते हुए सूर्यकी सुनहली धूप भी उसके आगे पानी भरती थी ॥२१॥ सेनाके चलनेसे उड़ी हुई सुनहली धूल सभी दिशाओं और आकाशमें भरकर ऐसी सुन्दर दिखाई पड़ने लगी मानो सन्ध्या हुए बिना ही सुनहले बादलोंके झुंडके झुंड उमड़कर आकाशमें छा गए हों ॥२२॥ सेनाके साथ चलते हुए हाथियोंने वहाँकी सुनहली धरतीमें अपनी परछाईं देखी तो वे समझे कि ये पातालसे निकले हुए बड़े-बड़े हाथी हैं और इसीलिए बहुत

सुजातसिन्दूरपरागपिञ्जरैः कलं चलद्भिः सुरसैन्यसिन्धुरैः ।
शुद्धासु चामीकरशैलभूमिषु नाद्दश्यत स्वं प्रतिबिम्बमग्रतः ॥२४॥
इति क्रमेणामरराजवाहिनी महाहवाम्भोधिविलाससलालसा ।
श्रवातरत्काञ्चनशैलतो द्रुतं कोलाहलाक्रान्तविघूतकन्दरा ॥२५॥
महाचमूस्यन्दनचण्डचीत्कृतैर्विलोलघण्टेभघटेश्च बृंहितैः ।
सुरेन्द्रशैलेन्द्रमहागुहाशयाः सिंहा महत्स्वप्नसुखं न तत्यजुः ॥२६॥
गम्भीरभेरिध्वनितैर्भयंकरैर्महागुहान्तःप्रतिनादमेदुरैः　　　।
महारथानां गुरुनेमिनिःस्वनैरनाकुलैस्तैर्मृगराजताजनि ॥२७॥
समुत्थितेन त्रिदिवौकसां महाचमूरवेणाद्रितटान्तदारिणा ।
प्रपेदिरे केसरिणोऽधिकं मदं स्ववीर्यलक्ष्मीमृगराजतावशात् ॥२८॥
भिया सुरानीकविमर्दजन्मना विदुद्रुवुर्दूरतरं द्रुतं मृगाः ।
गुहागृहान्ताद्बहिरेत्य हेलया तस्थुर्विशङ्कं नितरां मृगाधिपाः ॥२९॥
विलोकिताः कौतुकिनामरावतीजनेन जुष्टप्रमदेन दूरतः ।
सुराचलप्रान्तभुवः प्रपेदिरे सुविस्तृतायाः प्रसरं सुसैनिकाः ॥३०॥

विगड़कर वे उस परछाहीइयोंपर ही अपने बड़े-बड़े दाँतोंसे टक्कर मारने लगे ॥२३॥ बढ़िया सिन्दूरकी बुकनीसे रँगे हुए और धीरे-धीरे चलनेवाले उन देवताओंकी सेनाके हाथियोंको सुमेरु गिरिकी चमकदार सोनेकी धरतीपर भी अपनी परछाहीं ठीक ठीक नहीं दिखाई पड़ती थी, क्योंकि दोनोंका रंग एक-सा था ॥२४॥ इस प्रकार युद्धके समुद्रमें तैरनेको उतारू देवराजकी सेना अपने हल्लेसे गुफाओंको गुँजाती हुई सुमेरु पर्वतसे बड़े वेगसे नीचे उतरी ॥२५॥ देवताओंकी इस बड़ी भारी सेनाके रथोंकी घोर घरघराहट और बजते हुए घंटों और बड़े बड़े हाथियोंकी चिग्घाड़ोंकी इतनी ध्वनि होते हुए भी सुमेरु पर्वतकी लंबी लंबी गुफाओंमें सोनेवाले सिंहोंने अपनी नींदके सपनोंका सुख नहीं छोड़ा, वे सोए ही पड़े रहे ॥२६॥ गुफाओंमें गूँजते हुए नगाड़ोंकी गंभीर और भयंकर ध्वनि और बड़े-बड़े रथोंके पहियोंकी घड़घड़ाहट गुफाओंसे टकराकर दूनी होकर गूँज रही थी, फिर भी वहाँके सिंह ज्योंके त्यों बैठे रहे और इस प्रकार उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि हम सचमुच मृगोंके राजा हैं ॥२७॥ सुमेरुकी चोटियोंको फोड़नेवाली उस देवोंकी महासेनाके चलनेसे जो हल्ला हो रहा था, उसे सुन-सुनकर वे सब सिंह और भी मतवाले हो उठे जो अपनी शक्तिके बलपर सब पशुओंके राजा बने हुए थे ॥२८॥ वहाँ जितने हरिण थे वे सब तो इस डरसे चौकड़ी भरकर दूर भाग गए कि कहीं देवताओंकी सेना हमें मार न डाले, पर जितने सिंह थे, वे अपनी गुफाओंके बाहर निडर होकर मस्तीके साथ निकल निकलकर खड़े हो गए ॥२९॥ जब वे सैनिक उस ऊँचे सुमेरु पर्वतकी तलहटीमें उतरे, उस समय अमरावतीमें रहनेवाले स्त्री-पुरुष सब उन्हें बड़े चावसे देख रहे थे ॥३०॥ सुमेरु पर्वतकी पीली, नीली, लाल और उजली चट्टानोंसे उड़ी

पीतासितारक्तसितैः सुराचलप्रान्तस्थितैर्धातुरजोभिरम्बरम् ।
अयत्नगन्धर्वपुरोदयभ्रमं बभार भूम्नोत्पतितैरितस्ततः ॥३१॥
महास्वनः सैन्यविमर्दसंभवः कर्णान्तिकूलंकषतामुपेयिवान् ।
पयोनिधेः क्षुब्धतरस्य वर्धनो बभूव भूम्ना भुवनोदरम्भरिः ॥३२॥
महागजानांगुरु बृंहितैस्ततैः सुहेषितैर्घोरतरैश्च वाजिनाम् ।
घनै रथानां गुरुचण्डचीत्कृतैस्तिरोहितोऽभूत्पटहस्य निःस्वनः ॥३३॥
महासुराणामवरोधयोषितां कचाक्षिपक्ष्मस्तनमण्डलेषु च ।
ध्वजेषु नागेषु रथेषु वाजिषु क्षणेन तस्थौ सुरसैन्यजं रजः ॥३४॥
घनैर्विलोक्य स्थगितार्कमण्डलैश्चमूरजोभिर्निचितं नभःस्थलम् ।
अयायि हंसैरभिमानसं घनभ्रमेण सानन्दमनर्ति केकिभिः ॥३५॥
सान्द्रैः सुरानीकरजोभिरम्बरे नवाम्बुदानीकनिभैरभिश्रिते ।
चकाशिरे स्वर्णमया महाध्वजाः परिस्फुरन्तस्तडितां गणा इव ॥३६॥
विलोक्य धूलीपटलैर्भृशं भृतं द्यावापृथिव्योरलमन्तरं महत् ।
किमूर्ध्वतोऽधः किमधस्त ऊर्ध्वतो रजोऽभ्युपैतीति जनैरतर्क्यत ॥३७॥
नोर्ध्वं न चाधो न पुरो न पृष्ठतो न पार्श्वतोऽभूत्खलु चक्षुषोर्गतिः ।
सूच्यग्रभेद्यैः पृतनारजश्चयैराच्छादिता प्राणिगणस्य सर्वतः ॥३८॥

हुई धूलसे भरा हुआ आकाश ऐसा लगने लगा मानो बिना परिश्रमके ही वह अनेक रत्नोंसे भरा गन्धर्वपुर बन गया हो ॥३१॥ कानोंके परदोंको फाडनेवाला देवसेनाका वह उमडा हुआ घोर शब्द हडभडाते हुए समुद्रकी कोलाहलसे भी अधिक बढकर सारे ब्रह्माण्ड मे गूँजने लगा ॥३२॥ यहाँ तक कि मतवाले हाथियोंकी भारी चिग्घाड चारो ओर घोडोंकी हिनहिनाहट और चलते हुए रथोंकी घोर घरघराहटमे गम्भीर और कान फाडनेवाली नगाडोंकी ध्वनि एकदम दब गई ॥३३॥ और क्षण-भरमे ही देवसेनाके चलनेसे उडी हुई वह धूल धीरे-धीरे दैत्योंकी स्त्रियोंके बालो, उनकी आंखो, अलको और स्तनोंपर बैठती हुई फिर उनकी पताकाओं, हाथियों, रथो और घोडोंपर जाकर जमने लगी ॥३४॥ जब सेना की घनी धूल सूर्यको ढककर आकाशमे छा गई तो हंस समझे कि ये बादल हैं और बरसात जानकर वे मानसरोवरकी ओर उड चले और मोर मस्तीसे नाचने लगे ॥३५॥ सेनाके चलनेसे उडी हुई घनी धूल तो आकाशमे नये बादलोंकी पाँतो-जैसी दिखाई देने लगी और सुनहरी पताकाएँ, चमकती हुई बिजलीकी लहरो-सी चमकने लगी ॥३६॥ आकाश और पृथ्वीके ठीक बीचो बीच छाई हुई उस धूलको देखकर लोग यही सोचते रह गए कि यह धूल, ऊपरसे नीचे उतर रही है या नीचेसे ऊपरको चढ रही है ॥३७॥ सेनाके चलनेसे उठी हुई धूल ऐसी छा गई थी कि सूईकी नोकके बराबर स्थान भी खुला न रह गया था इसलिये सबकी आंखोके आगे ऐसा अंधेरा छा गया कि किसी को भी नीचे ऊपर, आगे-पीछे, इधर-उधर कहीं कुछ भी नहीं दिखाई देता था ॥३८॥

दिगन्तदन्त्यावलिदानहारिभिर्विमानरन्ध्रप्रतिदानमेदुरैः ।
अनेकवाद्यध्वनितैरनारतैर्जगर्ज गाढं गुरुभिर्नभस्तलम् ॥३९॥
भुवं विगाह्य प्रययौ महाचमूः क्वचिन्न मान्ती महतीं दिवं खलु ।
सुसंकलायामपि तत्र निर्भरात्किं कान्दिशीकत्वमवाप नाकुला ॥४०॥
उद्दामदानद्विपवृन्दबृंहितैर्नितान्तमुत्तुङ्गतुरङ्गहेषितैः ।
चलद्घनस्पन्दननेमिनिःस्वनैरभूनिरुच्छ्वासमिवाकुलं जगत् ॥४१॥
महागजानां गुरुभिस्तु गर्जितैर्विलोलघण्टारणितै रणोल्वणैः ।
वीरप्रणादैः प्रमदप्रमेदुरैर्वाचालतामादधिरेतरां दिशः ॥४२॥
दन्तीन्द्रदानद्रववारिवीचिभिः सद्योऽपि नद्यो बहुधा पुपूरिरे ।
धारारजोभिस्तुरगैः हतैर्भृता याः पङ्कतामेत्य रथैः स्थलीकृताः ॥४३॥
निम्नाः प्रदेशाः स्थलतामुपागमन्निम्नत्वमुच्चैरपि सर्वतश्च ते ।
तुरंगमाणां व्रजतां खुरैः हता रथैर्गजेन्द्रैः परितः समीकृताः ॥४४॥
नभोदिगन्तप्रतिघोषभीषणैर्महामहीभृत्तटदारणोल्वणैः ।
पयोधिनिर्धूननकेलिभिर्जगद्बभूव भेरीध्वनितैः समाकुलम् ॥४५॥
इतस्ततो वातविधूतचञ्चलैर्नीरन्ध्रिताशागमनैर्ध्वजांशुकैः ।
लवैः क्वणत्काञ्चनकिङ्किणीकुलैरमज्जि धूली-जलधौ नभोगते ॥४६॥

सेनामें ऐसे बहुतसे बाजे निरंतर बज रहे थे जिनकी घोर ध्वनि सुनकर मतवाले हाथियोंका मद भी सूख जाता था और जिनकी ध्वनि विमानोंकी छतरियोंमें टकराकर और भी दूनी गूँज उठती थी। उन्हें सुन-सुनकर ऐसा लगता था मानो आकाश ही घनघोर गरज रहा हो ॥३९॥ देवताओंकी यह महासेना पहले तो धरती में भर गई, पर वहाँ न समा सकनेके कारण आकाश में जा पहुँची और जब वहाँ भी न समा सकी तो मानो वह यह समझकर घबरा उठी कि अब यहाँसे कहाँ चला जाय ॥४०॥ ऊँचे-ऊँचे मतवाले हाथियोंकी चिंघाड़ों से, अत्यन्त ऊँचे घोड़ों की हिनहिनाहटोंसे और चलनेवाले रथों की घड़-घड़ाहटसे सब ऐसे घबड़ा उठे मानो सबकी साँस घुटी जा रही हो ॥४१॥ बड़े-बड़े हाथियोंकी घोर चिंघाड़, उनके हिलते हुए युद्धके घंटोंकी टन-टन और मतवाले वीरोंकी ललकार चारों ओर फैली हुई ऐसी लगती थी मानो दसों दिशाएँ कोलाहल मचा रही हों ॥४२॥ बड़े-बड़े हाथियोंका इतना मद बहा कि सूखी हुई नदियोंमें तुरन्त बाढ़ आ गई। और फिर घोड़ोंके सुमोंकी खूँदसे उठी हुई धूलभर जानेसे उन नदियोंमें कीचड़ ही कीचड़ हो गया और फिर रथोंके पहियोंसे दबकर वही फिर ज्योंकी त्यों धरती निकल आई ॥४३॥ चलते हुए घोड़ोंके खुरोंसे रौंदो जानेपर और रथों तथा हाथियोंके चलनेसे दब जानेपर नीचे स्थान ऊँचे हो गए और ऊँचे स्थान नीचे हो गए ॥४४॥ बड़े-बड़े पहाड़ोंको फोड़ देनेवाली और समुद्रमें हलचल मचा देनेवाली वह नगाड़ेकी ध्वनि निकलकर आकाश और दिशाओंमें गूँजी तो उनकी और भी भयानक ध्वनि सुनकर सारा संसार घबड़ा उठा ॥४५॥ उस सेनाकी टन-टनाते हुए घुँघरुओंवाली लाखों झंडियाँ जो सारे आकाश में भरकर सब मार्ग रोके हुए वायुके

घण्टारवै रौद्रतरैर्निरन्तरं विसृत्वरैर्गर्जरवैः सुभैरवैः ।
मत्तद्विपानां प्रथयांबभूविरे न वाहिनीनां पटहस्य निःस्वनाः ॥४७॥
करालवाचालमुखाश्वमुस्वनैर्ध्वस्ताम्बरा वीक्ष्य दिशो रजस्वलाः ।
तिरोबभूवे गहनैर्दिनेश्वरो रजोन्धकारैः परितः कुतोप्यसौ ॥४८॥
आक्रान्तपूर्वा रभसेन सैनिकैर्दिगङ्गना व्योमरजोभिदूषिता ।
भेरीरवाणां प्रतिशब्दितैर्घनैर्जगर्ज गाढं घनमत्सरादिव ॥४९॥
गुरुसमीरसमीरित भूधरा इव गजा गगनं विजगाहिरे ।
गुरुतरा इव वारिधरा रथा भुवमितीह विवर्त्त इवाभवत् ॥५०॥
बलमदसुरलोकानल्पकल्पान्तकाले
निरवधय इवाम्भोराशयो घोरघोषाः ।
गुरुतरपरिमज्जद्भूमृतो देवसेना
ववृधुरपि सुपूर्णा व्योमभूम्यन्तराले ॥५१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसभवे महाकाव्ये
देवसेनाप्रयाणं नाम चतुर्दश सर्गः ॥

झोकोंमे फरफरा रही थी । वे भी उस सेनाके चलनेसे उडी हुई धूलके समुद्रमे डूब गई ॥४६॥ मतवाले हाथियोंकी गूँजती हुई चिग्घाड और पल पलमे भयकर होकर बढती हुई घण्टेकी ध्वनिके आगे सेनाके नगाडोंका शब्द सुनाई ही नही पड रहा था ॥४७॥ जैसे किसी हल्ला मचानेवाली नगी रजस्वलाको देखकर सज्जन लोग आड़ कर लेते हैं वैसे ही सेनाके शब्दोंसे घोर कोलाहल करती हुई और आकाश-रूपी वस्त्रको फाडकर रजसे भरी हुई दिशा-रूपी नायिकाको देखकर फैले हुए धूलके घने अंधेरेकी ओट करके अपनेको छिपा लिया ॥४८॥ वहाँ जो नगाडे बज रहे थे उनकी ध्वनि ऐसी लग रही थी मानो आकाश रूपी नायक धूलसे भरी हुई अपनी दिशारूपी रजस्वला नायिका पर सैनिकोंका इतना बडा धावा देखकर घोर ईर्ष्या से गरज उठा हो ॥४९॥ बडे बडे हाथी आकाश म इस प्रकार इधर-उधर घूम रहे थे जैसे किसी बडी भारी आँधी से पहाडकी चट्टानें ऊपर उड रही हो । भूमिपर रथ इस प्रकार चल रहे थे मानो बडे-बडे बादल चल रहे हो । इस युद्धमे ऐसा जान पडता था मानो पृथ्वीके पहाड तो आकाशमें उडने लगे हो और आकाशमे चलने वाले बादल पृथ्वी पर चलने लगे हो ॥५०॥ घोर कोलाहल मचाती हुई बडे-बडे राजाओं से भरी यह देवसेना भली प्रकार चारो ओर भरी होने पर भी और अधिक बढने लगी । इसे देखकर ऐसा जान पडता था मानो बलवान् असुरोंके इस महाप्रलयके समय घोर रूपसे गरजता हुआ महासागर उमडा चला जा रहा हो ॥५१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसभव महाकाव्यमें
देवसेनाका प्रस्थान नामका चौदहवाँ सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ पञ्चदशः सर्गः ॥

सेनापतिं नन्दनमन्धकद्विषो युधे पुरस्कृत्य बलस्य शात्रवः ।
सैन्यैरुपैतीति सुरद्विषां पुरोऽभूत्किंवदन्ती हृदयप्रकम्पिनी ॥ १ ॥
चमूप्रभुं मन्मथमर्दनात्मजं विजित्वरीभिर्विजयश्रियाश्रितम् ।
श्रुत्वा सुराणां पृतनाभिरागतं चित्ते चिरं चुक्षुभिरे महासुराः ॥ २ ॥
समेत्य दैत्याधिपतेः पुरे स्थिताः किरीटबद्धाञ्जलयः प्रणम्य ते ।
न्यवेदयन्मन्मथशत्रुसूनुना युयुत्सुना जम्भजितं सहागतम् ॥ ३ ॥
दासीकृताशेषजगत्त्रयं मां जिगाय युद्धे कतिशः शचीपतिः ।
गिरीशपुत्रस्य बलेन साम्प्रतं ध्रुवं विजेतेति स काकुतोऽहसत् ॥ ४ ॥
ततः क्रुधा विस्फुरिताधराधरः स तारको दर्पितदोर्बलोद्धतान् ।
युधे त्रिलोकीजयकेलिलालसः सेनापतीन्सन्नहनार्थमादिशत् ॥ ५ ॥
महाचमूनामधिपाः समन्ततः सन्नह्य सद्यः सुतरामुदायुधाः ।
तस्थुर्विनम्रक्षितिपालसंकुले तदङ्गनद्वारवरप्रकोष्ठके ॥ ६ ॥
स द्वारपालेन पुरः प्रदर्शितान्कृतानतीन्बाहुवरानधिष्ठितान् ।
महाहवाम्भोधिविधूननोद्धतान्ददर्श राजा पृतनाधिपान्बहून् ॥ ७ ॥

पन्द्रहवाँ सर्ग

उधर जब दैत्योंके नगरमें यह हल्ला मचा कि शङ्करजीके पुत्र कार्तिकेयको सेनापति बनाकर और देवताओंकी सेना साथ लेकर दैत्योंके शत्रु इन्द्र यहाँ युद्ध करनेके लिये चले आ रहे हैं तो दैत्योंमें बड़ी खलबली मच गई ॥१॥ और जब उन्होंने यह जान लिया कि जयलक्ष्मीके साथ देवताओंकी सेना लेकर विजयी कार्तिकेय सचमुच सेनापति बनकर आए हैं तब तो दैत्योंके नगरके रहनेवाले बहुत देरतक ऐसे घबराए बैठे रहे मानो उन्हें काठ मार गया हो ॥२॥ दैत्योंके राजा तारककी नगरीमें रहनेवाले सब दैत्य मिलकर तारकके पास पहुँचे और उनके आगे सिर झुकाकर प्रणाम करके कहने लगे कि युद्ध करनेको उतारू कुमारको साथ लेकर इन्द्र आ पहुँचे हैं ॥३॥ यह सुनकर तारकने बड़े तानेके साथ हँसते हुए कहा--पिछले कई युद्धोंमें तो मुझ त्रैलोक्य-विजयी को इन्द्र जीत नहीं सका अब कुमारके भरोसे लड़ने चला है तो भला क्या जीतेगा ॥४॥ यह कहते ही तीनों लोकोंको खेल ही खेलमें जीतनेकी शक्ति रखनेवाले तारकके ओठ काँपने लगे और उसने अपने उन बलशाली सेनापतियोंको युद्धके लिये सजने की आज्ञा दी जिन्हें अपने बाहुबल पर बड़ा घमण्ड था ॥५॥ तब अस्त्र-शस्त्र बाँधकर बड़े-बड़े दैत्य सेनापति तुरत तारकके उस भारी फाटक वाले आँगनमें आ खड़े हुए जहाँ बहुतसे आज्ञाकारी राजा पहलेसे ही पूँछ दबाए खड़े थे ॥६॥ द्वारपर पहुँचकर जो जो प्रणाम करते जाते थे उनकी बड़ी-बड़ी भुजाओं वाले वीरोंको सेजा-लेजाकर द्वारपाल भी तारकासुरके सामने खड़ा करता जाता था। दैत्यराजने

बली बलारातिबलातिशातनं दिग्दन्तिनादद्रवनाशनस्वनम् ।
महीधराम्भोधिनवारितक्रमं ययौ रथं घोरमथाधिरुह्य सः ॥ ८ ॥
युगक्षयक्षुब्धपयोधिनिःस्वनाश्चलत्पताकाकुलवारितातपाः ।
धरारजोग्रस्तदिगन्तभास्कराः पतिं प्रयान्तं पृतनास्तमन्वयुः ॥ ९ ॥
चमूरजः प्राप दिगन्तदन्तिनां महासुरस्याभिसुरं प्रसर्पिणः ।
दन्तप्रकाण्डेषु सितेषु शुभ्रतां कुम्भेषु दानाम्बुघनेषु पङ्कताम् ॥१०॥
महीभृतां कन्दरदारणोल्बणैस्तद्वाहिनीनां पटहस्वनैर्घनैः ।
उद्वेलिताश्च क्षुभिरे महार्णवा नभःस्रवन्ती सहसाप्यवर्धत ॥११॥
सुरारिनाथस्य महाचमूस्वनैर्विगाह्यमाना तुमुलैः सुरापगा ।
अभ्युच्छ्रितैरूर्मिशतैश्च वारिजैरक्षालयन्नाकनिकेतनावलीम् ॥१२॥
अथ प्रयाणाभिमुखस्य नाकिनां द्विषः पुरस्तादशुभोपदेशिनी ।
अगाधदुःखाम्बुधिमध्यमज्जनं बभूव चोत्पातपरम्परा तव ॥१३॥
आगामिदैत्याशनकेलिकाङ्क्षिणी क्रुपक्षिणां घोरतरा परम्परा ।
दधौ पदं व्योम्नि सुरारिवाहिनीरुपर्युपर्येत्यनिवारितातपा ॥१४॥

देखा कि वे अनगिनती सेनापति, महायुद्धके हलचल मचानेमें एकसे एक बढ़कर हैं ॥७॥ तब वह बलवान् दैत्य भी स्वयं उस भयंकर रथपर चढ़कर चल पड़ा जो अकेला ही इन्द्रकी सेनाको तहस-नहस कर सकता था, जिसकी घरघराहट सुनकर दिग्गजोंका चिग्घाड़ना और मद बहाना बन्द हो जाता था और जो पर्वत और समुद्रमें कहीं भी बेरोक टोक चला जा सकता था ॥८॥ पृथ्वीसे उड़ी हुई धूलसे सब दिशाओं और आकाशको ढकती हुई दैत्योंकी वह सेना भी अपने सेनापति तारकासुरके पीछे पीछे चल पड़ी, जो प्रलय कालके हड़हड़ाते हुए समुद्रके समान घोर हल्ला मचा रही थी और जिसमें इतनी पताकाएँ हिल रही थीं कि उनसे धूप तक रुक गई थी ॥९॥ जब देवताओंसे लड़नेके लिये महादैत्य तारककी सेना चली तो उसके चलनेसे उड़ी हुई धूल दिग्गजोंके उजले दाँतोंपर पड़कर उजली हो उठती थी और जब उनके मद बहते हुए गालों पर पड़ती थी तब कीचड़ बन जाती थी ॥१०॥ उसकी सेनाके नगाड़ोंकी जो गम्भीर ध्वनि पहाड़ोंकी कन्दराओंको भी फोड़ सकती थी उसे सुनकर समुद्र भी हिलोरें लेकर अपने तटोंसे ऊपर उठ आया और आकाशगंगामें भी अचानक बाढ़ आ गई ॥११॥ दैत्यराजकी बड़ी भारी सेनाका भयंकर हल्ला जो आकाशगंगामें गूँजा तो उसमेंसे उछलती हुई सुन्दर कमलोंसे भरी सैकड़ों लहरोंने वहाँके भवन धो डाले ॥१२॥ जब वह दैत्यराज लड़नेके लिये चला तो उसके आगे ऐसे बुरे-बुरे असगुन होने लगे जिनसे यह जान पड़ता था कि वह दैत्य किसी भारी विपत्तिके समुद्रमें डूबनेवाला है ॥१३॥ उसी समय दैत्योंका माँस पानेकी टोहमें बहुतसे गिद्ध, कौवे आदि भयंकर जीव-जन्तु पाँति बाँध-बाँधकर दैत्योंकी सेनाके ऊपर ठीक इस प्रकार मँडराने लगे कि

मुहुर्विभग्नातपवारणध्वजश्चलद्दूराधूलिकलाकुलेक्षणः ।
धुताश्वमातङ्गमहारथाकरानवेक्षणाऽभूत्प्रसभं प्रभञ्जनः ॥१५॥
सद्यो विभिन्नाञ्जनपुञ्जतेजसो मुखैर्विषाग्निं विकिरन्त उच्चकैः ।
पुरः पथोऽतीत्य महाभुजङ्गमा भयङ्कराकारभृतो भृशं ययुः ॥१६॥
मिलन्महाभीमभुजङ्गमीपणां प्रभुर्दिनानां परिवेषमादधौ ।
महासुरस्य द्विपतोऽतिमत्सराद्दिवान्तमाशूचयितुं भयङ्करः ॥१७॥
त्विषामधीशस्य पुरोऽधिमण्डलं शिवाः समेताः परुषं ववाशिरे ।
सुरारिराजस्य रणान्तशोणितं प्रसह्य पातुं द्रुतमुत्सुका इव ॥१८॥
दिवापि तारास्तरलास्तरस्विनीः परापतन्तीः परितोऽथ वाहिनीः ।
विलोक्य लोको मनसा व्यचिन्तयत्प्रणाशव्यन्तं व्यसनं सुरद्विपः ॥१९॥
ज्वलद्भिरुच्चैरभितः प्रभाभरैरुद्धासिताशेषदिगन्तराम्बरम् ।
रवेण रौद्रेण हृदन्तदारणं पपात वज्रं नभसो निरम्बुदात् ॥२०॥
ज्वलद्भिरङ्गारचयैर्नभस्तलं ववर्ष गाढं सह शोणितास्थिभिः ।
धूमं ज्वलन्तो व्यसृजन्मुखैः रजो दधुर्दिशो रासभकण्ठधूसरम् ॥२१॥
निर्घातघोषो गिरिशृङ्गशातनो घनोऽम्बराशाकुहरोदरम्भरिः ।
बभूव भूम्ना श्रुतिभित्तिभेदनः प्रकोपिकालार्जितगर्जितर्जनः ॥२२॥

उनकी छाया भी नीचे नहीं पड़ती थी ॥१४॥ आकाशमें बार-बार ऐसी आँधियाँ उठने लगीं कि छत्र-चँवर, पताकाएँ, सब टूट व फूट गईं, धूल उड़-उड़कर सबकी आँखोंमें भर गईं और घोड़े, हाथी, रथ सबको उन आँधियोंने झकझोर डाला ॥१५॥ तुरन्त मारे हुए काजलमें टूटकर गिरे हुए टुकड़ेके समान काले और विष-भरी आगकी ऊँची-ऊँची लपटें उगलने-वाले बड़े भयंकर डील-डौलवाले साँप, सेनाका मार्ग काट-काटकर सामनेसे निकलने लगे ॥१६॥ और बैरके कारण ही मानो सूर्यने भयंकर साँपोंकी कुण्डलीके समान बड़ा सा मंडल धारो और डाल लिया था जो यह बता रहा था कि देवताओंके शत्रु तारक असुरके दिन पूरे हो चले हैं ॥१७॥ युद्धमें तारक असुरका लहू पीनेकी उतावलीमें सियारिनियाँ सूर्य-मण्डलके चारों ओर आ-आकर बड़े डरावने स्वरमें रोने लगीं ॥१८॥ दिनमें निकले हुए तारे उस सेनाके चारों ओर बड़े वेगसे टूट-टूटकर गिरने लगे और लोगोंको विश्वास हो गया कि ये सब उपद्रव तारकके नाशके लिये ही हो रहे हैं ॥१९॥ अपनी घोर और भयंकर तड़पसे हृदय फाड़ देनेवाली और अपनी चलती हुई चमकसे सारी दिशाओं और आकाशको चमका देनेवाली बिजली भी बिना बादलके ही आकाशसे टूट-टूटकर गिर रही थी ॥२०॥ आकाशमें धधकते हुए अंगारोंकी लहूसी और हड्डियोंकी घनघोर वर्षा हो रही थी और दसों दिशाएँ गधेके गलेके रंग-जैसा भूरा-भूरा धुआँ उगल रही थीं ॥२१॥ चारों ओर आकाशमें और दसों दिशाओंमें ऐसा भयंकर हल्ला हो रहा था जो क्रोधमें भरे हुए कालकी गरजके समान कानोंके पर्दे फाड़े डाल रहा था और

स्खलन्महेभं प्रपतत्तुरङ्गमं परस्पराश्लिष्टजनं समन्ततः ।
प्रक्षुभ्यदम्भोधिविभिन्नभूधराङ्गलं द्विपोऽभूद्ध्वनिप्रकम्पात् ॥२३॥
ऊर्ध्वीकृतास्या रविदत्तदृष्टयः समेत्य सर्वे सुरविद्विषः पुरः ।
श्वानः स्वरेण श्रवणान्तशातिना मिथो रुदन्तः करुणेन निर्ययुः ॥२४॥
अपीति पश्यन्परिणामदारुणां महत्तमां गाढमरिष्टसन्ततिम् ।
दुर्दैवदष्टो न खलु न्यवर्तत क्रुधा प्रयाणव्यवसायतोऽसुरः ॥२५॥
अरिष्टमाशङ्क्य विपाकदारुणं निवार्यमाणोऽपि बुधैर्महासुरः ।
पुरः प्रतस्थे महतां वृथा भवेदसद्ग्रहान्धस्य हितोपदेशनम् ॥२६॥
क्षितौ निरस्तं प्रतिकूलवायुना तदीयचामीकरघर्मवारणम् ।
रराज मृत्योरिव पारणाविधौ प्रकल्पितं हाटकभाजनं महत् ॥२७॥
विजानता भाविशिरोनिकृन्तनं प्रज्ञेन शोकादिव तस्य मौलिना ।
मुहुर्गलद्भिस्तरलैरलन्तरामरोदि मुक्ताफलबाष्पबिन्दुभिः ॥२८॥
निवार्यमाणैरभितोऽनुयायिभिर्गृहीतुकामैरिव तं मुहुर्मुहुः ।
अपाति गृध्रैरभिमौलिमाकुलैर्भविष्यदेतन्मरणोपदेशिभिः ॥२९॥
सद्यो निकृत्ताञ्जनसोदरद्युतिं फलामखिप्रज्वलदंशुमंडलम् ।
निर्यद्विषोल्कानलगर्भफूत्कृतं ध्वजे जनस्तस्य महाहिमैक्षत ॥३०॥

जिसकी गूँजसे पहाड़की चोटियाँ भी फटी पड़ रही थीं ॥२२॥ इतनेमें ही ऐसा भूडोल आया कि समुद्र हिलोरें लेने लगा, पहाड़ोंमें दरारें पड़ गईं, तारकके सैनिक एक दूसरेको पकड़कर लिपट गए, बड़े-बड़े हाथी लड़खड़ाने लगे और घोड़े जहाँ तहाँ पटपट गिरने लगे ॥२३॥ सूर्यकी ओर देखते हुए मुँह उठाकर एक साथ बहुतसे कुत्ते रोते हुए और बुरे ढंगसे भूँकते हुए तारकके सामने निकल आए ॥२४॥ इस प्रकारके बुरे-बुरे डरावने असगुन देखकर भी दुर्भाग्यके मारे उस दैत्यने क्रोधसे लड़ाईमें जानेसे मुँह नहीं मोड़ा ॥२५॥ ऐसे बड़े, डरावने और बुरे असगुन देखकर विद्वानोंने उस महादैत्यको बहुत रोकना चाहा पर वह आगे बढ़ता ही गया। जो लोग हठमें अन्धे हो जाते हैं उन्हें बड़े-बूढ़ों का उपदेश भी अच्छा नहीं लगता ॥२६॥ इतनेमें ही उल्टे बहते हुए वायुका ऐसा झोंका आया कि सुनहरा राजछत्र भी भूमिमें औंधा जा गिरा और ऐसा लगने लगा मानो उसकी मृत्युने अपना व्रत तोड़नेके समय भोजन करनेके लिये यह सोनेका थाल सा रक्खा हो ॥२७॥ तारकके किरीटसे टूट-टूटकर गिरते हुए मोती ऐसे लग रहे थे मानो तारकका सिर कटनेकी बात पहलेसे जाननेवाला वह समझदार मुकुट अपने मोतीके आँसू बार-बार बरसाकर रो रहा हो ॥२८॥ उसके सिरपर मँडराते हुए गिद्धोंसे उसके सेवक बराबर भगा रहे थे फिर भी वे गिद्ध व्याकुलताके साथ सिरपर ही गिरकर मानो यह बता रहे थे कि अब तुम्हारे दिन पूरे हो चले हैं ॥२९॥ इतनेमें लोगोंने देखा कि उसके झंडेपर तुरन्त घोटे हुए काजलके समान काला, अपने फणकी मणियोंकी किरणोंसे प्रकाशसे चमकते हुए

रथाश्वकेशावलिकर्णचामरं ददाह यास्यासनबाणबाणधीन् ।
अकाण्डतश्चण्डतरो हुताशनस्तस्यातनुस्यन्दनधुर्यगोचरः ॥३१॥
इत्याद्यरिष्टैरशुभोपदेशिभिर्विहन्यमानोऽप्यसुरः पुनः पुनः ।
यदा मदान्धो न गतोऽन्यवर्त्ततामथाम्बराच्चदाभून्मरुतां सरस्वती ॥३२॥
मदान्ध मा गा भुजदण्डचण्डिमावलेपतो मन्मथहन्तृसूनुना ।
सुरैः सनाथेन पुरन्दरादिभिः समं समन्तात्समरं विजित्वरैः ॥३३॥
गुहाऽसुरैः षड्दिन जातमात्रको निदाघधामेव निशातमोभरैः ।
विपद्यते नाभिमुखो हि सगरे कुतस्त्वया तस्य समं विरोधिता ॥३४॥
अभ्रंलिहैः शृङ्गशतैः समन्तो दिक्चक्रवालैः स्थगितस्य भूभृतः ।
क्रौञ्चस्य रन्ध्रं विशिखेन निर्ममे येनाहवस्तस्य सह त्वया कुतः ॥३५॥
लब्ध्वा धनुर्वेदमनङ्गविद्विषस्त्रिःसप्तकृत्वः समरे महीभुजाम् ।
कृत्वाभिषेकं रुधिराम्बुभिर्घनैः स्वक्रोधवह्निं शमयांबभूव यः ॥३६॥
न जामदग्न्यः क्षयकालरात्रिकृत्स क्षत्रियाणां समराय वल्गति ।
येन त्रिलोकीसुभटेन तेन कुतोऽवकाशः सह विग्रहग्रहे ॥३७॥
त्यजाशु गर्वं मदमूढ मा स्म गाः स्मरारिसूनोर्वरशक्तिगोचरम् ।
तमेव नूनं शरणं व्रजाधुना जगत्सुवीरं स चिराय जीव तत् ॥३८॥

फनोंवाला और भयानक विष-भरी आगकी फूँकार छोड़नेवाला एक बड़ा भारी साँप जा लिपटा है ॥३०॥ इतनेमें अचानक उसके रथके धुरेसे आगकी ऐसी भारी लपट उठी कि रथके घोड़ोंके बाल, थान और चौरियाँ झुलस गईं और तारकके धनुष, बाण और तूणीर भी जल उठे ॥३१॥ बार-बार ऐसा बुरे बुरे असगुन होनेपर भी जब वह घमण्डमें चूर दैत्य न लौटा, तब आकाशसे यह देववाणी सुनाई दी ॥३२॥ —'हे घमण्डमें चूर दैत्य तू अपने भुजदण्डों पर घमण्ड करके उन कार्तिकेयजीसे युद्ध करने न जा, जिनके साथ इन्द्र और विजयी देवता चले आ रहे हैं ॥३३॥ हे मतवाले दैत्य छह दिनके बालक कुमारके आगे युद्धमें दैत्योंकी वही दुर्दशा होगी जो सूर्यके आगे रातके अँधेरेकी होती है। भला तू उनसे क्या लड़ पावेगा ॥३४॥ हे तारक ! जिस क्रौंच पर्वतकी सैकड़ों चोटियाँ आकाश चूमती हैं और जो दसों दिशाओंमें फैला हुआ है उसे भी जिसने बाणोंसे बेध डाला है, उनके साथ तू क्या लड़ पावेगा ॥३५॥ जिन परशुरामजीने शंकरजीसे धनुर्विद्या सीखकर इक्कीस बार युद्धमें राजाओंके गाढ़े रक्तमें स्नान करके अपना क्रोध ठण्डा किया है ऐसे क्षत्रियोंके नाशकी कालरात्रि बुलानेवाले परशुराम भी जिनसे लड़नेमें घबड़ाते हैं, उन त्रिभुवन प्रसिद्ध महायोद्धासे लड़नेका तुममें दम कहाँ है ॥३६-३७॥ अरे घमण्डसे अन्धे दैत्य तू अपना घमण्ड छोड़कर कुछ ऐसा उपाय कर कि जिससे तू कुमारकी शक्तिके आगे न आ सके। इस समय उन्हींकी शरणमें जानेसे ही तेरे प्राण बचे रहेंगे ॥३८॥ अपने क्रोधसे

श्रुत्वेति वाचं वियतो गरीयसीं क्रोधादहंकारपरो महासुरः ।
प्रकम्पिताशेषजगत्त्रयोऽपि सन्नकम्पतोच्चैर्दिवमभ्यधाच्च सः ॥३९॥
किं मूथ रे व्योमचरा महासुराः स्मरारिसूनुप्रतिपक्षवर्त्तिनः ।
मदीयबाणव्रणवेदना हि साऽधुना कथं विस्मृतिगोचरीकृता ॥४०॥
कटुस्वरैः प्रालपथाम्बरस्थिताः शिशोर्बलात्षड्दिनजातकस्य किम् ।
श्वानः प्रमत्ता इव कार्त्तिके निशि स्वैरं वनान्ते मृगधूर्तका इव ॥४१॥
सङ्गेन वो गर्भतपस्विनः शिशुर्वराक एषोऽन्तमवाप्स्यति ध्रुवम् ।
अतस्करस्तस्करसङ्गतो यथा बद्धो निहन्मि प्रथमं ततोऽप्यमुम् ॥४२॥
इतीरयन्युग्रतरं महासुरे महाकृपाणं कलयत्यलं क्रुधा ।
परस्परोत्पीडितजानवो भयाकम्प्रभरा दूरतरं विदुद्रुवुः ॥४३॥
ततोऽवलेपाद्विकटं विहस्य स व्यधत्त कोशादसिमुच्चम बहिः ।
रथं द्रुतं प्रापय वासवान्तिकं नन्वित्यवोचन्निजसारथिं रथी ॥४४॥
मनोतिवेगेन रथेन सारथिप्रणोदितेन प्रचलन्महासुरः ।
ततः प्रपेदे सुरसैन्यसागरं भयङ्कराकारमपारमग्रतः ॥४५॥
पुरः सुराणां पृतनां प्रथीयसीं विलोक्य वीरः पुलकं प्रमोदजम् ।
बभार भूम्नाथ स बाहुदण्डयोः प्रचण्डयोः सङ्गरकेलिकौतुकी ॥४६॥

तीनों लोकोंको कँपानेवाला वह घमंडी दैत्य भी ऐसी आकाश वाणी सुनकर एक बार स्वयं काँप उठा, पर फिर सँभल कर आकाशकी ओर मुँह करके गरजकर बोला—॥३९॥ अरे कार्त्तिकेयकी बड़ाई करनेवाले आकाशमें घूमनेवाले देवताओ ! क्या आज तुम्हें मेरे बाणोंके घावोंकी पीड़ा भूल गई जो इस प्रकार बक-बक किए जा रहे हो ॥४०॥ अरे देवताओ ! कार्त्तिकके महीनेमें जैसे पागल कुत्ते भूँका करते हैं और रातको वनमें सियार, लोमड़ी आदि धूर्त पशु बोला करते हैं वैसे ही तुम लोग भी आकाशमें चढ़कर उस छह दिनके बच्चे कुमारके बलकी वृथा रिरिया-रिरियाकर झूठी शान बघार रहे हो ॥४१॥ अरे देवताओ ! तुम लोगोंके साथ पड़नेसे यह बेचारा तपस्वी बालक कार्त्तिकेय भी तुम लोगोंके साथ वैसे ही मारा जायगा जैसे चोरका साथ देने वाला भी दंड भोगता है ॥४२॥ यह कहकर उस महासुरने जो अपना भारी और बड़ा भयावना कृपाण उठाया तो आकाशमें खड़े हुए सब देवताओंमें भगदड़ मच गई ॥४३॥ तब बड़े घमंडसे विकट हँसी हँसकर उसने म्यानसे अपनी करवाल बाहर निकाली और अपने सारथीसे कहा कि रथ बढ़ाकर झटपट इन्द्रके सामने पहुँचाओ ॥४४॥ मनसे भी अधिक वेगसे चलनेवाले जिस रथको सारथी बढ़ाए लिए चला जा रहा था उसपर बैठा हुआ वह महादैत्य देवताओंकी उस सेनाके आगे जा पहुँचा जो अथाह समुद्रके समान भयकर दिखाई दे रही थी ॥४५॥ देवताओंकी बड़ी भारी सेना सामने देखकर उस युद्धके लिये उतावले

ततो महेन्द्रस्य चराश्चमूचरा रणान्तलीलारभसेन भूयसा।
पुरः प्रचेलुर्मनसोऽतिवेगिनो युयुत्सुभिः किं समरे विलम्ब्यते ॥४७॥
पुरःस्थितं देवरिपोश्चमूचरा बलद्विषः सैन्यसमुद्रमभ्ययुः।
भुजं समुद्दिश्य परेभ्य आत्मनोऽभिधानमुच्चैरभितो न्यवेदयन् ॥४८॥
पुरोगतं दैत्यचमूमहार्णवं दृष्ट्वा परं चुक्षुभिरे महासुराः।
पुरारिसूनोर्नयनैककोणके ममुर्भटास्तस्य रणेऽवहेलया ॥४९॥
द्विषद्बलत्रासविमीलिताश्चमूर्दिवौकसामन्धकशत्रुनन्दनः।
अपश्यदुद्दिश्य महारणोत्सवं प्रसादपीयूषधरेण चक्षुषा ॥५०॥
उत्साहिताः शक्तिधरस्य दर्शनान्मृधे महेन्द्रप्रमुखा मखाशनाः।
अहं मृधे जेतुमरीनरीरमन्न कस्य वीर्याय वरस्य संगतिः ॥५१॥
परस्परं वज्रधरस्य सैनिका द्विषोऽपि योद्धुं स्वकरोद्धृतायुधाः।
वैतालिकश्रावितवारविक्रमाभिधानमीयुर्विजयैषिणो रणे ॥५२॥

धीरके भारी भुजदण्डोंके रोएँ खड़े हो गए और उसके हृदयमें युद्धका उत्साह उमड़ उठा ॥४६॥ तब इन्द्रके बड़े-बड़े रणबाँकुरे और युद्धके लिये ललचाए हुए सैनिक, मनसे भी अधिक वेगसे दैत्योंकी सेनापर टूट पड़े। सच है, जो लड़ाईके प्यासे होते हैं वे अवसर आनेपर आगा पीछा थोड़े ही देखते हैं? ॥४७॥ और फिर दैत्य-सेनाके सैनिक भी आगे खड़ी हुई इन्द्रकी सेनाके समुद्रपर टूट पड़े और वे चारों ओर भुजाएँ उठा उठाकर ललकार ललकारकर अपना अपना नाम शत्रुओंको सुनाने लगे ॥४८॥ अपने आगे समुद्रके समान हिलोरें लेती हुई उस दैत्य-सेनाको देखकर बड़े-बड़े देवताओंके भी छक्के छूट गए, पर उस सारी दैत्य सेनाको एक कनखीसे देखकर ही शिवके पुत्र कार्तिकेयने समझ लिया कि इस सेनामें कुछ धरा नहीं है ॥४९॥ दैत्योंकी सेनाके डरसे घबराई हुई देवसेनाकी ओर अपने आनन्दके अमृतसे धुले हुए नेत्रोंसे देखकर कुमारने संकेत किया कि डरो मत, युद्ध किए जाओ। जब देवताओंने रणमें शक्तिशाली कार्तिकेयका दर्शन किया तो उनका उत्साह बढ़ गया और इन्द्र आदि सभी यह कहकर प्रसन्नतासे उछलने कूदने लगे कि मैं शत्रुओंको युद्धमें जीत लूँगा। ठीक है, भले लोगोंका संग करनेसे किसका बल नहीं बढ़ता ॥५०-५१॥ अपने अपने शस्त्र उठा-उठाकर देवताओं और दैत्योंके सैनिक अपने-अपने चारणोंके गाए हुए अपने नामवाले पराक्रमके गीत सुनते हुए विजयकी इच्छासे समरमें आ जुटे ॥५२॥ जैसे प्रलय करनेके लिये अपनी मर्यादा तोड़कर चारों ओर फैले हुए और सारे

॥ षोडशः सर्गः ॥

अथान्योन्यं विमुक्तास्त्रशस्त्रजालैर्भयंकरैः ।
युद्धमासीत्सुनासीरसुरारिबलयोर्महत् ॥ १ ॥
पत्तिः पत्तिमभीयाय रथाय रथिनं रथी ।
तुरंगस्थं तुरंगस्थो दन्तिस्थं दन्तिनि स्थितः ॥ २ ॥
युद्धाय धावतां धीरं वीराणामितरेतरम् ।
वैतालिकाः कुलाधीशा नामान्यलमुदाहरन् ॥ ३ ॥
पठतां वन्दिवृन्दानां प्रवीरा विक्रमावलीम् ।
क्षणं विलम्ब्य चित्राणि ददुर्युद्धोत्सुकाःपुरः ॥ ४ ॥
संग्रामानन्दवर्धिष्णौ विग्रहे पुलकाञ्चिते ।
आसीत्कवचविच्छेदो वीराणां मिलतां मिथः ॥ ५ ॥
निर्दय खड्गभिन्नेभ्यः कवचेभ्यः समुत्थितैः ।
आसन्व्योमदिशस्तूलैः पलितैरिव पाण्डुराः ॥ ६ ॥
खड्गा रुधिरसंलिप्ताश्चण्डांशुकरभासुराः ।
इतस्ततोऽपि वीराणां विद्युतां वैभवं दधुः ॥ ७ ॥

सोलहवाँ सर्ग

तब इन्द्र और तारककी सेनाएँ एक दूसरेपर भयङ्कर अस्त्र-शस्त्र बरसा बरसाकर घोर युद्ध करने लगी ॥१॥ पैदलसे पैदल जा भिडे, रथवालोंसे रथवाले जा उलझे, घुडसवारोंसे घुडसवार आ जूझे और हाथीसवार हाथीसवारोंसे भिड गए ॥२॥ जो सैनिक निडर होकर बैरियोंपर चोट कर रहे थे उन्हें लडनेको उभाडनेके लिये दोनों ओरके चारण लोग उन वीरोंको कुलके उजागर बता-बताकर उनकी बडाई करते जा रहे थे ॥३॥ पर वे वीर युद्धमें ऐसे जी जानसे लडते थे कि उन्हें इतना अवकाश हो कहाँ था कि चारणोंके मुँह अपने पराक्रमके गीत सुन सकें इसलिये जब वे बीच बीचमें कभी क्षणभर रुक जाते थे तो चारणोंके गीत भी सुन लेते थे ॥४॥ उन्हें लडाईमें ऐसा आनन्द आ रहा था कि उनके रोएँ-रोएँ उत्साहसे फरफरा उठे थे और जब उनकी आपसमें भिडन्त हो जाती थी तो उनके कवचोंके टाँके तक खुल जाते थे ॥५॥ वहाँ सैनिक लोग इतने कस कसकर करवाल चला रहे थे कि कवचोंके टूटोंसे उनके नीचे बँधी हुई रुई आकाश और दिशाओंमें उड उडकर ऐसी फैल गई कि सब दिशाएँ बूढेके बालों जैसी धौली हो गई ॥६॥ जहाँ तहाँ सूर्यकी किरणें पडनेसे लहूसे रँगी करवालें बिजलीके समान चमक उठती थीं ॥७॥

विसृजन्तो मुखैर्ज्वाला भीमा इव भुजंगमाः ।
विसृष्टाः सुभटैः रुष्टैर्व्योम व्यानशिरे शराः ॥ ८ ॥
गाढं वपूंषि निर्भिद्य धन्विनां निघ्नतां मिथः ।
अशोणितमुखा भूमिं प्राविशन्दूरमाशुगाः ॥ ९ ॥
निर्भिद्य दन्तिनः पूर्वं पातयामासुराशुगाः ।
पेतुः प्रवरयोधानां प्रीतानामाहवोत्सवे ॥१०॥
ज्वलदग्निमुखैर्बाणैर्नीरन्ध्रैरितरेतरम् ।
उच्चैर्वैमानिका व्योम्नि कीर्णे दूरमपासरन् ॥११॥
विभिन्नं धन्विनां बाणैर्व्यथार्तमिव विह्वलम् ।
ररास विरसं व्योम श्येनप्रतिरवच्छलात् ॥१२॥
चापैराकर्णमाकृष्टैर्विमुक्ता दूरमाशुगाः ।
अधावन्रुधिरास्वादलुब्धा इव रणैषिणाम् ॥१३॥
गृहीताः पाणिभिर्वीरैर्विकोशाः खड्गराजयः ।
कान्तिजालच्छलादाजौ व्यहसन्संमदादिव ॥१४॥
खड्गाः शोणितसंदिग्धा नृत्यन्तो वीरपाणिषु ।
रजोघने रणेऽनन्ते विद्युतां वैभवं दधुः ॥१५॥

क्रोधमें भर-भरकर वीरोंने जो आग उगलते हुए भयंकर साँपोंके समान विषैले बाण छोड़े उनसे सारा आकाश छा गया ॥८॥ वे एक दूसरेपर दूरसे जो बाण चला रहे थे वे दूसरी ओरके धनुषधारियोंके शरीरको ऐसी फुर्तीसे बेधते हुए पार निकलकर पृथ्वीमें जा धँसते थे कि उनमें लहूतक नहीं लग पाता था ॥९॥ उस युद्धके उत्सवमें जो बड़े-बड़े योद्धा जी खोलकर लड़ रहे थे वे हथियारोंपर ऐसे करारे बाण चला रहे थे कि हाथियोंका सिर तो पहले कटकर गिर जाता था, बाण पीछे गिरता था, ॥१०॥ जब आकाशमें जलती हुई लपटोंवाले बाणोंकी घनी पातें भर गईं तो विमानोंपर चढ़े हुए देवता वहाँसे दूर हट गए कि कहीं हम न इनकी लपेटमें आ जायँ ॥११॥ धनुषधारी सैनिकोंने इतने बाण छोड़े कि आकाशकी छाती चलनी हो गई और इसीलिए वह भी पीड़ासे व्याकुल होकर बाज पक्षीके डरावने शब्दोंमें रोने लगा ॥१२॥ लड़ाकू योद्धाओंने अपने कानों तक खींच-खींचकर जो बाण छोड़े वे मानो रुधिर पीनेके लोभसे ही इतनी दूरतक दौड़े चले जा रहे हों ॥१३॥ संग्राममें वीरोंके हाथोंकी नंगी करवालें मतवाली हो-होकर मानो अपनी धारकी चमकमें ही हँस रही हों ॥१४॥ वीरोंके हाथोंमें नाचनेवाली लहूसे लथपथ करवालें, धूलसे पटे हुए उस दूरतक फैले हुए युद्ध क्षेत्रमें बिजलीके समान चमक उठती थीं ॥१५॥

कुन्ताश्चकाशिरे चण्डमुल्लसन्तो रणार्थिनाम् ।
जिह्वाभोगा यमस्येव लेलिहाना रणाङ्गणे ॥१६॥
प्रज्वलत्कान्तिचक्राणि चक्राणि वरचक्रिणाम् ।
चण्डांशुमण्डलश्रीणि रणव्योमनि बभ्रमुः ॥१७॥
केचिद्वीरैः प्रणादैश्च धीराणामभ्युपेयुषाम् ।
निपेतुः घोमतो वाहादपरे मुहुर्मदात् ॥१८॥
कश्चिदभ्यागते वीरे जिघांसौ मुदमादधौ ।
परावृत्य गते क्षुब्धे विषसादाहवप्रियः ॥१९॥
बहुभिः सह युद्ध्वा य परिभ्रम्य रणोत्कटाः ।
उद्दिश्य तानुपेयुः केऽपि ये पूर्ववृता रणे ॥२०॥
अभितोऽभ्यागम्योद्धुं वीरान्रणमदोद्धतान् ।
प्रत्यनन्दन्भुजादण्डरोमोद्गमभृतो भटाः ॥२१॥
शस्त्रभिन्नेभकुम्भेभ्यो मौक्तिकानि च्युतान्यधः ।
अध्याहवक्षेत्रमुप्तकीर्तिबीजाङ्कुरश्रियम् ॥२२॥
वीराणां विषमैर्घोषैर्विद्रुता वारणा रणे ।
शास्यमाना अपि त्रासाद्भेजुर्धूताङ्कुशा दिशः ॥२३॥

युद्धमे लडनेवालोके चमकते हुए भयकर भाले यमराजकी लपलपाती जीभ जैसे दिखाई दे रहे थे ॥१६॥ चकाचौंध करनेवाली चमकसे घिरे हुए और प्रचड सूर्य-मण्डलके समान चमकवाले चक्रधारी वीरोके चक्र, उस युद्ध-रूपी आकाशमे चारो ओर चक्कर लगा रहे थे ॥१७॥ जब कोई वीर सामने आकर गरजकर ललकार उठता था तो बहुतसे योद्धा उस ललकारको सुनकर ही घोडोसे नीचे गिर पडते थे और बहुतसे हृदयके मारे ही मूर्छित होकर गिर पडते थे ॥१८॥ कोई कोई वीर ऐसे थे कि जब कोई उन्हे मारनेके लिये सामने आता तो वे प्रसन्न हो उठते थे कि चलो इसीसे दो दो हाथ हो जायँ, पर जब वह घबराकर लौट जाता था तब उन्हें इस बातका बडा दुख होता कि हाय, लड न पाए ॥१९॥ कुछ ऐसे भी रण बाँकुरे थे जो बहुतोंके साथ लड-भिडकर और इधर-उधर घूम-घामकर उन वीरोके पास पहुँच जाते थे, जिनसे लडनेके लिये उन्होने पहले ही सोच रक्खा था ॥२०॥ जब सच्चे योद्धाओ ने देखा कि युद्धके लिये मतवाले और लडनेके लिये फरफराती बाहोवाले वीर चारों ओर आ गए हैं तो वे बडे प्रसन्न हुए कि अब जी भरकर लडा तो जायगा ॥२१॥ शस्त्रोंसे कटे हुए हाथियोंके मस्तकोंसे झडे हुए मोती वहाँ बिखरे हुए ऐसे शोभा दे रहे थे जैसे रणके खेतमे बोए हुए यशके अकुर फूट निकले हो ॥२२॥ रणमें वीरोकी भयानक ललकारोसे भागे हुए हाथी, हाथीवानोंके अकुश खा-

रणे बाणगणैर्भिन्ना भ्रमन्तो भिन्नयोधिनः ।
निममज्जुर्मिलद्रक्तनिम्नगासु महागजाः ॥२४॥
अपारेऽसृक्सरित्पूरे रथेषूच्चैस्तरेष्वपि ।
रथिनोऽभिरिपुं क्रुद्धा हुंकृतैर्व्यसृजञ्शरान् ॥२५॥
खड्गनिर्लूनमूर्द्धानो व्यापतन्तोऽपि वाजिनः ।
प्रथमं पातयामासुरसिना दारितानरीन् ॥२६॥
वीराणां शस्त्रभिन्नानि शिरांसि निपतन्त्यपि ।
अधावन्दन्तदष्टोष्ठभीमान्यभिरिपुं क्रुधा ॥२७॥
शिरांसि वरयोधानामर्द्धचन्द्रहृतान्यलम् ।
आददाना भृशं पादैः श्येना व्यानशिरे नभः ॥२८॥
क्रोधादभ्यापतद्दन्तिदन्तारूढाः पदातयः ।
अश्वारोहा गजारोहप्राणान्प्रासैरपाहरन् ॥२९॥
शस्त्रछिन्नगजारोहा विभ्रमन्त इतस्ततः ।
युगान्तवातचलिताः शैला इव गजा बभुः ॥३०॥
मिलितेषु मिथो योद्धुं दन्तिषु प्रसभं भटाः ।
अगृह्णन्युध्यमानाश्च शस्त्रैः प्राणान्परस्परम् ॥३१॥
रुषा मिथो मिलद्दन्तिदन्तसंघर्षजोऽनलः ।
योधाञ्शस्त्रहृतप्राणानदहत्सहसारिभिः ॥३२॥

खाकर जिधर-उधर भाग निकलते थे ॥२३॥ जिन हाथियोंके हाथीवान् युद्धमें शत्रुओंके बाणोंसे मार डाले गए थे, वे हाथी मनमाने घूमते हुए लहूकी नदीमें लाल हो उठे ॥२४॥ बड़े ऊँचे रथोंपर चढ़े हुए सैनिक, लहूकी नदीकी अपार धारा में डूबते रहनेपर भी क्रुद्ध होकर ललकारते हुए शत्रुके ऊपर बाण छोड़ रहे थे ॥२५॥ बहुतसे ऐसे वीर भी थे कि शत्रुके करवालसे सिर कट जानेपर जब वे अपने घोड़ोंसे नीचे गिरते थे तो गिरते-गिरते भी अपने करवालसे शत्रुका सिर काट लिया करते थे ॥२६॥ शस्त्रोंसे कटकर गिरे हुए वीरोंके सिर क्रोधसे दाँत पीसते हुए शत्रुकी ओर दौड़ रहे थे ॥२७॥ अर्धचन्द्र बाणोंने जो सिर काट दिए थे और जिन्हें बाज अपने पंजोंमें दबा ले गए उन बड़े-बड़े वीरोंके सिरोंसे सारा आकाश भर उठा ॥२८॥ पैदल और घुड़सवार सैनिकोंने क्रोधसे पागल होकर सामने पड़नेवाले हाथियोंके दाँतोंपर चढ़-चढ़कर हाथी सवार सैनिकोंको भाले से छेद डाला ॥२९॥ हाथी सवारोंके मार डाले जानेपर उनके मनमाने घूमनेवाले हाथी ऐसे लग रहे थे जैसे प्रलय की आँधीसे पहाड़ इधर-उधर उड़ रहे हों ॥३०॥ जब दो हाथी लड़नेके लिये भिड़ते थे तो उनपर बैठे हुए योद्धा आपसमें लड़कर बलपूर्वक एक दूसरेको मार डालते थे ॥३१॥ क्रोधसे परस्पर टक्करें लेनेवाले हाथियोंके दाँतोंकी चोटसे ऐसी आग उठती थी कि शत्रुके शस्त्रोंसे

आक्षिप्ता अपि दन्तीन्द्रैः कोपनैः पत्तयः परम् ।
तदग्रतहरन्खड्गघातैः स्वस्य पुरः प्रभोः ॥३३॥
उत्क्षिप्य करिभिर्दूरान्मुक्तानां योधिनां दिवि ।
प्रापि जीवारमभिर्दिव्या गतिर्वा विग्रहैर्मही ॥३४॥
खड्गैर्धवलधाराभिर्निहत्य करिणां करान् ।
वैर्भुवापि समं विद्वान्संतोषं न भटा ययुः ॥३५॥
आक्षिप्याभिदिवं नीताः पत्तयः करिभिः करैः ।
दिव्याङ्गनाभिराद्यातुं रक्ताभिर्द्रुतमीषिरे ॥३६॥
धन्विनस्तुरगारूढा गजारोहाञ्शरैः क्षतान् ।
प्रत्यैच्छन्मूर्च्छितान्भूयो योद्धुमाश्वसतश्चिरम् ॥३७॥
क्रुद्धस्य दन्तिनः पत्तिर्जिघृक्षोरसिना करम् ।
निर्भिद्य दन्तमुसलावारुरोह जिघृक्षया ॥३८॥
खड्गेन मूलतो हत्वा दन्तिनो रदनद्वयम् ।
प्रातिपक्ष्ये प्रविष्टोऽपि पदातिर्निरगाद्द्रुतम् ॥३९॥
करेण करिणा वीरः सुगृहीतोऽपि कोपिना ।
असिनाछिन्नहाराशु तस्यैव स्वयमद्धतः ॥४०॥

मारे हुए सैनिक अपानव जल उठते थे ॥३२॥ पैदल सैनिक ऐसे लड रहे थे कि यदि उन्हें अत्यन्त क्रुद्ध हाथी अपना सूंडमे उठाकर उछाल भी देते थे तो वे अपने स्वामीके देखते-देखते उसकी सूंड अपने करवालसे काट डालते थे ॥३३॥ जिन वीरोंको हाथियोंने उठाकर ऊपर उछाल दिया था, उनके प्राण तो स्वर्गमे चले गए और उन्हे दिव्य गति मिल गई, केवल उनके शरीर पृथ्वीपर आ गिरे ॥३४॥ यद्यपि योद्धा लोग उजली धारवाले अपने करवालोंसे हाथियोंकी सूंड ऐसे झटके से काट रहे थे कि उनके करवाल पृथ्वीमे आ धँसते थे, फिर भी उनका जी नहीं भर रहा था ॥३५॥ जिन वीरोंने हाथियोंकी सूंडोंसे उछाले जानेपर वीर गति पाई थी, उन स्वर्गमे पहुँचे हुए सैनिकोंको झटपट प्रेमसे अपना प्रेमी बनानेके लिये देवाङ्गनाएँ उतावली हो उठती थी ॥३६॥ जब कोई घुड़सवार धनुषधारी सैनिक अपने बाणोंसे किसी हाथी-सवारको बाण मारकर मूर्छित कर देता था तब वह बहुत देरतक इस बातमे खड़ा रह जाता था कि वह फिर उठे तो उससे युद्ध करें, क्योंकि जो मूर्छित हो जाता था उसे वे नहीं मारते थे ॥३७॥ एक बिगड़ैल हाथी एक पैदल सैनिकको अपनी सूंडमे लपेटना चाहता था, इतनेमे उसने क्या किया कि पहले करवालका एक हाथ जमाकर उसकी सूंड काट डाली और फिर उसके दाँत उखाड़नेके लिये उसके लम्बे-लम्बे दाँतोंपर चढ़कर बैठ गया ॥३८॥ एक दूसरा पैदल सैनिक, शत्रुकी सेनामे घुसा और अपने करवालसे एक हाथीके दोनों दाँत जड़ तक काटकर झट अपनी सेनामे लौट आया ॥३९॥

तुरंगी तुरगारूढं प्रासेनाहत्य वक्षसि ।
पततस्तस्य नाज्ञासीत्प्रासघातं स्वके हृदि ॥४१॥
द्विपा प्रासहृतप्राणो वाजिपृष्ठदृढासनः ।
हस्तोद्धृतमहाप्रासो भुवि जीवन्निवाभ्रमत् ॥४२॥
तुरंगसादिनं शस्त्रहृतप्राणं मृतं भुवि ।
अबद्धोऽपि महावाजी न साश्रुनयनोऽत्यजत् ॥४३॥
भल्लेन शितधारेण भिन्नोऽपि रिपुणाश्वगः ।
नामूर्च्छत्कोपतो हन्तुमियेष प्रपतन्नपि ॥४४॥
मिथः प्रासाहतौ वाजिच्युतौ भूमिगतौ रुपा ।
शस्त्र्या युयुधतुः कौचित्केशाकेशि भुजाभुजि ॥४५॥
रथिनो रथिभिर्नीर्हृतप्राणा दृढासनाः
स्तकार्मुकसंधानाः सप्राणा इव मेनिरे ॥४६॥
न रथी रथिनं भूयः प्राहरच्छस्त्रमूर्च्छितम् ।
प्रत्याश्वमन्तमन्विच्छन्नातिष्ठद्युधि लोभतः ॥४७॥
अन्योन्यं रथिनौ कौचिद्धतप्राणौ दिवं गतौ ।
एकामप्सरसं प्राप्य युयुधाते वरायुधौ ॥४८॥

क्रोध में भरे हुए हाथीकी सूँड़में पकड़कर लिपट जानेपर भी एक वीर अपनी तलवारसे हाथीको मारकर जीता जागता निकल आया ॥४०॥ एक घुड़सवार दूसरेकी छातीमें भाला मारकर ऐसा प्रसन्न हुआ कि जब उस घोड़ेसे गिरते हुए सैनिकने उछलकर उसपर भाला चलाया-तो उसे यह भी जान न पड़ा कि मुझे चोट लगी है ॥४१॥ मारनेके लिये हाथमें भारी भाला उठाकर घोड़ेकी पीठपर जमकर बैठा हुआ एक सैनिक शत्रुके भालेसे मारे जानेपर भी ऐसा लग रहा था मानो वह अभी जीता जागता ही हो ॥४२॥ शस्त्रकी चोटसे जो घुड़सवार पृथ्वीपर मरा पड़ा था, उसका बड़ा सा घोड़ा डबडबाई हुई आँखोंसे अपने स्वामीको देखता हुआ वहीं खड़ा रहा, हटा नहीं ॥४३॥ शत्रुके तीखे भालेका घाव खाकर एक घुड़सवार छटपटाता हुआ भी क्रोधके मारे मूर्छित नहीं होता था और चाहता था कि शत्रु मिले तो उसे अभी मार डालूँ ॥४४॥ दो घुड़सवार आपसमें एक दूसरेके भालेकी चोट खाकर भूमिमें गिरे हुए भी क्रोधके मारे एक दूसरेके बाल पकड़कर गुत्थमगुत्था होकर छुरीसे लड़ रहे थे ॥४५॥ एक रथवाले योद्धाको दूसरे रथवालेने मार डाला था, फिर भी वह अपना टूटा हुआ धनुष भी सीधे हुए मरा हुआ रथपर ऐसा जमकर बैठा हुआ था मानो अभी जीता जागता हो ॥४६॥ एक रथवार सैनिक दूसरे रथीको शस्त्रसे मूर्छित करके उसपर वार न करके यह बाट जोहने लगा कि वह सचेत हो तो उससे लड़ा जाय ॥४७॥ दो रथवार और वे दृढ़ धनुर्धारी योद्धा एक दूसरेको मारकर जब स्वर्गमें पहुँचे

मिथोऽर्द्धचन्द्रनिर्लूनमूर्धानौ रथिनौ रुचा ।
खेचरौ भुवि नृत्यन्तौ स्वकबन्धावपश्यताम् ॥४९॥

रणाङ्गणे शोणितपङ्कपिच्छिले
कथं कथञ्चिन्ननृतुर्धृतायुधाः ।
नदत्सु तूर्येषु परेतयोषितां
गणेषु गायत्सु कबन्धराजयः ॥५०॥

इति सुररिपुर्वृत्ते युद्धे सुरासुरसैन्ययो
रुधिरसरितां मज्जद्दन्तिव्रजेषुतटेष्वलम् ।
अरुणनयनः क्रोधाक्रीडभ्रमद्भ्रुकुटीमुखः
सपदि ककुभामीशानभ्यागमत्स युयुत्सया ॥५१॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
सुरासुरसैन्यसंग्रामवर्णनं नाम षोडशः सर्गः ॥

तब वे दोनों यहाँ एक अप्सराके लिये आपसमें लड़ाई करने लगे ॥४८॥ अर्धचन्द्र बाणोंसे एक दूसरेका सिर काटकर दो रथी स्वर्गमें जा पहुँचे और वहाँसे वे अपने उन धड़ोंका खेल देखने रहे जो बहुत देरतक हाथमें तलवार लिए युद्ध-भूमिमें नाच रहे थे ॥४९॥ उस युद्ध-क्षेत्रमें जहाँ-तहाँ नगाड़े बज रहे थे और भूत-प्रेतोंकी स्त्रियाँ गीत गा रही थीं। वहाँ युद्धभूमिमें लहूके कीचड़से इतनी फिसलन हो गई थी कि बाण लिए हुए वीरोंके धड़ बड़ी कठिनाईसे नाच पा रहे थे ॥५०॥ इस प्रकार जब देव-दानवोंका युद्ध आरम्भ हो गया और लहूकी नदीके तीरपर ही वे डूबने लगे तब वह देवताओंका शत्रु तारक क्रोधके मारे भौंहें नचाकर और लाल-लाल आँखें करके युद्ध करनेके लिए तुरत इन्द्र आदि दिक्पालोंके आगे आ डटा ॥५१॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसम्भव महाकाव्यमें देवताओं और दैत्योंकी
सेनाओंके युद्धका वर्णन नामका सोलहवाँ सर्ग समाप्त हुआ।

।। सप्तदशः सर्गः ।।

दृष्ट्वाभ्युपेतमथ दैत्यपतिं पुरस्तात्संग्रामकेलिकुतुकेन घनप्रमोदम् ।
योद्धुं मदेन मिमिलुः ककुभामधीशा बाणान्धकारितदिगम्बरगर्भमेत्य ।। १ ।।
देवद्विषां परिवृढो विकटं विहस्य बाणावलीभिरमरान्विकटान्ववर्ष ।
शैलानिव प्रवरवारिधरो गरिष्ठानद्भिः पराभिरथ गाढमनारताभिः ।। २ ।।
जम्भद्विपत्प्रभृतिदिक्पतिचापमुक्ता बाणाः शिता दनुजनायकबाणसङ्घान् ।
श्रद्धाय तार्क्ष्यनिवहा इव नागपूगान्सद्यो विचिच्छिदुरलं कणशो रणान्ते ।। ३ ।।
तान्प्रज्वलत्फलमुखैर्विषमैः सुरारिर्नामाङ्कितैः पिहितदिग्गगनान्तरालैः ।
आच्छादितस्तृणचयानिव हव्यवाहश्चिच्छेद सोऽपि सुरसैन्यशराञ्शरौघैः ।। ४ ।।
दैत्येश्वरो ज्वलितरोपविशेषभीमः सद्यो मुमोच युधि यान्विशिखान्सहेलः ।
ते प्रापुरुद्भटभुजंगमभीममार्गं गाढं ववन्धुरपि ताँस्त्रिदशेन्द्रमुख्यान् ।। ५ ।।
ते नागपाशविशिखैरसुरेण बद्धाः श्वासानिलाकुलमुखा विमुखा रणस्य ।
दिङ्नायका बलरिपुप्रमुखाः स्मरारिसूनोः समीपमगमन्विपदन्तहेतोः ।। ६ ।।
दृष्टिप्रपातवशतोऽपि पुरारिसूनोस्ते नागपाशघनबन्धविपत्तिदुःखात् ।
इन्द्रादयो मुमुचिरे स्वयमस्य देवाः सेवां व्यधुर्निकटमेत्य महाजिगीषोः ।। ७ ।।

सत्रहवाँ सर्ग

जिस दैत्यराजके रोम-रोम लड़ाईके चावसे फरफरा रहे थे और जिसने घुआँधार बाण बरसाकर धरती-आकाश सबमें अँधेरा कर दिया था, उसे आते हुए देखकर सब दिग्पाल, रणमें मतवाले होकर एक साथ उससे लोहा लेनेके लिये आ जुटे ।। १ ।। जैसे सावन-भादोंकी घनी घटाएँ लगातार जल बरसाकर बड़े बड़े पहाड़ोंको नीचेसे ऊपरतक भिगो देती हैं वैसे ही वह देवताओंका शत्रु तारक भी बड़ी डरावनी हँसी हँसता हुआ देवताओंपर भयंकर रूपसे घुआँधार बाण बरसाने लगा ।।२।। उस रण-क्षेत्रमें इन्द्र आदि दिग्पाल जो तीखे-तीखे बाण छोड़ते थे उन्हें चुन-चुनकर दैत्यराजके बाण वैसे ही फुर्तीसे काटते चले जा रहे थे जैसे बहुतसे गरुड मिलकर साँपोंके झुण्ड काटते चले जा रहे हों ।।३।। देवताओंने उसपर जो बाणोंकी झड़ी लगाई उसे उसने अपने नाम खुदे हुए, आगके समान जलते हुए तीखे फलवाले और सब दिशाओं और आकाशको पाट देनेवाले बाणोंसे उसी प्रकार तहस-नहस कर डाला जैसे अपने ऊपर छाए हुए घास-फूसको धधकती हुई आग जला डालती है ।।४।। क्रोधसे लाल उस भयंकर दैत्यराजने उस युद्धको कुछ न समझते हुए जो बाण छोड़े वे तुरत साँपोंकी भाँति लपककर बनकर इन्द्र आदि देवताओंके गलोंमें कसकर लिपट गए ।।५।। उस दैत्यके बाणोंकी फाँसी गलेमें पड़ जानेपर सब देवताओंकी साँसें घुटने लगीं और वे लड़ना-भिड़ना छोड़-छोड़कर इस विपदासे छुटकारा पानेके लिये कार्तिकेयके पास दौड़ पड़े ।।६।। कार्तिकेयने उनकी ओर आँख भर देख ही दिया कि इन्द्र आदि देवताओंके गलेमें कसे हुए वे नाग-फाँसके फन्दे अपने आप खुल

उद्दीप्तकोपदहनोऽथ सुरेन्द्रशत्रुरह्नाय सारथिमवोचत चण्डबाहुः ।
यद्वा मया सुरपतिप्रमुखाः प्रसह्य बालस्य धूर्जटिसुतस्य निरीक्षणेन ॥ ८ ॥
मुक्ता बभूवुरधुना तदिमान्विहाय कर्तास्म्यमुं समरभूमिपशूपहारम् ।
तत्स्यन्दनं सपदि वाहय शंभुसूनुं द्रष्टास्मि दर्पितभुजाबलमाह्वाय ॥ ९ ॥
तत्स्पन्दनः सपदि सारथिसम्प्रणुन्नः प्रत्यब्धवारिधरधीरगभीरघोषः ।
चण्डश्चचाल दलिताखिलशत्रुसैन्यमांसास्थिशोणितविपङ्कविलुप्तचक्रः ॥१०॥
दृष्ट्वा रथं प्रलयवातचलद्गिरीन्द्रकल्पं दलद्दलविरावविशेषरौद्रम् ।
अभ्यागतं सुररिपोः सुरराजसैन्यं क्षोभं जगाम परमं भयवेपमानम् ॥११॥
प्रक्षुभ्यमाणमवलोक्य दिगीशसैन्यं शंभोः सुतं कलहकेलिषु लुब्धलोकम् ।
उद्दामदोः कलितकार्मुकदण्डचण्डः प्रोवाच वाचमुपगम्य स कार्त्तिकेयम् ॥१२॥
रे शंभुतापसशिशो बत मुञ्च मुञ्च दोर्दर्पमत्र विरम त्रिदिवेन्द्रकार्यात् ।
शस्त्रैः किमत्र भवतोऽनुचितैरतीव बालत्वकोमलभुजातुलभारभूतैः ॥१३॥

गए और अब वे सब देवता उन कार्तिकेयके पास जा-जाकर उनकी बड़ाई करने लगे जो दैत्योंको जीतनेके लिये कमर ही कसे हुए थे ॥७॥ जब उस बड़ी बड़ी भुजाओंवाले तारकने यह सब देखा तब वह क्रोधसे जल भरा और उसने तुरन्त अपने सारथीको आज्ञा दी कि मैंने जिन इन्द्र आदि बड़े-बड़े देवताओंको फंदेमें बाँध लिया था, वे सब कार्त्तिकेयके देखने भरसे छुटकारा पा गए हैं इसलिये इन सब देवताओंको छोड़कर मैं पहले इसीको गिद्ध-सियार आदिकी भेंट करता हूँ। तो तुम झटपट रथ बढ़ाकर उस शंकरजीके पुत्रके पास मुझे पहुँचाओ जिससे मैं भी तो देखूँ कि मुझसे लड़नेके लिये वह अपनी किन भुजाओंके बलपर इतना ऐंठ रहा है ॥८-९॥ तत्काल सारथीने इस वेगसे रथ चलाया कि वह रथ प्रलयके उमड़े हुए बादलों-के समान घड़घड़ाता हुआ भयंकर वेगसे चल पड़ा। वहाँ इतने शत्रु सैनिक कटकर गिरे हुए थे कि उनके मांस, हड्डी और लहूके कीचड़में उस रथके पहिए तक छिप गए ॥१०॥ वह रथ चलता हुआ ऐसा लगता था मानो प्रलयकी आँधीमें हिमालय उड़ा चला जा रहा हो। उसके नीचे देवताओंकी सेनाके जो सैनिक पिसे जा रहे थे उनके हाहाकारसे वह और भी भयंकर हो गया था और जब वह रथ देवताओंके एकदम पास आ गया तब तो उसे देखकर देवताओंकी सेनाके प्राण ही सूख गए ॥११॥ उस देवताओंकी घबड़ाई हुई सेनाको देखते हुए और अपनी बड़ी भारी भुजाओंमें धनुषकी लकड़ी पकड़े हुए तारक, उन कार्तिकेयके पास पहुँचा जो ऐसे लगते थे मानो लड़नेके लिये अधीर हो रहे हों। वहाँ पहुँचकर तारकने कार्त्तिकेयजीसे कहा—॥१२॥ हे तपस्वी शंकरके पुत्र! तुम अपनी भुजाओंके बलपर मत ऐंठो और छोड़ो इन देवताओंका साथ। बताओ कहाँ तो तुम्हारी ये छोटी-छोटी बचपनकी कोमल भुजाएँ और कहाँ ये भारी-भारी शस्त्र। ये तुम्हारे हाथमें नहीं जँचते ॥१३॥ तुम पार्वती और

एवं त्वमेव तनयोऽसि गिरीशगौर्योः किं यासि कालविषयं विषमैः शरैर्मे ।
संग्रामतोऽपसर जीव पितुर्जनन्यास्तूर्णं प्रविश्य वरमङ्कतलं विधेहि ॥१४॥
सम्यक्त्वयं किल विमृश्य गिरीशपुत्र जम्भद्विषोऽस्य जहिहि प्रतिपक्षमाशु ।
एष स्वयं पयसि मज्जति दुर्विगाह्ये पाषाणनौरिव निमज्जयते पुरा त्वाम् ॥१५॥
इत्थं निशम्य वचनं युधि तारकस्य कम्पाधरो विकचकोकनदारुणाक्षः ।
क्षोभात्त्रिलोचनसुतो धनुरीक्षमाणः प्रोवाच वाचमुचितां परिमृश्य शक्तिम् ॥१६॥
दैत्याधिराज भवता यदवादि गर्वात्तत्सर्वमप्युचितमेव तवैव किं तु ।
द्रष्टास्मि ते प्रवरबाहुबलं वरिष्ठं शस्त्रं गृहाण कुरु कार्मुकमाततज्यम् ॥१७॥
इत्युक्तवन्तमवदत्त्रिपुरारिपुत्रं दैत्यः क्रुधौष्ठमधरं किल निर्विभिद्य ।
युद्धार्थमुद्भटभुजाबलदर्पितोऽसि बाणान्सहस्व मम सादितशत्रुपृष्ठान् ॥१८॥
दुष्प्रेक्षणीयमरिभिर्धनुराततज्यं सद्यो विधाय विषमान्विशिखान्यधत्त ।
स क्रोधभीमभुजगेन्द्रनिभं स्वचापं चण्ड प्रपश्यति जैत्रशरैः कुमारे ॥१९॥
कर्णान्तिमेत्य दितिजेन विकृष्यमाणं कोदण्डमेतदभितः सुपुवे शरौघान् ।
व्योमाङ्गणे लिपिकरान्किरणप्ररोहैः सान्द्रैरशेषककुभां पलितं करिष्णून् ॥२०॥

शंकरके इकलौते पुत्र होकर मेरे तीखे बाणोंसे बिधकर क्यों कालके गालमें जाना चाहते हो। जाओ, यहाँसे भागकर अपने प्राण बचाओ और झटसे जाकर अपने माता-पिताकी गोदमें छिप जाओ ॥१४॥ हे कार्तिकेय! तुम स्वयं अपना भला-बुरा सोचकर इन्द्रका साथ छोड़कर अलग हो जाओ क्योंकि जब मैं इसपर बाण बरसाऊँगा, तब पत्थरकी नावके समान यह तो अपने आप गहरे जलमें डूबेगा ही, साथ ही तुम्हें भी ले डूबेगा ॥१५॥ तारककी ऐसी बातें सुनकर कार्तिकेयके ओठ क्रोधसे काँपने लगे और खिले हुए लाल कमलके समान उनकी भयानक लाल-लाल आँखें क्रोध से नाच उठीं। बड़े क्रोधसे अपने धनुषकी ओर देखते हुए अपने बलको समझकर उन्होंने तारकको यह मुँहतोड़ उत्तर दिया—॥१६॥ 'हे दैत्यराज! घमंडमें चूर होकर तुमने जो कुछ कहा है वह तुम्हें कहना ही चाहिए था, पर आज मुझे भी तुम्हारी इन बड़ी-बड़ी भुजाओंके बलकी थाह लेनेका मन कर आया है। इसलिये उठाओ अपने शस्त्र और चढ़ाओ अपने धनुषकी डोरी ॥१७॥ यह सुनकर तारकने क्रुद्ध होकर कार्तिकेयपर दाँत पीसकर और दाँतोंसे ओठ चबाते हुए कहा—'यदि तुम्हें युद्धके लिये अपनी इन प्रचण्ड भुजाओंका घमण्ड है तो आओ और शत्रुओंकी पीठको चलनी बना देनेवाले मेरे बाणोंकी चोट सहो तो ॥१८॥ जैसे साँप क्रोधसे पागल हो जाता है वैसे ही क्रुद्ध होकर कुमार अपने धनुषपर अपना जीतनेवाला भयङ्कर बाण चढ़ा ही रहे थे इतनेमें तारकने वह बाण चढ़ाया जिसकी ओर देखनेमें भी शत्रु घबराते थे ॥१९॥ अपनी चमकसे आकाशको जगमगा देनेवाले और सब दिशाओंको चमका देनेवाले बाण अपने धनुषपर चढ़ा-चढ़ाकर और धनुषको कानतक

बाणैः सुरारिधनुषः प्रसृतैरनन्तैर्निर्घोषभीषितभटो लसदंशुजालैः ।
अन्धीकृताखिलसुरेश्वरसैन्य ईशसूनुः क्षणोऽपि विषयं न जगाम दृष्टेः ॥२१॥

देवेन मन्मथरिपोस्तनयेन गाढमाकर्णकृष्टमभितो धनुराततज्यम् ।
बाणानसृत निशितान्युधि यान्सुजैत्रास्तैः सायका विभिदिरे सहसा सुरारेः ॥२२॥

रेजे सुरारिशरदुर्दिनके निरस्ते सद्यस्तरां निखिलखेचरखेदहेतौ ।
देवः प्रभाप्रभुरिव स्मरशत्रुसूनुः प्रद्योतनः सुघनदुर्धरधामधामा ॥२३॥

तत्राथ दुःसहतरं समरे तरस्वी धामाधिकं दधति धीरतरं कुमारे ।
मायामयं समरमाशु महासुरेन्द्रो मायाप्रचारचतुरो रचयाञ्चकार ॥२४॥

अह्नाय कोपकलुषो विकटं विहस्य व्यर्थां समर्थ्य वरशस्त्रयुधं कुमारे ।
जिष्णुर्जगाद्विजयदुर्ललितः सहेलं वायव्यमस्त्रमसुरो धनुषि न्यधत्त ॥२५॥

संधानमात्रमपि यस्य युगान्तकालभूतभ्रमं परुषभीषणघोरघोषः ।
उद्धूतधूलिपटलैः पिहिताम्बराशः प्रच्छन्नचण्डकिरणो व्यसरत्समीरः ॥२६॥

कुन्दोज्ज्वलानि सकलातपवारणानि धूतानि तेन मरुता सुरसैनिकानाम् ।
उड्डीयमानकलहंसकुलोपमानि मेघाभधूलिमलिने नभसि प्रसस्रुः ॥२७॥

तान-तानकर तारक बाण छोड़ने लगा ॥२०॥ उसके धनुषसे छूटे हुए चमचमानेवाले अनगिनत बाणोंकी भयंकर सनसनाहट देखकर सब सैनिक काँप उठे, सब देवताओंकी आँखोंके आगे अँधेरा छा गया। स्वयं कार्तिकेयको भी थोड़ी देरतक कुछ न दिखाई दिया ॥२१॥ तब कार्तिकेयजीने भी पूरे बलके साथ धनुषकी डोरी कानतक खींच खींचकर अपने तीखे और जीतनेवाले बाण बरसा-बरसाकर तारकके बाणोंके धुर्रे उड़ा दिए ॥२२॥ सब देवताओंको दुःख देनेवाली तारकके बाणोंकी घटा फट जानेपर शंकरजीके पुत्र कार्तिकेयजी अपने घने और अपार तेजके कारण सूर्यके समान चमकते हुए शोभा देने लगे ॥२३॥ युद्धमें कार्तिकेयका ऐसा प्रबल प्रताप बढ़ता हुआ देखकर छलविद्यासे युद्ध करनेमें चतुर और बलवान् तारकने तुरन्त मायाका युद्ध करना आरम्भ कर दिया ॥२४॥ जिस विजयी तारकने सारे संसारको मुट्ठीमें कर लिया था उसने जब यह समझ लिया कि और अस्त्र लेकर कुमारके साथ लड़नेमें जीत न पाऊँगा तब उसने बड़े क्रोधके साथ किसीको कुछ न समझते हुए अन्धड़ चलानेवाला वायव्य नामका बाण अपने धनुषपर चढ़ाया ॥२५॥ उस बाणके धनुषपर चढ़ाते ही ऐसी वेगसे भयंकर घड़घड़ाती हुई आँधी चलने लगी कि लोग समझने लगे बस प्रलय आ गया। उसकी धूलसे सब आकाश और दिशाएँ भर गईं और प्रचण्ड किरणोंवाले सूर्य भी छिप गए ॥२६॥ देवताओंके सैनिकोंके जो कुन्दनके फूलके समान उजले छत्र थे उन्हें उस भयंकर अन्धड़ने ऐसा झकझोर कर उड़ा दिया कि वे धूलसे भरे हुए आकाशमें उड़ते हुए ऐसे दिखाई देने लगे मानो बादल छाए हुए आकाशमें राजहंस उड़े चले जा रहे हों ॥२७॥ उस अन्धड़ने देवताओंकी सेनाकी सब

विध्वस्य तेन सुरसैन्यमहापताका नीता नभस्थलमलं नवमल्लिकाभाः ।
स्वर्गापगाजलमहौघसहस्रलीलां व्यातेनिरे दिवि सिताम्बरकैतवेन ॥२८॥
धूतानि तेन सुरसैन्यमहागजानां सद्यः शतानि विधुराणि दलत्कुथानि ।
पेतुः क्षितौ कुपितवासववज्रलून-पक्षस्य भूधरकुलस्य तुलां वहन्ति ॥२९॥
तास्ताः खरेण मरुता रथराजयोऽपि दोधूयमाननिपतिष्णुतुरंगमाश्च ।
विस्रस्तसारथिकुलप्रवराः समन्ताद्व्यावृत्य पेतुरवनौ सुरवाहिनीनाम् ॥३०॥
हित्वायुधानि सुरसैन्यतुरङ्गवाहा वातेन तेन विधुराः सुरसैन्यमध्ये ।
शस्त्राभिघातमनवाप्य निपेतुरुर्व्यां स्वीयेषु वाहनवरेषु पतत्सु सत्सु ॥३१॥
तेनाहता स्त्रिदशसैन्यपदातयोऽपि स्रस्तायुधाः सुविधुराः परुषं रसन्तः ।
वात्याविवर्तदलवद्भ्रममेत्य दूरं निपेतुरम्बरतलाद्वसुधातलेऽस्मिन् ॥३२॥
इत्थं विलोक्य सुरसैन्यमथो अशेषं दैत्येश्वरेण विधुरीकृतमस्त्रयोगात् ।
स्वर्लोकनाथकमलाकुशलैकहेतुर्दिव्यं प्रभावमतनोदतनुः स देवः ॥३३॥
तेनोज्झितं सकलमेव सुरेन्द्रसैन्यं स्वास्थ्यं प्रपद्य पुनरेव युधि प्रवृत्तम् ।
दृष्ट्वासृजद्दहनदैवतमस्त्रमिद्धमुद्दीप्तकोपदहनः सहसा सुरारिः ॥३४॥

ध्वजाओं और पताकाओंको नये खिले हुए चमेलीके फूलके समान तोड़-फोड़कर आकाशमें उड़ा दिया और वे आकाशमें उड़ती हुई उजले वस्त्रकी पताकाएँ ऐसी दिखाई दीं मानो उस अन्धड़ने आकाश गंगाकी उछलती हुई सहस्रों लहरियाँ आकाशमें फैला दी हों ॥२८॥ इस भयंकर अँधड़के झोंकेमें पड़ी हुई देवसेनाके जो बहुतसे बड़े-बड़े हाथी अपनी झूलें मसलते हुए देखते-देखते लड़-खड़ाकर गिरते हुए ऐसे दिखाई पड़ते थे मानो इन्द्रके वज्रसे पंख कट जानेपर बहुतसे पहाड़ पृथ्वीपर लुढ़कते चले आ रहे हों ॥२९॥ उस प्रचण्ड अन्धड़की लपेटमें आकर देवसेनाके रथोंके अनगिनत घोड़े लड़खड़ाकर गिरने लगे, सारथी भी इधर-उधर फेंका गए और उसके रथ भी उस युद्ध-भूमिमें इधर-उधर उलट-उलटकर गिर गए ॥३०॥ उसी भयंकर अन्धड़की झकोरें खाकर देव-सेनाके घुड़सवार इतने घबड़ा उठे कि वे अपने अस्त्र-शस्त्र वहीं देव सेनापर फेंकने लगे और बिना किसी शस्त्रसे चोट खाए ही अपने उन घोड़ोंकी पीठसे गिरने लगे जो अन्धड़की झोंकमें लुढ़कते चले जा रहे थे ॥३१॥ उस वायव्य अस्त्रसे देवसेनाके पैदल सैनिक भी इतने घबरा उठे कि सब अपने-अपने शस्त्र डालकर व्याकुल होकर रोने चिल्लाने लगे और बवण्डरकी भाँति घुमनी खाते हुए दूरतक आकाशमें उड़-उड़कर धरतीपर गिरने लगे ॥३२॥ दैत्यराज तारकने जो वायव्य अस्त्र चलाया था उससे देवसेनाको इस प्रकार तहस-नहस होते देखकर स्वर्गकी राजलक्ष्मीकी नाव चतुराईसे खेनेवाले कार्तिकेयने अपना अनोखा और बड़ा भारी करतब दिखाना प्रारम्भ कर दिया ॥३३॥ उन्होंने कुछ ऐसा जादू फेरा कि देवसेनापर छाया हुआ अन्धड़ दूर हो गया और सारी सेना हरी-भरी और नई सी होकर फिर लड़ने लगी।

वर्षातिकालजलदद्युतयो नभोन्ते गाढान्धकारितदिशो घनधूमसंघाः ।
सद्यः प्रसुप्तसितोत्पलदामभासो दृग्गोचरत्वमखिलं न हि सन्नयन्तः ॥३५॥
दिक्चक्रवालगिलनैर्मलिनैस्तमोभिर्लिप्तं नभः स्थलमलं घनवृन्दसान्द्रैः ।
धूमैर्विलोक्य मुदिताः खलु राजहंसा गन्तुं सरः सपदि मानसमीषुरुच्चैः ॥३६॥
जज्वाल वह्निरतुलः सुरसैनिकेषु कल्पान्तकालदहनप्रतिमः समन्तात् ।
आशामुखानि विमलान्यखिलानि कीलाजालैरलं कपिलयन्सकलं नभोऽपि ॥३७॥
उज्जागरस्य दहनस्य निरर्गलस्य ज्वालावलीभिरतुलाभिरनारताभिः ।
कीर्णं पयोदनिवहैरिव धूमसंघैर्व्योमाभ्यलक्ष्यत कुलैस्तडितामिवोच्चैः ॥३८॥
गाढाद्भयाद्वियति विद्रुतखेचरेण दीप्तेन तेन दहनेन सुदुःसहेन ।
दन्दह्यमानमखिलं सुरराजसैन्यमत्याकुलं शिवसुतस्य समीपमाप ॥३९॥
इत्यग्निना घनतरेण ततोऽभिभूतं तद्देवसैन्यमखिलं विकलं विलोक्य ।
सस्मेरवक्त्रकमलोऽन्धकशत्रुसूनुर्बाणासनेन समधत्त स वारुणास्त्रम् ॥४०॥
घोरान्धकारनिकरप्रतिमो युगान्तकालानलप्रबलधूमनिभो नभोन्ते ।
गर्जारवैर्विघटयन्नवनीधराणां शृङ्गाणि मेघनिवहो घनमुज्जगाम ॥४१॥

यह देखकर, तो तारकके शरीरमें आग सी लग गई और इस बार उसने अपना सधा हुआ आग बरसानेवाला अग्निबाण चलाया ॥३४॥ उसके चलाते ही बरसातके काले-काले बादलोंके समान और नीले कमलोंके झुण्डके समान काला काला घना धूआँ चारों ओर ऐसा छा गया कि कहीं कुछ सुझाई नहीं पड़ता था ॥३५॥ जब उस घने बादलोंके समान काले-काले धुएँसे सारा आकाश भर गया तो राजहंसोंको यह भ्रम हुआ कि बरसात आ गई और वे प्रसन्न होकर मानसरोवरकी ओर चलनेकी तैयारी करने लगे ॥३६॥ इतनेमें ही देवसेनाके भीतर प्रलय कालकी आगके समान ऐसी भयानक आग उठी कि उसकी लपटोंसे स्वच्छ आकाश और दिशाएँ भी पीली पड़ गई ॥३७॥ बिना रुके हुए धधक-धधककर जलती हुई आगकी बड़ी-बड़ी लगातार उठती हुई लपटोंसे ऊपर फैले हुए काले-काले धुएँसे भरा हुआ आकाश ऐसा दिखाई पड़ता था मानो वह ऊँचे ऊँचे बादलों और बिजलियोंसे भरा हुआ हो ॥३८॥ सब लोग आकाशमें फैली हुई इस धड़कती आगकी भारसे झुलसकर इधर-उधर भागने लगे और बार-बार झुलसी हुई सारी देवसेना बहुत घबराकर फिर कार्तिकेयके पास जा पहुँची ॥३९॥ उस भयकर आगसे झुलसी हुई सारी देवसेनाको देखकर कार्तिकेयने हँसते हुए अपने धनुषपर वह वारुणास्त्र चढ़ाया जिससे पानी बरसता था ॥४०॥ उसके चलाते ही भयंकर अँधेरा करती हुई प्रलयकी आगसे उठे हुए धुएँके समान काली काली घटाएँ आकाशमें उमड़ आईं जिनकी गरजसे पहाड़ोंकी चोटियों तकमें दरारें पड़ गई ॥४१॥ इन बादलोंमें से बड़ी भयानक

विद्युल्लता वियति वारिदवृन्दमध्ये गम्भीरभीषणरवैः कपिशीकृताशा ।
घोरा युगान्तचलितस्य भयंकराथ कालस्य लोलरसनेव चमच्चकार ॥४२॥
कादम्बिनी विरुरुचे विपकरिष्टिकाभिरुचालकालरजनीजलदावलीभिः ।
व्योम्न्युच्चकैरचिररुक्परिदीपितांशा दृष्टिच्छिदा विषमघोषविभीषणा च ॥४३॥
व्योम्नस्तलं पिदधतां ककुभां मुखानि गर्जारवैरविरतैस्तुदतां मनांसि ।
अम्भोभृतामतितरामनणीयसीभिर्धारावलीभिरभितो ववृषे समूहैः ॥४४॥
घोरान्धकारपटलैः पिहिताम्बराणां गम्भीरगर्जनरवैर्व्यथितासुराणाम् ।
वृष्ट्या तया जलमुचां वरुणास्त्रजानां विश्वोदरम्भरिरपि प्रशशाम वह्निः ॥४५॥
दैत्योऽपि रोषकलुषो निशितैः क्षुरप्रैराकर्णकृष्टधनुरुत्पतितैः स भीमैः ।
तद्गीतिविद्रुतसमस्तसुरेन्द्रसैन्यो गाढं जघान मकरध्वजशत्रुसूनुम् ॥४६॥
देवोऽपि दैत्यविशिखप्रकरं सचापं बाणैश्चकर्त कणशो रणकेलिकारी ।
योगीव योगविधिशुष्कमना यमाद्यैः सांसारिकं विषयसंघममोघवीर्यम् ॥४७॥
भ्रूभङ्गभीषणमुखोऽसुरचक्रवर्ती संदीप्तकोपदहनोऽथ रथं विहाय ।
क्रीडत्करालकरवालकरोऽसुरेन्द्रस्तं प्रत्यधावदभितस्त्रिपुरारिसूनुम् ॥४८॥

घडघडाहटके साथ भयकर बिजली तड़पी और उसकी चमकसे सब दिशाएँ पीली पड़ गईं। उस समय वह ऐसी लगती थी मानो प्रलय कालमे कालकी लपलपाती हुई भयकर जीभ हो ॥४२॥ अपनी बिजलीकी चमकसे सब दिशाओमे चकाचौंध कर देनेवाली और भयकर गर्जनसे भरी अत्यन्त भयकर प्रलयके बादलोके समान अत्यन्त काली और जलसे भरी हुई घटाएँ ऊपर आकाशमे इस प्रकार अँधेरा करके छा गईं कि आँखोसे कुछ भी दिखाई नही देता था ॥४३॥ आकाशमे छाई हुई लगातार गरज-गरजकर लोगोका जी कँपाती हुई वे घटाएँ चारों ओर मूसलाधार पानी बरसाने लगी ॥४४॥ कार्तिकेयके चलाए हुए वारुणास्त्रसे अँधेरा गुप्प करके आकाशको छिपा देनेवाले और अपनी कड़कसे दैत्योको कँपा देनेवाले जो बादल छा गए थे उनकी वर्षासे संसारमे फैली हुई सब आग तत्काल बुझ गई ॥४५॥ तब तारकने भी क्रोधसे लाल होकर कानतक खीच खीचकर पैने और चमचमाते हुए छुरोवाले भयकर बाण बरसाकर देवसेनाको डराकर तितर-बितर कर दिया और कार्तिकेयपर भी बड़ा गहरा प्रहार किया ॥४६॥ कार्तिकेयजीने भी तारकके धनुष और बाण एक एक करके खेल खेलमे ही इस प्रकार काट कर गिरा दिए जैसे योगी लोग यम, नियम आदि साधकर अपने मनकी सब सांसारिक इच्छाएँ मिटा डालते है ॥४७॥ यह देखकर दैत्यराज तारकका क्रोध और भी भड़क उठा। अपनी तनी हुई भौहोके कारण और भी भयकर दिखाई देनेवाला वह दैत्य रथ छोड़कर हाथमे लपलपाती हुई भयकर तलवार लेकर कार्तिकेयपर टूट पड़ा ॥४८॥ जब कार्तिकेयने देखा कि ऐसे भयकर रूपवाला तारक

अभ्यापतन्तमसुराधिपमीशपुत्रो दुर्वारबाहुविभवं सुरसैनिकैस्तम् ।
दृष्ट्वा युगान्तदहनप्रतिमां मुमोच शक्तिं प्रमोदविकसद्वदनारविन्दः ॥४९॥
उद्द्योतिताम्बरदिगन्तरमंशुजालैः शक्तिः पपात हृदि तस्य महासुरस्य ।
हर्षाश्रुभिः सह समस्तदिगीश्वराणां शोकोष्णबाष्पसलिलैः सह दानवानाम् ॥५०॥
शक्त्या हृतासुमसुरेश्वरमापतन्तं कल्पान्तवातहतभिन्नमिवाद्रिशृङ्गम् ।
दृष्ट्वा प्ररूढपुलकाञ्चितचारुदेहा देवाः प्रमोदमगमँस्त्रिदशेन्द्रमुख्याः ॥५१॥
यत्रापतत्स दनुजाधिपतिः परासुः संवर्तकालनिपतच्छिखरीन्द्रतुल्यः ।
तत्रादधात्फणिपतिर्धरणीं फणाभिस्तद्भूरिभारविधुराभिरधो व्रजन्तीम् ॥५२॥
स्वर्गापगासलिलसीकरिणी समन्तात्सौरभ्यलुब्धमधुपावलिसेव्यमाना ।
कल्पद्रुमप्रसववृष्टिरभून्नभस्तः शम्भोः सुतस्य शिरसि त्रिदशारिशत्रोः ॥५३॥
पुलकभरविभिन्नवारबाणा भुजविभवं बहु तारकस्य शत्रोः ।
सकलसुरगणा महेन्द्रमुख्याः प्रमदमुखच्छविसंपदोऽभ्यनन्दन् ॥५४॥

मुझपर झपट रहा है और देवताओंके सैनिकोंसे हराए नहीं हार रहा है तब उन्होंने हँसकर अपना प्रलयकी अग्निके समान भयंकर भाला उसपर फेंक कर मारा ॥४९॥ अपनी चमकसे सब दिशाओंको चमकाती हुई वह शक्ति ठीक तारकके हृदयमें जाकर लगी और उसके लगते ही देवताओंकी आँखोंमें हर्षके आँसू और दैत्योंकी आँखोंसे शोकके आँसू साथ-साथ बह चले ॥५०॥ उस भालेकी चोटसे मरकर गिरा हुआ तारक ऐसा जान पड़ता था मानो प्रलयकी आँधीसे टूटकर गिरी हुई पहाड़की चोटी हो। ज्यों ही इन्द्र आदि देवताओंने उस तारक दैत्यको गिरा हुआ देखा कि वे सब हर्षसे उछल पड़े और उनके रोम-रोम फरफरा उठे ॥५१॥ जब वह दैत्यराज तारक प्रलय कालकी आँधीसे टूटकर गिरे हुए पहाड़के समान मरकर गिरा तो उसके भारी बोझसे चँपकर जो पृथ्वी नीचेको धँसी तो नागराज वासुकीने उसे अपने फणोंपर किसी किसी प्रकार सँभाला ॥५२॥ उस समय कार्तिकेयके सिर पर आकाश गंगाके जलकी फुहारोंसे भरे हुए और गन्धके लोभी भौंरोंसे घिरे हुए कल्पतरुके फूल आकाशसे बरसने लगे ॥५३॥ आनन्दके मारे देवताओंके मुँह खिल उठे और वे सुखसे इतने फूल उठे कि उनकी छातियोंपर कसे हुए कवच भी तड़ातड़ टूटने लगे। इस प्रकार आनन्दमें झूमते हुए इन्द्र आदि सब देवता पास आकर तारकको मारनेवाले कुमारकी भुजाओंके बलकी बड़ाई करने लगे ॥५४॥ इस प्रकार विजयी

इति विषमशरारेः सूनुना जिष्णुनाजौ
त्रिभुवनवरशल्ये प्रोद्धृते दानवेन्द्रे ।
बलरिपुरथ नाकस्याधिपत्यं प्रपद्य
व्यजयत सुरचूडारत्नघृष्टाग्रपादः ॥५५॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ कुमारसंभवे महाकाव्ये
तारकासुरवधो नाम सप्तदशः सर्गः ॥

॥ इति कुमारसंभवम् ॥

कार्त्तिकेयने जब तीनों लोकोंके हृदयमें काँटेके समान खटकनेवाले उस तारक राक्षसको मार डाला तब इन्द्र फिर स्वर्गके स्वामी बन गए और उन्हें अपनेमें सबसे श्रेष्ठ समझकर सब देवता लोग अपने-अपने मुकुटके मणियों सहित अपने सिर उनके चरणोंमें रखकर प्रणाम करने लगे ॥५५॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए कुमारसंभव महाकाव्यमें तारक राक्षसका
वध नामका सत्रहवाँ सर्ग पूरा हुआ ।

कुमारसंभव समाप्त हुआ ।

॥ श्री ॥

❀ मेघदूतम् ❀

॥ पूर्वमेघः ॥

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः
शापेनास्तंगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः ।
यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु ॥१॥

तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः ।
आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श ॥२॥

तस्य स्थित्वा कथमपि पुरः कौतुकाधानहेतो
रन्तर्बाष्पश्चिरमनुचरो राजराजस्य दध्यौ ।
मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्ति चेतः
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे ॥३॥

पूर्वमेघ

[अलकपुरीमें कुबेरके यहाँ एक यक्ष प्रतिदिन मानसरोवर से स्वर्णकमल लानेके कामपर लगाया गया था, पर वह दिन-रात अपनी स्त्रीके पीछे ही पागल रहता था। इसी बेसुधीमें एक बार उसने अपने काममें कुछ ढिलाई कर दी। बस कुबेरने झल्लाकर उसे यह कहकर देश निकाला दे दिया कि *अब एक वर्षतक तू अपनी पत्नीसे नहीं मिलने पायगा।*] इस शापसे उसका सारा राग-रंग जाता रहा और शापके दिन काटनेके लिये उसने रामगिरिके उन आश्रमोंमें जाकर डेरा डाला जहाँके कुंडों तालाबों और बावड़ियोंका जल श्रीजानकीजीके स्नानसे पवित्र हो गया था और जहाँ घनी छायावाले बहुतसे वृक्ष जहाँ-तहाँ लहलहा रहे थे ॥१॥ अपनी पत्नीके बिना जो एक क्षण नहीं रह पाता था, वह यक्ष अपनी पत्नीसे बिछुड़नेपर सूखकर काँटा हो गया। उसके हाथके सोनेके कंगन भी ढीले होकर निकल गए और यों ही रोते कलपते उसने कुछ महीने तो उस पहाड़ीपर जैसे तैसे काट दिए। पर असाढ़के पहले ही दिन वह देखता क्या है कि सामने बादलोंसे लिपटी हुई पहाड़ीकी चोटी ऐसी लग रही है मानो कोई हाथी अपने माथेकी टक्करसे मिट्टीके टीलेको ढहानेका खेल कर रहा हो ॥२॥ मनमें प्रेम उकसानेवाले उन बादलोंको देखकर महाराज

॥ श्री. ॥

❋ मेघदूतम् ❋

॥ पूर्वमेघः ॥

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः
शापेनास्तंगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः ।
यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु ॥१॥
तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः ।
आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श ॥२॥
तस्य स्थित्वा कथमपि पुरः कौतुकाधानहेतो
रन्तर्बाष्पश्चिरमनुचरो राजराजस्य दध्यौ ।
मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्ति चेतः
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे ॥३॥

पूर्वमेघ

[अलकपुरीमें कुबेरके यहाँ एक यक्ष प्रतिदिन मानसरोवर से स्वर्णकमल लानेके कामपर लगाया गया था, पर वह दिन-रात अपनी स्त्रीके पीछे ही पागल रहता था। इसी बेसुधीमें एक बार उसने अपने काममें कुछ ढिलाई कर दी। बस कुबेरने झल्लाकर उसे यह कहकर देश-निकाला दे दिया कि अब एक वर्षतक तू अपनी पत्नीसे नहीं मिलने पायगा।] इस शापसे उसका सारा राग-रंग जाता रहा और शापके दिन काटनेके लिये उसने रामगिरिके उन आश्रमोंमें जाकर डेरा डाला जहाँके कुंडों, तालाबों और बावड़ियोंका जल श्रीजानकीजीके स्नानसे पवित्र हो गया था और जहाँ घनी छायावाले बहुतसे वृक्ष जहाँ-तहाँ लहलहा रहे थे ॥१॥ अपनी पत्नीके बिना जो एक क्षण नहीं रह पाता था, वह यक्ष अपनी पत्नीसे बिछुड़नेपर सूखकर काँटा हो गया। उसके हाथके सोनेके कंगन भी ढीले होकर निकल गए और यों ही रोते-कलपते उसने कुछ महीने तो उस पहाड़ीपर जैसे तैसे काट दिए। पर असाढ़के पहले ही दिन वह देखता क्या है कि सामने बादलोंसे लिपटी हुई पहाड़ीकी चोटी ऐसी लग रही है मानो कोई हाथी अपने माथेकी टक्करसे मिट्टीके टीलेको ढहानेका खेल कर रहा हो ॥२॥ मनमें प्रेम उकसानेवाले उन बादलोंको देखकर महाराज

प्रत्यासन्ने नभसि दयिताजीवितालम्बनार्थी
जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन्प्रवृत्तिम्।
स प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्घाय तस्मै
प्रीतः प्रीतिप्रमुखवचनं स्वागतं व्याजहार ॥४॥

धूमज्योतिःसलिलमरुतां संनिपातः क्व मेघः
सन्देशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः।
इत्यौत्सुक्यादपरिगणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु ॥५॥

जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां
जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः।
तेनार्थित्वं त्वयि विधिवशाद्दूरबन्धुर्गतोऽहं
याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥६॥

कुबेरका वह सेवक आँसू रोके ज्यों-त्यों खड़ा हुआ बहुत देरतक सोचता ही रह गया, क्योंकि बादलोंको देखकर जब सुखी लोगोंका मन भी डोल जाता है तब उस विछोहीका तो कहना ही क्या, जो दूर देशमें पड़ा हुआ अपनी प्यारीके गले लगनेके लिये दिन-रात तड़प रहा हो ॥३॥ बादलको देखते ही उसे ध्यान आया कि असाढ़ बीतते ही सावन भी आ जायगा और उस समय मेरी कोमल प्रिया अपनेको सँभाल न पावेगी। इसलिये उसने सोचा कि अपनी प्यारीको ढाढ़स बँधानेके लिये और उसके प्राण बचानेके लिये क्यों न इन बादलोंके हाथ ही अपना कुशल-समाचार भेज दूँ! यह ध्यान आते ही वह मगन हो उठा। उसने झट कुटजके खिले हुए फूल उतारकर पहले तो मेघकी पूजा की और फिर कुशल-मंगल पूछकर उसका स्वागत किया ॥४॥ भला बताइए, कहाँ तो धुएँ, अग्नि, जल और वायुके मेलसे बना हुआ बादल और कहाँ सँदेसेकी वे बातें, जिन्हें बड़े चतुर लोग ही लाया पहुँचा सकते हैं। पर यक्षको अपने तन-मनकी तो सुध थी ही नहीं, फिर भला उसका ध्यान यहाँतक पहुँच कैसे पाता। इसीलिये वह यक्ष अपना सँदेसा भेजनेके लिये बादलके आगे गिड़गिड़ाने लगा। सच है, प्रेमियोंको यह जाननेकी सुध ही कहाँ रहती है कि कौन जड़ है और कौन चेतन ॥५॥ बादलकी बड़ाई करते हुए यक्ष कहने लगा—'हे मेघ! संसारमें पुष्कर और आवर्तक नामके जो बादलोंके दो प्रसिद्ध और ऊँचे कुल हैं, उन्हींमें तुमने जन्म लिया है। मैं यह भी जानता हूँ कि तुम इन्द्रके दूत हो और जैसा चाहो वैसा अपना रूप भी बना सकते हो। इसीलिये अपनी प्यारीसे इतनी दूर आकर पड़ा हुआ मैं अभागा तुम्हारे ही आगे हाथ पसार रहा हूँ, क्योंकि गुणीके आगे हाथ फैलाकर रीते हाथों लौट आना अच्छा है, पर नीचके आगे मनचीता हो जाना भी अच्छा नहीं ॥६॥ [illegible] दुखी तो

संतप्तानां त्वमसि शरणं तत्पयोद प्रियायाः
सन्देशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य।
गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां
बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या ॥७॥
त्वामारूढं पवनपदवीमुद्गृहीतालकान्ताः
प्रेक्षिष्यन्ते पथिकवनिताः प्रत्ययादाश्वसन्त्यः।
कः संनद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां
न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो यः पराधीनवृत्तिः ॥८॥
तां चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नी
मव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम्।
आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां
सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥९॥
मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥१०॥

संसारके तपे हुए प्राणियोंको ठंडक देनेवाले हो, इसलिये हे मेघ! कुबेरके क्रोधसे निकले हुए और अपनी प्यारीसे दूर पटके हुए मुझ बिछोहीका सदेसा भी तुम्हीं मेरी प्यारीके पास पहुँचा आओ। देखो! यह सदेसा लेकर तुम्हें बड़े ठाठ-बाटसे रहनेवाले यक्षोंकी अलका नामकी उस बस्तीको जाना होगा, जहाँके भवनोंमें, बस्तीके बाहरवाले उद्यानमें बनी हुई शिवजीकी मूर्तिके सिरपर जड़ी हुई चन्द्रिकासे सदा उजाला रहा करता है ॥७॥ जब तुम वायुपर पैर रखकर ऊपर चढ़ोगे तब परदेसियोंकी स्त्रियाँ अपनी अलक ऊपर उठा-उठाकर बड़े भरोसेसे ढाढस पाकर तुम्हारी ओर एकटक देखेंगी, क्योंकि मुझ-जैसे पराधीनको छोड़कर और कौन ऐसा निर्दयी होगा जो तुम्हें उमड़ा हुआ देखकर भी बिछोहमें तड़पनेवाली अपनी पत्नीसे मिलनेको उतावला न हो उठे ॥८॥ हे मेघ! ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ तुम्हारी पहुँच न हो, इसलिये तुम अपनी उस पतिव्रता भाभीको अवश्य ही पा जाओगे जो बैठी मेरे लौटने के दिन गिन रही होगी। क्योंकि देखो, प्रेमियोंका फूल जैसा कोमल हृदय, बस मिलनेकी आशा पर ही अटका रहता है। इसलिये स्त्रियोंके जो हृदय अपने प्रेमियोंसे बिछुड़नेपर एक क्षण नहीं टिके रह सकते, वे इसी आशाके सहारे उन स्त्रियोंको जिलाए रखते हैं ॥९॥ देखो! सगुन भी सब अच्छे ही रहे हैं तुम्हारा साथी वायु धीरे धीरे तुम्हें आगे बढ़ा रहा है। इधर अपनी आनन्द परका यह चातक भी बाईं ओर अपनी मीठी बोली बोल रहा है। अभी थोड़ी ही देरमें तुम्हारा यह आँखोंको

प्रत्यासन्ने नभसि दयिताजीवितालम्बनार्थी
जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन्प्रवृत्तिम् ।
स प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्घाय तस्मै
प्रीतः प्रीतिप्रमुखवचनं स्वागतं व्याजहार ॥४॥

धूमज्योतिःसलिलमरुतां संनिपातः क्व मेघः
सन्देशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः ।
इत्यौत्सुक्यादपरिगणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु ॥५॥

जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां
जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः ।
तेनार्थित्वं त्वयि विधिवशाद्दूरबन्धुर्गतोऽहं
याञ्चा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥६॥

कुबेरका वह सेवक आँसू रोके ज्यों त्यों खड़ा हुआ बहुत देरतक सोचता ही रह गया, क्योंकि बादलोंको देखकर जब सुखी लोगोंका मन भी डोल जाता है तब उस बिछोहीका तो कहना ही क्या, जो दूर देशमें पड़ा हुआ अपनी प्यारीके गले लगनेके लिये दिन-रात तड़प रहा हो ॥३॥ बादलको देखते ही उसे ध्यान आया कि असाढ़ बीतते ही सावन भी आ जायगा और उस समय मेरी कोमल प्रिया अपनेको सँभाल न पावेगी । इसलिये उसने सोचा कि अपनी प्यारीको ढाढ़स बँधानेके लिये और उसके प्राण बचानेके लिये क्यों न इन बादलोंके हाथ ही अपना कुशल-समाचार भेज दूँ ! यह ध्यान आते ही वह मगन हो उठा । उसने झट कुटजके खिले हुए फूल उतारकर पहले तो मेघकी पूजा की और फिर कुशल मंगल पूछकर उसका स्वागत किया ॥४॥ भला बताइए, कहाँ तो धुएँ, अग्नि, जल और वायुके मेलसे बना हुआ बादल और कहाँ सँदेसेकी वे बातें, जिन्हें चतुर लोग ही लाया पहुँचा सकते हैं । पर यक्षको अपने तन मनकी तो सुध थी ही नहीं, फिर भला उसका ध्यान यहाँतक पहुँच कैसे पाता ! इसीलिये वह यक्ष अपना सँदेसा भेजनेके लिये बादलके आगे गिड़गिड़ाने लगा । सच है, प्रेमियोंको यह जाननेकी सुध ही कहाँ रहती है कि कौन जड़ है और कौन चेतन ॥५॥ बादलकी बड़ाई करते हुए यक्ष कहने लगा—हे मेघ ! संसारमें पुष्कर और आवर्तक नामके जो बादलोंके दो प्रसिद्ध और ऊँचे कुल हैं, उन्हींमें तुमने जन्म लिया है । मैं यह भी जानता हूँ कि तुम इन्द्रके दूत हो और जैसा चाहो वैसा अपना रूप भी बना सकते हो, इसीलिये अपनी प्यारीसे इतनी दूर लाकर पटका हुआ मैं अभागा तुम्हारे ही आगे हाथ पसार रहा हूँ, क्योंकि गुणीके आगे हाथ फैलाकर रीते हाथों लौट आना अच्छा है, पर नीचसे सफलेच्छा हो जाना भी अच्छा नहीं ॥६॥ अकेले तुम्हीं तो

संतप्तानां त्वमसि शरणं तत्पयोद प्रियायाः
सन्देशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य ।
गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां
बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या ॥७॥
त्वामारूढं पवनपदवीमुद्गृहीतालकान्ताः
प्रेक्षिष्यन्ते पथिकवनिताः प्रत्ययादाश्वसन्त्यः ।
कः संनद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां
न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो यः पराधीनवृत्तिः ॥८॥
तां चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नी
मव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम् ।
आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां
सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥९॥
मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः ।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥१०॥

संसारके तपे हुए प्राणियोंको ठंडक देनेवाले हो, इसलिये हे मेघ ! कुबेरके क्रोधसे निकले हुए और अपनी प्यारीसे दूर पटके हुए मुझ बिछोहीका संदेसा भी तुम्हीं मेरी प्यारीके पास पहुँचा आओ। देखो ! यह संदेसा लेकर तुम्हें बड़े ठाठ-बाटसे रहनेवाले यक्षोंकी अलका नामकी उस बस्तीको जाना होगा, जहाँके भवनोंमें, बस्तीके बाहरवाले उद्यानमें बनी हुई शिवजीकी मूर्तिके सिरपर जड़ी हुई चन्द्रिकासे सदा उजाला रहा करता है ॥७॥ जब तुम वायुपर पैर रखकर ऊपर चढ़ोगे तब परदेसियोंकी स्त्रियाँ अपनी अलकें ऊपर उठा-उठाकर बड़े भरोसेसे ढाढस पाकर तुम्हारी ओर एकटक देखेंगी, क्योंकि मुझ-जैसे पराधीनको छोड़कर और कौन ऐसा निर्दयी होगा जो तुम्हें उमड़ा हुआ देखकर भी बिछोहसे तड़पनेवाली अपनी पत्नीसे मिलनेको उतावला न हो उठे ॥८॥ हे मेघ ! ऐसा कोई स्थान नहीं है, जहाँ तुम्हारी पहुँच न हो, इसलिये तुम अपनी उस पतिव्रता भाभीको अवश्य ही पा जाओगे जो बैठी मेरे लौटने के दिन गिन रही होगी। क्योंकि देखो, प्रेमियोंका फूल जैसा कोमल हृदय, बस मिलनेकी आशा पर ही अटका रहता है। इसलिये स्त्रियोंके जो हृदय अपने प्रेमियोंसे बिछुड़नेपर एक क्षण नहीं टिके रह सकते, वे इसी आशाके सहारे उन स्त्रियोंको जिलाए रखते हैं ॥९॥ देखो ! सगुन भी सब अच्छे ही रहे हैं तुम्हारा साथी वायु धीरे-धीरे तुम्हें आगे बढ़ा रहा है। इधर अपनी आनका पक्का यह चातक भी बाईं ओर अपनी मीठी बोली बोल रहा है। अभी थोड़ी ही देरमें तुम्हारा यह आँखोंको

कर्तुं यच्च प्रभवति महीमुच्छिलीन्ध्रामवन्ध्यां ।
तच्छ्रुत्वा ते श्रवणसुभगं गर्जितं मानसोत्काः ।
आकैलासाद्बिसकिसलयच्छेदपाथेयवन्तः ।
संपत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः ॥११॥
आपृच्छस्व प्रियसखममुं तुङ्गमालिङ्ग्य शैलं ।
वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु ।
काले काले भवति भवतो यस्य संयोगमेत्य ।
स्नेहव्यक्तिश्चिरविरहजं मुञ्चतो बाष्पमुष्णम् ॥१२॥
मार्गं तावच्छृणु कथयतस्त्वत्प्रयाणानुरूपं ।
संदेशं मे तदनु जलद श्रोष्यसि श्रोत्रपेयम् ।
खिन्नः खिन्नः शिखरिषु पदं न्यस्य गन्तासि यत्र।
क्षीणः क्षीणः परिलघु पयः स्रोतसां चोपभुज्य ॥१३॥
अद्रेः शृङ्गं हरति पवनः किंस्विदित्युन्मुखीभि।
र्दृष्टोत्साहश्चकितचकितं मुग्धसिद्धाङ्गनाभिः ।
स्थानादस्मात्सरसनिचुलादुत्पतोदङ्मुखः खं ।
दिङ्नागानां पथि परिहरन्स्थूलहस्तावलेपान ॥१४॥

सुहानेवाला रूप देखकर अंगुलियाँ भी समझ लेंगी कि हमारे गर्भ धारण करनेका समय आ गया है और वे पाँत बाँध-बाँधकर अपने पखोंसे तुम्हें पंखा झलनेके लिये अवश्य ही आकाशमें उड़-उड़कर अभी आ रही होंगी ॥१०॥ तुम्हारे जिस गर्जनसे कुकुरमुत्ते निकल आते हैं और धरती उपजाऊ हो जाती है, वही कानोंको भला लगनेवाला तुम्हारा गरजना सुनकर, मानसरोवर जानेको उतावले राजहंस अपनी चोंचोंमें कमलकी डगली डंठल लिए कैलास पर्वततक तुम्हारे साथ-साथ आकाशमें उड़ते हुए जायँगे ॥११॥ हे मेघ ! जिस पहाड़पर तुम लिपटे हुए हो, इसकी ढालों-पर भगवान् रामचन्द्रजीके उन पैरोंकी छाप जहाँ-तहाँ पड़ी है, जिन्हें सारा संसार पूजता है, और जब-जब तुम इससे मिलते आते हो, तब-तब यह भी बहुत दिनोंपर मिलनेके कारण तुम्हारे साथ अपने गरम-गरम आँसू बहाकर अपना प्रेम प्रकट करता है । इसलिये अपने इस प्यारे मित्र पहाड़को चोटीसे जी-भर गले मिलकर इससे विदा ले लो ॥१२॥ अच्छा, पहले मैं तुम्हें वह मार्ग समझा दूँ जिधरसे जानेमें तुम्हें कोई कष्ट नहीं होगा । मार्ग समझा देनेपर मैं अपना प्यारा संदेसा भी बता दूंगा । देखो ! मार्गमें चलते हुए जब कभी थकने लगो, तो मार्गमें पड़ती हुई पर्वतकी चोटियोंपर ठहरते जाना, और जब-जब तुम पानीकी कमीसे दुबले पड़ने लगो तब-तब झरनोंका हल्का-हल्का जल पीते हुए जाना ॥१३॥ लहलही बेंतोंसे लदी हुई इस पहाड़ीसे जब तुम ऊपर उठोगे तब तुम्हारा उड़ना देखकर सिद्धोंकी भोली-

रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत्पुरस्ता
द्वल्मीकाग्रात्प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्य ।
येन श्यामं वपुरतितरां कान्तिमापत्स्यते ते
बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेषस्य विष्णोः ॥१५।
त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति भ्रूविलासानभिज्ञैः
प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः ।
सद्यः सीरोत्कषणसुरभि क्षेत्रमारुह्य मालं
किंचित्पश्चाद्व्रजलघुगतिर्भूय एवोत्तरेण ॥१६॥
त्वामासारप्रशमितवनोपप्लवं साधु मूर्ध्ना
वक्ष्यत्यध्वश्रमपरिगतं सानुमानाम्रकूटः ।
न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः॥१७॥
छन्नोपान्तः परिणतफलद्योतिभिः काननाम्रै
स्त्वय्यारूढे शिखरमचलः स्निग्धवेणीसवर्णे ।
नूनं यास्यत्यमरमिथुनप्रेक्षणीयामवस्थाम्
मध्ये श्यामः स्तन इव भुवः शेषविस्तारपाण्डुः ॥१८॥

भाली स्त्रियाँ आँखें फाड़ फाड़कर तुम्हारी ओर देखती हुई सोचेंगी कि कहीं पहाड़की चोटीको ही तो पवन नहीं उड़ाए लिए चला जा रहा है ? इस प्रकार ठाटसे उड़ते हुए तुम दिग्गजोंकी मोटी सूँडोंकी फटकारोंको धकेलते हुए उत्तरकी ओर घूम जाना ॥१४॥ देखो ! वहाँ सामने बाँबीके ऊपर उठा हुआ इन्द्रधनुषका एक टुकड़ा ऐसा सुन्दर दिखाई पड़ रहा है मानो बहुतसे रत्नोंकी चमक, एक साथ वहाँ लाकर इकट्ठी कर दी गई हो। इस इन्द्र धनुषसे सजा हुआ तुम्हारा साँवला शरीर ऐसा सुन्दर लगने लगा है जैसे मोरमुकुट पहने हुए ग्वालेका वेश बनाए हुए श्रीकृष्णजी ही आकर खड़े हो गए हों ॥१५॥ देखो ! खेतोंका होना न होना भी सब तुम्हारे ही भरोसे है, इसलिये किसानोंकी वे भोली भाली स्त्रियाँ भी तुम्हें बड़े प्रेम और आदरसे देखेंगी, जिन्हें भौं चलाकर रिझाना नहीं आता है। वहाँ तुम माल देशके उन खेतोंपर बरस जाना जहाँ अभी जोते जानेके कारण सोंधी-सोंधी सुगन्ध निकल रही हो। वहाँसे थोड़ा पच्छिम-की ओर घूमकर फिर झटपट उत्तरकी ओर बढ़ जाना ॥१६॥ जब तुम मूसलाधार पानी बरसाकर आम्रकूट पहाड़के जंगलोंकी आग बुझाओगे तो वह तुम्हारा उपकार मानकर और तुम्हें थका हुआ समझकर, बड़े प्रेमसे तुम्हें मित्र बनाकर अपनी चोटीपर आदरके साथ ठहरावेगा, क्योंकि जब दरिद्र लोग भी आए हुए मित्रके उपकारका ध्यान करके उसका सत्कार करनेमें नहीं चूकते तब आम्रकूट जैसे ऊँचोंका तो कहना ही क्या ॥१७॥ देखो ! पके हुए फलोंसे लदे आमके वृक्षोंसे घिरा हुआ आम्रकूट पर्वत पीला सा हो गया होगा। उसकी चोटीपर जब तुम कोमल

अध्वक्लान्तं प्रतिमुखगतं सानुमानाम्रकूट
स्तुङ्गेन त्वां जलद शिरसा वक्ष्यति श्लाघ्यमानः।
आसारेण त्वमपि शमयेस्तस्य नैदाघमग्निं
सद्भावार्द्रः फलति न चिरेणोपकारो महत्सु ॥१६॥
स्थित्वा तस्मिन्वनचरवधूभुक्तकुञ्जे मुहूर्तं
तोयोत्सर्गद्रुततरगतिस्तत्परं वर्त्म तीर्णः।
रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां
भक्तिच्छेदैरिव विरचितां भूतिमङ्गे गजस्य ॥२०॥
तस्यास्तिक्तैर्वनगजमदैर्वासितं वान्तवृष्टि
र्जम्बूकुञ्जप्रतिहतरयं तोयमादाय गच्छेः।
अन्तःसारं घन तुलयितुं नानिलः शक्ष्यति त्वां
रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ॥२१॥
नीपं दृष्ट्वा हरितकपिशं केसरैरर्धरूढै
राविर्भूतप्रथममुकुलाः कन्दलीश्चानुकच्छम्।
जग्ध्वारण्येष्वधिकसुरभिं गन्धमाघ्राय चोर्व्याः
सारङ्गास्ते जललवमुचः सूचयिष्यन्ति मार्गम् ॥२२॥

बालोंके जूडेके समान साँवला रंग लेकर चढोगे, तब वह पर्वत, देवताओंके दम्पतियोंको दूरसे ऐसा दिखाई देगा मानो वह पृथ्वीका उठा हुआ ऐसा स्तन हो, जिसके बीचमें काला हो और चारों ओर पीला हो ॥१८॥ हे मेघ ! जब तुम थककर आम्रकूट पर्वतपर पहुँचोगे, तब वह प्रशंसनीय आम्रकूट पर्वत तुम्हें अपनी ऊँची चोटीपर भली भाँति ठहरावेगा। उस समय तुम भी जल बरसाकर उसके जंगलोंमें लगी हुई गर्मी की आग बुझा देना क्योंकि यदि सच्चे मनसे बड़ोंपर उपकार किया जाय तो वे अपने ऊपर भलाई करनेवालेका आदर करनेमें देर नहीं लगाते ॥१६॥ उस आम्रकूटके जिन कुञ्जोंमें जंगली स्त्रियाँ घूमा करती हैं, वहाँ थोड़ी ही देर ठहरना और फिर डग बढ़ाकर चल देना, क्योंकि जल बरसा देनेसे तुम्हारी देहका भारीपन भी दूर हो जायगा और तुम्हारी चाल भी बढ़ जायगी। वहाँ से आगे चलनेपर तुम्हें विन्ध्याचलके ऊबड़-खाबड़ पठारपर बहुत सी धाराओं में फैली हुई रेवा नदी मिलेगी, जो तुम्हें ऊपरसे ऐसी दिखाई देगी मानो किसीने बड़ेसे हाथीका शरीर भभूतसे चीत दिया हो ॥२०॥ देखो ! वहाँ जल बरसा चुको, तो जंगली हाथियोंके सुगन्धित मदमें बसा हुआ और जामुनकी कुञ्जोंमें बहता हुआ रेवाका जल पीकर तब आगे बढ़ना। जल पीकर जब तुम भारी हो जाओगे तो वायु तुम्हें इधर-उधर झुला नहीं सकेगा। देखो ! जिनके हाथ रीते होते हैं उन्हींको सब दुरदुराते हैं, और जो भरा-पूरा होता है, उसका सभी आदर करते हैं ॥२१॥ देखो ! जिस समय तुम जल बरसाते चले जा रहे होगे

अम्भोबिन्दुग्रहणचतुरांश्चातकान्वीक्षमाणाः
श्रेणीभूताः परिगणनया निर्दिशन्तो बलाकाः ।
त्वामासाद्य स्तनितसमये मानयिष्यन्ति सिद्धाः
सोत्कम्पानि प्रियसहचरीसंभ्रमालिङ्गितानि ॥२३॥

उत्पश्यामि द्रुतमपि सखे मत्प्रियार्थं यियासोः
कालक्षेपं ककुभसुरभौ पर्वते पर्वते ते ।
शुक्लापाङ्गैः सजलनयनैः स्वागतीकृत्य केकाः
प्रत्युद्यातः कथमपि भवान्गन्तुमाशु व्यवस्येत् ॥२४॥

पाण्डुच्छायोपवनवृतयः केतकैः सूचिभिन्नै
र्नीडारम्भैर्गृहबलिभुजामाकुलग्रामचैत्याः ।
त्वय्यासन्ने परिणतफलश्यामजम्बूवनान्ताः
संपत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः ॥२५॥

तेषां दिक्षु प्रथितविदिशालक्षणां राजधानीं
गत्वा सद्यः फलमविकलं कामुकत्वस्य लब्धा ।
तीरोपान्तस्तनितसुभगं पास्यसि स्वादु यस्मात्
सभ्रूभङ्गं मुखमिव पयो वेत्रवत्याश्चलोर्मि ॥२६॥

उस समय भवपके हरे-पीले कदम्बके फूलोंपर मँडराते हुए भौंरे, दलदलोंमें नई फूली हुई कन्दलीकी पत्तियोंको चरते हुए हरिण और जगली धरतीका तीखा गन्ध सूंघते हुए हाथी, तुम्हे मार्ग बताते चलेंगे ॥२२॥ ऊपर ही ऊपर बूंदें घूंटते हुए चातकों को देखनेवाले, और पांत बांधकर उड़ती हुई बगुलियोंको एक-एक करके गिननेवाले सिद्धोंकी प्यारी स्त्रियाँ जब तुम्हारा गर्जन सुनकर झटसे घबराकर उनके गले लग जायेंगी, तब वे सिद्ध लोग तुम्हारा बड़ा भला मनायेंगे ॥२३॥ मित्र यह तो मैं जानता हूँ कि तुम मेरे कामके लिये बिना रुके झटपट जाना चाहोगे फिर भी मैं समझता हूँ कि कुटजके फूलोंसे लदे हुए उन सुगन्धित पहाड़ोंपर तुम्हे ठहरते ही जाना होगा, जहांके मोर, नेत्रोंमें आनन्दके आंसू भरकर अपनी कूकसे तुम्हारा स्वागत कर रहे होंगे। पर मुझे आशा है कि तुम वहांसे जैसे भी होगा झटपट चल दोगे ॥२४॥ हे मेघ! जब तुम दशार्ण देशके पास पहुँचोगे तब फूले हुए केवड़ोंके कारण वहांके फूले हुए उपवनों की बाड़ उजली दिखाई देंगी, गाँवके मन्दिर, कौओं आदि पक्षियोंके घोंसलोंसे भरे मिलेंगे, वहांके जगल, पकी हुई काली जामुनोंसे लदे मिलेंगे और हंस भी वहां पर कुछ दिनोंके लिये आ बसे होंगे ॥२५॥ दशार्ण देशकी विदिशा नामकी प्रसिद्ध राजधानीमें पहुँचते ही तुम्हे विलासकी सब सामग्री मिल जायगी क्योंकि जब तुम वहांकी सुहावनी, मनभावनी और नाचती हुई लहरोंवाली वेत्रवती नदीके तीरपर गर्जन करके उसका मीठा जल पीओगे तब तुम्हे ऐसा लगेगा मानो तुम किसी कटीली

नीचैराख्यं गिरिमधिवसेस्तत्र विश्रामहेतो
स्त्वत्संपर्कात्पुलकितमिव प्रौढपुष्पैः कदम्बैः ।
यः पण्यस्त्रीरतिपरिमलोद्गारिभिर्नागराणा
मुद्दामानि प्रथयति शिलावेश्मभिर्यौवनानि ॥२७॥
विश्रान्तः सन्व्रज वननदीतीरजातानि सिञ्च
न्नुद्यानानां नवजलकणैर्यूथिकाजालकानि ।
गण्डस्वेदापनयनरुजाक्लान्तकर्णोत्पलानां
छायादानात्क्षणपरिचितः पुष्पलावीमुखानाम् ॥२८॥
वक्रःपन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां
सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः ।
विद्युद्दामस्फुरितचकितैस्तत्र पौराङ्गनानां
लोलापाङ्गैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोऽसि ॥२९॥
वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाञ्चीगुणायाः
संसर्पन्त्याः स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः ।
निर्विन्ध्यायाः पथि भव रसाभ्यन्तरः सन्निपत्य
स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु ॥३०॥

मौंहोंवाली कामिनीके ओठोंका रस पी रहे हों ॥२६॥ वहाँ पहुँचकर तुम 'नीच' नामकी पहाड़ीपर थकावट मिटानेके लिये उतर जाना। वहाँपर फूले हुए कदंबके वृक्षोंको देखकर ऐसा जान पड़ेगा मानो तुमसे भेंट करनेके कारण उनके रोम-रोम पहरा उठे हों। उसी पहाड़ीकी गुफाओंमेंसे उन सुगंधित पदार्थोंकी गंध निकल रही होगी जो वहाँके छैले वेश्याओंके साथ रति करनेके समय काममें लाते हैं। इससे तुम्हें यह भी ज्ञात हो जायगा कि वहाँके नागरिक कितना खुल्लम-खुल्ला यौवनका रस लेते हैं ॥२७॥ वहाँ थकावट मिटाकर, तुम जंगली नदियोंके तीरोंपर उपवनमें खिली हुई जूहीकी कलियोंको अपने जलकी फुहारोंसे सींचते हुए और वहाँकी फूल उतारनेवाली उन मालिनोंके मुँहपर छाया करके थोड़ीसी जान-पहचान बढ़ाते हुए आगे बढ़ जाना, जिनके कानोंमें लटके हुए कमलकी पखड़ियोंके वनफूल उनके गालोंपर बहते हुए पसीनेसे लग लगकर मैले हो गए होंगे ॥२८॥ उत्तरकी ओर जानेमें यद्यपि उज्जयिनीवाला मार्ग कुछ टेढ़ा पड़ेगा, फिर भी तुम उस नगरके राजभवनोंको देखना न भूलना। तुम्हारी बिजलीकी चमकसे डरकर वहाँकी स्त्रियाँ जो चंचल चितवन चलावेंगी उनपर यदि तुम न रीझे, तो समझलो कि तुम्हारा जन्म अकारथ हो हुआ ॥२९॥ उज्जयिनीकी ओर जाते हुए तुम उतरकर उस निर्विन्ध्या नदीका भी रस ले-लेना जिसकी उछलती हुई लहरोंपर पक्षियोंकी चहचहाती हुई पाँतें ही करधनी सी दिखाई देंगी और जो इस सुन्दर ढंगसे रुक रुककर बह रही होगी कि उसमें पड़ी हुई भँवर तुम्हें उसकी नाभि जैसी दिखाई देगी, क्योंकि स्त्रियाँ

वेणीभूतप्रतनुसलिलाऽसावतीतस्य सिन्धुः
पाण्डुच्छाया तटरुहतरुभ्रंशिभिर्जीर्णपर्णैः ।
सौभाग्यं ते सुभग विरहावस्थया व्यञ्जयन्ती
कार्श्यं येन त्यजति विधिना स त्वयैवोपपाद्यः ॥३१॥

प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्
पूर्वोद्दिष्टामनुसर पुरीं श्रीविशालाम् विशालाम् ।
स्वल्पीभूते सुचरितफले स्वर्गिणां गां गतानां
शेषैः पुण्यैर्हृतमिवदिवः कान्तिमत्खण्डमेकम् ॥३२॥

दीर्घीकुर्वन्पटु मदकलं कूजितं सारसानां
प्रत्यूषेषु स्फुटितकमलामोदमैत्रीकषायः ।
यत्र स्त्रीणां हरति सुरतग्लानिमङ्गानुकूलः
शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः ॥३३॥

हारांस्तारांस्तरलगुटिकान्कोटिशः शङ्खशुक्तीः
शष्पश्यामान्मरकतमणीनुन्मयूखप्ररोहान् ।
दृष्ट्वा यस्यां विपणिरचितान्विद्रुमाणां च भङ्गान्
संलक्ष्यन्ते सलिलनिधयस्तोयमात्रावशेषाः ॥३४॥

चटक-मटक दिखाकर ही अपने प्रेमियोंको अपने प्रेमकी बात कह देती हैं ॥३०॥ देखो ! निर्विन्ध्या नदीकी धारा तुम्हारे बिछोहमें चोटीके समान पतली होगई होगी और तीरके वृक्षोंके पीले पत्तोंके झड़-झड़कर गिरनेसे उसका रंग भी पीला पड़ गया होगा। इस प्रकार, हे बड़भागी मेघ ! अपनी यह वियोगकी दशा दिखाकर वह यही बता रही होगी कि मैं तुम्हारे वियोगमें सूखी जा रही हूँ। देखो तुम ऐसा उपाय करना कि उस बेचारीका दुबलापन दूर हो जाय [अर्थात् जल बरसाकर उसे भर देना] ॥३१॥ अवन्ति देशमें पहुँचकर तुम धन-धान्यसे भरी हुई उस विशाला नगरीकी ओर चले जाना जिसकी चर्चा मैं पहलेही कर चुका हूँ और जहाँ गाँवके बड़े बूढ़े लोग, महाराजा उदयनकी कथा भली-प्रकार जानते-बूझते हैं। वह नगरी ऐसी लगती है मानो स्वर्गमें अपने पुण्योंका फल भोगनेवाले पुण्यात्मा लोग अपने पुण्य समाप्त होनेसे पहले ही, अपने बचे हुए पुण्यके बदले, स्वर्गका कोई चमकीला भाग लेकर उसे अपने साथ धरतीपर उतार लाए हों ॥३२॥ उस नगरीमें, मतवाले सारसोंकी मीठी बोलीको दूर-दूरतक फैलाता हुआ, तड़के खिले हुए कमलोंकी गन्धसे बसा हुआ और शरीरको सुहानेवाला शिप्राका वायु, स्त्रियोंकी संभोगकी थकावटको उसी प्रकार दूर कर रहा होगा जैसे चतुर प्रेमी, मीठी-मीठी बातें बनाकर, फुलेल सुंघाकर और पंखा झलकर संभोगसे थकी हुई अपनी प्यारीकी थकावट दूर कर देता है ॥३३॥ [उज्जयिनीकी हाटोंमें तुम्हें वहाँ तो करोड़ों मोतियोंकी ऐसी मालाएँ सजी हुई दिखाई देंगी जिनके बीच-बीचमें बड़े बड़े रत्न गुँथे हुए होंगे, कहीं करोड़ों शंख

प्रद्योतस्य प्रियदुहितरं वत्सराजोऽत्र जह्रे
हैमं तालद्रुमवनमभूदत्र तस्यैव राज्ञः ।
अत्रोद्भ्रान्तः किल नलगिरिः स्तम्भमुत्पाट्य
दर्पादित्यागन्तून्रमयति जनो यत्र बन्धूनभिज्ञः ॥३५॥
जालोद्गीर्णैरुपचितवपुः केशसंस्कारधूपै
र्बन्धुप्रीत्या भवनशिखिभिर्दत्तनृत्योपहारः ।
हर्म्येष्वस्याः कुसुमसुरभिष्वध्वखेदं नयेथा
लक्ष्मीं पश्यंल्ललितवनितापादरागाङ्कितेषु ॥३६॥
भर्तुः कण्ठच्छविरिति गणैः सादरं वीक्ष्यमाणः
पुण्यं यायास्त्रिभुवनगुरोर्धाम चण्डीश्वरस्य ।
धूतोद्यानं कुवलयरजोगन्धिभिर्गन्धवत्या
स्तोयक्रीडानिरतयुवतिस्नानतिक्तैर्मरुद्भिः ॥३७॥
अप्यन्यस्मिञ्जलधर महाकालमासाद्य काले
स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः ।
कुर्वन्संध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीया
मामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम् ॥३८॥

और सीपियां रक्खी हुई मिलेंगी और कहींपर नई घासके समान नीले और चमकीले नीलम बिछे दिखाई देंगे। उन्हे देखकर यही जान पडेगा कि रत्न तो सब यहां निकालकर ला रक्खे गए हैं और समुद्रमे केवल पानी ही पानी बचा छोड दिया गया है] ॥३४॥ [वहांके जानकर लोग, यह कथा सुना-सुनाकर बाहरसे आए हुए अपने सबन्धियोका मन बहला रहे होगे कि यहींपर वत्स देशके राजा उदयनने उज्जयिनीके महाराज प्रद्योतकी प्यारी कन्या वासवदत्ताको हरा था, यही उनका बनाया हुआ ताडके पेडोंका सुनहरा उपवन था और यहीपर मदमे भरा हुआ नलगिरि नामका हाथी, खूंटा उपाड कर इधर-उधर पागल होकर घूमता फिरता था] ॥३५॥ वहांकी स्त्रियोके बालोको सुगधित करके, अगरकी धूपका जो धुआं झरोखोसे निकलता होगा उससे तुम्हारा शरीर बढेगाही और तुम्हे अपना सगा समझकर, वहांके पालतू मोर भी नाच-नाचकर तुम्हारा सत्कार करेंगे। तब तुम फूलोके गन्धसे महकते हुए वहांके उन भवनोकी सजावट देखकर अपनी थकावट दूर कर लेना जिनमे सुन्दरियोंके चरणोंमे लगी हुई महावरसे लाल-पैरोकी छाप बनी हुई होगी ॥३६॥ वहांसे तुम तीनो लोकोंके स्वामी और चडीके पति महाकालके पवित्र मन्दिरको ओर चले जाना। वहां शिवजीके गण, तुम्हे अपने स्वामी शिवजीके कठके समान ही नीला देखकर, तुम्हे बडे आदरसे निहारेंगे। वहां जल-विहार करनेवाली युवतियोंके स्नान करनेसे महकता हुआ और कमलके गधमे बसी हुई गधवती नदीकी ओरसे आनेवाला पवन, इस मन्दिरके उपवनको बार-बार झुला रहा होगा ॥३७॥ हे मेघ ! यदि तुम महाकालके

पादन्यासैः क्वणितरशनास्तत्र लीलावधूतै
रत्नच्छायाखचितवलिभिश्चामरैः क्लान्तहस्ताः ।
वेश्यास्त्वत्तो नखपदसुखान्प्राप्य वर्षाग्रबिन्दू
नामोक्ष्यन्ते त्वयि मधुकरश्रेणिदीर्घान्कटाक्षान् ॥३६॥
पश्चादुच्चैर्भुजतरुवनं मण्डलेनाभिलीनः
सान्ध्यं तेजः प्रतिनवजपापुष्परक्तं दधानः ।
नृत्तारम्भे हर पशुपतेरार्द्रनागाजिनेच्छां
शान्तोद्वेगस्तिमितनयनं दृष्टभक्तिर्भवान्या ॥४०॥
गच्छन्तीनां रमणवसतिं योषितां तत्र नक्तं
रुद्धालोके नरपतिपथे सूचिभेद्यैस्तमोभिः ।
सौदामन्या कनकनिकषस्निग्धया दर्शयोर्वीं
तोयोत्सर्गस्तनितमुखरो मा स्म भूर्विक्लवास्ताः ॥४१॥
तां कस्यांचिद्भवनवलभौ सुप्तपारावतायां
नीत्वा रात्रिं चिरविलसनात्खिन्नविद्युत्कलत्रः ।
दृष्टे सूर्ये पुनरपि भवान्वाहयेदध्वशेषं
मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः ॥४२॥

मन्दिरमें साँझ होनेसे पहले पहुँच जाओ तो वहीं तबतक ठहर जाना जबतक सूर्य भली प्रकार आँखोंसे ओझल न हो जाय और जब महादेवजीकी साँझकी सुहावनी आरती होने लगे तब तुम भी अपने गर्जनका नगाड़ा बजाने लगना। तुम्हें अपने मन्द गम्भीर गर्जनका पूरा-पूरा फल मिल जायगा ॥३८॥ सन्ध्याको नाचमें पैरोंपर थिरकती हुई जिन वेश्याओंकी करधनीके घुँघरू बड़े मीठे-मीठे बज रहे होंगे और जिनके हाथ, रतनके नगोंकी चमकसे दमकते हुए डंडोंवाले चँवर डुलाते-डुलाते थक गए होंगे, उन वेश्याओंके नख-क्षतोंपर जब तुम्हारी ठंडी-ठंडी बूँदें पड़ेंगी तब वे बड़े प्रेमसे अपनी भौंरोंकी पाँतोंके समान बड़ी-बड़ी चितवन तुमपर डालेंगी ॥३६॥ साँझकी पूजा हो चुकनेपर जब महाकाल ताण्डव नृत्य करने लगें, उस समय तुम साँझकी ललाई लेकर उन वृक्षोंपर छा जाना जो उनकी ऊँची उठी हुई बाँहोंके समान खड़े होंगे। ऐसा करनेसे शिवजीके मनमें जो हाथीकी खाल ओढ़नेकी इच्छा होगी वह भी पूरी हो जायगी। यह देखकर पहले तो पार्वती डर जायँगी कि यह हाथीकी खाल कहाँसे आ गई, पर फिर तुम्हें पहचानकर उनका डर दूर हो जायगा और वे एकटक होकर शिवजीमें तुम्हारी इतनी भक्ति देखती रह जायँगी ॥४०॥ वहाँपर जो स्त्रियाँ अपने प्यारोंसे मिलनेके लिए ऐसी घनी अँधेरी रातमें निकली होंगी, उन्हें जब सड़कोंपर अँधेरेके मारे कुछ भी न सूझता होगा, तब तुम कसौटीपर सोनेके समान दमकनेवाली अपनी बिजली चमकाकर उन्हें ठीक ठीक मार्ग दिखा देना, पर देखो! तुम गरजना-बरसना मत। नहीं तो वे घबरा उठेंगी ॥४१॥ बहुत देरतक चमकने-चमकने थकी हुई अपनी प्यारी बिजलीको लेकर तुम किसी ऐसे भवनके छज्जेपर रात बिता

तस्मिन्काले नयनसलिलं योषितां खंडितानां
शान्तिं नेयं प्रणयिभिरतो वर्त्म भानोस्त्यजाशु ।
प्रालेयास्रं कमलवदनात्सोऽपि हर्तुं नलिन्याः
प्रत्यावृत्तस्त्वयि कररुधि स्यादनल्पाभ्यसूयः ॥४३॥
गम्भीरायाः पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने
छायात्माऽपि प्रकृतिसुभगो लप्स्यते ते प्रवेशम् ।
तस्मादस्याः कुमुदविशदान्यर्हसि त्वं न धैर्या
न्मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि ॥४४॥
तस्याः किंचित्करधृतमिव प्राप्तवानीरशाखं
हृत्वा नीलं सलिलवसनं मुक्तरोधोनितम्बम् ।
प्रस्थानं ते कथमपि सखे लम्बमानस्य भावि
ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः ॥४५॥
त्वन्निष्यन्दोच्छ्वसितवसुधागन्धसंपर्करम्यः
स्रोतोरन्ध्रध्वनितसुभगं दन्तिभिः पीयमानः ।
नीचैर्वास्यत्युपजिगमिषोर्देवपूर्वं गिरिं ते
शीतो वायुः परिणमयिता काननोदुम्बराणाम् ॥४६॥

देना जिसमें कबूतर सोए हुए हो और फिर दिन निकलते ही वहांसे चल देना, क्योंकि जो अपने मित्रोका काम करनेका बीडा उठाता है, वह अलसेट नही किया करता ॥४२॥ देखो ! उस समय बहुतसे प्रेमी लोग अपनी उन प्यारियोके आँसू पोछ रहे होंगे जिन्हे रातको अकेली छोड़कर वे कही दूसरी ठौरपर रमे होगे । इसलिए उस समय तुम सूर्यको भी मत ढकना क्योकि वे भी उस समय अपनी प्यारी कमलिनीके मुख-कमलपर पडी हुई ओसकी बूँदें पोछनेके लिये आ गए होगे । तुम उनके हाथ न रोक बैठना, नही तो वे बुरा मान जायेंगे ॥४३॥ हे मेघ ! तुम्हारे सहज-सलोने शरीरकी परछाहीं गभीरा नदीके उस जलमे अवश्य दिखाई देगी, जो चित्त जैसा निर्मल है । उसमे विलोलें करती हुई कुमुदके समान उजली मछलियोको देखकर तुम यही समझना कि वह नदी तुम्हारी ओर अपनी प्रेम-भरी चचल चितवन चला रही है । कहीं तुम अपनी रुखाईसे उसके प्रेमका निरादर न कर बैठना ॥४४॥ जब तुम गंभीरा नदीका जल पी लोगे तो उसका जल कम हो जायगा और उसके दोनो तट नीचेतक दिखाई देने लगेंगे । उस समय जलमे झुकी हुई बेंतकी लताओंको देखनेसे ऐसा जान पडेगा मानो गभीरा नदी अपने तटरूपी नितम्बोपरसे अपने जलके वस्त्र खिसक जानेपर, लज्जासे अपनी बेंतकी लताओंके हाथोंसे अपने जलका वस्त्र थामे हुए है । यह सब देखकर भैया मेघ ! उसपर झुके हुए तुम वहाँसे जा न पाओगे, क्योंकि जवानीका रस ले चुकनेवाला ऐसा कौन रसीला होगा जो कामिनीकी खुली हुई जाँघोको देखकर उसका रस लिए बिना ही वहाँसे चल दे ॥४५॥ वहाँसे चलकर जब तुम देवगिरि पहाड़की ओर जाओगे तब वहाँ धीरे-धीरे बहता हुआ यह

तस्मिन्काले नयनसलिलं योषितां खंडितानां
शान्तिं नेयं प्रणयिभिरतो वर्त्म भानोस्त्यजाशु।
प्रालेयास्रं कमलवदनात्सोऽपि हर्तुं नलिन्याः
प्रत्यावृत्तस्त्वयि कररुधि स्यादनल्पाभ्यसूयः ॥४३॥
गम्भीरायाः पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने
छायात्माऽपि प्रकृतिसुभगो लप्स्यते ते प्रवेशम्।
तस्मादस्याः कुमुदविशदान्यर्हसि त्वं न धैर्या
न्मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि ॥४४॥
तस्याः किंचित्करधृतमिव प्राप्तवानीरशाखं
हृत्वा नील सलिलवसनं मुक्तरोधोनितम्बम्।
प्रस्थानं ते कथमपि सखे लम्बमानस्य भावि
ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः ॥४५॥
त्वन्निष्यन्दोच्छ्वसितवसुधागन्धसंपर्करम्यः
स्रोतोरन्ध्रध्वनितसुभगं दन्तिभिः पीयमानः।
नीचैर्वास्यत्युपजिगमिषोर्देवपूर्वं गिरिं ते
शीतो वायुः परिणमयिता काननोदुम्बराणाम् ॥४६॥

देना जिसमें कबूतर सोए हुए हों और फिर दिन निकलते ही वहाँसे चल देना, क्योंकि जो अपने मित्रोंका काम करनेका बीड़ा उठाता है, वह अलसेट नहीं किया करता ॥४२॥ देखो! उस समय बहुतसे प्रेमी लोग अपनी उन प्यारियोंके आँसू पोंछ रहे होंगे जिन्हें रातको अकेली छोड़कर वे कहीं दूसरी ठौरपर रमे होंगे। इसलिए उस समय तुम सूर्यको भी मत ढकना क्योंकि वे भी उस समय अपनी प्यारी कमलिनीके मुख कमलपर पड़ी हुई ओसकी बूँदें पोंछनेके लिये आ गए होंगे। तुम उनके हाथ न रोक बैठना, नहीं तो वे बुरा मान जायेंगे ॥४३॥ हे मेघ! तुम्हारे सहज-सलोने शरीरकी परछाहीं गंभीरा नदीके उस जलमें अवश्य दिखाई देगी, जो चित्त जैसा निर्मल है। उसमें किलोलें करती हुई कुमुदके समान उजली मछलियोंको देखकर तुम यही समझना कि वह नदी तुम्हारी ओर अपनी प्रेम-भरी चंचल चितवन चला रही है। कहीं तुम अपनी रुखाईसे उसके प्रेमका निरादर न कर बैठना ॥४४॥ जब तुम गंभीरा नदीका जल पी लोगे तो उसका जल कम हो जायगा और उसके दोनों तट नीचेतक दिखाई देने लगेंगे। उस समय जलमें झुकी हुई बेंतकी लताओंको देखनेसे ऐसा जान पड़ेगा मानो गंभीरा नदी अपने तटरूपी नितम्बोंपरसे अपने जलके वस्त्र खिसक जानेपर लज्जासे अपनी बेंतकी लताओंके हाथोंसे अपने जलका वस्त्र थामे हुए है। यह सब देखकर भैया मेघ! उसपर झुके हुए तुम वहाँसे जा न पाओगे, क्योंकि जवानीका रस ले चुकनेवाला ऐसा कौन रसीला होगा जो कामिनीकी खुली हुई जाँघोंको देखकर उसका रस लिए बिना ही वहाँसे चल दे ॥४५॥ वहाँसे चलकर जब तुम देवगिरि पहाड़की ओर जाओगे तब वहाँ धीरे-धीरे बहता हुआ वह

तत्र स्कन्दं नियतवसतिं पुष्पमेघीकृतात्मा
पुष्पासारैः स्नपयतु भवान्व्योमगङ्गाजलार्द्रैः ।
रक्षाहेतोर्नवशशिभृता वासवीनां चमूना
मत्यादित्यं हुतवहमुखे संभृतं तद्धि तेजः ॥४७॥

ज्योतिर्लेखावलयि गलितं यस्य बर्हं भवानी
पुत्रप्रेम्णा कुवलयदलप्रापि कर्णे करोति ।
धौतापाङ्गं हरशशिरुचा पावकेस्तं मयूरं
पश्चाददिग्रहणगुरुभिर्गर्जितैर्नर्तयेथाः ॥४८॥

आराध्यैनं शरवणभवं देवमुल्लङ्घिताध्वा
सिद्धद्वन्द्वैर्जलकणभयाद्वीणिभिर्मुक्तमार्गः ।
व्यालम्बेथाः सुरभितनयालम्भजां मानयिष्यन्
स्रोतोमूर्त्या भुवि परिणतां रन्तिदेवस्य कीर्तिम् ॥४९॥

त्वय्यादातुं जलमवनते शार्ङ्गिणो वर्णचौरे
तस्याः सिन्धोः पृथुमपि तनुं दूरभावात्प्रवाहम् ।
प्रेक्षिष्यन्ते गगनगतयो नूनमावर्ज्य दृष्टी
रेकं मुक्तागुणमिव भुवः स्थूलमध्येन्द्रनीलम् ॥५०॥

शीतल पवन तुम्हारी सेवा किया करेगा जिसमें तुम्हारे बरसाए हुए जलसे आनन्दकी साँस लेती हुई धरतीकी गंध भरी रहेगी, जिसे चिग्घाड़ते हुए हाथी अपनी सूँड़ोंसे पी रहे होंगे और जिसके चलनेसे वनके गूलर पकने लग गए होंगे ॥४६॥ उसी देवगिरि पर्वतपर स्कन्द भगवान् भी सदा निवास करते हैं । इसलिये वहाँ पहुँचकर तुम फूल बरसानेवाले बादल बनकर उनपर आकाश-गंगाके जलसे भीगे हुए फूल बरसाकर उन्हें स्नान करा देना । देखो ! स्कन्द भगवान्को तुम ऐसा-वैसा देवता न समझना । इन्द्रकी सेनाओंको बचानेके लिये शिवजीने सूर्यसे भी बढ़कर जलता हुआ अपना जो तेज अग्निमें डालकर इकट्ठा किया था, उसी तेजसे स्कन्दका जन्म हुआ है ॥४७॥ वहाँ पहुँचनेपर तुम अपनी गरजसे पर्वतकी गुफाओंको गुँजा देना उसे सुनकर स्वामी कार्त्तिकेयका वह मोर नाच उठेगा जिसके नेत्रोंके कोने सदा शिवजीके सिरपर धरे हुए चन्द्रमाकी चमकसे दमकते रहते हैं । उस मोरके झड़े हुए उन पंखोंसे चमकीली किरणें निकल रही होंगी, जिन्हें पार्वतीजी, पुत्रपर प्रेम दिखानेके लिये अपने उन कानोंपर सजा लेती हैं, जिनपर वे कमलकी पँखड़ी सजाया करती थीं ॥४८॥ स्कन्द भगवान्की पूजा करके जब तुम आगे बढ़ोगे तो हाथोंमें वीणा लिए हुए अपनी स्त्रियोंके साथ वे सिद्ध लोग तुम्हें मिलेंगे जो अपनी वीणा भीगकर बिगड़ जानेके डरसे तुमसे दूर ही दूर रहेंगे । तब तुम कुछ दूर जाकर उस चर्मण्वती नदीका आदर करनेके लिये नीचे उतर आना जो राजा रन्तिदेवके गवालंभ यज्ञ करनेकी कीर्ति बनकर धरतीपर बह रही है ॥४९॥ हे मेघ ! जब तुम विष्णु भगवान्का साँवला रूप चुराकर

तस्मिन्काले नयनसलिलं योषितां खंडितानां
शान्तिं नेयं प्रणयिभिरतो वर्त्म भानोस्त्यजाशु।
प्रालेयास्रं कमलवदनात्सोऽपि हर्तुं नलिन्याः
प्रत्यावृत्तस्त्वयि कररुधि स्यादनल्पाभ्यसूयः ॥४३॥
गम्भीरायाः पयसि सरितश्चेतसीव प्रसन्ने
छायात्माऽपि प्रकृतिसुभगो लप्स्यते ते प्रवेशम्।
तस्मादस्याः कुमुदविशदान्यर्हसि त्वं न धैर्या
न्मोघीकर्तुं चटुलशफरोद्वर्तनप्रेक्षितानि ॥४४॥
तस्याः किंचित्करधृतमिव प्राप्तवानीरशाखं
हृत्वा नीलं सलिलवसनं मुक्तरोधोनितम्बम्।
प्रस्थानं ते कथमपि सखे लम्बमानस्य भावि
ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः ॥४५॥
त्वन्निष्यन्दोच्छ्वसितवसुधागन्धसंपर्करम्यः
स्रोतोरन्ध्रध्वनितसुभगं दन्तिभिः पीयमानः।
नीचैर्वास्यत्युपजिगमिषोर्देवपूर्वं गिरिं ते
शीतो वायुः परिणमयिता काननोदुम्बराणाम् ॥४६॥

देना जिसमें कबूतर सोए हुए हों और फिर दिन निकलते ही वहाँसे चल देना, क्योंकि जो अपने मित्रोंका काम करनेका बीड़ा उठाता है, वह अलसेट नहीं किया करता ॥४२॥ देखो! उस समय बहुतसे प्रेमी लोग अपनी उन प्यारियोंके आँसू पोंछ रहे होंगे जिन्हें रातको अकेली छोड़कर वे कहीं दूसरी ठौरपर रमे होंगे। इसलिए उस समय तुम सूर्यको भी मत ढकना क्योंकि वे भी उस समय अपनी प्यारी कमलिनीके मुख-कमलपर पड़ी हुई ओसकी बूँदें पोंछनेके लिये आ गए होंगे। तुम उनके हाथ न रोक बैठना, नहीं तो वे बुरा मान जायँगे ॥४३॥ हे मेघ! तुम्हारे सहज-सलोने शरीरकी परछाहीं गभीरा नदीके उस जलमें अवश्य दिखाई देगी, जो चित्त जैसा निर्मल है। उसमें किलोलें करती हुई कुमुदके समान उजली मछलियोंको देखकर तुम यही समझना कि वह नदी तुम्हारी ओर अपनी प्रेम-भरी चंचल चितवन चला रही है। कहीं तुम अपनी रुखाईसे उसके प्रेमका निरादर न कर बैठना ॥४४॥ जब तुम गभीरा नदीका जल पी लोगे तो उसका जल कम हो जायगा और उसके दोनों तट नीचेतक दिखाई देने लगेंगे। उस समय जलमें झुकी हुई बेंतकी लताओंको देखनेसे ऐसा जान पड़ेगा मानो गभीरा नदी अपने तटरूपी नितम्बोंपरसे अपने जलके वस्त्र खिसक जानेपर, लज्जासे अपनी बेंतकी लताओंके हाथोंसे अपने जलका वस्त्र थामे हुए है। यह सब देखकर भैया मेघ! उसपर झुके हुए तुम वहाँसे जा न पाओगे, क्योंकि जवानीका रस ले चुकनेवाला ऐसा कौन रसीला होगा जो कामिनीकी खुली हुई जाँघोंको देखकर उसका रस लिए बिना ही वहाँसे चल दे ॥४५॥ वहाँसे चलकर जब तुम देवगिरि पहाड़की ओर जाओगे तब वहाँ धीरे-धीरे बहता हुआ वह

तत्र स्कन्दं नियतवसतिं पुष्पमेघीकृतात्मा
पुष्पासारैः स्नपयतु भवान्व्योमगङ्गाजलार्द्रैः ।
रक्षाहेतोर्नवशशिभृता वासवीनां चमूना
मत्यादित्यं हुतवहमुखे संभृतं तद्धि तेजः ॥४७॥
ज्योतिर्लेखावलयि गलितं यस्य बर्हं भवानी
पुत्रप्रेम्णा कुवलयदलप्रापि कर्णे करोति ।
धौतापाङ्गं हरशशिरुचा पावकेस्तं मयूरं
पश्चादद्रिग्रहणगुरुभिर्गर्जितैर्नर्तयेथाः ॥४८॥
आराध्यैनं शरवणभवं देवमुल्लङ्घिताध्वा
सिद्धद्वन्द्वैर्जलकणभयाद्वीणिभिर्मुक्तमार्गः ।
व्यालम्बेथाः सुरभितनयालम्भजां मानयिष्यन्
स्रोतोमूर्त्या भुवि परिणतां रन्तिदेवस्य कीर्तिम् ॥४९॥
त्वय्यादातुं जलमवनते शार्ङ्गिणो वर्णचौरे
तस्याः सिन्धोः पृथुमपि तनुं दूरभावात्प्रवाहम् ।
प्रेक्षिष्यन्ते गगनगतयो नूनमावर्ज्य दृष्टी
रेकं मुक्तागुणमिव भुवः स्थूलमध्येन्द्रनीलम् ॥५०॥

शीतल पवन तुम्हारी सेवा किया करेगा जिससे तुम्हारे बरसाए हुए जलसे आनन्दकी साँस लेती हुई धरतीकी गंध भरी रहेगी, जिसे चिंघाड़ते हुए हाथी अपनी सूँड़ोंसे पी रहे होंगे और जिसके चलनेसे वनके गूलर पकने लग गए होंगे ॥४६॥ उसी देवगिरि पर्वतपर स्कन्द भगवान् भी सदा निवास करते हैं। इसलिये वहाँ पहुँचकर तुम फूल बरसानेवाले बादल बनकर उनपर आकाश-गंगाके जलसे भीगे हुए फूल बरसाकर उन्हें स्नान करा देना। देखो! स्कन्द भगवान्‌को तुम ऐसा-वैसा देवता न समझना। इन्द्रकी सेनाओंको बचानेके लिये शिवजीने सूर्यसे भी बढ़कर जलता हुआ अपना जो तेज अग्निमें डालकर इकट्ठा किया था, उसी तेजसे स्कन्दका जन्म हुआ है ॥४७॥ वहाँ पहुँचनेपर तुम अपनी गरजसे पर्वतकी गुफाओंको गुँजा देना उसे सुनकर स्वामी कार्त्तिकेयका वह मोर नाच उठेगा जिसके नेत्रोंके कोने सदा शिवजीके सिरपर धरे हुए चन्द्रमाकी चमकसे दमकते रहते हैं। उस मोरके झड़े हुए उन पंखोंमें चमकीली किरणें निकल रही होंगी, जिन्हें पार्वतीजी, पुत्रपर प्रेम दिखानेके लिये अपने उन कानोंपर सजा लेती हैं, जिनपर वे कमलकी पँखड़ी सजाया करती थीं ॥४८॥ स्कन्द भगवान्‌की पूजा करके जब तुम आगे बढ़ोगे तो हाथोंमें वीणा लिए हुए अपनी स्त्रियोंके साथ वे सिद्ध लोग तुम्हें मिलेंगे जो अपनी वीणा भीगकर बिगड़ जानेके डरसे तुमसे दूर ही दूर रहेंगे। तब तुम कुछ दूर जाकर उस चर्मण्वती नदीका आदर करनेके लिये नीचे उतर जाना जो राजा रन्तिदेवके गवालम्भ यज्ञ करनेकी कीर्ति बनकर धरतीपर बह रही है ॥४९॥ हे मेघ! जब तुम विष्णु भगवान्‌का साँवला रूप चुराकर

तामुत्तीर्य व्रज परिचितभ्रूलताविभ्रमाणां
पक्ष्मोत्क्षेपादुपरि विलसत्कृष्णशारप्रभाणाम् ।
कुन्दक्षेपानुगमधुकरश्रीमुषामात्मबिम्बं
पात्रीकुर्वन्दशपुरवधूनेत्रकौतूहलानाम् ॥५१॥
ब्रह्मावर्तं जनपदमथ च्छायया गाहमानः
क्षेत्रं क्षत्रप्रधनपिशुनं कौरवं तद्भजेथाः ।
राजन्यानां सितशरशतैर्यत्र गाण्डीवधन्वा
धारापातैस्त्वमिव कमलान्यभ्यवर्षन्मुखानि ॥५२॥
हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ्कां
बन्धुप्रीत्या समरविमुखो लाङ्गली याः सिषेवे ।
कृत्वा तासामभिगममपां सौम्य सारस्वतीना-
मन्तः शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः ॥५३॥
तस्माद्गच्छेरनुकनखलं शैलराजावतीर्णां
जह्नोः कन्यां सगरतनयस्वर्गसोपानपङ्क्तिम् ।
गौरीवक्त्रभ्रुकुटिरचनां या विहस्येव फेनैः
शंभोः केशग्रहणमकरोदिन्दुलग्नोर्मिहस्ता ॥५४॥

चर्मण्वतीका जल पीनेके लिये झुकोगे, उस समय आकाशमें विचरनेवाले सिद्ध, गन्धर्व आदिको दूरसे पतली दिखाई देनेवाली उस नदीकी चौड़ी धाराके बीचमें तुम ऐसे दिखाई दोगे मानो पृथ्वीके गलेमें पड़े हुए एकलड़े हारके बीचमें एक बड़ी मोटी सी इन्द्रनीलमणि पोह दी गई हो ॥५०॥ चर्मण्वती नदी पार करके तुम दशपुरकी ओर बढ़ जाना और अपना रूप दिखाकर वहाँकी उन रमणियोंको रिझाना, जिनकी काली काली कँटीली भौंहें ऐसी जान पड़ेंगी मानो उन्होंने कुन्दके फूलोंपर मँडरानेवाले भौंरोंकी चमक चुरा ली हो ॥५१॥ वहाँसे चलकर ब्रह्मावर्त्त देशपर छाया करते हुए तुम उस कुरुक्षेत्रपर चले जाना जो कौरवों और पाण्डवोंकी घरेलू लड़ाईके कारण आजतक बदनाम है और जहाँ गाण्डीवधारी अर्जुनने अपने शत्रु राजाओंके मुखोंपर उसी प्रकार अनगिनत बाण बरसाए थे जैसे कमलोंपर तुम अपनी जलधारा बरसाते हो ॥५२॥ देखो ! कौरव और पाण्डव दोनोंपर एक-सा प्रेम करनेवाले जो बलरामजी, महाभारतके युद्धमें किसीकी ओरसे भी नहीं लड़े, वे अपनी प्यारी रेवतीके नेत्रोंकी छाया पड़ी हुई प्यारी मदिराको छोड़कर जिस सरस्वती नदीका जल पीते थे, वही जल यदि तुम भी पी लोगे तो बाहरसे काले होनेपर भी तुम्हारा मन उजला हो जायगा ॥५३॥ कुरुक्षेत्रसे चलकर तुम कनखल पहुँच जाना । वहाँ तुम्हें हिमालयकी घाटियोंमें उतरी हुई वे गङ्गाजी मिलेंगी जिन्होंने सीढ़ी बनकर सगरके पुत्रोंको स्वर्ग पहुँचा दिया और जिनकी उजली फेन ऐसी लगती है मानो वे इस फेनकी हँसीसे खिल्ली उड़ाती हुई उन पार्वतीजीका निरादर कर रही हों जो सौतिया

तस्याः पातुं सुरगज इव व्योम्नि पश्चार्द्धलम्बी
त्वं चेदच्छस्फटिकविशदं तर्कयेस्तिर्यगम्भः ।
संसर्पन्त्या सपदि भवतः स्रोतसि च्छाययाऽसौ
स्यादस्थानोपगतयमुनासङ्गमेवाभिरामा ॥५५॥

आसीनानां सुरभितशिलं नाभिगन्धैर्मृगाणां
तस्या एव प्रभवमचलं प्राप्य गौरं तुषारैः ।
वक्ष्यस्यध्वश्रमविनयने तस्य शृङ्गे निषण्णः
शोभां शुभ्रत्रिनयनवृषोत्खातपङ्कोपमेयाम् ॥५६॥

तं चेद्वायौ सरति सरलस्कन्धसंघट्टजन्मा
बाधेतोल्काक्षपितचमरीबालभारो दवाग्निः ।
अर्हस्येनं शमयितुमलं वारिधारासहस्रै
रापन्नार्तिप्रशमनफलाः संपदो ह्युत्तमानाम् ॥५७॥

ये संरम्भोत्पतनरभसाः स्वाङ्गभंगाय तस्मिन्
मुक्ताध्वानं सपदि शरभा लङ्घयेयुर्भवन्तम् ।
तान्कुर्वीथास्तुमुलकरकावृष्टिपातावकीर्णान्
के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः ॥५८॥

जाहसे गगाजीपर भौंहें तरेर रही हों, और अपनी लहरोंके हाथ चन्द्रमापर टेककर शिवजीके केश पकड़कर पार्वतीजीको यह बता रही हों कि तुमसे बढ़कर शिवजी मेरी मुट्ठीमें हैं ॥५४॥ यदि वहाँ पहुँचकर तुम दिग्गजोंके समान अपना पिछला भाग ऊपर उठाकर और आगेका भाग झुकाकर, गगाजीका स्फटिकके समान उजला जल तिरछे होकर पीना चाहोगे तब तुम्हारी चलती हुई छाया गगाजीकी धारामें पड़कर ऐसी सुन्दर लगेगी मानो प्रयाग पहुँचनेके पहले ही गगाजीसे यमुनाजी मिल गई हों ॥५५॥ वहाँसे चलकर जब तुम हिमालयकी उस हिमसे ढकी चोटीपर बैठकर थकावट मिटाओगे जहाँसे गगाजी निकली हैं और जिसकी शिलाएँ कस्तूरी हरिणोंके सदा बैठनेसे महकती रहती हैं, तब उस चोटीपर बैठे हुए तुम वैसे ही दिखलाई दोगे जैसे महादेवजीके उजले साँड़के सींगोंपर मिट्टीके टीलोंपर टक्कर मारनेसे कीचड़ जम गया हो ॥५६॥ हे मेघ प्रचण्ड चलनेपर देवदारके वृक्षोंके आपसमें रगड़नेसे जब जगलमें आग लग जाय और उसके उड़ते हुए अगारे, सुरागायके लंबे लंबे रोएँ जलाने लगें, तब तुम मूसलधार पानी बरसाकर उसे बुझा देना क्योंकि भले लोगोंके पास जो कुछ भी होता है वह दीन-दुखियोंका दु ख मिटानेके लिये ही तो होता है ॥५७॥ देखो ! हिमालयपर जब शरभ जातिके हरिण तुम्हारे दूर होनेपर भी तुमपर बिगड़कर उछलनेके लिये मचलें और अपने हाथ पैर तुड़वानेके लिये तुमपर सींग चलानेको झपटें, तब तुम उनके ऊपर मूसलधार ओले बरसाकर उन्हें तितर बितर कर देना । क्योंकि जो बेकामका काम करने

तामुत्तीर्य व्रज परिचितभ्रूलताविभ्रमाणां
पक्ष्मोत्क्षेपादुपरि विलसत्कृष्णशारप्रभाणाम् ।
कुन्दक्षेपानुगमधुकरश्रीमुषामात्मबिम्बं
पात्रीकुर्वन्दशपुरवधूनेत्रकौतूहलानाम् ॥५१॥

ब्रह्मावर्तं जनपदमथ च्छायया गाहमानः
क्षेत्रं क्षत्रप्रधनपिशुनं कौरवं तद्भजेथाः ।
राजन्यानां शितशरशतैर्यत्र गाण्डीवधन्वा
धारापातैस्त्वमिव कमलान्यभ्यवर्षन्मुखानि ॥५२॥

हित्वा हालामभिमतरसां रेवतीलोचनाङ्कां
बन्धुप्रीत्या समरविमुखो लाङ्गली याः सिषेवे ।
कृत्वा तासामभिगममपां सौम्य सारस्वतीना
मन्तः शुद्धस्त्वमपि भविता वर्णमात्रेण कृष्णः ॥५३॥

तस्माद्गच्छेरनुकनखलं शैलराजावतीर्णां
जह्नोः कन्यां सगरतनयस्वर्गसोपानपङ्क्तिम् ।
गौरीवक्त्रभ्रुकुटिरचनां या विहस्येव फेनैः
शंभोः केशग्रहणमकरोदिन्दुलग्नोर्मिहस्ता ॥५४॥

चर्मण्वतीका जल पानेके लिये झुकोगे, उस समय आकाशमें विचरनेवाले सिद्ध, गन्धर्व आदिको दूरसे पतली दिखाई देनेवाली उस नदीकी चौड़ी धाराके बीचमें तुम ऐसे दिखाई दोगे मानो पृथ्वीके गलेमें पड़े हुए इकलड़े हारके बीचमें एक बड़ी मोटी सी इन्द्रनीलमणि पोह दी गई हो ॥५०॥ चर्मण्वती नदी पार करके तुम दशपुरकी ओर बढ़ जाना और अपना रूप दिखाकर वहाँकी उन रमणियोंको रिझाना, जिनकी काली-काली बरौनी भौंहें ऐसी जान पड़ेंगी मानो उन्होंने कुन्दके फूलोंपर मँडरानेवाले भौंरोंकी चमक चुरा ली हो ॥५१॥ वहाँसे चलकर ब्रह्मावर्त्त देशपर छाया करते हुए तुम उस कुरुक्षेत्रपर चले जाना जो कौरवों और पाण्डवोंकी घरेलू लड़ाईके कारण आजतक बदनाम है और जहाँ गाण्डीवधारी अर्जुनने अपने शत्रु राजाओंके मुखोंपर उसी प्रकार अनगिनत बाण बरसाए थे जैसे कमलोंपर तुम अपनी जलधारा बरसाते हो ॥५२॥ देखो ! कौरव और पाण्डव दोनोंपर एक सा प्रेम करनेवाले जो बलरामजी, महाभारतके युद्धमें किसीकी ओरसे भी नहीं लड़े, वे अपनी प्यारी रेवतीके नेत्रोंकी छाया पड़ी हुई प्यारी मदिराको छोड़कर जिस सरस्वती नदीका जल पीते थे, वही जल यदि तुम भी पी लोगे तो बाहरसे काले होनेपर भी तुम्हारा मन उजला हो जायगा ॥५३॥ कुरुक्षेत्रसे चलकर तुम कनखल पहुँच जाना। वहाँ तुम्हें हिमालयकी चोटियोंसे उतरी हुई वे गङ्गाजी मिलेंगी जिन्होंने सीढ़ी बनकर सगरके पुत्रोंको स्वर्ग पहुँचा दिया और जिनकी उजली फेन ऐसी लगती है मानो वे इस फेनकी हँसीसे भौंहें चढ़ाती हुई उस पार्वतीजीका निरादर कर रही हों जो सौतिया

तस्याः पातुं सुरगज इव व्योम्नि पश्चार्द्धलम्बी
त्वं चेदच्छस्फटिकविशदं तर्कयेस्तिर्यगम्भः ।
संसर्पन्त्या सपदि भवतः स्रोतसि च्छाययाऽसौ
स्यादस्थानोपगतयमुनासङ्गमेवाभिरामा ॥५५॥

आसीनानां सुरभितशिलं नाभिगन्धैर्मृगाणां
तस्या एव प्रभवमचलं प्राप्य गौरं तुषारैः ।
वक्ष्यस्यध्वश्रमविनयने तस्य शृङ्गे निषण्णः
शोभां शुभ्रत्रिनयनवृषोत्खातपङ्कोपमेयाम् ॥५६॥

तं चेद्वायौ सरति सरलस्कन्धसंघट्टजन्मा
बाधेतोल्काक्षपितचमरीबालभारो दवाग्निः ।
अर्हस्येनं शमयितुमलं वारिधारासहस्रै
रापन्नार्तिप्रशमनफलाः संपदो ह्युत्तमानाम् ॥५७॥

ये संरम्भोत्पतनरभसाः स्वाङ्गभंगाय तस्मिन्
मुक्ताध्वानं सपदि शरभा लङ्घयेयुर्भवन्तम् ।
तान्कुर्वीथास्तुमुलकरकावृष्टिपातावकीर्णान्
के वा न स्युः परिभवपदं निष्फलारम्भयत्नाः ॥५८॥

डाहसे गंगाजीपर भौंहे तरेर रही हो, और अपनी लहरोंके हाथ चन्द्रमापर टेककर
शिवजीके केश पकडकर पार्वतीजीको यह बता रही हो कि तुमसे बढ़कर शिवजी मेरी मुट्ठीमें हैं
॥५४॥ यदि वहाँ पहुँचकर तुम दिग्गजोंके समान अपना पिछला भाग ऊपर उठाकर और आगेका
भाग झुकाकर, गंगाजीका स्फटिकके समान उजला जल तिरछे होकर पीना चाहोगे,तब तुम्हारी चलती
हुई छाया, गंगाजीकी धारामें पडकर ऐसी सुन्दर लगेगी मानो प्रयाग पहुँचनेके पहले ही गंगाजीसे
यमुनाजी मिल गई हो ॥५५॥ वहाँसे चलकर जब तुम हिमालयकी उस हिमसे ढकी चोटीपर
बैठकर थकावट मिटाओगे जहाँसे गंगाजी निकली हैं और जिसकी शिलाएँ कस्तूरी हरिणोंके सदा
बैठनेसे महकती रहती हैं, तब उस चोटीपर बैठे हुए तुम वैसे ही दिखलाई दोगे जैसे महादेव-
जीके उजले साँडके सींगोंपर मिट्टीके टीलोंपर टक्कर मारनेसे कीचड जम गया हो ॥५६॥ हे मेघ
यदि पवन चलनेपर देवदारके वृक्षोंके आपसमें रगडनेसे जब जंगलमें आग लग जाय और उसके उड़ते
हुए अंगारे, सुरागायके लंबे-लंबे रोएँ जलाने लगें, तब तुम घुआँधार पानी बरसाकर उसे बुझा देना
क्योंकि भले लोगोंके पास जो कुछ भी होता है वह दीन-दुखियोंका दु:ख मिटानेके लिये ही तो होता
है ॥५७॥ देखो ! हिमालयपर जब शरभ जातिके हरिण तुम्हारे दूर होनेपर भी तुमपर बिगड़कर
उछलनेके लिये मचलें और अपने हाथ-पैर तुडवानेके लिये तुमपर सींग चलानेको झपटें, तब तुम
उनके ऊपर घुआँधार ओले बरसाकर उन्हें तितर-बितर कर देना । क्योंकि जो बेकामका काम करने

तत्र व्यक्तं दृषदि चरणन्यासमर्धेन्दुमौलेः
शश्वत्सिद्धैरुपचितबलिं भक्तिनम्रः परीयाः ।
यस्मिन्दृष्टे करणविगमादूर्ध्वमुद्धूतपापाः
कल्पिष्यन्ते स्थिरगणपदप्राप्तये श्रद्दधानाः ॥५९॥
शब्दायन्ते मधुरमनिलैः कीचकाः पूर्यमाणाः
संसक्ताभिस्त्रिपुरविजयो गीयते किन्नरीभिः ।
निर्ह्रादस्ते मुरज इव चेत्कन्दरेषु ध्वनिः स्यात्
संगीतार्थो ननु पशुपतेस्तत्र भावी समग्रः ॥६०॥
प्रालेयाद्रेरुपतटमतिक्रम्य तांस्तान्विशेषान्
हंसद्वारं भृगुपतियशोवर्त्म यत्क्रौञ्चरन्ध्रम् ।
तेनोदीचीं दिशमनुसरेस्तिर्यगायामशोभी
श्यामः पादो बलिनियमनाभ्युद्यतस्येव विष्णोः ॥६१॥
गत्वा चोर्ध्वं दशमुखभुजोच्छ्वासितप्रस्थसंधेः
कैलासस्य त्रिदशवनितादर्पणस्यातिथिः स्याः ।
शृङ्गोच्छ्रायैः कुमुदविशदैर्यो वितत्य स्थितः खं
राशीभूतः प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहासः ॥६२॥

लगते हैं, उन्हें ऐसे ही ठीक करना चाहिए ॥५८॥ वहाँ हिमालय पर्वतकी एक शिलापर तुम्हें शिवजीके पैरकी छाप बनी हुई मिलेगी जिसपर सिद्ध लोग बराबर पूजा चढ़ाया करते हैं, तुम भी भक्ति-भावसे झुककर उसकी प्रदक्षिणा कर लेना क्योंकि श्रद्धा-भरे लोगोंका पाप उसके दर्शनसे ही धुल जाता है और वे शरीर त्याग करनेपर सदाके लिये शिवजीके गण हो जाते हैं ॥५९॥ हे मेघ ! वहाँके पोले बाँसोंमें जब वायु भरने लगता है तब उनमेंसे मीठे-मीठे स्वर निकलने लगते हैं और किन्नरोंकी स्त्रियाँ भी स्वर मिलाकर त्रिपुर विजयका गीत गाने लगती हैं। उस समय यदि तुम भी गरजकर पहाड़की खोहोंमें गूँजाकर मृदंगके समान शब्द कर दोगे तो शिवजीके संगीतके सब अंग पूरे हो जायँगे ॥६०॥ हिमालय पर्वतके आस-पास जितने सुहावने स्थान हैं, उन सबको देखकर तुम उस क्रौञ्च रन्ध्रमेंसे होते हुए उत्तरकी ओर निकल जाना जिसमेंसे होकर हंस भी मानसरोवरकी ओर जाते हैं और जिसे परशुरामजीने अपने बाणसे छेदकर अपना नाम अमर कर लिया है। उस सँकरे मार्गमें तुम ऐसे लम्बे और तिरछे होकर जाना जैसे बलिको छलनेके समय भगवान् विष्णुका साँवला चरण लंबा और तिरछा हो गया था ॥६१॥ वहाँसे ऊपर उठकर तुम उस कैलास पर्वतपर पहुँच जाओगे जिसकी चोटियोंके जोड़-जोड़ रावणके बाहुओंने हिला डाले थे, जिसमें देवताओंकी स्त्रियाँ अपना मुँह देखा करती हैं और जिसकी कुमुद जैसी उजली चोटियाँ आकाशमें इस प्रकार फैली हुई हैं मानो वह दिन-दिन

उत्पश्यामि त्वयि तटगते स्निग्धभिन्नाञ्जनाभे
सद्यः कृत्तद्विरददशनच्छेदगौरस्य तस्य।
शोभामद्रेः स्तिमितनयनप्रेक्षणीयां भवित्री
मंसन्यस्ते सति हलभृतो मेचके वाससीव ॥६३॥
हित्वा तस्मिन्भुजगवलयं शंभुना दत्तहस्ता
क्रीडाशैले यदि च विचरेत्पादचारेण गौरी।
भङ्गी भक्त्या विरचितवपुः स्तम्भितान्तर्जलौघः
सोपानत्वं कुरु मणितटारोहणायाग्रयायी ॥६४॥
तत्रावश्यं वलयकुलिशोद्घट्टनोद्गीर्णतोयं
नेष्यन्ति त्वां सुरयुवतयो यन्त्रधारागृहत्वम्।
ताभ्यो मोक्षस्तव यदि सखे घर्मलब्धस्य न स्यात्
क्रीडालोलाः श्रवणपरुषैर्गर्जितैर्भीषयेस्ताः ॥६५॥
हेमाम्भोजप्रसवि सलिलं मानसस्याददानः
कुर्वन्कामं क्षणमुखपटप्रीतिमैरावतस्य।
धुन्वन्कल्पद्रुमकिसलयान्यंशुकानीव वातै
र्नानाचेष्टैर्जलद ललितैर्निर्विशेस्तं नगेन्द्रम् ॥६६॥

इकट्ठा किया हुआ शिवजीका अट्टहास हो ॥६२॥ हे मेघ ! तुम तो हो चिकने घुटे हुए आँजनके समान काले, और कैलास है तुरत काटे हुए हाथी दाँतके समान गोरा। इसलिये जब तुम कैलासके ऊपर पहुँचोगे उस समय तुम मेरी समझमें बलरामके कंधेपर पड़े हुए चटकीले वस्त्रके समान ऐसे मनोहर लगोगे कि आँखें एकटक तुम्हें ही देखती रह जायँ ॥६३॥ उस कैलासपर जब पार्वतीजी उन महादेवजीके हाथमें हाथ डाले टहल रही हों जिन्होंने पार्वतीजीके डरसे अपने साँपोंके कड़े हाथसे उतार दिए होंगे और वे मणि शिखरोंपर चढ़ रही हों, उस समय तुम बरसना मत, वरन् आगे बढ़कर सीढ़ीके समान बन जाना जिससे उन्हें ऊपर चढ़नेमें सुविधा हो ॥६४॥ हे मित्र ! उस पर्वतपर बहुत-सी अप्सराएँ अपने नग-जड़े कंगनोंकी नोक तुम्हारे शरीरमें चुभोकर तुम्हारे शरीरसे जल-धाराएँ निकाल लेंगी और तुम्हें फुहारेका घर बना डालेंगी। उस समय यदि वे अपने गर्म शरीरोंको ठंडक मिलनेके कारण तुम्हें न छोड़ें तो तुम उन खिलाड़ी देवांगनाओंसे छुटकारा पानेके लिये कान फाड़नेवाला अपना गर्जन सुनाकर उन्हें डरा देना ॥६५॥ देखो ! वहाँ पहुँचकर पहले तो तुम उस मानसरोवरका जल पीना जिसमें सुनहरे कमल खिला करते हैं। ऐरावतके मुँहपर थोड़ी देर कपड़े-सा छाकर उसका मन बहला देना, फिर जाकर कल्पद्रुमके कोमल पत्तोंको महीन कपड़ेकी भाँति हिला देना। ऐसे ऐसे बहुत-से खेल करते हुए तुम कैलास पर्वतपर जी भरकर

तस्योत्सङ्गे प्रणयिन इव स्रस्तगंगादुकूलां
न त्वं दृष्ट्वा न पुनरलकां ज्ञास्यसे कामचारिन् ।
या वः काले वहति सलिलोद्गारमुच्चैर्विमाना
मुक्ताजालग्रथितमलकं कामिनीवाभ्रवृन्दम् ॥६७॥

॥इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ मेघदूते काव्ये पूर्वमेघः समाप्तः॥

घूमना ॥६६॥ उसी कैलास पर्वतकी गोदमें अलकापुरी वैसे ही बसी हुई है जैसे अपने प्यारेकी गोदमें कोई कामिनी बैठी हो और वहाँसे निकली हुई गंगाजीकी धारा ऐसी लगती है मानो उस कामिनीके शरीरपरसे सरकी हुई उसकी साड़ी हो। यह नहीं हो सकता कि ऐसी अलकाको देखकर तुम पहचान न पाओ। ऊँचे-ऊँचे भवनोंवाली अलकापर वर्षाके दिनोंमें बरसते हुए बादल ऐसे छाए रहते हैं जैसे कामिनियोंके सिरपर मोती गुँथे हुए जूड़े ॥६७॥

॥ महाकवि श्रीकालिदासके बनाए हुए मेघदूत काव्यमें पूर्वमेघ समाप्त हुआ ॥

॥ उत्तरमेघः ॥

विद्युत्वन्तं ललितवनिताः सेन्द्रचापं सचित्राः
संगीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगम्भीरघोषम् ।
अन्तस्तोयं मणिमयभुवस्तुङ्गमभ्रंलिहाग्राः
प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैस्तैर्विशेषैः ॥१॥

हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धं
नीतालोध्रप्रसवरजसा पाण्डुतामानने श्रीः ।
चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषं
सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम् ॥२॥

[यत्रोन्मत्तभ्रमरमुखराः पादपा नित्यपुष्पा
हंसश्रेणीरचितरशना नित्यपद्मा नलिन्यः ।
केकोत्कण्ठा भवनशिखिनो नित्यभास्वत्कलापा
नित्यज्योत्स्नाः प्रतिहततमोवृत्तिरम्याः प्रदोषाः] ॥३॥

आनन्दोत्थं नयनसलिलं यत्र नान्यैर्निमित्तै-
र्नान्यस्तापः कुसुमशरजादिष्टसंयोगसाध्यात् ।
नाप्यन्यस्मात्प्रणयकलहाद्विप्रयोगोपपत्ति-
र्वित्तेशानां न च खलु वयो यौवनादन्यदस्ति ॥४॥

उत्तरमेघ

हे मेघ ! अलकापुरीके ऊँचे-ऊँचे भवन सब बातोंमें तुम्हारे जैसे ही हैं। यदि तुम्हारे साथ बिजली है तो उन भवनोंमें भी चटकीली नारियाँ हैं, यदि तुम्हारे पास इन्द्रधनुष है तो उन भवनोंमें भी रंग-बिरंगे चित्र लटके हुए हैं। यदि तुम मृदु-गम्भीर गर्जन कर सकते हो तो वहाँ भी संगीतके साथ मृदंग बजते हैं, यदि तुम्हारे भीतर नीला जल है तो उनकी धरती भी नीलमसे जड़ी हुई है और यदि तुम ऊँचे चढ़े हुए हो तो उनकी अटारियाँ भी आकाश चूमती हैं ।।१।। देखो ! वहाँकी कुलवधुएँ हाथोंमें कमलके आभूषण पहनती हैं, अपनी चोटियोंमें नये खिले हुए कुन्दके फूल गूँथती हैं, अपने मुँहको लोध्रके फूलोंका पराग मलकर गोरा करती हैं, अपने जूड़ेमें नये कुरबकके फूल खोसती हैं, अपने कानोंपर सिरसके फूल रखती हैं और वर्षामें फूल उठनेवाले कदम्बके फूलोंसे अपनी माँग सँवारा करती हैं ।।२।। वहाँपर सदा फूलनेवाले ऐसे बहुतसे वृक्ष मिलेंगे, जिनपर मतवाले भौंरे गुनगुनाते होंगे। वहाँ बारहमासी कमल और कमलिनियोंको हंसोंकी पाँतें घेरे रहती हैं। वहाँ सदा चमकीले परोंवाले पालतू मोर ऊँचा सिर किए हुए रात दिन बोलते रहते हैं और वहाँकी रातें सदा चाँदनी रहनेसे बड़ी उजली और मनभावनी होती हैं ।।३।। वहाँ रहनेवाले यक्षोंकी आँखोंमें केवल आनन्दके ही आँसू

यस्यां यक्षाः सितमणिमयान्येत्य हर्म्यस्थलानि
ज्योतिश्छायाकुसुमरचितान्युत्तमस्त्रीसहायाः ।
आसेवन्ते मधु रतिफलं कल्पवृक्षप्रसूतं
त्वद्गम्भीरध्वनिषु शनकैः पुष्करेष्वाहतेषु ॥५॥
मन्दाकिन्याः सलिलशिशिरैः सेव्यमाना मरुद्भि-
र्मन्दाराणामनुतटरुहां छायया वारितोष्णाः ।
अन्वेष्टव्यैः कनकसिकतामुष्टिनिक्षेपगूढैः
संक्रीडन्ते मणिभिरमरप्रार्थिता यत्र कन्याः ॥६॥
नीवीबन्धोच्छ्वसितशिथिलं यत्र बिम्बाधराणां
क्षौमं रागादनिभृतकरेष्वाक्षिपत्सु प्रियेषु ।
अर्चिस्तुङ्गानभिमुखमपि प्राप्य रत्नप्रदीपान्
ह्रीमूढानां भवति विफलप्रेरणा चूर्णमुष्टिः ॥७॥
नेत्रा नीताः सततगतिना यद्विमानाग्रभूमि-
रालेख्यानां नवजलकणैर्दोषमुत्पाद्य सद्यः ।
शङ्कास्पृष्टा इव जलमुचस्त्वादृशा जालमार्गै-
र्धूमोद्गारानुकृतिनिपुणा जर्जरा निष्पतन्ति ॥८॥

जाते हैं। प्यारेके मिलनेसे दूर हो जानेवाली विरहकी जलनको छोड़कर और किसी प्रकारकी जलन वहाँ नहीं होती। प्रेममें रूठनेको छोड़कर और कभी किसीका किसीसे विद्रोह नहीं होता और जवानीकी अवस्थाको छोड़कर दूसरी अवस्था वहाँ नहीं पाई जाती ॥४॥ वहाँके यक्ष अपनी अलबेली स्त्रियोंको लेकर स्फटिक मणिसे बने हुए अपने उन भवनोंपर बैठते हैं जिनकी गचपर पड़ी हुई तारोंकी छाया ऐसी जान पड़ती है मानो फूल टँके हुए हों। वहाँ बैठकर वे लोग कामदेवको उभारनेवाला वह मधु पी रहे होंगे जो उन बाजोंके मन्द-मन्द बजनेपर कल्पवृक्षसे निकलता है जो तुम्हारे गभीर गर्जनके समान ही गूँजा करते हैं ॥५॥ वहाँकी कन्याएँ इतनी सुन्दर हैं कि देवता भी उन्हें पानेके लिये तरसते हैं। वे कन्याएँ, मदाकिनीके जलकी फुहारसे ठढाए हुए पवनमें, तटपर खड़े हुए कल्पवृक्षोंकी छायामें अपनी तपन मिटाती हुई, अपनी मुट्ठियोंमें रत्न लेकर उनको सुनहरे बालूमें डालकर छिपाने और ढूंढनेका खेल खेला करती हैं ॥६॥ वहाँके प्रेमी लोग संभोगके लिये अपने चंचल हाथोंसे अपनी प्यारियोंकी कमरकी गाँठें खोलकर जब उनकी ढीली साड़ियोंको हटाने लगते हैं तब वे लाजसे इतनी सकुचा जाती हैं कि वे और कुछ न पाकर मुट्ठीमें गुलाल भरकर ही जगमगाते हुए रत्न दीपोंपर फेंकने लगती हैं, पर उनका गुलाल फेंकना सब अकारथ ही जाता है ॥७॥ हे मेघ! तुम्हारे जैसे बहुतसे बादल, वायुके झोंकेके साथ वहाँके सत खंडे भवनोंके ऊपरी गखोंमें घुसकर भीतपर टँगे हुए चित्रोंको अपने जलकणोंसे भिगोकर मिटा देते हैं और फिर, वे धुएँका रूप बनानेमें चतुर बादल, डरके मारे झटसे झरोखोंकी जालियोंमेंसे छितरा-छितराकर निकल भागते हैं ॥८॥ वहाँ

यत्र स्त्रीणां प्रियतमभुजालिङ्गनोच्छ्वासितानामङ्गग्लानिं सुरतजनितां तन्तुजालावलम्बाः ।
त्वत्संरोधापगमविशदैश्चन्द्रपादैर्निशीथे
व्यालुम्पन्ति स्फुटजललवस्यन्दिनश्चन्द्रकान्ताः॥९॥

अक्षय्यान्तर्भवननिधयः प्रत्यहं रक्तकण्ठैरुद्गायद्भिर्धनपतियशः किंनरैर्यत्र सार्धम् ।
वैभ्राजाख्यं विबुधवनितावारमुख्यासहाया
बद्धालापा बहिरुपवनं कामिनो निर्विशन्ति ॥१०॥

गत्युत्कम्पादलकपतितैर्यत्र मन्दारपुष्पैः
पत्रच्छेदैः कनककमलैः कर्णविभ्रंशिभिश्च ।
मुक्ताजालैः स्तनपरिसरच्छिन्नसूत्रैश्च हारैर्नैशो मार्गः सवितुरुदये सूच्यते कामिनीनाम्॥११॥

वासश्चित्रं मधु नयनयोर्विभ्रमादेशदक्षं
पुष्पोद्भेदं सह किसलयैर्भूषणानां विकल्पान् ।
लाक्षारागं चरणकमलन्यासयोग्यं च यस्यामेकः सूते सकलमबलामण्डनं कल्पवृक्षः ॥१२॥

आधी रातके समय, खुली चाँदनीमें, झालरोंमें लटके हुए चन्द्रकान्त मणियोंसे टपकता हुआ जल उन स्त्रियोंकी थकावट दूर करता है जिनके शरीर प्रियतमकी भुजाओंमें कसे रहनेसे ढीले पड जाते हैं ।।९।। वहाँ अथाह सम्पत्तिवाले कामी लोग अप्सराओंके साथ बातें करते हुए और ऊँचे स्वरमें मीठे गलोंसे कुबेरका यश गानेवाले किन्नरोंके साथ बैठे हुए वैभ्राज नामके बाहरी उपवनमें रात-दिन विहार किया करते हैं ।।१०।। वहाँ की कामिनी स्त्रियाँ जब रातको अपने प्रेमियोंके पास जल्दी-जल्दी पैर बढ़ाकर जाने लगती हैं, उस समय उनकी चोटियोंमें गुँथे हुए कल्पवृक्षके फूल और पत्ते खिसककर निकल जाते हैं, कानोंपर धरे हुए सोनेके कमल गिर जाते हैं और हारोंसे टूटे हुए मोती भी इधर-उधर बिखर जाते हैं। दिन निकलने पर इन वस्तुओंको मार्गमें बिखरा हुआ देखकर लोग समझ लेते हैं कि वे कामिनी स्त्रियाँ किधर-किधरसे होकर अपने प्रेमियोंके पास पहुँची होंगी ।।११।। वहाँ रंग-बिरंगे वस्त्र, नेत्रोंमें बाँकापन बढ़ानेवाली मदिरा, कोमल पत्ते और फूल, ढंग-ढंगके आभूषण, पैरोंमें लगानेका महावर आदि स्त्रियोंके सिंगारकी जितनी वस्तुएँ हैं सब अकेले कल्पवृक्षसे ही मिल जाती है ।।१२।। पत्तेके समान साँवले वहाँके घोड़े अपने रंग और अपनी चालमें सूर्यके घोड़ोंको भी कुछ नहीं समझते। पहाड़ जैसे ऊँचे-ऊँचे डील-डौलवाले वहाँके हाथी वैसे ही मद बरसाते हैं जैसे तुम पानी बरसाते हो और वहाँ के लड़ाके अपने सब आभूषण छोड़कर बस उन घावोंके चिह्नोंको ही आभूषण समझते हैं जो उन्होंने रावणसे लड़ते

पत्रश्यामा दिनकरहयस्पर्धिनो यत्र वाहाः
शैलोदग्रास्त्वमिव करिणो वृष्टिमन्तः प्रभेदात् ।
योधाग्रण्यः प्रतिदशमुखं संयुगे तस्थिवांसः
प्रत्यादिष्टाभरणरुचयश्चन्द्रहासव्रणाङ्कैः ॥१३॥
मत्वा देवं धनपतिसखं यत्र साक्षाद्वसन्तं
प्रायश्चापं न वहति भयान्मन्मथः षट्पदज्यम् ।
सभ्रूभंगप्रहितनयनैः कामिलक्ष्येष्वमोघै-
स्तस्यारम्भश्चतुरवनिताविभ्रमैरेव सिद्धः ॥१४॥
तत्रागारं धनपतिगृहानुत्तरेणास्मदीयं
दूराल्लक्ष्यं सुरपतिधनुश्चारुणा तोरणेन ।
यस्योपान्ते कृतकतनयः कान्तया वर्धितो मे
हस्तप्राप्यस्तवकनमितो बालमन्दारवृक्षः ॥१५॥
वापी चास्मिन्मरकतशिलाबद्धसोपानमार्गा
हैमैश्छन्ना विकचकमलैः स्निग्धवैदूर्यनालैः ।
यस्यास्तोये कृतवसतयो मानसं संनिकृष्टं
नाध्यास्यन्ति व्यपगतशुचस्त्वामपि प्रेक्ष्य हंसाः ॥१६॥
तस्यास्तीरे रचितशिखरः पेशलैरिन्द्रनीलैः
क्रीडाशैलः कनककदलीवेष्टनप्रेक्षणीयः ।
मद्गेहिन्याः प्रिय इति सखे चेतसा कातरेण
प्रेक्ष्योपान्तस्फुरिततडितं त्वां तमेव स्मरामि ॥१७॥

हुए उसकी चन्द्रहास नामकी तरवारसे खाए थे ॥१३॥ वहींपर कुबेरके मित्र शिवजी भी रहा करते हैं इसलिये डरके मारे कामदेव अपना भौंरोंकी डोरीवाला धनुष वहां नहीं चढाता वरन् वहांकी छबीली चतुर स्त्रियां जो अपने प्रेमियोंकी ओर बांकी चितवन चलाती हैं उसीसे कामदेव अपना धनुषका काम निकाल लेता है ॥१४॥ वहीं कुबेरके भवनसे उत्तरकी ओर इन्द्रधनुषके समान सुन्दर गोल फाटकवाला हमारा घर तुम्हें दूरसे ही दिखाई पडेगा । उसीके पास एक छोटा सा कल्पवृक्ष है जिसे मेरी स्त्रीने पुत्रके समान पाल रक्खा है । वह फूलोंके गुच्छोंसे इतना झुका हुआ होगा कि नीचे खडे खडे ही वे गुच्छे हाथसे तोडे जा सकते हैं ॥१५॥ भीतर घरमें जानेपर तुम्हें एक बावडी मिलेगी जिसकी सीढ़ियोंपर नीलम जडा हुआ है और जिसमें चिकने वैदूर्य मणिकी डण्ठलवाले बहुत-से सुनहरे कमल खिले हुए होंगे । उसके जलमें बसे हुए हंस इतने सुखी हैं कि मानसरोवर-के इतने पास होते हुए भी तुम्हें देखकर वे वहां नहीं जाना चाहेंगे ॥१६॥ उस बावडीके तीरपर एक बनावटी पहाड है, जिसकी चोटी नीलमणिकी बनी हुई है और जो चारों ओरसे सोनेके केलों

रक्ताशोकश्चलकिसलयः केसरश्चात्र कान्तः
प्रत्यासन्नौ कुरबकवृतेर्माधवीमण्डपस्य ।
एकः सख्यास्तव सह मया वामपादाभिलाषी
काङ्क्षत्यन्यो वदनमदिरां दोहदच्छद्मनास्याः ॥१८॥
तन्मध्ये च स्फटिकफलका काञ्चनी वासयष्टि-
र्मूले बद्धा मणिभिरनतिप्रौढवंशप्रकाशैः ।
तालैः शिञ्जावलयसुभगैर्नर्तितः कान्तया मे
यामध्यास्ते दिवसविगमे नीलकण्ठः सुहृद्वः ॥१९॥
एभिः साधो ! हृदयनिहितैर्लक्षणैर्लक्षयेथा
द्वारोपान्ते लिखितवपुषौ शङ्खपद्मौ च दृष्ट्वा ।
क्षामच्छायं भवनमधुना मद्वियोगेन नूनं
सूर्यापाये न खलु कमलं पुष्यति स्वामभिख्याम् ॥२०॥
गत्वा सद्यः कलभतनुतां शीघ्रसंपातहेतोः
क्रीडाशैले प्रथमकथिते रम्यसानौ निषण्णः ।
अर्हस्यन्तर्भवनपतितां कर्तुमल्पाल्पभासं
खद्योतालीविलसितनिभां विद्युदुन्मेषदृष्टिम् ॥२१॥

से घिरा होनेके कारण देखते ही बनता है। देखो मित्र ! पर्वत मेरी घरवाली को बड़ा प्यारा है इसलिये जब मैं तुम्हें बिजलीके साथ देखता हूँ तब मेरा मन अकेला होनेसे उदास हो जाता है और वह पहाड़ मेरी आँखों के आगे नाचने लगता है ॥१७॥ उस बनावटी पर्वतपर कुरबकके वृक्षोंसे घिरे हुए माधवी मंडपके पास ही एक तो चंचल पत्तोंवाला लाल अशोकका वृक्ष खड़ा है और दूसरा मौलसिरीका पेड़ है। जैसे मैं तुम्हारी सखीके पैरकी ठोकर खानेके लिये तरस रहा हूँ वैसे ही वह अशोक भी फूलनेका बहाना लेकर मेरी पत्नीके बाएँ पैरकी ठोकर खानेके लिए तरस रहा होगा और दूसरा मौलसिरीका पेड़ भी उसके मुँहसे निकले हुए मदिराके छींटे पाना चाहता होगा ॥१८॥ उन दोनो वृक्षोंके नये बाँसके समान चमकीले मणियोंसे बनी हुई एक चौकी है, जिसके ऊपर स्फटिककी एक चौकोर पटिया रक्खी हुई है। उस पटियापर जड़ी हुई एक सोनेकी छड़पर तुम्हारा मित्र मोर नित्य साँझको आकर बैठा करता है और मेरी स्त्री उसे अपने घुँघरूदार कड़ेवाले हाथोंसे तालियाँ बजा-बजाकर नचाया करती है ॥१९॥ हे साधु ! यदि तुम मेरे बताए हुए ये चिह्न भली भाँति स्मरण रक्खोगे और मेरे द्वारपर शंख और पद्मके चित्र देख लोगे तो तुम मेरा घर अवश्य पहचान लोगे। मेरे बिना यह भवन बड़ा सूना-सूना-सा और उदास-सा दिखाई देता होगा क्योंकि सूर्यके छिप जानेपर तो कमल उदास हो ही जाता है ॥२०॥ देखो ! यदि तुम्हे मेरे घरमें झटसे पैठना हो तो झटसे हाथीके बच्चे जैसे छोटे बनकर घरमें खेलनेके लिए बनाई हुई पहाड़ीकी सुहावनी चोटीपर जा

तन्वी श्यामा शिखरिदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी
मध्ये क्षामा चकितहरिणीप्रेक्षणा निम्ननाभिः।
श्रोणीभारादलसगमना स्तोकनम्रा स्तनाभ्यां
या तत्र स्याद्युवतिविषये सृष्टिराद्येव धातुः ॥२२॥
तां जानीथाः परिमितकथां जीवितं मे द्वितीयं
दूरीभूते मयि सहचरे चक्रवाकीमिवैकाम् ।
गाढोत्कण्ठां गुरुषु दिवसेष्वेषु गच्छत्सु बालां
जातां मन्ये शिशिरमथितां पद्मिनीं वान्यरूपाम्॥२३॥
नूनं तस्याः प्रबलरुदितोच्छूननेत्रं प्रियाया
निःश्वासानामशिशिरतया भिन्नवर्णाधरोष्ठम् ।
हस्तन्यस्तं मुखमसकलव्यक्ति लम्बालकत्वा-
दिन्दोर्दैन्यं त्वदनुसरणक्लिष्टकान्तेर्बिभर्ति ॥२४॥
आलोके ते निपतति पुरा सा बलिव्याकुला वा
मत्सादृश्यं विरहतनु वा भावगम्यं लिखन्ती ।
पृच्छन्ती वा मधुरवचनां सारिकां पञ्जरस्थां
कच्चिद्भर्तुः स्मरसि रसिके त्वं हि तस्य प्रियेति॥२५॥

बैठना और फिर अपनी बिजलीकी आँखें जुगनुओंके समान थोड़ी-थोड़ी-सी चमकाकर मेरे घरके भीतर झाँकना ॥२१॥ वहाँ जो दुबली-पतली, नन्हे-नन्हे दाँतोंवाली, पके हुए बिंबाफलके समान लाल ओठोंवाली, पतली कमरवाली, डरी हुई हरिणी समान आँखोंवाली, गहरी नाभिवाली, नितम्बोंके बोझसे धीरे-धीरे चलनेवाली और स्तनोंके भारसे कुछ आगेको झुकी हुई युवती तुम्हें दिखाई दे वही मेरी पत्नी होगी। उसकी सुन्दरता देखकर यही जान पड़ेगा मानो ब्रह्माकी सबसे बढ़िया कारीगरी वही हो ॥२२॥ अपने साथीसे बिछुड़ी हुई चकवीके समान अकेली रहनेवाली और कम बोलनेवाली उस सुन्दरीको देखकर ही तुम समझ लोगे कि वह मेरा दूसरा प्राण ही है। विरहके कठोर दिन बड़ी उतावलीसे बिताते-बिताते उसका रूप भी बदल गया होगा और उसे देखकर तुम्हें यह धोखा हो सकता है कि यह कोई बाला है या पालेसे मारी हुई कोई कमलिनी है ॥२३॥ देखो मेघ! मेरे वियोगमें रोते-रोते मेरी प्यारीकी आँखें सूज गई होंगी, गर्म साँसोंसे उसके ओठोंका रंग फीका पड़ गया होगा, चिन्ताके कारण गालोंपर हाथ धरनेसे और बालोंके मुँहपर आ जानेसे उसका अधूरा दिखाई देनेवाला मुँह मेघसे ढके हुए चन्द्रमाके समान धुँधला और उदास दिखाई दे रहा होगा ॥२४॥ देखो मेघ! या तो वह तुम्हें वहाँ देवताओंकी पूजा चढ़ाती मिलेगी या अपनी कल्पनासे मेरे इस विरहसे दुबले शरीरका चित्र बनाती मिलेगी या पिंजड़ेमें बैठी हुई मिठबोली मैनासे यह पूछती मिलेगी कि हे मैना! तुम अपने जिस पतिकी प्यारी हो, उसे भी कभी स्मरण करती हो? ॥२५॥ या भैया! वह मैले कपड़े पहने हुए,

उत्सङ्गे वा मलिनवसने सौम्य निक्षिप्य वीणां
मद्गोत्राङ्कं विरचितपदं गेयमुद्गातुकामा ।
तन्त्रीमार्द्रां नयनसलिलैः सारयित्वा कथंचि-
द्भूयो भूयः स्वयमपि कृतां मूर्च्छनां विस्मरन्ती ॥२६॥

शेषान्मासान्विरहदिवसस्थापितस्यावधेर्वा
विन्यस्यन्ती भुवि गणनया देहलीदत्तपुष्पैः ।
मत्सङ्गं वा हृदयनिहितारम्भमास्वादयन्ती
प्रायेणैते रमणविरहेष्वङ्गनानां विनोदाः ॥२७॥

सव्यापारामहनि न तथा पीडयेन्मद्वियोगः
शङ्के रात्रौ गुरुतरशुचं निर्विनोदां सखीं ते ।
मत्संदेशैः सुखयितुमलं पश्य साध्वीं निशीथे
तामुन्निद्रामवनिशयनां सौधवातायनस्थः ॥२८॥

स्निग्धाः सख्यः कथमपि दिवा तां न मोक्ष्यन्ति तन्वी-
मेकप्रख्या भवति हि जगत्यङ्गनानां प्रवृत्तिः ।
स त्वं रात्रौ जलद शयनासन्नवातायनस्थः
कान्तां सुप्ते सति परिजने वीतनिद्रामुपेयाः ॥२९॥

गोदमें वीणा लिए, ऊँचे स्वरसे मेरे नामवाले गीत गाती मिलेगी। उस समय वह अपनी आँखोंके आँसुओंसे भीगी हुई वीणाको तो जैसे तैसे पोंछ लेगी पर मेरा स्मरण आ जानेसे वह ऐसी बेसुध हो जायगी कि अपने सधे हुए स्वरोंके उतार चढ़ावको भी वह बारबार भूलती जा रही होगी ॥२६॥ या मेरे विरहके दिनसे ही वह देहलीपर जो फूल नित्य रखती चलती है उन्हें धरतीपर फैलाकर गिन रही होगी कि अब विरहके कितने महीने बच गए हैं। या फिर वह मेरे साथ किए हुए संभोगके आनन्दका मन ही मन रस लेती हुई बैठी होगी, क्योंकि अपने प्यारोंके बिछोहमें स्त्रियाँ प्राय ऐसी ही बातोंमें अपने दिन काटती हैं ॥२७॥ हे मित्र! तुम्हारी सखीके इन कामोंमें लगे रहनेके कारण दिनमें तो उसे मेरा बिछोह कुछ नहीं सताता होगा पर मुझे डर है कि रातके लिये कुछ काम न होनेसे उसकी रात बड़े कष्टसे बीतती होगी। इसलिये मेरा संदेश सुनाकर उसे सुख देनेके लिये तुम आधी रातको मेरे भवनके झरोखेपर बैठकर उसे देखना, क्योंकि उस समय वह तुम्हें धरतीपर उनींदी सी पड़ी मिलेगी ॥२८॥ देखो! उसकी प्यारी सखियाँ, उस कोमल देहवालीको दिनमें कभी अकेली नहीं छोड़ेंगी, क्योंकि संसारमें सभी स्त्रियाँ, अपनी सखियोंके दुःखमें कभी उनका साथ नहीं छोड़तीं। इसलिये तुम उसके पलंगके पासवाली खिड़कीपर बैठकर थोड़ी देर परखना और जब ये सखियाँ सो जायँ तब रातको मेरी जागती हुई प्यारीके पास पहुँच जाना ॥२९॥ और वहाँ तुम मेरी प्यारीको ढूँढ लेना, जो वहीं कहीं धरतीपर एक करवट पड़ी होगी। उसके आस पास मोतियोंके हारके टूटे हुए टुकड़ोंके समान आँसू बिखरे हुए होंगे और वह अपने बढ़े हुए नखोंवाले हाथसे अपना उस इकहरी चोटीको उन रूखे और उलझे हुए

अन्वेष्टव्यामवनिशयने सन्निकीर्णैकपार्श्वां
तत्पर्यङ्कप्रगलितनवैश्छिन्नहारैरिवास्रैः ।
भूयो भूयः कठिनविषमां सादयन्तीं कपोला-
दामोक्तव्यामयमितनखेनैकवेणीं करेण ॥३०॥
आधिक्षामां विरहशयने संनिषण्णैकपार्श्वां
प्राचीमूले तनुमिव कलामात्रशेषां हिमांशोः ।
नीता रात्रिः क्षण इव मया सार्धमिच्छारतैर्या
तामेवोष्णैर्विरहमहतीमश्रुभिर्यापयन्तीम् ॥३१॥
पादानिन्दोरमृतशिशिराञ्जालमार्गप्रविष्टा-
न्पूर्वप्रीत्या गतमभिमुखं संनिवृत्तं तथैव ।
चक्षुः खेदात्सलिलगुरुभिः पक्ष्मभिश्छादयन्तीं
साभ्रेऽह्नीव स्थलकमलिनीं न प्रबुद्धां न सुप्ताम् ॥३२॥
निःश्वासेनाधरकिसलयक्लेशिना विक्षिपन्तीं
शुद्धस्नानात्परुषमलकं नूनमागण्डलम्बम् ।
मत्संभोगः कथमुपनयेत्स्वप्नजोऽपीति निद्रा-
माकाङ्क्षन्तीं नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशाम् ॥३३॥

बालोंको अपने गालोंपरसे बार-बार हटा रही होगी जो अब शापके बीतनेपर ही सुलझाए जा सकेंगे ॥३०॥ देखो ! जो प्यारी, मेरे साथ जी भरकर संभोग करके पूरी रात क्षण भरके समान बिता देती थी वही आज बिछोहकी चिन्तासे सूखी हुई और सूने पलंगपर एक करवट लेटी हुई पूरबके क्षितिजपर पहुँचे हुए एक कला भर बचे हुए चन्द्रमाके समान दुबली होकर अपनी रातें गर्म आँसू बहा-बहाकर बिता रही होगी ॥३१॥ जालियोंमेंसे छनकर जो चन्द्रमाकी किरणें आ रही होंगी उन्हें वह समझती होगी कि पहले सुखके दिनोंमें वे जैसी अमृतके समान ठण्डी थीं वैसी ही अब भी होंगी और यही समझकर वह उन किरणोंकी ओर मुँह करेगी पर फिर विरहके कारण जब वे किरणें उसे जलाने लगेंगी तब वह अपनी आँसू-भरी आँखें पलकोंसे ढक लेगी। उस समय मेरी प्यारी ऐसी दिखाई देगी जैसे बदलीके दिन धरतीपर खिलनेवाली कोई अधखिली कमलिनी हो ॥३२॥ मेरे विरहमें वह आजकल कोरे जलसे ही नहाती होगी इसलिये उसके रूखे और बिना सँवारे हुए बाल, उसके गालोंपर लटककर उसके पतले ओठोंको तपानेवाली साँसोंसे हिल रहे होंगे। वह बारबार यह सोचकर अपनी आँखोंमें नींद बुला रही होगी कि किसी प्रकार स्वप्नमें ही प्यारेसे संभोग हो जाय पर आँखोंसे लगातार बहते हुए आँसू, उसकी आँखें भी नहीं लगने देते होंगे ॥३३॥ बिछुड़नेके दिनसे ही उसने अपने जूड़ेकी माला खोलकर जो वह इकहरी चोटी बाँध ली थी जिसे छूनेमें भी उसे पीड़ा होती है और जिसे शाप बीतने पर मैं ही सुखसे खोलकर बाँधूगा, उसी उलझी और बिखरी हुई रूखी चोटीको वह अपने बढ़े हुए नखोंवाले हाथोंमें अपने भरे हुए गालों परसे बार-बार

आद्ये बद्धा विरहदिवसे या शिखा दाम हित्वा
शापस्यान्ते विगलितशुचा तां मयोद्वेष्टनीयाम् ।
स्पर्शक्लिष्टामयमितनखेनासकृत्सारयन्तीं
गण्डाभोगात्कठिनविषमामेकवेणीं करेण ॥३४॥

सा संन्यस्ताभरणमबला पेशलं धारयन्ती
शय्योत्सङ्गे निहितमसकृद्दुःखदुःखेन गात्रम् ।
त्वामप्यस्रं नवजलमयं मोचयिष्यत्यवश्यं
प्रायः सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा ॥३५॥

जाने सख्यास्तव मयि मनः संभृतस्नेहमस्मा-
दित्थंभूतां प्रथमविरहे तामहं तर्कयामि ।
वाचालं मां न खलु सुभगम्मन्यभावः करोति
प्रत्यक्षं ते निखिलमचिराद्भ्रातरुक्तं मया यत् ॥३६॥

रुद्धापाङ्गप्रसरमलकैरञ्जनस्नेहशून्यं
प्रत्यादेशादपि च मधुनो विस्मृतभ्रूविलासम् ।
त्वय्यासन्ने नयनमुपरिस्पन्दि शङ्के मृगाक्ष्या
मीनक्षोभाच्चलकुवलयश्रीतुलामेष्यतीति ॥३७॥

वामश्चास्याः कररुहपदैर्मुच्यमानो मदीयै-
र्मुक्ताजालं चिरपरिचितं त्याजितो दैवगत्या ।

हटा रही होगी ॥३४॥ जब तुम देखोगे कि वह बेचारी बार-बार दुःखसे पछाड़ खा-खाकर पलँगके पास पड़ी हुई, किसी-किसी प्रकार अपने बिना आभूषणोंवाले कोमल शरीरको सँभाले हुए है तब तुम भी उसकी दशापर अपने नये जलके आँसू बहाए बिना न रह सकोगे क्योंकि दूसरोंका दुःख देखकर कौन ऐसा कोमल हृदयवाला है जो पसीज न जाय ॥३५॥ मैं जानता हूँ कि तुम्हारी सखी मुझे जी भरकर प्यार करती है इसीलिये मैं सोचता हूँ कि वह इस पहले पहलके बिछोहसे दुबली हो गई होगी। यह न समझो कि ऐसी पतिव्रता स्त्रीका पति होनेके सौभाग्यसे मैं इतना बढ़-बढ़कर बोल रहा हूँ वरन् भैया ! मैंने जो कुछ कहा है वह सब तुम्हारी आँखोंके सामने ही आ जायगा ॥३६॥ जब तुम उसके पास पहुँचोगे तब उस मृगनयनीकी वह बाईं आँख फड़क उठेगी जिसपर बाल फैले हुए होंगे, जो आँजन लगनेसे रूखी हो गई होगी और जो बहुत दिनोंसे मदिरा न पीनेके कारण भौंहे चलाना भी भूल गई होगी। उस समय फड़कती हुई वह बाईं आँख उस नीले कमल-जैसी सुन्दर दिखाई देगी जो मछलियोंके इधर-उधर आने-जानेसे काँप उठा करता है ॥३७॥ तुम्हारे पहुँचते ही, नये केलेके खंभेके समान उसकी वह गोरी-गोरी बाईं जाँघ भी फड़क उठेगी जिसे मैं संभोग कर चुकनेपर अपने हाथसे दबाया करता था। उस जाँघपर न तो तुम्हें मेरे हाथके नख-

संभोगान्ते मम समुचितो हस्तसंवाहनानां
यास्यत्यूरुः सरसकदलीस्तम्भगौरश्चलत्वम् ॥३८॥

तस्मिन्काले जलद यदि सा लब्धनिद्रासुखा स्या-
दन्वास्यैनां स्तनितविमुखो याममात्रं सहस्व।
माभूदस्याः प्रणयिनि मयि स्वप्नलब्धे कथंचि-
त्सद्यःकण्ठच्युतभुजलताग्रन्थि गाढोपगूढम् ॥३९॥

तामुत्थाप्य स्वजलकणिकाशीतलेनानिलेन
प्रत्याश्वस्तां सममभिनवैर्जालकैर्मालतीनाम्।
विद्युद्गर्भः स्तिमितनयनां त्वत्सनाथे गवाक्षे
वक्तुं धीरः स्तनितवचनैर्मानिनीं प्रक्रमेथाः ॥४०॥

भर्तुर्मित्रं प्रियमविधवे विद्धि मामम्बुवाहं
तत्संदेशैर्हृदयनिहितैरागतं त्वत्समीपम्।
यो वृन्दानि त्वरयति पथि श्राम्यतां प्रोषितानां
मन्द्रस्निग्धैर्ध्वनिभिरबलावेणिमोक्षोत्सुकानि ॥४१॥

इत्याख्याते पवनतनयं मैथिलीवोन्मुखी सा
त्वामुत्कण्ठोच्छ्वसितहृदया वीक्ष्य संभाव्य चैवम्।
श्रोष्यत्यस्मात्परमवहिता सौम्य सीमन्तिनीनां
कान्तोदन्तः सुहृदुपनतः संगमात्किंचिदूनः ॥४२॥

चिह्न ही बने मिलेंगे और न दुर्भाग्यवश उसपर वह मोतियोंकी करधनी ही पड़ी मिलेगी जिसे वह बहुत दिनोंसे पहनती चली आ रही थी ॥३८॥ हे मेघ ! तुम्हारे पहुँचनेपर यदि उसे कुछ नींद आने लगे तो तुम उसके पीछे चुपचाप एक पहर ठहरे रहना जिससे यदि मेरी प्यारी कहीं स्वप्नमें मुझसे कसकर लिपटी हुई हो तो मेरे कण्ठमें पड़ी हुई उसकी भुजाएँ अचानक नींद टूटनेसे छूट न पड़ें ॥३९॥ एक पहर ठहरनेपर भी यह आँखें न खोले तो तुम मालतीके नये फूलोंके समान कोमल मेरी प्यारीको, अपने जलकी फुहारोंसे ठण्डा किया हुआ वायु चलाकर, जगा देना। आँखें खोलनेपर जब वह झरोखेसे तुम्हारी ओर एकटक होकर देखे तो तुम अपनी बिजलीको छिपा लेना और अपने धीमे गर्जनके शब्दोंमें उस मानिनीसे बात-चीत चला देना ॥४०॥ उससे कहना—हे सौभाग्यवती ! मैं तुम्हें यह बता दूँ कि मैं तुम्हारे पतिका प्रिय मित्र मेघ, तुम्हारे पास उनका संदेश लेकर आया हूँ। मैं अपनी धीमी और मीठी गरजसे उन थके हुए बटोहियोंके मनमें भी घर लौटनेकी हड़बड़ी मचा देता हूँ जो अपनी स्त्रियोंकी उलझी हुई इकहरी चोटियाँ सुलझानेके लिये उतावले रहते हैं ॥४१॥ यह सुनकर मेरी प्यारी तुम्हारी ओर मुँह करके बड़े चावसे, बड़े खिले हुए जीसे और बड़े आदरसे कान लगाकर तुम्हारा सब संदेश उसी प्रकार सुनेगी जैसे सीताजीने

तामायुष्मन्मम च वचनादात्मनश्चोपकर्तुं
ब्रूयादेवं तव सहचरो रामगिर्याश्रमस्थः ।
अव्यापन्नः कुशलमबले पृच्छति त्वां वियुक्तः
पूर्वाभाष्यं सुलभविपदां प्राणिनामेतदेव ॥४३॥

अङ्गेनाङ्गं प्रतनु तनुना गाढतप्तेन तप्तं
सास्रेणाश्रुद्रुतमविरतोत्कण्ठमुत्कण्ठितेन ।
उष्णोच्छ्वासं समधिकतरोच्छ्वासिना दूरवर्ती
संकल्पैस्तैर्विशति विधिना वैरिणा रुद्धमार्गः ॥४४॥

शब्दाख्येयं यदपि किल ते यः सखीनां पुरस्ता-
त्कर्णे लोलः कथयितुमभूदाननस्पर्शलोभात् ।
सोऽतिक्रान्तः श्रवणविषयं लोचनाभ्यामदृष्ट-
स्त्वामुत्कण्ठाविरचितपदं मन्मुखेनेदमाह ॥४५॥

श्यामास्वङ्गं चकितहरिणीप्रेक्षणे दृष्टिपातं
वक्त्रच्छायां शशिनि शिखिनां बर्हभारेषु केशान् ।
उत्पश्यामि प्रतनुषु नदीवीचिषु भ्रूविलासान्
हन्तैकस्मिन्क्वचिदपि न ते चण्डि सादृश्यमस्ति ॥४६॥

हनुमानजीकी बातें सुनी थीं। हे भैया ! मित्रके मुँहसे पतिका संदेश पाकर स्त्रियोंको अपने प्रियके मिलनसे कुछ कम सुख थोड़े ही मिलता है ? ॥४२॥ हे आयुष्मन् ! तुम मेरे कहनेसे और दूसरेकी भलाई करनेका पुण्य लेनेके लिये उससे जाकर कहना—हे अबला ! तुम्हारा बिछुड़ा हुआ साथी रामगिरिके आश्रममें कुशलसे है और तुम्हारी कुशल जानना चाहता है क्योंकि देखो ! जिन लोगोंपर अचानक विपत्ति आ गई हो, उनसे पहले-पहल यही पूछना ठीक होता है ॥४३॥ उससे कहना—दूर बैठे हुए प्यारे साथीका मार्ग तो वैरी ब्रह्मा रोके बैठा है, इसलिये वह तुमसे मिल भले ही न सके, फिर भी वह अपने दुबलेपन, तपन, लगातार बहते हुए आँसू, मिलनेका चाव और गर्म उसाँसों को देख-देखकर ही मनमें समझ लेता है कि तुम भी वैसे ही बिछोहमें दुबली हो गई होगी, विरहसे तप रही होगी, आँखोंसे झर-झर आँसू बहा रही होगी, मिलनेको उतावली होगी और दिन-रात लंबी लंबी गर्म उसाँसें ले रही होगी ॥४४॥ हे अबला ! तुम्हारे प्यारेको जब तुमसे कोई ऐसी भी बात कहनी-होती थी जो तुम्हारी सखियोंके आगे ऊँचे स्वरसे कही जा सकती थी तब भी वह तुम्हारा मुँह चूमनेके लोभसे तुम्हारे कानमें ही कहनेको तुला रहता था। अब तुम अपने उस प्यारेकी न तो बातचीत ही सुन सकती हो और न उसे आँख भर देख ही सकती हो, इसलिये उसने बड़े चावसे मेरे मुँहसे यह कहला भेजा है ॥४५॥ कि— हे प्यारी ! मैं यहाँ बैठा, प्रियंगुकी लतामें तुम्हारा शरीर, डरी हुई हरिणीकी आँखोंमें तुम्हारी चितवन, चन्द्रमामें तुम्हारा मुख, मोरोंके पंखोंमें तुम्हारे बाल और नदीकी छोटी-छोटी लहरियोंमें तुम्हारी कटीली भौंहें देखा करता हूँ। तो भी हे

त्वामालिख्य प्रणयकुपितां धातुरागैः शिलाया-
मात्मानं ते चरणपतितं यावदिच्छामि कर्तुम् ।
अस्रैस्तावन्मुहुरुपचितैर्दृष्टिरालुप्यते मे
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते संगमं नौ कृतान्तः ॥४७॥
[धारासिक्तस्थलसुरभिणस्त्वन्मुखस्यास्य बाले
दूरीभूतं प्रतनुमपि मां पञ्चबाणः क्षिणोति ।
घर्मान्तेऽस्मिन्विगणय कथं वासराणि व्रजेयु-
र्दिक्संसक्तप्रविततघनव्यस्तसूर्यातपानि] ॥४८॥
मामाकाशप्रणिहितभुजं निर्दयाश्लेषहेतो-
र्लब्धायास्ते कथमपि मया स्वप्नसंदर्शनेषु ।
पश्यन्तीनां न खलु बहुशो न स्थलीदेवतानां
मुक्तास्थूलास्तरुकिसलयेष्वश्रुलेशाः पतन्ति ॥४९॥
भित्त्वा सद्यः किसलयपुटान्देवदारुद्रुमाणां
ये तत्क्षीरस्रुतिसुरभयो दक्षिणेन प्रवृत्ताः ।
आलिङ्ग्यन्ते गुणवति मया ते तुषाराद्रिवाताः
पूर्वं स्पृष्टं यदि किल भवेदङ्गमेभिस्तवेति ॥५०॥

चण्डी ! मुझे दुःख है कि इनमें से कोई एक भी पूरे ढंगसे तुम्हारी बराबरी नहीं कर पाता ॥' जब मैं पत्थरकी पटियापर गेरूसे तुम्हारी रूठी हुई मूर्तिका चित्र खींचकर यह बनाना चाहता हूँ कि तुम्हें मनानेके लिये मैं तुम्हारे पैरों पड़ा हूँ उस समय आँसू ऐसे उमड़े पड़ते हैं कि मर आँख देखने भी नहीं देते । निर्दयी कालको हमारा चित्रमें मिलना भी नहीं सुहाता ॥४७॥ हे बाला ! एक तो मैं यों ही तुम्हारे उस मुखसे दूर रहनेके कारण सूखा जा रहा हूँ जिसमेंसे ऐसी सोंधी गंध आती है जैसे पानी पड़नेपर धरतीमेंसे आती है, उसपर यह पाँच बाणोंवाला कामदेव मुझे और भी सताए जा रहा है। अब तुम्हीं सोच लो कि गर्मीके बीतनेपर जब चारों ओर उमड़ी हुई घने बादलोंकी घटा सूर्यपर छा जायगी उस समय मैं किसके सहारे अपने दिन काट पाऊँगा ॥४८॥ जब कभी मैं स्वप्नमें तुम्हें देखकर कसकर छातीसे लगानेके लिये अपने हाथ ऊपर फैलाता हूँ, उस समय वनके देवता भी मेरी दशापर तरस खाकर अपने मोतीके समान बड़े-बड़े आँसू वृक्षोंके कोमल पत्तोंपर बहुधा ढुलकाया करते हैं ॥४९॥ हे गुणवती ! देवदारके कोमल पत्तोंको अपने झोंकोंसे तत्काल तोड़कर और उसके रसकी गंध लेकर हिमालयके जो पवन दक्षिणकी ओर चले आ रहे हैं उन्हें मैं यही समझकर अपने हृदयसे लगा रहा हूँ कि ये उधरसे तुम्हारा शरीर छूकर आ रहे होंगे ॥५०॥

संक्षिप्येत क्षण इव कथं दीर्घयामा त्रियामा
सर्वावस्थास्वहरपि कथं मन्दमन्दातपं स्यात्।
इत्थं चेतश्चटुलनयने दुर्लभप्रार्थनं मे
गाढोष्माभिः कृतमशरणं त्वद्वियोगव्यथाभिः ॥५१॥
नन्वात्मानं बहु विगणयन्नात्मनैवावलम्बे
तत्कल्याणि त्वमपि नितरां मा गमः कातरत्वम्।
कस्यात्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥५२॥
शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ
शेषान्मासान्गमय चतुरो लोचने मीलयित्वा।
पश्चादावां विरहगुणितं तं तमात्माभिलाषं
निर्वेक्ष्यावः परिणतशरच्चन्द्रिकासु क्षपासु ॥५३॥
भूयश्चाहं त्वमपि शयने कण्ठलग्ना पुरा मे
निद्रां गत्वा किमपि रुदती सस्वनं विप्रबुद्धा।
सान्तर्हासं कथितमसकृत्पृच्छतश्च त्वया मे
दृष्टः स्वप्ने कितव रमयन्कामपि त्वं मयेति ॥५४॥

हे चंचल नैनोंवाली! मैं मनसे यही मनाया करता हूँ कि किसी प्रकार रातके लंबे लंबे तीन पहर क्षण भरके समान छोटे हो जायँ और दिनकी तपन भी किसी प्रकार सदाके लिये जाती रहे। पर मेरी यह दुर्लभ प्रार्थना बेकार ही जाती है। उसपर इस तिल तिल जलानेवाली बिछोहकी जलनसे तो मेरा जी बैठा जा रहा है ॥५१॥ पर हे कल्याणी! बहुत कुछ सोच विचारकर मैं अपने मनको अपने से ही ढाढस बँधा लेता हूँ, इसलिये तुम भी बहुत दुःखी मत होना। देखो! दुःख या सुख किसी-पर सदा नहीं रहा करते। ये तो पहिएके चक्करके समान कभी नीचे कभी ऊपर यों ही आया-जाया करते हैं ॥५२॥ देखो! अगली देवउठनी एकादशीको जब विष्णु भगवान् शेषनागकी शय्यासे उठेंगे उसी दिन मेरा शाप भी बीत जायगा। इसलिये इन बचे हुए चार महीनोंको भी किसी-किसी प्रकार आँख मूँदकर बिता डालो। फिर तो हम दोनों, बिछोहके दिनोंमें सोची हुई अपने मनकी सब साधें शरदकी सुहावनी चाँदनी रातमें पूरी कर ही डालेंगे ॥५३॥ हे अबला! तुम्हारे प्यारेने यह भी कहलाया है कि एक बार जब तुम मेरे गलेसे लगी हुई मेरे पलँगपर सो रही थी, उस समय तुम अचानक चिल्लाकर रोती हुई जाग पड़ी थी और जब मैंने बार-बार तुमसे रोनेका कारण पूछा तब तुमने मीठी मुसकानके साथ उत्तर दिया था कि हे छली! मैंने स्वप्नमें देखा कि तुम किसी दूसरी स्त्रीके साथ रमण कर रहे हो, इसीलिये मैं रो पड़ी थी ॥५४॥ हे काली आँखोंवाली! इस पहचानसे

एतस्मान्मां कुशलिनमभिज्ञानदानाद्विदित्वा
मा कौलीनाच्चकितनयने मय्यविश्वासिनी भूः ।
स्नेहानाहुः किमपि विरहे ध्वंसिनस्ते त्वभोगा-
दिष्टे वस्तुन्युपचितरसाः प्रेमराशीभवन्ति ॥५५॥
आश्वास्यैवं प्रथमविरहोदग्रशोकां सखीं ते
शैलादाशु त्रिनयनवृषोत्खातकूटान्निवृत्तः ।
साभिज्ञानप्रहितकुशलैस्तद्वचोभिर्ममापि
प्रातः कुन्दप्रसवशिथिलं जीवितं धारयेथाः ॥५६॥
कच्चित्सौम्य व्यवसितमिदं बन्धुकृत्यं त्वया मे
प्रत्यादेशान्न खलु भवतो धीरतां कल्पयामि ।
निःशब्दोऽपि प्रदिशसि जलं याचितश्चातकेभ्यः
प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव ॥५७॥
एतत्कृत्वा प्रियमनुचितप्रार्थनावर्तिनो मे
सौहार्दाद्वा विधुर इति वा मय्यनुक्रोशबुद्ध्या ।
इष्टान्देशाञ्जलद विचर प्रावृषा संभृतश्री-
र्मा भूदेवं क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः ॥५८॥

ही तुम समझ लेना कि मैं कुशलसे हूँ। लोगोंके कहनेसे तुम मेरे प्रेममें सदेह न कर बैठना। न जाने लोग यह क्यों कहा करते हैं कि विरहमें प्रेम कम हो जाता है। सच्ची बात तो यह है कि जब चाही हुई वस्तुएँ नहीं मिलतीं तभी उन्हें पानेके लिये प्यास बढ जाती है और ढेरों प्रेम आकर इकट्ठा हो जाता है ॥५५॥ देखो मेघ ! पहली बारके बिछोहमें दुखी अपनी भाभीको इस प्रकार ढाढस बँधाकर उससे कुशल समाचार पाकर और पहचान लेकर तुम मेरे पास जल्दी ही उस कैलास पर्वतसे लौट आना जिसकी चोटियाँ महादेवजीके साँडने उखाड दी हैं। और फिर यहाँ आकर प्रातःकाल खिले हुए कुन्दके फूलके समान चू पडनेवाले मेरे प्राणोंकी रक्षा करना ॥५६॥ क्यों भैया ! तुमने मेरा यह प्यारा काम करनेकी ठान ली है या नहीं ? इस पूछनेसे यह न समझ बैठना कि मैं तुमसे हुकारी भरवानेपर ही तुम्हें इस कामके योग्य समझूँगा। तुम्हें मैं जानता हूँ कि जब पपीहे तुमसे जल माँगते हैं, तब तुम बिना उत्तर दिए उन्हें जल दे देते हो। सज्जनोंकी रीति ही यह है कि जब कोई उनसे कुछ माँगे तो वे मुँहसे कुछ न कहकर, काम पूरा करके ही उत्तर दे डालते हैं ॥५७॥ हे मेघ ! मैंने जो तुमसे काम बताया है वह तुमसे कराना बडी ढिठाई होगी, पर चाहे मित्रताके नाते, चाहे मुझ बिछोही पर तरस खाकर तुम पहले मेरा प्यारा काम कर देना और फिर अपना बरसाती रूप लेकर जहाँ मन चाहे वहाँ घूमना। मैं यही मनाता [illegible] प्यारी बिजलीसे एक [illegible] भी तुम्हारा वैसा वियोग

[तस्मादद्रेर्निगदितमथो शीघ्रमेत्यालकायां
यक्षागारं विगलितनिभं दृष्टिचिन्हैर्विदित्वा ।
मत्संदिष्टं प्रणयमधुरं गुह्यकेन प्रयत्नात्
तद्गेहिन्या सकलमवदत्कामरूपी पयोदः ॥५६॥
इत्याख्याते सुरपतिसखः शैलकुल्यापुरीषु
स्थित्वा स्थित्वा धनपतिपुरीं वासरैः कैश्चिदाप ।
मत्वागारं कनकरुचिरं लक्षणैः पूर्वमुक्तैः
तस्योत्संगे क्षितितलगतां तां च दीनां ददर्श ॥६०॥
तं संदेशं जलधरवरो दिव्यवाचाचचक्षे
प्राणांस्तस्या जनहितरतो रक्षितुं यक्षवध्वाः ।
प्राप्योदन्तं प्रमुदितमना सापि तस्थौ स्वभर्तुः
केषां न स्यादभिमतफला प्रार्थना ह्युत्तमेषु ॥६१॥
श्रुत्वा वार्तां जलदकथितां तां धनेशोऽपि सद्यः
शापस्यान्तं सदयहृदयः संविधायास्तकोपः ।
संयोज्यैतौ विगलितशुचौ दंपती हृष्टचित्तौ
भोगानिष्टानविरतसुखं भोजयामास शश्वत् ॥६२॥

न हो, जैसा मैं भोग रहा हूँ ।।५८।। यक्षकी ये बातें सुनकर मनचाहा रूप धारण करनेवाला वह बादल, रामगिरिसे चलकर अलका पहुँच गया और बताए हुए चिह्नोंको देखकर उसने यक्षका वह भवन पहचान लिया जिसकी सब शोभा फीकी पड़ गई थी। वहाँ उसने यक्षकी प्यारीसे वह प्यार-भरा मधुर सदेश सुनाया, जिसे यक्षने बड़े जतनसे भेजा था ।।५६।। यह सुनकर बादल वहाँसे चलदिया और कभी पहाड़ियों पर, कभी नदियोंके पास और कभी नगरमें ठहरता हुआ थोड़े ही दिनोंमें कुबेरकी राजधानी अलकामें पहुँच गया। वहाँ अपने मित्रके बताए चिह्नोंसे उसने वियोगी यक्षका, सोनेके समान चमकता हुआ भवन पहचान लिया और उसने वहाँ देखा कि यक्षकी स्त्री बेचारी उस भवनमें धरतीपर पड़ी हुई है ।।६०।। वहाँ पहुँचकर सबका भला करनेवाले उस भले मेघने दैवी शब्दोंमें यक्षकी स्त्रीके प्राण बचानेके लिये सब सदेश सुना डाला। यक्षकी स्त्री भी, अपने प्यारेका कुशल-समाचार पाकर फूली न समाई। सच है, अच्छे लोगोंसे कोई काम करनेको कहा जाय तो वह अवश्य पूरा होता ही है ।।६१।। जब कुबेरने यह बात सुनी कि बादलने यक्षकी स्त्रीको ऐसा संदेश दिया है तब उनके मनमें बड़ी दया आई, उनका क्रोध उतर गया और उन्होंने अपना शाप लौटाकर उन दोनों पति-पत्नी को फिर मिला दिया। इस मिलनेसे उनका सब दुःख जाता रहा और वे फिर बड़े प्रसन्न हो गए। कुबेरने उन दोनोंके लिये ऐसे सुख लूटनेका प्रबन्ध कर दिया कि उन्हें फिर कभी

इत्थंभूतं सुरचितपदं मेघदूताभिधानं
कामक्रीडाविरहितजने विप्रयुक्ते विनोदः ।
मेघस्यास्मिन्नतिनिपुणता बुद्धिभावः कवीनां
नत्वार्यायाश्चरणकमलं कालिदासश्चकार ॥६३॥

॥ इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ मेघदूते काव्ये उत्तरमेघ. समाप्तः ॥

दुःख मिला ही नहीं ॥६२॥ कवि कालिदासने आर्यादेवी कालीके चरण-कमलों में प्रणाम करके सुन्दरतासे सजाए हुए शब्दोंमें यह ऊपर कही हुई मेघदूत नामकी कविता रची है। यह कविता वियोगके समय उन लोगोंका भी मन बहलावेगी जिन्हें विलास मिला ही नहीं साथ ही इसमें मेघकी अत्यन्त चतुराईका और कवियोंकी कल्पनाका परिचय भी मिल जायगा ॥६३॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए मेघदूत काव्यमें उत्तरमेघ समाप्त हुआ।

❀ ऋतुसंहारम् ❀

❀ ऋतुसंहारम् ❀

॥ प्रथमः सर्गः ॥

ग्रीष्मवर्णनम्

प्रचण्डसूर्यः स्पृहणीयचन्द्रमाः सदावगाहक्षतवारिसञ्चयः ।
दिनान्तरम्योऽभ्युपशान्तमन्मथो निदाघकालोऽयमुपागतः प्रिये ॥१॥
निशाः शशाङ्कक्षतनीलराजयः क्वचिद्विचित्रं जलयन्त्रमन्दिरम् ।
मणिप्रकाराः सरसं च चन्दनं शुचौ प्रिये यान्ति जनस्य सेव्यताम् ॥२॥
सुवासितं हर्म्यतलं मनोहरं प्रियामुखोच्छ्वासविकम्पितं मधु ।
सुतन्त्रिगीतं मदनस्य दीपनं शुचौ निशीथेऽनुभवन्ति कामिनः ॥३॥
नितम्बबिम्बैः सदुकूलमेखलैः स्तनैः सहाराभरणैः सचन्दनैः ।
शिरोरुहैः स्नानकषायवासितैः स्त्रियो निदाघं शमयन्ति कामिनाम् ॥४॥
नितान्तलाक्षारसरागरञ्जितैर्नितम्बिनीनां चरणैः सनूपुरैः ।
पदे पदे हंसरुतानुकारिभिर्जनस्य चित्तं क्रियते समन्मथम् ॥५॥

पयोधराश्चन्दनपङ्कचर्चितास्तुषारगौरार्पितहारशेखराः ।
नितम्बदेशाश्च महेममेखलाः प्रकुर्वते कस्य मनो न सोत्सुकम् ॥६॥
समुद्गतस्वेदचिताङ्गसंधयो विमुच्य वासांसि गुरूणि साम्प्रतम् ।
स्तनेषु तन्वंशुकमुन्नतस्तना निवेशयन्ति प्रमदाः सयौवनाः ॥७॥
सचन्दनाम्बुव्यजनोद्भवानिलैः सहारयष्टिस्तनमण्डलार्पणैः ।
सवल्लकीकाकलिगीतनिस्वनैर्विबोध्यते सुप्त इवाद्य मन्मथः ॥८॥
सितेषु हर्म्येषु निशासु योषितां सुखप्रसुप्तानि मुखानि चन्द्रमाः ।
विलोक्य नूनं भृशमुत्सुकश्चिरं निशाक्षये याति ह्रियेव पाण्डुताम् ॥९॥
असह्यवातोद्धतरेणुमण्डला प्रचण्डसूर्यातपतापिता मही ।
न शक्यते द्रष्टुमपि प्रवासिभिः प्रियावियोगानलदग्धमानसैः ॥१०॥
मृगाः प्रचण्डातपतापिता भृशं तृषा महत्या परिशुष्कतालवः ।
वनान्तरे तोयमिति प्रधाविता निरीक्ष्य भिन्नाञ्जनसंनिभं नभः ॥११॥
सविभ्रमैः सस्मितजिह्मवीक्षितैर्विलासवत्यो मनसि प्रवासिनाम् ।
अनङ्गसंदीपनमाशु कुर्वते यथा प्रदोषाः शशिचारुभूषणाः ॥१२॥

इन दिनों स्त्रियोंके हिमके समान उजले और अनूठे हारसे सजे हुए चन्दन पुते स्तन देखकर और सुनहरी करधनीसे बँधे हुए नितम्ब देखकर भला किसका मन नहीं ललच उठेगा ॥६॥ ऊँचे-ऊँचे स्तनोंवाली जिन युवतियोंके अंगोंके जोड जोडसे गर्मीके मारे पसीना छूटा करता है वे भी इस गर्मीमें अपने मोटे वस्त्र उतारकर पतले पतले कपडे पहनने लगी हैं ॥७॥ आजकल लोग कामदेवको उसी प्रकार जगाया करते हैं जैसे कोई स्त्री, अपने सोए हुए प्रेमीको चन्दनमें बसे हुए ठंढे जलसे भीगे हुए पखोंकी ठंढी बयार झलकर या मोतियोंके हारोंकी लटकती हुई झालरोंसे सजे हुए अपने गोल गोल स्तन प्रेमीकी छातीपर रखकर, या वीणाके साथ अपने मीठे गलेसे गीत गा-गाकर जगाया करती है ॥८॥ रातके समय उजले भवनमें सुखसे सोई हुई युवतीका मुख निहारनेको उतावला रहनेवाला चन्द्रमा जब बहुत देरतक उनका मुँह देख चुकता है तो लाजके मारे वह रातके पिछले पहरमें उदास हो जाता है ॥९॥ परदेशमें गये हुए जिन प्रेमियोंका हृदय अपनी प्रेमिकाओंके बिछोहकी तपनसे झुलस गया है, वे आँधीके झोकोंसे उठी हुई धूलके बवंडरोंवाली और कडी धूपकी लपटोंसे तपी हुई, धरतीकी ओर देखते हैं तो उनसे देखा नहीं जाता ॥१०॥ जलते हुए सूर्यकी किरणोंसे झुलसे हुए जिन जंगली पशुओंकी जीभ प्याससे बहुत सूख गई है वे घोंसेसे उन जंगलोंकी ओर दौडे जा रहे हैं जहाँके आँजनके समान नीले आकाशको ही वे पानी समझ बैठे हैं ॥११॥ चमकते हुए चन्द्रमावाली साँझके समान जो सुन्दरियाँ चन्द्रमाके समान उजले चन्द्रहार आदि आभूषणोंसे सजी हुई बडी प्यारी लग रही हैं वे बडी चटक मटक और मुस्कुराहटके साथ अपनी चितवन चलाकर परदेसियोंके मनमें झटसे कामदेव

रवेर्मयूखैरभितापितो भृशं विदह्यमानः पथि तप्तपांसुभिः ।
अवाङ्मुखो जिह्मगतिः श्वसन्मुहुः फणी मयूरस्य तले निषीदति ॥१३॥
तृषा महत्या हतविक्रमोद्यमः श्वसन्मुहुर्दूरविदारिताननः ।
न हन्त्यदूरेऽपि गजान्मृगेश्वरो विलोलजिह्वश्चलिताग्रकेसरः ॥१४॥
विशुष्ककण्ठोद्गतसीकराम्भसो गभस्तिभिर्भानुमतोऽनुतापिताः ।
प्रवृद्धतृष्णोपहता जलार्थिनो न दन्तिनः केसरिणोऽपि बिभ्यति ॥१५॥
हुताग्निकल्पैः सवितुर्गभस्तिभिः कलापिनः क्लान्तशरीरचेतसः ।
न भोगिनं घ्नन्ति समीपवर्तिनं कलापचक्रेषु निवेशिताननम् ॥१६॥
सभद्रमुस्तं परिशुष्ककर्दमं सरः खनन्नायतपोतृमण्डलैः ।
रवेर्मयूखैरभितापितो भृशं वराहयूथो विशतीव भूतलम् ॥१७॥
विवस्वता तीक्ष्णतरांशुमालिना सपङ्कतोयात्सरसोऽभितापितः ।
उत्प्लुत्य भेकस्तृषितस्य भोगिनः फणातपत्रस्य तले निषीदति ॥१८॥
समुद्धृताशेषमृणालजालकं विपन्नमीनं द्रुतभीतसारसम् ।
परस्परोत्पीडनसंहतैर्गजैः कृतं सरः सान्द्रविमर्दकर्दमम् ॥१९॥

जाता देती हैं ॥१२॥ देखो ! धूपसे एकदम तपा हुआ और पैंडेकी गर्म धूलसे झुलसा हुआ यह सर्प अपना मुँह नीचे छिपाकर बार-बार फुफकारता हुआ मोरकी छायामें कुंडल मारे बैठा हुआ है पर मोर भी गर्मीके मारे उसे कुछ नहीं कह रहा है ॥१३॥ देखो ! हाथियोंके पास होनेपर भी यह सिंह उन्हें मार नहीं रहा है क्योंकि गर्मी इतनी पड रही है कि बहुत प्यासके मारे इसका सब साहस ठंडा पड गया है, अपना पूरा मुँह खोलकर यह बार-बार हाँफ रहा है, अपनी जीभसे अपने ओठ चाटता जा रहा है और हाँफनेसे इसके कंधेके बाल हिलते जा रहे हैं ॥१४॥ जो हाथी धूप और प्यासले बेचैन होकर अपने सूखे मुँहसे झाग फेंकते हुए पानीकी खोजमें इधर-उधर घूम रहे हैं वे इस समय सिंहसे भी नहीं डर रहे हैं ॥१५॥ हवनकी अग्निके समान जलते हुए सूर्यकी किरणोंसे जिन मोरोंके शरीर और मन दोनों सुस्त पड गए हैं, वे अपने पास कुंडल मारकर बैठे हुए साँपोंको भी नहीं मारते वरन् उलटे धूपसे अपना मुँह बचानेके लिये अपना गला उनकी पूँछकी कुंडलमें डाले चुप-चाप बैठे हुए हैं ॥१६॥ धूपसे एकदम झुलसा हुआ यह जंगली सूअरोंका झुंड अपने लंबे-लंबे थूथनोंसे नागरमोथेसे भरे हुए बिना कीचडवाले गड्ढेको खोदता हुआ ऐसा लगता है मानो धरतीमें घुसा जा रहा हो ॥१७॥ धूपसे तपे हुए मेढक, गँदले जलवाले पोखरेसे बाहर निकल निकलकर प्यासे साँपोंके फनकी छातोंके नीचे आ-आकर बैठ रहे हैं ॥१८॥ यह देखो, यहाँपर हाथियोंने इकट्ठे होकर आपसमें लड-भिडकर इस तालके सब कमल उखाड डाले, मछलियोंको रौंद डाला और सब सारसोंको डराकर भगा दिया है ॥१९॥ जिस प्यासे साँपकी मणि सूर्यकी चमकसे और भी

रविप्रभोद्भिन्नशिरोमणिप्रभो विलोलजिह्वाद्वयलीढमारुतः ।
विषाग्निसूर्यातपतापितः फणी न हन्ति मण्डूककुलं तृषाकुलः ॥२०॥
सफेनलालावृतवक्त्रसंपुटं विनिःसृतालोहितजिह्वमुन्मुखम् ।
तृषाकुलं निःसृतमद्रिगह्वरादवेक्षमाणं महिषीकुलं जलम् ॥२१॥
पटुतरदवदाहोच्छुष्कसस्यप्ररोहाः परुषपवनवेगोत्क्षिप्तसंशुष्कपर्णाः ।
दिनकरपरितापक्षीणतोयाः समन्ताद्विदधति भयमुच्चैर्वीक्ष्यमाणा वनान्ताः ॥२२॥
श्वसिति विहगवर्गः शीर्णपर्णद्रुमस्थः कपिकुलमुपयाति क्लान्तमद्रेर्निकुञ्जम् ।
भ्रमति गवययूथः सर्वतस्तोयमिच्छञ्शरभकुलमजिह्मं प्रोद्धरत्यम्बु कूपात् ॥२३॥
विकचनवकुसुम्भस्वच्छसिन्दूरभासा प्रबलपवनवेगोद्भूतवेगेन तूर्णम् ।
तटविटपलताग्रालिङ्गनव्याकुलेन दिशि दिशि परिदग्धा भूमयः पावकेन ॥२४॥
ज्वलति पवनवृद्धः पर्वतानां दरीषु स्फुटति पटुनिनादः शुष्कवंशस्थलीषु ।
प्रसरति तृणमध्ये लब्धवृद्धिः क्षणेन ग्लपयति मृगवर्गं प्रान्तलग्नो दवाग्निः ॥२५॥
बहुतर इव जातः शाल्मलीनां वनेषु स्फुरति कनकगौरः कोटरेषु द्रुमाणाम् ।
परिणतदलशाखानुत्पतन्प्रांशुवृक्षान्भ्रमति पवनधूतः सर्वतोऽग्निर्वनान्ते ॥२६॥

चमक उठी है वह अपनी लपलपाती हुई दोनों जीभोंसे पवन पीता जा रहा है और धूपकी लपटें और अपने विषकी झारसे जलनेके कारण मेंढकोंको नहीं मार रहा है ॥२०॥ जुगाली करनेसे जिन भैंसोंके मुँहसे झाग निकल रही है और लार बह रही है वे अपना मुँह खोलकर अपनी लाल-लाल जीभें बाहर निकाले हुए प्यासके मारे ऊपर मुँह उठाए पहाड़की गुफासे निकल निकलकर जलकी ओर लपकी चली जा रही हैं ॥२१॥ आजकल वन तो और भी डरावने लगने लगते हैं क्योंकि वहाँ जंगल-की आगकी बड़ी-बड़ी लपटोंसे सब वृक्षोंकी टहनियाँ झुलस गई हैं, अंधड़में पड़कर सूखे हुए पत्ते ऊपर उड़े जा रहे हैं और सूर्यकी गर्मीसे चारों ओरका जल सूख गया है ॥२२॥ जिन वृक्षोंके पत्ते झड़ गए हैं उनपर बैठी हुई सभी चिड़ियाँ हाँफ रही हैं, उदास बंदरोंके झुंड पहाड़की गुफाओंमें घुसे जा रहे हैं, पशुओंके झुंड चारों ओर पानीकी खोजमें घूम रहे हैं और आठ पैरोंवाले शरभोंका झुंड एक कुएँसे गटागट पानी पीता जा रहा है ॥२३॥ पूरे खिले हुए नए कुसुम्भी फूलके समान और स्वच्छ सिन्दूरके समान लाल-लाल चमकनेवाली, आँधीसे और भी धधक उठनेवाली और तीरपर खड़े हुए वृक्षों और लताओंकी फुनगियोंको चूमती जानेवाली जंगलकी आगमें जहाँ-तहाँ धरती जल गई है ॥२४॥ वनके आवेग उठती हुई और वायुसे और भी भड़की हुई अग्निकी लपट, पहाड़की घाटियोंमें फँसती हुई सभी पशुओंको जलाए डाल रही है सूखे बाँसोंमें चटचटा रही है और क्षण भरमें आगे बढ़कर घास पकड़ ले रही है ॥२५॥ पवनमें भड़काई हुई और सेमरके वृक्षोंके कुंजोंमें फैली हुई आग वृक्षके खोखलोंमें अपना सुनहला पीला प्रकाश चमकाती हुई और ऊँचे वृक्षोंपर उछलती हुई वनमें चारों ओर घूम रही है जिनकी डालियोंके पत्ते बहुत गर्मी पड़नेसे पक-पककर झड़ते जा रहे

गजगवयमृगेन्द्रा वह्निसंतप्तदेहाः सुहृद इव समेता द्वन्द्वभावं विहाय ।
हुतवहपरिखेदादाशु निर्गत्य कक्षाद्विपुलपुलिनदेशां निम्नगां संविशन्ति ॥२७॥

कमलवनचिताम्बुः पाटलामोदरम्यः
सुखसलिलनिषेकः सेव्यचन्द्रांशुहारः ।
व्रजतु तव निदाघः कामिनीभिः समेतो
निशि सुललितगीते हर्म्यपृष्ठे सुखेन ॥२८॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ ऋतुसंहारे ग्रीष्मवर्णनं नाम प्रथमः सर्गः ॥

हैं ॥२६॥ आगसे घबराए हुए और झुलसे हुए हाथी, बैल और सिंह, आज मित्र बनकर साथ-साथ इकट्ठे होकर घासके जंगलसे झटपट निकल आए हैं और नदीके चौड़े और बलुए तीरपर आकर विश्राम कर रहे हैं ॥२७॥ जिस गर्मीकी ऋतुमें कमलोंसे भरे हुए और खिले हुए पाटलकी गंधमें बसे हुए जलमें स्नान करना बहुत सुहाता है और जिन दिनों चन्द्रमाकी चाँदनी और मोतीके हार बहुत सुख देते हैं, वह ऋतु आपकी ऐसी बीते कि रातको आप अपने घरकी छतपर लेटे हों, सुन्दरियाँ आपको घेरे बैठी हों और मनोहर संगीत छिड़ा हुआ हो ॥२८॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए ऋतुसंहार नामके महाकाव्यमें
गर्मीका वर्णन नामका पहला सर्ग समाप्त हुआ ।

द्वितीयः सर्गः

प्रावृड्वर्णनम्

ससीकराम्भोधरमत्तकुञ्जरस्तडित्पताकोऽशनिशब्दमर्दलः ।
समागतो राजवदुद्धतद्युतिर्घनागमः कामिजनप्रियः प्रिये ॥१॥
नितान्तनीलोत्पलपत्रकान्तिभिः क्वचित्प्रभिन्नाञ्जनराशिसंनिभैः ।
क्वचित्सगर्भप्रमदास्तनप्रभैः समाचितं व्योम घनैः समन्ततः ॥२॥
तृषाकुलैश्चातकपक्षिणां कुलैः प्रयाचितास्तोयभरावलम्बिनः ।
प्रयान्ति मन्दं बहुधारवर्षिणो बलाहकाः श्रोत्रमनोहरस्वनाः ॥३॥
बलाहकाश्चाशनिशब्दमर्दलाः सुरेन्द्रचापं दधतस्तडिद्गुणम् ।
सुतीक्ष्णधारापतनोग्रसायकैस्तुदन्ति चेतः प्रसभं प्रवासिनाम् ॥४॥
प्रभिन्नवैदूर्यनिभैस्तृणाङ्कुरैः समाचिता प्रोत्थितकन्दलीदलैः ।
विभाति शुक्लेतररत्नभूषिता वराङ्गनेव क्षितिरिन्द्रगोपकैः ॥५॥
सदा मनोज्ञं स्वनदुत्सवोत्सुकं विकीर्णविस्तीर्णकलापिशोभितम् ।
ससंभ्रमालिङ्गनचुम्बनाकुलं प्रवृत्तनृत्यं कुलमद्य बर्हिणाम् ॥६॥

दूसरा सर्ग

वर्षाका वर्णन

देखो प्यारी ! जलकी फुहारोंसे भरे हुए बादलोंके मतवाले हाथीपर चढ़ा हुआ, चमकती हुई बिजलियोंकी झंडियोंको फहराता हुआ और बादलोंकी गरजके नगाड़े बजाता हुआ यह कामियोंका प्यारा पावस राजाओंका सा ठाट-बाट बनाकर आ पहुँचा है ॥१॥ कहीं तो अत्यन्त नीले कमलकी पत्तही जैसे नीले, कहीं गर्भिणीके स्तनोंके समान पीले और कहीं घुटे हुए आँजनकी ढेरीके समान काले-काले बादल आकाशमें इधर-उधर छाए हुए हैं ॥२॥ देखो ! जिन बादलोंसे पपीहे पिउ-पिउ करके पानी माँग रहे हैं, ऐसे पानीके भारसे नीचे झुके हुए धुआँधार पानी बरसानेवाले और कानोंको भली लगनेवाली गड़गड़ाहट करते हुए बादल धीरे धीरे घिरते चले जा रहे हैं ॥३॥ मृदंगके समान गड़गड़ाते हुए, बिजलीकी डोरीवाला इन्द्रधनुष चढ़ाए हुए ये बादल अपनी तीखी धारोंके पैने बाण बरसाकर परदेसमें पहुँचे हुए लोगोंका मन कसमसा रहे हैं ॥४॥ छितराई हुई वैदूर्यमणिके समान दिखाई देनेवाली घासके कोमल अँकुओंसे भरी हुई, ऊपर निकले हुए कन्दलीके पत्तोंसे लदी हुई और बीरबहूटियोंसे छाई हुई धरती उस नायिका जैसी दिखाई दे रही है जो श्वेत रत्नको छोड़कर और सभी रंगके रत्नोंवाले आभूषणोंसे सजी हुई हो ॥५॥ देखो ! सदा मीठी बोली बोलनेवाले, गरजते हुए बादलोंकी शोभापर रीझकर मगन हो उठनेवाले और अपने पंख खोलकर फैलानेसे सुहावने लगनेवाले ये मोरोंके झुण्ड, झटपट अपनी प्यारी मोरनियोंको गले लगाते हुए और चूमते हुए आज नाच उठे हैं ॥६॥ जैसे कुलटा स्त्रियाँ प्रेममें अन्धी होकर बिना सोचे विचारे अपने को सौंप देती हैं,

निपातयन्त्यः परितस्तटद्रुमान्प्रवृद्धवेगैः सलिलैरनिर्मलैः ।
स्त्रियः सुदुष्टा इव जातिविभ्रमाः प्रयान्ति नद्यस्त्वरितं पयोनिधिम् ॥ ७ ॥
तृणोत्करैरुद्गतकोमलाङ्कुरैश्चितानि नीलैर्हरिणीमुखक्षतैः ।
वनानि वैन्ध्यानि हरन्ति मानसं विभूषितान्युद्गतपल्लवैर्द्रुमैः ॥ ८ ॥
विलोलनेत्रोत्पलशोभिताननैर्मृगैः समन्तादुपजातसाध्वसैः ।
समाचिता सैकतिनी वनस्थली समुत्सुकत्वं प्रकरोति चेतसः ॥ ९ ॥
अभीक्ष्णमुच्चैर्ध्वनता पयोमुचा घनान्धकारीकृतशर्वरीष्वपि ।
तडित्प्रभादर्शितमार्गभूमयः प्रयान्ति रागादभिसारिकाः स्त्रियः ॥१०॥
पयोधरैर्भीमगभीरनिस्वनैस्तडिद्भिरुद्वेजितचेतसो भृशम् ।
कृतापराधानपि योषितः प्रियान्परिष्वजन्ते शयने निरन्तरम् ॥११॥
विलोचनेन्दीवरवारिबिन्दुभिर्निषिक्तबिम्बाधरचारुपल्लवाः ।
निरस्तमाल्याभरणानुलेपनाः स्थिता निराशाः प्रमदाः प्रवासिनाम् ॥१२॥
विपाण्डुरं कीटरजस्तृणान्वितं भुजंगवद्वक्रगतिप्रसर्पितम् ।
ससाध्वसैर्भेककुलैर्निरीक्षितं प्रयाति निम्नाभिमुखं नवोदकम् ॥१३॥
विपत्रपुष्पां नलिनीं समुत्सुका विहाय भृङ्गाः श्रुतिहारिनिस्वनाः ।
पतन्ति मूढाः शिखिनां प्रनृत्यतां कलापचक्रेषु नवोत्पलाशया ॥१४॥

वैसे ही ये नदियाँ भी अपने मटमैले पानीकी बाढसे जहाँ-तहाँ अपने किनारे के वृक्षोंको ढहाती हुई वेगसे दौडी हुई समुद्रकी ओर चली जा रही हैं ॥७॥ हरिणियोंके मुंहकी कुतरी हुई हरी-हरी घासों और नई कोपलोंवाले वृक्षोंसे छाए हुए विन्ध्याचलके जंगल किसका मन नहीं लुभा लेते ॥८॥ कमलके समान सुहावनी चंचल आँखोंके कारण सुन्दर मुखवाले डरे हुए हरिणोंसे भरा हुआ रेतीला जंगल हृदयको बरबस खींचे लिए जा रहा है ॥९॥ देखो ! लुक-छिपकर अपने प्यारेके पास प्रेमसे जानेवाली कामिनियाँ, गरजते हुए बादलोंसे घिरी हुई इस घनी अँधेरी रातमें भी बिजलीकी चमकसे आगेका मार्ग देखती हुई चली जा रही हैं ॥१०॥ बादलोंकी घोर कडक सुनकर और बिजलीकी तडपनसे चौंकी हुई स्त्रियाँ सोते समय अपने दोषी प्रेमियोंसे भी लिपटी जाती हैं ॥११॥ परदेसमें गए हुए लोगोंकी स्त्रियाँ अपने बिंबाफल जैसे लाल और नई कोंपलों जैसे कोमल होठोंपर अपनी कमल जैसी आँखोंसे आँसू बरसाती हुईं, अपनी माला, आभूषण, तेल, फुलेल, उबटन आदि सब कुछ छोडकर गालपर हाथ धरे बैठी हैं ॥१२॥ छोटे-छोटे कीडे, धूल और घासको बहाता हुआ मटमैला बरसाती पानी, साँपके समान टेढा-मेढा घूमता हुआ, ढालसे बहा आ रहा है और बेचारे मेढक उसे साँप समझकर देख-देखकर डरे जा रहे हैं ॥१३॥ कानोंको सुहानेवाली मीठी तानें लेकर गूंजते हुए भौंरे, उस कमलको छोड़-छोडकर चले जा रहे हैं जिसके पत्ते और फूल झड गए हैं। वे भौंरे हडबड़ीमें भूलसे, नाचते हुए मोरोंके खुले पंखोंको नये कमल समझकर उन्हींपर टूटे

वनद्विपानां नववारिदस्वनैर्मदान्वितानां ध्वनतां मुहुर्मुहुः ।
कपोलदेशा विमलोत्पलप्रभाः सभृङ्गयूथैर्मदवारिभिश्चिताः ॥१५॥
सितोत्पलाभाम्बुदचुम्बितोपलाः समाचिताः प्रस्रवणैः समन्ततः ।
प्रवृत्तनृत्यैः शिखिभिः समाकुलाः समुत्सुकत्वं जनयन्ति भूधराः ॥१६॥
कदम्बसर्जार्जुनकेतकीवनं विकम्पयँस्तत्कुसुमाधिवासितः ।
ससीकराम्भोधरसङ्गशीतलः समीरणः कं न करोति सोत्सुकम् ॥१७॥
शिरोरुहैः श्रोणितटावलम्बिभिः कृतावतंसैः कुसुमैः सुगन्धिभिः ।
स्तनैः सहारैर्वदनैः ससीधुभिः स्त्रियो रतिं संजनयन्ति कामिनाम् ॥१८॥
वहन्ति वर्षन्ति नदन्ति भान्ति ध्यायन्ति नृत्यन्ति समाश्रयन्ति ।
नद्यो घना मत्तगजा वनान्ताः प्रियाविहीनाः शिखिनः प्लवङ्गाः ॥१९॥
तडिल्लताशक्रधनुर्विभूषिताः पयोधरास्तोयभरावलम्बिनः ।
स्त्रियश्च काञ्चीमणिकुण्डलोज्ज्वला हरन्ति चेतो युगपत्प्रवासिनाम् ॥२०॥
मालाः कदम्बनवकेसरकेतकीभिरायोजिताः शिरसि बिभ्रति योषितोऽद्य ।
कर्णान्तरेषु ककुभद्रुममञ्जरीभिरिच्छानुकूलरचितानवतंसकांश्च ॥२१॥

पड़ रहे हैं ॥१४॥ नये-नये बादलोंके गरजनेसे जब वनैले हाथी मस्त हो जाते हैं और उनके माथेसे बहते हुए मदपर भौंरे आकर लिपट जाते हैं, उस समय उन हाथियोंके माथे स्वच्छ नीले कमल जैसे दिखाई देने लगते हैं ॥१५॥ धौले कमलके समान उजले बादल जिन पहाड़ी चट्टानोंको चूमते चलते हैं और जिनपर मोर नाच रहे हैं उन चट्टानोंपरसे बहनेवाले सैकड़ों झरनोंको देखकर प्रेमियोंके मनमें हलचल मच जाती है ॥१६॥ कदम्ब, सर्ज, अर्जुन और केतकीसे भरे हुए जंगलको कँपाता हुआ और उन वृक्षोंके फूलोंकी सुगन्धमें बसा हुआ और चन्द्रमाकी किरणोंसे तथा बादलोंसे ठंडा होकर बहनेवाला वायु किसे मस्त नहीं कर देता ॥१७॥ आजकल स्त्रियाँ, अपने भारी-भारी नितम्बोंपर केश लटकाकर, अपने कानोंमें सुगंधित फूलोंके कनफूल पहनकर, छातीपर माला डालकर और मदिरा पीकर अपने प्रेमियोंके मनमें प्रेम उकसा रही हैं ॥१८॥ बरसातमें नदियाँ बहती हैं, बादल बरसते हैं, मस्त हाथी चिंघाड़ते हैं, जंगल हरे-भरे हो जाते हैं, अपने प्यारोंसे बिछुड़ी हुई स्त्रियाँ रोती-कलपती हैं, मोर नाचते हैं, और बन्दर चुप मारकर गुफाओंमें जा छिपते हैं ॥१९॥ एक ओर तो इन्द्र-धनुष और बिजलीके चमकते हुए ओरपतले धागोंसे सजी हुई और पानीके भारसे झुकी हुई काली-काली घटाएँ और दूसरी ओर करधनी तथा रत्न जड़े कुण्डलोंसे सजी हुई स्त्रियाँ, ये दोनों ही परदेसमें बैठे हुए लोगोंका मन एक साथ हर लेती हैं ॥२०॥ इन दिनों नई केसर, केतकी और कदम्बके नये फूलोंकी मालाएँ गूँथकर स्त्रियाँ अपने जूड़ोंमें बाँधती हैं, और ककुभके फूलोंके मनचाहे ढंगसे बनाए हुए कर्णफूल अपने कानोंमें पहनती हैं ॥२१॥ जिन स्त्रियोंके अंगोंपर अगर-मिला चन्दन लगा

कालागुरुप्रचुरचन्दनचर्चिताङ्गयः पुष्पावतंससुरभीकृतकेशपाशाः ।
श्रुत्वा ध्वनिं जलमुचां त्वरितं प्रदोषे शय्यागृहं गुरुगृहात्प्रविशन्ति नार्यः ॥२२॥
कुवलयदलनीलैरुन्नतैस्तोयनम्रैर्मृदुपवनविधूतैर्मन्दमन्दं चलद्भिः ।
अपहृतमिव चेतस्तोयदैः सेन्द्रचापैः पथिकजनवधूनां तद्वियोगाकुलानाम् ॥२३॥
मुदित इव कदम्बैर्जातपुष्पैः समन्तात्पवनचलितशाखैः शाखिभिर्नृत्यतीव ।
हसितमिव विधत्ते सूचिभिः केतकीनां नवसलिलनिषेकच्छिन्नतापो वनान्तः ॥२४॥
शिरसि बकुलमालां मालतीभिः समेतां विकसितनवपुष्पैर्यूथिकाकुड्मलैश्च ।
विकचनवकदम्बैः कर्णपूरं वधूनां रचयति जलदौघः कान्तवत्काल एषः ॥२५॥
दधति वरकुचाग्रैरुन्नतैर्हारयष्टिं प्रतनुसितदुकूलान्यायतैः श्रोणिबिम्बैः ।
नवजलकणसेकादुद्गतां रोमराजीं ललितवलिविभङ्गैर्मध्यदेशैश्च नार्यः ॥२६॥
नवजलकणसङ्गाच्छीततामादधानः कुसुमभरनतानां लासकः पादपानाम् ।
जनितरुचिरगन्धः केतकीनां रजोभिः परिहरति नभस्वान्प्रोषितानां मनांसि ॥२७॥
जलभरनमितानामाश्रयोऽस्माकमुच्चैरयमिति जलसेकैस्तोयदास्तोयनम्राः ।
अतिशयपरुषाभिर्ग्रीष्मवह्नेः शिखाभिः समुपजनिततापं ह्लादयन्तीव विन्ध्यम् ॥२८॥

हुआ है, जिनके बाल फूलोंके गुच्छोंसे महक रहे हैं, वे बादलोंकी गड़गड़ाहट सुनकर झट अपने घरके बड़े बूढ़ोंके पाससे उठकर सहो साँझको ही अपने शयनघरमें घुस जाती हैं ॥२२॥ कमलके पत्तोंके समान साँवले, पानीके भारसे झुक जानेके कारण बहुत थोड़ी ऊँचाईपर ही छाए हुए और धीमे-धीमे पवनके सहारे धीरे-धीरे चलनेवाले जिन बादलोंमें इन्द्रधनुष निकल आया है उन्होंने परदेसमें गए हुए लोगोंकी उन स्त्रियोंकी सब सुध बुध हर ली है जो प्यारोंके बिछोहमें व्याकुल हुई बैठी है ॥२३॥ वनमें चारों ओर खिले हुए कदम्बके फूल ऐसे लग रहे हैं मानो वर्षाके नये जलसे गर्मी दूर हो जानेपर जगल मगन हो उठा हो। पवनसे झूमती हुई शाखाओंको देखकर ऐसा लगता है मानो पूराका पूरा जगल अपने हाथ मटका-मटकाकर नाच रहा हो। और केतकीकी उजली कलियोंको देखकर ऐसा लगता है मानो जगल खिलखिलाकर हँस रहा हो ॥२४॥ जैसे कोई प्रेमी अपनी प्यारी के लिये ढग-ढगके फूलोंके आभूषण बनावे वैसे ही वर्षा काल भी ऐसा लगता है मानो वह अपनी प्रेमिकाके लिये जूहीकी नई-नई कलियों तथा मालती और मोलसिरीके फूलोंकी माला गूँथ रहा हो और उनके कानोंके लिए खिले हुए नये कदम्बके फूलोंके कर्णफूल बना रहा हो॥२५॥ इन दिनों स्त्रियाँ, अपने बड़े-बड़े गोल-गोल उठे हुए सुन्दर स्तनोंपर मोतीकी मालाएँ पहनती हैं और अपने भारी-भारी गोल-गोल नितम्बोंपर महीन उजली रेशमी साड़ी पहनती हैं। उनके पेटपर दिखाई पड़नेवाली सुन्दर तिहरी सिकुड़नोंपर जब वर्षाकी नई फुहार पड़ती है तो वहाँके नन्हे-नन्हे रोएँ खड़े हो जाते है ॥२६॥ वर्षाके नये जलकी फुहारोंसे ठडा बना हुआ पवन, फूलोंके बोझसे झुके हुए पेड़ोंको नचा रहा है, केतकीके फूलोंका पराग लेकर चारों ओर मनभावनी सुगध फैला रहा है और परदेश गए हुए

बहुगुणरमणीयः कामिनीचित्तहारी
तरुविटपलतानां बान्धवो निर्विकारः ।
जलदसमय एष प्राणिनां प्राणभूतो
दिशतु तव हितानि प्रायशो वाञ्छितानि॥२६॥

॥ इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ ऋतुसंहारे प्रावृड्वर्णनं नाम द्वितीयः सर्गः ॥

प्रेमियोंके मन चुरा रहा है ॥२७॥ ये पानीके बोझसे झुके हुए बादल, गरमीकी आगकी लपटोंसे झुलसे हुए विन्ध्याचलकी तपन अपने ठंढे जलकी फुहारसे मानो यह समझकर बुझा रहे हैं कि जब हम पानीके बोझसे लदकर आते हैं तो यही हमें सहारा देता है ॥२८॥ अपने बहुतसे सुन्दर गुणोंसे सुहावनी लगनेवाली, स्त्रियोंका जी खिलानेवाली, पेड़ोंकी टहनियों और बेलोंकी सच्ची सखी तथा जीवोंका प्राण बनी हुई यह वर्षा ऋतु आपके मनकी साधें पूरी करे ॥२६॥

महाकवि कालिदासके रचे हुए ऋतुसंहार नामके काव्यका दूसरा सर्ग समाप्त हुआ ।

तृतीयः सर्गः

शरद्वर्णनम्

काशांशुका विकचपद्ममनोज्ञवक्त्रा सोन्मादहंसरवनूपुरनादरम्या ।
आपक्वशालिरुचिरानतगात्रयष्टिः प्राप्ता शरन्नवधूरिव रूपरम्या ॥१॥
काशैर्मही शिशिरदीधितिना रजन्यो हंसैर्जलानि सरितां कुमुदैः सरांसि ।
सप्तच्छदैः कुसुमभारनतैर्वनान्ताः शुक्लीकृतान्युपवनानि च मालतीभिः ॥२॥
चञ्चन्मनोज्ञशफरीरसनाकलापाः पर्यन्तसंस्थितसिताण्डजपङ्क्तिहाराः ।
नद्यो विशालपुलिनान्तनितम्बबिम्बा मन्दं प्रयान्ति समदाः प्रमदा इवाद्य ॥३॥
व्योम क्वचिद्रजतशङ्खमृणालगौरैस्त्यक्ताम्बुभिर्लघुतया शतशः प्रयातैः ।
संलक्ष्यते पवनवेगचलैः पयोदैः राजेव चामरशतैरुपवीज्यमानः ॥४॥
भिन्नाञ्जनप्रचयकान्ति नभो मनोज्ञं बन्धूकपुष्परजसाऽरुणिता च भूमिः ।
वप्राश्च पक्वकलमावृतभूमिभागाः प्रोत्कण्ठयन्ति न मनो भुवि कस्य यूनः ॥५॥
मन्दानिलाकुलितचारुतराग्रशाखः पुष्पोद्गमप्रचयकोमलपल्लवाग्रः ।
मत्तद्विरेफपरिपीतमधुप्रसेकश्चित्तं विदारयति कस्य न कोविदारः ॥६॥

तीसरा सर्ग

शरद् का वर्णन

फूले हुए काँसके कपड़े पहने, मस्त हंसोंकी बोलीके सुहावने बिछुए पहने, पके हुए धानसे मनोहर शरीरवाली और खिले हुए कमलके समान सुन्दर मुखवाली शरद् ऋतु, नई ब्याही हुई रूपवती बहूके समान अब आ पहुँची है ॥१॥ काँसकी झाड़ियोंने धरतीको, चन्द्रमाने रातोंको, हंसोंने नदियोंके जलको, कमलोंने तालाबोंको, फूलोंके बोझसे झुके हुए छतिवनके वृक्षोंने जंगलको और मालतीके फूलोंने फुलवारियोंको उजला बना डाला है ॥२॥ इस ऋतुमें नदियाँ भी उसी प्रकार धीरे-धीरे बही जा रही हैं, जैसे करधनी और माला पहने हुए बड़े-बड़े नितम्बोंवाली कामिनियाँ चली जा रही हों क्योंकि उछलती हुई सुन्दर मछलियाँ ही उन नदियोंकी करधनी हैं, तीरपर बैठी हुई उजली चिड़ियोंकी पाँतें ही उनकी मालाएँ हैं और ऊँचे-ऊँचे रेतीले टीले ही उनके गोल नितम्ब हैं ॥३॥ चाँदी, शंख और कमलके समान उजले जो सहस्रों बादल पानी बरसनेसे हलके होकर, पवनके सहारे इधर-उधर घूम रहे हैं, उनसे भरा हुआ आकाश कहीं-कहीं ऐसा लगने लगता है मानो किसी राजा पर सैकड़ों चँवर डुलाए जा रहे हों ॥४॥ घुटे हुए आँजनकी पिंडी-जैसा नीला सुन्दर आकाश, दुपहरियाके फूलोंसे लाल बनी हुई धरती और पके हुए धानसे लदे हुए सुन्दर खेत, इस संसारमें किस युवकका मन डाँवाडोल नहीं कर देते ॥५॥ जिसकी शाखाओंकी सुन्दर फुनगियोंको धीमा-धीमा पवन झुला रहा है, जिसपर बहुतसे फूल खिले हुए हैं, जिसकी पत्तियाँ बड़ी कोमल हैं और जिसमेंसे बहते हुए मधुकी धारको मस्त भौंरे धीरे-धीरे

तारागणप्रवरभूषणमुद्वहन्ती मेघावरोधपरिमुक्तशशाङ्कवक्त्रा ।
ज्योत्स्नादुकूलममलं रजनी दधाना वृद्धिं प्रयात्यनुदिनं प्रमदेव बाला ॥७॥
कारण्डवाननविघट्टितवीचिमालाः कादम्बसारसकुलाकुलतीरदेशाः ।
कुर्वन्ति हंसविरुतैः परितो जनस्य प्रीतिं सरोरुहरजोरुणितास्तटिन्यः ॥८॥
नेत्रोत्सवो हृदयहारिमरीचिमालः प्रह्लादकः शिशिरसीकरवारिवर्षी ।
पत्युर्वियोगविषदग्धशरक्षतानां चन्द्रो दहत्यतितरां तनुमङ्गनानाम् ॥९॥
आकम्पयन्फलभरानतशालिजालान्यानर्तयंस्तरुवरान्कुसुमावनम्रान् ।
उत्फुल्लपङ्कजवनां नलिनीं विधुन्वन्यूनां मनश्चलयति प्रसभं नभस्वान् ॥१०॥
सोन्मादहंसमिथुनैरुपशोभितानि स्वच्छप्रफुल्लकमलोत्पलभूषितानि ।
मन्दप्रभातपवनोद्गतवीचिमालान्युत्कण्ठयन्ति सहसा हृदयं सरांसि ॥११॥
नष्टं धनुर्बलभिदो जलदोदरेषु सौदामिनी स्फुरति नाद्य वियत्पताका ।
धुन्वन्ति पक्षपवनैर्न नभो बलाकाः पश्यन्ति नोन्नतमुखा गगनं मयूराः ॥१२॥

झूल रहे हैं, ऐसा कोविदारका वृक्ष किसका हृदय टुकड़े टुकड़े नहीं कर देता ॥६॥ बादल हटे हुए चन्द्रमाके मुँहवाली आजकलकी रात भी तारोंके सुहावने गहनों वाली और चाँदनीकी उजली साड़ी वाली अलबेली छोकरीके समान दिन-दिन बढ़ती चली जा रही है ॥७॥ जिन नदियोंका जल कमलके परागसे लाल हो गया है, जिनपर हंस कूज रहे हैं, जिनकी लहरें जल-पक्षियोंकी चोंचोंसे टकराती जा रही हैं, और जिनके तीरपर कदम्ब और सारस पक्षियोंके झुण्ड घूम रहे हैं, वे नदियाँ लोगोंको बड़ी सुहावनी लगती हैं ॥८॥ सबकी आँखोंको भला लगनेवाले जिस चन्द्रमाकी किरणें मनको बरबस अपनी ओर खींच लेती हैं, वही सुहावना और ठण्डी फुहार बरसानेवाला चन्द्रमा, उन स्त्रियोंके अंग बहुत भूने डाल रहा है जो अपने पतियोंके बिछोहके विष बुझे बाणोंसे घायल हुई घरोंमें पड़ी पड़ी कलप रही हैं ॥९॥ अन्न भरी हुई बालियोंसे झुके धानके पौधोंको कँपाता हुआ फूलोंसे लदे हुए सुन्दर वृक्षोंको नचाता हुआ और खिले हुए कमलोंसे भरे तालोंकी कमलनियोंको हिलाता हुआ शीतल वायु युवकोंका मन झकझोरे डाल रहा है ॥१०॥ जिन तालोंके तीरपर मस्त हंसोंके जोड़े घूम रहे हैं, जिनमें स्वच्छ खिले हुए उजले और नीले कमल शोभा दे रहे हैं और जिनमें प्रातःकालके धीमे-धीमे पवनसे लहरें उठ रही हैं, वे ताल, अचानक हृदयको मस्त बनाए डाल रहे हैं ॥११॥ आजकल न तो बादलोंमें इन्द्रधनुष रह गए हैं, न बगले ही अपने पंख हिला-हिलाकर आकाशको पंखा कर रहे हैं और न मोरोंके झुण्ड ही मुँह उठाकर आकाशकी ओर देख रहे हैं ॥१२॥ जिन मोरोंने नाचना छोड़ दिया है उन्हें छोड़कर अब कामदेव उन हंसोंके पास पहुँच गया है जो बड़ी मीठी बोली में रुनझुन रुनझुन कर रहे हैं। फूलों की सुन्दरता भी कदम्ब, कुटज, अर्जुन, सर्ज और

नृत्यप्रयोगरहिताञ्छिखिनो विहाय हंसानुपैति मदनो मधुरप्रगीतान् ।
मुक्त्वा कदम्बकुटजार्जुनसर्जनीपान्सप्तच्छदानुपगता कुसुमोद्गमश्रीः ॥१३॥
शेफालिकाकुसुमगन्धमनोहराणि स्वस्थस्थिताण्डजकुलप्रतिनादितानि ।
पर्यन्तसंस्थितमृगीनयनोत्पलानि प्रोत्कण्ठयन्त्युपवनानि मनांसि पुंसाम् ॥१४॥
कह्लारपद्मकुमुदानि मुहुर्विधुन्वंस्तत्संगमादधिकशीतलतामुपेतः ।
उत्कण्ठयत्यतितरां पवनः प्रभाते पत्रान्तलग्नतुहिनाम्बुविधूयमानः ॥१५॥
संपन्नशालिनिचयावृतभूतलानि स्वस्थस्थितप्रचुरगोकुलशोभितानि ।
हंसैः ससारसकुलैः प्रतिनादितानि सीमान्तराणि जनयन्ति नृणां प्रमोदम् ॥१६॥
हंसैर्जिता सुललिता गतिरङ्गनानामम्भोरुहैर्विकसितैर्मुखचन्द्रकान्तिः ।
नीलोत्पलैर्मदकलानि विलोचनानि भ्रूविभ्रमाश्च रुचिरास्तनुभिस्तरङ्गैः ॥१७॥
श्यामा लताः कुसुमभारनतप्रवालाः स्त्रीणां हरन्ति धृतभूषणबाहुकान्तिम् ।
दन्तावभासविशदस्मितचन्द्रकान्तिं कङ्केलिपुष्परुचिरा नवमालती च ॥१८॥
केशान्नितान्तघननीलविकुञ्चिताग्रानापूरयन्ति वनिता नवमालतीभिः ।
कर्णेषु च प्रवरकाञ्चनकुण्डलेषु नीलोत्पलानि विविधानि निवेशयन्ति ॥१९॥

असोकके वृक्षोंको छोड़कर छतिवनके पेड़पर जा बसी है ॥१३॥ जिन उपवनोंमें शेफालिकाके फूलोंकी मनभावनी सुगन्ध फैली हुई है, जिनमें निश्चिन्त बैठी हुई चिड़ियोंकी चहचहाहट चारों ओर गूँज रही है, जिनमें कमल-जैसी आँखोंवाली हरिणियाँ जहाँ तहाँ बैठी पगुरा रही हैं, उन्हें देख-देखकर लोगोंके मन हाथसे निकल-निकल जाते हैं ॥१४॥ प्रातःकाल पत्तोंपर पड़ी हुई ओसकी बूँदें छितराता हुआ और कोकाबेल, कमल तथा कुमुदको छू-छूकर ठंडक लेता हुआ जो पवन धीमे-धीमे बह रहा है वह किसे मस्त नहीं बना देता ॥१५॥ जहाँके खेतोंमें भरपूर धानके पौधे लहलहा रहे हों जहाँ घासके मैदानमें बहुतसी गौएँ चर रही हों, जहाँ बहुतसे सारसों और हंसोंके जोड़े अपनी मीठी बोली बोल रहे हों, ऐसे स्थान लोगोंको आजकल बड़े अच्छे लगते हैं ॥१६॥ इन दिनों हंसोंने सुन्दरियोंकी मनभावनी चालको, कमलिनियोंने उनके चन्द्रमुखकी चमकको नीले कमलोंने उनकी मदभरी आँखोंको और छोटी लहरियोंने उनकी भौंहोंकी सुन्दर मटकको हरा दिया है ॥१७॥ जिन हरी बेलोंकी टहनियाँ फूलोंके बोझसे झुक गई हैं, उनकी सुन्दरताने स्त्रियोंकी गहनोंसे सजी हुई बाँहोंकी सुन्दरता छीन ली है और कंकेलि तथा नई मालतीके सुन्दर फूलोंने दाँतोंकी चमकसे खिल उठनेवाली स्त्रियोंकी मुस्कराहटकी चमकको लजा दिया है ॥१८॥ स्त्रियाँ अपनी घनी घुँघराली काली लटोंमें नये मालतीके फूल गूँथ रही हैं और अपने जिन कानोंमें वे सोनेके बढ़िया कुण्डल पहना करती थीं, उनमें उन्होंने अनेक प्रकारके नीले कमल लटका दिए हैं ॥१९॥ आजकल स्त्रियाँ बड़ी उमंगसे अपने स्तनोंपर मोतियोंके हार पहनती और चन्दन पोतती हैं, अपने भारी-भारी नितम्बोंपर

हारैः सचन्दनरसैः स्तनमण्डलानि श्रोणीतटं सुविपुलं रसनाकलापैः ।
पादाम्बुजानि कलनूपुरशेखरैश्च नार्यः प्रहृष्टमनसोऽद्य विभूषयन्ति ॥२०॥
स्फुटकुमुदचितानां राजहंसाश्रितानां मरकतमणिभासा वारिणा भूषितानाम् ।
श्रियमतिशयरूपां व्योम तोयाशयानां वहति विगतमेघं चन्द्रतारावकीर्णम् ॥२१॥
शरदि कुमुदसङ्गाद्वायवो वान्ति शीता विगतजलदवृन्दा दिग्विभागा मनोज्ञाः ।
विगतकलुषमम्भः श्यानपङ्का धरित्री विमलकिरणचन्द्रं व्योम ताराविचित्रम् ॥२२॥
करकमलमनोज्ञाः कान्तसंसक्तहस्ता वदनविजितचन्द्राः काश्चिदन्यास्तरुण्यः ।
रचितकुसुमगन्धि प्रायशो यान्ति वेश्म प्रबलमदनहेतोस्त्यक्तसंगीतरागाः ॥२३॥
सुरतरसविलासाः सत्सखीभिः समेता असमशरविनोदं सूचयन्ति प्रकामम् ।
अनुपमसुखरागा रात्रिमध्ये विनोदं शरदि तरुणकान्ताः सूचयन्ति प्रमोदान् ॥२४॥
दिवसकरमयूखैर्बोध्यमानं प्रभाते वरयुवतिमुखाभं पङ्कजं जृम्भतेऽद्य ।
कुमुदमपि गतेऽस्तं लीयते चन्द्रबिम्बे हसितमिव वधूनां प्रोषितेषु प्रियेषु ॥२५॥
असितनयनलक्ष्मीं लक्षयित्वोत्पलेषु क्वणितकनककाञ्चीं मत्तहंसस्वनेषु ।
अधररुचिरशोभां बन्धुजीवे प्रियाणां पथिकजन इदानीं रोदिति भ्रान्तचित्तः ॥२६॥

करधनी बाँधती हैं और अपने कमल-जैसे कोमल सुन्दर पैरोंमें छम-छम बजनेवाले बिछुए पहनती हैं ॥२०॥ खिले हुए चन्द्रमा और छिटके हुए तारोंसे भरा हुआ आजकलका खुला आकाश उन तालोंके समान दिखाई पड़ रहा है जिनमें नीलमके समान चमकता हुआ जल भरा हुआ हो, जिनमें एक-एक राजहंस बैठा हुआ हो और जिनमें यहाँ-वहाँ बहुतसे कुमुद खिले हुए हों ॥२१॥ आजकल कमलोंको छूता हुआ कोमल पवन बह रहा है, बादलोंके उड़ जानेसे चारों ओर सब सुहावना दिखाई दे रहा है, पानीका गँदलापन दूर हो गया है, धरतीपरका सारा कीचड़ सूख गया है और आकाशमें स्वच्छ किरणोंवाला चन्द्रमा और तारे निकल आए हैं ॥२२॥ चन्द्रमासे भी अधिक सुन्दर मुखवाली युवतियाँ अपना सब गाना-बजाना छोड़कर अत्यन्त कामातुर होकर अपने सुन्दर कमल जैसे हाथ अपने प्रेमीके हाथोंमें डालकर उन घरोंमें चली जा रही हैं जिनमें सुगन्धित फूलोंकी सेज बिछी हुई है ॥२३॥ सान्द्र मनोगका रंग लेनेवाली और मधुके प्रभावसे मुँह रँगनेवाली युवतियाँ जब अपनी सखियोंके साथ बैठती हैं तो आपसमें एक दूसरीको सब बातें बता डालती हैं कि रातमें कैसे-कैसे आनन्द लूटा गया ॥२४॥ प्रातःकाल जब सूर्य अपने करोंसे कमलको जगाता है तब वह कमल सुन्दरी युवतीके मुखके समान खिल उठता है और जैसे प्रियके परदेस चले जानेपर स्त्रियोंकी मुस्कराहट चली जाती है वैसे ही चन्द्रमाके छिप जानेपर कुमुद भी सकुचा जाता है ॥२५॥ अब परदेसमें गए हुए लोग नीले कमलोंमें अपनी प्रियतमाकी आँखोंकी सुन्दरता देखते हैं, मस्त हंसोंकी ध्वनिमें उनकी गुनगुनाती करधनीकी रुनझुन सुनते हैं और बन्धुजीवके फूलोंमें उनके लाल ओठोंकी चमकती हुई सुन्दरताकी झलक पाते हैं, तब तो वे बेचारे सब सुध-बुध

स्त्रीणां विहाय वदनेषु शशाङ्कलक्ष्मीं
काम्यं च हंसवचनं मणिनूपुरेषु ।
बन्धूककान्तिमधरेषु मनोहरेषु
क्वापि प्रयाति सुभगा शरदागमश्रीः ॥२७॥
विकचकमलवक्त्रा फुल्लनीलोत्पलाक्षी
विकसितनवकाशश्वेतवासो वसाना ।
कुमुदरुचिरकान्तिः कामिनीवोन्मदेयं
प्रतिदिशतु शरद्वश्चेतसः प्रीतिमग्र्याम् ॥२८॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ ऋतुसंहारे शरद्वर्णनं नाम तृतीयः सर्गः ।

भूलकर रोने ही लग जाते हैं ॥२६॥ शरद्‌की सुन्दर शोभा कहीं तो चन्द्रमाकी चमकको छोड़कर स्त्रियोंके मुँहपर पहुँच गई है, कहीं हंसोंकी मीठी बोली छोड़कर नवेलियों के रतन-जड़े बिछुओंमें चली गई है और कहीं बन्धूक फूलोंकी लालीको छोड़कर उनके निचले ओठोंमें जा चढ़ी ॥२७॥ भगवान् करें, यह खिले हुए उजले कमलके मुखवाली, फूले हुए नीले कमलकी आँखोंवाली कोईंके सुन्दर शरीरवाली और फूले हुए काँसकी साड़ी पहननेवाली यह कामिनीके समान मस्त शरद् ऋतु आप लोगोंके मनमें नई नई उमगें भरे ॥२८॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए ऋतुसंहार काव्यमें शरद्‌का वर्णन नामका तीसरा सर्ग समाप्त हुआ।

॥ चतुर्थः सर्गः ॥

हेमन्तवर्णनम्

नवप्रवालोद्गमसस्यरम्यः प्रफुल्ललोध्रः परिपक्वशालिः ।
विलीनपद्मः प्रपतत्तुषारो हेमन्तकालः समुपागतोऽयम् ॥१॥
मनोहरैश्चन्दनरागगौरैस्तुषारकुन्देन्दुनिभैश्च हारैः ।
विलासिनीनां स्तनशालिनीनां नालंक्रियन्ते स्तनमण्डलानि ॥२॥
न बाहुयुग्मेषु विलासिनीनां प्रयान्ति सङ्गं वलयाङ्गदानि ।
नितम्बबिम्बेषु नवं दुकूलं तन्वंशुकं पीनपयोधरेषु ॥३॥
काञ्चीगुणैः काञ्चनरत्नचित्रैर्नो भूषयन्ति प्रमदा नितम्बान् ।
न नूपुरैर्हंसरुतं भजद्भिः पादाम्बुजान्यम्बुजकान्तिभाञ्जि ॥४॥
गात्राणि कालीयकचर्चितानि सपत्रलेखानि मुखाम्बुजानि ।
शिरांसि कालागुरुधूपितानि कुर्वन्ति नार्यः सुरतोत्सवाय ॥५॥
रतिश्रमक्षामविपाण्डुवक्त्राः संप्राप्तहर्षाभ्युदयास्तरुण्यः ।
हसन्ति नोच्चैर्दशनाग्रभिन्नान्प्रपीड्यमानानधरानवेक्ष्य ॥६॥

चौथा सर्ग

हेमन्त वर्णन

देखो ! यह पाला गिराती हुई हेमन्त ऋतु आ गई है, जिसमें गेहूँ जौ आदिके नये नये अंकुरोंके निकल आनेसे चारों ओर सुहावना दिखाई देने लगा है, लोधके पेड़ फूलोंसे लद गए हैं, धान पक चला है और कमल दिखाई नहीं देते ॥१॥ इन दिनों अलबेली स्त्रियाँ अपने बड़े-बड़े गोल-गोल स्तनोंपर हिम, कोई और चन्द्रमाके समान उजले और कुंकुमके रंगमें रँगे हुए मनोहर हार नहीं पहनती हैं ॥२॥ आजकल न तो ये कामिनियाँ अपनी दोनों भुजाओंपर कंगन और भुजबन्ध ही पहनती हैं, न अपने गोल-गोल नितम्बोंपर नये रेशमी वस्त्र ही लपेटती हैं और न अपने मोटे-मोटे स्तनोंपर महीन कपड़े ही बाँधती हैं ॥३॥ न वे अपने नितम्बोंपर सोने और रत्नोंसे जड़ी हुई करधनी पहनती हैं और न अपने कमल-जैसे सुन्दर पैरोंमें हंसके समान ध्वनि करनेवाले बिछुए ही डालती हैं ॥४॥ आजकल अपने पतिसे संभोगकी तैयारीमें युवतियाँ, अपने शरीरपर चन्दन मलती हैं, अपने कमल-जैसे मुँहपर अनेक प्रकारके बेल-बूटे बनाती हैं और कालागुरुका धूप देकर अपने केश सुगन्धित करती हैं ॥५॥ संभोगकी थकानसे पीले और मुरझाए हुए मुखोंवाली युवतियाँ, हँसनेकी बातपर भी यह समझकर मुँह खोलकर नहीं हँसती कि कहीं प्यारेके पैने दाँतोंसे काटे हुए ओठ दुखने न लगें ॥६॥ प्रातःकाल घासपर फैली हुई मोतीसी बूँदोंको देखकर ऐसा लगता है मानो युवतियोंने मोटे-मोटे स्तनोंको उनकी छातियों-

पीनस्तनोरःस्थलभागशोभामासाद्य तत्पीडनजातखेदः ।
तृणाग्रलग्नैस्तुहिनैः पतद्भिराक्रन्दतीवोषसि शीतकालः ॥७॥
प्रभूतशालिप्रसवैश्चितानि मृगाङ्गनायूथविभूषितानि ।
मनोहरक्रौञ्चनिनादितानि सीमान्तराण्युत्सुकयन्ति चेतः ॥८॥
प्रफुल्लनीलोत्पलशोभितानि सोन्मादकादम्बविभूषितानि ।
प्रसन्नतोयानि सुशीतलानि सरांसि चेतांसि हरन्ति पुंसाम् ॥९॥
मार्गं समीक्ष्यातिनिरस्तनीरं प्रवासखिन्नं पतिमुद्वहन्त्यः ।
अवेक्ष्यमाणा हरिणेक्षणाक्ष्यः प्रबोधयन्तीव मनोरथानि ॥१०॥
पाकं व्रजन्ती हिमजातशीतैराधूयमाना सततं मरुद्भिः ।
प्रिये प्रियङ्गुः प्रियविप्रयुक्ता विपाण्डुतां याति विलासिनीव ॥११॥
पुष्पासवामोदसुगन्धिवक्त्रो निःश्वासवातैः सुरभीकृताङ्गः ।
परस्पराङ्गव्यतिषङ्गशायी शेते जनः कामरसानुविद्धः ॥१२॥
दन्तच्छदैः सव्रणदन्तचिह्नैः स्तनैश्च पाण्यग्रकृताभिलेखैः ।
संसूच्यते निर्दयमङ्गनानां रतोपभोगो नवयौवनानाम् ॥१३॥
काचिद्विभूषयति दर्पणसक्तहस्ता बालातपेषु वनिता वदनारविन्दम् ।
दन्तच्छदं प्रियतमेन निपीतसारं दन्ताग्रभिन्नमवकृष्य निरीक्षते च ॥१४॥

पर देखकर सुखपानेवाला हेमन्त, उन स्तनोंको प्रेमियोंके हाथोंसे मले जाते देखकर दुःखी होकर आँसू बहा रहा हो ॥७॥ गाँवके बाहर जिन खेतोंमें भरपूर धान लहलहा रहा है, हरिणियोंके झुंडके झुंड चौकड़ियाँ भर रहे हैं और सारस बोल रहे हैं, उन खेतोंको देखकर मन हाथसे निकल पड़ता है ॥८॥ जिन तालोंमें खिले हुए नीले कमल फैले हुए हैं, मस्त कलहंस इधर-उधर तैर रहे हैं और ठंडा निर्मल जल भरा हुआ है, उन्हें देखकर लोगोंका जी खिल उठता है ॥९॥ जिनके पति परदेस चले गए हैं, वे मृगनयनी स्त्रियाँ जब सूखे हुए मार्गोंको देखती हैं तो परदेसमें पड़े हुए अपने दुःखी पतियोंके आनेकी बाट जोहती हुई यह सोचती हैं कि जब हमारे पति आवेंगे, तब हम यों मिलेंगी, यों बातें करेंगी और यों रूठेंगी ॥१०॥ हे प्यारी ! पालेसे भरे ठंडे वायुसे हिलती हुई यह पकी हुई प्रियङ्गुकी लता, वैसी ही पीली पड़ गई है जैसे अपने पतिसे अलग होनेपर युवती पीली पड़ जाती है ॥११॥ फूलोंके गंधकी भीनी और मीठी सुगंधवाले मुँहसे मुँह लगाकर और एक दूसरेकी साँसोंसे सुगन्धित अंगोंसे अंग मिलाकर सब स्त्री-पुरुष एक दूसरेसे लिपटकर संभोग करते हुए सोते हैं ॥१२॥ इस समय प्यारोंने नवयुवतियोंके ओठोंपर दाँतसे घाव कर दिये हैं और उनके स्तनोंपर अपने नखोंसे चिन्ह बना दिए हैं इससे यह जान पड़ रहा है कि उनके प्यारे उनका जी-जानसे संभोग कर रहे हैं ॥१३॥ देखो एक स्त्री, हाथमें दर्पण लिए हुए प्रातःकालकी धूपमें बैठी अपने कमल जैसे मुँहका सिंगार कर रही है और

अन्या प्रकाममुरतश्रमखिन्नदेहा रात्रिप्रजागरविपाटलनेत्रपद्मा ।
स्रस्तांसदेशलुलिताकुलकेशपाशा निद्रां प्रयाति मृदुसूर्यकराभितप्ता ॥१५॥
निर्माल्यदाम परिभुक्तमनोज्ञगन्धं मूर्ध्नोऽपनीय घननीलशिरोरुहान्ताः ।
पीनोन्नतस्तनभरानतगात्रयष्ट्यः कुर्वन्ति केशरचनामपरास्तरुण्यः ॥१६॥
अन्या प्रियेण परिभुक्तमवेक्ष्य गात्रं हर्षान्विता विरचिताधरचारुशोभा ।
कूर्पासकं परिदधाति नखक्षताङ्गी व्यालम्बिनीललितालककुञ्चिताक्षी ॥१७॥
अन्याश्चिरं सुरतकेलिपरिश्रमेण खेदं गताः प्रशिथिलीकृतगात्रयष्ट्यः ।
संहृष्यमाणपुलकोरुपयोधरान्ता अभ्यञ्जनं विदधति प्रमदाः सुशोभाः ॥१८॥

बहुगुणरमणीयो योषितां चित्तहारी
परिणतबहुशालिव्याकुलग्रामसीमा ।
विनिपतिततुषारः क्रौञ्चनादोपगीतः
प्रदिशतु हिमयुक्तः काल एषः सुखं वः ॥१९॥

इति महाकविश्रीकालिदासकृतौ ऋतुसंहारे हेमन्तवर्णनं नाम चतुर्थः सर्गः ॥

अपने जिन ओठोंका प्यारेने रस पी लिया है और जिनपर प्यारेके दाँतोंके घाव बने हुए हैं, उन ओठोंको खींच-खींचकर देख रही हैं ॥१४॥ अत्यन्त संभोगसे थक जानेके कारण एक दूसरी स्त्रीकी कमल-जैसी आँखें रातभर जागनेसे लाल हो गई हैं, उसके कंधे झूल गये हैं, उसके बाल इधर-उधर बिखर गए हैं और वह प्रातःकालके सूर्यकी कोमल किरणोंमें धूप खाती हुई सो गई है ॥१५॥ लम्बे, काले और घने केशोंवाली जिन स्त्रियोंके शरीर, मोटे और ऊँचे स्तनोंके कारण झुक गए हैं, वे अपने सिरसे वह मुरझाई हुई माला उतार रही हैं जिसकी मधुर सुगन्धका आनन्द रातमें ले चुकनेपर सबेरे फिरसे अपने बालोंको सँवार रही हैं ॥१६॥ नखोंके घावोंसे भरे हुए अंगोंवाली और लटकती हुई सुन्दर अलकोंसे ढकी हुई आँखोंवाली एक दूसरी स्त्री, अपने प्यारेसे उपभोग किए हुए शरीरको देख-देखकर बड़ी मगन होती हुई अपने अधरोंको फिर पहलेकी नाईं सुन्दर बनाकर अपनी चोली पहनने लगी है ॥१७॥ इसी प्रकार बहुत देरतक संभोग करते-करते जो युवतियाँ थक गई हैं, जिनके कोमल और लचीले शरीर ढीले पड़ गए हैं और जिनकी जाँघों और स्तनोंपर रोमाञ्च हो आया है, वे युवतियाँ बैठी अपने शरीरपर तेल मलवा रही हैं ॥१८॥ भगवान् करे यह हेमन्त ऋतु आपको सुख दे जो अनेक गुणोंसे मनको मुग्ध करनेवाली और स्त्रियोंके चित्तको लुभानेवाली है, जिसमें गाँवोंके आस-पास पके हुए धानोंके खेत लहलहाते हैं, पाला गिरता है और सारस बोलते हैं ॥१९॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए ऋतुसंहार काव्यमें हेमन्त वर्णन
नामका चौथा सर्ग समाप्त हुआ ।

॥ पञ्चमः सर्गः ॥

शिशिरवर्णनम्

प्ररूढशालीक्षुचयावृतक्षितिं क्वचित्स्थितक्रौञ्चनिनादराजितम् ।
प्रकामकामं प्रमदाजनप्रियं वरोरु कालं शिशिराह्वयं शृणु ॥१॥
निरुद्धवातायनमन्दिरोदरं हुताशनो भानुमतो गभस्तयः ।
गुरूणि वासांस्यबलाः सयौवनाः प्रयान्ति कालेऽत्र जनस्य सेव्यताम् ॥२॥
न चन्दनं चन्द्रमरीचिशीतलं न हर्म्यपृष्ठं शरदिन्दुनिर्मलम् ।
न वायवः सान्द्रतुषारशीतला जनस्य चित्तं रमयन्ति सांप्रतम् ॥३॥
तुषारसंघातनिपातशीतलाः शशाङ्कभाभिः शिशिरीकृताः पुनः ।
विपाण्डुतारागणचारुभूषणा जनस्य सेव्या न भवन्ति रात्रयः ॥४॥
गृहीतताम्बूलविलेपनस्रजः पुष्पासवामोदितवक्त्रपङ्कजाः ।
प्रकामकालागुरुधूपवासितं विशन्ति शय्यागृहमुत्सुकाः स्त्रियः ॥५॥
कृतापराधान्बहुशोऽभितर्जितान्सवेपथून्साध्वससन्नचेतसः ।
निरीक्ष्य भर्तृन्सुरताभिलाषिणः स्त्रियोऽपराधान्समदा विसस्मरुः ॥६॥

पाँचवाँ सर्ग

शिशिरका वर्णन

हे सुन्दर जाँघोंवाली ! सुनो जिस ऋतुमें धान और ईखके खेत भर जाते हैं, जिसमें कभी-कभी सारसकी बोली भी गूँज जाती है और काम भी बहुत बढ़ जाता है, वह स्त्रियोंकी प्यारी शिशिर ऋतु आ पहुँची है ॥१॥ आजकल लोग अपने घरोंके भीतर खिड़कियाँ बन्द करके, आग तापकर, धूप खाकर, मोटे-मोटे कपड़े पहनकर और युवती स्त्रियोंसे लिपटकर दिन बिताते हैं ॥२॥ इन दिनों न किसीको चन्द्रमाकी किरणोंसे ठढाया हुआ चन्दन ही अच्छा लगता है न शरद्के चन्द्रमाके समान निर्मल छतें सुहाती हैं, न घनी ओससे ठंढा बना हुआ वायु ही मनको भाता है ॥३॥ इन दिनों घने पालेसे कड़कड़ाते जाड़ोंवाली, चन्द्रमाकी किरणोंसे और भी ठंढी बनी हुई और पीले-पीले तारोंवाली रातोंमें कोई भी बाहर नहीं निकलता ॥४॥ फूलोंके आसव पीनेसे जिनका कमल जैसा मुँह सुगन्धित हो गया है वे स्त्रियाँ पान खाकर, फुलेल लगाकर और मालाएँ पहनकर, काले अगरके धुएँसे महकनेवाले अपने शयन-घरोंमें बड़े चावसे चली जा रही हैं ॥५॥ मदमाती स्त्रियोंने अपने जिन पतियोंको अपराध करनेपर डाँटा-फटकारा था, वे जब काँपते हुए और डरसे घबराए हुए उनके पास संभोग करनेके लिये आते हैं तो उन्हें देखते ही वे स्त्रियाँ उनका सब अपराध भूलकर उनसे संभोग करने लगती हैं ॥६॥ जिन नवयुवतियोंने युवकोंके साथ आजकलकी लम्बी रातोंमें बहुत देरतक जी भरकर और कसकर संभोगका

प्रकामकामैर्युवभिः सुनिर्दयं निशासु दीर्घास्वभिरामिताश्चिरम् ।
भ्रमन्ति मन्दं श्रमखेदितोरवः क्षपावसाने नवयौवनाः स्त्रियः ॥७॥
मनोज्ञकूर्पासकपीडितस्तनाः सरागकौशेयकभूषितोरवः ।
निवेशितान्तः कुसुमैः शिरोरुहैर्विभूषयन्तीव हिमागमं स्त्रियः ॥८॥
पयोधरैः कुंकुमरागपिञ्जरैः सुखोपसेव्यैर्नवयौवनोष्मभिः ।
विलासिनीभिः परिपीडितोरसः स्वपन्ति शीतं परिभूय कामिनः ॥९॥
सुगन्धिनिःश्वासविकम्पितोत्पलं मनोहरं कामरतिप्रबोधकम् ।
निशासु हृष्टा सह कामिभिः स्त्रियः पिबन्ति मद्यं मदनीयमुत्तमम् ॥१०॥
अपगतमदरागा योषिदेका प्रभाते कृतनिबिडकुचाग्रा पत्युरालिङ्गनेन ।
प्रियतमपरिभुक्तं वीक्षमाणा स्वदेहं व्रजति शयनवासाद्वासमन्यं हसन्ती॥११॥
अगुरुसुरभिधूपामोदितं केशपाशं
गलितकुसुममालं कुञ्चिताग्रं वहन्ती ।
त्यजति गुरुनितम्बा निम्ननाभिः सुमध्या
उषसि शयनमन्या कामिनी चारुशोभा ॥१२॥
कनककमलकान्तैश्चारुताम्राधरोष्ठैः श्रवणतटनिषक्तैः पाटलोपान्तनेत्रैः ।
उषसि वदनबिम्बैरंससंसक्तकेशैः श्रिय इव गृहमध्ये संस्थिता योषितोऽद्य॥१३॥

आनन्द लूटा है, वे स्त्रियाँ, रातके परिश्रमसे दुखती हुई जाँघोंके कारण प्रातःकाल बड़े धीरे-धीरे चल रही हैं ॥७॥ सुन्दर चोलियोंसे अपने स्तन कसे हुए, जाँघोंपर रेशमी कपड़े पहने हुए और बालोंमें फूल गूँथे हुए स्त्रियाँ ऐसी लग रही हैं मानो जाड़ेके स्वागतका उत्सव मनानेके लिये सिंगार कर रही हों ॥८॥ इन दिनों प्रेमी लोग केसरसे रँगे हुए लाल स्तनोंवाली और सुखसे लूटी जानेवाली जवानीकी गर्मीसे भरी हुई कमिनियोंको कसकर छातीसे चिपटाए हुए जाड़ा भगाकर सोते हैं ॥९॥ इन दिनों स्त्रियाँ बड़े हर्षसे अपने प्रेमियोंके साथ रातको, रसीली, बढ़िया, मद बढ़ानेवाली और कामवासना जगानेवाली वह मदिरा पीती हैं, जिसमें पड़े हुए कमल, उन कामिनियोंकी सुगंधित साँससे बराबर हिलते रहते हैं ॥१०॥ देखो ! प्रातःकाल होनेपर एक स्त्री अपने प्रियतमसे उपभोग किए हुए अपने शरीरको देखती हुई अपने शयन-घरसे दूसरे घरमें चली जा रही है। इस समय इसके मुखपर मदकी लाली भी नहीं रह गई है और पतिकी छातीसे लगे रहनेके कारण उसके स्तनोंकी घुण्डियाँ भी कड़ी हो गई हैं ॥११॥ एक दूसरी भारी नितम्बवाली, गहरी, नाभिवाली, लचकदार कमरवाली और मनभावनी सुन्दरतावाली स्त्री अगरके धुएँमें बसी हुई अपनी बिना मालावाली घनी घुंघराली लटें हाथमें थामे प्रातःकाल पलँग छोड़कर उठ रही है ॥१२॥ इन दिनों प्रातःकालके समय स्त्रियोंके सुन्दर लाल-लाल ओठोंवाले, लाल कोरोंसे सजी हुई बड़ी-बड़ी आँखोंवाले, कंधोंपर फैले हुए बालोंवाले और सुनहले कमलके समान चमकनेवाले गोल-गोल मुखोंको देखकर ऐसा लगता है मानो घर-घरमें लक्ष्मी आ बसी हो ॥१३॥ अपने मोटे नितम्बोंके बोझसे दुखी, अपने स्तनोंके

पृथुजघनभरार्ताः किंचिदानम्रमध्याः स्तनभरपरिखेदान्मन्दमन्दं व्रजन्त्यः ।
सुरतसमयवेषं नैशमाशु प्रहाय दधति दिवसयोग्यं वेशमन्यास्तरुण्यः॥१४॥
नखपदचितभागान्वीक्षमाणाः स्तनान्तानधरकिसलयाग्रं दन्तभिन्नं स्पृशन्त्यः ।
अभिमतरतवेषं नन्दयन्त्यस्तरुण्यः सवितुरुदयकाले भूषयन्त्याननानि ॥१५॥

प्रचुरगुडविकारः स्वादुशालीक्षुरम्यः
प्रबलसुरतकेलिर्जातकन्दर्पदर्पः ।
प्रियजनरहितानां चित्तसंतापहेतुः
शिशिरसमय एष श्रेयसे वोऽस्तु नित्यम् ॥१६॥

इति महाकविश्रीकालिदासविरचिते ऋतुसंहारकाव्ये शिशिरवर्णनं नाम पञ्चमः सर्गः ॥

बोझसे झुकी हुई कमरवाली और थकनेके कारण बहुत धीरे-धीरे चलनेवाली बहुत-सी स्त्रियाँ रातके संभोगवाले वस्त्र उतार उतारकर दिनमें पहननेके कपड़े पहन रही हैं ॥१४॥ अपने प्यारेके नखोंके घावोंसे भरी अपनी छाती देखती हुई, प्यारेके दाँतोंसे काटे हुए अपने कोंपलोंके समान कोमल अधरोंको छूती हुई और इस प्रकार अपने मनचाहे संभोगके वेशपर खिलखिलाती हुई स्त्रियाँ प्रातःकाल अपने मुँह सजा रही हैं ॥१५॥ जिस शिशिर ऋतुमें मिठाइयाँ बहुतायतसे मिलती हैं, स्वाद लगनेवाले चावल और ईख चारों ओर सुहाते हैं, लोग बहुत संभोग करते हैं, कामदेव भी पूरे वेगसे बढ़ जाता है और प्यारोंके बिना अकेले दिन काटनेवाले लोग मन मसोसकर रह जाते हैं वह शिशिर ऋतु आप लोगोंका भला करे ॥१६॥

महाकवि श्रीकालिदासके रचे हुए ऋतुसंहार काव्यमें शिशिर ऋतुका
वर्णन नामका पाँचवाँ सर्ग समाप्त हुआ ॥

॥ षष्ठः सर्गः ॥

वसन्तवर्णनम्

प्रफुल्लचूताङ्कुरतीक्ष्णसायको द्विरेफमालाविलसद्धनुर्गुणः ।
मनांसि भेत्तुं सुरतप्रसङ्गिनां वसन्तयोद्धा समुपागतः प्रिये ॥१॥
द्रुमाः सपुष्पाः सलिलं सपद्मं स्त्रियः सकामाः पवनः सुगन्धिः ।
सुखाः प्रदोषा दिवसाश्च रम्याः सर्वं प्रिये चारुतरं वसन्ते ॥२॥
ईषत्तुषारैः कृतशीतहर्म्यैः सुवासितं चारु शिरश्च चम्पकैः ।
कुर्वन्ति नार्योऽपि वसन्तकाले स्तनं सहारं कुसुमैर्मनोहरैः ॥३॥
वापीजलानां मणिमेखलानां शशाङ्कभासां प्रमदाजनानाम् ।
चूतद्रुमाणां कुसुमान्वितानां ददाति सौभाग्यमयं वसन्तः ॥४॥
कुसुम्भरागारुणितैर्दुकूलैर्नितम्बबिम्बानि विलासिनीनाम् ।
तन्वंशुकैः कुङ्कुमरागगौरैरलंक्रियन्ते स्तनमण्डलानि ॥५॥
कर्णेषु योग्यं नवकर्णिकारं चलेषु नीलेष्वलकेष्वशोकम् ।
पुष्पं च फुल्लं नवमल्लिकायाः प्रयान्ति कान्तिं प्रमदाजनानाम् ॥६॥
स्तनेषु हाराः सितचन्दनार्द्रा भुजेषु सङ्गं वलयाङ्गदानि ।
प्रयान्त्यनङ्गातुरमानसानां नितम्बिनीनां जघनेषु काञ्च्यः ॥७॥

छठा सर्ग

वसन्तका वर्णन

लो प्यारी ! फूले हुए आमकी मञ्जरियोंके पैने बाण लेकर और अपने धनुषपर भौंरोंकी पाँतोंकी डोरी चढ़ाकर वीर वसन्त संभोग-करनेवाले रसिकोंको बेधने आ पहुँचा है ॥१॥ देखो प्यारी ! वसन्तके आते ही सब वृक्ष फूलोंसे लद गए हैं, जलमें कमल खिल गए हैं, स्त्रियाँ मतवाली हो गई हैं, वायुमें सुगन्ध आने लगी है, साँझें सुहावनी हो चली हैं और दिन लुभावने हो गए हैं। सचमुच सुन्दर वसन्तमें सब कुछ सुहावना लगने ही लगता है ॥२॥ वसन्तमें घरोंकी छतोंपर ठंढी ओस छा गई है, चम्पेके फूलोंसे सबके जूड़े महकने लगे हैं और स्त्रियाँ भी अपने स्तनोंपर मनोहर फूलोंकी मालाएँ पहनने लगी हैं ॥३॥ वसन्तके आनेसे बावड़ियोंका जल, मणियोंसे जड़ी करधनियाँ चाँदनी, स्त्रियाँ और मञ्जरीसे लदी आमोंकी डालें सब और भी सुहावने लगने लगी हैं ॥४॥ कामिनियोंने अपने गोल-गोल नितम्बोंपर कुसुमके लाल फूलोंसे रँगी रेशमी साड़ी पहन ली है और स्तनोंपर केसरमें रँगी हुई महीन कपड़ेकी चोली पहन ली है ॥५॥ स्त्रियोंके कानोंमें लटके हुए सजीले कनेरके फूल बड़े सुहावने दिखाई पड़ रहे हैं और उनकी चचल, काली, घुँघराली लटोंमें अशोकके फूल और नव मल्लिकाकी खिली हुई कलियाँ बड़ी सुहावनी लगने लगी हैं ॥६॥ अपने प्रेमीसे संभोग करनेको उतावली नारियोंने अपने स्तनोंपर भीने चन्दनसे भीगे हुए मोतीके

सपत्रलेखेषु विलासिनीनां वक्त्रेषु हेमाम्बुरुहोपमेषु ।
रत्नान्तरे मौक्तिकसङ्गरम्यः स्वेदागमो विस्तरतामुपैति ॥ ८ ॥
उच्छ्वासयन्त्यः श्लथबन्धनानि गात्राणि कन्दर्पसमाकुलानि ।
समीपवर्तिष्वधुना प्रियेषु समुत्सुका एव भवन्ति नार्यः ॥ ९ ॥
तनूनि पाण्डूनि मदालसानि मुहुर्मुहुर्जृम्भणतत्पराणि ।
अङ्गान्यनङ्गः प्रमदाजनस्य करोति लावण्यससंभ्रमाणि ॥१०॥
छायां जनः समभिवाञ्छति पादपानां नक्तं तथेच्छति पुनः किरणं सुधांशोः ।
हर्म्यं प्रयाति शयितुं सुखशीतलं च कान्तां च गाढमुपगूहति शीतलत्वात् ॥११॥
नेत्रेषु लोलो मदिरालसेषु गण्डेषु पाण्डुः कठिनः स्तनेषु ।
मध्येषु निम्नो जघनेषु पीनः स्त्रीणामनङ्गो बहुधा स्थितोऽद्य ॥१२॥
अङ्गानि निद्रालसविभ्रमाणि वाक्यानि किंचिन्मदिरालसानि ।
भ्रूक्षेपजिह्मानि च वीक्षितानि चकार कामः प्रमदाजनानाम् ॥१३॥
प्रियङ्गुकालीयककुङ्कुमाक्तं स्तनेषु गौरेषु विलासिनीभिः ।
आलिप्यते चन्दनमङ्गनाभिर्मदालसाभिर्मृगनाभियुक्तम् ॥१४॥

हार पहन लिए हैं हाथोंमें भुजबन्ध और कंगन डाल लिए हैं और अपने नितम्बोंपर करधनी बाँध ली है।।७।। सुनहरे कमलके समान सुहावने और बेलबूटे चीते हुए स्त्रियोंके मुखोंपर फैली हुई पसीनेकी बूँदें ऐसी दिखाई पड़ती हैं मानो अनेक प्रकारके रत्नोंके बीच बहुतसे मोती जड़ दिए गए हों।।८।। कामवासनासे पीड़ित स्त्रियाँ अपने प्रेमियोंके सामने अपने अंग उघाड़ती हुई उन्हें ललचा भी रही हैं और अपनी अधीरता भी दिखा रही हैं ।।९।। इन दिनों स्त्रियोंमें इतनी काम-वासना भर आती है कि उनके अंग दुबले पतले और पीले पड़ जाते हैं, वे मदसे अलसाई सी हो जाती हैं बार-बार जँभाइयाँ लेती हैं और उनके सारे शरीरमें कुछ अनोखा ही रसीलापन आ जाता है ।।१०।। इन दिनों लोग दिनमें तो वृक्षोंकी शीतल छायामें रहना चाहते हैं, रातमें चन्द्रमाकी किरणोंका आनन्द लेना चाहते हैं, सोनेके लिये सुहावनी ठंडी कोठोंमें पहुँच जाते हैं और थोड़ी थोड़ी ठंड पड़नेके कारण अपनी प्यारियोंको कसकर छातीसे लिपटाए रहते हैं ।।११।। इन दिनों कामदेव भी स्त्रियोंकी मदमाती आँखोंमें चञ्चलता, उनके गालोंमें पीलापन, स्तनोंमें कठोरता कमरमें गहरापन और नितम्बोंमें मोटापा बनकर आ बैठता है ।।१२।। कामसे स्त्रियाँ अलसा जाती हैं, मदसे उनका चलना बोलना भी कठिन हो जाता है और टेढ़ी भौंहोंसे उनकी चितवन बड़ी कँटीली जान पड़ने लगती है ।।१३।। मदसे अलसाई हुई रसीली स्त्रियाँ प्रियङ्गु,

गुरूणि वासांसि विहाय तूर्णं तनूनि लाक्षारसरञ्जितानि ।
सुगन्धिकालागुरुधूपितानि धत्ते जनः काममदालसाङ्गः ॥१५॥
पुंस्कोकिलश्चूतरसासवेन मत्तः प्रियां चुम्बति रागहृष्टः ।
कूजद्द्विरेफोऽप्ययमम्बुजस्थः प्रियं प्रियायाः प्रकरोति चाटु ॥१६॥
ताम्रप्रवालस्तबकावनम्राश्चूतद्रुमाः पुष्पितचारुशाखाः ।
कुर्वन्ति कामं पवनावधूताः पर्युत्सुकं मानसमङ्गनानाम् ॥१७॥
आमूलतो विद्रुमरागताम्रं सपल्लवाः पुष्पचयं दधानाः ।
कुर्वन्त्यशोका हृदयं सशोकं निरीक्ष्यमाणा नवयौवनानाम् ॥१८॥
मत्तद्विरेफपरिचुम्बितचारुपुष्पा
मन्दानिलाकुलितनम्रमृदुप्रवालाः ।
कुर्वन्ति कामिमनसां सहसोत्सुकत्वं
बालातिमुक्तलतिकाः समवेक्ष्यमाणाः ॥१९॥
कान्तामुखद्युतिजुषामचिरोद्गतानां
शोभां परां कुरबकद्रुममञ्जरीणाम् ।
दृष्ट्वा प्रिये सहृदयस्य भवेन्न कस्य
कंदर्पबाणपतनव्यथितं हि चेतः ॥२०॥

कालीयक और केसरके घोलमें कस्तूरी मिलाकर अपने गोरे-गोरे स्तनोंपर चन्दनका लेप कर रही
है ॥१४॥ इन दिनों कामदेवके मदमें अलसाई हुई स्त्रियाँ अपने मोटे वस्त्र उतारकर महावरसे रँगे
हुए और कालागुरुके धुँएसे सुगन्धित किए हुए महीन कपड़े पहनती हैं ॥१५॥ देखो ! यह नर
कोयल आमकी मञ्जरियोंके रसमें मद मस्त होकर अपनी प्यारीको बड़े प्रेमसे प्रसन्न होकर चूम
रहा है। कमलपर बैठकर गुनगुनाता हुआ यह भौंरा भी अपनी प्यारीका मनचाहा काम कर रहा
है ॥१६॥ लाल-लाल कोंपलोंके गुच्छोंसे झुके हुए और सुन्दर मञ्जरियोंसे लदी हुई शाखाओं-
वाले आमके पेड़ जब पवनके झोंकेमें हिलने लगते हैं तो उन्हें देख देखकर स्त्रियोंके मन उछलने
लगते हैं ॥१७॥ अशोकके जिन वृक्षोंमें कोंपलें फूट निकली हैं और जिनमें मूँगे जैसे लाल-लाल
फूल नीचेसे ऊपरतक खिल आए हैं, उन अशोकके वृक्षोंको देखते ही नवयुवतियोंके हृदयमें शोक
होने लगता है ॥१८॥ जिन छोटी-छोटी अतिमुक्त लताओंके फूलोंको मतवाले भौंरे चूम रहे हैं और
जिनके नये कोमल पत्ते मन्द-मन्द पवनमें झूल रहे हैं, उन्हें देख देखकर कामिनियोंका मन अचानक
डाँवाडोल हो जाता है ॥१९॥ हे प्यारी ! अभी खिले हुए और स्त्रियोंके मुखके समान सुन्दर

आदीप्तवह्निसदृशैर्मरुताऽवधूतैः
सर्वत्र किंशुकवनैः कुसुमावनम्रैः ।
सद्यो वसन्तसमयेन समाचितेयं
रक्तांशुका नववधूरिव भाति भूमिः ॥२१॥

किंशुकैः शुकमुखच्छविभिर्न भिन्नं
किं कर्णिकारकुसुमैर्न कृतं नु दग्धम् ।
यत्कोकिलः पुनरयं मधुरैर्वचोभि-
र्यूनां मनः सुवदनानिहितं निहन्ति ॥२२॥

पुंस्कोकिलैः कलवचोभिरुपात्तहर्षैः
कूजद्भिरुन्मदकलानि वचांसि भृङ्गैः ।
लज्जान्वितं सविनयं हृदयं क्षणेन
पर्याकुलं कुलगृहेऽपि कृतं वधूनाम् ॥२३॥

आकम्पयन्कुसुमिताः सहकारशाखा
विस्तारयन्परभृतस्य वचांसि दिक्षु ।
वायुर्विवाति हृदयानि हरन्नराणां
नीहारपातविगमात्सुभगो वसन्ते ॥२४॥

सगनेवाले कुरबकके फूलोकी मनोखी शोभा देखकर किस रसिकका मन कामदेवके बाणसे घायल नहीं हो जाता ॥२०॥ वसन्तके दिनोमे पवनके झोकेसे हिलती हुई जिन पलासके वृक्षोकी फूली हुई शाखाएँ जलती हुई आगकी लपटोके समान दिखाई देती हैं, ऐसे पलाशके जगलोसे ढकी हुई पृथ्वी ऐसी लग रही है मानो लाल साड़ी पहने हुए कोई नई दुलहिन हो॥२१॥ अपनी प्यारियोके मुखड़ोपर रीझे हुए प्रेमियोके हृदयको सुग्गेकी ठोरके समान लाल टेसूके फूलोने ही कुछ कम टूक-टूक कर रक्खा था या कनेरके फूलोने ही कुछ कम जला रक्खा था कि यह कोयल भी अपनी मीठी कूक सुना सुनाकर उन्हे और मार डालनेपर उतारू हो रही है ॥२२॥ मगन होकर मीठे स्वरमे कूकनेवाले नर कोयलोने और मस्तीसे गूँजते हुए भौंरोने सभी स्त्रियोके लाज और मर्यादा-भरे हृदयोंको भी थोड़ी देरके लिये अधीर कर दिया है ॥२३॥ वसन्तमे पाला तो पड़ता नही है, इसलिए आजकल मञ्जरियोंसे लदी आमकी डालोंको हिलानेवाला और कोयलके सदेशोको चारों ओर

कुन्दैः सविभ्रमवधूहसितावदातै-
रुद्योतितान्युपवनानि मनोहराणि ।
चित्तं मुनेरपि हरन्ति निवृत्तरागं
प्रागेव रागमलिनानि मनांसि यूनाम् ॥२५॥

आलम्बिहेमरसनाः स्तनसक्तहाराः
कंदर्पदर्पशिथिलीकृतगात्रयष्टयः ।
मासे मधौ मधुरकोकिलभृङ्गनादै-
र्नार्या हरन्ति हृदयं प्रसभं नराणाम् ॥२६॥

नानामनोज्ञकुसुमद्रुमभूषितान्ता-
न्हृष्टान्यपुष्टनिनदाकुलसानुदेशान् ।
शैलेयजालपरिणद्धशिलातलान्ता-
न्दृष्ट्वा नतः क्षितिभृतो मुदमेति सर्वः ॥२७॥

नेत्रे निमीलयति रोदिति याति शोकं
घ्राणं करेण विरुणद्धि विरौति चोच्चैः ।
कान्तावियोगपरिखेदितचित्तवृत्ति-
र्दृष्ट्वाऽध्वगः कुसुमितान्सहकारवृक्षान् ॥२८॥

फैलानेवाला सुन्दर वसन्ती पवन लोगोंका मन हरता हुआ बह रहा है ॥२४॥ कामिनियोंकी मस्तानी हँसीके समान उजले कुन्दके फूलोंसे चमकते हुए मनोहर उपवन जब मोह-मायासे दूर रहनेवाले मुनियोंतकका मन हर लेते हैं तब नवयुवकोंके प्रेमी हृदयकी तो बात ही क्या? ॥२५॥ चैतमें जब कोयलकी कूक सुनाई देने लगती है, भौंरे गूँजने लगते हैं, उस समय कमरमें सोनेकी करधनी बाँधे, स्तनोंपर मोतीके हार लटकाए ~~और कामकी उत्तेजनासे~~ ढीले शरीरवाली स्त्रियाँ बलपूर्वक लोगोंका मन अपनी ओर खींचे लेती हैं ॥२६॥ जिन पर्वतोंकी चोटियोंके ओर-छोरपर सुन्दर फूलोंके पेड़ खड़े हैं, जिनपर कोयलोंकी कूक और भौंरोंकी गूंज सुनाई दे रही है और जिनपर चट्टानें फैली हुई हैं, उन पथरीले पहाड़ोंको देख-देखकर सबको आनन्द मिलता है ॥२७॥ अपनी स्त्रियोंसे दूर रहनेके कारण जिनका जी बेचैन हो रहा है वे यात्री जब मञ्जरियोंसे लदे हुए आमके पेड़ोंको देखते हैं तब अपनी आँख बन्द करके रोते हैं, पछताते हैं, अपनी नाक बन्द कर लेते हैं कि कहीं मञ्जरियोंकी भीनी-भीनी महक नाकमें पहुँचकर स्त्रीकी याद न दिलादे और

समदमधुकराणां कोकिलानां च नादैः
कुसुमितसहकारैः कर्णिकारैश्च रम्यः ।
इषुभिरिव सुतीक्ष्णैर्मानसं मानिनीनां
तुदति कुसुममासो मन्मथोद्दीपनाय ॥२९॥

रुचिरकनककान्तीन्मुञ्चत पुष्पराशी-
न्मृदुपवनविधूतान्पुष्पितांश्चूतवृक्षान् ।
अभिमुखमभिवीक्ष्य क्षामदेहोऽपि मार्गे
मदनशरनिघातैर्मोहमेति प्रवासी ॥३०॥

परभृतकलगीतैर्ह्लादिभिः सद्वचांसि
स्मितदशनमयूखान्कुन्दपुष्पप्रभाभिः ।
करकिसलयकान्तिं पल्लवैर्विद्रुमाभै
रुपहसति वसन्तः कामिनीनामिदानीम् ॥३१॥

कनककमलकान्तैराननैः पाण्डुगण्डै-
रुपरिनिहितहारैश्चन्दनार्द्रैः स्तनान्तैः ।
मदजनितविलासैर्दृष्टिपातैर्मुनीन्द्रा-
न्स्तनभरनतनार्यः कामयन्ति प्रशान्तान् ॥३२॥

फूट फूटकर रोने लगते हैं ॥२८॥ कोयल और मदमाते भौंरोके स्वरोंसे गूँजनेवाले बौरे हुए आमके पेड़ोंसे भरा हुआ और मनोहर कनेरके फूलोंवाले अपने पैने बाणोंसे यह वसन्त मानिनी स्त्रियोंके मन इसलिये बीध रहा है कि उनमें प्रेम जग जाय ॥२९॥ परदेसमें पड़ा हुआ यात्री एक तो यों ही बिछोहसे दुबला पतला हुआ रहता है तिसपर जब वह मन्द मन्द बहनेवाले पवनके झोंकेसे हिलते हुए और सुन्दर सुनहले बौर गिरानेवाले, बौरे हुए आमके वृक्षोंको अपने सामने मार्गमें देखता है तो वह कामदेवके बाणोंकी चोट खाकर मूर्छित होकर गिर पड़ता है ॥३०॥ इस समय जी हुलसानेवाले कोकिलके गीत सुना सुनाकर यह वसन्त, सुन्दरियोंकी रसभरी बातोंकी खिल्ली उड़ा रहा है। अपने कुन्दके फूलोंकी चमक दिखाकर यह वसन्त स्त्रियोंकी मुसकानपर चमक उठनेवाले दाँतोंकी दमककी हँसी उड़ा रहा है और मूँगे जैसी लाल लाल कोमल पत्तोंकी ललाई दिखाकर उन कामिनियोंकी कोंपलों जैसी कोमल और लाल हथेलियोंको जला रहा है ॥३१॥ स्तनोंके बोझसे झुकी हुई स्त्रियाँ अपने स्वर्ण कमलके समान सुनहरे गालोंवाले मुँहसे, पीले चन्दनसे पुते और मोतियोंके हार पड़े

कुन्दैः सविभ्रमवधूहसितावदातै-
रुद्द्योतितान्युपवनानि मनोहराणि ।
चित्तं मुनेरपि हरन्ति निवृत्तरागं
प्रागेव रागमलिनानि मनांसि यूनाम् ॥२५॥

आलम्बिहेमरसनाः स्तनसक्तहाराः
कंदर्पदर्पशिथिलीकृतगात्रयष्टयः ।
मासे मधौ मधुरकोकिलभृङ्गनादै-
र्नार्यो हरन्ति हृदयं प्रसभं नराणाम् ॥२६॥

नानामनोज्ञकुसुमद्रुमभूषितान्ता-
न्हृष्टान्यपुष्टनिनदाकुलसानुदेशान् ।
शैलेयजालपरिणद्धशिलातलान्ता-
न्दृष्ट्वा नतः क्षितिभृतो मुदमेति सर्वः ॥२७॥

नेत्रे निमीलयति रोदिति याति शोकं
घ्राणं करेण विरुणद्धि विरौति चोच्चैः ।
कान्तावियोगपरिखेदितचित्तवृत्ति-
र्दृष्ट्वाऽध्वगः कुसुमितान्सहकारवृक्षान् ॥२८॥

फैलानेवाला सुन्दर वसन्ती पवन लोगोंका मन हरता हुआ बह रहा है ॥२४॥ कामिनियोंकी मस्तानी हँसीके समान उजले कुन्दके फूलोंसे चमकते हुए मनोहर उपवन जब मोह-मायासे दूर रहनेवाले मुनियों तकका मन हर लेते हैं तब नवयुवकोंके प्रेमी हृदयकी तो बात ही क्या ? ॥२५॥ चैतमें जब कोयलकी कूक सुनाई देने लगती है, भौंरे गूंजने लगते हैं, उस समय कमरमें सोनेकी करधनी बाँधे, स्तनोंपर मोतीके हार लटकाए और कामकी उत्तेजनासे ढीले शरीरवाली स्त्रियाँ बलपूर्वक लोगोंका मन अपनी ओर खींचे लेती हैं ॥२६॥ जिन पर्वतोंकी चोटियोंके ओर-छोरपर सुन्दर फूलोंके पेड़ खड़े हैं, जिनपर कोयलोंकी कूक और भौंरोंकी गूंज सुनाई दे रही है और जिनपर चट्टानें फैली हुई हैं, उन पथरीले पहाड़ोंको देख-देखकर सबको आनन्द मिलता है ॥२७॥ अपनी स्त्रियोंसे दूर रहनेके कारण जिनका जी बेचैन हो रहा है वे यात्री जब मञ्जरियोंसे लदे हुए आमके पेड़ोंको देखते हैं तब अपनी आँख बन्द करके रोते हैं, पछताते हैं, अपनी नाक बन्द कर लेते हैं कि कहीं मञ्जरियोंकी भीनी-भीनी महक नाकमें पहुँचकर स्त्रीकी याद न दिला दे और

समदमधुकराणां कोकिलानां च नादैः
कुसुमितसहकारैः कर्णिकारैश्च रम्यः ।
इषुभिरिव सुतीक्ष्णैर्मानसं मानिनीनां
तुदति कुसुममासो मन्मथोद्दीपनाय ॥२९॥

रुचिरकनककान्तीन्मुञ्चतः पुष्पराशी-
न्मृदुपवनविधूतान्पुष्पितांश्चूतवृक्षान् ।
अभिमुखमभिवीक्ष्य क्षामदेहोऽपि मार्गे
मदनशरनिघातैर्मोहमेति प्रवासी ॥३०॥

परभृतकलगीतैर्ह्लादिभिः सद्वचांसि
स्मितदशनमयूखान्कुन्दपुष्पप्रभाभिः ।
करकिसलयकान्तिं पल्लवैर्विद्रुमाभै-
रुपहसति वसन्तः कामिनीनामिदानीम् ॥३१॥

कनककमलकान्तैरराननैः पाण्डुगण्डै-
रुपरिनिहितहारैश्चन्दनार्द्रैः स्तनान्तैः ।
मदजनितविलासैर्दृष्टिपातैर्मुनीन्द्रा-
न्स्तनभरनतनार्यः कामयन्ति प्रशान्तान् ॥३२॥

फूट-फूटकर रोने लगते हैं।।२८।। कोयल और मदमाते भौंरोके स्वरोंसे गूँजनेवाले बौरे हुए आमके पेड़ोंसे भरा हुआ और मनोहर कनेरके फूलोंवाले अपने पैने बाणोंसे यह वसन्त मानिनी स्त्रियोंके मन इसलिये बींध रहा है कि उनमें प्रेम जग जाय ।।२९।। परदेसमें पड़ा हुआ यात्री एक तो यों ही बिछोहसे दुबला पतला हुआ रहता है तिसपर जब वह मन्द मन्द बहनेवाले पवनके झोंकेसे हिलते हुए और सुन्दर सुनहले बौर गिरानेवाले, बौरे हुए आमके वृक्षोंको अपने सामने मार्गमें देखता है तो वह कामदेवके बाणोंकी चोट खाकर मूर्छित होकर गिर पड़ता है ।।३०।। इस समय जी हुलसानेवाले कोकिलके गीत सुना सुनाकर यह वसन्त, सुन्दरियोंकी रसभरी बातोंकी खिल्ली उड़ा रहा है। अपने कुन्दके फूलोंकी चमक दिखाकर यह वसन्त स्त्रियोंकी मुसकानपर चमक उठनेवाले दाँतोंकी दमककी हँसी उड़ा रहा है और मूँगे जैसी लाल-लाल कोमल पत्तोंकी ललाई दिखाकर उन कामिनियोंकी कोंपलों जैसी कोमल और लाल हथेलियोंको जला रहा है ।।३१।। स्तनोंके बोझसे झुकी हुई स्त्रियाँ अपने स्वर्ण कमलके समान-सुनहले गालोंवाले मुँहसे, गीले चन्दनसे पुते और मोतियोंके हार पड़े

मधुसुरभि मुखाब्जं लोचने लोध्रताम्रे
नवकुरबकपूर्णः केशपाशो मनोज्ञः ।
गुरुतरकुचयुग्मं श्रोणिबिम्बं तथैव
न भवति किमिदानीं योषितां मन्मथाय ॥३३॥

आकम्पितानि हृदयानि मनस्विनीनां
वातैः प्रफुल्लसहकारकृताधिवासैः ।
उत्कूजितैः परभृतस्य मदाकुलस्य
श्रोत्रप्रियैर्मधुकरस्य च गीतनादैः ॥३४॥

रम्यः प्रदोषसमयः स्फुटचन्द्रभासः
पुंस्कोकिलस्य विरुतं पवनः सुगन्धिः ।
मत्तालियूथविरुतं निशि सीधुपानं
सर्वं रसायनमिदं कुसुमायुधस्य ॥३५॥

रक्ताशोकविकल्पिताधरमधुर्मत्तद्विरेफस्वनः
कुन्दापीडविशुद्धदन्तनिकरः प्रोत्फुल्लपद्माननः ।
चूतामोदसुगन्धिमन्दपवनः शृङ्गारदीक्षागुरुः
कल्पान्तं मदनप्रियो दिशतु वः पुष्पागमो मङ्गलम् ॥३६॥

हुए स्तनसे और मतवाली चंचलता भरी चितवनसे, शान्त चित्तवाले तपस्वियोंका मन भी डिगा देती हैं ॥३२॥ आसवसे महकता हुआ स्त्रियोंका कमलके समान मुख उनकी लोध-जैसी लाल-लाल आँखें, नए कुरबकके फूलोंसे सजे हुए उनके सुन्दर जूड़े उनके बड़े-बड़े गोल गोल स्तन और वैसे ही बड़े बड़े गोल-गोल नितम्ब क्या लोगोंके मनमें कामदेवको नहीं जगा रहे हैं ॥३३॥ बौरे हुए आमके पेड़ोंमें बसे हुए पवनसे मदमस्त कोकिलकी कूकसे और भौंरोंकी मन-भावनी गुंजारोंसे मनस्विनी स्त्रियोंके मन भी डिग जाते हैं ॥३४॥ लुभावनी साँझ, छिटकी चाँदनी, कोयलकी कूक सुगन्धित पवन, मतवाले भौंरोंकी गुंजार और रातमें आसव पीना, ये सब कामदेवको जगाए रखनेवाले रसायन ही हैं ॥३५॥ अमृत-भरे अधरोंके समान लाल अशोकसे मत-वाले भौंरोंकी गूंजसे, दाँतोंकी चमकती हुई पाँतों जैसे उजले कुन्दके हारोंसे भलीभाँति खिले हुए कमलके समान मुखोंसे और आमके बौरोंकी सुगन्धमें बसे हुए मन्द-मन्द पवनसे यह शृंगारकी शिक्षा

मलयपवनविद्धः कोकिलालापरम्यः
सुरभिमधुनिषेकाल्लब्धगन्धप्रबन्धः ।
विविधमधुपयूथैर्वेष्ट्यमानः समन्ता-
द्भवतु तव वसन्तः श्रेष्ठकालः सुखाय ॥३७॥

आम्री मञ्जुलमञ्जरी वरशरः सत्किंशुकं यद्धनु-
र्ज्या यस्यालिकुलं कलङ्करहितं छत्रं सितांशुः सितम् ।
मत्तेभो मलयानिलः परभृता यद्वन्दिनो लोकजि-
त्सोऽयं वो वितरीतरीतु वितनुर्भद्रं वसन्तान्वितः ॥३८॥

इति महाकविश्रीकालिदासविरचिते ऋतुसंहार काव्ये वसन्तवर्णनं नाम षष्ठः सर्गः ॥

देनेवाला और कामवा मित्र वसन्त आप लोगोंका सदा प्रसन्न रक्खे ॥३६॥ मलयके वायुवाला, कोकिलकी कूकसे जी लुभानेवाला, तथा सुगन्धित मधु बरसानेवाला और चारों ओर भौंरोंसे घिरा हुआ वसन्त आपको सुखी और प्रसन्न रक्खे ॥३७॥ जिसके आमके बौर ही बाण हैं, टेसू ही धनुष हैं, भौंरोंकी पाँत डोरी है, मलयाचलसे आया हुआ पवन ही मतवाला हाथी है, कोयल ही गायक है और शरीर न रहते हुए भी जिसने संसारको जीत लिया है वह कामदेव वसन्तके साथ आपका कल्याण करे ॥३८॥

महाकवि श्रीकालिदासका-रचा-हुआ ऋतुसंहार काव्य में वसन्त-वर्णन नामका-छठा सर्ग पूर्ण हुआ

॥ ऋतुसंहार काव्य पूर्ण हुआ ॥

पात्र-परिचयः

पुरुषाः

सूत्रधारः—नाटकस्य प्रबन्धकर्त्ता।
दुष्यन्तः—हस्तिनापुरस्य सम्राट्।
भद्रसेनः—सेनापतिः।
माढव्यः—विदूषकः।
सर्वदमनः—दुष्यन्तस्य पुत्रः (भरतः)
सोमरातः—राज्ञः धर्मगुरुः।
रैवतकः—दौवारिकः।
करभकः—राजसेवकः।
पार्वतायनः—कञ्चुकी।
वैतालिकौ—राजचारणौ।
वैखानस, शार्ङ्गरव, शारद्वत, हारीतः, गौतमः—कण्व ऋषेरन्तेवासिनः।
श्यामलः—दुष्यन्तस्य श्यालः, प्रधान राजपुरुषः।
धीवरः—मत्स्यग्राही।
सूचकः, जानुकः—राजपुरुषौ।
मातलिः—इन्द्रस्य सारथिः।
मारीचः—(कश्यपः) प्रजापतिः।
दुर्वासा—ऋषिः।

स्त्रियः

नटी—सूत्रधारस्य पत्नी।
शकुन्तला—कण्वस्य पालिता कन्या।
अनसूया, प्रियंवदा—शकुन्तलायाः सख्यौ।
गौतमी—एका तपस्विनी।
चतुरिका, परभृतिका, मधुकारिका—राजसेविका।
प्रतिहारी, यवनी—परिचारिके।
सानुमती—एका अप्सरा।
अदितिः—कश्यपस्य पत्नी।

॥ श्रीः ॥

॥ अभिज्ञानशाकुन्तलम् ॥

प्रथमोऽङ्कः

या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम् ।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः ॥ १ ॥

[नान्द्यन्ते]

सूत्रधार :—अलमतिविस्तरेण । (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) आर्ये ! यदि नेपथ्यविधानमवसितम् इतस्तावदागम्यताम् ।

अभिज्ञानशाकुन्तल

प्रथम अङ्क

शिवजी उस जलके रूपमे हमे प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं जिसे ब्रह्माने सबसे पहले बनाया, *उस अग्निके रूपमे दिखाई देते हैं जो विधिके साथ दी हुई हवन-सामग्री ग्रहण करती है,* उस होताके रूपमे दिखाई देते हैं जिसे यज्ञ करनेका काम मिला है, उन चन्द्र और सूर्यके रूपमे दिखाई देते हैं जो दिन और रातका समय निश्चित करते हैं, उस आकाशके रूपमे दिखाई देते हैं जिसका गुण शब्द है और जो संसार भरमे रमा हुआ है, उस पृथ्वीके रूपमे दिखाई देते हैं जो सब बीजोंको उत्पन्न करनेवाली बताई जाती है, और उस वायुके रूपमे दिखाई देते हैं जिसके कारण सब जीव जी रहे हैं। जल, अग्नि, होता, सूर्य, चन्द्र, आकाश, पृथ्वी और वायुके इन आठ प्रत्यक्ष रूपोंमे जो भगवान् शिव सबको दिखाई देते हैं वे आप लोगोंका कल्याण करें ॥१॥

[मंगलाचरण हो चुकनेपर]

सूत्रधार :—अब बहुत विस्तार करना ठीक नहीं है। [नेपथ्यकी ओर देखकर] आर्ये ! यदि शृङ्गार हो चुका हो तो इधर आ जाना।

पात्र-परिचयः

पुरुषाः

सूत्रधारः—नाटकस्य प्रबन्धकर्त्ता ।
दुष्यन्तः—हस्तिनापुरस्य सम्राट् ।
भद्रसेनः—सेनापतिः ।
माढव्यः—विदूषकः ।
सर्वदमनः—दुष्यन्तस्य पुत्रः (भरतः)
सोमरातः—राज्ञः धर्मगुरुः ।
रैवतकः—दौवारिकः ।
करभकः—राजसेवकः ।
पार्वतायनः—कञ्चुकी ।
वैतालिकौ—राजचारणौ ।
वैखानस, शार्ङ्गरवः, शारद्वतः, हारीतः, गौतमः } कण्व ऋषेरन्तेवासिनः ।
श्यामलः—दुष्यन्तस्य श्यालः, प्रधान राजपुरुषः ।
धीवरः—मत्स्यग्राही ।
सूचकः, जानुकः—राजपुरुषौ ।
मातलिः—इन्द्रस्य सारथिः ।
मारीचः—(कश्यपः) प्रजापतिः ।
दुर्वासा—ऋषिः ।

स्त्रियः

नटी—सूत्रधारस्य पत्नी ।
शकुन्तला—कण्वस्य पालिता कन्या ।
अनसूया, प्रियंवदा—शकुन्तलायाः सख्यौ ।
गौतमी—एका तपस्विनी ।
चतुरिका, परभृतिका, मधुकारिका } राजसेविका ।
प्रतिहारी, यवनी—परिचारिके ।
सानुमती—एका अप्सरा ।
अदितिः—कश्यपस्य पत्नी ।

॥ श्रीः ॥

॥ अभिज्ञानशाकुन्तलम् ॥

प्रथमोऽङ्कः

या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री
ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः
प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः ॥ १ ॥

[नान्द्यन्ते]

सूत्रधार —अलमतिविस्तरेण। (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) आर्ये! यदि नेपथ्यविधानमवसितम् इतस्तावदागम्यताम्।

अभिज्ञानशाकुन्तल

प्रथम अङ्क

शिवजी उस जलके रूपमे हमे प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं जिसे ब्रह्माने सबसे पहले बनाया; उस अग्निके रूपमे दिखाई देते हैं जो विधिके साथ दी हुई हवन-सामग्री ग्रहण करती है, उस होताके रूपमे दिखाई देते हैं जिसे यज्ञ करनेका काम मिला है, उन चन्द्र और सूर्यके रूपमे दिखाई देते हैं जो दिन और रातका समय निश्चित करते हैं, उस आकाशके रूपमे दिखाई देते हैं जिसका गुण शब्द है और जो संसार भरमे रमा हुआ है, उस पृथ्वीके रूपमे दिखाई देते हैं जो सब बीजोंको उत्पन्न करनेवाली बताई जाती है, और उस वायुके रूपमे दिखाई देते हैं जिसके कारण सब जीव जी रहे हैं। जल, अग्नि, होता, सूर्य, चन्द्र, आकाश, पृथ्वी और वायुके इन आठ प्रत्यक्ष रूपोमे जो भगवान् शिव सबको दिखाई देते हैं वे आप लोगोंका कल्याण करें ॥१॥

[मंगलाचरण हो चुकनेपर]

सूत्रधार.—अब बहुत विस्तार करना ठीक नहीं है। [नेपथ्यकी ओर देखकर] आर्ये! यदि शृङ्गार हो चुका हो तो इधर आ जाना।

[प्रविश्य]

नटी—अज्जउत्त इअं म्हि । आणवेदु अज्जो को णिओओ अणुचिट्ठिअदुत्ति ।

(आर्यपुत्र इयमस्मि । आज्ञापयतु आर्यः को नियोगोऽनुष्ठीयतामिति ।)

सूत्रधारः—आर्ये इयं हि रसभावविशेषदीक्षागुरोर्विक्रमादित्यस्याभिरूपभूयिष्ठा परिषत् । अस्यां च कालिदासप्रथितवस्तुनाऽभिज्ञानशाकुन्तलनामधेयेन नवेन नाटकेनोपस्थातव्यमस्माभिः । तत्प्रतिपात्रमाधीयतां यत्नः ।

नटी—सुविहिदप्पओअदाए अज्जस्स ण किं वि परिहाइस्सदि ।

(सुविहितप्रयोगतयाऽऽर्यस्य न किमपि परिहास्यते ।)

सूत्रधारः—[सस्मितम्] आर्ये ! कथयामि ते भूतार्थम्—

आ परितोषाद्विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम् ।
बलवदपि शिक्षितानामात्मन्यप्रत्ययं चेतः ॥ २ ॥

नटी—[सविनयम्] अज्ज एवं एदम् । अणन्तरकरणिज्जं दाव अज्जो आणवेदु ।

(आर्य एवमेतत् । अनन्तरकरणीयं तावदार्य आज्ञापयतु ।)

सूत्रधारः—आर्ये किमन्यदस्याः परिषदः श्रुतिप्रमोदहेतोर्गीतात्करणीयमस्ति ।

नटी—अध कदमं उण उदुं अधिकरिअ गाइस्सम् ।

(अथ कतमं पुनरृतुमधिकृत्य गास्यामि ।)

[आकर]

नटी—आ गई आर्यपुत्र ! आज्ञा कीजिए कौन-सा नाटक खेला जाय ।

सूत्रधार—आर्ये ! रस और भावका चमत्कार दिखानेवाले कलाकारोंके आश्रयदाता महाराज विक्रमादित्यकी इस सभाको आज विशेष रूप से बड़े-बड़े विद्वानोंने सुशोभित किया है इसलिये इन्हें कालिदासका नया रचा हुआ अभिज्ञान-शाकुन्तल नाटक ही दिखाना चाहिए। तो जाकर सब पात्रोंको ठीक कर डालो।

नटी—आपने तो पहलेसे ही ऐसा अच्छा सिखाकर पक्का कर दिया है कि कोई उँगली नहीं उठा सकता।

सूत्रधार—[मुसकराकर] आर्ये ! सच्ची बात बताता हूँ कि जबतक विद्वान् लोग न मान लें कि नाटक बढ़िया है तबतक मैं नाटकको सफल नहीं समझता क्योंकि पात्रोंको चाहे जितने भी अच्छे ढंगसे सिखाया जाय फिर भी मनको सन्तोष नहीं होता ॥२॥

नटी—[विनयके साथ] हाँ, यह तो ठीक है। आर्य ! तो आप जो आज्ञा दें वही अब किया जाय।

सूत्रधार—आर्ये ! इस सभाके सदस्योंके कानोंको आनन्द देनेवाला बढ़िया गीत छेड़नेसे बढ़कर और क्या होगा।

नटी—तो किस ऋतुपर गीत छेड़ा जाय।

सूत्रधारः—आर्ये नन्विममेव तावदचिरप्रवृत्तमुपभोगक्षमं ग्रीष्मसमयमधिकृत्य गीयताम्। सम्प्रति हि—

सुभगसलिलावगाहाः पाटलसंसर्गिसुरभिवनवाताः।
प्रच्छायसुलभनिद्रा दिवसाः परिणामरमणीयाः ॥३॥

नटी—तह। (तथा) [इति गायति]

ईसीसिचुंबिआइँ भमरेहिँ सुउमारदरकेसरसिहाइँ।
ओदंसअंति दअमाणा पमदाओ सिरीसकुसुमाइँ ॥४॥

(ईषदीषच्चुम्बितानि भ्रमरैः सुकुमारतरकेसरशिखानि।
अवतंसयन्ति दयमाना प्रमदाः शिरीषकुसुमानि ॥)

सूत्रधारः—आर्ये! साधु गीतम्। अहो रागनिविष्टचित्तवृत्तिरालिखित इव सर्वतो रङ्गः। तदिदानीं कतमं प्रयोगमाश्रित्यैनमाराधयामः।

नटी—णं अज्जमिस्सेहिँ पढमं एव्व आणत्तं अहिण्णाणसाउन्दलं णाम अपुव्वं णाडअं पओए अधिकरीअदुत्ति।

(नन्वार्यमिश्रैः प्रथममेवाज्ञप्तमभिज्ञानशाकुन्तलं नामापूर्वं नाटकं प्रयोगेऽधिक्रियतामिति।)

सूत्रधारः—आर्ये सम्यगनुबोधितोऽस्मि। ननु अस्मिन्क्षणे विस्मृतं खलु मया। कुतः—

तवास्मि गीतरागेण हारिणा प्रसभं हृतः।

सूत्रधार—ग्रीष्म ऋतु अभी-अभी आई ही है और बड़ी सुहावनी भी लगती है। इसलिये इस समय ग्रीष्म ऋतुपर ही कोई राग छेड़ो। देखो—

इन दिनों नहानेमें जल बड़ा सुहाता है, पाटलमें बसा हुआ वनका पवन भी बड़ा अच्छा लगता है वृक्षोंकी घनी छायामें नींद भी अच्छी आती है और आजकलकी सन्ध्या तो इतनी सुहावनी होती है कि पूछना ही क्या ॥३॥

नटी—ठीक है। [गाती है]

जिन शिरीष-सुमनोंके कोमल केसर-दलकी मधुर शिखाएँ।
चूम-चूमकर रसमय भौंरे फिर-फिर बैठ-बैठ उड़ जाएँ।
दया भावसे उनको चुनकर सहृदयतासे लेकर सत्वर।
कर्णफूल रचकर कानोंमें पहन रहीं उनको प्रमदाएँ ॥४॥

सूत्रधार—वाह आर्ये! बहुत ही अच्छा गाया। देखो! तुम्हारे रागसे लोग ऐसे बेसुध हो गए हैं कि सारी रंगशाला चित्र-लिखी-सी जान पड़ती है। तो अब कौन-सा नाटक दिखाकर इनका मन बहलाया जाय।

नटी—आपने अभी-अभी कहा था न कि अभिज्ञानशाकुन्तल नामका नया नाटक खेला जाय।

सूत्रधार—ओह ठीक स्मरण दिलाया आर्ये! मैं तो भूल ही गया था। तुम्हारे गीतके मनोहर रागने मेरे मनको बलपूर्वक वैसे ही खींच लिया—

सूत—आयुष्मन् उद्घातिनी भूमिरिति मया रश्मिसंयमनाद्रथस्य मन्दीकृतो वेगः। तेन मृग एष विप्रकृष्टान्तरः संवृत्तः। संप्रति समदेशवर्तिनस्ते न दुरासदो भविष्यति।

राजा—तेन हि मुच्यन्तामभीषवः।

सूतः—यदाज्ञापयत्यायुष्मान् [रथवेगं निरूप्य] आयुष्मन् पश्य पश्य।

मुक्तेषु रश्मिषु निरायतपूर्वकाया निष्कम्पचामरशिखा निभृतोर्ध्वकर्णाः।
आत्मोद्धतैरपि रजोभिरलङ्घनीया धावन्त्यमी मृगजवाक्षमयेव रथ्याः ॥८॥

राजा—[सहर्षम्] नूनमतीत्य हरितो हरींश्च वर्तन्ते वाजिनः। तथा हि—

यदालोके सूक्ष्मं व्रजति सहसा तद्विपुलतां
यदर्धे विच्छिन्नं भवति कृतसंधानमिव तत्।
प्रकृत्या यद्वक्रं तदपि समरेखं नयनयो-
र्न मे दूरे किंचित्क्षणमपि न पार्श्वे रथजवात् ॥९॥

सूत पश्यैनं व्यापाद्यमानम्। [इति शरसंधानं नाटयति।]

[नेपथ्ये]

भो भो राजन्! आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः।

सारथी—आयुष्मन्! ऊँची-नीची भूमि होनेके कारण मैंने रास खींचकर रथका वेग कम कर दिया था, इसीलिये मृग बहुत दूर निकल गया है। पर आगे समथल है, अब आप इसे हाथमें आया ही समझिए।

राजा—तो रास ढीली करो।

सारथी—जैसी आयुष्मान्‌की आज्ञा। [रथका वेग देखकर] देखिए, देखिए आयुष्मन्—

रास ढीलते ही अपने आगेका शरीर फैलाकर और माथेकी चौंरी सीधी खड़ी करके ये घोड़े इतने वेगसे दौड़ रहे हैं कि इनकी टापोंसे उठी हुई धूल भी इन्हें नहीं छू पा रही है। ऐसा जान पड़ता है मानो हरिणकी दौड़से ये होड़ कर रहे हों ॥८॥

राजा—[प्रसन्न होकर] सचमुच इन घोड़ोंने तो सूर्य और इन्द्रके घोड़ोंको भी दौड़में पछाड़ डाला है क्योंकि जो वस्तु दूरसे पतली दिखाई देती थी वह तुरन्त मोटी हो जाती है जो बीचसे कटी जान पड़ती थी वह झट ऐसी जान पड़ने लगती है मानो उसे किसीने जोड़ दिया हो और जो स्वभावतः टेढ़ी वस्तुएँ हैं वे आँखको सीधी-सी दिखाई देती हैं। रथ इतने वेगसे दौड़ रहा है कि कोई वस्तु न तो मुझसे दूर ही रह पाती है न समीप ही ॥९॥

सारथी! लो, हरिणको मारता हूँ।

[बाण चढ़ानेका अभिनय करता है।]

[नेपथ्यमें]

हैं! हैं! राजन्! यह आश्रमका मृग है। इसे नहीं मारना चाहिए! नहीं मारना चाहिए।

सूतः—[पार्श्वेऽवलोक्य च] आयुष्मन्! अस्य खलु ते बाणपातवर्तिनः कृष्णसारस्यान्तरे तपस्विन उपस्थिताः।

राजा—[ससम्भ्रमम्] तेन हि प्रगृह्यन्तां वाजिनः।

सूतः—तथा। [इति रथं स्थापयति।]

[ततः प्रविशत्यात्मना तृतीयो वैखानसः]

वैखानसः—[हस्तमुद्यम्य] राजन्! आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः।

न खलु न खलु बाणः सन्निपात्योऽयमस्मिन्
मृदुनि मृगशरीरे तूलराशाविवाग्निः।
क्व बत हरिणकानां जीवितञ्चातिलोलं
क्व च निशितनिपाता वज्रसाराः शरास्ते ॥१०॥

तत्साधुकृतसंधानं प्रतिसंहर सायकम्।
आर्तत्राणाय वः शस्त्रं न प्रहर्तुमनागसि ॥११॥

राजा—एष प्रतिसंहृतः [इति यथोक्तं करोति।]

वैखानसः—सदृशमेतत्पुरुवंशप्रदीपस्य भवतः।

जन्म यस्य पुरोर्वंशे युक्तरूपमिदं तव।
पुत्रमेवं गुणोपेतं चक्रवर्तिनमाप्नुहि ॥१२॥

सारथी—[घुमकर और देखकर] आयुष्मन्! जिस मार्गमें हरिणपर आप अभी बाण चला रहे हैं उसके बीचमें तपस्वी लोग आ खड़े हुए हैं।

राजा—[घबराकर] तो रोक लो घोड़ोंको।

सारथी—अच्छी बात है [रथ खड़ा कर देता है।]

[दो शिष्योंके साथ वैखानस (तपस्वी) का प्रवेश।]

वैखानस—[हाथ उठाकर] राजन्! यह आश्रमका मृग है। इसे नहीं मारना चाहिए! नहीं मारना चाहिए!!

इसपर कभी बाण न चलाइएगा। आपका बाण इसके कोमल शरीरके लिये वैसा ही भयंकर है जैसे रूईके ढेरके लिये अग्नि। भगवन्, कहाँ तो बेचारे हरिणोंके कोमल प्राण और कहाँ वज्रके समान कठोर आपके नोकीले बाण ॥१०॥ इसलिये यह जो आपने तानकर बाण चढ़ाया है इसे उतार लीजिए। क्योंकि आपके शस्त्र तो पीड़ितोंकी रक्षाके लिये हैं निरपराधोंको मारनेके लिये नहीं ॥११॥

राजा—लीजिए उतार लेता हूँ। [बाण उतारता है।]

वैखानस—आप जैसे पुरुवंशके दीपकको यही शोभा देता है।

जिसने पुरुवंशमें जन्म लिया है उसके लिये यही उचित है। भगवान् करे आपको ऐसे ही गुणोंवाला चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त हो ॥१२॥

इतरौ—[हस्तमुद्यम्य] सर्वथा चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि ।

राजा—[सप्रणामम्] प्रतिगृहीतम् ।

वैखानसः—राजन् ! समिदाहरणाय प्रस्थिता वयम् । एष खलु कण्वस्य कुलपतेरनुमालिनीतीरमाश्रमो दृश्यते । न चेदन्यकार्यातिपातः तत्प्रविश्य प्रतिगृह्यतामातिथेयः सत्कारः । अपि च—

रम्यास्तपोधनानां प्रतिहतविघ्नाः क्रियाः समवलोक्य ।
ज्ञास्यसि कियद्भुजो मे रक्षति मौर्वीकिणाङ्क इति ॥१३॥

राजा—अपि संनिहितोऽत्र कुलपतिः ।

वैखानसः—इदानीमेव दुहितरं शकुन्तलामतिथिसत्काराय नियुज्य दैवमस्याः प्रतिकूलं शमयितुं सोमतीर्थं गतः ।

राजा—भवतु तामेव द्रक्ष्यामि । सा खलु विदितभक्तिं मां महर्षेः करिष्यति ।

वैखानसः—साधयामस्तावत् । [इति सशिष्यो निष्क्रान्तः ।]

राजा—सूत ! तूर्णं चोदयाश्वान् । पुण्याश्रमदर्शनेन तावदात्मानं पुनीमहे ।

सूतः—यदाज्ञापयत्यायुष्मान् । [इति भूयो रथवेगं निरूपयति ।]

दोनों शिष्य—[हाथ उठाकर] निश्चय ही चक्रवर्ती पुत्र प्राप्त हो ।

राजा—[प्रणाम करके] आपका आशीर्वाद सिरमाथे ।

वैखानस—राजन् ! हम लोग समिधा लेने निकले हैं । यह सामने मालिनी नदी पर कुलपति कण्वका आश्रम है । यदि आपके काम-काजमें अड़चन न हो तो चलकर अतिथि-सत्कार ग्रहण कीजिएगा । और फिर—

वहाँ जब आप देखेंगे कि ऋषि लोग निर्विघ्न होकर सब क्रियाएँ कर रहे हैं तब आप *जान भी जायेंगे कि धनुषकी डोरीकी फटकारसे बने घट्ठोंवाली आपकी भुजा कहाँ-कहाँ तक* पहुँचकर रक्षा कर रही है ॥१३॥

राजा—क्या कुलपति जी यहाँ हैं ?

वैखानस—अभी थोड़ी देर पहले अपनी पुत्री शकुन्तलाको अतिथि-सत्कारका काम सौंपकर उसके खोटे ग्रहोंकी शान्तिके लिये सोमतीर्थ चले गए हैं ।

राजा—अच्छी बात है । मैं उसीसे मिल लूँगा । वही महर्षिसे बता देगी कि मेरी उनमें कितनी भक्ति है ।

वैखानस—तो हम लोग चलते हैं । [शिष्योंके साथ प्रस्थान]

राजा—सारथी ! घोड़े बढ़ाओ । चलें, पवित्र आश्रमके दर्शनसे आत्मा ही पवित्र करें ।

सारथी—जैसी आयुष्मान्की आज्ञा । [फिर रथको वेगसे दौड़ाता है ।]

राजा—[समन्तादवलोक्य] सूत ! अकथितोऽपि ज्ञायत एव यथाऽयमाश्रमाभोगस्तपोवनस्येति ।

सूतः—कथमिव ।

राजा—किं न पश्यति भवान् । इह हि—

नीवाराः शुकगर्भकोटरमुखभ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिंगुदीफलभिदः सूच्यन्त एवोपलाः ।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगा-
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखानिष्यन्दरेखाङ्किताः ॥१४॥

अपि च

कुल्याम्भोभिः प्रसृतिचपलैः शाखिनो धौतमूलाः
भिन्नोरागः किसलयरुचामाज्यधूमोद्गमेन ।
एते चार्वागुपवनभुवि च्छिन्नदर्भाङ्कुरायां
नष्टाशङ्का हरिणशिशवो मन्दमन्दं चरन्ति ॥१५॥

सूतः—सर्वमुपपन्नम् ।

राजा—[स्तोकमन्तरं गत्वा] तपोवननिवासिनामुपरोधो माभूत । एतावत्येव रथं स्थापय यावदवतरामि ।

सूतः—धृताः प्रग्रहाः अवतरत्वायुष्मान् ।

राजा—[चारों ओर देखकर] देखो सारथी ! बिना बताए ही जान पड़ता है कि हम आश्रमके तपोवनमें पहुँच गए हैं ।

सारथी—जी, कैसे ?

राजा—देख नहीं रहे हो ? यहाँ—

कहीं तो वृक्षोंके तले सुग्गोंके खोखलोंसे गिरे हुए तिन्नीके दाने बिखरे पड़े हैं, कहीं इधर-उधर पड़े हुए चिकने पत्थर बता रहे हैं कि इनपर हिंगोटके फल कूटे गए हैं, कहीं निडर खड़े हुए मृग विश्वाससे रथ का शब्द सुन रहे हैं कि आश्रममें कोई हमें छेड़ेगा नहीं और कहीं नदी-तालाबोंपर आने-जानेकी गलियोंमें मुनियोंके वल्कलोंसे टपके हुए जलकी रेखाएँ बनी हुई हैं ॥१४॥ और देखो ! वायुके कारण लहरें लेनेवाली पानीकी गूलोंसे यहाँके वृक्षोंकी जड़ें धुल गई हैं, घीके धुएँसे नई चमकीली कोपलोंका रंग धुँधला पड़ गया है और जहाँ-जहाँ उपवनसे कुशा उपाड़ ली गई है वहाँ मृग-छौने निडर होकर धीरे-धीरे चर रहे हैं ॥१५॥

सारथी जी हाँ, यह सच तो है ।

राजा—[कुछ आगे बढ़कर] यहाँ हम लोगोंके आजानेसे तपोवन-निवासियोंको कष्ट न हो, इसलिये रथ यहीं रोक लो । मैं उतर जाता हूँ ।

सारथी—लीजिए मैंने रास खींच ली है । आयुष्मान् उतर जायँ ।

राजा—[अवतीर्य] सूत विनीतवेषेण प्रवेष्टव्यानि तपोवनानि नाम । इदं तावद् गृह्यताम् । [इति सूतस्याभरणानि धनुश्चोपनीयार्पयति ।] सूत यावदाश्रमवासिनः प्रत्यवेक्ष्याहमुपावर्ते तावदार्द्रपृष्ठाः क्रियन्तां वाजिनः ।

सूतः—तथा । [इति निष्क्रान्तः ।]

राजा—[परिक्रम्यावलोक्य च] इदमाश्रमद्वारम् यावत्प्रविशामि ।

[प्रविश्य निमित्तं सूचयन्]

शान्तमिदमाश्रमपदं स्फुरति च बाहुः कुतः फलमिहास्य ।
अथवा भवितव्यानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र ॥१६॥

[नेपथ्ये] इदो इदो सहीओ । (इत इतः सख्यौ)

राजा—[कर्णं दत्त्वा] अये ! दक्षिणेन वृक्षवाटिकामालाप इव श्रूयते । यावदत्र गच्छामि । [परिक्रम्यावलोक्य च]] अये ! एतास्तपस्विकन्यकाः स्वप्रमाणानुरूपैःसेचनघटैर्बालपादपेभ्यः पयो दातुमित एवाभिवर्तन्ते । [निपुणं निरूप्य] अहो मधुरमासां दर्शनम्—

शुद्धान्तदुर्लभमिदं वपुराश्रमवासिनो यदि जनस्य ।
दूरीकृताः खलु गुणैरुद्यानलता वनलताभिः ॥ १७ ॥

राजा—[उतरकर] देखो सारथी ! आश्रममें सीधे सादे वेशसे ही जाना चाहिए। इसलिये तब तक ये सब यहीं रक्खो। [अपने आभूषण और धनुष उतारकर सारथीको देते हुए] और देखो सारथी ! जबतक हम आश्रम-वासियोंसे मिलकर लौटते हैं तबतक तुम भी घोड़ोंको ठंढा कर रक्खो।

सारथी—जी, अच्छा। [प्रस्थान]

राजा—[घूमकर और देखकर] यही तो आश्रमका द्वार जान पड़ता है। इसीसे भीतर चला जाय। [प्रवेश करके अच्छे शकुन होने की सूचना देते हुए]—इस शान्त तपोवनकी भूमिमें मेरी दाहिनी भुजा क्यों फड़क रही है। यहाँ भला क्या मिलने-जुलने वाला है। पर हाँ, जो होनी होती है (वह तो कहीं भी होकर रहती है) उसके द्वार सब कहीं होते हैं ॥१६॥

[नेपथ्यमें]

इधर आओ सखियो, इधर आओ।

राजा—[सुनकर] अरे ! फुलवारीके दाहिनी ओर किसीकी बातचीत-जैसी सुनाई पड़ रही है। उधर ही चलता हूँ। [घूमकर और देखकर] आ हा ! ये तपस्वियोंकी कन्याएँ अपने-अपने मेलके घड़े ले-लेकर छोटे-छोटे पौधोंको सींचनेके लिये इधर ही चली आ रही हैं। [ध्यान से देखकर] ओ हो ! ये तो बड़ी सुन्दर दिखाई पड़ती हैं।—रनिवासकी रानियोंमें भी जो सुन्दरता कठिनाई से देखने को मिलती है वह यदि इन आश्रमवासिनी कन्याओंको मिली है। तो यही समझना चाहिये कि जंगलकी लताओं ने अपने गुणों से उद्यानकी लताओं को भी लजा दिया है ॥ १७॥ अच्छा, इनके आनेतक मैं यहीं ओटमें खड़ा हो रहता हूँ। [देखता हुआ खड़ा रहता है।]

यावदिमां छायामाश्रित्य प्रतिपालयामि । [इति विलोकयन् स्थितः ।]

[ततः प्रविशति यथोक्तव्यापारा सह सखीभ्यां शकुन्तला ।]

शकुन्तला—इदो इदो सहीओ । [इत इतः सख्यौ]

अनसूया—हला सउन्दले तुवत्तो वि तादकण्णस्स अस्समरुक्खआ पिअदरेत्ति तक्केमि जेण णोमालिआकुसुमपेलवा तुमं वि एदाणं आलवालपूरणे णिउत्ता ।

(हला शकुन्तले त्वत्तोऽपि तातकण्वस्याश्रमवृक्षका प्रियतरा इति तर्कयामि येन नवमालिका-कुसुमपेलवा त्वमप्येतेषामालवालपूरणे नियुक्ता ।)

शकुन्तला—ण केवलं तादणिओओ एव्व । अत्थि मे सोदरसिणेहो वि एदेसु ।

(न केवलं तातनियोग एव । अस्ति मे सोदरस्नेहोऽप्येतेषु ।)

[इति वृक्षसेचनं रूपयति ।]

राजा—कथमियं सा कण्वदुहिता । असाधुदर्शी खलु तत्रभवान् कण्व य इमामाश्रमधर्मे नियुक्ते ।

इदं किलाव्याजमनोहरं वपुस्तपःक्षमं साधयितुं य इच्छति ।
ध्रुवं स नीलोत्पलपत्रधारया शमीलतां छेत्तुमृषिर्व्यवस्यति ॥१८॥

भवतु । पादपान्तहित एव विश्रब्धं तावदेनां पश्यामि । [इति तथा करोति ।]

तो यही समझना चाहिये कि [जंगलकी लताओंने अपने गुणोंसे उद्यानकी लताओंको भी लजा दिया है ॥१७॥ अच्छा, इनके आनेतक मैं यहीं ओटमें खड़ा हो रहता हूँ । देखता हुआ खड़ा रहता है ।]

[अपनी सखियोंके साथ पौधोंको सींचती हुई शकुन्तलाका प्रवेश ।]

शकुन्तला—इधर आओ सखियो, इधर आओ ।

अनसूया—अरी शकुन्तला ! मैं समझती हूँ कि पिता कण्व इन आश्रमके पौधोंको तुमसे अधिक प्यार करते हैं, नहीं तो भला चमेलीकी कली जैसे कोमल अगवाली तुमको वे थावले भरने का काम क्यों सौंप जाते ।

शकुन्तला—मैं केवल पिताजीकी आज्ञासे ही इन्हें नहीं सींचती हूँ, मैं स्वयं भी इनको अपने सगे जैसा प्यार करती हूँ ।

[पौधोंमें पानी देने का नाट्य करती है ।]

राजा—क्या यही कण्व ऋषिकी कन्या है ! पूज्य कण्वकी यह बात सचमुच ठीक नहीं लगती कि इसे भी उन्होंने आश्रमके काममें जोत दिया है। जो ऋषि इसके सहज सुन्दर शरीरको तपस्याके लिये साधना चाह रहे हैं वे सचमुच नीले कमलकी पखड़ीकी धारसे शमीका पेड़ काटने पर उतारू हुए हैं ॥ १८ ॥ अच्छा तब तक निश्चिन्त होकर वृक्षोंकी ओटसे इसे आँखभर देख तो लूँ ।

[ऐसा ही करता है ।]

शकुन्तला—सहि अणसूए । अदिपिणद्धेण वक्कलेण पिअंवदाए णिअन्तिद म्हि । सिढिलेहि दाव णं ।

(सखि अनसूये । अतिपिनद्धेन वल्कलेन प्रियंवदया नियन्त्रिताऽस्मि । शिथिलय तावदेतत् ।)

अनसूया—तह । (तथा) [इति शिथिलयति ।]

प्रियंवदा—[सहासम्] एत्थ पओहरवित्थारइत्तअं अत्तणो जोव्वणं उवालह । मं किं उवालभेसि । (अत्र पयोधरविस्तारयितृ आत्मनो यौवनमुपालभस्व । मा किमुपालभसे ।)

राजा—काममननुरूपमस्या वपुषो वल्कलं न पुनरलंकारश्रियं न पुष्यति कुतः ।

सरसिजमनुविद्धं शैवलेनापि रम्यं मलिनमपि हिमांशोर्लक्ष्म लक्ष्मीं तनोति ।

इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्॥१६॥

शकुन्तला—[अग्रतोऽवलोक्य] एसो वादेरिदपल्लवङ्गुलीहिं तुवरेदि विअ मं केसररुक्खओ । जाव णं संभावेमि । (एष वातेरितपल्लवाङ्गुलीभिस्त्वरयतीव मां केसरवृक्षकः । यावदेनं सभावयामि) [इति परिक्रामति ।]

प्रियंवदा – हला सउन्दले ! एत्थ एव्व दाव मुहुत्तअं चिट्ठ जाव तुए उवगदाए लदासणाहो विअ अअं केसररुक्खओ पडिभादि ।

(हला शकुन्तले ! अत्रैव तावन्मुहूर्तं तिष्ठ यावत्त्वयोपगतया लतासनाथ इवायं केसरवृक्षकः प्रतिभाति ।)

शकुन्तला—अदो क्खु पिअंवदा सि तुमं (अत खलु प्रियंवदाऽसि त्वम् ।)

राजा—प्रियमपि तथ्यमाह शकुन्तलां प्रियंवदा । अस्याः खलु—

शकुन्तला—सखी अनसूया ! इस प्रियंवदाने ऐसा कसकर वल्कल बाँध दिया है कि मैं हिलडुल नहीं पा रही हूँ । आकर इसे ढीला तो करदे ।

अनसूया—अच्छा । [ढीला करती है ।]

प्रियंवदा—[हँसते हुए ।] मुझे क्या उलाहना देती हो । अपने उस यौवनको क्यों नहीं दोष देती जो तुम्हारे स्तनोंको इतना बढ़ाता चला जा रहा है ।

राजा—यद्यपि इसका कोमल शरीर वल्कलके योग्य नहीं है, फिर भी ये इसके शरीरको अलंकारों के समान ही सुशोभित कर रहे हैं । क्योंकि—जैसे सेवारसे घिरा होनेपर भी कमल सुन्दर लगता है और चन्द्रमामें पड़ा हुआ कलंक भी उसकी शोभा ही बढ़ाता है वैसे ही यह सुन्दरी भी वल्कल पहने हुए बड़ी भली दिखाई पड़ रही है । सच्ची बात तो यह है कि सुन्दर शरीरपर सभी कुछ शोभा देने लगता है ॥१६॥

शकुन्तला—[सामने देखकर ।] यह केसरका वृक्ष पवनके झोंको से हिलती हुई पत्तियोंकी उँगलियोंसे मुझे बुला रहा है । जाऊँ इसका भी मन रख लूँ । [उधर घूमती है ।]

प्रियंवदा—अरी शकुन्तला, क्षणभर वहीं खड़ी तो रह जा । जब तू पेड़से लगकर खड़ी होती है तब यह केसरका वृक्ष ऐसा लगता है जैसे उससे कोई लता लिपटी हुई हो ।

शकुन्तला—इन्हीं सब बातों से तो तेरा नाम प्रियंवदा पड़ा है ।

राजा—प्रियंवदाने शकुन्तलासे बड़ी प्यारी और सच्ची ही बात तो कही है, सचमुच—

अधरः किसलयरागः कोमलविटपानुकारिणौ बाहू ।
कुसुममिव लोभनीयं यौवनमङ्गेषु संनद्धम् ॥२०॥

अनसूया—हला सउन्दले । इअ सअंवरवहू बालसहआरस्स तुए किदणामहेआ वणजोसिणित्ति णोमालिआ । ण विसुमरिदा सि ।

(हला शकुन्तले ! इयं स्वयंवरवधूः बालसहकारस्य त्वया कृतनामधेया वनज्योत्स्नेति नवमालिका एनां विस्मृतासि ।)

शकुन्तला—तदा अत्ताणं वि विसुमरिस्सं । [लतामुपेत्यावलोक्य च] हला रमणीए क्खु काले इमस्स लदापाअवमिहुणस्स वइअरो संवुत्तो । णवकुसुमजोव्वणा वणजोसिणी बद्धफलदाए उवभोअक्खमो सहआरो ।

तदा आत्मानमपि विस्मरिष्यामि । हला रमणीये खलु काले एतस्य लतापादपमिथुनस्य व्यतिकरः संवृत्तः । नवकुसुमयौवना वनज्योत्स्ना बद्धफलतयोपभोगक्षमः सहकारः ।) [इति पश्यन्ती तिष्ठति ।]

प्रियंवदा—[सस्मितम्] अणसूए । जाणासि किं णिमित्तं सउन्दला वणजोसिणी अदिमेत्तं पेक्खदित्ति ?

(अनसूये ! जानासि किं निमित्तं शकुन्तला वनज्योत्स्नामतिमात्रं प्रेक्षत इति ?)

अनसूया—ण क्खु विभावेमि । कहेहि । (न खलु विभावयामि । कथय ।)

प्रियंवदा—जह वणजोसिणी अणुरूवेण पाअवेण संगदा अवि णाम एव्वं अहं वि अत्तणो अणुरूवं वरं लहेअं त्ति । (यथा वनज्योत्स्ना अनुरूपेण पादपेन सङ्गता अपि नामैवमहमप्यात्मनोऽनुरूपं वरं लभेयेति ।)

इसके लाल-लाल ओठ नयी कोंपलों-जैसे लगते हैं, दोनों भुजाएँ कोमल-शाखाओं-जैसी जान पड़ती हैं और इसके अंगोंमें खिला हुआ नया यौवन सुहावने फूलके समान दिखाई दे रहा है ॥२०॥

अनसूया—शकुन्तला, यह वही नई चमेली है न, जिसने आमके वृक्षसे स्वयंवर कर लिया है और जिसका नाम तूने वनज्योत्स्ना (वनकी चाँदनी) रख छोड़ा है। इसे तो तू भूले ही चली जा रही थी।

शकुन्तला—यदि इसे भूलूँगी तब तो मैं अपने को भी भूल जाऊँगी, [लताके पास जाकर और देखकर] सखी, सचमुच इस लता और वृक्षका मेल बड़े अच्छे दिनोंमें हुआ है। इधर यह वनज्योत्स्ना खिले हुए फूल लेकर नवयौवना हुई है, उधर फलोंसे लदी हुई शाखाओं वाला आमका वृक्ष भी उभार पर आया हुआ है।

[उसे देखती हुई खड़ी रह जाती है।]

प्रियंवदा—[मुस्कराकर] अनसूया ! जानती हो यह शकुन्तला इतनी मगन होकर वनज्योत्स्नाको क्यों देख रही है ?

अनसूया—नहीं सखी। मैं तो नहीं जानती तू ही बता डाल।

प्रियंवदा—इसे यह सोच रही है कि जैसे यह वनज्योत्स्ना अपने योग्य वृक्षसे लिपट गई है वैसे ही मुझे भी मेरे योग्य वर मिल जाय।

शकुन्तला—एसो णूणं तुह मणगदो मणोरहो। (एष नूनं तवात्मगतो मनोरथः) [इति कलशमावर्जयति।]

राजा—अपि नाम कुलपतेरियमसवर्णक्षेत्रसंभवा स्यात्। अथवा कृतं संदेहेन।

असंशयं क्षत्रपरिग्रहक्षमा यदार्यमस्यामभिलाषि मे मनः।
सतां हि संदेहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः॥ २१॥

तथापि तत्त्वत एनामुपलप्स्ये।

शकुन्तला—[ससंभ्रमम्] अम्मो! सलिलसेअसंभमुग्गदो णोमालिअं उज्झिअ वअणं मे महुअरो अहिवट्टइ। (अम्मो! सलिलसेकसंभ्रमोद्गतो नवमालिकामुज्झित्वा वदनं मे मधुकरोऽभिवर्तते।) [इति भ्रमरबाधां रूपयति।]

राजा—[सस्पृहम्]

चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकचरः।
करौ व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं
वयं तत्त्वान्वेषान्मधुकर हतास्त्वं खलु कृती॥ २२॥

शकुन्तला—ण एसो धुट्ठो विरमदि। अण्णदो गमिस्सं [पदान्तरे स्थित्वा सदृष्टिक्षेपम्] कहं इदो वि आअच्छदि। हला परित्ताअह मं इमिणा दुव्विणीदेण महुअरेण अहिहूअमाणं।

शकुन्तला—यह तो तू अपने मनकी बात कह रही है।

[घड़ेका जल पेड़की जड़में छोड़ती है।]

राजा—यह ऋषिकी कन्या कहीं दूसरे वर्णकी स्त्रीसे तो नहीं उत्पन्न हुई है। पर सन्देह किया ही क्यों जाय। क्योंकि जब मेरा शुद्ध मन भी इस पर रीझ उठा है तब यह निश्चय है कि इसका क्षत्रियसे विवाह हो सकता है। क्योंकि सज्जनोंके मनमें जिस बातपर शंका हो वहाँ जो कुछ उनका मन कहे वही ठीक मान लेना चाहिए ॥२१॥ फिर भी मैं इससे ठीक-ठीक जानने का प्रयत्न करता हूँ।

शकुन्तला—[घबराकर] अरे रे, जल पड़ने से घबराकर उड़ा हुआ यह भौंरा चमेलीको छोड़कर बार-बार मेरे ही मुँहपर मँडराने लगा है। [भौंरेसे पीड़ित होने का नाट्य करती है।]

राजा—[ललचाता हुआ।] अरे भौंरे, तुम सचमुच बड़े भाग्यवान् हो। इधर हम तो सच्ची बातकी खोजमें ही लुट गए, उधर तुम इसकी चञ्चल चितवनसे देखे जाते हुए इस काँपती हुई बालाको बार-बार छूते जा रहे हो, उसके कानोंके पास जाकर ऐसे धीरे-धीरे गुनगुना रहे हो मानो कोई बड़े भेदकी बात उसे सुनाना चाहते हो और बार-बार उसके हाथों से झटके जाने पर भी तुम उसके रस-भरे अधरोंका रस पीते ही जा रहे हो ॥२२॥

शकुन्तला—अरे यह दुष्ट मानता ही नहीं है। चलूँ यहाँ और हट जाऊँ। [दूसरे स्थानपर

(न एष दुष्टो विरमति । अन्यतो गमिष्यामि । कथमितोऽप्यागच्छति । हला परित्रायेथां मामनेन दुर्विनीतेन मधुकरेण अभिभूयमानाम् ।)

उभे—[सस्मितम्] का वय परित्तादु । दुस्सन्द एव्व अक्कन्द । राअरक्खिदव्वाइं तवोवणाइं णाम ।

(के आवां परित्रातुम् । दुष्यन्तमेवाक्रन्द । राजरक्षितव्यानि तपोवनानि नाम ।)

राजा—अवसरोऽयमात्मानं प्रकाशयितुम् । न भेतव्यं न भेतव्यम्—(इत्यर्धोक्ते स्वगतम्) राजभावस्त्वभिज्ञातो भवेत् । भवतु एवं तावदभिधास्ये ।

शकुन्तला—[पदान्तरे स्थित्वा सदृष्टिक्षेपम्] कहं इदोवि मं अणुसरदि ।

(कथमितोऽपि मामनुसरति)

राजा—[सत्वरमुपसृत्य] अः ।

कः पौरवे वसुमतीं शासति शासितरि दुर्विनीतानाम् ।

अयमाचरत्यविनयं मुग्धासु तपस्विकन्यकासु ॥२३॥

[सर्वा राजानं दृष्ट्वा किंचिदिव सम्भ्रान्ताः ।]

अनसूया—अज्ज ण क्खु किंवि अच्चाहिदं । इअं णो पिअसही दुट्ठ महुअरेण अहिहूअमाणा कादरीभूदा । (आर्य न खलुकिमप्यत्याहितं । इयं नौ प्रियसखी दुष्टमधुकरेणाभिभूयमाना कातरीभूता ।) [इति शकुन्तलां दर्शयति ।]

राजा—[शकुन्तलाभिमुखो भूत्वा] अपि तपो वर्द्धते ।

[शकुन्तला साध्वसावनतमुखी तिष्ठति ।]

जाकर और दृष्टि फेरकर ।] अरे, क्या यहाँ भी आ पहुँचा ? अब क्या करूँ ? अरी सखियो ! बचाओ ! बचाओ इस दुष्ट भौंरेसे !! इसने तो मुझे बड़ा तंग कर डाला है।

दोनों—[मुस्कराकर ।] हम कौन होती हैं बचानेवाली ! दुष्यन्तको क्यों नहीं पुकारती हो ! अरी ! तपोवनकी रक्षा करना तो राजाका काम है न !

राजा—अपना परिचय देनेका यह अच्छा अवसर है । डरो मत ! डरो मत ! [आधी बात कहकर फिर मन ही मन । [किन्तु इससे तो ये समझ जायेंगी कि मैं राजा हूँ । अच्छा, तो मैं फिर यों कहता हूँ ।

शकुन्तला—[थोड़ी दूर जाकर खड़ी होकर फिर दृष्टि फेरती है ।] क्या करूँ ? यह तो यहाँ भी मेरा पीछा नहीं छोड़ता ।

राजा—[झटसे प्रकट होकर ।] ओह ! जबतक दुष्टोंको दंड देनेवाला पुरुवंशी दुष्यन्त पृथ्वीपर राज्य कर रहा है तबतक कौन ऐसा है जो भोली-भाली ऋषि-कन्याओं से छेड़छाड़ करे ॥२३॥

[राजाको देखकर सब सकपका जाती हैं ।]

अनसूया—आर्य, ऐसी कोई बड़ी भारी विपत्ति नहीं है । हमारी इस प्यारी सखीको भौंरे ने तंग कर रक्खा था, इसीसे यह कुछ घबरा सी गई है । [शकुन्तलाकी ओर संकेत करती है ।]

राजा—[शकुन्तलाके सामने जाकर] आपकी तपस्या तो सफल हो रही है न ? [शकुन्तला नीचा मुँह करके चुप रह जाती है ।]

अनसूया—दाणिं अदिहिविसेसलाहेण। हला सउन्दले ! गच्छ उडअं फलमिस्सं अग्घं उवहर, इदं पादोदअं भविस्सदि।

(इदानीमतिथिविशेषलाभेन। हला शकुन्तले ! गच्छोटजं फलमिश्रमर्घ्यमुपहर। इदं पादोदकं भविष्यति)

राजा—भवतीनां सूनृतयैव गिरा कृतमातिथ्यम्।

प्रियवदा—तेण हि इमस्सिं दाव पच्छाअसीअलाए सत्तवण्णवेदिआए मुहुत्तअं उवविसिअ परिस्समविणोदं करेदु अज्जो।

(तेन ह्यस्यां तावत् प्रच्छायशीतलायां सप्तपर्णवेदिकायां मुहूर्तमुपविश्य परिश्रमविनोदं करोत्वार्यः।)

राजा—नूनं यूयमप्यनेन कर्मणा परिश्रान्ताः।

अनसूया—हला सउन्दले ! उइदं णो पज्जुवासणं अदिहीए। ता एहि एत्थ उवविसम्ह।

(हला शकुन्तले ! उचितं नः पर्युपासनमतिथीनाम्। तदेहि अत्रोपविशाम।) इति सर्वे उपविशन्ति।]

शकुन्तला—[आत्मगतम्] किं णु क्खु इमं जणं पेक्खिअ तवोवणविरोहिणो विआरस्स गमणीअम्हि संवुत्ता। (किं नु खल्विमं जनं प्रेक्ष्य तपोवनविरोधिनो विकारस्य गमनीयाऽस्मि संवृत्ता।)

राजा—[सर्वा विलोक्य] अहो समवयोरूपरमणीयं भवतीनां सौहार्दम्।

प्रियवदा—[जनान्तिकम्] अणसूए ! को णु क्खु एसो चउरगम्भीराकिदी महुरं पिअं आलवन्तो पहाववन्तो विअ लक्खीअदि। (अनसूये ! को नु खल्वेष चतुरगम्भीराकृतिर्मधुरं प्रियमालपन्प्रभाववानिव लक्ष्यते।)

अनसूया—जी हाँ, आप जैसे अनूठे अतिथिके आ जाने से तपस्या सफल ही समझिए। अच्छा शकुन्तला ! जा कुटीसे कुछ फल फूलके साथ अर्घ्य तो ले आ। चरण धोनेका जल यहीं मिल जायगा।

राजा—आपकी मीठी मीठी बातोंसे ही मेरा अतिथि सत्कार हो गया।

प्रियवदा—तो आर्य ! चलिए घनी छायावाले छतिवनके तले जो शीतल चौतरा है, वहीं क्षणभर बैठकर अपनी थकान मिटाइए।

राजा—आप सब भी तो काम करते करते थक गई होंगी।

प्रियवदा—शकुन्तला ! अतिथिकी बात तो रखनी ही होगी। आओ, चलो बैठा जाय।

शकुन्तला—[मन ही मन] उन्हें देखकर मेरे मनमें न जाने क्यों ऐसी उथल-पुथल हो रही है जैसी तपोवनके निवासियोंके मनमें नहीं होनी चाहिए।

राजा—[सबको देखकर] आप लोग एक सी रूपवाली और अवस्थावाली हैं। आप लोगोंका आपसका प्रेम मुझे बड़ा प्यारा लगता है।

प्रियवदा—[धीरेसे] अनसूया, ये चतुर और गम्भीर दिखाई देनेवाले तथा प्रिय और मधुर बोलनेवाले कोई बड़े भारी व्यक्ति जान पड़ते हैं।

अनसूया—महि मम वि अत्थि कोदूहलं । पुच्छिस्सं दाव णं [प्रकाशम्] अज्जस्स महुरालावजणिदो वीसम्भो मं मन्तावेदि कदमो अज्जेण राएसिणो वंसो अलंकरीअदि कदमो वा विरहपज्जुस्सुअजणो किदो देसो । किंणिमित्तं वा सुउमारदरो वि तवोवणगमणपरिस्समस्स अत्ता पदं उवणीदो ।

(सखि ममाप्यस्ति कौतूहलम् । पृच्छामि तावदेनम् । आर्यस्य मधुरालापजनितो विश्रम्भो मां मन्त्रयते कतम आर्येण राजर्षेर्वंशोऽलंक्रियते कतमो वा विरहपर्युत्सुकजनः कृतो देशः किंनिमित्तं वा सुकुमारतरोऽपि तपोवनगमनपरिश्रमस्यात्मा पदमुपनीत ।)

शकुन्तला—[आत्मगतम्] हिअअ मा उत्तम्म । एसा तुए चिन्तिदाइं अणसूया मन्तेदि । (हृदय मा उत्ताम्य । एषा त्वया चिन्तितान्यनसूया मन्त्रयते ।)

राजा—[आत्मगतम्] कथमिदानीमात्मानं निवेदयामि कथं वा आत्मापहारं करोमि । भवतु एवं तावदेनां वक्ष्ये—[प्रकाशम्] भवति यः पौरवेण राज्ञा धर्माधिकारे नियुक्तः सोऽहमाश्रमिणामविघ्नक्रियोपलम्भाय धर्मारण्यमिदमायातः ।

अनसूया—सणाहा दाणिं धम्मआरिणो । (सनाथा इदानीं धर्मचारिणः) [शकुन्तला शृङ्गारलज्जां रूपयति]

सख्यौ—[उभयोराकारं विदित्वा जनान्तिकम्] हला सउन्दले जइ एत्थ अज्ज तादो सण्णिहिदो भवे । (हला शकुन्तले यद्यत्राद्य तातः सन्निहितो भवेत् ।)

शकुन्तला—तदो किं भवे । (ततः किं भवेत् ।)

अनसूया—[प्रियंवदासे धीरे से] सखी, मुझे भी जानने की बड़ी उत्कण्ठा है । चलो इन्हीं से पूछूँ । [प्रकट] आर्य ! आपकी मीठी बातोंसे जो हमें आपमें विश्वास उत्पन्न हो गया है वह हमें आपसे यह पूछनेको उकसा रहा है कि आर्यने किस राजवंशको सुशोभित किया है, किस देशकी प्रजाको अपने विरहसे व्याकुल करके आर्य यहाँ पधारे हैं और ऐसा कौन-सा काम आ पड़ा है जिसने आपके इस सुकुमार शरीरको इस तपोवन तक लाने का कष्ट दिया है ।

शकुन्तला—[मन ही मन] हृदय, उतावले मत बनो ! तुम्हारे ही मनकी बात अनसूया पूछ रही है ।

राजा—[मन ही मन] अब अपना क्या परिचय दूँ और कैसे अपनेको छिपाऊँ ? अच्छा मैं इनसे यह कहता हूँ । [प्रकट] भद्रे पुरुवंशी राजाने मुझे अपने राज्यकी धार्मिक क्रियाओं की देख-भालका काम सौंप रखा है । इसलिये मैं यह देखने आया हूँ कि आश्रममें रहनेवाले तपस्वियोंके कार्यमें कोई विघ्न तो नहीं पड़ता ।

अनसूया—आर्य ! धर्म-क्रिया करनेवाले लोगोंपर आपने बड़ी कृपा की है ।

[शकुन्तला प्रेम और लज्जाका नाट्य करती है]

दोनों—[शकुन्तला और दुष्यन्तके मनकी बात ताड़कर धीरेसे] शकुन्तला ! यदि आज पिताजी घर होते—

शकुन्तला—तो क्या होता ।

सख्यौ—इमं जीविदसव्वस्सेण वि श्रदिहिविसेसं किदत्थं करिस्सदि। इमं जीवितसर्वस्वेनाप्यतिथिविशेषं कृतार्थं करिष्यति।)

शकुन्तला—तुम्हे अवेध। किं वि हिअए करिअ मन्तेध। ण वो वअणं सुणिस्सं। (युवामपेतम्। किमपि हृदये कृत्वा मन्त्रयेथे। न युवयोर्वचनं श्रोष्यामि।)

राजा—वयमपि तावद्भवत्योः सखीगतं किञ्चित् पृच्छामः।

सख्यौ—अज्ज अणुग्गहो विअ इअं अब्भत्थणा। (आर्य अनुग्रह इवेयमभ्यर्थना।)

राजा भगवान्कण्वः शाश्वते ब्रह्मणि स्थित इति प्रकाशः। इयं च वः सखी तदात्मजेति कथमेतत्।

अनसूया—सुणादु अज्जो। अत्थि को वि कोसिओत्ति गोत्तणामहेओ महाप्पहावो राएसी। (शृणोत्वार्य. । अस्ति कोऽपि कौशिक इति गोत्रनामधेयो महाप्रभावो राजर्षि.।)

राजा—अस्ति श्रूयते।

अनसूया—तं णो पिअसहीए पहवं अवगच्छ। उज्झिआए सरीरसंवड्ढणादिहिं तादकण्णो से पिदा। (तमावयोः प्रियसख्याः प्रभवमवगच्छ। उज्झितायाः शरीरसंवर्धनादिभिस्तातकण्वोऽस्याः पिता।)

राजा—उज्झितशब्देन जनितं मे कौतूहलम्। आमूलाच्छ्रोतुमिच्छामि।

दोनो—इस अनूठे अतिथिको अपने जीवनका सर्वस्व देकर भी इन्हे निहाल कर देते।

शकुन्तला—चलो हटो, तुम लोग न जाने क्या-क्या मनमे लेकर बोलती हो। अब मैं तुम्हारी बातें सुनूँगी ही नही।

राजा—[अनसूया और प्रियंवदासे] हम भी आपकी सखीके विषयमे कुछ पूछना चाहते हैं।

दोनो—पूछिए आर्य, यह तो आपकी कृपा ही है।

राजा—हमने तो सुन रक्खा था कि महर्षि कण्व जन्मसे ही ब्रह्मचारी है, फिर आपकी ये सखी उनकी कन्या कैसे हो गई ?

अनसूया—मैं बताती हूँ आर्य ! कौशिक गोत्रके एक बडे प्रतापी राजर्षि है न !

राजा—हाँ, हाँ हैं, मैंने सुना है।

अनसूया—तो बस यही समझिए कि हमारी सखी उन्हीकी कन्या है। इसकी माता इसे छोडकर चल दी तो कण्व महर्षिने ही इसे पाल-पोसकर बडा किया। इसीलिये वे इसके पिता कहलाते हैं।

राजा—छोड़कर चल देनेकी बात सुनकर तो मेरी उत्कंठा और भी बढ गई है। मैं इसकी पूरी कथा सुनना चाहता हूँ।

अनसूया—सुणादु अज्जो । गोदमीतीरे पुरा किल तस्स राएसिणो उग्गे तवसि वट्टमाणस्स किंवि जादसङ्केहिं देवेहिं मेणआ णाम अच्छरा पेसिदा णिअमविग्घकारिणी । (शृणोत्वार्यः गौतमीतीरे पुरा किल तस्य राजर्षेरुग्रे तपसि वर्तमानस्य किमपि जातशङ्कैर्देवैर्मेनका नाम अप्सराः प्रेषिता नियमविघ्नकारिणी ।)

राजा—अस्त्येतदन्यसमाधिभीरुत्वं देवानाम् ।

अनसूया—तदो वसन्तोदारसमए से उम्मादइत्तअं रूवं पेक्खिअ—(ततो वसन्तोदारसमये तस्या उन्मादयितृ प्रेक्ष्य—) [इत्यर्धोक्ते लज्जया विरमति ।]

राजा—परस्ताज्ज्ञायत एव । सर्वथा अप्सरःसम्भवैषा ।

अनसूया—अह इं । (अथ किम् ।)

राजा—उपपद्यते

मानुषीषु कथं वा स्यादस्य रूपस्य संभवः ।
न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात् ॥२४॥

(शकुन्तला अधोमुखी तिष्ठति ।)

राजा—[आत्मगतम्] हन्त लब्धावकाशो मे मनोरथः । किन्तु सख्याः परिहासोदाहृतां वरप्रार्थनां श्रुत्वा धृतद्वैधीभावकातरं मे मनः ।

प्रियंवदा—[सस्मितं शकुन्तलां विलोक्य नायकाभिमुखी भूत्वा] पुणो वि वत्तुकामो विअ अज्जो । (पुनरपि वक्तुकाम इवार्यः ।)

[शकुन्तला सखीमङ्गुल्या तर्जयति ।]

अनसूया—तो सुनिए आर्य । बहुत दिनोंकी बात है । गौतमी (गोदावरी) के तटपर बैठे हुए वे राजर्षि एक बार घोर तपस्या कर रहे थे । ऐसा कहा जाता है कि उनके तपसे कुढ़कर देवताओंने उनका तप डिगानेके लिये मेनका नामकी अप्सरा भेजी ।

राजा—हाँ, यह तो है ही । औरोंकी तपस्या देखकर देवता लोग कुढ़ा ही करते हैं ।

अनसूया—तो वसन्तके आरम्भमें उसका मदभरा यौवन देखकर [आधा कहकर ही लजा जाती है ।]

राजा—बस-बस आगे मैं समझ गया । तो ये सचमुच अप्सराकी कन्या हैं ।

अनसूया—जी हाँ ।

राजा—ठीक भी है । नहीं तो मनुष्योंमें भला ऐसा रूप कहाँ मिल पाता है । चञ्चल चमकवाली बिजली पृथ्वीतलसे थोड़े ही निकला करती है ॥२४॥

[शकुन्तला सिर झुका लेती है ।]

राजा—[मन ही मन] चलो, मेरे मनोरथको कुछ सहारा तो मिला । पर इसकी सखी प्रियंवदाने हँसी-हँसीमें कुछ इसके वर मिलनेकी भी बात कही थी । इसीसे मेरा मन अभी दुविधामें ही पड़ा हुआ है ।

प्रियंवदा—[मुस्कराकर पहले शकुन्तलाकी ओर फिर राजाकी ओर देखकर ।] क्या आर्य कुछ और भी पूछना चाहते हैं ?

[शकुन्तला सखीको उँगलीसे तरजती है ।]

राजा—सम्यगुपलक्षितं भवत्या । अस्ति नः सच्चरितश्रवणलोभादन्यदपि प्रष्टव्यम् ।

प्रियंवदा—अलं विआरिअ । अणिअन्तणाणुओओ तवस्सिअणो णाम । (अलं विचार्य अनियन्त्रणानुयोगस्तपस्विजनो नाम ।)

राजा—इति सखीं ते ज्ञातुमिच्छामि—

वैखानसं किमनया व्रतमाप्रदानाद्व्यापाररोधि मदनस्य निषेवितव्यम् ।
अत्यन्तमेव मदिरेक्षणवल्लभाभिराहो निवत्स्यति समं हरिणाङ्गनाभिः ॥२५॥

प्रियंवदा—अज्ज ! धम्माचरणे वि परवसो अअं जणो । गुरुणो उण से अणुरूववरप्पदाणे संकप्पो । (आर्य ! धर्माचरणेऽपि परवशोऽयं जनः । गुरोः पुनरस्या अनुरूपवरप्रदाने संकल्पः ।)

राजा—[आत्मगतम्] न दुरवापेयं खलु प्रार्थना ।

भव हृदय साभिलाषं संप्रति संदेहनिर्णयो जातः ।
आशङ्कसे यदग्निं तदिदं स्पर्शक्षमं रत्नम् ॥२६॥

शकुन्तला—[सरोषमिव] अणसूए गमिस्सं अहं । (अनसूये ! गमिष्याम्यहम् ।)

अनसूया—किं णिमित्तं । (किं निमित्तम् ।)

शकुन्तला—इमं असंबद्धप्पलाविणिं पिअंवदं अज्जाए गोदमीए णिवेदइस्सं । (इमामसंबद्धप्रलापिनीं प्रियंवदामार्यायै गौतम्यै निवेदयिष्यामि ।)

राजा—आपने हमारे मनकी बात ठीक ताड़ ली है। इनकी सुन्दर कथा सुननेके लोभसे हम कुछ और पूछना चाहते हैं।

प्रियंवदा—तो सकोच न कीजिए ! तपस्वियोंसे तो आप बिना झिझकके कुछ भी पूछ सकते हैं।

राजा—आपकी सखीके सम्बन्धमें हम यह जानना चाहते हैं कि-इन्होंने, कामदेवकी गतिको रोकनेवाला यह जो तपस्वियोंका-सा बाना बनाया है यह विवाह होनेतक ही रहेगा, अथवा ये अपना सारा जीवन, मदभरी आँखोंके कारण प्यारी लगनेवाली हरिणियोंके बीचमें रहकर यों ही बिता डालेंगी ॥२५॥

प्रियंवदा—आर्य ! धर्मके काम भी यह अपने मनसे नहीं कर सकती। फिर भी पिताजी का सकल्प है कि यदि इसके योग्य वर मिल जायगा तो विवाह कर देंगे।

राजा—[मन ही मन] इस सङ्कल्पका पूरा होना तो कठिन नहीं है। हृदय, तू आशा न छोड़। जो दुविधा थी वह तो जाती रही, क्योंकि जिसे तू अग्नि समझकर छूनेसे डरता था वह तो छूनेके योग्य रत्न निकल आया ॥२६॥

शकुन्तला—[खीझकर] अनसूया, मैं चली जा रही हूँ।

अनसूया—क्यों ! क्यों !

शकुन्तला—इस अटपट बकनेवाली प्रियंवदाकी सारी बातें जाकर आर्या गौतमीसे कहे आती हूँ।

अनसूया—सहि ण जुत्तं अस्समवासिणो अकिदसक्कारं अदिहिविसेसं विसज्जिअ सच्छन्ददो गमणं। (सखि न युक्तमाश्रमवासिनोऽकृतसत्कारमतिथिविशेषं विसृज्य स्वच्छन्दतो गमनम् ।)

[शकुन्तला न किञ्चिदुक्त्वा प्रस्थितैव ।]

राजा—[स्वगतम्] आः कथं गच्छति । [ग्रहीतुमिच्छन्निगृह्यात्मानम्]

अनुयास्यन्मुनितनयां सहसा विनयेन वारितप्रसरः ।
स्थानादनुच्चलन्नपि गत्वेव पुनः प्रतिनिवृत्तः ॥२७॥

प्रियंवदा—[शकुन्तलां निरुध्य] हला ण दे जुत्तं गन्तुं । (हला न ते युक्तं गन्तुम् ।)

शकुन्तला—[सभ्रूभङ्गम्] किं णिमित्तं । [किं निमित्तम् ।]

प्रियंवदा—रुक्खसेअणके दुवे धारेसि मे । एहि दाव अत्ताणं मोचिअ तदो गमिस्ससि । (वृक्षसेचने द्वे धारयसि मे । एहि तावद् आत्मानं मोचयित्वा ततो गमिष्यसि ।)

[इति बलादेनां निवर्तयति]

राजा—भद्रे ! वृक्षसेचनादेव परिश्रान्तामत्रभवतीं लक्षये । तथा ह्यस्याः—

स्रस्तांसावतिमात्रलोहिततलौ बाहू घटोत्क्षेपणा-
दद्यापि स्तनवेपथुं जनयति श्वासः प्रमाणाधिकः ।
बद्धं कर्णशिरीषरोधि वदने घर्माम्भसां जालकं,
बन्धे स्रंसिनि चैकहस्तयमिताः पर्याकुला मूर्धजाः ॥२८॥

तदहमेनामनृणां करोमि । [अङ्गुलीयं दातुमिच्छति ।]

[उभे नाममुद्राक्षराण्यनुवाच्य परस्परमवलोकयतः ।]

अनसूया—सखी, ऐसे बड़े अतिथिका सत्कार किए बिना उन्हें छोड़कर स्वेच्छासे चले जाना अच्छा नहीं है।

[शकुन्तला बिना उत्तर दिए जानेको प्रस्तुत होती है।]

राजा—[मन ही मन] अरे, जाती क्यों हो ? [उसे रोकनेको उठते हैं फिर अपनेको रोक लेते हैं।] इस मुनि कन्याके पीछे जाते-जाते शिष्टताके कारण मैं सहसा रुक गया हूँ और यद्यपि मैं अपने स्थानसे हिला तक नहीं फिर भी मुझे ऐसा लग रहा है मानो मैं कुछ दूर चलकर लौट आया होऊँ ॥२७॥

प्रियंवदा—[शकुन्तलाको रोककर।] सखी तुम्हारा इस प्रकार चल देना ठीक नहीं है।

शकुन्तला—[भौंह चढ़ाकर] क्यों ?

प्रियंवदा—क्योंकि तुम अभी दो पौधे और सींचनेका काम मुझसे हार चुकी हो। अपना ऋण चुका लेना तब जाना।

राजा—अरे, पौधोंको सींचनेसे ही तो आपकी सखी थकी हुई दिखाई पड़ रही है। क्योंकि—घड़े उठाते-उठाते इसके कंधे ढीले पड़ गए हैं, हथेलियाँ लाल हो गई हैं, इसके बार-बार उठते हुए स्तन बता रहे हैं कि अभीतक इसकी साँस फूल रही है, कानोंमें लटके हुए शिरीषके फूल भी नहीं हिल रहे हैं क्योंकि गालोंकी बूँदोंने उनकी पंखड़ियाँ आपसमें चिपका दी हैं और जूड़ेके खुल जानेसे उसके बिखरे हुए बाल एक हाथसे किसी-किसी प्रकार सँभाले जा रहे हैं। अच्छा इसलिए मैं इसका ऋण मैं चुकाए देता हूँ। [अपनी अँगूठी देना चाहता है। मुद्रापर अंकित नाम पढ़कर दोनों एक दूसरेको देखती हैं।]

राजा—अलमस्मानन्यथा संभाव्य। राज्ञः परिग्रहोऽयमिति राजपुरुषं मामवगच्छथ।

प्रियंवदा—तेण हि णारिहदि एदं अङ्गुलीअअं अंगुलिविओअं। अज्जस्स वअणेण अणिरिणा दाणिं एसा। [किंचिद्विहस्य] हला सउन्दले मोइदासि अणुअम्पिणा अज्जेण अहवा महाराएण। गच्छ दाणिं। (तेन हि नार्हत्येतदङ्गुलीयकमङ्गुलिवियोगम्। आर्यस्य वचनेनानृणा इदानीमेषा। हला शकुन्तले! मोचितास्यनुकम्पिना आर्येण अथवा महाराजेन। गच्छेदानीम्।)

शकुन्तला—[आत्मगतम्] जइ अत्तणो पहविस्सं [प्रकाशम्] का तुमं विसज्जिदव्वस्स रुन्धिदव्वस्स वा। (यद्यात्मनः प्रभविष्यामि। का त्वं विसर्जितव्यस्य रोद्धव्यस्य वा।)

राजा—[शकुन्तलां विलोक्य आत्मगतम्] किं नु खलु यथा वयमस्यामेवमियमप्यस्मान्प्रति स्यात्। अथवा लब्धावकाशा मे प्रार्थना। कुतः।

वाचं न मिश्रयति यद्यपि मद्वचोभिः कर्णं ददात्यभिमुखं मयि भाषमाणे।
कामं न तिष्ठति मदाननसंमुखीना भूयिष्ठमन्यविषया न तु दृष्टिरस्याः ॥२९॥

[नेपथ्ये]

भो भोस्तपस्विनः संनिहितास्तपोवनसत्त्वरक्षायै भवत। प्रत्यासन्नः किल मृगयाविहारी पार्थिवो दुष्यन्तः।

तुरगखुरहतस्तथा हि रेणुर्विटपनिषक्तजलार्द्रवल्कलेषु।
पतति परिणतारुणप्रकाशः शलभसमूह इवाश्रमद्रुमेषु ॥३०॥

राजा—मुझे आप कोई और न समझ बैठिएगा। यह अँगूठी मुझे राजासे पुरस्कारमें मिली है। मुझे आप लोग राज-पुरुष ही समझिए।

प्रियंवदा—तब तो इस अँगूठीको आपकी उँगलीसे अलग करना ठीक नहीं है। आपके कहने ही भरसे इसका ऋण चुकता हो गया। शकुन्तला! इनको या यों कहो कि महाराजकी कृपासे तुम ऋणसे मुक्त हो गई हो। अब जा सकती हो।

शकुन्तला—[मन ही मन।] अपना मन हाथमें हो तब तो जाऊँ। [प्रकट।] मुझे जाने देनेवाली या रोकनेवाली तुम होती कौन हो?

राजा—[शकुन्तलाको देखकर आपही आप] कहीं यह भी तो हमपर वैसे ही नहीं रीझ गई है जैसे हम इसपर रीझे हैं? या फिर जान पड़ता है कि हमारे मनोरथोंके फलनेके दिन आ गए। क्योंकि—यद्यपि यह स्वयं मुझसे बातचीत नहीं करती फिर भी जब मैं बोलने लगता हूँ तब कान लगाकर मेरी बातें सुनने लगती है और यद्यपि मेरे सामने यह मुँह करके नहीं बैठती फिर भी इसकी आँखें मुझपर ही लगी रहती हैं।

[नेपथ्यमें]

हे तपस्वियो! आकर तपोवनके प्राणियोंको बचाओ। आखेटका प्रेमी राजा दुष्यन्त पास ही आ पहुँचा है। उसके घोड़ोंकी टापोंसे उठी हुई और साँझकी ललाईके समान लाल-लाल धूल टिड्डी दलके समान उड़कर आश्रमके उन वृक्षोंपर फैली पड़ रही है जिनकी शाखाओंपर गीले वल्कलके वस्त्र फैलाए हुए हैं ॥३०॥

अपि च—

तीव्राघातप्रतिहततरुः स्कन्धलग्नैकदन्तः
पादाकृष्टव्रततिवलयासङ्गसंजातपाशः ।
मूर्तो विघ्नस्तपस इव नो भिन्न सारङ्गयूथो
धर्मारण्यं प्रविशति गजः स्यन्दनालोकभीतः ॥३१॥

[सर्वाः कर्णं दत्वा किंचिदिव सम्भ्रान्ताः ।]

राजा—[आत्मगतम्] अहो धिक् । सैनिका अस्मदन्वेषिणस्तपोवनमुपरुन्धन्ति । भवतु । प्रतिगमिष्यामस्तावत् ।

सख्यौ—अज्ज इमिणा आरण्णअवुत्तन्तेण पज्जाउल म्ह । अणुजाणीहि णो उडअगमणस्स । (आर्य अनेनारण्यकवृत्तान्तेन पर्याकुलाः स्मः । अनुजानीहि न उटजगमनाय ।)

राजा—[ससंभ्रमम्] गच्छन्तु भवत्यः । वयमप्याश्रमपीडा यथा न भवति तथा प्रयतिष्यामहे ।

[सर्वे उत्तिष्ठन्ति ।]

सख्यौ—अज्ज असंभाविदअदिहिसक्कारं भूओ वि पेक्खणणिमित्तं लज्जेमो अज्जं विण्णविदुं ।

(आर्य असंभावितातिथिसत्कारं भूयोऽपि प्रेक्षणनिमित्तं लज्जावहे आर्यं विज्ञापयितुम् ।)

राजा—मा मैवम् । दर्शनेनैव भवतीनां पुरस्कृतोऽस्मि ।

[शकुन्तला राजानमवलोकयन्ती सव्याजं विलम्ब्य सह सखीभ्यां निष्क्रान्ता ।]

और देखो—राजाके रथसे डरा हुआ यह जंगली हाथी हमारी तपस्याके लिये साक्षात् विघ्न बना हुआ हरिणोंके झुण्डको तितर-बितर करता हुआ तपोवनमें घुसा चला आ रहा है। इसने अपनी करारी टक्करसे एक वृक्ष उखाड़ लिया है जिसमें उसका एक दाँत फँसा हुआ है। और टूटी हुई लताएँ फन्देके समान उसके पैरोंमें उलझी हुई हैं ॥३१॥

[सब कुमारियाँ सुनकर कुछ घबरा जाती हैं ।]

राजा—[मन ही मन] अरे, धिक्कार है इन सैनिकोंको। जान पड़ता है हमें ढूँढनेके लिये ये तपोवनको रौंदे डाल रहे हैं। अब हमें उधर चलना ही चाहिए।

दोनों—आर्य ! इस जंगली हाथीकी बात सुनकर हम लोग डर गई हैं। हमें कुटीमें जानेकी आज्ञा दीजिए।

राजा—[शीघ्रतासे] आप लोग चलें। मैं भी प्रयत्न करता हूँ कि तपोवनमें विघ्न न हो।

दोनों—आर्य ! हम लोगोंने आपका कुछ भी सत्कार नहीं किया इसलिये—[सब उठती हैं।] आपसे यह प्रार्थना करते हुए बड़ा सकोच हो रहा है कि हमें फिर दर्शन दें।

राजा—नहीं, नहीं ऐसा न कहिए। आप लोगोंके दर्शनसे ही हमारा सत्कार हो गया।

[शकुन्तला राजा को देखती हुई कुश चुभने और डालमें चोली फँसनेका बहाना करके थोड़ा रुकती है और फिर सखियोंके साथ चल देती है।]

राजा—मन्दौत्सुक्योऽस्मि नगरगमनं प्रति यावदनुयात्रिकान्समेत्य नातिदूरे तपोवनस्य निवेशयेयम्। न खलु शक्नोमि शकुन्तलाव्यापारादात्मानं निवर्तयितुम्। मम हि—

गच्छति पुरः शरीरं धावति पश्चादसंस्तुतं चेतः।
चीनांशुकमिव केतोः प्रतिवातं नीयमानस्य ॥३२॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे।]

इति प्रथमोऽङ्कः।

राजा—नगरमें जानेका सारा हुलास ठंडा पड़ गया है। इसलिये आश्रमके पास ही सैनिकोंके साथ डेरा डाले देता हूँ। जान पड़ता है कि शकुन्तलाके इस प्रेम-व्यवहारसे मैं छुटकारा न पा सकूँगा। क्योंकि—जैसे पवनके सामने झण्डा ले चलनेपर उसकी रेशमी झण्डी पीछे को फहराती चलती है वैसे ही ज्यों-ज्यों मेरा शरीर आगे बढ़ता है त्यों-त्यों मेरा चञ्चल मन पीछे को दौड़ता चलता है।

[सबका प्रस्थान।]

पहला अंक समाप्त

द्वितीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति विषण्णो विदूषकः ।]

विदूषकः—[निःश्वस्य] भो दिट्ठं एदस्स मअआसीलस्स रण्णो वअस्सभावेण णिव्विण्णो म्हि । अअं मओ अअं वराहो अअं सद्दूलोत्ति मज्झण्णे वि गिम्हविरलपाअवच्छाआसु वणराईसु आहिण्डीअदि अडवीदो अडवी । पत्तसंकरकसाआइं कडुआइं गिरिणईजलाइं पीअन्ति अणिअदवेलं सुल्लमंसभूइट्ठो आहारो । अण्हीअदि तुरगाणुधावणकण्डिदसंधिणो रत्तिम्मि वि णिकामं सइदव्वं णत्थि । तदो महन्ते एव्व पच्चूसे दासीएपुत्तेहिं सउणिलुद्धएहिं वणग्गहणकोलाहलेण पडिबोधिदो म्हि । एत्तएण दाणिं वि पीडा ण णिक्कमदि । तदो गण्डस्स उवरि पिण्डआ संवुत्तो । हिओ किल अम्हेसु ओहीणेसु तत्तहोदो मआणुसारेण अस्समपदं पविट्ठस्स तावसकण्णआ सउन्दला मम अधण्णदाए दंसिदा । संपदं णअरगमणस्स मणं कहं वि ण करेदि । अज्ज वि से तं एव्व चिन्तअन्तस्स अक्खीसु पभादं आसि । का गदी । जाव णं किदाचारपरिक्कमं पेक्खामि । [इति परिक्रम्यावलोक्य च] एसो बाणासणहत्थाहिं जवणीहिं वणपुप्फमालाधारिणीहिं पडिवुदो इदो एव्व आअच्छदि पिअवअस्सो । होदु । अङ्गभङ्गविअलो विअ भविअ चिट्ठिस्सं । जइ एव्वं वि णाम विस्समं लहेअं ।

(भो दृष्टम् । एतस्य मृगयाशीलस्य राज्ञो वयस्यभावेन निर्विण्णोऽस्मि । अयं मृगोऽयं वराहोऽयं शार्दूल इति मध्याह्नेऽपि ग्रीष्मविरलपादपच्छायासु वनराजीष्वाहिण्ड्यतेऽटवीतोऽटवी । पत्रसंकरकषायाणि कटूनि गिरिनदीजलानि पीयन्ते । अनियतवेलं शूल्यमांसभूयिष्ठ आहारो भुज्यते । तुरगानुधावन-

---

द्वितीय अङ्क

[उदास मन से विदूषकका प्रवेश ।]

विदूषक—[लम्बी साँस भरता हुआ] बस देख लिया । इस अहेरी राजाकी मित्रतासे तो जी घबरा उठा है ! भरी दुपहरीमें भी एक वनसे दूसरे वनमें भटकते हुए उन जंगली प्रदेशोंमें होकर चलना पड़ता है जहाँ गर्मीके कारण पेड़ोंमें छाँह तक नहीं रह गई है और दिन-रात यही हल्ला कान फोड़े डालता है—यह मृग आया, वह सूअर निकला, वह रहा सिंह । फिर, सड़े हुए पत्तोंसे मिले हुए जलवाली नदियोंका कसैला और कड़वा पानी पीना पड़ता है और अबेर-सबेर लोहेकी सीखोंपर भुना हुआ माँस खानेको मिलता है । घोड़ेके पीछे दौड़ते-दौड़ते शरीरके जोड़-जोड़ ऐसे ढीले पड़ गए हैं कि रातमें आँख भी ठीक नहीं लग पाती । तिसपर ये दासी-पुत्र चिड़ीमार तड़के-तड़के चलो वनको, चलो वनको—चिल्ला-चिल्लाकर ऐसा हल्ला मचाते हैं कि आई-अघाई नींद उचट जाती है । अभी यह विपत्ति टली नहीं थी कि उधर फोड़ेके ऊपर फुन्सीके समान दूसरी विपत्ति आ धमकी है । सुनते हैं कि हम लोगोंका साथ छूट जानेपर मृगका पीछा करते-करते राजा भी तपस्वियोंके आश्रममें जा पहुँचे । वहाँ मेरे दुर्भाग्यसे उन्हें मुनि-कन्या शकुन्तला दिखाई दे गई । अब किसी भी प्रकार उनका मन नगर लौटनेको करता ही नहीं । आज भी रातभर

कण्डितसन्धेः रात्रावपि निकामं शयितव्यं नास्ति। ततो महत्येव प्रत्यूषे दास्याःपुत्रैः शकुनिलुब्धकैर्वन-ग्रहणकोलाहलेन प्रतिबोधितोऽस्मि। इयतेदानीमपि पीडा न निष्क्रामति। ततो गण्डस्योपरि पिण्डकः संवृत्तः। ह्यः किलास्मास्ववहीनेषु तत्रभवतो मृगानुसारेणाश्रमपदं प्रविष्टस्य तापसकन्यका शकुन्तला ममाधन्यतया दर्शिता। साम्प्रतं नगरगमनस्य मनः कथमपि न करोति। अद्यापि तस्य तामेव चिन्तयतोऽक्ष्णोः प्रभातमासीत्। का गतिः। यावत्तं कृताचारपरिकर्मं पश्यामि। एष बाणासनहस्ताभिर्यवनीभिर्वनपुष्पमालाधारिणीभिः परिवृत इत एवागच्छति प्रियवयस्यः। भवतु। अङ्गभङ्गविकल इव भूत्वा स्थास्यामि। यद्येवमपि नाम विश्रमं लभेय।)

[इति दण्डकाष्ठमवलम्ब्य स्थितः।]

[ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टपरिवारो राजा।]

राजा—

कामं प्रिया न सुलभा मनस्तु तद्भावदर्शनाश्वासि।
अकृतार्थेऽपि मनसिजे, रतिमुभयप्रार्थना कुरुते॥१॥

[स्मितं कृत्वा] एवमात्माभिप्रायसंभावितेष्टजनचित्तवृत्तिः प्रार्थयिता विडम्ब्यते। तथा हि—

स्निग्धं वीक्षितमन्यतोऽपि नयने यत्प्रेरयन्त्या तया
यातं यच्च नितम्बयोर्गुरुतया मन्दं विलासादिव।
मा गा इत्युपरुद्धया यदपि सा सासूयमुक्ता सखी
सर्वं तत्किल मत्परायणमहो कामी स्वतां पश्यति॥२॥

उसीकी चिन्तामें जागते हुए उनकी आँखोंने सवेरा कर दिया। क्या करूँ। चलूँ, वे नित्य-कर्म कर चुके हों तो उनसे दो बातें करूँ। [घूमकर और देखकर।] अरे, मेरे मित्र तो इधर ही चले आ रहे हैं जिनके साथ हाथ में धनुष लिए और गलेमें जंगली फूलोंकी माला पहने हुए बहुत सी यवनी सेविकाएँ भी चली आ रही हैं। अच्छी बात है, मैं भी लुञ्ज-पुञ्ज-सा बनकर खड़ा हो जाता हूँ। कौन जाने इसी प्रकार थोड़ा विश्राम मिल जाय। [लाठी टेककर खड़ा हो जाता है।]

[जैसा ऊपर कहा गया है, उस प्रकारकी सेविकाओं के साथ राजाका प्रवेश।]

राजा—यद्यपि प्यारीका मिलना है तो बड़ा कठिन पर उसकी चाल-ढालसे मनको बड़ा सहारा मिल रहा है। हम दोनोंका मिलन भले हो न हो पर इतना तो सन्तोष है कि मिलनेका चाव दोनों ओर एक सा है॥१॥ [मुसकराकर] जो प्रेमी अपनी प्रियतमाके मनको अपने मनसे परखता है वह इसी प्रकार धोखा खाता है। और देखो—जब वह आँखें घुमाती थी तब मैं समझता था कि उसने मुझपर ही प्यार-भरी चितवन डाली है। नितम्बोंके भारी होनेके कारण जब वह धीरे-धीरे चलती थी तब मैं समझता था कि वह मुझे अपनी चटक-मटक भरी चाल दिखा रही है। जब उसको सखियोंने उसे जानेसे रोका उस समय अपनी सखियोंपर जो वह लाल-पीली हुई तब मैं समझा कि यह सब मेरे ही प्रेमके लिये हो रहा है। आह, कामीको सब बातें अपने ही मनकी दिखाई पड़ती हैं॥२॥

विदूषकः—[तथास्थित एव] भो वअस्स ण मे हत्थपाआ पसरन्ति। ता वाआमेत्तएण जई करीअसि। जेदु जेदु भवं (भो वयस्य! न मे हस्तपादा प्रसरन्ति। तद् वाचामात्रेण जयीक्रियते। जयतु जयतु भवान्।)

राजा—कुतोऽयं गात्रोपघातः।

विदूषकः—कुदो किल सअं अच्छी आउलीकरिअ अस्सुकारणं पुच्छेसि। (कुतः किल स्वयमक्ष्याकुलीकृत्याश्रुकारणं पृच्छसि।)

राजा—न खल्ववगच्छामि।

विदूषकः—भो वअस्स ज वेदसो कुज्जलीलं विडम्बेदि तं किं अत्तणो पहावेण उद णईवेअस्स। (भो वयस्य! यद्वेतसः कुब्जलीलां विडम्बयति तत्किमात्मनः प्रभावेण उत नदीवेगस्य।)

राजा—नदीवेगस्तत्र कारणम्।

विदूषकः—मम वि भवं। (ममापि भवान्)

राजा—कथमिव।

विदूषकः—एव्वं राअकज्जाणि उज्झिअ तारिसे आउलप्पदेसे वणचरवुत्तिणा तुए होदव्वं। जं सच्चं पच्चहं सावदसमुच्छारणेहिं सक्खोहिअसंधिबन्धाणं मम गत्ताणं अणीसो म्हि संवुत्तो। ता पसादइस्सं विसज्जिदुं मं एक्काहं वि दाव विस्समिदुं। (एव राजकार्याण्युज्झित्वा तादृशे आकुलप्रदेशे वनचरवृत्तिना त्वया भवितव्यम्। यत्सत्यं प्रत्यहं श्वापदसमुत्सारणैः संक्षोभितसंधिबन्धानां मम गात्राणामनीशोऽस्मि संवृत्तः। तत्प्रसादयिष्यामि विसर्जितुं मामेकाहमपि तावद्विश्रमितुम्।)

विदूषक—[उसी मुद्रामें खड़ा हुआ] मेरे हाथ-पैर तो खुल नहीं रहे हैं, इसलिये मैं केवल मुँहसे ही आपको जय-जयकार मनाता हूँ। आपकी जय हो।

राजा—यह अंग-भंग कैसे हो गया?

विदूषक—कैसे क्या? आँखोंमें उँगली कोचकर पूछ रहे हैं कि आँसू कहाँ से आए?

राजा—मैं तो कुछ भी नहीं समझ पाया।

विदूषक—अच्छा मित्र, यह तो बताइए कि नदीमें जो बेंतकी लता कुबड़ी बनी खड़ी रहती है वह अपने मनसे वैसी रहती है या नदीके वेगके कारण?

राजा—नदीका वेग ही उसका कारण है।

विदूषक—तो मेरे अंग-भंगके भी आप ही कारण हैं।

राजा—कैसे?

विदूषक—आप तो सब राज्य-कार्य छोड़कर इस बीहड़ प्रदेशमें जंगलियोंके समान घूम रहे हैं, यहाँ जंगली जन्तुओंका पीछा करते-करते मेरे अंगोंके जोड़ ऐसे टूट गए हैं कि हिला भी ... करके मुझे तो कमसे ... एक दिन विश्राम करनेकी आज्ञा दे ही

राजा—[स्वगतम्] अयं चैवमाह । ममापि कण्वसुतामनुस्मृत्य मृगयाविक्लवं चेतः । कुतः —

न नमयितुमधिज्यमस्मि शक्तो धनुरिदमाहितसायकं मृगेषु ।
सहवसतिमुपेत्य यैः प्रियायाः कृत इव मुग्धविलोकितोपदेशः ॥३॥

विदूषकः—[राज्ञो मुखं विलोक्य] अत्तभवं किं वि हिअए करिअ मन्तेदि । अरण्णे मए रुदिअं आसि । (अत्रभवान्किमपि हृदये कृत्वा मन्त्रयते । अरण्ये मया रुदितमासीत् ।)

राजा—[सस्मितम्] किमन्यत् अनतिक्रमणीयं मे सुहृद्वाक्यमिति स्थितोऽस्मि ।

विदूषकः—चिरं जीअ । (चिरं जीव ।) [इति गन्तुमिच्छति ।]

राजा—वयस्य तिष्ठ । सावशेषं मे वचः ।

विदूषकः—आणवेदु भवं (आज्ञापयतु भवान् ।)

राजा—विश्रान्तेन भवता ममाप्यनायासे कर्मणि सहायेन भवितव्यम् ।

विदूषकः—किं मोदअखण्डिआए । तेण हि अअं सुगहीदो खणो । (किं मोदकखण्डिकायाम् । तेन ह्ययं सुगृहीतः क्षणः ।)

राजा—यत्र वक्ष्यामि । कः कोऽत्र भोः ।

(प्रविश्य)

दौवारिकः—[प्रणम्य] आणवेदु भट्टा । (आज्ञापयतु भर्ता ।)

राजा—रैवतक ! सेनापतिस्तावदाहूयताम् ।

राजा—[मन ही मन] इधर यह भी कह रहा है, उधर कण्वकी कन्याका ध्यान करते करते मेरा मन भी आखेटसे ऊब-सा चला है । क्योंकि—जिन हरिणोंने शकुन्तलाके साथ रहकर उसे भोली चितवन सिखाई है उन्हें मारनेके लिए यह बाण चढ़ाया हुआ धनुष मुझसे खींचते ही नहीं बनता ॥३॥

विदूषक—[राजाका मुँह देखकर] आप तो न जाने क्या मन ही मन बड़बड़ा रहे हैं । मैं इतना सब क्या जंगलमें ही रोता रहा ?

राजा—[मुसकराकर] नहीं, नहीं, मैं भी यही सोच रहा था कि मित्रकी बात टालनी नहीं चाहिए । इसीलिये मैं चुप हो गया ।

विदूषक—जीते रहिए । [जाना चाहता है ।]

राजा—ठहरो मित्र, अभी मेरी बात पूरी कहाँ हुई है ?

विदूषक—वह भी कह डालिए, महाराज ।

राजा—देखो, विश्राम कर चुको तो आकर मेरे भी एक काममें सहायता देना जिसमें तुम्हें कहीं आना-जाना नहीं पड़ेगा ।

विदूषक—क्या लड्डू खाने हैं ? उसके लिए इससे बढ़कर और कौन सा ठीक अवसर होगा ।

राजा—ठहरो, बताता हूँ । अरे, कौन है ?

दौवारिक—[आकर प्रणाम करके ।] आज्ञा कीजिए स्वामी !

राजा—अरे रैवतक ! सेनापतिको बुला लाओ ।

दौवारिकः—तह । [इति निष्क्रम्य सेनापतिना सह पुनः प्रविश्य] एसो अण्णावअणुक्कण्ठो भट्टा इदो दिण्णदिट्ठी एव्व चिट्ठदि । उवसप्पदु अज्जो । (तथा । एषआज्ञा वचनोत्कण्ठो भर्ता इतो दत्तदृष्टिरेव तिष्ठति । उपसर्पत्वार्यः ।)

सेनापतिः—[राजानमवलोक्य स्वगतम्] दृष्टदोषापि स्वामिनि मृगया केवलं गुण एव संवृत्ता । तथा हि देवः—

अनवरतधनुर्ज्यास्फालनक्रूरपूर्वं रविकिरणसहिष्णु स्वेदलेशैरभिन्नम् ।
अपचितमपि गात्रं व्यायतत्वादलक्ष्यं गिरिचर इव नागः प्राणसारं बिभर्ति ॥४॥

[उपेत्य] जयतु जयतु स्वामी गृहीतश्वापदमरण्यम् । किमद्याप्यवस्थीयते ।

राजा—मन्दोत्साहः कृतोऽस्मि मृगयापवादिना माढव्येन ।

सेनापतिः—[जनान्तिकम्] सखे स्थिरप्रतिबन्धो भव । अहं तावत्स्वामिनश्चित्तवृत्तिमनुवर्तिष्ये । [प्रकाशम्] प्रलपत्वेष वैधेयः । ननु प्रभुरेव निदर्शनम् ।

मेदश्छेदकृशोदरं लघु भवत्युत्थानयोग्यं वपुः
सत्त्वानामपि लक्ष्यते विकृतिमच्चित्तं भयक्रोधयोः ।
उत्कर्षः स च धन्विनां यदिषवः सिध्यन्ति लक्ष्ये चले
मिथ्यैव व्यसनं वदन्ति मृगयामीदृग्विनोदः कुतः ॥५॥

दौवारिक—अच्छा । [बाहर जाकर सेनापतिको साथ लिए लौट आता है ।] यह सामने इधर दृष्टि किए हुए स्वामी बैठे हैं और कुछ आज्ञा देने ही वाले हैं । आगे बढ़ चलिए आर्य !

सेनापति—[राजा को देखकर, मन ही मन] लोग आखेट को इतना बुरा बताते हैं, पर स्वामीको तो इसमे बड़ा लाभ हुआ है । क्योंकि—पहाड़ोमें घूमनेवाले हाथीके समान इनके बलवान् शरीरके अगोका भाग निरन्तर धनुषकी डोरी खींचनेसे ऐसा कड़ा हो गया है कि उसपर न तो धूपका ही प्रभाव पड़ता है और न पसीना ही छूटता है । बहुत दौड़-धूपसे यद्यपि ये दुबले पड़ गए हैं पर पुट्ठोंके पक्के होनेके कारण इनका दुबलापन दिखाई नहीं पड़ता ।।४।। [पास जाकर] स्वामीकी जय हो । हमने आखेटके पशुओंको वनमें घेर लिया है । अब विलम्ब किसलिये है ?

राजा—इस आखेटके निन्दक माढव्यने मेरा सारा उत्साह ठण्डा कर दिया है ।

सेनापति—[अलग विदूषकसे] अच्छा मित्र, करो तुम भी डटकर विरोध, और मैं भी देखो स्वामीके मनको कैसे पलटे देता हूँ । [प्रकट] इस मूर्खको बकने दीजिए महाराज ! स्वामी हो स्वयं देख रहे हैं कि—आखेटसे चर्बी घट जाती है, तोंद छट जाती है, शरीर हलका और फुर्तीला हो जाता है, पशुओंके मुँहपर जो भय और क्रोध दिखाई देता है उसका ज्ञान हो जाता है और चलते हुए लक्ष्योंपर बाण चलानेमें हाथ सध जाते हैं, जो धनुषधारियोंके लिये बड़े गौरवकी बात है । लोग झूठ-मूठ ही आखेटको बुरा बताते हैं, नहीं तो इतना मन-बहलाव और मिल कहाँ सकता है ।।५।।

विदूषक.—अवेहि रे उत्साहहेतुअ अत्तभवं पकिदिं आवण्णो। तुमं दाव अडवीदो अडवीं आहिण्डन्तो णरणासिआलोलुवस्स जिण्णरिच्छस्स कस्स वि मुहे पडिस्ससि।
(अपेहि रे उत्साहहेतुक अत्रभवान्प्रकृतिमापन्न। त्वं तावदटवीतोऽटवीमाहिण्डमानो नरनासिकालोलुपस्य जीर्णर्क्षस्य कस्यापि मुखे पतिष्यसि।)

राजा—भद्र सेनापते आश्रमसंनिकृष्टे स्थिताः स्मः। अतस्ते वचो नाभिनन्दामि। अद्य तावत्—

गाहन्तां महिषा निपानसलिलं शृङ्गैर्मुहुस्ताडितं
छायाबद्धकदम्बकं मृगकुलं रोमन्थमभ्यस्यतु।
विश्रब्धं क्रियतां वराहपतिभिर्मुस्ताक्षतिः पल्वले
विश्रामं लभतामिदं च शिथिलज्याबन्धमस्मद्धनुः ॥६॥

सेनापति—यत्प्रभविष्णवे रोचते।

राजा—तेन हि निवर्तय पूर्वगतान्वनग्राहिणः। यथा न मे सैनिकास्तपोवनमुपरुन्धन्ति तथा निषेद्धव्याः। पश्य—

शमप्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।
स्पर्शानुकूला इव सूर्यकान्तास्तदन्यतेजोऽभिभवाद्वमन्ति ॥७॥

सेनापतिः—यथाज्ञापयति स्वामी।

विदूषक—धंसदु दे उच्छाहवुत्तन्तो। (ध्वंसतां ते उत्साहवृत्तान्त।)

विदूषक—अरे चल-चल उत्साह दिखानेवाले! अब महाराज फिर मनुष्य बन गए हैं। मुझे तो एक दिन इसी प्रकार इस बनसे उस बनमें घूम-घूमकर आखेट करते-करते कभी न कभी मनुष्यकी नाकके लोभी किसी बूढे भालूके मुँहमें पड़ना ही है।

राजा—भद्र सेनापति! देखो, हम लोग तपोवनके पास ठहरे हुए हैं। इसलिये तुम्हारी बात इस समय मुझे जँच नहीं रही है। आज तो—भैंसोंको छोड़ दो कि वे अपनी सीगोंसे पानीको हिलोरते हुए तालोंमें तैरें, हरिणोंके झुण्ड पेड़ोंकी घनी छायामें घेरा बनाकर बैठे जुगाली करें, बड़े-बड़े सूअर निडर होकर छिछले तालोंमें नागरमोथेकी जड़ें खोदें और मेरे धनुषकी ढीली डोरी भी कुछ देर विश्राम कर ले ॥६॥

सेनापति—जैसी महाराजकी इच्छा।

राजा—तो जिन हँकवोंको आगे भेज दिया है उन्हें लौटा लो और सैनिकोंको समझा देना कि कोई ऐसा काम न कर बैठें जिससे तपोवनके काममें बाधा पड़े। देखो—सूर्य-कान्तमणियों तो छूनेमें ठण्डी लगती है पर जब सूर्य उनपर अपना प्रकाश डालता है तब वह भी आग उगलने लगती है। उसी प्रकार ऋषि लोग यद्यपि बड़े शान्त होते हैं पर उनमें इतना तेज भी होता है कि यदि कोई उन्हें कष्ट दे तो उसे जलाकर भस्म भी कर दें ॥७॥

सेनापति—जैसी स्वामीकी आज्ञा।

विदूषक—नाश हो तुम्हारी उत्साहकी बातोंका।

[निष्क्रान्तः सेनापतिः ।]

राजा—[परिजनं विलोक्य] अपनयन्तु भवन्तो मृगयावेषम् । रैवतक ! त्वमपि स्वं नियोगमशून्यं कुरु ।

परिजनः—जं देवो आणवेदि । (यद्देव आज्ञापयति) । [इति निष्क्रान्तः ।]

विदूषकः—किदं भवदा णिम्मच्छिअं संपदं एदस्सिं पादवच्छाआए विरइदलदाविदाणदंसणी आसणे णिसीददु भवं जाव अहं वि सुहासीणो होमि । (कृतं भवता निर्मक्षिकम् । सांप्रतमेतस्यां पादपच्छायायां विरचितलतावितानदर्शनीयायामासने निषीदतु भवान् यावदहमपि सुखासीनो भवामि ।)

राजा—गच्छाग्रतः ।

विदूषकः—एदु भवं । (एतु भवान् ।)

[इत्युभौ परिक्रम्योपविष्टौ ।]

राजा—माधव्य ! अनवाप्तचक्षुःफलोऽसि येन त्वया दर्शनीयं न दृष्टम् ।

विदूषकः—णं भवं अग्गदो मे वट्टदि । (ननु भवानग्रतो मे वर्तते ।)

राजा—सर्वः खलु कान्तमात्मानं पश्यति । अहं तु तामाश्रमललामभूतां शकुन्तलामधिकृत्य ब्रवीमि ।

विदूषकः—[स्वगतम्] होदु । से अवसरं ण दाइस्सं । [प्रकाशम्] भो वअस्स ते तावस-कण्णआ अब्भत्थणीआ दीसदि । (भवतु । अस्यावसरं न दास्ये । भो वयस्य ते तापसकन्यकाऽभ्यर्थनीया दृश्यते ।)

[सेनापति चला जाता है ।]

राजा—[अपने सेवकोंको देखकर] अब तुम लोग भी अपने आखेटके कपड़े उतार डालो । और रैवतक ! जाओ, तुम भी अपना काम देखो ।

सेवक—जैसी देवकी आज्ञा । [सब जाते हैं ।]

विदूषक—चलो अच्छा किया जो सब मक्खियाँ भगा दीं आपने । अब चलिए, वृक्षोंकी घनी छायावाले लता-मण्डपके नीचे सुन्दर आसनपर आप भी चलकर बैठिए, और मैं भी सुस्ता लेता हूँ ।

राजा—अच्छा, चलो आगे-आगे ।

विदूषक—आप भी आइए ।

[दोनों घूमकर बैठते हैं ।]

राजा—माढव्य ! यदि तुमने देखनेके योग्य वस्तुएँ नहीं देखीं तो आँख होनेसे तुम्हें लाभ ही क्या हुआ ?

विदूषक—आप तो मेरी आँखोंके आगे रहते हैं न !

राजा—अपनेको तो सभी सुन्दर समझते हैं, पर इस समय तो मैं शकुन्तलाकी बात कह रहा हूँ जो इस आश्रमकी शोभा है ।

विदूषक—[आप ही आप] अच्छा, मैं इस बातको यहीं काटे देता हूँ [प्रकट] क्यों मित्र, जान पड़ता है कि उस तपस्वीकी कन्यापर आप लट्टू हो गए हैं ।

राजा—सखे न परिहार्ये वस्तुनि पौरवाणां मनः प्रवर्तते ।

सुरयुवतिसंभवं किल मुनेरपत्यं तदुज्झिताधिगतम् ।
अर्कस्योपरि शिथिलं च्युतमिव नवमालिकाकुसुमम् ॥ ८ ॥

विदूषक—[विहस्य] जह कस्स वि पिण्डखज्जूरेहिं उव्वेजिदस्स तिन्तिणीए अहिलासो भवे तह इत्थिआरअणपरिभाविणो भवदो इअं अब्भत्थणा (यथा कस्यापि पिण्डखर्जूरैरुद्वेजितस्य तिन्तिण्यामभिलाषो भवेत् तथा स्त्रीरत्नपरिभाविनो भवत इयमभ्यर्थना ।)

राजा—न तावदेनां पश्यसि येनैवमवादीः ।

विदूषक—तं खु रमणिज्जं जं भवदो विम्हअं उप्पादेदि (तत्खलु रमणीयं यद्भवतोऽपि विस्मयमुत्पादयति ।)

राजा—वयस्य किं बहुना ।

चित्रे निवेश्य परिकल्पितसत्त्वयोगा रूपोच्चयेन मनसा विधिना कृता नु ।
स्त्रीरत्नसृष्टिरपरा प्रतिभाति सा मे धातुर्विभुत्वमनुचिन्त्य वपुश्च तस्याः ॥९॥

विदूषकः—जइ एव्वं पच्चादेसो दाणिं रूववदीणं ।

(यद्येवम् प्रत्यादेश इदानीं रूपवतीनाम् ।)

राजा—इदं च मे मनसि वर्तते—

अनाघ्रातं पुष्पं किसलयमलूनं कररुहै-
रनाविद्धं रत्नं मधु नवमनास्वादितरसम् ।

राजा—मित्र ! पुरुवंशियोंका मन कुपथकी ओर बढ़ता ही नहीं है—सुना है, उसकी माँ कोई अप्सरा थी । वह जब इसे वनमें छोड़कर चली गई तब कण्व मुनि इसे उठा लाए । यह ठीक ऐसा ही हुआ मानो नवमल्लिकाका फूल अपनी डालीसे चूकर मदारपर आ गिरा हो ॥८॥

विदूषक—[हँसकर] जैसे कोई मीठा छुहारा खाते-खाते ऊबकर इमलीपर टूट पड़े वैसे ही आप भी रनिवासकी एक-से-एक बढ़कर सुन्दरियोंको भुलाकर इसपर लट्टू हो उठे हैं ।

राजा—तुमने अभी उसे देखा नहीं है न, इसीलिये ऐसा कह रहे हो ।

विदूषक—तो ठीक है । जब आप भी उसे देखकर सुध-बुध भूले बैठे हैं तब वह सचमुच रूपवती होगी ।

राजा—मित्र ! और तो क्या कहूँ । तुम बस यही समझ लो कि—ब्रह्माने जब उसे बनाया होगा तब पहले उसका चित्र बनाकर या मनमें संसारकी सभी सुन्दरियोंके रूपोंको इकट्ठा करके उनमें प्राण डाले होंगे । क्योंकि ब्रह्माकी कुशलता और शकुन्तलाकी सुन्दरता दोनोंपर बार-बार विचार करनेसे यही जान पड़ता है कि यह कोई निराली ही अनूठी सुन्दरी उन्होंने गढ़ी है ॥ ९ ॥

विदूषक—ऐसी बात है तब तो इसने सभी सुन्दरियोंको परास्त कर दिया ।

राजा—मेरी समझमें तो उसका रूप वैसा ही पवित्र है जैसा बिना सूँघा हुआ फूल,

अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघं
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः ॥१०॥

विदूषकः—तेण हि लहु परित्ताअदु णं भवं। मा कस्सवि तवस्सिणो इंगुदीतेल्लमिस्सचिक्कणसीसस्स हत्थे पडिस्सदि। (तेन हि लघु परित्रायतामेनां भवान्। मा कस्यापि तपस्विन इङ्गुदीतैलमिश्रचिक्कणशीर्षस्य हस्ते पतिष्यति।)

राजा—परवती खलु तत्रभवती। न च संनिहितोऽत्र गुरुजनः।

विदूषकः—अत्तभवन्तं अन्तरेण कीदिसो से दिट्ठिराओ। (अत्रभवन्तमन्तरेण कीदृशस्तस्या दृष्टिरागः।)

राजा—वयस्य। निसर्गादेवाप्रगल्भस्तपस्विकन्याजनः। तथापि तु—

अभिमुखे मयि संहृतमीक्षितं हसितमन्यनिमित्तकृतोदयम्।
विनयवारितवृत्तिरतस्तया न विवृतो मदनो न च संवृतः ॥११॥

विदूषकः—[विहस्य] ण क्खु दिट्ठमेत्तस्स तुह अङ्कं समारोहदि। (न खलु दृष्टमात्रस्य तवाङ्कं समारोहति।)

राजा—मिथः प्रस्थाने पुनः शालीनतयापि काममाविष्कृतो भावस्तत्रभवत्या। तथा हि—

दर्भाङ्कुरेण चरणः क्षत इत्यकाण्डे
तन्वी स्थिता कतिचिदेव पदानि गत्वा।

आसीद्विवृत्तवदना च विमोचयन्ती
शाखासु वल्कलमसक्तमपि द्रुमाणाम् ॥ १२ ॥

विदूषकः—तेण हि गहीदपाहेओ होहि । किदं तुए उववणं तवोवणं त्ति पेक्खामि । (तेन हि गृहीतपाथेयो भव । कृत त्वयोपवनं तपोवनमिति पश्यामि ।)

राजा—सखे तपस्विभिः कैश्चित्परिज्ञातोऽस्मि । चिन्तय तावत्केनापदेशेन सकृदप्याश्रमे वसामः ।

विदूषकः—को अवरो अवदेसो तुह रण्णो । णीवारच्छट्ठभाअं अह्माणं उवहरन्तु त्ति । (कोऽपरोऽपदेशस्तव राज्ञः । नीवारषष्ठभागमस्माकमुपहरन्त्विति ।)

राजा—मूर्ख अन्यद्भागधेयमेतेषां रक्षणे निपतति यद्रत्नराशीनपि विहायाभिनन्द्यम् । पश्य—

यदुत्तिष्ठति वर्णेभ्यो नृपाणां क्षयि तत्फलम् ।
तपःषड्भागमक्षय्यं ददत्यारण्यका हि नः ॥ १३ ॥

[नेपथ्ये]

हन्त सिद्धार्थौ स्वः ।

राजा—[कर्णं दत्त्वा] अये धीरप्रशान्तस्वरैस्तपस्विभिर्भवितव्यम् ।

[प्रविश्य]

कहीं उलझा नहीं था फिर भी धीरे-धीरे वल्कल सुलझानेका बहाना करके वह मेरी ओर देखती हुई कुछ देर खड़ी रह गई ॥ १२ ॥

विदूषक—तब आप अपना राज-समाज सब यहीं मँगा लीजिए, क्योंकि मैं देख रहा हूँ कि आप इस तपोवनको एकदम प्रमोदवन बनाए डाल रहे हैं ।

राजा—मित्र ! कुछ ऋषि मुझे पहचान गए हैं । अब सोच-विचारकर कोई ऐसा उपाय बताओ कि कमसे कम एक बार तो किसी बहाने आश्रममें हो आऊँ ।

विदूषक—आप राजाओंके लिये कोई बहाना बनानेकी क्या आवश्यकता है ? जाकर यही कहिए कि आप लोग राज-करके रूपमें हमें तिन्नी का छठा भाग दे डालिए ।

राजा—तू तो एकदम मूर्ख है । अरे, इन ऋषियोंकी रक्षाके बदले तो हमें ऐसा मनूठा कर मिलता है कि उसके आगे रत्नोंका ढेर भी तुच्छ है । देखो—चारों वर्णोंसे राजाओंको जो कर मिलता है उसका फल तो नष्ट हो जाता है पर ये वनवासी ऋषि लोग अपने तपका जो छठा भाग हमें देते हैं वह कभी नष्ट नहीं होता ॥ १३ ॥

[नेपथ्यमें]

अहा, हम लोगोंके सब काम पूरे हो गए ।

राजा—[कान लगाकर] अरे, यह गम्भीर और शान्त स्वर तो ऋषियोंका-सा जान पड़ता है ।

[प्रवेश करके]

अखण्डं पुण्यानां फलमिव च तद्रूपमनघं
न जाने भोक्तारं कमिह समुपस्थास्यति विधिः ॥१०॥

विदूषकः—तेण हि लहु परित्ताअदु णं भवं। मा कस्सवि तवस्सिणो इङ्गुदीतेल्लमिस्सचिक्कणसीसस्स हत्थे पडिस्सदि। (तेन हि लघु परित्रायतामेनां भवान्। मा कस्यापि तपस्विन इङ्गुदीतैलमिश्रचिक्कणशीर्षस्य हस्ते पतिष्यति।)

राजा—परवती खलु तत्रभवती। न च संनिहितोऽत्र गुरुजनः।

विदूषकः—अत्तभवन्तं अन्तरेण कीदिसो से दिट्ठिराओ। (अत्रभवन्तमन्तरेण कीदृशस्तस्या दृष्टिरागः।)

राजा—सखाय। निसर्गादेवाप्रगल्भस्तपस्विकन्याजनः। तथापि तु—

अभिमुखे मयि संहृतमीक्षितं हसितमन्यनिमित्तकृतोदयम्।
विनयवारितवृत्तिरतस्तया न विवृतो मदनो न च संवृतः ॥११॥

विदूषकः—[विहस्य] ण क्खु दिट्ठमेत्तस्स तुह अंकं समारोहदि। (न खलु दृष्टमात्रस्य तवाङ्कं समारोहति।)

राजा—मिथः प्रस्थाने पुनः शालीनतयाऽपि काममाविष्कृतो भावस्तत्रभवत्या। तथा हि—

दर्भाङ्कुरेण चरणः क्षत इत्यकाण्डे
तन्वी स्थिता कतिचिदेव पदानि गत्वा।

आशंसन्ते सुरयुवतयो बद्धवैरा हि दैत्यै-
रस्याधिज्ये धनुषि विजयं पौरुहूते च वज्रे ॥ १५ ॥

उभौ—[उपगम्य] विजयस्व राजन्।

राजा—[आसनादुत्थाय] अभिवादये भवन्तौ।

उभौ—स्वस्ति भवते। [इति फलान्युपहरतः।]

राजा—[सप्रणामं परिगृह्य] आज्ञापयितुमिच्छामि।

उभौ—विदितो भवानाश्रमसदामिहस्थः। तेन भवन्तं प्रार्थयन्ते।

राजा—किमाज्ञापयन्ति।

उभौ—तत्रभवतः कण्वस्य महर्षेरसांनिध्याद्रक्षांसि न इष्टिविघ्नमुत्पादयन्ति। तत्कति-पयरात्रं सारथिद्वितीयेन भवता सनाथीक्रियतामाश्रम इति।

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि।

विदूषकः—[अपवार्य] एसा दाणिं अणुऊला दे अब्भत्थणा। (एषेदानीमनुकूला तेऽभ्यर्थना।)

राजा—[स्मितं कृत्वा] रैवतक! मद्वचनादुच्यतां सारथिः सबाणासनं रथमुपस्थापयेति।

दौवारिकः—जं देवो आणवेदि। (यद्देव आज्ञापयति) [इति निष्क्रान्तः।]

उभौ—[सहर्षम्]—

अनुकारिणि पूर्वेषां युक्तरूपमिदं त्वयि।

शासन करते हैं, और दैत्योंसे बैर बाँधनेवाली, देवताओंकी स्त्रियाँ इन्हीं के चढ़े हुए धनुष और इन्द्रके वज्रपर अपने विजयकी आशा बाँधे रहती हैं ॥१५॥

दोनों—[पास जाकर] राजन्, आपकी जय हो।

राजा—[आसनसे उठकर] आप लोगोंको प्रणाम करता हूँ।

दोनों—आपका कल्याण हो। [फल भेंट करते हैं।]

राजा—[प्रणाम करके फल लेकर] आज्ञा कीजिए।

दोनों—सब आश्रमवासी जान गए हैं कि आप यहाँ ठहरे हुए हैं। इसलिए उनकी प्रार्थना है।

राजा—क्या आज्ञा है उनकी।

दोनों—उन्होंने कहलाया है कि आदरणीय महर्षि कण्वके न रहने के कारण राक्षस लोग हमारे यज्ञ में बड़ा विघ्न डाल रहे हैं। इसलिये आप अपने सारथीके साथ यहाँ कुछ रातें बिताकर इस आश्रमको सनाथ करें।

राजा—बड़ी कृपा है उनकी।

विदूषक—[अलग] यही तो आप चाहते भी थे।

राजा—[मुस्कराकर] रैवतक! सारथी से कहना कि रथ और धनुष-बाण लेता आवे।

द्वारपाल—जो आज्ञा महाराज की। [प्रस्थान]

दोनों—[प्रसन्न होकर] राजन्! आप वही कर रहे हैं जो आपके पूर्वज करते आये हैं।

आशंसन्ते सुरयुवतयो बद्धवैरा हि दैत्यै-
रस्याधिज्ये धनुषि विजयं पौरुहूते च वज्रे ॥ १५ ॥

उभौ—[उपगम्य] विजयस्व राजन् ।

राजा—[आसनादुत्थाय] अभिवादये भवन्तौ ।

उभौ—स्वस्ति भवते । [इति फलान्युपहरतः ।]

राजा—[सप्रणामं परिगृह्य] आज्ञापयितुमिच्छामि ।

उभौ—विदितो भवानाश्रमसदामिहस्थः । तेन भवन्तं प्रार्थयन्ते ।

राजा—किमाज्ञापयन्ति ।

उभौ—तत्रभवतः कण्वस्य महर्षेरसांनिध्याद्रक्षांसि न इष्टिविघ्नमुत्पादयन्ति । तत्कति-पयरात्रं सारथिद्वितीयेन भवता सनाथीक्रियतामाश्रम इति ।

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि ।

विदूषकः—[अपवार्य] एसा दाणिं अणुऊला दे अब्भत्थणा । (एषेदानीमनुकूला तेऽभ्यर्थना ।)

राजा—[स्मितं कृत्वा] रैवतक ! मद्वचनादुच्यतां सारथिः सबाणासनं रथमुपस्थापयेति ।

दौवारिकः—जं देवो आणवेदि । (यद्देव आज्ञापयति) [इति निष्क्रान्तः ।]

उभौ—[सहर्षम्]—

अनुकारिणि पूर्वेषां युक्तरूपमिदं त्वयि ।

शासन करते हैं, और दैत्योंसे वैर बाँधनेवाली, देवताओंकी स्त्रियाँ इन्हीं के चढ़े हुए धनुष और इन्द्रके वज्रपर अपने विजयकी आशा बाँधे रहती हैं ॥१५॥

दोनों—[पास जाकर] राजन्, आपकी जय हो ।

राजा—[आसनसे उठकर] आप लोगोंको प्रणाम करता हूँ ।

दोनों—आपका कल्याण हो । [फल भेंट करते हैं ।]

राजा—[प्रणाम करके फल लेकर] आज्ञा कीजिए ।

दोनों—सब आश्रमवासी जान गए हैं कि आप यहाँ ठहरे हुए हैं। इसलिए उनकी प्रार्थना है ।

राजा—क्या आज्ञा है उनकी ।

दोनों—उन्होंने कहलाया है कि आदरणीय महर्षि कण्वके न रहने के कारण राक्षस लोग हमारे यज्ञ मे बड़ा विघ्न डाल रहे हैं। इसलिये आप अपने सारथीके साथ यहाँ कुछ रातें बिताकर इस आश्रमको सनाथ करें ।

राजा—बड़ी कृपा है उनकी ।

विदूषक—[अलग] यही तो आप चाहते भी थे ।

राजा—[मुस्कराकर] रैवतक ! सारथी से कहना कि रथ और धनुष-बाण लेता आवे ।

द्वारपाल—जो आज्ञा महाराज की । [प्रस्थान]

दोनों—[प्रसन्न होकर] राजन् ! आप वही कर रहे हैं जो आपके पूर्वज करते आये हैं।

आपन्नाभयसत्रेषु दीक्षिताः खलु पौरवाः ॥ १६ ॥

राजा—[सप्रणामम्] गच्छतां पुरो भवन्तौ । अहमप्यनुपदमागत एव ।

उभौ—विजयस्व । [इति निष्क्रान्तौ]

राजा—माढव्य । अप्यस्ति शकुन्तलादर्शने कुतूहलम् ।

विदूषकः—पढमं सपरीवाहं आसि दाणिं रक्खसावुत्तन्तेण बिन्दू वि णावसेसिदो (प्रथमं सपरीवाहमासीत् । इदानीं राक्षसवृत्तान्तेन बिन्दुरपि नावशेषित. ।)

राजा—मा भैषीः । ननु मत्समीपे वर्तिष्यसे ।

विदूषकः—एस रक्खसादो रक्खिदो म्हि (एष राक्षसाद्रक्षितोऽस्मि ।)

[प्रविश्य]

दौवारिकः—सज्जो रथो भट्टिणो विजअप्पत्थाणं अवेक्खदि । एस उण णअरादो देवीएं आणत्तिहरओ करभओ आअदो । (सज्जो रथो भर्तुर्विजयप्रस्थानमपेक्षते । एष पुनर्नगराद्देवीनामाज्ञप्तिहरः करभक आगतः ।)

राजा—[सादरम्] किमम्बाभिः प्रेषितः ।

दौवारिकः—अह इं । [अथ किम् ।]

राजा – ननु प्रवेश्यताम् ।

दौवारिकः—तह । [इति निष्क्रम्य करभकेण सह प्रविश्य] एसो भट्टा । उवसप्प । (तथा । एष भर्ता । उपसर्प ।)

आश्रमकी रक्षा करना तो आपका धर्म ही है क्योंकि यह बात सभी जानते हैं कि शरणमें आये हुओंको अभयदान देने में पुरुवंशी कभी पीछे नही हटते ॥१६॥

राजा—आप लोग चलिए । मैं भी आ रहा हूँ ।

दोनों—आपकी विजय हो । [प्रस्थान]

राजा—माढव्य ! क्या शकुन्तलाको देखने की कुछ इच्छा है ?

विदूषक—पहले तो इच्छा की बाढ़ आगई थी, पर जबसे राक्षसोंका नाम सुना तबसे बूंद भर भी नहीं रह गई है ।

राजा—डरो मत । तुम्हें हम अपने साथ रक्खेंगे ।

विदूषक—हाँ, तब तो राक्षसोंसे प्राण बचे रहेंगे ।

द्वारपाल—[प्रवेश करके] महाराज ! रथ तैयार है और आपकी विजय-यात्राके लिये चलनेकी प्रतीक्षा कर रहा है । और हाँ, राजमाता की आज्ञा लेकर नगर से करभक भी आया है ।

राजा—[आदरके साथ] क्या माता जी ने भेजा है ?

द्वारपाल—जी हाँ ।

राजा—तो उसे यहाँ ले आओ ।

द्वारपाल—जो आज्ञा । [प्रस्थान । करभकको साथ लेकर फिर प्रवेश ।] महाराज ये बैठे हैं । आगे बढ़ जाओ ।

करभकः—जेदु भट्टा। देवी आणवेदि—आआमिणि चउत्थदिअहे पउत्तपारणो मे उववासो भविस्सदि। तहिं दीहाउणा अवस्सं संभाविदव्वा त्ति। (जयतु भर्ता। देव्याज्ञापयति—आगामिनि चतुर्थदिवसे प्रवृत्तपारणो मे उपवासो भविष्यति। तत्र दीर्घायुषाऽवश्यं संभावितव्येति।)

राजा—इतस्तपस्विकार्यम् इतो गुरुजनाज्ञा। द्वयमप्यनतिक्रमणीयम्। किमत्र प्रतिविधेयम्।

विदूषकः—तिसङ्कू विअ अन्तराले चिट्ठ। (त्रिशङ्कुरिवान्तराले तिष्ठ।)

राजा—सत्यमाकुलीभूतोऽस्मि—

कृत्ययोर्भिन्नदेशत्वाद्द्वैधीभवति मे मनः।
पुरः प्रतिहतं शैले स्रोतः स्रोतोवहो यथा ॥१७॥

[विचिन्त्य] सखे त्वमम्बया पुत्र इति प्रतिगृहीतः। अतो भवानितः प्रतिनिवृत्य तपस्विकार्यव्यग्रमानसं मामावेद्य तत्रभवतीनां पुत्रकृत्यमनुष्ठातुमर्हति।

विदूषकः—ण क्खु मं रक्खोभीरुअं गणेसि। (न खलु मां रक्षोभीरुकं गणयसि।)

राजा—[सस्मितम्] कथमेतद्भवति संभाव्यते।

विदूषकः—जह राआणुएण गन्तव्व तह गच्छामि। (यथा राजानुजेन गन्तव्यं तथा गच्छामि।)

राजा—ननु तपोवनोपरोधः परिहरणीय इति सर्वानानुयात्रिकांस्त्वयैव सह प्रस्थापयामि।

करभक—महाराजकी विजय हो। माताजी ने कहलाया है कि आजसे चौथे दिन मेरे व्रतका पारण होगा। उस अवसरपर चिरञ्जीव भी अवश्य उपस्थित रहे।

राजा—इधर तो ऋषियोंका काम, उधर बड़ोंकी आज्ञा। दोनों ही नहीं टाले जा सकते। क्या करूँ ?

विदूषक—त्रिशंकुके समान बीचमें लटक जाओ।

राजा—मैं तो सचमुच बड़ी उलझनमें पड़ गया हूँ। क्या बताऊँ ? दोनों कार्य दो अलग-अलग स्थानोंमें पड़ रहे हैं। इसलिये इस समय दुविधामें पड़े हुए मेरे मनकी वही दशा हो रही है जो पहाड़से रुकी हुई नदीकी धाराकी होती है ॥१७॥ [सोचकर] मित्र ! देखो ! माताजी तुम्हें भी पुत्रके ही समान मानती हैं। इसलिये तुम जाओ और माताजीसे कह देना कि मैं ऋषियोंकी रक्षामें लगा हुआ हूँ। और यहाँ जो कुछ मेरे करनेका काम हो सब तुम्हीं कर डालना।

विदूषक—यह न समझिए कि मैं राक्षसोंसे डरता हूँ।

राजा—[मुस्कराकर] भला तुम्हारे विषयमें क्या कभी ऐसा सोचा भी जा सकता है।

विदूषक—तो मैं वैसे ही ठाट-बाटसे जाऊँगा जैसे राजाका छोटा भाई जाता है।

राजा—ठीक है। जहाँतक हो तपोवनसे सब बखेड़ा दूर ही रखना चाहिए। इसलिये सेनाको भी तुम्हारे ही साथ भेजे देता हूँ।

विदूषकः—[सगर्वम्] तेण हि जुवराओ म्हि दाणिं संवुत्तो। [तेन हि युवराजोऽस्मीदानीं संवृत्तः।]

राजा—[स्वगतम्] चपलोऽयं बटुः। कदाचिदस्मत्प्रार्थनामन्तःपुरेभ्यः कथयेत्। भवतु। एनमेवं वक्ष्ये—[विदूषकं हस्ते गृहीत्वा प्रकाशम्] वयस्य ऋषिगौरवादाश्रमं गच्छामि। न खलु सत्यमेव तापसकन्यकायां ममाभिलाषः। पश्य—

क्व वयं क्व परोक्षमन्मथो मृगशावैः सममेधितो जनः।
परिहासविजल्पितं सखे परमार्थेन न गृह्यतां वचः॥१८॥

विदूषकः—अह इं। (अथ किम्।)

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे।]

इति द्वितीयोऽङ्कः।

विदूषक—तब तो इस समय मैं युवराज ही बन गया हूँ।

राजा—[मन ही मन] यह ब्राह्मण बड़ा नटखट है। कहीं यह रनिवासमें जाकर मेरी सब बातें न कह डाले। अच्छा, इसे यों समझाता हूँ—[विदूषकका हाथ पकड़कर। प्रकट] मित्र, मैं ऋषियोंका बड़ा आदर करता हूँ इसीलिये उनके आश्रममें जाया करता हूँ। और उस ऋषिकन्याके लिये तो मेरे मनमें तनिक भी प्रेम नहीं है। क्योंकि—कहाँ तो हम, और कहाँ प्रेमकी बातोंसे एकदम अनजान, मृगछौनोंके साथ पली हुई वह कन्या। मित्र, हमने हँसीमें जो इतनी बातें तुमसे कहीं हैं उन्हें तुम सत्य न समझ बैठना॥१८॥

विदूषक—नहीं, नहीं, ठीक है।

[सब चले जाते हैं।]

दूसरा अंक समाप्त

तृतीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति कुशानादाय यजमानशिष्यः ।]

शिष्यः—अहो महानुभावः पार्थिवो दुष्यन्तः प्रविष्टमात्र एवाश्रमं तत्रभवति राजनि निरुपद्रवाणि नः कर्माणि प्रवृत्तानि भवन्ति ।

का कथा बाणसंधाने ज्याशब्देनैव दूरतः ।
हुंकारेणेव धनुषः स हि विघ्नानपोहति ॥ १ ॥

यावदिमान्वेदिसंस्तरणार्थं दर्भानृत्विग्भ्य उपनयामि [परिक्रम्यावलोक्य च आकाशे] प्रियंवदे कस्येदमुशीरानुलेपनं मृणालवन्ति च नलिनीपत्राणि नीयन्ते । [आकर्ण्य] किं ब्रवीषि । आतपलङ्घनाद्बलवदस्वस्था शकुन्तला तस्याः शरीरनिर्वापणायेति । तर्हि त्वरितं गम्यताम् । सा खलु भगवतः कण्वस्य कुलपतेरुच्छ्वसितम् । अहमपि तावद्वैतानिकं शान्त्युदकमस्यै गौतमीहस्ते विसर्जयिष्यामि । [इति निष्क्रान्तः ।]

विष्कम्भकः ।

तृतीय अङ्क

[हाथमें कुशा लिए हुए कण्वके शिष्यका प्रवेश ।]

शिष्य—महाराज दुष्यन्तका प्रताप तो देखिए कि जबसे वे आश्रममें पधारे हैं तभीसे हमारे सब काम बेरोक-टोक होते चले जा रहे हैं—बाण चढ़ानेकी तो बात ही क्या, केवल अपने धनुषकी टंकारसे ही वे विघ्नोंको दूर भगा देते हैं । ॥ १ ॥ तो चलूँ ऋत्विजोंके लिये वेदीपर बिछानेकी कुशा ले जाकर पहुँचा आऊँ । [घूमकर आकाशकी ओर देखते हुए ।] अरी प्रियंवदा, ये डंठलवाले कमलके पत्ते और खस मिला हुआ लेप किसके लिये ले जा रही हो । [सुननेका नाट्य करते हुए] क्या कहा कि शकुन्तला लू लग जानेसे बड़ी बेचैन हो गई है, उसके शरीरको ठंडक पहुँचानेके लिये ही यह सब ले जा रही हूँ । तो तुरन्त जाओ क्योंकि वह भगवान् कुलपति कण्वके प्राणके समान है । मैं भी तबतक उसके लिये गौतमीके हाथ यज्ञका शान्ति-जल भेजता हूँ । [प्रस्थान]

विष्कम्भक ।

[ततः प्रविशति कामयमानावस्थो राजा ।]

राजा—[सचिन्तं निःश्वस्य]

ज्ञाने तपसो वीर्यं सा बाला परवतीति मे विदितम् ।
अलमस्मि ततो हृदयं तथापि नेदं निवर्तयितुम् ॥ २ ॥

[मदनबाधां निरूप्य] भगवन्कुसुमायुध ! त्वया चन्द्रमसा च विश्वसनीयाभ्यामति-सन्धीयते कामिजनसार्थः । कुतः —

तव कुसुमशरत्वं शीतरश्मित्वमिन्दोर्द्वयमिदमयथार्थं दृश्यते मद्विधेषु ।
विसृजति हिमगर्भैरग्निमिन्दुर्मयूखैस्त्वमपि कुसुमबाणान्वज्रसारीकरोषि ॥३॥

अथवा

अनिशमपि मकरकेतुर्मनसो रुजमावहन्नभिमतो मे ।
यदि मदिरायतनयनां तामधिकृत्य प्रहरतीति ॥ ४ ॥

[सखेदं परिक्रम्य] क्व नु खलु संस्थिते कर्मणि सदस्यैरनुज्ञातः श्रमक्लान्तमात्मानं विनोदयामि । [निःश्वस्य] किं नु खलु मे प्रियादर्शनादृते शरणमन्यत् । यावदेनामन्विष्यामि । [सूर्यमवलोक्य] इमामुग्रातपवेलां प्रायेण लतावलयवत्सु मालिनीतीरेषु ससखीजना शकुन्तला गमयति । तत्रैव तावद्गच्छामि [परिक्रम्य स्पर्शं रूपयित्वा] अहो प्रवातसुभगोऽयमुद्देशः ।

[कामसे पीड़ित अवस्थामें राजा दुष्यन्तका प्रवेश ।]

राजा—[उसाँसें भरकर ।] मैं तपस्वियोंकी शक्ति भली भाँति पहचानता हूँ, इसलिये मैं उसे हरकर भी नहीं ले जा सकता और यह भी जानता हूँ कि विवाह करना न करना उस कुमारीके हाथोंमें नहीं है इसलिये वह स्वयं भी मेरे साथ नहीं जा सकती। फिर भी न जाने क्या बात है कि मैं अपना मन उसपरसे हटा ही नहीं पा रहा हूँ ॥ ३ ॥ [काम पीड़ाका नाट्य करते हुए ।]—हे फूलोंके धनुष-बाण धारण करनेवाले कामदेव ! तुमने और चन्द्रमाने उन सब कामियोंको बड़ा धोखा दिया है जो तुमपर विश्वास किए बैठे थे। क्योंकि—तुम्हारा फूलोंके बाणवाला कहा जाना और चन्द्रमाका ठण्डी किरणोंवाला कहा जाना, ये दोनों बातें मुझ-जैसे विरहियोंको झूठी ही जान पड़ती हैं, क्योंकि चन्द्रमा तो अपनी ठण्डी किरणोंसे आग बरसा रहा है और तुमने भी अपने फूलके बाणोंमें वज्रकी कठोरता भर ली है ॥ ३ ॥ पर यदि तुम मदभरी और बड़ी-बड़ी आँखोंवाली उस शकुन्तलाके कारण मेरा जी बार बार दुखाए जा रहे हो तो तुम ठीक ही कर रहे हो ॥ ४ ॥ [दुखी होकर घूमता हुआ] यज्ञ-पूर्ण हो जानेपर जब ऋषि लोग मुझे विदा कर देंगे तब मैं अपने दुखी प्राण लेकर कहाँ मन बहलाऊँगा । [ठण्डी साँस भरकर] प्रियाका दर्शन छोड़कर अब और दूसरा सहारा क्या है। चलूँ उसीको ढूँढूँ। [सूर्यको देखकर] ऐसी भरी दुपहरीमें शकुन्तला अपनी सखियोंके साथ मालिनीके तटपर बने लतामण्डपोंमें ही जाकर प्रायः बैठा करती है। तो वहीं चलता हूँ।] घूमकर और वायुका स्पर्श होनेका अभिनय करता हुआ] आह, यहाँ

शक्यमरविन्दसुरभिः कणवाही मालिनीतरङ्गाणाम् ।
अङ्गैरनङ्गतप्तैरविरलमालिङ्गितुं पवनः ॥ ५ ॥

[परिक्रम्यावलोक्य च] अस्मिन्वेतसपरिक्षिप्ते लतामण्डपे संनिहितया शकुन्तलया भवितव्यम् । तथा [अधो विलोक्य]—

अभ्युन्नता पुरस्तादवगाढा जघनगौरवात्पश्चात् ।
द्वारेऽस्य पाण्डुसिकते पदपंक्तिर्दृश्यतेऽभिनवा ॥ ६ ॥

यावद्विटपान्तरेणावलोकयामि । [परिक्रम्य तथा कृत्वा । सहर्षम्] अये लब्धं नेत्रनिर्वाणम् । एषा मे मनोरथप्रियतमा सकुसुमास्तरणं शिलापट्टमधिशयाना सखीभ्यामन्वास्यते । भवतु । श्रोष्याम्यासां विस्रम्भकथितानि । [इति विलोकयन् स्थितः ।]

[ततः प्रविशति यथोक्तव्यापारा सह सखीभ्यां शकुन्तला ।]

सख्यौ—[उपवीज्य सस्नेहम्] हला सउन्दले ! अवि सुहेदि दे णलिणीपत्तवादो । (हला शकुन्तले अपि सुखयति ते नलिनीपत्रवातः ।)

शकुन्तला—किं वीअअन्ति मं सहीओ । (किं वीजयतो मां सख्यौ ।)

[सख्यौ विषादं नाटयित्वा परस्परमवलोकयतः ।]

राजा—बलवदस्वस्थशरीरा शकुन्तला दृश्यते । [सवितर्कम्] तत्किमयमातपदोषः स्यात् उत यथा मे मनसि वर्तते [साभिलाषं निर्वर्ण्य] अथवा कृतं संदेहेन ।

कैसा अच्छा पवन बह रहा है।—कमलमे बसा हुआ और मालिनीकी लहरोंकी फुहारोंसे लदा हुआ यह पवन, काम से तपे हुए अंगोंको बड़ा सुहावना लग रहा है ॥५॥ [घूमकर और देखकर] बेंतोंसे घिरे हुए इस लतामण्डपमें ही कहीं शकुन्तला बैठी होनी चाहिए। क्योंकि [नीचे देखकर] इस कुंजके द्वार पर पीली रेतीमें भारी नितम्बवाली सखियों के पैरोंके नये पड़े हुए चिह्न दिखाई दे रहे हैं जो एड़ीकी ओर गहरे और आगेकी ओर उठे हुए हैं ॥६॥ अच्छा! इन वृक्षोंकी ओटसे देखता हूँ। [घूमकर और प्रसन्न होकर] वाह! मेरी आँखें ठण्ढी हो गईं! मेरी प्यारी यहाँ सुन्दर फूलोंके बिछौनेवाली पत्थरकी पटियापर लेटी हुई है और दोनों सखियाँ इसकी सेवा कर रही हैं। अच्छा! अब सुनूँ तो कि ये आपसमें क्या बातें करती हैं। [खड़ा होकर सुनता है।]

[जैसा ऊपर कहा गया है उस दशामें शकुन्तलाके साथ सखियाँ दिखाई देती हैं।]

सखियाँ—[बड़े प्यारसे पंखा झलती हुई] क्यों सखी शकुन्तला! कमलके पत्तोंके झलनेसे कुछ ठण्डक मिल रही है?

शकुन्तला—सखियो! क्या तुम मुझे पंखा झल रही थी?

[सखियाँ दुखी होनेका अभिनय करती हुई एक दूसरीको देखती हैं।]

राजा—शकुन्तला तो बड़ी बेचैन दिखाई पड़ रही है। [सोचकर] क्या इसे लू लग गई है? या कहीं ऐसा न हो कि जो दशा मेरे मन की हो रही है वही इसके मन की भी हो। [ललचाई आँखोंसे देखता हुआ] पर सन्देह किया ही क्यों जाय। क्योंकि—

राजा—अनसूयामप्यनुगतो मदीयस्तर्कः। न हि स्वाभिप्रायेण मे दर्शनम्।

शकुन्तला—[आत्मगतम्] बलवं क्खु मे अहिणिवेसो। दाणिं वि सहसा एदाणं ण सक्कणोमि णिवेदिदुं। (बलवान्खलु मेऽभिनिवेशः। इदानीमपि सहसैतयोर्न शक्नोमि निवेदयितुम्।)

प्रियंवदा—सहि सउन्दले ! सुट्ठु एसा भणादि किं अत्तणो आतङ्कं उवेक्खसि। अणुदिअहं क्खु परिहीअसि अङ्गेहिं। केवलं लावण्णमई छाआ तुमं ण मुञ्चदि। (सखि शकुन्तले ! सुष्ठु एषा भणति। किमात्मन आतङ्कमुपेक्षसे। अनुदिवसं खलु परिहीयसेऽङ्गैः। केवलं लावण्यमयी छाया त्वां न मुञ्चति।)

राजा—अवितथमाह प्रियंवदा तथा हि—

> क्षामक्षामकपोलमाननमुरः कठिन्यमुक्तस्तनं
> मध्यः क्लान्ततरः प्रकामविनतावंसौ छविः पाण्डुरा।
> शोच्या च प्रियदर्शना च मदनक्लिष्टेयमालक्ष्यते
> पत्त्राणामिव शोषणेन मरुता स्पृष्टा लता माधवी ॥८॥

शकुन्तला—सहि कस्सवा अण्णस्स कहइस्सं। आआसइत्तिआ दाणिं वो भविस्सं। (सखि कस्य वाऽन्यस्य कथयिष्यामि। आयासयित्रीदानीं वां भविष्यामि।)

उभे—अदो एव्व क्खु णिब्बन्धो। सिणिद्धजणसंविभत्तं हि दुक्खं सज्झवेदणं होदि (अत एव खलु निर्बन्धः। स्निग्धजनसंविभक्तं हि दुःखं सह्यवेदनं भवति।)

राजा—मैं जो बात समझ रहा था वही अनसूया भी सोच रही है। तो मैंने जो कुछ सोचा था वह केवल मेरे मनकी ही बात नहीं थी।

शकुन्तला—[मन ही मन] सचमुच मेरा प्रेम बहुत आगे तक बढ गया है और मुझसे एकाएक कुछ कहते नहीं बन रहा है।

प्रियंवदा—सखी शकुन्तला ! अनसूया ठीक कह रही है। तुम क्यों अपना रोग बढाती जा रही हो। दिन पर दिन तुम इतनी सूखती चली जा रही हो कि तुम्हारे शरीर पर बस सुन्दरताकी झलक भर बची रह गई है।

राजा—प्रियंवदा सच कहती है। क्योंकि—इसके गाल मुरझा गए हैं, मुँह सूख गया है, स्तनों की कठोरता जाती रही है, कमर और भी पतली हो गई है, कन्धे झुक गए हैं और देह पीली पड़ गई है। वायुके परससे मुरझाई हुई पत्तियोंवाली माधवी लता के समान यह सुन्दर भी लगती है और इसपर दया भी आती है ॥८॥

शकुन्तला—तुमसे न कहूँगी तो किससे कहूँगी ? सखी ! अब तुम दोनोंको मेरे लिये कष्ट करना ही पड़ेगा।

दोनों—इसीलिये हम तुमसे इतना आग्रह कर रही हैं। देखो, अपने स्नेहियोंमें दुःख बाँटने से यह कम हो ही जाता है।

स्तनन्यस्तोशीरं शिथिलितमृणालैकवलयं
प्रियायाः साबाधं किमपि कमनीयं वपुरिदम् ।
समस्तापः कामं मनसिजनिदाघप्रसरयो-
र्न तु ग्रीष्मस्यैवं सुभगमपराद्धं युवतिषु ॥ ७ ॥

प्रियंवदा—[जनान्तिकम्] अणसूए तस्स राएसिणो पढमदंसणादो आरहिअ पज्जुस्सुआ विअ सउन्दला । किं णु क्खु से तण्णिमित्तो अअं आतङ्को भवे । (अनसूये तस्य राजर्षेः प्रथमदर्शनादारभ्य पर्युत्सुकेव शकुन्तला । किं न खलु तस्यास्तन्निमित्तोऽयमातङ्को भवेत् ।)

अनसूया—सहि मम वि ईदिसी आसङ्का हिअअस्स । होदु । पुच्छिस्सं दाव णं । [प्रकाशम्] सहि पुच्छिदव्वासि किं पि । बलवं क्खु दे संदावो । (सखि ममापीदृश्याशङ्का हृदयस्य । भवतु । प्रक्ष्यामि तावदेनाम् । सखि प्रष्टव्यासि किमपि । बलवान्खलु ते संतापः ।)

शकुन्तला—[पूर्वार्धेन शयनादुत्थाय] हला किं वत्तुकामासि । (हला किं वक्तुकामासि ।)

अनसूया—हला सउन्दले ! अणब्भन्तरा क्खु अम्हे मअणगदस्स वुत्तन्तस्स । किंदु जादिसी इदिहासणिबन्धेसु कामअमाणाणं अवत्था सुणीअदि तादिसीं दे पेक्खामि । कहेहि किंणिमित्तं संदावो । विआरं क्खु परमत्थदो अजाणिअ अणारम्भो पडिआरस्स । (हला शकुन्तले ! अनभ्यन्तरे खल्वावां मदनगतस्य वृत्तान्तस्य । किंतु यादृशी इतिहासनिबन्धेषु कामयमानानामवस्था श्रूयते तादृशीं ते पश्यामि । कथय किंनिमित्तं ते संतापः । विकारं खलु परमार्थतः अज्ञात्वाऽनारम्भः प्रतीकारस्य ।)

इसके स्तनोंपर खसका लेप लगा हुआ है और एक हाथमें कमलकी नालका ढीला कंगन बँधा हुआ है । पर इसके बेचैन होनेपर भी इसका शरीर कुछ कम सुन्दर नहीं लग रहा है । यद्यपि लू लगने और प्रेमसे जलनेपर बेचैनी एक-सी ही होती है किन्तु लू लग जानेपर युवतियोंमें इतनी सुन्दरता नहीं रह जाती ॥७॥

प्रियंवदा—[धीरेसे] अनसूया ! जबसे शकुन्तलाने उस राजर्षिको देखा है तभीसे यह उनपर लट्टू हो गई है । कौन जाने यह बेचैनी उन्हींके कारण हो ।

अनसूया—सखी ! मैं भी कुछ ऐसी ही बात सोचती हूँ । अच्छा ! इसीसे पूछ देखती हूँ । [प्रकट] सखी, मैं तुमसे कुछ पूछना चाहती हूँ । देखो, तुम्हारी बेचैनी बहुत बढ़ चली है ।

शकुन्तला—[बिछौनेपर आधी उठकर] क्या पूछना चाहती हो सखी ?

अनसूया—शकुन्तला ! हम लोग प्रेमकी बातें तो कुछ जानती नहीं हैं, फिर भी कथा-कहानियोंमें हमने प्रेमियोंकी जो बातें सुनी हैं, ठीक वैसी ही दशा तुम्हारी भी दिखाई पड़ रही है । सो बताओ तुम किसके लिये इतनी बेचैन हो । क्योंकि जबतक रोगका पता न चले तबतक उसका उपचार कैसे किया जा सकता है ?

राजा—अनसूयामप्यनुगतो मदीयस्तर्कः। न हि स्वाभिप्रायेण मे दर्शनम्।

शकुन्तला—[आत्मगतम्] बलवं क्खु मे अहिणिवेसो। दाणिं वि सहसा एदाणं ण सक्कुणोमि णिवेदिदुं। (बलवान्खलु मेऽभिनिवेशः। इदानीमपि सहसैतयोर्न शक्नोमि निवेदयितुम्।)

प्रियंवदा—सहि सउन्दले! सुट्ठु एसा भणादि किं अत्तणो आतङ्कं उवेक्खसि। अणुदिअहं क्खु परिहिअसि अङ्गेहिं। केवलं लावण्णमई छाआ तुमं ण मुञ्चदि। (सखि शकुन्तले! सुष्ठु एषा भणति। किमात्मन आतङ्कमुपेक्षसे। अनुदिवसं खलु परिहीयसेऽङ्गैः। केवलं लावण्यमयी छाया त्वां न मुञ्चति।)

राजा—अवितथमाह प्रियंवदा तथा हि—

क्षामक्षामकपोलमाननमुरः काठिन्यमुक्तस्तनं
मध्यः क्लान्ततरः प्रकामविनतावंसौ छविः पाण्डुरा।
शोच्या च प्रियदर्शना च मदनक्लिष्टेयमालक्ष्यते
पत्राणामिव शोषणेन मरुता स्पृष्टा लता माधवी ॥८॥

शकुन्तला—सहि कस्सवा अण्णस्स कहइस्सं। आआसइत्तिआ दाणिं वो भविस्सं। (सखि कस्य वाऽन्यस्य कथयिष्यामि। आयासयित्रीदानीं वां भविष्यामि।)

उभे—अदो एव्व क्खु णिब्बन्धो। सिणिद्धजणसंविभत्तं हि दुक्खं सज्झवेदणं होदि (अत एव (अत एव खलु निर्बन्धः। स्निग्धजनसंविभक्तं हि दुःखं सह्यवेदनं भवति।)

राजा—मैं जो बात समझ रहा था वही अनसूया भी सोच रही है। तो मैंने जो कुछ सोचा था वह केवल मेरे मनकी ही बात नहीं थी।

शकुन्तला—[मन ही मन] सचमुच मेरा प्रेम बहुत आगे तक बढ़ गया है और मुझसे एकाएक कुछ कहते नहीं बन रहा है।

प्रियंवदा—सखी शकुन्तला! अनसूया ठीक कह रही है। तुम क्यों अपना रोग बढ़ाती जा रही हो। दिन पर दिन तुम इतनी सूखती चली जा रही हो कि तुम्हारे शरीर पर बस सुन्दरताकी झलक भर बची रह गई है।

राजा—प्रियंवदा सच कहती है। क्योंकि—इसके गाल मुरझा गए हैं, मुँह सूख गया है, स्तनों की कठोरता जाती रही है, कमर और भी पतली हो गई है, कन्धे झुक गए हैं और देह पीली पड़ गई है। वायुके परससे मुरझाई हुई पत्तियोंवाली माधवी लता के समान यह सुन्दर भी लगती है और इसपर दया भी आती है ॥८॥

शकुन्तला—तुमसे न कहूँगी तो किससे कहूँगी? सखी! अब तुम दोनोंको मेरे लिये कुछ कष्ट करना ही पड़ेगा।

दोनों—इसीलिये हम तुमसे इतना आग्रह कर रही हैं। देखो, अपने स्नेहियोंसे दुःख बाँटलेनेपर वह कम हो ही जाता है।

पृष्टा जनेन समदुःखसुखेन बाला।
नेयं न वक्ष्यति मनोगतमाधिहेतुम्।
दृष्टो विवृत्य बहुशोऽप्यनया सतृष्णं
मत्रान्तरे श्रवणकातरतां गतोऽस्मि ॥ ६ ॥

शकुन्तला—सहि जदो पहुदि मम दंसणपहं आअदो सो तवोवणरक्खिदा राएसी तदो आरहिअ तग्गदेण अहिलासेण एतदवत्थम्हि संवुत्ता (सखि यतः प्रभृति मम दर्शनपथमागतः स तपोवनरक्षिता राजर्षिः तत आरभ्य तद्गतेनाभिलाषेणैतदवस्थाऽस्मि संवृत्ता।)

राजा—[सहर्षम्] श्रुतं श्रोतव्यम्।

स्मर एव तापहेतुर्निर्वापयिता स एव मे जातः।
दिवस इवाभ्रश्यामस्तपात्यये जीवलोकस्य ॥ १० ॥

शकुन्तला—तं जइ वो अणुमदं। ता तहवट्टह जह तस्स राएसिणो अणुकम्पणिज्जा होमि। अण्णहा अवस्सं सिञ्चध मे तिलोदअं। (तद्यदि वामनुमतम् तदा तथा वर्तेथाम् यथा तस्य राजर्षेरनुकम्पनीया भवामि। अन्यथा अवश्यं सिञ्चत मे तिलोदकम्।)

राजा—संशयच्छेदि वचनम्।

प्रियंवदा—[जनान्तिकम्] अणसूए दूरगअमम्महा अक्खमा इअं कालहरणस्स। जस्सिं बद्धभावा एसा सो ललामभूदो पोरवाणं। ता जुत्तं से अहिलासो अहिणन्दिदुं। (अनसूये! दूरगतमन्मथा अक्षमेयं कालहरणस्य। यस्मिन् बद्धभावैषा स ललामभूतः पौरवाणाम्। तद्युक्तमस्या अभिलाषोऽभिनन्दितुम्।)

राजा—दुख-सुख में साथ देनेवाली अपनी इन सखियोंके पूछनेपर तो यह बाला अवश्य ही अपने मनकी बात बता देगी। यद्यपि शकुन्तलाने उस समय बड़े प्यार से बार-बार मेरी ओर ललचाई आँखोंसे देखा था, फिर भी मेरे जीमें बड़ी धुकधुकी हो रही है कि देखें यह अपनी बेचैनीका क्या कारण बताती है ॥९॥

शकुन्तला—सखी, आश्रमकी रक्षा करनेवाले वे राजर्षि जबसे मेरी आँखोंमें समाए हैं तभीसे उन्हींके प्रेममें मेरी यह दशा हो गई है।

राजा—[हर्षसे] यही तो मैं सुनना चाहता था। जो कामदेव मुझे पीड़ा दे रहा था उसीने मुझे इस प्रकार जिला लिया जैसे गर्मीका दिन पहले तो जीवोंको व्याकुल कर देता है पर दिन ढल जाने पर वही सबका जी हरा भी कर देता है ॥१०॥

शकुन्तला—यदि तुम दोनों ठीक समझो तो कोई ऐसा उपाय करो कि उन राजर्षि की मुझपर कृपा हो जाय। नहीं तो मुझे तिलाञ्जलि देने के लिये तैयार हो जाओ।

राजा—[मन ही मन] बस, यह बात सुनकर सब सन्देह जाता रहा।

प्रियंवदा—[अनसूयासे अलग] सखी, इसकी प्रेम-व्यथा इतनी बढ़ गई है कि कोई उपाय शीघ्र ही करना चाहिए। सचमुच इस बातकी तो सराहना करनी ही पड़ेगी कि शकुन्तलाने प्रेम किया तो पुरुवंशके भूषण दुष्यन्त से ही।

अनसूया—तह जह भणासि। (तथा यथा भणसि।)

प्रियंवदा—[प्रकाशम्] सहि दिट्ठिआ अणुरूवो दे अहिणिवेसो। साअरं उज्झिअ कहिं वा महाणई ओदरइ। को दाणिं सहआरं अन्तरेण अदिमुत्तलदं पल्लविदं सहेदि। (सखि दिष्ट्याऽनुरूपस्तेऽभिनिवेशः। सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति। क इदानीं सहकारमन्तरेणाऽतिमुक्तलता पल्लविता सहते।)

राजा—किमत्र चित्रं यदि विशाखे शशाङ्कलेखामनुवर्तेते।

अनसूया—को उण उवाओ भवे जेण अविलम्बिअं णिहुअं अ सहीए मणोरहं संपादेम्ह। (कः पुनरुपायो भवेद्येनाविलम्बितं निभृतं च सख्या मनोरथं सम्पादयाव।)

प्रियंवदा—णिहुअं त्ति चिन्तणिज्जं भवे। सिग्घं त्ति सुअरं। (निभृतमिति चिन्तनीयं भवेत्। शीघ्रमिति सुकरम्।)

अनसूया—कहं विअ। (कथमिव।)

प्रियंवदा—णं सो राएसी इमस्सिं सिणिद्धदिट्ठीए सूइदाहिलासो इमाइं दिअहाइं पजाअरकिसो लक्खीअदि। (ननु स राजर्षिरेतस्यां स्निग्धदृष्ट्या सूचिताभिलाष एतान्दिवसान् प्रजागरकृशो लक्ष्यते।)

राजा—सत्यमित्थंभूत एवास्मि। तथा हि

इदमशिशिरैरन्तस्तापाद्विवर्णमणीकृतं
निशि निशि भुजन्यस्तापाङ्गप्रसारिभिरश्रुभिः।
अनभिलुलितज्याघाताङ्कं मुहुर्मणिबन्धना
कनकवलयं स्रस्तंस्रस्तं मया प्रतिसार्यते ॥११॥

अनसूया—हाँ, यह तो है।

प्रियंवदा—[प्रकट] सखी, तू बड़ी सौभाग्यशालिनी है कि ऐसे योग्य पुरुष से तूने प्रेम किया। बता तो, भला सागरको छोड़कर महानदी और कहाँ जायगी? आमके वृक्षको छोड़कर नये पत्तोंवाली माधवी भला और किसका सहारा लेकर चढ़ेगी?

राजा—यदि विशाखाके दोनों नक्षत्र चन्द्रकलाके पीछे-पीछे चलें तो आश्चर्य ही क्या?

अनसूया—तो कोई ऐसा उपाय बताओ कि इसकी इच्छा भी तुरन्त पूरी हो जाय और कोई जान भी न पावे।

प्रियंवदा—तुरत-वाला उपाय तो हो सकता है, पर बात छिपी रहे, इसीके लिये थोड़ा सोचना पड़ेगा।

अनसूया—क्यों?

प्रियंवदा—सच्ची बात तो यह है कि राजर्षि भी शकुन्तलासे प्रेम करते हैं। तभी तो दिन-रात जागते रहनेके कारण इधर वे कुछ दुबलेसे दिखाई पड़ने लगे हैं।

राजा—सचमुच मेरी दशा ऐसी ही हो गई है। मैं इतना दुबला हो गया हूँ कि सिरके तले लगी हुई भुजापर बँधा हुआ, रात-रात भर मेरी आँखोंकी कोरोंसे छन छनकर गिरे हुए गरम आँसुओं से मैले रत्नोंवाला, यह सोनेका भुजबन्ध इतना ढीला पड़ गया है कि बार-बार ऊपर सरकाते रहनेपर भी यह गट्टेपर खिसक आता है और धनुषकी डोरीकी फटकारसे पड़े हुए घट्ठोंपर भी नहीं ठहर पाता ॥ ११ ॥

प्रियंवदा—[विचिन्त्य] हला मअणलेहो से करीअदु। इमं देवप्पसादस्सावदेसेण सुमणोगोविद करिअ से हत्थअ पावदस्सं। (हला मदनलेखोऽस्य क्रियताम्। इमं देवप्रसादस्यापदेशेन सुमनोगोपितं कृत्वा तस्य हस्तं प्रापयिष्यामि।)

अनसूया—रोअइ मे सुउमारो पओओ। किं वा सउन्दला भणादि। (रोचते मे सुकुमारः प्रयोगः। किं वा शकुन्तला भणति।)

शकुन्तला—को णिओओ विकप्पीअदि। (को नियोगो विकल्प्यते।)

प्रियंवदा—तेण हि अत्तणो उवण्णासपुव्वं चिन्तेहि दाव ललिअपदबन्धणं। (तेन ह्यात्मन उपन्यासपूर्वं चिन्तय तावल्ललितपदबन्धनम्।)

शकुन्तला—हला चिन्तेमि अहं। अवहीरणभीरुअं पुणो वेवइ मे हिअअं। (हला चिन्तयाम्यहम्। अवधीरणभीरुक पुनर्वेपते मे हृदयम्।)

राजा—[सहर्षम्]—

अयं स तिष्ठति संगमोत्सुको विशङ्कसे भीरु यतोऽवधीरणाम्।
लभेत वा प्रार्थयिता न वा श्रियं श्रिया दुरापः कथमीप्सितो भवेत् ॥१२॥

सख्यौ—अत्तगुणावमाणिणि को दाणिं सरीरणिव्वाविदत्तिअं सारदिअं जोसिणिं पडन्तेण वारेदि। (आत्मगुणावमानिनि ! क इदानीं शरीरनिर्वापयित्रीं शारदीं ज्योत्स्नां पटान्तेन वारयति।)

शकुन्तला—[सस्मितम्] णिओइआ दाणिं म्हि। (नियोजितेदानीमस्मि।) [इत्युपविष्टा चिन्तयति।]

प्रियंवदा—[सोचकर] सखी ! इससे एक प्रेम-पत्र लिखवाया जाय और उसे फूलोंमे छिपाकर देवताका प्रसाद कहकर उन्हें दे आया जाय।

अनसूया—यह उपाय तो मुझे भी बड़ा सुन्दर जँचा। पर शकुन्तलासे भी तो पूछ लो।

शकुन्तला—तुम्हारी बातमें भला मैं क्या मीन-मेख निकाल सकती हूँ।

प्रियंवदा—तब अपनी दशाका वर्णन करते हुए एक सुन्दर-सी कविता बना डालो।

शकुन्तला—कविता तो मैं बना लूंगी। पर मेरा हृदय यही सोच-सोचकर काँप उठता है कि कहीं वे अस्वीकार न कर बैठें।

राजा—[हर्षसे] तुम जिससे निरादरकी आशङ्का कर रही हो वह तुमसे मिलनेको स्वयं उतावला हुआ खड़ा है। जो लक्ष्मीको पाना चाहता हो उसे लक्ष्मी भले ही न मिले पर जिसे स्वयं लक्ष्मी चाहे वह लक्ष्मीको न मिले, यह कैसे हो सकता है॥ १२॥

दोनों—तू अपनेको इतना बुरा क्यों समझे बैठी है ! भला बता तो ऐसा कौन मूर्ख होगा जो शरीरको शान्ति देनेवाली शरद्की चाँदनीको रोकनेके लिये सिरपर कपड़ा तान ले।

शकुन्तला—[मुस्कराकर] अच्छा, जो कहती हो वही करती हूँ। [यह कहकर बैठी हुई [illegible] है।]

राजा—स्थाने खलु विस्मृतनिमेषेण चक्षुषा प्रियामवलोकयामि । यतः—

उन्नमितैकभ्रूलतमाननमस्याः पदानि रचयन्त्याः ।
कण्टकितेन प्रथयति मय्यनुरागं कपोलेन ॥ १३ ॥

शकुन्तला—हला चिन्तिदं मए गीदवत्थु । ण क्खु सण्णिहिदाणि उण लेहणसाहणाणि । (हला चिन्तितं मया गीतवस्तु । न खलु संनिहितानि पुनर्लेखनसाधनानि ।)

प्रियंवदा—इमस्सि सुओदरसुउमारे णलिणीपत्ते णहेहिं णिक्खित्तवण्णं करेहि । (एतस्मिञ्छुकोदरसुकुमारे नलिनीपत्रे नखैर्निक्षिप्तवर्णं कुरु ।)

शकुन्तला—[यथोक्तं रूपयित्वा] हला सुणुद दाणिं संगदत्थं ण वेति । (हला शृणुतमिदानीं संगतार्थं न वेति ।)

उभे—अवहिदे म्ह । (अवहिते स्वः ।)

शकुन्तला—[वाचयति]—

तुज्झ ण आणे हिअअं मम उण कामो दिवा वि रत्तिम्मि ।
णिग्घिण तवइ बलीअं तुइ वुत्तमणोरहाइँ अङ्गाइँ ॥१४॥

(तव न जाने हृदयं मम पुनः कामो दिवाऽपि रात्रिमपि ।
निर्घृण ! तपति बलीयस्त्वयि वृत्तमनोरथान्यङ्गानि ॥)

राजा—[मन ही मन] प्यारीको आँखभर देखनेका यह अच्छा अवसर मिला है, क्योंकि—लताके समान चढ़ी हुई एक भौंहवाला और हर्षसे पुलकित गालोंवाला इस गीत बनानेवाली का मुख ही बताए डाल रहा है कि यह मुझे कितना प्यार करती है ॥१३॥

शकुन्तला—सखी ! गीत तो मैंने सोच लिया है पर लिखनेकी सामग्री तो यहाँ कुछ भी नहीं है ।

प्रियंवदा—सुग्गेकी छातीके समान कोमल इस कमलिनीके पत्तेपर अपने नखोंसे ही लिख डालो ।

शकुन्तला—[ऐसा ही करती हुई] सखी ! अब सुनो, यह ठीक भी बन पाया है या नहीं ।

दोनों—हाँ, हम सुन रही हैं ।

शकुन्तला—[बाँचती है ।]—

हे निर्दय ! मैं नहीं जानती, तेरे मनकी माया ।
पर तेरे ही प्रेम-पाशमें पड़कर यह फल पाया ।
कामदेव दिन-रात तपाता मेरी कोमल काया ॥१४॥

राजा—[सहसोपसृत्य]

तपति तनुगात्रि मदनस्त्वामनिशं मां पुनर्दहत्येव ।
ग्लपयति यथा शशाङ्कं न तथा हि कुमुद्वतीं दिवसः ॥१५॥

सख्यौ—[सहर्षम] साअदं अविलम्बिणो मणोरहस्स । (स्वागतमविलम्बिनो मनोरथस्य ।)

[शकुन्तलाऽभ्युत्थातुमिच्छति ।]

राजा—अलमलमायासेन ।

संदष्टकुसुमशयनान्याशुक्लान्तबिसभङ्गसुरभीणि ।
गुरुपरितापानि न ते गात्राण्युपचारमर्हन्ति ॥१६॥

अनसूया—इदोसिलातलेक्कदेसं अलंकरेदु व अस्सो । (इतः शिलातलैकदेशमलंकरोतु वयस्यः ।)

[राजोपविशति । शकुन्तला सलज्जा तिष्ठति]

प्रियंवदा—दुवेणं ण वो अण्णोण्णाणुराओ पच्चक्खो । सहीसिणेहो मं पुणरुत्तवादिणिं करेदि । (द्वयोर्नंनु युवयोरन्योन्यानुरागः प्रत्यक्षः । सखीस्नेहो मां पुनरुक्तवादिनीं करोति ।)

राजा—भद्रे नैतत्परिहार्यम् । विवक्षितं ह्यनुक्तमनुतापं जनयति ।

राजा—[शीघ्रतासे आगे बढ़कर ।] हे सुन्दरी ! तुम्हें तो कामदेव सताता भर है पर मुझे तो यह निरन्तर जलाए ही डाल रहा है । क्योंकि दिन निकलने पर कुमुदिनी उतनी नहीं कुम्हलाती जितना चन्द्रमा कुम्हला जाता है ॥१५॥

सखियाँ—[हर्षसे] स्वागत है आपका ! हम लोग अभी आपके दर्शनकी बात सोच ही रही थीं कि आप स्वयं ही आ गए ।

[शकुन्तला उठना चाहती है ।]

राजा—कष्ट करने की आवश्यकता नहीं । विरहके अत्यन्त तापसे तुमने फूलके बिछौनेपर जो इधर-उधर करवटें ली थीं उसके कारण फूलोंकी पङ्खुड़ियाँ तुम्हारे शरीरमें पसीनेसे चिपट गई हैं। तुमने कमलकी नालके जो आभूषण पहन रक्खे हैं वे भी मुरझा गए हैं । इससे जान पड़ता है कि तुम्हारा शरीर अभी बहुत विकल है और तुम इस योग्य नहीं हो पाई हो कि उठकर आदर सत्कार कर सको ॥१६॥

अनसूया—[राजासे] मित्र ! आप भी इसी पत्थरकी पटियाके एक कोनेको सुशोभित कीजिए ।

[राजा बैठ जाते हैं । शकुन्तला सकुचा जाती है ।]

प्रियंवदा—यद्यपि यह बात तो प्रत्यक्ष है कि आप दोनों एक दूसरेसे प्रेम करते हैं, फिर भी अपनी सखीके प्रेमके नाते मैं आपसे कुछ कहना चाहती हूँ ।

राजा—भद्रे ! अपने मनकी बात कह डालिए । क्योंकि मनमें आई हुई बात यदि मनमें ही रह जाती है तो पीछे बड़ा पछतावा होता है ।

प्रियंवदा—आवण्णस्स विसअणिवासिणो जणस्स अत्तिहरेण रण्णा होदव्वं त्ति एसो वो धम्मो। (आपन्नस्य विषयनिवासिनो जनस्यार्तिहरेण राजा भवितव्यमित्येष युष्माकं धर्मः।)

राजा—नास्मात्परम्।

प्रियंवदा—तेण हि इअं णो पिअसही तुमं उद्दिसिअ इमं अवत्थन्तरं भअवदा मअणेण आरोविदा। ता अरहसि अब्भुववत्तीए जीविदं से अवलम्बिदुं। (तेन हीयं नो प्रियसखी त्वामुद्दिश्येदमवस्थान्तरं भगवता मदनेनारोपिता। तदर्हस्यभ्युपपत्त्या जीवितं तस्या अवलम्बितुम्।)

राजा—भद्रे साधारणोऽयं प्रणयः सर्वथाऽनुगृहीतोऽस्मि।

शकुन्तला—[प्रियंवदामवलोक्य] हला किं अन्तेउरविरहपज्जुस्सुअस्स राएसिणो उवरोहेण। (हला किमन्तःपुरविरहपर्युत्सुकस्य राजर्षेरुपरोधेन।)

राजा—सुन्दरि!

इदमनन्यपरायणमन्यथा हृदयसंनिहिते हृदयं मम।
यदि समर्थयसे मदिरेक्षणे मदनबाणहतोऽस्मि हतः पुनः ॥१७॥

अनसूया—वअस्स बहुवल्लहा राआणो सुणीअन्ति। जह णो पिअसही बन्धुअणसोअणिज्जा ण होइ तह णिव्वत्तेहि। (वयस्य बहुवल्लभा राजानः श्रूयन्ते। यथा नो प्रियसखी बन्धुजनशोचनीया न भवति तथा निर्वर्तय।)

राजा—भद्रे किं बहुना।

परिग्रहबहुत्वेऽपि द्वे प्रतिष्ठे कुलस्य मे।
समुद्रवसना चोर्वी सखी च युवयोरियम् ॥ १८ ॥

प्रियंवदा—राजा होकर आपका यह धर्म है कि अपने राज्यमें रहनेवाले लोगोंका कष्ट दूर करें।

राजा—मैं कहाँ इससे हटता हूँ।

प्रियंवदा—तो भगवान् कामदेवने आपके ही कारण हमारी सखीकी यह दशा कर दी है। अब आप ही कृपा करें तो उसके प्राण बचें।

राजा—भद्रे! यह तो आपकी बड़ी कृपा है क्योंकि मेरी भी यहाँ यही दशा है।

शकुन्तला—[प्रियंवदाको देखकर] सखी! ये राजर्षि तो रनिवासकी रानियोंके विरहमें व्याकुल हो रहे होंगे, इन्हें इस फेरमें क्यों डाल रही हो।

राजा—सुन्दरी! मेरा हृदय तुम्हें छोड़कर और किसीको प्यार नहीं करता। फिर भी हे मदभरी चितवनवाली हृदयेश्वरी! यदि तुम इसका विश्वास नहीं करती तो मैं यही समझूँगा कि कामदेवके बाणोंसे एक बार घायल हुएको तुम दुबारा घायल कर रही हो॥ १७॥

अनसूया—वयस्य! सुनते हैं कि राजाओंके बहुतसी रानियाँ होती हैं। तो हमारी प्यारी सखीके लिये कुछ ऐसा प्रबन्ध कीजिएगा कि हम सगे-साथियोंको फिर पछताना न पड़े।

राजा—भद्रे! मैं और तो क्या कहूँ। इतना ही कह देता हूँ कि—रनिवासकी इतनी रानियोंके होते हुए भी मेरे कुलमें दो ही बड़ी समझी जायँगी—एक तो सागरसे घिरी हुई पृथ्वी, और दूसरी तुम्हारी सखी शकुन्तला॥ १८॥

उभे—णिव्वुद म्ह। (निर्वृते स्व.।)

प्रियंवदा—[सदृष्टिक्षेपम्] अणसूए ! जह एसो इदो दिण्णदिट्ठी उस्सुओ मिअपोदओ मादरं अण्णेसदि। एहि। संजोएम णं। (अनसूये ! यथैष इतो दत्तदृष्टिरुत्सुको मृगपोतको मातरमन्विष्यति। एहि। संयोजयाव एनम्।) [इत्युभे प्रस्थिते।]

शकुन्तला—हला असरण म्हि। अण्णदरा वो आअच्छदु। (हला अशरणाऽस्मि। अन्यतरा युवयोरागच्छतु।)

उभे—पुहवीए जो सरणं सो तुह समीवे वट्टइ। (पृथिव्या यः शरणं स तव समीपे वर्तते।)

[इति निष्क्रान्ते।]

शकुन्तला—कहं गदाओ एव्व। (कथ गते एव।)

राजा—अलमावेगेन। नन्वयमाराधयिता जनस्तव समीपे वर्तते।

किं शीतलैः क्लमविनोदिभिरार्द्रवाता-
न्संचारयामि नलिनीदलतालवृन्तैः।
अङ्के निधाय करभोरु यथासुखं ते
संवाहयामि चरणावुत पद्मताम्रौ ॥ १९ ॥

शकुन्तला—ण माणणीएसु अत्ताणं अवराहइस्सं। (न माननीयेष्वात्मानमपराधयिष्ये।)

[इत्युत्थाय गन्तुमिच्छति।]

दोनों—तब हमें सन्तोष है।

प्रियंवदा—[बाहर देखकर] अनसूया ! देख, यह मृगछौना इधर देखता हुआ अपनी माँको ढूँढ रहा है। चल, इसे इसकी माँके पास पहुँचा आवें।

[चलनेको उद्यत]

शकुन्तला—अरी सखियो ! मुझे किसके सहारे छोड़ जा रही हो ! दोनोंमें से एक तो ठहरो।

दोनों—सारी पृथ्वीको सहारा देनेवाला तो तेरे पास ही बैठा है।

[प्रस्थान।]

शकुन्तला—अरे क्या चली गईं ?

राजा—घबराती क्यों हो ? तुम्हारी सेवा करनेवाला यह सेवक तो यहीं बैठा ही है। हाथीकी सूँडके समान सुन्दर जाँघोंवाली ! इस समय जो तुम्हें सुहाता हो, मैं वही करनेको तत्पर हूँ। कहो तो इन थकावट दूर करनेवाले ठंडे कमलिनीके पत्तोंसे पंखा झलूँ या कहो तुम्हारे लाल कमलों जैसे दोनों चरणोंको अपनी गोदमें रखकर धीरे-धीरे दबाऊँ ॥ १९ ॥

शकुन्तला—पूज्य लोगोंसे सेवा कराकर मैं अपने सिर पाप नहीं लूँगी।

[उठकर जाना चाहती है।]

राजा—सुन्दरि ! अनिर्वाणो दिवसः इयं च ते शरीरावस्था ।

उत्सृज्य कुसुमशयनं नलिनीदलकल्पितस्तनावरणम् ।
कथमातपे गमिष्यसि परिबाधापेलवैरङ्गैः ॥२०॥

[इति बलादेनां निवर्तयति ।]

शकुन्तला—पौरव ! रक्ख अविणअं । मअणसंतत्तावि ण क्खु अत्तणो पहवामि । (पौरव ! रक्षाविनयम् । मदनसंतप्ताऽपि न खल्वात्मनः प्रभवामि ।)

राजा—भीरु ! अलं गुरुजनभयेन । दृष्ट्वा ते विदितधर्मा तत्रभवान्नात्र दोषं ग्रहीष्यति कुलपतिः । अपि च—

गान्धर्वेण विवाहेन बह्व्यो राजर्षिकन्यकाः ।
श्रूयन्ते परिणीतास्ताः पितृभिश्चाभिनन्दिताः ॥२१॥

शकुन्तला—मुञ्च दाव मं । भूओ वि सहीजणं अणुमाणइस्सं । (मुञ्च तावन्माम् । भूयोऽपि सखीजनमनुमानयिष्ये ।)

राजा—भवतु मोक्ष्यामि ।

शकुन्तला—कदा । (कदा)

राज—सुन्दरी ! अभी दिन भी नहीं ढला है और इधर तुम्हारे शरीरकी भी यह दशा है । इस दुपहरीमें फूलोंका बिस्तर छोड़कर और कमलके पत्तोंसे स्तन ढककर, विरहमें तपे हुये अपने दुर्बल अङ्गोंको लेकर तुम कहाँ जाओगी ? ॥२०॥

[शकुन्तला का हाथ पकड़कर उसे रोक लेता है ।]

शकुन्तला—पौरव ! कुछ तो शील का ध्यान रक्खो । प्रेमसे व्याकुल होने पर भी मैं अपने वशसे कुछ नहीं कर सकती ।

राजा—अरी डरपोक ! गुरुजनोंसे डरनेकी तो कोई बात ही नहीं है । पूज्य कुलपति धर्म को भली भाँति जानते हैं । यदि वे सब बातें जान भी लेंगे तब भी इसे बुरा नहीं कहेंगे । देखो—बहुत से राजर्षियों की कन्याओंने गान्धर्व विवाह किया है और यह भी सुना जाता है कि उनके पिताओंने उनका समर्थन ही किया ॥२१॥

शकुन्तला—अच्छा, अभी तो मुझे छोड़ दीजिये । मैं कम से कम सखियोंसे तो पूछ लूँ ।

राजा—अच्छा, छोड़ दूँगा ।

शकुन्तला—कब ?

राजा—

अपरिक्षतकोमलस्य यावत्कुसुमस्येव नवस्य षट्पदेन ।
अधरस्य पिपासता मया ते सदयं सुन्दरि गृह्यते रसोऽस्य ॥२२॥

[इति मुखमस्याः समुन्नमयितुमिच्छति । शकुन्तला परिहरति नाट्येन ।]

[नेपथ्ये]

चक्कवाकवहुए आमन्तेहि सहअरं । उवट्ठिआ रअणी (चक्रवाकवधुके आमन्त्रयस्व सहचरम् । स्थिता रजनी ।

शकुन्तला—[ससम्भ्रमम्] पोरव ! असंसअं मम सरीरवुत्तन्तोवलम्भस्स अज्जा गोदमी इदो व आअच्छदि ता विडवन्तरिदो होहि । (पौरव ! असंशयं मम शरीरवृत्तान्तोपलम्भायार्या तमीत एवागच्छति तद्विटपान्तरितो भव ।)

राजा—तथा । [इत्यात्मानमावृत्य तिष्ठति]

[ततः प्रविशति पात्रहस्ता गौतमी सख्यौ च ।]

सख्यौ—इदो इदो अज्जा गोदमी । (इत इत आर्या गौतमी ।)

गौतमी—[शकुन्तलामुपेत्य] जादे ! अवि लहुसंदावाइं दे अङ्गाइं । (जाते ! अपि लघुसंतापानि तेऽङ्गानि ।)

शकुन्तला—अज्जे ! अत्थि मे विसेसो । (आर्ये ! अस्ति मे विशेषः ।)

गौतमी—इमिणा दब्भोदएण णिराबाधं एव्व दे सरीरं भविस्सदि [शिरसि शकुन्तलामभ्युक्ष्य] च्छे ! परिणदो दिअहो । एहि । उडजं एव्व गच्छम्ह । (अनेन दर्भोदकेन निराबाधमेव ते शरीरं विष्यति । वत्से परिणतो दिवसः । एहि । उटजमेव गच्छामः ।)

[इति प्रस्थिताः]

राजा—जैसे नये कोमल फूलका रस भौंरा बड़े चावसे पीता है वैसे ही जब मुझ प्यासे तो तुम्हारे कोमल अधरोंका रस पीनेको मिल जायगा तब छोड़ दूँगा ॥२२॥

[ऐसा कहकर उसका मुँह ऊपर उठाना चाहता है । शकुन्तला रोकनेका अभिनय करती है।]

[नेपथ्यमें]

अरी चकवी ! अपने प्यारेसे विदा ले । रात आ पहुँची है ।

शकुन्तला—[सिटपटाकर] पौरव ! जान पड़ता है मेरे शरीरकी दशा जाननेके लिये आर्या गौतमी यहीं आ रही हैं । इसलिए आप जाकर इस वृक्षकी ओटमें छिप जाइए ।

राजा—अच्छा । [छिप जाता है ।]

[हाथमें एक पात्र लिये हुये दोनों सखियोंके साथ गौतमीका प्रवेश ।]

सखियाँ—इधर आइए आर्या गौतमी इधर ।

गौतमी—[शकुन्तलाके पास जाकर ।] बेटी ! तुम्हारे शरीर का ताप कुछ कम हुआ ?

शकुन्तला—हाँ, अब तो कुछ ठीक है ।

गौतमी—लो, इस कुशाके जलसे तुम अच्छी हो जाओगी । [शकुन्तलाके सिर पर जल छिड़कती है ।] बेटी ! दिन ढल गया है । आओ चलो, कुटीमें चलें । [जाती हैं ।]

शकुन्तला—[आत्मगतम्] हिअअ ! पढम एव्व सुहोवणदे मणोरहे कादरभावं ण मुञ्चसि । साणुसअविहडिअस्स कहं दे संपदं संदावो [पदान्तरे स्थित्वा प्रकाशम्] लदावलअ संदावहारअ आमन्तेमि तुमं भूओ वि परिभोअस्स (हृदय ! प्रथममेव सुखोपनते मनोरथे कातरभावं न मुञ्चसि । सानुशयविघटितस्य कथं ते सांप्रतं संतापः । लतावलय संतापहारक आमन्त्रये त्वां भूयोऽपि परिभोगाय) [इति दुःखेन निष्क्रान्ता शकुन्तला सहेतराभिः ।]

राजा—[पूर्वस्थानमुपेत्य सनिःश्वासम्] अहो विघ्नवत्यः प्रार्थितार्थसिद्धयः । मया हि—

मुहुरङ्गुलिसंवृताधरोष्ठं प्रतिषेधाक्षरविक्लवाभिरामम् ।
मुखमंसविवर्ति पक्ष्मलाक्ष्याः कथमप्युन्नमितं न चुम्बितं तु ॥२३॥

क्व नु खलु संप्रति गच्छामि । अथवा इहैव प्रियापरिभुक्तमुक्ते लतावलये मुहूर्तं स्थास्यामि । [सर्वतोऽवलोक्य]

तस्याः पुष्पमयी शरीरलुलिता शय्या शिलायामियं
क्लान्तो मन्मथलेख एष नलिनीपत्रे नखैरर्पितः ।
हस्ताद्भ्रष्टमिदं बिसाभरणमित्यासज्यमानेक्षणो
निर्गन्तुं सहसा न वेतसगृहाच्छक्नोमि शून्यादपि ॥ २४ ॥

[आकाशे]

शकुन्तला—[मन ही मन] हृदय ! जब तुम्हारा प्यारा अपने आप आ पहुँचा था तब तो तुम डरपोक बने रहे । अब पछताते हुए बिछुड़ जानेपर क्यों इतना रो-कलप रहे हो । [कुछ पग चलती है, फिर खड़ी होकर, प्रकट] हे सन्ताप हरनेवाले लताकुञ्ज ! विहारके लिये मैं तुम्हें फिर निमन्त्रण दे जाती हूँ । [दुःखके साथ शकुन्तलाका प्रस्थान ।]

राजा—[पहलेके स्थानपर पहुँचकर आह भरकर] आह ! मनकी साधें पूरी होनेमें कितनी बाधाएँ आ कूदती हैं । क्योंकि—सुन्दर पलकोंवाली शकुन्तलाके उस मुखको उठाकर मैं चूम भी नहीं पाया जिसके ओठको वह बार-बार अपनी उँगलियोंसे ढकती जा रही थी जो बार-बार नहीं-नहीं कहते हुए बड़ा सुन्दर लग रहा था और जिसे वह बार-बार अपने कन्धेकी ओर मोड़ती जा रही थी ॥२३॥ अब कहाँ जाऊँ ? अच्छा इसी लता-कुञ्जमें थोड़ी देर ठहर जाता हूँ जहाँ प्यारी इतनी देर रहकर चली गई है । [चारों ओर देखकर] इस पटियापर उसके शरीरसे मसला हुआ यह फूलोंका बिछावन पड़ा है । कमलिनीके पत्तेपर नखोंसे लिखा हुआ और मुरझाया हुआ यह प्रेम पत्र भी रक्खा हुआ है । उसके हाथोंसे छूटकर गिरे हुए ये कमलनालके आभूषण भी बिखरे हुए हैं । इसलिये अपने नेत्रोंको उलझानेवाली इतनी वस्तुओंसे होते हुए बेंतोंसे घिरे हुए इस सूने लता-मण्डपको इतनी शीघ्र छोड़कर मैं कहीं भी जा नहीं पा रहा हूँ ॥२४॥

[आकाशमें]

राजन् !

सायंतने सवनकर्मणि संप्रवृत्ते वेदीं हुताशनवतीं परितः प्रयस्ताः ।
छायाश्चरन्ति बहुधा भयमादधानाः संध्यापयोदकपिशाः पिशिताशनानाम् ॥२५॥

राजा—अयमयमागच्छामि । [इति निष्क्रान्तः ।]

इति तृतीयोऽङ्कः ।

राजन्—सायंकालके यज्ञ कर्मके आरम्भ होते ही जलती हुई अग्निवाली वेदियोंके चारों ओर साँझके बादलोंके समान काले-काले और लाल-लाल डरावने राक्षस इधर-उधर घूमने लगे हैं ॥२५॥

राजा—मैं आता हूँ । [प्रस्थान ।]

तीसरा अंक समाप्त ।

चतुर्थोऽङ्कः

[ततः प्रविशत कुसुमावचय नाटयन्त्यौ सख्यौ ।]

अनसूया—पिअंवदे जइ वि गन्धव्वेण विहिणा णिव्वुत्तकल्लाणा सउन्दला अणुरूव-भत्तुगामिणी संवुत्तेति णिव्वुदं मे हिअअ तह वि एत्तिअं चिन्तणिज्जं । (प्रियंवदे यद्यपि गान्धर्वेण विधिना निर्वृत्तकल्याणा शकुन्तलाऽनुरूपभर्तृगामिनी संवृत्तेति मे हृदयं तथाप्येतावच्चिन्तनीयम् ।)

प्रियंवदा—कहं विअ । (कथमिव ।)

अनसूया—अज्ज सो राएसी इट्ठिं परिसमाविअ इसीहिं विसज्जिओ अत्तणो णअरं पविसिअ अन्तेउरसमागदो इदोगदं वुत्तन्तं सुमरदि वा ण वेत्ति । (अद्य स राजर्षिरिष्टिं परिसमाप्य ऋषिभिर्विसर्जित आत्मनो नगरं प्रविश्यान्तःपुरसमागत इतोगतं वृत्तान्तं स्मरति वा न वेति ।)

प्रियंवदा—वीसद्धा होहि । ण तादिसा आकिदिविसेसा गुणविरोहिणो होन्ति । तादो दाणिं इमं वुत्तान्तं सुणिअ ण जाणे किं पडिवज्जिस्सदि त्ति । (विस्रब्धा भव । न तादृशा आकृतिविशेषा गुणविरोधिनो भवन्ति । तात इदानीमिमं वृत्तान्तं श्रुत्वा न जाने किं प्रतिपत्स्यत इति ।

अनसूया—जह अहं देक्खामि तह तस्स अणुमदं भवे । (यथाऽहं पश्यामि तथा तस्यानुमतं भवेत् ।)

प्रियंवदा—कहं विअ । (कथमिव ।)

चतुर्थ अङ्क

[फूल चुननेका अभिनय करती हुई दोनो सखियोंका प्रवेश]

अनसूया—प्रियंवदा ! इस बातसे तो जीको बड़ा संतोष हुआ कि शकुन्तलाका गान्धर्व विवाह हो गया और उसे योग्य पति भी मिल गया, पर यही बड़ी चिन्ता है ।—

प्रियंवदा—क्या ?

अनसूया—यही कि आज यज्ञ हो चुकनेपर जब ऋषियोंसे बिदा लेकर ये राजा अपने नगरके रनिवासमे पहुँच जायेंगे तब यहाँकी सुध उन्हे रह भी पावेगी या नही ?

प्रियंवदा—इसकी चिन्ता न कर । क्योंकि ऐसी चाल-ढालके लोग कपटी नहीं हुआ करते । पर ये सब बातें सुनकर न जाने पिताजी क्या करेंगे ?

अनसूया—मैं जहाँतक समझती हूँ, वे इसका समर्थन ही करेंगे ।

प्रियंवदा—क्यों ?

अनसूया—गुणवदे कण्णआ पडिवादणिज्जेत्ति अअं दाव पढमो संकप्पो। तं जइ देव्वं एव्व संपादेदि णं अप्पआसेण किदत्थो गुरुअणो। (गुणवते कन्यका प्रतिपादनीयेत्ययं तावत्-प्रथमः संकल्पः। तं यदि दैवमेव संपादयति ननु अप्रयासेन कृतार्थो गुरुजनः।)

प्रियंवदा—[पुष्पभाजनं विलोक्य] सहि अवइदाइं बलिकम्मपज्जत्ताइं कुसुमाइं। (सखि अवचितानि बलिकर्मपर्याप्तानि कुसुमानि।)

अनसूया—णं सहीए सउन्दलाए सोहग्गदेवआ अच्चणीआ। (ननु सख्याः शकुन्तलायाः सौभाग्यदेवताऽर्चनीया।)

प्रियंवदा—जुज्जदि। (युज्यते।) [इति तदेव कर्मारभते।]

[नेपथ्ये]

अयमहं भोः।

अनसूया—[कर्णं दत्वा] सहि अदिधीणं विअ णिवेदिदं। (सखि अतिथीनामिव निवेदितम्।)

प्रियंवदा—णं उडजसण्णिहिदा सउन्दला। [आत्मगतम्] अज्ज उण हिअएण असंणिहिदा। (ननूटज संनिहिता शकुन्तला। अद्य पुनर्हृदयेनासंनिहिता।)

अनसूया—होदु। अलं एत्तिएहिं कुसुमेहिं। (भवतु। अलमेतावद्भिः कुसुमैः।)

[इति प्रस्थिते]

[नेपथ्ये]

अनसूया—क्योंकि उनका तो संकल्प ही था कि कोई योग्य वर मिल जायगा तो इसका विवाह कर देंगे और जब वह काम दैवने ही पूरा कर दिया है तब तो बिना परिश्रमके ही उनका काम बन गया।

प्रियंवदा—[फूलोंकी पिटारी देखकर] सखी, बलि-कर्मके लिये इतने फूल तो बहुत होंगे न !

अनसूया—क्यों ? अभी शकुन्तलाके सौभाग्य-देवताकी भी तो पूजा करनी है।

प्रियंवदा—हाँ, हाँ, ठीक कहती हो। [फूल चुनने लग जाती है]

[नेपथ्यमें]

अरे ! मैं आया हुआ हूँ।

अनसूया—[कान लगाकर] यह तो किसी अतिथिकी बोली जान पड़ती है।

प्रियंवदा—शकुन्तला तो कुटीमें है ही। [मन ही मन] पर आज वह कुछ अनमनी-सी हो रही है।

अनसूया—चलो, इतने फूलोंसे काम हो जायगा। [प्रस्थान]

[नेपथ्यमें]

आः अतिथि परिभाविनि !

विचिन्तयन्ती यमनन्यमानसा तपोधनं वेत्सि न मामुपस्थितम् ।
स्मरिष्यति त्वां न स बोधितोऽपि सन् कथां प्रमत्तः प्रथमं कृतामिव ॥१॥

प्रियंवदा—हद्धी हद्धी । अप्पिअं एव्व संवुत्तं । कस्सिं पि पूआरुहे अवरद्धा सुण्णहिअआ सउन्दला । [पुरोऽवलोक्य] ण हु जस्सिं कस्सिं पि । एसो दुव्वासो सुलहकोवो महेसी तह सविअ वेअबलुप्फुल्लाए दुव्वाराए गईए पडिणिउत्तो । को अण्णो हुदवहादो दहिदुं पहवदि । (हा धिक् हा धिक् । अप्रियमेव संवृत्तम् । कस्मिन्नपि पूजार्हेऽपराद्धा शून्यहृदया शकुन्तला । न खलु यस्मिन्कस्मिन्नपि । एष दुर्वासाः सुलभकोपो महर्षिस्तथा शप्त्वा वेगबलोत्फुल्लया दुर्वारया गत्या प्रतिनिवृत्तः । कोऽन्यो हुतवहाद्दग्धुं प्रभवति ।)

अनसूया—गच्छ पादेसु पणमिअ णिवत्तेहि णं जाव अहं अग्घोदअं उपकप्पेमि । (गच्छ पादयोः प्रणम्य निवर्तयैनम् । यावदहमर्घोदकमुपकल्पयामि ।)

प्रियंवदा—तह । (तथा) [इति निष्क्रान्ता ।]

अनसूया—[पदान्तरे स्खलितं निरूप्य] अव्वो आवेअक्खलिदाए गईए पब्भट्ठं मे अग्गहत्थादो पुप्फभाअणं । (अहो आवेगस्खलितया गत्या प्रभ्रष्टं ममाग्रहस्तात्पुष्पभाजनम् ।) [इति पुष्पोच्चयं रूपयति ।

[प्रविश्य]

प्रियंवदा—सहि पकिदिवक्को सो कस्स अणुणअं पडिगेण्हदि । किं वि उण साणुक्कोसो किदो । (सखि प्रकृतिवक्रः स कस्यानुनयं प्रतिगृह्णाति । किमपि पुनः सानुक्रोशः कृतः ।)

अरी ओ, अतिथिका अपमान करनेवाली ! जिसके ध्यानमें इतनी मग्न होकर तू मुझ जैसे तपस्वीके आनेकी भी सुध नहीं ले रही है वह बहुत स्मरण दिलानेपर भी तुझे उसी प्रकार भूल जायगा जैसे पागल मनुष्य अपनी पिछली बात भूल जाता है ॥१॥

प्रियंवदा—हाय हाय ! यह तो बड़ा बुरा हुआ । जान पड़ता है कि अपने बेसुधपनमें शकुन्तलाने किसी पूजनीय महात्माका अपमान कर दिया है । [सामने देखकर] और वह भी किसी ऐसे-वैसेका नहीं ! ये तो तनिकसी बातपर बिगड़ खड़े होने वाले महर्षि दुर्वासा ही हैं जो शाप देकर क्रोधसे काँपते हुए पैरोंसे वेगसे लौटे चले जा रहे हैं । भला आगको छोड़कर जलानेका काम और कौन करेगा ?

अनसूया—जा, उनके पैरों पड़कर उन्हें लौटा ला । तबतक मैं अर्घ्यंका जल ले आती हूँ ।

प्रियंवदा—अच्छी बात है । [प्रस्थान]

अनसूया—[दो एक पग चलकर ठोकर खा जाती है ।] हाय हाय ! झपटकर चलनेसे ऐसी ठोकर लग गई कि हाथ से फूलकी पिटारी ही छूट पड़ी । [फूल चुननेका अभिनय करती है ।]

प्रियंवदा—[प्रवेश करके] सखी, वे तो बड़े टेढ़े व्यक्ति हैं । वे क्या किसीकी सुनते हैं ? फिर भी मैंने उन्हें किसी प्रकार थोड़ा बहुत मना लिया है ।

अनसूया—[सस्मितम्] तस्सि बहु एद पि। वहेहि। (तस्मिन्बह्वेतदपि। कथय।)

प्रियंवदा—जदा णिवत्तिदं ण इच्छदि तदा विण्णाविदो मए। भअवं पढमं त्ति पेक्खिअ अविण्णादतवप्पहावस्स दुहिदुजणस्स भअवदा एक्को अवराहो मरिसिदव्वो त्ति। (यदा निवर्तितुं नेच्छति तदा विज्ञापितो मया। भगवन् प्रथम इति प्रेक्ष्य अविज्ञाततपःप्रभावस्य दुहितृजनस्य भगवतैकोऽपराधो मर्षयितव्य इति।)

अनसूया—तदो तदो। (ततस्ततः)

प्रियंवदा—तदो ण मे वअणं अण्णहाभविदुं अरिहदि किंदु अहिण्णाणाभरणदंसणेण सावो णिवत्तिस्सदि त्ति मन्तअन्तो सअं अन्तरिहिदो। (ततो न मे वचनमन्यथाभवितुमर्हति किन्त्वभिज्ञानाभरणदर्शनेन शापो निवर्तिष्यत इति मन्त्रयमाणस्वयमन्तर्हितः।)

अनसूया—सक्कं दाणि अस्ससिदुं अत्थि तेण राएसिणा सपत्थिदेण सणामहेअङ्किअं अंगुलीअअं सुमरणीअं त्ति सअं पिणद्धं। तस्सि साहीणोवाआ सउन्दला भविस्सदि। (शक्यमिदानीमाश्वसितुम्। अस्ति तेन राजर्षिणा सम्प्रस्थितेन स्वनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं स्मरणीयमिति स्वयं पिनद्धम्। तस्मिन्स्वाधीनोपाया शकुन्तला भविष्यति।)

प्रियंवदा—सहि एहि देवकज्जं दाव से णिव्वत्तेम्ह। (सखि एहि देवकार्यं तावदस्या निर्वर्तयाव।)

[इति परिक्रामतः।]

प्रियंवदा—[विलोक्य] अणसूए पेक्ख दाव। वामहत्थोवहिदवअणा आलिहिदा विअ पिअसही। भत्तुगदाए चिन्ताए अत्ताणं पि ण एसा विभावेदि किं उण आअन्तुअं। (अनसूये पश्य तावत्। वामहस्तोपहितवदनाऽऽलिखितेव प्रियसखी। भर्तृगतया चिन्तयाऽऽत्मानमपि नैषा विभावयति किं पुनरागन्तुकम्।)

अनसूया—[मुस्कराकर] इतना भी क्या कम है। कहो क्या किया?

प्रियंवदा—जब वे किसी प्रकार भी लौटनेको तैयार न हुए तब मैंने प्रार्थना की कि भगवन्! एक तो शकुन्तलाका यह पहला ही अपराध है, फिर वह आपके तेजका प्रभाव भी नहीं पहचानती है, इसलिये इसे बस इस बार तो उसे क्षमा कर ही दीजिए।

अनसूया—तब?

प्रियंवदा—तब वे इतना ही कहकर अन्तर्धान हो गए कि मेरा वचन तो झूठा हो नहीं सकता। हाँ, इतना हो सकता है कि यदि यह कन्या अपने प्रेमीको कोई पहचानका आभूषण दिखला दे तो मेरा शाप छूट जायगा।

अनसूया—चलो, कुछ तो जी हलका हुआ क्योंकि उस राजर्षिने चलते समय अपने नामवाली अँगूठी दी थी। बस वह अँगूठी ही शकुन्तला के शापका सहज उपाय है।

प्रियंवदा—सखी! चलो तबतक देव-पूजनका काम पूरा कर डालें। [घूमती हैं।]

प्रियंवदा—[देखकर] देखो तो, बाएँ हाथपर गाल रक्खे हुए प्यारी सखी कैसी चित्र-लिखी सी दिखाई दे रही है। पतिकी चिन्तामें जब यह अपनी ही सुध-बुध खो बैठी है, तब फिर अतिथि की कौन कहे।

अनसूया—पिअंवदे दुवेणं एव्व णं णो मुहे एसो वुत्तन्तो चिट्ठदु। रक्खिदव्वा क्खु पकिदिपेलवा पिअसही। (प्रियंवदे द्वयोरेव ननु नौ मुख एष वृत्तान्तस्तिष्ठतु। रक्षितव्या खलु प्रकृतिपेलवा प्रियसखी।)

प्रियंवदा—को णाम उण्होदएण णोमालिअं सिञ्चेदि। (को नामोष्णोदकेन नवमालिकां सिञ्चति।)

[इत्युभे निष्क्रान्ते]

॥ विष्कम्भकः ॥

[ततः प्रविशति सुप्तोत्थितः शिष्यः।]

शिष्यः—वेलोपलक्षणार्थमादिष्टोऽस्मि तत्रभवता प्रवासादुपावृत्तेन काश्यपेन। प्रकाशं निर्गतस्तावदवलोकयामि कियदवशिष्टं रजन्या इति। [परिक्रम्यावलोक्य च] हन्त प्रभातम्। तथा हि—

यात्येकतोऽस्तशिखरं पतिरोषधीना-
मात्विष्कृतोऽरुणपुरःसर एकतोऽर्कः।
तेजो द्वयस्य युगपद्व्यसनोदयाभ्यां
लोको नियम्यत इवात्मदशान्तरेषु ॥ २ ॥

अपि च—

अन्तर्हिते शशिनि सैव कुमुद्वती मे दृष्टिं न नन्दयति संस्मरणीयशोभा।
इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुःसहानि ॥ ३ ॥

अनसूया—प्रियंवदा ! देखो यह बात हमारे तुम्हारे ध्यान तक ही रहे। क्योंकि शकुन्तला बड़े कोमल स्वभावकी है। उसकी रक्षा तो करनी ही होगी।

प्रियंवदा—हाँ हाँ, यह तो है ही। नवमल्लिकाकी लहलहाती लताको खौलते हुए पानीसे भला कौन सींचेगा। [प्रस्थान।]

॥ विष्कम्भक ॥

[सोकर उठे हुए एक शिष्यका प्रवेश।]

शिष्य—बाहरसे अभी लौटे हुए पूज्य कण्वने मुझे यह देखनेको कहा है कि अभी रात कितनी रह गई है। इसलिये चलूँ बाहर चलकर देखूँ। [इधर-उधर घूमकर और आकाशकी ओर देखकर।] अरे यह तो दिन निकल आया। क्योंकि—एक ओर ओषधियोंके पति चन्द्रमा अस्ताचलको चले जा रहे हैं और दूसरी ओर अपने सारथी अरुणको आगे किए हुए सूर्य निकल रहे हैं। इन दो तेजस्वियोंके एक साथ उदय और अस्तको देखकर संसारको यही शिक्षा मिलती है कि दुःखके पीछे सुख और सुखके पीछे दुःख लगा ही रहता है ॥२॥

और भी देखो—चन्द्रमाके अस्त हो जाने पर अब कुमुदिनी आँखोंको नहीं भाती। उसकी शोभा केवल कल्पनामें ही रह गई है। सचमुच जिन स्त्रियोंके पति परदेश चले जाते हैं वे वियोगका दुःख कैसे सह पाती होंगी ॥३॥

[प्रविश्यापटीक्षेपेण]

अनसूया—जइ वि णाम विसअपरम्मुहस्स वि जणस्स एद ण विदिअ तह वि तेण रण्णा सउन्दलाए अणज्ज आअरिद । (यद्यपि नाम विषयपराङ्मुखस्यापिजनस्यैतन्न विदितं तथापि तेन राज्ञा शकुन्तलायामनार्यमाचरितम् ।)

शिष्य —यावदुपस्थिता होमवेला गुरवे निवेदयामि । [इति निष्क्रान्त]

अनसूया—पडिबुद्धा वि किं करिस्स । ण मे उइदेसु वि णिअकरणिज्जेसु हत्थपाआ पसरन्ति । कामो दाणि सकामो होदु जेण असच्चसंधे जणे सुण्णहिअआ सही पद कारिदा । अहवा दुव्वाससो कोवो एसो विआरेदि । अण्णहा कहं सो राएसी तारिसाणि मन्तिअ एत्तिअस्स कालस्स लेहमेत्त पि ण विसज्जेदि ता इदो अहिण्णाण अगुलीअअ से विसज्जेम । दुक्खसीले तवस्सिजणे को अब्भत्थीअदु । ण सहीगामी दोसो त्ति ववसिदा वि ण पारेमि पवासपडिणिउत्तस्स तादकण्णस्स दुस्सन्तपरिणीद आवण्णसत्त सउन्दल णिवेदिदु' । इत्थगए अम्हेहिं किं करणिज्ज । (प्रतिबुद्धाऽपि किं करिष्ये । न मे उचितेष्वपि निजकार्येषु हस्तपाद प्रसरति । काम इदानीं सकामो भवतु येनासत्यसंधे जने शून्यहृदया सखी पद कारिता । अथवा दुर्वाससः कोप एष विकारयति । अन्यथा कथ स राजर्षिस्तादृशानि मन्त्रयित्वैतावत्कालस्य लेखमात्रमपि न विसृजति । तदितोऽभिज्ञानमङ्गुलीयकं तस्य विसृजाव । दु खशीले तपस्विजने कोऽभ्यर्थ्यताम् । ननु सखीगामी दोष इति व्यवसिताऽपि न पारयामि प्रवासप्रतिनिवृत्तस्य तातकण्वस्य दुष्यन्तपरिणीतामापन्नसत्त्वा शकुन्तला निवेदयितुम् । इत्थगतेऽस्माभि किं करणीयम् ।)

[प्रविश्य]

[परदेको झटकेसे उठाकर अनसूया आती है ।]

अनसूया—[आप ही आप] यद्यपि मैं प्रेमकी बातें कुछ भी नहीं जानती फिर भी इतना तो अवश्य कह सकती हूँ कि उस राजाने शकुन्तलाके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया ।

शिष्य—चलूँ गुरुजीसे चलकर बताऊँ कि हवनका समय हो गया है ।　　　　[प्रस्थान]

अनसूया—जाग तो गई हूँ, पर क्या बताऊँ, यहाँ अपने नित्यके कामके लिये भी हाथ-पैर नहीं उठ रहे हैं । अब कामदेवका जी तो भर गया होगा कि मेरी सच्ची सखी उस झूठेका इतना विश्वास कर बैठी । या कौन जाने दुर्वासाके शापका ही फल हो, नहीं तो वैसी मीठी-मीठी बातें करनेवाला वह राजर्षि इतने दिन बीत जाने पर भी क्या एक पत्र तक न लिख भेजता । अब उसे सुध दिलानेके लिये उसके पास अँगूठी भेजनी ही पड़ेगी । पर कठोर जीवन बितानेवाले इन तपस्वियोंमेंसे किससे अँगूठी पहुँचानेको कहा जाय । बाहरसे लौटे हुए तात कण्वसे मैं सखीके अपराधकी बात तो कह सकती हूँ पर उनसे यह नहीं कह पाऊँगी कि शकुन्तलाका राजा दुष्यन्तसे विवाह हो गया है और उसे गर्भ भी है । अब क्या करूँ ?

[आकर]

प्रियंवदा—[सहर्षम्] सहि तुवर तुवर सउन्दलाए पत्थाणकोदुअं णिव्वत्तिदुं। (सखि त्वरस्व त्वरस्व शकुन्तलायाः प्रस्थानकौतुकं निर्वर्तयितुम्।)

अनसूया—सहि कहं एदं। (सखि कथमेतत्)।

प्रियंवदा—सुणाहि। दाणिं सुहसइणपुच्छिआ सउन्दलासआसं गदम्हि। (शृणु। इदानीं सुखशयनपृच्छिका शकुन्तलासकाशं गताऽस्मि।)

अनसूया—तदो तदो। (ततस्ततः।)

प्रियंवदा—तदो जाव एणं लज्जावणदमुहिं परिस्सजिअ तादकण्णेण एव्वं अहिणन्दिदं—दिट्ठिआ धूमाउलिददिट्ठिणो वि जअमाणस्स पावए एव्व आहुदी पडिदा। वच्छे सुसिस्स परिदिण्णा विज्जा विअ असोअणिज्जा संवुत्ता। अज्ज एव्व इसिरक्खिदं तुमं भत्तुणो सआसं विसज्जेमि त्ति। (ततो यावदेनां लज्जावनतमुखीं परिष्वज्य तातकण्वेनैवमभिनन्दितम्-दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता। वत्से सुशिष्यपरिदत्ता विद्येवाशोचनीया संवृत्ता। अद्यैव ऋषिरक्षितां त्वां भर्तुः सकाशं विसर्जयामीति।)

अनसूया—अह केण सूइदो तादकण्णस्स वुत्तन्तो। (अथ केन सूचितस्तातकण्वस्य वृत्तान्तः।)

प्रियंवदा—अग्गिसरणं पविट्ठस्स सरीरं विणा छन्दोमईए वाणिआए। (अग्निशरणं प्रविष्टस्य शरीरं विना छन्दोमय्या वाण्या।)

अनसूया—[सविस्मयम्] कहं विअ। (कथमिव।)

प्रियंवदा—[हर्षसे] सखी! चलो झपटकर। शकुन्तलाकी विदाईका प्रबन्ध करना होगा।

अनसूया—सखी! यह सब कैसे हो गया?

प्रियंवदा—सुन! मैं अभी शकुन्तलाके पास पूछने गई थी कि तू रातको सुखसे सोई है या नहीं!

अनसूया—तब-तब?

प्रियंवदा—तबतक तात कण्व आ पहुँचे और लाजसे गड़ी शकुन्तलाको गलेसे लगाकर यह आनन्दकी बात बोले—वत्से! आज आँखोंमें धुआँ भर जानेपर भी सौभाग्यसे यजमानकी आहुति ठीक अग्निके बीचमें ही पड़ी। इसलिये जैसे योग्य शिष्यको विद्या देनेसे मनमें दुःख नहीं होता वैसे ही तुझे भी योग्य पतिके हाथमें देते हुए मुझे भी दुःख नहीं है। मैं आज ही तुझे ऋषियोंके साथ तेरे पतिके पास भेज दूँगा।

अनसूया—और तात कण्वको यह बताया किसने!

प्रियंवदा—जैसे ही तात कण्व यज्ञशालामें पहुँचे वैसे ही छन्दमें बँधी यह आकाश-वाणी सुनाई दी—

अनसूया—[आश्चर्यसे।] क्या?

प्रियंवदा—[संस्कृतमाश्रित्य]

दुष्यन्तेनाहितं तेजो दधानां भूतये भुवः ।
अवेहि तनयां ब्रह्मन्नग्निगर्भां शमीमिव ॥४॥

अनसूया—[प्रियंवदामाश्लिष्य] सहि पिअं मे । किंदु अज्ज एव्व सउन्दला णीअदि त्ति उक्कण्ठासाहारणं परितोसं अणुहोमि । (सखि प्रियं मे । किं त्वद्यैव शकुन्तला नीयत इत्युत्कण्ठा-साधारणं परितोषमनुभवामि ।)

प्रियंवदा—सहि वअं दाव उक्कंठं विणोदइस्सामो । सा तवस्सिणी णिव्वुदा होदु । (सखि आवां तावदुत्कण्ठां विनोदयिष्याव । सा तपस्विनी निर्वृता भवतु ।)

अनसूया—तेण हि एदस्सिं चूदसाहावलम्बिदे णारिएरसमुग्गए एतण्णिमित्तं एव्वं कालन्तरक्खमा णिक्खित्ता मए केसरमालिआ । ता इमं हत्थसण्णिहिदं करेहि जाव अहं पि से मअरोअणं तित्थमित्तिअं दुव्वाकिसलआणि त्ति मंगलसमालम्भणाणि विरएमि । (तेन ह्येतस्मिंश्चूतशाखावलम्बिते नारिकेलसमुद्गके एतन्निमित्तमेव कालान्तरक्षमा निक्षिप्ता मया केसर-मालिका । तदिमां हस्तसंनिहितां कुरु यावदहमपि तस्यै मृगरोचनां तीर्थमृत्तिकां दूर्वाकिसलयानीति मङ्गलसमालम्भनानि विरचयामि ।)

प्रियंवदा—तह करीअदु । (तथा क्रियताम् ।)

[अनसूया निष्क्रान्ता । प्रियंवदा नाट्येन सुमनसो गृह्णाति ।]

[नेपथ्ये]

प्रियंवदा—[संस्कृतमें बोलती है ।]

जैसे शमी वृक्षके भीतर होता है पावकका वास ।
वैसे भगवन्! इस कन्यामें जग-हित पौरव-तेज निवास ॥४॥

अनसूया—[प्रियंवदाके गले लगाकर ।] सखी! मैं तो फूली नहीं समाती । पर इस हर्षमें दुःखकी बात इतनी ही है कि शकुन्तला आज ही चली जायगी ।

प्रियंवदा—हम लोग तो अपने मनको ज्यों त्यों समझा लेंगी, पर वह बेचारी तो किसी प्रकार सुखी रहे ।

अनसूया—यह जो आमकी डालीपर नारियल लटक रहा है उसमें मैंने बहुत दिनोंतक सुगन्धित रहनेवाली बकुलकी माला आजके ही लिये रख छोड़ी है । उसे उतार तो ले आ । तबतक मैं गोरोचन, तीर्थकी मिट्टी, कोमल दूबके अंकुर आदि मंगल-सामग्रियाँ जुटाए लाती हूँ ।

प्रियंवदा—अच्छा यही करो । [अनसूया जाती है । प्रियंवदा माला उतारनेका नाट्य करती है ।]

[नेपथ्यमें]

गौतमि ! आदिश्यन्तां शार्ङ्गरवमिश्राः शकुन्तलानयनाय ।

प्रियंवदा—[कर्णं दत्त्वा] अणसूए तुवर तुवर । एदे क्खु हत्थिणाउरगामिणो इसीओ सद्दावीअन्ति । (अनसूये त्वरस्व त्वरस्व एते खलु हस्तिनापुरगामिन ऋषयः शब्दाप्यन्ते ।)

[प्रविश्य समालम्भनहस्ता ।]

अनसूया—सहि ! एहि गच्छम्ह । (सखि ! एहि गच्छाव ।)

[इति परिक्रामतः ।]

प्रियंवदा—[विलोक्य] एसा सुज्जोदए एव्व सिहामज्जिदा पडिच्छिदणीवारहत्थाहिं सोत्थियाअणिआहिं तावसीहिं अहिणन्दीअमाणा सउन्दला चिट्ठइ । उवसप्पम्ह णं । (एषा सूर्योदय एव शिखामज्जिता प्रतिष्ठितनीवारहस्ताभिः स्वस्तिवाचनिकाभिस्तापसीभिरभिनन्द्यमाना शकुन्तला तिष्ठति । उपसर्पाव एनाम् ।)

[इत्युपसर्पतः]

[ततः प्रविशति यथोद्दिष्टव्यापाराऽऽसनस्था शकुन्तला ।]

तापसीनामन्यतमा—[शकुन्तलां प्रति] जादे भत्तुणो बहुमाणसूअअं महादेईसद्दं लहेहि । (जाते भर्तुर्बहुमानसूचकं महादेवीशब्दं लभस्व ।)

द्वितीया—वच्छे वीरप्पसविणी होहि । (वत्से वीरप्रसविनी भव ।)

तृतीया—वच्छे भत्तुणो बहुमदा होहि । (वत्से भर्तुर्बहुमता भव ।)

[इत्याशिषो दत्त्वा गौतमीवर्जं निष्क्रान्ताः ।]

सख्यौ—[उपसृत्य] सहि सुहमज्जणं दे होदु । (सखि सुखमज्जनं ते भवतु ।)

शकुन्तला—साअदं मे सहीए । इदो णिसीदह । (स्वागतं मे सख्यौ । इतो निषीदतम् ।)

गौतमी ! शार्ङ्गरव आदिसे कहो कि शकुन्तलाको पहुँचा आनेके लिये तैयार हो जाय ।

प्रियंवदा—[कान लगाकर] अनसूया ! चलो चलो, हस्तिनापुर जानेवाले ऋषियोंको बुलाहट हो रही है ।

[हाथमें सामग्री लिए हुए अनसूयाका प्रवेश ।]

अनसूया—आओ सखी, चलें । [दोनों घूमती हैं]

प्रियंवदा—[देखकर] यह लो । शकुन्तला तो दिन निकले ही नहा धोकर बैठी है और ये सब तपस्विनियाँ हाथमें तिन्नीके दाने लेकर उसे आशीर्वाद दे रही हैं । चलो हम भी वहीं चलें । [आगे बढ़ती हैं ।]

[जैसा ऊपर कहा गया है उस रूपमें शकुन्तला दिखाई देती है ।]

पहली तपस्विनी—[शकुन्तला] वत्से ! तुम पतिसे आदर पानेवाली पटरानी बनो ।

दूसरी तपस्विनी—वत्से ! तुम वीर पुत्रकी माता बनो ।

तीसरी तपस्विनी—वत्से ! तू पतिकी प्यारी हो ।

[यह आशीर्वाद देकर गौतमीको छोड़कर और सब चली जाती हैं ।]

दोनों सखियाँ—[शकुन्तलाके पास जाकर] सखी ! तुम्हारा नहाना धोना फले फूले ।

शकुन्तला—आओ सखियो ! स्वागत करती हूँ । आओ बैठ जाओ ।

उभे—[मङ्गलपात्राण्यादाय उपविश्य] हला सज्जा होहि जाव दे मङ्गलसमालम्भणं विरएम । (हला सज्जा भव, यावत्ते मङ्गलसमालम्भनं विरचयावः ।)

शकुन्तला—इदं पि बहु मन्तव्वं दुल्लहं दाणिं मे सहीमण्डणं भविस्सदि त्ति । (इदमपि बहु मन्तव्यं दुर्लभमिदानीं मे सखीमण्डनं भविष्यतीति ।)] इति वाष्पं विसृजति ।]

उभे—सहि उइअं ण दे मङ्गलकाले रोइदुं । (सखि ! उचितं न ते मङ्गलकाले रोदितुम् ।) [इत्यश्रूणि प्रमृज्य नाट्येन प्रसाधयतः ।]

प्रियंवदा—आहरणोइदं रूवं अस्समसुलहेहिं पसाहणेहिं विप्पआरीअदि । (आभरणोचितं रूपमाश्रमसुलभैः प्रसाधनैर्विप्रकार्यते ।)

[प्रविश्योपायनहस्तावृषिकुमारकौ ।]

उभौ—इदमलंकरणम् । अलंक्रियतामत्रभवती ।

[सर्वा विलोक्य विस्मिताः ।]

गौतमी—वच्छ णारअ कुदो एदं । (वत्स नारद कुत एतत् ।)

प्रथमः—तातकण्वप्रभावात् ।

गौतमी—किं माणसी सिद्धी । (किं मानसी सिद्धिः ।)

द्वितीयः—न खलु । श्रूयताम् । तत्रभवता वयमाज्ञाप्ताः शकुन्तलाहेतोर्वनस्पतिभ्यः कुसुमान्याहरतेति । तत इदानीं—

दोनों—[मंगल-पात्र लिए हुए बैठती हैं ।] अच्छा सखी ! तैयार हो जाओ । अब हम तुम्हारा मंगल-शृङ्गार करेंगी ।

शकुन्तला—यह तो बड़े सौभाग्यकी बात है, क्योंकि सखियोंके हाथका सिंगार अब मुझे भला मिल कहाँ पावेगा । [सिसकने लगती है ।]

दोनों—सखी ! ऐसे शुभ अवसरपर रोया नहीं जाता ।

[आँसू पोंछकर उसे सजानेका नाट्य करती हैं ।]

प्रियंवदा—सखी ! तुम्हारे रूपके लिये तो और अच्छे-अच्छे आभूषण होने चाहिएँ थे । आश्रमसे जुटाई हुई इन सिंगारकी सामग्रियोंसे तो तुम अच्छी नहीं लगती हो ।

[हाथोंमें उपहार लिए हुए दो ऋषि-कुमारोंका प्रवेश ।]

दोनों ऋषिकुमार—यह लीजिए, आभूषण, देवीको इनसे सजाइए ।

[देखकर सब चकित होती हैं ।]

गौमती—क्यों वत्स नारद ! यह सब तुम कहाँसे पा गए ।

पहला—पिता कण्वके प्रभावसे ।

गौमती—क्या उनके तपके बलसे ?

दूसरा—नहीं जी ! सुनिए तो सही । पूज्य कण्वने हमें आज्ञा दी थी कि शकुन्तलाके लिये लता-वृक्षोंसे फूल-पत्ते ले आओ । इसपर—

क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतं
निष्ठ्यूतश्चरणोपभोगसुलभो लाक्षारसः केनचित् ।
अन्येभ्यो वनदेवताकरतलैरापर्वभागोत्थितै-
र्दत्तान्याभरणानि तत्किसलयोद्भेदप्रतिद्वन्द्विभिः ॥५॥

प्रियंवदा—[शकुन्तलां विलोक्य] हला इमाए अब्भुववत्तीए सूइदा दे भत्तुणो गेहे अणुहोदव्वा रामलच्छित्ति । (हला अनयाऽभ्युपपत्त्या सूचिता ते भर्तुर्गेहेऽनुभवितव्या राजलक्ष्मीरिति ।)

[शकुन्तला व्रीडां रूपयति ।]

प्रथमः—गौतम एह्येहि अभिषेकोत्तीर्णाय काश्यपाय वनस्पतिसेवां निवेदयावः ।

द्वितीयः—तथा ।

[इति निष्क्रान्तौ]

सख्यौ—अए अणुवजुत्तभूसणो अअं जणो । चित्तकम्मपरिअएण अङ्गेसु दे आहरणविणिओअं करेम्ह । (अये अनुपयुक्तभूषणोऽयं जनः । चित्रकर्मपरिचयेनाङ्गेषु त आभरणविनियोगं कुर्वः ।)

शकुन्तला—जाणे वो णेउणं । (जाने वां नैपुणम् ।)

[उभे नाट्येनालङ्कुरुतः ।]

[ततः प्रविशति स्नानोत्तीर्णः काश्यपः ।]

किसी वृक्षने शुभ मांगलिक वस्त्र दे दिया, किसीने पैरमें लगानेको महावर देदी और वनदेवियोंने तो कोंपलोंसे होड़ करके वृक्षोंमेंसे कलाईतक अपने हाथ निकालकर बहुतसे आभूषण दे डाले हैं ॥५॥

प्रियंवदा—[शकुन्तलाको देखकर] सखी! ये लक्षण बता रहे हैं कि पतिके घरमें तुम राजलक्ष्मी बनकर सुख भोगोगी ।

[शकुन्तला लजानेका नाट्य करती है ।]

पहला—चलो, गौतम! स्नान करके गुरुजी आ गए होंगे । इन पेड़-पौधोंने जो वस्तुएँ दी हैं इसका समाचार उन्हें भी सुना आवें ।

दूसरा—चलो । [दोनोंका प्रस्थान ।]

दोनों सखियाँ—सखी! हमने तो कभी आभूषण पहने नहीं हैं, पर चित्रोंमें जैसा देखा और सीखा है उसी ढंगसे तुम्हारे शरीरपर भी आभूषण पहना देती हैं ।

शकुन्तला—मैं तुम दोनोंकी चतुरता भली भाँति जानती हूँ ।

[दोनों आभूषण पहनानेका नाट्य करती हैं ।]

[स्नान करके लौटे हुए कण्वका प्रवेश ।]

कण्वः—

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठः स्तम्भितबाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम् ।
वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः
पीडयन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः ॥६॥

[इति परिक्रामति]

सख्यौ—हला सउन्दले ! अवसिदमण्डणासि परिधेहि संपदं खोमजुअलं । (हला शकुन्तले अवसितमण्डनासि । परिधत्स्व साम्प्रतं क्षौमयुगलम् ।)

[शकुन्तलोत्थाय परिधत्ते]

गौतमी—जादे ! एसो दे आणन्दपरिवाहिणा चक्खुणा परिस्सजन्तो विअ गुरू उवट्ठिदो । आआरं दाव पडिवज्जस्स । (जाते एष ते आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान इव गुरुरुपस्थितः । आचारं तावत्प्रतिपद्यस्व ।)

शकुन्तला—[सव्रीडम्] ताद वन्दामि । (तात वन्दे ।)

कण्वः—वत्से !

ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव ।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि ॥७॥

गौतमी—भअवं वरो क्खु एसो ण आसिसा । (भगवन् वरः खल्वेषः । नाशीः ।)

कण्व—आज शकुन्तला चली जायगी, यह सोचते ही जी बैठा जा रहा है । आँसुओंको रोकनेसे गला इतना रुध गया है कि मुँहसे शब्द नहीं निकल रहे हैं और इसी चिन्तामें मेरी आँखें भी धुँधली पड़ गई हैं । जब मुझ-जैसे वनवासीको इतनी व्यथा हो रही है तब उन बेचारे गृहस्थोंको कितना कष्ट होता होगा जो पहले-पहल अपनी कन्याको विदा करते होंगे ॥६॥

[घूमते हैं ।]

सखियाँ—शकुन्तला ! तुम्हारा सिंगार तो पूरा हो गया । लो, अब यह रेशमी वस्त्रोंका जोड़ा भी पहन लो ।

[शकुन्तला उठकर पहनती है ।]

गौतमी—बत्से ! तात कण्व इधर ही आ रहे हैं । आनन्दके आँसुओंसे छलकती हुई उनकी आँखोंको देखकर जान पड़ता है मानो वे अपनी आँखोंसे ही तुझे गले लगा रहे हों । उन्हें प्रणाम तो करो ।

शकुन्तला—[सकुचाती हुई] प्रणाम करती हूँ पिताजी !

कण्व—वत्से ! जैसे ययाति अपनी पत्नी शर्मिष्ठाका आदर करते थे वैसे ही तेरे पति भी तेरा आदर करें और शर्मिष्ठाके पुत्र पुरुके समान ही तुझे चक्रवर्ती पुत्र भी प्राप्त हो ॥७॥

गौतमी—भगवन् ! यह तो आपने वरदान दिया है, आशीर्वाद नहीं ।

कण्वः—वत्से ! इतः सद्योहुताग्नीन्प्रदक्षिणीकुरुष्व ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—[ऋक्छन्दसाऽऽशास्ते ।]—

अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः समिद्वन्तः प्रान्तसंस्तीर्णदर्भाः ।
अपघ्नन्तो दुरितं हव्यगन्धैर्वैतानास्त्वां वह्नयः पावयन्तु ॥८॥

प्रतिष्ठस्वेदानीम् । [सदृष्टिक्षेपम्] क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः ।

[प्रविश्य]

शिष्यः—भगवन् इमे स्मः ।

कण्वः—भगिन्यास्ते मार्गमादेशय ।

शार्ङ्गरवः—इत इतो भवती ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—भो भोः संनिहितदेवतास्तपोवनतरवः ।

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥ ९ ॥

कण्व—वत्से ! चलो, अग्निमे अभी आहुति पड़ी है, चलकर उसकी प्रदक्षिणा कर लो ।

[सब प्रदक्षिणा करते है ।]

कण्व—[ऋग्वेदके छन्दमे आशीर्वाद देते हैं ।]

गिरी कुशासे यथास्थान वेदीपर समिधासे जलती ।
हव्य गन्धको गन्धभरी करदें पवित्र ये अग्नि तुझे ।।८।।

अब चलो । [इधर-उधर देखकर] अरे ! वे सब शार्ङ्गरव आदि कहाँ है ?

शिष्य—[प्रवेश करके] भगवन् ! ये है हम लोग ।

कण्व—जाओ ! अपनी बहनको पहुँचा आओ ।

शार्ङ्गरव—इधरसे आओ देवी, इधरसे ।

[सब घूमते हैं]

कण्व—वन-देवताओंसे भरे हुए तपोवनके वृक्षो !—जो पहले तुम्हे पिलाए बिना स्वय जल नही पीती थी, जो आभूषण पहननेका प्रेम होने पर भी, तुम्हारे स्नेहके कारण तुम्हारे कोमल पत्तोंको हाथ नही लगाती थी, जो तुम्हारी नई कलियोंको देख देख कर फूली नही समाती थी, वही शकुन्तला आज अपने पतिके घर जा रही है । तुम सब इसे प्रेम से बिदा तो दो ।।९।।

कण्वः—

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठः स्तम्भितबाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम् ।
वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः
पीड्यन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः ॥६॥

[इति परिक्रामति]

सख्यौ—हला सउन्दले ! अवसिदमण्डणासि परिधेहि संपदं खोमजुअलं। (हला शकुन्तले अवसितमण्डनासि । परिधत्स्व साम्प्रतं क्षौमयुगलम् ।)

[शकुन्तलोत्थाय परिधत्ते]

गौतमी—जादे ! एसो दे आणन्दपरिवाहिणा चक्खुणा परिस्सजन्तो विअ गुरू उवट्ठिदो। आआरं दाव पडिवज्जस्स । (जाते एष ते आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान इव गुरुरुपस्थितः। आचारं तावत्प्रतिपद्यस्व ।)

शकुन्तला—[सव्रीडम्] ताद वन्दामि। (तात वन्दे ।)

कण्वः—वत्से !

ययातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव ।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि ॥७॥

गौतमी—भअवं वरो क्खु एसो ण आसिसा। (भगवन् वरः खल्वेषः । नाशीः ।)

कण्व—आज शकुन्तला चली जायगी, यह सोचते ही जी बैठा जा रहा है। आँसुओंको रोकनेसे गला इतना रुध गया है कि मुँहसे शब्द नहीं निकल रहे हैं और इसी चिन्तामें मेरी आँखें भी धुंधली पड गई हैं। जब मुझ-जैसे वनवासीको इतनी व्यथा हो रही है तब उन बेचारे गृहस्थोंको कितना कष्ट होना होता जो पहले-पहल अपनी कन्याको विदा करते होंगे ॥६॥

[घूमते हैं।]

सखियाँ—शकुन्तला ! तुम्हारा सिंगार तो पूरा हो गया। लो, अब यह रेशमी वस्त्रोंका जोड़ा भी पहन लो।

[शकुन्तला उठकर पहनती है।]

गौतमी—बत्से ! तात कण्व इधर ही आ रहे हैं। आनन्दके आँसुओंसे छलकती हुई उनकी आँखोंको देखकर जान पड़ता है मानो वे अपनी आँखोंसे ही तुझे गले लगा रहे हों। उन्हें प्रणाम तो करो।

शकुन्तला—[लजाती हुई] प्रणाम करती हूँ पिताजी !

कण्व—बत्से ! जैसे ययाति अपनी पत्नी शर्मिष्ठाका आदर करते थे वैसे ही तेरे पति भी तेरा आदर करें और शर्मिष्ठाके पुत्र पुरुके समान ही तुझे चक्रवर्ती पुत्र भी प्राप्त हो ॥७॥

गौतमी—भगवन् ! यह तो आपने वरदान दिया है, आशीर्वाद नहीं।

कण्वः—वत्से ! इतः सद्योहुताग्नीन्प्रदक्षिणीकुरुष्व ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—[ऋक्छन्दसाऽऽशास्ते ।]—

अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः समिद्वन्तः प्रान्तसंस्तीर्णदर्भाः ।
अपघ्नन्तो दुरितं हव्यगन्धैर्वैतानास्त्वां वह्नयः पावयन्तु ॥८॥

प्रतिष्ठस्वेदानीम् । [सदृष्टिक्षेपम्] क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः ।

[प्रविश्य]

शिष्य.—भगवन् इमे स्मः ।

कण्व.—भगिन्यास्ते मार्गमादेशय ।

शार्ङ्गरवः—इत इतो भवती ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—भो भोः संनिहितदेवतास्तपोवनतरव. ।

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥ ९ ॥

कण्व—वत्से ! चलो, अग्निमें अभी आहुति पड़ी है, चलकर उसकी प्रदक्षिणा कर लो ।

[सब प्रदक्षिणा करते हैं ।]

कण्व—[ऋग्वेदके छन्दमें आशीर्वाद देते हैं ।]

गिरी कुशासे यथास्थान वेदीपर समिधासे जलती ।
हव्य गन्धकी गन्धभरी करदें पवित्र ये अग्नि तुझे ।।८।।

अब चलो । [इधर-उधर देखकर] अरे ! वे सब शार्ङ्गरव आदि कहाँ हैं ?

शिष्य—[प्रवेश करके] भगवन् ! ये हैं हम लोग ।

कण्व—जाओ ! अपनी बहनको पहुँचा आओ ।

शार्ङ्गरव—इधरसे आओ देवी, इधरसे ।

[सब घूमते हैं]

कण्व—वन-देवताओंसे भरे हुए तपोवनके वृक्षो !—जो पहले तुम्हें पिलाए बिना स्वयं जल नहीं पीती थी, जो आभूषण पहननेका प्रेम होने पर भी, तुम्हारे स्नेहके कारण तुम्हारे कोमल पत्तोंको हाथ नहीं लगाती थी, जो तुम्हारी नई कलियोंको देख-देख कर फूली नहीं समाती थी, वही शकुन्तला आज अपने पतिके घर जा रही है । तुम सब इसे प्रेम से बिदा तो दो ।।९।।

कण्वः—

यास्यत्यद्य शकुन्तलेति हृदयं संस्पृष्टमुत्कण्ठया
कण्ठः स्तम्भितबाष्पवृत्तिकलुषश्चिन्ताजडं दर्शनम् ।
वैक्लव्यं मम तावदीदृशमिदं स्नेहादरण्यौकसः
पीडयन्ते गृहिणः कथं नु तनयाविश्लेषदुःखैर्नवैः ॥६॥

[इति परिक्रामति]

सख्यौ—हला सउन्दले ! अवसिदमण्डणासि परिधेहि संपदं खोमजुअलं । (हला शकुन्तले अवसितमण्डनासि । परिधत्स्व सांप्रतं क्षौमयुगलम् ।)

[शकुन्तलोत्थाय परिधत्ते]

गौतमी—जादे ! एसो दे आणन्दपरिवाहिणा चक्खुणा परिस्सजन्तो विअ गुरू उवट्ठिदो । आआरं दाव पडिवज्जस्स । (जाते एष ते आनन्दपरिवाहिणा चक्षुषा परिष्वजमान इव गुरुरुपस्थितः । आचारं तावत्प्रतिपद्यस्व ।)

शकुन्तला—[सव्रीडम्] ताद वन्दामि । (तात वन्दे ।)

कण्व—वत्से !

यथातेरिव शर्मिष्ठा भर्तुर्बहुमता भव ।
सुतं त्वमपि सम्राजं सेव पूरुमवाप्नुहि ॥७॥

गौतमी—भअवं वरो क्खु एसो ण आसिसा । (भगवन् वरः खल्वेषः । नाशीः ।)

कण्व—आज शकुन्तला चली जायगी, यह सोचते ही जी बैठा जा रहा है । आँसुओंको रोकनेसे गला इतना रुँध गया है कि मुँहसे शब्द नहीं निकल रहे हैं और इसी चिन्तामें मेरी आँखें भी धुँधली पड़ गई हैं । जब मुझ-जैसे वनवासीको इतनी व्यथा हो रही है तब उन बेचारे गृहस्थोंको कितना कष्ट होता होगा जो पहले-पहल अपनी कन्याको विदा करते होंगे ॥६॥

[घूमते हैं ।]

सखियाँ—शकुन्तला ! तुम्हारा सिंगार तो पूरा हो गया । लो, अब यह रेशमी वस्त्रोंका जोड़ा भी पहन लो ।

[शकुन्तला उठकर पहनती है ।]

गौतमी—वत्से ! तात कण्व इधर ही आ रहे हैं । आनन्दके आँसुओंसे छलकती हुई उनकी आँखोंको देखकर जान पड़ता है मानो वे अपनी आँखोंसे ही तुझे गले लगा रहे हों । उन्हें प्रणाम तो करो ।

शकुन्तला—[लजाती हुई] प्रणाम करती हूँ पिताजी !

कण्व—वत्से ! जैसे ययाति अपनी पत्नी शर्मिष्ठाका आदर करते थे वैसे ही तेरे पति भी तेरा आदर करें और शर्मिष्ठाके पुत्र पुरुके समान ही तुझे चक्रवर्ती पुत्र भी प्राप्त हो ॥७॥

गौतमी—भगवन् ! यह तो आपने वरदान दिया है, आशीर्वाद नहीं ।

कण्वः—वत्से ! इतः सद्योहुताग्नीन्प्रदक्षिणीकुरुष्व ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—[ऋक्छन्दसाऽऽशास्ते ।]—

अमी वेदिं परितः क्लृप्तधिष्ण्याः समिद्वन्तः प्रान्तसंस्तीर्णदर्भाः ।
अपघ्नन्तो दुरितं हव्यगन्धैर्वैतानास्त्वां वह्नयः पावयन्तु ॥८॥

प्रतिष्ठस्वेदानीम् । [सदृष्टिक्षेपम्] क्व ते शार्ङ्गरवमिश्राः ।

[प्रविश्य]

शिष्यः—भगवन् इमे स्मः ।

कण्वः—भगिन्यास्ते मार्गमादेशय ।

शार्ङ्गरवः—इत इतो भवती ।

[सर्वे परिक्रामन्ति ।]

कण्वः—भो भोः संनिहितदेवतास्तपोवनतरवः ।

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥ ९ ॥

कण्व—वत्से ! चलो, अग्निमें अभी आहुति पड़ी है, चलकर उसकी प्रदक्षिणा कर लो।

[सब प्रदक्षिणा करते हैं ।]

कण्व—[ऋग्वेदके छन्दमें आशीर्वाद देते हैं ।]

घिरी कुशासे यथास्थान वेदीपर समिधासे जलती ।
हव्य गन्धकी गन्धभरी करदें पवित्र ये अग्नि तुझे ॥८॥

अब चलो । [इधर-उधर देखकर] अरे ! वे सब शार्ङ्गरव आदि कहाँ हैं ?

शिष्य—[प्रवेश करके] भगवन् ! ये हैं हम लोग ।

कण्व—जाओ ! अपनी बहनको पहुँचा आओ ।

शार्ङ्गरव—इधरसे आओ देवी, इधरसे ।

[सब घूमते हैं]

कण्व—वन-देवताओंसे भरे हुए तपोवनके वृक्षो !—जो पहले तुम्हें पिलाए बिना स्वयं जल नहीं पीती थी, जो आभूषण पहननेका प्रेम होने पर भी, तुम्हारे स्नेहके कारण तुम्हारे कोमल पत्तोंको हाथ नहीं लगाती थी, जो तुम्हारी नई कलियोंको देख-देख कर फूली नहीं समाती थी, वही शकुन्तला आज अपने पतिके घर जा रही है। तुम सब इसे प्रेम से बिदा तो दो ॥९॥

[कोकिलरवं सूचयित्वा]

अनुमतगमना शकुन्तला तरुभिरियं वनवासबन्धुभिः ।
परभृतविरुतं कलं यथा प्रतिवचनीकृतमेभिरीदृशम् ॥१०॥

[आकाशे]

रम्यान्तरः कमलिनीहरितैः सरोभि-
श्छायाद्रुमैर्नियमितार्कमयूखतापः ।
भूयात्कुशेशयरजोमृदुरेणुरस्याः
शान्तानुकूलपवनश्च शिवश्च पन्थाः ॥११॥

[सर्वे सविस्मयमाकर्णयन्ति ।]

गौतमी—जादे ! ण्णादिजणसिणिद्धाहिं अणुण्णादगमणासि तवोवणदेवदाहिं । पणम भअवदीणं । (जाते ! ज्ञातिजनस्निग्धाभिरनुज्ञातगमनाऽसि तपोवनदेवताभिः । प्रणम भगवतीः ।)

शकुन्तला—[सप्रणाम परिक्रम्य जनान्तिकम्] हला पिअंवदे ! णं अज्जउत्तदंसणुस्सुआए वि अस्समपदं परिच्चअन्तीए दुक्खेण मे चलणा पुरदो पवट्टन्ति । (हला प्रियंवदे ! नन्वार्यपुत्रदर्शनोत्सुकाया अप्याश्रमपदं परित्यजन्त्या दुःखेन मे चरणौ पुरतः प्रवर्तेते ।)

प्रियंवदा—ण केवलं तवोवणविरहकादरा सही एव्व तुए उवट्ठिदविओअस्स तवोवणस्स वि दाव समवत्था दीसइ । पेक्ख—

[कोयल की कूक सुनाई पड़ती है । उसकी ओर संकेत करके] शकुन्तलाके वनके साथी वृक्षोंने कोयलके शब्दोंमें उसे जानेकी आज्ञा दे दी है ॥१०॥ [आकाशमें] कल्याणमय हो इस शकुन्तलाकी यात्रा । इसके मार्गमें बीच बीचमें नीली कमलियोंसे भरे हुए ताल हों, नियमसे थोड़ी-थोड़ी दूरीपर लगे हुए, धूपसे बचानेवाली घनी छाँहवाले वृक्ष हों, धूलमें कमलके परागकी कोमलता हो और मार्ग भर सुख देनेवाला पवन बहता चले ॥११॥

[सब आश्चर्यसे सुनते हैं ।]

गौतमी—वत्से ! जो वन-देवियाँ तुझे सगे-सम्बन्धियोंके समान प्यारी हैं वे तुझे आशीर्वाद दे रही हैं । इन्हें प्रणाम तो कर ले ।

शकुन्तला—[प्रणाम करती हुई घूमकर, अलग प्रियंवदासे] सखी प्रियंवदा ! यद्यपि इस समय [illegible] दर्शनकी बड़ी उता[illegible] हो रही है, फिर भी आश्रमको छोड़ते हुए मेरे पैर आगे [illegible] ।

[illegible] तपोवनके वि[illegible] हो । ज्यों ज्यों तुम्हारी विदाईकी घड़ी
[illegible] तपोवन भी[illegible] पड़ता जा रहा है । देखो—

उग्गलिअदब्भकवला मिआ परिच्चत्तणच्चणा मोरा ।
ओसरिअपण्डुपत्ता मुअन्ति अस्सू विअ लदाओ ॥१२॥

(न केवलं तपोवनविरहकातरा सख्येव त्वयोपस्थितवियोगस्य तपोवनस्यापि तावत्समवस्था दृश्यते ।) पश्य—

(उद्गलितदर्भकवला मृगा परित्यक्तनर्तना मयूरा ।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लता ॥)

शकुन्तला—[स्मृत्वा] ताद लदाबहिणिअं वणजोसिणिं दाव आमन्तइस्सं (तात लताभगिनीं वनज्योत्स्नां तावदामन्त्रयिष्ये ।)

कण्व—अवैमि ते तस्यां सोदर्यस्नेहम् । इयं तावद्दक्षिणेन ।

शकुन्तला—[उपेत्य लतामालिङ्ग्य] वणजोसिणि । चूदसंगता वि मं पच्चालिङ्ग इदोगदाहिं साहाबाहाहिं । अज्जप्पहुदि दूरपरिवत्तिणी दे क्खु भविस्सं । (वनज्योत्स्ने । चूतसंगताऽपि मां प्रत्यालिङ्ग इतोगताभिः शाखाबाहुभिः । अद्यप्रभृति दूरपरिवर्तिनी ते खलु भविष्यामि ।)

कण्व —

संकल्पितं प्रथममेव मया तवार्थे
भर्तारमात्मसदृशं सुकृतैर्गता त्वम् ।
चूतेन संश्रितवती नवमालिकेय-
मस्यामहं त्वयि च संप्रति वीतचिन्तः ॥१३॥

इत. पन्थानं प्रतिपद्यस्व ।

शकुन्तला—[सख्यौ प्रति] हला एसा दुवेणं वो हत्थे णिक्खेवो । (हला एषा द्वयोर्युवयोर्हस्ते निक्षेप ।)

हरिणियोंने चबाई हुई कुशके कौर उगल रही है, मोरोंने नाचना छोड़ दिया है और लताओं से पीले-पीले पत्ते इस प्रकार झड़ रहे हैं मानो उनके आँसू गिर रहे हो ॥१२॥

शकुन्तला—[स्मरण करके ।] तात ! मैं अपनी बहन वन-ज्योत्स्ना लतासे भी मिल लेना चाहती हूँ ।

कण्व—मैं जानता हूँ कि तू उसे सगी बहन जैसा प्यार करती है । यह है वह, दाहिनी ओर ।

शकुन्तला—[लताके पास जाकर और उससे लिपटकर ।] प्यारी वनज्योत्स्ना ! तू आमके वृक्षसे लिपटी होनेपर भी अपनी इधर फैली हुई शाखाकी बाँहोंसे मुझसे भेंट तो ल, क्योंकि आजसे तो मैं तुझसे बहुत दूर जा पड़ूँगी ।

कण्व—मैंने तेरे लिये जैसे पतिका सङ्कल्प किया था, तूने अपने पुण्य-प्रभावसे वैसा पति पा लिया है और इस वन-ज्योत्स्नाको भी आमका ठीक सहारा मिल गया है । अब मैं तुम दोनोंकी चिन्तासे छूट गया हूँ ॥१३॥ इधरसे चली आओ ।

शकुन्तला—[सखियोंसे] सखियो ! इस वनज्योत्स्नाको मैं तुम दोनोंके हाथ सौंपे जाती हूँ ।

सख्यौ—अयं जणो कस्स हत्थे समप्पिदो। (अयं जनः कस्य हस्ते समर्पितः।) [इति बाष्पं विसृजतः।]

कण्व—अनसूये अलं रुदित्वा। ननु भवतीभ्यामेव स्थिरीकर्तव्या शकुन्तला।

[सर्वे परिक्रामन्ति।]

शकुन्तला—ताद एसा उडजपज्जन्तचारिणी गब्भमन्थरा मअवहू जदा अणघप्पसवा होइ तदा मे कंपि पिअणिवेदइत्तअं विसज्जइस्सह। (तात एषोटजपर्यन्तचारिणी गर्भमन्थरा मृगवधूर्यदाऽनघप्रसवा भवति तदा मह्यं कमपि प्रियनिवेदयितृकं विसर्जयिष्यथ।)

कण्वः—नेदं विस्मरिष्यामः।

शकुन्तला—[गतिभङ्गं रूपयित्वा] को णु क्खु एसो णिवसणे मे सज्जइ। (को नु खल्वेष निवसने मे सज्जते।) [इति परावर्तते।]

कण्वः—वत्से!

यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनां
तैलं न्यषिच्यत मुखे कुशसूचिविद्धे।
श्यामाकमुष्टिपरिवर्धितको जहाति
सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते ॥१४॥

दोनों—और हम लोगोंको किसके हाथ सौंपे जा रहे हो?

[रोने लगती हैं।]

कण्व—रोओ मत अनसूया! उलटा तुम्हें तो चाहिए कि शकुन्तलाको और धीरज बँधाओ।

[सब घूमते हैं।]

शकुन्तला—तात! आश्रममें चारों ओर गर्भके भारसे अलसाती हुई चलनेवाली इस हरिणीको जब सुखसे बच्चा हो जाय तब किसीके हाथ यह प्यारा समाचार मेरे पास भिजवा दीजिएगा।

कण्व—यह नहीं भूलेंगे।

शकुन्तला—[चलनेमें रुकावटका अनुभव करती हुई-सी।] अरे! यह कौन मेरा अंचल पकड़कर पीछे जा रहा है?

[पीछे घूमकर देखती है।]

कण्व—वत्से! कुशाके काँटेसे छिदे हुए जिसके मुँहको अच्छा करनेके लिये तू उसपर हिंगोटका तेल लगाया करती थी वही तेरे हाथसे दिए हुए मुट्ठी भर साँवेके दानोंसे पला हुआ तेरा पुत्रके समान प्यारा हरिण मार्ग रोके खड़ा है ॥१४॥

शकुन्तला—वच्छ किं सहवासपरिच्चाइणिं मं अणुसरसि । अचिरप्पसूदाए जणणीए विणा वड्ढिदो एव्व । दाणिं पि मए विरहिदं तुमं तादो चिन्तइस्सदि । णिवत्तेहि दाव । (वत्स ! किं सहवासपरित्यागिनी मामनुसरसि । अचिरप्रसूतया जनन्या विना वर्धित एव । इदानीमपि मया विरहितं त्वां तातश्चिन्तयिष्यति । निवर्तस्व तावत् ।) [इति रुदती प्रस्थिता ।]

कण्वः—

उत्पक्ष्मणोर्नयनयोरुपरुद्धवृत्तिं
वाष्पं कुरु स्थिरतया विहतानुबन्धम् ।
अस्मिन्नलक्षितनतोन्नतभूमिभागे
मार्गे पदानि खलु ते विषमीभवन्ति ॥ १५ ॥

शार्ङ्गरव—भगवन् ओदकान्तं स्निग्धो जनोऽनुगन्तव्य इति श्रूयते । तदिदं सरस्तीरम् । अत्र संदिश्य प्रतिगन्तुमर्हसि ।

कण्वः—तेन हीमां क्षीरवृक्षच्छायामाश्रयामः ।

[सर्वे परिक्रम्य स्थिताः ।]

कण्वः—[आत्मगतम्] किं नु खलु तत्रभवतो दुष्यन्तस्य युक्तरूपमस्माभिः संदेष्टव्यम् । [इति चिन्तयति ।]

शकुन्तला—[जनान्तिकम्] हला पेक्ख । णलिणीपत्तन्तरिदं वि सहअरं अदेक्खन्ती आदुरा चक्कवाई आरडदि दुक्करं अहं करेमित्ति तक्केमि । (हला पश्य । नलिनीपत्रान्तरितमपि सहचरमपश्यन्त्यातुरा चक्रवाक्यारटति दुष्करमहं करोमीति तर्कयामि ।)

शकुन्तला—वत्स ! मुझ साथ छोड़कर जानेवालीके पीछे-पीछे तू कहाँ जा रहा है ? तेरी माँ जब तुझे जन्म देकर मर गई थी उस समय मैंने तुझे पाल-पोसकर बड़ा किया था। अब मेरे पीछे पिताजी तेरी देख-भाल करेंगे। जा, लौट जा। [रोती हुई आगे बढ़ती है।]

कण्व—वत्से ! धीरज धरकर अपने आँसू पोंछ डाल। इन आँसुओंके कारण तेरी उठी हुई बरौनियोंवाली आँखें ठीकसे देख नहीं पा रही हैं। इसलिये यहाँकी ऊबड़-खाबड़ धरती-पर तेरे पैर उलटे-सीधे पड़ते जा रहे हैं ॥ १५ ॥

शार्ङ्गरव—भगवन् ! सुना है कि प्रियजनोंको विदा देते समय जलाशयतक पहुँचाकर लौट जाना चाहिए। अब सरोवरका तट आ गया है इसलिये जो कुछ सन्देश कहलाना हो वह यहीं बताकर आप लोग आश्रमको लौट जायँ।

कण्व—तो चलो, इस पीपलकी छायामें थोड़ा बैठ लिया जाय।

[सब घूमकर बैठ जाते हैं।]

कण्व—[अपने ही आप] माननीय राजा दुष्यन्तके पास कौन-सा सन्देश भेजना ठीक होगा [सोचते हैं।]

शकुन्तला—[सखीसे अलग] सखी ! देख तो। कमलिनीके पत्तेकी ओटमें छिपे हुए अपने चकवेको न देख सकनेसे यह चकवी कैसी घबराकर चिल्ला रही है। इसलिये मैं जिस काममें जा रही हूँ वह पूरा होता नहीं दिखाई देता।

अनसूया—सहि ! मा एव्वं मन्तेहि ।

एसा वि पिएण विणा गमेइ रअणिं विसाअदीहअरं ।
गरुअं पि विरहदुक्खं आसाबन्धो सहावेदि ॥ १६ ॥

(सखि ! मैवं मन्त्रयस्व ।

एषाऽपि प्रियेण विना गमयति रजनीं विषाददीर्घतराम् ।
गुर्वपि विरहदुःखमाशाबन्धः साहयति ॥)

कण्व.—शार्ङ्गरव ! इति त्वया मद्वचनात्स राजा शकुन्तलां पुरस्कृत्य वक्तव्यः ।

शार्ङ्गरवः—आज्ञापयतु भवान् ।

कण्वः—

अस्मान्साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चैः कुलं चात्मन-
स्त्वय्यस्याः कथमप्यबान्धवकृतां स्नेहप्रवृत्तिं च ताम् ।
सामान्यप्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया
भाग्यायत्तमतः परं न खलु तद्वाच्यं वधूबन्धुभिः ॥ १७ ॥

शार्ङ्गरवः—गृहीतः संदेशः ।

कण्वः—वत्से ! त्वमिदानीमनुशासनीयासि । वनौकसोऽपि सन्तो लौकिकज्ञा वयम् ।

शार्ङ्गरवः—न खलु धीमतां कश्चिदविषयो नाम ।

कण्व—सा त्वमितः पतिकुलं प्राप्य—

अनसूया—सखी ! ऐसा नहीं सोचना चाहिए । जानती हो, यह चकवी विरहकी लंबी रातोंको पतिके बिना अकेली काट देती है, क्योंकि विरहके समय भी इसे यह आशा बनी रहती है कि प्रातःकाल तो मिलन हो ही जायगा ॥ १६ ॥

कण्व—शार्ङ्गरव ! शकुन्तलाको दुष्यन्तके हाथमें सौंपते हुए मेरी ओरसे कहना—

शार्ङ्गरवः— जी हाँ, आज्ञा कीजिए ।

कण्व—कहना कि—राजन् ! कहाँ तो हम लोग सीधे-सीधे संयमी तपस्वी और कहाँ आप ऊँचे घरानेके राजा । फिर भी आपने अपने आप इस कन्यासे विवाह कर लिया है । इन सब बातोंका ध्यान करके आप कमसे कम दूसरी रानियोंके समान तो शकुन्तलाका आदर अवश्य कीजिएगा । इससे बढ़कर इसे जो सौभाग्य मिले वह इसके भाग्यकी बात है । उसके लिये हम कन्याके बान्धव लोग भला क्या कह सकते हैं ॥ १७ ॥

शार्ङ्गरव—जी हाँ सन्देश समझ गया ।

कण्व—वत्से ! आओ ! तुम्हें कुछ सीख देनी है । देखो, वनमें रहते हुए भी सांसारिक व्यवहार हम लोग भली भाँति जानते हैं ।

शार्ङ्गरव—ऐसी कौन-सी बात है जिसे विद्वान् लोग न जानते हों ।

कण्व—देखो ! तुम्हें पतिके घर पहुँचकर घरके सब बड़े-बूढ़ोंकी सेवा करना । अपनी

शुश्रूषस्व गुरून्कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने
पत्युर्विप्रकृताऽपि रोषणतया मा स्म प्रतीपं गमः ।
भूयिष्ठं भव दक्षिणा परिजने भाग्येष्वनुत्सेकिनी
यान्त्येवं गृहिणीपदं युवतयो वामाः कुलस्याधयः ॥१८॥

कथं वा गौतमी मन्यते ।

गौतमी—एत्तिओ बहूजणस्स उवदेसो । जादे ! एदं क्खु सव्वं ओधारेहि । (एतावान्वधूजनस्योपदेशः । जाते ! एतत्खलु सर्वमवधारय ।)

कण्वः—वत्से ! परिष्वजस्व मां सखीजनञ्च ।

शकुन्तला—ताद ! इदो एव्व किं पिअंवदाअणसूआओ सहीओ णिवत्तिस्सन्ति । (तात ! इत एव किं प्रियंवदानसूये सख्यौ निवर्तिष्येते ।)

कण्वः—वत्से ! इमे अपि प्रदेये । न युक्तमनयोस्तत्र गन्तुम् । त्वया सह गौतमी यास्यति ।

शकुन्तला—[पितरमाश्लिष्य] कहं दाणिं तादस्स अङ्कादो परिब्भट्टा मलअतडुम्मूलिआ चन्दणलदा विअ देसन्तरे जीविअं धारइस्सं । (कथमिदानीं तातस्याङ्कात्परिभ्रष्टा मलयतटोन्मूलिता चन्दनलतेव देशान्तरे जीवितं धारयिष्यामि ।)

कण्वः—वत्से ! किमेवं कातरासि ।

अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे
विभवगुरुभिः कृत्यैस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला ।

सौतोंसे सखियों-जैसा प्रेम रखना । पति निरादर भी करें तो क्रोध करके उनसे झगड़ा मत कर बैठना । दास-दासियोंको बड़े प्यारसे रखना और अपने सौभाग्यपर बहुत ऐंठना मत । जो स्त्रियाँ घरमें इस प्रकार चलती हैं वे ही सच्ची गृहिणी होती हैं और जो इसका उलटा करती हैं वे खोटी स्त्रियाँ तो अपने कुलकी नागिन होती हैं ॥१८॥ क्यों गौतमी ! ठीक है न !

गौतमी—कुलवधुओंके लिये इससे बढ़कर और क्या उपदेश होगा । बत्से ! ये सब बातें गाँठ बाँध लो ।

कण्व—वत्से ! आओ, मुझसे और अपनी सखियोंसे गले तो मिल लो ।

शकुन्तला—तात ! क्या प्रियंवदा आदि सखियाँ यहींसे लौट जायँगी ?

कण्व—वत्से । इनका भी तो विवाह करना है । इसलिये इनका वहाँ जाना ठीक नहीं है । तेरे साथ गौतमी तो जा ही रही हैं ।

शकुन्तला—[पितासे गले लगकर] पिताजीकी गोदसे अलग होकर मलय पर्वतसे उखाड़े हुए हुए चन्दनके पौधेके समान मैं परदेशमें पहुँचकर कैसे सुख पाऊँगी ?

कण्व—वत्से ! इतनी क्यों अधीर हो रही हो । जब तुम ऊँचे कुलवाले पतिकी पटरानी होकर उनके घरके कामोंमें दिन-रात फँसी रहोगी और, जैसे पूर्व दिशा सूर्यको उत्पन्न करती है वैसे

तनयमचिरात्प्राचीवार्कं प्रसूय च पावनं
मम विरहजां न त्वं वत्से शुचं गणयिष्यसि ॥१६॥

[शकुन्तला पितुः पादयोः पतति ।]

कण्व —यदिच्छामि ते तदस्तु ।

शकुन्तला —[सख्यावुपेत्य] हला दुवे वि मं सम एव्व परिस्सजह (हला द्वे अपि मां सममेव परिष्वजथाम् ।)

सख्यौ—[तथा कृत्वा] सहि जइ णाम सो राआ पच्चहिण्णाणमन्थरो भवे तदो से इम अत्तणामहेअअङ्किअं अङ्गुलिअअं दसेहि। (सखि ! यदि नाम स राजा प्रत्यभिज्ञानमन्थरो भवेत्तस्तस्येदमात्मनामधेयाङ्कितमङ्गुलीयकं दर्शय।)

शकुन्तला—इमिणा संदेहेण वो आकम्पिदम्हि (अनेन संदेहेन वामाकम्पितास्मि ।)

सख्यौ—मा भाआहि। सिणेहो पावसङ्की। (मा भैषी। स्नेहः पापशङ्की।)

शार्ङ्गरव —युगान्तरमारूढः सविता। त्वरतामत्रभवती।

शकुन्तला—[आश्रमाभिमुखी स्थित्वा] ताद कदा णु भूओ तवोवणं पेक्खिस्सं (तात कदा नु भूयस्तपोवनं प्रेक्षिष्ये।)

कण्व —श्रूयताम्—

भूत्वा चिराय चतुरन्तमहीसपत्नी
दौष्यन्तिमप्रतिरथं तनयं निवेश्य।
भर्त्रा तदर्पितकुटुम्बभरेण सार्धं
शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन् ॥२०॥

ही पवित्र पुत्र उत्पन्न करोगी, उस समय तुम मुझसे बिछुड़नेका सब दुख भूल जाओगी ॥१६॥

[शकुन्तला पिताके पैरों में पड़ती है।]

कण्व—तुम्हारे लिये मैं जो जो चाहता हूँ वह तुम्हें मिले।

शकुन्तला—[सखियोंके पास जाकर] सखियो! आओ तुम दोनों एक साथ मेरे गले लग जाओ।

सखियाँ—[गले लगकर] सखी, देखो! यदि वे राजा तुम्हें पहचाननेमें भूल करें तो यह उनके नामवाली अँगूठी तुम उन्हें दिखला देना।

शकुन्तला—तुम्हारी इस सन्देह भरी बातने मेरे जी में खटका डाल दिया है।

सखियाँ—नहीं नहीं, डरो मत। प्रेममें तो खटका हुआ ही करता है।

शार्ङ्गरव—देवी! दिन बहुत चढ़ आया है। अब शीघ्रता करनी चाहिए।

शकुन्तला—[आश्रमकी ओर मुँह करके] तात! अब आश्रमके फिर कब दर्शन हो सकेंगे?

कण्व—सुनो। बहुत दिनोंतक इस पृथ्वीकी सौत बनकर और अपने अद्वितीय वीर पुत्रको राज्य और कुटुम्बका भार सौंपकर जब तुम अपने पतिके साथ आओगी तब इस शान्त आश्रममें सुखसे रहना ॥२०॥

गोतमी—जादे ! परिहीअदि गमणवेला । णिवत्तेहि पिदरं । अहवा चिरेण वि पुणो पुणो एसा एव्वं मन्तइस्सदि णिवत्तदु भवं । (जाते ! परिहीयते गमनवेला । निवर्तय पितरम् । अथवा चिरेणापि पुनः पुनरेषैवं मन्त्रयिष्यते । निवर्ततां भवान् ।)

कण्वः—वत्से ! उपरुध्यते तपोऽनुष्ठानम् ।

शकुन्तला—[भूयः पितरमाश्लिष्य] तवचरणपीडिदं तादसरीरं ता मा अदिमेत्तं मम किदे उक्कण्ठिदुम् । (तपश्चरणपीडितं तातशरीरम् तन्माऽतिमात्रं मम कृत उत्कण्ठितुम् ।)

कण्वः—[सनिःश्वासम्]—

शममेष्यति मम शोकः कथं नु वत्से त्वया रचितपूर्वम् ।
उटजद्वारविरूढं नीवारबलिं विलोकयतः ॥२१॥

गच्छ शिवास्ते पन्थानः सन्तु ।

[निष्क्रान्ता शकुन्तला सहयायिनश्च ।]

सख्यौ—[शकुन्तलां विलोक्य] हद्धी हद्धी अन्तलिहिदा सउन्दला वणराईए । (हा धिक् हा धिक् अन्तर्हिता शकुन्तला वनराज्या ।)

कण्वः—[सनिःश्वासम्] अनसूये गतवती वां सहधर्मचारिणी । निगृह्य शोकमनुगच्छतं मां प्रस्थितम् ।

उभे—ताद सउन्दलाविरहिदं सुण्णं विअ तवोवणं कहं पविसावो । (तात शकुन्तलाविरहितं शून्यमिव तपोवनं कथं प्रविशावः ।)

गौतमी—वत्से ! बिदाकी घड़ी बीतती जा रही है । जाने दो पिताजी को । [कण्वसे] आप अब लौट जायें नहीं तो यह बहुत देरतक यों ही कुछ न-कुछ कहती ही रहेगी ।

कण्व—वत्से ! अब जाओ । हमारे तपके कामोंमें देर हो रही है ।

शकुन्तला—[पितासे फिर भेंट करके] आप तो यों ही तपके कारण बहुत दुबले हो गए हैं इसलिये आप मेरी बहुत अधिक चिन्ता न कीजिएगा ।

कण्व—[लम्बी साँस लेकर] वत्से ! तुमने बलिके लिये जो तिन्नीके धान छोटे थे उनके अंकुर जबतक कुटीके द्वारपर दिखाई देते रहेंगे तबतक मेरा शोक कैसे कम होगा ॥२१॥ जाओ ! तुम्हारा मार्ग मंगलमय हो ।

[साथियोंके साथ शकुन्तला जाती है ।]

दोनों सखियाँ—[शकुन्तलाको देखकर] हाय, हाय । शकुन्तला तो वृक्षोंकी ओटमें ओझल हो गई ।

कण्व—[लम्बी साँस लेकर ।] अनसूया ! तुम्हारी सखी तो चली गई । अब यह रोना-धोना छोड़ो और मेरे साथ लौट चलो ।

दोनों—हाय शकुन्तलाके बिना सूने आश्रम में हम कैसे चलेंगी ।

कण्वः—स्नेहप्रवृत्तिरेवंदर्शिनी। [सविमर्शं परिक्रम्य] हन्त भोः शकुन्तलां पतिकुलं विसृज्य लब्धमिदानीं स्वास्थ्यम्। कुतः।

अर्थो हि कन्या परकीय एव तामद्य संप्रेष्य परिग्रहीतुः।
जातो ममायं विशदः प्रकामं प्रत्यर्पितन्यास इवान्तरात्मा ॥२२॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे।]

इति चतुर्थोऽङ्कः।

कण्व—प्रेममें ऐसा ही होता है। [कुछ विचारते हुए घूमकर] ओह! शकुन्तलाको पतिके घर भेजकर अब मेरे मनको छुट्टी मिली। क्योंकि—कन्या सचमुच पराई सम्पत्ति ही होती है। आज उसे पतिके घर भेजकर मेरा मन वैसे ही निश्चिन्त हो गया है जैसे किसीकी धरोहर लौटा दी हो ॥२२॥

[सब जाते हैं।]

चौथा अंक समाप्त।

पञ्चमोऽङ्कः

[ततः प्रविशत्यासनस्थो राजा विदूषकश्च]

विदूषक—[कर्णं दत्वा] भो वअस्स संगीतसालन्तरे अवधाणं देहि। कलविसुद्धाए गीदीए सरसंजोओ सुणीअदि। जाणे तत्तहोदी हंसवदिआ वण्णपरिअअं करेदित्ति। (भो वयस्य संगीतशालान्तरेऽवधानं देहि। कलविशुद्धाया गीते स्वरसंयोग श्रूयते। जाने तत्रभवती हंसपदिका वर्णपरिचय करोतीति।)

राजा—तूष्णीं भव यावदाकर्णयामि।

[आकाशे गीयते।]

अहिणवमहुलोलुवो भवं तह परिचुम्बिअ चूअमञ्जरिं।
कमलवसइमेत्तणिव्वुदो महुअर विह्मरिओ सि णं कहं ॥१॥

(अभिनवमधुलोलुपो भवांस्तथा परिचुम्ब्य चूतमञ्जरीम्।
कमलवसतिमात्रनिर्वृतो मधुकर विस्मृतोऽस्येना कथम्॥)

राजा—अहो रागपरिवाहिनी गीतिः।

विदूषक—किं दाव गीदीए अवगओ अक्खरत्थो (किं तावद्गीत्या अवगतोऽक्षरार्थः।)

पञ्चम अङ्क

[राजा आसनपर बैठे हैं और पास ही विदूषक भी बैठा हुआ है।]

विदूषक—[कान लगाकर] सुनो वयस्य! संगीत-शालाकी ओर कान लगाकर तो सुनो। कोई बड़े लय-तालसे अत्यन्त मीठे स्वरोंमें गीत गा रहा है। जान पड़ता है महारानी हंस-पदिका स्वर साध रही हैं।

राजा—अच्छा चुप हो जाओ तो सुनूँ।

[नेपथ्यमें गीत]

नये नये मधुके लोभी ओ मधुकर!
एक बार ही रसालकी मधुर मंजरी चूम गए तुम।
क्यों निवास कर कमल कोशमें मुझे भूलकर घूम गए तुम॥
नये नये मधुके लोभी ओ मधुकर॥१॥

राजा—वाह, गीत में कैसी प्रेमकी धारा बह रही है?

विदूषक—पर इस गीतमें जो चोट की गई है, वह भी समझ पाए हो?

राजा—[स्मितं कृत्वा] सकृत्कृतप्रणयोऽयं जनः। तदस्या देवीं वसुमतीमन्तरेण महदुपालम्भनं गतोऽस्मि। सखे माढव्य! मद्वचनादुच्यतां हंसपदिका—निपुणमुपालब्धोऽस्मीति।

विदूषकः—जं भवं आणवेदि। [उत्थाय] भो वअस्स! गहीदस्स ताए परकीएहिं हत्थेहिं सिहण्डए ताडीअमाणस्स अच्छराए वीदराअस्स विअ णत्थि दाणिं मे मोक्खो। (यद्भवानाज्ञापयति। भो वयस्य! गृहीतस्य तया परकीयैर्हस्तैः शिखण्डके ताड्यमानस्याप्सरसा वीतरागस्येव नास्तीदानीं मे मोक्षः।)

राजा—गच्छ। नागरिकवृत्त्या संज्ञापयैनाम्।

विदूषकः—का गई। (का गतिः।) [इति निष्क्रान्तः।]

राजा—[आत्मगतम्] किं नु खलु गीतार्थमाकर्ण्येष्टजनविरहादृतेऽपि बलवदुत्कण्ठितोऽस्मि। अथवा—

रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्पर्युत्सुकीभवति यत्सुखितोऽपि जन्तुः।
तच्चेतसा स्मरति नूनमबोधपूर्वं भावस्थिराणि जननान्तरसौहृदानि ॥२॥

[इति पर्याकुलस्तिष्ठति।]

[ततः प्रविशति कञ्चुकी।]

कञ्चुकी—अहो नु खल्वीदृशीमवस्थां प्रतिपन्नोऽस्मि।

आचार इत्यवहितेन मया गृहीता या वेत्रयष्टिरवरोधगृहेषु राज्ञः।
काले गते बहुतिथे मम सैव जाता प्रस्थानविक्लवगतेरवलम्बनार्था ॥३॥

राजा—[मुसकराते हुए] हाँ, हाँ मैं समझ गया। मैंने रानीसे केवल एक ही बार प्रेम किया है, इसलिये आजकल जो देवी वसुमतीसे मैं प्रेम करने लगा हूँ उसीपर ये छींटे कसे जा रहे हैं। मित्र माढव्य! मेरी ओरसे हंसपदिकासे जाकर कहना कि तुमने बड़ी मीठी चुटकी ली है।

विदूषक—जैसी आपकी आज्ञा। [खड़ा होकर] पर वयस्य! जैसे अप्सराओंके हाथोंमें पड़कर बड़े-बड़े विरागी ऋषि नहीं छूट पाते हैं वैसे ही जब अपनी दासियोंसे मेरी चोटी पकड़वाकर वे मुझे पीटने लगेंगी उस समय उनसे छुटकारा पाना मेरे लिये भी कठिन हो जायगा।

राजा—जाओ, चतुराईके साथ सन्देश देना।

विदूषक—आप कह रहे हैं तो जाना ही पड़ेगा। [चला जाता है।]

राजा—[मन ही मन] मेरे सभी सगे-प्यारे मेरे पास ही हैं फिर भी इस गीतको सुनकर मैं न जाने क्यों इतना अनमना-सा हो उठा हूँ या—

सुन्दर वस्तुएँ देखकर और मीठे शब्द सुनकर जब सुखी लोग भी उदास हो जाय तब यही समझना चाहिए कि उनके मनमें पिछले जन्मके प्रेमियोंके जो संस्कार बैठे हुए हैं वे ही अपने आप जाग उठे हैं ॥२॥ [यह सोचकर व्याकुल हो उठता है।]

कञ्चुकी—आह, मेरी भी क्या दशा हो चली है।—जिस बेंतको छड़ीको कभी मैं रनिवासके द्वारपालका नियम समझकर हाथमें लिए रहा करता था वही अब इस बुढ़ापेमें

भोः कामं धर्मकार्यमनतिपात्यं देवस्य। तथापीदानीमेव धर्मासनादुत्थिताय पुनरुपरोधकारि कण्वशिष्यागमनमस्मै नोत्सहे निवेदयितुम्। अथवाऽविश्रमोऽयं लोकतन्त्राधिकारः। कुतः।

भानुः सकृद्युक्ततुरङ्ग एव रात्रिंदिवं गन्धवहः प्रयाति।
शेषः सदैवाहितभूमिभारः षष्ठांशवृत्तेरपि धर्म एषः ॥ ४ ॥

यावन्नियोगमनुतिष्ठामि। [परिक्रम्यावलोक्य च] एष देवः

प्रजाः प्रजाः स्वा इव तन्त्रयित्वा निषेवते शान्तमना विविक्तम्।
यूथानि संचार्य रविप्रतप्तः शीतं दिवा स्थानमिव द्विपेन्द्रः ॥ ५ ॥

[उपगम्य] जयतु जयतु देवः। एते खलु हिमगिरेरुपत्यकारण्यवासिनः कण्वसंदेशमादाय सस्त्रीकास्तपस्विनः संप्राप्ताः। श्रुत्वा देवः प्रमाणम्।

राजा—[सादरम्] किं कण्वसंदेशहारिणः।

कञ्चुकी—अथ किम्।

राजा—तेन हि मद्वचनाद्विज्ञाप्यतामुपाध्यायः सोमरातः। अमूनाश्रमवासिनः श्रौतेन विधिना सत्कृत्य स्वयमेव प्रवेशयितुमर्हतीति। अहमप्येतांस्तपस्विदर्शनोचिते प्रदेशे स्थितः प्रतिपालयामि।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रान्तः।]

मुझ लड़खड़ाते पैरोंवालेका सहारा बन गई है ॥ ३ ॥ यह तो ठीक है कि महाराजको धर्म-कार्य करना चाहिए। फिर भी अभी-अभी न्यायासनसे उठकर गए हैं। अब उन्हें फिरसे कष्ट देनेके लिये जो ये कण्वके शिष्य आ धमके हैं, इनकी सूचना पहुँचानेको मेरा तो जी नहीं करता। पर प्रजाके शासनके काममें विश्राम कहाँ। क्योंकि—सूर्य एक ही बार अपने घोड़े जोतकर अबतक चला जा रहा है, पवन भी रात दिन बहता ही रहता है और शेष-नाग भी इस पृथ्वीके भारको अपने ऊपर सदा धारण ही किए रहते हैं। ठीक यही दशा उपजका छठा अंश लेनेवाले राजाकी भी है ॥ ४ ॥ इसलिये चलूँ मैं भी अपना कर्तव्य पालन करूँ। [इधर उधर देखकर] ये महाराज अपनी सन्तान-जैसी प्रजाका काम करके, थक जानेपर यहाँ एकान्तमें उसी प्रकार विश्राम कर रहे हैं जैसे दिनकी धूपमें तपा हुआ गजराज हाथियोंके झुण्डको चरनेके लिये छोड़कर स्वयं ठंडे स्थानमें विश्राम लेता है ॥ ५ ॥ [पास जाकर] महाराजकी जय हो। हिमालयकी तराईमें रहनेवाले कुछ तपस्वी लोग कण्वका सन्देश लेकर स्त्रियोंके साथ आए हुए हैं। अब जैसा देव ठीक समझें।

राजा—[आदरसे] क्या महर्षि कण्वका सन्देश लेकर आए हैं ?

कञ्चुकी—जी हाँ !

राजा—तो कुल-पुरोहित सोमरातजीको कहला दो कि वे इन आश्रमवासियोंका वैदिक रीतिसे सत्कार करके इन्हें अपने ही साथ लिवा लावें। मैं भी तबतक उधर चलकर बैठता हूँ जहाँ ऋषियोंसे भेंट की जाती है।

कञ्चुकी—जैसी महाराजकी आज्ञा। [प्रस्थान]

राजा—[उत्थाय] वेत्रवति ! अग्निशरणमार्गमादेशय ।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो । (इत इतो देवः ।)

राजा—[परिक्रामति । अधिकारखेदं निरूप्य] सर्वः प्रार्थितमर्थमधिगम्य सुखी संपद्यते जन्तुः । राज्ञां तु चरितार्थता दुःखान्तरैव ।

औत्सुक्यमात्रमवसाययति प्रतिष्ठा
क्लिश्नाति लब्धपरिपालनवृत्तिरेव ।
नातिश्रमापनयनाय च श्रमाय
राज्यं स्वहस्तधृतदण्डमिवातपत्रम् ॥ ६ ॥

[नेपथ्ये]

वैतालिकौ—विजयतां देवः ।

प्रथमः—

स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यसे लोकहेतोः
प्रतिदिनमथवा ते वृत्तिरेवंविधैव ।
अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं
शमयति परितापं छायया संश्रितानाम् ॥ ७ ॥

द्वितीयः—

नियमयसि विमार्गप्रस्थितानात्तदण्डः
प्रशमयसि विवादं कल्पसे रक्षणाय ।

राजा—[उठकर] वेत्रवती ! चलो हमें यज्ञशाला तक पहुँचा दो ।

प्रतीहारी—इधरसे आइए महाराज, इधरसे ।

राजा—[घूमता है । राजकाजका दुःख बताते हुए] अपने मनकी साध पूरी हो जानेपर और सब जीवोंको तो सुख मिलता है पर हम लोगोंकी राजा बननेकी इच्छा जब पूरी हो जाती है तब कष्ट ही कष्ट हाथ लगता है । राजा बनकर बड़ी प्रतिष्ठा पा लेनेसे मनकी उमंग तो पूरी हो जाती है पर जब राज्यका पालन करना पड़ता है तब छठीका दूध याद आ जाता है । इसलिये राज्य उस छतरीके समान है जिसकी मूठ अपने हाथमें ले लेनेसे थकावट ही अधिक होती है, विश्राम कम मिलता है ॥ ६ ॥

[नेपथ्यमें]

दो वैतालिक—महाराजकी जय हो ।

पहला—अपने सुखकी इच्छा छोड़कर आप प्रजाकी भलाईमें लगे रहते हैं । या यों कहना चाहिए कि इस प्रकार आप अपना धर्म ही पाल रहे हैं, क्योंकि वृक्ष, अपने सिरपर तो कड़ी धूप सहता है, पर अपने तले बैठे हुए जीवोंको छाया ही देता रहता है ॥ ७ ॥

दूसरा—दुष्टोंको आप अपने राजदण्डसे ठीक रखते हैं और सबके आपसी झगड़े

अतनुषु विभवेषु ज्ञातयः सन्तु नाम
त्वयि तु परिसमाप्तं बन्धुकृत्यं प्रजानाम् ॥८॥

राजा—एते क्लान्तमनसः पुनर्नवीकृताः स्मः। [इति परिक्रामति।]

प्रतीहारी—एसो अहिणवसम्मज्जणसस्सिरीओ सण्णिहिदहोमधेणू अग्गिसरणालिन्दो। आरोहदु देवो। (एष अभिनवसम्मार्जनसश्रीकः सन्निहितहोमधेनुरग्निशरणालिन्दः। आरोहतु देवः।)

राजा—[आरुह्य परिजनांसावलम्बी तिष्ठति] वेत्रवति! किमुद्दिश्य भगवता कण्वेन मत्सकाशमृषयः प्रेषिताः स्युः।

किं तावद्व्रतिनामुपोढतपसां विघ्नैस्तपो दूषितं
धर्मारण्यचरेषु केनचिदुत प्राणिष्वसच्चेष्टितम्।
आहोस्वित्प्रसवो ममापचरितैर्विष्टम्भितो वीरुधा-
मित्यारूढबहुप्रतर्कमपरिच्छेदाकुलं मे मनः ॥९॥

प्रतीहारी—सुचरिदणन्दिणो इसीओ देवं सभाजइदुं आअदेत्ति तक्केमि। (सुचरितनन्दिन ऋषयो देव सभाजयितुमागता इति तर्कयामि।)

[ततः प्रविशन्ति गौतमीसहिता शकुन्तलां पुरस्कृत्य मुनयः। पुरश्चैषां कञ्चुकी पुरोहितश्च।]

कञ्चुकी—इत इतो भवन्तः।

मिटाकर आप प्रजाकी रक्षा करते हैं। प्रजामें जो धनी लोग हैं उनके तो बहुतसे सगे सम्बन्धी हो सकते हैं पर साधारण प्रजाके तो माँ-बाप-भाई सब कुछ आप ही हैं॥८॥

राजा—मेरा उदास मन इनकी बातें सुनकर फिर हरा हो गया।

[चारों ओर घूमते हैं]

प्रतीहारी—यह रही झाड़-बुहारकर सुन्दर की हुई यज्ञशालाकी बैठक जहाँ पास ही हवनके लिये घी-दूध देनेवाली गौ भी बँधी है। इसीमें चढ़ जाय महाराज।

राजा—[चढ़कर परिचारकोंके कन्धोंके सहारे खड़ा होता है।] वेत्रवती! भगवान् कण्वने ऋषियोंको भला मेरे पास किस लिये भेजा होगा? कहीं उपद्रवी राक्षसोंने बहुत प्रकारकी तपस्या करनेवाले इन ऋषियोंके तपमें तो बाधा नहीं डाल दी है? या कहीं कोई तपोवनके प्राणियोंको तो नहीं सता बैठा है? या कहीं मेरे पापोंके कारण तपोवनकी लताओं और वृक्षोंका फलना-फूलना तो नहीं रुक गया है? मेरे मनमें अनेक प्रकारकी ऐसी बुरी-बुरी आशंकाएँ उठ रही हैं कि कुछ ठीक-ठीक समझ न पानेसे मेरे जी में खलबली मच गई है॥९॥

प्रतीहारी—देव! मैं तो समझती हूँ कि ये ऋषि लोग महाराजके अच्छे कामोंसे प्रसन्न होकर बधाई देने आए होंगे।

[शकुन्तलाको आगे किए हुए गौतमीके साथ ऋषियोंका प्रवेश। आगे-आगे कञ्चुकी और पुरोहित।]

कञ्चुकी—इधरसे आइए आप लोग, इधरसे।

शार्ङ्गरवः—शारद्वत ।

महाभागः कामं नरपतिरभिन्नस्थितिरसौ
न कश्चिद्वर्णानामपथमपकृष्टोऽपि भजते ।
तथापीदं शश्वत्परिचितविविक्तेन मनसा
जनाकीर्णं मन्ये हुतवहपरीतं गृहमिव ॥१०॥

शारद्वतः—स्थाने भवान्पुरप्रवेशादित्थंभूतः संवृत्तः । अहमपि—

अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव प्रबुद्ध इव सुप्तम् ।
बद्धमिव स्वैरगतिर्जनमिह सुखसङ्गिनमवैमि ॥११॥

शकुन्तला—[निमित्तं सूचयित्वा] अम्महे किं मे वामेदरं णअणं विप्फुरदि । (अहो किं मे वामेतरं नयनं विस्फुरति ।)

गौतमी—जादे पडिहदं अमङ्गलं सुहाइं दे भत्तुकुलदेवदाओ वितरन्दु । [जाते प्रतिहतमङ्गलम् । सुखानि ते भर्तृकुलदेवताः वितरन्तु ।]

[इति परिक्रामति ।]

पुरोहितः—[राजानं निर्दिश्य] भो भोस्तपस्विनः असावत्रभवान्वर्णाश्रमाणां रक्षिता प्रागेव मुक्तासनो वः प्रतिपालयति । पश्यतैनम् ।

शार्ङ्गरवः—भो महाब्राह्मण ! काममेतदभिनन्दनीयं तथापि वयमत्र मध्यस्थाः । कुतः ।

शार्ङ्गरव—शारद्वत ! यह मैं मानता हूँ कि ये राजा इतने धर्मात्मा हैं कि कभी मर्यादाका उल्लंघन नहीं करते और इनके राज्यमें जो नीच-से-नीच वर्णके लोग हैं, वे भी कभी कोई अधर्मका काम नहीं करते, पर इतने लोगोंसे भरे हुए भवनको देखकर ऐसा जान पड़ता है मानो यहाँ आगकी लपटें उठी हुई हों। मेरा अकेलेमें रमनेवाला मन तो ऐसा करता है कि यहाँसे भाग खड़ा होऊँ ॥१०॥

शारद्वत—नगरमें आनेपर ऐसा ही लगता है। मैं भी सांसारिक भोगोंमें पड़े हुए यहाँके लोगोंको वैसा ही हीन समझता हूँ जैसे नहाया हुआ व्यक्ति तेल लगाए हुएको, पवित्र व्यक्ति अपवित्रको, जागता हुआ व्यक्ति सोते हुए को समझता है ॥११॥

शकुन्तला—[बुरा शकुन बताकर] है ! यह मेरी दाहिनी आँख क्यों फड़कने लगी ?

गौतमी—तेरे अशगुन दूर हों, पुत्री ! तेरे पति-कुलके देवता सब भला ही करें।

[घूमती है]

पुरोहित—[राजाको दिखलाकर] तपस्वियो ! देखिए, वर्णाश्रमका पालन करनेवाले महाराज पहलेसे ही आसन छोड़कर खड़े हुए आप लोगोंके आनेकी बाट देख रहे हैं। इन्हें देखिए तो।

शार्ङ्गरव—हे राजपुरोहित ! माना कि ये प्रशंसाके योग्य हैं पर हम इसे कोई नई बात

भवन्ति नम्रास्तरवः फलागमैर्नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः ।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम् ॥१२॥

प्रतिहारी—देव पसण्णमुहवण्णा दीसन्ति । जाणामि विसद्धकज्जा इसोओ । (देव प्रसन्नमुखवर्णा दृश्यन्ते । जानामि विश्रब्धकार्या ऋषयः ।)

राजा—[शकुन्तलां दृष्ट्वा] अथात्रभवती—

का स्विदवगुण्ठनवती नातिपरिस्फुटशरीरलावण्या ।
मध्ये तपोधनानां किसलयमिव पाण्डुपत्राणाम् ॥१३॥

प्रतिहारी—देव कुदूहलगब्भोपहिदो ण मे तक्को पसरदि । णं दंसणीआ उण से आकिदी लक्खीअदि । (देवकुतूहलगर्भोपहितो न मे तर्कः प्रसरति । ननु दर्शनीया पुनरस्या आकृतिर्लक्ष्यते ।)

राजा—भवतु । अनिर्वर्णनीयं परकलत्रम् ।

शकुन्तला—[हस्तमुरसि कृत्वा आत्मगतम्] हिअअ किं एव्वं वेवसि । अज्जउत्तस्स भावं ओहारिअ धीरं दाव होहि । (हृदय किमेवं वेपसे । आर्यपुत्रस्य भावमवधार्य धीरं तावद्भव ।)

पुरोहितः—[पुरो गत्वा] एते विधिवदर्चितास्तपस्विनः । कश्चिदेषामुपाध्यायसंदेशः । तं देव श्रोतुमर्हति ।

राजा—अवहितोऽस्मि ।

नहीं समझते । क्योंकि—फल लगनेपर पेड़ झुकते ही हैं, नये जलसे भरे हुए बादल नीचे झुक ही जाते हैं और सज्जन लोग धन पाकर नम्र होते ही हैं । यह तो परोपकारियोंका स्वभाव ही होता है, इसमें नई बात क्या है ॥१२॥

प्रतीहारी—महाराज ! ऋषि लोग प्रसन्न दिखाई पड़ रहे हैं । इसलिये मैं समझती हूँ कि ये लोग किसी अच्छे कामसे ही आए होंगे ।

राजा—[शकुन्तलाको देखकर] ये कौन देवी हैं ।—इन तपस्वियोंके बीचमें पीले पत्तोंमें नई कोंपलके समान दिखाई देनेवाली यह कौन हो सकती है जिसकी सुन्दरता, घूँघटके कारण ठीक-ठीक खुल नहीं पा रही है ॥१३॥

प्रतीहारी—महाराज ! मैं भी यही जाननेको उतावली हो रही हूँ पर ठीक ठीक समझ नहीं पा रही हूँ । फिर भी, जान पड़ता है कि यह है बड़ी सुन्दर ।

राजा—हुआ करे । पराई स्त्रीपर आँख नहीं डालनी चाहिए ।

शकुन्तला—[हृदयपर हाथ रखकर मन ही मन] इस प्रकार काँप क्यों रहे हो, मेरे हृदय ! आर्यपुत्रके प्रेमका ध्यान करके धीरज तो धरो ।

पुरोहित—[आगे बढ़कर] महाराज ! इन तपस्वियोंका ठीक विधिसे आदर-सत्कार हो चुका है । ये अपने गुरुजीका कोई सन्देश लाए हैं, उसे देव सुन लें ।

राजा—हाँ, हाँ, कहें आप लोग मैं सुन रहा हूँ ।

ऋषय.—[हस्तानुद्यम्य] विजयस्व राजन् ।

राजा—सर्वानभिवादये ।

ऋषयः—इष्टेन युज्यस्व ।

राजा—अपि निर्विघ्नतपसो मुनयः ।

ऋषय.—

कुतो धर्मक्रियाविघ्नः सतां रक्षितरि त्वयि ।
तमस्तपति धर्मांशौ कथमाविर्भविष्यति ॥१४॥

राजा—अर्थवान्खलु मे राजशब्दः । अथ भगवाँल्लोकानुग्रहाय कुशली कण्वः ।

ऋषयः—स्वाधीनकुशलाः सिद्धिमन्तः । स भवन्तमनामयप्रश्न-पूर्वकमिदमाह ।

राजा—किमाज्ञापयति भगवान् ।

शार्ङ्गरव—यन्मिथः समयादिमां मदीयां दुहितरं भवानुपायंस्त तन्मया प्रीतिमता युवयोरनुज्ञातम् कुतः ।

त्वमर्हतां प्राग्रसरः स्मृतोऽसि नः शकुन्तला मूर्तिमती च सत्क्रिया ।
समानयंस्तुल्यगुणं वधूवरं चिरस्य वाच्यं न गतः प्रजापतिः ॥१५॥

तदिदानीमापन्नसत्वेयं प्रतिगृह्यतां सहधर्मचरणायेति ।

ऋषि लोग—[हाथ उठाकर] महाराजकी जय हो ।

राजा—मैं आप लोगोंको प्रणाम करता हूँ ।

ऋषि लोग—आपका मनोरथ पूरा हो ।

राजा—कहिये, ऋषियोंकी तपस्यामें कोई विघ्न तो नहीं डाल रहा है ?

ऋषि लोग—जहाँ आप जैसे राजा पृथ्वीकी रक्षा कर रहे हों वहाँ सज्जनोंके धर्म-कार्योंमें भला कोई विघ्न डाल सकता है ? सूर्यके चमकते रहनेपर भला कहीं अँधेरा भी रह पा सकता है ॥१४॥

राजा—आज मेरा राजा कहलाना सफल हुआ । अच्छा यह तो बताइए कि संसारका कल्याण करनेवाले भगवान् कण्व तो कुशलसे हैं न !

ऋषि लोग—कुशलता तो ऐसे सिद्ध पुरुषोंके हाथमें रहती है । उन्होंने आपका कुशल पूछते हुए यह कहलाया है—

राजा—हाँ, भगवान् कण्वने क्या आज्ञा दी है ?

शार्ङ्गरव—उन्होंने कहलाया है कि आपने जो मेरी कन्यासे गुपचुप विवाह कर लिया है उसे मैं प्रसन्न होकर स्वीकार करता हूँ । क्योंकि—आदरणीय व्यक्तियोंमें आप सबसे प्रधान हैं और शकुन्तला पुण्यक्रियाकी साक्षात् मूर्ति है । आज बहुत दिनोंपर ब्रह्माने एक जैसे गुणवाले वर-वधू की जोड़ी रचकर अपनेको दोषी कहलानेसे बचा लिया है ॥१५॥ अब आप इस गर्भवतीको अपनी धर्मपत्नी बनाकर ग्रहण कर लीजिए ।

गोतमी—अज्ज किंपि वत्तुकामम्हि ण मे वअणावसरो अत्थि। कहंति।

णावेक्खिओ गुरुअणो इमाए तुए पुच्छिदो ण बन्धुअणो।
एक्कक्कमेव्व चरिए भणामि किं एक्कमेक्कस्स ॥१६॥

(आर्य किमपि वक्तुकामास्मि। न मे वचनावसरोऽस्ति। कथमिति।
नापेक्षितो गुरुजनोऽनया त्वया पृष्टो न बन्धुजन।
एकैकमेव चरिते भणामि किमेकमेकस्य ॥)

शकुन्तला—[आत्मगतम्] किं णु क्खु अज्जउत्तो भणादि। (किं नु खल्वार्यपुत्रो भणति।)

राजा—किमिदमुपन्यस्तम्।

शकुन्तला—[आत्मगतम्] पावओ क्खु वअणोवण्णासो। (पावक खलु वचनोपन्यास।)

शार्ङ्गरव—कथमिदं नाम भवन्त एव सुतरां लोकवृत्तान्तनिष्णाताः।

सतीमपि ज्ञातिकुलैकसंश्रयां जनोऽन्यथा भर्तृमतीं विशङ्कते।
अतः समीपे परिणेतुरिष्यते प्रियाप्रिया वा प्रमदा स्वबन्धुभिः ॥१७॥

राजा—किं चात्रभवती मया परिणीतपूर्वा।

शकुन्तला—[सविषादम्। आत्मगतम्] हिअअ संपदं दे आसङ्का। (हृदय सांप्रतं ते आशङ्का।

गौतमी—आर्य! मैं भी कुछ कहना चाहती हूँ। यद्यपि मुझे आप लोगोंके बीचमें कुछ भी बोलना नहीं चाहिए क्योंकि—न तो इसीने अपने बड़ोंसे कुछ कहा-सुना, न आपने ही इसके सगे सम्बन्धियोंसे कोई पूछ-ताछ की। इसलिये जब आप लोगोंने आपसमें ही सब कुछ कर डाला है तब मैं आप दोनोंसे भला कहूँ क्या ॥ १६ ॥

शकुन्तला—[मनही मन] देखें, इस बातपर आर्यपुत्र क्या कहते हैं?

राजा—आप लोग यह कह क्या रहे हैं?

शकुन्तला—[मन ही मन] इन्होंने बातका आरम्भ क्या किया है कि आग उगल रहे हैं।

शार्ङ्गरव—आप तो लोकाचारकी सभी बातें जानते हैं फिर ऐसा क्यों कह रहे हैं। जो सुहागिन स्त्री अपने पिताके घर रहती है वह चाहे जितनी भी पतिव्रता हो फिर भी उसके सम्बन्धमें लोग बड़ी उल्टी-सीधी बातें उड़ा दिया करते हैं। इसलिये वह युवती चाहे सबकी दुलारी ही क्यों न हो, पर उसके भाई-बन्धु लोग तो यही चाहते हैं कि वह अपने पतिके ही पास रहे ॥ १७ ॥

राजा—क्या इस देवीसे कभी पहले मेरा विवाह हो चुका है?

शकुन्तला—[दुखी होकर मन ही मन] हृदय! तुम्हें जो खटका हो रहा था वह आगे आ रहा है।

शार्ङ्गरवः—

किं कृतकार्यद्वेषो धर्मं प्रति विमुखता कृतावज्ञा ।

राजा—कुतोऽयमसत्कल्पनाप्रश्नः ।

शार्ङ्गरवः—

मूर्च्छन्त्यमी विकाराः प्रायेणैश्वर्यमत्तेषु ॥ १८ ॥

राजा—विशेषेणाधिक्षिप्तोऽस्मि ।

गौतमी—जादे मुहुत्तअं मा लज्ज । अवणइस्सं दाव दे ओउण्ठणं । तदो तुमं भट्टा अहिजाणिस्सदि । (जाते मुहूर्तं मा लज्जस्व । अपनेष्यामि तावत्तेऽवगुण्ठनम् । ततस्त्वा भर्ताऽभिज्ञास्यति ।) [इति यथोक्तं करोति ।]

राजा—[शकुन्तलां निर्वर्ण्य आत्मगतम्]

इदमुपनतमेवं रूपमक्लिष्टकान्ति प्रथमपरिगृहीतं स्यान्न वेत्यव्यवस्यन् ।
भ्रमर इव विभाते कुन्दमन्तस्तुषारं न च खलु परिभोक्तुं नैव शक्नोमि हातुम् ॥१९॥

(इति विचारयन्स्थितः ।)

प्रतीहारी—[स्वगतम्] अहो धम्मावेक्खिआ भट्टिणो । ईदिसं णाम सुहोवणदं रूवं देक्खिअ को अण्णो विआरेदि । (अहो धर्मापेक्षिता भर्तुः । ईदृशं नाम सुखोपनतं रूपं दृष्ट्वा कोऽन्यो विचारयति ।)

शार्ङ्गरव—आपको अपना किए पर पछतावा हो रहा है, या आप अपने कर्तव्यसे भाग रहे हैं या जान-बूझकर अपने किए हुएको भुला देना चाहते हैं ?

राजा—आपने यह यहाँकी बेसिर-पैरकी बातें छेड़ दी हैं ?

शार्ङ्गरव—[क्रोधसे] जो ऐश्वर्यमें मतवाले हो जाते हैं वे ऐसे ही खोटे काम किया करते हैं ॥१८॥

गौतमी—बच्चे ! थोड़ी देरके लिये लाज-संकोच छोड़ दो । आओ मैं तुम्हारा घूंघट उठा दूं, जिससे तुम्हारे पति तुम्हें पहचान तो लें ।

[घूंघट हटा देती है ।]

राजा—[शकुन्तलाको ध्यानसे देखकर मन ही मन] मैं ठीक-ठीक निश्चय ही नहीं कर पा रहा हूँ कि यह जो अत्यन्त शोभाशाली सुन्दरी यहाँ अपने आप आ पहुँची है, इसके साथ मैंने पहले कभी विवाह किया भी है या नहीं । और इसीलिये, जैसे प्रातःकालको ओस पड़े हुए कुन्दके फूलपर भौंरा न तो बैठता ही है न उसे छोड़कर ही जाता है, वैसे ही मैं भी, न तो इसे ग्रहण ही कर पा रहा हूँ न छोड़ ही पा रहा हूँ ॥१९॥

[राजा सोचता रह जाता है ।]

प्रतीहारी—[मन ही मन] हमारे महाराज धर्मका कितना ध्यान रखते हैं । नहीं तो, अपने आप आए हुए ऐसे रूपको पाकर भला कौन इतना आगा-पीछा सोचेगा ।

शार्ङ्गरवः—भो राजन् किमिति जोषमास्यते ।

राजा—भोस्तपोधनाः चिन्तयन्नपि न खलु स्वीकरणमत्रभवत्याः स्मरामि । तत्कथमिमामभिव्यक्तसत्त्वलक्षणां प्रत्यात्मानं क्षेत्रिणमाशङ्कमानः प्रतिपत्स्ये ।

शकुन्तला—[अपवार्य] अज्जस्स परिणए एव्व संदेहो । कुदो दाणि मे दूराविरोहिणी आसा । (आर्यस्य परिणय एव संदेहः । कुत इदानीं मे दूराधिरोहिण्याशा ।)

शार्ङ्गरवः—मा तावत्—

कृताभिमर्शामनुमन्यमानः सुतां त्वया नाम मुनिर्विमान्यः ।
मुष्टं प्रतिग्राहयता स्वमर्थं पात्रीकृतो दस्युरिवासि येन ॥ २० ॥

शारद्वतः—शार्ङ्गरव ! विरम त्वमिदानीम् । शकुन्तले वक्तव्यमुक्तमस्माभिः । सोऽयमत्रभवानेवमाह । दीयतामस्मै प्रत्ययप्रतिवचनम् ।

शकुन्तला—[अपवार्य] इमं अवत्थन्तरं गदे तारिसे अणुराए किं वा सुमराविदेण । अत्ता दाणिं मे सोअणीओ त्ति ववसिदं एदं । [प्रकाशम्] अज्जउत्त [इत्यर्धोक्ते] संसइदे दाणिं ण एसो समुदाआरो । पोरव ण जुत्तं णाम दे तह पुरा अस्समपदे सहावुत्ताणहिअअं इमं जणं समअपुव्वं पतारिअ ईदिसेहिं अक्खरेहिं पच्चाचिक्खिदुं । (इदमवस्थान्तरं गते तादृशेऽनुरागे किं वा स्मारितेन । आत्मेदानीं मे शोचनीय इति व्यवसितमेतत् । आर्यपुत्र !

शार्ङ्गरव—क्यों महाराज ! आप चुप क्यों हो गए ?

राजा—तपस्वियो ! बार-बार स्मरण करनेपर भी इस देवीके साथ विवाह करनेकी बात मुझे स्मरण ही नहीं आ रही है, तब बताइये कि इस गर्भवतीके स्पष्ट लक्षणोंवाली देवीको स्वीकार करके दूसरेसे गर्भ धारण करानेवाली स्त्रीका पति कहलानेका अपजस मैं क्यों लूं ।

शकुन्तला—[अलग] आर्यपुत्रको जब विवाहमें ही सन्देह हो रहा है तब मैंने और जो बड़ी-बड़ी आशाएँ बाँध रक्खी थीं उनका तो फिर ठिकाना ही कहाँ है ।

शार्ङ्गरव—हाँ-हाँ, मत करो स्वीकार । तुमको ऋषिका अपमान करना ही चाहिए क्योंकि उन्होंने तुम्हारे साथ यह भलमनसाहत की है न, कि उनकी जिस कन्याको तुमने छलसे दूषित कर दिया है उसे वे तुम्हें योग्य पात्र समझकर उसी प्रकार सौंप रहे हैं जैसे कोई अपनी चोरी गई हुई वस्तु मिलनेपर फिर चोर को ही लौटा दे ॥२०॥

शारद्वत—अच्छा शार्ङ्गरव ! अब तुम चुप ही जाओ । [शकुन्तला से] देखो शकुन्तला ! हमें जो कुछ कहना था, कह चुके । इधर राजा भी ऐसी बातें कर रहे हैं । अब तुम्हीं इन्हें विश्वास दिलाओ ।

शकुन्तला—[मन ही मन] जब बात यहाँतक बढ़ चुकी है तब मैं उस प्रेमकी सुध दिलाकर ही क्या करूँगी । अब तो मुझे अपने भाग्यको कोसना ही भर रह गया है । [प्रकट] आर्यपुत्र ! [आधा कहकर रुक जाती है ।] पर जब इन्हें विवाहमें ही सन्देह हो रहा है तब इस प्रकार सम्बोधन ही करना ठीक नहीं है । हे पौरव ! मुझ भोली-भालीको आश्रममें अपनी मीठी-

संशयित इदानीं नैष समुदाचारः. पौरव ! न युक्तं नाम ते तथा पुराऽऽश्रमपदे स्वभावोत्तानहृदयमिमं जनं समयपूर्वं प्रतार्येदृशैरक्षरैः प्रत्याख्यातुम् ।)

राजा—[कर्णौ पिधाय] शान्तं पापम् ।

व्यपदेशमाविलयितुं किमीहसे जनमिमं च पातयितुम् ।
कूलंकषेव सिन्धुः प्रसन्नमम्भस्तटतरुं च ॥२१॥

शकुन्तला—होदु ! जइ परमत्थतो परपरिग्गहसङ्किणा तुए एव्वं वत्तुं पउत्तं ता अहिण्णाणेण इमिणा तुह आसङ्कं अवणइस्सं । (भवतु ! यदि परमार्थतः परपरिग्रहशङ्किना त्वयैवं वक्तुं प्रवृत्तं तदभिज्ञानेनानेन तवाशङ्कामपनेष्यामि ।

राजा—उदारः कल्पः ।

शकुन्तला—[मुद्रास्थानं परामृश्य ।] हद्धी हद्धी अङ्गुलीअअसुण्णा मे अंगुली । (हा धिक् हा धिक् अङ्गुलीयकशून्या मेऽङ्गुलिः ।) [इति सविषादं गौतमीमवेक्षते ।]

गौतमी—णूणं दे सक्कावदारब्भन्तरे सचीतित्थसलिलं वन्दमाणाए पब्भट्टं अंगुलीअअं (नूनं ते शक्रावताराभ्यन्तरे शचीतीर्थसलिलं वन्दमानायाः प्रभ्रष्टमङ्गुलीयकम् ।)

राजा—[सस्मितम्] इदं तत्प्रत्युत्पन्नमति स्त्रैणमिति यदुच्यते ।

शकुन्तला—एत्थ दाव विहिणा दंसिदं पहुत्तणं । अवरं दे कहिस्सं । (अत्र तावद्विधिना दर्शितं प्रभुत्वम् । अपरं ते कथयिष्यामि ।)

राजा—श्रोतव्यमिदानीं संवृत्तम् ।

मीठी बातोंके वशमें फँसाकर अब इस प्रकार मेरा निरादर करना आपको शोभा नहीं देता ।

शकुन्तला—णं एक्कस्सिं दिअहे णोमालिआमण्डवे णलिणीपत्तभाअणगदं उअअं तुह हत्थे सण्णिहिदं आसि। (नन्वेकस्मिन्दिवसे नवमालिकामण्डपे नलिनीपत्रभाजनगतमुदकं तव हस्ते संनिहितमासीत्।)

राजा—शृणुमस्तावत्।

शकुन्तला—तक्खणं सो मे पुत्तकिदओ दीहापङ्गो णाम मिअपोदओ उवट्ठिदो। तुए अअं दाव पढमं पिअउ त्ति अणुअम्पिणा उवच्छन्दिदो उदएण। ण उण दे अपरिचआदो हत्थब्भासं उवगदो। पच्छा तस्सिं एव्व मए गहिदे सलिले णेण किदो पणओ। तदा तुमं इत्थं पहसिदो सि। सव्वो सगन्धेसु विस्ससिदि। दुवे वि एत्थ आरण्णआ त्ति। (तत्क्षणे स मे पुत्रकृतको दीर्घापाङ्गो नाम मृगपोतक उपस्थितः। त्वयायं तावत्प्रथमं पिबत्वित्यनुकम्पिनोपच्छन्दित उदकेन। न पुनस्ते अपरिचयाद्धस्ताभ्यासमुपगतः। पश्चात्तस्मिन्नेव मया गृहीते सलिलेऽनेन कृतः प्रणयः। तदा त्वमित्थं प्रहसितोऽसि। सर्वः सगन्धेषु विश्वसिति। द्वावप्यत्रारण्यकाविति।)

राजा—एवमादिभिरात्मकार्यनिर्वर्तिनीनामनृतमयवाङ्मधुभिराकृष्यन्ते विषयिणः।

गौतमी—महाभाअ ण अरुहसि एव्वं मन्तिदुं। तवोवणसंवड्ढिदो अणभिण्णो अअं जणो कइदवस्स। (महाभाग नार्हस्येवं मन्त्रयितुम्। तपोवनसंवर्धितोऽनभिज्ञोऽयं जनः कैतवस्य।)

राजा—तापसवृद्धे।

स्त्रीणामशिक्षितपटुत्वममानुषीषु संदृश्यते किमुत याः प्रतिबोधवत्यः।
प्रागन्तरिक्षगमनात्स्वमपत्यजातमन्यैर्द्विजैः परभृताः खलु पोषयन्ति ॥ २२ ॥

शकुन्तला—आपको स्मरण होगा कि एक दिन आप नवमालिकाके कुञ्जमें अपने हाथमें पानीसे भरा कमलके पत्तेका दोना लिए हुए थे।

राजा—कहती चलिए। मैं सब सुन रहा हूँ।

शकुन्तला—इतनेमें ही वहाँ मेरा पुत्रके समान पाला हुआ दीर्घापांग नामका मृग छौना भी आ पहुँचा। आपने उसपर दया करके कहा—पहले इसे जल पी लेने दो। यह कहकर आप उसे जल पिलाने लगे। पर परिचित न होनेके कारण वह आपके पास आया ही नहीं। तब मैंने आपके हाथसे दोना ले लिया और वह मेरे हाथसे जल पीने लगा। उस समय आपने हँसकर कहा था कि अपने सगे-सम्बन्धियोंको सभी पहचानते हैं। तुम दोनों ही वनवासी हो न।

राजा—अपना काम साधनेवाली स्त्रियोंकी ऐसी झूठी और मीठी-मीठी बातोंमें कामी लोग ही फँसते हैं। समझीं!

गौतमी—महाभाग! आपको ऐसी बातें नहीं कहनी चाहिएँ। तपोवनमें पली हुई कन्या भला छल बलकी बातें क्या जाने।

राजा—बूढ़ी तपस्विनीजी! जो मानवी स्त्रियाँ नहीं हैं वे भी बिना सिखाए पढ़ाए बड़ी चतुर हो जाती हैं फिर इन समझवाली स्त्रियोंका तो पूछना ही क्या। जानती हो! जब-तक कोयलके बच्चे उड़ना नहीं सीख जाते तबतक वह दूसरे पक्षियोंसे ही उनका पालन कराती है ॥ २२ ॥

शकुन्तला—[सरोषम्] अणज्ज ! अत्तणो हिअआणुमाणेण पेक्खसि। को दाणिं अण्णो धम्मकञ्चुअप्पवेसिणो तिणच्छण्णकूवोवमस्स तव अणुकिदिं पडिवज्जिस्सदि।

अनार्य ! आत्मनो हृदयानुमानेन प्रेक्षसे। क इदानीमन्यो धर्मकञ्चुकप्रवेशिनस्तृणच्छन्नकूपोपमस्य तवानुकृतिं प्रतिपत्स्यते।]

राजा—[आत्मगतम्] संदिग्धबुद्धिं मां कुर्वन्नकैतव इवास्याः कोपो लक्ष्यते। तथा ह्यनया—

मय्येव विस्मरणदारुणचित्तवृत्तौ वृत्तं रहः प्रणयमप्रतिपद्यमाने।
भेदाद्भ्रुवोः कुटिलयोरतिलोहिताक्ष्या भग्नं शरासनमिवातिरुषा स्मरस्य ॥२३॥

[प्रकाशम्] भद्रे प्रथितं दुष्यन्तस्यस्य चरितम्। तथापीदं न लक्षये।

शकुन्तला—सुट्ठु दाव अत्त सच्छन्दचारिणी किदम्हि जा अहं इमस्स पुरुवंसप्पच्चएण मुहमहुणो हिअअट्ठिअविसस्स हत्थब्भासं उवगदा। (सुष्ठु तावदत्र स्वच्छन्दचारिणी कृताऽस्मि याऽहमस्य पुरुवंशप्रत्ययेन मुखमधोर्हृदयस्थितविषस्य हस्ताभ्यासमुपगता। [इति पटान्तेन मुखमावृत्य रोदिति।

शार्ङ्गरव —इत्थमात्मकृतं प्रतिहतं चापलं दहति।

अतः परीक्ष्य कर्तव्यं विशेषात्संगतं रहः।
अज्ञातहृदयेष्वेवं वैरीभवति सौहृदम् ॥ २४ ॥

शकुन्तला—[क्रोधसे] अनार्य ! तुम सबके हृदयको अपने ही हृदयके समान खोटा समझते हो ! तुम्हें छोडकर और कौन ऐसा नीच होगा जो घास-फूससे ढँके हुए कुएँके समान धर्मका ढोंग रचकर ऐसा खोटा काम कर सके।

राजा— [मन ही मन] इसके क्रोधमें सचाई दिखाई पड रही है, इसीलिये मेरा मन और भी सन्देहमें पडता जा रहा है। ठीक स्मरण न आनेसे अकेलेमें किए हुए प्रेमको जो मैंने इतनी कठोरतासे अस्वीकार कर दिया है, उसपर लाल-लाल आँखें करके अत्यन्त क्रोधसे शकुन्तलाने जो भौंहें चढा ली हैं उन्होंने इस समय कामदेवके धनुषको भी दो टूक कर डाला है। ॥ २३ ॥ [प्रकट] भद्रे ! दुष्यन्तके कामोंको सारा संसार जानता है। पर ऐसी बात तो आजतक नहीं सुनी गई।

शकुन्तला—तुमने ठीक ही किया जो मुझे कुचाली स्त्री बना डाला, क्योंकि ऊँचे कुलके धोखेमें आकर ऐसे नीचके हाथमें जा पडी जिसके मुँहमें मधु और हृदयमें विष भरा हुआ है। [आँचलसे मुह ढँककर रोने लगती है।]

शार्ङ्गरव—बिना सोचे-समझे जो काम किया जाता है उसमें ऐसा ही दुख मिला करता है। इसलिये गुप्त प्रेम बहुत सोच-विचारकर करना चाहिये क्योंकि बिना जाने-बूझे स्वभाववालेके साथ जो मित्रता की जाती है वह एक न एक दिन शत्रुता बनकर ही रहती है ॥ २४ ॥

राजा—अयि भोः किमत्रभवतीप्रत्ययादेवास्मान्संयुक्तदोषाक्षरेण क्षिणुथ।

शार्ङ्गरव.—[सासूयम्] श्रुतं भवद्भिरधरोत्तरम्।

आजन्मनः शाठ्यमशिक्षितो यस्तस्याप्रमाणं वचनं जनस्य।
परातिसंधानमधीयते यैर्विद्येति ते सन्तु किलाप्तवाचः ॥ २५ ॥

राजा—भोः सत्यवादिन् अभ्युपगतं तावदस्माभिरेवम्। किं पुनरिमामतिसंधाय लभ्यते।

शार्ङ्गरवः—विनिपातः।

राजा—विनिपातः पौरवैः प्रार्थ्यत इति न श्रद्धेयम्।

शारद्वतः—शार्ङ्गरव! किमुत्तरेण। अनुष्ठितो गुरोः संदेशः। प्रतिनिवर्तामहे वयम्। [राजानं प्रति]—

तदेषा भवतः कान्ता त्यज वैनां गृहाण वा।
उपपन्ना हि दारेषु प्रभुता सर्वतोमुखी ॥ २६ ॥

गौतमि! गच्छाग्रतः।

[इति प्रस्थिताः।]

शकुन्तला—कहं इमिणा किदवेण विप्पलद्धम्हि। तुम्हे वि मं परिच्चअह। (कथमनेन कितवेन विप्रलब्धाऽस्मि। यूयमपि मां परित्यजथ।) [इत्यनुप्रतिष्ठते।]

गौतमी—[स्थित्वा] वच्छ सङ्गरव। अणुगच्छदि इअं क्खु णो करुणपरिदेविणी

राजा—सुनिए तो! इस देवीकी बातका विश्वास करके आप उल्टी-सीधी बातें कह-कहकर हमपर क्यों दोष लगा रहे हैं?

शार्ङ्गरव—[अपने साथियोंसे क्रोधसे] आपने सुनी इनकी उल्टी बातें! जिसने जन्मसे लेकर अब तक छलका नाम भी न सुना हो, उसकी बातें झूठ समझी जायँ और जिन्होंने दूसरोंको धोखा देनेकी चालें विद्याके समान सीखी हों, वे सत्यवादी समझे जायँ ॥२५॥

राजा—अच्छा सत्यवादीजी! मान लीजिए, हम ऐसे ही हैं। पर यह तो बताइए कि इसे छलकर हमें मिल क्या जायगा?

शार्ङ्गरव—पतन।

राजा—मैं इस बातको नहीं मानता कि पुरुवंशी पतनकी ओर जाना चाहेंगे।

शारद्वत—शार्ङ्गरव! इस कहा-सुनीसे लाभ क्या है। गुरुजीका सन्देश हम इन्हें दे ही चुके। चलो, अब लौट चला जाए। [राजासे] राजन्! यह आपकी पत्नी है। इसे चाहे रखिए, चाहे निकालिए। क्योंकि पतिका अपनी स्त्रियोंपर पूरा अधिकार होता है ॥ २६ ॥ चलो गौतमी, आगे-आगे चलो। [चलते हैं।]

शकुन्तला—इस धूर्तने तो मुझे छला ही है, अब क्या आप लोग भी मुझे छोड़कर चले जा रहे हैं? [उनके पीछे-पीछे जाती है।]

गौतमी—[खड़ी होकर] वत्स शार्ङ्गरव! यह शकुन्तला रोती हुई हम लोगोंके पीछे-

सउन्दला । पच्चादेसपरुसे भत्तुणि किं वा मे पुत्तिआ करेदु । [वत्स शाङ्गरव ! अनुगच्छतीयं खलु नः करुणपरिदेविनी शकुन्तला । प्रत्यादेशपरुषे भर्तरि किं वा मे पुत्रिका करोतु ।]

शाङ्गरवः—[सरोषं निवृत्य] किं पुरोभागे स्वातन्त्र्यमवलम्बसे ।

[शकुन्तला भीता वेपते]

शाङ्गरवः - शकुन्तले ।

यदि यथा वदति क्षितिपस्तथा त्वमसि किं पितुरुत्कुलया ।
अथ तु वेत्सि शुचिव्रतमात्मनः पतिकुले तव दास्यमपि क्षमम् ॥ २७ ॥

तिष्ठ । साधयामो वयम् ।

राजा—भोस्तपस्विन् किमत्रभवतीं विप्रलभसे ।

कुमुदान्येव शशाङ्कः सविता बोधयति पङ्कजान्येव ।
वशिनां हि परपरिग्रहसंश्लेषपराङ्मुखी वृत्तिः ॥ २८ ॥

शाङ्गरवः—यदा तु पूर्ववृत्तमन्यसङ्गाद्विस्मृतो भवांस्तदा कथमधर्मभीरुः ।

राजा—भवन्तमेवात्र गुरुलाघवं पृच्छामि ।

मूढः स्यामहमेषा वा वदेन्मिथ्येति संशये ।
दारत्यागी भवाम्याहो परस्त्रीस्पर्शपांसुलः ॥ २९ ॥

पुरोहितः—[विचार्य] यदि तावदेवं क्रियताम् ।

पीछे चली आ रही है। बताओ, अब ऐसे निर्दयीसे ठुकराई हुई मेरी बच्ची भला कहाँ जाय ?

शाङ्गरव—[क्रोधसे लौटकर] क्योंरी दुष्टे ! क्या तू अपनी मनमानी करना चाहती है। [शकुन्तला भयसे काँप उठती है।] सुन शकुन्तला ! यदि राजाकी बात सत्य है तो तुझ जैसी कुल-कलंकिनीका पिताके घर कोई काम नहीं है और यदि तू अपनेको पवित्र समझती है तो तुझे दासी बनकर भी अपने पतिके ही घरमें रहना चाहिए ॥ २७ ॥ बस यहीं रह, हम जाते हैं।

राजा—तपस्वी ! आप इसे क्यों झूठ-मूठ धोखेमें डाल रहे हैं—क्योंकि जैसे चन्द्रमा केवल कुमुदोंको ही खिलाता है और सूर्य केवल कमलोंको ही खिलाता है वैसे ही जितेन्द्रिय लोग भी पराई स्त्रीको छूनेकी इच्छातक नहीं करते ॥ २८ ॥

शाङ्गरव—जब तुम अपनी दूसरी रानियोंके पास आकर अपनी पिछली बात भूल सकते हो तब तुम्हें अधर्मसे क्या डर है।

राजा—[पुरोहितसे] अब मैं आपसे ही पूछता हूँ कि ऐसी दुविधामें मैं क्या करूँ क्योंकि या तो मैं भूल गया हूँ या ये झूठ कह रही हैं। अब मैं अपनी पत्नीको छोड़नेका पाप करूँ या पराई स्त्रीको छूनेका पाप सिरपर लूँ ॥ २९ ॥

पुरोहित—[सोचकर] जब ऐसी दुविधा है तो आप एक काम कीजिए।

राजा—अनुशास्तु मां भवान् ।

पुरोहितः—अत्रभवती तावदाप्रसवादस्मद्गृहे तिष्ठतु । कुत इदमुच्यत इति चेत् । त्वं साधुभिरुद्दिष्टः प्रथममेव चक्रवर्तिनं पुत्रं जनयिष्यसीति । स चेन्मुनिदौहित्रस्तल्लक्षणोपपन्नो भविष्यति अभिनन्द्य शुद्धान्तमेनां प्रवेशयिष्यसि । विपर्यये तु पितुरस्याः समीपनयनमव-स्थितमेव ।

राजा—यथा गुरुभ्यो रोचते ।

पुरोहितः—वत्से ! अनुगच्छ माम् ।

शकुन्तला—भअवदि वसुहे ! देहि मे विवरं । (भगवति वसुधे ! देहि मे विवरम्) [इति रुदती प्रस्थिता । निष्क्रान्ता सह पुरोधसा तपस्विभिश्च ।]

[राजा शापव्यवहितस्मृतिः शकुन्तलागतमेव चिन्तयति ।]

[नेपथ्ये]

आश्चर्यम् आश्चर्यम् ।

राजा—[आकर्ण्य] किं नु खलु स्यात् ।

[प्रविश्य]

पुरोहितः—[सविस्मयम्] देव अद्भुतं खलु संवृत्तम् ।

राजा—किमिव ।

राजा—हाँ, हाँ, बतलाइए ।

पुरोहित—पुत्र उत्पन्न होनेके समयतक ये मेरे घरपर रहें। आप पूछें क्यों ? तो इसलिये कि आपको ऋषियोंने पहले ही आशीर्वाद दे दिया है कि आपके चक्रवर्ती पुत्र उत्पन्न होगा। यदि कण्व मुनिके नातीमें चक्रवर्तीके लक्षण मिल जायें तब तो इन्हें आदरके साथ रनिवासमें रख लीजिएगा और यदि लक्षण न मिलें तो इन्हें इनके पिताके पास भेज दिया जायगा।

राजा—जैसा गुरुजी ठीक समझें।

पुरोहित—वत्से ! आओ मेरे साथ चली आओ।

शकुन्तला—भगवती वसुन्धरे ! तू फट जा और मुझे गोदमें ले ले।

[रोती हुई शकुन्तला पुरोहित और ऋषियोंके पीछे पीछे चली जाती है।]

[शापके कारण भूला हुआ राजा शकुन्तलाके सम्बन्धमें विचार करता है।]

[नेपथ्यमें]

आश्चर्य है ! आश्चर्य है !

राजा—[सुनते हुए] अरे, क्या हुआ !

[पुरोहित का प्रवेश]

पुरोहित—[आश्चर्यसे] महाराज, बड़े आश्चर्यकी बात हो गई है।

राजा—क्या हुआ ?

पुरोहितः—देव ! परावृत्तेषु कण्वशिष्येषु—

सा निन्दन्ती स्वानि भाग्यानि बाला बाहूत्क्षेपं क्रन्दितुं च प्रवृत्ता ।

राजा—किं च ।

पुरोहितः—

स्त्रीसंस्थानं चाप्सरस्तीर्थमारादुत्क्षिप्यैनां ज्योतिरेकं जगाम ॥ ३० ॥

[सर्वे विस्मयं रूपयन्ति ।]

राजा—भगवन् प्रागपि सोऽस्माभिरर्थः प्रत्यादिष्ट एव । किं वृथा तर्केणान्विष्यते । विश्राम्यतु भवान् ।

पुरोहितः—[विलोक्य] विजयस्व । [इति निष्क्रान्तः ।]

राजा—वेत्रवति ! पर्याकुलोऽस्मि । शयनभूमिमार्गमादेशय ।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो । (इत इतो देवः ।) [इति प्रस्थिता ।]

राजा—कामं प्रत्यादिष्टां स्मरामि न परिग्रहं मुनेस्तनयाम् ।

बलवत्तु दूयमानं प्रत्याययतीव मे हृदयम् ॥ ३१ ॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

इति पञ्चमोऽङ्कः ।

पुरोहित—महाराज ! कण्वके शिष्योंके चले जानेपर यह ऋषिकन्या, ज्यों ही अपने भाग्यको कोसती हुई बाँहें पसार कर रोने लगी—

राजा—तब क्या हुआ ?

पुरोहित—त्यों ही स्त्रीके जैसी एक ज्योति आई और इसे अपनी गोदमें उठाकर अप्सरा-तीर्थकी ओर चली गई ॥३०॥

[सब आश्चर्य प्रकट करते हैं ।]

राजा—हमने तो उसे पहले ही छोड़ दिया है इसलिये उसपर सोचना-विचारना व्यर्थ है । अब आप भी जाकर विश्राम करें ।

पुरोहित—[देखकर] महाराजकी जय हो । [जाता है ।]

राजा—वेत्रवती ! मैं कुछ अनमना सा हो गया हूँ । मुझे शयनपर पहुँचा दो तो ।

प्रतीहारी—इधरसे आइए महाराज, इधरसे । [चलती है ।]

राजा—यद्यपि विवाहकी सुध न होनेसे मैंने उसका अत्यन्त तिरस्कार कर दिया है फिर भी मेरा अत्यन्त व्याकुल हुआ हृदय न जाने क्यों रह-रह कर उसकी बातोंमें विश्वास करनेको मचल रहा है ॥३१॥

[सब चले जाते हैं ।]

पाँचवाँ अंक समाप्त ।

षष्ठोऽङ्कः

[ततः प्रविशति नागरिकः श्यालः पश्चाद्बद्धं पुरुषमादाय रक्षिणौ च ।]

रक्षिणौ—[ताडयित्वा] अले कुम्भीलआ कहेहि कहिं तुए एशे मणिबन्धणुक्किण्णणामहेए लाअकीए अंगुलीअए शमाशादिए । (अरे कुम्भीरक कथय कुत्र त्वयैतन्मणिबन्धनोत्कीर्णनामधेयं राजकीयमंगुलीयकं समासादितम् ।)

पुरुषः—[भीतिनाटितकेन] पशीदन्तु भावमिश्शे । हगे ण ईदिशकम्मकाली । (प्रसीदन्तु भावमिश्राः अहं नेदृश कर्मकारी ।)

प्रथमः—किं शोहणे बम्हणेत्ति कलिअ रज्जा पडिग्गहे दिण्णे । (किं शोभनो ब्राह्मण इति कलयित्वा राज्ञा प्रतिग्रहो दत्तः ।

पुरुषः—सुणुध दाणिं । हगे शक्कावदालब्भन्तलालवाशी धीवले । (शृणुतेदानीम् । अहं शक्रावताराभ्यन्तरालवासी धीवरः ।)

द्वितीयः—पाडच्चल ! किं अम्हेहिं जादी पुच्छिदा । (पाटच्चर ! किमस्माभिर्जातिः पृष्टा ।)

श्यालः—सूअअ कहेदु शव्वं अणुक्कमेण । मा णं अन्तरा पडिबन्धह । (सूचक कथयतु सर्वमनुक्रमेण । मैनमन्तरा प्रतिबन्धय ।)

उभौ—जं आवुत्ते आणवेदि । कहेहि । (यदावुत्त आज्ञापयसि । कथय ।)

पुरुषः—अहके जालुग्गालादिहिं मच्छबन्धणोवाएहिं कुडुम्बभलणं कलेमि । (अहं जालोद्गालादिभिर्मत्स्यबन्धनोपायैः कुटुम्बभरणं करोमि ।)

षष्ठ अङ्क

[राजाका साला नगर-रक्षक और उसके पीछे-पीछे दो रखवाले एक पुरुषको बाँधे हुए प्रवेश करते हैं।]

दोनों—[बन्दीको पीटते हुए] बोल रे चोर ! यह राजाके नामवाली रतन-जड़ी अँगूठी तुझे कहाँसे हाथ लगी ?

पुरुष—[डरनेका नाट्य करता हुआ] दया करो महाराज । मैं ऐसा काम कभी नहीं करता ।

पहला—तो क्या तुझे कोई सुपात्र ब्राह्मण समझकर राजाने यह दानमें दे डाली है ।

पुरुष—सुनिए तो ! मैं शक्रावतार गाँवके पास रहनेवाला एक मछुआ हूँ ।

दूसरा—अरे चोर ! हमने क्या तेरी जाति पूछी थी ?

श्याल—सूचक ! इसे सब बातें ठीकसे कहने दो, बीचमें टोको मत ।

दोनों—जैसी आपकी आज्ञा । हाँ, बता रे ।

पुरुष—मैं जाल, कँटिया और बंसी डालकर मछली फँसाया करता हूँ और उसीसे अपने बाल-बच्चोंका पेट पालता हूँ ।

श्यालः—[विहस्य] विशुद्धो दाणिं आजीवो (विशुद्ध इदानीमाजीवः।)

पुरुषः—भट्टा मा एव्वं भण।

शहजे किल जे विणिन्दिए ण हु दे कम्म विवज्जणीअए।
पशुमालणकम्मदालुणे अणुकम्पामिदु एव्व शोत्तिए॥१॥

(भर्तः मैवम् भण।)

सहजं किल यद्विनिन्दितं न खलु तत्कर्म विवर्जनीयम्।
पशुमारणकर्मदारुणोऽनुकम्पामृदुरेव श्रोत्रियः॥

श्यालः—तदो तदो (ततस्ततः।)

पुरुषः—एक्कर्शिश दिअशे खण्डशो लोहिअमच्छे मए कप्पिदे। जाव तश्श उदलब्भन्तले एदं लदणभाशुलं अंगुलीअअं देक्खिअ पच्छा अहके शे विक्कआअ दंशअन्ते गहिदे भावमिश्शेहिं। मालेहि वा मुञ्चेहि वा। अअं शे आअमवुत्तन्ते। (एकस्मिन्दिवसे खण्डशो रोहितमत्स्यो मया कल्पितो यावत् तस्योदराभ्यन्तर इदं रत्नभासुरमङ्गुलीयकं दृष्ट्वा पश्चादहं तस्य विक्रयार्थं दर्शयन्गृहीतो भावमिश्रैः। मारयत वा मुञ्चत वा। अयमस्यागमवृत्तान्तः।)

श्यालः—जाणुअ विस्सगन्धी गोहादी मच्छबन्धो एव्व णिस्संसअं। अंगुलीअअदंसणं से विमरिसिदव्वं। राअउलं एव्व गच्छामो। (जानुक विस्रगन्धी गोधादी मत्स्यबन्ध एव निःसंशयम्। अङ्गुलीयकदर्शनमस्य विमर्शयितव्यम्। राजकुलमेव गच्छामः।)

रक्षिणौ—तह। गच्छ अले गण्ठिभेदअ (तथा। गच्छ अरे गण्ठिभेदक।)

[सर्व परिक्रामन्ति।]

श्याल—[हँसकर] बड़ा काम ले रक्खा है।

पुरुष—ऐसा न कहिए, स्वामी!—जिस जातिको भगवानने जो बुरा-भला काम दे दिया है, वह छोड़ा थोड़े ही जाता है। देखिए पशुओंको मारना है तो बड़ा बुरा काम, पर बड़े-बड़े दयावान् और वेद जाननेवाले ब्राह्मण भी यज्ञके लिये पशुओंको मारते ही हैं॥१॥

श्याल—अच्छा, अच्छा आगे बता क्या हुआ?

पुरुष—एक दिन ज्योंही मैं एक रोहू मछली काट रहा था त्योंही उसमें यह रत्न-जड़ी चमकीली अँगूठी दिखाई पड़ गई। उसे बेचनेके लिये जाकर मैं दिखला ही रहा था कि आपने मुझे बाँध लिया। यही तो इस अँगूठीके मिलनेकी कथा है। अब चाहे आप मुझे मारिए, चाहे छोड़िए।

श्याल—जानुक! इसमें तो सन्देह नहीं कि यह गोह खानेवाला मछुआ ही है क्योंकि इसके शरीरसे कच्चे माँसकी दुर्गन्ध आ रही है। यह जो अँगूठी मिलनेकी बात बता रहा है उसकी चलकर ठीक ठीक जाँच कर लेनी चाहिए। इसलिये चलो, राजाके पास चला जाय।

दोनो—बहुत अच्छा। रे गँठकटे! चल।

[सब घूमते हैं।]

श्यालः—सूअअ ! इमं गोपुरदुआरे अप्पमत्ता पडिवालह जाव इमं अंगुलीअअं जहाग-मणं भट्टिणो णिवेदिअ तदो सासणं पडिच्छिअ णिक्कमामि । (सूचक ! इमं गोपुरद्वारेऽप्रमत्तौ प्रतिपालयतं यावदिदमङ्गुलीयकं यथाऽऽगमनं भर्तुर्निवेद्य ततः शासनं प्रतीक्ष्य निष्क्रमामि ।)

उभौ—पविसदु आवुत्ते सामिपसादस्स । (प्रविशत्वावुत्त स्वामिप्रसादाय ।)

[इति निष्क्रान्तः श्यालः ।]

प्रथमः—जाणुअ ! चिलाअदि क्खु आवुत्ते । (जानुक ! चिरायते खल्वावुत्तः ।)

द्वितीयः—णं अवसरोवसप्पणीआ राआणो । (नन्ववसरोपसर्पणीया राजानः ।)

प्रथमः—जाणुअ ! फुरन्ति मे हत्था इमस्स वहस्स सुमणा पिणद्धुं । (जानुक ! प्रस्फुरतो मम हस्तावस्य वधस्य सुमनसः पिनद्धुम् [इति पुरुषं निर्दिशति ।]

पुरुषः—ण अरुहदि भावे अकालणमालणं भविदुं । (नार्हति भावोऽकारणमारणो भवितुम् ।)

द्वितीयः—[विलोक्य] एसो अम्हाणं सामो पत्तहत्थे लाअसासणं पडिच्छिअ इदोमुहे देक्खीअदि । गिद्धबली भविस्ससि, सुणो मुहं वा देक्खिस्ससि । (एष नौ स्वामी पत्रहस्तो राजशासनं प्रतीक्ष्येतोमुखो दृश्यते । गृध्रबलिर्भविष्यसि शुनो मुखं वा द्रक्ष्यसि ।)

[प्रविश्य]

श्यालः—सूअअ मुञ्चेदु एसो जालोअजीवी । उववण्णो क्खु अंगुलीअअस्स आअमो । (सूचक ! मुच्यतामेष जालोपजीवी उपपन्नः खल्वङ्गुलीयकस्यागमः ।)

सूचकः—जह आवुत्ते भणादि । यथाऽऽवुत्तो भणति ।)

श्याल—सूचक ! जबतक मैं महाराजको अँगूठी मिलनेका समाचार सुनाकर और उनकी आज्ञा लेकर लौट न आऊँ तबतक तुम दोनों नगरके फाटकपर सँभालकर इसकी चौकसी करना ।

दोनों—हाँ, हाँ, जाइए जाइए, स्वामीकी कृपा पाइए ।

[श्याल जाता है ।]

पहला—जानुक ! बड़ी देर लगा दी उन्होंने तो ।

दूसरा—अरे भाई ! राजाके पास अवसर देखकर ही तो पहुँचा जाता है ।

पहला—जानुक ! इसे मारनेके लिये लाल फूलोंकी माला पहनानेको मेरे हाथ बड़े खुजला रहे हैं । [मछुएकी ओर संकेत करता है ।]

पुरुष—भाई, बिना बातके मुझे क्यों मारने पर उतारू हो रहे हो ?

दूसरा—[देखकर] वह देखो ! हमारे स्वामी हाथमें राजाका आज्ञा-पत्र लिए चले आ रहे हैं । अब या तो तू गिद्धोंका भोजन बनेगा या कुत्तोंसे नोचा जायगा ।

[श्यालका प्रवेश]

श्याल—सूचक ! छोड़ दो इस मछुएको । अँगूठी मिलनेका ठीक विवरण मिल गया ।

सूचक—जैसी स्वामीकी आज्ञा ।

द्वितीय—एसो जमसदणं पविसिअ पडिणिवुत्तो। (एष यमसदनं प्रविश्य प्रतिनिवृत्तः।)
[इति पुरुषं परिमुक्तबन्धनं करोति।]

पुरुषः—[श्यालं प्रणम्य] भट्टा ! अह कीलिसे मे आजीवे। (भर्तः ! अथ कीदृशो मे आजीवः।)

श्यालः—एसो भट्टिणा अंगुलीअअमुल्लसम्मिदो पसादो वि दाविदो। (एष भर्त्राङ्गुलीयकमूल्यसंमितः प्रसादोऽपि दापितः।) [इति पुरुषाय स्वं प्रयच्छति।]

पुरुषः—[सप्रणामं प्रतिगृह्य] भट्टा ! अणुग्गहीदम्हि। (भर्तः ! अनुगृहीतोऽस्मि।)

सूचकः—एसो णाम अणुग्गहे जे सूलादो अवदालिअ हत्थिक्खन्धे पडिट्ठाविदे। (एष नामानुग्रहो यच्छूलादवतार्य हस्तिस्कन्धे प्रतिष्ठापितः।)

जानुकः—आवुत्त ! पलिदोसं कहेहि तेण अंगुलअएण भट्टिणो सम्मदेण होदव्वं। (आवुत्त परितोषं कथय तेनाङ्गुलीयकेन भर्तुः संमतेन भवितव्यम्।)

श्यालः—ण तस्सि महारुहं रदणं भट्टिणो बहुमदं त्ति तक्केमि। तस्स दंसणेण भट्टिणो अभिमदो जणो सुमराविदो। मुहुत्तअं पकिदिगम्भीरो वि पज्जुस्सुअणअणो आसि। (न तस्मिन्महार्हं रत्नं भर्तुर्बहुमतमिति तर्कयामि। तस्य दर्शनेन भर्तुरभिमतो जनःस्मारितः। मुहूर्तं प्रकृतिगम्भीरोऽपि पर्युत्सुकनयन आसीत्।)

सूचकः—सेविदं णाम आवुत्तेण। (सेवितं नामावुत्तेन।)

जानुकः—णं भणाहि इमस्स कए मच्छिआभत्तुणोत्ति। (ननु भण अस्य कृते मात्स्यिकभर्तुरिति।) [इति पुरुषमसूयया पश्यति।]

दूसरा—अरे, यह तो यमराजके घर पहुँचकर लौट आया।

[उसका बन्धन खोलता है।]

पुरुष—[श्यालको प्रणाम करके] कहिए स्वामी ! मेरा काम कैसा निकला ?

श्याल—ले ! महाराजने इस अँगूठीके मोलके बराबर धन भी तुझे प्रसादमें दिया है।

[मछुएको धन देता है।]

पुरुष—[हाथ जोड़कर धन लेता है।] बड़ी दया है आपकी, स्वामी !

सूचक—सचमुच दया तो इसीका नाम है कि सूलीसे उतारकर हाथीकी पीठपर बैठा दिया है।

जानुक—स्वामी ! इसे प्रसाद नहीं, पारितोषिक कहिए। क्योंकि जान पड़ता है कि यह अँगूठी स्वामीको बड़ी अच्छी जँची है।

श्याल—इस अँगूठीके रत्नोंके कारण महाराजने इसका आदर नहीं किया वरन् उसे देखते ही उन्हें अपने किसी प्यारेका स्मरण हो आया। क्योंकि यद्यपि स्वामी स्वभावसे ही बड़े गम्भीर हैं फिर भी अँगूठीको देखकर वे थोड़ी देरके लिये अनमने-से हो गए थे।

सूचक—तब तो सचमुच आपने राजाका बड़ा काम किया है।

जानुक—यों कहो कि इस मछुएने राजाका काम किया है। [मछुएको ईर्ष्याकी दृष्टिसे देखता है।]

पुरुषः—भट्टालक ! इदो अद्धं तुम्हाणं सुमणोमुल्लं होदु। (भट्टारक ! इतोऽर्धं युष्माकं सुमनोमूल्यं भवतु।)

जानुकः—एत्तके जुज्जई। (एतावद्युज्यते।)

श्यालः—धीवर ! महत्तरो तुमं पिअवअस्सओ दाणि मे संवुत्तो। कादम्बरीसक्खिअं अम्हाणं पढमसोहिदं इच्छीअदि। ता सोण्डिआपणं एव्व गच्छामो। (धीवर ! महत्तरस्त्वं प्रियवयस्यक इदानीं मे संवृत्तः कादम्बरीसाक्षिकमस्माकं प्रथमसौहृदमिष्यते। तच्छौण्डिकापणमेव गच्छामः।)

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे।]

॥ प्रवेशकः ॥

[ततः प्रविशत्याकाशयानेन सानुमती नामाप्सराः।]

सानुमती—णिव्वट्टिदं मए पज्जाअणिव्वत्तणिज्जं अच्छरातित्थसण्णिज्झं जाव साहुजणस्स अभिसेअकालो त्ति। संपदं इमस्स राएसिणो उदन्तं पच्चक्खीकरिस्सं। मेणआसंबन्धेण सरीरभूदा मे सउन्दला। ताए अ दुहिदुणिमित्तं आदिट्ठपुव्वम्हि। [समन्तादवलोक्य] किं णु खु उदुच्छवे वि णिरुच्छवारम्भं विअ राअउलं दीसदि। अत्थि मे विहवो पणिधाणेण सव्वं परिण्णादुं। किं दु सहीए आदरो मए माणइदव्वो होदु। इमाणं एव्व उज्जाणपालिआणं तिरक्खरिणीपडिच्छण्णा पस्सवत्तिणी भविअ उवलहिस्सं। (निर्वर्तितं मया पर्यायनिर्वर्तनीयमप्सरस्तीर्थसांनिध्यं यावत्साधुजनस्याभिषेककाल इति। साम्प्रतमस्य राजर्षेरुदन्तं प्रत्यक्षीकरिष्यामि। मेनकासम्बन्धेन शरीरभूता मे शकुन्तला। तया च दुहितृनिमित्तमादिष्टपूर्वाऽस्मि। किं नु खलु ऋतूत्सवेऽपि निरुत्सवारम्भमिव राजकुलं दृश्यते। अस्ति मे विभवः प्रणिधानेन सर्वं परिज्ञातुम्।

मछुआ—स्वामी ! इनमें से आधा आप अपने पान-फूलके लिये ले लीजिए।

जानुक—यह तो इनका पद ही है।

श्याल—मछुए ! आजसे तुम हमारे बड़े प्यारे मित्र हो गए। चलो, हम-तुम पहले और मदिराके आगे अपनी मित्रता पक्की कर लें। चलो, मदिराघरमें चला जाय।

[सब जाते हैं।]

॥ प्रवेशक ॥

[आकाशमें विमानपर चढ़ी हुई सानुमती अप्सराका प्रवेश।]

सानुमती—साधुजनोंके स्नानके समय अप्सरातीर्थकी देख-भाल करनेकी आज मेरी बारी थी। वह काम तो कर चुकी। चलूँ अब चलकर अपनी आँखोंसे उस राजर्षिकी दशा तो देख लूँ क्योंकि मेनकाकी कन्या होनेके नाते शकुन्तला भी मेरी कन्या हो हुई। उसी मेनकाने अपनी कन्याके लिये कुछ उपाय करनेको मुझे बहुत पहलेसे ही कह रक्खा है। [चारों ओर देखकर] अरे ! वसन्तके उत्सवका दिन आ पहुँचा और यहाँ राज-भवनमें

किं तु सख्या आदरोमया मानयितव्य. भवतु अनयोरेवोद्यानपालिकयोस्तिरस्करणी प्रतिच्छन्नाच्छन्ना पार्श्ववर्तिनी भूत्वोपलप्स्ये ।) [इति नाट्येनावतीर्य स्थिता ।]

[ततः प्रविशति चूताङ्कुरमवलोकयन्ती चेटी । अपरा च पृष्ठतस्तस्याः ।]

प्रथमा—

आतम्महरिअपण्डुर जीविदसव्वं वसन्तमासस्स ।
दिट्ठो सि चूदकोरअ उदुमङ्गल तुमं पसाएमि ॥ २ ॥

(आताम्रहरितपाण्डुर जीवितसर्व वसन्तमासस्य ।
दृष्टोऽसि चूतकोरक ऋतुमङ्गल त्वां प्रसादयामि ॥)

द्वितीया—परहुदिए किं एआइणी मन्तेसि । (परभृतिके किमेकाकिनी मन्त्रयसे ।)

प्रथमा—महुअरिए चूदकलिअं देक्खिअ उम्मत्तिआ परहुदिआ होदि । (मधुकरिके चूतकलिकां दृष्ट्वोन्मत्ता परभृतिका भवति ।)

द्वितीया—[सहर्षं त्वरयोपगम्य] कहं उवट्ठिदो महुमासो । (कथमुपस्थितो मधुमासः ।)

प्रथमा—महुअरिए तव दाणिं कालो एसो मदविब्भमगीदाणं । (मधुकरिके तवेदानीं काल एष मदविभ्रमगीतानाम् ।)

द्वितीया—सहि अवलम्ब मं जाव अग्गपादट्ठिआ भविअ चूदकलिअं गेण्हिअ कामदेवच्चणं करेमि । (सखि अवलम्बस्व मां यावदग्रपादस्थिता भूत्वा चूतकलिकां गृहीत्वा कामदेवार्चनं करोमि ।)

एकदम सन्नाटा ! यद्यपि दिव्य दृष्टिसे मैं सब कुछ जान सकती हूँ, फिर भी अपनी सखीकी बात तो रखनी ही होगी । अच्छा, तिरस्करिणी विद्यासे अपनेको छिपाकर इन मालिनोंके साथ-साथ चलकर यहाँका सब समाचार लिए लेती हूँ ।

[विमानसे उतरनेका नाट्य करके नीचे खड़ी हो जाती है ।]

[आमकी बौर देखती हुई एक परिचारिका आती है । उसके पीछे दूसरी परिचारिका है ।]

पहली—हे वसन्त ऋतुके जीवन सर्वस्व ! वसन्तके मगल स्वरूप ! हे लाल, हरे, पीले रंगवाले बौर ! आज पहले-पहल तुम्हारा दर्शन हो रहा है । तुम हमपर प्रसन्न हो जाओ जिससे हम लोगोंका वसन्त सुखसे बीते ॥२॥

दूसरी—अरी परभृतिका (कोयल) ! तू अकेले-अकेले क्यों कूक रही है ?

पहली—मधुकरिका (भौंरी) ! आमकी बौर देखकर परभृतिका (कोयल) तो मतवाली हो ही जाती है ।

दूसरी—[उत्सुकतासे भरी हुई शीघ्रतासे पास जाती है] क्या वसन्त आ गया ?

पहली—मधुकरिका (भौंरी) ! तेरे भी तो मस्तीके गीत गानेके ये ही दिन हैं ।

दूसरी—सखी ! मुझे सहारा दे तो पञ्जोंके बल खड़ी होकर पूजाके लिये आमकी बौर उतार लूं ।

प्रथमा—जइ मम वि खु अद्धं अच्चणफलस्स। (यदि ममापि खल्वर्धमार्चनफलस्य।)

द्वितीया—अकहिदे वि एवं संपज्जइ जदो एक्कं एव्व णो जीविदं दुधाट्ठिदं सरीरं। [सखीमवलम्ब्य स्थिता चूताङ्कुरं गृह्णाति] अए अप्पडिबुद्धो वि चूदप्पसवो एत्थ बन्धणभङ्ग-सुरभी होदि। [इति कपोतहस्तकं कृत्वा]—

तुमं सि मए चूदंकुर दिण्णो कामस्स गहिदधणुअस्स।
पहिअजणजुवइलक्खो पञ्चब्भहिओ सरो होहि॥ ३॥

(अकथितेऽप्येतत्संपद्यते यत एकमेव नौ जीवितं द्विधा स्थितं शरीरम्। अये अप्रतिबुद्धोऽपि चूतप्रसवोऽत्र बन्धनभङ्गसुरभिर्भवति।

त्वमसि मया चूताङ्कुर! दत्तः कामाय गृहीतधनुषे।
पथिकजनयुवतिलक्ष्यः पञ्चाभ्यधिकः शरो भव॥)

[इति चूताङ्कुरं क्षिपति।]

[प्रविश्यापटीक्षेपेण कुपितः]

कंचुकी—मा तावत्। अनात्मज्ञे देवेन प्रतिषिद्धे वसन्तोत्सवे त्वमाम्रकलिकाभङ्गं किमारभसे।

उभे—[भीते] पसीददु अज्जो। अगहीदत्थाओ अम्हे। (प्रसीदत्वार्यः। अगृहीतार्थे आवाम्।)

पहली—पूजनका आधा फल मुझे भी मिले तो सहारा दूँ।

दूसरी—यह तो बिना कहे ही मिल जाता क्योंकि हम तुम तो दो शरीर और एक प्राण हैं। [सखीके सहारेसे आमकी बौर उतारती है।] वाह! यद्यपि अभी बौर खिल नहीं पाई है फिर भी डालसे तोड़ते ही कैसी सुगन्ध फूटी पड़ रही है। [अञ्जली बाँधकर] अरी आमकी मञ्जरी! मैं तुझे धनुष-धारी कामदेवके लिये भेंट करती हूँ। परदेसमें गए हुए लोगोंकी युवती स्त्रियोंको काम-पीड़ा देनेके लिये तुम कामदेवके पाँचों बाणोंमें सबसे अधिक पैनी बन जाओ॥३॥

[आमकी मंजरी डाल देती है।]

[परदा झटककर कञ्चुकीका प्रवेश]

कञ्चुकी—[क्रोधित होकर] हैं, हैं! यह क्या कर रही हो नासमझ छोकरियो! जब राजाने इस वर्ष वसन्तोत्सव रोक दिया है तब तुम लोग आमकी मञ्जरीको क्यों छेड़े जा रही हो?

दोनों—[डरी हुई-सी] क्षमा कीजिए आर्य! हमें इसका ज्ञान नहीं था।

कंचुकी—न किल श्रुतं युवाभ्यां यद्वासन्तिकैस्तरुभिरपि देवस्य शासनं प्रमाणीकृतं तदाश्रयिभिः पत्रिभिश्च। तथा हि—

चूतानां चिरनिर्गताऽपि कलिका बध्नाति स्वं रजः
संनद्धं यदपि स्थितं कुरबकं तत्कोरकावस्थया।
कण्ठेषु स्खलितं गतेऽपि शिशिरे पुँस्कोकिलानां रुतं
शङ्के संहरति स्मरोऽपि चकितस्तूणार्धकृष्टं शरम् ॥४॥

सानुमती—णत्थि संदेहो। महाप्पहाओ राएसी। (नास्ति संदेहः। महाप्रभावो राजर्षिः।)

प्रथमा—अज्ज कति दिअहाइं अम्हाणं मित्तावसुणा रट्टिएण भट्टिणीपाअमूलं पेसिदाणं एत्थ अ णो पमदवणस्स पालकम्म समप्पिदं। ता आअन्तुअदाए अस्सुदपुव्वो अम्हेहिं एसो वुत्तन्तो। (आर्य ! कति दिवसान्यावयोर्मित्रावसुना राष्ट्रियेण भट्टिनीपादमूलप्रेषितयोः अत्र च नो प्रमदवनस्य पालनकर्म समर्पितम्। तदागन्तुकतयाऽश्रुतपूर्व आवाभ्यामेष वृत्तान्तः।)

कञ्चुकी—भवतु। न पुनरेवं प्रवर्तितव्यम्।

उभे—अज्ज ! कोदूहलं णो। जइ इमिणा जणेण सोदव्वं कहेदु अज्जो किंणिमित्तं भट्टिणा वसन्तुस्सवो पडिसिद्धो। (आर्य ! कौतूहलं नौ। यद्यनेन जनेन श्रोतव्यं कथयत्वार्यः किं निमित्तं भर्त्रा वसन्तोत्सवः प्रतिषिद्धः)

सानुमती—उस्सवप्पिआ क्खु मणुस्सा। गुरुणा कारणेण होदव्वं। (उत्सवप्रियाः खलु मनुष्याः। गुरुणा कारणेन भवितव्यम्।)

कञ्चुकी—क्या तुम लोगोंने नहीं सुना कि वसन्तमें फूलने-फलनेवाले वृक्षोंने और उनपर बसेरा लेनेवाले पक्षियोंने भी महाराजकी आज्ञा मान ली है। देखो—आमके बौर बहुत पहले फूट आए थे, पर उनमें पराग अभी तक नहीं आ पाया है। कुरबका फूल खिलना ही चाहता था, पर अभी ज्यों-का-त्यों बँधा पड़ा रह गया है। जाड़ा बीत जाने पर भी कोयलकी कूक उसके गले तक आकर ही रुक गई है। कामदेव भी अपने तूणीरसे बाण निकालता है पर डरकर फिर उसीमें रख लेता है, छोड़ नहीं पाता ॥४॥

सानुमती—इसमें क्या सन्देह है ! राजर्षिका बड़ा भारी प्रताप है।

पहली—आर्य ! नगर-रक्षक मित्रावसुने हम लोगोंको अभी थोड़े दिन पहले ही महाराजकी सेवामें प्रमद-वनकी रखवाली करनेके लिये भेजा है। इसलिये नई होनेके कारण हम लोगोंको इस बातका पता ही नहीं था।

कंचुकी—अच्छा, फिर कभी ऐसा काम न करना।

दोनों—आर्य ! हम भी यह बात सुनना चाहती हैं। यदि सुनानेमें अड़चन न हो तो कृपाकर बतला दीजिए कि महाराजने वसन्तोत्सव क्यों रोक दिया है।

सानुमती—मनुष्योंको तो मेले-उत्सवोंका बड़ा चाव होता है, इसलिये उत्सव रोक देनेका कोई बहुत ही बड़ा कारण होगा।

कञ्चुकी—बहुलीभूतमेतत्किं न कथ्यते । किमत्रभवत्योः कर्णपथं नायातं शकुन्तलाप्रत्यादेशकौलीनम् ।

उभे—सुदं रट्ठिअमुहादो जाव अंगुलीअअदंसणं । (श्रुतं राष्ट्रियमुखाद्यावदङ्गुलीयकदर्शनम् ।)

कञ्चुकी—तेन ह्यल्पं कथयितव्यम् । यदैव खलु स्वाङ्गुलीयकदर्शनादनुस्मृतं देवेन सत्यमूढपूर्वा मे तत्रभवती रहसि शकुन्तला मोहात्प्रत्यादिष्टेति । तदा प्रभृत्येव पश्चात्तापमुपगतो देवः । तथा हि—

रम्यं द्वेष्टि यथा पुरा प्रकृतिभिर्न प्रत्यहं सेव्यते
शय्याप्रान्तविवर्तनैर्विगमयत्युन्निद्र एव क्षपाः ।
दाक्षिण्येन ददाति वाचमुचितामन्तःपुरेभ्यो यदा
गोत्रेषु स्खलितस्तदा भवति च व्रीडाविलक्षश्चिरम् ॥५॥

सानुमती—पिअं मे । (प्रियं मे ।)

कञ्चुकी—अस्मात्प्रभवतो वैमनस्यादुत्सवः प्रत्याख्यातः ।

उभे—जुज्जइ । (युज्यते ।)

[नेपथ्ये]

एदु एदु भवं । (एतु एतु भवान् ।)

कञ्चुकी—अच्छा, यह बात जब चारों ओर फैल गई है तब मैं भी कहे डालता हूँ । क्या शकुन्तलाके छोड़े जानेकी बात तुम लोगोंके कानमें नहीं पड़ी है ?

दोनों—हाँ, राजाको अँगूठी मिलने तककी बात तो नगर-रक्षकके मुँहसे हम सुन चुकी हैं ।

कञ्चुकी—तब तो थोड़ा ही सुनाना रह गया है । उस अँगूठीको देखते ही महाराजको स्मरण हो उठा कि मैंने शकुन्तलासे एकान्तमें विवाह किया था और भूलसे उसका निरादर कर दिया । तभीसे उन्हें बड़ा पछतावा हो रहा है और उनके मनको न तो अब कोई सुन्दर वस्तु ही भाती है और न वे पहले के समान मन्त्रियोंके ही साथ नित्य बैठते हैं । पलंगपर करवट बदलते हुए वे पूरी रातें जाग-जागकर बिता देते हैं । जब रनिवासकी रानियाँ उनसे हठ करके इस उदासीका कारण पूछती हैं तब झोंकमें उनके मुँहसे शकुन्तलाका नाम निकल जाता है और वे बड़ी देर तक लजाए रह जाते हैं ॥५॥

सानुमती—यही तो मैं सुनना चाहती थी ।

कञ्चुकी—बस, इसी दुःखके कारण वसन्तोत्सव रोक दिया गया है ।

दोनों—यह तो ठीक ही है ।

[नेपथ्यमें]

आइए महाराज, आइए ।

कंचुकी—[कर्णं दत्वा] अये । इत एवाभिवर्तते देवः । स्वकर्मानुष्ठीयताम् ।

उभे—तह । (तथा ।) [इति निष्क्रान्ते]

[ततः प्रविशति पश्चात्तापसदृशवेषो राजा विदूषकः प्रतीहारी च ।]

कंचुकी—[राजानमवलोक्य] अहो सर्वास्ववस्थासु रमणीयत्वमाकृतिविशेषाणाम् । एवमुत्सुकोऽपि प्रियदर्शनो देवः । तथा हि—

प्रत्यादिष्टविशेषमण्डनविधिर्वामप्रकोष्ठार्पितं
　　बिभ्रत्काञ्चनमेकमेव वलयं श्वासोपरक्ताधरः ।
चिन्ताजागरणप्रतान्तनयनस्तेजोगुणादात्मनः
　　संस्कारोल्लिखितो महामणिरिव क्षीणोऽपि नालक्ष्यते ॥६॥

सानुमती—[राजानं दृष्ट्वा] ठाणे क्खु पच्चादेसविमाणिदा वि इमस्स किदे सउन्दला किलम्मदि त्ति । (स्थाने खलु प्रत्यादेशविमानिताऽप्यस्य कृते शकुन्तला क्लाम्यतीति ।)

राजा—[ध्यानमन्दं परिक्रम्य]—

प्रथमं सारङ्गाक्ष्या प्रियया प्रतिबोध्यमानमपि सुप्तम् ।
अनुशयदुःखायेदं हतहृदयं संप्रति विबुद्धम् ॥७॥

कञ्चुकी—[कान लगाकर] अरे ! महाराज तो इधर ही चले आ रहे हैं । अब जाओ, तुम लोग अपना-अपना काम देखो ।

दोनों—बहुत अच्छा । [दोनों जाती हैं ।]

[विदूषक और प्रतीहारीके साथ पछताते हुए राजा आते हैं ।]

कञ्चुकी—[राजाको देखकर] अहा ! जो सुन्दर होते हैं वे सभी दशाओंमें अच्छे लगते हैं । देखो, उदास होते हुए भी महाराज कैसे अच्छे लग रहे हैं । क्योंकि—केवल बाएँ हाथ परके सोनेके एक भुजबन्धको छोड़कर उन्होंने शोभा बढ़ानेवाले सभी गहने उतार डाले हैं, उनकी उसाँसोंसे नीचेका ओठ भी लाल हो गया है और चिन्ताके कारण रातभर जागनेसे उनकी आँखें भी अलसा गई हैं । पर इस प्रकार दुःखी होनेपर भी वे उसी प्रकार दुबले नहीं लगते जैसे खरादकर काटा हुआ वह महामणि, जो छोटा हो जाने पर भी अपनी चमकके कारण छोटा नहीं लगता ॥६॥

सानुमती—[राजाको देखकर] यद्यपि शकुन्तलाको छोड़कर इन्होंने उसका बड़ा भारी अपमान किया है फिर भी शकुन्तलाका इनके लिये तड़पना ठीक ही जँचता है ।

राजा—[चिन्तामें घूमता हुआ] उस समय जब वह मृगके समान आँखोंवाली मेरी प्यारी शकुन्तला बार-बार मुझे समझा रही थी तब तो मेरी आँखें खुली नहीं, अब केवल पछतावेका दुःख सहनेके लिये मेरा यह अभागा हृदय जाग उठा है ॥७॥

सानुमती—एं ईदिसाणि तवस्सिणीए भाअहेआणि। (नन्वीदृशानि तपस्विन्या भागधेयानि।)

विदूषकः—[अपवार्य] लंघिदो एसो भूओ वि सउन्दलावाहिणा। ण आणे कहं चिकिच्छिदव्वो भविस्सदि त्ति। (लङ्घित एष भूयोऽपि शकुन्तलाव्याधिना। न जाने कथं चिकित्सितव्यो भविष्यतीति।)

कञ्चुकी—[उपगम्य] जयतु जयतु देवः। महाराज ! प्रत्यवेक्षिताः प्रमदवनभूमयः। यथाकाममध्यास्तां विनोदस्थानानि महाराजः।

राजा—वेत्रवति ! मद्वचनादमात्यमार्यपिशुनं ब्रूहि। चिरप्रबोधनान्न संभावितमस्माभिरद्य धर्मासनमध्यासितु। यत्प्रत्यवेक्षितं पौरकार्यमार्येण तत्पत्रमारोप्य दीयतामिति।

प्रतीहारी—जं देवो आणवेदि। (यद्देव आज्ञापयति। [इति निष्क्रान्ता।]

राजा—वातायन ! त्वमपि स्वं नियोगमशून्यं कुरु।

कंचुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रान्तः।]

विदूषक—किदं भवदा णिम्मच्छिअं। संपदं सिसिरातवच्छेदरमणीए इमस्सिं पमदवणुद्देसे अत्ताणं रमइस्ससि। (कृतं भवता निर्मक्षिकम्। सांप्रतं शिशिरातपच्छेदरमणीयेऽस्मिन्प्रमदवनोद्देशे आत्मानं रमयिष्यसि।)

सानुमति—क्या करें, बेचारी शकुन्तलाके भाग्य ही ऐसे हैं ?

विदूषक—[अलग] ओह ! शकुन्तलाके रोगने इन्हें फिर आ घेरा है। न जाने यह रोग जायगा कैसे ?

कञ्चुकी—[पास जाकर] महाराजकी जय हो। प्रमद-वनकी भूमि झाड़-बुहारकर ठीक कर दी गई है। अब आप चलकर जबतक चाहें तबतक उस मनबहलावकी भूमिमें विश्राम करें।

राजा—प्रतीहारी ! जाकर मेरी ओरसे अमात्य आर्यपिशुनसे कहना कि आज मैं देरसे उठा हूँ, इसलिये न्याय करनेके लिये सभा-भवनमें नहीं पहुँच पाऊँगा। प्रजाका जो कुछ भी काम हो वह आप लिखकर मेरे पास भिजवा दीजिएगा। समझी !

प्रतीहारी—जैसी महाराजकी आज्ञा। [जाती है।]

राजा—जाओ वातायन ! तुम भी अपना काम देखो।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा [जाता है।]

विदूषक—अच्छा किया जो सब मक्खियाँ उड़ा दीं। अब आप चलकर उस प्रमदवनमें मन बहलाइए जहाँ न तो जाड़ेकी ठंडक ही है न गर्मीकी तपन ही।

कंचुकी—[कर्णं दत्वा] अये । इत एवाभिवर्तते देवः । स्वकर्मानुष्ठीयताम् ।

उभे—तह । (तथा ।) [इति निष्क्रान्ते]

[ततः प्रविशति पश्चात्तापसदृशवेषो राजा विदूषकः प्रतीहारी च ।]

कंचुकी—[राजानमवलोक्य] अहो सर्वास्ववस्थासु रमणीयत्वमाकृतिविशेषाणाम् । एवमुत्सुकोऽपि प्रियदर्शनो देवः । तथा हि—

प्रत्यादिष्टविशेषमण्डनविधिर्वामप्रकोष्ठार्पितं
बिभ्रत्काञ्चनमेकमेव वलयं श्वासोपरक्ताधरः ।
चिन्ताजागरणप्रतान्तनयनस्तेजोगुणादात्मनः
संस्कारोल्लिखितो महामणिरिव क्षीणोऽपि नालक्ष्यते ॥६॥

सानुमती—[राजानं दृष्ट्वा] ठाणे क्खु पच्चादेसविमाणिदा वि इमस्स किदे सउन्दला किलम्मदि त्ति । (स्थाने खलु प्रत्यादेशविमानिताऽप्यस्य कृते शकुन्तला क्लाम्यतीति ।)

राजा—[ध्यानमन्दं परिक्रम्य]—

प्रथमं सारङ्गाक्ष्या प्रियया प्रतिबोध्यमानमपि सुप्तम् ।
अनुशयदुःखायेदं हतहृदयं संप्रति विबुद्धम् ॥७॥

कञ्चुकी—[कान लगाकर] अरे ! महाराज तो इधर ही चले आ रहे हैं। अब जाओ, तुम लोग अपना-अपना काम देखो।

दोनों—बहुत अच्छा। [दोनों जाती हैं।]

[विदूषक और प्रतीहारीके साथ पछताते हुए राजा आते हैं।]

कञ्चुकी—[राजाको देखकर] अहा ! जो सुन्दर होते हैं वे सभी दशाओंमें अच्छे लगते हैं। देखो, उदास होते हुए भी महाराज कैसे अच्छे लग रहे हैं। क्योंकि—केवल बाएँ हाथ परके सोनेके एक भुजबन्धको छोड़कर उन्होंने शोभा बढ़ानेवाले सभी गहने उतार डाले हैं, उनकी उसाँसोंसे नीचेका ओठ भी लाल हो गया है और चिन्ताके कारण रातभर जागनेसे उनकी आँखें भी अलसा गई हैं। पर इस प्रकार दुःखी होनेपर भी वे उसी प्रकार दुबले नहीं लगते जैसे खरादकर काटा हुआ वह महामणि, जो छोटा हो जाने पर भी अपनी चमकके कारण छोटा नहीं लगता ॥६॥

सानुमती—[राजाको देखकर] यद्यपि शकुन्तलाको छोड़कर इन्होंने उसका बड़ा भारी अपमान किया है फिर भी शकुन्तलाका इनके लिये तड़पना ठीक ही जँचता है।

राजा—[चिन्तामें घूमता हुआ] उस समय जब वह मृगके समान आँखोंवाली मेरी प्यारी शकुन्तला बार-बार मुझे समझा रही थी तब तो मेरी आँखें खुली नहीं, अब केवल पछतावेका दुःख सहनेके लिये मेरा यह अभागा हृदय जाग उठा है ॥७॥

सानुमती—एवं ईदिसाणि तवस्सिणीए भाअहेआणि। (नन्वीदृशानि तपस्विन्या भागधेयानि ।)

विदूषकः—[अपवार्य] लंघिदो एसो भूओ वि सउन्दलावाहिणा। ण आणे कहं चिकिच्छिदव्वो भविस्सदि त्ति। (लङ्घित एष भूयोऽपि शकुन्तलाव्याधिना। न जाने कथं चिकित्सितव्यो भविष्यतीति।)

कञ्चुकी—[उपगम्य] जयतु जयतु देवः। महाराज ! प्रत्यवेक्षिताः प्रमदवनभूमयः। यथाकाममध्यास्तां विनोदस्थानानि महाराजः।

राजा—वेत्रवति ! मद्वचनादमात्यमार्यपिशुनं ब्रूहि। चिरप्रबोधनान्न संभावितमस्माभिरद्य धर्मासनमध्यासितुं। यत्प्रत्यवेक्षितं पौरकार्यमार्येण तत्पत्रमारोप्य दीयतामिति।

प्रतीहारी—जं देवो आणवेदि। (यद्देव आज्ञापयति। [इति निष्क्रान्ता।])

राजा—वातायन ! त्वमपि स्वं नियोगमशून्यं कुरु।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रान्तः।]

विदूषकः—किदं भवदा णिम्मच्छिअं। संपदं सिसिरातवच्छेअरमणीए इमस्सिं पमदवणुद्देसे अत्ताणं रमइस्ससि। (कृतं भवता निर्मक्षिकम्। साम्प्रतं शिशिरातपच्छेदरमणीयेऽस्मिन्प्रमदवनोद्देशे आत्मानं रमयिष्यसि।)

सानुमति—क्या करें, बेचारी शकुन्तलाके भाग्य ही ऐसे हैं ?

विदूषक—[अलग] ओह ! शकुन्तलाके रोगने इन्हें फिर आ घेरा है। न जाने यह रोग जायगा कैसे ?

कञ्चुकी—[पास जाकर] महाराजकी जय हो। प्रमद-वनकी भूमि झाड़-बुहारकर ठीक कर दी गई है। अब आप चलकर जबतक चाहें तबतक उस मनबहलावकी भूमिमें विश्राम करें।

राजा—प्रतीहारी ! जाकर मेरी ओरसे अमात्य आर्यपिशुनसे कहना कि आज मैं देरसे उठा हूँ, इसलिये न्याय करनेके लिये सभा-भवनमें नहीं पहुँच पाऊँगा। प्रजाका जो कुछ भी काम हो वह आप लिखकर मेरे पास भिजवा दीजिएगा। समझीं।

प्रतीहारी—जैसी महाराजकी आज्ञा। [जाती है।]

राजा—जाओ वातायन ! तुम भी अपना काम देखो।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा [जाता है।]

विदूषक—अच्छा किया जो सब मक्खियाँ उड़ा दीं। अब आप चलकर उस प्रमदवनमें मन बहलाइए जहाँ न तो जाड़ेकी ठढक ही है न गर्मीकी तपन ही।

राजा—वयस्य यदुच्यते रन्ध्रोपनिपातिनोऽनर्था इति तदव्यभिचारि वचः कुतः ।

मुनिसुताप्रणयस्मृतिरोधिना मम च मुक्तमिदं तमसा मनः ।
मनसिजेन सखे प्रहरिष्यता धनुषि चूतशरश्च निवेशितः ॥ ८ ॥

विदूषक—चिट्ठ दाव । इमिणा दण्डकट्ठेण कन्दप्पबाणं णासइस्सं । (तिष्ठ तावत् । अनेन दण्डकाष्ठेन कन्दर्पबाणं नाशयिष्यामि ।) [इति दण्डकाष्ठमुद्यम्य चूताङ्कुरं पातयितुमिच्छति ।]

राजा—[सस्मितम्] भवतु दृष्टं ब्रह्मवर्चसम् । सखे ! क्वोपविष्टः प्रियायाः किञ्चिदनुकारिणीषु लतासु दृष्टिं विलोभयामि ।

विदूषक—णं आसण्णपरिचारिआ चदुरिआ भवदा सदिट्ठा माहवीमण्डवे इमं वेलं अदिवाहिस्सं । तहिं मे चित्तफलअगदं सहत्थलिहिदं तत्तहोदीए सउन्दलाए पडिकिदिं आणेहि त्ति । (नन्वासन्नपरिचारिका चतुरिका भवता सदिष्टा माधवीमण्डप इमां वेलामतिवाहयिष्ये । तत्र मे चित्रफलकगतां स्वहस्तलिखितां तत्रभवत्याः शकुन्तलायाः प्रतिकृतिमानयेति ।)

राजा—ईदृशं हृदयविनोदनस्थानम् । तत्तमेव मार्गमादेशय ।

विदूषक—इदो इदो भवं । (इत इतो भवान् ।)

[उभौ परिक्रामतः । सानुमत्यनुगच्छति ।]

राजा—वयस्य ! किसीने बहुत ठीक कहा है कि विपत्ति सदा अवसरकी ताकमें रहा करती है । देखो—अभी मेरे मनसे शकुन्तलाको भुला देनेवाला मोह उतरा ही नहीं था कि मुझे मारनेके लिए अपने धनुषपर आमके बौरका यह नया बाण चढ़ाकर कामदेव भी आ धमका ॥ ८ ॥

विदूषक—अच्छा ठहिए । मैं अभी अपने डंडेसे कामके बाणको तोड़े डालता हूँ न । [अपना डंडा उठाकर बौर झाड़ना चाहता है ।]

राजा—[हँसते हुए] अच्छा अच्छा, रहने दो । देख लिया तुम्हारा ब्रह्मतेज । अब चलो मित्र, कोई ऐसा स्थान बताओ जहाँ बैठकर प्रियासे कुछ कुछ मिलती जुलती लताओंको देखकर अपनी आँखें ठण्डी की जायें ।

विदूषक—पर आपने तो अभी रनिवासकी दासी चतुरिकाको कहा है न, कि हम माधवी-मण्डपमें जाकर जी बहलाते हैं और तुम हमारे हाथका खींचा हुआ शकुन्तलाका चित्र वहीं लेते आना ।

राजा—हाँ वह स्थान तो है मनबहलावका । तो उधर ही ले चलो ।

विदूषक—तो इधरसे आइए महाराज, इधर से ।

[दोनों घूमते हैं, सानुमती पीछे हो लेती है ।]

विदूषक.—एसो मणिसिलापट्टअसणाहो माहवीमण्डवो उवभाररमणिज्जदाए णिस्ससंअ साअदेण विअ णो पडिच्छदि। ता पविसिअ णिसीददु भवं। (एष मणिशिलापट्टकसनाथो माधवीमण्डप उपचाररमणीयतया निःसंशयं स्वागतेनेव नौ प्रतीच्छति। तत्प्रविश्य निषीदतु भवान्।)

[उभौ प्रवेशं कृत्वोपविष्टौ।]

सानुमती—लदासंसिदा वेक्खिस्सं दाव सहीए पडिकिदिं। तदो से भत्तुणो बहुमुहं अणुराअं णिवेदइस्सं। (लतासंश्रिता द्रक्ष्यामि तावत्सख्याः प्रतिकृतिम्। ततोऽस्या भर्तुर्बहुमुखमनुरागं निवेदयिष्यामि।) [इति तथा कृत्वा स्थिता।]

राजा—सखे सर्वमिदानीं स्मरामि शकुन्तलायाः प्रथमवृत्तान्तम्। कथितवानस्मि भवते च। स भवान्प्रत्यादेशवेलायां मत्समीपगतो नासीत्। पूर्वमपि न त्वया कदाचित्संकीर्तितं तत्रभवत्या नाम। कच्चिदहमिव विस्मृतवानसि त्वम्।

विदूषक—ण विसुमरामि। किंतु सव्वं कहिअ अवसाणे उण तुए परिहासविअप्पओ एसो ण भूदत्थो त्ति आचक्खिदं। मए वि मिप्पिण्डबुद्धिणा तह एव्व गहीदं। अहवा भविदव्वदा क्खु बलवदी। (न विस्मरामि। किंतु सर्वं कथयित्वाऽवसाने पुनस्त्वया परिहासविजल्प एष न भूतार्थ इत्याख्यातम्। मयापि मृत्पिण्डबुद्धिना तथैव गृहीतम्। अथवा भवितव्यता खलु बलवती।)

सानुमती एव्वं ऐदं। (एवं नु एतत्।)

राजा [ध्यात्वा] सखे ! त्रायस्व माम्।

विदूषक—देखिए ! फूलोंसे सजी हुई मणिशिलाकी सुन्दर चौकी बिछाकर यह माधवीकी कुंज मानो आपका स्वागत करनेकी बाट देख रही है। इसलिये वहीं चलकर बैठा जाय।

[दोनों प्रवेश करके बैठते हैं।]

सानुमती—अच्छा तबतक मैं लताकी ओटसे देखती हूँ कि मेरी सखीका चित्र कैसा बना है। तभी तो मैं जाकर उससे बता सकूंगी कि तुम्हारे पति तुमपर कितने प्रकारसे प्रेम दिखा रहे हैं। [वैसा करती है।]

राजा—वयस्य ! अब शकुन्तलाकी सभी बातें स्मरण आ रही हैं और तुमसे मैं कह चुका हूँ। जब मैंने शकुन्तलाको यहाँसे लौटाया था उस समय न तो तुम थे ही और न तुमने ये सब बातें ही स्मरण दिलाईं। जान पड़ता है मेरे ही समान तुम भी भूल गये थे।

विदूषक—भूला तो नहीं था। पर सब कुछ कह चुकनेपर आपने अन्तमें यह कह दिया कि ये सब बातें तो मैंने हँसीमें कही थीं तब मेरी मट्टीकी [illegible] भी यही बात जम बैठी। या यों कहिए कि जो होनेवाला होता है वह होकर ही रहता है।

सानुमती—यही बात है।

राजा—[सोचकर] बचाओ मुझे मित्र।

विदूषक—भो किं एवं । अप्पुववण्णं क्खु ईदिसं तुह । कदा वि सप्पुरिसा सोअवत्तव्वा ण होन्ति । णं पवादे वि णिक्कम्पा गिरीओ । (भो. किमेतत् । अनुपपन्न खल्वीदृश त्वयि । कदाऽपि सत्पुरुष शोकवक्तव्या न भवन्ति । ननु प्रवातेऽपि निष्कम्पा गिरय. ।)

राजा—वयस्य ! निराकरणविक्लवायाः प्रियाया समवस्थामनुस्मृत्य बलवदशरणोऽस्मि । सा हि—

इतः प्रत्यादेशात्स्वजनमनुगन्तुं व्यवसिता
स्थिता तिष्ठेत्युच्चैर्वदति गुरुशिष्ये गुरुसमे ।
पुनर्दृष्टिं बाष्पप्रसरकलुषामर्पितवती
मयि क्रूरे यत्तत्सविषमिव शल्यं दहति माम् ॥९॥

सानुमती—अम्महे । ईदिसी सकज्जपरदा इमस्स सदावेण अहं रमामि । (अहो ! ईदृशी स्वकार्यपरता । अस्य सतापेनाह रमे ।)

विदूषक—भो अत्थि मे तक्को केण वि तत्तोहोदी आआसचारिणा णीदे त्ति । (भोः अस्ति मे तर्कः. केनापि तत्रभवती आकाशचारिणा नीतेति ।)

राजा—कः पतिदेवतामन्यः परामर्ष्टुमुत्सहेत । मेनका किल सख्यास्ते जन्मप्रतिष्ठेति श्रुतवानस्मि । तत्सहचारिणीभिः सखी ते हृतेति मे हृदयमाशङ्कते ।

सानुमती—संमोहो क्खु विम्हअणिज्जो ण पडिबोहो । (समोहः खलु विस्मयनीयो न प्रतिबोधः ।)

विदूषक—अरे आप यह क्या कर रहे हैं ? यह आपको शोभा नहीं देता । सज्जन लोग कभी ऐसे दुखी नहीं होते । देखिए, आँधी आनेपर भी पहाड नहीं हिला करते ।

राजा—मित्र ! जिस समय मैंने प्यारीको यहाँसे लौटाया उस समय उसकी जो दशा थी उसे स्मरण करके मैं आपे में नहीं रह पाता । क्योंकि, उस समय वह–जब यहाँसे लौटा दी गई और अपने साथियोंके पीछे चलने लगी तब गुरुके समान पूज्य गुरु शिष्योंने उसे डाँटकर कहा कि तुम यहीं रहो । वह खडी हो गई । उस समय आँखोंमें आँसू भरकर मुझ निष्ठुरकी ओर उसने जो देखा था वह मुझे ऐसी पीडा दे रहा है जैसे किसीने विषसे बुझे हुए शस्त्रसे मेरे शरीरमें घाव कर दिया हो ॥९॥

सानुमती—अरे ! अपने किएपर इतना पछतावा ! इनके दुःखको देखकर मेरे जी को बड़ा सन्तोष मिल रहा है ।

विदूषक—महाराज ! मैं सोचता हूँ कि देवी शकुन्तलाको कोई स्वर्गीय दूत उठा ले गया होगा ।

राजा—अरे, उस पतिव्रताको दूसरा छू कौन सकेगा । पर सुना है कि उसकी माँ मेनका है । मुझे डर है कि कहीं उसकी सखियाँ ही उसे न उठा ले गई हों !

सानुमती—इस समय राजाको जो इतनी बातें स्मरण हो रही हैं उन्हें सुनकर मुझे इतना अचरज नहीं होता जितना इस बातपर कि उस समय वे भूल कैसे गए थे ।

विदूषकः—जइ एव्वं अत्थि क्खु समाअमो कालेण तत्तहोदीए। (यद्येवम् अस्ति खलु समागमः कालेन तत्रभवत्या।)

राजा—कथमिव।

विदूषकः—ण क्खु मादापिदरा भत्तुविओअदुक्खिदं दुहिदरं चिरं देक्खिदुं पारेन्ति। (न खलु मातापितरौ भर्तृवियोगदुःखितां दुहितरं चिरं द्रष्टुं पारयतः।)

राजा—वयस्य।

स्वप्नो नु माया नु मतिभ्रमो नु क्लिष्टं नु तावत्फलमेव पुण्यम्।
असंनिवृत्त्यै तदतीतमेते मनोरथानामतटप्रपाताः ॥१०॥

विदूषकः—मा एव्वं। अंगुलीअअं एव्व णिदंसणं अवस्संभावी अचिन्तणिज्जो समागमो होदि त्ति। (मैवम्। नन्वङ्गुलीयकमेव निदर्शनमवश्यंभाव्यचिन्तनीयः समागमो भवतीति।)

राजा—[अङ्गुलीयकं विलोक्य] अये इदं तावदसुलभस्थानभ्रंशि शोचनीयम्।

तव सुचरितमङ्गुलीय नूनं प्रतनु ममेव विभाव्यते फलेन।
अरुणनखमनोहरासु तस्याश्च्युतमसि लब्धपदं यदङ्गुलीषु ॥११॥

सानुमती—जइ अण्णहत्थगदं भवे सच्चं एव्व सोअणिज्जं भवे। (यद्यन्यहस्तगतं भवेद् सत्यमेव शोचनीयं भवेत्।)

विदूषक—यदि उसकी सखियाँ ही उठा ले गई होंगी तब तो उसे थोड़े दिनोंमें मिला ही समझिए।

राजा—क्यों?

विदूषक—पतिसे बिछुड़ी हुई अपनी कन्याको दुःखी माता-पिता अधिक दिनों तक नहीं देख सकते।

राजा—मित्र! मैं ठीक-ठीक समझ ही नहीं पा रहा हूँ कि शकुन्तलाका वह मिलाप सपना था, या जादू था, या भ्रम था, या किसी ऐसे पुण्यका फल था जिसका भोग पूरा हो चला था। सचमुच इन बातोंने मेरी सभी आशाओंको ऊँचे पहाड़से गिराकर चूर-चूर कर डाला है ॥१०॥

विदूषक—ऐसा न कहिए। यह अँगूठी ही बतला रही है कि उससे भेंट अवश्य होगी।

राजा—[अँगूठी देखकर] हाय! इसपर भी मुझे बड़ा तरस आता है कि इतने सुन्दर स्थानपर पहुँचकर भी यह निकलकर कैसे गिर पड़ी। अरी अँगूठी! तेरी इस दशासे ही ज्ञान हो जाता है कि मेरे ही समान तेरे पुण्यों का भी भोग पूरा हो चला था। नहीं तो शकुन्तलाके लाल नखोंवाली अँगुलियोंमें बसा तू क्यों निकलकर गिरती ॥११॥

सानुमती—हाँ, यदि यह किसी दूसरेके हाथ लग गई होती तब तो सचमुच दुःखकी बात थी।

विदूषक—भो इम णाममुद्दा केण उग्घादेण तत्तहोदिए हत्थाब्भास पाविदा। (भो इयं नाममुद्रा केनोद्घातेन तत्रभवत्या हस्ताभ्यास प्रापिता।)

सानुमती—मम वि कोदूहलेण प्रआरिदो एसो। (ममापि कौतूहलेनाकारित एष।)

राजा—श्रूयताम्! स्वनगराय प्रस्थितं मां प्रिया सबाष्पमाह—कियच्चिरेणार्यपुत्रः प्रतिपत्तिं दास्यतीति।

विदूषक—तदो तदो। (ततस्ततः।)

राजा—पश्चादिमां मुद्रां तदङ्गुलौ निवेशयता मया प्रत्यभिहिता—

> एकैकमत्र दिवसे दिवसे मदीयं
> नामाक्षरं गणय गच्छति यावदन्तम्।
> तावत्प्रिये मदवरोधगृहप्रवेशं
> नेता जनस्तव समीपमुपैष्यतीति ॥१२॥

तच्च दारुणात्मना मया मोहान्नानुष्ठितम्।

सानुमती—रमणीओ क्खु अवही विहिणा विसंवादिदो। (रमणीयः खल्ववधिर्विधिना विसंवादितः।)

विदूषक—अथ कहं धीवरकप्पिग्रस्स लोहिग्रमच्छस्स उदलब्भन्तले आसि। (अथ कथं धीवरकल्पितस्य रोहितमत्स्यस्योदराभ्यन्तर आसीत्।)

राज—शचीतीर्थं वन्दमानायाः सख्यास्ते हस्ताद्गङ्गास्रोतसि परिभ्रष्टम्।

विदूषक—अच्छा, यह तो बताइए कि आपकी यह अँगूठी देवी शकुन्तलाके पास पहुँच कैसे गई?

सानुमती—इसके मनमें भी इस बातको जाननेका वैसा ही चाव है जैसा मेरे मनमें है।

राजा—अच्छा सुनो। जब मैं वनसे अपनी राजधानीको लौट रहा था उस समय प्यारीने आँखोंमें आँसू भर कर पूछा था—अब कितने दिनोंमें सुध लीजिएगा।

विदूषक—हाँ-हाँ।

राजा—तब उनकी उँगलीमें यह अँगूठी पहनाते हुए मैंने कहा था—प्यारी! इस अँगूठीपर लिखे हुए मेरे नामके अक्षरोंको प्रतिदिन गिनती रहना! जब सभी अक्षर गिन चुकोगी तब रनिवासका कोई सेवक तुम्हें बुलानेके लिये यहाँ आ पहुँचेगा ॥१२॥ पर मुझ कठोर हृदयसे ऐसा करते न बन पड़ा।

सानुमती—बात तो बड़ी अच्छी थी पर दैवने सब चौपट कर दिया।

विदूषक—अच्छा तो उस मछुएने जिस रोहू मछलीको काटा था उसके पेटमें वह अँगूठी कहाँ से पहुँच गई?

राजा—जब शकुन्तला शचीतीर्थको हाथ जोड़कर प्रणाम कर रही थी उसी समय वह अँगूठी उँगलीसे निकलकर गंगाजीकी धारामें जा गिरी।

विदूषकः—जुज्जइ। (युज्यते।)

सानुमती—अदो एव्व तवस्सिणीए सउन्दलाए अधम्मभीरुणो इमस्स राएसिणो परिणए संदेहो आसि। अहवा ईदिसो अणुराओ अहिण्णाणं अवेक्खदि। कहं विअ एदं। (अत एव तपस्विन्याः शकुन्तलाया अधर्मभीरोरस्य राजर्षेः परिणये सन्देह आसीत्। अथवेदृशोऽनुरागोऽभिज्ञानमपेक्षते। कथमिवैतत्।)

राजा—उपालप्स्ये तावदिदमङ्गुलीयकम्।

विदूषकः—[आत्मगतम्] गहीदो णेण पन्था उम्मत्तआणम्। (गृहीतोऽनेन पन्था उन्मत्तानाम्।)

राजा—

कथं नु तं बन्धुरकोमलाङ्गुलिं करं विहायासि निमग्नमम्भसि।

अथवा—

अचेतनं नाम गुणं न लक्षयेन्मयैव कस्मादवधीरिता प्रिया ॥१३॥

विदूषकः—[आत्मगतम्] अहं क्खु बुभुक्खाए खादिदव्वत्ति। (अहं खलु बुभुक्षया खादितव्य इति।)

राजा—अकारणपरित्यागानुशयतप्तहृदयस्तावदनुकम्प्यतामयं जनः पुनर्दर्शनेन।

[प्रविश्यापटीक्षेपेण चित्रफलकहस्ता]

चतुरिका—इअं चित्तगदा भट्टिणी। (इयं चित्रगता भट्टिनी।)

[इति चित्रफलकं दर्शयति।]

विदूषक—अच्छा, यह बात है।

सानुमती—जान पड़ता है कि इसीलिये इन राजर्षिने अधर्मके डरसे बेचारी शकुन्तलाके साथ विवाह होनेकी बातोंमें संदेह किया था। नहीं तो भला ऐसे प्रेममें क्या किसी पहचानकी आवश्यकता पड़ती है।

राजा—मैं अभी इस अँगूठीको डाँटता हूँ न।

विदूषक—[आप ही आप] अरे, ये तो अब पागल हो चले हैं।

राजा—अरी अँगूठी! उन सुन्दर उँगलियोंको छोड़कर तू क्यों जलमें कूदने गई! पर अँगूठीमें तो जीव नहीं था इसलिये उसने गुणको परख न की हो तो ठीक है, पर मैंने मनुष्य होकर उसका कैसे निरादर कर डाला ॥१३॥

विदूषक—[आप ही आप] यदि थोड़ी देर और इनकी यही दशा रही तब तो मेरी भूख मुझे खा ही डालेगी।

राजा—हे प्यारी! तुम्हें बिना कारण छोड़ देनेकी जलनसे मैं जला जा रहा हूँ। मुझे अपना दर्शन देकर दया करके जिला तो लो।

[परदा उठाकर चित्रफलक लिए हुए प्रवेश करके]

चतुरिका—यह रहा देवीका चित्र। [चित्रफलक दिखाती है।]

विदूषक—साहु वअस्स । महुरावत्थाणदंसणिज्जो भावाणुप्पवेसो । खलदि विअ मे दिट्ठी णिण्णुण्णदप्पदेसेसु । (साधु वयस्य । मधुरावस्थानदर्शनीयो भावानुप्रवेशः । स्खलतीव मे दृष्टिर्निम्नोन्नतप्रदेशेषु ।)

सानुमती—अम्मो एसा राएसिणो णिउणदा । जाणे सही अग्गदो मे वट्टदि त्ति । (अहो एषा राजर्षेर्निपुणता । जाने सख्यग्रता मे वर्तत इति ।)

राजा—

यद्यत्साधु न चित्रे स्यात्क्रियते तत्तदन्यथा ।
तथापि तस्या लावण्यं रेखया किंचिदन्वितम् ॥१४॥

सानुमती—सरिसं एदं पच्छादावगुरुणो सिणेहस्स अणवलेवस्स अ । (सदृशमेतत्पश्चात्ताप-गुरोः स्नेहस्यानवलेपस्य च ।)

विदूषक—भो दाणिं तिण्णिओ तत्तहोदीओ दीसन्ति । सव्वाओ अ दंसणीआओ । कदमा एत्थ तत्तहोदी सउन्दला । (भो इदानीं तिस्रस्तत्रभवत्यो दृश्यन्ते । सर्वाश्च दर्शनीयाः । कतमाऽत्र तत्रभवती शकुन्तला ।)

सानुमती—अणभिण्णो क्खु ईदिसस्स रूवस्स मोहदिट्ठी अअं जणो । (अनभिज्ञः खल्वीदृशस्य रूपस्य मोघदृष्टिरयं जनः ।)

राजा—त्वं तावत्कतमां तर्कयसि ।

विदूषक—वाह, वयस्य ! वाह ! इसके अंग अंग आपने ऐसे सुन्दर बना दिए हैं कि इसके मनके भावतक ठीक ठीक उतर आए हैं। मेरी आँखें तो इस चित्रमें बने हुए ऊँचे-नीचे स्थलोंमें जैसे ठोकरें खाती रह जाती हैं।

सानुमती—अरे ! राजर्षि तो बड़े चतुर चित्रकार हैं। चित्र ऐसा जान पड़ता है मानो सखी शकुन्तला सामने ही खड़ी हो।

राजा—यद्यपि मैंने इस चित्रके सब दोष ठीक कर दिए हैं फिर भी इन रेखाओंमें इसकी सुन्दरता बहुत थोड़ी ही उतर पाई है ॥१४॥

सानुमती—इस पछतावे और नम्रतासे भरे प्रेमीको ऐसा ही कहना शोभा देता है।

विदूषक—क्यों ! इस चित्रमें तो तीन तीन देवियाँ दिखाई पड़ रही हैं और तीनों एकसे एक बढ़कर चटकीली हैं। बताओ तो, इनमें देवी शकुन्तला कौन-सी है ?

सानुमती—इस मनुष्यको सुन्दरताकी तनिक भी परख नहीं है।

राजा—अच्छा, तुम इनमेंसे किसको शकुन्तला समझ रहे हो ?

विदूषक—तक्केमि जा एसा सिढिलकेसबन्धणुव्वन्तकुसुमेण केसन्तेण उब्भिण्णसेअबिन्दुणा वअणेण विसेसदो ओसरिआहिं बाहाहिं अवसेअसिणिद्धतरुणपल्लवस्स चूअपाअवस्स पासे ईसिपरिस्सन्ता विअ आलिहिदा सा सउन्दला। इदराओ सहीओ त्ति। (तर्कयामि येषा शिथिलकेशबन्धनोद्वान्तकुसुमेन केशान्तेनोद्भिन्नस्वेदबिन्दुना वदनेन विशेषतोऽपसृताभ्यां बाहुभ्यामवसेकस्निग्धतरुणपल्लवस्य चूतपादपस्य पार्श्वे ईषत्परिश्रान्तेवालिखिता सा शकुन्तला। इतरे सख्याविति।)

राजा—निपुणो भवान्। अस्त्यत्र मे भावचिह्नम्।

स्विन्नाङ्गुलिविनिवेशो रेखाप्रान्तेषु दृश्यते मलिनः।
अश्रु च कपोलपतितं दृश्यमिदं वर्तिकोच्छ्वासात् ॥ १५ ॥

चतुरिके! अर्धलिखितमेतद्विनोदस्थानम्। गच्छ। वर्तिकां तावदानय।

चतुरिका—अज्ज माढव्व! अवलम्ब चित्तफलअं जाव आअच्छामि। (आर्य माढव्य! अवलम्बस्व चित्रफलकम् यावदागच्छामि।)

राजा—अहमेवैतदवलम्बे। [इति यथोक्तं करोति।]

[निष्क्रान्ता चेटी।]

राजा—[निःश्वस्य] अहं हि—

साक्षात्प्रियामुपगतामपहाय पूर्वं चित्रार्पितां पुनरिमां बहुमन्यमानः।
स्रोतोवहां पथि निकामजलामतीत्य जातः सखे प्रणयवान्मृगतृष्णिकायाम् ॥१६॥

विदूषक—मैं तो समझता हूँ कि बालोंके छिड़कावसे जो यह आमका पेड़ चमक रहा है उसीसे सटकर कुछ थकी हुई सी जो खड़ी दिखाई देती है वही शकुन्तला है, जिसके ढीले जूड़ोंसे फूल गिर रहे हैं, मुँहपर पसीनेकी बूँदें झलक रही हैं और दोनों कन्धे झुके हुए हैं। इसके साथ वाली ये दोनों इसकी सखियाँ होंगी।

राजा—तुम सचमुच चतुर हो। यहाँ मेरे प्रेमके चिह्न भी बने हुए हैं। चित्रकी कोरोंपर मेरी पसीजी हुई उँगलियोंके काले धब्बे पड़ गए हैं और मेरी आँखोंसे जो आँसू टपका, उससे शकुन्तलाके गाल परका रंग उभर आया है ॥ १५ ॥ अरी चतुरिका! अभी इस विनोद स्थानका चित्र पूरा नहीं बन पाया है। जा, चित्र बनानेकी कूचियाँ तो लेती आ।

चतुरिका—आर्य माढव्य! इस चित्रपटको थोड़ा थामे तो रहिए, मैं अभी आती हूँ।

राजा—मैं ही इसे थामे रहता हूँ।

[चित्र फलक ले लेता है।]

[चेटी जाती है।]

राजा—[उसाँस भरकर] मित्र! मेरी दशा तो देखो कि जब वह स्वयं मेरे पास आई थी तब तो मैंने उसे निरादर करके छोड़ दिया और अब उसके चित्रपर इतना प्रेम दिखाने चला हूँ। यह तो ऐसा ही है जैसे कोई भरी हुई नदीको छोड़कर मृगतृष्णाकी ओर लपके ॥ १६ ॥

विदूषकः—[आत्मगतम्] एसो अत्तभवं णदिं अदिक्कमिअ मिअतिण्हिअं संकन्तो। [प्रकाशम्] भो अवरं किं एत्थ लिहिदव्वं। (एषोऽत्रभवान्नदीमतिक्रम्य मृगतृष्णिकां संक्रान्तः। भोः अपरं किमत्र लिखितव्यम्।)

सानुमती—जो जो पदेसो सहीए मे अहिरूवो तं तं आलिहिदुकामो भवे। (यो यः प्रदेशः सख्या मेऽभिरूपस्तं तमालिखितुकामो भवेत्।]

राजा—श्रूयताम्—

कार्या सैकतलीनहंसमिथुना स्रोतोवहा मालिनी
पादास्तामभितो निषण्णहरिणा गौरीगुरोः पावनाः।
शाखालम्बितवल्कलस्य च तरोर्निर्मातुमिच्छाम्यधः
शृङ्गे कृष्णमृगस्य वामनयनं कण्डूयमानां मृगीम्॥ १७॥

विदूषकः—[आत्मगतम्] जह अहं पेक्खामि पूरिदव्वं णेण चित्तफलअं लम्बकुच्चाणं तावसाणं कदम्बेहिं। (यथाऽहं पश्यामि पूरितव्यमनेन चित्रफलकं लम्बकूर्चानां तापसानां कदम्बैः।)

राजा—वयस्य अन्यच्च। शकुन्तलायाः प्रसाधनमभिप्रेतमत्रविस्मृतमस्माभिः।

विदूषकः—किं विअ। (किमिव।)

सानुमती—वणवासस्स सोउमारस्स अ जं सरिसं भविस्सदि। (वनवासस्य सौकुमार्यस्य च यत्सदृशं भविष्यति।)

विदूषक—[आप ही आप] यहाँ महाराज तो नदीको छोड़कर मृगतृष्णाके पीछे दौड़ पड़ रहे हैं। [प्रकट] कहो मित्र ! अब इस चित्रमें और क्या बनाना रहगया है ?

सानुमती—मैं सोचती हूँ कि राजा अब चित्र वे स्थान बनावेंगे जो मेरी सखीको बहुत प्यारे थे।

राजा—सुनो ! अभी मालिनी नदी बनानी है जिसकी रेतीमें हंसके जोड़े बैठे हों। उसके दोनों ओर हिमालयकी वह तलहटी दिखानी है जहाँ हरिण बैठे हुए हों। मैं एक ऐसा पेड़ भी खींचना चाहता हूँ जिसपर वल्कलके वस्त्र टँगे हुए हों और जिसके नीचे एक हरिणी अपनी बाईं आँख काले हरिणके सींगसे रगड़कर खुजला रही हो॥ १७॥

विदूषक—[आप ही आप] मेरी बात मानिए तो आप इस चित्रको लम्बी-लम्बी दाढ़ी वाले तपस्वियोंसे भर डालिए।

राजा—वयस्य ! और अभी तो मैं शकुन्तलाको जो आभूषण पहनाना चाहता था वे ही बनाना भूल गया हूँ।

विदूषक—वे कौन कौनसे ?

सानुमती—वे ही जो उसके जैसी सुकुमारी वनवासिनी कुमारियाँ पहना करती हैं।

राजा—

कृतं न कर्णार्पितबन्धनं सखे शिरीषमागण्डविलम्बिकेसरम् ।
न वा शरच्चन्द्रमरीचिकोमलं मृणालसूत्रं रचितं स्तनान्तरे ॥१८॥

विदूषक—भो किं णु तत्तहोदी रत्तकुवलअपल्लवसोहिणा अग्गहत्थेण मुहं ओवारिअ चइद-चइदा विअ ट्ठिदा। [सावधानं निरूप्य दृष्ट्वा] आ एसो दासीएपुत्तो कुसुमरसपाडच्चरो तत्तहोदीए वअणं अहिलङ्घेदि महुअरो। (भो किं नु तत्रभवती रक्तकुवलयपल्लवशोभिनाऽग्रहस्तेन मुखमपवार्य चकितचकितेव स्थिता। आ एष दास्याः पुत्रः कुसुमरसपाटच्चरस्तत्रभवत्या वदनमभिलङ्घति मधुकरः।

राजा—ननु वार्यतामेष धृष्टः।

विदूषक—भवं एव्व अविणीदाणं सासिदा इमस्स वारणे पहविस्सदि। (भवानेवाविनीतानां शासिताऽस्य वारणे प्रभविष्यति।)

राजा—युज्यते। अयि भो कुसुमलताप्रियातिथे। किमत्र परिपतनखेदमनुभवसि।

एषा कुसुमनिषण्णा तृषिताऽपि सती भवन्तमनुरक्ता।
प्रतिपालयति मधुकरी न खलु मधु विना त्वया पिबति ॥१९॥

सानुमती—अज्ज वि अभिजादं वखु एसो वारिदो। (अद्याप्यभिजातं खल्वेष वारितः।)

विदूषक—पडिसिद्धा वि वामा एसा जादी। (प्रतिषिद्धाऽपि वामैषा जातिः।)

राजा—वयस्य, अभी तो मैं वह सिरसका फूल भी नहीं बना पाया जिसकी डंठल उसने कानोंपर धर रक्खी थी और जिसका पराग उसके गालोंपर फैला हुआ था। और अभी तो उसके स्तनोंके बीचमें चन्द्रमाकी किरणके समान पतले कमलके तन्तुओंकी माला भी नहीं बनाई ॥१८॥

विदूषक—क्यों मित्र! देवी अपनी कमलकी पखड़ीके समान कोमल और लाल हथेलियोंसे अपना मुँह ढके बहुत डरी हुई सी खड़ी क्यों दिखाई दे रही हैं। [ध्यानसे देखकर] अरे! देखिए, यह फूलोंके रसका चोर नीच भौंरा देवीके मुँहपर आकर मँडराए जा रहा है।

राजा—भगाओ तो इस ढीठको।

विदूषक—दुष्टोंको दण्ड देना तो आपका काम है इसलिये अब आप ही इसे भगाइए।

राजा—अच्छी बात है! ओ रे फूल और लताओंके प्यारे अतिथि! तू क्यों इसके मुँहपर मँडरानेका कष्ट कर रहा है। तेरे प्रेमकी प्यासी भौंरी तेरी ओर आँख लगाए फूलपर बैठी हुई है और तेरे बिना मकरन्द नहीं पी रही है ॥१९॥

सानुमती—इस अवस्थामें भी ये कितनी कोमलतासे भौंरेको चले जानेके लिये कह रहे हैं।

विदूषक—ऐसे खोटे लोग कहनेसे थोड़े ही मानते हैं।

राजा—एवं भो न मे शासने तिष्ठसि। श्रूयतां तर्हि संप्रति—

अक्लिष्टबालतरुपल्लवलोभनीयं पीतं मया सदयमेव रतोत्सवेषु।
बिम्बाधरं स्पृशसि चेद्भ्रमर प्रियायास्त्वां कारयामि कमलोदरबन्धनस्थम् ॥२०॥

विदूषकः—एव्वं तिक्खणदण्डस्स किं ण भाइस्सदि। [प्रहस्य आत्मगतम्] एसो दाव उम्मत्तो। अहं पि एदस्स संगेण ईदिसवण्णो विअ संवुत्तो। [प्रकाशम्] भो चित्तं क्खु एदं (एवं तीक्ष्णदण्डस्य किं न भेष्यति। एष तावदुन्मत्तः। अहमप्येतस्य सङ्गेनेदृशवर्ण इव संवृत्तः। भोः चित्रं खल्वेतत्।)

राजा—कथं चित्रम्।

सानुमती—अहं पि दाणिं अवगदत्था। किं उण जहालिहिदाणुभावी एसो (अहमपीदानीमवगतार्था। किं पुनर्यथालिखितानुभाव्येषः।)

राजा—वयस्य किमिदमनुष्ठितं पौरोभाग्यम्।

दर्शनसुखमनुभवतः साक्षादिव तन्मयेन हृदयेन।
स्मृतिकारिणा त्वया मे पुनरपि चित्रीकृता कान्ता ॥२१॥

[इति बाष्पं विहरति।]

सानुमती—पुव्वावरविरोही अपुव्वो एसो विरहमग्गो। (पूर्वापरविरोध्यपूर्व एष विरहमार्गः।)

राजा—क्योंरे ! तू मेरा कहना नही मानता। तो अब सुन—मेरी प्यारीका जो ओठ अछूते नन्हें पौधेकी कोमल कोंपलोंके समान लाल है और जिसे मैंने रतिके समय भी बहुत बचा-बचाकर पिया था। उसे यदि तूने छुआ तो मुझे कमलके कोशमे डालकर बन्दी करा दूँगा ॥२०॥

विदूषक—क्या तू ऐसे कठोर दण्ड देनेवालेसे भी नहीं डरता ? [हँसकर आप ही आप] अरे, ये तो पागल हो ही गए हैं। अब इनके साथ रहनेसे मैं भी कुछ-कुछ वैसा ही हो चला हूँ। [प्रकट] अरे महाराज ! यह तो चित्र है।

राजा—अरे ! क्या चित्र है ?

सानुमती—स्वयं मैं ही अब समझ पा रही हूँ कि यह चित्र है, फिर भला उसका तो पूछना ही क्या जिसने शकुन्तलामें तल्लीन होकर उसका चित्र बनाया है।

राजा—यह तुमने क्या दुष्कर्म कर डाला मित्र ! मैं तो बड़ा मगन होकर सामने खड़ी हुई शकुन्तलाके दर्शनका आनन्द ले रहा था। पर तुमने स्मरण दिलाकर मेरी प्यारीको चित्र ही बना डाला ॥२१॥

[ऐसा कहकर आँसू बहाने लगता है।]

सानुमती—यह तो विरहका निराला ही ढंग देख रही हूँ कि जिसमें पहले कुछ था, अब कुछ और ही है।

राजा—वयस्य ! कथमेवमविश्रान्तदुःखमनुभवामि ।

प्रजागरात्खिलीभूतस्तस्याः स्वप्ने समागमः ।
बाष्पस्तु न ददात्येनां द्रष्टुं चित्रगतामपि ॥२२॥

सानुमती—सव्वहा पमज्जिद तुए पच्चादेसदुक्खं सउन्दलाए । (सर्वथा प्रमार्जितं त्वया प्रत्यादेशदुःखं शकुन्तलायाः ।)

[प्रविश्य]

चतुरिका—जेदु जेदु भट्टा । वट्टिआकरण्डअं गेण्हिअ इदोमुहं पत्थिद म्हि । (जयतु जयतु भर्ता । वर्तिकाकरण्डकं गृहीत्वेतोमुखं प्रस्थिताऽस्मि ।)

राजा—किं च ।

चतुरिका—सो मे हत्थादो अन्तरा तरलिआदुदीआए देवीए वसुमदीए अहं एव्व अज्जउत्तस्स उवणइस्सं त्ति सबलक्कारं गहीदो । (स मे हस्तादन्तरा तरलिकाद्वितीयया देव्या वसुमत्याऽहमेवार्यपुत्रस्योपनेष्यामीति सबलात्कारं गृहीतः ।)

विदूषक—दिट्ठिआ तुमं मुक्का । (दिष्ट्या त्वं मुक्ता ।)

चतुरिका—जाव देवीए विडवलग्गं उत्तरीअं तरलिआ मोचेदि ताव मए णिव्वाहिदो अत्ता । (यावद्देव्या विटपलग्नमुत्तरीयं तरलिका मोचयति तावन्मया निर्वाहित आत्मा ।)

राजा—वयस्य उपस्थिता देवी बहुमानगर्विता च । भवानिमां प्रतिकृतिं रक्षतु ।

राजा—वयस्य ! जानते हो, इस समय मेरे हृदयपर क्या बीत रही है ? नींद न लगनेके कारण मैं उससे स्वप्नमें भी नहीं मिल पाता और सदा बहते रहनेवाले ये आँसू उसे चित्रमें भी नहीं देखने देते ॥ २२ ॥

सानुमती—तुमने शकुन्तलाको छोड़कर हम लोगोंके मनमें जो कसक भर दी थी वह आज तुमने सब धो डाली ।

[प्रवेश करके]

चतुरिका—जय हो, महाराजकी जय हो । चित्र सामग्रीका डब्बा लिए हुए मैं इधर ही चली आ रही थी कि—

राजा—तो क्या हुआ ?

चतुरिका—बीचमें ही तरलिकाके साथ आती हुई महारानी वसुमतीने यह कहकर मुझसे बलपूर्वक वह डब्बा छीन लिया कि मैं स्वयं इसे आर्यपुत्रके पास पहुँचा आती हूँ ।

विदूषक—अपना बड़ा भाग समझ कि तू उनके हाथसे बिना पिटे बचकर निकल आई ।

चतुरिका—उधर तरलिका वृक्षकी डाली में उलझी हुई महारानीकी ओढ़नी छुड़ानेमें लगी, इधर मैं चुपचाप खिसक आई ।

राजा—जान पड़ता है महारानी बड़ा मुँह फुलाए इधर ही चली आ रही हैं इसलिये अब इस चित्रको ले जाकर कहीं छिपा रक्खो ।

विदूषकः—अत्ताणं त्ति भणाहि। [चित्रफलकमादायोत्थाय च] जइ भवं अन्तेउरकालकूडादो मुच्चीअदि तदो मं मेहप्पडिच्छन्दे पासादे सद्दावेहि। (आत्मानमिति भण। यदि भवानन्तःपुरकालकूटान्मोक्ष्यते तदा मा मेघप्रतिच्छन्दे प्रसादे शब्दापय) [इति द्रुतपदं निष्क्रान्तः।]

सानुमती—अण्णसंकन्तहिअओवि पढमसंभावणं अवेक्खदि। अदिसिढिलसोहदो दाणिं एसो। (अन्यसंक्रान्तहृदयोऽपि प्रथमसंभावनामपेक्षते। अतिशिथिलसौहार्द इदानीमेष. ।)

[प्रविश्य पत्रहस्ता]

प्रतीहारी—जेदु जेदु देवो। (जयतु जयतु देव.।)

राजा—वेत्रवति! न खल्वन्तरा दृष्टा त्वया देवी।

प्रतीहारी—अह इं। पत्तहत्थं मं वेक्खिअ पडिणिउत्ता। (अथ किम्। पत्रहस्ता मां प्रेक्ष्य प्रतिनिवृत्ता।)

राजा—कार्यज्ञा कार्योपरोधं मे परिहरति।

प्रतीहारी—देव अमच्चो विण्णवेदि—अत्थजादस्स गणणाबहुलदाए एक्कं एव्व पोरकज्जं अवेक्खिदं तं देवो पत्तारूढं पच्चक्खीकरेदु त्ति। (देव अमात्यो विज्ञापयति—अर्थ जातस्य गणनाबहुलतयैकमेव पौरकार्यमवेक्षितं तद्देवः पत्रारूढं प्रत्यक्षीकरोत्विति।)

राजा—इतः पत्रिकां दर्शय। [प्रतीहार्युपनयति।]

विदूषक—यह क्यों नहीं कहते कि हमे ही छिपा लो? [चित्रपट लेकर उठकर] अच्छा, जब आपको रनिवासके चंगुलसे छुटकारा मिल जाय तो मेघप्रतिच्छन्द भवनमें मुझे पुकार लीजिएगा।

[झपटकर निकल जाता है]

सानुमती—इन्होंने दूसरेको हृदय दे डाला है सही, पर ये अपनी पहली रानीके प्रेमको भी ठेस नहीं लगने देना चाहते। पर सच्ची बात तो यह है कि राजाके मनमें रानीके लिये कुछ भी प्रेम बचा नहीं रह पाया है।

[हाथमें पत्र लिए हुए प्रतीहारीका प्रवेश।]

प्रतीहारी—जय हो, महाराजकी जय हो।

राजा—वेत्रवती! तुम्हें बीचमें महारानी तो नहीं मिली थी?

प्रतीहारी—जी हाँ, मिली थीं। पर मेरे हाथमें यह पत्र देखकर अभी उलटे पाँवों लौट गई हैं।

राजा—वे समय असमय पहचानती हैं इसीलिये मेरे काममें बाधा नहीं बनना चाहती होंगी।

प्रतीहारी—महाराज! अमात्यने कहलाया है कि आजका सारा दिन कई विभागोंके रुपये-पैसेका जोड़ लगानेमें ही बीत गया। इसलिये प्रजाका केवल एक ही काम मैं देख पाया हूँ। उसे पत्रमें पढ़कर ही देव समझ लें।

राजा—लाओ, पत्र इधर दो।

[प्रतीहारी पत्र ले जाकर देती है।]

राजा—[अनुवाच्य] कथम्। समुद्रव्यवहारी सार्थवाहो धनमित्रो नाम नौव्यसने विपन्नः। अनपत्यश्च किल तपस्वी। राजगामी तस्यार्थसंचय इत्येतदमात्येन लिखितम्। कष्टं खल्वनपत्यता। वेत्रवति! बहुधनत्वाद्बहुपत्नीकेन तत्रभवता भवितव्यम्। विचीयतां यदि काचिदापन्नसत्त्वा तस्य भार्यासु स्यात्।

प्रतीहारी—देव दाणिं एव्व साकेदअस्स सेट्ठिणो दुहिआ णिव्वुत्तपुंसवणा जाआ से सुणीअदि। (देव इदानीमेव साकेतस्य श्रेष्ठिनो दुहिता निर्वृत्तपुंसवना जायाऽस्य श्रूयते।)

राजा—ननु गर्भः पित्र्यं रिक्थमर्हति। गच्छ। एवममात्यं ब्रूहि।

प्रतीहारी—जं देवो आणवेदि (यद्देव आज्ञापयति।) [इति प्रस्थिता।]

राजा—एहि तावत्।

प्रतीहारी—इअम्हि। (इयमस्ति।)

राजा—किमनेन संततिरस्ति नास्तीति।

येन येन वियुज्यन्ते प्रजाः स्निग्धेन बन्धुना।
स स पापादृते तासां दुष्यन्त इति घुष्यताम् ॥२३॥

प्रतीहारी—एव्वं णाम घोसइदव्वं। [निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य] काले पवुट्ठं विअ अहिणन्दिदं देवस्स सासणम्। (एवं नाम घोषयितव्यम्। काले प्रवृष्टमिवाभिनन्दितं देवस्य शासनम्।)

राजा—[बाँचकर] अरे! क्या समुद्रके व्यापारी धनमित्रकी नाव डूबनेसे मृत्यु हो गई। बेचारेके कोई सन्तान भी नहीं थी। और प्रधान मन्त्रीजी लिखते हैं कि उसका सब धन राज-कोषमें आ जाना चाहिए। निःसन्तान होना भी कितना कष्टदायक होता है। अच्छा वेत्रवती! सेठजीके पास कोई कमी तो थी नहीं इसलिये उनके बहुतसी सेठानियाँ होंगी। पता तो लगाओ उनमेंसे कोई गर्भवती भी है?

प्रतीहारी—हाँ देव! सुना जाता है कि अयोध्यावाले सेठकी जो कन्या उनसे ब्याही थी उसने अभी थोड़े दिन हुए पुंसवन संस्कार कराया है।

राजा—तब जाकर अमात्यसे कहना कि यह गर्भका बालक ही सेठके सब धनका स्वामी होगा।

प्रतीहारी—जैसी महाराजकी आज्ञा।

[यह कहकर चली जाती है।]

राजा—अच्छा इधर तो सुनो!

प्रतीहारी—जी, आ गई।

राजा—किसीको सन्तान होने या न होने से क्या? जाकर डौंडी पिटवा दो कि पापियोंको छोड़कर हमारी प्रजाके और जितने लोग हैं उनके जो जो कुटुम्बी न रहे उनका कुटुम्बी दुष्यन्त समझा जाय ॥२३॥

प्रतीहारी—यही डौंडी पिटवा दी जायगी। [लौटकर] महाराजकी इस आज्ञाको सुनकर प्रजा वैसे ही मगन हो उठी है जैसे समय पर पानी बरसनेसे खेती लहलहा उठती है।

राजा—[दीर्घमुष्णं च निःश्वस्य] एवं भोः संततिच्छेदनिरवलम्बानां कुलानां मूलपुरुषावसाने संपदः परमुपतिष्ठन्ति। समाप्यन्ते पुरुवंशश्रिय एष एव वृत्तान्तः।

प्रतीहारी—पडिहदं अमगलम्। (प्रतिहतममङ्गलम्।)

राजा—धिङ्मामुपस्थितश्रेयोऽवमानिनम्।

सानुमती—असंशअं सहिं एव्व हिअए करिअ णिन्दिदो णेण अप्पा। (असंशयं सखीमेव हृदये कृत्वा निन्दितोऽनेनात्मा।)

राजा—संरोपितेऽप्यात्मनि धर्मपत्नी त्यक्ता मया नाम कुलप्रतिष्ठा

कल्पिष्यमाणा महते फलाय वसुन्धरा काल इवोप्तबीजा ॥२४॥

सानुमती—अपरिच्छिण्णा दाणिं दे संददी भविस्सदि। (अपरिच्छिन्नेदानीं ते सन्ततिर्भविष्यति।)

चतुरिका—[जनान्तिकम्] अए इमिणा सत्थवाहवुत्तन्तेण दिउणुव्वेओ भट्टा। णं अस्सासिदुं मेहप्पडिच्छन्दादो अज्जं माढव्वं गेण्हिअ आअच्छेहि। (अयि अनेन सार्थवाहवृत्तान्तेन द्विगुणोद्वेगो भर्ता। एनमाश्वासयितुं मेघप्रतिच्छन्दादार्यं माढव्यं गृहीत्वागच्छ।)

प्रतीहारी—सुट्ठु भणासि। (सुष्ठु भणसि।) [इति निष्क्रान्ता।]

राजा—अहो दुष्यन्तस्य संशयमारूढाः पिण्डभाजः। कुतः।

अस्मात्परं बत यथाश्रुति संभृतानि को नः कुले निवपनानि करिष्यतीति।

नूनं प्रसूतिविकलेन मया प्रसिक्तं धौताश्रुशेषमुदकं पितरः पिबन्ति ॥२५॥

[इति मोहमुपगतः]

चतुरिका—[ससंभ्रममवलोक्य] समस्ससदु समस्ससदु भट्टा। (समाश्वसितु समाश्वसितु भर्ता।)

सानुमती—हद्धी हद्धी। सदि क्खु दीवे ववधाणदोसेण एसो अन्धआरदोसं अणुहोदि। अहं दाणिं एव्व णिव्वुदं करेमि। अहवा सुदं मए सउन्दलं समस्सासअन्तीए महेन्दजणणीए मुहादो—जण्णभाओस्सुआ देवा एव्व तह अणुचिट्ठिस्सन्ति जह अइरेण धम्मपदिणिं भट्टा अहिणन्दिस्सदि त्ति। ता ण जुत्तं एदं कालं पडिवालिदुं। जाव इमिणा वुत्तन्तेण पिअसहिं समस्सासेमि। (हा धिक्। हा धिक्। सति खलु दीपे व्यवधानदोषेणैषोऽन्धकारदोषमनुभवति। अहमिदानीमेव निर्वृतं करोमि। अथवा श्रुतं मया शकुन्तलां समाश्वासयन्त्या महेन्द्रजनन्या मुखात्—यज्ञभागोत्सुका देवा एव तथानुष्ठास्यन्ति यथाऽचिरेण धर्मपत्नीं भर्ताऽभिनन्दिष्यतीति। तन्न युक्तं कालं प्रतिपालयितुम्। यावदनेन वृत्तान्तेन प्रियसखीं समाश्वासयामि।) [इत्युद्भ्रान्तकेन निष्क्रान्ता।]

[नेपथ्ये]

अब्बम्हण्णम्। (अब्रह्मण्यम्।)

राजा—[प्रत्यागतः कर्णं दत्त्वा] अये माधव्यस्येवार्तस्वरः। कः कोऽत्र भोः।

[प्रविश्य]

प्रतीहारी—[ससंभ्रमम्] परित्ताअदु देवो संसअगदं वअस्सम्। (परित्रायतां देवः संशयगतं वयस्यम्।)

हाथसे तर्पण किए हुए जलके कुछ भागसे तो अपने आँसू धोते होंगे और जो बच जाता होगा बस उतना ही पी पाते होंगे। ॥२५॥

[ऐसा कहकर मूर्छित हो जाते हैं।]

चतुरीका—[घबराहटके साथ देखकर] धीरज धरिए महाराज! धीरज धरिए।

सानुमती—हाय हाय! जैसे दीपकके रहते हुए भी बीचमें ओट पड़ जानेसे अँधेरा हो जाता है वैसे ही इस राजाको भी मोह हो गया है। मैं इसकी चिन्ता अभी मिटा देती पर अदितिने शकुन्तलाको समझाते हुए कहा था कि यज्ञमें भाग पानेके लिये उत्सुक देवता लोग ही तुम्हारा और दुष्यन्तका मिलन करायेंगे। तो अब देर नहीं करनी चाहिए। चलूँ शकुन्तलाको ये सब बातें सुना आऊँ तो उसे धीरज हो जाय।

[झटकेसे ऊपर उड़ जाती है।]

राजा—केनात्तगन्धो माणवकः।

प्रतीहारी—अदिट्ठरूवेण केण वि सत्तेण अदिक्कमिअ मेहप्पडिच्छन्दस्स पासादस्स अग्गभूमिं आरोविदो। (अदृष्टरूपेण केनापि सत्त्वेनातिक्रम्य मेघप्रतिच्छन्दस्याग्रभूमिमारोपितः।)

राजा—[उत्थाय] मा तावत्। ममापि सत्त्वैरभिभूयन्ते गृहाः।

अथवा—

अहन्यहन्यात्मन एव तावज्ज्ञातुं प्रमादस्खलितं न शक्यम्।
प्रजासु कः केन पथा प्रयातीत्यशेषतो वेदितुमस्ति शक्तिः॥२६॥

[नेपथ्ये]

भो वअस्स अविहा अविहा। (भो वयस्य अविहा अविहा।)

राजा—[गतिभेदेन परिक्रामन्] सखे! न भेतव्यं न भेतव्यम्।

[नेपथ्ये]

[पुनस्तदेव पठित्वा] कहं ण भाइस्सं। एस मं को वि पच्चवणदसिरोहरं इक्खुं विअ तिण्णभंगं करेदि। (कथं न भेष्यामि। एष मां कोऽपि प्रत्यवनतशिरोधरमिक्षुमिव त्रिभङ्गं करोति)

राजा—[सदृष्टिक्षेपम्] धनुस्तावत्।

[प्रविश्य शार्ङ्गहस्ता]

यवनी—भट्टा एदं हत्थावावसहिदं सरासणं। (भर्तः एतद्धस्तावापसहितं शरासनम्।)

[राजा सशरं धनुरादत्ते।]

राजा—माधव्यको किसने सता रक्खा है?

प्रतीहारी—किसी भूत-प्रेतने उन्हें पकड़कर मेघ-प्रतिच्छन्द-भवनके मुंडेरेपर ले जाकर टाँग दिया है।

राजा—[उठकर] यह कैसे हो सकता है? क्या मेरे घरमें भी भूत-प्रेत अड्डा जमाने लगे हैं? पर यह हो भी सकता है—क्योंकि जब मनुष्य यही नहीं जानता कि वह स्वयं भूलसे नित्य कितने पाप कर बैठता है तो यह कैसे जाना जा सकता है कि प्रजामें कौन किस समय क्या कर रहा है॥२६॥

[नेपथ्यमें]

दुहाई है मित्र, दुहाई!

राजा—[वेगसे घूमता हुआ] डरो मत मित्र, डरो मत।

[नेपथ्यमें]

हाय, हाय! डरूँ क्यों नहीं! यहाँ कोई मेरे गलेको ईखके समान मरोड़कर तीन टुकड़े किए डाल रहा है।

राजा—[चारों ओर देखता हुआ] अरे, धनुष तो ले आओ।

[हाथमें धनुष लिए हुए प्रवेश करके]

—नी—महाराज! यह लीजिए धनुष और हथरखा।

[राजा धनुष-बाण लेते हैं।]

[नेपथ्ये]

एष त्वामभिनवकण्ठशोणितार्थी शार्दूलः पशुमिव हन्मि चेष्टमानम् ।
आर्तानां भयमपनेतुमात्तधन्वा दुष्यन्तस्तव शरणं भवत्विदानीम् ॥२७॥

राजा—[सरोषम्] कथं मामेवोद्दिशति । तिष्ठ कुणपाशन । त्वमिदानीं न भविष्यसि । [शार्ङ्गमारोप्य] वेत्रवति ! सोपानमार्गमादेशय ।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो । (इत इतो देवः ।)

[सर्वे सत्वरमुपसर्पन्ति ।]

राजा—[समन्ताद्विलोक्य] शून्यं खल्विदम् ।

[नेपथ्ये]

अविहा अविहा । अहं अत्त भवन्तं पेक्खामि । तुमं मं ण पेक्खसि । बिडालग्गहीदो मूसओ विअ णिरासो म्हि जीविदे संवुत्तो । (अविहा अविहा । अहमत्रभवन्तं पश्यामि । त्वं मां न पश्यसि । बिडालगृहीतो मूषक इव निराशोऽस्मि जीविते संवृत्तः ।)

राजा—भोस्तिरस्करिणीगर्वित ! मदीयमस्त्रं त्वां द्रक्ष्यति । एष तमिषुं संदधे ।

यो हनिष्यति वध्यं त्वां रक्ष्यं रक्षिष्यति द्विजम् ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः ॥ २८ ॥

[इत्यस्त्रं संधत्ते]

[नेपथ्यमें]

तेरे कंठके गरम रुधिरका प्यासा मैं तेरा उसी प्रकार वध किए डालता हूँ जैसे तड़पते हुए पशुको सिंह मार डालता है। अब आर्त न पीड़ितोंके रक्षक धनुषधारी दुष्यन्त तुझे बचावें ॥ २७ ॥

राजा—क्या तू मुझे भी चुनौती दे रहा है ? तो ठहर सड़ा माँस खानेवाले पिशाच ! मैं अभी तुझे मारे डालता हूँ। [धनुष चढ़ाकर] वेत्रवती ! चल तो आगे आगे सीढ़ीपर।

प्रतीहारी—इधरसे आइए देव, इधरसे।

[सबका वेगसे प्रस्थान]

राजा—[चारों ओर देखकर] यहाँ तो कहीं कोई भी नहीं दिखाई दे रहा है।

[नेपथ्यमें]

हाय ! हाय ! मैं आपको देख रहा हूँ, पर आप मुझे नहीं देख रहे हैं। मैं तो बिल्लीके पंजोंमें पड़े हुए चूहेके समान अपने प्राणोंसे हाथ धोए बैठा हूँ।

राजा—अच्छा रे छल विद्याके घमंडी ! अब मेरा बाण ही तुझे देख लेगा। देख ! मैं यह बाण चढ़ाता हूँ और जैसे हंस, पनियल दूधमें से दूध-दूध पी जाता है और पानी-पानी छोड़ देता है वैसे ही यह भी तुझ मारे जानेवालेको मार डालेगा और इस बचाए जानेवाले ब्राह्मणको बचा लेगा ॥ २८ ॥

[बाण चढ़ाता है]

राजा—केनात्तगन्धो माणवकः ।

प्रतीहारी—अदिट्ठरूवेण केण वि सत्तेण अदिक्कमिअ मेहप्पडिच्छन्दस्स पासादस्स अग्गभूमिं आरोविदो । (अदृष्टरूपेण केनापि सत्त्वेनातिक्रम्य मेघप्रतिच्छन्दस्याग्रभूमिमारोपितः।)

राजा—[उत्थाय] मा तावत् । ममापि सत्त्वैरभिभूयन्ते गृहाः ।

अथवा—

अहन्यहन्यात्मन एव तावज्ज्ञातुं प्रमादस्खलितं न शक्यम् ।
प्रजासु कः केन पथा प्रयातीत्यशेषतो वेदितुमस्ति शक्तिः ॥२६॥

[नेपथ्ये]

भो वअस्स अविहा अविहा । (भो वयस्य अविहा अविहा ।)

राजा—[गतिभेदेन परिक्रामन्] सखे ! न भेतव्यं न भेतव्यम् ।

[नेपथ्ये]

[पुनस्तदेव पठित्वा] कहं ण भाइस्सं । एस मं को वि पच्चवणदसिरोहरं इक्खुं विअ तिण्णभंगं करेदि । (कथं न भेष्यामि । एष मां कोऽपि प्रत्यवनतशिरोधरमिक्षुमिव त्रिभङ्गं करोति)

राजा—[सदृष्टिक्षेपम्] धनुस्तावत् ।

[प्रविश्य शार्ङ्गहस्ता]

यवनी—भट्टा एदं हत्थावावसहिदं सरासणं । (भर्तः एतद्धस्तावापसहितं शरासनम् ।)

[राजा सशरं धनुरादत्ते ।]

राजा—माधव्यको किसने सता रखा है ?

प्रतीहारी—किसी भूत-प्रेतने उन्हें पकड़कर मेघ-प्रतिच्छन्द-भवनके मुँडेरेपर ले जाकर टाँग दिया है ।

राजा—[उठकर] यह कैसे हो सकता है ? क्या मेरे घरमें भी भूत-प्रेत अड्डा जमाने लगे हैं ? पर यह हो भी सकता है—क्योंकि जब मनुष्य यही नहीं जानता कि वह स्वयं भूलसे नित्य कितने पाप कर बैठता है तो यह कैसे जाना जा सकता है कि प्रजामें कौन किस समय क्या कर रहा है ॥२६॥

[नेपथ्यमें]

दुहाई है मित्र, दुहाई !

राजा—[वेगसे घूमता हुआ] डरो मत मित्र, डरो मत ।

[नेपथ्यमें]

हाय, हाय ! डरूँ क्यों नहीं ! यहाँ कोई मेरे गलेको ईखके समान मरोड़कर तीन टुकड़े किए डाल रहा है ।

राजा—[चारों ओर देखता हुआ] अरे, धनुष तो ले आओ ।

[हाथमें धनुष लिए हुए प्रवेश करके]

यवनी—महाराज ! यह लीजिए धनुष और हथरखा ।

[राजा धनुष-बाण लेते हैं ।]

[नेपथ्ये]

एष त्वामभिनवकण्ठशोणितार्थी शार्दूलः पशुमिव हन्मि चेष्टमानम् ।
आर्तानां भयमपनेतुमात्तधन्वा दुष्यन्तस्तव शरणं भवत्विदानीम् ॥२७॥

राजा—[सरोषम्] कथं मामेवोद्दिशति । तिष्ठ कुणपाशन । त्वमिदानीं न भविष्यसि । [शार्ङ्गमारोप्य] वेत्रवति ! सोपानमार्गमादेशय ।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो । (इत इतो देवः ।)

[सर्वे सत्वरमुपसर्पन्ति ।]

राजा—[समन्ताद्विलोक्य] शून्यं खल्विदम् ।

[नेपथ्ये]

अविहा अविहा । अहं अत्त भवन्तं पेक्खामि । तुमं मं ण पेक्खसि । बिडालगहीदो मूसओ विअ णिरासो म्हि जीविदे संवुत्तो । (अविहा अविहा । अहमत्रभवन्तं पश्यामि । त्वं मां न पश्यसि । बिडालगृहीतो मूषक इव निराशोऽस्मि जीविते संवृत्तः ।)

राजा—भोस्तिरस्करिणीगर्वित ! मदीयमस्त्रं त्वां द्रक्ष्यति । एष तमिषुं संदधे ।

यो हनिष्यति वध्यं त्वां रक्ष्यं रक्षिष्यति द्विजम् ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः ॥ २८ ॥

[इत्यस्त्रं संधत्ते]

[नेपथ्यमें]

तेरे कंठके गरम रुधिरका प्यासा मैं तेरा उसी प्रकार वध किए डालता हूँ जैसे तड़पते हुए पशुको सिंह मार डालता है। अब आर्तों न पीड़ितोंके रक्षक धनुषधारी दुष्यन्त तुझे बचावें ॥ २७ ॥

राजा—क्या तू मुझे भी चुनौती दे रहा है ? तो ठहर सड़ा माँस खानेवाले पिशाच ! मैं अभी तुझे मारे डालता हूँ। [धनुष चढ़ाकर] वेत्रवती ! चल तो आगे-आगे सीढ़ीपर।

प्रतीहारी—इधरसे आइए देव, इधरसे।

[सबका वेगसे प्रस्थान]

राजा—[चारों ओर देखकर] यहाँ तो कहीं कोई भी नहीं दिखाई दे रहा है।

[नेपथ्यमें]

हाय ! हाय ! मैं आपको देख रहा हूँ, पर आप मुझे नहीं देख रहे हैं। मैं तो बिल्लीके पंजोंमें पड़े हुए चूहेके समान अपने प्राणोंसे हाथ धोए बैठा हूँ।

राजा—अच्छा रे छल विद्याके घमंडी ! अब मेरा बाण ही तुझे देख लेगा। देख ! मैं यह बाण चढ़ाता हूँ और जैसे हंस, पनियल दूधमें से दूध-दूध पी जाता है और पानी-पानी छोड़ देता है वैसे ही यह भी तुझ मारे जानेवालेको मार डालेगा और इस बचाए जानेवाले ब्राह्मणको बचा लेगा ॥ २८ ॥

[बाण चढ़ाता है]

राजा—केनासत्वगन्धो माणवकः ।

प्रतीहारी—अदिट्ठरूवेण केण वि सत्तेण अदिक्कमिअ मेहप्पडिच्छन्दस्स पासादस्स अग्गभूमि आरोविदो । (अदृष्टरूपेण केनापि सत्त्वेनातिक्रम्य मेघप्रतिच्छन्दस्याग्रभूमिमारोपित ।)

राजा—[उत्थाय] मा तावत् । ममापि सत्त्वैरभिभूयन्ते गृहाः ।

अथवा—

अहन्यहन्यात्मन एव तावज्ज्ञातुं प्रमादस्खलितं न शक्यम् ।
प्रजासु कः केन पथा प्रयातीत्यशेषतो वेदितुमस्ति शक्तिः ॥२६॥

[नेपथ्ये]

भो वअस्स अविहा अविहा । (भो वयस्य अविहा अविहा ।)

राजा—[गतिभेदेन परिक्रामन्] सखे ! न भेतव्यं न भेतव्यम् ।

[नेपथ्ये]

[पुनस्तदेव पठित्वा] कहं ण भाइस्सं । एस मं को वि पच्चवणदसिरोहरं इक्खुं विअ तिण्णभङ्गं करेदि । (कथं न भेष्यामि । एष मां कोऽपि प्रत्यवनतशिरोधरमिक्षुमिव त्रिभङ्गं करोति)

राजा—[सदृष्टिक्षेपम्] धनुस्तावत् ।

[प्रविश्य शाङ्गहस्ता]

यवनी—भट्टा एदं हत्थावावसहिदं सरासणं । (भर्तः एतद्धस्तावापसहितं शरासनम् ।)

[राजा सशरं धनुरादत्ते ।]

राजा—माधव्यको किसने सता रखा है ?

प्रतीहारी—किसी भूत-प्रेतने उन्हें पकड़कर मेघ-प्रतिच्छन्द-भवनके मुँडेरेपर ले जाकर टाँग दिया है ।

राजा—[उठकर] यह कैसे हो सकता है ? क्या मेरे घरमें भी भूत-प्रेत अड्डा जमाने लगे हैं ? पर यह हो भी सकता है—क्योंकि जब मनुष्य यही नहीं जानता कि वह स्वयं भूलसे नित्य कितने पाप कर बैठता है तो यह कैसे जाना जा सकता है कि प्रजामें कौन किस समय क्या कर रहा है ॥२६॥

[नेपथ्यमें]

दुहाई है मित्र, दुहाई ।

राजा—[वेगसे घूमता हुआ] डरो मत मित्र, डरो मत ।

[नेपथ्यमें]

हाय, हाय ! डरूँ क्यों नहीं ! यहाँ कोई मेरे गलेको ईखके समान मरोड़कर तीन टुकड़े किए डाल रहा है ।

राजा—[चारों ओर देखता हुआ] अरे, धनुष तो ले आओ ।

[हाथमें धनुष लिए हुए प्रवेश करके]

यवनी—महाराज ! यह लीजिए धनुष और हथरखा ।

[राजा धनुष-बाण लेते हैं ।]

[नेपथ्ये]

एष त्वामभिनवकण्ठशोणितार्थी शार्दूलः पशुमिव हन्मि चेष्टमानम् ।
आर्तानां भयमपनेतुमात्तधन्वा दुष्यन्तस्तव शरणं भवत्विदानीम् ॥२७॥

राजा—[सरोषम्] कथं मामेवोद्दिशसि । तिष्ठ कुणपाशन । त्वमिदानीं न भविष्यसि । [शार्ङ्गमारोप्य] वेत्रवति ! सोपानमार्गमादेशय ।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो । (इत इतो देवः ।)

[सर्वे सत्वरमुपसर्पन्ति ।]

राजा—[समन्ताद्विलोक्य] शून्यं खल्विदम् ।

[नेपथ्ये]

अविहा अविहा । अहं अत्त भवन्तं पेक्खामि । तुमं मं ण पेक्खसि । बिडालग्गहीदो मूसओ विअ णिरासो म्हि जीविदे संवुत्तो । (अविहा अविहा । अहमत्रभवन्तं पश्यामि । त्वं मां न पश्यसि । बिडालगृहीतो मूषक इव निराशोऽस्मि जीविते संवृत्तः ।)

राजा—भोस्तिरस्करिणीगर्वित ! मदीयमस्त्रं त्वां द्रक्ष्यति । एष तमिषुं संदधे ।

यो हनिष्यति वध्यं त्वां रक्ष्यं रक्षिष्यति द्विजम् ।
हंसो हि क्षीरमादत्ते तन्मिश्रा वर्जयत्यपः ॥ २८ ॥

[इत्यस्त्रं संधत्ते]

[नेपथ्यमे]

तेरे कंठके गरम रुधिरका प्यासा मैं तेरा इसी प्रकार वध किए डालता हूँ जैसे तड़पते हुए पशुको सिंह मार डालता है। अब आवें न पीड़ितोंके रक्षक धनुषधारी दुष्यन्त तुझे बचाने ॥ २७ ॥

राजा—क्या तू मुझे भी चुनौती दे रहा है ? तो ठहर सड़ा माँस खानेवाले पिशाच ! मैं अभी तुझे मारे डालता हूँ। [धनुष चढ़ाकर] वेत्रवती ! चल तो आगे आगे सीढ़ीपर।

प्रतीहारी—इधरसे आइए देव, इधरसे।

[सबका वेगसे प्रस्थान]

राजा—[चारों ओर देखकर] यहाँ तो कहीं कोई भी नहीं दिखाई दे रहा है।

[नेपथ्यमे]

हाय ! हाय ! मैं आपको देख रहा हूँ, पर आप मुझे नहीं देख रहे हैं। मैं तो बिल्लीके पंजोंमें पड़े हुए चूहेके समान अपने प्राणोंसे हाथ धोए बैठा हूँ।

राजा—अच्छा रे छल विद्याके घमंडी ! अब मेरा बाण ही तुझे देख लेगा। देख ! मैं यह बाण चढ़ाता हूँ और जैसे हंस, पानियल दूधमें से दूध-दूध पी जाता है और पानी-पानी छोड़ देता है-वैसे ही यह भी तुझ मारे जानेवालेको मार डालेगा और इस बचाए जानेवाले ब्राह्मणको बचा लेगा ॥ २८ ॥

[बाण चढ़ाता है]

[ततः प्रविशति विदूषकमुत्सृज्य मातलिः ।]

मातलिः—

कृतः शरव्यं हरिणा तवासुराः शरासनं तेषु विकृष्यतामिदम् ।
प्रसादसौम्यानि सतां सुहृज्जने पतन्ति चक्षूंषि न दारुणाः शराः ॥ २९ ॥

राजा—[ससम्भ्रममस्त्रमुपसंहरन्] अये मातलिः । स्वागतं महेन्द्रसारथे !

[प्रविश्य]

विदूषकः—अहं जेण इट्ठिपसुमारं मारिदो सो इमिणा साअदेण अहिणन्दीअदि । (अहं येनेष्टिपशुमारं मारितः सोऽनेन स्वागतेनाभिनन्द्यते ।)

मातलिः—[सस्मितम्] आयुष्मन् ! श्रूयतां यदर्थमस्मि हरिणा भवत्सकाशं प्रेषितः ।

राजा—अवहितोऽस्मि ।

मातलिः—अस्ति कालनेमिप्रसूतिर्दुर्जयो नाम दानवगणः ।

राजा—अस्ति । श्रुतपूर्वं मया नारदात् ।

मातलिः—

सख्युस्ते स किल शतक्रतोरजय्यस्तस्य त्वं रणशिरसि स्मृतो निहन्ता ।
उच्छेत्तुं प्रभवति यन्न सप्तसप्तिस्तन्नैशं तिमिरमपाकरोति चन्द्रः ॥ ३० ॥

स भवानात्तशस्त्र एव इदानीं तमैन्द्ररथमारुह्य विजयाय प्रतिष्ठताम् ।

[विदूषकको छोड़कर मातलिका प्रवेश]

मातलि—इन्द्रने राक्षसोंके मारनेका काम आपको सौंपा है । अब आप उन राक्षसोंपर ही धनुष तानकर अपने बाण चलाइए क्योंकि सज्जन लोग अपने मित्रोंपर बाण नहीं बरसाते, अपनी कृपा बरसाते हैं ॥ २९ ॥

राजा—[बाण उतारता हुआ] कौन ? मातलि ? आओ, स्वागत है इन्द्रके सारथी !

विदूषक—[प्रवेश करके] अरे ! जो मुझे बलिपशुके समान मारे डाल रहा था उसका यहाँ स्वागत किया जा रहा है ।

मातलि—[मुस्कुराकर] आयुष्मन् ! इन्द्रने मुझे जिस कामसे आपके पास भेजा है वह पहले सुन लीजिए ।

राजा—हाँ कहिए, मैं सुन रहा हूँ ।

मातलि—कालनेमिके वंशवाले दानवोंका एक ऐसा दल बन गया है जो हराए नहीं हार रहा है ।

राजा—हाँ, नारद मुनिने मुझसे बहुत दिन हुए बताया था ।

मातलि—आपके मित्र इन्द्र उन्हें जीत नहीं पा रहे हैं । अब यही समझा गया है कि आप ही उन्हें रणक्षेत्रमें पछाड़ सकते हैं, क्योंकि रातके जिस अँधेरेको सूर्य नहीं दूर कर सकता उसे चन्द्रमा ही हरता है ॥ ३० ॥ अब आप यह धनुष-बाण लिए-लिए इसी इन्द्रके रथपर चढ़कर विजयके लिये चले चलिए ।

राजा—अनुगृहीतोऽहमनया मघवतः संभावनया। अथ माधव्यं प्रति भवता किमेवं प्रयुक्तम्।

मातलिः—तदपि कथ्यते। किंचिन्निमित्तादपि मनःसंतापादायुष्मान्मया विक्लवो दृष्टः। पश्चात्कोपयितुमायुष्मन्तं तथा कृतवानस्मि। कुतः।

ज्वलति चलितेन्धनोऽग्निर्विप्रकृतः पन्नगः फणां कुरुते।
प्रायः स्वं महिमानं क्षोभात्प्रतिपद्यते हि जनः ॥३१॥

राजा—[जनान्तिकम्] वयस्य अनतिक्रमणीया दिवस्पतेराज्ञा। तदत्र परिगतार्थं कृत्वा मद्वचनादमात्यपिशुनं ब्रूहि—

त्वन्मतिः केवला तावत्परिपालयतु प्रजाः।
अधिज्यमिदमन्यस्मिन्कर्मणि व्यापृतं धनुः ॥३२॥

इति

विदूषक—जं भवं आणवेदि। (यद्भवानाज्ञापयति।) [इति निष्क्रान्तः।]

मातलिः—आयुष्मान् रथमारोहतु।

[राजा रथाधिरोहणं नाटयति।]

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे।]

॥ इति षष्ठोऽङ्कः ॥

राजा—भगवान् इन्द्रने यह सम्मान देकर मुझ पर बड़ा अनुग्रह किया है। पर यह तो बताइए कि आपने माधव्यके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया था।

मातलि—यह भी बताता हूँ। मैंने आकर देखा कि आपका मन न जाने क्यों बड़ा दुखी हो रहा है। इसलिये आपका क्रोध जगानेके लिये मैंने यही ठीक समझा। क्योंकि आग तभी जगती है जब ईंधनको हिला-डुला दिया जाय, और साँप भी अपना फन उठाकर तभी फुफकारता है जब उसे कोई छेड़ दे। इसी प्रकार मनुष्यको भी जबतक कोई उकसाकर भड़का न दे तबतक वह अपना तेज नहीं दिखला पाता ॥३१॥

राजा—[विदूषकसे] वयस्य! इन्द्र भगवान्की आज्ञा टाली तो जा नहीं सकती। इसलिये अमात्य पिशुनको यह सब समाचार सुना देना और मेरी ओरसे उनसे यह कह देना कि—जबतक मेरा धनुष उधर दूसरे कामसे फँसा हुआ है तब तक अपनी बुद्धिसे ही प्रजाका पालन करें ॥३२॥

विदूषक—जैसी आपकी आज्ञा। [जाता है।]

मातलि—चलें, आयुष्मान् रथपर चढ़ जायें।

[राजा रथपर चढ़नेका नाट्य करते हैं।]

[सबका प्रस्थान]

॥ छठा अंक समाप्त ॥

सप्तमोऽङ्कः

[ततः प्रविशत्याकाशयानेन रथाधिरूढो राजा मातलिश्च ।]

राजा—मातले ! अनुष्ठितनिदेशोऽपि मघवतः सत्क्रियाविशेषादनुपयुक्तमिवात्मानं समर्थये ।

मातलि—[सस्मितम्] आयुष्मन् ! उभयमप्यपरितोषं समर्थये ।

प्रथमोपकृतं मरुत्वतः प्रतिपत्त्या लघु मन्यते भवान् ।
गणयत्यवदानविस्मितो भवतः सोऽपि न सत्क्रियागुणान् ॥१॥

राजा—मातले ! मा मैवम् । स खलु मनोरथानामप्यभूमिर्विसर्जनावसरसत्कारः मम हि दिवौकसां समक्षमर्धासनोपवेशितस्य—

अन्तर्गतप्रार्थनमन्तिकस्थं जयन्तमुद्वीक्ष्य कृतस्मितेन ।
आमृष्टवक्षोहरिचन्दनाङ्का मन्दारमाला हरिणा पिनद्धा ॥२॥

मातलि—किमिव नामायुष्मानमरेश्वरान्नार्हति । पश्य—

सप्तम अङ्क

[आकाशमें रथपर चढ़े हुए राजा दुष्यन्त और मातलि दिखाई देते हैं ।]

राजा—मातलि ! यद्यपि मैंने भगवान् इन्द्रकी आज्ञाका पालन मात्र किया था, पर जैसी धूम-धामसे उन्होंने मेरा स्वागत सत्कार किया उसके सामने तो मेरी सेवा कुछ भी नहीं थी ।

मातलि—[मुसकरा कर] आयुष्मन् ! मैं तो समझता हूँ कि आप दोनोंका ही मन एक दूसरे का आदर करके भरा नहीं । राजन् ! इन्द्रका इतना बड़ा काम करके भी आप जो अपनी सेवाको तुच्छ समझ रहे हैं, उसका कारण यही है कि आप भगवान् इन्द्रको बड़प्पन देना चाहते हैं । और वे भी आपकी वीरतासे इतने अचरजमें भर गए हैं कि आपका इतना सम्मान करके भी वे समझ रहे हैं कि आपका ठीक-ठीक आदर हो नहीं पाया ॥१॥

राजा—नहीं मातलि ! यह बात नहीं है ! यहाँ से चलते समय मेरा जो सत्कार हुआ है उतने सम्मानकी तो कोई कल्पना भी नहीं कर सकता । उन्होंने देवताओंके सामने ही मुझे अपने आधे सिंहासनपर बिठा लिया और अपनी छातीपर शोभा देती हुई हरिचन्दन लगी हुई यह मन्दारकी माला अपने गलेसे उतारकर मुस्कराते हुए मेरे गलेमें डाल दी जिसे पानेके लिये जयन्त ललचाई आँखों से देख रहा था ॥२॥

मातलि—मुझे बताइए ऐसा कौनसा सम्मान है जो देवराज इन्द्रके हाथ आप नहीं पा

सुखपरस्य हरेरुभयैः कृतं त्रिदिवमुद्धृतदानवकण्टकम् ।
तव शरैरधुना नतपर्वभिः पुरुषकेसरिणश्च पुरा नखैः ॥३॥

राजा—अत्र खलु शतक्रतोरेव महिमा स्तुत्यः ।

सिध्यन्ति कर्मसु महत्स्वपि यन्नियोज्याः
संभावनागुणमवेहि तमीश्वराणाम् ।
किं वाऽभविष्यदरुणस्तमसां विभेत्ता
तं चेत्सहस्रकिरणो धुरि नाकरिष्यत् ॥४॥

मातलि—सदृशमेवैतत् । [स्तोकमन्तरमतीत्य] इत पश्य नाकपृष्ठप्रतिष्ठितस्य सौभाग्यमात्मयशसः ।

विच्छित्तिशेषैः सुरसुन्दरीणां वर्णैरमी कल्पलतांऽशुकेषु ।
विचिन्त्य गीतक्षममर्थजातं दिवौकसस्त्वच्चरितं लिखन्ति ॥५॥

राजा—मातले ! असुरसंप्रहारोत्सुकेन पूर्वेद्युर्दिवमधिरोहता मया न लक्षितः स्वर्गमार्गः । कतमस्मिन्मरुतां पथि वर्तामहे ।

मातलिः—

त्रिस्रोतसं वहति यो गगनप्रतिष्ठां ज्योतींषि वर्तयति च प्रविभक्तरश्मिः ।

सकते । देखिए—सदा सुखका जीवन बितानेवाले इन्द्रके लिये दो ही तो ऐसे हुए हैं जिन्होंने राक्षस-रूपी काँटे स्वर्गसे उखाड़ फेंके हैं—एक तो नृसिंह भगवान् थे जिन्होंने अपने नखोंसे देवताओंके शत्रु हिरण्यकशिपुका पेट फाड़ डाला था और दूसरे आप हैं जिन्होंने इस बार अपने चिकने-चिकने जोड़वाले बाणोंसे शत्रुओंको मार भगाया है ॥३॥

राजा—यह सब तो भगवान् इन्द्रकी ही महिमाका फल है । यदि कोई सेवक बहुत बड़ा काम करके आवे तो यही समझना चाहिए कि स्वामीने वह काम सौंपकर उसे जो बड़ा भारी सम्मान दे दिया था उसीका यह फल है । यदि सूर्य, आगे-आगे अरुणको न ले चले तो भला अरुणमें इतनी शक्ति कहाँ कि वह अँधेरेको दूर भगा सके ॥४॥

मातलि—ऐसी बातें कहना आपका बड़प्पन है । [थोड़ी दूर चलकर] आयुष्मन् ! इधर स्वर्गमें फैली हुई अपनी कीर्तिको धाक तो देखिए ।—देवता लोग आपके पराक्रमके गीत बना-बनाकर कल्पवृक्षके कपड़ोंपर उन रंगोंसे लिख रहे हैं जो अप्सराओंके सिंगारसे बचे रह गए हैं ॥५॥

राजा—मातलि ! मैं जब आया था तब राक्षसोंसे युद्ध करनेके ध्यानमें इतना मग्न था कि उस बार स्वर्गका मार्ग भली भाँति देख ही नहीं पाया था । अच्छा यह तो बताओ कि हम लोग इस समय पवनके किस तलमें चल रहे हैं ?

मातलि—यह वही तल है जिसे लोग कहते हैं कि वामन भगवानने अपने दूसरे पगसे मापकर पवित्र कर दिया है । यहाँ परिवह नामका वह पवन चला करता है जिसमें आकाश-

तस्य द्वितीयहरिविक्रमनिस्तमस्कं वायोरिमं परिवहस्य वदन्ति मार्गम् ॥६॥

राजा—मातले ! अतः खलु सबाह्यान्तःकरणो ममान्तरात्मा प्रसीदति । [रथाङ्गमवलोक्य] मेघपदवीमवतीर्णौ स्वः ।

मातलिः—कथमवगम्यते ।

राजा—

अयमरविवरेभ्यश्चातकैर्निष्पतद्भिर्हरिभिरचिरभासां तेजसा चानुलिप्तैः ।
गतमुपरि घनानां वारिगर्भोदराणां पिशुनयति रथस्ते शीकरक्लिन्ननेमिः ॥७॥

मातलिः—क्षणादायुष्मान्स्वाधिकारभूमौ वर्तिष्यते ।

राजा—[अधोऽवलोक्य] मातले ! वेगावतरणादाश्चर्यदर्शनः संलक्ष्यते मनुष्यलोकः । तथा हि—

शैलानामवरोहतीव शिखरादुन्मज्जतां मेदिनी
पर्णस्वान्तरलीनतां विजहति स्कन्धोदयात्पादपाः ।
संतानैस्तनुभावनष्टसलिला व्यक्तिं भजन्त्यापगाः
केनाप्युत्क्षिपतेव पश्य भुवनं मत्पार्श्वमानीयते ॥८॥

मातलिः—साधु दृष्टम् । [सबहुमानमवलोक्य] अहो उदाररमणीया पृथिवी ।

राजा—मातले ! कतमोऽयं पूर्वापरसमुद्रावगाढः कनकरसनिष्यन्दी सांध्य इव मेघपरिघः सानुमानालोक्यते।

मातलिः—आयुष्मन् ! एष खलु हेमकूटो नाम किंपुरुषपर्वतस्तपः संसिद्धिक्षेत्रम्। पश्य—

स्वायंभुवान्मरीचेर्यः प्रबभूव प्रजापतिः।
सुरासुरगुरुः सोऽत्र सपत्नीकस्तपस्यति ॥ ९ ॥

राजा—तेन ह्यनतिक्रमणीयानि। श्रेयांसि प्रदक्षिणीकृत्य भगवन्तं गन्तुमिच्छामि।

मातलिः—प्रथमः कल्पः।

[नाट्येनावतीर्णौ]

राजा—[सविस्मयम्]—

उपोढशब्दा न रथाङ्गनेमयः प्रवर्तमानं न च दृश्यते रजः।
अभूतलस्पर्शतयानिरुन्धतस्तवावतीर्णोऽपि रथो न लक्ष्यते ॥१०॥

मातलिः—एतावानेव शतक्रतोरायुष्मतश्च विशेषः।

राजा—मातले ! कतस्मिन्प्रदेशे मारीचाश्रमः।

मातलिः—[हस्तेन दर्शयन्]—

वल्मीकार्धनिमग्नमूर्तिरुरसा संदष्टसर्पत्वचा
कण्ठे जीर्णलताप्रतानवलयेनात्यर्थसंपीडितः।

राजा—मातलि ! बताओ तो, यह पूर्व और पश्चिमके समुद्रोतक फैला हुआ, सुनहरी धारा बहानेवाला और सन्ध्याके मेघोंकी भीतके समान लम्बा-चौड़ा कौन सा पहाड़ दिखाई दे रहा है ?

मातलि—आयुष्मान् ! यह तो हेमकूट नामक पहाड़ है जिसमे किन्नर लोग रहते हैं और जहाँ तपस्या करनेवालोंको शीघ्र ही सिद्धि मिल जाया करती है। देखिए, यहाँ देवताओं और दानवोंके पिता स्वयम्भूमरीचके पुत्र प्रजापति कश्यप अपनी पत्नीके साथ बैठे तपस्या कर रहे हैं ॥ ९॥

राजा—तब तो हाथमे आया सौभाग्य छोड़ना नहीं चाहिए। मैं चाहता हूं कि भगवान् कश्यपकी प्रदक्षिणा कर लूं तब जाऊँ।

मातलि—यह तो आपने ठीक सोचा।

[दोनों उतरनेका नाट्य करते हैं।]

राजा—[आश्चर्यसे] अरे ! तुम्हारा रथ कब नीचे उतर आया यह तो जान ही नहीं पड़ा क्योंकि पृथ्वीसे न छूनेके कारण न तो इसके पहियोंकी घरघराहट ही सुनाई दी, न धूल ही उड़ी और न तुमने रास ही खींची ॥ १० ॥

मातलि—आयुष्मान्‌के और इन्द्रके रथमे बस यही तो अन्तर है।

राजा—मातलि ! मरीचिके पुत्र कश्यपका आश्रम किधर है ?

मातलि—[हाथसे दिखलाते हुए] वह रहा कश्यप ऋषिका आश्रम, जहाँ वे ऐसी तपस्या

अंसव्यापि शकुन्तनीडनिचितं बिभ्रज्जटामण्डलं
यत्र स्थाणुरिवाचलो मुनिरसावभ्यर्कबिम्बं स्थितः ॥ ११ ॥

राजा—नमोऽस्मै कष्टतपसे ।

मातलिः—[संयतप्रग्रहं रथं कृत्वा] महाराज एतावदितिपरिवर्धितमन्दारवृक्षं प्रजापतेराश्रमं प्रविष्टौ स्वः ।

राजा—स्वर्गादधिकतरं निर्वृतिस्थानम् । अमृतह्रदमिवावगाढोऽस्मि ।

मातलिः—[रथं स्थापयित्वा] अवतरत्वायुष्मान् ।

राजा—[अवतीर्य] मातले । भवान्कथमिदानीम् ।

मातलिः—संयन्त्रितो मया रथः । वयमप्यवतरामः । [तथा कृत्वा] इत आयुष्मन् । [परिक्रम्य] दृश्यन्तामत्रभवतामृषीणां तपोवनभूमयः ।

राजा—ननु विस्मयादवलोकयामि ।

प्राणानामनिलेन वृत्तिरुचिता सत्कल्पवृक्षे वने
तोये काञ्चनपद्मरेणुकपिशे धर्माभिषेकक्रिया ।

कर रहे हैं कि उनके आधे शरीर तक दीमकोंने बाँबी उठा ली है, छातीपर साँपकी केंचुलियाँ छुटी पड़ी हैं, गलेमें सूखी हुई बेलें उलझी हुई हैं, कन्धोंतक लटकी हुई जटाओंमें चिड़ियोंने घोंसले बना लिए हैं और सूखे पेड़के ठूँठके समान अचल होकर वे सूर्यपर आँखें जमाए बैठे हैं ॥ ११ ॥

राजा—ऐसी कठोर तपस्या करनेवाले महात्माको मैं प्रणाम करता हूँ।

मातलि—[रास खींचकर और रथ रोककर] महाराज ! हम लोग प्रजापति कश्यपके आश्रममें पहुँच गए हैं। यह देखिए, यह सुन्दर मन्दारके वृक्षोंकी पाँत अदितिने अपने हाथसे लगाई है।

राजा—यहाँ तो स्वर्गसे भी बढ़कर शान्ति फैली हुई है। ऐसा जान पड़ता है मानो मैं अमृत-कुण्डमें कूद पड़ा होऊँ।

मातलि—[रथ रोककर] उतरें आयुष्मान् !

राजा—[उतरकर] मातलि ! अब आप क्या करेंगे ?

मातलि—मैंने भली भाँति रथ रोक लिया है। मैं भी आपके साथ ही उतर रहा हूँ। [उतरकर] इधरसे आइए आयुष्मन् ! [घूमते हुए] आइए, यहाँ ऋषियोंकी तपोभूमि देखिए।

राजा—सचमुच मुझे तो यह देखकर बड़ा अचरज हो रहा है कि यहाँ ये तपस्वी लोग उन कल्पवृक्षोंके बीचमें बैठकर तपस्या कर रहे हैं जिन्हें पानेके लिये दूसरे ऋषि लोग तपस्या किया करते हैं। यहाँ पर ये लोग कल्पवृक्षोंसे बहता वायु पी-पीकर जीते हैं, सुनहरे कमलके

मा क्खु चावलं करेहि। कहं गदो जेव्व अत्तणो पकिदिं। (मा खलु चापलं कुरु। कथं गत एवात्मनः प्रकृतिम्।)

राजा—[कर्णं दत्त्वा] अभूमिरियमविनयस्य। को नु खल्वेष निषिध्यते। [शब्दानुसारेणावलोक्य सविस्मयम्] अये को नु खल्वयमनुबध्यमानस्तपस्विनीभ्यामबालसत्त्वो बालः।

अर्धपीतस्तनं मातुरामर्दक्लिष्टकेसरम्।
प्रक्रीडितुं सिंहशिशुं बलात्कारेण कर्षति ॥१४॥

[ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टकर्मा तपस्विनीभ्यां सह बालः।]

बालः—जिम्भ सिङ्घ दन्ताइं दे गणइस्सं। (जृम्भस्व सिंह दन्तांस्ते गणयिष्ये।)

प्रथमा—अविणीद किं णो अपच्चणिव्विसेसाणि सत्ताणि विप्पअरेसि। हन्त वड्ढइ दे संरम्भो। ठाणे क्खु इसिजणेण सव्वदमणो त्ति किदणामहेओ सि। (अविनीत! किं नोऽपत्यनिर्विशेषाणि सत्त्वानि विप्रकरोषि। हन्त। वर्धते ते संरम्भः। स्थाने खलु ऋषिजनेन सर्वदमन इति कृतनामधेयोऽसि।)

राजा—किं नु खलु बालेऽस्मिन्नौरस इव पुत्रे स्निह्यति मे मनः। नूनमनपत्यता मां वत्सलयति।

द्वितीया—एसा क्खु केसरिणी तुमं लङ्घेदि जइ से पुत्तअं ण मुञ्चेसि। (एषा खलु केसरिणी त्वां लङ्घिष्यति यदि तस्याः पुत्रकं न मुञ्चसि।)

बस नटखटपन न कर। क्यों? तू फिर अपने स्वभाव पर उतर आया?

राजा—[कान लगाकर] अरे, यहाँ तो नटखटपन होना ही नहीं चाहिए फिर यहाँ कौन किसे डाँट रहा है? [जिधरसे बोली सुनाई देती है उधर देखकर आश्चर्यसे] अरे, यह कौन पराक्रमी बालक है जिसके पीछे पीछे दो तपस्विनियाँ चली आ रही हैं और जो—अपने खेलनेके लिये सिंहनीके स्तनोंसे आधा दूध पिए हुए सिंहनीके बच्चेको खेलनेके लिये बलपूर्वक घसीटे लिए चला आ रहा है जिसके केसर इस खींचा-तानीमें छितरा गए हैं ॥१४॥

[ऊपर कही हुई दशामें तपस्विनियोंके साथ बालकका प्रवेश]

बालक—खोल ले (रे) सिंघ (सिंह) अपना मुँह। मैं तेले (तेरे) दाँत गिनूँगा।

पहली—अरे नटखट! जिन पशुओंको हम लोगोंने अपनी सन्तानके समान पाल रक्खा है उन्हें तू क्यों इतना सताया करता है? क्या कहें, तेरा नटखटपन दिन-दिन बढ़ता ही जा रहा है। ऋषियोंने तेरा नाम ठीक ही सर्वदमन रख छोड़ा है।

राजा—इस बालकपर मेरे मनमें वैसा ही प्रेम हो रहा है मानो यह मेरा अपना ही पुत्र हो। पर जान पड़ता है कि पुत्र न होनेके कारण ही मेरे मनमें यह वात्सल्य प्रेम उमड़ आया है।

दूसरी—इसके बच्चेको तू नहीं छोड़ेगा तो यह सिंहिनी तेरे ऊपर झपट पड़ेगी।

बालः—[सस्मितम्] अम्हहे बलिअं क्खु भीदो म्हि। (अहो बलीयः खलु भीतोऽस्मि।) [इत्यधरं दर्शयति।]

राजा—महतस्तेजसो बीजं बालोऽयं प्रतिभाति मे।
स्फुलिङ्गावस्थया वह्निरेधापेक्ष इव स्थितः ॥१५॥

प्रथमा—वच्छ एदं बालमिइन्दअं मुञ्च। अवरं दे कीलणअं दाइस्सं। (वत्स एनं बालमृगेन्द्रं मुञ्च। अपरं ते क्रीडनकं दास्यामि।)

बालः—कहिं। देहि णं। (कुत्र। देह्येतत्।) [इति हस्तं प्रसारयति।]

राजा—कथम्। चक्रवर्तिलक्षणमप्यनेन धार्यते। तथा ह्यस्य—

प्रलोभ्यवस्तुप्रणयप्रसारितो विभाति जालग्रथिताङ्गुलिः करः।
अलक्ष्यपत्रान्तरमिद्धरागया नवोषसा भिन्नमिवैकपङ्कजम् ॥१६॥

द्वितीया—सुव्वदे। ण सक्को एसो वाआमत्तेण विरमइदुं। गच्छ तुमं। ममकेरए उडए मक्कण्डेअस्स इसिकुमारअस्स वण्णचित्तिदो मित्तिआमोरओ चिट्ठदि। तं से उवहर। (सुव्रते! न शक्य एष वाचामात्रेण विरमयितुम्। गच्छ त्वम्। मदीये उटजे मार्कण्डेयस्यर्षिकुमारस्य वर्णचित्रितो मृत्तिकामयूरस्तिष्ठति। तमस्योपहर।)

प्रथमा—तह। (तथा) [इति निष्क्रान्ता।]

बालः—इमिणा एव्व दाव कीलिस्सं। (अनेनैव तावत्क्रीडिष्यामि।) [इति तापसी विलोक्य हसति।]

बालक—[मुस्कराते हुए] अले (अरे) मैं तो वला (बड़ा) दल (डर) गया हूँ। [ओठ निकालकर मुँह बनाता है।]

राजा यह बालक तो मुझे बड़े तेजस्वीका पुत्र जान पड़ता है और उस चिनगारी के रूपमें रहने वाली अग्निके समान दिखाई पड़ रहा है जो भड़क उठनेके लिये बस ईंधनकी बाट देख रही हो ॥१५॥

पहली—वत्स! इस सिंहके बच्चेको छोड़ दे। मैं तुझे और खिलौना लाए देती हूँ।

[हाथ फैलाता है]

बालक—कहाँ है? लाओ दो।

राजा—अरे, इसके हाथमें तो चक्रवर्तियोंके भी लक्षण दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि—खिलौनेके लोभसे फैलाया हुआ यह जालके समान मिली हुई उँगलियों-वाला इसका हाथ उस अकेले कमलके जैसा दिखाई दे रहा है जो प्रातःकालकी लालीसे चमक रहा हो और जिसकी पंखड़ियाँ अभी पूरी खुल भी न पाई हों ॥१६॥

दूसरी—सुव्रता! यह बातोंसे नहीं फुसलाया जा सकता। तू जा, मेरी कुटीमें जो ऋषि-कुमार मार्कण्डेयका रँगा हुआ मिट्टीका मोर रखा है, उसे उठाती ला।

पहली—अच्छा। [जाती है]

बालक—थोल (और) तवतक मैं इछीछे (इसीसे) खेलता हूँ। [यह कहकर तपस्विनीको देखकर हँस देता है।]

राजा—स्पृहयामि खलु दुर्ललितायास्मै ।

आलक्ष्यदन्तमुकुलाननिमित्तहासैरव्यक्तवर्णरमणीयवचःप्रवृत्तीन् ।
अङ्काश्रयप्रणयिनस्तनयान्वहन्तो धन्यास्तदङ्गरजसा मलिनीभवन्ति ॥१७॥

तापसी—होदु । ण मं अअं गणेदि । [पार्श्वमवलोकयति] को एत्थ इसिकुमाराणं । [राजानमवलोक्य] भद्दमुह ! एहि दाव । मोएहि इमिणा दुम्मोअहत्थग्गहेण डिम्भलीलाए बाहीअमाणं बालमिइन्दअं । (भवतु । न मामयं गणयति । कोऽत्र ऋषिकुमाराणाम् । भद्रमुख ! एहि तावत् । मोचयानेन दुर्मोकहस्तग्रहेण डिम्भलीलया बाध्यमानं बालमृगेन्द्रम् ।)

राजा—[उपगम्य । सस्मितम्] अयि भो महर्षिपुत्र !

एवमाश्रमविरुद्धवृत्तिना संयमः किमिति जन्मतस्त्वया ।
सत्त्वसंश्रयसुखोऽपि दूष्यते कृष्णसर्पशिशुनेव चन्दनः ॥१८॥

तापसी—भद्दमुह ! ण क्खु अअं इसिकुमारओ । (भद्रमुख ! न खल्वयमृषिकुमारः ।)

राजा—आकारसदृशं चेष्टितमेवास्य कथयति । स्थानप्रत्ययात् वयमेवं तर्किणः । [यथाऽभ्यर्थितमनुतिष्ठन्बालस्पर्शमुपलभ्य, आत्मगतम्]

अनेन कस्यापि कुलांकुरेण स्पृष्टस्य गात्रेषु सुखं ममैवम् ।
कां निर्वृतिं चेतसि तस्य कुर्याद्यस्यायमङ्गात्कृतिनः प्ररूढः ॥१९॥

राजा—मुझे तो यह नटखट बालक न जाने क्यों बड़ा प्यारा लगता है। वह भाग्यवान् धन्य है जिसकी गोदमें बैठकर यह स्वभावसे हँस मुख, कलीके समान कुछ-कुछ झलकते हुए दाँतोंवाला और तुतला-तुतला कर बातें करनेवाला बालक अपने अंगकी धूल उसके अंगमें लगाता होगा ॥१७॥

तपस्विनी—अरे ! यह तो मेरी बात सुनता ही नहीं । [इधर-उधर देखकर] अरे कोई ऋषिकुमार यहाँ है ? [राजाको देखकर] हे भद्र ! तनिक आप ही आकर इस बालकके हाथसे इस सिंहके बच्चेको छुड़ा दीजिए। इसने इसे ऐसा कसकर पकड़ रक्खा है कि मेरे हाथसे तो छुड़ाए नहीं छूटता ।

राजा—[पास जाकर मुस्कराहटके साथ] अरे, ए महर्षिकुमार ! तुम यहाँ आश्रमके नियमोंसे उल्टा काम क्यों कर रहे हो ? ये बेचारे जीव जो जन्मसे ही सीधे सादे रहकर सुखी जीवन बिता रहे हैं उन्हें तुम इस प्रकार क्यों सता रहे हो जैसे काले सर्पका बच्चा चन्दनके पेड़को सताता है ॥१८॥

तपस्विनी—भद्र ! यह ऋषिकुमार नहीं है ।

राजा—इसके रूप और कामोंसे ही जान पड़ रहा है कि यह ऋषिकुमार नहीं है। पर यहाँ तपोवनमें देखकर मैंने इसे ऋषिकुमार ही समझ लिया था । [जी भरकर बालकके शरीरपर हाथ फेरकर आप-ही-आप] न जाने यह बालक किस वंशका है । इसे एक बार ही छू लेनेसे जब मेरे शरीरको इतना सुख मिल रहा है तब उस भाग्यवान्को कितना आनन्द मिलता होगा जिसका यह सगा पुत्र है ॥१९॥

तापसी—[उभौ निर्वर्ण्य] अच्छरिअं । अच्छरिअं ।
(आश्चर्यम् । आश्चर्यम् ।)

राजा—आर्ये किमिव ।

तापसी—इमस्स बालअस्स दे वि संवादिणी आकिदी त्ति विम्हाविदम्हि । अपरिइद स वि दे अप्पडिलोमो संवुत्तो त्ति (अस्य बालकस्य तेऽपि संवादिन्याकृतिरिति विस्मापितास्मि । अपरिचितस्यापि तेऽप्रतिलोमः संवृत्त इति ।)

राजा—[बालकमुपलालयन्] न चेन्मुनिकुमारोऽयमथ कोऽस्य व्यपदेशः ।

तापसी—पुरुवंसो । (पुरुवंश. ।)

राजा—[आत्मगतम्] कथमेकान्वयो मम । अतः खलु मदनुकारिणमेनमत्रभवती मन्यते । अस्त्येतत्पौरवाणामन्त्यं कुलव्रतम् ।

भवनेषु रसाधिकेषु पूर्वं क्षितिरक्षार्थमुशन्ति ये निवासम् ।
नियतैकपतिव्रतानि पश्चात्तरुमूलानि गृहीभवन्ति तेषाम् ॥२०॥

[प्रकाशम्] न पुनरात्मगत्या मानुषाणामेष विषयः ।

तापसी—जह भद्दमुहो भणादि । अच्छरासंबन्धेण इमस्स जणणी एत्थ देवगुरुणो पसूदा । (यथा भद्रमुखो भणति । अप्सरःसम्बन्धेनास्य जनन्यत्र देवगुरोस्तपोवने प्रसूता ।)

राजा—[अपवार्य] हन्त द्वितीयमिदमाशाजननम् । [प्रकाशम्] अथ सा तत्रभवती किमाख्यस्य राजर्षेः पत्नी ।

तपस्विनी—[दोनोंको देखकर] आश्चर्य है, आश्चर्य है ।

राजा—आश्चर्यकी क्या बात है, आर्ये !

तपस्विनी—तुम्हारा और इस बालकका एक दम मिलता-जुलता रूप देखकर मैं तो अचरजमें भर गई हूँ और फिर देखिए कि अनजान होते हुए भी इसने आपका कहना नहीं टाला ।

राजा—[बच्चेको दुलारते हुए तपस्विनीसे] अच्छा यह तो बताइए कि यह ऋषिकुमार नहीं है तो फिर किस वंशका है ?

तपस्विनी—पुरुवंशका ।

राजा—[मन ही मन] अरे क्या यह मेरे ही वंशका है ? तभी ये तपस्विनीजी मुझे इससे मिलता-जुलता बता रही हैं ।

पर पुरुवंशियोंकी तो यह बँधी हुई रीति है कि वे—युवावस्थामें पृथ्वीकी रक्षाके लिये विलासकी सामग्रियोंसे भरे भवनोंमें रहना चाहते हैं और बुढ़ापेमें अपनी पतिव्रता स्त्रीको साथ लेकर वृक्षके नीचे कुटिया बनाकर रहने लगते हैं ॥२०॥ [प्रकट] पर यहाँ अपनी शक्तिसे तो कोई मनुष्य पहुँच नहीं सकता ।

तपस्विनी—आप ठीक कह रहे हैं । इसकी माँ अप्सराकी कन्या है । इसलिये इसने यहाँ मरीचिके आश्रममें ही इसे जन्म दिया है ।

राजा—[अपने आप] अरे ! यह तो मेरी आशाकी दूसरी सीढ़ी मिल गई । [प्रकट] अच्छा

राजा—स्पृहयामि खलु दुर्ललितायास्मै ।

आलक्ष्यदन्तमुकुलाननिमित्तहासैरव्यक्तवर्णरमणीयवचःप्रवृत्तीन् ।
अङ्काश्रयप्रणयिनस्तनयान्वहन्ती धन्यास्तदङ्गरजसा मलिनीभवन्ति ॥१७॥

तापसी—होदु । ण मं अअं गणेदि । [पार्श्वमवलोकयति] को एत्थ इसिकुमाराणं । [राजानमवलोक्य] भद्दमुह ! एहि दाव । मोएहि इमिणा दुम्मोअहत्थग्गहेण डिम्भलीलाए बाहीअमाणं बालमिइन्दअं । (भवतु । न मामयं गणयति । कोऽत्र ऋषिकुमाराणाम् । भद्रमुख ! एहि तावत् । मोचयानेन दुर्मोकहस्तग्रहेण डिम्भलीलया बाध्यमानं बालमृगेन्द्रम् ।)

राजा—[उपगम्य । सस्मितम्] अयि भो महर्षिपुत्र !

एवमाश्रमविरुद्धवृत्तिना संयमः किमिति जन्मतस्त्वया ।
सत्त्वसंश्रयसुखोऽपि दूष्यते कृष्णसर्पशिशुनेव चन्दनः ॥१८॥

तापसी—भद्दमुह ! ण क्खु अअं इसिकुमारओ । (भद्रमुख ! न खल्वयमृषिकुमार ।)

राजा—आकारसदृशं चेष्टितमेवास्य कथयति । स्थानप्रत्ययात् वयमेवं तर्किणः । [यथाऽभ्यर्थितमनुतिष्ठन्बालस्पर्शमुपलभ्य, आत्मगतम्]

अनेन कस्यापि कुलांकुरेण स्पृष्टस्य गात्रेषु सुखं ममैवम् ।
कां निर्वृतिं चेतसि तस्य कुर्याद्यस्यायमङ्गात्कृतिनः प्ररूढः ॥१९॥

राजा—मुझे तो यह नटखट बालक न जाने क्यों बड़ा प्यारा लगता है। वह भाग्यवान् धन्य है जिसकी गोदमें बैठकर यह स्वभावसे हँस मुख, कलीके समान कुछ-कुछ झलकते हुए दाँतोवाला और तुतला-तुतला कर बातें करनेवाला बालक अपने अंगकी धूल उसके अंगमें लगाता होगा ॥१७॥

तपस्विनी—अरे ! यह तो मेरी बात सुनता ही नहीं । [इधर-उधर देखकर] अरे कोई ऋषिकुमार यहाँ है ? [राजाको देखकर] हे भद्र ! तनिक आप ही आकर इस बालकके हाथसे इस सिंहके बच्चेको छुड़ा दीजिए। इसने इसे ऐसा कसकर पकड़ रक्खा है कि मेरे हाथसे तो छुड़ाए नहीं छूटता ।

राजा—[पास जाकर मुस्कराहटके साथ] अरे, ए महर्षिकुमार ! तुम यहाँ आश्रमके नियमोंसे उल्टा काम क्यों कर रहे हो ? ये बेचारे जीव जो जन्मसे ही सीधे सादे रहकर सुखी जीवन बिता रहे हैं उन्हें तुम उस प्रकार क्यों सता रहे हो जैसे काले सर्पका बच्चा चन्दनके पेड़को सताता है ॥१८॥

तपस्विनी—भद्र ! यह ऋषिकुमार नहीं है।

राजा—इसके रूप और कामोंसे ही जान पड़ रहा है कि यह ऋषिकुमार नहीं है। पर यहाँ तपोवनम देखकर मैंने इसे ऋषिकुमार ही समझ लिया था । [जो करकर बालकके शरीरपर हाथ फेरकर आप-ही-आप] न जाने यह बालक किस घराना है । इसे एक बार ही छू लेनेसे जब मेरे शरीरको इतना सुख मिल रहा है तब उन भाग्यवान्को कितना आनन्द मिलता होगा जिसका यह सगा पुत्र है ॥१९॥

तापसी—[उभौ निर्वर्ण्य] अच्छरिअं । अच्छरिअं ।
(आश्चर्यम् । आश्चर्यम् ।)

राजा—आर्ये किमिव ।

तापसी—इमस्स बालअस्स दे वि संवादिणी आकिदी त्ति विम्हाविदम्हि । अपरिइदस्स वि दे अप्पडिलोमो संवुत्तो त्ति (अस्य बालकस्य तेऽपि संवादिन्याकृतिरिति विस्मापितास्मि । अपरिचितस्यापि तेऽप्रतिलोमः संवृत्त इति ।)

राजा—[बालकमुपलालयन्] न चेन्मुनिकुमारोऽयमथ कोऽस्य व्यपदेशः ।

तापसी—पुरुवंसो । (पुरुवंशः ।)

राजा—[आत्मगतम्] कथमेकान्वयो मम । अतः खलु मदनुकारिणमेनमत्रभवती मन्यते । अस्त्येतत्पौरवाणामन्त्यं कुलव्रतम् ।

भवनेषु रसाधिकेषु पूर्वं क्षितिरक्षार्थमुशन्ति ये निवासम् ।
नियतैकपतिव्रतानि पश्चात्तरुमूलानि गृहीभवन्ति तेषाम् ॥२०॥

[प्रकाशम्] न पुनरात्मगत्या मानुषाणामेष विषयः ।

तापसी—जह भद्दमुहो भणादि । अच्छरासंबन्धेण इमस्स जणणी एत्थ देवगुरुणो पसूदा । (यथा भद्रमुखो भणति । अप्सरःसंबन्धेनास्य जनन्यत्र देवगुरोस्तपोवने प्रसूता ।)

राजा—[अपवार्य] हन्त द्वितीयमिदमाशाजननम् । [प्रकाशम्] अथ सा तत्रभवती किमाख्यस्य राजर्षेः पत्नी ।

तपस्विनी—[दोनोंको देखकर] आश्चर्य है, आश्चर्य है ।

राजा—आश्चर्यकी क्या बात है, आर्ये !

तपस्विनी—तुम्हारा और इस बालकका एक दम मिलता-जुलता रूप देखकर मैं तो अचरजमें भर गई हूँ और फिर देखिए कि अनजान होते हुए भी इसने आपका कहना नहीं टाला ।

राजा—[बच्चेको दुलारते हुए तपस्विनीसे] अच्छा यह तो बताइए कि यह ऋषिकुमार नहीं है तो फिर किस वंशका है ?

तपस्विनी—पुरुवंशका ।

राजा—[मन ही मन] अरे क्या यह मेरे ही वंशका है ? तभी ये तपस्विनीजी मुझे इससे मिलता-जुलता बता रही हैं ।

पर पुरुवंशियोंकी तो यह बँधी हुई रीति है कि वे—युवावस्थामें पृथ्वीकी रक्षाके लिये विलासकी सामग्रियोंसे भरे भवनोंमें रहना चाहते हैं और बुढ़ापेमें अपनी पतिव्रता स्त्रीको साथ लेकर वृक्षके नीचे कुटिया बनाकर रहने लगते हैं ॥२०॥ [प्रकट] पर यहाँ अपनी शक्तिसे तो कोई मनुष्य पहुँच नहीं सकता ।

तपस्विनी—आप ठीक कह रहे हैं । इसकी माँ अप्सराकी कन्या है । इसलिये उसने यहाँ मरीचिके आश्रममें ही इसे जन्म दिया है ।

राजा—[अपने आप] अरे ! यह तो मेरी आशाकी दूसरी सीढ़ी मिल गई । [प्रकट] अच्छा

राजा—अलमलमावेगेन । ननिवदमस्य सिंहशावविमर्दात्परिभ्रष्टम् । [इत्यादातुमिच्छति ।]

उभे—मा क्खु एदं अवलम्बिअ । कहं गहीदं णेण । (मा खल्विदमवलम्बय । कथम् गृहीतमनेन ।) [इति विस्मयादुरोनिहितहस्ते परस्परमवलोकयतः ।]

राजा—किमर्थं प्रतिषिद्धाः स्मः ।

प्रथमा—सुणादु महाराओ । एसा अवराजिदा णाम ओसही इमस्स जातकम्मसमए भअवदा मारीएण दिण्णा । एदं किल मादापिदरो अप्पाणं च वज्जिअ अवरो भूमिपडिदं ण गेण्हादि । (शृणोतु महाराजः । एषाऽपराजिता नामौषधिरस्य जातकर्मसमये भगवता मारीचेन दत्ता । एतां किल मातापितरावात्मानं च वर्जयित्वाऽपरो भूमिपतितां न गृह्णाति ।)

राजा—अथ गृह्णाति ।

प्रथमा—तदो तं सप्पो भविअ दंसइ । (ततस्तं सर्पो भूत्वा दशति ।)

राजा—भवतीभ्यां कदाचिदस्याः प्रत्यक्षीकृता विक्रिया ।

उभे—अणेअसो । (अनेकशः ।)

राजा—[सहर्षम् । आत्मगतम्] कथमिव संपूर्णमपि मे मनोरथं नाभिनन्दामि । [इति बालं परिष्वजते ।]

द्वितीया—सुव्वदे एहि । इमं वुत्तन्तं णिअमव्वावुडाए सउन्दलाए णिवेदेम्ह (सुव्रते ! एहि । इमं वृत्तान्तं नियमव्यापृतायै शकुन्तलायै निवेदयावः ।)

[इति निष्क्रान्ते]

राजा—घबराइए मत ! सिंहके बच्चेसे खींचा-तानी करते समय यह यहीं गिर गई थी।

[उठाना चाहता है ।]

दोनों—हैं हैं ! उसे छूइएगा मत ! अरे, इन्होंने तो उसे उठा लिया !

[आश्चर्यसे छातीपर हाथ रखकर एक दूसरीको देखती हैं ।]

राजा—आप लोगोंने उठानेसे मुझे रोका क्यों ?

पहली—सुनिए महाराज । जब इसका जात-कर्म संस्कार हो रहा था उस समय पूज्यवर कश्यपने अपराजिता नामकी यह जड़ी इसके हाथमें बाँधकर कहा था कि यदि यह पृथ्वीपर गिर पड़े तो इसे, इसके माता-पिताको छोड़कर दूसरा कोई न उठावे ।

राजा—और यदि दूसरा कोई उठा ले तो ?

पहली—तो यह साँप बनकर तत्काल डस लेगी।

राजा—आप लोगोंने कभी इसका ऐसा परिवर्तन देखा है ?

दोनों—बहुत बार देखा है।

राजा—[आप ही आप] तब मैं अपने मनोरथ पूरे होनेपर क्यों न फूला समाऊँ।

[*बालकको छातीसे लगाता है ।*]

दूसरी—अरी सुव्रते ! आओ, यह समाचार उस तपस्विनी शकुन्तलाको तो सुना आवें ।

[दोनों चली जाती हैं]

बालः—मुञ्च मं। जाव अज्जुए सआसं गमिस्सं। (मुञ्च मां यावन्मातुः सकाशं गमिष्यामि।)

राजा—पुत्रक ! मया सहैव मातरमभिनन्दिष्यसि।

बालः—मम क्खु तादो दुस्सन्दो ण तुमं। (मम खलु तातो दुष्यन्तः, न त्वम्।)

राजा—[सस्मितम्] एष विवाद एव प्रत्याययति।

[ततः प्रविशत्येकवेणीधरा शकुन्तला]

शकुन्तला—विआरकाले वि पकिदित्थं सव्वदमणस्स ओसहिं सुणिअ ण मे आसा आसि अत्तणो भाअहेएसु। अहवा जह साणुमदीए आचक्खिदं तह संभावीअदि एदं। (विकारकालेऽपि प्रकृतिस्थां सर्वदमनस्यौषधिं श्रुत्वा न मे आशाऽऽसीदात्मनो भागधेयेषु। अथवा यथा सानुमत्याऽऽख्यातं तथा संभाव्यत एतत्।)

राजा—[शकुन्तलां विलोक्य] अये सेयमत्रभवती शकुन्तला। यैषा—

वसने परिधूसरे वसाना नियमक्षाममुखी धृतैकवेणिः।
अतिनिष्करुणस्य शुद्धशीला मम दीर्घं विरहव्रतं बिभर्ति ॥ २१ ॥

शकुन्तला—[पश्चात्तापविवर्णं राजानं दृष्ट्वा] ण क्खु अज्जउत्तो विअ। तदो को एसो दाणिं किदरक्खामङ्गलं दारअं मे गत्तसंसग्गेण दूसेदि। (न खल्वार्यपुत्र इव। ततः क एष इदानीं कृतरक्षामङ्गलं दारकं मे गात्रसंसर्गेण दूषयति।)

बालक—छोलो (छोड़ो)। हम अपनी माँके पास दायँगे (जायँगे)।

राजा—वत्स ! मेरे साथ ही चलकर अपनी माताको आनन्द देना।

बालक—मेले (मेरे) पिता तुम नहीं, दुस्मन्त (दुष्यन्त) हैं।

राजा—[मुसकराकर] यह विरोध ही मेरे विश्वासको पक्का कर रहा है।

[अपने बालोंकी एक लटमें बाँधे हुए शकुन्तला आती है।]

शकुन्तला—यह सुनकर भी मुझे अपने भाग्यपर भरोसा नहीं हुआ कि सर्वदमनके हाथसे गिरी हुई रक्षाको उसके छूनेपर साँप नहीं बनी। या फिर सानुमतीने जो कहा है, वह बात भले ठीक ही हो।

राजा—[शकुन्तलाको देखकर] अरे ! ये ही तो वे देवी शकुन्तला हैं, जिनके शरीरपर मैले कपड़ोंका जोड़ा पड़ा हुआ है, व्रत करते-करते जिनका मुँह सूख गया है, जिनके बाल एक लटमें उलझे पड़े हैं और जो मुझ जैसे मुझ-जैसे निर्दयीके वियोगमें इतने दिनोंसे व्रत करती चली आ रही हैं ॥ २१ ॥

शकुन्तला—[पछतावेसे पीले पड़े हुए राजाको देखकर] ये तो आर्यपुत्र जैसे नहीं जान पड़ते। तब ये कौन हैं जो रक्षा बँधे हुए मेरे पुत्रको अपने शरीरसे लगा-लगाकर मैला कर रहे हैं।

बालः—[मातरमुपेत्य] अज्जुए ! एसो कोवि पुरिसो मं पुत्त त्ति आलिङ्गदि । (मातः ! एष कोऽपि पुरुषो मां पुत्र इत्यालिङ्गति ।)

राजा—प्रिये ! क्रौर्यमपि मे त्वयि प्रयुक्तमनुकूलपरिणामं संवृत्तं यदहमिदानीं त्वयाऽप्रत्यभिज्ञातमात्मानं पश्यामि ।

शकुन्तला—[आत्मगतम्] हिअअ समस्सस समस्सस । परिच्चत्तमच्छरेण अणुअम्पिअम्हि देव्वेण । अज्जउत्तो क्खु एसो । (हृदय समाश्वसिहि । समाश्वसिहि । परित्यक्तमत्सरेणानुकम्पिताऽस्मि दैवेन । आर्यपुत्रः खल्वेषः ।)

राजा—प्रिये !

स्मृतिभिन्नमोहतमसो दिष्ट्या प्रमुखे स्थिताऽसि मे सुमुखि ।
उपरागान्ते शशिनः समुपगता रोहिणी योगम् ॥२२॥

शकुन्तला—जेदु जेदु अज्जउत्तो...। (जयतु जयत्वार्यपुत्र...) {इत्यर्धोक्ते बाष्पकण्ठी विरमति ।}

राजा—सुन्दरि !

बाष्पेण प्रतिषिद्धेऽपि जयशब्दे जितं मया ।
यत्ते दृष्टमसंस्कारपाटलोष्ठपुटं मुखम् ॥२३॥

बालः—अज्जुए ! को एसो । (मातः ! क एषः ।)

शकुन्तला—वच्छ ! दे भाअहेआइं पुच्छेहि । (वत्स ! ते भागधेयानि पृच्छ ।)

बालक—[माताके पास आकर] देखो माँ, ये कोई पुलुष (पुरुष) मुदे (मुझे) बेता (बेटा) कहकल (कहकर) गले लगा लहे (रहे) हैं ।

राजा—प्रिये ! मैंने जो तुम्हारे साथ निठुराई की थी उसका यही ठीक दण्ड है कि तुम अभीतक मुझे पहचान नहीं रही हो ।

शकुन्तला—[आप ही आप] धीरज धरो मेरे हृदय ! आज दैवने पिछला सब बैर छोड़कर मेरी सुन ली है । सचमुच ये ही तो हैं आर्यपुत्र ।

राजा—प्रिये ! आज मेरा बड़ा सौभाग्य है कि मेरी स्मृतिपर पड़ा हुआ मोहका परदा हट गया और तुम सुन्दरी आज मुझे वैसे ही मिल गई जैसे चन्द्र-ग्रहण बीत चुकनेपर रोहिणी चन्द्रमासे आकर मिल जाती है ॥२२॥

शकुन्तला—जय हो आर्यपुत्र, जय······[इतना आधा ही कहनेपर गला भर आनेसे रुक जाती है ।]

राजा—सुन्दरी ! तुमने अपने रुँधे हुए गलेसे जो 'जय' शब्द कहा है उसीसे मेरी जीत हो गई । क्योंकि आज मेरी आँखोंने तुम्हारे उस मुखको फिरसे देख पाया है जिसके ओठ रँगे न जानेके कारण पीले पड़ गए हैं ॥२३॥

बालक—क्यों माँ ! ये कौन हैं ?

शकुन्तला—अपने भाग्यसे पूछ बेटा !

राजा—[शकुन्तलायाः पादयोः प्रणिपत्य]—

सुतनु हृदयात्प्रत्यादेशव्यलीकमपैतु ते
　किमपि मनसः संमोहो मे तदा बलवानभूत् ।
प्रबलतमसामेवंप्रायाः शुभेषु हि वृत्तयः
　स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया ॥२४॥

शकुन्तला—उट्ठेदु अज्जउत्तो । णूणं मे सुअरिअप्पडिबन्धअं पुराकिदं तेसु दिअहेसु परिणाममुहं आसि जेण साणुक्कोसो वि अज्जउत्तो मइ विरसो संवुत्तो । (उत्तिष्ठत्वार्यपुत्रः । नूनं मे सुचरितप्रतिबन्धकं पुराकृतं तेषु दिवसेषु परिणाममुखमासीद्येन सानुक्रोशोऽप्यार्यपुत्रो मयि विरसः संवृत्तः ।)　　　　[राजोत्तिष्ठति ।]

शकुन्तला—अह कहं अज्जउत्तेण सुमरिदो दुक्खभाई अअं जणो । (अथ कथमार्यपुत्रेण स्मृतो दुःखभाग्ययं जनः ।)

राजा—उद्धृतविषादशल्यः कथयिष्यामि ।

मोहान्मया सुतनु पूर्वमुपेक्षितस्ते यो बाष्पबिन्दुरधरं परिबाधमानः।
तं तावदाकुटिलपक्ष्मविलग्नमद्य बाष्पं प्रमृज्य विगतानुशयो भवेयम् ॥२५॥

[इति यथोक्तमनुतिष्ठति ।]

शकुन्तला—[नाममुद्रां दृष्ट्वा] अज्जउत्त ! एदं तं अङ्गुलीअअं । (आर्यपुत्र ! इदं तदङ्गुलीयकम् ।)

राजा—[शकुन्तलाके पैरोंपर गिरकर] सुन्दरी ! मैंने तुम्हारा जो निरादर किया था उसकी कसक तुम अपने मनसे निकाल डालो, क्योंकि उस समय न जाने कहाँसे मेरे मनमें अज्ञानका अंधेरा आकर छा गया था । सचमुच जो तमोगुणी होते हैं वे अच्छे कामोंमें भी ऐसी भूल कर बैठते हैं, क्योंकि अन्धेके गलेमें कोई माला भी पहनादे तो वह उसे साँप समझकर झटकेसे उतार फेंकता है ॥२४॥

शकुन्तला—उठिए आर्यपुत्र ! उन दिनों कोई पिछले जन्मका पाप-फल रहा होगा कि इतने दयालु आर्यपुत्र भी मुझपर इतने कठोर हो गए थे ।

[राजा उठते हैं ।]

शकुन्तला—पर यह तो बताइए कि आर्यपुत्रको इस दुखियाका स्मरण कैसे हो आया ।

राजा—पहले मैं अपने जीकी गाँस निकाल डालूँ तब कहूँ । सुन्दरी ! तुम्हारी आँखोंके आँसुओंकी जो बूँदें उस दिन गालोंपरसे ढुलककर अधरोंको चोट पहुँचा रही थीं और जिनका मैंने उस दिन अनजाने निरादर कर दिया था वे आज भी तुम्हारी टेढ़ी बरो-निर्योंमें उलझी हुई दिखाई दे रही हैं । उन्हें जबतक मैं अपने हाथसे पोंछ न लूँगा तबतक मनको शान्ति नहीं मिलेगी ॥२५॥

[अपने हाथसे शकुन्तलाके आँसू पोंछते हैं ।]

शकुन्तला—[दुष्यन्तके हाथमें उनके नामवाली अँगूठी देखकर] आर्यपुत्र ! यही तो आपकी वह अँगूठी है ।

राजा—अस्मादङ्गुलीयोपलम्भात्खलु स्मृतिरुपलब्धा ।

शकुन्तला—विसम किद णेण ज तदा अज्जउत्तस्स पच्चअकाले दुल्लहं आसि । (विषम कृतमनेन यत्तदाऽऽर्यपुत्रस्य प्रत्ययकाले दुर्लभमासीत् ।

राजा—तेन हि ऋतुसमवायचिह्नं प्रतिपद्यतां लताकुसुमम् ।

शकुन्तला—ण से विस्ससामि । अज्जउत्तो एव्व णं धारेदु । (नास्य विश्वसिमि । आर्यपुत्र ! एवैतद्धारयतु ।)

[ततः प्रविशति मातलिः]

मातलिः—दिष्ट्या धर्मपत्नीसमागमेन पुत्रमुखदर्शनेन चायुष्मान्वर्धते ।

राजा—अभूत्सम्पादितस्वादुफलो मे मनोरथः । मातले ! न खलु विदितोऽयमाखण्डलेन वृत्तान्तः स्यात् ।

मातलिः—[सस्मितम्] किमीश्वराणां परोक्षम् । एत्वायुष्मान् ! भगवान्मारीचस्ते दर्शनं वितरति ।

राजा—शकुन्तले ! अवलम्ब्यतां पुत्रः । त्वां पुरस्कृत्य भगवन्तं द्रष्टुमिच्छामि ।

शकुन्तला—हिरिआमि अज्जउत्तेण सह गुरुसमीवं गन्तुं । (जिह्रेम्यार्यपुत्रेण सह गुरुसमीपं गन्तुम् ।)

राजा—अप्याचरितव्यमभ्युदयकालेषु । एह्येहि । [सर्वे परिक्रामन्ति ।]

राजा—इसी अँगूठीके मिल जानेपर ही तो मुझे सारी बातें स्मरण हो आई ।

शकुन्तला—इसने सचमुच बड़ा खोटा काम किया था कि जब मैं आर्यपुत्रको इसे दिखाकर विश्वास दिलाने चली ठीक उसी समय यह न जाने कहाँ चली गई ।

राजा—[अँगूठी उतारकर शकुन्तलाको देते हुए ।] अच्छा, तो जैसे लतामें फूल लगनेसे यह जान लिया जाता है कि लताका वसन्तसे मिलन हो गया, वैसे ही तुम भी मुझसे मिलनेको पहचानके लिये यह अँगूठी पहन लो ।

शकुन्तला—[हाथ उठाती हुई] नहीं, नहीं, अब मैं इसका विश्वास नहीं करती । आर्यपुत्र ही इसे पहने रहें ।

[मातलि आता है ।]

मातलि—धर्मपत्नीसे मिलने और पुत्रका मुँह देखनेकी आयुष्मान्‌को बधाई है ।

राजा—मेरे मनोरथका तो सचमुच बड़ा मीठा फल हुआ है मातलि ! पर इन्द्र भगवान् तो यह बात जानते नहीं होंगे ।

मातलि—[हँसकर] भला देवताओंसे भी कोई बात छिपी रहती है । आइए आयुष्मन् ! भगवान् मारीच आपको दर्शन देना चाहते हैं ।

राजा—शकुन्तला ! बालकको उँगली थाम लो । मैं तुम्हें साथ लेकर ही भगवान्‌के दर्शनके लिये चलना चाहता हूँ ।

शकुन्तला—बड़ोंके पास आर्यपुत्रके साथ जानेमें मुझे लाज लग रही है ।

राजा—हर्षके अवसरपर तो साथ ही चला जाता है । आओ, आओ !! [सब घूमते हैं]

राजा—[शकुन्तलायाः पादयोः प्रणिपत्य]—

सुतनु हृदयात्प्रत्यादेशव्यलीकमपैतु ते
किमपि मनसः संमोहो मे तदा बलवानभूत् ।
प्रबलतमसामेवंप्रायाः शुभेषु हि वृत्तयः
स्रजमपि शिरस्यन्धः क्षिप्तां धुनोत्यहिशङ्कया ॥२४॥

शकुन्तला—उट्ठेदु अज्जउत्तो । णूणं मे सुअरिअप्पडिबन्धअं पुराकिदं तेसु दिअहेसु परिणाममुहं आसि जेण साणुक्कोसो वि अज्जउत्तो मइ विरसो संवुत्तो । (उत्तिष्ठत्वार्यपुत्रः । नूनं मे सुचरितप्रतिबन्धकं पुराकृतं तेषु दिवसेषु परिणाममुखमासीद्येन सानुक्रोशोऽप्यार्यपुत्रो मयि विरसः संवृत्तः ।) [राजोत्तिष्ठति ।]

शकुन्तला—अह कहं अज्जउत्तेण सुमरिदो दुक्खभाई अअं जणो । (अथ कथमार्यपुत्रेण स्मृतो दुःखभाग्ययं जनः ।)

राजा—उद्धृतविषादशल्यः कथयिष्यामि ।

मोहान्मया सुतनु पूर्वमुपेक्षितस्ते यो बाष्पबिन्दुरधरं परिबाधमानः ।
तं तावदाकुटिलपक्ष्मविलग्नमद्य बाष्पं प्रमृज्य विगतानुशयो भवेयम् ॥२५॥

[इति यथोक्तमनुतिष्ठति ।]

शकुन्तला—[नाममुद्रां दृष्ट्वा] अज्जउत्त ! एदं तं अङ्गुलीअअं । (आर्यपुत्र ! इदं तदङ्गुलीयकम् ।)

राजा—[शकुन्तलाके पैरोंपर गिरकर] सुन्दरी ! मैंने तुम्हारा जो निरादर किया था उसको अब तुम अपने मनसे निकाल डालो, क्योंकि उस समय न जाने कहाँसे मेरे मनमें अज्ञानका अंधेरा आकर छा गया था । सचमुच जो तमोगुणी होते हैं वे अच्छे कामोंमें भी ऐसी भूल कर बैठते हैं, क्योंकि अन्धेके गलेमें कोई माला भी पहनावे तो वह उसे साँप समझकर झटकेसे उतार फेंकता है ॥२४॥

शकुन्तला—उठिए आर्यपुत्र ! उन दिनों कोई पिछले जन्मका पाप-फल रहा होगा कि इतने दयालु आर्यपुत्र भी मुझपर इतने कठोर हो गए थे ।

[राजा उठते हैं ।]

शकुन्तला—पर यह तो बताइए कि आर्यपुत्रको इस दुखियाका स्मरण कैसे हो आया ।

राजा—पहले मैं अपने जीकी गाँस निकाल डालूँ तब कहूँ । सुन्दरी ! तुम्हारी आँखोंके आँसुओंकी जो बूँदें उस दिन गालोंपरसे ढुलककर अधरोंको चोट पहुँचा रही थीं और जिनका मैंने उस दिन अनजाने निरादर कर दिया था वे आज भी तुम्हारी टेढ़ी बरौनियोंमें उलझी हुई दिखाई दे रही हैं । उन्हें जबतक मैं अपने हाथसे पोंछ न लूँगा तबतक मनको शान्ति नहीं मिलेगी ॥२५॥

[अपने हाथसे शकुन्तलाके आँसू पोंछते हैं ।]

शकुन्तला—[दुष्यन्तके हाथमें उनके नामवाली अँगूठी देखकर] आर्यपुत्र ! यही तो आपकी वह अँगूठी है ।

राजा—अस्मादङ्गुलीयोपलम्भात्खलु स्मृतिरुपलब्धा ।

शकुन्तला—विसमं किद णेण जं तदा अज्जउत्तस्स पच्चअकाले दुल्लहं आसि । (विषमं कृतमनेन यत्तदाऽऽर्यपुत्रस्य प्रत्ययकाले दुर्लभमासीत् ।

राजा—तेन हि ऋतुसमवायचिह्नं प्रतिपद्यतां लता कुसुमम् ।

शकुन्तला—ण से विस्ससामि । अज्जउत्तो एव्व णं धारेदु । (नास्य विश्वसिमि । आर्यपुत्र ! एवैतद्धारयतु ।)

[ततः प्रविशति मातलिः]

मातलि —दिष्ट्या धर्मपत्नीसमागमेन पुत्रमुखदर्शनेन चायुष्मान्वर्धते ।

राजा—अभूत्सपादितस्वादुफलो मे मनोरथः । मातले ! न खलु विदितोऽयमाखण्डलेन वृत्तान्तः स्यात् ।

मातलि —[सस्मितम्] किमीश्वराणां परोक्षम् । एत्वायुष्मान् ! भगवान्मारीचस्ते दर्शनं वितरति ।

राजा—शकुन्तले ! अवलम्ब्यतां पुत्रः । त्वां पुरस्कृत्य भगवन्तं द्रष्टुमिच्छामि ।

शकुन्तला—हिरिआमि अज्जउत्तेण सह गुरुसमीवं गन्तुं । (जिह्नेम्यार्यपुत्रेण सह गुरुसमीपं गन्तुम् ।)

राजा—अप्याचरितव्यमभ्युदयकालेषु । एह्येहि । [सर्वे परिक्रामन्ति ।]

राजा—इसी अंगूठीके मिल जानेपर ही तो मुझे सारी बातें स्मरण हो आईं ।

शकुन्तला—इसने सचमुच बड़ा खोटा काम किया था कि जब मैं आर्यपुत्रको इसे दिखाकर विश्वास दिलाने चली ठीक उसी समय यह न जाने कहाँ चली गई ।

राजा—[अंगूठी उतारकर शकुन्तलाको देते हुए ।] अच्छा तो जैसे लतामें फूल लगनेसे यह जान लिया जाता है कि लताका वसन्तसे मिलन हो गया, वैसे ही तुम भी मुझसे मिलनेकी पहचानके लिये यह अंगूठी पहन लो ।

शकुन्तला—[हाथ उठाती हुई] नहीं, नहीं, अब मैं इसका विश्वास नहीं करती । आर्यपुत्र ही इसे पहने रहें ।

[मातलि आता है ।]

मातलि—धर्मपत्नीसे मिलने और पुत्रका मुँह देखनेकी आयुष्मानको बधाई है ।

राजा—मेरे मनोरथका तो सचमुच बड़ा मीठा फल हुआ है मातलि ! पर इन्द्र भगवान् तो यह बात जानते नहीं होंगे ।

मातलि—[हँसकर] भला देवताओंसे भी कोई बात छिपी रहती है । आइए आयुष्मन् ! भगवान् मारीच आपको दर्शन देना चाहते हैं ।

राजा—शकुन्तला ! बालककी उँगली थाम लो । मैं तुम्हें साथ लेकर ही भगवान्के दर्शनके लिये चलना चाहता हूँ ।

शकुन्तला—बड़ोंके पास आर्यपुत्रके साथ जानेमें मुझे लाज लग रही है ।

राजा—हर्षके अवसरपर तो साथ ही चला जाता है । आओ, आओ !! [सब घूमते हैं]

[ततः प्रविशत्यदित्या सार्धमासनस्थो मारीचः ।]

मारीच —[राजानमवलोक्य] दाक्षायणि !

पुत्रस्य ते रणशिरस्ययमग्रयायी दुष्यन्त इत्यभिहितो भुवनस्य भर्ता ।
चापेन यस्य विनिवर्तितकर्म जातं तत्कोटिमत्कुलिशमाभरणं मघोनः ॥२६॥

अदिति —सभावणीआणुभावा से आकिदी । (सम्भावनीयानुभावाऽस्याकृतिः ।)

मातलि —आयुष्मन् एतौ पुत्रप्रीतिपिशुनेन चक्षुषा दिवौकसां पितरावायुष्मन्तमवलोकयतः । तावुपसर्प ।

राजा—मातले एतौ—

प्राहुर्द्वादशधा स्थितस्य मुनयो यत्तेजसः कारणं
भर्तारं भुवनत्रयस्य सुषुवे यद्यज्ञभागेश्वरम् ।
यस्मिन्नात्मभुवः परोऽपि पुरुषश्चक्रे भवायास्पदं
द्वन्द्वं दक्षमरीचिसंभवमिदं तत्स्रष्टुरेकान्तरम् ॥२७॥

मातलि —अथकिम् ।

राजा—[उपगम्य] उभाभ्यामपि वासवनियोज्यो दुष्यन्तः प्रणमति ।

मारीच —वत्स ! चिरं जीव । पृथिवीं पालय ।

[अदितिके साथ आसनपर बैठे हुए मारीच दिखाई देते हैं ।]

मारीच—[राजाको देखकर] दाक्षायणी ! ये ही संसारका पालन करनेवाले राजा दुष्यन्त हैं जो तुम्हारे पुत्र इन्द्रकी लड़ाईमें सबसे आगे रहते हैं और जिनके धनुषने ही इतना काम कर डाला है कि इन्द्रका नोकों धारवाला वज्र उनका आभूषण भर बना बैठा रहता है ॥२६॥

अदिति —इनके डील-डौलसे ही इनके पराक्रमका ज्ञान हो रहा है ।

मातलि—आयुष्मन् ! देखो ! ये ही हैं देवताओंके माता पिता, जो आपकी ओर ऐसे प्यारसे देख रहे हैं, जैसे माता पिता अपने बच्चोंको देखते हैं । जाओ, उनके पास चले जाओ ।

राजा—मातलि ! क्या ये ही ये स्त्री पुरुष हैं जो ब्रह्माके एक पीढ़ी पीछे दक्ष और मरीचिसे उत्पन्न हुए हैं, जिन्हें ऋषि लोग बारहों आदित्योंके माता पिता मानते हैं, यज्ञमें भाग लेनेवाले इन्द्रने जिनसे जन्म लिया है और अपनेसे से अपने आप उत्पन्न होनेवाले ब्रह्मा भी संसारका कल्याण करनेके लिये जिनकी गोदमें जन्म लिया करते हैं ॥२७॥

मातलि—हाँ, हाँ ये ही हैं ये ।

राजा—[पास पहुँचकर] सदा इन्द्रकी आज्ञा माननेवाला यह दुष्यन्त आप दोनोंको प्रणाम करता है ।

मारीच—बहुत दिनोंतक जीओ, वत्स ! और पृथ्वीका पालन करो ।

अदितिः—वच्छ ! अप्पडिरहो होहि । (वत्स अप्रतिरथो भव ।)

शकुन्तला—दारअसहिदा वो पादवन्दणं करेमि । (दारकसहिता वां पादवन्दनं करोमि ।)

मारीचः—वत्से !

आखण्डलसमो भर्ता जयन्तप्रतिमः सुतः ।
आशीरन्या न ते योग्या पौलोमीसदृशी भव ॥ २८ ॥

अदितिः—जादे ! भत्तुणो अभिमदा होहि । अवस्सं दीहाऊ वच्छओ उहअकुलणन्दणो होदु । उवविस । (जाते ! भर्तुरभिमता भव । अवश्यं दीर्घायुर्वत्सक उभयकुलनन्दनो भवतु । उपविशत ।)

[सर्वे प्रजापतिमभित उपविशन्ति ।]

मारीचः—[एकैकं निर्दिशन्]—

दिष्ट्या शकुन्तला साध्वी सदपत्यमिदं भवान् ।
श्रद्धा वित्तं विधिश्चेति त्रितयं तत्समागतम् ॥ २९ ॥

राजा—भगवन् ! प्रागभिप्रेतसिद्धिः पश्चाद्दर्शनम् । अतोऽपूर्वः खलु वोऽनुग्रहः । कुतः ।

उदेति पूर्वं कुसुमं ततः फलं घनोदयः प्राक्तदनन्तरं पयः ।
निमित्तनैमित्तिकयोरयं क्रमस्तव प्रसादस्य पुरस्तु संपदः ॥ ३० ॥

अदिति—वत्स ! तुम इतने बलवान् होओ कि कोई शत्रु तुम्हारे आगे न टिक सके ।

शकुन्तला—मैं अपने पुत्रके साथ आपके चरणोंमें प्रणाम करती हूँ ।

मारीच—वत्से ! तुम्हारा पति इन्द्रके समान है और तुम्हारा पुत्र जयन्तके समान है । इसलिये यह तो समझमें ही नहीं आता कि तुम्हें आशीर्वाद क्या दूँ । फिर भी यही आशीर्वाद देता हूँ कि तुम इन्द्राणीके समान तेजस्वी बनो ॥ २८ ॥

अदिति—बेटी ! अपने पतिका आदर पाओ और तुम्हारा बेटा चिरजीवी होकर दोनों कुलोंको सुख दे । आओ, बैठ जाओ ।

[सब प्रजापतिके चारों ओर बैठ जाते हैं ।]

मारीच—[अलग-अलग सबको संकेत करते हुए ।] आज सौभाग्यसे यह पतिव्रता शकुन्तला, यह श्रेष्ठ बालक और तुम ये तीनों ऐसे इकट्ठे मिल गए हो जैसे श्रद्धा, धन और क्रिया तीनों एक साथ मिल जायँ ॥ २९ ॥

राजा—भगवन् ! आपकी कृपा तो सचमुच अनोखी है जिसमें दर्शनसे पहले ही मनचाहा फल मिल गया क्योंकि—कार्य और कारणका तो यही क्रम है कि पहले फूल लगता है तब फल आता है, पहले बादल उठते हैं तब वर्षा होती है, पर आपके यहाँ तो सारे सुख आपकी कृपाके आगे-आगे चलते जा रहे हैं ॥ ३० ॥

मातलि—एवं विधातारः प्रसीदन्ति ।

राजा—भगवन् ! इमामाज्ञाकरीं वो गान्धर्वेण विवाहविधिनोपयम्य कस्यचित्कालस्य बन्धुभिरानीतां स्मृतिशैथिल्यात्प्रत्यादिशन्नपराद्धोऽस्मि तत्रभवतो युष्मत्सगोत्रस्य कण्वस्य । पश्चादङ्गुलीयकदर्शनादूढपूर्वां तद्दुहितरमवगतोऽहम् । तच्चित्रमिव मे प्रतिभाति ।

यथा गजो नेति समक्षरूपे तस्मिन्नपक्रामति संशयः स्यात् ।
पदानि दृष्ट्वा तु भवेत्प्रतीतिस्तथाविधो मे मनसो विकारः ॥३१॥

मारीच—वत्स अलमात्मापराधशङ्कया । सम्मोहोऽपि त्वय्युपपन्नः । श्रूयताम् ।

राजा—अवहितोऽस्मि ।

मारीच—यदैवाप्सरस्तीर्थावतरणात्प्रत्यक्षवैक्लव्यां शकुन्तलामादाय मेनका दाक्षायणीमुपगता तदैव ध्यानादवगतोऽस्मि दुर्वाससः शापादियं तपस्विनी सहधर्मचारिणी त्वया प्रत्यादिष्टा नान्यथेति । स चायमङ्गुलीयकदर्शनावसानः ।

राजा—[सोच्छ्वासम्] एष वचनीयान्मुक्तोऽस्मि ।

मातलि—जो स्वयं भाग्य बनानेवाले हैं उनकी ऐसी ही कृपा होती है ।

राजा—भगवन् ! आपकी इस आज्ञाकारिणी कन्यासे मैंने गान्धर्व विधिसे विवाह कर लिया था । फिर कुछ दिनों पीछे जब इनके सगे सम्बन्धी लोग इन्हें मेरे पास लाए तब मेरी स्मृतिको न जाने क्या हो गया कि मैं एकदम भूल गया और मैंने इनको लौटा दिया । ऐसा करके मैंने आपके गोत्रवाले कण्वजीका बड़ा भारी अपराध कर डाला । फिर जब मैंने यह अँगूठी देखी तब मुझे स्मरण हुआ कि मैंने तो कण्वजीकी कन्यासे विवाह किया था । ये सब बातें मुझे बड़ी विचित्र सी जान पड़ रही हैं । मुझे अपनी यह भूल ठीक वैसी ही लग रही है जैसे आँखके सामनेसे चले जाते हुए हाथीको देखकर मनमें यह सन्देह हो कि यह हाथी है या नहीं और फिर उसके निकल जानेपर उसके पैरोंकी छाप देखकर यह विश्वास किया जाय कि हाँ, यह सचमुच हाथी ही था ॥ ३१ ॥

मारीच—वत्स ! तुम अपने अपराधकी बात अपने मनसे एकदम निकाल डालो क्योंकि इस प्रकारकी भूल तुमसे हो ही नहीं सकती । सुनो, मैं बताता हूँ जो हुआ है ।

राजा—जी, सुन रहा हूँ ।

मारीच—जब मेनका बिलखती हुई शकुन्तलाको लेकर, अप्सरातीर्थसे उतरकर यहाँ दाक्षायणीके पास आई तभी मैंने ध्यानसे जान लिया था कि दुर्वासाके शापसे ही तुमने अपनी इस तपस्विनी धर्मपत्नीको छोड़ दिया है और वह शाप तबतकके लिये है जबतक तुम अँगूठी न देख लो ।

राजा—[सन्तोषकी साँस लेकर] चलो, दोषसे छुटकारा तो मिला ।

शकुन्तला—[स्वगतम्] दिट्ठिआ अकारणपच्चादेसी ण अज्जउत्तो। ण हु सत्तं अत्तणं सुमरेमि अहवा पत्तो मए स हि सावो विरहसुण्णहिअआए ण विदिदो। अदो सहीहिं संदिट्ठम्हि भत्तुणो अंगुलीअअं दंसइदव्वं त्ति। (दिष्ट्याऽकारणप्रत्यादेशी नार्यपुत्रः। न खलु शप्तमात्मानं स्मरामि। अथवा प्राप्तो मया स हि शापो विरहशून्यहृदयया न विदितः। अतः सखीभ्यां संदिष्टाऽस्मि भर्तुरंगुलीयकं दर्शयितव्यमिति।)

मारीचः—वत्से विदितार्थाऽसि। तदिदानीं सहधर्मचारिणं प्रति न त्वया मन्युः कार्यः। पश्य।

शापादसि प्रतिहता स्मृतिरोधरूक्षे
भर्तर्यपेततमसि प्रभुता तवैव।
छाया न मूर्च्छति मलोपहतप्रसादे
शुद्धे तु दर्पणतले सुलभावकाशा ॥३२॥

राजा—यथाऽऽह भगवान्।

मारीचः—वत्स कच्चिदभिनन्दितस्त्वया विधिवदस्माभिरनुष्ठितजातकर्मा पुत्र एष शाकुन्तलेयः।

राजा—भगवन् अत्र खलु मे वंशप्रतिष्ठा। [इति बालं हस्तेन गृह्णाति।]

शकुन्तला—[मन ही मन] यह बड़े भाग्यकी बात है कि आर्यपुत्रने मुझे बिना कारण नहीं छोड़ा था। पर यह तो स्मरण ही नहीं आ रहा है कि मुझे शाप मिला कब। या यह भी हो सकता है कि मुझे शाप मिला हो और अपने विरहकी धुनमें पड़े रहनेके कारण मुझे उसका ज्ञान ही न हुआ हो। अब मेरी समझमें आ रहा है कि चलते समय मेरी सखियोंने यह क्यों कहा था कि पतिको अँगूठी दिखला देना।

मारीच—वत्से! तुम ठीक समझी हो। अब तुम अपने पतिपर क्रोध न करना। देखो! जैसे, दर्पणपर धूल पड़ी रहनेसे उसमें ठीक छाया नहीं दिखाई देती और वही जब पोंछ दिया जाता है तब छाया बड़ी सरलतासे दिखलाई पड़ने लगती है वैसे ही शापके कारण स्मृति धुँधली पड़ जानेसे उन्होंने तुम्हें छोड़ दिया था पर अब शाप छूट जानेसे उन्होंने तुम्हें भली भाँति पहचान लिया है ॥३२॥

राजा—भगवान् ठीक कहते हैं।

मारीच—वत्स! शकुन्तलाके जिस पुत्रके संस्कार हमने ठीक विधिसे कर दिए हैं उसे तुमने अपनाया या नहीं?

राजा—यही बालक तो हमारा वंश चलानेवाला है।

[यह कहकर बालकको गोदमें उठा लेते हैं।]

मारीचः—तथा भाविनमेनं चक्रवर्तिनमवगच्छतु भवान्। पश्य,

रथेनानुद्धातस्तिमितगतिना तीर्णजलधिः
पुरा सप्तद्वीपां जयति वसुधामप्रतिरथः।
इहायं सत्त्वानां प्रसभदमनात्सर्वदमनः
पुनर्यास्यत्याख्यां भरत इति लोकस्य भरणात् ॥३३॥

राजा—भगवता कृतसंस्कारे सर्वमस्मिन्वयमाशास्महे।

अदितिः—भअवं इमाए दुहिदुमणोरहसंपत्तीए कण्णो वि दाव सुदवित्थारो करीअदु। दुहिदुवच्छला मेणआ इह एव्व उपचरन्ती चिट्ठदि। (भगवन् अनया दुहितृमनोरथसंपत्त्या कण्वोऽपि तावच्छ्रुतविस्तारः क्रियताम्। दुहितृवत्सला मेनकेहैवोपचरन्ती तिष्ठति।)

शकुन्तला—[आत्मगतम्] मणोरहो क्खु मे भणिदो भअवदीए। (मनोरथः खलु मे भणितो भगवत्या।)

मारीचः—तपःप्रभावात्प्रत्यक्षं सर्वमेव तत्रभवतः।

राजा—अतः खलु मम नातिक्रुद्धो मुनिः।

मारीचः—तथाप्यसौ प्रियमस्माभिः प्रष्टव्यः। कः कोऽत्र भोः।

[प्रविश्य]

मारीच—यह तुम्हारा वंश तो चलावेगा ही, साथ ही चक्रवर्ती राजा भी होगा। देखो! यह बालक अपने दृढ़ और सीधे चलनेवाले रथपर चढ़कर समुद्र पार करके सातों द्वीपोंवाली पृथ्वीको इस प्रकार अकेला जीत लेगा कि संसारका कोई वीर इसके सामने टिक न सकेगा। यहाँ इसने सब जीवोंको तंग कर रक्खा था, इसीलिये इसका नाम सर्वदमन पड़ गया था। पर आगे चलकर यह सारे संसारका भरण पोषण करेगा इसलिये इसका नाम भरत होगा ॥३३॥

राजा—जिसके संस्कार आपने किए हों उससे तो हमें इन सब बातोंकी आशा है ही।

अदिति—भगवन्! इस कन्याके मनोरथ पूरे होनेकी सारी बात कण्वजीको भी कहला भेजनी चाहिए क्योंकि इसे प्यार करनेवाली इसकी माँ मेनकाने यहीं रहकर हम लोगोंकी बड़ी सेवा की है।

शकुन्तला—[मनमें] देवीने तो मेरे ही मनकी बात कह दी है।

मारीच—तपके प्रभावसे कण्व ऋषि सब कुछ जानते हैं।

राजा—इसीलिये उन्होंने मुझपर क्रोध नहीं किया।

मारीच—फिर भी यह प्यारी बात उनके पास कहला ही भेजनी चाहिए। अरे कोई है? [एक शिष्य आता है।]

शिष्यः—भगवन् ! अयमस्मि ।

मारीचः—गालव इदानीमेव विहायसा गत्वा मम वचनात्तत्रभवते कण्वाय प्रियमावेदय यथा पुत्रवती शकुन्तला तच्छापनिवृत्तौ स्मृतिमता दुष्यन्तेन प्रतिगृहीतेति ।

शिष्यः—यदाज्ञापयति भगवान् । [इति निष्क्रान्तः ।]

मारीचः—वत्स ! त्वमपि स्वापत्यदारसहितः सख्युराखण्डलस्य रथमारुह्य ते राजधानीं प्रतिष्ठस्व ।

राजा—यदाज्ञापयति भगवान् ।

मारीचः—अपि च ।

भवतु तव बिडौजाः प्राज्यवृष्टिः प्रजासु
त्वमपि विततयज्ञो वज्रिणं भावयेथाः ।
गणशतपरिवर्तैरेवमन्योन्यकृत्यै-
र्नियतमुभयलोकानुग्रहश्लाघनीयैः ॥३४॥

राजा—भगवन् ! यथाशक्ति श्रेयसे यतिष्ये ।

मारीचः—वत्स ! किं ते भूयः प्रियमुपकरोमि ।

राजा—अतः परमपि प्रियमस्ति । यदिह भगवान्प्रियं कर्तुमिच्छति तर्हीदमस्तु ।

शिष्य—मैं हूँ भगवन् !

मारीच—गालव ! अभी आकाश-मार्गसे जाकर मेरी ओरसे कण्वजीको यह प्यारा समाचार देना कि शाप छूटनेपर दुष्यन्तने सब स्मरण करके शकुन्तला और उसके पुत्रको ग्रहण कर लिया है ।

शिष्य—जैसी भगवानकी आज्ञा । [चला जाता है ।]

मारीच—वत्स ! तुम भी अब अपने पुत्र और स्त्रीको साथ लेकर अपने मित्र इन्द्रके रथपर चढ़कर अपनी राजधानीको लौट जाओ ।

राजा—जैसी भगवान् की आज्ञा ।

मारीच—और सुनो ! तुम्हारी प्रजाके लिये इन्द्र सदा भरपूर वर्षा किया करें और तुम भी सैंकड़ों युग-सन्धोंपर राज्य करते हुए बहुत यज्ञ करके इन्द्रको प्रसन्न करते रहो । इस प्रकार एक दूसरेके लिये ऐसे अच्छे-अच्छे काम करते रहो कि दोनों लोक सुखी रहें ॥३४॥

राजा—भगवन् ! मैं भरसक अच्छे काम करने का जतन करूँगा ।

मारीच—वत्स ! और कुछ तुम्हारी इच्छा हो तो कह डालो ।

राजा—इससे बढ़कर भी क्या और कोई बात हो सकती है ? फिर भी यदि आप मुझपर कुछ और कृपा करना ही चाहते हैं तो ऐसा कीजिए कि—[भरतवाक्य] राजा सदा अपनी प्रजाकी

[भरतवाक्यम्]

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम् ।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः ॥३५॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

॥ इति सप्तमोऽङ्कः ॥

॥ समाप्तमिदमभिज्ञानशाकुन्तलं नाम नाटकम् ॥

भलाईमें लगे रहें, बड़े बड़े विद्वान कवियोंकी वाणीका सब कहीं आदर हो और अपनेसे उत्पन्न होनेवाले तथा चारों ओर अपनी शक्ति फैलानेवाले महादेवजी ऐसी कृपाकरें कि मुझे अब फिर जन्म न लेना पड़े ॥३५॥

[सब चले जाते हैं।]

॥ सातवां अंक समाप्त ॥

॥ महाकवि श्रीकालिदासका रचा हुआ अभिज्ञान-शाकुन्तल नामका नाटक समाप्त हुआ ॥

विक्रमोर्वशीयम्

आज मैं
चाहता हूँ।
,हो सावधानीसे

पात्र-परिचयः

पुरुषाः

सूत्रधारः—नाटकस्य प्रबन्धकर्त्ता ।
पारिपार्श्वकः—सूत्रधारस्य सहचरः ।
पुरूरवस्—प्रतिष्ठानदेशस्य राजा, नाटकस्य नायकः ।
माणवकः—विदूषकः ।
आयुस्—पुरूरवसः पुत्र ।
नारदः—देवर्षिः ।
चित्ररथः—गन्धर्वेश्वरः ।
कंचुकी—राजपरिचारकः ।
पल्लवः, गालवश्च } भरतमुनेः शिष्यौ ।

स्त्रियः

उर्वशी—एका अप्सरा । नाटकस्य नायिका ।
चित्रलेखा—द्वितीया अप्सरा । उर्वश्याः सखी ।
सहजन्या, रम्भा, मेनका, } अप्सरसः ।
देवी—राज्ञी । काशिराजस्य कन्या ।
निपुणिका—राज्ञ्याः परिचारिका ।
तापसी—तपस्विनी ।
परिजनः—राज्ञ्याः परिचारिकाः ।
यवनी—राज्ञः परिचारिका ।

——

प्रथमोऽङ्कः

वेदान्तेषु यमाहुरेकपुरुषं व्याप्य स्थितं रोदसी
यस्मिन्नीश्वर इत्यनन्यविषयः शब्दो यथार्थाक्षरः ।
अन्तर्यश्च मुमुक्षुभिर्नियमितप्राणादिभिर्मृग्यते
स स्थाणुः स्थिरभक्तियोगसुलभो निःश्रेयसायास्तु वः ॥१॥

[नान्द्यन्ते]

सूत्रधार —अलमतिविस्तरेण । [नेपथ्याभिमुखमवलोक्य ।] मारिष, इतस्तावत् ।

[प्रविश्य]

पारिपार्श्वक —भाव ! अयमस्मि ।

सूत्रधार —मारिष ! परिषदेषा पूर्वेषां कवीनां दृष्टरसप्रबन्धा । अहमस्यां कालिदासग्रथितवस्तुना नवेन विक्रमोर्वशीनामधेयेन त्रोटकेनोपस्थास्ये । तदुच्यतां पात्रवर्गः स्वेषु पाठेष्ववहितैर्भवितव्यमिति ।

पारिपार्श्वक —यथाज्ञापयति भावः । [इति निष्क्रान्तः ।]

प्रथम अङ्क

वेदान्ती लोग जिन्हें ऐसा अकेला पुरुष बताते हैं जो पृथ्वी और आकाशमें रमा हुआ होनेपर भी सबसे अलग बना रहता है, जिनका ईश्वर नाम ऐसा सटीक और सच्चा है कि और किसी को भी इस नामसे नहीं पुकारा जा सकता और मोक्ष पानेकी इच्छा करनेवाले लोग जिन्हें प्राणायाम साधकर अपने हृदयके भीतर खोजते हैं, वे सच्ची भक्तिसे मिलनेवाले शिवजी आप सब लोगोंका कल्याण करें । ॥१॥

[नान्दी हो चुकनेपर]

सूत्रधार—अच्छा अब देर नहीं करनी चाहिए । [नेपथ्यकी ओर देखकर] अरे भाई मारिष ! इधर तो आओ ।

[पारिपार्श्वक आता है ।]

पारिपार्श्वक—लीजिए, आ गया, आर्य !

सूत्रधार—देखो मारिष ! इस सभाने पुराने कवियोंके तो बहुतसे नाटक देखे हैं । आज मैं इन्हें श्रीकालिदासका बनाया हुआ विक्रमोर्वशीय नामका एक नया त्रोटक दिखलाना चाहता हूँ । इसलिये सब अभिनेताओंको जाकर समझा दो कि अपने-अपने पाठका अभिनय बड़ी सावधानीसे करें ।

पारिपार्श्वक—जैसी आपकी आज्ञा । [चला जाता है ।]

सूत्रधार.—यावदिदानीमार्यविदग्धमिश्रान्विज्ञापयामि । [प्रणिपत्य]

प्रणयिषु वा दाक्षिण्यादथवा सद्वस्तुपुरुषबहुमानात् ।
शृणुत जना अवधानात्क्रियामिमां कालिदासस्य ॥२॥

[नेपथ्ये]

अज्जा परित्ताअध परित्ताअध । जो सुरपक्खवादी जस्स वा अम्बरअले गई अत्थि ।
(आर्या. परित्रायध्व परित्रायध्वम् । य. सुरपक्षपाती यस्य वाम्बरतले गतिरस्ति ।)

सूत्रधारः—[कर्णं दत्वा] अये किं नु खलु मद्विज्ञापनानन्तरमार्तानां कुररीणामिवाकाशे शब्दः श्रूयते ।

मत्तानां कुसुमरसेन षट्पदानां शब्दोऽयं परभृतनाद एष धीरः ।
आकाशे सुरगणसेविते समन्तात्किं नार्यः कलमधुराक्षरं प्रगीताः ॥३॥

[विचिन्त्य] भवतु । ज्ञातम् ।

ऊरूद्भवा नरसखस्य मुनेः सुरस्त्री कैलासनाथमनुसृत्य निवर्तमाना ।
बन्दीकृता विबुधशत्रुभिरर्धमार्गे क्रन्दत्यतः करुणमप्सरसां गणोऽयम् ॥४॥

[इति निष्क्रान्तः]

॥ प्रस्तावना ॥

सूत्रधार—तबतक मैं अपने विद्वान् दर्शकोंसे कुछ निवेदन कर लूँ । [सिर झुकाकर] सज्जनो ! आप लोगोंसे प्रार्थना है कि हम नम्र सेवकोंपर कृपा करके या इस नाटकके नायकका आदर करके आप लोग कालिदासकी इस रचनाको सावधान होकर सुनें ॥२॥

[नेपथ्यमें]

आर्यो ! बचाओ ! बचाओ !! जो भी कोई देवताओंका हित चाहनेवाला हो और जो आकाशमें भी आ-जा सकता हो, वह आकर हमें बचावे ।

सूत्रधार—[सुनकर] अरे ! यह क्या ? मेरी प्रार्थना समाप्त होते ही आकाशमें यह कैसा कुररीके रोने-जैसा शब्द सुनाई देने लगा—[सोचकर] क्या यह फूलोंका रस पीकर मतवाले बने हुए भौंरोंकी गुंजार है ? या कहीं कोयलकी मस्तानी कूक तो नहीं है ? या कहीं आकाशमें देवताओंके साथ गाई हुई अप्सराएँ मीठी तान तो नहीं छेड़े हुए हैं ? ॥३॥ [सोच कर] ठीक है । समझ गया ।

नरके मित्र नारायणकी जाँघसे उर्वशी नामकी जो अप्सरा उत्पन्न हुई थी वह जब कुबेरकी सेवा करके लौट रही थी तब राक्षस उसे बीचसे ही पकड़ ले गए हैं उसीपर ये अप्सराएँ इतनी रो-चिल्ला रही हैं ॥४॥ [चला जाता है ।]

॥ प्रस्तावना ॥

[ततः प्रविशन्त्यप्सरसः ।]

अप्सरसः—अज्ज परित्तायध परित्तायध । जो सुरपक्खवादी जस्स वा अम्बरयले गई अत्थि । (आर्याः परित्रायध्वं परित्रायध्वम् । यःसुरपक्षपाती यस्य वाम्बरतले गतिरस्ति ।)

[ततः प्रविशत्यपटीक्षेपेण राजा पुरूरवा रथेन सूतश्च ।]

राजा—अलमाक्रन्दितेन । सूर्योपस्थाननिवृत्तं पुरूरवसं मामेत्य कथ्यतां कुतो भवत्यः परित्रातव्या इति ।

रम्भा—असुरावलेवादो । (असुरावलेपात् ।)

राजा—किं पुनरसुरावलेपेन भवतीनामपराद्धम् ।

रम्भा—सुणादु महाराओ । जा तवोविसेससङ्किदस्स सुउमारं पहरणं महेन्दस्स पच्चादेसो रूवगव्विदाए सिरिगोरिए अलंकारो सग्गस्स, सा णो पिअसही उव्वसी कुबेरभवणादो णिवत्तमाणा केणावि दाणवेण चित्तलेहादुदीआ अद्धपधे ज्जेव बन्दिग्गाहं गिहीदा । (श्रृणोतु महाराजः । यः तपोविशेषशङ्कितस्य सुकुमारं प्रहरणं महेन्द्रस्य प्रत्यादेशो रूपगर्वितायाः श्रीगौर्याः अलंकारः सर्गस्य सा नः प्रियसख्युर्वशी कुबेरभवनान्निवर्तमाना केनापि दानवेन चित्रलेखा द्वितीया अर्धपथ एव एव बन्दिग्राहं गृहीता ।

राजा—अपि ज्ञायते कतमेन दिग्विभागेन गतः स जाल्मः ।

अप्सरसः—ईसाणीए दिसाए । (ऐशान्या दिशा ।)

[अप्सराएँ प्रवेश करती हैं ।]

अप्सराएँ—आर्यो ! बचाओ, बचाओ ! जो भी कोई देवताओंका हित चाहने वाला हो और जो आकाशमें भी आ-जा सकता हो, वह आकर हमें बचावे ।

[रथपर चढ़े हुए राजा पुरूरवा और सारथीका प्रवेश]

राजा—बस बस, रोओ मत ! मैं पुरूरवा हूँ और अभी भगवान् सूर्यकी उपासना करके आ रहा हूँ । आप लोग यहाँ मेरे पास आकर बताइए कि आप लोगोंको किससे बचाना होगा ।

रम्भा—राक्षसोंके अत्याचारसे ।

राजा—राक्षसोंने आप लोगोंपर क्या अत्याचार किया है ?

रम्भा—सुनिए महाराज ! किसीकी बड़ी तपस्यासे डरकर उसका तप डिगानेके लिये जिसे अपना सुकुमार शस्त्र बनाकर इन्द्र भेजते हैं, जिसके सुन्दर रूपके आगे अनन्त रूपवाली लक्ष्मी भी पानी भरती हैं और जो स्वर्गकी शोभा है, वही हमारी प्यारी सखी उर्वशी जब कुबेरके भवनसे लौट रही थी तो बीचमें ही कोई राक्षस उसे और चित्रलेखाको पकड़ ले गया ।

राजा—क्या आप लोग बता सकती हैं कि वह दुष्ट दैत्य किस ओर गया है ?

सहजन्या—ईशान (पूर्व-उत्तरके कोने) की ओर ।

राजा—तेन हि मुच्यतां विषादः। यतिष्ये व: सखीप्रत्यानयनाय।

अप्सरस:—सरिस एद सोमवंससंभवस्स। (सदृशमेतत्सोमवंशसंभवस्य।)

राजा—क्व पुनर्मां भवत्य: प्रतिपालयिष्यन्ति।

अप्सरस:—एदस्सिं हेमऊडसिहरे। (एतस्मिन् हेमकूटशिखरे।)

राजा—सूत! एतानीं दिशं प्रति चोदयाश्वानाशुगमनाय।

सूत:—यदाज्ञापयत्यायुष्मान्। (इति यथोक्तं करोति।)

राजा—[रथवेगं रूपयित्वा।] साधु साधु। अनेन रथवेगेन पूर्वप्रस्थितं वैनतेयमप्यासादयेयम्। किं पुनस्तमपकारिणं मघोन:। मम—

अग्रे यान्ति रथस्य रेणुपदवीं चूर्णीभवन्तो घना–
　　श्चक्रभ्रान्तिररान्तरेषु　नितनोत्यन्यामिवारावलीम्।
चित्रारम्भविनिश्चलं　हरिशिरस्यायामवच्चामरं
　　यन्मध्ये समवस्थितो ध्वजपट: प्रान्ते च वेगानिलात्॥४॥

[निष्क्रान्तो रथेन राजा सूतश्च]

सहजन्या—हला! गदो राएसी। ता अम्हे वि जधासदिट्ठं पदेसं गच्छम्ह। (हला! गतो राजर्षि। तद्वयमपि यथासदिष्टं प्रदेशं गच्छाम।)

राजा—तो आप लोग चिन्ता न कीजिए। मैं आपकी प्यारी सखीको लौटा लानेका अभी जतन करता हूँ।

रम्भा—आप चन्द्रवंशी हैं, आप सब कुछ कर सकते हैं।

राजा—आप लोग कहाँ मेरी बाट देखेंगी?

अप्सराएँ—इसी हेमकूटकी चोटीपर।

राजा—सारथी! ईशान (उत्तर पूर्वकी) दिशाकी ओर रास मोडकर घोडोंको हाँको तो वेगसे।

सारथी—जैसी आपकी आज्ञा [वैसा ही करता है।]

राजा—[रथकी चाल देखकर] वाह! वाह! जब चलते ही रथ इतने वेगसे दौड रहा है तब तो मैं गरुडको भी पछाड सकता हूँ, फिर इन्द्रके शत्रु राक्षस तो हैं किस गिनती में! मेरा रथ इतने तीव्र वेगसे दौड रहा है कि उसकी रगडसे घने बादल पिस पिसकर धूल जैसे बन गए हैं। इसके पहिए भी इतने वेगसे घूम रहे हैं कि ऐसा लगता है मानो पहियोंके अरोंके बीचमें और बहुतसे अरे घमते चले जा रहे हों घोडोंके सिरोंपर चौरियाँ ऐसी खडी हो गई हैं कि जान पडता है मानो वे चित्रमें खिची हुई हों और वेगसे चलनेके कारण जो पवन उठता है उसकी झोंकसे झंडीका कपडा ध्वजाके डंडेके और अपने बाहरी छोरके बीचमें सीधा फैल गया है, तनिक भी हिलता डुलता नहीं॥४॥

[राजा तथा सारथी निकल जाते हैं।]

सहजन्या—सखियो! राजर्षि तो चले गए। चलो, हम लोग भी उधर चली चलें जहाँ उनसे मिलनेके लिये अभी कह चुकी हैं।

मेनका—सहि एव्वं करेम्ह (सखि ! एवं कुर्मः ।)

[इति हेमकूटशिखरे नाट्येनाधिरोहन्ति ।]

रम्भा—श्रवि णाम सो राएसी उद्धरदि णो हिग्रग्रसल्लम् । (श्रपि नाम स राजर्षिरुद्धरति नो हृदयशल्यम् ।)

मेनका—सहि ! मा दे सस्रमो भोदु । (सखि ! मा ते संशयो भवतु ।)

रम्भा—ण दुज्जश्रा दाणवा । (ननु दुर्जया दानवा ।)

मेनका—उवट्ठिदसपराश्रो महिन्दो वि मज्झमलोग्रादो सबहुमाणं श्राणाविश्र तं एव्व विबुधविजग्राय सेणामुहे णिश्रोजेदि । (उपस्थितसंपरायो महेन्द्रोऽपि मध्यमलोकात्सबहुमानमानाय्य तमेव विबुधविजयाय सेनामुखे नियुङ्क्ते ।)

रम्भा—सव्वहा विग्रई भोदु । (सर्वथा विजयी भवतु ।)

मेनका—(क्षणमात्र स्थित्वा) हला समस्ससध समस्ससध । एस उल्लसिदहरिणकेदणो तस्स राएसिणो सोमदत्तो रहो दीसदि । ण एसो अकिदत्थो पडिणिउत्तिस्सदि त्ति तक्केमि । (सख्य. समाश्वसित समाश्वसित । एष उल्लसितहरिणकेतनस्तस्य राजर्षे सोमदत्तो रथो दृश्यते । नैषोऽकृतार्थ प्रतिनिवर्तिष्यति इति तर्कयामि ।)

[निमित्त सूचयित्वावलोकयन्त्य स्थिता ।]

[तत प्रविशति रथारूढो राजा सूतश्च । भयनिमीलिताक्षी चित्रलेखा दक्षिणहस्तावलम्बिता उर्वशी च ।]

चित्रलेखा—सहि समस्सस समस्सस । (सखि समाश्वसिहि समाश्वसिहि ।)

राजा—सुन्दरि ! समाश्वसिहि ।

मेनका—हाँ सखी, चलो ।

[सब हेमकूट पर्वतपर चढ़नेका नाट्य करती हैं ।]

रम्भा—क्या वे राजर्षि सचमुच हम लोगोंके मनकी कसक दूर कर सकेंगे ?

मेनका—इसमें सन्देह न करो सखी !

रम्भा—पर उन दैत्योंको कोई जीत थोड़े ही सकता है ।

मेनका—जानती हो, जब देवताओंको विजयके लिये युद्ध करना होता है उस समय इन्द्र इन्हींको मध्यलोकसे बड़े सम्मानके साथ बुलाकर अपना सेनापति बनाते हैं । समझी ?

रम्भा—अच्छा मैं तो मनाती हूँ कि सब प्रकार उनकी जीत हो ।

मेनका—[थोड़ी देर ठहर कर] सखियो ! चुप हो जाओ, धीरज रक्खो ! वह देखो, राजर्षिके सोमदत्त रथकी वह झंडी हिलती दिखाई दे रही है जिसपर हिरण बना हुआ है । मैं समझती हूँ कि काम पूरा किए बिना वे नहीं लौटे होंगे ।

[सब सखियाँ उतावली होकर उधर देखती हैं ।]

[रथपर बैठे हुए राजा और सारथीका प्रवेश ।]

[उसी रथपर चित्रलेखाके दाहिने हाथपर सहारा देकर डरसे आँखें बन्द करके पड़ी हुई उर्वशी दिखाई देती है ।]

चित्रलेखा—सखी ! धीरज धरो, धीरज !

राजा—सुन्दरी ! धीरज धरो । अब राक्षसोंका तो डर नहीं रहा, क्योंकि इन्द्रका बल तो

गतं भयं भीरु सुरारिसंभवं त्रिलोकरक्षी महिमा हि वज्रिणः ।
तदेतदुन्मीलय चक्षुरायतं निशावसाने नलिनीव पङ्कजम् ॥६॥

चित्रलेखा—अम्महे कहं उस्ससिदमेत्तसभाविदजीविदा अज्ज वि एसा सण्णं ण पडिवज्जदि ।
(अहो कथमुच्छ्वसितमात्रसंभावितजीविता अद्याप्येषा संज्ञां न प्रतिपद्यते ।)

राजा—बलवदत्र भवती परित्रस्ता । तथाहि ।

मन्दारकुसुमदाम्ना गुरुरस्याः सूच्यते हृदयकम्पः ।
मुहुरुच्छ्वसता मध्ये परिणाहवतोः पयोधरयोः ॥७॥

चित्रलेखा—[सकरुणम्] हला उव्वसि ! पज्जवत्थावेहि अत्ताणम् । अणच्छरा विअ पडिभासि । [सखि उर्वशि ! पर्यवस्थापयात्मानम् । अनप्सरेव प्रतिभासि ।)

राजा—मुञ्चति न तावदस्या भयकम्पः कुसुमकोमलं हृदयम् ।
सिचयान्तेन कथंचित्स्तनमध्योच्छ्वासिना कथितः ॥८॥

(उर्वशी प्रत्यागच्छति ।)

राजा—[सहर्षम्] चित्रलेखे दिष्ट्या वर्धसे । प्रकृतिमापन्ना ते प्रियसखी । पश्य ।

आविर्भूते शशिनि तमसा मुच्यमानेव रात्रि-
र्नैशस्यार्चिर्हुतभुज इव च्छिन्नभूयिष्ठधूमा ॥
मोहेनान्तर्वरतनुरियं लक्ष्यते मुक्तकल्पा ।
गङ्गारोधःपतनकलुषा गच्छतीव प्रसादम् ॥९॥

तीनो लोकोंकी रक्षा कर सकता है, इसलिये तुम अपनी बड़ी-बड़ी आँखें उसी प्रकार खोल दो जैसे प्रात काल होनेपर कमलिनी अपना फूल खोल देती है ॥६॥

चित्रलेखा—यह बड़े अचरजकी बात है कि जिसकी चलती हुई सांसको देखकर ही विश्वास होता है कि यह जी रही है वह अभीतक अपनी आँखें नही खोल रही है ।

राजा—भद्रे ! तुम्हारी सखी बहुत ही डर गई है । क्योंकि इसके बड़े बड़े स्तनोंके बीचमे जो मन्दारकी माला पड़ी हुई है उसके बराबर हिलनेसे ही यह जान पड रहा है कि इसका हृदय डरके मारे अभी तक बड़ा काँप रहा है ॥७॥

चित्रलेखा—[दुखी होकर] सखी उर्वशी ! धीरज धरो । ऐसा करती हुई, तुम अप्सरा नही जान पड़ती ।

राजा—इनके स्तनोंके ऊपर हिलनेवाले वस्त्रसे ही जान पड रहा है कि डरसे जो कँप-कँपी छूटी थी वह अभीतक इनके फूल-जैसे कोमल हृदयको छोड नही रही है ॥८॥

[उर्वशी आँखें खोलती है ।]

राजा—[प्रसन्न होकर] बधाई है चित्रलेखाजी ! आपकी सखीने आँखें खोल दी हैं । देखो—मूर्छा दूर होनेपर आपकी सखी ऐसी लगती हैं जैसे चन्द्रमाके निकल आनेपर अँधेरेसे छूटी हुई रात हो, या रातके समय बिना धुएँवाली अग्निकी लपट हो, या गंगाजीकी वह धारा हो कगारके गिरनेसे गँदली होकर फिर स्वच्छ हो गई हो ॥९॥

चित्रलेखा—सहि उव्वसि । वीसद्धा भव । आवण्णाणुकम्पिणा महाराएण पडिहदा क्खु दे तिदसपरिपन्थिणो हदासा दाणवा । (सखि उर्वशि ! विसब्धा भव । आपन्नानुकम्पिना महाराजेन प्रतिहताः खलु ते त्रिदशपरिपन्थिनो हताशदानवाः ।)

उर्वशी—[चक्षुषी उन्मील्य ।] किं पहावदंसिणा महिन्देण अब्भुववण्णम्हि । (किं प्रभावदर्शिना महेन्द्रेणाभ्युपपन्नास्मि ।)

चित्रलेखा—ण महिन्देण । महिन्दसरिसाणुभावेण राएसिणा पुरूरवसेण । (न महेन्द्रेण । महेन्द्रसदृशानुभावेन राजर्षिणा पुरूरवसा ।)

उर्वशी—[राजानमवलोक्य । आत्मगतम् ।] उवकिदं क्खु दाणवेन्दसंरम्भेण । (उपकृतं खलु दानवेन्द्रसंरम्भेण ।)

राजा—[उर्वशीं विलोक्य । आत्मगतम् ।] स्थाने खलु नारायणमृषिं विलोभयन्त्यस्तदूरुसंभवामिमां विलोक्य व्रीडिताः सर्वा अप्सरस इति । अथवा नेयं तपस्विनः सृष्टिरित्यवैमि । कुतः ।

> अस्याः सर्गविधौ प्रजापतिरभूच्चन्द्रो नु कान्तिप्रदः
> शृङ्गारैकरसः स्वयं नु मदनो मासो नु पुष्पाकरः ।
> वेदाभ्यासजडः कथं नु विषयव्यावृत्तकौतूहलो
> निर्मातुं प्रभवेन्मनोहरमिदं रूपं पुराणो मुनिः ॥१०॥

उर्वशी—हला—चित्तलेहे सहीअणो कहिं क्खु भवे । (सखि चित्रलेखे ! सखीजनः कुत्र खलु भवेत् ।)

चित्रलेखा—सखी उर्वशी ! विश्वास करो, दुखियोंपर कृपा करनेवाले महाराजने देवताओंके शत्रु दुष्ट राक्षसोंको मार भगाया है ।

उर्वशी—[आँखें खोलकर] क्या बलशाली इन्द्रने मुझे बचाया है ?

चित्रलेखा—महेन्द्रने नहीं, इन्द्रके ही समान वीर राजर्षिने ।

उर्वशी—[राजाको देखकर मनमें] तो राक्षसोंके उपद्रवने उपकार ही किया है ।

राजा—[उर्वशीको देखकर मन ही मन] नारायण ऋषिको लुभानेके लिये जो अप्सराएँ गई थीं, उन्होंने जब ऋषिकी जंघासे उत्पन्न होनेवाली इस उर्वशीके रूपको देखा तो वे सब झेंप गईं । यह ठीक ही था, क्योंकि ऐसा सुन्दर रूप कोई तपस्वी तो उत्पन्न कर नहीं सकता । इसे बनानेके लिये या तो चाँदनी देनेवाले चन्द्रमा ही स्वयं ब्रह्मा बने होंगे या शृङ्गार रसके देवता स्वयं कामदेवने इसे बनाया होगा, या फिर वसन्तने ही इसे रचा होगा । नहीं तो बताइए, भला वेद पढ़ पढ़कर पथराए हुए और भोग-विलाससे दूर रहने वाले वे बूढ़े ऋषि ऐसा सुन्दर रूप कैसे उत्पन्न कर सकते हैं ॥१०॥

उर्वशी—सखी चित्रलेखा ! हमारी सब सखियाँ कहाँ होंगी ?

चित्रलेखा—सहि अभअप्पदाई महाराओ जाणादि। (सखि अभयप्रदायी महाराजो जानाति।)

राजा—[उर्वशीं विलोक्य।] महति विषादे वर्तते सखीजनः। पश्यतु भवती।

यदृच्छया त्वं सकृदप्यवन्ध्ययोः पथि स्थिता सुंदरि यस्य नेत्रयोः।
त्वया विना सोऽपि समुत्सुको भवेत्सखीजनस्ते किमुदार्द्रसौहृदः॥११॥

उर्वशी—[आत्मगतम्।] अमिअं क्खु दे वअणम्। अहवा चन्दादो अमिअं त्ति किं अच्चरिअम्। [प्रकाशम्] अदो एव्व मे पेक्खिदुं तुवरदि हिअअम्। (अमृतं खलु ते वचनम्। अथवा चन्द्रादमृतमिति किमाश्चर्यम्। अत एव मे प्रेक्षितुं त्वरते हृदयम्।)

राजा—[हस्तेन दर्शयन्।]

एताः सुतनु मुखं ते सख्यः पश्यन्ति हेमकूटगताः।
उत्सुकनयना लोकाश्चन्द्रमिवोपप्लवान्मुक्तम्॥१२॥

[उर्वशी साभिलाषं पश्यति।]

चित्रलेखा—हला किं पेक्खसि। (सखि किं प्रेक्षसे।)

उर्वशी—णं समदुक्खसुहदो पिबीअदि लोअणेहिं। (ननु समदुःखसुखः पीयते लोचनाभ्याम्)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] अइ को। (अयि कः।)

उर्वशी—णं पणइअणो। (ननु प्रणयिजनः।)

चित्रलेखा—इसे बचानेवाले महाराज ही जानते होंगे।

[उर्वशीको देखकर]

राजा—आपकी सखियाँ बड़ी ही दुखी दिखाई दे रही हैं। देखिए, यदि आपको कोई एक बार भी दैवयोगसे देख ले तो वह भी आपके वियोगमें विकल हो उठे, फिर, आपके प्रेममें पगी हुई सखियोंकी तो बात ही क्या? ॥११॥

उर्वशी—[मन ही मन] आपके वचन तो अमृत हैं। पर चन्द्रमासे यदि अमृत बरसे तो आश्चर्य ही क्या। [प्रकट] इसीलिये तो मेरा हृदय उन्हें देखनेके लिये इतनी उतावली कर रहा है।

राजा—[हाथसे दिखाता हुआ] यह देखिए, आपकी सखियाँ हेमकूटपर बैठी हुई आपकी ओर वैसी ही उत्सुकतासे देख रही हैं जैसी उत्सुकतासे लोग ग्रहणसे छूटे हुए चन्द्रमाको देखा करते हैं॥१२॥

[उर्वशी राजाको चाहके साथ देखती है।]

चित्रलेखा—इतने ध्यानसे क्या देख रही हो सखी?

उर्वशी—जो अपने दुःखमें काम आये उन्हें आँखोंसे पी रही हूँ।

चित्रलेखा—[हँसकर] अरी किन्हें?

उर्वशी—अपने प्रियजन।

रम्भा—[सहर्षमवलोक्य] हला ! चित्तलेहादुदीअं पिअसहीं उव्वसीं गेण्हिअ विसाहासहिदो विअ भअवं सोमो समुवट्ठिदो राएसी। (सखि ! चित्रलेखाद्वितीयां प्रियसखीमुर्वशीं गृहीत्वा विशाखासहित इव भगवान्सोमः समुपस्थितो राजर्षिः।)

मेनका—[निर्वर्ण्य] हला दुवे वि णो एत्थ पिआ उवणदा। इअं पच्चाणीदा पिअसही। अअं च अपरिक्खदसरीरो राएसी दीसदि। (सखि ! द्वे अपि नोऽत्र प्रिये उपनते। इयं प्रत्यानीता प्रियसखी। अयं चापरिक्षतशरीरो राजर्षिः।)

सहजन्या—सहि जुत्तं भणासि दुज्जओ दाणओ त्ति। (सखि ! युक्तं भणसि दुर्जयो दानव इति।)

राजा—सूत इदं तच्छैलशिखरम्। अवतारय रथम्।

सूतः—यदाज्ञापयत्यायुष्मान्। [इति तथा करोति।]

[उर्वशी रथावतारक्षोभं नाटयन्ती सत्रासं राजानमवलम्बते।]

राजा—[स्वगतम्।] हन्त सफलो मे विषमावतारः।

यदिदं रथसंक्षोभादङ्गेनाङ्गं ममायतेक्षणया।
स्पृष्टं सरोमकण्टकमङ्कुरितं मनसिजेनेव ॥१३॥

उर्वशी—हला किं वि परदो ओसर। (सखि किमपि परतोऽपसर।)

चित्रलेखा—णाहं सक्केमि। (नाहं शक्नोमि।)

रम्भा—[हर्षसे देखकर] चित्रलेखा और प्यारी सखी उर्वशीको साथ लेकर यह राजर्षि उसी प्रकार इधर चले आ रहे हैं जैसे विशाखाके दो तारोंके साथ चन्द्रमा चले आ रहे हों।

मेनका—[विचारकर] सखी, ये दोनों बातें अच्छी ही हुई कि हमारी सखी भी लौटकर आ गई और राजाको भी किसी प्रकार चोट नहीं आई।

सहजन्या—तुम ठीक कह रही हो सखी ! नहीं तो भला इन राक्षसोंको क्या कोई कभी जीत पाता है ?

राजा—सारथी ! यही है वह पर्वतकी चोटी। रथ यहीं उतार लो।

सारथी—जैसी आयुष्मान्‌की आज्ञा।

[रथ उतारता है।]

[रथके उतरनेके झटकेका नाट्य करती हुई उर्वशी राजाके शरीरसे लग जाती है।]

राजा—[मन ही मन] इस ऊबड़-खाबड़ भूमिपर रथका उतरना मेरे लिये अच्छा ही हुआ, क्योंकि रथके हिलने-डुलनेसे इस बड़ी-बड़ी आँखोंवाली सुन्दरीके शरीरसे मेरे शरीरके बार-बार छूनेपर शरीरसे जो रोमाञ्च हो आया है वह ऐसा जान पड़ता है मानो प्रेमके अंकुर फूट आए हों ॥१३॥

उर्वशी—सखी ! थोड़ा उधरको हट जाओ।

चित्रलेखा—मुझसे तो नहीं हटा जाता।

रम्भा—एत्थ पिअआरिणं संभावेम्ह राएसिम्। (अत्र प्रियकारिणं संभावयामो राजर्षिम्।)

[सर्वा उपसर्पन्ति।]

राजा—सूत उपश्लेषय रथम्।

यावत्पुनरियं सुभ्रूरुत्सुकाभिः समुत्सुका।
सखीभिर्याति संपर्कं लताभिः श्रीरिवार्तवी ॥१४॥

[सूतो रथं स्थापयति।]

अप्सरसः—दिट्ठिआ महाराओ विजएण वड्ढदि। (दिष्ट्या महाराजो विजयेन वर्धते।)

राजा—भवत्यश्च सखीसमागमेन।

उर्वशी—[चित्रलेखादत्तहस्तावलम्बा रथादवतीर्य] हला अधिअं परिस्सजह। ण क्खु मे आसी आसासो जहा पुणो वि सहीअणं पेक्खिस्सं त्ति। (सख्यः अधिकं परिष्वजध्वम्। न खलु मे आसीदाश्वासो यथा पुनरपि सखीजनं प्रेक्षिष्य इति।)

[सख्यः परिष्वजन्ते।]

मेनका—[साशसम्] सव्वहा कप्पसदं महाराओ पुहविं पालअन्तो होदु। (सर्वथा कल्पशतं महाराजः पृथिवीं पालयन्भवतु।)

सूतः—आयुष्मन्! पूर्वस्यां दिशि महता रथवेगेनोपदर्शितः शब्दः।

अयं च गगनात्कोऽपि तप्तचामीकराङ्गदः।
अधिरोहति शैलाग्रं तडित्वानिव तोयदः ॥१५॥

रम्भा—चलो, अपना भला करनेवाले इस राजर्षिका हम लोग आगे बढ़कर स्वागत तो करें।

[सब आगे बढ़ती हैं।]

राजा—सारथी! रथको इनके पास तक तो बढ़ा ले चलो, जिससे ये अधीर सुन्दरी अपनी घबराई हुई सखियोंसे उसी प्रकार मिल ले जैसे बसन्तकी शोभा लताओंसे जा मिलती है ॥१४॥

[सारथी रथ खड़ा कर लेता है।]

अप्सराएँ—इस विजयपर महाराजको बधाई है।

राजा—आप सबको भी अपनी प्यारी सखीसे मिलनेकी बधाई है।

उर्वशी—[चित्रलेखाके हाथके सहारे उतरकर] सखियो! मुझसे कसकर गले मिललो। मैं तो तुम सबसे मिलनेकी आशा ही छोड़ बैठी थी।

[सखियाँ गले मिलती हैं।]

मेनका—[प्रशंसा करते हुए] महाराज सैकड़ों कल्पोंतक पृथ्वीका पालन करते रहें।

सारथी—महाराज! पूर्व दिशाकी ओरसे किसी वेगसे आते हुए रथकी घड़घड़ सुनाई दे रही है। देखिए, तपे हुए सोनेका भुजबन्ध पहने हुए कोई इसी पर्वतके शिखरपर आकाशसे उसी प्रकार उतर रहा है जैसे कोई बिजलीवाला बादल हो ॥१५॥

अप्सरसः—[पश्यन्त्यः] अम्मो चित्तरहो । (अहो चित्ररथः ।)

[ततः प्रविशति चित्ररथः ।]

चित्ररथः—[राजानं दृष्ट्वा सबहुमानम् ।] दिष्ट्या महेन्द्रोपकारपर्याप्तेन विक्रममहिम्ना वर्धते भवान् ।

राजा—अये गन्धर्वराजः । [रथादवतीर्य ।] स्वागतं प्रियसुहृदे ।

(परस्परं हस्तौ स्पृशतः ।)

चित्ररथः—वयस्य केशिना हृतामुर्वशीं नारदादुपश्रुत्य प्रत्याहरणार्थमस्याः शतक्रतुना गन्धर्वसेना समादिष्टा । ततो वयमन्तरा चारणेभ्यस्त्वदीयं जयोदाहरणं श्रुत्वा त्वामिहस्थमुपागताः । स भवानिमां पुरस्कृत्य सहास्माभिर्मघवन्तं द्रष्टुमर्हति । महत्खलु तत्रभवतो मघोनः प्रियमनुष्ठितं भवता । पश्य ।

पुरा नारायणेनेयमतिसृष्टा मरुत्वते ।
दैत्यहस्तादपाच्छिद्य सुहृदा संप्रति त्वया ॥१६॥

राजा—सखे मैवम् ।

ननु वज्रिण एव वीर्यमेतद्विजयन्ते द्विषतो यदस्य पक्ष्याः ।
वसुधाधरकंदराविसर्पी प्रतिशब्दो हि हरेर्हिनस्ति नागान् ॥१७॥

चित्ररथः—युक्तमेतत् । अनुत्सेकः खलु विक्रमालंकारः ।

अप्सराएँ—[देखती हुई] अरे ! ये तो चित्ररथ हैं ।

[चित्ररथका प्रवेश]

चित्ररथ—[राजाको देखकर आदरसे] इन्द्रका उपकार करनेकी शक्ति रखनेवाले महाराज ! आपको बधाई है ।

राजा—अरे आप ! गन्धर्वराज ! [रथसे उतरकर] स्वागत करता हूँ मित्र ! [दोनों आपसमें हाथ मिलाते हैं ।]

चित्ररथ—वयस्य ! नारदजीने इन्द्रको अभी-अभी बताया है कि उर्वशीको केशी हर ले गया है । यह सुनकर इन्द्रने गन्धर्वोंकी सेनाको आज्ञा दी कि उसे जाकर छुड़ा लाओ । इसी बीचमें हमने मार्गमें देखा कि चारण लोग आपकी विजयके गीत गाते चले आ रहे हैं । बस उसे सुनकर हम लोग इधर चले आए । अब आप उर्वशीको लेकर स्वयं हमारे साथ भगवान् इन्द्रसे चलकर मिलिए, आपने सचमुच इन्द्रका बड़ा भारी उपकार किया है । देखिए—जैसे पहले इसको नारायणने इसे उत्पन्न करके इन्द्रको सौंप दिया था वैसे ही अब दैत्योंके हाथसे छुड़ाकर आप मित्रके नाते इसे इन्द्रको भेंट कर दीजिए ॥१६॥

राजा—नहीं नहीं ऐसा न कहो ! यह सब इन्द्र भगवानके ही पराक्रमका तो फल है कि उनके मित्र अपने शत्रुओंको उसी प्रकार मार भगाते हैं जैसे पर्वतकी गुफासे टकरा-कर गूँजती हुई सिंहकी दहाड़ हाथियोंको डराकर भगा देती है ॥१७॥

चित्ररथ—ठीक हो । जो पराक्रमी होते हैं उन्हें विनय ही शोभा देता है ।

राजा—सखे नायमवसरो मम शतक्रतुं द्रष्टुम् । अतस्त्वमेवात्रभवतीं प्रभोरन्तिकं प्रापय ।

चित्ररथः—यथा भवान्मन्यते । इत इतो भवत्यः ।

[सर्वाः प्रस्थिताः ।

उर्वशी—[जनान्तिकम्] हला चित्तलेहे, उवआरिणं राएसि ण सक्कुणोमि आमन्तेदुम् । ता तुमं एव्व मे मुहं होहि । (सखि चित्रलेखे । उपकारिणं राजर्षिं न शक्नोम्यामन्त्रयितुम् । तत्त्वमेव मे मुखं भव ।)

चित्रलेखा—[राजानमुपेत्य ।] महाराअ उव्वसी विण्णवेदि—महाराएण अब्भणुण्णादा इच्छामि पिअसहिं विअ महाराअस्स कित्तिं सुरलोअं णेदुं । (महाराज ! उर्वशी विज्ञापयति—महाराजेनाभ्यनुज्ञातेच्छामि प्रियसखीमिव महाराजस्य कीर्तिं सुरलोकं नेतुम् ।)

राजा—गम्यतां पुनर्दर्शनाय ।

[सर्वाः सगन्धर्वा आकाशोत्पतनं रूपयन्ति ।]

उर्वशी—[उत्पतनभङ्गं रूपयित्वा ।] अम्मो लदाविडवे एसा एआवली वैजअन्तिआ मे लग्गा । [सव्याजमुपसृत्य राजानं पश्यन्ती ।] सहि चित्तलेहे मोआवेहि दाव णं । (अहो लताविटप ! एषैकावली वैजयन्तिका मे लग्ना । सखि चित्रलेखे मोचय तावदेनाम् ।)

चित्रलेखा—[विलोक्य विहस्य च ।] आं दिढं क्खु लग्गा सा । असक्का मोआविदुं । (आम् दृढं खलु लग्ना सा । अशक्यं मोचयितुम् ।)

उर्वशी—अलं पडिहासेन । मोआवेहि दाव णं । (अलं परिहासेन । मोचय तावदेनाम् ।)

राजा—मित्र ! इस समय तो मैं भगवान् इन्द्रका दर्शन कर नहीं सकूंगा, इसलिये आप ही इस समय इन्हें स्वामीके पास पहुँचा आइए ।

चित्ररथ—जैसी आपकी इच्छा । इधरसे आइए देवियो ! इधरसे ।

[सब चली जाती हैं ।]

उर्वशी—[अलग] सखी चित्रलेखा ! अपने ऊपर इतना उपकार करनेवाले राजर्षिसे चलते हुए विदा लेनेमें मुझे तो लाज लग रही है, इसलिये तुम्हीं मेरी ओरसे विदा माँग लो ।

चित्रलेखा—[राजाके पास पहुँच कर] महाराज ! उर्वशी कह रही है कि यदि महाराजकी आज्ञा हो तो महाराजकी कीर्तिको अपनी सखी बनाकर मैं इन्द्रलोकमें ले जाऊँ ।

राजा—जाइए, पर फिर दर्शन अवश्य दीजिएगा ।

[सब अप्सराएँ गन्धर्वके साथ आकाशमें उड़नेका नाट्य करती हैं ।]

उर्वशी—[उड़नेमें बाधा पड़नेका नाट्य करती हुई ।] अरे लो ! इस लताकी डालमें मेरी इकहरी वैजयन्तीकी माला ही फँस गई ! [घूमकर राजाको देखती है ।] सखी चित्रलेखा ! इसे छुड़ायो तो आकर ।

चित्रलेखा—[देखकर हँसते हुए] हाँ, यह तो बड़ी बुरी फँस गई है । यह क्या छुड़ाए छूटती है ?

उर्वशी—अच्छा ठिठोली रहने दो, पहले छुड़ाओ तो इसे ।

चित्रलेखा—अयं दुम्मोआ विअ मे पडिहादि। तहा वि मोआइस्सं दाव। (अयम् दुर्मोच्येव मे प्रतिभाति। तथापि मोचयिष्ये तावत्।)

उर्वशी—[स्मितं कृत्वा] पिअसहि सुमरेहि क्खु एदं अत्तणो वअणम्। (प्रियसखि! स्मरस्व खल्वेतदात्मनो वचनम्।)

राजा—[स्वगतम्]

प्रियमाचरितं लते त्वया मे गमनेऽस्याः क्षणविघ्नमाचरन्त्या।
यदियं पुनरप्यपाङ्गनेत्रा परिवृत्तार्धमुखी मया हि दृष्टा ॥१८॥

[चित्रलेखा मोचयति। उर्वशी राजानमालोकयन्ती सनिःश्वासं सखीजनमुत्पतन्तं पश्यति।]

सूतः—आयुष्मन्!

अदः सुरेन्द्रस्य कृतापराधान्प्रक्षिप्य दैत्यांल्लवणाम्बुराशौ।
वायव्यमस्त्रं शरधिं पुनस्ते महोरगः श्वभ्रमिव प्रविष्टम् ॥१६॥

राजा—तेन हि उपश्लेषय रथम्। यावदारोहामि। [सूतस्तथा करोति। राजा नाट्येन रथमारोहति।]

उर्वशी—[सस्पृहं राजानमवलोकयन्ती।] अवि णाम पुणो वि उअआरिणं एदं पेक्खिस्सं (अपि नाम पुनरप्युपकारिणमेनं प्रेक्षिष्ये।)

[इति सगन्धर्वा सह सखीभिर्निष्क्रान्ता।]

चित्रलेखा—अरे यह छूटती तो नहीं दिखाई देती, फिर भी देखती हूँ छुड़ाकर।

उर्वशी—[हँसती हुई] प्यारी सखी! देख, अपने ये शब्द स्मरण रखना, भूलना मत।

राजा—[मन ही मन] हे लता। तुमने इसे रोककर मुझपर बड़ी ही कृपा की है कि इधरको आधा मुँह फेरकर देखती हुई इस बड़े बड़े नेत्रवालीको मैंने इसी बहाने आँख भर देख तो लिया ॥१८॥

[चित्रलेखा माला छुड़ा देती है। उर्वशी राजाको देखकर लम्बी साँसें लेकर ऊपर उड़ती हुई सखियोंको देखती है।]

सूत—आयुष्मान्! आपु राक्षसोंको खारे समुद्रमें झोंककर आपका वायव्य शस्त्र आपके तूणीरमें उसी प्रकार आकर पैठ गया जैसे कोई साँप अपने बिलमें आकर पैठ जाय ॥१६॥

राजा—रथको थोड़ा पास तो बढ़ा लाओ जिससे मैं चढ़ सकूँ।

[सारथी रथको पास ले आता है और राजा रथपर चढ़नेका नाट्य करता है।]

उर्वशी—[बड़ी चाहके साथ राजाको देखती हुई] *क्या मैं अपने ऊपर उपकार करनेवाले* इन राजर्षिको फिर कभी देख पाऊँगी?

[गन्धर्व और सखियोंके साथ उर्वशी चली जाती है।]

राजा—[उर्वशीवर्त्मोन्मुखः ।] अहो दुर्लभाभिलाषी मदनः ।

एषा मनो मे प्रसभं शरीरात्पितुः पदं मध्यममुत्पतन्ती ।
सुराङ्गना कर्षति खण्डिताग्रात्सूत्रं मृणालादिव राजहंसी ॥२०॥

[इति निष्क्रान्तौ ।]

॥ इति प्रथमोऽङ्कः ॥

राजा—[जिधर उर्वशी गई उधरको देखते हुए] ओह ! कामदेव भी उसीकी ओर खींच ले जाता है जिसका मिलना बड़ा कठिन होता है—यह अप्सरा आकाशमें उड़कर जाती हुई मेरे मनको शरीरसे उसी प्रकार बलपूर्वक खींचे लिए जा रही है, जैसे कोई राज-हंसी टूटे हुए कमलकी डंठलसे उसका तंतु खींचे लिए चली जा रही हो ॥२०॥

[चले जाते हैं ।]

॥ पहला अंक समाप्त ॥

द्वितीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति विदूषकः ।]

विदूषक—ही ही भो णिमन्तणिम्रो परमण्णेण विम्र रामरहस्सेण फुट्टमाणो ण सक्कुणोमि जणाइण्णे अइण्णाणेण अत्तणो जीहं धारिदुम् । ता जाव सो राम्रा धम्मासणगदो इदो आमच्छइ ताव इमस्सि विरलजणसंबाधे देवच्छन्दम्रप्पासादे आरुहिम्र चिट्ठिस्सम् । [परिक्रम्योपविश्य पाणिभ्यां मुखं पिधाय स्थितः ।] (ही ही भो निमन्त्रणिक परमान्नेनेव राजरहस्येन स्फुटन्न शक्नोमि, जनाकीर्णेऽनीतनेनात्मनो जिह्वां धारयितुम् । तद्यावत्स राजा धर्मासनगत इत आयाति तावदेतस्मिन्विरलजनसंपाते देवच्छन्दकप्रासादे आरुह्य स्थास्ये ।)

[ततः प्रविशति चेटी]

चेटी—आणत्तम्हि देवीए कासिराम्रदुहिदाए जधा—हञ्जे णिउणिए जदो पहुदि भमवदो सुज्जस्स उवत्थाणं करिम्र पडिणिउत्तो महराम्रो तदो पहुदि सुण्णहिम्रम्रो विम्र लक्खीमदि । ता तुमं वि दाव अज्जमाणवम्रादो जाणाहि से उक्कुण्ठकालणं त्ति । ता कहं सो बम्हबन्धु अदिसंधादव्वो । अहवा तणग्गलग्ग विम्र अवस्साम्रसलिलं ण तस्सि रामरहस्सं चिरं चिट्ठदि त्ति तक्केमि । ता जाव णं अण्णेसामि । [परिक्रम्यावलोक्य च ।] अम्मो आलेक्खवाणरो विम्र किंपि मन्तम्रन्तो णिहुदो अज्जमाणम्रवो चिट्ठदि । ता जाव णं उवस-

---

द्वितीय अङ्क

[विदूषक प्रवेश]

विदूषक—हँ हँ हँ हँ ! न्योता जीमनेवाले पेटू ब्राह्मणका पेट जैसे फटा पड़ता है, वैसे ही राजाके प्रेमकी बात कहनेको मेरा भी जी ऐसा फटा पड रहा है कि मैं अपनी जीभको इतने लोगोंके बीचमे बोलनेसे रोक नही पा रहा हूँ। तो जबतक मेरे माननीय मित्र महाराज, राजसभासे लौटें तबतक मैं इस देवच्छन्दक नामके भवनमें ही चलकर बैठूं जहां लोगोंकी पहुँच भी बहुत कम होती है । (हाथसे मुख बन्द कर बैठता है ।)

[इतनेमे चेटी आती है।]

चेटी—काशी नरेशकी कन्याने मुझे आज्ञा दी है कि—हे निपुणिका ! भगवान् सूर्यको उपासना करके जबसे महाराज लौटे हैं तभीसे वे कुछ अनमनेसे दिखाई देते हैं। इसलिये तू जाकर उनके प्यारे मित्र माणवकसे उनकी उदासीका कारण पूछ आ। अब मैं उस मूर्खको कैसे फोड़ूं ? पर मैं समझती हूँ कि जैसे घासपर पड़ी हुई ओसकी बूँद बहुत देर तक नहीं ठहर पाती वैसे ही उसके पेटमे राजाकी गुप्त बातें बहुत देरतक नहीं पच सकेंगी।

ष्यामि। [उपसृत्य।] अज्ज वन्दामि। (आज्ञप्तास्मि देव्या काशिराजदुहित्रा यथा—हञ्जे निपुणिके यत्र प्रभृति भगवत सूर्यस्योपस्थान कृत्वा प्रतिनिवृत्तो महाराजस्तत प्रभृति शून्य हृदय इव लक्ष्यते। तत्त्वमपि तावदार्यमाणवकाज्जानीह्यस्योत्कण्ठाकारणमिति। तत्कथ स ब्रह्मबन्धुरतिसधातव्य। अथवा तृणाग्रलग्नमिवावश्यायसलिलं न तस्मिन्राजरहस्य चिर तिष्ठतीति तर्कयामि। तद्यावदेनमन्वेषयामि। अहो आलेख्यवानर इव किमपि मन्त्रयन्निभृत आर्यमाणवकस्तिष्ठति। तद्यावदेनमुपसर्पामि। आर्य वन्दे।)

विदूषक—सत्थि भोदीए। [आत्मगतम्] एद दुट्ठचेडिअ पेक्खिअ त रामरहस्स हिअअ भिन्दिअ णिक्कमदि विअ [किंचिन्मुख सवृत्य। प्रकाशम्।] भोदि णिउणिए सगीदवावार उज्झिअ कहिं पत्थिदासि। (स्वस्ति भवत्यै। एता दुष्टचेटिकां प्रेक्ष्य तद्राजरहस्यं हृदय भित्त्वा निष्क्रामतीव। भवति निपुणिके सगीतव्यापारमुज्झित्वा कुत्र प्रस्थितासि।)

चेटी—देवीए वअणेण अज्ज एव्व पेक्खिदुम्। (देव्या वचनेनार्यमेव प्रेक्षितुम्।)

विदूषक—किं तत्तभोदी आणवेदि। (किं तत्रभवत्याज्ञापयति।)

चेटी—देवी भणादि जधा—अज्जस्स मम उवरि अदक्खिण्णम्। ण म अणुइदवेअणा दुक्खिद अवलोअदि त्ति। (देवी भणति यथा—आर्यस्य ममोपरि-अदाक्षिण्यम्। न मामनुचितवेदना दु खितामवलोकयतीति।)

विदूषक—णिउणिए किं वा पिअवअस्सेण तत्तभोदीए पडिऊल किंवि समाचरिदम्। (निपुणिके किं वा प्रियवयस्येन तत्रभवत्या प्रतिकूल किमपि समाचरितम्।)

चेटी—ज णिमित्त उण भट्टा उक्कण्ठिदो ताए इत्थिआए णामेण भट्टिणा देवी आलविदा। (यन्निमित्त पुनर्भर्ता उत्कण्ठित तस्या स्त्रिया नाम्ना भर्त्रा देवी आलपिता।)

इसीलिए चलूं उसकी खोज देखूं। [घूमकर और देख कर] अरे, आर्य माणवक तो यहां चित्रम बने हुए बन्दरके समान कुछ सोचते हुए चुपचाप से बैठे हुए हैं। तो चलूं इनके पास। [पास जाकर] आर्य! प्रणाम करती हूं।

विदूषक—कल्याण हो आपका। [मन ही मन] इस दुष्ट दासीको देखकर तो राजाके प्रेमकी गुप्त बातें हृदय फोड़कर निकलना चाहती हैं। [प्रकट] कहो निपुणिकाजी! अपना गाना-बजाना छोड़कर किधर चली हो?

चेटी—देवीकी आज्ञासे आपके ही दर्शनके लिये तो आ रही थी।

विदूषक—कहो कहो, महारानीजीने क्या कहलाया है?

चेटी—उन्होंने कहलाया है कि आजकल आप हमपर कृपा नहीं कर रहे हैं और अकारण इतनी बड़ी चिन्तामें जलती हुईको देखने भी नहीं आते।

विदूषक—निपुणिका! क्या इधर महाराजने कोई देवीके मनके विरुद्ध काम कर डाला है?

चेटी—हां! आजकल महाराज जिसे प्यार करते हैं, उसीका नाम लेकर उन्होंने देवीको पुकार दिया।

विदूषक.—[स्वगतम्] कहं सअं एव्व तत्तभोदा वअस्सेण रहस्सभेदो किदो। किं दाणिं अहं बम्हणो जीहं रक्खिदुं समत्थोम्हि। [प्रकाशम्।] किं तत्तभोदा उव्वसीणामधेएण आमन्तिदा। (कथं स्वयमेव तत्रभवता वयस्येन रहस्यभेदः कृतः। किमिदानीमहं ब्राह्मणो जिह्वां रक्षितुं समर्थोस्मि। किं तत्र भवता उर्वशीनामधेयेनामन्त्रिता।)

चेटी—अज्ज का सा उव्वसी ? (आर्य का सा उर्वशी ?)

विदूषक—अत्थि उव्वसि त्ति अच्छरा। ताए दंसणेण उम्मादिदो ण केवलं तं आआसेदि मं वि बम्हणं असिदव्वविमुहं दिढं पीडेदि। (अस्त्युर्वशीत्यप्सराः। तस्या दर्शनेनोन्मादितो न केवलं तामायासयति मामपि ब्राह्मणमशितव्यविमुखं दृढं पीडयति।)

चेटी—[स्वगतम्।] उव्वादिदो मए भेदो भट्टिणो रहस्सदुग्गस्स। ता गदुअ देवीए एदं णिवेदेमि। (उत्पादितो मया भेदो भर्तू रहस्यदुर्गस्य। तद्गत्वा देव्यै एतन्निवेदयामि।) [इति प्रस्थिता।]

विदूषक.—णिउणिए! विण्णा वेहि मम वअणेण कासिराअदुहिदरम्—परिस्सन्तम्हि इमाए मिअतिण्हिआए। वअस्सं णिवत्तावेदुम्। जइ भोदीए मुहकमलं पेक्खिस्सदि तदो णिअत्तिस्सदि त्ति। (निपुणिके! विज्ञापय मम वचनेन काशिराजदुहितरम्—परिश्रान्तोऽस्म्येतस्या मृगतृष्णिकाया वयस्यं निवर्तयितुम्। यदि भवत्या मुखकमलं प्रेक्षिष्यते ततो निवर्तिष्यत इति।)

चेटी—जं अज्जो आणवेदि। (यदार्य आज्ञापयति) [इति निष्क्रान्ता।]

[नेपथ्ये वैतालिकः।]

जयतु जयतु देवः।

विदूषक—[मनमें] अरे! तो क्या स्वयं महाराजने ही सब भंडा फोड़ दिया! तब मैं ब्राह्मण होकर अपनी जीभ कैसे बाँधकर रख सकता हूँ। [प्रकट] क्या महाराजने उर्वशी कहकर पुकारा था?

निपुणिका—क्यों आर्य! यह उर्वशी कौन है?

विदूषक—अरे यह उर्वशी एक अप्सरा है। उसे देखकर महाराज ऐसी सुध-बुध खो बैठे हैं कि उन्होंने केवल देवीको ही जी नहीं दुखा रक्खा है वरन् भोजन-पानी छोड़े हुए इस ब्राह्मणको भी साँसत दे रक्खी है।

निपुणिका—[मनमें] स्वामीके भेदका दुर्ग तो मैंने फोड़ लिया। तो मैं जाकर देवीको यही सब बता देती हूँ। [चल देती है।]

विदूषक—सुनो सुनो निपुणिका! देखो, मेरी ओरसे काशिराजकी पुत्रीसे कहना कि मैं तो अपने मित्रको इस मृगतृष्णासे बचानेकी बात समझाते-समझाते थक गया। हाँ, यदि वे आपका मुख-कमल देख लें तो उनका मन उर्वशीसे अवश्य फिर जायगा। समझीं?

निपुणिका—जैसी आर्यकी आज्ञा। [चली जाती है।]

[नेपथ्यमें वैतालिक]

महाराजकी जय हो! जय हो!

आ लोकान्तात्प्रतिहततमोवृत्तिरासां प्रजानां
तुल्योद्योगस्तव च सवितुश्चाधिकारो मतो नः ।
तिष्ठत्येकः क्षणमधिपतिर्ज्योतिषां व्योममध्ये
षष्ठे काले त्वमपि लभसे देव विश्रान्तिमह्नः ॥१॥

विदूषक.—[कर्णं दत्वा] एसो उण पिअवअस्सो धम्मासणसमुट्ठिदो इदो एव्व आअच्छदि । ता जाव पास्सपडिवत्ती होमि । [इति निष्क्रान्तः ।] (एष पुनः प्रियवयस्यो धर्मासनसमुत्थित इत एवागच्छति । तद्यावत्पार्श्वपरिवर्ती भवामि ।)

॥ प्रवेशकः ॥

[ततः प्रविशत्युत्कण्ठितो राजा विदूषकश्च ।]

राजा—

आ दर्शनात्प्रविष्टा सा मे सुरलोकसुन्दरी हृदयम् ।
बाणेन मकरकेतोः कृतमार्गमवन्ध्यपातेन ॥२॥

विदूषकः—सपीडा क्खु तादा तत्तभोदी कासिराअदुहिदा । (सपीडा खलु ताता तत्रभवती काशिराजदुहिता ।)

राजा—[निरीक्ष्य] अपि रक्ष्यते भवता रहस्यनिक्षेपः ।

विदूषकः—[आत्मगतम्] वञ्चिदोम्हि दुट्ठ दासीए णिउणिआए । अण्णधा कधं एव्वं पुच्छदि वअस्सो । (हा धिक् हा धिक् वञ्चितोऽस्मि दुष्ट दास्या निपुणिकया । अन्यथा कथमेवं पृच्छति वयस्यः ।)

हम समझते हैं कि आप और सूर्य दोनों अपना नियमका काम ठीक एक जैसा ही करते हैं, क्योंकि सूर्य भी संसारका अँधेरा मिटाते हैं और आप भी अपनी प्रजाका कष्ट दूर करते हैं। नक्षत्रोंके अकेले राजा सूर्य भी जिस प्रकार अपने कामसे छुट्टी पाकर ही आकाशमें विश्राम लेते हैं वैसे ही आप भी अपने राज-काजसे छुट्टी पाकर तीसरे पहर विश्राम करते हैं ॥१॥

विदूषक—[सुनते हुए] लो, न्यायासनसे उठे हुए मेरे प्रिय इधर ही चले आ रहे हैं। तो चलूँ, मैं भी उनकी सेवाके लिये पहुँचूँ।

॥ प्रवेशक पूर्ण हुआ ॥

[मनमनेसे राजा आते हैं, साथमें विदूषक भी है।]

राजा—मेरे जिस हृदयमें कामदेवने अपने बाण मारकर उस स्वर्गलोककी सुन्दरीके आनेके लिये द्वार बना दिया था, उसमें वह केवल देखने भरसे ही समा गई है ॥२॥

विदूषक—[मन ही मन] सचमुच काशी-नरेशकी पुत्रीके तो भाग फूट गए।

राजा—[देखकर] कहो, तुमने मेरी बात किसीको बताई तो नहीं।

विदूषक—[मन ही मन] हाय हाय ! उस दुष्ट दासी निपुणिकाने तो मुझे बड़ा धोखा दिया, नहीं तो मित्र मुझसे इस प्रकार पूछते ही क्यों ?

राजा—किं भवांस्तूष्णीमास्ते।

विदूषकः—भो एव्वं मए जीहा संजन्तिदा जेण भवदो वि णत्थि पडिवअणम्। (भोः एवं मया जिह्वा संयन्त्रिता येन भवतोऽपि नास्ति प्रतिवचनम्।)

राजा—युक्तम्। अथ केनेदानीमात्मानं विनोदयामि।

विदूषकः—भो महाणसं गच्छम्ह। (भो महानसं गच्छावः।)

राजा—किं तत्र।

विदूषकः—तहिं पंचविहस्स अब्भवहारस्स उवणदसंभारस्स जोअणं पेक्खमाणेहिं सक्कं उक्कण्ठं विणोदेदुम्। (तत्र पञ्चविधस्याभ्यवहारस्योपनतसंभारस्य योजना प्रेक्षमाणाभ्यां शक्यमुत्कण्ठां विनोदयितुम्।)

राजा—[सस्मितम्] तत्रेप्सितसंनिधानाद्भवान् रंस्यते। मया खलु दुर्लभप्रार्थनः कथमात्मा विनोदयितव्यः।

विदूषकः—णं भवं वि तत्तभोदीए उव्वसीए दंसणपहं गदो। (ननु भवानपि तत्रभवत्या उर्वश्या दर्शनपथं गतः।)

राजा—ततः किम्।

विदूषकः—ण क्खु दे दुल्लह त्ति तक्केमि। (न खलु ते दुर्लभेति तर्कयामि।)

राजा—पक्षपातोऽपि तस्यां सद्रूपस्यालौकिक एव।

विदूषकः—एव्वं मन्तअन्तेण मे वड्ढिदं कोदूहलम्। किं तत्तभोदी उव्वसी मद्दुदीआ रूवेण

राजा—क्यों चुप क्यों हो गए?

विदूषक—देखिए, मैंने अपनी जीभको ऐसा बाँध लिया है कि आपकी बातका भी एकाएक उत्तर नहीं निकल पाया।

राजा—ठीक है। पर यह तो बताओ कि अपना मन मैं कैसे बहलाऊँ?

विदूषक—चलिए रसोई में चला जाय।

राजा—वहाँ क्या धरा है?

विदूषक—वहाँ पाँच ढङ्गके पकवानोंकी सामग्री देखने भरसे ही हम लोगोंकी उदासी जाती रहेगी।

राजा—[हँसकर] जी हाँ, वहाँ आपको तो अपने मन बहलानेकी सारी सामग्री मिल जायगी, पर बड़ी कठिनाईसे हाथ लगनेवाली वस्तुके लिये तड़पनेवाले मुझको वहाँ मन-बहलावके लिये क्या हाथ लगेगा?

विदूषक—पर आपको भी तो उर्वशीजीने देखा होगा न?

राजा—उससे क्या?

विदूषक—तब तो मैं समझता हूँ कि उसका मिलना कठिन नहीं होगा।

राजा—अरे! वह इतनी अधिक सुन्दरी है कि उसे बड़ी सुन्दरी कहना भी एक अनोखीसी बात लगती है।

विदूषक—आपकी इन बातोंसे तो मेरा कुतूहल और भी अधिक बढ़ रहा है। क्या उर्वशीजी

भहं विग्र णिव्वदाए। (एव मन्त्रयता मम वर्धितं कौतूहलम्। किं तत्रभवत्युर्वश्यद्वितीया रूपेण अहमिव विरूपतया।)

राजा—माणवक! प्रत्यवयवमशक्यवर्णनां तामवेहि। तेन हि समासतः श्रूयताम्।

विदूषक—भो! अवहिदोम्हि। (भो! अवहितोऽस्मि।)

राजा—

आभरणस्याभरणं प्रसाधनविधेः प्रसाधनविशेषः।
उपमानस्यापि सखे प्रत्युपमानं वपुस्तस्याः ॥३॥

विदूषक—अदो दाव तुए दिव्वरसाहिलासिणा चादअव्वदं गहीदम्। ता दाव तुमं कहिं पत्थिदो। (अतस्तावत्त्वया दिव्यरसाभिलाषिणा चातकव्रतं गृहीतम्। तत्तावत्त्वं क्व प्रस्थितः।)

राजा—विविक्तादृते नान्यदुत्सुकस्य शरणमस्ति। तद्भवान्प्रमदवनमार्गमादेशयतु।

विदूषक—[आत्मगतम्] का गदी। [प्रकाशम्] इदो इदो भवं। (का गतिः। इत इतो भवान्।)

(इति परिक्रामतः।)

विदूषक—एसा पमदवणपरिसरो। आणिमिग पच्चुग्गदो भव आअन्तुओ दक्खिणमारुदेण। (एष प्रमदवनपरिसरः। आनन्त्य प्रत्युद्गतो भगवानागन्तुको दक्षिणमारुतेन।)

राजा—[विलोक्य] उपपन्नं विशेषणमस्य वायोः। अयं हि।

निषिञ्चन्माधवीं लक्ष्मीं लतां कौन्दीं च लासयन्।
स्नेहदाक्षिण्ययोर्योगात्कामीव प्रतिभाति मे ॥४॥

सुन्दरतामें उतनी ही बढी चढी हैं जितना मैं कुरूपतामें हूँ?

राजा—मित्र माणवक! बस यह समझ लो कि उसके अंग अंगका वर्णन तो कोई कर ही नहीं सकता, इसलिये थोड़ेमें ही जो बताता हूँ उसे सुनो।

विदूषक—हाँ! मैं सुन रहा हूँ ध्यानसे।

राजा—उसका शरीर आभूषणोंका भी आभूषण है, शृङ्गारकी सामग्रियोंका भी शृङ्गार है और उपमाकी वस्तुओंकी भी उपमा उससे दी जा सकती है ॥३॥

विदूषक—हूँ! इसीलिये आप उस स्वर्गीय जलके लिये प्यासे चातक बन बैठे हैं? अच्छा आप अभी जा किधर रहे हैं?

राजा—प्रेमी लोग एकान्त छोड़कर और जा ही कहाँ सकते हैं? चलो, मुझे प्रमदवनको ओर ले चलो।

विदूषक—[मन ही मन] जहाँ कहिए ले चलूँ। [प्रकट] इधरसे आइए महाराज इधरसे। [दोनों घूमते हैं।]

विदूषक—लीजिए पहुँच गए हम प्रमदवनके पास। आपके आते ही उद्यानकी ओरसे बहता आता हुआ दक्खिनी पवन बड़ी नम्रतासे आपकी आवभगत कर रहा है।

राजा—[देखकर] इस वायुका दक्षिण कहलाना ठीक ही है क्योंकि माधवी-लताको सींचता हुआ और कुन्दलताको नचाता हुआ, यह पवन मुझे ऐसा जान पड़ता है मानो सबसे प्रेम करनेवाला और सबको एक साथ प्रसन्न रखनेवाला यह कोई कामी हो ॥४॥

विदूषकः—सरिसो एव्व से अहिणिवेसो। [इति परिक्रामन्।] एदं पमदवणम्। पविसदु भवम्। (सदृश एवास्याभिनिवेशः। एतत्प्रमदवनम्। प्रविशतु भवान्।)

राजा—वयस्य प्रविशाग्रतः।

[उभौ प्रवेशं नाटयतः]

राजा—[श्वासं रूपयित्वा।] वयस्य! साधु मनसा समर्थितं आपत्प्रतीकारः किल मनोद्यानप्रवेशः तथाप्ययमेवोपपन्नम्।

विविक्षोर्यदिदं नूनमुद्यानं तापशान्तये।
स्रोतसेवोह्यमानस्य प्रतीपतरणं महत्॥५॥

विदूषकः—कहं विअ। (कथमिव।)

राजा—

इदमसुलभवस्तुप्रार्थनादुर्निवारं प्रथममपि मनो मे पञ्चबाणः क्षिणोति।
किमुत मलयवातोन्मूलिता पाण्डुपत्रैः उपवनसहकारैर्दर्शितेष्वङ्कुरेषु॥६॥

विदूषकः—अलं परिदेविदेण। अइरेण दे इट्ठसंपादणेण अणंगो एव्व दे सहाओ भविस्सदि। (अलं परिदेवितेन। अचिरेण तवेष्टसम्पादनेनानङ्ग एव ते सहायो भविष्यति।)

राजा—प्रतिगृहीतं ब्राह्मणवचनम्।

[इति परिक्रामतः]

विदूषकः—पेक्खदु भवं वसंतावदार सूअअं अहिरामत्तणं पमदवणस्स। (प्रेक्षतां भवान्वसन्तावतार सूचकमभिरामत्वं प्रमदवनस्य।)

विदूषक—यह भी आपके ही समान प्रेम करता है। [घूमता हुआ] लीजिए, यह आ गया प्रमदवन! चलिए भीतर चले चलिए।

राजा—चलो वयस्य! आगे आगे तुम्हीं चलो [दोनों प्रवेश करनेका नाट्य करते हैं।]

राजा—[डरनेका नाट्य करते हुए] वयस्य! मैं तो यहाँ उद्यानमें यह भलाई सोचकर आया था कि यहाँ जी हलका हो जायगा, पर उसका तो यहाँ उलटा फल हो रहा है। अपने मनकी पीडा मिटानेके लिये इस उद्यानमें मेरा आना वैसा ही हुआ, जैसे बहावके साथ तैरनेवालेको अचानक चढ़ावकी ओर तैरना पड़ जाय॥५॥

विदूषक—यह कैसे ?

राजा—बड़ी कठिनाई से हाथ आनेवाली वस्तुके लिये जो मेरा मन मचल पड़ा है, इसे एक तो कामदेवने पहले ही चलनी बना दिया था, उसपर यहाँ देख रहे हैं कि उद्यानके इन आमके पेड़ोंमें कोपलें भी फूट आई हैं जिनके पीले पत्ते मलय-पवनने झाड़कर गिरा दिए हैं। फिर बताओ हमारे मनको शान्ति कहाँसे मिलेगी ?॥६॥

विदूषक—चिन्ता न कीजिए। आपकी प्रियतमासे शीघ्र ही आपको मिलाकर यही कामदेव आपका सहायक बन जायगा।

राजा—ब्राह्मणका आशीर्वाद सिरमाथे। [दोनों घूमते हैं]

विदूषक—इस प्रमदवनकी शोभाको तो देखिए जो बताए दे रही है कि वसन्त आ गया।

विदूषकः—[विहस्य] भो अहल्लाकामुअस्स महिंदस्स वेज्जो सचिवो उव्वसीपज्जुच्छुअस्स अ भवदो अहं दुवेवि एत्थ उम्मत्तआ। (भोः अहल्याकामुकस्य महेन्द्रस्य वैद्यः सचिवः उर्वशीपर्युत्सुकस्य च भवतोऽहं द्वावप्युन्मत्तौ।)

राजा—मा मैवम्। अतिस्नेहः खलु कार्यदर्शी। तदुपायश्चिन्त्यताम्।

विदूषकः—एसो चिंतेमि। मा उण परिदेविदेण मम समाधिं भिंधि। (एष चिन्तयामि। मा पुनः परिदेवितेन मम समाधिं भिन्धि।) [इति चिन्तां नाटयति।]

राजा—[निमित्तं सूचयित्वा। स्वगतम्।]

न सुलभा सकलेन्दुमुखी च सा किमपि चेदमनङ्गविचेष्टितम्।
अभिमुखीष्विव काङ्क्षितसिद्धिषु व्रजति निर्वृतिमेकपदे मनः॥९॥

[इति आताशस्तिष्ठति]

[ततः प्रविशत्याकाशयानेनोर्वशी चित्रलेखा च।]

चित्रलेखा—हला कहिं वाणि अणिद्दिट्ठकालणं गच्छीअदि। (हला क्वेदानीमनिर्दिष्टकारणं गम्यते।)

उर्वशी—[मदनवेदनामभिनीय सलज्जम्] सहि! तदा हेमऊडसिहरे लदाविडवेण खणविग्घिदआआसगमणं मं ओहसिअ किं वाणिं पुच्छसि कहिं गच्छीअदि त्ति। (सखि! तदा हेमकूटशिखरे लताविटपेन क्षणविघ्निताकाशगमना मामुपहस्य किमिदानीं पृच्छसि क्व गम्यते इति।)

विदूषक—[हँसकर] देखिए, जैसे अहल्याको पानेकी इच्छा करनेवाले इन्द्रकी सहायता करते समय चन्द्रमाकी बुद्धि मारी गई थी, वैसे ही प्रेममें पड़े हुए आपका सहायक होकर मैं भी अपनी सब बुद्धि खो बैठा हूँ।

राजा—ऐसा न कहो। जो अधिक स्नेह करता है वही तो ठीक उपाय सुझा सकता है। इसलिये कोई उपाय सोच ही डालो।

विदूषक—अच्छा मैं सोचने तो बैठता हूँ पर आप बीचमें ही रोना-कलपना मचाकर मेरा ध्यान न उचाट दीजिएगा।

[सोचनेका नाट्य करता है।]

राजा—[अच्छे शकुनकी सूचना देता हुआ मन ही मन] पूर्ण चन्द्रमाके समान मुखवाली उस सुन्दरीके मिलनेकी कोई आशा तो नहीं है पर न जाने क्यों कामदेव मुझे बड़े अच्छे सगुन दिखा रहा है। मेरा मन अचानक ऐसा खिल उठा है, मानो मेरा काम बस बनने ही वाला हो॥९॥

[बड़ी आशा लगाकर बैठता है।]

[विमानपर चढ़ी हुई उर्वशी और चित्रलेखा दिखाई देती हैं।]

चित्रलेखा—[क्यों सखी! बिना सोचे-समझे किधर चली जा रही हो?]

उर्वशी—[काम-पीड़ाका नाट्य करती हुई लज्जाके साथ] सखी! जब हेमकूट पर्वतकी चोटीपर, लताकी शाखामें मेरी माला उलझ गई थी और मेरा उड़ना थोड़ी देरके लिये रुक गया था, उस समय मुझसे ठिठोली करके भी अब तुम पूछ रही हो कि मैं कहाँ जा रही हूँ?

चित्रलेखा—किं णु क्खु तस्स राएसिणो पुरूरवस्स सआसं पत्थिदासि । (किं नु खलु तस्य राजर्षेः पुरूरवसः सकाश-प्रस्थितासि ।)

उर्वशी—अह इं । अअं मे अवहत्थिदलज्जो ववसाओ । (अथ किम् । अयं मेऽपहस्तित-लज्जो व्यवसायः ।)

चित्रलेखा—को उण सहीए तहिं पुढमं पेसिदो । (कः पुनः सख्या नात्र पुरतः प्रेषितः ।)

उर्वशी—णं हिअअं । (ननु हृदयम् ।)

चित्रलेखा—तधा वि सअं एव्व साहु संपधारिअदु दाव । (तथापि स्वयमेव साधु सम्प्रधार्यतां तावत् ।)

उर्वशी—सहि मअणो क्खु मं णिओएदि । किं एत्थ संपधारीअदि । (सखि मदनः खलु नियोजयति । किमत्र सम्प्रधार्यते ।)

चित्रलेखा—अदोवरं णत्थि मे वअणम् । (अतः परं नास्ति मे वचनम् ।)

उर्वशी—तेण हि आदिसीअदु मग्गो जेण तहिं गच्छन्तीणं अंतराओ ण भवे । (तेन ह्यादिश्यतां मार्गो येन तत्र गच्छन्त्योरन्तरायो न भवेत् ।)

चित्रलेखा—सहि ! विस्सद्धा होहि । णं भअवदा देवगुरुणा अवराइदं णाम सिहाबंधण-विज्जं उवदिसंतेण तिदसपडिवक्खस्स अलंघणिज्जा कदम्ह । (सखि विश्रब्धा भव । ननु भगवता देवगुरुणा अपराजितां नाम शिखाबन्धनविद्यामुपदिशता त्रिदशप्रतिपक्षस्यालङ्घनीये कृते स्वः ।)

उर्वशी—[सलज्जम्] अहो विसुमरिदं मे हिअअं । (अहो ! विस्मृतं मे हृदयम् ।)

[उभे भ्रमणं रूपयतः ।]

चित्रलेखा—तो क्या तुम उस राजर्षि पुरूरवाके पास जा रही हो ?

उर्वशी—और क्या ? आज मैंने सब लाज छोड़कर यही जीमें ठान लिया है ।

चित्रलेखा—तो वहां तुम्हारे जानेका सन्देश कौन ले गया है ?

उर्वशी—क्यों ? मेरा हृदय ।

चित्रलेखा—फिर भी इसका भला-बुरा भली प्रकार सोच-विचार लो ।

उर्वशी—सखी ! मुझे तो कामदेवने ही इस कार्यमें झोंक दिया है, फिर इसमें सोच-विचार ही कैसा ?

चित्रलेखा—तुमने तो ऐसी बात कहदी कि मेरा मुँह ही बन्द हो गया ।

उर्वशी—तो अब मुझे कोई ऐसा उपाय बताओ कि मैं वहाँ बेरोकटोक पहुँच जाऊँ ।

चित्रलेखा—चिन्ता न करो सखी ! देवगुरु बृहस्पतिने अपराजिता नामकी, चोटी बाँधनेकी विद्या सिखाते समय हमें ऐसी शक्ति दे दी है कि देवोंके शत्रु भी हम लोगोंका बाल बाँका नहीं कर सकते ।

उर्वशी—[लजाती हुई] अरी ! यह बात तो मेरे ध्यान से ही उतर गई थी । [दोनों घूमती हैं ।]

चित्रलेखा—सहि पेक्ख पेक्ख। एदं भअवदीए भाईरहीए जमुणासंगमविसेसपावणेसु सलिलेसु अत्ताणअं ओलोअंतस्स विअ पइट्ठाणस्स सिहाभरणभूदं तस्स राएसिणो भवणं उवट्ठिदम्ह। (सखि प्रेक्षस्व प्रेक्षस्व। एतद्भगवत्याः भागीरथ्याः यमुनासङ्गमविशेषपावनेषु सलिलेष्वात्मानमवलोकयत इव प्रतिष्ठानस्य शिखाभरणभूतं तस्य राजर्षेर्भवनमुपस्थिते स्वः।)

उर्वशी—[सस्पृहमवलोक्य] णं वत्तव्वं ठाणंतरगदो सग्गो त्ति। [विमृश्य] सहि कहिं णु क्खु सो आवण्णाणुकंपी भवे। (ननु वक्तव्यं स्थानान्तरगतः स्वर्ग इति। सखि क्वनु खलु स आपन्नानुकम्पी भवेत्।)

चित्रलेखा—हला एदस्सिं णंदणवणेक्कदेसे विअ पमदवणे ओदरिअ जाणिस्सामो। (हला एतस्मिन्नन्दनवनैकदेश इव प्रमदवने अवतीर्य ज्ञास्यावः।)

[उभे अवतरतः।]

चित्रलेखा—[राजानं दृष्ट्वा सहर्षम्] सहि! एसो क्खु पढमोदिदो विअ चंदो कोमुदिं विअ तुमं पडिच्छदि। (सखि! एष खलु प्रथमोदित इव चन्द्रः कौमुदीमिव त्वां प्रतीच्छति।)

उर्वशी—[विलोक्य] हला दाणिं पढमदंसणादो सविसेसं पिअदंसणो महाराओ पडिहादि। (हला! इदानीं प्रथमदर्शनात्सविशेष प्रियदर्शनो महाराजः प्रतिभाति।)

चित्रलेखा—जुज्जदि। ता एहि उवसप्पम्ह। (युज्यते। तदेहि उपसर्पावः)

उर्वशी—ण दाव उवसप्पिस्सं। तिरक्खरिणीपडिच्छण्णा पासगदा से भविअ सुणिस्सं दाव पासवत्तिणा वअस्सेण सह विअणे किं मंतअंतो चिट्ठदि त्ति। (न तावदुपसर्पिष्ये। तिरस्करिणीप्रतिच्छन्ना पार्श्वगतास्य भूत्वा श्रोष्यामि तावत् पार्श्ववर्तिना वयस्येन सह विजने किं मन्त्रयमाणस्तिष्ठतीति।)

चित्रलेखा—अरी, देख देख सखी! हम लोग राजर्षिके उस भवन पर पहुँच गई हैं जिसकी जोड़का दूसरा कोई भवन प्रतिष्ठानपुरीमें नहीं है और जो ऐसा दिखाई पड़ रहा है मानो यमुनाजी के संगमके कारण और भी अधिक पवित्र बने हुए गंगाजीके जलमें अपना मुँह देख रहा हो।

उर्वशी—[चावसे देखती हुई] यह क्यों नहीं कहती कि स्वर्ग ही यहाँ उठकर चला आया है। [विचारकर] अच्छा सखी! दुखियोंपर दया करनेवाले वे राजा इस समय कहाँ होंगे भला?

चित्रलेखा—चलो सखी! नन्दनवनके समान सुहावने इस प्रमदवनमें उतरकर उनकी खोज करें [दोनों उतरती हैं।]

चित्रलेखा—[राजाको देखकर प्रसन्नतासे] सखी! जैसे नया-नया निकला हुआ चन्द्रमा चाँदनीके आनेकी बाट देखता है, वैसे ही ये भी यहाँ बैठे हुए तेरे आनेकी बाट देख रहे हैं।

उर्वशी—[देखकर] सखी! आज तो महाराज उस दिनसे भी अधिक सुन्दर बन रहे हैं।

चित्रलेखा—ठीक कहती हो! तो आओ चलें उनके पास।

उर्वशी—नहीं नहीं, मैं उनके पास नहीं जाऊँगी। मैं तो मायाकी ओढ़नीमें छिपी हुई इनके पास खड़ी होकर सुनती हूँ कि ये अपने पास बैठे हुए मित्रसे अकेलेमें क्या बातें कर रहे हैं।

चित्रलेखा—ज दे रोअदि । (यत्ते रोचते ।)

[उभे यथोक्तमनुतिष्ठत.]

विदूषकः—भो चिंतिदो मए दुल्लहप्पणइणीसमाअमोवाओ । (भो चिन्तितो मया दुर्लभ प्रणयिनीसमागमोपाय. ।)

[राजा तूष्णीमास्ते ।]

उर्वशी—[सेर्ष्यम्] का ण्णु खु धण्णा इत्थिआ जा इमिणा पत्थिअमाणा अत्ताणअं किदत्थेदि (का नु खलु धन्या स्त्री या अनेन प्रार्थ्यमानात्मानं कृतार्थयति ।)

चित्रलेखा—किं उण माणुसत्तं विडंबीअदि । (किं पुनर्मानुष्यं विडम्ब्यते ।)

उर्वशी—सहि भीआमि सहसा पभावादो विण्णादुं । (सखि बिभेमि सहसा प्रभावाद्विज्ञातुम् ।)

विदूषक.—भो ण भणामि चिंतिदो मए उवाओ त्ति । (भो. ननु भणामि चिन्तितो मया उपाय इति ।)

राजा—तेन हि कथ्यताम् ।

विदूषकः—सिविणसमाअमकारिणिं णिद्दं सेवदु भवं । अहवा तत्तभोदीए उव्वसीए पडिकिदिं चित्तफलए आलिहिअ ओलोअंतो चिट्ठदु । (स्वप्नसमागमकारिणीं निद्रां सेवता भवान् । अथवा तत्रभवत्या उर्वश्या प्रतिकृतिं चित्रफलक आलिख्यावलोकयंस्तिष्ठतु ।)

उर्वशी—[सहर्षमात्मगतम्] हीणसत्त हिअअ समस्सस समस्सस । (हीनसत्त्व हृदय ! समाश्वसिहि समाश्वसिहि ।)

चित्रलेखा—जो तुम्हें अच्छा लगे !

[दोनों वैसा ही करती हैं ।]

विदूषक—सुनिए ! अपनी जिस प्यारीका मिलन आप कठिन समझे बैठे हैं, उससे मिलनेका उपाय मैंने सोच निकाला है ।

[राजा चुप रह जाते हैं ।]

उर्वशी—[डाहसे] ऐसी और कौन-सी बड़भागी सुन्दरी निकल आई है, जो इनकी चहेती बनकर अपना भाग सराहती है ।

चित्रलेखा—तुम फिर क्या मानुषी स्त्रियों-जैसी बातें करने लगी हो ?

उर्वशी—सखी ! मैं अपनी दैवी शक्तिसे सब बातें एक साथ जान लेनेमें थोड़ा डरती हूँ।

विदूषक—अरे सुनिए ! मैं कह रहा हूँ कि मैंने उपाय सोच निकाला है ।

राजा—तो फिर बताओ न !

विदूषक—या तो आप ऐसी गहरी नींदमें जाकर सो रहिए कि सपनेमें उससे भेंट हो जाय या फिर चित्र-पत्रकपर उर्वशीजीका चित्र बनाकर उसे एकटक निहारा कीजिए ।

उर्वशी—[हर्षसे मन ही मन] अरे पापी हृदय ! धीरज धर, धीरज धर ।

राजा—उभयमप्यनुपपन्नम् । पश्य ।

हृदयमिषुभिः कामस्यान्तः सशल्यमिदं सदा
कथमुपलभे निद्रां स्वप्ने समागमकारिणीम् ।
न च सुवदनामालेख्येऽपि प्रियामसमाप्य तां
मम नयनयोरुद्बाष्पत्वं सखे न भविष्यति ॥१०॥

चित्रलेखा—सुद तुए ग्रवस्स । (श्रुत त्वया वचनम् ।)

उर्वशी—सहि सुद । ण उण पज्जत्त हिग्रग्रस्स । (सखि श्रुत । न पुन पर्याप्त हृदयस्य ।)

विदूषक—एत्तिग्रो एव्व मे मदिविहग्रो । (एतावानेव मे मतिविभव ।)

राजा—[निःश्वस्य]

नितान्तकठिनां रुजं मम न वेद सा मानसीं
प्रभावविदितानुरागमवमन्यते वापि माम् ।
अलब्धफलनीरसं मम विधाय तस्मिञ्जने
समागममनोरथं भवतु पञ्चबाणः कृती ॥११॥

चित्रलेखा—सहि सुद तुए । (सखि श्रुत त्वया ।)

उर्वशी—हद्धी हद्धी । म एव्व ग्रवगच्छदि । [सखीमवलोक्य] सहि असमत्थम्हि अग्गदो भविग्र से पडिवग्रणस्स । ता पहावणिम्मिदेण भुज्जवत्तेण सपादिदुत्तरा होदुं इच्छामि । (हा धिक् हा धिक् । मामेवमवगच्छति । सखि ! असमर्थास्म्यग्रतो भूत्वास्य प्रतिवचनस्य । तत्प्रभावनिर्मितेन भूर्जपत्रेण सपादितोत्तरा भवितुमिच्छामि ।)

राजा—दोनों ही बातें नहीं हो सकतीं। देखो ! कामदेव, मेरे हृदयको दिन-रात अपने बाणोंसे बेधता रहता है। इसलिये मुझे ऐसी नींद भला कहाँ आ पावेगी कि प्यारीसे भेंट हो जाय, और फिर चित्र भी नहीं बन सकता क्योंकि बीचमें आँखें डबडबा आनेसे वह अधूरा ही रह जायगा ॥१०॥

चित्रलेखा— अब तो तुमने सब सुन लिया न !

उर्वशी—हाँ सखी, सुन तो लिया, पर अभीतक मेरे जीको पूरा पूरा भरोसा नहीं हो पाया है।

विदूषक—मेरी बुद्धिकी पहुँच तो यहींतक थी।

राजा—[लम्बी साँस लेकर] मैं समझता हूँ कि या तो वह मेरे मनकी इस बेकलीको जानती ही न होगी या फिर उसे अपने अप्सरा होनेका ऐसा घमंड है कि वह जान बूझकर मेरे प्रेमको ठुकरा रही है। जान पड़ता है कि मेरे मनमें उस सुन्दरीसे मिलनेकी जो चाह है, उसे चूरचूर करके और मेरे जीवनको बेकाम बना लेनेपर ही कामदेवका जी भरेगा ॥११॥

चित्रलेखा—तुमने सुना सखी !

उर्वशी—हाय, हाय ! ये मुझे ऐसा नीच समझ रहे हैं। [सखीको देखकर] सखी ! इनके आगे पहुँचकर तो मुझसे उत्तर देते बनेगा नहीं, इसलिये मैं अपनी दैवी शक्तिसे एक भोजपत्र उत्पन्न करके उसीपर उत्तर लिख देना चाहती हूँ।

चित्रलेखा—हला मणुमदं मे। (हला मनुमतं मे।)

[उर्वशी नाट्येन ससम्भ्रममभिलिख्याग्रतः क्षिपति।]

विदूषकः—[दृष्ट्वा ससम्भ्रमम्] अविहा अविहा। भो किं ण क्खु एवं भुअंगणिम्मोअं मं खादिदुं णिवडिदो। (अविधा अविधा। भोः किंनु खलु एतद् भुजङ्गनिर्मोकः किं मा खादितुं निपतित।)

राजा—[विभाव्य विहस्य च।] वयस्य! नायं भुजङ्गनिर्मोकः भूर्जपत्रगतोऽयमक्षर-विन्यास।

विदूषक.—णं अदिट्ठाए उव्वसीए भवदो परिदेविदं सुणिअ समाणाणुरागसूअआइ अक्खराइं विसज्जिआइं होन्ति। (ननु अदृष्टयोर्वश्या भवतः परिदेवितं श्रुत्वा समानानुरागसूचकान्यक्षराणि विसृष्टानि स्युः।)

राजा—नास्त्यगतिर्मनोरथानाम्। [गृहीत्वानुवाच्य च सहर्षम्] सखे प्रसन्नस्ते तर्कः।

विदूषकः—ही ही भो। किं बम्हणवअणाणि अण्णधा होन्ति। दाणिं पसीददु भवं। जं एत्थ लिहिदं तं सुणिदुं इच्छामि। (ही ही भो। किं ब्राह्मणवचनान्यन्यथा भवन्ति। तदिदानीं प्रसीदतु भवान्। यदत्र लिखितं तच्छ्रोतुमिच्छामि।)

उर्वशी—साहु। अज्ज णाअरिओसि। (साधु। आर्य नागरिकोऽसि।)

राजा—वयस्य श्रूयताम्।

विदूषक—अवहिदो म्हि। (अवहितोऽस्मि।)

चित्रलेखा—हाँ सखी! मैं भी यही ठीक समझती हूँ।

[उर्वशी बड़े हाव-भावसे भोजपत्रपर लिखनेका नाट्य करती है और उसे फिर राजाके आगे फेंक देती है।]

विदूषक—[देखकर घबराता हुआ] हाय! हाय! मुझे निगलनेके लिये यह साँपकी केंचुली यहाँसे आ टपकी?

राजा—[देखकर और हँसकर] मित्र! यह साँपकी केंचुली नहीं है, यह तो लिखा हुआ भोजपत्र है।

विदूषक—मैं समझता हूँ कि उर्वशीने ही छिपे-छिपे तुम्हारा रोना-धोना सुनकर अपना प्रेम जतानेके लिये यह पत्र लिखकर यहाँ डाल दिया होगा।

राजा—मनकी दौड़ भी कितनी दूरतक पहुँचती है। [पत्रको उठाकर और पढ़कर] मित्र! तुम्हारी ही बात ठीक निकली।

विदूषक—ह ह! ब्राह्मणकी बात भी क्या कभी झूठ होती है? अब आप खिल उठिए। अच्छा, मैं भी तो सुनूँ, इसमें क्या लिखा है।

उर्वशी—धन्य है, तुम सचमुच अच्छे नागरिक हो।

राजा—सुनो मित्र!

विदूषक—हाँ, सुन रहा हूँ।

राजा—श्रूयताम् [वाचयति]

सामिअ संभाविआ जह अहं तुए अमुणिआ
तह अणुरत्तस्स जइ णाम तुह उवरि।
किं मे ललिअपारिजाअसअणिज्जम्मि होन्ति
णंदणवणवादा वि अच्चुण्हआ सरीरए ॥१२॥

(स्वामिन्संभाविता यथाहं त्वयाज्ञाता तथानुरक्तस्य यदि नाम तवोपरि।
कि मे ललितपारिजातशयनीये भवन्ति नन्दनवनवाता अप्यत्युष्णकाः शरीरके।)

उर्वशी—किं णु क्खु संपदं भणिस्सदि। (किं नु खलु साम्प्रतं भणिष्यति।)

चित्रलेखा—णं भणिदं एव्व मिलाअन्तकमलणालसरिसेहिं अंगेहिं। (ननु भणितमेव म्लायत्कमलनालायमानैरङ्गैः।)

विदूषकः—दिट्ठिआ मए बुभुक्खिदेण सोत्थिवाअणं विअ उवणदं भवदा उस्ससिदेण समासासणं। (दिष्ट्या मया बुभुक्षितेन स्वस्तिवाचनमिवोपनतं भवतोच्छ्वसितेन समाश्वासनम्।)

राजा—समाश्वासनमिति किमुच्यते।

तुल्यानुरागपिशुनं ललितार्थबन्धं पत्रे निवेशितमुदाहरणं प्रियायाः।
उत्पक्ष्मणो मम सखे मदिरेक्षणायाः तस्याः समागतमिवाननमाननेन ॥१३॥

उर्वशी—एत्थ णो समविभाआ पीदी। (अत्रावयोः समविभागा प्रीतिः।)

राजा—वयस्य अङ्गुलिस्वेदेन दूष्येरन्नक्षराणि। धार्यतामयं मम प्रियायाः स्वहस्तः।

विदूषक—[गृहीत्वा] किं दाणिं तत्तभोदी उव्वसी भवदो मणोरहाणं कुसुमं दसिअ फले विसंवददि। (किमिदानीं तत्रभवत्युर्वशी भवतो मनोरथानां कुसुमं दर्शयित्वा फले विसंवदति।)

उर्वशी—सहि जाव उवगमणकादरं हिअअं पज्जवत्थावेमि दाव तुमं से अत्ताणं दंसिअ जं मे खमं तं भणाहि। (सखि यावदुपगमनकातरं हृदयं पर्यवस्थापयामि तावत्त्वमस्यात्मानं दर्शयित्वा यन्मम क्षमं तद्भण।)

चित्रलेखा—तह। (तथा) [तिरस्करिणीमपनीय राजानमुपेत्य] जेदु जेदु महाराओ। (जयतु जयतु महाराजः।)

राजा—[दृष्ट्वा सहर्षं] स्वागतं भवत्यै [पार्श्वमवलोक्य] भद्रे !

न तथा नन्दयसि मां सख्या विरहिता तया।
सङ्गमे दृष्टपूर्वेव यमुना गङ्गया विना ॥१४॥

चित्रलेखा—ण पढमं मेहराई दीसदि पच्छा विज्जुलदा। (ननु प्रथमं मेघराजिर्दृश्यते पश्चाद्विद्युल्लता।)

विदूषक—[अपवार्य] कहं ण एसा उव्वसी। ताए तत्तहोदीए अहिमदा सहअरी। (कथं नैषोर्वशी। तस्यास्तत्रभवत्या अभिमता सहचरी।)

राजा—एतदासनमास्यताम्।

चित्रलेखा—उव्वसी महाराअं सिरसा पणमिअ विण्णवेदि। (उर्वशी महाराजं शिरसा प्रणम्य विज्ञापयति।)

विदूषक—[पत्र लेकर] जिन उर्वशीजीने यह पत्र भेजकर आपके मनोरथोंमें फूल लगा दिए हैं, वे क्या आपको समयपर फल देनेमें टालमटोल करेंगी ?

उर्वशी—सखी ! अभी मेरा हृदय इनके पास जानेमें झिझक रहा है। इसलिये जबतक मैं अपना जी सँभालूँ तबतक तुम इनके पास जाकर मेरी ओरसे जो कुछ कहना ठीक समझो, कह डालो।

चित्रलेखा—अच्छा। [मायाकी ओढ़नी हटाकर और राजाके पास पहुँचकर।] महाराज की जय हो।

राजा—[देखकर प्रसन्नतासे] आइए ! स्वागत है आपका। [इधर-उधर देखकर] क्यों भद्रे ! जैसे प्रयागका संगम देखनेवालेको, गंगाके बिना अकेली यमुना नहीं भाती वैसे ही अपनी सखीके बिना तुम भी मुझे नहीं भाती हो ॥१४॥

चित्रलेखा—पर महाराज ! पहले तो बदली दिखाई देती है न, पीछे बिजली चमकती है।

विदूषक—[अलग] अरे ! तो क्या ये उनकी प्यारी सखी हैं, उर्वशी नहीं हैं।

राजा—आइए इस आसनपर बैठ जाइए।

चित्रलेखा—उर्वशीने महाराजको सिर नवाकर प्रणाम करते हुए कहलाया है—

राजा—किमाज्ञापयति।

चित्रलेखा—सहि सुरारिसंभवे दुव्वादे महाराओ एव्व सरणं आसि। सा अहं संपदं तुह दंसणसमुत्थेण मअणेण बलिअं बाहीअमाणा भूओवि महाराएण अणुकंपणीअत्ति। (सखि सुरारिसम्भवे दुर्जाते महाराज एव मम शरणमासीत्। साहं साम्प्रतं तव दर्शनसमुत्थेन मदनेन बलवद्बाध्यमाना भूयोऽपि महाराजस्यानुकम्पनीया भवामि इति।)

राजा—अयि मद्रमुखि!

पर्युत्सुकां कथयसि प्रियदर्शनां तां
आर्तं न पश्यसि पुरूरवसं तदर्थे।
साधारणोऽयमुभयोः प्रणयः स्मरस्य
तप्तेन तप्तमयसा घटनाय योग्यम् ॥१५॥

चित्रलेखा—[उर्वशीमुपेत्य] सहि एहि। वुत्तोवि णिद्दअदरं मअणं पेक्खिअ पिअ-अमस्स दे दूदिम्हि संवुत्ता। (सखि एहि। त्वत्तोऽपि निर्दयतरं मदनं प्रेक्ष्य प्रियतमस्य ते दूत्यस्मि संवृत्ता।)

उर्वशी—[तिरस्करिणीमपनीय] अम्महे लहुअं तुए अणवेक्खिदं उज्झिदम्हि। (अहो लघु त्वयानवेक्षितमुज्झितास्मि।)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] सहि! इदो मुहुत्तादो जाणिस्सं का कं उज्झिस्सदि। आआरं दाव पडिवज्ज। (सखि! इतो मुहूर्तादेव ज्ञास्यामि का कामुज्झिष्यतीति। आचारं तावत्प्रतिपद्यस्व।)

राजा—हाँ, क्या आज्ञा दी है?

चित्रलेखा—यही कि उस बार जब दैत्य मुझे पकड़ ले गये थे उस समय महाराजने ही मेरी रक्षा की थी। अब आपको देख लेनेपर मेरे मनमें प्रेमकी बड़ी पीड़ा उठ खड़ी हुई है, इसलिये चाहती हूँ कि इस बार भी मुझपर आपकी कृपा हो जाय।

राजा—अरी सुन्दरी! अपनी सखीको तो तुम इतना प्रेमसे व्याकुल बता रही हो, पर यह नहीं देख रही हो कि यह पुरूरवा भी उसके प्रेममें पागल हुआ बैठा है। हम दोनोंका प्रेम, दोनों ओर एक जैसा ही बढ़ा हुआ है, इसलिये एक तपे हुए लोहेको दूसरे तपे हुए लोहेसे जोड़ देना ही अब ठीक होगा ॥१५॥

चित्रलेखा—[उर्वशीके पास जाकर] आओ आओ, सखी! कामदेवने तुमसे भी अधिक इनको सता रक्खा है। इसलिये अब मैं तुम्हारे प्रियतमकी ही दूती बनकर तुम्हारे पास आई हूँ।

उर्वशी—[मायाकी ओढ़नी हटाकर] वाह! क्या झटसे तू मुझे छोड़कर उधर चली गई?

चित्रलेखा—[मुसकराकर] सखी, अभी थोड़ी ही देरमें देखती हूँ न, कि कौन किसे छोड़कर जाती है। अच्छा, पहले महाराजको प्रणाम तो कर लो।

उर्वशी—[सव्रीडम राजानमुपेत्य प्रणम्य च सव्रीडम्] जेदु जेदु महराओ। (जयतु जयतु महाराज।)

राजा—[सहर्षम्] सुन्दरि!

मया नाम जितं यस्य त्वयायं समुदीर्यते।
जयशब्दः सहस्राक्षादागतः पुरुषान्तरम् ॥१६॥

[हस्ते गृहीत्वैकासनमुपवेशयति।]

विदूषक—भोदि! रण्णो पिअवअस्सो बम्हणो किं ण वन्दीअदि। (भवति! राज्ञः प्रियवयस्यो ब्राह्मणः किं न वन्द्यते।

[उर्वशी सस्मितं प्रणमति।]

विदूषक—सत्थि भोदीए। (स्वस्ति भवत्यै।)

[नेपथ्ये देवदूतः]

चित्रलेखे! त्वरय त्वरयोर्वशीम्।

मुनिना भरतेन यः प्रयोगो भवतीष्वष्टरसाश्रयो नियुक्तः।
ललिताभिनयं तमद्य भर्ता मरुतां द्रष्टुमनाः सलोकपालः ॥१७॥

[सर्वे कर्णं ददति। उर्वशी विषादं रूपयति]

चित्रलेखा—सुदं पिअसहीए देवदूदस्स वअणं। ता अणुमाणेहि महाराअं (श्रुतं प्रियसख्या देवदूतस्य वचनम्। तदनुमान्यतां महाराजः।)

उर्वशी—णत्थि मे वाआ। (नास्ति मे वाचा।)

उर्वशी—[हड़बड़ीमें राजाके पास पहुँचकर लजाती हुई प्रणाम करके।] महाराजकी जय हो।

राजा—[प्रसन्न होकर] सुन्दरी! जो 'जय' शब्द तुमने सहस्र आँखवाले इन्द्रको छोड़कर आजतक किसी दूसरे पुरुषके लिए नहीं कहा था, वह आज तुमने मेरे लिए कह दिया, इसलिए आज सचमुच मुझे जय मिल गई ॥१६॥

[हाथ पकड़कर बैठाते हैं।]

विदूषक—देवीजी! क्या महाराजके प्रिय मित्र ब्राह्मणको प्रणाम आप नहीं कीजिएगा?

[उर्वशी मुसकराती हुई प्रणाम करती है।]

विदूषक—आपका कल्याण हो।

[नेपथ्यमें देवदूत कहता है।]

चित्रलेखा! उर्वशीको झटपट ले आओ। भरत मुनिने तुम लोगोंको, जो आठों रसोंसे भरा हुआ नाटक सिखा रक्खा है उसीका सुन्दर अभिनय, भगवान् इन्द्र और लोकपाल देखना चाहते हैं ॥१७॥

[सब सुनते हैं उर्वशी दुखी होनेका नाट्य करती है।]

चित्रलेखा—प्यारी सखी! तुमने देवदूतके वचन सुने? तो अब महाराजसे विदा लो।

उर्वशी—मुझसे तो बोला नहीं जा रहा है।

चित्रलेखा—महाराअ उव्वसी विण्णवेदि—परवसो अअं जणो। ता महाराएण अब्भणुण्णादा इच्छामि देवेसु अणवरद्धं अत्ताणं कादुं त्ति। (महाराज! उर्वशी विज्ञापयति—परवशोऽयं जनः। तन्महाराजेनाभ्यनुज्ञाता इच्छामि देवेष्वनपराद्धमात्मानं कर्तुम्—इति।)

राजा—[कथं कथमपि वाचं व्यवस्थाप्य।]। नास्मि भवत्योरीश्वरनियोगप्रत्यर्थी। स्मर्तव्यस्त्वयं जनः। [उर्वशी वियोगदुःखं रूपयित्वा राजानं पश्यन्ती सह सख्या निष्क्रान्ता।]

राजा—[निःश्वस्य] सखे वैफल्यमिव मे चक्षुषोः संप्रति।

विदूषकः—[पत्रं दर्शयितुकामः] एं एवं। [इति अर्धोक्ते सविषादमात्मगतम्।]......हद्धी हद्धी उव्वसीदंसणविम्हिदेण मए स भुज्जवत्तं पब्भट्टं वि हत्थादो पमादेण ण विण्णादं। (ननु एतत्......हा धिक् हा धिक् उर्वशीदर्शनविस्मितेन मया तद्भूर्जपत्रं प्रभ्रष्टमपि हस्तात्प्रमादेन न विज्ञातम्।)

राजा—भद्र! किमसि वक्तुकाम इव।

विदूषकः—एव्वं वत्तुकामोम्हि—मा भवं अंगाइं मुंचदु। दिढं क्खु तुइ बद्धभावा उव्वसी ण सा इदोगदं अणुराअं सिढिलेदि त्ति। (एवं वक्तुकामोऽस्मि—मा भवानङ्गानि मुञ्चतु। दृढं खलु त्वयि बद्धभावा उर्वशी न सा इतोगतमनुरागं शिथिलयति—इति।)

राजा—ममाप्येतदाशंसि मनः। तया खलु प्रस्थाने।

अनीशया शरीरस्य स्ववशं हृदयं मयि।
स्तनकम्पक्रियालक्ष्यैर्न्यस्तं निःश्वसितैरिव॥१८॥

चित्रलेखा—महाराज! उर्वशी प्रार्थना करती है कि मैं तो पराधीन हूँ, इसलिये महाराजकी आज्ञा हो तो चली जाऊँ और देवताओंका अपराध करनेसे बच जाऊँ।

राजा—[बड़ी कठिनाईसे बोलते हुए।] मैं आपके स्वामीकी आज्ञाका भला कैसे विरोध कर सकता हूँ। पर मुझे भूलिएगा मत।

[उर्वशी वियोगका भाव प्रकट करती हुई और राजाकी ओर देखती हुई सखीके साथ चली जाती है।]

राजा—[लम्बी साँस लेकर] मित्र! अब तो मेरी आँखोंका होना न होना बराबर हो रहा है।

विदूषक—[पत्र दिखानेकी इच्छासे] पर यह...... [इतना ही कहकर रुक जाता है। दुःखके साथ मन ही मन] हाय हाय! उस उर्वशीको देखनेमें मैं ऐसा बेसुध हो गया कि मुझे यह भी ध्यान न रहा कि मेरे हाथसे भोजपत्र कब निकलकर गिर पड़ा।

राजा—क्या कह रहे थे मित्र?

विदूषक—मैं यही कह रहा था कि आप निराश न हों, क्योंकि उर्वशी आपसे इतना गहरा प्रेम करती है कि अब उसके प्रेममें ढिलाई आ नहीं सकती।

राजा—मेरा मन भी यही कहता है। अपने शरीरपर तो उसका वश था ही नहीं, इसलिये अपने जिस हृदयपर उसका अधिकार था उसे तो चलते समय वह अपनी उन उसाँसोंके साथ मुझे सौंप गई जो उसके स्तनोंके काँपनेसे भली प्रकार प्रकट हो रही थी॥१८॥

विदूषकः—[स्वगतम्] येवदि मे हिग्रग्रं इमं वेलं ग्रत्तभवदा तस्स भुज्जवत्तस्स णाम गेहिदव्वं त्ति। (येवते मे हृदयमिमा वेलामत्रभवता तस्य भूर्जपत्रस्य नाम ग्रहीतव्यमिति।)

राजा—वयस्य केनेदानीं दृष्टिं विलोभयामि। [स्मृत्वा] ग्रः उपनयतु भवान्भूर्जपत्रम्।

विदूषकः—[सर्वतो दृष्ट्वा विषाद नाटयति] हंत ण दिस्सदि। भो दिव्वं क्खु तं भुज्जवत्तं गदं उव्वसीए मग्गेण। (हन्त न दृश्यते। भो. दिव्यं खलु तद्भूर्जपत्रं गतमुर्वश्या मार्गेण।)

राजा—[सासूयम्] ग्रहो सर्वत्र प्रमादी वैधेयः। ननु विचिनोतु भवान्।

विदूषकः—[उत्थाय] ण इदो भवे। इह वा भवे। इह वा भवे। (ननु इतो भवेत्। इह वा भवेत्।) [इति विचेतव्य नाटयति]

[ततः प्रविशति सपरिवारा काशिराजपुत्री देवी चेटी च]

देवी—हंजे णिउणिए! सच्चं तुए भणिदं इमं लदागेहं पविसंतो ग्रज्जमाणवग्रसहाग्रो ग्रज्जउत्तो दिट्ठो त्ति। (हञ्जे निपुणिके! सत्य त्वया भणितमिदं लतागेहं प्रविशन्नार्यमाणवकसहाय आर्यपुत्रो दृष्ट इति।)

निपुणिका—किं ग्रण्णहा भट्टिणी मए कदावि विण्णविदपुव्वा। (किमन्यथा भट्टिनी मया कदापि विज्ञापितपूर्वा।)

देवी—तेण हि लदाविडवंतरिदा सुणिस्सं दाव से विस्सद्धा मंतिदाणि जं तुए कहिदं तं सच्चं ण वत्ति। (तेन हि लताविटपान्तरिता श्रोष्यामि तावदस्य विश्रब्धा मन्त्रितानि यत्त्वया कथित तत्सत्यं न वेति।)

विदूषक—[मन ही मन] मुझे यही डर हो रहा है कि महाराज भोजपत्र न माँग बैठें।

राजा—मित्र! बताओ अब मैं कैसे अपनी आँखें ठंडी करूँ। [स्मरण करके] अरे हाँ! वह भोजपत्र तो लाओ।

विदूषक—[चारो ओर ढूँढता हुआ, दुखी होनेका नाट्य करता है] हाय, हाय! वह तो कहीं मिलता ही नहीं। मित्र! वह भोजपत्र तो स्वर्गका था न, इसलिये वह भी उर्वशीके साथ ही उड़ गया होगा।

राजा—[क्रोधसे] मूर्ख! तुम सदा ऐसे ही बेसुध रहते हो। जाओ, ढूँढो उसे।

विदूषक—[उठकर] बस-बस यहीं होगा, या यहीं होगा, या यहीं होगा। [इस प्रकार खोजनेका नाट्य करता है।]

[इसी बीच काशी-नरेशकी पुत्री महारानी अपनी दासियोंके साथ आती हैं।]

देवी—सखी निपुणिका! तू ने सच कहा था कि आर्य माणवकके साथ आर्यपुत्र लता-मंडपमें गए हैं।

निपुणिका—मैंने क्या आजतक कभी आपसे झूठ बोला है?

देवी—अच्छा तो मैं इन लता-वृक्षोंकी ओट में खड़ी होकर इनकी गुप-चुप बातें सुनकर देखती हूँ कि तूने जो कुछ कहा है वह सच है या नहीं।

निपुणिका—जं भट्टिणीए रुचदि। (यद्भट्टिन्यै रोचते।)

देवी—[परिक्रम्य पुरस्तादवलोक्य च] हञ्जे णिउणिए किं णु क्खु एदं जिण्णचीवरं विअ इदोमुहं दक्खिणमारुदेण आणीअदि। (हञ्जे निपुणिके! किं नु खल्वेतज्जीर्णचीवरमिवेतोमुखं दक्षिणमारुतेनानीयते।)

निपुणिका—[विभाव्य] भट्टिणि! पडिवत्तणविभाविदक्खरं भुज्जवत्तं क्खु एदं। हंत भट्टिणीए एव्व णेउरकोडीए लग्गं। [गृहीत्वा] णं वाईअदु एदम्। (भट्टिनि! परिवर्तनविभावितास्तर भूर्जपत्रं खल्वेतत्। हन्त भट्टिन्या एव नूपुरकोट्या लग्नम्। ननु वाच्यतामेतत्।)

देवी—अणुवाएहि दाव एदं। जदि अविरुद्धं तदो सुणिस्सं। (अनुवाचय तावदेतत्। यद्यविरुद्धं ततः श्रोष्यामि।)

निपुणिका—[तथा कृत्वा] भट्टिणि! तं एव्व कोलीणं विअ पडिहादि भट्टारअं उद्दिसिअ उव्वसीए कव्वबंधो त्ति तक्केमि। अज्जमाणवअप्पमादेण अ अम्हाणं हत्थं आगदो त्ति। (भट्टिनि! तदेव कौलीनमिव प्रतिभाति। भट्टारकमुद्दिश्योर्वश्याः काव्यबन्ध इति तर्कयामि। आर्यमाणवक प्रमादेन चावयोर्हस्तमागत इति।)

देवी—तेण हि से गहीदत्था होमि। (तेन ह्यस्य गृहीतार्था भवामि।)

[निपुणिका वाचयति]

देवी—[श्रुत्वा] एत्थ इमिणा एव्व उवाअणेण दं अच्छराकामुअं पेक्खामि। (अनाऽनेनैवोपायनेन तमप्सरः कामुकं प्रेक्षे।)

निपुणिका—तह। (तथा।)

[इति परिजनसहिते लतागृहं परिक्रामतः।]

निपुणिका—जैसा भट्टिनी ठीक समझें।

देवी—[घूमकर सामने देखकर] सखी निपुणिका! देखो तो यह दक्खिनी पवनके साथ फटे कपड़े जैसा क्या इधरको उड़ा चला आ रहा है।

निपुणिका—[देखकर] भट्टिनी! यह तो भोजपत्र है और उलटा-पलटा उड़ा आता हुआ ऐसा लगता है कि इसपर कुछ लिखा हुआ हो। लीजिए, यह तो भट्टिनीके बिछुएमें ही आकर अटक गया। [उठाकर] लीजिए बाँचिए तो।

देवी—तुम्हीं बाँच लो। यदि कोई मेरे मनकी बात हो तो सुना देना।

निपुणिका—[बाँचकर] यह तो वही प्रेमवाली बात जान पड़ती है, जिसका चारों ओर इतना हल्ला हो रहा है। मैं समझती हूँ कि उर्वशीने स्वामीको यह कविता लिखकर भेजी होगी और आर्य माणवककी असावधानीसे यह हम लोगोंके हाथ लग गई है।

देवी—अच्छा पढ़ो तो इसमें क्या लिखा है?

[निपुणिका बाँचती है।]

देवी—[सुनकर] तो चलो यही भेंट लेकर हम उस अप्सराके प्रेमीसे चलकर मिलें।

निपुणिका—चलिए।

[दासियोंके साथ लता-मण्डपकी ओर घूम जाती हैं।]

विदूषक—[विलोक्य] भो वअस्स ! किं एदं पवणावत्तगामि पमदवणसमीवगवकीला-पव्वदपज्जं ते दीसदि। (भो वयस्य ! किमेतत्पवनावर्तगामि प्रमदवनसमीपगतक्रीडापर्वतपर्यन्ते दृश्यते ।)

राजा—[उत्थाय] भगवन्वसन्त-प्रिय दक्षिणवायो !

वासार्थं हर संभृतं सुरभिणा पौष्पं रजो वीरुधां
किं कार्यं भवतो हृतेन दयितास्नेह स्वहस्तेन मे ।
जानीते हि मनोविनोदनशतैरेवंविधैर्धारितं
कामार्तं जनमञ्जनां प्रति भवानालचितप्रार्थनः ॥१६॥

निपुणिका—भट्टिणि ! पेक्ख पेक्ख । एदस्स एव्व अण्णेसणा वट्टदि । (भट्टिनी ! प्रेक्षस्व प्रेक्षस्व । एतस्यैवान्वेषणा वर्तते ।)

देवी—ण पेक्खामि दाव । तुण्हि चिट्ठ । (ननु पश्यामि तावत् । तूष्णीं तिष्ठ ।)

विदूषक—[सविषादम्] हद्धी हद्धी भो मिलाअमाणकेसरच्छविणा मोरपिच्छेण विप्पलद्धो म्हि । [हा धिक् हा धिक् भो म्लायमानकेसरच्छविना मयूरपिच्छेन विप्रलब्धोऽस्मि ।]

राजा—सर्वथा हतोऽस्मि ।

देवी—[सहसोपसृत्य ।] अज्जउत्त अलं आवेएण । एवं तं भुज्जवत्तं । (आर्यपुत्र ! अलमावेगेन । एतत्तद्भूर्जपत्रम्)

राजा—[ससम्भ्रमम्] अये देवी ! स्वागतं देव्यै ।

विदूषक—[अपवार्य] दुरागदं दाणिं संवुत्तं । [दुरागतमिदानीं संवृत्तम्]

विदूषक—[देखकर] क्यों मित्र ! यह प्रमदवनके पासवाले क्रीड़ा-पर्वतपर पवनके झोंकेमें हिलता-सा क्या दिखाई दे रहा है ।

राजा—[उठकर] हे वसन्तके प्यारे मित्र दक्षिण पवन ! तुम्हें अपना शरीर सुगन्धित करना हो तो तुम लताओंपर खिले हुए और वसन्तके हाथोंसे इकट्ठे किए हुए फूलोंका पराग उठाकर क्यों नहीं ले जाते । मेरी प्यारीके हाथका लिखा हुआ पत्र भला तुम्हारे किस काम आवेगा । तुम तो स्वयं अञ्जनासे प्रेम कर चुके हो इसलिये जानते ही होगे कि ऐसी ही मन बहलानेवाली वस्तुओंको देखकर ही तो प्रेमी लोग जिया करते हैं ॥१६॥

निपुणिका—देखिए देखिए, भट्टिनी ! ये लोग इसी पत्रको खोज रहे हैं ।

देवी—चुप रह ! देखें तो सही, ये क्या-क्या करते हैं ।

विदूषक—[दुःखके साथ] हाय, हाय ! इस मोर-पंखको देखकर मुझे मुरझाए हुए केशरके फूलका धोखा हो गया, क्योंकि दोनों एक जैसे ही लगते थे ।

राजा—मैं तो सब प्रकार लुट गया ।

देवी—[एकाएक आगे बढ़कर] घबराइए मत आर्यपुत्र ! यह रहा वह भोजपत्र ।

राजा—[घबराकर] अरे आप हैं देवी ? आइए, आइए ! भली आ गईं आप ।

विदूषक—[अलग] भली क्या, बड़ी बुरी आईं इस समय ।

राजा—[जनान्तिकम्] वयस्य ! किमत्र प्रतिविधेयम् ।

विदूषकः—(जनान्तिकं) लोत्तेण गहीदस्स कुम्भीलअस्स अत्थि वा पडिवअणं । (लोप्त्रेण गृहीतस्य कुम्भीलकस्यास्ति वा प्रतिवचनम् ।)

राजा—[जनान्तिकम्] मूर्ख नायं परिहासकालः । [प्रकाशम्] देवि ! नेदं मया मृग्यते । अयं खलु पत्त्रान्वेषणार्थमारम्भः ।

देवी—जुत्तं दाणि अत्तणो सोहग्गं पच्छादेदुं । (युक्तं आत्मनः सौभाग्यं प्रच्छादयितुम् ।)

विदूषकः—भोदि ! तुवरेहि से भोअणं जं पित्तोवसमसमत्थं होदि । (भवति त्वरयास्य भोजनं पित्तोपशमनसमर्थं भवति ।)

देवी—णिउणिए सोहणं क्खु बम्हणेण समस्सासिदो वअस्सो । (निपुणिके ! शोभनं खलु ब्राह्मणेनाश्वासितो वयस्य.)

विदूषकः—भोदि णं पेक्ख आस्सासिदो पिसाओवि भोअणेण । (भवति ननु पश्य आश्वासितः पिशाचोऽपि भोजनेन ।)

राजा—मूर्ख बलादपराधिनं मां प्रतिपादयसि ।

देवी—णत्थि क्खु भअवो अवराहो । अहं एव्व एत्थ अवरद्धा पडिऊलदंसणा अग्गदो दे चिट्ठामि । इदो गमिस्सं । णिउणिए, एहि गच्छम्ह । (नास्ति खलु भवतोऽपराधः । अहमेवात्रापराद्धा या प्रतिकूलदर्शना भूत्वाग्रतस्ते तिष्ठामि । इतो गमिष्यामि । निपुणिके ! एहि गच्छामः ।) [इति कोपं नाटयित्वा प्रस्थिता ।]

राजा—[अनुसृत्य ।]

अपराधी नामाहं प्रसीद रम्भोरु विरम संरम्भात् ।
सेव्यो जनश्च कुपितः कथं नु दासो निरपराधः ॥२०॥

[इति पादयोः पतति ।]

देवी—[स्वगतम्] मा खु लहुहिअआ अहं अणुणअं बहु मण्णे। किं दु अदक्खिण्ण-क्किदस्स पच्छादावस्स भाएमि। (मा खलु लघुहृदयाहमनुनय बहु मन्ये। किन्त्वदाक्षिण्यकृतात्पश्चात्तापाद्बिभेमि।)

[इति राजानमपहाय सपरिवारा निष्क्रांता।]

विदूषकः—पाउसणदी विअ अप्पसण्णा गदा देवी। ता उट्ठेहि। (प्रावृण्नदीवाप्रसन्ना गता देवी। तदुत्तिष्ठ उत्तिष्ठ।)

राजा—[उत्थाय] वयस्य, नेदमनुपपन्नम्। पश्य

प्रियवचनकृतोऽपि योषितां दयितजनानुनयो रसादृते।
प्रविशति हृदयं न तद्विदां मणिरिव कृत्रिमरागयोजितः॥२१॥

विदूषकः—अणुऊलं एव्व एत्थभवदो एदं। ण खु अक्खिदुक्खिदो अहिमुहे दीवसिहं सहेदि। (अनुकूलमेवात्रभवत एतत्। खल्वक्षिदुःखितोऽभिमुखे दीपशिखां सहते।)

राजा—मा मैवम्! उर्वशीगतमनसोऽपि मे स एव देव्यां बहुमानः। किन्तु प्रणिपातलङ्घनादहमस्यां धैर्यमवलम्बयिष्ये।

विदूषकः—भो चिट्ठदु दाव भवदो धीरदा। बुभुक्खिदस्स बम्हणस्स जीविदं अवलंबदु भवं। समओ खु ण्हाणभोअणं सेविदुं (भो तिष्ठतु तावद्भवतो धीरता। बुभुक्षितस्य ब्राह्मणस्य जीवितमवलम्बतां भवान् समयः खलु स्नानभोजनं सेवितुं।)

देवी—[मन ही मन] मुझे ऐसी भोली न समझ बैठिएगा कि मैं आपकी इन चिकनी-चुपड़ी बातोंमें आजाऊँगी। पर मैं तो यही डरती हूँ कि यदि मैं आपसे कुछ कड़ा बर्ताव भी करूँ तो पीछे मुझे ही पछतावा होगा।

[राजाको छोड़कर अपनी दासियोंके साथ चली जाती हैं।]

विदूषक—वर्षाकी नदीके समान अप्रसन्न मनवाली देवी चली गईं। अब उठिए, उठिए।

राजा [उठकर] मित्र! इसमें उनका कोई दोष नहीं है। देखो,—यदि कोई पति ऊपरी मनसे केवल चिकनी-चुपड़ी बातें करके ही अपनी प्यारीको मनाने लगता है तो उसकी बातें, स्त्रियोंके हृदयमें उसी प्रकार नहीं बैठती जैसे बनावटी रंगसे रँगा हुआ मणि, सच्चे पारखीको नहीं जँचता॥२१॥

विदूषक—पर आप तो यह चाहते ही थे। जिसकी आखें आ गईं हों उसे सामने रक्खे हुए दीयेकी लौ खोटे ही भाती है।

राजा—नहीं नहीं, ऐसा न कहो। उर्वशीसे प्रेम करनेपर भी मैं इन देवीको पहले ही जैसा प्यार करता हूँ पर मेरे इतने हाथ-पैर जोड़नेपर भी मुझे ठुकराकर चल दीं इसलिये अब मैं भी उनसे ऐंठ जाता हूँ।

विदूषक—ऐंठिएगा पीछे। पहले इस भूखे ब्राह्मणके प्राण तो बचाइए। चलिए, स्नान-भोजनका समय हो गया है।

राजा—[ऊर्ध्वमवलोक्य] गतमर्धं दिवसस्य । यतः खलु—

उष्णालुः शिशिरे निषीदति तरोर्मूलालवाले शिखी
निर्भिद्योपरि कर्णिकारमुकुलान्यालीयते षट्पदः ।
तप्तं वारि विहाय तीरनलिनीं कारण्डवः सेवते
क्रीडावेश्मनि चैष पञ्जरशुकः क्लान्तो जलं याचते ॥२२॥

[इति निष्क्रान्तौ ।]

॥ इति द्वितीयोऽङ्कः ॥

तृतीयोऽङ्कः

[तत प्रविशतो भरतशिष्यौ]

गालव —सखे पेलव ! महेन्द्रभवन गच्छता भगवतोपाध्यायेन त्वमासन प्रतिग्राहित । अग्निशरणशरक्षणाय स्थापितोऽहम् । अत खलु पृच्छामि—अपि गुरो प्रयोगेण दिव्या परिषदाराधिता ।

पेलव —गालव ! ण जाणे आराहिदा ण वत्ति । तस्सि उण सरस्सईकिदकव्वबन्धे लच्छीसअंवरे तेसु तेसु रसन्तरेसु तम्मई आसि । किंतु —। (गालव । न जाने आराधिता न वा इति । तस्मिन्पुन सरस्वतीकृतकाव्यबन्धे लक्ष्मीस्वयंवरे तेषु तेषु रसान्तरेषु तन्मयी आसीत् । किन्तु)

गालव —सदोषावकाश इव ते वाक्यशेष ।

पेलव —आम् तस्सि उव्वसीए वअणं पमादक्खलिदं आसि । (आम् तस्मिन्नुर्वश्या वचन प्रमादस्खलितमासीत् ।)

गालव —कथमिव ।

पेलव —लच्छीभूमिआए वट्टमाणा उव्वसी वारुणीभूमिआए वट्टमाणाए मेणआए पुच्छिदा—सहि समागदा एदे तेलोक्कसुपुरिसा सकेसवा अ लोअवाला । कदमस्सि दे भावाहिणिवेसोत्ति । (लक्ष्मीभूमिकायां वर्तमानोर्वशी वारुणीभूमिकायां वर्तमानया मेनकया पृष्टा—सखि ! समागता एते त्रैलोक्यसुपुरुषा सकेशवाश्च लोकपाला । कतमस्मिस्ते भावाभिनिवेश इति ।)

तीसरा अङ्क

[भरत मुनिके दो शिष्य प्रवेश करते हैं]

गालव—मित्र पेलव ! इन्द्र भवनको जाते समय गुरुजीने अपना आसन साथ ले चलनेके लिये तुम्हें तो अपने साथ ले लिया था और मुझे यहाँ अग्निहोत्रका काम सौंप दिया था। इसीलिये मैं पूछता हूँ कि गुरुजीके नाटकसे देवताओंकी सभा प्रसन्न तो हुई न ?

पेलव—गालव ! यह तो मैं नहीं जानता कि देवसभा प्रसन्न हुई या नहीं, पर वहाँ जो लक्ष्मी-स्वयंवर नामका नाटक हुआ था और जिसके गीत स्वयं सरस्वतीजीने बनाए थे, उसमें जो जो रस जब जब दिखाए जाते थे तब-तब उन उन रसोंमें वह पूरीकी पूरी सभा मगन हो उठती थी। पर

गालव—जान पड़ता है तुम कुछ कहते-कहते रुक गए।

पेलव—हाँ, यही कि उस नाटकमें उर्वशीने बोलनेमें कुछ भूल कर दी।

गालव—क्या भूल कर दी ?

पेलव—उस नाटकमें वारुणी बनी हुई मेनकाने, लक्ष्मी बनी हुई उर्वशीसे पूछा—सखी ! यहाँ तीनों लोकोंसे एकसे एक सुन्दर पुरुष, लोकपाल और स्वयं विष्णु भगवान् आए हुए हैं, इनमें तुम्हें कौन सबसे अधिक भाता है ?

गालव—ततस्तत ।

पेलव—तदो ताए पुरुसत्तमे त्ति भणिदव्वे पुरूरवसि त्ति ताए णिग्गदा वाणी ।
(ततस्तया पुरुषोत्तमे इति भणितव्ये पुरूरवसीति तस्या निर्गता वाणी)

गालव—भवितव्यतानुविधायीनि इन्द्रियाणि । न खलु तामभिक्रुद्धो गुरु ।

पेलव—सा खलु सत्ता उवज्झाएण । महिंदेण उण अणुगहीदा । [सा खलु शप्तोपाध्यायेन । महेन्द्रेण पुनरनुगृहीता ।]

गालव—कथमिव ।

पेलव—जेण मम उवदेसो तुए लंघिदो तेण ण दे दिव्व ठाणं हुविस्सदि त्ति उवज्झाअस्स सावो । महिंदेण उण पेक्खणावसाणे लज्जावणदमुही सा एव्व भणिदा—जस्सि तुम बद्धभावा सि तस्स मे रणसहायस्स राएसिणो पिअ एव्व करणिज्जं । ता दाव तुम जहाकाम पुरूरवस उवचिट्ठ जाव सो तुइ दिट्ठसन्ताणो भोदि त्ति । (येन ममोपदेशस्त्वया लङ्घितस्तेन न ते दिव्य स्थान भविष्यति इति उपाध्यायस्य शाप । महेन्द्रेण पुन प्रेक्षणावसाने लज्जावनतमुखी सा एव भणिता—यस्मिंस्त्व बद्धभावासि तस्य मे रणसहायस्य राजर्षे प्रियमत्र करणीयम् । तत्तावत्त्व यथाकाम पुरूरवसमुपतिष्ठस्व यावत्स त्वयि दृष्टसन्तानो भवेदिति)

गालव—सदृशमेतत्पुरुषान्तरविदो महेन्द्रस्य ।

गालव—तब-तब !

पेलव—उस समय उसे कहना तो चाहिए था 'पुरुषोत्तम' पर भूलसे उसके मुँहसे निकल गया, 'पुरूरवा' ।

गालव—भाई ! जैसी होनी होती है वैसे ही मनुष्यके मन भी काम करने लगते हैं । क्या गुरुजी इस बातपर बिगड़े नहीं ?

पेलव—अरे, गुरुजीने तो उसे शाप ही दे दिया था, पर भगवान् इन्द्रने उसे जैसे तैसे बचा लिया ।

गालव—कैसे ?

पेलव—गुरुजीने तो यह शाप दे दिया था कि तूने जो मेरे सिखाए पाठके अनुसार काम नहीं किया इसपर तुझे यह दंड दिया जाता है कि तू स्वर्गमें नहीं रहने पावेगी । पर ज्योंही नाटक समाप्त हुआ त्योंही लज्जासे सिर नीचा किए खड़ी हुई उर्वशीसे इन्द्रने आकर कहा—देखो ! रण क्षत्रमें सदा मेरी सहायता करनेवाले जिस राजर्षिसे तुम प्रेम करती हो उनके मनका भी कुछ कर देना चाहिए । इसलिये जबतक वे तुम्हारी सतानका मुंह न देखें तबतक तुम मनचाहे समय तब पुरूरवाके साथ रह सकती हो ।

गालव—सबके मनकी बात जाननेवाले इन्द्रको यही शोभा देता है ।

पेलवः—[सूर्यमवलोक्य] कधा पसंगेण अम्हेहिं अवरद्धा अहिसेअवेला क्खु उवज्झाअस्स। ता एहि। से पासवत्तिणो होम। (कथाप्रसङ्गेनास्माभिरपराद्धाभिषेकवेला खलु उपाध्यायस्य। तदेहि। अस्य पार्श्ववर्तिनौ भवावः।)

गालवः—तथा।

[इति निष्क्रान्तौ]

॥ मिश्रविष्कम्भकः ॥

[ततः प्रविशति कञ्चुकी]

कञ्चुकी—[विनिःश्वस्य]

सर्वः कल्ये वयसि यतते लब्धुमर्थान्कुटुम्बी
पश्चात्पुत्रैरपहृतभरः कल्पते विश्रमाय।
अस्माकं तु प्रतिदिनमियं साधयन्ती प्रतिष्ठां
सेवाकारा परिणतिभूरस्त्रीषु कष्टोऽधिकारः ॥१॥

[परिक्रम्य] आदिष्टोऽस्मि सनियमया काशिराजपुत्र्या—व्रतसम्पादनार्थं मया मानमुत्सृज्य निपुणिकामुखेन पूर्वं याचितो महाराजः। तदेव त्वं मद्वचनाद्विज्ञापय इति। यावदहमिदानीमवसितसन्ध्याजाप्यं महाराजं पश्यामि। [परिक्रम्यावलोक्य च] रमणीयः खलु दिवसावसानवृत्तान्तो राजवेश्मनः। इह हि।

पेलव—[धूपकी ओर देखकर] बातें करते-करते गुरुजीके स्नानका समय भी निकल गया। आओ चलो, उनके पास चले चलें।

गालव—अच्छा चलो। [दोनों चले जाते हैं।]

॥मिश्र विष्कम्भक॥

[कञ्चुकी आता है।]

कञ्चुकी—[लम्बी-लम्बी सांस लेकर] जो लोग बहुत बड़े कुटुम्बवाले होते हैं वे युवावस्थामें तो धन बटोरनेके फेरमें पड़े रहते हैं। पर बुढ़ापेमें अपना सब भार पुत्रोंपर छोड़कर विश्राम करते हैं। किन्तु यहाँ तो ऐसी दशा हो गई है कि रात-दिन इस नौकरीके चक्करमें पड़े-पड़े बूढ़े हो गये हैं। सचमुच स्त्रियोंकी सेवा करना बड़ा टेढ़ा काम होता है ॥१॥ [घूमकर] आजकल काशीराजकी पुत्री महारानी व्रत कर रही हैं। उन्होंने मुझे आज्ञा दी है कि मैं सब मान छोड़कर निपुणिकासे महाराजको कहला चुकी हूँ कि वे आकर मेरा व्रत पूरा करें, इसलिये तुम मेरी ओरसे जाकर महाराजको बुला लाओ। इस समय महाराज सायंकालकी सन्ध्या करके बैठे होंगे, इसलिये चलूँ वहीं उनके दर्शन करूँ। [घूमकर और देखकर]—सन्ध्याके समय राज-द्वार भी कैसा सुहावना लगता है। यहाँ

उत्कीर्णा इव वासयष्टिषु निशानिद्रालसा बर्हिणो
धूपैर्जालविनिःसृतैर्वलभयः संदिग्धपारावताः ।
आचारप्रयतः सपुष्पबलिषु स्थानेषु चार्चिष्मतीः ।
सन्ध्यामङ्गलदीपिका विभजते शुद्धान्तवृद्धो जनः ॥२॥

[नेपथ्याभिमुखमवलोक्य] अये इत एव प्रस्थितो देवः ।

परिजनवनिताकरार्पिताभिः परिवृत एष विभाति दीपिकाभिः ।
गिरिरिव गतिमानपक्षलोपात् अनुतटपुष्पितकर्णिकारयष्टिः ॥३॥

यावदेनमवलोकनमार्गे स्थितः प्रतिपालयामि । [परिक्रम्य स्थितः ।]

[ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टो राजा विदूषकश्च ।]

राजा—[स्वगतम्] आः ।

कार्यान्तरितोत्कण्ठं दिनं मया नीतमनतिकृच्छ्रेण ।
अविनोददीर्घयामा कथं नु रात्रिर्गमयितव्या ॥४॥

कंचुकी—[उपसृत्य] जयतु जयतु देवः । देव ! देवी विज्ञापयति—मणिहर्म्यपृष्ठे सुदर्शनश्चन्द्रः । तत्र संनिहितेन देवेन प्रतिपालयितुमिच्छामि यावद्रोहिणीसंयोग इति ।

राजा—आर्य लातव्य ! विज्ञाप्यतां देवी यत्ते छंद इति ।

नींदमें अलसाए हुए और अपने अड्डोंपर बैठे हुए मोर, पत्थरमें खुदे हुएसे दिखाई पड़ रहे हैं । छतोंसे बाहर निकली हुई टोडमें बैठे हुए कबूतरों और उन टोड़ोंके छेदोंसे निकलनेवाले धुएँ, दोनोंमें यही नहीं जान पड़ता कि कौन धुआँ है और कौन कबूतर । रनिवासके बूढ़े नौकर नहा-धोकर, फूलोंसे सजे हुए भवनोंमें, सन्ध्याके पूजनके लिये जलते हुए दीपक ला-लाकर यथास्थान सजा रहे हैं ॥२॥ [नेपथ्यकी ओर देखकर ।] अरे ! महाराज तो इधर ही चले आ रहे हैं ।—महाराजके चारों ओर हाथमें दीपमाला लिए हुए जो बहुतसी दासियाँ चली आ रही हैं, उनसे महाराज उस पर्वतके समान चमक रहे हैं जो पंख न कटनेसे चलता आ रहा हो और जिसके दोनों ढालोंपर कनेरके फूले हुए पेड़ खड़े हों ॥३॥ तबतक मैं आगे खड़ा होकर उनके आनेकी बाट जोहता हूँ । [घूमकर खड़ा हो जाता है ।]

[राजा और विदूषक आते हैं ।]

राजा—[मन ही मन]—ओह ! दिन भर काममें लगे रहनेसे दिन तो बीतता हुआ नहीं जान पड़ा, पर अब मन बहलावकी सामग्रीके बिना रातकी लम्बी-लम्बी घड़ियाँ कैसे कटेंगी ॥४॥

कञ्चुकी—[आगे बढ़कर] जय हो महाराज ! आपकी विजय हो । देव ! देवी निवेदन करती हैं कि मणिहर्म्य-भवनसे चन्द्रमा भली भाँति दिखाई पड़ जायेंगे । इसलिये मेरी इच्छा है कि मैं वहींपर महाराजके साथ ही चन्द्रमा और रोहिणीका मिलन देखूँ ।

राजा—आर्य लातव्य ! देवीसे कहना कि जो कहेंगी वही करूँगा ।

विदूषकः—[विलोक्य] ही ही भो एसो क्खु खंडमोदअसस्सिरीओ उदिदो राआ दुआदीणं । (ही ही भोः एष खलु खण्डमोदकसश्रीक उदितो राजा द्विजातीनाम् ।)

राजा—[सस्मितम्] सर्वत्रौदरिकस्याभ्यवहार्यमेव विषयः । [प्राञ्जलिः प्रणम्य] भगवन् क्षपानाथ ।

रविमावसते सतां क्रियायै सुधया तर्पयते सुरान्पितॄँश्च ।
तमसां निशि मूर्च्छतां निहन्त्रे हरचूडानिहितात्मने नमस्ते ॥७॥

[इति उपतिष्ठते ।]

विदूषकः—भो बम्हणसंका मिदक्खरेण दे पिदामहेण अब्भणुण्णादो सि । ता आसणट्ठिदो होहि जाव अहं वि सुहासीणो होमि । (भोः ब्राह्मणसंकामिताक्षरेण ते पितामहेनाभ्यनुज्ञातोऽसि । तदासनस्थितो भव यावदहमपि सुखासीनो भवामि ।)

राजा—[विदूषकवचनं परिगृह्योपविष्टः परिजनं विलोक्य ।] अभिव्यक्तायां चन्द्रिकायां किं दीपिकापौनरुक्त्येन । तद्विश्राम्यन्तु भवत्यः ।

परिजन.—जं देवो आणवेदि । (यद्देव आज्ञापयति ।) [इति निष्क्रान्ताः ।]

राजा—[चन्द्रमसमवलोक्य विदूषकं प्रति] वयस्य ! परं मुहूर्तादागमनं देव्याः । तद्विविक्ते कथयिष्यामि स्वामवस्थाम् ।

विदूषकः—णं दीसदि एव्व सा । किंदु तारिसं अणुराअं पेक्खिअ सक्कं क्खु आसाबंधेण अत्ताणं धारेदुं । (ननु दृश्यत एव सा । किन्तु तादृशमनुरागं प्रेक्ष्य शक्यं खल्वाशाबन्धेनात्मानं धारयितुम् ।)

विदूषक—हे हें हे हे ! यह ऊपर उठता हुआ द्विजोंका राजा चन्द्रमा ऐसा सुन्दर लग रहा है जैसे खाँडका लड्डू हो ।

राजा—[मुस्कराकर] भोजन-भट्टको सब स्थानोंपर भोजनकी सामग्री ही दिखाई पड़ती है । [हाथ जोड़कर] हे भगवन् चन्द्रमा ! हे सज्जनोंकी धार्मिक क्रियाओंमें सूर्यके साथ-साथ स्मरण किए जानेवाले ! हे अमृत पिलाकर देवता और पितरोंको तृप्त करनेवाले ! हे रातके चारों ओर फैले हुए अँधेरेको हटानेवाले ! हे शिवजीके जटा-जूटपर रहनेवाले ! आपको प्रणाम है । ॥७॥ [पूजा करता है ।]

विदूषक—महाराज ! आपके दादा चन्द्रमा मुझ ब्राह्मणके मुँहसे आपको यह आज्ञा दे रहे हैं कि आप चलकर बैठिए जिससे मैं भी सुखसे बैठूँ ।

राजा—[विदूषकके कहनेसे बैठकर और अपनी सेविकाओंको देखकर ।] जब चारों ओर इतनी चाँदनी छिटकी हुई है तब ये दीपक क्यों जला रक्खे हैं । जाइए, आप सब विश्राम कीजिए ।

परिजन—जैसी देवकी आज्ञा । [सब सेविकाएँ चली जाती हैं ।]

राजा—[चन्द्रमाको देखकर विदूषकसे] वयस्य ! अभी देवीके आनेमें तो बहुत देर है, इसलिये चलो अकेलेमें बैठकर तुम्हें अपने मनकी व्यथा समझाऊँ ।

विदूषक—समझ्झोमें क्या, वह तो दिखाई ही दे रही है । पर उर्वशीने आपपर अपना जैसा प्रेम जताया है उसके भरोसे तो आपको अपना मन सँभाले रहना चाहिए ।

उर्वशी—सहि ! मदणो क्खु तुमं अणवेदि । ता सिग्घं णेहि मं तस्स सुहअस्स वसदिं ।
(सखि ! मदनः खलु त्वामाज्ञापयति । तच्छीघ्रं नय मां तस्य सुभगस्य वसतिम् ।)

चित्रलेखा—[विलोक्य] णं एदं परियत्तिदं विअ केलासहिहरं पिअदमस्स दे भवणं उवगद म्ह । (नन्वेतत्परिवर्तितमिव कैलासशिखरं प्रियतमस्य ते भवनमुपगते स्वः ।)

उर्वशी—तेण हि पहावदो जाणेहि दाव कहिं सो मम हिअअचोरो किं वा अणुचिट्ठदि त्ति । (तेन हि प्रभावाज्जानीहि तावत्क्व स मम हृदयचोरः किं वानुतिष्ठतीति ।)

चित्रलेखा—[ध्यात्वा विहस्यात्मगतम्] भोदु कीलिस्सं दाव एदाए । [प्रकाशम्] हला दिट्ठो मए एसो मणोरहलद्धपिअसमाअमसुहं अणुहवंतो उवहोअक्खमे ओआसे चिट्ठदि त्ति । (भवतु । क्रीडिष्यामि तावदेतया । हला दृष्टो मया एष मनोरथलब्धप्रियासमागमसुखमनुभवन्नुपभोगक्षमेऽवकाशे तिष्ठतीति ।)

उर्वशी—[विषादं नाटयति । निःश्वस्य] धण्णो सो जणो जो एव्वं भवे । (धन्यः स जनो य एवं भवेत् ।)

चित्रलेखा—मुद्धे ! का उण चिंता तुए विणा अण्णपिअसमाअमस्स । (मुग्धे ! का पुनश्चिन्ता त्वया विनान्यप्रियसमागमस्य ।)

उर्वशी—[सोच्छ्वासम्] सहि अदक्खिणं सदेहदि मे हिअअं । (सखि अदक्षिणं संदिग्धं मे हृदयम् ।)

चित्रलेखा—[विलोक्य] एसो मणिहम्मिअप्पासादपिट्ठगदो वअस्समेत्तसहाओ राएसी । ता एहि उवसप्पाम णं । (एष मणिहर्म्यप्रासादपृष्ठगता वयस्यमात्रसहायो राजर्षिः । तदेहि उपसर्पाव एनम् ।) [उभे अवतरतः]

उर्वशी—सखी ! मेरा प्रेम तुम्हें आज्ञा दे रहा है कि तुम मुझे शीघ्र ही उस भाग्यवानके भवनमें पहुँचाओ ।

चित्रलेखा—[देखकर] हम लोग तो तुम्हारे प्रियतमके उस भवनपर पहुँच ही गए जो ऐसा सुन्दर लगता है मानो कैलासकी चोटी उठकर यहाँ चली आई हो ।

उर्वशी—तब देवी शक्तिसे ही यह खोजो कि वह मेरे हृदयका चोर कहाँ है और क्या कर रहा है ।

चित्रलेखा—[ध्यान करके हँसकर, आप ही आप] इससे थोड़ी ठिठोली की जाय । [प्रकट] मैंने देख लिया । सखी ! वे अपनी मनचाही प्यारीसे मिलनेका सुख लूटते हुए आनन्दके स्थानमें बैठे हुए हैं ।

उर्वशी—[दुखी होनेका नाट्य करती है । लम्बी साँस लेकर] धन्य है वह स्त्री जो ऐसी बड़भागी है ।

चित्रलेखा—अरी पगली ! तुझे छोड़कर वे और कौन-सी दूसरी प्रेमिकासे मिलनेकी बात सोचेंगे ।

उर्वशी—[लंबी साँस लेकर] मेरा भोला-भाला हृदय तो यही सन्देह कर बैठा था ।

चित्रलेखा—[देखकर] यह देखो । वे राजर्षि यहाँ मणिहर्म्य भवनकी छतपर अपने मित्रके साथ बैठे हुए हैं । आओ, इनके पास बढ़ चला जाय । [दोनों उतरती हैं ।]

राजा—वयस्य रजन्या सह विजृम्भते मदनबाधा ।

उर्वशी—अणिब्भिण्णत्थेण इमिणा वअणेण आकंपिदं मे हिअअं । ता अंतरिदा एव्व सुणाम से सेरालावं जाव णो संसअच्छेदो होदि । (अनिर्भिन्नार्थतानेन वचनेनाकम्पितं मे हृदयम् । तदन्तर्हिते शृणुवोऽस्य स्वैरालापं यावदावयोः संशयच्छेदो भवति ।)

चित्रलेखा—जं दे रोअदि । (यत्ते रोचते ।)

विदूषकः—णं इमे अमिअगब्भा सेवीअंतु चंदवादा । (नन्वेतेऽमृतगर्भाः सेव्यन्तां चन्द्रपादाः ।)

राजा—वयस्य ! एवमादिभिरनुपक्रम्योऽयमातङ्कः । पश्य ।

कुसुमशयनं न प्रत्यग्रं न चन्द्रमरीचयो
न च मलयजं सर्वांगीणं न वा मणियष्टयः ।
मनसिजरुजं सा वा दिव्या ममालमपोहितुं......

उर्वशी—[उरसि हस्तं दत्वा ।] का वा अवरा । (का वा अपरा ।)

राजा—......

रहसि लघयेदारब्धा वा तदाश्रयिणी कथा ॥१०॥

उर्वशी—हिअअ ! मं उज्झिअ इदो संकतेण तुए दाणि फलं उवलद्धं । (हृदय ! मामुज्झित्वा इतः सङ्क्रान्तेन त्वयेदानीं फलमुपलब्धम् ।)

राजा—वयस्य ! ज्यों-ज्यों रात बढ़ती जा रही है, त्यों त्यों मेरी काम-पीड़ा भी बढ़ती जा रही है ।

उर्वशी—इन गोलमोल वचनोंको सुनकर तो मेरा जी काँप उठा है । चलो, छिपकर इनकी गुपचुप बातें तो सुनें, जिससे जीका सन्देह तो मिट जाय ।

चित्रलेखा—जैसी तुम्हारी इच्छा ।

विदूषक—लो, अमृतसे भरी हुई चन्द्रमाकी किरणोंमें नहाओ ।

राजा—वयस्य ! इन सब उपायोंसे यह पीड़ा नहीं जायगी । देखो ! मेरे इस प्रेमके रोगको न तो फूलोंकी शय्या ही दूर कर सकती है, न चन्द्रमाकी किरणें हटा सकती हैं, न सारे शरीरमें लेप किया हुआ चन्दन ही मिटा सकता है और न मोतियोंकी माला ही कम कर सकती है । यदि इस रोगको कोई दूर कर सकता है तो बस वही एक स्वर्ग-वासी.......... ।

उर्वशी—[हृदय पर हाथ रखकर] यह दूसरी कौन होगी ?

राजा—.......या फिर एकान्तमें कही हुई उसके प्रेमकी बातें ॥१०॥

उर्वशी—अरे हृदय ! तुम सचमुच बड़भागी हो कि मुझे छोड़कर उनके पास चले गए हो ।

विदूषकः—आम्। 'हं वि पत्थयंतो जदा मिट्ठहरिणीमंसभोअणं ण लहे तदा णं संकित्तअंतो आसासेमि अत्ताणं। (आम्। अहमपि प्रार्थयमानो यदा मिष्ट हरिणीमांसभोजनं न लभे तदैतत्सङ्कीर्तयन्नाश्वासयाम्यात्मानम्।)

राजा—सम्पद्यते पुनरिदं भवतः।

विदूषकः—भवं वि तं अइरेण पाविस्सदि। (भवानपि तामचिरेण प्राप्स्यति।)

राजा—सखे ! एवं मन्ये............

चित्रलेखा—सुण्णु असंतुट्ठे सुण्णु (शृणु, असन्तुष्टे शृणु।)

विदूषकः—कहं विअ। (कथमिव)

राजा—.........

अयं तस्या रथक्षोभादंसेनांसो निपीडितः।
एकः कृती शरीरेऽस्मिन् शेषमङ्गं भुवो भरः ॥११॥

चित्रलेखा—सहि ! किं दाणिं विलंबीअदि। (सखि ! किमिदानीं विलम्ब्यते।)

उर्वशी—[सहसोपसृत्य] हला ! अग्गदो वि मम ट्ठिदाए उदासीणो विअ महाराओ। (हला ! अग्रतोऽपि मम स्थिताया उदासीन इव महाराजः।)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] अइ अदितुवरिदे ! अणवित्तत्तिरक्खरिणी आसि। अयि अतित्वरिते ! अनाक्षिप्ततिरस्करिणिकासि।)

[नेपथ्ये]

विदूषक—हाँ ! मुझे भी जब कभी माँगनेपर हरिनीके मीठे मांसका भोजन नहीं मिलता तब मैं उसका नाम लेकर ही अपना पेट भर लेता हूँ।

राजा—पर तुम्हें यह सब मिल तो जाता है।

विदूषक—आप भी बस उसे मिला ही समझिए।

राजा—वयस्य ! मैं सोचता हूँ कि···

चित्रलेखा—सुन री सखी !

विदूषक—हाँ, क्या सोचते हो ?

राजा—यही कि मेरे शरीरके सब अङ्गोंमें यह कन्धा ही धन्य है कि वह रथके हिलने-डुलनेके समय मेरे साथ बैठी हुई उर्वशीके कन्धेको छूता चलता था। शरीरके दूसरे अङ्गोंको तो बस धरतीका बोझ ही समझो ॥११॥

चित्रलेखा—क्यों सखी ! अब देर क्यों करती हो ?

उर्वशी—[सहसा आगे बढ़कर] सखी, मैं महाराजके सामने आकर खड़ी भी हो गई हूँ, फिर भी वे मुझसे बोल क्यों नहीं रहे हैं ?

चित्रलेखा—[मुसकराकर] अरी हड़बड़ानेवाली ! तूने अभी अपनी मायाकी ओढ़नी तो उतारी ही नहीं।

[नेपथ्यमें]

विदूषक —माम् । हं वि मत्थयंतो जदा मिट्ठहरिणीमंसभोअणं ण लहे तदा णं संकित्तअंतो आसासेमि अत्ताणं । (माम् । अहमपि प्रार्थयमानो यदा मिष्ट हरिणीमांसभोजन न लभे तदैतत्सङ्कीर्तयन्नाश्वासयाम्यात्मानम् ।)

राजा—सम्पद्यते पुनरिदं भवतः ।

विदूषक —भवं वि त अइरेण पाविस्सदि । (भवानपि तामचिरेण प्राप्स्यसि ।)

राजा—सखे ! एवं मन्ये............

चित्रलेखा—सुणु असंतुट्ठे सुणु (शृणु, असन्तुष्टे शृणु ।)

विदूषक—कहं विअ । (कथमिव)

राजा—.........

अयं तस्या रथक्षोभादंसेनांसो निपीडितः ।
एकः कृती शरीरेऽस्मिन् शेषमङ्गं भुवो भरः ॥११॥

चित्रलेखा—सहि ! किं दाणिं विलंबीअदि । (सखि ! किमिदानीं विलम्ब्यते ।)

उर्वशी—[सहसोपसृत्य] हला ! अग्गदो वि मम ठ्ठिदाए उदासीणो विअ महाराओ । (हला ! अग्रतोऽपि मम स्थिताया उदासीन इव महाराजः ।)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] अइ अविलुवरिदे ! अणक्खित्ततिरक्खरिणी आसि । अयि प्रतिस्वरिते ! अनाक्षिप्ततिरस्करिणिकासि ।)

[नेपथ्ये] ...दु (ईदृश स्वस्तिवायनवानुपरोधो

विदूषक—हाँ ! मुझे भी जब कभी भ...

तब मैं उसका नाम लेकर ही अपना पेट भर...

राजा—पर तुम्हें यह सब ...रा सकती हैं, पर तुमने अन्तमें जो बात कही, वही अधिक

विदूषक—आप ...क उजला रेशमी वस्त्र पहने हुए, शरीरपर केवल सुहागके गहने पहनकर

...से अपनी बाँहें सजाकर आती हुई देवीके रंग-ढंगसे ही ऐसा जँचता है

राजा—वयस्य ...त छोड़कर मुझपर प्रसन्न हो गई हैं ॥१२॥

चित्रलेखा—सु...कर] जय हो आर्यपुत्रकी, जय हो ।

विदूषक—हाँ, भट्टारककी, जय हो ।

राजा—यही ...कल्याण हो ।

छूनेके समय मेरे संगत है । [देवीका हाथ पकड़कर उन्हें बैठाता है ।]

बस धरतीका बोझ ही ...समय तो देवी शब्द इनके लिये सटीक बैठ गया है क्योंकि इनका तेज

चित्रलेखा—क्यों स...कम नहीं है ।

उर्वशी—[सहसा ...छोड़कर यह बात सच्ची कही है ।

फिर भी ये मुझसे बोल...थ लेकर एक विशेष व्रत करना चाहती हूँ, इसलिये प्रार्थना है कि

चित्रलेखा—[मुस्करा...करनेकी कृपा करें ।

उतारी ही नहीं । ...। इसमें कष्ट किस बातका ? यह तो आपकी कृपा है ।

...कामना मिले, ऐसे कष्ट सदा मिला करें ।

राजा—किं नामधेयमेतद्देव्या व्रतम् ।

[देवी निपुणिकामुखमवेक्षते ।]

निपुणिका—भट्टा पिम्राणुप्पसादणं णाम । (भर्तः प्रियानुप्रसादनं नाम ।)

राजा—[देवीं विलोक्य] यद्येवम् ।

अनेन कल्याणि मृणालकोमलं व्रतेन गात्रं ग्लपयस्यकारणम् ।
प्रसादमाकाङ्क्षति यस्तवोत्सुकः स किं त्वया दासजनः प्रसाद्यते ॥१३॥

उर्वशी—महंतो क्खु से इमस्सि बहुमाणो । (महान्खलु अस्य एतस्या बहुमानः ।)

चित्रलेखा—अइ मुद्धे अण्णसंकंतप्पेमाणो णाअरिआ भारिआए अहिअं दक्खिणा होन्ति । (अयि मुग्धे ! अन्यसंक्रान्तप्रेमाणो नागरिका भार्यायामधिकं दक्षिणा भवन्ति ।)

देवी—[सस्मितम्] णं इमस्स वदपरिग्गहस्स अअं पहावो जं एत्तिअं मंताविदो अज्जउत्तो । (नन्वेतस्य व्रतपरिग्रहस्यायं प्रभावो यदेतावन्मन्त्रित आर्यपुत्र ।)

विदूषक—विरमदु भवं । ण जुत्तं सुहासिदं पच्चाचरिदुं । (विरमतु भवान् । न युक्तं सुभाषितं प्रत्याचरितुम् ।)

देवी—दारिआओ आणेध ओवहारिअं जाव मणिहम्मिअपिट्ठगदे चन्दपादे अच्चेमि । (दारिकाः आनयतोपहारिकं यावन्मणिहर्म्यपृष्ठगतांश्चन्द्रपादानर्चामि ।)

परिजन—ज भट्टिणी आणवेदि । एसो गंधकुसुमाविउवहारो । (यद्भट्टिनी आज्ञापयति । एष गन्धकुसुमाद्युपहार ।)

राजा—आप कौन-सा व्रत कर रही हैं ?

[देवी निपुणिकाका मुँह देखती हैं ।]

निपुणिका—महाराज ! इसे प्रियको प्रसन्न करनेवाला व्रत कहते हैं ।

राजा—[देवीको देखकर] हे कल्याणी ! यदि इतनी-सी ही बात हो तब तो अपने कमलके समान कोमल शरीरको व्यर्थ ही व्रत करके सुखा रही हो क्योंकि आपका जो दास स्वयं आपको प्रसन्न देखनेके लिये अधीर हो रहा हो उसे भी क्या कहीं प्रसन्न करनेकी आवश्यकता हुआ करती है ॥१३॥

उर्वशी—इन देवीको तो महाराज बहुत मानते हैं ।

चित्रलेखा—अरी पगली ! जो चतुर नागरिक किसी दूसरी स्त्रीसे प्रेम करने लगते हैं वे अपनी पहली पत्नीका और भी अधिक आदर किया करते हैं ।

देवी—[मुस्कराकर] सचमुच यह व्रतका ही प्रभाव है कि आर्यपुत्रने इतना तो कहा ।

विदूषक—अच्छा रहने दीजिए अपनी बातें । व्रत पूजाकी बातोंमें मीन-मेख निकालना ठीक नहीं होता ।

देवी—दासियो ! पूजाकी सामग्री तो ले आओ जिससे मैं मणिहर्म्य-भवन पर फैली हुई चन्द्रमाकी किरणोंकी पूजा तो करलूं ।

दासियाँ—जैसी भट्टिनीकी आज्ञा । लीजिए, यह है चन्दन-फूल आदि पूजाकी सामग्री ।

देवी—उवणेध। [नाट्येन गन्धपुष्पादिभिश्चन्द्रपादानभ्यर्च्य।] हंजे णिउणिए! इमे ओहारिअमोदए अज्जमाणवअं संभावेहि। (उपनयत। हञ्जे निपुणिके! एतानौपहारिकमोदकानार्यमाणवकं सम्भय।)

निपुणिआ—जं भट्टिणी आणवेदि। अज्ज माणवअ एदं दाव दे। (यद्भट्टिन्याज्ञापयति। माणवक इद तावत्ते।)

विदूषकः—[मोदकशरावं गृहीत्वा।] सोत्थि भोदीए। बहुफलो दे एसो वदो भोदु। (स्वस्ति भवत्यै। बहुफलं तवैतद्व्रतं भवतु।)

देवी—अज्जउत्त इदो दाव। (आर्यपुत्र इतस्तावत्।)

राजा—अयमस्मि।

देवी—[राज्ञः पूजामभिनीय प्राञ्जलिः प्रणम्य।] एसा अहं देवदामिहुणं रोहिणीमिअलंछणं सक्खीकरिअ अज्जउत्तं अणुप्पसादेमि—अज्जप्पहुदि जं इत्थिअं अज्जउत्तो पत्थेदि जा अ अज्जउत्तस्स समाअमप्पणइणी ताए सह मए पीदिबंधेण वत्तिदव्वं त्ति। (एषाहं देवतामिथुनं रोहिणीमृगलाञ्छनं साक्षीकृत्यार्यपुत्रमनुप्रसादयामि—अद्यप्रभृति यां स्त्रियमार्यपुत्रः प्रार्थयते या चार्यपुत्रस्य समागमप्रणयिनी तया सह मया प्रीतिबन्धेन वर्तितव्यम् इति।)

उर्वशी—अम्महे ण आणे किंपरं से वअणं त्ति। मम उण विस्सासविसदं हिअअं संवुत्तं। (अहो न जाने किमपरमस्या वचनमिति। ममपुनर्विश्वासविशद हृदयं सवृत्तम्।)

चित्रलेखा—सहि महाणुहावाए पदिव्वदाए अब्भणुण्णादो अणंतरायो दे पिअसमाअमो हविस्सदि। (सखि महानुभावया पतिव्रतयाभ्यनुज्ञातः अनन्तरायस्ते प्रियसमागमो भविष्यति।)

देवी—लाओ। [सामग्री लेकर गन्ध फूल आदिसे चन्द्रमाकी किरणोंकी पूजा करनेका नाट्य करती है।] सखी निपुणिका! ये पूजाके लड्डू आर्य माणवकको दे डालो।

निपुणिका—जैसी भट्टिनीकी आज्ञा लीजिए आर्य माणवक! ये आपके लिये हैं।

विदूषक—[लड्डूका पात्र लेते हुए] आपका कल्याण हो। आपका यह व्रत बहुत फले।

देवी—आर्यपुत्र! इधर तो आइए।

राजा—लीजिए, आ गया।

देवी—[राजाकी पूजाका नाट्य करके और हाथ जोड़कर] आज मैं रोहिणी और चन्द्रमाके देवी जोड़ेको साक्षी बनाकर आर्यपुत्रको प्रसन्न कर रही हूँ। आजसे जिस किसी स्त्रीको भी आर्यपुत्र चाहेंगे और जो भी स्त्री आर्यपुत्रकी पत्नी बनना चाहेगी उसके साथ मैं बड़े प्रेमसे रहा करूँगी।

उर्वशी—अरी! न जाने ये किस दूसरी स्त्रीके लिये कह रही हैं। पर कमसे कम इससे मेरे हृदयको भरोसा तो मिला।

चित्रलेखा—सखी! इस उदार हृदयवाली पतिव्रताकी बातोंसे एक बात तो पक्की हो गई कि अब तुम्हें अपने प्यारेसे मिलनेमें कोई बाधा नहीं पड़ेगी।

विदूषकः—[अपवार्य ।] भिण्णहृत्थे मच्छे पलायिदे णिव्विण्णो धीवरो भणादि—गच्छ धम्मो मे हुविस्सदि त्ति । [प्रकाशम्] भोदि किं तारिसो वे पिओ तत्तभवं । (भिन्नहस्ते मत्स्ये पलायिते निर्विण्णो धीवरो भणति गच्छ धर्मो मे भविष्यतीति । भवति ! किं तादृशस्ते प्रियस्तत्र भवान् ।)

देवी—मूढ ! अहं क्खु अत्तणो मुहावसाणेण अज्जउत्तं णिव्वुदसरीरं कादुं इच्छामि । एत्तिएण चिंतेहि दाव पिओ ण वत्ति । (मूढ ! अहं खलु आत्मनः सुखावसानेनार्यपुत्रं निर्वृतशरीरं कर्तुमिच्छामि । एतावता चिन्तय तावत्प्रियो न वेति ।)

राजा—

दातुं वा प्रभवसि मामन्यस्मै कर्तुमेव वा दासम् ।
नाहं पुनस्तथा त्वयि यथा हि मां शंकसे भीरु ॥१४॥

देवी—होदि वा मा वा । जधाणिद्दिट्ठं संपादिदं मए पिआणुप्पसादणं णाम वदं । दारिआओ एध गच्छह्म । (भव वा मा वा । यथानिर्दिष्टं सपादितं मया प्रियानुप्रसादनं नाम व्रतम् । दारिकाः एत गच्छामः ।)

[इति प्रस्थिता]

राजा—प्रिये ! न खलु प्रसादितोऽस्मि यदि संप्रति विहाय गम्यते ।

देवी—अज्जउत्त ! अलंघिदपुव्वो मए णिअमो । (आर्यपुत्र ! अलंघितपूर्वो मया नियमः ।)

[इति सपरिवारा निष्क्रान्ता ।]

उर्वशी—सहि ! पिअकलत्तो राएसी । ण उण हिअअं णिवत्तेदुं सक्कोमि । (सखि ! प्रियकलत्रो राजर्षिः । पुनर्हृदयं निवर्तयितुं शक्नोमि ।)

विदूषक—[अलग, राजासे] जब मछली मछुएके हाथसे निकलकर पानीमें भाग जाती है तब वह भी निराश होकर यही कहता है—जा ! मुझे पुण्य ही होगा । [प्रकट] देवी ! क्या महाराज आपको इतने प्यारे हैं ।

देवी—अरे मूर्ख ! मैं अपने सुखका बलिदान करके भी आर्यपुत्रको सुखी देखना चाहती हूँ । इसीसे समझ ले कि वे मुझे प्यारे हैं या नहीं ।

राजा—देवी ! चाहो तो तुम मुझे किसी दूसरेको दे डालो या चाहो अपना ही दास बनाकर रख छोड़ो, पर तुम मुझे अपनेसे जैसा दूर समझ बैठी हो वैसी बात नहीं है ॥१४॥

देवी—दूर हो या न हो, पर मैंने तो प्रियको प्रसन्न करनेवाला जो व्रत ठाना था वह पूरा हो कर लिया । आओ दासियो ! चलो चलें । [चलनेको प्रस्तुत होती है ।]

राजा—यदि मुझे छोड़कर चली जाओगी तो समझ लो कि मैं प्रसन्न नहीं हुआ ।

देवी—आर्यपुत्र ! मैंने आजतक कभी अपने व्रतका नियम नहीं तोड़ा है ।

[दासियोंके साथ चली जाती है ।]

उर्वशी—सखी ! राजा अपनी पत्नीको इतना प्यार करते हैं तिसपर भी मैं उन परसे अपना मन हटा नहीं पा रही हूँ ।

चित्रलेखा—किं उण तुए णिरासाए णिवत्तीअदि । (किं पुनस्त्वया निराशया निवर्त्यते ।)

राजा—[आसनमुपेत्य] वयस्य न खलु दूरं गता देवी ।

विदूषक—भण विस्सद्धं जं सि वत्तुकामो । असज्झो त्ति वेज्जेण आउरो विअ सैरं मुक्को भवं तत्तहोदीए । (भण विश्रब्धं यदसि वक्तुकामः । असाध्य इति वैद्येनातुर इव स्वैरं मुक्तो भवांस्तत्रभवत्या ।)

राजा—अपि नामोर्वशी ।

उर्वशी—अज्ज किदत्था भवे । (अद्य कृतार्था भवेत् ।)

राजा—

गूढा नूपुरशब्दमात्रमपि मे कान्तं श्रुतौ पातयेत्
पश्चादेत्य शनैः कराम्बुजवृते कुर्वीत वा लोचने ।
हर्म्येऽस्मिन्नवतीर्य साध्वसवशान्मन्दायमाना बलात्
आनीयेत पदात्पदं चतुरया सख्या ममोपान्तिकम् ॥१५॥

चित्रलेखा—सहि ! उव्वसि इमं दाव से मणोरहं सम्पादेहि । (सखि ! उर्वशी इमं तावदस्य मनोरथं सम्पादय ।)

उर्वशी—[ससाध्वसम्] भोदु । कीलिस्सं दाव । (भवतु क्रीडिष्यामि तावत् ।) [इति तिरस्करणीमपनीय पृष्ठतो गत्वा राज्ञो नयने संवृणोति ।]

[चित्रलेखा तिरस्करिणीमपनीय विदूषकं संज्ञापयति ।]

चित्रलेखा—तो क्या तुम अब निराश होकर लौट जाना चाहती हो ?

राजा—[अपने आसनपर बैठकर] वयस्य ! अभी देवी दूर तो नहीं पहुँची होगी ।

विदूषक—जो कहना हो जी खोलकर कह डालो । जैसे रोगीको असाध्य समझकर वैद्य उसे छोड़ देता है वैसे ही आपको भी देवीने यह समझकर छोड़ दिया कि अब आप सुधर नहीं सकते ।

राजा—क्या अच्छा हो यदि उर्वशी ''' ।

उर्वशी—आज कृतार्थ हो जाय ?

राजा—क्या अच्छा हो यदि उर्वशी इस समय छिपे छिपे आकर अपने बिछुएकी मीठी छनन छनन ही सुना जाय या पीछेसे आकर अपने कमलके समान कोमल हथेलियोंसे मेरी आँखें बन्द कर ले या इस भवनपर उतरकर वह डरती हुई धीरे धीरे आगे बढ़े और उसकी चतुर दासी उसे खींचकर मेरे पास पहुँचा दे ॥१५॥

चित्रलेखा—आओ सखी उर्वशी ! अब इनके मनकी हुलास पूरी कर दो ।

उर्वशी—[अधीरतासे] अच्छा ! पहले मैं इनसे कुछ ठिठोली करती हूँ ।

[मायाकी ओढ़नी उतारकर पीछेसे पहुँचकर राजाकी आँखें ढक लेती है ।]

[चित्रलेखा भी मायाकी ओढ़नी उतारकर विदूषकको संकेत करती है कि बताना मत ।]

विदूषक—भो वअस्स ! का उण एसा। (भो वयस्य का पुनः एषा।)

राजा—[स्पर्शं रूपयित्वा] सखे ! नारायणोरुसम्भवा सेयं वरोरुः।

विदूषकः कहं भवं अवगच्छदि। (कथं भवानवगच्छति।)

राजा—किमत्र ज्ञेयम्।

अङ्गमनङ्गक्लिष्टं सुखयेदन्या न मे करस्पर्शात्।
नोच्छ्वसिति तपनकिरणैश्चन्द्रस्यैवांशुभिः कुमुदम् ॥१६॥

उर्वशी—[हस्तौ अपनीय उत्तिष्ठति। किञ्चिदपसृत्य] जेदु जेदु महाराओ (जयतु जयतु महाराजः।)

राजा—सुंदरि ! स्वागतम्। [इत्येकासन उपवेशयति।]

चित्रलेखा—अवि सुह वअस्सस्स। (अपि सुखं वयस्यस्य।)

राजा—नन्वेतदुपपन्नम्।

उर्वशी—हला देवीए दिण्णो महाराओ। अदो से पणअवदी विअ सरीरसंपक्कं गदम्हि। मा क्खु मं पुरोभाइणिं समत्थेहि। (हला देव्या दत्तो महाराजः। अतोऽस्य प्रणयवतीव शरीर-सम्पर्कं गतास्मि। मा खलु मां पुरोभागिनीं समर्थयस्व।)

विदूषक—कहं इह ज्जेव तुम्हाणं अत्थमिदो सुज्जो। (कथं इहैव युवयोरस्तमितः सूर्यः।)

राजा—[उर्वशीमवलोकयन्]

देव्या दत्त इति यदि व्यापारं व्रजति मे शरीरेऽस्मिन्।
प्रथमं कस्यानुमते चोरितमपि मे त्वया हृदयम् ॥१७॥

विदूषक—क्यों वयस्य ! ये मौन हैं।

राजा—[स्पर्शसे पहचानता हुआ] मित्र ! यह वही सुन्दर जाँघोंवाली उर्वशी है जो नारायणकी जाँघसे उत्पन्न हुई है।

विदूषक—आपने पहचान कैसे लिया !

राजा—इसमें पहचानेकी क्या बात है। दूसरी कोई ऐसी स्त्री नहीं है जो मेरे काम-पीड़ित शरीरको अपने हाथसे छूकर सुखी कर दे। चन्द्रमाकी किरणोंसे खिल उठनेवाला कुमुद सूर्यकी किरणोंसे नहीं खिला करता ॥१६॥

उर्वशी—[हाथ हटाकर खड़ी हो जाती है। कुछ हटकर] जय हो महाराजकी जय हो।

राजा—स्वागत करता हूँ सुन्दरी ! [अपने ही आसन पर बैठा लेता है।]

चित्रलेखा—कहिए आप प्रसन्नता तो हैं।

राजा—प्रसन्नता तो अभी-अभी हाथ लगी है।

उर्वशी—सखी ! देवीने महाराजको मेरे हाथ दान दे डाला है इसलिये मैं इनकी विवाहिता स्त्रीके समान ही इनसे सटकर बैठी हूँ। तुम मुझे कुलटा न समझ बैठना।

विदूषक—आप लोग यहीं साँझसे ही डटी हुई थीं क्या ?

राजा—[उर्वशीकी ओर देखकर] आज तो तुम यह कहकर मुझसे सम्बन्ध जोड़ रही हो कि देवीने मुझे तुम्हारे हाथ सौंप दिया है, पर यह तो बताओ कि तुमने पहले जो मेरा हृदय चुराया था वह किसके पूछकर चुराया था ॥१७॥

चित्रलेखा—वमस्स णिरुत्तरा एसा । संपदं मह विण्णवणा सुणीअदु । (वयस्य ! निरुत्तरा एषा । साम्प्रतं मम विज्ञापना श्रूयताम् ।)

राजा—अवहितोऽस्मि ।

चित्रलेखा—वसंताणंतरं उण्हसमए भअवं सुज्जो मए उवचरिदव्वो ता जहा इयं मे पिअसही सग्गस्स ण उक्कंठेदि तहा वअस्सेण कादव्वं । (वसन्तानन्तरमुष्णसमये भगवान्सूर्यो मयोपचरितव्यः । तद्यथेयं मे प्रियसखी स्वर्गाय नोत्कण्ठते तथा वयस्येन कर्तव्यम् ।)

विदूषकः—किं वा सग्गे सुमरिदव्वं । ण वा तहिं अण्हीअदि ण वा पीअदि । केवलं अणिमिसेहिं णअणेहिं मीणा विडंबीअंति । (किं वा स्वर्गे स्मर्तव्यम् । न वा तत्राश्यते न वा पीयते । केवलमनिमिषैर्नयनैर्मीना विडम्ब्यन्ते ।)

राजा—भद्रे ।

अनिर्देश्यसुखः स्वर्गः कस्तं विस्मारयिष्यति ।
अनन्यनारीसामान्यो दासस्त्वस्याः पुरूरवाः ॥१८॥

चित्रलेखा—अणुग्गहीदम्हि । हला उव्वसि अकादरा भविअ विसज्जेहि मं । (अनुगृहीतास्मि । हला उर्वशी अकातरा भूत्वा विसर्जय माम् ।)

उर्वशी—[चित्रलेखां परिष्वज्य सकरुणम्] सहि मा क्खु मं विसुमरेहि । (सखि मा खलु मा विस्मर ।)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] वअस्सेण संगदा तुमं एव्व एवं मए जाचिदव्वा । (वयस्येन सङ्गता त्वमेवैवं मया याचितव्या ।) [इति राजानं प्रणम्य निष्क्रान्ता ।]

चित्रलेखा—वयस्य ! इस बातका इनके पास कोई उत्तर नहीं है । अब आप मेरी बात सुनिए ।

राजा—कहिए, मैं सुन रहा हूँ ।

चित्रलेखा—वसन्त बीतनेपर गर्मीमें मुझे सूर्यकी सेवा करनी है । इसलिये आप इन्हें ऐसा बाँध रखिए कि ये प्यारी सखी स्वर्ग जानेके लिये घबरा न उठें ।

विदूषक—स्वर्गमें धरा ही क्या है जिसे ये स्मरण करके घबरायेंगी । न वहाँ कुछ खानेको है न पीनेको । वहाँके लोग तो बस दिन-रात मछलीके समान सदा आँख फाड़े बैठे रहते हैं ।

राजा—भद्रे ! स्वर्गमें ऐसे-ऐसे सुख भरे पड़े हैं कि उनका वर्णन नहीं हो सकता । इसलिये उन्हें भुला कौन सकता है, पर मैं इतना ही कह सकता हूँ कि मैं पुरूरवा सब स्त्रियोंसे मन हटाकर केवल आपकी सखीकी ही सेवा करता रहूँगा ॥१८॥

चित्रलेखा—यह तो आपकी कृपा है । सखी उर्वशी ! मुझे जी खोलकर बिदा तो दो ।

उर्वशी—[चित्रलेखासे गले मिलकर करुणाके साथ ।] सखी ! मुझे भूल न जाना ।

चित्रलेखा—[मुसकराकर] अब तुम मित्रके पास पहुँच गई हो इसलिये यदि यह बात तुमसे मैं कहती तो अधिक ठीक होता ।

[राजाको प्रणाम करके चली जाती है ।]

विदूषक—भो वअस्स ! का उण एसा । (भो वयस्य का पुन एषा ।)

राजा—[स्पर्शं रूपयित्वा] सखे ! नारायणोरुसम्भवा सेयं वरोरूः ।

विदूषक—कहं भवं अवगच्छदि । (कथं भवानवगच्छति ।)

राजा—किमत्र ज्ञेयम् ।

अङ्गमनङ्गक्लिष्टं सुखयेदन्या न मे करस्पर्शात् ।
नोच्छ्वसिति तपनकिरणैश्चन्द्रस्यैवांशुभिः कुमुदम् ॥१६॥

उर्वशी—[हस्तौ अपनीय उत्तिष्ठति । किञ्चिदपसृत्य] जेदु जेदु महाराओ (जयतु जयतु महाराज ।)

राजा—सुन्दरि ! स्वागतम् । [इत्येकासन उपवेशयति ।]

चित्रलेखा—अवि सुहं वअस्सस्स । (अपि सुखं वयस्यस्य ।)

राजा—नन्वेतदुपपन्नम् ।

उर्वशी—हला देवीए दिण्णो महाराओ । अदो से पणअवदी विअ सरीरसंपक्कं गदम्हि । मा क्खु मं पुरोभाइणिं समत्थेहि । (हला देव्या दत्तो महाराज । अतोऽस्य प्रणयवतीव शरीर-सम्पर्कं गतास्मि । मा खलु मां पुरोभागिनीं समर्थयस्व ।)

विदूषक—कहं इह ज्जेव तुम्हाणं अत्थमिदो सुज्जो । (कथं इहैव युवयोरस्तमितः सूर्यः ।)

राजा—[उर्वशीमवलोकयन्]

देव्या दत्त इति यदि व्यापारं व्रजसि मे शरीरेऽस्मिन् ।
प्रथमं कस्यानुमते चोरितमपि मे त्वया हृदयम् ॥१७॥

विदूषक—क्यों वयस्य ! ये कौन हैं ।

राजा—[स्पर्शसे पहचानता हुआ] मित्र ! यह वही सुन्दर जाँघोंवाली उर्वशी है जो नारायणकी जाँघसे उत्पन्न हुई है ।

विदूषक—आपने पहचान कैसे लिया !

राजा—इसमें पहचानेकी क्या बात है । दूसरी कोई ऐसी स्त्री नहीं है जो मेरे काम-पीड़ित शरीरको अपने हाथसे छूकर सुखी कर दे । चन्द्रमाकी किरणोंसे खिल उठनेवाला कुमुद सूर्यकी किरणोंसे नहीं खिला करता ॥१६॥

उर्वशी—[हाथ हटाकर खड़ी हो जाती है । कुछ हटकर] जय हो महाराजकी जय हो ।

राजा—स्वागत करता हूँ सुन्दरी ! [अपने ही आसन पर बैठा लेता है ।]

चित्रलेखा—कहिए आप प्रसन्नता तो हैं ।

राजा—प्रसन्नता तो अभी अभी हाथ लगी है ।

उर्वशी—सखी ! देवीने महाराजको मेरे हाथ दान दे डाला है इसलिये मैं इनकी विवाहिता स्त्रीके समान ही इनसे सटकर बैठी हूँ । तुम मुझे कुलटा न समझ बैठना ।

विदूषक—आप लोग यहीं साँझसे ही डटी हुई थीं क्या ?

राजा—[उर्वशीकी ओर देखकर] आज तो तुम यह कहकर मुझसे सम्बन्ध जोड़ रही हो कि देवीने मुझे तुम्हारे हाथ सौंप दिया है, पर यह तो बताओ कि तुमने पहले जो मेरा हृदय चुराया था वह किससे पूछकर चुराया था ॥१७॥

चित्रलेखा—वअस्स णिरुत्तरा एसा। संपद मह विण्णवणा सुणीअदु। (वयस्य ! निरुत्तरा एषा। साम्प्रतं मम विज्ञापना श्रूयताम्।)

राजा—अवहितोऽस्मि।

चित्रलेखा—वसंताणंतर उण्हसमए भअवं सुज्जो मए उवचरिदव्वो ता जहा इअं मे पिअसही सग्गस्स ण उक्कंठेदि तहा वअस्सेण कादव्वं। (वसन्तानन्तरमुष्णसमये भगवान्सूर्यो ममोपचरितव्यः। तद्यथेयं मे प्रियसखी स्वर्गाय नोत्कण्ठते तथा वयस्येन कर्तव्यम्।)

विदूषक—किं वा सग्गे सुमरिदव्वं। ण वा तत्थ अण्हीअदि ण वा पीअदि। केवलं अणिमिसेहि णअणेहि मीणा विडंबीअंति। (किं वा स्वर्गे स्मर्तव्यम्। न वा तत्राश्यते न वा पीयते। केवलमनिमिषैर्नयनैर्मीना विडम्ब्यन्ते।)

राजा—भद्रे।

अनिर्देश्यसुखः स्वर्गः कस्तं विस्मारयिष्यति।
अनन्यनारीसामान्यो दासस्त्वस्याः पुरूरवाः ॥१८॥

चित्रलेखा—अणुग्गहीदम्हि। हला उव्वसि अकादरा भविअ विसज्जेहि मं। (अनुगृहीतास्मि। हला उर्वशी अकातरा भूत्वा विसर्जय माम्।)

उर्वशी—[चित्रलेखां परिष्वज्य सकरुणम्] सहि मा क्खु मं विसुमरेहि। (सखि मा खलु मां विस्मर।)

चित्रलेखा—[सस्मितम्] वअस्सेण संगदा तुमं एव्व एवं मए जाचिदव्वा। (वयस्येन सङ्गता त्वमेवैतन्मया याचितव्या।) [इति राजानं प्रणम्य निष्क्रान्ता।]

चित्रलेखा—वयस्य ! इस बातका इनके पास कोई उत्तर नहीं है। अब आप मेरी बात सुनिए।

राजा—कहिए, मैं सुन रहा हूँ।

चित्रलेखा—वसन्त बीतनेपर गर्मीमें मुझे सूर्यकी सेवा करनी है। इसलिये आप इन्हें ऐसा बाँध रखिए कि ये प्यारी सखी स्वर्ग जानेके लिये घबरा न उठें।

विदूषक—स्वर्गमें धरा ही क्या है जिसे ये स्मरण करके घबरायेंगी। न वहाँ कुछ खानेको है न पीनेको। वहाँके लोग तो बस दिन-रात मछलीके समान सदा आँख फाड़े बैठे रहते हैं।

राजा—भद्रे ! स्वर्गमें ऐसे-ऐसे सुख भरे पड़े हैं कि उनका वर्णन नहीं हो सकता। इसलिये उन्हें भुला कौन सकता है, पर मैं इतना ही कह सकता हूँ कि मैं पुरूरवा सब स्त्रियोंसे मन हटाकर केवल आपकी सखीकी ही सेवा करता रहूँगा ॥१८॥

चित्रलेखा—यह तो आपकी कृपा है। सखी उर्वशी ! मुझे जी खोलकर बिदा तो दो।

उर्वशी—[चित्रलेखासे गले मिलकर करुणाके साथ।] सखी ! मुझे भूल न जाना।

चित्रलेखा—[मुसकराकर] अब तुम मित्रके पास पहुँच गई हो इसलिये यदि यह बात तुमसे मैं कहती तो अधिक ठीक होता।

[राजाको प्रणाम करके चली जाती है।]

विदूषकः—दिट्ठिआ मणोरहसंपदीए वड्ढदि भवं। (दिष्ट्या मनोरथसम्पदा वर्धते भवान्।)

राजा—इयं तावद्वृद्धिर्मम। पश्य—

सामन्तमौलिमणिरञ्जितपादपीठं एकातपत्रमवनेर्न तथा प्रभुत्वम्।
अस्याः सखे! चरणयोरहमद्य कान्तं आज्ञाकरत्वमधिगम्य यथा कृतार्थः ॥१६॥

उर्वशी—णत्थि मे वाआविहवो अदो पिअदरं मंतिदुं। (नास्ति मे वाग्विभवोऽतः प्रियतरं मन्त्रयितुम्।)

राजा—[उर्वशीं हस्तेनावलम्ब्य] अहो विरुद्धसंवर्धनं ईप्सितलाभो नाम। यतः

पादास्त एव शशिनः सुखयन्ति गात्रं बाणास्त एव मदनस्य मनोनुकूलाः।
संरम्भरूक्षमिव सुन्दरि! यद्यदासीत् त्वत्सङ्गमेन ममतत्तदिवानुनीतम् ॥२०॥

उर्वशी—अवरद्धम्हि चिरकारिआ महाराअस्स। (अपराद्धास्मि चिरकारिकार्यपुत्रस्य।)

राजा—सुन्दरि! मा मैवम्।

यदेवोपनतं दुःखात्सुखं तद्रसवत्तरम्।
निर्वाणाय तरुच्छाया तप्तस्य हि विशेषतः ॥२१॥

विदूषकः—भो सेविदा पदोसरमणीआ चदपादा। समओ क्खु दे वासघरपवेसस्स। (भोः सेविताः प्रदोषरमणीयाश्चन्द्रपादाः। समयः खलु ते वासगृहप्रवेशस्य।)

राजा—तेन हि सख्यास्ते मार्गमादेशय।

विदूषक—मनोरथ पूरे होनेकी मैं आपको बधाई देता हूँ।

राजा—यह तो मेरी सबसे बड़ी जीत है। देखो—इनकी आज्ञा पालन करनेमें मैं अपनेको जितना धन्य समझता हूँ उतना मैं सारी पृथ्वीका स्वामी होने तथा अपने पैरके पीढ़ेको सामन्तके राजाओंके मुकुटकी मणियोंसे रँगानेको भी अच्छा नहीं समझता ॥१६॥

उर्वशी—इससे बढ़कर प्यारी बात मुझे सूझ ही नहीं रही है।

राजा—[उर्वशीको हाथसे पकड़कर] जब चाही हुई वस्तु मिल जाती है तब विरोधी वस्तुएँ भी अच्छी लगने लगती हैं। क्योंकि चन्द्रमाकी वे ही किरणें आज सुख दे रही हैं और कामदेवके वे ही बाण आज मनको भा रहे हैं। हे सुन्दरी! जो-जो वस्तुएँ क्रोधभरी या कठोर जान पड़ती थीं वे सब तुम्हारे मिलते ही कोमल हो गई हैं ॥२०॥

उर्वशी—मैंने आनेमें इतनी देर करके आर्यपुत्रका बड़ा अपराध किया है।

राजा—ऐसी बात न कहो सुन्दरी! दुःखके पीछे जो सुख मिलता है वह बड़ा रसीला होता है। पेड़की छाया उसी मनुष्यको अच्छी लगती है जो धूपमें तपकर आया हो ॥२१॥

विदूषक—चलिए! साँझके चन्द्रमाकी किरणोंका बहुत आनन्द ले चुके। अब आपके शयन-घर जानेका समय हो गया है।

राजा—तो अपनी सखी उर्वशीको वहाँ ले चलो।

विदूषकः—इदो इदो भवदी। (इत इतो भवती।)

[इति सर्वे परिक्रामन्ति।]

राजा—सुन्दरि ! इयमिदानीं मेऽभ्यर्थना।

उर्वशी—कीरिसी सा (कीदृशी सा)

राजा—

अनुपनतमनोरथस्य पूर्वं शतगुणितेव गता मम त्रियामा।
यदि तु तव समागमे तथैव प्रसरति सुभ्रु ततः कृती भवेयम् ॥२२॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे]

॥ इति तृतीयोऽङ्कः ॥

विदूषक—इधरसे आइए देवी ! इधरसे।

[सब घूमते हैं।]

राजा—सुन्दरी मेरी एक इच्छा है।

उर्वशी—क्या ?

राजा—यही कि मनोरथ पूरा होनेके पहले, रातें जैसी सौगुनी लम्बी जान पड़ती थीं यदि मन तुम्हारे मिल जानेपर भी वैसी ही लम्बी हो जायँ तो मैं अपनेको बड़ा भाग्यवान् समझूँ ॥२२॥

[सब चले जाते हैं।]

॥ तीसरा अंक समाप्त ॥

चतुर्थोऽङ्कः

(नेपथ्ये सहजन्याचित्रलेखे प्रावेशिक्याक्षिप्तिका)

पिअसहिविओअविमणा सहि सहिआ व्वाउला समुल्लवइ ।
सूरकरफंसविअसिअतामरसे सरवरुच्छंगे ॥१॥

(प्रियसखीवियोगविमना सखी सहिता व्याकुला समुल्लपति ।
सूर्यकरस्पर्शविकसिततामरसे सरोवरोत्सगे ॥)

[तत प्रविशति विमनस्का चित्रलेखा सहजन्या च]

चित्रलेखा—(प्रवेशानन्तर द्विपदिकया दिशोऽवलोक्य)

सहअरि दुक्खालिद्धअँ सरवरअम्मि सिणिद्धअँ ।
वाहोवग्गिअणअणअँ तम्मइ हंसीजुअलअँ ॥२॥

(सहचरी दु खालीढ सरोवरे स्निग्धम् ।
वाष्पावगलितनयन ताम्यति हसीयुगलम् ॥)

सहजन्या—[चित्रलेखा विलोक्य सखेदम्] सहि चित्तलेहे ! मिलाअमाणसदवत्तस्स विअ दे मुहस्स छाआ हिअअस्स अस्सत्थद सूएदि। ता कहेहि मे णिव्वेदकारण। दे समदुक्खा भविदु इच्छामि। (सखि चित्रलेखे ! म्लायमान शतपत्रस्येव ते मुखस्य छाया हृदयस्यास्वस्थता सूचयति। तत्कथय मे निर्वेदकारणम्। ते समदु खा भवितुमिच्छामि।)

चौथा अङ्क

(नेपथ्यमें सहजन्या तथा चित्रलेखाका प्रवेश सूचित करनेवाली आक्षिप्तिका गीति गाई जाती है।)

[अपनी प्यारी सखीके लिये विछोहसे अनमनी और घबराई हुई हसी, उसी तालाबके जलमे अपनी सखीके लिये बैठी रो रही है, जिसमेके कमल सूर्यकी किरणोंके छूनेसे खिल उठे हैं ॥१॥]

[सहजन्याके साथ उदास चित्रलेखाका प्रवेश]

चित्रलेखा—(प्रवेश करके द्विपदिका नामक गीतिके साथ चारों ओर देखकर।)

[अपनी सखीके दु खमें घबराई हुई और एक दूसरीको प्यार करनेवाली दो हसिनियाँ आँखोंसे आँसू बहाते हुए तालाबके तीरपर बैठी सिसक रही हैं ॥२॥]

सहजन्या—[चित्रलेखाको देखकर दु खके साथ] सखी चित्रलेखा ! मुरझाए हुए कमलके समान उदास तेरा मुँह बता रहा है कि तेरा जी ठीक नहीं है। तू मुझे अपनी व्यथाका कारण तो बता। मैं भी तेरा दु ख बाँट लेना चाहती हूँ।

चित्रलेखा—[सकरुणम्] सहि ! अच्छरोवारपज्जाएण इह भअवदो सुज्जस्स पादमूलोवट्ठाणे वट्टंदि त्ति बलिअं क्खु उव्वसीए उक्कंठिदम्हि। (सखि ! अप्सरोवारपर्यायेणेह भगवतः सूर्यस्य पादमूलोपस्थाने वर्तंत इति बलवत्खलु उर्वश्यामुत्कण्ठितास्मि।)

सहजन्या—सहि ! जाणे वो अण्णोण्णसिणेहं। तदो तदो। (सखि ! जाने युवयोरन्योन्यस्नेहम्। ततस्ततः।)

चित्रलेखा—तदो इमाइं दिवसाइं को णु क्खु वुत्तंतो त्ति पणिधाणट्ठिदाए मए अच्चाहिदं उवलद्धं। (ततः एतेषु दिवसेषु को नु खलु वृत्तान्तः इति प्रणिधानस्थितया मयात्याहितमुपलब्धम्।)

सहजन्या—[सावेगम्] सहि कीरिसं तं। (सखी कीदृशं तत्।)

चित्रलेखा—[सकरुणम्] उव्वसी किल तं रदिसहाअं राएसिं अमच्चेसु णिवेसिदरज्जधुरं गेण्हिअ गंधमादणवणं विहरिदुं गदा। (उर्वशी किल तं रतिसहायं राजर्षिममात्येषु निवेशितराज्यधुरं गृहीत्वा गन्धमादनवनं विहर्तुं गता।)

सहजन्या—[सश्लाघम्।] सो णाम संभोओ जो तारिसेसु पदेसेसु। तदो तदो। (स नाम संभोगो यस्तादृशेषुप्रदेशेषु। ततस्ततः।)

चित्रलेखा—तहिं क्खु मंदाइणीए पुलिणेसु गदा सिअदापव्वद केलीहिं कीलमाणा विज्जाहर-दारिआ उदअवदी णाम तेण राएसिणा णिज्झाइद त्ति कुविदा उव्वसी। (तत्र खलु मन्दाकिन्याः पुलिनेषु गता सिकतापर्वतकेलीभिः क्रीडन्ती विद्याधरदारिकोदयवती नाम तेन राजर्षिणा निध्यातेति पिता उर्वशी।)

चित्रलेखा—[दुःखी होकर] सखी ! यहाँ भगवान् सूर्यकी सेवाके लिये सब अप्सराओंकी पारी बँधी हुई है। आज मैं भी अपनी पारीपर आई थी और इसीलिये आज उर्वशीको स्मरण करके मेरा जी बड़ा व्याकुल हो उठा है।

सहजन्या—सखी, यह तो मैं जानती हूँ कि तुम दोनों एक दूसरेको बड़ा प्यार करती हो। हाँ, तब !

चित्रलेखा—यह सोचकर जब मैंने उसका कुशल-समाचार जाननेको ध्यान लगाया तो जान पड़ा कि वह बड़े संकटमें पड़ गई है।

सहजन्या—[घबराकर] संकट कैसा सखी ?

चित्रलेखा—[रुआँई-सा होकर] विहार करनेके लिये उर्वशी गंधमादन पर्वतपर अपने प्रेमी राजा पुरूरवाको साथ लेकर गई थी जो राज्यका काम मंत्रियोंको सौंपकर उसके साथ गए थे।

सहजन्या—[प्रशंसा करती हुई] ऐसे सुन्दर प्रदेशमें संभोग करना तो सच्चा संभोग कहलाता है। हाँ, तो फिर क्या हुआ ?

चित्रलेखा—वहाँ जब वह मंदाकिनीके तटपर जाकर बालूके टीले बना-बनाकर खेल रही थी, उस समय वह देखती क्या है कि उदयवती नामकी एक विद्याधरकी कन्याको राजा बड़े घूर रहे हैं। बस इसी बातपर उर्वशी बिगड़ खड़ी हुई।

सहजन्या—होदव्वं । दूरारूढो क्खु पणओ असहणो । तदो तदो । (भवितव्यम् । दूरारूढ: खलु प्रणयोऽसहन: । ततस्तत: ।)

चित्रलेखा—तदो सा भट्टिणो अणुणअं अप्पडिवज्जमाणा गुरुसाव संमूढहिअआविसुमरिदेव-दाणिअमा इत्थिआजणपरिहरणिज्जं कुमारवणं पविट्ठा । पवेसाणंतरं अ काणणोवंतवत्तिलदा भावेण परिणदं से रूवम् । (तत: सा भर्तुरनुनयमप्रतिपद्यमाना गुरुशापसंमूढहृदया विस्मृतदेवता-नियमा स्त्रीजनपरिहरणीयं कुमारवनं प्रविष्टा । प्रवेशानन्तरं च काननोपान्तवर्ति लताभावेन परिणतमस्या रूपम् ।)

सहजन्या—[सशोकम्] सव्वधा णत्थि विहिणो अलंघणिज्जं णाम । जेण तारिसस्स अणुराअस्स अअं एव्व एक्कवदे अण्णारिसो परिणामो संवुत्तो । अह किमवत्थो सो राएसी । (सर्वथा नास्ति विधेरलङ्घनीयं नाम । येन तादृशस्यानुरागस्यायमेवैकपदेऽन्यादृश: परिणाम: सवृत्त: । अथ किमवस्थ: स राजर्षि: ।)

चित्रलेखा—सो वि तस्सिं एव्व काणणे पिअदमं विचिणंतो अहो-रत्ते अदिवाहेदि । [नभोवलोक्य] इमिणा उण णिव्वुदाणं वि उक्कंठाकारिणा मेहोदएण असत्थाहोणो हुविस्सदि ।

[नेपथ्ये चर्चरिका]

सहअरिदुक्खालिद्धअँ सरवरअंमिसिणिद्धअँ ।
अविरलबाहजलोल्लअँ तम्मइ हंसी-जुअलँ ॥३॥

(सोऽपि तस्मिन्नेव कानने प्रियतमा विचिन्वन्नहोरात्रानतिवाहयति । एतेन पुनर्निर्वृ तानामप्यु-त्कण्ठाकारिणा मेघोदयेनानर्थाधीनो भविष्यति ।

(सहचरीदु:खालीढं सरोवरे स्निग्धम् ।
अविरलबाष्पजलार्द्रं ताम्यति हंसीयुगलम् ।।)

सहजन्या—हाँ, यह हो सकता है । क्योंकि जब प्रेम बहुत बढ़ जाता है तब ऐसी बातें सही नहीं जाती । हाँ, तब !

चित्रलेखा—भरत मुनिके शापसे उसकी बुद्धि ऐसी मारी गई कि राजाकी मनुहारको उसने ठुकरा भी दिया और कार्तिकेयके नियमका ध्यान छोड़कर वह उस कुमारवनमें पैठ ही तो गई जहाँ स्त्रियोंके जानेकी रोक थी । बस, ज्योंही वह घुसी त्योंही वह कुमार-वनके बाड़ेपर लता बन गई ।

सहजन्या—[शोकके साथ] सचमुच भाग्य किसीको नहीं छोड़ता । बताइए, कहाँ तो ऐसा प्रेम और कहाँ उसका ऐसा उलटा फल । अच्छा, अब उन राजर्षिकी क्या दशा है ?

चित्रलेखा—वे भी उसी वनमें प्यारीको दिन-रात खोजते हुए अपने दिन बिता रहे हैं । [आकाशकी ओर देखकर] सुखी लोगोंके मनमें भी चाह भरनेवाले इन बादलोंको देखकर तो उनका जी ही टूट गया होगा ।

[नेपथ्यमें चर्चरिका नामक गीतिके साथ]

[अपनी सखीके दुःखसे घबराई हुई और एक दूसरीको प्यार करनेवाली दो हंसिनियाँ आँखोंसे आँसू बहाते हुए तड़ागके तीरपर बैठी सिसक रही हैं ।।३।।]

सहजन्या—सहि ! ण क्खु तारिसा आकिदिविसेसा चिरं दुक्खभाइणो होन्ति । तं अवस्सं किंपि अणुग्गहणिमित्तं भूयोवि समागमकारणं हविस्सदि । [प्राची दिशं विलोक्य] ता एहि । उदअंमुहस्स भअवदो सुज्जस्स उवट्ठाणं करेम्ह ।

[नेपथ्ये खण्डधारा]

चिंतादुम्मिअमाणसिआ सहअरिदंसण लालसिआ ।
विअसिअ कमलमणोहरए विहरइ हंसी सरवरए ॥४॥

(सखि न खलु तादृशा आकृतिविशेषाश्चिर दुःखभागिनो भवन्ति । तदवश्य किमप्यनुग्रहनिमित्तं भूयोऽपि समागमकारणं भविष्यति । तदेहि । उदयोन्मुखस्य भगवतः सूर्यस्योपस्थानं कुर्वः ।

चिन्तादूनमानसिका सहचरीदर्शनलालसिका ।
विकसितकमलमनोहरे विहरति हंसी सरोवरे ।)

[इति निष्क्रान्ते]

॥ प्रवेशकः ॥

(नेपथ्ये पुरूरवसः प्रावेशिक्याक्षिप्तिका)

गहणं गइंदणाहो पिअविरहुम्माअपअलिअविआरो ।
विसइ तरुकुसुमकिसलअभूसिअणिअदेहपब्भारो ॥५॥

(गहनं गजेन्द्रनाथः प्रियाविरहोन्मादप्रकटितविकारः ।
विशति तरुकुसुमकिसलयभूषितनिजदेहप्राग्भारः ।)

[ततः प्रविशति आकाशबद्धलक्ष्यः उन्मत्तवेषो राजा]

सहजन्या—सखी ! ऐसे भाग्यवान् पुरुष बहुत दिनोंतक दुखी नहीं रहते । इसलिये कोई न कोई ऐसा कारण आ ही जायगा कि वे दोनों फिर मिल जायेंगे [पूर्व दिशाकी ओर देखकर] लो सूर्य निकल आए हैं । आओ हम लोग सूर्यकी प्रार्थना करें ।

(नेपथ्यमें खण्डधारागीतिके साथ)

चिन्तासे अनमनी और अपनी सखीसे मिलनेको अधीर हंसी खिले हुए कमलोंसे लुभावने लगनेवाले तालाबमें विहार कर रही है ॥४॥

[दोनों जाती हैं]

॥ प्रवेशक ॥

(नेपथ्यमें पुरूरवाके प्रवेशके लिए गीतका गान)

[यह बड़ा-सा हाथी अपनी प्यारीके बिछोहमें पागल होनेके कारण अपने मनकी व्यथा प्रकट करता हुआ-सा पेड़ोंके फूलों और कोमल पत्तोंसे अपने बड़े शरीरको सजाता हुआ वनमें चला आ रहा है ॥५॥

[आकाशकी ओर मुँह उठाए हुए और पागल-जैसा वेश बनाए हुए राजाका प्रवेश ।]

राजा—[सक्रोधम्] आः दुरात्मन् रक्षः। तिष्ठ तिष्ठ। मे प्रियतमामादाय गच्छसि। [विलोक्य] हन्त! शैलशिखराद्गगनमुत्पत्य बाणैर्मामभिवर्षति।

(नेपथ्ये)

हिअआहिअपिअदुक्खओ सरवरए धुदपक्खओ।
वाहोवग्गिअणअणओ तम्मइ हंसजुआणओ ॥६॥

(हृदयाहितप्रियादुःखः सरोवरे धुतपक्षः।
बाष्पापवलिगतनयनस्ताम्यति हंसयुवा।)

[लोष्ठं गृहीत्वा हन्तुं धावन् विभाव्य सकरुणम्]

कथम्—

नवजलधरः संनद्धोऽयं न दृप्तनिशाचरः सुरधनुरिदं दूराकृष्टं न नाम शरासनम्।
अयमपि पटुर्धारासारो न बाणपरंपरा कनकनिकषस्निग्धा विद्युत्प्रिया न ममोर्वशी॥७॥

(नेपथ्ये)

मइँ जाणिअँ मिअलोअणी, णिसअरु कोइ हरेइ।
जाव णु णवतडिसामलि, धाराहरु वरिसेइ ॥८॥

(मया ज्ञातं मृगलोचनां निशाचरः कोऽपि हरति।
यावन्नु नव तडिच्छ्यामलो धाराधरो वर्षति ॥)

[विचिन्त्य सकरुणम्] क्व नु खलु सा रम्भोरुर्गता स्यात्।

राजा—[क्रोधसे] अरे, खड़ा रह दुष्ट राक्षस! खड़ा रह! तू मेरी प्रियतमाको लिए चला जा रहा है? [देखकर] अरे! यह पहाड़की चोटीसे आकाशमें उड़कर मुझपर बाण बरसाने लगा।

(नेपथ्यमें)

[यह जवान हंस अपनी प्यारीके बिछोहमें पंख फड़फड़ाता हुआ आँखोंमें आँसू भरे तालाबमें बैठा सिसक रहा है ॥६॥

[एक ढेला लेकर मारने दौड़ता है, पर फिर ठीक समझकर करुणाके साथ।] अरे, यह तो अभी-अभी बरसनेवाला बादल है, राक्षस नहीं। इसमें यह खिंचा हुआ इन्द्रधनुष है, राक्षसका धनुष नहीं। और ये जो टप-टप बरस रहे हैं ये बाण नहीं हैं, बूँदें हैं और यह जो कसौटी पर बनी हुई सोनेकी रेखाके समान चमक रही है, यह भी मेरी प्रिया उर्वशी नहीं है, बिजली है ॥७॥

(नेपथ्यमें)

मैंने समझा था कि मृगके समान आँखोंवाली मेरी प्यारीको कोई राक्षस हरकर लिए चला जा रहा है, पर यहाँ केवल बिजलीको चमकाता हुआ काला बादल पानी बरसा रहा है ॥८॥

तिष्ठेत्कोपवशात्प्रभावपिहिता दीर्घं न सा कुप्यति ।
स्वर्गायोत्पतिता भवेन्मयि पुनर्भावार्द्रमस्या मनः ।
तां हर्तुं विबुधद्विषोऽपि न च मे शक्ताः पुरोवर्तिनीं
सा चात्यन्तमदर्शनं नयनयोर्यातेति कोऽयं विधिः ॥९॥

[इति दिशोऽवलोक्य सनिःश्वासम् ।] अये ! पराङ्मुखभागधेयानां दुःखं दुःखानुबन्धि । कुतः ।—

अयमेकपदे तया वियोगः प्रियया चोपनतः सुदुःसहो मे ।
नववारिधरोदयादहोभिर्भवितव्यं च निरातपत्वरम्यैः ॥१०॥

जलहर संहर एहु कोपइँ आढत्तओ
अविरलधारासारदिसामुहकंतओ ।
ए मइँ पुहविं भमंतो जइ पिअँ पेक्खिमि
तव्वे जं जु करीहिसि तं तु सहीहिमि ॥११॥

(जलधर संहरैतं कोपमाढसः अविरलधारासारदिशामुखकान्तः ।
ए मह पृथ्वीं भ्रमन्यदि प्रियां प्रेक्षे तदा यद्यत्करिष्यसि तत्तत्सहिष्ये ॥)

[विहस्य] मुधैव खलु मया मनसः परितापवृद्धिरुपेक्ष्यते । यथा मुनयोऽपि व्याहरन्ति—राजा कालस्य कारणमिति । तत्किमहं जलदसमयं न प्रत्यादिशामि ।

गंधुम्माइअ महुअरगीएहिँ
वज्जंतेहिँ परहुअ तूरेहिँ ।
पसरिअपवणुव्वेल्लिअपल्लवणिअरु
सुललिअविविहपआरेहिँ णच्चइ कप्पअरु ॥१२॥

(गन्धोन्मादितमधुकरगीतैः,
वाद्यमानैः परभृततूर्यैः)

[दुःखसे सोचकर] वह केलेके समान जाँघोंवाली सुन्दरी कहाँ गई होगी ? कहीं वह क्रोधमें आकर अपने दैवी प्रभावसे छिप न गई हो पर आजतक उसने इतनी देर कभी नहीं की या कहीं वह स्वर्ग ही न चली गई हो । पर यह हो नहीं सकता क्योंकि वह मुझे तो जी-जानसे प्यार करती है । देवताओंके शत्रु राक्षस भी उसे मेरे सामने से हरकर नहीं ले जा सकते, फिर भी मुझे वह कहीं दिखाई नहीं दे रही है । यह कैसा दुर्भाग्य है ॥९॥ [चारों ओर देखकर लंबी साँस लेकर] अरे ! फूटे भाग्यवालोंके लिये तो आपत्ति पर आपत्ति आया ही करती हैं । क्योंकि—कहाँ एक ओर तो प्रियाका ऐसा बिछोह जो सहा नहीं जा रहा है और कहाँ दूसरी ओर ऐसा सुहावना दिन जो बादलोंके उठनेसे और धूपके छिप जानेसे और भी लुभावना हो गया है ॥१०॥

[लगातार बरसनेसे चारों ओर फैले हुए हे बादल ! इस समय तुम मेरे कहनेसे अपना क्रोध रोक लो । पृथ्वीपर घूमकर जब मैं अपनी प्रियाको पा जाऊँ तब तुम जो-जो करोगे वह मैं सिर-माथे लेकर सहूँगा ॥११॥] [हँसकर] मैं अकारथ हो कर अपने मनकी पीडाको यों ही बढा रहा हूँ । क्योंकि मुनि लोग भी कहते हैं कि राजा जैसा समय चाहे, वैसा समय ला सकता है, तो मैं इस वर्षाके समयको ही क्यों न आज्ञा दूँ ।

प्रसृतपवनोद्वेल्लितपल्लवनिकर ।
सुललितविविधप्रकार नृत्यति कल्पतरु. ।।)

अथवा न प्रत्यादिशामि जलदसमं यत्प्रावृषेण्यैरेव लिङ्गैर्मम राजोपचारः सम्प्रति । कथमिव—

विद्युल्लेखा कनकरुचिरं श्रीवितानं ममाभ्रं
व्याधूयन्ते निचुलतरुभिर्मञ्जरीचामराणि ।
घर्मच्छेदात्पटुतरगिरो बन्दिनो नीलकण्ठाः
धारासारोपनयनपरा नैगमाः सानुमन्तः ॥१३॥

भवतु । किमेवं परिच्छदश्लाघया । यावदस्मिन्कानने तां प्रियामन्वेषयामि ।

(नेपथ्ये)

दइआरहिओ अहिअं दुहिओ विरहाणुगओ परिमंथरओ ।
गिरिकाणणए कुसुमुज्जलए गजजूहवई वहुझीणगई ॥१४॥
(दयितारहितोऽधिक दु खितो विरहानुगतः परिमन्थरः ।
गिरिकानने कुसुमोज्ज्वल गजयूथपतिर्बहुक्षीणगति ॥)

[परिक्रम्यावलोक्य च] हन्त हन्त ! व्यवसितस्य मे संदीपनमिव संवृत्तम् । कुतः—

आरक्तराजिभिरियं कुसुमैर्नवकन्दलीसलिलगर्भैः ।
कोपादन्तर्बाष्पे स्मरयति मां लोचने तस्याः ॥१५॥

इतो गतेति कथ नु तत्रभवती मया सूचयितव्या । यतः—

[सुगन्धसे झूमनेवाले भौंरोंके गानके साथ-साथ और कोयलकी बोलीमें बजनेवाली बंसियोंकी ध्वनिसे गूंजते हुए पवनसे जिस कल्पवृक्षके कोमल पत्ते हिल रहे हैं, वह देखो कैसी सुन्दरतासे अनेक प्रकारके हाव-भावके साथ नाच रहा है ॥१२॥] पर इस वर्षाके समयको कहना ही व्यर्थ है, क्योंकि वर्षाकालके जो चिह्न दिखाई दे रहे हैं उन्हींके कारण तो मैं आज भी राजाके समान शोभा दे रहा हूँ। क्योंकि देखो—बिजलीके सोनेसे बना हुआ यह बादल ही मेरा छत्र है। निचुलके पेड़ मेरे ऊपर अपनी मञ्जरियोंके चँवर डुला रहे हैं। गर्मी समाप्त हो जानेके कारण मधुर गान करनेवाले ये मोर भाटोंका काम कर रहे हैं और झरनोंके मोती भेंट करती हुई ये पहाड़ियाँ ही मेरी प्रजा हैं ॥१३॥ अच्छा, जाने दो, अपने ठाट-बाटकी बड़ाई करनेसे लाभ ही क्या। चलूँ इसी वनमें प्रियाको खोजूँ।

[नेपथ्यमें]

[प्यारीके विरहमें अत्यन्त दुखी होनेसे यह हाथी फूलोंसे उजले इस पहाड़ोंमें धीरे-धीरे घूम रहा है ॥१४॥]

[घूमकर और देखकर] हाय ! हाय ! उसे ढूँढ़ते-ढूँढ़ते मेरी पीड़ाको और भी बढ़ानेवाला यह और दूसरा मिल गया। क्योंकि इस नये कन्दलाके पेड़में जल भरे लाल फूलोंको देखकर मुझे उर्वशीके उन नेत्रोंका स्मरण हो आया जो क्रोधसे लाल हो गए थे और जिनमें आँसू छलक आए थे ॥१५॥ फिर, यह मुझे कैसे जान पड़ेगा कि वह किधरसे

पद्भ्यां स्पृशेद्वसुमतीं यदि सा सुगात्री मेघाभिवृष्टसिकतासु वनस्थलीषु ।
पश्चान्नता गुरुनितम्बतया ततोऽस्याः दृश्येत चारुपदपङ्क्तिरलक्तकाङ्का ॥१६॥

[परिक्रम्यावलोक्य च सहर्षम्] उपलब्धमुपलक्षणं येन तस्याः कोपनाया मार्गोऽनुमीयते ।

हृतोष्ठरागैर्नयनोदबिन्दुभिः निमग्ननाभेर्निपतद्भिरङ्कितम् ।
च्युतं रुषा भिन्नगतेरसंशयं शुकोदरश्याममिदं स्तनांशुकम् ॥१७॥

भवतु । आदास्ये तावत् । [परिक्रम्य विभाव्य च सास्रम्] कथं सेन्द्रगोपं नवशाद्वलमिदम् । कुतो नु खलु निर्जने वने प्रियाप्रवृत्तिरवगमयितव्या । [शिखिनं दृष्ट्वा] अये ! अयमासारोच्छ्वसितशैलप्रस्थशिलापाषाणमारूढ —

आलोकयति पयोदान्प्रबलपुरोवातताडितशिखण्डः ।
केकागर्भेण शिखी दूरोन्नमितेन कण्ठेन ॥१८॥

[उपेत्य] भवतु । यावदेनं पृच्छामि ।

(नेपथ्ये)

संपत्तविम्हरणओ तुरिअं परवारणओ ।
पिअअम-दंसण-लालसओ गअवरु विम्हिअ-माणसओ ॥१९॥

गई है । यदि वह सुन्दरी वर्षासे भीगी हुई बालूवाले इस वनकी धरतीपर चलती तो महावरसे रँगे हुए उसके सुन्दर पैरोंकी ऐसी छापें दूरतक अवश्य दिखाई देतीं जो उसके नितम्बोंके भारी होनेके कारण एड़ीकी ओर गहरी होतीं ॥१६॥ इधर उधर घूमकर हर्षके साथ]मुझे कुछ कुछ तो ऐसे चिह्न मिल रहे हैं [जिनसे मैं कुछ कुछ अनुमान लगा सकता हूँ कि वह क्रोधित देवी किधरसे गई है—क्योंकि सुग्गेके पेट जैसे हरे रंगवाली उसकी चोली यही है जिसपर उसके आँसुओंसे घुलकर ओठोंसे गिरे हुए लाल रंगकी बूँदकियाँ दिखाई दे रही हैं और जो क्रोधमें हड़बड़ीसे चलनेके कारण खिसककर नीचे गिर गई होगी ॥१७॥ अच्छा, तो मैं इसे उठा लेता हूँ । [घूमकर उसे देखकर रोता हुआ] अरे ! यह तो हरी घासपर बीरबहूटियाँ फैली हुई हैं । अब इस सुनसान वनमें प्यारीका ठिकाना कहाँसे चलेगा । [मोरको देखकर] अरे ! वर्षासे भाप छोड़नेवाली चट्टानपर बैठा हुआ और सामनेके प्रचण्ड पवनसे छितराती हुई कलँगीवाला यह मोर अपनी ग्रीवा ऊँचे उठाकर कें कें करता हुआ बादलोंको देख रहा है ॥१८॥ [पास जाकर]अच्छा, चलूँ इसीसे पूछूँ ।

(नेपथ्यमें)

[दुःखसे भरा हुआ अपनी प्रियतमाको देखनेके लिये अधीर और अपने शत्रुको पछाड़ देनेवाला यह बड़ा-सा हाथी मतमें घबराया हुआ सा बड़े वेगसे चला जा रहा है ॥१९॥]

(सम्प्राप्तविसूरणः त्वरितं परवारणः ।
प्रियतमादर्शनलालसो गजवरो विस्मितगात्रसः ॥)
[अञ्जलिं बद्ध्वा]

बहिण पइँ इअ अब्भत्थिअमि ओअक्खहि मं ता
एत्थ वणे भम्मंते जइ पइँ दिट्ठी सा महु कंता ।
णिसम्महि मिअंकसरिसवअणा हंसगई
ए चिण्हे जाणीहिसि आअक्खिउ तुज्झ महँ ॥२०॥
(बर्हिण स्वामित्यभ्यर्थये आचक्ष्व मे तत्
अत्र वने भ्रमता यदि त्वया-दृष्टा सा मम कान्ता ।
निशामय मृगाङ्कसदृशवदना हंसगति.
अनेन चिह्नेन ज्ञास्यस्याख्यातं तव मया ॥)
नीलकण्ठ ममोत्कण्ठा वनेऽस्मिन्वनिता त्वया ।
दीर्घापाङ्गा सितापाङ्ग दृष्टा दृष्टिक्षमा भवेत् ॥२१॥

[विलोक्य] कथमदत्त्वैव प्रतिवचनं नर्तितुं प्रवृत्तः । किं नु खलु हर्षकारणमस्य । [विचिन्त्य] आं ज्ञातम्—

मृदुपवनविभिन्नो मत्प्रियाया विनाशात् ।
घनरुचिरकलापो निःसपत्नोऽस्य जातः ।
रतिविगलितबन्धे केशपाशे सुकेश्याः ।
सति कुसुमसनाथे कं हरेदेष बर्ही ॥२२॥

भवतु । परव्यसन निर्वृतं न खलु एनं पृच्छामि । [परिक्रम्यावलोक्य च] अये इयमातपान्त संधुक्षितमदा जम्बूविटपमध्यास्ते परभृता विहङ्गमेषु पण्डिता जातिरेषा । यावदेनामभ्यर्थये ।

[हाथ जोड़ते हुए] [अरे मोर । मैं तुमसे प्रार्थना करता हूँ कि यदि घूमते-फिरते तुमने मेरी खोई हुई प्यारी कहीं देखी हो तो मुझे बतादो । सुनो ! उसका मुँह चन्द्रमाके समान है और उसकी चाल हंस जैसी है । बस, मैं जो चिह्न तुम्हें बता रहा हूँ उतनेसे ही तुम उसे पहचान लोगे ॥२०॥]

उजले कोनोंकी आँखोंवाले मोर ! क्या तुमने मेरी उस प्रियतमाको इस वनमें देखा है जिसकी आँखें बड़ी-बड़ी हैं, जिसके लिए मैं व्याकुल हूँ और जो ऐसी सुन्दर है कि बस, उसे देखते ही बनता है ॥२१॥ [देखकर] क्या, बिना उत्तर दिए ही यह नाचने लग गया । यह इतना मगन क्यों हो रहा है ? [सोचकर] हाँ समझ गया—मेरी प्रियाके खो जानेसे इसके मन्द मन्द पवनसे छितराए बादलोंके समान सुन्दर पंखोंको सजानेवाला आज कोई नहीं रह गया है । आज यदि वह सुन्दर बालोंवाली होती, जिसके खुले हुए बालोंमें फूल गुँधे हुए होते तो उसके आगे इस मोरकी शोभाको पूछता कौन ॥२२॥ अच्छा ! दूसरोंके दुःख-सुखपर ध्यान न देनेवाले इस मोरसे अब मैं बात नहीं करूँगा । [घूमकर और देखकर] अरे ! यह गर्मी बीतनेसे मतवाली कोयल जामुनकी डालपर

(नेपथ्ये)

विज्जहरणंकाणणलीणओ दुक्खविणिग्गअवाहुप्पीडओ ।
दूरो सारिअ हिअ आणंदओ अंबरमाणे भमइ गइंदओ ॥२३॥

(विद्याधरकाननलीनो दुःखविनिर्गतबाष्पोत्पीडः ।
दूरोत्सारितहृदयानन्दोऽम्बरमानेन भ्रमति गजेन्द्रः ।)

[इति नर्तित्वा वलन्तिकयोपसृत्य जानुभ्यां च स्थित्वा] हेले हेले ।

परहुअ महुरपलाविणि कंती णंदणवण सच्छंद भमंती ।
जइ पइँ पिअअम सा महु दिट्ठी ता आअक्खहि महु परपुट्ठी ॥२४॥

(परभृते ! मधुरप्रलापिनि कान्ते नन्दन वने स्वच्छन्द भ्रमन्ती ।
यदि त्वया प्रियतमा सा मम दृष्टा तदाचक्ष्व मे परपुष्टे ।)

भवति !

त्वां कामिनो मदनदूतिमुदाहरन्ति मानावभङ्गनिपुणं त्वममोघमस्त्रम् ।
तामानय प्रियतमां मम वा समीपं मां वा नयाशु कलभाषिणि यत्र कान्ता ॥२५॥

किमाह भवती । कथं त्वामेवमनुरक्तं विहायगता इति [अग्रतोऽवलोक्य] शृणोतु भवती ।

कुपिता न तु कोपकारणं सकृदप्यात्मगतं स्मराम्यहम् ।
प्रभुता रमणेषु योषितां नहि भावस्खलितान्यपेक्षते ॥२६॥

[ससम्भ्रममुपविश्य अनन्तरं जानुभ्यां स्थित्वा कुपिता इति पुनः पठित्वा उत्थाय विलोक्य च ।]

कथं कयाचिच्छेदकारिणी स्वकार्य एव व्यासक्ता ।

बैठी हुई है । पक्षियोंमें कोयल ही सबसे चतुर समझी जाती है । चलूँ, इसीसे पूछूँ ।

(नेपथ्यमें)

[विद्याधरोंके वनमें छिपा हुआ, दुःखसे आँसू बहाता हुआ और हृदयका आनन्द खोकर यह बड़ा-सा हाथी बादलके समान घूम रहा है ॥२३॥

[वलन्तिका रागके साथ नाचता हुआ आगे बढ़कर घुटने टेककर]

[अरे रे रे ! मीठा-मीठा कूकनेवाली सुन्दर कोयल ! यदि इस नन्दन-वनमें मनचाहे ढंगसे उड़ते-फुदकते हुए तुमने कहीं मेरी प्रिया देखी हो तो बता दो ॥२४॥

देखो ! कामी लोग तुम्हें मदनकी दूती बताते हैं और मानिनी स्त्रियोंका रूठना दूर करनेके लिये तुम अचूक हथियार समझी जाती हो। इसलिये या तो मेरी प्रियतमाको मेरे पास ही ले आओ या फिर हे मिठबोली ! तू मुझे ही उसके पास झटपट ले जाकर पहुँचा दो ॥२५॥ क्या कहा तुमने ? कि तुम्हारे इतना प्यार करनेपर भी वह तुम्हें छोड़कर क्यों चली गई ? [आगे देखकर] सुनो ! मुझे एक भी बात ऐसी स्मरण नहीं आती जिसपर रूठकर वह गई। देखो ! स्त्रियाँ तो वैसे ही अपने पतियोंपर शान जमाए रहती हैं, इसलिये यह आवश्यक नहीं कि पति कोई अपराध ही करे तभी वे क्रोध करें ॥२६॥ [झट बैठकर फिर घुटने टेककर ऊपरवाली बात फिरसे कहता है, फिर उठकर देखता हुआ] यह

अथवा ।

महदपि परदुःखं शीतलं सम्यगाहुः प्रणयमगणयित्वा यन्ममापद्गतस्य ।
अधरमिव मदान्धा पातुमेषा प्रवृत्ता फलमभिमुखपाकं राजजम्बूद्रुमस्य ॥२७॥

एवंगतेऽपि प्रियेव मे मञ्जुस्वनेति न मे कोपोऽस्याम्। सुखमास्तां भवती। इतो वयं साधयामस्तावत् [परिक्रम्य कर्णं दत्वा।] अये दक्षिणेन वनथारां प्रियाचरणनिक्षेपशंसी नूपुररवः श्रूयते यावदेनमनुगच्छामि [परिक्रम्य]

(नेपथ्ये)

पिअअमविरहकिलामिअवअणओ अविरलबाहजलाउलणअणओ ।
दूसहदुक्खविसंठुलगमणओ पसरिअउरुतावदिविअअंगओ ।
आहिअं दुम्मिअ-माणसओ काणणँ भमइ गइंदओ ॥२८॥

(प्रियतमा विरहक्लान्तवदनोऽविरलबाष्पजलाकुलनयनः ।
दुःसह दुःखविसंष्ठुलगमनः प्रसृतगुरुतापदीप्ताङ्गः ।
अधिक दूनमानसः कानने भ्रमति गजेन्द्रः ॥)

[अनन्तरे द्विपदिकया दिशोऽवलोक्य]

(नेपथ्ये)

पिअकरिणी-विच्छोइअओ गुरुसोआणल-दीविअओ ।
वाहजलाउललोअणओ करिवरु भमइ समाउलओ ॥२९॥

अथवा ! मेरी बात पूरी होनेसे पहले ही यह अपने धन्धेमें लग गई। दूसरेका दुःख कितना भी अधिक हो, पर लोग उसे कम ही समझते हैं। इसलिये मुझ विपत्तिके मारेकी बात अनसुनी करके यह कोयल पकी हुई फरेंदा जामुनोंका रस पीनेमें उसी प्रकार आँख मूँदकर लगी हुई है, जैसे कोई मतवाला अपनी प्यारीके ओठोंका रस पीने लग रहा हो ॥२७॥ पर सब कुछ होनेपर भी यह गाती है मेरी प्यारी के समान ही, इसलिये मैं इसपर क्रोध नहीं करता। तुम बैठो रहो सुखसे। हम ही यहाँसे चले जाते हैं। [घूमकर सुनता हुआ] अरे! इस वनके दक्खिन की ओरसे प्यारीके बिछुओंकी-सी झन-झन सुनाई दे रही है। चलूँ उधर ही चलकर देखूँ। [घूमता है।]

(नेपथ्यमें)

[प्यारीके बिछोहसे थका हुआ, नयनोंसे आँसुओंकी धारा बहाता हुआ, नये अपार दुःखके कारण रुक रुककर चलनेवाला और अत्यन्त शोकसे जलते हुए शरीरवाला यह दुखी हाथी वनमें इधर-उधर घूम रहा है ॥२८॥

(नेपथ्यमें)

[दो पग चलकर चारों ओर देखता है।]

[अपनी प्यारी हथिनीके बिछोहकी भयंकर आगमें जलता हुआ और रोता हुआ यह हाथी व्याकुल होकर घूम रहा है ॥२९॥

(प्रियकरिणीवियुक्तो गुरुशोकानलदीप्तः ।
बाष्प-जलाकुल-लोचनः करिवरो भ्रमति समाकुलः ॥)

[सकरुणम्] हा धिक् कष्टम् ।

मेघश्यामा दिशो दृष्ट्वा मानसोत्सुकचेतसाम् ।
कूजितं राजहंसानां नेदं नूपुरशिञ्जितम् ॥३०॥

भवतु । यावदेते मानसोत्सुकाः पतत्रिणः सरसोऽस्मान्नोत्पतन्ति तावदेतेभ्यः प्रियाप्रवृत्ति-रवगमयितव्या । [उपसृत्य] भो ! भो ! जलविहङ्गमराज ।

पश्चात्सरः प्रतिगमिष्यसि मानसं तत् पाथेयमुत्सृज बिसं ग्रहणाय भूयः ।
मां तावदुद्धर शुचो दयिताप्रवृत्त्या स्वार्थात्सतां गुरुतरा प्रणयिक्रियैव ॥३१॥

अये ! यथोन्मुखो ! विलोकयति यथा मानसोत्सुकेन मया न लक्षितेत्येवं वचनमाह ।

रे रे हंसा किं गोइज्जइ गइअणुसारें मइँ लक्खिज्जइ ।
कइँ पइँ सिक्खिउ ए गइ लालस सा पइँ दिट्ठी जहणभरालस ॥३२॥

(रे ! रे ! हंस किं गोप्यते गत्यनुसारेण मया लक्ष्यते ।
केन तव शिक्षिता एषा गतिर्लालसा सा त्वया दृष्टा जघनभरालसा ॥)

यदि हंस गता न ते नतभ्रूः सरसो रोधसि दर्शनं प्रिया मे ।
मदखेलपदं कथं नु तस्याः सकलं चौर गतं त्वया गृहीतम् ॥३३॥

अतश्च [इति अञ्जलिं बद्ध्वा]

[दुःखके साथ] हाय, हाय । कैसे दुःखकी बात है कि जिसे मैं अपनी प्यारीके बिछुओंकी झन झन समझ रहा था वह उन राजहंसोंकी कूक है जो उठे हुए बादलोंकी अँधियारी देखकर मानसरोवर जानेको उतावले हो रहे हैं ॥३०॥ अच्छा, जबतक ये मानसरोवर जाने को उतावले पक्षी उड़ते नहीं, उससे पहले ही मैं इनसे अपनी प्यारीका ठिकाना पूछकर देखता हूँ। [पास जाकर] हे जल-पक्षिराज ! तुम मानसरोवर पीछे जाना और यह जो संबलके लिये तुमने कमलनालें तोड़ ली हैं, इन्हें अभी छोड़ दो, फिर ले लेना । पहले तुम मुझे मेरी प्यारीका समाचार देकर मेरा उद्धार करो, क्योंकि सज्जन लोग अपने मित्रोंको सहायता देना अपने स्वार्थसे बढ़कर समझते हैं । ॥३१॥ अरे ! यह तो केवल अपनी चोंच ऊपर उठाए टुकुर-टुकुर देख रहा है मानो कह रहा हो कि मानसरोवर जानेकी उतावलीमें मैंने उसे देखा ही नहीं ।

[अरे हंस ! तुम छिपा क्या रहे हो । तुम्हारी चालसे ही मैं सब कुछ समझ गया । बताओ यह सुन्दर चाल तुमने सीखी कहाँ से ? तुमने उस प्यारीको अवश्य ही देखा है जो नितम्बोंके भारसे धीरे-धीरे चलती है ॥३२॥]

यदि तेंने उस बाँकी चितवनवाली सुन्दरीको इस सरोवरके तीरपर नहीं देखा, तो बता रे चोर ! तेंने उसकी वह मदसे इठलाती पगनेवाली सुन्दर चाल कहाँ से पा ली ॥३३॥ इसलिये [हाथ जोड़कर] हे हंस ! मेरी जिस प्यारीकी चाल तुमने चुरा ली है,

हंस प्रयच्छ मे कान्तां गतिरस्यास्त्वया हृता ।
विभावितैकदेशेन देयं यदभियुज्यते ॥३४॥

[विहस्य] एष चौरानुशासी राजेति भयादुत्पतितः । यावदन्यमवकाशमवगाहिष्ये । [परिक्रम्यावलोक्य च] अयमिदानीं प्रियासहायश्चक्रवाकः । तावदेनं पृच्छामि ।

(नेपथ्ये)

मंमररणिअमणोहरए कुसुमिअतरुवरपल्लवए ।
दइआविरहुम्माइअओ काणणे भमइ गइंदओ ॥३५॥

(मर्मररणितमनोहरे कुसुमिततरुवरपल्लवे ।
दयिता विरहोन्मादितः कानने भ्रमति गजेन्द्रः ॥)

गोरोअणा-कुंकुमवण्णा चक्का भणइ मइँ ।
महुवासर-कीलंती धणिआ ण दिट्ठी पइँ ॥३६॥

(गोरोचनाकुङ्कुमवर्णं चक्र भण माम् ।
मधुवासरे क्रीडन्ती धन्या न दृष्टा त्वया ॥)

रथाङ्गनामन् वियुतो रथाङ्गश्रोणिबिम्बया ।
अयं त्वां पृच्छति रथी मनोरथशतैर्वृतः ॥३७॥

कथं कः क इत्याह माम् । मा तावत् । न खलु विदितोऽहमस्य ।

उसे मुझे लौटा दो । क्योंकि यदि चोरके पास चोरीका थोड़ा भी माल मिले तो उसे पूरा माल देना ही पड़ता है ॥३४॥ [हँसकर] यह देखो, इसने समझ लिया न कि मैं चोरोंको दण्ड देनेवाला राजा हूँ । बस इसी डरसे उड़ भागा । चलूँ, कहीं और खोजूँ । [घूमकर और देखकर] यहाँ यह चकवा अपनी प्यारीके साथ बैठा है, चलूँ इसीसे पूछूँ ।

(नेपथ्यमें)

[पत्तोंकी मधुर खड़खड़ाहटसे भरे और फूलोंसे लदे हुए वृक्षोंके पत्तोंवाले इस वनमें यह प्यारी के वियोगसे पागल बड़ा-सा हाथी इधर-उधर घूम रहा है ॥३५॥ गोरोचन और केशरके रंगवाले हे चकवे ! बताओ, कहीं तुमने वसन्तके दिनोंमें खेलती हुई मेरी सौभाग्यवती स्त्री देखी है ॥३६॥]

हे चकवे ! पहिएके समान बड़े-बड़े नितम्बोंवाली प्यारीसे बिछुड़ा हुआ मनमें सैकड़ों मनोरथ लिए हुए मैं महारथी तुमसे पूछता हूँ ! ॥३७॥ क्या यह मुझसे पूछ रहा है— कौन है ? कौन है, बस रहने दो । क्या यह मुझे जानता नहीं है ? सूर्य और चन्द्रमा

सूर्याचन्द्रमसौ यस्य मातामहपितामहौ ।
स्वयं वृतः पतिर्द्वाभ्यामुर्वश्या च भुवा च यः ॥३८॥

कथं तूष्णीं स्थितः । भवतु । उपालभे तावदेनम् ।

सरसि नलिनीपत्रेणापि त्वमावृतविग्रहाम्
ननु सहचरीं दूरे मत्वा विरौषि समुत्सुकः ।
इति च भवतो जाया स्नेहात्पृथक्स्थितिभीरुता
मयि च विधुरे भावः कान्ताप्रवृत्तिपराङ्मुखः ॥३९॥

सर्वथा मदीयानां भागधेयानां विपर्ययेण प्रभावप्रकाशः । यावदन्यमवकाशमवगाहिष्ये । [पदान्तरे स्थित्वा] भवतु न तावद्गच्छामि । [परिक्रम्यावलोक्य च]

इदं रुणद्धि मां पद्ममन्तःकूजितषट्पदम् ।
मया दष्टाधरं तस्याः ससीत्कारमिवाननम् ॥४०॥

भवतु । इतो गतस्य मेऽनुशयो मा भूदित्यस्मिन्नपि कमलसेविनि मधुकरे प्रणयितां करिष्ये।

(नेपथ्ये)

एक्कक्कमवड्ढिअगुरुअरपेम्मरसें ।
सरे हंसजुआणओकीलइ कामरसें ॥४१॥

(एकैकवर्धितगुरुतरप्रेमरसेन ।
सरसि हंसयुवा क्रीडति कामरसेन ॥)

जिसके नाना और दादा हैं और जिसे उर्वशी और धरतीने अपने आप अपना स्वामी बना लिया है, मैं वही पुरूरवा हूँ ॥३८॥ क्यों ? चुप क्यों हो गए ? अच्छी बात है, मैं इसे डाँटता हूँ न। जब तालाबोंमें तुम्हारी प्यारी चकवी कमलके पत्तोंकी ओटमें भी हो जाती है, तब तुम उसे दूर गई समझकर घबराकर चिल्लाने लगते हो। अपनी प्यारीसे तो तुम इतना प्रेम करते हो कि इतना बिछोह भी तुमसे सहा नहीं जाता और फिर भी अपनी ऐंठ तो देखो कि मुझ प्यारीसे बिछुड़े हुएसे तुम बात करनेको भी तैयार नहीं हो ॥३९॥

मेरा भाग्य ही ऐसा है कि सब कहीं मुझे उलटा ही फल मिल रहा है। चलूँ, कहीं और चलकर ढूँढूँ [कुछ चलकर रुककर] अच्छा मैं अभी नहीं जाऊँगा [घूमकर और देखकर] यह भौंरोंकी गूँजसे भरा हुआ कमल मुझे बरबस रोक रहा है, क्योंकि यह उर्वशीके उस मुखके समान दिखाई दे रहा है, जो ओठपर मेरे दाँत लगनेपर सी-सी कर रहा हो ॥४०॥ अच्छा ! कमलपर मँडराते हुए इन भौंरोंसे ही पूछ देखूँ जिससे यहाँसे चले जानेपर मुझको यह तो पछतावा न रह जाय कि उनसे नहीं पूछा।

(नेपथ्यमें)

[एक ऐसा हंस तालाबमें प्रेमके मदमें भरा खेल रहा है जिसके मनमें प्रेमका भाव अचानक बढ़ गया है ॥४१॥]

मधुकर मदिराक्ष्याः शंस तस्याः प्रवृत्तिं

[विभाव्य]

वरतनुरथवासौ नैव दृष्टा त्वया मे ।

यदि सुरभिमवाप्स्यस्तन्मुखोच्छ्वासगन्धं

तव रतिरभविष्यत्पुण्डरीके किमस्मिन् ॥४२॥

सापवासस्तावत् । [इति परिक्रम्यावलोक्य च] अये ! एष नीपस्कंधनिषण्णहस्तः करिणीसहायो नागराजस्तिष्ठति । अस्मात्प्रियोदन्तमुपलप्स्ये । यावदेनमुपसर्पामि ।

(नेपथ्ये)

करिणीविरहसंताविअओ ।

काणणे गंधुद्धुअ महुअरु ॥४३॥

(करिणीविरहसंतापितः ।

कानने गन्धोद्धतमधुकरः ।)

[विलोक्य] अथवा न त्वरा कार्या । न तावदयमुपसर्पणकालः ।

अयमचिरोद्गतपल्लवमुपनीतं प्रियकरेणुहस्तेन ।

अभिलषतु तावदासवसुरभिरसं शल्लकीभङ्गम् ॥४४॥

[क्षणमात्रं स्थित्वा । अवलोक्य] हन्त कृताह्निकः संवृत्तः । भवतु । समीपमस्य गत्वा पृच्छामि ।

हे भौंरे ! मद-भरे नैनोंवाली मेरी प्यारीका समाचार तो सुनाओ । [सोचकर] या कौन जाने तुमने उसे देखा हो न हो । क्योंकि यदि तुम्हें मेरी प्रियतमाके मुखकी सुगन्धित श्वाँस मिल गई होती तो तुम इस कमलसे थोड़े ही प्यार करते होते ॥४२॥ चलूँ यहाँसे । [घूमकर और देखकर] अरे इस कदम्बकी डालपर अपनी सूँड रक्खे हुए हथिनीके साथ यह एक बड़ा-सा हाथी खड़ा है । चलूँ, उसीके पास चलूँ ।

(नेपथ्यमें)

[हथिनीके बिछोहसे तपा हुआ यह हाथी जंगलमें घूम रहा है जिसपर गन्धसे मतवाले भौंरे घूम रहे हैं ॥४३॥]

[देखकर] पर हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए । अभी उसके पास जाना ठीक नहीं है, क्योंकि हथिनीने अभी-अभी अपनी सूँडसे यह पत्तोंवाली और सुराके समान गन्ध भरी जो शल्लकीके पेड़की शाखा तोड़ी है, उसे यह हाथी खा ले तब मैं पूछूँगा ॥४४॥

[थोड़ी देर रुककर देखकर] अच्छा, अब तो इसने भरपेट भोजन कर लिया । अच्छा, तो अब चलूँ,पास जाकर पूछूँ ।

हउँ पइँ पुच्छिमि आअक्खहि गअवरु ललिअपहारें णासिअतरुवरु ।
दूरविणिज्जिअ ससहरुकंती दिट्ठी पिअ पइँ सम्मुह जंती ॥४५॥

(अहं त्वां पृच्छामि आचक्ष्व गजवर ! ललितप्रहारेण नाशिततरुवर ।
दूरविनिर्जितशशधरकान्तिर्दृष्टा प्रिया त्वया सम्मुखं यान्ती ॥)

[पदद्वये पुरतः उपसृत्य]

मदकल युवतिशशिकला गजयूथप यूथिकाशबलकेशी ।
स्थिरयौवना स्थिता ते दूरालोके सुखालोका ॥४६॥

[आकर्ण्य सहर्षम्] अहह अनेन भवतः स्निग्धमन्द्रेण गर्जितेन प्रियोपलम्भशंसिना समाश्वासितोऽस्मि । साधर्म्याच्च त्वयि मे भूयसी प्रीतिः ।

मामाहुः पृथिवीभृतामधिपतिं नागाधिराजो भवान् ।
अव्युच्छिन्न-पृथुप्रवृत्ति भवतो दानं ममाप्यर्थिषु ।
स्त्रीरत्नेषु ममोर्वशी प्रियतमा यूथे तवेयं वशा
सर्वं मामनु ते प्रियाविरहजां त्वं तु व्यथां मानुभूः ॥४७॥

सुखमास्तां भवान् । साधयामस्तावत् । [परिक्रम्य पार्श्वतो दृष्टिं दत्वा ।] अये । अयमसौ सुरभिकन्दरो नाम विशेषरमणीयः सानुमानालोक्यते । प्रियश्चायमप्सरसाम् । अपि नाम सा सुतनुरस्योपत्यकायामुपलभ्येत [परिक्रम्यावलोक्य च ।] कथमन्धकारः । भवतु विद्युत्प्रकाशे-

[खिल-खेलमें ही बड़े-बड़े वृक्षोंको सहजमें उखाड़ फेंकनेवाले हे गजराज ! मैं तुम्हीं से पूछता हूँ । बताओ क्या तुमने मेरी उस प्रियाको इधर जाते हुए देखा है जिसने अपनी चमकसे चन्द्रमाकी चाँदनीको भी लजा दिया है ॥४५॥ [दो पग आगे बढ़कर] हे मतवाले हाथी ! क्या तुमने अपनी दूरतक देखनेवाली आँखोंसे सदा जवान दिखाई देनेवाली उस उर्वशीको कहीं देखा है, जो युवतियोंमें चन्द्रमाकी नई किरणके समान चमकती है और जिसके बालोंमें जूहीके फूल गुँथे हुए हैं ॥४६॥

[सुनकर हर्षसे] आहा ! इस तुम्हारे कोमल, मन्द और प्रियाका ठिकाना बतानेवाले गर्जनसे मेरे जीको बड़ा सहारा मिला है । तुम भी मेरे ही समान बलवान् हो, इसलिये तुमसे मेरा बड़ा स्नेह हो गया है । लोग मुझे राजाओंका स्वामी कहते हैं और तुम्हें गजोंका स्वामी । तुम भी दिन-रात अपना दान अर्थात् मद बहाया करते हो तो मेरे यहाँ भी दिन-रात मँगनोंको दान देनेका काम चलता रहता है । इधर स्त्रियोंमें रत्नके समान सुन्दर उर्वशी मेरी प्रियतमा है तो यह हथिनी भी तुम्हारी वैसी ही प्यारी है । इस प्रकार हम दोनों सब बातोंमें एक-से ही हैं, पर मैं यही मनाता हूँ कि प्रियाके बिछोहका दुःख तुम्हें कभी न सतावे ॥४७॥ तुम सुखी रहो । हम जा रहे हैं । [घूमकर अपने एक ओर देखकर] अरे ! यह सुरभिकन्दर नामका बड़ा सुहावना पर्वत दिखाई दे रहा है । और अप्सराओंको यह पर्वत बड़ा प्यारा भी है । कहीं वह सुन्दरी इस पर्वतकी तलहटीमें ही न मिल जाय ! [घूमकर और देखकर] अरे ! यहाँ कितना अँधेरा है । अच्छा, बिजली चमके तो मैं देखूँ—

नावलोकयामि। हन्त मदीयैर्दुरितपरिणामैर्मेघोऽपि शतह्रदाशून्यः संवृत्तः तथापि शिलोच्चयमेनमपृष्ट्वा न निर्वतिष्ये।

पमरिअसरसुरदारिअमेइणि वणगहणे अविचल्लु।
परिमप्पइ पेन्लइ लीणो णिअकज्जुज्जुअ कोलु ॥४८॥

(प्रसृतखरदारितमेदिनिर्वनगहनेऽविचल:
परिसर्पति पश्यत लीनो निजकार्योद्युक्त: कोल: ॥)

अपि वनान्तरमल्पकुचान्तरा श्रयति पर्वत-पर्वसु संनता।
इदमनङ्गपरिग्रहमङ्गना पृथुनितम्ब नितम्बवती तव ॥४९॥

कथं तूष्णीमेवास्ते। शङ्के विप्रकर्षान्न शृणोतीति। भवतु। समीपेऽस्य गत्वा पुनरेनं पृच्छामि।

फलिहसिलाअलणिम्मलणिज्झरु बहुविहकुसुमें विरइअसेहरु।
किंणरमहुरुग्गीअमणोहरु देक्खावहि महु पिअअम महिहरु ॥५०॥

(स्फटिकशिलातलनिर्मलनिर्झर बहुविधकुसुमैर्विरचितशेखर।
किंनरमधुरोद्गीतमनोहर दर्शय मम प्रियतमां महीधर ॥)

[इति परिक्रम्य प्रञ्जलिं बद्ध्वा।]

सर्वक्षितिभृतां नाथ दृष्टा सर्वाङ्गसुन्दरी।
रामा रम्ये वनान्तेऽस्मिन्मया विरहिता त्वया ॥५१॥

[नेपथ्ये तदेवाकर्ण्य सहर्षम्] कथं यथाक्रमं दृष्टा इत्याह। भवानपि अतः प्रियतरं शृणोतु। क्व तर्हि मे प्रियतमा। [पुनरेव सर्वक्षितिभृतां नाथ इति पठति। नेपथ्ये तदेव श्राकर्ण्य

हाय! हाय! मेरे दुर्भाग्यसे बादलोंमें बिजली भी नहीं रह गई। फिर भी इस पर्वतसे पूछे बिना मैं यहाँसे टलूँगा नहीं।

[अपने बड़े-बड़े और तीखे खुरोंसे पृथ्वीको खूँदता हुआ अपनी टेकपर अड़ा हुआ, एक जंगली सूअर अपनी धुनमें मस्त होकर इस घने जंगलमें घूम रहा है ॥४८॥]

हे बड़ी-बड़ी ढालोंवाले पहाड़! अपने इस कामदेवके वनमें क्या तुमने सुन्दर नितम्बोंवाली और पोर-पोरपर झुकी हुई-सी उस सुन्दरीको देखा है जिसके दोनों स्तन उभर-कर आपसमें सट गए हैं ॥४९॥ अरे! यह चुप क्यों हो गया! या कौन जाने दूर होनेके कारण ही वह न सुन सक रहा हो! अच्छा, इसके पास जाकर पूछता हूँ। हे स्फटिककी चट्टानोंपर बहते हुए उजले झरनोंवाले! हे रंग-बिरंगे फूलोंसे अपनी चोटियाँ सजानेवाले! हे किन्नरोंके जोड़ोंके मधुर गीतोंसे सुहावने लगनेवाले पर्वत! मेरी प्यारीकी एक झलक तो मुझे दिखा दो ॥५०॥ [घूमकर और देखकर] हे पर्वतोंके स्वामी! क्या तुमने वनके इस सुन्दर छोरमें मुझसे बिछुड़ी हुई उस निराली सुन्दरी उर्वशीको कहीं देखा है ॥५१॥ [नेपथ्यमें वैसे ही शब्द सुनकर सहर्ष] अरे! क्या यह कह रहा है कि—हाँ ठीक वैसे ही देखा है जैसा मैंने कहा था। तब तुम इससे भी प्यारी बात सुनो और मुझे बताओ कि मेरी प्रियतमा कहाँ है। [फिरसे ५१ वाँ श्लोक पढ़ता है और नेपथ्यमें फिर उसे वही सुनाई

विभाव्य च।] हा धिक्। ममैवायं कन्दरमुखविसर्पी प्रतिशब्दः। [इति मूर्च्छति। उत्थाय सविषादम्।] अहह श्रान्तोऽस्मि। अस्यास्तावद्गिरिनद्यास्तीरे स्थितस्तरङ्ग-वातमासेविष्ये। परिक्रम्यावलोक्य च] इमां नवाम्बुकलुषामपि स्रोतोवहां पश्यतो मे रमते मनः। कुतः—

तरङ्गभ्रूभङ्गा क्षुभितविहगश्रेणिरशना
विकर्षन्ती फेनं वसनमिव संरम्भशिथिलम्।
यथाविद्धं याति स्खलितमभिसन्धाय बहुशो
नदीभावेनेयं ध्रुवमसहना सा परिणता ॥५२॥

भवतु। प्रसादयामि तावदेनाम्। [अञ्जलिं बद्ध्वा।]

पसीअ पिअअम सुंदरि णइए खुहिआकुरुण विहंगमए णए।
सुरसरितीरसमूसुअ णइए अलिउलझंकारिअए णए ॥५३॥

(प्रसीद प्रियतमे सुन्दरि नदि क्षुभिताकुलविहङ्गमे नदि।
सुरसरित्तीरसमुत्सुके नदि अलिकुलझङ्कारिते नदि ॥)

[नेपथ्ये]

पुव्वदिसापवणाहअकल्लोलुग्गअबाहओ
मेहअंगे णच्चइ सललिअँ जलणिहिणाहओ।
हंसविहंगमकुंकुम संखकआभरणु
करिमअराउलकसणकमलकआवरणु।

देता है। सुनकर और समझकर] हाय रे भाग्य! यह तो पहाड़की गुफासे टकराकर निकलनेवाले मेरे ही शब्दोंकी गूंज है। [मूर्च्छित हो जाता है। फिर उठकर दुखके साथ] अरे! अब तो मैं थक गया हूं। इसलिये इस झरनेके तीरपर तरंगोंकी ठढी बयारमे चलकर बैठता हूं।] [घूमकर और देखकर] अभी बरसे हुए पानीसे गँदले झरनेको देखकर भी मेरा मन प्रसन्न हो रहा है क्योंकि मार्गमे आनेवाली चट्टानोसे बचनेके लिये यह टेढा होकर बह रहा है, इसकी लहरें चढी हुई भौंहो-जैसी हैं, व्याकुल पक्षियोकी पांतें ही इसकी तगडी है, इसका फेन ही मानो वह वस्त्र है जो चलनेसे ढीला पड गया है और जिसे वह खीचती लिए चली जा रही है। इससे मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरी क्रोधी प्रिया ही नदी बन गई है ॥५२॥ अच्छा, चलूं मैं इसको चलकर मनाता हूं।

[हाथ जोड़कर]

[उछले हुए और कड़े स्वरोमे चहचहाते हुए पक्षियोवाली, गगाजीसे मिलनेको उतावली और भौरोकी पांतोंसे गूंजनेवाली हे सुन्दर नदी! तुम मुझपर प्रसन्न हो जाओ ॥५३॥]

(नेपथ्यमें)

यह देखो! समुद्रोके स्वामी का कैसा अच्छा नृत्य हो रहा है। जलमे पड़ी हुई मेघोंकी परछाई ही उनका शरीर है। पुरवैया पवनसे उठी हुई लहरें ही मानो नृत्यके लिए उठाए हुए [illegible] उनके पैरके घुंघरू और आभूषण हैं। हाथियो और

वेलासलिलुव्वेल्लिअहत्थदिरणतालु
ओत्थरइ दसदिस रुंधेविणु णवमेहआलु ॥५४॥

पूर्वदिक्पवनाहतकल्लोलोद्गतबाहु मेघाद्भुतं त्यनि मत्तलित जलनिधिनाथ.।
हंसविहङ्गमकुङ्कुमचक्रकृतनामरण करिमकरकुलशङ्खगणकमलकृताभरणः।
वेला सलिलोद्वेल्लितदत्तहस्ततालोऽवस्तृणाति दशदिशोरुद्ध्वा नवमेघकाल· ॥)

त्वयि निबद्धरतौ प्रियवादिनी प्रणयभङ्गपराङ्मुखचेतसि ।
कमपराधलवं मयि पश्यसि त्यजसि मानिनि दासजनं यतः ॥५५॥

कथं तूष्णीमेवास्ते [विचिन्त्य] अथवा परमार्थसरिदेवैषा। न समुर्वशी पुरूरवसमपहाय समुद्राभिसारिणी भविष्यति। भवतु। अनिर्वेदप्राप्याणि श्रेयांसि। यावत्तमेव प्रदेशं गच्छामि यत्र मे नयनयो· सा सुनयना तिरोहिता। [परिक्रम्य विलोक्य च] इमं तावत्प्रियाप्रवृत्तये सारङ्गमासीनमभ्यर्थये।

अभिनवकुसुमस्तबकिततरुवरस्य　　परिसरे
मदकलकोकिलकूजितरवझङ्कारमनोहरे ।
नन्दनविपिने निजकरिणीविरहानलेन संतप्तो
विचरति　　गजाधिपतिरैरावतनामा ॥५६॥
कृष्णसारच्छवियोऽसौ दृश्यते काननश्रिया ।
नवशष्पावलोकाय कटाक्ष इव पातितः ॥५७॥

मगरोंके झुण्ड ही उनके नीले वस्त्र हैं, नीले कमल ही उनकी मालाएँ हैं और तीरसे टकराती हुई लहरें ही मानो ताल दे रही हैं और इसी बीच वर्षाकालने आकर सब दिशाओंको ढँक भी लिया है ॥५४॥]

हे नदी ! बताओ तो तुमसे इतना प्रेम करनेवाले, सदा मीठी बातें करनेवाले और प्रेममें कभी पापकी बात ही न सोचनेवाले इस प्रेमीमें तुमने कौनसा ऐसा छोटे से छोटा भी दोष पाया है कि तुम इस दासको इस प्रकार छोड़ रही हो ॥५५॥ अरे, यह चुप क्यों है ? [सोचकर] या फिर यह सचमुच नदी ही होगी। क्योंकि यदि यह उर्वशी होती तो पुरूरवाको छोड़कर समुद्रकी ओर जानेके लिये इतनी उतावली न होती। अच्छा, बिना दुःख उठाए सुख मिल भी तो नहीं सकता चलूँ, अब मैं उसी स्थानपर जाऊँ जहाँ वह सुन्दर नयनोंवाली मेरी आँखोंसे ओझल हो गई थी [घूमकर और देखकर] चलूँ, इस बैठे हुए हरिणसे ही प्यारीका पता पूछूँ।

[नन्दन वनमें नये फूलोंके गुच्छोंसे लदे हुए और मदमाते कोयलकी मीठी कूकसे सुहावने लगनेवाले वृक्षके पास यह ऐरावत हाथी अपनी प्यारी हथिनीके बिछोहकी आँचमें तपा हुआ इधर-उधर घूम रहा है ॥५६॥]

इस हरिणके शरीरपर बनी हुई काली काली बुँदकियाँ ऐसी लगती हैं मानो वनकी नई हरियाली निहारने के लिए वनलक्ष्मीने ही इसपर अपनी चितवन डाली हो ॥५७॥

[विलोक्य] किं नु खलु मामवधीरयन्निवाग्यतो मुखः संवृत्तः । [दृष्ट्वा]

अस्यान्तिकमायान्ती शिशुना स्तनपायिना मृगी रुद्धा ।
तामयमनन्यदृष्टिर्मुग्नग्रीवो विलोकयति ॥५८॥

सुरसुन्दरि जहणभरालस पीणुत्तुंग घणत्थणि
थिरजोव्वण तणुसरीरि हंसगई ।
गअणुज्जलकाणणे मिअलोअणि भमंती ।
दिट्ठी पइँ तह विरहसमुद्दन्तरे उत्तारहि मइँ ॥५६॥

(सुरसुन्दरी जघनभरालसा पीनोत्तुङ्गघनस्तनी
स्थिरयौवना तनुशरीरा हंसगतिः ।
गगनोज्ज्वलकानने मृगलोचना भ्रमन्ती
दृष्टा त्वया तहि विरहसमुद्रान्तरादुत्तारय माम् ॥)

[उपसृत्य अञ्जलिं बद्ध्वा] हंहो हरिणीपते !

अपि दृष्टवानसि मम प्रियां वने कथयामि ते तदुपलक्षणं शृणु ।
पृथुलोचना सहचरी यथैव ते सुभगं तथैव खलु सापि वीक्षते ॥६०॥

कथमनादृत्य मद्वचनं कलत्राभिमुखं स्थितः । उपपद्यते परिभवास्पदं दशाविपर्ययः । यावदितोऽहमन्यमवकाशमवगाहिष्ये । [परिक्रम्यावलोक्य च] हन्त दृष्टमुपलक्षणं तस्या मार्गस्य ।

[देखकर] इसने तो मेरी बात अनसुनी करके अपना मुँह दूसरी ओर फेर लिया है। [देखकर] इसके पास जो इसकी हरिणी चली आ रही थी और जिसे दूध पीनेवाले मृगछौनेने बीचमें ही रोक लिया है उसकी ओर आँख लगाए यह टक-टक देख रहा है ॥५८॥ [नितम्बोंके भारी होनेके कारण धीरे-धीरे चलनेवाली और ऊँचे उठे हुए मोटे-मोटे स्तनोंवाली, सदा जवान रहनेवाली, पतली कमरवाली, हंस-जैसी चालवाली उस मृगनैनी अप्सराको यदि तुमने इस आकाशके समान उजले वनमें घूमते हुए देखा हो तो उसका ठिकाना बताकर मुझे इस विरहके समुद्रसे उबार लो ॥५६॥] [पास जाकर हाथ जोड़कर] क्यों जी हरिणीके स्वामी ! क्या तुमने मेरी प्यारीको कहीं वनमें देखा है ? मैं तुम्हें उसका रूप-रंग बताए देता हूँ। सुनो ! ठीक जैसे तुम्हारी हरिणी अपनी बड़ी-बड़ी आँखोंसे सुन्दर चितवन चलाती है वैसे ही वह भी चलाती है ॥६०॥ क्या यह मेरी बात अनसुनी करके अपनी हरिणीकी ओर मुँह करके बैठ गया ? ठीक ही है—जब दिन खोटे आते हैं तो सभी दुरदुराते हैं। तो फिर यहाँसे कहीं और चलकर उसे ढूँढूँ। [घूमकर और देखकर] अरे लो ! मैंने

रक्तकदम्ब सोऽयं प्रियया घर्मान्तशंसि यस्यैकम् ।
कुसुममसमग्रकेसरविषममपि कृतं शिखाभरणम् ॥६१॥

[परिक्रम्याशोकमवलोक्य च]

रक्ताशोक कृशोदरी क्व नु गता त्यक्त्वानुरक्तं जनं···

[पवनधूयमानमूर्धानमवलोक्य सक्रोधम्]

नो दृष्टेति मुधैव चालयसि किं वाताभिभूतं शिरः ।
उत्कण्ठाघटमानषट्पदघटासङ्घट्टदष्टच्छदः
तत्पादाहतिमन्तरेण भवतः पुष्पोद्गमोऽयं कुतः ॥६२॥

भवतु । सुखमास्तां भवान् । [परिक्रम्यावलोक्य च] किं नु खलु एतच्छिलाभेदान्तरगतं नितान्तरक्तमवलोक्यते ।

प्रभालेपी नायं हरिहतगजस्यामिषलवः
स्फुलिङ्गो वा नाग्नेर्गहनमभिवृष्टं यत इदम् ।

[विभाव्य]

अये रक्ताशोकप्रसवसमरागो मणिरयं
यमुद्धर्तुं पूषा व्यवसित इवालम्बितकरः ॥६३॥

अहो अयं हरति मे मनः । भवतु । आदास्ये तावदेनम् ।

उसके मार्गका ठिकाना पा लिया । यह वही लाल कदम्बका पेड़ है जिसमे फूले हुए फूल बता रहे थे कि गर्मी बीत गई । उसीका एक ऐसा फूल लेकर प्यारीने अपने जूड़ेका सिंगार किया था जिसमे केसर न फूट आनेके कारण वह उस समय तक कड़ा ही था ॥६१॥ [घूमकर अशोककी ओर देखता हुआ] हे लाल अशोक ! इस प्रेमीको छोड़कर यह सुन्दरी कहाँ चली गई ? [पवनसे हिलती हुई अशोककी चोटी देखकर क्रोधसे] पवनसे झूमता हुआ अपना सिर हिलाकर यह क्यों कह रहे हो कि मैंने नहीं देखा । यदि तुमने उसे न देखा होता तो बताओ मधुके लालचमें इकट्ठे होनेवाले भौंरोंसे कुतरी जानेवाली पखड़ियोंवाले तुम्हारे फूल उसकी लात खाए बिना कैसे उठते ॥६२॥ अच्छा, तुम सुखी रहो । [घूमकर और देखकर] यह पत्थरकी दरारके भीतर बड़ा गहरा लाल मणि-सा दिखाई दे रहा है ? यह इतना चमक रहा है कि सिंहके मारे हुए हाथीके माँसका टुकड़ा भी नहीं हो सकता । यह आगकी चिनगारी भी नहीं हो सकती क्योंकि अभी-अभी घनघोर वर्षा भी हो चुकी है । [देखकर] अरे, यह तो लाल अशोकके फूलोंके समान लाल-लाल मणि है जिसे उठानेके लिये सूर्य भी मानो अपने किरण-रूपी हाथ वहाँ तक बढ़ाए हुए हैं ॥६३॥ अरे ! यह तो मेरे मनको बड़ा लुभा रहा है । अच्छा, चलूं, इसे निकाल लूं ।

(नेपथ्ये)

पणइणिविरहाग्गिआसाइअो बाहाउलणिअअणअणओ ।
गअवइ गहणे दुहिअओ भमइ खामिअवअणओ ॥६४॥

(प्रणयिनिविरहाशाकी बाष्पाकुलनिजनयनः ।
गजपतिर्गहने दुःखितः भ्रमति क्षामितवदनः ॥)

[मुहूर्तं नाटयति । गृहीत्वा] अथवा

मन्दारपुष्पैरधिवासितायां यस्याः शिखायामयमर्पणीयः ।
सैव प्रिया सम्प्रति दुर्लभा मे किमेनमस्रोपहतं करोमि ॥६५॥

[इत्युत्सृजति ।]

[नेपथ्ये]

वत्स गृह्यतां गृह्यताम् ।

सङ्गमनीय इति मणिः शैलसुता-चरणरागयोनिरयम् ।
आवहति धार्यमाणः सङ्गममचिरात्प्रियजनेन ॥६६॥

राजा—[कर्णं दत्त्वा] को न खलु मामेवमनुशास्ति । [अवलोक्य] अये अनुकम्पते मां कश्चिन्मृगचारी मुनिर्भगवान् । भगवन् अनुगृहीतोऽस्मि अहमुपदेशाद्भवतः [मणिमादाय] हहो सङ्गमनीय !

तया वियुक्तस्य विलग्नमध्यया भविष्यसि त्वं यदि सङ्गमाय मे ।
ततः करिष्यामि भवन्तमात्मनः शिखामणिं बालमिवेन्दुमीश्वरः ॥६७॥

(नेपथ्यमें)

[अपनी प्यारीको पानेकी आशा लगाए, आँखोंमें आँसू भरे यह सूखे मुँहवाला हाथी इस वनमें दुखी होता हुआ घूम रहा है ॥६४॥

मणि निकालनेका नाट्य करता है । उसे पकड़कर] पर मेरी जिस प्यारीको मन्दारके फूलोंसे सुगन्धित चोटीमें यह बँधनी चाहिए वही जब नहीं मिल रही है, तब मैं इसे ही लेकर क्यों इसे अपने आँसुओंसे मैला करूँ ॥६५॥ [वहीं उसे छोड़ देता है ।]

[नेपथ्यमें]

वत्स ! इसको ले लो, ले लो । यह प्रियसे मिलानेवाली संगमनीय मणि है जो पार्वतीजीके चरणोंकी ललाईसे बनी है । इसे जो अपने पास रखता है,उसे यह शीघ्र ही प्रियसे मिलवा देती है ॥६६॥

राजा—[सुनकर] अरे ! यह कौन मुझे इस प्रकार आज्ञा दे रहा है ? [देखकर] जान पड़ता है हरिणोंके समान वनमें रहनेवाले किसी मुनिने मुझपर कृपा की है । भगवन् ! आपके इस उपदेशके लिये मैं आपका आभारी हूँ । [मणि उठाकर] हे संगमनीय मणि ! यदि मुझे उस पतली कमरवाली सुन्दरीसे मिला दोगी तो मैं तुम्हें उसी प्रकार अपने मुकुटमें लगा लूंगा जैसे शिवजीने बाल चन्द्रमाको अपने सिरकी जटाओंमें रख

अतो विनिद्रे सहसाविलोचने करोमि न स्पर्शविभावितप्रियः ॥७०॥

[शनैश्चक्षुष्युन्मील्य] कथं सत्यमेव प्रियतमा। [इति मूर्च्छितः। पतति।]

उर्वशी—[बाष्पं विसृज्य] समस्ससदु समस्ससदु महाराओ। (समाश्वसितु समाश्वसितु महाराजः।)

राजा—[संज्ञां लब्ध्वा] प्रिये अद्य जीवितम्।

त्वद्वियोगोद्भवे तन्वि मया तमसि मज्जता।
दिष्ट्या प्रत्युपलब्धासि चेतनेव गतासुना ॥७१॥

उर्वशी—अब्भंतरकरणाए मए पच्चक्खीकिदवुत्तन्तो क्खु महाराओ। (अभ्यन्तरकरणया मया प्रत्यक्षीकृतवृत्तान्तः खलु महाराजः।)

राजा—अभ्यन्तरकरणेति न खलु ते वचनार्थमवैमि।

उर्वशी—कहइस्सं। इदं दाव मसीदद्‍ महाराओ जं मए कोववसं गदाए एवं अवत्यन्तरं पाविदो महाराओ। (कथयिष्यामि। एतत्तावत्प्रसीदतु महाराजो यन्मया कोपवशं गतया एतदवस्थान्तरं प्रापितो महाराजः।)

राजा—कल्याणि! तावदहं प्रसादयितव्यः। त्वद्दर्शनादेवप्रसन्नबाह्यान्तःकरणोऽन्तरात्मा। तत्कथय कथमियन्तं कालमवस्थिता मया विना भवती।

मोरा परहुअ हंस रहंग अलि अग पव्वअ सरिअ कुरंगम।
तुज्झह कारणे रण्णभमन्ते को ण हु पुच्छिअ मइँ रोअंते ॥७२॥

(मयूरः परभृता हंसो रथाङ्गः अलिगजः पर्वतः सरित्कुरङ्गमः।
तव कारणेनारण्ये भ्रमता को न खलु पृष्टो मया रुदता॥)

मिल रहा है इसलिये मैं अपनी आँखें खोलूँगा ही नहीं ॥७०॥ [धीरेसे आँखें खोलकर] अरे! यह तो सचमुच मेरी प्यारी ही है। [मूर्छित होकर गिर पड़ता है।]

उर्वशी—[आँसू बहाती हुई] धीरज धरिए महाराज! धीरज धरिए।

राजा—[मूर्छासे जागकर] आज मैं जी गया प्यारी! हे सुन्दरी! तुम्हारे बिछोहके अँधेरेमें डूबते हुए मैंने भाग्यवश तुम्हें उसी प्रकार पा लिया है जैसे मरे हुएको प्राण मिल जाय ॥७१॥

उर्वशी—मैंने अपनी भीतरी इन्द्रियोंसे महाराजकी सब बातें जान ली थीं।

राजा—मैं तुम्हारे 'भीतरी इन्द्रिय' शब्दका अर्थ नहीं समझा।

उर्वशी—मैं बताती हूँ उसका अर्थ। पर आपसे यह प्रार्थना है पहले मुझे क्षमा कर दीजिए क्योंकि मैंने ही क्रोध करके आपको इतना कष्ट पहुँचाया।

राजा—कल्याणी! तुम्हें मुझसे नहीं क्षमा माँगनी चाहिए। तुम्हारे दर्शनसे ही मेरा अंतरात्मा और बाहरी इन्द्रियाँ सब प्रसन्न हो गई हैं। पर यह तो बताओ कि इतने दिनों-तक तुम मेरे बिना रहीं कैसे? बताओ। [मोर, कोयल, हंस, चकवा, भौंरा, हाथी, पहाड़, नदी, हिरणमें से कौन ऐसा रह गया जिससे मैंने वनमें घूम-घूमकर रोते हुए तुम्हारे लिये नहीं पूछा ॥७२॥

उर्वशी—एव्वं अंतक्करणपच्चक्खीकिदवुत्तंतो महाराओ। (एवमन्तःकरणप्रत्यक्षीकृतवृत्तान्तो महाराजः।)

राजा—प्रिये! अन्तःकरणमिति न खल्ववगच्छामि।

उर्वशी—सुणादु महाराओ। पुरा भअवदा कुमारेण सासदं कुमारव्वदं गेण्हिअ अकलुसो णाम गंधमादणकच्छो अज्झासिदो। किदो अ एस विही। (शृणोतु महाराजः। पुरा भगवता कुमारेण शाश्वतं कुमारव्रतं गृहीत्वाकलुषो नाम गंधमादनकच्छोऽध्यासितः। कृतश्चैष विधिः।)

राजा—कः इव।

उर्वशी—जा किल इत्थिआ इमं पदेसं पविसदि सा लदाभावेण परिणमिस्सदि त्ति। विदो अ अअं सावन्तो गोरीचरणरायसंभवं मणिं विणा तदो ण मुच्चिस्सदि त्ति। तदो अहं गुरुसावसंमूढहिअआ देवदासमअं विसुमरिअ अगहिदाणुणआ इत्थिआजणपरिहरणीअं कुमारवणं पविट्ठा। पवेसाणन्तरं एव्व अ काणणोवंतवत्तिवासंतीलदाभावेण परिणदं मे रूवम्। (या किल स्त्री इमं प्रदेशं प्रविशति सा लताभावेन परिणंस्यतीति। कृतश्चायं शापान्तः गौरीचरणरागसंभव-मणिं विना ततो न मोक्ष्यत इति। ततोऽहं गुरुशापसंमूढहृदया देवतासमयं विस्मृत्यागृहीतानुनया स्त्रीजनपरिहरणीयं कुमारवनं प्रविष्टा। प्रवेशानन्तरमेव च काननोपान्तवर्तिवासन्तीलताभावेन परिणतं मे रूपम्।)

राजा—प्रिये सर्वमुपपन्नम्।

श्रमखेदसुप्तमपि मां शयने या मन्यसे प्रवासगतम्।
सा त्वं प्रिये सहेथाः कथं मदीयं चिरवियोगम् ॥७३॥

उर्वशी—मैंने अपनी भीतरी इन्द्रियोंसे महाराजकी सब बातें जान ली थी।

राजा—प्यारी! मैं सचमुच तुम्हारे इस "भीतरी इन्द्रिय" शब्दका अर्थ नहीं समझ सका हूँ।

उर्वशी—सुनिए महाराज! बहुत दिन हुए भगवान् कार्तिकेयने सदाके लिये ब्रह्मचर्य लेकर इस पवित्र गंधमादन पर्वतपर अपना डेरा जमाया और यह नियम बना दिया कि···

राजा—क्या?

उर्वशी—यहाँ कि जो स्त्री यहाँ आवेगी वह लताके रूपमें बदल जायगी। पर इस शापका उन्होंने यह उपाय भी बता दिया था कि पार्वतीजीके चरणोंकी ललाईसे उत्पन्न होनेवाली मणिके पाए बिना इस शापसे छुटकारा नहीं हो सकता। गुरुजीके शापसे मेरी बुद्धि ऐसी मारी गई कि मैं देवताओंके नियमको भूल गई और आपकी मनुहारको ठुकराकर कार्तिकेयके उस वनमें पैठ गई जहाँ स्त्रियोंको नहीं जाना चाहिए। पैठते ही वनके बाहेर ही मैं वासन्ती लता बन गई।

राजा—प्रिये! अब मेरी समझमें सब बात आई। नहीं तो अब तुम मेरे थककर सो जानेपर भी मुझे दूर गया हुआ समझ लेती थीं तब भला तुम मुझसे इतने दिनोंतक कैसे अलग रह सकती थीं ॥७३॥ देखो, अभी तुम जिस मणिकी बात कह रही थीं, वह

इद तद्यथाकथित त्वत्सङ्गमनिमित्त मुनेरुपलभ्य मणिप्रभावादासादिता त्वमस्माभि ।
[इति मणि दर्शयति ।]

उर्वशी—अम्मो सगमणीओ अम्र मणी । श्रदो क्खु महाराएण आलिगिदमेत्त ज्जेव्व पकिदित्य म्हि सवुत्ता । (अहो सङ्गमनीयोऽय मणि । अत खलु महाराजेनालिङ्गितमात्रैव प्रकृतिस्थास्मि सवृत्ता ।) [मणिमादाय मूर्ध्नि वहति ।]

राजा—एवमेव सुन्दरि क्षणमात्र स्थीयताम् ।

स्फुरता विच्छुरितमिदं रागेण मणेर्ललाटनिहितस्य ।
श्रियमुद्वहति मुखं ते बालातपरक्तकमलस्य ॥७४॥

उर्वशी—पिअवद महतो क्खु कालो तुए पइट्ठाणादो णिग्गदस्स । कदाइ असूइस्सति म पकिदीओ । ता एहि णिवुत्तम्ह । (प्रियवद महान्खलु कालस्तव प्रतिष्ठानान्निर्गतस्य । कदाचिदसूयिष्यन्ति मम प्रकृतय । तदेहि निवर्तावहे ।)

राजा—यदाह भवती ।

[इति उत्तिष्ठत ।]

उर्वशी—अथ कथ महाराओ गतु इच्छदि । (अथ कथ महाराजो गन्तुमिच्छति ।)

राजा—

अचिरप्रभाविलसितैः पताकिना सुरकार्मुकाभिनवचित्रशोभिना ।
गमितेन खेलगमने-विमानतां नय मां नवेन वसतिं पयोमुचा ॥७५॥

(नेपथ्ये)

तुमसे मिलानेवाली मणि यही है, जिसे मुनिसे पाकर मैंने तुम्हें पा लिया है। [मणि दिखलाते हैं।]

उर्वशी—क्या यही सगमनीय मणि है ? इसलिये महाराजके गले लगाते ही मैं फिर जैसीकी तैसी बन गई। [मणि लेकर सिर चढाती है।]

राजा—सुन्दरी ! क्षण भर इसी प्रकार खडो तो रहो। सिरपर रखी हुई इस मणिसे चमकता हुआ तुम्हारा मुँह प्रात कालके सूर्यकी किरणोंसे चमकते हुए कमलके समान सुहावना लग रहा है ॥७४॥

उर्वशी—हे मिठबोले ! आप बहुत दिनोंसे प्रतिष्ठान नगरीसे बाहर आए हुए हैं ? क्या जाने आपकी प्रजा मुझे ही इसके लिये कोस रही हो। इसलिये आइए, चलिए लौट चलें।

राजा—जैसा तुम चाहो। [दोनों उठते हैं।]

उर्वशी—तो महाराज कैसे जाना चाहते हैं ?

राजा—मैं चाहता हूँ कि बिजलीकी झडियोवाले और इन्द्रधनुषके नये चित्रोंवाले विमान बने हुए नये मेघपर चढ़कर ही मैं अपने नगरको जाऊँ ॥७५॥

[नेपथ्यमें]

पाविअसहअरिसंगमओ पुलअपसाहिअअंगअओ ।
सेच्छोपत्तविमाणओ विहरइ हंसजुआणओ ॥७६॥

(प्राप्तसहचरीसङ्गमः पुलकप्रसाधिताङ्गः ।
स्वेच्छाप्राप्तविमानो विहरति हंसयुवा ॥)

[इति निष्क्रान्तौ]

॥ इति चतुर्थोऽङ्कः ॥

[अपनी प्यारीसे मिलकर पुलकित शरीरवाला यह जवान हंस अपने मनचाहे विमानपर चढ़कर उड़ा चला जा रहा है ॥७६॥

[दोनों चले जाते हैं ।]

॥ चौथा अंक समाप्त हुआ ॥

पञ्चमोऽङ्कः

[ततः प्रविशति हृष्टो विदूषकः ।]

विदूषक—ही ही भो दिट्ठिआ चिरस्स कालस्स उव्वसी सहाओ णंदणवणप्पमुहेसु देवदारण्णेसु विहरिअ पडिणिवुत्तो पिअवअस्सो । पविसिअ णअरं दाणिं ससक्कारोवआरेहिं पकिदीहिं अणुरज्जंतो रज्जं करेदि । संताणत्तणं वज्जिअ ण किंवि से हीणं । अज्ज तिहिं विसेसो त्ति भअवदीणं गंगाजउणाणं संगमे देवीहिं सह किदाहिसेओ संपदं उवआरिअं पविट्ठो । ता जाव तत्तभवदो अलंकरीअमाणस्स अणुलेवणमल्ले अग्गभागी होमि । (ही ही भोः दिष्ट्या चिरस्य कालस्योर्वशी-सहायो नन्दनवनप्रमुखेषु देवतारण्येषु विहृत्य प्रतिनिवृत्तः प्रियवयस्यः । प्रविश्य नगरमिदानीं ससत्कारोपचारैः प्रकृतिभिरनुरज्यमानो राज्यं करोति । सन्तानत्वं वर्जयित्वा न किमप्यस्य हीनम् । अद्य तिथिविशेष इति भगवत्योर्गङ्गायमुनयोः सङ्गमे देवीभिः सह कृताभिषेकः साम्प्रतमुपकार्यां प्रविष्टः । तद्यावत्तत्रभवतोऽलंक्रियमाणस्यानुलेपनमाल्येऽग्रभागी भवामि ।)

[इति परिक्रामति]

[नेपथ्ये]

हद्धी हद्धी । दुऊलुत्तरच्छदे तालवेंटाधारे खिविअ णिज्जमाणो मए भट्टिणो अब्भंतरविलासिणी मोलिरअणजोग्गो मणी आमिससंकिणा गिद्धेण अक्खित्तो । (हा धिक् हा धिक् दुकूलोत्तरच्छदे तालवृन्ताधारे निक्षिप्य नीयमानो मया भर्तुरभ्यन्तरविलासिनीमौलिरत्नयोग्यो मणिरामिषशङ्किना गृध्रेणाक्षिप्तः ।)

पाँचवाँ अङ्क

[प्रसन्न मनसे विदूषक आता है ।]

विदूषक—है हैं हैं है ! यह तो बड़े आनन्दकी बात हुई कि नन्दन वन आदि देवताओंके वनोमे उर्वशीके साथ विहार करके मेरे प्रिय मित्र लौट आए हैं और अब अपने नगरमे आकर लोगोसे पाई हुई आदर-भेंटसे प्रसन्न होकर राज करने लगे हैं । अब सन्तानको छोड़कर इन्हें किसी बातकी कमी नहीं रह गई । आज पर्वका दिन होनेसे वे देवियोंके साथ श्रीगंगाजी और यमुनाजीके संगममे स्नान करके अभी रनिवासमे लौटे हैं । इसलिये जबतक महाराज अपना साज-सिंगार पूरा करें तब तक चलूँ मैं भी उनकी चन्दन-माला आदिमे अपना भाग पहले ही निकाल लूँ ।]

[घूमता है]

[नेपथ्यमे]

हाय हाय ! ताडकी पिटारीमे रेशमका टुकड़ा बिछाकर उसपर मैं महारानीके माथेकी मणि लिए चला जा रहा था कि इतनेमे एक गिद्ध झपटा और उसे मांसका टुकड़ा समझकर उठाकर उड़ गया ।

विदूषकः—[कर्णं दत्त्वा] अच्चाहिदं अच्चाहिदं। परमबहुमदो क्खु सो वअस्सस्स संगमणीओ णाम चूडामणी। अदो क्खु असमत्तणेवच्छो एव्व तत्तभवं आसणादो उट्ठिअ इदो आअच्छदि। जाव णं उवसप्पामि। (अत्याहितमत्याहितम्। परमबहुमतः खलु स वयस्यस्य सङ्गमनीयो नाम चूडामणिः। अतः खल्वसमाप्त-नेपथ्य एव तत्र भवानासनादुत्थायेत आगच्छति। यावदेनमुपसर्पामि।) [इति निष्क्रान्तः।]

॥प्रवेशकः॥

[ततः प्रविशति सावेगपरिजनो राजा।]

राजा—वैधक ! वैधक !

आत्मनो वधमाहर्ता क्वासौ विहगतस्करः।
येन तत्प्रथमं स्तेयं गोप्तुरेव गृहे कृतम् ॥१॥

किरातः—एसो एसो क्खु मुहकोडिलग्गहेमसुत्तेण मणिणा आलिहंतो विअ आआसं परिब्भमदि। (एष एष खलु मुखकोटिलग्नहेमसूत्रेण मणिनालिखन्निवाकाशं परिभ्रमति।)

राजा—पश्याम्येनम्।

असौ मुखालंबितहेमसूत्रं बिभ्रन्मणिं मंडलचारशीघ्रः।
अलातचक्रप्रतिमं विहंगस्तद्रागलेखावलयं तनोति ॥२॥

किं नु खल्वत्र कर्तव्यम्।

विदूषकः—[उपेत्य] भो अलं एत्थ घिणाए। अवराही सासणीओ। (भो। अलमत्र घृणया अपराधी शासनीयः।)

विदूषक—[सुनके हुए] यह तो बड़ा बुरा हुआ, बड़ा बुरा हुआ। यह मणियोंमें मनोंकी संगमनीय मणि महाराजको बड़ी प्यारी थी। इसीलिये महाराज अधूरा सिंगार किए हुए ही आसन छोड़कर इधर चले आ रहे हैं। चलूँ। [जाता है]

॥ प्रवेशक ॥

[सेवकोंके साथ घबराए हुए राजा आते हैं]

राजा—अरे वेधक ! वेधक ! अपनी मृत्यु अपने आप बुलानेवाला वह चोट्टा पक्षी कहाँ गया जिसने स्वयं रक्षा करनेवालेके ही घरमें यह पहली चोरी की है ॥१॥

किरात—वह देखिए ! अपनी चोंचमें सोनेका डोरा पकड़े हुए यह पक्षी ऐसा चक्कर लगा रहा है मानो मणिसे आकाशमें लिख रहा हो।

राजा—हाँ, दिखाई दे गया। मणिके सोनेके डोरेको पकड़े हुए वेगसे चक्कर काटता हुआ यह इस प्रकार मणिसे रंगका कुंडल बना रहा है जैसे कोई आगकी लुकको चक्कर देकर घुमा रहा हो ॥२॥ अब क्या करना चाहिए ?

विदूषक—[पास जाकर] देखिए ! अब अपनी दया रहने दीजिए। अपराधीको दंड देना ही चाहिए।

राजा—सम्यगाह भवान् । धनुर्धनुस्तावत्

यवनी—एसा सखियस्स (एषाऽनेष्यामि ।) [इति निष्क्रान्ता ।]

राजा—वयस्य ! न दृश्यते स विहङ्गाधमः । क्व नु खलु गतः ।

विदूषकः—भो । इदो दक्खिणंतेण अवगदो सो सासणीओ कुणवभोअणो । (भोः । इतो दक्षिणान्तेनापगतः स शासनीयः कुणपभोजनः ।)

राजा—[परिवृत्यावलोक्य च ।] दृष्ट इदानीम् ।

प्रभापल्लवितेनासौ करोति मणिना खगः ।

अशोकस्तबकेनेव दिङ्मुखस्यावतंसकम् ।।३।।

यवनी—[चापहस्ता प्रविश्य ।] भट्टा एदं हत्थावावसहिदं सरासणं । (भर्तः ! एतद्धस्तावापसहितं शरासनम् ।)

राजा—किमिदानीं शरासनेन । बाणपथमतीतः स क्रव्यभोजनः । तथा हि ।

आभाति मणिविशेषो दूरमिदानीं पतत्रिणा नीतः ।

नक्तमिव लोहिताङ्गः परुषघनच्छेदसंयुक्तः ।।४।।

(कञ्चुकिनं विलोक्य ।) आर्य लातव्य !

काञ्चुकी—आज्ञापयतु देवः ।

राजा—मद्वचनादुच्यतां नागरिकः । सायं निवासवृक्षाश्रयो विचीयतां स विहगवस्युरीति ।

राजा—ठीक कहा तुमने ! अरे धनुष तो ले आओ ।

यवनी—अभी लाई । [चली जाती है ।]

राजा—मित्र ! वह दुष्ट पक्षी तो कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। न जाने किधर चला गया ?

विदूषक—वह मार डालने योग्य माँसखौआ पक्षी दक्खिनकी ओर गया है ।

राजा—[घूमकर देखता है ।] यह दिखाई दे रहा है । चमकते हुए मणिको इधर-उधर चोंचमें लेकर उड़ता हुआ यह पक्षी ऐसा लग रहा है मानो दिशाके माथेपर चूड़ामणि बाँध रहा हो ।।३।।

यवनी—[हाथमें धनुष लिए आकर] यह लीजिए हथरखा और धनुष ।

राजा—अब क्या होगा धनुषका ! वह गिद्ध तो मेरे बाणकी पहुँचसे बाहर निकल गया और उस मणिको इतनी दूर उड़ा ले जाकर वह ऐसा लगने लगा है मानो घने बादलकी टुकड़ीके साथ रातको मंगल तारा चमक रहा हो ।।४।। [कञ्चुकीको देखकर] आर्य लातव्य !

कञ्चुकी—आज्ञा महाराज !

राजा—मेरी आज्ञासे नगरमें डुग्गी पिटवा दो कि जब यह चोर संध्याको अपने घोंसलेमें पहुँचे तो इसे खोजा जाय ।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देव । [इति निष्क्रान्तः ।]

विदूषकः—भो । उवविसदु भवं सपदं । कहिं गदो सो रअणकुम्भीलओ भवदो सासणादो मुच्चिस्सदि । (भो ! उपविशतु भवान् साम्प्रतम् । क्व गतः स रत्नकुम्भीरको भवतः शासनान्मोक्ष्यते ।)

राजा—[विदूषकेण सहोपविश्य] वयस्य ।

रत्नमिति न मे तस्मिन्मणौ प्रियस्य निहङ्गमाचिन्ते ।
प्रियया तेनास्मि सखे सङ्गमनीयेन सङ्गमितः ॥५॥

विदूषकः—ण परिगदत्थो म्हि क्खिदो भवदा । (ननुपरिगतार्थोऽस्मि कृतो भवता ।)

[ततः प्रविशति सशरं मणिमादाय कञ्चुकी ।]

कञ्चुकी—जयतु जयतु देवः ।

अनेन निर्भिन्नतनुः स वध्यो रोषेण ते मार्गणतां गतेन ।
प्राप्तापराधोचितमन्तरिक्षात्समौलिरत्नः पतितः पतत्री ॥६॥

[सर्वे विस्मयं रूपयन्ति ।]

कञ्चुकी—अद्भिः प्रक्षालितोऽयं मणिः कस्मै प्रदीयताम् ।

राजा—वैधक ! गच्छ । अग्निशुद्धमेन कृत्वा पेटके प्रवेशय ।

किरातः—जं भट्टा आणवेदि । (यद्भट्टाज्ञापयति ।) [इति मणिं गृहीत्वा निष्क्रान्तः ।]

राजा—आर्य लातव्य ! जानीते भवान् कस्यायं बाण इति ।

कञ्चुकी—जैसी महाराजकी आज्ञा [चला जाता है ।]

विदूषक—अब आप बैठ जाइए महाराज ! वह रत्नका चोर आपके दण्डसे बचकर जायगा कहाँ ?

राजा—[विदूषकके साथ बैठकर] मित्र ! उस पक्षीने जो रत्न चुराया है उसे मैं रत्न होनेके नाते नहीं, वरन् इसलिये आदर करता हूँ कि इस सङ्गमनीय मणिने मुझे मेरी प्यारीसे मिला दिया था ॥५॥

[बाणके साथ मणि लिए हुए कञ्चुकीका प्रवेश]

कञ्चुकी—जय हो महाराजकी जय हो । इस मारने योग्य पक्षीको आपके क्रोधने बाण बनकर मार डाला और यह अपने अपराधका ठीक दण्ड पाकर आकाशसे इस रत्नके साथ ही नीचे गिर पड़ा ॥६॥

[सब आश्चर्य करते हैं ।]

कञ्चुकी—मैंने इस मणिको पानीसे धो डाला है । कहिए किसे दूँ ?

राजा—वैधक ! जाओ, इस आगमें शुद्ध करके पेटीमें रख दो ।

किरात—जैसी महाराजकी आज्ञा । [मणि लेकर जाता है ।]

राजा—क्या आप लातव्य ! कुछ यह भी ज्ञात हुआ कि बाण किसका है ?

कञ्चुकी—नामाङ्कितोऽयं दृश्यते । न तु मे वर्णविचारक्षमा दृष्टिः ।

राजा—तेन हि उपनय शरं यावदहं निरूपयामि ।

[कञ्चुकी तथा करोति । राजा नामाक्षराण्यनुवाच्य विचारयति ।]

कञ्चुकी—यावदहं नियोगमशून्यं करोमि । [इति निष्क्रान्तः ।]

विदूषकः—किं भवं विआरेदि । (किं भवान्विचारयति ।)

राजा—शृणु तावत्प्रहर्तुर्नामाक्षराणि ।

विदूषकः—अवहिदो म्हि । (अवहितोऽस्मि ।)

राजा—श्रूयताम् । [इति वाचयति ।]—

उर्वशीसंभवस्यायमैलसूनोर्धनुष्मतः ।
कुमारस्यायुषो बाणः प्रहर्तुर्द्विषदायुषाम् ॥७॥

विदूषकः—[सपरितोषम् ।] दिट्ठिआ संताणेण वड्ढदि भवं । (दिष्ट्या सन्तानेन वर्धते भवान् ।)

राजा—सखे कथमेतत् । अन्यत्र नैमिषेयसत्त्राद्वियुक्तोऽहमुर्वश्या । न च मया कदाचिदपि गर्भव्यक्तिरालक्षिता कुत एव प्रसूतिः । किंतु—

आविलपयोधराग्रं लवलीदलपाण्डुराननच्छायम् ।
कानि दिनानि वपुरभूत्केवलमलसेक्षणं तस्याः ॥८॥

कञ्चुकी—इसपर नाम तो खुदा हुआ दिखाई देता है पर मेरी आँखोंसे इसके अक्षर ठीक-ठीक पढ़े नहीं जा रहे हैं ।

राजा—अच्छा, इधर लाओ बाण । मैं ही पढ़ता हूँ । [कञ्चुकी बाण देता है । राजा उस बाणपर लिखे हुए नामके अक्षरोंको बाँचकर सोचते हैं ।]

कञ्चुकी—तबतक चलूँ मैं अपना काम करूँ । [जाता है ।]

विदूषक—आप सोच क्या रहे हैं ?

राजा—उस पक्षीको मारनेवाले वीरका नाम; सुनोगे ?

विदूषक—हाँ, बताइए ।

राजा—सुनो ! [बाँचता है ।] यह बाण पुरूरवा और उर्वशीके धनुर्धारी पुत्र आयु नामके उस राजकुमारका है जो शत्रुओंके प्राण खींच लेता है ॥७॥

विदूषक—[सतोषके साथ] आपको पुत्र पानेकी बधाई ।

राजा—पर मित्र ! यह हो कैसे सकता है ? नैमिषेय यज्ञको छोड़कर मैं कभी उर्वशीसे अलग नहीं रहा और इस बीच मैंने उनके शरीरमें कभी गर्भके लक्षण भी नहीं देखे, फिर यह पुत्र उत्पन्न कैसे हो गया ? पर हाँ, एक बात है, अभी कुछ दिन पहले मैं उनके शरीरको देखता था तो उनकी आँखें अलसाई रहती थीं, उनका मुँह लवलीके पत्तोंके समान पीला पड़ गया था और उनके स्तनोंकी घुंडियाँ साँवली पड़ गई थीं ॥८॥

विदूषकः—मा भवं सव्वं माणुसोवम्मं दिव्वासु संभावेदु। पहावणिगूढाइं ताणं चरिदाइं। (मा भवान् सर्वं मानुषोपमं दिव्यासु संभावयतु। प्रभावनिगूढानि तासां चरितानि।)

राजा—अस्तु तावदेवं यथा भवानाह। पुत्रसंवरणे तु किमिव कारणं तत्र भवत्याः।

विदूषकः—मा वुड्ढं मं राआ परिहरिस्सदित्ति। (मा वृद्धां मां राजा परिहरिष्यतीति।)

राजा—कृतं परिहासेन। चिन्त्यताम्।

विदूषकः—को देवदारहस्साइं तक्कइस्सदि। (को देवतारहस्यानि तर्कयिष्यति।)

[प्रविश्य कञ्चुकी]

कञ्चुकी—जयतु जयतु देवः। देव च्यवनाश्रमात्कुमारं गृहीत्वा सम्प्राप्ता तापसी देवं द्रष्टुमिच्छति।

राजा—उभयमप्यविलम्बितं प्रवेशय।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रम्य चापहस्तेन कुमारेण तापस्या च सह प्रविष्टः।]

कञ्चुकी—इत इतो भगवती। [सर्वे परिक्रामन्ति।]

विदूषकः—[विलोक्य] किं णु क्खु सो एसो खत्तिअकुमारओ जस्स णामंकिदो गिद्धलक्खवेधी अद्धणाराओ। तह हि बहुसरं भवदो अणुकरेदि। (किं नु खलु स एष क्षत्रियकुमारको यस्य नामाङ्कितो गृध्रलक्ष्यवेध्यर्धनाराचः। तथा हि बहुशरं भवतोऽनुकरोति।)

विदूषक—आप मानुषी स्त्रियोंकी सब बातें अप्सराओंपर लागू न समझिए। वे जो चाहें अपनी दैवी शक्तिसे छिपाए रख सकती हैं।

राजा—जो तुम कहते हो वही बात होगी। पर उन्होंने पुत्रको छिपा क्यों लिया?

विदूषक—इसलिये कि कहीं राजा मुझे बूढ़ी समझकर छोड़ न दें।

राजा—अच्छा ठिठोली न करो। ध्यानसे सोचो।

विदूषक—भला देवताओंकी बातोंका भेद कोई पा सकता है?

[कञ्चुकी आता है]

कञ्चुकी—जय हो, महाराजकी जय हो देव! च्यवन-ऋषिके आश्रमसे एक कुमारको साथ लिए हुए कोई तपस्विनी आई है और आपका दर्शन करना चाहती है।

राजा—दोनोंको तुरन्त भीतर ले आओ।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा। [बाहर जाकर और फिर धनुर्धारी कुमारको और तपस्विनीको साथ लेकर आता है] इधर आइए देवी, इधर से।

[सब घूमते हैं।]

विदूषक—[देखकर] कहीं यही वह क्षत्रिय-कुमार न हो जिसके नामवाला गिद्धपर चलाया हुआ वह अर्धचन्द्र बाण मिला है और ये आपसे बहुत मिलता-जुलता भी है।

राजा—स्यादेवम् अतः खलु ।

बाष्पायते निपतिता मम दृष्टिरस्मिन् वात्सल्यबन्धि हृदयं मनसः प्रसादः ।
संजातवेपथुभिरुज्झित धैर्यवृत्तिः इच्छामि चैनमदयं परिरब्धुमङ्गैः ॥९॥

कञ्चुकी—भगवति ! एवं स्थीयताम् ।

[तापसीकुमारौ स्थितौ ।]

राजा—अम्ब ! अभिवादये ।

तापसी—महाभाग । सोमवंसवित्थारइत्तओ होहि । [आत्मगतम्] अम्हो अणाचक्खिदोवि विण्णादो एव्व इमस्स राएसिणो आउसो अओरसो संबधो [प्रकाशम्] जाद पणम दे गुरुं । (महाभाग । सोमवंशविस्तारयिता भव । अहो अनाख्यातोऽपि विज्ञात एवास्य राजर्षेरायुषश्च औरसः सम्बन्धः । जात ! प्रणम ते गुरुम् ।)

[कुमारश्चापगर्भमञ्जलिं बद्ध्वा प्रणमति ।]

राजा—वत्स । आयुष्मान् भव ।

कुमार—[स्वगतम्]

यदि हार्दमिदं श्रुत्वा पिता ममायं सुतोऽहमस्येति ।
उत्सङ्गवर्धितानां गुरुषु भवेत्कीदृशः स्नेहः ॥१०॥

राजा—भगवति ! किमागमनप्रयोजनम् ।

राजा—हो सकता है । क्योंकि इसे देखते ही आँखें भर आई हैं हृदयमें वात्सल्य प्रेम उमडा पड रहा है, जी खिल गया है मेरा शरीर धीरज खोकर काँपने लगा है और मेरी ऐसी इच्छा हो रही है कि इसे उठाकर कसकर अपने गलेसे लगालूँ ॥९॥

कञ्चुकी—भगवती ! बस यही खडी रहिए । [तपस्विनी और कुमार खडे रहते हैं ।]

राजा—मैं प्रणाम करता हूँ माता जी !

तापसी—हे बडभागी ! आपसे चन्द्रवंश बढे । [मन ही मन] अरे ! बिना बताए ही पता चल जाता है कि इस राजा और कुमारका सगा सम्बन्ध हैं [प्रकट] बेटा अपने पिताजीको प्रणाम करो ।

[हाथमें धनुष लिए हुए ही कुमार हाथ जोडकर प्रणाम करता है ।]

राजा—वत्स ! तुम्हारी बडी आयु हो ।

कुमार—[मन ही मन] जब मुझे केवल यही सुनकर इतना प्रेम उमड रहा है कि ये मेरे पिता हैं और मैं इनका पुत्र हूँ, तब उन बालकोंको अपने माता-पितासे कितना प्रेम होता होगा जो उन्हींकी गोदमें पलकर बडे होते होंगे ॥१०॥

राजा—कहिए भगवती ! कैसे आई ?

ग्राऊ। महंतो क्खु संवुत्तो। (को नु खल्वेष सवाग्रासन. पादपीठे स्वयं महाराजेन संयम्यमान-शिखण्डकस्तिष्ठति। अहो सत्यवतीसूचितोऽयं मे पुत्रक आयुः। महान् खलु संवृत्तः।)

[इति सहर्षं परिक्रामति।]

राजा—[उर्वशीं दृष्ट्वा।] वत्स—

इयं ते जननी प्राप्ता त्वदालोकनतत्परा।
स्नेहप्रस्रवनिर्भिन्नमुद्वहन्ती स्तनांशुकम् ॥१२॥

तापसी—जाद एहि। पच्चुग्गच्छ मादरं। (जात एहि। प्रत्युद्गच्छ मातरम्।) [इति कुमारेण सह उर्वशीमुपसर्पति।]

उर्वशी—ग्रंब पादवंदणं करेमि। (अम्ब-पादवन्दनं करोमि।)

तापसी—वच्छे भत्तुणो बहुमदा होहि। (वत्से भर्तुर्बहुमता भव।)

कुमार—ग्रम्ब अभिवादये।

उर्वशी—[कुमारमुन्नमितमुखं परिष्वज्य।] वच्छ पिदरं आराधइत्तम्रो होहि। [राजानमुपेत्य।] जेदु जेदु महाराम्रो। (वत्स पितरमाराधयिता भव। जयतु जयतु महाराजः।)

राजा—स्वागतं पुत्रवत्यै। इत आस्यताम् [इत्यर्धासनं ददाति।]

[उर्वशी उपविशति। सर्वे यथोचितमुपविशन्ति।]

तापसी—वच्छे। एसो गहीदविज्जो ग्राऊ संपदं कवग्रहरो संवुत्तो। ता एदस्स दे भत्तुणो समक्खं णिज्जादिदो हत्थणिक्खेवो। ता विसज्जेदुं इच्छामि। उवरुज्झइ मह अस्समधम्मो। (वत्से। एष गृहीतविद्य आयुः साम्प्रतं कवचहरः संवृत्तः। तदेतस्य ते भर्तुः समक्षं निर्यातितो हस्त-निक्षेपः। तद्विसर्जयितुमिच्छामि। उपरुध्यते ममाश्रमधर्मः।)

देखकर हो मैं समझ गई कि यह मेरा पुत्र आयु है। अरे! यह तो बहुत बड़ा हो गया है। [बड़ी प्रसन्न होकर घूमती है।]

राजा—[उर्वशीको देखकर बालकसे] वत्स! लो ये तुम्हारी माँ आ गईं जो तुम्हारी ओर टकटकी लगाए देख रही हैं और जिनकी चोली तुम्हारे प्रेमसे टपके हुए दूधसे भीग गई है ॥१२॥

तापसी—यहाँ आओ बेटा! आगे बढ़कर माताका स्वागत करो। [कुमारको लेकर उर्वशीसे मिलनेको आगे बढ़ती है।]

उर्वशी—माताजी! आपके चरणोंमें प्रणाम करती हूँ।

तापसी—अपने स्वामीकी प्यारी बनी रहो।

कुमार—माँ! मैं प्रणाम करता हूँ।

उर्वशी—[कुमारका मुख ऊपर उठाकर उसे शरीरसे चिपटाती हुई] वत्स! पिताकी सेवा करनेवाले बनो। [राजाके पास जाकर] जय हो, महाराजकी जय हो।

राजा—पुत्रवतीका स्वागत है। आओ, यहाँ बैठो। [अपने आधे आसनपर बैठा लेते हैं।]

[उर्वशी बैठती है। सब यथास्थान बैठते हैं।]

तापसी—बाले! ठोकसे पढ़-लिखकर अब यह कुमार कवच धारण करने-योग्य हो गया है। इसलिये तुम्हारे स्वामीके सामने ही तुम्हारी धरोहर तुम्हें सौंप देती हूँ। अब जाना भी चाहती हूँ क्योंकि अभी आश्रमका बहुत-सा काम मेरे बिना रुका पड़ा होगा।

उर्वशी—चिरस्स प्रज्जं देक्खिय प्रहिप्रदरं प्रविवित्तिण्हम्हि । ण सक्कुणोमि विसज्जिदुं । अण्णय्यं उण उवरोहिदुं । ता गच्छदु प्रज्जा पुणो दंसणाय । (चिरस्यार्यां दृष्ट्वाऽधिकतरमवितृप्तास्मि । न शक्नोमि विस्रष्टुम् । अन्याय्य पुनरुपरोद्धुम् । तद्गच्छत्वार्या पुनर्दर्शनाय ।)

राजा—अम्ब ! भगवते च्यवनाय मां प्रणिपातय !

तापसी—एव्वं भोदु । (एव भवतु ।)

कुमारः—आर्ये ! सत्यं यदि निवर्तसे मामप्याश्रमं नेतुमर्हसि ।

राजा—अयि वत्स ! उषित त्वया पूर्वस्मिन्नाश्रमे । द्वितीयमध्यासितुं तव समयः !

तापसी—जाद । गुरुग्रणो वग्रणं प्रणुचिट्ठ । (जात । गुरोर्वचनमनुतिष्ठ ।)

कुमारः—तेन हि ।

> यः सुप्तवान्मदङ्के शिखण्डकण्डूयनोपलब्धसुखः ।
> तं मे जातकलापं प्रेषय मणिकण्ठकं शिखिनम् ॥१३॥

तापसी—[विहस्य ।] एव्वं करेमि । (एव करोमि ।)

उर्वशी—भअवदि ! पादवंदणं करेमि । (भगवति ! पादवन्दनं करोमि ।)

राजा—भगवति ! प्रणमामि ।

तापसी—सोत्थि भोदु तुम्हाणं । (स्वस्ति भवतु युष्मभ्यम् ।)

[इति निष्क्रान्ता ।]

राजा—[उर्वशीं प्रति] कल्याणि !

उर्वशी—इतने दिनोंपर तो आप मिली हैं। अभी आपसे मिलकर जी ही नहीं भरा इसलिये आपको जाने देनेको जी ही नहीं चाहता। पर आपको रोक रखना भी बड़ा अन्याय होगा, इसलिये आप जाती हैं तो जायँ पर फिर दर्शन अवश्य दीजिएगा।

राजा—माताजी ! भगवान् च्यवनसे मेरा प्रणाम कहिएगा।

तापसी—अच्छी बात है।

कुमार—आर्ये ! यदि आप सचमुच लौटे जा रही हों तो मुझे भी आश्रम लेती चलो।

राजा—अरे वत्स ! तुम ब्रह्मचर्य आश्रममें रह चुके हो अब तुम्हें गृहस्थ आश्रममें रहना चाहिए।

तापसी—बेटा ! पिताजीका कहना मानो।

कुमार—तो आप मेरे उस बड़े-बड़े पंखोंवाले मणिकण्ठक नामके मोरको यहाँ भेज दीजिएगा जो मेरी गोदमें सोया-सोया अपना सिर मेरे हाथोंसे खुजलाए जानेका आनन्द लिया करता था ॥१३॥

तापसी—[हँसकर] अच्छा भेज दूँगी।

उर्वशी—भगवती ! मैं चरणोंमें प्रणाम करती हूँ।

तापसी—तुम दोनोंका कल्याण हो। [चली जाती है।]

अद्याहं पुत्रिणामग्र्यः सत्पुत्रेणामुना तव ।
पौलोमीसंभवेनेव जयन्तेन पुरन्दरः ॥१४॥

[उर्वशी स्मृत्वा रोदिति ।]

विदूषकः—[विलोक्य सावेगम् ।] भो किं णु क्खु सम्पदं अत्तहोदी एक्कपदे अस्सुमुही संवुत्ता । (भोः किं नु खलु साम्प्रतमत्र भवती एकपदे अश्रुमुखी संवृत्ता ।)

राजा—[सावेगम् ।]

किं सुन्दरि ! प्ररुदितासि ममोपनीते वंशस्थितेरधिगमान्महति प्रमोदे ।
पीनस्तनोपरिनिपातिभिरानयन्ती मुक्तावलीविरचनां पुनरुक्तिमस्रैः ॥१५॥

[इति अस्या बाष्पं प्रमार्ष्टि ।]

उर्वशी—सुणादु महाराओ । पढमं उण पुत्तदंसणसमुत्थेण आणंदेण विसुमरिद म्हि । दाणिं महिंदसंकित्तणेण सुमरिओ समओ मह हिअअं आआसेदि । (शृणोतु महाराजः । प्रथमं पुनः पुत्रदर्शनसमुत्थेनानन्देन विस्मृतास्मि । इदानीं महेन्द्रसंकीर्तनेन स्मृतः समयो मम हृदयमायासयति ।)

राजा—कथ्यतां समयः ।

उर्वशी—अहं पुरा महाराअगहीदहिअआ गुरुसावसंमूढा महिंदेण आणत्ता । (अहं पुरा महाराजगृहीतहृदया गुरुशापसंमूढा महेन्द्रेण आज्ञापिता ।)

राजा—किमिति ।

राजा—[उर्वशीसे] हे कल्याणी ! तुम्हारे इस सुपुत्रको पाकर आज मैं सभी पुत्रवालोंसे उसी प्रकार बढ़ गया हूँ जैसे इन्द्राणीसे उत्पन्न हुए जयन्तको पाकर इन्द्र ॥१४॥

[उर्वशी कोई बात स्मरण करके रोने लगती है ।]

विदूषक—[देखकर, घबराए हुए] अरे ! यह क्या ? यह अचानक आपकी आँखोंमें आँसू क्यों आ गए ?

राजा—[घबराकर] हे सुन्दरी ! ऐसे शुभ अवसरपर तुम रो रही हो जब मेरे वंशको बढ़ानेवाला पुत्र मुझे मिला हो । तुम अपने मोटे स्तनोंपर गिरनेवाले आँसुओंसे दूसरे हारकी लड़ी व्यर्थ क्यों बना रही हो ॥१५॥ [उसके आँसू पोंछता है ।]

उर्वशी—सुनिए महाराज ! पहले तो मैं पुत्रका मुँह देखकर ऐसी मगन हो गई कि सब भूल ही गई थी पर जब आपने अभी इन्द्रका नाम लिया तो मुझे एक बात स्मरण हो आई है जो मेरे हृदयको कचोट रही है ।

राजा—कहो, क्या बात है ।

उर्वशी—बहुत दिन हुए, आपसे प्रेम करनेपर भरत मुनिने मुझे शाप दे दिया था । उस शापसे मैं बहुत घबरा गई थी । तब इन्द्र भगवान्‌ने मुझे आज्ञा दी थी..........

उर्वशी—जदा सो मे पिअसहो राएसी तुइ समुप्पण्णस्स वसकरस्स मुहं पेक्खिस्सदि तदा तुए भूओ वि मम समीवं आअन्तव्वं त्ति । तदो मए महाराअविओअभीरुदाए जादमेत्तो एव्व विज्जागमणिमित्तं भअवदो चवणस्स अस्समे एसो पुत्तओ अज्जाए सच्चवदीए हत्थे अप्पआसं णिक्खित्तो । अज्ज पिदुणो आराहणसमत्थो संवुत्तो त्ति कलअन्तीए ताए णिज्जादिदो एसो मे दीहाऊ आऊ । ता एत्तिओ मे महाराएण सह संवासो । (यदा स मे प्रियसखो राजर्षिस्त्वयि समुत्पन्नस्य वंशकरस्य मुखं प्रेक्षिष्यते तदा त्वया भूयोऽपि मम समीपमागन्तव्यमिति । ततो मया महाराजवियोगभीरुतया जातमात्र एव विद्यागमनिमित्तं भगवतश्च्यवनस्याश्रमे एष पुत्रक आर्यायाः सत्यवत्या हस्तेऽप्रकाशं निक्षिप्तः । अद्य पितुराराधनसमर्थः संवृत्त इति कलयन्त्या तया निर्यातित एष मे दीर्घायुरायुः । तदेतावान्मे महाराजेन सह संवासः ।)

[सर्वे विषादं नाटयन्ति । राजा मोहमुपगच्छति ।]

विदूषकः—अब्बम्हण्णं अब्बम्हण्णं । (अब्रह्मण्यमब्रह्मण्यम् ।)

कञ्चुकी—समाश्वसितु समाश्वसितु महाराजः ।

राजा—[समाश्वस्य सनिःश्वासम् ।] अहो सुखप्रत्यर्थिता दैवस्य ।

आश्वासितस्य मम नाम सुतोपलब्ध्या सद्यस्त्वया सह कृशोदरि विप्रयोगः ।
व्यावर्तितातपरुजः प्रथमाभ्रवृष्ट्या वृक्षस्य वैद्युत इवाग्निरुपस्थितोऽयम् ॥१६॥

विदूषकः—अयं सो अत्थो अणत्थाणुबन्धो संवुत्तो । संपदं तक्केमि अत्तभवदा वक्कलं गेण्हिअ तवोवणं गंतव्वं त्ति । (अयं सोऽर्थोऽनर्थानुबन्धः संवृत्तः । साम्प्रतं तर्कयाम्यत्र भवता वल्कलं गृहीत्वा तपोवनं गन्तव्यमिति ।)

उर्वशी—यही कि तुम्हारे प्यारे मित्र राजर्षि जब तुमसे उत्पन्न हुए पुत्रका मुँह देख लें तब तुम फिर मेरे पास लौट आना । इसलिये जैसे ही यह बालक उत्पन्न हुआ वैसे ही मैंने इस डरसे इसे भगवान् च्यवनके आश्रममें पढ़ाने-लिखानेके बहाने आर्या सत्यवतीके पास धरोहर बनाकर छोड़ दिया था कि यदि कहीं आप इसे देख लेंगे तो मेरा आपका बिछोह हो जायगा । आज उन्होंने मेरे इस चिरजीव पुत्र आयुको पिताकी सेवा करने योग्य समझकर लौटा दिया है । इसलिये बस आजतक ही मैं, महाराजके साथ रह सकती थी ।

[सब दुःखी होते हैं और राजा मूर्छित हो जाते हैं ।]

विदूषक—बड़ा बुरा हुआ, बड़ा बुरा हुआ ।

कञ्चुकी—[ढाढस बँधाता हुआ] धीरज धरिए महाराज ! धीरज धरिए ।

राजा—[मूर्छासे जागकर लंबी साँस लेते हुए] अरे, दैव मेरे सुखको फूटी आँखों नहीं देखना चाहता । आज ही तो पुत्रको पाकर मेरा जी ठंढा हुआ था और आज ही तुम चल दीं । वह तो ठीक ऐसा ही हुआ जैसे पहली वर्षासे ठंढाए हुए वृक्षपर अचानक बिजली टूट पड़ी हो ॥१६॥

विदूषक—जान पड़ता है कि कुछ और भी विपत्तियाँ टूट पड़नेवाली हैं । मुझे तो अब यह खटका हो रहा है कि वल्कल पहनकर महाराज कहीं तपोवनको न चल दें ।

उर्वशी—मं वि मंदभाइणि किदविणअस्स पुत्तस्स लाभाणंतरं सग्गारोहणेण अवसिदकज्ज विप्पओअमुहि महाराओ समत्थइस्सदि। (मामपि मन्दभागिनी कृतविनयस्य पुत्रस्य लाभानन्तरं स्वर्गारोहणेनावसितकार्यां विप्रयोगमुखी महाराजः समर्थयिष्यति।)

राजा—सुन्दरी मा मैवम्।

न हि सुलभवियोगा कर्तुमात्मप्रियाणि प्रभवति परवत्ता शासने तिष्ठ भर्तुः।
अहमपि तव सूनावद्य विन्यस्य राज्यं विचरितमृगयूथान्याश्रयिष्ये वनानि ॥१७॥

कुमारः—नार्हति तातः पुङ्गवधारितायां धुरि वम्यं नियोजयितुम्।

राजा—अयि वत्स। मा मैवम्।

शमयति गजानन्यान्गन्धद्विपः कलभोऽपि सन्
भवति सुतरां वेगोदग्रं भुजङ्गशिशोर्विषम्।
भुवमधिपतिर्बालावस्थोऽप्यलं परिरक्षितुं
न खलु वयसा जात्यैवायं स्वकार्यसहो भरः ॥१८॥

आर्य लातव्य।

कञ्चुकी—आज्ञापयतु देवः।

राजा—मद्वचनादमात्यपरिषदं ब्रूहि संभ्रियतामायुषो राज्याभिषेक इति।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति दुःखितो निष्क्रान्तः।]

उर्वशी—और मेरे जैसी अभागिनीके लिये भी महाराज यही सोचते होंगे कि पढ़ा-लिखा पुत्र पानेसे इसका काम हो गया है इसलिये अब यह स्वर्गको चली जा रही है।

राजा—ऐसा न कहो सुन्दरी! तुम जिस पराधीनताके कारण मुझे छोड़कर जा रही हो उससे मनचाही वस्तु तो मिल नहीं सकती इसलिये जाओ, तुम अपने स्वामीकी आज्ञाका पालन करो और मैं भी आज तुम्हारे पुत्रको राज्य सौंपकर इधर-उधर घूमनेवाले हरिणोंसे भरे तपोवनमें जाकर रहने लगता हूँ ॥१७॥

कुमार—पिताजी! रथके जिस जुएको बड़ा बैल खींचता हो उसे छोटेसे बछड़ेके कन्धेपर डालना ठीक नहीं है।

राजा—ऐसा न कहो वत्स! जैसे ऊँची जातिके हाथीका बच्चा भी दूसरे हाथियोंको पछाड़ सकता है और सँपोलेका विष बड़े साँपके विष जैसा ही भयंकर होता है, वैसे ही राजाका पुत्र, बालक होते हुए भी पृथ्वीका ठीकसे पालन कर सकता है क्योंकि अपने-अपने कर्तव्य पालन करनेकी शक्ति अवस्थासे नहीं वरन् जाति या स्वभावसे ही उत्पन्न हो जाती है ॥१८॥ आर्य लातव्य!

कञ्चुकी—आज्ञा कीजिए महाराज।

राजा—मेरी ओरसे अमात्य परिषदको सूचना दो कि आयुके राज्याभिषेकका प्रबन्ध किया जाय।

कञ्चुकी—जैसी महाराजकी आज्ञा। [दुःखी होकर चला जाता है]

[सर्वे दृष्टिविघातं रूपयन्ति ।]

राजा—[आकाशमवलोक्य ।] किं नु खलु निरभ्रे विद्युत्संपातः ।

उर्वशी—[विलोक्य ।] अम्मो भअवं णारदो । (अहो भगवान् नारदः ।)

राजा—[निपुणमवलोक्य ।] अये भगवान् नारदः । य एषः—

गोरोचनानिकषपिङ्गजटाकलापः संलक्ष्यते शशिकलामलवीतसूत्रः ।
मुक्तागुणातिशयसंभृतमण्डनश्रीः हेमप्ररोह इव जङ्गमकल्पवृक्षः ॥१९॥

अर्घ्यं तावदस्मै ।

उर्वशी—[यथोक्तमादाय ।] इदं भअवदे अरिहणा । (इदं भगवतेऽर्हणा ।)

[ततः प्रविशति नारदः । सर्वे उत्तिष्ठन्ति ।]

नारदः—विजयतां विजयतां मध्यमलोकपालः ।

राजा—[उर्वशी हस्तादर्घ्यमादायावर्ज्य च ।] भगवन्नभिवादये ।

उर्वशी—भअवं पणमामि । (भगवन् प्रणमामि ।)

नारदः—अविरहितौ दम्पती भूयास्ताम् ।

राजा—[आत्मगतम् ।] अपि नामैवं स्यात् । [कुमारमाश्लिष्य प्रकाशम् ।] वत्स भगवन्तमभिवादयस्व ।

कुमारः—भगवान् । और्वशेय आयुः प्रणमति ।

[सब लोगोंकी आँखें चकचौंध हो जाती हैं ।]

राजा—[आकाशकी ओर देखकर] खुले आकाशमें यह बिजली कैसी ?

उर्वशी—[देखकर] अरे ! ये तो भगवान् नारद हैं !

राजा—[ध्यानसे देखकर] हाँ, ये तो सचमुच भगवान् नारद ही हैं जो गोरोचनाके समान पीली जटावाले कन्धेपर चन्द्रमाकी कलाके समान उजला जनेऊ पहने और मोतियोंकी माला गलेमें पहने हुए ऐसे उतरे चले आ रहे हैं मानो सुनहरी शाखावाला कोई चलता फिरता कल्पवृक्ष उतरा चला आ रहा हो ॥१९॥ लाओ, इनकी पूजा करनेके लिये सब सामग्री तो ले आओ ।

उर्वशी—[सब सामग्री लाकर] यह रही देवर्षिकी पूजाके लिये सामग्री ।

[नारदजी प्रवेश करते हैं, सब उठ खड़े होते हैं ।]

नारद—मध्यम लोककी रक्षावाले महाराजकी जय हो, जय हो ।

राजा—[उर्वशीके हाथसे पूजाकी सामग्री लेकर और पूजा करके] भगवन् ! अभिवादन करता हूँ ।

उर्वशी—भगवान् ! मैं प्रणाम करती हूँ ।

नारद—तुम दोनोंका कभी विछोह न हो ।

राजा—[मन ही मन] यदि कहीं ऐसा हो जाता । [कुमारको गले लगाकर प्रकट] वत्स ! भगवान नारदको प्रणाम करो ।

कुमार—भगवन् ! उर्वशीका पुत्र आयु आपको प्रणाम करता है ।

नारदः—आयुष्मानेधि ।

राजा—अयं विष्टरोऽनुगृह्यताम् ।

नारदः—तथा । [इत्युपविष्टः ।]

[सर्वे नारदमनूपविशन्ति ।]

राजा—[सविनयम्] भगवन् किमागमनप्रयोजनम् ।

नारदः—राजन् । श्रूयतां महेन्द्रसन्देशः ।

राजा—अवहितोऽस्मि ।

नारदः—प्रभावदर्शी मघवा वनगमनाय कृतबुद्धि भवन्तमनुशास्ति ।

राजा—किमाज्ञापयति ।

नारदः—त्रिकालदर्शिभिर्मुनिभिरादिष्टो महान्सुरासुरसंगरो भावी । भवांश्च सांयुगीनः सहायो नः । तेन न त्वया शस्त्रं संन्यस्तव्यम् । इयं चोर्वशी यावदायुस्तव सहधर्मचारिणी भवत्विति ।

उर्वशी—[अपवार्य ।] अम्महे सल्लं विअ मे हिअआदो अवणीदं । (अहो शल्यमिव मे हृदयादपनीतम् ।)

राजा—परवानस्मि देवेश्वरेण ।

नारद—तुम्हारी बड़ी आयु हो ।

राजा—देवर्षि ! आइए, यह आसन पवित्र कीजिए ।

नारद—अच्छी बात है ।

[नारद मुनिके बैठनेपर सब बैठ जाते हैं ।]

राजा—[नम्रतासे] कहिए भगवन् ! कैसे आनेका कष्ट किया ?

नारद—इन्द्रने कुछ सन्देश भेजा है वह सुनिए—

राजा—जो मैं सुन रहा हूँ ।

नारद—अपनी दैवी शक्तिसे सबके मनकी बातें जाननेवाले इन्द्रने जब देखा कि आप वन जानेकी तैयारी कर रहे हैं तो उन्होंने यह कहलाया है—

राजा—हाँ, उन्होंने क्या आज्ञा दी है ?

नारद—त्रिकालदर्शी मुनियोंने भविष्यवाणी की है कि देवताओं और राक्षसोंमें बड़ा भारी संग्राम होनेवाला है और संग्राममें कुशल आप, हम लोगोंकी सदा सहायता करते ही हैं इसलिये आप शस्त्र न छोड़ें । यह उर्वशी जीवन-भर आपकी संगिनी रहेगी ।

उर्वशी—[अलग] मेरे जीमें तो जैसे काँटा निकल गया ।

राजा—मैं तो इन्द्रका सेवक ही हूँ ।

नारद—युक्तम् ।

त्वत्कार्यं वासवः कुर्यात्त्वं च तस्येष्टमाचरेः ।
सूर्यः समेधयत्यग्निमग्निः सूर्यं च तेजसा ॥२०॥

[आकाशमवलोक्य ।] रम्भे । उपनीयतां स्वयं महेन्द्रेण सम्भृतः कुमारस्यायुषो यौवराज्याभिषेकः ।

[प्रविष्टा यथोक्तहस्ताऽप्सरसः ।]

अप्सरसः—भअव इमे अभिसेअसंभारा । (भगवन्नेतेऽभिषेकसंभाराः ।)

नारद—उपवेश्यतामयमायुष्मान्भद्रपीठे ।

रम्भा—इदो वच्छ । (इतो वत्स ।) [इति कुमारं भद्रपीठ उपवेशयति ।]

नारद—[कुमारस्य शिरसि कलशमावर्ज्य ।] रम्भे ! निर्वर्त्यतां शेषो विधिः ।

रम्भा—[यथोक्तं निर्वर्त्य] वच्छ ! पणम भअवन्तं पिदरो अ । (वत्स ! प्रणम भगवन्तं पितरौ च ।)

[कुमारो यथाक्रमं प्रणमति ।]

नारद—स्वस्ति भवते ।

राजा—कुलधुरंधरो भव ।

उर्वशी—पिदुणो आराहओ होहि । (पितुराराधको भव ।)

नारद—ठीक ही है—जैसे सूर्य अपने तेजसे अग्निको उकसाता है और अग्नि सूर्यको अपने तेजसे बढ़ाता है वैसे ही इन्द्र तुम्हारा काम करें और तुम इन्द्रका काम करो ॥२०॥ [आकाशकी ओर देखकर] रम्भा ! स्वयं इन्द्रने कुमार आयुके युवराज बननेके उत्सवके लिये जो सामग्रियाँ भेजी हैं वे सब ले तो आओ ।

[ऊपर कही हुई सामग्रियाँ लिए हुए अप्सराएँ आती हैं ।]

अप्सराएँ—महाराज, अभिषेककी सामग्री आ गई ।

नारद—आयुष्मान्‌को पीढ़े पर बैठाओ ।

रम्भा—इधर वत्स इधर (कुमारको भद्रपीठ पर बैठाती हैं ।)

नारद—(कुमारके सिरपर अभिषेक करके) रम्भाजी शेष विधि पूरी कीजिए ।

रम्भा—(विधि-पूर्वक अभिषेक करती है) वत्स, महाराज नारद और माता पिताको प्रणाम करो ।

(कुमार क्रमसे प्रणाम करते हैं ।)

नारद—आपका कल्याण हो ।

राजा—कुलके प्रधान बनो ।

उर्वशी—पिताके भक्त बनो ।

[नेपथ्ये वैतालिकद्वयम् ।]

वैतालिकौ—विजयतां युवराजः ।

प्रथम.—

अमरमुनिरिवात्रिर्ब्रह्मणोऽत्रेरिवेन्दुः
बुध इव शिशिरांशोर्बोधनस्येव देवः ।
भव पितुरनुरूपस्त्वं गुणैर्लोककान्तैः
अतिशयिनि समस्ता वंश एवाशिषस्ते ॥२१॥

द्वितीय —

तव पितरि पुरस्तादुन्नतानां स्थितेऽस्मिन्
स्थितिमति च विभक्ता त्वय्यनाकम्पधैर्ये ।
अधिकतरमिदानीं राजते राजलक्ष्मीः
हिमवति जलधौ च व्यस्ततोयेव गङ्गा ॥२२॥

अप्सरस.—[उर्वशीमुपेत्य ।] दिट्ठिआ पिअसही पुत्तस्स जुवराअसिरीए भत्तुणो अविरहेण अ वड्ढदि । (दिष्ट्या प्रियसखी पुत्रस्य युवराजश्रिया भर्तुरविरहेण च वर्धते ।)

उर्वशी—णं साहारणो एसो अब्भुदओ । [कुमारं हस्ते गृहीत्वा ।] एहि वच्छ । जेट्ठमादरं अभिवन्देहि । (ननु साधारण एषोऽभ्युदयः । एहि वत्स । ज्येष्ठमातरमभिवन्दस्व ।)

[कुमारः प्रतिष्ठते ।]

(नेपथ्यमें दो वैतालिक)

दोनों—युवराजकी विजय हो ।

पहला वैतालिक—तुम अपने माता-पिताके वैसे ही योग्य पुत्र बनो जैसे ब्रह्माजीके सुपुत्र अमर मुनि अत्रिजी हुए, अत्रि मुनिके चन्द्रमा हुए, चन्द्रमाके बुध और बुधके पुरूरवा हुए हैं । तुम्हारे इस जगसे निराले वंशमें और सब आशीर्वाद तो पहले ही फल चुके हैं ॥२१॥

दूसरा वैतालिक—ऊँचे-ऊँचे लोगोंमें श्रेष्ठ तुम्हारे पिता हैं और उनके तुम बड़े साहसी और मर्यादा पालनेवाले पुत्र हो । तुम दोनोंमें एकसी भक्ति रखनेवाली यह राज्य-लक्ष्मी उसी प्रकार और भी शोभा देने लगी है जैसे हिमालय पर्वत और समुद्र दोनोंमें समान रूपसे भक्ति करनेवाली गङ्गाजी शोभा देती हैं ॥२२॥

अप्सराएँ—[उर्वशीके पास जाकर] सखी उर्वशी ! पुत्रके यौवराज्याभिषेककी और सदा पतिके पास रहनेकी तुम्हें बधाई ।

उर्वशी—यह सौभाग्य तो हम तुम दोनोंका एक-सा ही है । [कुमारका हाथ थामकर] चलो वत्स ! बड़ी माँको प्रणाम कर आओ ।

[कुमार जानेको तैयार होता है ।]

राजा—तिष्ठ । सममेव तत्र भवत्याः समीपं यास्यामस्तावत् ।

नारदः—

आयुषो यौवराज्यश्रीः स्मारयत्यात्मजस्य ते ।
अभिषिक्तं महासेनं सैनापत्ये मरुत्वता ॥२३॥

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि मघवता ।

नारदः—भो राजन् ! किं ते भूयः प्रियमुपकरोतु पाकशासनः ।

राजा—यदि मे मघवा प्रसन्नः किमतः परमिच्छामि । तथापि—इदमस्तु ।

[भरतवाक्यम्]

परस्परविरोधिन्योरेकसंश्रयदुर्लभम् ।
सङ्गतं श्रीसरस्वत्योर्भूतयेऽस्तु सदा सताम् ॥२४॥

अपि च ।

सर्वस्तरतु दुर्गाणि सर्वो भद्राणि पश्यतु ।
सर्वः कामानवाप्नोतु सर्वः सर्वत्र नन्दतु ॥२५॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

॥ इति पञ्चमोऽङ्कः ॥

समाप्तमिदं श्रीकालिदासकृतं विक्रमोर्वशीयं नाम त्रोटकम् ।

राजा—ठहरो, हम सब लोग साथ ही देवीके पास चलते हैं ।

नारद—तुम्हारे पुत्र आयुका यह यौवराज्याभिषेक उस अवसरका स्मरण दिला रहा है जिसमें इन्द्रने कार्तिकेयको सेनापति बनाया था ॥२३॥

राजा—यह सब भगवान् इन्द्रकी ही कृपा है ।

नारद—हे राजन् ! इन्द्र आपकी और कौन-सी इच्छा पूरी करें ।

राजा—भगवान् इन्द्रकी प्रसन्नतासे बढ़कर और मुझे चाहिए ही क्या ? फिर भी मैं चाहता हूँ कि—

[भरतवाक्य]

जो लक्ष्मी और सरस्वती सदा एक दूसरेसे पीठ फेरे रहती हैं और जिनका मिलकर रहना बड़ा कठिन है, वे दोनो, सज्जनोंके कल्याणके लिये एक साथ रहने लगें ॥२४॥ और, सबकी आपत्तियाँ दूर हो जायें, सब फलें फूलें, सबके मनोरथ पूरे हों और चारों ओर सुख ही सुख फैल जाय ॥२५॥

[सब चले जाते हैं ।]

॥ पाँचवाँ अंक समाप्त हुआ ॥

॥ महाकवि श्रीकालिदासका रचा हुआ विक्रमोर्वशीय नामका त्रोटक समाप्त हुआ ॥

मालविकाग्निमित्रम्

पात्र-परिचयः

पुरुषाः

सूत्रधारः—नाटकस्य प्रबन्धकर्त्ता

पारिपार्श्वकः—सूत्रधारस्य सहचर ।

राजा—अग्निमित्राख्यो विदिशाधीशः ।

वाहतक —प्राचीन मन्त्री ।

विदूषकः—राज्ञो मित्रम् ।

कञ्चुकी—अन्त पुराध्यक्षो वृद्धब्राह्मणः ।

गणदासः हरदत्तश्च—नाट्याचार्यो ।

सारस.—कुब्जः । किङ्करविशेषः ।

वैतालिक—स्तुतिपाठकः ।

स्त्रियः

मालविका—मालवाधीशमाधवसेनस्य भगिनी।

धारिणी—अग्निमित्रस्य प्रधाना महिषी ।

इरावती—अग्निमित्रस्य द्वितीया पत्नी ।

परिव्राजिका—कौशिकी नाम्नी माधवसेन-सचिवस्य सुमतेर्विधवा भगिनी ।

बकुलावलिका—धारिण्याः परिचारिका । मालविकायाः सखी ।

मधुकरिका—उद्यानपालिका ।

कौमुदिका—दासी ।

समाहितिका—पारिव्राजिकायाः परिचारिका

निपुणिका—इरावत्याः परिचारिका ।

जयसेना—प्रतीहारी ।

चेटी—अपरा दासी ।

मदनिका ज्योत्स्निका च } विदर्भदेशीय शिल्पिकन्याद्वयम् ।

॥ श्रीः ॥

॥ मालविकाग्निमित्रम् ॥

प्रथमोऽङ्कः

एकैश्वर्ये स्थितोऽपि प्रणतबहुफले यः स्वयं कृत्तिवासाः
कान्तासंमिश्रदेहोऽप्यविषयमनसां यः परस्ताद्यतीनाम् ।
अष्टाभिर्यस्य कृत्स्नं जगदपि तनुभिर्बिभ्रतो नाभिमानः
सन्मार्गालोकनाय व्यपनयतु स वस्तामसीं वृत्तिमीशः ॥१॥

[नान्द्यन्ते]

सूत्रधार.—अलमतिविस्तरेण । [नेपथ्याभिमुखमवलोक्य] मारिष । इतस्तावत् ।

[प्रविश्य ।]

पारिपार्श्वक—भाव । अयमस्मि ।

सूत्रधार.—अभिहितोऽस्मि विद्वत्परिषदा कालिदासग्रथितवस्तुमालविकाग्निमित्रं नाम नाटकमस्मिन्वसन्तोत्सवे प्रयोक्तव्यमिति । तदारभ्यतां संगीतम् ।

पारिपार्श्वक—मा तावत् । प्रथितयशसां भाससौमिल्लककविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानकवेः कालिदासस्य क्रियायां कथं बहुमानः ।

पहला अङ्क

अपने भक्तोको मनचाहा फल देनेका बेजोड भंडार अपने पास होते हुए भी जो केवल हाथीकी खाल ओढकर ही अपना काम चला लेते हैं, अपने आधे शरीरमें अपनी पत्नीको बैठाए रहनेपर भी जो संसारके भोगोंसे अपना मन दूर हटाए रहते हैं और अपने आठो रूपोसे सारे संसारका पालन करते हुए भी जो अभिमानको पास नही फटकने देते, ऐसे संसारके स्वामी महादेवजी, पापकी ओर ले जानेवाली हमारी बुद्धिको ऐसा मिटा दें कि हमारा मन अच्छे काम करनेमे ही लगे ॥१॥

[नान्दी हो चुकनेपर]

सूत्रधार—अब और देर नही करनी चाहिए [नेपथ्यको ओर देखकर] अरे भाई मारिष ! इधर तो आओ ।

पारिपार्श्वक—[आकर] लीजिए, आ गया हूं, आर्य !

सूत्रधार—देखो ! विद्वानोंकी सभाने कहलाया है कि इस वसन्तोत्सवपर कालिदासका लिखा हुआ मालविकाग्निमित्र नामका नाटक ही खेलाजाय । इसलिये चलकर संगीत तो छेडो ।

पारिपार्श्वक—आप यह नाटक क्यो खेल रहे हैं ? भास, सौमिल्लिक और कविपुत्र जैसे बड़े बड़े प्रसिद्ध कवियोके नाटक छोड़कर आप आजकलके इस नौसिखिए कवि कालिदासके नाटकको इतना क्यो मान दे रहे हैं ?

सूत्रधारः—अयि । विवेकविश्रान्तमभिहितम् । पश्य ।

पुराणमित्येव न साधु सर्वं न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम् ।
सन्तः परीक्ष्यान्यतरद्भजन्ते मूढः परप्रत्ययनेयबुद्धिः ॥२॥

पारिपार्श्वक—आर्यमिश्राः प्रमाणम् ।

सूत्रधार.—तेन हि त्वरतां भवान् ।

शिरसा प्रथमगृहीतामाज्ञामिच्छामि परिषदः कर्तुम् ।
देव्या इव धारिण्याः सेवादक्षः परिजनोऽयम् ॥३॥

[इति निष्क्रान्तौ ।]

॥ इति प्रस्तावना ॥

[ततः प्रविशति बकुलावलिका ।]

बकुलावलिका—आणत्तम्हि देवीए धारिणीए। अइरप्पउत्तोवदेसं छलिअं णाम णट्टअं अन्तरेण कीरिसी मालविअत्ति णट्टाअरिअं अज्जगणदासं पुच्छिदुं। ता दाव संगीदसालं गच्छम्हि। (आज्ञप्तास्मि देव्या धारिण्या। अचिरप्रवृत्तोपदेशं छलिकं नाम नाट्यमन्तरेण कीदृशी मालविकेति नाट्याचार्यमार्यगणदासं प्रष्टुम्। तत्तावत्संगीतशालां गच्छामि। [इति परिक्रामति]

[ततः प्रविशत्याभरणहस्ता कुमुदिनी]

सूत्रधार—अरे, यह बात तो तुमने अपनी बुद्धिको विश्राम देकर कही है। देखो—पुराने होनेसे ही न तो सब अच्छे हो जाते हैं, न नये होनेसे सब बुरे होते हैं। समझदार लोग तो दोनोंको परखकर उनमें से जो अच्छा होता है उसे अपना लेते हैं और जिन्हें अपनी समझ होती ही नहीं है, उन्हें तो जैसा दूसरे समझा देते हैं उसे ही वे ठीक मान बैठते हैं ॥२॥

पारिपार्श्वक—तो जैसा आप ठीक समझें।

सूत्रधार—हाँ, तो अब आप देर न कीजिए। सभाने मुझे पहलेसे ही जो आज्ञा दे रक्खी है, उसका मैं वैसे ही आदरके साथ पालन करना चाहता हूँ जैसे आदरसे यह स्वामिभक्त दासी अपनी स्वामिनी महारानी धारिणीकी आज्ञा पालन करने इधर चली आ रही है ॥३॥

[दोनों चले जाते हैं।]

॥ प्रस्तावना ॥

[बकुलावलिका आती है।]

बकुलावलिका—महारानी धारिणीने मुझे आज्ञा दी है कि जाकर नाट्याचार्य आर्य गणदाससे पूछो कि मालविकाने जो बहुत दिनोंसे छलिक नामका नाट्य सीखना आरम्भ किया था उसे वह कहाँतक सीख पाई है तो चलूँ संगीतशालाको। [घूमती है।]

[हाथमें अँगूठी लिए हुए और उसकी ओर देखते हुए कुमुदिनी आती है।]

बकुलावलिका—[कुमुदिनीं दृष्ट्वा ।] हला कोमुदीए ! कुदो दे दाणिं इअं धीरदा । जं समी-वेण वि अदिक्कमन्ती इदो दिट्ठिं ण देसि । (सखि कौमुदिके ! कुतस्त इदानीमियं धीरता । यत् समीपेनाप्यतिक्रामन्तीतो दृष्टिं न ददासि ।)

कुमुदिनी—अम्हो बउलावलिआ ? सहि ! देवीए इदं सिप्पिसआसादो आणीदं णागमुद्दा-सणाहं अंगुलीअअं सिणिद्धं णिज्झाअन्ती तुह उवालम्भे पडिदम्हि । (अहो बकुलावलिका सखि ! देव्या इदं शिल्पिसकाशादानीतं नागमुद्रासनाथमङ्गुलीयकं स्निग्धं निध्यायन्ती तवोपालम्भे पतितास्मि ।)

बकुलावलिका—[विलोक्य ।] ठाणे सज्जदि दिट्ठी । इमिणा अंगुलीअएण उब्भिण्ण-किरणकेसरेण कुसुमिदो विअ दे अग्गहत्थो पडिभादि । (स्थाने सज्जति दृष्टिः । अनेनाङ्गुलीय-केनोद्भिन्नकिरणकेसरेण कुसुमित इव तेऽग्रहस्तः प्रतिभाति ।)

कुमुदिनी—हला ! कहिं पत्थिदासि । (सखि ! कुत्र प्रस्थितासि ।)

बकुलावलिका—देवीए एव्व वअणेण णट्टाआरिअं अज्जगणदासं पुच्छिदुं उवदेसग्गहणे कीरिसी मालविएत्ति । (देव्या एव वचनेन नाट्याचार्यमार्यगणदासं प्रष्टुमुपदेशग्रहणे कीदृशी मालविकेति ।)

कुमुदिनी—सहि ईदिसेण आवारेण असण्णिहिदा वि सा कहं भट्टिणा दिट्ठा । (सखी । ईदृशेन व्यापारेणासंनिहितापि सा कथं भर्त्रा दृष्टा ।)

बकुलावलिका—आम् सो जणो देवीए पासगदो चित्ते दिट्ठो । (आम् । स जनो देव्याः पार्श्वगतश्चित्रे दृष्टः ।)

कुमुदिनी—कहं विअ । (कथमिव ।)

बकुलावलिका—[कुमुदिनाको देखकर] क्यों सखी कौमुदिका ! ऐसी भी क्या बात है कि तुम मेरे इतने पाससे निकली चली जाती हुई भी इधर देखती तक नहीं हो ?

कुमुदिनी—अरे ! तुम हो बकुलावलिका ? सखी ! अभी सुनारके यहाँसे महारानीकी यह नागमुद्रा जड़ी हुई अँगूठी लाई हूँ । उसीको ध्यानसे देख रही थी कि तुमने झट ताना कस दिया ।

बकुलावलिका—[देखकर] सचमुच बड़ी बाँकी वस्तुपर तुम्हारी आँखें उलझी हैं । इस अँगूठीसे केसरके समान जो किरणें निकल रही हैं उनसे तुम्हारी हथेली मानो फूल उठी है ।

कुमुदिनी—क्यों सखी ! तुम जा किधर रही थी ?

बकुलावलिका—मैं भी महारानीके कहनेसे नाट्याचार्य गणदासजीसे यह पूछने जा रही थी कि मालविका कैसा सीख-पढ़ रही है ।

कुमुदिनी—क्यों सखी ! इतनी रोक-टोक होते हुए भी महाराजने उसे देख कैसे लिया ?

बकुलावलिका—अरे ! वह चित्रमें महारानीके पास बैठी हुई है न ! उसको महाराजने देख लिया ।

कुमुदिनी—कैसे ?

बकुलावलिका—सुणु। चित्तसालं गदा देवी जदा पच्चग्गवण्णराअं चित्तलेहं आआरिअस्स आलोअन्ती चिट्ठदि भट्टा अ उवट्ठिदो। (शृणु। चित्रशालां गता देवी यदा प्रत्यग्रवर्णरागां चित्रलेखामाचार्यस्यालोकयन्ती तिष्ठति भर्ता चोपस्थितः।)

कुमुदिनी—तदो तदो। (ततस्ततः।)

बकुलावलिका—उवआराणन्तरं एक्कासणोवविट्ठेण भट्टिणा चित्तगदाए देवीए परिअण-मज्झगदं आसण्णदारिअं देक्खिअ देवी पुच्छिदा। (उपचारानन्तरमेकासनोपविष्टेन भर्त्रा चित्रगताया देव्याः परिजनमध्यगतामासन्नदारिकां दृष्ट्वा देवी पृष्टा।)

कुमुदिनी—किं ति। (किमिति।)

बकुलावलिका—अपुव्वा इअं दारिआ देवीए आसण्णा आलिहिदा किं णामहेएत्ति। (अपूर्वेयं दारिका देव्या आसन्ना आलिखिता किं नामधेयेति।)

कुमुदिनी—आकिदिविसेसेसु आअरो पदं करेदि। तदो तदो। (आकृतिविशेषेष्वादरः पदं करोति। ततस्ततः।)

बकुलावलिका—तदो अवहीरिअवअणो भट्टा सङ्किदो देवीं पुणोवि अणुबन्धिदुं। तदो कुमारिए वसुलच्छीए आअक्खिदम्। अज्ज एसा मालविएत्ति। (ततोऽवधीरितवचनो भर्ता शङ्कितो देवीं पुनरप्यनुबन्धुम्। ततः कुमार्या वसुलक्ष्म्याख्यातम्। आर्ये एषा मालविकेति।)

कुमुदिनी—[सस्मितम्] सरिसं क्खु बालभावस्स। अदो अवरं कहेहि। (सदृशं खलु बालभावस्य। अतोऽपरं कथय।)

बकुलावलिका—किं अण्णं। संपदं मालविआ सविसेसं भट्टिणो दंसणपहादो रक्खीअदि। (किमन्यत्। साम्प्रतं मालविका सविशेषं भर्तुर्दर्शनपथाद्रक्ष्यते।)

बकुलावलिका—सुन! जब महारानीजी चित्रशालामें पहुँचकर चित्रकलाके आचार्यके हाथके बनाए हुए गीले चित्रोंको देख रही थी, उसी समय स्वामी भी वहाँ पहुँच गए।

कुमुदिनी—तब, तब।

बकुलावलिका—प्रणाम आशीष हो चुकनेपर महाराज भी महारानीके साथ एक ही आसनपर बैठ गए। तब चित्रमें बनी हुई महारानीकी दासियोंमें पास ही खड़ी हुई कन्याको देखकर महाराजने यह पूछा—

कुमुदिनी—क्या?

बकुलावलिका—कि चित्रमें देवीके पास बैठी हुई यह कौन सुन्दर लड़की है?

कुमुदिनी—सुन्दरकी ओर सबका मन खिंच ही जाता है। हाँ, तो फिर क्या हुआ?

बकुलावलिका—देवीको चुप देखकर स्वामीका माथा ठनका और उन्होंने फिर वही बात दुहराई। इसी बीच कुमारी वसुलक्ष्मी बोल उठी—आर्य! यह मालविका है।

कुमुदिनी—[मुसकराती हुई] बच्ची ही तो ठहरी। हाँ, तो फिर क्या हुआ?

बकुलावलिका—और होगा क्या? अब मालविकापर ऐसा कड़ा पहरा पड़ गया है कि उसे महाराजके आगे ही नहीं होने दिया जाता।

कौमुदिका—हला ! अणुचिट्ठ अत्तणो णिओअं । अहं पि एदं अङ्गुलीअअं देवीए उवणइस्सं । (सखि ! अनुतिष्ठात्मनो नियोगम् । अहमप्येतदङ्गुलीयकं देव्या उपनेष्यामि ।)

[इति निष्क्रान्ता ।]

बकुलावलिका—[परिक्रम्यावलोक्य ।] एसो णट्टाअरिओ संगीदसालादो णिक्कमदि । जाव से अत्ताणं दंसेमि । (एष नाट्याचार्यः संगीतशालातो निष्क्रामति । यावदस्मा आत्मानं दर्शयामि ।) [इति परिक्रामति ।]

[प्रविश्य ।]

गणदासः—कामं खलु सर्वस्यापि कुलविद्या बहुमता । न पुनरस्माकं नाट्यं प्रति मिथ्यागौरवम् । तथाहि ।

देवानामिदमामनन्ति मुनयः शान्तं क्रतुं चाक्षुषं
रुद्रेणेदमुमाकृतव्यतिकरे स्वाङ्गे विभक्तं द्विधा ।
त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं दृश्यते
नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधकम् ॥४॥

बकुलावलिका—[उपेत्य ।] अज्ज वन्दामि । (आर्यं वन्दे ।)

गणदासः—भद्रे चिरं जीव ।

बकुलावलिका—अज्ज ! देवी पुच्छदि अवि उवदेसग्गहणे णादिकिलेसेदि वो सिस्सा मालविए त्ति । (आर्य ! देवी पृच्छत्यप्युपदेशग्रहणे नातिक्लेशयति वः शिष्या मालविकेति ।)

गणदासः—भद्रे ! विज्ञाप्यतां देवी परमनिपुणा मेधाविनी चेति । किं बहुना ।

यद्यत्प्रयोगविषये भाविकमुपदिश्यते मया तस्यै ।
तत्तद्विशेषकरणात्प्रत्युपदिशतीव मे बाला ॥५॥

बकुलावलिका—[आत्मगतम् ।] अदिक्कमन्तीं विअ इरावदिं पेक्खामि । [प्रकाशम्] किदत्था दाणिं वो सिस्सा जाए गुरुअणो एवं तुस्सदि । (अतिक्रामन्तीमिवेरावतीं पश्यामि । कृतार्थेदानीं वः शिष्या यस्या गुरुजन एवं तुष्यति ।)

गणदासः—भद्रे ! तद्विधानामसुलभत्वात्पृच्छामि । कुतो देव्या तत्पात्रमानीतम् ।

बकुलावलिका—अत्थि देवीए वण्णावरो भादा वीरसेणो णाम । सो भट्टिणा णम्मदातीरे अन्तवालदुग्गे ठाविदो । तेण सिप्पाहिआरे जोग्गा इअं दारिएत्ति भणिअ भइणीए देवीए उवाअणं पेसिदा । (अस्ति देव्या वर्णावरो भ्राता वीरसेनो नाम । स भर्त्रा नर्मदातीरेऽन्तपालदुर्गे स्थापित. । तेन शिल्पाधिकारे योग्येयं दारिकेति भणित्वा भगिन्या देव्या उपायनं प्रेषिता ।)

गणदासः—[स्वगतम्] आकृतिविशेषप्रत्ययादेनामनूनवस्तुकां संभावयामि । [प्रकाशम्] भद्रे ! ममापि यशस्विना भवितव्यम् । यतः ।

पात्रविशेषे न्यस्तं गुणान्तरं व्रजति शिल्पमाधातुः ।
जलमिव समुद्रशुक्तौ मुक्ताफलतां पयोदस्य ॥६॥

बकुलावलिका—अज्ज ! कहिं दाणिं वो सिस्सा । (आर्य ! क्वेदानीं वः शिष्या ।)

गणदास—इदानीमेव पञ्चाङ्गाबकर्माभिनयमुपदिश्य मया विश्रम्यतामित्यभिहिता दीर्घिकावलोकनगवाक्षगता प्रवातमासेवमाना तिष्ठति ।

गणदास—भद्रे ! महारानीसे कह देना कि वह बड़ी चतुर और समझदार है । और क्या कहूँ, मैं जो जो भाव उसे सिखलाता हूँ उन्हे जब वह और भी सुन्दरताके साथ करके दिखाने लगती है तब ऐसा जान पड़ता है मानो वह उलटे मुझे ही सिखा रही हो ॥५॥

बकुलावलिका—[मन ही मन] जान पड़ता है कि यह इरावतीको तो पछाड़ ही देगी । [प्रकट] धन्य है आपकी वह शिष्या जिसके गुरु उससे इतने प्रसन्न हैं ।

गणदास—भद्रे । ऐसे शिष्य मिलते कहाँ हैं ! इसीलिये तो मैं तुमसे पूछता हूं कि देवीको यह मिल कहाँसे गई ?

बकुलावलिका—देवीके एक वीरसेन नामके दूरके भाई हैं उन्हे महाराजने नर्मदा तीरवाले अन्तपाल दुर्गकी देख-रेखका काम सौंप रक्खा है । उन्होंने ही अपनी बहिन धारिणी देवीके पास इस कन्याको यह कहलाकर भेज दिया है कि यह गाने बजानेका काम भली भाँति सीख सकेगी ।

गणदास—[मन ही मन] पर रूप-रंगसे तो यह किसी ऊंचे घरानेकी जान पड़ती है, क्योंकि सिखानेवालेकी कला अच्छे ही शिष्यके पास पहुँचकर उस प्रकार खिलती है जैसे बादलका जल समुद्रकी सीपीमें पहुँचकर मोती बन उठता है ॥६॥

बकुलावलिका—क्यों आर्य ! आपकी शिष्या इस समय है कहाँ ?

गणदास—अभी उसे पाँचों अंगोंका अभिनय सिखाकर मैंने उसे थोड़ा विश्राम करनेको कहा है । इसलिये वह सरोवरकी ओरवाली खिड़कीपर बैठी बयार ले रही है ।

बकुलावलिका— तेण हि पुणो अणुजाणादु मं अज्जो। जाव से अज्जस्स परितोसणिवेदणेण उस्साहं वड्ढेमि। (तेन हि पुनरनुजानातु मामार्यः। यावदस्या आर्यस्य परितोषनिवेदनेनोत्साहं वर्धयामि।)

गणदासः—दृश्यतां सखी। अहमपि लब्धक्षणः स्वगृहं गच्छामि।

[इति निष्क्रान्तौ।]

॥ मिश्रविष्कम्भकः ॥

[ततः प्रविशत्येकान्तस्थितपरिजनो मन्त्रिणा लेखहस्तेनान्वास्यमानो राजा।]

राजा—[अनुवाचितलेखममात्यं विलोक्य] वाहतक! किं प्रतिपद्यते वैदर्भः।

अमात्यः—देव आत्मविनाशम्।

राजा—संदेशमिदानीं श्रोतुमिच्छामि।

अमात्यः—इदमिदानीमनेन प्रतिलिखितम्। पूज्येनाहमादिष्टः। भवतः पितृव्यपुत्रः कुमारो माधवसेनः प्रतिश्रुतसंबन्धो ममोपान्तिकमुपसर्पन्नन्तरा त्वदीयेनान्तपालेनावस्कन्द्य गृहीतः। स त्वया मदपेक्षया सकलत्रसोदर्यो मोक्तव्य इति। एतन्ननु वो विदितम्। यत्तुल्याभिजनेषु राज्ञां वृत्तिः। अतोऽत्र मध्यस्थः पूज्यो भवितुमर्हति। सोदरा पुनरस्य ग्रहणविप्लवे विनष्टा। तदन्वेषणाय प्रयतिष्ये। अथवा अवश्यमेव माधवसेनो मया पूज्येन मोचयितव्यः श्रूयतामभिसंधिः।

बकुलावलिका—तो आप मुझे आज्ञा दीजिए कि मैं उसे यह कहकर उत्साहित करूँ कि आप उससे इतने प्रसन्न हैं।

गणदास—हाँ हाँ, जाकर मिलो अपनी सखीसे। मैं भी छुट्टी पाकर अपने घर जा रहा हूँ। [दोनों जाते हैं।]

॥ मिश्र विष्कंभक ॥

[एकान्तमें अपने सभासदोंके साथ राजा बैठे हुए हैं और मन्त्री अपने हाथमें एक पत्र लिए हुए हैं।]

राजा—[मंत्री जब पत्र बाँच चुके तब] क्यों वाहतक। विदर्भके राजा चाहते क्या हैं?

अमात्य—अपना सत्यानाश, देव!

राजा—अच्छा, पढ़कर तो सुनाओ उनका संदेशा।

अमात्य—उन्होंने लिखकर भेजा है आपने जो मुझे यह आज्ञा दी थी—कि "आपके चचेरे भाई कुमार माधवसेन पहलेसे पक्के किए संबंधके अनुसार मुझसे अपनी बहन ब्याहनेके लिये जब चले आ रहे थे तो बीचमें ही आपके राज्यकी सीमाके रखवालोंने उन्हें पकड़कर बाँध लिया है। उन्हें आप मेरे कहनेसे स्त्री और बहनके साथ छोड़ दीजिए।" इस संबंधमें मुझे यह कहना है कि आप बड़े हैं और यह भी आप भली भाँति जानते हैं कि समान वंशवाले राजाओंके झगड़े कैसे निपटाने चाहिए। इसलिये आप चाहें तो हम लोगोंका बीच-बचाव कर सकते हैं। हाँ, इस धर-पकड़में माधवसेनकी बहन कहीं खो गई है। मैं उसे खोजनेका जतन करूँगा और आप

मौर्यसचिवं विमुञ्चति यदि पूज्यः संयतं मम श्यालम् ।
मोक्ता माधवसेनस्ततो मया बन्धनात्सद्यः ॥७॥

इति ।

राजा—[सरोषम्] कथं कार्यविनिमयेन मयि व्यवहरत्यनात्मज्ञः । वाहतक ! प्रकृत्यमित्रः प्रतिकूलकारी च मे वैदर्भः । तद्यातव्यपक्षे स्थितस्य पूर्वसंकल्पितसमुन्मूलनाय वीरसेनमुखं दण्डचक्रमाज्ञापय ।

अमात्य—यदाज्ञापयति देवः ।

राजा—अथवा किं भवान्मन्यते ।

अमात्य—शास्त्रदृष्टमाह देवः ।

अचिराधिष्ठितराज्यः शत्रुः प्रकृतिष्वरूढमूलत्वात् ।
नवसंरोपणशिथिलस्तरुरिव सुकरः समुद्धर्तुम् ॥८॥

राजा—तेन ह्यवितथं तन्त्रकारवचनम् । इदमेव वचनं निमित्तमुपादाय समुद्योज्यतां सेनापतिः ।

अमात्य—तथा । [इति निष्क्रान्तः]

[परिजनो यथाव्यापारं राजानमभितः स्थितः ।]

[प्रविश्य ।]

भी यदि माधवसेनको छुड़ाना चाहते हों तो आप मेरी इतनी बात मान लीजिए कि आपने मेरे साले मौर्य सचिवको जो पकड़ रक्खा है उसे यदि आप छोड़ दें तो मैं भी माधवसेनको अभी छोड़ दूंगा ॥७॥

राजा—[क्रोधसे] क्या वह ढीठ मुझसे इस प्रकार बदलेका व्यवहार करना चाहता है । देखो वाहतक ! यह विदर्भका राजा स्वभावसे ही मेरा शत्रु है और जो कुछ मैं कहता हूँ, उसका ठीक उल्टा ही किया करता है । इसलिये वीरसेनके नायकत्वमें जितनी सेना है उसे आज्ञा दो कि जाकर उसे जड़से उखाड़ फेंके, क्योंकि हम लोग पहले ही संकल्प कर चुके हैं कि ऐसे खोटे शत्रुको उखाड़ फेंकना ही ठीक है ।

अमात्य—जैसी देवकी आज्ञा ।

राजा—पर इसमें आपकी क्या सम्मति है ?

अमात्य—देवने तो पहले ही शास्त्रकी बात कह दी है—जो शत्रु अभी गद्दीपर बैठा हो और जो भली प्रकार अपनी प्रजामें जड़ न जमा सका हो वह नये रोपे हुए दुर्बल पौधेके समान बड़ी सरलताके साथ उखाड़ा जा सकता है ॥८॥

राजा—तब तो शास्त्रकी बात यहाँ ठीक लागू हो रही है । इसलिये शास्त्रके इसी वचनके आधारपर सेनापतिको तैयार करो ।

अमात्य—अच्छी बात है । [चला जाता है ।]

[सब सेवक राजाके चारों ओर खड़े हुए अपना अपना काम कर रहे हैं ।]

विदूषक—आणत्तोम्हि तत्तभवदा रण्णा । गोदम ! चिन्तेहि दाव उवाअं । जह मे अदिच्छादिट्ठप्पडिकिदी मालविआ पच्चक्खदंसणा होदित्ति । मए अ तं तहा किद दाव से णिवेदेमि । (आज्ञप्तोऽस्मि तत्र भवता राज्ञा । गौतम चिन्तय तावदुपायम् । यथा मे यदृच्छादृष्टप्रतिकृतिर्मालविका प्रत्यक्षदर्शना भवतीति । मया च तत्तथा कृतं तावदस्मै निवेदयामि ।) [इति परिक्रामति ।]

राजा—[विदूषकं दृष्ट्वा ।] अयमपरः कार्यान्तरसचिवोऽस्मानुपस्थितः ।

विदूषक—[उपगम्य] वड्ढदु भवं । (वर्धतां भवान् ।)

राजा—[सशिरःकम्पम् ।] इत आस्यताम् ।

[विदूषक उपविष्टः ।]

राजा—अपि कच्चिदुपेयोपायदर्शने व्यापृतं ते प्रज्ञाचक्षुः ।

विदूषक—पओअसिद्धिं पुच्छ । (प्रयोगसिद्धिं पृच्छ ।)

राजा—कथमिव ।

विदूषक—[कर्णे] एव्वमिव । (एवमिव ।)

राजा—साधु वयस्य निपुणमुपक्रान्तम् । इदानीं दुरधिगमसिद्धावप्यस्मिन्नारम्भे वयमाशंसामहे । कुतः—

अर्थं सप्रतिबन्धं प्रभुरधिगन्तुं सहायवानेव ।
दृश्यं तमसि न पश्यति दीपेन विना सचक्षुरपि ॥९॥

[नेपथ्ये]

विदूषक—[आकर] मुझे महाराजने आज्ञा दी थी कि गोतम ! कोई ऐसा उपाय सोच निकालो कि जिस मालविकाको मैंने अचानक चित्रमें देख लिया है उसे मैं अपनी आँखोंसे तो देख पाऊँ। मैंने उसके लिये जो ढंग निकाला है चलकर उसे अभी महाराजको बताता हूँ। [घूमता है।]

राजा—[विदूषकको देखकर] लो हमारे दूसरे कामोंके मंत्री भी आ पहुँचे।

विदूषक—[पास पहुँचकर] बधाई है।

राजा—[सिर हिलाकर] आओ यहाँ बैठो [विदूषक बैठ जाता है।]

राजा—कहो जिससे मिलनेके लिये हम तड़प रहे हैं उससे मिलनेका कोई उपाय तुम्हारी बुद्धिमें आया या नहीं ?

विदूषक—अजी, यह पूछिए कि हमने काम बनाया कैसे है।

राजा—कैसे, कैसे ?

विदूषक—[कानमें] ऐसे।

राजा—वाह मित्र ! तुमने बड़ी चतुराईका काम किया है। यह काम है तो बड़ा टेढ़ा, पर तुमने जैसा आरंभ किया है उससे तो कुछ कुछ आशा हो चली है। क्योंकि झंझटवाले कामोंमें जब कोई साथी मिल जाय तो समझ लेना चाहिए कि सब काम बन गया। क्योंकि आँखोंवाला मनुष्य भी अँधेरेमें बिना दीपकके कुछ नहीं देख सकता ॥९॥

[नेपथ्यमें]

अलं बहु विकत्थ्य । राज्ञः समक्षमेवावयोरधरोत्तरयोर्व्यक्तिर्भविष्यति ।

राजा—[आकर्ण्य ।] सखे ! त्वत्सुनीतिपादपस्य पुष्पमुद्भिन्नम् ।

विदूषक—फलं वि अइरेण दक्खिस्ससि । (फलमप्यचिरेण द्रक्ष्यसि ।)

[ततः प्रविशति कञ्चुकी ।]

कञ्चुकी—देव देव ! अमात्यो विज्ञापयति । अनुष्ठिता प्रभोराज्ञा । एतौ पुनर्हरदत्तगणदासौ ।

उभावभिनयाचार्यौ परस्परजयैषिणौ ।
त्वां द्रष्टुमुद्यतौ साक्षाद्भावाविव शरीरिणौ ॥१०॥

राजा—प्रवेशय तौ ।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देव । [इति निष्क्रम्य ताभ्यां सह प्रविश्य ।] इत इतो भवन्तौ ।

गणदास —[राजानं विलोक्य ।] अहो दुरासदो राजमहिमा ।

न च न परिचितो न चाप्यरम्यश्चकितमुपैमि तथापि पार्श्वमस्य ।
सलिलनिधिरिव प्रतिक्षणं मे भवति स एव नवो नवोऽयमक्ष्णोः ॥११॥

बस बस, अपनी बकवाद रहने दो । अभी महाराजके सामने ठीक-ठीक निर्णय हो जाता है न, कि हम दोनोंमें कौन छोटा है कौन बड़ा ।

राजा—[सुनकर] लो मित्र ! तुम्हारी नीतिके पेड़मे फूल तो दिखाई देने लगे ।

विदूषक—थोड़ी ही देरमे फल भी देखिएगा ।

[कञ्चुकी आता है ।]

कञ्चुकी—देव ! मन्त्रीजी कहते हैं कि आपकी आज्ञाका पालन हो गया । अभिनयके दोनों आचार्य हरदत्त और गणदास आपसमे एक दूसरेको हरानेकी ठानकर आपसे मिलनेके लिये बाहर खड़े ऐसे लग रहे हैं मानो स्वयं नाटकके भाव ही शरीर धारण करके चले आए हों ॥१०॥

राजा—ले आओ दोनोंको भीतर ।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा [बाहर जाकर दोनोंको ले आता है ।] इधरसे आइए आप लोग, इधरसे ।

गणदास—[राजाको देखकर] वाह, क्या कहने हैं राजाके तेजके भी ! इनके तो पासतक पहुँचना दूभर लग रहा है क्योंकि—ऐसी बात नहीं है कि इनसे पहलेसे जान-पहचान न हो या ये देखनेमें भयङ्कर लगते हों, फिर भी न जाने क्यों मुझे इनके पास जाते हुए बड़ी हिचक हो रही है । समुद्रके समान ज्योंके त्यों रहते हुए भी ये मेरी आँखोंको पल-पलमें नये-नये से दिखाई पड़ रहे हैं ॥११॥

हरदत्त.—महत्खलु पुरुषाकारमिद ज्योतिः । तथाहि ।

द्वारे नियुक्तपुरुषाभिमतप्रवेशः सिंहासनान्तिकचरेण सहोपसर्पन् ।
तेजोभिरस्य विनिवर्तितदृष्टिपातैर्वाक्याद्दते पुनरिव प्रतिवारितोऽस्मि ॥१२॥

कञ्चुकी—एष देवः । उपसर्पतां भवन्तौ ।

उभौ—[उपेत्य] विजयतां देवः ।

राजा—स्वागतं भवद्भ्याम् । [परिजनं विलोक्य ।] आसने तावदत्रभवतोः ।

[उभौ परिजनोपनीतयोरासनयोरुपविष्टौ ।]

राजा—किमिदं शिष्योपदेशकाले युगपदाचार्याभ्यामत्रोपस्थानम् ।

गणदासः—देव ! श्रूयताम् । मया सुतीर्थादभिनयविद्या शिक्षिता । दत्तप्रयोगश्चास्मि । देवेन देव्या च परिगृहीतः ।

राजा—बाढं जाने । ततः किम् ।

गणदास.—सोऽहमनुना हरदत्तेन प्रधानपुरुषसमक्षमयं मे न पादरजसापि तुल्य इत्यधिक्षिप्तः ।

हरदत्तः—देव ! अयमेव प्रथमं परिवादकरः । अत्रभवतः किल मम च समुद्रपल्वलयोरिवान्तरमिति तत्रभवानिमं मां च शास्त्रे प्रयोगे च विमृशतु । देव एव नौ विशेषज्ञःप्राश्निकः ।

हरदत्त—पुरुषके रूपमे राजाका तेज सचमुच बड़ा प्रभावशाली है । क्योंकि यद्यपि द्वारपालने मुझे यहाँतक पहुँचा दिया है और मैं इनके सिंहासनके पास रहनेवाले कञ्चुकीके साथ ही भीतर भी आया हूँ फिर भी इनके तेजसे मेरी आँखें इतनी चौंधियाँ गई हैं मानो बिना रोके ही मैं बढ़नेसे रोक दिया गया होऊँ ॥१२॥

कञ्चुकी—लीजिए ये हैं देव ! आप लोग आगे बढ़ जाइए ।

दोनों—[आगे बढ़कर] देवकी जय हो ।

राजा—आप दोनोंका स्वागत है ! [सेवकको देखकर] आप लोगोंके लिये आसन तो लाओ ।

[सेवकोंके लाए हुए आसनोंपर दोनों बैठते हैं ।]

राजा—कहिए, यह तो शिष्योंको पढ़ानेका समय है । इस समय आप दोनों आचार्य एक साथ कैसे आ पहुँचे ?

गणदास—सुनिए देव ! मैंने बड़े योग्य गुरुसे विद्या सीखी है और इतने दिनोंसे सिखा भी रहा हूँ । देव और देवीने मेरी विद्याका आदर भी किया है ।

राजा—हाँ, यह तो मैं जानता हूँ । तो हुआ क्या है ?

गणदास—आज इन हरदत्तजीने एक बड़े राजपुरुषके आगे यह डींग हाँकी है कि गणदास तो मेरे पैरोंकी धूलके बराबर भी नहीं हैं ।

हरदत्त—देव ! इन्होंने ही पहले मेरी निन्दा की है और यह कहा है कि हमारे और हरदत्तमें तो समुद्र और गड्हीका अन्तर है । इसलिये अब आप ही इनके और मेरे शास्त्र ज्ञानकी और प्रयोग दिखानेकी चतुराईकी स्वयं परीक्षा कर लें । क्योंकि आप ही परीक्षक होकर यह बता सकेंगे कि हम दोनोंमें कौन बढ़कर है ।

विदूषक—समत्थं पइण्णादं। (समर्थं प्रतिज्ञातम्।)

गणदास—प्रथम. कल्पः। अवहितो देवः श्रोतुमर्हति।

राजा—तिष्ठ यावत्। पक्षपातमत्र देवी मन्यते। तदस्याः पण्डित-कौशिकीसहितायाः समक्षमेव न्याय्यो व्यवहारः।

विदूषक—सुट्ठु भव भणादि। (सुष्ठु भवान्भणति।)

आचार्यौ—यद्देवाय रोचते।

राजा—मौद्गल्य! अमु प्रस्ताव निवेद्य पण्डितकौशिक्या सार्धमाहूयतां देवी।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रम्य सपरिव्राजिकया देव्या सह प्रविष्टः।] इत इतो भवती।

धारिणी—[परिव्राजिका विलोक्य।] भअवदि! हरदत्तस्स गणदासस्स अ संरम्भं कह पेक्खसि। (भगवति! हरदत्तस्य गणदासस्य च संरम्भे कथं पश्यसि।)

परिव्राजिका—अलं स्वपक्षावसादशङ्कया। न परिहीयते प्रतिवादिनो गणदासः।

धारिणी—जइ वि एवं तह वि राअपरिग्गहो पहाणत्तणं उवहरदि। (यद्यप्येवं तथापि राजपरिग्रहः प्रधानत्वमुपहरति।)

परिव्राजिका—अयि! राज्ञीशब्दभाजनमात्मानमपि चिन्तयतु भवती। पश्य।

अतिमात्रभासुरत्वं पुष्यति भानोः परिग्रहादनलः।
अधिगच्छति महिमानं चन्द्रोऽपि निशापरिगृहीतः॥१३॥

विदूषक—बात तो ठीक कही।

गणदास—यही सही। तो देव सावधान होकर सुनें।

राजा—अभी ठहरो। यदि हम निर्णय करेंगे तो देवी समझेंगी कि हमने पक्षपात किया है इसलिये उनके और पंडिता कौशिकीके सामने ही निर्णय किया जाना चाहिए।

विदूषक—यह तो आप ठीक कह रहे हैं।

दोनों आचार्य—जैसा देव ठीक समझें।

राजा—मौद्गल्य! पंडिता कौशिकी और महारानीको सब बातें बताकर यहाँ बुला तो लाओ।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा। [जाता है और परिव्राजिका तथा महारानीको लेकर आता है।] इधरसे आइए देवी इधरसे।

धारिणी—[परिव्राजिकाकी ओर देखकर] क्यों भगवती! हरदत्त और गणदासके झगड़ेमें आप किसकी जीत सोचती हैं?

परिव्राजिका—आप अपने पक्षके हारको तो बात ही न सोचिए। गणदास कभी अपने जोड़वालेसे नहीं हार सकते।

धारिणी—यह तो ठीक है। फिर भी राजा जिसपर कृपा करदें, वह तो जीत ही जायगा।

परिव्राजिका—अजी! आप यह स्मरण रखिए कि आप भी महारानी हैं। देखिए—जैसे सूर्यकी कृपासे अग्निमें बहुत चमक आ जाती है, वैसे ही रातकी कृपा पाकर चन्द्रमामें भी बहुत चमक आ जाती है॥१३॥

विदूषकः—अइ उअट्ठिवा देवी पीठमद्दिम्रं पण्डिअकोसिइं पुरोकदिम तत्तभोदी धारिणी। (अयि ! उपस्थिता देवी पीठमर्दिका पण्डितकौशिकी पुरस्कृत्य तत्रभवती धारिणी।)

राजा—पश्याम्येनाम्। येयम्—

मङ्गलालंकृता भाति कौशिक्या यतिवेषया।
त्रयी विग्रहवत्येव सममध्यात्मविद्यया ॥१४॥

परिव्राजिका—[उपेत्य] विजयतां देवः।

राजा—भगवति अभिवादये।

परिव्राजिका—

महासारप्रसवयोः सदृशक्षमयोर्द्वयोः।
धारिणीभूतधारिण्योर्भव भर्ता शरच्छतम् ॥१५॥

धारिणी—जेदु जेदु अज्जउत्तो। (जयतु जयत्वार्यपुत्रः।)

राजा—स्वागतं देव्यै। [परिव्राजिकां विलोक्य।] भगवति! क्रियतामासनपरिग्रहः।

[सर्वं उपविशन्ति।]

राजा—भगवत्यत्रभवतोर्हरदत्तगणदासयोः परस्पर विज्ञानसङ्घर्षिणोर्भगवत्या प्राश्निकपदमध्यासितव्यम्।

परिव्राजिका—[सस्मितम्] अलमुपालम्भेन। पत्तने सति ग्रामे रत्नपरीक्षा।

विदूषक—लो, महारानी धारिणीजी अपनी साथिन पंडिता कौशिकीको साथ लिए हुए इधर चली आ रही हैं।

राजा—हाँ, देख तो रहा हूँ कि साधुनीके वेशवाली कौशिकीके साथ सुन्दर वस्त्र और आभूषणोंसे सजी हुई महारानी ऐसी दिखाई पड़ रही हैं मानो अध्यात्म-विद्याके साथ तीनों वेदोंकी देवी शरीर धारण किए हुए चली आ रही हो ॥१४॥

परिव्राजिका—[पास जाकर] देवीकी जय हो।

राजा—भगवती! अभिवादन करता हूँ।

परिव्राजिका—सैकड़ों शरदोतक, महातेजस्वियोंको उत्पन्न करनेवाली उन पृथ्वी और धारिणी देवीके आप स्वामी बने रहें जिनमें सहन करनेकी शक्ति एक जैसी ही है ॥१५॥

धारिणी—जय हो, आर्यपुत्रकी जय हो।

राजा—देवीका स्वागत है। [परिव्राजिकाकी ओर देखकर] आइए, बैठिए भगवती!

[सब बैठते हैं]

राजा—भगवती! आचार्य हरदत्त और गणदास आज एक झगड़ा लेकर आए हैं कि हम दोनोंमें कौन अधिक योग्य है। अब आपही इनका झगड़ा निपटाइए।

परिव्राजिका—[मुसकराकर] ठिठोली न कीजिए। भला नगरके होते हुए कहीं रत्नकी परख गाँवमें की जाती है?

राजा—नैतदेवम् । पण्डितकौशिकी खलु भगवती पक्षपातिनावहं देवी च ।

आचार्यौ—सम्यगाह देवः । मध्यस्था भगवती नौ गुणदोषतः परिच्छेत्तुमर्हति ।

राजा—तेन हि प्रस्तूयतां विवादः ।

परिव्राजिका—देव प्रयोगप्रधानं हि नाट्यशास्त्रम् । किमत्र वाग्व्यवहारेण । कथं वा देवी मन्यते ।

देवी—जइ मं पुच्छसि तदा एदाणं विवादो एव्व ण मे रोअदि । (यदि मां पृच्छसि तदैतयो-विवाद एव न मे रोचते ।)

गणदासः—देवि ! न मां समानविद्यया परिभवनीयमवगन्तुमर्हसि ।

विदूषकः—भोदि पेक्खामो उअरभरिसंवादं । किं मुहा वेअणदाणेण एदेसं । (भवति पश्याम उदरम्भरिसंवादम् । किं मुधा वेतनदानेनैतेषाम् ।)

देवी—णं कलहप्पिओसि । (ननु कलहप्रियोऽसि ।)

विदूषकः—मा एव्वं । चण्डि ! अण्णोण्णकलहप्पिआणं मत्तहत्थीणं एक्कदरस्सि अणिज्जिदे कुदो उवसमो । (मैवम् । चण्डि ! अन्योन्यकलहप्रिययोर्मत्तहस्तिनोरेकतरस्मिन्ननिर्जिते कुत उपशमः ।)

राजा—ननु स्वाङ्गसौष्ठवातिशयमुभयोर्दृष्टवती भगवती ।

परिव्राजिका—अथ किम् ।

राजा—तदिदानीमतः परं किमाभ्यां प्रत्याययितव्यम् ।

राजा—नहीं, ऐसी बात नहीं है । आप ठहरीं पंडित कौशिकी, और हम तथा देवी ठहरे आचार्योंके पक्षपाती ।

दोनों आचार्य—यह तो देवने ठीक कहा । पक्षपातसे दूर रहनेवाली भगवती ही हमारे गुण-दोष ठीक-ठीक जाँच सकेंगी ।

राजा—तो आप लोग शास्त्रार्थ चलाइए ।

परिव्राजिका—देव ! नाट्यशास्त्रकी जाँच तो करके दिखानेसे होती है । इसलिये कोरी बात चीतसे लाभ क्या होगा ? क्यों देवी ! ठीक है न ?

देवी—मुझसे पूछा जाय तो मुझे इनका झगड़ा ही नहीं सुहाता है ।

गणदास—देवी ! आप यह न समझें कि मैं नाट्य विद्यामें किसीसे पीछे रह जाऊँगा ।

विदूषक—तो देवी ! देख ही क्यों न लिया जाय इन दोनों पेटुओंका करतब ? नहीं तो इन्हें वेतन दे-देकर पालनेसे लाभ ही क्या है ?

देवी—हाँ, हाँ तुम्हें तो लड़ाई-झगड़ा ही अच्छा लगता है ।

विदूषक—नहीं, ऐसा न कहिए चंडी ! इन दो लड़ाकू हाथियोंमें से जबतक एक की हार नहीं हो जायगी तब तक ये ठंडे कैसे होंगे ?

राजा—भगवती ! आपने तो इन लोगोंके अभिनयकी चतुरता देखी ही होगी ?

परिव्राजिका—हाँ, देखी है ।

राजा—तब इससे बढ़कर ये अपनी कुशलताका और क्या प्रमाण देंगे ।

परिव्राजिका—तदेव वक्तुकामास्मि ।

शिल्ष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था संक्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता ।
यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव ॥१६॥

विदूषक.—सुदं अज्जेहिं भअवदीए वअणं । एसो पिण्डिदत्थो उवदेसदसणादो णिण्णओ त्ति । (श्रुतमार्याभ्यां भगवत्या वचनम् । एष पिण्डितार्थ उपदेशदर्शनान्निर्णय इति ।)

हरदत्त.—परमभिमतं नः ।

गणदास—देवि । एवं स्थितम् ।

देवी—जदा उण मन्दमेधा सिस्सा उवदेसं मलिणेन्ति तदा आअरिअस्स ण दोसो । (यदा पुनर्मन्दमेधा शिष्या उपदेशं मलिनयन्ति तदाऽऽचार्यस्य न दोष ।)

राजा—देवि । एवमापद्यते । विनेतुरद्रव्यपरिग्रहोऽपि बुद्धिलाघवं प्रकाशयतीति ।

देवी—[जनान्तिकम् ।] कहं वाणि । [गणदास विलोक्य प्रकाशम् ।] मलं अज्जउत्तस्स उस्साहकारणं मणोरहं पूरिअ । विरम णिरत्थआदो आरम्भादो । (कथमिदानीम् । अलमार्यपुत्रस्योत्साहकारणं मनोरथं पूरयित्वा । विरम निरर्थकादारम्भाद् ।)

विदूषकः—सुट्ठु भोदी भणादि । भो गणदास ! संगीदपदं लम्भिअ सरस्सईए उवाअणमोदआणं खाअमाणस्स किं दे सुहणिग्गहेण विवादेण । (सुष्ठु भवती भणति । भो गणदास ! सगीतपदं लब्ध्वा सरस्वत्युपायनमोदकान्खादत किं ते मुखनिग्रहेण विवादेन ।)

परिव्राजिका—मैं बताती हूँ न ! देखिए ! कोई गुणी तो ऐसे होते हैं जो अपने गुणको अपने आप भली भाँति जानते हैं । और कुछ ऐसे होते हैं जो अपने गुण दूसरोको सिखानेमें बडे चतुर होते हैं पर सच्चा गुणी वही है जिसमे ये दोनो बातें हो । और ऐसे ही गुणीको सबसे अच्छा समझना भी चाहिए ॥१६॥

विदूषक—[दोनो आचार्य से] आप लोगोने भगवतीकी बातें सुन ली न ! इसका अर्थ यह निकला कि आप लोगोने अपने शिष्योंको जैसा सिखाया है वही देखकर आप लोगोंकी अच्छाईकी जाँच की जायगी ।

हरदत्त—यही तो हम भी चाहते हैं।

गणदास—तो यही रहे देवी !

देवी—पर यदि कोई मोटी समझवाली शिष्या सिखाए हुए प्रयोग विगाड दे तो इसमें आचार्यका क्या दोष है ?

राजा—देवी ! हमने कही पढा है कि यदि गुरु अपनी विद्या देनेके लिये निकम्मा शिष्य चुने तो समझ लेना चाहिए कि गुरुको भी कुछ आता जाता नही ।

देवी—[अलग] अब क्या हो ? [गणदासको देखकर प्रगट] आर्यपुत्रको उत्साह दिलाने वाला यह टटा छोडो । तुम क्यो यह बेकामका काम सिर ले रहे हो ?

विदूषक—आप ठीक कहती हैं । देखो ! गणदास ! जब तुम बैठे-बैठे संगीतके अध्यापक बने हुए, सरस्वतीजीको चढाए हुए लड्डू खा ही रहे हो, तब तुम ऐसी ठाँय ठाँय मोल ही क्यो लेते हो जिससे तुम्हारा मुँह बन्द हो जाय ।

गणदासः—सत्यसमयमेवार्यो देवीवाक्यस्य । श्रूयतामवसरप्राप्तमिदानीम् ।

लब्धास्पदोऽस्मीति विवादभीरोस्तितिक्षमाणस्य परेण निन्दाम् ।
यस्यागमः केवलजीविकायै तं ज्ञानपण्यं वणिजं वदन्ति ॥१७॥

देवी—अइरोवणीदा दे सिस्सा । अवरिणिट्ठिदस्स उवदेसस्स उत्तं अण्णाय्यं पआसणं । (अचिरोपनीता ते शिष्या । अपरिनिष्ठितस्योपदेशस्य पुनरन्याय्यं प्रकाशनम् ।)

गणदासः—अत एव मे निर्बन्धः ।

देवी—तेण हि दुवेवि भअवदीए उवदेसं दंसेध । (तेन हि द्वावपि भगवत्यामुपदेशं दर्शयतम् ।)

परिव्राजिका—देवि ! नैतन्न्याय्यम् । सर्वज्ञस्याप्येकाकिनो निर्णयाभ्युपगमो दोषाय ।

देवी—[जनान्तिकम् ।] मूढे परिव्वाजिए ! मं जाअरंतिपि सुत्तं विअ करेसि । (मूढे परिव्राजिके ! मां जाग्रतीमपि सुप्तामिव करोषि ।) [इति सासूयं परावर्तते ।]

[राजा देवीं परिव्राजिकायै दर्शयति ।]

परिव्राजिका—

अनिमित्तमिन्दुवदने किमत्र भवतः पराङ्मुखी भवसि ।
प्रभवन्त्योऽपि हि भर्तृषु कारणकोपाः कुटुम्बिन्यः ॥१८॥

गणदास—महारानीकी बातका तो सचमुच यही अर्थ निकलता है । जब बात आ ही पड़ी है तो मैं भी कहे देता हूँ । सुनिए—जो अध्यापक नौकरी पा लेनेपर शास्त्रार्थसे भागता है, दूसरोंके उँगली उठानेपर भी चुप रह जाता है और केवल पेट पालनेके लिये विद्या पढ़ाता है ऐसे लोग पंडित नहीं, वरन् ज्ञान बेचनेवाले बनिए कहलाते हैं ॥१७॥

देवी—तुम्हारी शिष्या अभी थोड़े ही दिनोंसे तो सीखने लगी है । इसलिये बिना पक्की किए उसे यहाँ प्रयोग करानेके लिये लाना सचमुच बड़ा अन्याय होगा ।

गणदास—पर इन्हीं कारणोंसे तो मैं और भी उसे यहाँ लानेका हठ कर रहा हूँ ।

रानी—तो तुम दोनों अपने-अपने सिखानेकी चतुराई अकेले भगवतीको ही दिखाओ ।

परिव्राजिका—यह ठीक नहीं होगा देवी ! कोई कितना भी बड़ा पंडित क्यों न हो, पर यदि वह अकेले न्याय करने बैठता है तो उसके निर्णयमें भूल हो ही जाती है ।

देवी—[अलग] अरी मूर्ख परिव्राजिका ! तू मुझ जागती हुईको भी सोती हुई बना देना चाहती है । [डाहसे मुँह फेर लेती है ।]

[राजा परिव्राजिकाको संकेतसे रानीका भाव दिखाता है ।]

परिव्राजिका—हे चंद्रमाके समान मुखवाली ! तुम बिना बात ही महाराजसे क्यों मुँह फेरे बैठी हो । जो अच्छे कुलवाली स्त्रियाँ होती हैं उन्हें यद्यपि अपने पतियोंपर सभी अधिकार होते हैं फिर भी जब उन्हें रूठना होता है तो वे कोई न कोई कारण निकालकर ही अपने पतिसे रूठती हैं ॥१८॥

विदूषकः—एं सकारणं एव्व । अत्तणो पक्खो रक्खिदव्वो । [गणदासं विलोक्य ।] दिट्ठिआ कोवव्वाजेण देवीए परित्तादो भवं । सुसिक्खिदो वि सव्वो उवदेसदंसणेण णिण्हादो होदि । (ननु सकारणमेव । आत्मनः पक्षो रक्षितव्यः । दिष्ट्या कोपव्याजेन देव्या परित्रातो भवान् । सुशिक्षितोऽपि सर्व उपदेशदर्शनेन निष्णातो भवति ।)

गणदासः—देवि ! श्रूयताम् । एवं जनो गृह्णाति । तदिदानीम् ।

विवादे दर्शयिष्यामि क्रियासंक्रान्तिमात्मनः ।
यदि मां नानुजानासि परित्यक्तोऽस्म्यहं त्वया ॥१९॥

[इत्यासनादुत्थातुमिच्छति ।]

देवी—[स्वगतम्] का गई । [प्रकाशम् ।] पहवदि आआरिओ सिस्सजणस्स । (का गतिः । प्रभवत्याचार्यः शिष्यजनस्य ।)

गणदासः—चिरमपदेशशङ्कितोऽस्मि । [राजानमवलोक्य ।] अनुज्ञातं देव्या । तदाज्ञापयतु देवः कस्मिन्नभिनयवस्तुनि प्रयोगं दर्शयिष्यामि ।

राजा—यदादिशति भगवती ।

परिव्राजिका—किमपि देव्या मनसि वर्तते ततः शङ्कितास्मि ।

देवी—भण वीसद्धं । पहवदि क्खु अत्तणो परिअणस्स । (भण विस्रब्धम् । प्रभवति प्रभुरात्मनः परिजनस्य ।)

विदूषक—वे कारणसे ही तो रूठ रही हैं। उन्हें अपने पक्षकी तो रक्षा करनी ही चाहिए। [गणदासको देखकर] जाइए, बड़ा भाग्य है आपका कि महारानीने रूठनेके बहाने आपको बचा लिया। पर देखो, चाहे कोई कितना भी बड़ा पंडित हो पर उसकी चतुराई उसके शिष्योंका करतब देखकर ही जानी जाती है।

गणदास—सुनिए देवी ! जब ऐसी-ऐसी बातें कही जा रही हैं तो अब मैं यही दिखला देना चाहता हूँ कि मैंने अपने शिष्योंको अपनी विद्या कैसे सिखाई है। और यदि आप मुझे इस समय आज्ञा नहीं देंगी तो मैं यही समझूँगा कि आपने मुझे अपने यहाँसे निकाल दिया ॥१९॥ [अपने आसनसे उठना चाहता है।]

देवी—[मन ही मन] अब और चारा ही क्या है ! [प्रकट] शिष्य तो आचार्यके ही हाथमें हैं।

गणदास—मैं इतनी देरसे डर रहा था कि महारानी कहीं रोक न दें [राजाको देखकर] देवीने आज्ञा दे दी है इसलिये अब देव भी आज्ञा दें कि मैं आपको कौनसा अभिनय दिखलाऊँ।

राजा—जो भगवती कहें।

परिव्राजिका—देवी कुछ कहना चाहती हैं इसीसे मैं हिचक रही हूँ।

देवी—नहीं आप निडर होकर कहिए। सेवकोंको तो अपने स्वामीकी आज्ञा माननी ही होती है।

राजा—मम चेति ब्रूहि।

देवी—भअवदि। भणेदाणीम्। (भगवति ! भणेदानीम्।)

परिव्राजिका—देव ! शर्मिष्ठायाः कृतिं चतुष्पादोत्थं छलिकं दुष्प्रयोज्यमुदाहरन्ति। तत्रैकार्थसंश्रयमुभयोः प्रयोगं पश्याम। तावता ज्ञायत एवात्रभवतोरुपदेशान्तरम्।

आचार्यौ—यदाज्ञापयति भगवती।

विदूषक—तेण हि दुवे वि वग्गा पेक्खाघरे संगीदरअणं करिअ तत्तभवदो दूदं पेसअह अहवा मुदङ्गसद्दो एव्व णो उत्थावइस्सदि। (तेन हि द्वावपि वर्गौ प्रेक्षागृहे संगीतरचनां कृत्वा तत्रभवतो दूतं प्रेषयतम्। अथवा मृदङ्गशब्द एव न उत्थापयिष्यति।)

हरदत्त—तथा। [इत्युत्तिष्ठति।]

[गणदासो धारिणीमवलोकयति।]

देवी—[गणदासं विलोक्य।] विअई भोदु अज्जो। ण विजअम्मत्थिणी अहं अज्जस्स। (विजयी भवत्वार्य। ननु विजयाभ्यर्थिन्यहमार्यस्य।)

[आचार्यौ प्रस्थितौ।]

परिव्राजिका—इतस्तावत्।

आचार्यौ—[परिवृत्य।] इमौ स्व।

राजा—और मुझे आपकी आज्ञा माननी है यह भी जोड़ दीजिए।

देवी—भगवती ! अब आप कह डालिए।

परिव्राजिका—महाराज ! शर्मिष्ठाका बनाया हुआ चौपदोंवाला छलिक नामक अभिनय बड़ा कठिन बताया जाता है। उसीके किसी एक भावमें दोनोंका अभिनय देख लेंगे और उसीसे यह जान लिया जायगा कि आप लोगोंने अपने अपने शिष्योंको कैसा सिखलाया है।

दोनों आचार्य—जैसी भगवतीकी आज्ञा।

विदूषक—तो आप दोनों नाटक घरमें चलकर सब संगीतका साज जुटाइए और सब हो चुकनेपर किसी दूतसे यहाँ कहला दीजिएगा। या फिर मृदंगकी धमक सुनकर ही हम लोग उठकर चले आवेंगे।

हरदत्त—अच्छी बात है। [उठता है।]

[गणदास धारिणीकी ओर देखता है।]

देवी—[गणदासको देखकर] आपकी विजय हो। मैं सचमुच चाहती हूँ कि आपकी विजय हो।

[दोनों आचार्य जानेको उद्यत।]

परिव्राजिका—इधर तो सुनिए।

दोनों आचार्य—[लौटकर] कहिए, आ गए हम लोग।

परिव्राजिका—निर्णयाधिकारे ब्रवीमि । सर्वाङ्गसौष्ठवाभिव्यक्तये विगतनेपथ्ययोः पात्रयोः प्रवेशोऽस्तु ।

आचार्यौ—नैवमावयोरुपदेष्टव्यम् । [इति निष्क्रान्तौ ।]

देवी—[राजानमवलोक्य ।] जइ राअकज्जेसु ईरिसो उआअणिउणदा अज्जउत्तस्स तदो सोहणं भवे । (यदि राजकार्येष्वीदृश्युपायनिपुणतार्यपुत्रस्य ततः शोभनं भवेत् ।)

राजा—

अलमन्यथा गृहीत्वा न खलु मनस्विनि मया प्रयुक्तमिदम् ।
प्रायः समानविद्याः परस्परयशः पुरोभागाः ॥२०॥

[नेपथ्ये मृदङ्गध्वनिः । सर्वे कर्णं ददति ।]

परिव्राजिका—हन्त । प्रवृत्तं संगीतम् । तथा ह्येषा—

जीमूतस्तनितविशङ्किभिर्मयूरैरुद्ग्रीवैरनुरसितस्य पुष्करस्य ।
निर्ह्रादिन्युपहितमध्यमस्वरोत्था मायूरी मदयति मार्जना मनांसि ॥२१॥

राजा—देवि ! तस्याः सामाजिका भवामः ।

देवी—[स्वगतम् ।] अहो अविणओ अज्जउत्तस्स । (अहो अविनय आर्यपुत्रस्य ।)

[सर्वे उत्तिष्ठन्ति ।]

परिव्राजिका—देखिए, मुझे निर्णयका अधिकार दिया गया है इसलिये मैं यह बता देना चाहती हूँ कि पात्रों के सब अंगोंके हाव-भाव ठीक-ठीक दिखाई देने चाहिएँ इसलिये आप लोग अपने पात्रोंको बहुत सजा-धजाकर न लाइएगा ।

दोनों आचार्य—यह कहनेकी आवश्यकता नहीं थी ।

देवी—[राजाको देखकर] यदि आर्यपुत्र अपने राज्यकी देखभाल करनेमें इतनी कला लगाते तो कितना अच्छा होता !

राजा—देवी ! तुम कुछ और न समझ बैठना । इसमें मेरा कोई हाथ नहीं है । देखो, जो लोग एक सी विद्यावाले होते हैं, वे कभी एक दूसरेकी बढ़ती नहीं सह सकते हैं ॥२०॥

[नेपथ्यमें मृदंगकी ध्वनि । सब सुनते हैं ।]

परिव्राजिका—अरे लो ! उन्होंने तो सङ्गीत छेड भी दिया । देखो ! मृदंगके शब्दको मेघोंकी गरज समझकर ये मोर ऊपर मुँह करके देखने लगे और दूरतक गूँजनेवाली यह मध्यम स्वर से उठी हुई मायूरी नामकी गमक मनको मतवाला बनाए डाल रही है ॥२१॥

राजा—चलिए देवी ! चलकर देखा जाय ।

देवी—[मन ही मन] वाह ! आर्यपुत्र भी कैसे ढीठ हैं !

[सब उठ खड़े होते हैं ।]

विदूषक—[अपवार्य ।] भो धीर गच्छ । तत्तभोदी धारिणी विसमादइस्सदि । (भो धीर गच्छ । तत्रभवती धारिणी विषमादयिष्यति ।)

राजा—

धैर्यावलम्बिनमपि त्वरयति मां मुरजवाद्यरागोऽयम् ।
अवतरतः सिद्धिपथं शब्दः स्वमनोरथस्येव ॥२२॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

॥ इति प्रथमोऽङ्कः ॥

विदूषक—[अलग] अजी, धीरे-धीरे चलिए । कहीं देवी धारिणी सब गड़बड़-घोटाला न करदें ।

राजा—मैं बहुत धीरे ही चल रहा हूँ फिर भी मुरजसे निकला हुआ यह राग मुझे इस प्रकार जल्दी चला रहा है मानो मेरा मनोरथ ही मुझे पुकारकर बुला रहा हो कि आओ तुम्हारा काम बन गया है ॥२२॥

॥ पहला अंक समाप्त हुआ ॥

द्वितीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति संगीतरचनायां कृतायामासनस्थो राजा सवयस्यो धारिणी परिव्राजिका विभवतश्च परिवारः।]

राजा—भगवत्यत्रभवतोराचार्ययोः प्रथमं कतरस्योपदेशं द्रक्ष्यामः।

परिव्राजिका—ननु समानेऽपि ज्ञानवृद्धभावे वयोवृद्धत्वाद् गणदासः पुरस्कारमर्हति।

राजा—तेन हि मौद्गल्य एवमत्रभवतोरावेद्य स्वनियोगमशून्यं कुरु।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रान्तः।]

[प्रविश्य]

गणदासः—देव ! शर्मिष्ठायाः कृतिर्लयमध्या चतुष्पदास्ति। तस्यास्तु छलिकप्रयोगमेकमना श्रोतुमर्हति देवः।

राजा—आचार्य। बहुमानादवहितोऽस्मि।

[निष्क्रान्तो गणदासः।]

राजा—[जनान्तिकम्] वयस्य।

नेपथ्यपरिगतायाश्चक्षुर्दर्शनसमुत्सुकं तस्याः।
संहर्तुमधीरतया व्यवसितमिव मे तिरस्करिणीम् ॥१॥

विदूषकः—[अपवार्य] उवट्ठिदं णअणमहु सण्णिहिदमक्खिअं च। ता अप्पमत्तो दाणिं पेक्ख।
(उपस्थितं नयनमधु सन्निहितमक्षिकं च। तदप्रमत्त इदानीं पश्य।)

दूसरा अंक

[संगीतशालामें विदूषकके साथ राजा, परिव्राजिका, रानी धारिणी और सारा राज-परिवार दिखाई देता है।]

राजा—इन दोनों आचार्योंमेंसे पहले किसका सिखाया हुआ नाटक देखा जाय।

परिव्राजिका—यद्यपि दोनोंको नाट्यशास्त्रका एक सा ही ज्ञान है फिर भी आचार्य गणदास अवस्थामें बड़े हैं इसलिये पहले उन्हींको अवसर मिलना चाहिए।

राजा—तो मौद्गल्य ! जाओ, आचार्योंको यह बात बताकर तुम अपना काम देखो।

कञ्चुकी—जैसी—देवकी आज्ञा। [चला जाता है।]

[गणदासका प्रवेश]

गणदास—देव ! शर्मिष्ठाने मध्य-लयमें एक चौपदी बनाई है। प्रार्थना है कि देव उसमें के छलिकवाले अभिनयको मन लगाकर सुनें।

राजा—आचार्य ! मैं बड़े आदरसे ध्यान लगाए हुए हूँ।

[गणदास चला जाता है।]

राजा—(अलग) मित्र ! परदेके पीछे जो मेरी प्यारी खड़ी है, उसे देखनेके लिये मेरी आँखें ऐसी उतावली हो रही हैं मानो वे इस अधीरतामें परदेको ही हटाने पर तुल गई हों ॥१॥

विदूषक—(अलग) लीजिए न ! आपकी आँखोंको मिठाई तो आगई पर मधुमक्खी भी पास ही बैठी है, इसलिये थोड़ी सावधानी से उधर देखिएगा।

[ततः प्रविशत्याचार्यप्रत्यवेक्ष्यमाणाङ्गसौष्ठवा मालविका।]

विदूषकः—[जनान्तिकम्] पेक्खदु भवं। ण क्खु से पडिच्छन्दादो परिहीयदि महुरदा।
(पश्यतु भवान्। न खल्वस्याः प्रतिच्छन्दात्परिहीयते मधुरता।)

राजा—[सहर्षम्।] वयस्य!

चित्रगतायामस्यां कान्तिविसंवादशङ्कि मे हृदयम्।
सम्प्रति शिथिलसमाधि मन्ये येनेयमालिखिता ॥२॥

गणदासः—वत्से! मुक्तसाध्वसा सत्त्वस्था भव।

राजा—[आत्मगतम्] अहो सर्वस्थानानवद्यता रूपविशेषस्य। तथाहि।

दीर्घाक्षं शरदिन्दुकान्तिवदनं बाहूनतावंसयोः
संक्षिप्तं निबिडोन्नतस्तनमुरः पार्श्वे प्रमृष्टे इव।
मध्यः पाणिमितो नितम्बि जघनं पादावरालाङ्गुली
छन्दो नर्तयितुर्यथैव मनसिश्लिष्टं तथास्या वपुः ॥३॥

मालविका—[उपगानं कृत्वा चतुष्पदवस्तु गायति।]

दुल्लहो पिओ मे तस्सिं भव हिअअ णिरासं
अम्हो अपङ्गओ मे परिप्फुरइ किं वि वामओ।

एसो सो चिरदिट्ठो कहँ उण उवणइदव्वो।
णाह मं पराहीणं तुइ परिगणअ सतिण्हम् ॥४॥
(दुर्लभः प्रियो मे तस्मिन्भव हृदय निराश
महो अपाङ्गो मे परिस्फुरति किमपि वामः।
एष स चिरदृष्टः कथं पुनरुपनेतव्यो
नाथ मां पराधीनां त्वयि परिगणय सतृष्णाम् ॥)

[ततो यथारसमभिनयति।]

विदूषकः—[जनान्तिकम्।] भो वअस्स। चउप्पदवत्थुअं दुवारीकरिअ तुइ उवट्ठाविदो अप्पा तत्तहोदीए। (भो वयस्य! चतुष्पदवस्तुकं द्वारीकृत्य त्वय्युपस्थापित आत्मा तत्रभवत्या।)

राजा—सखे! एवमेव ममापि हृदयम्। अनया खलु।

जनमिममनुरक्तं विद्धि नाथेति गेये वचनमभिनयन्त्याः स्वाङ्गनिर्देशपूर्वम्।
प्रणयगतिमदृष्ट्वा धारिणीसंनिकर्षादहमिव सुकुमारप्रार्थनाव्याजमुक्तः ॥५॥

[मालविका गीतान्ते निष्क्रमितुमारब्धा।]

विदूषकः—भोदि चिट्ठ। किंपि वो विसुमरिदो कम्मभेदो। तं दाव पुच्छिस्सम्।
(भवति तिष्ठ। किमपि वो विस्मृतः कर्मभेदः। तं तावत्प्रक्ष्यामि।)

गणदासः—वत्से। क्षणमात्रं स्थित्वोपदेशविशुद्धा यास्यसि।

[मालविका निवृत्य स्थिता।]

राजा—[आत्मगतम्] अहो! सर्वास्ववस्थासु चारुता शोभान्तरं पुष्यति तथा हि—

बहुत दिनोंपर देख रही हूँ पर कैसे अपनाऊँ।
नाथ विवश हूँ पर अपनी ही समझो मैं बलिजाऊँ॥
(गीतके भावके अनुसार नाट्य करती है।)

विदूषक—(अलग) लो वयस्य! इन्होंने तो इस चार चरणवाले गीतके बहाने आपपर अपनेको न्योछावर कर डाला।

राजा—मैं भी यही समझता हूँ कि इसने 'नाथ विवश हूँ पर अपनी ही समझो'—गीत गाते हुए अपनी ओर संकेत करके जो अभिनय किया है वह इसीलिये कि महारानी धारिणीको पास देखकर इसने समझ लिया कि प्रेम दिखानेका कोई दूसरा उपाय तो है नहीं, इसलिये एक सुकुमार युवकसे प्रेमकी भीख माँगनेके भाववाला यह गीत गाकर इसने सचमुच मुझसे ही सब कुछ कहा है॥५॥

[गा चुकनेपर मालविका चली जाना चाहती है।]

विदूषक—ठहरिए देवी! आप बीचमें कुछ भूल गई हैं, वही मैं पूछना चाहता हूँ।

गणदास—वत्से! थोड़ी देर रुक जाओ और जब यहाँ सब लोग भलीभाँति समझ लें कि तुमने ठीकसे नाट्य सीख लिया है तभी जाना।

[मालविका लौटकर खड़ी हो जाती है।]

राजा—(मन ही मन) अहा! इसे जिधरसे देखो, उधरसे ही यह मनोहर लगने लगती है।

वामं संधिस्तिमितवलयं न्यस्य हस्तं नितम्बे
कृत्वा श्यामाविटप सदृशं स्रस्तमुक्तं द्वितीयम् ।
पादङ्गुष्ठालुलितकुसुमे कुट्टिमे पातिताक्षं
नृत्तादस्याः स्थितमतितरा कान्तमृज्वायतार्धम् ॥६॥

देवी—एा गोदमवअरण वि अज्जो हिअए करेदि । (ननु गौतमवचनमप्यार्यो हृदये करोति ।)

गणदास—देवी ! मा मेवम् । देव प्रत्ययात्सम्भाव्यते सूक्ष्म दर्शिता गौतमस्य । पश्य ।

मन्दोऽप्यमन्दतामेति संसर्गेण विपश्चितः ।
पङ्कच्छिदः फलस्येव निकषेणाविलं पयः ॥७॥

(विदूषक विलोक्य) तच्छ्रुमो यत् विवक्षितमार्यस्य ।

विदूषक—[गणदास विलोक्य ।] कोसिइं दाव पुच्छ । पच्छा जो मए कम्मभेदो दिट्ठो त भणिस्सं । [कौशिकी तावत्पृच्छ । पश्चाद्यो मया कर्मभेदो दृष्टस्त भणिष्यामि ।]

गणदास—भगवति ! यथा दृष्टमभिधीयता गुणो वा दोषोवेति ।

परिव्राजिका—यथा दृष्ट सर्वमनवद्यम् । कुत —

अङ्गैरन्तर्निहितवचनैः सूचितः सम्यगर्थः
पादन्यासो लयमनुगतस्तन्मयत्वं रसेषु ।
शाखायोनिर्मृदुरभिनयस्तद्विकल्पानुवृत्तौ
भावो भावं नुदति विषयाद्रागबन्धः स एव ॥८॥

इसने अपना बाँयाँ हाथ नितम्बपर रख लिया है, इसलिये हाथ का कड़ा पहुँचेपर रुककर चुप हो गया है। दूसरा हाथ श्यामाकी डालीके समान ढीला लटका हुआ है। नीची आँखें किए हुए यह अपने पैरके अँगूठेसे धरतीपर बिखरे हुए फूलोंको सरका रही है। इस प्रकार खड़ी होनेसे इसके ऊपरका शरीर लम्बा और सीधा हो गया है। नाचनेके समय भी यह ऐसी सुन्दर नहीं लगती थी जैसी अब लग रही है ॥६॥

देवी—क्या आर्य गणदास भी गौतमकी बात सच मान बैठे हैं ?

गणदास—ऐसा न कहिए देवी ! महाराजके साथ रहते रहते गौतमकी आँखें भी भलेबुरेकी ठीक पहचान करने लगी हैं। सुनिए विद्वानोंकी संगतिमें बैठकर मूर्ख भी उसी प्रकार विद्वान् बन जाता है जैसे निर्मलीके बीजसे मटमैला पानी स्वच्छ हो जाता है ॥७॥ (विदूषकको देखकर) हम भी सुनें आप क्या पूछना चाहते थे ?

विदूषक—(गणदासको देखकर) आप पहले कौशिकीजीसे पूछ देखिए, मैं पीछे बतलाऊँगा कि भूल कहाँ हुई है।

गणदास—भगवती ! आपने जहाँ जैसा गुण या दोष देखा हो सब कह डालिए।

परिव्राजिका—मैंने तो जो देखा उसमें कहीं दोष दिखाई ही नहीं दिया। क्योंकि गीतकी सब बातोंका ठीक-ठीक अर्थ अंगोंके अभिनयसे भलीभाँति दिखा दिया गया है। इसके पैर

गणदासः—देवः कथं वा मन्यते ।

राजा—वयं स्वपक्षशिथिलाभिमानाः संवृत्ताः ।

गणदासः—अद्यनर्तयितास्मि । कुतः—

उपदेशं विदुः शुद्धं सन्तस्तमुपदेशिनः ।
श्यामायते न युष्मासु या काञ्चनमिवाग्निषु ॥९॥

देवी—दिट्ठिआ अपरिक्खआराहणेण अज्जो वड्ढइ । (दिष्ट्याऽपरिक्षताराधनेनार्यो वर्धते ।)

गणदासः—देवी परिग्रह एव मे वृद्धिहेतुः । [विदूषकं विलोक्य ।] गौतम वदेदानीं यत्ते-मनसिवर्तते ।

विदूषकः—पढमोवदेसदंसणे पढमं बम्हणस्स पूजा कादव्वा । सा णं वो विसुमरिदा । (प्रथमोपदेशदर्शने प्रथमं ब्राह्मणस्य पूजा कर्तव्या । सा ननु वो विस्मृता ।)

परिव्राजिका—अहो ! प्रयोगाभ्यन्तरः प्रश्नः ।

[सर्वे प्रहसिताः मालविका स्मितं करोति]

राजा—(आत्मगतम्) उपात्तसारश्चक्षुषा मे स्वविषयः । यदनेन—

स्मयमानमायताक्ष्याः किञ्चिदभिव्यक्तदशनशोभि मुखम् ।
असमग्रलक्ष्यकेसरमुच्छ्वसदिव पङ्कजं दृष्टम् ॥१०॥

भी लयके साथ साथ चल रहे थे। फिर गीतके रसमें भी ये तन्मय हो गई थीं। और इनके हृदयने भी हमें प्रेममें मग्न कर दिया क्योंकि तालके साथ होनेवाले अभिनयमें अनेक प्रकारसे अंग चलाकर जो भाव दिखाए जा रहे थे वे ऐसे आकर्षक थे कि मन किसी ओर जाने ही नहीं पाता था ॥८॥

गणदास—देव ! आप इसे कैसा समझते हैं ।

राजा—इसे देखकर तो हमें अपने पक्षका अभिमान कम होने लगा है ।

गणदास—आज मैं सच्चा नृत्यकलाका पण्डित हुआ हूँ, क्योंकि जैसे आगमें डालनेसे सोना काला नहीं पड़ता वैसे ही जिस शिक्षकके सिखानेमें किसी प्रकारकी भूल न दिखलाई पड़े उसे ही सच्ची शिक्षा कहते हैं ॥९॥

देवी—अपने परीक्षकोंको सन्तुष्ट करने के लिये आपको बधाई है ।

गणदास—देवीकी कृपासे ही मुझे यह यश मिला है । (विदूषकको देखकर) गौतम अब आप भी अपने मनकी बात कह डालिए ।

विदूषक—जब पहले-पहल अपनी सिखाई हुई विद्या लोगोंके आगे दिखाई जाती है तो सबसे पहले ब्राह्मणकी पूजा करनी चाहिए। वह तो आप लोग भूल ही गए ।

परिव्राजिका—वाह, क्या नाट्यकलाके भीतरकी बात पूछी है ।

[सब हँसते हैं, मालविका मुसकराती है ।]

राजा—(मन ही मन) मेरी आँखोंको तो चाही हुई वस्तु देखने को मिल गई। क्योंकि आज मेरी आँखोंको इस बड़े बड़े नेत्रोंवालीके मुसकराते हुए उस मुखका दर्शन मिल गया है जिसमें कुछ-कुछ दाँत झलके पड़ रहे थे और जो उस खिलते हुए कमलके समान जान पड़ता है जिसमेंके केसर पूरे-पूरे न दिखाई दे रहे हों ॥१०॥

गणदासः—महाब्राह्मण न खलु प्रथमं नेपथ्यदर्शनमिदम्। अन्यथा कथं त्वां धर्षणीयं नार्चयिष्यामः।

विदूषकः—मए णाम सुक्खघणगज्जिदे अन्तरिक्खे जलपाणं इच्छिदा चादआइदम्। अहवा पण्डितसंतोसपच्चआ णं मूढा जादी। जदि अत्तहोदीए सोहणं भणिदं तदो इमं से पारितोसिअं पअच्छामि। (यथा नाम शुष्कघनगर्जितेऽन्तरिक्षे जलपानमिच्छता चातकायितम्। अथवा पण्डितसन्तोषप्रत्यया ननु मूढजाति यतोऽत्रभवत्या शोभनं भणितं तत इदं ते पारितोषिकं प्रयच्छामि।)

[इति राज्ञो हस्तात्कटकमाकर्षति।]

देवी—चिट्ठदाव। गुणन्तरं अजाणन्तो किंणिमित्तं तुम आहरणं देसि। (तिष्ठतावत्। गुणान्तरमजानन्किंनिमित्त त्वमाभरणं ददासि।)

विदूषकः—परकेरअंत्ति करिअ। (परकीयमिति कृत्वा।)

देवी—[आचार्यं विलोक्य।] अज्जगणदास! णं दंसिदोवदेसा दे सिस्सा। (आर्य गणदास! ननु दर्शितोपदेशा ते शिष्या।)

गणदासः—वत्से! एहि गच्छावइदानीम्।

[सहाचार्येण निष्क्रान्ता मालविका।]

विदूषकः—[जनान्तिकम्] एत्तिओ मे मदिविहवो भवन्तं सेविदुं। [एतावान्मे मतिविभवो भवन्तं सेवितुम्।]

राजा—अलमलं परिच्छेदेन। अद्य हि—

गणदास—अरे ब्राह्मण देवता! हम लोग पहली बार तो नाटक दिखा नहीं रहे हैं। ऐसा होता तो तुम्हारे जैसे भेंट पूजापर जानेवाले ब्राह्मणको हम अच्छी पूजा करते।

विदूषक—तो क्या मैं कोरे गरजनेवाले बादलोंसे प्यास मिटानेकी आशा करनेवाले पपीहा ही बना रह गया? पर भाई! हमारे जैसे मूर्खोंकी तो ऐसी बात है कि यदि पण्डितोंको सन्तोष हुआ तो समझो हमें भी सन्तोष हो गया। जब भगवती कौशिकीने इसे सुन्दर बता दिया है तो लाओ मैं भी तुम्हें यह पारितोषिक दे डालता हूँ [राजाके हाथसे कंगन निकालता है।]

देवी—ठहरो तो। दूसरेका अभिनय बिना देखे तुम अभीसे इसे आभूषण क्यों दिए। डाल रहे हो?

विदूषक—दूसरेका है न, यही समझकर दे डाल रहा हूँ।

देवी—(आचार्यको देखकर) कहिए, आपकी शिष्या अपना अभिनय दिखा चुकी न?

गणदास—आओ वत्स! अब हम लोग चलें।

[आचार्यके साथ मालविका चली जाती है।]

विदूषक—(अलग राजासे) जहाँ तक मेरी बुद्धिकी पहुँच थी वहाँतक तो मैंने आपका काम कर डाला।

भाग्यास्तमयमिवाक्ष्णोर्हृदयस्य महोत्सवावसानमिव ।
द्वारपिधानमिव धृतेर्मन्ये तस्यास्तिरस्करिणीम् ॥११॥

विदूषकः—[जनान्तिकम्] दलिद्दो विग्र ग्रातुरो वेज्जेण ग्रोसढं दीग्रमाणं इच्छसि (दरिद्र इवातुरो वैद्येनौषधं दीयमानमिच्छसि ।)

(प्रविश्य)

हरदत्तः—देव ! मदीयमिदानीं प्रयोगमवलोकयितुं क्रियतां प्रसादः ।

राजा—[ग्रात्मगतम्] ग्रवसितो दर्शनार्थः । [दाक्षिण्यमवलम्ब्य प्रकाशम्] [ननु पर्युत्सुका एव वयम् ।

हरदत्तः—ग्रनुगृहीतोऽस्मि ।

वैतालिकः—जयतु जयतु देवः । उपारूढो मध्याह्नः । तथाहि—

पत्रच्छायासु हंसा मुकुलितनयना दीर्घिका पद्मिनीनां
सौधान्यत्यर्थतापाद्वलभिपरिचयद्वेषिपारावतानि ।
बिन्दुत्क्षेपान्पिपासुः परिसरति शिखी भ्रान्तिमद्वारियन्त्रं
सर्वैरुस्रैः समग्रैस्त्वमिव नृपगुणैर्दीप्यते सप्तसप्तिः ॥१२॥

राजा—बहुत ढोंग न रचो । उसका पर्देके पीछे छिपना मुझे ऐसा लग रहा है मानो मेरी आँखोंका भाग फूट गया हो, जीका हुलास ठंडा पड़ गया हो और धीरज पर ताला लग गया हो ॥११॥

विदूषक—(ग्रलग) तो क्या बिना पैसेवाले रोगीके समान यह चाहते हो कि वैद्य ही आपको अपने पाससे औषध भी दे दे ।

हरदत्त—(आकर) देव ! अब मेरा सिखाया हुआ अभिनय भी देखनेकी कृपा कीजिएगा ।

राजा—(मन ही मन) जो देखना था वह तो देख चुके । (उदारता दिखानेके लिये प्रकट) हाँ-हाँ हम लोग तो देखनेको उत्सुक बैठे हैं ।

हरदत्त—बड़ी कृपा है मुझपर ।

(नेपथ्यमें)

वैतालिक—जय हो, देवकी जय हो । दोपहर हो गया है, क्योंकि बावड़ियोंमें कमलकी पत्तियोंकी छायामें हंस आँख मूँदकर विश्राम कर रहे हैं । धूपसे भवन ऐसा तप गया है कि छज्जोंपर कबूतर तक नहीं बैठ रहे हैं । चलते हुए रहटसे उछलती हुई पानी की बूँदें पीनेके लिये मोर उसके चारों ओर चक्कर काट रहे हैं और सूर्य अपनी सब किरणें लेकर उसी प्रकार चमक रहा है जैसे आप अपने राजसी गुणोंसे चमकते हैं ॥१२॥

विदूषक—अविहा अविहा। अम्हाणं उण भोअणवेला उवट्ठिदा। अत्तभवदो उइव-वेलादिक्कमे चिइच्छआ दोसं उदाहरन्ति। [हरदत्तं विलोक्य] हरदत्त! किं दाणिं भणासि।
(अविधा अविधा। अस्माकं पुनर्भोजनवेलोपस्थिता। अत्रभवत उचितवेलातिक्रमे चिकित्सका दोषमुदाहरन्ति। हरदत्त! किमिदानीं भणसि।)

हरदत्तः—अस्ति वचनस्यानवकाशोऽत्र।

राजा—तेन हि त्वदीयमुपदेशं श्वोवयं प्रयास्यामः। विरमतु भवान्।

हरदत्तः—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रान्तः।]

देवी—णिव्वट्टेदु मज्जणविहिम् (निर्वर्तयत्वार्यपुत्रो मज्जनविधिम्।)

विदूषक—भोदि विसेसेण पाणभोअणं तुवरावेहि। (भवति विशेषेण पानभोजनं त्वरय।)

परिव्राजिका—[उत्थाय] स्वस्ति भवते। [इति सपरिजनया देव्या सह निष्क्रान्ता।]

विदूषक—भो वअस्स! ण केवलं रूवे सिप्पे वि अदुदीआ मालविआ।
(भो वयस्य! न केवलं रूपे शिल्पेऽप्यद्वितीया मालविका।)

राजा—वयस्य!

अव्याजसुन्दरीं तां विघानेन ललितेन योजयता।
परिकल्पितो विधात्रा बाणः कामस्य विषदग्धः ॥१३॥

किं बहुना। सखे। चिन्तयितव्योऽस्मि।

विदूषक—अरे रे! अब तो हम-लोगोंके भोजनका समय हो गया है। वैद्यका कहना है कि समय पर भोजन न करने से बड़ी हानि होती है। कहो हरदत्त! क्या कहते हो?

हरदत्त—अब कुछ कहनेकी बात ही कहाँ रह जाती है।

राजा—तो अब आपका प्रदर्शन हम लोग कल देखेंगे। आप जाकर विश्राम करें।

हरदत्त—जैसी देवकी आज्ञा। [चला जाता है।]

देवी—तो आर्यपुत्र! चलकर अब नहा-धो लीजिये।

विदूषक—देवी! अब झटपट भोजन-पानीका कुछ बढ़िया प्रबन्ध कराइए।

परिव्राजिका—(उठकर) आपका कल्याण हो। [दासियों और रानीके साथ चली जाती है।]

विदूषक—वयस्य! सुन्दरतामें ही नहीं कलामें भी मालविका एक ही है।

राजा—सच पूछो वयस्य तो विधाताने इस सहज सुन्दरी मालविकाको ललित कलाका ज्ञान क्या दिया मानो उसने इसके हाथमें कामदेवका विष बुझा बाण देदिया हो ॥१३॥ और क्या कहूँ मित्र! अब तुम जाकर मेरी कुछ चिन्ता करो।

किं बहुना । सखे चिन्तयितव्योऽस्मि ।

विदूषक.—भववा वि ग्रहं । दिढं विपणिकन्दू विम मे उग्ररब्भन्तरं दज्झइ । (भवता प्यहम् । दृढं विपणिकन्दुरिव मे उदराभ्यन्तरं दह्यते ।)

राजा—एवमेव भवान्सुहृदर्थेऽपि त्वरताम् ।

विदूषक—गहीददक्खिणोम्हि । किं तु मेहावलीणिरुद्धा जोण्हा विम पराहीणदंसणा तत्तहोदी मालविम्रा । भवं वि सूणापरिसरचरो विम गिद्धो ग्रमिसलोलुम्रो भीरुम्रो म । अच्चंतादुरो विम्र कज्जसिद्धि पत्थन्तो मे रोमसि । (गृहीतदक्षिणोऽस्मि । किं तु मेघावलीनिरुद्धा ज्योत्स्नेव पराधीनदर्शना तत्रभवती मालविका । भवानपि सूनापरिसरचर इव गृध्रो ग्रामिषलोलुपो भीरुकश्च । मत्यन्तातुर इव कार्यसिद्धिं प्रार्थयमानो मे रोचसे ।)

राजा—कथमनातुरो भविष्यामि ।

सर्वान्तःपुरवनिताव्यापारप्रतिनिवृत्तहृदयस्य ।
सा वामलोचना मे स्नेहस्यैकायनीभूता ॥१४॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

॥ इति द्वितीयोऽङ्कः ॥

विदूषक—ग्राप मेरी चिन्ता कीजिए । मेरा पेट इस समय हलवाईकी कढ़ाईकी भाँति बड़ा जला जा रहा है ।

राजा—तुम भी ग्रब ग्रपने मित्रके लिये कोई उपाय शीघ्र ही सोच निकालो ।

विदूषक—इसके लिये तो मैं ग्रापसे पहले ही दक्षिणा ले चुका हूँ पर गड़बड़ तो यह है कि बादलोंमें छिपी हुई चाँदनीके समान मालविकाजीका दर्शन भी तो दूसरोंके हाथमें है । इधर ग्राप माँस बेचनेवाले व्याधके घरपर मँडरानेवाले गिद्धके समान उसपर ताक भी लगाए बैठे हैं ग्रौर साथ ही डरते भी हैं । इतनी घबराहटके साथ मुझे काम करनेको कहते हुए ग्राप लगते बड़े ग्रच्छे हैं ।

राजा—बताग्रो, घबराहट क्यों न हो ? वह तिरछी चितवनवाली मेरे हृदयमें ऐसी था बसी है कि रनिवासकी सब रानियोंसे मेरा मन एक दम उचट गया है ॥१४॥

[सब चले जाते हैं ।]

॥ दूसरा ग्रंक समाप्त हुग्रा ॥

तृतीयोऽङ्कः

[ततः प्रविशति परिव्राजिकायाः परिचारिका समाहितिका।]

समाहितिका—आणत्तम्हि भअवदीए—समाहिदिए! देवस्स उवाअणत्थं बीअऊरअं गेण्हिअ आअच्छ त्ति। ता जाव पमदवणपालिअं महुअरिअं अण्णेसामि। [परिक्रम्यावलोक्य] एसा तवणीआसोअं ओलोअन्ती महुअरिआ चिट्ठदि। ता जाव णं उवसप्पामि। (आज्ञप्तास्मि भगवत्या—समाहितिके! देवस्योपवनस्य बीजपूरकं गृहीत्वागच्छेति। तावत्प्रमदवनपालिकां मधुकरिकामन्विष्यामि। एषा तपनीयाशोकमवलोकयन्ती मधुकरिका तिष्ठति। तावदेनामुपसर्पामि।)

[ततः प्रविशत्युद्यानपालिका।]

समाहितिका—[उपसृत्य] महुअरिए! अवि सुहो दे उज्जाणव्वावारो। (मधुकरिके! अपि सुखस्ते उद्यानव्यापारः।)

मधुकरिका—अम्हो समाहिदिआ। सहि साअदं दे। (अहो समाहितिका। सखि स्वागतं ते।)

समाहितिका—हला भअवदी आणवेदि। अरित्तपाणिणा अम्हारिसजणेण तत्तहोदी देवी पेक्खिदव्वा। ता बीअपूरएण सुस्सूसिदुं इच्छामि त्ति। (सखि भगवत्याज्ञापयति। अरिक्तपाणिनास्मादृशजनेन तत्रभवती देवी द्रष्टव्या। तद्बीजपूरकेण शुश्रूषितुमिच्छामीति।)

तीसरा अङ्क

[परिव्राजिकाकी दासी समाहितिका आती है।]

समाहितिका—भगवती कौशिकीने मुझे आज्ञा दी है कि समाहितिका! जाओ, महाराजके उपवनसे एक बिजौरिया नीबू तो ले आओ। तो चलूँ प्रमदवनकी मालिन मधुकरिका-का पता लगाऊँ। [घूमकर देखती है।] अरे, सुनहरे अशोककी ओर टकटकी लगाए यह क्या खड़ी है। तो चलूँ इसके पास।

[मालिन मधुकरिका आती है।]

समाहितिका—[पास जाकर] अहो मधुकरिका! तुम्हारे उपवनका काम तो ठीक-ठीक चल रहा है न?

मधुकरिका—अरे! तुम हो समाहितिका! आओ सखी, आओ, तुम्हारा स्वागत है।

समाहितिका—सखी! भगवती कौशिकीने कहा है कि हमें छूछे हाथ महारानीसे मिलने नहीं जाना चाहिए इसलिये नीबू की भेंट करके उनसे मिल लूँगी।

मधुकरिका—एवं संणिहिदं बीजपूरअं। कहेहि दाव अण्णोण्णसंघरिसिदाणं णट्टाअरिआणं उवदेसं देक्खिअ कदरो भअवदीए पसंसिदो। (ननु संनिहितं बीजपूरकम्। कथय तावदन्योन्यसंघर्षितयो नाट्याचार्ययोरुपदेशं दृष्ट्वा कतरो भगवत्या प्रशंसितः।)

समाहितिका—दुवे वि किल आगमिणा पओअणिउणा अ। किंतु सिस्साए मालविआए गुणविसेसेण गणदासस्स उवदेसो पसंसिदो। (द्वावपि किलागमिनौ प्रयोगनिपुणौ च। किंतु शिष्याया मालविकाया गुणविशेषेण गणदासस्योपदेशः प्रशंसितः।)

मधुकरिका—अह मालविआगदं कोलीणं कीरिसं सुणीअदि। (अथ मालविकागतं कौलीनं कीदृशं श्रूयते।)

समाहितिका—बाढं किल सहिलासो भट्टा। किंतु केवलं देवीए धारिणीए चित्तं रक्खन्तो अत्तणो पहुत्तणं दंसेदि। मालविआ वि इमेसु दिअसेसु अणुहूदमुत्ता विअ मालदीमाला मिलाणा लक्खीअदि। अदो अवरं ण जाणे। विसज्जेहि मं। (बाढं किल तस्या साभिलाषो भर्ता। किन्तु केवलं देव्या धारिण्याश्चित्तं रक्षन्नात्मनः प्रभुत्वं दर्शयति मालविकाप्येषु दिवसेष्वनुभूतमुक्तेव मालतीमाला म्लाना लक्ष्यते। अतः परं न जाने। विसृज माम्।)

मधुकरिका—एदं साहावलम्बिदं बीअपूरअं गेण्ह। (एतच्छाखावलम्बितं बीजपूरकं गृहाण।)

समाहितिका—तह। [इति नाट्येन बीजपूरकं गृहीत्वा] हला तुमं वि अदो पेसलदरं साहुजणसुस्सूसाए फलं पावेहि। (तथा। सखि त्वमप्यतः पेशलतरं साधुजनशुश्रूषायाः फलं प्राप्नुहि।) [इति प्रस्थिता।]

मधुकरिका—लो, नीबू तो पास ही है। हाँ, यह तो बताओ कि वह जो दोनों नाट्याचार्यों का झगड़ा चल रहा था उनमें से भगवतीने किसे अच्छा बताया।

समाहितिका—यों तो दोनों ही शास्त्रके पण्डित और अभिनयकलामें चतुर हैं पर गणदासने अपनी शिष्या मालविकाको जैसा अच्छा सिखाया है उसे देख लेनेपर गणदास ही आज दोनों में अच्छे ठहराए गए हैं।

मधुकरिका—और कहो, ये मालविकाके सम्बन्धमें कैसी-कैसी बातें सुननेमें आ रही हैं?

समाहितिका—हाँ, महाराज उसे चाहने तो बहुत लग गए हैं पर रानी धारिणीका मन रखनेके लिये वे खुलकर प्रेम नहीं दिखलाते। इधर इन दिनों मालविका भी पहनकर उतारी हुई मालतीकी मालाके समान कुम्हलाई जा रही है। बस इससे अधिक मैं कुछ नहीं जानती हूँ। अच्छा तो छुट्टी दो।

मधुकरिका—हाँ, लो, यह डालपर झूलता हुआ नीबू तोड़ती ले जाओ।

समाहितिका—अच्छा, [नीबू तोड़नेका अभिनय करके] भगवान् करे सखी! साधुओंको सेवा करनेका तुम्हें इससे भी अच्छा फल मिले। [चलती है।]

मधुकरिका—हला सम जेव्व गच्छम्ह । अहं वि इमस्स चिराअमाणकुसुमोग्गमस्स तवणीआसोअस्स दोहलणिमित्तं देवीए णिवेदेमि । (सखि ! सममेव गच्छावः अहमप्यस्य चिरायमाणकुसुमोद्गमस्य तपनीयाशोकस्य दोहदनिमित्तं देव्यै निवेदयामि ।)

समाहितिका—जुज्जइ । अहिआरो क्खु तुह । (युज्यते । अधिकारः खलु तव ।)

[इति निष्क्रान्ते]

॥ इति प्रवेशकः ॥

[ततः प्रविशति कामयमानावस्थो राजा विदूषकश्च ।]

राजा—[आत्मानं विलोक्य ।]

शरीरं क्षामं स्यादसति दयितालिङ्गनसुखे
भवेत्सास्रं चक्षुः क्षणमपि न सा दृश्यत इति ।
तया सारङ्गाक्ष्या त्वमसि न कदाचिद्विरहितं
प्रसक्ते निर्वाणे हृदय परितापं व्रजसि किम् ॥१॥

विदूषक—अलं भवदो धीरं उज्झिअ परिदेविदेण दिट्ठा मए तत्तहोदीए मालविआए पिअसही बउलावलिआ । सुणाविदा अ सव्वं जो भवदा संदिट्ठो । (अलं भवतो धीरतामुज्झित्वा परिदेवितेन । दृष्टा मया तत्रभवत्या मालविकायाः प्रियसखी बकुलावलिका । श्राविता चार्थं यो भवता संदिष्टः ।)

राजा—ततः किमुक्तवती ।

मधुकरिका—चलो सखी ! दोनों साथ ही चलें । मुझे भी चलकर महारानीजीसे निवेदन करना है कि यह सुनहरा अशोक अभीतक फूल ही नहीं रहा है, इसके फूलनेका कोई उपाय किया जाना चाहिए ।

समाहितिका—ठीक ही है, तुम न कहोगी तो कौन कहेगा ?

[दोनों चली जाती हैं ।]

॥ प्रवेशक ॥

[विदूषकके साथ काम-पीड़ित अवस्थामें राजा बैठे दिखाई पड़ते हैं ।]

राजा—[अपनी ओर देखकर] प्यारी को छाती न लगा पानेसे मेरे शरीरका सूखना भी ठीक है और उसे पल भरके लिये भी देख न पाने की चिन्तामें आँखोंका डबडबाए रहना भी ठीक है, पर मेरे हृदय ! यह तो बताओ कि उस हरिणकी सी आँखोंवाली और मेरा जी ठण्डा करनेवाली प्यारीके सदा पास रहते हुए भी तुम क्यों इस प्रकार जले जा रहे हो ॥१॥

विदूषक—यह अधीर होकर रोना-कलपना छोड़िए । मैं मालविकाकी प्यारी सखी बकुलावलिकासे मिला था और मैंने आपका पूरा सँदेसा सुना भी दिया है ।

राजा—इसपर वह क्या बोली ?

विदूषक —विण्णावेहि भट्टारअम्। अणुग्गहीदम्हि इमिणा णिओएण। किंदु सा तवस्सिणी देवीए अहिअं रक्खन्तीए णाअरक्खिदो विअ णिही ण सुहं समासादइदव्वा। तहवि जइस्सं। (विज्ञापय भट्टारकम्। अनुगृहीतास्म्यनेन नियोगेन। किन्तु सा तपस्विनी देव्याधिक रक्षन्त्या नागरक्षित इव निधिर्न सुख समासादयितव्या। तथापि यतिष्ये।)

राजा—भगवन् सङ्कल्पयोने। प्रतिबन्धवत्स्वपि विषयेष्वभिनिवेश्य किं तथा प्रहरसि यथा जनोऽयं न कालान्तरक्षमो भवति। [सविस्मयम्।]

क्व रुजा हृदयप्रमाथिनी क्व च ते विश्वसनीयमायुधम्।
मृदु तीक्ष्णतरं यदुच्यते तदिदं मन्मथ दृश्यते त्वयि ॥२॥

विदूषक.—ण भणामि तस्सि साहणिज्जे किदो मए उवाओवक्खेवो। ता पज्जवत्थावेदु भवं अप्पाणं। (ननु भणामि तस्मिन्साधनीये कार्ये कृतो मयोपायोपक्षेपः। तत्पर्यवस्थापयतु भवानात्मानम्।)

राजा—अयेम दिवसशेषमुचितव्यापारविमुखेन चेतसा क्व नु खलु यापयामि।

विदूषक —अज्ज एव्व पढमावदारसुहआणि रत्तकुरवआणि उवाअणं पेसिअ णववसन्तावदार-व्वदेसेण इरावदीए णिउणिआमुहेण पत्थिदो भवं—इच्छामि अज्जउत्तेण सह दोलाहिरोहणं अणुहविदुं त्ति। भवदा वि से पडिण्णादं। ता पमदवणं एव्व गच्छम्ह। (अद्यैव प्रथमावतारसुभगानि रक्तकुरवकाण्युपायनं प्रेष्य नववसन्तावतारव्यपदेशेनेरावत्या निपुणिकामुखेन प्रार्थितो भवान्—इच्छा-म्यार्यपुत्रेण सह दोलाधिरोहणमनुभवितुमिति। भवताप्यस्यै प्रतिज्ञातम्। तत्प्रमदवनमेव गच्छाव।)

विदूषक—उसने कहा—स्वामीसे निवेदन कर देना कि यह काम सौंपकर स्वामीने मुझपर बड़ी कृपा की है पर वह बेचारी महारानीकी वैसी ही कड़ी देख-रेखमें है जैसे साँपकी देख रेखमें कोई निधि हो। इसलिये वह सहजमें हाथ लगनेवाली नहीं है फिर भी मैं जतन करूँगी।

राजा—हे भगवान् कामदेव! पग पगपर बाधाओंसे भरे हुए कामोंमें मुझे फँसाकर तुम मुझपर ऐसी चोटें क्यों किए जा रहे हो कि समय भी काटे न कटे। [अचरजके साथ] हे कामदेव! कहाँ तो एक ओर जीको दहला देनेवाला तुम्हारा कोमल फूलोंका धनुष और कहाँ यह हृदयको भी मथ डालनेवाला प्रेमका रोग। यह कहावत तुमपर तो पूरी पूरी घटती दिखाई दे रही है कि जो जितने कोमल दिखाई पड़ते हैं वे उतने ही कठोर होते हैं ॥२॥

विदूषक—मैं कह तो रहा हूँ कि आपका मनोरथ पूरा करनेका मैं सब उपाय कर चुका हूँ इसलिये आप चिन्ता न कीजिए।

राजा—अपने किसी काममें तो मेरा जी हो नहीं लग रहा है, इसलिये यह तो बताओ कि साँझका यह बचा हुआ दिन बिताया कहाँ जाय?

विदूषक—नये खिले हुए सुहावने लाल कुरबकके फूलों आपके पास भेंटमें भेजकर रानी इरा-वतीने आज ही निपुणिकाके मुँहसे नये वसन्तके आनेका बहाना लेकर कहलाया है कि मैं आज आर्यपुत्रके साथ झूला झूलना चाहती हूँ, और आपने भी उनकी बात मानली है। इसलिये चलिए, उधर प्रमदवनकी ओर ही चला जाय।

राजा—न क्षमिदम् ।

विदूषक—कह विय । (कथमिव ।)

राजा—वयस्य निसर्गनिपुणाः स्त्रियः । कथमन्यसंक्रान्तहृदयमुपलालयन्तमपि ते सखी न मां लक्षयिष्यति । अतः पश्यामि ।

उचितः प्रणयो वरं विहन्तुं बहवः खण्डनहेतवो हि दृष्टाः ।
उपचारविधिर्मनस्विनीनां न तु पूर्वाभ्यधिकोऽपि भावशून्यः ॥३॥

विदूषक—णारिहदि भवं अन्तेउरट्ठिदं दक्खिण्णं एक्कपदे णिट्ठदो कादुम् । (नार्हति भवानन्तःपुरस्थितं दाक्षिण्यमेकपदे प्रष्ठतः कर्तुम् ।)

राजा—[विचिन्त्य ।] तेन हि प्रमदवनमार्गमादेशय ।

विदूषक—इदो इदो भव । (इत इतो भवान् ।)

[उभौ परिक्रामतः ।]

विदूषक—एं एदं पमदवणं पवणबलचलाहिं पल्लवङ्गुलीहिं तुवरेदि विय भवन्तं पवेसिदुं । (नन्वेतत्प्रमदवनं पवनबलचलाभिः पल्लवाङ्गुलीभिस्त्वरयतीव भवन्तं प्रवेष्टुम् ।)

राजा—[स्पर्शं रूपयित्वा] अभिजातः खलु वसन्तः । सखे पश्य—

उन्मत्तानां श्रवणसुभगैः कूजितैः कोकिलानां
सानुक्रोशं मनसिजरुजः सह्यतां पृच्छतेव ।
अङ्गे चूतप्रसवसुरभिर्दक्षिणो मारुतो मे
सान्द्रस्पर्शः करतल इव व्यापृतो माधवेन ॥४॥

राजा—पर वहाँ चलना ठीक नहीं होगा ।

विदूषक—क्यों ?

राजा—देखो मित्र ! स्त्रियाँ स्वभावसे ही बड़ी चट होती हैं । वहाँ चलकर यदि मैं सखीके मनका मान करने लगूँ तो क्या वह भाँप न लेगी कि मेरा मन कहीं और उलझा हुआ है ? इसलिये मैं समझता हूँ कि बहुत से इधर-उधरके बहाने बनाकर प्रेमकी उचित बात भी टाल जाना अच्छा है, पर चतुर स्त्रियोंके आगे बनावटी प्रेम दिखलाना अच्छा नहीं है ॥३॥

विदूषक—पर इस प्रकार रनिवासकी रानियोंके प्रेमका एकाएक निरादर करना भी तो ठीक नहीं होगा ।

राजा—[सोचकर] तो चलो । प्रमदवनकी ओर ही ले चलो ।

विदूषक—इधरसे आइए देव ! इधरसे [दोनों घूमते हैं]

विदूषक—लीजिए, यह रहा प्रमदवन । देखिए वायुसे हिलते हुए पत्तोंकी उँगलियोंसे यह प्रमदवन मानो आपको बुला रहा है कि झटपट भीतर चले आइए ।

राजा—[वायु लगनेके सुखका नाट्य करते हुए] सचमुच वसन्त आ पहुँचा है । देखो मित्र ! मतवाले कोकिलोंकी, कानको सुहानेवाली कूकमें मानो वसन्त ऋतु मुझपर बड़ी दया दिखलाते हुए यह पूछ रहा हो—क्यों प्रेमकी पीड़ा सही जा रही है ? इधर खिली हुई आमकी मञ्जरियोंकी गन्धमें बसा हुआ दक्षिण पवन मेरे शरीरसे लगता हुआ ऐसा जान पड़ता है मानो वसन्तने अपना अत्यन्त सुख देनेवाला हाथ मेरे ऊपर रख दिया हो ॥४॥

विए गोदमचापलादो दोलापरिब्भट्टाए सरजो मह चलणो । तुमं दाव गदुग्र तवणीश्रासोग्रस्स दोहलं णिवट्ठेहि त्ति । जइ सो पञ्चरत्तब्भन्तरे कुसुमं दसेदि तदो ग्रहं ग्रहिलासपूरइत्तग्रं पसावं दाव‌इस्सं त्ति । ता जाव णिग्रोग्रभूमिं पढम गदा होमि दाव ग्रणुपदं मह चलणालंकारहत्थाए बउलावलिग्राए ग्राग्रन्दव्व । ता परिदेवइस्सं दाव वीसद्धं मुहुत्तग्रं । (ग्रविश्रातहृदयं भर्तारमभिलषन्त्यारमनोऽपि तावल्लज्जे । कुतो विभव- स्निग्धस्य सखोजनस्येम वृत्तान्तमाख्यातुम् । न जानेऽ- प्रतिकारगुरुका वेदना कियन्त काल मदनो मा नेष्यतीति । श्रा कुत्र खलु प्रस्थितास्मि । श्रादिष्टास्मि देव्या—मालविके गौतमचापलाद्दोलापरिभ्रष्टाया सरजौ मम चरणौ । त्व तावद्गत्वा तपनीयाशोकस्य दोहद निर्वर्तयेति । यद्यसौ पञ्चरात्राभ्यन्तरे कुसुम दर्शयति ततोऽहमभिलापपूरयितृकं प्रसाद दापयिष्यामीति । तदावन्नियोगभूमि प्रथम गता भवामि तावदनुपद मम चरणालङ्कारहस्तया बकुलावलिकयाऽऽगन्तव्यम् । तत्परिदेवयिष्ये तावद्विस्रब्ध मुहूर्तकम् ।

[इति परिक्रामति ।]

विदूषक —[दृष्ट्वा] ही ही । वग्रस्स ! एदं क्खु सीहुपाणुव्वेजिदस्स मच्छण्डिग्रा उवणदा । (ग्राश्चर्यमाश्चर्यम् । वयस्य ! एतत्खलु सीधुपानोद्वेजितस्य मत्स्यण्डिकोपनता ।)

राजा—ग्रये ! किमेतत् ।

विदूषकः—एसा णादिपरिक्खिदवेसा ऊसुग्रवग्रणा एग्राइणी मालविग्रा ग्रदूरे वट्टदि (एषा नातिपरिष्कृतवेषोत्सुकवदनैकाकिनी मालविकाऽदूरे वर्तते ।)

राजा—[सहर्षम्] कथं मालविका ।

विदूषकः—ग्रह इं । (ग्रथ किम् ।)

ठीक है । मुझसे देवी धारिणीने कहा है कि—मालविका ! गौतमके नटखटपनसे मैं झूलेसे गिर पड़ी हूँ और मेरे दोनों पैरों में चोट ग्रा गई है इसलिये तुम्हीं जाकर सुनहरे ग्रशोकके फूलनेका उपाय कर ग्राग्रो । यदि पाँच दिनोंके भीतर वह फूल उठेगा तो तुम्हें मुँह माँगा पुरस्कार दूँगी । मैं वहाँ पहलेसे ही पहुँच जाती हूँ क्योंकि बकुलावलिका भी मेरे पीछे पीछे बिछुए लेकर ग्रा रही होगी जबतक मैं ग्रकेले जी भरकर रो भी लूँगी ।

[घूमती है ।]

विदूषक—[उसे देखकर] हिः हिः ! [घूमती है ।] कैसे ग्रचरजकी बात है कि मित्र ! मदिरासे मतवाले मनुष्यको ग्रौर ग्रधिक मतवाला बनानेवाली खाँड भी ग्रा पहुँची ।

राजा—ग्ररे कौन-सी वस्तु है ?

विदूषक—यह क्या पास ही ग्रधमैले कपड़े पहने मालविका ग्रकेली उदास बैठी हुई है ।

राजा—[प्रसन्न होकर] क्या मालविका है ?

विदूषक—ग्रौर क्या ?

राजा—शक्यमिदानीं जीवितमवलम्बयितुम् ।

त्वदुपलभ्य समीपगतां प्रियां हृदयमुच्छ्वसितं मम विक्लवम् ।
तरुवृतां पथिकस्य जलार्थिनः सरितमारसितादिव सारसात् ॥६॥

अथ क्व तत्र भवती ।

विदूषकः—एसा तरुराइमज्झादो णिक्कन्ता इदो ज्जेव्व परिवट्टन्ती दीसइ । (एषा तरुराजिमध्यान्निष्क्रान्तेत एव परिवर्तमाना दृश्यते ।)

राजा—[विलोक्य सहर्षम्] वयस्य पश्याम्येनाम् ।

विपुलं नितम्बदेशे मध्ये क्षामं समुन्नतं कुचयोः ।
अत्यायतं नयनयोर्मम जीवितमेतदायाति ॥७॥

सखे ! पूर्वस्मादतिमनोहरावस्थान्तरमुपारूढा तत्रभवती । तथा हि—

शरकाण्डपाण्डु गण्डस्थलेयमाभाति परिमिताभरणा ।
माधवपरिणतपत्रा कतिपयकुसुमेव कुन्दलता ॥८॥

विदूषकः—एसा वि भवं विअ मअणवाहिणा परिमिट्ठा भविस्सदि । (एषापि भवानिव मदनव्याधिना परिमृष्टा भविष्यति ।)

राजा—सौहार्दमेवं पश्यति ।

मालविका—अअं सो ललिदसुउमालदोहलावेक्खो अगिहीदकुसुमणेवत्थो उक्कण्ठिदाए मह मणुकरेदि असोओ । जाव एदस्स पच्छाअसीदले सिलापट्टए णिसण्णा अप्पाणं विणोदेमि । (अयं स ललितसुकुमारदोहदापेक्षी अगृहीतकुसुमनेपथ्य उत्कण्ठिताया ममानुकरोत्यशोकः । यावदस्य प्रच्छायशीतले शिलापट्टके निषण्णात्मानं विनोदयामि ।)

राजा—तब समझो कि अब मेरे प्राण बच जायेंगे । जैसे सारसका शब्द सुनकर प्यासे पथिकको भरोसा हो जाता है कि पेड़की झुर-मुटके पीछे कोई नदी होगी वैसे ही तुम्हारे मुँहसे यह बात सुनकर मेरे व्याकुल मनको बड़ा धीरज मिला है कि मालविका पास ही है ॥६॥ अच्छा वह है कहाँ ?

विदूषक—वह नया वृक्षोंके बीचसे होती हुई इधर ही आती दिखाई दे रही है ।

राजा—[देखकर प्रसन्नतासे] देख रहा हूँ मित्र ! यह बड़े-बड़े नितम्बोंवाली, पतली कमरवाली, उठे हुए स्तनवाली और बड़ी-बड़ी आँखोंवाली मानो मेरी जान ही चली आ रही हो ॥७॥ इसे जैसा मैंने पहले देखा था उससे कहीं बढ़कर सुन्दर तो यह अब लग रही है । और देखो—इने-गिने आभूषण पहने हुए और सरकंडेके समान पीले गालोंवाली यह सुन्दरी वैसी ही दिखाई दे रही है जैसे वसंतसे पके हुए पत्तोंवाली किसी कुन्दलतामें इने-गिने फूल बचे रह गए हों ॥८॥

विदूषक—तो इन्हें भी आपके जैसा ही प्रेमका रोग लग गया होगा ।

राजा—मित्रोंको ऐसा ही सूझा करता है ।

मालविका—फूलोंकी सजावटसे सूना यह अशोक वृक्ष भी अपने मनकी सुहावनी और प्यारी साध पूरी करानेके लिये मेरे ही समान अधीर हो रहा है । तो चलूँ तबतक इसीकी ठंडी छायाके तले पत्थरकी पटियापर बैठकर जी बहलाऊँ ।

विदूषकः—सुदं भवदा उक्कण्ठिदम्हि त्ति तत्तहोदी मन्तेदि । (श्रुतं भवता उत्कण्ठितास्मीति तत्रभवती मन्त्रयते ।)

राजा—नैतावता भवन्तं प्रसन्नतर्कं मन्ये । कुतः—

बोढा कुरबकरजसां किसलयपुटभेदशीकरानुगतः ।
अनिमित्तोत्कण्ठामपि जनयति मनसो मलयवातः ॥६॥

[मालविकोपविष्टा ।]

राजा—सखे ! इतस्तावदावां लतान्तरितौ भवावः ।

विदूषक.—इरावदिं विअ अदूरे पेक्खामि । (इरावतीमिवादूरे प्रेक्षे ।)

राजा—नहि कमलिनीं दृष्ट्वा ग्राहमवेक्षते मतङ्गजः । [इति विलोकयन्स्थितः ।]

मालविका-हिअअ णिरवलम्बणादो अदिभूमिलङ्घिणो दे मणोरहादो विरम । किं मं आआसेसि ।
(हृदय ! निरवलम्बनादतिभूमिलङ्घिनो मनोरथाद्विरम । किं मामायासय ।

[विदूषको राजानं वीक्षते ।]

राजा—प्रिये ! पश्य वामत्वं स्नेहस्य ।

औत्सुक्यहेतुं विवृणोपि न त्वं तत्त्वावबोधैकफलो न तर्कः ।
तथापि रम्भोरु करोमि लक्ष्यमात्मानमेषां परिदेवितानाम् ॥१०॥

विदूषकः—संपदं भवदो णिस्ससअं भविस्सदि । एसा अप्पिदमअणसंदेसा विविक्तो णं

विदूषक—सुना आपने ? वे कह रही हैं कि मैं अधीर हो रही हूँ ।

राजा—केवल इतनी-सी बातसे मैं यह नहीं मान सकता कि तुम ठीक समझ गए हो । क्योंकि कुरबकके परागमें बसा हुआ और खिली हुई कोपलोंसे जलकी बूँदें उड़ा ले जानेवाला मलयका पवन बिना कारण ही मनमें चाह भर रहा है ॥६॥

[मालविका बैठ जाती है ।]

राजा—आओ मित्र ! चलो, हम लोग भी लताके पीछे छिप चलें ।

विदूषक—इरावतीजी भी अब आ ही रही होंगी ।

राजा—हाथी जब कमलिनीको देख लेता है तब उसे जलमें छिपे हुए घड़ियाल नहीं सूझते हैं । [देखता रहता है]

मालविका—अरे हृदय ! तू ऐसी चाह क्यों करता है जिसपर न तो अपना कोई वश ही है और न जहाँतक अपनी पहुँच ही है । मुझे सतानेसे तुझे मिल क्या रहा है ?

[विदूषक राजाकी ओर देखता है ।]

राजा—देखो प्यारी ! प्रेमकी उलटी चाल तो देखो । यद्यपि अभीतक तुमने अपनी व्याकुलताका कारण न तो खोलकर बताया और न अनुमानसे ही मुझे तुम्हारे मनकी ठीक ठीक थाह लग पा रही है फिर भी मैं तो यही समझ रहा हूँ कि तुम मेरे ही लिये इतना रो-कलप रही हो ॥१०॥

विदूषक—आपका सदेह अभी दूर हुआ जाता है । लीजिए, जिसके हाथ आपने संदेश

बउलावलिआ उवट्ठिदा। (सांप्रतं भवती निःसंशयं भविष्यति। एषार्पितमदनसंदेशा विविक्ते ननु बकुलावलिकोपस्थिता।)

राजा—अपि स्मरेदस्मत्प्रार्थनाम्।

विदूषकः—किं दाणिं एसा दासीए दुहिदा तुह गरुअं संदेसं विसुमरेदि। अहं दाव ण विसुमरेमि। (किमिदानीमेषा दास्या दुहिता तव गुरुकं संदेशं विस्मरति। अहं तावन्न विस्मरामि।)

[प्रविश्य चरणालङ्कारहस्ता बकुलावलिका।]

बकुलावलिका—अवि सुहं सहीए। (अपि सुखं सख्याः।)

मालविका—अम्हो बउलावलिआ उवट्ठिदा। हला साअदं दे। उवविस। (अहो बकुलावलिकोपस्थिता। सखि स्वागतं ते। उपविश।)

बकुलावलिका—[उपविश्य] हला तुमं दाणिं जोग्गदाए णिउत्ता। ता एदं दे चलणं उवणेहि जाव सालत्तअं सणूउरं अ करेमि। (सखि त्वमिदानीं योग्यतया नियुक्ता। तस्मादेकं ते चरणमुपनय यावत्सालक्तकं सनूपुरं च करोमि।)

मालविका—[आत्मगतम्] हिअअ! अलं सुहिदाए उवट्ठिदो अअं विहवो। कहं दाणिं अत्ताणं मोचेअं। अहवा एवं एव्व मे मिच्चुमण्डणं भविस्सदि। (हृदय! अलं सुखितया उपस्थितोऽयं विभवः। कथं वेदानीमात्मानं मोचयेयम्। अथवा एतदेव मे मृत्युमण्डनं भविष्यति।)

बकुलावलिका—किं विआरेसि। उस्सुआ क्खु इमस्स तवणीआसोअस्स कुसुमोग्गमे देवी। (किं विचारयसि। उत्सुका खल्वस्य तपनीयाशोकस्य कुसुमोद्गमे देवी।)

राजा—कथमशोकदोहदनिमित्तोऽयमारम्भः।

भेजा था यह बकुलावलिका भी यहाँ अकेलेमें उसके पास पहुँच गई है।

राजा—पर उसे क्या हमारी बात स्मरण होगी?

विदूषक—जब मैं तक नहीं भूल पाया हूँ, तब भला यह खोटी कहीं ऐसी आवश्यक बात भूल सकती है?

[पैर सजानेकी सब सामग्री हाथमें लिए हुए बकुलावलिका आती है।]

बकुलावलिका—कहो सखी, अच्छी तो हो?

मालविका—अरे बकुलावलिका! तुम आ गई स्वागत है सखी, आओ बैठो।

बकुलावलिका—[बैठकर] सखी! तुम्हे जो काम दिया गया है उसके लिये तुम्हीं योग्य थीं। लाओ अपना एक पैर इधर बढ़ाओ तो मैं उसमें महावर लगाकर बिछुए पहना दूँ।

मालविका—[मन ही मन] मेरे हृदय! यह सम्मान देखकर बहुत फूलो मत। पर मैं इससे बच भी कैसे सकती हूँ। यह न करूँ तो कहीं इसीसे मेरा अन्तिम सिंगार न हो जाय।

बकुलावलिका—सोच क्या रही हो? जानती हो, इस सुनहरे अशोकके फूलनेकी देवीको बड़ी चिन्ता है।

राजा—अच्छा तो क्या यह सजावट अशोकके फूलनेके लिये की जा रही है।

विदूषक—किं णु क्खु जाणासि तुमं। मह कालणादो देवी मं अन्ते उरणेवच्छेण योजइस्सदि त्ति। (किं नु खलु जानासि त्वम्। मम कारणाद्देवीमामन्तःपुरनेपथ्येन योजयिष्यतीति।)

मालविका—हला मरिसेहि दाव णं। (सखि मर्षय तावदेनम्।) [इति पादमुपहरति।]

बकुलावलिका—मह सरीरम्मं सि मे। (मम शरीरमसि मे।)

[इति नाट्येन चरणसत्कारमारभते।]

राजा—

चरणान्तनिवेशितां प्रियायाः सरसां पश्य वयस्य रागलेखाम्।
प्रथमामिव पल्लवप्रसूतिं हरदग्धस्य मनोभवद्रुमस्य ॥११॥

विदूषक—चलणाणुरूवो तत्तहोदीए अहिआरो उवक्खित्तो। (चरणानुरूपस्तत्रभवत्या अधिकार उपक्षिप्तः।)

राजा—सम्यगाह भवान्।

नवकिसलयरागेणाग्रपादेन बाला स्फुरितनखरुचा द्वौ हन्तुमर्हत्यनेन।
अकुसुमितमशोकं दोहदापेक्षया वा प्रणमितशिरसं वा कान्तमार्द्रापराधम् ॥१२॥

विदूषक—पहरिस्सदि तत्तहोदी तुमं अवरद्धम्। (प्रहरिष्यति तत्रभवती त्वामपराद्धम्।)

राजा—मूर्ध्ना प्रतिगृहीत वचः सिद्धिदर्शिनो ब्राह्मणस्य।

[ततः प्रविशति युक्तमदा इरावती चेटी च।]

विदूषक—तो क्या आप समझ बैठे थे कि महारानीने मेरे लिये इसे रनिवासके सिंगारोंसे सजाया होगा।

मालविका—लो सखी! पर मुझे इसके लिये क्षमा करना। [पैर आगे करती है।]

बकुलावलिका—वाह री! तू कोई दूसरी है। मैं तो तुझे अपनी देह-जैसी ही प्यारी समझती हूँ। [पैर रँगनेका नाट्य करती है]

राजा—मित्र! प्यारीके पैरोंमें महावरकी जो गीली लकीरें बनी हैं वे ऐसी दिखाई पड़ रही हैं मानो महादेवजीके क्रोधसे जले हुए कामदेवके वृक्षमें नई-नई कोंपलें फूट आई हों॥११॥

विदूषक—और जैसे इनके पैर हैं वैसा ही काम भी तो इन्हें सौंपा गया है।

राजा—यह तो ठीक कहा तुमने! चमचमाते हुए नखोंवाले और नई कोंपलोंके पंजोंवाले इस सुन्दरीके चरण या तो फूलनेकी इच्छा करनेवाले इस अनफूले अशोकपर पड़ने योग्य हैं या प्रेममें अपराध करनेवाले सिर झुकाए हुए पतिके सिरपर पड़ने योग्य हैं॥१२॥

विदूषक—तो समझ लीजिए कि आप भी अपराध करेंगे तो यही चरण आपपर भी पड़ेंगे।

राजा—मनचाहा भविष्य बतानेवाले ब्राह्मणका आशीर्वाद सिरमाथे।

[दासीके साथ मदिरा पिए हुए रानी इरावती आती है।]

इरावती—हञ्जे णिउणिए ! सुणामि बहुसो मदो किल इत्थिआजणस्स विसेसमण्डणं त्ति । अवि सच्चो एसो लोअवाओ । (चेटि निपुणिके ! श्रृणोमि बहुशो मदः किल स्त्रीजनस्य विशेषमण्डनमिति । अपि सत्य एष लोकवादः ।

निपुणिका—पढमं लोअवाओ एव्व अज्ज सच्चो संवुत्तो । (प्रथमं लोकवाद एवाद्य सत्यः संवृत्तः ।)

इरावती—अलं मयि सिणेहेण । कहेहि कुदो दाणिं अग्गगमिदव्वं दोलाघरं पढमं गदो भट्टा ण वेत्ति । (अलं मयि स्नेहेन । कथय कुत इदानीमवगन्तव्यं दोलागृहं प्रथमं गतो भर्ता न वेति ।)

निपुणिका—भट्टिणीए अखिण्डदादो पणआदो । (भट्टिन्या अखण्डितात्प्रणयात् ।)

इरावती—अलं सेवाए । मज्झत्थदं परिगाहिअ भणाहि । (अलं सेवया । मध्यस्थतां परिगृह्य भण ।)

निपुणिका—वसन्तोसवउवाअणलोलुवेण अज्जगोदमेण कहिदं तुवरदु भट्टिणी त्ति । (वसन्तोत्सवोपायनलोलुपेनार्यगौतमेन कथितं त्वरतां भट्टिनीति ।)

इरावती—[मदावस्थासदृशं परिक्रम्य ।] हञ्जे ! मदेण किलाम्ममाणं मम्माणं अज्जउत्तस्स दंसणे हिअअं तुवरेदि । चलणा उण ण मह पसरन्ति । (चेटि ! मदेन क्लाम्यमानमात्मानमार्यपुत्रस्य दर्शने हृदयं त्वरयति चरणौ पुनर्न मम प्रसरतः ।)

निपुणिका—णं संपत्तं म्ह दोलाघरं । (ननु सम्प्राप्ते स्वो दोलागृहम् ।)

इरावती—णिउणिए ! अज्जउत्तो एत्थ ण दीसदि । (निपुणिके ! आर्यपुत्रोऽत्र न दृश्यते ।)

निपुणिका—णं भट्टिणीए ओलोअदु । परिहासणिमित्तं कहिं वि अदिट्ठेण भत्तुणा

इरावती—निपुणिका ! मैं बहुत सुना करती हूँ कि मदिरा पीनेसे स्त्रियाँ बहुत सुन्दर लगने लगती हैं । यह कहावत सच है क्या ?

निपुणिका—पहले तो यह कहावत ही थी, पर आज तो यह बात सच दिखाई दे रही है ।

इरावती—चल, चल । मुँह-देखी मत कह । अच्छा यह बता कि यह पता कैसे चले कि स्वामी झूलेघरमें पहुँच गए हैं या नहीं ।

निपुणिका—आपका अखण्ड प्रेम ही यह बता रहा है ।

इरावती—ठकुरसुहाती रहने दो । लल्लो-चप्पो छोड़कर सच-सच बता ।

निपुणिका—वसन्तोत्सवकी पूजाकी भेंट पानेके लोभी आर्य गौतमने यह कहलाया है कि देवीको झटपट भेज दो ।

इरावती—[मदसे झूमकर घूमती हुई] दासी ! मद इतना चढ़ गया है कि आर्यपुत्रको देखनेकी अकुलाहट होनेपर भी मेरे पैर आगे नहीं बढ़ रहे हैं ।

निपुणिका—लीजिए, झूलेघरमें तो आप पहुँच गईं ।

इरावती—अरी निपुणिका ! आर्यपुत्र तो यहाँ कहीं दिखाई ही नहीं पड़ रहे हैं ।

निपुणिका—ध्यानसे देखिए स्वामिनी ! आपसे ठिठोली करने के लिये स्वामी यहीं कहीं

होदव्वं। अम्हे वि पिअङ्गुलदापरिक्खित्तं असोअसिलापट्टअं पविसामो। (ननु भट्टिन्यवलोक्यतु। परिहासनिमित्त कुत्राप्यदृष्टेन भर्ता भवितव्यम्। आवामपि प्रियङ्गुलतापरिक्षिप्तमशोकशिलापट्टकं प्रविशाव.।)

इरावती—तह। (तथा।)

निपुणिका—[विलोक्य] आलोअदु भट्टिणी चूदङ्कुरं विचिण्णन्तीएं पिपीलिआहिं दंसिदं। (अवलोकयतु भट्टिनी चूताङ्कुरं विचिन्वत्योः पिपीलिकाभिर्दष्टम्।)

इरावती—कहं विअ एदं। (कथमिवेदम्।)

निपुणिका—एसा असोअपादवच्छाआए मालविआए बउलावलिआ चलणालंकारं णिव्वट्टेदि। (एषाशोकपादपच्छायाया मालविकाया वकुलावलिका चरणालङ्कारं निर्वर्तयति।)

इरावती—[शङ्का रूपयित्वा] अभूमी इअं मालविआए! कहं एत्थ तक्केसि। (अभूमिरियं मालविकाया। कथमत्र तर्कयसि।)

निपुणिका—तक्केमि दोलापरिब्भंसिदाए सरुअचलणाए देवीए असोअदोहलाहिआरे मालविआ णिउत्तेत्ति। अण्णहा कहं देवी सअं धारिदं णेउरजुअलं परिअणस्स अब्भणुजाणिस्सदि। (तर्कयामि दोलापरिभ्रष्टया सरुजचरणया देव्याऽशोकदोहदाधिकारे मालविका नियुक्तेति। अन्यथा कथं देवी स्वयं धारितं नूपुरयुगलं परिजनस्याभ्यनुज्ञास्यति।)

इरावती—महदी क्खु से संभावणा। (महती खल्वस्याः सम्भावना।)

निपुणिका—किं ण अण्णेसीअदि भट्टा। (किं नान्विष्यते भर्ता।)

छिपे बैठे होंगे। आइए, हम लोग भी प्रियंगुके लता मडपमें चलकर अशोकके तले पत्थरकी पटियापर बैठें।

इरावती—ठीक है।

निपुणिका—[देखकर] देखिए तो स्वामिनी! हम चली थीं आमकी कोंपलें ढूंढने और काट लिया चींटियोंने।

इरावती—कैसे रे?

निपुणिका—देखिए न। यहाँ बकुलावलिका, अशोककी छाया में बैठी हुई मालविकाके पैर रँग रही है।

इरावती—[कुछ सन्देह करके] मालविका तो इधर आने नहीं पाती, आज क्या बात हो गई है?

निपुणिका—मैं समझती हूँ कि झूलेपरसे गिर जानेके कारण महारानीके पैरोंमें चोट आ गई है इसलिये अशोकके फूलनेके लिये उसपर लात मारनेका काम मालविकाको ही सौंपा गया होगा। नहीं तो क्या महारानी कभी अपने पैरके बिछुए उतारकर अपनी दासियोंको पहननेके लिये भला दे सकती हैं?

इरावती—हाँ, हो न हो यही बात है।

निपुणिका—तो क्या महाराजको न ढूँढिएगा?

इरावती—हला ण मे चलणा अण्णदो पवट्टन्ति। मदो मं विआरेदि। आसङ्किदस्स दाव अन्त गमिस्सं। [मालविकां निर्वर्ण्य। निःश्वस्यात्मगतम्।] ठाणे क्खु कादरं मे हिअअं। (सखि ! न मे चरणावन्यतः प्रवर्तेते। मदो मां विकारयति। आशङ्कितस्य तावदन्तं गमिष्यामि। स्थाने खलु कातरं मे हृदयम्।)

बकुलावलिका—[मालविकायै चरणं दर्शयन्ती।] अवि रोअदि दे राअरेहाविण्णासो। (अपि रोचते ते रागरेखाविन्यासः।)

मालविका—हला ! अत्तणो चलणं त्ति लज्जेमि णं पसंसिदुं। केण पसाहणकलाए अहिणीदासि। (सखि ! आत्मनश्चरण इति लज्जे एनं प्रशंसितुम्। केन प्रसाधनकलायामभिनीतासि।)

बकुलावलिका—एत्थ क्खु भट्टुणो सीसम्हि। (अत्र खलु भर्तुः शिष्यास्मि।)

विदूषकः—तुवरेहि दाव णं गुरुदक्खिणाए। (त्वरय तावदेना गुरुदक्षिणायै।)

मालविका—दिट्ठिआ ण गव्विदासि। (दिष्ट्या न गर्वितासि।)

बकुलावलिका—उवदेसाणुरूवा चलणं लम्भिअ अज्ज दाव गव्विदा भविस्सं। [रागं विलोक्यात्मगतम्] हन्त सिद्धो मे दप्पो। [प्रकाशम्] सहि एक्कस्स दे चलणस्स अवसिदो राअणिक्खेवो। केवलं मुहमारुदो लम्भइदव्वो। अहवा पवादं एदं ठाणं। (उपदेशानुरूपौ चरणौ लब्ध्वाद्य तावद्गर्विता भविष्यामि। हन्त सिद्धो मे दर्पः। सखि एकस्य ते चरणस्यावसितो रागनिक्षेपः। केवलं मुखमारुतो लम्भयितव्यः। अथवा प्रवातमेतत्स्थानम्।)

राजा—सखे पश्य।

आर्द्रालक्तकमस्याश्चरणं मुखमारुतेन शोषयितुम्।

इरावती—सखी, मेरे पैर ही आगे नहीं बढ रहे हैं। इधर मद भी मुझे बेहाल किए डाल रहा है, पर मेरे मनमें जो खटका बैठ गया है, वह तो मिटाना ही होगा। [मालविकाको देखकर और समझकर मन ही मन] इन्हीं सब बातोंसे तो मेरा जी जल जाता है।

बकुलावलिका—[मालविकाको उसका रँगा हुआ पैर दिखलाती है।] कहो महावरकी रँगाई तुम्हें अच्छी लगी ?

मालविका—सखी ! अपने पैरकी प्रशंसा करते मुझे लाज लगती है पर यह तो बताओ कि इतनी बढ़िया सिंगारकी कला तुम्हें सिखाई है किसने ?

बकुलावलिका—अरी ! यह कला तो मैंने स्वयं महाराजसे सीखी है।

विदूषक—जाइए जाइए, झपटकर इससे गुरुदक्षिणा तो माँग लीजिए।

मालविका—बड़ी भागवान हो कि इतनेपर भी तुम्हें अभिमान छू तक नहीं गया है।

बकुलावलिका—पर मैंने जो कुछ सीखा है वैसी कला दिखलानेके योग्य तुम्हारे चरण पाकर आज तो मुझे अवश्य अभिमान हो रहा है। [रँगाईको देखकर मन ही मन] वाह आज ही तो मेरा अभिमान सधा हुआ है। [प्रकट] लो सखी ! तुम्हारा एक पैर तो रँग गया है अब इसे मुँहसे फूँककर सुखाना भर रह गया है, पर यहाँ तो बयार भी चल रही है।

राजा—देखो मित्र ! गीले महावरसे रँगे हुए इसके पैरको मुँहकी फूँकसे सुखाकर इसकी

प्रतिपन्नः प्रथमतरः संप्रति सेवावकाशो मे ॥१३॥

विदूषक—कुदो दे अणुसम्रो। एद भवदा चिरक्कमेण अणुभविदव्वं। (कुतस्तेऽनुशयः। एतावद्भवता चिरक्रमेणानुभवितव्यम्।)

बकुलावलिका—सहि! अरुणसतवत्तं विश्र सोहदि दे चलणं। सव्वहा भत्तुणो अङ्कपरिवट्टिणी होहि। (सखि अरुणशतपत्रमिव शोभते ते चरणम्। सर्वथा भर्तुरङ्कपरिवर्तिनी भव।)

[इरावती निपुणिकामवेक्षते।]

राजा—ममैषमाशीः।

मालविका—हला मा अवग्रणीअं मन्तेहि। (सखि मा अवचनीयं मन्त्रयस्व।)

बकुलावलिका—मन्तइदव्वं एव्व मन्तिदं मए। (मन्त्रयितव्यमेव मन्त्रितं मया।)

मालविका—पिआ क्खु अहं तव। (प्रिया खल्वहं तव।)

बकुलावलिका—ण केवलं मह। (न केवलं मम।)

मालविका—कस्स वा अण्णस्स। (कस्य वान्यस्य।)

बकुलावलिका—गुणेसु अहिणिवेसिणो भत्तुणो वि। (गुणेष्वभिनिवेशिनो भर्तुरपि।)

मालविका—अलिअं मन्तेसि। एदं एव्व मइ णत्थि। (अलीकं मन्त्रयसे। एतदेव मयि नास्ति।)

बकुलावलिका—सच्चं तुह णत्थि। भत्तुणो किसेसु सुन्दरपाण्डरेसु दीसइ अङ्गेसु। (सत्यं त्वयि नास्ति। भर्तुः कृशेषु सुन्दरपाण्डुरेषु दृश्यतेऽङ्गेषु।)

निपुणिका—पढमं गणिअं विअ हदासाए उत्तरं। (प्रथमं गणितमिव हताशाया उत्तरम्।)

सेवा करनेका यह सबसे अच्छा अवसर मेरे हाथ लगा है ॥१३॥

विदूषक—तो पछताते क्यों हैं? आपको बहुत दिनोंतक ऐसी सेवा करनेको मिलेगी।

बकुलावलिका—अरी सखी! तेरा पैर तो लाल कमलके समान खिला पड़ रहा है। मैं तो मनाती हूँ कि तू सदा महाराजकी गोदमें ही लेटी रहे।

[इरावती निपुणिकाकी ओर देखती है।]

राजा—मैं भी यही आशीर्वाद देता हूँ।

मालविका—सखी! ऐसी बे सिरपैरकी बातें न कहा करो।

बकुलावलिका—जो कहना चाहिए वही तो मैं कह रही हूँ।

मालविका—मैं तुम्हारी प्यारी हूँ न? इसीलिये।

बकुलावलिका—केवल मेरी ही नहीं।

मालविका—और दूसरे किसीकी।

बकुलावलिका—तेरे गुणोंपर रीझे हुए महाराजकी भी।

मालविका—तू झूठ कहती है। मुझपर उनका तनिक भी प्रेम नहीं है।

बकुलावलिका—हाँ सचमुच तुमपर तो नहीं, पर महाराजके दुर्बल, पीले सुन्दर अंगोंपर वह प्रेम अवश्य दिखाई देता है।

निपुणिका—इस छोटीने ऐसा उत्तर दिया है मानो पहलेसे ही सोचे बैठी हो।

बकुलावलिका—अणुरामो अणुराएण परिक्खिदव्वो त्ति सुमणवअणं पमाणीकरेहि। (अनुरागोऽनुरागेण परीक्षितव्य इति सुजनवचनं प्रमाणीकुरु।)

मालविका—किं अत्तणो छन्देण मन्तेसि (किमात्मनश्छन्देन मन्त्रयसि।)

बकुलावलिका—णहि णहि। भट्टुणो क्खु एदाइं पणअमिदुलाइं अक्खराइं अत्तन्तरिदाइं। (नहि नहि। भर्तुः खल्वेतानि प्रणयमृदुलान्यक्षराणि मयान्तरितानि।)

मालविका—हला! देवीं चिन्तिअ ण मे हिअअं विस्ससदि। (सखि! देवीं चिन्तयित्वा न मे हृदयं विश्वसिति।)

बकुलावलिका—मुद्धे! भमरसंपादो भविस्सदि त्ति वसन्तावदारसव्वस्सं किं ण चूदप्पसवो ओदंसिदव्वो। (मुग्धे! भ्रमरसंपातो भविष्यतीति वसन्तावतारसर्वस्वं किं न चूतप्रसवोऽवतंसयितव्यः।)

मालविका—तुमं दाव दुज्जादे गच्छन्तस्स सहाइणी होहि। (त्वं तावद् दुर्जाते! गच्छतः सहायिनी भव।)

बकुलावलिका—विमद्दसुरही बउलावलिआ क्खु अहं। (विमर्दसुरभिर्बकुलावलिका खल्वहम्।)

राजा—साधु बकुलावलिके साधु।

मावज्ञानानन्तरं प्रस्तुतेन प्रत्याख्याने दत्तयुक्तोत्तरेण।
वाक्येनेयं स्थापिता स्वे निदेशे स्थाने प्राणाः कामिनां दूत्यधीनाः ॥१४॥

बकुलावलिका—अच्छा सज्जनोंकी एक बात तो तुम मान लो कि प्रेमकी परीक्षा प्रेमसे ही होती है।

मालविका—क्या यह सब अपने मनसे गढ़ती जा रही हो?

बकुलावलिका—नहीं अपने मनसे नहीं। ये प्रेमभरे कोमल अक्षर स्वयं महाराजने अपने मुँहसे कहे हैं।

मालविका—पर सखी! उधर महारानीका व्यवहार देखती हूँ तो सारी आशा ठंडी पड़ जाती है।

बकुलावलिका—अरी पगली! क्या भौंरोंके डरसे लोग अपने कानोंमें वसन्तकी रानी बनी हुई आमकी मञ्जरीको पहने ही नहीं?

मालविका—मुझपर कोई विपदा आवे तो तुम मुझे छोड़ न देना।

बकुलावलिका—अरी मेरा तो नाम ही बकुलावलिका है। मैं तो जितनी ही अधिक मसली जाऊँगी उतनी ही अधिक गन्ध दूँगी।

राजा—वाह री बकुलावलिका वाह—इस समय इसके मनकी ठीक-ठीक थाह ले लेनेपर भी मेरे प्रेमका प्रस्ताव करके और इसके नहीं नहीं करनेपर भी इसे जोड़-तोड़का उत्तर देकर जो तुमने इसे पक्का कर लिया है इससे मुझे विश्वास हो गया कि सचमुच प्रेमियोंके प्राण दूतियोंकी ही मुट्ठीमें रहते हैं ॥१४॥

इरावती—हञ्जे ! पेक्ख कारिद एव्व वउलावलिग्राए एदस्सि पदे मालविग्राए। (सखि। पश्य कारितमेव बकुलावलिकयैतस्मिन्पद मालविकाया।)

निपुणिका—भट्टिणि ! ग्रहिग्रारस्स उइदो उवदेसो। (भट्टिनि। ग्रधिकारस्योचित उपदेश।)

इरावती—ठाणे क्खु सकिद मे हिग्रग्र। गहीदत्था ग्रणन्तर चिन्तइस्स। (स्थाने खलु शङ्कि मे हृदयम्। गृहीतार्थानन्तर चिन्तयिष्यामि)

बकुलावलिका—एसो दुदीग्रो वि दे णिव्वुत्तपरिकम्मो चलणो। जाव ण सणूउर करेमि। [इति नाट्येन नूपुरयुगलमामुच्य।] हला ! उट्ठेहि। ग्रसोग्रविग्रासइत्तग्र देवीए णिग्रोग्र ग्रणुचिट्ठ। (एष द्वितीयोऽपि ते निवृ त्तपरिकर्मा चरण। यावदेन सनूपुर करोमि। हला उत्तिष्ठ। ग्रशोकविकासयितृक देव्या नियोगमनुतिष्ठ।)

[उभे उत्तिष्ठत।]

इरावती—सुदो देवीए णिग्रोग्रो। होदु दाणि। (श्रुतो देव्या नियोग भवत्विदानीम्।)

बकुलावलिका—एसो उवारूढराग्रो उग्रभोग्रक्खमो पुरदो दे वट्टइ। (एष उपारूढराग उपभोगक्षम पुरस्ते वर्तते।)

मालविका—[सहर्षम्] कि भट्टा। (कि भर्ता।)

बकुलावलिका—[सस्मितम्।] ण दाव भट्टा। एसो ग्रसोग्रसाहावलम्बी पल्लवगुच्छग्रो। ग्रोदसेहि ण। (न तावद्भर्ता। एषोऽशोकशाखावलम्बी पल्लवगुच्छ। ग्रवतसयैनम्।)

[मालविका विषाद नाटयति।]

विदूषक—सुद भवदा। (श्रुत भवता।)

इरावती—देख सखी ! मालविकाको इतना सम्मान इस बकुलावलिकाने ही दिलाया है।

निपुणिका—स्वामिनी। इसे जैसा सिखाया गया होगा वैसा ही सो कर रही है।

इरावती—मुझे जो खटका था वह सब सच ही निकला। सब बातोका ठीक ठीक ब्यौरा लेकर मैं इसका उपाय सोचूँगी।

बकुलावलिका—लो तुम्हारा दूसरा पैर भी रँग गया। लाग्रो इसमें भी बिछुए पहना दूँ। [दोनो बिछुए पहनानेका नाट्य करती है।] ग्रब उठो सखी ! महारानीने ग्रशोकके फूलनेके लिये जो काम तुम्हें सौंपा है वह पूरा कर डालो [दोनों उठ खडी होती हैं।]

इरावती—तुमने महारानीका काम सुन लिया न ! ग्रच्छा इसे हो जाने दो।

बकुलावलिका—लो, यह राग रगसे भरा ग्रौर ग्रानन्द लूटने योग्य तुम्हारे ग्रागे ही तो है।

मालविका—[प्रसन्न होकर] कौन महाराज ?

बकुलावलिका—[मुसकुराकर] ग्ररे महाराज नहीं। यह ग्रशोककी शाखामें लटकनेवाले पत्तोंका गुच्छा ! सो इसे कानोंपर सजा लो।

[मालविका दुखी होती है।]

विदूषक—सुना ग्रापने।

राजा—सखे ! पर्याप्तमेतावता कामिनाम् ।

अनातुरोत्कण्ठितयोः प्रसिद्धयता समागमेनापि रतिर्न मां प्रति ।
परस्परप्राप्तिनिराशयोर्वरं शरीरनाशोऽपि समानुरागयोः ॥१५॥

[मालविका रचितपल्लवावतंसा पादमशोकाय प्रहिणोति ।]

राजा—वयस्य !

आदाय कर्णकिसलयमस्मादियमत्र चरणमर्पयति ।
उभयोः सदृशविनिमयादात्मानं वञ्चितं मन्ये ॥१६॥

बकुलावलिका—हला ! ण दिदे देसो । जिग्गुणो अत्र असोओ जइ कुसुमोब्भेदमन्थरो भवे जो दे चलणसक्कारं लम्भिअ । (सखि नास्ति ते दोषः । निर्गुणोऽयमशोको यदि कुसुमोद्भेदमन्थरो भवेत् यस्तेचरणसत्कारं लब्ध्वा ।)

राजा—

अनेन तनुमध्यया मुखरनूपुराराविणा
नवाम्बुरुहकोमलेन चरणेन संभावितः ।
अशोक यदि सद्य एव मुकुलैर्न संपत्स्यसे
वृथा वहसि दोहदं ललितकामिसाधारणम् ॥१७॥

सखे ! वचनानुसरणपूर्वकं प्रवेष्टुमिच्छामि ।

राजा—मित्र ! प्रेमियोंके लिये इतना भी बहुत है । देखो ! जहाँ एक मिलनके लिये व्याकुल हो और दूसरा मिलना ही न चाहता हो वहाँ उनका मिलना न मिलना बराबर है । पर जहाँ दोनों मिलनेके लिये अधीर हों और दोनों एक दूसरेके मिलनेसे हाथ धो बैठे हों वहाँ प्राण भी दे देना पड़े तो बुरा नहीं है ॥१५॥

[मालविका पत्तोंका गुच्छा कानपर लटकाकर अशोकपर लात जमाती है ।]

राजा—मित्र ! देखो इसने अपने कानोंपर सजानेके लिये जो अशोकसे पत्ते लिए तो उसके बदलेमें इसने अपना पत्तों-जैसा चरण भी उसे भेंटमें दे दिया । इन दोनोंने एक जैसी वस्तुका अदला-बदला करके मुझे तो सचमुच कहींका न छोड़ा क्योंकि अब मैं इससे इस प्रकार प्रेमकी वस्तुओंकी अदला-बदली कैसे कर पाऊँगा ॥१६॥

बकुलावलिका—सखी ! यदि तुम्हारे चरणोंकी पूजा पाकर भी यह अशोक न फूले तो इसमें तुम्हें दोष नहीं लगेगा वरन् अशोक ही निकम्मा समझा जायगा ।

राजा—इस पतली कमरवाली सुन्दरीका जो नये कमलके समान कोमल चरण बिछुओंकी झंकारसे गूँज रहा है, उससे आदर पाकर भी यदि तुममें कलियाँ न फूट आईं तो मैं यही समझूँगा कि सुन्दरीकी लातसे फूल उठनेकी जो चाह मस्त प्रेमियोंके मनमें होती है वह तुम्हारे मनमें व्यर्थ ही उत्पन्न हुई ॥१७॥ मित्र ! हम लोगोंकी कोई बात चले तो हम भी आगे बढ़ चलें ।

विदूषक—एहि। एदं परिहासइस्सं। (एहि एना परिहासयिष्यामि।)

[उभौ प्रवेशं कुरुतः।]

निपुणिका—भट्टिणि भट्टिणि। भट्टा एत्थ पविसदि। (भट्टिनि भट्टिनि। भर्ताऽत्र प्रविशति

इरावती—इदं मम पढमं चिन्तिदं हिअएण। (एतन्मम प्रथमं चिन्तितं हृदयेन)

विदूषकः—[उपेत्य] भोदि। जुत्तं णाम अत्तहोदि पिअवअस्सो अग्रं असोओ एं वामपादे ताडिदं। (भवति। युक्त नाम अत्रभवति प्रियवयस्योऽयमशोको ननु वामपादेन ताडयितुम्।)

उभे—[ससम्भ्रमम्] अम्हो भट्टा। (अहो भर्ता।)

विदूषक—बउलावलिए। गहीदत्थाए तुए अत्तहोदी ईरिसं अविणअं करन्ती कीस णिवारिदा। (बकुलावलिके! गृहीतार्थया त्वयात्रभवतीदृशमविनयं कुर्वन्ती कस्मान्न निवारिता

[मालविका भयं रूपयति।]

निपुणिका—भट्टिणि पेक्ख। किं पउत्तं अज्जगोदमेण। (भट्टिनि! पश्य। किं प्रवृत्तम गोतमेन।)

इरावती—कहं खु बह्मबन्धू अण्णहा जीविस्सदि। (कथं खलु ब्रह्मबन्धुरन्यथा जीविष्यति

बकुलावलिका—अज्ज! एसा देवीए णिओअं अणुचिट्ठदि। एदस्सिं अदिक्कमे परवदी इ पसीददु भट्टा। (आर्य! एषा देव्या नियोगमनुतिष्ठति। एतस्मिन्नतिक्रमे परवतीयम्। प्रसं भर्ता।) [इत्यात्मना सहैनां प्रणिपातयति।]

विदूषक—आइए। मैं इसे जरा छेड़ता हूँ न।

[दोनों आगे बढ़ते हैं।]

निपुणिका—स्वामिनी! स्वामिनी! महाराज आ रहे हैं।

इरावती—यह तो मैं पहले ही ताड़ गई थी।

विदूषक—[पास जाकर] कहिए देवी! क्या हमारे प्यारे मित्र अशोकपर अपनी बाईं जमाकर आपने कोई अच्छा काम किया है?

दोनों—[घबराकर] अरे! महाराज!

विदूषक—क्यों बकुलावलिका! सब-कुछ जान-बूझकर भी तुमने इन्हें ऐसी ढिठाई क रोका क्यों नहीं?

[मालविका डरनेका नाट्य करती है।]

निपुणिका—स्वामिनी! आपने आर्य गौतमको चाल देखी?

इरावती—ऐसा न करे तो इस बँमनौटेका पेट कैसे पले।

बकुलावलिका—आर्य! यह महारानीकी आज्ञाका पालन ही हो रहा है। इसीलिये ऐसी ढिठाई करनेमें परवश थी। महाराज क्षमा करें।

[अपने साथ मालविकाको भी उनके पैरोंमें झुकाती है।]

राजा—यद्येवमनपराधासि । उत्तिष्ठ भद्रे । [हस्तेन गृहीत्वैनामुत्थापयति ।]

विदूषकः—जुज्जइ देवी एत्थ माणइदव्वा । (युज्यते देव्यत्र मानयितव्या ।)

राजा—[विहस्य]

किसलयमृदोर्विलासिनि कठिने निहतस्य पादपस्कन्धे ।
चरणस्य न ते बाधा संप्रति वामोरु वामस्य ॥१८॥

[मालविका लज्जां नाटयति ।]

इरावती—अहो णवणीदकप्पहिअओ अज्जउत्तो । (अहो नवनीतकल्पहृदय आर्यपुत्र ।)

मालविका—बउलावलिए । एहि । अणुट्ठिदं अत्तणो णिओअं देवीए णिवेदेम्ह । (बकुलावलिके ! एहि । अनुष्ठितमात्मनो नियोगं देव्यै निवेदयाव ।)

बकुलावलिका—विण्णवेहि भट्टारं विसज्जेहि त्ति । (विज्ञापय भर्तारं विसर्जयेति ।)

राजा—भद्रे यास्यसि । मम तावदुत्पन्नावसरमर्थित्वं श्रूयताम् ।

बकुलावलिका—अवहिदा सुणाहि । आणवेदु भट्टा । (अवहिता शृणु । आज्ञापयतु भर्ता ।)

राजा—

धृतिपुष्पमयमपि जनो बध्नाति न तादृशं चिरात्प्रभृति ।
स्पर्शामृतेन पूरय दोहदमस्याप्यनन्यरुचेः ॥१९॥

राजा—अच्छा, यह बात है तो कोई दोष नहीं । उठो भद्रे [हाथसे पकड़कर मालविकाको उठाता है ।]

विदूषक—ठीक है, महारानीकी बात तो माननी ही चाहिए थी ।

राजा—[देखकर] क्यों विलासिनी ! तुम्हारा यह पत्तोंके समान कोमल बाँयाँ पैर अशोकपर लगनेसे कहीं दुखने तो नहीं लगा है ? ॥१८॥

[मालविका लजानेका नाट्य करती है ।]

इरावती—वाह, इस समय आर्यपुत्रका हृदय मक्खनके समान कोमल बन गया है ।

मालविका—आओ बकुलावलिका ! महारानीको सूचना दे आवें कि आपकी आज्ञा पूरी कर दी गई है ।

बकुलावलिका—पहले महाराजसे तो यह प्रार्थना करो कि वे तुम्हें छोड़ दें ।

राजा—तुम जा सकती हो भद्रे ! पर एक बात मेरी सुनती जाओ ।

बकुलावलिका—देखो, ध्यान देकर सुनो । हाँ महाराज ! आज्ञा कीजिए ।

राजा—देखो सुन्दरी ! बहुत दिनोंसे इसी अशोकके समान ही मुझमें भी धीरजके फूल नहीं आ रहे हैं । इसलिये तुम्हें छोड़कर और किसीसे प्रेम न करनेवाले मुझ सेवकके मनकी साध भी अपने स्पर्शका अमृत पिलाकर आज तुम पूरी कर दो ॥१९॥

इरावती—[सहसोपसृत्य] पूरेहि पूरेहि । असोओ कुसुमं ण दंसेदि । अयं उण पुप्फदि एव्व ।
(पूरय पूरय । अशोकः कुसुमं न दर्शयति । अयं पुनः पुष्पत्येव ।)

[सर्वे इरावतीं दृष्ट्वा सम्भ्रान्ताः ।]

राजा—[अपवार्य] वयस्य । का प्रतिपत्तिरत्र ।

विदूषकः—किं अण्णं । जङ्घाबलं एव्व । (किमन्यत् । जङ्घाबलमेव ।)

इरावती—वउलावलिए । तुए साहु उवक्कन्तं । दाणिं सफलब्भत्थणं करेहि अज्जउत्तं ।
(बकुलावलिके । त्वया साधूपक्रान्तम् इदानीं सफलाभ्यर्थनं कुर्वार्यपुत्रम् ।)

उभे—पसीदतु भट्टिणी । काओ अम्हे भत्तुणो पणअपरिग्गहस्स । (प्रसीदतु भट्टिनी । के आवां भर्तुः प्रणयपरिग्रहस्य ।) [इति निष्क्रान्ते ।]

इरावती—अविस्ससणीआ पुरिसा । अत्तणो वञ्चणवअणं पमाणीकरिअ वाहिआए वाह-
जणगीदगहीदचित्ताए विअ हरिणीए एदं ण विण्णादं मए । (अविश्वसनीयाः पुरुषाः । आत्मनो वञ्चनावचनं प्रमाणीकृत्याक्षिप्तया व्याधजनगीतगृहीतचित्तयेव हरिण्यैतन्न विज्ञातं मया ।)

विदूषकः—[जनान्तिकम्] भो पडिपज्जेहि किंपि उत्तरम् । कम्मग्गहीदेण वि कुम्भीलएण संधिच्छेदे सिक्खिदो म्हि त्ति वत्तव्वं होदि । (भो प्रतिपद्यस्व किमप्युत्तरम् । कर्मगृहीतेनापि कुम्भीलकेन संधिच्छेदे शिक्षितोऽस्मीति वक्तव्यं भवति ।)

राजा—सुन्दरि ! न मे मालविकया कश्चिदर्थः । मया त्वं चिरयसीति यथाकथंचिदात्मा विनोदितः ।

इरावती—[सहसा आगे बढ़कर] हाँ हाँ पूरी करो, पूरी करो । अशोकमें अभी फूल नहीं आए हैं पर ये तो अभीसे फूले जा रहे हैं ।

[इरावतीको देखकर सब घबरा जाते हैं ।]

राजा—[अलग] कहो मित्र ! अब क्या किया जाय ।

विदूषक—और क्या किया जायगा ! चलिए पैरोंका सहारा लिया जाय (भाग चला जाय ।)

इरावती—क्योंरी बकुलावलिका ! यह तूने अच्छा काम लिया है ? जा, अब कर न आर्य-पुत्रकी साध पूरी !

दोनों—क्रोध न कीजिए महारानी ! भला हम कौन होती हैं महाराजकी साध पूरी करनेवाली ।

[दोनों चली जाती हैं ।]

इरावती—सचमुच पुरुषोंका कोई विश्वास नहीं है । मैं क्या जानती थी कि जैसे व्याधोंके गीत सुनकर हरिणी सब सुध-बुध खोकर जालमें फँस जाती है वैसे ही मैं भी इनकी चिकनी-चुपड़ी बातोंपर विश्वास करके इनके फन्देमें फँस जाऊँगी ।

विदूषक—[अलग] अजी, कुछ तो बात बताइए । चोरी करते हुए पकड़ा हुआ चोर भी यह कह देता है कि मैं चोरी करनेके लिये सेंध नहीं लगा रहा था वरन् यह देखना चाहता था कि मैंने सेंध फोड़नेकी विद्या ठीक ठीक सीख पाई है या नहीं ।

राजा—सुन्दरी ! मालविकासे हमें क्या लेना-देना है । तुम्हारे आनेमें देर हो रही थी इसलिये थोड़ा बहुत जी बहला रहे थे ।

इरावती—विस्ससणीओसि। ण भए विण्णादं ईरिसं विणोदवुत्तन्तं भ्रज्जउत्तेण उवलद्ध त्ति। भ्रण्णहा दुक्खभाइणीए एव्वं ण करीभ्रदि। (विश्वसनीयोऽसि। न मया विज्ञातमीदृश विनोदवृत्तान्तमार्यपुत्रेणोपलब्ध इति। भ्रन्यथा दुःखभागिन्येवं न क्रियते।)

विदूषक—मा दाव भ्रत्तभोदो दक्खिण्णस्स उवरोहं करेहि। समावदिट्ठेण देवीए परिचारिद्दिजणेण संकहावि जइ वारीभ्रदि एत्थ तुमं एव्व पमाणं। (मा तावदत्रभवतो दाक्षिण्यस्योपरोधं कुरु। समीपदृष्टेन देव्याः परिचारिजनेन संकथापि यदि वार्यते भ्रत्र त्वमेव प्रमाणम्।)

इरावती—णं संकहा णाम होदु। किति भ्रत्ताणं भ्राभ्रासइस्सं। (ननु संकथा नाम भवतु। किमित्यात्मानमायासयिष्यामि [इति रुषा प्रस्थिता।]

राजा—[भ्रनुसरन्] प्रसीदतु भवती।

[इरावती रशनासंसक्तचरणा व्रजत्येव।]

राजा—सुन्दरि! न शोभते प्रणयिनि जने निरपेक्षता।

इरावती—सठ! भ्रविस्ससणीभ्रहिभ्रओसि। (शठ! भ्रविश्वसनीयहृदयोऽसि।]

राजा—

शठ इति मयि तावदस्तु ते परिचयवत्यवधीरणा प्रिये।
चरणपतितया न चण्डि! तां विसृजसि मेखलयापि याचिता॥२०॥

इरावती—इमं पि हदासा तुमं एव्व भ्रणुसरदि। (इयमपि हताशा त्वामेवानुसरति।)
[इति रशनामादाय राजानं ताडयितुमिच्छति।]

इरावती—जी हाँ! बड़े सच्चे हैं भ्राप! मैं नहीं जानती थी कि भ्रार्यपुत्रको मन बहलानेके लिये यही वस्तु मिली है, नहीं तो मैं भ्रभागिन बीचमें पड़ती ही क्यों!

विदूषक—देखिए, भ्राप महाराजको साधारण शिष्टाचार दिखानेसे मत रोकिए। यदि भ्राप यह चाहती हैं कि पास भ्राई हुई महारानीकी दासियोंसे भी महाराज बात चीत न करें तो ठीक है, वही सही।

इरावती—भ्रच्छा तो होने दीजिए बात-चीत, मैं क्यों भ्रपना जी दुखाऊँ! [क्रोधमें भरी हुई चली जाती है।]

राजा—[पीछे-पीछे जाते हुए] भ्ररे मान जाभ्रो देवी।

[इरावती पैरमें फँसी हुई तगड़ीको घसीटती हुई चलनेको होती है।]

राजा—सुन्दरी! भ्रपने प्यारे से रूठना तुम्हें शोभा नहीं देता।

इरावती—भ्ररे शठ! तेरा मुझे तनिक भी विश्वास नहीं है।

राजा—तुमने शठ कहकर जो मेरा निरादर किया है, यह तो कोई नई बात नहीं है। पर हे चंडी! जब तुम्हारी तगड़ी भी तुम्हारे पैरोंपर पड़कर क्षमा माँग रही है तब भी क्या तुम भ्रपना क्रोध न छोड़ोगी॥२०॥

इरावती—लो, यह निगोड़ी भी तुम्हारे ही पीछे जा रही है।

[तगड़ी लेकर राजाको मारना चाहती है।]

राजा—अयमस्य । रूपमिरावती ।

बाष्पासारा हेमकाञ्चीगुणेन श्रोणीबिम्बादप्युपेक्षाच्युतेन ।
चण्डी चण्डं हन्तुमभ्युद्यता मां विद्युद्दाम्ना मेघराजीव विन्ध्यम् ॥२१॥

इरावती—किं मं एव्व भूओ वि अवरद्धं करेसि । (किं मामेव भूयोऽप्यपराद्धां करोषि ।)

राजा—[रशनां हस्तमवलम्बयन् ।]

अपराधिनि मयि दण्डं संहरसि किमुद्यतं कुटिलकेशि ।
वर्धयसि विलसितं त्वं दासजनायाय कुप्यसि च ॥२२॥

मूर्तिमिदमनुगतम् । [इति पादयोः पतति ।]

इरावती—ण क्खु इमे मालविआचलणा जे दे हरिसदोहलं पूरइस्संति । (न खल्विमौ मालविकाचरणौ यौ ते हर्षदोहदं पूरयिष्यतः ।)

[इति निष्क्रान्ता सह चेट्या ।]

विदूषकः—उट्ठेहि कदप्पसादोसि । (उत्तिष्ठ । कृतप्रसादोऽसि ।)

राजा—[उत्थायेरावतीमपश्यन् ।] कथं गतैव प्रिया ।

विदूषकः—अवस्स । दिट्ठिआ इमस्स अविणअस्स अप्पसण्णा गदा एसा । ता अम्हं सिग्घं अवक्कमाम जाव अङ्गारओ रासिं विअ भवन्तं परिगमणं ण करेदि । (अवश्य । दिष्ट्यानेनाविनयेनाप्रसन्ना गतैषा । तदावामपक्रमामः यावदङ्गारको राशिमिवानुवक्रं प्रतिगमनं न करोति ।)

राजा—मित्र ! आँखोंसे आँसू भरे, कोपसे लाल और अपने नितम्बोंपरसे अनादरके कारण छूटी हुई करधनीको हाथोंसे मुझको पीटती हुई यह इरावती, इस समय ऐसी लग रही है मानो बड़ी बदली विन्ध्याचलपर बिजली गिराकर उसे फाड़ने पर उतारू हो गई हो ॥२१॥

इरावती—अच्छा ! तो तुम मुझपर ही दोष लगाने चले हो ?

राजा—[करधनी सहित हाथ पकड़ लेता है ।] हे घुँघराले बालोंवाली ! तुम मुझ अपराध करनेवालेको दंड देते-देते रुक क्यों गई ? इस समय मुझ दासपर जो तुम क्रोध कर रही हो उससे तुम्हारी शोभा और भी बढ़ गई है ॥२२॥ तो आपने मेरी बात मान ली है । [पैरों पर गिरता है ।]

इरावती—ये मालविकाके पैर नहीं हैं जो तुम्हारे मनकी साध पूरी कर देंगे । [दासीके साथ चली जाती है ।]

विदूषक—उठिए ! आप तो इस प्रकार कोरे ही रह गए ।

राजा—[उठकर इरावतीको न देखकर] तो क्या प्यारी चली ही गई ?

विदूषक—जी ! आपका बड़ा भाग्य ही समझो कि वे आपकी ढिठाईपर बिगड़कर चल दीं । चलो हम और भी यहाँसे वैसे ही खिसक चलें कहीं वे मंगल ग्रहके समान उल्टी चाल-चलकर फिर यहीं लौटकर न आ जाएँ ।

राजा—अहो मदनस्य वैषम्यम् ।

मन्ये प्रियाहृतमनास्तस्याः प्रणिपातलङ्घनं सेवाम् ।
एवं हि प्रणयवती सा शक्यमुपेक्षितुं कुपिता ॥२३॥

[इति निष्क्रान्तः सह वयस्येन]

इति तृतीयोऽङ्कः

राजा—आह ! प्रेम भी कैसा कठोर होता है । ऐसे समय जब कि मालविका मेरा मन हर ले गई हो, उस समय मेरे हाथ-पैर जोड़नेपर भी उसका रूठकर चला जाना अच्छा ही हुआ क्योंकि अब तो वह मुझसे रूठ ही बैठी है इसलिये थोड़े दिनों तक तो इस प्रेमिकासे अलग रहा ही जा सकता है ॥२३॥

[अपने मित्र विदूषकके साथ चला जाता है ।]

॥ तीसरा अंक समाप्त ॥

चतुर्थोऽङ्कः

[ततः प्रविशति पर्युत्सुको राजा प्रतीहारी च ।]

राजा—[आत्मगतम्]

तामाश्रित्य श्रुतिपथगतामाशया बद्धमूलः
संप्राप्तायां नयनविषयं रूढरागप्रवालः ।
हस्तस्पर्शैर्मुकुलित इव व्यक्तरोमोद्गमत्वा-
त्कुर्यात्क्लान्तं मनसिजतरुर्मां रसज्ञं फलस्य ॥१॥

[प्रकाशम्] सखे गौतम ।

प्रतीहारी—जेदु जेदु भट्टा । असंणिहिदो गोदमो । (जयतु जयतु भर्ता । असंनिहितो गौतमः ।)

राजा—[आत्मगतम्] आः, मालविकावृत्तान्तज्ञानाय मया प्रेषितः ।

विदूषक—[प्रविश्य] वड्ढदु भवं । (वर्धतां भवान् ।)

राजा—जयसेने । जानीहि तावत्क्व देवीधारिणी सरुजचरणत्वाद्विनोद्यत इति ।

प्रतीहारी—जं देवी आणवेदि । (यद्देव आज्ञापयति ।) [इति निष्क्रान्ता ।]

चौथा अङ्क

[अनमनने-से राजा आते हैं और साथमें प्रतीहारी आती है ।]

राजा—[मन ही मन] अपनी प्यारीके सम्बन्धकी बातोंसे बढ़ी हुई आशा ही जिसकी जड़ है, प्यारीको देखनेसे जगा हुआ प्रेम ही जिसके पत्ते हैं और प्यारीके हाथके स्पर्शसे शरीरमें उठे हुए रोंगटे ही जिसके फूल हैं, वह प्रेमका वृक्ष ही मुझे उसका मीठा फल भी चखावे ॥१॥

[प्रकट] मित्र गौतम !

प्रतिहारी—जय हो, महाराजकी जय हो । गौतमजी यहाँ नहीं हैं ।

राजा—[मन ही मन] हाँ, ठीक है। मैंने ही तो उन्हें मालविकाकी टोह लेनेके लिये भेजा है ।

विदूषक—[आकर] बधाई है आपको ।

राजा—जयसेना ! जाओ देखो तो, देवी धारिणी अपना चोट लगा हुआ पैर लिए कहाँ जी बहला रही हैं ।

प्रतीहारी—जैसी देवकी आज्ञा । [चली जाती है ।]

राजा—गौतम ! को वृत्तान्तस्तत्रभवत्यास्ते सख्याः ।

विदूषकः—जो बिडालगहीदाए परहुदिआए । (यो बिडालगृहीतायाः परभृतिकायाः ।)

राजा—[सविषादम्] कथमिव ।

विदूषकः—सा क्खु तवस्सिणी तए पिङ्गलच्छीए सारभाण्डभूघरए गुहाए विअ णिक्खित्ता । (सा खलु तपस्विनी तया पिङ्गलाक्ष्या सारभाण्डभूगृहे गुहायामिव निक्षिप्ता ।)

राजा—ननु मत्संपर्कमुपलभ्य ।

विदूषकः—अह इं । (अथ किम् ।)

राजा—क एवं विमुखोऽस्माकम् येन चण्डीकृता देवी ।

विदूषकः—सुणादु भवं परिव्वाजिआए मे कहिदं । हिओ किल तत्तहोदी इरावदी रअक्कन्तचलणं देविं सुहपुच्छिआ आअदा । (शृणोतु भवान् परिव्राजिकया मे कथितम् । ह्यः किल तत्रभवती इरावती रुजाक्रान्तचरणां देवीं सुखपृच्छिकागता ।)

राजा—ततस्ततः ।

विदूषकः—तदो सा देवीए पुच्छिदा । किं ण दिट्ठो वल्लहजणो त्ति । ताए उत्तं । मन्दो वो उवआरो जं परिजणे संक्कन्तं वल्लहत्तणं ण जाणीअदि । (ततः सा देव्या पृष्टा । किन्नवलोकितो वल्लभजन इति । तयोक्तम् । मन्दो व उपचारः यत्परिजने संक्रान्तं वल्लभत्वं न ज्ञायते ।)

राजा—अहो निर्भेदात्तेऽपि मालविकायामयमुपन्यासः शङ्कयति ।

राजा—कहो, गौतम ! तुम्हारी सखी मालविकाके क्या समाचार हैं ।

विदूषक—वही जो बिल्लीके पंजेमें पड़ी हुई कोयलके होते हैं ।

राजा—[दुखी होकर] कैसे ?

विदूषक—बेचारी तपस्विनीको उस पीली आँखवाली ने नीचेके भंडारवाली कालकोठरीमें बन्द कर रक्खा है ।

राजा—मेरे प्रेमकी बात जाननेके कारण ही उसे बन्द किया होगा ।

विदूषक—और क्या ?

राजा—ऐसा कौन हमारा बैरी है जिसने देवीको इतना भड़का दिया है ।

विदूषक—सुनिए ! मुझसे परिव्राजिकाजी कह रही थीं कि कल पैरसे चोट खाई हुई देवी धारिणीसे कुशल-मंगल पूछने इरावती वहाँ पहुँची थी ।

राजा—तब-तब ?

विदूषक—तब उनसे महारानीने पूछा—कहो, प्रियतमसे इधर भेंट हुई थी ? इसपर वे बोलीं—अब उन्हें प्रियतम न कहिए ! क्या आप नहीं जानतीं कि वे अब दासियोंसे प्रेम करने लगे हैं ?

राजा—यद्यपि बात खोलकर नहीं कही गई, फिर भी जान पड़ता है कि उन्होंने मालविकाको लक्ष्य करके ही यह बात कही होगी ।

विदूषकः—तदो ताए अणुबन्धिज्जमाणा सा भवदो अविणअं अन्तरेण परिगदत्था किदा देवी। (ततस्तयानुबध्यमाना सा भवतोऽविनयमन्तरेण परिगतार्था कृता देवी।)

राजा—अहो दीर्घरोषता तत्रभवत्याः। अतः परं कथय।

विदूषकः—किं अवरं। मालविआ बउलावलिआ अ पादालवासं णिगलपदीओ अदिट्ठसुज्जपादं णागकण्णआओ विअ अणुहोन्ति। (किमपरम्। मालविका बकुलावलिका च पातालवासं निगलपद्यावदृष्टसूर्यपाद नागकन्यके इवानुभवतः।)

राजा—कष्टं कष्टम्।

मधुरस्वरा परभृता भ्रमरी च विबुद्धचूतसङ्गिन्यौ।
कोटरमकालवृष्ट्या प्रबलपुरोवातया गमिते ॥२॥

अप्यत्र कस्यचिदुपक्रमस्य गतिः स्यात्।

विदूषकः—कहं भवस्सदि। जं सारभाण्डघरव्वावारिदा माहविआ देवीए संदिट्ठा। मह अंगुलीअअमुद्दिअं अदेक्खिअ ण मोत्तव्वा तुए हदासा मालविआ बउलावलिआ अ त्ति। (कथं भविष्यति। यत्सारभाण्ड गृहव्यापारिता माधविका देव्या संदिष्टा। ममाङ्गुलीयकमुद्रिकामदृष्ट्वा न मोक्तव्या त्वया हताशा मालविका बकुलावलिका चेति।)

राजा—[निःश्वस्य सपरामर्शम्।] सखे। किमत्र कर्तव्यम्।

विदूषकः—[विचिन्त्य] अत्थि एत्थ उवाओ। (अस्त्यत्रोपायः।)

राजा—क इव।

विदूषक—इसपर जब उन्होंने बहुत हठ किया तो इरावतीने महारानीके आगे आपका पूरा कच्चा चिट्ठा खोलकर रख दिया।

राजा—जान पड़ता है इरावती बहुत कुपित हो गई हैं। अच्छा, फिर क्या हुआ?

विदूषक—और क्या होना था? मालविका और बकुलावलिकाके पैरमें बेड़ी डालकर उन्हें नागकन्याओंके समान ऐसे पातालमें ले जाकर रख दिया गया है जहाँ सूर्यकी किरणें भी नहीं पहुँच सकती।

राजा—यह तो बड़ा बुरा हुआ कि बौरे हुए आमके साथ रहनेवाली मिठबोली कोयल और भौंरी दोनोंको, प्रचंड पुरवाई और असमयकी वर्षाने पेड़के खोखलेमें बन्द कर दिया ॥२॥ कहो, अब उन्हें छुड़ानेका कोई उपाय हो सकता है या नहीं?

विदूषक—उपाय क्या होगा। उस निचले भंडारकी रखवाली माधविकाको देवीने यह कह दिया है कि इन अभागिन मालविका और बकुलावलिकाको बिना मेरी अँगूठी देखे कभी न छोड़ना।

राजा—[लंबी साँस लेते हुए कुछ सोचकर] क्यों मित्र! अब क्या किया जाय।

विदूषक—[सोचकर] एक उपाय है।

राजा—क्या?

विदूषकः—[सदृष्टिक्षेपम्] को वि अदिट्ठो सुणिस्सदि। कण्णे दे कहेमि। [इत्युपश्लिष्य कर्णे] एव्वं विअ। (कोऽप्यदृष्टः श्रोष्यति। कर्णे ते कथयामि एवमिव।) [इत्यावेदयति।]

राजा—[सहर्षम्] सुष्ठु। प्रयुज्यतां सिद्धये।

[प्रविश्य]

प्रतीहारी—देव ! पवादसअणे देवी णिसण्णा रत्तचन्दणधारिणा परिअणहत्थगदेण चलणेण भअवदीए कहाहिं विणोदिज्जमाणा चिट्ठदि। (देव ! प्रवातशयने देवी निषण्णा रक्तचन्दनधारिणा परिजनहस्तगतेन चरणेन भगवत्या कथाभिर्विनोद्यमाना तिष्ठति।)

राजा—तस्मादस्मत्प्रवेशयोग्योऽयमवसरः।

विदूषकः—भो। गच्छदु भवं। अहं वि देविं पेक्खिदुं अरित्तपाणी भविस्सं। (भो गच्छतु भवान्। अहमपि देवीं द्रष्टुमरिक्तपाणिर्भविष्यामि।)

राजा—जयसेनामास्तायवस्मद्रहस्यं विदितं कुरु।

विदूषकः—तह। [इति कर्णे] एव्वं विअ होदि। (तथा। एवमिव भवति।) [इत्यावेद्य निष्क्रान्तः।]

राजा—जयसेने ! प्रवातशयनमार्गमादेशय।

प्रतीहारी—इदो इदो देवो। (इत इतो देवः।)

[ततः प्रविशति शयनस्था देवी परिव्राजिका विभवतश्च परिवारः।]

देवी—भअवदि ! रमणिज्जं कहावत्थु। तदो तदो। (भगवति। रमणीयं कथावस्तु। ततस्ततः।)

विदूषक—[इधर-उधर देखकर] कोई छिपकर सुन न रहा हो ? आइए, कानमें कहूँ। [पास सटकर कानमें] यह हो सकता है। [कानमें कह देता है।]

राजा—[प्रसन्न होकर] बहुत बढ़िया। बस कर ही डालो।

प्रतीहारी—[आकर] देव ! इस समय महारानी बयारवाले भवनमें पलँगपर बैठी हुई हैं, उनके पैरमें लाल चन्दन लगा हुआ है, दासियाँ पैरको सँभाले हुए हैं और परिव्राजिकाजी कथा सुनाकर उनका जी बहला रही हैं।

राजा—तो हमारे लिये वहाँ जानेका अच्छा अवसर है।

विदूषक—अच्छा आप चलिए। मैं भी हाथमें कुछ भेंट लेकर महारानीको देखने आरहा हूँ।

राजा—जयसेनाको भी अपनी सब बातें समझा दो।

विदूषक—अच्छा। [जयसेनाके कानमें] देखो ! ऐसे करना होगा।

[सब बताकर चला जाता है।]

राजा—जयसेना ! बयारवाले भवनतक ले तो चलो।

प्रतीहारी—इधरसे आइए देव ! इधरसे।

[पलँगपर बैठी हुई देवी दिखाई देती हैं। पासमें परिव्राजिका और बहुतसी दासियाँ बैठी हैं।]

धारिणी—यह तो बड़ी सुन्दर कथा कही आपने। हाँ भगवती, तो आगे क्या हुआ।

परिव्राजिका—[सदृष्टिक्षेपम्] देवी। अत परं पुन कथयिष्यामि। अत्र भगवान्विदिशेश्वरः सप्राप्त।

धारिणी—अम्हो भट्टा (अहो भर्ता।) [अहो इत्युत्थातुमिच्छति।]

राजा—अलमलमुपचारयन्त्रणया।

अनुचितनूपुरविरहं नार्हसि तपनीयपीठिकालम्बि।
चरणं रुजापरीतं कलभाषिणि ! मां च पीडयितुम् ॥३॥

धारिणी—जेदु जेदु अज्जउत्तो। (जयतु जयत्वार्यपुत्र।)

परिव्राजिका—विजयतां देव।

राजा—[परिव्राजिकां प्रणम्योपविश्य।] देवि! अपि सह्या वेदना।

धारिणी—अज्ज अत्थि मे विसेसो। (अद्यास्ति मे विशेष।)

[तत प्रविशति यज्ञोपवीतबद्धाङ्गुष्ठ सम्भ्रान्तो विदूषक।]

विदूषक —परित्ताअदु परित्ताअदु भव। सप्पेणम्हि दट्ठो। (परित्रायतां परित्रायतां भवान्। सर्पेणास्मि दष्ट।)

[सर्वे विषण्णा।]

राजा—कष्टं कष्टम्। क्व भवान्परिभ्रान्त।

विदूषक —देविं पेक्खिस्स त्ति आआरपुप्फग्गहणकारणादो पमदवणं गदोम्हि। (देवीं द्रक्ष्यामीत्याचारपुष्पग्रहणकारणात्प्रमदवनं गतोऽस्मि।)

परिव्राजिका—[आँख घुमाकर] देवी! अब इससे आगे फिर कभी कहूँगी। लीजिए, विदिशाके महाराज आ रहे हैं।

धारिणी—अरे! स्वामी! [उठना चाहती हैं।]

राजा—बस, बस, शिष्टाचार दिखलानेका कष्ट न करो। सोनेकी चौकीपर रखे हुए अपने उस चोटवाले पैरको कष्ट देकर मुझे कष्ट न पहुँचाओ जो बिना कारण ही बिछुओंका विछोह सह रहा है ॥३॥

धारिणी—जय हो, आर्यपुत्रकी जय हो।

परिव्राजिका—आपकी विजय हो देव!

राजा—[परिव्राजिकाको प्रणाम करके बैठते हुए।] कहो देवी! कुछ पीड़ा कम हुई।

धारिणी—हाँ आज तो बहुत कम है।

[अपने हाथके अँगूठेको जनेऊसे बाँधे हुए घबराया हुआ विदूषक आता है।]

विदूषक—अरे बचाइए महाराज! बचाइए! मुझे साँपने काट लिया है।

राजा—यह तो बड़ा बुरा हुआ। कहाँ घूम रहे थे?

विदूषक—मैं देवीको देखने आने लगा तो सोचा कि भेंटके लिये दो-चार फूल ही लेता चलूँ। इसके लिये मैं प्रमदवन चला गया था।

धारिणी—हद्धी हद्धी । अहं एव्व बम्हणस्स जीविदसंसअणिमित्तं जादम्हि । (हा धिक् हा धिक् । अहमेव ब्राह्मणस्य जीवितसंशयनिमित्तं जातास्मि ।

विदूषक—तहिं असोअत्थवअकालणादो पसारिदो दक्खिणहत्थो । तदो कोडरणिग्गदेण सप्परूवेण कालेण दट्ठोम्हि । एं एदाणि दुवे दंसणपदाणि । (तस्मिन्नशोकस्तबककारणात्प्रसारितो दक्षिणहस्तः । ततः कोटरनिर्गतेन सर्परूपेण कालेन दष्टोऽस्मि । नन्वेते द्वे दशनपदे ।) [इति दशं दर्शयति]

परिव्राजिका—तेन हि दशच्छेदः पूर्वकर्मेति श्रूयते । स तावदस्य क्रियताम् ।

छेदो दंशस्य दाहो वा क्षतेर्वा रक्तमोक्षणम् ।
एतानि दष्टमात्राणामायुष्याः प्रतिपत्तयः ॥४॥

राजा—संप्रति विषवैद्यानां कर्म । जयसेने ! ध्रुवसिद्धिः क्षिप्रमानीयताम् ।

प्रतीहारी—जं देवो आवेएदि । (यद्देव आज्ञापयति ।) [इति निष्क्रान्ता ।]

विदूषक—अहो पावेण मिच्चुणा गहीदोम्हि । (अहो पापेन मृत्युना गृहीतोऽस्मि ।)

राजा—मा कातरो भूः । अविषोऽपि कदाचिद्दंशो भवेत् ।

विदूषक—कहं ण भाइस्सं । सिमसिमाअन्ति मे अङ्गाइं । (कथं न भेष्यामि । सिमसिमायन्ति मेऽङ्गानि ।) [इति विषवेग रूपयति ।]

धारिणी—हा दसिदं असुह विआरेण अवलम्बध बम्हणं । (हा दर्शितमशुभ विकारेण अवलम्बध्वं ब्राह्मणम्)

धारिणी—हाय ! हाय !! मेरे ही कारण बेचारे ब्राह्मणके प्राण सकटमे पड़े है।

विदूषक—वहाँ ज्यों ही मैंने अशोकके फूलोंका गुच्छा तोड़नेके लिये दाहिना हाथ फैलाया त्यो ही उसके खोखलेमेसे निकलकर साँप बने हुए उस कालने आकर काट लिया। यह देखिए उसके दाँतोके चिह्न। [चिह्न दिखाता है।]

परिव्राजिका—साँपके डसनेपर जो पहला काम किया जाता है वह कर डालो, जहाँ साँपने काटा हो, उस अगको काट दिया जाय या जला दिया जाय या घावमेसे लहू निकाल दिया जाय तो साँपसे डसे हुए मनुष्यके प्राण बच सकते हैं ॥४॥

राजा—अब तो विष उतारनेवाले वैद्य आवें तभी काम चल सकता है। जयसेना ! जाओ झटपट ध्रुवसिद्धिको तो बुला लाओ।

प्रतीहारी—जैसे देवकी आज्ञा !

विदूषक—हाय रे ! यह पापी मौत मुझे आकर पकड़ बैठी है।

राजा—घबराओ मत। कौन जाने साँप विषैला न भी हो।

विदूषक—क्यो न घबराऊँ, मेरे अँग-अँग जकड़े जा रहे हैं।

[विष चढ़नेका नाट्य करता है।]

धारिणी—हाय ! हाय !! इसकी दशा तो बिगड़ती जा रही है। कोई सँभालो इस ब्राह्मणको।

[परिव्राजिका घबराकर सँभालती हैं।]

[परिव्राजिका ससम्भ्रममवलम्बते ।]

विदूषक:—[राजान विलोक्य] भो । भवदो बालादो वि पिअवअस्सोम्हि । तं विआरिअ अपुत्ताए मे जणणीए जोगक्खमं वहेहि । (भो: । भवतो बाल्यादपि प्रियवयस्योऽस्मि । तं विचार्या-पुत्रया मे जनन्या योगक्षेमं वह ।)

राजा—मा भैषीर्गौतम । स्थिरो भव । अचिरात्त्वां वैद्यश्चिकित्सिष्यति ।

[प्रविश्य]

जयसेना—देव ! आणाविदो धुवसिद्धी विण्णावेदि इह एव्व आणेअदु सो गोदमो त्ति । (देव । आज्ञापितो ध्रुवसिद्धिविज्ञापयति—इहैवानीयता स गौतम इति ।)

राजा—तेन हि प्रतिगृहीतमेन तत्रभवतः सकाशं प्रापय ।

जयसेना—तहा । (तथा ।)

विदूषक:—[देवीं विलोक्य] भोदि । जीवेअं वा ण वा । जं मए अत्तभवन्तं सेवमाणेण ते अवरद्धं तं मरिसेहि । (भवति । जीवेयं वा न वा । यन्मयात्रभवन्तं सेवमानेन तेऽपराद्धं तन्मृष्यस्व ।)

धारिणी—दीहाऊ होहि । (दीर्घायुर्भव ।)

[निष्क्रान्तौ विदूषक: प्रतीहारी च ।]

राजा—प्रकृतिभीरुस्तपस्वी ध्रुवसिद्धिमपि यथार्थनामानं सिद्धिमन्तं न मन्यते ।

[प्रविश्य]

जयसेना—जेदु जेदु भट्टा । धुवसिद्धी विण्णावेदि—उदकुम्भविहाणेण सप्पमुद्दिअं किंपि कप्पिदव्वं । तं अण्णेसीअदुत्ति । (जयतु जयतु भर्ता । ध्रुवसिद्धिर्विज्ञापयति—उदकुम्भविधानेन सर्पमुद्रितं किमपि कल्पयितव्यम् । तदन्विष्यतामिति ।)

विदूषक—[राजाकी ओर देखकर] देखिए ! मैं बचपनसे आपका प्रिय मित्र रहा हूँ, इस नाते मेरी निपूती माँकी देखभाल करते रहिएगा ।

राजा—डरो मत गौतम । धीरज धरो । अभी वैद्य तुम्हें अच्छा कर देंगे ।

जयसेना—[आकर] देव ! मैंने ध्रुवसिद्धको आपकी आज्ञा सुनादी । उन्होंने कहा है कि यहीं ले आया जाय ।

राजा—तो इन्हें सँभालकर उनके पास ले चलो ।

जयसेना—अच्छा ।

विदूषक—[महारानीको देखकर] देवी ! कौन जाने मैं जीऊँ या न जीऊँ । सेवा करते हुए मुझसे जो कुछ भूल-चूक हुई हो वह क्षमा कीजिएगा ।

धारिणी—भगवान करे तुम बहुत दिन जीओ ।

[विदूषक और प्रतीहारी चले जाते हैं ।]

राजा—यह बेचारा स्वभावसे ही इतना डरपोक है कि जैसा नाम वैसे गुणवाले ध्रुवसिद्धपर भी इसे भरोसा नहीं होता ।

जयसेना—[आकर] जय हो, स्वामीकी जय हो । ध्रुवसिद्धिने कहा है कि पानीके घड़ेके सहारे किसी ऐसी वस्तुसे विष उतारा जायगा जिसमें नागमुद्रा जड़ी हुई हो इसलिये कोई ऐसी वस्तु ढूँढकर लाओ ।

धारिणी—इदं सप्पमुद्दिअं अंगुलीअअं। पच्छा मम हत्थे देहि णं। (इदं सर्पमुद्रितमङ्गुलीयकम्। पश्चान्मम हस्ते देह्यं तत्।) [इत्यङ्गुलीयकं ददाति।]

[प्रतीहारी गृहीत्वा प्रस्थिता।]

राजा—जयसेने। कर्मसिद्धावाशु प्रतिपत्तिमानय।

प्रतीहारी—जं देवो आणवेदि। (यद्देव आज्ञापयति।)

परिव्राजिका—यथा मे हृदयमाचष्टे तथा निर्विषो गौतमः।

राजा—भूयादेवम्।

[प्रविश्य]

जयसेना—जेदु देवो भट्टा। णिवुत्तविसवेगो गोदमो मुहुत्तेण पकिदित्थो संवुत्तो। (जयतु देवो भर्ता। निवृत्त विषवेगो गौतमो मुहूर्तेन प्रकृतिस्थः संवृत्तः।)

धारिणी—दिट्ठिआ वअणीआदो मुत्तम्हि। (दिष्ट्या वचनीयान्मुक्तास्मि।)

प्रतीहारी—एसो उण वाहतओ अमच्चो विण्णवेदि—राअकज्जं बहु मन्तिदव्वं दंसणेण अणुग्गहं इच्छामि त्ति। (एष पुनर्वाहतकोऽमात्यो विज्ञापयति—राजकार्यं बहु मन्त्रयितव्यं दर्शनेनानुग्रहमिच्छामीति।)

धारिणी—गच्छदु अज्जउत्तो कज्जसिद्धीए। (गच्छत्वार्यपुत्रः कार्यसिद्धये।)

राजा—देवि। आतपाक्रान्तोऽयमुद्देशः शीतक्रिया चास्या रुजः प्रशस्ता। तदन्यत्र नीयतां शयनम्।

देवी—बालिआओ। अज्जउत्तवअणं अणुचिट्ठह। (बालिकाः आर्यपुत्रवचनमनुतिष्ठत।)

धारिणी—लो लो। मेरी अँगूठीमें नागमुद्रा जड़ी हुई है। काम हो जानेपर मुझे ही लौटा देना।

[अँगूठी निकालकर देती है। प्रतिहारी लेकर चलती है।]

राजा—जयसेना! काम हो जानेपर शीघ्र ही समाचार देना।

प्रतीहारी—जैसी देवकी आज्ञा। [चली जाती है।]

परिव्राजिका—मेरा मन तो कह रहा है कि गौतमका विष उतर गया।

राजा—आपकी ही बात सच्ची हो।

जयसेना—[आकर] देवकी जय हो। गौतमका विष थोड़ी ही देरमें उतर गया और अब वे भले-चंगे हो गए हैं।

धारिणी—बड़ी बात हुई कि मैं कलंकसे बच गई।

प्रतिहारी—मन्त्री वाहतकने कहलाया है कि राज-काजकी बहुत-सी बातोंपर विचार करना है, इसलिये दर्शनकी कृपा चाहता हूँ।

धारिणी—जाइए आर्यपुत्र! राज-काज देखिए।

राजा—देवी! यहाँ तो धूप आ गई है। ऐसे रोगमें ठंड ही अच्छी होती है। इसलिये अपना पलँग दूसरी ओर उठवा लीजिए।

धारिणी—लड़कियो! आर्यपुत्र जो कह रहे हैं वैसा ही करो।

परिजनः—तह। (तथा।)

[निष्क्रान्ता देवी परिव्राजिका परिजनश्च।]

राजा—जयसेने! मां गुहेन पथा प्रमदवनं प्रापय।

जयसेना—इदो इदो देवो। (इत इतो देवः।)

राजा—जयसेने। ननु समाप्तकार्यो गौतमः।

जयसेना—ग्रह इं। (अथ किम्।)

राजा—

इष्टाधिगमनिमित्तं प्रयोगमेकान्तसाध्यमपि मत्वा।
संदिग्धमेव सिद्धौ कातरमाशङ्कते हृदयम् ॥४॥

[प्रविश्य]

विदूषकः—वड्ढदु भवं। सिद्धाणि दे मङ्गलकम्माणि। (वर्धतां भवान्। सिद्धानि ते मङ्गलकर्माणि।)

राजा—जयसेने! त्वमपि स्वं नियोगमशून्यं कुरु।

जयसेना—जं देवो प्राणवेदि। (यद्देव आज्ञापयति।) [इति निष्क्रान्ता।]

राजा—गौतम! क्षुद्रा माधविका। न खलु किंचिद्विचारितमनया।

विदूषकः—देवीए अङ्गुलीअअमुद्दिग्रं पेक्खिअ कहं विआरेदि। (देव्या अङ्गुलीयकमुद्रां दृष्ट्वा कथं विचारयति।)

दासियाँ—अच्छा।

[महारानी, परिव्राजिका और दासियाँ, सब चली जाती हैं।]

राजा—जयसेना! मुझे चोर-मार्गसे प्रमदवन तो ले चलो।

जयसेना—इधरसे आइए देव, इधरसे।

राजा—जयसेना! गौतमने अपना काम तो पूरा कर लिया होगा न?

जयसेना—जी हाँ।

राजा—अपनी प्यारीको पानेके लिये हमने जो उपाय रचा है उसे पक्का समझते हुए भी मेरा हृदय ऐसा सन्देही और अधीर है कि उसे अभीष्ट काम पूरे होनेमें खटका बना ही हुआ है ॥४॥

विदूषक—[आकर] बधाई है आपको। आपके सब काम सध गए।

राजा—जयसेना! जाओ तुम भी अपना काम देखो।

जयसेना—जैसी देवकी आज्ञा। [चली जाती है।]

राजा—अहो गौतम! माधविका तो बड़ी चट है। उसने कुछ आगा पीछा तो नहीं किया?

विदूषक—देवकी अँगूठी देख लेनेपर वह क्या आगा-पीछा करती?

राजा—न खलु मुद्रामधिकृत्य ब्रवीमि । एतयोर्द्वयोः किंनिमित्तो मोक्षः । किं वा देव्याः परिजनमतिक्रम्य भवान्संदिष्ट इत्येवमनया प्रष्टव्यम् ।

विदूषकः—णं पुच्छिदोम्हि । पुणो मन्दस्स मे तस्सिं पच्चुप्पण्णा मदी । (ननु पृष्टोऽस्मि । पुनर्मन्दस्य मे तस्मिन्प्रत्युत्पन्ना मतिः ।)

राजा—कथ्यताम् ।

विदूषकः—भणिदं मए । देव्वचिन्तएहिं विण्णाविदो राआ—सोवसग्गं वो णक्खत्तं । ता अवस्सं सव्वबन्धमोक्खो करीअदु त्ति । (भणितं मया । दैवचिन्तकैर्विज्ञापितो राजा—सोपसर्गं वो नक्षत्रम् । तदवश्यं सर्वबन्धमोक्षः क्रियतामिति ।)

राजा—[सहर्षम्] ततस्ततः ।

विदूषकः—तं सुणिअ देवीए इरावदीए चित्तं रक्खन्तीए राआ किल मोएदि त्ति अहं संदिट्ठो त्ति । तदो जुज्जदि त्ति ताए एव्वं संपादिदो अत्थो । (तच्छ्रुत्वा देव्या इरावत्याश्चित्तं रक्षन्त्या राजा किल मोचयतीत्यहं संदिष्ट इति । ततो युज्यत इति तथैवं सम्पादितोऽर्थः ।)

राजा—[विदूषकं परिष्वज्य] सखे ! प्रियोऽहं खलु तव ।

नहि बुद्धिगुणेनैव सुहृदामर्थदर्शनम् ।
कार्यसिद्धिपथः सूक्ष्मः स्नेहेनाप्युपलभ्यते ॥६॥

राजा—मैं अँगूठीकी बात नहीं पूछ रहा हूँ। उन दोनोंको तुमने छुड़ाया क्या कहकर ? उसने यह तो पूछा ही होगा कि इतने सेवकोंके रहते हुए भी देवीने आपको ही क्यों भेजा ?

विदूषक—हाँ, यह तो पूछा था। पर उसी समय मुझ मूर्खकी बुद्धि चेत गई और मेरे मुँहसे अचानक एक अच्छी बात निकल पड़ी।

राजा—क्या ?

विदूषक—मैंने कहा कि ज्योतिषियोंने महाराजसे कहा है कि आपके ग्रह बिगड़े हुए हैं इसलिये इस समय सब बन्दियोंको छुड़वा दीजिए।

राजा—[प्रसन्न होकर] तब तब ?

विदूषक—जब देवीने ज्योतिषियोंकी यह बात सुनी, तब उन्होंने सोचा कि यदि हम अपने सेवकोंको छुड़ानेके लिये किसी औरको भेजेंगे तो इरावतीजी बुरा मान जायँगी। इसलिये उनका मन रखनेके लिये उन्होंने मुझे ही बुलाकर यह काम सौंप दिया, जिससे इरावती यह समझे कि राजा ही बन्दियोंको छुड़ा रहे हैं, मैं नहीं छुड़ा रही हूँ। माधविका इसे सच मान बैठी और उन्हें छोड़ दिया।

राजा—[विदूषकको गले लगाकर] मित्र ! सचमुच तुम मेरे बड़े प्यारे हो। क्योंकि केवल बुद्धिके बलसे ही कोई अपने मित्रोंका काम नहीं कर देता। अपने सिर कोई काम लेकर उसे अन्ततक निभा देना सचमुच ऐसा टेढ़ा होता है कि वह तभी पूरा हो पाता है जब काम करनेवाला अपने मित्रसे पक्का स्नेह भी करता हो ॥६॥

विदूषकः—तुवरदु भवं। समुद्दघरए सहीसहिदं मालविअं ठाविअ भवन्तं पच्चुग्गदोम्हि। (त्वरतां भवान्। समुद्रगृहे सखीसहितां मालविकां स्थापयित्वा भवन्तं प्रत्युद्गतोऽस्मि।)

राजा—अहमेनां संभावयामि। गच्छाग्रतः।

विदूषकः—एदु भवं। [परिक्रम्य] एदं समुद्दघरं। (एतु भवान्। इदं समुद्रगृहम्।)

राजा—[साशङ्कम्] वयस्य ! एषा कुसुमावचयव्यग्रहस्ता सख्यास्ते परिचारिका चन्द्रिका सन्निकृष्टमागच्छति। इतस्तावदावां भित्तिगूढौ भवावः।

विदूषकः—अहो। कुम्भीलएहि कामुएहि च परिहरणीआ क्खु चन्दिआ। (अहो कुम्भीरकैः कामुकैश्च परिहरणीया खलु चन्द्रिका।)

[उभौ यथोक्तं कुरुतः।]

राजा—गौतम ! कथं नु ते सखी मां प्रतिपालयति। एहि। एनां गवाक्षमाश्रित्य विलोकयावः।

विदूषकः—तह। (तथा।)

[उभौ विलोकयन्तौ तिष्ठतः।]

[ततः प्रविशति मालविका बकुलावलिका च।]

बकुलावलिका—सहि ! पणम भट्टारं। (सखि। प्रणम भर्तारम्।)

मालविका—णमो दे। (नमस्ते।)

राजा—शङ्के मे प्रतिकृतिं निर्दिशति।

मालविका—[सहर्षं द्वारमवलोक्य सविषादम्] हला ! मं विप्पलम्भेसि। (सखि। मां विप्रलम्भयसि।)

विदूषक—अच्छा, अब आप झटपट चलिए क्योंकि मैं समुद्रघरमें बकुलावलिका और मालविकाको बैठाकर तब आपके पास आया था।

राजा—चलो, मैं अभी उसे चलकर मना लेता हूँ। चलो आगे-आगे।

विदूषक—आइए आप [घूमकर] यह रहा समुद्रघर।

राजा—[डरते हुए] देखो मित्र ! तुम्हारी सखी इरावतीकी दासी चन्द्रिका फूल चुनती हुई इधर ही चली आ रही है। चलो इस भीतके पीछे छिप रहा जाय।

विदूषक—हाँ, चोरों और जारोंको चन्द्रिकासे बचते ही रहना चाहिए।

[दोनों भीतके पीछे छिप जाते हैं।]

राजा—आओ गौतम ! इस खिड़कीमें से देखा जाय कि तुम्हारी सखी मालविका मेरे लिये कैसे बाट जोह रही है।

विदूषक--अच्छा।

[दोनों खिड़कीमें से झाँकते हैं।]

[मालविका और बकुलावलिका दिखाई पड़ती हैं।]

बकुलावलिका—सखी ! स्वामीको प्रणाम करो।

मालविका—आपको प्रणाम है।

राजा—जान पड़ता है यह मेरा चित्र दिखा रही है।

मालविका—[प्रसन्नताके साथ द्वार खोलती है, फिर दुखी होकर] अच्छा सखी ! तुम भी मुझे बना रही हो ?

राजा—हर्षविषादाभ्यामत्रभवत्याः प्रीतोऽस्मि ।

सूर्योदये भवति या सूर्यास्तमये च पुण्डरीकस्य ।
वदनेन सुवदनायास्ते समवस्थे क्षणादूढे ॥७॥

बकुलावलिका—णं एसो चित्तगदो भट्टा । (नन्वेष चित्रगतो भर्ता ।)

उभे—(प्रणिपत्य ।) जेदु भट्टा । (जयतु भर्ता ।)

मालविका—हला ! तदा संभमदिट्ठे भट्टिणो रूवे जहा ण वितिण्हम्हि तहा अज्जवि मए भाविदो अवितिण्हदंसणो भट्टा । (सखि ! तदा संभ्रमदृष्टे भर्तू रूपे यथा न वितृष्णास्मि तथाद्यापि मया भावितोऽवितृष्णदर्शनो भर्ता ।)

विदूषकः—सुदं भवदा । तत्तहोदि—चित्ते जहा दिट्ठो ण तहा दिट्ठो भवं त्ति मन्तेदि । मुहा दाणिं मञ्जूसा विअ रअणभण्डअं जोव्वणगव्वं वहेसि । (श्रुतं भवता । तत्रभवती—चित्रे यथा दृष्टो न तथा दृष्टो भवानिति मन्त्रयते । मुधेदानीं मञ्जूषेव रत्नभाण्डं यौवनगर्वं वहसि ।

राजा—सखे । कुतूहलवानपि निसर्गशालीनः स्त्रीजनः । पश्य—

कार्त्स्न्येन निर्वर्णयितुं च रूपमिच्छन्ति तत्पूर्वसमागमानाम् ।
न च प्रियेष्वायतलोचनानां समग्रवृत्तीनि विलोचनानि ॥८॥

मालविका—हला ! का एसा पासपरिउत्तमुहेण भट्टिणा सिणिद्धाए दिट्ठीए णिज्झाईअदि । (सखि ! कैषा पार्श्वपरिवृत्तमुखेन भर्त्रा मे स्निग्धया दृष्ट्या निध्यायते ।)

राजा—इस समय इनका प्रसन्न होना और दुखी होना दोनों मुझे बड़े प्यारे लगते हैं। सूर्यके निकलते और छिपते समय कमल जैसे-जैसे खिलता और मुरझाता है, ठीक वैसी-वैसी ही झलक क्षण भरमें इस सुन्दरीके मुँहपर दिखाई पड़ गई है ॥७॥

बकुलावलिका—पर चित्रमें भी तो स्वामी ही हैं।

दोनों—[प्रणाम करती हुई] स्वामीकी जय हो !

मालविका—सखी ! उस दिन हड़बड़ीमें महाराजको मैं जितना नहीं देख पाई उतना आज इस चित्रमें जी भरकर महाराजका रूप देखकर भी मैं अघा नहीं रही हूँ।

विदूषक—आप कुछ समझे ? उनके कहनेका अर्थ यह है कि जैसे सुन्दर आप चित्रमें दिखाई दे रहे हैं वैसे आप सचमुच नहीं दिखाई दिए थे। इसलिये जैसे रत्नकी छूँछी पिटारी भी अपनेको रत्नोंकी कहकर झूठे ही ऐंठती है वैसे ही आपमें भी कुछ है-वै नहीं, आप झूठे ही अपने यौवनकी डींग हाँकते हैं !

राजा—मित्र ! अपने प्यारोंसे मिलनेके लिये उतावली होती हुई स्त्रियाँ स्वभावसे ही बड़ी लजीली होती हैं ! देखो—स्त्रियाँ जिस पुरुषसे पहले पहल मिलती हैं उसे वे जी भरकर देख तो लेना चाहती हैं पर उन बड़ी बड़ी आँखोंवाली सुन्दरियोंकी आँखें अपने प्यारेको ओर ठीकसे उठ ही नहीं पातीं ॥८॥

मालविका—क्यों सखी ! ये कौन देवी हैं जिनकी ओर महाराज मुँह घुमाकर बड़ी प्रेमभरी चितवनसे देख रहे हैं।

बकुलावलिका—एसं इमं पासगदा इरावदी। (ननु इयं पार्श्वगतेरावती।)

मालविका—सहि! अदक्खिणो विअ भट्टा मे पडिभादि जो सव्वं देवीजणं उज्झिअ एक्काए मुहे बद्धलक्खो। (सखि! अदक्षिण इव भर्ता मे प्रतिभाति यः सर्वं देवीजनमुज्झित्वैकस्या मुखे बद्धलक्ष्यः।)

बकुलावलिका—[आत्मगतम्] चित्तगदं भट्टारं परमत्थदो संकप्पिअ असूअदि। होदु। कीडिस्सं दाव एदाए। [प्रकाशम्] हला भट्टिणो वल्लहा एसा। (चित्रगतं भर्तारं परमार्थतः संकल्प्यासूयति। भवतु। क्रीडिष्यामि तावदेतया। सखि! भर्तुर्वल्लभैषा।)

मालविका—तदो किं दाणिं अत्ताणं आआसइस्सं। (ततः किमिदानीमात्मानमायासयिष्यामि।) [इति सासूयं परावर्तते।]

राजा—सखे! पश्य।

भ्रूभङ्गभिन्नतिलकं स्फुरिताधरोष्ठं सासूयमाननमितः परिवर्तन्त्या।
कान्तापराधकुपितेष्वनया विनेतुः संदर्शितेव ललिताभिनयस्य शिक्षा ॥९॥

विदूषक—अणुणअसज्जो दाणिं होहि। (अनुनयसज्ज इदानीं भव।)

मालविका—अज्जगोदमो एत्थ एव्व संसेवदि णं। (आर्यगौतमोऽत्रैव संसेवत एनाम्।) [पुनः स्थानान्तराभिमुखी भवितुमिच्छति।]

बकुलावलिका—[मालविकां रुद्ध्वा] ण क्खु कुविदा दाणिं तुमं। (न खलु कुपितेदानीं त्वम्।)

बकुलावलिका—ये महाराजके पास इरावतीजी बैठी हुई हैं।

मालविका—क्यों सखी! महाराजका प्रेम सबपर एक-सा नहीं दिखाई पड़ता, क्योंकि वे सब रानियोंको छोड़कर बस एकका ही मुँह देखे जा रहे हैं।

बकुलावलिका—[मन ही मन] यह भोली, चित्रमें बने हुए महाराजको सचमुच महाराज समझकर उनपर रूठी जा रही है। अच्छी बात है। मैं भी इसे बनाती हूँ। [प्रकट] सखी! ये ही तो महाराजकी प्यारी हैं।

मालविका—तब मैं क्यों तिल-तिल अपनी देह जलाऊँ। [डाहसे मुँह फेर लेती है।]

राजा—देखो मित्र! इसने डाहसे अपना मुख घुमा लिया है। भौंहोंके चढ़ानेसे हटी हुई इसके माथेकी बिन्दी और इसके फड़कते हुए निचले ओठको देखनेसे ऐसा जान पड़ता है मानो स्वामीके अपराधपर रूठनेकी जो शिक्षा अपने गुरुसे ली है वही अभिनय करके दिखला रही हो ॥९॥

विदूषक—तो चलिए। अब मनानेके लिये तैयार हो जाइए।

मालविका—आर्य गौतम भी तो यहाँ बैठे इनकी सेवा कर रहे हैं।

[वहाँसे फिर यहीं ओर हट जाना चाहती हैं।]

बकुलावलिका—[मालविकाको रोककर] अरे तुम रूठकर तो नहीं जा रही हो?

मालविका—जइ चिरं कुविदं एव्व मं मण्णेसि एसो पच्चाणीअदि कोवो। (यदि चिरं कुपितामेव मां मन्यसे एव प्रत्यानीयते कोपः।)

राजा—[उपेत्य]

> कुप्यसि कुवलयनयने चित्रार्पितचेष्टया किमेतन्मे।
> ननु तव साक्षादयमहमनन्यसाधारणो दासः ॥१०॥

बकुलावलिका—जेदु जेदु भट्टा। (जयतु जयतु भर्ता।)

मालविका—[आत्मगतम्] कहं चित्तगदो भट्टा मए असूइदो। (कथं चित्रगतो भर्ता मया सूयितः।) [प्रकाशं सव्रीडवदनमञ्जलिं करोति।]

[राजा मदनकातर्यं रूपयति।]

विदूषकः—किं भवं उदासीणो विअ दीसइ। (किं भवानुदासीन इव दृश्यते।)

राजा—अविश्वसनीयत्वात्सख्यास्तव।

विदूषकः—अत्तहोदीए अअं कहं तुह अविस्सासो। (अत्रभवत्यामयं कथं तवाविश्वासः।)

राजा—श्रूयताम्।

> पथि नयनयोः स्थित्वा स्थित्वा तिरोभवति क्षणा-
> त्सरति सहसा बाह्वोर्मध्यं गतापि सखी तव।
> मनसिजरुजा क्लिष्टस्यैवं समागममायया
> कथमिव सखे विस्रब्धं स्यादिमां प्रति मे मनः ॥११॥

मालविका—यदि तुम समझती हो कि मैं बहुत रूठी ही रहती हूँ तो लो मैं रूठ ही जाती हूँ।

राजा—[पास पहुँचकर] हे कमलनयनी! चित्रमें बने हुए मेरे भावको ही देखकर तुम मुझसे क्यों रूठी जा रही हो। तुम्हारा यह अनन्य दास तो तुम्हारे सामने ही खड़ा है ॥१०॥

बकुलावलिका—जय हो, स्वामीकी जय हो।

मालविका—[मन ही मन] तो क्या मैं सचमुच चित्रमें बने हुए स्वामीसे रूठी हुई थी।

[लजाती हुई हाथ जोड़ती है। राजा प्रेममें व्याकुल होनेका नाट्य करते हैं।]

विदूषक—आप चुपचाप क्यों खड़े हो गए हैं?

राजा—भाई! तुम्हारी सखीपर भरोसा नहीं हो रहा है?

विदूषक—क्यों, इनपर भरोसा क्यों नहीं हो रहा है?

राजा—सुनो! ये मेरी आँखोंमें बैठी-बैठी देखते-देखते ओझल हो जाती हैं और मेरी बाँहोंमें आकर भी अचानक निकल जाती हैं। इस मिलनकी मायामें फँसे हुए मेरे प्रेमके रोगी मनको इनपर कैसे भरोसा हो ॥११॥

बकुलावलिका—सहि ! बहुसो क्खु भट्टा विप्पलद्धो । ता तुए प्रत्ता विस्सासणिज्जो करीग्रदु ।
(सखि ! बहुशः किल भर्ता विप्रलब्धः । तदात्मा विश्वसनीयः क्रियताम् ।)

मालविका—सहि ! मह उण मन्दभाग्गाए सिविणसमाग्रमो वि भट्टिणो दुल्लहो ग्रासि ।
(सखि ! मम पुनर्मन्दभाग्यायाः स्वप्नसमागमोऽपि भर्तुर्दुर्लभ ग्रासीत् ।)

बकुलावलिका—भट्टा ! कहेदु से उत्तरं । (भर्ता कथयत्वस्या उत्तरम् ।)

राजा—

उत्तरेण किमात्मैव पञ्चबाणाग्निसाक्षिकम् ।
तव सख्यै मया दत्तो न सेव्यः सेवितो रहः ॥१२॥

बकुलावलिका—ग्रणुग्गहीदम्हि । (ग्रनुगृहीतास्मि ।)

विदूषकः—[परिक्रम्य ससंभ्रमम्] वउलावलिए ! एसो बालासोग्रक्खस्स पल्लवाइं लङ्घेदि हरिणो । एहि णिवारेम णं । (बकुलावलिके ! एष बालाशोकवृक्षस्य पल्लवानि लङ्घयति हरिणः । एहि, निवारयाम एनम् ।)

बकुलावलिका—तह । (तथा ।) [इति प्रस्थिता ।]

राजा—वयस्य । एवमेवास्मिन्रक्षणक्षणेऽवहितेन त्वया भवितव्यम् ।

विदूषकः—एव्वं वि गोदमो सन्दिसेग्रदि । (एवमपि गौतमः सन्दिश्यते ।)

बकुलावलिका—[परिक्रम्य] ग्रज्ज गोदम । ग्रहं ग्रप्पग्रासे चिट्ठामि । तुमं दुवाररक्खग्रो होहि । (ग्रार्य गौतम । ग्रहमप्रकाशे तिष्ठामि । त्वं द्वाररक्षको भव ।)

बकुलावलिका—सखी तुमने महाराजको बहुत छकाया है । ग्रब कुछ ऐसा तो करो कि वे तुमपर भरोसा करने लगें ।

मालविका—सखी ! मुझ ग्रभागिनीको तो स्वप्नमें भी महाराजसे भेंट नहीं हुई ।

बकुलावलिका—महाराज ! इसका तो ग्राप ही उत्तर दे सकते हैं ।

राजा—उत्तर क्या, मैं तुम्हारी सखीसे सेवा नहीं कराना चाहता । मैं तो प्रेमकी ग्रग्निको साक्षी बनाकर ग्रकेलेमें ही उनकी सेवा करनेके लिए ग्रपनेको ही इनके हाथ सौंपे देता हूँ ॥१२॥

बकुलावलिका—बड़ी कृपा हुई मुझपर ।

विदूषक—[घूमकर घबराहटके साथ] ग्ररी बकुलावलिका ! देख-देख, इन नन्हें-नन्हें ग्रशोकके पत्तोंको हरिण चरे जा रहा है । चल, इसे भगा तो दें ।

बकुलावलिका—चलिए । [जाना चाहती है ।]

राजा—देखो मित्र ! तुम इसी प्रकार सावधानीसे हमारी देखभाल करते रहना ।

विदूषक—क्या यह बात भी गौतमको समझानी होगी ।

बकुलावलिका—[घूमकर] ग्रार्य गौतम ! मैं इधर छिपकर बैठती हूँ । तुम जाकर द्वारपर चौकसी करो ।

विदूषक—भुज्ज। (भुज्यते।)

[निष्क्रान्ता बकुलावलिका।]

विदूषक—इमं दाव फलिहथम्भं अस्सिदो होमि। [इति तथा कृत्वा] अहो सुहप्फरिसदा सिलाविसेसस्स। (इमं तावत्स्फटिकस्तम्भमाश्रितो भवामि। अहो सुखस्पर्शता शिलाविशेषस्य।) [इति निद्रायते।]

[मालविका ससाध्वसा तिष्ठति।]

राजा—

विसृज सुन्दरि संगमसाध्वसं तव चिरात्प्रभृति प्रणयोन्मुखे।
परिगृहाण गते सहकारतां त्वमतिमुक्तलताचरितं मयि ॥१३॥

मालविका—देवीए भएण अत्तणो वि पिअं कादुं ण पारेमि। (देव्या भयेनात्मनोऽपि प्रियं कर्तुं न पारयामि।)

राजा—अयि! न भेतव्यम्।

मालविका—[सोपालम्भम्] जो ण भाअदि सो मए भट्टिणीदंसणे दिट्ठसामत्थो भट्टा। (यो न बिभेति स मया भट्टिनीदर्शने दृष्टसामर्थ्यो भर्ता।)

राजा—

दाक्षिण्यं नाम बिम्बोष्ठि नायकानां कुलव्रतम्।
तन्मे दीर्घाक्षि! ये प्राणास्ते त्वदाशानिबन्धनाः ॥१४॥

विदूषक—अच्छी बात है।

[बकुलावलिका चली जाती है।]

विदूषक—अबतक इस स्फटिकके खंभेके सहारे चलकर बैठता हूँ। [बैठता है।] वाह! कैसी ठंडी और चिकनी शिला है।

[ऊँघने लगता है।]

[मालविका डरी-सी खड़ी रहती है।]

राजा—हे सुन्दरी! मेरे गले लगनेसे डरो मत। न जाने कितने दिनोंसे मैं तुमसे मिलनेको अधीर हो रहा था। देखो! जैसे माधवी लता आमसे लिपट जाती है वैसे ही आओ, तुम भी मुझसे लिपट जाओ ॥१३॥

मालविका—मुझे महारानीसे बड़ा डर लगता है इसलिये चाहते हुए भी ऐसा नहीं कर सक रही हूँ।

राजा—अजी! डरनेकी क्या बात है?

मालविका—[उलहना देते हुए] जी हाँ, आज जो नहीं डर रहे हैं, उन महाराजका साहस, उस दिन देवी इरावतीजीके आनेपर मैं भली भाँति देख चुकी हूँ।

राजा—हे बिंबाके समान लाल-लाल ओठोंवाली! प्रेमी लोग यों दिखानेके लिये सभीसे प्रेम करते हैं, पर हे बड़ी-बड़ी आँखोंवाली! मेरे प्राण तो तुम्हें ही पानेकी आशापर लटके

तदनुगृह्यतां चिरानुरक्तोऽयं जनः। [इति संश्लेषमुपजनयति।]

[मालविका नाट्येन परिहरति।]

राजा—[आत्मगतम्] रमणीयः खलु नवाङ्गनानां मदनविषयावतारः। तथा हि इयम्—

हस्तं कम्पयते रुणद्धि रशनाव्यापारलोलाङ्गुलीः
　स्वौ हस्तौ नयति स्तनावरणतामालिङ्ग्यमाना बलात्।
पातुं पक्ष्मलनेत्रमुन्नमयतः साचीकरोत्याननं
　व्याजेनाप्यभिलाषपूरणसुखं निर्वर्तयत्येव मे ॥१५॥

[ततः प्रविशतीरावती निपुणिका च।]

इरावती—हञ्जे णिउणिए। सच्चं तुमं परिगदत्था चन्दिआए। समुद्दघरअलिन्दसइदो एआई अज्जगोदमो दिट्ठो त्ति। (हञ्जे निपुणिके! सत्यं त्वं परिगतार्था चन्द्रिकया। समुद्रगृहालिन्दशयित एकाकी आर्यगौतमो दृष्ट इति।)

निपुणिका—अण्णहा कहं भट्टिणीए विण्णावेमि। (अन्यथा कथं भट्टिनीं विज्ञापयामि।)

इरावती—तेण हि तहिं एव्व गच्छम्ह ससम्भावो मुत्तं पिअवअस्सं पुच्छिदुं अ। (तेन हि तत्रैव गच्छामः संशयान्मुक्तं प्रियवयस्यं प्रष्टुं च।)

निपुणिका—सावसेसं विअ भट्टिणीए वअणं। (सावशेषमिव भट्टिन्या वचनम्।)

इरावती—अण्णं अ चित्तगदं अज्जउत्तं पसादेदुं। (अन्यच्च चित्रगतमार्यपुत्रं प्रसादयितुम्।)

हुए हैं ॥१४॥ इसलिये तुम्हारे प्रेममें इतने दिनोंसे डूबे हुए इस दासपर अब तो कृपा करो। [गले लगनेको बढ़ते हैं, मालविका नाट्यसे अपनेको छुड़ाती है।]

राजा—[मन ही मन] नई नवेलियोंकी प्रेमभरी चटकमटक भी कितनी सुन्दर होती है। क्योंकि इनके हाथ काँप रहे हैं, अपनी खुली हुई तगड़ीको ये अपनी चपल अंगुलियोंसे थामे जा रही हैं। जब मैं बलपूर्वक गले लगने चलता हूँ तो दोनों हाथोंसे ये अपने स्तन ढक लेती हैं और जब मैं इनके सुन्दर पलकोंकी आँखोंवाला मुँह चूमनेको बढ़ता हूँ तो ये अपना मुँह फेर लेती हैं। इस हाथा-पाईमें मेरे हाथ कुछ भी नहीं लग रहा है, फिर भी मुझे वैसा ही सुख मिल रहा है मानो मेरी सब इच्छाएँ पूरी होती जा रही हों ॥१५॥

[इरावती और निपुणिका आती हैं।]

इरावती—क्योंरी निपुणिका! क्या चन्द्रिकाने सचमुच तुझसे कहा था कि आर्य गौतम, समुद्र-घरके बाहर अकेले सोए हैं।

निपुणिका—मैं स्वामिनीसे झूठ थोड़े ही बोलती!

इरावती—तो चलो वहीं चलकर मित्र विदूषकसे पूछ लिया जाय कि अब वे ठीक हो गए हैं या नहीं और………

निपुणिका—स्वामिनी! आप कुछ और कहना चाहती थीं।

इरावती—हाँ, यही कि वहीं चलकर चित्रमें बने हुए आर्यपुत्रको भी मना लिया जाय।

निपुणिका—अह दाणिं कहं णु भट्टा एव्वं अणुणीअदि । (अथेदानीं कथं नु भर्तैवमनुनीयते ।)

इरावती—मुद्धे ! जारिसो चित्तग्गदो एं तारिसो एव्व अण्णसंकन्तहिअओ अज्जउत्तो। केवलं उवआरादिक्कमं पमज्जिदुं अअं आरम्भो । (मुग्धे ! यादृशश्चित्रगतो ननु तादृश एवान्यसंक्रान्तहृदय आर्यपुत्रः । केवलमुपचारातिक्रमं प्रमार्जितुमयमारम्भः ।)

निपुणिका—इदो इदो भट्टिणी (इत इतो भट्टिनी ।)

[उभे परिक्रामतः ।]

[प्रविश्य]

चेटी—जेदु जेदु भट्टिणी भट्टिणि ! देवी भणादि—ण मे मच्छरस्स एसो कालो । तेण क्खु बहुमाणं वड्ढेदुं वअस्साए सह णिअलबन्धणे किदा मालविआ । जइ अणुमण्णासि अज्जउत्तस्स पिअं कादुं तहा करेमि । जं तुह इच्छिअं तं मे भणाहि त्ति । (जयतु जयतु भट्टिनी। भट्टिनी ! देवी भणति—न मे मत्सरस्यैष कालः। तेन खलु बहुमानं वर्धयितुं वयस्यया सह निगडबन्धने कृता मालविका । यद्यनुमन्यसे आर्यपुत्रस्य प्रियं कर्तुं तथा करोमि । यत्तवेष्टं तन्मे भणेति ।)

इरावती—णाअरिए । विण्णवेहि देवीं—का वअं भट्टिणी णिओजिदुं परिअणणिग्गहेण दंसिदो मइ अणुग्गहो। कस्स वा पसादेण अअं जणो वड्ढदि त्ति । (नागरिके । विज्ञापय देवीम्—का वयं भट्टिनी नियोजयितुम् । परिजननिग्रहेण दर्शितो मय्यनुग्रहः कस्य वा प्रसादेनायं जनो वर्धत इति ।)

चेटी—तह । (तथा ।) [इति निष्क्रान्ता ।]

निपुणिका—तो आप चलकर महाराजको ही क्यों नहीं मना लेती ।

इरावती—अरी पगली ! दूसरोसे प्रेम करनेवाले आर्यपुत्र हमारे लिये वैसे ही हैं जैसे उनका चित्र। उस दिन मैंने उनके मनानेपर भी जो उनकी बात न माननेकी ढिठाई कर दी है उसीको धोनेके लिये मैं यह सब कर रही हूँ ।

निपुणिका—इधरसे आइए स्वामिनी, इधरसे ।

[दोनों घूमती हैं ।]

चेटी—[आकर] जय हो, स्वामिनीकी जय हो । महारानीने कहलाया है कि अब हम लोगोंको महाराजसे रूठे नहीं रहना चाहिए । मैंने तुम्हारी बात रखनेके लिये ही मालविका और उसकी सखीको बाँध रखा है । यदि आर्यपुत्रको मनानेकी बात तुम्हें भी जँचती हो तो मैं उसका उपाय करूँ । तुम्हारी जो इच्छा हो वह मुझे कहला देना ।

इरावती—देखो नागरिका ! महारानीसे जाकर कह देना कि हमसे काम करानेवाली हम कौन होती हैं । अपनी दासियोंको बाँधकर उन्होंने मुझपर कृपा दिखाई है । उनकी कृपा न हो तो हम लोगोंका इतना मान कैसे हो ।

चेटी—अच्छा । [चली जाती है ।]

निपुणिका—[परिक्रम्यावलोक्य च] भट्टिणि । एसो दुवारुद्देसे समुद्दघरअस्स विपणिगदो विअ बलीवद्दो अज्जगोदमो आसीणो एव्व णिद्दाअदि । (भट्टिनी । एष द्वारोद्देशे समुद्रगृहस्य विपणिगत इव बलीवर्द आर्यगौतम आसीन एव निद्रायते ।)

इरावती—अच्चाहिदं । ण क्खु सावसेसो विसविआरो हुवे । (अत्याहितम् । न खलु सावशेषो विषविकारो भवेत् ।)

निपुणिका—पसण्णमुहवण्णो दीसइ । अवि अ ध्रुवसिद्धिणा चिकिच्छिदो । तं से असङ्कणिज्जं पावं । (प्रसन्नमुखवर्णो दृश्यते । अपि च ध्रुवसिद्धिना चिकित्सित । तदस्याशङ्कनीय पापम् ।)

विदूषक—[उत्स्वप्नायते] भोदि मालविए । (भवति मालविके ।)

निपुणिका—सुदं भट्टिणीए । कस्स एसो मत्तणिओअसम्पादणे विस्ससणिज्जो हदासो । सव्वकालं इदो एव्व सोत्थिवाअणमोदएहिं कुच्छिं पूरिअ सपदं मालविअं सिविणाअदि । (श्रुत भट्टिन्या । कस्यैष आत्मनियोगसम्पादने विश्वसनीयो हताश सर्वकालमित एव स्वस्तिवाचनमोदकै कुक्षिं पूरयित्वा साम्प्रत मालविका स्वप्नायते ।)

विदूषक —इरावदीं अदिक्कमन्ती होहि । (इरावतीमतिक्रामन्ती भव ।)

निपुणिका—एदं अच्चाहिदं । इमं भुअङ्गभीरुअं बह्मबन्धुं इमिणा भुअगकुडिलेण दण्डकट्ठेण खम्भन्तरिदा भाअइस्सं । (एतदत्याहितम् । इम भुजगभीरु ब्रह्मबन्धुमनेन भुजङ्गकुटिलेन दण्डकाष्ठेन स्तम्भान्तरिता भाययिष्यामि ।)

इरावती—अरिहदि एव्व किदग्घो उवद्दवस्स । (अर्हत्येव कृतघ्न उपद्रवस्य ।)

[निपुणिका विदूषकस्योपरि दण्डकाष्ठं पातयति ।]

निपुणिका—[घूमकर और देखकर] यह देखिए स्वामिनी ! जैसे हाटमें लेटा हुआ साँड नींद लेता है वैसे ही आर्य गौतमजी समुद्रघरके द्वारपर बैठे सो रहे हैं।

इरावती—यह तो बड़ा बुरा हुआ । कहीं विषका विकार अभी बचा न रह गया हो ।

निपुणिका—पर इनका मुँह तो बड़ा प्रसन्न दिखाई दे रहा है और फिर स्वयं ध्रुवसिद्धिने इनका विष उतारा है । इसलिये घबरानेकी कोई बात नहीं है ।

विदूषक—[स्वप्नमें बड़बड़ाता हुआ] हे देवी मालविका !

निपुणिका—सुना स्वामिनी ? अपना काम करानेके लिये इस अभागेका कौन विश्वास करेगा । सदा तो यह आपके दिए हुए पूजाके लड्डुओंसे पेट भरा करता है और आज स्वप्नमें इस मालविका सूझ रही है ।

विदूषक—तुम इरावतीसे भी आगे बढ़ जाओ ।

निपुणिका—यह तो बड़ी बुरी बात है । साँपसे डरनेवाले इस बौमनको अब इसी साँप-जैसी टेढ़ी लकड़ीसे ओटमें खड़ी होकर डराती हूँ ।

इरावती—ऐसे कृतघ्नके साथ ऐसी ही कुचाल करनी चाहिए ।

[निपुणिका विदूषकके ऊपर लकड़ी गिरा देती है ।]

विदूषकः—[सहसा प्रबुध्य] अविहा अविहा । भो वअस्स । सप्पो मे उवरि पडिदो ।
(अविधा अविधा । भो वयस्य । सर्पो मे उपरि पतितः ।)

राजा—[सहसोपसृत्य] सखे न भेतव्यं न भेतव्यम् ।

मालविका—[अनुसृत्य] भट्टा । मा दाव सहसा णिक्कम । सप्पो त्ति भणीअदि ।
(भर्तः ! मा तावत्सहसा निष्क्राम । सर्प इति भण्यते ।)

इरावती—हद्धी हद्धी । भट्टा इदो एव्व धावदि । (हा धिक् हा धिक् । भर्ता इत एव धावति ।)

विदूषकः—[सप्रहासम्] कहं दण्डकट्ठं एदं । अहं उण जाणे जं मए केदईकण्टएहिं दंसं करिअ सप्पस्स उवरि अअसो किदं तं मे फलिदं त्ति । (कथं दण्डकाष्ठमेतत् । अहं पुनर्जाने यन्मया केतकीकण्टकैर्दंशं कृत्वा सर्पस्योपर्ययशः कृतं तन्मे फलितमिति ।)

[प्रविश्य पटाक्षेपेण ।]

बकुलावलिका—मा दाव भट्टा पविसदु । इह कुडिलगई सप्पो विअ दीसदि । (मा तावद्भर्ता प्रविशतु । इह कुटिलगतिः सर्प इव दृश्यते ।)

इरावती—[स्तम्भान्तरिता राजानं सहसोपेत्य] अवि णिव्विग्घमणोरहो दिवासंकेदो मिहुणस्स । (अपि निर्विघ्नमनोरथो दिवासङ्केतो मिथुनस्य ।)

[सर्वे इरावतीं दृष्ट्वा संभ्रान्ताः ।]

राजा—प्रिये ! अपूर्वोऽयमुपचारः ।

इरावती—बउलावलिए । दिट्ठिआ दूदाहिसारविसआ संपुण्णा दे पइण्णा । (बकुलावलिके ! दिष्ट्या दूत्याभिसारविषया संपूर्णा ते प्रतिज्ञा ।)

विदूषक—[सहसा जागकर] हाय, हाय । अरे मित्र ! मुझपर साँप आ गिरा है ।

राजा—[सहसा आगे बढ़कर] डरो मत मित्र ! डरो मत ।

मालविका—[पीछे-पीछे] स्वामी ! ऐसे न जाइए । वह कह रहा है कि साँप है ।

इरावती—हाय, हाय ! स्वामी इधर ही दौड़े आ रहे हैं ।

विदूषक—[हँसकर] अरे ! यह तो लकड़ी है । मैं तो समझा था कि मैंने केतकीके काँटेसे साँपके दाँतोंका चिह्न बनाकर जो साँपपर कलंक लगाया था उसीका मुझे फल मिल रहा है ।

बकुलावलिका—[पर्दा हटाते हुए आकर] स्वामी ! उधर न जाइए । वहाँ टेढ़ा चलता हुआ कुछ साँप-जैसा दिखाई दे रहा है ।

इरावती—[खंभेके पीछे छिपी हुई राजाके पास आकर] कहिए ! दिनमें मिलनेका संकेत करनेवाले जोड़ेके मनकी साध पूरी हो गई न ।

[सब इरावती को देखकर घबरा जाते हैं ।]

राजा—प्यारी ! यह तुम कैसी अनोखी बात कर रही हो ।

इरावती—बकुलावलिका ! तुझे बधाई है कि इन दोनोंको मिलानेकी जो तूने प्रतिज्ञा की थी वह आज पूरी हो गई ।

बकुलावलिका—पसीददु भट्टिणी ! किं मए किदं त्ति देवो पुच्छिदव्वो। दद्दुरा वाहरन्ति त्ति किं देवो पुहवीए वरिसिदुं विरमदि। (प्रसीदतु भट्टिनी ! किं मया कृतमिति देवः प्रष्टव्यः। दर्दुरा व्याहरन्तीति किं देवः पृथिव्या वर्षितुं विरमति।)

विदूषकः—मा दाव। भोदीए दंसणमत्तेण अत्तभवं पणिवादलङ्घणं विसुमरिदो। तुमं उण अज्जवि पसादं ण गेण्हसि। (मा तावत्। भवत्या दर्शनमात्रेणात्रभवान्प्रणिपातलङ्घनं विस्मृतः। त्वं पुनरद्यापि प्रसादं न गृह्णासि।)

इरावती—कुविदा दाणिं अहं किं करिस्सं। (कुपितेदानीमहं किं करिष्यामि।)

राजा—एवमेतदस्थाने कोप इत्यनुपपन्नं त्वयि। तथा हि।

कदा मुखं वरतनु कारणादृते तवागतं क्षणमपि कोपपात्रताम्।
अपर्वणि ग्रहकलुषेन्दुमण्डला विभावरी कथय कथं भविष्यति ॥१६॥

इरावती—अट्ठाणे त्ति सुट्ठु वाहरिदं अज्जउत्तेण। अण्णसंकन्तेसु अम्हाणं भाअहेएसु जइ उण कुप्पेअं तदो ण अहं हस्सा भवेअं। (अस्थान इति सुष्ठु व्याहृतमार्यपुत्रेण। अन्यसंक्रान्तेष्वस्माकं भागधेयेषु यदि पुनः कुप्येयम् ततो नन्वहं हास्या भवेयम्।)

राजा—त्वमन्यथा कल्पयसि। अहं पुनः सत्यमेव कोपस्थानं न पश्यामि। कुतः—

नार्हति कृतापराधोऽप्युत्सवदिवसेषु परिजनो बन्धम्।
इति मोचिते मयैते प्रणिपतितुं मामुपगते च ॥१७॥

बकुलावलिका—क्रोध न करें स्वामिनी ! मैंने क्या किया है ? देवसे ही पूछ लीजिए। कहीं भला पृथ्वीपर पानी बरसानेके लिये देव मेंढकोंकी टर्र-टर्रकी बाट थोड़े ही जोहते हैं।

विदूषक—अजी ! ऐसा न कहिए। उस दिन महाराज आपके पैरों पड़े, हाथ जोड़े, पर आप टससे मस न हुईं, रूठकर चल दीं और इधर महाराजको भलमनसाहत देखिए कि आपको देखते ही इन्होंने पिछली सब बातें उठाकर एक ओर रख दीं, फिर भी आप अभीतक खिंची हुई हैं।

इरावती—खिंची होकर भी मैं इनका क्या कर लूँगी ?

राजा—पर बिना बातके रूठना भी तो तुम्हें शोभा नहीं देता। क्योंकि सुन्दरी ! बताओ तो इससे पहले क्या कभी तुम्हारा मुँह बिना कारणके क्षण भरके लिये भी लाल हुआ है ? भला बताओ बिना ग्रहणको रात आए क्या कभी चन्द्र-ग्रहण लग सकता है ॥१६॥

इरावती—यह तो आर्यपुत्रने ठीक कहा कि मैं बिना कारणके रूठ रही हूँ। हमारे स्वामी कहीं और मन लगावें और उसपर हम रूठने लगें, यह तो सचमुच जग हँसाई की बात है।

राजा—तुम तो सब बातें उल्टी ही समझती हो। मुझे तो सचमुच इसमें रूठनेकी कोई बात दिखाई ही नहीं देती है। क्योंकि मैंने तो इन दोनोंको इसीलिये छोड़ दिया कि अपने सेवकोंको उत्सवके दिन अपराध करनेपर भी बाँधकर नहीं रखना चाहिए। वहाँ से छूटनेपर ये दोनों मुझे प्रणाम करनेके लिये ही यहाँ चली आई थीं ॥१७॥

इरावती—णिउणिए ! गच्छ । देवीं विण्णावेहि—दिट्ठोभवदीए पक्खवादो एां अज्ज त्ति । (निपुणिके ! गच्छ । देवीं विज्ञापय—दृष्टो भवत्याः पक्षपातो मन्वद्येति ।)

निपुणिका—तह । (तथा ।) [इति निष्क्रान्ता ।]

विदूषक—[आत्मगतम्] अहो अणत्थो संपडिदो । बन्धणब्भट्टो गिहकवोदो बिडालिआए आलोए पडिदो । (अहो अनर्थः संपतितः बन्धनभ्रष्टो गृहकपोतो विडालिकाया आलोके पतितः ।)

निपुणिका—[प्रविश्यापवार्य] भट्टिणि ! जविच्छाविट्ठाए माहविआए आचक्खिदं एव्वं क्खु एदं णिव्वुत्तं त्ति । (भट्टिनि यदृच्छादृष्टया माधविकयाख्यातम्—एवं खल्वेतन्निर्वृत्तमिति ।) [इति कर्णे कथयति ।]

इरावती—[आत्मगतम्] उववण्णं । सच्चं अअं एत्थ बह्मबन्धुणा किदो पओओ । [विदूषकं विलोक्य प्रकाशम्] इअं इमस्स कामतन्तसचिवस्स णीदी । (उपपन्नम् । सत्यमयमत्र ब्रह्मबन्धुना कृतः प्रयोगः । इयमस्य कामतन्त्रसचिवस्य नीतिः ।)

विदूषक.—भोदि ! जदि णीदिगदं एक्कं वि अक्खरं पढेअं णं मए असभवं पेसिदो हवे ! (भवति ! यदि नीतिगतमेकमप्यक्षरं पठेयं ननु मयाप्रभवान्प्रेषितो भवेत् ।)

राजा—[आत्मगतम्] कथं नु खल्वस्मात्सङ्कटादात्मानं मोचयिष्यामि ।

[प्रविश्य]

जयसेना—देव ! कुमारी वसुलच्छी कन्दुअं अणुधावन्दी पिङ्गलवाणरेण बलीअं तासिदा अङ्कणिसण्णा देवीए पवादकिसलअं विअ वेवमाणा ण किंवि पकिदिं पडिवज्जइ । (देव ! कुमारी वसुलक्ष्मीः कन्दुकमनुधावन्ती पिङ्गलवानरेण बलवत्त्रासिताङ्कनिषण्णा देव्याः प्रवातकिसलयमिव वेपमाना न किंचित्प्रकृतिं प्रतिपद्यते ।

इरावती—निपुणिका ! जाओ तो, महारानीसे कह आओ कि आप हमें जैसा मानती हैं, यह आज हमने देख लिया ।

निपुणिका—जो अच्छा । [चली जाती है ।]

विदूषक—[मन ही मन] अरे यह तो सब गड़बड़ घोटाला हो गया । पिंजड़ेसे छूटा हुआ कबूतर बिल्लीके सामने आ पड़ा है ।

निपुणिका—[आकर अलग] स्वामिनी ! अभी माधविका मुझे मिली थी, उसने बतलाया कि यह सब ऐसे हुआ है । [कानमें कहती है ।]

इरावती—[मन ही मन] समझ गई, यह सब इसी बाँभनकी करतूत है । [विदूषकको देखकर प्रकट] यह सब इसी प्रेम-नीतिके मन्त्रीकी चाल है ।

विदूषक—देवि ! यदि मैं नीतिका एक अक्षर भी पढ़ा होता तो क्या महाराजको मैं कभी ऐसे फँसने देता ।

राजा—[मन ही मन] अब इस सकटसे कैसे छुटकारा पाया जाय ।

जयसेना—[आकर] देव ! कुमारी वसुलक्ष्मी गेंदके पीछे दौड़ रही थी कि इतनेमें ही एक पीला बन्दर वहाँ आ पहुँचा । उसे देखकर कुमारी बहुत डर गई है और देवीकी गोदमें पड़ी हुई, आँधीसे हिलते हुए पत्तेके समान थर-थर काँप रही हैं । अभीतक उन्हें चेत नहीं हुआ है ।

राजा—कष्टं कष्टम्। कातरो बालभावः।

इरावती—[सावेगम्] तुवरदु अज्जउत्तो णं समासासिदुं। मा से संतासजणिदो विआरो वड्ढदु। (त्वरतामार्यपुत्र एना समाश्वासयितुम्। मास्याः सन्त्रासजनितो विकारो वर्धताम्।)

राजा—अयमेनामहं संज्ञापयामि। [इति सत्वरं परिक्रामति।]

विदूषकः—साहु रे पिङ्गलवाणर साहु। परित्तादो तुए सपक्खो। (साधु रे! पिङ्गलवानर साधु। परित्रातस्त्वया स्वपक्षः।)

[निष्क्रान्तो राजा विदूषकश्च इरावती निपुणिका प्रतीहारी च।]

मालविका—हला देविं चिन्तिअ वेवदि मे हिअअं। ण जाणे अदो वरं किं वा अणुहविदव्वं हुविस्सदि त्ति। (सखि। देवीं चिन्तयित्वा वेपते मे हृदयम्। न जानेऽतः परं किं वानुभवितव्यं भविष्यतीति।)

[नेपथ्ये]

अच्चरिअं अच्चरिअं अपुण्णे एव्व पंचरत्ते दोहलस्स मुउलेहिं संणद्धो तवणीआसोओ जाव देवीए णिवेदेमि। (आश्चर्यमाश्चर्यम्। अपूर्ण एव पञ्चरात्रे दोहदस्य मुकुलैः संनद्धस्तपनीयाशोकः यावद्देव्यै निवेदयामि।)

[उभे श्रुत्वा प्रहृष्टे।]

बकुलावलिका—आस्ससिदु सही। सच्चप्पइण्णा देवी। (आश्वसितु सखी! सत्यप्रतिज्ञा देवी।)

राजा—बड़ा बुरा हुआ, बड़ा बुरा हुआ। बच्चोंका तो डरनेका स्वभाव ही होता है।

इरावती—[घबराकर] चलिए आर्यपुत्र! झटपट चलकर उसे सँभालिए। कहीं इस घबराहटमें उसे और कुछ न हो जाय।

राजा—मैं चलकर अभी उसे चेतमें लाता हूँ। [झटपट घूमते हैं।]

विदूषक—वाह रे पीले बन्दर! वाह, आज तो तुमने हमारे महाराजको सचमुच बचा लिया।

[राजा, विदूषक, इरावती, निपुणिका, प्रतीहारी सब चले जाते हैं।]

मालविका—सखी! जब महारानीका ध्यान आता है तो मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं अब न जाने क्या-क्या दुःख भोगना पड़ता है।

[नेपथ्यमें]

बड़ा आश्चर्य है! बड़ा आश्चर्य है। अभी इस सुनहरे अशोकके दोहद [चाह] पूरे हुए, पाँच रातें भी नहीं बीत पाई कि उसमें कलियाँ फूट आई हैं। चलूँ, महारानीको बता आऊँ।

[दोनों सुनकर प्रसन्न होती हैं]

बकुलावलिका—लो सखी! धीरज धरो। देवी जो एक बार कह देती हैं उससे पीछे नहीं हटतीं।

मालविका—तेए हि पमदवणपालिआए पिट्ठदो होमि। (तेन हि प्रमदवनपालिकायाः पृष्ठतो भवामि।)

बकुलावलिका—तह। (तथा।)

[इति निष्क्रान्ते]

॥ इति चतुर्थोऽङ्कः ॥

मालविका—तो चलो, हम लोग भी प्रमदवनकी मालिनके पीछे-पीछे वहीं चलो चलें।

बकुलावलिका—चलो।

[दोनो चली जाती हैं।]

चौथा अङ्क समाप्त हुआ।

पञ्चमोऽङ्कः

[ततः प्रविशत्युद्यानपालिका ।]

उद्यानपालिका—उवक्खित्तो मए किदसक्कारविहिणो तवणीआसोअस्स वेदिआबन्धो जाव अणुट्ठिदणिओअं अत्ताणं देवीए णिवेदेमि । [परिक्रम्य] अहो देव्वस्स अणुकम्पणीआ मालविआ । तस्सिं तह चण्डिआ देवी इमिणा असोअकुसुमवुत्तन्तेण पसादसुमुही हविस्सदि कहिं णु खु देवी हवे । [विलोक्य] अम्हो एसो देवीए परिअणब्भन्तरो किवि जदुमुद्दालञ्छिदं मंजूसं गेण्हिअ चदुस्सालादो कुज्जो सारसिओ णिक्कामदि । पुच्छिस्सदाव णं । [ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टहस्तः कुब्जः ।] सारसिअ कहिं पत्थिदोसि । (उपक्षिप्तो मया कृतसत्कारविधिस्तपनीयाशोकस्य वेदिकाबन्धः । यावदनुष्ठितनियोगमात्मानं देव्यै निवेदयामि । अहो दैवस्यानुकम्पनीया मालविका । तस्यां तथा चण्डी देव्यनेनाशोककुसुमवृत्तान्तेन प्रसादसुमुखी भविष्यति । कुत्र नु खलु देवी भवेत् । अहो एष देव्याः परिजनाभ्यन्तरः किमपि जतुमुद्रालाञ्छितां मञ्जूषां गृहीत्वा चतुश्शालातः कुब्जः सारसिको निष्क्रामति । प्रक्ष्यामि तावदेनम् । सारसिक । कुत्र प्रस्थितोऽसि ।)

सारसिक—महुअरिए विज्जाभरिआणं बह्मणाणं णिच्चदक्खिणं मासिइं पुरोहिदस्स हत्थं पावइस्सं । (मधुकरिके । विद्याभरितानां ब्राह्मणानां नित्यदक्षिणा मासिकी पुरोहितस्य हस्तं प्रापयिष्यामि ।)

मधुकरिका—अह किंणिमित्तं । (अथ किंनिमित्तम् ?)

पाँचवाँ अङ्क

[मालिन आती है ।]

मालिन—मैंने सब घास-पात निकालकर इस सुनहरे अशोककी मेड़ ठीक ढंगसे बाँध दी है । अब यहाँका काम सब ठीक हो गया है । चलूँ देवीको बता आऊँ [घूमकर] भगवानने बेचारी मालविकाकी लाज रखली । उसपर बिगड़ी बैठी हुई महारानीको, जब अशोकके फूलनेका समाचार मिलेगा तो वे खिल उठेंगी । पर इस समय महारानी होंगी कहाँ ? [देखकर] अरे ! यह महारानीके रनिवासका कुबड़ा सेवक सारसिक लाखसे बन्दकी हुई पिटारी लिए हुए, रनिवाससे निकला चला आ रहा है । चलूँ, इसीसे पूछ देखूँ । [हाथमें पिटारी लिए हुए कुबड़ा दिखाई देता है ।] अहो सारसिक ! किधर चले ?

सारसिक—मधुकरिका ! विद्वान् ब्राह्मणोंको सदा महीने-महीनेपर जो दक्षिणा दी जाती है वही अब बाँटनेके लिये पुरोहितजीको सौंपने जा रहा हूँ ।

मधुकरिका—यह दक्षिणा क्यों बाँटी जा रही है ?

सारसिकः—जप्पहुदि सेणावदी जण्णतुरंगरक्खणे णिउत्तो भट्टदारओ वसुमित्तो तप्पहुदि तस्स आउसणिमित्तं णिक्खसदसुवण्णपरिमाणं दक्खिणं देवी दक्खिणीएहिं परिग्गाहेदि । (यतःप्रभृति सेनापतिर्यज्ञतुरंगरक्षणे नियुक्तो भर्तृदारको वसुमित्रस्ततः प्रभृति तस्यायुर्निमित्तं निष्कशतसुवर्णपरिमाणां दक्षिणां देवी दक्षिणीयैः परिग्राहयति ।)

मधुकरिका—अह कहिं देवी । किं वा अणुचिट्ठदि । (अथ कुत्र देवी । किं वानुतिष्ठति ।)

सारसिकः—मंगलघरे आसणत्था भविअ विदब्भविसअादो भादुणा वीरसेणेण पेसिदं लेहं लेहकरेहिं वाइअमाणं सुणादि । (मङ्गलगृहे आसनस्था भूत्वा विदर्भविषयाद्भ्रात्रा वीरसेनेन प्रेषितं लेखं लेखकरैर्वाच्यमानं शृणोति ।)

मधुकरिका—को उण विदब्भराअवुत्तन्तो सुणीअदि । (कःपुनर्विदर्भराजवृत्तान्तः श्रूयते ।)

सारसिकः—वसीकिदो क्खु वीरसेणप्पमुहेहिं भत्तुणो विजअदंडेहिं विदब्भणाहो । मोइदो से दाआदो माहवसेणो दूदो अ तेण महासाराणि रअणाणि वाहणाणि सिप्पआरिआभूइट्ठं परिअणं उवाअणीकरिअ भट्टिणो सआसं पेसिदो त्ति । (वशीकृतः किल वीरसेनप्रमुखैर्भर्तुर्विजयदण्डैर्विदर्भनाथः । मोचितोऽस्य दायादो माधवसेनः । दूतश्च तेन महासाराणि रत्नानि वाहनानि शिल्पकारिकाभूयिष्ठं परिजनमुपायनीकृत्य भर्तुः सकाशं प्रेषित इति ।)

मधुकरिका—गच्छ अणुचिट्ठ अत्तणो णिओअं । अहं वि देविं पेक्खिस्सं । (गच्छानुतिष्ठात्मनो नियोगम् । अहमपि देवीं प्रेक्षिष्ये ।)

[इति निष्क्रान्तौ ।]

॥ प्रवेशकः ॥

सारसिक—जबसे अश्वमेध यज्ञके घोड़ोंकी रक्षाके लिये राजकुमार वसुमित्र सेनापति बनाए गए हैं, तभीसे उनके चिरंजीवी होनेके लिये योग्य ब्राह्मणोंको चार सौ स्वर्ण-मुद्राओंके बराबर धन दक्षिणामें दिया जाता है।

मधुकरिका—अच्छा यह तो बताओ कि महारानी हैं कहाँ और क्या कर रही हैं ?

सारसिक—महारानीजीके भाई वीरसेनने विदर्भसे जो चिट्ठी भेजी है, उसीको वे मंगल-घरमें बैठी हुई अपने लेखकसे बँचवाकर सुन रही हैं।

मधुकरिका—विदर्भके राजाका क्या समाचार मिला ?

सारसिक—महाराजकी विजयिनी सेना लेकर वीरसेनने विदर्भके राजाको जीत लिया है और उनके चचेरे भाई माधवसेनको छुड़ा लिया है। साथ ही उन्होंने एक दूतके साथ बहुत-से अनमोल रत्न, हाथी, घोड़े और बहुत अच्छे-अच्छे कलाकार सेवक, महाराजके पास भेंटमें भेजे हैं।

मधुकरिका—अच्छा, जाओ, तुम भी अपना काम कर आओ मैं भी अभी महारानीके दर्शनको जाती हूँ। [दोनों जाते हैं।]

॥ प्रवेशक ॥

[ततः प्रविशति प्रतिहारी ।]

प्रतीहारी—आणत्तम्हि असोअसक्कारवावुदाए देवीए—विण्णवेहि अज्जउत्तम् । इच्छामि अज्जउत्तेण सह असोअरुक्खस्स पसूणलच्छिं पच्चक्खीकादुं त्ति । ता जाव धम्मासणगदं देवं पडिवालेमि । (आज्ञाप्तास्म्यशोकसत्कारव्यापृतया देव्या—विज्ञापयार्यपुत्रम् । इच्छाम्यार्यपुत्रेण सहाशोकवृक्षस्य प्रसूनलक्ष्मीं प्रत्यक्षीकर्तुमिति । तद्यावद्धर्मासनगतं देवं प्रतिपालयामि ।)

[इति परिक्रामति ।]

[नेपथ्ये वैतालिकौ]

प्रथम—विजयतां विजयतां देवः । दिष्ट्या दण्डेनेव रिपुशिरःसु वर्तते देवः ।

परभृतकलव्याहारेषु त्वमात्तरतिर्मधुं नयसि विदिशातीरोद्यानेष्वनङ्ग इवाङ्गवान् ।
विजयकरिणामालानत्वं गतैः प्रबलस्य ते वरद वरदारोधोवृक्षैः सहावनतो रिपुः ॥१॥

द्वितीयः—

विरचितपदं वीरप्रीत्या सुरोपमसूरिभि-
श्चरितमुभयोर्मध्येकृत्य स्थितं क्रथकैशिकान् ।
तव हृतवतो दण्डानीकैर्विदर्भपतेः श्रियं
परिघगुरुभिर्दोर्भिर्विष्णोः प्रसह्य च रुक्मिणीम् ॥२॥

[प्रतीहारी आती है ।]

प्रतीहारी—अशोककी पूजाकी धूम-धाममें लगी हुई महारानीने आज्ञा दी है कि जाओ महाराजसे कह दो कि मैं चाहती हूँ आर्यपुत्रके साथ ही चलकर फूले हुए अशोककी शोभा देखूँ । तो चलूँ न्यायासनपर बैठे हुए महाराजके पास पहुँचूँ । [घूमती है ।]

[नेपथ्यमें दो वैतालिक]

पहला—जय हो, देवकी जय हो । बधाई है महाराजको कि आपने अपनी शक्तिसे अपने शत्रुओंको पैरों तले रौंद दिया ! हे मनचाहा वर देनेवाले राजा ! आप तो इधर साक्षात् कामदेवके समान, कोयलकी सुन्दर कूक सुनते हुए विदिशाके तीरपर फैले हुए उपवनोंमें अपना वसन्त बिता रहे हैं उधर आपका बलवान् शत्रु वरदाके तीरपर खड़े हुए उन वृक्षोंके साथ-साथ झुका दिया गया है जो अब आपकी सेनाके विजयी हाथियोंके बाँधनेके खूँटे बने खड़े हैं ॥१॥

दूसरा—हे देवताओंके समान राजा ! विदर्भमें दो ही तो बड़ी-बड़ी घटनाएँ हुई हैं । एक तो आपका अपनी सेना भेजकर विदर्भके राजाको हराना, दूसरी, भगवान् श्रीकृष्णजी-द्वारा उनकी अर्गलाके समान बड़ी बड़ी भुजाओंसे रुक्मिणीजीका हरा जाना । वीरोंसे प्रेम रखनेवाले कवि लोग अब इन दोनों घटनाओंके गीत बना-बनाकर गा रहे हैं ॥२॥

प्रतीहारी—एसो जअसद्दसूइदप्पत्थाणो भट्टा इदो एव्व आअच्छदि। अहं वि दाव इमस्स पमुहादो लोआदो ओसरिअ खम्भन्तरिदा होमि। (एष जयशब्दसूचितप्रस्थानो भर्तैव एवागच्छति। अहमपि तावदस्य प्रमुखाल्लोकादपसृत्य स्तम्भान्तरिता भवामि। [इत्येकान्ते स्थिता।]

[प्रविश्य सवयस्यो राजा]

राजा—

कान्तां विचिन्त्य सुलभेतरसंप्रयोगां श्रुत्वा विदर्भपतिमानमितं बलैश्च।
धाराभिरातप इवाभिहतं सरोजं दुःखायते मम मनः सुखमश्नुते च ॥३॥

विदूषकः—जह अहं पेक्खामि तह एक्कन्तसुहिदो भवं हविस्सदि। (यथाहं प्रेक्षे तथा एकान्तसुखितो भवान्भविष्यति।

राजा—कथमिव।

विदूषकः—अज्ज किल देवीए एव्वं पंडिदकोसिई भणिदा—भअवदि। जं तुमं पसाहणगव्वं वहसि तं दंसेहि मालविआए सरीरे विवाहणेवत्थं त्ति। ताए सविसेसालंकिदा मालविआ। तत्तहोदी कदावि पूरए भवदोवि मणोरहं। (अद्य किल देव्यैव पण्डितकौशिकी भणिता—भगवति! यत्त्वं प्रसाधनगर्वं वहसि तद्दर्शय मालविकायाः शरीरे विवाहनेपथ्यमिति। तया सविशेषालंकृता मालविका। तत्रभवती कदाचित्पूरयेद्भवतोऽपि मनोरथम्।)

राजा—सखे! मदपेक्षामनुप्राप्य अनया धारिण्या पूर्वाचरितैः सभाव्यत एवंतत्।

प्रतीहारी—इस जयजयकारसे जान पड़ता है कि महाराज यहींसे उठकर इधर ही चले आ रहे हैं। मैं भी उनके आगे आगे चलती हुई भीड़से बचकर खम्भेके पीछे खड़ी हो जाती हूँ।

[एक ओर खड़ी हो जाती है।]

[विदूषकके साथ राजा आते हैं।]

राजा—एक ओर जब मैं उस दुर्लभ प्यारीकी बात सोचता हूँ और दूसरी ओर जब मैं सुनता हूँ कि मेरी सेनाने विदर्भके राजाको हरा दिया है तो मेरा मन उस कमलके समान एक साथ दुखी और सुखी होता है जिसपर कड़ी धूप भी पड़ रही हो और साथ साथ पानी भी बरस रहा हो ॥३॥

विदूषक—मैं तो समझता हूँ कि अब आपको पूरा सुख ही सुख मिलेगा।

राजा—कैसे?

विदूषक—आज पंडिता कौशिकीसे महारानीने कहा था कि भगवती आपको सिंगार करनेकी विद्याका जो घमंड है वह आप मालविकाको विवाहके सिंगारसे सजाकर दिखाइए। इसपर उन्होंने मालविकाको बड़े सुहावने ढंगसे सजा दिया है। कौन जाने वे ही आपकी साध पूरी कर दें।

राजा—हाँ मित्र! महारानी धारिणीने पहले भी मेरे मनकी बहुत सी बातें की हैं इसलिये यह भी करदें तो कोई अचरज नहीं है।

प्रतीहारी—[उपगम्य] जेदु जेदु भट्टा। देवी विण्णवेदि—तवणीआसोअस्स कुसुमसहदंसणेण मह आरम्भो सफलो करीअदु त्ति। (जयतु जयतु भर्ता। देवी विज्ञापयति—तपनीयाशोकस्य कुसुमसहदर्शनेन ममारम्भः सफलः क्रियतामिति।)

राजा—ननु तत्रैव देवी तिष्ठति।

प्रतीहारी—अह इं। जहरिहसंमाणसुहिअं अन्तेउरं विसज्जिअ मालविआपुरोएण अत्तणो परिअणेण सह देवं पडिवालेदि। (अथ किम्। यथार्हसम्मानसुखितमन्तःपुरं विसृज्य मालविकापुरोगेणात्मनः परिजनेन सह देवं प्रतिपालयति।)

राजा—[सहर्षं विदूषकं विलोक्य] जयसेने। गच्छाग्रतः।

प्रतीहारी—एदु एदु देवो। (एत्वेतु देवः।) [इति परिक्रामति।]

विदूषकः—[विलोक्य] भो वअस्स। किंवि परिवुत्तजोव्वणो विअ वसन्तो पमदवणे लक्खीअदि। (भो वयस्य। किंचित्परिवृत्तयौवन इव वसन्तः प्रमदवने लक्ष्यते।)

राजा—यथाह भवान्।

अग्रे विकीर्णकुरबकफलजालकभिद्यमानसहकारम्।
परिणामाभिमुखमृतोरुत्सुकयति यौवनं चेतः॥४॥

विदूषकः—[परिक्रम्य] अहो। अअं सो दिण्णणेवत्थो विअ कुसुमत्थवएहिं तवणीआसोओ। ओलोअदु भवं। (अहो। अयं स दत्तनेपथ्य इव कुसुमस्तबकैस्तपनीयाशोकः। अवलोकतां भवान्।)

प्रतीहारी—[पास जाकर] जय हो, स्वामीकी जय हो! देवीने कहलाया है कि मेरे साथ चलकर उस फूले हुए सुनहरे अशोकको देखकर मेरा सब उत्सव सफल कर दीजिए।

राजा—क्या देवी वहीपर हैं?

प्रतीहारी—जी हाँ! रनिवासकी सब रानियोंका यथायोग्य आदर करके वे मालविका और दासियोंके साथ बैठी महाराजके लिये बाट जोह रही हैं।

राजा—[प्रसन्न होकर विदूषककी ओर देखकर] जयसेना! चलो तो आगे-आगे।

प्रतीहारी—आइए देव! चले आइए। [घूमती है।]

विदूषक—देखो मित्र! जान पड़ता है कि प्रमदवनमें वसन्तकी जवानी फिर लौट आई है।

राजा—ठीक कहते हो तुम। इस बीतते हुए वसन्तमें भी बिखरे हुए कुरबकके फूल, मनमें जवानीकी लहरें उठाने लगे हैं॥४॥

विदूषक—[घूमकर] फूलोंके गुच्छोंसे लदा हुआ यह सुनहरा अशोक ऐसा जान पड़ता है मानो इसका भी किसीने सिंगार कर दिया हो। देखिए तो।

राजा—स्थाने खलु प्रसवमन्थरोऽयमभूत् । यदिदानीमनन्यसाधारणीं शोभामुद्वहति । पश्य—

सर्वाशोकतरूणां प्रथमं सूचितवसन्तविभवानाम् ।
निर्वृत्तदोहदेऽस्मिन्संक्रान्तानीव कुसुमानि ॥५॥

विदूषकः—तह । भो वीसद्धो होहि । अम्हेसु संणिहिदेसुवि धारिणी पासपरिवट्टिणीं मालविअं अणुमण्णेदि । (तथा । भोः विश्रब्धो भव । अस्मासु सन्निहितेष्वपि धारिणी पार्श्वपरिवर्तिनीं मालविकामनुमन्यते ।)

राजा—[सहर्षम्] सखे । पश्य—

मामियमभ्युत्तिष्ठति देवी विनयादनूत्थिता प्रियया ।
विस्तृतहस्तकमलया नरेन्द्रलक्ष्म्या वसुमतीव ॥६॥

[ततः प्रविशति धारिणी मालविका परिव्राजिका विभवतश्च परिवारः ।]

मालविका—[आत्मगतम्] जाणामि णिमित्तं कोदुआलंकारस्स । तह वि मे हिअअं बिसिणीपत्तगदं विअ सलिलं वेवदि । अवि अ दक्खिणेदरं वि मे णअणं बहुसो फुरदि । (जानामि निमित्तं कौतुकालंकारस्य । तथापि मे हृदयं बिसिनीपत्रगतमिव सलिलं वेपते । अपि च दक्षिणेतरमपि मे नयनं बहुशः स्फुरति ।)

विदूषकः—भो वअस्स । विवाहणेवत्थेण सविसेसं क्खु सोहदि मालविआ । (भो वयस्य । विवाहनेपथ्येन सविशेषं खलु शोभते मालविका ।)

राजा—इसका देरसे फूलना अच्छा ही हुआ, क्योंकि अब इसके आगे सब वृक्षोंकी शोभा फीकी लगने लगी है। देखो ! ऐसा जान पड़ता है कि जिन अशोकके वृक्षोंने पहले फूलकर वसन्तके आनेकी सूचना दी थी, उन सबने अपने-अपने फूल इस अशोकके वृक्षको दे दिए हैं जिसके फूलनेका उपाय अभी थोड़े दिन हुए किया गया था ॥५॥

विदूषक—हाँ लीजिए, अब आपका काम बन गया क्योंकि हम लोगोंके आ पहुँचनेपर भी महारानी धारिणी, मालविकाको अपने पास ही बैठनेके लिये कह रही हैं।

राजा—[प्रसन्न होकर] देखो मित्र ! मेरा आदर करनेके लिये उठी हुई महारानीके पीछे, अपने कमल-जैसे दोनों हाथ खोले खड़ी हुई मेरी प्यारी मालविका, ऐसी लग रही है मानो पृथ्वीके पीछे राजलक्ष्मी खड़ी हुई हो ॥६॥

[धारिणी, मालविका, परिव्राजिका और उनकी दासियाँ दिखाई देती हैं।]

मालविका—[मन ही मन] मैं इस बनाव-सिंगारका अर्थ तो समझ रही हूँ, फिर भी न जाने क्यों मेरा हृदय कमलिनीके पत्तेपर पड़ी हुई जलकी बूँदके समान अभीतक काँप रहा है। पर मेरी बाईं आँख भी आज बहुत फड़क रही है।

विदूषक—कहो मित्र ! विवाहके सिंगारोंसे सजी हुई मालविका कितनी सुन्दर जँचने लगी है ?

राजा—पश्याम्येनाम् । यथा—

अनतिलम्बिदुकूलनिवासिनी बहुभिराभरणैः प्रतिभाति मे ।
उडुगणैरुदयोन्मुखचन्द्रिका हृतहिमैरिव चैत्रविभावरी ॥७॥

धारिणी—[उपेत्य] जेदु जेदु अज्जउत्तो । (जयतु जयत्वार्यपुत्रः ।)

विदूषकः—वड्ढदु भोदी । (वर्धतां भवती ।)

परिव्राजिका—विजयतां देवः ।

राजा—भगवति अभिवादये ।

परिव्राजिका—अभिप्रेतसिद्धिरस्तु ।

धारिणी—[सस्मितम्] अज्जउत्त ! एस दे अम्हेहिं तरुणीजणसहाअस्स असोओ संकेदघरो कप्पिदो । (आर्यपुत्र ! एष तेस्माभिस्तरुणीजनसहायस्याशोकः संकेतगृहं कल्पितः ।)

विदूषकः—भो आराहिदोसि । (भोः आराधितोऽसि ।)

राजा—[सशोकमशोकमभितः परिक्रामन् ।]

नार्यं देव्या भाजनत्वं न नेयः सत्काराणामीदृशानामशोकः ।
यः सावज्ञो माधवश्रीनियोगे पुष्पैः शंसत्यादरं त्वत्प्रयत्ने ॥८॥

विदूषकः—भो वीसद्धो भविअ तुमं जोव्वणवदिं इमं पेक्ख । (भो विश्रब्धो भूत्वा त्वं यौवनवतीमिमां पश्य ।)

राजा—हाँ, देख तो रहा हूँ कि सिरपर एक छोटी सी ओढ़नी ओढ़े हुए और नीचेसे ऊपर तक अनेक प्रकारके सिंगारोंसे सजी हुई यह चैतकी उस रातके समान दिखाई पड़ती है जिसमें कोहरा हट जानेसे तारे खिल आए हों और चाँदनी भी बस निकलने ही वाली हो ॥७॥

धारिणी—[पास पहुँचकर] जय हो आर्यपुत्रकी जय हो ।

विदूषक—आपको बधाई है ।

परिव्राजिका—देवकी जय हो ।

राजा—प्रणाम करता हूँ भगवती ।

परिव्राजिका—आपके मनकी साध पूरी हो ।

धारिणी—[मुस्कराकर] आर्यपुत्र ! लीजिए यह आपके लिये अशोक का ऐसा प्रेममिलनका घर बना दिया गया है जहाँ आप युवतियोंसे अकेलेमें मिल सकते हैं ।

विदूषक—लीजिए महाराज ! देवीने तो आपकी मनचाही कर दी ।

राजा—[लजाते हुए अशोकके चारों ओर घूमते हैं] देवीके हाथों इस अशोकका ऐसा आदर होना ही चाहिए, क्योंकि यह भी वसन्तकी लक्ष्मीका कहना न मानकर और वसन्तमें न फूलकर देवीके प्रयत्न करनेपर फूल उठा है ॥८॥

विदूषक—अब आप सम्हलकर इस यौवनवालीको देखिए ।

धारिणी—कं । (काम् ।)

विदूषकः—भोदि तवणीआसोअस्स कुसुमसोहम् । [भवति । तपनीयाशोकस्य कुसुमशोभाम् ।]

[सर्वे उपविशन्ति ।]

राजा—[मालविकां विलोक्य आत्मगतम्] कष्टः खलु संनिधिवियोगः ।

अहं रथाङ्गनामेव प्रिया सहचरीव मे ।
अननुज्ञातसंपर्का धारिणी रजनीव नौ ॥६॥

[प्रविश्य]

कञ्चुकी—विजयतां देवः ! अमात्यो विज्ञापयति—विदर्भविषयोपायने द्वे शिल्पकारिके मार्गपरिश्रमादलघुशरीरे इति पूर्वं न प्रवेशिते । संप्रति देवोपस्थानयोग्ये संवृत्ते । तदाज्ञां देवो दातुमर्हतीति ।

राजा—प्रवेशय ते ।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः । [इति निष्क्रम्य ताभ्यां सह प्रविश्य ।] इत इतो भवत्यौ ।

प्रथमा—[जनान्तिकम्] हला मदणिए । अपुव्वं इमं राअउलं पविसन्तीए पसीददि मे हिअअं । (सखि मदनिके । अपूर्वमिदं राजकुलं प्रविशन्त्याः प्रसीदति मे हृदयम् ।)

धारिणी—किसे ?

विदूषक—देवी ! इस सुनहरे अशोकके फूलोंकी शोभाको ।

[सब बैठ जाते हैं ।]

राजा—[मालविकाको देखकर मन ही मन] इतने पासमें रहते हुए भी अलग बैठना बड़ा कसकता है । चकवा और चकवीकी भाँति इतने पास बैठे हुए भी हम दोनोंको, ये रात्रि बनी हुई धारिणी मिलने नहीं दे रही हैं ॥६॥

कञ्चुकी [आकर]—देवकी जय हो । मन्त्रीजीने कहलाया है कि विदर्भसे जो कला जाननेवाली दो स्त्रियाँ भेंटके रूपमें आई थीं वे उस समय थकी होनेके कारण महाराजके पास नहीं आई जा सकी थी । अब वे महाराजके सामने लाई जा सकती हैं । उसके लिये देवकी आज्ञा चाहिए ।

राजा—ले आओ ।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा । [बाहर जाकर उन दोनोंके साथ आता है । [इधरसे आइए आप इधरसे ।

पहली—[अलग] सखी मदनिका ! हम पहले कभी इस राज-कुलमें नहीं आई हैं, फिर भी न जाने क्यों यहाँ आते ही हमारा जी खिला जा रहा है ।

द्वितीया—जोसिणीए। अत्थि क्खु लोअप्पवादो आआमि सुहं दुक्खं वा हिअअसमवत्था कहेदि त्ति। (ज्योत्स्निके। अस्ति खलु लोकप्रवाद आगामि सुखं दुःखं वा हृदयसमवस्था कथयतीति।)

प्रथमा—सो सच्चो दाणि होदु। (स सत्य इदानीं भवतु।)

कञ्चुकी—एष देव्या सह देवस्तिष्ठति। उपसर्पतं भवत्यौ।

[उभे उपसर्पतः]

[मालविका परिव्राजिका च चेट्यौ विलोक्य परस्परमवलोकयत. ।]

उभे—[प्रणिपत्य] जेदु जेदु भट्टा। जेदु जेदु भट्टिणी। (जयतु जयतु भर्ता। जयतु जयतु भट्टिनी।)

[उभे राजाज्ञया उपविष्टे।]

राजा—कस्यां कलायामभिविनीते भवत्यौ।

उभे—भट्टा। सगीदए अब्भन्तरेम्ह। (भर्त. ! सगीतकेऽभ्यन्तरे स्व.।)

राजा—देवि ! गृह्यतामनयोरन्यतरा।

धारिणी—मालविए। इदो पेक्ख। कदरा दे सगीदसहआरिणी रुच्चदि। (मालविके ! इतः पश्य। कतरा ते सगीतसहकारिणी रोचते।)

उभे—[मालविका दृष्ट्वा] अम्हो भट्टदारिआ। जेदु जेदु भट्टदारिआ। (अहो भर्तृदारिका। जयतु जयतु भर्तृदारिका।) [इति प्रणम्य तया सह बाष्पं विसृजतः।]

[सर्वे सविस्मयं विलोकयन्ति।]

दूसरी—ज्योत्स्निका ! कहा जाता है कि अपना मन, आगे आनेवाले सुख या दुःख सभी बता देता है।

पहली—भगवान करें वह कहावत आज सच हो जाय।

कञ्चुकी—देखिए, यह महारानीके साथ महाराज बैठे हुए हैं। आप दोनों आगे बढ़ जाइए।

[दोनों बढ़ जाती हैं।]

[मालविका और परिव्राजिका इन दोनों दासियोंको देखकर एक दूसरेकी ओर देखती हैं।]

दोनों—[प्रणाम करके] जय हो, स्वामीकी जय हो। जय हो, स्वामिनीकी जय हो।

[राजाके कहनेसे दोनों बैठ जाती हैं।]

राजा—आप लोगोंको कौन-सी कला आती है ?

दोनों—स्वामी ! हम लोगोंने सगीत सीखा है।

राजा—लो देवी, इनमेंसे जिसे चाहो उसे अपने लिये चुन लो।

धारिणी—मालविका ! इधर देखो सगीतमें तुम्हारा साथ देनेके लिये इनमें से तुम्हें कौन-सी अच्छी लगती है।

दोनों—[मालविकाको देखकर] अरे, राजकुमारी ! जय हो राजकुमारी, जय हो। [प्रणाम करके उससे गले मिलकर रोने लगती हैं।]

[सब अचरजसे देखते हैं।]

राजा—के भवत्यौ । का चेयम् ।

उभे—भट्टा ! एसा अम्हाणं भट्टारिआ । (भर्तः ! एषास्माकं भर्तृदारिका ।)

राजा—कथमिव ।

उभे—सुणादु भट्टा । जो सो भट्टिणा विजअदण्डेहिं विदब्भणाहं वसीकरिअ बन्धणादो मोइदो कुमारो माहवसेणो णाम तस्स इअं कणीअसी भइणी मालविआ णाम । (शृणोतु भर्ता । य स भर्त्रा विजयदण्डैर्विदर्भनाथं वशीकृत्य बन्धनान्मोचितः कुमारो माधवसेनो नाम तस्येयं कनीयसी भगिनी मालविका नाम ।)

धारिणी—कहं राअदारिआ इअं । चन्दणं क्खु मए पादुओवओएण दूसिदं । (कथम् राजदारिकेयम् । चन्दनं खलु मया पादुकोपयोगेन दूषितम् ।)

राजा—अथात्रभवती कथमित्थंभूता ।

मालविका—[निःश्वस्यात्मगतम् ।] विहिणिओएण । (विधिनियोगेन ।)

द्वितीया—सुणादु भट्टा । दाआदवसंगदे भट्टदारए माहवसेणे तस्स अमच्चेण अज्जसुमदिणा अम्हारिसं परिअणं उज्झिअ गूढं आणीदा एसा । (शृणोतु भर्ता । दायादवशगते भर्तृदारके माधवसेने तस्यामात्येनार्यसुमतिनास्मादृशं परिजनमुज्झित्वा गूढमानीतैषा ।)

राजा—श्रुतपूर्वं मयैतत् । ततस्ततः ।

द्वितीया—भट्टा । अदो वरं ण आणामि । (भर्तः । अतः परं न जानामि ।)

परिव्राजिका—ततः परं मन्दभागिनी कथयिष्यामि ।

उभे—भट्टदारिए । अज्जकोसिईए विअ सरसंजोओ । णं सा एव्व । (भर्तृदारिके । आर्यकौशिक्या इव स्वरसयोगः । ननु सैव ।)

राजा—आप लोग कौन हैं और ये कौन हैं ?

दोनों—स्वामी ! ये हमारी राजकुमारी हैं ।

राजा—कैसे ?

दोनों—सुनिए स्वामी ! आपकी विजयी सेनाने विदर्भके राजाको जीतकर जिन कुमार माधवसेनको बन्धनसे छुड़ाया है, उन्हींकी ये छोटी बहिन मालविकाजी है ।

धारिणी—अरे ! तो क्या ये राजकुमारी है । मैंने सचमुच चन्दनसे खड़ाऊँका काम लेकर बड़ा पाप किया है ।

राजा—तो वे इस रूपमें यहाँ कैसे आगईं ।

मालविका—[लंबी सांस लेकर मन ही मन] भाग्यके फेरसे ।

दूसरी—सुनिए महाराज ! जब राजकुमार माधवसेनको उनके चचेरे भाईने पकड़ लिया था, तब उनके मंत्री आर्य सुमतिजी इन्हें, हम लोगोंसे हटाकर, यहाँ छिपा कर ले आए ।

राजा—यह तो मैं पहले सुन चुका हूँ । तब क्या हुआ ?

दूसरी—इसके पीछेकी बात मैं कुछ नहीं जानती हूँ स्वामी !

परिव्राजिका—इसके पीछेकी कथा मैं अभागिन बताती हूँ ।

दोनों—राजकुमारी ! यह तो आर्या कौशिकी-जैसी बोली लग रही है । वे ही हैं क्या ?

मालविका—अह इदं। (अथ किम्।)

उभे—जदिवेसधारिणी अज्जकोसिई दुक्खेण विभावीअदि। भअवदि। णमो दे। (यतिवेषधारिण्यार्यकौशिकी दुःखेन विभाव्यते। भगवति! नमस्ते।)

परिव्राजिका—स्वस्ति भवतीभ्याम्।

राजा—कथम्। आप्तवर्गोऽयं भगवत्याः।

परिव्राजिका—एवमेतत्।

विदूषक—तेण हि कहेदु अभवदी अत्तहोदीए वुत्तन्तं दाव असेसं। (तेन हि कथयतु भगवत्यत्रभवत्या वृत्तान्तं तावदशेषम्।)

परिव्राजिका—[सवैक्लव्यम्] श्रावच्छ्रूयताम्। माधवसेनसचिवं ममाग्रजं सुमतिमवगच्छ।

राजा—उपलक्षितः। ततस्तत।

परिव्राजिका—स इमां तथागतभ्रातृकां मया सार्धमपवाह्य भवत्सम्बन्धापेक्षया पथिकसार्थं विदिशागामिनमनुप्रविष्टः।

राजा—ततस्ततः।

परिव्राजिका—स चाटव्यन्तरे निविष्टो गताध्वा वणिग्गणः।

राजा—ततस्ततः।

परिव्राजिका—ततः किमान्यत्।

मालविका—और क्या?

दोनों—सन्यासिनीका वेश बना लेनेसे कौशिकीजी बड़ी कठिनाईसे पहचानमें आती हैं। आपको प्रणाम है भगवती।

परिव्राजिका—तुम दोनोंका कल्याण हो।

राजा—क्यों, क्या ये भी आपकी ही चेलियाँ हैं?

परिव्राजिका—जी हाँ, हैं तो।

विदूषक—तब आप ही इनकी पूरी कथा सुना डालिए।

परिव्राजिका—[दुखी होकर] तो सुनिए! माधवसेनके मन्त्री सुमति मेरे बड़े भाई थे।

राजा—अच्छा समझ गए। हाँ, तब।

परिव्राजिका—माधवसेनके पकड़े जानेपर इनके भाई आपके साथ इनका विवाह करनेके विचारसे इसे और मुझे साथ लेकर विदिशाकी ओर आते हुए एक व्यापारी दलके साथ हो लिए।

राजा—तब तब?

परिव्राजिका—थोड़ी दूर तक खुली सड़कपर चल चुकनेपर उन्हें जंगलमें होकर जाना पड़ा।

राजा—तब क्या हुआ?

परिव्राजिका—फिर क्या? मतवाले कन्धोंपर तूणीर कसे हुए, पीठपर लंबे लंबे पंख

तूणीरपट्टपरिणद्धभुजान्तरालमापार्ष्णिलम्बिशिखिबर्हकलापधारि ।
कोदण्डपाणि विनदत्प्रतिरोधकानामापातदुष्प्रसहमाविरभूदनीकम् ॥१०॥

[मालविका भयं रूपयति ।]

विदूषकः—भोदि ! मा भआहि ! अदिक्कन्तं क्खु तत्तहोदी कहेदि । (भवति ! मा बिभीहि । अतिक्रान्तं खलु तत्रभवती कथयति ।)

राजा—ततस्ततः ।

परिव्राजिका—ततो मुहूर्तं बद्धायुधास्ते पराङ्मुखीभूताः सार्थवाह्योद्धारद्धारस्तस्करैः ।

राजा—हन्त । इतः परं कष्टतरं श्रोतव्यम् ।

परिव्राजिका—ततः स मत्सोदर्यः

इमां परीप्सुर्दुर्जाते पराभिभवकातराम् ।
भर्तृप्रियः प्रियैर्भर्तुरानृण्यमसुभिर्गतः ॥११॥

प्रथमा—हा हदो सुमदी । (अहो हतः सुमतिः ।)

द्वितीया—तदो क्खु इअं भट्टदारिआए समवत्था संवुत्ता । (ततः खल्वियं भर्तृदारिकायाः समवस्था संवृत्ता ।)

[परिव्राजिका बाष्पं विसृजति ।]

राजा—भगवति ! तनुत्यजामीदृशी लोकयात्रा । न शोच्यस्तत्रभवान्सफलीकृतभर्तृपिण्डः । ततस्ततः ।

बाँधे हुए और हाथमें धनुष-बाण लिए हुए कुछ डाकू ऐसे ललकारते हुए हमपर टूट पड़े कि उनसे लड़कर जीतना बड़ा कठिन हो गया ॥१०॥

[मालविका डरनेका नाट्य करती है ।]

विदूषक—डरिए मत देवी ! यह तो बीती हुई बातें आपको सुना रही हैं ।

राजा—तब, तब ?

परिव्राजिका—तब थोड़ी ही देरमें, व्यापारियोंके साथ चलनेवाले सब लड़ाकोंको डाकुओंने मार भगाया ।

राजा—हैं, हैं । क्या इससे भी बढ़कर दुखदायी बात सुनानेवाली हैं ।

परिव्राजिका—तब मेरे भाईने उस विपत्तिमें शत्रुके आक्रमणसे घबराई हुई इन मालविकाको बचानेके लिये अपने प्राण देकर अपने स्वामीका भार चुका दिया ॥११॥

पहली—अरे ! तो क्या सुमतिजी मारे गए ?

दूसरी—इसीसे हमारी राजकुमारी बेचारीकी ऐसी दुर्दशा हुई ।

[परिव्राजिका रोने लगती है ।]

राजा—भगवति ! सभी नाशवान् प्राणियोंको यह संसार इसी प्रकार छोड़ना ही पड़ता है और फिर उन्होंने तो अपने स्वामीका अन्न सुफल कर दिया है, इसलिये उनके लिये रोना नहीं चाहिए । हाँ, फिर क्या हुआ ?

परिव्राजिका— ततोऽहं मोहमुपगता यावत्संज्ञां लभे तावदियं दुर्लभदर्शना संवृत्ता।

राजा— महत्खलु कृच्छ्रमनुभूतं भगवत्या।

परिव्राजिका— ततो भ्रातुः शरीरमग्निसात्कृत्वा पुनर्नवीकृतवैधव्यदुःखया मया त्वदीयं देशमवतीर्य इमे काषाये गृहीते।

राजा— युक्तः सज्जनस्यैष पन्थाः। ततस्ततः।

परिव्राजिका— सेयमाटविकेभ्यो वीरसेनं वीरसेनाच्च देवीं गता। देवीगृहे लब्धप्रवेशया मया चानन्तरं दृष्टेत्येतदवसानं कथायाः।

मालविका— [आत्मगतम्] किं णु क्खु संपदं भट्टा भणादि। (किं नु खलु सांप्रतं भर्ता भणति।)

राजा— अहो परिभवोपहारिणो विनिपाताः। कुतः—

प्रेष्यभावेन नामेयं देवीशब्दक्षमा सती।
स्नानीयवस्त्रक्रियया पत्रोर्णं वोपयुज्यते ॥१२॥

धारिणी— भअवदि! तुए अभिजणवदि मालविअं अणाचक्खन्तीए असंपदं, किदम्। (भगवति! त्वयाभिजनवती मालविकामनाचक्षाणयाऽसांप्रतं कृतम्।)

परिव्राजिका— शान्तं पापम्। केनचित्कारणेन खलु मया नैष्ठुर्यमवलम्बितम्।

धारिणी— किं विअ तं कारणम्। (किमिव तत्कारणम्।)

परिव्राजिका— यह देखकर मैं तो मूर्छित हो गई और जब मुझे चेतना आई तो देखती क्या हूँ कि मालविका का कहीं पता नहीं है।

राजा— बड़ा कष्ट आपको भोगना पड़ा।

परिव्राजिका— तब अपने भाईके शरीरका अन्तिम संस्कार करके अपने विधवापनके दुःखको फिर हरा करके मैंने आपके देशमें आकर गेरुआ रँगा लिया।

राजा— सज्जनोंको यही चाहिए भी। फिर क्या हुआ?

परिव्राजिका— फिर वीरसेनने मालविकाको उन डाकुओंसे छीनकर यहाँ देवीके पास पहुँचा दिया। यहाँ देवीके पास आनेपर ही मैंने इन्हें देखा। इतनी-सी ही मेरी कथा है।

मालविका— [मन ही मन] देखें, महाराज इसपर क्या कहते हैं?

राजा— देखिए! विपत्ति आनेपर कितना अनादर हो जाता है, क्योंकि जो सती कहलाने योग्य रानी थी, उससे दासीका काम लिया जा रहा था। यह बात ठीक ऐसी ही हुई है जैसे कोई ऊनी कपड़ेसे देह पोंछनेका काम ले ॥१२॥

धारिणी— भगवती! यह बात छिपाकर आपने अच्छा नहीं किया कि मालविका इतने ऊँचे घरानेकी है!

परिव्राजिका— नहीं, ऐसा न कहिए। मैंने बहुत समझ-बूझकर ही ऐसी निठुराई की थी।

धारिणी— वह क्या बात थी?

परिव्राजिका—इयं पितरि जीवति केनापि देवयात्रागतेन सिद्धादेशेन साधुना मत्समक्षं समादिष्टा—संवत्सरमात्रमियं प्रेष्यभावमनुभूय ततः सदृशभर्तृगामिनी भविष्यतीति। तदेवंभाविनमादेशमस्यास्त्वत्पादशुश्रूषया परिणमन्तमवेक्ष्य कालप्रतीक्षया मया साधु कृतमिति पश्यामि।

राजा—युक्ता प्रतीक्षा।

कञ्चुकी—देव! कथान्तरेणान्तरितम्। अमात्यो विज्ञापयति—विदर्भगतमनुष्ठेयमनुष्ठितमभूत्। देवस्य तावदभिप्रायं श्रोतुमिच्छामीति।

राजा—मौद्गल्य! तत्रभवतोर्यज्ञसेनमाधवसेनयोर्द्वैराज्यमिदानीमवस्थापयितुकामोऽस्मि।

तौ पृथग्वरदाकूले शिष्टानुत्तरदक्षिणे।
नक्तंदिवं विभज्योभौ शीतोष्णकिरणाविव ॥१३॥

कञ्चुकी—देव! एवममात्यपरिषदे निवेदयामि।

[राजाङ्गुल्यानुमन्यते।]

[निष्क्रान्तः कञ्चुकी।]

प्रथमा—[जनान्तिकम्] भट्टिदारिए। दिट्ठिआ भट्टिदारओ भट्टिदारओ अद्धरज्जे पदिट्ठं गमइस्सदि। (भर्तृदारिके। दिष्ट्या भर्ता भर्तृदारकोऽर्धराज्ये प्रतिष्ठां गमयिष्यते।)

मालविका—एदं दाव बहु मणिदव्वं जं जीविदसंसआदो मुत्तो। (एतत्तावद्बहुमन्तव्यम् यज्जीवितसंशयान्मुक्तः।)

परिव्राजिका—जिन दिनों इनके पिता जीवित थे उन दिनों देवयात्रामें एक ऐसा साधु आया जो आगेकी बात बताया करता था। उसने मेरे आगे ही कहा कि—इसे एक वर्षतक तो दासी होकर रहना पड़ेगा, पर उसके पीछे बड़े योग्य पतिसे इसका विवाह हो जायगा। जब मैंने देखा कि वह भविष्यवाणी आपके चरणोंकी सेवा करते हुए पूरी हो रही है तो मैं चुप्पी लगा गई और इसीलिये मैं समझती हूँ कि मैंने अच्छा ही किया।

राजा—यह चुप रहना अच्छा ही हुआ।

कञ्चुकी—देव! इस कथाके बीचमें एक बात छूट गई। मन्त्रीजीने कहलाया है कि विदर्भके लिये जो प्रबन्ध करना था, वह सब कर दिया गया है, पर मैं महाराजकी इच्छा भी जान लेना चाहता हूँ।

राजा—मौद्गल्य! मैं चाहता हूँ कि यज्ञसेन और माधवसेन दोनों, वरदा नदीके उत्तर और दक्षिण दोनों तटोंपर अपने अपने अलग-अलग राज बनाकर वैसे ही सुखसे राज करें जैसे सूर्य और चन्द्रमा रात और दिनको आपसमें बाँटकर अलग-अलग चमकते हैं ॥१३॥

कञ्चुकी—मैं अमात्य-परिषद्से यही बात कह आता हूँ देव!

[राजा उँगलीसे स्वीकृति दे देते हैं, कञ्चुकी चला जाता है।]

पहली—[अलग] राजकुमारी! यह बड़ी अच्छी बात हुई कि राजकुमारको महाराज आधे राजपर बैठा रहे हैं।

मालविका—अरे इतना ही बहुत समझो कि उनके प्राण बच गए।

[प्रविश्य]

कञ्चुकी—विजयतां देवः। देव अमात्यो विज्ञापयति—कल्याणी देवस्य बुद्धिः। मन्त्रिपरिषदोऽप्येतदेव दर्शनम्। कुतः—

द्विधा विभक्तां श्रियमुद्वहन्तौ धुरं रथाश्वाविव संग्रहीतुः।
तौ स्थास्यतस्ते नृपतेर्निदेशे परस्परोपग्रहनिर्विकारौ ॥१४॥

राजा—तेन हि मन्त्रिपरिषदं ब्रूहि—सेनान्ये वीरसेनाय लेख्यतामेवं क्रियतामिति।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। [इति निष्क्रम्य सप्राभृतकं लेखं गृहीत्वा पुनः प्रविष्टः।] अनुष्ठिता प्रभोराज्ञा। अथ देवस्य सेनापतेः पुष्यमित्रस्य सकाशात्सोत्तरीयप्राभृतको लेखः प्राप्तः। प्रत्यक्षीकरोत्वेनं देवः।

[राजोत्थाय सप्राभृतकं लेखं सोपचारं गृहीत्वा परिजनायार्पयति।]

[परिजनो लेखं नाट्येनोद्घाटयति।]

धारिणी—[आत्मगतम्] अम्हो। तदोमुहं एव्व णो हिअअं। सुणिस्सं दाव गुरुअणस्स कुसलाणन्तरं वसुमित्तस्स वुत्तन्तं। अदिघोरे क्खु पुत्तओ सेणावदिणा णिउत्तो। (अहो। तदोमुखमेव नो हृदयम्। श्रोष्यामि तावद्गुरुजनस्य कुशलानन्तरं वसुमित्रस्य वृत्तान्तम्। अतिघोरे खलु पुत्रकः सेनापतिना नियुक्तः।)

राजा—[उपविश्य लेखं सोपचारं गृहीत्वा वाचयति।] स्वस्ति यज्ञशरणात्सेनापतिः पुष्यमित्रो वैदिशस्थं पुत्रमायुष्मन्तमग्निमित्रं स्नेहात्परिष्वज्येदमनुदर्शयति। विदितमस्तु। योऽसौ

कञ्चुकी—[आकर] देवकी जय हो। देव! अमात्यने कहलाया है कि महाराजने बहुत ठीक सोचा है और अमात्य-परिषद्‌की भी यही सम्मति है, क्योंकि जैसे रथमें चलनेवाले दो घोड़े सारथीके हाथमें ठीकसे चलते हैं, वैसे ही महाराजकी देख-रेखमें ये दोनों भाई भी आपसका बैर छोड़कर दो भागोंमें बँटे हुए, अपने राज्यके धुरेको बड़े सुखसे सँभाल सकेंगे ॥१४॥

राजा—तो जाकर अमात्य-परिषद्‌से कह दो कि सेनापति वीरसेनको लिख भेजें कि वे ऐसा ही प्रबन्ध कर दें।

कञ्चुकी—जैसी देवकी आज्ञा। [बाहर जाता है और भेंटके साथ पत्र लिए हुए फिर आता है।] आपकी आज्ञा कह सुनाई। श्रीमान् सेनापति पुष्यमित्रके पाससे उत्तरीय आदि भेंटकी सामग्रियोंके साथ-साथ पत्र भी आया है। इसे महाराज देखनेकी कृपा करें।

[राजा उठकर बड़े आदरके साथ भेंटकी सामग्री और पत्र लेकर अपने सेवकको दे देते हैं। वह उस पत्रको खोलनेका नाट्य करता है।]

धारिणी—[मन ही मन] अरे! मेरा जी भी इसे सुननेको छटपटा रहा है! बड़ोंका कुशल समाचार सुनकर फिर वसुमित्रका समाचार सुनूँगी। सेनापतिने मेरे बच्चेको बड़े संकटका काम सौंप दिया है।

राजा—[बैठकर बड़े आदरसे पत्र लेकर पढ़ते हैं।] आपका कल्याण हो। विदिशामें रहते हुए चिरजीवी पुत्र अग्निमित्रको स्नेहसे गले भेंटकर अश्वमेध यज्ञकी दीक्षा लिए हुए सेनापति पुष्यमित्र लिख रहे हैं—हम यह बताना चाहते हैं कि अश्वमेधकी दीक्षा लेकर मैंने

राजयज्ञदीक्षितेन मया राजपुत्रशतपरिवृत वसुमित्रं गोप्तारमादिश्य वत्सरोपावर्तनियमो निरर्गलस्तुरङ्गो विसृष्टः स सिन्धोर्दक्षिणरोधसि चरन्नश्वानीकेन यवनेन प्रार्थितः । ततः उभयोः सेनयोर्महानासीत्समर्दः ।

[देवी विषाद नाटयति ।]

राजा—कथमीदृश संवृत्तम् । [शेष पुनर्वाचयति ।]

ततः परान्पराजित्य वसुमित्रेण धन्विना ।
प्रसह्य ह्रियमाणो मे वाजिराजो निर्वर्तितः ॥१५॥

धारिणी—इमिणा आससिद मे हिअअं । (अनेनाश्वस्त मे हृदयम् ।)

राजा—[शेष पुनर्वाचयति ।] सोऽहमिदानीमंशुमता सगरपुत्रेणेव प्रत्याहृताश्वो यक्ष्ये । तदिदानीमकालहीन विगतरोषचेतसा भवता वधूजनेन सह यज्ञसेवनायागन्तव्यमिति ।

राजा—अनुगृहीतोऽस्मि ।

परिव्राजिका—दिष्ट्या पुत्रविजयेन दम्पती वर्धेते ।

भर्त्रासि वीरपत्नीनां श्लाघ्यानां स्थापिता धुरि ।
वीरसूरिति शब्दोऽय तनयात्त्वामुपस्थितः ॥१६॥

धारिणी—भअवदि ! परितुट्ठम्हि ज पिदरं अणुजादो मे वच्छओ । (भगवति ! परितुष्टास्मि यत्पितरमनुजातो मे वत्सक ।)

एक वर्षकी अवधि बाँधकर जो खुला घोड़ा छोड़ा था और जिसकी रक्षाके लिये सैकडों राजकुमारोके साथ वसुमित्रको भेजा था, वह घोड़ा जब सिंधु नदीके दक्षिण तटपर चर रहा था तो घुड़सवार सेनाके एक यवनने उसे पकड़ लिया। इसपर दोनों सेनाओंमें बड़ी घनघोर लड़ाई हुई।

[देवी दुखी होनेका नाट्य करती हैं।]

राजा—अरे ! क्या यहाँतक बात बढ़ गई ? [बचा हुआ फिर बाँचता है।] तब धनुषधारी वसुमित्रने बड़ी वीरतासे शत्रुओंको मार भगाया और छिने हुए घोड़ेको फिर लौटा लिया ॥१५॥

धारिणी—अब, मेरे जीमे जी आया।

राजा—[बचा हुआ फिर पढ़ता है।] इसलिये जैसे अंशुमान द्वारा घोड़ा छुड़ा लाने पर सगरने यज्ञ किया था, वैसे ही मैं भी यज्ञ कर रहा हूँ। इसलिये अब तुम तत्काल शान्तचित्त होकर बहुओंको साथ लेकर यज्ञ देखनेके लिये चले आओ। बस इतना ही।

राजा—बड़ी कृपा हुई मुझपर।

परिव्राजिका—पुत्रकी विजयके लिये आप दोनोंको बधाई है। अबतक आप संसारकी सब प्रशसनीय वीर पत्नियोंकी सिरमौर थी, पर आपके पुत्रने आपके नामके साथ वीरमाताकी पदवी भी जोड दी है।

धारिणी—भगवती ! मुझे तो यही सुख है कि मेरा बच्चा पिताके समान ही पराक्रमी निकला।

राजा—मौद्गल्य। ननु कलभेन यूथपतेरनुकृतम् ।

कञ्चुकी—देव। अयं कुमारः—

नैतावता वीरविजृम्भितेन चित्तस्य नो विस्मयमादधाति ।
यस्याप्रधृष्यः प्रभवस्त्वमुच्चैरग्नेरपां दग्धुरिवोरुजन्मा ॥१७॥

राजा—मौद्गल्य। यज्ञसेनश्यालमुरीकृत्य मोचयन्तां सर्वे बन्धनस्थाः ।

कञ्चुकी—यदाज्ञापयति देवः। (इति निष्क्रान्तः।)

धारिणी—जयसेणे। गच्छ। इरावदीपमुहाणं अन्तेउराणं पुत्तस्स वुत्तन्तं णिवेदेहि। (जयसेने! गच्छ। इरावतीप्रमुखेभ्योऽन्तःपुरेभ्यः पुत्रस्य वृत्तान्तं निवेदय।)

[प्रतीहारी प्रस्थिता।]

धारिणी—एहि दाव। (एहि तावद्।)

प्रतीहारी—[प्रतिनिवृत्य।] इअ म्हि। (इयमस्मि।)

धारिणी—[जनान्तिकम्] जं मए असोअदोहलणिओए मालविआए पडिण्णादं तं से अभिजणं च णिवेदिअ मह वअणेण इरावदिं अणुणेहि—तुए अहं सच्चादो ण विब्भंसिदव्वे त्ति। (यन्मयाशोकदोहदनियोगे मालविकायै प्रतिज्ञातम् तदस्या अभिजनं च निवेद्य मम वचनेनेरावतीमनुनय—त्वयाहं न सत्याद् विभ्रंशयितव्येति।)

प्रतीहारी—जं देवी आणवेदि। [इति निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य] भट्टिणि! पुत्तविजअ-

---

राजा—मौद्गल्य! सचमुच इस हाथीके बच्चेने तो हाथियोंके नायकका काम कर डाला।

कञ्चुकी—देव! कुमारकी इस वीरतासे मुझे कोई बड़ा अचरज नहीं हो रहा है, क्योंकि जैसे समुद्रको जला डालनेवाले बड़वानलका जन्म उरुजन्मा (और्व) ऋषिसे हुआ है वैसे ही इनका भी जन्म आपसे हुआ है जो आजतक किसीसे नहीं हारे हैं ॥१७॥

राजा—मौद्गल्य! जाओ, यज्ञसेनके सालेके साथ-साथ और भी जितने बन्दी हों उनको छोड़ दो।

कञ्चुकी—देवकी जैसी आज्ञा। [चला जाता है]

धारिणी—जाओ, जयसेना। इरावती आदि रनिवासकी सब रानियोंसे हमारे पुत्रके विजयकी बात कह तो आओ। [प्रतीहारी जाना चाहती है।]

धारिणी—और सुनो!

प्रतीहारी—[लौटकर] जी कहिए।

धारिणी—[अलग] देखो! अशोकके फूलनेके लिये मैंने मालविकासे जो प्रतिज्ञा की थी वह बात और इनके ऊँचे घरानेकी बात कहकर मेरी ओरसे इरावतीसे विनय करना कि देखो! अब आप कोई ऐसी बात न कर बैठें कि मुझे अपने वचनसे हटना पड़े।

प्रतीहारी—जैसी देवीकी आज्ञा। [बाहर जाकर फिर आ जाती है।] स्वामिनी! आपके

णिमित्तेण परिदोसेण अन्तेउराणं आहरणाणं मंजूसम्हि संवुत्ता । (यद्देव्याज्ञापयति । भट्टिनि ! पुत्रविजयनिमित्तेन परितोषेणान्तःपुराणामाभरणानां मञ्जूषास्मि संवृत्ता ।)

धारिणी—एवं किं अच्चरिअं । साहारणो क्खु ताणं मह अ अअं अब्भुदओ । (एतत्कि-माश्चर्यम् । साधारणः खलु तासां मम चायमभ्युदयः ।)

प्रतीहारी—[जनान्तिकम्] भट्टिणि ! इरावदी उण विण्णवेदि—सरिसं देवीए पहवन्तीए । तुह वअणं संकप्पिअं ण जुज्जदि अण्णहा कादुं त्ति । (भट्टिनि ! इरावती पुनर्विज्ञापयति—सदृशं देव्याः प्रभवन्त्याः । तव वचनं संकल्पितं न युज्यतेऽन्यथाकर्तुमिति ।)

धारिणी—भअवदि ! तुए अणुमदा इच्छामि अज्जसुमदिणा पढमसंकप्पिदं मालविअं अज्जउत्तस्स पडिवादेदुं । (भगवती । त्वयानुमतेच्छाम्यार्यसुमतिना प्रथमसकल्पितां मालविकामार्य-पुत्राय प्रतिपादयितुम् ।)

परिव्राजिका—इदानीमपि त्वमेवास्याः प्रभवसि ।

धारिणी—[मालविकां हस्ते गृहीत्वा ।] इदं अज्जउत्तो पिअणिवेदणाणुरूवं पारितोसिअं पडिच्छदु त्ति । (इदमार्यपुत्रः प्रियनिवेदनानुरूपं पारितोषिकं प्रतीच्छत्विति ।)

[राजा व्रीडां नाटयति ।]

धारिणी—[सस्मितम्] किं अवधीरेदि अज्जउत्तो । (किमवधीरयत्यार्यपुत्रः ।)

विदूषकः—भोदि । एसो लोअव्ववहारो । सव्वो णववरो लज्जादुरो होदि त्ति । (भवति । एष लोकव्यवहारः । सर्वो नववरो लज्जातुरो भवतीति ।)

[राजा विदूषकमवेक्षते ।]

पुत्रकी विजय सुनकर मुझपर पुरस्कारोंकी इतनी बौछार हुई कि मैं रनिवासके गहनोंकी पिटारी ही बन गई हूँ ।

धारिणी—इसमें अचरजकी क्या बात है, इसमें तो उनका और मेरा दोनोंका समान ही गौरव है न ।

प्रतीहारी—[अलग] स्वामिनी ! इरावतीने यह भी कहलाया है कि आपने अपने गौरवके अनुकूल ही बात सोची है । जो कुछ आप कह चुकी हैं उसे पूरा कीजिए ।

धारिणी—भगवती ! आर्य सुमतिने आर्यपुत्रसे मालविकाका विवाह करानेका जो पहले विचार कर रक्खा था उसे मैं आपकी सम्मतिसे पूरा कर देना चाहती हूँ ।

परिव्राजिका—अब भी तो आप ही इनकी सब कुछ हैं ।

धारिणी—[मालविकाका हाथ पकड़कर] आर्यपुत्र ! कुमारकी विजयका प्यारा समाचार सुनानेका यह प्यारा पारितोषिक तो लीजिए ।

[राजा लजा जाते हैं ।]

धारिणी—[मुसकराकर] क्या आर्यपुत्र मेरी भेंट नहीं स्वीकार करना चाहते ?

विदूषक—देवी ! यह तो लोक व्यवहार दिखा रहे हैं । सभी नये दूल्हे ऐसे समय लजाया ही करते हैं ।

[राजा विदूषककी ओर देखते हैं ।]

विदूषकः—ग्रह देवीए एव्व किदप्पणग्रविसेसं दिण्णदेवीसद्दं मालविग्रं ग्रत्तभवं पडिग्गहीदुं इच्छदि। (अथ देव्यैव कृतप्रणयविशेषां दत्तदेवीशब्दां मालविकामत्रभवान्प्रतिग्रहीतुमिच्छति।)

धारिणी—एदाए राग्रदारिग्राए ग्रहिजणेण एव्व दिण्णो देवीसद्दो किं पुणरुत्तेण। (एतस्या राजदारिकाया अभिजनेनैव दत्तो देवीशब्दः किं पुनरुक्तेन।)

परिव्राजिका—मा मैवम्।

अप्याकरसमुत्पन्नो रत्नजातिपुरस्कृतः।
जातरूपेण कल्याणि! मणिः संयोगमर्हति ॥१८॥

धारिणी—[स्मृत्वा] मरिसेदु भग्रवदी। ग्रब्भुदग्रकहाए उद्दव ण लक्खिदं। जग्रसेणे। गच्छ दाव। कोसेग्रपत्तोण्णजुग्रलं उवणेहि। (मर्षयतु भगवति। अभ्युदयकथयोचित न लक्षितम्। जयसेने। गच्छ तावत्। कौशेयपत्रोर्णयुगलमुपनय।)

प्रतीहरी—जं देवी ग्राणवेदि। [इति निष्क्रम्य पत्रोर्णं गृहीत्वा पुनः प्रविश्य] देवी! एदम्। (यद्देव्याज्ञापयति। देवि। एतत्।)

धारिणी—[मालविकामवगुण्ठनवतीं कृत्वा] ग्रज्जउत्त। दाणिं इमं पडिच्छदु। (आर्यपुत्र! इदानीमिमां प्रतीच्छतु।)

राजा—त्वच्छासनादप्रवृत्ता एव वयम्। [अपवार्य] हन्त प्रतिगृहीता।

विदूषकः—ग्रहो देवीए ग्रणुऊलदा। (अहो देव्या अनुकूलता।)

[देवी परिजनमवलोकयति।]

विदूषक—जिन मालविकाको महारानीने ही इतने प्रेमसे देवी बना दिया है, उन्हें महाराज क्यों न स्वीकार कर लेंगे।

धारिणी—इन राजकुमारीके ऊँचे घरानेने ही इन्हें रानी बना दिया है। उसे दुहरानेकी क्या बात है।

परिव्राजिका—नहीं ऐसी बात नहीं है। खानसे निकले हुए सबसे अच्छे मणिको भी सोनेमें जड़नेकी आवश्यकता तो पड़ती ही है ॥१८॥

धारिणी—[कुछ स्मरण करके] क्षमा कीजिए भगवती! कुमारकी इस विजयके हुलासमें एक बड़ी आवश्यक बात तो मैं भूल ही गई। जयसेना! जा, उनी रेशमी जोड़ा तो ले आ।

प्रतीहारी—जैसी देवीकी आज्ञा। [जाती है और वस्त्र लेकर फिर आती है] यह लीजिए देवी!

धारिणी—[मालविकाके सिरपर उढ़ाकर] आर्यपुत्र! अब इसे स्वीकार कीजिए।

राजा—आप जो कहेंगी, वह तो मानना ही पड़ेगा। [अलग] अजी मैं तो इसे पहले ही स्वीकार कर चुका हूँ।

विदूषक—वाह! महारानी भी कैसी अच्छी हैं।

[रानी दासियोंकी ओर देखती हैं।]

प्रतीहारी—[मालविकामुपेत्य ।] जेदु भट्टिणी । (जयतु भर्ट्टिनी ।)

[देवी परिव्राजिकां निरीक्षते ।]

परिव्राजिका—नैतच्चित्रं त्वयि ।

प्रतिपक्षेणापि पतिं सेवन्ते भर्तृवत्सलाः साध्व्यः ।
अन्यसरितामपि जलं समुद्रगाः प्रापयन्त्युदधिम् ॥१६॥

[प्रविश्य]

निपुणिका—जेदु भट्टा । इरावदी विण्णावेदि—जं उवआरातिक्कमेण तदा भट्टिणो अवरद्धा तं सव्वं एव्व भत्तुणो अणुऊलं णाम मए आअरिदं । संपदं पुण्णमणोरहेण भत्तुणा पसादमत्तेण संभावइदव्वेत्ति । (जयतु भर्ता । इरावती विज्ञापयति—यदुपचारातिक्रमेण तदा भर्त्रे अपराद्धा तत्सर्वमेव भर्तुरनुकूलं नाम मयाचरितम् । सांप्रतं पूर्णमनोरथेन भर्त्रा प्रसादमात्रेण संभावयितव्येति ।)

धारिणी—णिउणिए । अवस्सं से सेविदं अज्जउत्तो जाणिस्सदि । (निपुणिके ! अवश्य मस्याः सेवितमार्यपुत्रो ज्ञास्यति ।)

निपुणिका—अणुग्गहीदम्हि । (अनुगृहीतास्मि ।)

परिव्राजिका—देव । अमुना युक्तसंबन्धेन चरितार्थं माधवसेनं सभाजयितुं गच्छामः ।

धारिणी—भअवदीए ण जुत्तं अम्हे हरिच्चइदुं । (भगवत्या न युक्तमस्मान्परित्यक्तुम् ।)

राजा—भगवति । मदीयेष्वेव लेखेषु तत्रभवतस्तस्यामुद्दिश्य सभाजनाक्षराणि पातयिष्यामः ।

प्रतीहारी—[मालविकाके पास जाकर] स्वामिनीकी जय हो ।

[महारानी परिव्राजिकाकी ओर देखती हैं ।]

परिव्राजिका—आपकी यह उदारता देखकर मुझे तनिक भी अचरज नहीं हुआ । क्योंकि पतिको प्यार करनेवाली स्त्रियाँ अपने लिये सौत लाकर भी पतिका मन रक्खा करती हैं। देखिए, समुद्रमें जानेवाली नदियाँ अपने साथ साथ दूसरी नदियोंका पानी भी समुद्रमें पहुँचा देती हैं ॥१६॥

निपुणिका—[आकर] स्वामीकी जय हो। इरावतीजीने कहलाया है कि मैंने महाराजकी बात न मानकर जो अपराध किया था, वह सब जान-बूझकर महाराजका काम बनानेके लिये ही रूपक रचा था। अब तो महाराजके मनकी साध पूरी हो गई है। इसलिये आशा है आप मुझे अवश्य क्षमा कर देंगे।

धारिणी—अरी निपुणिका ! उन्होंने आर्यपुत्रकी जो सेवा की है उसका ध्यान रक्खेंगे।

निपुणिका—बड़ी कृपा है।

परिव्राजिका—देव ! इस सुन्दर विवाह-सम्बन्धको सुनकर माधवसेन तो फूले न समावेंगे। इसीलिये मैं उन्हें बधाई देनेके लिये जाना चाहती हूँ।

धारिणी—हमें छोड़कर आपका जाना ठीक नहीं है।

राजा—भगवती ! हम अपने ही पत्रमें आपकी ओर से बधाई लिखवाकर भिजवा देंगे!

परिव्राजिका—युवयोः स्नेहात्परवानयं जनः ।

धारिणी—अज्जउत्त ! किं ते भुयो वि पिअं उवहरामि ।

(आर्यपुत्र ! किं ते भूयोऽपि प्रियमुपहरामि ।)

राजा—

त्वं मे प्रसादसुमुखी ! भव देवि नित्यमेतावतेव हृदये प्रतिपालनीयम् ।

तथापीदमस्तु ।

(भरतवाक्यम्)

आशास्यमीतिविगमप्रभृति प्रजानां संपत्स्यते न खलु गोप्तरि नाग्निमित्रे ॥२०॥

[इति निष्क्रान्ताः सर्वे ।]

॥ इति पञ्चमोऽङ्कः ॥

॥ समाप्तमिदं श्रीकालिदासकृतौ मालविकाग्निमित्रं नाम नाटकम् ॥

परिव्राजिका—मैं तो आप दोनोंके स्नेहमें बँधी ही हुई हूँ ।

धारिणी—आर्यपुत्र ! क्या मैं आपको कुछ और मनचाही बात कर सकती हूँ ।

राजा—देवि ! मैं तो बस इतना ही चाहता हूँ कि तुम सदा मुझपर प्रसन्न रहो । फिर भी इतना और हो जाय कि—

[भरतवाक्य]

जबतक अग्निमित्र राज्य करें तबतक उनकी प्रजामें किसी प्रकारके उपद्रव आदि न हों ॥२०॥

[सब चले जाते हैं ।]

॥ पाँचवाँ अङ्क समाप्त हुआ ॥

॥ महाकवि श्रीकालिदासका रचा हुआ मालविकाग्निमित्रम् नामका नाटक पूरा हुआ ॥

❀ श्रीमन्महाकविकालिदास-नाटक-प्रशस्तिः ❀

'काव्ये नाटकमस्ति रम्यरुचिरं तत्रापि शाकुन्तलम्'
इत्युक्तं रसिकैर्वचोऽतिललितं भूयो विवेक्तुंन्विदम् ।
श्रीमन्मालविकाग्निविक्रमलसत्सन्नाटकप्रोच्छलत्
स्वर्वाणीरसनाऽमृतं सरसयत् सम्मोहयेत्संसृतिम् ॥

—श्रीशः ।

['काव्योंमें नाटक ही सुन्दर होता है और नाटकोंमें अभिज्ञान शाकुन्तल ही सबसे सुन्दर है, यह बात रसिकोंने बड़ी सच्ची कही है, पर वे इस बातको ठीक-ठीक स्पष्ट नहीं कर पाए कि काव्यमें नाटक ही क्यों सुन्दर होता है। इसी बातको स्पष्ट करनेके लिये अभिज्ञान-शाकुन्तलके साथ साथ मालविकाग्निमित्र तथा विक्रमोर्वशीय नाटक भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं कि उनमें छलकता हुआ संस्कृतका मधुर अमृत सृष्टिके सब प्राणियोंको इतना रसमग्न कर दे कि लोगोंको संसारके और दूसरे काव्योंको पढ़नेकी सुध ही न रह जाय।]

—श्री ईश्वरदत्त पाण्डेय 'श्रीश'

तीसरा खण्ड

महाकवि कालिदासकी रचनाओंके सम्बन्धमें समष्टि रूपसे अथवा उनके किसी विशिष्ट ग्रन्थ अथवा किसी विशिष्ट पक्षपर विभिन्न विद्वानोंने जो पांडित्यपूर्ण विचार किया है, उन्हींका संग्रह आगेके लेखोंमें किया गया है। अन्तमे महाकवि कालिदासके ग्रन्थोंमें आए हुए व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों आदिका अभिधान कोषमें परिचय है और कालिदास-कालीन भारत का मानचित्र है।

समीक्षा-निबन्ध

—निबन्ध-सूची—

विक्रमादित्य

[डा० राजबली पाण्डेय, एम्० ए०, डी०, लिट्०]

जनश्रुति

मर्यादापुरुषोत्तम राम और कृष्णके पश्चात् भारतीय जनताने जिस शासकको अपने हृदय-सिंहासनपर आरूढ किया है वे विक्रमादित्य हैं। उनके आदर्श न्याय और लोकाराधनकी कहानियाँ भारतवर्षमें सर्वत्र प्रचलित हैं और आबालवृद्ध सभी उनके नाम और यशसे परिचित हैं। उनके सम्बन्धमें यह प्रसिद्ध जनश्रुति है कि वे उज्जयिनीनाथ गन्धर्वसेनके पुत्र थे। उन्होंने शकोंको परास्त करके अपनी विजयके उपलक्ष्यमें संवत्‌का प्रवर्तन किया था। वे स्वयं काव्यमर्मज्ञ तथा कालिदास आदि कवियोंके आश्रयदाता थे। भारतीय ज्योतिष गणनासे भी इस बातकी पुष्टि होती है कि ईसासे ५७ वर्ष पूर्व विक्रमादित्यने विक्रम-संवत्‌का प्रचार किया था।

अनुश्रुति

भारतीय साहित्यमें अंकित अनुश्रुतिने भी उपर्युक्त जनश्रुतिको किसी न किसी रूपमें स्वीकार किया है। इनमेंसे कुछका उल्लेख नीचे किया जाता है—

(१) अनुश्रुतिके अनुसार विक्रमादित्यका प्रथम उल्लेख गाथासप्तशतीमें इस प्रकार मिलता है—

संवाहण सुहरस तोसिएण दन्तेण तुह करे लक्खम्।
चलणेण विक्कमाइत्तचरिअं अणुसिक्खिअं तिस्सा ॥५।६४

इसकी टीका करते हुए गदाधर लिखते हैं—"पक्षे संवाहण संबाधनम्। लक्खम् लक्षम्। विक्रमादित्योऽपि भृत्यकर्तृकेण शत्रुसम्बाधनेन तुष्टः सन् भृत्यस्य करे लक्षम् ददातीत्यर्थः।" इससे यह प्रकट होता है कि गाथाके रचना कालमें यह बात प्रसिद्ध थी कि विक्रमादित्य नामक एक प्रतापी तथा उदार शासक थे जिन्होंने शत्रुओंपर विजय पानेके उपलक्ष्यमें भृत्योंको लाखोंका उपहार दिया था। गाथासप्तशतीका रचयिता सातवाहन राजा हाल प्रथम शताब्दि ईस्वीमें हुआ था। अतः विक्रमादित्यकी ऐतिहासिकता इसके पूर्व ही सिद्ध होती है। इस ऐतिहासिक तथ्यका प्रतिपादन महामहोपाध्याय प० हरप्रसाद शास्त्रीने भली भाँति किया था। (एपिग्राफिया इंडिका, जिल्द १२, पृ० ३२०)। इसके विरुद्ध डा० देवदत्त रामकृष्ण भाण्डारकरने गाथा सप्तशतीमें आए हुए ज्योतिषके संकेतोंके आधारपर कुछ आपत्तियाँ उठाई थीं (भाण्डारकर स्मारक ग्रन्थ, पृ० १८७-१८९ किन्तु इनका निराकरण म० म० प० गौरीशंकर हीराचंद ओझाने भली भाँति कर दिया है (प्राचीन लिपिमाला, पृ० १६८)।

(२) जैन पण्डित मेरुतुंगाचार्य रचित पट्टावलीमें लिखा है कि नभोवाहनके पश्चात् गर्दभिल्लने उज्जयिनीमें तेरह वर्षतक राज्य किया। उसके अत्याचारके कारण कालकाचार्यने शकोंको बुलाकर उसका उन्मूलन किया। शकोंने उज्जयिनीमें चौदह वर्षतक राज्य किया। इसके पश्चात् गर्दभिल्लके पुत्र विक्रमादित्यने शकोंसे उज्जयिनीका राज्य लौटा लिया। यह घटना महावीर निर्वाणके ४७०वें वर्षमें (५२७–४७०=५७ ई० पू०) हुई। विक्रमादित्यने साठ वर्षतक राज्य किया। उनके पुत्र विक्रमचरित उपनाम धर्मादित्यने ४० वर्षतक शासन किया। तत्पश्चात् भैल्ल, नैल्ल तथा नाहडने क्रमशः ११,१४ तथा १० वर्ष राज्य किया। इस समय महावीर-निर्वाणके ६०५ वर्ष पश्चात् (६०५–५२७=७८ ई० पू०) शक संवत्का प्रवर्तन हुआ।

(३) प्रबन्धकोषके अनुसार महावीर-निर्वाणके ४७० वर्ष पश्चात् (५२७–४७०=५७ ई० पू०) विक्रमादित्यने संवत्का प्रवर्तन किया।

(४) धनेश्वरसूरी विरचित शत्रुञ्जय महात्म्यमें इस बातका उल्लेख है कि वीर (महावीर) संवत्के ४६६ वर्ष बीत जाने पर विक्रमादित्यका प्रादुर्भाव होगा। उनके ४७७ वर्ष पश्चात् शिलादित्य अथवा भोज शासन करेगा। इस ग्रंथकी रचना ४७७ विक्रम संवत्में हुई जब कि वलभीके राजा शिलादित्यने सुराष्ट्रसे बौद्धोंको खदेड़ कर कई तीर्थोंको उनसे लौटा लिया था। (देखिए डा० भाउदा जी, जरनल ऑफ बौम्बे एशियाटिक सोसाइटी, जिल्द ६, पृ० २९–३०)।

(५) सोमदेव भट्ट-विरचित कथासरित्सागर (लम्बक १८, तरंग १) में भी विक्रमादित्यकी कथा आती है। इसके अनुसार विक्रमादित्य उज्जयिनीके राजा थे। इनके पिताका नाम महेन्द्रादित्य तथा माता का नाम सौम्यदर्शना था। महेन्द्रादित्यने पुत्रकी कामनासे शिवकी आराधना की। इस समय पृथ्वी म्लेच्छाक्रान्त थी। अतः, इसके त्राणके लिये देवताओंने भी शिवसे प्रार्थना की। शिवजीने अपने गण माल्यवान्को[1] बुलाकर कहा कि पृथ्वीका उद्धार करनेके लिये तुम मनुष्यका अवतार लेकर उज्जयिनी नाथ महेन्द्रादित्यके यहाँ पुत्र रूपसे उत्पन्न हो। पुत्र उत्पन्न होनेपर शिवके आदेशानुसार महेन्द्रादित्यने उसका नाम विक्रमादित्य तथा उपनाम (शत्रु संहारक होनेके कारण) विषमशील रखा। बालक विक्रमादित्य पढ़ लिखकर सब शास्त्रोंमें पारंगत हुए और प्राज्यविक्रम होनेपर उनका अभिषेक किया गया। वे बड़े ही प्रजावत्सल राजा हुए। इनके विषयमें लिखा है—

स पिता पितृहीनानां बन्धूनाञ्च स बान्धवः।
अनाथानां च नाथः स प्रजानां कः स नाभवत् ॥१८।१।६६

[वे पितृहीनोंके पिता, बन्धुरहितोंके बन्धु और अनाथोंके नाथ थे। प्रजाके तो वे सर्वस्व ही थे।] इसके अनन्तर विक्रमादित्यकी विस्तृत विजयों और अद्भुत कृत्योंका अतिरंजित वर्णन है।

कथासरित्सागर अपेक्षाकृत अर्वाचीन ग्रंथ होते हुए भी क्षेमेन्द्रलिखित बृहत्कथामञ्जरी और अनन्तोगरथा बृहत्कथा (गुणाढ्य रचित) पर अवलंबित है। गुणाढ्य सातवाहन हालका समकालीन था जो विक्रमादित्यसे लगभग १०० वर्ष पीछे हुआ था। अतः, सोमदेव द्वारा कथित अनुश्रुति

१ कथाके पौराणिक शैलीमें 'गण' से गण-तन्त्र और 'माल्यवान्' से मालव जातिका आभास मिलता है।

विक्रमादित्यके इतिहाससे सर्वथा अनभिज्ञ नहीं हो सकते। सोमदेवके सम्बन्धमें एक और बात ध्यान देनेकी है। वे उज्जयिनीके विक्रमादित्यके अतिरिक्त एक दूसरे विक्रमादित्यको जानते हैं जो पाटलिपुत्रका राजा था। 'विक्रमादित्य इत्यासीद्राजा पाटलीपुत्रके' (लम्बक ७, तरंग ४)। इसलिये जो आधुनिक ऐतिहासिक मगधाधिप पाटलिपुत्र-नाथ गुप्त सम्राटोंको केवल उज्जयिनीनाथ विक्रमादित्यसे अभिन्न समझते हैं वे अपनी परम्परा और अनश्रुतिके साथ बलात्कार करते हैं।

(६) द्वात्रिंशत्पुत्तलिका, राजावली आदि ग्रन्थों तथा राजपूतानेमें प्रचलित (टॉडके राजस्थानमें संकलित) अनुश्रुतियोंमें उज्जयिनीनाथ शकारि विक्रमादित्यकी अनेक कथाएँ मिलती हैं।

साधारण जनताकी जिज्ञासा इन्हीं अनुश्रुतियोंसे तृप्त हो जाती है और वह परम्परासे परिचित लोक-प्रसिद्ध विक्रमादित्यके सम्बन्धमें अधिक गवेषणा करनेकी चेष्टा नहीं करती। किन्तु आधुनिक इतिहासकारोंके लिये केवल अनुश्रुतिका प्रमाण पर्याप्त नहीं। वे देखना चाहते हैं कि अन्य साधनों-द्वारा ज्ञात इतिहाससे परम्परा और अनुश्रुतिकी पुष्टि होती है या नहीं। विक्रमादित्यकी ऐतिहासिकताके सम्बन्धमें वे निम्नलिखित प्रश्नोंका समाधान करना चाहते हैं—

ऐतिहासिक प्रश्न—

(१) विक्रमादित्यने जिस संवत्‌का प्रवर्तन किया था उसका प्रारम्भ कबसे होता है?

(२) क्या प्रथम शताब्दि ई० पू० में कोई प्रसिद्ध राजवंश अथवा महापुरुष मालवा प्रान्तमें हुआ था या नहीं?

(३) क्या उस समय कोई ऐसी महत्त्वपूर्ण घटना हुई थी जिसके उपलक्ष्यमें संवत्‌का प्रवर्तन हो सकता था?

इन प्रश्नोंको लेकर अबतक प्रायः जो ऐतिहासिक अनुसंधान होते रहे हैं उनका सारांश संक्षेपमें इस प्रकार दिया जाता है—

(१) यद्यपि ज्योतिष-गणनाके अनुसार विक्रम संवत्‌का प्रारम्भ ५७ ई० पू० में होता है किन्तु ईसाकी प्रथम कई शताब्दियोंतक साहित्य तथा उत्कीर्ण लेखोंमें इस संवत्‌का कहीं प्रयोग नहीं पाया जाता। मालवा प्रान्तमें प्रथम स्थानीय संवत् मालवगण स्थिति-काल था जिसका पता मन्दसोर प्रस्तर-लेखसे लगा है— मालवानां गणस्थित्या याते शतचतुष्टये। (फ्लीट:—गुप्त उत्कीर्ण लेख सं० १८) यह लेख पाँचवीं शताब्दि ई० का है।

(२) प्रथम शताब्दि ई० में किसी प्रसिद्ध राजवंश अथवा महापुरुषका मालवप्रान्तमें पता नहीं।

(३) इस कालमें कोई ऐसी क्रान्तिकारी घटना मालवप्रान्तमें नहीं हुई जिसके उपलक्ष्यमें संवत्‌का प्रवर्तन हो सकता था।

उपर्युक्त खोजोंसे यह परिणाम निकाला गया है प्रथम शताब्दि ई० पू० में विक्रमादित्य नामक कोई शासक नहीं हुआ। तत्कालीन विक्रमादित्य कल्पना-प्रसूत है। संभवतः मालवसंवत्‌का प्रारम्भ ई० पू० प्रथम शताब्दिमें हुआ था। पीछेसे विक्रमादित्य उपाधिधारी किसी राजाने अपना विरुद इसके साथ जोड़ दिया। इस प्रकार संवत्‌के प्रवर्तक विक्रमादित्यकी ऐतिहासिकता बहुतसे विद्वानोंके मतमें असिद्ध हो जाती है। इस प्रक्रियाका फल यह हुआ कि कतिपय प्राच्यविद्या-

विशारदोंने प्रथम शताब्दि ई० पू० के लगभग इतिहासमें प्रसिद्ध राजाओंको विक्रम-संवत्का प्रवर्तक सिद्ध करनेकी चेष्टा प्रारम्भ की।

आनुमानिक मत—

(१) फर्गुसनने एक विचित्र मतका प्रतिपादन किया। उनका कथन है कि जिसको ५७ ई० पू० में प्रारम्भ होनेवाला विक्रम संवत् कहते हैं वह वास्तवमें ५४४ ई० में प्रचलित किया गया था। उज्जयिनीके राजा विक्रम हर्षने ५४४ ई० में म्लेच्छोंको (शकोंको) कोरूरके युद्धमें हराकर विजयके उपलक्ष्यमें संवत्का प्रचार किया। इस संवत्को प्राचीन और आदरणीय बनानेके लिये इसका प्रारम्भकाल ६×१०० (अथवा १०×६०)=६०० वर्ष पीछे फेंक दिया गया। इस प्रकार ५६ ई० पू० में प्रचलित विक्रम संवत्से इसको अभिन्न मान लिया गया है। किन्तु क्यों ६०० वर्ष ही पहले इसका प्रारम्भ ढकेल दिया गया इसका समाधान फर्गुसनके पास नहीं है। इसके अतिरिक्त ५४४ ई० के पूर्व मालव संवत् ५२९ (मंदसोर प्रस्तर अभिलेख, फ्लीट—गुप्त उत्कीर्ण लेख सं० १८) तथा विक्रम-संवत् ४३० (काबो अभिलेख इंडि० ऐंटि० वर्ष १८७६; पृ० १५२ के प्रयोग मिल जानेसे फर्गुसनके मतका भवन ही धराशायी हो जाता है (फर्गुसनके मतके लिए देखिए इंडियन ऐंटिक्वेरी, वर्ष १८७६, पृ० १८२)

(२) डॉ० फ्लीटका मत था कि ५७ ई० पू० में प्रारम्भ होनेवाले विक्रम संवत्का प्रवर्तन कनिष्कके राज्यारोहण कालसे प्रारम्भ होता है (जरनल ऑफ दी रोयल एशियाटिक सोसाइटी, वर्ष १९०७ पृ० १६९)। अपने मतके समर्थनमें उनका तर्क यह है कि कनिष्क भारतीय इतिहासका प्रसिद्ध विजयी राजा था। उसने अन्ताराष्ट्रिय साम्राज्यकी स्थापना की। बौद्ध धर्मके इतिहासमें भी अशोकके पश्चात् उसीका स्थान है। ऐसे प्रतापी राजाका संवत् चलना सर्वथा स्वाभाविक था। परन्तु यह मत डॉ० फ्लीटके अतिरिक्त प्राय अन्य किसी विद्वान्को मान्य नहीं है। प्रथम तो अभी कनिष्कका समय ही अनिश्चित है। दूसरे एक विदेशी राजाके द्वारा देशके एक कोनेमें प्रवर्तित संवत् देशव्यापी नहीं हो सकता था। तीसरे यह बात प्राय सिद्ध है कि कुषणोंने कश्मीर तथा पञ्जाबमें जिस संवत्का व्यवहार किया था, वह पूर्व प्रचलित सप्तर्षि संवत् था जिसमें सहस्र तथा शतके अंक लुप्त हैं। यदि यह बात अमान्य भी समझी जाय तो भी कुषण संवत् वंशगत था और कुषणोंके पश्चात् पश्चिमोत्तर भारतमें इसका प्रचार नहीं मिलता।

(३) श्री वेलङ्कर गोपाल ऐयरने अपनी पुस्तक 'प्राचीन भारतका तिथिक्रम' (क्रोनोलोजी ऑफ एंशिएन्ट इण्डिया, पृष्ठ १७५) में इस मतका प्रतिपादन किया है कि विक्रम संवत्का प्रवर्तक कुषाणवंशी महाराज काडफिस था। 'विक्रम संवत् वास्तवमें मालव-संवत् है। मन्दसोर प्रस्तर-लेखमें स्पष्ट कहा गया है कि मालव जातिके सघटन कालसे इसका प्रचलन हुआ (मालवानां गणस्थित्या याते शतचतुष्टये। फ्लीट गुप्त उत्कीर्ण लेख सं०—१८)। कुषणों द्वारा इस संवत्का प्रवर्तन नहीं हो सकता था। एक तो कनिष्कका समय विक्रमकालीन नहीं। दूसरे यह बात सिद्ध नहीं कि उसका राज्य कभी मथुरा और बनारसके आगे भी फैला था। शत्रपोंके अतिरिक्त किसी अन्य दीर्घजीवी राजवंशका पता नहीं चलता जिसका मालव प्रान्तपर आधिपत्य हो और जिसको संवत्का प्रवर्तक माना जा सके। अब हम इन सब बातोंको ध्यानमें रखते हुए रुद्रदामनके गिरनार लेखमें

पढ़ते हैं कि सब वर्णोंने अपनी रक्षाके लिये उसको अपना अधिपति चुना था (सर्ववर्णैरभिगम्य पतित्वे वृतेन—एपिग्राफिया इंडिया जिल्द ८, पृ० ४७) तब यह बात हम स्वीकार करते हैं कि मालवा और गुजरातकी सब जातियोंने उसको उसी प्रकार अपना राजा चुना था जिस प्रकार इसके पूर्व उन्होंने रुद्रदामनके पिता जयदामन् और उसके पितामह चाष्टनको चुना था। प्राचीन ग्रन्थ ऐतरेय ब्राह्मणमें लिखा है कि पश्चिमके सभी राजाओंका अभिषेक स्वराज्यके लिये होता है और उनकी उपाधि स्वराट् होती है। इन स्वतंत्र जातियोंने एकतामें शक्तिका अनुभव करते हुए तथा आवश्यकताके आगे सिर झुकाकर अपने ऊपर विजयी चाष्टनके आधिपत्यमें अपनेको एकत्र करके संघटित किया। यही महान् घटना—एक बड़े शासकके आधिपत्यमें मालव जातियोंका संघटन—७५ ई० पू० में सवत्के प्रवर्तनसे उपलक्षित हुई। तबसे यह सवत् मालवामें प्रचलित है। चाष्टन और रुद्रदामनने मालवके पड़ोसी प्रान्तों पर भी शासन किया इसलिये सवत्का प्रचार विन्ध्यपर्वतके उत्तरके प्रदेशोंमें भी हो गया।

ऐयर महोदयका यह कथन, स्वत: सिद्ध है कि विक्रम-सवत् वास्तवमें मालव संवत् है। कनिष्कके विक्रम-सवत्के प्रवर्तक होनेके विरोधमें उनका तर्क भी युक्तिसगत है। किन्तु कनिष्कसे कहीं स्वल्पशक्तिशाली प्रान्तीय विदेशी क्षत्रप, जिसके साथ राष्ट्रीय जीवनका कोई अश संलग्न नहीं था, सवत्के प्रवर्तनमें कैसे कारण हो सकता था, यह बात समझमें नहीं आती। रुद्रदामनके अभिलेखमें सब वर्णोंद्वारा राजाके चुनावका उल्लेख केवल प्रशस्ति मात्र है। प्रत्येक शासक अपने अधिकारको प्रजा-सम्मत करनेकी नीतिका प्रयोग करता है। इसके अतिरिक्त यदि रुद्रदामन् लोकप्रिय हो भी गया हो तो उसका यह गुण दो पीढ़ी पहले चाष्टनमें, संघर्षकी नवीनता तथा शीघ्रताके कारण, नहीं आ सकता था। श्री ऐयरकी यह युक्ति अत्यन्त उपहासास्पद जान पड़ती है कि मालवगणने चाष्टनके आधिपत्यमें अपना सघटन किया और उसके उपलक्ष्यमें सवत्का प्रवर्तन किया। राजनीतिका यह एक साधारण नियम है कि कोई भी विदेशी शासक विजित जातियोंको तुरन्त सघटित होनेका अवसर नहीं देता है। फिर अपने पराजयकालसे मालवोंने सवत्का प्रारम्भ किया हो, यह बात भी असाधारण जान पड़ती है।

(४) स्व० डॉ० काशीप्रसाद जायसवालने जैन अनुश्रुतिके आधारपर यह निष्कर्ष निकाला कि "जैन गाथाओं और लोकप्रिय कथाओंका विक्रमादित्य गौतमपुत्र शातकर्णि था। प्रथम शताब्दि ई० पू० में मालवमें मालवगण वर्तमान था, जैसा कि उसके प्राप्त सिक्कोंसे सिद्ध होता है। शातकर्णि और मालवकी सयुक्त शक्तिने शकोंको पराजित किया। इसलिये शकोंकी पराजयमें मुख्य भाग लेनेवाले शातकर्णि 'विक्रमादित्य' के विरुदसे विक्रम सम्वत्का प्रवर्तन हुआ। मालवगणने भी उसके साथ सन्धिके विशेष ठहराव (स्थिति, आम्नाय) के अनुसार अपना इस समय सघटन किया और इसी समयसे मालवगण-स्थिति काल भी प्रारम्भ हुआ। (जरनल ऑफ बिहार ऐण्ड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी, जिल्द १६, वर्ष १९३०)।

उपर्युक्त कथनमें मालव सातवाहन सघका बनाना तो स्वाभाविक जान पड़ता है (यदि इस समय साम्राज्यवादी सातवाहनोंका अस्तित्व होना संभव हो) किन्तु शातकर्णि विक्रमादित्य (?)-की विजयसे मालवगण गौरवान्वित हुआ और उसके साथ सन्धि करके मालव संवत्का प्रवर्तन किया, यह बात पूर्ण रूपसे काल्पनिक और असगत है। इसके साथ ही यह भी ध्यान देनेकी बात है कि

गौतमीपुत्र शातकर्णिने न केवल शकोंको हराया वरन् शक, छहरात, अवन्ति, आवर आदि अनेक प्रान्तोंपर अपना आधिपत्य स्थापित किया (नासिक उत्कीर्ण लेख, एपिग्राफिया इंडिका, जिल्द ८, पृ० ६०)। उसकी दिग्विजय की घटना मालवगण-स्थितिसे बहुत पीछेकी जान पड़ती है। साहित्य तथा उत्कीर्ण लेख किसीसे भी इस बातका प्रमाण नहीं मिलता कि किसी सातवाहन राजाने कभी विक्रमादित्यकी उपाधि धारण की थी। सातवाहन राजाओंका तिथिक्रम अभीतक अनिश्चित है। अपने विभिन्न मतोंकी सिद्धिके लिये विद्वानोंने उसको धपलेमें डाल रखा है। किन्तु बहुसम्मत सिद्धान्त यह है कि कण्वों के पश्चात् साम्राज्यवादी सातवाहनोंका प्रादुर्भाव प्रथम शताब्दी ई० पू० के अपरार्द्धमें हुआ। इसलिये आन्ध्र वंशका तेईसवां राजा गौतमीपुत्र शातकर्णि प्रथम शताब्दी ई० पू० में नहीं रखा जा सकता। सातवाहन राजाओंने लेखोंमें जो तिथियां दी हुई हैं वे उनके राज्यवर्षोंकी हैं, उनमें विक्रम-संवत् या अन्य किसी क्रमबद्ध संवत्का उल्लेख नहीं है। श्रीजायसवालके इस मतके सम्बन्धमें सबसे अधिक निर्णायक गाथासप्तशतीका प्रमाण है। आन्ध्र वंशके सत्रहवें राजा हालके समयमें लिखित यह ग्रन्थ विक्रमादित्यके अस्तित्व और यशसे परिचित है, अतः इस वंशका तेईसवां राजा गौतमी-पुत्र शातकर्णि तो किसी अवस्थामें भी विक्रमादित्य नहीं हो सकता।

सीधा ऐतिहासिक प्रयत्न—

इस प्रकार विक्रमादित्यके अनुसन्धानमें प्राच्य विद्या-विशारदोंने अपनी उर्वर कल्पना-शक्तिका परिचय दिया है। किंतु इस प्रकारके प्रयत्नसे विक्रमादित्यकी ऐतिहासिकताकी समस्या हल नहीं होती। यदि परम्पराके समुचित आदरके साथ सीधी ऐतिहासिक खोज की जाय तो संवत्-प्रवर्तक विक्रमादित्यका पता सरलतासे लग सकता है। वास्तविक विक्रमादित्यके लिये निम्नलिखित बातोंको पूरा करना आवश्यक है —

(१) मालवा प्रदेश और उज्जयिनी राजधानी।
(२) शकारि होना।
(३) ५७ ई० पू० में संवत्का प्रवर्तक होना और
(४) कालिदासका आश्रयदाता होना।

अनुशीलन—

(१) यह बात अब ऐतिहासिक खोजोंसे सिद्ध हो गई है कि प्रारम्भमें मालवप्रदेशमें प्रचलित होनेवाला संवत् मालवगणका सम्वत् था। सिकन्दरके भारतीय आक्रमणके समय मालव जाति पंजाबमें रहती थी। मालव क्षुद्रक गणसंघने सिकन्दरका विरोध किया था, किन्तु पारस्परिक फूटके कारण मालवगण अकेला लड़कर यूनानियोंसे हार गया। इसके पश्चात् मौर्योंके कठोर नियन्त्रणसे मालवजाति निष्प्रभ-सी होगई। मौर्य-साम्राज्यके अंतिम कालमें जब पश्चिमोत्तर भारतपर बाह्लिकोंके आक्रमण प्रारम्भ हुए तब उत्तरपथकी मालवादि कई गणजातियां वहांसे पूर्वी राजपूताना होते हुए मध्यभारत पहुँचीं और वहांपर उन्होंने अपने नये उपनिवेश स्थापित किए। समुद्रगुप्तके प्रयाग-प्रशस्ति लेखसे सिद्ध है कि चौथी शताब्दी ई० पू० के पूर्वार्द्धमें उसके साम्राज्यकी दक्षिण-पश्चिम सीमापर कई गण-राष्ट्र वर्तमान थे। किन्तु इसके पहले प्रथम द्वितीय शताब्दी ई०

पू० में मालवजाति आकर अवन्ति (मालव प्रान्त) में पहुँच गई थी, यह बात मुद्रा-शास्त्रसे प्रमाणित है। यहाँपर एक प्रकारके सिक्के मिले हैं जिनपर ब्राह्मी अक्षरोंमें 'मालवानां जयः' लिखा है (इण्डियन म्यूजियम क्वायन्स जिल्द १, पृ० १६२; कनिंघम—आर्कियोलोजिकल सर्वे रिपोर्ट, जिल्द, ६, पृ० १६५—७४)।

(२) ई० पू० प्रथम शताब्दीके मध्यमें मगध-साम्राज्यका भग्नावशेष काण्वोंकी क्षीण शक्तिके रूपमें पूर्वी भारतमें बचा हुआ था। बाख्त्रियोंके पश्चात् पश्चिमोत्तर शकोंके आक्रमण होने लगे। शक जातिने सिन्ध प्रान्तके मार्गसे भारतवर्षमें प्रवेश किया। यहाँसे उसकी एक शाखा सुराष्ट्र होते हुए अवन्ति आकरकी ओर बढ़ने लगी। इस अवस्थामें मध्यभारतके गणराष्ट्रोंसे शकोंका संघर्ष होना सर्वथा स्वाभाविक था। बाहरी आक्रमणके समय गणजातियाँ संघ बनाकर लड़ती थीं। इस संघका नेतृत्व मालवगणने किया और शकोंको पीछे ढकेलकर सिन्ध-प्रान्तके छोरतक पहुँचा दिया। कालकाचार्य-कथामें शकोंको निमन्त्रण देना, अवन्तिके ऊपर उनका अस्थायी आधिपत्य और अन्तमें विक्रमादित्यके द्वारा उनका निर्वासन—इस सभी घटनाओंका मेल इतिहासकी उपर्युक्त धारासे बैठ जाता है।

(३) शकोंको पराजित करनेके कारण मालवगण-मुख्यका शकारि एक विरुद हो गया। यद्यपि इस घटनासे शकोंका आतंक सदाके लिये दूर नहीं हुआ, तथापि यह एक क्रान्तिकारी घटना थी और इसके फलस्वरूप लगभग डेढ़सौ वर्षोंतक भारतवर्ष शकोंके आधिपत्यसे सुरक्षित रहा। इसलिये इस विजयके उपलक्ष्यमें संवत्का प्रवर्तन हुआ और मालवगणके दृढ़ होनेसे इसका गण-नाम मालवगण स्थिति या मालवगण काल पड़ा।

(४) अब यह विचार करना है कि मालवगण मुख्य कालिदासके आश्रयदाता हो सकते हैं या नहीं? अभिज्ञान-शाकुन्तलकी कतिपय प्राचीन प्रतियोंमें नान्दीके अन्तमें लिखा मिलता है कि इस नाटकका अभिनय विक्रमादित्यकी परिषदमें हुआ था। 'सूत्रधार—आर्ये इयं हि रसभाव-विशेषदीक्षागुरोर्विक्रमादित्यस्याभिरूपभूयिष्ठा परिषत्। अस्यांञ्च कालिदासग्रथितवस्तुना नवेनाभि-ज्ञानशाकुन्तलनामधेयेन नाटकेनोपस्थातव्यमस्माभिः। तत् प्रतिपात्रमाधीयतां यत्नः'। नान्दन्ते।" (जीवानन्द विद्यासागर संस्करण, कलकत्ता, १९१४ ई०)। अभी अभीतक विक्रमादित्य एकतांत्रिक राजा ही समझे जाते रहे हैं। किन्तु काशी-विश्वविद्यालयमें हिन्दी विभागके अध्यक्ष स्वर्गीय प० केशवप्रसाद मिश्रके पास सुरक्षित अभिज्ञानशाकुन्तलकी एक हस्तलिखित प्रति (प्रतिलेखन काल —अगहनसुदी ५, संवत् १६६६ वि०) ने विक्रमादित्यका गणसे सम्बन्ध व्यक्त कर दिया है। इसके निम्नांकित अवतरण ध्यान देने योग्य हैं—

(अ) आर्ये! रसभावविशेषदीक्षागुरो विक्रमादित्यस्य साहसाङ्कस्याभिरूपभूयिष्ठेयं परिषत्। अस्यांञ्च कालिदासप्रयुक्तेनाभिज्ञानशाकुन्तलेन नवेन नाटकेनोपस्थातव्यमस्माभिः (नान्द्यन्ते)।

(आ) भवतु तव बिडौजाः प्राज्यवृष्टिः प्रजासु
त्वमपि विततयज्ञो वज्रिणं भावयेथाः।
गणशतपरिवर्तैरेवमन्योन्यकृत्य-
नियतमुभयलोकानुग्रहश्लाघनीयैः॥ (भरतवाक्य)

उपर्युक्त अवतरणोंमें रेखांकित पदोंसे यह स्पष्ट जान पड़ता है कि जिन विक्रमादित्यका यहाँ निर्देश है उनका व्यक्तिवाचक नाम विक्रमादित्य और उपाधि 'साहसाङ्क' है। भरतवाक्यका 'गण' शब्द

कृत काव्यकारका होना सम्भव था। 'पुनरुत्थान' मतके मुख्य प्रवर्तक मैक्समूलर थे। पीछेकी ऐतिहासिक खोजोंसे यह मत असिद्ध हो गया है (विस्तृत विवेचनके लिए देखिए डा० जी० ब्यूलर, इंडियन ऐंटिक्वेरी, वर्ष १९१३)। 'बौद्धकाल' में न तो वैदिक धर्म लुप्त हुआ था और न संस्कृत साहित्य ही। गुप्तकालके पहले ईसाकी दूसरी शताब्दीमें सुराष्ट्रके महाक्षत्रप रुद्रदामन्‌के गिरनार अभिलेखमें गद्य-काव्यका बड़ा ही सुन्दर उदाहरण मिलता है ''''''''''पर्जन्येनैकार्णवभूतायामिव पृथिव्यां कृतायां''''''युगनिधनसदृशपरमघोरवेगेन वायुना प्रमथित सलिलविक्षिप्तजर्जरीकृताव''''''। एपिग्राफिया इंडिका, जिल्द ८, पृ० ४७। राजकीय व्यवहारका यह गद्यकाव्य अवश्य ही उस युगमें वर्तमान पद्य-काव्यके अनुकरणपर लिखा गया होगा। ई० पू० शुंग कालमें रचित पातञ्जल महाभाष्यमें उद्धृत उदाहरणोंमें काव्योंकी शैली और छन्द पाए जाते हैं। (कीलहोर्न: महाभाष्यका संस्करण)। इसके अतिरिक्त रामायण तथा महाभारत-जैसे महाकाव्योंके अधिकांश भाग ई० पू० में लिखे गए थे। मनु तथा याज्ञवल्क्य-स्मृतियाँ ईसाकी पार्श्ववर्ती शताब्दियोंमें लिखी गई थीं। काव्यकी उपर्युक्त धाराके प्रकाशमें प्रथम शताब्दी ई० पू० में कालिदासके नाटकों और काव्योंकी रचना पूर्णतः असम्भव नहीं जान पड़ती।

(२) कालिदासके काव्यों और बौद्ध पण्डित अश्वघोषके बुद्धचरित नामक काव्यमें अत्यधिक साम्य है। कथानककी सृष्टि और विकास, वर्णन-शैली, अलंकारोंका प्रयोग, छन्दोंका चुनाव, शब्दविन्यासादि में दोनों कलाकारोंमें से एक दूसरेसे अत्यन्त प्रभावित हैं। इसका एक उदाहरण नीचे दिया जाता है—

रघुवंश	बुद्धचरित
ततस्तदालोकन तत्पराणां	ततः कुमारः खलु गच्छतीति
सौधेषु चामीकरजालवत्सु।	श्रुत्वा स्त्रियः प्रेष्य जनात्प्रवृत्तिम्।
बभूवुरित्थं पुरसुन्दरीणां	दिदृक्षया हर्म्यतलानि जग्मुः
त्यक्तान्यकार्याणि विचेष्टितानि ७।५॥	जनेन मान्येन कृताभ्यनुज्ञाः ॥३।११

यह तो प्रायः सभी विद्वान् मानते हैं कि कालिदासकी रचना दोनोंमें श्रेष्ठ है। परन्तु उनमेंसे कतिपय यह भी मान लेते हैं कि संस्कृत काव्यके विकासमें अश्वघोष पहले हुए। कालिदासने उनका अनुकरण कर अपनी शैलीका विकास और परिमार्जन किया। अश्वघोष कुषण सम्राट् कनिष्कके समकालीन थे, जिनका समय प्रथम अथवा द्वितीय शताब्दी ई० है। इसलिये कालिदासका काल तीसरी शताब्दीके पश्चात् संभवतः गुप्त कालमें होना चाहिए (इ० बी० कोवेल-अश्वघोषका बुद्धचरित, भूमिका)। विचार करनेपर यह युक्ति-परम्परा सर्वथा असंगत जान पड़ती है। यह बात विदित है कि प्रारम्भिक बौद्ध साहित्य पालि प्राकृतमें लिखा गया था। पीछे संस्कृत साहित्यके प्रभाव और उपयोगिताको स्वीकारकर बौद्ध लेखकोंने संस्कृतको अपने साहित्य और दर्शनका माध्यम बनाया। इसलिये संस्कृतकी काव्यशैलीके प्रचलित और परिष्कृत हो जानेपर उन्होंने उसका अनुसरण किया। अतः, स्पष्ट है कि अश्वघोषने कालिदासकी शैलीका अनुसरण किया। यदि उनकी कला अपेक्षाकृत हीन है तो यह अनुकरण का दोष है। प्रायः अनुकरण करनेवाले अपने आदर्शकी समता नहीं कर पाते।

(३) कालिदासको पाँचवी या छठी शताब्दी ई० में खींच लानेमें एक प्रमाण यह भी दिया जाता है कि उनके ग्रन्थोंमें यवन, शक, पह्लव, हूणादि जातियोंके नाम आते हैं। हूणोंने ५०० ई० में भारतवर्षपर आक्रमण प्रारम्भ किया। अतः इसका उल्लेख करनेवाले कालिदासका समय इसके पश्चात् होना चाहिए (लिटरेरी रिमेन्स ऑफ डा० भाऊदाजी, पृ० ४६।) परन्तु ध्यान देनेकी बात तो यह है कि रघुवंशमें हूणों अथवा अन्य जातियोंका वर्णन विदेशी विजेताके रूपमें नहीं आता। रघुने अपनी दिग्विजयमें उनको भारतकी सीमाके बाहर पराजित किया था, अतः कालिदासके समयमें हूणोंको भारतकी पश्चिमोत्तर सीमाके पास कहीं रहना चाहिए। चीन तथा मध्य एशियाके इतिहाससे प्रमाणित हो गया है कि ई० पू० पहली तथा दूसरी शताब्दीमें हूण पामीरके पूर्वोत्तरमें आ चुके थे। (गुल्ट्ज लैंक—चीनका इतिहास, जिल्द १, पृ० २२०)।

(४) ज्योतिषके बहुतसे संकेत कालिदासके ग्रन्थोंमें आए हैं। कई एक विद्वानोंका मत है कि कुषाण-कालके पश्चात् भारतीयोंने ज्योतिषके बहुतसे सिद्धान्त यूनान और रोमसे सीखे थे। इसलिये कालिदासका समय इसके बहुत पीछे होना चाहिए। परन्तु इस बातको माननेवाले इस सत्यको भूल जाते हैं कि स्वयं यूनानियों ने कई शताब्दी ई० पू० में बैबिलोनियाके लोगोंसे ज्योतिष-शास्त्र सीखा था। (मैक्समूलर—इण्डिया, ह्वाट कैन इट टीच अस, पृ० ३६१)। चौथी पाँचवीं शताब्दी ई० पू० में पारसीक सम्पर्कमें भारतवर्ष भली-भाँति आ गया था, अतः यह बैबिलोनिया और चाल्डियाका ज्योतिष सीधे सरलतासे सीख सकता था (प्रो० एस० बी० दीक्षित—भारतीय ज्योतिषका प्राचीन इतिहास, पृ० १५७)। ईसासे बहुत पहले रचित रामायणमें ज्योतिषके सिद्धान्तोंका अधिक प्रयोग किया गया है—

नक्षत्रेऽदिति दैवत्ये स्वोच्चसंस्थेषु पञ्चसु।
ग्रहेषु कर्कटे लग्ने वाक्पता विदुना सह॥
(वा० का०, सर्ग १८, श्लो० ९)

पुष्ये जातस्तु भरतो मीनलग्ने प्रसन्नधी।
सार्पे जातौ तु सौमित्री कुलीरेऽभ्युदिते रवौ॥
(वा० का०, सर्ग १८, श्लो० १५)

उदिते विमले सूर्ये पुष्ये चाभ्यागतेऽहनि।
लग्ने कर्कटके प्राप्ते जन्म रामस्य च स्थिते॥ आदि।
(अयो०, सर्ग १५, श्लो० ३)

(५) वराहमिहिरकी तथाकथित समकालीनतासे भी कालिदासका समय पाँचवीं शताब्दी ई० में निश्चित किया जाता है। ज्योतिर्विदाभरणमें निम्नलिखित उल्लेख है—

धन्वन्तरिक्षपणकामरसिंहशङ्कुवेतालभट्टघटखर्परकालिदासाः।
ख्यातो वराहमिहिरो नृपतेः सभायां रत्नानि वै वररुचिर्नव विक्रमस्य॥

इस अवतरणके सम्बन्धमें प्रथम तो यह कहना है कि जिस ग्रन्थमें इसका उल्लेख है वह कालिदासकी रचना नहीं है। दूसरे एक दो को छोड़कर यहाँ जितने रत्न विक्रम-सभामें एकत्र किए

गए हैं वे समकालीन नहीं। तीसरे यह अनुश्रुति पीछेकी और केवल एक ही है; अन्यत्र कहीं भी इसकी चर्चा नहीं। अतः, वराहमिहिरकी कालिदाससे समकालीनता उसी प्रकार कल्पनाजन्य जान पड़ती है जिस प्रकार कालिदास और भवभूतिके एक सभामें एकत्र होनेकी किंवदन्ती।

इस प्रकार कालिदासको गुप्तकालीन और इस कारणसे विक्रमादित्यको गुप्त-सम्राट् सिद्ध करनेकी युक्तियाँ तर्कसिद्ध नहीं जान पड़ती हैं। विक्रमादित्यके गुप्त-सम्राट् होनेके विरुद्ध निम्न-लिखित कठोर आपत्तियाँ हैं—

(१) गुप्त-सम्राटोंका अपना वंशगत संवत् है। उनके किसी भी उत्कीर्ण लेखमें मालव अथवा विक्रम-संवत्का उल्लेख नहीं है। जब उन्होंने ही विक्रम-संवत्का प्रयोग नहीं किया तो पीछेसे उनके गौरवास्तके पश्चात् जनताने उनका सम्बन्ध विक्रम-संवत्से जोड़ दिया हो, यह बात समझमें नहीं आती।

(२) गुप्त-सम्राट् पाटलिपुत्र नाथ थे, किन्तु अनुश्रुतियोंके विक्रमादित्य उज्जयिनी-नाथ थे। यद्यपि उज्जयिनी गुप्तोंकी प्रान्तीय राजधानी थी, किन्तु वे प्रधानतः पाटलिपुत्राधीश्वर और मगधाधिप थे। *मुगल सम्राट दिल्लीके अतिरिक्त आगरा, लाहौर और श्रीनगरमें भी रहते थे।* फिर भी वे दिल्लीश्वर ही कहलाते थे। इसके अतिरिक्त सोमदेवभट्टने अपने कथासरित्सागर में स्पष्टतः दो विक्रमादित्योंका उल्लेख किया है—एक उज्जयिनीके विक्रम तथा दूसरे पाटलिपुत्रके। उनके मनमें इस सम्बन्धमें कोई भ्रम नहीं था।

(३) उज्जयिनीके विक्रमका नाम विक्रमादित्य था, उपाधि नहीं। कथासरित्सागरमें लिखा है कि उनके पिताने जन्म-दिनको ही उनका नाम शिवजीके आदेशानुसार विक्रमादित्य रक्खा। अभि-षेकके समय यह नाम अथवा विरुदके रूपसे पीछे नहीं रक्खा गया। इसके विरुद्ध किसी गुप्त सम्राट्का नाम विक्रमादित्य नहीं था। द्वितीय चन्द्रगुप्त तथा स्कन्दगुप्तके विरुद क्रमशः विक्रमादित्य और विक्रमादित्य (कहीं-कहीं विक्रमादित्य भी)। समुद्रगुप्तने तो यह उपाधि कभी धारण ही नहीं की। कुमारगुप्तकी उपाधि महेन्द्रादित्य थी, नाम नहीं। उपाधि प्रचलित होनेके लिये यह आवश्यक है कि उसके नामका कोई लोक-प्रसिद्ध व्यक्ति हुआ हो जिसके अनुकरणपर पीछेके महत्वाकांक्षी लोग उस नामकी उपाधि धारण करें। रोममें सीजर उपाधिधारी राजाओंके पहले सीजर नामक सम्राट् हुआ था। इसी प्रकार विक्रम उपाधिधारी गुप्त नरेशों के पूर्व विक्रमादित्य नामधारी शासक अवश्य ही हुआ होगा और यह महापराक्रमी मालवगण-मुख्य विक्रमादित्य साहसाङ्क ही था।

विक्रम और उनके नवरत्न

(स्व० पं० ईशदत्त शास्त्री 'श्रीश' साहित्यदर्शनाचार्य, साहित्यरत्न)

सा रम्या नगरी, महान् स नृपतिः, सामन्तचक्रं च तत्,
पार्श्वे तस्य च सा विदग्धपरिषत्, ताश्चन्द्रबिम्बानना
उन्मत्तः स च राजपुत्र-निवहः, ते वन्दिनः, ताः कथाः,
सर्वं यस्य वशादगात् स्मृतिपथं, कालाय तस्मै नमः ॥

—भर्तृहरि

[वह जगमगाती राजधानी ! वह महान् सम्राट् ! वह सामन्तोंका समूह ! वह बड़े-बड़े कला-कोविदोंसे विभूषित राज-दरबार ! वे चन्द्रमुखी ललनाएँ ! वह मन्दोन्मत्त राजकुमारोंका झुण्ड ! वे प्रशस्ति-पाठक चारण ! वे बातें !—वह सब कुछ जिसकी कृपासे विस्मृतिके गहरे गर्तमें डूब गया, उस काल भगवानको बार बार नमस्कार है।]

जब जब हम अपने २००० वर्षों के सांस्कृतिक अतीतके अन्वेषणमें प्रवृत्त होते हैं तब-तब भर्तृहरिकी इस सूक्तिकी ओर मन अकस्मात् आकृष्ट हो जाता है। जिस महान् विक्रमादित्यका स्वर्णिम शासन हमारी पर सहस्र भावनाओंकी आधार शिला है, जिसके उदात्त दया दाक्षिण्य तथा अथाह शौर्य वीर्यकी गाथाएँ हमें रोमाञ्चित करती रहती हैं—आज हममें से बहुतोंको उनके अस्तित्वका अन्वेषण करना पड़ता है, यह काल भगवानकी महिमा नहीं, तो क्या है?

प्रस्तावित विक्रम-संवत् प्रवर्तक, शक-समुद्र शोषक, सम्राट् विक्रमादित्यकी कीर्ति गीति-भविष्य-पुराण, कथासरित्सागर, बृहत्कथामञ्जरी, सप्तसाहसांकचरित, प्रबन्धचिंतामणि, ज्योतिर्विदाभरणम्, कालकाचार्य कथानक, विक्रमार्कचरितम्, आदि अनेक ग्रन्थोंमें अनेक आकृति-प्रकृतिमें मिलती है। यह हमारी सत्य शक्तिपर निर्भर है कि हम सूक्ष्म ऊहापोह शक्ति-द्वारा विवेचनपूर्वक तात्त्विक-घटनाओं पर प्रकाश डालें। नवरत्नोंके सम्बन्धकी कुछ बातें यहाँ थोड़ेमें दी जाती हैं, पाठक स्वयं न्यायोचित निर्णय कर सकते हैं—

धन्वन्तरि—

नवरत्नोंमें सर्व-प्रथम इन्हींका उल्लेख किया गया है। किन्तु, सूक्ति-सुभाषित सग्रहोंमें इनका एक भी पद्य नहीं मिलता। पण्डित-परम्परामें तो ये समुद्रसे निकले हुए भगवान् धन्वन्तरि ही समझे जाते हैं। अनुसन्धानसे इनके ६ ग्रन्थोंका पता लगता है, जो सभी आयुर्वेदिक चिकित्सा-शास्त्रसे सम्बद्ध हैं। इन ग्रन्थोंमेंसे "धन्वन्तरि निघण्टु" जो ६ अध्यायोंमें बँटा हुआ है, वैद्योंका महान् उपकारक और अतिप्रसिद्ध ग्रंथ है। अमरकोशके प्रणेता अमरसिंहसे ये अति प्राचीन हैं

और इनका बनाया कोई "रत्नमाला" कोश भी था—इसका पता क्षीरस्वामीकी लिखी "अमरकोश" की टीकासे लगता है।

क्षपणक—

इनके नामसे ही प्रतीत होता है कि ये बौद्ध सन्यासी थे, किन्तु कुछ लोग इस मतके विरुद्ध हैं। इनका लिखा कोई विशेष ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है। भिक्षाटन काव्यसे इनकी एक रचना उद्धृत की जाती है।

> नीतिर्भूमिभुजां, नतिर्गुणवतां, ह्रीरङ्गनानां, रतिः
> दम्पत्योः, शिशवो गृहस्य, कविता बुद्धेः, प्रसादो गिराम्।
> लावण्यं वपुषः, श्रुतिः सुमनसां, शान्तिर्द्विजस्य, क्षमा
> शक्तस्य, द्रविणं गृहाश्रमवतां, शीलं सतां मण्डनम्॥

राजाओं, गुणियों, स्त्रियों, पति-पत्नियों, मकानों, बुद्धि, वाणी, शरीर, प्रसन्नमनों, ब्राह्मणों, तपस्वियों, गृहाश्रमियों, और सज्जन पुरुषोंके अलंकार क्रमशः नीति, विनय, लज्जा, रति, बालक कविता, प्रसादगुण, सौंदर्य, वेदज्ञान, शान्ति, क्षमा, धन, शील (सरस्वभाव) ये गुण हैं। एक विद्वानका कहना है कि "नानार्थकोश" भी इन्हींकी रचना है।

अमरसिंह—

भारतीय समाज इन्हें जैन विद्वानके रूपमें ही जानता है। इसका मुख्य कारण 'कविकल्पलताके' प्रणेताका भी इसी नामका होना है। इस भ्रमका खण्डन प्रसिद्ध अन्वेषक विद्वान राहुल सांकृत्यायनने अनेक प्रमाणों से किया है। बोधगयाके वर्तमान बुद्ध मन्दिरसे प्राप्त एक शिलालेखसे ज्ञात होता है कि इस मन्दिरके निर्माता यही थे। एक मात्र 'अमरकोश' ग्रन्थसे इस प्रकारका अखण्ड यश प्राप्त करना इनकी पुण्य-प्रबलताका द्योतक है। भारतीय पण्डितोंमें यह उक्ति प्रख्यात है—अष्टाध्यायी जगन्माताऽमरकोशो जगत्पिता। पाणिनिकी अष्टाध्यायी और अमरसिंहका कोश ये जगत्के (पाण्डित्यके लिये माता-पिताके समान) उपकारक हैं।

'अमरकोश' तीन काण्डोंमें लिखा गया संस्कृतका सर्वश्रेष्ठ उपयोगी कोश-ग्रन्थ है। इतने बड़े पैमानेपर शायद ही किसी दूसरे कोश-ग्रन्थका प्रचार हो। इस लोकप्रिय कोशपर कुल मिलाकर ४० टीकाएँ हैं। तिब्बती और चीनी भाषाओंमें भी इसका रूपान्तर हो चुका है।

यद्यपि इनका कोई काव्य-ग्रन्थ नहीं प्राप्त होता है, तथापि 'अमरकोश' की सरस प्रवाह शैली अपने निर्माताके अन्तरमें मुखरित कवित्वकी मधुरिम धाराको छिपा नहीं सकी है। 'सदुक्तिकर्णामृत" में इनके सम्बन्धमें लिखा है—

> प्रयोगव्युत्पत्तौ प्रतिपदविशेषार्थकथने
> प्रसत्तौ गाम्भीर्ये रसवति च काव्यार्थ रचने।
> अगम्यायामन्यैर्दिशि परिणतावर्थ वचसो-
> र्मतं चेदस्माकं कविरमरसिंहो विजयते॥

प्रयोगोंकी शुद्धतामें, प्रत्येक पदके यथार्थ अर्थके प्रकाशनमें, प्रसाद गुणमें, भावोंकी गम्भीरतामें

रसशालिनी कविताकी रचनामें, शब्द और अर्थके अन्यजनदुर्लभभाव—परिपाकमें (यदि मेरी बात मानी जाय तो) अमरसिंह कवि ही सर्वोत्तम हैं।

शङ्कु—

नवरत्नोंमें अमरसिंहके अनन्तर इनका नाम लिया जाता है। वास्तवमें इनका 'शङ्कुक' है। "काव्य प्रकाश" नामक साहित्य-शास्त्रके विश्रुतनामा ग्रन्थमें उसके रचयिता मम्मटभट्टने रस निरूपणके प्रकरणमें भट्ट लोल्लटके बाद इनके मतका उल्लेख किया है। काश्मीरवासी "कल्हण" की "राजतरङ्गिणी" यहपढनेमें आता है—

> अथ मम्मोत्पलयोरुदभूद्दारुणो रणः।
> रुद्धप्रवाहा यत्रासीद् वितस्ता सुभटैर्हतैः॥
> कविर्बुधमनः सिन्धुशशाङ्कः शङ्कुकाभिधः।
> यमुद्दिश्याकरोत्काव्यं भुवनाभ्युदयाभिधम्॥

मम्म और उत्पल इन दोनों राजाओंमें ऐसी लड़ाई हुईकि उसमें मरे हुए वीर सैनिकोंकी लोथोंसे वितस्ताका (झेलम) प्रवाह रुक गया !—उस युद्धको लेकर पण्डितों के हृदयरूपी समुद्रके चन्द्रमा शङ्कुक कविने "भुवनाभ्युदयम्" नामक काव्य लिखा। इससे सिद्ध होता है कि "शंकुक" का "भुवनाभ्युदयम्" किसी समय प्रसिद्धिकी पराकाष्ठाको प्राप्त था। किन्तु, काल-क्रमसे ह्रासके चारोंचक्रमें पडकर वह अपने अस्तित्वको भी खो बैठा और आज पुरातत्त्वका विषय बन गया ! अब तो प्रयत्न करनेपर सूक्ति-संग्रहोंमें इनकी कुछ रचनाएं पाई जा सकती हैं। इनकी तरह कहनेका ढंग संस्कृत-कवियों में विरलेमें ही मिलेगा—

> दुर्वाराः स्मरमार्गणाः, प्रियतमो दूरे, मनोऽप्युत्सुकं
> गाढं प्रेम, नवं वयोऽति कठिनाः प्राणाः कुलं निर्मलम्।
> स्त्रीत्वं, धैर्यविरोधि, मन्मथसुहृत् कालः, कृतान्तोऽक्षमी
> नो सख्यश्चतुराः कथं नु विरहः सोढव्य इत्थं मया॥

[कामदेवके बाण अचूक निशाना मार रहे हैं, प्राणनाथ परदेशमें हैं उनके लिये मन उत्कंठित हो गया है, अनुराग गाढ़ा है, अवस्था नवीन है, (प्राण कठोर है जल्दी निकल नहीं जाते), कुल पवित्र ठहरा, स्त्रीका स्वभाव कभी धीरज नहीं धरता, आजकलका समय (वसन्त ऋतु) 'पञ्चबाण' का पक्का मित्र है, मृत्यु किसीको क्षमा करना जानती नहीं, सखियां चतुर नहीं, (जो पतिसे मिलने का प्रबन्ध करतीं) ऐसी स्थितिमें यह विरह सहा कैसे जाय ? छोटे-से-छोटे पदमें सुन्दर-से-सुन्दर भावोंके गुम्फनमें ये अद्वितीय, अद्भुत और आश्चर्यजनक कलाकार थे।

वेतालभट्ट—

विक्रम और वेतालके सम्बन्धमें श्रोता और वक्ताके रूपमें दोनोंकी कहानियां अपने देशमें आपण्डित-पामर प्रसिद्ध हैं। पण्डित लोग तो बात-बातमें "पुनर्वेतालस्तथैव रमते" के मुहावरेका प्रयोग करते देखे जाते हैं। "वेताल पञ्चविंशति" (वेताल पचीसी) का प्रचार इन्हीं कथाओंको लेकर है परन्तु निर्माताके रूपमें इनका कहीं भी कोई उल्लेख नहीं मिलता।

घटखर्पर—

कहा जाता है कि इनकी प्रतिज्ञा थी कि अनुप्रास और यमकमें जो कवि मुझे पराजित करेगा मैं उसके यहाँके फूटे घड़ेसे पानी भरा करूँगा ! यह एक ऐसी बात हुई कि इनका वास्तविक नाम लुप्त हो गया—उसके स्थानपर अप्रकृत नामकी ही ख्याति हुई। इनका बनाया हुआ "घटखर्पर काव्यम्" (खण्डकाव्य) प्राप्त है। इस काव्यमें कुल मिलाकर २२ श्लोक हैं। सभी यमक-भरे मोतीके दाने हैं। अनुप्रास और यमकके प्रयोगके लिए कविमें परिष्कृत प्रतिभा और लोकोत्तर क्षमता है।

भावानुरक्तवनिता-सुरतैः शपेय
मालम्ब्य चाम्बुतृषितः करकोशपेयम्।
जीयेय येन कविना यमकैः परेण
तस्मै वहेयमुदकं घट-खर्परेण॥

शब्द-अर्थ, भाव-भाषा, गुण-रीति, रस-अलंकार, इन सभी काव्यके उपादेय गुणोंका इनके द्वारा—यथास्थान उचित मात्रामें उपयोग किया गया है।

नीलशष्पमति भाति कोमलं
वारि विंदति च चातकोऽमलम्।
अम्बुदैः शिखिगणो विनाद्यते
का रतिः प्रिय ! मयाविनाऽद्यते॥

[इस ऋतुमें हरी-हरी मृदु-मृदु दूबोंका (चारों तरफ) बिछौना बिछा हुआ है, चातक (पपीहे) पानी (स्वाती) की बूँदोंका चोंचसे पान कर रहा है [घन गर्जन सुनकर मयूर केका-रव कर रहे हैं—लेकिन मेरे प्राण नाथ ! मुझे तुम्हारे वियोगमें यह सब तनिक भी नहीं सुहाता है।]

हंसा नदन्मेघभयाद् द्रवन्ति
निशामुखान्यद्य न चन्द्रवन्ति,
नवाम्बुमत्ताः शिखिनो नदन्ति
मेघागमे कुन्दसमानदन्ति॥

[हे कुन्द (फूल) के समान (उज्ज्वल) दाँतों वाली ! इस समय, (वर्षा ऋतुमें) गरजते हुए मेघोंके भयसे—हंस भागने लगते हैं, सायंकाल चन्द्रोदय देखनेमें ही नहीं आता, गरजते हुए बादलों की सुहावनी छटापर मुग्ध होकर मयूर बोलते हैं।]

विप्रलंभ-शृंगारका रसाप्लुत परिपाक जिस प्रकार कालिदासके मेघदूतमें मिलता है उसी प्रकार घटखर्परके प्रकृत खण्डकाव्यमें भी संयोग शृङ्गारका सुन्दर निरूपण मिलता है। इनके एक और ग्रन्थ "नीतिसार" का भी उल्लेख मिलता है।

कालिदास—

जैसा कि हम पूर्वमें लिख चुके हैं, महाकवि कालिदास, सम्राट् विक्रमादित्यके प्राणप्रिय कवि-मित्र थे। अवश्य ही उन्होंने अपनी रचनाओंमें विक्रमके व्यक्तित्वका उज्ज्वल स्वरूप-निरूपण किया है। इनके निम्नलिखित एक ही उदाहरणसे इनकी विक्रम-कालीनता स्पष्ट लक्षित होती है—

ततः परं दुष्प्रसहं द्विषद्भिर्नृपं नियुक्ता प्रतिहारभूमौ ।
निदर्शयामास विशेषदृश्यमिन्दुं नवोत्थानमिवेन्दुमत्यै ॥

अवन्तिनाथोऽयमुदग्रबाहुर्विशालवक्षास्तनुवृत्तमध्यः ।
आरोप्य चक्रभ्रममुष्णतेजास्त्वष्ट्रेव यत्नोल्लिखितो विभाति ॥

अस्य प्रयाणेषु समग्रशक्तेरग्रेसरैर्वाजिभिरुत्थितानि ।
कुर्वन्ति सामन्तशिखामणीनां प्रभाप्ररोहास्तमयं रजांसि ॥

असौ महाकालनिकेतनस्य वसन्नदूरे किल चन्द्रमौलेः ।
तमिस्रपक्षेऽपि सह प्रियाभिर्ज्योत्स्नावतो निर्विशति प्रदोषान् ॥

अनेन यूना सह पार्थिवेन रंभोरु कच्चिन्मनसो रुचिस्ते ।
सिप्रातरङ्गानिलकम्पितासु विहर्तुमुद्यानपरम्परासु ॥

तस्मिन्नभिद्योतितबन्धुपद्मे प्रतापसंशोषितशत्रुपङ्के ।
बबन्ध सा नोत्तमसौकुमार्या कुमुद्वती भानुमतीव भावम् ॥

[रघु० ६ स० ३१-३६]

[तब द्वारपालिका 'सुनन्दा' ने 'इन्दुमती' को नये उगे हुये इन्दुके समान दर्शनीय, शत्रुओंसे असह्य प्रतापवाले 'अवन्तिनाथ' को दिखाया और कहा देखो ! बड़ी-बड़ी बाहोंवाले गोल और पुष्ट कटिदेश-धारी, चौड़े-वक्षिष्ठ छातीवाले ये अवन्तीके राजा हैं। इनका शरीर-सौष्ठव इतना नयन-रमणीय है कि अनुमान होता है कि 'विश्वकर्मा' ने अपने "चक्रभ्रम" पर चढाकर इनके सौन्दर्यको यत्न-पूर्वक चमकाया है। जब ये अपनी समस्त 'समर-वाहिनी' के साथ प्रयाण करते हैं तो सेनासे उठी धूलसे बड़े-बड़े सामन्तोंके मौलि-मुकुट मलिन हो जाते हैं। ये भगवान् 'चन्द्रमौलि-महाकाल' के निकट रहते हैं अतएव कृष्णपक्षमें भी अपनी स्त्रियोंके साथ नित्य-पूर्णिमाका आनन्द लेते हैं। हे इन्दुमति ! इस युवा राजाके ऊपर तुम्हारी कुछ प्रीति हो तो सिप्राकी तरङ्गों से उठे हुए पवनसे कम्पित उद्यान-श्रेणीमें विहार करो।]

किन्तु अपने प्रतापसे शत्रु-पङ्कको सोखनेवाले और बन्धु-कमलको खिला देनेवाले, 'अवन्ती-पति' पर उत्तम सुकुमारी 'इन्दुमती' का भाव नहीं ठहर सका।

वराहमिहिर—

भारतीय ज्योतिष-शास्त्र इनसे गौरवास्पद हो गया है। इन्होंने "बृहज्जातक" "बृहत्पति संहिता" और "पञ्चसिद्धान्ती" इन तीन ग्रन्थोंका निर्माण किया किन्तु "गणक-तरङ्गिणी" में भारतीय ज्योतिषके अन्यतम आधुनिक आचार्य महामहोपाध्याय प० सुधाकर द्विवेदीने इनके अतिरिक्त "लघु-जातक", "समास संहिता", विवाह-पटल", "योग-यात्रा", नामक ग्रन्थोंका भी उल्लेख किया है। इनमें बृहज्जातक और लघुजातकका काशी और मिथिलामें प्रचुर प्रचार है। भट्ट उत्पल नामक विद्वान्के लेखसे ज्ञान है कि मगधमें उत्पन्न होनेवाले शाकद्वीपीय ब्राह्मणवंशके ये अलंकार थे। कापित्थ नगरी (वर्तमान 'कालपी') में बाल्यावस्था बीती, वहीं अध्ययन किया और

भगवान् सूर्यसे वरदान स्वरूप ज्योतिषशास्त्रका अप्रतिद्वन्द्वी पाण्डित्य प्राप्त किया। इनके पिताका नाम आदित्यदास था। इनके पृथुयश नामका एक विद्वान् पुत्र भी था। अपनी अगाध विद्वत्तासे इन्होंने प्रचुर यश और धन अर्जन किया। ये उज्जयिनीके सम्राट् विक्रमादित्यके आश्रयमें रहते थे। यहाँ इन्होंने अपनी नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभाके सहारे अरबी फारसीका भी प्रशंसनीय अभ्यास कर लिया। एक स्थानमें इन्होंने ज्योतिष शास्त्रकी महिमाके प्रसंगमें यह भी लिखा है—

म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम्।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्दैवविद्विजः॥

[यवन तो म्लेच्छ ठहरे, परन्तु उनमें भी इस शास्त्रका प्रचार है और इस कारण वे ऋषियोंके सदृश पूजाके योग्य माने जाते हैं, तब उस ब्राह्मणका क्या कहना है जो ज्योतिष शास्त्रका पण्डित है—वह तो सर्वथा पूजनीय है।]

वररुचि—

ये बड़े ही पुण्य-श्लोक कवि थे। अधिकसे अधिक ८–१० श्लोक इनके मिलते हैं जिन्हें सहृदय पाठक "सदुक्तिकर्णामृत", "सुभाषितावलि" और 'शार्ङ्गधर-संहिता' में पा सकते हैं। इतने पर भी इनकी गणना संस्कृतके नामाङ्कित कवियोंमें होती है। इस नामके तीन व्यक्ति मिलते हैं।

१—पाणिनीय व्याकरणपर वार्तिककार वररुचि कात्यायन।

२—'प्राकृत-प्रकाश" के प्रणेता वररुचि।

३—सूक्ति-ग्रंथोंमें प्राप्त इसी नामके कवि। इनमें प्रथम और तृतीयके वररुचि एक ही मान लिये गये हैं। प्रसिद्ध पुरातत्वज्ञ डा० भाण्डारकरके मतसे इनका गोत्र "कात्यायन" और नाम "वररुचि" है। पण्डित समाज इन्हें "दाक्षिणात्य" ही जानता है, किन्तु इधर इन्हें 'मैथिल" पगड़ी पहनानेके लिये "आटोपमय" प्रमाण तैयार किए गए हैं। अस्तु—ऐसे विषयके जिज्ञासुओंको—' कथा सरित्सागर" और "लघुविमुनि-कल्पतरु" देखना चाहिए।

ये व्याकरण-शास्त्रके प्रसिद्ध विद्वान् और वर्ष उपाध्यायके उत्कृष्टतम शिष्य थे। सम्भवतः *भाष्यकार पतञ्जलिके सतीर्थ्य भी। पतञ्जलिने अपने महाभाष्यमें एक स्थानपर 'वाररुच काव्यम्'* कहकर इनके किसी काव्यका निर्देश भी किया है। राजशेखरने अपनी "काव्य मीमांसा" में लिखा है—

"श्रूयते च पाटलिपुत्रे शास्त्रकार-परीक्षा—

अत्रोपवर्ष—वर्षाविह पाणिनिरिह व्याडि,
वररुचि-पतञ्जलि इह परीक्षिता ख्यातिमुपजग्मु॥

इस खड-वाक्यसे पूर्वोक्त सन्दर्भकी पुष्टि होती है।

बहुतसे मनीषियोंका अनुमान है कि पतञ्जलिके द्वारा वररुचिके जिस काव्यको इंगित किया गया है, उसका नाम सम्भवत "कण्ठाभरण" हो सकता है। क्योंकि राजशेखरने लिखा है—

यथार्थता कथं नाम्नि माभूद् वररुचेरिह।
व्यधत्त कण्ठाभरणं य सदारोहणप्रिय॥

किन्तु इस समय तो इस काव्यका दर्शन ही नहीं होता। इसके श्लोकोंमें पुष्ट भाषा, स्वच्छ अर्थ प्रौढ रसपरिपाकका पूर्ण आनन्द मिलता है।

कलमः फलभारातिगुरुमूर्धतया शनैः।
विनतामातिकोद्भूत समाघ्रातुमिवोत्पलम् ॥

[अगहनका धान, फलोंसे लदकर धीरेसे एक तरफ झुक गया है, मानो उस ओर पासमें खिले हुए कमलके फूलको सूंघना चाहता है।]

अस्या मनोहराकारकबरीभारनिर्जिताः।
लज्जयेव वनं वास चक्रुश्चमरबर्हिणः ॥

[इस नायिकाके सुशोभन केश-कलापकी छटासे पराजित होकर ही लज्जाके मारे मयूरोंने वनवास ले लिया।]

वामन ! फलमत्युच्चात्तरुतो मरुतोपनीतमुपलभ्य।
युक्तं यत्तृप्यसि दृप्यसि चेत्तत्तु हास्यतरम् ॥

[ऐ बौने ! (भलेमानस !) इस बहुत ऊँचे पेडसे (अचानक) हवाके झकोरेसे टपके हुये फलको पाकर जो तृप्त होते हो (यहां तक तो) सो ठीक है, लेकिन (फल तोडनेका) जो गर्व कर रहे हो—इससे बढ़कर हँसनेकी बात और क्या हो सकती है !!]

कालिदासके ग्रन्थोंकी उपादेयता

(पं० सीताराम जयराम जोशी, एम० ए०, साहित्याचार्य)

किसी ग्रन्थकी उपादेयता, उस ग्रन्थकी लोकप्रियतापर विशेष निर्भर होती है। जो ग्रन्थ विद्वान् तथा अविद्वान् दोनोंको समान रूपसे प्रिय होते हैं वे ही ग्रन्थ प्रशंसनीय होते हैं और उन्हींकी उपादेयता मान्य होती है। कालिदासके सभी ग्रन्थोंके इस प्रकारके होनेसे उनकी उपादेयता स्वतः सिद्ध है।

कालिदास और उनके ग्रन्थ संस्कृतके सभी विद्वानोंको पूर्ण परिचित हैं। उनके निर्मित रघुवंश तथा कुमार-सम्भव नामके दो महाकाव्य, मेघदूत नामका खण्डकाव्य तथा मालविकाग्निमित्र, विक्रमोर्वशीय और अभिज्ञानशाकुन्तल नामके तीन नाटक आबाल-वृद्धोंको ज्ञात हैं। संस्कृत साहित्यका अध्ययन उन्हींके ग्रन्थोंसे आरम्भ होता है और यह कह दें तो भी कोई अतिशयोक्ति न होगी कि संस्कृत साहित्यके अध्ययनकी परिसमाप्ति भी उन्हींके ग्रन्थोंको ठीक-ठीक समझनेमें ही हो सकती है। प्रसिद्ध विद्वान् टीकाकार मल्लिनाथके प्रस्ताविक श्लोकोंमें बड़ी ही सुन्दरताके साथ इस उक्तिकी पुष्टि की गई है। मल्लिनाथ संस्कृतभाषामें विद्यमान पञ्चमहाकाव्योंपर सर्वोत्तम टीका लिखनेवाले माने गए हैं। वे अनेक शास्त्रोंके पण्डित थे जैसा कि उन्हींके श्लोकोंसे पता चलता है:—

वाणीं काणभुजीमजीगणदवाशासीच्च वैयासिकीम्।
अन्तस्तन्त्रमरंस्त पन्नगगवीगुम्फेषु चाजागरीत्॥
वाचामाकलयद्रहस्यमखिलं यश्चाक्षपादस्फुराम्।
लोकेऽभूद्यदुपज्ञमेव विदुषां सौजन्यजन्यं यशः॥
मल्लिनाथ कविः सोऽयं मन्दात्मानुजिघृक्षया।
व्याचष्टे कालिदासीयं काव्यत्रयमनाकुलम्॥

कणाद-मुनिके वैशेषिक दर्शन, बादरायण व्यासजीके वेदान्त, पतञ्जलि मुनिके व्याकरण महाभाष्य और अक्षपादके न्याय आदि शास्त्रोंका उन्होंने अध्ययन किया था और वे सबमें पारंगत थे। इसके अतिरिक्त वे अच्छे कवि थे और साहित्य-विद्याके अच्छे पण्डित थे। ये ईस्वी सन्की १४ वीं शताब्दीमें विद्यमान थे। कालिदासके तीनों काव्योंपर इनके पूर्ववर्ती अनेक टीकाकार हुए हैं और विशेषकर रघुवंशकी टीका लिखनेवाले १८ अच्छे पण्डित नामतः ज्ञात हैं। उन टीकाकारोंमें कुछ विद्वान् विशेष योग्यतावाले भी हैं तथापि मल्लिनाथने अपने प्रस्ताविक श्लोकमें कहा है:—

भारती कालिदासस्य दुर्व्याख्या विषमूर्च्छिता।
एषा संजीविनी टीका तामद्योज्जीवयिष्यति॥

[कालिदासकी वाणी दोषपूर्ण टीकारूपी विषसे मूर्छित हो चुकी है। मेरी यह संजीविनी टीका उसमें जीवनका संचार करेगी।] इस उक्तिसे यह अनुमान भली प्रकार सिद्ध है कि उनके पूर्ववर्ती टीकाकार कालिदासके ग्रन्थोंको अच्छी तरह नहीं समझ पाए थे। उक्त श्लोकके पूर्वमें जो मल्लिनाथ कहते हैं—

कालिदासगिरा सारं कालिदाससरस्वती।
चतुर्मुखोऽथवा ब्रह्मा विदुर्नान्ये तु मादृशः॥

[कालिदासकी वाणीके सारको केवल आजतक तीन व्यक्तियोंने समझा है, एक तो विधाता ब्रह्माने, दूसरे वाग्देवी सरस्वतीने और तीसरे स्वयं कालिदासने। मेरे सदृश अल्पज्ञ उनको ठीक समझनेमें सर्वथा असमर्थ हैं।] जब मल्लिनाथकी कोटिके विद्वान् कालिदासकी रचनाओंको ठीक-ठीक नहीं समझ पाते हैं, तब कालिदास की योग्यताके विषयमें पाठक स्वयं अनुमान कर सकते हैं। उनके ग्रन्थ इस प्रकार रहस्यमय होते हुए भी इतने सरल हैं कि उनको छोड़कर दूसरा कोई भी ग्रन्थ प्रारम्भिक छात्रोंके लिये पाठ्य विषय नहीं हो सकता। इसलिये इन ग्रन्थोंके विषयमें महाकवि भवभूतिकी उक्ति "वज्रादपि कठोराणि मृदूनि कुसुमादपि। लोकोत्तराणां चेतांसि को नु विज्ञातुमर्हति" [संसारसे निराले उन महापुरुषोंके मनको कौन जान सकता है जो वज्रसे भी अधिक कठोर और फूलसे भी अधिक कोमल होते हैं।] चरितार्थ हो सकती है।

संस्कृत साहित्य और कालिदास इन दोनोंका सम्बन्ध अटूट है। संस्कृत साहित्यका सौष्ठव और सौरभ बहुत कुछ इन्हींके ग्रन्थोंपर निर्भर है। जिस प्रकार रामायण और महाभारत ये दो मार्ग काव्य सारे संस्कृतके कवियोंके उपजीव्य हैं उसी प्रकार कालिदासके काव्य, नाटक उनके पश्चाद्वर्ती सभी कवियोंके लिये अनुकरणीय बने हैं। यदि संस्कृत साहित्यसे कालिदासको हटा दिया जाय तो उसमें अन्य अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थोंके रहते हुए भी उस गीर्वाण-वाणीकी लोकप्रियतामें कमी आ जायगी। अमेरिकाके राइडर नामके विद्वान्ने कालिदासकी श्रेष्ठताको अनेक प्रकारसे स्थापित करते हुए अन्तमें यही कहा है कि—

'वी नो दैट कालिदास वाज ए ग्रेट पोएट, बिकोज दि वर्ल्ड हैज नोट बीन एबिल टु लीव हिम एलोन।' [हम जानते हैं कि कालिदास महान् कवि थे क्योंकि संसारने उनको उपेक्षित नहीं छोड़ा।]

कालिदासके बिना संस्कृत साहित्यका अध्ययन ही नहीं हो सकता। हम कालिदासको छोड़ नहीं सकते और छोड़कर सन्तोष नहीं पा सकते।

जर्मनीके जगत्प्रसिद्ध विद्वान् और कवि गेटे भी कालिदासके शाकुन्तलके अनुवादको पढ़कर आनन्द-वेगसे पागलसे हो गए और उन्होंने इस ग्रन्थकी विलक्षण प्रशंसा करते हुए यह कह डाला—

उड्स्ट दाउ दि यङ्ग ईयर्स ब्लोसम्स ऐण्ड फ्रूट्स ऑफ इट्स डिक्लाइन,
ऐण्ड ऑल बाइ व्हिच दि सोल इज चार्म्ड, एरैप्चर्ड फीस्टेड ऐण्ड फेड्।
उड्स्ट दाउ दि अर्थ ऐण्ड हेविन इट्सेल्फ इन वन सोल नेम कम्बाइन,
आइ नेम दी, ओ शकुन्तला! ऐण्ड ऑल ऐट् वन्स इज सेड्।'

[यदि तुम युवावस्थाके फूल और प्रौढ़ावस्थाके फल और अन्य ऐसी सामग्रियाँ एक ही स्थान पर खोजना चाहो जिनसे आत्मा प्रभावित होता हो, तृप्त होता हो और शांति पाता हो अर्थात् यदि

तुम स्वर्ग और मर्त्यलोकको एक ही स्थानपर देखना चाहते हो तो मेरे मुखसे सहसा एक ही नाम निकल पड़ता है—शकुन्तला ।]

कविकी वाणी प्रायः उसके हृदयका प्रतिबिम्ब होती है। कालिदासके विषयमें मल्लिनाथका यह कहना सर्वथा सत्य है कि कालिदासके ग्रन्थोंमें ऐसी कौन बात है जिसपर सभी दार्शनिक, तान्त्रिक कवि, तथा अन्य विद्वान् मुग्ध हैं। यदि ऐसा कहें कि उनके ग्रन्थोंमें चारों पुरुषार्थोंका प्रतिपादन कान्ताकी सी मधुर वाणीमें किया गया है तो रामायण महाभारतादि आर्ष काव्य उनसे कम नहीं हैं। उपनिषद्, भगवद्गीतादि धर्मशास्त्र तथा मोक्षशास्त्रके ग्रन्थ, महाभारतके अनेक पर्वों एव पुराणोंमें और स्वतन्त्र रूपसे भी विद्यमान अर्थशास्त्र और कामशास्त्रके ग्रन्थ—ये सब कालिदासके ग्रन्थोंके उपजीव्य हैं। इतना ही नहीं, वरन् उनके ग्रन्थोंमें सगीतादि अन्यान्य शास्त्रोंके विषय भी पाए जाते हैं। तथापि इतनेसे ही कालिदास हमें इस प्रकार प्रिय नहीं हो सकते जैसा हम इनको पाते हैं। यह भी मान लिया कि कालिदास निसर्गसे समरस थे, अतः उनके ग्रन्थोंमें निसर्ग अथवा प्रकृतिका वर्णन अनुपम हो उठा है। अलकारोंमें भी विशेष उपमा अलकारके वर्णनमें तो वे अद्वितीय ही हैं। मातृगुप्तके बतलाए हुए तीनों प्रकारके रस कालिदासके ग्रन्थोंमें पाए जाते हैं.—

रसास्तु त्रिविधाः वाचिकनैपथ्यस्वभावजाः ।
रसानुरूपैरालापैः श्लोकैर्वाक्यैः पदैस्तथा ॥
कर्म-रूप-वयो-जाति-देश-कालानुवर्तिभिः ।
माल्यभूषणवस्त्राद्यैः नेपथ्यरस इष्यते ॥
रूपयौवन—लावण्य—स्थैर्य—धैर्यादिभिर्गुणैः ।
रसः स्वाभाविको ज्ञेयः स च नाट्ये प्रशस्यते ॥

[रस तीन प्रकारके होते हैं—वाचिक, नेपथ्य और स्वभावज। रसके अनुरूप बातचीत, श्लोक वाक्य और पद कहना तो वाचिक रस है; कर्म रूप, वय, जाति, देश और कालके अनुरूप माला, आभूषण, वस्त्र आदि धारण करना नेपथ्य रस है और रूप यौवन, लावण्य, स्थैर्य, धैर्य, आदि गुणोंसे स्वाभाविक रस जानना चाहिए जो नाटकमें बहुत प्रशंसनीय समझा जाता है।

उनमें पहला है वस्तु मात्र में रहनेवाला स्वाभाविक रमणीय रस और दूसरा कृत्रिम रस है जिसे कवि, योग्य शब्द-सौष्ठवके द्वारा तथा उचित नेपथ्य-वर्णनसे प्रस्तुत करता है। ये सब कालिदासके ग्रन्थोंमें प्रचुर मात्रामें मिलते हैं। इतना होते हुए भी उनकी एक विशेषता यह भी है कि वे मनुष्यकी भूमिकामें स्थित होकर हमारी सभी प्रकारकी वासनाओंकी धाराओंको सुन्दर एव सूक्ष्म रूपसे चित्रित करते हैं जिसको पढ़ते समय पाठक तन्मय होकर काव्यके उस परम प्रयोजन सद्यः परनिर्वृतिका अनुभव करने लगता है जिसके सबधमें मम्मट भट्टने अपने 'काव्यप्रकाश' में बताया है कि काव्यरसका आस्वाद करते ही सब विषयोंको भूलकर मन केवल आनन्दमय बन जाता है। इसी आनन्दको स्थायी रूपसे प्राप्त करनेके लिये सारा ससार प्रयत्नशील है। आनन्द ही आत्माका वास्तविक स्वरूप है। अतः, जबतक मनुष्यको सच्चा आनन्द प्राप्त नहीं होता तबतक उसे शान्ति और समाधान प्राप्त नहीं हो सकता।

कालिदासका ग्रन्थ-निर्माणका प्रधान अभिप्राय जनार्दन-रूपी जनताका आराधना ही प्रतीत होता है। इस लक्ष्यको उन्होंने स्वयं विशद किया है। मालविकाग्निमित्र उनका पहला नाटक है। उसमें उन्होंने नाट्यके प्रयोजनको सुन्दर रूपसे प्रकट किया है—

देवानामिदमामनन्ति मुनयः शान्तं क्रतुं चाक्षुषम्।
रुद्रेणेदमुमाकृतव्यतिकरे स्वाङ्गे विभक्तं द्विधा ॥
त्रैगुण्योद्भवमत्र लोकचरितं नानारसं दृश्यते।
नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम् ॥

[देवताओंको यज्ञ प्रिय होता है। उनके नेत्रोंको तृप्त करनेवाला परम प्रिय यज्ञ इस नाट्य-कलाका अभिनय है, ऐसा मुनियोंका मत है। रुद्र महादेवजीने अपनी अर्द्धाङ्गिनी उमाजीके साथ इस नाट्ययज्ञको अपने ही शरीरसे द्विधा विभाजित करके ताण्डव और लास्य नामकी नृत्यकलाओंको आविर्भूत किया। सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणोंसे निर्मित इस सृष्टिमें विद्यमान त्रिगुणात्मक लोक-चरितको ही अनेक प्रकारके रसोंमें नाटकमें प्रकट किया जाता है। अतः, भिन्न-भिन्न अभिरुचि वाली जनताको प्रसन्न करनेके लिये एक मात्र साधन नाट्यकला ही है।]

रघुवंश काव्यके प्रारम्भमें महाकविने रघुकुलके राजाओंका महत्त्व एवं उनकी योग्यताका वर्णन करनेके बहाने प्राणिमात्रके लिये कितने ही प्रकारके रमणीय उपदेश दिए हैं। जिस कार्यको कोई बड़ासे बड़ा सुधारक चारों ओर घूमकर, उपदेशोंकी झड़ी लगाकर कर सकता है उसे कवि, संसारके एक कोनेमें बैठा हुआ अपनी लेखनीके बलसे सदाके लिये कर दिखाता है—

सोऽहमाजन्मशुद्धानामाफलोदयकर्मणाम् ।
आसमुद्रक्षितीशानामानाकरथवर्त्मनाम् ॥
यथाविधिहुताग्नीनां यथाकामार्चितार्थिनाम् ।
यथापराधदण्डानां यथाकालप्रबोधिनाम् ॥
त्यागाय सम्भृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम् ।
यशसे विजिगीषूणां प्रजायै गृहमेधिनाम् ॥
शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ॥
रघूणामन्वयं वक्ष्ये·············

[मैं उन प्रतापी रघुवंशियोंका वर्णन करने बैठा हूँ जिनके चरित्र जन्मसे लेकर अन्ततक शुद्ध और पवित्र रहे, जो किसी कामको उठाकर उसे पूरा करके ही छोड़ते थे। जिनका राज्य समुद्रके ओर छोरतक फैला हुआ था, जिनके रथ पृथ्वीसे स्वर्ग तक आया-जाया करते थे, जो शास्त्रोंके नियमके अनुसार यज्ञ करते थे, माँगनेवालोंको मनचाहा दान देते थे। अपराधियोंको उचित दंड देते थे। समयपर उठते थे, दान करनेके लिये धन बटोरते थे, सत्यकी रक्षाके लिये कम बोलते थे, यशकेलिये विजय करते थे, सन्तानोत्पत्तिके लिये विवाह करते थे, बालकपनमें पढ़ते थे, तरुणाईमें सांसारिक भोग भोगते थे, बुढ़ापेमें मुनियोंके समान रहते थे और अन्तमें योगके द्वारा शरीर छोड़ते थे।]

इस प्रकार रघुवंश काव्यमें कालिदासने रघुवंशी राजाओंको निमित्त बनाकर उदारचरित पुरुषोंका स्वभाव पाठकोंके सामने रक्खा है। उनका यह अभिप्राय नहीं है कि लोग उनके सदृश होनेके लिये बाध्य हैं। क्योंकि ऐसा होना असम्भव है। किन्तु यदि हम विचार करें तो ज्ञात होगा कि इस संसारमें कोई ऐसा पुरुष नहीं है जो अपनेको उन्नत न बनाना चाहता हो क्योंकि उन्नतिकी इच्छा करना आत्माका धर्म है। परन्तु प्रायः सांसारिक जीवोंकी इन्द्रियाँ विषयोंके अधीन होती हैं और इसलिये त्रिगुण स्वभावके अनुसार वे सदा अवश रहते हैं। पर आत्माकी स्वाभाविक प्रवृत्ति अपने स्वरूपकी खोज करनेकी ओर होती है इसलिये उसको ऐसे उदारचरितोंका वर्णन ही प्रिय होता है और उसके पढ़नेमें अज्ञात रूपसे मन तन्मय होकर अनुपम आनन्दका अनुभव करता है। ऊपर दिए हुए श्लोकोंमें ही कैसी सुन्दर कल्पना भरी हुई है। सूर्यवंशकी सन्तान जन्मसे ही पवित्र और निष्कलंक होती थी। पवित्र कुलमें जन्म लेना एक स्पृहणीय धर्म अवश्य है जिसमें कालिदासको अटल श्रद्धा थी। आत्माकी उन्नतिके लिये प्रयत्न करनेवालोंको हताश होनेका कोई कारण नहीं। रघुवंशी राजाओंके वृत्तसे यह शिक्षा मिलती है कि वे फलकी प्राप्तितक कर्म करते जाते थे। पृथ्वीपर राज्य करते थे तो साधारण राजाओंकी तरह नहीं वरन् अपने राज्यकी सीमाको समुद्रतक पहुँचाते थे। उनके रथोंकी गति दसों दिशाओंमें स्वर्गतक भी थी। इतने महान् होनेपर भी वे अहंकार और दुरभिमानसे ग्रस्त नहीं होते थे, वरन् शास्त्र-विधिका पालन करते हुए देवताओंका पूजन और हवन बराबर किया करते थे जो याचक होकर उनके पास पहुँचते थे उनकी अभिलाषाओंको पूरा करके उनको सन्तुष्ट किया करते थे। राजाका कर्तव्य दुष्टोंका दमन करना है, इसलिये अपराधके अनुरूप दण्ड देनेमें कभी चूकते न थे। यह सब होनेपर भी उनमें विलास-प्रियता न थी। वे जितेन्द्रिय होते थे। इस बातको एक ही शब्दमें उन्होंने झलकाया है—'यथा-कालप्रबोधिनाम्', अर्थात् सोकर उठनेका समय उनका कभी टलता न था (जो जिस कामका अवसर होता उस समय वह काम करते थे वे धन इकट्ठा करते थे परन्तु योग्य पात्रको उसका दान कर देते थे। वे मितभाषी होते थे जिससे सत्यका अपलाप न हो। विजयी होनेकी इच्छासे ही दिग्विजय किया करते थे और उसका मुख्य हेतु चारों दिशाओंमें अपने यशको फैलाना था। केवल संततिकी इच्छासे ही गृहस्थाश्रमको स्वीकार करते थे, विषय-तृप्तिके लिये नहीं। बाल्यावस्थामें ही अध्ययन समाप्त कर लेते थे। यौवनमें विषयोंका उपभोग होता था किन्तु वह नियम-रहित मनमाना नहीं होता था प्रत्युत शास्त्रविधिके अनुसार, जिससे 'भोगे रोगभयं' भी न आए और जवानी बीतनेके पहले ही मुनिका आचरण अङ्गीकार कर लेते थे और योगबलको पाकर देह-त्यागके अनन्तर ब्रह्म-निर्वाणरूपी मोक्ष पा लेते थे। इन सब विषयोंका संकलन केवल रघुवंशमें है जिसकी वस्तु स्वभाव-सुन्दर होनेके कारण उसको इस श्रेष्ठ कविने अपनी अनुपम वाणीके सामर्थ्यसे और उचित वेष-भूषादि योजनाके द्वारा उस काव्यको विविध रसोंसे ओतप्रोत कर दिया। कालिदासके अन्य ग्रन्थ भी इस प्रकारके तथा अन्य प्रकारके गुणोंसे पूर्ण होनेसे अत्यन्त मनोज्ञ और लोकप्रिय बन गए हैं।

आलंकारिकोंने उपदेशके तीन प्रकार बताए हैं। प्रभुसम्मित, मित्रसम्मित और कान्तासम्मित। सम्मित शब्दका अर्थ तुल्य है। प्रभुसम्मित उपदेश आज्ञाके रूपमें होता है। वह जिस पुरुषके लिये होता है उसको विवश होकर उपदेशका पालन करना आवश्यक हो जाता है। जैसे माता-पिताका

उपदेश बालकोंके प्रति होता है। यह औषधके समान प्रारम्भमें अप्रिय होनेपर भी अन्तमें गुणकारी होता है। वेद, उपनिषद, शास्त्र आदि धर्म-ग्रन्थोंका उपदेश इसी प्रकारका माना गया है। दूसरा उपदेश मित्रसम्मित है जो कि पुराणादि ग्रन्थोंसे ज्ञात होनेवाला है, जैसे कोई मित्र दूसरे मित्रको कुमार्गसे हटानेके लिये कुछ कह रहा हो उसी समय उसके मनमें यह विश्वास भी रहता है कि मेरा मित्र मेरे उपदेशको मान ले तो उसका कल्याण होगा, यदि नहीं मानेगा तो हम उसे बाध्य नहीं कर सकते। किन्तु तीसरा उपदेश कान्ता-सम्मित है जो अच्छे काव्योंका प्राणरूप होकर कभी विफल नहीं होता। इस उपदेशमें कान्ताके समान पुरुषको सर्वदा प्रसन्न रखते हुए उसको अच्छे पथपर लानेके लिये ऐसा अतर्कित उपाय है कि जब वह अपनेको सुधरा हुआ पाता है तब वह उस चमत्कारको देखकर मन ही मन चकित हो जाता है। कालिदासके ग्रन्थोंमें यह तीसरे प्रकारका उपदेश स्थान स्थानपर मिलेगा। कालिदासके स्वभावकी विशेषता यह है कि किसीसे घृणा करना तो दूर रहा, उलटे सभी प्रकारके ऊँच नीच पात्रोंकी प्रकृति प्रस्तुत करके उनके अच्छे और बुरे परिणामोंका मधुर शब्दोंमें वर्णन करते चलते हैं। उचित होगा या अनुचित इसका निर्णय उन्होंने पाठकों पर छोड़ दिया है जिससे पाठकोंको कालिदास पर क्रुद्ध होनेका अवसर कभी नहीं आ सकता। सारे संसार की सहज प्रवृत्ति विषयसुखकी ओर रहती है। विषयसुखकी वासना कितनी प्रबल होती है और अपनेको राजर्षि जितेन्द्रिय बतलानेवाले भी वासनासे कैसे विवश हो जाते थे और साथ ही उससे अत्यन्त व्यथित होनेपर अधर्मके मार्गपर चलकर अर्थ और कामको वे कितना हेय समझते थे, इसका सूक्ष्म और सुन्दर चित्रण हमें कालिदासके ग्रन्थोंमें मिलता है, जिसे पढ़कर पाठक समझ जायेंगे कि साधारण जनता कष्ट और क्लेशोंसे बचनेके लिये विषयके अधीन हो जाती है परन्तु असाधारण अलौकिक जन प्राणपनसे भी अधर्म और अन्यायके प्रलोभनको जीतनेकी चेष्टा किया करते हैं। इस विषयमें तीनों नाटकोंके उदाहरण हमारे सामने हैं। अभिज्ञानशाकुन्तलके प्रथम अङ्कमें जब शकुन्तलाको राजा प्रथम बार देख लेते हैं तब उसके सौन्दर्यपर मुग्ध हो जानेपर भी मनमें विचारने लगते हैं कि यह ऋषि कन्या स्पर्शक्षमरत्न है अथवा अग्नि, और सत्यताके विदित होनेके पहले ही आत्म-विश्वासपर निर्भर होकर इस निर्णयपर पहुँच जाते हैं कि इस दुष्यन्तका मन आजतक कुपथकी ओर कदापि नहीं झुका है इसलिये शकुन्तलाके प्रति इच्छा अधर्म नहीं हो सकती। इससे एक बात निश्चित हो जाती है कि यदि किसी बातमें धर्मका विरोध न हो तो उसकी प्राप्तिके लिये किसी उपाय अथवा प्रयत्नका अवलम्बन करना प्रशंसनीय है। मनके विचारोंको वशमें करनेका सरल ढंग मालविकाग्निमित्र और विक्रमोर्वशीय सभीमें देखनेको मिलता है। कालिदासके प्रत्येक काव्य या नाटकमें नायक और नायिकाएँ भिन्न कोटिकी दर्शाई गई हैं। जैसे कुमारसम्भवमें अत्युच्चकोटिके नायक शिवजी, पार्वतीके सौन्दर्यपर मुग्ध नहीं होते हैं तब पार्वतीजी 'मरूपहार्यं मदनस्य निग्रहात्' (कामका निग्रह करनेवाले शङ्कर भला रूप-द्वारा कैसे रिझाए जा सकते हैं ?) को ध्यानमें रखकर कठिन से कठिन तपश्चर्या करनेके लिये उद्यत हो जाती हैं और शङ्करको दास बनना पड़ता है।

अद्यप्रभृत्यवनताङ्गि तवास्मि दासः
क्रीतस्तपोभिरिति वादिनि चन्द्रमौलौ।

—कुमारसम्भव, सर्ग ५, श्लो० ८६।

शंकरजीने कहा—['आजसे हे देवि ! मैं तुम्हारे तपसे मोल लिया हुआ तुम्हारा दास हूँ'।]

इस प्रकार काम-पुरुषार्थका बहुत ऊँचा चित्र उन्होंने अपने काव्यमें खींचा है। ऐसे ही अनेक सूक्ष्म भावोंको मधुर सान्द्र सूक्तियोंके द्वारा वर्णन करते हुए उनको अति मनोहर बना दिया है और भगवद्गीताके 'धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ' का तात्पर्य्य सुचारु रूपसे सिद्ध किया है और स्वयं कामरूपी भगवान्‌के उपासक थे इसको भी झलकाया है। काम पुरुषार्थकी निसर्ग-दुर्लभता और उसको प्राप्त करनेके अनेक सरल सुगम उपाय तथा उस पुरुषार्थका उपभोग करनेवाले विविध व्यक्तियोंके स्वभाव वर्णन आदि सब विषय आबालवृद्ध सभीको स्वभावसे ही प्रिय हैं तथा उनके ग्रन्थोंमें उपलब्ध होते हैं और यही उनकी उपादेयताका कारण है।

कवि-जगत्‌में कालिदासका मौलिक स्थान है। त्रिवर्गके विषय धर्म, अर्थ और काम, जिनका प्रतिपादन शास्त्रोंमें सुनाउ तर्क और अनुभवसे किया गया है, उनको रोचक वर्णनोंके साथ आबाल-वृद्धके हृदयमें प्रविष्ट करा देना और उनकी चित्तवृत्तिको तन्मयताकी लहरमें लीन करा देना अच्छे कविका ही कार्य है और उसकी ही कृतिको विद्वानोंने 'काव्य' बताया है। दृश्य और श्रव्य दो प्रकारका काव्य होता है। कालिदासने दोनोंपर लेखनी चलाई है। ऐसी रचनाओंकी मौलिकता प्राञ्जल भाषा-द्वारा पूर्वोक्त उचित नेपथ्यके साथ वस्तु प्रतिपादन-पर निर्भर रहती है। कालिदासने नाट्यकलामें प्रवीणता प्राप्त करके विचक्षण जगत्‌के सामने अपनी प्रथम रचना रखी जिसे मालविकाग्निमित्र कहते हैं। उस नाट्यके उपक्रमसे ज्ञात होता है कि उन्हें इस बातका विश्वास नहीं था कि वह रंगमंच पर खरा उतरेगा। क्योंकि उनके पूर्ववर्ती भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि अनेक नाटककार प्रसिद्धि प्राप्त कर चुके थे तथापि कालिदासमें इतना आत्मविश्वास अवश्य था कि उन कवियोंके नाटकोंमें जो बातें नहीं पाई जाती हैं वे मालविकाग्निमित्रमें दर्शकोंको मिल सकती हैं। इसलिये वे कहते भी हैं—'पुराणमित्येव न साधुसर्वं—,

न चापि काव्यं नवमित्यवद्यम्।

मालविकाग्निमित्र १।२

[पुराना होनेसे ही कोई काव्य ग्राह्य नहीं हो सकता और नवीन होनेके कारण त्याज्य भी नहीं हो सकता।] अच्छे समालोचक इस नाटककी समालोचना करते समय एक बातको भूल जाते हैं कि कालिदासने इस नाटकके लिये ऐसा नायक चुना जो कालिदासके समकालीन राजाओंमेंसे था। अग्निमित्र शुंग वंशके एक साधारण राजा थे। उनके कई पत्नियाँ थीं तथापि उनकी काम-वासना नूतन सुन्दरीको देखनेसे जागरित हो जाती थी और वह वस्तु यदि दुष्प्राप्य रहती थी तो उसकी प्राप्तिके लिये कोई भी यत्न बचा नहीं रक्खा जाता था। हमारी दृष्टिमें यह उसी समयका चरित-चित्रण है और इसीको उन्होंने नाटकका प्रधान विषय बनाया है। शेक्सपियरने भी कहा है कि 'नाटक' जगत्‌के व्यवहारोंका प्रतिबिम्ब है (होल्डिंग मिरर अपटु नेचर)। कालिदास इसे भली भाँति जानते थे कि महाभारत और रामायणमें वर्णित राजर्षिके समान अग्निमित्र उदात्त चरित नहीं थे तथापि वे नायकके सभी साधारण गुणोंसे सम्पन्न अवश्य थे।

वे धीरोदात्त थे, दक्षिण थे और मालविकासे प्रेम करते हुए भी विवाहिता रानियोंके साथ कभी उपचारातिक्रम नहीं करते थे। मालविकाके साथ एकान्त सेवनरूप जो मानुष-सहज दुर्बलता कालिदासने अग्निमित्रमें दिखलाई है, उसके कारण आधुनिक कतिपय विद्वानोंने उन्हें बहुत ही

हीन-चरित्र बताया है एवं उनकी निन्दा भी की है परन्तु कालिदासकी दृष्टिमें अग्निमित्रका मालविकाके साथ एकान्त समागम केवल मालविकाको स्मर-पीड़ाकी आत्यन्तिक अवस्थासे बचानेके लिये ही था। नाटकमें इस स्थितिको कविने बड़ी कुशलतासे चित्रित किया है। अन्तमें राजपुत्रीके सम्बन्धको जानकर देवी धारिणीके द्वारा ही मालविकाको देवी पद प्रदान कराया गया है। इसी प्रकार इस नाटकमें परिव्राजिका, गायनाचार्य, विदूषक तथा अन्य कुल-स्त्रियोंका वर्णन विलक्षण चातुरीके साथ किया गया है और उपर्युक्त आंगिक, नेपथ्य और स्वाभाविक तीनों रसोंका परिपोष इतना मनोज्ञ बना दिया गया है कि उसे पढ़ तथा देखकर पाठक एवं दर्शक मुग्ध हो जाते हैं और सत्त्व, रज एवं तम इन तीनों गुणोंके अनुरूप अनेक प्रकारके रसका आस्वाद करते हैं।

मालविकाग्निमित्र नाटकके पश्चात् अभिनय-जगत्में अवतरित कालिदासका दूसरा नाटक अथवा त्रोटक विक्रमोर्वशीय है जिसमें मनुष्य-भूमिकापर स्थित कराकर राजर्षि और दिव्यांगनाका ऐसा वर्णन किया है कि करुण विप्रलम्भ शृङ्गारके प्रतिबिम्बमयजनक रस, विलक्षण भाषा-सौन्दर्य और संगीत-शास्त्र रहस्यमय पदोंके साथ अत्यन्त मनोहर बन गया है। कथा, केवल वेदमें वर्णित सारांश रूपमें ही है। इला और बुधके पुत्र तथा चन्द्रमाके पौत्र राजा पुरूरवा देवांगना उर्वशीके साथ प्रणय करते हैं, फिर वियोग हो जाता है और फिर मिलन भी हो जाता है जिससे एक पुत्र उत्पन्न होता है। यही सामान्य कथा कवि-कौशलसे बहुत ही रमणीय बन गई है। इस नाटकमें विशिष्ट पात्रोंकी मनोभावनाएँ सूक्ष्मसे सूक्ष्म विशिष्ट संगीत-विज्ञानके साथ प्रकट करके कालिदासने नाट्य-कलामें दूसरा प्रशंसापत्र पाया। ऐसी शुष्क कथामें कालिदासके अतिरिक्त अन्य कोई भी कवि इतना जीवन नहीं डाल सकता था।

तीसरा नाटक सबसे सर्वांगसुन्दर उपदेशोंसे भरी हुई, मानवस्वभावकी विचित्रताको प्रदर्शित करने वाली सभी देशों और कालोंके अनुरूप कमनीय अभिनय-कलापूर्ण कृति, अभिज्ञान-शाकुन्तलके रूपमें प्रकट हुई और उसने नाटक-जगत्में सदाके लिये सर्वत्र श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर लिया। पाश्चात्योंके भारतसे परिचित होनेके कुछ कालके अनन्तर संस्कृत भाषाके अन्यान्य ग्रन्थोंके साथ इस नाटकका भी अनुवाद योरोपीय भाषाओंमें हुआ। हम पहले कह चुके हैं कि केवल इसके अनुवादको पढ़कर योरोपके विख्यात कवि गेटेने इसपर लट्टू होकर हर्षातिरेकके साथ इसका आदरपूर्वक अभिनन्दन किया। विद्वानोंमें यह श्लोक प्रसिद्ध ही है—

काव्येषु नाटकं रम्यं तत्र रम्या शकुन्तला।
तत्रापि च चतुर्थोऽङ्कस्तत्र श्लोकचतुष्टयम्॥

[जितने काव्यके प्रकार हैं उनमें नाटक विशेष सुन्दर होता है। प्रसिद्ध नाटकों में काव्य-सौन्दर्यकी दृष्टिसे अभिज्ञान-शाकुन्तलका मूर्धन्य स्थान है। अभिज्ञान-शाकुन्तलमें भी चतुर्थ अङ्क और इस अङ्कमें भी चार श्लोक मनोहर हैं।] वल्कल-धारिणी शकुन्तलाको देखकर दुष्यन्तका हृदयोद्गार इस रूपमें निकला—'इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम्' [यह नवेली तो वल्कलमें भी बड़ी रसीली लगती है। स्वभावसे ही रमणीय वस्तुओंकी शोभा बाह्य उपकरणोंपर निर्भर नहीं होती] प्रत्युत असुन्दर वेष-भूषा भी उनकी सहज कमनीयतामें बाधा नहीं डालती। उनकी शोभा प्रतिक्षण नवीन ही रूप धारण करती है। यदि सर्वांग-सुन्दर

अभिज्ञान शाकुन्तलके भाषान्तरमें किए गए अनुवादोंकी समीक्षा करते समय दुष्यन्तकी इसी उक्तिका उपयोग किया जाय तो कोई अत्युक्ति न होगी। ठीक ही है, आभ्यन्तर-सौन्दर्य बाह्य उपादानके अनुपयुक्त होनेपर भी जगमगाता ही रहेगा। यह नाटक किसी भी रूपमें रहे, इसकी हृदयहारिता ज्यों की त्यों बनी रहेगी। हमने सुना है कि इस विश्वव्यापी घोर संग्रामके कुछ मास पूर्व इस बीसवीं शताब्दीमें आस्ट्रेलिया द्वीपखण्डमें इस नाटकके आंग्ल भाषानुवादका अभिनय करके वहाँकी जनता आनन्द लेती थी। इसमें चौथा अङ्क सब प्रकारसे सुन्दर तो है ही, उसके चार श्लोक किसी देशमें सदाके लिये सभीको उपादेय हैं। अधिक क्या कहा जाय शाकुन्तलकी एक पंक्ति भी दोषग्रस्त नहीं है। इतना ही नहीं, प्रत्येक पंक्तिमें एक न एक विशेषता है। इस नाटकके सभी पात्र धीवरसे लेकर दुष्यन्ततक अपने-अपने ढगसे रमणीय रूपमें अनेक रसोंका परिपोष करते हैं।

कालिदासके तीनों काव्योंका अपना-अपना अलग वैशिष्ट्य है। कालिदास अर्धनारी-नटेश्वर शङ्कर भगवान्के उपासक थे। यह बात उन्होंने अपने ग्रन्थोंके मंगल श्लोकोंमें झलकाई है। तथापि ब्रह्मा, विष्णु, महेश इन तीनोंके प्रति उनकी अभेद बुद्धि थी। विशिष्ट कार्योंके कारण एक ही परतत्त्वके तीन प्रकारके अभिधानके मूल प्रकृतिके गुणोंके अनुसार तीन नाम हैं। सर्जन, पालन और संहरण, राजस सात्विक और तामस प्रकृतिके कार्य होनेके कारण कार्यभेदसे एकही परतत्त्वकी ब्रह्मा, विष्णु, और महेश ये तीन प्रतीक मूर्तियाँ हैं। सांख्यकी प्रकृति और पुरुषको कालिदासने उसी परतत्त्वका आविर्भाव माना। उसी तत्त्वको योगीजन अपने हृदयमें स्थित ज्योतिके रूपमें पाकर कृतार्थ होते हैं। इस प्रकार कालिदासने सारे विश्वकी आठ मूर्तियोंमें विभक्त करके उन सबको अपने उपास्य देवताका ही पृथक् पृथक् अङ्ग माना है। इस दार्शनिक सिद्धान्तका प्रतिपादन स्थान स्थानपर उन्होंने किया है। शङ्कर भगवान्के अर्धनारी-नटेश्वरके रूपमें उनके उपास्य देव होनेके कारण प्रथम उन्हींकी आराधनाके रूपमें कुमार सम्भवका प्रवचन प्रतीत होता है। जगन्माता और जगत्पिताका काम-पुरुषार्थ—संयोग तथा विप्रलम्भात्मक उभयरूप—शृङ्गारमयका मनोज्ञ वर्णन शान्त रसमें सपन्न होकर सुस्थित आत्मानन्दका देनेवाला होता है। बताइए, कालिदासके अतिरिक्त दूसरा कौन कवि है जो इसे इतनी सफलताके साथ वर्णन कर पाता? यहाँपर अचेतन सृष्टि सचेतन हो उठी है। हिमालय कालिदासकी सृष्टिमें जड पर्वत नहीं है प्रत्युत वह देवतात्मा है जहाँ पर सब देवता सदाके लिये वास करते हैं। पार्वतीजीके तपोवनमें बढनेवाले पेड उनके पुत्रोंसे कम स्नेह भाजन नहीं थे। जंगम प्राणियोंकी तो कथा ही क्या—उस तपोवनमें व्याघ्र और हिरण अपने शत्रु भावको त्यागकर शान्त चित्तसे विचरण करते थे, वहाँ स्थावर वृक्ष-लताएँ भी प्राणधारी बनकर घड़ेके जलरूपी स्तन्यका पान किया करते थे। इन कथनोंसे कालिदासने दर्शनके उदात्त तत्त्व चैतन्यका सर्व-व्यापित्व बड़ी रमणीयतासे झलकाया है। शिवजी योगीश्वर थे इसीलिये वे पार्वतीजीके सौन्दर्यपर लुब्ध होनेवाले नहीं थे। यही कारण था कि पार्वतीजीने अपने रूपको हेय माना और कठिन तपके द्वारा शिवजीको वशमें किया—

इयेष सा कर्तुमवन्ध्यरूपतां
समाधिमास्थाय तपोभिरात्मनः।
अवाप्यते वा कथमन्यथा द्वयं
तथाविधं प्रेम पतिश्च तादृशः॥

—कुमारसंभव, ५।२.

[पार्वतीजीने नियमित रूप से तपस्या के द्वारा समाधिका अभ्यास प्रारम्भ कर दिया क्योंकि वैसा देवी प्रेम और वैसा पति मिल कैसे सकता है ?]

बस, कालिदासका सारा प्रयत्न प्रेम और समाधि दोनोंको एकही जगह दिखानेका था । इसका उद्देश्य और कोई नहीं, क्योंकि प्राणिमात्रका परम पुरुषार्थ अभ्युदय और निःश्रेयस इन दोनोंको एकत्र पानेमें ही है । यह शिक्षा हमें कालिदासके ग्रन्थोंसे मिलती है । कुमारसम्भवका पञ्चम सर्ग पूराका पूरा इसी भावसे भरा हुआ है ।

कविके वर्णनका रहस्य व्यजना व्यापारसे उपदेश देनेका रहता है । आलङ्कारिक हम बतलाते हैं कि सारे रामायणका प्रयोजन 'रामादिवद्वर्तितव्य न रावणादिवद्' (राम तथा तत्सदृश पुरुषोंकी भाँति काम किया जाय, रावण इत्यादिकी भाँति नहीं) है । कुमारसम्भवमें दिव्य नामकका दिव्य चरित वर्णित है परन्तु लौकिक काम और शृङ्गार रस की सूक्ष्म भावनाओंका वर्णन करनेके लिये उन्होंने मेघदूत लिखा जिसमें यह वर्णन किया है कि प्रकृतिके समरस होते हुए भी प्राणीको मनुष्य-सुलभ विपत्ति और वियोगमें सूक्ष्म भावनाओंका अनुभव किस प्रकार होता है और कैसे होना चाहिए । मेघदूत काव्य कोरी कल्पनाका फल नहीं है जिसमें निसर्गके अनुपम वर्णन तथा शृङ्गार-सर्वस्वको कालिदासने अपने अत्यन्त अनुकूल मन्दाक्रान्ता वृत्तमें भर दिया है । यक्षकी अन्तिम हार्दिक इच्छा यही है कि 'हे मेघ'—

माभूदेवं क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोगः ॥

—उत्तरमेघ, ५८

[हे मेघ ! इस प्रकार तुम्हारा कभी बिजलीसे वियोग न हो ।]

इस प्रकार कालिदासके ग्रन्थोंका जब हम सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे तब विदित होगा कि कालिदासके ग्रन्थोंमें अत्यन्त उदात्त चरित्र शङ्कर भगवान् तथा भगवान् रामचन्द्रसे लेकर साधारण राजा अग्निमित्र आदि तथा उनके साथ साथ सृष्टिके सभी अन्य नीच प्रकारके व्यक्तियों का विविध प्रकारका वर्णन पाया जाता है जो भिन्न भिन्न रसोंकी पुष्टि करता है । धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारोंका वर्णन तो है ही साथ ही चारों पुरुषार्थों की जो अधिष्ठात्री अर्थात् कामरूपी भगवान् हैं, उन्हींकी श्रेष्ठता जहाँ तहाँ पाई जाती है—

'स शान्तिमाप्नोति न कामकामी' (गीता)

मुमुक्षु भी मोक्षका कामी ही होता है । इस लोकमें जितने देहधारी होते हैं वे किसी न किसी कामके उपासक हैं । कोई धर्म कामी है तो कोई अर्थ-कामी, बहुतसे काम-कामी हैं तो कोई मोक्ष-कामी भी हैं और ऐसे भी बहुतसे मिलेंगे जो धर्म अर्थ और काम इस त्रिवर्गको समान रूपसे चाहेंगे और दूसरे मोक्षके साथ चतुर्वर्गको और कुछ केवल अर्थ-कामसे सन्तुष्ट रहेंगे । कालिदासने हमें इन सभीके प्रतीक दिए हैं । केवल धर्म काम सीता देवी और रामचन्द्र, केवल अर्थ-काम दिलीप और राजा दसरथ, केवल काम कामी अग्निवर्ण तथा रावण; केवल मोक्ष कामी राजा रघु तथा अज, धर्म तथा काम दोनोंके उपासक राजा पुरूरवा और दुष्यन्त, धर्म, अर्थ और काम तीनों के उपासक राजा अग्निमित्र, और इन सभी प्रकारके कामोंको पूर्ण नष्ट करके आत्म स्थित होने वाले शङ्कर भगवान् जो पुरुषोत्तमके सुन्दर प्रतीक हैं और उनको भी अपनी तपोभक्तिसे

दास बनानेवाली महाभक्त पार्वतीजी मूल प्रकृतिकी प्रतीक—इन सभीका सुन्दर वर्णन पाठक यहाँ पायेंगे। संसारके किसी ग्रन्थ मे इतनी विविध प्रकारकी बातोंका इतना अनुपम विवेचन नही पाया जा सकता।

कालिदासकी ओर देखनेकी एक ओर दृष्टि है, 'वह है सब पर निवृ ति—तात्कालिक परमानन्द की जो काव्योंके पढ़नेके साथ ही मिलता है।' कालिदास इस विषयमे पार्वतीजीकी ओर संकेत कर रहे हैं। तात्पर्य यह है कि सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणोंसे उत्पन्न चरित्र नाना रसोंमे अर्थात् आठ (अथवा नौ) प्रकारके रसोंमे जो परिपुष्ट हो रहा है वह क्षणिक होता है, कदापि शाश्वतिक नहीं होता है। क्षणिक रस अवश्य शाश्वतिक रसके ही अंश हैं। शाश्वतिक रस शान्त रस है जो आत्मामें सर्वदा स्थित है, जिसको प्राप्त करनेके उपरान्त उससे श्रेष्ठ कोई वस्तु प्राप्त करने योग्य रह नहीं जाती। वही आत्मानद है। अत आत्मानदको हम शान्त रसका स्थायी भाव मानते हैं। दूसरे विद्वानोंने काम तृष्णा क्षयसुख आदिको शान्तरसका स्थायी भाव माना है परन्तु वे सभी इसी आत्मानन्दके भीतर आ जाते हैं, यह आत्मानन्द ही साख्य शास्त्रमे निर्दिष्ट पुरुषका धर्म है। किन्तु पुरुष जब प्रकृतिके अधीन हो जाता है तब प्रकृतिके तीनों गुणोंसे निकलनेवाले उसी एक ही शान्त रसके आठ प्रकार शृङ्गार, वीर करुण, हास्य, भयानक, रौद्र, विस्मय और अद्भुत हो जाते है। अत शान्त रसको इन आठोंका प्रभव अथवा उदय स्थान मानना चाहिए, उनसे पृथक् नहीं। कालिदासका सर्वथा यही प्रयत्न है कि इन्हीं आठो रसोंके द्वारा उन-उन आनन्दोंको प्रकट करते हुए अन्तमें उस शाश्वतिक आनन्दको ही निरुपाधि बनाकर प्राप्त करादें जो शान्तिके रूपमे आत्मामें स्थित है। यह त्रिगुणातीत होकर पार्वतीजीके पदपर स्थित होकर पाना है। 'तथाविध प्रेम पतिश्च तादृश'। यहाँ भगवान्‌के विषयमें भक्तिरूप प्रेमसे परमरूप प्रभुको प्राप्त करना है। यह तपपूर्वक समाधिके बिना नहीं प्राप्त हो सकता है। यही ध्वनि-काव्यका उत्तम गुण व्यजना व्यापार, कालिदासके सभी ग्रंथोंमें अनुस्यूत है, अतएव वे सर्व-उपादेय बन गए हैं।

कालिदासके शब्द-प्रयोग

(पं० अम्बिकाप्रसाद उपाध्याय व्याकरणाचार्य ।)

कविकुलतिलक, कविता-कामिनीके कमनीय कान्त कवि कालिदास अलौकिक चमत्कृति-सम्पादक काव्य-संसारके विधाता थे। उनकी प्रतिभा दृश्य तथा श्रव्य दोनों प्रकारकी काव्य-रचनामें अप्रतिहत थी। कविका स्थान जगतमें क्या है इसका आभास इसीसे मिल जाता है कि भगवान् भी अपनेको "कवि पुराण" कहकर 'कवि' शब्दसे ही सङ्केतित करते हैं। 'कवि' शब्द विलक्षण प्रतिभा-सम्पन्न व्यक्तिका बोधक है, उसीकी चमत्कार-जनक रचनाका नाम 'काव्य' है। काव्यके मुख्य आधार शब्द तथा अर्थ हैं। इसीसे काव्यका लक्षण करते हुए सभी आचार्योंने शब्दार्थकी प्रधानता स्वीकार की है। जैसे, (१) शब्दार्थौ काव्यम् (काव्यालङ्कार), (२) तददोषौ शब्दार्थौ (काव्यप्रकाश), (३) रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम् (रस-गङ्गाधर), (४) वाक्यं रसात्मकं काव्यम् (साहित्यदर्पण), (५) इष्टार्थव्यवच्छिन्ना पदावलिः काव्यम् (काव्यादर्श) और (६) निर्दोषालक्षणवती सरीतिर्गुणगुम्फिता। सालंकाररसानेक-वृत्तिवाक् काव्यनामभाक् (चन्द्रालोक)।

इन दोनोंमें भी अपेक्षया 'शब्द' की ही प्रधानता प्रतीत होती है। इसलिये कविका शब्दोंपर अधिकार होना नितान्त आवश्यक है। उसके निमित्त शब्द-शास्त्रका पूर्ण पाण्डित्य अपेक्षित होना निर्विवाद है। इस दृष्टिसे कवि-सम्राट् कालिदास शब्दशास्त्रमें पूर्णतया निष्णात थे, इसमें लेशमात्र भी सन्देह नहीं है। उनके ग्रन्थोंका अवलोकन करनेसे ज्ञात होता है कि शब्द-शास्त्र उन्हें रात-दिनके व्यवहारिक विषयकी भाँति अभ्यस्त था। यहाँतक कि उपमानविधानमें भी व्याकरणके विषय नियोजित हैं उनकी प्रयोगशैली तथा प्रक्रियांशके पाण्डित्यका दिग्दर्शन ही पर्याप्त होगा। दो-चार उदाहरण लीजिए।

वागर्थाविव सम्पृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतः पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥

रघुवंश, सर्ग १। १॥

यहाँ शब्दार्थ-सम्बन्ध उपमान तथा पार्वती-परमेश्वर उपमेय हैं। व्याकरणमें शब्द और अर्थका अभेद है, दोनों एक हैं। जैसे 'नीलो घटः' में 'नील' और 'घट' का अभेद है। ऐसे ही 'अयं घटः' दृश्यमान 'व्यक्ति' अर्थ और 'घट' शब्दका अभेद है। इसीलिये 'अयं घटः' में दोनों शब्द समानाधिकरण प्रथमान्त हैं। यदि भेद होता तो 'राज्ञः पुरुषः' की तरह षष्ठी विभक्ति होती, पर 'अस्य घटः' या 'अयं घटस्य' प्रयोग नहीं होता। 'रामेति द्व्यक्षरं नाम मानभङ्गः पिनाकिनः', 'वृद्धिरादैच्' इत्यादि स्थलोंमें भी समानाधिकरण प्रयोग ही हुआ है। 'वागर्थाविव' समाससे तथा 'पितरौ' एकशेषसे 'इवेन समासो विभक्त्यलोपश्च' वार्तिककी और 'पिता-मात्रा' सूत्रकी स्मृति हो आती है।

(२) रघुवंशके बारहवें सर्गके अट्ठावनवें श्लोकमें 'वालि' के स्थानपर सुग्रीवके अभिषिक्त होनेका वर्णन करते हुए कहा गया है 'धातोः स्थान इवादेशं सुग्रीवं संन्यवेशयत्' जैसे अस् के स्थानपर 'भू' आदेश होता है, और 'इण' के स्थानमें 'गा' होता है वैसे ही 'वालि' के स्थानपर 'सुग्रीव' अभिषिक्त किए गए। कितनी सटीक उपमा है जैसे 'स्थानी' के अर्थका वाचक आदेश होता है। वैसे ही बालिका सब कार्य सुग्रीव करेंगे।

(३) रघुवंशके पन्द्रहवें सर्गके सातवें श्लोकमे रघुकुलकी सराहना करते हुए लिखा है:—

यः कश्चन रघूणां हि परमेकः परन्तपः।
अपवाद इवोत्सर्गं व्यावर्तयितुमीश्वरः॥

[रघुकुलका कोई एक हो, शत्रु-समुदायको वैसे ही दूर कर सकता है, जैसे अपवाद अनेक उत्सर्गोंको व्यावृत्त करता है।]

कुमारसंभवके द्वितीय सर्गके सत्ताईसवें श्लोकमे यही भाव और सुन्दर रूपमें आया है—

लब्धप्रतिष्ठाः प्रथमं यूयं किं बलवत्तरैः।
अपवादैरिवोत्सर्गाः कृतव्यावृत्तयः परैः॥

[पहलेसे लब्धप्रतिष्ठ आप लोग क्या बलवत्तर शत्रुओंसे बाधित हो रहे हैं? जैसे अन्यत्र चरितार्थ उत्सर्ग 'इको यणचि', 'मा हिंस्यात् सर्वा भूतानि' को बलवत्तर (निरवकाश) अपवाद 'अकः सवर्णे दीर्घः', 'अग्निष्टोमीयं पशुमालभेत्' इत्यादि व्यावृत्त करते हैं।] 'अपवादो बलवान्' या निरवकाशो विधिर्बाधकः' व्याकरण-नियमका उपयुक्त व्यवहार हुआ।

(४) रघुवंशके पन्द्रहवें सर्गके नवम श्लोकमें लवणासुरको जीतने के लिये सेना लेकर शत्रुघ्नके प्रस्थानका वर्णन करते हुए कालिदास लिखते हैं—

रामादेशादनुगता सेना तस्यार्थसिद्धये।
पश्चादध्ययनार्थस्य धातोरधिरिवाभवत्॥

श्रीरामचन्द्रजीकी आज्ञासे अर्थ (जय) सिद्धिके लिये सेना पीछे चली, जिस प्रकार अर्थ सिद्धिके लिये अध्ययनार्थ 'इङ्'धातु के पीछे 'अधि' उपसर्ग लग जाता है। 'अधि' उपसर्गके बिना केवल 'इङ्' धातु अर्थ-बोधन करनेमे समर्थ नहीं।

(५) तारकासुरसे त्रस्त देवगण पितामहके पास गए और उनको अपनी करुण कहानी सुनाई। पितामहने उसका उत्तर चारो मुखोसे दिया। इसका वर्णन कुमारसम्भवके दूसरे सर्गके १७वें श्लोकमे इस प्रकार है—

पुराणस्य कवेस्तस्य चतुर्मुखसमीरिता।
प्रवृत्तिरासीच्छब्दानां चरितार्था चतुष्टयी॥

पुराने कवि ब्रह्माके चारो मुखोंसे उच्चरित वाणीने "चतुष्टयी शब्दानाम्प्रवृत्ति" को चरितार्थ कर दिया। बूढे ब्रह्माके मुख चार और उनसे शब्द भी निकले चार।

वैयाकरणोंके सिद्धान्तानुसार वाणी चार प्रकारकी होती है—(१) परा (२) पश्यन्ती (३) मध्यमा तथा (४) वैखरी।

परा वाङ्मूलचक्रस्था पश्यन्ती नाभि-संस्थिता ।
हृदिस्था मध्यमा ज्ञेया वैखरी कण्ठदेशगा ॥

जो वाणी हम लोग बोलते और सुनते हैं, उसे 'वैखरी' कहते हैं। जो हृदयदेशस्थ है उसे 'मध्यमा', जो नाभिदेशस्थ है उसे 'पश्यन्ती' और जो मूलचक्रस्थ है उसे 'परा' कहते हैं। यदि 'चतुष्टयी' का अर्थ यह न मानें तो भगवान् पतञ्जलि-कथित 'चतुष्टयी शब्दानाम् प्रवृत्तिः, जाति-शब्दा, गुणशब्दा., क्रिया-शब्दा., यदृच्छा शब्दाः ।' अर्थ लेना चाहिए । शब्दोंके अर्थबोधनमे चार प्रवृत्तियाँ निमित्त हैं—(१) जाति-ब्राह्मणत्वादि (२) गुण-शुक्लादि । (३) क्रिया-अध्यापनादि और (४) यदृच्छा-डित्थ डवित्थ आदि । व्याकरणके नियमोंका काव्यमे कैसा उपयोग किया गया है ।

यही नहीं, कालिदासने व्याकरणसिद्ध वैकल्पिक रूपोंका प्रयोग भी मतान्तरसे करके उसका बोध करानेका प्रयत्न किया है । जैसे—ईषदर्थक 'कु' शब्दके स्थान पर 'कप्' तथा का आदेश विकल्पसे होते हैं । रघुवंशके प्रथम सर्गके ६७वें श्लोकमे पहले 'कवोष्णम्', पीछे ८४ वेंमें 'कोष्णम्' का प्रयोग किया गया है ।

व्याकरणके नियमोंका उपमान रूपमे प्रयोग करनेवाला व्याकरणके नियमोंका उल्लङ्घन करके चले यह सभव नहीं प्रतीत होता । इसलिये कालिदासके उन प्रयोगोंपर भी विचार कर लेना प्रसंग प्राप्त है जिनपर व्याकरणकी दृष्टिसे निरकुशाः कवयः' कहकर आक्षेपका समाधान किया जाता है । सबसे पहले रघुवंशके मर्मज्ञ टीकाकार श्रीमल्लिनाथके ही आक्षेपपर विचार कीजिए—

स सैन्यपरिभोगेण गजदानसुगन्धिना ।
कावेरीं सरितापत्युः शङ्कनीयामिवाकरोत् ॥—रघुवंश, ४।४५

इस छन्दके गजदान-सुगन्धिना' शब्दकी टीका करते हुए वे लिखते हैं—"गन्धस्येत्यादिना इकारः समासान्त. । यद्यपि गन्धस्येत्वे तदेकान्तग्रहणं कर्त्तव्यमिति नैसर्गिकगन्धविवक्षायामेवेषादेशः, तथापि निरकुशाः कवय. । तथा माघकाव्ये 'बकुरयुवछदगुच्छसुगन्धय.' (सततगाः) । नैषधेऽपि—"अपां हि तृप्ताय न वारिधारा स्वादु सुगन्धि. स्वदते तुषारा । न कर्मधारयान्मत्वर्थीय इति निषेधादिनिप्रत्ययपक्षोऽपि जघन्य एव ।" भाव यह है कि 'सुगंधिना' पदमें बहुव्रीहि समास करके गन्ध शब्दके अन्त्य अकारको समासान्त इकारादेश होता है, परन्तु जहाँ गन्ध स्वाभाविक हो वहीं 'इत्व' होता है जैसे, 'सुगन्धि पुष्पम्' । जसमें गन्ध स्वाभाविक नहीं है, इससे यहाँ इकारादेश नहीं होना चाहिए । यह कविकी निरकुशता है । माघ कविने वायुकी गन्धमें तथा नैषधकारने जलकी गन्धमें इकारादेश करके निरकुशता दिखलाई है । यदि 'सुगन्ध' का कर्मधारय समास करके मत्वर्थीय प्रत्यय 'इनि' करें तो भी अनुचित है क्योंकि—ऐसा नहीं होता—'न कर्मधारयान्मत्वर्थीयः' । वस्तुतः 'वार्तिक'का अर्थ वैसा है नहीं जैसा समझा गया है । 'वार्तिक' का अर्थ है कि जहाँ 'गन्ध गन्धवाद् पृथक् न दिखाई पड़े वहीं इकारादेश होता है । इसलिये जहाँ 'गन्धका अर्थ 'गन्धक' है वहाँ, जैसे 'सुगन्ध आपणिकः' में इकारादेश नहीं होता क्योंकि 'दूकान' में गन्ध पृथक् दिखाई पड़ती है अत तथा वायुमें गन्ध पृथक् नहीं दिखाई पड़ती, इसलिये इकारादेश होगा। अतएव दीक्षितजीने जो उदाहरण दिए—'सुगन्धि पुष्पं सलिलं च सुगन्धिर्वायु.' वे ही काशिका-वृत्तिकारको भी अभिमत थे । वे लिखते हैं—'एव एवेति किम् तीव्रगन्धावात.' यहाँ 'इकार' नहीं

हुआ। यदि नैसर्गिक गन्धमें इकारादेशका नियम होता तो यहाँ वायुमें गन्ध नैसर्गिक नहीं है। महर्षि पतञ्जलिकी भी यही सम्मति है। कैयटजी इस वार्तिककी व्याख्यामें स्पष्ट लिखते हैं—"यथाविभागापन्नं कुङ्कुमादि देवदत्तादेर्भवति तदा इत्वमतस्थत्वाद्गन्धस्येति"। जल तथा वायुमें गन्धका वर्णन करते हुए सबने 'इत्व' किया है। मल्लिनाथने माघमें ही 'सुगन्धिमुगन्धय वाता' की टीका करते समय इस विषयकी चर्चा तक नहीं की। यही क्यों माघके छठे सर्गके ३२ वें श्लोकमें 'शिली-ध्रसुगन्धिभि वायुभि' की टीका करते हुए वे स्वयं लिखते हैं—"शिलीन्ध्राणां कदलीकुसुमानां सुगन्ध अस्ति येषां ते शिली-ध्रसुगन्धिनस्तैं गन्धस्यैत्वे तदेकान्तस्याभावादिति प्रत्ययाख्यानम्।" अब क्या कहा जाय। यद्यपि भट्टिकाव्यके टीकाकार जयमङ्गलने 'आघ्रायिवान् गन्धवह सुगन्ध' की टीकामें नैसर्गिक गन्धमें 'इत्व' होता है कहकर 'सुगन्ध' प्रयोगका समर्थन किया है परन्तु व्याकरण तथा महाकविप्रयोगके विरुद्ध होनेसे यह सर्वसम्मत नहीं। अब कहिए किसे निरङ्कुश कहा जाय! क्या कवि को!

दूसरा आक्षेप स्वर्गीय प० महावीरप्रसाद द्विवेदीजीका है। वह इस प्रकार है—रघुवंशके प्रथम सर्गके अड़तालीसवें श्लोकमें 'महिषी सख' प्रयोग आया है। यहाँ यदि 'महिष्या सखा' विग्रह करें तो महिषीकी प्रधानता होगी और राजा सहायक होंगे, इसलिये बहुव्रीहि होना चाहिए, जैसा 'महिषी-सहाय' में हुआ है। पर यहाँ बहुव्रीहिमें समासान्त न होगा। यह आक्षेप भी सारगर्भ नहीं प्रतीत होता। यहाँ तो किसीकी प्रधानता या अप्रधानता विवक्षित ही नहीं है, केवल इतना ही विवक्षित है कि दूसरा कोई सहायक न था। इसीलिये मल्लिनाथ भी लिखते हैं—'सहायान्तरनिरासेन इदम्'। अतएव तत्पुरुष समास करनेसे अर्थभेद नहीं होता।

तीसरा आक्षेप यह है कि रघुवंशके दसवें सर्गके बारहवें श्लोकमें भगवान्‌के वर्णन 'हेतिभिश्चेतनावद्भिरुदीरितजयस्वनम्।' में 'हेति' शब्द पाणिनिके 'ऊतियूतिजूतिसातिहेतिकीर्तयश्च' सूत्रसे स्त्रीलिङ्ग है। यदि ऐसा है तो विशेषण बोधक पद—'चेतनावद्भि' न होकर 'चेतनावतीभि' होना चाहिए। यह आक्षेप भी निःसार है। एक तो स्वयं भाष्यकारने व्याकरणको लिङ्गनियामक नहीं माना 'लिङ्गमशिष्यं लोकाश्रयत्वाल्लिङ्गस्य'। लिङ्ग वस्तुतः लोक-प्रयोगके अधीन है। दूसरे, कोशमें 'हेति' शब्दको पुंल्लिङ्ग भी माना है। 'हेति स्त्रीबके' अनुसार यह शब्द केवल नपुंसक लिङ्ग नहीं है।

चतुर्थ आक्षेप कुमारसम्भवके एक शब्दपर है। यहाँ कविने लिखा है—'भवनेत्रजन्मा भस्मावशेष मदन चकार' सर्ग ३।७२। यहाँ 'हरनेत्रजन्मा' कहना चाहिए 'मदनका नाश' करना है तो तदनुरूप 'भव' का प्रयोग अनुचित है। एक तो 'भव' रूढि संज्ञा है, इसमें कोई योगार्थ प्रतीत नहीं होता अन्यथा संहारक शक्तिका 'शिव' या 'भव' नाम ही न हो सकता। दूसरे, नाशक तो 'वह्नि' है, 'भव' तो नाशक नहीं, प्रत्युत अग्निका उत्पादक है, इसलिये 'भव' शब्दका ही प्रयोग उचित है। तीसरे, भस्मावशेष मदनकी फिरसे उत्पत्ति होगी, इसलिये 'भव' शब्दका प्रयोग करना ही न्यायसङ्गत है।

इस प्रकार कवि कालिदासपर व्याकरण नियमोल्लङ्घनका दोष सर्वथा अनुचित नहीं है। वे तो सच्चे वैयाकरण सिद्धान्त तथा प्रक्रियाओंके वेत्ता थे।

'प्रहैतत पञ्चभिरुच्चसंश्रयैरसूर्यगैं'—इत्यादिसे ज्योतिषके होरास्कन्धकी विचक्षणता, ५९वें श्लोकमें रघुकी 'आलीढस्थिति' के द्वारा धनुर्वेदज्ञान, ८वें सर्गके २१वें श्लोकमें अजके 'पणबन्धादि' वर्णनसे नीतिप्रवीणता सूचित होती है, एवं सभी सर्गोंके तत्तत्स्थलोंमें यज्ञ पद्धति-उपनिषत्सिद्धान्त-धर्मशास्त्र पुराणेतिहास राजनीति समाजनीतिगार्हस्थ्यचर्या अन्याश्रमाचार प्रभृतियोंके निष्णाततथा परिचय यथेष्ट मिलता है। *कुमारसम्भवमें भगवतीकी तपश्चर्या वर्णनमें—*

स्थिता क्षणं पक्ष्मसु ताडिताधरा
पयोधरोत्सेधनिपातचूर्णिता।
वलीषु तस्याः स्खलिताः प्रपेदिरे
चिरेण नाभिं प्रथमोदबिन्दवः ॥५।२४॥

यह पद्य भी निर्माताकी बहुदर्शिताका प्रधान साक्षी है, इसमें योगशास्त्र ने जो समाधिमें नासाग्रदृष्टि, मुखका खुला न रहना, मेरुदण्डको उन्नत रखना, निश्चल रहना उपदिष्ट किया है इनमेंसे प्रथम वर्णनमें वृष्टि बिन्दुओंकी पलकोंपर स्थिति द्वारा पलकोंका अर्द्धो मीलन ध्वनित किया, इससे उनमें निविडता ध्वनित हुई जिससे सामुद्रिकोक्त सुलक्षण व्यक्त हुआ, अर्द्धोन्मीलनसे नासिकाग्रदर्शन भी लब्ध हो गया, क्षण शब्दसे पलकोंमें मसृणता सूचित हुई ताडित पदसे अधरमें कोमलता झलकी, अधरसे च्युत बिन्दुओं के कुचोंपर ही गिरनेसे मुख-संवृति तथा बिखर जाने के द्वारा उनकी कठिनता व्यञ्जित हुई साथ ही त्रिकोन्नति भी ध्वनित हुई। वहाँसे गिरकर त्रिवलीसे, फिसलने-द्वारा उनकी चिकनाई, स्पष्टता, सुलक्षणता भी प्रत्यायित हुई, वहाँसे छूटे बिन्दुओंके नाभिमें प्रासिवर्णनसे उसकी गभीरता रूप सचिह्नकी व्यक्ति हुई। इस भाँति असंलक्ष्यक्रम-ध्वनि पक्षमें पदगत वस्तुध्वनियोंसे भगवतीका अलौकिक सौन्दर्य वस्तुध्वनि उपस्कृत हुआ, जो सबका मङ्गी है। सुतराम् उपस्कारकोंके साथ अङ्गाङ्गिभाव सकर हुआ, उक्त अङ्गध्वनियोंमें परस्पर कोई संसृष्ट है, कोई एकव्यञ्जकानुप्रविष्ट सकीर्ण है।

ऋतुसहारमें भी जो कर्ताकी लौकिक वस्तु-व्यवहारोंकी अभिज्ञता है वह भी साहित्य-सेवियोंको अविदित नहीं है।

अभिज्ञानशाकुन्तलसे एक उदाहरण देखिए। शकुन्तलाके उत्तमत्व-प्रयुक्त निश्वासादिमें नैसर्गिक सौरभसे आए हुए मतवाले भ्रमरका व्यापार देखकर महाराज दुष्यन्तकी वेदनामयोक्तिका चित्रण जो कविने इस पद्यमें किया है—

चलापाङ्गां दृष्टिं स्पृशसि बहुशो वेपथुमतीं—
रहस्याख्यायीव स्वनसि मृदु कर्णान्तिकचरः।
करौ व्याधुन्वत्याः पिबसि रतिसर्वस्वमधरं—
वयं तत्त्वान्वेषान्मधुकर हतास्त्वं खलु कृती ॥

शाकुन्तल, अक १।२२

उसकी जितनी प्रशंसा की जाय सब कम ही है। यद्यपि इसके आरम्भमें 'चलापाङ्गां दृष्टिम्' ऐसा पाठ मुद्रित पुस्तकोंमें और आधुनिक टीकाओंमें मिलता है, किन्तु यह पाठ नितान्त अशुद्ध है। इस पाठसे "चपल अपाङ्गवाले काँपते नेत्रोंको छूता है" यह अर्थ होता है, और ऊपर लिखित

कालिदासकी सूक्तियाँ

(स्व० डॉक्टर पंडित अमरनाथ झा, एम्० ए०, डी० लिट्०)

विक्रमके नवरत्नोंमें अमूल्य रत्न कविकुलगुरु कालिदासने अपने काव्य-चमत्कारसे समस्त संसारमें ख्याति प्राप्त की है। दूर-दूर देशोंमें, नाना भाषा-भाषियोंने इनके ग्रन्थोंको पढ़कर, उनका रसास्वादन करके, इनके गुणोंसे मुग्ध होकर, इनकी मुक्त-कण्ठसे प्रशंसा की है। इनके पद-लालित्य, इनके रचना-चातुर्य, इनकी कल्पनाशक्ति, इनके प्रकृति-वर्णन, इनके चरित्र-चित्रण, इनके काव्यकी सरसता इत्यादि गुणोंका गान सुनकर भारतवर्षका प्रत्येक निवासी प्रफुल्ल होता है परन्तु कालिदासमें विचार-गाम्भीर्य भी है, उनके पद्योंसे उपदेश भी मिलता है, इनकी उक्तियाँ आज भी हमारा पथ-प्रदर्शन कर सकती हैं। इन वाक्योंमें संसारका अनुभव है, जीवनके बहुमूल्य सिद्धांत हैं। यहाँ कुछ ऐसी उक्तियोंका संग्रह किया गया है जिनके पढ़नेसे और जिनके अनुसरणसे हम आज भी लाभ उठा सकते हैं। पचास उक्तियाँ पाठकोंकी सेवामें प्रस्तुत की जा रही हैं।

(१) एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्विवाङ्कः।

(जैसे चन्द्रमाकी ज्योतिमें उसका कलंक छिप जाता है, वैसे ही गुणोंके समूहमें एक दोष भी छिप जाता है।)

(२) क्षुद्रेऽपि नूनं शरणं प्रपन्ने ममत्वमुच्चैः शिरसां सतीव।

(शरणागत क्षुद्र जनके प्रति भी महात्माका ममत्व-भाव वैसा ही रहता है जैसा सज्जनके प्रति।)

(३) विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषां न चेतांसि त एव धीराः।

(यथार्थमें धीर पुरुष तो वे ही हैं जिनका चित्त विकार उत्पन्न करनेवाली परिस्थितिमें भी अस्थिर नहीं होता।)

(४) शाम्येत् प्रत्यपकारेण नोपकारेण दुर्जनः।

(दुष्टको उपकारसे नहीं, अपकारसे ही शान्त करना चाहिए।)

(५) विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्।

(अपने हाथसे सींचे हुए विष-वृक्षको अपने ही हाथसे काटना उचित नहीं।)

(६) न पादपोन्मूलनशक्तिरंहः शिलोच्चये मूर्च्छति मारुतस्य।

(वायु पेड़को जड़से उखाड़ सकता है, पर पहाड़को नहीं हिला सकता।)

(७) शस्त्रेण रक्ष्यं यदशक्यरक्षं न तद्यशः शस्त्रभृतां क्षिणोति।

(जिसकी शस्त्रोंसे रक्षा हो ही नहीं सकती, उसकी यदि शस्त्रधारी रक्षा न कर सके तो इससे उसका अपयश नहीं होता।)

(८) पथः श्रुतेर्दर्शयितार ईश्वरा मलीमसामाददते न पद्धतिम्।

(पवित्र मार्गके प्रदर्शक देवतागण स्वयं पापमार्गका अनुसरण नहीं करते।)

(९) पदं हि सर्वत्र गुणैर्निधीयते।

(गुण सब स्थानोंपर अपना आदर करा लेता है।)

(१०) प्रणिपातप्रतीकारः संरम्भो हि महात्मनाम् ।
(महात्माओंके क्रोधकी शान्ति उनको प्रणाम करनेसे होती है ।)
(११) आदानं हि विसर्गाय सतां वारिमुचामिव ।
(बादलोंके समान सज्जन भी जिस वस्तुको ग्रहण करते हैं उसका दान भी करते हैं ।)
(१२) निर्गलिताम्बुगर्भं शरद्घनं नार्दति चातकोऽपि पि ।
(चातक भी शरद्के सूने बादलके आगे आर्तनाद नहीं करता है ।)
(१३) सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा ।
(जब सूर्य दीप्तिमान् हो तब लोगोंकी आँखोंके सामने अँधेरा कैसे छा सकता है ।)
(१४) उष्णत्वमग्न्यातपसंनियोगाच्छैत्यं हि यत्सा प्रकृतिर्जलस्य ।
(धूप अथवा आगसे पानीमें उष्णता आ तो जाती है परन्तु शीतलता ही इसकी यथार्थ प्रकृति होती है ।)
(१५) भवितव्यतानां द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र ।
(भावीको सर्वत्र द्वार खुला मिलता है ।)
(१६) किमिव हि मधुराणां मण्डनं नाकृतीनाम् ।
(जो स्वयं सुन्दर है उसका सौन्दर्य किसी वस्तुसे नहीं बढ जाता ।)
(१७) सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरण-प्रवृत्तयः ।)
(जहाँ सन्देह हो वहाँ सज्जनके अन्तःकरणकी प्रवृत्ति ही सत्यका निर्देश करती है ।)
(१८) न प्रभातरलं ज्योतिरुदेति वसुधातलात् ।
(उत्तम वस्तुकी उत्पत्ति उच्च स्थानसे ही होती है—विद्युत्‌की ज्योति पृथ्वीतलसे नहीं उत्पन्न होती ।)
(१९) अकृतार्थेऽपि मनसिजे रतिमुभयप्रार्थना कुरुते ।
(प्रेम यदि विफल भी हो तो भी एक दूसरेकी उत्कंठासे प्रसन्नता होती है ।)
(२०) कामी स्वतां पश्यति ।
(प्रेमी सब वस्तुओंको अपने अनुकूल ही समझता है ।)
(२१) लभेत वा प्रार्थयिता न वा श्रियं श्रिया दुरापः कथमीप्सितो भवेत् ।
(प्रार्थना करनेपर संभव है श्री मिले या न मिले, परन्तु जब श्री स्वयं कोई इच्छा प्रकट करे तब उसके प्राप्त करनेमें क्या कठिनता हो सकती है ?)
(२२) ग्लपयति यथा शशाङ्कं न तथा हि कुमुद्वतीं दिवसः ।
(दिनसे कुमुदिनीके फूलका इतना ह्रास नहीं होता है जितना चन्द्रमाका ।)
(२३) इष्टप्रवासजनितान्यबलाजनस्य दुःखानि नूनमतिमात्रसुदुःसहानि ।
(प्रेमीके प्रवाससे अबलाको असह्य कष्ट होता है ।)
(२४) गरुमपि (गुरुकपि) विरहदुःखं आशाबन्धो सहावेदि (साहयति) ।
(कठिन विरह भी मिलनकी आशासे सह्य हो जाता है ।)
(२५) अनुभवति हि मूर्ध्ना पादपस्तीव्रमुष्णं
शमयति परितापं छायया संश्रितानाम्।

(३९) स्त्रीणामाद्य प्रणयवचन विभ्रमो हि प्रियेषु ।
(स्त्रियोंका हाव-भाव प्रेमीके साथ बातचीतका पहला स्वरूप है ।)

(४०) मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्या ।
(जिसने मित्रका कार्य सम्पन्न करनेका वचन दिया है वह उसके समाप्त होनेतक ढिलाई नही करता ।)

(४१) आपन्नार्तिप्रशमनफला सम्पदो ह्युत्तमानाम् ।
(उत्तम पुरुषोंकी सम्पत्तिका मुख्य प्रयोजन यही है कि उससे दुखियोंकी विपत्तिका नाश हो ।)

(४२) क वा न स्यु परिभवपद निष्फलारम्भयत्ना ।
(निष्फल यत्न करने वालोंकी जगतमे कब नहीं हँसाई हुई ।)

(४३) प्राय सर्वो भवति करुणावृत्तिरार्द्रान्तरात्मा ।
(सरस हृदय जन होवे ही हैं, बहुधा मृदुल स्वभाव ।)

(४४) सीमन्तिनीना कान्तोदन्त सुहृदुपगत सङ्गमात्किचिदून ।
(पतिके मिलनेसे स्त्रीको जो आनन्द प्राप्त होता है उससे कुछ ही कम आनन्द मित्र द्वारा उसका सँदेसा पाकर होता है ।)

(४५) भूताना हि क्षयिषु करणेष्वाद्यमाश्वास्यमेतत् ।
(काल सब प्राणियोंके सिरपर है, इसलिये पहले कुशल पूछना चाहिए ।)

(४६) कस्यात्यन्त सुखमुपनत दु खमेकान्ततो वा
　　नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ।
(किसीको केवल सुख अथवा एकमात्र दुख नहीं मिलता—दु ख और सुख रथके पहिएकी भाँति कभी ऊपर और कभी नाचे रहा ही करते हैं ।)

(४७) स्नेहानाहुः किमपि विरहे ध्वसिनस्ते त्वभोगात्
　　इष्टे वस्तुन्युपचितरसा प्रेमराशी भवन्ति ॥
(यद्यपि कहा जाता है कि विरहमे प्रेम कुम्हला जाता है, तथापि वस्तुत वियोगमे प्रेमका प्रयोग न होनेसे वह सचित होकर राशीभूत हो जाता है ।)

(४८) नि शब्दोऽपि प्रदिशसि जल याचितश्चातकेभ्य.
　　प्रत्युक्त हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव ।
(तुम बिना गरजे हुए भी चातकको वर्षाजलसे तृप्त करते हो । सज्जनका यही स्वभाव है कि बिना कुछ कहे याचकोंकी माँग पूरी करें ।)

(४९) कैर्या न स्यादभिमतफला प्रार्थना ह्युत्तमेषु ।
(सज्जनसे की हुई प्रार्थना कब सफल नही होती ।)

(५०) पुराणमित्येव न साधु सर्वम् ।
(कोई वस्तु केवल इस कारण ग्राह्य और उत्तम नही है कि वह पुरानी है ।)

कालिदासका सन्देश

(श्रीयुत् पं० बलदेव उपाध्याय साहित्याचार्य)

अस्पृष्टदोषा नलिनीव दृष्टा हारावलीव ग्रथिता गुणौघैः।
प्रियाङ्कपालीव विमर्दहृद्या न कालिदासादपरस्य वाणी॥

—श्रीकृष्ण कवि।

महाकवि कालिदास हमारे राष्ट्रीय कवि थे। वे भारतीय सभ्यता तथा संस्कृतिके प्रतीक थे। इस विशाल तथा विराट् देशकी संस्कृति कालिदासकी वाणीमें बोलती है तथा उनके नाटकोंमें अपना मनोहर भव्य रूप दिखलाकर मानवमात्रका मनोरञ्जन करती है। अँगरेजोंके प्रथम समागमके समय आजसे लगभग दो सौ वर्ष पहले यह भारतवर्ष संसारकी दृष्टिमें संस्कृतिविहीन अन्धकारपूर्ण देश समझा जाता था, परन्तु कालिदासके 'अभिज्ञानशाकुन्तल' ने ही भारतके प्रति विश्वका आदर जगानेका श्लाघनीय कार्य किया। आजसे ठीक १५५ वर्ष पहले सन् १७८९ ई० में सर विलियम जोन्सने शाकुन्तलका अनुवाद अँगरेजी भाषामें किया तथा इसी अनुवादका जर्मन भाषामें अनुवाद जोर्ज फौरेस्टरने दो साल पीछे सन् १७९१ में किया। इसी अनुवादको पढ़कर जर्मनीके सर्वश्रेष्ठ महाकवि गेटेने अपना जो हृदयोद्गार प्रकट किया था वह साहित्यके प्रेमियोंसे छिपा हुआ नहीं है। केवल संस्कृतके ज्ञाता पण्डितजन इस संस्कृतानुवादको पढ़कर उस विदेशी कविके अभिप्रायको भली भाँति समझ सकते हैं—

वासन्तं कुसुमं फलं च युगपद् ग्रीष्मस्य सर्वं च यत्
यच्चान्यन्मनसो रसायनमतः सन्तर्पणं मोहनम्।
एकीभूतमभूतपूर्वमथवा स्वर्लोकभूलोकयो—
रैश्वर्यं यदि वाञ्छसि प्रियसखे ! शाकुन्तलं सेव्यताम्॥

इस अनुवादने हमारा बड़ा उपकार किया। पाश्चात्य जगत्‌ने भली भाँति समझा कि भारतीयोंकी संस्कृति बड़ी ऊँची है तथा हृदयके कोमल भावोंको प्रकट करनेकी निपुणता उसके कवियोंमें विशेष है। इस प्रकार कालिदासका ऋण हमारे ऊपर बहुत ही अधिक है।

हमारी राष्ट्रीय भावनामें और विश्व कल्याणकी भावनामें किसी प्रकारका विरोध नहीं है। भारतीय कवि राष्ट्रका मङ्गल चाहता है और उसके साथ ही साथ वह संसारकी मङ्गल-कामना भी किया करता है कालिदासके काव्योंमें इस सामञ्जस्यका मनोरम रूप दृष्टिगत होता है। इस महाकविकी वाणीमें जिस प्रकार आदि-कवि वाल्मीकिकी रसमयी धारा प्रवाहित होती है उसी प्रकार गीता तथा उपनिषदोंका अध्यात्म ज्ञान भी मञ्जुल रूपमें अपनी अभिव्यक्ति पा रहा है। भारतीय ऋषियोंके द्वारा प्रचारित चिरन्तन तथ्योंको मनोभिराम शब्दोंमें भारतीय जनताके हृदयमें उतारनेका काम कालिदासकी कविताने सुचारु रूपसे किया है। इस कविताका प्रणयन मानव हृदयकी शाश्वत

प्रवृत्तियों तथा भावोंका आलम्बन लेकर किया गया है। यही कारण है कि इसके भीतर ऐसी उद्दीप्त उदात्त भावना विद्यमान है जो भारतीयोंको ही नहीं, प्रत्युत मानव मात्रको सदा प्रेरणा तथा स्फूर्ति देती रहेगी। इस भारतीय कविकी वाणीमें इतना रस है, इतना ओज भरा हुआ है कि दो सहस्र वर्षोंके दीर्घ कालने भी उसमें किसी प्रकारका फीकापन नहीं आने दिया। उसकी मधुरिमा आज भी उसी प्रकार भावुकोंके हृदय रसमय करती है जिस प्रकार उसने अपनी उत्पत्तिके प्रथम क्षणमें किया था। वैदिक धर्म तथा संस्कृतिका जो भव्य रूप इन काव्योंमें दिखाई देता है वह नितान्त सजीव है। मानव-कल्याणके लिये इन काव्योंमें मधुर शब्दोंमें स्थान-स्थानपर उपदेश भी दिए गए हैं। आजका मानव-समाज परस्पर कलह तथा वैमनस्यसे छिन्न-भिन्न हो रहा है। प्रबल समरानलके भीतर संसारकी अनेक जातियाँ अपना सर्वस्व स्वाहा कर रही हैं। विश्व नितान्त उद्विग्न है। मानवताके लिये यह महान् सङ्कटका समय है। विचार करनेकी बात है कि कालिदास क्या इस सम्बन्धमें भी कोई सन्देश देते हैं।

मानव-जीवनमें नैराश्यवादके लिये स्थान नहीं है। जो लोग इसे मायिक बतलाकर निःसार तथा व्यर्थ मानते हैं उनका कथन किसी प्रकार प्रामाणिक नहीं है। जो जीवन हम बिता रहे हैं तथा जिससे हम अपना अभ्युदय प्राप्त कर सकते हैं उसे सारहीन क्यों मानें? कालिदास का कहना है कि देहधारियोंके लिये मरण ही प्रकृति है, जीवन तो विकृतिमात्र है। यदि जन्तु श्वास लेता हुआ एक क्षणके लिये भी जीवित है तो यह उसके लिये लाभ है—

मरणं प्रकृतिः शरीरिणां विकृतिर्जीवितमुच्यते बुधैः।

क्षणमप्यवतिष्ठते श्वसन् यदि जन्तुर्ननु लाभवानसौ॥

—रघु० ८।८७

इस जीवनको महान् लाभ मानना चाहिए तथा इसे सफल बनानेके लिये अर्थ, धर्म तथा कामका सामञ्जस्य उपस्थित करना चाहिए। इस त्रिवर्गमें धर्म ही सर्वश्रेष्ठ है (त्रिवर्गसारः प्रतिभाति भामिनि—कुमार० ५।३८। परन्तु अर्थ और काम अपनी स्वतन्त्रता और सत्ता बनाए रखनेके लिये धर्मका विरोध करते रहते हैं। धर्मको दबाकर अर्थ अपनी प्रबलता चाहता है और धर्मको ध्वस्तकरके काम भी अपना प्रभाव जमाना चाहता है इस विश्वमें आज धर्म-विरोधी अर्थ और कामका नग्न नृत्य हो रहा है। धर्म कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता। परन्तु भगवान् श्रीकृष्णके शब्दोंमें 'धर्मसे अविरुद्ध काम' भगवान्की ही विभूति है। कालिदासने अपने काव्यों तथा नाटकोंमें 'धर्माविरुद्धः कामोऽस्मि लोकेषु भरतर्षभ'—इस गीता-वाक्यकी सत्यता अनेक प्रकारसे प्रमाणित की है।

मदन-दहनका रहस्य यही है। मदन चाहता है कि पार्वतीके सुन्दर रूपका आश्रय लेकर समाधि-निरत शंकरके हृदयपर चोट करूँ। प्रकृतिमें वसन्तका आगमन होता है। लता वृक्षपर फूल झूमकर अपना प्रेम जताने लगती है। एक ही कुसुमपात्रमें भ्रमरी अपने सहचरके साथ मधुपान करती हुई मस्त हो जाती है। व्याधिके समान मदन संसारको ग्रस्त करने लगता है। वह अपनी आकांक्षा बढ़ाता है और शंकरपर आक्रमण कर बैठता है। जगत्के कल्याण, आत्यन्तिक मङ्गलका नाम शंकर है। विश्व-कल्याण मदनकी उपासनामें नहीं है, प्रत्युत उसके धर्म-विरोधी रूपके दबानेमें है। काम अपनी प्रभुता चाहता है। विश्व-कल्याणपर अपना मोहन बाण छोड़ता है। शंकर अपना

तृतीय नेत्र खोलते हैं। तृतीय नेत्र ज्ञाननेत्र है। वह प्रत्येक मनुष्यके भ्रूमध्यमें विद्यमान है। परन्तु गुप्त होनेसे हमें उसके अस्तित्वका पता नहीं चलता। शंकरका वह नेत्र जाग्रत है। इसी ज्ञानकी ज्वालामें मदनका दहन होता है। धर्मसे विरोध करनेवाला काम भस्मकी राशि बन जाता है। शंकरको वशमें करनेके लिये पार्वतीजी तपस्या करती हैं। धर्म-सिद्धिका प्रधान साधन है—तपस्या। बिना अपना शरीर तपाए तथा बिना हृदय-स्थित दुर्वासना जलाए धर्मकी भावना-जागरित नहीं होती। कालिदासने कामका जलना दिखाकर यही चिरन्तन तथ्य प्रकट किया है। पार्वतीने घोर तपस्या करके अपना अभीष्ट प्राप्त किया। इस प्रकार कालिदासकी दृष्टिमें काम तथा धर्मके परस्पर संघर्षमें हमें कामको दबाकर उसे धर्मानुकूल बनाना ही पड़ेगा। जगत्‌का कल्याण इसी भावनामें सिद्ध होता है।

व्यक्ति तथा समाजका गहरा सम्बन्ध है। व्यक्तिकी उन्नति वाञ्छनीय वस्तु है, परन्तु इसकी वास्तविक स्थिति समाजकी उन्नति पर अवलम्बित है। व्यक्तियोंके समुदायका ही नाम समाज है। कालिदास वैयक्तिक उन्नतिकी अपेक्षा सामाजिक उन्नतिके पक्षपाती हैं। उनका समाज श्रुति-स्मृतिकी पद्धतिपर निर्मित समाज है। वह त्यागके लिये धन इकट्ठा करता है। सत्यके लिये परिमित भाषण करता है। यशके लिये विजयकी अभिलाषा रखता है, प्राणियों तथा राष्ट्रोंको पददलित करनेके लिये नहीं। गृहस्थीमें निरत होता है सन्तान उत्पन्न करनेके लिये, कामवासनाकी पूर्तिके लिये नहीं। कालिदास-द्वारा चित्रित नरपति भारतीय समाजका अनुकरणीय आदर्श उपस्थित करते हैं। वे शैशवमें विद्याका अभ्यास करते हैं, यौवनमें विषयके अभिलाषी हैं, वृद्धावस्थामें मुनिवृत्ति धारण करके सारे प्रपञ्चसे मुँह मोड़कर निवृत्ति-मार्गके अनुयायी बनते हैं तथा अन्तमें योगद्वारा अपना शरीर छोड़कर परम पदमें लीन हो जाते हैं। यह आदर्श भारतीय समाजकी अपनी विशेषता है—

त्यागाय सम्भृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम्।
यशसे विजिगीषूणां प्रजायै गृहमेधिनाम्॥
शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्॥

—रघुवंश, १।७-८

उपनिषदोंमें धर्मके तीन स्कन्ध प्रतिपादित हैं—यज्ञ, अध्ययन और दान। इनके अतिरिक्त 'तपः' की महिमासे भारतीय धार्मिक साहित्य भरा पड़ा है। कालिदासने इन स्कन्धोंका विवेचन स्थान स्थानपर बड़ी ही मनोरम भाषामें किया है। यज्ञका महत्त्व वे स्वीकार करते हैं। पुरोहित यज्ञके रहस्योंका ज्ञाता होता है। राजा दिलीप यह बात भली भाँति जानते हैं कि वसिष्ठजीके यथा-विधि सम्पादित होमके द्वारा जलकी ऐसी वृष्टि होती है जो अकालसे सूखे शस्यको हरा-भरा कर देती है—

हविरावर्जितं होतस्त्वया विधिवदग्निषु॥
वृष्टिर्भवति शस्यानामवग्रहविशोषिणाम्॥

—रघु० १।६२

नरराज तथा देवराज—दोनोंका काम परस्पर सहयोगसे मानवोंकी रक्षा करना है। नरराज पृथ्वीको दुहकर—उससे सुन्दर वस्तुएँ प्राप्त करके यज्ञ सम्पादन करता है और देवराज इसके बदलेमें

उत्पन्न होनेके लिये आकाशको दूहकर पुष्कल वृष्टि करता है। इस प्रकार ये दोनों अपनी सम्पत्तिका विनिमय करके उभय लोकका कल्याण करते हैं—

दुदोह गां स यज्ञाय सस्याय मघवा दिवम्।
सम्पद् विनिमयेनोभौ दधतुर्भुवनद्वयम् ॥
—रघु० १।२६

मन्त्रपूत जलके द्वारा अनेक अलौकिक पदार्थोंकी सिद्धि हमारे महाकविको मान्य है। रघु सर्वस्व-दक्षिणा-यज्ञके अनन्तर कौत्सकी याच्ञा पूरी करनेके लिये जिस रथपर बैठते हैं उसे वशिष्ठजीने मन्त्र पूत जलसे अभिमन्त्रित कर दिया है और उसमें आकाश, नदी, पहाड़ आदि सब विकट तथा विषम मार्गोंपर चलने की क्षमता है। (रघु० ५।२७) इस प्रकार कालिदासकी दृष्टिमें सामाजिक कल्याणके साधनोंमें मन्त्रका भी महत्त्वपूर्ण स्थान है।

दानकी गौरव गाथा गाते हुए हमारे महाकवि कभी श्रान्त नहीं होते। समाज आदान-प्रदानकी भित्तिपर अवलम्बित है। धनी-मानी व्यक्तिका संचित धन केवल उन्हींकी आवश्यकता अथवा व्यसन पूरा करनेके लिये नहीं है, प्रत्युत उसका सदुपयोग उन निर्धनोंकी उदर-ज्वाला शान्त करनेमें भी है जो समाजके विशेष अङ्ग हैं। बृहदारण्यक उपनिषद्में डंकेकी चोट कहा गया है कि दैवी वाग् मेघगर्जनके रूपमें सदा पुकारती है—दाम्यत (अपनी इन्द्रियोंको वशमें रक्खो), दत्त (दान दो) तथा दयध्वम् (दया करो)। यदि हम लोग इस दैवी वाणीकी पुकार सुनकर भी अनसुनी कर देते हैं तो यह अपराध हमारा है। दानके बिना समाज छिन्न-भिन्न होकर ध्वस्त हो जायगा, इसमें सन्देह नहीं। कालिदासने रघुवंशके पञ्चम सर्गमें दानका बड़ा ही उज्ज्वल दृष्टान्त प्रस्तुत किया है। वरतन्तुके शिष्य कौत्स गुरुदक्षिणाके लिये तब रघुके पास आते हैं जब उन्होंने अपनी सारी संचित सम्पत्ति यज्ञमें दे डाली है। रघु अलकापुरी पर चढ़ाई करके यक्षराज कुबेरसे धन पानेका उद्योग करते हैं। इतनेमें कोषमें सोनेकी वृष्टि होती है। राजाका आग्रह है कि शिष्य सम्पूर्ण धन ले जाय और उधर शिष्यका आग्रह है कि वह अपने कामसे अधिक एक कौड़ी भी न छूएगा। दाता और ग्रहीताका यह आग्रह आश्चर्यजनक वस्तु है। यह दृश्य इस भारत-मही के इतिहासमें भी दुर्लभ है, अन्य देशोंकी तो कथा ही क्या।

तप भारतीय संस्कृतिका मूल मन्त्र है। इसकी आराधनामें मनुष्य अपनी सारी कामनाओंकी ही पूर्ति नहीं करता प्रत्युत परोपकारके लिये यथावत् योग्यता भी अर्जन करता है। तपकी महिमासे हमारा साहित्य भरा पड़ा है। कालिदासने इसका महत्त्व बड़े ही भव्य शब्दोंमें अभिव्यक्त किया है। मदन-दहनके अनन्तर मनमनोरथ पार्वतीजीने तपको ही अपना एकमात्र अवलम्बन बनाया। जगत्की समग्र आशाएँ छोड़कर वे इसकी सिद्धिमें लग गईं। उनकी तपस्या इतनी कठोर थी कि कठिन शरीरसे उपार्जित मुनियोंकी तपस्या उसके सामने नितान्त प्रभाहीन तथा प्रभावविहीन जान पड़ती थी। प्रकृतिके नाना प्रकारके विषम कष्ट झेलकर वे अपनी कामना-सिद्धिमें सफल होती हैं। कालिदासने पार्वतीके तपका रहस्य विशेष रूपसे प्रकट किया है—

इयेष सा कर्तुमवन्ध्यरूपतां समाधिमास्थाय तपोभिरात्मनः।
अवाप्यते वा कथमन्यथा द्वयं तथाविधं प्रेम पतिश्च तादृशः ॥
—कुमारसम्भव ५।२

पार्वतीको तपस्याका फल था—'तथाविध प्रेम', अलौकिक उत्कट कोटिका प्रेम और 'तादृशः पति.' उस प्रकारका, मृत्युको जीतनेवाला महादेवरूप पति। जगत्‌के समस्त पति मृत्युके वश हैं, मृत्युञ्जय एक ही व्यक्ति है। महादेव ही मृत्युको भी जीतकर अपनी स्वतन्त्र स्थिति धारणकर सदा विराजते हैं। आजतक कोई भी कन्या मृत्युञ्जयको पति रूपमें पानेमें समर्थ न हुई। और वह प्रेम भी कैसा? कालिदासने 'तथाविध' शब्दके भीतर गम्भीर अर्थकी अभिव्यञ्जना की है। शङ्करने पार्वतीको अपने मस्तकपर स्थान दिया है। आदरकी भी एक सीमा होती है। पत्नीको इतना उच्च स्थान प्रदान करना सत्कारका महान् उत्कर्ष है, आदरकी पराकाष्ठा है। अन्य देवताओंमेंसे किसीने अपनी पत्नीको इतना गौरव नहीं प्रदान किया। भारतीय कन्याओंके लिये गौरवर्क। यह साधना अनुकरणीय वस्तु है। यही कारण है कि हमारी कन्याओंके सामने एक ही महान् आदर्श है और वह है पार्वतीका। भारतीय समाजमें गौरीपूजाका रहस्य इसी महान् स्वार्थत्यागके भीतर छिपा हुआ है। तपस्याने गौरीको इतना महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। तपस्या करनेवाले ऋषियोंके भीतर विचित्र तेज छिपा रहता है। वे स्वयं शान्तिमें रहते हैं, सूर्यकान्त मणिकी भाँति वे छूनेमें बड़े कोमल हैं, परन्तु दूसरे तेजके द्वारा अभिभूत होते ही वे जलता हुआ तेज वमन करते हैं। वे किसीकी धर्षणा सह नहीं सकते। यही तपस्याका प्रभाव है—

शमप्रधानेषु तपोधनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।
स्पर्शानुकूला इव सूर्यकान्तास्तदन्यतेजोऽभिभवाद्वमन्ति॥

—शाकुन्तल, २।७

आजकलकी समर-ज्वालामें दग्ध होनेवाले संसारके लिये कालिदासका सन्देश विशेष रूपसे उपादेय है। विश्व-मानवोंको चाहिए कि यह सुन्दर सन्देश सुनकर अपने जीवनमें उसका बर्ताव करें। इस सन्देशको हम तीन तकारादि शब्दोंमें प्रकट कर सकते हैं—त्याग, तपस्या तथा तपोवन। विश्वकी शान्ति भंग करनेवाली वस्तुका नाम स्वार्थपरायणता है। समस्त जातियाँ अपने बड़प्पनका स्वप्न देखती हुई अपने क्षुद्र स्वार्थकी सिद्धिमें निरत दिखाई पड़ती हैं। भयानक संघर्षका यही निदान है। इसका निवारण त्याग और तपस्याकी साधनाके बिना कथमपि सम्पन्न नहीं हो सकता। पाश्चात्य जगत्‌ने नगरको विशेष महत्त्व दिया और उसका अनुकरण करके पूर्वी जगत् भी नागरिक सभ्यताकी उपासनामें दत्तचित्त हो चला। परन्तु कालिदासकी सम्मतिमें तपोवनकी गोदमें पली हुई सभ्यता मानवका सच्चा मंगल कर सकती है। जिसने हमारे देशको भारतवर्ष जैसा मञ्जुल नाम प्रदान किया उस दौष्यन्ति भरतका जन्म मारीचके आश्रममें हुआ। गोचारणका फल रघुके जन्मके रूपमें प्रकट हुआ। दिलीपने अपनी राजधानीका परित्याग करके वसिष्ठके आश्रममें निवास किया तथा गुरुकी गायकी विधिवद् परिचर्या की। उसीका फल हुआ इन्द्र-जैसे वज्रधारीके मानमर्दन वीरका उदय। तपोवनमें अलौकिक शान्ति तथा शक्तिका साम्राज्य छाया रहता है। प्रकृति निखिल विषमता दूर कर समताके अभ्यासमें निरत रहती है। हिंस्र पशु भी नैसर्गिक शान्तिके कारण अपनी प्रकृति भूलकर परस्पर मैत्री-भावसे निवास करते हैं। कालिदासकी दृष्टिमें प्रपंचके पचड़ेमें पचने-मरनेवाला जीव दयाका पात्र है। सुखमें आसक्त जीवको तापस उसी दृष्टिसे देखता है जिससे तैल-मर्दन करनेवाले व्यक्तिको स्नान किया हुआ व्यक्ति, अशुचिको शुचि, सुप्त व्यक्तिको प्रबुद्ध, बद्ध पुरुषको स्वच्छन्द गतिवाला पुरुष—

अभ्यक्तमिव स्नातः शुचिरशुचिमिव प्रबुद्ध इव सुप्तम् ।
बद्धमिव स्वैरगतिर्जनमिह सुखसङ्गिनमवैमि ॥
—शाकुन्तल, ५ । ११ ।

जबतक यह संसार त्याग और तपस्याका आश्रय लेकर तपोवनकी ओर न मुड़ेगा, तबतक इसकी अशान्ति कभी न बुझेगी, पारस्परिक कलह कभी न समाप्त होगा तथा वैमनस्यका नाश कभी न होगा।

कालिदासका सन्देश उनकी सर्वश्रेष्ठ रचनाके अन्तिम श्लोकमें एक ही पद्यके रूपमें प्रकट किया जा सकता है—

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः
सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम् ।
ममापि च क्षपयतु नीललोहितः
पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः ॥
—शाकुन्तल, ७ । ३५ ।

राजा प्रजाके हित-साधनमें लगे, शास्त्रके अध्ययनसे महत्त्वशाली विद्वानोंकी वाणी सर्वत्र पूजित हो, शक्ति-सम्पन्न भगवान् शङ्कर समग्र जीवोंका पुनर्जन्म दूर करदें। इससे सुन्दर सन्देश और क्या हो सकता है ? राजाका प्रधान कार्य प्रजाका अनुरञ्जन है। अराजक राज्यके दुर्गुणोंसे हम भली भाँति परिचित हैं। राजाके बिना समाज उच्छिन्न हो जायगा, परन्तु राजाका प्रधान कर्तव्य होना चाहिए समाजकी रक्षा। राष्ट्रकी उन्नति तथा अभ्युदयके मार्गपर ले जानेवाले उसके विद्वज्जन ही होते हैं। अतः उनकी सरस्वतीका पूजन तथा समादर हमारा पवित्र कार्य है। राजा क्षात्र बलका प्रतीक है तथा विद्वज्जन ब्राह्मतेजके प्रतिनिधि हैं। इन दोनोंके परस्पर सहयोगसे ही देशका सच्चा कल्याण हो सकता है। ब्रह्मतेज तथा क्षात्रबलका सहयोग पवन तथा अग्निके समागमके समान नितान्त उपादेय तथा फलप्रद है—

स बभूव दुरासदः परैर्गुरुणाथर्वविदा कृतक्रियः ।
पवनाग्निसमागमो ह्ययं सहितं ब्रह्म यदस्त्रतेजसा ॥
—रघुवंश, ८ । ४

समाजकी सुव्यवस्था होनेपर व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक उन्नति कर सकता है। इस प्रकार समाज तथा व्यक्तिका परस्पर अभ्युदय भारतीय संस्कृतिका चरम लक्ष्य है। सम्राट् विक्रमकी सभाके रत्न महाकवि कालिदासका यह त्याग और तपस्याका सन्देश जगती-तलपर प्रत्येक प्राणीके हृदयको सदय तथा सहानुभूतिमय बनावे, यही अन्तमें हमारी भगवान्से प्रार्थना है।

कालिदास और प्रकृति

[व्याकरणाचार्य, साहित्यशास्त्री पंडित करुणापति त्रिपाठी, एम० ए० बी० टी०,(हिन्दी-संस्कृत) प्राध्यापक काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय]

विश्वके विशाल साहित्यमें शेक्सपियरको लोग अन्तर्जगत्‌का सर्वश्रेष्ठ साहित्यकार मानते चले आते हैं और कालिदासको बाह्य जगत्‌का। बाह्य जगत्‌के चित्रणमें, प्राकृतिक वर्णनमें कालिदासने जो मनोरम काव्य-रचना की है, वह साहित्य-जगत्‌में अद्वितीय है। इनके प्रकृति-वर्णनमें इतनी सजीवता है, इतनी रमणीयता है तथा इतनी भव्यता और स्वाभाविकता है कि पाठकों और श्रोताओंके मन बरबस ही इनमें रम जाते हैं। इनके प्रकृति-प्रेमका अनुमान मेघदूतके इस एक ही श्लोकसे लगाया जा सकता है—

> हस्ते लीलाकमलमलके बालकुन्दानुविद्धं
> नीता लोध्रप्रसवरजसा पाण्डुतामानने श्रीः।
> चूडापाशे नवकुरबकं चारु कर्णे शिरीषं
> सीमन्ते च त्वदुपगमजं यत्र नीपं वधूनाम् ॥
>
> —उत्तरमेघ, २।

इस श्लोकमें जो वर्णन है वह शकुन्तला-जैसी किसी तपोवनवासिनी स्त्रीका वर्णन नहीं है वरन् धनपति कुबेरकी उस अलकापुरीकी यक्षिणियोंका वर्णन है जहाँ महापद्म आदि नवों निधियाँ सदा निवास करती हैं, जहाँकी भूमि मणि की बनी है, जहाँ गगनचुम्बी प्रासाद खड़े हैं, जहाँ स्निग्ध-मणिके हर्म्यस्थल हैं, कनकमय सिकता है, अमर-प्रार्थित यक्षकन्याएँ जहाँ दिनरात मणियोंसे खेल खेला करती हैं, रात्रिमें जहाँ रत्न प्रदीप जला करते हैं, चन्द्रकान्त-शिलाओंका बाहुल्य है, जहाँके तालाबोंकी सीढ़ियाँ मरकत आदि मणियोंकी बनी हैं, हेम-कमलोंमें वैदूर्य मणिके नाल हैं, इन्द्र-नीलके क्रीडा शिखर हैं और अन्य सभी बहुमूल्य तथा देवदुर्लभ सम्पत्तियाँ बिखरी पड़ी हैं और फिर कल्पवृक्षोंसे समस्त सम्पत्ति और समस्त विभूति भी सुप्राप्य है। इतना सब होनेपर भी वहाँकी अमर-प्रार्थित अङ्गनाओंके शृङ्गारकी सामग्रियाँ प्रकृतिकी विभूतियाँ हैं न कि जड़ मणि शिलाओंके टुकड़े। यह वर्णन सूचित करता है कि प्रकृतिके पुजारी भावुक कविकी अन्तस्तल-दृष्टिको इन प्राकृतिक पदार्थोंमें जो सुषमा लक्षित होती है वह सुषमा रत्नमुक्ता-खचित कांचनके आभूषणोंमें नहीं दिखाई पड़ती।

इस महाकविकी शकुन्तला भी मानो-साक्षात् प्रकृतिकी कन्या है। तपोवनके पावन वातावरणमें पली हुई शकुन्तला जिस समय आश्रम-तरुओंको सींचती हुई हमारे सम्मुख आती है, उस समय आश्रम-वृक्षोंके प्रति शकुन्तलाका स्नेह-ऐसा जान पड़ता है मानो वे उसके सगे कुटुम्बी ही हों। आश्रम वृक्षोंकी इस भाँति मनोयोग-पूर्वक सेवा करनेवाली शकुन्तला, प्रत्येक वृक्षको अनुराग-पूर्वक

सींचनेवाली शकुन्तला, तपोवनकी किन लताओंमें स्तवक कब प्रकट हुए, कब उनमें मञ्जरियाँ दिखाई पड़ीं, इन सब बातोंका ध्यानपूर्वक निरीक्षण करनेवाली कण्व-लालिता शकुन्तलाका अद्भुत प्रकृति प्रेम उस समय लक्षित होता है जब स्वयं महर्षि कण्व जाती हुई शकुन्तलाको निर्दिष्ट करके वृक्षोंकी ओर देखते हुए कहते हैं—

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम् ॥

—शाकुन्तल, ४।६

शकुन्तलाके इस चरम प्रकृति प्रेमका प्रभाव यह होता है कि तपोवनके समस्त जड़-चेतन उसके ऐसे अनन्य अनुरागी हो जाते हैं कि उसकी विदाईके समय वहाँके वन-देवताओं और तरुलताओंने अलौकिक वस्त्राभूषणादि तक उसके लिये उपहारमें प्रदान कर डाले।

ऐसा जान पड़ता है कि कविकुल-गुरुकी समस्त वृत्तियाँ प्रकृतिके सौंदर्य-निरीक्षणमें, उनकी आरम्भिक अवस्थासे ही रम गई थीं। उनका ऋतुसंहार जो उनका आरम्भिक काव्य माना जाता है—प्रकृतिकी मनोहर सुन्दरताओंके सूक्ष्म एवं सहृदय निरीक्षणका एक ज्वलन्त साक्षी है। यद्यपि ऋतुओंका आश्रय लेकर प्रकृतिकी सहज विशेषताओंका वर्णन ऋतुसंहारमें उद्दीपन विभावके अन्तर्गत हुआ है तथापि उसका प्रथम श्लोक—

प्रचण्डसूर्यः स्पृहणीयचन्द्रमाः सदावगाहक्षतवारिसंचयः ।
दिनान्तरम्योऽभ्युपशान्तमन्मथो निदाघकालोऽयमुपागतः प्रिये ॥

ऋतुसंहार, १।१

इस बातका पर्याप्त प्रमाण है कि सरस्वतीके लाडले पुत्र कालिदासके वर्णन, रूढ़ियों और अलंकार-शास्त्रीय परम्पराओंके कोरे निर्वाह मात्र नहीं, वरन् आत्मानुभूति-जन्य हैं। फिर—

काशैर्मही शिशिरदीधितिना रजन्यो हंसैर्जलानि सरितां कुमुदैः सरांसि ।
सप्तच्छदैः कुसुमभारनतैर्वनान्ताः शुक्लीकृतान्युपवनानि च मालतीभिः ॥

—ऋतुसंहार, ३।२

यह शरद्का वर्णन कविकी व्यापक दृष्टि और उनके वास्तविक तथ्य-निरीक्षणका परिचायक है। वसन्तके वायुका वर्णन करते हुए कवि कहता है—

आकम्पयन् कुसुमिताः सहकारशाखा
विस्तारयन् परभृतस्य वचांसि दिक्षु ।
वायुर्विवाति हृदयानि हरन्नराणां
नीहारपातविगमात् सुभगो वसन्ते ॥

—ऋतुसंहार, ६।२४

इस वर्णनमें यद्यपि बहुत ही साधारण बात कही गई है तथापि इससे यह सूचित होता है कि बौर हुए आमोंके बागमें बैठकर मतवाली कोकिलकी कूक सुनकर अपना तन-मन निछावर कर

देनेवाले कविने ही यह लिखा होगा। इसी भाँति ऋतुसंहारके प्रत्येक सर्गमें आदि और अन्तके ऋतु-वर्णन-विषयक पद्य इतने सरस, सुन्दर और साथ ही इतने भव्य हैं कि उन्हें पढ़ते ही या सुनते ही हृदयमें उन ऋतुओंका चित्रसा खिंच जाता है।

कुमारसम्भव तो प्रकृति-नटीके ललित लास्यकी रमणीय रङ्गशाला है। प्रथम सर्गका हिमालय-वर्णन संस्कृत साहित्यमें क्या, समस्त विश्व-साहित्यमें एक देदीप्यमान रत्न है। कुछ उदाहरण लीजिए—

यश्चाप्सरो विभ्रममण्डनानां सम्पादयित्रीं शिखरैर्बिभर्ति ।
बलाहकच्छेदविभक्तरागामकालसन्ध्यामिव धातुमत्ताम् ॥४॥
कपोलकण्डूः करिभिर्विनेतुं विघट्टितानां सरलद्रुमाणाम् ।
यत्र स्रुतक्षीरतया प्रसूतः सानूनि गन्धः सुरभीकरोति ॥९॥
भागीरथीनिर्झरसीकराणां वोढा मुहुः कम्पितदेवदारुः ।
यद्वायुरन्विष्टमृगैः किरातैरासेव्यते भिन्नशिखण्डिबर्हः ॥१५॥

ऐसा सुन्दर और स्वाभाविक पर साथ ही साथ सरस वर्णन तबतक सम्भव नहीं हो सकता जबतक कविका हृदय प्रकृतिकी मनोरम लीलाओंको देखकर मुग्ध न हो गया हो।

आगे चलकर तृतीय सर्गमें पुनः वसन्तका वर्णन और अष्टम सर्गमें सन्ध्या तथा चन्द्रोदयका वर्णन भी अत्यन्त मोहक है। महाकविकी अनेक विशेषताओंमें यह भी एक विशेषता है कि जहाँ वे एक ओर प्रकृतिके स्वाभाविक शब्दचित्र निर्माणमें अतीव प्रवीण हैं, वहाँ वे दूसरी ओर अपनी नव-नवोन्मेषशालिनी कल्पनामयी प्रतिभाके सहारे अलौकिक और दिव्य विभूतियोंका वर्णन भी बड़ी निपुणताके साथ करते हैं। जहाँ एक ओर *हिमालयका अत्यन्त स्वाभाविक वर्णन करनेमें* उन्हें पूर्ण सफलता मिली है, वहीं दूसरी ओर ओषधिप्रस्थ पुरीके, हिमालय-निवासी यक्षों, गन्धर्वों, किन्नरों और अप्सराओंके, अलकाके सुमेरुके और गन्धमादनादिके काल्पनिक वर्णनोंमें भी उन्हें पूर्ण सफलता मिली है। उनकी सूक्ष्म निरीक्षण-शक्तिके उदाहरण सर्वत्र बिखरे पड़े हैं। पर्वतके झरनोंपर दिनके समय जब सूर्यकी किरणें पड़ती हैं तब उनमें इन्द्रधनुष चमकने लगता है, पर सन्ध्याके समय सूर्यके लटक जानेपर उनमें इन्द्रधनुष नहीं दिखाई पड़ता। इसीका कवि वर्णन कर रहा है—

सीकरव्यतिकरं मरीचिभिर्दूरयत्यवनते विवस्वति ।
इन्द्रचापपरिवेषशून्यतां निर्झरास्तव पितुर्व्रजन्त्यमी ॥८।३१

किन्तु झरनोंमें इन्द्रधनुष के न दिखाई पड़नेपर भी तालाबोंके जलमें लटकते हुए सूर्यकी रमणीय कान्ति पड़नेसे ऐसा जान पड़ता है मानो उनके ऊपर सोनेका पुल बना हो—

पश्य पश्चिमदिगन्तलम्बिना निर्मितं मितकथे विवस्वता ।
लम्बया प्रतिमया सरोऽम्भसां तापनीयमिव सेतुबन्धनम् ॥८।३४

रूढ़िका अनुसरण करनेवाले कविका ये उक्तियाँ नहीं हो सकतीं, वरन् ये उसकी उक्तियाँ हैं जो कि मुग्ध दृष्टिसे प्रकृतिकी शोभा देखते हुए सब कुछ भूल जाता है।

इसी प्रकार रघुवंशमें भी तपोवनका वर्णन, प्रभात-वर्णन, वसन्त-वर्णन, समुद्र-वर्णन आदि भी अनुपम हैं—

सेकान्ते मुनिकन्याभिस्तत्क्षणोज्झितवृक्षकम् ।
विश्वासाय विहङ्गानामालवालाम्बुपायिनाम् ॥
—रघुवंश, १।५१

वृन्ताच्छ्लथं हरति पुष्पमनोकहानां
संसृज्यते सरसिजैररुणांशुभिन्नैः ।
स्वाभाविकं परगुणेन विभातवायुः
सौरभ्यमीप्सुरिव ते मुखमारुतस्य ॥
ताम्रोदरेषु पतितं तरुपल्लवेषु
निर्धौतहारगुलिका विशदं हिमाम्भः ।
आभाति लब्धपरभागतयाधरोष्ठे
लीलास्मितं सदशनार्चिरिव त्वदीयम् ॥
—रघुवंश, ५।६९-७०

अमदयन्मधुगन्धसनाथया किसलयाधरसंगतया मनः ।
कुसुमसंभृतया नवमल्लिका स्मितरुचा तरुचारुविलासिनी ।
—रघुवंश, ९।४२

ससत्त्वमादाय नदीमुखाम्भः संमीलयन्तो विवृताननत्वात् ।
अमी शिरोभिस्तिमयः सरन्ध्रैरूर्ध्वं वितन्वन्ति जलप्रवाहान् ।
—रघुवंश, १३।१०

तवाधरस्पर्धिषु विद्रुमेषु पर्यस्तमेतत्सहसोर्मिवेगात् ।
ऊर्ध्वाङ्कुरप्रोतमुखं कथंचित्क्लेशादपक्रामति शङ्खयूथम् ।
—रघुवंश, १३।१३

इसी सर्गमें आगे चलकर गंगा-यमुनाके संगमका कितना सश्लिष्ट वर्णन है। सम्भवत गंगा-यमुनाके संगमका ऐसा भव्य चित्र संस्कृत साहित्यमें उपलब्ध नहीं है। सोलहवें सर्गमें कुशकी जलक्रीडाके अवसरपर नदीका तथा मार्गके अन्यान्य दृश्योंका कितना मनोहर वर्णन है। इस प्रकार केवल रघुवंशमें ही प्रकृतिके न जाने कितने ललित एवं मनोरम दृश्योंके अत्यन्त कलापूर्ण चित्रात्मक वर्णन भरे पड़े हैं।

मेघदूत तो मानो प्रकृति रमणीके लालित्यपूर्ण मनोरम विलास-चेष्टाओंका आगार ही है। पूर्वमेघमें आरम्भसे लेकर अन्त तक कैसा अनुपम प्रकृतिका वर्णन है। वर्षाके आरम्भका एक वर्णन लीजिए—

मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः ।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥
—पूर्वमेघ, १०

ग्रीष्म ऋतुके बाद पहले-पहल वर्षाकी बूंदोके पडनेपर गरमी भर तपे हुये पत्थरवाले विन्ध्यादि पहाडोंसे जो भाप निकलती है उसका वर्णन लीजिए —

> काले काले भवति भवतो यस्य संयोगमेत्य
> स्नेहव्यक्तिश्चिरविरहजं मुञ्चतो बाष्पमुष्णम् ॥
>
> —पूर्वमेघ, १२

इसी भाँति बाँबियोंके ऊपर मकडीके जालो और नीचे घासपर पडी हुई ओसकी बूंदोपर या वर्षाकी बूंदोपर दिखाई पडनेवाले इन्द्रके धनुषके समान इन्द्रधनुषकी छाया पडनेसे मेघकी कान्ति कैसी हो उठती है—इसे देखिए—

> रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत्पुरस्तात्
> वल्मीकाग्रात्प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्य ।
> येन श्यामं वपुरतितरां कान्तिमापत्स्यते ते
> बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेषस्य विष्णोः ॥
>
> —पूर्वमेघ, १५

वर्षाके आरम्भमे जब जलकी बूंदोंके गिरनेपर भूमिसे सोंधी-सोंधी गन्ध उठती है उस समय सरल कृषक बालाएँ कितने स्नेहसे श्यामल अम्बुवाहोको देखती हैं—

> त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति भ्रूविलासानभिज्ञैः
> प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः ।
> सद्यः सीरोत्कषणसुरभि क्षेत्रमारुह्य मालं
> किञ्चित्पश्चाद्व्रज लघुगतिर्भूय एवोत्तरेण ॥
>
> —पूर्वमेघ, १६

रेवाका वर्णन लीजिए—

> रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां ।
> भक्तिच्छेदैरिव विरचितां भूतिमङ्गे गजस्य ॥
>
> —पूर्वमेघ, २०

ऊबड-खाबड विन्ध्यके निचले भागमे बहती हुई रेवा सजे हुए हाथीके अङ्ग-सी जान पडती है। एक और सुन्दर वर्णन लीजिए—

> नीपं दृष्ट्वा हरितकपिशं केशरैरर्धरूढै-
> राविर्भूतप्रथममुकुलाः कन्दलीश्चानुकच्छम् ।
> जग्ध्वारण्येष्वधिकसुरभिं गन्धमाघ्राय चोर्व्याः
> सारङ्गास्ते जललवमुचः सूचयिष्यन्ति मार्गम् ॥
>
> —पूर्वमेघ, २२ ।

इस प्रकार समस्त पूर्वमेघ अत्यन्त भव्य और रमणीय प्राकृतिक दृश्य-चित्रोंसे भरा पडा है। प्रकृतिके किसी एक अङ्गके नही वरन् समस्त अङ्गोके वर्णनमे वे बडे सिद्ध-हस्त हैं। मेघदूतमे

हम देखते हैं कि उनका प्रकृति-वर्णन एक ओर तो प्राकृतिक सुन्दरताओंका शब्द-चित्राङ्कन है और दूसरी ओर बाह्य जगत्का अन्तर्जगत्के साथ सम्बन्ध दिखानेवाला है। उन प्राकृतिक दृश्योंको देखकर केवल कविके, यक्षके या अनुप्राणित मेघके हृद्गत भाव ही नहीं वर्णित हैं, वरन् ग्रामवधुओं, पथिकों और विरहियोंके भावोंका भी अत्यन्त मनोरम चित्रण है। इतना ही नहीं, वरन् चातकों, मयूरों, वकों तथा हंसोंकी भी उन चेष्टाओंका वर्णन है जिनमें उनकी अन्तरानुभूतियोंकी छाया झलकती है। जन्तु-जगत्की मनोहर चेष्टाओंके चित्रणमें तो कालिदास सिद्ध-हस्त हैं। दुष्यन्त बाण चढ़ाए हरिणके पीछे रथ दौड़ा रहे हैं और वह गर्दन टेढ़ी कर-करके पीछे निहारता और चौकड़ी मारता भाग रहा है, थक जानेके कारण उसकी साँस फूल रही है और मुँह खुल गया है, इस कारण आधी चबाई हुई कुश उसके मुखसे गिर रही है और चौकड़ीके वेगसे वह उड़ता सा जान पड़ रहा है—

ग्रीवाभङ्गाभिरामं मुहुरनुपतति स्यन्दने बद्धदृष्टिः
पश्चार्द्धेन प्रविष्टः शरपतनभयाद्भूयसा पूर्वकायम्।
दर्भैरर्धावलीढैः श्रमविवृतमुखभ्रंशिभिः कीर्णवर्त्मा
पश्योदग्रप्लुतत्वाद्वियति बहुतरं स्तोकमुर्व्यां प्रयाति॥

—शाकुन्तल, १।७

महाकवि जो कुछ लिखते थे वह उनकी वैयक्तिक अनुभूति और निरीक्षणका परिणाम होता था। शाकुन्तलके प्रथम अङ्कमें तपोवनकी जिन परिपूत विशेषताओंका कविने वर्णन किया है, वे मानो उनके अनेक बारके देखे हैं—

नीवाराः शुकगर्भकोटरमुखभ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिङ्गुदीफलभिदः सूच्यन्त एवोपलाः।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगाः—
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखानिष्यन्दरेखाङ्किताः॥

—शाकुन्तल, १।१४

कुल्याम्भोभिः प्रसृतिचपलैः शाखिनो धौतमूलाः
भिन्नो रागः किसलयरुचामाज्यधूमोद्गमेन।
एते चार्वागुपवनभुवि च्छिन्नदर्भाङ्कुरायां
नष्टाशङ्का हरिणशिशवो मन्दमन्दं चरन्ति॥

—शाकुन्तल, १।१५

महाकविके वर्णनकी यह एक अनुपम विशेषता है कि यदि उसका वर्णन दिव्य पात्रों और अलौकिक व्यक्तियोंसे सम्बद्ध नहीं है तो उसमें स्वाभाविकता और भौगोलिक सत्यता अवश्य रहती है। भारविके समान हिमालयके मोतीका वर्णन नहीं करते। जिस देश, जिस काल और जिस परिस्थितिमें उनकी प्रकृति चित्रित होती है वह उसी देशकालके पूर्णतः अनुरूप होती है। रघुके दिग्विजयका वर्णन करते हुए कवि, जिस मार्गसे और जिस समय जिस देशमें ले चलता है, उस समय वहाँकी जो बातें उसके वर्णनमें आती हैं, वे भौगोलिक विचारसे पूर्णतः वास्तविक हैं। चाहे

वे प्राच्य समुद्रके तटस्थ श्यामल तालीवनका वर्णन करता है, चाहे बङ्गालके कमलका निर्देश करता है, चाहे महेन्द्राद्रिके नागवल्ली-दलो और नारिकेलासवका चित्र खींचता है, चाहे मारीच-वनमे परिश्रान्त हारीतवाले मलयाद्रिकी उपत्यकाकी कथा सुनाता है। चाहे पाण्ड्य देशकी ताम्रपर्णीकी बात बताता है चाहे 'केरल' की मुरला नदीके पुलिनस्थ केतकीके पुष्प-परागोकी गाथा गाता है, चाहे भारतके पश्चिमी सीमा-प्रान्तके अङ्गूरसे व्याप्त प्रदेशका वृत्तान्त कहता है, चाहे काश्मीरके कुङ्कुम-केसरकी कहानी कहता है, चाहे हिमालयके भोजपत्रोका मर्मर, मृगोकी कस्तूरी, सरल और देवदारुके तरु और गगाके शीकरसे मिश्रित शीतल अनिलके गीत गाता है अथवा लौहित्य नदी पार करनेपर कामरूपके अगुरु वृक्षोकी सम्पत्तिका वर्णन करता है, सब कुछ भौगोलिक और प्राकृतिक वास्तविकता और याथातथ्यसे परिपूर्ण है। रघुदिग्विजयके अतिरिक्त इन्दुमती-स्वयवर और मेघदूतमे मेघके मार्ग-वर्णन आदिमे भी ऐसे अनेक उदाहरण भरे पडे हैं, जहाँ दैशिक विशेषताओंके प्राकृतिक वर्णनमे कवि पूर्ण रूपसे यथार्थ है।

भौगोलिक तथ्य—वर्णनके अतिरिक्त महाकवि कालिदासके प्रकृति-वर्णनकी दूसरी विशेषता यह है कि प्रस्तुतकी अमूर्त्त विशेषताओ और सुषमा-सम्बन्धी विलक्षणताओके साकार साक्षात्कारके लिये वह प्रकृतिके अप्रस्तुत प्रसङ्गोकी निर्बाध सहायता लेता है। शकुन्तलाकी अकृत्रिम सुषमाकी ललित कल्पनाको मूर्त्तरूपमे चित्रित करनेके लिये वह कहता है—

सरसिजमनुविद्ध शैवलेनापि रम्य
मलिनमपि हिमाशोर्लक्ष्म लक्ष्मी तनोति।
इयमधिकमनोज्ञा वल्कलेनापि तन्वी
किमिव हि मधुराणा मण्डन नाकृतीनाम्॥

—शाकुन्तला १।१६

इसमे शकुन्तलाकी सहज रूपसम्पत्तिका मूर्त्त प्रत्यक्षीकरण करानेके लिये सेवारसे घिरे हुए कमल और सकलङ्क कलाधरकी सहायता ली गई है। इसी भाँति शकुन्तलाके अभुक्तपूर्व यौवनकी अभिव्यक्तिके लिये, उसके अछूते यौवनकी मनोहरताके प्रतिपादनके लिये, कवि अप्रस्तुतकी सहायता लेकर कह उठता है—

अनाघ्रात पुष्प किसलयमलून कररुहै-
रनाविद्ध रत्न मधु नवमनास्वादितरसम्।
अखण्ड पुण्याना फलमिव च तद्रूपमनघ
न जाने भोक्तार कमिह समुपस्थास्यति विधि॥

—शाकुन्तला २।१०

अनाघ्रात पुष्पादिका वर्णन हमारे सम्मुख उसकी अभुक्त रूपसम्पत्तिका बडा भव्य और प्रभावशाली चित्र उपस्थित कर देता है। इस चित्रकी सहायतासे अमूर्त्त भावनाके मूर्त्त साक्षात्करणमें अत्यन्त तीव्रता आ जाती है, हृदयपर उसकी बडी मधुर और अमिट छाप पड जाती है।

रमणी-सौन्दर्यको देखकर अनेक तरुणोके मन आकृष्ट होते रहते हैं, पर इतना कह देना कि अमुक सुन्दरीको देखकर अमुक युवकका मन मुग्ध हो गया, पर्याप्त नहीं होता। केवल इतनेमे न

तो कोई साहित्यिक रमणीयता जान पड़ती है और न इसका कोई प्रभाव ही पड़ता है। अतः, उर्वशीका स्वर्गीय सौन्दर्य देखकर पुरुरवाका हृदय जब मुग्ध हो गया तब उसीका प्रभावशाली वर्णन करते हुए कवि कहता है—

एषा मनो मे प्रसभं शरीरात् पितुः पदं मध्यममुत्पतन्ती ।
सुराङ्गना कर्षति खण्डिताग्रात्सूत्रं मृणालादिव राजहंसी ॥
—विक्रमोर्वशीयम् १।२०

[जैसे मृणालके दो खण्ड करके एक खण्डसे दूसरे टुकड़ेके दूर किए जानेपर भी उसमेंसे निकलता हुआ सूत्र दोनोंका सम्बन्ध बनाए रखता है, उसी भाँति उर्वशीके चले जानेपर भी महाराजकी आँखें और समस्त अन्तर्वृत्तियाँ उसी ओर लगी हैं।] इसी प्रकार विरहिणी यक्षिणीकी मलिन मूर्तिका चित्रात्मक साक्षात्करण करानेके हेतु कविने उसे निदाघमथिता पद्मिनीके तुल्य कहा है। आगे उसीका वर्णन करते हुए कविकुल-कमल-दिवाकर कहते हैं—

नूनं तस्याः प्रबलरुदितोच्छूननेत्रं प्रियाया
निःश्वासानामशिशिरतया भिन्नवर्णाधरोष्ठम् ।
हस्तन्यस्तं मुखमसकलव्यक्ति लम्बालकत्वा—
दिन्दोर्दैन्यं त्वदनुसरणक्लिष्टकान्तेर्बिभर्ति ॥
मेघदूत (उत्तरमेघ)—२४

यहाँ भी अप्रस्तुत चन्द्र यह सूचित करता है कि सहज-सुन्दर यक्षिणीका मुख वियोगके बादलोंसे कान्तिहीन हो गया है। इस रीतिसे महाकविके काव्योंमें अप्रस्तुत रूपमें भी प्रकृतिका अत्यन्त प्रभावशील और चित्रात्मक दृश्योत्थापक वर्णन पग-पगपर भरा पड़ा है।

यद्यपि कालिदासके प्रकृति-वर्णनमें अनेक विशेषताएँ हैं तथापि उन सबका वर्णन यहाँ सम्भव नहीं है, अतः यहाँ केवल एक और विशेषताके सम्बन्धमें कुछ निवेदन कर देना है।

कविकी दृष्टिमें मानवके चारों ओर फैली हुई विशाल प्रकृति, अनगिनती तारोंसे जगमगाता हुआ अनन्त अम्बर, अगाध समुद्र, विशाल वन, लता, वृक्ष, पल्लव, प्रसून, फलादि, नदी, मधुपक्षी तथा अन्य अनन्त प्रकृतिके पदार्थ केवल जड़ या बुद्धि और भावनासे हीन साधारण वस्तुएँ नहीं हैं, वरन् उसकी भावुक कल्पना-चक्षुओंके सम्मुख वे सभी चेतन जान पड़ते हैं, वे सभी भावनाशील हैं और मानव जगत्के प्रति उनके हृदयमें सहानुभूति है, मानवपीड़ासे वे व्यथित होते हैं और मानव-सुखसे सुखी। इसके भव्य और विशद उदाहरण एक नहीं, महाकविके काव्यमें अनेक हैं। विक्रमोर्वशीयके चतुर्थ अङ्कमें उर्वशीके वियोगमें विलाप करते हुए पुरुरवाको देखकर मानो समस्त प्रकृति सहानुभूतिसे आकुल हो उठती है, और पुरुरवाको भी सारी प्रकृति सजीव और मानव-सुषमामें व्याप्त दिखाई पड़ती है। सम्पूर्ण प्रकृतिको अपने प्रति समानुभूतिपूर्ण और सदय देखकर ही पुरुरवाके द्वारा कवि अपने हृदयका भाव उनके प्रति व्यक्त करता है।

इसी भाँति शकुन्तला भी मानो प्रकृति-सुन्दरीकी, नैसर्गिक शोभामयी वनदेवीकी दुलारी पुत्री है। तपोवनके मृगों तथा अन्य पशु-पक्षियोंके प्रति उसका हृदय बान्धव-स्नेहसे आप्लुत है। नैसर्गिक वन-सुषमासे उसके व्यक्तित्वके अणु-अणु निर्मित और परिपालित हैं। कण्वके कथनानुसार

अनुसार जो शकुन्तला तरुलतादिको बिना सींचे जल पीना भी उचित नहीं समझती थी उस शकुन्तलाकी विदाईके समय समस्त तपोवन विरहाकुल हो उठता है, तो क्या आश्चर्य।

उग्गलिअदब्भकवला मिआ परिच्चत्तणच्चणा मोरा।
ओसरिअपण्डुपत्ता मुअन्ति अस्सू विअ लदाओ॥

शकुन्तला—४।१२

धर्मपिता कण्व और अन्य तपोवनवासियोंकी विरह-व्याकुलता तो ठीक ही है, पर जड और मूक प्रकृतिकी शोककातरता तथा व्यथा व्याकुलता उसी कविके अन्तःकरणके साथ स्पन्दित हो सकती है जिसके हृदयकी वीणाके तार प्रकृतिके व्यापारोंसे बज उठा करते है।

महाकविके द्वारा जड प्रकृतिका चेतनीकरण मेघदूतमें आदिसे अन्ततक प्रतिबिम्बित दिखाई पड़ता है। यक्ष जड मेघको अपना दूत बनाकर अपनी प्रियतमाके पास भेजता है। मेघकी सेवा मार्गमें बलाका (बक-पंक्ति) करेगी, किसलयका पाथेय लिए हुए राजहंस मार्गमें उसका साथ देंगे, जानेके समय 'रामगिरि' भी आँसू बहायगा, मार्गमें सुन्दर रेवा नदी मिलेगी, मयूर स्वागत करेंगे, विदिशामें पहुँचनेपर कामुकेच्छा पूर्ण होगी और वेत्रवतीके चञ्चल-तरङ्ग-भ्रुकुटियोंवाले मुखका वह चुम्बन करेगा तथा प्रकृति चेतन मानवके समान आचरण करेगी।

जहाँ एक ओर कवि मनुष्यके बाह्य शारीरिक सुन्दरताकी प्रभावशील और तीव्र अनुभूतिके लिये प्रकृतिके मनोरम और ललित उपादानोंकी सहायता लेता है, वहीं दूसरी ओर वह प्राकृतिक रमणीयताकी प्रभावशीलता तथा तीव्रता बढानेके लिये प्रकृतिमें भी मानव-सौन्दर्यका आरोप करके अप्रस्तुत रूपसे मानवीय सुन्दरता तथा भावाभिव्यक्तिकी सहायता लेता है—

वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाञ्चीगुणाया
संसर्पन्त्या स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः।
निर्विन्ध्यायाः पथि भव रसाभ्यन्तरः संनिपत्य
स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु॥

मेघदूत (पूर्वमेघ)—३०

महाकविके सम्मुख सुरत ग्लानिको दूर करनेवाला शिप्रानिल मानो प्रार्थना-चाटुकार प्रियतम है। इसी प्रकार गम्भीरा नदीका 'चटुलशफरोद्वर्तन' ही उसके कटाक्ष है। अत, मेघसे यक्ष कहता है —

तस्याः किंचित्करधृतमिव प्राप्तवानीरशाखं
हृत्वा नील सलिलवसनं मुक्तरोधोनितम्बम्।
प्रस्थानं ते कथमपि सखे लम्बमानस्य भावि
ज्ञातास्वादो विवृतजघनां को विहातुं समर्थः॥

मेघदूत (पूर्वमेघ)—४५

इस श्लोकसे हमे ज्ञात होता है कि जिस भाँति एक विलास प्रिय कामकला-निपुण नायकके हृदयमें 'विवृतजघना' रमणीको देखकर उसके प्रति आकर्षण होता है, उसी भाँति वर्षाकालीन गम्भीराकी उपर्युक्त सहज छटा देखकर कविका जी वहीं रम जाता है और वह सब कुछ भूलकर उसे निहारनेमें मस्त हो उठता है।

कविकुल-गुरु कालिदासके सभी काव्योंमें और विशेषतः मेघदूतमें इस भाँतिके वर्णन भरे पड़े हैं। अतः, चाहे प्रस्तुत रूपमें हो अथवा अप्रस्तुत रूपमें, कविका प्रकृति-निरीक्षण और उसका वर्णन अनुपम है। पर यहींतक उसका प्रकृति-प्रेम समाप्त नहीं हो जाता। हमारे चारों ओर जो विशाल प्रकृति अपने अनन्त सौन्दर्यके वैभवमें अज्ञात रहस्यका आवरण डाले दिखाई पड़ती है, उसकी अपार महिमाके सम्मुख श्रद्धा और भक्तिसे मस्तक झुकाता हुआ महाकवि अभिज्ञान शाकुन्तलके आरम्भमें कह उठता है—

> या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री,
> ये द्वे कालं विधत्तः श्रुतिविषयगुणा या स्थिता व्याप्य विश्वम्।
> यामाहुः सर्वबीजप्रकृतिरिति यया प्राणिनः प्राणवन्तः
> प्रत्यक्षाभिः प्रपन्नस्तनुभिरवतु वस्ताभिरष्टाभिरीशः॥

अभि० शाकुन्तल—१।१

अर्थात् परमेश्वर भी कहीं अन्यत्र नहीं है। संसारमें, प्रकृतिमें दिखाई पड़नेवाली महिमामयी अष्टविभूतियाँ ही भगवान् अष्टमूर्तिकी आठ प्रत्यक्ष मूर्तियाँ हैं।

इसीलिये कवि कुमारसम्भवमें भी कहता है—

> द्रवः सङ्घातकठिनः स्थूलः सूक्ष्मो लघुर्गुरुः।
> व्यक्तो व्यक्तेतरश्चासि प्राकाम्यं ते विभूतिषु॥

कुमारसम्भव—२।११

वही परमेश्वर पृथिवी आदि प्रकृतिके रूपोंमें इस समस्त चराचर विश्वको धारण किए हुए हैं।—

> कलितान्योन्यसामर्थ्यैः पृथिव्यादिभिरात्मभिः।
> येनेदं ध्रियते विश्वं धुर्यैर्यानमिवाध्वनि॥

कुमारसम्भव ६।७६

अस्तु, ईश्वरकी परम सुखमयी प्राकृतिक विभूतियोंके अनन्य उपासक महाकवि कालिदासकी कवितामें प्रकृतिका महत्त्वपूर्ण तथा परमरमणीय चित्रण तनिक भी आश्चर्यकारक नहीं कहा जा सकता।

निसर्ग-कन्या शकुन्तला

[डॉ० एस० के० बेल्वेलकर, ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट, पूना।]

अंगरेज कवि वर्ड्सवर्थने किसी ल्यूसीका वर्णन करते हुए लिखा है—

"थ्री ईयर्स शी ग्र्यू इन सन ऐण्ड शौवर,
देन् नेचर सेड् "ए लवलियर फ्लौवर
ग्रौन अर्थ वाज् नेवर सोन,
दिस चाइल्ड आइ टु माइसेल्फ विल टेक,
शी शैल वी माइन, ऐण्ड आइ विल मेक,
ए लेडी ग्रौफ माइ ग्रोन,
माइसेल्फ विल टु माइ डार्लिङ्ग वी
वोथ लौ ऐण्ड इम्पल्स; एण्ड विद मी
दि गर्ल इन रौक ऐण्ड प्लेन,
इन अर्थ ऐण्ड हैविन, इन ग्लेड ऐण्ड बौवर
शैल फील एन् ग्रोवर-सीइंग पौवर
टु किंडिल ग्रौर रेस्ट्रेन,"

[तीन वर्ष तक वह धूप और वर्षामें पली। तब निसर्गने कहा—इससे अधिक सुन्दर फूल इस पृथ्वीपर कभी उगाया ही नहीं गया। इस कन्याको मैं स्वयं ले लूँगा। यह मेरी रहेगी और इसे मैं अपनी प्रेयसी बनाऊँगा।

"मैं ही अपनी इस प्रेयसीका नियम और भाव बनूँगा; और मेरे ही साथ यह कन्या चट्टानों और मैदानोंमें, मर्त्य और स्वर्गमें, वनपथों और कुञ्जोंमें मनको उकसानेवाली या संयम करनेवाली दिव्य शक्तिका अनुभव करेगी।"]

'टिंटर्न एबीसे कुछ मील ऊपर' रची हुई अपनी दूसरी कवितामें वही कवि कहता है कि मैं किस प्रकार—

"इन नेचर ऐण्ड दि लेंग्वेज ग्रौफ सेन्स,
दि ऐङ्कर ग्रौफ माइ प्योरेस्ट थौट्स, दि नर्स,
दि गाइड, दि गार्डियन ग्रौफ माइ हार्ट, ऐण्ड सोल
ग्रौफ ग्रौल माइ मौरल बीइंग,"—

["निसर्ग और भावकी भाषामें, अपने सबसे पवित्र विचारोंको थाम रखनेवाली, अपनी धात्री, अपनी पथ-प्रदर्शिका, हृदयपर शासन करनेवाली और अपने समस्त नैतिक अस्तित्वके आत्मा......"] को पहचाननेमें समर्थ हुआ। और अपनी 'सैर' (दि एक्सकर्शन) शीर्षक कवितामें उसने मानव और प्रकृतिके बीच स्थापित हो सकनेवाले सम्बन्धके कई रूपों और अवस्थाओंका

वर्णन किया है। आलोचक-गण इस बातपर सहमत हैं कि जो कुछ वर्ड्सवर्थने इनमें तथा अन्य रचनाओंमें वर्णन किया है वे उस भाव-सङ्क्रान्ति विभ्रमके उदाहरण मात्र नहीं हैं जिसके द्वारा मनुष्य अपनी निजी अनुभूतियों, उद्‌गारों और भावोंको अचेतन पदार्थोंमें आरोपित करता है। मनुष्यको प्रकृतिसे जो विचार और प्रेरणाएँ मिलती हैं उसे प्रदान करनेकी शक्ति सचमुच प्रकृतिमें है, क्योंकि मनुष्य और प्रकृतिके बीच वही आत्मा या चेतना व्याप्त है जिससे दोनोंमें परस्पर आन्तरिक सम्बन्ध उतनी ही शीघ्रतासे और आवश्यक रूपसे सम्भव है जैसा कि परस्पर प्रेम करनेवाले दो मित्रोंमें होता है, और ऐसे सम्पर्कके लिये सदा व्यक्त भाषाकी आवश्यकता हुआ भी नहीं करती।

यह समझा जाता है कि उपर्युक्त प्रकृतिवाद वर्ड्सवर्थका ही चलाया हुआ है और वह उसमें पूर्णत विश्वास भी करता था। इसका दार्शनिक आधार हमारे वेदान्तसे उस रूपमें बहुत कुछ मिलता-जुलता है जहाँ यह माना जाता है कि एक ही आत्मा मनुष्य, पशु, वनस्पति और समस्त सृष्टिमें व्याप्त है। यह भी निश्चय है कि यही कालिदासका भी अपना मत था। किंतु यदि इसके लिये वाक्य-प्रमाणकी आवश्यकता हो तो उर्वशीका यह कथन सबसे अधिक प्रामाणिक होगा जो उसने लता होनेका शाप पाकर और फिर अपना पूर्व रूप धारण करके अपनी लताकी अवस्थाके अनुभवका लेखा हमारे लिये सुरक्षित रख छोड़ा है—

अब्भन्तरकरणेण मए पच्चक्खीकिदवुत्तन्तो मधु महाराओ। (मैंने अपनी भीतरी इन्द्रियोंसे महाराजकी सब बातें जान ली थी।)

—विक्रमोर्वशीयम्, अङ्क ४, श्लोक ७१ के पश्चात्

वास्तवमें हिन्दुओंके पुनर्जन्म और आत्मोत्क्रमणकी भावनाके आधारपर यह तथ्य ऐसे अवसरका सामान्य अनुभव माना जा सकता और इससे यह निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि प्रकृतिके पदार्थ भी ठीक मनुष्योंके समान ही अनुभव कर सकते हैं और अपने विचारोंका आदान-प्रदान कर सकते हैं। इसका सटीक उदाहरण कालिदासके अभिज्ञानशाकुन्तलकी नायिका उस शकुन्तलामें पाया जाता है जो नीचेके उपरतक प्रकृतिकी सच्ची कन्या थी और जिसे कविने केवल शब्दोंमें ही वर्णन नहीं किया है वरन् उसे हमारे समक्ष रक्त-मांससे निर्मित शरीर रूपमें भी लाकर रख दिया है और वह बोलती भी है, अनुभव भी करती है, कार्य भी करती है और ठीक उसी प्रकार आचरण करती है जैसे उस वातावरणमें उत्पन्न किसी बच्चेसे आशा की जा सकती है और इसीमें हमारे निम्नाङ्कित अनुसन्धानका वास्तविक कौतुक निहित है।

* शकुन्तलाका जन्म स्वर्गीय अप्सरा मेनकाके गर्भसे और उन विश्वामित्र ऋषिसे हुआ जिनके भयङ्कर तपसे स्वर्गके स्वामी इन्द्र इतने डर गए कि उन्होंने ऋषिको लुभाने और उनकी तपस्या भग करनेके लिये मेनकाको नीचे मर्त्यलोकमें भेजा। कन्याके उत्पन्न होते ही माता उसे वनमें छोड़कर स्वर्ग लौट जाती है। इस प्रकार अरक्षित छोड़ी हुई बालिकाकी देखभाल वनके पक्षी करते हैं और उसका तबतक पोषण करते हैं जबतक कण्व ऋषि उसे आकर उठा नहीं ले जाते। वे उसका नाम शकुन्तला (पक्षियों द्वारा पोषित) रख देते हैं और उसे अपनी पालिता कन्या बना लेते हैं।

कण्वने अपनी पालिता कन्याके लिये बाल-सखियोंके रूपमें अनसूया और प्रियंवदा नामकी दो सखियाँ भी दे दी जिनके नाम ही सुविहित रूपसे उनके भिन्न स्वभावोंकी सूचना देते हैं।

इतना ही नहीं वरन् उसके लिये कण्वने माधवी, अतिमुक्त और सबसे अधिक शकुन्तलाकी बहन* नवमालिका भी दे दी थी जिसका उसने प्रेमसे वन-ज्योत्स्ना नाम रख दिया था, और बकुल, केसर, सहकार और दूसरे स्नेह और सावधानीसे रोपे और पाले हुए वृक्ष दिए थे, और हरिण, मृग, मोर, हंस, कोयल, चक्रवाक आदि पशु-पक्षी भी दे दिए थे और वनके देवी-देवता तो उसके साथी थे ही। इन सभी आश्रम निवासियोंको तत्परतासे पालना, पानी देना, पोषण करना, इन सबके सुखका ध्यान रखना और समय-समयपर आए हुए अतिथियोंका स्वागत-सत्कार करना, ये सब नित्यके कार्य कण्वने शकुन्तलाको सौंप दिए थे और उसे थोड़े ही दिनोंमें ये काम करने भी लगे और इन कामोंमें उसे सेवाका सच्चा आनन्द भी मिलने लगा था। देखिए—

ण केवल तादणिओओ। अत्थि ममावि सोदरसिणेहो एदेसु।

(मैं केवल पिताजीकी ही आज्ञासे इन्हें नहीं सींचती हूँ। मैं स्वयं भी इनको सगे भाई बहन जैसा प्यार करती हूँ।)

या चतुर्थ अंकमें कण्वका यह प्रसिद्ध श्लोक देखिए—

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्मास्वपीतेषु या।
नादत्ते प्रियमण्डनापि भवतां स्नेहेन या पल्लवम्।
आद्ये वः कुसुमप्रवृत्तिसमये यस्या भवत्युत्सवः।
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्॥

—शाकुन्तलम्, ४।९

उसके ये पशु और वनस्पति-जगत्के सभी साथी अपने निजी व्यक्तित्व और जीवनसे अनुप्राणित हो उठे और इनके व्यक्तित्व और जीवनमें अनसूया और प्रियम्वदासे कुछ कम विशेषता नहीं थी। अतः यह स्वाभाविक था कि उन्होंने शकुन्तलाको अपनी अपनी परिस्थितियोंके अनुसार सेवा और मैत्रीके लिये प्रेरित किया तो शकुन्तलाको केवल प्रतिदिन लताओंमें पानी देना और उनका पोषण ही नहीं करना पड़ता था वरन् जब कभी उनमें उभरते हुए यौवनका लक्षण दिखाई देता था तब उन्हें उपयुक्त वृक्षोंके सहारे चढ़ाना भी पड़ता था अथवा यदि शकुन्तलाके समान ही बड़ोंकी प्रतीक्षा बिना किए वे स्वयम्वर या आत्मनिर्णयसे अपना सम्बन्ध कर लेती थीं तो भी कमसे कम उनके सौभाग्यपर उत्सव तो अवश्य ही मनाना पड़ता था। इसी प्रकार इन्हें मृगछौनोंकी भी सावधानीसे देखरेख आवश्यक होती थी विशेषतः तब, जब पहले पहल घास चबाते समय उनके मुँह कट जाते थे। एक ऐसा मृगछौना वहाँ था भी, जिसकी माँ उसके जन्मते ही मर गई थी। शकुन्तला ही इस छौनेकी माँ बन गई थी उसने प्रेमसे इसका नाम रक्खा था—दीर्घापांग (बड़ी-बड़ी आँखोंवाला)। वह धीरे-धीरे उस छौनेके कटे हुए ओठोंपर तेल लगाती और सचमुच वह उसे दुलार करनेवाली वैसी ही माँके समान सब काम करती थी जैसे प्रकृति माताने स्वयं शकुन्तलाका उस समय पालन किया था जब उसकी कठोर-हृदया माता मेनका उसे छोड़कर चली गई थी। चतुर्थ अंकमें शकुन्तलाके शब्दोंपर विचार तो कीजिए—

'वच्छ! किं सहवासपरिच्चाइणिं मं अणुसरसि। अचिरप्पसूदाए जणणीए विणा वड्ढिदो एव्व। दाणिं पि मए विरहिदं तुमं तादो चिन्तइस्सदि।'

* लतावहिणिआ' अर्थात् अहं त्वयि च सम्प्रति वीतचिन्ता। —शाकुन्तल, ४।१३

(बच्चे ! मुझ साथ छोड़कर जानेवालीके पीछे-पीछे तू कहाँ जा रहा है ? तेरी माँ जब तुझे जन्म देकर मर गई थी उस समय मैंने तुझे पाल-पोसकर बड़ा किया। अब मेरे पीछे पिताजी तेरी देखभाल करेंगे।)

अथवा इसके पहलेका श्लोक देखिए जहाँ बड़ी भावुकतासे कण्व वर्णन करते हैं कि शकुन्तला किस प्रकार अनाथ छौनोंका पालन-पोषण किया करती थी—

यस्य त्वया व्रणविरोपणमिङ्गुदीनां
तैलं न्यषिच्यत मुखे कुशसूचिविद्धे।
श्यामाकमुष्टिपरिवर्धितको जहाति
सोऽयं न पुत्रकृतकः पदवीं मृगस्ते॥

—शाकुन्तल, ४।१४

इस सहानुभूति और सेवाके ऐसे अविरल और स्थिर आदान-प्रदानसे यह आशा की जाती है कि शकुन्तला और उसके ये सब सङ्गी-साथी परस्पर एक दूसरेकी आवश्यकताओं और भावोंको भली भाँति समझते होंगे और एक दूसरेके विचारोंको पहलेसे ही समझकर उनकी व्यक्त या अव्यक्त इच्छाओंको पूरा करनेके लिये शीघ्रता करते होंगे। इसलिये जब शकुन्तला वनज्योत्स्नाके थाँवलेमें पानी देती हुई उसकी ओर चावभरी दृष्टिसे देखती है उस समय शकुन्तलाके मनकी बात प्रियंवदा समझ जाय तो कोई आश्चर्य नहीं—

अणसूए ! जाणासि किंणिमित्तं सउन्दला वणजोसिणिं अदिमेत्तं पेक्खदि।...जहा वणजोसिणी अणुरूवेण पाअवेण सगदा, अवि णाम एव्वं अह वि अत्तणो अणुरूवं वरं लहेअं त्ति।'

(अनसूया ! जानती हो शकुन्तला इतनी मगन होकर वनज्योत्स्नाको क्यों देख रही है ?...जैसे इस वनज्योत्स्नाको अपने योग्य वृक्ष मिल गया है, वैसे ही मुझे भी मेरे योग्य वर मिल जाय।)

किन्तु यहाँ भी यह प्रश्न उठाना क्या वैसा ही उचित न होगा कि क्या शकुन्तलाकी लता-बहन वनज्योत्स्ना भी शकुन्तलाके लिये वैसा ही नहीं सोच सकती थी और जिस प्रकार अनुसूया और प्रियंवदाने दुष्यन्तके लिये शकुन्तलासे वह प्रेममय पत्र लिखवाकर नायक और नायिकाका परस्पर मिलन करानेके उपाय ढूढ़ निकाले थे—

'तं सुमणोगोविदं करिअ देवदासेसावदेसेण हत्थअं पावइस्सं।'

(उसे फूलोंमें छिपाकर देवताका प्रसाद कहकर उन्हें दे आया जाय।) वैसे ही क्या इस प्रकारसे मिलन करानेकी कोई ऐसी ही विधि बकुल या केसरका वृक्ष या वनज्योत्स्ना लता नहीं सोच सकती थी ? जिस प्रकार कालिदासने शकुन्तलाके आश्रम-सखाओंका चित्रण किया है, उस दृष्टिसे इस प्रकारका प्रश्न करना असङ्गत न होगा, क्योंकि पीछे जब शकुन्तला अपने पतिके घर जानेको उद्यत होती है उस समय केवल अनसूया और प्रियंवदा ही निम्नलिखित मङ्गल साज नहीं जुटाती हैं—

'गोरोअणं, तित्थमित्तिअं, दुव्वाकिसलआणि त्ति मङ्गलसमालम्भणाणि।' (गोरोचन, तीर्थ-मृत्तिका, दूबके पत्ते आदि मङ्गल सामग्रियाँ) और वे बकुल (केसर) के फूलोंकी वह माला भी नहीं, गूँथती हैं जिसे अनसूयाने इस अवसरके लिये अलग रख छोड़ा था—

'एदस्सिं चूदसाहावलम्बिदे णारिएलसमुग्गए एदणिमित्तं एव्व कालन्तरक्खमा णिक्खित्ता

गए केसरमालिका (वह जो आमकी डालीपर नारियल लटक रहा है उसमें मैंने बहुत दिनोतक सुगंधित रहनेवाली बकुलकी माला आगके ही लिये रख छोडी है।)

[—वरन् जैसा कालिदासने भी जान-बूझकर कहा है—आश्रमके वृक्षोंने भी शकुन्तलाके विवाहके लिये भेंट दी थी—

क्षौमं केनचिदिन्दुपाण्डु तरुणा माङ्गल्यमाविष्कृतं
निष्ठ्यूतश्चरणोपभोगसुलभो लाक्षारसः केनचित् ।
अन्येभ्यो वनदेवताकरतलैरापर्वभागोत्थितै-
र्दत्तान्याभरणानि तत्किसलयोद्भेदप्रतिद्वन्द्विभिः ॥

—शाकुन्तल, ४।५

यह मेरी पहली समस्या है।

इसी प्रकार यदि दुष्यन्तके प्रति शकुन्तलाका प्रेम जगानेके पहले अनसूया और प्रियंवदा आपसमें बडी उत्कण्ठासे इस बातपर विचार कर सकती हैं कि राजा सचमुच शकुन्तलाके प्रेमका उचित अधिकारी हो सकेगा या नहीं—

'अणसूये ! दूरगअमम्महा अक्खमा इमं कालहरणस्स । जस्सिं बद्धभावा एसा सो सलामभूदो पौरवाण । जुत्तं से अहिलासो अहिणन्दिदुं ।'

(अनसूया ! इसकी प्रेम-व्यथा इतनी बढ गई है कि कोई उपाय शीघ्र ही करना चाहिए। सचमुच इस बातकीतो सराहना करनी ही पडेगी कि शकुन्तलाने प्रेम किया तो पुरुवशके भूषण दुष्यन्तसे ही।)

और फिर जब राजा स्वयं अनायास रङ्गमञ्चपर आ पहुँचते हैं, उस समय भी यदि वे ही दोनो सखियाँ स्वयं प्रेम-क्रीडाके सफल परिणामकी सिद्धिके लिये सभी उपायोंका अवलम्बन करती हुई इस प्रकार कहती हैं—

'वअस्स । बहुवल्लहा राआणो सुणीअन्ति । जह णो पिअसही बन्धुअणसोअणिज्जा ण होदि तह णिव्वाहेहि ।' (वयस्य ! सुनते हैं कि राजाओंके बहुत सी रानियाँ होती है। तो हमारी प्यारी सखीके लिये कुछ ऐसा प्रबन्ध कीजिएगा कि हम सगे-साथियोंको फिर पछताना न पड़े।)

—तो क्या हमें यह आशा करनेका अधिकार नहीं है कि यदि वे वनस्पति और पशु वर्गमेंसे शकुन्तलाकी जिन सखियोंका वर्णन किया है उनके द्वारा भी कवि, शकुन्तलाके भावी मंगलके लिये उसी प्रकारकी उत्कंठा प्रदर्शित करावे ?

यह मेरी दूसरी समस्या है।

अन्तमें उस प्रसिद्ध और मुक्तकण्ठसे प्रशंसित चतुर्थ अंकके विदावाले दृश्यमें, जहाँ सम्पूर्ण प्रकृति शकुन्तलाके जाते समय उसके वियोगसे दुखी है—

उग्गलिअदब्भकवला मिआ परिच्चत्तणच्चणा मोरा ।
ओसरिअपण्डुपत्ता मुअन्ति अस्सू विअ लदाओ ॥
[उद्गलितदर्भकवला मृगा परित्यक्तनर्तना मयूरा ।
अपसृतपाण्डुपत्रा मुञ्चन्त्यश्रूणीव लता ॥]

—शाकुन्तल, ४।१२

और जहाँ दुर्वासाके शापके भयावने परिणामका विचार करके विदाईके अन्तिम समय भी वे दोनों सखियाँ शकुन्तलाके तात्कालिक व्यथासे थोडा बचा देनेके तुच्छ बहानेसे दुष्यन्तकी अंगूठीका

स्मरण कराते हुए प्रसगवश इतना भर कहती हैं कि जब आवश्यकता पड़े तो अँगूठीका प्रयोग कर लेना पर मूर्खता करके आपकी बात छिपा लेती हैं—

'रक्खिदव्वा क्खु पकिदिपेलवा पिअसही ।'

(उस कोमल स्वभाववाली प्यारी सखीकी रक्षा तो करनी ही होगी ।) और अपनी पुत्रीकी भावी विपत्ति और व्यथाको पहलेसे जाननेकी दिव्य दृष्टि वाले[1] पिता कण्व भी कोई ऐसा सकेत या चेतावनी नहीं देते और यह बात केवल उस नीतिके उपदेशमे ही नहीं है जिसे वे विशेष रूपसे शकुन्तलाको सुनाते हैं—

'शुश्रूषस्व गुरून् कुरु प्रियसखीवृत्तिं सपत्नीजने ॥' आदि

शाकुन्तल—४।१८

वरन् क्षीर-वृक्षके तले बैठकर दुष्यन्तके लिये उन्होने जो संदेसा अत्यन्त सोच-समझकर कहा—

अस्मान् साधु विचिन्त्य संयमधनानुच्चै. कुल चात्मन-
स्त्वय्यस्या कथमप्यबान्धवकृता स्नेहप्रवृत्तिं च ताम् ।

शाकुन्तल—४।१७

उसमें भी उन्होंने अपनी पुत्रीके लिए किसी विशेष कृपाकी याचना न करते हुए केवल यही चाहा है कि उसे अपने भाग्यका निर्णय करनेके लिये समान अवसर और समान स्वतन्त्रता मिले—

सामान्य प्रतिपत्तिपूर्वकमियं दारेषु दृश्या त्वया ।
भाग्यायत्तमत. पर न खलु तद्वाच्य वधूबन्धुभि ॥

शाकुन्तल—४।१७

मैं पुन दुहराता हूँ कि इस विदाईके दृश्यमे जहाँ हम शकुन्तलाको अपनी सुध-बुध खोकर, विश्वासभरी आशासे, सबसे बिदा लेते और बढ़ते हुए देखते हैं[2] और जहाँ (यद्यपि भिन्न-भिन्न मनोभावोंसे) उसकी सखियोंने और पिताने मानो आपसमे यह मन्त्रणा कर ली है कि वे उसके सिरपर लटकती हुई आपत्तियोंकी गम्भीरता और निकटतासे उसे बिलकुल अवगत न होने देंगे— और विशेषकर पिता तो व्यर्थ ही अपने शोकपूर्ण विचारोंको दबानेका प्रयत्न कर रहे हैं[3] वहाँ हम लोग ऐसी क्यों न कल्पना करें कि नायिकाकी मनुष्येतर सखियोंमे से कुछ तो ऐसी निकलें

---

१ तपःप्रभावात् प्रत्यक्षमेतत् तत्र भवतः कण्वस्य ।

२ पचम अङ्कमें शकुन्तलाके शब्द देखिए—

परिदेव मन्द हदासे । कुदो दाणिं मे दुल्लहेदिपा आसा ।
(शकुन्तलाको अब विदाईमें ही सन्देह हो रहा है अब जो मैन और बड़ी-बड़ी आशाएँ बाँध रक्खी थीं उनका ता सिर दिखना ही बन्द है ।)

३ इसका सबसे बढ़िया प्रमाण यह श्लोक है—

अभिजनवतो भर्तुः श्लाघ्ये स्थिता गृहिणीपदे
विभवगुरुभिः कृत्यैस्तस्य प्रतिक्षणमाकुला ।

जो ऋषिके मनकी बात समझकर अपनी आंखो, इङ्गितो और गतियोकी भाषामे कमसे कम थोडी देरके लिये तो शकुन्तलाको सावधान कर दें, भले ही वह पीछे किसी बाह्य परिस्थितिके वश भूल जाय। इस अज्ञानका परिणाम यह होता है कि दुष्यन्तकी राजसभामे जब वह पहुँचती है तो वह उस श्रधडसे एकदम अनभिज्ञ रहती है जो उसके ऊपर अचानक घहरा जाता है ?

यह मेरी तीसरी समस्या है।

कालिदासके अभिज्ञान-शाकुन्तलके इतने वर्षोके अध्ययनसे मेरे मनमे यह बात अच्छी तरह बैठ गई है कि यदि अव्यवस्थित रूपसे सम्पादित किए हुए संस्करणोके शाकुन्तलको छोड़कर हमारे सामने वह वास्तविक शाकुन्तल अपने उसी मौलिक रूपमे होता जैसा उसे कालिदासने रचा था, तो उपर्युक्त सभी समस्याओंके उत्तर तत्क्षण ठीक-ठीक मिल जाते। किन्तु परिस्थिति ऐसी नही है। शाकुन्तलकी समस्या उसी प्रकार हल की जानी चाहिए जिस प्रकार तत्सम्बद्ध महाभारतकी समस्या हल की जा रही है। दोनो दशाओमे पाठ-सुधारके आधारभूत सिद्धान्त एक ही है, महत्वपूर्ण अन्तर केवल यह होगा कि बी० ओ० आर० इस्टीट्यूटके उस बृहद वीर-काव्यके संस्करणके वर्तमान सुविचारित पाठकी रचना करते हुए, 'उच्च कोटिकी आलोचना' नामकी वस्तु तो कही-कही देखनेमे आती है पर कालिदासकी इस महान् कृतिमे इसे अधिक विस्तारपूर्वक काममे लाना होगा, क्योकि नाटकमे यह समस्या अपेक्षाकृत कम जटिल है। स्थानकी कमीके कारण मैं सूचित किये हुए पाठसम्बन्धी सुधारोका यहाँ वर्णन नही करूँगा अपितु इतना ही कहकर सतोष करूँगा कि यदि सुधारे हुए पाठको शुद्ध मान लिया जाय तो हम लोग शकुन्तलाकी निसर्ग-सखियोके विषयमे वैसे ही निष्कर्ष निकालनेमे समर्थ हो सकते है जैसा कोई भी कालिदास-जैसे उस सच्चे हिन्दूसे आशा कर सकता है जो प्रकृतिके सभी पदार्थोंको जीवन और चेतनतासे अनुप्राणित समझता था।

सर आशुतोष मुकर्जी सिल्वर जुबिली ओरियन्टेलियाके द्वितीय खडके ३४९ से ३५६ पृष्ठोमे मैंने एक लेखमे अपना यह मत प्रदर्शित किया था कि अभिज्ञानशाकुन्तलके प्रथम अङ्कको बातचीतका क्रम नेपथ्यमे नायिकाके इस कथन—

'इदो इदो पिअसहीओ'। [इधर आओ, इधर आओ, प्यारी सखियो !] से

प्रारम्भ होकर वनज्योत्स्नाके थावलेसे भौंरेके निकालने तकका भाग—

तनयमाचिरात् प्राचीवार्क प्रसूय च पावनं
मम विरहजा न त्व वत्से शुच गणयिष्यसि ॥

जो यद्यपि शकुन्तलाको ढाढस बँधाने और प्रसन्न करनेके अभिप्रायसे ही कहा गया है फिर भी शोकसूचक करुण-गीतके समान हरिणी छन्दमें ढाल दिया गया है। और यह जान-बूझकर किया हुआ कवि-कर्म है, जिसका पता इस बातसे चल जाता है कि इस नाटकमें केवल तीन ही श्लोक ऐसे हैं जो इस छन्दमें रक्खे गए है, और सचमुच वे अपने स्थानपर बड़े उपयुक्त जँचते हैं।

'ग्रम्मो । सलिलसेग्रसभमादो णोमालिग्र उज्भिग्र वग्रणं मे महुग्ररो ग्रहिवट्टदि ।' [ग्ररे रे ! जल पड़नेसे घबराकर उड़ा हुग्रा यह भौंरा नई चमेलीको छोड़कर मेरे ही मुँह पर मँडराने लगा है।] —ग्राजकलके संस्करणोंमे उल्टा हो गया है। नवीन बंगाली संस्करणमे इस स्थल पर ३५ सम्वाद दिए गए हैं, काश्मीरी नये संस्करणमे २७ ग्रौर कैपलर-द्वारा सपादित दक्षिण-भारतीय संस्करणके साथवाले नागरी संस्करणमे केवल २२। इन सवादोंमे ग्राई हुई कथा तीन घटनाग्रोंका वर्णन करती है—शकुंतलाके कसे हुए वस्त्रोंको ढीला करना (वल्कलशिथिलीकरण), केसर वृक्षके कल्पनात्मक सकेतपर शकुंतलाका उसके पास जाना (केसरसमीप-गमन)

'एसो वादेरिदपल्लवागुलीहिं तुवरेदि विग्र मं केसर-रुक्खग्रो। जाव णं सम्भावेमि।' [यह केसरका वृक्ष पवनके झोंकोंसे हिलती हुई पत्तियोंकी उँगलियोंसे मानो मुझे झटपट बुला रहा है। चलूँ इसका भी मन रख लूँ।]

— ग्रौर शकुंतलाके हाथों नवमालिका लताका सींचा जाना (नवमालिकासेचन)। प्राप्त मुद्रित संस्करणोंमे वल्कल शिथिलीकरणका प्रसग केसर-समीपगमनके पहले है। केवल उस नवीन संस्करणमे, जो एकमात्र भोजपत्र पाँडुलिपि (बॉम्बे गवर्नमेण्ट कलेक्शन न० १६२) सन् १८५७ मे मिली (ग्रौर जो ग्रब बी० ग्रो० ग्रार० इन्स्टिट्यूटमे जमा कर दी गई है), केसर-समीप-गमनवाली घटना पहले दी गई है। उसी पाँडुलिपिसे हमे यह भी पता चलता है कि राजा इसी केसर-वृक्षके पीछे छिपे हुए थे। तो इस दशामे ग्राश्चर्य नहीं कि एक ग्रपरिचित व्यक्तिकी ग्रदृष्टपूर्व उपस्थितिसे केसरका वृक्ष भ्रममे पड गया हो ग्रौर शकुंतलाको (जिसे सभी ग्रागतुकोंपर ध्यान रखनेका भार सौंपा गया था) इङ्गितसे ग्रपनी ग्रोर बुलाने लगा हो। यदि ऐसी बात न होती तो शकुंतलाने यों ही चलती हुई बयार से केसरके पत्तोंके हिलने-मात्रसे यह क्यों समझ लिया कि पेड उसे बुला रहा है? घासकी एक पत्ती भी बिना किसी ग्रभिप्रायके नहीं हिल सकती यही हिन्दू-कविके विश्वासका ग्राधार था। दूसरे स्थलपर कालिदासने यह कहलाया भी है कि वृक्ष, प्रायः पक्षियोंके द्वारा (ग्रौर हम इतना ग्रौर जोड दें कि भौरोंके उडने ग्रौर पत्तियोंके हिलने-डोलनेके द्वारा) ग्रपने विचार प्रकट किया करते हैं। उदाहरणार्थ—

ग्रनुमतगमना शकुंतला तरुभिरय वनवासबन्धुभि ।
परभृतविरुत कल यथा प्रतिवचनीकृतमेभिरात्मन ॥

—शाकुंतल, ४।१०

केसर वृक्षके पास शकुन्तलाके जानेका वर्णन इन सस्करणोंमे 'तथा करोति' के नाटकीय सकेत द्वारा किया गया है। केवल भोजपत्रवाली पाडुलिपिमे ही 'राज्ञ सन्निकर्षं ग्रागच्छति' लिखा है। इसके पश्चात् जब नायिकाको इसी वृक्षके पासवाली लताके समान बताया जाता है—

जाव तुए उवगदाए लदासणाहो विग्र ग्रग्र केसररुक्खग्रो पडिभादि।

[जब तू पेडसे सगकर खडी होती है तब यह केसरका वृक्ष ऐसा लगता है मानो उससे कोई लता लिपटी हुई हो]

—उसकी व्यजना तभी पूरी उतरती है जब राजा उसी वृक्षके पीछे हो, ग्रौर यदि वल्कलशिथिलीकरण भी उसी समय हो जब नायिका, नायकके (जिसकी उपस्थितिकी सखीको जानकारी नहीं है) इतने पास हो, तभी उसमे वह शृङ्गारका भाव ग्राता है जिसे कमसे कम कालिदास जैसे

कवि तो छोड ही नहीं सकते थे। अतः, इस नाटकीय सकेतमें कुछ ऐसी बात अवश्य है जिससे सिद्ध होता है कि पाण्डुलिपियें कमसे कम कुछ सन्दर्भ तो मौलिक पाठसे अवश्य मेल खाते हैं। केवल मूर्ख या पण्डितम्मन्य लोग ही उपर्युक्त नाटकीय सकेतको शेष सस्करणोंके नीरस 'तथा करोति' के रूपमें परिवर्तित करनेकी बात सोचेंगे।

इसके पश्चात् सेचन-दृश्यम जो सवाद आते हैं और विशेषत शकुन्तलाके ये शब्द—

'हला। रमणीए क्खु काले इमस्स लदापादवमिहुणस्स वइअरो सवुत्तो। णवकुसुमजोव्वणा वणजोसिणी, बद्धपल्लवदाए उवभोअक्खमो सहआरो।'

[सखी! रात्रमुच इस लता और वृक्षका मेल बडा अच्छी घडी हुआ है। इधर यह वनज्योत्स्ना फूलकर नवयौवना हुई है और उधर पत्तोंसे लदा हुआ आमका वृक्ष भी उभारपर आया हुआ है।]

—शकुन्तलाकी भीतरी मनोवृत्तियोंकी पूर्ण रूपसे सूचना देते हैं। प्रियवदाका अनुमान ठीक लक्ष्यपर पडता है और नायिकाको भ्रममें डाल देता है। किन्तु क्या दूसरी निसर्ग-सखियाँ और विशेषकर जिस वनज्योत्स्नाके विषयमें वार्तालाप हो रहा था, वह इसी प्रकार नहीं ताड सकती थी? अवश्य ताड सकती थी? और लताने बडे ही सुन्दर ढगसे यह बात जताई भी। वह शकुन्तलासे पहले विवाहित हो चुकी थी इसलिये जब उसने छिपे हुए राजाको देख लिया और उसे शकुन्तला-के योग्य समझ लिया तब उसने अपनी छोटी बहन शकुन्तलाको उसके भावी पतिसे मिलानेका काम उसी प्रकार पूरा किया जैसे बडी बहन अपनी छोटी बहनके लिये किया करती है। अत हम लोगोंको यही मानना चाहिए कि भौंरेको उकसानेका काम उस लताने ही किया। उस दिन प्रात काल शकुन्तलाने न जाने कितने वृक्षों और लताओंको सींचा था, तो केवल वनज्योत्स्नाके ही थांवलेसे भ्रमरको क्यों निकलना चाहिए था? कुछ लोग उत्तर देंगे—'केवल सयोग' किन्तु जिस जगत्में एक अन्तर्यामिनी शक्तिका वास माना जाता है वहाँ सयोगके लिये स्थान ही कहाँ है? मैं अपनी प्रथम समस्याको इसी प्रकार हल करना चाहता हूँ।

दूसरी समस्याका सतोषजनक समाधान करनेकी क्षमता रखना मानो कालिदासको शकुन्तलाके स्वरूपको समझनेकी अपनी शक्तिको खरी कसौटीपर कसना है। पञ्चम अङ्कके परित्याग-दृश्यमें जब शकुन्तला आश्चर्य चकित होकर देखती है कि मुद्रिका अनजानमें खो गई है तो राजाकी सुप्त स्मृतिको जगानेके लिये वह अन्तिम तीव्र प्रयत्नके रूपमें, दीर्घापागवाली घटनाका वर्णन करके अपनी बुद्धिमानीका परिचय देती है—

ण एक्कदिअहे णोमालिआमण्डवे णलिणीपत्तभाअणगद उदअ तुह हत्थे सणिहिद आसि। तक्खण सो मे पुत्तकिदओ दीहापङ्गो णाम मिअपोदओ उवट्ठिदो। तुए—अअ दाव पढम पिअउत्ति अणुअम्पिणा उवच्छन्दिदो उदएण। ण उण दे अपरिचआदो हत्थब्भास उवगदो। पच्छा तस्सि एव मए गहिदे सलिले णेण किदो पणओ। तदा तुम इत्थ पहसिदो सि। सव्वो सगन्धेसु विस्स-सदि। दुवे वि एत्थ आरण्णआ त्ति।'

[एक दिन आप नवमालिकाके कुजमें अपने हाथमें पानीसे भरा कमलके पत्तेका दोना लिए हुए थे। इतनेमें ही वहाँ मेरा पुत्रके समान पाला हुआ दीर्घापाङ्ग नामका मृगछौना भी आ पहुँचा। आपने उसपर दया करके कहा—पहले इसे जल पी लेने दो। यह कहकर आप उसे जल पिलाने

'वणजोसिणि ! चूदसंगदावि पच्चालिङ्ग म इदोगदाहि साहाबाहाहि ।'

(प्यारी वनज्योत्स्ना ! तू आमके वृक्षसे लिपटी होनेपर भी अपनी इधर फैली हुई शाखकी बाँहोंसे मुझसे भेंट तो कर ले ।)

और अपने मन ही मन राजा दुष्यन्तके साथ अपने वैवाहिक जीवनका गुलाबी चित्र खींचती है। इसके पश्चात् उसका ध्यान उस हरिणीपर जाता है जो स्वयं शकुन्तलाके समान थोड़े दिनोंमें ही माता बननेवाली थी—

'ताद ! एसा उडजपज्जन्तचारिणी गब्भमन्थरा मिअवहू जदा अणघप्पसवा होइ तदा मे कंपि पिअणिवेदइत्तअं विसिज्जइस्सह ।' (तात ! आश्रममें चारों ओर गर्भके भारसे अलसायी हुई चलनेवाली इस हरिणीको जब सुखसे बच्चा हो जाय तब किसीके हाथ यह प्यारा समाचार मेरे पास भिजवा दीजिएगा ।)

उतनी देरके लिये वह पत्नी और रानीवाले अपने प्रारम्भिक चित्रको भूलकर अपनेको माताके रूपमें देखने लगती है और हम कल्पना कर सकते हैं कि उस समय शकुन्तला अपने मन ही मन यह सोच रही है कि मेरी माँ मेनकाने मेरे साथ कैसा व्यवहार किया था और मैं अपने भावी पुत्रके साथ कैसा व्यवहार करूँगी—ठीक इसी मन स्थितिके अवसरपर उसका पालित पुत्र दीर्घापाङ्ग उसके वस्त्र खींचकर मानो यह पूछता है कि मुझे छोड़कर क्या तुम अपनी माँ मेनकाकी अपेक्षा कुछ अच्छा व्यवहार कर रही हो ? मैं तो यह सोचता हूँ कि दीर्घापाङ्गको यहाँ इसलिये उपस्थित कराया गया है कि वह अपनी धर्म-माताको फिरसे विदाईके समय उस दुष्यन्तके सम्बन्धमें दूसरी चेतावनी दे दे जिसके विश्वासघातका पता भोली-भाली अनुसूयाको भी चल गया था—

'ण्ण्व णाम विसअपरमुहस्स वि जणस्स ण एद ण विदिअं जधा तेण रण्णा सउन्दलाए अणज्ज आअरिदं ।' (यद्यपि मैं प्रेमकी बातें कुछ भी नहीं जानती फिर भी इतना तो अवश्य कह सकती हूँ कि उस राजाने शकुन्तलाके साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया ।)

यदि शकुन्तलाका मन कल्पनाके मधुर स्वप्नोंमें मग्न न होता तो सम्भवत वह अपने निसर्ग-साथियो द्वारा दी हुई इन चेतावनियोंको अवश्य समझ जाती । यही मेरी दूसरी समस्याका समाधान है। यदि हम जिज्ञासु भावसे कालिदासके इस प्रमुख ग्रथको पढनेका अभ्यास डालें तो हमें सौभाग्यवश, इधर-उधरकी छोटी-मोटी बातोंको छोड़कर विभिन्न पाठोंकी समस्या इस परिणामतक पहुँचनेमें बाधा नहीं डालती ।

सन् १९२३ ई० मे एशिया मेजरके द्वितीय खण्डके ८४ से ८७ पृष्ठमें मैंने अपनी तीसरी समस्यापर एक लेखमें पूर्ण विस्तारसे विचार किया है। इसका सम्बन्ध चतुर्थ अकको चक्रवाकवाली घटनासे है। इस घटनासे सबध रखनेवाले तीन प्राकृत सवाद हैं जिनमें पहलेको छोड़कर दूसरा और तीसरा सवाद देवनागरी सस्करणमें मिलता है, बगाली सस्करणमें पीछेके दो सवादोंको छोड़कर केवल पहला सवाद मिलता है, कश्मीरी पाडुलिपिमें तीनों सवाद मिलते हैं और वही सच्ची समीक्षाकी कसौटीपर ठीक उतरता भी है। ठीक क्रमसे वे सवाद इस प्रकार हैं—

१ अनसूया—सहि ! ण सो अरसिअपदे अत्थि चिंतवन्तो जो तए विरहिअन्तो अज्ज ण ऊसुओ करो । पेक्ख ।

पुडइणि पत्तन्तरिअं वाहरिओ णाणुवाहरेदि पिअं ।
मुहउम्बूढमुणालो तइ दिट्ठि देइ चक्काओ ॥

[सखि ! न स आश्रमपदेऽस्ति चिरावान् यस्त्वया विरह्यमानोऽद्य नोत्सुकः कृतः । पश्यस्व ।

पद्मिनीपत्रान्तरिता व्याहृतो नानुव्याहरति प्रियाम् ।

मुखोद्व्यूढमृणालस्त्वयि दृष्टिं ददाति चक्रवाकः ॥]

(सखी । यहाँ आश्रममें कौन ऐसा प्राणी है जो तुम्हारे विछोहसे दुखी नहीं है । देखो ।—कमलिनीके पत्तेकी ओटमें बैठा हुआ चकवा अपनी प्यारीके बुलानेपर भी उसका उत्तर नहीं दे रहा है और चोंचमें कमलकी डठल पकड़े हुए तुम्हारी ही ओर टकटकी लगाए देख रहा है ।)

२ शकुन्तला—हला ! पेक्ख !

णलिणीवत्तन्तरिअं एसा पिअ सहअरं अपेक्खन्ती ।

आरड्इ चक्कवाई दुक्करमहअं करेमि त्ति ॥

(सखी ! देख तो । कमलिनीके पत्तोंकी ओटमें छिपे हुए अपने चकवेको न देख सकनेसे यह चकवी घबराकर चिल्ला रही है । इसलिये मैं जिस कामसे जा रही हूँ वह पूरा होता नहीं दिखाई देता ।)

३ प्रियंवदा—सहि ! मा एव्वं मन्तेहि ।

एसावि पिएण विणा गमेइ रअणिं विसाददीहअरं ।

गरुअं पि विरहदुक्खं आसाबन्धो सहावेदि ॥

(सखि ! ऐसा नहीं सोचना चाहिए । जानती हो ? यह चकवी विरहकी लम्बी रातें अपने प्यारे बिना अकेली ही काट देती है क्योंकि मिलनेकी आशा बड़ेसे बड़े विरहके दुखमें भी ढाढस बँधाती रहती है ।)

यहाँपर यह पूरी घटना शकुन्तलाको यह समझानेके लिये लाई गई है कि आगे तुम्हारे भाग्यमें क्या बदा है । चकवी पुकारती है किन्तु चक्रवाक उत्तर नहीं देता, क्योंकि उत्तर न देनेके कारणोंपर उसका कोई वश नहीं है, उसका हृदय शकुन्तलाके वियोगसे भरा हुआ है । इसी प्रकार शीघ्र ही शकुन्तला भी पुकारेगी और दुष्यन्त भी उसका उत्तर नहीं देगा । अनसूया अपनी सखीको सान्त्वना देती है और वह विश्वासके साथ सान्त्वना दे भी सकती थी क्योंकि उसके हाथमें शापका अन्त करनेवाली अँगूठी तो थी ही । इसीलिए ठीक इस घटनासे अगले संवादमें वे सखियाँ शकुन्तलाको अँगूठीका स्मरण करा देती हैं । दूसरी दृष्टिसे हम यह कहते हैं कि कण्वने अपने जिस शोकको प्रकट नहीं होने दिया उसीको चक्रवाकने एक प्रकारसे दैवी परिज्ञानसे समझकर शकुन्तलाको भावी विपत्ति और दुःखकी चेतावनी दे दी ।

उपर्युक्त मीमांसासे यह भली भाँति स्पष्ट हो गया कि कालिदासने शकुन्तलाको उस सच्ची निसर्ग-कन्याके रूपमें चित्रित किया है जिसे प्रकृतिके उन पदार्थोंके साथ अत्यन्त घनिष्ट व्यवहार और सम्पर्क रखनेका अधिकार मिला था जिनके बीचमें वह पली थी । जबतक हम कविके "प्रकृति-प्रेम" को नहीं समझ लेते तबतक कालिदासकी शकुन्तलाके भीतरी महत्त्वको हम ठीक-ठीक समझ नहीं सकते । किन्तु, नाटककार तथा कविके प्रति आदर प्रदर्शित करते हुए भी मैं कह सकता हूँ कि नाटकके इस तत्त्वकी ओर लोगोंका पर्याप्त ध्यान न जानेका यही कारण है कि अभी तक इस नाटकका प्रामाणिक आलोचना-पूर्ण संस्करण तैयार नहीं हो सका है ।

योगवासिष्ठमें मेघदूत

[प्रो० डा० भीखनलाल आत्रेय, एम० ए०, डी० लिट्० भूतपूर्व अध्यक्ष दर्शन तथा मनोविज्ञान,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय]

योगवासिष्ठ महारामायण निर्वाण-प्रकरणके उत्तरार्द्धके ११६ वें सर्गमें मेघदूतका निम्नोद्धृत-वर्णन आता है—

कथयत्येष पथिकः पश्य मन्दरगुल्मके । प्रियायाश्चिरलब्धाया वृत्तां विरहजां कथाम् ॥१॥
एकत्र शृणु कं वृत्तमाश्चर्यमिदमुत्तमम् । दातुं त्वन्निकटे दूतमहं चिन्तान्वितोऽवदम् ॥२॥
अस्मिन्महाप्रलयकालसमे वियोगे यो मा तयेह मम याति गृहं स न स्यात् ।
नैवास्त्यसौ जगति य परदुःखशान्त्यै प्रीत्या निरन्तरतरं सरलं यतेत ॥३॥
मा एष शिखरे मेघ स्मराश्व इव सद्युत ।
विद्युल्लता विलासिन्या वलितो रसिक स्थित ॥४॥
भ्रातर्मेघ महेन्द्रचापमुचितं त्वालम्ब्य कण्ठे गुणं नीचैर्गर्ज मुहूर्तकं गुरु दया सा बाष्पपूर्णेक्षणा ।
बाला बालमृणालकोमलतनुस्तान्वी न सोढुं क्षमा तां गत्वा सुगतं गलज्जललवैराश्वासयारमानिलैः ॥५॥
चित्ततूलिकया व्योम्नि लिखित्वाऽऽलिङ्गिता सती ।
न जाने क्वाधुनैवेत पयोद दयिता गता ॥६॥

[—देखिए ! यह पथिक मन्दर पर्वतके गुल्ममें चिरकालसे वियुक्त पत्नीको पाकर उससे अपने पूर्वकालके विरहकी कथा इस प्रकार कहता है—इस मेरे एक दिनके उत्तम तथा आश्चर्यजनक वृत्तान्तको सुनो। एक दिन तुम्हारे निकट अपना वृत्तान्त भेजनेके लिये दूतकी चिन्ता करते हुए मैंने यह कहा कि इस महाप्रलय कालके समान वियोगके दुःखमें ऐसा कौन दूत है जो मेरे इस वृत्तान्तको मेरे घर जाकर मेरी प्रियासे कहे, क्योंकि इस संसारमें ऐसा कोई मनुष्य नहीं है जो प्रीतिसे दूसरेके दुःखकी शान्तिके लिये सरल भावसे प्रयत्न करे। इतनेमें मुझे स्मरण हो आया कि इस पर्वतके शिखरपर दूसरेके दुःखको शान्ति देनेवाला रसिक मेघ अपनी विलासिनी विद्युत् रूपी प्रियासे संयुक्त स्थित है। इसलिये उससे मैंने कहा कि हे इन्द्रधनुष रूपी सुन्दर माला अपने गलेमें पहने हुए भाई मेघ ! मेरी जिस पत्नीकी आँखोंमें जल भरा हुआ है, उसके पास जाकर धीरे गरजना क्योंकि वह कमलकी नालके समान कोमल शरीरवाली छोटी बाला है और तुम्हारा कठोर या ऊँचा गर्जन सुननेमें असमर्थ है। उसे अपने जलकणोंसे युक्त मन्द मन्द पवनके झोंकोंसे जगाना। मैंने अपनी प्रियाकी हृदयाकाशमें चित्तरूपी लेखनीसे लिखकर जो आलिङ्गन किया तो न जाने हे मेघ ! वह तत्क्षण कहाँ चली गई।]

श्रीयोगवासिष्ठ महारामायणके इन श्लोकोंमें "मेघदूत" के वर्णनको यदि हम महाकवि कालिदासके प्रसिद्ध काव्य 'मेघदूत' से तुलना करके अध्ययन करें तो जान पड़ता है कि दोनोंके वर्णनमें बहुत ही समानता और एकता है। पाठकोंके सामने यहाँपर हम कवि कालिदासके मेघदूतकी उन पंक्तियों और वाक्योंको उद्धृत करते हैं जिनमें यह समानता विशेष रूपसे पाई जाती है।

योगवासिष्ठ—

"प्रियायाश्चिरलब्धाया वृत्तां विरहजां कथाम्" ६।२।११६

मेघदूतम्—

"कान्ता विरहगुरुणा" १।१

योगवासिष्ठ—

"दातु त्वन्निकटे दूतमहं चिन्तान्वितोऽभवम्" ६३० ११६।२

मेघदूतम्—

"जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन्प्रवृत्तिम्" १।४

योगवासिष्ठ—

"अस्मिन्महाप्रलयकालसमे वियोगे यो मां तयेह मम याति गृहं स कः स्यात्।
नैयास्त्यसौ जगति य परदुःखशान्त्यै प्रीत्या निरन्तरतरं सरलं यतेत ॥" ६३०।११६ २३

मेघदूतम्—

"सतप्ताना त्वमसि शरण तत्पयोद प्रियाया सदेश मे हर" । १।७

योगवासिष्ठ—

"या एष शिखरे मेघ स्मराश्व इव सयुतः" । ६३०।११६।४

मेघदूतम्—

" मेघमाश्लिष्टसानु ।
वप्रक्रीडा-परिणत-गज-प्रेक्षणीय ददर्श ॥ १।२

योगवासिष्ठ—

"विद्युल्लता विलासिन्या वलितो रसिक स्थित"

मेघदूतम्—

'विद्युद्गर्भं २।४०
"मा भूदेव क्षणमपि च ते विद्युता विप्रयोग" २।५८

योगवासिष्ठ—

"भ्रातर्मेघ महेन्द्रचापमुचित व्यालम्ब्य कण्ठे गुरा
नीचैर्गर्ज मुहूर्तक कुरु दया सा वाष्पपूर्णेक्षरणा ।
बाला बालमृणालकोमलतनुस्तन्वी न सोढु क्षमा
ता गत्वा सुगते गलज्जललवैराश्वासयामानिनी ॥" ६३०।११६।५

मेघदूतम्—

"तामुत्थाप्य स्वजलकणिकाशीतलेनानिलेन
प्रत्याश्वस्ता सममभिनवैर्जालकैर्मालतीनाम् ।
विद्युद्गर्भे स्तिमितनयना त्वत्सनाथे गवाक्षे
वक्तु धीर स्तनितवचनैर्मानिनी प्रक्रमेथा" ॥२।४० ॥

योगवासिष्ठ—

"चित्रतूलिकया व्योम्नि लिखित्वाऽऽलिङ्गिता सती ।
न जाने क्वेवुनैवेत पयोद दयिता गता" ॥ ६३०।११६।५

मेघदूतम्—

"त्वामालिख्य प्रणयकुपिता धातुरागै शिलाया-
मात्मान ते चरण पतित यावदिच्छामि कर्तुम् ।

अर्सं स्तावन्मुहुरुपचितंहं ष्टिरालुप्यते मे
क्रूरस्तस्मिन्नपि न सहते सगम नौ कृतान्त" ॥ २।४७ ॥

योगवासिष्ठ महारामायणके निर्वाण प्रकरणके उत्तरार्द्धके ११६ वें सर्गके ३२ वे श्लोककी इन—

"अस्या प्रागभवत्पति स मुनिना शापेन वृक्षी कृतो ।
वर्षद्वादशक तदेव गणयन्त्येषश्च साश्र स्थिता ॥"

दो पक्तियोकी तुलना भी मेघदूतकी इन पक्तियोसे कीजिए —

कश्चित्कान्ता विरह गुरुणास्वाधिकारात्प्रमत्त ।
शापेनास्तगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तु ॥ १।१ ॥

मेघदूतमे ही नही, महाकवि कालिदासके अन्य काव्य कुमारसभवम् मे भी कुछ पक्तियाँ ऐसी है जोकि योगवासिष्ठ महारामायणमे पाई जाती है।

उदाहरणार्थ देखिए—

योगवासिष्ठ—

अथ तामतिमात्रविह्वला स कृपाऽऽकाशभवा सरस्वती ।
शफरी ह्रदशोष विह्वला प्रथमा वृष्टिरिवान्वकम्पत ॥

कुमारसभवम्—

इति देह विमुक्तये स्थिता रतिमाकाशभवा सरस्वती ।
शफरी ह्रदशोषविह्वला प्रथमा वृष्टिरिवान्वकम्पत ॥ ४।३९ ॥

इन दोनो श्लोकोमे ये शब्द—'आकाशभवा सरस्वती । शफरी ह्रदशोषविह्वला प्रथमा वृष्टिरिवान्वकम्पत ॥' पूर्णत एक ही हैं। अतएव यह कहना ठीक नही है कि ऊपर दिखाई हुई समताएँ आकस्मिक है। अवश्य ही योगवासिष्ठकार और कालिदास दोनोमे से किसी एकने दूसरेके वाक्यो और विचारोका प्रयोग किया है। विद्वानोंने अभीतक न तो महाकवि कालिदासका ही और न योगवासिष्ठ रामायणका ही समय पूरे ढगसे निश्चित कर पाया है। अतएव यह कहना कठिन है कि दोनोमे से किसको मौलिक कहा जाय। ऐतिहासिक-प्रमाणोको यदि माना जाय तो योगवासिष्ठ महारामायण आदिकवि श्रीवाल्मीकिजीकी कृति है और मेघदूत और कुमारसम्भव-के लेखक महाकवि कालिदास आदि विक्रम सम्राट्के (५७ ई० पू०) नवरत्नोमे से एक थे जो अबसे केवल दो सहस्र पूर्व भारतपर शासन करते थे। कवि वाल्मीकि अवश्य ही कवि कालिदासके पूर्ववर्ती माने जाने चाहिएँ। किन्तु आजकलके विद्वानोंके मतमे समूचा योगवासिष्ठ—जैसा कि वह आजकल मिलता है—इतना पुराना ग्रन्थ नही है जितना वह बताया जाता है। उसमे बहुत सा भाग बहुत पीछेका है और अवश्य ही कालिदासके समयके पीछे का है। निर्वाण प्रकरणका उत्तरार्द्ध पीछे का जान ही पडता है। जिसमे "मेघदूत' की कल्पना की गई है। अतएव यह सभव है कि योगवासिष्ठकारके ऊपर कालिदासके विचारो और प्रयोगोकी कुछ छाप पड गई हो। कुछ भी हो, विद्वानोके लिए यह बात विचारणीय है। आशा है कि पुरातत्वके कोई विद्वान् इस समस्याकी ओर ध्यान देकर इसको सुलझानेका यत्न करेंगे।

मेघदूतकी महत्ता

[आचार्य सीताराम चतुर्वेदी]

किसी प्राचीन जीवन रसिक, सहृदय पुरुषने अपने जीवनकी उत्कट अभिलाषाओंका वर्णन करते हुए बड़ी तन्मयताके साथ कहा है—

कालिदास-कविता नव वय माहिष दधि सशर्कर पय ।
एणमांसमबला सुकोमला सम्भवन्तु मम जन्म-जन्मनि ।।

(मुझे इस भवचक्रमें चाहे जितनी बार जन्म लेना पड़े तब भी मुझे स्वीकार है यदि प्रत्येक जन्ममें मुझे कालिदासकी कविता, नई चढ़ती हुई जवानी, भैंसका जमा दही, शक्कर पड़ा हुआ दूध, हरिणका मांस और कोमल नवेली प्राप्त होती रहे।) फारसीके प्रसिद्ध कवि उमर खैय्यामने भी कुछ इसी प्रकारकी इच्छा प्रकट की है कि मेरे पास साकी हो, वृक्षकी छाया हो, मदिरासे भरी हुई सुराही और प्याला हो और हाथमें पुस्तक हो। किन्तु उमर खैय्यामने उस पुस्तकका नाम स्पष्ट नहीं बताया है। किन्तु मुझे विश्वास है कि यदि उमर खैय्यामने कालिदासकी कविताका अनुवाद पढ़ा या सुना होगा तो निश्चय ही उसने मेघदूतकी पोथी ही चाही होगी। जिस भारतीय रसिकने अपनी सम्पूर्ण जीवनकी अभिलाषाओंमें सर्वप्रथम स्थान कालिदासकी कविताको दिया है उसने निश्चय ही रघुवंश और कुमार-सम्भव नहीं, अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय और मालविकाग्निमित्र भी नहीं, ऋतुसंहार भी नहीं, केवल मेघदूत ही माँगा होगा क्योंकि कविता तो मेघदूत ही है और तो महाकाव्य हैं या नाटक हैं या स्फुट मुक्तक हैं।

विश्वनाथ कविराजने अपने साहित्य-दर्पणमें 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' कहकर काव्यकी जो परिभाषा बताई है और पण्डितराज जगन्नाथने अपने रस-गंगाधरमें जिस काव्यको 'रमणीयार्थ प्रतिपादक शब्द' कहकर स्मरण किया है वह निश्चय ही कोई अलौकिक चमत्कार और रससे पूर्ण कृति ही हो सकता है जिसके सम्बन्धमें कहा गया है—

तंत्रीनाद, कवित्तरस, सरस राग, रतिरंग।
अनबूड़े बूड़े, तरे, जे बूड़े सब अंग।।

[तन्त्रीनाद, कविताका रस, मनोहर राग और कामक्रीडामें जो नहीं डूब वे ही डूब गए, उनका जन्म निरर्थक हुआ और जो उनमें भरपूर डूब गए, रम गए उन्हींका जीवन सार्थक है।]

यद्यपि हास्य, अद्भुत, करुण, वीर, रौद्र, भयानक, बीभत्स और शान्त भी रस कहलाते और माने जाते हैं किन्तु शृङ्गार तो रसराज है एक मात्र रस है। 'शृङ्गारैकरस'। इस शृङ्गारसे ओतप्रोत यदि कालिदासका कोई काव्य है तो वह एकमात्र मेघदूत है। काव्यशास्त्र-मर्मज्ञ भलीभाँति जानते हैं कि शृङ्गारके दो पक्ष होते हैं—संयोग और वियोग। केवल संयोग शृङ्गारको हमारे यहाँ अधूरा और कच्चा माना गया है—

न विना विप्रलम्भेन संयोगः पुष्टिमश्नुते।
कषायिते हि वस्त्रादौ भूयान् रागो विवर्धते।।

[विप्रलम्भके बिना संयोग शृङ्गार पुष्ट ही नहीं होता क्योंकि वस्त्र आदिको जितने काल तक पदार्थमें डुबो लिया जाता है उतना ही अच्छा उसपर राग चढ़ता है] इसी का समर्थन करते हुए एक उर्दूके कविने कहा है—

जो मजा इन्तजारमें देखा,
वह नहीं वस्लेयारमें देखा।

[प्रियकी प्रतीक्षामें जो आनन्द है वह उससे मिलनेमें नहीं है।] संस्कृतके एक कविने किसी विरहीसे कहलाया है।

सगम-विरह-विकल्पे वरमिह विरहो न संगमस्तस्या।
अविरह काले सैका त्रिभुवनमपि तन्मयं विरहे॥

[संगम और विरहमेंसे यदि मुझे कोई एक चुनना हो तो संगमकी अपेक्षा मैं विरहको ही अच्छा समझता हूँ क्योंकि संगमके समय तो वह केवल एक ही होती है किन्तु विरहमें तो यह संपूर्ण त्रिभुवन ही प्रियामय प्रतीत होने लगता है।] उसकी अवस्था यह हो जाती है—'जिधर देखता हूँ उधर तू ही तू है।' प्रियाकी इस महत्ताका वर्णन करते हुए उर्दूके एक कविने तो पराकाष्ठा दिखला दी है—

माशूकके जलवेको महशरमें कोई देखे।
अल्लाह भी मजनूको लैला नजर आता है॥

[प्रियका प्रभाव देखना हो तो प्रलयके अन्तमें न्यायके दिन देखें। तब भी प्रेमीकी निष्ठा इतनी प्रबल होती है कि मजनूको ईश्वर भी लैला ही प्रतीत होता है। ऐसा ही अधीर अनन्य और अज्ञात प्रेमी यह यक्ष था जिसका नाम भी कालिदासने नहीं लिया है, केवल कश्चित् (कोई) कहकर उसका संकेत भर दे दिया है क्योंकि हमारे यहाँ नीति शास्त्रमें कहा गया है—

गुरुद्वेषी कृतघ्नश्च कृपणो शप्तहिंसकौ।
निन्दकोऽपत्य-विक्रेता न ह्येतान् नामतः स्मरेत्॥

[गुरुसे द्वेष करनेवाले, कृतघ्न, शापग्रस्त, हिंसक, कृपण, दूसरोंकी निन्दा करनेवाले और सन्तान-विक्रेता इनका कभी नाम नहीं लेना चाहिए।] मेघदूतका यक्ष भी 'शापेनास्तंगमित-महिमा' (शापके कारण समाप्त हो गई हुई महिमावाला) था, जो 'धनपतिक्रोधविश्लेषित' (कुबेरके क्रोधके कारण एक वर्षके लिए अपनी प्रियासे वियुक्त होकर रामगिरि पर पड़ा हुआ था, जिसका वर्णन कालिदासने अत्यन्त करुणाके साथ किया है।

कश्चित्कान्ता विरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः।
शापेनास्तंगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः॥
यक्षश्चक्रे जनकतनया-स्नानपुण्योदकेषु।
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु॥

[पू०मेघ०१]

[अपनी कान्तामें अतिशय अनुरक्त कोई यक्ष अपना कर्तव्य ठीक प्रकार पालन नहीं कर पाता था। (कार्तिक शुक्ल की देवोत्थानी एकादशीके दिन) इसने अपने स्वामी कुबेरके कार्यमें

ऐसी ढिलाई कर दी कि उसे कुबेरने शाप दे डाला कि जिस कान्ताके मोहमें पड़कर तू अपने कर्त्तव्यमें प्रमाद करता है उससे तू एक वर्षतक दूर पड़ा रह।] यह घटना देवोत्थान्या एकादशीको ही हुई थी। इसका प्रमाण स्वयं मेघदूतके अन्तमें दिया गया है—

शापान्तो मे भुजगशयनादुत्थिते शार्ङ्गपाणौ।
मासानन्यान् गमय चतुरो लोचने मीलयित्वा॥

[उ० मेघ० ५।३]

[देखो! अगली देवउठनी एकादशीको जब विष्णु भगवान् शेषशय्यासे उठेंगे उसी दिन मेरा शाप भी समाप्त हो जायगा। इसलिये इन चार महीनोंको भी किसी प्रकार आँखें मूँदकर बिता डालो।]

और वह शाप भोगनेके लिए गलकासे चलकर कैलास, मानसरोवर, क्रौंचरन्ध्र, कनखल, ब्रह्मावर्त, कुरुप्रदेश, दशपुर, उज्जयिनी, दशार्ण, अवन्ती, वेत्रवती, चर्मण्वती, आम्रकूट, रेवा, नीच पर्वत और मालदेश होता हुआ कामदगिरि चित्रकूट (रामगिरि) पहुँचा और वहीं रह गया—

तस्मिन्नद्रौकतिचिदबलाविप्रयुक्त स कामी।
नीत्वा मासान् कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठ॥

[उस पर्वत पर अपनी पत्नीसे बिछुड़े हुये उस कामीने कुछ महीने काट दिए जिसके हाथका सोनेका कंगन विरहमें ढीले होनेके कारण निकल गया।]

यहाँ पुन कामी कहकर पत्नीमें उसकी आसक्ति और भी दृढ करके स्पष्ट कर दी है। गोस्वामी तुलसीदासजीने भी परम निष्ठाके लिये कामीको ही आदर्श माना है और राममें अपनी निष्ठाका स्वरूप स्पष्ट करनेके लिए उन्होंने यही कहा है—

कामिहि नारि पियारी जिमि, लोभिहि जिमि प्रिय दाम।
श्री रघुनाथ निरन्तर, प्रिय लागहु मोहि राम॥

[जैसे कामीको स्त्री प्यारी होती है, लोभीको पैसा प्यारा होता है, उसी प्रकार श्रीराम भी मुझे प्यारे लगें।]

इसीलिये कालिदासने भी उसे 'कामी' से विशेषण-विशिष्ट करके उसकी एकान्त आसक्तिको स्पष्टकर दिया है। और इसी कामिताके कारण ही अपनी सुध-बुध भूले हुए यक्षने मेघको ही अपना दूत बना डाला।

इस विरही यक्षने अपने विरहके दिन काटनेके लिये स्थान भी चुना रामगिरि। बहुतसे विद्वानोंका मत है कि यह रामगिरि वास्तवमें चित्रकूट नहीं वरन् नागपुरके पासकी 'रामटेक' पहाड़ी या रीवाँ राज्यकी 'रामगढ' पहाड़ी है किन्तु यह उनका भ्रम है। उसका कारण यह है कि 'जनकतनया-स्नानपुण्योदकेषु' और 'स्निग्धच्छाया-तरुषु' वाले आश्रम चित्रकूट पर ही हैं, रामटेक पर नहीं। सुन्दर ताल, मन्दाकिनीका प्रवाह, पहाड़ी धाराएँ, घने वृक्ष, हरियाली कुञ्जें और ऋषियोंके आश्रम चित्रकूट पर ही हैं, रामटेक पर नहीं, क्योंकि रामटेक तो सूखी पहाड़ी है जहाँ कभी-कभी जलके भी दर्शन नहीं होते हैं। ऐसी सूखी पहाड़ीपर यक्ष क्यों रहने जायगा। इस सम्बन्धमें रहीमका यह दोहा भी विचारणीय है—

चित्रकूट में रमि रहे, रहिमन अवध-नरेस।
जापर विपदा परत है, सो आवत इहि देस॥

[अवधके नरेश (रहीम) आकर चित्रकूटपर बस गए क्योंकि जिसपर विपत्ति पड़ती है वह यहीं आता है।]

इस दोहेमें जहाँ अवध-नरेश (अवधके नवाब) अब्दुर्रहीम खानखानाने अपने आपत्कालके निवासकी सूचना दी है वहीं विपद्ग्रस्त अवध-नरेश राम और मेघदूतके वियुक्त यक्षकी ध्वनि भी रमणीय है।

इतिहास भी इसीका साक्षी है। वाल्मीकीय रामायणके अनुसार अयोध्यासे चलकर राम चित्रकूटमें रहे और फिर भरतको अपनी पादुका दे-देनेके पश्चात् वे ऋषियोंके साथ अत्रिके आश्रममें पहुँचे। वहाँसे दण्डकारण्यमें प्रविष्ट होकर विराधका वध करते हुए शरभंग ऋषिके आश्रममें पहुँचे। वहाँसे चलकर सुतीक्ष्णके आश्रममें एक रात्रि निवास करके फिर धर्मभृत मुनिके पास रहकर, माण्डकर्णि-द्वारा निर्मित पञ्चाप्सर नामक (पम्पासर) सरोवरका प्रभाव सुनकर ऋषियोंके आश्रममें रहते हुए फिर सुतीक्ष्णके आश्रममें लौटे और वहाँसे अगस्त्यजीके आश्रममें पहुँचे। फिर अगस्त्य मुनिकी आज्ञासे वे गोदावरी के तीरपर पञ्चवटीमें रहने लगे। इस प्रसंगमें कहीं भी रामटेक या किसी अन्य ऐसे स्थानका विवरण ही नहीं आया जहाँ सीताजीने स्नान किया हो और जिसकी मेखला-पर रामके चरण अंकित हों। ऊपर जिन ऋषियोंका वर्णन है उनमेंसे किसीका आश्रम भी रामटेकको ओर नहीं था।

यदि अन्तःसाक्ष्यकी दृष्टिसे विचार किया जाय तो स्वयं कालिदास ही इस सम्बन्धमें सबसे बड़े प्रमाण हैं। उन्होंने स्वयं रघुवंशमें लिखा है—

चित्रकूटवनस्थं च कथितस्वर्गतिर्गुरोः। [रघु० १२।१५]
रामस्त्वासन्नदेशत्वाद्भरतागमनं पुनः।
आशङ्क्योत्सुकसारङ्गां चित्रकूटस्थलीं जहौ॥ [रघु० १२।२४]

इसमें भी चित्रकूटमें ही रहनेकी बात आई है [चित्रकूटमें ही उन्होंने अपने पिताके स्वर्गवासका समाचार सुना और चित्रकूटका परित्याग भी उन्होंने इसलिए किया कि वह प्रदेश अयोध्याके पास था। उन्हें आशंका थी कि भरत फिर न वहीं आ जायँ] वे चित्रकूट छोड़कर चल दिए और फिर अनेक ऋषिकुलोंमें होते हुए, अत्रि मुनिका दर्शन करते हुए विराधका वध करते हुए अगस्त्यजीकी आज्ञाके अनुसार गोदावरीके तटपर पञ्चवटीमें रहने लगे। अतः वाल्मीकि और कालिदास दोनोंने रामके निवासके लिये दो ही स्थान माने हैं और वे हैं चित्रकूट और पञ्चवटी। दूसरा प्रमाण यह है कि कुटज (इन्द्रजव) का फूल केवल विन्ध्य-मेखला में ही होता है रामटेकपर उसका नाम तक नहीं है। अतः यक्षका प्रवास स्थान निश्चय ही चित्रकूट है। यह भी विचित्र बात है कि कालिदासने 'रामगिर्याश्रमेषु' और 'भूयो एव तव सहचरो रामगिर्याश्रमस्थ' दोनों स्थानोंपर 'रामगिरिका' ही नाम लिया है, चित्रकूटका नहीं और उसका कारण यही है कि अभिशप्त यक्षके निवासके कारण महाकवि चित्रकूटकी मर्यादाकी रक्षाके लिये उसका नाम यक्षके सम्बन्धमें लेकर उसे रामगिरि कहते हैं। जनक-तनया-स्नान पुण्योदकेषु और 'वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु' कहकर भी चित्रकूटका ही परिचय दिया गया है क्योंकि राम

जब लकारी चोट रहे हैं तब भी उन्होंने अत्यन्त भावुक होकर चित्रकूटका ही वर्णन करते हुए कहा है—

धारास्वनोद्गारिदरीमुखोऽसौ शृङ्गाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्कः ।
बध्नाति मे बन्धुरगात्रि चक्षुर्दृप्तः ककुद्मानिव चित्रकूटः ॥

[रघु० १३।४७]

[हे सुन्दरी ! मस्त साँडके समान यह चित्रकूट मुझे बड़ा सुहावना लग रहा है। गुफा ही इसका मुख है, जलकी धारा की ध्वनि ही डकार है, चोटी ही सींगें हैं और छाए हुए बादल ही सींगोंपर लगा हुआ कीच है।]

अब इसे मिलाइए—'वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श।' अन्तर इतना ही है कि मेघदूतमें हाथी की वप्र क्रीडाका वर्णन है और रघुवंशमें डील-डौलवाले साँड का। अतः निश्चय ही वह यक्ष चित्रकूट पर ही था रामटेकपर नहीं। सबसे बडी बात तो यह है कि चित्रकूटके आस-पास गाँवोंमें रहने वाले आजभी उसे रामगिरि कहते हैं, चित्रकूट नहीं।

उस चित्रकूटपर उसने आठ महीने बिताए। उस दशामें वह सूखकर काँटा हो गया और इतना दुबला हो गया कि सोनेका कड़ा उसके हाथसे निकल गया। विरहमें कृशताका वर्णन विश्वके सभी साहित्योंमें किया गया है। और इस कृशताकी व्यंजना करनेके लिये अतिशयोक्ति या मुबालगेका प्रयोग किया गया है। सीताजीकी विरह-दशाका वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदासजीने भी सीताजीसे कहलाया है—

अब जीवन कै है कपि आस न कोइ।
कनगुरिया के मुँदरी कंगन होइ॥ [बर०-रामा०]

[हे हनुमान ! अब जीवन की कोई आशा नहीं है, क्योंकि विरहजन्य दुर्बलताके कारण कनिष्ठिका उँगलीकी अँगूठीको अब कंगन बन गई है।]

अपभ्रंशके एक कविने तो हद ही कर दी है और कहा है—

वायसु उड्डावन्तिअए, पिउ दिट्ठउ सहसत्ति।
अद्धा वलया महिहि गय, अद्धा फुट्टि तडत्ति॥

[अपने प्रियके आगमनके शकुनके लिये कोई विरहिणी कौआ उड़ा रही थी। उस उड़ाने में हाथ झटकने हुए दुर्बलताके कारण आधी हाथकी चूड़ियाँ हाथसे निकलकर बाहर गिर गईं। इतनेमें सहसा विदेश गया हुआ पति लौटा हुआ दिखाई पड़ गया। वह नायिका हर्षसे फूली नहीं समायी और सहसा इतनी मोटी हो गई कि हाथ में बची हुई आधी चूड़ियाँ मोटाईके कारण तड़ककर टूट गईं।]

उर्दू के एक कविने तो विरहकी कृशताके वर्णनमें सीमा पार करदी है। एक विरही अपनी विरह-कृशताका वर्णन करते हुए किसीसे कह रहा है—

इन्तहाए लागरीमें जब नजर आया न मैं।
हँसके वो कहने लगे बिस्तरको झाड़ा चाहिए॥

[कृशताकी पराकाष्ठाके कारण जब मैं अपने प्रियको दिखाई नहीं पड़ा तो प्रियने कहा कि बिस्तर झाड़ो तो गिरने पर दिखाई पड़ जायँगे।]

किन्तु महाकवि कालिदासने इस प्रकारकी हास्यास्पद अतिशयोक्तिका आश्रय न लेकर केवल यही कहा—अपने हाथका कड़ा निकलकर गिर जाने से सूनी पहुँची वाले यक्षने कुछ महीने निकाल दिए।

'नीत्वामासान्कनकवलयभ्रंशरिक्त प्रकोष्ठ.।

इस प्रकार वहाँ आठ महीने बिताते हुए आषाढके प्रथम दिन वह क्या देखता है कि चित्रकूट-की चोटीपर लिपटे हुए बादलोंसे चित्रकूट ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानो कोई हाथी मट्टीके टीलेको ढाहनेका प्रयत्न कर रहा हो। बहुतसे विद्वानोंने वप्र-क्रीडा-परिणत-गज-प्रेक्षणीयमें बादलोंको हाथी माना है और चित्रकूटको वप्र, किन्तु यदि कोई चित्रकूटमें हनुमान-धारापर बैठकर आषाढके पहले दिन चित्रकूट पर छाए हुए बादलका दृश्य देखले तो उसे प्रतीत होगा कि वास्तवमें चित्रकूट ही मस्तक उठाए हुए गजके समान है और बादल ही वप्र (टीला) है। स्वयं कालिदासने अपने रघुवंशमें शृङ्गाग्रलग्नाम्बुदवप्रपङ्क, ककुद्मानिव चित्रकूटः [रघु० १३।४७] बताकर इसे स्पष्ट कर दिया है कि चित्रकूट उस साँडके समान है जिसकी चोटी पर छाए बादल ऐसे लगते हैं मानो उसके सींगपर टीलेकी मिट्टी लगी हो।

मेघदूतकी कुछ प्रतियोंमें आषाढस्य प्रथम-दिवसेके बदले 'प्रशम-दिवसे' पाठ मिलता है किन्तु वह पाठ अग्राह्य भी है और भ्रामक भी। आषाढके प्रारम्भमें बादल आनेकी बात उत्तर भारतके सम्पूर्ण ग्राम-गीतोंमें व्याप्त है—

चढत असाढ गगन घन छाए
चमचम चपला जी डरपाए।
पिय बिन मोको कछु न सुहाए ॥
साजन सौतन घर बिलमाए।
कुछु न सुहाए, बादल छाए ॥

गुजरातके अपभ्रंश साहित्यमें मृणालवतीने मुँज को संदेश ही भेजा है—

मुञ्ज पडल्ला दोरडी पेक्खेसि न गम्मारि।
आषाढि घण गज्जीई चिक्खिल होसे वारि ॥

[हे गँवार मुंज ! तू प्रेमकी ढीली डोरीको समझ नहीं रहा है। अब आषाढमें बादल गुजरने लगेंगे तब मार्गमें पानी ही पानी भर जायगा, तब कैसे आ पावेगा।]

हमारे देसी साहित्यमें जो अनेक बारहमासे लिखे गए हैं या लिखे जाते हैं उन सबमें आषाढ चढते ही बादल आनेका वर्णन है। ज्योतिष शास्त्रके अनुसार भी आषाढके पहले पक्षमें मेघ-दर्शन आवश्यक है अन्यथा दो मास तक अनावृष्टिकी आशंका होती है—

आषाढमासे प्रथमेच पक्षे निरभ्रदृष्टे रविमंडले च।
विद्युन्नगर्जंत्यथ नैव मेघा मासद्वयं तत्र न वर्षणं स्यात् ॥

[आषाढके पहले पखवाड़ेमें यदि सूर्य खुला, बिना बादलके रहे और न बिजली चमके-गरजे, न बादल हों तो दो मास तक वर्षा नहीं होती।]

और फिर यह तो प्रत्यक्ष दृश्य है जिसे कोई भी चित्रकूटपर जाकर देख सकता है।

मेघदूतका अध्ययन करनेसे पूर्व यह समझ लेना चाहिए कि कालिदास कोई भूगोलकी पुस्तक नहीं लिख रहे हैं, काव्यकी पुस्तक लिख रहे हैं और मेघकी मर्यादाके अनुसार (स्वप्रयाणानुरूप) मार्ग समझा रहे हैं। अन्यथा 'वक्र पन्थाका' प्रश्न ही न उठता। किन्तु उस काव्यका यही चमत्कार है कि उसके भूगोल की सटीकता, जीव-विज्ञान तथा वनस्पति-विज्ञानकी प्रामाणिकता और इतिहासकी वास्तविकता सब उपस्थित है। आषाढके पहले दिन कामदगिरिके शिखिर पर लटके हुए मेघको देखते ही यह कान्ता-विरही कामी यक्ष विरहसे व्याकुल हो उठा और जिस मेघको देखकर दूर देशस्थ पथिक भी अपने घर लौटनेको उत्सुक हो जाता है उस समय शापग्रस्त यक्षकी क्या दशा हुई होगी यह सहज ही अनुमान किया जा सकता है। उसकी इस स्वाभाविक आकुलता का समर्थन करते हुए कालिदासने कहा है—

मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्तिचेतः।
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे॥

[बादलको देखकर जब सुखी लोगोंका मन डोल जाता है तब उस वियोगीका तो कहना ही क्या, जो दूर देशमें पड़ा हुआ अपनी प्यारीके गले लगानेके लिये दिन-रात तड़पा करता है।]

उर्दूके कविके अनुसार—

तौबा की थी मैं न पिऊँगा कभी शराब।
बादलका रंग देखके नीयत बदल गयी॥

[मैंने प्रतिज्ञा की थी कि कभी मदिरा नहीं पीऊँगा। किन्तु बादल उठे हुए देखकर संकल्प टूट गया।]

वह अपनी प्रियतमाके लिए छटपटाने लगा और फिर तत्काल उसने सोचा कि शापके कारण अलका लौट जाना तो अभी सम्भव नहीं है इसलिये क्यों न संदेश भेज दिया जाय। कहीं ऐसा न हो कि बादलोंको देखकर वह विरहकी व्याकुलतामें प्राण दे दे। अपभ्रंशके एक कविने इस स्थितिको बड़ी मार्मिकताके साथ कहा है—

जइ स सणेही तो मुइअ अह जीवइ निन्नेह।
बिहँहि पयारेहिँ गइहि धण किं गज्जहि खल मेह॥

[यदि वह प्रिया मुझसे स्नेह करती होगी तो तुम्हारा गर्जन सुनकर उसने अपने प्राण छोड़ दिए होंगे और यदि वह जीवित है तो निश्चय ही उसके मनमें मेरे लिये स्नेह नहीं। इसलिये यह तो दोनों प्रकारसे मेरे हाथसे जाती रही। दुष्ट मेघ! अब तू क्या गरजे जा रहा है।] इसीलिए उस कामी यक्षने सोचा कि क्यों न इसी मेघसे ही संदेश भेजा जाय।

तुम्हींने दर्द दिया है तुम्हीं दवा देना।

यही मेघ तो जाकर प्राण लेनेवाला है, क्यों न इसीके हाथ सन्देश भेज दिया जाय, क्योंकि इससे पहले कोई पहुँच नहीं पावेगा और इससे योग्य कोई संदेशवाहक भी नहीं मिलेगा। क्यों?

बहुतसे विद्वानोंने कहा है कि मेघके हाथ संदेश भेजना अस्वाभाविक है। यह बात कालिदास भी जानते थे। इसलिये उन्होंने कहा भी है—

धूमज्योतिः सलिलमरुतां सन्निपातः क्व मेघः
सन्देशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः ।
इत्यौत्सुक्यादपरिगणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु ॥

(कहाँ तो धुआँ, अग्नि, जल और वायुसे बना हुआ मेघ और कहाँ चतुर लोगोंसे पहुँचाया जानेवाला सन्देश। 'किन्तु कामार्तमें इतनी समझ कहाँ रह जाती है कि वह जड़ और चेतनका भेद कर सके।) यह तो कालिदासका अपना अर्थान्तरन्यास है। किन्तु यक्षने अपने इस दूतके चुनावको बहुत ठोक बजाकर किया है। वह कहता है—*जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्त्तकानाम्। जानामि त्वा प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः। तेनार्थित्वं त्वयिविधि वशाद्दूरबन्धुर्गतोऽहम् याच्ञामोघावरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा॥* कि तुम विश्व-प्रसिद्ध पुष्कर और आवर्तक वंशमें उत्पन्न हुए हो, तुम इन्द्रके कामरूप अर्थात् इच्छाके अनुसार रूप धारण करनेवाले प्रकृति-पुरुष अर्थात् अत्यन्त विश्वस्त पुरुष हो इसलिये मैं तुमसे यह प्रार्थना कर रहा हूँ क्योंकि किसी गुणीके आगे हाथ फैलाकर निष्फल लौटना अच्छा है किन्तु अधमसे इच्छित फल पाना भी अच्छा नहीं है। नीतिशास्त्रोंमें दूतके जो अनेक गुण बताए हैं उन सबोंका दर्शन यक्षने मेघमें किया है। दूत कुलीन होना चाहिए, मेघ कुलीन है, पुष्कर और आवर्तक कुलमें उसका जन्म हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि वह विश्वस्त होना चाहिए मेघ साक्षात् देवराज इन्द्रका विश्वासपात्र है। दूत ऐसा हो कि जब जैसी आवश्यकता हो वैसा रूप धारण करले वे। गुण मेघमें स्वभावतः विद्यमान हैं। जब रामके दूत बनकर सीताजीकी खोज करने हनुमान गए थे उस समय उनकी भी यही परीक्षा सर्पोंकी माता सुरसाने ली थी और देख लिया कि वे बुद्धिमान है, निर्भीक हैं, विश्वस्त हैं, जब चाहे जैसा बड़ा या छोटा रूप धारण कर सकते हैं।

ज्योतिष-तत्त्वके अनुसार बादलोंके चार कुल बताये गये हैं—

आवर्तो निर्जलो मेघः संवर्तश्च बहूदकः ।
पुष्करो दुष्करजलो द्रोणः शस्यप्रपूरकः ।

[आवर्त मेघ निर्जल होता है। संवर्तमें बहुत जल होता है। पुष्करसे कठिनाईसे थोड़ा-सा होता है और और द्रोण तो धान्य-वर्धक होता है।]

इसने सम्वर्त नामक बहूदक बादलको छोड़ दिया कि कहीं अलकामें पहुँचकर धुआँधार पानी न बरसाने लगे और शस्य-प्रपूरक द्रोणको भी छोड़ दिया कि यदि उसे सन्देश-वाहक बनाकर भेजा तो लोग बिना अन्नके मर जायगें। इसलिए उसने दुष्कर जलवाले पुष्कर और आवर्तक कुलके निर्जल मेघको चुना कि उन्हें चाहे जितने दिनों तक इधर-उधर निश्चिन्तताके साथ घुमाया जा सकता है। मेघोंकी इसी प्रकृतिके कारण कालिदासने उन्हें बीच बीचमें पड़नेवाली नदियोंका जल पीते चलनेका परामर्श दिया।

मेघको दूत बनानेका एक और भी कारण है जो यक्षने स्पष्ट कर दिया है—

'सन्तप्तानांत्वमसि शरणम्।'

[तुम संतप्त लोगोंको शरण देनेवाले हो।] घनानन्द का यह सवैया तो प्रसिद्ध ही है—

परकारज देहको धारे फिरौ परजन्य यथारथ ह्वै दरसौ।
निधि-नीर सुधाके समान करौ सब ही बिधि सज्जनता सरसौ॥
घनआनँद जीवनदायक हौ, कबौं मेरियौ पीर हिये परसौ।
कबहूँ वा बिसासी सुजानके आँगन मो अँसुवानहू लै बरसौ॥

और फिर किसी प्रतिष्ठित व्यक्तिको दूत बनाना होता है तो उसकी बड़ी चाटुकारी की जाती है। उसे यह विश्वास दिलाया जाता है कि मैं किसी ऐसे वैसे स्थानपर किसी बीहड़ मार्गसे नहीं भेज रहा हूँ, किसी अवाञ्छनीय व्यक्तिके पास नहीं भेज रहा हूँ। इसीलिये यक्षने पहले स्थानका निर्देश देते हुए अलकाका परिचय दिया—

गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां।
बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिका धौतहर्म्या॥

यक्षने बतलाया कि 'मित्र पयोद ! तुम्हें यक्षेश्वरोंकी उस अलका नामकी बस्तीको जानेको कह रहा हूँ जिसको बाहरसे ही देखकर तुम फड़क उठोगे क्योंकि बाहर उद्यानमें स्थित महादेवजीके सिरपर स्थित चन्द्रमाके प्रकाशसे वहाँके भवन बारहों मास चमचमाते रहते हैं। इसके पश्चात् अलकाका मार्ग बताते समय यक्षने बड़े मनोवैज्ञानिक ढंगसे बादलको भोजन, विश्राम, दर्शनीय स्थल, रमणीय दृश्य आमोद-प्रमोद, मनोरंजन, और देव-दर्शनके साथ बीचमें पड़नेवाले नद, नदी, पर्वत, प्रदेश, नगर, पशु, पक्षी, वृक्ष, पुष्प, जलवायु, पुरुष, स्त्री, देवता और ऐतिहासिक घटनाओंका बड़ा सश्लिष्ट वर्णन करते हुए उस मार्गसे जानेका प्रलोभन दिया है क्योंकि वह मेघको कहता है कि 'त्वत्प्रयाणानुरूपम्' तुम्हारे पदके अनुसार मार्ग बता रहा हूँ। और विचित्र बात यह है कि यह सम्पूर्ण विवरण सम्पूर्ण जड़ प्रकृति कालिदासने शृङ्गारमयी दिखाई है कि कहीं रसमय मेघ विरस न हो जाय इसलिए वह नदियों और पर्वतोंको भी मानव रूपमें मानवीय सौन्दर्यसे पूर्ण ही देखता है।

मेघको प्रारम्भमें ही प्रलोभन देते हुए यक्ष कहता है कि तुम्हारा उपकार केवल मैं ही नहीं मानूँगा वरन् अन्य पथिक-वनिताएँ भी मानेंगी—

त्वामारूढं पवनपदवीमुद्गृहीतालकान्ताः
प्रेक्षिष्यन्ते पथिक-वनिताः प्रत्ययादाश्वसन्त्यः।
कः सनद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां
न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो यः पराधीनवृत्तिः॥

[यक्ष कहता है कि तुम्हें उठा हुआ देखकर अपने गालोंपर फैले हुए बाल हटाकर बड़े विश्वासके साथ परदेसियोंकी पत्नियाँ तुम्हारी ओर देखने लगेंगी क्योंकि मेरे जैसे पराधीनको छोड़कर और कौन होगा जो ऐसे समय अपनी विरहिणी पत्नीकी उपेक्षा कर सके।

विरहकी दशामें दिन गिननेकी बड़ी मार्मिक स्थितिका वर्णन मिलता है—

जे मह दिण्णा दिअहडा दइएँ पवसन्तेण।
ताण गणन्तिए अंगुलिउ जज्जरिआउ नहेण।

[मेरे प्रियने परदेश जाते समय जो लौटनेकी अवधि बताई थी उसे गिनते-गिनते उँगलियोंके पोर सब नखोंकी रगड़से छीज गए हैं] इसलिए यक्ष कहता है—

ता चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नी
अव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम् ।
आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां
सद्यः पाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥

[तुम जाकर अपनी उस भाभी से अवश्य मिलना जो वहाँ बैठी दिन गिन रही होगी और जिसके प्राण इसी आशा पर टिके होंगे कि अभी फिर भेंट तो होगी ही ।]

सीताजीने भी हनुमानजीसे अपने प्राण विरहमें न छोड़नेका कारण बताते हुए कहलाया था—

नाम पाहरू दिवस निसि, ध्यान तुम्हार कपाट ।
लोचन प्रभुपद-जन्त्रित, प्राण जाहिं केहि बाट ।

[रात दिन आपका नाम स्मरण ही पहरा देता है, ध्यानके किवाड़ लगे हैं । आँखों पर आपके चरण कमलका ताला लगा है फिर भला प्राण किस मार्गसे निकल सकते हैं ।]

इसके पश्चात् यक्षने भारतीय विश्वासके अनुसार अच्छे शकुनका भी निर्देश करते हुए प्रोत्साहन दिया है—

मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः ।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥

[मन्द मन्द पवन तुम्हे आगे को बढ़ा रहा है । बाईं ओर काममत्त चातक मधुर बोल रहा है और गर्भाधानके समय का परिचय पाकर निश्चय ही बगुलियाँ आकाशमें अत्यन्त नयनाभिराम पंक्तमाला बनाकर तुम्हारी सेवा करेंगी] और वे ही क्यों ।

कर्तुं यच्च प्रभवति महीमुच्छिलीन्ध्रामवन्ध्यां
तच्छ्रुत्वा ते श्रवणसुभगं गर्जितं मानसोत्काः ।
आकैलासाद् बिसकिसलयच्छेदपाथेयवन्तः
सम्पत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः ॥

तुम्हारा गर्जन सुनकर कुकुरमुत्ते निकल आवेंगे, धरती हरी भरी हो उठेगी । और मान-सरोवर जानेको उत्सुक राजहंस भी तुम्हारे साथ कैलास तक उठे चले जायेंगे ।]

और यह मैं नहीं कहता कि तुम झट चलदो । अभी आए हो, ठहरो, बैठो । अपने मित्र चित्रकूटसे गले मिल लो, कुशल मंगल पूछ लो क्योंकि यह साधारण पर्वत नहीं है । यह भगवान् रामके चरण-कमलोंसे अंकितमेखलावाला वह पर्वत है जिसकी लोग वन्दना किया करते हैं ।]

आपृच्छस्व प्रियसखममुं तुङ्गमालिङ्ग्य शैलं
वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु ।
काले-काले भवति भवतो यस्य संयोगमेत्य
स्नेहव्यक्तिश्चिरविरहजं मुञ्चतो बाष्पमुष्णम् ॥

यक्ष इतने मनोवैज्ञानिक ढंगसे मेघसे अपना काम करानेके लिये उपचारका प्रयोग करता है—

गरीबखानेमें लिल्लाह दो घड़ी बैठो ।
बहुत दिनोंमें तुम आये हो इस गलीकी तरफ ॥

ज़रासी देर ही हो जायगी तो क्या होगा।
घड़ी-घड़ी न उठाओ नजर घड़ीकी तरफ॥
जो कोई पूछे तो परवाह क्या है कह देना।
चले गए थे टहलते हुए किसीकी तरफ॥

[भगवानके लिये इस कुटिया मे थोड़ी देर बैठो क्योंकि इस गलीकी ओर बहुत दिनोंमें आए हो। थोड़ी देर ही हो जायगी तो कोई बात नही है। बार-बार घड़ीकी ओर दृष्टि न दौड़ाओ। जो कुछ पूछने भी लगे तो कोई चिन्ताकी बात नही है, कह देना टहलते हुए किसीकी ओर चले गए थे।]

और इस उपचारके पश्चात् भी वह सीधे हड़बड़ीमे अपना संदेश नही वह सुनाता। पहले मार्ग बताता है और कहता है—

मार्गं तावच्छृणु कथयतस्त्वत्प्रयाणानुरूपं
संदेशम्मे तदनु जलद ! श्रोष्यसि श्रोत्रपेयम्॥

यक्ष कहता है कि [पहले तुम अपने अनुरूप अर्थात् जिस मार्गसे किसी भले व्यक्तिको भेजा जा सकता है वह समझ लो तब मैं तुम्हें वह श्रोत्रपेय (कानोंसे पीया जा सकनेवाला, रसीला) संदेश सुनाऊँगा जिसे सुनकर तुम फड़क उठोगे] अत यक्ष सीधा मार्ग न बता कर बादलके प्रयाणानुरूप मार्ग बता रहा है और वही मार्ग बता रहा है जिस मार्गसे होकर यक्ष स्वयं अलकासे चलकर चित्रकूट तक आया है।

मार्ग बतानेमे भी वह अपने दूतकी पूरी सुविधाका ध्यान रखता है। पुष्कर और आवर्तक बादलोंमे जल नही होता इसलिये यक्ष उन्हें समझाता है कि —

खिन्नः खिन्नः शिखरिषुपदं न्यस्य गन्तासि यत्र।
क्षीणः क्षीणः परिलघुपयः स्रोतसां चोपभुज्य॥

जब थकावट हो तो पर्वतोंकी चोटियोंपर ठहरते जाना और प्यास लगती चले तो झरनोंका हल्का-हल्का जल पीते जाना। यह नही कि बिना खाए-पिए सीधे हरकारेके समान चलते चले जाओ क्योंकि *हनुमानजीके समान दूत मिलना तो बड़ा कठिन है जो यह कहे कि—*

'राम-काज कीन्हे बिना, मोहिं कहाँ बिसराम॥

[रामका कार्य अर्थात् सीताजीकी खोज किए बिना मुझे विश्राम करनेका अवकाश कहाँ है ?]

अब यक्ष मार्ग बताते हुये उस बीचमे पड़नेवाले अनुभवोंका संकेत देते हुए समझाता है कि जब तुम इस वेगसे लदी हुई पहाड़ीसे ऊपर उठोगे तो सिद्धोंकी भोली-भाली पत्नियाँ चकित होकर कहेंगी कि कहीं पहाड़की चोटी ही तो नहीं उड़ी जा रही है। इस प्रकार उड़ते समय दिङ्नागोंकी सूँड़ोंकी फटकारें ढकेलते हुए आगे बढ़ जाना। 'दिङ्नागाना पथि परिहरन्स्थूलहस्तावलेपान्।' इससे कुछ विद्वानोंने कल्पना की है कि कालिदासने प्रमाण-समुच्चयके प्रसिद्ध बौद्ध लेखक दिङ्नागपर आक्षेप किया है जिसे मल्लिनाथने कालिदासका प्रतिद्वन्द्वी बताया है।

अब यक्ष सामने उठते हुए इन्द्र धनुषकी ओर देख रहा है और वहींसे सुन्दर मार्गके अनुभवका श्रीगणेश करता है। यह इन्द्रधनुष या तो प्रातःकाल दिखाई देता है या सायंकाल और यदि

वादलके ऊपर विमानसे देखा जाय तो इन्द्र चक्र दिखाई देता है, इन्द्र-धनुष नहीं। इस इन्द्रधनुषसे यक्षको बादलका नीला शरीर ऐसा जान पड़ता है जैसे 'मोर-मुकुट लगाए कृष्ण।'

'बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेशस्य विष्णोः।' [पूर्वमेघ, १५]

अब किसानोंकी पत्नियोंका परिचय देता हुआ यक्ष कहता है कि तुम उड़कर चलोगे तो किसानोंकी ये भोली भाली पत्नियाँ बड़ी आशासे तुम्हारी ओर आँखें उठाकर देखेंगी जिन्हें भौं चलाकर रिझाना नहीं आता—'भ्रूविलासानभिज्ञैः'। तुम वहाँ माल देशके खेतपर बरस जाना जिससे वहाँकी भूमि सौंधी गंधसे गमक उठेगी। फिर पश्चिमकी ओर बढ़कर उत्तरकी ओर चल देना। वहाँ आम्रकूटकी आग बुझाकर उसकी चोटी पर ठहर जाना जो पके हुए फलोंसे लदे हुए आमके वृक्षोंसे घिरा हुआ है। उस समय देव-दम्पतियों वह पर्वत स्तनइवस्तुव (पृथ्वीके स्तनके समान) प्रतीत होगा। उस वनमें जंगली स्त्रियाँ घूमा करती हैं इसलिये वहाँ ठहर कर क्या करोगे डग बढ़ाकर चल देना। जल बरसा देनेसे तुम्हारी देहका भारीपन भी दूर हो गया रहेगा जिससे चाल भी बढ़ जायगी। आगे चलकर विन्ध्याचलके ऊबड़ खाबड़ पठार पर अनेक धाराओंमें फैली हुई रेवा नदी ऐसी प्रतीत होगा जैसी भभूतसे चीती हुई हाथीकी देह हो। वहाँ जंगली हाथियोंके मदसे बसा हुआ और जामुनकी कुंजोंमें बहता हुआ रेवाका जल पीकर तब आगे बढ़ना क्योंकि—

रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय। [पूर्वमेघ—२१]

[जिसके हाथ रीते रहते हैं उसे सब दुरदुराते हैं और जो भरा-पूरा होता है उसका सभी आदर करते हैं।]

इसके आगे अधपके हरे-पीले कदम्ब पर मँडराते हुए भौंरे, नई फूली हुई कन्दलीको पत्तियोंको चरते हुए हरिण और जंगली धरतीकी तीखी गंध सूँघते हुए हाथी तुम्हें मार्ग दिखाते चलेंगे। उस समय सिद्ध लोग अपनी पत्नियोंके साथ ऊपर ही ऊपर बूँद चूँठने-वाले चातकोंकी ओर पाँत बाँधकर उड़ती हुई बगुलियोंका दृश्य देख रहे होंगे। बस, जहाँ तुम गरजे कि वे स्त्रियाँ डरकर झट अपने पतियोंसे चिपट जायेंगी और वे सिद्ध लोग तुम्हारा बड़ा उपकार मानेंगे—'मानयिष्यन्तिसिद्धा।

यक्ष कहता है—यद्यपि मैं जानता हूँ कि मेरे कामके लिए तुम शीघ्र ही जाना चाहोगे किन्तु ऐसी कोई बात नहीं है। तुम ककुभ (अर्जुन) सुगन्धित फूलोंसे लदे हुए उन पहाड़ों पर ठहरते हुए मस्ती लेते हुए जाना जहाँ कि मोर अपनी कूकसे तुम्हारा स्वागत करेंगे। वहाँसे चलकर तुम आगे दशार्ण देशमें पहुँच जाओगे जहाँ के उपवनोंकी बाढ़ फूले हुए केवड़ोंसे उजली हो उठी होगी। गाँवोंके मन्दिरोंमें कौवे घोंसले बना रहे होंगे। सारा जंगल काली-काली जामुनोंसे लदा मिलेगा और हंस भी कुछ दिनोंके लिए जहाँ आ बसे होंगे। वहाँकी राजधानी विदिशामें तुम्हें विलासकी सब सामग्री मिल जायगी। वहाँ लहराती हुई वेत्रवतीका जल पीते हुए तुम्हें ऐसा लगेगा जैसे किसी कटीली भौंहोंवाली कामिनी का रस पी रहे हो।

वहाँसे चलकर नीच नामकी पहाड़ी थकावट मिटानेके लिए रुक जाना। वहाँ फूले हुए कदम्ब ऐसे जान पड़ेंगे जैसे तुमसे मिलनेके कारण उनके रोम-रोम फरफरा उठे हों। इतना ही नहीं उसकी गुफाओंमें वहाँके छैलोंका भी राग-रंग देखना।

यः पण्यस्त्रीरतिपरिमलोद्गारिभिर्नागराणाम्
उद्दामानि प्रथयति शिलावेश्मभिर्यौवनानि। [पूर्वमेघ २७]

[उन्हीं पहाड़ोंकी गुफाओंमेंसे उन सुगन्धित पदार्थोंकी गंध निकल रही होगी जो वहाँके छैले, वेश्याओंके साथ रति करनेके समय काममें लाते हैं। इससे तुम यह भी जान जाओगे कि यहाँके नागरिक कितनी खुल्लमखुल्ला जवानीका रस लेते हैं]

इसे ही शिला-वेश्मको आजकलके बहुतसे विद्वानोंने भरत-द्वारा निर्दिष्ट नाट्य-गृह तक बना दिया है।

यक्षने समझाया है कि वहाँ ठहरकर जूहीकी फुलवारियोंको सींचते हुए उन मालिनोंके मुखपर छाया करते हुए उनसे हेल-मेल बढ़ाते हुए आगे बढ़ जाना जिनके कानमें खुँसे हुए कमल उनके गालके पसीनेसे मैले पड़ गये हों।

इसके पश्चात् यक्षने मेघसे कहा है कि तुम्हें थोड़ा चक्कर तो पड़ेगा किन्तु कोई बात नहीं है—

वक्रः पन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशा
सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः।
विद्युद्दामस्फुरितचकितैस्तत्र पौराङ्गनानाम्।
लोलापाङ्गैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोऽसि॥

[पूर्वमेघ, २६]

मालव देशकी 'भ्रूविलासानभिज्ञ' भोली-भाली नारियोंसे भिन्न हैं उज्जयिनीकी नारियाँ। [यद्यपि तुम्हारा मार्ग कुछ टेढ़ा पड़ेगा किन्तु तुम वहाँके विशाल भवनोंसे लिपटना न भूलना और तुम्हारी बिजलीकी चमकसे डरकर जो वहाँकी नवेलियाँ चंचल चितवन चलावेंगी उनपर न रीझे तो समझो तुम्हारा जीवन अकारथ गया।]

हाँ, उधर जाते हुए निर्विन्ध्या नदीका रस ले-लेना जिसकी लहरोंपर कलरव करते हुए पक्षी ही मेखलाके समान और भँवर ही नाभिके समान प्रतीत होंगे। बस समझ लेना कि मटक-मटक दिखाकर तुम्हें रिझा रही है क्योंकि—

स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु। [पूर्वमेघ, ३०]

[स्त्रियाँ मटक-मटक दिखाकर ही मानो प्रेमियोंको अपने प्रेमकी बात कह देती हैं।]

उन विरहिणी दुबली निर्विन्ध्याको जलसे भरकर तुम श्रीविशाला विशाला उज्जयिनीमें पहुँच जाना जहाँके गाँवोंमें ऐसे बहुतसे बड़े-बूढ़े लोग होंगे जो उदयनकी कथाको भली प्रकार जानते हैं।

प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्
पूर्वोद्दिष्टामनुसर पुरीं श्रीविशालां विशालाम्।
स्वल्पीभूते सुचरितफले स्वर्गिणां गां गतानां
शेषैः पुण्यैर्हृतमिव दिवः कान्तिमत्खण्डमेकम्॥

[पूर्वमेघ, ३२]

[अवन्ति देशमें पहुँचकर तुम धन-धान्यसे भरी हुई उस विशाला नगरीकी ओर चले जाना

जिसकी चर्चा मैं पहले ही कर चुका हूँ और जहाँ गाँवके बड़े-बूढ़े लोग, महाराज उदयनकी कथा भली प्रकार जानते बूझते हैं। वह नगरी ऐसी लगती है मानो स्वर्गमें अपने पुण्योंका फल भोग चुकनेवाले पुण्यात्मा लोग, पुण्य समाप्त होनेसे पहले ही, अपने बचे हुए पुण्यके बदले, स्वर्गका एक चमकीला भाग लेकर उसे अपने साथ धरतीपर उतार लाए हों।]

ऐतिहासिक दृष्टिसे यह श्लोक बड़े महत्त्व का है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि कालिदासको उज्जयिनी बहुत प्रिय थी और इस नगरसे उसका बहुत घनिष्ठ सम्बन्ध था— वह सम्बन्ध चाहे जन्मका हो या कर्मका। दूसरी बात यह है कि मेघदूत उस समय लिखा गया जब वत्सराज उदयन द्वारा वासवदत्ताके हरण-वाली कथा बहुत पुरानी नहीं हुई थी और जिसकी चर्चा उस समय तक अर्थात् मौर्य साम्राज्यके क्षीण होनेतक प्रसिद्ध थी।

उज्जयिनीके सौन्दर्य के कारणके सम्बन्धमें कालिदासने जो कल्पनाकी है वह अद्भुत है। हमारे यहाँ माना गया है—'क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोके विशन्ति।' इसी आधारपर कालिदासने कहा है कि स्वर्गमें गये हुये लोगोंने सोचा कि अन्तमें मर्त्यलोकमें तो जाना ही पड़ेगा इसलिये उन्होंने बहुत दिनों तक स्वर्ग-सुख भोग चुकनेपर जब थोड़ा पुण्य बच रहा तब वे अपने बचे हुए पुण्यके बदले स्वर्गका जो सुन्दर खंड साथ लेते आए वही उज्जयिनी है। यह भी एक बड़ा प्रमाण है कि कालिदास उज्जयिनीके थे।

वहाँके सम्बन्धमें मेघको समझाते हुए वे कहते हैं कि उज्जयिनीमें सारसोंकी मीठी बोली सुनाई पड़ेगी, कमलकी गन्धमें बसा हुआ शिप्राका 'प्रियतमइव प्रार्थना-चाटुकार' पवन वहाँ 'सुरतग्लानि' हर रहा होगा। अगरके धुएसे तुम्हारा शरीर बढ़ेगा, पालतू मोर नाच-नाचकर तुम्हारा अभिनन्दन करेंगे और फूलोंकी गंधसे महकते हुए उन भवनोंकी सजावट देखकर तुम अपनी थकावट मिटाना जिनमें सुन्दरियोंके चरणोंमें लगी हुई महावरसे लाल पैरोंकी छाप बनी हुई होगी।

इसके पश्चात् उसे महाकालके मन्दिरमें जानेका निर्देश करता हुआ यक्ष कहता है कि महाकालके पवित्र मन्दिरमें शिवजीके गण तुम्हें अपने स्वामी शिवजीके कंठके समान ही नीला देखकर तुम्हें बड़े आदरसे निहारेंगे। युवतियोंके स्नानसे सुगन्धित और कमलके गन्धमें बसी हुई गन्धवती नदीकी ओरसे आनेवाला पवन इस मन्दिरके उपवनको बार-बार झुला रहा होगा वहाँ तुम महाकालकी सान्ध्य आरती में गरजकर उनके नगाड़ेका साथ देना। वहाँ नृत्य करती हुई वेश्याओंके नखक्षत्तोंपर जब तुम्हारी ठंडी-ठंडी बूदें पड़ेंगी तब वे तुम्हारी ओर भौंरेके समान अपनी चितवन चलायेंगी। सन्ध्याकी आरती हो चुकने पर जब महाकाल ताडव नृत्य करने लगें तब वृक्ष रूपी उनके उठे हुए बाहुओं पर साँझकी ललाई लेकर तुम छा जाना जिससे शिवजीके मनमें हाथीकी खाल ओढ़नेकी इच्छा पूरी हो जाय। यह दृश्य देखकर पहले तो पार्वतीजी डर जायेंगी किन्तु फिर तुम्हें देखकर और पहचानकर वे तुम्हारी भक्तिका आदर करेंगी। उज्जयिनीमें जो कृष्णाभिसारिकाएँ अपने प्रियतमोंसे मिलनेके लिए अँधेरी रातमें निकलें उन्हें तुम बिजली चमकाकर ठीक मार्ग दिखा देना, गरजना-बरसना मत नहीं तो वे घबरा उठेंगी। फिर तुम दिन निकलते ही वहाँसे चल देना क्योंकि अपने मित्रोंका काम करनेका जो बीड़ा उठाता है वह आलस्य नहीं करता— [*मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्या ।*] सवेरा होनेपर खंडिता नायिकाओंके प्रिय भी अपनी

प्रियतमाओंके आँसू पोंछ रहे होंगे और सूर्य भी अपनी प्रियतमा कमलिनीके मुँह पर पड़ी हुई ओस पोंछ रहा होगा, उस समय तुम उनके हाथ न रोकना, नहीं तो वे बुरा मान जायँगे।

इसके पश्चात् यक्षने गम्भीरा नदीका चित्रण अत्यन्त सहृदयता और रसिकताके साथ करते हुए उसे विवस्त्रा नायिकाके रूपमें चित्रित किया है और कहा है कि जो जवानीका रस ले चुका है वह खुली हुई जाँघोंवालीको भला कैसे बिना भोगे छोड़ देगा। 'ज्ञातास्वादो विवृतजघना को विहातु समर्थः।' वहाँसे चलकर मेघको देवगिरि पर्वतकी ओर भेजते हुए बताया है कि चिङ्घाड़ते हुए हाथी वहाँ धरतीकी गंध पी रहे होंगे और वनके गूलर पकने लग गए होंगे वहाँ सदा निवास करनेवाले स्कन्द भगवान पर जल चढ़ाकर गर्जन करना जिससे स्वामि-कार्तिकेयका मोर नाच उठेगा। उनकी पूजा कर,चुकनेपर आगे बढ़ोगे तो अपनी पत्नियोंके साथ जाते हुए सिद्ध लोग मिलेंगे जो अपनी वीणा भीगनेके डरसे तुमसे दूर ही दूर हटे दिखाई देंगे। फिर कुछ आगे जा कर तुम चर्मण्वती नदीका जल पीनेके लिए उतर जाना जो राजा रन्तिदेवके गवालभ यज्ञकी कीर्ति बनी हुई बह रही है। वहाँ तुम आकाशचारी सिद्धों और गन्धर्वोको ऐसे प्रतीत होगे जैसे किसी एकलड़े हारमें मोटीसी इन्द्रनील मणि पोह दी गई हो। चर्मण्वती (चबल) नदी पार करके तुम दशपुरकी ओर चले जाना जहाँकी रमणियोंकी भौंहे कुन्दपर मँडरानेवाले भौरोंके समान चमक रही होगी। वहाँसे चलकर सीधे ब्रह्मावर्तपर छाया करते हुए कुरुक्षेत्रपर उतर चले जाना जो कौरवों और पांडवोंकी घरेलू लड़ाईके कारण दुर्नाम है और जहाँ गाडीव-धारी अर्जुनने राजाओंपर उसी प्रकार अगणित बाण बरसाये थे जैसे तुम अपनी जलधारा बरसाते हो। वहाँ सरस्वती नदीका वह शीतल जल पीकर तुम्हारा मन उजला हो जायगा जिसे बलरामने भी मदिरा छोड़कर ग्रहण किया था। वहाँसे चलकर तुम कनखल पहुँच जाना जहाँ हिमालयसे उतरी हुई गंगाजी मिलेंगी जिन्होंने सगरके पुत्रोंको स्वर्ग पहुँचा दिया और जो अपनी लहरोंके हाथ चन्द्रमापर टेककर मानो शिवजीकी केश पकड़कर पार्वतीजीको बता रही हों कि शिवजी मेरी मुट्ठीमें हैं। वहाँ जल पीते समय गंगाजी पर चलती हुई तुम्हारी छाया ऐसी प्रतीत होगी मानो प्रयाग पहुँचने से पहले ही गंगासे यमुना मिल गई हो। वहाँसे तुम गंगोत्री पहुँचकर अपनी थकावट मिटालेना जहाँकी शिलाएँ कस्तूरी मृगोंके बैठनेसे सदा महकती रहती है।

वक्ष्यस्यध्वश्रमविनयने तस्य शृंगे निषण्णः ।
शोभाशुभ्रत्रिनयनवृषोत्खात-पंकोपमेयाम् ॥

[पूर्वमेघ, ५६]

[उस समय पर्वतकी चोटी पर बैठे हुए तुम वैसे ही दिखाई दोगे जैसे महादेवजीके उजले साँड़की सीगों पर मिट्टीके टीलों पर टक्कर मारनेसे कीचड़ जम गया हो]

देखो मेघ! अब धम्धड़ चलनेसे देवदारू वृक्षोंकी रगड़से जंगलमें आग लगने लगे और उसकी चिनगारियाँ सुरागायके लम्बे-लम्बे रोयें जलाने लगें तब तुम मुसलधार पानी बरसाकर उसे बुझा देना क्योंकि।

'आपन्नार्तिप्रशमनफला सम्पदो ह्युत्तमानाम्।' [पूर्वमेघ, ५७]

[भले लोगोंके पास जो कुछ होता है वह दीन-दुखियाका दुःख मिटानेके लिये ही होता है]—

हिमालयपर जब शरभ जातिके आठ पैरों वाले हरिण बहुत उछलने-कूदने लगें और तुमपर सींग चलानेको झपटें तब तुम घुआँधार ओले बरसाकर उन्हें तितर-बितर कर देना क्योंकि

के वा न स्यु परिभवपद निष्फलारम्भयत्ना ।' [पूर्वमेघ, ५८]

[बेकामका काम करने वालोंको ऐसे ही ठीक करना चाहिए—]

वहाँ पर्वतकी एक सिलापर शिवजीके जिन पैरोंकी छापपर सिद्ध लोग पूजा चढ़ाते हैं वहाँ तुम भी भक्ति-भावसे झुककर प्रदक्षिणा कर लेना क्योंकि श्रद्धावान लोगोंके पाप उनके दर्शनसे ही धुल जाते हैं। वहाँ के पोले-पोले बाँसोंमें वायु भरनेसे बज उठने वाले मीठे स्वरोंके साथ किन्नरोंकी स्त्रियाँ जब त्रिपुर-विजयका गीत गाने लगें तब तुम भी मृदगके समान गर्जन करके संगीतके सब अग पूरे कर देना। हिमालय पर्वतके आसपास सब सुन्दर स्थान देखकर तुम उस क्रौञ्च रन्ध्रसे होकर उत्तरकी ओर बढ जाना जिसमेंसे होकर हंसोंके समूह मानसरोवरकी ओर जाया करते हैं और जिसे छेदकर परशुरामजी अमर हो गए हैं। उस सँकरे मार्गमें तुम वैसे ही लबे और तिरछे होकर जाना जैसे बलिको छलनेके समय विष्णुका साँवला चरण लबा और तिरछा हो गया था। वहाँसे ऊपर उठकर तुम उस कैलास पर्वतपर पहुँच जाओगे जिसकी चोटियोंके जोड़-जोड़ रावणके बाहुओंने हिला डाले थे, जिसमें देवताओंकी स्त्रियाँ अपना मुँह देखती हैं और जिसकी कुमुद-जैसी उजली चोटियाँ आकाशमें इस प्रकार फैली हैं मानो —

राशीभूत प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहास । [पूर्वमेघ, ६२]

[नित्यका इकट्ठा किया हुआ शिवजीका अट्टहास हो।] कालिदासकी उपमाओंमें यह उपमा बड़े महत्त्वकी और अप्रतिम समझी जाती है। इतना ही नही, तुरन्त काटे हुए हाथी-दाँतके समान गोरे कैलासपर अपना चिकने घुटे हुए आँजनके समान काला रूप लेकर तुम वैसे ही सुहावने लगोगे जैसे बलरामके कन्धोंपर पड़े हुए चटकीले काले वस्त्र।' इसी प्रसगके मेघको यक्ष समझाता है कि उस कैलासपर जब महादेवजीके हाथोंमें हाथ डाले पार्वतीजी टहल रही हों तब तुम बरसना मत, वरन् सीढ़ीके समान बन जाना जिससे उन्हें ऊपर चढनेमें सुविधा हो।' शिवजीके सम्बन्धमें कालिदासका इतना भक्तिपूर्ण उल्लेख इस बातका भी साक्षी है कि कालिदास निश्चय ही पक्के शैव थे।

इतना भक्ति-जनक निर्देश कर चुकनेके पश्चात् यक्ष पुन शृङ्गारकी ओर प्रवृत्त हो कर कहता है कि वहाँ पर्वतपर जब अप्सराएँ अपने नग-जड़े कगनोंके नग चुभोकर तुम्हारे शरीरसे धाराएँ निकालने लगें और तुम्हें छुड़ाए न छोड़ें तो तुम कान फोड़नेवाला गर्जन सुनाकर उन्हें डरा देना, वहाँ पहुँचकर पहले तो तुम सुनहरे कमलोंसे भरे हुए मानसरोवरका जल पीना, फिर कपड़ेके समान थोड़ी देर ऐरावतके मुँह पर छाकर उसका मन बहलाना, तब कल्पद्रुमके कोमल पत्ते हिलाते हुए कैलास पर्वतपर जी भर कर घूमना।

अलकाका वर्णन करते हुए यक्ष कहता है कि उस कैलास पर्वतकी गोदमें बसी हुई अलका वैसी ही लगती है जैसे किसी प्रियतमकी गोदमें कामिनी हो और वहाँसे निकली हुई गगाजी ऐसी प्रतीत होती हैं मानो उस कामिनीके शरीरपर से सरकी हुई उसकी साड़ी हो।'

इसके पश्चात् यक्षने अलकापुरीका विस्तृत, सश्लिष्ट, भावपूर्ण तथा भव्य परिचय देते हुए बताया है कि अलकाके ऊँचे भवन, सुन्दरी नारियाँ, भवनोंके रगबिरगे चित्र, संगीत और मृदगकी

धूमधाम, नीलमसे जड़ी हुई धरती और गगन-चूबी अटारियाँ विद्यमान हैं। वहाँकी कुल-वधुओंके हाथोंमें कमलके आभूषण, चोटियोंमें कुन्दके फूल, मुँह पर लोधके फूलोंका पराग, जूड़ेमें कुरबक (कटसरैयाका फूल), कानोंपर सिरसके फूल, और माँगमें कदम्बके फूल दिखाई देंगे। वहाँ सदा फूलनेवाले वृक्ष, बारहमासी कमल और कमलिनियाँ सदा बसे रहनेवाले हंस, चमकीले पंखोवाले पालतू मोर तथा सदा प्रसन्न यक्ष और यक्षिणियों की भरमार है। वहाँके प्रसन्न यक्ष नित्य अपने भवनोंमें अपनी प्रियाओंके साथ बैठकर वह मधु पीते हैं जो बाजोंके बजनेके कारण कल्पवृक्षसे निकला करता है। वहाँकी सुन्दरी कन्याएँ मन्दाकिनीके तट पर रत्नसे खेलती हैं, चन्द्रकान्त मणियोंसे टपकता हुआ जल वहाँ स्त्रियोंकी थकावट दूर करता है। अथाह सम्पत्तिवाले यक्ष अप्सराओं और किन्नरोंके साथ वहाँके वैभ्राज उपवनमें निवास करते हैं, कल्पवृक्षसे उन्हें सब शृङ्गार की वस्तुएँ मिलती रहती हैं, मरोंके समान साँवले वहाँके घोड़े, रंग और चालमें सूर्यके घोड़ोंको कुछ नहीं समझते। पहाड़-जैसे ऊँचे हाथी वहाँ मद बरसाते चलते हैं। रावणसे लड़नेवाले वीर लोग घावके चिह्नोंको ही आभूषण समझते हैं और शिवजीका निवास वहाँ होनेके कारण कामदेव भी अपना भौंरोंकी डोरीवाला धनुष न चढ़ाकर छबीली कामिनियोंकी बाँकी चितवनसे ही काम निकाल लेता है। कालिदासने अलकाकी वनस्पति और जीव जन्तुओंका जो वर्णन किया है वह वनस्पति शास्त्र और प्रकृति शास्त्रके सर्वथा विपरीत है क्योंकि हिमालयके उस प्रदेशमें बबूल, कुन्द, कदम्ब, मोर, घोड़े और हाथी नहीं हो सकते किन्तु वहाँतो दैवी सृष्टि थी जिसके लिये वनस्पति शास्त्र प्रमाणित नहीं है।

इस प्रकारका स्थान किसी भी सहृदय व्यक्तिके मनमें उसे देखने की उत्कण्ठा उत्पन्न कर सकता है, इसीलिए यक्षने पहले अलकाका वर्णन किया और इसके पश्चात् वह अपने घरका वर्णन करने लगता है—

'कुबेरके भवनसे उत्तरकी ओर इन्द्रधनुषके समान सुन्दर गोल फाटक-वाला मेरा घर दूरसे दिखाई पड़ेगा जिसके पास ही फूलोंके गुच्छोंसे लदा और नीचेतक झुका हुआ कल्पवृक्ष खड़ा है। भीतर जानेपर नीलम जड़ी हुई सीढ़ियोंवाली बावड़ी है जिसमें चिकने वैदूर्य मणिकी-सी डंठलवाले सुन्दर कमल खिले हैं। उसके जलमें बसे हुए हंस इतने सुखी हैं कि मानसरोवर पास होनेपर भी और तुम्हें देखकर भी वे वहाँ नहीं जाना चाहेंगे। इस बावड़ीके तीर पर नीलमणिकी चोटी वाला बनावटी पहाड़ है जिसके चारों ओर सोनेके केले लगे हुए हैं। इस पर्वतपर कुरबकके वृक्षोंसे घिरे हुए माधवी मंडपके पास एकमें कचनके से पत्तोंवाला लाल अशोकका वृक्ष है और दूसरा मौलसिरीका वृक्ष है। उनमेंसे अशोक तो मेरी प्रियाके बाँएँ पैरकी ठोकर खानेके लिए और मौलसिरीका पेड़ उसके मुँहसे छोड़े हुए मदिराके छींटे पानेके लिए तरस रहा होगा। उन दोनोंके बीचमें चमकीले मणियोंकी चौकीपर बनी हुई स्फटिककी चौकोर पटिया पर जड़ी हुई सोनेकी छड़पर तुम्हारा मित्र मोर नित्य साँझको आकर बैठा करता है जिसे मेरी पत्नी अपने घुंघरूदार कड़ेवाले हाथोंसे तालियाँ बजा-बजाकर नचाया करती है। मेरे द्वार पर शंख और चक्रके चिह्न देखकर तुम मेरा घर अवश्य पहचान लोगे जो मेरे बिना बड़ा उदास दिखाई पड़ रहा होगा। वहाँ हाथीके बच्चेके समान छोटे बनकर पहाड़ोंकी सुहावनी चोटीपर बैठकर जुगुनुओंके समान अपनी आँखें मिचका कर घरके भीतर झाँकना।

रमणीक मार्ग, भव्य पुरी तथा मनोरम भवनके वर्णनसे मेघमें वहाँ जानेकी उत्कंठा जगाकर यक्षने अपनी पत्नीके रूपका वर्णन किया है जिससे मेघको यह विश्वास हो जाय कि जिसके पास मुझे भेजा जा रहा है वह कुदर्शन (असुन्दर) नहीं है—

तन्वी श्यामा शिखरदशना पक्वबिम्बाधरोष्ठी ।
मध्येक्षामा चकितहरिणीप्रेक्षणा निम्ननाभिः ॥
श्रोणीभारादलसगमना स्तोकनम्रा स्तनाभ्यां ।
या तत्र स्याद्युवतिविषये सृष्टिराद्येव धातुः ॥
[उत्तरमेघ, २२]

[वहाँ दुबली-पतली, नन्हे दाँतोंवाली, पके हुए बिंब-फलके समान लाल होठोंवाली, पतली कमरवाली, डरी हुई आँखोंवाली, गहरी नाभिवाली, नितंबोंके बोझसे धीरे-धीरे चलनेवाली और स्तनोंके भारसे कुछ आगेको झुकी हुई जो युवती तुम्हें दिखाई दे वही मेरी पत्नी होगी। उसकी सुन्दरता देखकर ऐसा जान पड़ेगा मानो ब्रह्माकी सबसे बढ़िया कारीगरी वही हो।] आगे उस विरहिणीका परिचय देते हुए यक्ष कहता है 'विरहिता चकवीके समान अकेली और कम बोलनेवाली उस प्रेयसीको देखकर तुम समझ लोगे कि वह मेरा दूसरा प्राण ही है। विरहमें उसका रूप इतना बदल गया होगा कि उसे देखकर तुम्हें पालेसे मारी हुई कमलिनीका भ्रम हो सकता है। रोते-रोते उसकी आँखें सूज आई होंगी, गरम उसाँसोंसे उसके होठोंका रंग फीका पड़ गया होगा। चिन्ताके कारण गालपर हाथ धरने से और मुँह पर बाल आ जानेसे उसका अधूरा दिखाई देने वाला मुँह मेघसे ढके हुए चन्द्रमाके समान उदास दिखाई देने लग गया होगा।'

अपनी प्रियतमाकी विरह-क्रियाओंका वर्णन करते हुए यक्ष कहता है कि 'या तो वह पूजा चढ़ाती मिलेगी या मेरा चित्र बनाती मिलेगी या मैना से पूछ रही होगी कि तुम अपने पतिको स्मरण करती हो या नहीं या मैले कपड़े पहने गोदमें वीणा लिए ऊँचे स्वरसे मेरे नामके गीत गाती होगी। उस समय बेसुधीमें उसे रागके उतार-चढ़ावका भी ध्यान न रहता मिलेगा या देहली पर रक्खे हुए फूलोंको देखकर शापके बचे हुए दिन गिन रही होगी या मन ही मन पिछली मधुर स्मृतियोंका आनन्द ले रही होगी। उसकी प्यारी सखियाँ दिनमें उसका साथ नहीं छोड़ती होंगी इसीलिए उसके पलंगके पासवाली खिड़कीपर जा बैठना और जब उसकी सब सखियाँ सो जायँ तब उसके पास पहुँच जाना और ढूंढ लेना। वह एक करवट पड़ी होगी, आँसू बह रहे होंगे और बढ़े हुए नखोंवाले हाथसे वह अपने गालोंपर छाये हुए रूखे और उलझे हुए बाल हटा रही होगी। विरहके कारण चन्द्रमाकी किरणें भी उसे कष्ट देती होंगी। आजकल वह कोरे जलसे नहा रही होगी इसलिए उसके रूखे बाल मुँहपर लटक कर उसके पतले होठोंको तपानेवाली साँसोंसे हिलते जा रहे होंगे। वह स्वप्नमें मुझसे मिलनेके लिए नींद बुलाती होगी पर बहते हुए आँसू उसकी आँखें नहीं लगने देते होंगे।

फिर यक्ष उसे बड़े कौशल और मनोवैज्ञानिक ढंगसे मर्मकी बात अर्थात् सन्देश देनेकी रीति, भूमिका और सन्देश की बात समझाता है कि 'हे मेघ! तुम्हारे पहुँचनेपर यदि उसे कुछ नींद

वह आषाढ शुक्ल एकादशीको अलका पहुँच जाता है। इसीलिए यक्ष कहता है कि आजसे शेष चार मास तुम किसी-किसी प्रकार आँख मूंद कर बिता लो।

हनुमानजी जब सीताजीकी खोजमें निकले थे तो उनके भगवान् श्रीरामने अपनी अंगूठी पहचानके लिए दी थी किन्तु यक्षने केवल गोत्रस्मरणकी एक घटनाका उल्लेख पहचानके लिए सन्देशके साथ मेघको बता दिया है जिससे यक्षिणीको अविश्वास न हो। आगे कालिदासने भी विरहमें ही प्रेमकी आवृत्तिका वर्णन करते हुए कहा है—

स्नेहानाहुः किमपि विरहे ध्वंसिनस्ते त्वभोगात्।
दिष्टे वस्तुन्युपचितरसा प्रेमराशीभवन्ति॥

[उत्तरमेघ, ५५]

[न जाने लोग क्यों कहा करते हैं कि विरहमें प्रेम कम हो जाता है। सच्ची बात तो यह है कि जब चाही हुई वस्तु नहीं मिलती तभी उसके पानेके लिए प्यास बढ जाती है और प्रेम ढेर होकर इकट्ठा हो जाता है।]

यह सन्देश देकर उसने मेघसे प्रार्थना की है कि मेरी प्रियतमाको ढाढस बँधाकर उसके कुशल-समाचार पाकर और उससे अभिज्ञान लेकर तुम यहाँ लौट आना और मेरे प्राणोंकी रक्षा करना।

यक्ष इतना चतुर है कि वह मेघकी स्वीकृतिकी भी चिन्ता नहीं करता और पूछता है—हे बन्धु! तुमने मेरा काम करना निश्चय किया है या नहीं। पर इससे यह न समझ बैठना कि तुम्हारी स्वीकृति लेकर ही मैं तुम्हें इस कामके योग्य समझूँगा क्योंकि तुम तो चातकके माँगने पर बिना कुछ कहे ही जल दे देते हो इसलिए—

प्रत्युक्तं हि प्रणयिषु सतामीप्सितार्थक्रियैव।

[उत्तरमेघ, ५७]

[सज्जनोंकी रीति ही यह है कि दूसरोंका काम पूरा करना ही उनका उत्तर होता है।] और इसके पश्चात् वह मंगल कामना करता हुआ कहता है कि 'चाहे मित्रताके नाते चाहे मुझपर कृपा करके तुम पहले मेरा प्यारा काम कर देना और फिर अपना बरसाती रूप लेकर जहाँ मन चाहे वहाँ घूमना। मैं यही मनाता हूँ कि प्यारी बिजलीसे एक क्षणके लिए भी तुम्हारा वियोग न हो।

इस प्रकार 'आषाढस्य प्रथम दिवसे' चित्रकूट पर्वत पर छाये हुए मेघको देखकर यक्षके मनमें कालिदासने उसे दूत बनाकर भेजनेकी वासना जगाकर विश्वमें—विशेषतः भारतीय साहित्यमें-दूत-काव्यकी अत्यन्त स्पृहणीय परंपरा बाँध दी जिसके अनुसरणपर अनेक कवियोंने अनेक दूत-काव्य लिखे किन्तु शृङ्गार रससे ओतप्रोत वनस्पति और मानव प्रवृत्ति तथा जड प्रकृतिकी सूक्ष्म निरीक्षण भावनासे भरा हुआ यदि कोई दूत-काव्य संसारमें सफल हो सका और लोकप्रियता प्राप्त कर सका तो वह महाकवि कालिदासका अद्वितीय काव्य मेघदूत ही है।

मेघदूतका अध्ययन—शिवका स्वरूप

[डा० श्रीवासुदेवशरण अग्रवाल, प्राध्यापक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय]

पंडितोंकी दृष्टिमें मेघदूत-काव्यका संदर्भ कुछ भी हो,स्वयं कालिदासने मेघदूतमें बड़े कौशलसे शिवके स्वरूपका सन्निवेश कर दिया है। उसके उज्जयिनीके वर्णनमें महाकाल शिवके पुण्यधामका शिवके गणोंका, उनके नीलकंठ गुणका, शिवजीके नृत्यका तथा उसके आरम्भमें गजासुरकी कृत्तिके परिधानका उल्लेख है [मे० १।४०] शंकरको शूली कहकर उनके त्रिशूलकी ओर भी संकेत है। चंडी, भवानी और गौरीके नाम भी हैं। शिवजीके अट्टहासका [मे० १।६२], उनकी जटाओंमें कल्लोल करती हुई जह्नुतनयाका तथा पार्वतीके साथ गंगाके सपत्नी-भावका भी वर्णन है [मे० १।५४]। शम्भुके भुजगाका, पार्वतीके साथ उनके विहारका, [मे० १।६४], कुबेरके साथ उनकी मैत्रीका, किन्नरियों-द्वारा उनके यशोगानका, त्रिपुरकी विजयका एवं उनके वृषभका भी वर्णन है। शिवजी त्रिनयन हैं [मे० १।५६], उनके ललाटपर द्वितीयाके चन्द्रमाकी कला है [मे० १।५६], मदनको वे दहन कर चुके हैं, इसलिये जहाँ शिवका निवास है वहाँ कामदेव जानेसे डरता है। देवांगनाओंके दर्पणके समान सामने आनेवाले रजतगिरि कैलासके उत्संगमें तो अलकापुरी ही बसी हुई है। शिवजी पशुपति हैं [१।६०], उनके चरण न्यासकी परिक्रमा और दर्शन करके श्रद्धालु जन स्थिर पद अर्थात् अनावृत्तिमय मोक्ष पानेमें समर्थ होते हैं [मे० १।५६] जो शिवके प्रमथ आदि गणोंका स्थान है।

स्वामिकार्तिकेय और उनके जन्मका भी उल्लेख कविने किया है। कार्तिकेय स्कंद क्या हैं? शिवजीका जो सूर्यसे भी अधिक प्रभावशाली तेज है वही अग्निके मुखमें संचित होकर कुमारके रूपमें प्रकट हुआ है। [अत्यादित्य हुतवहमुखे संभृतं तद्धि तेजः, मे० १।४७]। कुमारका निवास स्थान देवगिरि है, मेघको वहाँ जाकर पुष्पाकार जलबिन्दु बरसानेका आदेश है क्योंकि स्कन्दका जन्म देवासुर-संग्राममें देवसेनाकी रक्षाके लिये हुआ था, इसलिये वे पूजाकी अंजलिके अधिकारी हैं। कालिदासने स्कंदके मयूरको भी स्मरण किया है। पुत्रके अतिशय प्रेमके कारण भवानी पार्वती कुमारके वाहन मयूरके गिरे हुए पंखको कानका अलंकार बनाकर पहनती हैं। उस मयूरको नृत्यके द्वारा आनन्दित करनेका भी मेघको परामर्श है। इस प्रकार अनेक प्रकारसे वृषराजकेतन शिवके स्वरूपका निर्देश कालिदासने मेघदूतमें किया है। इस स्वरूपपर विस्तृत विचार करनेकी आवश्यकता है।

कविके अनुसार मेघ तो कामरूप पुरुष है और हरने अपने कोपानलसे कामको भस्म कर दिया था, इसलिये भी शिव और वृषात्मक मेघका घनिष्ट सम्बन्ध है। वस्तुतः कालिदासका सम्पूर्ण दार्शनिक विज्ञान शिवके स्वरूपके पीछे छिपा हुआ है। शिव, पार्वती और कुमार कौन हैं, इसपर सूक्ष्म विचार कर लेनेसे हम केवल कालिदासके ही नहीं, वरन् अन्य भारतीय साहित्यके

सिद्धान्तोंको भी सहानुभूतिके साथ समझ सकेंगे। कालिदास उत्कृष्ट कोटिके अद्वैतवादको माननेवाले थे। वेदान्त-प्रतिपादित ब्रह्मको ही वे शिव कहते हैं। ब्रह्मकी शिव संज्ञा वेदोंमें भी गई स्थलोंपर आई है—

नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥ [यजु १६।४१]

यहाँ शिवके शम्भु, शंकर, मयस्कर, मयोभव नाम आए हैं। कालिदासने शिवकी असंख्य सत्ताका बराबर गुणगान किया है। जो ब्रह्म सब लोकोंका अधिष्ठाता है, जिसकी आत्मशक्ति अपने गुणोंसे युक्त होकर प्रकृतिकी रचना और उसके विसर्जनका कार्य करती रहती है, वही अध्यात्मा, अज स्वयम्भू, अष्टमूर्ति, [रघुवंश २।३५] भूतपति महेश हैं। जिन अष्ट स्वरूपोंकी स्तुति कालिदासने शकुन्तलाके मंगल-श्लोकमें की है वे ही गीतामें भी हैं—

भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च।
अहंकार इतीयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ ७।४॥

[पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन बुद्धि और अहंकार, इन आठ रूपोंमें मेरी प्रकृति विभाजित है।] कविने स्वयम्भू, विष्णु और शिव, इस त्रिमूर्तिके अद्वैत भावका भी प्रतिपादन किया है। ब्रह्माका वर्णन करते समय उन्होंने स्पष्ट कहा है कि वे शिव, ब्रह्मा और विष्णुमें कोई भेद नहीं मानते [कुमारसम्भव २।४]।

कालिदासके दार्शनिक मतमें एक अखंड शुद्ध और अद्वैत ब्रह्म ही परम तत्त्व है। उनकी त्रिदेव-स्तुतियाँ उपनिषदोंके समान ब्रह्मका सरस और निर्भीक प्रतिपादन करने वाली हैं। रघुवंशके दशम सर्गमें [१६ से ३२ तक] क्षीरसागर-स्थित अवाङ्मनसगोचर शेषासीन विष्णु भगवानको प्रणाम करके देव लोग उनकी स्तुति करते हैं।

शिव, विष्णु और ब्रह्माके जो पृथक्-पृथक् वर्णन कालिदासने किए हैं उनमें भी अन्योन्य-सम्मिश्र भाव और पद हैं। शिवका अद्वैत स्वरूप कुमारसम्भवके अनेक श्लोकोंमें आया है—

कल्पितान्योन्यसामर्थ्यैः पृथिव्यादिभिरात्मभिः।
येनेदं ध्रियते विश्वं धुर्यैर्यानमिवाध्वनि ॥ [कुमार-सम्भव, ६।७६]

शिव विश्वगुरोर्गुरु [कु० ६।८२], विश्वात्मा [कु० ६।८८], त्रैलोक्यवन्द्य [कु० ७।४४] और तमोविकारसे अनपहृत [कु० ७।४८] हैं। वह शिव किसीकी स्तुति नहीं करता, उसकी सब स्तुति करते हैं, वेह किसीको वन्दना नहीं करता, उसकी सब वंदना करते हैं [कु० ६।८३], वह जानुरूप अप्रमेय और मनोरथोंका अविषय है। [कु० ६।१७], वाणी मन और बुद्धिकी वहाँ पहुँच नहीं है, उसको तत्त्वतः कौन जान सकता है?

किं येन सृजसि व्यक्तमुत येन बिभर्षि तत्।
अथ विश्वस्य संहर्ता भागः कतम एष ते ॥ [कु० स०, ६।३२

इसके अद्वैतका प्रतिपादन करके कालिदास आगे बढ़ते हैं। जो अनन्त पुरुष लोक-लोकान्तरोंका अधिष्ठाता है, वही हमारे आत्म-तत्त्वमें प्रतिष्ठित है जिसे गीतामें अक्षर कहा है [अक्षरं परम ब्रह्म, गी० ८।३] उसमें और हृदय-देशमें स्थित आत्मतत्त्वमें कोई भेद नहीं है। गीताका क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ विचार कालिदासको मान्य है—

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥ [गीता, १३।१]
क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्व क्षेत्रेषु भारत ।
क्षेत्र-क्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥२॥

[हे अर्जुन ! इसी शरीरको क्षेत्र कहते है । इस क्षेत्रको जो जानता है उसे इस शास्त्रको जानने-वाले क्षेत्रज्ञ कहते हैं । हे भारत । सब क्षेत्रोंमें क्षेत्रज्ञ मुझे ही समझो । क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका जो ज्ञान है वही मेरा ज्ञान माना गया है ।] इस प्रकार गीताके अक्षर, क्षेत्रज्ञ, तद्विद् आदि शब्द भी कालिदासने ले लिए हैं—

यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् । [कुमार०, ३।५०]
योगिनो यं विचिन्वन्ति क्षेत्राभ्यन्तरवर्त्तिनम् ।
अनावृत्तिभयं यस्य पदमाहुर्मनीषिणः ॥ [कुमार०, ६।७७]

कालिदासने उसी योगसाधना-मार्गका वर्णन किया है जिसका प्रतिपादन गीतामें है—

'योगाभ्यासी पुरुष ऐसे शुद्ध आसनपर अपना स्थिर आसन लगावे जो न बहुत ऊँचा हो न नीचा। उसपर पहले दर्भ और फिर मृगछाला और वस्त्र बिछावे । वहाँ चित्त और इन्द्रियोंका व्यापार रोककर तथा मनको एकाग्र करके आत्म-शुद्धिके लिये आसनपर बैठकर योगका अभ्यास करे । काय अर्थात् पीठ मस्तक और ग्रीवाको सम करके स्थिर होता हुआ, दिशाओंको न देखे और नासिकाके अग्र भागपर दृष्टि जमावे । वायुरहित स्थानमें रक्खे हुए दीपककी ज्योति जैसे निश्चल होती है, वही उपमा चित्तको संयत करके योगाभ्यास करनेवाले योगीकी भी दी जाती है । योगानु-ष्ठानसे निरुद्ध हुआ चित्त स्वयं आत्माको देखकर आत्मामें ही सन्तुष्ट हो रहता है......।

इसकी तुलना कुमारसम्भव [३ । ४४-५०] से करनी चाहिए—

स देवदारुद्रुमवेदिकायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम् ।
आसीनमासन्नशरीरपातस्त्र्यम्बकं संयमिनं ददर्श ॥
पर्यंकबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं सन्नमितोभयांसम् ।
उत्तानपाणिद्वयसन्निवेशात् प्रफुल्लराजीवमिवाङ्कमध्ये ॥
भुजगमोन्नद्धजटाकलापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् ।
कण्ठप्रभा-सङ्ग-विशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम् ॥
किंचित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायां विरतप्रसङ्गैः ।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः ॥
अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरङ्गम् ।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ॥
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिःप्ररोहैरुदितैः शिरस्तः ।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः ॥
मनोनवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम् ।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् ॥

"आसन्न-मृत्यु कामने देवदारुओंके अधोभागमें बनी हुई वेदीपर बाघाम्बर बिछाकर बैठे हुए समाधिनिष्ठ शिवको देखा। वे वीरासनसे शरीरके ऊर्ध्व भागको निश्चल करके मेरुदण्ड सीधा ताने हुए थे, उनके दोनों स्कन्ध-प्रदेश कुछ आगेको झुके हुए थे, हथेलीके ऊपर रक्खी हुई हथेलीको प्रफुल्ल कमलके समान अंकमें धारण किए हुए थे। भुजंगोंसे लिपटी हुई जटाओंवाले, कानोंसे लटकती हुई दुहरी रुद्राक्ष मालाओंवाले नीलकंठकी प्रभाके मिलनेसे विवृद्ध कान्तिवाली कृष्ण मृग-छाला गलेमें गाँठ लगाकर पहने हुए शंकरजी, नीचे छूटती हुई प्रकाशकी किरणोंवाले उन नेत्रोंसे नासिकाके अग्रभागको देख रहे थे, जिन मन्द प्रकाशसे युक्त नेत्रोंकी उग्र पुतलियाँ निश्चल थीं, जो भ्रूविक्षेपमें अनासक्त थे तथा जिनका निमेषोन्मेष कार्य भी बन्द था। वृष्टि-संक्षोभसे रहित मेघके समान तथा तरंग रहित तालके समान प्राणापानादि शरीरस्थ वायुओंका निरोध करके वे निष्कम्प प्रदीपकी भाँति स्थित थे। कपालस्थ त्रिकुटि मार्गसे भीतर प्रवेश पाकर सिरपर फूटती हुई तेजकी किरणें कमलसे भी अधिक कोमल इन्दुकी कान्तिको फीकी कर रही थीं। इस प्रकार प्रणिधानसे वशमें किये हुए मनको, समस्त इन्द्रियोंकी वृत्तियोंसे हटाकर, हृदय देशमें अधिष्ठित करके उस परमात्म-तत्त्वको आत्मामें ही प्रत्यक्ष कर रहे थे, जिसे क्षेत्रविद् लोग कूटस्थ[1] ब्रह्म कहते हैं।

शिव, विष्णु और ब्रह्माका अद्वैतभाव, शिव और कूटस्थ आत्माका तादात्म्य और योग-द्वारा उस अक्षर ब्रह्मका साक्षात्कार ही कालिदासका दार्शनिक मत है।

शिवके द्वारा मदन-दहनका रहस्य

शिव जिस समय आत्म-प्रत्यक्ष करना चाहते हैं, उस समय काम उनके मार्गमें विघ्न करता है। उस कामको वे अपने वशमें करते हैं। बोधि-लाभ करनेसे पूर्व भगवान् बुद्धको भी मार-विजय करना पड़ा था। काम और शिवका सम्बन्ध अत्यन्त घनिष्ट है। कामकी संज्ञा वृष है, वृष नाम मेघका है। मेघ ही वृषाकपि इन्द्रका कामरूप पुरुष है, अर्थात् वृष, काम और मेघ एक ही तत्त्वके नामान्तर हैं। जिस मेघको दूत कल्पित करके यक्ष अपने कामोद्गारोंको प्रकाश करता है, उसको बारम्बार परामर्श है कि वह शिवको प्रसन्न करे भक्तिसे नम्र होकर हर-चरणन्यासकी परिक्रमा करे तथा अपना स्निग्ध गम्भीर घोष, पशुपतिके संगीत-साजके काममें लावे। कामका निग्रह करनेवाले। शिव, कामसे किस प्रकार प्रसन्न हो सकते हैं, इसका उत्तर शिव-पार्वतीका विवाह है। पार्वती सुषुम्णा नाड़ीका नाम है। मेरुदंड हिमालय है, इसीके भीतर सुषुम्णा है। इस मेरुदंडमें छह चक्र और तैंतीस पर्व या अस्थि-पोर हैं। ये पोर एक दूसरेसे सटे रहते हैं। मेघ ही पर्वत है [पर्वाणि सन्त्यस्य]। उस पर्वतके भीतर रहनेवाली सुषुम्णा पर्वतराजकी पुत्री पार्वती है। अस्थि पोरोंके भीतर एक छिद्र है, पर्वोके परस्पर मिलनेसे वह रन्ध्र, दीर्घ नलिकाकार हो जाता है। इसीके भीतर सुषुम्णा नाड़ी है। वह नाड़ी मस्तिष्कसे होती हुई पृष्ठ-वंशमें अवस्यूत होकर सबसे नीचेके मूलाधार चक्र तक आती है। पर्वास्थिके भीतर पहले श्वेत, फिर विभूति वर्णका

1. द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते॥ गीता १५।१६।

इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।
एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः ॥ [गीता, १३।१]
क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि सर्वक्षेत्रेषु भारत ।
क्षेत्र-क्षेत्रज्ञयोर्ज्ञानं यत्तज्ज्ञानं मतं मम ॥२॥

[हे अर्जुन ! इसी शरीरको क्षेत्र कहते हैं । इस क्षेत्रको जो जानता है उसे इस शास्त्रको जाननेवाले क्षेत्रज्ञ कहते हैं । हे भारत । सब क्षेत्रोंमें क्षेत्रज्ञ मुझे ही समझो । क्षेत्र और क्षेत्रज्ञका जो ज्ञान है वही मेरा ज्ञान माना गया है ।] इस प्रकार गीताके अक्षर, क्षेत्रज्ञ, तद्विद् आदि शब्द भी कालिदासने ले लिए हैं—

यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् । [कुमार०, ३।५०]
योगिनो यं विचिन्वन्ति क्षेत्राभ्यन्तरवर्तिनम् ।
अनावृत्तिभयं यस्य पदमाहुर्मनीषिणः ॥ [कुमार०, ६।७७]

कालिदासने उसी योगसाधना-मार्गका वर्णन किया है जिसका प्रतिपादन गीतामें है—

'योगाभ्यासी पुरुष ऐसे शुद्ध आसनपर अपना स्थिर आसन लगावे जो न बहुत ऊँचा हो न नीचा । उसपर पहले दर्भ और फिर मृगछाला और वस्त्र बिछावे । वहाँ चित्त और इन्द्रियोंका व्यापार रोककर तथा मनको एकाग्र करके आत्म-शुद्धिके लिये आसनपर बैठकर योगका अभ्यास करे ।

काय अर्थात् पीठ मस्तक और ग्रीवाको सम करके स्थिर होता हुआ, दिशाओंको न देखे और नासिकाके अग्र भागपर दृष्टि जमावे । वायुरहित स्थानमें रक्खे हुए दीपककी ज्योति जैसे निश्चल होती है, वही उपमा चित्तको संयत करके योगाभ्यास करनेवाले योगीकी भी दी जाती है । योगानुष्ठानसे निरुद्ध हुआ चित्त स्वयं आत्माको देखकर आत्मामें ही संतुष्ट हो रहता है . ..।

इसकी तुलना कुमारसंभव [३ । ४४-५०] से करनी चाहिए—

स देवदारुद्रुमवेदिकायां शार्दूलचर्मव्यवधानवत्याम् ।
आसीनमासन्नशरीरपातस्त्र्यम्बकं संयमिनं ददर्श ॥
पर्यङ्कबन्धस्थिरपूर्वकायमृज्वायतं सन्नमितोभयांसम् ।
उत्तानपाणिद्वयसन्निवेशात् प्रफुल्लराजीवमिवाङ्कमध्ये ॥
भुजंगमोन्नद्धजटाकलापं कर्णावसक्तद्विगुणाक्षसूत्रम् ।
कण्ठप्रभासंगविशेषनीलां कृष्णत्वचं ग्रन्थिमतीं दधानम् ॥
किंचित्प्रकाशस्तिमितोग्रतारैर्भ्रूविक्रियायां विरतप्रसङ्गैः ।
नेत्रैरविस्पन्दितपक्ष्ममालैर्लक्ष्यीकृतघ्राणमधोमयूखैः ॥
अवृष्टिसंरम्भमिवाम्बुवाहमपामिवाधारमनुत्तरङ्गम् ।
अन्तश्चराणां मरुतां निरोधान्निवातनिष्कम्पमिव प्रदीपम् ॥
कपालनेत्रान्तरलब्धमार्गैर्ज्योतिःप्ररोहैरुदितैः शिरस्तः ।
मृणालसूत्राधिकसौकुमार्यां बालस्य लक्ष्मीं ग्लपयन्तमिन्दोः ॥
मनोनवद्वारनिषिद्धवृत्ति हृदि व्यवस्थाप्य समाधिवश्यम् ।
यमक्षरं क्षेत्रविदो विदुस्तमात्मानमात्मन्यवलोकयन्तम् ॥

"आसन्न-मृत्यु कामने देवदारुओंके अग्रोभागमें बनी हुई वेदीपर बाघाम्बर बिछाकर बैठे हुए समाधिनिष्ठ शिवको देखा। वे वीरासनसे शरीरके ऊर्ध्व भागको निश्चल करके मेरुदण्ड सीधा ताने हुए थे, उनके दोनों स्कन्ध-प्रदेश कुछ आगेको झुके हुए थे, हथेलीके ऊपर रक्खी हुई हथेलीको प्रफुल्ल कमलके समान अंकमें धारण किए हुए थे। भुजगोंसे लिपटी हुई जटाओंवाले, कानोंसे लटकती हुई दुहरी रुद्राक्ष मालाओंवाले नीलकण्ठकी प्रभाके मिलनेसे विवृद्ध कान्तिवाली कृष्ण मृग-छाला गलेमें गाँठ लगाकर पहने हुए शंकरजी, नीचे छूटती हुई प्रकाशकी किरणोंवाले उन नेत्रोंसे नासिकाके अग्रभागको देख रहे थे, जिन मन्द प्रकाशसे युक्त नेत्रोंकी उग्र पुतलियाँ निश्चल थीं, जो भ्रूविक्षेपसे अनासक्त थे तथा जिनका निमेषोन्मेष कार्य भी बन्द था। वृष्टि-सक्षोभसे रहित मेघके समान तथा तरंग रहित तालके समान प्राणापानादि शरीरस्थ वायुओंका निरोध करके वे निष्कम्प प्रदीपकी भाँति स्थित थे। कपालस्थ विवृत्ति-मार्गसे भीतर प्रवेश पाकर सिरपर फूटती हुई तेजकी किरणें कमलसे भी अधिक कोमल इन्दुकी कान्तिको फीकी कर रही थीं। इस प्रकार प्रणिधानसे वशमें किये हुए मनको, समस्त इन्द्रियोंकी वृत्तियोंसे हटाकर, हृदय-देशमें अधिष्ठित करके उस परमात्म-तत्त्वको आत्मामें ही प्रत्यक्ष कर रहे थे, जिसे क्षेत्रविद् लोग कूटस्थ[1] ब्रह्म कहते हैं।

शिव, विष्णु और ब्रह्माका अद्वैतभाव, शिव और कूटस्थ आत्माका तादात्म्य और योग-द्वारा उस अक्षर ब्रह्मका साक्षात्कार ही कालिदासका दार्शनिक मत है।

शिवके द्वारा मदन-दहनका रहस्य

शिव जिस समय आत्म-प्रत्यक्ष करना चाहते हैं, उस समय काम उनके मार्गमें विघ्न करता है। उस कामको वे अपने वशमें करते हैं। बोधि-लाभ करनेसे पूर्व भगवान् बुद्धको भी मार-विजय करना पड़ा था। काम और शिवका सम्बन्ध अत्यन्त घनिष्ट है। कामकी संज्ञा वृष है, वृष नाम मेघका है। मेघ ही वृषाकपि इन्द्रका कामरूप पुरुष है, अर्थात् वृष, काम और मेघ एक ही तत्त्वके नामान्तर हैं। जिस मेघको दूत कल्पित करके यक्ष अपने कामोद्गारोंका प्रकाश करता है, उसको बारम्बार परामर्श है कि वह शिवको प्रसन्न करे भक्तिसे नम्र होकर हर-चरणन्यासकी परिक्रमा करे तथा अपना स्निग्ध गंभीर घोष, पशुपतिके संगीत-साजके काममें लावे। कामका निग्रह करनेवाले। शिव, कामसे किस प्रकार प्रसन्न हो सकते हैं, इसका उत्तर शिव-पार्वतीका विवाह है। पार्वती सुषुम्णा नाड़ीका नाम है। मेरुदंड हिमालय है, इसीके भीतर सुषुम्णा है। इस मेरुदंडमें छह चक्र और तैंतीस पर्व या अस्थि-पोर हैं। ये पोर एक दूसरेसे सटे रहते हैं। मेरु ही पर्वत है [पर्वाणि सन्त्यस्य]। उस पर्वतके भीतर रहनेवाली सुषुम्णा पर्वतराजकी पुत्री पार्वती है। अस्थि-पोरोंके भीतर एक छिद्र है, पर्वोंके परस्पर मिलनेसे वह रन्ध्र, दीर्घ नलिकाकार हो जाता है। इसीके भीतर सुषुम्णा नाड़ी है। यह नाड़ी मस्तिष्कसे होती हुई पृष्ठ-वंशमें अवस्यूत होकर सबसे नीचेके मूलाधार चक्र तक आती है। पर्वास्थिके भीतर पहले श्वेत, फिर विभूति वर्णका

१. द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते॥ गी० १५।१६।

भूरा मज्जामय पदार्थ भरा रहता है जो मस्तिष्कके कोषोंमें भी पाया जाता है। इसी मज्जामय सुषुम्णाके भीतर एक सूक्ष्म विवर है जो नीचेसे ऊपर तक आयत रहता है। सुषुम्णाके बाईं और इडा और दक्षिण ओर पिंगला नाम की नाड़ियाँ हैं जो सुषुम्नामें सबद्ध रहती हैं और सहस्र जालसे फैलती हुई अन्तमें कपालस्थ आज्ञाचक्रमें सुषुम्णासे मिल जाती हैं। ये नाड़ियाँ सब प्राणकी वाहिका हैं और प्राण ही जीवन-तत्त्व है।

भौतिक पक्षमें इस प्राणके आधार ये सब नाडी-जाल और षट् चक्र हैं। नाड़ियोंकी सूक्ष्मताकी कोई सीमा नहीं है। उनकी सख्या योग-शास्त्रके अनुसार ७२००० है। वस्तुत आधुनिक शरीर-शास्त्रीके लिये भी समस्त नाडी-सख्याका निर्धारण कठिन है। इन सबमें मुख्य सुषुम्णा ही है। स्थूल-शरीर-विज्ञान जीवन-तत्त्वके भौतिक आधारका ही परिचय पा सका है, उसका भोगायतन [फिजियोलौजिकल] रूप प्रयोग-साध्य है। परन्तु योग-विद्या मानसिक पक्षमें भी प्राणकी गतिका निर्देश और सूक्ष्म परिचय कराती है। इसीलिये भौतिक प्रयोगसे जिस वस्तुका ज्ञान नहीं हो पाता, ध्यानमें उन्ही शारीरिक रहस्योका मानसिक क्रियाओंके साथ प्रत्यक्ष हो जाता है। तन्त्रग्रन्थोमें इसके दो प्रकारसे वर्णन मिलते हैं। कहीं तो भोगायतन-पक्षमें शरीर सघटनमें जीवन-तत्त्वका अधिष्ठान समझानेके लिये सुषुम्णा आदि सज्ञाओंसे काम लिया जाता है और कहीं उस वर्णनको आध्यात्मिक स्वरूप देकर शिव, पार्वती, कुमार, प्रमथ आदि सज्ञाएँ कल्पित करके योग-प्रत्यक्षको शब्दो-द्वारा प्रकट किया जाता है। षट् चक्रोंका स्थान और क्रम इस प्रकार है—

१. मूलाधार [कौक्सीजियल रीजन]—इसका सयोग गुदासे है। इसमे चार पर्व (वर्टिब्रल) हैं जो कि ऊपरके पर्वोंकी अपेक्षा छोटे और अपूर्ण दशामें हैं। वे चारो पृथक् पृथक् स्फुट स्वरूपके न होकर एक ही अस्थिसे प्रतीत होते हैं जिसे अँग्रेजीमें कौक्सिक्स कहते हैं। कौकसा अस्थि भी यही ज्ञात होती है। कुडलिनी शक्ति यहीं निवास करती है। शिव-पार्वतीके विवाहमें कुडलिनीको जगाकर ही ब्रह्माण्ड या मस्तिष्कमें ले जाते हैं। इसीको योगकी परिभाषामें सर्पिणी कहते हैं क्योंकि यह सर्पिणीकी भाँति कुडल मारकर सोई रहती है। मूलाधारमें पृथ्वी तत्त्वका स्थान है।

२. स्वाधिष्ठान [सेक्रल रीजन]—इसका अधिष्ठान लिंगमें है। इसमें पाँच पर्व हैं। ये पाँचो भी एक ही अस्थिमें जुड़े रहते हैं जिसे अँग्रेजीमें सेक्रम कहते हैं। इन्हीं दोनों अस्थियोंके नौ पर्वोंको निकालकर आधुनिक शरीर-शास्त्री, मेरुदण्डमें २४ अस्थिपोरोंकी गणना करते हैं। पर भारतीयोंने इस शक्तिको तेंतीस पर्वोंसे युक्त ही माना है। स्वाधिष्ठान चक्रमें जल-तत्त्वका अधिष्ठान है।

३. मणिपूर [लम्बर रीजन]—इसका स्थान नाभि है और मेरुदडके इस भागमें ५ पर्व हैं। तेज इसका तत्त्व है। इन तीन चक्रोंका भेद कर लेनेपर योगी विराट् भावसे युक्त हो जाता है, उसकी मोह-निद्रा टूट जाती है।

४. अनाहत [डोर्सल रीजन]—मेरुदडमें १२ पर्वोंवाला यह चक्र हृदयमें स्थित है। यहाँ वायु तत्त्वका स्थान है।

५. विशुद्ध चक्र [सर्विक रीजन]। इसमें सात पर्व हैं और यह ग्रीवामें स्थित है। यहींसे आकाशगुणक शब्दका जन्म होता है। इसके भेद करलेनेपर योगीको आकाश तत्त्वपर विजय प्राप्त हो जाती है।

६ आज्ञाचक्र—मस्तिष्क प्रदेशके भ्रूमध्य या त्रिकुटीमें योगी इसका स्थान मानते हैं। यहाँ सुषुम्णाका अन्त हो जाता है। यहाँ मन, बुद्धि और अहंकारका निवास है। इसी स्थानपर ज्ञान-चक्षु है जो तृतीय नेत्र है। यही शिवका वास है।

जब योगी पाँच चक्रोंको सिद्ध कर लेता है, तब उसे काम-बाधा नहीं सता सकती। शिवके लिये कालिदासने कहा—'अरूपहार्यं मदनस्य निग्रहात्', अर्थात् मदनके निग्रहके कारण रूप या सौन्दर्य उनके चित्तको नहीं हर सकता। पहले शिवने मदनको भस्म कर डाला है [भस्मावशेष मदन चकार] तभी वे पार्वतीके साथ विवाह करके षडानन कुमारको जन्म देते हैं। आज्ञा-चक्रसे ऊपर सहस्रदल-कमल [सेरेब्रल रीजन] है जहाँपर साक्षात् शिव निवास करते हैं।

कुमारका जन्म शिवके स्वन्दित तेजसे होता है। यह तेज पार्वती रूपी सुषुम्णामें निक्षिप्त होकर क्रमश छओं[२] चक्रों के द्वारा पुष्ट और लालित होता हुआ स्कन्दको जन्म देता है जो इसी कारण छह माताओंके पुत्र या षाण्मातुर कहे गए हैं। कालिदासने मेघदूतमें स्कन्दके जन्मका रहस्य सूत्र रूपमें लिख दिया है—

> तत्र स्कन्दं नियतवसतिं पुष्पमेघीकृतात्मा
>
> पुष्पासारैः स्नपयतु भवान्व्योमगङ्गाजलार्द्रैः ।
>
> रक्षाहेतोर्नवशशिभृता वासवीनां चमूना-
>
> मत्यादित्यं हुतवहमुखे संभृतं तद्धि तेजः ॥१।४७॥

[वहाँ देवगिरिपर बसनेवाले कुमारको अपना अभ्र-पुष्पात्मक रूप बनाकर आकाशगंगासे सींची हुई पुष्पवृष्टिसे स्नान कराना। देवसेनाकी रक्षाके हेतु पावकके मुखमें सचित सूर्यसे भी अधिक प्रभाशाली शिवका तेज ही कुमार है —

अत्यादित्य हुतवहमुखे सम्भृत तद्धि तेज ।]

यही स्कन्दकी परिभाषा है। हुतवह अर्थात् अग्नि नामक सुषुम्णाके मुखमें सूर्यसे भी अधिक प्रकाशित शिवका तेज ही स्कन्द है। कोशोंमें स्कन्दकी पत्नीका नाम देवसेना है। इन्द्रियोंकी सात्त्विक और तामसिक वृत्तियोंका द्वन्द्व देवासुर-संग्राम है। जब सतोगुणी इन्द्रियाँ कामसे हारने लगती हैं, तब वे समाधिमें बैठे हुए शिवसे प्रार्थना करती हैं कि वे उन्हें एक सेनापति दें। देवोंने भी यही कहा है—

---

१ सुम्न। सुम्न=आनन्द। सुन अभिषवे धातुसे सुम्न बनता है। षट्चक्र भेदके पश्चात् स्कन्द जन्म लेता है। लोकमें स्कन्दका सम्बन्ध छ की संख्यासे है—षडानन, स्कन्द-षष्ठी। आज्ञाचक्रका जो चित्र श्री आर्थर एवेलनने दिया है उसमें कुमार षडानन दिखाए गए हैं।

२ षट्चक्र सुषुम्णा नाड़ीमें ही रहते हैं। शरीर विज्ञानमें सुषुम्णाके पाँच स्वाभाविक विभाग हो गए हैं, छठा सबसे ऊपर है जहाँ सुषुम्णा (स्पाइनल कॉर्ड), कौंच रन्ध्र (मैगनम फोरामेन, अर्थात् बड़े छेद) में होती हुई मस्तिष्क या ब्रह्माण्डमें फैल जाती है। इन पाँच चक्रोंकी शक्तिप्रवाहिनी नाड़ियोंका सम्बन्ध क्रमश गुदा, लिंग, नाभि, हृदय और कण्ठमें है। उदाहरणके लिये मणिपूर चक्र, नाभि देशका नियन्त्रण करता है पर उसका स्थान सुषुम्णा में ही है। इसी प्रकार अन्यत्र भी है।

तदिच्छामो विभो स्रष्टु सेनान्य तस्य शान्तये । [कुमार०, २।५१]

[उस असुरको परास्त करनेके लिये हम लोग एक सेनापति चाहते हैं ।] शिवजीने मदनको भस्म किया, तदुपरान्त उमाकी तपस्यासे सुषुम्णा नाडी-द्वारा योगकी साधनासे शिव और पार्वतीका विवाह हुआ अर्थात् व्यक्तिकी चिदात्मिका शक्ति जो अधोमुखी थी वह अन्तर्मुखी होकर सहस्रारदलमे स्थित पर-बिन्दु शिवसे संयुक्त हो जाती है, फिर विपर्योंसे उसे कोई भय नहीं रहता। जो इन्द्रियाँ और सबोंको भय देती हैं, वे ही प्रमथोंके रूपमें शिवके पार्षद [परिषदि साधु] होकर रहती है। 'अत्यादिद्ध हुतवह मुखे सम्भृत तद्धि तेज' को समझनेके लिये तीनों नाडियोंके नाम जान लेने चाहिएँ। सुषुम्णा=वह्नि स्वरूपा, सरस्वती, लोहित-वर्णा। इडा=चन्द्र-स्वरूपा, गगा, सतोगुणी, अमृत विग्रहा, पीत वर्णा। पिंगला=सूर्य-स्वरूपा, तैजसवर्णा, रौद्रात्मिका, वज्रिणी यमुना, राजसी।

सुषुम्णाका नाम वह्नि या हुतवह है। इसीमे अपना तेज हवन करनेसे शिव यज्वा कहलाते हैं। साधनामें पुरुषका तेज इसी वह्निके मुखमें संचित होता रहता है और जब छहों चक्रोंका भेद पूरा हो जाता है तभी उस कुमारका जन्म होता है जिसकी अध्यक्षतामें देवसेना कभी नहीं हारती। पुराणोंके अनुसार कुमार वे हैं जो आजन्म ब्रह्मचारी है।

सहस्रारदलमें जो शिव है वे ही अक्षर तत्त्व हैं। वही समस्त ब्रह्माडकी चित्-शक्ति हैं। मूलाधार चक्रमें शक्तिपीठ है जहाँ व्यक्तिकी शक्ति निवास करती है। शक्तिके तीन कोण कहे गए हैं— इच्छा, ज्ञान और क्रिया। इन्हींका नाम त्रिपुर है। इनके मध्यमें बसनेवाली शक्ति त्रिपुरसुन्दरी कही गई है। इसी त्रिपुर या त्रिकोणमें कुडल मारकर शान्त बसनेवाली शक्तिकी शब्दगत कल्पना सर्पिणीकी है। इसीसे शिवके शरीरमें भुजग लिपटे रहते हैं और शिवको अहिवलय धारण करनेवाला कहा गया है। कालिदासने कहा है—

हित्वा तस्मिन् भुजग-वलय शम्भुना दत्तहस्ता ।
क्रीडाशैले यदि च विचरेत् पादचारेण गौरी ॥ [मेघ०, १।६४]

मूलाधारमें यह सर्पिणी शिवरूप ज्योतिके चारों ओर लिपटी रहती है, परन्तु आज्ञा-चक्रमें पहुँचकर जब शिव-पार्वतीका सयोग हो जाता है तब यह कुडलिनी पूरी खुल जाती है, मानों शिवजीने अपने सर्पवलयको त्याग दिया हो। जहाँतक शरीरशास्त्रके प्रत्यक्ष करनेका विषय है वहाँतक इस प्रकार त्रिकोणात्मिका शक्तिके रूपको शल्यशास्त्रके द्वारा हम नहीं देख सकते। मानस-प्रत्यक्षसे सम्बन्ध रखनेवाली वस्तु,यन्त्र द्वारा कैसे जानी जा सकती है? इसका दर्शन योगपक्षमें ध्यान[1]

[1] न उथ नाडी जालकी रचना अत्यन्त जटिल है। उन तन्तु समूह, घटिका बिन्दुओं और प्रतन्तुओंमें घटित होनेवाले संवेदनात्मक तथा संकल्पात्मक कार्यका ठीक ठीक पता आजतक नहीं लग सका है। कुछ आश्चर्य नहीं यदि भारतीय योगी ध्यानमें इसका प्रत्यक्ष कर सके हों। यह भी स्मरण रखना चाहिए कि चेतनाका जो भौतिक आधार है वह उसके बहुत थोड़े अंश या स्वरूपका परिचय कराता है। कुछ लोग भोगायतन पक्षमें चेतनाका आधार न पाकर उसकी सत्ताको ही संदिग्ध मान बैठते हैं। चेतना [चिदात्मक शक्ति] मनोविज्ञानसे सम्बन्ध रखता है। भौतिक रचनामें उसका अपूर्ण आभास मिलता है इसलिये भौतिक रचनाको उसका प्रमाण दण्ड नहीं मान सकते।

द्वारा ही हो सकता है। ज्योति या तेज-स्फुलिंगके आकारका शिवलिंग इसीका प्रतीक है। शिव इसी शक्तिसे त्रिकोण या त्रिपुरकी विजय करते हैं, इससे उनकी संज्ञा त्रिपुर-विजयी है। मेरुदंड रूपी पर्वतके सिरेपर उसीके एक प्रदेशका नाम कैलास है। मेरुदंडका ऊर्ध्व सिरा ही कैलास है जहाँ आज्ञाचक्र है। यहाँ कैलासपर ही अलकापुरी है। कालिदास कहते हैं कि यहाँ कामदेव अपने चापपर शर नहीं चढ़ाता—

मत्वा देवं धनपतिसखं यत्र साक्षाद्वसन्तं।
प्रायश्चापं न वहति भयान्मन्मथः षट्पदज्यम्॥ [मे०, २।१४]

[कैलासके उत्संगमें बसी हुई अलकामें शिवका साक्षात् निवास जानकर वहाँ कामको अपना भौंरोंकी डोरीवाला धनुष काममें लानेका साहस नहीं होता।] ठीक भी है, आज्ञा-चक्र-वक सिद्धि प्राप्त योगीको कामबाधा नहीं सता सकती। इसीलिये यहाँ हिमालयमें ही किन्नरियाँ मिलकर त्रिपुर-विजयके गीत गाती हैं—

संसक्ताभिस्त्रिपुरविजयो गीयते किन्नरीभिः। [मे०, १।६०]

वहीं धनपतिका यश किन्नर गाते हैं क्योंकि शिव और धनपतिमें सख्य-भाव है—

उद्गायद्भिर्धनपतियशः किन्नरैर्यत्र सार्धम्॥ [मे०, २।१०]

धनपति कुबेरका अनुचर यक्ष अवसर पाते ही अपने कामरूप पुरुषको शिवकी उपासना करनेका आदेश देता है। पार्वतीकी संज्ञा गुहा, स्कन्दकी गुह और यक्षोंकी गुह्यक है। इससे भी इनके परस्पर सम्बन्ध का संकेत मिलता है। यक्ष कामकी मूर्ति है। उसके नेत्रोंसे ही कामदेव टपका करता है। इस प्रकार कामसे भरा हुआ पुरुष अवश्य ही गुह्यक या रक्षा करने योग्य है। वह अपनी रक्षाके लिये उस देवकी शरणमें जाता है जिसने कामको भस्म कर दिया है, तथा फिर जिसके अनगजित् रूपसे सेनानी गुहका जन्म हुआ[1]। शिवजी पिनाक-पाणि हैं—

अरूप-हार्यं मदनस्य निग्रहात् पिनाकपाणिं पतिमाप्तुमिच्छति। [कुमार०, ५।५३]

पिनाकको शिवका धनुष कहते हैं। निरुक्तमें पिनाकके अर्थ हैं—

रम्भः पिनाकमिति दण्डस्य। [नैगम काण्ड ३।४]

अर्थात् रम्भ और पिनाक दण्डके नाम हैं। वहीं यह भी लिखा है—

कृत्तिवासा पिनाकहस्तोऽवततधन्वेत्यपि निगमो भवति।

पिनाक नाम मेरुदण्डका ही है। यही शिवका धनुष है। इस दण्डाकार धनुषकी दो कोटियाँ, सिरे हैं। नीची कोटि मूलाधार चक्रमें है। वहाँ जो कुण्डलिनी पड़ी है, उसीको पिनाककी प्रत्यंचा कल्पित करके उसके दूसरे सिरेको शिव आज्ञा-चक्रमें ले जाते हैं। यही धनुषकी प्रत्यंचा चढ़ाना या अवतत-धन्वा होना है। प्रायः धनुषोंकी प्रत्यंचा खुली रहती है और वे दण्डाकार होते हैं। जो पुरुष धनुष पर चिल्ला [डोरी] चढ़ा सकता है, वही उस धनुषका स्वामी माना जाता है। पिनाकको सबसे प्रथम शिवने अधिज्य किया, इसलिये वे ही उस धनुषके स्वामी हैं।

---

१ गुहति रक्षति देवसेनामिति गुहः। यः कामः अक्षिषु यस्य स यक्षः। [भानुजी दीक्षित] [देवसेनाकी जो रक्षा करता है वह गुह है और जिनकी आँखोंमें काम भरा रहता है वह यक्ष है।]

शिवजीकी संज्ञा खण्डपरशु है—

भूतेश: खण्डपरशुर्गिरीशो गिरिशो मृड: । [अमरकोष]

और यही संज्ञा भृगुपतिकी भी है। भृगुपतिकी संज्ञा क्रौंचदारण कालिदासने ही दी है—हंसद्वारं भृगुपतियशोवर्त्म यत्क्रौञ्चरन्ध्रम् [मे०, १।६१]। क्रौञ्चदारण संज्ञा स्वामिकार्तिकेय[1] की भी है। इस प्रकार शिव, भृगुपति और कुमारका सम्बन्ध भी स्थापित होता है। शिव और कुमारमें कोई भेद नहीं है क्योंकि शिवका ही तेज कुमार है। यह भी प्रसिद्ध है कि कुमारकी उत्पत्तिमें किसी स्त्रीके गर्भकी आवश्यकता नहीं हुई। वस्तुतः कालिदासने कुमारको अग्निके मुखमें सभृत तेज लिखा है। फिर जो पिनाक शिवके पास है, वही अजगव नामक शिव-धनु अब परशुरामके पास भी था। इस प्रकार इन तीनोंमें सम्बन्ध प्रतीत होता है। योगकी साधनामें षट्चक्रके भेदनके समय प्राणको जिस रन्ध्रमें होकर सुषुम्णा मस्तिष्कमें प्रवेश करती है वह द्वार ही क्रौंच-रन्ध्र है सुषुम्णा [स्पाइनल कॉर्ड] श्वेत और विभूति वर्ण पदार्थकी बनी हुई नाडी है। वह मूलाधार चक्रसे उठकर, आगेके चार चक्रोंमें होती हुई विशुद्धि-चक्र [सर्विकल रीजन] को पारकर मस्तिष्कमें फैल जाती है। सर्विकल रीजनके प्रथम अस्थि-पर्वतको अंग्रेजीमें ऐटलस कहा जाता है, जो अपने ऊपर आकाश या द्युलोकको उठाए हुए था। यहींसे सुषुम्ना नाडी स्पाइनल बल्बमें होकर मस्तिष्कमें जाती है। इसलिये क्रौंच पर्वत ही स्पाइनल बल्ब है जिसे मेडुला ओबलोंगाटा भी कहते हैं। इसीमें क्रौंचरन्ध्र या बडा छेद है जिसे अंग्रेजीमें फोरामेन मैगनम कहते हैं। इसी विवरमें तिर्यगायामके साथ अर्थात् तिरछी झुककर सुषुम्णा प्रवेश करती है। कुण्डलिनी शक्ति जिस समय मूलाधारसे जागकर शिव नामक आज्ञाचक्रमें जाती है, उसे भी इसी द्वारमें होकर आना पडता है। इस रन्ध्रका दारण करना भृगुपतिके लिये बडा यशस्वी कार्य है, इसीसे कालिदासने इसे भृगुपतियशोवर्त्म [मे०, १।६१] कहा है प्रालेयाद्रि या हिमाद्रि अर्थात् पर्वतवान् पृष्ठवंशके उपान्तरमें ही यह क्रौंचद्वार बताया गया है। भृगुपति, शिवका नामान्तर है। क्रौंच-दारण, खण्ड-परशु, कुमार, भृगुपति, और शिव ये एक ही चैतन्यके नामान्तर हैं जो विशेष गुणोंके कारण कल्पित किए गए हैं।

क्रौंचरन्ध्रसे तुरन्त आगे शुभ्र कैलास ही खडा है [मे०, १।६२]। योगकी परिभाषामें विशुद्धि-चक्रके अनन्तर आज्ञाचक्र है यहाँ शिवरूप ज्योतिका प्रकाश है। मूलाधार-चक्रसे योग-साधनाके लिये जिस नृत्यका आरम्भ होता है उसकी सिद्धि होनेपर शिवजी अट्ट-अट्टहास करते हैं, वही मानो शुभ्र कैलासके रूपमें घनीभूत हो गया है—

राशीभूतः प्रतिदिनमिव त्र्यम्बकस्याट्टहासः [मे०, १।६२]

इसी कैलासका नाम रजतगिरि है। यहाँ एक मणि-तट है। उसपर शिवजी, गौरीके साथ आरोहण करना चाहते हैं। मेघको चाहिए कि वह स्तम्भितान्तर्जलौघ: [अपने जलतत्त्वको भीतर रोक रखनेवाला] होकर अपने शरीरकी सीढी बनाकर शिवको वहाँ आरोहण करनेमें सहायता दे।

१ षडाननः शक्तिधरः कुमारः क्रौञ्चदारणः । अमरकोश ।
कैलासे धनाधन ग्रौंच श्री तुहिनाद्रिके मुख्यात्मकौ।

२ तेजो हि भासाद्रसमयो हरस्येव मूर्तस्याट्टहासस्य । [मल्लिनाथ]. अर्थात् वह तेज शंकरका साक्षात् मूर्तिमान् है।

इस मणितट[१]का योग-ग्रन्थोंमें विशद वर्णन है। पादुका-पंचक नामक तन्त्रयोगके ग्रन्थमें मणिपीठकी-बड़ी महिमा कही गई है। मस्तिष्कमें जो परम चिन्मय सहस्त्रदल-कमल है उसमें अ-क-थ त्रिकोण है। उस त्रिकोणमें मणिपीठ है, उसपर शुभ्र रजताद्रिके समान अनन्तगुरु शिव सुशोभित हैं अथवा प्रकृति पुरुषके संयोग रूप शिव-गौरी विराजते हैं। मेघदूतमें वामरूप पुरुषको स्तम्भित करके शिव उस मणितट-पर चढ़ते हैं। इस मणितटकी प्रभा तड़िच्छविको लजानेवाली है [पटु तडित्-कडारिम-स्पर्धमान मणिपाटलप्रभम्]। कालिदासने न केवल क्रौंचरन्ध्रके पश्चात् कैलासका ही वर्णन आवश्यक समझा, वरन् वहाँके मणितटका भी नाम लिखा है। इससे उनकी योग-परिभाषाका संकेत स्पष्ट सिद्ध है—

भंगी भक्त्या विरचितवपुः स्तम्भितान्तर्जलौघः ।
सोपानत्वं कुरु मणितटारोहणायाग्रयायी ॥ [मे०, १।६४]

[हे मेघ! तू आगे बढ़कर अपना जल भीतर रोककर शिवके मणितटपर चढ़नेके लिये सोपान बन जाना।] इन वर्णनोंमें कविने काव्यके साथ-साथ योगशास्त्रके उच्च अनुभवोंका भी गूढ़ समन्वय किया है।

मल्लिनाथने क्रीडाशैल [मे०, १।६०] का अर्थ बताते हुए शम्भु रहस्यका अवतरण देकर लिखा है—

कैलास कनकाद्रिश्च मन्दरो गन्धमादनः ।
क्रीडार्थं निर्मिता शम्भोर्देवैः क्रीडाद्रयोऽभवन् ॥

[देवताओंने शम्भुकी क्रीडाके लिये कैलास (रजताद्रि), कनकाद्रि (मेरु, सुमेरु, हेमगिरि, महा रजतगिरि), मन्दर और गन्ध-मादन पर्वत बनाए थे, इसलिये ये सब क्रीडाशैल कहलाते हैं।]

मेरु पर्वत या मेरुदंड और उसीके समीप स्थित क्रीडाशैल कैलासका परस्पर सम्बन्ध स्पष्ट प्रतीत होता है। कैलासकी व्युत्पत्ति ही क्रीडा-स्थान है—केलीना समूहः कैलम् [तस्य समूह इत्यण्।] तेन आस्यतेऽत्र [आस्-बैठना] इति कैलासः [भानुजी दीक्षित], अर्थात् शिवकी क्रीडाओंका स्थान कैलास है। यहीं कुबेर रहते हैं, यहीं यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, सिद्ध और चारणोंके मिथुन विहार करते हैं, यहीं ध्यानावस्थित होकर योगी शंकर तप करते हैं और फिर पार्वती-शक्तिसे विवाह करके क्रीडा करते हैं। वस्तुतः यहाँ एक ही मेरुदंडको पर्वत कल्पित करके उसके भिन्न भिन्न नाम दिए हैं। इस मेरुदंडका जो भाग मूलाधार-चक्रमें स्थित है उसका नाम चित्रकूट है क्योंकि चित्रा नाम सुषुम्णा या कुंडलिनी[२]का है, और यह चित्रिणी मूलाधार-चक्रके आधारपर ठहरी हुई है। चित्राका कूट ही चित्रकूट है। यही रामगिरि है क्योंकि शिवधनुकी शिवकी भाँति सामने

१ बौद्धोंका महामन्त्र—ॐ मणिपद्मे हुँ—इसी मणिकी ओर संकेत करता है। काशी। [शिवकी पुरी, शिवके धाम] में मणिकर्णिका घाट है जहाँ गङ्गातीरे अथवा प्राण त्यागनेसे मोक्ष होता है। मणिकर्णिका—सहस्रारस्थ कमलकी कर्णिका।

२ भूरे और रवेत दो वर्णोंके संयोगके कारण कुण्डलिनीको ललिता या चित्रा नाम दिया गया है। ये मैटर और हार्ट मैटरके मिलनेसे चित्र वर्ण बनता है—देखिए आर्थर एवलेनकृत 'सर्पेंट पावर', पादुका-पंचक भाग, पृ १६६।

भी अधिज्य किया था। यहींसे काम-पुरुष उठकर कैलासकी गोदमें बसी अलकाको जाता है। मेघदूतकी एक कोटिपर शिव और दूसरीपर राम हैं, इन्हींके बीचमें यह अजगव धनुष तना हुआ या मयरात है। कुण्डलीके विरहको सहस्रार पद्म ढके हुए हैं। कुण्डलीके विवर [स्पाइनल कौलम-के अन्तर्गत स्पाइनल केनाल] से तात्पर्य उस मार्गसे है जिसके द्वारा मूलाधारमें शिव-तेजके चारों ओर प्रसुप्त कुण्डलिनी प्रबुद्ध होकर ऊपर चढ़ती हुई शिवसे मिल जाती है। चित्रिणीके भीतर ही यह मार्ग है। चित्रिणी उस नलिकाको समझना चाहिए जिसके भीतर यह विवर है। जिस प्रकार कमल अपनी नालके सिरेपर शोभित होता है, वैसे ही चित्रिणी और सहस्रदल तथा द्वादशदल कमलका सम्बन्ध है। चित्रिणी या कुण्डलिनी परम चैतन्य ज्योति है। यही वह स्पन्दनात्मक शक्ति है जिससे सब रचना होती है। इसीकी इच्छा, ज्ञान और मायामयी त्रिगुणात्मिका मूर्ति जीवों [पशुओं] में सत्त्व, रज और तम रूपमें प्रकट होती है। उसीके सकोच और प्रकर्षके स्फुरणसे क्रीडा-शरीर बनता है। ऋग्वेदमें इसी अदिति शक्तिके आठ पुत्र बताए गए हैं। शैव दर्शनसे भी शिवकी आठ मूर्तियाँ प्रसिद्ध हैं।[१] योग-साधनामें सप्तर्षि [पचेन्द्रियाँ, मन, बुद्धि], कुण्डलिनी-रूपिणी उमा और शिवके बीचमें पड़कर उनका विवाह-सम्बन्ध स्थिर करते हैं। जब शिवका पार्वतीके साथ विवाह रचाया जाता है तब ये सातों ऋषि विवाह-यज्ञके अध्वर्यु बनते हैं। इस यज्ञमें यदि इनकी अनुमति और शुभाशीर्वाद होगा तभी यह सफल हो सकता है। शिवजी कहते हैं—

विवाह यज्ञे विततेऽत्र यूयमध्वर्यव पूर्ववृत्ता मयेति। [कुमार०, ७।४७]

[विवाह-यज्ञका वितान होनेपर पहले ही मैंने आप लोगोंको अपना अध्वर्यु बना लिया था।]

मेघदूतमें शिवके वाहन वृषका [१।५६] और कुमारके वाहन मयूरका [१।४८] भी उल्लेख है। वृष या इन्द्र, इन्द्रियोंकी शक्तिका कारण है। पाणिनि भी इन्द्रिय शक्तिकी व्युत्पत्ति इन्द्रसे ही करते हैं[२] [५।२।९३] वृष, इन्द्र और कामका घनिष्ठ सम्बन्ध है। शिवजी जिस समय तीसरे नेत्रसे उत्पन्न अग्निसे कामको भस्म कर देते हैं तब मानो वे वृष [काम] पर आरोहण करते हैं। इस वृषपर आरोहण करनेके लिये वे कुम्भोदर सिंहकी सहायता लेते हैं, यथा –

कैलासगौरं वृषमारुरुक्षोः पादार्पणानुग्रहपूतपृष्ठं।
अवेहि मां किंकरमष्टमूर्तेः कुम्भोदरं नाम निकुम्भ मित्रम्॥ [रघु०, २।३५]

[कैलासके सदृश शुभ्र वृषपर आरोहण करनेकी इच्छासे जिसकी पीठपर पैर रखकर शिव चढ़ते हैं वह मैं अष्टमूर्तिका किंकर कुम्भोदर नामका सिंह हूँ।] काम-शक्तिका वर्णन गीतामें भी यही है—

महाशनो महापाप्मा विद्धयेनमिह वैरिणम्।

[कामदेव बड़े भोगवाला है।] काम और रसनाका सदा साथ है, क्योंकि जो जलतत्त्व

१ श्री चितिशक्तिरेव पारमेश्वरी ज्ञान क्रिया माया शक्ति त्रितयनया श्रीमदाशिवादिपदे स्फुरित्वा सङ्कोचप्रकर्षात् ... जीवः शरीर अर्थात [शब्द निर्णय पृ० ३७]। प्रबुद्ध योगी अपनी चिद् शक्तिके स्फारसे ही सब जगत्को अधिष्ठित जानता है [प्रत्यभिज्ञासार]।

२ इन्द्रियमि इन्द्रलिङ्गमिन्द्रदृष्टमिन्द्रसृष्टमिन्द्रजुष्टमिन्द्रदत्तमिति वा। [अष्टाध्यायी, ५।२।९३]

स्वाधिष्ठान-चक्रका अधिष्ठाता है, वही जिह्वामें बसता है। वृषपर चढ़नेके लिये कुम्भोदरकी पीठ-पर पैर रखना आवश्यक है। स्कन्दका वाहन मयूर है। हम बता चुके है कि स्कन्दका सम्बन्ध छःकी संख्यासे है, उसका वाहन मयूर भी षड्ज स्वर सवादी[1] है। सर्परूप कुण्डलिनीका स्वाभाविक बैर मयूरसे है। परन्तु शिवकी साधनासे जन्मे हुए कुमारका वाहन होकर मयूर, कुण्डलिनी-रूपी सर्पिणीका मित्र हो जाता है। शिवके कुटुम्बमें साँप और मोर बैर त्याग कर बसते हैं। तात्पर्य यह कि पहले मनुष्य कुण्डलिनीके यथार्थ स्वरूपको न जानकर उसे विनाशकारी मार्गमें लगाता है पर 'कुमार' स्कन्दके जन्मके पश्चात् वह अपने षट्चक्रोंके सम्पूर्ण विनियोगको जान जाता है। कामका सम्बन्ध रेतसे है, कामका निवास स्वाधिष्ठान-चक्रमें है। इसी चक्रमें जलका निवास है, जैसा कहा है—आप रेतो भूत्वा शिश्नम् प्राविशत् [ऐतरेय उ० १।२।४]। आयुर्वेदके मतसे वीर्यका जलतत्त्वसे सम्बन्ध है। निरुक्तमें तथा संस्कृत साहित्यमें भी जलके ही विष और अमृत दो नाम हैं। शरीरस्थ रेत, हिरण्यके समान भास्वर तेजवाला है। जिस समय दैवी वृत्तियाँ आसुरी वृत्तियोंसे दबी रहती हैं, उस समय रेत, विष स्वरूप होकर सब इन्द्रियोंके तेजको जीर्ण कर देता है। उस विषको सहने, पचाने और धारण करनेकी शक्ति किसी इन्द्रियाधिष्ठाता देवतामें नहीं है। जबतक शिव विषको नहीं पीते तबतक इन्द्रियरूपी देवता उसकी लपटोंसे झुलसे हुए रहते है। गोसाईंजीने ठीक कहा है—

जरत सकल सुरवृन्द, विषम गरल जेहि पान किय।
भजसि न तेहि मतिमन्द, को कृपालु शंकर-सरिस॥

शिव ही योग-समाधिके कारण उस विषका पान कर सकते हैं। पाँचों चक्रोंको भेदकर जब पहले शिव इस रेतके दुर्विषह्य तेजको विशुद्ध-चक्र अर्थात् कण्ठमें स्थापित कर लेते हैं, तभी सब देवता अमृतका भाग पाते हैं। शिवके विषपानके पश्चात् वही रेत अमृत रूप होकर इन्द्रियोंके आत्म-तेजका संवर्द्धन करता है। शिवका विषपान प्रकारान्तरसे योग साधनाके फलका वर्णन है।

यक्षने मेघसे एक काम और लिया है—

नृत्यारम्भे हर पशुपतेरार्द्रनागाजिनेच्छाम्।
शान्तोद्वेगस्तिमितनयनं दृष्टभक्तिर्भवान्या॥ [मे०, १।३६]

[हे मेघ! सायंकालके समय नवीन जपा-पुष्पकी लालीके सदृश रक्तिमासे सम्पन्न अपने मंडलको शिवकी भुजाओंपर इस प्रकार तान देना कि अपने नाचके आरम्भसे उन्हें गजासुरकी गीली खालकी इच्छा न रहे। उस तेरी शिव-भक्तिको उस समय पार्वती भी निश्चल नयन होकर देखेंगी।]

सक्षेपमें तन्त्रके अनुसार इसका अर्थ यह है कि जिस मूलाधार चक्रका पृथ्वी तत्त्व है उसमें एक सप्तशुण्ड गजाकार ज्योति है जिसकी पीठपर शिव-तेजके चारों ओर वलित कुण्डलिनी स्थित रहती है। जिस समय योग-साधनकी इच्छासे [नृत्यारम्भे] शिवजी इस चक्रको भेदते हैं, तब इस गजकी मानो मृत्यु हो जाती है। जिस व्यक्तिने कामको वशमें नहीं किया है ऐसा कोई व्यक्ति इस गजको परास्त नहीं कर सकता।

---

[1] षड्ज सवादिनी केका द्विधा भिन्ना शिखण्डिभि। रघु० १।३९
षड्जं मयूरो वदति – इति मतं॥

आज्ञा-चक्रमें प्रणवका प्रत्यक्ष होता है। यहाँ ही चन्द्राकार ज्योतिका दर्शन होता है। यहाँ सूर्य, चन्द्र, और अग्निके तीन बिन्दु हैं जिनके नामान्तर शिव, विष्णु और ब्रह्मा तंत्र-ग्रन्थोंमें प्रसिद्ध हैं। यहाँ साधकको चन्द्रकी किरणोंसे टपकनेवाली सुधाके आस्वादका आनंद मिलता है। इसी-लिये शिवजी नवशशिभृत [मेघ० १।४७] और इन्दुशेखर [कुमार० ५।७८] हैं। योगशास्त्रमें शिवके रूपका बड़ा विस्तार दिया गया है। शिवपुराण, स्कन्दपुराण,[1] तथा तन्त्रोंने इसे बढ़ाकर कथाओंके रूपमें प्रकट किया है। कालिदासका यह कहना बहुत ठीक है—

न सन्ति याथार्थ्यविदः पिनाकिनः। [कु०, ५।७७]
न विश्वमूर्तेरवधार्यते वपुः। [कु०, ५।७८]

[शिवके स्वरूपका ठीक-ठीक निर्धारण कौन व्यक्ति कर सकता है!] पाशुपतशास्त्रमें[2] शिव, विष्णु और ब्रह्माके अद्वैतको मानकर जीवात्माके साथ परम चित् शक्तिका तादात्म्य दिखाया है। वह चित्-शक्ति-रूप परमहंस शिव सहस्रार-पद्ममें प्रतिष्ठित है। उस पर बिन्दुतक पहुँचनेका मार्ग, योग साधना-द्वारा कुण्डलिनीको जगाकर ब्रह्माण्डमें ले जाना है। जबतक वृषकेतु, वृषाङ्कचन, शिव-रूप आत्माके दर्शन नहीं होते, तबतक काम-बाधा चित्त-वृत्तियोंको अधोमुखी रखती है। वृषपति शिवकी साधना और भक्ति [मेघ० १।५६] प्राप्त करना प्रत्येक कामरूप पुरुषके लिये अत्यन्त आवश्यक है। कालिदासके अनुसार योगके द्वारा परमात्म-संज्ञक परम-ज्योतिका दर्शन करना ही जीवनकी परम सिद्धि है।

योगात्स चान्तः परमात्मसंज्ञं दृष्ट्वा परं ज्योतिरुपारराम। [कुमार०, ३।५८]

शिवके स्वरूपका यथार्थ ज्ञान ही कालिदासके दर्शन और काव्य-साधनाका ज्ञान है।

———

१ इसकी कथा स्कन्द महापुराणान्तर्गत काशीखण्डके ६८ वें अध्यायमें दी हुई है गजासुरने ब्रह्मासे वर पाया था—कि कंदर्प-वशाभूत किसी व्यक्तिके हाथ उसकी मृत्यु न होगी। पार्वतीने जिस समय महादेव से रत्नेश्वर लिंग [मणिपादाधिपति शिव] का माहात्म्य सुना उसी समय गजासुर अपने बलवीर्यसे उन्मत्त होकर प्राणियोंका निपीड़न करते शिवकी ओर झपटा। कंदर्प दर्पहारी महादेवने पास आनेपर उसे त्रिशूलसे छेदकर शून्यमें टाँग दिया। महादेवजीके मस्तकपर उसने अपना शरीर छत्रकी भाँति फैला लिया था। जब उसने शिवकी बहुत स्तुति की तब शिवने वर देना चाहा। गजासुरने कहा कि आप मेरे शरीरका चमड़ा पहन लीजिए। इससे शिवजी कृत्तिवास कहलाए।

२. अत कार्य है, इसका नाम पशु है। ईश्वर कारण है, वही पशुपति है। पशुपतिमें चित्तकी समाधि ही योग है। भस्म, विभूति, स्नान आदि तपश्चर्या विधि है। मोक्ष इसका प्रयोजन है। उस मोक्षका फल दुःखका अन्त है। यही संक्षेपमें पाशुपत-शास्त्र है।

महाकवि कालिदासकी उपमाओंका मनोवैज्ञानिक अध्ययन

[श्री पी० के० गोडे, सग्रहालयाध्यक्ष, भाडारकर ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना]

संस्कृत-साहित्यका प्रत्येक विद्यार्थी उस श्लोकसे पूर्णतः परिचित है जो 'उपमा कालिदासस्य' से आरम्भ होता है—

उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम् ।
दण्डिनः पदलालित्य माघे सन्ति त्रयो गुणाः ॥

—और यद्यपि उस उद्धरणके महत्वको कालिदासके बहुतसे अध्येताओंने समझ भी लिया है फिर भी किसीने उनकी उपमाओंका वह आलोचनात्मक रूप सामने लाकर नहीं रक्खा, जो केवल अलकार-शास्त्रके विद्वानोंके लिये ही नहीं अपितु साहित्यके साधारण प्रेमीके लिये भी अत्यन्त आकर्षक और रुचिकर होता। मैं स्वतन्त्र आधारोंपर उपर्युक्त कथनकी परीक्षा करना चाहता हूँ परन्तु ऐसा करनेमें मेरा ध्येय मुख्यतः मनोवैज्ञानिक विश्लेषण ही है। मैं केवल कविकी पर्यवेक्षण-परिधि, उसकी सौन्दर्यानुभूति और उसके विस्तृत ज्ञानकी ही ओर सकेत करना नहीं चाहता, अपितु उसकी उपमान्वेषणकी विचित्र शक्तिके उन विभिन्न रूपोंका विस्तारसे वर्णन करना चाहता हूँ जो 'बौद्धिक जीवनके मूल स्तम्भ' माने जाते हैं।

मैं 'उपमा' शब्दका यहाँ विस्तृत अर्थ ग्रहण कर रहा हूँ। इसलिये इसमें केवल समानतापर आश्रित अलङ्कार ही नहीं सम्मिलित किए गए हैं वरन् और भी बहुतसे ऐसे अलङ्कार इसीमें समन्वित हैं जो भारतीय आलकारिकों द्वारा बाँधी हुई सीमाओंके बाहर हैं, उदाहरणार्थ— सूक्तियों [सहावतो] का जीवनकी विशेष परिस्थितियोंके लिये प्रयोग करना वास्तवमें तुलना ही तो है, इसीलिये मनोवैज्ञानिक दृष्टिसे मैं उन्हें उपमामें ही सम्मिलित करना ठीक समझता हूँ।

मैंने केवल 'शकुन्तला' की उपमाओंकी आलोचनामें ही अपने प्रयत्नको परिमित रक्खा है क्योंकि पहले तो यह महाकवि कालिदासकी सर्वश्रेष्ठ रचना है और दूसरे, नाटकीय रचना होनेके कारण उसमें उनके काव्योंकी अपेक्षा मानव-जीवनका अधिक सच्चा चित्रण है।

इस आलोच्य ग्रन्थमें सब मिलाकर १८० उपमाएँ हैं। यद्यपि प्रथम और षष्ठ अक विस्तारमें लगभग बराबर हैं, फिर भी पहला तो उपमाओंसे शून्य-सा है और उसमें लगभग आठ उपमाएँ हैं जबकि दूसरा उनसे एकदम भरा हुआ प्रकाशमान-सा है, और उसमें सब मिलाकर ५१

उपमाएँ हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। प्रथम अङ्क तो पूरी रचनाकी प्राय भूमिका है और कवि 'जीवनकी आलोचना' की अपेक्षा वर्णन करनेमे अधिक व्यस्त है—मुख्य जीवनकी वह आलोचना, जो किसी भी दृश्य काव्यमे नाटककारका मुख्य काम है। छठे अकमे कवि कुछ मानस अनासक्तिकी सिद्धिमे सफल हुआ है जो मानव-चरित्रके मनोवैज्ञानिक विश्लेषण और इसके विस्तृत व्यक्तीकरणके लिये बहुत आवश्यक है। दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें अकमे क्रमश १३, १७ २७ और २६ उपमाएँ हैं। छठे अकसे आगे सख्यामे वृद्धि नही है अपितु निश्चत रूपसे ह्रास है और सातवेंमे केवल ३४ हैं। नाटकका उपसहार सातवें ही अकमे प्रारम्भ होता है और उसीमे पूर्ण भी हो जाता है। इसीलिये इसमे उपमाओकी कमी है वास्तवमे इसमे दो तत्त्व मानो खीचा-तानी कर रहे हैं। नाटकके प्रारम्भमे वर्णनात्मक तत्त्वकी प्रधानता है जो कभी तो प्रत्यक्ष रहता है और कभी प्रच्छन्न। आलोचनात्मक तत्त्व वहाँ एकदम गौण हो गया है। इसलिये चौथे अकमे विशेष रूपसे ऐसा ज्ञात होता है कि कवि पूर्ण अहकार भावनाको स्थिर रखनेमे असमर्थ है। ऐसी ही परिस्थितिमे उपमाओका प्रादुर्भाव आरभ हो जाता है। इस स्थलपर कोमल भावनाका पूर्ण आधिपत्य है और मन भावावेशमे झूलने लगता है। इस अकको शैली विशेषत भावात्मक है, विवेचनात्मक नही और इसीलिये उपमाओकी सख्यामे क्रमिक ह्रास दिखाई देता है क्योंकि यह रचना मुख्यत. कविके हृदयकी उपज है, न कि उसके मस्तिष्ककी।

इस निबन्धका मुख्य लक्ष्य मनोवैज्ञानिक विश्लेषण है, अत मैं सब उपमाओको उनके मूल-स्रोतोंके अनुसार पहले विभाजित कर लेना चाहता हूँ। मनुष्य और वस्तुओके सम्बन्धमे कविका ज्ञान-जगत् जितना विस्तृत है उतने ही विस्तृत उपमाओंके मूल स्रोत हैं—

१ स्वर्ग और आकाश—सूर्य अपने अनेक रूपोमे अधिकतर तुलनाके लिये प्रयोगमे लाया गया है। जलको सौंला देनेवाला ग्रीष्म ऋतुकी तप्तताका वर्णन तीसरे अकके दसवें श्लोकमे मिलता है। उसका शक्तिशाली प्रकाश चन्द्रमाको मन्द कर देता है (अक ३, श्लोक १५)। एक साथ ही चन्द्रमाका उदय और सूर्यका अस्त होना ससारकी एक साथ होनेवाली समृद्धि और दीनताका द्योतक है (अक ४, श्लोक २)। एक प्रकाशमान पुत्रका जन्म पूर्वमे सूर्योदयके समान है (अक ४, श्लोक १६)। सूर्य हमारे सामने कर्तव्य-परायणके रूपमे रक्खा गया है क्योंकि लोगोंको प्रकाश देनेके कर्तव्यमे वह कभी नही चूकता (अक ५, श्लोक ४)। वह अन्धकार दूर करनेका सबसे बड़ा साधन है (अक ५, श्लोक १४) ऐसा होनेपर भी रात्रिका अन्धकार दूर करनेमे वह असमर्थ ही रहता है (अक ६, श्लोक ३०)। अरुण या प्रातकालीन सन्धिवेलाको उसका अग्रदूत (या अग्रदूती) बताया गया है (अक ७, श्लोक ४)। सूर्य ही कमलोंको खिलाता है (अक ५, श्लोक २८)।

जैसा कि निम्नाङ्कित उदहरणोंसे स्पष्ट है, चन्द्रमाके विविध रूप और उसकी विशेषताएँ सस्कृत-काव्यमे प्राय रूढ हो गई हैं—

शारदी चन्द्रिका बहुत ही आकर्षक होती है (अक ३, श्लोक १२ के पश्चात्)—

'न इदानी शरीरनिर्वापयित्री शारदी ज्योत्स्ना पटान्तेन वारयति।'

वह सूर्यके प्रखर प्रकाशके सम्मुख फीकी पडकर महत्त्वहीन हो जाती है (अक ३, श्लोक १५)।

चन्द्रोदय इस जगतके कुछ व्यक्तियोंके चमकते हुए ऐश्वर्यका सूचक है (अंक ४, श्लोक २)। केवल वही रात्रिके अन्धकारको दूर करनेमे समर्थ है (अंक ६, श्लोक ३)। चन्द्रग्रहणका वर्णन अंक ७, श्लोक २२ मे है। चन्द्रके धरातलके काले धब्बोंकी चर्चा अंक १, श्लोक १६ मे की गई है। कमल-नाल उतना ही कोमल होता है जितनी चन्द्र-किरण (अंक ६, श्लोक १८)। शकुन्तलाका उसकी दो सखियोंकी ओर व्यक्तिगत आकर्षण उसी आकर्षण जैसा बताया गया है जिससे कि विशाखा-तारक-मण्डलको चन्द्रमा अपनी ओर खींचता है—

'विमत्र चित्र यदि विशाखे शशाकलेखामनुवर्त्तेते।' (अंक ३)

चन्द्रकी किरणें यद्यपि स्वय शीतल होती है फिर भी काम-पीडित जनोंको तो जलाती-सी ही हैं (अंक ३, श्लोक० ३)। दिनमे चन्द्रमाकी अनुपस्थिति, कुमुदिनियोंकी समस्त मनोहारिणी सुन्दरताका अपहरण कर लेती है (अंक ४, श्लोक ३)। चन्द्रमा ही कुमुदिनियोंको खिलानेका कारण है (अंक ५, श्लोक ७८)।

उपग्रहोंकी चर्चा नाटकमे बहुत कम है। विशाखा उपग्रह चन्द्रमा-द्वारा खींचा जाता है (देखो ऊपर)। चन्द्रमण्डलकी उपग्रह रोहिणी अपने प्रेमी चन्द्रमासे चन्द्र-ग्रहणके पश्चात् मिलती है (अंक ७, श्लोक २२)। आकाश-मडलके सभी ग्रह-पिण्डोंके ग्रहणोमे केवल चन्द्रमाकी ही चर्चा है (अंक ७, श्लोक २२)। आकाशगंगेके धरातलकी चर्चा अंक ७, श्लोक ७ मे की गई है। आकाश और पृथ्वीके मध्यमे स्थित पक्षियोंके विचरण करने-योग्य स्थानकी चर्चा अंक ५, श्लो० २२ मे की गई है।

२ पृथ्वी आकाश के निम्नाङ्कित व्यापारोंका प्रयोग तुलनाके लिये किया गया है—

सभवत विद्युत्की चर्चा उस कांपते और चमकते हुए प्रकाशके रूपमे की गई है जिसका उद्भव अपार्थिव है (अंक १, श्लो० २४)। प्रात कालीन अरुण प्रकाश, अन्धकारको दूर करनेमे इसलिये समर्थ होता है कि वह सूर्यसे प्रकाश लेता है (अंक ७, श्लो० ४)। वायुका अविराम गतिसे बहना कर्त्तव्य-निष्ठाका द्योतक है (अंक ५, श्लो० ४)। अधडसे बिना हिले-डुले पर्वत सदा स्थिर रहते हैं—'ननु प्रवातेऽपि निष्कम्पा गिरय।' (अंक ६) वायु, कोमल लताओंके रस भरे हरे-हरे पत्तोंको सुखा देता है (अंक ३, श्लो० ८)। पर्वत-श्रेणी, पश्चिमी क्षितिजपर सन्ध्याके मेघोंके परकोटेके समान दिखाई देती है—'सान्ध्य इव मेघपरिघ सानुमानालोक्यते (अंक ७)।

भूरे रंगके राक्षस सन्ध्याके बादलोंके समान प्रकट होते हैं (अंक ३, श्लो० २५)। पृथ्वी पर झुके और पानीसे भरे हुए मेघके समान ही नम्र पुरुष होते हैं (अंक ५, श्लो० १२)। दुष्यन्तने अपनी प्रजाकी सहायताके लिये जो विश्वास दिया उसका उसने सामयिक वर्षाके समान स्वागत किया—'काले प्रवृष्टमिवाभिनन्दित देवस्य शासनम् (अंक ६)।

समुद्रका एक बडी नदीसे सीधा और अविच्छिन्न सम्बन्ध, पुरुवशमेंके प्रसिद्ध उत्तराधिकारीके प्रति शकुन्तलाके हृदयकी प्राकृतिक और उचित अभिलाषाओंको अभिव्यक्त करता है—'तद्युक्तमस्या अभिलाषोऽभिनन्दितुम्।' (अंक ३)

पृथ्वीको आच्छादित करनेवाला समुद्र उसका वस्त्र कहा गया है (अंक ३, श्लो० १८]।

किसी चट्टानसे दो धाराओंमें विभाजित होकर वेगसे बहती हुई नदी राजाके दुविधामें पड़े हुए चित्तको अभिव्यक्त करती है (अङ्क २, श्लो० १७)। बड़ी नदियाँ समुद्रसे पूर्ण रूपसे सम्बद्ध होती हैं—'सागरमुज्झित्वा कुत्र वा महानद्यवतरति।' (अङ्क ३)

नदीकी वेगवती धार, अपने कगारपर स्थित वृक्षोंको नीचे गिरा देती है (अङ्क ५, श्लो० १०)। उमड़ी हुई नदी और मृग-मरीचिकाकी विषमताका प्रयोग अङ्क ६, श्लोक १६ में मिलता है। निराशाकी तुलना मृग-मरीचिकासे दी गई है—'अपि नाम मृगतृष्णिकेव नामचात्रप्रस्ताव.' (अङ्क ७)। नदीकी बहती हुई धाराके वेगसे उसमें उगे हुए नरकट झुक जाते हैं—'यद्वेतस कुब्जलीला विडम्बयति तत्किमात्मन प्रभावेण उत नदीवेगेन' (अङ्क २)।

सरोवरमें स्नान करनेकी कल्पना अङ्क ७, श्लोक १ में है और अपने कगारोंपर उफनाती हुई नदीकी कल्पना अङ्क ५ में है जहाँ कि एक गीत भावावेशसे उफनाता सा कहा गया है—'अहो रागपरिवाहिनी गीति'।

आँसुसे भरे हुए और आनन्दातिरेक सूचित करनेवाले नेत्रोंके वर्णनका भाव भी मूलत कुछ ऐसा ही है (अक ४) जल नीचेसे ऊपर नहीं जा सकता। यह प्रकृति का नियम शकुन्तलाके प्रति स्थिर किए हुए दुष्यन्तके प्रेमको प्रकट करता है (अक ३)। हंस पानीको सभी अलग करता है जब कि वह दूधमें मिलाकर उसे दिया जाय (अक ६, श्लो० २८)। कोमल लताओंपर गर्म जलका नाशकारी प्रभाव अक ४ में वर्णन किया गया है।

पर्वतोंकी विशाल शक्तिका वर्णन केवल एक उपमामें किया गया है। झंझावातके अत्यधिक क्रोधसे भी वे अचल स्थिर रहते हैं (अक ६)। पृथ्वी-तलकी ऊँचाई-निचाईका सकेत अक ६ में है जहाँ पृथ्वीतलके एक चित्रका वर्णन है।

धाससे ढका हुआ कूप उस मनुष्यके समान है जिसने सत्यताका बाना धारण किया हो (अक ५)। पृथ्वीका धरातल बिजली उत्पन्न करनेमें असमर्थ है (अक १)। एक मन्द बुद्धिकी तुलना मृत्पिण्डसे की गई है (अक ६)। पृथ्वीका भार शेषनाग भगवान् वहन करते हैं (अक ५)। पृथ्वी, शासन करनेवाले राजाकी पत्नी कही गई है (अक ३, श्लो० १८)।

खनिज-जगत्से बहुत कम उपमाएँ दी गई हैं, परन्तु जो हैं, उनमें से अधिकाश एकदम मौलिक हैं। चमकीला रत्न, यद्यपि चमकमें अग्निसे मिलता-जुलता है, फिर भी हाथसे स्पर्श किया जा सकता है (अक १)। सूर्यकी किरणें जब सूर्यकान्त-मणिपर पड़ती हैं तब उसमें से जलानेवाली गर्मी निकलती है (अक २, श्लो० ७)। रत्नोंका वेधा जाना अक २, श्लो० १० में वर्णित है। शाणमें घिसकर छोटा कर देनेपर भी रत्नोंमें अत्यन्त चमक आ जाती है (अक ६, श्लो० ६)। स्त्रीके सौन्दर्यकी तुलना रत्नसे की गई है (अङ्क २, श्लो० ६)।

३—[१] वनस्पति जीवन—इसकी उपमाएँ असस्य हैं—

वाटिका और वनकी लताओंमें विषमता दिखाई गई है (अङ्क १)। एक धनी भौंहकी तुलना लताने की गई है (अङ्क ३, श्लोक ११)। पतली और कोमल स्त्री लताके समान होती है (अङ्क ७)। लताएँ वसन्त ऋतुमें खिलती हैं (अङ्क ७)। फूलोंसे भरी हुई लता मधुपको प्रिय अतिथिके रूपमें पाकर प्रसन्न होती है (अङ्क ६)। तपोवनके कुञ्जों शकुन्तलाकी विदाईके

रागम लताएं अश्रुपात करती हैं (अङ्क ४, श्लोक १२)। एक ध्यानावस्थित साधुकी गर्दनके चारों ओर लताओंकी कुण्डली बन गई है (अङ्क ३)।

विशेष पौधों और लताओंसे भी उपमाएँ ली गई हैं। बहुधा कोमलता तथा सौन्दर्यके हे। लिये उनका सन्निवेश किया गया है—

शमी-लता काटनेमें बडी कडी होती है (अङ्क १) और शमीकी लकडीमें स्वयं अग्नि उत्पन्न करनेकी क्षमता होती है (अङ्क ४, श्लोक ४)। वायुसे माधवी-लता सूख जाती है (अङ्क ३)। अतिमुक्तक लता पत्तोंके भारसे झुकी होती है और सहकार वृक्षसे लिपटी रहती है (अङ्क ३)। नवमालिकाके फूलकी कोमलता अधिकतर शकुन्तलाके लिये प्रयुक्त हुई है (अङ्क १) सूर्यकी किरणोंसे नवमालिका फूलपर कालिमा छा जाती है (अङ्क २, श्लोक ८)। कौन ऐसा मनुष्य है जो नवमालिका लतापर गर्म पानी छोडना चाहे ? (अङ्क ४)। फूली हुई वनज्योत्स्ना लताका वर्णन अङ्क १ मे मिलता है। उसे शकुन्तलाकी भगिनी कहा गया है (अक ४)।

कुछ फूलोंका भी उपमाओंके लिये प्रयोग किया गया है—

उप कालमें ओसकणोंसे भरा हुआ कुन्द-पुष्प मधुपको ललचाता है, परन्तु ठंडे ओसके कारण वह उसका रस लेनेसे रोक दिया जाता है (अक ५, श्लोक १६)। नील जलजकी कोमलता और शमीकी कठोरतामें विषमता दिखाई गई है (अक १)। शैवालसे घिरा हुआ कमल मनोहर दीख पडता है (अक १)। कमलके पत्ते पङ्खा झलनेके लिये प्रयुक्त होते हैं (अङ्क ३, श्लोक १६)। राजमार्गकी धूल कमलके कोमल परागकेशरके समान है (अङ्क ४)। मधुपका स्वाभाविक वास-स्थान कमल है (अङ्क ५, श्लोक १)। सुन्दर हाथ रक्त कमलनालके समान दीख पडता है (अङ्क ६)। किसी शिशुका कोमल हाथ उप कालमें खिले हुए कमलके समान दिखाई देता है (अङ्क ७, श्लोक १६)। सूर्यका कुमुदिनीपर हानिकारक प्रभाव पडता है (अक ३, श्लोक १२)। चन्द्रमाके न रहनेपर कुमुदिनीसे भरे हुए सरोवरकी सचमुच दयनीय दशा होती है। (अक ४ श्लोक ३) उसकी उपस्थितिमें वे खिल जाती हैं (अक ५, श्लोक २८)। कमल केवल सूर्यकी उपस्थितिमें खिलते हैं (अक ५, श्लोक २८)। युवावस्था उतनी ही आकर्षक है जितना कि कोई फूल (अक १, श्लोक १६)। जिस सौन्दर्यका आनन्द नहीं लिया गया वह मानो बिना सूँघा हुआ सुगन्धित फूल है (अक २, श्लोक १०)। मधुप एक नवीन पुष्पसे मधु चूसता है (अक ३, श्लोक २२)। वह फूलोंसे मधु चुरानेवाला चोर है (अक ६,)। वसन्तसे लताओंके संयोगकी सूचना वसन्तकी कली देती है (अक ७)। फूलोंका दिखाई देना युवावस्थाकी सूचना देता है (अक १)। ओठ उतने ही लाल होते हैं जितने कि वृक्षोंके लाल पत्ते (अक १, श्लोक २०)। किसी युवतीका अधर इतना ही सुन्दर दीख पडता है, जितना कि हाथसे न छुए हुए वृक्षोंके कोमल पत्ते (अक ६, पृ० ८२, श्लो०)। किसी युवतीका निष्कलंक सौन्दर्य अस्पृष्ट कोमल कोंपलके समान होता है। (अक २, श्लोक १०) हथेलियोंका रंग वृक्षोंकी नवीन शाखाओंसे होड लेता है (अक ४, श्लोक ५)। लाल कोंपलों और सूखी हुई पत्तियोंमें विषमता दिखाई गई है (अक ५, श्लोक १३)। एक होनहार शक्तिशाली नवयुवककी तुलना विशाल वृक्षकी प्रशाखासे की गई है (अक ७, श्लोक १६)। वृक्षोंकी

पत्तियाँ मानो उनकी उँगलियाँ हैं जो दर्शकोंको अपने पास आनेके लिये बुला रही हैं (अक १)। वृक्षोंकी शाखाएं उनकी भुजाएँ हैं जिनसे वे शकुन्तलाका आलिङ्गन करती हैं। (अक ४)। फलोंके भारसे झुके हुए वृक्ष, कृपालु मनुष्यकी नम्रता प्रकट करते हैं (अक ५, श्लोक १२)। आत्मिक विचारोंमें लीन व्यक्ति, वृक्षके तनेके समान मौन होता है (अक ७) वृक्षोंकी जडें तपस्वियोंके निवास-स्थान हैं (अक ७, श्लोक २०)।

वृक्ष शकुन्तलाके मित्र हैं (अक ४, श्लो० १०)। वे सूर्यका अत्यधिक ताप सहन करते हैं और अपने नीचे आए हुए लोगोंको शरण देते हैं अक ५, श्लो० ७)।

आइए, अब कुछ विशेष वृक्षों और पौधोंपर विचार करें। केवल सहकार या आम्रवृक्ष ही अतिमुक्तकका भार सहन कर सकता है। वह वनज्योत्स्ना लताका भी प्रेमी है (अक १) और नवमालिकाका भी (अक ४)। कमलमें अपना निवास-स्थान बना लेनेपर भ्रमर आम्रमंजरियोंकी तनिक भी चिन्ता नहीं करता (अक ५, श्लो० १)। ये तो वसन्तके प्राण ही हैं (अक ४)। ये भ्रमरोंपर मादक प्रभाव डालती हैं (अक ६)। नदीकी धाराओंके वेगवान् प्रवाहसे नरकट झुक जाते हैं (अक २)। ईखकी चर्चा अक ३ में की गई है। चन्दन वृक्ष, यद्यपि अपने पास आनेवाले सभी जीवोंको प्रसन्न करता है तथापि अपने भीतर कृष्ण सर्प रखनेके कारण वह स्वयं निन्द्य समझा जाता है (अक ७, श्लो० १८)। जब शकुन्तला केसर-वृक्षकी जड़के पास बैठती है तो वह ऐसा लगता है मानो उससे कोई लता लिपटी हो (अक १)। मसुरोंकी तुलना काँटोंसे की गई है (अक ७, श्लोक ३)।

कृषि सम्बन्धी उपमाएँ बहुत कम हैं—

समयपर बोए हुए बीज बहुत अधिक अन्न उत्पन्न करते हैं (अक ६, श्लो० २४)।

(२) पशु-जीवन—पशु-जीवन अपने साथ पशु-शरीरके सभी विकार भी लाता है। इनका भी उपमाओंमें प्रयोग किया गया है—

दुष्यन्त एक रोगसे दुखी कहा गया है और वह रोग 'शकुन्तला' है (अक ६)। दुष्यन्तकी दशा लगभग पूर्णत निराशा-जनक है। एक फोड़ेके ऊपर छोटी फुन्सीका होना अक २ में दिखाया गया है। विदूषककी असह्य भूख उसे ही खाए डाल रही है (अक ६)।

उपमाओंमें कुछ पशुओंका प्रयोग इसलिये हुआ है कि अन्य पदार्थोंके समान उनसे स्पष्ट मिलनेवाले गुणोंकी व्याख्या की जा सके—

हरिण, संस्कृत काव्यमें तुलनाका साधारण मापदण्ड है। शकुन्तलाके नयन हरिणीके नेत्रोंके समान हैं (अक १, श्लोक २४) और वे हरिणके नेत्रोंके समान भी हैं (अक ६, श्लो० ७)। शकुन्तलाके कटाक्षोंके समान दिखाई देनेवाले मृगीके सुन्दर कटाक्ष, राजाको उसे मारनेसे रोकते हैं (अक २, श्लोक ३)। मृग-शावकको शकुन्तलाका पोष्य पुत्र कहा गया है (अक ४, श्लो० १४)। अगाध मृगया प्रेमके कारण पर्वतोंपर भ्रमण करते हुए राजा, वनैले हाथीके समान जान पड़ते हैं (अक २, श्लो० ४)। दिनके कार्योंको समाप्त करके विश्राम करता हुआ राजा हाथियोंके उस स्वामीके समान दीख पड़ता है जो उन्हें अपने चरागाहोंमें छोड़कर एक शीतल-स्थानमें बैठकर विश्राम कर रहा हो (अक ५, श्लो० ५)। विदूषककी अच्छी तरह हजामत बनाकर मातलि, अपनी तुलना उस बाघसे करता है जो किसी छटपटाते हुए पशुपर झपटा हो (अक ६,

श्लो० २७)। बिल्ली-द्वारा पकड़ा हुआ चूहा जीवनसे निराश हो जाता है (अंक ६)। सर्प जब क्रोप करता है, तब अपना फण फैला लेता है (अंक ६, श्लो० ३१)। कृष्ण-सर्प अपनी उपस्थितिसे चन्दन वृक्षको अपवित्र करता है (अंक ७, श्लो० १८)। आश्रमके वृक्षोपर जमी हुई धूल टिड्डी-दलके समान दिखाई देती है (अंक १, श्लोक २९)। कोमल आम्र-मञ्जरियोंको देखकर प्रसन्नतासे मस्त हो जाता है (अंक ६)। वृक्षोंसे आता हुआ कोकिलका मधुर कूजन, मानो शकुन्तलाके, पतिगृह जानेके समय आदेश है (अंक ४, श्लोक १०)। कोकिला कौओंके घोंसलेमे पली हुई मानी गई है (अंक ५, श्लोक २२)। चकई पक्षीकी चर्चा अंक ३ मे की गई है। उसकी 'पी कहाँ' की ध्वनि उसके जोड़ेके वियोगके दुःखकी सूचना देती है (अंक ४)। मधुप बड़ी सावधानी और कोमलतासे किसी फूलका मधु-रस चूसता है (अंक ३, श्लोक २२)। इसके लिये यह भी कहा गया है कि यह आम्र-मञ्जरियोंको चूसकर कमलोंमे प्रवेश कर जाता है (अंक ५, श्लोक ८)। *यह प्रातःकालकी ओससे भरे हुए कुन्द फूलका रस नहीं ले सकता है (अंक ५)। यह फूलोंसे* युक्त लताका बहुत ही प्रिय अतिथि है (अंक ६)। भ्रमरी, अत्यधिक प्रेमके कारण बिना अपने प्रेमीके मधु नही पी सकती (अंक ६, श्लोक १९)। किसी स्थानपर मक्खियोंका न रहना वहाँ पूर्ण शान्तिका द्योतक है (अंक २, अंक ६)।

४ गृह-जीवन—ज्ञानके इस विभागसे दी गई उपमाएँ अनेक प्रकारकी और घरेलू हैं—

जिस मनुष्यको खजूरसे अरुचि हो गई है, वह इमली खानेकी इच्छा कर सकता है (अंक २)। साथ मधुकी चर्चा अंक २, श्लोक १० मे की गई है। कामिनी स्त्रियाँ मधुर बोली बोलती हैं (अंक ५)। राजाको भी मधुर-भाषी कहा गया है (अंक ५)। ईखका वर्णन छठे अंकमे मिलता है। तूल-राशिको जलाकर नष्ट करनेके लिये अग्निकी एक चिनगारी पर्याप्त है (अंक १, श्लोक १०)। अग्निके छेड़नेपर वह चमकती हुई शिखामे बल उठती है (अंक ७, श्लोक ३१)। अग्निके अतिरिक्त और कोई साधन वस्तुओंको नष्ट करनेवाला नही है (अंक ४)। दीपकके पास रहनेपर भी यदि उसे परदेसे ढक दिया जाय तो मनुष्यको अन्धकार ही दीख पड़ता है (अंक ४)। जल नीचेसे ऊपर उसी प्रकार नही जा सकता जिस प्रकार राजा का हृदय शकुन्तलाकी ओरसे नही फिर सकता (अंक ३)। राज्य शासनकी तुलना उस छत्रसे दी गई है जिसका दण्ड हाथमे धारण किया हुआ हो (अंक ५, श्लोक ६)। *गर्दसे भरा हुआ दर्पण स्पष्ट प्रतिबिम्ब नही देता है, परन्तु वही स्वच्छ कर* देनेपर बड़ी सरलतासे स्पष्ट छाया प्रतिबिम्बित करता है (अंक ७, श्लो० ३२)। इन्द्रका वज्र किसी स्त्रीके आभूषणके समान था, क्योंकि असुरोंके युद्धमे वह व्यर्थ सिद्ध हुआ (अंक ७, श्लोक २६)। एक रेशमी झंडा पीछेकी ओर फरफराता है यद्यपि इसका दण्ड आगेकी ओर ले जाया जाता है, ठीक यही दशा राजाके मनकी भी उस समय थी जब वह शकुन्तलासे प्रथम प्रेम करके अपनी राजधानीकी ओर लौट रहा था (अंक १, श्लोक ३१)। तपस्या तपस्वियोंका धन है (अंक ४, श्लोक १)। मन और शरीरका संयम स्वयं एक कोष है (अंक ४, श्लोक १७)। कन्या धरोहर है (अंक ४, श्लोक १२)। शास्वत और विलासी नागरिकोंमे वही सम्बन्ध है जो स्नान किए हुए और तेल लगाए हुए मे, शुद्ध और अशुद्ध व्यक्तिमे, पूर्णतः जगे हुए और सोए हुएमे और बन्धन-युक्त तथा स्वतन्त्र मनुष्यमे है (अंक ५, श्लोक ११)।

कौटुम्बिक सम्बन्धोंका भी प्रयोग उपमाओंमे हुआ है। इस नाटकमे छोटे पैमानेपर प्राचीन

भारतीय जीवनका अनेक रूपोंमे आदर्श चित्र खींचा गया है, अत, यह स्वाभाविक ही है कि इन सम्बन्धोंको महत्त्वपूर्ण स्थान दिया जाय। पत्नीका पतिपर स्वाभाविक प्रभाव अंक ७, श्लोक ३२ मे वर्णित है। आम्रवृक्ष, नवमालिकाका पति है (अङ्क ४, श्लोक १३)। पृथ्वी, शासककी पत्नी है (अङ्क ४, श्लोक २०)। भ्रमर-भ्रमरीकी चर्चा अङ्क ६, श्लोक २० मे की गई है।

पैतृक-प्रेमका निरूपण करनेवाली उपमाएँ निम्नाङ्कित है—

पशुओंको सन्तान समझना चाहिए (अङ्क ७, श्लोक १८)। एक मृगशावक तो शकुन्तलाका पोष्य पुत्र था (अङ्क ४, श्लोक १४)। राजा अपनी प्रजाकी रक्षा अपनी सन्तानके समान करता है (अंक ५, श्लोक ५)।

भ्रातृ सम्बन्धको सूचित करनेवाली उपमाएँ भी ध्यान देने योग्य हैं—राजाको प्रजाका बन्धु कहा गया है (अङ्क ५, श्लोक ७ और अङ्क ६, श्लोक २३)।

५ सामाजिक जीवन—प्राचीन भारतमे अतिथि-सत्कार बहुत बडा धर्म माना जाता था। इन्द्र-द्वारा दुष्यन्तके सम्मानका विशद वर्णन अङ्क ७ में मिलता है। मधुप, फूलोसे भरी हुई लताओंका प्रिय अतिथि है (अङ्क ६, श्लोक १६)। व्यक्तियोको पुकारनेके शिष्टाचारका वर्णन अंक ५ मे मिलता है। बिना दूसरेके हृदयको भली भाँति समझे, जो मित्रता शीघ्रतामे की जाती है वह अवश्य शत्रुतामे परिणत हो जाती है (अंक ५, श्लोक २४)। सज्जन सदा अपने मित्रोको कृपा-दृष्टिसे देखते हैं (अंक ६, श्लोक २६)। कृपाके आदर्श रूपकी उपमा किसी मनुष्यको शूलीसे उतारकर हाथीपर चढा देनेसे दी गई है (अंक ६, श्लोक २)।

कुछ मित्रता विरोधी उपमाओंका विषय कपट है—

राजाकी उपमा मधुरभाषी कपटीसे दी गई है (अंक ५)। उसकी तुलना चोरसे भी की गई है (अङ्क ५, श्लोक २०)। भ्रमरको ऐसा चोर कहा गया है जो फूलोंसे मधु चुराता है (अंक ५, श्लोक १०)। जनसकुला नगरीकी उपमा भीडसे घिरे हुए उस घरसे दी गई है जिसमें आग लग गई हो (अङ्क ५, श्लोक १०)। बन्दी होनेकी भावना अंक ६, श्लोक २० मे निहित है, जहाँ राजा उस भ्रमरसे ईर्ष्या करता है जिसे कविने शकुन्तलाके मुँहपर मँडराते हुए चित्रित किया है। राजा चाहता है कि मैं भी कमलमे बन्द हो जाता। जान-बूझकर दुष्टता करनेसे कुछ लोगोंको जो प्रसन्नता होती है उसका वर्णन दैनिक जीवनकी तद्वत् घटनासे किया गया है—अर्थात् किसी मनुष्यकी आँख इस प्रकार खोद देना कि उसमे आँसू निकलने लगें और फिर उससे इसका कारण पूछना (अंक २)। सैनिक-जीवन, मृगया और अन्य क्षेत्रोंसे सम्बन्ध रखनेवाली उपमाएँ भी मिलती हैं। सूत्रधार अपनी प्रियाके मनोहर आलापसे उसी प्रकार आकर्षित किया जाता है जिस प्रकार दुष्यन्त सवेग दौड़नेवाले हरिणसे (अंक १, श्लोक ५) पुनः अंक १, श्लोक ६ मे दुष्यन्तकी तुलना शिवसे की गई है जो हरिणका पीछा कर रहे हैं। किसी विश्वासघातीके दिखावटी धर्मावरणकी तुलना कवचसे की गई है (अंक ५)। किसी पश्चात्ताप करते हुए हृदयके शोकोद्गार वैसे ही हैं जैसे उस हृदयमें होते हैं जो विष-बुझे बाणफलकसे बेधा गया हो (अंक ३, श्लोक ६)। ऐसा बाणफलक निकाल लिया जाता है तो जैसा सुख उस मनुष्यको होता है जिसके हृदयसे वह बाण निकाला जाता है उसका वर्णन अंक ७ मे मिलता है। धनुष्टङ्कारकी तुलना किसी वन्य पशुके गर्जनसे की गई है (अंक ३, श्लोक १)।

पृथ्वीकी कल्पना एक ऐसी गेंदके समान की गई है जो आकाशमें ऊँचे फेंक दी गई हो (अंक ७, श्लोक ८)।

६ धार्मिक जीवन—योग्य पति पानेके लिये शकुन्तलाको उसकी सखियाँ उस समुचित घटनासे उपमा देती हुई बधाई देती हैं जिसमें होता द्वारा धुएँसे ढकी हुई अग्नि न देखी जानेपर भी हव्य ठीक यज्ञकी अग्निमें ही गिरता हो। शकुन्तलाकी उपमा अच्छे शिष्यको दिए हुए ज्ञानसे दी गई है, क्योंकि ऐसे ज्ञानके नष्ट होनेकी चिन्ता कर्त्ताको नहीं करनी पड़ती (अंक ६) मातलि-द्वारा बड़ी कठोरतासे पकड़े जानेपर विदूषक अपनी तुलना उस बलि-पशुसे करता है जो अब मारा ही जाने-वाला हो (अंक ६)।

निम्नाङ्कित उपमाएँ, कर्म और मोक्षके दो धार्मिक सिद्धांतोंको स्पष्ट करती हैं—

पूर्व जन्ममें किए गए अनेक कर्मोंका फल पकता है (अंक २, श्लोक १०) यदि किसी साधुको अप्सराओंने मोहित कर लिया तो उसके लिये मोक्ष पानेकी एकदम सम्भावना नहीं है (अंक ५)।

७ पुराण और अन्य साहित्य ज्ञानके मूलसे ली गई उपमाओंसे स्पष्ट हो जाता है कि पौराणिक कथाओं और कहानियोंकी प्राचीन पुस्तकोंका कालिदासको बहुत गम्भीर ज्ञान था।

शिवजीका हरिणके पीछे दौड़नेकी कल्पना पुराणोंसे ली गई है (अंक १, श्लोक ६)। लक्ष्मीजी, जो सौन्दर्यका केवल एक ही माप-दण्ड है, यदि बढ़ कर नहीं तो शकुन्तलाकी समतामें रक्खी हुई जान पड़ती हैं (अंक २, श्लोक ९) दुविधामें पड़े हुए किंकर्त्तव्यविमूढ़ चित्तकी सटीक तुलना स्वर्ग और पृथ्वीके बीचमें लटके हुए त्रिशंकुसे की गई है (अंक २) विशाखा उपग्रह और चन्द्रकलाकी चर्चा (अंक ३) का मूल यह ज्योतिष तथ्य है कि विशाखा उपग्रह चन्द्रमाके पास उस समय दिखाई देता है जब कि आकाश धवल रहता है और बहुत तीव्रता चमकता है अर्थात् वैशाख और ज्येष्ठके महीनेमें।

प्राचीन पौराणिक कथासे ययाति और शर्मिष्ठाका उल्लेख किया गया है (अंक ४, श्लोक ७)। वामनाओंपर आधिपत्य करनेवाले साधुओंके विरुद्ध मोहनेवाली युक्तियोंका प्रयोग करनेके लिये स्वर्गिक अप्सराओंका वर्णन अंक ५ में मिलता है।

रथमें जोते हुए घोड़ोंके साथ सूर्यका और पृथ्वीका भार वहन करनेवाले शेषनागका वर्णन अंक ५, श्लोक ४ में मिलता है। सूर्यके सात घोड़े हैं, इसकी चर्चा अंक ६, श्लोक ३० में की गई है। सूर्यके सारथी अरुणके विषयमें कहा गया है कि वह अपने स्वामीसे शक्ति लेकर अन्धकारका नाश करता है (अंक ७, श्लोक ४)।

विषोंका विष कालकूट, राजाके रनिवासके विषमय प्रभावको बतलाता है (अंक ६, श्लोक २१)। दुष्यन्त अपने उन पूर्व पुरुषोंका काल्पनिक चित्र खींचते हैं जो पुत्रके न रहनेपर आवश्यक पिण्डोदक नहीं पायेंगे (अंक ६, श्लोक २५)। दुष्यन्त और इन्द्रमें इसके अतिरिक्त और कोई अन्तर नहीं है कि इन्द्रका रथ पृथ्वीपर उसे बिना स्पर्श किए चलता है और दुष्यन्तका स्पर्श करते हुए चलता है। मारीचके आश्रममें रहते हुए दुष्यन्त अपनेको गहरे अमृत-सरोवरमें बैठा हुआ समझते हैं, क्योंकि स्थानका वायुमण्डल आनन्दसे भरा हुआ है (अंक ७, श्लोक १)। रोहिणी और चन्द्रमाके प्रेमसे सम्बद्ध कथाके साथ-साथ चन्द्रग्रहणके पौराणिक अभिप्रायका प्रयोग अंक ७, श्लोक २२ में किया गया है, जिसमें शकुन्तला और दुष्यन्तका वियोग और

सयोग दिखाया गया है। अक ७, श्लोक २८ मे दुष्यन्तकी तुलना इन्द्रसे, उनके पुत्रकी इन्द्रके पुत्र जयन्तसे और शकुन्तलाकी पौलोमीसे की गई है।

दुष्यन्तने इन्द्रके वैरी असुरोंके कुलका नाश कर दिया, अत उनकी तुलना विष्णुके चौथे अवतार नृसिंह से की गई है (अङ्क ७, श्लोक ३)।

८ ललित कलाएँ—कालिदासके ग्रन्थोंमे ललित कलाओंसे सम्बन्ध रखनेवाले उद्धरण इस बातको सिद्ध करते हैं कि कवि होनेके अतिरिक्त उनको काव्यसे सम्बद्ध चित्रविद्या और गायन आदि अन्य कलाओंका भी बहुत गम्भीर ज्ञान और तत्सम्बन्धी आलोचनात्मक अन्तर्दृष्टि थी।

प्रेक्षागृहमे रङ्गमञ्चके मधुर गानोंको उत्सुकता और ध्यानसे सुननेवाले श्रोताओंको चित्र-लिखित व्यक्तियोका समूह कहा गया है (अङ्क १)। किस प्रकार कोई कलाकार एक आदर्श चित्र चित्रित करते समय उसमे सभी सुन्दर रूप निहित करनेका प्रयत्न करता है इसका बहुत अच्छा वर्णन अङ्क २, श्लोक ९ मे मिलता है जहाँ राजा, शकुन्तलाके अपार सौन्दर्यसे चौंधिया कर उसकी उत्पत्तिके विषयमे अनेक प्रकारकी भावावेशपूर्ण कल्पनाओंमे लीन हो जाता है। चित्र-कलाका दूसरा सिद्धान्त कि चित्रमे बनाई हुई वस्तुएँ अपनी ऊँचाई-निचाईके अनुसार होनी चाहिए, अङ्क ६ मे समझाया गया है, जहाँ राजा द्वारा बनाया हुआ चित्र विस्तारसे वर्णित है। उसी चित्रके वर्णनमे कहा गया है कि वह तपोवनके पौधोको सीचनेके कारण किञ्चित् श्रान्त चित्रितकी गई है। (अङ्क ६)।

गायन-सम्बन्धी उपमाएँ 'शकुन्तला' में बहुत कम हैं, यद्यपि कालिदासके अन्य ग्रन्थोंमे और अधिक मिल जायेंगी। गायनका आवेशमय रूप अक ५ मे निहित है जहाँ राजा अपनी प्रथम कृपा-पात्रा हसपदिकाके गायनकी बडी प्रशसा करता है।

९ मानसिक दशाएँ—परिष्कृत मस्तिष्क या विकृत मस्तिष्ककी दशाओंका वर्णन करनेवाली उपमाएँ और साथ ही साधारण अनुभवोंसे सम्बन्ध रखनेवाली उपमाएँ भी मिलती हैं—

पागलके प्रलापमें अनुबन्धकी आशा नही की जा सकती (अङ्क ४, श्लोक १)। कामोन्मत्त विचारोंके आवेशमे अपनी अँगूठीसे बातचीत करते हुए राजा की तुलना पागलसे की गई है (अङ्क ६)। अन्धा मनुष्य अपने सिरपर फेंकी हुई माला को भ्रम-वश सर्प समझता है (अङ्क ७, श्लोक २४)। स्वप्नमे अनुभव किए हुए, एक तान्त्रिक द्वारा उत्पन्न किए गए अथवा मस्तिष्ककी तल्लीनताकी कमीसे पैदा हुए मति-भ्रमोकी ओर अक ६, श्लोक १० मे सकेत किया है।

पृथ्वीकी ओर सीधे उतरते हुए इन्द्रके रथकी अत्यन्त द्रुति गति एक प्रकारका ऐसा भ्रम उत्पन्न करती है मानो अचानक दृष्टिपथमे आते हुए पर्वत शिखरोंसे पृथ्वी स्वय नीचे उतर रही हो (अक ७, श्लोक ८)। विश्वसनीय साक्ष्यपर आश्रित निष्कर्षके द्वारा किसी वस्तुके मिथ्या ज्ञानसे सत्यज्ञानमे होनेवाले परिवर्तनका वर्णन अक ७, श्लोक ३१ मे किया गया है। अब ७, श्लोक ३१ से हम जानते हैं कि कुछ विषयोंमे हमारी निजी अभिरुचि किस प्रकार मृत वस्तुओंको भी जीवित कर सकती है।

१० भाव-जगत्—किसी भी ग्रन्थमे उपमाओंके प्रयोगका मुख्य तात्पर्य यह है कि स्थूल उदाहरणो द्वारा सूक्ष्म भाव स्पष्ट किए जायें। परन्तु शेली आदि कुछ आग्ल कवियोंकी भाँति कालिदासको भी हम इस क्रमागत पद्धतिके विरुद्ध पाते हैं। बहुधा व्यक्तीकृत भाव उपमाका माप-दण्ड हो जाता है। भाव-सम्बन्धी उपमाओंके निम्नाङ्कित उदाहरण हैं—

राजाके रथसे डरकर एक हाथी, कण्वके पवित्र लता-वितानमें इस प्रकार घुसता है मानो वह उनकी तपस्याका मूर्तिमान् विघ्न हो (अंक १, श्लोक ३०)। अंक ७, श्लोक १३ में शकुन्तला, जो वास्तवमें राजाकी कामनाका लक्ष्य थी, स्वयं कामना-रूपमें अंकित की गई है। दुष्यन्त, शकुन्तला और उनके पुत्र सर्वदमनके प्रेम-मिलनकी उपमा विश्वास, भाग्य और कर्मके आकस्मिक योगसे दी गई है (अङ्क ७, श्लोक २९)। शकुन्तलाके निर्दोष सौन्दर्यकी तुलना महान् कृत्योंके पूर्ण फलसे की गई है (अङ्क २, श्लोक १०)। पश्चात्ताप करता हुआ राजा शकुन्तलासे अपने प्रथम प्रेम-प्रदर्शनकी तुलना उतने ही कम पारितोषिकसे करता है (अंक ६, श्लोक १०)।

दूसरे व्यक्तीकृत भावोंके उदाहरण भी प्रायः मिल जाते हैं—

दोषोंके कारण बहुतसे अनिष्ट होते हैं (अंक ६)। भाग्य सचमुच सर्वव्यापी है (अङ्क ६) महामनाकी महत्वाकांक्षाएँ वास्तवमें ऊँचे उड़ा करती हैं (अङ्क ७) दुष्यन्तकी प्रसिद्धि स्वर्गके धरातल-पर स्थित है (अङ्क ७)। भूख विदूषकको प्रायः खा गई है (अंक ६)।

११ काव्य-सम्बन्धी या अन्य रूढ़ियाँ—

सभी संस्कृत-साहित्य-प्रेमियोंका सत्य कथन है कि बहुतसी भावनाएँ जो प्रारम्भमें आवेश और ओजसे भरी हुई थीं उनमें यद्यपि अतिशयोक्ति थी फिर भी वे पिछले खेवेके कवियोंके हाथमें पड़कर सर्वथा रूढिबद्ध और निर्जीव-सी हो गईं। अतः इसमें सन्देह नहीं कि हमको शुद्ध स्वर्ण-के साथ-साथ कालिदासकी रचनाओंमें कुछ निम्न कोटिकी धातुओंका मिश्रण भी मिलता है यद्यपि उनमें कल्पनाकी कीमिया भी पर्याप्त है।

काम-पीड़ित मनुष्यपर चन्द्रमाकी शीतल किरणें अग्निकी वर्षा करती हैं (अङ्क ३, श्लोक ३)। काम-पीड़ित मनुष्योंका रूढ वर्णन 'शकुन्तला' में भी वैसा ही है जैसा प्राचीन पुस्तकोंमें मिलता है, क्योंकि अनसूया यह आलोचना करती हुई पाई जाती है कि उपर्युक्त वर्णन उसकी सखी शकुन्तलाके लिये उपयुक्त ही है (अङ्क ३, श्लोक १४)। लताके साथ भौंहोंकी तुलना बहुत पुरानी है (अङ्क ३, श्लोक १३)। कुमुदिनियोंपर चन्द्रमाका प्रभाव प्रायः सभी संस्कृत-काव्योंमें उद्धृत है, यह उपमाओंमें सबसे अधिक नीरस है (अङ्क ३, श्लोक १५)। पृथ्वी, राजाकी पत्नी समझी गई है (अंक ३, श्लोक १८)। चकवा-चकवीका वियोग एकदम रूढिगत है (अंक ३, श्लोक ३)। चन्दन वृक्षके आश्रय-स्थान मलय पर्वतका वर्णन अंक ४, श्लोक १२में मिलता है। कोकिलाके बच्चोंका पालन पोषण कौओंके घोंसलेमें होता है (अंक ५, श्लोक २२)। अब प्रकृतिवादी ही इस उक्तिके सत्यकी जाँच करें। कामदेवका धनुष और बाणसे सुसज्जित दिखलाना योरोपीय और संस्कृत काव्यमें समान है (अंक ५, श्लोक २३, अंक ६, श्लोक ४) आम्रमञ्जरी कामदेवका छठा अस्त्र है (अंक ६, श्लोक ३, अंक ६, श्लोक ८)। आम्रमञ्जरियोंको देखकर भ्रमरोंका मदमस्त होना यद्यपि स्वाभाविक है फिर भी यह काव्य-सौन्दर्य प्राप्त करनेके लिये एक प्रवेश-पत्र सा हो गया है (अंक ६)। दूध और जलके मिश्रणसे केवल दूध चूस लेना और जलको छोड़ देना हंस-पक्षीका विशेष गुण है। यह एक दीर्घकालिक रूढोक्ति है (अंक ६, श्लोक ८)।

कुछ साधारण निष्कर्ष—

उपरिलिखित विचारोंकी सारिणी से भली भाँति स्पष्ट हो जायगा कि साधारण बातोंमें असाधारणके प्रति कालिदासकी भावुकता बहुत ही तीव्र थी। अपने विश्लेषणके निष्कर्षोंसे भी मुझे यह

लिखनेमें प्रसन्नता है कि उनकी बुद्धि सचमुच विस्तृत थी और इस बुद्धिने अपने घेरेमें आई हुई प्रत्येक वस्तुको उचित स्थान दिया। उनका प्रकृति-ज्ञान एकदम नया था। दुष्यन्तके प्रथम प्रेमने एक स्थायी स्थान बना लिया है। वह कहता है—

न च निम्नादिव सलिलं निवर्तते मे ततो हृदयम्।

[अपने प्रेम-पात्र को छोड़ना मेरे लिये उतना ही असम्भव है जितना कि नीचे बहते हुए जल को ऊपर-चढ़ा ले जाना।]

शब्द चित्रमें कोई उपमा, पहले पशुओंकी खुरसे उठाई गई और फिर कण्वके तपोवानके वृक्षोंपर स्थित धूलसे अधिक कलाका प्रदर्शन नहीं करती। धूलके जमावकी तुलना टिड्डी दलसे की गई है—

शलभसमूह इव रेणु ···· पतति। क्या यह उपमा कालिदासके प्राकृतिक दृष्टिकोणकी नवीनता नहीं सूचित करती? क्या उनमें प्रत्यक्ष संकेतों द्वारा वस्तु प्रदर्शित करनेकी विचित्र शक्ति नहीं है जिनको टेनिसन या ब्राउनिङ्ग या अन्य कवि और अधिकतासे दिखलाते हैं?

उनके प्राकृतिक ज्ञानके सम्बन्धमें दूसरी ध्यान देने-योग्य बात यह है कि उन्होंने मनुष्य और प्रकृतिके बीच कोई विभाजन-रेखा नहीं खींची है। समाजमें मनुष्योंका सम्बन्ध पौधोंके पारस्परिक सम्बन्ध-द्वारा समझाया गया है। विशेषत 'शकुन्तला' मे वनस्पति और पशु-जीवनके सभी अन्तर बिल्कुल निकाल दिए गए हैं और पूर्ण जीवन हमारे समक्ष रक्खा गया है।

दुष्यन्तके सम्पूर्ण अनुभवका वर्णन विस्तारसे करनेके लिये कल्पनाके बहुत ही उत्कृष्ट रूपकी आवश्यकता है। उदाहरणार्थ—किस प्रकार नीचे उतरते समय पृथ्वी दुष्यन्तकी ओर सुढ़का दी गई सी जान पड़ती है, इसका प्राञ्जल वर्णन-अङ्क ७, श्लोक ८ मे किया गया है। कालिदासके समयमें वायुयान नहीं थे फिर भी विचित्रता यह है कि पूराका पूरा वर्णन, एच० जी० वेल्स-द्वारा अपने लेखमे दिए गए उस वर्णनसे मक्षिका स्थाने मक्षिका मिल जाता है जिसमें उन्होंने अपना प्रथम वैमानिक अनुभव हमे बताया है।

फिर भी मैं इस बातपर बल देता हूँ कि सभी उपमाएँ बुद्धिमत्ताकी सूझ नहीं हो सकतीं। ससारकी अन्य वस्तुओंके समान उपमाओंका भी अपना निजी सौन्दर्य होता है। प्रथम तो उन्हें उचित होना चाहिए। जब किसी पण्डितमानीने किसी ऊँची मीनारको देखकर इस प्रकार आलोचनाकी "यह गृहका कैसा निरर्थक वाक्यांश है" तो उसने सचमुच विधुता या कवि होनेकी अपनी अयोग्यता प्रकट की।

कालिदासकी उपमाओंमें यह औचित्य निश्चय ही है, इसका विवरण कुछ उदाहरणोंसे चल जायगा। प्रियम्वदा अपनी सखी शकुन्तलाको योग्य पति पानेपर बधाई देते हुए कहती है :—

दिष्ट्या धूमाकुलितदृष्टेरपि यजमानस्य पावक एवाहुतिः पतिता।
वत्से! सुशिष्यपरिदत्ता विद्येवाशोचनीयासि संवृत्ता।

उपमाओंका औचित्य और सौन्दर्य इस बातमें समझा जाता है कि कविमें यह शक्ति हो कि वह धार्मिक जीवनसे उदाहरण लेकर सांसारिक सम्बन्धको समझा दे।

दूसरी ओर विदूषकके हाथमें पड़कर प्रत्येक गम्भीर और पवित्र विचार असंस्कृत और हास्यास्पद हो जाते हैं। जब मातलि उसे भली प्रकार पीट चुकता है तो वह कहता है—

इष्टिपशुमारं मारितः।

दूसरे स्थलपर दुष्यन्तके प्रेमोन्मत्त हो जाने पर वह कहता है—

'लङ्घित एष भूयोऽपि शकुन्तलाव्याधिना'।

बर्गसेंका हास्य-सिद्धान्त विदूषककी चरित्र-सृष्टिमें भली भाँति दिखाया गया है, क्योंकि आत्माके विषयमें बातचीत करते हुए वह सर्वदा शरीर और उसके असंस्कृत प्रेमकी ओर ही निर्देश करता है।

उपमाओंके अन्य गुण जैसे वैचित्र्य, वैविध्य आदिका विशेष रूपसे वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे ऊपर दी हुई उपमाओंके मूल स्रोतोंके विभागोंसे स्पष्ट हो गए हैं।

अंगरेजी साहित्यका विद्यार्थी मिल्टन अथवा होमरमें अधिकतासे मिलनेवाली लम्बी पूँछोवाली उपमा न पाकर आश्चर्यमें पड़ जाता है। किसी विचारको जान-बूझकर पीट-पाटकर बढ़ाना, कृत्रिमता ही सूचित करता है, चाहे वह कितनी ही चतुराईसे क्यों न किया जाय, क्योंकि मौलिक रचनाके लिये वह किसी प्रकार भी सहायक नहीं है। बनावट कभी मौलिक रचनाके समकक्ष हो भी नहीं सकती। कालिदासकी प्रायः सभी उपमाएँ सीधी-सादी हैं और वे भारतीय मस्तिष्कपर अपना प्रभाव डालती हैं क्योंकि वे उस भारतीय सभ्यताका चित्रण करती हैं जिसका पालन-पोषण वनमें हुआ है न कि यूनानी और रोमन सभ्यताकी भाँति नगरकी चहार-दीवारीके भीतर। अतः उन सभीमें वह स्वातन्त्र्यकी झलक दिखाई देती है जो प्रकृतिके शक्तिशाली प्रभावके दैनिक सम्पर्कसे ही सम्भव है।

कालिदासकी छन्दोयोजना

[श्री पण्डित रामगोविन्द शुक्ल, न्याय-व्याकरण-साहित्याचार्य, काशी]

जैसे विभिन्न प्रकारके उच्चारणके लिये विभिन्न प्रकारसे कण्ठतालुके अभिघातोंका विधान है और जैसे विभिन्न प्रकारके वर्ण पृथक् पृथक् रस, भाव तथा अलंकार आदिके व्यञ्जक हैं वैसे ही उन-उन रसोंकी व्यञ्जनाके लिये भिन्न-भिन्न छन्दोंका भी विधान है जैसे शृङ्गार रसके व्यञ्जक वर्णोंके द्वारा ही शृङ्गार रसकी सिद्धि होती है वैसे ही छन्दोंके विषयमेंभी यह विचार किया गया है कि किस छन्दमें रचा हुआ काव्य किस रसकी पुष्टिके लिये अधिक उपयुक्त होगा। उसका तात्पर्य यह है कि केवल शब्द-योजना ही काव्यमें रस-सिद्धिके लिये पर्याप्त नहीं होता, उसके लिये छन्दोयोजना भी उतनी ही अधिक अपेक्षित है। महाकवि क्षेमेन्द्रने अपने सुवृत्त-तिलकमें कहा है कि—

> काव्ये रसानुसारेण वर्णनानुगुणेन च।
> कुर्वीत सर्ववृत्तानां विनियोगं विभागवित् ॥

(काव्यमें रस तथा वर्णनीय वस्तुके अनुसार छन्दोयोजना ठीक समझकर छन्दोंका विनियोग करना चाहिए।)

छन्दोयोजनाका परिज्ञान तो उन महाकवियोंके काव्योंसे ही सम्भव है जिनकी वाग्धारा अविरल प्रवाह-द्वारा साहित्य तथा साहित्यकारोंको तृप्त करती रही है। आचार्य मम्मट भट्टने कहा है कि काव्य-निर्माणकी शक्ति होनेपर भी 'काव्यज्ञशिक्षयाभ्यास' की आवश्यकता रहती ही है। अतएव नये कवि अपने पूर्ववर्त्ती बड़े बड़े कवियोंके बनाए हुए मार्गपर ही चलना उचित समझते हैं और तदनुसार ऐसी परिपाटी बना लेते हैं जिससे पीछे आनेवाले कवि-बालक भटकते न फिरें, प्रत्युत उसी मार्गपर सावधानीसे पैर रखते हुए बढ़े चले आवें। इसीलिये महाकवि क्षेमेन्द्रने अपने सुवृत्ततिलक नामक ग्रन्थमें छन्दोयोजनाके विषयमें नियम लिखते हुए कहा है—

> आरम्भे सर्गबन्धस्य कथाविस्तारसंग्रहे।
> शमोपदेशवृत्तान्ते सन्त: शंसन्त्यनुष्टुभम् ॥
>
> शृङ्गारालम्बनोदारनायिकारूपवर्णनम्
> वसन्तादि तदङ्गं च सच्छायमुपजातिभि: ॥
>
> रथोद्धता विभावेषु भव्या चन्द्रोदयादिषु।
> षाड्गुण्यप्रगुणा नीतिर्वंशस्थेन विराजते ॥
>
> वसन्ततिलकं भाति सङ्करे वीररौद्रयो:।
> कुर्यात् सर्गस्य पर्यन्ते मालिनीं द्रुततालवत् ॥

उपपन्ने परिच्छेदकाले शिखरिणी मता।
औदार्यरुचिरौचित्य-विचारे हरिणी मता॥

साक्षेपक्रोधधिक्कारे परं पृथ्वीभरक्षमा।
प्रावृट्प्रवासव्यसने मन्दाक्रान्ता विराजते॥

शौर्यस्तवे नृपादीनां शार्दूलक्रीडितं मतम्।
सावेगपवनादीनां वर्णने स्रग्धरा मता॥

दोधकतोटकनर्कुटयुक्तं मुक्तकमेव विराजति सूक्तम्।
निर्विषयस्तु रसादिषु तेषां नियमश्च सदा विनियोगः॥

शेषाणामप्यनुक्तानां वृत्तानां विषयं विना।
वैचित्र्यमात्रपात्राणां विनियोगो न दर्शितः॥

इत्येष वश्यवचसां सर्ववृत्त-प्रसंगिनाम्।
प्रदो विभागः सद्वृत्तविनिवेशे विशेषवान्॥

महाकवि क्षेमेन्द्रकी दृष्टिमें कालिदासकी छन्दोयोजना इस प्रकार की है —

सुवंशा कालिदासस्य मन्दाक्रान्ता प्रवल्गति।
सदश्वदमं ? स्येव काम्बोजतुरगाङ्गना॥

सुवर्णार्हं प्रबन्धेषु यथास्थान-निवेशिनाम्।
रत्नानामपि वृत्तानां भवत्यभ्यधिका रुचिः॥

[किसी सर्गके प्रारम्भमें, कथाके विस्तारका संग्रह करनेमें उपदेश या वृत्तान्त कथनमें अनुष्टुप् छन्दके प्रयोगकी प्रशंसा सज्जन लोग करते हैं। शृङ्गारके आलम्बन-स्वरूप उदार नायिकाके वर्णन और शृङ्गारके अंगभूत वसन्त आदिका वर्णन उपजाति छन्दमें करना चाहिए। भव्य चन्द्रोदय आदि विभावोंका वर्णन रथोद्धतामें और षाड्गुण्य आदि नीति सम्बन्धी विषयोंका वर्णन वंशस्थ छन्दमें शोभन होता है। वीर और रौद्रके मेलमें वसन्ततिलका छन्द ठीक होता है और सर्गके अन्तमें द्रुत तालके समान मालिनी छन्दका प्रयोग करना चाहिए। अध्यायको अलग करने या प्रारम्भ करते समय शिखरिणी छन्द उचित होता है। उदारता, रुचि और औचित्य आदि गुणोंके वर्णनके लिये हरिणी छन्द ठीक है। आक्षेप, क्रोध और धिक्कारके लिये पृथ्वीभरक्षमा छन्द उचित है। वर्षा, प्रवास, विपत्ति आदिके वर्णनके लिये मन्दाक्रान्ता छन्द उपयुक्त है। राजाओंके शौर्यकी स्तुतिके लिये शार्दूलविक्रीडित तथा आंधी-ववंडरके लिये स्रग्धरा ठीक है। मुक्तक सूक्तियाँ दोधक, तोटक तथा नर्कुट छन्दमें अच्छी लगती हैं। जिन अन्य छन्दोंके प्रयोगका वर्णन नहीं किया गया है उनके विषय और प्रयोगके औचित्यका विचार कर लिया जा सकता है। कवि लोग उचित प्रकारसे यथा स्थान उनका प्रयोग कर ही लेते हैं।]

महाकवि क्षेमेन्द्रका यह निर्देश सर्वथा सराहनीय है और छन्दोंके विषयमें पूर्णरूपसे यह विधान बन जाना चाहिए कि किस छन्दका कहाँ प्रयोग करना उचित और कहाँ अनुचित है

जिससे नये कवियोंका उचित पथ प्रदर्शन हो सके। रीति-ग्रन्थकारोंने काव्यदोष गिनते हुए 'हतवृत्तता' नामक दोष भी लिखा है। उनका कहना है कि जो वृत्त रसके स्वभावसे विपरीत पड़ता हो उसका प्रयोग उस रसके लिये करना ही हतवृत्तत्व दोष है। इस विषयपर ऐसे पृथक् निबन्धकी आवश्यकता है जिसमें विभिन्न रसोंके अनुकूल विभिन्न छन्दोंकी योग्यता विस्तारसे समझाई जाय। इस समय केवल यही विचार किया जा रहा है कि महाकवि कालिदासने अपने काव्योंमें किन रसों, भावों तथा वर्णनोंके लिये किन छन्दोंका प्रयोग किया है—

छन्द	विषय-भाव या रस
१. उपजाति—	वंशवर्णन, तपस्या तथा नायक-नायिकाका सौन्दर्य।
२. अनुष्टुप्—	लम्बी कथाको संक्षिप्त करने तथा उपदेश देनेमें।
३. वंशस्थ—	वीरताके प्रकरणमें, चाहे युद्ध हो या युद्धकी तैयारी हो रही हो।
४. वैतालीय—	करुण रसमें।
५. द्रुतविलम्बित—	समृद्धिके वर्णनमें।
६. रथोद्धता—	जिस घटनाका परिणाम खेदके रूपमें परिणत हो चाहे वह खेद रति-जनित हो, दुष्कर्म-जनित हो या पश्चात्ताप-जनित हो। अतः कामक्रीडा, आखेट आदिका वर्णन इसी छन्दमें है।
७. मन्दाक्रान्ता—	प्रवास, विपत्ति तथा वर्षाके वर्णनमें।
८. मालिनी—	सफलताके साथ पूर्ण होनेवाले सर्गके अन्तमें।
९. प्रहर्षिणी—	हर्षके साथ पूर्ण होनेवाले सर्गके अन्तमें। यदि मध्यमें भी यही इसका प्रयोग है तो वहाँ भी दुःखकी धारामें हर्ष या हर्षकी धारामें हर्षातिरेक ही लक्षित है।
१०. हरिणी—	जब नायकका अभ्युत्थान हो या सौभाग्यका वर्णन हो।
११. वसन्ततिलका—	कार्यकी सफलतापर। ऋतु-वर्णनमें भी पुरुषोंकी सफलता या ऋतुकी सम्पन्नतापर तभी सिद्ध हो सकी है जब उसका उपभोक्ता उन वस्तुओंका उपभोग कर रहा हो।

इसी प्रकार सफलताके लिये प्रस्थान या प्राप्तिमें ऋतुवर्णनमें पुष्पिताग्रा, निराशाके साथ विरक्तिमें तोटक, प्रसन्नावस्थामें शालिनी, तथा वीरता-प्रदर्शनमें औपच्छन्दसिक, क्रीडाके वर्णनमें (चाहे कामक्रीडा हो या अन्य क्रीडा हो) रथोद्धता, संयोगसे स्वयंप्राप्त विपत्ति या सम्पत्तिमें स्वागता, समारोहमें मत्तमयूर, अपमानोंका परित्याग करनेमें नाराच तथा वीरता आदिके वर्णनमें शार्दूलविक्रीडितका प्रयोग किया गया है।

यहाँ यही समन्वयका प्रयत्न किया गया है कि किस प्रकारकी घटनाओं तथा किस प्रकारके विचारोंका वर्णन कविने किस छन्दमें किया है। जिससे स्पष्ट हो जाता है कि महाकवि कालिदासने अपने छन्दोंके प्रयोग-द्वारा यह भी सिद्ध करने और समझानेका प्रयत्न किया है कि इन छन्दोंका प्रयोग किस समय करना चाहिए। जिस सर्गकी घटनाओंमें श्लोक-श्लोकपर भाव बदला है या

घटना बदली है ठीक उसीके अनुसार कविने छन्दोंमें भी गिन करके ही परिवर्तन किया है जिससे यह भी मानना अनुचित न होगा कि कविने अपने काव्यके द्वारा रसोंके अनुकूल छन्दोयोजनाकी शिक्षा भी दी है।

छन्दोंका प्रयोग समझने और उनका प्रकरण जाननेके लिये छन्दोंकी तालिका आगे दी जाती है जिसके द्वारा पीछे लिखी हुई बातोंकी पुष्टि हो सकेगी—

रघुवंश

प्रथम सर्ग	छन्द	लक्षण	
१ से ९४ तक	अनुष्टुप्	लघुस्यात् पंचमं यत्र गुरुषष्ठं तु सप्तमम्। द्वितुर्यपादयोर्ह्रस्वमष्टाक्षरमनुष्टुभम्।	
९५ वाँ	प्रहर्षिणी	म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्।	
द्वितीय सर्ग			
१ से ७४	उपजाति	उपेन्द्रवज्रापदलक्षणानि यदीन्द्रवज्राचरणानि च स्युः। तदोपजातिः कथिता कवीन्द्रैर्भेदाश्चतस्तीह चतुर्दशाख्या।	
७५ वाँ	मालिनी	ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः।	
तृतीय सर्ग			
१ से ६९ तक	वंशस्थ	जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ।	
७० वाँ	हरिणी	रसयुगहयैर्न्सौ म्रौ स्लौ गो यदा हरिणी तदा।	
चतुर्थ सर्ग			
१ से ८६ तक	अनुष्टुप्		(ऊपर देखो)
८७ से ८८ तक	प्रहर्षिणी		(ऊपर देखो)
पंचम सर्ग			
१ से ६२ तक	उपजाति		(ऊपर देखो)
६३ से ७३ तक	वसन्ततिलका	उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः।	
७४ से ७५ तक	मालिनी		(ऊपर देखो)
७६ वाँ	पुष्पिताग्रा	अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा।	
षष्ठ सर्ग			
१ से ८४ तक	उपजाति		(ऊपर देखो)
८५ वाँ	मालिनी		(ऊपर देखो)
८६ वाँ	पुष्पिताग्रा		(ऊपर देखो)
सप्तम सर्ग			
१ से ६६ तक	उपजाति	द्वितीय सर्गमें,	(ऊपर देखो)
७० से ७१ तक	मालिनी	द्वितीय सर्गमें,	(ऊपर देखो)

अष्टम सर्ग

१ से ६० तक	वैतालीय	विषमे यदि षट्कलासमेऽष्टौ स्युस्ता इह नो निरन्तरा । न समात्र पराश्रिता कला वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरु ।	
६१ वाँ	तोटक	इह तोटकमम्बुधिसैः प्रथितम् ।	
६२ वाँ	प्रहर्षिणी	प्रथम सर्गमे	(ऊपर देखो)
६३ से ६४ तक	वसन्ततिलका	पचम सर्गमे	(ऊपर देखो)
६५ वाँ	मन्दाक्रान्ता	मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौनतौ तद्गुरूचेत् ।	

नवम सर्ग

१ से ५४ तक	द्रुतविलम्बित	द्रुतविलम्बितमाह नभौ भरौ ।	
५५ से ६३ तक	वसन्ततिलका	पचम सर्गमे	(ऊपर देखो)
६४ से ६५ तक	शालिनी	शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोऽब्धिलोकैः ।	
६६ वाँ	औपच्छन्दसिक	चरमे यदि रेफयौ भवेतामौपच्छन्दसिकं दलद्वये तत् ।	
६७ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)
६८ वाँ	रथोद्धता	रान्नराविह रथोद्धता लगौ ।	
६९ से ७० तक	पुष्पिताग्रा	पचम सर्गमे	(ऊपर देखो)
७१ से ७३ तक	स्वागता	स्वागतारनभगैर्गुरुणा च	
७४ वाँ	वैतालीय	अष्टम सर्गमे	(ऊपर देखो)
७५ वाँ	मत्तमयूर	वेदै रन्ध्रैर्म्तौ यसगा मत्तमयूरम् ।	
७६ से ८२ तक	वसन्ततिलका	पचम सर्गमे	(ऊपर देखो)

दशम सर्ग

१ से ८५ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्गमे	(ऊपर देखो)
८६ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)

एकादश सर्ग

१ से ६१ तक	रथोद्धता	नवम सर्गमे	(ऊपर देखो)
६२ वाँ	वसन्ततिलका	पचम सर्गमें	(ऊपर देखो)
६३ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)

द्वादश सर्ग

१ से १०१ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्गमे	(ऊपर देखो)
१०२ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)
१०३ वाँ	वसन्ततिलका	पचम सर्ग में	(ऊपर देखो)
१०४ वाँ	नाराच	इह ननरचतुष्कसृष्टं तु नाराचमाचक्षते ।	

त्रयोदश सर्ग

१ से ६७ तक	उपजाति	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)
६८ से ७८ तक	वसन्ततिलका	पचम सर्गमे	(ऊपर देखो)
७९ वाँ	प्रहर्षिणी	प्रथम सर्गमे	(ऊपर देखो)

चतुर्दश सर्ग			
१ से ८६ तक	उपजाति	द्वितीय सर्गमे	(ऊपर देखो)
८७ वाँ	मन्दाक्रान्ता	अष्टम सर्गमे	(ऊपर देखो)
पंचदश सर्ग			
१ से १०२ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्गमे	(ऊपर देखो)
१०३ वाँ	मन्दाक्रान्ता	अष्टम सर्गमें	(ऊपर देखो)
षोडश सर्ग			
१ से ८५ तक	उपजाति	द्वितीय सर्गमें	(ऊपर देखो)
८६ वाँ	वसन्ततिलका	पचम सर्गमें	(ऊपर देखो)
८७ से ८८ तक	मन्दाक्रान्ता	अष्टम सर्गमें	(ऊपर देखो)
सप्तदश सर्ग			
१ से ८० तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्गमें	(ऊपर देखो)
८१ वाँ	मन्दाक्रान्ता	अष्टम सर्गमें	(ऊपर देखो)
अष्टादश सर्ग			
१ से ५१ तक	उपजाति	द्वितीय सर्गमें	(ऊपर देखो)
५२ से ५३ तक	वसन्ततिलका	पचम सर्गमें	(ऊपर देखो)
एकोनविंशति सर्ग			
१ से ५५ तक	रथोद्धता	नवम सर्गमें	(ऊपर देखो)
५६ वाँ	वसन्ततिलका	पचम सर्गमें	(ऊपर देखो)
५७ वाँ	मन्दाक्रान्ता	अष्टम सर्गमें	(ऊपर देखो)

कुमारसंम्भव

प्रथम सर्गमे

	छन्द	लक्षण
१ से ५६ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग रघुवश
६० वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्ग "
दूसरा सर्ग		
१ से ६३ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्ग "
६४ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्ग
तीसरा सर्ग		
१ से ७४ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग "
७५ वाँ	वसन्ततिलका	पचम सर्ग "
७६ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्ग "

चौथा सर्ग		
१ से ४४ तक	वैतालीय	षष्ठम सर्ग रघुवंश
४५ वाँ	वसन्ततिलका	पंचम सर्ग ,,
४६ वाँ	पुष्पिताग्रा	पंचम सर्ग ,,
पाँचवाँ सर्ग		
१ से ८४ तक	वंशस्थ	तृतीय सर्ग ,,
८५ से ८६ तक	वसन्ततिलका	पंचम सर्ग ,,
छठा सर्ग		
१ से ६४ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्ग ,,
६५ वाँ	पुष्पिताग्रा	पंचम सर्ग ,,
सातवाँ सर्ग		
१ से ४३ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग ,,
६४ से ६५ तक	मालिनी	द्वितीय सर्ग ,,
आठवाँ सर्ग		
१ से ६० तक	रथोद्धता	नवम सर्ग ,,
६१ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्ग ,,
नवाँ सर्ग		
१ से ५१ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग ,,
५२ वाँ	पुष्पिताग्रा	पंचम सर्ग ,,
दसवाँ सर्ग		
१ से ५६ तक	अनुष्टुप्	प्रथम सर्ग ,,
६० वाँ	मन्दाक्रान्ता	षष्ठम सर्ग ,,
ग्यारहवाँ सर्ग		
१ से ४९ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग ,,
५० वाँ	हरिणी	तृतीय सर्ग ,,
बारहवाँ सर्ग		
१ से ५९ तक	उपजाति	द्वितीय सर्ग ,,
६० वाँ	हरिणी	तृतीय सर्ग ,,
तेरहवाँ सर्ग		
१ से ३० तक	उपजाति	तृतीय सर्ग ,,
३१ वाँ	मालिनी	द्वितीय सर्ग ,,

कालिदास के काव्यों में निर्दिष्ट
स्थलों से युक्त
भारत का मानचित्र

सा ग र

सा ग र

अभिधान-कोष

[पण्डित सीताराम चतुर्वेदी]

अ

अंशुमान—सूर्यवंशी राजा सगरका पौत्र असमञ्जसका पुत्र। (देखो सगर)

अक्षत—चावलके समूचे दाने जो देवपूजाके काममें आते हैं।

अगस्त्य—१ ऋषि, जिनका जन्म घड़ेसे हुआ था, जिन्होंने समुद्र सोख लिया था और जिनके कहनेसे विन्ध्यपर्वत लेट गया था। 'अगं विन्ध्याचलं स्तम्भयति इति अगस्त्यः।' ऋग्वेदके अनुसार यज्ञस्थलमें उर्वशीको देखकर मित्र और वरुणका वीर्य स्खलित होकर यज्ञके कुम्भमें जा गिरा, उसीसे वसिष्ठ और अगस्त्यकी उत्पत्ति हुई। लोपामुद्रासे अगस्त्यका विवाह हुआ। अगस्त्यका आश्रम गोदावरीके उत्तर तटपर दण्डकारण्यमें विदर्भ (वर्तमान बरार)की पूर्वोत्तर सीमापर था। देवताओंके अनुरोधसे इन्होंने समुद्र सोख डाला, इल्वल और वातापि असुरोंको नष्ट कर डाला। जब विंध्याचलने सूर्यका पथ रोक लिया था, उस समय इन्होंने उसे नीचे लिटा दिया था।

विद्वानोंका विश्वास है कि अगस्त्यको स्मरण करते हुए यह श्लोक पढ़नेसे अजीर्ण दूर हो जाता है—

आतापी मारितो येन वातापी च महाबल।
समुद्रः शोषितो येन स मेऽगस्त्यः प्रसीदतु॥

२—तारा जो दक्षिण दिशामें और भाद्रपद मासके सत्रहवें दिन उदय होता है। यह तारा जब उदित हो जाता है तब वर्षा समाप्त हो जाती है।

३—वृक्ष, जिसमें द्वितीयाके चन्द्रमाके आकारके फूल लगते हैं।

अगुरु—सुगन्धित काष्ठ। इसके धुएँसे महिलाएँ अपने केश सुगन्धित करती हैं। अगर चन्दन। यह देखनेमें काला, पर पत्थरपर घिसनेसे सुन्दर पीले रंगका हो जाता है। इसका पेड़ बहुत बड़ा होता है और सिलहटके पहाड़ी जंगलमें उगता है। इसीके पुराने वृक्षसे गुग्गुल-जैसी एक प्रकारकी गोंद निकलती है जिसे पीसकर आगपर डालनेसे मीठी सुगंध निकलती है।

अग्नि—आग्नेय-कोण (दक्षिण-पूर्व दिशा) के अधिष्ठाता देवता। अग्निके तीन प्रकार हैं—दावाग्नि, जठराग्नि, वाडवाग्नि।

दावाग्नि—लकड़ीकी आग, (जठराग्नि, पेट की आग जो भोजन पचाती है, वाडवाग्नि समुद्रकी अग्नि।)

अग्निहोत्र—यज्ञ विशेष। एक मासमें इस यज्ञका उद्यापन किया जाता है फिर यावज्जीवन यह यज्ञ करनेसे प्रातः और सन्ध्याको होम करना पड़ता है।

अङ्क—किसी नाटकका एक कार्य जितने अंशमें पूर्ण होता है उसे अंक कहते है।

अंक्य—वे बाजे जो गोदमें रखकर बजाए जाते हैं। जैसे—मृदंग, ढोलक, पखावज।

अंगराग—वे सब सुगन्धित पदार्थ-चन्दन, कपूर, अगर, पराग, आलता आदि जिन्हें लेप करनेसे शरीरमें सुगन्ध और शोभा आती है।

अंगिरा या **अंगिरस् ऋषि**—ब्रह्माके द्वितीय पुत्र। इनकी पत्नी सुभा और पुत्र बृहस्पति हुए। एक बार महर्षि अंगिराने इतना कठोर तप किया कि उनकी ज्योतिसे संसार भर गया। उन्हीं दिनों अग्निदेव भी तपस्या

कर रहे थे। जब अगिराके तेजसे अग्निको अपना तेज मन्द जान पड़ने लगा तब उन्होंने सोचा कि क्या ब्रह्माने दूसरी अग्निका निर्माण किया है, तब अगिरान अग्निसे कहा कि आप अपना अधिकार ले लीजिए, मैं आपका पुत्र बनूंगा। तभीसे बृहस्पतिके नामसे वे अग्निके पुत्र बने।

(देखो अग्नि भी)

अजगर—'अज छाग गिरति गिलति' जो साँप बकरेको भी निगल जाय। यह पहाड़ी साँप एशिया और अफ्रीकामें होता है। इसे अंग्रेजीमें पाइथन और अमेरिकामें, 'बोआ कन्स्टिक्टर' कहते हैं। यह बकरे, भेड़े हरिण, भैंसे और चीतेतकको निगल जाता है या लिपटकर उन्हें जकड़कर मार डालता है।

अञ्जना—सुमेरु पर्वतके पासवाले प्रदेशमें रहनेवाले वानरराज केशरी (या केसरी) नामके वानरकी पत्नी थी। इनके गर्भसे पवनके सम्बन्धसे हनूमानजीका जन्म हुआ। ये बड़ी धीर, वीर नारी थी। जब लंका विजयके पश्चात् हनूमानजी इनसे मिलने गए तब इन्होंने हनूमानजीको डाँटते हुए कहा कि तू रावण-जैसे अत्यन्त सामान्य व्यक्तिसे युद्ध करने क्यों गया। तुझे तो चाहिए था कि अपने दसों नखोंसे रावणके दसों सिर नोंच लाना, अशोकवनके साथ सीताको लाकर रामके पास पहुँचा देना और अपना शरीर फैलाकर समुद्रपर पुल बना देता।

अञ्जलि—दोनों हाथोंकी हथेलियों और उंगलियोंको मिलाकर उसे इस प्रकार बना लेना कि उसमें पानी या कोई वस्तु भरी जा सके।

अट्टहास—'अट्टेन अतिशयेन हास:' ठठाकर या ठहाका मारकर हँसना।

अणिमा—यह एक ऐश्वर्य सिद्धि है जिसके द्वारा मनुष्य अत्यन्त सूक्ष्म रूप बना सकता है ऐसी आठ सिद्धियाँ हैं—

अणिमा लघिमा प्राप्ति प्राकाम्य महिमा तथा।
ईशित्वञ्च वशित्वञ्च तथा कामवसायिता॥
[अणिमा, लघिमा, प्राप्ति प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, वशित्व तथा कामवसायिता (गरिमा)]

अतिबला—बला और अतिबला नामकी दो विद्याएँ विश्वामित्रजीने राम लक्ष्मणको उस समय सिखाई थी जब वे विश्वामित्रजीके साथ उनके यज्ञकी रक्षाके लिये चले जा रहे थे। इन विद्याओंके ग्रहण करनेसे थकावट, भूख, प्यास, गर्मी कुछ नहीं सताती, कोई कुछ हानि नहीं कर सकता अपार बलवीर्य मिलता है, सौभाग्य, उदारता ज्ञान, विज्ञान सब मिल जाता है। मार्गमें इनका पाठ करनेसे कोई भय नहीं होता ये तेजस्विनी विद्याएँ पितामह ब्रह्माकी कन्याएँ हैं।

अतिमुक्त (लता)—तिनसुनेका पेड़, माधवी लता, मोगरा।

अत्रि—सप्तऋषियोंमेंसे एक ऋषि जो ब्रह्माके चक्षुसे उत्पन्न हुए थे। कर्दम ऋषिकी पुत्री अनसूयाजी इनकी पत्नी हैं। दत्तात्रेय दुर्वासा और चन्द्र इनके पुत्र हैं। मनुसे उत्पन्न दस प्रजापतियोंमें से ये एक थे—

मरीचिमत्र्यङ्गिरसौ पुलस्त्यं पुलहं क्रतुं।
प्रचेतसं वसिष्ठञ्च भृगुं नारदमेव च॥
[मनु० १।३५]

जिन सप्तर्षियोंमें इनकी गिनती होती है वे हैं—

मरीचिरत्र्यङ्गिरसौ पुलस्त्यः पुलहः क्रतुः।
ब्रह्मणो मानसा पुत्रा वसिष्ठश्चेति सप्त त॥

अदिति—ये दक्षकी पुत्री और मरीचिके पुत्रकी पत्नी मानी जाती हैं। ये देवमाता और दाक्षायणी कहलाती हैं।

अन्तःपुर—रनिवास। राजभवनमें रानियोंके निवास और विहारका स्थान।

अन्तपाल (दुर्ग)—राज्यकी सीमापर बना हुआ वह दुर्ग जिससे राज्यपर बाहरके शत्रुओंके आक्रमणसे रक्षाकी जा सके। 'अन्त सीमान पालयति इति अन्तपाल।'

अन्तर्धान—अपने भीतर छिप जाना। अदृश्य हो जाना।

अनसूया—अत्रि मुनिकी पत्नी तथा कर्दम ऋषिकी पुत्री। (देखो अत्रि)

अनुदात्त—(स्वर) जब कोई स्वर बल देकर न बोला जाय तब उसे अनुदात्त कहते हैं। नीचैरनुदात्त जैसे उ। शिक्षाशास्त्रमें लिखा है—

उदात्तश्चानुदात्तश्च स्वरितश्च स्वरास्त्रय।
दीर्घो ह्रस्वो प्लुतश्चेति कालतो नियमस्त्वचि ॥

(उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये तीन स्वर होते हैं, जो उनके उच्चारणमें लगनेवाले समयके अनुसार दीर्घ, ह्रस्व और प्लुत कहलाते हैं। इसके अनुसार अ, इ, उ, अनुदात्त हैं, आ ई, ऊ उदात्त, है तथा आ ३, ई ३, ऊ ३ स्वरित हैं।)

अन्धक—दितिके गर्भसे और कश्यपके औरस (वीर्य) से इस दैत्यका जन्म हुआ था। इसके अत्याचारसे ऊबकर महादेवजीने इसे मार डाला था।

अपराजिता (विद्या)—वह विद्या जिसके सीख लेनेपर कभी हार न हो।

अप्सरातीर्थ—या अप्सरातीर्थ—१ वह तीर्थ या स्थान जहाँ अप्सराएँ रहती हों। २ आकाश गंगाका वह घाट जहाँ अप्सराएँ स्नान करती हैं। ३ अप्सराके समान रूपवाली।

अभिनय—'अभिनयति हृन्दतभावान्प्रकाशयति।' नाटकमें निर्दिष्ट पात्रोंके अनुसार वेश-भूषा धारण करके उससे निर्दिष्ट वाग्व्यापार और क्रियाओंका अनुकरण करके दिखाना अभिनय कहलाता है। अभिनय चार प्रकारका होता है आंगिक, वाचिक, सात्विक और आहार्य, नेत्र सिर, हाथ, पैर आदि-अंग चलाकर अभिनय करना आंगिक कहलाता है। वाणीके उतार-चढ़ावसे बोलनेका अभिनय वाचिक कहलाता है। आँसू, कम्प, पसीना निकलने आदि का अनुकरण सात्विक कहलाता है और नाटकीय पात्रोंके अनुसार वेशभूषा धारण करना आहार्य कहलाता है।

अभिसारिका—'अभिसरति, अभिसारयति वा संकेतस्थानम्।' किसी निश्चित स्थानपर मिलनेका संकेत करके अपने प्रेमीके पास जानेवाली नायिकाको अभिसारिका कहते हैं।

अभिसारयति कान्त या मन्मथेऽस्य वशंवदा।
स्वयवाऽभिसरत्येषा धीरैरुक्ताभिसारिका ॥
(साहित्य दर्पण)

जो स्त्री काम-पीड़ित होकर अपने प्रियको सहेट या संकेत-स्थल को भेज दे या स्वयं वहाँ जाय उसे अभिसारिका कहते हैं। ये तीन प्रकार की होती हैं, १-दिवाभिसारिका, जो दिनमें प्रियसे मिलने जाय, २-शुक्लाभिसारिका (ज्योत्स्नाभिसारिका) जो श्वेत वस्त्र पहनकर चाँदनी रातमें मिलने जाय और ३—कृष्णाभिसारिका (अन्धकाराभिसारिका) जो अँधेरी रातमें काले कपड़े पहनकर मिलने जाय।

अमरावती—'अमरा देवा वियन्ते यस्या सा इन्द्रपुरी, विश्वकर्माने सुमेरु पर्वतपर इसका निर्माण किया, यहाँ किसीको बुढ़ापा, मृत्यु, शोक और ताप कुछ भी नहीं सताता। यहीं कामधेनु गौ, ऐरावत हाथी, उच्चैःश्रवा घोड़ा, अप्सराएँ और नन्दनवनके पाँच प्रकार वृक्ष हैं—मंदार, पारिजात, संतान, कल्पवृक्ष और हरिचंदन। इस पुरीके भीतरसे अलकनंदा बहती है, इन्द्र यहाँके स्वामी हैं। विद्वानोंका अनुमान है कि तुर्किस्तानमें बोखाराके पास इन्द्रालय नामक स्थान ही अमरावती और वर्तमान ओक्सस् नदी ही अलकनन्दा है।

अमात्य-परिषद्—राजाओंकी सहायताके

लिये मन्त्रिमण्डल, जो विभिन्न विषयोंपर राजाको सहायता करता था।

अमृत—पृथुराजके भयसे पृथ्वीने गोरूप धारण किया था। देवोंने इन्द्रको बछड़ा बनाकर सुवर्ण पात्रमें गोरूप पृथिवीको दूहा। उसके स्तनसे अमृत निकला था। पीछे दुर्वासाके शापसे वही अमृत समुद्रमें जा गिरा। तब देवताओं और असुरोंने शेषनागकी रस्सी और मंदराचलकी मथानी बनाकर क्षीरसागरको मथा, जिससे १४ रत्न निकले जिनमें अमृतका कलश भी था।

अमृतकिरण—चन्द्रमा, जिसकी किरणोंमें अमृत रहता है। चन्द्रमाको ओषधीनां पति कहते हैं और यह माना जाता है कि जड़ी-बूटियों में चन्द्रमाकी किरणोंसे ही गुण आता है।

अम्बिका—दुर्गा वा पार्वतीका एक रूप।

अयोध्या—सूर्यवंशी राजाओंकी राजधानी। यहाँके राजाओंको युद्धमें कोई परास्त नहीं कर सकता था इसीसे इसका नाम अयोध्या पड़ा। यह सरयू नदीके तटपर स्थित कोशलकी राजधानी थी। यह उस समयकी सात मुख्य पुरियोंमें थी।

अयोध्या मथुरा माया काशी कांची ह्यवन्तिका॥
पुरी द्वारावती चैव सप्तैता पुण्य स्मृता॥

अरणि—वह लकड़ी जिसे रगड़नेसे आग निकले। इसमें एक लकड़ीपर बरमेके समान दूसरी लकड़ी रगड़ी जाती थी जिससे अग्नि उत्पन्न होती थी। इसके दो भाग होते हैं—अधरारणि और उत्तरारणि और यह शमीमें उगे पीपलसे तैयार होती है। उत्तरारणि (ऊपरवाली लकड़ी) को अधरारणि (नीचेवाली अरणि) के छेद में डालकर मथानीके समान रस्सीसे घुमाकर देनेसे नीचे रखा हुआ कुश जल उठता है और यही अरणि-मन्थनसे निकली हुई अग्नि यज्ञमें काम आती है।

अरुण—१—सूर्यका सारथि, २—सूर्य ३—प्रातःकाल की लालिमा।

अरुन्धती—१—वशिष्ठजीकी पत्नी तथा कर्दम ऋषिकी कन्या। २—आकाशमें सप्तर्षियोंके वशिष्ठतारेके पास एक छोटासा तारा, जो ऐसे लोगोंको नहीं दिखाई देता जिनकी आयु समाप्त होनेवाली हो।

दीपनिर्वाणगन्धञ्च सुहृद्वाक्यमरुन्धतीम्।
न जिघ्रन्ति न शृण्वन्ति न पश्यन्ति गतायुषः॥

[जिनकी आयु पूरी हो चलती है वे न तो बुझाए गए दीपककी गंध सूँघ पाते हैं, न मित्रों-की बात सुन पाते हैं और न अरुन्धतीको देख पाते हैं।] जिह्वा का नाम भी अरुन्धती है इसलिए मृत्यु समीप आनेपर जिह्वाका अग्रभाग भी नहीं दिखाई देता है।]

अर्गला—द्वारके किवाड़ बन्द करके उसके पीछे लकड़ीका मूसल जो द्वारके दोनों ओरवाले छेदोंमें आर-पार डाल दिया जाता है जिससे साकल खुली रहनेपर भी धक्का देनेसे द्वार न खुले।

अर्घ्य—१—अपने घर आए हुए अतिथि या देवताको हाथ धोनेके लिये जो जल देते हैं उसे अर्घ्य कहते हैं। २—पूजनके लिये जल, दूध, कुशकी फुनगी, दही, सरसों, चावल और जौ। ३—कहीं-कहीं दूब और चावल आदि पूजाकी सामग्री।

अर्जुन (वृक्ष)—इसका पेड़ अमरूदके पेड़ जैसा होता है और इसकी पत्ती और छाल भी अमरूद जैसी होती है। इसके छोटे और श्वेत फूलोंमें बड़ी तीखी और मीठी गंध होती है। इसका पेड़ अमरूदके पेड़से बहुत बड़ा, अवध, बंगाल, मध्यभारत और दक्षिणमें बहुत होता है। इसे ककुभ और नदीसर्ज भी कहते हैं। इसकी लाल रंगकी छाल अत्यन्त बलवर्धक होती है। यह धमनियोंको चिकना करने एवं अपना

रंगनेके काम आती है। यह हृदय रोगकी औषधि है। इसके काढ़ेसे धो देनेपर घाव सूख जाता है और हड्डी टूटनेपर इसका चूर्ण फाँकनेपर पीड़ा कम हो जाती है और हड्डी जुड़ जाती है।

अर्थ (पुरुषार्थ)—धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष नामक चार पुरुषार्थोंमेंसे एक। मन, सम्पत्ति। अर्थ तीन प्रकारका होता है—शुक्ल, शवल और कृष्ण। अपने-अपने वर्णके अनुसार कार्यके द्वारा उपार्जित धनको शुक्ल, अपनेसे नीच वर्णकी वृत्ति द्वारा कमाया हुआ शवल और जुआ, चोरी ठगी, परपीडन आदिसे उपार्जित किया हुआ कृष्ण कहलाता है।

अर्धचन्द्र (बाण)—एक प्रकारका बाण, जिसका फल आधे चन्द्रमाके आकारका होता है।

अलकापुरी—हिमालयपर बसी हुई कुबेरकी नगरी जिसमें शिवजी भी रहते हैं। इसका वर्णन उत्तर मेघदूतमें देखिए।

अवन्ति (देश)—मालव देश और उसकी राजधानी उज्जयिनी। विशाला, अवन्ति और उज्जयिनी तीनों इसके नाम हैं। अवन्ति नगरी शिप्रा (सिप्रा)के तटपर मालवामें बसी हुई है वहीं महाकाल महादेवजीका प्रसिद्ध मंदिर है। ईसाके जन्मसे ५७ वर्ष पूर्व महाराज विक्रमादित्य यहाँके राजा थे। यहीं सान्दीपनि आचार्य भी रहते थे जिनके यहाँ बलराम और श्रीकृष्ण अस्त्र-विद्या सीखने गए थे। शिप्रा नदीका भी दूसरा नाम अवन्ती है।

अशोक (वृक्ष)—एक प्रकारका वृक्ष जिसके पीलापन लिए हुए लहरिया हरे पत्ते तथा फूल लाल और पीला होता है। अशोक दो प्रकारके होते हैं-रक्ताशोक और पीताशोक। चैत्र शुक्ल अष्टमीको अशोककी आठ कलियाँ खा लेनेसे शोक नहीं रहता। खाते समय श्लोक पढ़े—

त्वामशोक हराभीष्ट, मधुमाससमुद्भव।
पिबामि शोकसन्तप्तो मामशोक सदा कुरु॥

कहा जाता है कि स्त्रियोंकी लात पड़नेसे अशोक फूल उठता है—'पादाघातादशोक'।' इसे बकुल, वञ्जुल, चित्र भी कहते हैं। यह सीधी या नागके शरके पेड़ जैसा होता है और वसन्तमें फूलता है। इसके पत्ते लहरियादार होते हैं जो उत्सवोंमें सजानेके काम आते हैं। इसके फल गुच्छेदार हलके गुलाबी रंगके होते हैं। इसकी छाल ठण्डी और कड़वी होती है जिससे प्यास, जलन, पेटके कीड़े, सूखापन और विष दूर होता है। स्त्रियोंके रजोदोषमें इसकी छालका काढ़ा *दिया जाता है।*

अश्वमेध—जो लोग स्वर्गका राज्य चाहते हैं वे सौ अश्वमेध यज्ञ करते हैं। इसमें नियम यह है कि एक घोड़ा छोड़ दिया जाता है और वह चारों ओरसे घूमकर आता है तब उसका बलि दी जाती है। इस यज्ञका बड़ा माहात्म्य समझा जाता है। इस यज्ञके घोड़े श्यामकर्ण अर्थात् काले कानवाले होते हैं।

अश्विनी—(दक्षकन्या, चन्द्रपत्नी)—२७ नक्षत्रोंमें पहला नक्षत्र। यह चन्द्रकी पत्नी मानी जाती है। दक्षकी ६० कन्याओंमें दो अंगिराको, दो कृशाश्वको, १० धर्मको और २७ चन्द्रको ब्याही गईं। अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तरा-भाद्रपद और रेवती, ये चन्द्रकी २७ पत्नियाँ मानी गई हैं।

अश्विनीकुमार—सूर्यके जुड़वाँ पुत्र, जो सूर्यके औरस और विश्वकर्माकी पुत्री संज्ञासे उत्पन्न हुए हैं। ये देवताओंके वैद्य हैं जिनका यौवन और सौन्दर्य शाश्वत है। संज्ञाका दूसरा नाम अश्विनी भी है अतः ये अश्विनीकुमार कहलाते हैं।

अष्टमूर्ति—शिव। जिनकी आठ मूर्तियाँ हैं—जल, अग्नि, होता, सूर्य, चन्द्र, आकाश, पृथ्वी और वायु।

अस्ताचल—पश्चिम दिशामें कल्पित पर्वत जहाँ सध्याके समय सूर्य अस्त होता माना जाता है।

अस्त्र—१-फेंककर मारे जानेवाले हथियार, बाण, बर्छा, चक्र आदि। २—धनुष, करवाल तथा अन्य हथियार।

असिधार—(या असिधारा व्रत) जिसमें कोई सुन्दर युवा अपनी युवती पत्नीके साथ पतिभावसे रहते हुए भी कामभावसे सग न करे। इस व्रतके टूटनेपर नरक असिधारा अर्थात् तलवार की धारकी चोट लगती है। जैसे कोई तलवारकी धारपर चलकर बिना चोट खाए नहीं रह सकता, वैसे ही इस व्रतमें भी अडिग रहना बड़ा कठिन है। इसीलिये किसी कठिन कामके प्रयत्नको असिधारा-व्रत कहते हैं।

अहल्या—गौतम ऋषिकी पत्नी अहल्याके नाम जपनेसे महापाप नष्ट हो जाते हैं—

अहल्या द्रौपदी कुन्ती तारा मदोदरी तथा।
पचकन्या स्मरेन्नित्य महापातकनाशनम्॥

[ये वृद्धास्वकी कन्या थी इन्द्रने छलसे गौतमका रूप धारण करके अहल्याका पातिव्रत्य धर्म नष्ट किया इसपर गौतमने इन्द्रको शाप दिया कि तुम्हारे शरीर भरमें योनि हो जाय और अहल्या को शाप देकर पत्थर बना दिया। त्रेतामें रामके चरणस्पर्शसे अहल्याका शाप छूटा।]

आ

आकाशगगा—१-आकाशमें रहनेवाली गगा। आकाश नदी भी इसी अर्थमें प्रयुक्त होता है २-नक्षत्र मडल विशेष—यह आकाशमें उत्तरसे दक्षिण तक विस्तृत है। ग्रामीण लोग इसे भगवान्-जनेऊ, हाथीकी सूँड या प्रेत मार्ग कहते हैं।

आदित्य—आङ् पूर्वाद् दाते दीप्यते वा। आदित्य १२ है—विवस्वान्, अर्यमा, पूषा त्वष्टा, सविता, भग, धाता, विधाता, वरुण, मित्र, शक्र एव उपक्रम।

आन्वीक्षिकी—'दण्डनीति तर्कविद्यास्वंशास्त्रयो॥

२—गौतम प्रणीत आत्म विद्या। अक्षपादने पाँच अध्यायमें इसे पूरा किया है। प्रथममें प्रमाण प्रमेय, सशय, प्रयोजन, दृष्टान्त, अवयव, तर्क निर्णय, वाद, जल्प, वितडा, हेत्वाभास, छल, जाति, और निग्रह। इन सबके तत्त्वज्ञानसे मोक्ष मिलता है।

आम्रकूट—अमर कटक नामक पर्वत जो बुदेलखडके रीवाँ राज्यमें पड़ता है। शोण और नर्मदा नदी इसीसे निकली हैं। यहीं नर्मदा नदीके चारो ओर मदिर बने हैं। यह विन्ध्याचलके सातपुरा पर्वतका एक भाग हिन्दुओ का पवित्र तीर्थ है और यहीं प्रतिवर्ष मेला लगता है।

आलिग्य (वाद्य)—जो हाथमें लिपटाकर शरीरसे चिपटाकर बजाया जाता है। मृदग, ढोल, मढ़ुवरी और मसक आदि।

आश्रम—१-मुनियो का स्थान, २-मठ ३-तपोवन, ४-मुक्त व्यक्ति (परमेश्वरमें लीन रहने तथा श्रम न रहनेसे मुक्त व्यक्तिको भी आश्रम कहते हैं।

५—ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यासी का शास्त्रोक्त चार प्रकारका धर्म विशेष।

आसन (वृक्ष) या असन या अशन—पीतशालवृक्ष। इसे मारवाड़ीमें आसन, हिन्दीमें सज्ज और उड़ियामें पियासाल कहते हैं। इसका पेड़ बहुत बड़ा होता है। इसकी ऊपरी लकड़ी भूरी काले दागवाली, अत्यन्त कठोर और पक्की होती है। आसनकी पक्की लकड़ीमें पॉलिश अच्छी लगती है। इसके भीतरकी लकड़ीमें लाल दूध होता है। नेपालीमें इसे पगी काठ कहते

'। इसकी लकड़ी धुँधले रंगकी, उजली और कोमल होती है। एक प्रकारका और भी आसन वृक्ष होता है जिसे पंजाबमें पाथर कहते हैं। इसकी भी लकड़ी धुँधले रंगकी होती है। भीग जाने या कच्ची रहनेपर इसमें पीला दाग पड़ जाता है। पंजाब, दक्षिण और ब्रह्मामें आसन नामकी एक लकड़ी होती है, जो ऊपर श्वेत और लाल होती है तथा भीतरसे भूरी, काली, कठोर और लहरदार रेखावाली होती है। शिमला पहाड़पर *भी बेंटन नामका आसनका पेड़ होता है जिसे* पंजाबीमें सफेदा या आसन कहते हैं।

आसव—एक प्रकारका मद्य, चीनी या गुड़की ताजा शराब। आयुर्वेदीय औषध।

आहवनीय—'आहूयते हवनीय हविरत्र।' यज्ञकी अग्नि विशेष यह गार्हपत्य अग्निसे लेकर अन्य होमादिके लिए प्रस्तुत किया जाता है।

आहुति—मन्त्र-द्वारा स्वाहा कहकर देवताके उद्देश्यसे घृतआदिका अग्निमें निक्षेप करना आहुति कहा जाता है।

इ

इक्ष्वाकु—वैवस्वत मनुके पुत्र जो सर्व प्रथम अयोध्याके राजा थे। इनके एक सौ पुत्र थे जिनमें सबसे बड़े विकुक्षि थे। मर्यादा-पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजी इन्हींके वंशज थे।

इन्द्र—१-शक्र। देवराज, वेदोक्त प्राचीन देवता। इन्द्र निष्टीग्रीके पुत्र हैं। इनकी माताने इन्हें सहस्रों वर्ष गर्भमें रोक रक्खा था। उसके पश्चात् इन्द्रने स्वयं वीर्यपूर्ण होकर जन्म ग्रहण किया, इनकी माता का नाम एकाष्टका था। जन्मके समय इनकी माता प्रमत्त हो गई थी। इन्द्रने अपने पिताके दोनों पैर, पकड़कर उन्हें मार डाला। २—स्वर्गके राजा।

इन्द्रधनुष—इन्द्रे तत्स्वामिके मेघे धनु इव। इसे इन्द्रायुध भी कहते हैं। वर्षाकालमें सूर्यकी विपरीत दिशामें दिखाई पड़ता है।

इन्द्रनीलमणि—एक मणि जिसे दूधमें डालनेपर दूधका रंग काला पड़ जाता है। यह शनिग्रहको प्रिय है। इससे शनिदोष शान्त हो जाते हैं। इसका रंग काले मेघ जैसा होता है। यह मध्यम कोटिका रत्न है।

इन्द्रलोक—इसे अमरावती कहते हैं। स्वर्ग भी इसका नाम है। (देखो अमरावती)

इमली—*यह दक्षिण भारत तथा अफ्रीकामें* अपने आप उत्पन्न होती है। इसका वृक्ष बहुत *बड़ा होता है।* इसके फल खट्टे होते हैं यह प्रायः सर्वत्र पाई जाती है।

उ

उच्चैःश्रवा—समुद्र-मथनसे उत्पन्न हुआ श्वेत रंगका सात मुँहवाला घोड़ा, जिसके कान सदा खड़े रहते हैं, जो अत्यन्त गंभीर स्वरमें हिनहिनाता है। यह घोड़ा इन्द्रको दे दिया गया था।

उज्जयिनी—मध्यभारतमें मालवाकी पुरानी राजधानी शिप्रा नदीके दक्षिणी तटपर बसी हुई थी। आजकल इसे उज्जैन कहते हैं। इसका प्राचीन नाम अवंती है। इसे विशाला और पुष्प-करंडिनी (फूलोंकी डलिया) कहते हैं। उज्जयिनी हिन्दू तीर्थ भी है। स्कन्द पुराणके अवन्ति खण्डमें उज्जयिनीका विस्तृत विवरण मिलता है। यहाँ महाकालका ज्योतिर्लिंग भी है जिसे अनन्तकल्पेश्वर भी कहते हैं। इस लिंगके कारण उज्जयिनीको पीठस्थान भी कहते हैं।

उत्तरा फाल्गुनी—२७ नक्षत्रोंमेंसे १२ वाँ नक्षत्र। जिसमें दक्षिणसे उत्तरकी ओर पलँगकी आकृति बनाते हुए दो तारे होते हैं। इस नक्षत्रमें जन्म लेनेसे मनुष्य दाता, दयालु, सुशील, कांतिमान्, सुमति श्रेष्ठ, धीर और अत्यन्त मृदु स्वभावका होता है। इसके पहले चरणमें सिंह और शेष तीन चरणों में कन्या-राशि पड़ती है। इसे उत्तराफाल्गुनी भी कहते हैं।

उत्तरायण—मकर सक्रान्तिसे ६ मासतक सूर्य उत्तरमे रहते हैं। उत्तरायणमे शिशिर, बसन्त और ग्रीष्म ऋतुएँ पड़ती हैं। जब पृथिवीके गोलेकी कर्करेखा सूर्यकी ओर सीधी हो जाती है और सूर्यकी किरणें विषुवत रेखासे सीधी पड़ने लगती है तब सूर्य उत्तरायण मे कहे जाते हैं। उत्तरायणमे मृत्यु होनेसे स्वर्ग प्राप्त होता है। भीष्मने इसीलिये दक्षिणायनमे प्राण नही छोड़े।

उत्तरीय—कमरके ऊपर ओढ़नेका वस्त्र दुपट्टा, ओढ़नी, चादर।

उदयन—ईसासे ६०० वर्ष पूर्व वत्स (वर्तमान प्रयाग) देशके राजा थे। इनकी पत्नीका नाम वासवदत्ता और पुत्रका नाम नरवाहन था। कौशाम्बीमे (प्रयागके पास) इनकी राजधानी थी। ये वीणा बजाकर हाथी फँसानेकी विद्यामे बड़े निपुण थे। अवन्तिके राजा चण्डप्रद्योतने बनावटी हाथीके द्वारा इन्हे बदी कर लिया और इन्हे अपनी कन्या वासवदत्ताका वीणा-शिक्षक बना दिया। वहाँसे एक दिन वासवदत्ताके साथ नल-गिरि हाथीपर चढ़कर निकल आए और वासवदत्ताके साथ विवाह कर लिया। ये वत्स देशके राजा थे इसीलिये इन्हें वत्सराज उदयन भी कहते हैं।

उदात्त (स्वर)—उच्चैरुदात्त (पा० १। २।२९) मुखमे तालु आदि ऊर्ध्वभागसे उच्चरित होनेवाला स्वर।

उद्भय (नदी)—एक नदीका नाम।

उपसर्ग—वे अव्यय शब्द जो धातुओंके पहले जोड़ देनेसे विभिन्न अर्थ प्रकट करते हैं। सस्कृतमे निम्न लिखित उपसर्ग हैं—प्र, परा, अप सम, अनु, अव, निस, निर, दुस, दुर, वि आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उत, अभि, प्रति, परि, उप।

उरूजन्मा—और्व ऋषि जिन्होंने अपना हृदय मथकर अत्यन्त ज्वालापूर्ण अयोनिज पुत्र उत्पन्न किया और जिसे समुद्रमें बड़वाके मुखमें छोड़ दिया जो निरन्तर जल पीता रहता है। ये ऋषि भृगुवश के थे। यह बड़वा सूर्यकी पत्नी थी जो घोड़ीका रूप धारण करके सूर्यके तापसे और उसके तेजसे डरती हुई जलमे तपस्या करती थी।

उषःकाल—तड़केका समय, जब आकाश में पूर्वकी ओर हलका उजाला होता है जिसे पौ फटना कहते हैं।

ऊ

ऊर्ध्वक—वे बाजे जिनका मुख ऊपरको ओर होता है। जैसे १—नरसिंह, २—वह मृदग जिसका बहुत तीखा स्वर होता है।

ऋ

ऋक्षवान—यह पर्वत गण्डोयाना देशमें है और रैवतक पर्वत से निकला है। यह सप्त-कुलाचल अर्थात् सात परिवारके पहाड़ोंके बीच का पर्वत है।

ऋतु—एक प्रकारके जलवायुके समय को ऋतु कहते हैं। भारतमें ६ ऋतुएँ होती हैं। सुश्रुतके मतसे माघ फाल्गुनमें शिशिर, चैत्र-वैशाखमें वसन्त, ज्येष्ठ-आषाढमें ग्रीष्म श्रावण भाद्रमें वर्षा आश्विन कार्तिकमें शरद, आग्रहायण पौषमें हेमन्त। ऋक् सहितामें ५ ही ऋतुएँ मानी गई हैं। योरपमें चार ऋतुएँ मानी जाती है। जाड़ा, वसन्त, गर्मी, वर्षा, बादमें हेमन्त, शिशिर-को एक ही ऋतु माना है। साधारणतः लोग तीन ही ऋतु मानते हैं—जाड़ा, गर्मी, बरसात।

ऋत्विज—पुरोहित। वेदके मन्त्रोसे यज्ञमें कर्मकाण्ड करानेवाला। प्राय यज्ञोमें चार ऋत्विज् प्रधान होते हैं—होता, उद्गाता, अध्वर्यु और ब्रह्मा।

ऋष्यशृङ्ग—ऋष्यस्य मृगस्य शृङ्गमिव शृङ्गमस्य। एक मुनि। विभाण्डव नामक कश्यप

वशीय ऋषिका वीर्य उर्वशीको देखकर जलमे गिर गया जो मृगी-रूप धारिणी शापभ्रष्टा देव-कन्याने पी लिया। उसके गर्भसे ऋष्यशृङ्गका जन्म हुआ। उनके सिरपर एक हिरणका सीग भी था। दशरथकी शान्ता नामकी कन्या ऋष्यशृङ्गसे ब्याही थी। इन्ही ऋष्यशृङ्गने दशरथको पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था।

ऐ

ऐन्द्र (अस्त्र)—इन्द्र-द्वारा दिया हुआ वह अस्त्र जिसके चलानेसे भयकर जल बरसता है।

ऐरावत—१ इन्द्रहस्ती—यह सफेद और चार दाँतोवाला हाथी समुद्र-मथनके समय निकला था। यही पूर्व दिशाका दिग्गज है जो इन्द्रको दे दिया गया था और इसलिये वह इन्द्र वाहन कहलाता है। 'इरावान् समुद्र तत्र भव ऐरावत।'

ओ

ओषधिप्रस्थ—हिमालयमे नगर, जिसके पास एक चोटीपर गगाजी पहले-पहल ब्रह्मपुरसे उतरकर गिरी थीं। 'ओषधि-बहुल प्रस्थ सानुर्यत्र' जहाँ ओषधियोसे भरी चोटी हो।

यत्र गङ्गा निपतिता पुरा ब्रह्मपुरात् गृता।
ओषधिप्रस्थनगरस्यादूरे सानुरुत्तम ॥
(कलिकापुराण, ४१ अ०)

क

ककुत्स्थ—सूर्यवशमे शशादके पुत्र पुरञ्जय नामके राजा जिन दिनो पृथ्वीपर शासन कर रहे थे उन्ही दिनो देवताओने दैत्योसे हारकर विष्णुकी शरण ली। उन्होने सम्मति दी कि राजा पुरञ्जयकी सहायता लो। पुरञ्जय तैयार हो गए। इन्द्रने वृषभ (साँड) का रूप धारण किया। उसीपर चढकर पुरञ्जयने दैत्योको हराया। इसी लिये उनका नाम ककुत्स्थ (ककुदि तिष्ठतीति—जो साँडपर बैठा हो) पड गया।

ककुभ (फूल)—अर्जुन नामक वृक्ष और उसका फूल।

कचुकी अथवा कञ्चुकी—राजाके अन्त पुरका रक्षक। भरतने उसका लक्षण बताया है—
अन्त पुरचरो वृद्धो विप्रो गुणगणान्वित।
सर्वकार्यार्थकुशल कञ्चुकीत्यभिधीयते ॥
रनिवासमे आ-जा सकनेवाला जो वृद्ध ब्राह्मण सब गुणोमे पूरा हो और सब कामोमे सब ढगकी बातोमे चतुर हो वह कचुकी कहलाता है।

कण्व—मेनका द्वारा छोडी हुई कन्या शकुन्तला का पालन करनेवाले कश्यप गोत्रके कण्व काश्यप।

कदम्ब—१ वृक्ष, जो भारत, ब्रह्मा और सिंहलमे होता है। इसकी लम्बाई ७० से ८० फुट होती है। यह नित्य हरित वृक्ष है। इसके पत्ते महुएके पत्ते जैसे होते हैं। वर्षा ऋतुमे यह फूलता है। इसका फूल गेंदके समान गोल होता है। इस परसे जब पीली केसर झड जाती है तब यह फूल ही पककर फल बन जाता है जो खानेमे खटमिट्ठा लगता है। इसीसे कादम्बरी मदिरा बनाई जाती है। २ कलहस, राजहस पक्षी।

कनखल—हरिद्वारसे दक्षिण आधे कोसपर गगाके पच्छिमी तटपर बसा हुआ है। यही पर दक्षने यज्ञ किया था जहाँ सतीने अपना शरीर छोड दिया था और शिवजीके गणोने यज्ञ विध्वस कर दिया था। यह पवित्र तीर्थ माना जाता है—
हरिद्वारे कुशावर्त्ते बिल्वके नीलपर्वते।
स्नात्वा कनखले तीर्थे पुनर्जन्म न विद्यते ॥
(महाभा० अनु० २५ अ०)

कदली—(पत्ती)—एक प्रकारका गुल्म या पौदा जिसकी झाडियाँ फैलती हैं। २ कुकुरमुत्तेको भी कदली-कुसुम कहते हैं।

कन्याराशि—मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धन, मकर कुभ तथा मीन

इन १२ राशियोंमेंसे छठी राशि। यह राशि उत्तर फाल्गुनीके अन्तिम तीन चरणोंपर सम्पूर्ण हस्त नक्षत्र पर तथा चित्रा नक्षत्रके प्रथम तथा द्वितीय चरण पर व्याप्त रहती है। इस राशिमें जन्म लेनेसे मनुष्य शास्त्रमें श्रद्धा रखने वाला उचित क्रोधपर भी पश्चाताप करनेवाला, पत्नीमें विरत, अनेक शास्त्र विशारद, सर्वांग-सुन्दर, सौभाग्यशाली, और सुरतप्रिय होता है।

कपिल—१ एक ऋषिका नाम, वेद के उपनिषद भागमें इनका नाम मिलता है। इनके पिताका नाम कर्दम और माता का नाम देवहूति था ये सांख्य दर्शनके प्रणेता थे।

२. जब सगरके सौवें अश्वमेधका घोड़ा इन्द्रने चुराया तब उसे लाकर पातालमें तप करने वाले कपिलके आश्रममें लेजाकर बाँध दिया। उस घोड़ेको ढूँढते हुए सगरके ६०००० पुत्र उस आश्रममें पहुँचकर कपिल मुनिको गाली देने लगे किन्तु ज्योंही कपिल मुनिने समाधि खोलकर उनकी ओर देखा त्योंही वे भस्म हो गए। (देखो सगर)

कपिशा—राजा रघु इसीको पार करके उत्कल पहुंचे थे। यह नदी मेदिनीपुरके दक्षिणांशसे प्रवाहित होकर बंगालकी खाड़ीमें गिरती है। इसका वर्तमान नाम कसाई नदी है।

कबन्ध—एक राक्षस। दनु नामके एक दानवकी तपस्यापर प्रसन्न होकर ब्रह्माने उसे दीर्घायुका वरदान दिया। वर पाकर वह इन्द्रसे युद्ध करने पहुँच गया। इन्द्रने वज्र मारकर उसका सिर धड़ के भीतर धँसा दिया। तब बहुत प्रार्थना करनेपर इन्द्रने उसके हाथ एक-एक योजन लम्बे कर दिए और धड़के ऊपर एक मुंह बना दिया। जब राम वनमें चले जा रहे थे तब इसने राम, लक्ष्मण, सीताको अपने हाथमें समेट लिया। रामने उसका हाथ काटकर उसे मार डाला। रामके हाथसे मरनेपर यह दिव्यस्वरूप पाकर स्वर्ग चला गया। यह पिछले जन्ममें विश्वावसु नामका गन्धर्व था जो एक ब्राह्मणके शापसे राक्षस हो गया था।

कमल—यह श्वेत, नील और रक्त तीन प्रकारका होता है। इसका निवास जलमें रहता है। इसकी पखड़ियाँ चौड़ी होती हैं और यह वर्षा और शरदमें दिनमें खिलता है। श्वेत और लाल कमल भारत, ईरान, तिब्बत, चीन और जापानमें ही मिलता है। नील कमल कश्मीरके उत्तर और तिब्बतमें ही होता है। श्वेत कमलको शतपत्र, पुण्डरीक, सरोज, नलिन और महोत्पल या महापद्म कहते हैं। लाल कमलको कोकनद, रक्तोत्पल और रविप्रिय कहते हैं। नील-कमलको इन्दीवर, कुवलय, मृदूत्पल और भद्र कहते हैं। कमलके बीज-कोषको कर्णिकर, मधुको मकरन्द, केशरको किंजल्क और नालको मृणाल कहते हैं।

कमलिनी—जलमें दिनमें खिलनेवाला एक फूल जिसकी पखड़ियाँ लम्बी होती हैं। यह भी तीन रंग की होती है श्वेत, रक्त और नील। कमल और कमलिनीमें भेद यही है कि कमलमें बीजकोष होता है कमलिनीमें नहीं होता। कमलकी पखड़ियाँ चौड़ी होती हैं कमलिनीकी पतली और लम्बी।

कर—भूमिके प्रयोग अथवा व्यापार आदिके लिए राजाको जो आवश्यक भाग दिया जाता है इसे कर या राजस्व भी कहते हैं।

करजक (वृक्ष)—करौंदा इसकी झाड़ी ६ प्रकार की होती है। इसमें छोटे छोटे गुच्छाकार कुछ ललाई लिए श्वेत खट्टे फल लगते हैं। यह झाड़ी वर्षामें फलोंसे लदी बहुत सुन्दर लगती है। जन्माष्टमीके अवसर पर श्रीकृष्णजी का झूला इससे सजाया जाता है।

कर्णफूल—कानमें पहननेका फूलके आकार-का या फूलका आभूषण।

कर्णिकार—कनेर।

कम्बोज—वर्तमान अफगानिस्तानका वह भाग जो कन्दहारके पास है। शक्तिसगम तत्रमे लिखा है—

पाञ्चालदेशमारभ्य म्लेच्छाद्दक्षिणपूर्वतः ।
काम्बोजदेशोदेवेशि वाजिराशि-परायण ।

[पजाबसे लगाकर म्लेच्छ अर्थात् अरब देशसे दक्षिणपूर्व कम्बोज है जहाँ घोडे बहुत होते हैं।]

रघुवशमे जो कम्बोजका वर्णन आता है वह काबुलके उत्तरका कम्बोज था।

कलिंग—दीर्घतमाके औरस और बलिकी पत्नी सुदेष्णाके गर्भसे कलिंगने जन्म लिया। इन्होने अपने नामपर वह जनपद बसाया जो जगन्नाथपुरीके पूर्व भागसे कृष्णा नदीके तीर तक फैला हुआ है। मेदिनीपुर, उडीसा, और गजाम प्रदेश कलिंगमे आते हैं। महाभारत और हरिवश पुराणके समय वैतरणी नदीसे गोदावरी तक कलिंग था। इसे पौण्ड्र भी कहते हैं।

कल्पलता—स्वर्गकी कल्पित लता जिससे जो मॉगो मिल जाता है। सुवर्ण-निर्मित, लताको भी कल्पलता कहते हैं।

कल्पवृक्ष—यह समुद्र मन्थनके समय निकला था। कल्पान्त तक यह वृक्ष बना रहता है। चौदह रत्नोमेसे यह एक है।

कश्यप—ब्रह्माके मानसपुत्र मरीचिके औरस और कलाके गर्भसे कश्यपका जन्म हुआ था। वेदोके मतसे हिरण्यगर्भ ब्रह्मासे कश्यपका जन्म हुआ था। इन्होने १७ कन्याओसे विवाह करके देव, दैत्य, दानव, अश्व, गन्धर्व, राक्षस वृक्ष, अप्सरा, सर्प, गृध्र, श्वापद, जल-जन्तु, गरुड, अरुण, नर, नाग और शलभ उत्पन्न किए। मार्कण्डेय पुराणमे इनकी १३ पत्नियाँ-अदिति, दिति, दनु विनता, खसा, कद्रू, मुनि, क्रोधा, अरिष्टा, इरा, ताम्रा, इला और प्रध्य गिनाई गई हैं। कश्यपकी पत्नियाँ (ऊपर देखो)

कस्तूरी—कस्तूरी मृगकी नाभिसे निकलता हुआ सुगन्धित पदार्थ। कस्तूरी हिरणके सीग नही होते किन्तु इसका आकार हरिणोसे मिलता जुलता है। इसकी आँखोमे आँखके छेद नही होते। इसके मुँहमें दो-तीन अगुल की गजदन्त बाहर निकले रहते हैं और इसके बाल कडे होते हैं। इसकी ऊँचाई लगभग २॥ फीट और रग काला होता है जिसमे बीच-बीचमे लाल चकत्ते पडे होते है। इसका गला पीला और पूँछ बहुत छोटी होती है। केवल नर हिरणसे ही कस्तूरी निकलती है। यह मृग गर्मीमे समुद्रतलसे आठ हजार फीट ऊँचे स्थानो पर साइबेरिया, मध्य एशिया, हिमालय और आसाममे मिलता है। इसमेंसे तिब्बतका मृग सबसे अच्छा होता है कस्तूरी तीन रगकी होती है—नैपाल की कपिला, कश्मीरकी पिंगला और कामरूपकी काली होती है। इनमें कामरूपकी सर्वश्रेष्ठ नैपालकी मध्यम और कश्मीरकी साधारण होती है।

काकपक्ष—मस्तकके दोनो ओर बालोको चिकनाईसे पीछेकी ओर फेरकर बढ़ाए रखना। इसीको पटे बढ़ाना भी कहते है।

काम—१ चार पुरुषार्थो (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) मेंसे एक। २ इच्छा। ३ कामदेव। शास्त्रकारोने कामदेवके ५० भेद बताए हैं। स्मरदीपिकामें कहा गया है—प्रतिपदाको पैरके अँगूठेमें, द्वितीयाको गुल्फमे, तृतीयाको जाँघमें, चतुर्थीको भगमे पचमीको नाभिमे, षष्ठीको स्तनोमे, सप्तमीको हृदयमे अष्टमीको कुक्ष (बगल) मे, नवमीको कठमे दशमीको ओठमे, एकादशीको गालोपर, द्वादशीको नेत्रोमे, त्रयोदशीको कानोपर, चतुर्दशीको ललाटपर, अमावस्या और पूर्णिमाको मस्तकपर कामदेव रहता है। कामदेवके पास शख, पद्म धनुष और बाण है। मदके कारण उसकी आँखें कुछ-कुछ बन्द रहती हैं। उसके झण्डेपर मकार

है। रति, प्रीति, शक्ति और उज्वाला नामकी उसकी चार स्त्रियाँ हैं। जब ब्रह्माने दक्ष आदि मानसपुत्र उत्पन्न किए उस समय सध्या नामकी कन्या भी हुई थी। उसी कन्यासे कामदेवका जन्म हुआ और फिर दक्षसे उत्पन्न रति नामकी सुन्दरीसे कामदेवका विवाह हुआ। तारकासुरके उत्पात करनेपर जब देवताओंने कामको महादेवजीके पास उन्हें काम पीडित करनेके लिए भेजा तब कामदेव उनके क्रोधसे जल मरा। पार्वतीके साथ शिवजीका विवाह हो जानेपर कामको फिर शरीर मिल गया। अगले जन्ममे कृष्णके औरस और रुक्मिणीके गर्भसे कामदेवकर जन्म हुआ। महाभारतमे कामदेवको धर्मका पुत्र माना गया है। कामदेवके ये पाँच बाण हैं—

अरविंदमशोक च चूतञ्च नवमल्लिका।
नीलोत्पलश्च पञ्चैते पञ्चबाणा प्रकीर्तिता ॥

(अरविन्द, अशोक, आमकी मजरी, नवमल्लिका और नीलोत्पल।)

कामदेव—देखो (काम)

कामधेनु—स्वर्गकी गाय। इस गायसे इच्छानुसार जो वस्तु माँगें वही मिलती है। दक्षकी कन्या सुरभिके गर्भसे कश्यपके औरससे रोहिणीका जन्म हुआ। उस रोहिणीसे तपोनिधि शूरसेन नामकव सुके औरससे कामधेनु-जन्म हुआ। इसका वर्ण श्वेत है, चारों वेद ही उसके चारो पैर हैं, उसके चारो स्तनोंसे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष बहा करते हैं। यौवनमें कामधेनुकी सुन्दरता देखकर एक वेतालने वृष बनकर उससे सभोग किया था। जिससे एक बड़ा विशाल वृष उत्पन्न हुआ जो अपनी तपस्याके बलसे महादेवजीका वाहन बना।

कार्तवीर्य—चन्द्रवशीय कृतवीर्य राजाका पुत्र सहस्रार्जुन। माहिष्मतीपुरी कार्तवीर्यकी राजधानी थी। इसने दत्तात्रेयकी आराधना की जिससे दत्तात्रेयने प्रसन्न होकर इसे सहस्र भुजा-वाला बना डाला। अपने पराक्रमसे उसने समुद्र-पर्यन्त भूमिपर अधिकार कर लिया। लकाके राजा रावणको भी इसने हराकर बन्दी बना लिया था तब पुलस्त्य मुनि जाकर उसे छुडा लाए। कार्तवीर्यने जमदग्नि ऋषिके आश्रमसे बछडेके सहित कामधेनुको भी चुरा लिया था। जमदग्निके पुत्र परशुरामने इसे मार डाला और धेनु लौटा ली।

कार्तिकेय—जब तारकासुरके अत्याचारसे पीडित होकर देवताओंने महादेवजीसे पुत्र माँगा तब महादेवजीका तेज अग्निमे, अग्निसे गगाजीमे और गगाजीसे छहो कृत्तिकाओंमे जा पहुँचा। वही तेज बालरूपमे कार्तिकेय हुए और उन्होंने ही तारकासुरका वध किया। वे मयूरपर बैठते हैं। उनका रग तपे हुए सोनेके समान है। उनके, छ मुँह और दो भुजाएँ हैं। वे देवताओं-की सेनाके सेनापति हैं। देवसेना ही उनकी पत्नी है जिन्हें षष्ठी भी कहते हैं। इन्हें सेनापति, कुमार, षण्मुख, सुब्रह्मण्य, क्रौञ्चदारण और स्वामीकार्तिकेय भी कहते हैं।

कालनेमि—१ यह रावणका मामा था और जब लक्ष्मणको शक्ति लगनेपर हनुमानजी द्रोणाचलपर औषधि लेने गए थे तब यह भी बीचमे बाधा देने पहुँचा और चाहता था कि हनुमानजीको एक मगरी निगल जाय किन्तु हनुमान्जीने मगरीको मारकर आप मुक्त कर दिया और कालनेमिको भी मार डाला।

२ हिरण्यकशिपुका पुत्र एक राक्षस जिसका शरीर मन्दार पर्वतके समान विशाल और गौर-वर्ण जिसके सौ हाथ और सौ मुख, धुएँके रगका बाल, हरी मूछ-डाढी और बडे-बडे बाहर निकले हुए दाँत थे। इसने देवताओंको हराकर स्वर्ग जीत लिया था और फिर अपनी देहको

चार भागमें बाँटकर स्वर्गका राज्य चलाया था। विष्णुके हाथ मारे जानेपर यही कष्ट हुआ।

कालागुरु—काले अगरका पेड़ या काला अगर। इसे संस्कृतमें कृष्णकाष्ठ, गन्ध और शृङ्गार भी कहते हैं। (देखो अगरु)।

कालिका—जब शुभ और निशुभ दैत्योंने इन्द्रादि देवोंको कष्ट दिया तब इन लोगोंने महामाया देवीकी स्तुति की। देवीने पूछा—तुम यहाँ क्यों आए हो। तब उनके शरीरसे ही एक देवीमूर्तिने प्रकट होकर कहा कि ये देव लोग निशुभ और शुभका वध चाहते हैं। इन्ही देवीका नाम कालिका था क्योंकि इनका रंग काला था। इनकी आठ योगिनियाँ हैं—महाकाली, रुद्राणी, उग्रा, भीमा, घोरा, भमरी, महारात्रि और भैरवी।

कालियनाग—गरुडसे युद्धमें हारकर यह नाग यमुनाके कुण्डमें छिपकर रहता था इसीसे इसे कालिय कहते हैं। 'के जले, आलीयते इति कालिय।' इसी नागको श्रीकृष्णजीने नाथकर भेज दिया था।

कालीयक—१ काला अगर, २ पीत चदन, ३ दारु हल्दी, ४ मलेन्द्री काष्ठ, या एक प्रकारका देवदारु।

कावेरी—दक्षिणापथकी प्रसिद्ध महानदी। आर्षग्रन्थोंमें यह पुण्यतोया मानी गई है। स्नानके समय इसका स्मरण किया जाता है।

गंगे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वती।
नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन् सन्निधिं कुरु।

यह नदी पश्चिमी घाट पर्वतमें ब्रह्मगिरिसे निकलकर महासुर घाटीमें से होती हुई मद्रासके दक्षिणमें बगालकी खाडीमें जा गिरती है।

कास—कॉस, वर्षा बीतनेपर यह लबी घास फूल उठती है।

किन्नर—देवयोनि में एक प्रकार के देव जिनका मुख अश्वके समान और शरीर मनुष्यके समान होता है। इन्हे किंपुरुष, अश्वमुख और गीतमोदी भी कहते हैं। ये अत्यत सगीत प्रेमी होते हैं और निरतर गाते रहते हैं।

किन्नरी—किन्नर जातिकी स्त्री—

किरात—१ तप्त कुण्डसे लेकर रामक्षेत्रान्त पर्यन्त किरात देश है। यह विन्ध्यशैलमें स्थित है। (शक्तिसंगम तंत्र)

२ ब्रह्म देशकी ओर किरातोंका विवरण मिलता है। नेपालमें भी किरात रहते हैं जो असाम तक फैले हुए हैं। ये लोग कन्या मोल लेकर विवाह करते हैं। यह सारी जाति लडाकू है और बाण चलानेमें अद्वितीय है।

किरीट—मुकुटके नीचे बाँधी जानेवाली पगडी या मुकुट।

कुकुरमुत्ते—वर्षाके दिनोंमें गोबर आदि तथा कूडेपर जो छतरीदार पौधा सा निकल आता है। इसे संस्कृतमें कदलीकुसुम भी कहते हैं।

कुंकुम केसर—यह कश्मीरमें उत्पन्न होता है और एक फूल का किंजल्क है जिसके पौधे छोटे होते हैं। यह क्यारियोंमें बोया जाता है। लाल, बारीक तथा कमलकी गधवाला केसर सबसे अच्छा समझा जाता है।

कुटज—कुरैया या कुरचाका पौधा। इसे साधारण बोलीमें इन्द्रजव भी कहते हैं। इसका फूल श्वेत, लम्बा और सुगन्धित होता है।

कुण्ड—देवखात, होमके लिये जहाँ अग्नि स्थापित की जाती है उसे कुण्ड कहते हैं। कर्मकाण्डमें इसके निर्माणका बडा विधान है। प्रत्येक यज्ञमें अलग-अलग आकार प्रकारके कुण्ड बनाए जाते हैं और कुण्ड ठीक न बननेपर बडा दोष भी होता है। कुण्डका खात अधिक होनेसे रोगी, अल्प होनेसे धनक्षय, टेढा होनेसे

दुःख, छिन्न-मडल होनेसे मृत्यु, मेखलाशून्य होनेसे शोक, मेखला अधिक लगानेसे धननाश, योनिशून्य होनेसे स्त्रीनाश और कण्ठ नाश होनेसे पुत्र नाश होता है।

कुन्द—६ पखडियोंका छोटा अत्यन्त धवल फूल जिसे शुक्ल पुष्प, मकरन्द और मदा-पुष्प भी कहते हैं। यह पुष्प शिवजीपर चढ़ाया जाता है। इसके व्यवहारसे सिरका रोग और विष-पित्त भी दूर हो जाता है।

कुबेर—विश्रवाके पुत्र रावणके भाई कुबेर की माताका नाम इलाविला था। उनकी बुद्धि-मत्तासे प्रसन्न होकर ब्रह्माजीने धनपति और सर्वपूज्य होनेका आशीर्वाद दिया। वे अपनी तपस्यासे लोकपाल हुए और ब्रह्माने उन्हे पुष्पक विमान दिया। उनके पिता महामुनि विश्रवाने उन्हे लकापुरीमे राज्य करनेका आदेश दिया किन्तु रावणके भयसे वे लकाको छोडकर कैलाशके पास अलकापुरीमे यक्ष किन्नर आदिपर शासन करते हुए रहने लगे। उनका वर्ण श्वेत आठ दाँत और तीन पैर हैं। इसी विकलांगताके कारण उन्हे कुबेर कहते हैं—'कुबेर कुशरीर-त्वात् नाम्ना तेनायमङ्कित' उनके पुत्र का नाम नलकूबर है। उनकी वैश्रवणी नामक विस्तीर्ण सभाके पारिषद है—विश्वावसु, हाहा, हूहू, तुम्बुरु, पर्वत, चित्रासन, चित्ररथ और चक्रधर्मा।

कुमुद—१. पुष्प इसे देशी भाषामे कैरव, कोका, कोई कहते है। यह रातको जलमे खिलता है। इसकी पखडियाँ चौडी किंतु कमल से छोटी होती है। यह श्वेत होता है। इसे धवलोत्पल, कैरव और चन्द्रकान्त भी कहते हैं। २. नाग जो सतयुगमे था।

कुमुदिनी—रातको जलमे खिलनेवाला कमलके रूपका फूल, जिसकी पखडियाँ छोटी और लम्बी होती हैं। देशी भाषामे इसे कोई कहते हैं।

कुम्भीनसी—वह रावणकी बहिन और लवणासुरकी माँ थी।

कुरबक—कटसरैयाका फूल जिसे रक्त झिण्टी, कुरैया या मऊया भी कहते हैं। इसका फूल लाल होता है।

कुररी—क्रौंच या सारस या कराकुल नामका पक्षी जो कष्ट पानेपर अत्यन्त करुणासे रोता है।

कुरुक्षेत्र—दृषद्वतीके उत्तर और सरस्वती नदी के दक्षिण कुरुक्षेत्र है जो आजकल दिल्ली के आस-पास पडता है। कुरु नामके राजर्षिने उस क्षेत्रको जोता था, अत उसका नाम कुरुक्षेत्र पड गया। यही महाभारत का प्रसिद्ध युद्ध हुआ था।

कुश—कुशा—यज्ञादिके कार्यमे आनेवाली लम्बी पवित्र घास जिसकी जडमे तीखे काँटे होते हैं। इसे दर्भ दाभ, डाभ भी कहते हैं।

कुसुम—(फूल) इसे कुसुम्भ भी कहते हैं। इसके छोटे-पौधेमे छोटे-छोटे लाल फूल लगते हैं जिन्हे छायामे सावधानीसे सुखाते हैं। इसके फूलसे लाल रग बनता है। कुसुमके फूलका रग सात प्रकारका होता है, उनमे प्याजी गुलाबी, उजला गुलाबी, गहरा लाल तो इसका अपना रग होता है। सँहुडका फूल मिलानेसे सुनहला और नारगी रग आ जाता है। हल्दी मिलानेसे पीली चमकका गहरा लाल और नील मिलानेसे बैंगनी रगका हो जाता है। इसके तीन भेद हैं—महाकुसुम्भ, ह्रस्वकुसुम्भ और वनकुसुम्भ।

कुसुम्भी—(फूल) १. (देखो कुसुम) २. लालरग।

कूटनीति—कपट नीति। ऐसी चाल जिससे बिना भेद खुले काम बन जाय।

कूटशाल्मली (यमका अस्त्र)—यमकी गदा।

कृत्तिका—तीसरा नक्षत्र। चन्द्रकी पत्नी कृत्तिकामें ६ तारे है। चन्द्रमाके शापसे कृत्तिका नक्षत्रमें यात्रा वर्जित है। एक बार भरणी, कृत्तिका, आश्लेषा, मघा, उत्तरा, फाल्गुनी, विशाखा, उत्तराषाढा और उत्तर भाद्रपदने चन्द्रमाको बहुत डाँटा कि तुम हमसे स्नेह नहीं करते हो केवल रोहिणीसे ही प्रेम करते हो। इसीपर चन्द्रने इन्हे शाप दिया कि तुमने हमे दुर्वचन कहे हैं इस कारण तुम उग्र और तीक्ष्ण कहलाओगी और तुम्हारे भोग्य दिनोंमें जो यात्रा करेगा उसका अनिष्ट होगा।

कृत्तिकाएँ—इन ६ कृत्तिकाओने कार्त्तिकेय का पालन किया था।

केकय—केकयदेश। शतद्रु (सतलज) नदीसे पश्चिम और विपाशा (व्यास) नदीके उत्तरमें था जिसका कुछ भाग कश्मीरमे पडता है। केकयके राजा अश्वपति ही कैकेयीके पिता, दशरथके श्वसुर और भरतके नाना थे। आजकल भी केकयवाले कक्का कहलाते है।

केतकी—केवडा। इसके पत्ते लबे, उजले, कोमल और चिकने होते हैं। इन्ही पत्तोके बीच से फूल निकलता है। इसके पत्ते काटेदार होते हैं। इसकी जडमे प्राय साँप रहते हैं। केतकीके फूल शिवजीपर नही चढाए जाते। केतकी दो रग की होती है—सफेद और पीली।

केरल—दक्षिण भारतमे पश्चिमकी पट्टी केरल कहलाती है। आजकल गोकर्णसे लेकर कुमारी अन्तरीप तक का भाग केरल कहलाता है।

केवडा—(देखो केतकी)

केसर—१. नागकेशरका फूल।

२ मौलसिरी। ३. कश्मीरमे उत्पन्न होनेवाला सुगन्धित फूल। (देखो केसर)

केशी—(राक्षस)—जो कसके कहनेसे वृन्दावन पहुँचकर अत्याचार करने लगा और जिसे कृष्णजीने मारा।

केसर—फूलोके भीतर बीचमेसे जो पतले ततु निकले रहते है, उन्हे केसर कहते हैं।

केसर (वृक्ष)—१ मौलसिरीका पेड। २. पुन्नागका वृक्ष।

केसर (सिंहके)—सिंहके कन्धेपर फैले हुए बडे बडे बाल या अयाल।

कैकेयी—(देखो केकय)

कैलास—प्रसिद्ध पर्वत, महादेव और यक्षाधिप कुबेरका वासस्थान, अनेक रत्नमय शृङ्गयुक्त हिमालयके पृष्ठपर है। यह राक्षस तालाब या रावण-ह्रदसे ५० मील दूर है। इसीसे सिंधु, शतद्रु, ब्रह्मपुत्र नद उत्पन्न हुए हैं। भोट लोग इसे 'तिसि' कहते हैं। कैल केलीना समूह आस्यतेऽत्र इति कैलास —आनन्द तथा क्रीडाका स्थान।

कोईं—(देखो कुमुदिनी)

कोशल या कोसल—काशीसे उत्तर अयोध्या सहित सरयूके तीरका सब भाग। यह सूर्यवशी राजाओका राज्य था और अयोध्या इसकी राजधानी थी।

कौत्स—कुत्स नामक ऋषिके पुत्र और महर्षि वरतन्तु के शिष्य।

कौपीन—मेखलासे बाँधकर कटिमे पहना जानेवाला कपडा। इसे कच्छा, कच्छाटिका, कक्षा, और पटी भी कहते हैं। इसीसे धोता शब्द बना।

कौशल्या—कोशल-राजकी कन्या, महाराज दशरथकी बडी रानी, रामकी माता। इनके पिता वर्तमान मध्यप्रान्तके दक्षिणी भागके राजा रहे होंगे।

कौशिक (गोत्र)—राजर्षि कुशिकके पुत्र। इन्हींका नाम गाधि था इन्होंने ही कौशिक गोत्र चलाया।

कौस्तुभ (मणि)—समुद्र-मथनमे जो चौदह रत्न निकले उनमें यह मणि भी थी जो भगवान् विष्णुको दे दी गयी और जिसे विष्णुने

खस—गाडर घासकी जड। जिसमे सुगन्ध आती है। गर्मीमें इसकी टट्टियाँ बनाकर पानीसे भिगोकर द्वारपर टाँग दी जाती है जिससे घर ठडा रहता है। इसके पखे भी बनते है, पान भी बनाए जाते है और फुलेल भी बनता है। इसे पीसकर माथेपर थोप देनेसे पागलपन अच्छा हो जाता है। यह घास ५-६ फीट लबी, भारत और ब्रह्मामे बहुत उत्पन्न होती है। इसे उशीर भी कहते हैं।

ग

गङ्गा—भारतकी प्रसिद्ध नदी, जिसका उद्गम गगोत्री मे हुआ है। जब भगवान् विष्णुने बलिको छलकर अपने तीनो पैरोसे तीनो लोकोको नापनेके लिये त्रिविक्रमका रूप धारण किया था, उस समय ब्रह्माजीने उनके नख धोकर उस जलको अपने कमडलुम रख लिया था। वही ब्रह्मतीय सगर-वशज भागीरथके तपसे महादेवजीकी जटाओमे आकर गिरा और वही जलकी धारा गगा कहलाई जिसने भगीरथके पीछे-पीछे चलकर कपिलके कोपसे भस्म सगरके साठ सहस्र पुत्रोका उद्धार किया। यह नदी भारतके उत्तर-पूर्वी प्रदेशमे बहती हुई बगालकी खाडीमे समुद्रसे मिलता है। इन्होने इस प्रदेशको मरुभूमि होनेसे बचा लिया है इसीलिये गगाको माता मानते हैं और विश्वास करते हैं कि गगाका नाम लेनेसे और उसमे स्नान करनेसे सब पाप दूर हो जाते हैं।

गगा गगेति यो ब्रूयाद् योजनाना शतैरपि।
मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोक स गच्छति॥

गगाजलकी यह विशेषता है कि वह कभी बिगडता नही, उसमे कभी कीडे नही पडते।

गगासागर—वह स्थान जहाँ गगाजी समुद्रसे मिलती हैं। मकर-सक्रान्तिके दिन, यहाँ बहुत बडा मेला होता है। यहाँके स्नान, ध्यान, दानका बडा पुण्य है।

हरिद्वारे प्रयागे च गगासागर-सगमे।
सर्वत्र दुर्लभा गगा त्रिस्थानेषु सुदुर्लभा॥

गजमुक्ता—पुराने हाथीके माथेमे पाया जानेवाला मोती। किन्तु आजके वैज्ञानिक आजतक हाथीके मस्तकमे मोती नही पा सके। इसलिये वे गजमुक्ताको कल्पित मानते है और बडे मोतीको ही गजमुक्ता मानते हैं। हमारे यहाँ मुक्ता उत्पन्न होनेके आठ स्थान माने है—गज, मेघ, शूकर, शख, मत्स्य, सर्प, सीपी और बाँस।

करीन्द्र-जीमूत-वराह-शख-
मत्स्यादि-शुक्त्युद्भव-वेणुजानि।
मुक्ताफलानि प्रथितानि लोके
तेषान्तु शुक्त्युद्भवमेवभूमि॥

गधमादन—एक पर्वत जो रोमक पत्तन (रोम नगर) के उत्तरमे केतुमाल और इलावृत्त वर्षके बीचमे नील और निषधतक फैला हुआ है। विष्णुपुराणके मतसे यह सुमेरुके दक्षिणमे है, जिसपर जम्बू नामका केतु वृक्ष है। इसके पूर्वमे चैत्ररथ, दक्षिणमे गन्धमादन, पश्चिममे वैभ्राज, उत्तरमे नन्दन नामके चार मनोहर उपवन हैं जिनमे देवता विहार करते है। गधमादनपर विशेषत किंपुरुष या किन्नर और किन्नरी, सिद्ध, चारण, विद्याधर और विद्याधरियाँ विहार करती हैं। इस पर्वतपर महाभद्र नामका बहुत बडा सुन्दर सरोवर भी है। किन्तु सिद्धान्त शिरोमणिके अनुसार मानसरोवर पर ही गधमादन पर्वत है।

गन्धर्व—यह अत्यन्त सुन्दर जातिकी देवयोनि है जो देवताओकी सभामे गान, वाद्य और नाट्य करते है, इनकी दो जातियाँ हैं—दिव्य और मर्त्य। जो मनुष्य इस कल्पमे अपने पुण्य-बलसे गधर्व हुए हैं वे मर्त्य हैं, जो इस कल्पके प्रारम्भसे गन्धर्व हैं वे दिव्य हैं। हरिवशके मतसे स्वारोचिष मन्वतरसे अरिष्टाके गर्भसे गन्धर्वोका जन्म हुआ।

गन्धवती—१-पुरी जिलेमें भुवनेश्वरके पास यह बहती है। शिवपुराणके मतसे दक्षिण समुद्रके पास विन्ध्यपादसे यह नदी निकली है।

गभीरा—चर्मण्वती (चंबल) नदीकी एक धारा।

गरुड़—विनताके गर्भसे और कश्यपके औरससे इनका जन्म हुआ। अरुण इनके भाई हैं जो सूर्यके आगे रहते हैं। ये स्वयं अपना अण्डा फोड़कर निकले थे। एक बार गरुड़ अमृत लेकर विष्णुके पास जा रहे थे। विष्णुने प्रसन्न होकर कहा—वर माँगो। गरुड़ने कहा—मैं आपका स्वामी होकर आपके ऊपरके भागमें रहूँ और अमृतके बिना ही अजर-अमर बना रहूँ। विष्णुसे यह वर पाकर गरुड़ने विष्णुसे कहा—आप भी वर माँगिए। विष्णुने कहा—आप मेरा वाहन बनिए और मेरे ध्वजपर रहकर मेरे ऊपर भी रहिए।

गवागम—औषध। (देखो चर्मण्वती)

गाण्डीव—अर्जुनका धनुष। यह धनुष ब्रह्माने प्रजापतिको, प्रजापतिने इन्द्रको, इन्द्रने सोमको और सोमने वरुणको दिया था। अग्निने वरुणसे प्रार्थना करके यह धनुष अर्जुनको दिलाया था। ब्रह्माने १००० वर्ष, प्रजापतिने ५०३ वर्ष, सोमने ५०० वर्ष, वरुणने १०० वर्ष और अर्जुनने ६५ वर्ष इस धनुषको धारण किया था। दधीचिकी हड्डीसे यह धनुष बनाया गया था।

गान्धर्व (विवाह)—आठ प्रकारके विवाहोंमेंसे एक विवाह—जिसमें वर और कन्या परस्पर एक दूसरेसे प्रेम करके विवाह कर लेते हैं। यह विवाह क्षत्रियोंके लिये ही ठीक माना गया है। आठ प्रकारके विवाह हैं— ब्राह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, आसुर, गान्धर्व, राक्षस और पैशाच।

गायत्री—एक। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितु-र्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्। यह मन्त्र वेदमाता है और द्विजोंका उपास्य है। इसके द्रष्टा ऋषि विश्वामित्र हैं। सूर्य इसके देवता हैं। इसे सावित्री मन्त्र भी कहते हैं।

गारुडास्त्र—वह अस्त्र या वाण जिसके चलानेसे सर्प या विष नष्ट हो जाय।

गार्हपत्य—१. वह अग्नि जो यजमान या गृहपतिके साथ सदा रहती है। २. वह कुण्ड जिसमें गार्हपत्य अग्नि रखी जाती है।

गुण—सत्व, रज और तम नामक तीन गुण जिनके मेलसे यह सृष्टि हुई है।

गुरुदक्षिणा—गुरुसे विद्या लेकर श्रद्धाके साथ गुरुको जो भेंट दी जाय उसे गुरुदक्षिणा कहते हैं। कभी-कभी गुरु लोग स्वयं दक्षिणा माँग भी लेते थे जिसे पूरा करना शिष्य अपने लिये गौरव समझता है।

गुह—(निषाद) शृङ्गवेरपुरके एक शूद्र जातिके मुखिया जिन्होंने वनवासके समय रामको गंगाके पार उतारा था। कुछ लोग निषादको केवट मानते हैं किन्तु निषाद-जाति शूद्रोंमेंसे ही है। ये लोग शिकार खेलते, मछली मारते और डाका डालते थे। मनुके मतसे ब्राह्मण पिता और शूद्र माताके उत्पन्न जाति ही निषाद जाति है। कुछ लोग इन्हें धीवर भी मानते हैं।

गेरू—पर्वतीय स्थानोंमें मिलनेवाली लाल कठिन मिट्टी। इसमें जो भुरभुरी होती है उसे कच्चा गेरू और जो कड़ी होती है उसे पक्का गेरू कहते हैं। जोगिया रंग चढ़ाने और घर रँगनेमें इसका प्रयोग होता है।

गोकर्ण—बम्बई प्रान्तके उत्तर कनारा जिले और कुमटा तालुकेसे कुछ आगे १० मील उत्तर हिन्दुओंका प्रसिद्ध पवित्र तीर्थ स्थान है। रावण और कुम्भकर्णने कठिन तप किया था। यहीं पर महाबलेश्वरका मन्दिर है।

गोत्र—वंश। जिस पूर्व पुरुषसे किसीके कुलकी उत्पत्ति होती है उस कुलके सब लोग उस पूर्व पुरुषके गोत्रके समझे जाते हैं।

गोद—गोदावरी नदीके पासका स्थान।

गोदान—विवाह आदि मंगल कार्योंमे सवत्सा गौ देनेका बड़ा पुण्य लिखा है। मृत्युके समय जो गोदान करते हैं उन्हें साक्षात् स्वर्गलोक मिलता है।

गोदावरी—दूसरा नाम गौतमी नदी है। तीर्थ यात्राको जाती हुई ब्राह्मणीसे एक कामुकने बलपूर्वक रमण किया और जब उससे पुत्र उत्पन्न हुआ तब उसे परित्याग कर दिया। इससे दुखी होकर ब्राह्मणीने तप किया और गोदावरी नदी बन गई। बम्बई प्रान्तके नासिक जिलेके त्र्यम्बक गाँवके पास पहाड़से यह नदी निकलती है और दक्षिण पठारको पार करती हुई बंगालकी खाड़ीमें समुद्रसे जा मिली है।

गोप्रतर—सरयूके तीरपर जिस स्थानपर रामने अपना पाँचभौतिक शरीर त्याग किया था वही गोप्रतर या गोप्रतार तीर्थ कहलाता है।

गोरोचन—या गोरोचना, पीले रंगका सुगन्धित द्रव्य जो गौके माथेसे निकलता है। इसीसे तंत्र और देवताओंके कवच लिखे जाते हैं।

गोवर्धन—वृन्दावनके पास प्रसिद्ध पर्वत जिसे श्रीकृष्णने अपनी उँगलीपर उठाया था।

ग्रह—सूर्य, चन्द्र, भौम, बुध गुरु शुक्र, शनि, राहु और केतु। इनमें मेषका सूर्य, वृषका चन्द्र, मृगका मंगल, कन्याका बुध, कर्कका बृहस्पति, मीनका शुक्र, तुला का शनि उच्च या श्रेष्ठ होता है। तुलाका सूर्य, वृश्चिकका चंद्र, कर्कका मंगल, मीनका मंगल मकरका बृहस्पति कन्याका शुक्र, मेषका शनि नीच होता है। प्लूटो यूरेनस और नेपचून नामक तीन और भी ग्रह खोजे गए हैं।

ग्रहण—जब पृथ्वी और सूर्यके बीच चंद्रमा आ जाता है तब सूर्यग्रहण होता है और जब चंद्रमा और सूर्यके बीच पृथ्वी आ जाती है तब चंद्रग्रहण लगता है।

ग्राह—मगर (मकर) या घड़ियाल।

घ

घड़ियाल—जलजन्तु जिसका रूप छिपकली के समान किन्तु आकार इतना बड़ा होता है कि यह गाय और भैंसको निगल जाता है इन्हें नाकू, नाका (नक्र) या मगर भी कहते हैं।

चक्रवाक—चकवा जलके पास रहनेवाला एक पक्षी जो देखनेमें हंसके समान होता है। इसकी लम्बाई २५-२६ इन्च होती है। कहा जाता है कि दिनमें चकवा और चकवी दोनों चोंच मिलाकर बैठते हैं और साथ-साथ जलमें तैरते हैं किन्तु रातमें अलग अलग हो जाते हैं इनके माथेकी चोटी और दोनों पखोंका रंग गेरुआ होता है, छाती तथा पीठका रंग घना नारंगिया होता है। इनकी गर्दनके नीचे और छातीके ऊपरके हिस्सेमें तीन चार अंगुल चौड़ा एक चमकीला काले रंगका फीतासा होता है जो छातीसे लगाकर पीठके ऊपरसे घूमा हुआ रहता है। यह चकवेको होता है, चकवीको नहीं, कुछ चकवोंको भी नहीं होता है। पीछेका निचला भाग कुछ-कुछ पीलापन लिए लाल होता है। कुछ चकवोंके इस स्थानपर लाल और काले डोरे भी होते हैं। इनके पंख और पेट आदि अन्य रंगोंके भी होते हैं। चकवीको देहका रंग पीला और ललाई लिए हुए श्वेत होता है। मस्तक और गर्दनका रंग चूहेके रंगका तथा चोंच और पैर काले होते हैं। ये बड़े सजग रहते हैं। इसलिये अहेरी लोग इन्हें जल्दी मार नहीं पाते हैं। भारतमें जाड़ेके दिनोंमें दिखाई पड़ते हैं।

चकवी—(देखो चक्रवाक)

चक्र—एक प्रकारका अस्त्र जो लोहेके पहिए के आकारका तीखी धारवाला होता है। शुक्रनीतिके अनुसार आठ अरोंवाला उत्तम, ६ वाला मध्यम और चारवाला अधम कहलाता है। युवकके लिये १६ अंगुलका उत्तम, १४ का मध्यम और १२ का निकृष्ट समझा जाता है। इसकी परिधि या पुट्ठीकी चौड़ाई तीन अंगुल उत्तम, ढाई अंगुल मध्यम और दो अंगुल अधम समझी जाती है। इसका किनारा चारों ओरसे लोहा पैना होना चाहिए।

चक्रवर्ती—एक समुद्रसे दूसरे समुद्र तक फैले हुए राज्यके राजा, जिन्हें दूसरे राजा लोग कर देते हों। ऐसे सात चक्रवर्ती राजा माने गए हैं—भरत, सहस्रार्जुन, मान्धाता, भगीरथ, युधिष्ठिर, सगर और नहुष।

भरतार्जुनमान्धातृभगीरथयुधिष्ठिराः।
सगरो नहुषश्चैव सप्तैते चक्रवर्तिनः॥

चण्डी—दुर्गा।

चन्द्रकान्त मणि—एक प्रकारका रत्न जो पूर्णिमाके चन्द्रमाके सामने आकर द्रवित होता है। मुक्ति-कल्पतरुमें लिखा है—

पूर्णेन्दुकरसंस्पर्शादमृतं स्रवति क्षणात्।
चन्द्रकान्त तदाख्यातं दुर्लभं तत्कलौ युगे॥

चन्द्रहार—गलेमें पहननेका सोनेका आभूषण जिसमें जड़ाऊ काम हो।

चन्द्रहास—रावणका खड्ग।

चर्मण्वती—चम्बल नदी। इसका दूसरा नाम चर्मवती और शिव-नद भी है। प्राचीन दशपुर नगर इसीके तटपर था। महाराज रन्तिदेव प्रतिदिन यज्ञानन्तर अर्थात् कई सौ ढोर मारकर ब्राह्मण और अतिथियोंको खिलाते थे। उन ढोरोंके चमड़े और हड्डियोंसे इस नदीकी उत्पत्ति हुई। मध्यभारतकी यह नदी इन्दौर राज्यके जानापाव पर्वतसे निकलकर यमुनामें मिल गई है।

चातक—पपीहा। यह पक्षी स्वातिके जलके अतिरिक्त कोई दूसरा जल नहीं पीता। चातकके शरीरके आगेका भाग हरा और पंख काले होते हैं। पंखकी जड़में सफेद और काला मिला हुआ, कंधेपरके पंख श्वेत और पूंछ काली होती है। चातकीका रंग भी ऐसा ही होता है किन्तु इसकी पूंछका रंग घना काला होता है किन्तु पंख चातकके पंखोंके समान काला नहीं होता। चातक और चातकी दोनोंकी चोंच और पैरोंका रंग कुछ नीला और भूरा होता है। नेत्र श्वेत और धुंधले रंगके होते हैं। यह लगभग ५॥ इंच लंबा होता है। इसके पंख लगभग २॥ इंच, पूंछ २ इंच और चोंच पौन इंचकी होती है। कहा जाता है कि इसके गलेमें एक छेद होता है और जब यह पानी पीने लगता है तो बहुत सा पानी इसके गलेसे निकल जाता है।

चामर—मृग—सुरा गाय। चामर—सुरा गायकी पूंछ जिससे चंवर बनाया जाता है। सुरागायको चमरी या चामर मृग कहते हैं। बड़ा चंवर डुलवानेसे दीर्घायु, छोटेसे भय और विनाश, उजलेसे धन तथा कीर्ति और घनेसे सम्पदा मिलती है।

चारण—राजाओंके यहां उनकी वंश-कीर्तिका विवरण रखनेवाले और अवसरपर कवितामें कीर्ति कहनेवाले लोग। इन्हें कुशीलव, भाट और बन्दीजन भी कहते हैं।

चित्रकूट—प्रयागके दक्षिणमें मन्दाकिनी नदीके तटपर स्थित पर्वत जो उत्तर प्रदेशके बांदा जिलेमें पड़ता है। वनवासके प्रारम्भिक दिनोंमें राम इसी पर्वतपर रहे इसीलिये इसे रामगिरि भी कहते हैं।

चित्रा—२७ नक्षत्रोंमें यह १४वां नक्षत्र अत्यन्त उज्ज्वल प्रभावाला है। इसमें एक तारा है। यह पूर्व दिशामें निकलता और पश्चिममें अस्त होता है। चित्रामें उत्पन्न हुआ

मनुष्य समुद्रोंको ग्रस्त रखता, नीति-शास्त्रमें निपुण और अनेक शास्त्रोंका पण्डित होता है। पुराणके अनुसार यह दक्ष प्रजापतिकी चौदहवीं कन्या और चन्द्रकी पत्नी है। चैत्रकी पूर्णिमाको चन्द्रमा इसीका भोग करता है। चित्रामें यात्रा निषेध है।

चूड़ामणि—सिरपर पहननेका सीसफूल नामका गहना जो माथेके ऊपर ठीक बीचमें माँगपर पहना जाता है।

च्यवन—ऋषि। इनके पिता महर्षि भृगु और माता पुलोमा थी। जब ये माताके गर्भमें थे उस समय एक राक्षस इनकी माताको हरण करनेको आया। अपनी माताकी रक्षा करनेके लिये इन्होंने तत्काल गर्भसे निकलकर उसे मार डाला, इसीलिये इनका नाम च्यवन पड़ा। एक बार तपस्या करते-करते इनके शरीरपर वल्मीक या बाँबी उठ आई। केवल दोनों चमकीली आँखें खुली रह गईं। एक दिन राजा शर्यातिकी पुत्री सुकन्याने कुतूहलवश उनमें काँटे चुभा दिए। महर्षिके क्रोधसे शर्यातिके सामन्तोंका मल-मूत्र रुक गया। तब शर्यातिने क्षमा माँगकर अपनी कन्या उन्हें ब्याह दी। सुकन्या इतनी साध्वी थी कि जब अश्विनीकुमारने परीक्षा लेनेके लिये इन्हें फुसलाया तब भी व दृढ़ रही। इससे प्रसन्न होकर इनके पति च्यवनजीको अश्विनी-कुमारने सुन्दर युवक बना दिया। इसके बदलेमें च्यवन ऋषिने अश्विनीकुमारको यज्ञमें सोम रस दिया। इसपर इन्द्र रुष्ट हो गए और इनपर वज्र चलाया। च्यवनने अपने मन-बलसे वज्रको रोक दिया और उनका नाश करनेके लिए एक विकराल असुरकी सृष्टि की। तब इन्द्र भयभीत होकर च्यवनकी शरणमें आया और इन्द्रको मुक्ति मिली। उस विकराल असुरको च्यवनने चार भागोंमें बाँटकर स्त्री, मद्य, द्यूत, और मृगयामें प्रतिष्ठित कर दिया।

छ

छतिवन (सप्तपर्ण)—भारतके सभी शीतप्रधान प्रदेशोंमें होनेवाला वृक्ष। इसके एक-एक पत्तेमें कई दल होते हैं। इसका पेड़ बड़ा होता है और टहनियोंसे दूध निकलता है। इसका दूध फोड़े को अच्छा कर देता है और तेलमें मिलाकर कानमें डालनेसे दर्द दूर हो जाता है।

छलिक—एक प्रकारका रूपक या नाटक जिसमें दर्शकोंसे किसी प्रकारका छल किया जाता है, उन्हें मूर्ख बनाया जाता है या जिसका लक्ष्य छल करना होता है।

ज

जटायु—प्रसिद्ध गृध्र पक्षी जो सूर्यके सारथी अरुणके औरस तथा श्येनीके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। इनके बड़े भाईका नाम सपाती था। जब रावणने सीताका हरण किया तब जटायुने रावणसे युद्ध किया और उसके हाथों मारा गया। रामने अपने पिताका मित्र समझकर उसका दाह संस्कार किया।

जनक—निमि वंशमें ह्रस्वरोमाके पुत्र, मिथिलाके राजा, सीताके पिता। निमिने अपने पुरोहित वशिष्ठकी उपेक्षा करके यज्ञ किया था। इसपर वशिष्ठने क्रुद्ध होकर नष्ट होनेका शाप दे दिया। तब ऋषियोंने मृत निमिकी देहको मथा जिसमेंसे मथित होकर उत्पन्न होनेके कारण मिथि नामका पुत्र हुआ। इन्हींका दूसरा नाम जनक था। इन्हींके द्वारा स्थापित देश मिथिला कहलाया। ये ब्रह्म-ज्ञानी और विरक्त थे। इसलिये विदेह कहलाते हैं और उपदेष्टा होनेके कारण राजर्षि कहलाते हैं। मिथिलाके सभी राजा ब्रह्मज्ञानी होते चले आए इसलिये सभी जनक कहलाते हैं।

जनपद—एकही बोली बोलनेवाले लोग जितने प्रदेशमें बसते हों उसे जनपद कहते हैं।

जनस्थान—(१) दण्डकारण्य । (२) दण्डकारण्यके पासका स्थान । इक्ष्वाकु वंशके राजपुत्र दण्डने जब शुक्राचार्य की कन्या अरजासे बलात्कार किया तब शुक्राचार्य ने शाप दिया कि तुम सात रात्रिमें भस्म हो जाओ । उन्हींके नाम-पर इस वनका नाम दण्डकवन पड़ा और उसमें जिस स्थानपर रहनेसे तपस्वियोंकी रक्षा हुई थी उसे जनस्थान कहते हैं । (३) दण्डकारण्यका वह स्थान जिसमें रावणकी सेना लेकर खर, दूषण आदि रहते थे ।

जयन्त—इन्द्रका पुत्र ।

जया—पार्वतीजीकी सखी जो तपस्याके समय उनके साथ थी ।

जलकुक्कुट—पनडुब्बी नामक पक्षी जो जलमें डूबकर मछली आदि जीव निकालकर खाता है । मुरगाबी ।

जातकर्म—दस संस्कारोंमेंसे चौथा संस्कार। इसका विधान यह है कि पुत्रके जन्मका समाचार सुनते ही पिताको यह कहना चाहिए—नाभिं मा कृन्तत, स्तनं न मा दत्त । (नार न काटना, स्तन न पिलाना) और फिर सवस्त्र स्नान करके षष्ठी, मार्कण्डेय और षोडशमातृकाका पूजन करके वसुधारा तथा नान्दीमुख श्राद्ध कार्य करना चाहिए । तब किसी ब्रह्मचारी, कुमारी, गर्भवती *या वेदविद् ब्राह्मणसे एक पत्थरकी शिला धुलवा-*कर दाहिने हाथकी अनामिका और अंगुष्ठसे चावल और जौ लेकर 'कुमारस्य जिह्वा निर्मार्ष्टि इयमाज्ञा' कहकर कुमारको छुआना चाहिए । फिर सोनेकी सलाईसे घी लेकर यथाविधि मन्त्रोंके साथ बालककी जीभपर लगाना चाहिए और 'नाभिं कृन्तत स्तनं च दत्त' (नार छेदो, स्तन पिलाओ) कहकर बाहर चला जाना चाहिए ।

जानकी—जनककी पुत्री, रामकी धर्मपत्नी । इनको वैदेही, मैथिली सीता और धरणीसुता भी कहते हैं । खेत जोतते हुए राजा जनकको हलकी फालसे टकराए हुए एक मिट्टीके घड़ेसे मिली थीं । अत, ये जनककी अयोनिजा कन्या थीं और हलसे उत्पन्न होनेके कारण सीता कह-लाईं । इनका जन्म वैशाख शुक्ला अष्टमीको हुआ था । जब रावणने ऋषियोंसे भी कर माँगा तो उन्होंने अपने अँगूठे चीरकर उसके रक्तसे घड़ा भर कर रावणके पास यह कहकर भेज दिया कि इसमें तुम्हारा विनाश निहित है । रावणने वह घड़ा मिथिलाके खेतमें गड़वा दिया । वही ऋषियोंका रक्त सीताके रूपमें उत्पन्न हुआ और उन्हींके कारण रावणका विनाश हुआ ।

चन्द्रक्षय—(देखो दक्ष)

जूही—सफेद चमेलीसे मिलते जुलते छोटे छोटे फूल जो हिमालयकी ढालपर झाड़ियोंमें होते हैं और फुलवारियोंमें लगाए जाते हैं । इस का पौधा कुन्दसे मिलता है और बरसातमें फूलता है । इसे संस्कृतमें यूथिका कहते हैं क्योंकि ये झुंडके झुंड गुच्छोंमें लगते हैं ।

ज्वार—प्रतिदिन समुद्रमें दो बार पानी घटता बढ़ता है । इस चढ़ाव-उतारको ज्वार-भाटा कहते हैं । जब पानी बढ़ता है तब ज्वार होता है, जब उतरता है तब भाटा होता है । ज्वारको संस्कृतमें वेला कहते हैं । प्राय १२ घंटे २८ *मिनटपर ज्वार आता है ।*

ड

डंस—(दश) जंगली मच्छर, डाँस । इस मच्छरके काटनेपर बड़े-बड़े फफोले पड जाते हैं और बड़ी खुजलाहट होती है ।

त

तक्षक—आठ नागोंमेंसे एक नाग । इसका जन्म कश्यप और कद्रूके गर्भसे हुआ था । यह खाण्डव वनमें रहता था और इसने ही शृङ्गी ऋषिका शाप सफल करनेके लिये राजा परीक्षित को काट लिया था जिससे क्रुद्ध होकर जनमेजयने

सर्प-यज्ञ किया था। यज्ञका समाचार सुनकर तक्षकने इन्द्रकी शरण ली और वासुकीने यज्ञ रोकनेके लिए आस्तीकको भेजा, राजा जनमेजयने तक्षकको इन्द्रका शरणागत जानकर ऋत्विजोंसे कहा कि तक्षकके साथ इन्द्रकी आहुति कर डालिए। फलतः 'इन्द्राय तक्षकाय स्वाहा' कहते ही तक्षकके साथ इन्द्र भी अग्निकी ओर आकृष्ट हो गए। तब इन्द्रने डरकर तक्षकको छोड दिया जो अग्निकी ओर गिरने लगा। इसी समय आस्तीकने अपनी ध्यान देकर महाराज जनमेजयसे सर्प यज्ञ बन्द करनेकी भिक्षा माँगी। और तभीसे यह प्रसिद्ध है कि आस्तीकका नाम जपनेसे सर्प-भय नहीं रहता। सर्प दूर करनेका मंत्र यह है—

सर्पापसर्प भद्रन्ते दूर गच्छ महाविष।
जनमेजयस्य यज्ञान्ते आस्तीक वचन स्मर।
आस्तीकवचन श्रुत्वा य सर्पो न निवर्तते॥
शतधा भिद्यते मूर्ध्नि शिंशवृक्षफल यथा।

विश्वास किया जाता है कि वह नाग इच्छानुसार मनुष्य शरीर धारणकर सकता था। वैद्यक ग्रन्थोंमे लिखा है —

मसूर निम्बपत्र च योऽत्ति मेषगते रवौ।
मत्तिरोषान्वितस्तस्य तक्षक किकरिष्यति॥

वैशाखमे जो मसूरके साथ नीमके पत्ते खाता है उसपर क्रोध करके तक्षकभी कुछ नहीं बिगाड सकता अर्थात् उन्हे कोई विष नहीं चढ सकता। आठ प्रधान नाग ये हैं—अनन्त, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कर्कोटक, शख और शेष।

तपोवन—नदीके किनारे हरे-भरे खाद्य-फलोंसे युक्त जिस वनमे महर्षि लोग तपस्या करते थे।

तमसा—टोंस या छोटी सरयू नदी। जिसके स्मरण करनेसे पाप नाश हो उसका नाम तमसा है—यस्या स्मरणात्ताम्यति पाप सा तमसा। वन जाते समय रामने पहली रात इसी नदीके तीरपर बितायी। यह नदी उत्तर प्रदेशके आजमगढ और बलिया जिलेमेसे होती हुई बलियाके पास गगामे मिल गई है।

तमाल—यह वृक्ष बीससे अट्ठाइस फुट तक ऊँचा होता है। इसका रंग गहरा हरा और सुन्दर होता है। वैशाखमे इसमे बडे-बडे श्वेत फूल लगते हैं और कलमी नीबू जैसा एक फल लगता है जिसका छिलका बलके समान चिकना और पीला होता है किन्तु यह इतना खट्टा होता है कि एक बार खानेसे कई दिनतक दांत खट्टा रहता है। सियार इसे बहुत खाते हैं। इसके पत्ते तेजपातके समान होते हैं और इसकी छाया बडी घनी होती है। इसे नीलताल वजताल और नीलध्वज भी कहते हैं। या तो भारतमे सभी स्थानोंपर यह वृक्ष होता है किन्तु समुद्रके तटपर भी बहुत पाए जाते हैं।

तमोगुण—सत्व, रज, तम तीन गुणोंमेसे एक, जिसमे तमोगुण विशेष होता है वह क्रोधी और दुष्कर्मी होता है।

तर्पण—अपने पितरोंको जल-दान देकर तृप्त करनेका कार्य। यह तर्पण विशेष विधानके साथ किया जाता है। तर्पणका यह फल लिखा है—कि तर्पण करनेवालेको किसी प्रकारका दुःख नहीं होता।

ताटका (ताडका)—यह सुकेतु नामक पराक्रमी यक्षकी कन्या थी जिसे उसने ब्रह्मासे वरके रूपमे पाया। इसमे एक सहस्र हाथियोंका बल था, यह जम्भके पुत्र सुन्दसे ब्याही थी। जब अगस्त ऋषिने सुन्दको मार डाला तब यह अपने पुत्र मारीचको साथ लेकर अगस्त ऋषिको खाने दौडी, किन्तु उनके शापसे दोनों राक्षस हो गए। तभीसे यह राक्षसी अगस्त्यजीका तपोवन नष्ट करने लगी और वहाँके सब ऋषियोंको खानेलगी। इसीलिए यह जगल ताडका जगल कहलाता है। जब यह विश्वामित्रजीके यज्ञमे भी विघ्न करने लगी

तब वे राम-लक्ष्मणको ले आए और रामने उनका वध किया। स्त्री समझ कर जब राम झिझक रहे थे तब विश्वामित्रने कहा था—'जो स्त्री वीरके समान युद्ध करे, लज्जा और कोमलता का त्याग करे, उसे मारनेमें स्त्रीवधका दोष नहीं लगता।

ताण्डव—पुरुषोंके नृत्यको ताण्डव और स्त्रियोंके नृत्यको लास्य कहते हैं। यह नृत्य शिवजीको अत्यन्त प्रिय था। १. किसीके मतसे इस नृत्यके प्रवर्तक शिव हैं। २ तण्डु नामक ऋषिने पहले-पहल इसकी शिक्षा दी थी। अतः, इसका नाम ताण्डव पड़ा।

ताम्रपर्णी—१. यह नदी मद्रास प्रान्तके तिन्नेवेलि जिलेमें है। इसे उस भागमें 'पराने' कहते हैं। यह पश्चिमी घाट पर्वतसे निकलकर बंगालकी खाड़ीमें जा गिरती है। २. इसीके आसपास ताम्रपर्णी नामकी एक और नदी जो पश्चिमकी ओर बहती है। ३ बम्बई प्रान्तके बेलगांव जिलेकी एक छोटी नदी।

तारकासुर—यह दैत्य तारक नामका असुरका पुत्र था। ब्रह्माकी घोर तपस्या करने पर इसके मस्तकसे ऐसी ज्योति फूट निकली जिससे इन्द्रादि देवता जलने लगे। देवताओंने यह वृत्तान्त ब्रह्मासे कहा। तत्काल ब्रह्माजी तारकासुरके पास गए। वरदानके रूपमें उसने दो वर मांगे। १. मेरे समान कोई बली न हो। २. शिवके पुत्रके अतिरिक्त किसीसे न मारा जाऊं। वर पाकर वह बड़ा प्रबल हो गया। तब असुरोंने उसका राज्याभिषेक किया। वह संसारमें नाना प्रकारका अत्याचार करने लगा। इससे देवता बहुत दुःखी हुए। तब शिवके पुत्र कार्तिकेयने उसका वध किया। (देखो कार्तिकेय)।

ताल—धार्मिक उत्सव गीतकी प्रत्येक क्रियाका समय मापनेके लिये हाथकी जो ताली बजाई जाती है अथवा मृदंग, मंजीरे आदि पर विशेष बोलोंमें बँधे हुए जो विभिन्न कड़ियोंके समयकी अभिव्यक्ति की जाती है उसे ताल कहते हैं। ऐसी तालें अनेक हैं। तालकी उत्पत्ति महादेवजीके ताण्डवके "ता" और पार्वतीजीके लास्यके "ल" से हुई। यह दो प्रकारकी होती है—मार्गी और देशी। भरतने ६० प्रकारकी मार्गी ताल १२० प्रकारकी देशी तालोंका विवरण दिया है जिनमेंसे आजकल कुछ थोड़ेसे ताल प्रयुक्त होते हैं।

तिन्नी—नीवार या मुन्यन्न। यह एक प्रकारका चावल होता है जो अपने आप बिना बोए उत्पन्न हो जाता है। प्रायः व्रतोंमें लोग इसीका प्रयोग करते हैं।

तिल—यह छोटा पतला, चिपटा बीज होता है जो काला, सफेद और लाल रंगका होता है जंगली तिल भी होता है। तैल शब्द इसी तिलके तेलके लिये प्रयुक्त होता है। यह श्राद्ध-तर्पणादिमें अधिक काम आता है। इसके फूलकी उपमा नाकसे दी जाती है जो सफेद रंगका, गिलासके आकारका, ऊपर चार दलोंमें विभक्त रहता है जिसपर भीतरकी ओर बैंजनी धारियाँ होती हैं। इसका पौधा चार फुटतक ऊँचा होता है। इसके पत्ते ८, १० अंगुल लम्बे और २४ अंगुल चौड़े होते हैं जिनके किनारे टेढ़े मेढ़े होते हैं।

तिलक १—चन्दन, केसर आदिसे जिसके फूलके समान माथे, छाती या हाथपर जो चिह्न आप उसे तिलक कहते हैं। १—लोधका पेड़। १—पुन्नागकी जातिका पेड़, जिसमें वसन्त ऋतुमें सफेद सफेद फूल लगते हैं।

तिलांजलि—अपने पितरोंको तृप्त करनेके लिए तर्पणके समय जलमें तिल डालकर अंजलि देना।

तीर्थ—नदियोंके संगम, तट अथवा अन्य किसी महापुरुषका जन्मस्थान अथवा किसी

पवित्र घटनाके स्थलको तीर्थ कहते हैं जहाँ स्नान करने, निवास करने या दर्शन करनेसे पाप दूर हो जाते हैं। तीन प्रकारके तीर्थ बताये गये हैं—जंगम, मानस और स्थावर। ब्राह्मण और सन्त लोग जंगम तीर्थ है। सत्य, क्षमा, इन्द्रिय-निग्रह, दया, ऋजुता, दान, दम, सन्तोष, ब्रह्मचर्य, प्रियवादिता, ज्ञान, धैर्य और तपस्या ये मानस तीर्थ हैं। गंगा, काशी आदि स्थावर तीर्थ है।]

तूणीर—तरकस। बाण रखनेका खोल। जो दाहिने कन्धेकी ओर पीठसे बँधा रहता है।

तूर्य (तुरही)—मुँहसे फूँककर बजाए जानेवाला एक बड़ा बाजा।

त्रयी—ऋक्, यजु और साम ये तीन वेद। सृष्टिके आदिमें ऋङ्मय ब्रह्मा, स्थितिमें यजुर्मय विष्णु और लयमें साममय रुद्र ही त्रयी हैं।

त्रिकूट—तीन शिखरोंवाला पर्वत। ऐसा पर्वत एक लंकामें है, दूसरा क्षीरसागरमें है, तीसरा गुजरातमें गिरिनार पर्वतमें है जिसे पार करके रघु सिन्धकी ओर गए थे।

त्रिपुर-विजय—तारकासुरके तीन पुत्र-तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्मालीने तपस्या करके ब्रह्मासे यह वर ले लिया कि हम तीनों तीन पुरोंमें रहकर पूजित हों और जब एक साथ मिल जायँ तब जो एक समय बाणसे तीनों पुरोंका नाश कर दे, उसीके हाथसे हमारी मृत्यु हो। मय दानवने इनके लिये स्वर्गमें सोनेका, अन्तरिक्षमें चाँदीका और मर्त्यलोकमें लोहेका लोक बसाया। इन दानवोंने बसके कारण देवताओंपर अत्याचार प्रारम्भ कर दिए। तब महादेवजीने सब देवताओंका आधा-आधा बल लेकर ब्रह्माजीको सारथी बनाकर विश्वकर्माके बनाए रथपर चढ़कर दिव्य धनुष खींचकर त्रैलोक्य-सार-भूत-बाण छोड़ा जिससे त्रिपुर नष्ट हो गए और उन्होंने तीनों पुरोंको जलाकर पश्चिम सागरमें फेंक दिया।

त्रिपुष्कर तीर्थ—ब्रह्माका बनाया एक तीर्थ, जहाँ तीन तालाब है।

त्रिशंकु—ये सूर्यवंशी राजा सशरीर स्वर्ग जाना चाहते थे। जब वशिष्ठ और उनके पुत्रोंने ऐसा यज्ञ करना स्वीकार नहीं किया तब त्रिशंकुने विश्वामित्रकी शरण ली। विश्वामित्रने जो यज्ञ किया उसमें कोई देवता नहीं आए। तब विश्वामित्रने क्रोधसे त्रिशंकुसे कहा—मेरी तपस्याके फलसे ही तुम सशरीर स्वर्गमें चले जाओ। स्वर्गकी ओर आते देखकर इन्द्रने उसे ढकेलकर कहा—तुमपर गुरुका शाप है, तुम औंधे मुँह होकर लौट जाओ। जब यह नीचे गिरने लगे तब विश्वामित्रने उन्हें बीचमें रोक दिया। तबसे त्रिशंकु वहीं नीचे सिर किए हुए लटके हैं।

त्रिशूल—तीन फलकवाला महादेवजीका मस्त्र।

त्रेता—सत्ययुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग नामक चार युगोंमेंसे एक। कार्तिक शुक्ल नवमीको त्रेता युग प्रारम्भ हुआ। इस युगमें बारह लाख छानवे हजार वर्ष होते हैं। इसमें मनुष्यकी आयु १० सहस्र वर्षकी होती है, लम्बाई १४ हाथ होती है। इसमें तीन चरण पुण्य और एक चरण पाप होता है, चाँदीके पात्र ही काममें आते हैं। इस युगमें वामन, परशुराम और रामका अवतार होता है। मनुके अनुसार इस युगमें मनुष्योंकी आयु ३०० वर्षकी होती है।

त्रोटक—यह ५, ७, या ९ अंकका एक नाटक होता है। जिसमें स्वर्ग और पृथ्वी दोनोंके विषय वर्णन किए जाते हैं। श्रृङ्गाररस प्रधान होता है और नायक कोई दिव्य मनुष्य होता है। विक्रमोर्वशीय नाटक त्रोटक ही है।

द

दक्ष—अदितिके पिता और प्रजापति। इन्होंने अपनी १० कन्याएँ धर्मको, १३ कश्यपको, २७ चन्द्रमाको, दो-दो भृगु, अंगिरा और

ध

धनुषयज्ञ—सीताजीके विवाहके लिये जनकजीने प्रण किया था, जो महादेवजीका धनुष उठाकर उसपर डोरी चढ़ा देगा उसीके साथ सीताजीका विवाह होगा। यद्यपि बहुत राजाओंने धनुष उठानेका प्रयत्न किया किन्तु रामके अतिरिक्त कोई भी धनुष नहीं उठा सका इसीलिये सीताजीका विवाह रामसे हुआ।

धर्म—जिस कामसे इस लोकमें अभ्युदय और परलोकमें मोक्ष मिले वही धर्म है। यतोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धि स धर्मः। परहित सरिस धरम नहिं भाई।

धर्मासन—राजा या न्यायाधीश जिस आसन पर बैठ कर न्याय करता है।

धातु—वह मूल क्रियारूप जिससे क्रियाके अनेक रूप बनते हैं—जैसे अस्, इ, आदि।

धूमकेतु—(देखो पुच्छलतारा)

ध्वजा—१ झंडीका डंडा। २ झण्डा।

न

नक्षत्र—अश्विनी आदि २७ तारक-समूह। (देखो कृत्तिका)

नखक्षत—रतिकालमें प्रेयसीके शरीरपर प्रियतम-द्वारा बनाए जानेवाले नखके चिह्न। कामशास्त्रमें इसका विस्तारसे वर्णन किया गया है।

नटी—सूत्रधार या नटकी पत्नी।

नन्दनवन—इन्द्रका वह उद्यान जिसमें मनुष्य अपना भोगकाल पूरा करके विहार करते हैं। यह सृष्टिभरके सब स्थानोंमें सुन्दरतम माना गया है। यहाँ आकाश गंगामें सुनहले कमल खिलते हैं भूमिपर कल्पवृक्ष फलता फूलता है, कामधेनु यथेच्छ फल देती है और यहाँ पहुँचकर लोग अप्सराओंके साथ विहार करते हैं।

नन्दिग्राम—अयोध्यासे चार कोसपर एक गाँव जहाँ भरतने रामके वियोगमें १४ वर्षतक तप किया था।

नन्दिनी—देव सुरभि कामधेनुकी कन्या और वशिष्ठकी गौ जिसे प्रसन्न करके दिलीपने पुत्र पाया था। एक दिन सेना लेकर विश्वामित्रजी वशिष्ठके यहाँ गए। वशिष्ठने नन्दिनी गौके प्रभावसे उनका इच्छानुसार सत्कार किया। विश्वामित्रने उनसे यह गौ माँगी। जब वशिष्ठने अस्वीकार कर दिया तब वे बलपूर्वक गौको ले चले मार्गमें नन्दिनीके चिल्लानेसे उसके विभिन्न अंगोंमेंसे म्लेच्छों और यवनोंकी इतनी सेनाएँ निकल पड़ी कि विश्वामित्र हार गए।

नन्दी—१ शालङ्कायण नामक शिवजीके द्वारपाल। २ शिवजीके एक प्रकारके गण जिनके तीन भेद होते हैं—कनकनन्दी, गिरिनन्दी और शिवनन्दी।

नमुचि—१ एक दानव जो शुम्भ और निशुम्भका तीसरा भाई था और कश्यपकी दनु नामक पत्नीसे उत्पन्न हुआ था। २ विप्रचित्ति नामक दानवका पुत्र, जो इन्द्रका मित्र था, जिसने सोमरसके साथ इन्द्रका बल हर लिया था और जिसे इन्द्रने सरस्वती और अश्विनीकुमारसे वज्र लेकर मारा था। इन्द्रने इससे प्रतिज्ञा की थी कि मैं न तो तुम्हें दिनमें मारूँगा और न रातमें न सूखे अस्त्रसे न गीले अस्त्रसे। इसीलिये इन्द्रने आक या मदारके समान एक वज्रास्त्रसे उसका वध किया।

नमेरु—एक प्रकारका पुन्नाग वृक्ष। इसे हिन्दीमें सुल्तानी चम्पा कहते हैं। इसका फूल बड़ा-बड़ा लाल लाल होता है जिसमेंसे अत्यन्त सुन्दर गंध निकलती है।

नरकट—सरकण्डे (शरपत्र) के समान दलदलमें होनेवाली एक घास, जिसमें पोरदार छड़ी निकलती है जिससे लिखनेके कलम बनाए जाते हैं। इसका पौधा बेंतके समान, पत्तियाँ बाँसकी पत्तियोंके समान और डंठल या छड़ी पोली होती है जिसकी दुकेकी निगालियाँ,

टोकरी और मूढे भी बनते हैं। इसे नरकुल भी कहते हैं।

नर्मदा (नदी)—यह रीवाँ राज्यके अमरकण्टक पहाड़से निकलकर भड़ोंचके पास अरब सागरसे गिर जाती है। यह विन्ध्यके दक्षिण ८०० माल तक बहती है। अमरकण्टकसे निकलकर माल भूमिमें पहुँचकर वहाँसे ७० फुट नीचे गिरकर कपिलधारा प्रपात बनाती है। इस नदीमें स्नान करनेका बड़ा पुण्य बताया गया है क्योंकि यह शंकरकी देहसे उत्पन्न हुई है।

नलकूबर—कुबेरका पुत्र, मणिग्रीवका भाई। एक बार यह कैलास पर्वतपर मदिरा पीकर स्त्रियोंके साथ विहार कर रहा था तब नारदने शाप दिया, जिससे यह वृन्दावनमें यमलार्जुन हुआ था।

नलगिरि—(हाथी) उज्जयिनीके राजा चण्डप्रद्योतका प्रसिद्ध वेगशील हाथी।

नवमल्लिका—१. चमेली, २. नेवारी।

नहुष—ये चन्द्रवंशी राजा आयुके पुत्र और पुरूरवाके पौत्र थे। ये बड़े प्रतापी चक्रवर्ती राजा थे। जब वृत्रासुरको मारनेपर ब्रह्महत्याके डरसे इन्द्र कमलनालमें छिप गए, तब बृहस्पतिने नहुषको ही इन्द्र बना दिया। इन्द्राणीपर मोहित होकर जब इन्होंने उन्हें पास बुलाना चाहा तब इन्द्राणीने कहलाया कि आप सप्तर्षियोंके कन्धेपर पालकीपर चढकर आइए। पालकीपर चढकर हड़बड़ोमें इन्होंने सप्तर्षियोंसे कहा—'सर्प, सर्प' अर्थात् जल्दी-जल्दी चलो। इसपर अगस्त्यजीने इन्हे शाप दे दिया कि जाओ, सर्प हो जाओ। किन्तु प्रार्थना करनेपर अगस्त्यने कहा—युधिष्ठिर तुम्हे शाप मुक्त करेंगे। इसीसे ये बहुत दिनों सर्प बनकर द्वैतवनमें पड़े रहे और जब इनको पकड़से भीमको छुड़ानेके लिये युधिष्ठिर आए तब इनकी मुक्ति हुई।

नाग—कश्यपकी कद्रु नामक स्त्रीसे अनन्त, वासुकि, कम्बल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक और अपराजित नामके नाग उत्पन्न हुए। ये नाग, भूमिके नीचे रमणीयक द्वीपमें रहते थे।

नागकन्या—नागजातिकी कन्याएँ जो बहुत सुन्दर बनाई गई हैं।

नागपाश—वरुणका अस्त्र जिससे वे शत्रुओंको बाँध लेते हैं। मेघनादने इन्द्रसे यही अस्त्र प्राप्त किया था। तन्त्रके अनुसार ढाई फेरेके बन्धनका नाम नागपाश है।

नागरमोथा—नागरमुस्ता—एक प्रकारकी घास जो जंगली सूअर बहुत खाते हैं।

नान्दी—नाटकके प्रारम्भमें देवताओंको प्रसन्न करनेके लिए जो प्रार्थनाएँ की जाती हैं। साहित्यदर्पणके अनुसार यह आठ या १२ पदोंमें होनी चाहिए किन्तु भरतने १० पदोंकी भी बताई है। नान्दीका पाठ मध्यम स्वरमें होना चाहिए।

नारद—अपने पितरोंको सदा जलदान देनेके कारण इनका नाम नारद पड़ा। ये ब्रह्माके मानस-पुत्र उनके कण्ठसे उत्पन्न हैं। और देवर्षियोंमें प्रधान माने जाते हैं।

नारायण—(नर-नारायण) एक बार शरभरूपी महादेवने अपने दाँतसे नरसिंहके दो टुकड़े कर डाले जिसमें उनके नररूपसे तपस्वी मुनि नरकी उत्पत्ति हुई और सिंहाकृति देहसे नारायण का। ये नर और नारायण हिमालयपर बदरिकाश्रममें तपस्या करने लगे। वहाँ इनके तपसे डर कर इन्द्रने बाधा देनेके लिये अप्सराएँ भेजीं। उन्हें लज्जित करनेके लिये नर-नारायणने अपनी जंघासे उर्वशी उत्पन्न करके खड़ी कर दी।

निचुल—एक प्रकारके बेतका पेड़।

निमिकुल—मिथिलावंशको स्थापित करनेवाले और इक्ष्वाकुके पुत्र निमिने यह विदेह

वंश चलाया। एक बार निमिने वशिष्ठको बुलाया किन्तु वशिष्ठजी इन्द्रका यज्ञ करने चले गए। तब निमिने दूसरे ऋषियोंको बुलाकर यज्ञ प्रारंभ कर दिया। इसपर वशिष्ठने शाप दिया कि मेरी अवज्ञा करनेके कारण तू दीन होगा और तेरा शरीर नहीं रहेगा। निमिने भी वशिष्ठको शाप दिया कि बिना समझे बूझे शाप देनेके कारण आपका भी शरीर नहीं रहेगा। यह कहकर निमिने शरीर छोड़ दिया और उनकी देह तेलमें रख दी गई। उधर वशिष्ठजी शरीर छोड़ कर मित्रावरुणके तेजमें समा गए और फिर मित्रावरुणके औरससे उर्वशीके द्वारा उत्पन्न हुए। यज्ञकी समाप्तिपर जब देवताओंने मृतक निमिसे वर माँगनेके लिए कहा तब उन्होंने उत्तर दिया—मैं जीना नहीं चाहता। किन्तु यही चाहता हूँ कि मैं आँखोंपर रहूँ। तब से वे सबकी पलकोंपर रहते हैं। उनकी मृत देहको मथकर एक पुत्र उत्पन्न किया गया जिसका नाम जनक रखा गया और इसी मथनेसे उत्पन्न होनेके कारण उनका नाम मिथि भी था। उसी समयसे निमि सबकी पलकोंपर रहते हैं और सबकी पलकें उठी रहती हैं। उन्हींका कुल निमिका कुल कहलाता है।

निर्विन्ध्या—विन्ध्याचलसे निकली हुई एक नदी।

नीच—पहाड़ी जो विन्ध्याकी ही एक प्रशाखा है।

नीति—षट-नीति-'सन्धि, विग्रह, यान, आसन, आश्रय, द्वैधीभाव।'

नीवार—(देखो तिन्नी)

नूपुर—(देखो बिछुए)

नैर्ऋत—१ एक राक्षस। २ नैर्ऋत्यकोण के दिक्पाल।

नैर्ऋत्य—पश्चिम-दक्षिण कोणकी दिशा।

नैमिषारण्य—वर्तमान नीमसार नामका तीर्थ जो अवधके सीतापुर जिलेमें है। यहाँ गौर्मुख मुनिने निमिषमात्रमें असुरोंको भस्म कर दिया था इसीलिये इसका नाम नैमिषारण्य पड़ा। देवी भागवतमें लिखा है —जब कलिकालके भयसे ऋषि लोग ब्रह्माके पास गए तब उन्होंने मनोमय चक्र लेकर कहा कि जहाँ इसकी नेमि (घेरा) चूर-चूर हो जाय वही पवित्र स्थान समझकर रहना। वही नैमिषारण्य है। यहाँ गोमती नदी बहती है।

नैमिषेय यज्ञ—निमिषारण्यमें किया हुआ यज्ञ।

न्यायासन—(दे० धर्मासन)

प

पक्ष—प्रतिमासमें १५ दिनका समय। कृष्ण पक्षमें चन्द्रमा नित्य एक कला घटता है शुक्ल पक्षमें नित्य एक कला बढ़ता है।

पचतत्त्व—पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, इन्हीं पाँच तत्त्वोंके संयोगसे सारी सृष्टि बनी है।

पचवटी—१ पीपल, बेल, बड आँवला और अशोकके वृक्षोंका समूह। इनमेंसे पीपलको पूर्व, बेलको उत्तर, बड़को पश्चिम, आँवलेको दक्षिण और अशोकको आग्नेय कोणमें लगाकर पाँच वर्ष बाद इस पचवटीकी प्रतिष्ठा करनी चाहिए और इसके बीचमें चार हाथ लंबी-चौड़ी वेदी बनानी चाहिए। २ दण्डकारण्यमें नासिकके पास गोदावरीके तटपर एक वन जिसमें वनवासके समय राम, लक्ष्मण, सीताने निवास किया था जहाँ शूर्पणखाके नाक कान काटे गए थे और सीताहरण हुआ था।

पचबाण—१ कामदेव २ कामदेवके पाँच बाण—द्रवण, शोषण, तापन, मोहन, और उन्मादन। कामदेवके पाँच बाण ये हैं—कमल, अशोक, आमकी मंजरी, नवमल्लिका (चमेली) और नीला कमल।

अरविन्दमशोकञ्च चूतञ्च नवमल्लिका।
नीलोत्पलञ्च पञ्चैते पञ्चबाणस्य सायकाः॥

पञ्चाप्सर—(पम्पासर) जहाँ शातकर्णि मुनि तपस्या करते थे। इनका तप भंग करनेके लिये इन्द्रने पाँच अप्सराएँ भेजी थीं। रामायणमें इन्हें भाण्ड-कर्णि लिखा है।

पर्णकुटी—पत्तोंसे छाई हुई कुटिया या भोंपड़ी। वनवासके समय लक्ष्मणने पञ्चवटीमें रामके लिए बड़ी सुन्दर पर्णकुटी बनाई थी जिसकी प्रशंसा वाल्मीकिने की है।

पताका—झण्डी। झण्डीका कपड़ा।

पद्मराग—लाल रंगका 'लाल' नामक मणि। कहा जाता है कि जब इन्द्रने असुरोंको मारते समय उनका रक्त पृथ्वीपर न गिरने देनेके लिये सूर्यको नियुक्त किया और जब रावणके डरसे सूर्य गिर गए तब असुरोंका रक्त सिंहल देशमें रावण गंगा नदीमें जा गिरा। उसीसे तीन प्रकारके लालमणिकी उत्पत्ति हुई—सुगन्धि, कुरुविन्द, और पद्मराग। पद्मरागका रंग कमल-जैसा, कमल जुगनू-जैसी, कोयल सारस या चकोर-जैसी और देखनेमें लाल-जैसा होता है।

पद्मासन—बाएँ जंघेके ऊपर दाहिना जंघा चढ़ाकर, छातीपर अंगूठा रखकर नासिकाके अग्रभागको देखना पद्मासन कहलाता है। इस आसनको साधनेसे किसी प्रकारकी कोई व्याधि नहीं होती।

पन्ना—इसे ही मरकत कहते हैं। इसका रंग हरा उजला होता है। कहा जाता है जिस समय दैत्यपतिका पित्त लेकर नाग-राज वासुकी चले जा रहे थे उस समय गरुड़ उसे ग्रसनको तैयार हुए। उसी समय वासुकीने वह पित्त तुरन्त इसके पर्वतकी घाटियोंपर फेंक दिया। और वहीं मरकतमणि या पन्ना पैदा हुआ। ग्रन्थोंमें कहा गया है कि सांपका जो विष औषधि या मन्त्रसे दूर न हो वह इससे दूर हो जाता है। पन्ना धारण करनेसे सब पाप क्षय हो जाते हैं, धनधान्यकी वृद्धि, युद्धमें विजय, विष रोगोंका नाश होता है।

पम्पासर--(देखो पञ्चाप्सर) दक्षिणमें पम्पा नदीके किनारे और ऋष्यमूक पर्वतके पास एक तालाब है। वर्तमान बनमलय नदी ही पम्पा नदी जान पड़ती है और पश्चिमी घाट ही ऋष्यमूक पर्वत है। यहीं मतंग ऋषिका आश्रम भी था।

परमानन्द—निर्विकल्प समाधिके समय योगीको त्रिपुटीमें जब परा ज्योतिका प्रकाश दिखाई पड़ने लगता है वही परमानन्दकी अवस्था है। इसे ब्रह्मानन्द भी कहते हैं।

परशुराम—जमदग्निके औरससे रेणुकाके पुत्र। ये अपने पाँच भाइयोंमेंसे सबसे छोटे थे। इनके भाई थे—रुमण्वान्, सुषेण, वसु और विश्वावसु। चैत्र शुक्ल तृतीया पुनर्वसु नक्षत्रमें इनका जन्म हुआ था। इन्होंने गन्धमादन पर्वत पर तपस्या करके महादेवजीसे मन्त्र विद्या सीखी और गणेशजीसे परशुविद्या सीखी इसीलिये परशुराम कहलाते हैं। एक बार इनकी माता रेणुकाने नदीमें चित्ररथको अपनी स्त्रीके साथ विहार करते देखा और वहाँसे कामोद्दिग्न होकर घर आई। जमदग्निको इसपर क्रोध हुआ और उन्होंने बारी-बारीसे अपने पुत्रोंको आज्ञा दी कि माताका वध कर डालो। अन्य चारों भाइयोंने तो पिताका कहना नहीं माना पर परशुरामने पिताकी आज्ञासे माताका सिर काट डाला। इसपर प्रसन्न होकर जमदग्निने वर माँगनेके लिये कहा। परशुरामने कहा- मेरी माताको जिला दीजिए। उन्हें परमायु दीजिए, मेरे भाइयोंको चेतन कर दीजिए और ऐसा कीजिए कि युद्धमें मेरे सामने कोई न टिके। जमदग्निने ऐसा ही वर दिया। एक बार हैहय राजा कार्त्तवीर्य सहस्रार्जुन जमदग्निके आश्रममें आया। रेणुकाने उसका

स्वागत किया किन्तु वह मदान्ध होकर वृक्षोंको उजाड़कर होमधेनुका बछड़ा लेकर चल दिया। परशुरामको ज्ञात हुआ तो उन्होंने तुरन्त आकर कार्त्तवीर्यकी सहस्रों भुजाएँ काट डालीं। इसके बदलेमें कार्त्तवीर्यके कुटुम्बियोंने जमदग्निको मार डाला। इसपर क्रुद्ध होकर परशुरामने क्षत्रियोंके नाशका प्रण किया और सब क्षत्रियोंको मार डाला। जब इस क्रूरताकी निन्दा ब्राह्मणोंमें होने लगी तब वे तपस्याके लिये वनमें चले गए। वहाँ इनके पौत्र परावसुने यह कहकर इन्हें उत्तेजित किया कि ययातिके यज्ञमें अभी बहुतसे राजा आए थे इसलिये आपकी प्रतिज्ञा व्यर्थ हुई है। इसपर उन्होंने पुनः क्षत्रियोंका नाश प्रारंभ किया और यह सब कर चुकनेपर सारी पृथ्वी कश्यपको दानमें दे दी। कश्यपने बचे हुए क्षत्रियोंकी रक्षाके लिये परशुरामसे कहा—यह पृथिवी हमारी हो चुकी, अब तुम जाकर दक्षिणमें रहो। तब वे दक्षिणमें (वर्त्तमान केरलमें) समुद्रके तटपर शूर्पारक नामक स्थानमें रहने लगे। परशुरामने २१ बार पृथ्वीको निःक्षत्रिय करके समन्तपञ्चक (५ ताल) रुधिरसे भर दिए और उन्हीं तालोंसे तर्पण करके अपने पितामह महर्षि ऋचीकका दर्शन पाया था जिसमें ऋचीकने परशुरामको क्षत्रिय-वध करनेसे रोक दिया। बनारस जिलेमें तुर्त्तीपारके पास खैरागढ़का नामक भार्गवपुर है। कहा जाता है कि यहीं परशुरामका जन्म हुआ था और यहाँसे तीन कोस पश्चिममें रक्तार्द नामक तालमें ही सहस्रार्जुनका वध हुआ था। इनमें ब्राह्मण और क्षत्रिय दोनों भाव थे क्योंकि इनके पिता ब्राह्मण थे और माता क्षत्रिया। इनका कथन था—

अग्रतश्चतुरोवेदाः पृष्ठतः सशरंधनुः ।
इदं ब्राह्ममिदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ॥

परा—१. नाभि-रूपी मूलाधार चक्रमें पहले-पहल निकलनेवाली वाणी जो परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरीमेंसे सबसे पहला है। २ ब्रह्म-ज्ञान प्राप्त करानेवाली उपनिषद् विद्या या ब्रह्म विद्या।

परिक्रमा—१ किसी पूजनीय व्यक्ति, देवमूर्ति या स्थानके चारों ओर दाहिनी ओरसे घूमना। २. देवमन्दिरके चारों ओर घूमनेके लिये बनी हुई गली।

पारिपार्श्वक—सूत्रधारके पास रहनेवाला नट। इसे पारिपार्श्विक भी कहते हैं।

परिवह—वह पवन जो प्रातःकालीन वायुपर रहता है, आकाश-गंगाको बहाता है और शुक्र तारेको घुमाता है। आठ प्रधान पवन ये हैं—आवह, प्रवह, उद्वह, सम्वह, सुवह, परिवह और परावह।

पलाश—ढाक या किंशुक। इसके पत्ते चौड़े, गोल और एक डंठलमें तीन लगते हैं। गर्मीमें इसमें लाल फूल लगते हैं जिसे टेसू कहते हैं, इसे पकानेसे पीला रंग निकलता है। उस पीले रंगसे लोग होली खेलते हैं। इसके पत्ते और जड़में बड़ा गुण होता है।

पवन—(पाँच) प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान। नाकमें स्थित पवन प्राण, गुदा आदि स्थानोंमें अपान, अन्न जलादिको पचानेवाला समान, कण्ठमें उदान और सब नाड़ियोंमें व्याप्त पवन व्यान है। सांख्यके आचार्योंने नाग, कूर्म, कृक, देवदत्त और धनंजय नामक पाँच वायु माने हैं। उगलानेवाले वायुका नाम नाग, आँखें खोलनेवालेका नाम कूर्म, भूख उत्पन्न करनेवालेका नाम कृक, जँभाई उत्पन्न करनेवालेका नाम देवदत्त और शरीर पोषण करनेवाले वायुका धनञ्जय।

पवन—(४९) प्रलयकालमें उनचास पवन।

पश्यन्ती—मूलाधारसे पहले उठा हुआ वह नादरूप वर्ण या वाणी जो हृदयमें पहुँच जाती है।

पाटल—१. गुलाबका फूल। २. गुलाबी रंग।

पाताल—पृथ्वीके नीचेके सात लोकोंमेंसे सातवाँ लोक। ये लोक हैं-अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल (पद्मपुराण)। पाताल भी सात माने गए हैं—अतल, नितल, वितल, गभस्तिमत्, तल, सुतल और पाताल। (शब्दरत्नावली) ये पाताल अनेक भवन, उद्यान, उपवन आदिसे सुशोभित हैं। ये सब स्वर्गलोकसे भी बढ़कर हैं। इनमें महानाग और सर्प निवास करते हैं। यहाँ चन्द्रमा और सूर्य प्रकाश देते हैं, गर्मी सर्दी नहीं होती।

पाण्ड्य—भारतमें धुर दक्षिणका भाग जिसमें वर्तमान तिरुवाकूर, मद्रासका दक्षिणी भाग और कोचीनका राज्य पड़ता है।

पातिव्रत्य—अपने पतिमें शुद्ध निष्ठा रखकर पतिको ही देवता और सर्वस्व माननेका भाव।

पाद्य—पैर धुलानेके लिये जल।

पारसिक (पारसीक)—भारतके पश्चिममें पारस व ईरान देशके निवासी जो पहले अग्निपूजक थे और अब मुसलमान हैं।

पारिजात—समुद्र-मन्थनसे निकला हुआ वृक्ष। यह इन्द्रकी नगरी अमरावतीमें लगा दिया गया था जिसे श्रीकृष्णजी सत्यभामाके कहनेसे द्वारिका ले आए।

पिण्डदान—पितरोंको तृप्त करनेके लिये दूधमें पके भात, मधु, शक्कर, तिल और घीका पिण्ड।

पिनाक—महादेवजीका धनुष जो उन्होंने प्रसन्न होकर जनकको दिया था।

पिशाच—१ कच्चा माँस खानेवाले। २ एक हीन देवयोनि। ये अत्यन्त अपवित्र और गन्दे बताये गए हैं।

पुंसवन—गर्भके तीसरे महीनेमें पुत्र सन्तान प्रसव करानेके लिये यह संस्कार कराया जाता है।

पुच्छलतारा—धूम्रकेतु। एक प्रकारका अत्यन्त चमकदार तारा जिसके पीछे लंबी पूँछ-सी दिखाई देती है। कहा जाता है कि जब यह दिखाई देता है तब पृथ्वीपर कोई न कोई उपद्रव होता है।

पुत्रेष्टि—(यज्ञ) पुत्र उत्पन्न करनेकी इच्छासे किया हुआ यज्ञ।

पुनर्वसु—२७ नक्षत्रोंमेंसे सातवाँ नक्षत्र। इसकी आकृति धनुषके समान है और इसमें पाँच तारे हैं। इसके पहले तीन चरणोंमें जन्म लेनेसे मिथुन राशि, और चौथे चरणमें कर्क राशि होती है। इस नक्षत्रमें जो जन्म लेता है वह बहुत मित्रवाला, शास्त्र पढ़नेवाला, रत्नोंसे प्रेम करनेवाला, दाता, प्रतापी और भूस्वामी होता है।

पुरु—ययातिके सबसे छोटे पुत्र जिन्होंने अपने पिताको अपना यौवन अर्पित किया था। इन्हींसे चन्द्रवंशी क्षत्रियोंकी उत्पत्ति हुई है।

पुरोहित—जो हित करनेवाला, वेद स्मृति जाननेवाला, सत्यवादी, पवित्र, ब्राह्मण-कर्म करनेवाला, निर्मल आचरण करनेवाला, आपत्ति दूर करनेवाला सौम्य होता है।

पुलस्त्य—ब्रह्माके मानस पुत्र और सप्तर्षियोंमेंसे एक ऋषि जिनकी गिनती प्रजापतियोंमें भी होती है। इन्होंने ब्रह्मासे आदि पुराण सुनकर उसका प्रचार पृथ्वीपर किया था। ये विश्रवाके पिता तथा कुबेर और रावणके पितामह थे।

पुष्पक—कुबेरका विमान, जो इच्छानुसार चलता था। रावणने यह विमान कुबेरसे छीन लिया था किन्तु रामने रावणवधके उपरान्त कुबेरको लौटा दिया था।

पुष्करावर्तक—पुष्कर अर्थात् जलाशय, आवर्तक अर्थात् समुद्र या नदीमें पड़ी हुई भँवर जिनमें भाप उठनेसे बादल बनते हैं। ज्योतिष

तत्वमें आवर्त, सम्वर्त, पुष्कर और द्रोण नामक चार प्रकारके मेघोंका उल्लेख किया गया है। इनमेंसे आवर्त-मेघ निर्जल, सवर्त बहुत जलवाला, पुष्कर भयकर जलवाला, और द्रोण सब प्रकारके धान्योंको बढानेवाला होता है—

आवर्तो निर्जलो मेघ सम्वर्तश्च बहूदक ।
पुष्करो दुष्कर-जलो द्रोण सस्य-प्रपूरक ॥

[कालिदासने आवर्त वशके निर्जल मेघ और पुष्कर नामक दुष्कर जल वाले मेघको ही दूत बनाकर भेजा है। क्योंकि दोनों ही प्रजाके लिये निरर्थक हैं।]

पुष्य—२७ नक्षत्रोंमें आठवाँ नक्षत्र। इसकी आकृति वाणके समान है। सब पुण्य कार्य इसी नक्षत्रमें किए जाते हैं। यह नक्षत्र कर्क राशिमें पडता है। इसमें जन्म लेनेवाला बुद्धिमान, कृतज्ञ, धनधान्ययुक्त, परम विद्वान्, आस्तिक, पिता-माताका भक्त, अभिनय-कुशल और सम्पन्न होता है। इस नक्षत्रमें गंगास्नान करनेसे करोडों कुलोंका उद्धार हो जाता है।

पृथु—त्रेतायुगके सूर्यवंशी पाँचवें राजा। जब राजा वेणुका निःसन्तान देहान्त हो गया तब ब्राह्मणोंने इनके दोनों हाथ हिलाए जिससे इनके दाहिने हाथसे पृथु और बाएँसे एक अर्चि नामकी कन्या हुई जिसका परस्पर विवाह कर दिया गया। जब पृथुका राज्याभिषेक हुआ तब पृथ्वीसे अन्न उत्पन्न होना बन्द होगया। पृथुने झट अपने धनुषपर बाण चढाकर पृथ्वीको दौडाया और कहा—तुम अन्न क्यों नहीं उत्पन्न करती हो। तब पृथ्वीने कहा—ब्रह्माने मुझपर जो ओषधियाँ आदि उत्पन्न की थी उनका लोग दुरुपयोग करने लगे। प्रजापालन और लोकहितका किसीको ध्यान नहीं है इसी कारण मैंने सब ओषधियोंको अपने उदरमें रख लिया है। अब आप राजा हो गए इसलिये कोई बछडा, दुहनेका बर्तन और दुहनेवाला खडा कीजिए। मुझे ऐसा समतल बना दीजिए कि वर्षाका जल गिरकर समान रूपसे फैल जाय। तब पृथुने मनुको बछडा बनाया और अपने हाथपर सब ओषधियाँ दूह ली। इसके पश्चात् अनेक ऋषियोंने अनेक प्रकारसे अनेक वस्तुओंको बछडा बना-बनाकर पृथ्वीको दूहा। हिमालयको बछडा बनाकर पर्वतोंने भी अनेक रत्न दुह लिए थे तभीसे पृथ्वीका नाम दुहिता पडा और पृथ्वी धान्यपूर्ण हो गई। यह सब करके पृथुने ९९ अश्वमेध यज्ञ किए। जब सौवाँ यज्ञ कर रहे थे तब इन्द्र उनका घोडा लेकर भागे। पृथुके पीछा करनेपर इन्द्रने जो अनेक रूप धारण किए उन्हींसे जैन, बौद्ध, कापालिक आदि मतोंकी सृष्टि हुई। किन्तु पृथुने इन्द्रसे घोडा छीन लिया और इनका नाम विजिताश्व पडा। इस यज्ञमें पृथुने इन्द्रको मन्त्रद्वारा भस्म करना चाहा पर ब्रह्माने आकर मेल करा दिया। यज्ञ समाप्त करके पृथुने सनत्कुमारसे ज्ञान प्राप्त किया।

पौलोमि—(देखो शची)

प्रणव—ओंकार। अकारसे विष्णु, उकारसे महेश्वर और मकारसे ब्रह्मा। अत, ओंकार कहनेसे तीनोंका स्मरण होता है। मनुके अनुसार वेद पाठके पहले और पीछे प्रणवका उच्चारण कर लेना चाहिए। आकार और अर्थ ये दो शब्द ब्रह्माका कण्ठ छेदकर बाहर निकले थे इसीसे ये मगल-जनक कहे जाते हैं। प्रणवके कारण मत्र और क्रियाके सब दोष दूर हो जाते हैं।

प्रतिपदा—प्रत्येक पक्षकी पहली तिथि (प्रतिपद्)। प्रतिपद् तिथिका नाम नन्दा भी है। प्रतिपद्को तेल लगाना, बाल बनवाना और कोहडा (कूष्माड) खाना निषिद्ध बताया गया है। प्रतिपदाको जो जन्म लेता है वह मणि

थादिसे सयुक्त, मनोहर कान्तिवाला, प्रतापशाली और कुलका उद्धारक होता है।

प्रतिष्ठानपुरी—चन्द्रवंशी राजा पुरूरवाकी राजधानी गंगा-जमुनाके संगमपर थी जहाँ अब झूँसी है।

प्रतिहार (प्रतीहार)—१. द्वारपाल। २. राज कर्मचारी जो सदा राजाओंके पास रहते थे और सब प्रकारके समाचार सुनाया करते थे। ये प्राय पढे-लिखे ब्राह्मण या राजपरिवारके होते थे।

प्रतीहारी—(देखो प्रतिहार) स्त्री प्रतिहारी कहलाती है।

प्रत्यय—वह अक्षर जो शब्दके अन्तमे जोड देनेसे अर्थकी विशेषता उत्पन्न करता है। जैसे 'समर्थ' शब्दमे 'ता' लगा देनेसे 'सामर्थ' गुणका बोध कराता है।

प्रदक्षिणा—देवमूर्ति या पूज्य पुरुषके दाहिनी ओरसे उसके चारो ओर घूमना। देवीकी प्रदक्षिणा एक बार, सूर्यकी सात बार, विनायककी तीन बार, विष्णुकी चार बार और महादेवकी आधी बार करनी चाहिए। कालिका पुराणमे लिखा है कि दाहिना हाथ फैला और सिर झुकाकर देवताको दाहिनी ओर करके एक या तीन बार उनकी परिक्रमा की जाती है।

प्रद्योत—उज्जयिनीके राजा जो विक्रमकी शताब्दीसे लगभग ६०० वर्ष पूर्व राज्य करते थे। इनका नाम चण्ड-प्रद्योत भी है। इन्हींकी कन्या वासवदत्ताका हरण वत्सराज उदयनने किया था।

प्रमथ—१ महादेवजीके मुखकी फेनसे बत्तीस करोड प्रमथोंकी सृष्टि हुई है। २ महादेवजीके खेल-कूद और विहारमे सहायता देनेवाले उनके गण। ये सब विचित्र आभरणोंसे अलकृत, जटाजूट और अर्धचन्द्र धारण किए हुए उजले वृषपर चढ़े हुए उमाके समान सुन्दरी कामिनियोंको साथ लेकर पार्वती और महादेवके पीछे पीछे उनके विहारमे साथ रहते हैं और जब महादेव-पार्वतीजी एकान्त विहार करते हैं तब ये द्वारकी रक्षा करते हैं। ३ शिवके पार्षद जो हास्यरसके अधिष्ठाता देवता कहलाते हैं।

प्रमद-वन—रनिवासकी फुलवारी।

प्रमोद-वन—आनन्द या विहार करनेका उपवन।

प्रलय—१. सम्पूर्ण सृष्टिका विनाश। यह चार प्रकारसे होता है—नित्य, नैमित्तिक, प्राकृत और आत्यन्तिक—

नित्य नैमित्तिक चैव प्राकृतात्यन्तिको तथा।
नित्य सकीर्त्यते नाम्ना मुनिभि प्रति सचर॥

लोकमे जो बराबर क्षय हुआ करता है वह नित्य प्रलय है। कल्पके अन्तमे तीनो लोकोका जो क्षय होता है वह नैमित्तिक या ब्राह्म प्रलय कहलाता है। जिस समय प्रकृतिके महदादि विशेष तत्त्व विलीन हो जाते हैं वह प्राकृतिक प्रलय कहलाता है। ज्ञानकी पूर्णावस्था प्राप्त होनेपर ब्रह्म या चित्तमे लीन हो जाना आत्यन्तिक प्रलय है।

प्रवेशक—नाटकमे वह स्थल जहाँ दो अकोंके बीचकी घटनाका परिचय कोई पात्र अपने वार्तालाप द्वारा सूचित करता है।

प्रवाल—१ मूँगा। २. पत्तोकी कोपलें।

प्राग्ज्योतिष—आसाम देश जो भारतवर्षमे पूर्वकी ओर अवस्थित है।

प्राणायाम—नाकसे प्राणवायुको भीतर खींचना, (पूरक) रोकना (कुभक) और बाहर निकाल देना (रेचक) प्राणायाम कहलाता है। इसका नियम यह है—यदि ३२ गिनते हुए साँस भीतर खींची जाय तो ६४ तक गिनकर उसे रोक रखना चाहिए और १६ गिनकर उसे धीरे-धीरे छोडना चाहिए। साँस खींचते हुए या छोडते हुए

शीघ्रता नहीं करनी चाहिए अन्यथा बड़ी हानि होती है और अनेक रोग हो जाते हैं।

प्रियगु—एक प्रकारकी सुगन्धित जड़ी, जिसे संस्कृतमें फलिनी और पीता भी कहते हैं। यह भारतके पश्चिमी तटके देशोंमें और सिंघल, सिंगापुर, जावा, सुमात्रा, मलायामें होता है। इसका फल मीठा होता है।

प्रियाल—इसे संस्कृतमें प्रखट्ट। स्नेहबीज तापस प्रिय भी कहते हैं। इसीका बीज चिरौंजी कहलाता है। इसका वृक्ष विन्ध्यके जगलोंमें होता है। इसमेंसे बढ़िया गोंद भी निकलता है।

व

बकुल—मौलसिरीका पेड़। इसके फूलोंकी सुगन्धि बड़ी मीठी होती है। यह भारतके प्राय सभी स्थानोंमें पाया जाता है। इसके लाल रससे रेशमी और सूती कपड़े रँगे जाते हैं। यह गर्मीमें फूलता है और इसके फूल निरतर झड़ते रहते हैं। इसमें फल लगता है जो पकनेपर स्वादिष्ट भी लगता है।

बड़वानल एक बार महर्षि और्व अयोनिज पुत्रकी इच्छासे अपना वक्षस्थल मथने लगे। इससे जो ज्वालामय पुरुष उत्पन्न हुआ उसने पितासे प्रार्थनाकी कि मैं भूखसे व्याकुल हूँ, मुझे जगत् भक्षण करनेकी आज्ञा मिले। ब्रह्माजी यह सुनकर और्वके पास गए और उनसे कहा कि अपने पुत्रको सँभालिए। और्वने कहा—आपही कुछ उपाय निकालिए। ब्रह्मा बोले—समुद्रमे इन्द्रपत्नी बड़वाके मुखमें इसका वास होगा और समुद्रके जलरूपी हविसे इसकी भूख मिटेगी और यह बड़वानल कहलायेगा। सृष्टिके अन्तमें यही बड़वानल देवासुरोंको भक्षण कर जायगा।

बदरिकाश्रम—हिमालय पर्वतपर कण्वाश्रम और नन्द पर्वतके बीच वैष्णव तीर्थ है जहाँ नर-नारायण अर्जुनने तपस्या की थी और श्रीकृष्ण भी उनके साथ थे। (देखो नर-नारायण)

बन्धुजीव—(बन्धूक) दुपहरियाका फूल। दुपहरियाका पौधा। यह फूल चार प्रकारका होता है—नीला, श्वेत, पीला और लाल। छोटी कटोरीके आकारका यह अत्यन्त लाल फूल लगभग ६ से १० इञ्च तक लम्बी शाखाओंमें लगता है, पत्ते छोटे-छोटे और कोमल होते हैं, इसे संस्कृतमें रक्तक जीवन, बन्धूक, बन्धुल, मध्यदिन, हरिप्रिय रक्तपुष्प और ओष्ठपुष्प भी कहते हैं।

बन्धूक—(देखो बन्धुजीव)

बलराम—श्रीकृष्णजीके बड़े भाई जो रोहिणीके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। वसुदेवकी पत्नी रोहिणी गोकुलमें रहती थी। जब देवकीको कारावासमें सातवाँ गर्भ हुआ तब महामायाने कसके भयसे वह गर्भ रोहिणीके उदरमें पहुँचा दिया। इसी गर्भके सकर्षणके कारण इनका नाम सकर्षण भी पड़ा। इनका नाम बलदेव था। 'बलेन, दीव्यतीति बलदेव।' शेषनागके अशसे जन्म लेनेके कारण शेषावतार, हल धारण करनेके कारण हली, नीला वस्त्र पहननेके कारण शितिवास भी कहते हैं। इनकी पत्नीका नाम रेवती था। गर्ग मुनिने इनका नामकरण किया था और सान्दीपनि मुनि इनके गुरु थे। यदुकुल ध्वंस हो जानेपर जब इन्होंने योगासन साधा तब इनके शरीरमेंसे सहस्र लाल फणोंवाला बड़ासा श्वेत सर्प निकलकर समुद्रमे चला गया। कुरुराज दुर्योधन इनका शिष्य था। इनका ध्यान इस प्रकार किया जाता है—

बलदेव द्विबाहुञ्च शखकुन्देन्दु-सन्निभम्।
वामे हलायुधधर मुसल दक्षिणे करे॥
हालालोल नीलवस्त्र हेलावन्त स्मरेत्परम्।

बला—(विद्या) यह विद्या ब्रह्मकन्या मानी जाती है। विश्वामित्रने रामको यह विद्या

सिखाई थी जिसके प्रभावसे युद्धमें योद्धाको भूख प्यास नहीं लगती थी। बला और अतिबला विद्या समस्त ज्ञानकी मातृस्वरूपिणी है। (देखो अतिबला)।

बलि—१ देवता, पितर, यक्ष, भूत-प्रेत आदिके निमित्त किसी विशेष स्थानपर किसी विशेष कामनासे जो चढाया जाता है उसे काम्य-बलि कहते हैं। २ किसी देवताके लिये किसी विशेष उद्देश्यसे किसी जीवका वध किया जाता है उसे भी बलि कहते हैं। दक्षिणमार्गी लोग कूष्माण्ड आदि काटकर बलि चढा देते हैं। ३ प्रह्लादके पौत्र, विरोचनके पुत्र तथा पातालके राजा बलि जिन्हें बाँधनेके लिये स्वयं विष्णु भगवान्‌ने वामन रूप धारण किया था। बलिने अश्वमेध करके जब बहुत दान देना प्रारंभ किया तब विष्णु भगवान् वामनरूप धारण करके वहाँ आए और उन्होंने तीन पैर भूमि माँगी। शुक्राचार्य तत्काल पहचान गए और बलिको दान देनेसे रोका किन्तु बलिने कहा—मैं वचन दे चुका हूँ। मैं अवश्य दान दूँगा। तब शुक्राचार्यने शाप दिया कि मेरे वचनोंकी अवज्ञा करनेके कारण तू श्रीभ्रष्ट हो जा। किन्तु बलिने अविचलित होकर विष्णुकी पूजा की और कहा—भूमि माप लीजिए। विष्णु भगवान् बढने लगे और उन्होंने एक पगसे समस्त भूमि, शरीरसे आकाश, दोनों भुजाओंसे दिशाओंको और दूसरे पैरसे स्वर्ग नाप लिया—तीसरे पैरके लिये कोई स्थान नहीं मिला। तब विष्णुने कहा—तुम्हारे वचन पूर्ण नहीं हुए इसलिए तुम नरक जानेकी तैयारी करो। बलि बोले—मैं असत्य नहीं बोलता। आपने स्वयं कपट रूप धारण किया है। अतः, तीसरा चरण मेरे मस्तकपर रख दीजिए। विष्णु बड़े प्रसन्न हुए और उन्होंने कहा—मैं तुम्हें वह स्थान दूँगा जो देवताओंको भी अप्राप्य है। तुम विश्वकर्मा द्वारा बनाए हुए सुतलमें जाकर रहो, मैं कौमुदिकी गदासे तुम्हारी रक्षा करूँगा और तभीसे विष्णु भगवान् बलिके यहाँ द्वारपाल बनकर रहते हैं।

बाज—मटमैले रंगका काली पीठ और लाल आँखोंवाला चीलसे छोटा एक शिकारी पक्षी जो आकाशमें उडती हुई चिडियोंको झपटकर पकड लेता है। पक्षियोंका शिकार करनेवाले इसे पालते हैं। संस्कृतमें इसे श्येन कहते हैं।

बारहसिंगा—हरिणकी जातिका एक पशु जो तीन-चार फुट ऊँचा और ७-८ फुट लंबा होता है। नर-हरिणकी सींगोंमें कई शाखाएँ निकलती हैं इसीसे बारहसिंगा कहलाते हैं। इन सींगोंपर कोमल चमडा रहता है जो प्रति वर्ष फाल्गुन या चैत्रमें उतरता है और सींगमेंसे एक नई शाखा निकल आती है जो क्वार, कार्तिक तक पूरी बढ जाती है। मादाके सींग नहीं होते। वे चैत्र वैशाखमें बच्चा देती हैं।

बालखिल्य (ऋषि)—ब्रह्माके रोमकूपसे उत्पन्न होनेवाले साठ सहस्र मुनि जो डीलडौलमें अँगूठेके बराबर हैं। (महाभारत विष्णु पुराण) ये सब बडे तपस्वी और ऊर्ध्वरेता हैं और क्रतुकी भार्या सन्ततिके गर्भसे उत्पन्न हुए हैं। ये सूर्यको मार्ग दिखाते चलते हैं।

बालि—मेरु पर्वतपर योगाभ्यास करते समय ब्रह्माकी आँखसे सहसा आँसूकी बूँद टपकनेसे ऋक्षराज नामका वानर उत्पन्न हुआ जिसे ब्रह्माने सुमेरु पर्वतपर फल-फूल खाते और प्रसन्न रहनेको कहा। एक दिन यह वानर प्यासके मारे सुमेरुके सरोवरसे अपनी छाया देखकर सोचने लगा—यह मेरा शत्रु है। यह झट पानीमें कूद पडा और निकलनेपर सुन्दर स्त्री बन गया। इन्द्र और सूर्य उसपर मोहित हो गए। इन्द्रने उसके मस्तकपर और सूर्यने उसकी ग्रीवापर अपना वीर्य छोडा। इसी

इन्द्रके वीर्यसे वालिका जन्म हुआ और सूर्यके वीर्यसे सुग्रीव। कुछ दिनमें वह फिर वानर हो गया और दोनों पुत्रोंको लेकर ब्रह्माके पास पहुँचा। ब्रह्माने उन दोनों पुत्रोंको किष्किन्धामें राज्य करनेकी आज्ञा दी जहाँ विश्वामित्रने एक सुन्दर नगरी बसा रखी थी। अपनी रानी ताराके साथ वालि और अपनी स्त्री रोमाके साथ सुग्रीव वहाँ रहने लगे। एक दिन वहाँ एक दैत्य आया। इससे झगड़ा हुआ। वालि पर्वतकी गुफामें घुस गया। जब बहुत दिन बीत जानेपर भी वालि नहीं लौटा और उस खोहमेंसे रक्तकी धार निकली तब सुग्रीवने समझा कि वालि मारा गया। वह गुफाके द्वारपर एक पत्थर रखकर किष्किन्धाका राजा हो गया और उसने तारासे विवाह कर लिया। जब वालि लौटा तो उसने राज्य भी छीन लिया और अपनी पत्नीके साथ-साथ सुग्रीवकी पत्नी भी छीन ली। इसके मारे सुग्रीव मतंगके आश्रममें जाकर रहने लगा। इसी बीच एक बार रावण उसे हरानेके लिये उसके पास पहुँचा तब रावणको काँखमें दबाकर वालि सन्ध्या करता रहा। इसी समय एक दिन अवसर पाकर रावण भाग निकला। सीताको ढूँढ़ते हुए जब राम यहाँ पहुँचे तब उन्होंने सुग्रीवसे मित्रता की और वालिको मारकर उसका राज्य सुग्रीवको दे दिया। वालिका पुत्र अंगद भी बड़ा पराक्रमी था। उसने राम-रावण युद्धमें रामकी बड़ी सहायता की।

विद्रुम—सीपकी जातिके [illegible] बने [illegible] को आपसमें [illegible] कहते हैं। मूँगा।

विन्ध्य—[illegible] नामका एक [illegible] हो जाता है। इसकी उपमा [illegible] दी जाती है।

वीरबहूटी—[illegible] निकलकर रेंगनेवाला एक कीड़ा जिसका ऊपर भाग गहरे लाल रंगके मखमली रोएँसे ढँका होता है। इसे इन्द्रवधू, बीरबहूटी और राम की गुड़िया भी कहते हैं।

बुध—नवग्रहमें चौथा ग्रह। कहा जाता है कि चन्द्रमाने देवगुरु बृहस्पतिकी पत्नी ताराको हर लिया था। ब्रह्मा तथा देवर्षियोंने चन्द्रको बहुत समझाया पर वह नहीं माना। दैत्योंके गुरु शुक्र भी चन्द्रके सहायक हुए और उनके कारण सभी प्रधान दानव भी चन्द्रके पक्षमें आ गए। बृहस्पति और चन्द्रमें बड़ा युद्ध हुआ किन्तु ब्रह्माके बीच-बचाव करनेसे बृहस्पतिको तारा दिला दी गई। किन्तु वह गर्भिणी थी। बृहस्पतिने कहा कि हमारे क्षेत्रमें दूसरेका पुत्र धारण करना तुम्हें उचित नहीं है। यह सुनकर ताराने मूँजके पूलेमें वह गर्भ गिरा दिया जिससे अत्यन्त तेजस्वी बुध उत्पन्न हुए। जब देवताओंने तारासे पूछा कि यह बालक किसका है तब ताराने लज्जित होकर कहा—चन्द्रका। तब प्रसन्न होकर चन्द्रने बुधसे कहा—तू बुद्धिमान है इसलिये तेरा नाम बुध है। इस ग्रहका रंग दूबके समान गहरा हरा है। रवि और शुक्र इसके मित्र हैं, चन्द्र शत्रु है। इसकी आकृति धनुषके समान है। यह २८ दिनमें एक राशिका भोग करता है। बुधके नवांशमें उत्पन्न होनेवाला बालक स्थूल, धीर, साँवला, दयालु, राजसेवी, प्रसन्न, चतुर, कुलपालक, अनेक वेषधारी तथा [illegible] होता है। १०वें भवनमें उत्पन्न मनुष्य शासक, गुणी, दीर्घायु और बुद्धिमान होता है। ११वें भवनमें उत्पन्न मनुष्य अत्यन्त ऐश्वर्यशाली, गुणी तथा धनी होता है। कुछ लोगोंका मत है कि बुधकी माताका नाम रोहिणी है।

ब्रह्म—सत्त्व, रज और तम गुणोंसे परे, निर्गुण, चित्-स्वरूप, आनन्द-स्वरूप ब्रह्म का

ज्ञानमय परमात्मा जो सम्पूर्ण सृष्टिका कारण है वही केवल सत्य है।

ब्रह्मचर्य-ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ संन्यास, इन चार आश्रमोंमेंसे पहला आश्रम। पहले २५ वर्ष तक ब्रह्मचर्य धारण करके गुरुकुलमें विद्याध्ययन करते थे। आठ मैथुनसे बचना ही इसकी विशेषता है। आठ मैथुन ये हैं—स्मरण, कीर्तन, केलि, प्रेक्षण, गुह्यभाषण, संकल्प, अध्यवसाय, क्रियानिवृत्ति।

ब्रह्मतेज—ब्राह्मणकी तपस्याका तेज।

ब्रह्मर्षि—ब्राह्मण ऋषि।

ब्रह्मावर्त—कुरु, मत्स्य, पांचाल, सूरसेन देश, सरस्वती और दृषद्वती नदियोंके बीचका देश। देवनिर्मित होनेके कारण अत्यन्त पवित्र माना जाता था और यहींके ब्राह्मण आदि जातियोंका आचरण ही सदाचार कहलाता था।

ब्रह्मास्त्र—एक विशेष प्रकारका सब अस्त्रोंमें श्रेष्ठ अस्त्र जो मन्त्रसे पवित्र करके चलाया जाता था।

भ

भगीरथ—अंशुमानके पौत्र और दिलीपके पुत्र। कपिलके शापसे जब सगरके साठ सहस्र पुत्र भस्म हो गए तब उनका उद्धार करनेके लिये गंगाको ये पृथ्वीपर लाए, इसीलिये गंगाका नाम भागीरथी भी है।

भद्रकाली—दुर्गाकी एक विशेष मूर्ति जो सोलह हाथवाली है, जिन्होंने महिषासुरको मार कर उसे सदा अपने चरणोंपर रहकर पूजित होनेका वरदान दिया था—(कालिकापुराण)

भद्रपीठ—राजसिंहासन या वह सिंहासन जिसपर बैठाकर राजा या देवताका अभिषेक किया जाता है।

भरत वाक्य—नाटकके अन्तमें जो मंगला-त्मक आशीर्वाद या कामनात्मक-कथन होता है।

भागीरथी—(देखो गंगा और भगीरथ)।

भिद्य—एक नदी।

भुजबन्ध—भुजाओंमें पहना जानेवाला बिजायट या 'अनन्त' नामक आभूषण। यह आभूषण स्त्री और पुरुष दोनों पहनते हैं। इसे बाजूबन्द या अंगद भी कहते हैं।

भुवन—भू भुव स्व महः जन तप और सत्य ये सात स्वर्गलोक और अतल, सुतल, वितल, गभस्तिमत्, महातल, रसातल, पाताल। ये पाताल लोक हैं।

भूत—मरनेके पश्चात् मनुष्यका आत्मा प्रेत-योनिमें जाकर अनेक प्रकारके उपद्रव करता है और लोगोंको कष्ट पहुँचाता है। उसकी औषध इस प्रकार है। श्वेत अपराजिताके मूलको चावलके धोए हुए पानीमें पीसकर उसीका नस्य लेनेसे भूतका उपद्रव शान्त हो जाता है। मिर्चके साथ अगस्त्य पुष्पका नस्य भी भूतके उपद्रवको शान्त करता है।

भृगु—१ भगवान् रुद्रने वारुणीमूर्ति धारण करके एक यज्ञका अनुष्ठान किया—इस यज्ञको देखनेके लिये तप, यज्ञ, दीक्षा, व्रत, दिक्पति, देव-कन्या तथा देवपत्नी आई थी। ब्रह्मा उस समय आहुति कर रहे थे। वारुणी देखकर ब्रह्माका वीर्य स्खलन हो गया। सूर्यने उस वीर्यको अग्निमें फेंक दिया। ब्रह्माका वीर्य अग्निमें आहुति होने ही उससे शिखासे भृगु, धूम अंगारेसे अंगिरा, निर्धूम अंगारेसे कविकी उत्पत्ति हुई। महादेवजीने कहा—यज्ञका अधिष्ठाता मैं हूँ। ये तीनों पुत्र मेरे हैं। यह सुनकर अग्निने कहा कि ये मेरे अंगसे उत्पन्न हुए हैं अतः मेरे पुत्र हैं। ब्रह्माने कहा—मेरे वीर्यसे इनकी उत्पत्ति हुई अतः ये मेरे पुत्र हैं। तब सब देवोंने मिलकर इस झगड़े का इस प्रकार निपटारा किया। भृगु महादेवको, अंगिरा अग्निको और कवि ब्रह्माको दे दिए गए। (भारत अ० पर्व) २. ये ब्रह्माके मानस पुत्र और दस प्रजापतियोंमेंसे एक हैं। इसकी कन्या

ख्यातिके साथ इनका विवाह हुआ। इनके गर्भसे लक्ष्मी नामकी कन्या तथा धाता और विधाता नामके दो पुत्र हुए। महात्मा मेरुकी आयति और नियति नामकी दो कन्याओंके साथ इन दोनों पुत्रोंका विवाह हुआ। धीरे-धीरे इनका वंश विस्तृत होकर भार्गव नामसे प्रसिद्ध हुआ। भृगु धनुर्विद्याके प्रवर्तक भी थे।

भृङ्ग—१. भृङ्गी, भ्रजनहारी या बिलनी नामका कीडा। यह अन्य कीडोंको पकडकर उनके सामने गूँजता हुआ उन्हें भी अपने समान बना लेता है। २. इन्द्र आदि देवताओंने तारकासुरके वधके लिये महादेवसे उमाके गर्भ और महादेवजीके औरससे एक पुत्रकी प्रार्थना की। महादेवजीने उसे स्वीकार करके उमाके साथ महासुरत क्रीडा प्रारम्भ कर दी। इस प्रकार १२ वर्ष बीत जानेपर सब देवता घबरा उठे। अत्यन्त भयभीत होकर वे ब्रह्माके पास गए और कहा कि इस महासुरत क्रीडासे उमाके गर्भसे जो पुत्र उत्पन्न होगा वह हम लोगोंके लिये तारकासुरसे भी बढकर भयावह होगा। तब ब्रह्माने इन्द्र और देवताओंके साथ महादेवजीके पास जाकर प्रार्थना की। महादेवजीने महासुरत क्रीडा त्यागकर इन देवोंसे आनेका कारण पूछा। देवताओंने कहा—हे महाराज! आपकी इस महासुरत क्रीडासे तीनों लोक काँप गए हैं। अत, आप महामैथुन त्यागकर रति मात्रका अवलम्बन कीजिए। महादेवजीने कहा—यह सब मैं आप ही लोगोंके लिये कर रहा हूँ फिर भी आप लोगोंके कहनेसे इस महामैथुनका परित्याग कर दूँगा। आप लोग इस महामैथुन-प्रसूत तेजको धारण कर सकनेवाले एक देवताको आदेश दीजिए। तब देवोंने अग्निको तैयार किया और महादेवजीने अग्निमें अपना तेज छोडा। अग्निमें छोडे गए महादेवजीके तेजमेंसे दो परमाणु के बराबर तेज पर्वतके शिखरपर गिरा। उससे दो पुत्र उत्पन्न हुए। उसमेंसे एक भौंरेके समान कृष्ण वर्णका था। अत., उसका नाम ब्रह्माने भृङ्गी रक्खा और दूसरा मले हुए अजन जैसा काला था अत, उसका नाम महाकाल पडा। महादेवजीने उन दोनोंका पालन प्रमथ आदि गणों द्वारा कराया और अपर्णाने विशेष यत्नसे उनका पालन किया। बादमें महादेवजीने इन दोनोंको गणाधिपति बनाकर द्वारपर नियुक्त कर दिया।

—(कालिकापुराण)

भेद—साम, दाम, दण्ड और भेद नामके शत्रुको वश करनेके चार उपायोंमेंसे तीसरा, जिस उपायके द्वारा शत्रु-दलमेंसे किसीको बहकाकर अपने दलमें मिला लिया जाय।

भोजपत्र—एक प्रकारके मझोले आकारके वृक्षकी छाल, जो हिमालयपर बहुत होता है।

म

मगध—बनारससे पूर्वका प्रदेश। वर्तमान बिहारही मगध है। तीर्थ-यात्राके अतिरिक्त यहाँ आना निषिद्ध है।

मगरमच्छ—१. मगर या घडियाल नामका प्रसिद्ध जलजन्तु। (दे० घडियाल) २ एक बड़ी मछली।

मगलसूत्र—वह तागा जो किसी शुभ अवसर परदेवताके प्रसादके रूपमें हाथमें बाँधा जाता है।

मगलाचरण—जो गीत-पाठ किसी शुभ-कार्यके पहले किया जाता है। ग्रन्थ लिखनेके पहले इसीलिये मगल किया जाता है कि उसकी निर्विघ्न समाप्ति हो। "समाप्तिकामो मगलमाचरेदिति श्रुति।" कार्यारम्भ, कार्यमध्य, कार्यसमाप्ति, इन तीनोंमें भी मगल हो सकता है फिर भी कार्यारम्भमें मगल करना शोभन है।

मञ्जरी—१. छोटे पौधे या लता आदिकी नई निकली हुई कलियाँ तथा कोंपलें। २. वृक्ष

विशेष वृक्षोंमें एक सीकेमें लगे हुए बहुतसे छोटे-छोटे फूलोंका समूह ।

मणिबन्ध—हाथकी कलाईमें जो आभूषण पहना जाता है उसे मणिबन्ध कहते हैं ।

मंडल—चन्द्र-सूर्यके चारों ओर पडनेवाले घेरे ।

मतंग—(ऋषि)—एक ऋषि जो ब्राह्मण स्त्रीके गर्भसे और नापितके वीर्यसे उत्पन्न हुए थे । ब्राह्मणने अपना ही औरस समझकर इनका जन्मजात संस्कार किया । पिताके कहनेपर एक दिन ये यज्ञीय सामान लेनेके लिये गधेपर चढकर गए । इधर-उधर चलनेके कारण उस गधेको इन्होंने खूब पीटा । उस गधेकी माता गधीने उसकी चोट देखकर कहा कि यह ब्राह्मणका लडका नहीं है यह शूद्रका लडका है क्योंकि ब्राह्मण इतना निर्दयी नहीं होता । यह सुनकर इन्हें बडा पश्चात्ताप हुआ । उसी दिनसे ये ब्राह्मणत्व प्राप्त करनेके लिये तपस्या करने लगे । इन्द्रने बार-बार आकर वरदान देनेको कहा पर इन्होंने ब्राह्मणत्वके अतिरिक्त दूसरा वर नहीं माँगा । इन्द्रने यह वर देनेमें अपनी असमर्थता प्रकट की । अन्तमें इन्होंने यह वर माँगा कि मुझे ऐसा पक्षी बना दीजिए जिसकी सभी वर्णवाले पूजा करें । इन्द्रने यही वर दिया और ये छन्दोदेवके नामसे प्रसिद्ध हुए ।

मद—हाथियोंके गंडस्थलसे बहनेवाला रस ।

मदार—मदार या आक, इसका पौधा बालुकामय प्रदेशमें प्रायः पाया जाता है । बरसातमें इसकी पत्तियाँ झड जाती हैं । इसका दूसरा नाम अर्कवृन्द या आक भी है । महादेवजीपर इसका फूल चढाया जाता है ।

मध्यमा—पाँचों अँगुलियोंके बीचवाली उँगली ।

मध्यम लय—गीतकी वह लय जो न अति तीव्र हो न अति मन्द ।

मध्यलोक—पृथ्वी । यह स्वर्ग और पातालके बीचमें पडती है इसी से इसे मध्यलोक कहते हैं ।

मन.शिला—(देखो मैनसिल)

मनु—ब्रह्माके पुत्र और मानव जातिके आदि पुरुष, जो प्रजापति और धर्मशास्त्र-वक्ता होते हैं । प्रत्येक कल्पमें १४ मनु होते हैं—स्वायम्भुव, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष, वैवस्वत, सावर्णि, दक्ष सावर्णि, ब्रह्म-सावर्णि, धर्म-सावर्णि, रुद्र-सावर्णि, देव-सावर्णि और इन्द्र-सावर्णि । इस समय वैवस्वत मनुका युग चल रहा है । ये सातवें मनु विवस्वान्के पुत्र श्राद्धदेव हैं । इनके पुत्र इक्ष्वाकु, नभग, धृष्टशर्याति, नरिष्यन्त, नाभाग, दिष्ट, करूष, पृषध्र और वसुमान् हैं ।

मंत्र—मन्त्र्यते गुप्त परिभाष्यते इति मन्त्रः । ऐसे वचन या शब्दसमूह जिनके जप या उच्चारणसे कोई कार्य सम्पन्न किया जाय । मन्त्र केवल अधिकारीको ही सिखाया जाता है अत, इसे मन्त्र कहते हैं । मन्त्र, तन्त्र और यन्त्रमें सबसे अधिक शक्तिशाली मन्त्र ही माना जाता है । आह्लिक तत्वमें लिखा है । "मननात् त्रायते यस्मात्तस्मान्मन्त्र प्रकीर्तित ॥" जिसके जपनेसे रक्षा हो उसे मन्त्र कहते हैं । प्रत्येक व्यक्तिको मन्त्रसे दीक्षित होना चाहिए । अदीक्षितके हाथका अन्न विष्ठाके समान और जल मूत्रके समान है और उनका किया हुआ सब कार्य निष्फल समझा जाता है ।

मंदराचल—वह पर्वत जिसे कच्छपकी पीठ पर खडा करके क्षीरसागर मथा गया था । यह पर्वत ११ सहस्र योजन नीचे गडा हुआ था । विष्णुके कहनेपर वासुकि इसे उखाड लाए और समुद्र मथनेके समय मथानी बनाकर खड़ा किया ।

मन्दाकिनी—१ नदी जो चित्रकूटके पास होकर बहती है। यह चित्रकूट पर्वतसे ही निकली है। २ स्वर्गंगा इसकी लम्बाई १० सहस्र योजन और चौड़ाई १ योजन है। इसका जल दूधके समान उजला और ऊँची लहरोंवाला है। यह धारा बैकुण्ठसे होती हुई स्वर्गलोक तक चली गई है।

मन्दार—एक देववृक्ष विशेष। यह वृक्ष बहुत जल्दी बढ़ता है। इसका आकार मध्यम होता है। इसके उगनेके समय काँटे रहते हैं। बड़े हो जानेपर काँटे झड़ जाते हैं। यह वृक्ष भारतमें पानकी लता तथा मिर्च वृक्षके चारो ओर फेरनेके काम आता है। यह पित्तनाशक है। इसके बाजलसे आँखके सभी प्रकारके रोग नष्ट हो जाते हैं। इसका रस कृमिनाशक तथा रेचक है तथा कान, दाँतके मसूड़ेकी पीड़ामें लाभ पहुँचाता है।

मरकत—मणि विशेष। (दसो पन्ना)

मरीचिका—मृगतृष्णा। जल या जलकी लहरोंकी वह मिथ्या प्रतीति जो कभी-कभी मरुभूमिमें कड़ी धूप पड़नेके समय होती है। गर्मीके दिनोंमें जब वायुकी तहोंका घनत्व उष्णताके कारण असमान होता है तब पृथ्वीके निकटका वायु अधिक गर्मीसे ऊपर उठना चाहता है, परन्तु ऊपरवाली तह उसे उठने नहीं देती। इसी कारण उस वायुकी लहरें पृथ्वीके समानान्तर बहने लगती हैं। य ही लहरें दूरसे देखनपर जलकी धारा सी दिखाई पड़ने लगती हैं। मृग इसमें प्राय: धोखेमें आकर उसे पीनेके लिये दौड़ते हैं। इसीसे इसे मृगतृष्णा, मृगजल और मृगमरीचिका भी कहते हैं।

मलयवायु—दक्षिण दिशाका वायु। दक्षिणके नीलगिरिके चन्दन वृक्षों सुगन्ध सहर यह वायु बहता है।

मलयदर्दुर—पश्चिमी घाटकी दो पहाड़ियाँ जो कावेरीके दक्षिणमें पड़ती है।

मलयाचल—मलय पर्वत।

मल्लिका—बेला। जिस समय कामदेव महादेवजीका ध्यान तोड़नेके लिये आए तो महादेवजीने अपने तृतीय नेत्रसे उसे जला डाला। कामदेवके भस्म होते ही उसका धनुषबाण पृथ्वीपर गिरकर पाँच भागोंमें बँट गया। इसी धनुषकी मूठसे मल्लिका आदि वृक्षोंकी उत्पत्ति हुई। (वामनपुराण ६ अ०)

महाकाल—उज्जयिनी नगरीमें शिप्राके पूर्व और पिशाचमुक्तेश्वरघाटके दक्षिणसे महाकाल का विशाल मन्दिर है। महाकालके दर्शनसे करोड़ो अश्वमेध यज्ञका फल होता है।

महाकाल ततो गच्छेत् नियतो नियताशन।
कोटितीर्थमुपस्पृश्य हयमेधफल लभेत्॥

कालिकादेवीकी पूजाके पश्चात् दाहिनी ओर महाकालकी पूजाका विशेष माहात्म्य है। ध्यानपूर्वक महाकालका मन्त्र जपनेसे सब प्रकारकी सिद्धि होती है—मन्त्र है—हूँ क्षीं का रा ला वा क्रो महाकाल भैरव सर्वविघ्नात् नाशय नाशय ह्रीं फट् स्वाहा—

महाकाल यजेद् यत्नात् पश्चाद्देवी प्रपूजयेत्।

महाकोसी—एक नदीका नाम।

महामणि—एक मूल्यवान् रत्न।

महेन्द्र—एक पर्वत। यह सात अच्छे पर्वतोंमें गिना जाता है।

हनुमानजी इसी पर्वतको लाँघकर लंका गए थे। दक्षिणमें तिन्नेवलीके समीप इस पर्वत प्रान्तमें निवेनगुडी नगर गोपुरयुक्त सुन्दर मन्दिरसे शोभित है तथा पश्चिममें त्रिवरांकर और लन्दन मिशनरी सोसाइटीका प्राचीन आराम नगरशोभित स्थित है। पर्वतपर पत्थरकी खेतीके लिए जंगलका बहुत भाग काट दिया गया है।

मातलि—इन्द्रका सारथी।

माताएँ—[सात]

ब्राह्मी माहेश्वरी चैन्द्री रौद्री वाराहिकी तथा।
कावेरी चैव कौमारी, मातर सम्प्रकीर्तिता।
ये ही सात माताएँ है।

माधवी—पुष्पलता। यह चमेलीका एक भेद है। इसमे अच्छी गन्ध देनेवाले पुष्प होते हैं।

मानसरोवर—हिमालयके उत्तरसे कैलाश पर्वतके दक्षिण भागमे अजन नामक पर्वतके निकट वैद्युत प्रदेशमे मानसरोवर पडता है। इसीसे सरयू नदी निकली है। इसके किनारे वैभ्राज नामका उपवन है। यही प्रह्मपात नामका राक्षस रहता है। सिन्धु, शतद्रु, ब्रह्मपुत्र नदियाँ यहीसे निकलती है। ब्रह्माने ३० योजन विस्तृत इस सरोवरकी स्थापना की थी। इसके अनुपम सौन्दर्यको देखकर ऋषियोने इसे स्वर्ग कहा है।

माया—स्वप्न और इन्द्रजालके समान जिसका फल अचिन्तनीय है उसीको माया कहते हैं—

विचित्रकार्यकारणा अचिन्तितफलप्रदा।
स्वप्नेन्द्रजालवल्लोके माया तेन प्रकीर्तिता॥

प्रकृति, अविद्या, अज्ञान, प्रधान, शक्ति और अजा भी इसीको कहते है।

माया मृग—सीताका हरण करनेके लिये रावणने अपने मामा मारीचको स्वर्णमृग बना कर भेजा था जिससे सीताजी उसकी खाल लेनेके लिये मुग्ध हो गई। वह रामको बहुत दूर तक ले गया। अन्तमे रामके हाथसे मारा गया। यह मारीच, सुन्दका औरस पुत्र ताडका राक्षसीके गर्भसे उत्पन्न हुआ था।

मायूरी—सगीतमे एक प्रकारकी मूर्च्छना।

मारिष—नाटकका सूत्रधार अथवा श्रेष्ठ व्यक्ति।

मारीच—१ मरीचिके पुत्र कश्यप। २. ताडकाका पुत्र (देखो माया-मृग)।

माल—रीवाँ राज्यका वह प्रदेश जो नर्मदा नदीके उद्गमसे प्रारम्भ होकर विन्ध्यके पासतक फैला हुआ है।

मालती—एक प्रकारका श्वेत पखडियों वाला फूल, जिसकी डण्ठल लगभग एक इञ्चकी होती हैं। जब फूल झड जाते हैं तो वृक्षके नीचे फूलोका बिछौना-सा बिछ जाता है। इसका पौधा वर्षाके प्रारम्भमे लगाया जाता है। पद्मपुराणमे लिखा है कि गौरी, लक्ष्मी और श्रद्धा ये तीन देवियाँ ही धात्री, मालती और तुलसी वृक्षके रूपमे अवतरित हुई है। मा अर्थात् लक्ष्मीसे उत्पन्न होनेके कारण इसका नाम मालती पडा। यह लता उद्यानोमे लगाई जाती है और किसी बडे पेड़ या मण्डपपर चढा दी जाती है।

मालिनी—१ वनदेवी, जो पार्वतीजीकी सखा थी। २ नदी, जिसके तटपर महर्षि कण्वका आश्रम था और जो हिमालयकी तराईमे बहती है। उत्तर प्रदेशके बिजनौर जिलेमे अभीतक यह नदी है।

माल्यवान्—[पर्वत] बम्बई प्रदेशके रत्नागिरि जिलेका एक भाग जिसके बीचमे जगलोसे घिरी हुई पहाडियाँ हैं।

मिथिलापुरी—महाराज जनककी नगरी। (देखो जनक और निमि।)

मुग्धा—वह नायिका जिसको अपने यौवनके आगमनका ज्ञान न हो। इसके दो भेद हैं [१] स्वीया या स्वकाया [२] परकीया।

मुण्डन—१६ सस्कारोमेसे एक सस्कार, जिसमे बालकका सिर मूँड दिया जाता है। यह सस्कार यज्ञोपवीतसे पहले होता है।

मुरला—[नदी] नर्मदाका दूसरा नाम।

मुस्ता—(देखो नागरमोथा)

मोती—१ एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न, जो छिछले समुद्रोंमें अथवा रेतीले तटोंके पास सीपीमेंसे निकलता है।

मोथा—[घास] १ मुस्तक, नागरमोथा नामक घास। २ उपर्युक्त घासकी जड जो औषधिकी भाँति प्रयुक्त होता है। यह तृण जलाशयोंमें पैदा होता है। इसकी पत्तियाँ कुशकी पत्तियोंकी तरह लम्बी-लम्बी और गहरे हरे रंगकी होती हैं। इसकी जड बहुत मोटी होती है जिसे सूअर खोदकर खाते हैं।

(देखो मुस्ता)

मौलसिरी—[देखो बकुल] इस प्रकारका बडा सदाबहार पेड। इसकी लकडी अन्दरसे लाल होती है।

य

यजमान—१ वह जो यज्ञ करता हो। दक्षिणा आदि देकर ब्राह्मणोंसे यज्ञ, पूजन आदि धार्मिक कृत्य करानेवाला। २. वह जो ब्राह्मणोंको दान देता हो। ३ महादेवकी आठ मूर्तियोंमेंसे एक मूर्ति।

यज्ञ—जिसमें सभी देवताओंका पूजन, अथवा घृत आदि द्वारा हवन हो उसे यज्ञ कहते हैं।

यज्ञशाला—यज्ञस्थान। वह मंडप जहाँ यज्ञ होता है।

यज्ञोपवीत—यज्ञसूत्र, जनेऊ। यथा विहित यज्ञ करके यह उपवीत पहनना होता है इसीसे इसको यज्ञोपवीत कहते हैं। सोलह संस्कारोंमेंसे एक संस्कार है। इसका मूल उद्देश्य उपनयन अर्थात् संस्कार करके गुरुके पास विद्याध्ययन करनेके लिये भेजना है।

यम—१ संयम, मन इन्द्रिय आदिको वशमें या रोके रखना। २ भारतीय आर्योंके प्रसिद्ध-देवता जो दक्षिण दिशाके दिग्पाल कहे जाते हैं। आजकल ये मृत्युके देवता माने जाते हैं, पापी और पुण्यात्माके पाप पुण्यका विचारकर पापीको नरकमें और पुण्यात्माको स्वर्गमें भेजते हैं।

यमराज—(देखो यम)

यमुना—१ उत्तर भारतमें प्रवाहित यह पुण्यतोया नदी गढवाल राज्यके मध्य हिमालय शैलके यमुनोत्तरी शृङ्गसे ढाई कोस उत्तर और पाँचकाँटर शृङ्गसे चार कोस उत्तर-पश्चिम प्रकट हुई है। हिमालयसे लेकर प्रयागतक अनेक छोटी नदियाँ इसमें आकर मिली हैं और प्रयागसे पहुँचकर त्रिवेणी संगमपर यह स्वयं भी गंगाजीमें मिली है। २ मारकण्डेय पुराणमें लिखा है कि यमुनाजी सूर्यकी कन्या और यमकी भगिनी हैं। यम और यमुना माताके गर्भसे यमज उत्पन्न हुए। इनका वर्ण काला था।

ययाति—नहुष राजाके एक पुत्रका नाम। महाभारतमें उनका उपाख्यान इस प्रकार लिखा है कि एक दिन वे शिकार खेलने जंगलमें गए। वहाँ उन्होंने कुएँमें गिरी हुई देवयानीको देखा और बाहर निकाल लिया। पीछे एक दिन शुक्रकी कन्या देवयानी अपनी शर्मिष्ठा आदि दो सहस्र दासियोंके साथ जलविहार कर रही थीं। इसी समय वे वहाँ पहुँच गए और जल माँगने लगे। देवयानीसे राजाने कहा—मैं राजपुत्र हूँ, मेरा नाम ययाति है, मैं ब्रह्मचर्य धारण करके वेदका अध्ययन करता हूँ। शिकार करते-करते थक गया हूँ। देवयानीने कहा—दो सहस्र कन्याओं और दासी शर्मिष्ठाकी स्वामिनी मैं आपका वरण करना चाहती हूँ। ययातिने कहा, तुम ब्राह्मण-कन्या हो, मैं क्षत्रिय हूँ विवाह कैसे हो सकता है। देवयानीने यह वृत्तान्त अपनी दासीके द्वारा अपने पिता शुक्रसे कहला भेजा कि इन्होंने मेरा हाथ पकडकर कुएँसे बाहर निकाला था। अत आपसे प्रार्थना है कि मेरा विवाह इनके साथ करनेकी आज्ञा दें। शुक्राचार्यने

लवली—एक फल विशेष, जिसे हरफारेवरी कहते हैं।

लास्य—कोमल नृत्य, जिसकी रचना पार्वतीजीने की। भाव और तालके साथ कोमल अंगोंके द्वारा विशेषत स्त्रियोंके द्वारा शृङ्गार आदि कोमल रसोंके उद्दीपनके लिये यह नृत्य होता है। इसके दो भेद हैं, क्षुरित और यौवत। इसके दस अंग हैं—गेयपद, स्थितपाठ, आसीन, पुष्पगण्डिका, प्रच्छेदक, त्रिगूढ, सैन्धवाख्य द्विगूढक, उत्तमोत्तम और युक्तप्रत्युक्त।

लू—गर्मीके दिनोंमें चलनेवाली गर्म हवा जिसके लगनेपर तीव्र ज्वर हो जाता है और मृत्यु भी हो जाती है। लू लगनेपर कच्चे आम भूनकर उसकी लुगदी बनाकर शरीरपर लेप करनेसे और कच्चा आम भूनकर उसका पना बनाकर पीनेसे भी लू का प्रभाव कम हो जाता है। साथमें प्याज रखनेसे भी लू नहीं लगती।

लोक—(सात) देखो भुवन।

लोकपाल—आठो दिशाओंके अलग-अलग लोकपाल हैं। (देखो दिक्पाल।)

लोकालोक—(पर्वत)—यह पर्वत पृथ्वीके चारो ओर परकोटेके समान खड़ा है। इसके कुछ भागमें सूर्यका प्रकाश दिखाई देता है और कुछमें नहीं, इसीलिये इसका नाम लोकालोक है। ब्रह्माने इस पर्वतपर चारों ओर ऋषभ, पुष्पचूड, वामन और अपराजित नामके चार दिग्गज स्थापित किए है।

लोध—[लोध्र]—एक वृक्ष जो भारतके सभी जंगलोंमें होता है। इसका छिलका चमड़ा सिझाने और रँगनेके काम आता है। यह पेड़ १० से १२ फुट ऊँचा होता है। इसकी जड़के चूर्णसे अबीर बनता है।

लोहित्य [नदी] या ब्रह्मपुत्र—शान्तनु मुनि जब हरिवर्षमें हिरण्यगर्भ मुनिकी कन्या अमोघाके साथ रहते थे तभी एक दिन अमोघाको अकेली पाकर ब्रह्मा उस पर मोहित होकर उसपर बलात्कार करनेके लिये उद्यत हो गए किन्तु अमोघा घरमें घुस गई और ब्रह्मा अपना वीर्य वहीं छोड़कर चले गए। जब शान्तनु मुनिने लौटकर यह सब देखा-सुना तो उन्होंने अपनी पत्नीको ब्रह्मा वीर्य पी जानेको कहा। बहुत देरतक पत्नीसे वाद-विवाद करनेके पश्चात् शान्तनु उसे पी गए। कुछ दिनके पश्चात् वह तेज अमोघाके गर्भसे जलराशि बनकर उत्पन्न हुआ जिसके बीचमें नीलाम्बर, रत्नमाला तथा किरीट पहने चतुर्भुज गौर वर्णवाला मगर पर चढा हुआ एक पुत्र दिखाई दिया। यह जल कैलास, सवर्तक, गन्धमादन और जारुधि नामक पहाड़ोंके घाटीके बीचमें रख दिया गया। जब परशुराममपनी मातृ हत्याका पाप छुडाने उस कुण्डमें स्नान करने गए तब लोकहितके लिये उन्होंने पहाड़ काटकर उस जलको नदी बनाकर बहा दिया। लोहित सरोवरसे निकलनेसे उसका नाम लोहित्य पड़ गया और ब्रह्माका अंश होनेसे ब्रह्मपुत्र कहलाया।

व

वज्र—इन्द्रने दधीचिकी हड्डीसे विश्वकर्माके द्वारा वृत्रासुरको मारनेके लिये जो अस्त्र बनवाया उसे वज्र कहते हैं।

वत्स [देश]—प्रयागके चारो ओरका देश जिसकी राजधानी प्रतिष्ठानपुरी (वर्तमान झूँसी थी।)

वनायु [देश]—अरब देश, जहाँके घोड़े प्रसिद्ध होते थे।

वन्दी—अपने आश्रयदाता राजाओंकी विरदावली कहने वाले भाट।

वराह—विष्णुका तीसरा अवतार। जब प्रलय सागरमें पृथ्वी डूब गई तब ब्रह्माकी नाकसे अँगूठे भरका एक वराह-पोतक निकला जो निकलते ही आकाशतक बढ गया। उन्होंने

अपने दाँतोंसे पृथ्वीको पकड़कर बाहर निकाला और उस दैत्य हिरण्याक्षको मारा जो पृथ्वीको नीचे रसातलमें ले गया था।

वरतन्तु [ऋषि]—जिन्होंने अपने शिष्य कौत्ससे इतनी गुरु-दक्षिणा माँगी कि वह उस गुरु-दक्षिणाके लिये रघुके पास पहुँचा और रघुने जिसे चुका दिया।

वरदा [नदी]—हिमालयसे निकली हुई नदी जिसके तटपर अट्ठारह भुजावाली देवीकी मूर्ति है।

वर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, और शूद्र।

वर्णमाला—बारह खड़ी। अ से लेकर ह तक वर्ण।

वल्कल—१. पेड़की छाल। २. पेड़की छालसे बने हुए वस्त्र।

वसिष्ठ या वसिष्ठ—मुनि। ये ब्रह्माके प्राणसे उत्पन्न हुए थे। कर्दमकी पुत्री अरुन्धती इनकी पत्नी थी। ऋग्वेदके सप्तम मडलका अधिकांश वशिष्ठकी कृति है। जब मित्र और वरुणका वीर्य वसतीवर नामक यज्ञकुम्भमें गिरा उससे अगस्त्य और वशिष्ठकी उत्पत्ति हुई। [देखो अगस्त्य] इन्होंने इसलिये सूर्यवंशका पौरोहित्य स्वीकारा था कि उस वंशमें राम जन्म लेंगे।

वषट्—यज्ञोंमें आहुति देते समय इसका उच्चारण किया जाता है। देवताओंको स्वाहा, श्रौषट्, वौषट्, वषट् और स्वधा शब्दोंके साथ आहुति दी जाती है।

वसन्तोत्सव—फाल्गुनकी पूर्णिमाके दिन यह उत्सव मनाया जाता है। उस दिन वसन्त कालमें जो चन्दनके साथ आमकी मंजरी खाता है वह निश्चय ही सौ वर्षतक सुखसे जीवन बिताता है।

वामन—विष्णुका पाँचवाँ अवतार। (देखो बलि)

वायव्य [अस्त्र]—मन्त्रसे चलाया हुआ वह बाण जिसके चलाते ही आँधी चलने लगती है।

वार्ता—वैश्यकर्म अर्थात् कृषि, गोरक्षा, व्यापार और कुसीद (महाजनी)।

वारुणास्त्र—मन्त्रसे चलाया हुआ वह बाण जो जल बरसा दे।

वाल्मीकि या वाल्मीक—प्रचेता ऋषिके वंशमें दसवें पुरुष। तमसाके तटपर इनका आश्रम था। ये प्रारम्भमें ब्राह्मण-पुत्र होते हुए भी किरातका काम करते थे। शूद्रासे विवाह करके इन्होंने उससे कई सन्तान उत्पन्न की। एक बार इन्होंने ऋषियोंको भी घेर लिया। उन्होंने कहा कि जो पाप तुम करते हो उसमें तुम्हारे परिवारवाले भागी हैं या नहीं। जब परिवार वालोंने अस्वीकृति दे दी तब इन्हें ज्ञान हुआ और इन्होंने मुक्तिका उपाय पूछा। उन्होंने 'राम' नाम जपनेको कहा तो ये उलटा करके 'मरा मरा' जपने लगे यहाँ तक कि इनके शरीरपर बाँबी उठ आई। तबसे इनका नाम वाल्मीकि या वाल्मीकि हुआ। इन्होंने राम-जन्मसे बहुत पहले रामायणकी रचना कर दी थी। प्रथम कवि होनेके कारण इन्हें आदिकवि भी कहते हैं। सीता वनवासके समय इन्होंने ही रामके पुत्र लव और कुशको शिक्षा-दीक्षा दी थी।

वासवदत्ता—अवन्तिके राजा चंड प्रद्योत-की कन्या जिसे वत्सराज उदयन हर ले गया था।

वासुकि या वासुकी—नागोंका राजा। आठ प्रधान नागोंमेंसे एक। (देखो नाग)।

विद्याधर—एक देवयोनि, जिसके अन्तर्गत खेचर, गन्धर्व और किन्नर आते हैं।

विष्णु—सृष्टिका भरण-पोषण करनेवाले देवता जो क्षीरसागरमें शेषनागपर शयन करते हैं और जिनकी नाभिसे उत्पन्न कमलमेंसे ब्रह्माकी उत्पत्ति हुई है।

विजया—१ पार्वतीकी सखी जो गौतमकी कन्या थी। २ वनदेवी।

विजित्वर—वह रथ जिसपर चढकर विजय अवश्य मिलती है।

विदर्भ [देश]—वर्तमान हैदराबादके उत्तरमें बरार प्रदेश।

विदूर [पर्वत]—वह पर्वत जहाँ वैदूर्यमणि मिलती है।

विन्ध्याचल—भारतके मध्यमें पूर्वसे पश्चिम तक फैला हुआ पर्वत (देखो अगस्त्य।)

विराध—[राक्षस] इसके पिताका नाम सुपर्जन्य और माताका नाम शतह्रदा था। पिछले जन्ममें यह तुम्बरु नामका गन्धर्व था जो वैश्रवणके शापसे राक्षस हो गया था। लक्ष्मणके हाथसे इसकी मृत्यु हुई।

विल—१ एक प्रकारके घोड़े, २ उच्चैःश्रवा घोडा।

विशाखा—सत्ताईस नक्षत्रोंमेंसे सोलहवाँ नक्षत्र। इसका रूप तोरणाकार है और इसमें चार तारे हैं। यह नक्षत्र दो भागोंमें बँटा है इसलिये इसके दो देवता हैं–इन्द्र और अग्नि।

विश्वकर्मा—देव शिल्पी जो सब प्रकारके शिल्प-शास्त्रों के आविष्कर्त्ता माने जाते हैं। ये प्रभास नामक वसुके औरस तथा बृहस्पतिकी ब्रह्मचारिणी बहिनके गर्भसे उत्पन्न हुए थे। इन्होंने ही देवताओंके लिये विमान बनाए थे।

विश्वजित्—वह यज्ञ जिसमें सब कुछ दक्षिणामें दे दिया जाता है।

विश्वामित्र—इन्होंने क्षत्रियवंशमें जन्म लेकर ब्राह्मणत्व प्राप्त किया और सात ब्रह्म महर्षियोंमें गिने जाने लगे। इनके पिताका नाम गाधि था।

विश्वावसु [गन्धर्व]— अमरावतीका निवासी गन्धर्व।

विष्कम्भक—नाटकके किसी अङ्कके प्रारम्भमें सक्षेपसे जो विषय कहा जाता है उसे विष्कम्भक कहते हैं। जहाँ एक या दो मध्यम पात्रोंसे कहलाया जाता है वहाँ शुद्ध, जहाँ नीच तथा मध्यम पात्रोंसे कहलाया जाता है वहाँ सकीर्ण या विमिश्र कहा जाता है।

वीणा—वह तारवाला बाजा जिसके दोनों ओर दो तुम्बियाँ होती हैं और बीचके डडेपर सात तार खिंचे रहते हैं। महादेवकी वीणा लम्बी, सरस्वतीकी कच्छपी, नारदकी महती और तुम्बुरुकी कलावती कहलाती है।

वीरासन—(देखो पद्मासन) इस आसनसे बैठकर साधक साधना करते हैं।

बृहस्पति—अङ्गिराके पुत्र और देवताओंके गुरु। धर्मशास्त्रके प्रयोक्ता और नवग्रहोंमें पचम।

वेत्रवती—बेतवा नदी जो मालवासे निकलकर कालपीके पास यमुनामें मिली है।

वेद—ऋक्, यजु, साम, और अथर्व।

वेदाग—[६] शिक्षा, कल्प, निरुक्त, छन्द, ज्योतिष और व्याकरण।

वेदान्ती—वेदान्त जाननेवाला। विरक्त।

वेदी—यज्ञके लिये स्वच्छ की हुई भूमि। जो विशेष मापके अनुसार लम्बी, चौड़ी, गहरी और ऊँची बनाई जाती है।

वेला—(देखो ज्वार)

वैखरी—कण्ठसे उत्पन्न होनेवाली वाणी जो उच्च व गम्भीर सुनाई पड़े।

वैजयन्ती—एक प्रकारकी माला जो पाँच रंगोंकी और घुटनों-तक लटकी होती है। इसे श्रीकृष्णजी पहनते थे।

वैतालिक—चारण या बन्दी जो प्रातःकाल मङ्गल-गीत तथा वाद्य बजाकर राजाओंको जगाते थे।

वैदूर्य [मणि]—पीले रंगकी मणि जिसके देवता केतु हैं। इसके धारण करनेसे

केतुका दोष नष्ट हो जाता है। इसे महमुनियाँ कहते हैं।

वैभ्राज—(देखो नन्दन-वन)

वैयाकरण—व्याकरण जाननेवाला।

वैष्णव [वाण]—विष्णुका बाण।

व्यूह—शत्रुसे रक्षा करनेके लिये जो सेनाका विशेष संगठन किया जाता है उसे व्यूह कहते हैं। यह व्यूह चार प्रकारका होता है, दण्ड, भोग, मण्डल और असहत और इनके भी बहुतसे भेद हैं।

व्रत—किसी विशेष पर्वपर विशेष प्रकारका आहार-विहार-सम्बन्धी आचारका पालन करना।

श

शक्रावतार—गंगाके तटपर वह तीर्थ जहाँ शकुन्तलाकी अंगूठी गिर पड़ी थी। वर्तमान सोरों जो बदायूँ जिलेमें है।

शृङ्गार—नवरसोंमें प्रधान। इसे भरतने रसराज माना है। इसमें दो आलम्बन होते हैं नायक और नायिका, सभी सचारियों और सभी अनुभावोंका प्रयोग होता है। इसका स्थायी भाव रति है—पुस स्त्रियाः स्त्रियं पुंसि सयोग प्रति या स्पृहा। स शृङ्गार इति ख्यातो रति-क्रीडादि कारणम्॥ इसके दो भेद हैं—विप्रलम्भ और सभोग। जहाँ नायक या नायिकाका अनुरागसे परिपूर्ण रहनेपर अपने अपने अभि-लषित लोगोंके साथ सयोग नहीं होता वहाँ विप्रलम्भ शृङ्गार होता है। जिस समय दम्पतिके दर्शन, स्पर्शन, चुम्बन एव परिरम्भण आदिका सघटन होता है, उस समय सभोग शृंगारकी उत्पत्ति होती है। बिना विप्रलम्भ सम्भोग कभी परिपुष्ट नहीं हो सकता।

न बिना विप्रलम्भेन सम्भोगः पुष्टिमश्नुते।
कषायिते हि वस्त्रादौ भूयान्रागो विवर्धते॥

शकुन—शुभाशुभ-सूचक लक्षण—जिन चिह्नों को देखनेसे शुभ और अशुभ जाना जा सके।

शक्ति [शस्त्र]—बर्छी जो फेंककर मारा जाय।

शची [पौलोमि]—इन्द्रकी पत्नीका नाम जो दानवराज पुलोमकी कन्या थी।

शतघ्नी—बर्छी, एक प्रकारका शस्त्र। यह किसी बड़े पत्थर या लकड़ीके कुन्देमें बहुतसे कील काँटे ठोंककर बनाया जाता है। इसका व्यवहार युद्धके समय शत्रुओं पर फेंककर होता था। यह शस्त्र दुर्गके चारों ओर रक्खा जाता था।

दुर्गञ्च परिखोपेत चयाट्टालक-सयुतम्।
शतघ्नी-यन्त्रमुख्यैश्च शतशश्च समावृतम्॥

शब्दवेधी [बाण]—एक प्रकारका बाण। शब्दोच्चारणके साथ ही जो तालु छेदकर ऊपर निकलता है।

शम्बूक—शूद्र तपस्वी, जिसकी तपस्याके कारण त्रेता-युगमें रामराज्यमें एक ब्राह्मणका पुत्र अकाल मृत्युको प्राप्त हुआ था। उसे रामने मारकर मृत ब्राह्मण-पुत्रको पुन-रुज्जीवित किया।

शमी—एक प्रकारका वृक्ष, जो यज्ञके काममें आता है। भारतके प्राय सभी प्रदेशोंमें पाया जाता है। बगाल और बिहारमें अधिक होता है। इसकी लकड़ी खदिर जैसी होती है। इस जातिके लाल पत्तोंवाले वृक्ष अग्निगर्भ कहलाते हैं।

शरत्—आश्विन और कार्तिक मासमें यह ऋतु मानी जाती है। यह काल उष्ण, पित्त-वर्द्धक और मानवोंके लिये बलप्रद होता है। शरत्कालमें वायु प्रशमित और पित्त प्रकुपित होता है। इस कालमें जन्म लेनेवाला मनुष्य उत्तम कार्य करनेवाला, तेजस्वी, पवित्र, सुशील, गुणवान्, सम्मानी और धनी होता है।

शरभ—एक प्रकारका मृग जिसके आठ पैर होते थे। यह सिंहसे भी अधिक बलवान् होता था। अपने लम्बे कठोर मुँह कुएँमें मुँह डालकर पानी पी लेता था। इसकी जाति नष्ट हो गई है।

शरभग—ये महर्षि दक्षिणमें रहते थे। वनवासके समय भगवान् रामने इनका दर्शन किया था।

शर्मिष्ठा—[देखो ययाति]।

शल्लकी—सलईका पेड। (देखो शाल)

शस्त्र—खड्ग या तलवार। जो हाथसे पकड़ कर चलाया जाय उसे शस्त्र और जो फेंककर चलाया जाय उसे अस्त्र कहते हैं।

शातकर्णि—ये ऋषि पंचाप्सर नामके क्रीडा-सरोवरमें तप करते थे। पहले ये तप करते समय मृगोंके साथ घास चरते थे। तब इन्द्रने पाँच अप्सराओंको भेजकर इन्हें तपसे विरत कर दिया।

' शाप अहित कामना-सूचक शब्द, जो ऋषि या तपस्वी लोग किसी पर रुष्ट होकर कहते थे और जो अवश्य पूरा होता था।

शान्तिजल—जो जल पूजाके पश्चात् शान्तिके निमित्त घरके रहनेवाले व्यक्तियों पर छिड़का जाता है।

शार्ङ्ग [धनुष]—विष्णुके हाथमें रहनेवाला धनुष जो दधीचि ऋषिकी हड्डीसे बना था। *

शाल—सालका पेड। हिमालयकी तराईमें सतलजसे आसाम-तक तथा मध्य भारतमें इसके घने जंगल हैं। यह वृक्ष सीधा लंबा बढ़ता है। और इसके पत्ते बड़े-बड़े होते हैं। इसकी छालमें छेद करने-पर गुग्गुल निकलता है। इसके वृक्षमें छोटे-छोटे फूलके गुच्छे लगते हैं जिन्हें तोड़कर कोल स्त्रियाँ सध्याको अपने जूड़ेमें खोस लेती हैं।

शाल्मली—(देखो सेंमर या सेमल)

शास्त्र—वे प्राचीन ग्रन्थ जिनमें मनुष्योंके लिये अनेक प्रकारके कर्त्तव्य बताए गए हैं तथा अनुचित कर्त्तव्योंका निषेध किया गया है। हमारे यहाँ वे ही शास्त्र प्रामाणिक माने गए हैं जो वेद-मूलक हैं। इनकी संख्या १८ है—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष, छन्द, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, मीमांसा, न्याय, पुराण, आयुर्वेद, धनुर्वेद, गन्धर्ववेद, और अर्थशास्त्र। इन १८ शास्त्रोंको १८ विद्याएँ भी कहते हैं।

शिप्र [सिप्रा या क्षिप्रा]—उज्जैनके पास बहनेवाली नदी। जब वशिष्ठने अरुन्धतीके साथ विवाह किया उस समय ब्रह्मा, विष्णु और महादेवने उन्हें शान्तिजल और आशीर्वाद दिया। वह शान्तिजल पहले मानस पर्वतकी कन्दरामें और पीछे सात धाराओंमें विभक्त होकर मानस-पर्वतसे हिमालय पर्वतकी गुहा, शिखर और सरोवरमें पृथक्-पृथक् भावसे गिरा। उससे शिप्र सरोवर बहुत बहने लगा। पीछे विष्णुने चक्र-द्वारा गिरिश्रृंगको काटकर उस प्रवृद्ध जल-राशिको पुण्यतमा नदी बनाकर पृथिवीपर भेजा। शिप्र सरोवरसे इसकी उत्पत्ति हुई, इसीसे इसका नाम शिप्रा हुआ। इसमें नहानेसे सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। कार्तिक मासकी पूर्णिमा तिथिको इसमें नहानेका विशेष माहात्म्य है।

शिरीष—सिरसका पेड जिसके फूल बड़े कोमल होते हैं।

शिलाजीत—पहाड़में उत्पन्न होनेवाली औषधि विशेष। गर्मीके दिनोंमें सूर्यकी किरणों द्वारा सन्तप्त पर्वतोंसे जो धातुसार निकलता है, उसीको शिलाजीत कहते हैं। यह चार प्रकार-का होता है—१ सौवर्ण जो जवा पुष्पकी तरह लाल कटु, मधुर, तीता, शीतवीर्य और कटुविपाक होता है। २. राजत जो श्वेतवर्ण,

शातवीर्य, कटुरस, और मधुर विपाक होता है ३ तामस जो मयूर कण्ठके समान ग्रभाविष्ट, तीक्ष्ण और उष्णवीर्य होता है। ४ आयस जो जटायुके पंख जैसा आभाविष्ट, तीता, लवणरस कटुविपाक, और शीतवीर्य होता है। *यही सबसे श्रेष्ठ है।*

शुक्र [ग्रह] - नवग्रहमें पाँचवाँ ग्रह। यह शुभग्रह है। यदि बुरे स्थानमें न हो तो मानवका कल्याण करता है। सुख, श्री, विलास, भूषण, विज्ञान-शास्त्र, भगिनी, स्त्री, संगीत और कविता शक्ति देनेवाले हैं।

शुक्राचार्य—ये दैत्योंके गुरु और भृगु ऋषिके पुत्र थे। इनकी कन्याका नाम देवयानी तथा पुत्रोंका षण्ड और अमर्क था। देवगुरु बृहस्पतिके पुत्र कचने इनसे संजीवनी विद्या सीखी थी [देखो ययाति और कच]।

शूर्पणखा—रावणकी बहिन। विश्रवा ऋषिके औरस और कैकसीके गर्भसे इसका जन्म हुआ था। भगवान् रामचन्द्र जब दण्डकारण्यमें गए थे उस समय काम-पीड़ित होकर रामके पास ब्याह करनेकी इच्छासे आई थी। रामके संकेतसे लक्ष्मणने इसके नाक कान काट डाले। इसीका बदला लेनेके कारण रावणको छद्म वेश बनाकर सीताको हरण करना पड़ा। इसका नख सूपके समान था।

शूली—लोहेकी वह नोकदार किल्ली जिसपर अपराधीको गुदाकी ओरसे ठोंकते थे और वह बिंधकर मर जाता था।

शेफालिका—एक प्रकारका पुष्प विशेष। शरत्कालमें इसमें फूल लगते है। इस ऋतुके अतिरिक्त इसका पुष्प पूजामें चढ़ाना निषिद्ध है। इसके पत्तेका रस सेवन करनेसे सभी प्रकारके ज्वर नष्ट होते हैं। इसकी गंध कड़वी और मीठी होती है। इसकी प्रत्येक सींकमें अरहरकी पत्तियोंके समान पाँच पाँच पत्तियाँ होती हैं। जिसका ऊपरी भाग नीला और नीचेका भाग सफेद होता है। इसकी अनेक जातियाँ हैं। किसीमें काले और किसीमें सफेद पुष्प लगते हैं। फूल आमके मौरके मंजरीके समान लगते हैं और केशरिया रंगके होते हैं। इसकी माला प्रणयी जनोंको बहुत प्रिय है।

शेषनाग—जब यह जगत् प्रलय कालमें नष्ट हो जाता है तब भगवान् लक्ष्मीके साथ क्षीरसागरमें शेषके फणकी छायामें शयन करते हैं। ये अपना पूर्व फण फैलाकर कमल पुष्पसे उन्हें आच्छादित करते है, उत्तर फणसे भगवान्के सिर एवं दक्षिण फणसे पाँव ढके रहते हैं, पश्चिम फणको फैलाकर भगवान् पर पखा झलते हैं, ईशान फणके द्वारा शंख, चक्र, नन्द, खड्ग, दोनों तूणीर तथा गरुडको ढकते हैं एवं आग्नेय फणके द्वारा गदा, पद्म प्रभृति धारण किए रहते हैं। इस प्रकार भगवान् विष्णु प्रलयके समय शयन किया करते हैं।

शेषशय्या—(दे०-शेषनाग)

श्येन— (देखो लाज)

श्राद्ध—शास्त्र विधानके अनुसार पितरोंको तृप्त करनेके लिये जो कर्म किया जाता है उसे श्राद्ध कहते हैं। इसमें अन्नआदिके दानका *विशेष माहात्म्य है।*

संस्कृत-व्यंजनाद्यञ्च पयोदधिघृतान्वितम्।
श्रद्धया दीयते यस्मात् श्राद्धं तेन निगद्यते॥

श्रीवत्स—विष्णु के वक्षस्थल पर अंगुष्ठके बराबर श्वेत बालकोंका दक्षिणावर्त भौरीवाला चिह्न जो भृगुके चरण प्रहारका चिह्न माना जाता है।

श्रुति—वेदको श्रुति और धर्मशास्त्रको स्मृति कहते हैं। जहाँ वेद और धर्मशास्त्रका विरोध पड़ता है वहाँ श्रुति ही प्रमाण मानी जाती है। श्रुतिद्वैधे स्मृतिद्वैधे श्रुतिरेव गरीयसी।

प

षड्ज—संगीतमें सप्तकका पहला स्वर। मोरका शब्द षड्ज माना जाता है।

स

संस्कार--अशुद्धि दूर करनेकी क्रिया। शास्त्रोंके अनुसार इस प्रकारके संस्कारसे जीवकी शुद्धि होती है—गर्भाधान, पुंसवन, सीमन्तोन्नयन जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्राशन, चूडाकर्म, कर्णवेध, केशान्त, यज्ञोपवीत, वेदारम्भ, समावर्तन, विवाह, गार्हपत्य, और अन्त्येष्टि नामक १६ संस्कार माने गए हैं।

सगर—सूर्यवंशमें बाहु नामक प्रतापी राजा थे। इनकी स्त्रीका नाम यादवी था। एक दिन अकस्मात् इनके ऊपर शत्रुओंने चढाई कर दी। युद्धमें बाहु परास्त हुए और पत्नीके साथ जंगलमें भाग गए। उस समय इनकी पत्नी गर्भिणी थी। यादवीकी सपत्नीको जब ज्ञात हुआ कि यादवी गर्भिणी है तो उसने उसे विष पिला दिया पर उससे कोई अनिष्ट नहीं हुआ। राजाकी मृत्यु जंगलमें ही हो गई। रानी जब राजाके साथ सती होने जा रही थी उसी समय और्व ऋषिने वहाँ आकर उसे रोक दिया। समय पूरा होने पर एक पुत्र उत्पन्न हुआ। और्वनेउसका जात संस्कार किया और विषकर्म पान करनेके कारण उसका नाम सगर रखा। और्वने ही उन्हें वेद शास्त्र और शस्त्र विद्याकी शिक्षा दी। उन्होंने हैहय आदि शत्रुओंको मार डाला। राजा सगर इस प्रकार शत्रुओंको परास्त करके राजसिंहासन पर बैठे। इनकी दो रानियाँ थी—वैदर्भी और शैब्या। इन्हें शंकरजी ने व दिया था कि एक पत्नीसे ६० स स्र पुत्र होंगे तथा उनका नाश होगा। एक वंशधर पुत्र होगा। कुछ दिन पश्चात् वैदर्भीके गर्भसे एक कूष्माण्ड (कद्दू) उत्पन्न हुआ और शैब्याके गर्भसे वीर्यवान पुत्र। राजा उस कूष्माण्ड (कद्दू) को फेंकने जा रहे थे कि आकाशवाणी सुनाई दी 'हे राजन् इसमें तुम्हें ६० सहस्र पुत्र उत्पन्न होंगे।' राजाने उस कद्दूमेंसे एक एक बीज निकलवाकर घृत कुण्डमें रख दिया और उसकी रक्षाके लिये एक धात्री नियुक्त कर दी। कुछ दिन पश्चात् उसमेंसे एक-एक करके ६० सहस्र बलिष्ठ पुत्र उत्पन्न हुए। ये लोग देवताओंके प्रति अत्याचार करने लगे। कुछ दिन पश्चात् राजा सगरने अश्वमेध यज्ञ प्रारम्भ किया। घोडेके साथ उनके ६० सहस्र पुत्र रक्षाके लिये चले। कुछ दूर पर घोडा लुप्त हो गया। राजपुत्रोंने राजासे सब घटनाएँ कही। राजाने उन्हे खोजनेकी आज्ञा दी। वे सब खोजते-खोजते कपिल मुनिके आश्रममें पहुँचे। वहीं बँधे हुए घोडेको देखकर इन लोगोंने उन्हें कपिलजीको दुत्कारना प्रारम्भ किया। ऋषिकी क्रोध-पूर्ण दृष्टिसे वे ६० सहस्र पुत्र वहीं जलकर भस्म हो गए। फिर राजा सगरके पौत्र तथा असमंजसके पुत्र राजा भगीरथ कठिन तपस्या करके गङ्गाको लाए और इन सबका उद्धार किया।

संजीवनी--१ जीवन देनेवाली औषधि। २ एक विद्या जिसके प्रभावसे मृतक भी जी उठता है। शुक्राचार्यको यह विद्या आती थी इससे कोई दैत्य मरता ही नहीं था। तब देवताओंने बृहस्पतिके पुत्र कचको शुक्राचार्यके पास यह विद्या सीखने भेजा। वहाँ दैत्योंने कई बार कचका वध किया किन्तु शुक्राचार्यने उसे जिला दिया। तब असुरोंने उसे मारकर उसका माँस शुक्राचार्य को खिला दिया। तब शुक्राचार्यके मन्त्रसे कच उनका पेट फाडकर निकल आया और फिर उसने अपने गुरुको भी जिला दिया।

सतोगुण या सत्वगुण—सत्व, रज और तम नामक तीन गुणोंमें से एक। यह गुण जिसमें

होता है वह प्रसन्न, प्रेमी, धैर्यशाली और मेधावी होता है।

सन्धि—[नाटककी ५ सन्धियाँ] मुख-सन्धि प्रतिमुख-सन्धि गर्भ सन्धि, विमर्श-सन्धि, निर्वहण-सन्धि।

सन्निपात--वह अवस्था, जब कफ, वात पित्त बिगड जाते है और मनुष्य ज्वरमे बकने-झकने लगता है।

सन्यास—ब्रह्मचर्य, गृहस्थ वानप्रस्थ और सन्यास नामक चार आश्रमोमे से चौथा आश्रम। ७५ वर्षकी अवस्थामे घरवार छोडकर केवल ईश्वर प्राप्तिमे लगना।

सप्तमातृका—(देखो मातृकाएँ)।

सप्तर्षि—कश्यप, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, गौतम, जमदग्नि, भरद्वाज तो इस वैवस्वत मन्वन्तरके सप्तर्षि हैं। प्रारम्भिक सप्तर्षि ये हैं जो ब्रह्माके मानस पुत्र थे—मरीचि, अत्रि, पुलह, पुलस्त्य, क्रतु, अगिरा और वशिष्ठ। प्रत्येक मन्वन्तरमे अलग-अलग सप्तर्षि होते हैं।

समिध—यज्ञ करनेके लिये अर्क, पलाश या गूलरकी प्रादेश भरकी [अगूठेसे तर्जनी तकके नापकी] उस टहनीको कहते हैं जिसमे आगे फुनगीके पत्ते हो और पूरा छिलका हो। यह समिधा अंगूठेके बराबर मोटी होनी चाहिए और हरी होनी चाहिए। निशीर्ण समिधसे हवन करनेसे आयुक्षय, निष्पत्रसे पुत्रनाश, छोटीसे पत्नीनाश, टेढी होनेसे बन्धुनाश, कीडा खाई होनेसे रोग, दो टुकडोंमे फटी होनेसे विद्वेष, [illegible]डी होनेसे पशुनाश और अधिक मोटी होनेसे [illegible]धुनाश होता है। रविके होममे अर्ककी, [illegible]सके पलाशकी, मगलकेमे खैरकी, बुधकेमे अपामार्ग या चिरचिटेकी, गुरुकेमे पीपलकी, [illegible]क्रकेमे गूलरकी, शनिकेमे शमीकी, राहुकेमे [illegible]र्वाकी और केतुके होममे कुशाकी समिधा [illegible]ाममे लानी चाहिए।

समुद्र—[सात] लवण, इक्षु, दुग्ध, दधि, सुरा, घृत, महासमुद्र।

सम्पाति—[पक्षी] श्येनीके गर्भसे अरुणका पुत्र, जटायुका बडा भाई। जब इन्द्रने वृत्रासुरको मार डाला, तब यह इन्द्रको जीतनेके लिये सुरपुर गया। वहाँ जब सूर्यकी ज्वालासे जटायुके पख जलने लगे तब सम्पातिने उसपर छाया कर ली। तब सम्पातिके भी पख जल गए और यह विन्ध्याचलपर आ गिरा। जब हनुमान आदि सीताको ढूंढने जा रहे थे उस समय समुद्र तटपर सम्पातिने ही उन्हे लकाका मार्ग दिखाया था और उसी समय उसे पख भी निकल आए थे।

सम्मोहन—वह अस्त्र जिसके चलानेसे सब जडवत् हो जायँ।

सरकडा--सरपतकी जातिकी एक झाडी जिसके बीचसे गाँठवाली छडियाँ निकलती हैं।

सरस्वती—१ देवी, शुक्लवर्ण, वीणाधारिणी, वेद-शास्त्रकी जननी, विद्याकी देवी। ये ब्रह्माकी मानस-पुत्री हैं। २ नदी, जो पजाबमे सिरमूर राज्यकी पहाडीसे निकलकर थानेश्वर और कुरुक्षेत्र होती हुई सिरसा जिलेकी कागार [दृषद्वती] नदीमे विलीन हो गई है। यह पहले प्रयागमे त्रिवेणी पर गङ्गा-यमुनासे मिल जाती थी और अब कहा जाता है कि यह वहाँ अन्त सलिला अर्थात् धरती के नीचे होकर बहती है।

सर्ज—[वृक्ष] शालका पेड (देखो शाल।)

सहस्रबाहु—[देखो कार्तवीर्य]।

सह्य—ताप्ती नदीसे कन्याकुमारी-तक फैली हुई पश्चिमी घाटकी पहाडियाँ सह्याद्रि कहलाती हैं।

सारस—बगलेके रूपका चार फुट लम्बा पक्षी जिसका ऊपरी भाग लाल, शरीर भूरा, और टाँगें लम्बी काली होती हैं। यह खेतके

चीज, मेढक और घोंघे खाता है। इसके दर्शनसे यात्रा सिद्ध होती है।

सारिका—(देखो मैना)

साहित्य—कवियों-द्वारा लिखित तथा सुरक्षित वाङ्मय।

सिद्धि—[आठ] अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशत्व, वशित्व। जिन्हें ये सिद्धियाँ मिल जाती हैं उन्हें कोई वस्तु तथा कोई कार्य दुर्लभ नहीं होता।

सिन्धु—[नद] यह नद हिमालयसे निकलकर कश्मीर, पंजाब और सिन्धमें होता हुआ अरब सागरमें गिरता है।

सिन्धुवार—निर्गुण्डी या सिन्दुवार।

सुग्रीव—बालिका भाई (देखो बालि)।

सुतीक्ष्ण—अगस्त्य मुनिके भाई जो वनवासके समय रामसे मिले थे।

सुप्रतीक—देवताओंका हाथी जो ईशान कोणका दिग्गज है। (देखो दिग्गज)।

सुबाहु—मारीचका भाई जो ताडकाके साथ रामसे लडने आया था।

सुमंत्र—राजा दशरथके मन्त्री और सारथि। ये ही रामको रथपर बैठाकर वनवासके समय कुछ दूर छोड कर आए थे।

सुमित्रा—राजा दशरथकी पत्नी, लक्ष्मण और शत्रुघ्नकी माता।

सुमेरु—[पर्वत] (देखो मेरु)

सुरागाय—(देखो चँवर)।

सुह्म—[देश] वर्तमान राढ देश जो बंगालके पश्चिममें दामोदरके उत्तरी भागमें है।

सूत—प्राचीनकाला राजाओंकी स्तुति करनेवाले चारण, जो स्तुति गाकर राजाओंको प्रातःकाल जगाते थे।

सूत्रधार—नाटकका प्रबन्ध करनेवाला।

सूर्य—[देखो आदित्य] कश्यपके औरससे दितिके गर्भसे इनकी उत्पत्ति हुई।

सूर्यकान्त—[मणि]—बिल्लौरी पत्थर, जिसे सूर्यके सामने रखनेसे उसमें आग निकलती है।

सेमर या सेमल—शाल्मलीका पेड। इसका बहुत बडा पेड होता है जिसमें मोटी पखडियोंवाले लाल फूल लगते हैं और जिसके फलों या डोडोंमेंसे कोमल रुई निकलती है।

सोमतीर्थ—वर्तमान कन्नडके पास पिंडपुरीके पास है जहाँ सोमने तपस्या की थी।

सौरीघर—वह प्रकोष्ठ जिसमें स्त्री बालकका प्रसव करके शुद्ध होने तक रहती है।

स्कन्द—[देखो कार्तिकेय]

स्फटिक—बिल्लौरी पत्थर जो पारदर्शी होता है। (देखो सूर्यकान्त)

स्मृति—१८ स्मृतियाँ मानी गई हैं। अनुभूत ज्ञान। महर्षिभिर्वेदार्थचिन्तनं स्मृतिः। महर्षियोंने वेदके अर्थका जिस प्रकार चिन्तन किया वही स्मृति है। इसे धर्मशास्त्र या धर्मसंहिता भी कहते हैं। कलियुगमें पाराशर स्मृति मान्य समझी जाती है। 'कलौ पाराशरस्मृतिः।'

स्रुवा—खैरकी लकडीका बना हुआ चमचा जिससे हवनमें घी डाला जाता है।

स्वयंवर १ वह उत्सव, जिसमें कन्याका पिता अनेक युवकोंको एकत्र करता है और कन्या उनमेंसे किसी एकको चुन लेती है। २. स्वयं अपना वर चुन लेनेका कार्य।

स्वरित—[देखो उदात्त और अनुदात्त]

स्वधा—[देखो वषट्] पितृभ्यः स्वधा कहकर पितरोंको सभी वस्तुएँ दी जाती हैं। इसके बिना कहे यदि पितरोंको कोई वस्तु दी जाती है तो वे ग्रहण नहीं करते।

स्वर्ग—देवताओंका लोक जहाँ नन्दनवन, स्वर्गंगा कल्पवृक्ष, अप्सरा, विमान, अमृत आदि सब आनन्द विहारके पदार्थ हैं किन्तु वह नश्वर लोक है। पुण्य क्षीण होनेपर वहाँसे फिर

लौटना पड़ता है। "क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोके विशन्ति।"

स्वामिकार्तिकेय—[देखो कार्तिकेय]

स्वाहा—[देखो वषट्] देवताओंको इस मन्त्रके साथ आहुति दी जाती है।

ह

हंस—[देखो राजहंस]

हनुमान या हनूमान—पवनके और अंजनाके गर्भसे इनका जन्म हुआ था। (देखो अंजना) जन्म लेते ही ये क्षुधातुर होकर बाल बिम्बाफल समझकर सूर्य पर उछले। यह देखकर देव-दानव, यक्ष सभीमें हाहाकार मच गया। सूर्यके तापसे बचानेके लिये पवनदेवने शीतल वायुके द्वारा इनकी रक्षा की। उस समय राहु सूर्यको ग्रसने जा रहा था। इस शिशुके पहुँचनेपर राहु डरकर भाग गया और इन्द्रसे जाकर कहा कि आपने मुझे सूर्यको ग्रसनेके लिये भेजा था परन्तु एक दूसरे व्यक्तिको भी वहाँ आपने भेज दिया। इसपर इन्द्र बहुत क्रुद्ध हुए और उन्होंने जाकर वज्रास्त्रसे उस पर प्रहार किया जिससे उनका वामहनु टूट गया। पवन इसे उठाकर गुफामें ले गए। पवनदेवने क्रुद्ध होकर सभी वायुओंको रोक दिया। इससे चारों ओर हाहाकार मच गया। देवोंने जाकर ब्रह्मासे कहा। ब्रह्माने आकर उस बच्चेको आशीर्वाद दिया। सभी देवोंने आकर उसे अमोघ वर दिया। इस प्रकार देवताओंसे वर प्राप्त करके हनुमानजी ऋषियोंको सताने लगे। ऋषियोंने शाप दिया कि जिस बलसे गर्वित होकर तुम लोगोंको कष्ट दे रहे हो उसे तुम भूल जाओगे। जब कोई स्मरण दिला देगा तब तुम्हारा बल बढ़ेगा। हनुमान ऋषियोंके शापसे बलहीन होकर आश्रममें विचरने लगे। ऋक्षराजके मरनेपर बालि राजा हुआ। बालि और सुग्रीवके परस्पर कलह होनेपर हनुमानने सुग्रीवका साथ दिया। इन्होंने ही जानकीजीकी खोज की थी और रामकी आजन्म सेवा की। ये अमर हैं। सात अमर पुरुष ये हैं—

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनूमांश्च विभीषणः।
कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः॥

हथरखा [हस्तावाप]—बाण चलाते समय धनुषकी डोरीकी फटकार बाएँ हाथमें कलाईके ऊपर पड़ती रहती है जिससे घट्ठे पड़ जाते हैं। उस फटकारसे हाथको बचानेके लिये चमड़ेकी जो पट्टी बाँधी जाती थी उसे हथरखा या हस्तावाप कहते थे।

हरताल—[सं० क्ली०] १—एक खनिज पीतवर्ण उपधातु। वैद्यक-शास्त्रमें लिखा है कि हरिके वीर्यसे हरिताल तथा लक्ष्मीके रजसे मनःशिलाकी उत्पत्ति हुई थी, ताल, आल और तालक ये तीन नाम हरितालके हैं। हरिताल दो प्रकार का होता है: १. पत्र हरिताल और २. पिण्ड हरिताल। इनमेंसे पत्र-हरिताल सर्वश्रेष्ठ और पिण्ड-हरिताल गुणहीन होता है। पत्र-हरिताल सुनहला, भारी, चिकना, अबरक जैसा तहवाला, श्रेष्ठ, गुणदायक और रसायन होता है। पिण्ड-हरिताल पिण्ड-जैसा, स्तरहीन, स्वल्पसत्व, अल्पगुण-युक्त लघु और रजोनाशक होता है। औषधादिके व्यवहारमें इसका संशोधन कर लेना होता है। संशोधित हरिताल लाभप्रद तथा अशोधित रोगप्रद होता है।

हरिचन्दन—१. एक प्रकारका चन्दन। २. स्वर्गके पाँच वृक्षोंमेंसे एक। शेष चार वृक्षोंके नाम ये हैं—पारिजात, मन्दार, संतान और कल्पवृक्ष। ३. पीतचन्दन। ४. पारिभाषिक चन्दन। तुलसीकी लकड़ीको घिसकर कपूर और अगर अथवा केशर मिलानेसे उसको हरि-चन्दन कहते हैं। ५. कुंकुम-केशर, ६. रक्त-चन्दन।

हवनकुण्ड—होमकुण्ड, हवनी।

हस्तावाप—[देखो हथरखा]।

हावभाव—स्त्रियोंकी वह चेष्टा जिससे पुरुषोंका चित्त आकृष्ट होता है। नाज-नखरा।

हिंगोट—हिंगवेर। इंगुदी वृक्ष।

हिमालय—भारतवर्षके उत्तरमें सदा हिमसे ढका रहनेके कारण इसका नाम हिमालय पड़ा है। इसमें अनेक प्रकारके धातुज पदार्थ तथा ओषधियाँ मिलती हैं। शतद्रु और काली नदीके मध्यस्थित पर्वतपर लोहा, जस्ता बहुतायतसे मिलता है। हिमालयपर इराण और तुराण नामकी दो आदि-जातियाँ रहती हैं। उत्तर भारतवर्षको शस्यश्यामला बनानेवाली नदियाँ हिमालयके पश्चिम और पूर्वसे निकली हैं—झेलम, चेनाब, रावी, व्यास, सतलज, यमुना, गङ्गा, घाघरा, गंडक, कोसी, तिस्ता, ब्रह्मपुत्र, और दिहङ्ग। इसके सबसे उच्च शिखरका नाम गौरीशंकर है। भगवान् शंकरकी यही क्रीडा-भूमि है।

हिरण्यगर्भ—वह ज्योतिर्मय अण्ड जिससे ब्रह्मा और सारी सृष्टिकी उत्पत्ति हुई।

हूण—प्राचीन जाति। ये चौथी सदीमें एशियामें दो दलोंमें विभक्त हो गए—एक दलने यूरोपमें जाकर अपना आधिपत्य जमाया और दूसरा दल पाँचवीं सदीमें भारतके उत्तर-पश्चिम प्रदेशसे होता हुआ शस्य, श्यामल भारतके समतल क्षेत्रमें पहुँचा और यहाँ शासकोंको अपने प्रबल पराक्रमसे भयभीत करने लगा। गुप्त सम्राट स्कन्दगुप्तने इन लोगोंको अपने पराक्रमसे परास्त किया। हूणोंका आधिपत्य अफगानिस्तानमें भी था। कुछ दिनके पश्चात् गान्धार और पेशावरके भाग लेकर हूणोंने गुप्त साम्राज्यको तहस-नहस कर डाला। पंजाबका शाकल या वर्त्तमान सियालकोट उनकी राजधानी रहा। पचास वर्षसे भी ऊपर हूणोंका भारतवर्षपर शासन रहा। उस समय उत्तर भारतमें शाकद्वीपीय ब्राह्मणोंकी तूती बोलती थी।

हेमकूट—हिमालयके उत्तरका एक पर्वत जो भारतवर्षकी सीमापर स्थित है। इसकी कल्पित लम्बाई नब्बे सहस्र योजन और चौड़ाई दो सहस्र योजन मानी गई है।

होता—होम करनेवाला। यह चार प्रधान ऋत्विजोंमें है जो ऋग्वेदके मंत्र पढ़ता और देवताओंका आवाहन करता है। इसके तीन सहायक होते हैं—अध्वर्यु, उद्गाता और ब्रह्मा।

कालिदास सम्बन्धी पुस्तकों तथा निबन्धोंकी सूची

[डा० रामकुमार चौबे]

नोट—कालिदास सम्बन्धी निबन्धोंकी संख्या इतनी अधिक है कि उसकी पूरी सूची इस प्रकार बनाना दुस्तर है। तथापि मुख्य पुस्तकों और निबन्धोंका विवरण ही नीचे दिया जाता है।

पुस्तकें

डौनेल · A History of Sanskrit Literature.

र : A History of Indian Literature

टरनित्स : A History of Indian Literature

थ : The Sanskrit Drama

: A History of Sanskrit Drama

: Classical Sanskrit Literature

मामाचार्यार . History of Classical Sanskrit Literature

करणीं, के पी · Sanskrit Drama and Dramatists

हजारीप्रसाद द्विवेदी कालिदास

विल्सन Hindu Theatre

सिल्वाँ लेवी The Theatre of the Indians (French)

अरविन्द घोष The Age of Kalidasa

रामकृष्ण भंडारकर · A Peep into the early History of India

— Early History of the Deccan

द्विजेन्द्रलाल राय कालिदास और भवभूति

मिराशी, वासुदेव विष्णु कालिदास

चट्टोपाध्याय, के. सी The date of Kalidasa

लक्ष्मीधर काला The birth-place of Kalidasa

...एस सी Kalidasa and Vikramaditya

...एस वी. Early History of India.

...गार, के एस Studies in Gupta History

...नदार, एच सी Social Life in Ancient India

...कुमार चौबे कालिदासकी प्रतिष्ठा और उनके समय तथा स्थान विवेचना पर एक नवीन दृष्टि।

Kalidasa (German)

...नेबॉट Padmapurana and Kalidasa

...रदत्त शर्मा : Die Zeit des Kalidasa

लाइबिस : Kalidasa Annual, Rep of the Ges fus Vaterlandische Kultur (Breslaw 1903)

याकोबी (Jacobi) Kalidasa Vo J III p 127

ताताचार्य Ist Verse of Raghuvansha JASB XXI and oriental Conf Proc III (Madras)

शिवप्रसाद भट्टाचार्य Analysis of Raghuvansha JASB XXI
Proceedings 4th oriental Conference
Studies of Ritusanhara Karma yogin Journal

मोबेल Kalidasa Z D M G LXVI
Kalidasa J R A S 1913 401
Kalidasa J R A S 1912

स्ट्रेन्जलर Kalidasa Z D M G XLIV

अरविन्द घोष Kalidasa's Seasons

वेन्डेल Kalidasa in Ceylon J R A S (1880)

ग्रियर्सन Are Kalidasa's heroes monoganists J A S B XLVI p 39

—— Some Notes on Kalidasa JASB XLVIII (32-48)

लेम्रोनडे Further proof of Polygāmy of Kalidas'as heroes JASB XLVI p 160

प्राणनाथ पंडित Morals of Kalidasa JASB XLV p 352

जेक्सन Legend of Kalidas preserved in Ujjain JAOS XXII p 331
, Time Analysis of Drama of Kalidasa JAOS XX p 341-59
Bibliography of Kalidasa's plays JAOS XXII p 237
XXIII p 937

ट्रहस्लु, ग्रा वी Traditional Account of Kalidasa IA VII p 115

होनले Kalidasa and Kamandaki IA XLI p 156

चक्रवर्ती, जे बी Kalidasa the great Indian poet Journal of Mythic Soc VIII p 261

नृसिंहाचार्यार Life of Kalidasa J of Mythic Soc VIII p 273

कृष्णशास्त्री Tormative influences of Kalidas J My S IX p. 557

व्यङ्कट सुब्बय्या Kalidasa s Sociological Ideals J My S Ibid 95

व्यङ्कट रमनय्या Some Views of Kalidasa's philosophy and Religion J M Y S Ibid 98

कृष्ण मायभर Kalidasa and Shakespeare J My Soc ibid 151

भंडारकर, डी आर Solesisms of Shankaracharya & Kalidasa (I A XLI 214)

— ऐयर Kalidas's Religion and Philosophy (IA, XXXIX 236)

सोंशानी, वी. सी.	Essay on Society in the time of Kalidasa (in Malavati)
रामशास्त्री, अलमराजू	*Heroines of Kalidasa* (Sah XXII, 45)
चटर्जी, ए. सी.	Kalidasa, his poetry and mind (M. R. XI alooed Calcutta)
कृष्णमाचार्य्यार	Kalidasa and Bhavabhuti (Sah XVIII)
रामानुजाचार्य्य	Kalidasa's date (Sah XIX)
रामाचार्य्य	Kalidas's Love for deers (SahXXIV) (Sahridaya, a Sanskrit Journal of Madras)
शेषगिरि शास्त्री	Kalidasa (I A. I 340)
कृष्णस्वामी अय्यर	Poetry of Kalidasa (I. R. XIV 899)
भिड़े	*Notes on Kalidasa (I AXLXII)*
हरिचन्द	Les Citations des Kalidasa dans le traites d' Alankara (J. A. VII. No 1, u)
	Kalidasa et la poetique de l' inde Paris Reviewed in (J. R. A. S. 1981)
वैद्य, सी वि.	Pandyas and the date of Kalidasa
मजूमदार, के जी.	Vatsyayana and Kalidasa (IA XLVII 195)
	Kalidasa and Kamandaki (IA XLVI 220)
चटर्जी पी. के.	Poet Kalidasa and sea voyage (Journal Dep. of Letters Calcutta XVI)
आनन्द कौल	Birth place of Kalidasa (Journal of Indian His. VII 345)
बालसुब्रह्मण्य अय्यर	Kalidasa his philosophy of Love (JOR. III 349)
वेङ्कट रमय्या सी के.	Kalidasa and Bhasa in the light of western Criticism (J My XVII 125)
रंगस्वामी सरस्वती	Kalidasa J. My. XV 269 XVI 98.
शाह, ए,	Kalidasa and Kautalya (J. My. Soc. XI 42, X 303)
	Astronomical datein the dramas of Kalidasa (Proceedings, All India Oriental Congress 1924)
शंकर, अय्यर के. जी.	Vikrama theory of Kalidasa's date (J. My, XI 188)
चक्रवर्ती	Date of Kalidasa J. R. A. S. (1891) 330
भाउदाजी	On the Sankrit Pact Kalidasa (J. B R. A S. VI 1920)
मजूमदार बी. सी.	Date of Kalidasa (J. B. O. R. S II 388)
शंकर, अय्यर के. जी.	Yasodhaman's theory of Kalidas's date (J. B O. R. S VII 60)

के. वैङ्कट रमय्या : Kalidasa and Bhasa in the light of western Criticism J. My. S XVIII 127
सुब्बाराव शास्त्री : Kalidasa's flowers (Bharati)
वैङ्कट रमय्या : Was Kalidasa a votary of Kalidasa (Bharti V 688)
रामकृष्ण मय्या : Ritusanhara, Bharti V 387
पिचय शास्त्री : Megha Sandesha Bharati V 678
रामदास्य : Megha Sandesha, Bharati V 20
जगो पन्तालू : Kalidasa, Bharati VIII 19
रामकृष्ण राव : Kalidasa and Bhavabhuti (Bharati III 15)
सुंततमम्य शास्त्री : Kalidasa patrauchityam (Bharati V 326)
शिवराम मूर्ति : Kalidasa and painting (J O R VII 160)
वेङ्कटराम शास्त्री : Mystical elements Kalidas (J. O. R. VII 357)
मजुमदार : Birth place of Kalidasa IA XLVII 264
टामस : Birth place ofKalidasa J. R. A. S 1918 p 118
डे, एस. के : Kalidasa I. H. Q 1940 385 ff
रामनाथ अय्यर : The authorship of Nalodaya (J R A, S 1925)
गोखले, वी वी : The Mangalashtaka of Kalidasa
मजुमदार, जी एन : Kalidasa and music Annals, B O B I 1925-26VI
भण्डारकर, डी आर : Date of Kalidasa Annals BORI VIII p II
हरदत्त शर्मा : Padmapurana and Kalidasa Cal O S, No 17-1923
लूई फिनो : Kalidasa in China (I H Q 1933, 829, 834)
स्टाइन कोनो : Kalidasa in China (IHQ 1934 566 ff)
प्रबोधचन्द्र सेन गुप्त : Date of Kalidasa Sahitya parishad patrika Benga XLI No, 2
चट्टोपाध्याय, के. सी : Kalidasa and the Hunes Jour Ind His XV pt
भगवतशरण उपाध्याय, Educations and Leaning as depicted by Kalidas and Fine as Arts depicted in Kalidasa Journal B H Uni I VI—3
राघवन, वी. : Women characters in Kalidas's dramas (Ann Oriental Research Uni, Madras IV 1939-40
कुन्हन राजा : Studies in Kalidasa (Annals Oriental Res Un Madras V pt 21940-41
सुब्रह्मण्यम्, ए सी. : Nature Poetry in Kalidasa's Raghvansha J. Anna Univ. III 1934 and 35